'कारणशरीर' का देवता ब्रह्मा—'सूक्ष्मशरीर' का अधिपति विष्णु और 'स्थूलशरीर' का अधिष्ठाता शिव है। यह अधिष्ठाता देव सामान्य व्यक्तियों के जीवन में गाँठ की तरह बँधे हुए एक कोने में पड़े रहते हैं। पर जब कुंडलिनी जागरण की तीन अग्नियाँ प्रज्वलित होती हैं, तो उनका प्रभाव तीनों शरीरों पर पहुँचता है और उनके प्रसुप्त तीनों देवता सजग-सक्षम-सक्रिय होकर अपना प्रकाश एवं प्रभाव प्रदर्शित करने लगते हैं। जिन तीन शरीरों का साधारणत: आभास-अनुभव नहीं होता, वे अपने अधिष्ठाता देवताओं के जाग्रत होने पर स्थूलशरीर से भी अधिक प्रत्यक्ष एवं समर्थ दिखाई देने लगते हैं। ब्रह्मग्रंथि, विष्णुग्रंथि और रुद्रग्रंथि के खुल जाने से समस्त अभावों और शोक-संतापों के भव-बंधनों से भी छुटकारा मिल जाता है और साधक की प्रतिभा में देवत्व का प्रकाश स्पष्ट परिलक्षित होता है।

गायत्री के तीन चरण इन तीन ग्रंथियों, तीन शरीरों की ओर इंगित करते हैं। गायत्री और सावित्री की समन्वित साधना चेतना पर चढ़े कषाय-कल्मषों का निवारण करती है । परिणामस्वरूप उससे आत्मसत्ता के दिव्य स्वरूप में और निखार आता है। भौतिक क्षेत्र में

आत्मचेतना का प्रभाव उत्पन्न करने के लिए सावित्री-साधना का उपयोग करना पड़ता है। आत्मा को संसारी वर्चस्व बनाने के लिए शरीर धारण करना पड़ता है। गायत्रीरूपी आत्मा को संसारी कर्त्तव्यों की पूर्ति के लिए जिस सामर्थ्य की आवश्यकता पड़ती है, उसे सावित्री-साधना से उत्पन्न किया जाता है।

गायत्री-साधना द्वारा कुंडलिनी शक्ति के जागरण की महिमा पर प्रकाश डालने वाले अनेकों शास्त्र वचन मिलते हैं। यथा—

या देवता भोगकरी सा मोक्षाय न कल्पते।
मोक्षदा नहि भोगाय त्रिपुरा तु द्वयप्रदा॥

—त्रिपुरा तंत्र

जो देवता भोग देते हैं, वे मोक्ष नहीं देते। जो मोक्ष देते हैं, वे भोग नहीं देते, पर कुंडलिनी दोनों प्रदान करती है।

उद्घाट्येत्कपाटं तु यथा कुंचिकया हठात्।
कुंडलिन्या तथा योगी मोक्षद्वारं विभेदयेत्॥

—शांभवी तंत्र

जिस प्रकार कोई मनुष्य अपने बल से द्वार पर लगी हुई अर्गला आदि को ताली से खोलता है, उसी प्रकार योगी कुंडलिनी के अभ्यास द्वारा सुषुम्ना के मार्ग का भेदन करता है और ब्रह्मलोक में पहुँचकर मोक्ष को प्राप्त होता है।

मूलाधारे आत्मशक्तिः कुंडलिनी परदेवता।
शायिता भुजगाकारा सार्द्धत्रय बलयान्विता॥
यावत्सा निद्रिता देहे तावज्जीवः पशुर्यथा।
ज्ञानं न जायते तावत् कोटियोग विधेरपि॥
आधार शक्ति निद्रायां विश्वं भवति निद्रया।
तस्यां शक्तिप्रबोधेन त्रैलोक्यं प्रति बुध्यते॥

—महायोग विज्ञान

आत्मशक्ति कुंडलिनी मूलाधारचक्र में साढ़े तीन कुंडली लगाए हुए सर्पिणी की तरह शयन करती है। जब तक वह सोती रहती है, तब तक जीव पशुवत् बना रहता है। बहुत प्रयत्न करने पर भी तब तक उसे ज्ञान नहीं हो पाता। जिसकी आधार शक्ति सो रही है, उसका सारा संसार ही सो रहा है। पर जब वह जागती है तो उसका भाग्य और संसार ही जाग पड़ता है।

यदा भवति सा संविद्विगुणीकृतविग्रहा।
सा प्रसूते कुंडलिनी शब्दब्रह्ममयी विभुः॥
शक्ति ततो ध्वनितस्मान्नादस्तस्मान्निबोधिका।
ततोऽर्धेन्दुस्ततो बिन्दुमतस्माद सीत्परा ततः॥
पश्यन्ती मध्यमा वाणी वैखरी सर्ग जन्मभूः।
इच्छा ज्ञान-क्रियात्मासौ तेजोरूपा गुणात्मिका॥
क्रमेणानेन सृजति कुंडली वर्णमालिकाम्॥

—महामंत्र

जाग्रत हुई कुंडलिनी असीम शक्ति का प्रसव करती है। उससे नाद जाग्रत होता है फिर बिंदु। परा, पश्यंती, मध्यमा और वैखरी ये चारों वाणियाँ प्रखर होती हैं। इच्छाशक्ति, ज्ञानशक्ति और क्रिया-शक्ति में उभार आता है तथा वर्णमालिका की शृंखला से संबद्ध अनेक शारीरिक-मानसिक शक्तियों का विकास होता है।

शक्तिः कुंडलिनीति विश्वजननव्यापारगद्धोद्यमा।
ज्ञात्वेत्थं तुनर्विशन्ति जननागर्भेऽर्भकत्वनराः॥

—शक्तितंत्र

कुंडलिनी महाशक्ति के प्रयत्न से ही संसार का सारा व्यापार चल रहा है, जो इस तथ्य को जान लेता है, वह शोक-संताप भरे बंधनों में नहीं बँधा रहता।

कूजन्ती कुलकुंडली च मधुरं मत्तालिमालास्फुटं,
वाचः कोमलकाव्यवन्धरचनाभेदातिभेदक्रमैः ।
श्वासोच्छ्वासविभञ्जनेन जगतां जीवो यया धार्यते॥
सा मूलाम्बुजगह्वरे विलसति प्रोद्दामदीतावलिः॥

—*षटचक्र निरूपणम्, (पृ०-२३)*

कुंडलिनी शक्ति के जाग्रत् होने पर वाणी में मधुरता आ जाती है। काव्य कला और साहित्य में प्रगति होती है। यह मूलाधारचक्र में दीप शिखा जैसी, चंद्र ज्योति जैसी प्रकाशित है, प्राणवायु द्वारा यह धारणा की जाती है।

कुंडलिनी जागरण से इस प्रकार की अनेक शक्तियों, सिद्धियों और क्षमताओं का जागरण होता है, यह सच है, क्योंकि इस साधना द्वारा साधक की अंतर्निहित बीजरूप शक्ति जाग्रत होकर ऊर्ध्वगामी बनती है। ये साधनाएँ आत्मसत्ता को परमात्मसत्ता से जोड़ने, उस स्तर पर पहुँचाने में समर्थ हैं। इनके लिए सामान्य साधनाक्रम से ऊपर उठकर कुछ विशिष्ट साधना प्रक्रियाएँ अपनानी पड़ती हैं। प्रत्येक व्यक्ति की स्थिति के अनुरूप उनका अलग-अलग विधान है, इसलिए उनका सार्वजनिक प्रकाशन करना न आवश्यक है और न उचित।

□

मुद्रक—युग निर्माण योजना प्रेस, मथुरा

Kundalini Sadhana (कुण्डलिनी-साधना)

कुण्डलिनी शक्ति क्या है?
योग कुण्डल्युपनिषद् में कुण्डलिनी का वर्णन इस तरह किया गया है- ´कुण्डले अस्या´ स्त: इति: कुण्डलिनी। दो कुण्डल वाली होने के कारण पिण्डस्थ उस शक्ति प्रवाह को कुण्डलिनी कहते हैं। दो कुण्डल अर्थात इड़ा और पिंगला। बाईं ओर से बहने वाली नाड़ी को ´इड़ा´ और दाहिनी ओर से बहने वाली नाड़ी को ´पिगला´ कहते हैं। इन दोनों नाडियों के बीच जिसका प्रवाह होता है, उसे सुषुम्ना नाड़ी कहते हैं। इस सुषुम्ना नाड़ी के साथ और भी नाड़ियां होती है। जिसमें एक चित्रणी नाम की नाड़ी भी होती है। इस चित्रणी नाम की नाड़ी में से होकर कुण्डलिनी शक्ति प्रवाहित होती है, इसलिए सुषुम्ना नाड़ी की दोनों ओर से बहने वाली उपयुक्त 2 नाड़ियां ही कुण्डलिनी शक्ति के 2 कुण्डल हैं।

कुण्डलिनी यज्ञ का विशेष वर्णन करते हुए मुण्डकोपनिषद के २/१/८ संदर्भ में कहा गया है-
"सत्तप्राणी उसी से उत्पन्न हुए । अग्नि की सात ज्वालाएँ उसी से प्रकट हुईं । यही सप्त समिधाएँ हैं, यही सात हवि हैं । इनकी ऊर्जा उन सात लोकों तक जाती जिनका सृजन परमेश्वर ने उच्च प्रयोजनों के लिए किया गया है ।"

उपनिषद् में कुण्डलिनी शक्ति के स्वरूप का वर्णन-
मूलाधारस्य वहवयात्म तेजोमध्ये व्यवस्थिता।
जीवशक्ति: कुण्डलाख्या प्राणाकारण तैजसी।।

अर्थात कुण्डलिनी मूलाधार चक्र में स्थित आत्माग्नी तेज के मध्य में स्थित है। वह जीवनी शक्ति है। तेज और प्राणाकार है।

कुण्डलिनी शक्ति का ज्ञानार्णव तंत्र में वर्णन इस प्रकार किया गया है-
मूलाधारे मूलविद्दया विद्युत्कोटि समप्रभासम्।
सूर्यकटि प्रतीकाशां चन्द्रकोटि द्रवां प्रिये।।

अर्थात मूलाधार चक्र में विद्युत प्रकाश ही करोड़ों किरणों वाला, करोड़ों सूर्यो और चन्द्रमाओं के प्रकाश के समान, कमल की डण्डी के समान अविच्छिन्न तीन घेरे डाले हुए मूल विद्या रूपिणी कुण्डलिनी स्थित है। वह कुण्डलिनी परम प्रकाशमय है, अविच्छिन्न शक्तिधारा है और तेजोधारा है।

घेरण्ड संहिता के अनुसार-
घेरण्ड संहिता में कुण्डलिनी को ही आत्मशक्ति या दिव्य शक्ति व परम देवता कहा गया है।

मूलाधारे आत्मशक्ति: कुण्डली परदेवता।
शमिता भुजगाकारा, सार्धत्रिबलयान्विता।।

अर्थात मूलाधार में परम देवी आत्माशक्ति कुण्डलिनी तीन बलय वाली सर्पिणी के समान कुण्डल मारकर सो रही है।

महाकुण्डलिनी प्रोक्त: परब्रह्म स्वरूपिणी।
शब्दब्रह्ममयी देवी एकाऽनेकाक्षराकृति:।।

अर्थात कुण्डलिनी शक्ति परम ब्रह्मा स्वरूपिणी, महादेवी, प्राण स्वरूपिणी तथा एक और अनेक अक्षरों के मंत्रों की आकृति में माला के समान जुड़ी हुई बतायी जाती है।

कन्दोर्ध्व कुण्डली शक्ति: सुप्ता मोक्षाय योगिनाम्।
बन्धनाय च मूढ़ानां यस्तां वेति से योगिवित्।।

अर्थात कन्द के ऊपर कुण्डलिनी शक्ति अवस्थित है। यह कुण्डलिनी शक्ति सोई हुई अवस्था में होती है। इस कुण्डलिनी शक्ति के द्वारा ही योगिजनों को मोक्ष प्राप्त होता है। सुख के बन्धन का कारण भी कुण्डलिनी है। जो कुण्डलिनी शक्ति को अनुभाव पूर्ण रूप से कर पाता है, वही सच्चा योगी होता है।

सप्त लोकों का देवी भागवत में अन्य प्रकार से उल्लेख हुआ है-
उसमें भूः में धरित्री भुवः में वायु स्वः में तेजस महः में महानता, जनः में जनसमुदाय, तपः में तपश्चर्या एवं सत्य में सिद्धवाण्-वाक सिद्धि रूप सात शक्तियाँ समाहित बतायी गयी हैं ।

इस प्रकार कुण्डलिनी योग के अंतर्गत चक्र समुदाय में वह सभी कुछ आ जाता है, जिसकी कि भौतिक और आत्मिक प्रयोजनों के लिए आवश्यकता पड़ती है ।

मानवी काया को एक प्रकार से भूलोक के समान माना गया है। इसमें अवस्थित मूलाधार चक्र को पृथ्वी की तथा सहस्रार को सूर्य की उपमा दी गई है । दोनों के बीच चलने वाले आदान-प्रदान माध्यम को मेरुदण्ड कहा गया है । ब्रह्मरंध्र ब्रह्मण्ड का प्रतीक है । ठीक इसी प्रकार सहस्रार लोक ब्रह्मण्डीय चेतना का अवतरण केन्द्र है और इस महान् भण्डागार में से मूलाधार को जिस कार्य के लिए जितनी मात्रा में जिस स्तर की शक्ति कि आवश्यक्ता होती है उसकी पूर्ति लगातार होती रहती है ।

कुण्डलिनी प्रसंग योग वशिष्ठ, योग चूड़ामणि, देवी भवगत्, शारदा तिलक, शान्डिल्योसपनिषद मुक्ति-कोपनिषद, हठयोग संहिता, कुलार्णन तंत्र, योगिनी तंत्र बिन्दूपनिषद, रुद्र यामल तंत्र सौन्दर्य लहरी आदि गंथों में विस्तार पूर्वक दिया गया है ।

यही कारण है कि ऋग्वेद में ऋषि कहते हैं-
हे "प्राणाग्नि! मेरे जीवन में ऊषा बनकर प्रकटों अज्ञान का अंधकार दूर करों, ऐसा बल प्रदान करो जिससे देव शक्तियाँ खिंची चली आएँ ।"

त्रिशिखिब्रहोपनिषद में शास्त्रकार ने कहा है-
"योग साधना द्वारा जगाई हुई कुण्डलिनी बिजली के समान लडपती और चमकती है । उससे जो है, सोया सा जागता है । जो जागता है, वह दौड़ने लगता है ।"

महामंत्र में वर्णन आता है-
"जाग्रत हुई कुण्डलिनी असीम शक्ति का प्रसव करती है । उससे नाद बिन्दू, कला के तीनों अभ्यास स्वयंमेव सध जाते हैं । परा, पश्यन्ति, मध्यमा और बैखरी चारों वाणियाँ मुखर हो उठती हैं । इच्छा शक्ति, ज्ञान शक्ति और क्रिया शक्ति में उभार आता है । शरीर-वीणा के सभी तार क्रमबद्ध हो जाते हैं और मधुर ध्वनि में बजते हुए अन्तराल को झंकृत करते हैं । शब्दब्रह्म की यह सिद्धि मनुष्य को जीवनमुक्त कर देवात्मा बना देती है । "

शरीर में कुण्डलिनी की अवस्था
जननेन्द्रिय के मूल में या लिंग उपस्थ में नाड़ियों का एक गुच्छा है। योग शास्त्रों में इसी को “कन्द” कहा जाता है। इसी पर कुण्डलिनी गहरी नींद में जन्म-जन्मान्तर से सो रही होती है।

कुण्डलो कुटिलाकारा सर्पवत् परिकीर्तिता।
सा शक्तिश्चालिता येन, स युक्तों नात्र संशय।।

अर्थात कुण्डलिनी को सर्प के आकार की कुटिल कहा गया है। जिस तरह सांप कुण्डली मारकर सोता है, उसी प्रकार कुण्डलिनी शक्ति भी आदिकाल से ही मनुष्य के अन्दर सोई हुई रहती है।

यावत्सा निद्रिता देहे तावज्जीवः पयुयेथा।
ज्ञान न जायते तावत् कोटि योगविधेरपि।।

अर्थात जब तक कुण्डलिनी शक्ति मनुष्य के अन्दर सोई हुई अवस्था में रहती है, तब तक मनुष्य परिस्थिति के अधीन रहता है। ऐसे व्यक्ति का आचरण पशुओं के समान होता है। ऐसे व्यक्ति दीन-हीन जीवन यापन करते हैं, तथा उनका रहन-सहन, भावों और विचारों, आहार-विहार आदि में आत्म विश्वास, धैर्य, सूझ-बूझ, उमंग, उत्साह, उल्लास, दृढ़ता, स्थिरता, एकाग्रता, कार्य कुशलता, उदारता और हृदय विशालता जैसे गुणों का अभाव होता है। ऐसे व्यक्ति अनेक योग साधना, पूजा-पाठ आदि करके भी अपने ब्रह्माज्ञान विवेक को प्राप्त नहीं कर पाता।

मूलाधारे प्रसुप्त साऽऽमशक्ति उन्द्रिता-
विशुद्धे तिष्ठति मुक्तिरूपा पराशक्ति:।

अर्थात वह प्रबल आत्मशक्ति मूलाधार में सो रही है। उसका प्रयोग किसी बड़े या चमत्कारी कार्य में न होने से वह अपमानित व्यक्ति की तरह शिथिल और गतिहीन बनी हुई है। व्यक्ति के अन्दर जागी हुई इच्छाशक्ति के महान उद्देश्यों की पूर्ति में नियोजित वही शक्ति पराशक्ति के रूप में विराजती है।

कुण्डलिनी जागृत करने का कारण
शरीर के अन्दर कुण्डलिनी शक्ति का जागरण होने से शरीर के अन्दर मौजूद दूषित कफ, पित्त, वात आदि से उत्पन्न होने वाले विकार नष्ट हो जाते हैं। इसके जागरण से मनुष्य के अन्दर काम, क्रोध, लोभ, मोह जैसे दोष, आदि खत्म हो जाते हैं। इस शक्ति का जागरण होने से यह अपनी सोई हुई अवस्था को त्याग कर सीधी हो जाती है और विद्युत तरंग के समान कम्पन के साथ इड़ा, पिंगला नाड़ियों को छोड़कर सुषुम्ना से होते हुए मस्तिष्क में पहुंच जाती है।

कुण्डल्येव भवेच्छक्तिस्तां तु सचालयेत बुध:।
स्पश्यनादाभ्रवोर्मध्य, शक्तिचालनमुच्चते।।

अर्थात अपने अन्दर आंतरिक ज्ञान व अत्याधिक शक्ति की प्राप्ति के लिए सभी मनुष्यों को चाहिए कि वह अपने अन्दर सोई हुई कुण्डलिनी (आत्मशक्ति) का जागरण करें, उसे कार्यशील बनाएं! प्राणायाम के द्वारा जब मूलाधार से स्फूर्ति तरंग की तरह ऊर्जा शक्ति उठकर मस्तिष्क में आती हुई महसूस होने लगे तो समझना चाहिए कि कुण्डलिनी शक्ति जागृत हो चुकी है।

ज्ञेया शक्तिरियं विश्नोनिर्भया स्वर्णभ: स्वरा।

अर्थात शरीर में उत्पन्न होने वाली इस कुण्डलिनी शक्ति को स्वर्ण के समान सुन्दर विष्णु की निर्भय शक्ति ही समझना चाहिए। यही शक्ति आत्मशक्ति, जीवशक्ति आदि नाम से भी जाना जाता है। यही ईश्वरीय शक्ति भी है, प्राणशक्ति और कुण्डलिनी शक्ति भी है। मनुष्य के शरीर में मौजूद कुण्डलिनी शक्ति और पारलौकिक शक्ति दोनों एक ही शक्ति के अलग-अलग रूप हैं।

पतांजलि द्वारा रचित ´योग दर्शन´ शास्त्र के अनुसार-
पतांजलि द्वारा रचित ´योग दर्शन´ शास्त्र के साधनापद में कुण्डलिनी शक्ति के जागरण के अनेकों उपाय बताए गए है। मंत्र ग्रन्थों में जितने योगों का वर्णन है, वे सभी कुण्डलिनी जागरण की ही साधना है। महाबन्ध, महावेध, महामुद्रा, खेचरी मुद्रा, विपरीत करणी मद्रा, अश्विनी मुद्रा, योनि मुद्रा, शक्ति चालिनी मुद्रा, आदि कुण्डलिनी जागरण में सहायता करते हैं। इसमें प्राणायाम के द्वारा कुण्डलिनी को जागरण करना और उसे सुषुम्ना में लाना कुण्डलिनी जागरण का सबसे अच्छा उपाय है। प्राणायाम के द्वारा कुछ समय में ही कुण्डलिनी शक्ति का जागरण कर उसके लाभों को प्राप्त किया जा सकता है।

प्राणायाम से केवल कुण्डलिनी शक्ति ही जागृत ही नहीं होती बल्कि इससे अनेकों लाभ भी प्राप्त होते हैं। ´योग दर्शन´ के अनुसार प्राणायाम के अभ्यास से ज्ञान पर पड़ा हुआ अज्ञान का पर्दा नष्ट हो जाता है। इससे मनुष्य भ्रम, भय, चिंता, असमंजस्य, मूल धारणाएं और अविद्या व अन्धविश्वास आदि नष्ट होकर ज्ञान, अच्छे संस्कार, प्रतिभा, बुद्धि-

विवेक आदि का विकास होने लगता है। इस साधना के द्वारा मनुष्य अपने मन को जहां चाहे वहां लगा सकता है। प्राणायाम के द्वारा मन नियंत्रण में रहता है। इससे शरीर, प्राण व मन के सभी विकार नष्ट हो जाते हैं। इससे शारीरिक क्षमता व शक्ति का विकास होता है। प्राणायाम के द्वारा प्राण व मन को वश में करने से ही व्यक्ति आश्चर्यजनक कार्य को कर सकने में समर्थ होता है। प्राणायाम आयु को बढ़ाने वाला, रोगों को दूर करने वाला, वात-पित्त-कफ के विकारों को नष्ट करने वाला होता है। यह मनुष्य के अन्दर ओज-तेज और आकर्षण को बढ़ाता है। यह शरीर में स्फूर्ति, लचक, कोमल, शांति और सुदृढ़ता लाता है। यह रक्त को शुद्ध करने वाला है, चर्म रोग नाशक है। यह जठराग्नि को बढ़ाने वाला, वीर्य दोष को नष्ट करने वाला होता है।

प्राणायाम के द्वारा वीर्य और प्राण के ऊर्ध्वगमन से बुद्धि तंत्र के बन्द कोष खुलते है, साथ ही शरीर की नस-नस में अत्यंत शक्ति, साहस का संचार होने से क्रियाशीलता का विकास भी होता है।

कुंडलिनी जागरण का अर्थ है

मनुष्य को प्राप्त महानशक्ति को जाग्रत करना। यह शक्ति सभी मनुष्यों में सुप्त पड़ी रहती है। कुण्डली शक्ति उस ऊर्जा का नाम है जो हर मनुष्य में जन्मजात पायी जाती है। इसे जगाने के लिए प्रयास या साधना करनी पड़ती है।

कुंडली जागरण के लिए साधक को शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक स्तर पर साधना या प्रयास करना पड़ता है। जप, तप, व्रत-उपवास, पूजा-पाठ, योग आदि के माध्यम से साधक अपनी शारीरिक एवं मानसिक, अशुद्धियों, कमियों और बुराइयों को दूर कर सोई पड़ी शक्तियों को जगाता है। अत: हम कह सकते हैं कि विभिन्न उपायों से अपनी अज्ञात, गुप्त एवं सोई पड़ी शक्तियों का जागरण ही कुंडली जागरण है।

योग और अध्यात्म में इस कुंडलीनी शक्ति का निवास रीढ़ की हड्डी के समानांतर स्थित छ: चक्रों में से प्रथम चक्र मूलाधार के नीचे माना गया है। यह रीढ की हड्डी के आखिरी हिस्से के चारों ओर साढे तीन आँटे लगाकर कुण्डली मारे सोए हुए सांप की तरह सोई रहती है।

आध्यात्मिक भाषा में इन्हें षट्-चक्र कहते हैं।

ये चक्र क्रमश:

इस प्रकार है:- मूलधार-चक्र, स्वाधिष्ठान-चक्र, मणिपुर-चक्र, अनाहत-चक्र, विशुद्ध-चक्र, आज्ञा-चक्र। साधक क्रमश: एक-एक चक्र को जाग्रत करते हुए, आज्ञा-चक्र तक पहुंचता है। मूलाधार-चक्र से प्रारंभ होकर आज्ञाचक्र तक की सफलतम यात्रा ही कुण्डलिनी जागरण कहलाता है।

षट्-चक्र एक प्रकार की सूक्ष्म ग्रंथियां है। इन चक्र ग्रंथियों में जब साधक अपने ध्यान को एकाग्र करता है तो उसे वहां की सूक्ष्म स्थिति का बड़ा विचित्र अनुभव होता है। इन चक्रों में विविध शक्तियां समाहित होती है। उत्पादन, पोषण, संहार, ज्ञान, समृद्धि, बल आदि। साधक जप के द्वारा ध्वनि तरंगों को चक्रों तक भेजता है। इन पर ध्यान एकाग्र करता है। प्राणायम द्वारा चक्रों को उत्तेजित करता है। आसनों द्वारा शरीर को इसके लिए उपयुक्त बनाता है। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि विभिन्न शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक प्रयासों के द्वारा साधक, शक्ति के केंद्र इन चक्रों को जाग्रत करता है।

वैदिक ग्रन्थों में लिखा है कि मानव शरीर आत्मा का भौतिक घर मात्र है। आत्मा सात प्रकार के कोषों से ढकी हुई हैः- १- अन्नमय कोष (द्रव्य, भौतिक शरीर के रूप में जो भोजन करने से स्थिर रहता है), २- प्राणामय कोष (जीवन शक्ति), ३- मनोमय कोष (मस्तिष्क जो स्पष्टतः बुद्धि से भिन्न है), ४- विज्ञानमय कोष (बुद्धिमत्ता), ५- आनन्दमय कोष (आनन्द या अक्षय आनन्द जो शरीर या दिमाग से सम्बन्धित नहीं होता), ६- चित्-मय कोष (आध्यात्मिक बुद्धिमत्ता) तथा ७- सत्-मय कोष (अन्तिम अवस्था जो अनन्त के साथ मिल जाती है)। मनुष्य के आध्यात्मिक रूप से पूर्ण विकसित होने के लिये सातों कोषों का पूर्ण विकास होना अति आवश्यक है।

साधक की कुण्डलिनी जब चेतन होकर सहस्त्रार में लय हो जाती है, तो इसी को मोक्ष कहा गया है।

कुण्डलिनी योग के अंतर्गत शक्तिपात विधान का वर्णन अनेक ग्रंथों में मिलता है जैसे-
योग वशिष्ठ, तेजबिन्दूनिषद्, योग चूड़ामणि, ज्ञान संकलिनी तंत्र, शिव पुराण, देवी भागवत, शाण्डिपनिषद, मुक्तिकोपनिषद, हठयोग संहिता, कुलार्णव तंत्र, योगनी तंत्र, घेरंड संहिता, कंठ श्रुति ध्यान बिन्दूपनिषद, रुद्र यामल तंत्र, योग कुण्डलिनी उपनिषद्, शारदा तिलक आदि ग्रंथों में इस विद्या के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला गया है ।

तैत्तरीय आरण्यक में चक्रों को देवलोक एवं देव संस्थान कहा गया । शंकराचार्य कृत आनन्द लहरी के १७ वें श्लोक में भी ऐसा ही प्रतिपादन है ।

योग दर्शन समाधिपाद का ३६वाँ सूत्र है-
'विशोकाया ज्योतिष्मती'
इसमें शोक संतापों का हरण करने वाली ज्योति शक्ति के रूप में कुण्डलिनी शक्ति की ओर संकेत है।

हमारे ऋषियों ने गहन शोध के बाद इस सिद्धान्त को स्वीकार किया कि जो ब्रह्माण्ड में है, वही सब कुछ पिण्ड (शरीर) में है। इस प्रकार "मूलाधार-चक्र" से "कण्ठ पर्यन्त" तक का जगत "माया" का और "कण्ठ" से लेकर ऊपर का जगत "परब्रह्म" का है।

मूलाद्धाराद्धि षट्चक्रं शक्तिरथानमूदीरतम् ।
कण्ठादुपरि मूर्द्धान्तं शाम्भव स्थानमुच्यते॥ -वराहश्रुति

अर्थात मूलाधार से कण्ठपर्यन्त शक्ति का स्थान है । कण्ठ से ऊपर से मस्तक तक शाम्भव स्थान है ।

मूलाधार से सहस्रार तक की यात्रा को ही महायात्रा कहते हैं । योगी इसी मार्ग को पूरा करते हुए परम लक्ष्य तक पहुँचते हैं । जीव, सत्ता, प्राण, शक्ति का निवास जननेन्द्रिय मूल में है । प्राण उसी भूमि में रहने वाले रज वीर्य से उत्पन्न होते हैं । ब्रह्म सत्ता का निवास ब्रह्मलोक (ब्रह्मरन्ध्र) में माना गया है । यही द्युलोक, देवलोक, स्वर्गलोक है। आत्मज्ञान (ब्रह्मज्ञान) का सूर्य इसी लोक में निवास करता है ।

पतन के गर्त में पड़ी क्षत-विक्षत आत्म सत्ता अब उर्ध्वगामी होती है तो उसका लक्ष्य इसी ब्रह्मलोक (सूर्यलोक) तक पहुँचना होता है । योगाभ्यास का परम पुरुषार्थ इसी निमित्त किया जाता है । कुण्डलिनी जागरण का उद्देश्य यही है ।

आत्मोत्कर्ष की महायात्रा जिस मार्ग से होती है उसे मेरुदण्ड या सुषुम्ना कहते हैं ।

मेरुदण्ड को राजमार्ग या महामार्ग कहते हैं । इसे धरती से स्वर्ग पहुँचने का देवयान मार्ग कहा गया है । इस यात्रा के मध्य में सात लोक हैं । इस्लाम धर्म के सातवें आसमान पर खुदा का निवास माना गया है । ईसाई धर्म में भी इससे मिलती-जुलती मान्यता है । हिन्दू धर्म के भूः, भुवः, स्वः, तपः, महः, सत्यम् यह सात-लोक प्रसिद्ध है । आत्मा और परमात्मा के मध्य इन्हें विराम स्थल माना गया है ।

षट्-चक्र-भेदन-
षट्-चक्र-भेदन विधान कितना उपयोगी एवं सहायक है इसकी चर्चा करते हुए 'आत्म विवेक' नामक साधना ग्रंथ में कहा गया है कि-
गुदालिङान्तरे चक्रमाधारं तु चतुर्दलम्।
परमः सहजस्तद्वदानन्दो वीरपूर्वकः॥
योगानन्दश्च तस्य स्यादीशानादिदले फलम्।
स्वाधिष्ठानं लिंगमूले षट्पत्रञ्त्र् क्रमस्य तु॥
पूर्वादिषु दलेष्वाहुः फलान्येतान्यनुक्रमात्।
प्रश्रयः क्रूरता गर्वो नाशो मूच्छर् ततः परम्॥
अवज्ञा स्यादविश्वासो जीवस्य चरतो ध्रुवम्।

नाभौ दशदलं चक्रं मणिपूरकसंज्ञकम्।
सुषुप्तिरत्र तृष्णा स्यादीष्र्या पिशुनता तथा॥
लज्ज् भयं घृणा मोहः कषायोऽथ विषादिता।
लौन्यं प्रनाशः कपटं वितर्कोऽप्यनुपिता॥
आशा प्रकाशश्चिन्ता च समीहा ममता ततः।
क्रमेण दम्भोवैकल्यं विवकोऽहंक्वतिस्तथा॥
फलान्येतानि पूर्वादिदस्थस्यात्मनों जगुः।
कण्ठेऽस्ति भारतीस्थानं विशुद्धिः षोडशच्छदम्॥
तत्र प्रणव उद्गीथो हुँ फट् वषट् स्वधा तथा।
स्वाहा नमोऽमृतं सप्त स्वराः षड्जादयो विष॥
इति पूर्वादिपत्रस्थे फलान्यात्मनि षोडश॥

(1) गुदा और लिंग के बीच चार दल (पंखुड़ियों) वाला 'आधार चक्र' है। वहाँ वीरता और आनन्द भाव का वास है।

(2) इसके बाद स्वाधिष्ठान-चक्र लिंग मूल में है। इसके छः दल हैं। इसके जाग्रत होने पर क्रूरता, गर्व, आलस्य, प्रमाद, अवज्ञा, अविश्वास आदि दुर्गणों का नाश होता है।

चक्रों की जागृति मनुष्य के गुण, कर्म, स्वभाव को प्रभावित करती है। स्वाधिष्ठान की जागृति से मनुष्य अपने में नव शक्ति का संचार अनुभव करता है। उसे बलिष्ठता बढ़ती प्रतीत होती है। श्रम में उत्साह और गति में स्फूर्ति की अभिवृद्धि का आभास मिलता है।

(3) नाभि में दस दल वाला मणिपूर-चक्र है। यह प्रसुप्त पड़ा रहे तो तृष्णा, ईर्ष्या, चुगली, लज्जा, भय, घृणा, मोह, आदि कषाय-कल्मष मन में जड़ जमाये रहते हैं।

मणिपूर चक्र से साहस और उत्साह की मात्रा बढ़ जाती है। संकल्प दृढ़ होते हैं और पराक्रम करने के हौसले उठते हैं। मनोविकार स्वयंमेव घटते जाते हैं और परमार्थ प्रयोजनों में अपेक्षाकृत अधिक रस मिलने लगता है।

(4) हृदय स्थान में अनाहत-चक्र है। यह बारह दल वाला है। यह सोता रहे तो लिप्सा, कपट, तोड़-फोड़, कुतर्क, चिन्ता, मोह, दम्भ, अविवेक तथा अहंकार से साधक भरा रहेगा। इसके जागरण होने पर यह सब दुर्गुण हट जायेंगे।

अनाहत चक्र की महिमा ईसाई धर्म में सबसे ज्यादा मानी जाती है। हृदय स्थान पर कमल के फूल की भावना करते हैं और उसे महाप्रभु ईसा का प्रतीक 'आईचीन' कनक कमल मानते हैं। भारतीय योगियों की दृष्टि से यह भाव संस्थान है। कलात्मक उमंगें-रसानुभुति एवं कोमल संवेदनाओं का उत्पादक स्रोत यही है। बुद्धि की वह परत जिसे विवेक-शीलता कहते हैं। आत्मीयता का विस्तार, सहानुभूति एवं उदार सेवा, सहाकारिता, इस अनाहत चक्र से ही उद्भूत होते हैं।

(5) कण्ठ में विशुद्ध-चक्र है। यह सरस्वती का स्थान है। यह सोलह दल वाला है। यहाँ सोलह कलाएँ तथा सोलह विभूतियाँ विद्यमान है।

कण्ठ में विशुद्ध चक्र है। इसमें बहिरंग स्वच्छता और अंतरंग पवित्रता के तत्त्व रहते हैं। दोष व दुर्गुणों के निराकरण की प्रेरणा और तदनुरूप संघर्ष क्षमता यहीं से उत्पन्न होती है। मेरुदण्ड में कंठ की सीध पर अवस्थित विशुद्ध चक्र, चित्त संस्थान को प्रभावित करता है। तदनुसार चेतना की अति महत्वपूर्ण परतों पर नियंत्रण करने और विकसित एवं परिष्कृत कर सकने के सूत्र हाथ में आ जाते हैं। नादयोग के माध्यम से दिव्य श्रवण जैसी कितनी ही परोक्षानुभूतियाँ विकसित होने लगती हैं।

(6) भ्रू-मध्य में आज्ञा चक्र है। यहाँ- ॐ, उद्गीय, हूँ, फट, विषद, स्वधा, स्वहा, सप्त स्वर आदि का वास है। आज्ञा चक्र के जागरण होने से यह सभी शक्तियाँ जाग जाती हैं।

(7) सहस्रार मस्तिष्क के मध्य भाग में है। शरीर संरचना में इस स्थान पर अनेक महत्वपूर्ण ग्रंथियों का अस्तित्व है। वहाँ से ऊर्जा का स्वयंभू प्रवाह होता है। यह ऊर्जा मस्तिष्क के अगणित केन्द्रों की ओर जाती/दौड़ती हैं। इसमें से छोटी-छोटी किरणे निकलती रहती हैं। उनकी संख्या की सही गणना तो नहीं हो सकती, पर वे हजारों में होती है। इसलिए इस चक्र के लिये 'सहस्रार' शब्द प्रयोग में लाया जाता है। सहस्रार चक्र का नामकरण इसी आधार पर हुआ है।

यह संस्थान ब्रह्माण्डीय चेतना के साथ सम्पर्क साधने में अग्रणी है, इसलिए उसे ब्रह्मरन्ध्र या ब्रह्मलोक भी कहते हैं। हिन्दू धर्मानुयायी इस स्थान पर शिखा रखते हैं।

कबीर साहिब ने अपनी निम्नलिखित प्रसिद्ध रचना 'कर नैनों दीदार महल में प्यारा है' में सब कमलों का वर्णन विस्तार पूर्वक इस प्रकार किया है-

कर नैनो दीदार महल में प्यारा है ॥टेक॥
काम क्रोध मद लोभ बिसारो, सील संतोष छिमा सत धारो ।
मद्य मांस मिथ्या तजि डारो, हो ज्ञान घोड़े असवार, भरम से न्यारा है ॥1॥
धोती नेती वस्ती पाओ, आसन पद्म जुगत से लाओ ।
कुंभक कर रेचक करवाओ, पहिले मूल सुधार कारज हो सारा है ॥2॥
मूल कँवल दल चतुर बखानो, कलिंग जाप लाल रंग मानो ।
देव गनेस तह रोपा थानो, रिध सिध चँवर ढुलारा है ॥3॥
स्वाद चक्र षट्दल बिस्तारो, ब्रह्मा सावित्री रूप निहारो ।
उलटि नागिनी का सिर मारो, तहां शब्द ओंकारा है ॥4॥
नाभी अष्टकँवल दल साजा, सेत सिंहासन बिस्नु बिराजा ।
हिरिंग जाप तासु मुख गाजा, लछमी सिव आधारा है ॥5॥
द्वादस कँवल हृदय के माहीं, जंग गौर सिव ध्यान लगाई ।
सोहं शब्द तहां धुन छाई, गन करै जैजैकारा है ॥6॥
षोड़श दल कँवल कंठ के माहीं, तेहि मध बसे अविद्या बाई ।
हरि हर ब्रह्मा चँवर ढुराई, जहं शारिंग नाम उचारा है ॥7॥
ता पर कंज कँवल है भाई, बग भौरा दुह रूप लखाई ।
निज मन करत तहां ठुकराई, सौ नैनन पिछवारा है ॥8॥
कंवलन भेद किया निर्वारा, यह सब रचना पिण्ड मंझारा ।
सतसंग कर सतगुरु सिर धारा, वह सतनाम उचारा है ॥9॥
आंख कान मुख बंद कराओ अनहद झिंगा सब्द सुनाओ ।
दोनों तिल इकतार मिलाओ, तब देखो गुलजारा है ॥10॥
चंद सूर एकै घर लाओ, सुषमन सेती ध्यान लगाओ ।
तिरबेनी के संघ समाओ, भोर उतर चल पारा है ॥11॥
घंटा संख सुनो धुन दोई सहस कँवल दल जगमग होई ।
ता मध करता निरखो सोई, बंकनाल धस पारा है ॥12॥
डाकिन साकिनी बहु किलकारें, जम किंकर धर्म दूत हकारें ।
सत्तनाम सुन भागें सारे, जब सतगुरु नाम उचारा है ॥13॥
गगन मंडल विच उर्धमुख कुइआ, गुरुमुख साधू भर भर पीया ।
निगुरे प्यास मरे बिन कीया, जा के हिये अंधियारा है ॥14॥
त्रिकुटी महल में विद्या सारा, घनहर गरजें बजे नगारा ।
लाला बरन सूरज उजियारा, चतुर कंवल मंझार सब्द ओंकारा है ॥15॥
साध सोई जिन यह गढ़ लीना, नौ दरवाजे परगट चीन्हा ।
दसवां खोल जाय जिन दीन्हा, जहां कुंफुल रहा मारा है ॥16॥
आगे सेत सुन्न है भाई, मानसरोवर पैठि अन्हाई ।

हंसन मिल हंसा होइ जाई, मिलै जो अमी अहारा है ॥17॥
किंगरी सारंग बजै सितारा, अच्छर ब्रह्म सुन्न दरबारा ।
द्वादस भानु हंस उजियारा, खट दल कंवल मंझार सब्द रारंकारा है ॥18॥
महासुन्न सिंध बिषमी घाटी, बिन सतगुर पावै नाही बाटी ।
ब्याघर सिंह सरप बहु काटी, तहं सहज अचिंत पसारा है ॥19॥
अष्ट दल कंवल पारब्रह्म भाई, दाहिने द्वादस अचिंत रहाई ।
बायें दस दल सहज समाई, यूं कंवलन निरवारा है ॥20॥
पांच ब्रह्म पांचों अंड बीनो, पांच ब्रह्म निःअक्षर चीन्हो ।
चार मुकाम गुप्त तहं कीन्हो, जा मध बंदीवान पुरुष दरबारा है ॥21॥
दो पर्बत के संध निहारो, भंवर गुफा ते संत पुकारो ।
हंसा करते केल अपारो, तहां गुरन दरबारा है ॥22॥
सहस अठासी दीप रचाये, हीरे पन्ने महल जड़ाये ।
मुरली बजत अखंड सदाये, तहं सोहं झुनकारा है ॥23॥
सोहं हद्द तजी जब भाई, सत्त लोक की हद पुनि आई ।
उठत सुगंध महा अधिकाई, जा को वार न पारा है ॥24॥
षोड़स भानु हंस को रूपा, बीना सत धुन बजै अनूपा ।
हंसा करत चंवर सिर भूपा, सत्त पुरुष दरबारा है ॥25॥
कोटिन भानु उदय जो होई, एते ही पुनि चंद्र लखोई ।
पुरुष रोम सम एक न होई, ऐसा पुरुष दीदारा है ॥26॥
आगे अलख लोक है भाई, अलख पुरुष की तहं ठकुराई ।
अरबन सूर रोम सम नाहीं, ऐसा अलख निहारा है ॥27॥
ता पर अगम महल इक साजा, अगम पुरुष ताहि को राजा ।
खरबन सूर रोम इक लाजा, ऐसा अगम अपारा है ॥28॥
ता पर अकह लोक हैं भाई, पुरुष अनामी तहां रहाई ।
जो पहुँचा जानेगा वाही, कहन सुनन से न्यारा है ॥29॥
काया भेद किया निर्बारा, यह सब रचना पिंड मंझारा ।
माया अवगति जाल पसारा, सो कारीगर भारा है ॥30॥
आदि माया कीन्ही चतुराई, झूठी बाजी पिंड दिखाई ।
अवगति रचन रची अंड माहीं, ता का प्रतिबिंब डारा है ॥31॥
सब्द बिहंगम चाल हमारी, कहैं कबीर सतगुर दइ तारी ।
खुले कपाट सब्द झुनकारी, पिंड अंड के पार सो देस हमारा है ॥32॥

कुण्डलिनी शक्ति

अभी तक हमने जितना समझा है, वह सब शास्त्रों के अनुसार समझा है कि कुण्डलिनी शक्ति क्या है और कैसे काम करती है। अब अपनी बात कुण्डलनी शक्ति इन्सान के शरीर में उस परमात्मा द्वारा दी गई समस्त शक्तियों में से सबसे ज्यादा शक्तिशाली एवं अति गुप्त विद्या है। कुण्डलिनी शक्ति के ऊपर प्रारम्भ से ही अनेको बार, अनेको व्याखायें दी जा चुकी है। तथा अनेको बार इसके ऊपर शास्त्रार्थ हो चुका है। आज के समय में साधकों का सम्प्रदाय दो हिस्सों में बट चुका है। जो साधक संत मत को मानते हैं, वे कुण्डलिनी शक्ति से दूर रहते है, अर्थात कुण्डलनी शक्ति को जगाना और इसके बारे में जानना वो आवश्यक नहीं समझते। उनके अनुसार आज्ञा चक्र पर ध्यान लगाना और नाम का जाप करना, इसको ही वो प्रधान मानते है। ये साधक आज्ञा चक्र से नीचे के चक्रो को कोई भी महत्व देना पसन्द नहीं करते। इनके अनुसार नीचे के चक्रो पर साधना करने का मतलब है- समय की बरबादी। इनके अनुसार कुन्डलिनी शक्ति जाग्रत हो कर आज्ञा चक्र पर ही पहुँचती है। इसलिये क्यो न आज्ञा चक्र से ही यात्रा शुरू की जाये। आज्ञा चक्र से साधना करने का कितना फायदा होता है, यह तो वही साधक जाने।

किन्तु हमारी दृष्टी में ऐसा सम्भव नहीं है, क्योंकि बिना कुन्डलिनी शक्ति के जाग्रत हुऐ आज्ञा चक्र का जाग्रत होना असम्भव है। क्योंकि सभी चक्रो को जाग्रत करने के मूल में कुण्डलिनी शक्ति का महत्वपूर्ण योगदान है। जो साधक सीधे ही आज्ञा चक्र से साधना प्रारम्भ करते है। सालों-साल बीत जाने पर भी उनकी मानसिक स्थिती और उनकी विचारधारा में तनिक/बिलकुल भी बदलाव नहीं आता। यदि उन से इस बारे में पूछा जाये तो उनके अनुसार कम-से-कम चार जन्मो में वो अपनी मुक्ति मानते है। कोई उनसे पूछने वाला हो तो कि यह जन्म तो बिताना इतना मुश्किल है। आगे के तीन जन्मो के बारे में क्या बात करें।
उन साधकों के अनुसार यदि गुरू कृपा हो तो चार जन्म में मुक्ति सम्भव है और यह साधक सिर्फ मुक्ति के लिये ही साधना करते है। गुरू और नाम जाप पर इनकी पूर्ण श्रद्धा होती है। इनमे से अधिकांश साधक नीचे के चक्रो के नाम से ही डरते है, वो कहते है कि- यदि नीचे के चक्र जाग्रत हो गये तो अनेको सिद्धियाँ की प्राप्ति होगी, जिससे कि साधक मुक्ति के मार्ग से भ्रष्ट हो सकता है और सिद्धियों के लालच में फंस कर अपने आप को खराब कर लेता है।

लेकिन जब इन साधकों की नाम और गुरू के प्रति इतनी श्रद्धा और विश्वास है, तो यह साधक कैसे भटक सकते है, क्योंकि इनका पूर्ण गुरू तो हर वक्त इनके साथ है फिर भटकाव क्यों और कैसे?

हमारी नजर में कोई माने या न माने या तो इनके गुरूओं को कुण्डलिनी शक्ति जागरण का विधान, उसके नियम आदि नहीं मालूम और यदि मालूम है तो- ये अपने शिष्यों को बताना या सिखाना नहीं चाहते, क्योंकि कुण्डलिनी जागरण की प्रकिया बहुत ही गहन और जटिल है। कुण्डलिनी जागरण के दौरान गुरू-शिष्य का साथ-साथ पुरूषार्थ करना अति आवश्यक है। मात्र प्रवचन दे कर या शास्त्रों/ग्रन्थो की काहानियाँ सुना कर या रामायण, गीता आदि का उपदेश दे कर कुण्डलिनी जागरण सम्भव नहीं है।

असल में कुण्डलिनी शक्ति के लिये पूरी मेहनत, पूर्ण आत्म-विश्वास और पूर्ण-गुरु का होना आवश्यक है। क्योंकि कुन्डलिनी शक्ति जाग्रत होने पर मात्र मोक्ष ही नहीं, भोग भी प्रदान करती है।

मोटे तोर पर आज का साधक सम्प्रदाय तीन हिसों में बटा हुआ है। ध्यान-योग, हठ-योग और तन्त्र योग। तंत्र को, साधक योग नही मानते। उनकी नजर में तंत्र या तो एक वीभत्स क्रिया है, या फिर एक चमत्कार दिखाने की विधि। हमारी नजर में तंत्र का अर्थ है- तन्+प्राण= तन से मुक्ति पाने का उपाय तंत्र है, अर्थात अन्नमय, प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय आदि सप्त शरीरो से मुक्ति पाना और आत्मा का उस परमात्मा में पूर्ण लय होना ही तंत्र है। पूर्ण तंत्र में बिन्दू का रज से मिलन करना ही कुण्डलिनी शक्ति है, अर्थात तंत्र की सर्वोच्चय-भैरवी-साधना ही कुन्डलिनी साधना है। जैसे-जैसे साधक अपने आप को उधर्व-मुखी करना शुरू करते है। उनकी कुण्डलिनी शक्ति जाग्रत हो कर पूर्ण यात्रा को निकल पड़ती है। आदि शंकराचार्य ने इस कुण्डलिनी शक्ति का प्रारूप 'श्री यंत्र अर्थात श्री चक्र' को बनाया है।

बहुत ही ध्यान पुर्वक यदि हम तंत्र और संत मत का अध्ययन या विश्लेषण करे तो हमे ऐसा महसूस होगा जैसे किसी ने हमारी बुद्धि को ठग लिया हो। संत मत के अनुसार-

ब्रह्मा मरे, विष्णु मरे, मरे शंकर भगवान।
अक्षर मरे, क्षर मरे, तब प्रकटे पूर्ण भगवान॥

तंत्र के अनुसार 'श्री चक्र' में स्थित कामेश्वर और कामेश्वरी जहाँ वास करते हैं। जिस आसन पर विराजमान रहते है, उस आसन का पूर्व दिशा का पाया ब्रह्म-प्रेत है अर्थात वहाँ पर ब्रह्मा को प्रेत माना गया है। पश्चिमी पाया विष्णु-प्रेत अर्थात वहाँ पर श्री हरी को प्रेत रूप में माना गया है। दक्षिण दिशा का पाया रूद्र-प्रेत अर्थात यहाँ पर शिव को मृत माना गया है। उत्तर पाया ईश्वर-प्रेत माना गया है, यहाँ पर अक्षर-ब्रह्म को मृत माना गया है। कामेश्वर और कामेश्वरी जिस फलक के उपर आसीन है, उसे सदाशिव या क्षर-ब्रहम माना गया है। असल में कामेश्वर और कामेश्वरी कोई देवी या देवता नही है, बल्कि आत्मा-रूपी कामेश्वरी ही, परब्रह्म रूपी कामेश्वर के साथ आलिंगन बद्ध है।

जहाँ संत मत सिर्फ गुरू-तत्व का ध्यान करता है। वहीं तंत्र या हठ-योगी अनेकों प्रकार की क्रियायें करके सभी प्रकार का आंनद लेते हुऐ अपनी आत्मा रूपी प्रेयसी को प्रीतम रूपी परमात्मा से मिला देता है। हठ योग की साधना का

आधार अष्टाँग योग है। इसके अंतरगत आसन, प्रणायाम, बन्द, यम-नियम मुख्य है। साथ ही ध्यान-धारणा और समाधी के द्वारा कुण्डलिनी जागरण करना इनका ध्येय है। इन साधकों की नजर में यदि प्राण-वायु की अपान-वायु में एवं अपान-वायु की प्राण-वायु में आहुति दे दी जाये तो कुण्डलिनी जागरण सम्भव हैं। इसके लिये हठ-योगी मूल रूप से तीन बन्धो को प्रयोग करते है- मूल-बन्द, उड़ियान-बन्ध, जालन्धर-बन्ध। मूल-बन्ध अर्थात गुदा का संकोचन अर्थात अपान वायु का बाहर न निकलने देना। उड़ियान बन्ध अर्थात पूर्ण-बाह्य-कुम्भक का प्रयोग करना। जालन्धर बन्द अर्थात अपनी ठोड़ी का अपने कन्ठ से लगाना।

हमारा ध्येय किसी भी साधना को अच्छा या बुरा बताना नहीं है। जैसा की आज के समय में अधिकतर पुरूष अपने योग को बड़ा और दूसरे के योग को छोटा बताते है। साधकों की इसी विचार धारा की वजह से ही हिन्दुस्तान से अनेकों विद्याये लुप्त हो गई है।

हम एक उदाहरण दे कर समस्त साधकों को समझाने की कोशिश/प्रयास करते है। आपको समझ में आये या न आये यह हमारे बस में नहीं है। जब हम अपने बच्चे को स्कूल ले कर जाते है, तो हम हर चीज का ध्यान रखते है, जैसे की- स्कूल, उसके अध्यापक, केन्टीन और सबसे खास चीज विषय(सब्जेक्ट), बच्चों को पढ़ाये जाने वाली पुस्तकें आदि। हम अपने बच्चे को मात्र एक ही विषय नहीं दिलवाते, उसके सभी विषयों का ख्याल रखते है। साथ में ही खेलना, कुदना, नृत्य आदि का भी ध्यान रखते है। हम अपने बच्चे को सब कुछ देते है, किन्तु वह बच्चा किसी विशेष विषय की तरफ अपना विशेष ध्यान देता है, और बाकी सभी विषयों को साधारण रूप से ग्रहण करता है। अधिकतर ऐसा होता है की माँ-बाप उसे डॉक्टर, इंजीनियर आदि बनाना चाहते है, किन्तु वह बच्चा बनता कुछ ओर ही है। यदि बच्चे को स्कूल में होमवर्क ना मिले या उसकी चेकिंग न हो तो हम अपनी शिकायत ले कर मुख्य-अध्यापक के पास पहुँच जाते है।

हम अपने जीवन में हर चीज का ख्याल रखते है, हर चीज पर ध्यान देते है। किन्तु हमने साधना मार्ग को इतना सस्ता क्यों जान लिया? क्यों मान लिया?

क्या साधना मार्ग इतना सस्ता है कि, कोई भी साधारण व्यक्ति, किसी भी गुरू या संत के पास जा कर दीक्षा ग्रहण करे और नाम का जाप करे, तो क्या मुक्ति सम्भव है?

आज के गुरूओं और शिष्यों, दोनो ने मिल कर साधना और मुक्ति के मायने ही बदल दिये हैं। हमारी नजर में मात्र शब्द का रट्टा लगा कर, कहानियाँ, किताबें पढ़कर प्रवचन सुन कर मुक्ति सम्भव नहीं है।

मुक्ति एक महान और उच्च स्थान है। जहाँ पहुँच कर आत्मा सभी बंधनों से मुक्त हो जाती है।

कुण्डलिनी साधना के लिये हमे तपना पड़ता है। अत्यधिक मेहनत की जरूरत होती है। जैसे कोई व्यक्ति जब किसी विशेष परीक्षा की तैयारी करता है तो, वह तैयारी के दौरान हर तरफ से अपना ध्यान हटा कर अपनी शिक्षा पर केन्द्रित करता है। मात्र कुछ दिनो के लिये वह अपना सब सुख-सुविधा का त्याग करके अपनी शिक्षा को पूर्ण करता है, और शिक्षा पूर्ण होने पर अर्थात उसको एक अच्छी नौकरी लग जाने पर वह सन्तुष्ट हो कर सारी-उम्र सभी सुखों का भोग भोगता है। उसी प्रकार यदि एक साधक चाहे तो अपनी साधना के बल पर पूर्ण मुक्ति का फल प्राप्त कर सकता है, और मुक्त हुई जीव आत्मा शरीर में रहते हुऐ भी उन महान भोगों को भोगती है। जिस के लिये बड़े-बड़े सेठ साहुकार और धनी तरसते है।

चलते-चलते दो बात- यदि नीचे के चक्र, माया रूप हैं, जैसा कि कुछ मत या पंथों का मानना है और ऊपर के चक्र असली है तो जो चक्र(लोक) ब्रह्माण्ड में है वे क्या हैं?

चाहे नीचे के चक्र यानि लोक हो या ऊपर के चक्र हो, हैं तो शरीर के अन्दर ही।

जो अण्ड में है, वो पिण्ड में हैं और जो पिण्ड में हैं, वो अण्ड में हैं। यह कहना तो ठीक है किन्तु जब मृत्यु के

उपरान्त जब पिण्ड जलकर ख़ाक हो जाएगा तो फिर आत्मा किस चक्र या लोक में वास करेगी। क्योंकि सारी उम्र तो पिण्ड में अण्ड का आभास करके, पिण्ड के लोकों यानि चक्रो की साधना की है। लेकिन जब पिण्ड खत्म हो जाएगा, तो आत्मा को किस लोक में स्थान मिलेगा, फैसला तो तब ही होगा। क्योंकि मन के सहारे जिन लोको की साधना की थी, वे तो खत्म हो गये। अब आत्मा के सामने असली लोक अर्थात मण्डल हैं। जिनके देवों की साधना नहीं की, कभी आराधना नहीं की। क्या वे देव इस आत्मा को अपने लोक में स्थान देंगे, कदापि नहीं। मन को जितना मर्जी भरमा लो, शिष्यों को जितना मर्जी बहका लो। सत्य तो एक दिन खुल कर रहेगा, कि पिण्ड के बाहार जो है, वही सत्य है और पिण्ड के अन्दर जो है वह मिथ्या है। इसलिये कुछ संतों ने जगत को मिथ्या या माया का खेल कहा है।

जब तक सूक्ष्म-शरीर, स्थूल-शरीर से अलग हो कर ब्रह्माण्ड के सत्य लोको या मण्डलों की आराधना, सेवा, भजन, दर्शन नहीं करेगा, तब तक सब बेकार है। सूक्ष्म-शरीर को स्थूल-शरीर से अलग करने का मात्र एक ही विधान है- कुण्डलिनी साधना।

उदाहरण के तौर पर- जिस प्रकार एक छोटा बच्चा खाना पीना, बोलना-चलना, लिखना-पढ़ना आदि का प्रारम्भ तो घर से ही करता है, किन्तु कुछ समय बाद हम उसे उच्च शिक्षा हेतु अच्छे विद्यालय में प्रवेश करा देते हैं। उसी प्रकार एक साधक के लिये साधना का प्रारम्भ तो शरीर में स्थित मण्डलों से ही होता है, किन्तु जब सूक्ष्म-शरीर, स्थूल-शरीर से अलग हो जाता है, तो ब्रह्माण्ड में स्थित उच्च लोको की साधना करके, पूर्ण ब्रह्म-ज्ञान को प्राप्त करके, जीव आत्मा पूर्ण कैवल्य पद को प्राप्त कर लेती है। जिस प्रकार हमारे देश में एक अच्छे साधू या नेता की इज्जत की जाती है, उसी प्रकार उस आत्मा का भी, उच्च लोको में वैसा ही सम्मान या आदर किया जाता है।

कुन्डलनी साधना बाहुबल की साधना है। आप के साहस, आप के आत्म-विश्वास और आपकी सहन-शीलता की साधना है।

यदि हम कुण्डलिनी साधक की उपमा दे तो ऐसी होगी, जैसे एक वीर जवान अपने देश की रक्षा के लिये अपना सर्वस्व बलिदान करके सीना ताने, जान हथेली पर लिये खड़ा हो। वहीं एक साधारण साधक की उपमा ध्यान योगी की उपमा, नाम-जप करने वालों की उपमा, मात्र ऐसी है- जैसे एक समाज सुधारक की छवि होती है।

अब आपने फैसला करना है कि, आप को किस रास्ते पर चलना है। हमने जो जाना, जो पाया, जो समझा, वो आपके सामने रख दिया है। शब्दों का कभी अन्त नहीं होता, उदाहरणो की संख्या नहीं होती। समझाने वाले और समझने वाले पर निर्भर करता है कि, वो कितना समझा सकता है, और दूसरा कितना समझ सकता है। सभी बातों को लिख कर नहीं समझाया जा सकता।

रूद्रयामल में कुण्डलिनी-साधकों के लिये एक 'उदघाटन-कवच' दिया गया है जिसका श्रद्धा-पूर्वक पाठ करना साधकों के लिये अत्यन्त लाभप्रद माना गया है-

॥ उदघाटन-कवच ॥

मूलाधारे स्थिता देवि, त्रिपुरा चक्र नायिका ।
नृजन्म भीति-नाशार्थं, सावधाना सदाऽस्तु ॥1॥
स्वाधिष्ठानाख्य चक्रस्था, देवी श्रीत्रिपुरेशिनी ।
पशु बुद्धिं नाशयित्वा, सर्वैश्वर्य प्रदाऽस्तु मे ॥2॥
मणिपुरे स्थिता देवी, त्रिपुरेशीति विश्रुता ।
स्त्री जन्म-भीति नाशार्थं, सावधाना सदाऽस्तु ॥3॥
स्वस्तिके संस्थिता देवी, श्रीमत्-त्रिपुर सुन्दरी ।
शोक भीति परित्रस्तं, पातु मामनघं सदा ॥4॥
अनाहताख्या निलया, श्रीमत्-त्रिपुर वासिनी ।
अज्ञान भीतितो रक्षां, विदधातु सदा मम ॥5॥
त्रिपुरा श्रीरिति ख्याता, विशुद्धाख्या स्थल स्थिता ।

जरोद्-भव भयात् पातु, पावनी परमेश्वरी ॥6॥
आज्ञा चक्र स्थिता देवी, त्रिपुरा मालिनी तु या ।
सा मृत्यु भीतितो रक्षां, विदधातु सदा मम ॥7॥
ललाट पदम् संस्थाना, सिद्धा या त्रिपुरादिका ।
सा पातु पुण्य सम्भूतिर्-भीति-संघात् सुरेश्वरी ॥8॥
त्रिपुराम्बेति विख्याता, शिरः पद्मे सु-संस्थिता ।
सा पाप भीतितो रक्षां, विदधातु सदा मम ॥9॥
ये पराम्बा पद स्थान गमने, विघ्न सञ्चयाः ।
तेभ्यो रक्षतु योगेशी, सुन्दरी सकलार्तिहा ॥10॥

कुण्डलिनी जगरण के यों तो अनेकों उपाय हैं, किन्तु बाबा जी द्वारा रचित ये गुरु-स्तोत्र अपने आप में एक अनुभुत प्रयोग है। कुण्डलिनी जगरण के इच्छुक साधक यदि स-स्वर इस स्तोत्र का लगातार पाठ करते हैं तो बहुत ही जल्दी कुण्डलिनी जगरण होने लगेगी और साधकों को कुण्डलिनी जगरण के अनूठे अनुभव होने लगेंगे।

॥ गुरु-स्तोत्र ॥

॥ ॐ गुरु ॐ ॐ गुरु ॐ ॥ ॐ गुरु ॐ ॐ गुरु ॐ ॥
दायें गुरु है, बायें गुरु है । आगे गुरु है, पीछे गुरु है ॥
ऊपर गुरु है, नीचे गुरु है । अंदर गुरु है, बाहर गुरु है ॥
ॐ गुरु ॐ ॐ गुरु ॐ ॥ ॐ गुरु ॐ ॐ गुरु ॐ ॥1॥

अंड में गुरु है, पिंड में गुरु है । जल में गुरु है, थल में गुरु है ॥
पवन में गुरु है, अनल में गुरु है । नभ में गुरु है, अंतर में गुरु है ॥
ॐ गुरु ॐ ॐ गुरु ॐ ॥ ॐ गुरु ॐ ॐ गुरु ॐ ॥2॥

तन में गुरु है, मन में गुरु है । घर में गुरु है, वन में गुरु है ॥
मंत्र में गुरु है, में यंत्र गुरु है । तंत्र में गुरु है, माला में गुरु है ॥
ॐ गुरु ॐ ॐ गुरु ॐ ॥ ॐ गुरु ॐ ॐ गुरु ॐ ॥3॥

धूप में गुरु है, दीप में गुरु है । फूल में गुरु है, फल में गुरु है ॥
भोग में गुरु है, पूजा में गुरु है । लोक में गुरु है, परलोक में गुरु है ॥
ॐ गुरु ॐ ॐ गुरु ॐ ॥ ॐ गुरु ॐ ॐ गुरु ॐ ॥4॥

जप में गुरु है, तप में गुरु है । हठ में गुरु है, यज्ञ में गुरु है ॥
जोग में गुरु है, में योग गुरु है । ज्ञान में गुरु है, ध्यान में गुरु है ॥
ॐ गुरु ॐ ॐ गुरु ॐ ॥ ॐ गुरु ॐ ॐ गुरु ॐ ॥5॥

॥ ॐ तत्सत् ॥

कुण्डलिनी शक्ति कैसे जागृत करें

स्व से परम बनने की चमत्कारी साधना

- ★ कुण्डलिनी जागरण में सावधानियां
- ★ कुण्डलिनी के आवश्यक सूत्र
- ★ ध्यान योग एवं हठ योग
- ★ अष्टांग योग
- ★ प्राणायाम
- ★ उपयोगी तंत्र एवं मंत्र



विवेक श्री कौशिक

कुण्डलिनी शक्ति कैसे जागृत करें



प्रस्तुत पुस्तक में कुण्डलिनी महाविद्या का विस्तृत सचित्र एवं सरल विवरण हैं। पुस्तक में कुण्डलिनी परिचय, कुण्डलिनी जागरण के उपाय, अष्टांग योग, ध्यान योग, हठयोग, सभी मुद्राएं एवं तंत्र एवं मंत्र द्वारा कुण्डलिनी जागरण पर विस्तृत प्रकाश डाला गया है। प्रस्तुत पुस्तक पढ़कर कुण्डलिनी जागृत कर अब आप भी उन चमत्कारी एवं अलौकिक शक्तियों को प्राप्त कर सकते हैं जो स्व का परम से मिलन का मार्ग प्रशस्त करती हैं।

समर्पण

योगी, मुनि, तपस्वी, विचारक, महात्मा,

धन्वन्तरि, कवि और सैलानी

परमपूज्य पिता

डॉ. केशव कौशिक

के श्रीचरणों में सादर समर्पित

कुण्डलिनी शक्ति कैसे जागृत करें

चमत्कारी कुण्डलिनी शक्ति के गुप्त रहस्यों का सरल, एवं प्रामाणिक विवरण

प्रस्तुति
विवेक श्री कौशिक 'विश्वमित्र'

पवन पॉकेट बुक्स
4537, दाईवाड़ा, नई सड़क, दिल्ली-110006

© सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन

भारतीय कॉपीराइट एक्ट के अन्तर्गत इस पुस्तक में समाहित समस्त सामग्री टाइटिल–डिजाइन, अन्दर का मैटर आदि के सर्वाधिकार 'पवन पॉकेट बुक्स' के पास सुरक्षित हैं, इसलिए कोई व्यक्ति/संस्था/समूह इस पुस्तक की पाठ्य सामग्री को आंशिक या पूर्ण रूप से, तोड़–मरोड़कर या किसी अन्य भाषा में प्रकाशित नहीं कर सकता। उल्लंघन करने वाले कानूनी तौर पर हर्जे–खर्चे व हानि के जिम्मेदार स्वयं होंगे।

प्रकाशक :

पवन पॉकेट बुक्स

4537, दाईवाड़ा, नई सड़क, दिल्ली– 110006

दूरभाष : 23918311, 23912515

लेखक : वी.बी.जोशी

मूल्य:

सौ रुपये मात्र (100/-)

मुद्रक :

डी.जी. प्रिंटर्स, शाहदरा, दिल्ली– 32

अनुक्रमणिका

आपस की बात

प्राक्कथन

1. कुण्डलिनी : एक परिचय 19
2. चक्रों का परिचय 23
3. मूलाधार चक्र 25
4. स्वाधिष्ठान चक्र 29
5. मणिपूरक चक्र 33
6. अनाहत चक्र 38
7. विशुद्ध चक्र 42
8. आज्ञा चक्र 46
9. सहस्त्रार चक्र 53
10. नाड़ियां एवं कुण्डलिनी 59
    प्राणवाहक प्रमुख नाड़ियां
11. क्या है कुण्डलिनी? 63
    कुटिल आकार का कारण
12. अभ्यास खण्ड—सफलता के लिए आवश्यक 79
    प्रात्रता, संकल्प, लगन व धैर्य, सजगता व दिशाबोध, सत्संग, चिन्तन व स्वाध्याय, आहार व शुचिता, साधनों की, स्थान की शुचिता
13. कुण्डलिनी जागरण का मार्ग—(अष्टांग योग) 94
    (योग है क्या? योग के 8 अंग—यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि; अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह; शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय, ईश्वर प्रणिधान) आसनों के भेद व उपयोगिता, ध्यान योग्य आसन। प्राणायाम-प्रक्रिया: प्रणाली, भेद व लाभ, त्रिविध बन्ध: उपयोगिता, विधि व लाभ। प्रत्याहार-अर्थ, महत्त्व, उपयोगिता। धारणा, ध्यान तथा समाधि के विषय में भेद, प्रकार, महत्त्व, उपयोगिता, लाभ आदि की संक्षिप्त चर्चा। समाधि सम्बन्धी प्रमुख प्रश्नों का समाधान। योग के 6 अंगों की व्याख्या तथा प्रारम्भिक दो भूमिकात्मक अंगों का महत्व।)
14. कुण्डलिनी जागरण के उपाय 120
    कुछ महत्त्वपूर्ण तथ्य, व्याख्या, 16 आधारों का प्रयोग
15. ध्यान योग व हठयोग सम्बन्धी उपाय 128
    प्राणायाम, पहला नाड़ी शोधक प्राणायाम, दूसरा नाड़ी शोधक प्रणायाम, लाभ, विघ व अवधि सहित। अजपा गायत्री प्राणायाम, त्रिविध

प्राणायाम, कुम्भक प्राणायाम, सहित व केवल। वायुनिरोधभ्यास, भस्त्रिका प्राणायाम, काकीमुद्रा प्राणायाम। विधि, लाभ, सावधानियों तथा विभेदों सहित। आसन, बंध, मुद्रा व सावधानियां। सिद्धासन, पद्मासन—विधि, लाभ आदि। त्राटिक, पंचमुद्रा, मूलबन्ध, उड्डियान बन्ध, जालन्धर बन्ध—विधि व लाभ। मुद्रा, महामुद्रा/महाबन्ध—विधि व लाभ।)

मुद्रा—महामुद्रा/महाबन्ध, नभोमुद्रा/खेचरी मुद्रा—लाभ, विधि एवं सावधानी सहित। विपरीत करणी मुद्रा—विधि, लाभ, व प्रभाव तथा सावधानी। शक्तिचालन तथा शक्तिचालिनी मुद्रा—विधि, व्याख्या। अश्विनी मुद्रा। बिन्दु और रज को, चन्द्र व सूर्य को, प्राण व अपान को मिलाना। प्रणवाभ्यास—प्रणव का विवेचन, अर्थ व मानसिक जप।

16. ध्यान, धारणा और समाधि—सम्पूर्ण विवेचन 171

ध्यान—पृथ्वी तत्त्व की, जल तत्त्व की, वायु तत्त्व की, अग्नि तत्त्व की तथा आकाश तत्त्व की धारणा। विधि एवं प्रभाव। विभिन्न चक्रों आदि पर ध्यान फल, सगुण व निर्गुण ध्यान, भावना का प्रभाव। समाधि—सम्प्रलात व असम्प्रलात समाधि, कर्मबन्धन मुक्ति, मोक्ष।)

17. तन्त्र एवं मन्त्र सम्बन्धी उपाय 186

मन्त्र की वैज्ञानिकता तथा प्रभाव का विवेचन। कुण्डलिनी जागरण की मन्त्र प्रक्रियाएं (प्रथम) गुरु-गणेश वंदन, संकल्प, पूजन, विनियोग, ऋषि-न्यास, करन्यास, षडंगन्यास, ध्यान, जप तथा उसके सम्बन्ध में आवश्यक तथ्य। क्षमा प्रार्थना मंत्र। शिवपुराण में वर्णित एक अन्यविधि। कुण्डलिनी स्तुति, उद्घाटन कवच, कुण्डलिनी अष्टक, कुण्डलिनी कवच, कुण्डलिनी स्तोत्र व अन्य। मानसिक मन्त्र जाप (अन्य विधि)। रुद्रायमल तंत्र में वर्णित विधि—न्यास ध्यान सहित। सिद्धिदायक कवच व स्तोत्र। 'ज्ञानेश्वरी गीता' में कुण्डलिनी जागरण प्रक्रिया का वर्णन। मन्त्र प्रयोग में सावधानियां तथा पूर्व तैयारियां

18. सिद्धिदायक कवच व स्तोत्र 201

19. योगी की चर्या व साधना में सावधानियां 207

20. कुण्डलिनी स्तुति 212

21. कुण्डलिनी अष्टक 219

22. सप्तचक्रों की युक्ति संगतता 241

23. योगासन समय-तालिका 249

24. उपसंहार एवं निष्कर्ष 252

आपस की बात

अपनी पिछली पुस्तक 'सम्पूर्ण योग शास्त्र' (गोल्ड बुक्स 'इण्डिया' से ही प्रकाशित) में मैंने पाठकों से वादा किया था कि, यदि वे इच्छा करेंगे तो योग के शेष अंगों, आध्यात्मिक और कुण्डलिनी शक्ति पर अगली किसी पुस्तक में विस्तार से चर्चा करूंगा। प्रसन्नता का विषय है कि पाठकों ने इस विषय पर एक स्वतन्त्र पुस्तक की अत्यन्त जोरदार मांग प्रकाशक से की है। आपके द्वारा भेजे गए प्रशंसा और प्रतिक्रियाओं के ढेरों पत्रों में से अधिकांश में कुण्डलिनी और योग विद्या पर एक सम्पूर्ण पुस्तक की मांग भी शामिल थी—जो एक अभिभूत और गद्‌गद् हो जाने का विषय है (कम से कम मेरे लिए)। क्योंकि यह विषय रोचक होते हुए भी इतना सूक्ष्म, गहन, विशद, अथाह, महत्त्वपूर्ण, रहस्यमय, ज्ञानमय और उलझा हुआ है कि वर्षों से गुप्त और रहस्यपूर्ण रहा है। इसीलिए विभिन्न पुराणों व ग्रन्थों में इसे 'गुप्त विद्या' के नाम से भी पुकारा गया है। यह एक सुखद आश्चर्य है कि भारत में भी ऐसे जिज्ञासु, ज्ञानार्थी और जागरूक बुद्धिजीवी हैं जो अध्यात्म और साधना में इतनी रुचि रखते हैं।

मैंने आमतौर पर विदेशियों को ही ऐसे गूढ़ व शुद्ध भारतीय विषयों में अधिक रुचि लेते देखा है। प्राय: भारतीय व्यक्ति तो अपनी ही संस्कृति और देश में बिखरे ज्ञान और विद्याओं की अपेक्षा धन कमाने में अथवा विदेशी संस्कृतियों में ही अधिक रुचि लेते हैं या फिर हल्के-फुल्के मनोरंजन में, किन्तु पाठकों द्वारा प्रकाशक को भेजे गए ढेरों पत्र इस बात का खुला ऐलान हैं कि भारतीय जनमानस में काफी परिवर्तन आया है, और हिन्दी के पाठकों की रुचि बहुत परिष्कृत हो चुकी है। भारतीय पाठकों में आई यह चेतना, यह जागृति, यह क्रांति अभिभूत कर देने वाली और स्वागत के योग्य है। बुद्धिजीवी पाठकों की इस तीव्र इच्छा का सम्मान करते हुए, मैं पाठकों के सम्मुख कुण्डलिनी शक्ति महाविद्या के रहस्यों को लेकर उपस्थित हूं और इस गूढ़ विषय को सहजता के साथ किन्तु सम्पूर्णता के साथ इस पुस्तक में मैंने संयोजित किया है, साथ ही प्रामाणिकता और सारगर्भिता अथवा मूल तत्त्व—पुस्तक को सरल व रोचक बनाने के प्रयास में नष्ट न हो जाएं अथवा विकृत होकर अपना वास्तविक रूप व अर्थ न खो बैठें—इस मामले में भी मैंने पूरी सावधानी बरती है और मेरी धारणा है कि मैं इसमें सफल रहा हूं।

सम्भवत: इस विषय पर पाठकों को खोजने पर कुछ अन्य पुस्तकें भी मिल जाएं, परन्तु यह मेरा दावा है कि पाठक इस पुस्तक को ज्ञान व जानकारी के विषय में अधिक सरल व रोचक पाएंगे। इससे अधिक कुछ कहना—अपनी ही पुस्तक के विषय में—खुद मियां मिट्ठू बनना होगा। और शायद इससे अधिक कहने की ज़रूरत भी नहीं है। क्योंकि समझदार को इशारा ही बहुत होता है।

इस गहन विषय पर जो कुछ भी कहने-लिखने का साहस कर पाया हूं—सब अपने आदरणीय, परमपूज्य, योगी, महाविद्वान और चिन्तक पिता **श्री डॉ. केशव कौशिक** के प्रसाद के प्रभाव से—जो प्रत्येक क्षेत्र में सदा ही मेरे पथप्रदर्शक और प्रेरणा स्तम्भ रहे हैं। प्रस्तुत पुस्तक जैसे गहन, क्लिष्ट और रहस्यपूर्ण विषय तो बिना उनकी कृपा और स्नेह के मैं कभी इतना न समझ पाता कि इस पर कुछ लिख भी सकूं।

आभारी हूं अपने प्रकाशक मित्र **श्री बादल शर्मा** का भी जिन्होंने एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण विषय पाठकों तक पहुंचाने का बीड़ा उठाया और मुझे इस योग्य समझा कि इस विषय पर अधिकार पूर्वक कह सकूं।

समस्त विश्व के कल्याण की शुभेच्छा के साथ—

'विश्वमित्र'

प्राक्कथन

ईश्वर द्वारा मनुष्य को दिए गए उपहारों या ताकतों में बुद्धि का विशेष महत्त्व है। जिज्ञासा बुद्धि का प्रधान लक्षण है, बुद्धि है और सही तरह काम कर रही है तो मनुष्य ज्ञान प्राप्त किए बिना रुक नहीं सकता। जानकारियां जुटाना बुद्धि का प्रथम मूल कार्य है। प्राप्त जानकारी का विश्लेषण करना भी बुद्धि ही का कार्य है और कसौटियों पर कस कर प्रमाण जुटाना अथवा तथ्य को सिद्ध कर लेना भी बुद्धि के ही कार्य क्षेत्र में आता है। यह बात अलहदा है कि बुद्धि ही मनुष्य को माया में उलझा भी देती है, लेकिन यह भी सत्य है कि बुद्धि ही ब्रह्म की ओर जाने का प्रथम सोपान भी है।

बहरहाल—जीवन है, तो बुद्धि है। बुद्धि है तो जिज्ञासा है। जिज्ञासा है तो ज्ञान है। ज्ञान ही जीवन का मधुरतम फल है। ज्ञान से पूर्णता और शांति उत्पन्न होती है—जो वैराग्य उत्पन्न करते हैं। वैराग्य माया को नष्ट करता है। माया के प्रभाव से मुक्ति ब्रह्म तक पहुंचने का ठोस आधार है। अत: अपना हित चाहने वाले को सदैव ज्ञान प्राप्त करने का प्रयास करते रहना चाहिए।

जिस प्रकार विश्व को जीतने की इच्छा रखने वाले को सर्वप्रथम स्वयं को जीतना चाहिए (क्योंकि खुद को जीत लेने के बाद कुछ भी जीतने को शेष नहीं रह जाता), उसी प्रकार ज्ञान चाहने वाले व्यक्ति को सर्वप्रथम अपने बारे में जानना चाहिए—अपने शरीर के विषय में नहीं, अपने 'स्व', अपनी आत्मा के विषय में। दूसरे शब्दों में उसे अध्यात्म विद्या का ज्ञान प्राप्त करना चाहिए (क्योंकि आध्यात्मिक ज्ञान पा लेने के बाद किसी और ज्ञान को पाना शेष नहीं रह जाता)। इसीलिए अध्यात्म विद्या को महाविद्या या गुह्यविद्या (गुप्त विद्या) कहा गया है। इसे गुप्त रखा भी गया है—क्योंकि एक तो यह इतनी गहन, गूढ़, क्लिष्ट, महत्त्वपूर्ण, उलझाव पूर्ण और रहस्यमयी है कि जन सामान्य की रुचि इसमें सहज ही उत्पन्न नहीं होती। दूसरे इस विद्या का साधक ऐसी चमत्कारिक और विलक्षण, दिव्य शक्तियां सहज ही प्राप्त कर लेता है, जो किसी अपात्र को मिल जाएं तो शक्तियों का दुरुपयोग होने से अनर्थ हो जाए। इन्हीं कारणों से इस विद्या को गुप्त रखा गया। सुयोग्य गुरु से सुपात्र शिष्य का मेल होने पर ही इस विद्या को आगे सौंपा गया।

हम इस विद्या को जन सामान्य में प्रचारित व प्रसारित कर हैं। इस सम्भावना के बावजूद कि अपात्र पर भी विद्या जा सकती है और उसका दुरुपयोग भी हो

सकता है। ऐसा करने का भी एक ठोस तर्क है। वह यह कि लाखों लोगों में से कुछ हज़ार परमात्मा या अध्यात्म के विषय में सोचते अथवा चर्चा करते हैं। उन हज़ारों में से कुछ सौ इस विषय पर पुस्तक पढ़कर अथवा अपने से अधिक योग्य जनों से उपदेश लेकर इसे समझने का प्रयास करने और इस दिशा में साधना करने को प्रेरित होते हैं। उन सौ में से भी दस व्यक्ति इस प्रेरणा और प्राप्त ज्ञान के आधार पर दृढ़ संकल्प होकर साधना आरम्भ करते हैं अथवा इस दिशा पर अग्रसर होते हैं। उन दस में कोई एक ही ऐसा होता है जो मन को जीत कर, पक्की लगन के साथ, धैर्यपूर्वक, मार्ग की विषमताओं, कठिनाइयों व बाधाओं को लांघकर नियमपूर्वक चलता हुआ या साधना करता हुआ लक्ष्य तक पहुंचता है। उसी को 'लाखों में एक' कहते हैं।

इस प्रकार हम पाते हैं कि अयोग्य, अपात्र या अधकचरा व्यक्ति तो इस क्षेत्र में रुचि ही नहीं लेता, रुचि लेता है तो मात्र चर्चा के लिए, जिज्ञासा शांति के लिए। वह साधना के लिए प्रेरित नहीं होता, प्रेरित हो जाए तो संकल्प नहीं करता। संकल्प भी कर ले तो धैर्यपूर्वक नियमित साधना नहीं कर पाता, बीच में ही छोड़ देता है। और अगर ऐसा न होकर वह लक्ष्य को प्राप्त कर लेता है तो वह अवश्य ही एक सुयोग्य व सुपात्र होता है। क्योंकि इतनी कसौटियों पर खरा उतरकर समस्त विघ्न-बाधाओं व कठिनाइयों को जीतता हुआ जो अन्ततः विजय प्राप्त कर लेता है, वह लाखों में एक—भला अपात्र या अयोग्य कैसे हो सकता है?

फिर जैसा कि श्री अरविन्द ने कहा भी है—**"He who has chooses the divine, has been choosen by the divine before."—Sri Arvindo** (वह जिसने परमात्मा को चुना है, परमात्मा द्वारा पहले ही चुना जा चुका है।)

और जैसा कि गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी कहा है कि—'बिनु हरिकृपा मिलहिं नहिं संता।' अथवा—

बिनु सत्संग बिबेक न होई।
राम कृपा बिनु सुलभ न सोई॥

अर्थात्—बिना सत्संग के (बिना संतों, विद्वानों अथवा ज्ञानियों के साथ चर्चा किए) विवेक नहीं होता। (विवेक के बिना कल्याण सम्भव नहीं, क्योंकि ज्ञान ही प्रकाश का कारक है) और सत्संग राम की कृपा के बिना नहीं होता। बिना परमत्मा की कृपा के साधक को सन्त या गुरु या मार्गदर्शक नहीं मिलता। अतः परमात्मा जिसका कल्याण करना चाहता है उसे ही सत्संग का लाभ देता है, ताकि वह ज्ञान प्राप्त करके जागृत हो और सत्य का साक्षात्कार कर सके। (यहां ध्यान दीजिए कि एक अच्छी पुस्तक भी इकतरफा सत्संग ही है। क्योंकि पुस्तक लेखक की वाणी है। पाठकों के लिए ज्ञानवर्धक, प्रेरक व मार्गदर्शक है। इसीलिए पुस्तकों को मानव का सर्वोत्तम मित्र कहा गया है। किन्तु पुस्तक के चयन में सावधानी आवश्यक है।)

सृष्टि शरीर के बाहर भी है। सृष्टि शरीर के भीतर भी है। बाहर की ओर अनन्त है। कोई छोर नहीं है। भीतर की ओर केन्द्र है। साधक की यात्रा शीघ्र ही लक्ष्य को

प्राप्त करती है। दूसरे शब्दों में बाहर शून्य है और भीतर बिन्दु है। महाशून्य और बिन्दु दोनों ही विराट हैं। दोनों ही अपरिमेय हैं अत: एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। परमाणु में भी उतनी ही शक्ति और ऊर्जा छिपी है, जितनी विराट या अनन्त में। (सभी जानते हैं कि परमाणु को तोड़ने से उत्पन्न विस्फोट कितना शक्तिशाली और विध्वंसक होता है। परमाणु बम इसी सिद्धांत पर क्रियान्वित होता है)। बिन्दु और महाशून्य दोनों की परिभाषा एक है। दोनों का अस्तित्व है किन्तु उसे नापा नहीं जा सकता। वे अपरिमेय हैं, असीम हैं।

अत: बिन्दु को पा लेना विराट को पा लेना है। या विराट को जान लेना, बिन्दु को जान लेना है। बाहर की ओर (शरीर से बाहर की ओर) की यात्रा विज्ञान है। यह बहिर्मुखी प्रगति करता है। अन्दर की ओर (शरीर से भीतर की ओर) की यात्रा योग है। यह अन्तर्मुखी है। विज्ञान भौतिक प्रणाली है, जो उपकरणों, यन्त्रों व साधनों पर निर्भर है। योग जबकि आध्यात्मिक प्रणाली है जिसमें बाह्य या भौतिक उपकरणों या साधनों की आवश्यकता नहीं है। वैज्ञानिक को प्रयोगशाला की जरूरत होती है। योगी के लिए उसका शरीर ही प्रयोगशाला की भूमिका निभाता है। दोनों ही सत्य की खोज करते हैं, दोनों ही चमत्कारिक उपलब्धियां प्राप्त करते हैं। किन्तु बहिर्मुखी प्रगति में अधिक समय, श्रम व साधनों की आवश्यकता पड़ती है। अधिक बाधाएं व अनिश्चितताएं रहती हैं और दिशाभ्रम की पूरी सम्भावना रहती है। जबकि अन्तर्मुखी प्रगति कम समय, श्रम व साधनों के साथ हो जाती है। अवरोध भी कम होते हैं और निश्चितता भी रहती है। दिशाभ्रम की सम्भावनाएं होती ही नहीं।

वृत्त की त्रिज्या या व्यास पर चलता हुआ आदमी निश्चित रूप से केन्द्र पर जा पहुंचता है। किन्तु यदि त्रिज्या पर नहीं चल रहा अपितु परिधि पर घूम रहा है, या परिधि की ओर चल रहा है, तो वह तमाम जीवन भी चलता रहकर केन्द्र को प्राप्त नहीं कर सकता।

विज्ञान की प्रगति इसीलिए कई युगों में, निरंतर पीढ़ी-दर-पीढ़ी शोध के बाद होती है। इसके बावजूद अक्सर निश्चित सिद्धांत पर पहुंचा नहीं जाता। न्यूटन के सिद्धांत को आईंस्टीन फेल कर देता है। विज्ञान के शोध द्वारा बनाए गए सिद्धांत अक्सर वास्को डिगामा की भारत की खोज सिद्ध होते हैं। यह अनिश्चितता और भ्रम युगों तक की गई मेहनत से प्राप्त उपलब्धियों में शामिल रहते हैं। ऐसा भी होता है कि किसी और पदार्थ या सत्ता की खोज में कोई और पदार्थ या सत्ता अकस्मात् सामने आ जाती है। यूं अंधे के हाथ बटेर लग जाने की कहावत चरितार्थ होती है। बहरहाल, इस प्रगति में प्राप्त लक्ष्य या उपलब्धियां प्राय: आकस्मिक (एक्सीडेंटल) होती हैं अथवा अनिश्चित, अपूर्ण या भ्रमात्मक और वह भी पीढ़ी-दर-पीढ़ी संघर्ष के बाद। जबकि योगी अपने जीवन में ही (कुछ वर्षों में ही) लक्ष्य प्राप्त करता है।

वह सिद्धांत अवश्य ही भ्रमात्मक व अपूर्ण है जो बदला जा सके। अथवा जिसे बदलने की ज़रूरत महसूस हो। दरअसल वह सिद्धांत कहा जाने का हकदार

ही नहीं होता, अलबत्ता उसे नियम कहा जा सकता है। सिद्धांत तो हर काल में, हर परिस्थिति में, हर दशा में एक-सा रहता है, वह अपरिवर्तनीय है। **सिद्धांत का अर्थ ही यह है—सिद्ध+अंत, यानी अन्त सिद्ध हो जिसका अथवा अन्त तक सिद्ध हो जो।** अत: उसके बदलने का सवाल ही नहीं उठता। नियम अलबत्ता, देश, काल, पात्र और स्थिति के अनुसार बदल जाते हैं। जैसे, 'गरम कपड़े पहनने चाहिएं। इनसे सुख मिलता है।'—यह एक नियम है। अथवा 'धूप सुहावनी होती है।' यह एक नियम है, क्योंकि सर्दियों के लिए यह फिट है, मगर गर्मियों के लिए नहीं। जबकि 'सूर्य से प्रकाश व ऊर्जा मिलती है।' यह सिद्धांत है। क्योंकि सर्दी-गर्मी, देश-विदेश हर जगह फिट है। इस बात को पाठकों को ध्यान से समझना चाहिए।

विज्ञान में नियम को सिद्धांत समझ लेने की बड़ी भूलें होती हैं। इसलिए अनिश्चितताएं और भ्रम और भी बढ़ जाते हैं—इतने कि वैज्ञानिक ही नहीं, पूरा समाज दिशा भ्रमित हो जाता है और कई बार शताब्दियों तक भ्रमित ही रहता है। उदाहरणार्थ—'सफेदे का पेड़ लगाओ।' नीति प्रारम्भ में कितने ज़ोरों पर थी, सभी जानते हैं। यूक्लिप्टस या सफेदा जल्द बढ़ता है, मंहगा बिकता है, इसे उगाने में अधिक झमेले या रख-रखाव की ज़रूरत नहीं पड़ती, सुरक्षा की भी ज़रूरत नहीं पड़ती, क्योंकि पशु-पक्षी इसे खाते नहीं, आदमी इसे (आम, अमरूद, गन्ना आदि की तरह) चुराता नहीं। अत: तब सबने खूब सफेदा उगाया। किसानों ने अपने आमों के बाग या गन्नों के खेत सफेदे के जंगलों में तब्दील कर लिए। पचास-साठ वर्षों तक यह सब चला। फिर पता चला कि सफेदा पानी सोख लेता है। भूमि की उर्वरा शक्ति कम कर देता है। ज़मीन बंजर हो जाती है। आस-पास की जमीन में भूमिगत जल का स्तर भी नीचे गिर जाता है। तब सफेदा प्रतिबन्धित कर दिया गया।

इस प्रकार के बहुत से मामले हैं। यहां तक कि बहुत-सी दवाएं जो शुरू में लाभकारी समझकर प्रचारित व प्रसारित की गई थीं, बाद में साइड इफैक्ट्स पता चलने पर प्रतिबन्धित कर दी गईं। इसी प्रकार शुरू में प्लास्टिक का प्रचलन और प्लास्टिक को बेजोड़ मानकर प्रोपैंगडा बढ़ाया गया और आजकल प्लास्टिक, पॉलीथीन को प्रतिबन्धित करने की दिशा में प्रचार हो रहा है। ऐसे अनगिनत मामले हैं जिन्हें यहां गिनाना व्यर्थ ही कलेवर बढ़ाना होगा।

मगर यह सब हुआ क्यों? नियम को सिद्धांत समझ लेने के भ्रम के कारण। अधूरे ज्ञान के कारण अदूरदर्शिता और जल्दबाजी के कारण। यह सब विज्ञान की दुर्बलताओं की स्पष्ट घोषणा है।

इन बातों को गिनाने की ज़रूरत यूं पड़ी कि अध्यात्म के महत्त्व को पाठक भली प्रकार समझ सकें और यह भी जान सकें कि अध्यात्म का विरोधी दिखाई पड़ने वाला विज्ञान वास्तव में प्रणाली के विरोधी होने से विरोधी लगता है। अन्यथा लक्ष्य दोनों ही का समान है—सत्य की खोज।

अध्यात्म का महत्त्व समझाना यूं जरूरी है, कि परम ज्ञान आध्यात्मिक ज्ञान ही है। योग आध्यात्मिक प्रणाली है और कुण्डलिनी जागरण योग का अति विशिष्ट पहलू है, बल्कि योग के लक्ष्यों में से एक है। अत: यदि कुण्डलिनी शक्ति की बात करनी है, तो पहले इन सब बातों को समझना होगा। जड़ को जान लेने के बाद ही तने व शाखाओं से होते हुए फूल, फल, पत्तियों पर आया जाएगा। अत: पाठक पुस्तक के इस भाग को महत्त्वहीन या असम्बद्ध समझने की गलती न करें। पुस्तक को ठीक-ठीक समझने के लिए सदैव पुस्तक की भूमिका को, प्राक्कथन को पहले ढंग से पढ़ना, समझना ज़रूरी होता है।

शरीर विज्ञान शरीर की संरचना पर प्रकाश डालता है। त्वचा, मांसपेशियां, अस्थियां, नाड़ियां, धमनियां, शिराएं, तंत्रिकाएं, ऊतक, कोशिकाएं, विभिन्न अवयव, अंग और विभिन्न संस्थान, उनकी कार्यप्रणाली आदि यह सब शरीर रचना विज्ञान के अर्न्तगत आते हैं। किन्तु यह सभी स्थूल हैं, भौतिक हैं। इनसे हम शरीर के विषय में ज्ञान प्राप्त करते हैं, परन्तु अधूरा। क्योंकि बहुत से रहस्य यहां अनसुलझे रह जाते हैं और बहुत कुछ ऐसा बाकी रह जाता है-जिस पर यह विज्ञान प्रकाश ही नहीं डाल पाता, क्योंकि वह सब सूक्ष्म है। कुछ सूक्ष्मातिसूक्ष्म है। इसके विषय में शरीर रचना विज्ञान न केवल मौन है, बल्कि इसके अस्तित्त्व के विषय में भी संदिग्ध है। क्योंकि विज्ञान केवल प्रत्यक्ष को ही प्रमाण मानता है, और प्रत्यक्ष की अपनी सीमाएं हैं। सभी कुछ प्रत्यक्ष कर पाना सम्भव नहीं होता।

शरीर में हृदय और मस्तिष्क के अलावा मन भी होता है। किन्तु विज्ञान मन नाम की किसी सत्ता को देह में मानता ही नहीं। उसे मस्तिष्क का ही एक हिस्सा मान लिया जाता है जिसका सम्बन्ध विचारों से न होकर भावों से होता है। जबकि ऐसा नहीं है। सभी जानते हैं कि पशुओं में बुद्धि नहीं होती, विचार नहीं होते, किन्तु भावनाएं होती हैं और वे भावों को समझते और व्यक्त करते हैं। वे प्रेमपूर्वक किए गए स्पर्श में स्नेह का भाव महसूस करते हैं। संगीत में शब्दों का अर्थ न समझते हुए भी वे भाव समझने के कारण वशीभूत हो जाते हैं। पशु तो पशु, पेड़-पौधे तक भावों को समझते हैं। वे स्पर्श और संगीत के प्रभाव को महसूस करते हैं और अपनी प्रतिक्रिया को भी व्यक्त करते हैं। फिर भला मन के अस्तित्त्व से इन्कार कैसे किया जा सकता है।

मन के अलावा आत्मा, प्राण, चेतना आदि बहुत-सी अन्य सत्ताएं भी हैं जो विज्ञान के अनुसार विवादित रही हैं। इसके अलावा इन्द्रियां, पांच ज्ञानेन्द्रियां और पांच कर्मेन्द्रियां यद्यपि विज्ञान स्वीकार करता है किन्तु भ्रमपूर्वक क्योंकि वह इन इन्द्रियों के उपकरणों को ही इन्द्रियां मानता है। उदाहरणार्थ—आंख को एक ज्ञानेन्द्रिय विज्ञान मानता है। परन्तु वास्तव में आंख तो दृश्येन्द्रिय का 'एप्रैटस' हैं, उपकरण है। आंख का कार्य देखना है। यदि आंख बन्द हो अथवा खराब हो तो व्यक्ति देख नहीं सकता। मगर हम आंख बन्द करके भी देख लेते हैं। कल्पना या स्वप्न में, बिना

कुछ देखे भी सब कुछ चलचित्र की भांति देखते हैं। आंख बन्द होने पर भी प्रकाश और अंधकार का अनुभव कर लेते हैं। यह कैसे सम्भव है ? अगर आंख ही दृश्य-इन्द्रिय है तो ? वास्तव में दृश्येन्द्रिय तो अतिसूक्ष्म सत्ता है। स्थूल रूप से दिखाई देने वाली आंख तो दृश्येन्द्रिय का माध्यम या उपकरण है। उपकरण खराब हो जाए, तो बदला जा सकता है। आंख खराब हो जाती है, तो बदलकर नई आंख लगाई जाती है, किन्तु उस आंख के माध्यम से देखता कोई और है, और यही दृश्येन्द्रिय है। इसी प्रकार से अन्य इन्द्रियों का विचार करना चाहिए।

इसके अलावा समस्त सृष्टि पंचमहाभूतों से बनी है। शरीर भी पंच महाभूतों से निर्मित है। विज्ञान पंचमहाभूतों का अस्तित्त्व नहीं मानता। महाभूतों की अपनी तन्मात्राएं हैं और उनकी अपनी इन्द्रियां। उदाहरणार्थ आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी क्रमशः पांच महाभूत हैं। शब्द, स्पर्श, रूप या दृश्य, रस और गंध इनकी क्रमशः तन्मात्राएं या गुण हैं। और कान, त्वचा, नेत्र, जिह्वा तथा नासिका इनकी क्रमशः इन्द्रियां (यानि इन्द्रियों के उपकरण हैं। स्थूल रूप से समझने और व्यवहार में सरलता के लिए उपकरणों को ही इन्द्रिय के नाम से सम्बोधित कर लिया जाता है।)

महाभूत का अर्थ तत्त्व (एलीमेन्ट) से है। तत्त्व बिना किसी मिश्रण का शुद्ध, स्वतन्त्र पदार्थ या सत्ता होती है। तत्त्वों से यौगिकों (कम्पाउन्ड्स) का निर्माण होता है। यही सृष्टि का 'रॉ मैटीरियल' होते हैं। विज्ञान 31 तत्त्वों को मानता था फिर शनैः शनैः शोध के साथ आज तत्त्वों की संख्या 100 से ऊपर मानी जाती है। जो कन्फ्यूज़िंग हैं। सीधी सी बात यह है कि पांच ही ज्ञानेन्द्रियां (सैन्स) हैं। अतः किसी भी सत्ता, गुण या पदार्थ की पहचान, लक्षण या प्रकार मूलतः पांच ही हो सकते हैं। इससे अधिक या तो मिश्रण होंगे अथवा उपभेद। मूल भेद पांच ही होंगे जो भारतीय अध्यात्म दर्शन बताता है। (यहां यह भी ध्यान रखना चाहिए कि व्यवहार के लिए—आकाश, वायु, अग्नि, जल, पृथ्वी नाम रखा गया है। आकाश का मतलब SKY या जल का मतलब WATER नहीं है। सभी जानते हैं कि—WATER ऐलीमेन्ट नहीं कम्पाउण्ड है। यह हाईड्रोजन और ऑक्सीजन का मिश्रण-'H_2O' है। अतः इनका मतलब प्रचलित अर्थों या पर्याय से नहीं लिया जाना चाहिए। इनका मतलब इनके गुणों या तन्मात्राओं के आधार पर लिया जाना चाहिए। अन्यथा अर्थ का अनर्थ हो जाएगा। जैसे अग्नि महाभूत का गुण दृश्य है। यानि जहां-जहां रूप है वहां-वहां अग्नि महाभूत है। अग्नि का मतलब FIRE नहीं है। इसी प्रकार गन्ध जहां है, वहां पृथ्वी महाभूत है, किन्तु पृथ्वी का अर्थ EARTH नहीं है। ठीक इसी प्रकार शब्द का होना यह सिद्ध करता है कि वहां आकाश महाभूत उपस्थित है, किन्तु आकाश का अर्थ SKY नहीं है।)

इस बात को थोड़ा और समझें। **व्यवहार के लिए, पहचान के लिए किसी वस्तु या सत्ता का नाम होना आवश्यक है। नाम का महत्त्व इतना ही है।** नाम

कोई शब्द ही होगा। शब्द सार्थक भी होते हैं। बहुत से शब्द बहुअर्थी भी होते हैं। शब्द पर्यायवाची भी होते हैं—यहां से 'कन्फ्यूज़न' शुरू हो जाता है। 'सोना' का अर्थ GOLD भी है, किन्तु 'सोना' का अर्थ SLEEPING भी है। 'गो' माने गाय भी है, 'गो' माने जीभ भी है और 'गो' माने इन्द्रिय भी है, जबकि ENGLISH भाषा में 'गो' का अर्थ 'जाना' हो जाता है। अब कहां किस अर्थ का प्रयोग करना है यह बुद्धि का विषय है। ठीक इसी प्रकार जहां-जहां सृष्टि में 'रस' या 'स्वाद' है, वहां-वहां जल महाभूत उपस्थित है। (महाभूत को देखा नहीं जा सकता, उसे उसकी तन्मात्रा/गुण/लक्षण के आधार पर ही जाना जा सकता है।) इसकी अनुभूति सिद्ध करती है, जल महाभूत की उपस्थिति। रस तन्मात्रा वाले महाभूत का नाम व्यवहार में सुविधा की दृष्टि से 'जल' रख दिया गया किन्तु जल का अभिप्राय WATER से लेते हैं तो अनर्थ हो जाता है। 'जल' (महाभूत) एक 'एलीमेन्ट' है। जबकि WATER एक कम्पाउण्ड है। अत: इस नाजुक मामले को बहुत ध्यान से समझने की आवश्यकता है। अन्यथा सारा दर्शन (फिलॉसोफी) ही उलटी हो जाएगी।

तो शरीर रचना विज्ञान शरीर में पंच महाभूतों की उपस्थिति नहीं स्वीकारता। इसी प्रकार अपना एक स्वभाव, गुण या प्रकृति प्रत्येक शरीर की होती है। भारतीय अध्यात्म दर्शन इसे सतोगुण, रजोगुण, तमोगुण—मूलत: तीन भागों में बांटता है। किन्तु विज्ञान के पास इन गुणों को मापने का कोई पैमाना नहीं है। वह इनकी सत्ता अस्वीकारता है। इसी प्रकार अहंकार, संस्कार, विकार आदि बहुत से सूक्ष्म तत्त्व विज्ञान अस्वीकारता है और उनके विकसित या विकृत होकर बाद में प्रकट होने वाले स्थूल स्वरूप या लक्षणों को ही मान्यता देता है।

आत्मा के अस्तित्त्व को विवादित रूप से अधूरा ही स्वीकारने वाला विज्ञान—आत्मा, जीवात्मा और परमात्मा के भेद को तो खैर क्या समझेगा? इसी प्रकार बहुत सी सत्ताओं को आधुनिक विज्ञान न जानता है, न ही मानता है। 'प्राण' का अस्तित्त्व विज्ञान नहीं मानता, जबकि अध्यात्म दर्शन दस प्राणों का अस्तित्त्व शरीर में स्वीकारता है, समझाता है जिनमें पांच प्रमुख होते हैं। इन्हीं विवादित सत्ताओं में एक कुण्डलिनी भी है। शरीर रचना विज्ञान में यह रहस्य हल नहीं हो सकते। कुण्डलिनी शक्ति, प्राण शक्ति, जीव, चक्र आदि सब शरीर रचना विज्ञान में ढूंढे नहीं मिलेंगे। इन्हें समझने के लिए अध्यात्म दर्शन को समझना होगा।

इस पुस्तक के सीमित पृष्ठों में भूमिका के और भी सीमित भाग में विज्ञान और अध्यात्म के इस अन्तर को समझाना और मनवाना असम्भव सा है, किन्तु विज्ञान की सीमाएं बताए बिना और अध्यात्म का परिचय दिए बिना ही कुण्डलिनी की चर्चा भैंस के आगे बीन बजाने जैसा निरर्थक होगा। क्योंकि आवश्यक है कि जिस स्तर की बात की जा रही है पाठक का मस्तिष्क भी उसी धरातल पर उसे 'रिसीव' करे। वह मनोवैज्ञानिक और मानसिक रूप से अर्थ ग्रहण के लिए तैयार हो, एक सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ। ऐसा नहीं होगा तो उसके अपने संस्कार, अपनी

विचारधारा, अपनी हठधर्मिता, अपनी आस्था और अपना नज़रिया अर्थ ग्रहण में बाधक व अवरोधक होगा, साहचार्य नहीं करेगा। तर्क-वितर्क, शंकाएं तथा अविश्वास (पूर्वाग्रही होने के कारण) सकारात्मकता को दबा लेगा और पाठक पूर्ण लाभ नहीं उठा पाएंगे। हमारा विज्ञान से विरोध नहीं है। किन्तु विज्ञानवादी होने के दंभ में यदि हम सूक्ष्म ज्ञान को ग्रहण करने से हिचकेंगे या उसके प्रति अनास्था रखेंगे तो गंगाजल को बहता पानी या हीरों को ठीकरे समझ लेने की गलतफहमी में स्वयं ही एक बड़े लाभ से वंचित रह जाएंगे।

यह ठीक है कि प्रत्यक्ष सर्वोत्तम प्रमाण है। यह भी ठीक है कि तथ्यों को तर्क या युक्ति की कसौटी पर परखा जाना चाहिए। किन्तु यह भी सत्य है कि प्रत्यक्ष की अपनी सीमाएं हैं। ज़रा से जीवन में सभी कुछ प्रत्यक्ष नहीं किया जा सकता। और ज्ञानार्जन के लिए, विचार-विमर्श के लिए तर्क ठीक है, किन्तु विवाद के लिए अथवा हठधर्मिता या पूर्वाग्रह के कारण कुतर्क ठीक नहीं। क्योंकि कोरा तर्क दुधारी तलवार होती है, किसी विद्वान ने कहा है—

सृष्टि के अरबों खरबों वर्षों के जीवन के आगे मानव के एक जन्म की आयु गिनती ही क्या रखती है। उस एक जन्म में सृष्टि के अनन्त विस्तार, ब्रह्मांड के असंख्य रहस्य, विषयों की बेशुमार शाखाएं, ज्ञान के अकूत भंडार में से क्या-क्या प्रत्यक्ष किया जा सकता है? आदमी अपनी ही आंख में पड़ा हुआ बाल नहीं देख सकता। अपने ही आधे शरीर को (सिर, कमर, नितम्ब, गर्दन आदि) खुद नहीं देख सकता। अपने शरीर के भीतर नहीं देख सकता। आखिर वह सब कुछ प्रत्यक्ष कैसे कर सकता है?

देखने की सीमा है। दो किलोमीटर, दस किलोमीटर। आई साइड वीक हो तो उसमें भी टोटा। दूरबीन लगा कर सौ, दो सौ, पांच सौ। खगोल बीन से हज़ार, दस हज़ार किलोमीटर। मगर ब्रह्मांड तो अनन्त है। कोई कितना देखेगा? और कब तक? छोटी वस्तुओं को देखने के लिए लैंस चाहिए और छोटियों के लिए सूक्ष्मदर्शी, मगर सृष्टि में तो और भी छोटे जीव व सत्ताएं हैं। सृष्टि सूक्ष्मदर्शी या खगोलबीन पर ही खत्म नहीं हो जाती।

इसके अलावा दृश्येन्द्रिय स्वस्थ हो, मौसम साफ हो, रोशनी की व्यवस्था समुचित हो, देखने वाला स्थिर हो, जिसे देखा जा रहा है वह भी स्थिर हो, साफ हो, बीच में कोई अड़चन, पर्दा या दीवार न हो—तब कहीं जाकर आदमी कुछ प्रत्यक्ष देख पाता है। इतनी सीमाएं और शर्तें हैं प्रत्यक्ष करने की। सब प्रत्यक्ष करना असम्भव है।

आखिर हमें अनुमान का सहारा लेना पड़ता है। दूसरे व्यक्ति द्वारा किए गए अनुभव का सहारा लेना पड़ता है। शब्दों व पुस्तकों का, उपदेशों का सहारा लेना पड़ता है। हम सब कुछ खुद प्रत्यक्ष नहीं कर सकते। यह विज्ञान की सीमा है। इतने

सहारे लेने के बाद भी बहुत से मामले अनछुए ही रह जाते हैं। जिनका कोई अन्त नहीं। अनन्त हैं, अथाह हैं।

किन्तु योग द्वारा सब कुछ प्रत्यक्ष कर लिया जाना सम्भव है। ऋषियों ने किया है, करके लिखा है। क्योंकि योगी कालद्रष्टा हो जाता है। वह समय के पार देखता है। भूत-भविष्य सब वर्तमान के समान स्पष्ट हो जाता है। दूरी बाधक नहीं होती। समस्त असम्भव कार्य सम्भव कर सकता है। क्योंकि वह कुण्डलिनी को जागृत कर लेता है। अपने चक्रों को सक्रिय कर लेता है। अपनी शक्तियों को ब्रह्म या परमशक्तिमान के साथ चैनेलाइज़्ड कर लेता है। महाभूतों के, भूतों के, आत्मा, जीवात्मा के—यहां तक कि परमात्मा से साक्षात्कार कर लेता है। और यह सब कपोल कल्पना नहीं, ठोस विज्ञान है। इसे हम आगे चर्चा में लेंगे। पूरी पुस्तक में यही चर्चा का विषय है। पाठक अपने सभी सम्भावित प्रश्नों का हल इस पुस्तक में पाएंगे।

यह भूमिका आवश्यक थी। पाठकों की मन:स्थिति तैयार करने के लिए, उनका पूर्वाग्रह नष्ट करने के लिए, अध्यात्म दर्शन के प्रति जिज्ञासा को उत्कंठित करने के लिए और मानसिक रूप से उन्हें इस धरातल पर ले आने के लिए कि विषय की जटिलताओं और रहस्यों को वे भली प्रकार समझ सकें, बात सिर के ऊपर से न चली जाए। गणित की कोई समस्या ऐसे व्यक्ति को समझाने के लिए, जिसे गणित न आता हो, पहले उसे गिनती, पहाड़े बताने ही पड़ते हैं।

पाठक मेरे द्वारा दिए गए उपर्युक्त उदाहरण को अन्यथा न लें। बहुत से पाठक आध्यात्मिक धरातल पर काफी सुहृद भी होंगे। शायद कुछ मर्म को मुझसे अधिक भी जानते हों। अथवा बहुतों के लिए मेरे द्वारा बनाए इस 'प्लेटफार्म' की आवश्यकता नहीं भी होगी। लेकिन बहुत से ऐसे भी होंगे जिनके लिए इसकी सख़्त जरूरत होगी। अपने उन्हीं पाठकों का हित ध्यान में रखते हुए मैंने यह प्रयास किया है। आशा है प्रबुद्ध पाठक इसे गर्वोक्ति न समझेंगे।

जब तक 'संगति' न हो, रस उत्पन्न नहीं होता। रस के उत्पन्न हुए बिना विभोरता नहीं होती। और विभोर हुए बिना न तो आनन्द ही आता है, न तन्मयता (कन्सन्ट्रेशन) ही बनती है। प्रस्तुत विषय ऐसा है कि बिना एकाग्रता और तन्मयता के और बिना सकारात्मक ढंग से जिज्ञासु हुए मर्म को समझा नहीं जा सकता। अत: सभी पाठक पुस्तक के माध्यम से मेरे साथ 'संगति' कर सकें, यही इस भूमिका का उद्देश्य है। **'संगति का अर्थ ही है—साथ-साथ गति करना।'** कोई आगे पीछे रह जाए तो अवरोध पैदा होता है और रस भंग होता है। ताल, लय सब लिपट कर चलने चाहिए और 'सम' से बंधे होने चाहिएं। तभी सफलता सम्भव है। पाठक अवश्य मेरे मत से सहमत होंगे।



कुण्डलिनी शक्ति स्वरूपा मां ललिता देवी/त्रिपुर सुंदरी



1

कुण्डलिनी : एक परिचय

मनुष्य के भीतर कितनी ही प्रकार की शक्तियां छिपी पड़ी हैं। बहुत-सी ढूंढ ली गई हैं। बहुत-सी खोजी जा रही हैं और बहुत-सी ऐसी भी हैं जिनके विषय में हम जानते ही नहीं हैं। शारीरिक शक्ति, बौद्धिक शक्ति, विचार शक्ति, इच्छा शक्ति, प्राणशक्ति, आत्मिक शक्ति, विश्लेषण शक्ति, स्मरण शक्ति, कल्पना शक्ति, प्रतिभाशक्ति, पांचों ज्ञानेन्द्रियों की शक्तियां, क्रियाशक्ति, ज्ञानशक्ति, पाचन शक्ति, निर्णय शक्ति, प्रभाव शक्ति, वशीकरण शक्ति, जीवनी शक्ति, जीवेषणा शक्ति, प्रजनन शक्ति, रोग प्रतिरोधात्मक शक्ति, संघर्ष शक्ति, केन्द्रियकरण शक्ति, नियंत्रण शक्ति, धारणा शक्ति, कंठस्थ करने की शक्ति, भाषण शक्ति, पूर्वाभास शक्ति, मनोभाव जानने की शक्ति, प्रेमशक्ति, ऊर्जा प्रवाहन शक्ति, वैचारिक सम्पर्क शक्ति आदि असंख्य शक्तियां हैं जिनमें बहुत सी सिद्ध हैं, बहुत-सी विवादित हैं (अभी शोध के अर्न्तगत हैं)। बहुत-सी अभी समझी जानी बाकी हैं।

डिस्कवरी चैनल पर प्रसारित होने वाले कार्यक्रम—'THE MIND' के अन्तर्गत एक बार बताया गया था कि **दुनिया के श्रेष्ठतम बुद्धिजीवी, विचारक, दर्शनिक आदि भी अपने दिमाग के एक लाखवें हिस्से से भी कम की शक्ति का प्रयोग अपने जीवन में कर पाते हैं।** और यह आश्चर्य जनक सत्य है। इस वैज्ञानिक निष्कर्ष से मस्तिष्क की विराट शक्तियों का एक अंदाजा सहज ही होता है। किन्तु मानव शरीर में एकमात्र मस्तिष्क ही नहीं है जो विलक्षण और अनन्त शक्तियों से सम्पन्न है। मन भी है, प्राण भी है, ऊर्जा भी है, चक्र भी हैं, जो मस्तिष्क के मुकाबले अधिक सूक्ष्म, अधिक शक्तिशाली, अधिक अद्‌भुत और अधिक रहस्यपूर्ण हैं। फिर भला पूरी शक्तियों को गिनाया जा सकना किस प्रकार सम्भव हो सकता है?

इन समस्त सूक्ष्म और स्थूल शक्तियों को प्रसारित और चैनेलाइज्ड करने की प्रणाली ही योग है। जैसा कि नाम ही से स्पष्ट हो जाता है। योग का अर्थ है जोड़ना या बढ़ाना।

इन समस्त शक्तियों में प्रमुख और अत्यंत विलक्षण है कुण्डलिनी। कुण्डलिनी शक्ति को जागृत कर उपर्युक्त वर्णित और इनके अलावा भी समस्त शक्तियों को सहज ही बढ़ाया जा सकता है। इनमें से कोई भी शक्ति कुण्डलिनी शक्ति के समकक्ष नहीं। कुण्डलिनी अकेली ही इन सबसे कहीं आगे, कहीं ऊंची, कहीं व्यापक और कहीं अधिक प्रभावशाली है, अद्वितीय है।

नाभि शरीर का केन्द्र है। यहीं से सभी नस-नाड़ियां पूरे शरीर में फैलती हैं।



शरीर में चक्रों का स्थान व स्थिति

यहीं से गर्भ माता के साथ जुड़ा होता है और वृद्धि पाता है। यह अत्यंत महत्त्वपूर्ण स्थान है। रावण की नाभि में अमृत होने का कूट संकेत नाभि को सर्वाधिक नाजुक मर्म सिद्ध करता है। आयुर्वेद में भी नाभि के महत्त्व व मर्म होने को स्वीकारा गया है। कुंगफू नामक युद्धकला में विपक्षी के मर्मों पर प्रहार करते समय अंतिम व निर्णायक (मृत्युदायक) प्रहार नाभि पर ही किया जाता है। अत: नाभि अत्यंत महत्त्वपूर्ण है।

नाभि के बाद हृदय और मस्तिष्क भी महत्त्व रखते हैं। क्योंकि रक्त संचरण (ऊर्जा सप्लाई) तथा नियंत्रण, संचालन आदि के कार्य क्रमश: हृदय व मस्तिष्क ही करते हैं। शरीर-रचना की दृष्टि से भी नस नाड़ियों का सर्वाधिक जमावड़ा इन्हीं तीन केन्द्रों—नाभि, हृदय व मस्तिष्क में होता है।

इन तीनों के अलावा कण्ठ भी अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। क्योंकि इसी संकीर्ण



शरीर में सात चक्रों की स्थिति व चक्र की यौन नाड़ियों का चित्रण

स्थान से मस्तिष्क और समस्त ज्ञानेन्द्रियों को रुधिर पहुंचाने वाली नाड़ियां गुजरती हैं। नाक, कान, आंख, जिह्वा ये चारों ज्ञानेन्द्रियां कंठ से ऊपर हैं। (केवल एक त्वचा ज्ञानेन्द्रिय समस्त शरीर में उपस्थित रहती है।) इन सभी अत्यंत महत्त्वपूर्ण घटकों को ऊर्जा, रक्त व संदेश पहुंचाने का मार्ग कंठ ही है। कंठ ही से श्वांस, जल व भोजन आदि नीचे आकर समस्त शरीर को प्राप्त होता है। कंठ मस्तिष्क व ज्ञानेन्द्रियों को शरीर से जोड़े रखने वाला सेतु है अत: महत्त्वपूर्ण होने के साथ-साथ शरीर का एक मर्म भी है।

गुदा और जननेन्द्रिय के मध्य का स्थान, शरीर का केन्द्रिय आधार होने से 'मूलाधार' भी कहा जाता है। प्रजनन सामर्थ्य की दृष्टि से भी यह भाग अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। मर्म ही गुरुत्वाकर्षण के सीधे सम्पर्क में आने वाला आधार है।

पुस्तक में शरीर के इन मर्मों को गिनाने का विशेष कारण है। शरीर में स्थित सातों चक्र इन्हीं मर्मों के बीच स्थित हैं। इन सभी को परस्पर सम्बद्ध करने का कार्य करता है मेरुदण्ड (रीढ़ की हड्डी) जिस पर पूर्ण शरीर का संतुलन व संचालन आधारित रहता है। इसका आरम्भ मूलाधार के निकट से होकर अन्त मस्तिष्क के निकट तक होता है। अत: यह रीढ़ की हड्डी भी अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। योग विद्या या कुण्डलिनी जागरण की क्रिया में तो यह निहायत ही महत्त्वपूर्ण है। क्योंकि यही कुण्डलिनी का मार्ग भी है। (इस विषय में आगे चर्चा करेंगे)। **अत: शरीर रचना विज्ञान, अध्यात्म विज्ञान और योग विद्या आदि समस्त दृष्टियों से मूलाधार, नाभि, हृदय, कंठ, मस्तिष्क और मेरुदण्ड अत्यंत प्रमुखता से महत्वपूर्ण हैं।**

शरीर में स्थित सातों चक्र इन्हीं के मध्य स्थित है और यही कुण्डलिनी शक्ति के प्रवाह का मार्ग भी है। इस विषय को और बेहतर समझने के लिए हम चित्र का सहारा लेंगे। पीछे दिये गये चित्र में सातों चक्रों का स्थान तथा कुण्डलिनी शक्ति संचालन का मार्ग आप स्पष्ट देख सकते हैं। इन चक्रों के संक्षिप्त परिचय के बाद हम कुण्डलिनी की चर्चा करेंगे।

❑❑❑



2 चक्रों का परिचय

जैसा कि पाठकगण प्रस्तुत चित्र में चक्रों का स्थान, नाम व संख्या जान चुके हैं—मूलाधार चक्र, स्वाधिष्ठान चक्र, मणिपूर चक्र, अनाहत चक्र, विशुद्ध चक्र, आज्ञा चक्र और सहस्रार चक्र—ये सात चक्र हैं। जिस प्रकार स्थूल दृष्टि से नाड़ी नसों के सर्वाधिक जमावड़ा होने के कारण (जंक्शन होने के कारण) नाभि, हृदय व मस्तिष्क महत्त्वपूर्ण हैं उसी प्रकार सूक्ष्म दृष्टि से ये चक्र भी महत्त्वपूर्ण हैं। क्योंकि ये शक्ति, ऊर्जा व प्राण के सूक्ष्म किन्तु अत्यंत महत्त्वपूर्ण जंक्शन ही नहीं बल्कि शरीर के विभिन्न 'पॉवर स्टेशन' हैं। इनमें से प्रत्येक की अपनी निश्चित शक्तियां, अपने निश्चित प्रभाव और अपने निश्चित अधिकार हैं। किन्तु ये 'पॉवर स्टेशन' सोए हुए या निष्क्रिय रहते हैं। बिल्कुल उसी प्रकार मानो समस्त यन्त्रों, साधनों, उपकरणों तथा संचालन व्यवस्था आदि से सम्पन्न और हर दृष्टि से समर्थ किसी बिजलीघर या 'पॉवर स्टेशन की बिजली चली जाए और उसकी समस्त शक्तियां व संचालन बिजली के आने तक निष्प्राण रह जाए।'

ये जो बिजली/करंट/ऊर्जा या शक्ति है—जिसके अभाव में हर दृष्टि से सम्पन्न व समृद्ध होते हुए भी हमारे शरीर के सातों चक्र/पॉवर स्टेशन मृतप्राय रहते हैं, यही कुण्डलिनी शक्ति है। बिजली की सप्लाई जिस-जिस उपकरण में हो जाती है, वही उपकरण क्रियाशील हो जाता है। ठीक इसी प्रकार जिस-जिस चक्र या 'पॉवर स्टेशन' पर यह कुण्डलिनी शक्ति पहुंच जाती है, वही सक्रिय हो जाता है। किसी विशिष्ट चक्र में कुण्डलिनी शक्ति का प्रवेश और वहां से आगे/ऊपर बढ़कर क्रमशः अगले चक्र में प्रवेश 'चक्र भेदन' कहा जाता है। (इस विषय में हम आगे विस्तार से चर्चा करेंगे)। इस प्रकार 'षट्चक्र भेदन' (छह चक्रों को भेद कर) कुण्डलिनी को सातवें चक्र में स्थित किया जाता है। सातवें चक्र का भेदन कर कुण्डलिनी शक्ति मोक्ष के समय परमात्मा में विलीन होकर स्वयं परमात्म स्वरूप हो जाती है।

यह भी एक विलक्षण तथ्य है कि सप्त चक्रों ही की भांति कुण्डलिनी शक्ति भी मनुष्यों में सुप्त/निष्क्रिय अवस्था में ही रहती है। योग द्वारा उसे साधक को जगाना पड़ता है। योग के अतिरिक्त कुण्डलिनी जागरण के मन्त्रादि अन्य विधान भी कहे गए हैं। हम आगे यथासम्भव प्रकाश सभी विधानों पर डालेंगे, किन्तु पुस्तक में



कुण्डलिनी एवं सप्तचक्र

मूल रूप से योगपद्धति/योगविधान की ही चर्चा करेंगे। क्योंकि यही सर्वमान्य, विवाद रहित, पूर्ण प्रामाणिक तथा अपेक्षाकृत सहज प्रणाली है। और इन सबसे बड़ी बात यह कि यही प्रणाली बोधगम्य भी है तथा मेरी वर्णन सामर्थ्य के भीतर भी तो सबसे पहले सप्त चक्रों के विषय में जानते हैं अगले पृष्ठों पर।

❑❑



3
मूलाधार चक्र

इस चक्र को कुछ ग्रन्थों में 'आधार चक्र' भी कहा गया है। कोष्ठक में दिया गया नाम इस चक्र का पर्याय नहीं है, किन्तु इसका स्थान ठीक-ठीक समझ पाने में पाठकों के लिए सहायक होगा, अत: लिख दिया गया है। इस चक्र का नाम आधार या मूल आधार इसलिए है, क्योंकि यह चक्र सुषुन्ना के मूल में अवस्थित है। यही भाग शरीर का आधार भी है और समस्त चक्रों के मूल में यही सर्वप्रथम है।



मूलाधार चक्र

योग विद्या या कुण्डलिनी की दृष्टि से यह चक्र न केवल अति अधिक महत्त्वपूर्ण है अपितु सम्पूर्ण योग प्रणाली का मूल या आधार भी है। कारण—

देवता—ब्रह्मा



शक्ति—डाकिनी

कुण्डलिनी शक्ति इसी चक्र में अवस्थित होती है (इस विषय में हम आगे विस्तार से पढ़ेंगे)। जीवन के प्रारम्भिक सातवें वर्षों में बालक की चेष्टाएं प्राय: इसी चक्र से प्रभावित होती हैं। स्वयं में ही रत रहना तथा असुरक्षा बोध से ग्रस्त रहना इसका

प्रबल प्रमाण है। मूलाधार चक्र के विशिष्ट प्रभाव में आया हुआ मनुष्य प्रायः दस से बारह घंटे तक रात्रि में पेट के बल सोता है। मोह, क्रोध, ईर्ष्या, घृणा, द्वेष, कामुकता, प्रजनन एवं माया—इसी चक्र के प्रभाव के ही अर्न्तगत आते हैं। स्वास्थ्य, बल, बुद्धि, स्वच्छता तथा पाचन शक्ति भी इसी चक्र से सम्बन्धित है। शरीर की धातुओं, उपधातुओं व चैतन्य शक्ति को इसी चक्र से बल मिलता है। शारीरिक मलिनता का इस चक्र की अशुद्धि से सीधा सम्बन्ध है। सांसारिक प्रगति और चैतन्यता का मूल यह चक्र मनुष्य के देवत्व की ओर किए जाने वाले विकास का आधार है।

मूलाधार चक्र का स्थान सुषुम्ना मूल में गुदा से दो अंगुल आगे व उपस्थ से दो अंगुल पीछे 'सीवनी' के मध्य में है। मूलबन्ध लगाते समय इसी प्रदेश को पैर की एड़ी से दबाया जाता है। नीचे की ओर चलने वाली अपान वायु का यह मुख्य स्थान है। इसका सम्बन्धित लोक 'भूलोक' है। पंच महाभूतों में यह पृथ्वी तत्त्व का प्रतिनिधित्व करता है, क्योंकि यह चक्र पृथ्वी तत्त्व का मुख्य स्थान है। पृथ्वी तत्त्व से सम्बन्धित होने के कारण इसका प्रधान ज्ञान अथवा गुण 'गन्ध' है। अतः इसकी कर्मेन्द्रिय गुदा और ज्ञानेन्द्रिय नासिका है। इसका तत्त्वरूप चतुष्कोण चतुर्भुज (वर्गाकार) है, जो सुनहरे अथवा भूमिपीत वर्ण का है। इसकी यन्त्राकृति पीत वर्ण चतुष्कोण है, जो रक्त वर्ण से प्रकाशित चार पंखुड़ियों/दलों से युक्त है। सुरक्षा, शरण और भोजन इस चक्र के प्रधान भौतिक गुण हैं।

इस चक्र का तत्त्व बीच 'लं' है, जो इसकी बीज ध्वनि का सूचक है। कमल दल ध्वनियां क्रमशः वं, शं, षं और सं हैं जो इसकी पंखुड़ियों के अक्षर हैं। इसके तत्त्व बीज का वाहन ऐरावत हाथी है। (जिस पर इन्द्र विराजमान हैं)। जो इसकी सामने की ओर की बीजगति को दर्शाता है। इस चक्र के अधिपति देवता चतुर्भुज ब्रह्मा हैं, और उनकी शक्ति चतुर्भुज डाकिनी भी साथ हैं जो चक्र की शक्ति की सूचक है। इस चक्र के अधिकारी गणेश हैं तथा इसका बीज वर्ण स्वर्णिम है। अतः यन्त्राकृति व तत्त्वरूप में पीतवर्ण के साथ स्वर्ण-सी आभा भी रहती है। इस चक्र पर ध्यान के समय प्रयुक्त होने वाली कर मुद्रा में अंगूठे तथा कनिष्ठा अंगुली के सिरों को दबाया जाता है, जिसके प्रभाव में चैतन्य का मानवीकरण होता है।

ध्यान के समय जब मूलाधार की तत्त्वबीज ध्वनि 'लं' का शुद्ध रूप से बार-बार उच्चारण किया जाता है तो 'लं' उच्चारण से उत्पन्न होने वाली विशेष तरंगें मूलाधार की नाड़ियों को उत्तेजित करती हैं तथा उर्ध्व मस्तिष्क को तरंगित करती हैं। परिणामस्वरूप शक्ति के अधोगति में अवरोध उत्पन्न होकर शक्ति उर्ध्वगति (ऊपर की ओर गति करने वाली) होती है जिससे मूल आधार के प्रभावों—असुरक्षा, भय आदि का लोप होता है तथा मनोबल की प्राप्ति होती है। कुछ विद्वान इसे 'यौनचक्र' भी कहते हैं।

योग मार्ग पर न जाने वाले साधकों के लिए भी मूलबन्ध का अभ्यास

लाभकारी है (इस विषय में हम बन्ध प्रकरण में विस्तार से चर्चा करेंगे)। किन्तु एड़ी द्वारा सीवन को दबाते समय मूलबंध दृढ़ता से लगा रहे तथा लंगोट कसी रहे क्योंकि सीवनी मर्मस्थान है। शौर्यकला कुंगफू के सिद्धांतानुसार यहां पर किया प्रहार, आघात अथवा अनुचित दबाव नपुंसकत्व उत्पन्न करता है।

मूलाधार के अधिपति देवता ब्रह्मा ही क्यों हैं? शक्ति डाकिनी ही क्यों है? अधिकारी गणेश ही क्यों हैं? आदि तत्त्वों की मीमांसा भी की जा सकती है, किन्तु उससे न केवल पुस्तक के कलेवर में वृद्धि होगी, अपितु यह चर्चा मूल विषय की सुगम्यता और लयबद्ध प्रस्तुति में बाधक भी होगी। तिस पर इस चर्चा से योगमार्ग के साधकों अथवा कुण्डलिनी जागरण के इच्छुक पाठकों को कोई लाभ नहीं होगा, बल्कि वे कन्फ्यूज़ हो सकते हैं। अत: केवल पाण्डित्य सिद्ध करने के लिए ऐसी चेष्टा युक्ति संगत नहीं होगी—ऐसा सोचकर इस विषय में चर्चा नहीं कर रहा हूं। इच्छुक पाठक पत्र व्यवहार से अपनी शंकाओं का समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

वैसे तो चक्रों के स्वरूप का विराटता से वर्णन करना भी आवश्यक नहीं था, क्योंकि कार चलाना सीखने के लिए इंजन के सभी पुर्जों का पूर्ण ज्ञान पाना अनिवार्य नहीं होता। आवश्यक भी नहीं होता, तथापि जिज्ञासा शांति के अलावा कुण्डलिनी जागरण के मन्त्र उपाय की चर्चा के समय इन तमाम जानकारियों की आवश्यकता पाठकों को पड़ेगी अत: पहले ही प्रसंगवश पूर्ण विवरण प्रस्तुत कर दिया गया है।

बात मूलाधार चक्र की चल रही थी। मूलाधार चक्र से होकर ही योग मार्ग या कुण्डलिनी यात्रा आरम्भ होती है। यही इस यात्रा का मूल उद्‌गम और प्रथम सोपान है। अत: इसे ध्यान से समझें।

❑❑❑



4
स्वाधिष्ठान चक्र

कुण्डलिनी की रहस्यमयी और विलक्षण यात्रा का दूसरा पड़ाव, मानव शरीर में स्थित दूसरा प्रमुख चक्र स्वाधिष्ठान है। जननेन्द्रिय के ऊपर तथा नाभि के नीचे 'पेडू' में यह चक्र अवस्थित है। यह पुरुषों के वीर्य व स्त्रियों में रज का स्थान कहा जाता है। पंच महाभूतों में यह 'जल' तत्त्व का प्रतिनिधित्व करता है। अर्थात् जल



स्वाधिष्ठान चक्र

तत्त्व का यह मुख्य स्थान है। जल तत्त्व का प्रतिनिधि होने के कारण इसका प्रधान ज्ञान या गुण 'रस' है (जो जल तत्त्व की तन्मात्रा है)। इसलिए इसकी ज्ञानेन्द्रिय

देवता—विष्णु

शक्ति—राकिनी

रसना/जिह्वा और कर्मेंद्रिय लिंग व योनि (जननांग) हैं। इसका रूप चन्द्राकार है। जो सफेद रंग का है। इसके यन्त्र का रूप अर्धचन्द्र युक्त वृत्ताकार है जो श्वेत है। रक्ताभ हिंगुल वर्ण (सिंदूरी रंग) से प्रकाशित छः पंखुड़ियों या दलों से यह युक्त है। इन दलों के अक्षर बं, भं, मं, यं, रं और लं हैं। यही इसकी कमल दल ध्वनि है। इस चक्र की बीज ध्वनि वं है। क्योंकि वं इसका तत्त्व बीज है।

इस चक्र का बीज वाहन मकर है, जो इसके तत्त्व बीज की गति को दर्शाता है, यानि मगरमच्छ द्वारा लगाई जाने वाली डुबकी की भांति नीचे की ओर। इसका बीज वर्ण स्वर्णिम श्वेत है जल के समान प्रांजल। 'भुवः' लोक इस चक्र का लोक कहा गया है। पूर्ण शरीर में फैलकर गति करने वाले व्यान वायु का यह मुख्य स्थान है। इस चक्र के अधिपति देवता विष्णु हैं जो अपनी चतुर्भुज 'राकिनी' के साथ हैं। इससे चक्र की शक्ति का 'राकिनी' होना भी सिद्ध होता है। स्वाधिष्ठान चक्र पर ध्यान लगाते समय प्रयुक्त की जाने वाली कर मुद्रा में अंगूठे व अनामिका के सिरों को परस्पर दबाया जाता है। जिस प्रकार चैतन्यता का प्रभाव मूलाधार चक्र के ध्यान से उत्पन्न होता है उसी प्रकार ध्यान द्वारा स्वाधिष्ठान चक्र का अतिक्रमण कर लेने से प्रसन्नता से चैतन्यता ओत-प्रोत हो जाती है। साधक में प्रफुल्लता आती है।

जल तत्त्व का प्रतिनिधि होने से कल्पनाशीलता इस चक्र का प्रधान भौतिक प्रभाव है। इस चक्र के बिगड़ने से 'जलोदर' आदि रोग सम्भावित होते हैं। वैसे प्रायः इस चक्र से प्रभावित व्यक्ति घुटनों में सिर देकर आठ से दस घंटे रात्रि में सोता है। माना जाता है कि 8 से 14 वर्ष तक की आयु में मनुष्य स्वाधिष्ठान चक्र के विशेष प्रभाव में रहता है। उद्विग्नता, उलझन, कल्पना की उड़ान तथा कुटुम्बियों व मित्रों से बनाए जाने वाले भौतिक सम्बन्ध इसी चक्र के प्रभाव से होते हैं। इच्छाओं व कल्पनाओं के साथ बाह्य व आन्तरिक जगत से तालमेल बिठाने के प्रयास में मानव के व्यक्तित्त्व का विकास होता है, जो इसी चक्र के प्रभाव क्षेत्र में आता है।

इस चक्र की साधना बल, सामर्थ्य, विवेक, धैर्य तथा दृढ़ता व विश्वास को बढ़ाने वाली कही गई है। इसके तत्त्व बीज 'वं' की शुद्धतापूर्वक उच्चारित की गई आवृत्ति मानव शरीर के निम्न भागों के अवरोध हटाकर वहां शक्ति को प्रवाहित करती है। कल्पना शक्ति को साधकर कला आदि में उसका बेहतर उपयोग किया जा सकता है। यह एक महत्त्वपूर्ण चक्र है। जैसा कि नाम से भी स्पष्ट है—'स्व' का अधिष्ठान करने वाला यानि—स्वाधिष्ठान।

प्रजनन, कल्पना, मनोरंजन, प्रसन्नता, डाह, ईर्ष्या, दया शून्यता, द्वेष, उद्विग्नता, बेचैनी आदि गुणावगुण इसी चक्र से प्रभावित होते हैं। जल तत्त्व व चन्द्र से सम्बन्धित होने के कारण, भावुकता, चंचलता आदि मन के विशिष्ट गुण इसी चक्र के प्रभाव में आते हैं। इस चक्र के तत्त्व बीज की गति को दर्शाने के लिए वाहन रूप में मकर का प्रयोग भी उचित व तर्कपूर्ण है। मकर को डुबकी मार कर नीचे जाने के

स्वभाव से न केवल बीजगति का संकेत मिलता है अपितु मकर की चालाकी (शिकार के समय), उसका तैरना (मनोरंजन) उसकी प्रबल काम शक्ति (प्रजनन सामर्थ्य तथा मन का वेग) और उसकी व्यावहारिकता जो जल और थल दोनों में रहने से सिद्ध होती है। 'मगरमच्छ के आंसू बहाना' मुहावरा ही मकर की चालाकी तथा व्यावहारिकता के गुण को सिद्ध करता है।

जबकि मूलाधार का बीज वाहन हाथी (ऐरावत, जिसकी 7 सूंडें कही गई हैं) न केवल बीज गति से निर्बाध सामने की ओर जाने को सूचित करता है बल्कि बल, बुद्धि, चैतन्यता, भोजन, सुरक्षा, अपने में ही मस्त रहना, इच्छा तथा इच्छाओं में मन के भटकाव का भी द्योतक है। महत्त्वाकांक्षाओं को भी प्रकट करता है। अंकुश द्वारा हाथी को वश में करने के समान इच्छाओं के बलवान हाथी को बुद्धि के अंकुश द्वारा वश में करने की प्रेरणा देते गणेश अपने अंकुश सहित मूलाधार के अधिकारी व निवासी देवता बताए ही गए हैं।

यद्यपि मकर व हाथी के स्वभाव व विशेषताओं की चर्चा यहां पर आवश्यक नहीं थी, तो भी पाठकों को चाहिए कि स्वबुद्धि के प्रयोग से सामने आने वाले तथ्यों को तोलते भी रहें, ताकि विषय पर उनकी मन से आस्था बने और विश्वास उत्पन्न हो सके। इसके अतिरिक्त विषय की महत्ता व गूढ़ता के रहस्य समझे जा सकें। अत: पूर्ण व विस्तृत चर्चा के लिए स्थान न होते हुए भी, कहीं-कहीं जहां अत्यंत आवश्यकता महसूस कर रहा हूं, अथवा जिस मुद्दे पर की गई चर्चा विषय को सुगम्य बनाने में सहायक हो सकती है, वहां-वहां विषय प्रवाह में हल्का-सा अवरोध दोष उत्पन्न होने के बावजूद ऐसा तुलनात्मक विवरण यथा सामर्थ्य इसी उद्देश्य से दे रहा हूं, कि पाठक सुनें और गुनें। स्वयं भी अपनी तुला पर तोलें।

❑❑❑



5 मणिपूरक चक्र

इसे मणिपुर चक्र भी कहा गया है। यह भी अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। नाभि मूल में इसका स्थान है। अत: पवन संस्थान व शौर्य संस्थान से इसका सीधा सम्बन्ध है। व्यक्ति के अहं, प्रभुत्व व धाक जमाने की भावना, नाम कमाने की इच्छा, सर्वश्रेष्ठ बनने की ललक तथा शक्ति अर्जन के प्रयास इसी चक्र के प्रभाव क्षेत्र में आते हैं।



मणिपूरक चक्र

इसके अलावा संघर्ष, प्रायश्चित्त, नि:स्वार्थ सेवा, धर्म, सत्संग या कुसंग (संगति), निष्ठा, दृढ़ता आदि भी इसी चक्र से प्रभावित होते हैं। संगति का अर्थ है—संग-संग

देवता—रुद्र (शिव)

शक्ति—लाकिनी

या साथ-साथ गति करना। अत: संगति सदैव संतुलन उत्पन्न करने वाली होती है। यह विषमता को समाप्त कर समता को उत्पन्न करती है। अत: कर्म व धर्म में संतुलन उत्पन्न करना इसी चक्र के प्रताप से सम्भव होता है। प्रकृति व धर्म का संतुलन जब स्वभाव व कर्म से हो जाता है, तो साधक नैसर्गिक लोक में पदार्पण कर सकता है। अत: मणिपूरक चक्र अध्यात्म का प्रवेश द्वार कहा जा सकता है।

नाभि शरीर का केन्द्र है। गर्भावस्था में नाभि द्वारा ही शिशु का पोषण व विकास होता है। नाभि से ही भ्रूण विकसित होता है। गुरुत्वाकर्षण बल के प्रति संतुलन बनाने का कार्य नाभि ही करती है। आघात पहुंचने या असंतुलित हो जाने से नाभि उतर जाती है। ऊपरी शरीर व निचले शरीर का संतुलन नाभि पर ही रहता है। रॉकेट को जिस प्रकार अंतरिक्ष में जाते समय गुरुत्वाकर्षण सीमा का अतिक्रमण करते समय विशिष्ट बल की आवश्यकता पड़ती है, उसी प्रकार कुण्डलिनी शक्ति को भी ऊपरी चक्रों पर जाने के लिए मणिपूरक चक्र का बेधन करने में विशेष बल लगाना पड़ता है। (इस विषय में आगे विस्तार से पढ़ेंगे)। इसलिए इसे आध्यात्मिक प्रवेश द्वार कहा गया है, इसीलिए नाभि में अमृतकुंड होना भी कहा जाता है। इसके अलावा योग में अत्यंत महत्त्वपूर्ण रुद्रग्रंथि का निवास भी यहीं है (चक्र प्रकरण के बाद इसकी चर्चा होगी)। अत: यह निर्विवाद सिद्ध होता है कि संगति या संतुलन नाभि में ही स्थित होने से मणिपूरक चक्र के प्रभाव में आता है।

मणिपूरक चक्र से प्रभावित मनुष्य रात्रि में 6 से 8 घंटे सोने वाला होता है। इस चक्र में ध्यान लगाने से स्वास्थ्य व दीर्घायु की प्राप्ति होती है, अपने शरीर व ग्रन्थियों का भौतिक ज्ञान होता है तथा पाचन सम्बन्धी दोषों व विकारों का निवारण होता है तथा साधक में तेज उत्पन्न होता है। क्योंकि 'अग्नि' तत्त्व का यह चक्र प्रतिनिधित्व करता है।

पंचमहाभूतों में 'अग्नि' का मुख्य आधार होने के कारण मणिपूर चक्र की ज्ञानेन्द्रिय नेत्र व कर्मेन्द्रिय पैर हैं। रूप या तेज इसका प्रधान गुण या ज्ञान है, जो अग्नितत्त्व की तन्मात्रा है। खान-पान के रस को पूरे शरीर में समान रूप से वितरित करने वाला समान वायु है, जिसका इस चक्र में मुख्य निवास है।

यह चक्र त्रिकोणाकार है। जो रक्तवर्ण का है। नीले हरे रंग से प्रकाशित दस कमलदलों (पंखुड़ियों) से यह घिरा हुआ है। इन पंखुड़ियों पर डं, ढं, णं, तं, थं, दं, धं, नं, पं, वं, फं वर्ण (अक्षर) हैं जो इस चक्र की कमल दल ध्वनियों के सूचक हैं। इसकी बीज ध्वनि 'रं' हैं, क्योंकि 'रं' इसका तत्त्व बीज है। इस चक्र की बीज गति मेष/मेढ़े के समान उछलकर चलने की है अत: मेढ़ा इस चक्र का बीज वाहन है। (अग्नि का वाहन भी मेढ़ा कहा गया है और अग्नि का बीज मंत्र भी 'रं' ही होता है)। अग्नि तत्त्व और समानवायु का यह मुख्य स्थान है।

इस चक्र का लोक स्व: है। इसका यन्त्ररूप अधोमुखी त्रिकोण है, जो लाल

रंग का है। इसका बीज वर्ण स्वर्णिम रक्त है। इस चक्र के अधिपति देवता रुद्र शिव हैं, जो अपनी चर्तुभुजा शक्ति 'लाकिनी' के साथ हैं। इस चक्र पर ध्यान लगाते समय प्रयुक्त होने वाली कर मुद्रा में मध्यमा उंगली व अंगूठे के सिरों को परस्पर दबाया जाता है। मध्यमा व अंगूठे के सिरों को दबाने से शरीर में उष्मा उत्पन्न होती है।

इसके बीज मंत्र 'रं' की यदि शुद्धोच्चारण के साथ बारम्बार पुनरावृत्ति की जाती है तो उस ध्वनि की तरंगों के प्रभाव से रस को आत्मसात् करने की शक्ति व पाचन शक्ति बढ़ती है क्योंकि इससे जठराग्नि प्रदीप्त होती है। इसके अलावा ऊर्जा भी बढ़ती है जो आयु व सामर्थ्य को बढ़ाती है।

प्राय: मणिपूरक चक्र से प्रभावित व्यक्ति क्रोधी होते हैं क्योंकि अग्नि का स्वभाव ही ऊष्ण है। यही कारण है कि कई स्थानों पर इसे 'सूर्य चक्र' भी कहा गया है। इस चक्र का बीज वाहन मेढ़ा सर्वथा उपयुक्त है। क्योंकि मेढ़ा स्वाभिमानी, बलवान, अहं में चूर और रणोन्मत्त होता है। यह उछलकर सीधा सिर से आक्रमण करता है और मेढ़ा अग्नि का वाहन भी है। जोश और अहं मेढ़े में शक्ति के साथ मौजूद होता है। यद्यपि यही गुण वृषभ या सांड में भी है, किन्तु उसमें वह फुर्ती और उछलकर चलने/लड़ने का स्वभाव नहीं है जो इस चक्र की बीजगति को इंगित कर सके अत: इसका बीज-वाहन मेढ़ा सर्वथा उचित ही है।

प्राय: अग्नि का सूचक लाल रंग माना गया है। यहां मणिपूरक चक्र के कमल दलों का रंग नीला कहा गया है। (यद्यपि यन्त्र रूप त्रिकोण लाल रंग वाला ही है।) यहां पाठकों को एक विरोधाभास प्रतीत हो सकता है, क्योंकि नीला व लाल परस्पर विरोधी रंग हैं और अग्नि का पर्याय मुख्यत: लाल रंग माना गया है। अत: पाठकों को यह स्पष्ट करना ज़रूरी समझता हूं कि अग्नि का रंग वास्तव में नीला है। कभी भी अग्नि को ध्यान से देखें (माचिस या मोमबत्ती की लौ को ही सही), मध्य में नीला फिर काला सा सिलेटी, फिर लाल, संतरी और पीला रंग क्रमश: बाहर की ओर दिखाई देते हैं। यह रंग भेद अग्नि की जिह्वाओं तथा उसकी ऊष्णता के स्तर को ही दिखाते हैं। जैसा कि पुराणों व उपनिषदों में अग्नि की सात जिह्वाओं/लपटों का वर्णन भी है—

काली करली च मनोजवा च सुलोहिता या च सधूम्रवर्णा।
स्फुलिंगिनी विश्वरुचि च देवी लेलायमाना इति सप्त जिह्वा॥

—(मुण्डकोपनिषद्)

अर्थात्—काली, करली, मनोजवा, सुलोहिता, धूम्रवर्णा, स्फुलिंगिनी एवं विश्वरुचि—अग्निदेव की ये 7 जिह्वाएं हैं।

इससे सिद्ध होता है कि अग्नि का लाल रंग उसकी सुलोहिता नामक जिह्वा और स्लेटी काला रंग उसकी धूम्रवर्णा नाम की जिह्वा के कारण है। पीला रंग तो

तेज, ऊष्णता व प्रकाश के कारण है किन्तु अग्नि का रंग वैसे नीला ही है क्योंकि मूल में सदा नीली आभा विद्यमान रहती है।

यहां पाठक सूर्य और शुक्र के सम्बन्ध में वैज्ञानिक अन्वेषणों के निष्कर्ष भी देखें। सूर्य लाल है जो तीव्र प्रकाश की अवस्था में पीला मालूम होता है। जबकि शुक्र का रंग नीला है। वैज्ञानिक अन्वेषणों के आधार पर हम जानते हैं कि शुक्र सूर्य से कई हज़ार गुना अधिक गरम है और वैज्ञानिकों ने उसके धरातल की भीषण व प्रचण्ड गरमी के आधार पर उसे '**जीता जागता नरक**' कहा है। (इस विशेषता के आधार पर इस तथ्य को भी कसिए कि शुक्र को दानवों का गुरु कहा गया है।)

मणिपूरक चक्र की विशेष साधना—निर्मोहता, शांति, वैराग्य, समता, तन्मयता, आनन्द, धृति, निश्चलता तथा उदासीनता (न्यूट्रल होना/निर्लिप्त होना) को बढ़ाने वाली कही गई है। मणिपूर चक्र का सम्बन्धित लोक 'स्वः' यानि स्वर्गलोक है जो अन्य ऊपर के लोकों में सबसे निचला है अतः इसको आध्यात्मिक प्रवेशद्वार कहना ठीक ही है।

❑❑❑



6

अनाहत चक्र

इस चक्र का स्थान हृदय है। इसीलिए इसे 'हृदय कमल' या 'हृदचक्र' भी कह देते हैं। यहां अनाहत ध्वनि (बिना प्रयास या थाप के, बिना आघात के स्वत: ही उत्पन्न होने वाली ध्वनि) स्वत: ही होती रहती है। इस लिए इस चक्र को अनाहत कहा गया है। क्योंकि ध्वनियों के दो ही मूल प्रकार हैं—आहत व अनाहत। आहत ध्वनि किसी प्रकार की छेड़छाड़ या आघात से उत्पन्न होती है और अनाहत ध्वनि अज्ञात कारण से स्वत: ही उत्पन्न होती है।



अनाहत चक्र

अनाहत चक्र अत्यंत महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि नीचे के तीन और ऊपर के तीन चक्रों में यह संतुलनात्मक सेतु बनाता है। इसके अलावा इसी चक्र में हृत्पुण्डरीक कमल भी है, जिसमें कि योगीजन अपने आराध्य या इष्ट देव का ध्यान करते हैं। तांत्रिक ग्रन्थों के अनुसार भी (जैसा कि शिव सार तन्त्र में कहा गया है) 'शब्द ब्रह्म कहलाने वाले सदाशिव इसी अनाहत चक्र में हैं। क्योंकि इस स्थान से उत्पन्न होने



देवता—ईशान (रुद्र)

शक्ति—काकिनी

वाली ध्वनि है त्रिगुणमय ॐ एवं सदाशिव।' यह चक्र विशेष महत्त्ववान है।

पंचमहाभूतों में यह चक्र 'वायु' तत्त्व का मुख्य स्थान है। वायु तत्त्व की तन्मात्रा 'स्पर्श' है, अत: 'स्पर्श' इस चक्र का प्रधान गुण/ज्ञान है। इसी कारण इस चक्र की ज्ञानेन्द्रिय त्वचा और कर्मेन्द्रिय हाथ हैं। नाक व मुख से प्रवेश कर समस्त शरीर में विचरने वाली एवं जीवन के लिए परमावश्यक प्राणवायु का यह चक्र मुख्य स्थान है। इस चक्र का लोक 'मर्ह' या 'महत्' है जो अन्त:करण का मुख्य स्थान है। इस चक्र के अधिपति देवता ईशान रुद्र हैं जो अपनी त्रिनेत्रा चतुर्भुजा शक्ति 'काकिनी' के साथ हैं। अत: इस चक्र की शक्ति 'काकिनी' हैं। इस चक्र का यन्त्र रूप षट्कोणाकार यह चक्र सिंदूरी रंग से प्रकाशित बारह दलों/पंखुडियों से युक्त हैं जिन पर स्थित कं, खं, गं, घं, ङं; चं, छं, जं, झं, ञं, टं तथा ठं। ये बारह वर्ण (अक्षर) कमल दल की ध्वनियों को दर्शाते हैं। इस चक्र का तत्त्व बीज 'यं' इसकी बीज ध्वनि का परिचायक है। इसका बीज वाहन मृग है जो इस चक्र की तिरछी बीज गति को स्पष्ट करता है। इस चक्र पर ध्यान के समय अंगूठे और तर्जनी उंगली के सिरों को परस्पर दबाया जाता है। इससे मन स्थिर होता है और उसकी मृग जैसी चंचलता रुकती है।

वायु का स्वभाव विश्रामहीनता/हर समय गति करते रहना है। तदनुसार इस चक्र का यन्त्र व तत्त्व रूप षट्कोण हर दिशा में गति को दर्शाता है। इस षटकोण में एक अधोमुखी तथा एक ऊर्ध्वमुखी त्रिकोण सम्मिलित है जो क्रमश: शक्ति व शैव-मान्यताओं का प्रतीक होने से दोनों का समन्वय (अर्धनारीश्वर) प्रदर्शित भी करता है। साथ ही ऊपर के तीन लोकों व चक्रों और नीचे के तीन लोकों व चक्रों का संतुलन व सामंजस्य भी इंगित करता है जो इस चक्र के प्रधान गुणों में से एक है।

चंचलता, भटकाव, चेष्टा, लोभ, आशा, निराशा, चिंता, कपट, अविवेक, अनुताप, भ्रम (मरीचिका), वितर्क, सक्रियता, दृढ़ता, हठ, तृष्णा, सवंदेनशीलता, उत्साह आदि गुणावगुण इस चक्र की विशेषता हैं। परकाया प्रवेश तथा वायु गमन इसी चक्र के प्रताप से सम्भव हो पाता है। ज्ञान, दक्षता, वाक्पटुता, समर्थता, निपुणता, शास्त्रों का मर्म समझना, काव्यामृत के रसास्वादन में प्रवीणता आदि इसी चक्र पर ध्यान लगाने से प्राप्त होते हैं।

इस चक्र के बीज मन्त्र 'यं' का पुनरावृत्ति के साथ शुद्ध रूप से उच्चारण हृदय को तरंगित कर वहां के समस्त अवरोध दूर करता है, जिससे शक्ति का प्रवाह निर्बाध गति से ऊपर की ओर होने लगता है परिणाम स्वरूप परम प्रभु की आह्लादिनी शक्ति से साधक का साक्षात्कार होता है और उसे सब ओर आनन्द की ही प्रतीति होने लगती है। श्वांसों और प्राणों पर अधिकार प्राप्त हो जाता है। इस प्रकार सिद्धियों का आरम्भ इस चक्र को जीतने से होने लगता है। समदर्शिता, स्थायित्व/नियंत्रण,

प्रेम, सत्यता, निर्लोभता, दया, क्षमा, करुणा, विवेकशीलता, अहिंसकता आदि गुणों का उदय इस चक्र के शुभ प्रभावों के अन्तर्गत ही आता है।

इस अनाहत चक्र में एक लिंग का होना भी माना गया है, जिसे 'बाणलिंग' कहते हैं। इसके ऊपर अति सूक्ष्म छिद्र में हृत्पुण्डरीक कमल का निवास बताया गया है, जहां योगी जन अपने आराध्य देवता का ध्यान करते हैं। गहन प्रेम की स्थिति में योगमार्ग को जाने बिना ही (प्रेमयोग के माध्यम से) अनजाने में प्रेमी इस कमल तक पहुंच जाता है और अपनी प्रेयसी को इस कमल में उसी प्रकार बसा लेता है, जैसे हनुमानजी के हृदयकमल में श्रीराम बसे रहते हैं। तभी तो कोई शायर अनजाने में ही यह पते की बात कह गया है—

तस्वीर-ए-यार हमने अपने दिल में बसा रखी है।
जब जी में आया, जरा गर्दन झुकाई, देख लिया॥

शुद्ध प्रेम की स्थिति में प्रेमी अर्धयोगी हो जाता है, इसमें दो राय नहीं है। क्योंकि योग के प्रधान गुणों व लक्षणों में से एक—तन्मयता/एकाग्रता/ स्वविस्मृति-कन्सन्ट्रेशन उसमें सहज ही आ जाता है। यही गुण एक उच्च कोटि के कलाकार, कवि, लेखक, दार्शनिक, वैज्ञानिक या संगीतकार में भी होता है। अतः मेरी दृष्टि में वे सभी पथभ्रष्ट/दिशाभ्रष्ट योगी होते हैं, बहरहाल।

लगे हाथ इस चक्र के बीजवाहन मृग का भी विवेचन करते चलें। चंचलता, तिरछी गति, किसी भी ओर सशंक दौड़ जाना, मृग तृष्णा/मृग मारीचिका, अस्थिरता, विश्रामहीनता, सतर्कता, जागरूकता, उत्साह, संवदेनशीलता और प्रसन्नता में कुलांचें भरना आदि समस्त गुण मृग में विद्यमान हैं जो इस चक्र से सम्बन्धित हैं। अतः इसका बीज वाहन मृग सर्वथा सार्थक है।

❑❑❑



7
विशुद्ध चक्र

इस चक्र का स्थान कण्ठ प्रदेश है। इस चक्र का आकार वृत्त है, जो नाना प्रकार के चित्र-विचित्र वर्णों (रंगों) वाला है और यह कमल सोलह दलों या पंखुड़ियों से युक्त है जो धूम्र/धुंधले प्रकाश से प्रकाशित हैं। इन दलों के वर्ण



घुमावदार
विशुद्ध चक्र

(अक्षर)—अ, आ, ई, ई, उ, ऊ, ऋ, ॠ, ऌ, ॡ, ए, ऐ, ओ, औ, अं और अः हैं, जो इसकी कमलदल ध्वनियों को प्रकट करते हैं। बीज ध्वनि को प्रकट करने वाला

देवता—सदाशिव

शक्ति—शाकिनी

इसका तत्त्व बीज 'हं' है। इस तत्त्व बीज की गति हाथी के समान झूम-झूमकर चलने के समान घुमावदार है। अतः इसका बीज वाहन हाथी है, जिस पर प्रकाश देवता विराजते हैं।

पंच महाभूतों में 'आकाश' तत्त्व का यह मुख्य स्थान है। आकाश की तन्मात्रा 'शब्द' इसका प्रधान ज्ञान या गुण है। इसीलिए इसकी ज्ञानेन्द्रिय कर्ण (कान) और कर्मेंद्रिय वाणी (वाक्शक्ति) है। इस चक्र के अधिपति देवता पंचमुखी सदाशिव अपनी चतुर्भुजा 'शाकिनी' शक्ति के साथ हैं। अतः इस चक्र की शक्ति देवी 'शाकिनी' हैं। इसका यन्त्र गोल व रंगहीन है। ऊपर की ओर गति करने वाले उदानवायु का यह चक्र मुख्य स्थान हैं। इसका लोक 'जनः' है।

इस चक्र को 'ब्रह्मद्वार' भी कहा जाता है। आयुर्वेदीय व चिकित्सा शास्त्र की दृष्टि से यह कमल शरीर का मर्म है। इसके भेदन से तत्काल मृत्यु हो जाती है। कहते हैं कि विशुद्ध चक्र की साधना से सोलह प्रकार की योगसाधना की शक्ति आ जाती है। इस चक्र पर ध्यान केन्द्रित करने से मन आकाश की भांति विशुद्ध हो जाता है अतः इसे विशुद्ध चक्र कहते हैं। वैसे महाज्ञानी, निरोग, निर्विकार, शान्तचित्त, शोकहीन, समद्रष्टा तथा दीर्घजीवी होना इस चक्र पर ध्यान लगाने से सहज प्राप्त होने वाले शुभ फल हैं। त्रिकाल दर्शन की सिद्धि व शक्ति (समय के आर-पार देख सकना) इसी चक्र की साधना के प्रभाव से सम्भव हो पाती है। साधना की दृष्टि से यह चक्र भी विशेष महत्त्व वाला है।

'शिवस्वरोदय' के अनुसार—'हं' बीज से अत्यन्त उज्ज्वल, निराकार आकाश तत्त्व के ध्यान से त्रिकाल ज्ञान होता है तथा अणिमा आदि अष्ट सिद्धियों की प्राप्ति होती है। वैसे भी उपनिषदों ने ब्रह्म को आकाश स्वरूप कहा है। आकाश तत्त्व शून्य और अणुविहीन है, अनन्त, सर्वव्यापक और विराट है, निर्विकार, शुद्ध और विभु है। परमात्मा के गुणों में से अधिकांश गुण आकाश में उपस्थित हैं, अतः उसे आत्मस्वरूप या परमात्म स्वरूप कहा ही जा सकता है। वह अनादि और अनन्त है और कर्ता भाव से मुक्त, निष्क्रिय, स्थिर व साक्षी मात्र है। वह बस है। उसके विषय में अन्य कुछ कहा नहीं जा सकता। निराकार है। स्पर्श, गंध व रूप आदि ज्ञान से परे है।

वामकेश्वर तन्त्र विशुद्ध चक्र के समीप 'ब्रह्म ग्रन्थि' का होना मानता है, जबकि अन्य स्थानों पर 'रुद्र ग्रंथि' को विशुद्ध चक्र के समीप माना है। मूलाधार चक्र, मणिपूर चक्र तथा विशुद्ध चक्र के समीप तीन ग्रन्थियां हैं, यह प्रायः सभी योग ग्रन्थों ने स्वीकारा है और उनको **'रुद्रग्रन्थि,' 'विष्णु ग्रन्थि' व 'ब्रह्मग्रन्थि'** के नाम से पुकारा है। यहां तक प्रायः सभी ग्रन्थ एकमत हैं, किन्तु उनके स्थानों के विषय में विभेद मिलते हैं। एक ग्रन्थ के अनुसार जो स्थान 'रुद्रग्रन्थि' का है, दूसरे ग्रन्थ के अनुसार वह स्थान 'विष्णु ग्रन्थि' का है। इसी प्रकार अन्य ग्रन्थियों के विषय में भी है।

नामकरण एक पृथक विषय है किन्तु यह तथ्य विचारणीय है कि समस्त साधकों व ज्ञानियों ने इन तीन चक्रों के निकट तीन ग्रन्थियों (सूक्ष्म नाड़ियों की एक गांठ सी) को पाया है और महसूस किया है। उनका भेदन कर कुण्डलिनी शक्ति को आगे बढ़ाने में विशेष बल व साधना का उपयोग करना पड़ा है। यही बात पाठकों के मार्गदर्शन के लिए उपयोगी है। नामकरण के भेद में पड़कर उलझन पैदा होगी। अत: इस विषय पर चर्चा नहीं करेंगे। इस भेद के बहुत से कारण निज अनुभूतियों के आधार पर सम्भव हैं। इसकी छानबीन अनावश्यक, अवरोधक, विशेष श्रम व समय को खपाने वाली और परिणाम में मामूली-सा लाभ देने वाली ही सिद्ध होगी। प्रबुद्ध पाठक अवश्य ही इस तथ्य से सहमत होंगे। अत: हम इस चर्चा को यहीं पर समाप्त कर अगले और अत्यधिक महत्त्वपूर्ण चक्र की ओर आते हैं, जिसका नाम 'आज्ञा चक्र' है।

❑❑❑



8
आज्ञा चक्र

कुछ विद्वान इसे 'अंजना चक्र' भी कह देते हैं। इसका स्थान दोनों भृकुटियों के मध्य-नासिका की संधि के ऐन ऊपर है। यह योग विद्या में साधना की दृष्टि से अत्यधिक महत्त्वपूर्ण चक्र है। निराकार ब्रह्म का ध्यान व अन्तर्त्राटक आदि इसी चक्र पर योगीजन किया करते हैं। शरीर के समस्त अवयवों तथा संस्थानों को आज्ञा



नाद की भांति (सब ओर)

आज्ञा चक्र

का प्रसारण यहीं से होता है। इस चक्र तक पहुंचा हुआ योगी अधोगति को पुनः प्राप्त नहीं होता। इस चक्र का महत्त्व सिद्ध करने के लिए यही तथ्य काफी है कि इस चक्र का तत्त्वबीज मंत्र ॐ है, जो परमात्मा या ब्रह्म का प्रणव मंत्र है। क्योंकि **यह अकार, उकार और मकार (अ+उ+म) तीनों की शक्तियों का सम्मिलन है।**

देवता—ज्ञानदाता शिव

शक्ति—हाकिनी

इन्हें ही ब्रह्मा, विष्णु, महेश अथवा ज्ञानशक्ति, क्रियाशक्ति और संकल्प/इच्छा शक्ति कहा गया है। किसी भी कार्य को सम्पन्न करने के लिए इन्हीं तीन शक्तियों की अनिवार्यता होती है। हमें उस कर्म विशेष के विषय में ज्ञान हो, उस कर्म विशेष को करने/संपादन की सामर्थ्य हो और उस कर्म विशेष को करने की हमारी इच्छा/संकल्प हो तभी हम उस कर्म विशेष को कर सकते हैं। क्योंकि यदि हममें करने की सामर्थ्य होगी पर ज्ञान नहीं तो भी हम उस कार्य विशेष को कर नहीं पाएंगे। यदि हमें उस कार्य विशेष का ज्ञान होगा किन्तु क्रिया की सामर्थ्य नहीं, तो भी हम उसे कर नहीं पाएंगे, किन्तु यदि हममें क्रिया और ज्ञान दोनों की सामर्थ्य, किसी कार्य विशेष के सम्बन्ध में हो-तो भी हम उस कार्य को तब तक नहीं करेंगे जब तक हमें उस कार्य को करने की इच्छा न हो। कोई कार्य बिना संकल्प के सम्पन्न नहीं हो सकता।

इस प्रकार ये तीन मूलशक्तियां किसी कार्य के सम्पादन में अथवा व्यवहार में अनिवार्य होती हैं। अपने-अपने स्थान पर तीनों ही शक्तियों का महत्त्व है, तो भी संकल्पशक्ति शेष दोनों शक्तियों के एकत्रित होने के बावजूद संकल्प या इच्छा के अभाव में कार्य का सम्पादन नहीं होता। दोनों ही शक्तियां (ज्ञान व कर्म/क्रिया) अकेली होने पर तो व्यवहार में आती ही नहीं, मिलकर भी व्यवहार में तब तक नहीं आतीं जब तक उनमें संकल्प शक्ति न आ जुड़े। जबकि संकल्प शक्ति अकेली ही यदि बलवती और प्रचण्ड हो तो ज्ञान और क्रिया शक्ति को जुटा लेती है और कार्य सम्पन्न कर लेती है। इसी संकल्पशक्ति के अधिष्ठाता भगवान शिव हैं।

ब्रह्मा, विष्णु, महेश इन शक्तियों के अभौतिक देवता हैं। क्योंकि सृष्टि के निर्माण कार्य में मूलत: ज्ञान की आवश्यकता होती है, जिसके अधिष्ठाता देव ब्रह्मा हैं। सृष्टि के संचालन, पोषण व विकास में मूलत: क्रिया आवश्यक होती है, जिसके अधिष्ठाता देव विष्णु हैं, और संहार या विध्वंस के लिए संकल्प की मूल आवश्यकता होती है, जिसके अधिष्ठाता देव शिव हैं। अत: सृष्टि ब्रह्मा के, संचालन/पालन विष्णु के और संहार/लय शिव के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। ब्रह्मा, विष्णु, महेश जहां, ज्ञान, क्रिया व संकल्प शक्ति के अभौतिक देव हैं, वहीं सूर्य, अग्नि और चन्द्र इन्हीं शक्तियों के भौतिक देव हैं जिन्हें हम इन्द्रियों द्वारा अनुभव कर सकते हैं। यहां यह भी ध्यान देना चाहिए कि **संहार के देवता होने के कारण श्मशान में शिव प्रतिमा अवश्य स्थापित की जाती है। किन्तु यह 'इकार' की शक्ति (इच्छा शक्ति) का ही प्रताप है जो 'शव' को भी कल्याणकारी 'शिव' में बदल देता है।**

सूर्य प्रकाश का स्रोत है। प्रकाश के अभाव में ज्ञान सम्भव नहीं है। अत: सूर्य को जगत् गुरु माना जाता है। अग्नि-ऊर्जा व ऊष्मा का स्रोत है। बिना ऊर्जा के कोई भी क्रिया नहीं हो सकती। क्रिया के लिए शक्ति, शक्ति के लिए ईंधन या ऊर्जा और

ईंधन या ऊर्जा के लिए अग्नि आवश्यक होती है। इसी प्रकार मन के अधिकारी देवता चन्द्रमा हैं। मन ही इच्छा या संकल्प कर सकता है। अत: संकल्पशक्ति के देवता चन्द्रमा ही माने गए हैं। समुद्रों का ज्वार-भाटा चन्द्रमा से नियन्त्रित है। स्त्रियों में रज की मासिक प्रवृत्ति चन्द्रमा से सम्बन्धित है। मानव के भावावेश तथा मन को चन्द्रमा प्रभावित व प्रवृत्त करता है। पूर्णिमा की रात और आमवस की रात में मनुष्य की मनोदशा में विशेष अन्तर पाया जाता है। अपराध शास्त्र के आंकड़ों के अनुसार पूर्णिमा की रात में यौन सम्बन्ध अपराध विशेष रूप से अधिक घटित होते हैं। काव्य व साहित्य में चन्द्रमा, चांदनी, पूनम आदि का विशेष वर्णन चन्द्रमा से पड़ने वाले मानसिक प्रभाव को स्पष्ट रूप से परिलक्षित करते हैं। यहां तक कि चन्द्रमा की घटने बढ़ने की कला का सम्बन्ध भी बहुत से विद्वान इच्छा शक्ति से जोड़ते हैं। शिव के मस्तक पर चन्द्रमा को सुशोभित दिखाने का एक प्रतीकात्मक कारण यह भी है। बहरहाल।

ॐ प्रणव मंत्र है जो ब्रह्मा, विष्णु, महेश की एकता यानि परमब्रह्म/परमेश्वर का द्योतक है। (ENGLISH में परमात्मा के लिए प्रयुक्त शब्द **GOD** भी वास्तव में इन्हीं तीन शक्तियों का परिचायक है। **GENERATOR, OPERATOR** और **DESTRUCTER** यानि उत्पन्न करने वाला, संचालित करने वाला और विनष्ट करने वाला, और यही ॐ आज्ञा चक्र का बीज मंत्र है, इससे आज्ञा चक्र का महत्त्व स्पष्ट होता है।

आज्ञाचक्र का यन्त्राकार लिंग के समान है, क्योंकि स्वयं इस चक्र को लिंगाकार माना गया है। यह सफेद रंग से प्रकाशित दो दलों/पंखुड़ियों के कमल के समान है। (विज्ञान के अनुसार पिट्युटरि ग्लैण्ड और पायनियल ग्लैण्ड को इन दलों का संकेतक माना जा सकता है।) इन दलों पर हं और क्षं अक्षर/वर्ण हैं जो इस चक्र की कमलदल ध्वनि को प्रकट करते हैं। इस चक्र का तत्त्वबीज ॐ है। अत: ॐकार इसकी बीज ध्वनि है। पंच महाभूतों से परे और सूक्ष्म 'मह' तत्त्व का यह मुख्य स्थान है। इसका लोक 'तप:' है। इसके तत्त्व बीज की गति नाद के समान है अत: इस चक्र का बीज वाहन नाद है, जिस पर लिंगदेवता विराजते हैं। इस चक्र के अधिपति देवता ज्ञान दाता शिव अपनी षड़ानन और चतुर्हस्ता शक्ति 'हाकिनी' के साथ है। अत: इस चक्र की शक्ति देवी 'हाकिनी' हैं।

विभिन्न चक्रों पर ध्यान करने से जो फल साधक को प्राप्त होते हैं, वे सभी दिव्य फल अकेले आज्ञा चक्र पर ही ध्यान करने से प्राप्त होते हैं। त्रिकालदर्शन, दिव्यदर्शन, दूरदर्शन तथा मन्त्र, शक्ति व ईश साक्षात्कार का स्थान भी यही है अत: इसे शिव का तीसरा नेत्र भी कहा गया है। इसी स्थान पर मन व प्राण के स्थिर हो जाने पर सम्प्रज्ञात समाधि की योग्यता होती है। '**दिव्यचक्षु**' यही आज्ञा चक्र है। इसका तेज सूर्य तथा चन्द्र के सम्मिलित तेज से भी प्रबल कहा गया है। इसी चक्र

के दाएं व बाएं से क्रमशः **गान्धारी** व **हस्तिनी** नाड़ियां नेत्रों तक जाती हैं, जिनका कार्य नेत्रों को प्रकाश देना है। प्रकृति व पुरुष का, जड़ व चेतन का अथवा माया व ब्रह्म का यही संयोग स्थल है। इड़ा, पिंगला तथा सुषुम्ना तीनों नाड़ियां यहां मिलती हैं **अतः इसे 'युक्तत्रिवेणी' भी कहा जाता है।** यहीं से नेत्रों का प्रकाश बाहर भीतर के अंगों को देख सकता है। अतः इस चक्र पर ध्यान करने से वृत्तियां अन्तर्मुखी होती हैं। मन की चंचलता नष्ट होती है और भ्रान्ति दूर होकर आत्म तत्त्व में स्थिरता आती है।

आज्ञा चक्र में ही गुरु की आज्ञा से शुद्ध ब्रह्म ज्ञान की प्राप्ति होती है। **रामायण आदि धर्म ग्रन्थों में वर्णित 'तीर्थराज' (प्रयाग) जहां—गंगा, यमुना व सरस्वती का संगम होता है और जिसमें स्नान करके सारे पाप धुल जाते हैं, वह तीर्थराज वास्तव में यह आज्ञाचक्र ही है।** क्योंकि यहीं इड़ा, पिंगला और सुषुम्ना तीनों नाड़ियों का संगम होता है। इसी में स्नान करने (तन्मय होने) से मुक्ति होती है। जैसा कि '**ज्ञान संकलिनि तंत्र**' में कहा भी गया है—

इड़ा भागीरिथी गंगा पिंगला यमुना नदी।
तयोर्मध्यगता नाड़ी सुषम्णाख्या सरस्वती॥

—(ज्ञान संकलिनि तंत्र)

अर्थात् इड़ा गंगा और पिंगला यमुना नदी है। इन दोनों के मध्य से जाने वाली नाड़ी सुषम्ना को ही सरस्वती कहते हैं। (और आज्ञाचक्र पर ये तीनों नाड़ियां मिलती हैं)।

आज्ञा चक्र कमल की कर्णिका में ही मन का निवास कहा गया है। स्थूल बुद्धि वाले मनुष्य स्थूल हृदय को ही मन समझ लेते हैं। वास्तव में मन तो अतिसूक्ष्म है और एक अणुमात्र है। जैसा कि '**चरक संहिता**' में मन को परिभाषित करते हुए महर्षि चरक ने कहा भी है—'**अणुत्वं चैकत्वं मनः**' (जो अणु है और एक है, वही मन है)।

अकार, उकार व मकार की संयुक्तावस्था में ब्रह्मा, विष्णु व महेश की संयुक्तावस्था का प्रतीक आज्ञाचक्र का बीज मंत्र ॐ बिन्दु, शक्ति व नाद से युक्त है। इन्हीं से तीन शक्तियों—रौडी, ज्येष्ठा और वामा का उत्पन्न होना माना गया है। इस प्रकार नाद शिव और शक्ति के संयोगावस्था का भी प्रतीक सिद्ध होता है।

आज्ञा चक्र में ध्यान से—सर्वज्ञता, सर्वदर्शिता, परकाया प्रवेश, त्रिकालज्ञता तथा स्थिरप्रज्ञता की प्राप्ति समस्त सिद्धियों सहित होती है। साधक मन, कर्म व वचन से मन सहित समस्त इंद्रियां उसके वश में रहती हैं। सर्वज्ञ और तत्त्वदर्शी होने से उत्पादन, पालन व संहार में समर्थ हो जाता है। उसमें आनन्द, विकारहीनता तथा साक्षी भाव का उदय होता है तथा जन्मान्तरों के संस्कारों के समस्त मल व पाप कट कर शुद्धावस्था को प्राप्त होता है।

अतः इस रहस्यपूर्ण आज्ञाचक्र को भली भांति समझ लेना चाहिए। यह

कुण्डलिनी यात्रा का अत्यधिक महत्त्वपूर्ण व निर्णायक पड़ाव है। यद्यपि इसके आगे एक प्रमुख चक्र का भेद शेष रह जाता है, तथापि उस चक्र का भेदन करने में फिर विशेष प्रयास की आवश्यकता नहीं रह जाती, वहां स्वत: प्रवेश हो जाता है। इसीलिए आज्ञा चक्र तक पहुंचा हुआ योगी पुन: अधोगति को प्राप्त नहीं होता। उसकी इच्छा के विरुद्ध कुण्डलिनी वहां से वापस नहीं लौट पाती। इसके अलावा मनश्चक्र और बुद्धिचक्र इसी आज्ञाचक्र के दोनों दलों के संधि स्थल पर रहते हैं। षड्दलात्मक मनश्चक्र को 'मनोनय कोष' भी कहा जाता है। इस संदर्भ में आगे मन सम्बन्धी प्रकरण में विस्तार से पढ़ेंगे। इसी आज्ञा चक्र में प्राण व मन को स्थिर करने से प्राप्त होने वाले दिव्यफल के विषय में कबीरदास जी ने 'कबीर वाणी' में अपने रहस्योत्पादक विशिष्ट अंदाज में कहा है कि—

देह रूपी मकान के द्वार पर झरोखे बन्द करके मैंने प्राण रूपी चोर को पकड़ उसके भागने के समस्त मार्ग बन्द कर दिए। फिर हृदय की कुटिया में उसे बांधकर ॐ के कोड़े से उसे खूब पीटा—जिससे सहज नाद गूंज उठा।

यह आज्ञा चक्र भेदना अत्यंत कठिन है इसलिए **कबीर** ने इसे 'दसवें द्वारे ताला लागी' कहा है। यहीं आकर गुरु का महत्त्व पूर्णत: सिद्ध होता है, क्योंकि बिना गुरु की कृपा/आज्ञा से इस चक्र का ताला नहीं खुलता (इसमें प्रवेश नहीं होता)। तभी तो कबीरदास को कहना पड़ा—

गुरु गोबिंद दोऊ खड़े, काके लागूं पांय।
बलिहारी गुरु आपने, गोबिंद दियो मिलाय॥

यह आज्ञाचक्र प्रभु का साक्षात्कार स्थल है। गुरु की कृपा व अनुमति से इस चक्र में प्रवेश होता है, तभी ईश्वर साक्षात्कार होता है। इसलिए गुरु द्वारा गोबिन्द मिलने की बात कही है। इस संदर्भ में यदि आज्ञा चक्र को बैकुण्ठ का द्वार मान लें तो उचित ही होगा। ऐसा मानते ही पुराणों में वर्णित कथाओं का मर्म स्पष्ट हो जाएगा। बैकुण्ठ के द्वार पर वज्रकपाट लगे हैं। दो द्वारपाल वहां सतत पहरा देते हैं। बैकुण्ठ की सात ड्योढ़ियां हैं। ब्रह्मा जी के सनकादि मानस पुत्र भागवत पुराण के अनुसार जब विष्णु दर्शन की इच्छा से बैकुण्ठ गए तो छ: ड्योढ़ी चढ़ जाने के बाद सातवीं पर चढ़ने से जय-विजय दोनों द्वारपालों ने उन्हें रोक लिया। **यहां सातों ड्योढ़ियों, सात चक्रों की तथा बैकुण्ठद्वार आज्ञाचक्र का प्रतीक है और बैकुण्ठ के दोनों द्वारपाल इस चक्र के दो दलों के वर्ण 'हं' वर्ण के प्रतीक हैं।** अभिप्राय यही है कि इस चक्र का भेदन ब्रह्माजी के मानस पुत्रों, योग विद्या में प्रवीण सनकादि ऋषियों के लिए भी कठिन है। फिर साधारण योगियों की तो बात ही क्या।

इस प्रकार विभिन्न धर्मग्रन्थों में अन्यत्र भी इस प्रकार के कूट संकेत कथाओं के माध्यम से बिखेरे गए हैं। जैसे **वाल्मीकिय रामायण में नौ द्वारों व सात प्रकोष्ठों वाली अयोध्या नगरी का वर्णन जहां राजा दशरथ अपनी तीन रानियों**

के साथ रहते हैं—वास्तव में शरीर (नौ छिद्र और सात चक्र) **में रहने वाले दसों इंद्रियों के राजा मन** (दशरथ से सिद्ध होता है—दस घोड़ों का रथी या दसों दिशाओं में जाने वाला रथ—दोनों ही प्रकार से इसका आशय 'मन' ही सिद्ध होता है) **का यह कूट संकेत है जिसकी तीन रानियां सात्त्विक, राजसिक व तामसिक बुद्धि ही हैं। मन और बुद्धि के संयोग से उत्पन्न होने वाली चेतना ही राम हैं।** चेतना के अभाव में बुद्धि तो जड़ होकर रह सकती है। शरीर भी निष्क्रिय (कोमा में) होकर रह सकता है किन्तु मन नहीं। **अतः राम के बनवास पर केवल दशरथ के ही प्राण छूटते हैं,** अन्य किसी के नहीं। इसी प्रकार के बीसियों उदाहरण हैं जो रामायण या पुराणों में कथाओं के माध्यम से गुप्त संकेतों में पूरा योग-रहस्य समझाते हैं। सभी को उदाहरण के रूप में प्रस्तुत कर पुस्तक के पृष्ठों का अतिक्रमण मूल विषय के साथ अन्याय होगा। पाठकों को प्रेरित करने के लिए इतना दिशा-निर्देशन भी बहुत है कि वे धर्मग्रन्थों को मात्र कथाओं के रूप में न लें—उसमें छिपे मर्म को खोजें।

योग या अध्यात्म जैसा गूढ़, रहस्यपूर्ण व शुष्क विषय जन सामान्य या औसत बुद्धि के लोगों का भी कल्याण कर सके अतः उसे कथानक के रूप में जहां तहां पर प्रस्तुत किया गया है और यह निर्देश भी दिए गए हैं कि रामायण बराबर पढ़ें। पुराण बार-बार पढ़ें। बार-बार पढ़ने से ग्रन्थ समझ में आएगा। बार-बार का अभिप्राय यही है कि धीरे-धीरे अभ्यास व बुद्धि की रगड़ संस्कार भी दृढ़ करेगी और प्रकाश भी उत्पन्न करेगी। जब प्रकाश उत्पन्न होगा तो पाठक कथाओं में छिपे मर्म को शनैः शनैः पहचानने लगेगा। अस्तु।

❑❑❑



9
सहस्रार चक्र

तालु के ऊपर मस्तिष्क में ब्रह्मरन्ध्र से ऊपर इसका स्थान माना गया है। यह समस्त शक्तियों का केन्द्र है। रंग-बिरंगे प्रकाश से युक्त एक हज़ार दल/पंखुड़ियों वाले कमल के समान यह चक्र है। इसके दलों पर 'अं' से 'क्षं' तक सभी स्वर व



सहस्रार चक्र

वर्ण विद्यमान हैं, यही इस चक्र की दल-ध्वनियां हैं। यह तत्त्वातीत है (अत: यहां किसी तत्त्व विशेष का मुख्य स्थान नहीं है)। इस चक्र का तत्त्व बीज 'विसर्ग' है।

'बिन्दु' इसके तत्त्वबीज की गति है अत: 'बिन्दु' ही हसके बीज का वाहन भी है। इस चक्र का लोक 'सत्यम्' है। इस चक्र के अधिपति देवता स्वयं परब्रह्म हैं जो अपनी महाशक्ति के साथ हैं। इस चक्र का यन्त्राकार पूर्ण चन्द्राकार तथा शुभ्रवर्ण का है। 'अमर' या 'मुक्त' होना ही इस चक्र का फल है। यह परमज्ञान की उत्पत्ति का स्थान है।



यहीं समस्त शरीर का संचालन केन्द्र मस्तिष्क है। आधुनिक विज्ञान की दृष्टि से 'स्मृति क्षेत्र' यहीं है। मृत्युपरांत की जाने की '**कपाल क्रिया**' में यही स्थान तोड़ा जाता है, ताकि स्मृतियों का सर्वथा लोप हो सके और अगले जन्म में पूर्व जन्म की स्मृति न बनी रहे। ऐसा बहुत से विद्वानों का मत है।

योग विद्या में 'षटचक्र भेदन' की परम्परा है। क्योंकि पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश और मन के प्रतिनिधि छह: चक्रों को भेद कर कुण्डलिनी शक्ति को सहस्रार तक लाया जाता है, किन्तु उसे भेदे बिना पुन: वापस मूलाधार में ले जाया जाता है। इसका कारण यह कि योगी जन प्राण छोड़ते समय ब्रह्मरंध्र व सहस्रार चक्र का भेदन कर मुक्त होते हैं। अत: सातवें चक्र का भेदन अन्त समय में होता है। छह चक्रों को भेदने और पुन: वापस लौटने में कुण्डलिनी के मार्ग में कुल 100 कमल दल पड़ते हैं। (मूलाधार के चार, स्वाधिष्ठान के छ:, मणिपूर के दस, अनाहत के बारह, विशुद्ध के सोलह तथा आज्ञा चक्र के दो—अर्थात्—4+6+10+12+16+2=50 वापसी में यही 50 दल फिर से, अर्थात् 50+50=100) इनका दस गुना करने पर

हजार होता है। यही सहस्त्रार के दलों का रहस्य है।

समस्त शक्तियों का केन्द्र होने के नाते भी सहस्त्रार चक्र के कमल को हजार दलों से युक्त होना तर्कसंगत है। इसी सहस्त्रार चक्र में सदैव अमृत स्त्राव होता है, जिसका पान योग द्वारा यहां तक लाई गई कुण्डलिनी करती है। जिस समय सतत होते रहने वाला यह अमृत स्त्राव बन्द हो जाता है, उस समय शरीर नष्ट हो जाता है, मृत्यु हो जाती है। यही सहस्त्रार चक्र पराप्रकृति व परापुरुष या परब्रह्म का स्थान है। यहीं कुण्डलिनी का पराशिव से भेदात्मक मिलन होता है। अत: योग मार्ग का चरम लक्ष्य होने से यह चक्र अत्यधिक महत्त्वपूर्ण है।

सहस्त्रार में शिव एवं शक्ति का मिलन

आज्ञाचक्र से ऊपर महानाद है, जिसके ऊपर शंखिनी नामक नाड़ी के अग्रभाग के शून्य स्थान में ब्रह्मरंध्र है। इस ब्रह्मरंध्र में सहस्त्रार चक्र का कमल अधोमुख

अवस्था में स्थित है। इसलिए बहुत से विद्वान सहस्रार को ही ब्रह्मरंध्र भी कहते हैं। यहीं प्राण व मन के स्थिर हो जाने पर समस्त वृत्तियों को निरोध रूपा असम्प्रज्ञात समाधि सम्भव हो पाती है। इसी सहस्रार के मध्य स्थित चन्द्रमण्डल में 'हंस' अथवा अंतरात्मा का वास है। यही आत्मसाक्षात्कार का स्थान है।

सहस्रार चक्र में ध्यान करने से पुनर्जन्म नहीं होता, आत्मसाक्षात्कार होता है, परमानन्द, मोक्ष अथवा अमरत्व की प्राप्ति होती है। साधक ऋद्धि, सिद्धि, प्रभाव व चमत्कार के अवस्था से कहीं ऊपर उठ जाता है।

बहुत से योग ग्रन्थों तथा अन्य तन्त्रों व उपनिषदों आदि में 8 चक्रों अथवा 9 चक्रों का भी वर्णन हुआ है। बहुत से स्थानों पर शरीरस्थ चक्रों की संख्या नौ से भी अधिक मानी गई है। परन्तु वे इन सात चक्रों के ही उपभेद अथवा इनके अन्तर्गत आ जाते हैं। यही सात चक्र प्रमुख चक्र हैं, जो विशेष महत्त्व व प्रभाव वाले हैं। इस तथ्य से सभी सहमत हैं। इन्हीं सात चक्रों में से पहले छः को कुण्डलिनी द्वारा भेदा जाता है। अतः योग प्रणाली में 'षट्चक्र भेदन' के ही निर्देश मिलते हैं। इससे अधिक के नहीं।

इस प्रकार शरीरस्थ सात चक्रों का विवरण पूर्ण हुआ। अब हम कुण्डलिनी के विषय में चर्चा करेंगे तथा नाड़ियों के सम्बन्ध में संक्षिप्त परिचय प्राप्त करेंगे।

किन्तु उससे पूर्व कुछ तथ्यों को स्पष्ट समझ लेने के लिए नीचे दी हुई तालिकाएं देख लें। इससे अब तक हुई बातों को और आगे होने वाली बातों को भी सहजतापूर्वक समझा जा सकेगा, साथ ही इन्हें स्मरण रखने में भी सुभीता होगा।

पंचमहाभूत

	पृथ्वी	जल	अग्नि	वायु	आकाश
तन्मात्राएं (गुण)	गन्ध	रस	तेज/रूप	स्पर्श	शब्द
ज्ञानेन्द्रियां	नासिका	रसना	नेत्र	त्वचा	काज
कर्मेन्द्रियां	गुदा	उपस्थ	पैर	हाथ	वाणी/वाक्शक्ति

पंचमहाभूत

पंच महाभूत या पंचतत्त्व जिनके सम्मिलन से समस्त सृष्टि एवं शरीर निर्मित होता है। शरीर में इन पंच महाभूतों की आवश्यकता स्थूल/भौतिक शरीर में पड़ती है। सूक्ष्म/अभौतिक शरीर में मन, बुद्धि व अहंकार और भी जुड़ जाते हैं। इनका सबके साथ प्राण व आत्मा का संयोग ही जीवन माना गया है। संस्कार या स्वभाव के अनुसार इनके साथ सत्, रज व तम तीन गुणों का संयोग भी हो जाता है। इन पंच महाभूतों में सर्वप्रथम आकाश की उत्पत्ति होती है, फिर क्रमशः वायु, अग्नि, जल

व पृथ्वी की। इसी अनुपात में ये सूक्ष्म से स्थूल तथा हल्के से भारी होते चले जाते हैं। आकाश की भी उत्पत्ति अहं से और अहं की 'मह्' तत्त्व से बताई गई है।

वायु (मरुत)

49 प्रकार की मानी गई है, जिनमें दस मुख्य हैं। दस में भी पांच प्रमुख हैं। उनमें भी एक का जीवन की दृष्टि से अधिक महत्त्व है। इन सबके अपने-अपने कर्म व स्वभाव हैं और अपनी अपनी गतियां हैं। संक्षेप में इन्हें भी जान लें।

कुछ प्रमुख वायु

	प्राणवायु	अपानवायु	समानवायु	व्यानवायु	उदानवायु
कार्य	श्वांस को अंदर व बाहर ले जाना खाए अन्न जल को पचाना व अलग करना अन्न को शौच में पानी को पसीने व मूत्र में, रसादि को वीर्य में बदलना	गुदा से मल, उपस्थ से मूत्र व अंडकोष से वीर्य निकालना, गर्भ को नीचे ले जाना (प्रसव) घुटने, जांघ आदि के काम इसी के अधीन हैं।	पचे हुए रस आदि को देह के सब अंगों व नाड़ियों में समान रूप से वितरित करना	सारी स्थूल व सूक्ष्म नाड़ियों में रुधिर का संचार करना	शरीर को उठाए रखना व्यष्टि प्राण व समष्टि प्राण में संबंध बनाए रखना मृत्यु के समय सूक्ष्म शरीर को स्थूल शरीर से निकालना सूक्ष्म शरीर के गुण, कर्म, वासना संस्कार आदि को गर्भ में प्रविष्ट कराना।
स्थान क्षेत्र	हृदय से लेकर नाक तक। शरीर के ऊपरी भाग में वर्तमान रहता है।	नाभि से लेकर तलवे तक नीचे की ओर गति करता है।	नाभि से हृदय तक शरीर के मध्य भाग में स्थित।	उपस्थ से ऊपर (पेडू) तक। वैसे सारे शरीर में व्याप्त	
चक्रों से संबंध या मुख्य निवास	प्राणवायु	मूलाधार	मणिपूरक	स्वाधिष्ठान	योगियों द्वारा शरीर स्थानांतरण या आकाश में भ्रमण इसी के कारण होता है। कंठ से सिर तक शरीर के ऊपरी भाग में स्थित। विशुद्ध चक्र

इनके अतिरिक्त पांच अन्य वायु प्रमुख मानी गई हैं जो इन्हीं की सहयोगिनी होने से अतिप्रमुख उपर्युक्त पांच की गिनती में नहीं आतीं। वे इस प्रकार हैं—नाग, कूर्म, कृकर, देवदत्त और धनंजय।



सहस्त्रार में अमृतपान की क्रिया

नागवायु—डकार, छींक आदि के लिए उत्तरदायी।

कूर्मवाय—संकोचनीय वायु/अधोवायु/पाद आदि के कारक

कृकरवायु—क्षुधा, तृष्णा आदि के लिए उत्तरदायी।

देवदत्तवायु—निद्रा, तन्द्रा, जम्हाई आदि की कारक।

धनंजयवायु—पोषणादि कार्य सम्पन्न करती है।

ये पांचों वायु—प्राणवायु, अपानवायु, समानवायु, उदानवायु व व्यानवायु के अन्तर्गत आती हैं अतः अत्यंत प्रमुख नहीं हैं।

जैसा कि नीचे लिखे श्लोक से स्पष्ट है—

हृदि प्राणो वसेन्नित्यमपानो गुह्यमण्डले।
समानो नाभिदेशे तु उदानः कण्ठमध्यगः॥
व्यानो व्यापी शरीरे तु प्रधानाः पञ्चवायवः॥

(हृदय में प्राणवायु, गुह्य प्रदेश में अपानवायु, नाभिमंडल में समान वायु, कण्ठ में उदानवायु और सारे शरीर में व्यान वायु व्याप्त है। यह पांच प्रधान वायु हैं।)

❑❑❑



10 नाड़ियां एवं कुण्डलिनी

प्राणवाहक प्रमुख नाड़ियां

मनुष्य के शरीर में 72000 नाड़ियों का होना माना गया है। बहुत से ग्रन्थों में असंख्य नाड़ियों का भी जिक्र आता है। (जब संख्या बहुत अधिक हो, तो उसकी महत्ता को दर्शाने के लिए भी असंख्य कह दिया जाता है। अत: यह कोई ऐसा विरोधाभास नहीं है)। **इन नाड़ियों में 15 प्राणवाहक नाड़ियों को प्रमुख माना गया है।** इन पन्द्रह नाड़ियों को **क्रमश: सुषुम्ना, इड़ा, पिंगला, गांधारी, हस्तजिह्वा, पूषा, यशस्विनी, शूरा, कुहू, सरस्वती, वारुणी, अलम्बुषा, विश्वोदरी, चित्रा और शंखिनी** नाम से जाना जाता है।

इन पन्द्रह में से भी पहली तीन—सुषम्ना इड़ा व पिंगला का विशेष महत्त्व है। योग विद्या तथा कुण्डलिनी जागरण के सम्बन्ध में भी यही तीन नाड़ियां विशेष महत्त्व की हैं। इन्हीं तीन नाड़ियों के लिए 'त्रिवेणी' शब्द का प्रयोग ग्रन्थों में हुआ है। मूलाधार से अलग होकर चलती ये तीनों नाड़ियां आज्ञा चक्र में मिलती हैं। **अत: मूलाधार को 'मुक्त त्रिवेणी' और आज्ञाचक्र को 'युक्तत्रिवेणी' कहा गया है।** जैसा कि चक्र प्रकरण में बता आए हैं, 'संगम', 'तीर्थराज', 'त्रिवेणी' आदि शब्दों का मर्म वास्तव में क्या है। **इसी 'युक्तत्रिवेणी' (आज्ञाचक्र) को 'त्रिकूट' भी कहते हैं। कुछ विद्वान इसी को 'चित्रकूट' भी कहते हैं जहां राम सीता सहित वास करते हैं।** यानि ब्रह्म और माया या प्रकृति व पुरुष साथ-साथ रहते हैं। बहरहाल...उपर्युक्त तथ्यों को इन तीनों नाड़ियों का महत्त्व सिद्ध करने के लिए पुन: दोहराया गया है।

इन तीन प्रमुख नाड़ियों में भी सुषुम्ना अति अधिक महत्त्व वाली है, क्योंकि कुण्डलिनी शक्ति जागृत होकर इसी नाड़ी में गति करती है। यह नाड़ी अति सूक्ष्म नली के समान गुदा के निकट से मेरुदण्ड से होती हुई ऊपर सहस्रार तक चली गई है। इसके प्रारम्भ स्थान से ही इसकी बाएं ओर से इड़ा तथा दाईं ओर से पिंगला नाड़ी भी ऊपर गई है किन्तु ये दोनों नाड़ियां नथुनों पर आकर समाप्त हो जाती हैं। (**स्वर विज्ञान** की दृष्टि से ये दोनों नाड़ियां महत्त्वपूर्ण हैं। प्राणायाम प्रकरण में 'स्वर विज्ञान' की चर्चा करेंगे)। किन्तु सुषम्ना ब्रह्मरन्ध्र तक जाती है। ये तीनों नाड़ियां आज्ञाचक्र पर मिलती हैं, अत: **आज्ञाचक्र को 'तीसरा नेत्र' भी कहा गया है।**

सुषुम्ना नाड़ी स्वयं में एक अति सूक्ष्म नली के समान है। इस नली (सुषुम्ना) के भीतर एक और अत्यंत सूक्ष्म नली के समान नाड़ी है जो '**वज्र नाड़ी**' कही गई है। 'वज्र' नाड़ी में भी एक और नाड़ी जो 'वज्रनाड़ी' से भी सूक्ष्मतर है, गुजरती है जो '**चित्रणी**' नाड़ी के नाम से जानी जाती है। 'चित्रणी' नाड़ी के भीतर से भी मकड़ी के जाले से भी सूक्ष्म '**ब्रह्मनाड़ी**' गुजरती है। **यही कुण्डलिनी शक्ति का वास्तविक मार्ग है।** इन अति सूक्ष्म नाड़ियों का ज्ञान योगियों को ही सम्भव है। आधुनिक विज्ञान इस विषय में पंगु व दीन है। ये नाड़ियां सत्त्व प्रधान, प्रकाशमय व अद्‌भुत शक्तियों वाली हैं तथा सूक्ष्म शरीर व सूक्ष्म प्राण का स्थान है।



इड़ा, पिंगला एवं सुषुम्ना नाड़ियों की स्थिति

ये सभी नाड़ियां मेरुदण्ड से सम्बन्धित हैं। जिन विशेष स्थानों पर अन्य नाड़ियां इनसे मिलती हैं वे 'जंक्शन' ही चक्र कहे जाते हैं जो कि शरीरस्थ 'पॉवर स्टेशन' हैं, जैसा कि पहले बता आए हैं।

क्योंकि सबका सम्बन्ध मेरुदण्ड से है और सुषुम्ना नाड़ी मेरुदंड के भीतर से गुजरती है। सुषुम्ना के भीतर से वज्र, वज्र के भीतर से चित्रणी और चित्रणी के भीतर से ब्रह्मनाड़ी गुज़रती है। यह ब्रह्मनाड़ी कुण्डलिनी शक्ति के प्रवाह का मार्ग है इस

तथ्य से पाठक सहज ही अनुमान लगा सकते हैं कि कुण्डलिनी के जागरण व संचालन में मेरुदण्ड का सीधा रखना कितना अधिक आवश्यक है। सीधे मेरुदण्ड में ही इन समस्त नाड़ियों के सीधे व तने रहने से कुण्डलिनी शक्ति का प्रवाह सरलता, सुगमता व सहजता से निरावरोध हो सकता है। मेरुदण्ड का झुके रहना प्रवाह मार्ग की सरलता में अवरोधक सिद्ध होता है।

पाठक जानते हैं कि दो बिन्दुओं को मिलाने वाली सबसे कम दूरी सरल रेखा होती है। अतः मेरुदण्ड सीधा रखकर विधिवत् आसन पर बैठने से कुण्डलिनी अपेक्षाकृत सरलता से ही नहीं, बल्कि तीव्रता और शीघ्रता से अपनी यात्रा कर पाती है। इसके अलावा मूलबन्ध आदिबन्धों का लगा होना भी इस काल में आवश्यक होता है (इस विषय में हम कुण्डलिनी जागरण काल में रखी जाने वाली सावधानियों के अर्न्तगत आगे चर्चा करेंगे) अन्यथा बहुत-सी हानियां सम्भावित होती हैं। अतः जैसा कि कुछ अल्पज्ञों का मत है कि जैसे मर्जी, जब मर्जी, जहां मर्जी बैठकर, लेटकर, खड़े होकर, अधलेटे होकर ध्यान करें और कुण्डलिनी को जागृत करें— यह 'सहज योग' है, यह सरासर भ्रामक, मिथ्या व अज्ञानपूर्ण है। अनुशासन, विधान तथा नियमों का बंधन न रहने से यह भले ही औसत बुद्धि वाले लोगों को सरल, सहज व सुखद मालूम पड़े किन्तु कल्याणकारक व सफलदायक नहीं हो सकता, यह निश्चित है। प्रबुद्ध पाठक समझ सकते हैं कि मालूम पड़ने और वास्तव में होने में बहुत अंतर होता है।

जिस समय श्मशान में लकड़ियां या धर्मकांटे पर ट्रकों में लदा माल तोला जाता है, तब एक-दो किलो इधर-उधर हो जाना कोई मायने नहीं रखता। किन्तु जब पंसारी की दुकान पर चीनी, दाल, चावल आदि तोला जाता है तब एक-दो किलो का अंतर बहुत मायने रखता है। अलबत्ता 5-10 ग्राम का अंतर तब कोई मायने नहीं रखता। लेकिन जब सुनार के पास सोना या जवाहरात तुलवाया जाता है, तब 5-10 ग्राम का अन्तर बहुत मायने रखता है। उस समय तो माशे, तोले, रत्ती का भी अन्तर मायने रखता है। इसलिए उनकी तराजू बिल्कुल 'एक्यूरेट' व शीशे के बॉक्स में रहती है, ताकि हवा से भी ज़रा-सी न हिल जाए।

दाल सब्जी बनाते समय, बर्तन में डाला गया पानी दो चार चम्मच कम ज्यादा हो जाए तो अन्तर नहीं पड़ता, किन्तु दवाई बनाते समय पानी उचित अनुपात से कम ज्यादा हो तो दिक्कत हो सकती है। इसके विपरीत प्रयोगशाला में परीक्षण के समय किसी रसायन या विलयन में कोई खतरनाक, घातक या अतिसंवेदनशील अम्ल मिलाते समय नियत अनुपात से बूंद भर भी इधर-उधर हो जाना किसी अप्रिय घटना को जन्म दे सकता है। इसी प्रकार अन्य बहुत से उदाहरण दिए जा सकते हैं जिनसे यह तथ्य साफ-साफ समझा जा सके कि जितनी माईन्यूट (सूक्ष्म) कैलकुलेशन (गणना) में हम जाएंगे, उतनी ही हमें एक्यूरेसी (प्रतिपन्नता)की आवश्यकता

होती है। जैसे मर्जी, जब मर्जी, जहां मर्जी, जितना मर्जी का सिद्धांत वहां लागू नहीं हो सकता क्योंकि वह न सिर्फ हमें सही परिणाम पर नहीं पहुंचने देगा बल्कि हमारे व औरों के लिए घातक भी सिद्ध हो सकता है।

रस्सी को लापरवाही से छुआ जा सकता है, बिजली के तार को नहीं और नंगे बिजली के तार को (जिस पर रबर का सुरक्षा खोल न चढ़ा हुआ हो) छूने के लिए तो और भी सावधानी दरकार होती है। अत: सूक्ष्म किन्तु शक्तिशाली व चमत्कारी प्रभाव वाली उपलब्धियों को पाने के लिए वैसी ही सधी हुई, सही दिशा में, नियमपूर्वक, निरंतर मेहनत की ज़रूरत होती है।

बिना निरंतर अभ्यास के, बिना सावधानी रखे, बिना नियमों का बंधन स्वीकार किए हम सुरक्षित रूप से साईकिल तक चलाना नहीं सीख सकते, कुण्डलिनी शक्ति चालन की बात तो बहुत दूर की बात है। जब ऊपर चढ़ना होता है, जब पतली रस्सी पर चलना होता है, तब आंखें खोलकर, पूरी सावधानी बरत कर और एक-एक कदम फूंक-फूंक कर रखना होता है। अभ्यास द्वारा दक्षता प्राप्त हो जाने के बाद फिर भले ही आंखें बंद भी रखें तो अन्तर नहीं पड़ता। हां, अगर नीचे गिरना चाहें और छत की मुंडेर ऊंची न हो, फिर भले ही आंखें बंद कर, जब मर्जी, जहां मर्जी, जैसे मर्जी व जितना मर्जी चलें बड़ी सहजता से नीचे आ गिरेंगे। अत: योग के नाम पर 'सहजता' का दुमछल्ला लगाने वाले ठगों से तो पाठकों को विशेष रूप से सावधान रहना चाहिए।

यद्यपि हम इस चर्चा में मूल विषय से भटक रहे हैं, तथापि पाठकों के मार्गदर्शन के लिए यह ज़रूरी समझ रहा हूं ताकि पाठक भ्रमित न हों, ठगें न जाएं और अन्त में असफलता हाथ आने पर योग विद्या को ही अनास्था की दृष्टि से न देखने लगें। गुरु बनने की योग्यता वाला योगी कभी दुकान खोलकर नहीं बैठता। जो दुकान खोलकर बैठा है वह तो व्यापारी है। वह भला ज्ञान को, योग को क्या जाने? जो सामूहिक रूप से आए हुए दर्शनार्थियों पर एक साथ कुण्डलिनी जागरण कराने का सब्जबाग दिखाते हैं, जो सामूहिक 'शक्तिपात' की बात करते हैं, उनके बारे में संदेह होता है कि वे कुण्डलिनी जागरण या शक्तिपात का अर्थ भी समझते हैं या नहीं। कुण्डलिनी जागरण न हुआ, गोया मूंगफली बांटना हो गया। उससे भी अधिक अफसोस उन दर्शनार्थियों की बुद्धि व आस्था पर होता है, जो ऐसे धर्मगुरुओं के चक्कर में फंसकर वहां पहुंच जाते हैं, और उन लम्पटों के पैरों में नाक रगड़ना अपना सौभाग्य मानते हैं। इसका एकमात्र कारण अज्ञान है। अत: सावधान।

मंजिल पे पहुंचना है तो मंजिल शनास बन।
वरना ये रहनुमा तुझे दरदर फिराएंगे॥

❑❑



11

क्या है कुण्डलिनी?

अब तक जो बराबर चर्चा में रही वह कुण्डलिनी शक्ति वास्तव में है क्या? यह प्रश्न पाठकों को स्वाभाविक रूप से अब तक परेशान कर रहा होगा। मोटे तौर पर कहा जा सकता है कि कुण्डलिनी शक्ति मनुष्य की देह में सोया हुआ वह चमत्कारिक करंट, ऊर्जा अथवा शक्ति है जिसके अभाव में शरीर के सभी चक्र (पॉवर स्टेशन) निष्क्रिय रहते हैं। वे चक्र जो सक्रिय हो जाने पर अनेक चमत्कारिक प्रभाव व सिद्धियां देने वाले हैं। इस कुण्डलिनी शक्ति को जागृत करने के विभिन्न उपायों में 'योग' भी एक उपाय है।

सशैलवनधात्रीणं यथाधारोऽहिनायकः।
सर्वेषां योग तंत्राणां तथा धारोहि कुंडली॥

अर्थात्—जिस प्रकार पर्वत, वन, सागर आदि को धारण करने वाली पृथ्वी का आधार अनन्त नाग हैं, उसी प्रकार शरीर की समस्त गति, क्रिया शक्ति व समस्त योगतन्त्रों का आधार कुण्डलिनी शक्ति है।

ऋग्वेद में कही गई एक ऋचा वास्तव में कुण्डलिनी की ही महिमा दर्शाती है, जिसका अर्थ है—**'मैं जिसे जो चाहती हूं, बना देती हूं। सम्राट, योगी, ऋषि (मंत्रदृष्टा/मंत्र का साक्षात्कार करने वाला)** और मेधावी बनाती हूं।'

कुण्डलिनी शक्ति को 'कॉसमिक एनर्जी,' 'सर्पेंट-पॉवर' अथवा विश्व व्यापिनी विद्युत शक्ति भी कहते हैं। यह एक अग्निमय गुप्त शक्ति है अतः इसे 'सर्पेंट फायर' भी कहा गया है। आधुनिक विज्ञान के अनुसार **प्रकाश की सबसे तीव्र गति—1,85,000 मील प्रति सेकंड है। किन्तु मर्मज्ञों के अनुसार कुण्डलिनी शक्ति प्रकाश से भी तीव्र गति—3,45,000 मील प्रति सेकंड से चलती है।**

कुण्डलिनी शक्ति का नाम 'कुण्डलिनी' होने का कारण इसका साढ़े तीन लपेटे खाया हुआ कुटिल आकार है। सर्प के कुण्डली मारे रहने के समान ही यह शक्ति भी कुण्डली मारे मूलाधार में पड़ी रहती है।

पश्चिमाभिमुखी योनिर्गुद-मेढ्रान्तरालगा।
तत्र कन्दं समाख्यातं तत्रास्ते कुण्डलिनी सदा॥

संवेष्टा सकला नाड़ीः सार्ध-त्रि-कुटिलाकृतिः।
मुखे निवेश्य सा पुच्छः सुषुम्णा-विवरे स्थिता॥

उपरोक्त श्लोक से स्पष्ट है कि गुह्य प्रदेश में गुदा से दो अंगुल पहले व लिंगमूल से दो अंगुल पहले, बीच में (चार अंगुल विस्तार वाले मूलाधार में) मूलाधार के कंद में दक्षिणावृत्त से साढ़े तीन फेरे लगाए हुए, नीचे को मुख किए सर्पिणी के सदृश अपनी ही पूंछ को अपने मुख में दिए हुए सुषुम्ना के विवर में कुण्डलिनी शक्ति का वास है। यह सभी नाड़ियों को स्वयं में लपेटे हुए है।

सम्पूर्ण ब्रह्मांड में जितनी भी शक्तियां विद्यमान हैं, उन सबको ईश्वर ने मनुष्य शरीर रूपी पिंड में एक स्थान पर एकत्रित कर दिया है। यही शक्ति कुण्डलिनी है। गुदा व लिंग के बीच में स्थित योनिमंडल/कंद में यह शक्ति वास करती है। सुषुम्ना नाड़ी का मुख त्रिकोण साधारणावस्था में बन्द रहता है अतः यह शक्ति प्रवाह में नहीं रहती, सुप्त या अविकसित अवस्था में रहती है। इस सुषुम्ना नाड़ी के दाएं-बाएं जाने वाली पिंगला व इड़ा नाड़ियों में प्राणशक्ति निरंतर प्रवाह में रहती है। योग आदि उपायों द्वारा सुषुम्ना का मुख त्रिकोण खोलकर कुण्डलिनी का प्रवाह ऊपर की ओर किया जाता है। यह अतिसूक्ष्म व दिव्य शक्ति वाली विद्युत ही कुण्डलिनी है, जो समस्त शक्तियों व चमत्कारों की आधारभूता है। ध्वनि तथा वर्ण कुण्डलिनी शक्ति के ही सार रूप हैं अतः कुण्डलिनी विकास के ही मन्त्र हैं।

ध्वनि की कारणभूता कुण्डलिनी से होने वाली अव्यक्त ध्वनि का सूक्ष्म रूप ही वाणी का '**पश्यन्ति**' रूप है। यही बाद में प्रकटावस्था में '**बैखरी**' रूप को प्राप्त होती है। 'मध्यमा' वाणि के बीच की स्थिति और '**परा**' पश्यन्ति से पूर्व की स्थिति है। इसी से **मंत्र (जो मनन करने से त्राण करते हैं)** उत्पन्न होते हैं। इसीलिए शब्द या अक्षर को भी ब्रह्म कहा गया है। जैसा कि 'वृहद् गन्धर्व तन्त्र' में कहा भी गया है—

शृणु देवि प्रवक्ष्यामि बीजानां देवरूपताम।
मन्त्रोच्चारण मात्रेण देवरूपं प्रजायते॥

अर्थात्—'सुनो देवि! मैं बीजों की देवरूपता का प्रतिपादन करता हूं। मन्त्रों के उच्चारण मात्र से (साधक को) देवता का (तत्संबधी) सारूप्य प्राप्त हो जाता है।' (क्योंकि प्रत्येक अक्षर में देवता के विशिष्ट रूप की स्थिति होती है)।

इस तथ्य को और स्पष्ट रूप से समझने के लिए हमें कुछ समय के लिए मूल विषय से हटना होगा।

'आकार' (अ) पूरी वर्णमाला का आरम्भ है। न सिर्फ आरम्भ बल्कि अन्त भी है और 'अ' से 'ज्ञ' तक सम्पूर्ण वर्णों के साथ लिप्त है। आप किसी भी वर्ण का उच्चारण करें, उसके अंत में 'अ' की FEELING अवश्य आएगी—ठीक वैसे ही—जैसे सृष्टि ईश्वर से आरम्भ होकर अन्ततः ईश्वर में ही लय होती है।

इसके बावजूद सृष्टि में जो कुछ है और जो कुछ नहीं भी है, सभी में ईश्वर व्याप्त होता है, फिर भी सृष्टि से अलग होता है। जैसे किसी भी वर्ण के उच्चारण में 'अ' की फीलिंग प्रारम्भ या अन्त में अवश्य रहती है। बिना 'अ' की फीलिंग को जोड़े कोई भी वर्ण बोला नहीं जा सकता। इसके बावजूद स्वयं 'अ' (अकार) वर्ण वहां उपस्थित नहीं होता। उदाहरण के तौर पर 'क' का उच्चारण करने में 'क' के साथ 'अ' की फीलिंग (क्+अ) स्पष्ट होती है। किन्तु स्थूल रूप से तो वहां 'क' वर्ण होता है, 'अ' नहीं। (इसी प्रकार अन्य वर्णों का भी उच्चारण करके पाठक स्वयं शोध करें।)

'अकार' (अ) को अनुत्तर या निरुत्तर इसीलिए कहा जाता है, कि इसके बाद कोई तत्त्व/वर्ण नहीं बचता, जो इसमें लय न हो। अर्थात् मातृका (वर्णमाला) की सृष्टि 'अ' (अकार) से ही होती है और पूरी मातृका का संहार भी 'अ' (अकार) में ही होता है। इसी प्रकार ब्रह्म भी अनुत्तर या निरुत्तर इसी आधार पर कहा जाता है। इसीलिए *गीता* में भी भगवान कृष्ण ने स्वयं कहा है— **'अक्षराणामकारोऽस्मि'**—मैं अक्षरों में 'अकार' हूं।

(अध्याय—10, श्लोक 33)

इसीलिए **'अक्षर ब्रह्म'** या **'शब्द ब्रह्म'** कहा गया। संगीत एक कला है। एक साधना है। एक पूजा है। संगीत को ध्यान (कन्सन्ट्रेशन) तथा ईश्वर साक्षात्कार का एक प्रबल माध्यम माना गया है। ऐसा है भी (यहां हम पॉप संगीत की बात नहीं कर रहे, वह शोर मात्र है। उसमें रस व विभोरता नहीं उछृंखलता व अस्थिरता होती है। क्लासिकल म्युज़िक के श्रोताओं की गर्दन झूमती है, नेत्र बन्द हो जाते हैं। यह तन्मयता की, गम्भीरता से रसास्वदन की स्थिति होती है। इससे सिद्ध होता है कि श्रोता का मन, बुद्धि व इन्द्रियां वहीं पर स्थिर हो रहती हैं। किन्तु वैस्टर्न म्यूज़िक/पॉप आदि में श्रोता के हाथ पैर व सम्पूर्ण शरीर हिलने लगता है, नेत्र फट पड़ते हैं। यह उछृंखलता, बेचैनी व अशांति की स्थिति को दर्शाता है। यह एक मोटा उदाहरण है, जो आराम से समझा जा सकता है।) क्योंकि संगीत में संगति है। क्योंकि संगीत में सुर हैं। (सुर और शोर में बहुत अन्तर होता है)। क्योंकि संगीत में तल्लीनता है। क्योंकि संगीत में रस और आनन्द है। क्योंकि संगीत में शब्द है और शब्द से उत्पन्न होने वाली तरंगें हैं।

सम्पूर्ण सृष्टि 'वाईब्रेशन्स' (तरंगों) से उत्पन्न हुई है। इस सत्य को आधुनिक विज्ञान भी मानता है। भारतीय मत भी नाद (तरंगों) द्वारा सृष्टि का होना मानता है। अत: तरंगों का सृष्टि के सृजन व विनाश में स्पष्ट महत्त्व है। डाइनामाइट का धमाका (तरंगें) विध्वंस कर सकता है। तो संगीत के सुर (तरंगें) सृजन कर सकते हैं। बारिश करा सकते हैं, पत्थर को पिघला सकते हैं, दीपक को जला सकते हैं, पशु-पक्षियों व मनुष्यों को सम्मोहित कर सकते हैं। पेड़-पौधों को पल्लवित व पुष्पित

कर सकते हैं। व्यक्ति के मनोभावों को बदल डालना तो बड़ा स्थूल प्रभाव है। आधुनिक विज्ञान वादी पेड़-पौधों व अन्य जीवों पर संगीत से पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन कर चुके हैं और तो और संगीत द्वारा रोगों का निवारण एवं, चिकित्सा भी संभव है और आधुनिक विज्ञान भी इसे मानता है।

मिलिट्री बैन्ड, बिगुल, नगाड़े आदि एक जोश व वीरभाव का श्रोता में संचार करते हैं तो मर्सिया (मृत्यु पर बजाया जाने वाला संगीत) दूसरा ही भाव पैदा करता है। वहां करुणा व दुख स्वत: सुनने वालों में उत्पन्न हो जाता है। शादी के अवसर पर बजाए गए संगीत का प्रभाव कुछ और होता है। वहां शहनाई व सारंगी जैसे वाद्ययंत्रों का विशेष उपयोग रहता है। पार्टी के संगीत का प्रभाव कुछ और तथा लोरी के संगीत का कुछ और।

(मिलिट्री बैन्ड कभी झपताल, दादरा, रूपक आदि अपेक्षाकृत विलम्बित तालों पर नहीं बजाया जाता। लोरी कभी कहरवा, खेमटा आदि द्रुत तालों पर नहीं गाई जाती, क्योंकि मिलिट्री बैंड का उद्देश्य उत्तेजना व जोश का संचार करना होता है, जबकि लोरी का उद्देश्य शांति व स्थिरता का) बहरहाल!

तरंगों द्वारा सृष्टि में, भावों में, पदार्थों में परिवर्तन सम्भव है और संगीत में तरंगें ही होती हैं। पूरी तल्लीनता के साथ सही तरंगों का सही मात्रा में सही वैलासिटी पर, सही समय पर, सही समय तक, पूर्ण संगति के साथ प्रयोग आखिर साधक को ब्रह्म का साक्षात्कार भी करा सकता है। जैसा कि कहा गया है—

द्वे ब्रह्मणी वेदितव्ये शब्दब्रह्म परं च तत्।
शब्द ब्रह्मणि निष्णात: परं ब्रह्माधि गच्छति॥

(शब्द ब्रह्म और परब्रह्म के भेद से ब्रह्म दो प्रकार का होता है। शब्द ब्रह्म में निष्णात व्यक्ति परब्रह्म को प्राप्त कर लेता है।)

अब ज़रा 'अ' (अकार) यानी पूर्व वर्णित थ्योरी का सम्बन्ध क्लासिकल म्युजिक से जोड़िए और सोचिए कि संगीत में क्यों केवल 'अकार' (अ) द्वारा ही सम्पूर्ण रागों व अलापों आदि को गाया जाता है। इसे संगीत की भाषा में—'अलंकार पूर्वक गायन' कहते हैं। (जैसा कि पाठकों ने क्लासिक गाने वालों को कम-से-कम 'अ-अ-ऽऽऽऽऽ।' करते हुए तो सुना ही होगा)। आप अवश्य इस थ्योरी के तर्कसंगत व ठोस वैज्ञानिक होने के परिणाम पर पहुंचेंगे।

तो बात अक्षरब्रह्म/शब्दब्रह्म/स्वरब्रह्म की चल रही थी। और वर्णमाला के प्रथम वर्ण 'अ' या 'अकार' की। देखिए प्रणव मंत्र में भी अकार सर्वप्रथम है (अ+उ+म=ॐ)।

विभाग या भेद रूप से प्रतीत न होना ही अद्वैत ज्ञान है। यानि जब तक हम भेद करते हैं, अन्तर करते हैं, तब तक हमें दो या अधिक की प्रतीति होती है किन्तु भेद बुद्धि का नाश होते ही समस्त जगत को हम केवल एक ही रूप में देखते हैं।

वर्णमाला या मातृका में विभिन्न बल्कि समस्त वर्णों में 'अ' की प्रतीति स्पष्ट होते हुए भी हम क, ख, ग, घ आदि का भेद व्यवहार की दृष्टि से करते हैं। किन्तु सत्य तथ्य को समझ लेने के बाद हम क, ख, ग, घ...आदि सभी में 'अ' है ऐसा अनुभव करने लगते हैं। माया, व्यवहार और भेद समाप्त हो जाता है। 'सभी कुछ ईश्वर है' के भाव का उदय होता है।

इस अद्वैत को 'बिन्दु' भी कहा गया है। क्योंकि बिन्दु में विभेद नहीं किया जा सकता। उसके विभाग सम्भव नहीं हैं। समस्त अक्षरों की सृष्टि विसर्ग से होती है, अर्थात् विसर्ग भेद ज्ञान की सृष्टि करता है। वर्णमाला का प्रथम अक्षर 'अ' जब नाद और बिन्दु से संयुक्त हो जाता है, तब ईश्वर की शक्ति कहलाता है। क्योंकि स्वर और व्यंजन सभी में 'अ' किसी-न-किसी रूप में विद्यमान है। इसीलिए इस शिव व शक्तिमय 'अकार' (अ) को ही शब्द ब्रह्म के नाम से पुकारा जाता है। (पाठक देखें कि रागों व अलापों में केवल 'अ' का ही विलास शब्द ब्रह्म की साधना को प्रकट करता है)।

इस प्रकार 'बिन्दु' जहां अद्वैत/ब्रह्म का प्रतीक है, वहीं विसर्ग (:) द्वैत/माया का। अतः सम्पूर्ण सृष्टि विसर्ग के नाम से भी जानी जाती है। विसर्ग का अन्त किए बिना आत्मस्वरूप की अभिव्यक्ति नहीं हो सकती। 'अ' (अकार) के साथ विसर्ग जुड़ने पर अन्य अक्षरों व मातृकाओं के संयोग से वर्णमाला का विकास होता है। अतः वास्तविकता को पहचानने के लिए विसर्ग का 'अकार' (अ) में ही उपसंहार किया जाता है। 'अं' और 'अः' में से 'अकार' (अ) निकाल देने पर केवल बिन्दु (ं) और (:) विसर्ग ही शेष रहते हैं। यह वर्णमाला के माध्यम से सृष्टि रहस्य समझने का प्रयास है।

इससे सिद्ध होता है कि प्रत्येक अक्षर में ब्रह्म व माया का निवास है। ब्रह्म का वास होने से ज्ञान तथा माया का वास होने से व्यवहार अक्षरों द्वारा सम्भव होता है। अपने विचार, ज्ञान, भाव आदि हम भाषा (अक्षरों) के माध्यम से ही दूसरे को समझा सकते व स्वयं भी समझ सकते हैं। अतः भाषा के बिना व्यवहार भी सम्भव नहीं हो पाता।

मन्त्रों के विन्यास में भी अक्षरों का ही प्रयोग होता है। अक्षरों से शब्द, शब्द से वाक्य बनते हैं। जब हम किसी देवता या शक्ति के 'बीज' (बीजमंत्र) की बात करते हैं तब हम केवल एक अक्षर की बात करते हैं। जबकि मंत्र में कई अक्षर सम्मिलित रहते हैं। इन मन्त्रों को मोटे-तौर पर हम दो भागों में बांट सकते हैं— सार्थक व निरर्थक। मोटे तौर पर इसलिए कि शब्द की अर्थशक्ति मंत्रों में उतनी महत्त्वपूर्ण नहीं होती जितनी व्यंजना व लक्षणा शक्ति, और व्यंजना व लक्षणा शक्ति भी उतनी महत्त्वपूर्ण नहीं होती जितनी अक्षर की आकृति व उसके उच्चारण से उत्पन्न होने वाली विशेष तरंगें। किस देवता के गुण स्वभाव के अनुसार, किस

शक्ति के स्वभाव के अनुसार किस आकृति वाले, किस ध्वनि तरंग वाले अक्षर अथवा बहुत से अक्षरों का प्रयोग किया जाएगा यह तत्त्वदर्शी और मंत्रदृष्टा ऋषि जानते थे। तदनुसार ही उन्होंने मन्त्रों की रचना की और वे मन्त्र सम्बन्धित देवता का साक्षात्कार, सम्बन्धित शक्ति की कृपा अथवा सम्बन्धित सिद्धि के प्रदाता इसीलिए हो जाते हैं कि अक्षरों की रचना, आकृति, तरंगों का अपना एक सूक्ष्म विज्ञान है और प्रत्येक अक्षर जैसा कि बताया जा चुका है स्वयं में ब्रह्म व माया की शक्तियों से युक्त है। इसीलिए मंत्रों को 'मंत्र' (यानी मनन करने पर त्राण देने वाले) कहा गया।

मनन करने पर, केवल उच्चारण करने पर नहीं। क्योंकि उच्चारण मात्र स्थूल प्रभाव उत्पन्न करेगा किन्तु मनन सूक्ष्म प्रभाव उत्पन्न कर साक्षात्कार कराएगा अतः त्राण होगा।

संभवतः यह पूरा प्रसंग कुछ पाठकों को—बहुत भारी, क्लिष्ट या उलझा हआ सा व शुष्क लगा हो, क्योंकि यह बात ही ऐसी है। ऐसे पाठकों को अति संक्षेप में मोटे तौर पर यह निष्कर्ष समझ लेना चाहिए कि—

किसी भी सत्ता की पहचान या व्यवहार उसके तीन गुणों द्वारा ही सम्भव होता है। पहला नाम/पद, दूसरा रूप/आकार और तीसरा गुणावगुण/स्वभाव। इन तीनों के अभाव में किसी भी वस्तु या सत्ता को जाना नहीं जा सकता। अगर हम नाम लें 'संतरा' तो सुनने वाले की समझ में आ जाता है कि हम किस फल की बात कर रहे हैं। यदि हमें नाम न पता हो तो हम संतरे की तस्वीर दिखाएं या उसके रूप/आकार का वर्णन करें कि भई, संतरी रंग का गोल-गोल फल है। छिलका छीलने पर अन्दर से फांकें निकलती हैं, जिनमें बीज भी होते हैं तो भी सुनने वाला समझ जाएगा कि बात संतरे की हो रही है अथवा हम उसका गुण स्वभाव बताएं कि खट्टा मीठा होता है, उसका रस निकालकर पीया भी जाता है—आदि, तो भी सुनने वाला करीब-करीब समझ जाएगा कि बात संतरे की हो रही है। किन्तु यदि हम इन तीनों में से किसी उपाय को अमल में न लाएं तो संतरे को पहचाना नहीं जा सकता।

ठीक इसी प्रकार भगवान, शक्ति या देवता का हमें नाम तो ज्ञात होता है। गुण स्वभाव भी मालूम होते हैं। परन्तु रूप या आकार पता नहीं होता। लेकिन जब हम उस शक्ति, देवता या ईश्वर के नाम, गुण, स्वभाव आदि का बार-बार तन्मयता पूर्वक चिन्तन करते हैं, शनैः शनैः उसका रूप या आकार प्रत्यक्ष होने लगता है—**यही मन्त्र विज्ञान की, जप की तथा कीर्तन आदि के प्रभाव का रहस्य है।** किन्तु मनन होना चाहिए, ध्यानपूर्वक चिन्तन होना चाहिए तभी रूप का प्रकटीकरण या साक्षात्कार सम्भव है। केवल रटने या चिल्लाने से संस्कार तो पक्का होगा, अहं भी पैदा होगा, परन्तु वास्तविक सफलता नहीं मिलेगी।



परब्रह्म



महाशक्ति

निराकार स्वरूप

अब छूट गए विषय कुण्डलिनी शक्ति को आगे बढ़ाते हैं, जो अक्षर व मन्त्र की चर्चा के कारण बीच ही में रह गया था। व्यवधान के लिए मुझे खेद है। किन्तु यह विषय इतना गहन है और अपने साथ इतने विषयों, उपविषयों और उनके भी भेदों व उपभेदों को लपेटे हुए है, कि समग्रता की दृष्टि से सभी को छूना, समझना आवश्यक है। विशेषकर उन प्रसंगों पर जहां कोई घुन्डी या कई घुन्डियां आ जुड़ें— उसे पाठकों के लिए सुगम्य बनाने के लिए मूल विषय से अन्यत्र भी अपनी सामर्थ्यानुसार छलांग लगाना जरूरी लगने लगता है। इससे बहुत से पाठक लाभान्वित होंगे, किन्तु बहुतों को अवरोध-सा महसूस होगा। अवरोध महसूस करने वाले

अपने पाठकों के प्रति ही मैंने खेद प्रदर्शन कर, क्षमा मांगी है। हालांकि जानता हूं कि ऐसे अवसर पुन: आने पर मैं पुन: ऐसा ही करूंगा—मजबूरी है। लेकिन पुन: क्षमा याचना भी करूंगा। बहरहाल!

कुण्डलिनी शक्ति 'ह' अक्षर की भांति साढ़े तीन लपेटे खाए हुए, नीचे मुख किए हुए, अपने मुख में अपनी पूंछ दबाए उलटी पड़ी सर्पिणी की भांति सुषुम्ना के विवर में, मूलाधार में सोई पड़ी रहती है। सुषुम्ना नाड़ी का मुख—त्रिकोण बन्द रहने के कारण उसकी गति ऊपर की ओर नहीं हो पाती। किन्तु उपायों द्वार ऊर्ध्वगति प्राप्त कर लेने पर वह झटका खाकर भूखी सर्पिणी-सी तीव्रता के साथ ऊपर बढ़ती है। वह अद्‌भुत शक्तियों से युक्त कुण्डलिनी जिस-जिस चक्र का भेदन कर आगे बढ़ती जाती है, वही चक्र सक्रिय होकर अपने-अपने चमत्कारिक प्रभाव दिखाने लगता है। यह संक्षेप में हमने अब तक जाना। इतना जान लेने के बाद सहज ही मन में कुण्डलिनी शक्ति को जागृत करने के उपाय जानने की बात उत्पन्न होती है। किन्तु उन सबकी चर्चा से पूर्व इस बात की चर्चा की जानी आवश्यक है कि कुण्डलिनी शक्ति की इस कुटिल आकृति का कारण क्या है? क्यों यह साढ़े तीन कुंडल मारकर रहती है।

कुटिल आकार का कारण

कुण्डलिनी समस्त विश्व की जननी, ईश्वरीय शक्ति है। इसी का संयोग होने से शिव सृष्टि करने में समर्थ होते हैं। इसी को प्राणशक्ति भी कहते हैं। यह शक्ति शरीर में 'हकार' रूपी नाद के स्वरूप में सदा नदन करती है। (अपने दोनों कान बंद करके इस नदन व्यापार को सुना जा सकता है।) इसी के माध्यम से योगी परमपद अर्थात् ब्रह्म में प्रविष्ट हो जाता है। यह साढ़े तीन लपेटे खाकर बिना आधार के ही सुषुम्ना विवर में निवास करती है।

'विज्ञान भैरव' ग्रन्थ के अनुसार हंस गायत्री का अजपा जाप प्रत्येक जीव में निरंतर चलता है। प्राण (छोड़ी गई श्वांस) के साथ (सकार) और अपान (खींचे गए श्वांस) के साथ (हकार) 'हंस' उच्चारण अनचाहे ही होता रहता है। इनमें प्राण और प्रकाश (सूर्य/दिन) का प्रतिनिधित्व 'सकार' और जीव (अपान) तथा 'क्षपा' (रात्रि) का प्रतिनिधित्व 'हकार' करता है। प्राण की गति स्वाभाविक रूप से बाहर की ओर तथा अपान की गति स्वाभाविक रूप से निरंतर भीतर की ओर चलती है।

अपान को जीव इसलिए कहा जाता है कि प्राण के बाहर निकलने के बाद जब अपान भीतर प्रविष्ट होता है तभी शरीर में जीवात्मा विद्यमान होने का बोध होता है। अपान के प्रवेश न पाने पर शरीर शव कहा जाएगा।

जिस प्राणवायु का अपान अनुवर्तन करता है उसकी गति हकार (ह) की भांति टेढ़ी-मेढ़ी है। अतः यह जीव भी अपनी इच्छानुसार प्राण के अनुरूप

ही कुटिल (घुमावदार) आकृति धारण कर लेता है। जीव की यह वक्रता (कुटिलता/घुमावदार होना) परमेश्वर की स्वतंत्र इच्छा शक्ति का ही खेल है। **प्राण शक्ति कुण्डलिनी में रहने के कारण कुटिलाकार हो जाती है। इस प्राण शक्ति के भीतर विद्यमान जीव बाल के अग्रभाग के सौंवे हिस्से के समान सूक्ष्म है।** उसकी कोई आकृति नहीं है, तथापि प्राण की वक्रता के कारण जीव में भी औपाधिक वक्रता मान ली जाती है। **वास्तव में जीव कुटिल नहीं, प्राण ही कुटिल है।**

कुण्डलिनी शक्ति या प्राणशक्ति की कुटिलता का कारण यह है कि इसका एक लपेटा बाईं नाड़ी इड़ा और दूसरा लपेटा दाईं नाड़ी पिंगला में है। इस प्रकार उसके दो वलय बनते और बीच से सुषुम्ना नाड़ी जाती है। जब प्राण यहां से हृदयाकाश में चढ़ता है तब 'हम' वर्ण की और जब वह द्वादशान्त से उतरता है तब 'सः' वर्ण की उत्पत्ति होती है। इस प्रकार 'हंसः' या 'सोहं' (सोऽहमं अर्थात् 'वह मैं हूं।') इस मंत्र का अजपा जप श्वांस-प्रश्वांस के साथ निरंतर चलता रहता है 'हंसाः' से सम्बन्धित दो मन्त्र 'अहंसः' और 'सोऽहम्' हैं। जिसके अर्थ 'मैं वह हूं' और 'वह मैं हूं' हैं।

स्पष्ट है कि इस प्रकार का जप जीव में ही होता है, ईश्वर में नहीं। क्योंकि वो मैं हूं या मैं वो हूं इस तरह के विमर्श परमेश्वर में नहीं होते। परमेश्वर दशा में तो पूर्णहन्ता रहती है। यह मेरा है। वह मेरा नहीं है। इस प्रकार के छोड़ने और लेने के, प्राण और अपान के धर्मों के कारण ही **जीव 'हंस' कहलाता है।**

उपर्युक्त विवरण यद्यपि अजपा हंस गायत्री के जाप के संदर्भ में 'विज्ञान भैरव' में आया है। तथापि कुण्डलिनी व प्राण के कुटिलाकार के कारण को इंगित करता है, एवं ज्ञानवर्धक और योग विषय से सम्बन्धित होने के कारण इस प्रसंग को संक्षेप में पूरा कह दिया गया है। पाठक इससे अवश्य लाभान्वित होंगे।

कुण्डलिनी के कुटिल आकार के रहस्य को जान लेने के बाद हम विभिन्न तन्त्र ग्रन्थों के प्रकाश में शिव मंदिरों में कुण्डलिनी के अप्रत्यक्ष पूजन का सिलसिला भी समझें।

अग्निरूपा कुण्डलिनी मूलाधार के अग्निकुंड में, स्वयंभू महालिंग पर सुप्त सर्पिणी के समान साढ़े तीन फेरे लगाकर लिपटी हुई है मर्मज्ञों का ऐसा कहना है। **शिव मन्दिरों तथा शिवालयों में शिवलिंग पर इसी प्रकार सर्पिणी लिपटी हुई दर्शाई जाती है। (लिंग जहां स्थूल रूप से सृजन क्षमता तथा बीज शक्ति का प्रतीक है, वहीं सूक्ष्म रूप से ब्रह्म की गुप्त शक्तियों का प्रकटीकरण करने वाला भी है। क्योंकि छिपी हुई वस्तु का ज्ञान करा देने वाला 'लिंग' कहलाता है। जैसा कि 'मालिनी वार्तिक' में कहा भी गया है—'लीनं गमयतीत्युक्तेर्लिङ्ग-**

निर्वचनं यत:।') यह लिंग वास्तव में कुण्डलिनी शक्ति का ही प्रतीक है।

पाठकों ने देखा होगा कि शिवलिंग पर एक तिपाई पर रखे गए कलश के छिद्र द्वारा निरन्तर जल या दूध का अभिषेक होते रहने की व्यवस्था शिवालयों व मंदिरों में होती है। मोटे तौर पर यह अभिषेक या पूजन विधि परम्परागत तरीके से चली आ रही है और इसका कारण पुजारी लोग नहीं जानते, किन्तु कलश द्वारा अनवरत जल या दुग्ध के इस लिंगाभिषेक का उद्देश्य क्या है ? क्यों यह कलश तिपाई पर ही रखा जाता है ? आदि प्रश्नों का उत्तर इसके सूक्ष्म रहस्य को जानने से मिलता है।

सहस्त्रार चक्र में लगातार अमृत स्त्राव होते रहने का वर्णन सभी योग ग्रन्थों में आया है। हमने भी चक्र प्रकरण में इस तथ्य को पाठकों के सम्मुख रखा है। **कुण्डलिनी शक्ति को मूलाधार से जागृत कर, इड़ा, पिंगला व सुषुम्ना को आधार बनाकर सहस्त्रार तक लाया जाता है और अमृत पान कराया जाता है। सुप्त कुण्डलिनी सर्पिणी की भांति अग्निकुंड में पड़ी निरंतर विष उगलती रहती है जिससे जलन उत्पन्न होती है। वासना की अग्नि शांत नहीं हो पाती और शरीर व मन की दिव्य शक्तियों व सम्पदाओं का विनाश होता रहता है। किन्तु कुण्डलिनी को जागृत कर, साध कर सहस्त्रार में ले जाकर अमृतपान कराने से कुण्डलिनी सहित साधक का पोषण होता है। यही इस समस्या का एकमात्र निश्चित समाधान है।**

शिवलिंग पर अनवरत दूध या जल के तिपाई पर रखे छिद्र युक्त कलश द्वारा बूंद-बूंद अभिषिक्त होना—हमें यही उपाय समझाता है। शिवलिंग व सर्प जहां अग्निकुंड में स्थित कुण्डलिनी के प्रतीक हैं, वहीं कलश सहस्त्रार का। जिसमें से निरंतर झरता दूध या जल 'अमृतस्त्राव' का प्रतीक है। तिपाई वास्तव में इड़ा, पिंगला व सुषुम्ना का प्रतीक हैं। जो सहस्त्रार या कलश को, उसके स्त्राव को लिंग व कुंण्डलिनी से जोड़ते हैं। अत: **यह अप्रत्यक्ष रूप से योग प्रणाली को एक सांकेतिक विधि से समझाने का प्रयास है।**

देवताओं द्वारा किया जाने वाला 'सोमपान' भी वास्तव में कुण्डलिनी शक्ति के चरम विकास द्वारा 'अमरत्व' प्राप्ति की थ्योरी की ही पुष्टि करता है। रावण की नाभि में अमृत कुण्ड का होना उसकी कुण्डलिनी शक्ति की प्रभावशाली व उत्कृष्ट स्थिति का प्रतीक है। किन्तु उसका 'दशानन' (दस मुख वाला) होना इस तथ्य को प्रकट करता है कि तप द्वारा कुण्डलिनी जागृत कर लेने के बाद भी वह दसों इन्द्रियों से बहिर्मुखी था। भोगी था। शुद्ध भोगी था। प्राप्त हुई आलौकिक शक्तियों को वह दसों इन्द्रियों से खुला भोग कर निष्कासित कर रहा था। योगी के समान उसने अपनी इन्द्रियों को कछुए के अंग सिकोड़ लेने की भांति अन्तर्मुखी नहीं किया था। अत: उसके अमृतकुंड के नष्ट होते ही उसका विनाश निश्चित था।

राम-चेतन या ब्रह्म के प्रतीक हैं। सीता माया या प्रकृति की। दोनों के साथ रहने वाला लक्ष्मण 'जीव' का प्रतिनिधित्व करते हैं। शिव ज्ञान का, पार्वती श्रद्धा का, हनुमान विज्ञान का और रावण परम भोगी का, दशरथ मन का आदि। भोगी सदैव माया के फेर में पड़कर विनाश को प्राप्त होता है। जैसा कि रावण के साथ हुआ। **ज्ञान के अभाव में चेतना तथा चेतना के बिना ज्ञान संभव नहीं अतः शिव राम का पूजन करते और उन्हें गुरु मानते हैं, तो राम शिव का पूजन करते और उन्हें गुरु मानते हैं। ज्ञान से विज्ञान का जन्म होता है। अतः शिव से हनुमान की उत्पत्ति हुई।** विज्ञान में तर्क प्रबल होता है। श्रद्धा का स्थान वहां नहीं होता। **अतः हनुमान के जन्म में पार्वती का योगदान नहीं है।** (उनका महाशक्तिशाली होना विज्ञान की शक्ति प्रदर्शित करता है किन्तु वानर होना चंचलता का, उछृंखलता का सूचक है।) **पार्वती का योगदान गणेश के जन्म में है क्योंकि श्रद्धा और विश्वास से कल्याण या मंगल उत्पन्न होता है और गणेश मंगल के देवता हैं।**

धर्म शास्त्रों में स्थान-स्थान पर ऐसे ही सांकेतिक तरीकों से कथाओं व चरित्रों के माध्यम से जीवनदर्शन, अध्यात्मिक व योग विषयक ज्ञान को पिरोया गया है। अतः पाठकों को प्रत्येक धर्मग्रन्थ को ध्यान पूर्वक पढ़ना और मनन करना चाहिए जिससे गागर में छिपे सागर का रहस्य समझा जा सके।

अब हम कुण्डली/कुण्डलिनी जागरण के उमायों तथा जागरण प्रक्रिया की चर्चा करेंगे। साथ ही कुण्डलिनी जागरण काल में उपस्थित होने वाले सम्भावित खतरों, उनसे बचने के लिए रखी जाने वाली सावधानियों की भी विस्तृत चर्चा करेंगे।

यह ध्यान रखिए कि इतनी बड़ी शक्ति या उपलब्धि पाने की प्रणाली भी उतनी ही बड़ी व गम्भीर होगी। फल की महत्ता के अनुसार ही परिश्रम दरकार होता है। कुण्डलिनी जागरण एक महाशक्ति को स्वयं में विकसित करना है। यह कोई बच्चों का खेल नहीं है। न ही इतना सरल है कि पुस्तक पढ़ लेने मात्र से या तथाकथित विशेषज्ञ 'गुरुओं' के फुसलाने-बहलाने भर से सम्भव हो सके। शरीर व मन में, स्वयं में उस शक्ति को धारण करने की पात्रता उत्पन्न होने के बाद, संयम, धैर्य व विधानपूर्वक, निरंतर साधना करने पर ही कुण्डलिनी जागरण सम्भव है। वह भी तब, जब आप ईश्वरीय कृपा के पात्र सिद्ध हो जाएं। इस कार्य में पुस्तक मात्र एक उपदेशक, मार्गदर्शक और प्रेरणा स्रोत का एवं जिज्ञासा शांति या ज्ञान प्रदान करने का ही कार्य कर सकती है, वह भी तब जब पाठकों ने सही पुस्तक का चुनाव किया हो। लेकिन प्रैक्टिकल के लिए किसी सुयोग्य, समर्थ, सिद्ध व अनुभवी गुरु की आवश्यकता सदा होती है, विशेष कर योग मार्ग में।

मैं इस गूढ़ विषय पर कुछ लिख पाने का साहस कर पा रहा हूं, तो मात्र इसलिए कि विभिन्न ग्रन्थों के अध्ययन, मनन तथा विभिन्न गुणीजनों एवं विद्वानों के संगति एवं उनके साथ तत्त्व चर्चा का सौभाग्य मुझे निरंतर प्राप्त होता रहा है। तिस पर योग ज्ञान के मर्मज्ञ स्वयं मेरे आदरणीय पिता का अनुग्रह, मार्गदर्शन एवं विमर्श मुझे पूर्वजन्मों के सुफल स्वरूप सहज ही प्राप्त है। लेकिन वास्तविकता यह है कि प्रैक्टिकल की दिशा में मेरा अनुभव नगण्य है। अत: 'गुरु' बनने की योग्यता तो दूर विधिवत 'छात्र' बनने की पात्रता भी मुझमें नहीं हैं। मैं जिन परम विद्वान अपने पूज्यपिता को इस क्षेत्र में अपना गुरु मानता हूं—वे मेरे पिता डॉ. केशव कौशिक स्वयं अपने को 'गुरु' बनने के योग्य नहीं पाते। फिर और विद्वानों का तो कहना ही क्या! इस युग में सच्चे गुरु का मिल पाना वैसे ही दुर्लभ है जैसे सच्चे शिष्य का मिल पाना! बिना ईश्वर की विशेष अनुकम्पा के साधक को गुरु प्राप्त नहीं हो सकता और बिना ज्ञान प्राप्त किए साधक गुरु को पहचानने वाला नहीं बन सकता। अत: गुरु की पहचान के लिए भी स्वयं ज्ञानी होना आवश्यक है।

इसीलिए **'ज्ञान के समान पवित्र कुछ नहीं है'** ऐसा माना गया है। और स्वयं भगवान शिव ने **'विज्ञान भैरव'** में पार्वती से कहा है—

ग्रामं राज्यं पुरं देशं पुत्रदारकुटुम्बकम्।
सर्वमेतत् परित्यज्य ग्राह्यमेतन्मृगेक्षणे॥

हे मृगनयनी (पार्वती)! ग्राम, राज्य, नगर, देश, पुत्र, स्त्री और कुटुम्ब आदि सबको छोड़कर (प्राथमिकता न देकर) इस रहस्यमय, अत्यन्त गुप्त, पर उत्कृष्ट (योगविद्या) ज्ञान को ग्रहण करना चाहिए।

किमेभिरस्थिरैर्देवि स्थिरं परमिदं धनम्।
प्राणा अपि प्रदातव्या न देयं परमामृतम्॥

(क्योंकि हे देवी! राज्य, ग्राम आदि उक्त पदार्थ तो अस्थिर हैं (सदा मनुष्य के साथ नहीं रह सकते) अत: समस्त विपत्तियों को दूर करने वाले अक्षय व स्थिर ज्ञान का ही सब उपायों से संग्रह करना चाहिए और इस परम उत्कृष्ट ज्ञान को प्राप्त हो जाने के बाद अयोग्य व्यक्ति को कभी नहीं देना चाहिए।)

ज्ञान ही चित्त व मस्तिष्क में प्रकाश करता है। तप से संस्कार व जन्मान्तरों के मन एवं आत्मा पर चढ़े मल कटते हैं और व्यक्ति को अपने स्वरूप का बोध होता है। अत: ज्ञान के बाद तप का महत्त्व है। स्वयं ब्रह्मा भी (विभिन्न पुराणों के अनुसार) उत्पन्न होने के बाद अनंत को देख संशय में पड़ गए थे कि मैं कौन हूं? कहां हूं? यह अनंत क्या है? इसका आदि अन्त कहां है? आदि। **तब आकाशवाणी ने ब्रह्मा को 'तप कर' ऐसा आदेश दिश था। तप के बाद ब्रह्मा न केवल समस्त रहस्यों को समझ कर परम ज्ञानी बन सके बल्कि सृष्टि भी कर सके।** तप की ऐसी ही महिमा है।

'गुरु' बनने के लिए ज्ञान और तप दोनों में ही उत्कृष्ट योग्यता होनी आवश्यक है। गुरु हम कहते किसे हैं ? गुरु का अर्थ क्या है ? जो गुरु (भारी) हो अर्थात् जिसके पास अथाह ज्ञान हो, गम्भीर हो। थुथला या पोपला (हल्का) न हो। मात्र गाल बजाने वाला न हो (क्योंकि 'थोथा चना, बाजे घना')। इसके अलावा जिसके पास 'गुर' (गुण) हो। ज्ञान के साथ तकनीक भी हो। जो पूर्ण हो। परिपूर्ण हो। जिसके पास देने के लिए कुछ हो। देने के लिए कुछ उसी के पास होगा जो पूर्ण होगा। अधूरा किसी को क्या देगा ? उसे तो अभी खुद जरूरत है। अतः ज्ञान और तप, थ्योरी और प्रैक्टिकल, विद्या (गुण) और तकनीक सभी दृष्टियों से जो परिपूर्ण हो, भारी हो, गुणी हो। साथ ही स्वार्थ से रहित और उपकार का इच्छुक हो वही 'गुरु' कहलाने का अधिकारी है। अपने ज्ञान को अनुभव द्वारा जो सिद्ध कर चुका हो वही 'गुरु' होने का अधिकारी है। मात्र वाहवाही लूटने के लिए, पैर पुजवाने के लिए झंडे गाड़ने या प्रसिद्धि पाने के लिए, अपनी जेबें भरने के लिए गद्दी पर बैठकर ढोंग करने वाले तथाकथित गुरु तो अभी स्वयं नाम, पैसा, प्रशंसा आदि के भूखे हैं। अधूरे हैं, पूर्ण नहीं हैं। वे भला किसी को क्या देंगे ? देने के लिए उनके पास है क्या ? वे तो खुद लेने के लिए बैठे हैं। वे डाकुओं या लुटेरों से भी नीच हैं क्योंकि डाकू कम-से-कम खुलकर तो लूटता है। ये धर्मगुरु तो 'विरक्त' होने का धोखा देकर ठगते हैं।

जब सूर्य उदित हो जाता है, सर्वत्र प्रकाश फैल जाता है, जब शक्ति का उदय होता है, स्वयं तेज उत्पन्न हो जाता है। जब फूल खिलता है, खुद-ब-खुद खुशबू फैल जाती है। जब योग्यता उत्पन्न होती है, प्रसिद्धि स्वयं हो जाती है। उसके लिए ढोल नहीं बजाना पड़ता, डंका नहीं पीटना पड़ता। इश्तहार लगाना पड़ता है उसे जिसके पास थोड़ा-सा कुछ है, या नहीं भी है, किन्तु वह बाकी थोड़े से के मालिकों या ज्यादा के मालिकों से कम्पटीशन चाहता है। अपना नाम व पहचान बनाना चाहता है। अपनी दुकान पर भीड़ लगाना चाहता है। इसके लिए वह प्रपंचों का सहारा लेता है। शास्त्र कहते हैं कि स्नान शुद्धता व स्वच्छता के लिए आवश्यक है। प्रपंच करने वाला सोचता है, आजकल स्नान का बखेड़ा कोई पालना नहीं चाहता। न तो उसके पास समय है, न धैर्य है, न संयम और न लगन है। वह स्वच्छ शुद्ध तो होना चाहता है लेकिन नियमों की पाबन्दियों का पालन नहीं करना चाहता। वह इस बात का लाभ उठाकर इस तरह बरगलाता है कि 'आओ, मेरे पास आओ! मैं वैक्यूम क्लीनर से तुम्हें स्वच्छ शुद्ध करूंगा। नहाने का झंझट नहीं, नियमों की जरूरत नहीं, 'सहज मार्ग' अपनाइए। सिर्फ गंगाजल पीजिए और स्वच्छ शुद्ध हो जाओगे। जो इतना भी न करना चाहें वे मेरे आशीष मात्र से ही पवित्र हो जाएंगे। फीस कुछ नहीं, अपनी श्रद्धा भक्ति अनुसार।' और लोग पागल हो जाते हैं, क्योंकि वे पाना तो फौरन चाहते हैं मगर करना कुछ नहीं चाहते। इसलिए बिना किए या कम किए ही जो

दिलाने का दावा करता है, वे कूदकर उधर जा पहुंचते हैं और प्रपंच करने वाले की दुकान चल जाती है।

ज्ञान क्योंकि किसी को नहीं और पाना हर कोई चाहता है। धैर्य किसी में नहीं, परिश्रम कोई नहीं करना चाहता लेकिन शीघ्र-से-शीघ्र उपलब्धि पाना चाहता है। अत: वह इन ठगों के मायाजाल में जा फंसता है। ज्ञान न होने के कारण उन्हें जैसे मरजी बरगलाकर, बड़ी उपलब्धि 'सहजता' से दिलाने का दावा कर ये महाठग अपना उल्लू सीधा करते हैं।

परिणाम स्वरूप इन तथाकथित 'गुरुओं' का तो भले ही कुछ भला होता हो, इनके चेलों को अन्तत: पछताना ही पड़ता है। इतना भी हो तो बर्दाश्त किया जा सकता है। किसी की चलती 'दुकान' से हमें कोई परेशानी नहीं, भले ही वहां लूट या ठगी होती हो। क्योंकि यह तो लुटने वाले के ही अज्ञान, अविद्या व अधैर्य का परिणाम है। दिक्कत इस बात से होती है जब लुटने वाले को अपने लुट जाने का ज्ञान होता है। तब गुरु-शिष्य परम्परा के प्रति, अध्यात्म व ज्ञान के प्रति एक अश्रद्धा, घृणा व अविश्वास का भाव उत्पन्न होता है और फिर प्रचारित भी होता है। नतीज़े के तौर पर एक गलत परम्परा जन्म लेती है और शेष जनता दिशा भ्रमित हो जाती है। इसलिए आदमी की हत्या उतना बड़ा अपराध नहीं कहा जा सकता क्योंकि उसमें एक व्यक्ति की हानि होती है, एक परिवार को दुख पहुंचता है किन्तु सिद्धांत की हत्या बहुत गंभीर और जघन्य अपराध है। क्योंकि उससे पूरे समाज की हानि होती है। पूरी पीढ़ी को दु:ख व क्लेश भुगतने पड़ते हैं।

अत: जो शास्त्र सम्मत नहीं, वह ज्ञान, गुरु या आदेश भ्रष्ट है। उचित अनुचित की कसौटी का निर्णय शास्त्र ही कर सकता है। जैसा कि बहुत से स्थानों पर कहा भी गया है—

अविद्यायामन्तरे वर्तमाना: स्वयंधीरा: पण्डितं मन्यमाना:।
जङ्घन्यमाना: परियन्ति मूढा अन्धैनैव नीयमाना यथान्धा:॥

—(मुण्डकोपनिषद्)

अर्थात्—अविद्या में स्थित होकर भी स्वयं को बुद्धिमान बनने वाले (दम्भी) और अपने को विद्वान मानने वाले (पाखंडी) (जो विद्या बुद्धि के अभिमान में शास्त्र व महापुरुषों के वचनों की अवहेलना करते हैं, यानि शास्त्र कुछ भी कहें, मेरा यह मत है ऐसा कहते हैं) वे मूर्ख लोग बार-बार आघात सहन करते हुए (कटु अनुभवों से हानि उठाकर) ठीक वैसे ही भटकते रहते हैं जैसे अंधे के द्वारा ही चलाए जाने वाले (मार्गदर्शन करने वाले) अन्धे (अपने लक्ष्य को प्राप्त न कर ठोकरें खाते रहते हैं)।

विभुमात्मानं मत्वा धीरो न शोचति॥ —(कठोपनिषद्)

अर्थात्—सर्वव्यापी परमात्मा को जानकर बुद्धिमान शोक नहीं करता। (यह

ज्ञानी/सिद्ध/गुरु की एक मोटी पहचान बता दी कि ज्ञान की चरमसीमा पर पहुंचा हुआ, परमात्म तत्त्व या ब्रह्मविद्या को जाना हुआ व्यक्ति किसी भी स्थिति में, किसी भी कारण से, किञ्चितमात्र भी शोक नहीं करता इस पहचान से पाठक स्वयं गुरु परीक्षण कर सकते हैं)।

इसके अलावा जैसा कि *गीता* में भी कहा गया है—

अशास्त्रविहितं घोरं तप्यन्ते ये तपो जनाः।
दम्भाहंकारसंयुक्ताः कामरागबलान्विताः॥

अर्थात्—शास्त्रविधि से रहित केवल मनः कल्पित घोर तप को जो करते हैं और दम्भ, अहंकार, कामना, आसक्ति व बल के अभिमान से भी युक्त हैं...

...**तान्विद्ध्यासुरनिश्चयान्॥** (उन अज्ञानियों को तू आसुरी स्वभाव वाला जान।)

और भी देखें—

विधिहीनमसृष्टान्नं मन्त्रहीनमदक्षिणम्।
श्रद्धाविरहितं यज्ञं तामसं परिचक्षते॥

—*गीता*

(शास्त्रविधि से हीन और अन्नदान से रहित, मंत्रों व दक्षिणा से रहित तथा श्रद्धाविहीन यज्ञ 'तामस' कहा जाता है)।

और—

तस्माच्छास्त्रं प्रमाणं ते कार्याकार्यव्यवस्थितौ।

(तेरे लिए इस कर्तव्य और अकर्तव्य की व्यवस्था में शास्त्र ही प्रमाण हैं)।

आदि अनेक उदाहरणों से स्पष्ट है कि गुरु में योग्यता के साथ-साथ शास्त्र सम्मत आदेश या मार्गदर्शन का गुण होना आवश्यक है। ऐसा न हो कि योगविषयक शास्त्र जो विधान बताते हैं, गुरु उन्हें नकार कर अपने ही विधानों या मत को 'सहजता' का लेबल लगाकर थोप रहा हो, बहरहाल...।

गुरु की योग्यताओं को परिभाषित व विश्लेषित करने वाले तथा उचित अनुचित के सम्बन्ध में शास्त्र सम्मतता को ही प्रमाण सिद्ध करने वाले सैकड़ों श्लोक, मंत्र, ऋचाएं या श्रुतियां पाठकों की सन्तुष्टि के लिए दी जा सकती है। किन्तु उससे पुस्तक के बहुमूल्य पृष्ठों का अपव्यय होगा और पुस्तक मूल विषय से दूर हो जाएगी। इसलिए ऐसा प्रयास नहीं कर रहा हूं। मगर प्रबुद्ध पाठकों के शंकासमाधानार्थ और अपने कथन की पुष्टि के लिए इतने प्रमाण भी बहुत हैं। क्योंकि समझदार को इशारा काफी होता है और कुण्डलिनी जैसे गहन विषय से सम्बन्धित पुस्तक का अध्ययन के लिए चयन करने वाले पाठकों से सहज ही समझदारी की प्रबल आशा की जा सकती है।

संक्षेप में इतना ही कि पाठक इस विषय में (विशेषकर) गुरु को चुनने की

दिशा में पूर्ण सावधानी बरतें और इस विषय पर प्रकाशित (मेरी या अन्य किसी श्री विद्वान की) किसी पुस्तक मात्र को भी गुरु अथवा सम्पूर्ण समझने की भूल न करें। ऐसी पुस्तकें मात्र 'कमेन्ट्री' या विषय को सरलता से समझाने का प्रयास भर होती हैं। अत: गहराई में जाने वाले पाठकों अथवा साधकों को इस विषय से सम्बन्धित मूल पुस्तकें, मूलग्रन्थ अवश्य ही देखने चाहिएं। ऐसे मूल ग्रन्थों में पाठकों के सम्मुख मैं दो चार प्रमुख नाम भी अवश्य ही रखना चाहूंगा, जो इस प्रकार हैं—

पातञ्जल योग प्रदीप, वामकेश्वरतन्त्र,
रुद्रायामल तन्त्र, घेरण्ड संहिता,
गोरक्षसंहिता, शिवसंहिता,
हठयोगप्रदीपिका योगदर्शन,
अष्टावक्रगीता, गीता,
योगतत्त्वोपनिषद्, शाण्डिल्योपनिषद
योगकुण्ड्ल्योपनिषद् आदि।

❑❑



12

अभ्यास-खण्ड

सफलता के लिए आवश्यक

कुण्डलिनी और चक्रों को विधिवत समझ लेने के बाद अब हम कुण्डलिनी जागरण के विभिन्न उपायों व पद्धतियों की चर्चा करेंगे। किन्तु उन उपायों से पूर्व कुछ ऐसे प्रारम्भिक परन्तु महत्त्वपूर्ण उपायों की चर्चा की जानी आवश्यक है जो आपको कुण्डलिनी जागरण के उपाय करने की सामर्थ्य अथवा योग्यता प्रदान करते हैं। आगे बढ़ने के लिए एक उचित आधार व शक्ति देते हैं तथा प्राप्त होने वाली चमत्कारिक शक्तियों को संभालने व इस प्रक्रिया में होने वाले परिवर्तनों को झेलने के योग्य बनाते हैं। दूसरे शब्दों में आपके भीतर 'पात्रता' उत्पन्न करते हैं।

पात्रता

यह 'पात्रता' शब्द बहुत सटीक और व्यापक है। पात्रता—'पात्र' शब्द से बना है। पात्र का अर्थ है—बर्तन, सामर्थ्य, शुद्धता, क्षमता, ग्राह्यता, योग्यता, सहेजने में समर्थ, रिक्तता या सम्भावना वाला। इस प्रकार पात्र शब्द बहुत से अर्थों से संयुक्त है। यदि हम समुद्र को देंखे, वह अथाह जल राशि का स्वामी है। उससे कोई भी जल ले सकता है। वह रोकता नहीं, विरोध नहीं करता। पक्षपात भी नहीं करता। फिर भी उसके पास लाने गया प्रत्येक व्यक्ति समान मात्रा में जल नहीं ले जा पाता। जिसके पास ड्रक या टैंक है वह उतना ले जाता है। जिसके पास बाल्टी है वह कम ले जाता है। लोटे वाला और कम, गिलास या कटोरी वाला और भी कम और चम्मच वाला, ना के बराबर जल ले जा पाता है। यह उदाहरण 'पात्रता' का महत्त्व सिद्ध करने को काफी है।

जिसके पास जैसा और जितना पात्र होगा, जो जितना समेट-सहेज सकेगा, जिसकी झोली जितनी बड़ी और मजबूत होगी, वह उतना ही ले जा सकेगा। यह भी सम्भव है कि झोली बड़ी हो, पूरी भर ली जाए और ले जाते समय फट जाए। अत: सामर्थ्य, क्षमता और सहेजना यह भाव भी 'पात्रता' में शामिल है। यह भी मुमकिन है कि पात्र में पहले ही से कोई पदार्थ भरा हो, तब उसमें नया पदार्थ आ ही नहीं पाएगा। अत: ग्राह्यता, रिक्तता और सम्भावना का भाव भी पात्रता में शामिल है। यह भी सम्भव है कि पात्र में कोई ऐसा पदार्थ भरा हो, जिसमें नया पदार्थ ग्रहण कर लेने की सम्भावना/ग्राह्यता तो हो किन्तु उससे नया पदार्थ शुद्ध न रहे, दूषित हो जाए।

(जैसे पात्र में मिट्टी हो जिससे उसमें भरा जल कीचड़ में बदल जाए आदि)। इसीलिए पात्रता के साथ शुद्धता का भाव भी निहित रहता है। जमा-जोड़ यह कि 'पात्रता' का अर्थ अत्यंत व्यापक है। इसको भली प्रकार समझ लेना चाहिए। पात्रता के अभाव में उपलब्धि असम्भव होती है। जैसे वर्षा का जल चट्टानों पर बह जाता है, किन्तु गढ़ों में एकत्रित हो जाता है। अत: जहां सम्भावनाएं कुंठित हों अथवा ग्रहण करने की क्षमता ही न हो (पात्र का ढक्कन बंद हो) वहां लम्बे समय तक जल में डूबे रहने के बाद भी पात्र में जल प्रविष्ट नहीं होता। तभी तो कहा है— **'मूरख हृदय न चेत, जो गुरु मिलहिं विरंचि सम।'** (ब्रह्मा के समान गुरु पाकर भी मूर्ख/जड़ हृदय में चेतना/विवेक जागृत नहीं होता)।

गुरु-मार्गदर्शन करता है। प्रेरणा देता है। उत्साहित करता है। शंकाएं, भय व समस्याएं दूर करता है। मंत्र व गुर देता है। शिक्षा-दीक्षा देता है। मजबूत धरातल भी देता है। ज्ञान, प्रकाश व आशीर्वाद देता है किन्तु पात्रता को उत्पन्न करने के लिए शिष्य को ही प्रयास करना होता है। यह निजी गुण है। यह अभ्यास, साधना, तप, संयम व संस्कारों द्वारा प्राप्त होता है। गुरु-कृपा वश शक्ति शिष्य को देना भी चाहे तो भी तब तक नहीं दे सकता, जब तक शिष्य में पात्रता न हो। वह सुपात्र हो या कुपात्र हो, यह अलग मुद्दा है। इससे तो शक्ति या विद्या का सदुपयोग व दुरुपयोग सम्बन्धित है। किन्तु सद् और असद प्रयोग तो तभी होगा जब पहले शक्ति संचय होगा और संचय तब होगा, जब पात्रता होगी। अत: सुपात्र हो या कुपात्र किन्तु शक्ति की प्राप्ति के लिए सर्वप्रथम व्यक्ति का 'पात्र' होना अनिवार्य है। इसलिए उच्चतर व मूल साधनाएं करने से पूर्व प्रारम्भिक अभ्यासों द्वारा स्वयं में पात्रता उत्पन्न करना अनिवार्य है।

पात्रता उत्पन्न कर लेना 50 प्रतिशत सफल हो जाना है। फिर पात्रता को बढ़ाया जाता है और कुण्डलिनी जागरण काल के सुअवसर की सजगता व धैर्यपूर्वक प्रतीक्षा की जाती है। आपने दुनिया भर के आकर्षक किन्तु हलके विषयों को छोड़कर यह शुष्क किन्तु गम्भीर विषय अध्ययन के लिए चुना है, इससे सिद्ध होता है—आप सामान्य श्रेणी से ऊपर के हैं और आपमें पात्रता उत्पन्न कर लेने की सम्भावनाएं हैं। इसके लिए मेरी ओर से साधुवाद स्वीकार करें।

किन्तु! यदि पुस्तक को (इस पुस्तक को) पढ़ने के पीछे आपका उद्देश्य मात्र ज्ञानवर्धन, जिज्ञासा शांति और आत्मसंतुष्टि था, तो वह अब तक पूर्ण हो गया है। पुस्तक का शेष भाग आपके लिए उपयोगी नहीं है। लेकिन यदि आपने कुण्डलिनी जागरण के लिए दृढ़ निश्चय कर लिया है और वास्तव में योगसाधना के इच्छुक हैं। तब पुस्तक का आगे का भाग आप के लिए अति उपयोगी है और यदि बरसाती मेंढक की भांति पुस्तक को पढ़कर अथवा अन्य कारणों से आपके भीतर योग साधक बनने का क्षणिक उबाल आ गया है (तो आप साधना करें, या न करें—उसे

तो ठंडा हो ही जाना है, परन्तु) तब पुस्तक का यह अध्याय आपको अनिवार्य रूप से पढ़ना चाहिए। क्योंकि **अधूरी साधना उपद्रवकारी व खतरनाक होती है**। कहा जाता है कि—**'नीम हकीम ख़तरा ए जान, नीम मुल्ला ख़तरा ए ईमान।'** (आधा चिकित्सक प्राणों के लिए और आधा मुल्ला/कर्मकाण्डी धर्म के लिए खतरा होता है)। मैं इसमें एक पंक्ति और जोड़ना चाहूंगा कि—**'नीम आलिम ख़तरा-ए-जहान'** (आधा ज्ञानी तो पूरे संसार के लिए ही ख़तरा है। संसार में वह खुद भी शामिल है)।

अत: किसी को भरी हुई बन्दूक देने से पहले या तीव्र वेग से भागने वाले उछृंखल, शक्तिशाली घोड़े पर बिठाने से पहले उसे समस्त प्रणाली/सावधानियां, लाभ-हानि आदि बता देने चाहिएं और उसके साहस, निर्णय, बुद्धि व संस्कार भी चैक कर लेने चाहिएं।

संकल्प शक्ति

संकल्प ही समस्त सफलताओं का मूल है क्योंकि यह लगन, हौंसले और निर्णय को टूटने नहीं देता। संकल्प तब होता है जब प्रबल इच्छा शक्ति, अटल आत्मविश्वास और दृढ़ निश्चय एक साथ हो जाते हैं। उर्दू में इसके लिए 'इरादा' शब्द प्रयोग किया जाता है, यानी 'दृढ़प्रतिज्ञ' हो जाना। इसे चलताऊ भाषा में 'ठान लेना' कहा जा सकता है।

किसी भी कार्य को करने के लिए मूलरूप से तीन शक्तियां आवश्यक हैं—ज्ञान शक्ति (काम को कैसे करें), क्रिया शक्ति (काम करना की दृढ़ इच्छा करना)। उदाहरण स्वरूप यदि आप रेलवे स्टेशन जाना चाहते हैं तो रेलवे स्टेशन की पहचान/लक्षणों का ज्ञान, उसकी अवस्थित दिशा का ज्ञान, मार्ग का ज्ञान, मार्ग की कठिनाइयों व उनके निवारण या बचाव का ज्ञान आदि होना चाहिए। इसे ज्ञान शक्ति कहा है। फिर मार्ग पर चलने, मार्ग की कठिनाइयों से जूझने व रेलवे स्टेशन तक पहुंच सकने की शक्ति या सुविधा (चलना या सवारी का अधिकार में होना) का होना भी आवश्यक है। अन्यथा ज्ञान होते हुए भी कार्य नहीं हो सकेगा। यह क्रिया शक्ति है। किन्तु इन दोनों शक्तियों के होने के बाद भी आप रेलवे स्टेशन क्यों नहीं जा रहे ? क्योंकि आपको वहां जाने की ज़रूरत या इच्छा नहीं है। ज़रूरत है भी तो मन नहीं कर रहा। लेकिन जिस दिन इच्छा होगी, मन करेगा या आप जाने के लिए तय कर लेंगे, उस दिन आप जरूर जाएंगे।

अर्थात्—जब तक आप संकल्प नहीं करते तब तक ज्ञान और कर्म आपकी कोई सहायता नहीं कर सकते। लेकिन जिस दिन आप ठान लेंगे, संकल्प कर लेंगे उस दिन ज्ञान न होते हुए भी (रास्ता पूछते-पूछते), शक्ति न होते हुए भी, घिसटते-घिसटते, जैसे-तैसे, देर-सवेर पहुंच ही जाएंगे। फिर भी क्रिया तो करनी ही पड़ेगी।

ज्ञान तो बटोरना ही होगा। अत: संकल्पशक्ति तीनों में श्रेष्ठ होते हुए भी ज्ञान व क्रिया शक्ति के साहचर्य से ही तीव्रता व निश्चिंतता से उपलब्धि कराने वाली होती है। ज्ञान के मामले में अनुभवी व्यक्ति/गुरु/श्रेष्ठ पुस्तक आपका पथ प्रदर्शित करती है। किन्तु संकल्प और क्रिया तो आप ही को करने होंगे। यह कोई हलवा नहीं कि बनाए कोई और खा कोई और ले। यह तो योग साधना है—जो करता है, वही पाता है। यह आत्मोत्थान की कला/विद्या है। अपनी ही आत्मा का कल्याण इसके द्वारा सम्भव है, दूसरे की नहीं।

इसलिए सर्वप्रथम संकल्पशक्ति का होना (प्रयोगात्मक क्षेत्र में जाने के लिए) आवश्यक है। संकल्प न होगा तो पुस्तक पढ़कर आप एक ओर रख देंगे। अभ्यास करने को प्रेरित न होंगे। प्रेरित भी होंगे तो नियमित न होंगे। नियमित भी हो गए तो निरंतर नियमित न रह सकेंगे क्योंकि नियमित होने के लिए संयम और निरंतर डटे रहने के लिए धैर्य, साहस व संकल्प—तीनों ही की आवश्यकता पड़ेगी। जमा-जोड़ यह कि बिना संकल्प के या तो शुरुआत ही नहीं होती। और महत्त्वाकांक्षा या उत्सुकता वश शुरुआत हो भी जाए तो वह कार्य बीच ही में छूट जाता है, सिरे तक नहीं चढ़ता। ज्ञान व क्रिया शक्ति तो पात्रता को/सम्भावना को उत्पन्न करती है। किन्तु संकल्प शक्ति सफलता को दिलाती है।

कई बार भाग्य के कारण, त्रुटि के कारण, भ्रम के कारण अथवा अन्य कारणों से सफलता नहीं मिलती अथवा संदिग्ध हो जाती है। किन्तु संकल्पशक्ति की दृढ़ता अन्तत: व्यक्ति को सफलता दिला ही देती है। अनेक ऐसे उदाहरण पुराणों आदि में प्राप्त होते हैं (जैसे 'जड़भरत' की कथा आदि) जिनमें साधक ने कई जन्मों में सफलता अर्जित की। अथवा विश्वामित्र तथा कण्डु ऋषि आदि की कथाएं जिन्होंने एक ही जन्म में साधना से पतित हो जाने के बाद भी अपनी संकल्प शक्ति द्वारा अन्तत: सफलता प्राप्त की। अथवा दुर्वासा ऋषि की कथाएं जो अत्यंत क्रोध के कारण हर बार प्राप्त शक्ति का क्षय कर लेते थे। परन्तु संकल्प के बल पर उसे पुन: हासिल कर लेते थे।

लगन व धैर्य

लगन और धैर्य न केवल पात्रता को ही उत्पन्न करने में सहायक होते हैं, बल्कि संकल्प शक्ति को भी मजबूती देते हैं। तप को अधिक मूल्यवान व प्रभावशाली बनाते हैं और सफलता को सुनिश्चित करने मे अत्यंत महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यदि लगन न हो तो नियम और निरंतरता का पालन नहीं हो पाता और यदि धैर्य न हो तो व्यक्ति घबराकर, उकताकर अथवा निराश होकर साधना अधूरी छोड़ देता है। अत: लगन व धैर्य आवश्यक है और धैर्य की तो परीक्षा ही सदैव विषम स्थितियों में होती है। जैसा कि तुलसीदास जी ने कहा भी है—

धीरज धरम मित्र अरु नारी।
आपतिकाल परखियेहुं चारी।

अधीरता वैसे भी सब कामों को गड़बड़ा देती है। जल्दबाजी में किए गए काम न केवल प्राय: असफल होते हैं बल्कि अन्य कामों को भी बिगाड़ते हैं, अथवा अन्य नुकसान भी कराते हैं। महत्त्वाकांक्षा की उच्चता, फल पाने की शीघ्रता और परिश्रम या लगन का अभाव अधीरता उत्पन्न करता है। दूसरों से प्रतियोगिता की भावना या उनकी उपलब्धियों से ईष्याग्रस्त होना और अपने बाहुबल पर भरोसा न होना इस अधीरता को और भी बढ़ा देता है। अधीरता से व्यग्रता और अशांति उत्पन्न होती है जिससे विवेकशक्ति, निर्णयक्षमता, दूरदर्शिता तथा विश्लेषणात्मक बुद्धि प्रभावित होते हैं। परिणामत: गलत निर्णय ले लिए जाने, भ्रमित हो जाने व स्थिरता खो देने के नतीजे सामने आते हैं—तो गतिहीनता, अकर्मण्यता व असफलता को सामने लाते हैं।

योग विद्या में या कुण्डलिनी जागरण के मार्ग पर तो जल्दबाजी या अधैर्य शत-प्रतिशत अकल्याणकारी है। STEP-BY-STEP सीढ़ी-दर-सीढ़ी आगे बढ़िए। एक पैर भूमि पर जम जाए तो दूसरा हवा में उठाइए। दोनों पैर एक साथ हवा में उठाने की शीघ्रता मुंह के बल नीचे गिरा देने का कारण बन सकती है। अत: छलांग लगाने की कोशिश हरगिज न करें। हर सीढ़ी, हर अभ्यास क्रमश: पात्रता को बढ़ाएगा। पात्रता जैसे-जैसे बढ़ेगी, शक्तियां वैसे-वैसे स्वत: ही प्राप्त होती चली जाएंगी। किन्तु सीढ़ियों को फलांगने से बिना पात्रता को बढ़ाए आप प्रगति करने का प्रयास करेंगे, जिसके परिणाम में असफलता, निराशा, पछतावा, विपरीत फल मिलना अथवा अन्य उपद्रव होंगे, जो घातक भी हो सकते हैं।

लगन, परिश्रम और कर्मठता की मां होती है। लगन व्यक्ति में प्रेरणा, स्फूर्ति, क्षमता व उत्साह बढ़ाती है। लगन के कारण व्यक्ति अपनी सामर्थ्य से अधिक कर जाता है और सामर्थ्य से अधिक कर गुजरने के बाद भी श्रमित नहीं होता। लगन, नियम और निरंतरता को टूटने नहीं देती। अभ्यास को सदैव गतिशील रखती है साथ ही आशा और विश्वास को भी मजबूत बनाती है।

नियम, निरंतरता या अभ्यास का योगविद्या में महत्त्व क्या है? यह बताना सूर्य को जुगनू दिखाना होगा। प्रत्येक विद्या अभ्यास से ही सिद्ध होती है। और अभ्यास छूट जाने पर कमजोर हो जाती है। तभी तो कहा है—**'अभ्यासं करी च विद्या'** अथवा—

करत करत अभ्यास ते जड़मति होत सुजान।
रसरी आवत जात ते सिल पर परत निसान।

नियम या निरंतरता टूटी और अभ्यास भंग हुआ। अभ्यास भंग हुआ तो प्रगति अवनति में बदल गई। अत: निरंतर, नियम पूर्वक अभ्यास आवश्यक है। अन्य

विषयों के प्रलोभन, व्यस्तता, मन न लगना, आलस्य, प्रमाद, श्रम आदि अनेक कारण अभ्यास की निरंतरता में बाधक होते हैं। परन्तु लगन का पक्का आदमी सभी पर विजय पाता हुआ, मन को वश या नियंत्रण में करके अभ्यास बनाए रखता है। परिणाम सफलता व प्रगति के रूप में सामने आता है। शुरू में 20 पौंड का वजन उठाना भी जिसे कठिन लगता हो वह भारोत्तोलक अभ्यास की निरंतरता से ही आखिर 300-400 पौंड तक का वजन भी सुगमता से उठा पाता है।

क्योंकि अभ्यास की निरंतरता शनैः शनैः उसकी पात्रता को, उसकी शक्ति व सामर्थ्य को बढ़ाती है। वही भारोत्तोलक यदि जल्दबाजी में आकर प्रारम्भ में ही अधिक वजन उठाने का प्रयास करेगा तो सफल नहीं होगा अपितु अपनी कमर या पैर तुड़वा बैठेगा या नाभ सरकवा बैठेगा। अतः लगन और धैर्य दोनों का साधक में होना आवश्यक है बल्कि कहिए कि अनिवार्य हैं।

सजगता व सही दिशा

दृढ़ संकल्प व्यक्ति, जो लगन व धैर्य से सम्पन्न हो और पात्रता से भी सम्पन्न हो, वह भी विभ्रम, भ्रम, दिशाभ्रम, प्रमाद या सजगता के अभाव के कारण सफल नहीं हो पाता। या तो अवसर पहचान नहीं पाता या अवसर चूक जाता है, या यूं ही गलत दिशा में हाथ-पांव मारता रहता है। जबकि सजग व बुद्धिमान व्यक्ति अवसर को उत्पन्न कर लेता है। वैसे भी किसी विद्वान ने क्या खूब कहा है—**'अवसर के चेहरे पर बाल होते हैं, और उसका सिर गंजा होता है।'** (इसलिए आता हुआ वह सरलता से पहचाना नहीं जाता। और जाता हुआ सरलता से पकड़ में नहीं आता, फिसल जाता है)। यह बात सही है। ज़रा सी लापरवाही, ज़रा सी चूक आपकी बरसों की साधना को एक क्षण में व्यर्थ कर सकती है।

सजगता के साथ विभ्रम, दिशाभ्रम तथा प्रमाद—यह जो तीन अर्थ जुड़े हुए हैं, इन पर भी विचार कर लेना आवश्यक है। इन्हें सरलता से समझने के लिए तीन छोटे से उदाहरणों का सहारा लेंगे।

रेलवे स्टेशन जाने का ही उदाहरण लें—पूरी लगन, धैर्य और इरादे से, पूरी ईमानदारी से चलते हुए भी शायद आप जिंदगी भर रेलवे स्टेशन न पहुंच पाएं, यदि आप उसकी विपरीत दिशा में यात्रा आरम्भ कर दें। अतः दिशा-ज्ञान होना अत्यंत आवश्यक है। दिशा भ्रमित होने से ही भारत को खोजने निकला वास्कोडिगामा अमेरिका जा पहुंचा था और उसे ही भारत समझ बैठा था। बाद में यदि कोलम्बस ने भारत को न ढूंढ निकाला होता तो सारी दुनिया अमेरिका को भारत ही समझती रहती। ऐसी गलतियां ज्ञान के क्षेत्र में भी हो सकती हैं। यदि हमें दिशाभ्रम हो या हमें अपने लक्ष्य/गंतव्य की पहचान न हो। यही जानना काफी नहीं कि यात्रा कैसे और कहां से शुरू करनी है। यह ज्ञान भी आवश्क है कि यात्रा किस तरफ और कब तक करनी है। या यात्रा समाप्त कहां करनी है।

दूसरा उदाहरण देखिए। आप रात में एक नाव में बैठे और नदी पार करने के लिए उसे खेना शुरू किया। रात भर नाव खेते रहे, मगर किनारे पर न पहुंचे। सुबह होने पर पता चला कि नाव की रस्सी तो खूंटे के साथ ही बंधी रह गई थी। यह अज्ञान और प्रमाद का एक उदाहरण है। प्रमाद का दूसरा उदाहरण यह कि नाव खेते हुए गंतव्य स्थल से आगे निकल गए। बाद में ध्यान हुआ तो पता चला कि जहां उतरना था वह स्थान तो पीछे रह गया। यानि लक्ष्य पहचानने में प्रमादवश चूक गए। इस प्रकार प्रमाद के अनेक उदाहरण हो सकते हैं।

विभ्रम के उदाहरण में आप सजग तो हैं किन्तु भ्रमित होकर रेलवे स्टेशन को बस अड्डा या बस अड्डे को रेलवे स्टेशन समझ बैठे और यात्रा समाप्त कर दी। (जबकि वह जारी रखी जानी चाहिए थी) अथवा यात्रा जारी रखी (जबकि वह बंद कर दी जानी चाहिए थी)। या जैसे अंधकार में रस्सी को सांप समझ बैठे और घर में जा छिपे। किवाड़ बंद कर लिए अथवा सांप को रस्सी के धोखे में उठा लिया और सर्पदंश के शिकार हो गए। भ्रम, विभ्रम, धोखा, मारीचिका, मिथ्या आभास, गलतफहमी आदि सब इसी के अन्तर्गत आते हैं। भ्रम का अर्थ ही है कि जो जैसा हो उसे वैसा न समझना या जो जैसा ना हो उसे वैसा समझना।

ज्ञान के क्षेत्र में, अध्यात्म के क्षेत्र में तो इस प्रकार के संभ्रमों की और भी अधिक और व्यपाक सम्भावनाएं हैं। क्योंकि यह क्षेत्र औरों की अपेक्षा अधिक जटिल, अधिक उलझे हुए, अधिक क्लिष्ट, अधिक दुरूह, अधिक गहन, अधिक सूक्ष्म और अधिक रहस्यपूर्ण हैं। अतः सजगता, ज्ञान, दिशा आदि के सम्बन्ध में पूर्णता ज़रूरी है।

कुण्डलिनी जागरण के समय का 'स्पार्क' आपके प्रमाद या असावधानी से MISS हो सकता है। आप मंथन के बाद सर्वप्रथम निकलने वाले विष को अमृत समझकर भ्रमित हो सकते हैं अथवा विष की भयानकता या ऊष्णता से भयभीत होकर मंथन कार्य को अपूर्ण छोड़ सकते हैं। इस प्रकार न केवल बाद में निकलने वाले अमृत को आप MISS करेंगे बल्कि अपने इस कटु अनुभव के आधार पर (जिसका कारण आप ही की अल्पज्ञता, संभ्रम, दिशा भ्रष्टता या असावधानी होगी)। पूरी योग प्रणाली के सम्बन्ध में अपने मन में कोई अनुचित धारणा बना सकते हैं। और बाद में अपनी दुर्भावना व कटु अनुभव का प्रचार कर अन्य जिज्ञासुओं को भयभीत, त्रस्त, निराश अथवा 'मिसगाइड' कर सकते हैं। जो बड़ी भारी विडम्बना होगी।

सत्संग, चिन्तन व स्वाध्याय

जैसा व्यक्ति चिन्तन करता रहता है वैसा ही वह बन जाता है। पुरानी कहावत है और बहुत सही है—आदमी की सोच, उसकी कल्पना, उसके विचार, उसका

चिन्तन सब उसके मन-मस्तिष्क में सूक्ष्म परिवर्तन करते हैं। जिस विषय का वह चिन्तन करता है, उस विषय में डूबकर आनन्द लेने लगता है। अत: उस विषय में आगे बढ़ने की उसके अन्तर्मन में प्रेरणा होती रहती है। बार-बार का चिन्तन प्रेरणा को बलवती बनाता है। प्रेरणा उत्साह में बदलती है, उत्साह पहले तीव्र इच्छा में और फिर दृढ़ इच्छा में बदलता है, इच्छा की प्रबलता या दृढ़ता निश्चय को उत्पन्न करती है और निश्चय अंतत: संकल्प के रूप में उभर कर सामने आता है। इस प्रकार चिन्तन अन्तत: क्रियात्मक रूप लेता है जैसे रस्सी के एक सिरे को यदि लगातार उमेठते रहे तो बल शनै: शनै: रस्सी के दूसरे सिरे पर पहुंच जाते हैं। अत: चिन्तन का भी अत्यंत महत्त्व है और चिन्तन को संगति या अध्ययन दो चीज़ें विशेष रूप से प्रभावित करती हैं।

जैसी व्यक्ति की 'कम्पनी' होती है या जैसा वह पढ़ता रहता है, उसी के अनुसार उसकी सोच/चिन्तन 'डेवलप' होता है। इसलिए पुस्तकों का उत्तम तथा संगति का श्रेष्ठ होना ज़रूरी है। यही सद्संगति और स्वाध्याय का महत्त्व है। संगति में व्यक्ति सुनता व देखता है। अध्ययन में पढ़ता है। बाद में इस सुने हुए को, पढ़े हुए को गुनता है। यही चिन्तन है। गुनकर उसे आत्मसात् करता है। आत्मसात् कर व्यवहार या प्रयोग में लाता है। प्रयोग में न लाया जाए, वह ज्ञान दिमाग में पड़ा हुआ भी उतना ही बेकार है, जितना पुस्तक में पड़ा हुआ। पुस्तक मस्तिष्क में रखी है या पुस्तकालय में बेकार है, यदि प्रयोग में नहीं ढाली गई। उलटे पढ़ने वाले के दिमाग में एक अहं और पलने लगता है कि मैंने अमुक विषय पर इतनी पुस्तकें पढ़ लीं। वास्तव में वे पढ़ी गई पुस्तकें यदि समझीं और प्रयोग में नहीं लाई गईं तो व्यक्ति उन पुस्तकों का केवल वजन ही ढोता है जैसे गधे की कमर पर पुस्तकें लाद दें तो गधा विद्वान नहीं हो जाता, मात्र उन पुस्तकों को वहन करता है। कहा भी है—

'यथा खरश्चंदन भारवाही भारस्य वेत्ता न तु चंदनस्य।' (जैसे चंदन के काष्ठ को ढोने वाला गधा मात्र उस काष्ठ के भार को जानता है, उसके मूल्य को नहीं)। इसीलिए तो आदि गुरु **शंकराचार्य** को कहना पड़ा—

पशोः पशुः यो न करोति धर्मं।
प्राधीत् शास्त्रोऽपि न चात्मबोधः॥

(अर्थात्—पशुओं से भी पशु वह है जो धर्म का पालन नहीं करता। जिसे शास्त्रों को पढ़ लेने के बाद भी आत्मबोध नहीं होता)। अत: अध्ययन वही जिसमें 'स्व' सम्मलित हो। तभी 'स्वाध्याय' कहा गया। 'स्व' शामिल होगा तो पढ़ा हुआ समझ में आएगा। वरना किताब पर नज़र मारना या रटना होगा।

'स्व' को इनवॉल्व न करने पर कुछ लाभ नहीं है—न तो पढ़ने का, न तो संगति का और न ही जप-तप का। फिर सब पाखण्ड रह जाता है। कोरा कर्मकाण्ड रह जाता है—ऐसे ही लोगों के लिए *कबीर* को कहना पड़ा—

माला फेरत जुग भया, मिटा न मन का फेर।
कर का मनका डारि दे, मन का मनका फेर।

इसलिए मन को 'स्व' को डुबोए बिना किए गए कार्य का न तो पूर्ण लाभ ही मिलता है न आनन्द ही होता है। यहां तक कि सम्भोग तक में आनन्द तभी आता है जब 'स्व' उस क्रिया में संलग्न हो। अन्यथा सम्भोग क्रिया भी यांत्रित हो जाती है। सम्भोग मैथुन में बदल जाता है। मैथुन में मात्र एक 'मिथुन' (जोड़ा) मिलता है जबकि—**सम्भोग (सम+भोग) तभी होता है, जब उस भोग में समता होती है। यदि विषमता हो, असंतुलन हो, विरोध हो, स्वेच्छा न हो तब वह मैथुन सम्भोग कहलाने के योग्य नहीं होता।** सम्भोग कहना है तो भोग से पहले समता आवश्यक है।

ठीक वैसे ही, जैसे **'संगति' (संग+गति) संग-संग गति करना है।** संग-संग का मतलब है लिपट कर चलना। लिपट कर चलने में विरोधाभास नहीं होता। आगे-पीछे या दाएं-बाएं चलने में खींचातानी हो सकती है, अवरोध हो सकता है, विषमता हो सकती है। लेकिन संगति में समता और संतुलन, लयबद्धता के साथ अवश्य ही होगा अन्यथा उसे 'संगति' नहीं कहा जा सकता। इसका सबसे सरल किन्तु प्रभावशाली उदाहरण संगीत है जिसमें नर्तक, वादक और गायक तीनों ही संगति करते हों उनकी संगति 'सम' पर की जाती हो या संगति (ताल व लय को सुरों के साथ लिपट कर चलना) ही सौंदर्य उत्पन्न करती हो। संगति और शोर में संगति का ही अन्तर है। संगति ही रस उत्पन्न करती है। रस से विभोरता और विभोरता से एकाग्रता व आनन्द होता है। अत: सत्संग, स्वाध्याय व चिंतन आवश्यक है।

आहार व शुचिता

आहार, विहार और निद्रा—आयुर्वेद स्वास्थ्य के ये तीन आधार मानता है। इन तीनों का संतुलन ही स्वास्थ्य है। इनका गड़बड़ होना ही त्रिदोषों (वात-पित्त-कफ) को असंतुलित करके रोग उत्पन्न होना है। (मानसिक रोगों का प्रधान कारण कर्मों और विचारों में असंतुलन है) अत: आहार स्वास्थ्य और ऊर्जा प्राप्ति का प्रधान स्तम्भ है। यह 'ईंधन' के रूप में शरीर को गतिमान रखता है। इसलिए आहार का पौष्टिक व सुपाच्च्य होना अत्यंत आवश्यक है साथ ही आवश्यक है उसे सही प्रकार से सही समय पर खाना। और अपनी जिह्वा या स्वाद पर अंकुश रखना। क्योंकि स्वाद के चक्कर में आदमी रोगों को आमंत्रित करता है। कहावत है कि **'मनुष्य अपनी कब्र अपने दांतों से खुद खोदता है।'** अथवा **'भूखे रहकर कम लोग मरते हैं किन्तु ज्यादा खाकर अधिक लोग मरते हैं,'** सच है। बहुआहार, बार-बार खाना आलस्य, प्रमाद, स्थूलता, गुरुता व निद्रा के साथ रोगों को भी बढ़ाने वाला होता है और आयु को कम करने वाला।

जैसा कि कहा गया है—AS LONGER YOUR BELT, AS SHORTER YOUR LIFE. (आपकी बैल्ट जितनी लम्बी होती जाती है, पेट जितना बढ़ता जाता है, जीवन उतना ही कम होता जाता है।) क्योंकि पेट का बढ़ना, मोटा हो जाना रक्तचाप, हृदयाघात, मधुमेह, गैस, कब्ज, अपच आदि दर्जनों रोगों को उत्पन्न करता है। इसके अलावा जैसा कि धर्मग्रन्थों की मान्यता है कि—**'आदमी की रोटी व सांसें गिनती की होती हैं।'** यानि इनका कोटा लिमिटेड या फिक्स होता है। ऐसे में अधिक खाना या जल्दी-जल्दी, छोटी-छोटी सांसें लेना जीवन को कम कर ही देगा। जबकि कम खाने और गहरे लम्बे सांस लेने से (प्राणायाम—इसके विषय में आगे पढ़ेंगे) जीवन दीर्घ बनेगा। अतः भूख से सदैव कम खाना चाहिए और भली प्रकार चबा-चबाकर खाना चाहिए। इससे दांतों का काम आंतों को नहीं करना पड़ता। पाचनतंत्र पर जोर नहीं पड़ता। खाना शीघ्र पचता है तथा फुर्ती, ताजगी और सजगता बनी रहती है।

जीने के लिए खाओ न कि खाने के लिए जीओ। चटपटा, मसालेदार, तेल तला, गरिष्ठ भोजन हानिकर है। सप्ताह में एक उपवास या व्रत श्रेष्ठ रहता है। इससे पाचन तंत्र आदि को विश्राम मिलता है और व्यक्ति सर्वप्रथम भूख, प्यास व स्वाद के माध्यम से अपने मन को नियंत्रित करना सीखता है। संयम का यह प्रारम्भिक पाठ आध्यात्मिक साधनाओं में आगे अच्छा आधार बनाता है। भोजन का अपव्यय होना तथा खाद्य सामग्री की बचत का लाभ अलग होता है।

पाश्चात्य दर्शन और आधुनिक विज्ञान भोजन को कैलोरीज़ में तोलता है। प्रोटीन, वसा, खनिज, विटामिन्स आदि के आधार पर उसकी पौष्टिकता व गुणवत्ता को देखता है। यह स्थूल पैमाना है। भारतीय दर्शन, आयुर्वेद तथा अध्यात्म भोजन को गुण व संस्कार के आधार पर भी कसता है, जो कि सूक्ष्म पैमाना है। किन्तु सूक्ष्म कार्यों में सूक्ष्मतम बातों का ध्यान रखना ही पड़ता है। कबाड़ी की तराजू से सुनार की तराजू छोटी होती है परन्तु बहुमूल्य को तोलती है। सूक्ष्म तत्त्व या घटक को प्रभावित करने वाले कारण भी सूक्ष्म होते हैं। बड़े पेड़ को कभी-कभी एक आंधी भी नहीं हिला पाती, पर बाल को हिलाने के लिए एक फूंक भी पर्याप्त होती है। मन संस्कार आदि अति सूक्ष्म विषय हैं। अतः इनको प्रभावित करने वाले सूक्ष्म कारणों के प्रति सतर्कता तो बरतनी होगी।

गुणों के आधार पर सात्त्विक, राजसिक तथा तामसिक तीन प्रकार का आहार माना गया है। आमिष भोजन (मांसाहार) तो निरा तामसिक है ही, तामसिक भोजन से तो खैर सभी को बचना चाहिए, परन्तु योग साधना वालों को सदा सात्त्विक आहार ही लेना चाहिए। इससे संस्कारों में शुद्धता आती है तथा सद्गुणों, सद्वृत्तियों, चैतन्यता, स्फूर्ति, हल्कापन, शान्ति, स्थितरता, विवेक, बुद्धि आदि का विकास होता है। जैसे गाय का दूध सात्त्विक, बकरी का राजसिक और भैंस का दूध तामसिक

माना गया है। **यही कारण है कि ऋषियों ने सब कुछ त्याग देने पर भी गाय को नहीं त्यागा।** गाय का मल, मूत्र, दूध, दही व घी (पंचगव्य) धार्मिक क्रियाओं तथा आयुर्वेदीय औषधों का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है। लेकिन यह एक अलग चर्चा का विषय है।

सात्त्विक भोजन भी मौन रहकर करना चाहिए। क्योंकि भोजन करते समय जैसे विचार भोजनकर्ता के मन व मस्तिष्क में होते हैं, भोजन का वैसा ही गुण उसे प्राप्त होता है। इतना ही नहीं, खाना बनाने वाले तथा खाना परोसने वाले की मानसिकता का प्रभाव भी भोजन के संस्कारों को प्रभावित कर देता है। अत: योगी लोग प्राय: अपना भोजन स्वयं ही बनाते हैं अथवा अपने परिवार में ही भोजन करते हों (कम-से-कम होटलों या घर से बाहर कहीं तो बिल्कुल नहीं)।

आहार के साथ संस्कारों के शोधन के लिए शुचिता का भी बहुत महत्त्व है। शुचिता शब्द 'शौच' से बना है जिसका अर्थ है—मलों का निष्कासन कर, साफ व स्वच्छ होना। विकारों को नष्ट कर शुद्ध व निर्विकार होना। दोषों को नष्ट कर निर्दोष और पवित्र होना। पारदर्शी होना। यद्यपि इस विषय में हम अगले अध्याय में भी पढ़ेंगे, तो भी यहां इसकी चर्चा आवश्यक है। क्योंकि जिस 'पात्रता' का हम पहले जिक्र कर आए हैं उसमें रिक्तता, सम्भावना और ग्रहण करने की सामर्थ्य/ग्राह्यता का विशेष रूप से शुचिता के साथ गहन सम्बन्ध है।

मोटे तौर पर शौच या शुचिता का अर्थ मल विसर्जन तथा शरीरिक स्वच्छता से लिया जाता है। यह शुचिता के अर्थों में एक अवश्य है परन्तु सम्पूर्ण नहीं। शरीर की सफाई या स्वच्छता बाहर से, शरीर की स्वच्छता व सफाई भीतर से भी और शारीरिक कर्मों में भी। मन, विचार और बुद्धि में भी, वाणी में भी और अन्तरात्मा में भी। सभी स्थानों में शुद्धता, पवित्रता, निर्मलता व स्वच्छता होनी चाहिए। यही शुचिता का सम्पूर्ण अर्थ है।

शुचिता के अर्थों को भली प्रकार से जानना होगा। **यदि केवल स्नान से ही इसका सम्बन्ध होता** (बाह्य सफाई से) **और यदि पवित्रता का सम्बन्ध मात्र गंगाजल से होता तो गंगा में रहने वाली, नदियों में रहने वाली मछलियां सबसे शुद्ध और पवित्र होतीं क्योंकि वो तो नित्य स्नान की अवस्था में रहती हैं** (मगर वह सबसे अधिक दुर्गंध वाले जीवों में एक होती हैं)। अत: स्वच्छता या शुचिता का अर्थ केवल बाह्य शरीर से लेना सरासर भूल होगी।

मल है, तो सड़ांध है। विकार है तो अशुद्धता है। दोष है तो अपवित्रता है। भले ही बाह्य शरीर में, भले ही भीतरी शरीर में, भले ही मन-मस्तिष्क में, भले ही वाणी व विचार में, भले ही मन-मस्तिष्क में, भले ही वाणी व विचार में, भले ही कर्मों या भावों में, भले ही आत्मा में। जब तक मन, आत्मा या बुद्धि कलुषित हैं, जब तक बुद्धि, विचार व मस्तिष्क दूषित हैं, जब तक भाव, कर्म और वाणी

कपटपूर्ण, अशोभनीय, कटु या विकारग्रस्त हैं और जब तक शरीर के भीतर व बाहर मल शेष है। तब तक शुचिता पूर्ण अर्थों में लागू ही नहीं होती। जब इन सबका शोधन हो जाता है तब पवित्रता उत्पन्न होती है। जो 'पात्रता' में अति तीव्र विकास करती है। जल के भीतर गया रिक्त पात्र जैसे तुरंत जल को स्वयं में आकर्षित कर लेता है (अपनी रिक्तता, सम्भावना, ग्राह्यता या गुञ्जाइश के कारण) वैसे ही पवित्र व रिक्त मन आदि तुरन्त ही आध्यात्मिक शक्तियों को अपनी ओर आकर्षित कर लेते हैं। यही 'पात्रता' का प्रभाव है।

किन्तु कीचड़ से भरे पात्र में डाला गया दूध भी जिस प्रकार दूषित या व्यर्थ हो जाता है। उसी प्रकार कलुषित या मलिन मन आत्मा और इन्द्रियों वाले साधक को यदि अपनी संकल्प शक्ति के बल पर या भाग्यवश सिद्धियां या शक्तियां मिल भी जाती हैं तो वे न केवल व्यर्थ जाती और नष्ट होती हैं। बल्कि भय, उच्चाटन, अति तनाव, अपराध-बोध आदि अनेक मनोविकारों तथा ग्रन्थियों को उत्पन्न करने वाली होती हैं। कई बार ऐसे साधक अर्ध विक्षिप्त, विक्षिप्त अथवा घोर मानसिक असंतुलन या असाध्य शारीरिक रोगों के शिकार भी होते हुए देखे गए हैं। अत: 'पात्रता' की पूर्णता उत्पन्न किए बिना ही 'शक्तिपात' या कुण्डलिनी जागरण के प्रयास कभी भी कल्याण कार्य नहीं कहे जा सकते।

शरीर, मन, बुद्धि, आत्मा और वाणी की शुचिता तो बिना समझाए भी समझ में आती है (अत: इसको एक्सप्लेन करने में पृष्ठ सामग्री का अपव्यय नहीं करेंगे) लेकिन कर्मों की शुचिता के विषय में कुछ कहना आवश्यक महसूस होता है। क्योंकि मर्म को न जानने वाले लोग इसे दिखावा, ढोंग अथवा ड्रामेबाजी (नाटकीयता) समझ लेते हैं। कर्म की शुचिता में केवल कर्म ही नहीं कर्म करने के साधन, उपकरण आदि भी आते हैं साथ ही स्थान भी। इन सभी में शुचिता होनी चाहिए। स्थान की शुचिता से पूर्व साधनों व उपकरणों की शुचिता का वर्णन करेंगे, कर्मों की शुचिता सहित। (समूचों की व्याख्या अनावश्यक होगी। एक ही उदाहरण से सबको समझा जा सकता है, अत: व्यर्थ कलेवर वृद्धि नहीं करेंगे)।

साधनों व उपकरणों की शुचिता

आपने प्राय: विद्यार्थियों को अपनी पुस्तक या पेन आदि गिर जाने पर, अथवा उन पर पैर लग जाने पर (अनजाने में भी अपमान या तिरस्कार हो जाने पर) उन्हें उठाकर माथे से लगाते या चूमते अवश्य देखा होगा। ऐसे संस्कार विद्यार्थियों में डाले जाते थे कि वे विद्या का सम्मान करें। आज का पता नहीं, पहले तो प्राय: सभी बालकों में ये संस्कार हुआ करते थे। इसके अलावा ब्राह्मणों द्वारा शास्त्रों का पूजन, क्षत्रियों द्वारा शस्त्रों का, वणिकों द्वारा तुला व बहीखातों का, मिस्त्रियों द्वारा अपने

औजारों का पूजन होता हुआ भी आपने अवश्य देखा होगा। यह आदर और व्यवस्था का भाव अपने साधनों या उपकरणों के प्रति शुचिता का उदाहरण है—कर्म से भी, मन से भी।

मोटे तौर पर यह सब अंधविश्वास या रूढ़िवादिता लगता है। मानो ढोंग हो रहा हो। किन्तु इसके बहुत से वैज्ञानिक व मनोवैज्ञानिक लाभ हैं जबकि हानि केवल एक। वह यह कि आधुनिकता का चश्मा पहनने वाले कुछ अल्पज्ञ लोग जो प्राचीन होने के कारण ही ठुकरा देते हों। उसे गुण-दोष, लाभ-हानि जाने बिना वे लोग ऐसा करने वालों को व्यंग्य या उपेक्षा की दृष्टि से देखते हैं। पर वास्तव में स्वयं वे ही व्यंग्य और उपेक्षा के पात्र हैं, अपनी हठधर्मिता या अल्पज्ञता और अपनी थोथी मानसिकता के कारण।

साधनों व उपकरणों के प्रति शुचिता का सबसे पहला लाभ यह है कि उपकरण व साधन स्वच्छ और व्यवस्थित रहते हैं जिससे देखने में भी अच्छा लगता है। साधनों व उपकरणों की आयु, टिकाऊपन, उनकी सुचारुता व कार्यक्षमता बढ़ती है। अवसर होने पर वे तुरन्त प्रयोग में लाए जा सकते हैं। उन्हें ढूंढने या दुरुस्त करने में अवसर हाथ से नहीं निकलता। इसके अलावा व्यक्ति को स्वच्छता, व्यवस्था और सलीके की आदत पड़ती है किन्तु यह सब छिट-पुट लाभ हैं। असली लाभ तो बहुत गहरे हैं, यद्यपि शनैः शनैः प्राप्त होते हैं।

जैसे—जो हमारी आजीविका में, सफलता या शक्ति को प्राप्त करने में हमारे सहयोगी हैं उनके प्रति कृतज्ञता या आभार का प्रदर्शन करना हमें धर्मभीरु व सद्गुणी बनाता है। अपने साधनों व उपकरणों के प्रति शुचिता या आदर रखने वाला उनका कोई दुरुपयोग करने की तो सोच भी नहीं सकता। जो अपने साधन, उपकरण आदि का दुरुपयोग नहीं कर सकता, वह भला उनसे प्राप्त की गई शक्ति का दुरुपयोग कैसे कर सकता है ? और जो अपने साधन व उपकरण को इतना आदर व सम्मान देगा, वह अपने बुजुर्गों तथा आदरणीय व्यक्तियों को कितना सम्मान देगा। उनके अनादर के बात तो वह स्वप्न में भी नहीं सोच सकता। इस प्रकार एक मामूली-सा प्रत्येक व्यक्ति ऐसा संस्कारित होगा तो समाज स्वर्ग बन जाएगा। विश्वमैत्री, विश्व बंधुत्व और विश्व शांति के लिए नारे लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वह स्वतः स्थापित हो जाएंगे। यही तो भारतीय दर्शन है। **'वासुदेवाय कुटम्बकम्'** तभी तो सम्भव है और व्यक्ति का आत्मोत्थान, पात्रता, शुद्धता व पवित्रता इसी तरह के छोटे-बड़े नियमों के मन से पालन पर ही तो आधारित है।

अतः मन, वाणी, आत्मा, बुद्धि, विचार, शरीर व कर्म के साथ साधनों व उपकरणों की शुचिता भी नितांत आवश्यक है और साथ ही आवश्यक है—स्थान की शुचिता, किन्तु स्थान की शुचिता का अर्थ अपने घर, घर के आस-पास या साधना-कक्ष को मात्र साफ सुथरा रखना ही नहीं है। उसे पवित्र, निर्मल व निर्विकार

रखना भी है और यह मात्र अगरबत्ती जला देने या घंटा या शंख बजा देने से ही नहीं होता यह सब (यद्यपि **घंटा व शंख का नाद जहां तक जाता है, वहां तक के कीटाणुओं को वायुमंडल नष्ट करता है** पर यह सब भौतिक शोधन है)। उसको अपने कर्मों तथा विचारों द्वारा संस्कारित करने से होता है। बेहतर होगा कि इस मुद्दे को भी थोड़ा-सा विस्तार से लें।

स्थान की शुचिता

क्रिया, पात्र, स्थान और समय जब एक साथ साधे जाते हैं तब कार्य शीघ्र सिद्ध होते हैं। अत: स्थान को साधना भी परमावश्यक है। एक ही कार्य एक ही स्थान पर लम्बे समय तक करते रहने से उस स्थान में उस कार्य विशेष से सम्बन्धी संस्कार उत्पन्न हो जाते हैं। कर्ता ज्यों ही उस स्थान पर पहुंचता है उसकी मानसिकता स्वत: ही उस कार्य विशेष को करने के लिए तैयार हो जाती है, अथवा उसका 'मूड' वैसा ही हो जाता है। यदि उस स्थान पर केवल और केवल वही कार्य विशेष किया जाता रहे और अन्य कोई कार्य वहां न किया जाए। अन्य किसी कार्य के विषय में वहां सोचा भी न जाए, तो वह स्थान 'सिद्ध' हो जाता है। वहां आने वाले हर व्यक्ति (मात्र कर्ता ही नहीं) की मानसिकता वहां आते ही परिवर्तित हो जाती है और मूड वैसा ही हो जाता है, जैसा काम कि वहां पहले किया जाता रहा है। यही है स्थान की शुचिता का भावार्थ। यही है स्थान की पवित्रता या 'सिद्धि'।

उदाहरण के तौर पर—व्यायामशाला में जाते ही व्यायाम करने का मन होने लगता है। मंदिर में जाते ही मन में श्रद्धा व भक्ति का उदय हो जाता है। श्मशान में जाते ही उच्चाटन, निराशा व वैराग्य के भाव उत्पन्न हो जाते हैं। जीवन की क्षणभंगुरता का विचार आने लगता है। शौचालय में बैठते ही मलत्याग के लिए दबाव (प्रेशर) बन जाता है। शयनकक्ष में जाकर पलंग पर लेटते ही नींद आने लगती है (बशर्ते कि शयनकक्ष को अन्य कार्यों में प्रयुक्त न किया जाता हो)। अथवा हस्पताल में जाते ही व्यक्ति की तबियत अनमनी, उदास और मानसिकता कुछ रुग्ण-सी होने लगती है आदि।

यह सभी उदाहरण बताते हैं कि **जिस स्थान पर जैसा कार्य लम्बे समय तक निरंतर किया जाए, वह स्थान उसी प्रकार से संस्कारित हो जाता है और वहां आने या रहने वाले के मन पर वैसा ही प्रभाव डालता है।** पाठक इसे इकोलॉजिकल इफैक्ट कह सकते हैं। किन्तु साइकोलॉजी को इफैक्ट कौन कर रहा है? और क्यों कर रहा है?—स्पष्ट है कि स्थान ही वह प्रभाव डाल रहा है और इसलिए, क्योंकि वहां एक कार्य-विशेष ही लम्बे समय तक किया जाता रहा है। कुछ तार्किक पाठक कह सकते हैं कि यह स्थान का नहीं, 'माहौल' का प्रभाव होता है। पर यह सही नहीं होगा। क्योंकि बहुत से वीरान स्थानों पर भी ऐसे प्रभाव देखे

जा सकते हैं। तपोवन आदि में आप जाएं तो मन तप करने को होता है। अजीब सी शांति वहां मिलती है। जबकि वहां ऋषियों द्वारा कभी तप किया गया था। आज वे माहौल बनाने के लिए तप नहीं कर रहे। बहुत से मन्दिरों के खण्डहरों या अवशेषों में (जहां पूजा का कोई माहौल नहीं होता)—जाकर भी सात्त्विक तथा आस्तिक भावों का उदय होता है। यह तर्क का नहीं, अनुभूति का विषय है। समझने का विषय है।

वास्तुशास्त्र और आयुर्वेद इसीलिए भूमि के संस्कार देखने और उसका पूजन करने पर बल देते हैं। (कूड़े खत्ते की ज़मीन, जहां लम्बे समय तक कूड़ा डाला जाता रहा है), बूचड़खाना (जहां पशुओं का वध किया जाता है), अथवा जहां भीषण नर संहार हुआ हो (वधस्थली/संग्रामस्थल) आदि भूमियों को निवास के योग्य इसीलिए नहीं माना जाता कि वह भूमि उसी प्रकार से संस्कारित होती है। यहां तक कि जैन मन्दिरों व श्मशान या कब्रगाहों के निकट भी आवास बनाने के लिए **वासुशास्त्र इसीलिए निषेध करता है कि उन स्थानों के संस्कार निकट क्षेत्रों को भी थोड़ा बहुत प्रभावित करेंगे।** उच्चाटन, अशांति, भय अथवा वैराग्य, उदासीनता या वीतरागिता का भाव उनके पड़ोस में रहने वाले दम्पत्तियों को प्रभावित करेगा और उनका गृहस्थ जीवन असफल व कष्टमय हो जाएगा।)

जमा जोड़ यह कि अन्य पहले बताई शुचिताओं के साथ स्थान की शुचिता का भी उतना ही महत्त्व है। और वह मात्र झाड़ू बुहारी या अगरबत्ती जलाने तक ही सीमित नहीं है। ऐसा करना तो पाखण्ड हो जाएगा, यदि क्रिया, भाव और विचारों द्वारा भी स्थान की शुचिता का ध्यान न रखा गया तो। इसलिए शब्दों के सम्पूर्ण अर्थों व मर्म को समझें। केवल शब्दार्थ ही नहीं भावार्थ पर भी ध्यान दें। तभी ग्रन्थों में बिखरे मोतियों का मोल समझ में आएगा। वरना उन्हें कंचे समझकर उनकी उपेक्षा हो जाएगी। शास्त्र को पढ़ाते समय जो गुत्थियों को सुलझाकर बताए, शब्दार्थ ही नहीं, भावार्थ भी बताए, यह भी गुरु की एक विशेषता है। खाली शब्दार्थ करना तो अनुवादक का कार्य है, गुरु का नहीं। कहीं-कहीं शब्दार्थ उलझा देता है, अतः कोरा शब्दार्थ किसी काम का नहीं होता।

जैसे—'मुर्गे ने बांग दे दी।' इसका शब्दार्थ हुआ कि मुर्गे नामक एक पक्षी ने आवाज़ कर दी। लेकिन भावार्थ है कि—'सवेरा हो गया।' जबकि सवेरा होने का जिक्र कहीं वाक्य में है ही नहीं। कोरा शब्दार्थी भटककर रह जाएगा। धर्मग्रन्थों में, योगशास्त्रों में *कबीर* के दोहों में ऐसी ही गुत्थियां मिलती हैं। खोल लीं तो अर्थ समझ में आया वरना बेकार। जैसे—

कबीरदास की उल्टी वाणी।
बरसे कम्बल भीगे पानी।

❑❑❑



13

कुण्डलिनी जागरण का मार्ग : अष्टांग योग

योग क्या है?

कुण्डलिनी जागरण में मूल रूप से दो ही उपाय हैं—योग और मंत्र। मंत्र-तंत्र आदि की चर्चा बाद में करेंगे, पहले योग की चर्चा करेंगे। जैसा कि नाम ही से स्पष्ट है—योग का अर्थ है—जोड़ना या बढ़ाना। बढ़ाना अपने केन्द्रियकरण को, नियंत्रण को, मनोबल, आत्मबल व अपनी शक्तियों को और जोड़ना स्वयं को ईश्वर से, आत्मा को परमात्मा से, स्व को विराट से, सूक्ष्म को अनन्त से। 'चैनलाइज़्ड' कर देना खुद को परम के साथ। इस प्रकार योग एक पुल है जो स्व को परम से जोड़ता है। योग का अर्थ मात्र शारीरिक कलाबाज़ियां नहीं है। जैसा कि प्रायः समझ लिया जाता है। शास्त्रीय मत से—

'योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः॥' —पातञ्जल योग प्रदीप

(चित्त की वृत्तियों का निरोध ही योग है।)

गीता के अनुसार—

तं विद्याद्दुःख संयोग वियोग योग संज्ञितम्।

अर्थात्—जो दुख रूप संसार के संयोग से रहित है तथा जिसका नाम योग है। हठयोग, ध्यान योग, ज्ञान योग, सांख्य योग, कर्मयोग, भक्ति योग, प्रेमयोग के नाम तो हमने भी सुने हैं। आपने भी सुने होंगे। ये सभी योग की विभिन्न प्रणालियां हैं। इनमें हठयोग व ध्यानयोग कुण्डलिनी जागरण के लिए अधिक उपयोगी हैं। इनमें भी विशेष तौर पर ध्यान योग। (दूसरी ओर मंत्र और तंत्र दोनों कुण्डलिनी जागरण में सहयोगी रहते हैं—किन्तु मंत्र विशेष रूप से। इनकी चर्चा अगले खण्ड में करेंगे)। मगर आजकल एक और नाम 'मार्किट' में चल निकला है—'सहज योग'। जो ध्यान योग का ही विकृत और भ्रामक रूप है और शास्त्र सम्मत नहीं है।

योग तो सदैव सहज ही होता है। दूस्सहता तो पात्रता उत्पन्न करने में होती है। अतः 'सहजयोग' नाम ही भ्रामक है। 'मार्किट' शब्द का प्रयोग भी मैंने इसीलिए किया कि योग कोई दुकानदारी की चीज़ नहीं है। परन्तु कुछ लोग ऐसा कर रहे हैं—बहरहाल! इस विवाद में हम नहीं पड़ेंगे। परन्तु जिज्ञासु पर अल्पज्ञ पाठकों को

'माया गुरुओं' के जाल से सावधान कर देना हमें युक्ति संगत मालूम होता है। अतः इतना अवश्य कहेंगे कि जो व्यक्ति सामूहिक कुण्डलिनी जागरण का दावा करे अथवा कुण्डलिनी जागरण कर देने का ही दावा करे—वही ठग है। क्योंकि दावा सम्भव ही नहीं होगा इस मार्ग में।

प्रत्येक व्यक्ति के गुण, स्वभाव व प्रकृति अलग-अलग होते हैं। प्रत्येक व्यक्ति के संस्कार और विकारों की भी अलग-अलग स्थितियां रहती हैं। प्रत्येक व्यक्ति की मानसिकता, सामर्थ्य, पात्रता व लगन भी विभिन्न स्तरों की होती है। प्रत्येक व्यक्ति का भाग्य भी अलग होता है। अतः निश्चित अवधि में एक ही मार्ग प्रत्येक व्यक्ति के अनुकूल नहीं होता। कोई तंत्र मार्ग से सफल होने की सम्भावनाओं वाला होता है, कोई मन्त्र मार्ग से। कोई हठयोग से तो कोई ध्यान योग से। इतना ही नहीं, सम्भव है किसी को एक ही 'झटके' में सफलता मिल जाये। संभव है कोई अनगिनत झटके भी चूक जाए। यह भी सम्भव है कि पूरे जीवन किसी को 'झटका' ही न महसूस हो। ऐसे लोग भी हो सकते हों या हुए हैं जो जन्म जन्मान्तरों के बाद सफलता प्राप्त करते हैं। अच्छे-अच्छे योगी भी सिर पटककर रह जाते हैं और कुण्डलिनी जागृत नहीं होती। फिर भला इस विषय में दावा कैसे सम्भव है?

एक ही रोग की बहुत-सी औषधियां होती हैं। कौन-सी किसे देनी है? कब और कितनी देनी है? कैसे और कब तक देनी है? यह निर्णय कुशल वैद्य रोग की गम्भीरता, रोग की अवधि, रोगी की स्थिति, रोगी की अवस्था, रोगी की क्षमता, रोगी की प्रकृति व स्वभाव तथा ऋतु या समय के आधार पर लेता है। सबके लिए एक ही औषधि, एक ही अवधि तक और एक ही मात्रा में दे देनी कल्याणप्रद नहीं मानी जा सकती। और सच बात तो यह है, जो लाख रुपए की है कि जो व्यक्ति कुण्डलिनी जागृत कर लेता है वह नाम के लिए, यश के लिए, मान के लिए, धन के लिए, सुविधाओं के लिए अथवा अपने विकृत स्वार्थों की पूर्ति के लिए कभी—'तुम्हारी कुण्डलिनी भी जगा दूंगा।' ऐसा दावा करके चेलों की भीड़ नहीं जुटाता। उसे पोस्टर लगवाने या पब्लिसिटी की जरूरत नहीं होती। जब सूर्य उदय होता है अथवा फूल महकता है, तब सब स्वयं ही जान लेते हैं। उसे अपने प्रकाश या सुगंध को विज्ञापित नहीं करना पड़ता।

जो प्रदर्शन चाहता है, तालियां चाहता है, पैर छूने वालों की भीड़ या धनवर्षा चाहता है वह तो रीता हुआ है, पूर्ण नहीं। **पूर्णता में समस्त एषणाएं समाप्त हो जाती हैं। वह वास्तव में 'ब्राह्मण' कहलाने का अधिकारी हो जाता है।** जिसकी कुण्डलिनी जागृत हो जाती है, जिसकी परम से लौ लग जाती है, जो सिद्धावस्था में पहुंच जाता है वह तो प्रचार से दूर भागता है। वह तो प्रकाश और सुगंध को भी इसलिए रोक देना चाहता है कि दूसरे लोग उसके 'आत्मोत्थान' को जानकर उसके पीछे न लगें और उसकी अपनी साधना में व्यधान न पड़े। हां, मगर 'नया-नया

मुल्ला ज्यादा अल्लाह-अल्लाह करता है।' नया-नया पहलवान हाथ चौड़े करके और सीना निकाल कर चलता है। किन्तु फलदार वृक्ष तो सदा झुकता है। ओछे व्यक्ति को थोड़ी-सी सफलता सहन नहीं होती। कहावत है कि **'ओटों के घर तीतर, बाहर रखें कि भीतर।'** अथवा **'चूहे को मिली कत्तर, बजाज बन गया।'** इसलिए, वह जो दिखावा कर रहा है, या तो थोड़ा-सा जानता है, या बिल्कुल ही नहीं जानता। या तो यश और मान चाहता है, दूसरों को प्रभावित करना चाहता है अथवा अपना उल्लू सीधा करने के लिए दूसरे को मूर्ख बनाना चाहता है।

मनुष्य के इस मनोविज्ञान को समझिए। नीति को समझिए। विश्वास कर लेने से पूर्व अपनी बुद्धि, ज्ञान व अनुभव के आधार पर किसी को तौलिए, फिर शास्त्र वर्णित सिद्धांतों पर। गुरु होना बड़ी बात है। लेकिन गुरु को पहचानना और भी बड़ी बात है। खासकर आज के युग में। जैसा कि स्वयं *कबीर* ने कहा है—

कबीरा सद्गुरु ना मिल्यौ, रही अधूरी सीख।
स्वांग अति का पहरिकर, घर-घर मांगे भीख॥

(जब कबीर के युग में ऐसी 'अंधेर' थी, कबीर को यह लिखना पड़ा। आज तो जब घोटालों, ठगी और विकृत स्वार्थ का युग है तब क्या 'सद्गुरु' अपने POSTER बांटता सहज ही मिल जाएगा?)

योग के आठ अंग

ध्यान योग के आठ अंग हैं—यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, समाधि। जैसा कि **'पातञ्जल योग प्रदीप'** में स्वयं महर्षि पातञ्जलि ने कहा है—**'यमनियमासनप्राणायामप्रत्याहार धारणा ध्यान समाध्योऽष्टा-वङ्गानि॥'** (यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि—योग के यह आठ अंग हैं)। इनको क्रमशः इसी क्रम में अपनाना चाहिए।

यम

मन को शुद्ध व वश में रखने के लिए इनका पालन किया जाता है। ये हैं—अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य व अपरिग्रह। जैसा कि कहा है—**'अहिंसासत्यास्तेय-ब्रह्मचर्यापरिग्रहा यमाः'** इनका मन कर्म व वचन से पालन किया जाना चाहिए। आइए इन पांचों को थोड़ा-सा समझें।

अहिंसा

मन, कर्म तथा वचन से किसी प्राणी को ज़रा भी कष्ट न देना 'अहिंसा' है। अहिंसा केवल मारपीट से दूर रहना या हत्या आदि न करना ही नहीं है अपितु किसी को भी कष्ट न देना अहिंसा है। न तो कर्म द्वारा (शरीर से), न ही वचन द्वारा (वाणी से/गाली देना/धमकी देना आदि) न ही वचन द्वारा (अर्थात् मन में भी ऐसा भाव

नहीं आना चाहिए)। यदि मन, कर्म तथा वचन से 12 वर्षों तक अहिंसा का पालन किया जाए तो साधक को कोई हिंसक नहीं कह सकता।

सत्य

मन, कर्म व वचन से सत्य का पालन करना 'सत्य' है। न मुख से असत्य बोलें, न मन में कपट या धोखे का भाव आए और न ही शरीर द्वारा ऐसा कार्य हो। ज्ञान या अनुभूति को बुद्धि द्वारा तौलकर जो अनुभव हो उसे ज्यों का त्यों प्रकट करना सत्य है। किन्तु उस प्रकटीकरण से किसी को दु:ख नहीं होना चाहिए। यानि उसके लिए अहितकर व अप्रिय नहीं होना चाहिए। जैसा कि कहा गया है—

सत्यं ब्रूयात् प्रियं ब्रूयात् ना ब्रूयात् सत्यं अप्रियम्।

(सच बोलो, प्रिय बोलो, अप्रिय सत्य मत बोलो।)

—मनुस्मृति

12 वर्षों तक ऐसा करने से मुख से निकला सत्य होता है।

अस्तेय

अस्तेय का अर्थ है—ऐसे धन या सम्पदा को न लेना, जिस पर हमारा अधिकार न हो। जैसे किसी के स्वत्व का अपहरण करना, चोरी, छल से ले लेना, ठगी, विवशता का लाभ उठा कर ले लेना, दलाली/ब्लेकमेल, भीख लेना, या पड़ी हुई वस्तु उठा लेना अथवा दूसरे की वस्तु बिना उसकी अनुमति लिए छेड़छाड़ या प्रयोग करना आदि। यह सब स्तेय (चोरी) है। इसमें TAX की चोरी, दूसरों की रचनाओं की चोरी, रिश्वत आदि सब शामिल हैं—इनको मन, कर्म और वचन से न करना ही अस्तेय है। यानी करना तो है ही नहीं, ऐसा कहना भी नहीं है (जैसे किसी और की रचना/शेर अपने नाम से सुनाना) और ऐसा सोचना भी नहीं है। जो 12 वर्षों तक ऐसा कर लेता है, उसका सामान आदि कोई चुरा नहीं सकता।

ब्रह्मचर्य

ब्रह्मचर्य का अर्थ—मन, वाणी और शरीर से होने वाले सभी प्रकार के मैथुनों का त्याग कर वीर्य की रक्षा करने से है। जैसा कि कहा गया है—

कर्मणा मनसा वाचा सर्वावस्थासु सर्वदा।
सर्वत्र मैथुन त्यागी ब्रह्मचर्य प्रचक्षते॥

ज़हनी, अय्याशी, मौखिक (अश्लील वार्तालाप) अय्याशी, नेत्रों द्वारा काम सुख लेना, कानों द्वारा, स्पर्श द्वारा काम सुख लेना तथा स्त्रियों का संग करना आदि सभी वर्जित हैं। समस्त इन्द्रियों, मन आदि का इस विषय में पूर्ण संयम ही ब्रह्मचर्य है। बारह वर्ष तक इसका हर प्रकार से पालन करने और मन में ऐसी कल्पना भी न आने देने पर शरीर असीम शक्तिवाला हो जाता है। किन्तु वीर्य क्षय किसी प्रकार भी (स्वप्न में भी) नहीं होना चाहिए। क्योंकि जैसा कि कहा गया है—

यावद्बिन्दुः स्थितो देहे तावन्मृत्यौर्भयं कुतः।

(जब तक शरीर में बिन्दु/वीर्य स्थित है, तब तक मृत्यु का भय कहां?)

अपरिग्रह

अपरिग्रह का अर्थ है संचय ना करना। अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए मोह पूर्वक धन, सम्पत्ति, साधनों व भोग सामग्रियों का संचय करना परिग्रह कहलाता है। मन कर्म और वचन से परिग्रह का अभाव ही अपरिग्रह है। परिग्रह से ममत्व (ममता/मोह), लोभ तथा नवीन इच्छाओं की उत्पत्ति होती है। अतः अपरिग्रह आवश्यक है, बारह वर्ष तक ऐसा करने वाले के लिए सब अपने हो जाते हैं।

ये पांचों यम 'व्रत' भी कहे जा सकते हैं। यदि ये सार्वभौम स्थिति में हों तो 'महाव्रत' हो जाते हैं। जैसा कि कहा भी है—**जातिदेशकालसमयानवच्छिन्नाः सार्वभौमा महाव्रतम्॥ (पांतजलयोगप्रदीप)** अर्थात्—जाति, देश, काल और निमित्त की सीमा से रहित, सार्वभौम हो जाने पर ये 'महाव्रत' हो जाते हैं। यमों का महाव्रत हों जाना पूर्ण संन्यासी हो जाने का लक्षण होता है।

नियम

यम यदि मन व इन्द्रियों की शुद्धि व आत्मा के उत्थान के लिए हैं, तो नियम शरीर व बुद्धि को शुद्ध कर व्यक्ति में 'पात्रता' उत्पन्न करने में सहयोगी हैं। ये भी पांच ही हैं। **महर्षि पातञ्जलि** के अनुसार—**'शौचसंतोष तपः स्वाध्यायेश्वर प्रणिधानानि नियमाः॥'** अर्थात्—शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय व ईश्वरप्रणिधान—ये पांच निमय हैं। इनके विषय में भी हमें थोड़ा विस्तार में जाना उपयुक्त होगा।

शौच

शौच का अर्थ पूरी सफाई से है। इस विषय में पूर्व अध्याय में हम चर्चा कर ही चुके हैं। शरीर की बाहरी व आन्तरिक, वाणी, बुद्धि, विचार, मन, आत्मा, कर्म, साधनों तथा स्थान आदि की शुचिता ही शौच है। शास्त्रानुकूल एवं सद्कर्मों द्वारा कमाए गए शुद्ध भोजन को करना भी शुचिता के अन्तर्गत आता है। राग, द्वेष, क्रोध, काम, ईर्ष्या, मद, लोभ, अहंकार आदि सब विकारों व मलों से शुद्ध कर लेना मन की शुचिता है। पूर्ण शुचिता का पालन करने वाला ही पवित्र है। वही सद्पात्र है।

संतोष

कर्तव्यों का सजगता से पालन करना परन्तु अधिकार की इच्छा से मुक्त रहना, कर्मों को सजगतापूर्वक करना, किन्तु फल की इच्छा से मुक्त रहना, अथवा कर्तव्यों और कर्मों के परिणाम स्वरूप या प्रारब्ध से जो भी, जितना भी मिल जाए अथवा जैसी भी परिस्थितियों में रहने का संयोग हो जाए—उसी में प्रसन्न व संतुष्ट रहना। उससे अधिक की इच्छा न करना और कम की शिकायत न करना ही संतोष है।

संक्षेप में कामनाओं, तृष्णाओं तथा लालसाओं पर विजय पा लेना ही संतोष है। संतोष का पूर्ण पालन करने वाला ही समृद्ध व सम्पन्न है। वही शांत है। वही पूर्ण है। वही सबसे बड़ा अमीर है।

तप

अपने आश्रम, वर्ण, योग्यता व परिस्थितियों के अनुसार स्वधर्म का पालन करना। आत्मोत्थान तथा कुसंस्कारों को कुचलकर नवीन व सद्संस्कारों की स्वयं में स्थापना करना, और इन प्रयासों में जो भी मानसिक या शारीरिक कष्ट प्राप्त हों उन्हें सहर्ष सहन करना तप है। व्रत, उपवास, साधना आदि 'तप' के अन्तर्गत ही आते हैं। तप द्वारा अन्त:करण का शोधन होता है, तप द्वारा ही आत्मोत्थान होता है। योग्यताएं, क्षमता, शक्तियां, ज्ञान, सत्य और सुपात्रता की प्राप्ति होती है। तप करने वाला ही सबसे बड़ा वीर, सबसे बड़ा योद्धा है, वही महान है।

व्याख्या

जन्म-जन्मान्तरों के कर्मों के परिणाम स्वरूप मन का स्वभाव, प्रकृति व संस्कार बनते हैं और वे उन्हीं कर्मों की पुनरावृत्ति से और भी दृढ़ होते हैं। जैसे कागज को यदि एक स्थान पर मोड़ दिया जाए तो कागज में एक सिल्वट या शिकन पड़ जाती है। उसे जितना अधिक उसी दिशा में दबाया या फेटा जाएगा, शिकन उतनी ही गहरी, स्थाई व दृढ़ होती जाएगी। शिकन को निकालने के लिए कागज को विपरीत दिशा में मोड़कर बार-बार हाथ फेरना या दबाना पड़ेगा। इसी प्रकार **मन में पड़ी पुराने कुसंस्कारों की शिकनों को निकालने का प्रयास ही तप है। तप एक पैर पर खड़े रहना नहीं है।** इस बात को समझें।

सजा और साधना या दण्ड और तप में मात्र स्वेच्छा व प्रसन्नता का अंतर होता है। जब हम अपनी इच्छा के अनुसार परवश होकर, मजबूरी में, कोई कार्य या श्रम करते हैं, तब वह दण्ड या सजा कहलाती है। उससे कष्ट व दु:ख होता है किन्तु अपनी स्वेच्छा से, अनुशासन से, प्रसन्नता पूर्वक हम स्वयं उसी क्रिया या श्रम को करते हैं तब वह तप या साधना होती है। तब कष्ट में भी प्रसन्नता और संतोष का अनुभव होना। जैसे—जेल में कैदियों द्वारा श्रम और पहलवानों द्वारा किया जाने वाला श्रम जो वे शरीर निर्माण के लिए करते हैं। उद्देश्य और इच्छा सज़ा को तप में और तप को सज़ा में बदल देते हैं। जबरदस्ती, विवशतापूर्वक, इच्छा के विरुद्ध दिया गया धन-जुर्माना, हरण या लूट में आता है। जबकि इच्छापूर्वक, अपनी खुशी से दिया गया धन-दान, त्याग व परोपकार की गिनती में होता है और वही फलीभूत भी होता है। अत: 'तप' को गम्भीरता से समझें। तप कहीं सजा में न बदल जाए। अथवा तप को हम पाखण्ड न समझ लें।

स्वाध्याय

स्वाध्याय के विषय में भी पिछले अध्याय में कुछ चर्चा की जा चुकी है। फिर भी संक्षेप में यह समझिए कि जिसके द्वारा कर्तव्य-अकर्तव्य का बोध हो सके—ऐसी पुस्तकों, ग्रन्थों व शास्त्रों आदि का नित्य अध्ययन, उसका चिन्तन, मनन और फिर जीवन में उसका अमल ही स्वाध्याय है। कुछ विद्वान इसी के अन्तर्गत ईष्टदेव का 'जप' भी मानते हैं। कुछ विद्वान जप को ईश्वरप्रणिधान के अन्तर्गत मानते हैं। बहरहाल, अध्ययन के मामले में सभी एकमत हैं। किन्तु सद् साहित्य को ही पढ़ा जाना चाहिए। पढ़कर गुना जाना चाहिए और फिर उसके निष्कर्ष को अपनाना चाहिए।

ईश्वर-प्रणिधान

अपने अहं आदि का त्याग करके समग्र रूप से ईश्वर को ही समर्पित हो जाना, उसी के आश्रित हो जाना, उसी के शरणागत हो जाना, जैसे वह नचाए वैसे ही नाचना—ईश्वर प्रणिधान है। जो हो रहा है, जैसे हो रहा है, उसे वैसे ही होने देना। बीच में अपनी बुद्धि या अहं को न लाना यही ईश्वर प्रणिधान है। इसमें साधक का सम्पूर्ण समर्पण हो जाता है, वह 'कर्ता' न बनकर 'द्रष्टा' या 'माध्यम' बन जाता है।

व्याख्या

सत्य तो यही है कि ईश्वर की इच्छा के विपरीत कुछ हो ही नहीं सकता। अत: जो होना है वह होकर रहता है और जो नहीं होना है, वह कभी नहीं होता। किन्तु मनुष्य का अहं, उसका कर्तापन का बोध, प्रभु की माया/लीला का प्रभाव ऐसा है कि मनुष्य स्वयं को भ्रमवश कर्ता मानकर सुखी या दु:खी होता रहता है। गर्वित या पछताता रहता है और जितना वह ऐसा करता है—उतना ही वह माया की दलदल में फंसता जाता है। प्राय: व्यक्ति सफलता का श्रेय अपने को, अपनी बुद्धि व दूरदर्शिता को अपने प्रयासों को देता है। किन्तु असफलता का कारण वह सदैव भाग्य को ठहराता है। अपनी भूलों या त्रुटियों को नहीं। जबकि तत्त्वत: वह न तो सफलता के लिए जिम्मेदार है, न ही असफलता के लिए। जैसा कि कहा गया है—

हानि लाभ, जीवन मरण, यश अपयश विधि हाथ।

(हानि लाभ, जीना मरना, जय-पराजय, सफलता, असफलता, बदनामी ख्याति आदि सब विधि के हाथ होते हैं। मनुष्य युद्ध कर सकता है, उसी पर उसका अधिकार है। किन्तु जीत या हार पर उसका कोई अधिकार नहीं है)।

इसीलिए *गीता* में सदैव प्रसन्न रहने का बड़ा सटीक तथा लॉजिकल नुस्खा दे दिया गया है—**अचिन्तित न चिंतति धीमान** (बुद्धिमान जन अचिंत की चिंता नहीं करे। अचिंत यानि जो हमारी सामर्थ्य से परे है)। युद्ध में अपने को कर्ता मानने के

कारण मोह ग्रस्त हुए अर्जुन को श्रीकृष्ण ने गीता में कर्मयोग व ईश्वर प्रणिधान का ही संदेश दिया है।

चेतसा सर्वकर्माणिमयि संन्यस्य मत्परः।
बुद्धियोगमुपाश्रित्य मच्चितः सततं भव॥

—श्रीमद्भागवत् गीता

'इसलिए हे अर्जुन! तू सब कर्मों को मन से मेरे में अर्पण करके, मेरे परायण होकर, समत्व बुद्धि रूप—(दुःख सुख सभी को समान मान कर) निष्काम कर्मयोग का अवलम्बन करके निरन्तर मेरे में ही चित्त वाला हो।' और यदि—

'अथ चेत्त्वमहंकारान्न श्रोष्यसि विनङ्क्ष्यसि॥'

(यदि अहंकार के कारण मेरे वचनों को नहीं सुनेगा/मानेगा, तो नष्ट हो जाएगा अथवा परमार्थ को प्राप्त नहीं कर सकेगा, भ्रष्ट हो जाएगा)।

आसन

शरीर को निरोग, चुस्त व शक्ति सम्पन्न बनाए रखने के लिए आसनों की (प्रमुख 84) उनके भेदों व उपभेदों सहित व्यवस्था की गई है। इन्हीं के अन्तर्गत स्थूल यौगिक व्यायामों और सूक्ष्म यौगिक क्रियाओं (षट्कर्म/धौति, नौली, नेति, कुंजल, वस्ति, शंख प्रक्षालन आदि) को भी ले लेते हैं जो शारीरिक अवयवों और प्रमुख संस्थानों की भीतरी शुद्धि करती है। परन्तु यह सब हठयोग के विषय हैं। (इस पूरे प्रसंग पर एक स्वतन्त्र पुस्तक की आवश्यकता पड़ेगी। अतः इन्हें यहां चर्चा में नहीं ले रहे हैं। इच्छुक पाठक गोल्ड बुक्स इंडिया से ही प्रकाशित मेरी पूर्व पुस्तक '*सम्पूर्ण योग शास्त्र*' देख सकते हैं)। अतः यहां हम ध्यान योग में आसनों की बात करेंगे। ध्यान योग में आसन की आवश्यकता बैठकर ध्यान करने के लिए पड़ती है। इस मामले में आसन को सिद्ध किया जाता है। ताकि एक ही मुद्रा में सुखपूर्वक, बिना हिले-डुले दीर्घकाल तक बैठा जा सके और थकान आदि के कारण एकाग्रता या ध्यान भंग न होने पाए। जैसा कि **पातंजलयोग प्रदीप** में भी कहा गया है—'**स्थिरसुखमासनम्।**' अर्थात्—सुखपूर्वक, निश्चल/स्थिर बैठे रहने का नाम आसन है। आसन की सिद्धि हो जाने पर द्वन्द्वों का आघात नहीं लगता। मौसम, कष्ट आदि को सहने की सामर्थ्य शरीर में आ जाती है।

ध्यान योग आसनों में---पद्मासन, सिद्धासन, समासन, स्वास्तिकासन, वज्रासन, गौमुखासन, अर्ध-पद्मासन तथा सरलासन आदि प्रमुख हैं। इन आसनों के साथ मुख्य रूप से 'मूलाधार बन्ध' लगाना अनिवार्य होता है। आवश्यकतानुसार 'उड्डियान बन्ध' तथा 'जालंधर बंध' भी लगाए जाते हैं। **बिना मूलाधार बन्ध लगाए कुण्डलिनी जागरण का प्रयास निरापद नहीं होता। इसमें कुण्डलिनी के जागृत होकर ऊपर उठने के आघात से वीर्य या मूत्र निकल जाने की तीव्र आशंका**

कुण्डलिनी जागरण में उपयोगी कुछ ध्यान योगासन



पद्मासन



सिद्धासन



स्वास्तिकासन



समासन



वज्रासन



गोमुखासन

अर्ध-पद्मासन



सरलासन

रहती है तथा अन्य उपद्रव भी संभावित होते हैं। अतः 'मूलाधार बन्ध' अवश्य लगाना चाहिए।

(सम्पूर्ण योग शास्त्र में इन सब विषयों को पाठक विस्तार से पढ़ सकते हैं) यहां इसकी संक्षिप्त चर्चा करेंगे।

सावधानी

पद्मासन, अर्धपद्मासन, सुखासन, सिद्धासन, स्वास्तिकासन, वज्रासन या गोमुखासन (गुरु मछेन्द्रनाथ तो मत्स्यासन का प्रयोग करते थे, किन्तु उसका अभ्यास काफी जटिल है)—आदि में से ध्यान के लिए किसी भी आसन को चुनें, किन्तु मेरुदण्ड और गर्दन सीधी रहे, इस विषय में सतर्क रहें। कमर में झोल या गर्दन में झुकाव का रहना न केवल आपको शीघ्र थका देगा, बल्कि आपका 'पोस्चर' भी बिगाड़ देगा और कुण्डलिनी जागरण की क्रिया में मददगार नहीं होगा। सौभाग्यवश कुण्डलिनी जाग भी जाए तो उसकी यात्रा में अवरोधक होगा। अतः इस विषय में पूर्ण सावधान रहें। जैसे ही झोल आता महसूस हो, वैसे ही कमर को सीधा करें। क्योंकि सीधी रखी जाने के बाद भी कुछ समय बैठने के बाद कमर धीरे-धीरे झुकने लगती है। यदि सावधान न हों तो इस झुकने का अहसास नहीं होता।

जिस आसन को भी आपने चुना है उसको अधिक-से-अधिक समय (बिना मुद्रा बदले या आराम किए) तक लगाए रखने का अभ्यास करें। जब तक वह आसन आपको 'सिद्ध' न हो जाए। आसन सिद्ध तब होता है (ध्यानयोग के लिए) जब कम-से-कम एक घंटा, बिना थकान या असुविधा के और बिना पैरों या मुद्रा को बदले—सुखपूर्वक उसी आसन में बैठे रहने की सामर्थ्य प्राप्त हो जाए। उद्देश्य यही है कि ध्यान लगाते समय आसन की असुविधा, असहजता या थकान ध्यान को भंग न करे। उसमें बाधक न हो और ऐसा न हो कि कुण्डलिनी का जागरण होने ही जा रहा हो कि आपका ध्यान थकान या असुविधा की ओर चला जाए। बहरहाल, प्रारम्भ में आसन को सिद्ध करना है। अतः उसके सिद्ध हो जाने से पूर्व ध्यान आदि द्वारा कुण्डलिनी जागरण का प्रयास न करें। यह जल्दबाजी होगी। धैर्यपूर्वक शनैः शनैः आप प्रगति करेंगे तो लक्ष्य में निश्चितता रहेगी।

स्पष्ट कर दूं कि कमर सीधी व गर्दन सीधी रखने के प्रयास में शरीर को अकड़ाना नहीं है। इनको सीधा रखते हुए शरीर को RELAXED करना है। लेकिन RELAX करने में कमर में झोल न आने पाए अथवा पेट बाहर न निकले इस विषय में सावधान रहना है। अतः प्रारम्भ में आप दीवार के सहारे इस अभ्यास को करें तो बेहतर रहेगा।

बन्ध

आसन के साथ 'बन्ध' भी सिद्ध होने चाहिएं। संक्षेप में हम तीनों बन्धों की यहां चर्चा करेंगे।

मूलबन्ध

इसे मूलाधार भी कहते हैं। मूल (जड़/बेस) में यह बन्ध लगाया जाता है तथा सभी बन्धों में प्रथम (मूल/आधारभूत) बन्ध यही है अत: इसे मूलाधार बन्ध कहते हैं। इस बन्ध में जननेन्द्रिय, गुदा तथा 'सीवन' (जननेन्द्रिय एवं गुदा के मध्य का भाग) की मांसपेशियों को ऊपर या भीतर की ओर आकर्षित/संकुचित किया जाता है। (जिस प्रकार मल त्याग की क्रिया के समय मल के विसर्जित होने के साथ ही स्वत: ही गुदा की मांसपेशियों में संकोचन होता है।) इस संकुचन को कस कर अधिक-से-अधिक समय तक स्थिर रहना ही 'बन्ध' है। पूरी तरह कस कर लगाने के बाद भी थोड़े समय बाद गुदा व जननेन्द्रियों की मांसपेशियां स्वत: ही ढीली पड़ने लगती हैं। किन्तु सतर्क रहें। जैसे ही ढीलापन महसूस हो तुरन्त बन्ध को कसें। इस बन्ध का अभ्यास ब्रह्मचर्य में भी सहायक होता है तथा वीर्य को ऊर्ध्वमुखी करता है। स्तम्भन सामर्थ्य को भी बढ़ाता है।



मूलबन्ध

'सिद्धासन' में बाएं पैर की एड़ी जो सीवन से सटी रहती है वह इस 'बन्ध' को ढीला पड़ने से रोकती है तथा सीवन को 'सपोर्ट' देकर इस बन्ध के स्थाई व दीर्घकालिक होने में काफी सहयोगी होती है। इसी विशेषता के कारण इस आसन का नाम 'सिद्धासन' रखा गया है। फिर भी ध्यान योग्य आसनों के चुनाव में, पाठक अपनी रुचि, पसन्द, सुविधा आदि के अनुसार स्वतन्त्र है। ऐसा कोई नियम नहीं कि सिद्धासन ही जरूरी हो।

उड्डियान बन्ध

इस बन्ध में नाभि प्रदेश को भीतर की ओर खींच कर रखा जाता है। पेडू, नाभि तथा नाभि से ऊपर के भाग को भीतर की ओर अधिकाधिक समय तक आकर्षित रखा जाता है। किन्तु इसका यह अर्थ नहीं कि सांस को भी रोकना है या छाती को अकड़ा



उड्डियान बन्ध

लेना है। जैसा कि हर बन्ध का नियम है।
सम्बन्धित भाग को आकर्षित/संकुचित रखते
हुए शरीर को ढीला रखना होता है। मूलाधार में भी जननांगों व गुदा प्रदेश को संकुचित करके शेष शरीर ढीला रखा जाता है।

जालंधर बन्ध

जालन्धर बन्ध में ठोड़ी को नीचे दबाते हुए कंठकूप में लगाने का प्रयास किया जाता है। किन्तु गर्दन आगे को नहीं झुकनी चाहिए। ठोड़ी को कंठकूप में स्थापित करने से गर्दन की लम्बाई आगे की ओर से कम होती है, तथा उस स्थान व आसपास के नाड़ी जाल पर बन्ध लग जाता है। अत: इस बंध को 'जालन्धर बन्ध' कहते हैं। इस बन्ध में भी सम्बन्धित प्रदेश के अलावा शेष शरीर को ढीला रखा जाता है। किन्तु जैसा कि शुरू में भी कह आए हैं—शरीर ढीला छोड़ने का यह अर्थ नहीं कि कमर में झोल आ जाए या गर्दन झुक जाए। शरीर समसूत्र व सीधा रहना चाहिए, परन्तु RELAXED ।



जालंधर बन्ध

प्रारम्भ में बन्धों सहित आसन को सिद्ध करें। उस दौरान केवल ईश्वर का ध्यान करें अथवा शून्य में ही ध्यान लगाएं। (कुण्डलिनी जागरण का प्रयास आसन के सिद्ध हो जाने से पूर्व न करें)। और सब प्रकार की चेष्टाओं को शान्त करके मन को केन्द्रित करने का प्रयास करें। क्योंकि प्रयत्न की (चेष्टाओं की) शिथिलता से

तथा महाशून्य/परमात्मा में मन लगाकर अधिकाधिक समय स्थिर बैठने से आसन सिद्ध होता है। जैसा कि **महर्षि पातञ्जलि** ने कहा है—

'प्रयत्नशैथिल्यानन्त समापत्तिभ्याम।'

(प्रयत्न की शिथिलता और अनन्त में मन लगाए रखने से आसन सिद्ध हो जाता है)।

प्राणायाम

प्राणों का आयाम ही प्राणायाम है। श्वांस प्रश्वांस गति को रोक लेना/ठहरा लेना ही प्राणों का आयाम यानी प्राणायाम कहा जाता है। जैसा कि **'पातञ्जल योग प्रदीप'** में कहा भी गया है—**'श्वासप्रश्वास योर्गतिविच्छेदः प्राणायामः'** अर्थात् प्राण वायु न तो शरीर में प्रविष्ट हो, ना ही बाहर जाए। श्वांस प्रश्वांस की गति रोक दी जाए—यही प्राणायाम है। पर प्रश्न उठता है कि श्वांस-प्रश्वांस की गति को रोकना/प्राणायाम करना क्यों आवश्यक है? इसका लाभ क्या है?

पहला और सामान्य लाभ तो यही है कि आयु की वृद्धि होती है। क्योंकि जैसा कि पहले भी कहा जा चुका है, आदमी की रोटी और सांसें गिनती की होती हैं। अतः कम खाना तथा गहरी सांसें लेना अथवा उनका आयाम करना (ठहराना) आयु को बढ़ाने वाला होता है, इसके अलावा केन्द्रियकरण क्षमता, विचारशीलता, विश्लेषणात्मक शक्ति, दूरदर्शिता, निरीक्षण क्षमता, बुद्धि, स्मृति तथा शांति का विकास होता है। मन से अधीरता, व्यग्रता, चंचलता व अस्थिरता के भाव दूर होकर स्थिरता व शांति का उदय होता है। सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह कि प्राणों को वश में करने से मन वश में आता है। मन पर अपनी नियंत्रण शक्ति बढ़ती है क्योंकि प्राण व मन का गहन सम्बन्ध होता है। मन को वश में कर पाना अत्यंत दुष्कर है। किन्तु प्राण को वश में करना अपेक्षाकृत सरल है । अतः प्राण वश में करने से मन वश में आता है। मन को वश में करने से प्राण वश में आते हैं। क्योंकि दोनों सूक्ष्म स्तर पर अति गहन रूप से परस्पर सम्बन्धित होते हैं।

जब मन उद्विग्न, बेचैन, भयभीत, परेशान, घबराया हआ, अशांत, अस्थिर या कामातुर होता है तब सांसों की गति भी तीव्र होती है किन्तु सांसों की गति को नियमित करते ही मन में स्थिरता व शांति का भाव आ जाता है। ऐसा पाठक कभी भी अनुभव करके देख सकते हैं—इसके अलावा शास्त्र भी इस तथ्य को प्रमाणित करते हैं। जैसे, श्रीमद् भवगत् *गीता* में स्वयं श्रीकृष्ण ने अर्जुन ने कहा है—

असंशयं महाबाहो मनो दुर्निग्रहं चलम्।
अभ्यासेन तु कौन्तेय वैराग्येण च गृह्यते॥

(हे महाबाहो! निःसन्देह मन चंचल और कठिनता से वश में होने वाला है। परन्तु हे कुन्ती पुत्र! अभ्यास और वैराग्य से यह वश में होता है। इसे वश में अवश्य करें क्योंकि—)

असंयात्मना योगो दुष्प्राय इति में मतिः।

(असंयमी व्यक्ति/मन को वश में न करने वाले पुरुष के लिए योग दुष्प्राय है—ऐसा मेरा मत है)।

उपर्युक्त प्रसंग में योग व प्राणायाम का महत्त्व अर्जुन को बताते हुए कृष्ण ने प्राणायाम के अभ्यास की बात कही है। (देखिए—भागवत् गीता, अध्याय-6, श्लोक-35)।

प्राणायाम के विधि-विधान, उनके भेद, लाभ-प्रभाव आदि की विस्तृत चर्चा हम कुण्डलिनी जागरण के अभ्यासों में करेंगे। यहां प्राणायाम के मुख्य तीन भेद—रेचक, पूरक एवं कुम्भक का संक्षिप्त वर्णन कर रहे हैं।

श्वांस को फेफड़ों में शनैः शनैः पूरा भरना और उसे नाभि तक ले जाना 'पूरक' कहलाता है। श्वांस को वहीं रोके रखना 'कुम्भक' (आन्तिक कुम्भक) कहा जाता है। श्वांस को शनैः-शनैः बाहर बाहर छोड़ते हुए, फेफड़ों को बिल्कुल खाली कर देना 'रेचक' कहा जाता है और श्वांस को शरीर से बाहर ही रोके रखना (नवीन श्वांस का न लेना) 'कुम्भक' (बाह्य कुम्भक) कहलाता है। इस प्रकार का प्राणायाम—'प्रणवात्मक' कहा जाता है। क्योंकि इसमें प्रणव का उच्चारण स्वतः ही होता रहता है (इसके विषय में आगे विस्तार से चर्चा करेंगे)। यह प्राणायाम यज्ञ की भांति पवित्र व प्रभावी है। जैसा कि *गीता* में श्रीकृष्ण ने अध्याय-4 के श्लोक 29 में अर्जुन से कहा है—

प्राणापानगती रुद्धवा प्राणायाम परायणाः॥

—श्रीमद्भागवत् गीता

अर्थात्—'और दूसरे योगीजन अपानवायु में प्राणवायु को हवन करते हैं (पूरक), वैसे ही अन्य योगीजन प्राणवायु में अपानवायु को हवन करते हैं (रेचक), तथा अन्य योगीजन प्राण और अपान की गति को रोककर प्राणायाम के (कुम्भक) परायण होते हैं।'

प्रत्याहार

प्रत्याहार का अर्थ है—इन्द्रियों का संयम। सभी इन्द्रियों को उनके विषयों से रोकना। जैसा कि *गोरक्षसंहिता* में कहा गया है—

चरतां चक्षुरादीनां विषयेषु यथाक्रमम्।
यत्प्रत्याहरणं तेषां प्रत्याहारः स उच्यते॥

अर्थात्—चक्षु आदि पंच ज्ञानेन्द्रियों के रूप, रस, गन्ध, स्पर्श और शब्द यह पांच विषय हैं। इन विषयों से इन्द्रियों को पृथक कर लेना प्रत्याहार कहा जाता है।

और जैसा कि '*योगदर्शन*' में महर्षि पातंजलि ने कहा है—'**स्वाविषया सम्प्रयोगे चित्तस्वरूपानुकार इवेन्द्रियाणा प्रत्याहारः॥**' (अपने विषयों के सम्बन्ध से रहित होने पर इन्द्रियों का चित्त के स्वरूप में तदाकार-सा हो जाना ही प्रत्याहार है)।

इन्द्रियां मन रूपी सारथी के घोड़े हैं। शरीर रथ है और बुद्धि इन घोड़ों की लगाम। यदि इन्द्रियां रूपी घोड़े उछृंखल हों और बुद्धि की लगाम ढीली पड़ जाए तो वे मन रूपी सारथी के काबू से बाहर हो जाते हैं और मन को शरीर (रथ) सहित जहां चाहते हैं ले जाते हैं। इन्द्रिय रूपी घोड़ों को उनके विषयों की ओर से रोकना और मन के अनुसार चलाना ही प्रत्याहार है।

व्याख्या

मन (सारथी) यदि सजग न होगा तो इन्द्रिय रूपी शक्तिशाली किन्तु उछृंखल घोड़े अपने-अपने विषयों की ओर आकर्षित होकर दौड़ने लगेंगे। अत: मन रूपी सारथी को बुद्धि रूपी लगाम से इन्द्रिय रूपी घोड़ों को वश में रखना पड़ता है। सारथी और घोड़ों (मन व इन्द्रियों) में संगति अथवा एकरूपता या सामंजस्य होगा, तभी यात्रा सुरक्षित व सहज होगी, अन्यथा नहीं। अत: इन्द्रियों को उनके विषयों से रोकना और उन्हें मन के अनुकूल बना लेना योग मार्ग के लिए ही नहीं, समस्त सफलताओं, कल्याण और प्रगति के लिए भी अत्यन्त आवश्यक है। चंचल मन को प्राणायाम द्वारा स्थिर किया जाता है, किन्तु चंचल इन्द्रियां प्रत्याहार द्वारा वश में आती हैं। इन्द्रियां यदि वश में न हों तो स्थिर हो चुका मन भी भटक जाता है, अथवा पुन: चंचल हो जाता है। अत: प्राणायाम के लक्ष्य की पूर्णता के लिए भी प्रत्याहार अति आवश्यक है।

दृश्य/रूप नेत्रों के विषय हैं। स्पर्श त्वचा का, शब्द कानों का, गन्ध नासिका का और रस/स्वाद जिह्वा के विषय हैं। अपने विषयों के प्रति इन्द्रियों का आकर्षित होना तथा राग या वैराग्य/घृणा से ग्रस्त हो जाना स्वाभाविक है। जैसे नयनाभिराम दृश्यों/रूप को देखने के लिए नेत्रेन्द्रिय की उत्सुकता, उन्हें देखने में रमना अथवा आनन्द का अनुभव करना आदि इन्द्रियों का राग या विषयों के प्रति आकर्षण है। किन्तु कुरूप, वीभत्स या भयानक दृश्यों या रूपों आदि को देखने से अरुचि आदि इन्द्रियों का विषयों के प्रति वैराग्य/घृणा—इसी प्रकार नाक सुगंध के प्रति आकर्षित होगी किन्तु दुर्गन्ध से बचना चाहेगी। कान कर्णप्रिय शब्दों/संगीत/मधुर ध्वनियों को सुनना चाहेंगे परन्तु कर्कश ध्वनियों/शोर आदि से बचना चाहेंगे। ठीक इसी प्रकार जिह्वा व त्वचा भी अपने अनुकूल/रुचिकर विषयों के प्रति आकर्षित होंगे और प्रतिकूल/अरुचिकर विषयों से बचना चाहेंगे। यही इन्द्रियों का स्वभाव है। किन्तु इस स्वभाव को बदल डालना ही प्रत्याहार है।

अनुकूल विषयों के प्रति उत्सुक/लालायित न होने तथा उनके रसास्वादन में मन को रमने न देना और प्रतिकूल विषयों से भागने का प्रयास न करना—अर्थात् अनुकूलता या प्रतिकूलता, सुख या दु:ख दोनों ही स्थितियों में सम रहना। अपने 'स्व' को उनके साथ INVOLVE न होने देना—यही इन्द्रियों का प्रत्याहार है। किन्तु मन के साथ संगति बनाते हुए, विरोध बनाते हुए नहीं।

श्रीमद्भागवत *गीता* में जैसा कि श्रीकृष्ण ने कहा है—

यदा संहरते चायं कूर्मोऽङ्गानीव सर्वशः।
इन्द्रियाणीन्द्रियार्थेभ्यस्तस्य प्रज्ञा प्रतिष्ठिता॥

अर्थात्—जैसे कछुआ अपने अंगों को जैसे समेट लेता है, वैसे ही यह पुरुष जब सब ओर से अपनी इन्द्रियों को, इन्द्रियों के विषयों से समेट लेता है, तब उसकी बुद्धि स्थिर होती है।

अतः इन्द्रियों को उनके विषयों से न केवल रोकें, बल्कि उनका चिन्तन भी न करने दें अन्यथा आसक्ति उत्पन्न होती है। जैसा कि *गीता* में कहा गया है—

ध्यायतो विषान्पुंसः सङ्गस्तेषूपजायते।
सङ्गात्संजायते कामः कामात्क्रोधोऽभिजायते॥
क्रोधाद्भवति संमोहः संमोहास्स्मृति विभ्रमः।
स्मृतिभ्रंशाद्बुद्धिनाशो बुद्धिनाशात्प्रणश्यति॥

अर्थात्—हे अर्जुन! मन सहित इन्द्रियों को वश में करके मेरे परायण न होने से, मन के द्वारा विषयों का चिन्तन होता है और विषयों को चिन्तन करने वाले पुरष की उन विषयों में आसक्ति हो जाती है। आसक्ति से उन विषयों की कामना उत्पन्न होती है और कामना में विघ्न पड़ने/उसके पूर्ण न होने पर क्रोध उत्पन्न होता है। क्रोध से अविवेक अर्थात् मूढ़ता उत्पन्न होती है। अविवेक से स्मरणशक्ति भ्रमित हो जाती है। स्मृति के भ्रमित होने से बुद्धि अर्थात् ज्ञानशक्ति नष्ट हो जाती है। बुद्धि के नाश से पुरुष अपने श्रेय-साधन से गिर जाता है।

अतः केवल मन को वश में करना या केवल प्राणायाम पूर्ण सिद्ध नहीं होता, जब तक कि प्रत्याहार अथवा इन्द्रियों को भी वश में कर मन के तदानुसार न कर लिया जाए क्योंकि प्रयत्न करते हुए बुद्धिमान पुरुष के मन को भी इन्द्रियां अपने विषयों की ओर लपककर बलात्कार से हर लेती हैं और इन्द्रियों के वश में होने से ही बुद्धि स्थिर होती है—'**वशे हि यस्येन्द्रियाणि तस्य प्रज्ञा प्रतिष्ठिता।**'

धारणा

'**देशबन्धश्चित्तस्य धारणा।**' (**योगदर्शन**)—यानि 'चित्त को बाहर या भीतर कहीं भी, किसी एक देश में ठहराना धारणा है।' '*गोरक्षसंहिता*' के अनुसार—

हृदये पंच भूतानां धारणा च पृथक् पृथक्।
मनसो निश्चलत्वेन धारणा साभिधीयते॥

अर्थात्—हृदय में मन की निश्चितता के साथ पंच भूतों को पृथक-पृथक धारण करना ही धारणा कही जाती है।

'*त्रिशिखब्राह्मण*' के अनुसार—

'**मनसो धारणां यत्तद्युक्तस्य चयनादिभिः।**' अर्थात् यमादि के द्वारा मन का धारण करना ही धारणा है।

'*योगतत्वोपनिषद्*' के अनुसार—

भूमिरापोऽनलो वायुराकाशश्चेति पंचकः।
येषु पंचसु देवानां धारणा पंचधोच्यते॥

अर्थात्—उस योगी को भूमि, जल, अग्नि, वायु और आकाश—पांचों देवताओं (महाभूतों) की धारणा हो जाती है।

व्याख्या—जिस योगी का चित्त वायु के साथ सुषुम्ना में प्रवेश कर जाता है उस योगी को पंचमहाभूतों की धारणा हो जाती है।

सरल शब्दों में समझने के लिए कहा जा सकता है कि किसी भी विचार, सत्ता अथवा स्थान पर मन को केन्द्रित कर लेना (बाहर या भीतर अथवा पंच महाभूतों में पृथक-पृथक) ही धारणा है। अथवा जैसा कि नाम से स्पष्ट होता है—मन द्वारा किसी विचार, सत्ता या पंचमहाभूत आदि को धारण कर लेना ही धारणा है। यह—ध्यान की पूर्वावस्था अपितु भूमिका कही जा सकती है क्योंकि ध्यान कहां लगाना है, इस विषय को निश्चित कर संकल्प से धारण कर लेना ही धारणा है। '*विज्ञान भैरव*' में स्वयं भैरव ने भैरवी को **112 धारणाओं** का उपेदश दिया है। आवश्यक नहीं कि शून्य या महाभूतों में ही धारणा की जाए।

व्याख्या

धारणा के द्वारा मन को विभिन्न विषयों या कल्पनाओं को धारण कराया जा सकता है। अपने ध्यान को परिपक्व करने के लिए अपनी रुचि के अनुसार विषय या कल्पना को धारण किया जाता है। जैसा कि माता बालक से इच्छित कार्य कराने के लिए मिठाई, खिलौने आदि का लोभ देकर बालक का ध्यान इच्छित कार्य में लगाती है। उसी प्रकार मन के इच्छित या रुचिकर विषय अथवा कल्पना का मन को धारण कराकर उसे केन्द्रित कर ध्यान की ओर लाया जाता है। इसीलिए एक दो नहीं, पूरी एक सौ बारह धारणाओं की व्यवस्था की गई है। इस विषय को थोड़ा और विस्तार से चर्चा करने पर समझना सरल होगा। क्योंकि जैसा कि आपने महसूस किया होगा—शास्त्रों में दी गई परिभाषाएं व व्याख्याएं नवीन व्यक्ति के लिए काफी जटिल और क्लिष्ट होती हैं जिनसे भ्रम उत्पन्न होता है। अतः सरलता के लिए दो एक उदाहरणों को लेंगे।

कष्ट, पीड़ा या दर्द के माध्यम से भी कन्सन्ट्रेशन होता है। यौन सुख के माध्यम से भी कन्सन्ट्रेशन होता है। प्रेम की प्रगाढ़ता भी कन्सन्ट्रेशन देती है। कला, संगीत आदि के माध्यम से भी कन्सन्ट्रेशन होता है। शून्य में, परमात्मा में, विभिन्न चक्रों पर, किसी बिन्दु पर, चित्र, मूर्ति या विचार पर भी मन का केन्द्रियकरण होता है। शब्द पर या स्पर्श पर भी कन्सन्ट्रेशन होता है। अतः पंचमहाभूतों के माध्यम से भी मन को केन्द्रित किया जा सकता है। केन्द्रीयकरण के लिए सैकड़ों विषय या

कल्पनाएं सम्भव हैं। किसी का भी अपनी रुचि व सुविधा के अनुसार चयन किया जा सकता है और मन को उसी कल्पना या विषय को धारण करवा कर ध्यान लगाया जा सकता है—इसीलिए एक सौ बारह प्रकार की धारणाओं का विधान है किन्तु बिना किसी भी धारणा के ध्यान सम्भव नहीं होता। भले ही शून्य या अनन्त की ही धारणा की जाए। क्योंकि कन्सन्ट्रेशन के लिए कोई POINT तो चाहिए ही। वरना कन्सन्ट्रेट (ध्यान) आखिर होंगे किस पर? यही धारणा का महत्त्व व उपयोगिता है।

ध्यान

जो धारणा की जाए, अथवा चित्त/मन को जहां पर लगाए जाए—वहीं/उसी में वृत्ति का एकतार होकर चलना या वहीं पर मन का लगे रहना ही ध्यान या एकाग्रता अथवा कन्सन्ट्रेशन कहा जाता है जैसा कि स्वयं महर्षि पातञ्जलि ने '*पातञ्जल योग प्रदीप*' में कहा है—'**तत्र प्रत्यैकतानता ध्यानम्**' (जहां चित्त को लगाया जाए उसी में वृत्ति का एकतार चलना ही ध्यान है)। यानि चित्त में दूसरी वृत्ति/भाव का उत्पन्न न होना अपितु धारणा या ध्येय पर एक ही वृत्ति का (जो धारण की गई हो) प्रवाहमान रहना। चित्त का उसी विषय/धारणा पर एकाग्र हो जाना और उस एकाग्रता का देर तक भंग न होना, या दूसरी वृत्ति द्वारा बाधित न होना ही ध्यान है।

'*गोरक्षसंहिता*' में ध्यान का और भी स्पष्ट वर्णन मिलता है। साथ ही उसके प्रमुख दो भेदों का भी—

स्मृत्यसेव सर्वचिन्ताया धातुरेकः प्रपद्यते।
यच्चितै निर्मला चिन्ता तद्विध्यानं यचक्षते॥
द्विविधं भवति ध्यानं सकलं निष्कलं तथा।
चर्याभेदन सकलं निष्कलं निर्गुणं भवेत्॥

अर्थात्—'स्मृ' धातु सर्व चिन्तन वाचकं है और जो अपने चित्त में आत्मतत्त्व का चिन्तन करे, उसका वह चिन्तन ध्यान कहलाता है। यह ध्यान सगुण निर्गुण के भेद से दो प्रकार का माना गया है और सगुण निर्गुण का यह भेद चर्या भेद से होता है।

इस आधार पर कहा जा सकता है कि चित्त में एक ही विषय पर निर्विघ्न चिन्तन करना ही ध्यान है। यह ध्यान सगुण/साकार और निर्गुण/निराकार दो प्रकार का होता है—या तो मूर्त या अमूर्त। सगुण रूप का ध्यान अणिमादि सिद्धियों को प्राप्त कराता है, जबकि निर्गुण का ध्यान समाधि की प्राप्ति कराता है। जैसा कि '*योगतत्त्वोपनिषद्*' में कहा गया है—

सगुणध्यानमेतत्स्यादणिमादिगुणप्रदम् ।
निर्गुणध्यानयुक्तस्य समाधिश्चततो भवेत्॥

इसके अलावा '*ब्राह्मणोपनिषद्*' तथा '*गोरक्षसंहिता*' में ध्यान द्वारा पाप निवारण, सामर्थ्य प्राप्ति, अमरत्व प्राप्ति (आत्मध्यान द्वारा), मोक्षप्राप्ति, अष्टसिद्धि प्राप्ति, कुण्डलिनी जागरण आदि के लाभ भी कहे गए हैं। *योगकुण्डल्योपनिषद्, पैंगलोपनिषद्, तेजोबिन्दुपनिषद्, मैत्रेय्युपनिषद्, योग चूड़ामणि, ब्राह्मणोपनिषद्* आदि ग्रन्थों में भी इन तथ्यों की पुष्टि करने वाले श्लोक मिलते हैं। सभी को यहां देना युक्ति संगत नहीं होगा किन्तु इच्छुक पाठक इन ग्रन्थों में प्रमाण देख सकते हैं। संक्षेप में इतना कहना ही बहुत होगा—

अश्वमेधसहस्त्राणि वाजपेय शतानि च।
एकस्य ध्यानयोगस्य तुलां नार्हन्ति षोडशीम्॥

अर्थात्—सहस्त्रों अश्वमेध और सैकड़ों वाजपेय यज्ञों का फल भी अकेले ध्यान योग के सोलहवें अंश के समान नहीं हो सकता।

ध्यान अथवा धारणा सामान्य रूप से भी जीवन में विभिन्न अवसरों पर कम ज्यादा प्रयोग में आते रहते हैं, भले ही सम्पूर्णता के साथ नहीं। इनके लिए—आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, यम, नियम आदि की आवश्यकता नहीं होती। किन्तु योग मार्ग के लिए इन सभी अंगों की अनिवार्यता रहती है। क्योंकि इन्हीं से 'पात्रता' उत्पन्न होती है'। इन्हीं से शुद्धता और शक्ति को संभालने की सामर्थ्य उत्पन्न होती है। यद्यपि बहुत से विद्वानों ने योग को षडांग (छह अंगों वाला) कहा है। शुरू के दो अंग जो यम और नियम—महर्षि पातञ्जलि आदि ने माने हैं, गुरु गोरखनाथ आदि ने नहीं माने हैं। जैसा कि *गोरक्षसंहिता* में कहा गया है—

आसनं प्राणसंरोध प्रत्याहाराश्च धारणा।
ध्यानं समाधि रेतानि योगांगांनि वदन्ति षट्॥

अर्थात्—आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान व समाधि—योग के यह 6 अंग कहे जाते हैं।

वैसे देखा जाए तो प्रारम्भ के दो अंग—यम व नियम प्रत्यक्ष रूप से योग से सम्बन्धित हैं भी नहीं। किन्तु अप्रत्यक्ष रूप से वे अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं। वे योग मार्ग की भूमिका हैं और योगी में पात्रता उत्पन्न करने में अत्यंत उपयोगी हैं। इसीलिए *महर्षि पातंजलि* ने योग के 8 अंग कहे हैं—

'यमनियमासन प्राणायाम प्रत्याहारधारणाध्यान समाधयोऽष्टावङ्गानि।'
(—पातञ्जल योग प्रदीप)

'*योगतत्त्वोपनिषद्*' के अनुसार भी योग के आठ अंग कहे गए हैं। जैसा कि प्रमाण मिलता है—

यमश्च नियमश्चैव ह्यासनं प्राणसंयमः॥
प्रत्याहारो धारणा च ध्यानं भ्रूमध्यमे हरिम।

अर्थात्-यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा (भ्रकुटि के मध्य में

हरि का), ध्यान, और समाधि यह जब मिलकर अष्टांग योग कहा जाता है।

अत: यम और नियम का योग से प्रत्यक्ष सम्बन्ध न होने के कारण उन्हें उपेक्षित नहीं किया जा सकता।

समाधि

तदेवार्थमात्रनिर्भासं स्वरूप शून्यमिव समाधि।

अर्थात्-'जब ध्यान में केवल ध्येय मात्र की ही प्रतीति रह जाती है, होती है और चित्त का निजस्वरूप शून्य-सा हो जाता है तब वह ध्यान ही समाधि हो जाता है।'-महर्षि पातञ्जलि ने 'योगदर्शन' में समाधि के स्वरूप की बहुत सारगर्भित व्याख्या की है। ध्यान और समाधि के भेद को स्पष्ट करते हुए 'गोरक्ष संहिता' में कहा गया है—

शब्दादीनां चन्मात्र यावत्कर्णादिबुस्थितम।
तावदेनं स्मृतं ध्यानं समाधिः स्यादतः परम॥

अर्थात्- जब तक कान आदि पांचों ज्ञानेन्द्रियों में उनके शब्द आदि विषयों का किंचित अंश भी विद्यमान रहता है, तब तक साधक ध्यानावस्था में रहता है। किन्तु जब पांचों ज्ञान इन्द्रियों की वृत्तियां नि:शेष भाव से आत्मा में लीन हो जाती हैं तब समाधि की अवस्था हो जाती है।

व्याख्या

दूसरे शब्दों में समाधि को हम ध्यान की परिपक्व, प्रगाढ़ या चरम स्थिति कह सकते हैं। इस स्थिति में ध्याता, ध्यान और ध्येय (ध्यान करने वाला, ध्यान तथा जिसका ध्यान किया जा रहा है, वह) का अन्तर समाप्त होकर केवल ध्येय अथवा स्वविस्मृति हो जाती है। शायरी जुबान में—

आतमाद-ए-नजर नहीं है मुझे।
अब किसी की ख़बर नहीं है मुझे।
ये खबर है कि तुम हो मेरे करीब।
मैं कहां हूं, ख़बर नहीं है मुझे।

अथवा

मैं वहां हूं जहां से ऐ हम दम।
खुद को खुद की ख़बर नहीं होती।

ध्यान में इस क़दर खो जाना, कंसन्ट्रेशन (एकाग्रता) का इतना अधिक प्रगाढ़ हो जाना कि सिवाय ध्येय के और कुछ भी स्मरण न रहना। कानों से कोई शब्द, नाक से कोई गंध, त्वचा से कोई स्पर्श, नेत्रों से कोई दृश्य, जिह्वा से कोई रस आदि का ग्रहण न करना। अथवा ज्ञानेन्द्रियों का भी शरीर, मन व बुद्धि सहित ध्येय में खो जाना और 'स्व' का बोध भी न रहना समाधि है। ध्यान ज्ञानेन्द्रियों के विषयों द्वारा,

बाह्य विघ्नों द्वारा अथवा आन्तिरिक विक्षोभ से भंग हो जाता है। तथा ध्यान में स्व की स्मृति व ध्याता, ध्यान व ध्येय का अन्तर बना रहता है साथ ही ध्यान की अवधि कम होती है जबकि समाधि में सब स्मृति व अन्तर समाप्त होकर मात्र ध्येय की प्रतीति रहती है और समाधि की अवस्था स्थाई व दीर्घ होती है।

ध्यान करता हुआ साधक, किसी के द्वारा हुए जाने, पुकारे जाने, उठाए जाने, किसी तीव्र गंध को सूंघकर या तीव्र शब्द आदि को सुनकर अथवा अपने ही कन्सन्ट्रेशन के अस्थिर या विक्षुब्ध हो जाने से ध्यान भंग कर लेता है। तथा ध्यान की अवस्था में भी उसे 'स्व' का बोध या 'मैं चिन्तन अथवा ध्यान कर रहा हूं'—ऐसी अनुभूति बनी रहती है पर समाधि में साधक इन सब स्थितियों से ऊपर उठ जाता है। और दूसरे लोगों के लिए मृतप्राय: अथवा 'कॉमा' में जा पहुंचा हुआ मालूम होता है, या अत्यंत प्रगाढ़ निद्रा में लीन मालूम पड़ता है किन्तु वास्तव में वह ध्यान की पराकाष्ठा में पहुंच कर समस्त दैहिक व्यापारों व स्वबोध को भूल जाता है। जैसा कि *गोरक्ष संहिता* में कहा गया है—

न गन्धं न रसं रूपं न च स्पर्शन निःस्वनम्।
नात्मानं न परस्वं च योगी युक्तः समाधिना॥

अर्थात् समाधि में लीन योगी को—गंध, रस, रूप, स्पर्श, शब्द इन पांच विषयों का तथा अपने पराए का (स्वबोध) ज्ञान नहीं होता।

और भी देखें

अम्बूसैन्धवयो रैक्यं यथा भवति योगतः।
यदात्मन सोरेक्यं समाधिः सोऽभिधीयते॥

अर्थात—जैसे जल में सैंधा नमक डाल देने पर दोनों एक रूप हो जाते हैं। उसी प्रकार मन आत्मा व इन्द्रियों का एक हो जाना ही समाधि कहा जाता है।

समाधि व ध्यान की अवधि भी *गुरुगोरखनाथ* ने स्पष्ट की है—

धारणा पञ्चनाड़ीभिर्ध्यानं च षष्टनाडिभिः।
दिनद्वादशकेन स्यात्माधिः प्राणसंयमात्॥

अर्थात्—प्राणवायु का पांच घड़ी तक अवरोध करना—धारणा, साठ घड़ी तक चित्त को एकाग्र रखना ध्यान और बारह दिन तक प्राणों का निरंतर संयम करना ही समाधि है (मन और प्राण परस्पर सम्बन्धित होते हैं। प्राण वश में होने से मन और मन वश में होने से प्राण वश में आता है। अत: यहां प्राणों के संयम से मन का संयम भी समझें)।

इस तथ्य की पुष्टि '*योगतत्त्वोपनिषद्*' में भी मिलती है—

दिन द्वादशकेनैव समाधि समवाप्नुयात।
वायुं निरुध्य मेधावी जीवन्मुक्तो भवव्ययम्॥

अर्थात्—योगी व्यक्ति ध्यानावस्था के सिद्ध हो जाने के बाद) बारह दिनों में

ही समाधि को सिद्ध कर लेता है। इस प्रकार प्राण का निरोध करने वाला मेधावी पुरुष जीवन मुक्त (मोक्ष को प्राप्त करने वाला) हो जाता है।

उपरोक्त उदाहरणों से सिद्ध होता है कि ध्यान का अति प्रगाढ़ावस्था में 12 दिन तक बने रहना ही समाधि है।

विशेष—यहां थोड़ी-सी विस्तृत चर्चा विषय को सुगम्य बनाने के लिए आवश्यक है क्योंकि बारह दिन तक लगातार ध्यान का बने रहना-पाठकों के मस्तिष्क में कुछ स्वाभाविक प्रश्न उत्पन्न कर सकता है। उनका निराकरण किए बिना आगे बढ़ना उचित नहीं होगा।

कम से कम 12 दिन स्वविस्मृत होकर निरंतर प्रगाढ़ ध्यान में रहना समाधि है। प्रश्न उठ सकता है कि 12 दिन का समस्त व्यवहार तथा दैहिक व्यापार बन्द कैसे रखे जा सकते हैं? बारह दिनों तक भूख, प्यास, निद्रा, विश्राम, मलत्याग, मूत्रत्याग, जम्हाई, छींक, डकार, पाद, खांसी, खुजली/खारिश तथा थकान आदि के पृथक रहते हुए एक ही स्थति में स्वविस्मृत होकर ध्यानावस्था में कैसे रहा जा सकता है? ऐसा प्रश्न उठना स्वाभाविक है। किन्तु इस प्रश्न का हल बताने से पूर्व, इससे और भी विकट सम्भावित प्रश्नों को भी पाठकों के सम्मुख रख दूं।

पौराणिक कथाओं, धर्मग्रन्थों आदि में ऋषियों की आयु हजारों वर्ष (कहीं-कहीं तो युगों तक) कही गई है, जैसे—विश्वामित्र का वर्णन सतयुग (राजा हरिश्चन्द्र से पूर्व से लेकर त्रेतायुग (भगवान राम तक) तक मिलता है। परशुराम का वर्णन त्रेतायुग के पूर्व से लेकर द्वापर युग तक (कृष्ण तक) मिलता है—आदि ऐसे अनेक उदाहरण हैं। साथ ही ऐसे भी वर्णन मिलते हैं कि ऋषियों के कई दशकों तथा शताब्दियों तक समाधिस्थ रहने के कारण उनके शरीर टीलों में छिप गए या उनके शरीरों पर बांबियां बन गईं। तब इतने लम्बे समय तक भूख-प्यास, निद्रा आदि से पृथक रह पाना और आयु का ठहर जाना कैसे सम्भव हुआ? न तो वे ऋषि समाधि की अवस्था में वृद्ध हुए, न रुग्ण हुए और न ही नष्ट हुए। अनेक स्थानों पर हजारों वर्षों तक समुद्र में, पर्वतों पर, वनों आदि में तपलीन रहने का वर्णन भी मिलता है। यह सब कैसे सम्भव हुआ?

इन सभी प्रश्नों का उत्तर एक साथ दिया जा सकता है इसीलिए इनको भी साथ ले लिया गया है। वैसे तो यौगिक क्रियाऐं ही इस प्रकार के गुण रखती हैं कि भूख, प्यास, निद्रा, मल, मूत्र, रोग, वृद्धवस्था तथा मृत्यु आदि की समस्या साधक के लिए समाप्त हो जाती है। फिर भी सिद्धांत को समझाने की दृष्टि से विवेचित करेंगे।

आहार ऊर्जा देता है। वायु, सूर्य आदि भी ऊर्जा देते हैं। ऊर्जा जीवन के लिए अनिवार्य है। पौधे अपनी ऊर्जा प्रकाश व वायु से लेते हैं। पशु प्रकाश व वायु के अलावा पौधों को भी आहार के रूप में अपनाकर ऊर्जा लेते हैं। जबकि मनुष्य

प्रकाश व वायु के साथ-साथ पौधे (शाकाहार) तथा पशुओं (मांसाहार) को आहार बनाकर ऊर्जा लेता है। यह सामान्य नियम है। किन्तु इस नियम का निष्कर्ष निकलता है कि प्रकाश तथा वायु से ही समस्त जीव प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से ऊर्जा लेते हैं। यदि मनुष्य सीधे सूर्य व वायु से ऊर्जा ले ले तो उसे आहार की आवश्यकता नहीं रह जाएगी। और जब वह कोई पदार्थ-आहार के रूप में उदर में नहीं डालेगा, तब मल-मूत्र आदि कहां से बनेंगे ? साथ ही जब श्रम या गतिविधियां नहीं रहेंगी तो BODY को RECHARGE करने या REST देने की भी कोई आवश्यकता नहीं होगी। अत: निद्रा, विश्राम, थकान आदि से व्यक्ति स्वत: ही पृथक हो जाएगा। क्योंकि निद्रा व विश्राम द्वारा ही मनुष्य RECHARGE होता है।

अब प्रश्न बचता है आयु के ठहरने का, सुरक्षा का। तो हमें भौतिकी विज्ञान का एक सूत्र समझना होगा। वह यह कि—'*यदि गति को अत्यधिक तीव्रता की स्थिति में ले जाया जाए तो समय/घटना क्रम ठहर जाता है।*' दूसरे शब्दों में '*तीव्रतम गति में कोई भी सत्ता कालातीत हो जाती है।*' अंतरिक्ष विज्ञान व अनुसंधानों में रुचि लेने वाले पाठक इस वैज्ञानिक तथ्य को अधिक बेहतर समझ सकते हैं। दूसरी बात यह कि *अति तीव्र गति अदृश्यता को उत्पन्न कर देती है।* बहुत तेज गति में जाती वस्तु दिखाई नहीं देती।

विज्ञान के अनुसार प्रकाश की गति सबसे तेज है किन्तु मन की गति प्रकाश से भी तेज है प्रकाश से तेज गति से जाने वाली वस्तु अदृश्य हो जाएगी क्योंकि दृश्य का सम्बन्ध प्रकाश से है। अत: प्रकाश से तेज गति से जाती वस्तु दृश्य नहीं हो सकती। किन्तु गति और भी तीव्र हो जाने पर समय की सीमा से पार हो जाती है। उसके लिए समय ठहर जाता है।

उदाहरण के तौर पर पृथ्वी से सबसे निकट का तारा चार प्रकाश वर्ष दूर है। (एक वर्ष में प्रकाश जितनी दूर जाता है, वह दूरी प्रकाश वर्ष कहलाती है।) अब यदि प्रकाश की गति से चलने वाले यान से भी कोई वहां की यात्रा करके लौटे तो मात्र 8 वर्षों में जाकर लौट आएगा। यानि उसकी आयु में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा परन्तु पृथ्वी पर तब तक शताब्दियां बीत चुकी होंगी। यदि वही यात्री प्रकाश की गति से कई गुना तीव्र यान से यह यात्रा करे तो 8 मिनट में पूरी कर लेगा, यानि उसकी आयु जहां की तहां रहेगी, मगर पृथ्वी पर तब तक जमाना गुज़र चुका होगा। इस उदाहरण से स्पष्ट है कि अति तीव्र गति में किसी सत्ता के लिए समय ठहर जाता है। और भी एक उदाहरण देखें—

मेज पर रखे संतरे पर यदि (ऊपर से नीचे नहीं) दांए से बाएं तलवार मारी जाए और उसकी गति अत्यंत कम रखी जाए तो संतरा कटेगा नहीं, लुढ़क जाएगा। किन्तु तीव्र गति से तलवार का प्रहार संतरे को दो टुकड़ों में बांट कर लुढ़का देगा। तलवार की गति और भी तीव्र हो तो संतरा दो भागों में कटकर भी ज्यों का त्यों रखा

रहेगा। उसे लुढ़कने का मौका नहीं मिलेगा। बाद में संतरे को उठाने पर मालूम होगा कि उसके दो टुकड़े हो गए हैं। किन्तु यदि तलवार का वार और भी अधिक तेजी से (हज़ार या लाख गुना तेजी से) किया जाए तो क्या होगा ? शायद आप यकीन न करें। मगर यह सच है कि तलवार के संतरे में से गुज़रने के बाद भी संतरा कटेगा नहीं क्योंकि उसे कटने का अवसर ही नहीं मिलेगा। इससे पूर्व की उसके रेशे या कण कट पाएं, तलवार दूसरी ओर निकल चुकी होगी। उन्हें अलग होने के लिए जितना समय दरकार होगा—उतना उन्हें मिलेगा ही नहीं अत: वे जुड़े ही रहेंगे। या यूं कहिए कि कटते ही जुड़ जाएंगे। बात अविश्वसनीय लगती है किन्तु वैज्ञानिक सिद्धांतों पर कसी हुई सत्य बात है। यह बात और है कि इतनी तीव्र गति से तलवार का वार कर पाना मनुष्य के लिए सम्भव नहीं है, किन्तु मनुष्य के लिए तो प्रकाश की गति से चलने वाला विमान बनाना भी अभी सम्भव नहीं है, लेकिन मनुष्य के असमर्थ होने का अर्थ यह नहीं कि सिद्धांत गलत हो गया।

और अधिक चर्चा में जाना पुस्तक की बहुमूल्य पृष्ठ सामग्री का अपव्यय ही होगा। समझदार को इशारा बहुत होता है। और कुण्डलिनी जैसे विषय के पाठक इतने तो समझदार होने ही चाहिएं कि इशारे को समझ सकें।

उपर्युक्त उदाहरण यद्यपि समाधि के लिए बिल्कुल सटीक नहीं है। तथापि अविश्वसनीयताओं का समाधान पूर्ण वैज्ञानिक ढंग से करते हैं। वे ऋषि जो समाधि की अवस्था में प्राण तथा मन सहित अनन्त की मन की गति से यात्रा करते थे अथवा प्राध्स व मन की गति को समाधि की अवस्था में रोक लेते थे, उनके लिए काल, अवस्था व आयु का ठहर जाना कोई बड़ा बात नहीं थी। दूसरे सांसें और रोटी गिनती की होती है इस तथ्य के अनुसार भी जब वे सांसें और रोटी लेते ही नहीं थे तो उनकी गिनती पूरी कहां से होती।

ठोस वस्तु टूटती या कटती है, तरल या गैस नहीं। *पानी को लाठी या तलवार मार कर अलग नहीं किया जा सकता। भाप को भी नहीं,* किन्तु बर्फ को किया जा सकता है। *कारण है—उनके अणुओं की संरचना।* तरल या गैस के अणु सतत् तीव्रता से गतिमान रहते हैं, ठोस के नहीं। गतिमान अणु पृथक नहीं हो पाते क्योंकि पृथक होते ही गति से जुड़ जाते हैं। संतरे में तीव्र गति से तलवार निकालने के उदाहण को यहां उलटा करना पड़ेगा। किन्तु तथ्य वही है। ठोस वस्तु के अणु भी यदि गति शील हो जाएं तो वार किए जाने के बाद भी वे पृथक नहीं होंगे, या पृथक होते ही जुड़ जाएंगे।

सुरक्षा, कालातीतता तथा आयु के ठहर जाने आदि के सम्बन्ध में अब शास्त्रीय प्रमाण भी देखिए—

अभेद्यः सर्वशस्त्राणाम वध्यः सर्वदेहिनाम्।
अग्राह्यो मन्त्रयन्त्राणां योगी युक्तः समाधिना॥

बाध्यते न सकालेन लिप्यते न स कर्मणा।
साध्यते न च केनापियोगीः युक्त समाधिना॥

—(गोरक्ष संहिता)

अर्थात्—समाधियुक्त योगी शस्त्रों द्वारा नहीं छेदा जा सकता, वह किसी भी शरीरधारी द्वारा मारा नहीं जाता। उस पर मन्त्र-यन्त्र आदि का प्रयोग भी प्रभावकारी नहीं होता। वह काल (समय) के द्वारा भी बाधित नहीं होता, न ही कर्मों में लिप्त होता है। जो योगी समाधि में लीन होता है, उसे कोई किसी भी प्रकार वश में नहीं कर सकता।

एतद्विमुक्तिसोपान मेंतत्कालस्य वंचनम।
यद्व्यावृत्तं मनो भोगादासक्तं परमात्मनि॥

—(*गोरक्ष संहिता*)

(जब योगी योगाभ्यास द्वारा मन को विषय भोगों से दूर कर परमात्मा में लगा लेता है, तब योगी काल (समय) और मृत्यु को जीत कर जनम-मरण को भी वश में कर लेता है। यह कर्म मोक्ष की सीढ़ी है और काल की वंचना भी है।)

निराद्यंतं निरालम्बं निष्प्रपञ्चं निरामयम्।
निराश्रयं निराकारं तत्त्वं जानाति योगवित्॥

अर्थात्—समाधि में स्थित हुआ योगी आदि अन्त से रहित, अवलम्ब व प्रपंच से रहित, विशुद्ध, आश्रय और आकार से हीन (ब्रह्म) तत्त्व को जान लेता है। (वह जीवन-मरण, माया, अविद्या, सुख, दुःख, भय, नाश आदि से ग्रस्त नहीं होता और त्रिकालज्ञ हो जाता है, क्योंकि समय के आर-पार देख सकता है)।

इसीलिए तो 'बह्म विद्योपनिषद्' में कहा है—

एवे गुणाः प्रवर्तन्ते योगमार्गकृतश्रमैः।
यस्माद्योगं समादाय सर्वदुःख बहिस्कृतः॥

अर्थात्—योगाभ्यास में जो श्रम किया जाता है उसमें इतने गुण हैं कि उनके द्वारा सब प्रकार के दुःख दूर हो जाते हैं। अतः उसमें प्रयत्नशील रहना चाहिए।

इस प्रकार समाधि प्रकरण के साथ अष्टांग योग का संक्षिप्त परिचय समाप्त हुआ। अब हम कुण्डलिनी जागरण के उपायों के विषय में चर्चा करेंगे।

❑❑❑



14 कुण्डलिनी जागरण के उपाय

कुण्डलिनी जागरण में उपयोगी विभिन्न अभ्यासों की चर्चा इस खण्ड में हम करेंगे। प्राणायाम, ध्यान योग, हठ योग, तंत्र-मंत्र तथा कुण्डलिनी जागरण में सहयोगी अन्य आसनों, बन्धों, क्रियाओं एवं यौगिक व्यायामों का सविस्तार वर्णन करेंगे। विधि व सावधानियों का निर्देश भी देंगे, अन्य आवश्यक तथ्यों की चर्चा भी करेंगे। किन्तु उससे पूर्व प्रबुद्ध पाठकों से एक बार फिर विनम्र निवेदन करेंगे कि कुण्डलिनी शक्ति का जागना, सिंह के जागने के समान है। अग्नि के भड़क उठने के समान है अतः सुरक्षा के पूर्व उपाय; सावधानियों आदि के प्रति सजग रहना अनिवार्य है।

जिस प्रकार सिंह आदि हिंसक पशुओं को श्रम तथा बुद्धि से, विधि व सजगता से साध लिया जाता है, उसी प्रकार कुण्डलिनी शक्ति को साधा जाता है। किन्तु जिस प्रकार थोड़ी-सी भी असावधानी सिंह को साधने वाले के लिए उस 'साधना काल' में घातक सिद्ध होती है उसी प्रकार कुण्डलिनी जागरण व चक्र भेदन काल में हुई असावधानी घातक सिद्ध हो सकती है। अग्नि या विद्युत को नियंत्रित कर उनसे मनचाहे कार्य कराए जा सकते हैं किन्तु अनियंत्रित अग्नि या विद्युत जानलेवा भी हो जाती है। अतः कुण्डलिनी को जमने से पूर्व उसे संभाल पाने का सामर्थ्य अवश्य ही जुटा लेना चाहिए। यही सामर्थ्य 'पात्रता' है। पूर्व वर्णित खण्ड में पात्रता के सम्बन्ध में और उसे उत्पन्न करने की विधियों या अभ्यासों के सम्बन्ध में चर्चा हो चुकी है। उन अभ्यासों में परिपक्व हुए बिना (पात्रता उत्पन्न किए बिना) इस खण्ड के अभ्यासों को न करें। यह निवेदन ही नहीं चेतावनी भी है। यह याद रखें।

पात्रता उत्पन्न कर लेने के बाद भी सुयोग्य तथा समर्थ गुरु के मार्गदर्शन में यह अभ्यास करें तो अधिक निरापद होगा और सफलता के प्रति निश्चतता भी रहेगी। किन्तु *ऐसा सम्भव न हो तो सच्चे मन और पूर्ण श्रद्धा से ईश्वर को अपना गुरु बनाएं।* ध्यानावस्था में अथवा स्वप्न में उस परमशक्ति से दिशानिर्देशन के लिए प्रार्थना करें, और फिर सब कुछ उसी पर छोड़ दें। जैसा विचार या प्रेरणा वह दे-वैसा ही करें। वह आपका पथ प्रदर्शन करेगा अथवा सुयोग्य गुरु से भेंट करा देगा। या आपको योग्य नहीं पाएगा तो प्रारम्भ में ही हतोत्साहित करके इस साधना से आपको विमुख कर देगा। जैसा भी वह सुझाए, वैसा ही करें। अपने अहं व बुद्धि को आड़े न आने दें। पूर्ण समर्पण करके चलें।

कुछ महत्त्वपूर्ण तथ्य

अभ्यास में आवश्यक तथ्यों पर पहले एक दृष्टि डाल लें। उनमें पहला तथ्य शरीर के 29 ज्ञातव्य अवयव हैं जिन्हें जाने बिना योग सिद्धि सम्भव नहीं है। जैसा कि कहा भी गया है—

षट्चक्र षोडशाधारं द्विलक्ष्यं व्योम पंचकम।
स्वदेहे ये न जानन्ति कथं सिद्ध्यन्तियोगिनः॥

—(*गोरक्षसंहिता*)

अर्थात्—*छः चक्रों* (मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपूर, अनाहत, विशुद्ध और आज्ञा चक्र)। योग में क्योंकि छः चक्रों का ही भेदन किया जाता है, अतः 6 चक्रों का जानना अनिवार्य है जिन का भेदन करना है। सातवें चक्र सहस्रार का भेदन नहीं करना है अतः उसका ज्ञान अनिवार्य नहीं है)। *सोलह आंधार*—(पैर का अंगूठा, मूलाधार/सीवन, गुह्या द्वार, वज्रगर्भनाड़ी, उड्डियान बन्धाधार/ जहां उड्डियान बन्ध लगाया जाता है, यानि नाभि के नीचे का क्षेत्र, नाभिमंडलाधार, हृदयाधार, कण्ठाधार, कण्ठमूलाधार, जिह्वयामूलाधार, जिह्वयाअधोभागाधार, उर्ध्वदन्तमूलाधार, नासिकाग्राधार, नासिकामूलाधार, भ्रूमध्याधार और नेत्राधार), *दो लक्ष्य* (बाह्य और आन्तिरिक), *पांच आकाश* (श्वेतवर्णीय ज्योति रूप आकाश, रक्तवर्णीय ज्योतिरूप आकाश, धूम्रवर्ण ज्योति रूप महाकाश, नीलवर्ण ज्योतिरूप तत्त्वाकाश और विद्युत्वर्णीय ज्योति रूप सूर्याकाश—जो क्रमंशः पहले के भीतर दूसरा, दूसरे के भीतर तीसरा, आदि के क्रम में शरीर के भीतर रहते हैं)। *अपने ही शरीर में रहने वाले इन* (6 + 16 + 2 + 5 = 29) *उनतीस सत्ताओं को जो नहीं जानता, वह योग में सिद्धि प्राप्त नहीं कर सकता।*

व्याख्या

ध्यानयोग में कुण्डलिनी जागृत कर षट्चक्र भेदन का विधान है। जिनको भेदा जाना है, उनको भली प्रकार जानना अनिवार्य है। यही छः चक्रों को जानने का महत्त्व है। सोलह आधारों द्वारा मन को प्रारम्भ में एकाग्र करने में सुभीता रहता है। दृष्टि की स्थिरता बढ़ती है तथा पात्रता, शुद्धि, आरोग्यता, बल आदि लाभ होते हैं।

16 आधारों का प्रयोग

प्रथम आधार को दृष्टि स्थिर करने के प्रयोग में लाएं। इससे दृष्टि की स्थिरता बढ़ती है। दूसरे आधार को एड़ी से, तीसरे आधार का संकुचन व विस्तारण करना चाहिए (अश्विनी मुद्रा)। इससे अपान वायु चौथे आधार में प्रविष्ट होकर बिन्दुचक्र में पहुंच जाता है जिससे वीर्य स्तम्भन सामर्थ्य प्राप्त होती है। पांचवें आधार का पश्चिमोत्तानासन में गुदा सहित संकोचन करने से जठराग्नि प्रदीप्त होती है। उदरकृमि नष्ट होते हैं तथा पाचनतंत्र सही रहता है। छठे आधार में ज्योति का ध्यान करने तथा

प्रणव जाप करने से नाद उत्पन्न होता है। सातवें आधार को प्राण वायु से भर कर रोकने से हृदय कमल विकसित होता है। आठवें आधार में ठोड़ी की दृढ़ता पूर्वक कंठकूप में स्थापित करके ध्यान करने से चन्द्र व सूर्य स्वर स्थिर होते हैं। नवें आधार में जिह्वा को पलट कर लगाने से (खेचरी मुद्रा) सहस्त्रार चक्र के चन्द्रमंडल से निरन्तर झरने वाले अमृत का स्वाद मिलता है। दसवें भाग का मंथन व दोहन करने से खेचरी मुद्रा सिद्ध होती है। ग्यारहवें आधार के मंथन से कवित्व शक्ति प्राप्त होती है।

बारहवें आधार में जिह्वा का अग्रभाग स्थापित करने से बहुत से रोगों से मुक्ति मिलती है, तथा जिह्वा की सामर्थ्य बढ़ती है। यह आधार बाह्य त्राटक में भी काम आता है। तेरहवें आधार व चौदहवें आधार का प्रयोग अर्न्तत्राटक में होता है। चौदहवां आधार ध्यान लगाए जाने पर ज्योति का साक्षात्कार कराता है (शाम्भवी मुद्रा)। पंद्रहवें आधार में दृष्टि स्थिर करने का अभ्यास चित्त की लय सिद्धि करता है तथा सोलहवें आधार का उपयोग त्राटक आदि क्रियाओं में किया जाता है। अतः इन 16 आधारों का ज्ञान आवश्यक है। (इस बीच चर्या में आए—खेचरी मुद्रा, शाम्भवी मुद्रा, जिह्वा के अग्रभाग का मंथन/दोहन, अश्विनी मुद्रा तथा त्राटक आदि के विषय में आगे विस्तृत चर्चा करेंगे)।

दो लक्ष्यों में आन्तरिक लक्ष्य—6 चक्र आदि रहते हैं तथा बाह्य लक्ष्य—नासिकाग्र, भ्रूमध्य आदि रहते हैं। इन्हीं लक्ष्यों पर दृष्टि व ध्यान को एकाग्र किया जाता है। अत: इनको 'लक्ष्य' कह कर पुकारा गया है। पांचों आकाश ध्यान लगने के बाद शरीर के भीतर दिखाई पड़ने वाले क्रमश: ज्योतिमान घटक हैं जो 'ध्यान यात्रा' के सुचारु व सही दिशा में जाने के लक्षण हैं। एक प्रकार से मील के पत्थर या मार्ग में पड़ने वाले पहचान चिह्न हैं। इस प्रकार इन 29 सत्ताओं का ज्ञान योगी को अवश्य ही होना चाहिए। गोरखनाथ सम्प्रदाय में इन क्रियाओं का विशेष महत्त्व माना जाता है। क्योंकि यह गुरुगोरखनाथ के निर्देश हैं। 'शारीरकोपनिषद्' भी उन्तीस शरीरस्थ तत्त्वों/सत्ताओं को जानने योग्य मानता है और उनके ज्ञान के बिना योग में सिद्धि मिलना असम्भव मानता है। किन्तु उनके 29 तत्त्व या सत्ताओं में कुछ विभिन्नताएं मिलती हैं। तथापि उपयोगी होने के कारण, पाठकों के लाभार्थ व जिज्ञासा शांति के उद्देश्य से हम उनको भी यहां दे रहे हैं। पाठक अपनी रुचि अनुसार इन्हें स्वीकारें या गोरखनाथ के कहे तत्त्वों को, अथवा दोनों ही शास्त्रों के मतों को—यह पाठकों की अपनी इच्छा, रुचि, स्वभाव, सुविधा, पसंद, सामर्थ्य, ज्ञान आदि पर निर्भर करता है।

श्रोतं त्वक्चक्षुषी जिह्वा घ्राण चैवतु पंचमम्।
पापस्थौ करौ पादौ वाकैव दशमी भता॥

शब्दः स्पर्शश्च रूपं च. रसगन्धस्तथैव च।
त्रयोविंशतिरेतनि तत्त्वानि प्राकृतानितु॥

—शारीरकोपनिषद्

अर्थात्—कान, त्वचा, नेत्र, जिह्वा, नासिका यह पांच (ज्ञानेन्द्रियां) और गुदा, उपस्थ, हाथ, पैर, वाणी यह पांच (कर्मेंद्रियां) तथा शब्द, स्पर्श, रूप/तेज, रस और गंध यह पांच (तन्मात्राएं अथवा इन्द्रियों के विषय) एवं (मन, बुद्धि, अहंकार और पंचमहाभूत—आकाश,वायु, अग्नि, जल तथा पृथ्वी) आठ विकार—कुल तेईस तत्त्व प्रकृति के हैं—(इनमें 6 चक्र जोड़कर उन्तीस घटक हुए)। इन्हें जाने बिना योगमार्ग में सफलता नहीं मिलती।

इनके अतिरिक्त भी शरीर को जानना आवश्यक है। जैसा कि कहा है—

एकस्तम्भं नवद्वारं गृहं पंचाधिदैवतम्।
स्वदेहे येन जानन्तिकथं सिद्धयन्ति योगिनः॥

अर्थात्—एक स्तम्भ, नौ द्वार और पांच देवताओं वाले घर (शरीर) को जो योगी नहीं जानते, उन्हें योगसिद्धि कैसे हो सकती है, यानि नहीं हो सकती।

व्याख्या

शरीर पंचतत्त्वों या पंचमहाभूतों से निर्मित है। वहीं (आकाश, वायु अग्नि, जल और पृथ्वी) पांच देवता हैं। नौ छिद्र (दो कान, दो नेत्र, दो नथुने, एक मुख, एक गुदा व एक जननांग) ही नौ द्वार हैं और मन ही इस घर (शरीर) का एक मात्र दृढ़ स्तम्भ है, क्योंकि मन के चंचल होने पर समस्त इन्द्रियां व शरीर उसका अनुगमन करते हैं। मन के स्थिर होने पर शरीर सहित समस्त इन्द्रियां भी स्थिर होते हैं। अत: मन ही शरीर रूपी घर का आधार स्तम्भ है। जब तक योगी इन सबको जानता हुआ अपने मन को नियंत्रित व दृढ़ नहीं कर लेता, वश में नहीं कर लेता, तब तक सिद्धि सम्भव नही हो सकती। इसीलिए '*शाट्यायनीयोपनिषद्*' में कहा गया है—'*मन एवं मनुष्याणां कारण बन्धमोक्षयो*' (मन ही मनुष्यों के बन्धन व मोक्ष का कारण है।)

मन के सम्बन्ध में यद्यपि प्रारम्भ ही में चर्चा कर आए हैं तो भी कुछ विशेष उदाहरण यहां अवश्य देंगे ताकि मन का महत्त्व कुण्डलिनी जागरण में भली प्रकार से समझा जा सके और सफलता की निश्चितता हो।

एतद्विमुक्तिसोपानमेंतत्कालस्य वंचनम्।
यद्व्यावृत्तं मनो भोगादासक्तं परमात्मनि॥

—(गोरक्ष संहिता)

अर्थात्—योगाभ्यास द्वारा जब मन विषय भोगों से दूर होकर परमात्मा में लग जाता है, तब योगी काल और मृत्यु को विजय करके ज़रा-मरण को भी वश में कर

लेता है। यह कर्म मोक्ष का सोपान है, और यही काल की वंचना भी है।

मन को साधने के सम्बन्ध में *'मैत्रेय्युपनिषद्'* में कहा गया है—

अभेददर्शनं ज्ञानं ध्यानं निर्विषय मनः।
स्नानं मनोमलत्यागः शौचमिन्द्रिय निग्रहः॥

अर्थात्—जीव और ब्रह्म में भेद न देखना ही ज्ञान है। मन को विषयों से दूर कर लेना ही ध्यान है। मन के मैल/कलुष/विकारों को त्यागना ही स्नान है तथा इन्द्रियनिग्रह/उन्हें वश में रखना ही शौच/पवित्रता है।

चित्तमेव हि संसारस्तत्प्रयत्नेन शोधयेत्।
यच्चित्तस्तन्मयो भांति गुह्यमेतत्सनातनम्॥

—(मैत्रेय्युपनिषद्)

अर्थात्—चित्त/मन ही संसार है। अतः प्रयत्नपूर्वक उसे शुद्ध करें। जैसा चित्त, वैसी गति—यही सनातन सिद्धान्त है। (*नियम परिवर्तित हो सकता है। सिद्धांत कभी नहीं। क्योंकि सिद्ध + अंत = सिद्धांत वही है जो अंत तक सिद्ध हो या जिसका अंतसिद्ध हो*)

चित्तस्य हि प्रसादेन हन्ति कर्म शुभाशुभम्।
प्रसन्नात्मात्मनि स्थित्वा मुखमव्ययमश्नुते॥

अर्थात्—चित्त के शान्त होने पर शुभाशुभ कर्म नष्ट हो जाते हैं और शांत चित्त वाला मनुष्य आत्मा में लीन होकर अक्षय आनन्द को प्राप्त होता है।

अतः मन को भटकने से रोकना चाहिए। भोग भी करें तो निर्लिप्त होकर। पानी में रहने वाली नौका का यदि लंगर पड़ा रहे तो वह लहरों पर इधर उधर तैरने का आनंद तो लेती है, पर बहती नहीं। अतः मन रूपी नौका पर आस्था रूपी लंगर पड़ा रहना चाहिए। कीचड़ में रहकर भी कमल जिस प्रकार जलकणों व कीचड़ से प्रभावित नहीं होता। उसी प्रकार संसार में रहते हुए भी बिना लिप्त हुए कर्म करने से मन माया में नहीं फंसता। जैसा कि 'गोरक्ष संहिता' में कहा गया है—

रज्जुबद्धो यथा श्येनो यतोऽप्याकृष्यते पुनः।
गुणेबद्धस्तथा जीवः प्राणापाणेन कृष्यते॥
अपानः कर्षति प्राणं प्राणोऽपानं च कर्षति।
उर्ध्वानः संस्थितावेतौ संयोजयति योगविद्॥

अर्थात्—बाज पक्षी के पैर में रस्सी बांधकर यदि रस्सी को ढील दें तो वह उड़ जाएगा, किन्तु रस्सी खींच लेने पर वह पुनः निकट आ जाएगा। उसी प्रकार माया के गुणों से बंधा हुआ जीव प्राण व अपान वायुओं द्वारा ऊपर नीचे खींचा जाता है। आज्ञाचक्र में स्थित प्राणवायु मूलाधार में स्थित अपानवायु को ऊपर खींचता है। और मूलाधार में स्थित अपान वायु आज्ञाचक्र में स्थित प्राणवायु को नीचे खींचता है। इस प्रकार दोनों वायु जीव को एक दूसरे के साथ ऊपर-नीचे को खींचते रहते

हैं। किन्तु योगिजन प्राण और अपान का नाभिप्रदेश में समायोजन कर जीव और चित्त को भी स्थिर कर लेते हैं। (अन्यथा जीव-रज, सत् व तम तीन गुणों से बंधा रहता है, जैसा कि कहा है—'गुणबद्धस्ततो जीवः')

मन के पूर्ण संयम और साधक के पूर्ण समर्पण से ही सफलता निश्चित होती है। जैसा कि *गीता* में भी कृष्ण भगवान ने कहा है—

यतेन्द्रियमनोबुद्धिर्मुनिर्मोक्षपरायणः।
विगतेच्छाभयक्रोधो यः सदामुक्त एवसः॥

अर्थात्—जीती हुई हैं इन्द्रियां, मन और बुद्धि जिसकी (अपने ही द्वारा), ऐसा जो मोक्ष परायण मुनि (परमेश्वर के स्वरूप का निरंतर मनन करने वाला)—इच्छा, भय और क्रोध से रहित हैं—वह सदा मुक्त ही है।

मन व इन्द्रियों के संयम के साथ-साथ मन का पूर्ण विश्वास और श्रद्धा से संयुक्त रहना भी परमावश्यक हैं। शंका रहित होना अनिवार्य है। क्योंकि शंका श्रद्धा और विश्वास की शत्रु है और परिश्रम व लगन में बाधक है। जिनके अभाव में सफलता प्राप्त हो ही नहीं सकती। यदि पूर्वजन्म के संचित् कर्मों के सौभाग्य स्वरूप मिल भी जाए तो व्यक्ति शंका के कारण हीरे को ठींकरा समझ कर छोड़ देता है। पाठकों की समस्त शंकाओं के समाधान हेतु और योग पद्धति को तत्त्वतः समझाने के लिए ही कई तथ्यों की पुनरावृत्ति करके भी इतनी लम्बी भूमिका देने की जरूरत महसूस होती है। क्योंकि शंका का नष्ट हो जाना आवश्यक है। जैसा कि 'गीता' में श्रीकृष्ण ने स्वयं अर्जुन से कहा है—

अज्ञश्चाश्रद्धानश्च संशयात्मा विनश्यति। नायं
लोकोऽस्ति न परो न सुखं संशयात्मनः॥

अर्थात्—हे अर्जुन! भगवत् विषय को न जानने वाला तथा श्रद्धारहित और संशययुक्त पुरुष परमार्थ से भ्रष्ट हो जाता है। उनमें भी (श्रद्धारहित और संशययुक्त में से)—संशययुक्त पुरुष के लिए तो न सुख और यह लोक है न ही परलोक है। अर्थात् इहलोक और परलोक दोनों ही उसके लिए भ्रष्ट हो जाते हैं। (अतः संशय रहित होना हर प्रकार की सफलता की प्रथम शर्त है)।

संशय का एक मात्र कारण पूर्ण ज्ञान का न होना अथवा अज्ञान या अर्द्धज्ञान का होना है। अतः सर्वप्रथम साधक को पूर्ण ज्ञान प्राप्त करना चाहिए। तभी तो कहा गया है—'*न हि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिह विद्यते।*' (ज्ञान के समान पवित्र करने वाला निस्संदेह इस संसार में और कुछ नहीं है)

श्रद्धावांल्लभते ज्ञानं तत्परः संयतेन्द्रियः।
ज्ञानं लब्ध्वा परां शान्तिमचिरेणाधिगच्छति॥

अर्थात्—जितेन्द्रिय, तत्पर हुआ, श्रद्धावान पुरुष-ज्ञान को प्राप्त होता है। ज्ञान को प्राप्त होकर तत्क्षण भगवत्प्राप्ति रूप परम शान्ति को प्राप्त हो जाता है।

इसीलिए गुरु के प्रति अंधी श्रद्धा कल्याणदायिनी कही जाती है क्योंकि ज्ञान न होने पर भी प्रबल श्रद्धा संदेह या शंका को उत्पन्न नहीं होने देती। जैसा कि '*अद्वयतारक-उपनिषद्*' में कहा है—'*गुरूदेव परंब्रह्म गुरुदेव परागतिः।*' (गुरु ही परब्रह्म है, गुरु हि परम गति है।) *शाट्यायनोपनिषद् में* भी कहा है—

यस्य देवे पराभक्तिर्यथा देवे तथा गुरौ।
स ब्रह्म वित्परंप्रेयादिति वेदानुशासनम्॥

अर्थात्—देवताओं में जैसी परम भक्ति होती है, वैसी ही भक्ति गुरु में होनी चाहिए। (इस प्रकार की गुरु भक्ति से व्यक्ति) ब्रह्मज्ञानी होकर परमपद को प्राप्त होता है। यही वेद की व्यवस्था है।

योगमार्ग में तो गुरु की विशेष भूमिका रहती है। जैसा कि कहा गया है—'*अध्यायिता ये गुरु नाद्रियन्ते*' आदि शास्त्रोक्त उदाहरण बताते हैं कि बिना गुरु के प्रति श्रद्धा वाले साधक की तपस्या कच्चे घड़े के जल में घुल जाने के समान नष्ट हो जाती है। गुरु न मिले तो जैसा कि बताया है—ईश्वर को ही सच्चे मन से गुरु मान, पूर्ण समर्पण व श्रद्धा सहित साधना आरम्भ करनी चाहिए। आगे बढ़ने का मार्ग स्वयं मिलता चला जाता है।

जैसे वर्षा ऋतु में ऊंची हो गई घास के मैदान को दूर से देखने पर कोई मार्ग नज़र नहीं आता। चारों ओर घास ही घास दिखाई पड़ती है परन्तु यात्रा आरम्भ कर देने पर जैसे-जैसे निकट जाते हैं—पगडण्डियां दिखाई देने लगती है, और मार्ग स्वतः मिलता चला जाता है। उसी प्रकार श्रद्धावान व संशय रहित होकर तप करने वाला साधक स्वतः अपना मार्ग प्राप्त कर लेता है। '*सौभाग्यलक्ष्मी उपनिषद्*' का यह श्लोक इसकी पुष्टि करता है—

योगेन योगो ज्ञामव्यो योगो योगात् प्रवर्द्धते।
योऽप्रमत्तस्तु योगेन स योगी रमते चिरम्॥

अर्थात्—योग से योग की वृद्धि होती है। अतः योग के ही द्वारा योग को जानना चाहिए। योग में सदैव दत्तचित्त रहने वाला योगी चिरकाल तक सुख (आनन्द) का उपभोग करता है।

ऊपर कहे श्लोक में कर्म/साधना/तप की महत्ता बताई गई है। केवल ज्ञान ही एकत्र करते रहना अथवा केवल शास्त्रों का अध्ययन ही करते रहना कल्याणकारी नहीं कहा जा सकता, क्योंकि बिना कर्म किए लक्ष्य प्राप्ति कैसे होगी अधिक अध्ययन में दोष भी है—बुद्धि के भ्रमित हो जाने का। क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति के कहने का अपना ढंग होता है। कोई अपने मार्ग के विषय में बताता है तो दूसरा अपने मार्ग के विषय में। परिणामतः पाठक उलझ जाता है। अतः एक मार्ग पर श्रद्धा व संकल्प करके बस चल देना चाहिए। जैसा कि कवि *हरिवंशराय बच्चन* ने कहा है—

'राह पकड़ तू एक चालाचल
पा जाएगा मधु शाला।'

श्रीमद्भागवत् गीता में भी कृष्ण ने कहा है—

यदा ते मोह कलिलं बुद्धिर्व्यतितरिष्यति।
तदा गन्तासि निर्वेदं श्रोतव्यस्य श्रुतस्य च॥
श्रुतिविप्रतिपन्ना ते यदा स्थास्यति निश्चला।
समाधावचला बुद्धिस्तदा योगमवाप्स्यसि॥

— श्रीमद्भागवत गीता

अर्थात्—'और हे अर्जुन! जिस काल में तेरी बुद्धि मोहरूपी दलदल से बिल्कुल तर जाएगी' (स्थिर, शुद्ध व एकमत हो जाएगी) तब तू सुनने योग्य (सुने हुए को समझने के योग्य) और सुने हुए के वैराग्य को प्राप्त होगा (अर्थात् सुने हुए को समझकर आत्मसात् करने और उसे व्यवहार में लाने में समर्थ होगा। अन्यथा तर्क वितर्क में उलझ जाएगा) और जब अनेक प्रकार के सिद्धांतों को सुनने से विचलित हुई तेरी बुद्धि परमात्मा के स्वरूप में अचल और स्थिर होकर ठहर जाएगी तब तू समत्वरूप योग को प्राप्त होगा।

सांख्य सिद्धांत में समस्त कर्मों की सिद्धि के लिए पांच सेतु कहे गए हैं। उन पांचों के विधिवत संयोग से कार्य की सिद्धि होती है। इन्हें भी समझ लेना चाहिए।

अधिष्ठानं तथा कर्त्ता करणं च पृथग्विधम्।
विविधाश्च पृथक्चेष्टा दैवं चैवात्र पञ्चमम्॥

अर्थात्—आधार/अधिष्ठान (जिसके आश्रय कर्म किए जाएं), कर्त्ता (जो कर्म करे), करण (जिनके द्वारा कर्म किए जाएं अर्थात् माध्यम, जैसे—इन्द्रियां आदि साधन), चेष्टा (कर्म/क्रिया) तथा दैव (पूर्वकृत शुभाशुभकर्मों से निर्मित संस्कार या स्वभाव तथा पूर्व निर्मित भाग्य)—यह पांच सेतु ही कार्यसिद्धि कराने वाले हैं।

कुण्डलिनी जागरण के सम्बन्ध में ध्यान योग या मंत्र पद्धति आधार/अधिष्ठान कहे जाएंगे। कर्त्ता स्वयं आप होंगे। करण आपकी इन्द्रियां, आसन, माला आदि होंगे तथा स्तोत्र या मंत्र होंगे। चेष्टा—प्राणायाम, विपरीतकरणी, खेचरी आदि विभिन्न यौगिक क्रियाएं अथवा जाप व मुद्राएं होंगे और दैव आपका स्वभाव, संस्कार व भाग्य होंगे। इन पांचों के एकत्रित, समायोजित तथा अनुकूल न होने पर कार्य सिद्धि नहीं हो सकती।

इन तथ्यों को भली प्रकार समझ कर कुण्डलिनी जागरण के अभ्यास आरम्भ करें।

❑❑❑



15
ध्यान-योग व हठयोग सम्बन्धी उपाय

प्राणायाम

प्राणायाम के विभिन्न रूप हैं। उनकी भिन्न-भिन्न विधियां तथा फल हैं। कुण्डलिनी का सम्बन्ध प्राण से है और प्राण का मन से। अत: कुण्डलिनी जागरण का सर्वप्रथम, प्रामाणिक, सरल व निश्चित उपाय प्राणायाम ही है। जैसा कि '*योगकुण्डल्यउपनिषद्*' में कहा गया है—

मुहूर्तद्वयपर्यन्तं निभयाच्चालयेत्सुधीः।
उर्ध्वमाकषयेत्किंचित्सुषुम्नां कुण्डलीगता॥
तेन कुण्डलिनी तस्याः सुषुम्नाया मुखं ब्रजेत्।
जहाति तस्मात्प्राणोऽयं सुषुम्नां ब्रजति स्वयम्॥

अर्थात्—दो मुहूर्त तक सरस्वती का चालन करके सुषुम्ना नाड़ी को, जो कुण्डलिनी के सर्वाधिक निकट होती है, किंचित ऊपर की ओर खींचें। इस भांति अभ्यास करने से कुण्डलिनी सुषुम्ना के मुख में चढ़ने लगती है और साथ-साथ प्राण भी स्वयं ही उस स्थान को छोड़ सुषुम्ना में चढ़ने लगता है।

बन्द मोक्षद्वार खोलने के लिए प्राणशक्ति को सुषुम्ना में प्रविष्ट कराना आवश्यक है। इस प्रकार कुण्डलिनी को चलाने के दो ही प्रमुख साधन माने गए हैं—सरस्वती चालन और प्राणनिरोध/प्राणायाम।

कुण्डलिनी शक्ति आठ प्रकार की होकर मार्ग अवरुद्ध किए पड़ी रहती है। अग्नि या वायु के संयोग/आघात से ही यह जागृत होती है। जैसा कि *गोरक्ष संहिता* में कहा गया है—

कन्दोर्ध्वे कुण्डली शक्तिरष्टधा कुण्डलाकृतिः।
ब्रह्मद्वार मुखं नित्य मुखेनाच्छाद्य तिष्ठिति॥
येन द्वारेण गन्तव्यं ब्रह्मगारमनामयम्। मुखेनाच्छाद्य
तद्द्वारं प्रसुप्ता परमेश्वरी॥
प्रबुद्धा बुद्धियोगेन मनसा मरूता सह।
सूचीव गुणमादाय ब्रजव्यूर्ध्व सुषुम्णया॥

अर्थात्—नाड़ियों के उत्पत्ति स्थान रूप कन्द के ऊपर कुण्डलिनी 8 प्रकार की होकर ब्रह्मरंध्र के मुख को रोकती हुई अवस्थित है। जिस मार्ग से चलते हुए पाप रहित बह्मद्वार की प्राप्ति होती है, उसके द्वार को ढककर यह कुण्डलिनी शक्ति सुप्त पड़ी रहती है। यह बुद्धि के संयोग से (ध्यान लगाने पर) जागृत होकर मन और प्राण के साथ सुषुम्ना द्वार में सूई की भांति प्रविष्ट होकर ऊपर की ओर चढ़ती है।

'*शाण्डिल्योपनिषद्*' भी कुण्डलिनी के अष्टधा अवरोधक होने की पुष्टि करता है—

नाभेस्तिर्णगधोर्ध्व कुण्डलिनी स्थानम।
अष्टप्रकृतिरूपाऽष्टधा कुण्डलीकृताकुण्डलिनी शक्ति भवि्ति॥

अर्थात्—नाभि के पीछे ऊपर की ओर कुण्डलिनी का स्थान है। यह कुण्डलिनी शक्ति आठ प्रकृति स्वरूपा होकर आठ कुण्डल धारण किए हुए पड़ी रहती है।

कुण्डलिनी के दो मुख होते हैं। एक मुख से वह सुषुम्ना के रुध्र में इड़ा व पिंगला नाड़ी में लपेटा लगाए हुए साढ़े तीन कुण्डलों के साथ सोती रहती है। दूसरा मुख सदैव क्रियाशील व जागृत रहता है। इसी मुख से जीव को चेतना व ब्रह्मज्ञान प्राप्त होता है। परन्तु पहले मुख के निष्क्रिय व सुप्त रहने के कारण व्यक्ति आत्मज्ञान या ब्रह्मसाक्षात्कार करने में असमर्थ होता है। जिस द्वार से जाने पर ब्रह्मद्वार की प्राप्ति होती है, उसी द्वार पर यह परमेश्वरी सोई पड़ी रहती है। वायु या अग्नि के संयोग से प्राण निरोध या सरस्वती चालन से जागृत हो जब यह ऊपर चढ़ने लगती है तभी वह सिद्धित्व मोक्ष देने वाली होती है। जब तक यह देवी जागृत नहीं होती तब तक सभी पूजा-पाठ, मन्त्र आदि असफल रहते हैं। जैसा कि महर्षि गौतम ने कहा है—

मूलपद्मे कुण्डलिनी यावन्निदायिताप्रभो।
तावत किंचिन्न सिध्येत मंत्रयंत्रार्चनादिकम्॥
जागर्ति यदि सा देवी बहुभिः पुण्य संचयै।
तदा प्रसादमायाति मन्त्र यन्त्रार्यनादिकम्॥

—(*गौतमयितंत्र*)

अर्थात्—जब तक कुण्डलिनी शक्ति मूलाधार में सोई रहती है, तब तक कोई मंत्र-यंत्र, पूजा आदि सफल नहीं होते। अनेक संचित पुण्यों के प्रभाव स्वरूप जब यह परमेश्वरी जागृत हो जाती है तब इसी के प्रसाद से यन्त्र-मंत्र पूजा आदि प्रभाव दिखाने वाले होते हैं। (वरदान व श्राप भी तभी फलीभूत होते हैं)।

और जैसा कि '*गोरक्षसंहिता*' में कहा गया है—

प्रसुप्तभुजंगाकारा पद्यतन्तुनिभा शुभा।
प्रबुद्धा बहिन योगेन व्रजत्यूर्ध्व सुषुम्णया॥
उद्घाटयेत्कपाट तु तथा कुञ्चियकया हठात्।
कुण्डलिन्या तथा योगी मोक्षद्वारं प्रभेदयेत्॥

अर्थात्—सुप्त कुण्डलिनी सर्पाकार और कमल नाल के तन्तु के समान होती है, वह अग्नि के संयोग से जागृत् होकर सुषुम्ना के रास्ते ऊपर चढ़ती है। चाबी से जिस प्रकार ताला खुल जाता है उसी प्रकार कुण्डलिनी को जागृत कर योगी अपने मोक्ष का द्वार खोल लेता है। (कुण्डलिनी के जागृत हुए बिना साधक का कोई भी प्रयत्न सफल नहीं हो पाता)। अनेक योगग्रन्थ 8 प्राणायाम कहते हैं। बहुत से योगशास्त्र प्राणायामों की संख्या बारह बताते हैं। हम कुण्डलिनी जागरण में उपयोगी प्रमुख प्राणायाम दे रहे हैं।

नाड़िशोधक प्राणायाम—शरीर में स्थित 72000 नाड़ियों में दस नाड़ियां अत्यंत प्रमुख हैं। क्योंकि ये प्राणवाहक नाड़ियां हैं। इड़ा, पिंगला, सुषुम्ना, गान्धारी, हस्तजिह्वा, पूषा, यशस्विनी, अलम्बुषा, कुहू और शंखिनी। नाभि के नीचे (कन्द) इन सभी नाड़ियों का मूलस्थान है। बहत्तर हजार में 72 मुख्य हैं। उन 72 में भी उपर्युक्त दस प्रमुख हैं। और इनमें भी प्रथम तीन तो परम महत्त्व वाली हैं। जैसा कि '*सुबालोपनिषद्*' में कहा है—

'***अथेमा दश-दश नाड्यो भवन्ति तासामेकै कस्यों द्वासप्ततिद्वसिप्ततिः शाखानाडी सहस्त्राणि भवन्ति यस्मन्नयमात्मा स्वयिति शब्दानां च करोति।***' (इस हृदय की 10-10 नाड़ियां हैं। उनमें से प्रत्येक की 72-72 नाड़ियां हैं/शाखाएं हैं। इस प्रकार 72000नाड़ियां हैं जिनमें आत्मा/प्राण सोता है व क्रिया करता है।)

'*क्षुरिकोपनिषद्*' में भी कहा है—'***द्वासप्तति सहस्त्राणि प्रतिनाडीषुतैतिलम्***' (72000 सर्वसूक्ष्म नाड़ियां हैं जिन्हें *तैतिल* कहा जाता है)।

इन प्रमुख नाड़ियों के स्थान भी *गोरक्षसंहिता* में कहे गए हैं। नासिका के बाएं भाग में इड़ा, दाएं में पिंगला, इन दोनों के मध्य में सुषुम्ना है। बाईं आंख में गान्धारी, दाईं आंख में हस्तजिह्वा, दाएं कान में पूषा, बांए कान में यशस्विनी, मुख में अलम्बुषा, लिंग देश में कुहू, मूल स्थान में शंखिनी स्थित है। यह दस प्रमुख प्राण वाहक नाड़ियों के स्थान हैं। इनमें सुषुम्ना परातत्त्व में लीन है तथा बह्म स्वरूप है। क्योंकि यही कुण्डलिनी शक्ति का मार्ग बनती है। प्राणायाम में इड़ा व पिंगला नाड़ियों का प्रयोग होता है। अत: यह तीनों परममहत्त्व वाली हैं। इन तीनों नाड़ियों का मिलन/संगम 'आज्ञाचक्र' पर होता है। तभी तो *क्षुरिकोपनिषद्* में कहा गया है—*तयोर्मध्ये परंस्थानं यस्तं वेद स वेदविद्।* अर्थात् इन तीनों के मध्य में जो परम स्थान हैं, उसे जानने वाला ही वेदों को जानने वाला है।

कुण्डलिनी के समीप होने से सुषुम्ना ही उसका मार्ग बनती है। जैसा कि '*योगकुण्डल्योपनिषद्*' में कहा गया है—'*सुषुम्ना बदने शीघ्रं विद्युल्लेखेव संस्फुरत्*' (कुण्डलिनी शीघ्र ही विद्युत रेखा के समान सुषुम्ना नाड़ी में चढ़ती है।) अत: इड़ा, पिंगला व सुषुम्ना में सुषुम्ना ही अति महत्त्व की है। इसी को सरस्वती भी कहा जाता है।

शरीर, मन आदि को जिस प्रकार शुद्ध, पवित्र करना आवश्यक है, उसी प्रकार कुण्डलिनी जागरण के मार्ग पर पहला पड़ाव उपर्युक्त नाड़ियों का शोधन है। जिससे प्राण व कुण्डलिनी का पथ निर्बाध व निर्विकार हो सके। इस विषय में प्राणायाम ही उपयोगी सिद्ध होता है। शरीर को वज्र बनाने के लिए बुद्धि व मन को समर्थ बनाने के लिए, आयुवृद्धि व रोग नाश के लिए, स्फूर्ति, स्वास्थ्य व प्रफुल्लता के लिए, सर्दी गर्मी से शरीर की रक्षा के लिए, भूख प्यास की शान्ति के लिए, कुण्डलिनी जागरण के लिए तथा नाड़ी शोधन के लिए अलग-अलग प्रकार के प्राणायाम उपयोगी होते हैं।

प्राणायाम (बायें नथुने से)

चन्द्रांग सूर्यांग प्राणायाम—बद्ध पद्मासन लगाएं। मूलाधार बन्ध तथा उड्डियान बन्ध लगाएं। चन्द्रनाड़ी (बाएं नथुने) से पूरक करें। फिर जालन्धर बन्ध लगा कर यथाशक्ति कुम्भक करें। तब जालन्धर बन्ध खोल कर सूर्य नाड़ी से (दाएं नथुने से) रेचक करें। फिर यही क्रिया विपरीत क्रम से दुहराएं। अर्थात् सूर्य नाड़ी से पूरक करें और कुम्भक के बाद चन्द्रनाड़ी से रेचक करें। चन्द्र नाड़ी से पूरक करते समय श्वेतवर्णीय अमृत स्वरूप चन्द्रमा का ध्यान करें। सूर्य नाड़ी से पूरक करते समय तेजोमय सूर्य मंडल का ध्यान करें। इस प्रकार चन्द्र व सूर्य का ध्यान करते हुए बार-बार यही क्रम दोहराते हुए प्राणायाम करने से नाड़ी शोधन व सुख होता है। जैसा कि कहा गया है— 'गोरक्ष संहिता' में—

चन्द्रांग प्राणायम

बद्धपद्यासनों योगी प्राणं चन्द्रेण पूरयेत्।
धारयित्वायथाशक्ति भूयः सूर्येण रेचयेत्॥
अमृतदधि संकाशं गोक्षीरधबलोपमम्।
ध्यात्वा चन्द्रमसो बिम्बं प्राणायामी सुखी भवेत्॥

अर्थात्—बद्ध पद्यासन में योगी प्राण का चन्द्र से पूरक करे। यथा शक्ति उसे धारण कर सूर्य से रेचक करे। तब अमृतमयी दही व दूध के समान उजले चन्द्रबिम्ब का ध्यान करें। इससे प्राणायाम करने वाला सुखी होता है।

सूर्यांग प्राणायाम

दक्षिणेश्वासमाकृष्य पूरयेदुत्तरं शनैः।
कुम्भयित्वा विधानेन पुरश्चन्द्रेण रेचयेत्॥
प्रज्वलज्जवलनज्वालापुञ्जमादित्यमण्डलम् ।
ध्यात्वा नाभिस्थितं योगी प्राणायामी सुखी भवेत्॥

अर्थात्—दक्षिण (दाएं) से श्वास को शनैः शनैः पूरक करें। चिर विधान पूर्वक कुम्भक कर चन्द्र से रेचक करें। तब प्रज्ज्वलित देदीप्यमान ज्वालापुञ्ज सूर्य मण्डल का ध्यान नाभि प्रदेश में करने से योगी/प्राणायामी सुखी होता है।

इस प्रकार दोनों अंगों को मिला कर बार-बार यह प्राणायाम करने से सुख व नाड़ी शोधन होता है।

दूसरी नाड़ी शोधक प्राणायाम—दूसरे नाड़ी शोधक प्राणायाम का साविधि वर्णन '*त्रिशिखब्रह्मणोपनिषद्*' में मिलता है—

हस्तेन दक्षिणेनैव पीडयेन्नासिकापुटम्।
शनै शनै रथ बहिः प्रक्षिपेत्पिगलानिलत्॥
इडया बायुमापूर्य ब्रह्मन्बोडशमात्रया।
पूरितं कुंभयेत्पश्चाश्चतुः षष्ट्या तु मात्रया।
द्वात्रिशन्मात्रया सम्यग्रे चयेत्पिंगलानिलम्॥
एवं पुनः पुनः कार्य व्युत्क्रमानुमेण तु।
सम्पूर्णकुम्भद्देहं कुम्भयेन्मातरिश्वना॥
पूरणान्नाडयः सर्वाः पूर्यन्ते मातरिश्वना।
एवं कृते सति ब्रह्मश्चरन्ति दश वायवः॥

अर्थात्—दाएं हाथ से नासापुटों को दबाकर पहले सारा वायु बाहर निकालें। फिर बाएं नासापुट से शनैः शनैः सोलह मात्रा से वायु को भीतर खींच कर, चौंसठ मात्रा से कुम्भक करें और बत्तीस मात्रा से पिंगला (सूर्य/दायां नथुने) के द्वारा उसे बाहर निकालें। तत्पश्चात् विपरीत क्रम से (यानि दाएं से सांस लेकर बाद में बाएं नथुने से निकालना) इसे दुहराएं। ऐसा करने से समस्त नाड़ियां वायु से भर जाती हैं,

और दसों वायु ठीक प्रकार चलने लगती हैं (नाड़ी शोधन होता है।)—यहां ध्यान देने की बात यह है कि जितने समय या मात्रा में श्वांस लेना है, उससे दुगुने में निकालना है। और जितने में निकालना है, उससे दुगुने में रोकना है। इस प्रकार

प्राणायाम (दायें नथुने से)

अधिकाधिक प्राणवायु नाड़ियों को भर पाती है तथा समुचित समय तक उनमें विचर पाती है और अधिक से अधिक अशुद्ध वायु बाहर निष्कासित कर पाती है। मात्राओं को घड़ी द्वारा सैकण्ड्स में नापा जा सकता है। अथवा प्रणव मंत्र ऊं के 16, 64 व 32 बार मन ही मन उच्चारण करके निश्चित समय पूर्ण किया जा सकता है। स्मरणीय तथ्य यह है कि नाड़ी शोधन प्राणायाम बद्धपद्मासन लगाकर ही किए जाते हैं। यहां बताए गए दोनों प्राणायामों में से कोई एक कम-से-कम तीन महीने तक करना चाहिए। तब समस्त नाड़ियों का समुचित शोधन होता है। जैसा कि कहा गया है—

सूर्याचन्द्रमसोरनेन विधिना विम्बद्वयं ध्यायतां।
शुद्धा नाड़िगणा भवन्ति यमिनां मासत्रयाइर्ध्वतः॥

—(गोरक्ष संहिता)

अर्थात्—सूर्य-चन्द्र विधि से दोनों बिम्बों को ध्यान करते हुए अभ्यास में तत्पर रहने से योगी सभी नाड़ियों को तीन मास के पश्चात् शद्ध कर लेता है। ।

यथेष्टं धारणं वायोरनलस्य प्रदीपकम्।
नादादिव्यक्तिरारोग्यं जाते नाड़ि शोधने॥

अर्थात्—नाड़ियों के शोध से यथेष्ट मात्रा में प्राणवायु को धारण करने की सामर्थ्य उत्पन्न हो जाती है। जठराग्नि प्रदीप्त होकर आरोग्य प्राप्त होता है और नाद स्पष्ट सुनाई देता है।

नाड़िशोधन के विषय में *'हठयोगप्रदीपिका'* ने उत्पन्न होने वाले शारीरिक लक्षण भी बताए हैं। जिनसे स्वंय ही साधक जान सकता है, कि तीर निशाने पर बैठा है या नहीं।

यदातु नाडी शुद्धिः स्यात्तथा चिह्नानि बाह्यतः।
कायस्य कृशता कान्तिस्तदा जायेत निश्चितम्॥

अर्थात्—जब नाड़ी शोधन हो जाता है तब उसके बाह्य लक्षण स्पष्ट दिखाई देने लगते हैं। काया कृश हो जाती है, और शरीर कान्तिमय हो जाता है। ये निश्चित लक्षण हैं।

अतः साधक यदि इस प्राणायाम की साधना में शरीर को पतला या हल्का होता हुआ अनुभव करे तो घबराए नहीं। यह सफलता का लक्षण है। शरीर की फालतू चर्बी को दूर कर प्राणायाम शरीर को हल्का व कृश बनाता है। क्योंकि स्थूलता व गुरुता (भारीपन) आलस्य, प्रमाद, तन्द्रा, शिथिलता, दीर्घसूत्रता, निद्रा, बहुभोजी होना रोगों को बढ़ाता है। तमोगुण में वृद्धि करता है। जबकि हल्का व पतला शरीर, प्रसन्न फुर्तीला, सत्त्वमय रहता है। जिससे तेज या कांति में वृद्धि होती है और शरीर तप व साधना में समर्थ होता है।

प्राणायामों का तथा अन्य योग साधनाओं का अभ्यास करने से पूर्व प्रारम्भ में *नाड़ी शोधक प्राणायाम से ही साधनाश्रा आरम्भ करनी चाहिए।* ताकि रही सही अपात्रता भी दूर हो जाए और शरीर साधना के योग्य व साधना द्वारा प्राप्त शक्ति को धारण करने में समर्थ हो जाए। बिना नाड़ियों को शोधन किए किया गया प्राणयाम व ध्यान पूर्ण लाभ नहीं देता तथा उपलब्धियों को संदिग्ध या विकार ग्रस्त कर सकता है। अतः विधान के अनुसार आगे बढ़ें। जल्दबाजी बिल्कुल न करें। *जैसे-जैसे पात्रता बढ़ती चली जाएगी, उपलब्धियां, शक्तियां व सिद्धियां स्वतः प्राप्त होती चली जाएंगी।* चुम्बक जिस प्रकार से लोहे को सहज ही खींच लेता है, उसी प्रकार पात्रता उपलब्धियों व सिद्धियों को सहज ही आकर्षित कर लेती है।

अजपा गायत्री प्राणायाम

अजपा गायत्री को हंस गायत्री भी कहते हैं। यद्यपि 'हंस' शब्द का प्रयोग आत्मा के पर्याय स्वरूप होता है। आत्मा जब देह छोड़ती है, तो प्राण भी देह छोड़ता है। श्वांस-प्रश्वांस क्रिया में प्राण जब बाहर जाता है तब 'सकार' की ध्वनि करता है और अपान जब भीतर आता है तब 'हकार' की ध्वनि करता है। इस प्रकार मनुष्य श्वांस प्रक्रिया के साथ अनजाने में ही हंस गायत्री (सोऽहं या हंसः) का उच्चारण करता रहता है। जिसका अर्थ है 'वो मैं हूं' या 'हूं मैं वो'। इस प्रकार स्वयं को (आत्मा) परम का (परमात्मा) अंश वह अनजाने में ही स्वीकारता रहता है। अनजाने में जाप होते रहने से ही इसे 'अजपा गायत्री' भी कहा जाता है। इस प्रकार एक दिन

में जीव इक्कीस हजार छह सौ हंसमंत्र (औसतन) जपता है। जैसा कि कहा है—

सकारेण बहिर्याति हकारेण विशेत्पुनः।
हंस हंसेत्यमुं मन्त्र जीवो जपति सर्वदा॥
षट्शतानि त्वहोरात्रे सहस्त्राण्येकविंशति।
एतत्संख्यान्वितं मन्त्रं जीवो जपति सर्वदा॥

—(*गो. संहिता*)

अर्थात्—यह जीव (प्राणवायु) सकार की ध्वनि से बाहर आता और हकार की ध्वनि से भीतर जाता है। इस प्रकार वह सदा हंस मंत्र का जाप करता रहता है। एक दिन रात में जीव इक्कीस हजार छः सौ बार इस मंत्र का जाप करता है।

इसी अजपा गायत्री को ध्यान में रख कर प्राणायाम करने पर (अर्थात्—श्वांस प्रश्वांस के साथ हंसः अथवा 'सोऽहं' मंत्र के मानसिक जाप से) ज्ञान व मोक्ष प्राप्त होते हैं। अजपा गायत्री प्राणायाम अत्यंत पवित्र व मुक्ति देने वाला है। जैसा कि कहा गया है—

अजपा नाम गायत्रीं योगिनां मोक्षदायिनी।
अस्थाः संकल्पमात्रे सर्वपापैः प्रमुच्यते॥
अनया सदृशो विद्या अनया सदृशो जपः।
अनया सदृशं ज्ञानं न भूतं न भविष्यति॥

अर्थात्—अजपा नामक गायत्री योगियों को मोक्ष देती है। इसके संकल्प मात्र से समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं। इसके समान न कोई विद्या है न इसके समान कोई जप है। इस के समान कोई ज्ञान भी भूत या भविष्य में नहीं हो सकता।

यह अजपा गायत्री कुण्डलिनी में ही उत्पन्न होती है। 'कुण्डलिन्यां समुद्भूता गायत्री' और जिस प्रकार तिलों में तेल रहता है अथवा काष्ठ में अग्नि रहता है, उसी प्रकार समस्त जीवों में कुण्डलिनी से उत्पन्न अजपा गायत्री व्याप्त रहती है। इस भेद को जान लेने पर (इसका प्राणायाम में ध्यान सहित अभ्यास करने पर) मृत्यु का उल्लंधन भी किया जा सकता है। जैसा कि '*हंसोपनिषद्*' में कहा है—'***सर्वेषु देहेषु व्याप्य वर्तते यथा ह्यग्निः काष्ठेषु, तिलेषु तेलमिव। तं विदित्वा न मृत्युमेति॥***' '*पाशुपतब्रह्मोपनिषद्*' ने तो इसी को ईश्वर व जीव स्वीकारा है और इसी के द्वारा ब्रह्म की प्राप्ति मानी है। '***हंसात्ममालिका वर्ण ब्रह्मकाल प्रचोदिता।***'

यह तथ्य समस्त योगविषयक ग्रन्थों ने समान रूप से स्वीकारा है। '*विज्ञान भैरव*' में भगवान भैरव ने यही तथ्य और विस्तार से देवी को समझाया है—

सकारेण बहिर्याति हकारेण विशेत्पुनः।
हंस-हंसेत्यमुं मन्त्रं जीवो जपति नित्यशः॥
षट्शतानि दिवारात्रौ सहस्त्राण्येकविंशतिः।
जयो देव्याः समुद्दिष्ट प्राणस्यान्ते सुदुर्लभः॥

भावार्थ यह है कि प्राण सकार के साथ बाहर आता है और अपान जब शरीर में प्रवेश करता है तब हकार का उच्चारण करता है। इस प्रकार प्राण व अपान की गति जब तक चलती रहती है तब तक जीव प्रतिदिन निरंतर 'हंस-हंस' मन्त्र का उच्चारण करता है। दिन-रात में यह जप 21,600 बार होता है। (प्राणों के निकलते समय भी यदि इस अजपा जप के प्रति तन्मयता बनी रहे तो मोक्ष मिलता है)।

उर्ध्वेद्वादशान्ते प्राणः प्राणनरूपो
जीवना ख्यश्चित्तवृत्तिविशेषः संस्थाप्यः।
अधश्च हृदि हृदय स्थाने जीवोऽपानः,
जीव्यतेऽनेनेति जीवः.....विमर्शवान स्यादिति भावः॥

(श्लोक 24, विज्ञान भैरव)

अर्थात्—ऊपर हृदय से द्वादशान्त तक जाने वाला प्राण और द्वादशांत से हृदय तक आने वाला जीव नामक अपान यह परादेवी का उच्चारण है, स्पन्दन है। परादेवी ही स्वयं इसका निरन्तर उच्चारण करती रहती हैं, यानि प्राण व अपान के रूप में स्पन्दित होती रहती हैं। यदि परादेवी का इनसे (प्राणापान से) सम्पर्क न हो तो प्राण का प्रवाह नियमित रूप से नहीं हो सकता। परादेवी के इस स्पन्दन (हंस के अजपा मन्त्र पर) पर ध्यान करते हुए वहां भैरव की शक्ति की भावना करने से योगी में भैरव स्वभाव की अभिव्यक्ति हो जाती है। अथवा उसका भैरव स्वरूप प्रकट हो जाता है। (यहां परादेवी कहकर कुण्डलिनी को ही पुकारा गया है।

विशेष : प्राण और अपान की गति जिस स्थान पर आकर रुक जाती है उसे द्वादशांत कहते हैं। दूसरे शब्दों में प्राण नासिका से बारह उंगल की दूरी तक बाहर जाकर गतिहीन हो जाता है और अपान हृदय से बारह अंगुल नीचे तक आकर रुक जाता है। प्राणायाम के अभ्यास से यह दूरी तिगुनी (36 अंगुल) तक बढ़ाई जा सकती है। इससे अधिक दूर गया प्राण फिर वापस नहीं लौटता। यह एक प्राणायाम के उच्च अभ्यासों में रखी जाने वाली सावधानी भी है। जैसा कि '*गोरक्ष संहिता*' में कहा भी गया है—

षट्त्रिंशदंगुलो हंसः प्रयाणं कुरुते बहिः।
वामे दक्षिणमार्गेण ततः प्राणोऽभिधीयते॥
शुद्धिमेति यदा सर्वनाड़ीचक्रं मलाकुलम्।
तदैव जायते योगी प्राण संग्रहणे क्षमः॥

अर्थात्—प्राणायाम रूप हंस बाएं व दाएं मार्ग से 36 अंगुल बाहर निकलता है अतः वायु को ही प्राण कहते हैं। मल से भरी नाड़ियों के चक्र का शोधन प्राणायाम से होता है अतः योगी को प्राण वायु को ग्रहण करने का अभ्यास करना चाहिए।

आगे कहते हैं—'प्राण व अपान रूपी वायु को नासिका से 36 अंगुल तक

बाहर निकाला जा सकता है। इससे अधिक दूर निकल जाए तो उसे लौटाना कठिन हो जाता है। और न लौटने पर मरण निश्चित है। अतः वायु को ही प्राण की संज्ञा दी है।' इसलिए शास्त्रों ने प्राण का महत्त्व सिद्ध करते हुए कहा है—

प्राणोऽपि भगवानीशः प्राणो विष्णुः पितामहः।
प्राणेन धार्यते लोकः सर्व प्राणमयं जगत्॥

(प्राण ही भगवान शिव हैं, प्राण ही विष्णु और पितामह ब्रह्मा है। सब लोकों कों प्राण ने ही धारण कर रखा है, अतः यह सम्पूर्ण संसार ही प्राणायाम है)।

बहरहाल श्वांस निःश्वांस के साथ होने वाली अजपा गायत्री पर प्राणायाम के समय ध्यान लगाना ही अजपा गायत्री प्राणायाम है। साथ ही यदि द्वादशांत तक जाते प्राण व अपान पर भी ध्यान लगाया जाए तो लाभ शीघ्र व अधिक निश्चित हो जाता है। अजपा गायत्री प्राणायाम के लाभों को पहले बता दिया गया है।

त्रिविधि प्राणायाम

बारह मात्रा युक्त प्राणायाम रेचक, पूरक व कुम्भक तीन प्रकार का होता है। तीनों को मिलाकर करने से त्रिविधि प्राणायाम होता है। यह प्रणवात्मक होता है। क्योंकि प्रणव (ॐ) के अ+उ+म् (ब्रह्मा, विष्णु, शिव अथवा—ज्ञान, क्रिया व संकल्प या सूर्य, अग्नि व चन्द्र) की तीन मात्राएं ही पूरक, कुम्भक व रेचक में रहती हैं। इस प्राणायाम के साथ मन ही मन ॐ का जाप करना चाहिए और प्राण व अपान का निरोध कर श्वांस को सुषुम्ना में चढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। इससे सुषुम्ना मार्ग कुण्डलिनी के लिए खुलता है। पूरक के समय 'अकार' का स्मरण करते हुए बारह बार ॐ का जाप करें। कुम्भक के समय 'उकार' का स्मरण करते हुए सोलह बार ॐ का जाप करें और रेचक के समय 'मकार' का ध्यान करते हुए दस बार ॐ का जाप करें तब एक प्राणायाम पूर्ण होगा। पूरक चन्द्र नाड़ी से व रेचक सूर्य नाड़ी से करें। इसे त्रिविधि प्राणायाम या प्रणवात्मक प्राणायाम कहते हैं जैसा कि '*गोरक्ष संहिता*' में कहा है—

रेचकः पूरकश्चैव कुम्भकः प्रणवात्मकः।
प्राणायामे भवेत्त्रेधा मात्रा द्वादशसंयुतः॥

अर्थात्—रेचक, पूरक व कुम्भक प्रणवात्मक (ॐकार का सूचक) है। बारह मात्रा युक्त प्राणायाम तीन प्रकार का होता है। (यही त्रिविधि प्राणायाम है)।

जैसे-जैसे अभ्यास दृढ़ होता जाए वैसे-वैसे मात्राओं (प्रणव के जाप)को बढ़ाते जाना चाहिए और उन्हें तिगुनी तक कर लेना चाहिए। तब प्राणायाम उत्तम माना जाता है। प्राणायाम को अधम, मध्यम व उत्तम—तीन प्रकार का माना गया है। अधम प्राणायाम में पूरक 12 प्रणव से, कुम्भक 16 प्रणव से और रेचक 10 प्रणव से किया जाता है। मध्यम प्राणायाम में पूरक 24 प्रणव से, कुम्भक 32 प्रणव से और

रेचक 20 प्रणव से किया जाता है (यानि मात्राएं या प्रणव दुगुने हो जाते हैं)। जबकि उत्तम प्राणायाम में पूरक 36 प्रणव से, कुम्भक 64 प्रणव से और रेचक 40 प्रणव से किया जाता है। उत्तम प्राणायाम में दक्षता, शरीर को लघुता/हल्कापन देती है और योगी के ऊपर उठते ही उसकी देह का ही नहीं, मन आत्मा का भी उत्थान होता है तथा कुण्डलिनी जागरण भी।

त्रिविधि प्राणायाम के सम्बन्ध में इन प्राणायामों के लक्षण व प्रभावों में '*त्रिशिखब्राह्मणोपनिषद्*' में खासा प्रकाश डाला गया है। देखिए प्रमाण—

लक्षण

प्रस्वेदुजननं यस्तु प्राणायामेषु सोऽधमः।
कम्पन वपुषो यस्य प्राणायामेषु मध्यमः॥
कम्पन वपुषो यस्य स उत्तम उदाहृतः।

प्रभाव

अधमे व्याधियापानां नाशः स्यान्मध्यमेपुनः।
पाप रोग महाव्याधि नाशः स्यादुत्तमः पुनः॥
अल्पमूत्रोऽल्पपिष्टश्च लघुदेहो मिताशनः।
षत्विन्द्रियः पदुमतिः कालत्रयविदात्मवान्॥

अर्थात्—जिस प्राणायाम में पसीना आता है, वह अधम है। जिसमें शरीर में कंपकंपी होती है, वह मध्यम है। और जिसमें शरीर ऊपर उठता है, वह उत्तम है। अधम प्राणायाम से व्याधियों व पापों का नाश होता है। मध्यम से रोगों व महाव्याधियों का पापों सहित नाश होता है और उत्तम प्राणायाम से साधक मिताहारी, अल्पमूत्र व अल्पमल वाला हो जाता है। शरीर की लघुता (हल्कापन) व सत्त्वगुण प्राप्ति होती है। इन्द्रियां व बुद्धि तीव्र होकर साधक त्रिकालज्ञ हो जाता है। (त्रिकालज्ञता कुण्डलिनी जागरण के बिना सम्भव नहीं होती, अतः यह प्रमाणित है कि कुण्डलिनी जागरण भी हो जाता है।

'*गोरक्ष संहिता*' आदि योगशास्त्रों ने संक्षेप में यह तथ्य स्वीकारा है और अधम, मध्यम व उत्तम का वर्गीकरण करने के सिद्धांत भी दिया है—

पूरके द्वादशी कुर्याट कुम्भके षोडशो भवेत्।
रेचके दश ओंकाराः प्राणायामः स उच्चते॥
प्रथमे द्वादशी मात्रा मध्य में द्विगुणा मता।
उत्तमे त्रिगुणा प्रोक्ता प्राणायामस्य निर्णयः॥
अधमे चोद्यते धर्मः कम्पो भवति मध्यमे।
उत्तिष्ठत्युत्तमे योगी ततो वायुं निरोधयेत्॥

अर्थात्—पूरक में बारह, कुम्भक में सोलह और रेचक में दस प्रणव की

मात्राओं वाला प्राणायाम अधम है। मध्यम में इससे दुगुनी व उत्तम में तिगुनी प्रणव मात्राएं होती हैं। अधम प्राणायाम में पसीना आता है। मध्यम में कम्पन होता है और उत्तम प्राणायाम के योगी का शरीर ऊपर उठता है। अत: प्रणवात्मक प्राणायाम का अभ्यास करें।

कुम्भक प्राणायाम (केवल व सहित)

कुम्भक प्राणायाम की सिद्धि के लिए प्रारम्भ में त्रिविधि प्राणायाम ही करना चाहिए। अभ्यास सिद्ध हो जाने पर शरीर के सभी द्वारों को बन्द करके कुम्भक प्राणायाम किया जाता है और वायु को भीतर ही रोक कर उसे सुषुम्ना में चढ़ाया जाता है। उस समय सहस्त्रार चक्र में परमात्मा का ध्यान किया जाता है। यह अत्यंत श्रेष्ठ प्राणायाम है। कुण्डलिनी जागरण के साथ-साथ परमात्मा की ज्योति के अथवा आत्म साक्षात्कार के लिए यह अत्यंत उपयुक्त है। इसके दो भेद 'केवल' व 'सहित' माने जाते हैं। केवल कुम्भक—विशेषकर कुण्डलिनी जागरण के उपयोगी माना गया है।

कुम्भक प्राणायाम के संदर्भ में '*गोरक्ष संहिता*' में स्पष्ट कहा गया है—

द्वाराणां नवकं निरुद्धय मरुतं पीत्वा दृढं धारितं।
नीत्वाकाशमपानवह्निसहितं शक्त्यासमुच्चालितम्॥
आत्मस्थान यत स्वनेन विधि वद्विन्यस्य मूर्धि ध्रुवं।
यावत्तिष्ठिति तावदेव महतां संघेन संस्तूयते॥

अर्थात्—'नौ द्वारों को रोककर वायु पान करे (पूरक) और उसे दृढ़ता से धारण करके (कुम्भक) अग्नि और अपान के योग से जागृत् हुई कुण्डलिनी को ऊपर स्थिर कर उक्त वायु से संयुक्त करें। (अर्थात्—वायु के प्रभाव से कुण्डलिनी को ऊपर चढ़ाएं) इस प्रकार आत्मा का ध्यान करने वाला योगी जब तक जीवित रहता है बड़े-बड़े योगीश्वरों द्वारा स्तुत्य होता है।' और भी देखें—

प्राणायामो शवत्येवं पातकेन्धनपावकः।
भदोदधिमहासेतुः प्रोच्यते योगिभिः सदा॥

अर्थात्—प्राणायाम के नित्य अभ्यास को पाप रूपी ईंधन को भस्म करने वाले अग्नि के समान तथा भवसागर से पार उतारने वाले महासेतु के समान कहा जाता है। (यानि पापनाश एवं मोक्षदायक होता है)।

इसीलिए कुम्भक प्राणायाम करने वाले योगी को सर्वश्रेष्ठ और योगीश्वरों द्वारा स्तुत्य बताया गया है। कुम्भक प्राणायाम के दो भेद 'सहित' व 'केवल' हैं। सहित कुम्भक पूरक से युक्त होता है। ऊपर के श्लोक में 9 द्वारों को रोककर वायुपान कर कुम्भक करने की विधि—'*सहित कुम्भक प्राणायाम*' की कही गई है। **'सहित कुम्भक' में दक्षता प्राप्त हो जाने पर ही केवल कुम्भक करना चाहिए। 'केवल**

कुम्भक' पूरक तथा रेचक के बिना होता है। अत: इसे 'केवल' कहा जाता है। इस प्राणायाम में श्वांस को फेफड़ों में भरे बिना अथवा बाहर निकाले बिना, जिस भी स्थिति में श्वांस है उसे जहां के तहां पर रोक दिया जाता है और फिर उस रोके हुए वायु को सुषुम्ना में प्रेरित किया जाता है। इसे 'केवल कुम्भक' कहते हैं।

'केवल कुम्भक' काफी कठिन प्राणायाम है। इसे शनै: शनै: क्रमश: त्रिविधि प्राणायाम व सहित कुम्भक में निपुणता प्राप्त करने के बाद ही आरम्भ करना चाहिए। बिना पात्रता उत्पन्न किए 'केवल कुम्भक' का अभ्यास घातक हो सकता है और श्वांस अवरुद्ध (CHOCKING) होकर मृत्यु भी सम्भावित है। अत: पाठकों को पुन: धैर्य व पात्रता का महत्त्व याद दिलाना आवश्यक है। 'केवल कुम्भक प्राणायाम' की सिद्धि कुण्डलिनी जागरण करने वाली तथा अनेक चमत्कारी उपलब्धियों वाली कही गई है। '*त्रिशिख ब्राह्मणोपनिषद्*' के अनुसार—'रेचक व पूरक रहित (केवल) कुम्भक के अभ्यासी के लिए तीनों कालों में कुछ भी करना कठिन नहीं होता।' जैसा कि कहा है—

रेचकं पूरकं मुक्त्वा कुम्भीकरमेव य:।
करोतित्रिषु कालेषु नैव तस्यास्ति दुर्लभम्॥

इसके अलावा अन्य योगशास्त्र भी इस तथ्य को प्रमाणित करते हैं। जैसे '*शाण्डिल्योपनिषद्*' में कहा गया है—

'केवल कुम्भक सिद्धेत्रिषु लोकेषु न तस्य दुर्लभं भवति।'

अर्थात्—'केवल कुम्भक सिद्ध हो जाने पर साधक को तीनों लोकों में कुछ भी दुर्लभ नहीं रहता।' इसके अलावा केवल कुम्भक प्राणायाम कुण्डलिनी जागृत भी करता है (वैसे तो इस प्रकार की चमत्कारिक व अविश्वसनीय क्षमताएं कुण्डलिनी जागरण के बिना सम्भव ही नहीं हैं। अत: कुण्डलिनी जागरण 'केवल कुम्भक' से होता है—यह स्वत: ही स्पष्ट है। तथापि प्रमाण के लिए देखिए) जैसा कि कहा गया है—'**केवल कुम्भकात् कुण्डलिनी बोधोजायते।**'—*शाण्डिल्योपनिषद्*। अर्थात्—केवल कुम्भक से कुण्डलिनी जागृत हो जाती है।

वायु निरोधाभ्यास

'केवल कुम्भक' वास्तव में वायुनिरोध से सम्बन्धित है। प्राणायामों (समस्त) में इसीलिए वायु निरोध का अभ्यास आवश्यक कहा गया है। प्राणवायु की चंचलता मन व बिन्दु (वीर्य) को भी चंचल करती है। किन्तु प्राणवायु को निश्चल करने से मन भी शांत तथा वीर्य भी स्थिर होता है अत: वायु निरोध का अभ्यास उन पाठकों के लिए भी उपयोगी है जो कुण्डलिनी जागरण के मार्ग पर न भी जाना चाहते हैं। शरीर के अंगों को बलिष्ठ बनाने, छाती पर पत्थर तुड़ाने या ट्रक चढ़वा लेने, थाली को कागज की भांति चीर डालने आदि जैसे चमत्कार करना चाहते हैं, ऐसे चमत्कार

वायु निरोध के अभ्यास से तथा शरीर के विशिष्ट भाग/अंग को प्राणवायु द्वारा दृढ़ कर लेने से ही संम्भव है। जैसा कि आमतौर पर देखा जा सकता है कि भरी वस्तु जब सामान्य रूप से नहीं उठाई या हिलाई जाती तब सांस रोक कर, कन्सन्ट्रेट करके उसे उठाने या हिलाने में सफलता मिल जाती है। यह वायु निरोध व प्राणों के केन्द्रीयकरण का एक अति सामान्य उदाहरण है। वायु निरोधाभ्यास के लिए इसीलिए कहा गया है—

चले वाते चलो बिन्दुर्निश्चले निश्चलो भवेत्।
योगी स्थाणुत्व माप्नोति ततो वायुं निरुद्धयेत्॥

अर्थात्—प्राणवायु के चालायमान होने पर बिन्दु भी चालायमान होता है। प्राणवायु के निश्चल होने पर बिन्दु भी स्थिर होता है। अतः प्राणवायु की स्थिरता में ही स्थाणुता संभव है। इसलिए वायुनिरोध का अभ्यास करें।

शरीर में जब तक वायु स्थित है, देह नहीं छूटती। वायु के शरीर से निकल जाने पर ही मरण होता है। अतः प्राण वायु के निरोध का अभ्यास अवश्य करें। इससे चित्त भी स्वस्थ रहता है। वायुनिरोध के समय दृष्टि को भृकुटियों के मध्य रखकर ध्यान लगाया जाता है। इस अभ्यास की सिद्धि मृत्यु के भय से मुक्त करने वाली मानी गयी है। जैसा कि गोरखनाथ जी ने '*गोरख संहिता*' में कहा भी है—

यावद्बद्धो मरुद्देहे यावच्चितं निरामंयम्।
यावद्दृष्टिर्भ्रुवोर्मध्ये तावत्कालभयं कुतः॥

अर्थात्—जब तक प्राणवायु का निरोध किया जाता है तब तक चित्त (मन) विकार रहित व स्वस्थ रहता है और जब तक दृष्टि भवों के मध्य में स्थिर है, तब तक काल का भय कहां है? (अर्थात् नहीं है)।

इनके अतिरिक्त अनेक प्राणायाम और भी हैं जिनसे भिन्न-भिन्न लाभ होते हैं। जैसे सर्दी के मौसम में गर्मी का लगना अथवा गर्मी में सर्दी का लगना (मौसम से शरीर की सुरक्षा के लिए। जैसे हिमालय आदि बर्फीले प्रदेशों में तप करने वाले योगियों को इस प्रकार के प्राणायामों की आवश्यकता पड़ जाती है)। लोहार की धौंकनी की भांति शीघ्रातिशीघ्र श्वांस लेना व छोड़ना शरीर में गर्मी उत्पन्न करता है। इसे '*भस्त्रिका-प्राणायाम*' कहते हैं। अथवा भूख व प्यास के शमन के लिए किए जाने वाले प्राणायाम (मुख खोलकर अधिकाधिक वायु को मुख में लेकर सटक कर पेट में उतारा जाता है) आदि। किन्तु उन सबका कुण्डलिनी व योग से विशेष सम्बन्ध न होने के कारण विस्तार भय से उनकी चर्चा नहीं कर रहे हैं।

कुछ प्राणायाम ऐसे भी है जिनमें नासिका की बजाए मुख या जिह्वा का उपयोग किया जाता है और वायु को जिह्वा द्वारा पीया जाता है। इनमें से एक प्रमुख 'खेचरी मुद्रा' के अध्याय में कहेंगे। क्योंकि वह खेचरी मुद्रा का ही एक भाग है।

काकी मुद्रा

काकी मुद्रा

काकीमुद्रा में प्राणों का आयाम न करके प्राण वायु का पान किया जाता है। उस समय जीभ को कौए की चोंच के समान अर्धगोलाकार/नालीदार बना लिया जाता है अतः इसे 'काकी मुद्रा' कहा जाता है। वृद्धावस्था को रोकने के लिए यह अत्यंत उपयोगी कहा गया है। देखिए प्रमाण—

काकचंचुवदास्येन शीतलं सलिलंपिवेत्।
प्राणापानविधाने न तोऽसौ भवति निर्जरः॥
रसना तालुमूलेन य प्राणमनिलं पिबेत्।
अब्दार्द्धेन भवेत्तस्य सर्वरोगस्य संभवः॥

—गोरक्ष संहिता

अर्थात् कौए की चोंच के सदृश मुख को करके जो साधक प्राणापान के विधान से शीतल वायु का पान करता है (इस मुद्रा से वायु खींचने पर ठण्डी हो जाती है अतः शीतल वायु कही जाती है) वह कभी बूढ़ा नहीं होता। जो योगी जीभ से प्राणवायु पीकर तालुमूल को पूरित करता (भर लेता) है, वह छः मास के अभ्यास से समस्त रोगों से छुटकारा पा जाता है।

खेचरीमुद्रा के अन्तर्गत जिह्वा द्वारा वायुपान से लाभ के विषय में '*शाण्डिल्योपनिषद्*' में कहा गया है—

जिह्वा वायुमानीय जिह्वा मूले निरोधयेत्।
यः पिवेदमृतं विद्वान् सकलभद्रमश्नुते॥



खेचरी मुद्रा

अर्थात्—जो योगी जीभ से वायु को ग्रहण कर उसे जिह्वा मूल में रोककर अमृत का पान करता है। उसका सब प्रकार से कल्याण होता है (अर्थात्—भौतिक व अभौतिक दोनों तरह से लाभ होता है।)

विशेष

इस प्रकार जीभ से वायु ग्रहण करना और उसे कण्ठ मूल में धारण करना भी दीर्घायु तथा रोगादि के नाश में उपयोगी है। नासिका से वायु ग्रहण करना व उसके नाभि प्रदेश में धारण करना भी रोग, पाप आदि के नाश व आयु वृद्धि में उपयोगी है। कुण्डलिनी जागरण एवं योग सिद्धि के लिए नाभिप्रदेश में धारण किए वायु को सुषुम्ना में प्रेषित किया जाता है और कण्ठमूल में धारण वायु को सहस्रार चक्र में प्रेषित किया जाता है। दोनों ही प्रकार की क्रियाओं को समर्थ, अनुभवी व सुयोग्य गुरु के मार्गदर्शन में करना निरापद होता है फिर भी हमारे दृष्टिकोण से नासिका मार्ग से वायुग्रहण करने की प्रणाली अधिक सहज, सरल व स्वभाविक होने से, विधि समझ लिए जाने के बाद, पूर्ण सावधानी, धैर्य व संयम के साथ बिना गुरु के भी अभ्यास में लाई जा सकती है। किन्तु जिह्वा द्वारा वायुग्रहण कर उसको सहस्रार में प्रेषित करना कठिन, असहज व अस्वाभाविक होने से बिना समर्थ गुरु के मार्गदर्शन में अभ्यास में लानी किसी भी प्रकार से निरापद नहीं कही जा सकती।

श्वांसावरोध (CHOCKING) तथा वायु के मस्तक में चढ़ जाने आदि की घातक सम्भावनाएं जिह्वा द्वारा वायु ग्रहण कर उसके सहस्रार चक्र में प्रेषण में निहित हैं। अन्य उपद्रव भी सम्भावित हैं। अतः लापरवाही न करें।

आसन, बंध एवं सावधानी

प्राणायाम सम्बन्धी आसनों, बन्धों, विधि व सावधानियों के सम्बन्ध में विवेचन—

इस प्रसंग में जिन आसनों व बन्धों आदि का ज़िक्र हुआ है, यद्यपि उन पर संक्षिप्त प्रकाश वर्णन के समय ही डाला जा चुका है। किन्तु उनकी विधि व लाभों के विषय में भी कुछ सारगर्भित चर्चा कर लेना आवश्यक मालूम होता है जिससे पाठकों को साधना में अनावश्यक विघ्न व उलझनें न पड़ें और उनका ज्ञानवर्धन भी हो सके।

आसन

योग के आठों अंगों का अपना विशिष्ट महत्त्व है और वे साधक को अपने से अगले अंग के सुयोग्य बनाते हैं। यम और नियम तो भूमिकात्मक अंग हैं किन्तु शेष छः अंग तो योग से प्रत्यक्ष और अविभिन्न रूप से जुड़े हैं। इनका प्रथम आसन ही हैं। ऋषियों ने प्रकृति, पशु, पक्षी आदि के स्वभाव का अध्ययन कर आसनों व मुद्राओं का निर्माण किया। आसनों के मूल प्रवर्तक तो स्वयं भगवान शिव हैं जिन्होंने 84 लाख योनियों के आधार पर 84 लाख आसन बनाए थे। किन्तु संख्या में अत्यधिक हो जाने पर उनमें प्रमुख 84 आसन छांट लिए गए। योग विदों ने उन 84 आसनों में भी प्रमुख रूप से उपयोगी दो आसन छांट लिए। जिनमें एक सिद्ध व दूसरा पद्म आसन है। जैसा कि कहा गया है—

आसनानि न तावन्तो यावन्तो जीव जन्तवः।
एतेषाम खिलान् भेदान् विजानाति महेश्वरः॥

अर्थात्—लोक में जितने भी जीव-जन्तु हैं, उनकी चेष्टाओं के अनुसार उतने ही आसन हैं। आसनों के इन सभी भेदों को महादेव ही जानते हैं। (इसीलिए शिव को पशुपति भी कहते हैं और '*रुद्रहृदयउपनिषद्*' के अनुसार—ब्रह्मा जीवों की अंतर आत्मा, विष्णु सनातनात्मा और शिव परमात्मा है।)

'*गोरक्ष संहिता*' ने भी स्वीकारा है—

चतुर शीतिलक्षाणामेककं समुद्राहृतम्।
ततः शिवेन पीठानां षोडशेनं शतं कृतम्॥

अर्थात्—चौरासी लाख आसनों का भेद जानने में मनुष्य के सक्षम न होने के कारण शिव ने केवल 84 आसन बना दिए। ये 84 लाख आसनों के सार स्वरूप हैं। (बाद में योगवेत्ता ऋषियों ने उनमें से दो ही प्रमुख उपयोगी आसन छांटे)।

आसनेभ्यः समस्तेभ्यो द्वयमेदुदाहृतम्।
एकं सिद्धासनं प्रोक्तं द्वितीयं कमलासनम्॥

(84 आसनों को भी अधिक जान योगवेत्ताओं ने उनमें से दो ही प्रमुख आसन निश्चित किए—एक सिद्धासन और दूसरा कमलासन/पद्मासन)।

यद्यपि आसनों का राजा शीर्षासन को माना गया है। किन्तु वह शारीरिक/भौतिक लाभ व रोगनाश की दृष्टि से। आध्यात्मिक लाभ या कुण्डलिनी जागरण आदि के सम्बन्ध में ध्यान योग्य आसनों में उपर्युक्त दो ही प्रमुख हैं। (समस्त 84 आसनों को उनकी विधि, लाभ, अवधि, सावधानियों तथा भेदों सहित, अन्य सूक्ष्म यौगिक क्रियाओं (षट्कर्म) तथा स्थूल यौगिक व्यायाम सहित विस्तृत वर्णन प्राप्त करने के लिए इच्छुक पाठक इसी प्रकाशन से मेरी पूर्व प्रकाशित पुस्तक '*सम्पूर्ण योगशास्त्र*' पढ़ें)। यहां पहले सिद्धासन व पद्मासन पर कुछ महत्त्वपूर्ण चर्चा करेंगे।

सिद्धासन

योनिस्थान कमंघ्रिमूल घटितं कृत्वा दृढं विन्यसेन्मेद्रे पादमथैकमेव हृदये कृत्वा हनुं सुस्थिरम्।

स्थाणुः संयमितेन्द्रियो चलदृशा पश्येद् भ्रुवोरन्तरं ह्येतन्मोक्षकपाट भेदजनकं सिद्धासनं प्रोच्यते॥

(गोरक्ष संहिता)

अर्थात्—गुदा व जननांग/उपस्थ के मध्य में योनि स्थान है। उसे बाएं पैर की एड़ी से दबा लें। दाहिने पैर की एड़ी को उपस्थ पर लगाकर नीचे दबाएं। इस प्रकार दोनों एड़ियां एक के ऊपर एक हो जाती हैं और पांवों के अंगूठे जंघा व गुल्फ के नीचे छिप जाते हैं। इनके दबाव से योनिस्थान के नीचे व ऊपर दो इन्द्रियां (गुदा व उपस्थ) रुकते हैं। (यानि इन दोनों पर संयम होता है)। फिर हृदय से 4 अंगुल ऊपर

ठोड़ी को स्थापित करके चित्त को सब इन्द्रियों से हटाकर एकाग्र करें और दोनों नेत्रों से निश्चल होकर भृकुटि मध्य को देखें। (इस अभ्यास से) हृदय कपाट को खोलकर यह मोक्ष मार्ग के दर्शन कराता है। अत: इसे सिद्धासन कहते हैं।

व्याख्या

धरती पर दोनों पैर सामने फैलाकर बैठ जाएं। बाएं पैर को मोड़कर उसकी एड़ी सीवनी प्रदेश (गुदा व शिश्न के मध्य का स्थान) पर दृढ़ता से स्थापित करें। दाएं पैर को मोड़कर उसकी एड़ी को उपस्थ के ऊपर तथा पहली एड़ी के (टखने के) ऊपर स्थापित करें। दोनों पैरों के तलवों व अंगूठों को एक-दूसरे पैर की जंघाओं व पिंडलियों के बीच फंसा लें और कमर, गर्दन व सिर को सीधा समसूत्र कर लें। मूलबन्ध लगाएं। उड्डियान बन्ध लगाएं और फिर जालन्धर बन्ध लगाएं। यह सिद्धासन हुआ। इस आसन में आज्ञाचक्र (भृकुटियों के मध्य) पर दृष्टि स्थिर करके मन व इन्द्रियों को भी वहीं एकाग्र करके ध्यान करें तो आत्मसाक्षात्कार होता है। यह तथ्य आगे ध्यान योग में विस्तार से लेंगे। यहां केवल आसन की विधि को समझा रहे हैं।

यह आसन स्वत: सिद्ध है। (क्योंकि मूलबन्ध को लगाने में और स्थिर रखने में अति सहायक होता है तथा पैरों में पद्मासन की भांति जल्दी ही थकान नहीं होने देता।) तथा सिद्धों के लिए है। अत: इसे सिद्धासन कहते हैं। बहुत से विद्वान पद्मासन व सिद्धासन में भी सिद्धासन को सर्वश्रेष्ठ कहते हैं। क्योंकि यह सरल, सहयोगी एवं स्वत: सिद्ध है। परन्तु बहुत से विद्वान पद्मासन को अधिक श्रेष्ठ कहते हैं। '*योग कुण्डल्य उपनिषद्*' ने तो सिद्धासन से वज्रासन को श्रेष्ठ माना है और छंटे हुए दो आसनों में पद्मासन के साथ वज्रासन को ही रखा है। यथा—'**उपासनं द्विविधं प्रोक्तं पद्मं वज्रासनं तथा।**' अर्थात्—आसनों में दो ही प्रमुख हैं—पद्मासन तथा वज्रासन। बहरहाल वज्रासन अपने स्थान पर श्रेष्ठ है। एक मात्र यही आसन है जो भोजनोपरांत भी किया जा सकता है। मगर हम यहां इनकी श्रेष्ठता के विवाद में नहीं पड़ेंगे।

पद्मासन

वामोरुपरि दक्षिणं च चरणंसंस्थाप्य वामं तथा दक्षोरूपरि पश्चिमेन विधिना धृत्वा कराभ्यां दृढम।

अंगुष्ठौ हृदये निधाय चिबुकं नासाग्रमालोकयेदेतद्व्याधि विकार नाशन कर पद्मासन प्रोच्यते॥

—(गोरक्ष संहिता)

अर्थात्—बाईं जंघा के मूल में दायां और दांई जंघा के मूल में बायां पैर मोड़कर स्थापित करें। फिर हाथों को पीठ के पीछे ले जाकर दाएं हाथ से बाएं पैर

का तथा बाएं हाथ से दाएं पैर का अंगूठा पकड़ लें। ठोड़ी को हृदय से लगाकर नासिका के अग्रभाग को दोनों नेत्रों से स्थिर होकर देखें (मन, बुद्धि व इन्द्रियों को भी वहीं केन्द्रित करें) यह पद्मासन सम्पूर्ण व्याधियों को दूर करने वाला है।

व्याख्या

यह विधि वास्तव में बद्ध पद्मासन की है। पद्मासन में हाथों की स्थिति भिन्न होती है। पैरों को अंगूठों को बांधने के स्थान पर दोनों हाथ घुटनों पर अथवा गोदी में रखे जाते हैं। सिद्धासन में भी हाथों को इसी प्रकार रखना चाहिए। किन्तु दोनों ही आसनों में पैरों की स्थिति व लगाए जाने वाले बन्धों एवं ध्यान का महत्त्व है न कि हाथों की स्थिति का। हाथों की स्थिति तो विभिन्न क्रियाओं में बदल दी जाती है। जैसे जाप करना हो तो हाथ से माला फेरी जाती है। मानसिक ध्यान में तर्जनी, अनामिका, मध्यमा, कनिष्ठा आदि को दबाकर (अंगूठे से) रखा जाता है। प्रार्थना या आत्मनिवेदन में नमस्कार की मुद्रा में छाती पर बांध लिया जाता है अथवा भजन आदि में हाथों से खड़ताल/मजीरा आदि बजाया जाता है आदि। अत: हाथों की स्थिति महत्त्वपूर्ण नहीं है। महत्त्वपूर्ण है पैरों की स्थिति, कमर व गर्दन की स्थिति। महत्त्वपूर्ण है, मूल, उड्डियान व जालंधर बंध तथा महत्त्वपूर्ण है ध्यान।

त्राटक

यहां दोनों आसनों के माध्यम से अन्तर्त्राटक एवं बाह्यत्राटक का उपाय भी बता दिया गया है। त्राटक भी योग का ही अंग है तथा मन के साथ-साथ दृष्टि के केन्द्रीकरण व उनकी शक्तियों को बढ़ाने में अत्यंत उपयोगी है, किन्तु कुण्डलिनी के सम्बन्ध में यह उतना प्रभावी नहीं है। अत: इसकी विस्तृत चर्चा यहां नहीं कर रहे हैं। संक्षेप में इतना ही कहेंगे कि दृष्टि को नेत्र बन्द करके, मन, बुद्धि व इन्द्रियों सहित शरीर के भीतर कहीं केन्द्रित करना अन्तर्त्राटक कहा जाता है। (इस कार्य में विभिन्न चक्रों आदि पर ध्यान एकाग्र किया जाता है)। जबकि शरीर के बाहर किसी बिन्दु पर मन, बुद्धि व इन्द्रियों सहित नेत्रों को स्थिर करना 'बाह्यत्राटक' कहलाता है। (इस कार्य में नासिकाग्र, पैर का अंगूठा अथवा दीपक, दीवार पर बना चिह्न, तारा, सूर्य आदि को माध्यम बनाया जाता है)। सम्मोहन विद्या में सफलता के लिए त्राटक का अभ्यास अति उपयोगी है। पर कुण्डलिनी जागरण में प्राणों व ध्यान का महत्त्व है न कि त्राटक का।

बन्ध

अब हम मूलबन्ध, उड्डियान बन्ध तथा जालन्धर बन्ध की चर्चा करेंगे। इन तीनों प्रमुख बन्धों का योगविद्या में तथा कुण्डलिनी जागरण में अत्यधिक महत्त्व है। (साथ ही महाबन्ध की भी चर्चा करेंगे)। ये बन्ध योग की प्रमुख पांच मुद्राओं के अन्तर्गत आते हैं जिनके विषय में *योगशास्त्रों* में कहा गया है—



बाह्य त्राटक

पंचमुद्रा

महामुद्रां नभोमुद्रा उड्डीयानं जालन्धरम्।
मूलबन्धश्च यो वेत्ति स योगी मुक्ति भाजनः॥

(महामुद्रा, नभोमुद्रा/खेचरी मुद्रा, उड्डीयान, जालन्धर और मूलबन्ध—जो इनको करना जानता है वही योगी मुक्ति भाजन होता है)।

पंचमुद्राओं में उपर्युक्त तीन बन्ध भी शामिल हैं। इसी से इनका महत्त्व सिद्ध हो जाता है। (बन्धों के बाद हम ऊपर कही मुद्राओं की चर्चा भी करेंगे)। फिर भी इन तीनों बन्धों की योगशास्त्र में उपयोगिता एवं महत्त्व को सिद्ध करने के लिए '*योगकुण्डल्योपनिषद्*' में वर्णित निम्नलिखित श्लोक ही पर्याप्त होगा—

बन्धत्रयमिदं कार्यं योगिभिर्वीतकल्मषैः।
प्रथमो मूलबन्धस्तु द्वितियोड्डीयाणाविधः।
जालन्धरस्तृीयस्तु तेषां लक्षणमुच्यते॥

अर्थात्—योगी को पापनाशक तीन बन्ध अवश्य करने चाहिएं। इनमें पहला मूलबन्ध, दूसरा उड्डियान बन्ध तथा तीसरा जालन्धर बन्ध कहलाता है।

मूलबन्ध

मूलबन्ध को योनिबन्ध भी कहते हैं। गुदा तथा उपस्थ के प्रदेश को ऊपर संकुचित करके रखना तथा प्राण और अपान को मिलाना मूलबन्ध है। जैसा कि '*योगतत्त्वोपनिषद्*' में कहा गया है—

पार्ष्णि भागेन सम्पीड्य योनिमाकुञ्चयेदृढम।
अपान मूर्ध्वमत्थाप्य योनि बन्धोऽयमुच्यते॥
प्राणापानौ नादबिन्दु मूलबन्धेन चैकताम्।
गत्वा योगस्य संसिद्धि यच्छतो नात्र संशयः॥

अर्थात्—एड़ी से योनि स्थान को दबाकर भीतर को खींचें। इस प्रकार अपान वायु को ऊपर की ओर उठाकर प्राणवायु से मिलाने पर योनिबन्ध कहलाता है। इस तरह प्राण, अपान, नाद और बिन्दु में मूलबन्ध के द्वारा एकता प्राप्त होती है। यह योग निःसन्देह सिद्धि प्राप्त कराने वाला होता है।

'*गोरक्ष संहिता*' में भी इसी प्रकार का वर्णन मिलता है—

पार्ष्णिभागेन संपीड्य योनिमाकुञ्चयेद्गुदम्।
अपानमूर्ध्वमाकृष्य मूलबन्धों विधीयते॥
अपानप्राणयौरैक्यात्क्षयो मूत्रपुरीषयोः।
युवा भवति वृद्धोऽपि सततं मूलबन्धनात्॥

अर्थात्—ऐड़ी से योनिस्थान को दृढ़तापूर्वक दबाकर गुदा को सिकोड़ें और अपानवायु को ऊपर खींचकर प्राणवायु से मिलाएं तो यह मूलबन्ध कहलाता है। इस प्राण और अपान को जो मिलाने के प्रयास में रत रहता है उसके मूत्र, मल आदि विकारों का क्षय होता है और वह यदि वृद्ध भी हो तो युवा हो जाता है।

'*शिव संहिता*' में तो मूलबन्ध को और भी महत्त्वपूर्ण तथा जरा-मरण का नाश करने वाला कहा गया है—

'**कल्पितोऽयं मूलबन्धो जरा मरण नाशनः।**' इसके अलावा आगे कहते हैं—'**सिद्धाया योनिमुद्राया किं न सिद्ध्यति भूतले।**' (योनिमुद्रा सिद्ध हो जाने पर पुरुष इस भूतल पर और क्या सिद्ध नहीं कर सकता? यानि सभी कुछ सिद्ध कर लेना उसके लिए सम्भव हो जाता है)।

और भी अनेक योगशास्त्रों से ऐसे प्रमाण प्रस्तुत किए जा सकते हैं। किन्तु उससे पुस्तक की पृष्ठ सामग्री का ही अपव्यय होगा। शंका निवारण तथा विश्वास के लिए इतने भी प्रमाण आवश्यकता से अधिक ही हैं। बहरहाल यह प्रथम और अत्यंत प्रमुख बन्ध है। पाठकों को यह नहीं भूलना चाहिए।

उड्डियान बन्ध

बन्धो येन सुषुम्नायां प्राणस्तुड्डीयते यतः।
उड्डयाणाख्यो हि बन्धोऽयं योगिभिः समुदाहृतः॥

— योगतत्त्वोपनिषद्

अर्थात्—जिससे बंधा हुआ प्राण सुषुम्ना में उड़ने लगे/उठने लगे उसे योगी लोग उड्डियान बन्ध कहते हैं। (स्पष्ट है कि प्राण को सुषुम्ना में प्रेषित कर सकने में समर्थ यह बन्ध कुण्डलिनी को भी ऊपर उठाने में सहयोगी होता है। किन्तु लेटे या अधबैठे होकर अथवा कमर झुकाकर बैठने पर मूलबन्ध व जालन्धर बन्ध तो किसी प्रकार लग भी जाएं पर उड्डियान बन्ध नहीं लग सकता—जैसा कि 'सहजयोग' के नाम पर अल्पज्ञों में जिस मर्जी अवस्था में बैठ या लेट कर ध्यान लगाने या योग करने के निर्देश दिए जाते हैं)।

'*गोरक्षा संहिता*' में भी उड्डियान बन्ध के महत्त्व तथा विधि व प्रभाव पर समुचित प्रकाश डाला गया है। साथ ही 'उड्डियान बन्ध' के लगाने के स्थान के सम्बन्ध में भी निर्देश दिए हुए हैं। यथा—

उड्डियानं कुरुते यसमादविश्रांतेमहाखगम्।
उड्डीयानं तदैव स्यान्मृत्युमातङ्गकेसरी॥
उदरात्पश्चिमे भागे अधो नाभेनिगद्यते।
उड्डीयानो ह्ययं बन्धस्तव बन्धो निगद्यते॥

अर्थात्—(प्राणरूपी) महाखग उड़कर सुषुम्ना में विश्राम करता है। अतः इसे उड्डीयान कहते हैं। यह मृत्यु रूपी हाथी के लिए सिंह के समान है। (अर्थात् मृत्यु को जीतने वाला है)। उदर के पश्चिम में तथा नाभि के नीचे के भाग में इस बन्ध का स्थान बताया जाता है। (अर्थात् नाभि प्रदेश/नाभि से कुछ ऊपर व नाभि से नीचे इसका स्थान है। इस बन्ध में इस स्थान को यथा सम्भव भीतर खींचकर सुषुम्ना से ही लगा देने का प्रयास किया जाता है)।

'*पातञ्जल योग प्रदीप,*' 'हठयोग प्रदीपिका' आदि ग्रंथों में विस्तार पूर्वक कही गईं 'नौली क्रिया' तथा 'अग्निसार' आदि क्रियाएं व्यक्ति को बेहतर उड्डियान बन्ध लगा पाने में समर्थ बनाती हैं। ('सम्पूर्ण योग शास्त्र, गोल्ड बुक्स इंडिया में यह समस्त जानकारी पाठक ले सकते हैं')।

जालन्धर बन्ध

ठोड़ी को सिकोड़ कर कण्ठकूप में अथवा हृदय से 4 अंगुल ऊपर दृढ़ता पूर्वक स्थापित करने से किन्तु गर्दन व दृष्टि सीधी रखने पर यह बन्ध लगता है। यह न केवल कुम्भक द्वारा धारण की गई वायु को रोके रखने में सहयोगी होता है अपितु सहस्रार चक्र से झरने वाले अमृत को भी नीचे गिरने से रोकता है। कण्ठ की शिराओं का जाल इस बन्ध से कसा जाता है अतः इसे जालन्धर बन्ध कहते हैं। यह बन्ध भी वायु निरोध में सहायक होने से मृत्यु नाशक माना गया है। '*हठयोग प्रदीपिका*' और '*योगतत्त्वोपनिषद्*' में प्रायः समान वर्णन ही जालंधर बन्ध की प्रशंसा में मिलता है। प्रमाण के तौर पर पाठक स्वयं ही देखें एक उदाहरण—

कण्ठमाकुंच्य हृदये स्थापयेच्चिबुकं दृढम्।
बन्धो जालन्धराख्योऽयं जरामृत्युविनाशकः॥

—*हठयोग प्रदीपिका*

अर्थात्—कण्ठ को सिकोड़ कर दृढ़ता पूर्वक ठोड़ी को हृदय पर रखने से जालन्धर बन्ध होता है। यह वृद्धावस्था तथा मृत्यु का नाश करने वाला है।

कण्ठमाकुञ्च्यं हृदये स्थापयेद्दृढवाधिया।
बन्धो जालन्धराख्योऽयं मृत्युमातंगकेसरी॥

—योगतत्त्वोपनिषिद्

अर्थात्—कण्ठ को संकुचित कर प्राणवायु का अवरोध करना तथा दृढ़ता पूर्वक ठोड़ी को छाती से सटाकर उसे पुनः ऊपर न आने देना ही जालंधर बन्ध की प्रधान क्रिया है।' *गोरक्ष संहिता*' से इस पर थोड़ा विस्तार से प्रकाश डाला गया है—

बध्नाति हि शिरोजालं नाधो याति नभोजलम्।
ततो जालंधरो बन्धोः कण्ठदुःखौघनाशनः॥
जालंधरे कृते बन्धे कण्ठसंकोच लक्षणे।
न पीयूष पतत्यग्नौ न वायुः प्रकुप्यति॥

अर्थात्—जो बन्ध कण्ठ में लगाया जाता है और वहां के शिराजाल को बांधकर/कसकर चन्द्रामृत रूपी जल को कपाल कुहर से नीचे गिरने से रोकता है, वह दुःखों व रोगों का नाश करने वाला जालन्धर बन्ध माना गया है। इससे चन्द्रामृत गिर कर अग्नि में पड़ने से रुका रहता है। इस जालन्धर बन्ध के अभ्यास से वायु का प्रकोप नहीं हो पाता (क्योंकि यह वायु निरोध में सहायक होता है)।

मुद्रा

ये मुद्राएं जप एवं मंत्रादि में प्रयुक्त होने वाली मुद्राओं से भिन्न हैं। ये योग बिषयक मुद्राएं हैं। नभोमुद्रा (खेचरी मुद्रा), महामुद्रा/महाबन्ध के विषय में तो—पाठक सुन आए हैं। इनके अलावा, शक्तिचालिनी मुद्रा, विपरीतकरणी मुद्रा, शाम्भवी मुद्रा, काकीमुद्रा, अश्विनी मुद्रा आदि और भी अनेक मुद्राएं हैं। प्रमुख मुद्राएं जो कुण्डलिनी जागरण में उपयोगी हैं अथवा कुण्डलिनी जागरण के उपायों के रूप में जानी जाती हैं उन्हीं का यहां वर्णन करेंगे क्योंकि यह अध्याय ही कुण्डलिनी जागरण के उपायों का है।

महामुद्रा/महाबन्ध

यह मुद्रा समस्त प्रकार के रोगों का नाश करती है और कुण्डलिनी जागरण में अत्यंत सहयोगी है। विशेष रूप से पाचन तन्त्र को सुव्यवस्थित करती है। प्रायः समस्त योगग्रन्थों में इसका वर्णन मिलता है। इस मुद्रा के साथ विधिपूर्वक किया गया प्राणायाम अत्यंत लाभकारी होता है। जैसा कि 'ग्रह्यामलतन्त्र' में वर्णन आता है—

पादमूलेन वामेन योनि सम्पीड्य दक्षिणे।
पादं प्रसारितं कृत्वा कराभ्यां धारयेद्दृढम्॥
कण्ठेवक्त्रं समारोप्य धारद्वायु मूर्ध्वतः।
यथादण्डाहतः सर्वोदण्डकारः प्रजायते॥

ऋजवीभूता तथा शक्तिः कुण्डली सहसाभवेत्।
तदासामरणावस्था जायते द्वितपुटाश्रिता॥
तदा शनैः शनैः रेव रेचयेत नवेगतः॥
इयं खलुमहामुद्रा तवस्नेहात् प्रकाश्यते॥

—(*ग्रह्यामल तंत्र*)

अर्थात्—बाएं पैर की एड़ी से योनि स्थान को दबाकर दाएं पैर को सामने सीध फैलाएं। अपने दोनों हाथों से फैले हुए (दाएं) पैर के तलवे/अंगूठे को दृढ़ता से पकड़ें (इस प्रयास में दाएं पैर का घुटना मुड़ने न पाए) और कण्ठ को सिकोड़कर कुम्भक द्वारा वायु को रोकें। इसके अभ्यास से डण्डे द्वारा पीटे गए सर्प की भांति कुण्डलिनी दण्ड के समान सहसा खड़ी हो जाती है। दोनों नासापुटों से प्राणायाम की साम्यावस्था हो जाए, तब वायु को शनैः शनैः निकाल दें। यह महामुद्रा कहलाती है।

'*गोरक्ष संहिता*' में इस मुद्रा में किए जाने वाले प्राणायाम का विधान उपलब्ध होता है। यथा—

वक्षोन्यस्तु हनु! प्रपीड्य सुचिरं योनिं च वामांघ्रिणा।
हस्ताभ्यामनुधारयेत् प्रसारितं...चन्द्राङ्गेन समभ्यस्य सूर्यांगेनाभ्यसेत्पुनः... ततो मुद्रां विसर्जयेत्॥

अर्थात्—'हृदय में ठोड़ी को दृढ़ता से स्थापित करें। बाएं पैर की एड़ी को योनिस्थान में दृढ़ता से लगाएं व दाएं पैर को सामने पसार कर दोनों हाथों से उसका तलवा पकड़ लें। फिर पूरक द्वारा उदर में वायु को भरके कुम्भक करें। बाद में शनैः शनैः रेचक करें। यह रोगों का नाश करने वाली श्रेष्ठ महामुद्रा कही जाती है। इसका अभ्यास प्रथम चन्द्रनाड़ी से और फिर सूर्यनाड़ी से करना चाहिए। इस प्रकार दोनों नथुनों से प्राणायाम समान मात्रा में पूर्व हो जाने पर यह मुद्रा छोड़ दें।' (विस्तार भय से श्लोकों को संक्षिप्त कर दिया गया है)।

'*घेरण्ड संहिता*' में इस मुद्रा का संक्षिप्त परन्तु सारगर्भित वर्णन मिलता है—

वाम्रमूलं वामगुल्फे संपीड्य दृढ़यत्नतः।
याम्य पादं प्रसार्यार्थ केधृतं पादां गुलः।
कंठ संकोचनं कृत्वा भुवोर्मध्ये निरीक्षयेत्।
महामुद्राभिधामुद्राकथ्यते चैव सूरिभिः॥

अर्थात्—गुदा स्थान को बाईं एड़ी से दृढ़तापूर्वक दबाकर दायां पैर फैलाएं और दोनों हाथों से उस पैर की अंगुलियां पकड़कर कण्ठ को सिकोड़ें तथा भवों के मध्य स्थान में दृष्टि स्थापित करें। विद्वानों ने इसे महामुद्रा कहा है (घेरण्ड ऋषि ने महामुद्रा में प्राणायाम के स्थान पर ध्यान को अधिक महत्त्वपूर्ण माना है)।

महामुद्रा के फल व प्रभावों के विषय में '*हठयोग प्रदीपिका*' में कहा गया है—

इयं खलुं महामुद्रा महासिद्धिः प्रदर्शिता।
महाक्लेशादयो दोषाः क्षीयते मरणादयः॥

अर्थात्—यह महामुद्रा महान सिद्धि को प्रत्यक्ष करने वाली है। इसके अभ्यास से महाक्लेश (अविद्या, राग, द्वेष, अस्मिता तथा अभिनिवेश) आदि दोष एवं जन्म-मरणादि (आवागमन चक्र) नष्ट होते हैं। (अर्थात् अभ्यास सिद्ध हो जाने पर यह मुद्रा मोक्ष दायक तथा आत्मबोध कराने वाली है। इसीलिए इसको 'महामुद्रा' कहा गया है)।

'शाण्डिल्योपनिषद्' ने इन फलों के अतिरिक्त अन्य फल भी कहे हैं। यथा—

तेन सर्वक्लेश हानिः। ततः पीयूषमिव विषं जीर्यते।

क्षयगुल्म गुदावर्तजीर्णत्वागादिदोषा नश्यन्ति। एष प्राणज योपायं सर्वमृत्युपघातकः॥

अर्थात्—इससे सभी क्लेशों का नाश होता है। विष भी अमृत के समान पच जाता है। क्षय, गुल्म, गुदावर्त, पुराने चर्मरोग नष्ट होते हैं (रक्त शोधन होता है)। प्राण को जीतने का यह उपाय सर्व मृत्यु नाशक है।

इसके गुण प्रभावों तथा महत्त्व के सम्बन्ध में '*गोरक्ष संहिता*' के निर्देश भी ध्यान देने योग्य हैं—

तर्हि पथ्यमपथ्यं वा रसाः सर्वेऽपि नीरसाः।
अपि भुक्तं विषं घोरं पीयूषमिव जीर्यते॥
क्षयकुष्ठमुद्रावर्तगुल्माजीर्णपुरोगमाः ।
रोगास्तस्य क्षयं यान्ति महामुद्रां चयोऽभ्यसेत्।
कथितेयं महामुद्रा महासिद्धिकरी नृणाम्।
गोपनीया प्रयत्नेन न देया यस्य कस्यचित्॥

अर्थात्—महामुद्रा के अभ्यास के दृढ़ हो जाने पर पथ्य, अपथ्य, रसीले या नीरस आदि का कुछ भी विचार शेष नहीं रहता। (अर्थात् जो भी, जैसा भी खा लिया जाए पच जाता है, तथा आहार की ही भांति गुण देता है)। यदि घोर विष का भी पान कर लिया जाए तो वह भी अमृततुल्य हो जाता है। इससे क्षय, कुष्ठ, उदावर्त, गुल्म, अजीर्ण आदि रोगों का शमन होता है। यह महामुद्रा अत्यन्त ही सिद्धि करने वाली (उपलब्धियां प्राप्त कराने वाली तथा योग के लक्ष्य—कुण्डलिनी जागरण व मोक्ष को सिद्ध करने वाली) है। **इसे प्रयत्न पूर्वक गुप्त रखें और कभी भी अनाधिकारी को न दें (क्योंकि अपात्र व अयोग्य के हाथ में गए मंत्र, विद्या, शक्ति, पद, अधिकार, धन, स्त्री तथा शस्त्र—दुरुपयोग में आते हैं तथा स्वयं उसके व पूरे समाज के लिए घातक होते हैं)।**

अतः महामुद्रा ही नहीं सम्पूर्ण योग विद्या ही गुह्यविद्या/गुप्तविद्या कही गई है और सुयोग्य व्यक्ति को ही इसका उपदेश करने के निर्देश शास्त्रों में स्पष्ट रूप से मिलते हैं।

नभोमुद्रा/खेचरी मुद्रा

खेचरी मुद्रा/नभोमुद्रा को सभी योग विषयक ग्रन्थों ने अति सम्मान पूर्ण स्थान दिया है तथा प्रमुखता से उपयोगी व महत्त्वपूर्ण बताया है। विशेष रूप से पातंजल योग प्रदीप, हठयोग प्रदीपिका, गोरक्ष संहिता, शाण्डिल्योपनिषद् तथा योग कुण्डल्योपनिषद् में इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी मिलती है। अनेक तन्त्र ग्रन्थों में भी इसकी प्रशंसा एवं स्तुति है। इस मुद्रा में सिद्धि प्राप्त करने के लिए जिह्वा का दोहन, मंथन आदि करना पड़ता है। इसका विस्तृत विवरण पातञ्जल योग प्रदीप में उपलब्ध है तथापि यह इतना कष्टपूर्ण, कठिन तथा नाजुक है कि गुरु के मार्गदर्शन के बिना इस मुद्रा का अभ्यास निरापद नहीं कहा जा सकता, लेकिन साथ ही यह तथ्य भी विचारणीय है कि यह महामुद्रा से भी अधिक प्रभावी व लाभकारी मुद्रा है। इस मुद्रा को साधे बिना लोभ में लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित नहीं कही जाती। अतः पाठकों को ज्ञान वर्धन तथा विषय की सम्पूर्णता के लिए हम इस मुद्रा का विवरण दे रहे हैं। परन्तु दोहन मंथन आदि के घातक कार्यों का वर्णन नहीं कर रहे हैं। इच्छुक पाठक 'पातञ्जल योग प्रदीप' से इन्हें प्राप्त करें।

खेचरी मुद्रा के वर्णन से पूर्व सहस्रारचक्र से निरंतर झरने वाले अमृत के विषय में चर्चा करना आवश्यक है। क्योंकि खेचरी मुद्रा इसी अमृत के पान की विधि है। इस अमृत के विषय में यद्यपि सातों चक्रों के वर्णन के समय सहस्रार चक्र प्रकरण में प्रारम्भ में ही प्रसंगवश संक्षिप्त चर्चा हो चुकी है। किन्तु यहां उसका विस्तृत वर्णन आवश्यक है। क्योंकि बिना इस तथ्य को भली प्रकार जाने 'खेचरी मुद्रा' का महत्त्व नहीं जाना जा सकता। और न ही उसकी उपयोगिता जानी जा सकती है।

सहस्रार चक्र में उपस्थित सोलह दल की कमल कर्णिका में एक चन्द्र बिम्ब है जिससे निरन्तर अमृत स्राव होता है। तालूमूल में स्थित चन्द्रमा से होता हुआ यह सुधा नीचे गिरता है और नाभि में स्थित अग्नि (जठराग्नि) रूपी सूर्य द्वारा ग्रस लिया जाता है। इस प्रकार व्यर्थ चला जाता है। जब तक जीवन रहता है यह अमृतस्राव सतत चलता है। जब यह अमृत झरना बन्द हो जाता है, तब मृत्यु होती है। सहस्रार चक्र में परमशिव का कुण्डलिनी रूपी शक्ति से अभेदात्मक मिलन होता है। यही परमशिव का स्थान है। अतः कोई बड़ी बात नहीं कि शिव की जटाओं से निकलने वाली गंगा की धारा की कथा के माध्यम से इसी अमृतस्राव का मर्म समझाया गया हो। इस अमृत की रक्षा करने के लिए ही विपरीत मुद्रा, खेचरी मुद्रा आदि का प्रावधान है। इस अमृत का मान जरा मृत्यु विनाशक तथा दिव्य उपलब्धियों को देने वाला है। जैसा कि कहा गया है—

यत्किचित्स्रवते चन्द्रामृत दिव्यरूपिणः।
तत्सर्वग्रसते सूर्य स्तेन पिंडो जरायुतः॥

—हठयोग प्रदीपिका

अर्थात्—'दिव्य सुधामय रूप वाले तालुमूल में स्थित चन्द्रमा से जो अमृत

गिरता है, उसको नाभि में स्थित अग्नि रूपी सूर्य ग्रस लेता है। जिससे शरीर वृद्धावस्था को प्राप्त हो जाता है।' (अमृत का निरंतर क्षय होने से)।

अथवा प्रतीक के रूप में इस अमृत को ग्रहण करने की प्रेरणा भी शास्त्रों में यदा-कदा मिलती है। यथा—

एक स्त्री भुज्यते द्वाभ्यामागता चन्द्र मंडलात्।
तृतीयो यः पुनस्ताभ्यां सभवेदजरामरः॥

अर्थात्—एक स्त्री चन्द्रमंडल से प्राप्त होकर दो के द्वारा भोगी जाती है। उसे यदि तीसरा भोग ले तो वह अजर और अमर हो जाता है। (वृद्धावस्था व मृत्यु उसके पास नहीं आते)।

व्याख्या

यहां बताई गई स्त्री वास्तव में चन्द्रमंडल से झरने वाला अमृत है जो दो के द्वारा यानि चन्द्र और सूर्य के द्वारा भोगी जाती है। यदि उसे तीसरा (योगी/साधक) भोग ले (स्वयं ग्रहण कर ले) तो अजर अमर हो जाता है।

'*गोरक्ष संहिता*' ने तो इस अमृतपान को इतना महत्त्वपूर्ण माना है कि इसे ही 'प्रत्याहार' की संज्ञा दी है। यथा—

चन्द्रामृतमयी धारा प्रत्याहरति भास्करः।
प्रत्याहरणं तस्याः प्रत्याहारः स उच्यते॥

अर्थात्—चन्द्रमा की अमृतमयी धारा को सूर्य ग्रसता है। उसे सूर्य से बचाकर स्वयं ग्रस लेना ही प्रत्याहार है।

इसी सतत झरने वाले अमृत को नाभि में स्थित अग्नि रूपी सूर्य से बचाकर स्वयं ग्रहण करने के उपायों में एक है—'खेचरी मुद्रा' अथवा 'नभोमुद्रा'। अब इस मुद्रा के विषय, विधि तथा लाभ-प्रभाव के विषय में चर्चा की जा सकती है।

जिह्वा को ऊपर की ओर पलटकर कपालरन्ध्र (हलक के ऊपर) में प्रवेश कराना ही संक्षेप में खेचरी मुद्रा है। अत्यंत प्रभावशाली होने से समस्त सिद्धों व योगियों द्वारा यह पूज्यनीय है। इस मुद्रा से जिह्वा कपाल कुहर में झरने वाले अमृत का पान कर सकने में सक्षम हो जाती है। इसी अमृतपान के प्रभाव से साधक अजर-अमर हो जाता है। जो पांच आकार कहे गए हैं, उनमें जिह्वा इस मुद्रा से विचरण करती है। अतः इसको 'नभो मुद्रा' भी कहा जाता है। परन्तु प्रायः यह खेचरी के नाम से अधिक प्रसिद्ध है। क्योंकि 'ख' आकाश के लिए प्रयुक्त होता है। जैसा कि—पक्षी को 'खग' कहते हैं (ख+ग=खग), यानी—आकाश में गमन करने वाला। अतः 'नभोमुद्रा' को 'खेचरी मुद्रा' कहते हैं। क्योंकि जिह्वा इस मुद्रा में 'ख' (आकाश) में चरती (विचरण करती) है, अतः उसे 'खेचरी' कहते हैं।

कपालकुहरे जिह्वा प्रविष्टा विपरीतगा।
भ्रुवोरन्तर्गता दृष्टिमुद्रा भवति खेचरी॥
न रोगान्मरणं तस्य न निद्रा न क्षुधा तृषा।
न मूर्च्छा तु भवेतस्य यो मुद्रां वेत्ति खेचरीम्॥

—(गोरख संहिता)

अर्थात्—जीभ को उलट कर कपाल कुहर में प्रविष्ट करा कर दृष्टि को भृकुटियों के मध्य स्थिर कर लेना ही खेचरी मुद्रा है। जो योगी इसे जानता है (इस मुद्रा के अभ्यास में प्रवीण है) उसे रोग, मृत्यु, निद्रा, भूख, प्यास और मूर्छा आदि से पीड़ित नहीं होना पड़ता।

पीड्यते न च शोकेन न च लिप्यते कर्मणा।
बाध्यते न स केनापि यो मुद्रां वेत्ति खेचरीम्॥

(अर्थात् उसे ना तो शोक ही होता है, ना ही कर्मबन्धन। इस मुद्रा को सिद्ध कर लेने वाला भव बन्धन से मुक्त होता है)।

'*शाण्डिल्योपनिषद्*' में खेचरी का वर्णन थोड़ा और भी विस्तार से प्राप्त होता है। यथा—

इड़ा पिंगलयोर्मध्ये शून्यं चैवानिलं ग्रसेत्।
तिष्ठन्ती खेचरी मुद्रा तत्र सत्यं प्रतिष्ठितम्॥

अर्थात्—इड़ा व पिंगला के मध्य जो शून्य भाग है, वह वायु को ग्रस लेता है। वहीं खेचरी मुद्रा रहती है और वहीं सत्य रहता है। (यहां 'कपाल रन्ध्र' के विषय में बताया गया है। आगे कहते हैं—)

छेदनं चालनंदोहनं कसां परा जिह्वा कृत्वा दृष्टि भ्रूमध्ये स्थाप्य कपाल कुहरे जिह्वा विपरीतगा यदा भवति तदा खेचरी मुद्रा जायते।

जिह्वा नित्तं चखे चरती तेनोर्ध्वचिह्नः पुमानमृतौ भवति॥

अर्थात्—छेदन, चालन, दोहन द्वारा जिह्वा को नोकदार (लम्बा) बनाकर, भृकुटियों में मध्य भाग में दृष्टि स्थिर करके जब जिह्वा उलटी होकर कपाल कुहर में प्रविष्ट होने के योग्य हो जाती है—तब खेचरी मुद्रा बनती है। इस मुद्रा से चित्त व जिह्वा दोनों कपाल कुहर रूपी आकाश में विचरण करते हैं। तब ऊपर पहुंचाई गई जिह्वा वाला पुरुष अमर हो जाता है।

व्याख्या

जीभ को पलटकर कपाल कुहर में ले जाना कोई मामूली कार्य नहीं है। यह मात्र अभ्यास से भी सम्भव नहीं हो पाता, जब तक कि तकनीक द्वारा जिह्वा को इस योग्य न बना लिया जाए। जिह्वा को इस योग्य बनाने के तकनीकों को भी यहां विधि व लाभ के साथ संक्षेप में कह दिया है। यह तकनीकें—छेदन, चालन व दोहन/मंथन हैं।

जीभ को यदि ऊपर उठाएं तो पाएंगे कि वह एक पतले से तन्तु या लगाम द्वारा नीचे जुड़ी रहती है। यह मांस तन्तु जीभ को उलटकर कपाल कुहर में पहुंचने लायक बन पाने में बहुत बड़ी बाधा होता है। इसे विधि पूर्वक औषधियों के प्रयोग के साथ शस्त्र या शीशे द्वारा शनैः शनैः काट दिया जाता है। यह क्रिया कई दिनों में सम्पन्न की जाती है। **इसी को 'छेदन' कहते हैं।** (पाठकों द्वारा भावातिरेक, जल्दबाजी, जिज्ञासा आदि के कारण खेचरी मुद्रा में सफलता प्राप्ति करने के लिए बिना समर्थ गुरु के मार्गदर्शन के खुद ही छेदनक्रिया कर लेने की सम्भावना को दृष्टि में रखकर हम इस क्रिया की विधि व औषध आदि की चर्चा नहीं कर रहे हैं। गुरु की दीक्षा ही इस विषय में प्रशस्त होगी)। **मंथन या दोहन क्रिया के** अन्तर्गत गाय के मक्खन को जीभ पर मलकर दोनों हाथों के अंगूठों व तर्जनी के प्रयोग से जीभ को आगे की ओर खींचा/दुहा जाता है। इस अभ्यास से जीभ शनैः शनैः लम्बी पतली व नोकदार होने लगती है। यही क्रिया मंथन/दोहन कही जाती है। 'चालन क्रिया' के अन्तर्गत जिह्वा द्वारा कुछ व्यायाम किए जाते हैं जो जीभ को लम्बा व लचीला बनाने में सहायक होते हैं। जैसे जीभ को मुख से बाहर निकालकर ठोड़ी पर लगाने का प्रयास अथवा मुख से बाहर निकालकर नासिकाग्र से जीभ लगाने का प्रयास आदि। इन प्रयासों में हाथ का प्रयोग वर्जित है। जीभ को स्वतः अपनी ही शक्ति से धकेल खींचकर यह व्यायाम करने होते हैं। अतः **इसे जीभ का चलाना या 'चालन' कहते हैं।**

जैसा कि स्पष्ट है 'चालन' का प्रयोग पाठक कर सकते हैं। दोहन या मंथन क्रिया को भी सावधानी पूर्वक किया जा सकता है किन्तु छेदन क्रिया को समर्थ गुरु की छत्रछाया में ही किया जाना चाहिए। अन्यथा वाक्शक्ति का लोप, तुतलाहट, हकलाहट आदि के अलावा अन्य उपद्रवों की सम्भावना भी होती है, जो घातक भी हो सकते हैं।

खेचरी मुद्रा के अन्य गुण प्रभावों के लिए निम्नलिखित श्लोकों को भी देखिए, 'जो *गोरक्ष संहिता*' में आए हैं—

विन्दूमूलं शरीराणां शिरास्तत्र प्रतिष्ठिताः।
भावयन्ति शरीराणामापादतलमस्तकम्॥
खेचरी मुद्रया येन विवरं लम्बिकोर्ध्वतः।
न तस्य क्षरते विन्दुः कामिन्यालिङ्गितस्य च॥
यावद्बिन्दुः स्थितो देहे तावन्मृत्यौर्भयंकुतः।
यावद्बद्धा नभोमुद्रा तावद्बिन्दुर्न गच्छति॥

अर्थात्—बिन्दु (वीर्य) शरीर का मूल (आधार) है। यह पांव से सिर तक शरीर में प्रतिष्ठित रहता है। इसी से शिराओं में सजीवता आती है तथा हाथ-पैरों व मस्तिष्क की सामर्थ्य बनी रहती है। जिसने खेचरी मुद्रा को उस कण्ठ छिद्र की

लम्बिका के ऊपर रोक लिया उस योगी का बिन्दु कामिनी के आलिंगन से भी क्षरित नहीं होता। जब तक शरीर में बिन्दु स्थित है, तब तक मृत्यु का भय कहां? और जब तक नभोमुद्रा दृढ़ता से बंधी है, तब तक बिन्दु चलायमान नहीं होता। (अर्थात् खेचरी मुद्रा बिन्दु की रक्षा करके भी मृत्यु को पास नहीं आने देती। और कण्ठ छिद्र में अमृत पान करते रहने के कारण भी मृत्यु की नाशक हो अतः यह अमरत्व प्रदान करती है)।

व्याख्या

परन्तु जैसा कि *गीता* में भगवान कृष्ण ने कहा है—**'जातस्य हि ध्रुवो मृत्यु ध्रुवं जन्म मृतस्य च।'** (जन्मने वाले की मृत्यु अवश्य होती है और मरने वाले का जन्म भी अवश्य होता है)। इस न्याय के अनुसार मरण तो निश्चित है फिर अमरता की बात कैसे सम्भव है? इसका यही एक उत्तर है कि व्यक्ति इच्छा मृत्यु हो जाता है अथवा अतिदीर्घजीवी हो जाता है। वह हजारों वर्षों तक या जब तक मरना न चाहे जीवित रह सकता है। किन्तु फिर पुनः जन्म में न लौट कर निर्वाण/मोक्ष प्राप्त कर लेता है।

खेचरी मुद्रा चित्त में चंचलता नहीं आने देती। अतः बिन्दु/वीर्य भी चालायमान नहीं होता। बिन्दु की स्थिरता का कारण मन की स्थिरता ही है। जिह्वा द्वारा बिन्दु को क्षरित होने से रोकने का भावार्थ यही है। जैसा कि *'योगकुण्डल्योपनिषद्'* में कहा है—

मनसोत्पद्यते विन्दुर्यथा क्षीरं घृतात्मकम्।
न च बन्धन मध्यस्थं तद्वै कारणमानसम्॥

अर्थात्—यह बिन्दु मन से ही उत्पन्न होता है। जैसे दूध से घी उत्पन्न होता है। उस बिन्दु में कुछ भी बन्धन नहीं है, जो बन्धन है, वह सब मन का ही है। (विज्ञानानुसार वीर्य की उत्पत्ति रक्त से व रक्त की आहार से होती है। परन्तु इस स्थूल अध्ययन में मन का संयोग आहार के साथ होने पर ही यह सब सम्भव होता है। **'यथा अन्न तथा मन'** इसीलिए कहा है—यदि मन प्रसन्न न रहे तो पौष्टिक आहार लेने के बाद भी रक्त-वीर्य की वृद्धि नहीं होती। मन की अप्रसन्नता अवसाद, ईर्ष्या, क्रोध, चिंता आदि इसीलिए रक्त एवं वीर्य का नाश करते हैं। अब यह कहना ठीक ही है कि मन ही बिन्दु की उत्पत्ति का कारण है। मन में उत्साह हो तो नपुंसक भी 'जोश' में आ जाता है। उत्साह न हो तो पौरुष युक्त व्यक्ति भी 'उत्तेजित नहीं होता, यह एक मनोवैज्ञानिक तथ्य है')।

भगवान शिव जिस मुद्रा में (*शाम्भवी मुद्रा*)—सदैव ध्यान मग्न रहते हैं, उसमें खेचरी भी सम्मिलित रहती है। इसलिए उन्हें परमात्मा या महादेव कहते हैं। और संकल्प शक्ति के महास्वामी के रूप में उन्हें जाना जाता है। उन्हें महायोगी

कहा जाता है। कुण्डलिनी को सहस्रार में पहुंचाने का विज्ञान परमशिव से परमशक्ति को मिलाने का ही विज्ञान है। अतः महा या परम विज्ञान है। इसे जान लेने के बाद कुछ भी जानना शेष नहीं रह जाता। जो कुछ विज्ञानवादी बाहर खोजना जानना चाहते हैं, वह सब और उसके अलावा भी सब कुछ समाधिस्थावस्था में कालजयी हुआ योगी स्वतः ही जान लेता है। किसी भी विषय पर ध्यान एकाग्र कर उसके विषय में समूचा जान लेना योगी के लिए सम्भव हो जाता है—जैसा कि '*विज्ञान भैरव*' में कहा गया है—

देहाभिमाने गलिते विज्ञाते परमात्मनि।
यत्र यत्र मनो याति तत्र तत्र समाधयः॥

अर्थात्—देह में अहं भाव नष्ट हो जाने पर और परमात्मा के स्वरूप का ज्ञान हो जाने पर जहां-जहां मन जाता है, वहीं-वहीं पर समाधि लग जाती है। (इस विषय को पुस्तक के अन्त में विस्तार से लेंगे। यहां प्रसंगवश चर्चा हो गई है)।

'*विज्ञान भैरव*' में खेचरी मुद्रा के व्यावहारिक व वैज्ञानिक पक्ष को भी ध्यान में रखा है—

मध्यजिह्वे स्फारितास्ये मध्ये निक्षिप्य चेतनाम्।
होच्चारं मनसा कुर्वस्ततः शान्ते प्रलीयते॥

यानि—अपने मुंह को फैलाकर, जिह्वा को उलट कर ऊपर तालु में प्रविष्ट कराने से खेचरी बनती है। इस मुद्रा में अपनी बुद्धि को स्थिर करके मन से स्वररहित 'हकार' का उच्चारण करने से साधक शान्तावस्था में लीन हो जाता है अर्थात्—उसका शान्त स्वरूप अभिव्यक्त हो जाता है।

(यह बताई गई 112 धारणाओं में 57वीं धारणा है। इस ग्रन्थ में 112 धारणाओं का उल्लेख है)।

व्याख्या

प्राण की उच्छ्वास दशा में स्वभावतः 'हं' तथा निश्वांस दशा में 'सः' का उच्चारण होता है (**सकारेण बर्हियाति हकारेण विशेत् पुनः**) पहले बता आए हैं। इस तथ्य के अनुसार 'सकार' के साथ बाहर निकला प्राण 'हकार' का ही उच्चारण होता है। यही व्यावहारिक व वैज्ञानिक तथ्य इस श्लोक में कहा गया है। इस मुद्रा की साधना में दृष्टि को भूमध्य में स्थिर रखना चाहिए, जिससे ध्यान लग सके। इस बात को अनेक ग्रन्थों में कहा गया है। खेचरी में जीभ का पलटकर कपाल कुहर में लगाना और दृष्ट का भ्रूमध्य में स्थिर रखना दोनों ही क्रियाएं शामिल रहती हैं। ऐसा '*विवेक मार्तण्ड*' में भी कहा गया है—

कपाल कुहरे जिह्वा प्रविष्टा विपरीतगा।
भ्रुवोरन्तर्गता दृष्टिर्मुद्रा भवति खेचरी॥

अर्थात्—जिह्वा को उलट कर तालु प्रदेश में स्थित कपाल कुहर में प्रविष्ट करा

देना तथा दृष्टि को भ्रूमध्य में स्थिर कर लेना—यही खेचरी मुद्रा है।

खेचरी मुद्रा पर पर्याप्त प्रकाश डाला जा चुका है। अब हम कुण्डलिनी जागरण के अन्य उपाय विपरीतकरिणी मुद्रा की चर्चा करेंगे। इस मुद्रा को पहले इसलिए ले रहे हैं, क्योंकि इस मुद्रा में खेचरी का प्रयोग भी किया जाता है और यह मुद्रा भी सतत झरने वाले अमृत के पान के उपाय रूप में प्रयुक्त होती है।

विपरीतकरिणी मुद्रा

जैसा कि नाम ही से स्पष्ट हो जाता है कि यह मुद्रा शरीर की स्थिति को उल्टी या विपरीत कर देने वाली है। अत: इसको 'विपरीत करिणी' कहते हैं 'हठयोग' के अन्तर्गत यह मुद्रा भी आती है। इस मुद्रा द्वारा कपाल कुहर में गिरने वाले अमृत की रक्षा की जाती है।



विपरीतकरणी मुद्रा

नाभिदेशे वसत्येको भास्करो देहनात्मनः।
अमृतात्मा स्थितो नित्यं तालुमूले न चन्द्रमा॥
वर्षत्यधोमुखश्चन्द्रोग्रसत्यूर्ध्वमुखो रविः।
ज्ञातव्याकरणी तत्र यथा पीयूषमाप्यते॥

—गोरक्षसंहिता

अर्थात्—अग्निरूपी एक सूर्य नाभि में रहता है और अमृत रूपी आत्मा वाला चन्द्रमा सदा तालुमूल में निवास करता है। तालुमूल में नीचे की ओर मुख किए रहने वाला चन्द्रमा जिस अमृत की वर्षा करता है उसे ऊपर को मुंह किए रहने वाला अग्निरूपी सूर्य नाभि में अवस्थित रहते हुए पी लेता है। परन्तु विपरीतकरिणी मुद्रा को जो योगी जानता है, वह उस अमृत को अग्नि के मुख से बचाकर स्वयं अपने मुख में ले लेता है। (जिससे रोग आदि का नाश होकर आयुवृद्धि होती है तथा मृत्यु भय नहीं रहता)।

उर्ध्व नाभिरधस्तालुरुर्ध्व सूर्यरधः शशी।
करणी विपरीताख्या गुरुपदेशेन लभ्यते॥

अर्थात्—नाभि में स्थित अग्नि रूपी सूर्य को ऊपर तथा तालु मूल में स्थित अमृतमयी चन्द्रमा को नीचे (विपरीत) करना ही विपरीतकरिणी नामक मुद्रा है, जो गुरु के उपदेश से ही प्राप्त हो पाती है (अर्थात् बिना गुरु के उपदेश, आज्ञा व निर्देशन के इस मुद्रा में सफलता नहीं मिलती)।

यहां गुरु के उपदेश को महत्त्व इसलिए दिया गया है—क्योंकि मात्र शरीर को उल्टा कर लेने से ही यह मुद्रा सिद्ध नहीं हो जाती। पहले प्राणायाम तथा खेचरी आदि मुद्राएं सिद्ध की जाती हैं। फिर विपरीतकरिणी मुद्रा में खेचरी का समावेश किया जाता है। प्राणवायु की नासिका के उर्ध्वविवर में तथा जीभ को जिह्वा मूल से पलटकर ब्रह्मरंध्र की ओर पहुंचाने का अभ्यास किया जाता है। यह अत्यंत कठिन अभ्यास है। '*शाण्डिल्योपनिषद्*' में संध्या के समय वायु को खींचकर पीने का निर्देश मिलता है। उससे तीन महीने में अभ्यासी की वाणी सरस्वती स्वरूपा हो जाती है। छः महीने में समस्त रोग दूर हो जाते हैं। अतः इस अवस्था में जिह्वा द्वारा प्राणवायु को खींचा भी जाता है। जैसा कि इसी उपनिषद् में आगे कहा गया है—

जिह्वया वायुमानीय जिह्वामूले निरोधयेत्।
यः पिवेदमृतं विद्वान् सकलभद्रमश्नुते॥

अर्थात्—जो विद्वान योगी जिह्वा से वायु खींचकर उसे जिह्वा मूल में रोककर अमृत का पान करता है। उसका सब प्रकार से कल्याण होता है। (किन्तु गुरु के मार्गदर्शन में ही इसे करें)।

बद्धं सोमकलाजलं सुविमलं कण्ठस्थलादूर्ध्वतो।
नासान्ते सुषिरे नयेत्व गगनद्वारान्ततः सर्वतः।
उर्ध्वास्यो भुविसन्निपत्यनितरामुत्तानपादः पिबेदेवं यः
कुरुतेजितेन्द्रिय गणोनैवास्तितस्य क्षयः॥
ऊर्ध्वं जिह्वां स्थिरीकृत्य सोमपानं करोतियः।
मासार्द्धेन न सन्देहो मृत्युं जयति योगविद्॥

(गो. संहिता)

अर्थात्—कण्ठ के उर्ध्व भाग में स्थित स्वच्छ चन्द्रकलामृत को रोककर नासिका से ऊपर के विवर में भरे और वायु के समस्त द्वारों को रोककर आकाश में प्राणापन युक्त पूरक करें तथा पृथ्वी पर उत्तान लेटकर पांवों को उत्तान करके (विपरीत करिणी) इस अमृत का पान करें। जो जितेन्द्रिय योगी सदा ऐसा करता है, उसका क्षय कभी नहीं हो सकता। जीव को ऊर्ध्व स्थित कर सुधापान करने वाला साधक पंद्रह दिनों में ही मृत्यु को जीतने वाला हो जाता है। (किन्तु जैसा कि कहा गया है, बिना गुरु की कृपा के यह कार्य सम्भव नहीं होता)।

शक्तिचालिनी मुद्रा व शक्तिचालन

इस मुद्रा का सीधा सम्बन्ध कुण्डलिनी शक्ति को जागृत कर उसे ऊपर चढ़ाने से है। अतः इसे 'शक्तिचालिनी मुद्रा' कहा गया है। स्पष्ट है कि यह भी अत्यधिक महत्त्वपूर्ण क्रिया है। किन्तु लम्बे अभ्यास से ही यह मुद्रा सिद्ध होती है। अतः धैर्य



शक्तिचालिनी मुद्रा

आवश्यक है। प्रायः समस्त योग विषयक ग्रन्थों ने इसे सम्मानपूर्वक मान्यता दी है। परन्तु '*घेरण्डसंहिता*' में इसका विस्तृत विवेचन मिलता है।

कृत्वा सम्पुटितौ करौ दृढ़रं बध्वा तु पद्मासनं।
गाढ़ं वक्षसि सन्निधाय चिबुकं ध्यानं च तच्चेति।
बारंबारम पानमूर्ध्व मनिलं प्रोच्चारयेत्पूरितं।
मुञ्चन्प्राणमुपैतिबोधमतुलं शक्तिप्रभावादतः॥

— गोरक्ष संहिता

अर्थात्—दोनों हाथों की अञ्जली बांधकर दोनों कुहनियों को दृढ़ता से हृदय पर रखकर पद्मासन करें। ठोड़ी को हृदय से दृढ़तापूर्वक लगाकर ज्योतिरूप ब्रह्म का ध्यान करें। प्राणायाम द्वारा वायु खींचकर उसे अपानवायु से मिलाएं और कुम्भक द्वारा धारण करके शनैः शनैः छोड़ दें। ऐसा करने से साधक को कुण्डलिनी शक्ति के प्रभाव का अतुलित बोध होता है अथवा शक्ति जागृत होती है।

यह शक्तिचालिनी मुद्रा कुण्डलिनी शक्ति को जागृत करती है। इसीलिए इसे शक्तिचालिनी कहते हैं। परन्तु यह लम्बे अभ्यास से सिद्ध होती है। परिचय के रूप में '*गोरक्ष संहिता*' का श्लोक ऊपर दिया है। किन्तु पूर्ण विस्तृत रूप से इसका वर्णन '*घेरंड संहिता*' में आता है, जो पाठकों के लिए अधिक उपयोगी होगा।

नाभिं सम्वेष्टय वस्त्रेण न च नग्नो बहिः स्थितः।
गोपनीयगृहे स्थित्वा शक्तिचालनमभ्यसेत्॥
वितस्तिमितं दीर्घं विस्तारे चतुरंगुलम्।
मृदुलं धवलं सूक्ष्मं वेष्टनाम्बर लक्षणम्॥
एवंमम्बरयुक्तं च कटि सूत्रेण योजयेत्।
भस्मनागात्र संलिप्तं सिद्धासनं समाचरेत्॥
नासाभ्यां प्राणमाकृष्य अपानेयोजमेद्बलात्।
तावदाकुञ्चयेद् गुह्यं शनैरश्विनिमुद्रया॥
यावद्गच्छेत सुषुम्नायां वायुः प्रकाशयेत् हठात्।
तदावायुप्रबन्धेन कुम्भिका च भुजङ्गिनी॥
बद्धश्वासस्तोभूत्वा ऊर्ध्वमार्ग प्रपद्यते।
शक्तीर्विनाचालनेन योनिमुद्रा न सिद्धयति॥

—घेरंड संहिता

अर्थात्—नाभि को वस्त्र से लपेटकर शक्तिचालिनी मुद्रा का एकान्त स्थान में अभ्यास करें। नग्नावस्था में इस मुद्रा का साधन कभी बाहर न करें। बालिश्त भर चौड़ा और चार अंगुल लम्बा (कोमल, स्वच्छ) वस्त्र नाभि पर रखकर उसे कटिसूत्र (नाड़े आदि) से कमर पर बांधें (यदि पूरा वस्त्र न लपेट रहे हों तो)। शरीर पर भस्म मलकर सिद्धासन पर बैठकर प्राण को खींचकर अपान से मिलाएं। सुषुम्ना के

द्वार से गमन करती वायु जब तक प्रत्यक्ष न हों, तब तक 'अश्विनी मुद्रा' से गुदा संकोचन करें। इस प्रकार वायु के रुकने से सर्पाकार कुण्डलिनी जागृत होकर ऊर्ध्व मार्ग में बढ़ती है। इस शक्तिचालिनी मुद्रा के बिना योनिमुद्रा (मूलबन्ध) की सिद्धि नहीं होती। (घेरण्ड ऋषि ने गोरखनाथ के मुकाबले शक्तिचालिनी मुद्रा को अधिक स्पष्ट किया है और पद्मासन के स्थान पर सिद्धासन का निर्देश दिया है। विभिन्न ऋषियों ने विभिन्न मार्गों एवं मुद्राओं से लक्ष्य प्राप्ति की थी। अत: अपने-अपने अनुभूत मार्ग पर उन्होंने अधिक प्रकाश डाला है। इसका कारण मात्र इतना ही है)।

व्याख्या

पद्मासन के स्थान पर सिद्धासन का प्रयोग इस मुद्रा में अधिक लाभकारी रहेगा क्योंकि अश्विनी मुद्रा तथा योनिमुद्रा में यही सिद्धासन अधिक सहयोगी रहता है और कम प्रयास से ही मुद्रा को सिद्ध करता है। शरीर पर भभूत मलने के तीन सम्भावित कारण हैं। पहला—नग्नावस्था को ढकना। दूसरा वैराग्य भाव को उदित करने के बाह्य प्रयास एवं तीसरा इस क्रिया में शरीर पर आने वाले पसीने को सोखने की सुविधा प्राप्त करना। क्योंकि पसीने के अधिक बहने की अनुभूति भी मुद्रा के स्थायित्व में बाधक हो सकती है। यह भी सम्भावना है कि शिव को ईष्ट मानने के कारण घेरण्ड ऋषि शिव की ही भांति देह पर भभूत मलने को आवश्यक समझते हों।

नाभि पर वस्त्र लपेटने अथवा वस्त्र को नाभि पर रख कटि सूत्र से बांधने के पीछे दो उद्देश्य संभावित हैं। पहला उड्डियान बन्ध में सहयोग एवं नाभिमंडल को भीतर दबाकर उद्वेलित करना। दूसरा नाभिमंडल पर ध्यान लगाने में सहयोग प्राप्त करना। सुषुम्ना में वायु को प्रत्यक्ष करने का अर्थ वायु को वहां अनुभव करने से है। तब तक 'अश्विनी मुद्रा' का निर्देश दिया है। 'अश्विनी मुद्रा' अपने आप में कुण्डलिनी शक्ति को उत्तेजित करने में सहायक है।

अश्विनी मुद्रा

घोड़ी जिस प्रकार अपनी योनि को बार-बार संकुचित करती तथा विस्तृत करती है, उसी प्रकार उपस्थ सहित गुदा को बार-बार संकुचित करना तथा ढीला छोड़ना अश्विनी मुद्रा कही जाती है। यह कुण्डलिनी को जागृत कर पाने में समर्थ भले ही न हो अथवा चलाने में सक्षम भले ही नहीं किन्तु उसको थपथपा कर या छेड़कर उत्तेजित अवश्य करती है। इसीलिए घेरण्ड ऋषि ने वायु के सुषुम्ना के द्वार पर अनुभव करने तक अश्विनी मुद्रा के प्रयोग का निर्देश दिया है। अश्विनी मुद्रा का अभ्यास स्तम्भन सामर्थ्य भी बढ़ाता है।

इन समस्त विवेचनों से सिद्ध होता है कि कुण्डलिनी को जागृत करके सुषुम्ना में चढ़ाने के लिए वायु को सुषुम्ना में चढ़ाना आवश्यक है। क्योंकि वायु अथवा



अश्विनी मुद्रा

अग्नि ही कुण्डलिनी जगाकर चलाने में समर्थ है। वायु के साथ प्राण व मन भी एकाग्र होकर सुषुम्ना में जाते हैं। अन्ततः आज्ञाचक्र तथा सहस्त्रार चक्र पर जा पहुंचने पर सम्प्रज्ञात समाधि व असम्प्रज्ञात समाधि की स्थिति प्राप्त होती है। जैसा कि '*योगतत्त्वोपनिषद्*' में कहा गया है—

वायुना सहचित्तं च प्रविशेच्च महापथम्।
यस्य चित्तं स्वपवनः सुषुम्नां प्रविशेदिह॥
भूमिरापोऽनलोवायु आकाश चेति पंचकः।
येषु पंचसु देवानां धारणा पंचधोच्यते॥

अर्थात्—जिसका चित्त वायु के सहित सुषुम्ना में प्रविष्ट हो जाता है। उसके लिए—पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश इन पांच महाभूत रूपी देवताओं की धारणा स्वतः हो जाती है। (धारणा व समाधि की चर्चा अगले अध्याय में करेंगे)।

बिन्दु व रज को, चन्द्र व सूर्य को अथवा प्राण व अपान को मिलाना

अब तक के उपायों एवं विधियों को पढ़कर प्रबुद्ध पाठक जान गए होंगे कि प्राण व अपान को मिलाने से अथवा चन्द्र व सूर्य या बिन्दु एवं रज को मिलाने से ही कुण्डलिनी का जागरण होता है। समस्त प्राणायाम प्राण व अपान को मिलाने के उपाय हैं तथा विपरीतकरिणी, शक्तिचालिनी, खेचरी आदि मुद्राएं चन्द्र व सूर्य में एकात्म स्थापित करने के उपाय हैं।

प्रत्येक व्यक्ति में बिन्दु (वीर्य) तथा रज रहता है। और प्रत्येक स्त्री में भी। किन्तु स्त्रियों में रज की प्रमुखता रहती है और पुरुषों में वीर्य की। आयुर्वेदीय ग्रन्थों व आधुनिक चिकित्सा विज्ञान ने भी इसे माना है। 'चरक संहिता' में तो यहां तक बताया गया है कि स्वप्न की अवस्था में उत्तेजित होने पर क्षरित स्त्री की योनि में यदि वायु प्रविष्ट हो जाए और उसका रज उसमें मौजूद वीर्य के अंश से मिल जाए तो गर्भाधान हो जाता है। किन्तु वह अर्थ, अस्थि, नख व केशों से हीन (मांसपिंड रूपी) होता है।

रज एवं बिन्दु का संयोग सृजनात्मक होता है—भले ही बाह्य हो अथवा आन्तरिक। अघोरी सम्प्रदाय में इसी उपाय पर विशेष जोर दिया जाता है और सम्भोग को इसीलिए योग साधना का पर्याय माना जाता है।

शरीर में बिन्दु व रज दोनों रहते हैं। बिन्दु का स्थान चन्द्र एवं रज का स्थान नाभिमंडल में अवस्थित सूर्य माना गया है। बिन्दु का रंग श्वेत व रज का रंग लाल कहा गया है। बिन्दु को शिव और रज को शिवा/शक्ति का प्रतीक माना है। जैसा कि '*गोरक्ष संहिता*' में प्रमाण मिलते हैं—

स पुनर्द्विबिधो बिन्दुः पाण्डुरो सोहितस्तथा।
पाण्डुरः शुक्रमित्यहुर्लोहिताख्यो महारजः॥
सिन्दूरद्रवसंकाशं नाभिस्थाने स्थितं रजः।
शशिस्थाने स्थितो बिन्दुस्तयोरैक्यं सुदुर्लभम्॥

अर्थात्—यह बिन्दु दो प्रकार का होता है। पाण्डुर वर्ण तथा लोहित वर्ण। पाण्डुर वर्ण वाला 'शुक्र' तथा लोहित वर्ण वाला 'महारज' कहा जाता है। तैल मिश्रित सिंदूरी द्रव के समान रज नाभिमंडल में और बिन्दु चन्द्र स्थान में रहता है। इन दोनों का एक हो पाना अति दुर्लभ है।

विन्दुः शिवो रजः शक्तिश्चन्द्रोविन्दु रजो रविः।
अनयोः संगमादेव प्राप्यते परमं पदम॥
वायुना शक्तिचारेण प्रेरितं तु यदा रजः।
याति विन्दोः सहैकत्वं भवेदिदृव्यं वपुस्ततः॥

अर्थात्—बिन्दु, शिव तथा रज शक्ति है अथवा बिन्दु चन्द्रमा और रज सूर्य है। इन दोनों के संयोग से परम शरीर प्राप्त होता है। वायु द्वारा शक्ति चालन से जब रज आकाश में प्रेरित होकर बिन्दु से मिल जाता है तब शरीर दिव्य बन जाता है (अर्थात् तेजस्वी हो जाता है)।

शुक्रं चन्द्रेण संयुक्तं रजः सूर्येण संयुतम्।
तयोः समरसैकत्वं यो जानाति सयोगविद॥

—गोरक्षसंहिता

अर्थात्—शुक्र बिन्दु रूपी चन्द्र से युक्त है और रज सूर्य से समन्वित है। जो इन दोनों की समरसता को जानता है (इन दोनों को मिलाना जानता है) वही योग का ज्ञाता है।

अतः चन्द्र व सूर्य को, बिन्दु एवं रज को अथवा प्राण व अपान को मिलाना ही कुण्डलिनी जागरण के मार्ग हैं।

आक्षिप्तो भुजदण्डेन यथोच्छलतिकन्दुकः।
प्राणापान समाक्षिप्तस्तथा जीवो न तिष्ठति॥

अर्थात्—जैसे हाथ द्वारा पृथ्वी पर पटकी गई गेंद, ताड़ित होकर स्वयं ऊपर

उछलती है। वैसे ही प्राणवायु की प्राप्ति में जीव को आकर्षित करके अपानवायु ठहरने नहीं देता। (जैसे गेंद खेलने वालों के वश में रहती है वैसे ही जीव अविद्या के वश में रहता है। प्राणापान के मध्य जीव स्थिर नहीं रहता। प्राण व अपान को मिलाकर ही उसे स्थिर किया जाता है)।

कुण्डलिनी भेदन के लिए षट्चक्रों का समस्त विवरण प्रारम्भ में ही दे दिया गया है। तथापि इस खण्ड को पढ़ने पर पाठकों को तालु एवं कंठ का महत्त्व भी समझ में आया होगा। बहुतों को तालु या कण्ठ विवर अन्य चक्रों की अपेक्षा अधिक महत्त्वपूर्ण भी लगा हो सकता है। परन्तु ऐसा नहीं है। चक्रों का अपने स्थान पर पूर्ण महत्त्व है तथापि तालु का महत्त्व भी कम नहीं है क्योंकि शरीर के चार पवित्र अंगों में एक यह भी है। इसकी पवित्रता का कारण यहां रुद्र का निवास होना है। जैसा कि निम्नलिखित श्लोक से सहज सिद्ध होता है—

ब्रह्मणो हृदयस्थानं कण्ठे विष्णुः समाश्रितः।
तालुमध्ये स्थितो रुद्रो ललाटस्थो महेश्वरः॥

—ब्रह्मविद्या उपनिषद्

अर्थात्—हृदय स्थान में ब्रह्मा का तथा कण्ठ स्थान में विष्णु का निवास होता है। तालु मध्य में रुद्र स्थित हैं और ललाट में महेश्वर/परमशिव का निवास है। (अतः कण्ठ व तालु का महत्त्व स्पष्ट है)।

इसके अलावा मूलद्वार भी अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। क्योंकि सुप्त कुण्डलिनी का मार्ग यहीं से आरम्भ होता है। इसके अलावा अनेक मुद्राओं आदि में इसका प्रयोग होता है। कोई भी आसन या उपाय बिना मूलबन्ध के सिद्ध नहीं होता। अतः मूलद्वार का योग में अत्यधिक महत्त्व है '*गोरक्ष संहिता*' में तो यहां तक कहा गया है कि—

वद्धं मूलबिलं येन तेन विघ्नो विदारितः।
अजरामरमाप्नोति यथा पञ्चमुखीहरः॥

अर्थात्—जो योगी मूलद्वार को रोकने में सफलता प्राप्त कर लेता है, उसके सभी विघ्न नष्ट होकर (यही कारण है कि मूलाधार के प्रहरी देवता गणेश हैं) अजरत्व एवं अमरत्व प्राप्त होती है। जैसे पंचमुखी भगवान शिव अजर और अमर हैं (अथवा वह पंचमुखी शिव के समान हो जाता है)।

प्रणवाभ्यास

ॐकार वैदिक प्रणव है। हूंकार शैवागम सम्मत प्रणव है और ह्रींकार शाक्तागत सम्मत प्रणव। तन्त्रशास्त्र में अनेकों प्रणवों का वर्णन है। इनमें ॐकार सर्वश्रेष्ठ कहा गया है। प्रणव के पर्याय के रूप में इसीलिए यही एक प्रचलित हो गया है। ॐकार में—अकार, उकार और मकार परब्रह्म के स्वरूप को ब्रह्मा, विष्णु एवं शिव की त्रिशक्ति के रूप में दर्शाते हैं। अतः प्रणवोच्चारण में ह्रस्व, प्लुत्, दीर्घ

आदि मात्राओं के उच्चारण, उत्पन्न तरंगों के प्रभाव तथा पदों के मनन के प्रभाव कुल मिलाकर चमत्कार दिखाने वाले होते हैं। **एक ज्ञान से दूसरे ज्ञान की उपलब्धि होती है। इसके अलावा मूर्च्छनात्मक स्वरों की अवस्थिति दीर्घकाल तक रहने से, अन्य उपायों के मुकाबले चित्त की एकाग्रता यहां अधिक सरल होती है।** (स्वरों के नियमित क्रम से आरोह व अवरोह की प्रक्रिया को संगीत शास्त्र में *मूर्च्छना* कहते हैं)। इसीलिए कहा गया है कि **शब्द ब्रह्म में निष्णात व्यक्ति परब्रह्म को प्राप्त कर लेता है अथवा संगीतशास्त्र में प्रवीण व्यक्ति अनायास ही मोक्ष को प्राप्त कर लेता है।** जैसा कि महर्षि *याज्ञवल्क्य* ने कहा है—

वीणावदनतत्त्वज्ञः स्वरजातिविशारदः।
तालज्ञश्चाप्रयासेन मोक्ष मार्ग नियच्छति॥

(वीणा वादन को तत्त्व से जानने वाले, स्वरों के विशारद तथा ताल का ज्ञाता अपने प्रयासों से मोक्ष को प्राप्त कर लेता है। अर्थात् लय, स्वर और ताल का एकात्म मोक्षकारी होता है।)

प्रणव की मात्राओं को '*विज्ञान भैरव*' के अनुसार परमशिव की अवस्था तक पहुंचने के लिए इस प्रकार सोपान बनाया जाता है—अकार को नाभि में, उकार को हृदय में, मकार की मुख में, बिन्दु की भ्रूमध्य में, अर्धचन्द्र की ललाट में, निरोधिनी की ऊर्ध्वललाट में, नाद की शिर में, नादान्त की ब्रह्मरन्ध्र में, शक्ति की त्वक में, व्यापिनी की शिखा के मूल में, समना की शिखा में और उन्मना की शिखा के अंत भाग में स्थिति रहती है। ॐकार को पिण्ड मन्त्र इसीलिए कहा जाता है कि यह नाभि से द्वादशान्त तक इस पिण्ड में विभक्त हैं। **'सोहं' भी प्रणव का ही स्वरूप है** क्योंकि सकार और हकार रूपी हल् का लोप हो जाने पर ॐ का स्वरूप ही शेष रहता है। इसीलिए '*शिवोपाध्याय*' में कहा है—

ओमिति स्फुरदुरस्यानाहतं गर्भगुम्फित समस्तवाङ्मयम्।
दन्ध्वनीति हृदि यत्परं पदं तत्सदक्षरमुपास्महे महः॥

अर्थात्—समस्त वाङ्मय को अपने उदर में समेटे हुए यह—ॐकार प्रत्येक प्राणी के हृदय में अनाहत नाद के रूप में ध्वनित होता रहता है। हृदय में विद्यमान प्रणव रूप सदक्षर ही परम पदस्थानीय है। हम इसी तेज की उपासना करते हैं।

यद्यपि यह तन्त्रागत अथवा मन्त्र सम्बन्धी उपाय ही है तथापि क्योंकि इसका मानसिक जाप किया जाता है अतः इसे हमने ध्यान सम्बन्धी उपायों के अन्तर्गत रखा है। प्रणव के अभ्यास के लिए '*गोरक्ष संहिता*' के निम्नलिखित श्लोक मार्गदर्शन के लिए पर्याप्त हैं—

पद्मासनं समारूह्य समकायशिरोधरः।
नासाग्रदृष्टिरेकान्ते जपेदोङ्कारमव्ययम्॥

भू र्भुवः स्वरिमेलोकाः सोमसूर्याग्निदेवताः।
यस्य मात्रासुः तिष्ठन्ति तत्परं ज्योतिरोमिति॥

अर्थात्—एकान्त प्रदेश में दृढ़तापूर्वक पद्मासन लगाकर अपनी देह, कंठ व सिर को समसूत्र करें और दृष्टि को नाक की नोक पर स्थापित कर ओंकार स्वरूप अव्यय ब्रह्म का जप करें-जिसके तीन वर्णों (अ, उ, म्) में—भूः, भुवः व स्वः इन तीनों लोकों सहित सूर्य, अग्नि व चन्द्र देवताओं का निवास है (ये तीनों क्रमशः ब्रह्मा, विष्णु व शिव के भौतिक प्रतीक भी हैं।)। यह ओंकार परम ज्योति स्वरूप है।

ॐकार के अकार, उकार तथा मकार में सूर्य चन्द्र तथा अग्नि की कल्पना करने का कारण क्या है, इस ओर '*ब्रह्मविद्या उपनिषद्*' में स्पष्ट संकेत दिया गया है। जैसा कि कहा है—

सूर्यमण्डल मध्येऽथ ह्यकारः शंखमध्यमः।
उकारचन्द्रसंकाशस्तस्य मध्ये व्यवस्थितः॥
मकारस्त्वग्निसंकाशो विधूमो विद्युतोपमः।
त्रिसो मातास्तथाज्ञेयाः सोम सूर्याग्नि रूपिणः॥

अर्थात्—शंख में मध्य का 'अकार' सूर्यमण्डल में स्थित है। चन्द्र के समान 'उकार' चन्द्रमा में ही रहता है और निर्धूम अग्नि तथा विद्युत 'मकार' के समान है। इस प्रकार ओंकार की तीनों मात्राओं को चन्द्र, सूर्य और अग्नि स्वरूप जानें।

ओंकार में और भी क्या-क्या निहित हैं इस ओर '*गोरक्ष संहिता*' में संक्षिप्त संकेत तथा '*ब्रह्मविद्योनिषद्*' में व्यापक वर्णन मिलता है। पाठकों के लाभार्थ श्लोकों को संक्षिप्त कर उनके अर्थों को पूर्ण रूप से संकलित किया है—

त्रयः कालास्त्रयो वेदास्त्रयो लोकास्त्रः स्वरा।
त्रयोदेवाः...त्रिधाः शक्ति...त्रिधामात्रा...
...स्थिता यत्रतत्परं ज्योतिरोमिति॥

(गो.सं.)

अर्थात्—'उस ॐकार में तीन काल, तीन वेद, तीन लोक, तीन स्वर और तीन देवता स्थित हैं। वह परम ज्योतिस्वरूप है। उसी में इच्छा, ज्ञान व क्रिया शक्ति व ब्राह्मी, रौद्री और वैष्णवी शक्तियां स्थित हैं। वह परम ज्योतिस्वरूप है। अकार, उकार और बिन्दु रूप मकार यह तीनों मात्राएं जिसमें स्थित हैं—वह ॐकार ज्योति स्वरूप है।'

ओमित्येकारं ब्रह्म सदुक्तं ब्रह्मवादिभिः।
शरीरंतस्य वक्ष्यामि...कालत्रयं...
तत्रदेवास्त्रयः...वेदास्त्रयो...तिस्त्रो मात्रा...

...त्र्यक्षरस्य...ब्रह्मवादिभि...उपकारः...
ईश्वरः परमो देवो मकारः परिकीर्तितः॥

—ब्रह्मविद्योपनिषद्

(उपर्युक्त श्लोक काफी बड़े हैं अतः संक्षिप्त कर दिए हैं)। अर्थात्—ब्रह्मवादियों ने जिस ब्रह्म को ओंकार के अक्षर रूप में कहा है, उसके शरीर स्थान व तीन काल का वर्णन करता हूं। उसमें—सूर्य, चन्द्र, अग्नि तीन देवता, भूः भुवः स्वः ये तीन लोक, भूत, भविष्य और वर्तमान ये तीन काल, ऋग्, यजुर् और साम ये तीन वेद, गार्हपत्य, दक्षिण और आह्वानीय ये तीन अग्नि, शिव स्वरूप अक्षर की तीन—ब्रह्मा, विष्णु व शिव अथवा अकार, उकार एवं मकार तथा आधी चन्द्र की (परब्रह्म) कुल साढ़े तीन मात्राएं हैं। पृथ्वी, आकाश और अग्नि ये तीन तत्त्व (पृथ्वी के साथ जल और आकाश के साथ वायु संयुक्त रहते ही हैं अतः पांचों मात्राएं), तीन शक्तियां—ब्राह्मी, रौद्री व वैष्णवी अथवा ज्ञान, इच्छा व क्रिया, अवस्थित हैं। इन्हीं शक्तियों से उत्पत्ति, प्रलय तथा स्थिति होती है। (यह शक्तियां ब्रह्मस्वरूपिणी तथा प्रकृति पुरुषात्मक है—जैसा कि देवी स्वयं कहती हैं—अहं ब्रह्मस्वरूपिणी, मत्तः प्रकृति पुरुषात्मक जगच्छून्यं च) यानि मैं ब्रह्म स्वरूपिणी व आनन्दमयी या आत्मरत हूं। यह प्रकृति पुरुषात्मक जगत् मुझसे ही उत्पन्न हुआ है।

ॐकार का जाप वैराग्य एवं ज्ञान उत्पन्न करने वाला है। इसे साधना के समय ही नहीं हर समय मानसिक जाप में प्रयुक्त करना चाहिए। इससे साधक संसार में रहता हुआ भी संसार में लिप्त नहीं होता, जैसा कि कहा है—

शुचिर्वाप्यशुचिर्वापि योजयेत्प्रणवं सदा।
न सा लिप्यति पापेन पद्मपत्रभिवाम्भसा॥

अर्थात्—बाह्य शौच किया हो अथवा ना भी किया हो तो भी ॐकार का जप करता रहे। इससे कमलपत्र के जल में लिप्त न होने के समान साधक पापों से लिप्त नहीं होता।

मानसिक जाप सदैव मन की एकाग्रता को बढ़ाता है अतः मानसिक जाप का ही प्रणवाभ्यास में विधान है। मन का निरोध करना ही इस जाप का एकमात्र लक्ष्य है। तभी तो कहा जाता है कि—

तावदेव निरोद्धव्यं यावद्धृदिगतं क्षयम्।
एतज्ज्ञानञ्च शेषऽत्यो ग्रन्थविस्तार॥

अर्थात्—जब तक वासनाएं नष्ट न हो जाएं तब तक मन का निरोध करना चाहिए। यही ज्ञान है, यही ध्यान है। शेष सब तो ग्रन्थ का विस्तार मात्र है।

यह समूचे योगशास्त्र का निष्कर्ष दो लाइनों में कह दिया गया है। **मन कभी इच्छाओं/वासनाओं से उसी प्रकार तृप्त नहीं होता जिस प्रकार समुद्र नदियों से, अग्नि काष्ठ से अथवा चरित्रहीन स्त्रियां पुरुषों से तृप्त नहीं होती।**

—चाणक्य

मन की इच्छाओं को पूर्ण करते रहने से अग्नि में डाले गए घृत की भांति इच्छाएं और बलवती होती हैं। अत: उनकी पूर्ति नहीं उनका शमन ही इस अग्नि की शांति का एकमात्र उपाय है। इसीलिए कृष्ण ने *गीता* में कहा है—'**कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।**' (कर्म करने मात्र में तेरा अधिकार है, फल की इच्छा में कभी नहीं)। और इसीलिए '*अष्टावक्र गीता*' में अष्टावक्र महर्षि ने राजा जनक को उपदेश दिया है—

'**मुक्तिमिच्छसि चेत्तातविषयान विषवत्यज।**' (मुक्ति चाहता है तो विषयों को विषय की भांति त्याग दे)।

❑❑❑



16 ध्यान, धारणा और समाधि

अब तक के विवेचन से सहज ही स्पष्ट हो जाता है कि मन को जीते बिना, उसका संयम किए बिना, उसकी एकाग्रता शक्ति को बढ़ाए बिना और उसका निरोध किए बिना न तो कुण्डलिनी जागरण ही सम्भव है, न ही मोक्षप्राप्ति। प्राण, बिन्दु, प्रणव आदि के माध्यम से मन को एकाग्र करने के उपाय अब तक आपने जाने। इनमें कोई-सा भी उपाय कारगर हो सकता है। यह आवश्यक नहीं कि सभी उपायों को किया जाए। विधान पूर्वक, तन्मयतापूर्वक, धैर्यपूर्वक तथा पात्रता उत्पन्न करके कोई भी एक उपाय निरन्तर करते जाना सफलता या सिद्धि की प्राप्ति करा देने में सक्षम है। तथापि विभिन्न मार्गों की जानकारी इसलिए दी जा रही है कि अपने गुण, स्वभाव, प्रकृति, रुचि, सामर्थ्य आदि के अनुसार पाठक अपना मार्ग चुन सकें।

अब मन को सीधा ही साधने का उपाय कहते हैं। यह उपाय पढ़ने या सुनने में यद्यपि सबसे सरल लगता है—तथापि करने में सबसे कठिन है। क्योंकि मन को वश में करना अत्यंत दुष्कर है। प्राण, बिन्दु, प्रणव आदि के माध्यमों के सहारे यद्यपि यह कार्य अपेक्षाकृत सरल हो जाता है।

ध्यान, धारणा, समाधि के प्रयास सीधे फिर भी नहीं करने चाहिए। इससे पूर्व शेष प्रयासों के अभ्यास से मन को इस योग्य बना लेना चाहिए कि ध्यान का उपाय करने पर बिना किसी सहारे के ही उसे सीधे साधा जा सके। जैसा कि कहा है—

आसनेन रुजो हन्ति प्रणयामेन पातकम्।
विकारं मानसं योगी प्रत्याहारेण मुच्यति॥
धारणाभिमतो धैर्य ध्यानाच्चैतन्यमद् भुतम्।
समाधौ मोक्षमाप्नोति व्यक्त्वाकर्म शुभाशुभम्॥

अर्थात्—आसनों से रोग नष्ट होते हैं (शारीरिक सामर्थ्य उत्पन्न होती है), प्राणायाम से समस्त पाप नष्ट होते हैं—(शारीरिक सामर्थ्य उत्पन्न होती है), प्राणायाम से समस्त पाप नष्ट होते हैं। (शोधन होता है), प्रत्याहार से मन के विकार नष्ट होते हैं। (निर्विकारता एवं पात्रता उत्पन्न होती है)। धारणा से धैर्य की वृद्धि होती है। ध्यान से अद्‌भुत चैतन्य शक्ति की प्राप्त होती है, तथा समाधि से समस्त शुभाशुभ

कर्मों का त्याग होने से मोक्ष प्राप्ति होती है। (अत: यह समस्त उपाय ही किए जाने चाहिएं। इनसे पूर्व यम-नियम का पालन पात्रता व भूमिका के लिए अथवा योग मार्ग की यात्रा के लिए स्वयं को 'तैयार' करने के लिए आवश्यक हैं)। और—

प्राणायाम द्विष्टकेन प्रत्याहारः प्रकीर्तितः।
प्रत्याहार द्विष्टकेन जायते धारणा शुभां॥
धारणा द्वादश प्रोक्ता ध्यानाद्ध्यानविशारदैः।
ध्यानद्वादशकेनैव समाधिरभिधीयते॥

(*गो.सं.*)

अर्थात्—बारह प्राणायामों से प्रत्याहार तथा बारह प्रत्याहारों से धारणा होती है। बारह धारणाओं से ध्यान और बारह ध्यानों से समाधि होती है। (अत: समस्त अंग क्रमश: जरूरी है)।

व्याख्या

प्राणायामों के बारह प्रकार हैं (कुछ शास्त्र 8 मानते हैं)। इन प्राणायामों के अभ्यास से प्रत्याहार (इन्द्रिय निग्रह) में सफलता मिलती है। प्रत्याहार भी बारह हैं (पांच ज्ञानेन्द्रिय, पांच कर्मेन्द्रिय, एक मन और एक बुद्धि/अहं—इन बारहों को विषयों की ओर भागने से रोकना ही प्रत्याहार है)। इनसे धारणा की योग्यता प्राप्त होती है। बारह धारणाओं (यद्यपि कुल 112 धारणाएं कही गई हैं। किन्तु बारह प्रमुख हैं) से साधक ध्यान करने योग्य बनता है। फिर बारह ध्यानों से (सात चक्र व पांच महाभूत) समाधि के योग्य साधक बन पाता है। (अत: सीधे ध्यान या समाधि लगा पाना असम्भव है)।

बारह प्राणायामों से प्रत्याहार और बारह प्रत्याहारों (अथवा 12×12=144 प्राणायामों से) धारणा तथा बारह धारणाओं से (अथवा 144×12 या 12×12×12=1728 प्राणायामों से) ध्यान और बारह ध्यानों से (अथवा—1728×12 या 12×12×12×12=20736 प्राणायाम) समाधि होती है। क्योंकि शास्त्रों के अनुसार प्राणायाम से 12 गुना फल प्रत्याहार का होता है। इसी प्रकार, प्रत्याहार का 12 गुना फल धारणा का, धारणा का बारह गुना ध्यान का और ध्यान का 12 गुना फल समाधि का होता है। अत: मात्र कुण्डलिनी जागरण या चमत्कारिक उपलब्धियां तो पूर्ववर्णित किसी भी उपाय से पाई जा सकती हैं परन्तु योग का चरम लक्ष्य मोक्ष समाधि तक पहुंचे बिना सम्भव नहीं है क्योंकि योग यात्रा का यही अंतिम पड़ाव है।

धारणा, ध्यान व समाधि पर चर्चा करने से पूर्व यह चर्चा इसलिए आवश्यक थी कि पढ़ने में सरल लगने से पाठक कूद कर सीधा ध्यान लगाने का प्रयास न करें। अन्यथा लाभ तो कुछ होगा नहीं, अहंकार भले ही बढ़ जाएगा अथवा लाभ न होने पर मोहभंग होगा।

धारणा

मन को समस्त विषयों से रोककर, ज्ञानेन्द्रियों को भी उनके समस्त प्रिय व अप्रिय विषयों से रोककर—(प्रत्याहार) मन को किसी एक बिन्दु पर रोकना ही धारणा है। **'चित्तस्य निश्चलीं भावो धारणा धारण बिदुः' (त्रिशिख ब्राह्मण उपनिषद्)** के अनुसार मन को निश्चल बना लेना ही धारणा है। अथवा जैसा कि *'शाण्डिल्योपनिषद्'* में कहा है—**'आत्मनिमनोधारणां दहराकाशे बाह्याकाशं धारणां पृथिव्यप्ते जो बाह्यऽकाशेष पंचमूर्ति धारणां चेति।'** अर्थात्—आत्मा में मन की धारणा, दहराकाश में बाह्याकाश की धारणा और पंचमहाभूतों की पृथक् पृथक् धारणा—यह धारणा के तीन प्रमुख प्रकार हैं। अथवा **'मनसोधारणां यत्तद्युक्तस्य चयनादिभिः'** (यमादि के द्वारा मन का धारण करना ही धारणा है)। *'गोरक्ष संहिता'* के अनुसार—

हृदये पंचभूतानां धारणा च पृथक् पृथक्।
मनसो निश्चलत्वेन धारणां साभिधीयते॥

अर्थात्—हृदय में मन की निश्चलता के साथ पंचभूतों को पृथक्-पृथक् धारण करना ही धारणा है।

आदि अनेक उदाहरण हैं जो धारणा के सम्बन्ध में उपलब्ध होते हैं। जिस ऋषि ने जिस मार्ग से धारणा की, वैसा ही कहा। वस्तुतः धारणा में चित्त की निश्चलता ही प्रमुख है। उस किस बिन्दु पर धारा गया है, यह गौण है। वह बिन्दु—पंचमहाभूत हों, सप्तचक्र हों अथवा अन्य भाव या सत्ता हों, प्राण हों या फिर शून्य ही क्यों न हो। उद्देश्य मात्र इतना है कि मन को समस्त विषयों से रोककर एक ही स्थान पर निश्चल रखने के लिए कोई बिन्दु या लक्ष्य तो चाहिए। वह बिन्दु या लक्ष्य अपनी रुचि के अनुसार कुछ भी हो सकता है। जैसा कि *महर्षि पातञ्जलि* ने कहा है—**'देशबन्धश्चित्तस्य धारणा।'** अर्थात्—चित्त को (भीतर या बाहर) किसी एक देश में ठहराना धारणा है। इसीलिए *'विज्ञान भैरव'* ने दो, चार, दस नहीं पूरी 112 धारणाएं गिनाई हैं। तथापि पंचभूतों आदि की धारणा क्योंकि विशेष फलदाई रहती है अतः पंचभूतों पर अधिक जोर दिया गया है क्योंकि इनसे पंचतत्त्वों को जीत लिया जाता है तथा उनके अनुसार विभिन्न प्रकार की सिद्धियां भी साधक को प्राप्त होती चली जाती हैं। इनके विषय में कुछ चर्चा करने से पूर्व यह दुहराना आवश्यक है कि धारणा से पूर्व अन्य प्रारम्भिक अंगों को सिद्ध कर लेना चाहिए। जैसा कि कहा भी है—

आसनेन समायुक्तः प्राणायामेन संयुतः।
प्रत्याहारेण सम्पन्नो धारणां च समभ्यसेत्॥

(गोरक्षसंहिता)

अर्थात्—आसन, प्राणायाम और प्रत्याहार का अभ्यास सिद्ध हो जाने पर ही

धारणा का अभ्यास करना चाहिए। (यहां आसन से पूर्व यम व नियम का वर्णन इसलिए नहीं है क्योंकि गोरखनाथ जी ने योग को पातञ्जिल आदि की भांति अष्टांग नहीं माना। वे योग को षडांग मानने वालों में थे)।

पंचमहाभूतों की धारणा द्वारा चित्त व प्राण को सुषुम्ना में ले जाएं अथवा चित्त व प्राण को अन्य उपायों से सुषुम्ना में ले जाएं मगर चित्त व प्राण का सुषुम्ना में आना स्वत: ही पंचमहाभूतों की धारणा का फल प्रदान कर देता है जैसा कि '*योगतत्त्वोपनिषद्*' में कहा है—

भूमिरापोऽनलो वायुराकाशश्चेति पंचकः।
येषु पंचसु देवाना धारणा पंचधोच्यते॥

अर्थात्—(जिस योगी का चित्त वायु के साथ सुषुम्ना में प्रवेश कर जाता है) उस योगी को भूमि, जल, अग्नि, वायु और आकाश इन पांचों देवताओं (महाभूतों) की धारणा (स्वत:) हो जाती है।

बहरहाल...पंचमहाभूतों की धारणा के सम्बन्ध में '*गोरक्षसंहिता*' तथा '*योगतत्त्वोपनिषद्*' में खासा वर्णन मिलता है। पाठकों के लाभार्थ उसे संक्षेप में दे रहे हैं।

पृथ्वी तत्त्व की धारणा

पृथिवी चतुरश्रं च पीतवर्णं लवर्णकम्।
पार्थिवे वायुमारोप्य लकारेण समन्वितम्॥
ध्यायंश्चतुर्भुजाकारं चतुर्वक्त्रं हिरण्मयम्।
धारयेत्पञ्चघटिका: पृथिवीजयमाप्नुयात्॥

—योगतत्त्वोपनिषद्

अर्थात्—पृथ्वी चार कोण वाली, पीत वर्णा और 'लं' अक्षर से युक्त है। पृथ्वी तत्त्व में वायु का आरोप कर और 'लं' को उसमें संयुक्त करके स्वर्ण जैसे वर्ण वाले चतुर्भुज ब्रह्मा का ध्यान करें। ऐसा पांच घड़ी तक करने से पृथ्वी तत्त्व जीत लिया जाता है।

इस तथ्य को '*गोरक्ष संहिता*' ने भी स्वीकारा है—

'**...प्राणांस्तत्र विलीय पंचघटिका चित्तान्विताऩ्धारयेदेषास्तंभकारी सदा क्षितिजयं कुर्याद्भुवो धारणा।**' अर्थात् मन सहित प्राण को भूमंडल में लीन कर लें। इस प्रकार यह धारणा पांच घड़ी तक स्तम्भन करने से पृथ्वी तत्त्व जीता जाता है। (पृथ्वी तत्त्व के जीतने के साथ **मूलाधार चक्र का भेदन भी हो जाता है**)। क्योंकि यह चक्र पृथ्वी तत्त्व का प्रमुख स्थान है, पीतवर्ण चतुष्कोण है। 'लं' इसका तत्त्व बीज है। और ब्रह्मा इसके अधिपति देवता हैं—जैसा कि चक्र प्रकरण में पहले बताया जा चुका है। पृथ्वी तत्त्व विजित हो जाने पर भय, असुरक्षा आदि की समाप्ति

होती है और केन्द्रीयकरण बढ़ता है। पांच घड़ी का अर्थ दो घंटे है।

जल तत्त्व की धारणा

अपोऽर्धचन्द्र शुक्लं वं बीजं परिकीर्तितम्।
वारुणेवायुमारोप्य वकारेण समन्वितम्।
स्मरेन्नारायणं देव चतुर्बाहुं किरीटिनम्।
शुद्धं स्फटिकसंकाशं पीतवासमच्युतम्॥
धारयेत्पंचघटिकाः सर्वपापैः प्रमुच्यते।
ततो जलाद्भयं नास्ति जले मृत्युर्न विद्यते॥

—योगतत्त्वोपनिषद्

अर्थात्—जल तत्त्व अर्धचन्द्रकार 'वं' बीज से युक्त है। इस तत्त्व में वायु का आरोप करके (प्राणों को संयुक्त करके) 'वं' को समन्वित करे और चतुर्भुज शुद्ध स्फटिक जैसे वर्ण वाले, पीताम्बर धारी भगवान विष्णु का ध्यान करें। पांच घड़ी ऐसा करने पर समस्त पापों से मुक्ति होती है। इस धारणा के समय जल से भय नहीं रहता और ना ही जल से मृत्यु होती है।

'*गोरक्ष संहिता*' के अनुसार इस धारणा से विषय का भी पाचन हो जाता है। अर्थात् पाचन तंत्र अत्यंत सशक्त हो जाता है जैसा कि कहा है—

'...प्राणं तत्र विलीय पञ्च घटिका चिंतान्वितं धारयेवेषा दुःसहकाल कूटदहनो स्याद्वारूणी धारणा॥'

अर्थात्...मनप्राण को पांच घड़ी तक जल तत्त्व में लीन कर लेने पर जलतत्त्व की सिद्धि होती है। इसके अभ्यास से कालकूट विष भी भस्म होता है। (इस धारणा व तत्त्व की सिद्धि से **'स्वाधिष्ठान चक्र' का भेदन या उस पर अधिकार हो जाता है।** क्योंकि पाठकों को याद होगा, इस चक्र का बीज 'वं' है। रूप चन्द्राकार है तथा वर्ण श्वेत और अधिपति देवता विष्णु हैं। जल तत्त्व का यह प्रधान स्थान है। पाप तथा रोग नाश के साथ पाचन तंत्र की सबलता, विवेक, प्रफुल्लता आदि का लाभ साधक को प्राप्त होता है)।

अग्नि तत्त्व की धारणा

यत्तालुस्थितमिन्द्रगोपसदृशं तत्त्वं त्रिकोणानलं।
तेजो रेफयुतं प्रवाल रुचिरं रुद्रेण सत्सङ्गतम्॥
प्राणं तत्रविलीय पंचघटिकं चित्तान्वितंधारयेदेषां
वह्निजयं सदा वितनुते वैश्वानरी धारणा॥

—गोरक्षसंहिता

अर्थात्—इन्द्रगोप के समान लाल वर्ण, त्रिकोणकार, प्रवाल जैसा रुचिर, तेजस्वरूप, बीज में 'रं' बीज को वायु से युक्त कर प्राण मन सहित रुद्र का ध्यान

करते हुए—अग्नि तत्त्व में पांच घड़ी लीन रहने पर वैश्वानरी धारणा सिद्ध होती है। इसके अभ्यास से अग्नितत्त्व जीता जाता है। (और)—

...धारयेत्पंच घटिका वह्निनाऽसौ नदह्यते।
न ह्यते शरीरं च प्रविष्टस्याग्नि कुण्डके॥

—योगतत्त्वोपनिषद्

अर्थात्...पांच घड़ी (दो घंटे) में ही अग्नि की धारणा सिद्ध होती है। तब साधक अग्नि में नहीं जलता। दहकते हुए अग्नि कुण्ड में प्रवेश कर जाने पर भी नहीं जलता। (इस अग्नितत्त्व की विजय करने पर मणिपूरक चक्र पर अधिकार हो जाता है। क्योंकि 'रं' मणिपूर चक्र का बीज है। आकृति त्रिकोण और वर्ण लाल है। अग्नि तत्त्व का यह प्रमुख स्थान है और इस चक्र के अधिपति देवता रुद्र हैं। इस चक्र पर अधिकार होने से जठराग्नि, ऊर्जा, आयु व बल बढ़ते हैं तथा साधक में तेज उत्पन्न होता है)।

वायु तत्त्व की धारणा

यदि्भन्नाजगपुंज सन्निभमिदं स्यूतं भ्रुवोरन्तरो।
तत्त्वं वायु मयं यकारसहितं तन्नेश्वरी देवता॥
प्राणं तत्र विलीय पंचघटिकं चिन्तान्दितं धारये।
देशा रवेगमनं करोति यामिनः स्याद्वायवी धारणा॥

—गोरक्ष संहिता

अर्थात्—सुरमे के समान रंग वाले, वर्तुलाकार, 'यं' बीज से युक्त वायु तत्त्व का उसके अधिष्ठाता देवता ईश्वर (ईशान) सहित भवों के मध्य ध्यान करता हुआ, मन प्राण सहित स्वयं को भी वायु तत्त्व में लय कर देने पर पांच घड़ी के बाद वायु तत्त्व जीत लिया जाता है। इससे आकाश गमन की शक्ति प्राप्त होती है। (साथ ही अनाहत चक्र का भेदन भी हो जाता है। क्योंकि यह चक्र वायुतत्त्व का प्रमुख स्थान है। इसके अधिपति ईशान रुद्र हैं। इसका बीज 'यं' है। यह धूम्रवर्णीय व षट्कोणाकार है। शास्त्रों का मर्म समझने की शक्ति तथा आकाशगमन की शक्ति आदि भी साधक को इससे प्राप्ति होती है)।

इस सम्बन्ध में '*पातञ्जलयोग प्रदीप*' का यह सूत्र '**उदानजयाज्जलपङ्क कण्टकादिष्वसङ्ग उत्क्रान्तिश्च।**' (उदान वायु को जीत लेने पर जल, कीचड़, कण्टक आदि से साधक के शरीर का संयोग नहीं होता और उसे ऊर्ध्वगति/ऊपर को गमन करने की शक्ति प्राप्त होती है)। कहना भी उचित होगा, वैसे इस सम्बन्ध में 'योग तत्त्वोपनिषद्' में आया वर्णन खासा रोचक व ज्ञानपूर्ण है। देखिए—

ततोऽपि धारणाद्वायोः क्रमेणैव शनैः शनैः।
कम्पो भवति देहस्य आसनस्थस्य देहिनः॥



त्रिबन्ध लगाए वायु तत्व की साधना में आसन से
ऊपर उठा हुआ योगी

ततोऽधिकतराभ्यासात् दर्दुरीस्वेन जायते।
यदा च दर्दुरीभाव उत्प्लुत्योप्लुत्य गच्छति॥
पद्मासन स्थितो योगी तथा गच्छति भूतले।
ततोऽधिकतराभ्यासात् भूमित्यागश्च जायते॥
पद्मासनस्थ एवासौ भूमि मृत्युज्य गच्छति।
अतिमानुषचेष्टादि तथा सामर्थ्य मुद्भवेत्॥

अर्थात्—फिर वायु की धारणा शक्ति के शनैः शनैः बढ़ने पर आसन पर बैठे हुए योगी के शरीर में कम्पन होने लगता है। अधिक अभ्यास होने पर मेंढक जैसी चेष्टाएं होती हैं। अर्थात् जैसे मेंढक उछलकर पुनः भूमि पर आ जाता है, वैसी ही दशा पद्मासन पर बैठे योगी की होती है। जब अभ्यास और बढ़ जाता है तब वह भूमि से ऊपर उठ जाता है। पद्मासन में बैठा हुआ ही वह ऊपर उठता रहता है। इस प्रकार अतिमानवीय चेष्टाएं योगी करने लगता है।

वायु तत्त्व की धारणा के समय वायु (आंधी/तूफान) का प्रकोप नहीं रहता। (पाठक इससे सहज ही जान सकते हैं कि योगी मौसम, भूख, निद्रा, वृद्धावस्था तथा मृत्यु आदि से कैसे सुरक्षित रहते थे? अथवा पौराणिक कथाओं के अनुसार इन्द्र द्वारा डाले गए विभिन्न विघ्नों—आग, वर्षा, तूफान, हिमपात आदि से कैसे सुरक्षित रहते थे)।

आकाश तत्त्व की धारणा

व्योमवृत्तं च धूम्रं च हकाराक्षर भासुरम्।
आकाशे वायु मारोप्य हकारोपरि शंकरम्॥
विन्दु रूपं महादेवं व्योमाकारं सदाशिवम्।
शुद्ध स्फटिक संकाशं धृतबालेन्दुमौलिनम्॥
सर्वायुधैर्धृताकारं सर्पभूषण भूषितम्।
उमार्धदेहे वरद सर्वकारण कारणम्॥
आकाश धारणात्तस्य खेचरत्वं भवेद्ध्रुवम्।
यत्र कुत्र स्थितो वाऽपि सुखमत्यन्तश्नुते॥

—*योगतत्त्वोपनिषद्*

अर्थात्—व्योम वृत्ताकार धूम्रवर्ण, 'हकार' से प्रकाशित है। आकाश तत्त्व को वायु से आरोपित कर महादेव सदाशिव जो शुद्ध स्फटिक के समान बालचन्द्र मस्तक पर धारे हैं। सब प्रकार के शस्त्रास्त्रों तथा सर्पाभूषणों से सुशोभित, उमा के अर्धांग, वरदायक, समस्त कारणों के कारण हैं—की आकाश तत्त्व में धारण करने से आकाश तत्त्व सिद्ध होता है तथा साधक कहीं भी रहे अत्यधिक सुखी रहता है (यानि आनन्द से परिपूर्ण हो जाता है)।

आकाशं सुविशुद्धवारिसदृशं...प्राणं
तत्र विलीय पंघटिकं चित्तान्वितं धारयेदेषा
मोक्षकपाटपाटनपटुः प्रोक्त न भोधारणा।

—गोरक्ष संहिता

अर्थात्—स्वच्छ जल के समान वर्ण, वर्तुलाकार, 'हंकार' बीज युक्त आकाश तत्त्व को सदाशिव के सहित चिन्तन करें। मन प्राण सहित उन्हीं में लीन हो जाने पर पांच घड़ी में आकाश तत्त्व पर अधिकार हो जाता है। इसके प्रभाव से मोक्ष के बन्द कपाट खुल जाते हैं। (साथ ही विशुद्ध चक्र पर भी अधिकार हो जाता है। क्योंकि आकाश तत्त्व का यह प्रमुख स्थान है। इसका बीज 'हं' है। यह रंगहीन तथा गोलाकार है और इसके अधिष्ठाता पंचमुखी सदाशिव हैं)।

मोक्षद्वार खुलने की बात इसलिए कही है क्योंकि पाठकों को याद होगा—चक्र प्रकरण में विशुद्ध चक्र को 'ब्रह्म द्वार' होना बताया गया है। इसी पर चन्द्र बिम्ब से अमृत स्राव होता है। इसी के आगे सर्वोच्च तीर्थ स्थल, तीर्थराज, त्रिवेणी अर्थात् 'आज्ञा चक्र' है। आकाश तत्त्व की सिद्धि के सम्बन्ध में 'पातञ्जलयोग प्रदीप' के यह दो सूत्र भी देखें—

'श्रोत्राकाशयोः सम्बन्ध संयमाद् दिव्यं श्रोत्रम्।'

अर्थात्—कान और आकाश के सम्बन्ध में संयम कर लेने से योगी के कान दिव्य हो जाते हैं। (यहां कान का संयम 'प्रत्याहार' का विषय है और आकाश का 'धारणा' का विषय है)।

'कायाकाशयोः सम्बन्ध संयमाल्लघुतूलसमापत्तेश्चाकाशगमनम्॥'

(शरीर और आकाश के सम्बन्ध में संयम करने से तथा हल्की वस्तु में संयम करने से आकाश गमन की शक्ति आ जाती है।)

इस प्रकार पंचमहाभूतों पर विजय पा लेने से अणिमा आदि 8 सिद्धियां, सुन्दर, स्वस्थ, निरोगी व तेजस्वी शरीर का प्राप्त होना और भूतों के धर्म से निर्बाधता (यानि आग से न जलना, जल से गीला न होना, पत्थरों या कठोर पदार्थ के वार से शरीर का आहत न होना आदि) यह तीन प्रभाव होते हैं। जैसा कि कहा है—**'ततोऽणिमादिप्रादुर्भावः कायसम्पत्तद्धर्मानभिघातश्च'**—(**योगदर्शन**) अर्थात्—भूत जय से अणिमादि आठ सिद्धियां, कार्य सम्पत्ति और भूतों के धर्म से बाधित न होना, यह तीनों प्रभाव होते हैं। (**अणिमा**—अणु के समान सूक्ष्म रूप बना लेना, **लघिमा**—शरीर को हल्का बना लेना, वायु में उड़ जाना। **महिमा**—शरीर को बड़ा बना लेना, **गरिमा**—शरीर को भारी बना लेना, अथवा किसी अंग विशेष को भारी बना लेना, **प्राप्ति**—इच्छित पदार्थ की संकल्प मात्र से प्राप्ति, **प्राकाम्य**—अनायास एवं निर्विघ्न इच्छा की पूर्ति हो जाना, या जैसा चाहे वैसा हो जाना, **वशित्व**—पंचभूतों व जीवों आदि का वश में हो जाना तथा **ईशत्व**—भौतिक पदार्थों व भूतों

को नाना रूप में उत्पन्न करने व उन पर शासन करने की सामर्थ्य प्राप्त हो जाना। यह 8 सिद्धियां हैं।)

इसके अलावा जैसा कि '*गोरक्ष संहिता*' में कहा है—

स्तम्भिनी, द्राविणी चैव दाहिनी भ्रामिणी तथा।
शोषिणी च भवत्येषा भूतानां पंच धारणाः॥
कर्मणा मनसा वाचा धारणाः पञ्चदुर्लभाः।
विज्ञान सततं योगी सर्वदुःखै प्रमुच्यते॥

अर्थात्—पृथ्वी का धारणा स्तम्भन करने वाली, जल की धारणा द्रावण करने वाली, अग्नि की धारण दाहन करने वाली, वायु की धारण भ्रमण करने वाली तथा आकाश को धारण शोषण करने वाली होती है। इस प्रकार यह पंचभूतों की पांच धारणाएं मानी गई हैं। कर्म, मन व वचन से इन पांचों दुर्लभ धारणाओं का अभ्यास दृढ़ हो जाने पर सभी दुःखों से मुक्ति मिल जाती है।

विशेष

आज्ञा चक्र का भेदन अथवा उस पर अधिकार गुरु की आज्ञा के बिना सम्भव नहीं है। आज्ञा चक्र के बीज ॐ का ध्यान करने से तथा मन, प्राण सहित भावना द्वारा कुण्डलिनी को आज्ञा चक्र में प्रेषित करना ही चक्र भेदन का उपाय है। 'आज्ञाचक्र' पर पहुंचे हुए साधक का फिर पतन नहीं होता। वह सम्प्रज्ञात समाधि की अवस्था में आकर चिदानन्दमयी, निर्विकार, शुद्ध, बुद्ध तथा शिव स्वरूप हो जाता है। आगे सहस्रार चक्र में प्रविष्ट होने या असम्प्रज्ञात समाधि को प्राप्त करने के लिए उसे विशेष श्रम नहीं करना पड़ता। वह मोक्ष का अधिकारी व आत्म साक्षात्कार कर लेने वाला कर्म बन्ध से निर्लिप्त हो जाता है।

ध्यान

ध्यान के दो रूप हैं। सगुण व निर्गुण अथवा साकार व निराकार या मूर्त और अमूर्त—किसी रूप, आकार अथवा गुण में चिन्तन या ध्यान करना सगुण ध्यान है। शून्य, महाशून्य अथवा अमूर्त या अनन्त में ही ध्यान लगाना निर्गुण ध्यान है। सरल शब्दों में सगुण ध्यान में ध्यान का कोई लक्ष्य होता है किन्तु निर्गुण ध्यान में ध्यान का कोई विषय या लक्ष्य प्रकट रूप में नहीं होता। स्पष्ट है कि निर्गुण ध्यान बहुत कठिन है किन्तु सगुण ध्यान सिद्धियों तक ही जाता है और निर्गुण ध्यान मोक्ष तक जाता है। जैसा कि '*योग तत्त्वोपनिषद्*' में कहा है—

सगुण ध्यान मेतत्स्यादणिमादिगुणप्रदम्।
निर्गुण ध्यान युक्तस्य समाधिश्च ततो भवेत्॥

अर्थात्—सगुण रूप का ध्यान करने पर अणिमा आदि सिद्धियां प्राप्त होती हैं और निर्गुण का ध्यान करने से समाधि (असम्प्रज्ञात समाधि, अंततः मोक्ष) प्राप्त

होती है। (अतः निर्गुण ध्यान ही श्रेष्ठ है)।

इस तथ्य को '*गोरक्ष संहिता*' ने भी स्वीकारा है **'द्विविधं भवति ध्यानं सकलं निष्फलं तथा।'** (ध्यान दो प्रकार का होता है—सकल तथा निष्कल)।

देशबन्धश्चित्तस्य धारणा।
तत्र प्रत्ययैकतानता ध्यानम्॥

—पातंजल योग प्रदीप

अर्थात्—चित्त को (अन्दर या बाहर) किसी एक देश में ठहराना धारणा है। (और जहां चित्त को ठहराया जाए) उसी में चित्त की वृत्ति का एक तार चलना (बीच में दूसरी वृत्ति का उत्पन्न ही न होना) ध्यान है। (पाठक ध्यान दें कि—दूसरी वृत्ति का उत्पन्न ही न होना अथवा धारण की गई वृत्ति में एकतार चलना ध्यान है—दूसरी वृत्ति उत्पन्न हो जाए और बुद्धि या विवेक के द्वारा उस वृत्ति को हटाकर पुनः पहली वृत्ति को स्थिर कर लिया जाए—यह ध्यान नहीं है। यह कच्चा ध्यान है। अथवा ध्यान की स्थिति में पहुंचने का प्रयास है। ध्यान का होना नहीं)।

मन, बुद्धि, इन्द्रियों का प्राण सहित एक साथ एक ही बिन्दु या देश में केन्द्रित बने रहना ध्यान है। इन चारों का संयोग ही फलदाई है। यदि इन्हें चक्रों पर केन्द्रित करें तो कुछ समय के अभ्यास से चक्र जागृत हो जाएंगे। पंच महाभूतों पर केन्द्रित करें तो अभ्यास से वे वश में आ जाएंगे। मूलाधार में सुप्त पड़ी कुण्डलिनी पर केन्द्रित करें और उसके जागृत होने की भावना करें तो कुण्डलिनी जागृत हो जाएगी। किसी भी अन्य विषय पर केन्द्रित कर उसे समझने की भावना करें तो वह विषय समझ में आ जाएगा। आत्मदर्शन की भावना से भृकुटियों के मध्य केन्द्रित करें तो आत्म साक्षात्कार हो जाएगा। मन्त्र पर केन्द्रित करें तो मन्त्र का साक्षात्कार हो जाएगा। शून्य/अनन्त में केन्द्रित करें तो समाधि लग जाएगी और परब्रह्म का साक्षात्कार हो जाएगा। अर्थात् मन, बुद्धि, प्राण व इन्द्रियों को जिस भी बिन्दु, विषय या सत्ता पर भावना के साथ केन्द्रित कर देंगे वही प्रत्यक्ष होता चला जाएगा। इसीलिए ध्यान में सिद्ध हो जाने पर साधक त्रिकालज्ञ, सर्ववेत्ता, मनोवांछित को पा लेने वाला, वरदान व श्राप में समर्थ तथा अनेक सिद्धियों का स्वामी हो जाता है। संक्षेप में यही ध्यान का फलस्वरूप है।

सुखासन में बैठकर मूलाधार चक्र का नासाग्र में ध्यान कर कुण्डलिनी जागरण की भावना से कुण्डलिनी जागृत होती है तथा समस्त पापों एवं विकारों का नाश होता है। जैसा कि कहा है—

आधारं प्रथमं चक्रं स्वर्णाभं च चतुर्दलम्।
कुण्डलिन्या समायुक्तं ध्यात्वा मुच्येत किल्विषै॥

जबकि स्वाधिष्ठान चक्र का ध्यान नासाग्र में करने से स्वाधिष्ठान चक्र सक्रिय होकर साधक सुखी होता है। जैसा कि कहा है—

स्वाधिष्ठाने च षट्पत्रे सन्माणिक्य सम प्रभो।
नासा ग्रहष्टिरात्मनं ध्यात्वा योगी सुखी भवेत्॥

इसी प्रकार उपर्युक्त विधि से मणिपूर चक्र का ध्यान करने से जगत को क्षुभित करने की सामर्थ्य प्राप्त होती है। जैसा कि कहा है—

तरुणादित्यसंकाशे चक्रे च मणिपूरके।
नासाग्रदृष्टिरात्मनां ध्यात्वा संक्षोभयंज्जगत्

अनाहत चक्र पर ध्यान से साधक ब्रह्ममय हो जाता है। (**हृदयाकाश स्थितं...ध्यात्वा ब्रह्ममयो भवेत्।**) इसी प्रकार विशुद्ध चक्र का ध्यान योगी को आनन्दमय करता है। (**सततं...विशुद्धे दीपकप्रभे...ध्यात्वानन्दमयो भवेत्।**) आज्ञाचक्र पर ध्यान करने से ब्रह्म व जीव में एकता स्थापित होती है। अर्थात् आत्म एवं ब्रह्मसाक्षात्कार होता है तथा '**अहं ब्रह्मास्मि**' मैं ही ब्रह्म हूं का बोध होता है। (**भुवोरन्तर्गत...आत्मानं विजित प्राणो...**) आदि।

उपर्युक्त विवरण विस्तार से '*गोरक्ष संहिता*' में उपलब्ध है। '*शाण्डिल्योपनिषद्*' के अनुसार—'वह ब्रह्म मैं ही हूं। ध्यान में ऐसी भावना करने वाला साधक ब्रह्मवेत्ता हो जाता है।' (**सोऽहमिति स ब्रह्मविद्भवति**) आदि समस्त विवेचनों से स्पष्ट प्रमाणित होता है कि जैसा ध्यान साधक करेगा, वैसी ही उपलब्धि हो जाएगी। इसीलिए ध्यान योग को समस्त यज्ञों से श्रेष्ठ कहा है। यथा—

अश्वमेधसहस्त्राणि वाजपेयशतानि च।
एकस्य ध्यान योगस्य तुलां नार्हन्ति षोड्शीम्॥

अर्थात्—सहस्त्रों अश्वमेध और सैकड़ों वाजपेय यज्ञों का फल भी अकेले ध्यान योग के सोलहवें अंश के समकक्ष भी नहीं हो सकता। (ध्यान योग सर्वश्रेष्ठ यज्ञ है)।

किन्तु जब तक यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार व धारणा आदि द्वारा पात्रता और सक्षमता प्राप्त न कर ली जाए तब तक ध्यान में ऐसी समग्रता या सम्पूर्णता नहीं आ सकती कि चित्त में दूसरी वृत्ति उत्पन्न ही न होने पाए और जहां चाहें मन, प्राण, इन्द्रियों व बुद्धि को वहीं स्थिर कर सकें और इतनी प्रबल व गहन भावना कर सकें। संक्षेप में यही ध्यान योग है। विस्तार में जाने पर इसी पर पचासों पृष्ठ भी लिखे जा सकते हैं। किन्तु उससे व्यर्थ का उलझाव होगा। समझने योग्य सारांश इतना ही है।

समाधि

सरल शब्दों में कहें तो ध्यान की परिपक्वास्था अथवा अत्यधिक प्रगाढ़ता ही समाधि है। ध्यान में मन, एक ही वृत्ति में प्राण, बुद्धि, इन्द्रियों सहित निश्चल अवश्य रहता है किन्तु चित्त में और उस वृत्ति में भेद बना रहता है। समाधि में यह

भेद समाप्त हो जाता है। ज्ञाता, ज्ञेय और ज्ञान (अर्थात् जो जाने, जिसको जाने और जैसा जाने) का अन्तर ध्यान में रहता है। 'मैं चिन्तन कर रहा हूं।' 'केवल अमुक का ही चिन्तन कर रहा हूं।' आदि का भाव मन में सूक्ष्म रूप से ध्यान में रहता है किन्तु समाधि में मात्र चिन्तन ही रह जाता है। मात्र लक्ष्य अथवा ज्ञेय/ध्येय ही रह जाता है। बाकी सब और 'मैं' भाव लुप्त हो जाते हैं। जैसा कि **महर्षि पातञ्जलि** ने कहा है—

'तदेवार्थमात्रनिर्भासं स्वरूपशून्यमिव समाधिः॥'

अर्थात्—जिस अवस्था में केवल ध्येय मात्र की ही प्रतीति होने लगे वह अवस्था समाधि है। अथवा जैसा कि '*गोरक्ष संहिता*' में कहा गया है—

न गन्धं न रसं न रूपं न च स्पर्शं न निःस्वनम्।
जात्मानं न परस्वं च योगी युक्तः समाधिना॥

अर्थात्—जो योगी समाधि में लीन हो जाता है—उसे गन्ध, रस, रूप, स्पर्श, शब्द इन पांच विषयों का तथा अपने पराए का ज्ञान नहीं होता। (अर्थात्—ज्ञानेन्द्रियों के अति अधिक केन्द्रीयकरण से उनके विषयों का होना, न होना उनके लिए कोई अर्थ नहीं रखता और मन व बुद्धि की अति अधिक लीनता से अपने-पराए, सुख-दु:ख, प्रिय-अप्रिय आदि भेदों का अभाव हो जाता है)।

शब्दादीनां च तन्मात्रं यावत्कर्णादिषु स्थितम्।
तावदेवं स्मृतं ध्यानं समाधिः स्यादतः परम्॥

अर्थात्—शब्द आदि तन्मात्राओं का कर्ण आदि ज्ञानेन्द्रियों में जब तक किंचित् भी अंश विद्यमान रहता है, तब तक साधक ध्यानावस्था में रहता है। किन्तु जब पांचो इन्द्रियों (मन, बुद्धि सहित) की वृत्तियां नि:शेष भाव से आत्मा में लीन हो जाती है, तब समाधि होती है।

समाधि चित्त की निर्विकल्पावस्था है। तब किसी प्रकार का संकल्प-विकल्प साधक में नहीं रहता। 'मैं क्या कर रहा हूं?' यह ज्ञान तो दूर 'मैं हूं।' ऐसी अनुभूति भी नहीं रहती। साधक का 'मैं' अपने ध्येय से एकाकार हो जाता है और बस ध्येय मात्र ही की प्रतीति रहती है। तभी समाधि होती है, जैसा कि '*गोरख संहिता*' में कहा है—

अम्बुसैन्धवयोरैक्यं यथा भवति योगत।
यदात्मनसोरेक्यं समाधिः सोऽभिधीयते॥

अर्थात्—जैसे जल व सेंधा नमक आपस में मिलकर एक हो जाते हैं, वैसे ही आत्मा (ध्येय) व मन (ध्याता) का एक हो जाना ही समाधि (ध्यान की पराकाष्ठा) है।

इसके अलावा अवधि का अन्तर भी विचारणीय होता है। जैसा कि '*गोरख संहिता*' में कहा है—

धारणा पंचनाडीभिर्ध्यानं च षष्टनाडीभिः।
दिनद्वाक्षशंकेन स्यात्समाधिः प्राण संयमात्॥

अर्थात्—प्राणवायु का पांच घड़ी तक अवरोध करना—धारणा, साठ घड़ी तक चित्त को एकाग्र रखना—ध्यान, और बारह दिनों तक चित्त व प्राणों का निरंतर संयम समाधि कहा जाता है (12 दिन कम से कम)।

'*योगतत्त्वोपनिषद्*' ने भी स्वीकारा है—

दिनद्वादशकेनैव समाधि समवाप्नुयात्।
वायुं द्रुध्य मेधावी जीवन्मुक्तो भवत्ययम्॥

अर्थात्—साधक बारह दिनों में समाधि सिद्ध कर लेता है। इस प्रकार प्राण का निरोध करने वाला मेधावी पुरुष जीवन मुक्त हो जाता है। (यानि मोक्षाधिकारी हो जाता है)।

समाधि की विशेषताओं के सम्बन्ध में '*गोरक्ष संहिता*' के निम्नलिखित श्लोक ध्यान देने योग्य हैं—

अभेद्यः सर्वशस्त्राणामवध्यः सर्वदेहिनाम्।
अग्राह्यो मन्त्रयन्त्राणां योगी युक्तः समाधिनाः॥
बाध्यते न स कालेन लिप्यते न स कर्मणा।
साध्यते न च केनापि योगीः युक्त समाधिना॥

अर्थात्—समाधि युक्त योगी शस्त्रों के द्वारा नहीं छेदा जा सकता। वह किसी भी शरीरधारी द्वारा मारा नहीं जा सकता। उस पर मन्त्र, यन्त्र आदि का प्रयोग भी प्रभावहीन रहता है। वह काल द्वारा भी बाधित नहीं होता और न ही कर्मों में वह लिप्त होता है। जो योगी समाधि में लीन हो जाता है, उसे कोई किसी प्रकार भी वश में नहीं कर सकता।

निराद्यंतं निरालम्बं निष्प्रपञ्चं निरामयम्।
निराश्रयं निराकारं तत्त्वं जानाति योगविद्॥

अर्थात्—योगी समाधिस्थ होकर आदि अन्त से रहित, अवलम्ब, प्रपंच से रहित, विशुद्ध, आश्रय और आकार से हीन परमतत्त्व को जान लेता है। (यह असम्प्रज्ञात समाधि है, जहां से योगी वापस लौट सकता है। किन्तु सम्प्रज्ञात समाधि में परमतत्त्व को जानकर योगी उसी में विलीन हो जाता है और सागर में मिले जल की भांति सागर में ही लीन होकर स्वयं सागर बन जाता है। यही मोक्ष है)।

शून्य में ध्यान क्यों?

अतः समाधि की सिद्धि, कल्याण व मोक्ष के लिए शून्य में ही धारणा व ध्यान करने चाहिए जैसा कि '*चन्द्रज्ञान*' नामक आगम ग्रन्थ में कहा गया है—

शून्यात् प्रवर्तते शक्तिः शक्तेर्वणाः प्रज्ञाज्ञिरे।

वर्णेभ्यश्च तथा मन्त्रा मन्त्रेभ्यः सृष्टिरव्यया॥
तस्माच्छून्यं जगद् ध्यायेद्यन्न नश्येत् कदाचन्॥

अर्थात्—इस शून्य में ही शक्ति की प्रवृत्ति होती है। शक्ति से वर्ण पैदा होते हैं। वर्णों से मन्त्र और मन्त्रों से यह कभी न नष्ट होने वाली सृष्टि होती है। अतः इस जगत् की शून्य के रूप में ही उपासना करनी चाहिए।

योगी का चरम लक्ष्य

सहस्त्रार में परमशिव से कुण्डलिनी रूपा शक्ति का अभेद्यात्मक मिलन समाधि की अवस्था में ही सम्भव होता है। जब तक शक्ति से संयुक्त न हो जाए तब तक सहस्त्रार चक्र में निवास करने वाला शिव 'शव' की ही भांति रहता है। **शक्ति का संयोग ही शव को शिव बना देता है।** अतः समाधि ही योगी का चरम लक्ष्य है।

निष्कर्ष

किन्तु जैसा कि बता चुके हैं। समाधि, ध्यान अथवा धारणा—कुछ भी तब तक सिद्ध नहीं होता जब तक अभ्यास द्वारा मन विषयों से दूर होकर संयत न हो जाए। अतः मन को विषयों से विरत व निश्चल करना ही योगशास्त्र की आत्मा है। योगशास्त्र का मूल संदेश है। जैसा कि महर्षि अष्टावक्र ने राजा जनक को संक्षेप में सम्पूर्ण अध्यात्म विद्या का निष्कर्ष कहा है—

मोक्षो विषयवैरस्यं बन्धो वैषयिके रसः।
एतावदेव विज्ञानं यथेच्छसि तथा कुरु॥

—अष्टावक्र गीता

अर्थात्—विषयों में विरसता मोक्ष है। विषयों में रस बन्ध है। इतना ही विज्ञान है। (अब) तू जैसा चाहे वैसा कर।

❑❑❑



17 तन्त्र एवं मन्त्र सम्बन्धी उपाय

प्रभाव विवेचन

भुवन, तत्त्व, कला, मन्त्र, पद और वर्ण—ये 6 तन्त्रशास्त्र में 'षडध्व' नाम से प्रसिद्ध हैं। वास्तव में यह वाच्य (कहा गया) और वाचक (कहने वाला) के रूप में विद्यमान शब्द और अर्थ का ही विस्तार है। **शब्द से वर्ण, पद और मन्त्र की तथा अर्थ से कला, तत्त्व और भुवन की उत्पत्ति होती है।** स्थूल व सूक्ष्म और पर रूप में विद्यमान इन षडध्वों से यह सम्पूर्ण जगत व्याप्त है। शब्द ब्रह्म ही षडध्व के रूप में परिणित होता है। इनमें वर्ण का विश्व के साथ अभेदात्मक, मन्त्र का भेदाभेदात्मक तथा पद का भेदात्मक सम्बन्ध रहता है।

मन्त्रों में इसीलिए सृष्टि की शक्ति निहित रहती है और वे सिद्धिदायक होते हैं। जैसा कि '*योगदर्शन*' कहता है—'**जन्मौषधि तपो मन्त्र समाधिजा सिद्धयः**' (जन्म से, औषधि से, तप से, मन्त्र से तथा समाधि से सिद्धि प्राप्त होती है)। अतः सिद्धि प्राप्ति का एक उपाय 'मन्त्र' भी है। **सृष्टिसंकल्प से हुई है और संकल्प ही उसमें परिवर्तन भी कर सकता है।** अतः मन्त्रों के साथ संकल्प/इच्छा/भावना का समावेश भी आवश्यक है और संकल्प या भावना मन का धर्म है। अतः मन का पूर्ण संयोग मंत्र के साथ होना चाहिए। **मंत्र को मंत्र ही इसलिए कहा जाता है कि वे मनन करने पर त्राण (मुक्ति) देते हैं।** (मनन करने पर, मात्र रटने पर नहीं)। किन्तु बीज मन्त्र उच्चारण मात्र से प्रभाव करते हैं। जैसा कि—'*बृहद्गन्धर्व तन्त्र*' में कहा गया है—

श्रृणु देवि प्रवक्ष्यामि बीजानां देवरूपताम्।
मन्त्रोच्चारणमात्रेण देवरूपं प्रजायते॥

(देवी! सुनो, मैं बीजों का देवरूपता का प्रतिपादन करता हूं। मन्त्रों (बीजमन्त्रों) के उच्चारण मात्र से साधक को देवता का (तत्सम्बंधित का) सारूप्य प्राप्त हो जाता है (अथवा साक्षात्कार हो जाता है)।

किन्तु उच्चारण के साथ भावना अथवा संकल्प का सहयोग तो रहना ही चाहिए।

वर्णों अथवा अक्षरों से पद अथवा शब्द या मन्त्र बनता है। अतः मंत्र शब्द या वर्ण में दो शक्तियां छिपी रहती हैं—शब्दशक्ति और अर्थशक्ति। लक्षणा, व्यंजना

आदि शक्तियां अर्थ शक्ति का ही विस्तार हैं। साथ में निहित रहती है उनकी बनावट/आकृति/रूप की वैज्ञानिकता। इसीलिए शब्द को शिव व अर्थ को शक्ति कहा गया है। **काष्ठ में जिस प्रकार अग्नि अथवा तिलों में जिस प्रकार तेल छिपा रहता है उसी प्रकार शब्द में अर्थ छिपा रहता है।**

पद का अर्थ नाम या उपाधि से है। और पद का अर्थ कराने वाला (पद+अर्थ) पदार्थ कहलाता है। '**पदस्य अर्थ प्रकट्यते सः पदार्थः**' (जो पद का अर्थ प्रकट करता है—वही पदार्थ है)। अतः शब्द या पद भले ही सार्थक हों या निरर्थक—उसमें अर्थशक्ति फिर भी निहित रहती है। इस तथ्य को थोड़ा विस्तार से समझना होगा।

संतरे के स्वरूप को देखते ही उसका नाम स्मरण हो आता है। इस प्रकार अपने स्वरूप से अपने पद को प्रकट कर देने के कारण संतरा पदार्थ है। किन्तु वायु के स्वरूप को समझा नहीं जा सकता अतः उसके पद का या नाम का स्मरण होना सम्भव नहीं इसलिए वायु पदार्थ नहीं 'तत्त्व' है। **लाल कांच की शीशी में भरा हुआ पानी भी जिस प्रकार लाल प्रतीत होता है किन्तु वास्तव में वह लाल नहीं होता।** इसी प्रकार उपाधि या पद तत्त्व के स्वरूप को समझने में भ्रमित भी कर देते हैं। किन्तु 'तत्त्व' की ओर संकेत भी अर्थ से ही मिलता है। मन्त्रों या बीज मन्त्रों में उपाधि का संयोग न रहने से तत्त्व के विषय में भ्रम उत्पन्न नहीं होता। **अतः व्याकरण की दृष्टि से अथवा सार्थकता की दृष्टि से अक्सर मन्त्र अटपटे होते हैं। अर्थपूर्ण नहीं होते किन्तु शब्द शक्ति के कारण प्रभावशाली और सीधे तत्त्व पर पहुंचाने वाले होते हैं,** उपाधि या पद में उलझा देने वाले नहीं। विशेषतः शाबर मन्त्र।

अक्षर या शब्द की शक्ति और उसके उच्चारण से उत्पन्न होने वाली तरंगें प्रभावकारी होती हैं। इच्छित प्रभाव के लिए तद्नुसार अर्थशक्ति वाले शब्द और आवश्यक तरंग उत्पन्न करने योग्य शब्दों का चयन करना पड़ता है साथ ही उन्हें एक विशेष स्तर या फ्रीक्वेंसी पर उच्चरित करना भी आवश्यक होता है जिससे उतनी और वैसी तरंगें या कम्पन उत्पन्न हो सकें—जैसी और जितनी इच्छित प्रभाव के लिए आवश्यक है। इसमें अक्षरों की रचना या बनावट का विज्ञान भी सहायक सिद्ध होता है।

'वाइब्रेशन्स' से सृष्टि हुई—आधुनिक विज्ञान मानता है। भारतीय दर्शन 'नाद' से सृष्टि की उत्पत्ति मानता है। अर्थात् तरंगों/कम्पन/स्वरलहरियों से सृष्टि होने की बात पर दोनों ही सहमत हैं। बात ठीक भी है। कम्पन या तरंगें निर्माण और ध्वंस दोनों कार्यों में सक्षम हैं। **मन्त्र के प्रभाव में यह सिद्धांत भी भूमिका निभाता है और अर्थशक्ति के सूक्ष्म प्रभाव भी। इसके अलावा नाम, रूप और गुण में जो एक निश्चित व अटूट सम्बन्ध होता है, वह सम्बन्ध भी सिद्धि में उपयोगी**

भूमिका निभाता है। क्योंकि व्यवहार, पहचान या ज्ञान के लिए—नाम, रूप व गुण/स्वभाव स्पष्ट हो जाते हैं अथवा किसी वस्तु को देखकर ही उसका नाम मस्तिष्क में सहज ही उभर आता है। क्योंकि नाम, रूप व गुण का एक निश्चित सम्बन्ध है। यही किसी सत्ता या वस्तु की पहचान होते हैं। अत: इनमें से एक घटक का भी पकड़ में आ जाना शेष दोनों घटकों तक पहुंचकर उस सत्ता वस्तु को जानने या उसके साक्षात्कार करने के लिए पर्याप्त होता है।

उदाहरण के तौर पर 'नींबू' कहते ही हम नींबू नामक पदार्थ के रूप, गुण आदि को समझ लेते हैं और हमारे मस्तिष्क में नींबू का चित्र स्पष्ट हो जाता है। अनगिनत पदार्थों में से नींबू की ही छवि हमारे मस्तिष्क में क्यों स्पष्ट हुई ? नाम के प्रभाव से। 'नींबू' नामक पद या उपाधि के प्रभाव से। इसी प्रकार यदि यह कहा जाए कि 'पीले रंग का गोल छोटा-सा फल जिसके भीतर बीज व रस रहते हैं।' तब भी मस्तिष्क अनगिनत पदार्थों, फलों आदि में से नींबू की पहचान कर उसका नाम स्मृत कर लेता है। व्यक्ति जान जाता है कि सामने वाला 'नींबू' के विषय में बात कर रहा है। क्योंकि नाम का रूप से निश्चित सम्बन्ध है। इसी प्रकार गुण/स्वभाव का भी है। क्योंकि यदि कहा जाए—अति खट्टे रस वाला, जिसका छिलका कड़वा होता है आदि। तब भी गुण स्वभाव को जानकर व्यक्ति उसके नाम रूप को पहचान जाएगा और नींबू उसके मस्तिष्क में प्रत्यक्ष हो जाएगा। क्योंकि नींबू या **कोई भी सत्ता एक निश्चित नाम, निश्चित आकार/स्वरूप और निश्चित गुण/दोषों का संगठन या समूह मात्र है।** अत: नाम या रूप या गुण के माध्यम से ही उसे जाना जा सकता है।

कुण्डलिनी को, आत्मा को, चक्रों को, परमात्मा को, मन को, प्राण को अथवा जीव आदि को हम देख नहीं सकते फिर ऋषियों ने उनके स्वरूप का वर्णन कैसे कर दिया ? क्योंकि समाधि की अवस्था में, ध्यान की अवस्था में नाम या गुण का निरन्तर मनन करके उन्होंने स्वरूप को प्रत्यक्ष किया। ईश्वर का नाम हमें पता है। गुण हमें पता है परन्तु रूप नहीं पता। तब नाम और गुणों का ही गहन चिन्तन करके उसके रूप का साक्षात्कार करते हैं। क्योंकि नाम, रूप व गुण का एक निश्चित सम्बन्ध है। यही संक्षेप में मंत्र जाप विज्ञान है। मनन करने से त्राण होना—यही है। **नाम व गुण का मनन, चिन्तन बार-बार गहनता से करना ही मन्त्र का जाप करना है** जिससे अन्तत: प्रकाश उत्पन्न होता है या साक्षात्कार होता है। स्वरूप समझ में आ जाता है अथवा स्वरूप को समझने की योग्यता प्राप्त हो जाती है।

बकौल शायर—

सबकी आंखों पे परदा पड़ा है।
तेरे चेहरे पर परदा नहीं है।

वह माया (अविद्या का परदा हटते ही देखने की योग्यता आ जाती है। किन्तु

चर्मचक्षुओं से नहीं अर्न्तचक्षुओं या दिव्यदृष्टि से ही परम या आत्म का साक्षात्कार होता है। शायरी ही की जुबान में—

वहां होता है आग़ाज़ तेरे जल्वों का।
जहां निगाह की मंज़िल तमाम होती है।

अर्थात्—तेरे दर्शन/झलक का आरम्भ ही वहां से होता है। जहां नेत्रों की दृष्टि सीमा समाप्त हो जाती है। (यानि इन्द्रियों द्वारा तुझे जाना नहीं जा सकता, तू अतीन्द्रिय है)।

इसीलिए तो '*तुलसी*' ने भी कहा—**'गो गोचर जंह लगि मन जाई। तंह लगि माया जानेहु भाई।'** (इन्द्रियां व इन्द्रियों के विषय/प्रभाव-क्षेत्र और मन की जहां तक पहुंच है वहां तक तो माया का ही विस्तार जानना चाहिए)।

नाम के प्रभाव से रूप प्रत्यक्ष हो जाता है। इसीलिए *तुलसी* ने कहा—**राम से बड़ा राम का नाम** अत: मन्त्र विज्ञान कोई कपोल कल्पना नहीं है। यह बाकायदा प्रभावशाली विज्ञान है। यद्यपि यह मेरे अधिकार क्षेत्र में नहीं आता, फिर भी पाठकों की मन्त्र प्रयोग में तथा मन्त्र उपायों के प्रति श्रद्धा एवं विश्वास उत्पन्न हो सके अत: सामर्थ्यानुसार मन्त्र विज्ञान का विवेचन कर रहा हूं। यदि गुणी जन इसमें कोई त्रुटि पाएं तो मेरे अनधिकार चेष्टा की धृष्टता के लिए क्षमा करें।

समूची सृष्टि पंचमहाभूतात्मक है। पंच तत्त्वों से ही सारी सृष्टि बनी है। (आकाश, वायु, अग्नि, जल तथा पृथ्वी)। दुनिया में जो भी सत्ता है—उसमें उपर्युक्त पांचों में से कम-से-कम एक तो अवश्य ही है। यद्यपि आधुनिक विज्ञान तत्त्वों की संख्या 100 से ऊपर मानता है। (प्रारम्भ में 36 मानता था। जैसे-जैसे नए तत्त्व खोजे जाते गए, गिनती बढ़ती गई। किन्तु यह भ्रम है। क्योंकि ज्ञान को प्राप्त करने के 5 ही माध्यम है। (5 ही 'सैंस' हैं) अत: 'तत्व' (ऐलीमेन्ट) 5 से अधिक मूल रूप से नहीं हो सकते। यौगिक (कम्पाउन्ड) अलबत्ता अनेक हो सकते हैं।

पांच ज्ञानेन्द्रियां हैं। उनके अनुसार—स्पर्श, श्रवण, गन्ध, रूप, रस, यह पांच ही अनुभूतियां या ज्ञान पाने के साधन या माध्यम हैं। अत: मूल तत्त्व पांच ही होंगे अधिक नहीं। आधुनिक विज्ञान की दृष्टि में 'जल' तत्त्व (एलीमेन्ट) नहीं, यौगिक (कम्पाउन्ड) है। क्योंकि (H_2O) हाईड्रोजन व ऑक्सीजन का मिश्रण है। किन्तु यह उपाधि या नाम से उत्पन्न होने वाला भ्रम है। (जैसे लाल बोतल में बंद पानी को भी लाल समझ लिया जाता है)। **'जल तत्त्व' का जल महाभूत का अर्थ** WATER **या पानी से नहीं है। 'जल तत्त्व' का अर्थ उस महाभूत या तत्त्व से है जो 'रस' के गुण से युक्त है। जो 'रस' की अनुभूति कराता है। क्योंकि जल तत्त्व की तन्मात्रा (गुण) 'रस' है और इस न्याय से उसकी ज्ञानेन्द्रिय जिह्वा है—जो रस या स्वाद का अनुभव करती है।**

इसी प्रकार अग्नि तत्त्व—रूप या तेज के गुणों को प्रकट करने वाला तत्त्व है न कि FIRE है। आकाश महाभूत SKY नहीं है अपितु 'शब्द' के गुण से युक्त तत्त्व है। इसी प्रकार वायु महाभूत और पृथ्वी महाभूत—क्रमश: WIND या EARTH नहीं अपितु क्रमश: स्पर्श और गन्ध के गुणों से युक्त तत्त्व हैं। जहां-जहां गन्ध की अनुभूति है वहां-वहां पृथ्वी तत्त्व अवश्य है। इसी प्रकार अन्य महाभूतों की तन्मात्राएं या गुण जहां-जहां हैं, वहां-वहां वे महाभूत अवश्य हैं। इसलिए मूल तत्त्व पांच ही हैं क्योंकि ज्ञान के अनुभव के माध्यम ही पांच हैं। यह बात समझने की है।

तो समूची सृष्टि पंचभूतात्मक है। **यदि हम जानते हैं कि अमुक पदार्थ में फलां-फलां तत्त्व इतनी-इतनी मात्रा में होते हैं तो हम मन्त्र द्वारा, संकल्प द्वारा अथवा ध्यान द्वारा वही-वही तत्त्व उतनी-उतनी मात्रा में मिलाकर उसी पदार्थ की सृष्टि कर सकते हैं। या किसी पदार्थ को इसी सिद्धांतानुसार उसकी संरचना के क्रम व व्यवस्था में परिवर्तन कर उसे अन्य इच्छित पदार्थ में बदल सकते हैं।** मगर इसके लिए पंचभूतों पर हमें अधिकार होना चाहिए अथवा परिवर्तन में समर्थ मन्त्रों का ज्ञान होना चाहिए। इसीलिए मन्त्रवेत्ता अथवा योगी (ध्यान करने वाला) मनोवांछित सृष्टि करने में समर्थ होता है। ठीक वैसे ही **जैसे कोई वैज्ञानिक अणुओं की संरचना में परिवर्तन करके किसी पदार्थ को अन्य पदार्थ में बदल सकता है** (यदि वह सक्षम हो तो हालांकि विज्ञान अभी इतना समर्थ नहीं हो पाया है। फिर भी सिद्धांत अपनी जगह है)।

यह बात ठीक वैसी ही है जैसे कोई कुशल चित्रकार मात्र तीन मूल रंगों से सैकड़ों अन्य रंग व शेड्ज बना सकता है। पर उसे कम-से-कम तीन मूल रंग तो चाहिए। वैज्ञानिक अणुओं की संरचना की क्रम व्यवस्था बदलने में सफल हो भी जाए तो भी उसे मूल अणु तो चाहिए। मगर योगी या मन्त्रवेत्ता को मूल (पंच महाभूत) तत्त्व भी नहीं चाहिए। **वह तो उन पर अधिकार पा जाने के बाद स्वयं ही उनका सृजन करने में समर्थ होता है।** पुराणों में इसके सैकड़ों उदाहरण मिलते हैं। **जिनमें एक विश्वामित्र द्वारा त्रिशंकु के लिए 'पृथक् सृष्टि' करने का प्रसंग तो सभी को स्मरण होगा।** अत: मन्त्र की शक्ति पर शंका नहीं की जा सकती। संकल्प व ध्यान की शक्ति पर शंका नहीं की जा सकती। फिर भी हम शंका करते हैं तो यह हमारी अल्पज्ञता, अज्ञान, हठधर्मिता अथवा मूर्खता ही होगी।

यदि मंत्रों के प्रति शंका हो, तो मंत्र सम्बन्धी उपायों में हरगिज न जाएं, क्योंकि शंका/संदेह सफलता या सिद्धि में बाधक होते हैं। विश्वास व श्रद्धा ही संकल्प को उत्पन्न करते हैं, जिससे सफलता मिलती है। संशय सदैव ही, और प्रत्येक क्षेत्र में असफलता ही दिलाने वाला होता है अत: सर्वप्रथम संशय का त्याग करें।

मन्त्र प्रक्रियाएं—कुण्डलिनी जागरण

गुरु वंदना

शुभ मुहूर्त आदि का विचार कर, स्नानादि से शुद्ध-बुद्ध हो, एकान्त स्वच्छ स्थान पर कुण्डलिनी की प्रतिमा के आगे शुद्ध घी का दीपक जलाकर आसन पर बैठें और सर्व प्रथम गुरु का स्मरण करें। **'ॐ श्री गुरुवे नमः'** मन्त्र से गुरु का अभिनन्दन करें, फिर गणेश जी का स्मरण करें—

गणेश वंदना

ॐ गजाननं भूतगणादि सेवितं।
कपित्थजम्बूफल चारु भक्षणम्॥
उमासुतं शोक विनाश कारकं।
नमामि विघ्नेश्वर पाद पंकजम्॥
वक्रतुण्ड महाकाय, सूर्यकोटि समप्रभं।
निर्विघ्नं कुरु मे देव सर्व कार्येषु सर्वदा॥

इस प्रकार गणेश की प्रार्थना कर उनसे सिद्धि प्राप्ति और निर्विघ्नता की याचना करें।

संकल्प

सिद्धि प्राप्ति के लिए *संकल्प* करें। देवताओं को साक्षी मानकर—संवत्, मास, शुक्ल या कृष्ण पक्ष, तिथि, वार, राज्य, नगर/ग्राम के नाम के उच्चारण के साथ अपना नाम, आयु, पिता का नाम, दादा का नाम, गोत्र, साध्यदेव का नाम, मंत्र का नाम, जप संख्या व साधना की अवधि (कितने दिन में अनुष्ठान पूरा करना है) आदि का उल्लेख करते हुए संकल्प किया जाता है।

पूजन

संकल्प के बाद मां कुण्डलिनी की **पंचोपचार मानसिक पूजा** करें। उसकी विधि इस प्रकार है—

ॐ लं पृथ्वी तत्त्वात्म के गन्धं श्री महाकुण्डलिनी।
पादुकाभ्यां नमः अनुकल्पयामि॥

इस मंत्र के पाठ के बाद अंगूठे को कनिष्ठा उंगली (दाएं हाथ की) मिलाकर गन्ध मुद्रा दिखाएं। फिर—

ॐ हं आकाश तत्त्वात्मकं,
पुष्पं श्री महाकुण्डलिनी,
पादुकाभ्यां नमः अनुकल्पयामि॥

अथवा तर्जनी व अंगूठे का प्रथम पोर मिलाकर मंत्र को पढ़कर पांचों उंगलियों

को ऊर्ध्वमुख मिलाकर दाएं हाथ से देवी को पुष्प मुद्रा दिखाएं। फिर—

ॐ यं वायु तत्त्वात्मकं धूपं श्री महाकुण्डलिनी, पादुकाभ्यां नमः अनुकल्पयामि।

मंत्र का उच्चारण कर मध्यमा उंगली और अंगूठे के प्रथम पोरों को मिलाकर दाएं हाथ से धूप-मुद्रा दिखाएं। फिर—

ॐ रं अग्नि तत्त्वात्मकं दीपं श्री महाकुण्डलिनी, पादुकाभ्यां नमः अनुकल्पयामि॥

मंत्र का उच्चारण कर दाएं हाथ की अनामिका व मध्यमा को मिलाकर अंगूठे को उनके दूसरे पोर पर लगा कर दाएं हाथ से नैवेद्य मुद्रा देवी को दिखाएं।

विनियोग

फिर दाहिनी हथेली में जल लेकर निम्न मन्त्र से *विनियोग* करें—

ॐ अस्य सर्व सिद्धि श्री कुण्डलिनी, महामंत्रस्य भगवान श्रीमहाकाली। ऋषि विश्वव्यापिनी महाशक्ति, श्री कुण्डलिनी देवता त्रिष्टुप छन्दः। ह्रीं बीजम् सिद्धि शक्ति प्रणव कीलकं, चतुर्वर्ग प्रीत्यर्थे जपे विनियोगः॥

और हथेली का जल भूमि या रिक्त पात्र में डाल दें। फिर चारों उंगलियों और अंगूठे को मिलाकर दाहिने हाथ से अपने सिर का स्पर्श करते हुए *ऋषियों का न्यास* करें—

ऋषिन्यास

ॐ भगवान श्री महाकालो ऋषये नमः शिरसि। (सिर पर हाथ लगाएं)। **ॐ त्रिष्टुप छन्दसे नमः मुखे।** (मुख पर हाथ लगाएं)। **ॐ महाशक्ति श्री कुण्डलिनी देवतायै नमः हृदये।** (हृदय को छुएं)। **ॐ ह्रीं बीजाय नमः गुह्ये।** (गुह्यांग की ओर हाथ कर मन से उसे छूने की भावना करें)। **ॐ सिद्धिः शक्तये नमः पादयो।** (पैरों का स्पर्श करें)। **ॐ प्रणय कीलकाय नमः नाभो।** (नाभि का) **ॐ विनियोगाय नमः सर्वांगे।** (दोनों हाथों से सिर से पैर तक समस्त अंगों का स्पर्श करें)। इस प्रकार ऋषियों का न्यास पूर्ण होने के बाद '*करन्यास*' करें। इसकी विधि व मन्त्र इस प्रकार हैं—

करन्यास

ॐ हां ह्रीं हं हैं ह्रौं हः अंगुष्ठाभ्यां नमः।

(दोनों हाथों की तर्जनी से दोनों हाथों के अंगूठों को छुएं।)

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रं ह्रैं ह्रौं ह्रः तर्जनीभ्यां नमः।

(दोनों हाथों के अंगूठों से तर्जनी उंगलियों का स्पर्श करें।)

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रं ह्रैं ह्रौं ह्रः मध्यमाभ्यां नमः।

(दोनों अंगूठों से अनामिका उंगलियों का स्पर्श करें।)

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रं ह्रैं ह्रौं ह्रः अनामिकाभ्यां नमः।

(दोनों अंगूठों से अनामिका उंगलियों का स्पर्श करें।)

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रं ह्रैं ह्रौं ह्रः कनिष्ठिकाभ्यां नमः।

(दोनों अंगूठों से कनिष्ठिका उंगलियों का स्पर्श करें।)

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रं ह्रैं ह्रौं ह्रः कर तलकर पृष्ठाभ्यां नमः।

(दोनों हाथों की हथेलियों के पृष्ठभाग को छुएं।)

'करन्यास' के पश्चात् उपरोक्त विधि से ही—

'*षडंगन्यास*' करें। प्रारम्भिक मंत्र (ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रैं ह्रौं ह्रः) वही रहेगा अन्त में अंगों के नाम बदलते रहेंगे। और जिन अंगों के नाम का उच्चारण किया जाएगा, दाएं हाथ की पांचों उंगलियों से उन्हीं अंगों को छुआ जाएगा। यथा—

षडंगन्यास

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रं ह्रैं ह्रौं ह्रः हृदयाय नमः। (हृदय को)

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रं ह्रैं ह्रौं ह्रः शिर से स्वाहा। (सिर को)

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रं ह्रैं ह्रौं ह्रः शिखायै वषट। (शिखा स्थान को)

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रं ह्रैं ह्रौं ह्रः नेत्रयाय वौषट्। (दोनों नेत्रों व ललाट मध्य)

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रं ह्रैं ह्रौं ह्रः कवचाय हूं। (दाईं उंगलियों से बाईं)

(और बाईं उंगलियों से दाईं भुजा को एक साथ)।

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रं ह्रैं ह्रौं ह्रः अस्त्राय फट्। (दाएं हाथ को सिर के ऊपर से बाईं ओर पीछे की तरफ ले जाकर दाईं ओर से सामने लाकर उसकी तर्जनी व मध्यमा से बाएं हाथ पर ताली मारें)।

(इस प्रकार न्यास क्रियाओं द्वारा हम अपने हाथ से निकली विद्युत से उन अंगों को चैतन्य करते हैं तथा पवित्र भाव से भरते हैं, जिन्हें मन्त्रोच्चार के साथ छूते हैं)।

ध्यान

न्यास के पश्चात् देवता का '*ध्यान*' करते हैं। क्योंकि आराधना कुण्डलिनी देवी की है। अतः उनके स्वरूप का ध्यान हृदय या भृकुटियों के मध्य करते हुए निम्न मन्त्रों का उच्चारण करें—

मूलाधारे स्मरेद्दिव्यं त्रिकोणं तेजसां निधिम्।
शिखा आनीय तस्याग्नेरथ ऊर्ध्व व्यवस्थिता॥

तस्या शिखाया मध्ये परमात्मा व्यवस्थितः।
स ब्रह्मा स शिवः सेन्द्रः सोक्षरः परम स्वराट्॥
स एवं विष्णुः स कालोऽग्निः चन्द्रमा।
इति कुण्डलिनी ध्यात्वा सर्व पापैः प्रमुच्यते॥

अर्थात्—मूलाधार में दिव्य त्रिकोण तेजपुंज, उर्ध्वगामी तेज शिखा के बीच परब्रह्म अवस्थित है। वह तेज ही ब्रह्मा, विष्णु, शिव, इन्द्र, अक्षर, काल, अग्नि, चन्द्रमा हैं। इस प्रकार कुण्डलिनी का ध्यान सब पापों को नष्ट करने वाला है। (मन्त्रोच्चार के सार्थ अर्थ की भावना भी करें)।

ॐ प्रसुप्त भुजगाकारां स्वयं भू लिंगमाश्रितां,
विद्युतकोटि प्रभां देवीं विचित्र वसानान्वितां।
शृंगारादि रसोल्लासां सर्वदा कारण प्रियाम्॥

(वह सोई हुई भुजंग के आकार की कुण्डलिनी स्वयं उत्पन्न होने वाले लिंग के आश्रित हैं। करोड़ों विद्युतों की चमक के समान वह देवी विचित्र वस्त्र धारण किए, शृंगारादि से परिपूर्ण, रस व उल्लास से पूर्ण और सदैव प्रिय करने वाली है)।

मेरुदण्डे वह्निना शब्दात् पदं तेजोमयीति च,
सिद्धि प्राप्ति सिद्धिः सर्वकाम पदात् पुनः।
सर्वेशा परिपुरेति चक्र स्वामिनीति च,
गुप्त योनिन्यनगा च कुसुमेडनग मेखले।
सर्व मंत्रमयीत्युक्ता सर्वे द्वन्द्व क्षयकारी,
सर्वज्ञानमयीत्युक्तात्वा सर्व व्याधि विनाशिनी,
सर्वानन्दमयी देवी सर्व रक्षा स्वरूपिणी।
महाशक्ते महागुप्ते ततश्चैव महा-महा,
कुल कुण्डलिनी देवी, कन्दे मूल निवासिनी॥

अर्थात्—मेरुदण्ड में अग्नि रूप, शब्द, पद व तेजस्वी सिद्धि प्रदान करने वाली, सर्वकामनाओं को पूर्ण करने वाली सबकी स्वामिनी, चक्रसंस्थानों की स्वामिनी और गुप्त योनि कामशक्ति, पुष्प मेखला/अनंग मेखला, समस्त मंत्रों से युक्त, समस्त द्वन्द्वों का नाश करने वाली, सब सौभाग्यों को देने वाली, समस्त विघ्नों का निवारण करने वाली, सर्वज्ञा व ज्ञानदायिनी, समस्त व्याधियों को नष्ट करने वाली, आनन्दमयी देवी सदा रक्षा करने वाली महाशक्ति, महा रहस्यमयी/महागोपनीय होने से महानतम, कुण्डलिनी देवी जो कन्द के मूल में निवास करने वाली है—उनका मैं ध्यान करता हूं।

गायत्री जप

ध्यान के पश्चात् कुण्डलिनी देवी को प्रणाम कर *गायत्री मन्त्र* की एक माला का जाप करें।

ॐ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं
भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्॥

कुण्डलिनी मंत्र जाप

फिर *कुण्डलिनी महामन्त्र* का जप आरम्भ करें जो इस प्रकार हैं—

ॐ हं हां हीं हूं हैं हः कुण्डलिनी
जगन्मातः सिद्धिं देहि देहि स्वाहा।

अथवा इस महामंत्र का जाप आरम्भ करें—

कुण्डलिनी महामंत्र

ॐ ऐं हं हां हीं हूं हैं हौं हः जगन्मातः
सिद्धिं देहि देहि स्वयंभू लिंगमाश्रितायै
विद्युत कोटि प्रभायै महाबुद्धि प्रदायै
सहस्त्र दल गामिन्यै स्वाहा।

(दोनों मंत्रों में से किसी एक का जाप करें)।

जप संख्या, स्थानादि

कुण्डलिनी महामंत्र का कुल जाप **24 लाख** की संख्या में करना चाहिए। प्रतिदिन कम-से-कम तीन हज़ार मंत्रों का जाप अवश्य ही करना चाहिए। अथवा जितने दिनों में 24 लाख मंत्रों के जाप का संकल्प साधना के प्रारम्भ में किया है उसके हिसाब से प्रतिदिन का जाप निर्धारण करें। समय प्रातः 4 बजे से हो तो अति उत्तम है। अन्यथा रात्रि नौ बजे के बाद हो, ताकि व्यवधान न पड़े। यदि जाप अधिक संख्या में करने हों, तो प्रातः व रात्रि दोनों समय जाप किया जा सकता है। इस साधना के लिए सर्वोत्तम स्थान श्मशान माना गया है, क्योंकि वहां शांति, एकांत और वैराग्य का भाव बना रहता है। संकल्प पहले ही दिन करना होता है किन्तु शेष क्रम (प्रार्थना, पूजा, विनियोग, न्यास आदि) वही रहता है। साधना काल में अनुष्ठान पूर्ण होने तक यम, नियम व संयम का पालन अनिवार्य है। उसी से पात्रता उत्पन्न होती है।

क्षमा प्रार्थना

जाप के अन्त में क्षमा-प्रार्थना करनी चाहिए। जिससे कोई त्रुटि या भूल रह गई हो तो उसकी पूर्ति हो सके। क्षमा-प्रार्थना शुद्ध मन से वैसे भी की जा सकती है। किन्तु मन्त्रों के साथ की जाए तो और भी अच्छा रहता है। क्षमा-प्रार्थना के मन्त्र इस प्रकार हैं—

अपराध सहस्त्राणि क्रियन्तेऽहर्निशम मया।
दासोऽयामिति मां क्षमस्व परमेश्वरि॥

आवाहनं न जानामि न जानामि च विसर्जनम्।
पूजां चैव न जानामि क्षम्यतां परमेश्वरि॥
मन्त्रहीनं क्रियाहीनं भक्तिहीनं सुरेश्वरिः।
यत्पूजितं मया देवी परिपूर्णं तदस्तु मे॥
अपराध शतम् कृत्या देवेश्वरि चोच्यरेत।
यां गति समवाप्नोति न तां ब्रह्मदयः सुराः॥
सापरोधोऽस्मि शरणं प्राप्तस्त्वां परमेश्वरि।
इनानीमनुकम्पयो अहं यथेच्छसि तथा कुरु॥
अज्ञानाद्विस्मृतेर्भान्त्या यन्न्यूनाधिकं कृतम्।
तत्सर्वं क्षम्यतां देवी प्रसीद परमेश्वरि॥
कामेश्वरिजगत देवी सच्चिदानन्द विग्रहे।
गुह्याति गुह्या गोप्वी तवं ग्रहाणास्मत्कृतं जपं।
सिद्धि र्भवतु में देवी त्वत्प्रसादात्सुरेश्वरि॥

अर्थात्—हे परमेश्वरी! मैं रात दिन सहस्रों अपराध करता हूं। अपना दास समझ मेरे अपराधों को कृपापूर्वक क्षमा कीजिए। हे परमेश्वरी! मैं आह्वान, विसर्जन और पूजा की विधि नहीं जानता, क्षमा करो। हे सुरेश्वरी! मैंने जो मंत्रहीन, क्रियाहीन, भक्तिहीन पूजन किया है—वह आपकी कृपा से पूर्ण हो। सैकड़ों अपराध कर के भी जो आपका शरणागत हो जाता है उसे वह (सद्) गति प्राप्त होती है, जो ब्रह्मादि देवताओं को भी सुलभ नहीं। परमेश्वरी! मैं अपराधी हूं, किन्तु आपका शरणागत हूं अतः दया का पात्र हूं। (अब) आप जैसा चाहें करें। देवी! अज्ञानवश, भूलवश या बुद्धिभ्रान्त हो जाने के कारण मैंने जो कमीबेशी की हो, उसे क्षमा करके प्रसन्न होओ। सच्चिदानन्द रूपिणी परमेश्वरि! कामेश्वरि! आप प्रेमपूर्वक मेरी पूजा को स्वीकार कर मुझ पर प्रसन्न रहिए। देवी! देवताओं की भी देवी! आप गोपनीय से भी गोपनीय और सबकी रक्षा करने वाली हो। मेरे निवेदित जप को ग्रहण (स्वीकार) करो। आपकी कृपा से मुझे सिद्धि प्राप्त हो।

इस प्रकार देवी को जप समर्पण करके और क्षमा-याचना करके **फिर कुण्डलिनी देवी की स्तुति, अष्टक, कवच एवं स्तोत्रादि का पाठ करें।** अन्त में देवी का पुनः ध्यान कर, दण्डवत् प्रणाम करें और फिर गुरु को प्रणाम कर देवी को आसन से उठाएं।

कुण्डलिनी देवी की उपासना चर्मासन—मृग/बाघ आदि पर बैठकर करनी चाहिए तथा जप माला 108 रुद्राक्ष की होनी चाहिए। प्रातः पूर्व की ओर तथा रात्रि में पश्चिम की ओर मुख करके बैठना चाहिए। और साधना का समय व स्थान निश्चित रखना चाहिए।)

मानसिक मंत्र जाप विधि

एक अन्य विधि के अनुसार दोनों पैरों की एड़ियों पर शरीर को तोलकर *स्वास्तिकासन* में बैठें (बाएं पैर की एड़ी को सिद्ध आसन की भांति योनि प्रदेश/सीवन पर दृढ़ता से लगाएं और फिर दाहिने पैर की एड़ी को बाएं पैर की एड़ी पर स्थापित कर पूरे शरीर को दोनों एड़ियों के आधार पर तोल लें। सिद्धासन और इसमें यही अन्तर है कि सिद्धासन में एक एड़ी योनि प्रदेश को दबाती है जबकि दूसरी उपस्थ पर रहती है और स्वास्तिकासन में दोनों एड़ियां ही योनि प्रदेश व गुदा को दबाती/शरीर के नीचे रहती हैं। इस प्रकार मूलाधार पर भरपूर दबाव पड़ता है। **किन्तु इस आसन को लगाने से पूर्व मूलबन्ध का प्रबल अभ्यास आवश्यक है**)। इस आसन को यदि मूलबन्ध के बिना लगाएं तो नपुंसकत्व की सम्भावना भी रहती है और मूलाधार के या कुण्डलिनी के जागरण की सम्भावनाएं भी न्यून हो जाती हैं। कमर, गर्दन व सिर समसूत्र में रखें। तीनों बन्धों को दृढ़तापूर्वक लगाएं अथवा जालन्धर को छोड़ शेष दो बन्धों को ही लगाएं। इन्द्रियों को मन सहित अन्तर्मुखीकर ठूंठ की भांति निश्चल होते हुए अधखुले नेत्रों से भ्रूमध्य पर देखें (*शाम्भवी मुद्रा*)। इसी मुद्रा में खेचरी मुद्रा शामिल रहे तो प्रभाव और बढ़ जाता है फिर—

'*शिव सिद्ध शरणं*' मन्त्र को मन में ही 7 बार बोलकर मन ही में सात बार सुनें। तब '**ॐ ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं स्वाहा**' मन्त्र को मन ही में बोलते व सुनते रहें। शनैः शनैः ऐसा अभ्यास करें कि बोलें एक ही बार और बार-बार उसकी प्रतिध्वनि भीतर से सुनते रहें (इसके लिए ध्यान की तीव्रता की आवश्यकता होती है)। ऐसा सम्भव न हो तो इस मन्त्र को भी सात बार बोलकर भीतर से ही सुनने के बाद 'सोऽहम्' मन्त्र का ही चिन्तन करते रहना चाहिए। इस प्रकार कुण्डलिनी जागरण की यह विधि ध्यान योग और मन्त्र उपाय दोनों ही का सम्मिलित रूप है। अनुभवियों के अनुसार इस प्रक्रिया में सर्वप्रथम दिव्य गन्धों की और फिर दिव्य प्रकाश की अनुभूति होती है। अंततः कुण्डलिनी जागृत हो जाती है।

शिव पुराण में वर्णित एक अन्य विधि

रात्रि के दूसरे प्रहर (अर्धरात्री) में श्मशान अथवा किसी निर्जन एकांत स्थान पर, अथवा घर ही के शुद्ध, हवादार, एकांत कक्ष में (**पर्वत की चोटी, पवित्र नदी का तट, वन, तीर्थ स्थान, सरोवर, श्मशान, भूगर्भ (तहखाना) या गुफा आदि ध्यान साधनाओं के सर्वोत्तम स्थान माने गए हैं**.)। पद्मासन अथवा सिद्धासन लगाकर चर्मासन पर बैठें।

तीन प्राणायामों द्वारा मन को स्थिर करें। फिर त्रिबन्ध लगाकर दोनों हाथों के अंगूठों को कानों में डालें, तजर्नियों से दोनों नेत्रों को ढकें तथा मध्यमाओं से दोनों नासापुटों को दबाएं और अनामिकाओं से मुख को बन्द करें। (यदि प्राणायाम का

अभ्यास है तो अन्तर्कुम्भक करके ऐसा करें। यदि नहीं है तो उंगलियों को इस प्रकार स्थापित करें कि नासिका से श्वास ली जा सके व छोड़ी जा सके। किन्तु श्वांस प्रश्वांस यथा सम्भव गहरे और धीमी गति में विलम्ब के साथ हों, जिससे मन की एकाग्रता में सहायता मिले)। अब अपने कानों के भीतर होने वाली गड़गड़ाहट अथवा अग्नि के धधकने के समान उत्पन्न होने वाली ध्वनि पर ध्यान केन्द्रित करें। मन से अन्य सभी विकल्प हटा दें।



शिव पुराण में वर्णित विधि

'ब्रह्माण्ड सन्तके देहे यथा देशं व्यवस्थितः।' (*शिव संहिता*) के सूत्रानुसार शरीर ब्रह्मांड संज्ञक है। जो कुछ इस ब्रह्मांड में है, वह सब इस शरीर में भी है। अतः ध्यान द्वारा शरीर ही में ब्रह्मांड दर्शन हो जाता है।

अभ्यास के दृढ़ हो जाने पर शरीर के भीतर की गड़गड़ाहट समाप्त होकर नदियों में जल बहने की ध्वनि के समान स्पष्ट नाड़ियों में रक्त बहने की ध्वनि सुनाई

देने लगती है। जैसे-जैसे श्रोत्र शक्ति व केन्द्रियकरण बढ़ता है अन्य भीतरी सूक्ष्म ध्वनियां भी स्पष्ट होती चली जाती हैं। अन्त में जब शंख, घंटा आदि के नाद सुनाई देने पड़ें तो साधक को सिद्धि के निकट समझना चाहिए।

रुद्रयामल तन्त्र में वर्णित विधि

रुद्रयामल तन्त्र में कुण्डलिनी साधना की एक अन्य मंत्रविधि भी दी गयी है। संकल्प, न्यास, विनियोग आदि की विधि पूर्ववत् है। पर मन्त्र बदल जाएंगे। सर्वप्रथम गुरु पूजन *गुरु पादुका मन्त्र* से करें—

तेजोमय-महाविद्या शेखराञ्चितमस्तकाम्।
रक्तां चतुर्भुजा वन्दे श्रीविद्यागुरुपादुकाम्॥

उपर्युक्त मन्त्र से गुरु पादुका का ध्यान कर निम्न मंत्र बोलें—

ॐ हंसः शिवः सोहं सोहं हंसः शिवः हंसः शिवः सोहं हंसः ह्स्ख्रें हसक्षमलवरयूं नमः॥

फिर विघ्नेश्वर का स्मरण कर '**ॐ गं गणपतयै नमः।**' कहें।

प्राणवायु का निरोध करके मूलाधार में चतुर्दल कमल के बीच त्रिकोण रूप पीठ में स्थित ज्योतिर्लिंग को आवेष्टित कर वहां विराजमान साढ़े तीन वलयवाली कुण्डलिनी को '**ॐ हूं**' बीज द्वारा जागृत करें और '**ऐं ह्रीं श्रीं**' मन्त्र का जप करते हुए ध्यान करें। विनियोग के लिए निन्न मन्त्र है—

विनियोग

(अस्य श्रीकुण्डलिनी मन्त्रस्य शक्तिः ऋषिः गायत्रीच्छन्दः चेतना कुण्डलिनी शक्तिर्देवता ऐं बीजं श्रीं शक्तिः ह्रीं कीलकं मम श्रीकुण्डलिनी प्रीत्यर्थे जपे विनियोगः।)

न्यासादि के मन्त्र निन्नलिखित हैं—

ऋष्यादिन्यास

(शक्तिऋषये नमः (शिरसि), गायत्रीच्छन्दसे नमः (मुख), चेतना कुण्डलिनी शक्ति देवतायै नमः (हृदये), ऐं बीजाय नमः (गुह्ये), श्रीं शक्तये नमः (पादयोः), ह्रीं कीलकाय नमः (नाभो), विनियोगाय नमः (सर्वांगे)।)

कर-हृदयादिन्यास

ऐं, ह्रीं, श्रीं, ऐं, ह्रीं, श्रीं।

(इन छः बीजों से क्रमशः अंगूठे, तर्जनी, मध्यमा, अनामिका, कनिष्ठा और करतल-करपृष्ठ में तथा हृदय, सिर, शिखा, कवच, नेत्रत्रय और अस्त्रन्यास करें)। फिर निम्न मंत्र से ध्यान करें—

ध्यान

सिन्दूरारुण विग्रहां त्रिनयनां माणिक्य मौलिकस्फुटत्तारानायक शेखरां स्मितमुखी मापीनवक्षोरुहाम्।

पाणिभ्यामलिपूर्ण रत्न चषकं रक्तोत्पलं बिभ्रतीं, सौम्यां रत्न घटस्थ सव्यचरणां वन्दे पराम्बिकाम्॥

जाप

फिर **मानसिक पूजा** के बाद मूलमन्त्र '**ऐं ह्रीं श्रीं**' का यथा शक्ति रुद्राक्ष माला पर जाप करें। और अन्त में जप-समर्पण कर क्षमा प्रार्थना करें। फिर **कुण्डलिनी स्तोत्राष्टक** आदि का पाठकर, गुरु को प्रणाम करें। **वैसे भी प्रातः उठते ही कुण्डलिनी स्तोत्राष्टक का ध्यान करते हुए पाठ करने से योगशक्ति की प्राप्ति होती है।** (कुण्डलिनी स्तोत्राष्टक, कुण्डलिनी कवच एवं स्तुति व स्तोत्रादि अन्त में दिए गए हैं)।

विशेष

इस साधना को **रात्रि में ही करें,** क्योंकि यह '**रुद्रयामल तन्त्र**' के अन्तर्गत है। और 'यामल' तन्त्र ही रात्रि में किए जाने वाले कर्मों से सम्बन्धित होता है। जैसा कि यामल की परिभाषा में कहा गया है—

'**यामिनी विहितानि कर्माणि समाश्रीयन्ते तत् तन्त्रं नाम यामलम्।**' (रात्रि में विहित कर्मों का जिसमें आश्रय लिया जाए वह तन्त्र यामल कहलाता है)।

मन्त्र जाप के साथ कवच स्तोत्रादि का पाठ इसलिए किया जाता है कि कवच से साधक का कवचीकरण (सुरक्षा) हो जाती है और विजय निश्चित हो जाती है। इसीलिए '*दुर्गासप्तशती*' में कहा है—

...तस्मात् सर्वप्रयत्नेन कवची भवसर्वदा॥
कवचेनावृतो नित्यं यत्र यत्रापि गच्छति।...

(अतः सब प्रकार से कवचीकरण सदा करना चाहिए बिना कवच से आवृत्त हुए कहीं भी न जाना चाहिए। सदैव/नित्य कवच पाठ करना चाहिए)।

इसी प्रकार—सहस्रनाम, अष्टक आदि के प्रयोग से 72000 **नाड़ियों में चेतना जागृत होती है,** जिससे साधना में सफलता मिलती है और स्तोत्र के पाठ से मन को प्रसन्नता, कष्टों से मुक्ति तथा देवता की कृपा या प्रसन्नता प्राप्त होती है। जैसा कि '*कुलार्णव तन्त्र*' में कहा गया है—**स्तोक, स्तोकेन मनसः परमप्रीतिकारणात्। स्तोत्रसन्तरणाद् देविः स्तोत्रमित्यभिधीयते॥**

❑❑❑



18

सिद्धिदायक कवच व स्तोत्र

आधारे परदेवता भवानताधः कुण्डली देवता,
देवानामधिदेवता त्रिजगतामानन्दपुञ्जस्थिता।
मूलाधार निवासिनी त्रिरमणी या ज्ञानिनी, मालिनी,
सा मे मातृमनुस्थिता कुलपथानन्दैकबीजानना॥

इस स्तोत्र को प्रणव से सम्पुटित करके पाठ करने पर सर्वसिद्धि व सर्वसुख होता है, साथ ही पाठकर्ता 'कुण्डली पुत्र' ही बन जाता है अर्थात् मां कुण्डलिनी उसे अपना लेती है। कुण्डली कवच का प्रातः तीन बार, दोपहर 2 बार और सायं एक बार पाठ करने का भी विधान है।

ॐ ईश्वरी जगतां धात्री ललिता सुन्दरी परा।
कुण्डली कुलरूपा च पातु मां कुल चण्डिका॥

इस कवच के साथ विभिन्न अंगों में रक्षा की भावना से पाठ करने और इसे भोजपत्र पर लिखकर धारण करने से भी सर्वसिद्धि होना कहा गया है।

ध्यान योग अथवा तंत्र-मंत्र किसी भी उपाय से सर्वप्रथम कुण्डलिनी जागृत करनी चाहिए। तभी अन्य मन्त्रादि व पूजनादि कुछ प्रभाव देते हैं। बिना कुण्डलिनी जागृत हुए यह सब व्यर्थ सिद्ध होते हैं जैसा कि '*गौतमीय तन्त्र*' में कहा है—

मूलपद्मे कुण्डलिनो यावन्निद्रायिता प्रभो।
तावत् किंचिन्न सिद्धयेत् मन्त्र-यन्त्रार्थनादिकम्॥
जागृर्ति यदि या देवी बहुभिः पुण्यसंचयैः।
तत् प्रसादमायाति मन्त्र-यन्त्रार्चनादिकम्॥

अर्थात्—मूलाधार में कुण्डलिनी जब तक सुप्त रहती है, तब तक मन्त्र, यन्त्र, भजन-पूजनादि कुछ भी सिद्ध नहीं होते। और जब उनके पुण्यों के प्रभाव से यह देवी जागृत हो जाती है तो उसकी कृपा से मन्त्र, यन्त्र, भजन-पूजनादि सभी सफल हो जाते हैं।

'*ज्ञानेश्वरी गीता*' में कुण्डलिनी जागरण की विधि एवं प्रक्रिया का उत्पन्न होने वाले परिवर्तनों तथा प्रभावों के साथ विस्तृत वर्णन मिलता है। पाठकों के ज्ञानवर्धन के लिए उसे हम ज्यों का त्यों प्रस्तुत कर रहे हैं।

ज्ञानेश्वरी गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को इस प्रकार उपदेश दिया है—'पिंडली

को जंघा के साथ मिलाते हुए पैर को इस प्रकार मोड़ें और तलुए को इस प्रकार टेढ़ा करें कि तलवे ऊपर की ओर हो जाएं। इस प्रकार एक-दूसरे के ऊपर पैर इस प्रकार स्थापित करें कि एड़ी से सीवन का स्थान दबा रहे और तलवे शरीर के नीचे हो जाएं। फिर दृढ़तापूर्वक मूलबन्ध लगाकर शरीर को एड़ियों पर तोलते हुए नितम्बों सहित शरीर के पिछले भाग को थोड़ा-सा ऊपर इस प्रकार उठाएं कि यह पता भी न चले कि उन्हें उठाया गया है। इस प्रकार शरीर का समस्त भाग एड़ियों पर आ जाने से मूल स्थान पर पूरा दबाव पड़ता हो। यह मूलबंध नामक आसन है। इसी को 'वज्रासन भी कहते हैं।' (वस्तुत: यह वज्रासन का विलोम प्रकार है। कुछ विद्वान इसे 'स्वास्तिकासन' का नाम देते हैं)।

इस आसन के प्रभाव से आंतों में संचरण करने वाला अपान वायु पीछे को हटने लगता है। हाथों की हथेलियां द्रोणाकार होकर अंक में अवस्थित हो जाती हैं (ऐसा करना चाहिए इससे सुविधा रहती है इस आसन में स्थित होने में)। शरीर दण्ड की भांति सीधा हो जाता है। आंखों की ऊपरी पलकें बन्द हो जाती हैं किन्तु निचली खुली रहती हैं। अत: आंखें अधखुली हो जाती हैं। दृष्टि नासिकाग्र या नासिका संधि लगाकर मनोवृत्तियां शान्त हो जाती हैं। अपानवायु पीछे को चलने लगती है और दबाव पड़कर फूलकर कुपित होती हुई मत्त हो जाती है। बन्धों के कारण मार्ग न मिलने पर वह उसी बन्ध स्थान में गड़गड़ाने लगती है और नाभि स्थान में मणिपूर चक्र को बीच-बीच में धक्के देती है।

इसके बाद उसकी उमड़न या घुमड़न शांत होती है। तब वह सारे शरीर में विचरकर बाल्यावस्था से तब तक जितना मल शरीर में संचित हो चुका है, वह सब निकाल देती है। कफ और पित्त को आधार स्थल से निकाल देती है, रुधिर आदि सातों धातुओं को उलट देती है, भेद के संग्रहों को चूर्ण करती है। हड्डियों में व्याप्त मज्जा तक बाहर निकाल देती है। वायु मार्ग की नाली का शोधन करती है। इस प्रकार समस्त अवयवों को शिथिलता प्राप्त हो जाती है। नौसिखिए ऐसे उपद्रवों से भयभीत हो जाते हैं। परन्तु भयभीत नहीं होना चाहिए। बलगम, शिथिलता आदि व्याधियां मलों के शोधन स्वरूप उस काल में उत्पन्न होती हैं पर यही अपान वायु उन व्याधियों का परिहार भी करती चलती है। अन्तत: यह वायु कुण्डलिनी शक्ति को अपने आघातों से जागृत कर डालती है।

कार्तिक से फाल्गुन अथवा नवम्बर से मार्च तक का समय इस योगाभ्यास के लिए सर्वोत्तम है। (किन्तु वस्ति या एनिमा द्वारा उदर शुद्धि करते रहें जिससे शरीर के उखड़े मल बाहर निकलते रहें) और साधना काल में होने वाले उपद्रवों से भयभीत बिल्कुल नहीं हों।

कुण्डलिनी जागृत होकर जब सुषुम्ना नाड़ी में प्रवेश करती है तब प्रथम आघात मूलाधार पर होता है। यदि तब मूलबन्ध दृढ़ता से न लगा हो तो मल, मूत्र

या वीर्य निकल जाता है। भृकुटि में स्थित प्राण वायु का प्रवाह कुण्डलिनी में खिंच जाता है और प्राण व अपान का संयोग कुण्डलिनी को सुषुम्ना में चढ़ा देता है। किन्तु उस समय भूख से कुपित वह अपना मुंह फैलाए आगे बढ़ती है और सर्वप्रथम सामने मिले अपान वायु का ही भक्षण करती है। फिर समस्त वायु का भक्षण कर वहां जहां-जहां अधिक मांस होता है, वहां-वहां से मांस का भक्षण करती हुई हृदय के भी दो एक कौर खा जाती है। शरीर के किसी अंग को वह नहीं छोड़ती। हाथ-पांव के नाखूनों तक का रस चूस लेती है। त्वचा का सत्त्व चूस डालती है, हड्डियों की नालियों को चूस शिराओं के जाल को भी साफ कर डालती है। इस प्रकार कुम्भकरणी नींद से जागी यह महाशक्ति सर्वप्रथम अपनी क्षुधा को शांत करने का प्रयास करती है। परिणामत: शरीर के रोमकूप तक बन्द हो जाते हैं।

अत: तब साधक का शरीर सूखकर कृश और नीरस हो जाता है। उसका मानो सारा खून निचुड़ जाता है। कुण्डलिनी शरीर से पृथ्वी और जल तत्त्व का समस्त अंश खा जाती है। तब तृप्त होकर वह सुषुम्ना नाड़ी के पास विश्राम कर जो विष उगलती है शरीर में शेष रह गई प्राण वायु उस विष से अमृत के समान लाभान्वित होती है। उस अमृत के ही प्रभाव से प्राणवायु जीवन धारण करती है और शरीर को बाहर भीतर दोनों पार्श्वों से शीतल कर देती है और शरीर के नष्ट हुए धर्म फिर से जीवन्त होने लगते हैं।

इड़ा पिंगला मिलकर एक हो जाती हैं। उनकी तीनों गांठें खुल जाती हैं और छहों चक्रों को ढकने वाले आवरण फट जाते हैं, बुद्धि की चंचलता नष्ट हो जाती है। प्राणवायु कुण्डलिनी सहित सुषुम्ना में प्रविष्ट हो जाती है। इसी मध्य चन्द्रमा की सत्रहवीं कला के अमृत का सरोवर जो ऊपर की ओर रहता है, शनै: शनै: टेढ़ा होकर कुण्डलिनी के मुंह से लग जाता है। उस अमृत का पान कुण्डलिनी करती है और प्राणवायु के साथ वह अमृत समस्त अंगों में व्याप्त हो जाता है। तब साधक के शरीर का पोषण होता है और वह दिव्य तेज व रूप से लाभान्वित हो, आरोग्य व हल्का हो जाता है तथा विभिन्न प्रकार की सिद्धियां सहज ही प्राप्त हो जाती हैं।

उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि साधना काल में विभिन्न व्याधियां उत्पन्न हो सकती हैं। किन्तु दवाओं के प्रयोग की अथवा घबराने की जरूरत नहीं होती। समस्त विकारों के निकल जाने पर शरीर स्वयं स्वास्थ लाभ करता है, अंगों में शिथिलता, कृशता, शरीर का सूखकर कांटा हो जाना आदि लक्षण भी उत्पन्न होते हैं और शरीर प्राय: निष्प्राण-सा हो जाता है किन्तु अभ्यास की निरंतरता से अंतत: सफलता मिलती है। सिंह को साधने के समान इसीलिए कुण्डलिनी को साधना अत्यंत दुष्कर है और असावधानी, भय या अपूर्णता से स्वयं के लिए घातक हो जाती है।

भयमोक्षण

कुण्डलिनी जागरण काल में यदि भय लगे तो विष्णु भगवान के निम्न स्वरूप का ध्यान करना चाहिए—

शान्ताकारं भुजगशयनं पद्मनाभं सुरेशं।
विश्वाधारं गगनसदृशं मेघवर्णं शुभांगम्॥
लक्ष्मीकान्तं कमलनयनं योगर्भिध्यान गम्यम्।
वन्दे विष्णुं भव भय हरणं, सर्वलोकैक नाथम्॥

अर्थात्—शान्त स्वरूप, शेषनागशायी, नाभि में कमल वाले, देवताओं के स्वामी, विश्व के आधार, गगन के समान व्यापक, विशाल, अनन्त और शुद्ध, निर्मल, मेघ के समान सांवले रंग वाले, शुभ अंगों से युक्त, लक्ष्मी के पति, कमल नेत्र वाले, योगियों के सदा ध्यान में रहने वाले, सम्पूर्ण विश्व के भय को हरने वाले समस्त लोगों के स्वामी श्रीविष्णु भगवान की मैं वन्दना करता हूं।

भय मुक्ति के लिए साधना से पूर्व नित्य **कुण्डलिनी देवी के कवच** का पाठ करना भी उत्तम रहता है।

योग सिद्धि/सफलता प्राप्ति के लक्षण

दिव्य गन्धों के अनुभूति होना, विचित्र एवं दिव्य दृश्य दिखाई पड़ना, प्राकृतिक रमणीय दृश्यों का दिखाई पड़ना, कभी-कभी भयानक दृश्यों का भी दिखाई पड़ना, झरने, नदी, कलरव आदि की ध्वनियों, संगीत लहरियों, वीणा, मृदंग आदि के स्वरों अथवा घंटा आदि वादों या दिव्य ध्वनियों का सुनाई पड़ना, विभिन्न प्रकाशों की अनुभूति होना आदि लक्षण योगमार्ग में/साधना काल में हों तो साधक को स्वयं को सिद्धि के निकट समझना चाहिए। जैसा कि '*गोरक्ष संहिता*' में कहा गया है—

गगन वदने प्राप्ते ध्वनिरूत्पद्यते महान्।
घन्टा दीनां प्रवाद्यानां तदा सिद्धिरदूरतः॥

अर्थात्—प्राणवायु के गगन में पहुंचने पर घंटा आदि वाद्यों की महाध्वनि उत्पन्न होती है। उस समय योगी को अपनी सिद्धि निकट जाननी चाहिए। (व्यक्तियों के अपने स्वभाव संस्कारादि के अनुसार लक्षणों में विभिन्नता भी रहती है)।

मंत्र साधना के अन्य उपाय

ललिता या भुवनेश्वरी देवी का एकाक्षण मन्त्र है—'**ह्रीं**'। त्र्यक्षरी मन्त्र हैं—'**ह्रीं ॐ ह्रीं**'। और पञ्चाक्षरी मंत्र है—'**ऐं ह्रीं श्रीं ऐं ह्रीं।**' भुवनेश्वरी का एकाक्षरी मन्त्र 'देवी प्रणव' के रूप में भी प्रसिद्ध है। इन मन्त्रों में से भी किसी एक मन्त्र का जाप कर भुवनेश्वरी उपासना की जा सकती है। मन्त्र जाप के बाद—'**भुवनेश्वरी अष्टोत्तर शतनामस्तोत्र**' का पाठ करना चाहिए। और जप से पूर्व संकल्प, विनियोग, न्यास आदि पूर्व वर्णित विधि से करने चाहिए। उनके मंत्र आगे पाठकों के लाभार्थ दे रहे हैं (**रुद्रयामल तन्त्र** से)।

विनियोग

अस्य श्री भुवनेश्वरीमन्त्रस्य शक्तिर्ऋषिर्गायत्रीच्छन्दों भुवनेश्वरी देवता हकारो बीजम्, ईकारः शक्तिः रेफः कीलकं चतुर्वर्गसिद्धयर्थं जपे विनियोगः।

ऋष्यादिन्यास

ऋषये नमः (शिरसि)। गायत्रीच्छन्दसे नमः (मुखे)। श्रीभुवनेश्वरी देवतायै नमः (हृदये)।

हकारबीजाय नमः (गुह्ये)। ईकार शब्दाय नमः (पादयोः)। रकारकीलाय नमः (नाभौ)। विनियोगाय नमः (सर्वांगे)।

करषडङ्ग न्यास

ह्रां, ह्रीं, ह्रूं, ह्रें, ह्रौं, ह्रः। (इन छः बीजों से यह न्यास करना चाहिए)।

भुवनेश्वरी-अष्टोत्तर शतनामस्तोत्र

(रुद्रायमल तन्त्र से उद्धृत)

विनियोग

अस्य श्रीभुवनेश्वर्यष्टोत्तरशतनामस्तोत्रस्य शक्तिर्ऋषिः गायत्रीच्छन्दः। श्री भुवनेश्वरी देवता मम चतुर्वर्गसाधनार्थं पाठे, पूजने विनियोगः।

न्यास

(न्यास ध्यानादि उपरोक्त वर्णित एकाक्षरी यंत्र विधि के समान ही रहेंगे)।

स्तोत्र

महामाया महाविद्या महायोगा महोत्कटा।
माहेश्वरी कुमारी च ब्रह्माणी ब्रह्मरूपिणी॥ 1॥
वागीश्वरी योगरूपा योगिनी कोटिसेविता।
जया च विजया चैव कौमारी सर्वमङ्गला॥ 2॥
हिङ्गुला च विलासी च ज्वालिनी ज्वालरूपिणी।
ईश्वरी क्रूरसंहारी कुलमार्गप्रदायिनी॥ 3॥
वैष्णवी सुभगाकारा सुकुल्याकुल पूजिता।
वामाङ्गा वामचारा च वामदेवप्रिया तथा॥ 4॥
डाकिनी योगिनीरूपा भूतेशी भूतनायिका।
पद्मावती पद्मनेत्रा प्रबुद्धा च सरस्वती॥ 5॥
भूचरी खेचरी माया मातङ्गी भुवनेश्वरी।
कान्ता पतिव्रता साक्षी सुचक्षुः कुण्डवासिनी॥ 6॥

उमा कुमारी लोकेशी सुकेशी पद्मरागिणी।
इन्द्राणी ब्रह्माचाण्डाली चण्डिका वायुवल्लभा॥ 7॥
सर्वधातृमयी मूर्तिर्जलरूपा जलोदरी।
आकाशी रणगा चैव नृकपाल-विभूषणा॥ 8॥
नर्मदा मोक्षदा चैव कामधर्मार्थदायिनी।
गायत्री चाथ सावित्री त्रिसन्ध्या तीर्थगामिनी॥ 9॥
अष्टमी नवमी चैव दशम्येकादशी तथा।
पौर्णमासी कुहूरूपा तिथिमूर्ति-स्वरूपिणी॥ 10॥
सुरारिनाशकारी च उग्ररूपा च वत्सला।
अनला अर्धमात्रा च अरुणा पीतलोचना॥ 11॥
लज्जा सरस्वती विद्या भवानी पापनाशिनी।
नाग पाशधरा मूर्तिरगाधा धृतकुण्डला॥ 12॥
क्षत्ररूपा क्षयकरी तेजस्वी शुचिस्मिता।
अव्यक्ता व्यक्तलोका च शम्भुरूपा मनस्विनी॥ 13॥
मातङ्गी मत्तमातङ्गी महादेवप्रिया सदा।
दैत्यघ्नी चैव वाराही सर्वशस्त्रामयी शुभा॥ 14॥

❑❑❑



19 योगी की चर्या व साधना में सावधानियां

योगी की चर्या

अंगानां मर्दनं कृत्वा श्रमसञ्जात वारिणा।
कट्वम्ललवण त्यागी क्षीर भोजनमाचरेत्॥
ब्रह्मचारी मिताहारी त्यागी योगपरायणः।
अब्दादूर्ध्व भवेत्सिद्धो नात्र कार्यो विचारणा॥
संदिग्धो मधुराहारी चतुर्थांशिविवर्जिताः।
मुञ्चते स्वरस प्रीत्यं मिताहारी स उच्यते॥
कन्दोर्ध्वे कुण्डली शक्तिः शुभ मोक्ष प्रदायिनी।
बन्धनाय च नूढ़ानां यस्तां वेत्तिस वेदविद्॥

—गोरक्ष संहिता

अर्थात्—उक्त मुद्रा (अभ्यास) के कारण शरीर पर जो भी पसीना आए उसे शरीर पर ही मल लेना चाहिए। लवण और अम्ल रसों से युक्त भोजन न करे वरन दूध (गाय का) पीकर ही रहे। इस प्रकार अल्पभोजी तथा सर्वत्यागी व योगपराण रहे। इस प्रकार एक वर्ष से अधिक अभ्यास करने पर सिद्धि होती है। इसमें कोई विचार (संशय) नहीं करना चाहिए। सुखद, स्निग्ध, मधुर (सात्त्विक एवं सुपाच्य) आहार करें। चौथाई पेट खाली रहें। (आधा पेट भोजन से और शेष आधे का आधा बाद में पानी से भरे। चौथाई पेट खाली रखे)। भोजन से पूर्व ईष्टदेव को निवेदन करे—वह योगी मिताहारी कहलाता है। कन्द के ऊपर शुभ मोक्ष देने वाली कुण्डलिनी शक्ति स्थित है। वह अज्ञानियों के लिए बन्धकारी है। उसे जो जानता है वही वेदों को जानने वाला है।

योगी को साधना काल में समस्त यम, नियम व संयम का पालन करते हुए अल्प एवं सतोहारी रहना चाहिए। अपना विहार, निद्रा व आहार संतुलित रखना चाहिए। सद् संगति में रहें अथवा एकान्त में रहें तो और भी अच्छा है। सद् ग्रन्थों का स्वाध्याय करें, धर्म चर्चा करें। कुसंग व कुसाहित्य से बचें। व्यसनों से दूर रहें। ब्रह्मचर्य का विशेष ध्यान रखें।

साधना काल में सावधानियां

❑ शुभ मुहूर्त आदि का विचार कर साधना आरम्भ करें, जिससे मन का उत्साह तथा विश्वास दृढ़ हो तथा विघ्न न पड़ें।

❑ मन्त्र या तन्त्र की साधनाएं रात्रि में करें। ध्यान योग की साधना करनी हो तो ब्रह्म मुहूर्त में (प्रातः सूर्योदय से पूर्व) करें।

❑ साधना के समय लंगोट धारण करें। सम्भव हो तो अन्य वस्त्र न पहनें। मात्र कोई हल्का स्वच्छ व सूती वस्त्र ओढ़ें। यदि ठण्ड हो तो वस्त्र पहनें किन्तु कम से कम। कम्बल ओढ़ा जा सकता है।

❑ आसन के लिए मृगछाला सर्वोत्तम है और जाप के लिए रुद्राक्ष की माला। किन्तु जाप में सुमेरु का उल्लंघन निषिद्ध होता है। सुमेरु आ जाने पर नेत्रों से माला लगाकर फिर माला पलट कर दुबारा जपना चाहिए और माला को मध्यमा अंगुली से भीतर को चलाएं (अंगूठे व अनामिका के आधार पर।) तर्जनी का स्पर्श माला से जाप के समय वर्जित माना जाता है।

❑ साधना का स्थान समतल, स्वच्छ, शान्त, एकान्त, हवादार तथा रमणीय होना चाहिए (प्राणायामादि के अभ्यास में तो विशेष तौर पर) धूप या अगरबत्ती आदि का प्रयोग नहीं करना चाहिए। परन्तु देसी घी का दीपक जलाया जा सकता है। साधना से पूर्व (शंखनाद करने से, जहां तक शंख ध्वनि जाती है वहां तक वायुमंडल में कीटाणु नष्ट हो जाते हैं अतः शंखनाद करना श्रेष्ठ रहेगा)।

❑ साधना काल में किसी व्यक्ति आदि का कक्ष या उस स्थान में प्रविष्ट होना प्रारम्भ में ध्यान भंग करता है। अतः कक्ष में प्रवेश निषेध रखें अथवा निर्जन एकान्त का चुनाव करें। समय ऐसा रखें कि किसी के आने-जाने, दरवाजे या फोन की घंटी बजने, शोर कोलाहल होने अथवा अन्य व्यवधानों की सम्भावना ना के बराबर रहे।

❑ भूगर्भ, सरोवर, वन, उपवन, पर्वत, नदी तट, मंदिर, तीर्थ तथा श्मशान आदि साधना के श्रेष्ठ स्थान होते हैं।

❑ दिन में जब रजोगुण प्रधान सूर्य स्वर चल रहा हो तो योग साधना न करें। रात्रि में जब तमोगुण प्रधान चन्द्र स्वर चल रहा हो तब भी योगाभ्यास न करें। दिन रात दोनों अर्थात् सूर्य व चन्द्र दोनों स्वरों का निरोध करके—सुषुम्ना के समय योगाभ्यास करें। (अभ्यास हो जाने पर इच्छानुसार स्वर चालन की सामर्थ्य उत्पन्न हो जाती है, तब कोई दिक्कत नहीं है) जैसा कि कहा है—

दिवा न पूजये लिंग रात्रावपि न पूजयेत्।
सर्वदा पूजयेलिंग दिवा रात्र निरोधः॥

—पवन विजय स्वरोदय

❑ चन्द्र स्वर में ऐसे कार्य करें जिनमें अल्पश्रम की आवश्यकता हो तथा सूर्य स्वर में कठिन या अधिक श्रम वाले कार्य करें। और जब सुषुम्ना चले तब योग



ध्यान योग्य स्थान

साधना, सात्त्विक कार्य अथवा धर्म पूजन आदि के कार्य करने चाहिएं।

❑ साधना में शुद्ध, धुले हुए वस्त्र पहनने चाहिए तथा स्नान शौचादि से शुद्ध होकर साधना करनी चाहिए।

❑ त्रिबन्धों का तथा मेरुदण्ड के सीधे रहने का विशेष रूप से ध्यान रखें किन्तु शरीर कड़े नहीं, (RELAXE)हो।

❑ सात्त्विक साधनाओं में कुशासन, रजोगुणी साधना में सूत का आसन तथा तमोगुणी साधना में ऊन का आसन श्रेष्ठ रहता है। कुण्डलिनी जागरण की साधना में चर्मासन।

❑ साधना निश्चित समय पर, नियमित रूप से, नियत स्थान पर और निश्चित विधि से ही होनी चाहिए।

❑ कुण्डलिनी साधना में पूर्व दिशा में मुख करके बैठना उचित रहता है। परन्तु रात्रि में साधना करें तो पश्चिम दिशा में मुख करके बैठें।

❑ जप के समय कंठ में ध्वनि हो, होंठ भी हिलें परन्तु पास में बैठा व्यक्ति उसे सुन न सके, इतनी ही शक्ति से उच्चारण करके मंत्र बोलने चाहिएं। परन्तु इस प्रयास से मंत्र का उच्चारण अस्पष्ट या अशुद्ध न हो।

❑ साधना काल के अपने अनुभव, मन्त्र तथा प्रक्रिया आदि को गुप्त रखना चाहिए। मात्र गुरु से ही परामर्श लेना चाहिए।

❑ विश्वास तथा श्रद्धा न टूटनी चाहिए। संकल्प, लगन, धैर्य तथा आत्मविश्वास बने रहना चाहिए।

❑ साधना काल में होने वाले अनुभवों की भयंकरता अथवा उत्पन्न होने वाली व्याधियों, कृशता या शिथिलता आदि से घबराना नहीं चाहिए। न ही साधना छोड़नी चाहिए। शनैः शनैः स्वयं ही सब कुछ ठीक हो जाता है। न ही साधना काल में होने वाले रमणीय अनुभवों में आसक्त होना चाहिए। मात्र दृष्टा बनकर उन्हें देखना चाहिए।

❑ साधना काल में अहं, क्रोध, ईर्ष्या, लोभ, मद, मात्सर्य, काम, मोह, लिप्सा आदि से यथा सम्भव दूर रहना चाहिए।

❑ प्राप्त होने वाली उपलब्धियों अथवा सिद्धियों का प्रदर्शन नहीं करना चाहिए ना ही किसी को बतानी चाहिए और न ही उनका बार-बार प्रयोग करके स्वयं देखना चाहिए और न ही उनका उपयोग (दुर अथवा सद्) करना चाहिए। अन्यथा सफलता वहीं रुक जाती है तथा प्राप्त हुई शक्तियां लुप्त होने लगती हैं। दुरुपयोग से साधक को अति भय उपस्थित हो जाता है।

❑ लेटकर, अध बैठे होकर, खड़े होकर, जैसे मर्जी और जब मर्जी वाला सहज योग 'सिद्धांत' तब तक हरगिज लागू न करें जब तक अभ्यास में परिपक्वता न हो जाए। अपितु हमारे विचार से तो इनका प्रयोग परिपक्वावस्था में भी नहीं करना ही निरापद है।

❑ एक बार कुण्डलिनी जागृत हो जाए और भय आदि कारणों के प्रभाव से पुनः वापस लौट आए तो पछतावा ही रह जाता है। आवश्यक नहीं कि वह शीघ्र ही पुनः जागृत हो। अतः अवसर बिल्कुल न चूकें।

❑ मांस, मदिरा, तम्बाकू, गांजा, सुल्फा आदि नशों, जुओं, परस्त्रीगमन आदि दुर्व्यसनों तथा आत्मा को पतित करने वाले कार्यों—झूठ, बेईमानी, दलाली, कपट आदि से साधना काल में सर्वदा दूर रहें। वैसे तो जीवन भर ही इनसे दूर रहना श्रेयस्कर होता है।

❑ योग मार्गी को प्रदर्शन, प्रचार, आत्मप्रशंसा, आडम्बर, कृत्रिमता, बनावट, दिखावा, यश पाने की इच्छा या प्रशंसा पाने की चाह, आदि से बचते हुए अपनी साधना, मंत्र तथा साधना में प्राप्त होने वाले अनुभवों, उपलब्धियों, शक्तियों व चमत्कारों को यथासम्भव गुप्त रखना चाहिए। जैसा कि समस्त अध्यात्म विषयक ग्रन्थों ने एक स्वर में स्वीकारा है—

यं न सन्तं न चासन्तं नाश्रुतं न बहुश्रुतम्।
न सुवृतं न दुवृतं, वेद कश्चित् स ब्राह्मणः॥
गूढ़धर्माश्रितो विद्वानज्ञातचरितं चरेत्।
अन्धवक्व जडवचापि मूकबन्ध महीं चरते॥

अर्थात्—जिसको न सन्त, न असंत, न आश्रुत, न बहुश्रुत (गुमनाम व प्रसिद्ध), न सुवृत (सज्जन), न दुर्वृत (दुर्जन) ही जानता हो (अर्थात् इनमें से कोई जिसे न जानता हो यानि जिसकी योग्यता, विद्वता, साधना व शक्तियां सभी प्रकार के लोगों से गुप्त हों) वही ब्रह्मनिष्ठ योगी है। गूढ़ धर्म का पालन करता हुआ विद्वान योगी दूसरों से अज्ञात चरित रहे। अन्ध के समान, जड़ के समान और मूक के समान पृथ्वी पर विचरण करे।

विद्यावतारसंसिद्धयै स्वीकृतानेक-विग्रह॥
नवाय नवरूपाय परमार्थैक रूपिणे।

सर्वाज्ञान-तमोभेदभानवे चिद्धनाय ते॥
स्वतन्त्राय दयाक्लृप्त-पिग्रहाय परात्मने।
परतन्त्राय भक्तानां भव्यानां भव्यरूपिणे॥
विवेकिनां विवेकाय विमशयि विमर्शिणाम्।
प्रकाशिनां प्रकाशाय ज्ञानिनां ज्ञानरूपिणे॥
पुरस्तात् पार्श्वयोः पृष्ठे नमस्कुर्यामुपर्यधः।
सदा मच्चित्तरूपेण विधेहि भवदासनम्॥

अथवा '**रुद्राष्टक स्तोत्र**' का ही पाठ करें।

(अजपा-जपा-विधि)

श्वांस प्रश्वांस के साथ हंस मंत्र पर ध्यान लगाना अजपा गायत्री है। इसके अन्तर्गत श्वांस प्रक्रिया का उसे परम सत्ता के आगे समर्पण किया जाता है, तन्त्र विधि से अजपा जप की प्रक्रिया 'रुद्रयामल तन्त्र' में वर्णित है। पाठकों के लाभ के लिए उसे साविधि दे रहे हैं—

❑ मूलाधारे चतुर्दलपद्मे वं शं षं सं चतुरक्षरे चतुष्कोण यन्त्रे ऐरावत वाहने लं बीजे स्थिताय सिद्धि बुद्धि शक्ति सहिताय कुङ्कुम पर्याण महागणपतये षट्शतमजपाजपं निवेदयामि।

❑ स्वाधिष्ठाने षडदलपद्मे बं भं मं यं रं लं षडक्षरे अर्धचन्द्र-यन्त्रे मकर वाहने वं बीजे स्थिताय सरस्वती शक्ति सहिताय सिन्दूर-वर्णाय ब्रह्माणे षट्सहस्त्रमजपाजपं निवेदयामि।

❑ मणिपूर चक्रे दशदलपद्मे डं ढं णं तं थं दं धं नं पं फं दशाक्षरे त्रिकोणयन्त्रे मेषवाहने रं बीजे स्थिताय लक्ष्मी शक्तिसहिताय नीलवर्णाय विष्णवे-षट्सहस्त्रमजपाजपं निवेदयामि।

❑ अनाहतचक्रे द्वादशदलपदमे कं खं गं घं ङं चं छं जं झं ञं टं ठं द्वादशाक्षरे षट्कोणयन्तो हरिणवाहने यं वीजे स्थिताय पार्वतीशक्ति-सहिताय हेमवर्णाय परमशिवाय षट्सहस्त्रमजपाजपं निवेदयामि।

❑ विशुद्धचक्रे षोडशदलपद्मे अं आं इं ईं उं ऊं ऋं ॠं लृं लॄं एं ऐं ओं औं अं अः षोडशाक्षरे शून्ययन्त्रे हस्तिवाहने हं बीजे स्थिताय प्राणशक्ति सहिताय शुद्धस्फटिकसंकाशाय जीवाय सहस्त्रमेकमजपाजपं निवेदयामि।

❑ आज्ञाचक्रे द्विदलपद्मे श्वेतवर्णे हं क्षं द्वयक्षरे लिंगयंत्रे नर-वाहने स्थिताय ज्ञानशक्ति सहिताय विद्युद्वर्णाय गुरवे सहस्त्रमेकमजपाजपं निवेदयामि।

❑ ब्रह्मारन्ध्रे सहस्त्रदलपदमे चित्रवर्णे अं आं इं ईं उं ऊं ऋं ॠं लृं लॄं एं ऐं ओं औं अं अः मं खं गं घं ङं चं छ जं झं ञं टं ठं डं ढं णं तं थं दं धं नं पं फं बं भं मं यं रं लं वं शं षं सं हं लं क्षं—इति विंशति बारोच्चारिते सहस्त्राक्षरे विसर्गयन्तो बिन्दुवाहने

पूर्णचन्द्र मण्डले आनन्दमहासमुद्रमध्ये चिन्मयमणिद्वीपे चित्सारचिन्तामणि मन्दिरे कल्पवृक्षाधः स्थले अव्याकृत ब्रह्मामहासिंहासने स्थिताय नानावर्णाय वर्णातीवाय चिच्छक्ति सहिताय परमात्मने सहस्रमेकमजपाजपं निवेदयामि।

इसके पश्चात् कुछ क्षण तक 'हंसः सोऽहम्' की श्वास-निःश्वास के साथ भावना करें। तदनन्तर शरीर के चक्रों में जिन-जिन देवताओं का ध्यानपूर्वक आवाहन किया है उनकी मानसोपचार-पूजा करें—

❑ लं पृथिव्यात्मकं गन्धं समर्पयामि। (कनिष्ठा और अंगुष्ठ मिलाकर)

❑ हं आकाशत्मकं पुष्पं समर्पयामि। (अंगुष्ठ और तर्जनी मिलाकर)

❑ यं वाय्वात्मकं धूपमाघ्रापयामि। (तर्जनी और अंगुष्ठ मिलाकर)

❑ रं वाह्न्यात्मकं द्वीपं दर्शयामि। (अंगुष्ठ और मध्यामा मिलाकर)

❑ वं अमृतात्मकं नैवेद्यं निवेदयामि। (अंगुष्ठ और अनामिका मिलाकर)

❑ सं सर्वात्मकान् ताम्बूलादिसर्वोपचारान् समर्पयामि। (अंगुष्ठ सहित सभी अंगुलियों से)

(मणिपूर विभेदकं रुद्रस्तोत्रम्)

ॐ नमः परमकल्याण नमस्ते विश्वभावन।
नमस्ते पार्वतीनाथ उमाकान्त नमोऽतु ते॥
विश्वात्मनेऽविचिन्त्याय गुणाय निर्गुणाय च।
धर्माय ज्ञानभक्षाय नमस्ते सर्वयोगिने॥
नमस्ते कालरूपाय त्रैलोक्यरक्षणाय च।
गोलोकघातकायैव चण्डेशाय नमोऽस्तु ते॥
सद्योजाताय देवाय नमस्ते शूलधारिणे।
कालान्ताय च कान्ताय चैतन्याय नमो नमः॥
कुलात्मकाय कौलाय चन्द्रशेखर ते नमः।
उमानाथ नमस्तुभ्य योगीन्द्राय नमो नमः॥
शर्वाय सर्वपूज्याय ध्यानस्थाय गुणात्मने।
पार्वती प्राणनाथाय नमस्ते परमात्मने॥

फलश्रुति

एतत्स्तोत्रं पठित्वा, स्तौति यः परमेश्वरम्।
याति रुद्रकुलस्थानं, मणिपूरं विभिद्यते॥
एतत्स्तोत्र प्रपाठेन, तुष्टो भवति शंकरः।
खेचरत्वपदं नित्यं, ददाति परमेश्वरः॥

मणिपुर चक्र में अन्य तत्वों के साथ अमृत तत्त्व की भी स्थिति मानी गई है। इस चक्र के अधिपति देवलाकिनी शक्ति के साथ स्वयं मृत्युञ्जय हैं। अतः इस चक्र

के भेदन का विशेष महत्व है। इसलिए पाठकों के लाभार्थ यहां 'मणिपूर विभेदक स्तोत्र' दिया जा रहा है।

(संक्षिप्त श्रीयन्त्र पूजा)

आचम्य प्राणानायम्य देशकालौ च संकीर्त्य।
श्री गुरुं महा-गणपति भगवतीं महात्रिपुर
सुन्दरीं च प्रणस्य पूजयेत्।



श्रीयंत्र

ध्यानम्

बालार्कारूण-तेजसं त्रिनयनां रक्ताम्बरोल्लासिनीं,
नानालंकृतिराजमानवपुणं बालोडुराड्-शेखराम्।
हस्तैरिक्षुधनुः सृणासुमशरान् पाश मुदा बिक्षतीं,
श्रीचक्र स्थितसुन्दरी त्रिजगतामाधारभूता भजे॥
इति ध्यात्वा मानसोपचारैः सम्पूजयेत् ततश्च—

❑ ॐ ऐं ह्रीं श्रीं अं आं सौः चतुरस्त्रत्रयात्मकतौलोक्यमोहनचक्राधिष्ठायै अणिमाद्यष्टार्विंशति शक्ति सहित-प्रकटयोगिनीरूपायै त्रिपुरादेत्यै नमः।

❑ ॐ त्रिवृत्तात्मकत्रि वर्ग साधक चक्राधिष्ठात्यै कालरात्र्यादिसहित मातृकायोगिनीरूपायै त्रिपुरेशिनी देव्यै नमः।

❑ ॐ ऐं क्लीं सौः षोडशदलपद्मात्मकसर्वाशापरिपूरक-चक्राधिष्ठात्यै कामाकर्षिण्यादि षोडशशक्ति सहित गुप्त योगिनीरूपायै त्रिपुरेश्वरी देव्यै नमः।

❑ ॐ ह्रीं क्लीं सौः अष्टदल पद्मात्मक सर्वसंक्षोभणचक्राधिष्ठात्र्यै अनङ्गकुसुमाद्यष्टशक्ति सहित गुप्ततरयोगिनी रूपायै त्रिपुरसुन्दरी-दैत्यै नमः।

❑ ॐ ऐं ह्रीं श्रीं हैं हक्लीं हसौः चतुर्दशारात्मक—सर्व सौभाय-दायक चकाधिष्ठात्र्यै सर्वसंक्षोभिण्यादि चतुर्दशशक्ति सहित सम्प्रदाय-योगिनी रूपायै-त्रिपुरावासिनी देव्यै नमः।

❑ ॐ हसैं हस्क्लीं हस्सौः बहिर्दशारात्मक सर्वार्थसाधक-चक्राधिष्ठात्र्यै सर्वसिद्धि प्रदादि दशशक्ति सहित—कुलोत्तीर्ण योगिनी रूपायै त्रिपुराश्री देत्यै नमः।

❑ ॐ ह्रीं क्लीं व्लें अन्तर्दशारात्मक सर्वरक्षाकर-चक्राधिष्ठात्र्यै सर्वज्ञादिदशशक्ति सहित—निगर्भयोगिनी रूपायै त्रिपुरमालिनी देव्यै नमः।

❑ ॐ ह्रीं श्रीं सौः अष्टारात्मक सर्वरोग हर चक्राधिष्ठात्र्यै वशिन्याद्यष्टशक्ति सहित रहस्य योयिगनी रूपायै-त्रिपुरासिद्धादेव्यै नमः।

❑ ॐ हस्रैं हस्क्लरीं हस्रोः त्रिकोणात्मक सर्वसिद्धि प्रदचक्रा-धिष्ठात्र्यै कामेश्वर्यादि त्रिशक्तिसहितातिरहस्य योगिनी रूपायै त्रिपुराराम्बादेव्यै नमः।

❑ ॐ (मूलमन्त्रः) बिन्द्वात्मकसर्वानन्दमयचक्राधिष्ठात्र्यै षडङ्गायुधदशशक्ति सहित परापरातिरहस्य योगिनी रूपायै महात्रिपुर-सुन्दरी देव्यै नमः।

इसके बाद नैवेद्यादि विधि करके नित्यकर्म पूर्ण करें।

श्रीविद्या—'दशमविद्या' के अर्न्तगत षोडशी **'श्रीविद्या'** भी आती है। **'परशुराम कल्प,' 'श्रीविद्यार्णव,' 'तन्त्रराज,'** व **'षड्वानलतन्त्र'** आदि अनेकों ग्रन्थों में श्रीविद्यासाधना का विस्तृत वर्णन मिलता है, श्रीविद्या साधना का मूलाधार **'श्रीयन्त्र'** है। इसी को **'श्रीचक्र'** भी कहते हैं। यह यन्त्र—1. विन्दु, 2. त्रिकोण, 3. अष्टकोण, 4. दशकोण, 5. षटकोण, 6. चर्तुदशकोण, 7. अष्टदल, 8. षोडशदल, 9. वृत्तत्रय और 10. भुपुर से बनता है। **'रुद्रयामलतन्त्र'** में भी श्रीयन्त्र के माध्यक से शरीरस्थ चक्रों को जागृत करने का विस्तार से वर्णन मिलता है। इन प्रयोगों में एक **'उद्घाटन कवच'** है। जो पाठकों के लाभार्थ हमने दे दिया है। साथ ही **'संक्षित श्रीयन्त्र पूजा'** भी दे दी गई है। विस्तार के इच्छुक पाठकों को ऊपर बताए मूलग्रन्थ देखने चाहिएं।

❑❑



23

योगासन—समय तालिका

प्रमुख योगासनों को करने का आदर्श समय

1.	शीर्षासन	20 मिनट कम से कम
2.	मयूरासन	2 मिनट कम से कम
3.	हंसासन	3 मिनट कम से कम
4.	ऊर्ध्व सर्वांगासन	10 मिनट कम से कम
5.	पश्चिमोत्तानासन	10 मिनट कम से कम
6.	जानुशिरासन	10 मिनट कम से कम
7.	उत्तानपादासन	5 मिनट कम से कम
8.	पवनमुक्तासन	4 मिनट कम से कम
9.	भुजंगासन/सर्पासन	6 मिनट कम से कम
10.	शलभासन	4 मिनट कम से कम
11.	त्रिबन्धासन	5 मिनट कम से कम
12.	ताड़ासन	5 मिनट कम से कम
13.	पादहस्तासन	5 मिनट कम से कम
14.	सम्प्रसारण भू-नमनासन	5 मिनट कम से कम
15.	हृदयस्तम्भासन	3 मिनट कम से कम
16.	शीर्षपादासन	4 मिनट कम से कम
17.	हलासन (सर्वांगासन)	5 मिनट कम से कम
18.	कर्णपीड़ासन	4 मिनट कम से कम
19.	मस्तकपादांगुष्ठासन	5 मिनट कम से कम
20.	नाभ्यासन	5 मिनट कम से कम
21.	यानासन	5 मिनट कम से कम
22.	धनुरासन	5 मिनट कम से कम
23.	उष्ट्रासन	5 मिनट कम से कम
24.	सुप्तवज्रासन	5 मिनट कम से कम
25.	मत्स्यासन	10 मिनट कम से कम

26.	अर्धमत्स्येन्द्रासन	10 मिनट कम से कम
27.	द्विपादमध्यशीर्षासन	5 मिनट कम से कम
28.	कपोतासन	4 मिनट कम से कम
29.	पार्वती आसन	4 मिनट कम से कम
30.	मत्स्येन्द्रासन	8 मिनट कम से कम
31.	वृश्चिकासन	2 मिनट कम से कम
32.	कन्दपीड़ासन	2 मिनट कम से कम
33.	सिंहासन	3 मिनट कम से कम
34.	बकासन/बगुलासन	2 मिनट कम से कम
35.	लोलासन	2 मिनट कम से कम
36.	एकपादांगुष्ठासन	2 मिनट कम से कम
37.	जानुगमनासन	सामर्थ्यानुसार
38.	आकर्ण धनुषासन	4 मिनट कम से कम
39.	आंजनेयासन	3 मिनट कम से कम
40.	कागासन	आवश्यकतानुसार
41.	उत्थित पद्मासन	2 मिनट कम से कम
42.	ऊर्ध्वपद्मासन	5 मिनट कम से कम
43.	कुक्कुटासन	2 मिनट कम से कम
44.	गर्भासन	2 मिनट कम से कम
45.	कूर्मासन	3 मिनट कम से कम
46.	तुलासन/दोलनासन	2 मिनट कम से कम
47.	एकपाद शिरासन	4 मिनट कम से कम
48.	वातायनासन	4 मिनट कम से कम
49.	गरुड़ासन	3 मिनट कम से कम
50.	द्विपाद मध्य शीर्षासन	2 मिनट कम से कम
51.	हस्तपादांगुष्ठासन	2 मिनट कम से कम
52.	कोणासन/त्रिकोणासन	5 मिनट कम से कम
53.	चन्द्रासन/अर्धचन्द्रासन	4 मिनट कम से कम
54.	चक्रासन	2 मिनट कम से कम
55.	शीर्षपादासन	2 मिनट कम से कम
56.	स्नायु संचालनासन	2 मिनट कम से कम
57.	पादांगुष्ठनासाग्रस्पर्शासन	2 मिनट कम से कम
58.	सेतुबन्धासन	5 मिनट कम से कम

59.	योगनिद्रासन/द्विपादशिरासन	4 मिनट कम से कम
60.	शवासन/विश्रामासन	10 मिनट कम से कम
61.	जानुशक्ति विकासकासन	2 मिनट कम से कम
62.	स्वस्तिकासन	30 मिनट कम से कम
63.	सिद्धासन	30 मिनट कम से कम
64.	समासन	30 मिनट कम से कम
65.	पद्मासन	30 मिनट कम से कम
66.	अर्धपद्मासन	60 मिनट कम से कम
67.	बद्धपद्मासन	60 मिनट कम से कम
68.	वीरासन	30 मिनट कम से कम
69.	गोमुखासन	45 मिनट कम से कम
70.	वज्रासन	30 मिनट कम से कम
71.	सरलासन/सुखासन	60 मिनट कम से कम
72.	समस्त बन्ध व मुद्राएं	सामर्थ्यानुसार अधिकाधिक
73.	द्विपाद चक्रासन	5 मिनट कम से कम
74.	उत्थिद द्विपादासन	2 मिनट कम से कम
75.	उत्थित एकैकपादासन	2 मिनट कम से कम
76.	उत्थित हस्तमेरुदण्डासन	2 मिनट कम से कम
77.	शीर्षबद्धहस्तमेरुदण्डासन	सार्मथ्यानुसार
78.	जानुस्पृष्ट भाल मेरुदण्डासन	2 मिनट कम से कम
79.	उत्थित हस्तपाद मेरुदण्डासन	2 मिनट कम से कम
80.	उत्थित पाद मेरुदण्डासन	2 मिनट कम से कम
81.	भाल स्पृष्अ द्विजानुमेरुदण्डासन	2 मिनट कम से कम
82.	सरलहस्त भुजंगासन	5 मिनट कम से कम
83.	उत्थितैकपाद भुजंगासन	3 मिनट कम से कम
84.	उत्थित पादशीर्ष भुजंगासन	2 मिनट कम से कम

❑❑



24

उपसंहार तथा निष्कर्ष

योग समस्त ज्ञानों में सर्वोत्तम है। क्योंकि योग के अंगों का अनुष्ठान करने से शुद्धि एवं विवेक ख्याति प्राप्त होती है। जैसा की '*योगदर्शन*' में कहा है—**'योगाङ्गानुष्ठानाद्शुद्धिक्षये ज्ञानदीप्ति राविवेक ख्यातेः'**। (योग के अंग का अनुष्ठान करने से, अशुद्धि का नाश होने पर, ज्ञान का प्रकाश विवेक ख्याति तक हो जाता है) इसीलिए '*गोरक्ष संहिता*' में कहा है—

योगशास्त्रं पठेन्नित्यं किन्मयैः शास्त्रविस्तरैः।
यत्स्वयं चादिनाथस्य निर्गतं वदनाम्बुजात्॥

अर्थात्—जो पुरुष नित्य प्रति योग शास्त्र को पढ़ता है, उसे किसी अन्य शास्त्र के विस्तार की क्या आवश्यकता है? क्योंकि यह शास्त्र साक्षात् आदिनाथ शिवजी के मुखारविन्द से ही निकला है।

योगशास्त्राध्ययने साधकस्य कृतकृत्यता।
स्नातं तेन समस्ततीर्थ सलिलं दत्ता द्विजेभ्यो धरा॥
यज्ञानां च हुतं सहस्त्रमयुतं देवाश्य संपूजिताः॥
स्वाद्वन्नेन सुतर्पिताश्च पितरः स्वर्ग च नीताः पुनः
यस्य ब्रह्मविचारेण क्षणमापि प्राप्नोतिधैर्य मनः॥

अर्थात्—जिसने योगशास्त्र का अध्ययन कर लिया, उसने मानो सभी तीर्थों के जल में स्नान कर लिया, उसने मानो ब्राह्मणों को पृथ्वी का दान दिया और हजारों यज्ञों में आहूतियां दे डालीं। मानो सभी देवताओं का पूजन और पितरों का तर्पण करके उन्हें स्वर्ग की प्राप्ति करा दी। क्योंकि उक्त सभी फल इसके द्वारा ब्रह्मचिन्तन करने में क्षण भर में ही प्राप्त हो सकते हैं।

(लेकिन पढ़कर समझना, गुनना और आचरण में लाना ही प्रभाव उत्पन्न करता है। मात्र पढ़ना या रटना नहीं। इसीलिए '*कबीर*' ने कहा है—'**पोथी पढ़ि-पढ़ि जग मुआ...**')।

प्राण शक्ति व समस्त शक्तियों की केन्द्रभूता शक्ति कुण्डलिनी का जागरण मात्र योगविद्या द्वारा ही सम्भव है जिसके बल पर मनुष्य स्वयं परमात्मा हो जाता है। (यानि आत्मा परमात्मा में लीन होकर परमात्मा ही हो जाता है)।

इसीलिए वेदों, उपनिषदों, शास्त्रों आदि में उन्मुक्त कण्ठ से कुण्डलिनी शक्ति की महिमा का गुणगान किया गया है। यथा—'हे प्राणाग्नि! मेरे जीवन में उषा बनकर प्रकट हो और अज्ञान का अन्धकार दूर करो। ऐसा बल प्रदान करो जिससे देवशक्तियां खिंची चली आएं।'

—ऋग्वेद

'हे आत्माग्नि! तेरे द्वारा बल, प्रकाश, तेज, प्रतिभा, पराक्रम, ओज सभी मेरे भीतर से उभर रहे हैं। हे अग्नि, तेरे तैंतीस विभाग (मेरुदण्ड की 33 कशेरुकाएं जो 33 करोड़ देवताओं की ही प्रतीक हैं) मुझ पर अनुग्रह करें।'

—अथर्ववेद

'जिसकी कुण्डलिनी जाग जाती है उसकी बैखरी, मध्यमा, परा और पश्यन्ति वाणियां जागृत हो जाती हैं। अत: उसका कथन सत्य होकर रहता है।'

—महातन्त्र

'हे दिव्याग्नि! तू आयु, वर्चस, सुसंतति, धन, मेधा, रति, पौरुष बनकर हमें अपना अनुग्रह प्रदान कर।'

—यजुर्वेद

'कुण्डलिनी के जगते ही अन्तर में छिपे वैभव अनायास ही दृष्टिगोचर होने लगते हैं।'

—योगिनीतन्त्र

योग साधना द्वारा जगाई हुई कुण्डलिनी बिजली के समान तड़पती चमकती है। उससे जो सोया है, सो जाग जाता है, जो जागा है, वह दौड़ने लगता है (अर्थात् आत्मोत्थान एवं बहुविधि प्रगतियां होती हैं, अन्त: प्रेरणा व शक्ति मिलती है)।

—त्रिशिखब्राह्मण

जिसकी मूलाधार शक्ति सार ही है। उसका सारा संसार सो रहा है, जिसकी कुण्डलिनी जाग गई, समझो कि उसका भाग्य जाग गया।'

—महा योग विज्ञान

'कुण्डलिनी मूलाधार चक्र में स्थित आत्माग्नि तेज के मध्य में अवस्थित है। वह जीव की जीवनी शक्ति है। तेजस और प्राण आकार है।'

—योग कुण्डल्युपनिषद्

'यह कालाग्नि कुण्डलिनी जब अधोगामी होती है तो मनुष्य को अशक्त बना देती है। परन्तु जब ऊपर उठती है तो उच्च सिद्धियों को प्रदान करती हुई ब्रह्मलोक तक पहुंचती है।'

—बृहज्जाबालोपनिषद्

अत: योग और कुण्डलिनी का महत्त्व स्वत: सिद्ध है। इनके विषय में अधिक कहना भी सूर्य को जुगनू दिखाने के ही समान होगा। बहरहाल—योग या ध्यान, मंत्र या समाधि, कुण्डलिनी या सिद्धियां, शांति या मोक्ष—सभी कुछ मन और प्राणों के निरोध से ही सम्बन्ध रखते हैं। **मन से प्राण और प्राण से मन वश में आता है** अत: दोनों में से एक को साधे बिना योग मार्ग में सफलता मिल ही नहीं सकती। अत: समस्त शास्त्रों ने मन के संयम पर विशेष बल दिया है और सिद्धि प्राप्ति तथा उसे सहेज पाने के लिए पात्रता उत्पन्न करने का निर्देश दिया है।

जिस व्यक्ति का मन इन्द्रियों सहित जीत लिया गया है, वह तो जीता हुआ भी मुक्त या मोक्ष पाए हुए के समान ही है जैसा कि '*श्रीमद्भागवत् गीता*' में श्रीकृष्ण ने स्वयं कहा है—

इहैव तैर्जितः सर्गो येषां साम्ये स्थितं मनः।
निर्दोषं हि समं ब्रह्म तस्माद्ब्रह्माणि ते स्थिताः॥

अर्थात्—जिनका मन समत्व भाव में स्थित है, उनके द्वारा जीवितावस्था में ही सम्पूर्ण संसार जीत लिया गया हो, अर्थात् वे जीते हुए ही संसार में मुक्त है। क्योंकि सच्चिदानन्द घन परमात्मा निर्दोष और सम हैं। अत: वे सच्चिदानन्द धन परमात्मा में ही स्थित हैं।

इसके लिए सर्वप्रथम संशयों का नाश कर ज्ञान प्राप्त करना आवश्यक है। इसलिए ज्ञान के समान पवित्र कुछ भी नहीं माना गया—**'न हि ज्ञानेन सदृशं पवित्र मिह विद्यते।'** (ज्ञान के समान पवित्र इस संसार में निस्संदेह कुछ नहीं है)। तभी *गीता* में कृष्ण ने अर्जुन से कहा है—

अपि चेदसि पापेभ्यः सर्वेभ्यः पापकृतम्।
सर्वं ज्ञानप्लवेनैव वृजिनं संतरिष्यसि॥

अर्थात्—'यदि तू सब पापियों से भी अधिक पाप करने वाला है, तो भी ज्ञानरूपी नौका द्वारा नि:सन्देह सम्पूर्ण पापों को अच्छी प्रकार तर जाएगा।'

अत: कल्याण चाहने वाले को सर्वप्रथम ज्ञान प्राप्त करना चाहिए। तब अविद्या रूपी अन्धकार दूर होकर और ज्ञान का प्रकाश होकर वैराग्य उत्पन्न होता है। अत: संसार की नि:सारता, माया का प्रभाव व ब्रह्म का महत्त्व सहज ही समझ आ जाता है। भेद बुद्धि का नाश होने लगता है। आत्म तत्त्व को जानने की छटपटाहट उत्पन्न होने लगती है। व्यक्ति भौतिक स्तरों से ऊपर उठ जाता है। पात्रता के लिए उपयुक्त धरातल प्राप्त हो जाता है। अत: तब वह मन व इन्द्रियों को विषयों से कछुए के अंग सिकोड़ लेने के समान सिकोड़ कर अन्तर्मुखी करने में सफल होता है।

इस प्रकार चित्त वृत्ति निरोध से विषयों की विरसता से तथा मन, प्राण व इन्द्रियों के अन्तर्मुखी हो जाने पर वह सहज ही ध्यानावस्था को प्राप्त करता हुआ

अन्ततः समाधि तक पहुंचता है। तब उसके लिए सम्भव, असम्भव, भोग, मोक्ष, चमत्कार, सिद्धि आदि कुछ भी दुष्कर नहीं रहता। उसके समस्त मल, विकार, पाप और कर्म तक योगाग्नि में भस्म हो जाते हैं। तब वह कर्म बन्धन से मुक्त हो, योगाग्नि में परिस्कृत हो, कुण्डलिनी के प्रकाश में आत्म तत्त्व का साधात्कार करता है। और बिन्दु से सागर अथवा स्व से परम हो जाता है। इसीलिए महर्षि अष्टावक्र ने समस्त योगशास्त्रों का निचोड़ राजा जनक को दो पंक्तियों में कह दिया था।

मोक्षो विषयवैरस्यं बन्धो वैषयिको रसः।
एतावदेव विज्ञानं यथेच्छसि तथा कुरु ॥

—अष्टावक्र गीता

अर्थात्—विषयों में विरसता मोक्ष है। विषयों में रस बन्धन है। इतना ही विज्ञान है। (अब) तू जैसा चाहे वैसा कर।

—इति—

गोल्ड बुक्स (इण्डिया)

द्वारा प्रकाशित

हर घर के लिए उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक पुस्तकों का खजाना

ज्योतिष एवं धार्मिक

भारतीय ज्योतिष एवं लाल किताब	120.00
तंत्र मंत्र यंत्र द्वारा मनोकामना सिद्धि	50.00
शकुन अपशकुनन द्वारा भविष्य ज्ञान	50.00
वृहद हस्तरेखा शास्त्र	50.00
अनिष्टकारी ग्रहचाल कारण और निवारण	40.00
श्री शिव महापुराण	40.00
श्री विष्णु महापुराण	40.00
श्रीमदभागवत पुराण	40.00
जन्मदिन द्वारा भविष्य	40.00
पांव रेखा शास्त्र	40.00
अंक ज्योतिष	40.00
हिप्नोटिज्म के करिश्में	40.00

स्वास्थ्य एवं चिकित्सा

गोल्ड एलोपैथिक चिकित्सा	75.00	प्राकृतिक चिकित्सा	50.00
गुणकारी जड़ी बूटियां	50.00	सूर्य रंग रत्न द्वारा चिकित्सा	40.00
सम्पूर्ण योग शास्त्र	50.00	सिगरेट, शराब, तम्बाकू कैसे छोड़ें	30.00

महिलोपयोगी पुस्तकें

स्वादिष्ट शाकाहारी व्यंजन	50.00	लेडीज हैल्थ एण्ड ब्यूटी गाइड	40.00
ज़ायकेदार नाश्ते	50.00	सफल पत्नी कैसे बनें	30.00
लज़ीज़ मांसाहारी व्यंजन	50.00	गृह उपयोगी काम की बातें	
चटपटे अचार चटनी मुरब्बे	50.00	(Home Hints)	30.00
गर्भावस्था एवं शिशुपालन	40.00	गोल्ड होम टेलरिंग कोर्स	80.00

मेहन्दी

साजन की मेहन्दी	10.00	दुल्हन की मेहन्दी	10.00
मनभावन मेहन्दी	10.00	आओ मेहन्दी सीखें	10.00

अपने निकटतम बुक स्टॉल से गोल्ड बुक्स (इण्डिया) की पुस्तकें ही मांगे।
न मिलने पर हमें लिखें। (डाक खर्च अलग)

गोल्ड बुक्स (इण्डिया) 4537, दाईवाड़ा, नई सड़क, दिल्ली-110006

कुण्डलिनी शक्ति कैसे जागृत करें

सशैलवनधात्रीणं यथा धरोऽहिनायकः।
सर्वेषां योग तंत्राणां तथा धारोहि कुंडली।

अर्थात जिस प्रकार पर्वत, वन, सागर आदि को धारण करने वाली पृथ्वी का आधार अनन्त नाग है, उसी प्रकार शरीर की समस्त गति, क्रिया शक्ति ऊर्जा व समस्त योग तन्त्रों का आधार कुण्डलिनी शक्ति है।

सम्पूर्ण ब्रह्मांड में जितनी भी शक्तियां विद्यमान हैं उन सबको ईश्वर ने मनुष्य रूपी पिंड में एक स्थान पर एकत्रित कर दिया है यही शक्ति कुण्डलिनी शक्ति है।

'ह' अक्षर की भांति, साढ़े तीन लपेटे खाए हुये सर्पिणी की भांति सुप्त पड़ी रहने वाली यह शक्ति जब यौगिक उपायों द्वारा गति प्राप्त करने पर ऊपर की ओर बढ़ती है तब यह अद्भुत शक्ति कुण्डलिनी जैसे-जैसे चक्रों का भेदन करती है, वैसे-वैसे ही मनुष्य चमत्कारी एवं आलौकिक शक्तियों को प्राप्त करता जाता है।

प्रस्तुत पुस्तक में इस गुप्त महाविद्या का विस्तृत, सचित्र एवं सरल विवरण है। पुस्तक में कुण्डलिनी परिचय, कुण्डलिनी जागरण के उपाय, अष्टांग योग, ध्यानयोग, हठ योग, सभी मुद्रायें, एवं तंत्र एवं मंत्र द्वारा कुण्डलिनी जागरण पर विस्तृत प्रकाश डाला गया है।

प्रस्तुत पुस्तक पढ़कर कुण्डलिनी जागृत कर अब आप भी उन चमत्कारी एवं आलौकिक शक्तियों को प्राप्त कर सकते हैं जो [illegible]स्त करती हैं।

पवन पॉकेट बुक्स

ISBN-81-87673-67-2

डॉ. राकेश गिरी

कुण्डलिनी योग



कुण्डलिनी योग

राकेश गिरी

सत्यम् पब्लिशिंग हाऊस
नई दिल्ली-110059

ISBN 978-93-80190-68-6

© सुरक्षित

प्रथम संस्करण : 2011

प्रकाशक
आर. डी. पाण्डेय
सत्यम् पब्लिशिंग हाउस
N.3/25, मोहन गार्डन, नई दिल्ली-110059
दूरभाष : 011-25358642
शोरूम : 4378/4बी, 305, जे.एम.डी. हाऊस,
मुरारीलाल स्ट्रीट, अंसारी रोड, दरियागंज, नई दिल्ली-110002
मो. 09968277749

शब्द संयोजक :
श्री कृष्णा कम्प्यूटर ग्राफिक्स
दिल्ली–32

मुद्रक :
विशाल कौशिक प्रिन्टर्स
शाहदरा, दिल्ली-93

भूमिका

भूमिका :

कुण्डलिनी स्वयं में एक ऐसी शक्ति है जिसका वर्णन करने के लिए प्राचीन एवं अर्वाचीन विद्वानों ने अपने देश काल एवं परिस्थिति के अनुसार भिन्न–भिन्न प्रकार के निकटतम रूपक प्रयोग किये हैं। कहीं कुण्डलिनी को नारी–पुरूष की सम्मिलित सत्ता का रूप देने के लिए अर्द्धनारीश्वर भगवान की कल्पना की गई है तो कहीं उसकी सर्प वृत्ति का ध्यान करके "साढ़े तीन कुण्डली मारे सर्प" को संज्ञा दी गयी है। आज के परिप्रेक्ष्य में हम इसे विद्युत शक्ति के समान ही एक शक्ति मान सकते हैं। विद्युत शक्ति हीटर में लगा देने पर गर्मी, कूलर में लगा देने से ठंडक, टी.वी. में चलचित्र, रेडियों में गाना, रोगी में स्वास्थ्य आदि देती है। तात्पर्य यह है कि शक्ति एक ही है वह अलग–अलग विधि से प्रयोग करने पर अलग–अलग कार्य सम्पन्न कर सकती है। इस प्रकार कुण्डलिनी शक्ति को भी विभिन्न प्रकार के – सात्विक, राजसिक और तामसिक कार्यो के लिए प्रयुक्त किया जा सकता है।

कुण्डलिनी जागरण का अर्थ है अपने अंदर छिपे पड़े प्राणशक्ति के भण्डार का योग साधना के माध्यम से स्फोट प्रक्रिया द्वारा रहस्योद्घाटन आत्म कल्याण एवं लोक कल्याण के निमित्त। इसके लिए उस द्वार तक पहुंचने के अनेकानेक मार्ग हैं जहाँ वह चाबी लगायी जाती है जो प्राणाग्नि को उच्चस्तरीय ऊर्जा में बदलकर साधक का ब्रहम्वर्चस् बढ़ा देती है, किंतु कोई भी मार्ग बिना मार्गदर्शक के पार नहीं किया जा सकता। हमारी सुषुम्ना नाड़ी जो मूलाधार से सहस्त्रार तक नीचे से ऊपर सर्पिणी की भांति साढ़े तीन फेरे लगा कर पहुंच कर क्षीर सागर में बैठे सहस्रफणि सर्प में बदल जाती है, हमारी जीवन ऊर्जा का मूलाधार है। इड़ा पिंगला नाड़ी इस प्राणशक्ति की ऊर्ध्वगमन प्रक्रिया साधक की इच्छानुसार नियंत्रण में सहायता करती है। नीचे से ऊपर तक ऐसे अनेकानेक द्वार है, जिनका क्रमशः भेदन कर साधक अपने सहस्त्रार चक्र के आनंदमय कोष को जगा सकता है। व आत्म बोध के चरम लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। मूलाधार रूपी नीचे वाले द्वार के पास

रूद्रग्रंथि है तो सूर्यचक्र के पास शरीर मध्य में विष्णु ग्रंथि एवं मस्तिष्क मध्य ब्रम्हाग्रंथि। इसी प्रकार सूक्ष्म व कारण शरीर को लपेटे पाँच कोष हैं जिनसे यह हमारा समग्र ढांचा विनिर्मित हुआ है। यह चौदह रत्न यदि मनुष्य हस्तगत कर ले तो वह देवोपम स्थिति में बंधनमुक्ति एवं आत्म साक्षात्कार की स्थिति में पहुंच जाता है।

कुण्डलिनी विज्ञान का अनुसंधान वस्तुतः प्रसुप्त की जागृति का विज्ञान ही है यदि यह योग सध सके तो शारीरिक, बलिष्ठता, मानसिक प्रतिभा एवं आत्मिक वर्चस्व को असाधारण रूप से बढ़ाया जा सकना संभव है। कुण्डलिनी शक्ति की तुलना विद्युत ऊर्जा या आभा से की गयी है। ''तडिल्लता समरूचिर्विद्युल्लेखेव भास्वरा'' सूत्र में उसे बिजली की लता रेखा जैसा ज्योतिर्मय बताया गया है। इसी प्रकार एक अन्य स्थान पर उसे प्रचंण्ड अग्नि रेखा एवं दिव्य वैश्वानर अग्नि की उपमा दी गयी है। कुण्डलिनी वस्तुतः प्राणाग्नि के रूप में जीवनशक्ति प्राणशक्ति के रूप में ब्रम्हाण्डीय चेतना की आत्मसत्ता में प्रतिष्ठापित प्रतिमूर्ति है जिसका संचालन वह पराप्रकृति ही करती रहती है। यह मानवीय विद्युत शरीर के इर्द–गिर्द फैले तेजोबलय के रूप में शरीर मस्तिष्क के चारों ओर देखी जा सकती हैं यह एक प्रकार का ''आध्यात्मिक डायनामाइट'' है जिसकी ऊर्जा यों तो मनुष्य के कण–कण में विद्यमान है किंतु मस्तिष्क हृदय और जननेन्द्रिय मूल में उसकी विशिष्ट मात्रा पायी जाती है।

प्राणाग्नि कुण्डलिनी ही जीवट प्रतिकूलताओं से लड़ने वाली जीवनी शक्ति व जिजीविषा–हिम्मत के रूप में मनुष्य में कूट–कूट कर भरी है। मनुष्य के सूक्ष्म शरीर में यह प्रसुप्त ऊर्जा छह तालों की तिजोरी के रूप में बंद है जो षट्चक्र के रूप में भँवर नाड़ी गुच्छक अथवा विद्युत्प्रवाह के रूप में सुषुम्ना व उसके चारों ओर स्थिति है। इसी मार्ग से मनुष्य ऊर्ध्वगमन कर ब्रम्हलोक पहुंचता है ऊर्ध्वगमन शब्द का पर्यायवाची शब्द है उत्थान, उत्कर्ष, अभ्युदय। इनसे उच्च स्तर के लोगों की स्थिति का आभास मिलता है। भौतिक बड़प्पन तो साधन सम्पन्नता के आधार पर निकृष्ट कोटि के व्यक्ति भी प्राप्त कर लेते हैं, पर आत्मिक महानता प्राप्त करने के लिए तो गुण, कर्म स्वभाव की उत्कृष्टता का सम्पादन ही एक मात्र उपाय है। कुण्डलिनी उत्थान से इसी आंतरिक उत्कर्ष की प्रेरणा मिलती है और अभ्युदय का आधार बनता है। जिसे मानव जीवन का सर्वोपरि सौभाग्य कहा जा सके।

विषय–सूची

क्र.	अध्याय	पृष्ठ संख्या
अध्याय – 1		7
	योग की परम्परा एवं इतिहास	
	योग शब्द का अर्थ एवं परिभाषा	
	योग की व्याख्याएँ	
	योग के प्रकार	
अध्याय – 2		33
	कुण्डलिनी क्या है?	
	कुण्डलिनी महाशक्ति की वैज्ञानिक व्याख्या	
	कुण्डलिनी महाशक्ति की पौराणिक व्याख्या	
	कुण्डलिनी महाशक्ति का स्वरूप और आधार	
	कुण्डलिनी का स्थान	
	कुण्डलिनी के नाम अनेक	
अध्याय – 3		63
	षट्चक्रों का स्वरूप और रहस्य59	
	कुण्डलिनी के चक्र	
	चक्रों की वास्तविकता का प्रमाण73–77	
	कुण्डलिनी के षट्चक्र और उनका वेधन	
अध्याय – 4		93
	कुण्डलिनी एवं उसका जागरण91	
	कुण्डलिनी जागरण की पूर्व तैयारी	
	कुण्डलिनी जागरणी की विधि	

कुण्डलिनी की प्रसुप्तावस्था
कुण्डलिनी की जाग्रतावस्था
कुण्डलिनी का स्वरूप
नाड़ियों का स्वरूप व नाड़ियों की संख्या
कुण्डलिनी जागरण, नादानुसंधान, समाधि और केवल्य की प्राप्ति

अध्याय – 5 103

कुण्डलिनी साधना क्यों किस प्रयोजन के लिए?
कुण्डलिनी जागरण से आत्मिक और भौतिक सिद्धिया

कुण्डलिनी जागरण से व्यक्तित्व में क्रांति
कुण्डलिनी साधना का मर्म एवं आवश्यक मार्गदर्शन

उपसंहार 228

संदर्भ ग्रंथ सूची 134

अध्याय – 1
योग की परम्परा एवं इतिहास

योग विद्या का इतिहास बहुत प्राचीन है जो स्वास्थ्य, सौंदर्य, शांति और आत्मदर्शन के अभिलाषी हैं वे योग का अभ्यास करते हैं। योग एक सच्ची विद्या है, जिसका फल प्रत्यक्ष प्राप्त होता है। वैदिक युग में ही जब ऋषियों ने ब्रम्ह–विद्या के संबंध में अन्वेषण किया तभी उन्हें योग विद्या की आवश्यकता प्रतीत हुई। वास्तुतः कुछ विद्वानों की मान्यता है कि वैदिक मंत्रों की रचना योग के अभ्यास की उच्चतम भूमिकाओं का ही परिणाम है जिसे पतंजलि ने ऋतुंभरा प्रज्ञा कहा है यह ऋतु विश्व के उन प्रथम धर्मो की संज्ञा है जिससे प्रजापति सृष्टि का विधान करते हैं। समष्टि मन और व्यष्टि मन दोनों ही उसके परिणाम है। वस्तुतः ऋतु से अनुप्रविष्ट मानव चित्त ही योग की उपलब्धि है मानव का मन जब ब्रम्हरूप ऋतु से संयुक्त हो जाता है उसे उसी ऋतुंभरा प्रज्ञा की स्थिति में विश्व के जिन सत्यों का दर्शन होता है वे ही वैदिक मंत्रों में प्रकट हुए हैं। कोषों के अनुसार वैदिक मंत्रों का अर्थ पर्याप्त नहीं है मनः समाधि की उच्चतम भूमिका में मंत्रों का दर्शन होता हैं उस समाधि में सत्य दर्शन की क्षमता जिन्हें प्राप्त हुई वे ही ऋषि थे अतः ऋषियों को मंत्र दृष्टा कहा गया। सत्य दर्शन की अभिलाषा मानव का सहज धर्म है। अतः योग विद्या की आवश्यकता उसके बाद सदा रही है।

योग की परम्परा अत्यंत प्राचीन है इसमें तो कोई शक हो नहीं सकता वह कितनी प्राचीन है, उसको प्रारंभ किसने किया, और कब किया, इन प्रश्नों का सीधा एक ही उत्तर देना शायद संभव नहीं होगा। परंतु प्राचीन साहित्य में योग का प्रारंभ किसने किया इसके संबंध में उल्लेख मिलते हैं। जैसे – गीता के चतुर्थ अध्याय में प्रारंभ में श्रीकृष्ण जी ने अर्जुन से कहा कि "इस योग का उपदेश सृष्टि के आरंभ में मैने सूर्यदेवता विवस्वान को दिया, उसने

अपने पुत्र मनु को वह योग सिखाया, मनु ने इक्ष्वाकु को बताया और फिर एक राजर्षियों की लम्बी परम्परा चली। अन्त में वह योग लुप्त हो गया। उसी को मैने आज तुम्हारे सामने पुनः प्रकट किया है।''

विवस्वते योगं प्रोक्तवान हमव्ययम्।
विवस्वान्मनवे प्राह मनुरिक्ष्वाकवेऽ ब्रतीत।।

गीता – 4 : 1

एवं परम्पराप्राप्तमिमं राजर्षयों विदुः।
स कालेनेह महता योगो नष्टः परंतप।। 4:2।।
स एवायं मया तेऽद्य योगः प्रोक्त पुरातनः।। 4:3।।

इसका अर्थ यह होता है कि स्वयं भगवान ने सृष्टि के प्रारंभ में ही योग की परंपरा की भी शुरूआत की थी। परंतु यह बात कब हुई, उसको कितने दिन या वर्ष हुए इस प्रश्न का उत्तर देना कठिन है।

योगविद्या सृष्टि के प्रारंभ में ही विद्यमान थी इस कल्पना का उल्लेख अन्यत्र भी मिलता है। ऋग्वेद के दसवें मंडल में कहा है कि हिरण्यगर्भ से, सबसे पहले निर्माण हुआ, उसी ने पृथ्वी, स्वर्ग आदि सभी को धारण किया।

हिरण्यगर्भः समवर्तताग्रे लोकस्य जातः पतिरेकः असीत्।
स दाधार पृथ्वीं द्यामुतैमां कस्मै देवाय हविषा विधेम।।

ऋग्वेद – 10:121:1

इस हिरण्यगर्भ को सभी विद्याओं का एवं कलाओं का आद्य प्रवर्तक माना जाता है। बृहद्योगियाज्ञवल्क्य स्मृति में हिरण्यगर्भ को योग का उत्पत्तिकर्ता कहा गया है।

हिरण्यगर्भो योगस्य वक्ता नान्यः पुरातनः।। 12:5।।

पंतजलि के योगशास्त्र में पृथ्वी को जिन्होंने अपने मस्तक पर आधार दिया है उस शेषनाग को योग के प्रारंभकर्ता के रूप में माना गया हैं पंतजलि उन्हीं शेषनाग के अवतार थे, ऐसी मान्यता है। पंतजलि के प्रमुख भाष्यकार व्यास ने अपने भाष्य के आरंभ में शेषनाग का नमन करते हुए उन्हें योग को देने वाले (योगदः) तथा योग के मूर्तिमंत आविष्कार (योगयुक्तः) कह के पुकारा है। इस नमन के श्लोक के अनुसार योग की परंपरा पृथ्वी से भी पुरानी हो जाती है।

ऐसा ही एक उल्लेख हठयोग के संबंध में हठप्रदीपिका के प्रारंभिक श्लोक में मिलता है। वहॉ पर स्वात्माराम ने भगवान शिव को ''आदिनाथ''

शब्द से कहते हुए "उन्होंने हठयोग का सर्वप्रथम उपदेश दिया" ऐसा वर्णन किया है –

श्री आदिनाथाय नमोऽस्तु तस्मै येनोपदिष्टा हठयोग विद्या । .....

।। 1:1 ।।

इन चारो के उल्लेखों से योग के दैवी या दिव्य उत्पत्ति की कल्पना सामने आती है। परंतु मनुष्यों ने उसका उपयोग कब से प्रारंभ किया इस प्रश्न का उत्तर इन उल्लेखों में नहीं मिलता। हिरण्यगर्भ, भगवान शिव या शेषनाग, इनमें से कोई ऐतिहासिक व्यक्ति नहीं है। परंतु इन उल्लेखों से शायद हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि इतिहास की पहुंच जहां तक पीछे जा सकती है उस काल में भी योगविद्या विद्यमान थी।

योग के इतिहास को हम पांच खण्डों में बांट सकते हैं इनमें सबसे प्रथम कालखण्ड श्रुतिकाल था। यह एक लम्बा समय था जो वेदों की रचना के समय से लेकर बुद्ध भगवान के बाद लगभग दो शताब्दियों तक रहा। दूसरे खण्ड को दर्शनों का काल कह सकते हैं जिसमें कहा जा सकता है, तृतीय शताब्दि ईसवी से दसवीं शताब्दि तक का काल था। इसके बाद के चौथे काल खण्ड में भक्ति तथा हठयोग इन दो धाराओं का विकास हुआ। इसके बाद उन्नीसवीं शताब्दी के मध्य से हम योग के इतिहास का आधुनिक काल मान सकते हैं। इन काल खण्डों की सीमा रेखाएं सुस्पष्ट और निश्चित नहीं हैं। ये पांच कालखण्ड सामान्य प्रवृत्तियों के आधार पर ही बनाये जा सकते है, और ये प्रवृत्तियां कई बार एकदम भिन्न न होकर एक दूसरे से मिली हुई नजर आती हैं। इन पांच काल खण्डों में योग का स्वरूप क्या था, उसका विकास एवं प्रचार किस प्रकार हुआ था। इसकी जानकारी हमें उस काल के साहित्य से मिलती है।

श्रुतिकाल :

श्रुतियों में योग की अनेक संकल्पनाओं का स्पष्ट उल्लेख विभिन्न स्थानों पर मिलते हैं। युजुर्वेद में शरीस्थ पांच वायुओं का तेज बढ़ने के लिए इस प्रकार प्रार्थना की गयी है।

प्राणाय में वर्चोदा वर्चसे पवस्व व्यानाय मे वर्चोदा
वर्चसे पवस्व उदानाय ..... ।। युजुर्वेद :– 7:27 ।।

अथर्ववेद में कहा है कि, जानकार लोग शरीर के सभी स्थानों से प्राण

एकत्रित करके दिव्य लोक को प्राप्त करते हैं –

प्रजानन्तः प्रतिगृण्हन्तु पूर्वे प्राणमङ्.गेभ्यः पर्यावचरन्तम्।
दिवं गच्छ प्रतिष्ठिता शरीरैः स्वर्ग याहि पथिभिर्देवयानैः।।
अथर्ववेदः – 2:34:5।।

अथर्ववेद के एकादश काण्ड में एक पूरा सूक्त प्राण के महत्व को वर्णन करने के लिए रचा गया है। (चतुर्थ सूक्त) वृहदारण्यकोपनिषद् में कहा है कि प्राण, अपान, व्यान, उदान तथा समान ये सभी वायु प्राण ही है।

प्राणोऽपानो व्यानोदानः समानोऽनमित्येतत्सर्वं
प्राणमेवैतत्।। 1:5:3 ।।

छांदोग्य उपनिषद में (1:3:3) प्राण, अपान, व्यान आदि वायुओं की व्याख्या की गयी है। इस प्रकार योग की वायु की संकल्पना श्रुतिकाल में ही सुस्पष्ट हो चुकी थी ऐसा कहा जा सकता हैं। वायुओं के साथ नाड़ियों की कल्पना जुड़ी हुई है। इनके भी वर्णन श्रुतियों में आये हैं। ये नाड़ियां शुक्ल, नील, पीत, लोहित आदि वर्णो की होती है। ऐसा वर्णन छांदोग्य उपनिषद (8:6:1) में आया है। ''सुषुप्ति की अवस्था में इन नाड़ियों में प्राण स्थिर होता है, तब मनुष्य स्वप्न नहीं देखता और कुछ भी नहीं जानता'', ऐसा वर्णन इसी उपनिषद (8:6:3) में किया गया है।

कठोपनिषद् में हृदय से निकलने वाली नाड़ियों की संख्या एक सौ एक बतायी है, तथा उनमें से एक नाड़ी, जो ऊपर मस्तिष्क की ओर जाती है, उसमें से जो व्यक्ति अपने प्राण ऊपर ले जाता है, वह अमृतत्व को प्राप्त होता है, ऐसा कहा गया है। यह सुषुम्ना नाड़ी का उल्लेख है, ऐसा निश्चित कह सकते हैं –

शतं चैका च हृदयस्य नाऽयस्तासां मूर्धानमभिनिः सृतैका।
तयोर्ध्वमायन्नमृतत्वमेति विश्रंऽन्या उत्क्रमणे भवन्ति।।
कठोपनिषद् : 2:3:16 ।।

इस नाड़ी से प्राण को ऊपर ले जाने का अर्थ यह हो सकता है कि श्रुतिकाल में भी कुण्डलिनी शक्ति तथा उसके जागरण के द्वारा मोक्ष प्राप्ति का अनुभव रखने वाले ऋषि–मुनि हुआ करते थे, भले ही उन्होंने कहीं ''कुण्डलिनी'' यह नाम न लिया हो।

मस्तिष्क में प्राण ले जा कर उसके आत्मदर्शन करने का वर्णन तैत्तिरीय उपनिषद् में भी आया है।

स य एषोऽनतर्हृदय आकाशः तस्मिन्नयं पुरूषो मनोमयः।
अमृतो हिरण्यमः। अंतरेण तालुके य एषस्तन इवा –
वलंबते सेन्द्रयोनिः ।। 1:6:1 ।।

आदि शंकराचार्य ने इस मंत्र पर अपने भाष्य में इसका स्पष्टीकरण करते हुए सुषुम्ना नाड़ी को "स्वरूप प्राप्ति का द्वार" कहा है।

मुण्डकोपनिषद् में इसका वर्णन हृदयग्रंथि को खोलने की परिभाषा में किया गया है।

भिद्यते हृदयग्रंथिश्रिच्छद्यंते सर्व संशयाः।
क्षीयन्ते चास्य कर्माणि तस्मिन दृष्टे परावरे।।
मुण्डकोपनिषद् – 2:2:8 ।।

मुक्ति या आत्मदर्शन की उस स्थिति को प्राप्त करने के साधन के संबंध में मुण्डकोपनिषद् में (3:2:6) "संन्यासयोग" शब्द का, तथा श्वेताश्रवतर उपनिषद् में (2:8 तथा 2:9) ध्यानात्मक आसन में स्थिर बैठकर मन को एकाग्र करने का तथा प्राणायाम के कुंभक एवं रेचक का स्पष्ट उल्लेख आया है। मन को अपने वश में करना, यही इन दोनों का उद्देश्य बताया है।

इनके अलावा श्रुतियों में योग के संबंध में अन्य अनेक उल्लेख मिलते हैं। उन सबको यहाँ। पर लिखना आवश्यक नहीं है। इन उल्लेखों से यह बात स्पष्ट हो जाती है कि श्रुतिकाल में योग के शारीरिक, मानसिक तथा आध्यात्मिक पक्ष को भली–भांति जानने वाले, तथा उसके अंतिम लक्ष्य को अपने जीवन में प्रत्यक्ष अनुभव करने वाले साधन एवं सिद्ध लोग भारतवर्ष में थे। परन्तु योग के सभी तथ्य एवं संकल्पनाओं का संग्रह करके उसका एक स्वतंत्र शास्त्र एवं दर्शन बनाकर उसकी प्रतिष्ठापना करने का कार्य अभी नहीं किया गया था। वह कार्य पंतजलि ने ईसा पूर्व द्वितीय शताब्दी के आस–पास सम्पन्न किया, ऐसी विद्वानों की मान्यता है। उसके साथ योग के इतिहास का द्वितीय कालखण्ड आरम्भ हुआ।

दर्शनों का काल :

इस काल में भारतीय दर्शन की अन्यान्य शाखाओं के सिद्धांत एकत्रित रूप में सूत्रग्रंथों में संग्रहित किये गये। प्रत्येक दर्शन ने अपने सिद्धांतों का मण्डन तथा अन्य दर्शनों के सिद्धांतों का खण्डन किया। योगसूत्र के अलावा भगवद्गीता, योगवशिष्ठ, योगयाज्ञवल्क्य आदि की रचना भी इसी कालावधि में हुई, ऐसा मानते हैं। तंत्र, पुराण, स्मृतियां जैसे मनुस्मृति, याज्ञवल्क्य स्मृति,

दक्षस्मृति, आदि जिनमें यत्र–तत्र योग के सिद्धांत एवं आचारों का वर्णन मिलता है, वे भी इसी काल की देन है। जैन तथा बौद्ध धार्मिक संप्रदायों के अंतर्गत योग साहित्य भी इसी काल में लिखा गया। इस काल में योग का एक सुनिश्चित शास्त्र बन गया। विश्व की रचना आत्मा एवं सृष्टि का स्वरूप, मनुष्य जन्म का अंतिम लक्ष्य तथा उसकी प्राप्ति के साधन आदि के संबंध में सैद्धांतिक एवं आचार के पक्ष स्थापित हुए हैं। इनमें से कुछ सिद्धांत जैसे द्वैतवाद, जीवों की अनेकता, सृष्टि का क्रम आदि अन्य दर्शनों ने नहीं माने। परंतु योग की आचार पद्धति जैसे यम, नियम, आसन, प्राणायाम, ध्यान एवं समाधि के संबंध में किसी भी दर्शन में आपेक्ष या आशंका नहीं उठायी गयी। सिद्धांतों के बारे में चाहे जितनी मतभिन्नता रही हो, इन आचारों का सभी विचारकों ने समान रूप से आदर किया। मुक्ति के सर्वोत्तम साधक के रूप में योग के अभ्यास, धारणा, ध्यान आदि सभी पक्षों ने स्वीकार किये। इस द्वितीय काल खण्ड को हम सूत्रग्रंथो का या स्मृतियों का काल (सूत्रकाल या स्मृति काल) भी कह सकते हैं। इसके तुरंत बाद चौथी शताब्दी ईसवी से टीकाग्रंथों का काल आरंभ हुआ।

टीकाओं का काल :

यह लगभग दसवी शताब्दी ईसवी तक जारी रहा। योग–सूत्र पर व्यास भाष्य की रचना चौथी शताब्दी में हुई, ऐसा मानते हैं। उस भाष्य के आधार पर विज्ञान भिक्षु, भोजदेव, वाचस्पति मिश्र एवं नागोजी भट्ट ने अपनी टीकाएं लिखीं। योग के सिंद्धातों की एवं मूलभूत मान्यताओं की विस्तार से चर्चा इन टीकाओं में पायी जाती है। भारतवर्ष के इतिहास का यह सर्वोच्च समय था इसमें विविध कला एवं विद्याओं का समुचित विकास हुआ। योग पर अनेकग्रंथ इस काल खण्ड में लिखे गये। योग उपनिषद, भक्ति के ग्रंथ, स्त्रोत ग्रंथ इसी समय लिखे गये। स्मृतियाँ, पुराण तथा तंत्र के अनेक प्राचीन ग्रंथ इस काल खण्ड के आरंभ में लिखे गये। योग दर्शन का अन्य दार्शनिक परम्पराओं से तालमेल साधने का प्रयास अनेक दार्शनिकों ने इसी काल खण्ड में किया।

भक्ति एवं हठयोग के उत्कर्ष का काल :

यह कालखण्ड लगभग दसवीं शताब्दी से आरंभ होकर उन्नीसवीं शताब्दी के अन्त तक मान सकते हैं। इस काल में नाथ सम्प्रदाय का प्रसार हुआ। शारीरिक क्रियाओं के द्वारा मन को वश में करना यह उसकी विशेषता

थी। भक्ति सम्प्रदाय के विकास का भी यही समय था। हठयोग के ग्रंथ, जैसे हठयोग प्रदीपिका, घेरण्ड संहिता तथा तंत्र के अनेक ग्रंथों की रचना इस काल के मध्य में हुई। यह भारत पर इस्लाम एवं ईसाई धर्म के आक्रमणों का काल था। आक्रमणों से संघर्ष समूचे देश में होता रहा। आक्रमणों के दौरान अनेक आश्रम, संस्थायें, पुस्तकें तथा परम्परा इन सबका बड़े पैमाने पर विध्वंस हुआ। योग के क्षेत्र में वास्तविक जानकार लोग बहुत कम बचे। समाज में अनेक अंधविश्वास, कुरीतियाँ तथा गलत धारणायें फैलने लगीं। सामाजिक जीवन का सभी क्षेत्रों में ह्रास हुआ। ब्रिटिश शासन के समूचे देश में फैल जाने के समय धार्मिक एवं सामाजिक अवनति की पराकाष्ठा हो गयी थी अज्ञान एवं अंधकार के इस युग की समाप्ति होकर एक नये जागरण एवं पुनुरूत्थान का प्रारंभ स्वामी विवेकानंद एवं अन्य मनीषियों के प्रयत्नों से हुआ इस पुनर्जागरण के समय को हम आधुनिक कालखण्ड कह सकते हैं।

आधुनिक काल :

स्वामी विवेकानंद जी ने देश के नवयुवकों को राष्ट्रीय पुनरूत्थान की जो प्रेरणा अपने भाषणों से तथा विचारों से दी, उसके साथ योग के इतिहास में एक नये अध्याय का प्रारंभ हुआ। योग एवं वेदान्त का एक समन्वित दृष्टिकोण उन्होंने लोगों के सामने रखकर दुनियां के लोगों को योगसाधना की ओर आकृष्ट किया। उन्होंने देश विदेश में योग के क्षेत्र में जो नव चेतना जागृत की उसको अनेक आधुनिक योगियों ने सर्वत्र प्रसारित किया इनमें महर्षि दयानंद, स्वामी श्रद्धानंद, रमण महर्षि, योगी अरविन्द आदि का योगदान महत्वपूर्ण रहा।

वर्तमान समय के योग के स्वरूप पर दो योगियों का सबसे अधिक प्रभाव रहा ऐसा दिखाई देता है। ये दो मनीषि हैं – ऋषीकेश के स्वामी शिवानंद तथा लोनावला के स्वामी कुवलयानंद, स्वामी शिवानंद के दिव्य जीवन संघ से प्रशिक्षित एवं प्रेरित होकर तथा उनके निजी व्यक्तित्व से प्रभावित होकर वर्तमान समय के अनेक स्वामियों ने भारतवर्ष में तथा विदेशों में योग के प्रचार–प्रसार का महत्वपूर्ण कार्य किया है। स्वामी कुवल्यानंदजी ने वैज्ञानिक तथ्यों के एवं तकनीक के आधार पर योग के विभिन्न प्रायोगिक अंगों का मूल्यांकन करने की आवश्यकता पर जोर दिया, और उस अनुसंधान के लिए "कैवल्यधाम" की संस्था स्थापित करके अपने अनुसंधान कार्य को "योग मीमांसा" पत्रिका में प्रकाशित करना 1919 ईसवी में प्रारंभ किया।

उनके इस प्रयास की उपयोगिता के संबंध में वैज्ञानिक तथा योगी आशंकित थे। वैज्ञानिक मानते थे कि योग में मात्र कुछ चमत्कारों के अलावा और कोई तथ्य है ही नहीं। दूसरी ओर योगी लोगों का कहना था कि योग की प्रक्रियाओं तक योग की पहुंच नहीं हो सकती। परंतु योग मीमांसा पत्रिका में प्रथम चार–पांच वर्षो में ही योग के क्षेत्र में जो वैज्ञानिक अनुसंधान के लेख छपे, उनसे संसार में सर्वत्र स्वामी जी के नये दृष्टिकोण का स्वागत होने लगा।

इस वैज्ञानिक प्रक्रिया की सबसे आधुनिक कड़ी है – शरीर विज्ञान, मनोविज्ञान एवं वैद्यक शास्त्र के चिकित्सकों का योग की उपयोगिता से प्रभावित होना। वर्तमान समय में अनेक रोग विशेषज्ञ दवाईयों के साथ–साथ रोगों की चिकित्सा में योग का भी उपयोग करने लगे हैं। यह योग के इतिहास में सबसे आधुनिक आविष्कार है, जिसका प्रचार स्वास्थ्य रक्षा, खेलकूद, मनोकायिक चिकित्सा आदि अनेक क्षेत्रों में होने लगा है। इससे योग के इतिहास में एक नया परिवर्तन आने की संभावना दिखाई देती है। उससे सामान्य मनुष्य के दैनिक जीवन में योग को एक महत्व का स्थान प्राप्त होगा, और शारीरिक, मानसिक तथा सामाजिक स्वास्थ्य की रक्षा में आने वाली पीढ़ियाँ इसका अधिकाधिक उपयोग करेंगी, ऐसा निश्चित कहा जा सकता है।

"योग" शब्द का अर्थ एवं परिभाषा

"योग" संस्कृत भाषा का एक प्राचीन काल से प्रचलित शब्द हैं। योगः योगम् योगे, योगेन, योगैः आदि इस शब्द के अनेक रूप वेदों की संहिताओं में पाये जाते हैं। पाणिनी के योग शब्द की व्युत्पत्ति "युजिर योगे" एवं "युज समाधौ" इन दो प्रकारों से दी गयी है। प्रथम व्युत्पत्ति के अनुसार योग शब्द का अनेक अर्थो में प्रयोग किया गया है जैसे – जोड़ना, मिलाना, जोड़ मेल, कोई विशेष प्रसंग, नक्षत्र तारकाओं की कोई विशेष स्थिति, आदि। ऋगवेद में वैदिक ऋषियों ने इन्द्र या अग्नि के स्तवन में योग शब्द का इस प्रकार उपयोग किया है।

स धा नो योग आ भुवत स राये स पुरंध्याम्।
गमद्वोजेभिरा स नः ।। ऋग्वेद – 9:5:3 ।।

अर्थात – हे इंद्र हमने अभी तक जो प्राप्त नहीं किया उस सम्पत्ति को पाने में तुम हमारे साथ रहो। तुम अपने सामर्थ्य से हमारी साधना में साथ दो।

अग्नि की उपासना करने वाले ऋषि कहते हैं –

यस्माद्वते न सिध्यन्ति यज्ञो विपश्चितश्चन।
स धीनां योगमिन्वति।। ऋग्वेद – 9:18:7 ।।

अर्थात – यज्ञ करने वाले ऋषियों की बुद्धि की एकता अग्नि करता है। अयन्त्र ऋषियों ने उनके प्रत्येक कार्यो में सहायता करने के लिए (योग योगे) तथा युद्ध में विजय प्राप्ति के लिए इन्द्र की प्रार्थना इस प्रकार की है –

योगे योगे तवस्तरं वाजे वाजे हवामहे।
सखायः इन्द्र मूर्तये।। ऋग्वेद – 1:30:7 ।।

ऋग्वेद के दसवें मण्डल में छन्दों की रचना को "छन्दसां योगः कहा गया है।

कः छन्दसा योगमावेद धीरः। कोधिव्यांप्रति वाचं प्रपाद।।
।। ऋग्वेद – 10:11:49 ।।

ऋग्वेद में पाये जाने वाले "योग" शब्द के इन उल्लेखों से एक बात तुरंत स्पष्ट हो जाती है कि जिस अर्थ में आज हम "योग" शब्द का सामान्यतः प्रयोग करते हैं जैसे कि आसन, प्राणायाम या ध्यान, धारणा के अर्थ में उस अर्थ से युग्वेद में प्रयुक्त "योग" शब्द मेल नहीं खाता। "योग" शब्द के वर्तमान समय के अर्थ को यदि हम तकनीकी अर्थ कहे तो इस तकनीकी अर्थ में "योग" शब्द का प्रयोग "सामान्य अर्थ में किया गया है। इसी अर्थ में यह शब्द अथर्ववेद में भी पाया जाता है। वहां पर "अष्टा योगैः" तथा "षड़योगोभिः" इन शब्दों से आठ या छः बैलो से चलाये जाने वाले हल का उल्लेख किया है।

इमं यवमष्टायोगैः षड्योगेभिरचकृतुः।। अथर्ववेद – 6:91:9 ।

इसी प्रकार बृहदारण्यकोपनिषद् में "रथयोगाः" शब्द का प्रयोग रथ के जोड़ हुए घोड़ों के अर्थ में पाया जाता है।

न तत्र रथा न रथयोगा न पन्थानो।। बृहदारण्यकोपनिषदः
4:3:10 ।।

ये सभी "योग" शब्द के सामान्य अर्थ के ही उदाहरण हुए। इस अर्थ में योग शब्द का प्रयोग बाद के संस्कृत साहित्य में तथा अन्य भारतीय भाषाओं में प्रचुर मात्रा में मिलता है। वियोग, संयोग, आयोग, प्रयोग, विनियोग, सहयोग युक्त, आयुक्त, अयुक्त, युक्तात्मा आदि "योग" शब्द के अनेक रूप संस्कृत एवं अन्य भाषाओं में प्रचलित हैं। वे सब "युजिर" धातु के

ही रूप हैं।

योग शब्द का तकनीकी अर्थ वैदिक संहिताओं में भले ही न मिलता हो, फिर भी वह अर्थ भी अत्यंत प्राचीन है ऐसा कहना पड़ेगा, क्योंकि कठोपनिषद् जैसे अत्यंत प्राचीन उपनिषद में इस अर्थ में योग शब्द की परिभाषा दी गयी है। योगशास्त्र, योग दर्शन, हठयोग, राजयोग, क्रियायोग, कर्मयोग, आदि शब्दों में "योग" शब्द का तकनीकी अर्थ संनिहित है। अतः यह हमेशा ध्यान में रखने की बात है कि "योग" शब्द के दो भिन्न–भिन्न अर्थ होते हैं। उनमें से एक अर्थ जो अधिक पुराना है, वह "युजिर–योगे" इस धातु से निकला है। इस सामान्य अर्थ में किन्हीं दो चीजों के मेल या जोड़ को योग कहा जाता है। दूसरा अर्थ जो बाद में योग शब्द के साथ जुड़ गया, वह "युज समाधौ" इस धातु से निकला है। वहां "योग" शब्द से मन को शांत करना, एकाग्र करना, वश में लाना, आदि अर्थ बनते हैं। और वह मन की उस स्थिति को प्राप्त करने के साधनों को भी अपने अर्थ में समाविष्ट कर लेता है जैसे आसन, प्राणायाम, ध्यान आदि। जोड़ने का संबंध केवल सामान्य अर्थ में हैं, तकनीकी अर्थ में नहीं। भगवद् गीता में "योग" शब्द सामान्य तथा तकनीकों, दोनों अर्थो में आया है। कालिदास के रघुवंश में रघुकुल के राजाओं का वर्णन करते समय "वे परमात्मा का ध्यान करते हुए शरीर त्याग करते थे" ऐसा कहा है। (योगेनान्ते तनुत्यजाम्..... ।। रघुवंश 9:8 ।।), यहां पर तकनीकी अर्थ में है। अन्य स्थान पर सामान्य अर्थ में "योगे" शब्द का प्रयोग भी मिलता है, जैसे दिलीप राजा एवं उनकी पत्नी सुदक्षिणा का वर्णन शिशिर ऋतु के पश्चात चित्रा एवं चन्द्रमा के समान (हिमनिर्मुक्तयोर्योगे चित्रा चन्द्रमसोखि रघुवंश :– 1:46 ।।) ऐसा कहा है।

"योग" शब्द के ऐसे तकनीकी एवं सामान्य ऐसे दो अलग अर्थ हैं, इस अर्थ को न समझने के कारण कुछ लोग "जोड़ना" इस अर्थ को ही तकनीकी संदर्भ में लगाकर "आत्मा तथा परमात्मा का मिलन" या "जीव का ईश्वर में लीन हो जाना" ऐसा भ्रांतियुक्त अर्थ कर बैठते हैं। परंतु योग शास्त्र के रचयिता पंतजलि के अनुसार कैवल्य की अवस्था में – जो कि योग का अंतिम लक्ष्य है – आत्मा किसी भी अन्य तत्व में लीन न होकर केवल अपने आप में, अपने निजी स्वरूप में अवस्थित होकर रहती है।

तदा द्रष्टुः स्वरूपेऽवस्थानम्।। योग दर्शनः – 1:3 ।।

अर्थात् "आत्मा का परमात्मा से मिलन" यह अर्थ योग दर्शन में स्वीकृत

नहीं है। वास्तव में योग का उद्देश्य है आत्मा का प्रकृति से वियोग करना। गीता में भी योग की अंतिम स्थिति को दुःख–संयोग–वियोग की स्थिति कहा है।

तं विद्याद्दुःख–संयोग वियोगं योगसंज्ञितम्।। गीता – 6:23 ।।

योग वास्तव में वियोगात्मक है, भले ही सामान्य अर्थ में "योग" शब्द का तात्पर्य जोड़ने से रहा हो। आत्मा का परमात्मा में लीन हो जाना यह वेदान्त की कल्पना है। वेदान्त में आत्मा ब्रम्हा से स्वतंत्र, अलग है ही नहीं। परंतु योग दर्शन के अनुसार प्रत्येक आत्मा स्वतंत्र और नित्य है। उसके मिलन या लीन होने की कल्पना बन नहीं सकती। कैवल्य शब्द का अर्थ है अकेला, अलग, स्वतंत्र, अपने आप में, स्वरूप में रहना।

यहां पर दो प्रश्न निर्माण होते हैं। पहला यह है कि यदि वेद ब्राम्हण तथा आरण्यकों में "योग" शब्द तकनीकी अर्थ में कहीं भी नहीं मिलता, तो क्या वैदिक ऋषि उन साधनों के बारे में अनभिज्ञ थे, जिनको हम आज योग के अर्न्तगत लेते हैं, जैसे ध्यान, एकाग्रता, शुद्ध आचरण, चित्त की समाहित अवस्था आदि और दूसरा प्रश्न यह है कि तकनीकी अर्थ में योग शब्द का प्रयोग कब होने लगा? अर्थात् क्या यह अर्थ प्राचीन नहीं हैं?

पहले प्रश्न का उत्तर नकारात्मक ही देना पड़ेगा। वैदिक ऋषि मनुष्य जीवन के सर्वोच्च ध्येय से अर्थात ब्रम्हा प्राप्ति से भंली–भांति परिचित थे, इतना ही नहीं, बल्कि उसके प्राप्ति के अनेक साधनों की भी उन्हें जानकारी थी। उन साधनों को वे योग के अर्न्तगत नहीं लेते थे। उनका उल्लेख "दीक्षा", "तपस", "ध्यान", "ब्रम्हचर्य" आदि शब्दों से किया जाता था। वेदों में ये शब्द कई स्थानों में उल्लिखित हैं। अतः वैदिक ऋषि योग साधना से परिचित तो थे। परंतु वे उसको अन्य शब्दों से कहा करते थे, और "योग" शब्द का प्रयोग केवल सामान्य अर्थ में (जैसे – जोड़ना, मिलाना) किया करते थे। तो फिर "योग" शब्द को तकनीकी अर्थ कब प्राप्त हुआ? इस प्रश्न के उत्तर में यह कहना पड़ेगा कि यद्यपि तकनीकी अर्थ सामान्य अर्थ के बाद का है, फिर भी वह लगभग उतना ही पुराना है। क्योकि वह प्राचीन उपनिषदों में मिलता है। पाणिनी के समय, अर्थात् ईसा पूर्व सातवीं शताब्दी में दोनों अर्थ प्रचलन में थे यह बात निश्चित है। कठोपनिषद् में तकनीकी अर्थ में "योग" शब्द की सुस्पष्ट परिभाषा इस प्रकार की गयी है –

तां योगमिति मन्यंते स्थिरामिन्द्रिय धारणाम्।

अप्रमत्तस्वदा भवति योगो हि प्रभवाप्ययौ।।

कठोपनिषद् – 2:3:11 ।।

अर्थात – पंच इंद्रियों, मन एवं बुद्धि की स्थिर अवस्था को योग कहते हैं। इसको प्राप्त करने पर मनुष्य संपूर्ण रीति से दोषरहित हो जाता है।

श्रेवताश्रवतर उपनिषद् में (1:3) ध्यान योग के माध्यम से ऋषियों ने आत्मस्वरूप को किस प्रकार जान लिया उसका उल्लेख इस प्रकार किया है।

ते ध्यानयोगानुगता अपश्यन्देवात्मशक्ति स्वगुणैनिर्गूढाम्।
यः कारणानि निखिलानि तानि कालात्मयुक्ता न्यधितित्येकः।।

श्रवेताश्रवतर उपनिषद् – 1:3 ।

तकनीकी अर्थ में योग शब्द के सबसे प्राचीन उल्लेख शायद यहीं हैं। इनके बाद पंतजलि के योग सूत्र में, गीता में तथा स्मृतियों में एवं पुराणों में योग का प्रचुर वर्णन मिलता है। हमें यहां पर यह हमेशा ध्यान में रखना चाहिए कि "योग" शब्द के दो अर्थ हैं, तथा दोनों प्रचलित हैं। इन दोनों में संभ्रम नहीं करना चाहिए।

योग की व्याख्याए

योग का साहित्य अत्यंत विशाल है। योग को मुख्य विषय के रूप में लेकर अनेक ग्रंथ लिखे गये हैं। अन्य अनेक ग्रंथ हैं जिनमें अन्य विषयों के साथ स्थान–स्थान पर योग का भी वर्णन मिलता है। दोनों प्रकार के साहित्य में योग की अनेक व्याख्याएं पायी जाती हैं। उन सबकी संख्या सैकड़ों में हो जायेगी। यहां पर उनमें से कुछ प्रमुख व्याख्याओं का उल्लेख करेंगे।

इन व्याख्याओं को दो मुख्य प्रकारों में बांटा जा सकता है। योग को एक अवस्था या स्थिति के रूप में वर्णन करने वाली व्याख्याएं, तथा उसके साधन पक्ष को स्पष्ट करने वाली व्याख्याएं। कुछ व्याख्याओं में स्थिति तथा साधना, दोनों का विचार आता है। कठोपनिषद् की उपरोक्त व्याख्याएं "स्थिति" को इंगित करती है। मैत्रायणी उपनिषद् में योग की अवस्था का वर्णन इस प्रकार किया गया है।

एकत्वं प्राणमनसेरिंद्रियाणां तथैव च।
सर्व भाव परित्यागो योग इत्यभिधीयते।।

मैत्रायणी उपनिषद – 6:25 ।।

अर्थात – योग वह अवस्था है जिसमें मन, विचारों से रहित होकर

इंद्रियों, मन और प्राणों की एकता हो जाती है।

मैत्रायणी उपनिषद् की यह व्याख्या कठोपनिषद् से मिलती–जुलती लगती है। मन और प्राण तथा इंद्रियां जब शांत एवं निश्चल हो जायेंगी तब निश्चित ही उस व्यक्ति को आत्मस्वरूप की अर्थात् अपने वास्तविक स्वरूप की पहचान हो जायेगी यही बात निर्वाणोपनिषद् में दी हुई योग की व्याख्या से स्पष्ट होती है। वह व्याख्या इस प्रकार है – योगेन सदानंदस्वरूप दर्शनम्।।

महोपनिषद में योग को मन को शांत करने के एक उपाय के रूप में इस प्रकार स्पष्ट किया गया है।

मनः प्रशमनोपायो योग इत्याभिधीयते।।

महोपनिषद् – 5:42 ।।

अर्थात मन को शांत करने के लिए जो भी अन्यान्य उपाय किये जाते हैं (शारीरिक तथा मानसिक) उन सब का अन्तर्भाव योग में किया जा सकता है। योग विशिष्ट में भी योग के साधना पक्ष पर अधिक जोर देते हुए कहा है –

संसारोत्तरणे युक्तिर्योगशब्देन कथ्यते।। योगवशिष्ट – 6:13:3 ।।

"योग" शब्द के सामान्य अर्थ का (जैसे जोड़ना, संयोग करना) प्रयोग करते हुए उसकी व्याख्या अनेक ग्रंथों में की गयी है। उदाहरणार्थ, योगयाज्ञवल्क्य इस ग्रंथ में यह व्याख्या मिलती है।

संयोगो योग इत्युक्तो जीवात्म परमात्मनोः।।
योग याज्ञवल्क्य – 1:44 ।।

जीवात्मा और परमात्मा के संयोग की कल्पना वेदांत की है, वह योग दर्शन से मेल नहीं खाती, इस बात को हम पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं। इसी प्रकार की व्याख्या विष्णु पुराण में भी पायी जाती हैं।

आत्म प्रयत्न सापेक्षा विशिष्टा या मनोगतिः।
तस्य ब्रम्हाणि संयोगो योग इत्याभिधीयते।।

विष्णु पुराण – 6:7:3 ।

यह तो हुई संयोग की बात। इसके विपरीत वियोग के आधार पर योग की व्याख्या भी कुछ ग्रंथों में मिलती है। यदि आत्मा मोक्ष या मुक्ति की अवस्था में केवल अपने निजी स्वरूप में रहती है, जैसा कि योग दर्शन का

कहना है, तो किन संयोग की अपेक्षा वियोग की परिभाषा ही योग की व्याख्या में अधिक उपयुक्त समझी जानी चाहिए योग में आत्मा का किसके साथ वियोग होना है। इसके उत्तर अन्यान्य ग्रंथों में अलग–अलग मिलते हैं। उदाहरणार्थ पंतजलि के टीकाकार भोजदेव ने योग की व्याख्या पुरूष एवं प्रकृति के वियोग के आधार पर की है।

पुं प्रकृत्यो वियोगोऽपि योग इत्युदितो यया।। भोजवृत्ति – 3 ।।

भगवद् गीता में योग की व्याख्या तीन प्रकारों से की गयी है। छठे अध्याय में "संयोग" तथा "वियोग" इन दोनों की परिभाषा में योग की व्याख्या आयी है।

तं विद्याद् दुःखसंयोगवियोगं योगसंज्ञितम्।
स निश्रच्येन योक्ताव्यो योगोऽनिर्विण्णचेतसा।।

गीता – 6:23 ।।

अर्थात दुःखसंयोग का वियोग करने वाले योग का अभ्यास निश्चयपूर्वक तथा खेद रहित मन से करने का निर्देश गीता में दिया गया है। महाभारत में भी वियोग के रूप में योग की व्याख्या की गई है। परन्तु संसार के दुःखों से वियोग के साथ ब्रम्ह के साथ संयोग होना यह योग का संयोग तथा वियोगात्मक उभय स्वरूप वहां पर स्पष्ट किया गया है।

तं विद्याद् ब्रम्हणों, योगं वियोगं योग संज्ञितम्।।

महाभारत, वनपर्व 213 :33

इसी प्रकार ऐक्य तथा वियोग (ब्रम्हा के साथ ऐक्य तथा अज्ञान के साथ वियोग) इन दोनों कल्पनाओं को लेकर योग की व्याख्या गरूड़ पुराण में इस प्रकार मिलती है।

ज्ञानपूर्ववियोगाऽसौ ज्ञाने नष्टे च योगिनः।
सा मुक्तिब्रम्हाणा चैक्यमनैक्यं पुत्र ते गुणैः।।

गरूड़ पुराण – 120:9 ।

योग की सबसे अधिक उद्धत की जाने वाली व्याख्या पंतजलि के योगसूत्र की है। पतंजलि ने चित्त वृति निरोध की स्थिति तथा उस स्थिति को प्राप्त करने के लिए किये जाने वाली साधना, इन दोनों का योग कहा है। इस साधना के आठ अंग होते हैं, इसलिए पंतजलि के योग को अष्टांग योग भी कहते हैं।

योगाश्रवचितवृत्तिनिरोधः।। योगसूत्र – 9:2 ।।

इसी प्रकार की व्याख्या शांडिल्योपनिषद में भी मिलती है।

योगस्तु वृत्तिरोधोहि।। शांडिल्योपनिषद् – 1:7:24 ।।

गीता के अनुसार योग की एक व्याख्या का उल्लेख ऊपर आया ही है। इसके अलावा गीता में योग की दो अन्य व्याख्याएं द्वितीय अध्याय में की गयी हैं, जो कर्मयोग के संदर्भ में हमेशा कही जाती है।

समत्वं योग उच्यते।। गीता – 2:48 ।।

तथा

योगः कर्मसु कौशलम् ।। गीता – 2:50 ।।

योग की अन्य अनेक व्याख्याएं संस्कृत साहित्य में उपलब्ध हैं उनमें से बहुत सी व्याख्याएं योग के अन्यान्य प्रकारों के वर्णन में आती हैं। यहां पर हमने कुछ एक महत्व की एवं प्रातिनिधिक व्याख्याओं का उल्लेख किया है। इन सभी व्याख्याओं से योग का क्या कोई समान रूप निकल आता है?यह प्रश्न महत्व का है। इस प्रश्न को लेकर हम यह कह सकते हैं कि योग एक ऐसी साधना पद्धति है, जो साधन को अज्ञान एवं दुःख से मुक्त कराते हुए जीवन के परम लक्ष्य की ओर अग्रसर करती है।

योग के प्रकार

जब हम "योग" शब्द का प्रयोग एक उपासना पद्धति के अर्थ में करते हैं तब यह प्रश्न निर्माण होता है कि क्या योग एक है कि अनेक?क्या उसके जो अनेक प्रकार माने जाते हैं वे सब सर्वथा एक दूसरे से भिन्न या स्वतंत्र है?इस प्रश्न का उत्तर यह है कि वास्तव में योग एक ही है, अनेक नहीं। फिर भी प्रत्यक्ष आचार एवं साधना में तथा उपासना के प्रकारों में कुछ विविधता अवश्य बन जाती है जैसे खाद्य वस्तुओं के अनेक प्रकार होते है परंतु "भूख लगना" यही उन सबका मूल कारण होता है, और "क्षुधा शांति" यहीं उन सबका अंतिम उद्देश्य है। या जैसे एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचने के लिए अन्यान्य मार्ग होते हुए भी आरंभ स्थान एवं गंतव्य स्थान समान हो सकता है, उसी प्रकार योग के सभी प्रकारों में "आरंभ" और "अंतिम" लक्ष्य एक सा ही है क्योंकि उन सबका आरंभ दुख और अज्ञान से ही होता है, तथा दुख एवं अज्ञान से सर्वथा मुक्ति यहीं सब प्रकारों का ध्येय है। इसीलिए हम यह कह सकते हैं कि योग के विभिन्न प्रकार मूलभूत रीति से एक दूसरे से भिन्न नहीं है। उनमें केवल ऊपरी दृष्टि से भिन्नता है।

किसी भी समाज में लोगों की प्रवृतियां भिन्न–भिन्न दिखाई देती है।

कोई अधिक तार्किक होता है तो कोई अधिक भावना प्रधान। कोई अधिक विवेकशील एवं गंभीर होता है, तो कोई अधिक हट्टा–कट्टा और शारीरिक बल सम्पन्न। जीवन के प्रति इन विभिन्न लोगों के दृष्टिकोण भिन्न होना स्वाभाविक ही है इन विविध प्रवृत्तियों के कारण किसी का मन भक्ति में अधिक लग गया, किसी का कर्म में, तो किसी का ज्ञान में और इससे लोगों में योग के विभिन्न प्रकार प्रचलित हुए। ये प्रकार ऊपरी दृष्टि से भले ही अलग–अलग प्रतीत होते हों परंतु उन सब में एक समान दृष्टिकोण संनिहित है। उन सबमें एक समान आपसी मेल है। यह बात गीता में बहुत सुंदर रीति से स्पष्ट की गयी हैं गीता में भक्ति एवं ज्ञान का, कर्म का सुंदर समन्वय किया गया है। कर्मयोग को सफल बनाने के लिए साधक को मनोव्यापार एवं जीवन मूल्यों की अच्छी पहचान होनी चाहिए। उसका मन शुद्ध होना चाहिए उसमें मानव जाति के प्रति प्रेम होना चाहिए तथा ईश्वर पर निष्ठा होनी चाहिए। अर्थात् कर्म योग की सफलता के लिए भक्ति और ज्ञान दोनों आवश्यक हैं। कर्म भक्ति और ज्ञान ये तीनों मन के विकास क्रम के अंग हैं ज्ञान के बिना भक्ति अंध विश्वास के बराबर हो जायेगी। कर्म रहित भक्ति निष्प्रभावी सिद्ध होगी। इसी प्रकार भक्ति और कर्म के बिना ज्ञान मात्र एक अंह–भावना का रूप लेगा। इसीलिए गीता में ज्ञानी, भक्त और कर्मयोगी के जो लक्षण स्थान–स्थान पर बताये गये हैं उन सबमें समानता एवं एक रूपता दिखाई देती है। योग वास्तव में एक ही है, यद्यपि उसकी उपासना पद्धति के आविष्कारों में विविधता के एक अवश्य स्थान है।

परंतु यहां पर एक महत्व की बात ध्यान में रखनी चाहिए। जो लोग योग को एक जीवन की पद्धति के रूप में लेकर मुक्ति या मोक्ष का एक साधन बनाना चाहते हैं, उनके लिये योग का कोई भी प्रकार उस लक्ष्य तक पहुंचने की दृष्टि से अपनाया जा सकता है। परंतु आज योग के क्षेत्र में जो गुरू, शिक्षक तथा साधक एवं अभ्यासक दिखाई देते हैं उनमें मोक्ष प्राप्ति के लिए योग मार्ग में आकृष्ट हुआ शायद ही कोई होगा। ज्यादातर लोग किसी स्वास्थ्य संबंधी समस्या के समाधान के लिए योग को अपनाते हैं। इनके अलावा कुछ लोग शांति की खोज में योग का सहारा लेते हैं, खास करके विदेशी लोग, जो अपने भौतिक साधन सम्पन्न परंतु नैतिकता विहीन तथा दिशा विहीन कृतिमतापूर्ण जीवन पद्धति से ऊबकर शांति के नये मार्ग की तलाश में होते हैं। इन विदेशी लोगों की रूचि एवं आर्थिक सहायता के कारण

मेडिटेशन, संकीर्तन, आदि यौगिक प्रक्रियाओं के अनेक नये–नये आविष्कार पिछले दो–तीन दशकों में देश–विदेशों में प्रचलित हुए हैं। स्वास्थ्य की खोज में तथा शांति की खोज में निकले हुए योग जिज्ञासुओं की दृष्टि से ही "योग एक है कि अनेक" यह प्रश्न महत्वपूर्ण बन जाता है, क्योंकि उनकी जिज्ञासा, उनकी समस्या तथा योग में उनकी लगन सीमित होती है। आत्म ज्ञान के लिए योग को अपनाने वाले साधकों के समान उनकी लगन एवं जिज्ञासा तीव्र तथा गहरी नहीं होती उनके सामने यह प्रश्न आता है कि योग का कौन सा प्रकार उनके लिए सबसे शीघ्र फलदायी होगा। ऐसे लोगों की संख्या बहुत अधिक है। उनके लिये योग के मुख्य चार प्रकार कहे जा सकते हैं। जैसे – हठयोग, कर्मयोग, भक्तियोग एवं राजयोग। वैसे तो योग साधना के किसी भी अंग के बाद "योग" शब्द को जोड़कर योग का कोई प्रकार बन सकता है, जैसे क्रिया योग,तंत्र योग, मंत्रयोग, जपयोग, नादयोग, लययोग, कुण्डलिनीयोग, ध्यान योग, ज्ञान योग, बुद्धियोग, सन्यासयोग आदि। योग साहित्य में कहीं राजधिराजयोग, अमनस्क योग, अस्पर्श योग, आदि शब्द भी कहे गये हैं। ये सभी योग के स्वतंत्र प्रकार बनते हैं ऐसी बात नहीं है।

योग का प्रकार कोई भी हो उसमें हमें दो बातें हमेशा दिखाई देती हैं। पहली बात है अपने मन को वश में करना, नियंत्रित करना, उसकी बाह्य विषयों के पीछे दौड़ने की प्रवृत्ति कम करना। इसको कहते हैं वैराग्य। दूसरी बात है इस प्रकार वश में किये हुये मन को एकाग्र करना तथा आत्मा में लगाना। इसको कहते हैं अभ्यास। अर्थात् योग का प्रकार कोई भी हो, वैराग्य एवं अभ्यास यही उसके दो प्रमुख पहलू होते हैं। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए अब हम योग के ऊपर बताये हुए चार मुख्य प्रकारों का वर्णन करेगे। अन्य सभी प्रकार इनमें से किसी न किसी के अन्तर्गत समाविष्ट किये जा सकते हैं।

राजयोग

जैसे राजा मनुष्यों में श्रेष्ठ होता है, वैसे राजयोग योग के सभी प्रकारों में प्रमुख कहा जा सकता है। इसको ध्यान योग, सांख्य योग, ज्ञान योग, अभ्यास योग आदि शब्दों से भी कहा गया हैं। मुख्यतः राजयोग का तात्पर्य पंतजलि के अष्टांग योग से है। ऐसा मानते है मन को शुद्ध, शांति एवं स्थिर करना, तथा अपने वश में करना जिससे कि उसमें आत्मज्ञान का उदय हो जाए यही राजयोग की विशेषता है। मन की अशुद्धि एवं अस्थिरता का मुख्य कारण हैं पंच क्लेश ये पंच क्लेश अर्थात अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष तथा

अभिनिवेश चित्त में अनादि काल से विद्यमान रहकर उसको मलिन एवं अशुद्ध बनाते हैं। इन चित्त मलों को दूर करना, अर्थात "चित्तशुद्धि" करना यह राजयोग का सार है। इसके लिये आठ साधन होते हैं। जिनमें से प्रथम पांच को बहिरंग तथा अंतिम तीन को अंतरंग कहते हैं। बहिरंगों का अर्थात् यम, नियम, आसन, प्राणायाम एवं प्रत्याहार इन पांच साधनों का अभ्यास करने से साधक का मन अंतरंगों के अभ्यास के योग्य हो जाता है। धारणा, ध्यान एवं समाधि ये तीन अंतरंग हैं। अष्टांग योग के अभ्यास से चित्त के मल धुल जाते हैं, अज्ञान नष्ट होता है, तथा विवेक ज्ञान का उदय होता है। इस अवस्था को विवेक ख्याति या पुरूष ख्याति कहते हैं। इसी का दूसरा नाम है जीवनमुक्ति अर्थात् जीवन में ही मुक्त हो जाना। यही योग का अंतिम उद्देश्य है।

परंतु सामान्य मनुष्य के लिए जैसे राजा के पद को प्राप्त होना अत्यंत कठिन है, वैसे ही जीवन्मुक्ति को प्राप्त करना भी लगभग असंभव सा है। इसीलिये राजयोग का अंतिम लक्ष्य प्राप्त करने के कुछ अन्य सरल उपाय मनीषियों ने ढूंढ लिये, जैसे – हठयोग।

भक्तियोग

योग के प्रकारों में भक्तियोग शायद सबसे प्राचीन है। प्राचीन काल में इसे भक्ति योग न कहकर केवल भक्ति शब्द से ही कहा जाता था जिन ऋषियों ने वेदों की ऋचाएं रची उनमें भक्ति भावना का आविष्कार प्रचुर मात्रा में था। प्रकृति की शक्तियों से वे बहुत प्रभावित थे। वे इन विभिन्न शक्तियों की प्रार्थना करते थे तथा उनको यज्ञ में हवि अर्पण करते थे। अपने स्वास्थ्य और सुरक्षा तथा भलाई के लिए इन शक्तियों का वे आवाहन किया करते थे। वेद की ऋचाओं में भक्ति का सबसे प्राचीन उदाहरण मिलता है पुराणों में तथा भगवत् गीता, योगवसिष्ठ, आदि ग्रंथों में भक्ति योग का विस्तृत वर्णन मिलता है। श्रीमद्भागवत् भक्तियोग के प्रमुख ग्रंथो में से एक है। पंतजलि ने अपने योगसूत्र में भक्तियोग का उल्लेख "ईश्वर प्राणिधान" इस शब्द से किया है। निर्बीज समाधि की सर्वोच्च अवस्था को प्राप्त होने के अन्यान्य उपायों में ईश्वर प्राणिधान एक उपाय कहा गया है।

(पंतजलि योग सूत्र–1:23 ।।)

भक्ति मनुष्य के जीवन का एक स्वाभाविक पहलू है। मनुष्य अपने जीवन मे कई बार अपने को अपूर्ण और शक्तिहीन तथा विफल पाता है जीवन

में अनेकों बार अभाव, कष्ट एवं दुःखों का सामना करना पड़ता है। चिरंतर सुख शांति एवं पूर्णत्व की मनुष्य की इच्छा पूरी हो पाना तब तक असंभव सा बन जाता है, जब तक कि मनुष्य किसी असामान्य शक्ति का सहारा न लें। इसीलिए भक्ति आवश्यक हो जाती हैं भक्तियोग का मूल श्रोत यह विश्वास है कि इस चराचर विश्व का निर्माण किसी दैवीशक्ति से हुआ है तथा वहीं दैवीशक्ति इस संसार का धारण और पोषण करती हैं मनुष्य के जीवन की तथा विश्व की सभी घटनाएं उसी दैवी शक्ति की इच्छा पर निर्भर करती है इसी शक्ति का नाम ईश्वर है। ईश्वर ही संसार का उत्पत्तिकर्ता, रचयिता, नियामक एवं अंतिम आश्रय है, इस विश्वास में भक्तियोग की नींव है। ईश्वर की कृपा का पात्र बनना यह भक्तियोग का सार है। भजन, पूजन, प्रार्थना, स्वाध्याय, दान तप आदि से भक्त ईश्वर की कृपा प्राप्त करता है। ये सब भक्तियोग के अंग हैं। भक्तियोग के मूल तथ्य तथा सिद्धांत दो है – (1) मन को तृष्णा से मुक्त एवं शुद्ध करना, तथा (2) मन को ईश्वर में लगाना।

बारहवीं शताब्दी के बाद भारत में भक्तियोग का एक विशाल जन आंदोलन के रूप में विकास हुआ। ज्ञानदेव, नानक,कबीर, नामदेव, तुकाराम, मीरा, गौरांग, नरसी मेहता तथा अन्य अनेक संत महात्माओं ने सामाजिक समानता, आचार शुद्धि और मनुष्य मात्र के प्रति प्रेम का संदेश सारे समाज में फैलाया। वह भक्तियोग के चरम उत्कर्ष का समय था। वर्तमान समय में भक्ति वेदान्त प्रभुपाद के हरे कृष्ण आंदोलन के रूप में भक्तियोग का प्रसार विश्व के अनेक देशों में हुआ है।

कर्मयोग

कर्मयोग का समग्र वर्णन भगवद् गीता में किया गया है। कर्म का अर्थ है शरीर से, मन से या वाणी से की जाने वाली कोई भी क्रिया। क्रिया या कर्म के बिना कोई भी मनुष्य एक पल भर भी नहीं रह सकता। कर्मयोग का अर्थ कर्म को छोड़ना नहीं है बल्कि कर्म करते हुए उसके बंधन से मुक्त रहना। यह कैसे संभव होगा? क्योंकि भारतीय दर्शनों की यह मान्यता है कि मनुष्य जो भी कर्म करेगा उसका फल उसको अवश्य ही प्राप्त करना होगा। उससे छुटकारा उस फल को प्राप्त करने से ही मिल सकता है। कर्म करने पर उसके संस्कार चित्त में रह जाते हें। वह तब तक चित्त में रहेगा जब तक कि उसका फल प्राप्त न किया जाये। इस प्रकार किसी भी समय हमारे मन में पुराने सभी कर्मो के संस्कार संचित रहते हैं। इसको कहते हैं कर्माशय। यह कर्माशय ही

मनुष्य को इस संसार में बांधता है, तथा संस्कारों के फल भोगने के लिये बार–बार पुनर्जन्म लेने मे विवश कर देता है। इसीलिए कर्माशय को कर्मबंध भी कहा जाता है। अच्छे कर्म को अच्छा फल मिलेगा अर्थात् सुख मिलेगा, बुरे कर्मो का परिपाक दुःख में होगा। कर्म फल अवश्य ही मिलता है, चाहे इस जन्म मे हो, चाहे आगे के जन्मों में। कर्मफल को कर्मविपाक कहा जाता है। जब तक सभी कर्मो के संस्कार भोग करके खत्म नहीं किये जाते तब तक संसार से मुक्ति नहीं हो सकती।

कर्मयोग वह मुक्ति या कुशलता है जो मनुष्य को कर्मबंध से मुक्त करा देती है। यह युक्ति है कर्मफल की इच्छा को छोड़ देना। इसीलिए इसको अनासक्त योग या निष्काम कर्मयोग कहते हैं। इसमें लाभ या हानि, सुख तथा दुःख, शीत और उष्ण आदि द्वंदों के प्रति समान दृष्टिकोण रखा जाता है। इसीलिए यह समत्व बुद्धियोग भी कहलाता है कर्मफल के संबंध में आसाक्ति को छोड़कर कर्म करते रहना, कर्तव्य को कभी नहीं छोड़ना, यह कर्मयोग का सारांश है। फलासक्ति को छोड़ने से कर्मबंध से मुक्त हो सकते हैं अर्थात् आसक्ति का त्याग करते हुए मन को स्थिर एवं शांत रखना, यही कर्मयोग का स्वरूप गीता के निम्न श्लोकों में स्पष्ट किया गया है –

योगस्थः कुरूकर्माणि संग्डः व्यक्त्वा धनंजय।
सिद्धयसिद्धयोः समो भूत्वा समत्वं योग उच्यते।।

गीता – 2:48 ।।

अर्थात – हे धनंजय। सिद्धि और असिद्धि के प्रति समान भाव रखकर, आसक्ति को छोड़कर कर्म करो।

इस समत्व को ही कर्मयोग कहते हैं।

श्रीकृष्ण जी गीता में आगे कहते हैं :–

कर्मजं बुद्धियुक्ताहि फलं त्यक्त्वा मनीषिणः।
जन्मबंध विनिर्मुक्ताः पदं गच्छन्त्यनामयम्।।

अर्थात – कर्मो के फल को त्याग कर समत्व बुद्धि वाले मनीषी लोग पुनर्जन्म के बंधन से छूटकर अमृतमय परम पद को प्राप्त होते हैं।

यहां पर एक सवाल पैदा होता है, कि यदि कर्म के फल में कोई आकर्षण न हो, तो फिर मनुष्य कोई कर्म करेगा ही क्यों?वह निष्क्रिय एवं उदासीन नहीं हो जायेगा? इस पर गीता का उत्तर यह है कि उदासीन तो

होना है, परन्तु कर्म के प्रति नहीं, केवल उसके फल के प्रति। यही कर्मयोग का तात्पर्य है।

हठयोग

हठयोग के एक प्रमुख आचार्य योगी स्वात्माराम ने अपने ग्रंथ हठयोग प्रदीपिका के आरंभ में हठयोग को एक सोपान या सीढ़ी कहा है जो राजयोग के अंतिम लक्ष्य तक साधक को आसानी से पहुंचा सकती हैं।

श्री आदिनाथाय नमोऽस्तु तस्मैं।
येनोपदिष्टा हठयोग विद्या।।
विभ्राजते प्रोन्नत राजयोग।
मारोढुमिच्छोरधिरोहिणी व।।

हठप्रदीपिका – 1:1 ।।

हठयोग का अर्थ है "ह" ओर "ठ" का योग। "ह" सूर्य को कहते हैं और "ठ" चन्द्र को। मनुष्य के शरीर में नाभि के पास सूर्य तथा तालु के मूल में चंद्रमा होता है। उन दोनों की एकता करने वाले योग को हठयोग कहते हैं। यह बात योगशिखोपनिषद् में कही गयी हैं।

सूर्याचन्द्रम सौरेक्यं हठ इत्याभिधीयते।।

योगशिखोपनिषद् – 1:133 ।।

सूर्य और चंद्र को क्रमशः प्राण और अपान के रूप में लेने की प्रथा योग में है। अर्थात् प्राण और अपान के ऐक्य रूप प्राणायाम का ही तात्पर्य हठयोग शब्द से लेना चाहिए, ऐसा हठप्रदीपिका के टीकाकार ब्रम्हानंद ने कहा है –

एतेन हठशब्दवाच्ययोः सूर्यचन्द्राख्ययोः प्राणापानयोरैक्य –
लक्षणः प्राणायामो हठयोग इति हठयोगस्य लक्षणं सिद्धम्।।

ज्योत्स्नाटीका – 1:1 ।।

परंतु प्राणायाम यह हठयोग का एकमेव अंग नहीं हैं उसके अलावा अन्य तीन अंग हैं। अर्थात् हठयोग रूपी सीढ़ी, आसन, प्राणायाम, मुद्रा एवं नादानुसंधान, इन चार पायदानों से बनी है। इन चार पायदानों पर क्रमशः चढ़कर साधक राजयोग के ऊँचे स्थान तक अर्थात् जीवन्मुक्ति या सहजावस्था तक पहुंच पाता है। इन चारों अंगों का विस्तार से वर्णन हम आगे करेगें।

हठयोग, यह योग का सबसे आधुनिकतम प्रकार कहा जा सकता है। इसकी परम्परा तो प्राचीन है, परन्तु विकसित स्वरूप और प्रचार की दृष्टि से

इसका प्रभाव पन्द्रहवीं शताब्दी के बाद का है। हठयोग का एक मूलभूत सिंद्धात यह है कि शरीर और मन दोनों एक दूसरों को प्रभावित करते हैं, तथा प्राण और मन ये दोनों परस्पराश्रित हैं। इसीलिए आसनादि शारीरिक क्रियाओं से तथा प्राणायाम से मन को शांत एवं एकाग्र किया जा सकता हैं। यही सिद्धांत वर्तमान समय के मनोकायिक रोगों की चिकित्सा में अत्यंत उपयुक्त सिद्ध हुआ है। उसी के पिछले दो दशकों में योग की लोकप्रियता बहुत अधिक बढ़ी है।

हठयहोग के प्रमुख आचार्य योगी स्वात्माराम जी ने हठयहोग रूपी सीढ़ी के चार पायदान आसन, प्राणायाम, मुद्रा एवं नादानुसंधान बताये हैं।

आसन :

जिस पर बैठते है उसको आसन कहा जाता है। राजा के बैठने के स्थान को सिंहासन कहा जाता था, क्योंकि उसके दोनों ओर शेर की आकृतियां रहती थी। 'उच्चासन' का अर्थ होता है किसी आदरणीय व्यक्ति का बैठने का स्थान जो अन्य लोगाकें की अपेक्षा अधिक उंचा होता है। योग में आसन शब्द से शरीर की कोई स्थिति इंगित होती है जो कुछ समय तक स्थिर रखी जाती है। यह स्थिति बैठने की ही होनी चाहिए ऐसी बात नहीं है। कुछ आसान खड़े होकर किये जाते हैं, कुछ बैठकर, कुछ लेटकर। कुछ आसनों में हाथों के बल शरीर को उठाकर संतुलित रखा जाता है। कुछ आसनों में शरीर की स्थिति उल्टी, अर्थात सिर नीचे और पैर ऊपर होते हैं। कुछ आसनों में शरीर को आगे झुकाया जाता है, कुछ आसानों में पीछे और कुछ में बांयी या दाहिनी ओर झुकाते है या घुमाते हैं। शरीर की ये सभी स्थितियां 'आसन' शब्द के अर्न्तगत आती हैं।

आसनों के दो मुख्य प्रकार किये जा सकते हैं एक प्रकार उन आसानों का है जिनमें साधक प्राणायाम या ध्यान के लिए लगातार कुछ देर तक स्थित बैठता है। इसको ध्यानात्मक आसन कह सकते हैं। पतंजलि ने अपने योगसूत्र में आसन की जो व्याख्या दी है वह मुख्य रूप से इन्ही को लागू होती है।

स्थिरम्सुखमासन्ाम्। – योगसूत्र – 2: 46

इन आसनों की संख्या बहुत सीमित है। इस प्रकार मे चार आसन अधिक प्रचलित है, जैसे – सिद्धासन, पद्मासन, स्वस्तिकासन तथा वज्रासन।

दूसरे प्रकार में वे आसन आते हैं जो शरीर के विभिन्न अंगों को व्यायाम देने के लिए प्रयोग किये जाते हैं इनको व्यायामात्मक कहते हैं। आसनों की कुल संख्या चौरासी लाख कही गयी है विश्व में जितने जीव जन्तु हैं, अर्थात् चौरासी लाख योनियां के समान आसनों की संख्या है, ऐसा धेरण्ड संहिता में कहा गया है –

आसनानि समस्तानि यावन्नो जीवजन्तवः।
चतुरशीति लक्षाणि शिवेण कथितं पुरा।। –

घेरण्ड संहिता – 2:1

परंतु वास्तव में केवल जीव–जन्तुओं के नाम से ही आसन बने हैं ऐसी बात नहीं है। कुछ आसन विभिन्न वस्तुओं के नाम पर भी हैं, जैसे हलासन, पश्चिमोत्तान, भद्रासन, तोलांगुलासन आदि। जिस किसी प्राणी या वस्तु के समान आसन की आकृति दिखाई देती है उसका नाम उसको दिया गया है। चौरासी लाख आसनों में से चौरासी मुख्य समझे गये हैं, परंतु जिन आसनों की विधि का प्रत्यक्ष वर्णन किसी न किसी ग्रंथ में मिलता है। ऐसे आसनों की संख्या इससे भी कम है। यह संख्या लगभग चालीस है। कुछ आसन ऐसे भी हैं जो बहुत प्रचलित हैं परंतु उनका नामोल्लेख किसी भी ग्रंथ में नहीं मिलता। जैसे शीर्षासन, सर्वांगासन, हलासन।

कमर सीधी रखना तथा मेरूदण्ड को ऊपर की ओर खींचते रहना यह ध्यानात्मक आसनों की विशेषता है। इसका प्रभाव मेरूदण्ड के नीचे के हिस्से में, मूलाधार चक्र में स्थित कुटिलाकृति, सुप्त कुण्डलिनी को सरल करके जागृत करने पर होता है। कुण्डलिनी शक्ति के जागरण और उत्थान की प्रक्रिया में ध्यानात्मक आसनों के कार्य में मूलबंध, जालंधर बंध, तथा उड्डियान बंध सहित कुम्भक से सहायता मिलती है। इसी प्रकार पश्चिमतान, महामुद्रा तथा मत्स्येन्द्रासन में कुण्डलिनी के स्थान पर जो खिंचाव आता है उसका भी कुण्डलिनी के जागरण में महत्व होता है। ध्यानात्मक आसनों में पदबंध लगाने के कारण जंघाओं से लेकर पैरों तक रक्तसंचार मंद होता है। इससे कमर में कुण्डलिनी के स्थान में अधिक रक्त प्राप्त होता है। यह बात भी कुण्डलिनी को जगाने में अपना महत्व रखती है।

प्राणायाम :

हठयोग का दूसरा अंग प्राणायाम है इसकी व्याख्या पतंजलि ने इस

प्रकार की है।

तस्मिन्सति श्वासप्रश्सयोर्गतिविच्छेदः प्राणायामः।

योगसूत्र – 2: 94।।

बाह्यभ्यान्तरस्तंभवृत्तिर्देशकालसंख्याभिः परिदृष्टो।

– दीर्घसूक्ष्म :।।2:50।।

ब्रह्माभ्यन्तरविषयाक्षेपी चतुर्थ : ।। 2:51।।

''तस्मिन्सति'' शब्द से पतंजलि ने यह सूचित किया है कि प्राणायाम हमेशा आसन में स्थिर बैठकर ही करना चाहिए। हमारी श्वास प्रश्वास की जो सामान्य गति होती है, अर्थात् एक मिनट में लगभग 15 बार श्वास लेना और छोड़ना, उसमें रूकावट डालना, अर्थात दीर्घ सांस लेना, दीर्घ छोड़ना तथा रोकना प्राणायाम है। उसकी बाह्य, आभ्यांतर तथा स्तम्भ, ऐसी तीन अवस्थाएं होती है। उसका मापन देश, काल तथा संख्या से किया जाता है। वह उपरोक्त तीनों वृत्तियों से भिन्न है प्राणायाम का फल इस प्रकार है –

ततः क्षीयेत प्रकाशावरणम्।। योगसूत्र – 2:52।।

धारणासु च योग्यता मनसः ।। 2:53।।

प्राणायाम के अभ्यास से चित्त के मल अर्थात् क्लेश एवं कर्माशय दूर होते हैं, तथा चित्त स्थिर होने लगता है।

मुद्रा :

मुद्रा शब्द के अनेक अर्थ है, जैसे सिक्का, सील, मुहर, चेहरे के विशेष हावभाव या उंगलियों की विशेष रचना तंत्र में जो पंचतत्व या पंच प्रकार प्रसिद्ध हैं। जैसे मद्य, मांस, मुद्रा, मत्स्य और मैथुन इनमें 'मुद्रा' शब्द का अर्थ है भूंजा हुआ धान्य। नृत्य शास्त्र में चेहरे के हावभावों से तथा उंगलियों की रचना से विभिन्न मुद्राएं बनती हैं। योग के साधनों में आसन मुद्रा और बंध ये तीनों शब्द लगभग एक ही अर्थ को प्रकट करते आये हैं। 'योगमुद्रा' इस नाम से प्रचलित स्थिति आसन जैसी ही है। विपरीत करणी मुद्रा सर्वांगासन की पूर्वावस्था ही है। फिर भी एक को 'आसन' और दूसरे को 'मुद्रा' ये नाम केवल रूढ़ि से प्राप्त हुए। हठयोग प्रदीपिका में आसन और मुद्रा ये दो अंग अलग–अलग गिने गये हैं। आसनों का उद्देश्य है, स्थैर्य, आरोग्य और अंगलाघव, अर्थात मोटापा न होना, यह बताया है। मुद्राओं का उद्धेश्य है कुण्डलिनी का जागरण। हठयोग में मुख्य दस मुद्राओं का वर्णन मिलता है।

उनमें मूलबंध, उड्डियान बंध तथा जालंधर बंध, इन तीन को मुद्राओं में गिना है। यहां पर बंध और मुद्रा इनमें कोई भेद ही नहीं रहा। इनमें से महामुद्रा तो पश्चिमतान आसन जैसी ही है। इससे यह कह सकते हैं कि 'आसन', 'बंध' और 'मुद्रा' इन तीन शब्दों के अर्थ एक दूसरे में बहुत कुछ मिले हुए रहें हैं। फिर भी तीनों में कुछ अलगाव या भिन्नता भी अवश्य रही है।

मुद्राओं का मुख्य उद्धेश्य कुण्डलिनी शक्ति को जगाने में होता रहा है इसलिए साधारण व्यक्ति के दैनिक जीवन में इसका महत्वपूर्ण स्थान हीं हो सकता। विपरीत करणी मुद्रा और योग मुद्रा ये दो मुद्राएं अवश्य उपयोगी हैं। उनको प्रत्येक व्यक्ति कर सकता है, परन्तु महामुद्रा, महाबंध, महावेध, खेचरी, बज्रोली मुद्रा तथा शक्ति चालन मुद्रा, इन मुद्राओं का योग व्यायामों में कोई स्थान नहीं होगा। इन मुद्राओं की विशेषता यह है कि त्रिबंधयुक्त प्राणायाम को इनके साथ हमेशा किया जाता है तथा कुण्डलिनी के स्थान पर इन मुद्राओं में दबाव या खिंचाव लाया जाता है। इन्हीं के फलस्वरूप मुद्राएं कुण्डलिनी के जागरण में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं।

नादानुसंधान :

कुण्डलिनी जागृति के बाद जब वह अनाहत चक्र में पहुंचती है, तथा हृदयाकाश में प्राण स्थिर हो जाता है, तब साधक को कुछ विशेष प्रकार के नाद या ध्वनि सुनने में आने लगती है। ध्यानबिन्दूपनिषद् में इस के संबंध में यह बात कहीं है कि यह नाद अर्मूत होता है, और वह वीणादंड, अर्थात् रीढ़ की हड्डियो के भीतर, सुषुम्ना नाड़ी के अर्न्तगत होता है।

अमूर्तो वर्तते नादो वीणादंड समुत्थितः।
शंख नादादिभिश्चैव मध्यमेव ध्वनिर्यथाः।।

– ध्यानबिन्दूपनिषद – 102

मूर्त नाद का अर्थ है जिसको हम कानों से सुन सकते हैं, वह ध्वनि। किसी एक चीज के दूसरी चीज पर आघात करने से जो कम्पन निर्माण होते हैं, उनसे मूर्त नाद की उत्पत्ति होती है। अमूर्त नाद को हम कानों से ग्रहण नहीं करते। वह ध्वनि कान बंद करने पर ही सुनायी देती है। वह बाह्य वातावरण में निर्माण नहीं होती। वह अंतराकाश में निर्माण होने वाली ध्वनि है। इसलिए उसको अनाहत ध्वनि कहते हैं। त्रिबंध युक्त प्राणायाम के दीर्घ अभ्यास का वह फल होता है। नाद की उत्पत्ति होने पर साधक को उसी

को सुनने में अपना मन लगाना चाहिए। इसी को नादानुसंधान या मनोलय का अभ्यास कहते हैं। वरोहोपनिषद् में इसको महत्व इस प्रकार वर्णन किया है –

इंद्रियाणां मनो नाथो मनोनाथस्तु मारूतः।
मरूतस्य लयो नाथस्तन्नाथं लयमाश्रय।।

– वरोहपनिषदः – 2 : 80

अर्थात इंद्रियो को मन के द्वारा वश किया जाता है मन को प्राणायाम के द्वारा तथा प्राण को लय अर्थात् नादानुसंधान के द्वारा। इसीलिए नादानुसंधान का महत्व है। इसके संबंध में हठयोग प्रदीपिका में कहा है कि जैसे ईधन में प्रवृत हुई आग ईधन को समाप्त करने पर स्वयं बुझ जाती है उसी प्रकार नाद को सुनने में लगा चित्त नाद के साथ शांत हो जाता है।

अध्याय – 2
कुण्डलिनी क्या है?

कैवल्य और विवेक ख्याति के अलावा योग की यह शायद सबसे अधिक महत्वपूर्ण श्रृखंला कही जा सकती हे, परंतु इतनी अधिक महत्वपूर्ण होते हुये भी यह संकल्पना अत्यंत अस्पष्ट और रहस्यमयी रही है। यह महज आश्चर्य ही है। ग्रंथों में जो वर्णन मिलते है उन से तो लगता है, कि वह शरीर का कोई अंग या अवयव हो किंतु प्रत्यक्ष में ऐसा कोई अंग दिखाई नहीं देता जिसके बारे में हम "यही कुण्डलिनी है" ऐसा कह सके इस पर यह कहा जा सकता है कि वह तो शक्ति स्वरूप है, वस्तु स्वरूप नहीं। इसको आधार शक्ति, परमशक्ति, वाचाशक्ति आदि शब्दों से कह सकते हैं। कुण्डलिनी के संबंध में एक विशेष बात यह है कि योग के सर्वप्रसिद्ध और प्रमुख दो ग्रंथो में, अर्थात भगवद्गीता में तथा पंतजलि के योगसूत्र में उसके संबंध में कोई उल्लेख नहीं मिलते। इससे यह अनुमान लगाया जा सकता है कि शायद षट्चक्र, इड़ा, पिंगला एवं सुषुम्ना ये तीन नाड़ियां तथा कुण्डलिनी शक्ति ये सभी संकल्पनाएं मूलतः योग की न होकर तंत्र शास्त्र की थी। तंत्र से ही ये संकल्पनाए हठयोग में आयी होगी। हठयोग में इनका महत्व सर्वोपरि रहा।

कुण्डलिनी यद्यपि शक्तिवरूप भी हो, तो भी उसके स्थान का वर्णन हठयोग के ग्रंथों में मिलता है। हम सब लोगों में वह शक्ति सोई हुई या सुप्त अवस्था में रहती है मूलाधार चक्र में कंद, योनि या त्रिकोण नाम का एक अंग होता है वही कुण्डलिनी का स्थान है। इसका वर्णन शिवसंहिता में इस प्रकार किया गया है –

गुदाद् द्वयंगुलतश्चोर्ध्व मैढैकांगुलतस्त्वधः।
एवं चास्ति समं कंद समता चतुरंगुलम्।।

– शिवसंहिता – 5:74

पश्चिमाभिमुखी योनिः गुदमेढ्रांतरालगा।

तत्र कंदं समारख्यातं तत्रास्ति कुंडली सदा।। 5:74
संवेष्टय सकला नाडीः सार्धत्रिकुटिलाकृतिः।
मुखे निवेश्य सा पुच्छं सुषुम्णाविवरे स्थिता। 5:76

अर्थात् – गुदा से दो अंगुल ऊपर और जननेंद्रिय से एक अंगुल नीचे चार अंगुल लम्बा चौड़ा कंद विद्यमान होता है। उसी को योनि शब्द से कहते हैं। उसमें कुण्डलिनी साढ़े तीन फेर लगाकर सुषुम्ना नाड़ी के नीचे के छोर को अपने मुंह में पकड़कर सुप्त रहती है।

दर्शनोपनिषद में कंद को त्रिकोण शब्द से कहा है :–

त्रिकोणं मनुजानां तु सत्यमुक्तं हि सांकृते।
गुदान्तु द्वयंगुलादूर्ध्वं मेद्रान्तु द्वयंगुलादधः।।

– दर्शनोपनिषद् – 4:2

अन्य ग्रंथों में भी कंद का विस्तार से वर्णन मिलता है। इन सभी वर्णनो से ऐसा कह सकते हैं कि हमारे शरीर में मेरूदण्ड के नीचे कमर के हिस्से में जो एक त्रिकोणकृति हड्डी है, जिसको अंग्रेजी में सेंक्रम कहते हैं, वही हठयोग ग्रंथों में वर्णित 'कंद' है। वह ऊपर से चौड़ा तथा नीचे से संकरा होता है। उसका नीचे का छोर मूलाधार चक्र में होता है। इस 'त्रिकोण' का उल्लेख करते हुए कुण्डलिनी के स्थान का विस्तृत तथा निश्चित वर्णन षट्चक्र निरूपण में इस प्रकार किया गया है।

वज्राख्या वक्त्रदेशे विलसति सततं कर्णिका मध्यसंस्थं
कोणं तत् त्रेपुराव्यं तडिदिव विलसत्कोमलं कामरूपम्।
कंदर्पो नाम वायुर्निवसति सततं तस्य मध्ये समन्ताज्जीवेशो।
बंधुजीव प्रकरमभिहसन् कोटि सूर्य प्रकाशः।।

षट्चक्र निरूपणम् – 8

अर्थात् – वज्रा नाड़ी के आरम्भ में मूलाधार चक्र में त्रिकोण होता है। उसमें कंदर्प नाम का वायु होता है। इस त्रिकोण में स्वयंभू लिंग होता है, उसका वर्णन अगले 9 वें श्लोक में किया है। 'सेक्रम' के नीचे जो रीढ़ की अंतिम तीन हड्डिया एक दूसरे से जुड़ी हुई होती है, जिसको अंग्रेजी में "काक्सीक्स" कहते हैं, शायद स्वयंभू लिंग का तात्पर्य उसी कॉक्सीक्स से है, ऐसा कह सकते हैं।

तन्मध्ये लिंगरूपी द्रतकनकलाकोमलः पश्मास्यो ज्ञानध्यान प्रकाशः

प्रथम किसलयाकाररूपः स्वयंभू।
विद्युत्पूर्णेदुबिंब प्रकर करचयस्निग्ध संतानहासी काशीवासी विलासा विलसति सरिदावर्तरूपप्रकारः।। 9।। (ष. नि.)

अर्थात् – त्रिकोण में तप्त सुवर्ग के समान कांतिमान, श्यामवर्ण, पीछे की ओर मुख किया हुआ स्वयंभू शिवलिंग होता है। इस शिवलिंग के उपर कुण्डलिनी साढ़े तीन फेरे लगाकर सोई हुई रहती है, यह बात स्पष्ट रीति से अगले श्लोक में कही है।

तस्योर्ध्वे विसतंतुसोदरलसत्सूक्ष्मा जगन्मोहिनी।
ब्रम्हद्वारमुखं मुखेन मलरं संछादयन्ती स्वयम्।
शंखावर्तनिभा नवीनचपलामाला विलासास्यदा
सुप्ता सर्पसमा शिवोपरि लसत्सार्धत्रिवृत्ताकृतिः
।।10 (ष.नि.)

अर्थात् – उस स्वयंभू लिंग के उपर, सुषुम्ना नाड़ी का छोर अपने मुंह में लेकर साढ़े तीन फेरे लगाकर कुण्डलिनी सोयी हुई रहती है।

कुण्डलिनी का सुप्त अवस्था के कारण मनुष्य के चित्त में अज्ञान व्याप्त है। कुण्डलिनी शक्ति को जगाने से वह अपना कुटिल रूप त्याग कर सरल हो जाती है और सुषुम्ना के मध्य मार्ग से उपर की ओर अग्रसर होती है। उसके मार्ग में विद्यमान चक्रों का भेद करते हुए जब वह सहस्त्रार चक्र में स्थित परमशिव के साथ एकरूप होती है तब साधक को समाधि की अवस्था में परम ज्ञान होता है। इसका समग्र वर्णन योग के अनेक ग्रंथों में उपलब्ध है। केवल कुम्भक, अर्थात इच्छा के अनुसार कितनी भी देर तक श्वसन क्रिया को रोकने की शक्ति होना, यह कुण्डलिनी शक्ति के जागृत होने का एक लक्षण है।

कुण्डलिनी महाशक्ति की वैज्ञानिक व्याख्या

कुण्डलिनी शक्ति को अच्छी तरह समझने के लिए श्वास क्रिया और सुषुम्ना शीर्षक (मेडुला आफ लोंगलेटा) का विस्तृत अध्ययन आवश्यक है। पाश्चात्य वैज्ञानिक अभी तक इतना ही जान पायें हैं कि नाक से ली हुई सांस गले से होती हुई फुफ्फुसों (फेफड़ो) तक पहुंचती है। फेफड़ों के छिद्रो में भरे हुये रक्त को वायु शुद्ध कर देती है और रक्त परिसंचालन की गतिविधि शरीर में चलती रहती है।

किन्तु प्राणायाम द्वारा श्वसन क्रिया को बंद करके भारतीय योगियों ने

यह सिद्ध कर दिया है कि चेतना जिस प्राण–तत्व को धारण किये हुये जीवित है, उसके लिए श्वास क्रिया आवश्यक नहीं। सांस ली हुई हवा का स्थूल भाग ही रक्त शुद्धि का काम करता है, उसका सूक्ष्म भाग सुषुम्ना शीर्षक में अवस्थित इड़ा और पिंगला नाड़ियों के माध्यम से नाभि कंद स्थित चेतना को उद्दीप्त किये रहता है। गोरक्ष पद्धति के श्लोक 48 मे इस क्रिया को शक्तिचालिनी महामुद्रा, नाड़ी शोधन आदि नाम दिये हैं और लिखा है कि सामान्य अवस्था में इड़ा और पिंगला नाड़ियों का शरीर की जिस ग्रंथि या इंद्रिय से सम्बंध होता है, मनुष्य उसी प्रकार के विचाारों से प्रभावित होता रहता है, इस अवस्था में नाड़ियों का अपना कोई क्रम नहीं होता। किंतु जब विशेष रूप से (प्राणायाम) से प्राणवायु को धौंका जाता है तो इड़ा और पिंगला सम स्वर मे प्रवाहित होने लगती है। इस अवस्था के विकास के साथ–साथ नाभि कंद के प्रकाश स्वरूप गोला भी विकसित होने लगता है। उससे प्राण शक्ति का विद्युत शक्ति के समान निसृण होता है चूंकि सभी नाड़ियां इसी भाग से निकलती है इसलिए वह इस ज्योति गोले के संस्पर्श में होती है। सभी नाड़ियो में वह विश्वव्यापी शक्ति झरने से सारे शरीर में वह तेज 'ओजस' के रूप में प्रकट होने लगता है। इन्द्रियों में वही बल के रूप में, नेत्रों में चमक के रूप में परिलक्षित होता है इस प्राण शक्ति के कारण प्रबल आकर्षण शक्ति पैदा होती है। यह शक्ति नाभि प्रदेश में प्रस्फुटित होती है और चूंकि कटि प्रदेश में इसी के समीप है, इसलिए वह भाग अधिक शीघ्र और तेजी से प्रभावित होता है इसलिए यौन शक्ति केद्रों को नियंत्रण में रखना अधिक आवश्यक होता है। साधना की अवधि में इसीलिए संयम पर अधिक जोर दिया जाता है, जिससें कुण्डलिनी शक्ति का फैलाव ऊर्ध्वगामी हो जाये उसी से ओज की वृद्धि होती है।

वैज्ञानिक इस निष्कर्ष पर निकल आये है कि शरीर में विभिन्न ज्ञानेद्रियों के केंद्र स्थूल इंद्रिया नहीं वरन् उससे भी सूक्ष्म और संवेदन शील कोई स्थान शरीर में है, जिन्हें न तो यंत्रों के द्वारा पकड़ा जा सकता है और न स्थूल आखों से देखा जा सकता है वे अत्यंत शक्तिशाली, महत्वपूर्ण और अनेक रहस्यों से परिपूर्ण है। शरीर पिण्ड में उसके जीवकोश, रसायन हारमोन, जीन्स आदि की अपनी सुविस्तृत व्यवस्था है। यहां उसका उल्लेख संभव नहीं है चर्चा मात्र मेरूदण्ड की और उसके दोनों सिरों की (पोल्स) की हो रही है। यह क्षेत्र समग्र काया की तुलना में बहुत छोटा होते हुए भी इतना महत्वपूर्ण है कि उसे

योगाभ्यास की अतिमहत्वपूर्ण चारा कहा जाएं तो कुछ अत्युक्ति न होगी मानवी काया यों है तो ब्रह्मण्ड की अनुकृति पर उसे छोटे रूप में समझाने के लिए एक भूमण्डल मान लेने में भी बहुत ही ज्ञातव्य बातें हस्तगत हो जायेंगी। पृथ्वी अपने उत्तरी ध्रुव से अन्तरिक्षीय भण्डार में से अपने काम की वस्तुएं ग्रहण कर लेती है। यह उसका मुख है। मुख चाहे जो नहीं खाने लगता। जो उपयोगी होती है उन्हीं को स्वाद और स्वरूप के आधार पर पकड़ता और पेट में पहुंचाता है। उसी प्रकार अंतरिक्ष में मंडराती रहने वाली असंख्य शक्तियों में से पृथ्वी उन्हीं को पकड़ती है और अपने लोक की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए प्रयुक्त करती है। प्रयुक्त करने के बाद जो कचरा बच जाता है उसे मल द्वार से दक्षिण ध्रुव से निकाल बाहर करती है। पचे हुए उपयोगी अंश से ही उसकी आवश्यकताओं की पूर्ति हो जाती है। मानवीय शरीर भी इसी क्रिया का अनुसरण करता है उसका उत्तरी ध्रुव मस्तिष्क है और दक्षिणी ध्रुव वह जिसे मल–मूत्र स्थानों का मध्य भाग मूलाधार चक्र कहते हैं इन दोनों के मध्य एक प्रचण्ड शक्ति प्रवाह बहता रहता है जिसे कुण्डलिनी शक्ति कहते हैं।

पृथ्वी द्वारा खींचा गया अन्तरिक्षीय प्रवाह भूमध्य रेखा के साथ साथ चलता है। अन्तर्ग्रही शक्तियों का पृथ्वी पर प्रवाह किस प्रकार बहता है और उसकी क्षमता अन्यान्य क्षेत्रों में किस प्रकार काम करती है?इसकी जांच पड़ताल करने के लिए वैज्ञानिक इसी क्षेत्र में अपने विविध अन्वेषण करते रहते है। संसार की महत्वपूर्ण बेधशालाएं इसी भूमध्य रेखा पर बनाई गई है। इसी क्षेत्र के लम्बे पर्यवेक्षण से अनेकानेक रहस्यों का उद्घाटन हो सका है।

शरीर की भूमध्य रेखा मेरूदण्ड है। वह स्वयं तो अध्यात्म प्रयोगों की दृष्टि से आश्चर्यजनक है ही, उसके दोनों सिरे भी असाधारण है जिन्हें जादुई ही कह सकते हैं। मेरूदण्ड के शक्ति प्रवाह में तीन धाराएं बहती हैं, जिन्हें इड़ा पिंगला और सुषुम्ना कहा जाता है। बिजली की दो धाराएं होती है एक को निगेटिव और दूसरी को पौजीटिव कहते हैं। इन दोनो का जहां मिलन होता है, वहा तीसरा 'करेन्ट' बहने लगता है। इड़ा, पिंगला का जहां मिलन होता है वहीं से तीसरी धारा सुषुम्ना का उद्भव होता है इसी को शास्त्रकारों ने गंगा युमना के मिलन की सरस्वती कहा है और उस संगम को त्रिवेणी नाम दिया है। सरस्वती प्रत्यक्ष नहीं है। वह मिलन संगम पर पाताल से आकर मिलती है। इसी बात को यों भी कहा जा सकता है कि जिस प्रकार पीला

नीला रंग मिलाने से तीसरा रंग हरा बन जाता है, ठीक उसी प्रकार इस सुषुम्ना संगम को कहा जा सकता है। यह त्रिविधि संगम ऐसा है जिसे लक्ष्मी काली और सरस्वती के संगम की उपमा दी जा सकती है।

मेरूदण्ड संरचना का विश्लेषण करने पर उनमें उन प्रकार की रक्त वाहनियां भी पायी गई है और शक्ति धाराएं भी। वैज्ञानिक इड़ा प्रक्रिया को – ''सिम्पैथेटिक सिस्टम'' और पिंगला को ''पैरासिम्पैथेटिक सिस्टम'' कहते हैं। इन दोनों का उद्‌गम जिस कैलाश से है उसे मस्तिष्क मध्य में उपस्थित ''हाइपोथेलेमस'' कहते हैं। इसी के दो सिरे पीनियल और पिट्‌यूटरी मस्तिष्क में ही अवस्थित रहते हैं। इन दोनों को मिलाने वाली श्रृंखला ही हाइपोथेलेमस है। इसे सहस्त्रार चक्र कहा गया है। ब्रम्हरंध्र भी इसी के साथ जुड़ा हुआ है, जिसकी संगति ''कापर्स कैलोजम'' के समीप से बैठती है। चक्र वेधन, सहस्त्रार उन्नयन एवं मूलाधार का शक्ति उद्‌घाटन यह तीनों ही कुण्डलिनी जागरण की प्रक्रिया को पूर्ण कर लेने के लिए आवश्यक है। कहा जा चुका है कि मूलाधार मलमूत्र छिद्रों के मध्य है। इस स्थान की शल्य क्रिया करने पर जो नाड़ी गुच्छक पाया गया है उसे 'सेक्रलप्लेक्सस' कहते हैं इससे स्नायु प्रवाह माध्यम से प्रायः कामोत्तेजना उभरती रहती है और संतोनोत्पादन के लिए शुक्राणु डिम्बाणु प्रजनन अंगों में बनते रहते हैं यहीं से दाढ़ी, मूंछ, पौरूष, साहस, श्रमयोग्य कठोरता उभारने वाले हारमोन उत्पन्न होते हैं। योगाभ्यास में इसे अग्निकुण्ड, कुण्डलिनी निवास आदि का नाम दिया गया है।

मस्तिष्क मध्य में निवास करने वाले केंद्र में अप्रत्यक्ष रूप से काम करने वाले विद्युत उत्पादन केंद्र को सहस्त्रार के अतिरिक्त ''रेटीकुलर एक्टिवेंटिंग सिस्टम'' भी कहते हैं। इसे अति संवेदनशील विद्युत मापक यंत्रों की सहायता से ही मापा जा सकता हैं यहां क्षण–क्षण में विद्युत स्फुल्लिंग उभरते रहते हैं। इसे असली ह्रदय कहा जा सकता है। छाती में धड़कने वाला हृदय, रक्त को मात्र असली हृदय तक पहुंचाता है। सहस्त्रार चक्र का इससे सीधा संबंध है। उसे ब्रम्हरंध्र का उद्‌गम भी कह सकते हैं।

मूलाधार और सहस्त्रार को मिलाने वाला छोटे–छोटे घटकों से मिलकर बना मेरूदण्ड है। इसी को बोल–चाल की भाषा में ''रीढ़'' कहते हैं। स्पाइनल कार्ड इसके अंदर होता है। इसी के मध्य व दोनों ओर वे तीनों नाड़ियां शक्ति धाराएं बहती हैं, जिनका उल्लेख उपर इड़ा पिंगला के रूप में किया गया है। इन्हीं दोनों की मध्यवर्ती सुषुम्ना है। मेरूदण्ड मार्ग को 'इक्वेटोरियल

लाइन' विषुवत रेखा कहते हैं। किंतु इसका मध्यवर्ती प्रवाह "सेन्ट्रल केनाल (स्पाइनल कार्ड का केंद्रीय भाग) के नाम से जाना जाता है। यही सब मिलकर वैसी स्थिति बनती है जैसी कि पृथ्वी पर भूमध्य रेखा की है। ऐसे तो समस्त शरीर ही शक्ति पुंज है किंतु योग साधना से प्रचण्ड शक्ति का केंद्र उसी नाम को समझा जाना चाहिए जो मूलाधार से लेकर सहस्त्रार तक मेरूदण्ड माध्यम से शक्ति पुंज बनकर अवस्थित है।

कुण्डलिनी महाशक्ति को सुप्त सर्पिणी की उपमा दी गई है। कुण्डलिनी की सुप्त अवस्था के कारण ही मनुष्य के चित्त में अज्ञान व्याप्त है। कुण्डलिनी के जागरण के लिए हठयोग में जो विशेष उपाय बताये गये है उनमें सिद्धासन, पश्चिमोत्तान, मत्स्येन्द्रासन, महामुद्रा तथा मूलबंध, जालंधर बंध एवं उड्डियान बंध इन तीनों बंधों सहित भस्त्रिका प्राणायाम ये उपाय प्रमुख है। इन अभ्यासों में रीढ़ एवं गर्दन को आगे झुकाने से सुषुम्ना नाड़ी पर तनाव लाना, उदर गुहा में तनाव और दबाब निर्माण करना, तथा सीवनी पर, जहां कुण्डलिनी का स्थान है दबाव निमार्ण करना, यह कार्य होते हैं। इन सबसे कुण्डलिनी का प्रत्यक्ष जागरण किस प्रकार होता है, उस जागरण का स्वरूप क्या है, तथा उसके क्या परिणाम होते है, इन बातों का कोई वैज्ञानिक स्पष्टीकरण अभी उपलब्ध नहीं हुआ है।

कुंडलिनी महाशक्ति की पौराणिक व्याख्या

आत्म विद्या के विद्यार्थियों को यह तो विदित ही है कि यह मानवीय पिण्ड (शरीर) विश्व ब्रम्हाण का एक छोटा सा नमूना मात्र है। सूर्य चलता है और सौर मण्डल के ग्रह–उपग्रह उसकी परिक्रमा करते हैं। ठीक इसी प्रकार परमाणु भी अकेला नहीं होता, उसके साथ इलेक्ट्रोन, प्रोट्रोन, न्यूट्रान आदि की एक मण्डली रहती है जो 'न्युलियस' से प्रभावित होकर अपना कार्य उसी तरह चलाती है जिस तरह सौर मण्डल के साथ। विशाल वृक्ष का सारा ढांचा छोटे से बीज के भीतर पूरी तरह विद्यमान रहता है। मनुष्य का शरीर ही नहीं उसका स्वभाव, बुद्धि अन्तःकरण आदि महत्वपूर्ण सूक्ष्म चेतना संस्थान भी अति सूक्ष्म रज वीर्य में पूरी तरह "जीन्स" रूप से विद्यमान रहता है। ब्रम्हाण की विशाल व्यापकता को यदि हम बीज रूप में देखना चाहें तो उसे मानव शरीर की सूक्ष्मता का विश्लेषण करते हुए भली प्रकार जान सकते हैं। जान ही नहीं सकते उस व्यक्तिगत सूक्ष्मता का विश्व गरिमा के साथ जुड़े हुए अविच्छिन्न सम्बन्ध का लाभ भी उठा सकते हैं। यह सम्बन्ध सूत्र यदि प्रसुप्त

न रह कर जाग्रत हो जायें, दुर्बल न रह कर परिपक्व हो जायें तो विश्व व्यापी शक्ति भण्डार से अपने लिए आवश्यक वस्तुयें प्रचुर मात्रा में उपलब्ध आकर्षित कर सकता है इतना ही नहीं अपनी दुर्बल इकाई को बनाकर उससे विराट् विश्व के जड़ चेतना संस्थान को प्रभावित कर सकता है।

साधना और तपश्चर्या वस्तुतः इसी अति महत्वपूर्ण विज्ञान का नाम है। प्राचीन काल में तप साधना के द्वारा जिनने जो वरदान पाये थे उनके इतिहास, पुराण विस्तार पूर्वक हम पढ़ते सुनते हैं। इन दिनों वैसी उपलब्धियां प्रत्यक्ष न होने से वे बातें कपोल कल्पना जैसी लगती हैं, पर वस्तुतः बात ऐसी नहीं है। यदि ठीक विधि से ठीक उपकरणों द्वारा उस विज्ञान को कार्यान्वित किया जाये तो पूर्व काल की कपोल कल्पना समझी जाने वाली बातों को आज भी प्रत्यक्ष किया जाना सम्भव हैं।

तपस्वियों द्वारा साधना के फलस्वरूप प्राप्त किये वरदान और कुछ नहीं विराट् विश्व की अन्तरंग शक्तियों में से कुछ का इच्छानुकूल उपयोग कर सकने की क्षमता ही समझी जानी चाहिए इसी प्रकार शाप वरदान दे सकने की क्षमता को अपनी व्यक्तिगत इकाई को इतना प्रबल बना लेना चाहिए जिससे मनुष्यों या पदार्थो को अपनी संकल्प शक्ति के प्रहार से अभीष्ट दिशा में मुड़ने के लिए विवश किया जा सके। देवताओं का अस्तित्व इस विराट् विश्व में उनकी विशालता के अनुरूप व्यापक भी हो सकता है? पर हम से देवताओं के जिस अंश का प्रत्यक्ष और सीधा सम्बन्ध है वह अंश अपने भीतर ही 'शक्ति बीजों' के रूप में विद्यमान रहता है। साधना का प्रयोजन इन्हीं शक्ति बीजों को जाग्रत और समर्थ बनाना है। समष्टिगत देवताओं का आर्शीवाद, वायु, वर्षा, धूप, शीत, दुर्भिक्ष, सुभिक्ष आदि के रूप में समग्र रूप से बरसता है और उससे सबको समान लाभ मिलता है। व्यक्तिगत वरदान आर्शीवाद देने वाले देवता अपने शरीर में ही विद्यमान रहते हैं। विविध–विधि साधनाओं द्वारा उन्हीं को स्वयं समर्थ बनाया जाता है। और अपनी पात्रता एवं तपस्या के अनुरूप उन्हीं से वह लाभ पाया जाता है जिसे 'अलौकिक चमत्कारी' देव प्रदत्त, वरदान के रूप में आश्चर्य के साथ सुना और देखा जाता है।

इस अलौकिक और अद्भुत चमत्कार प्रस्तुत करने वाले शक्ति को ही योगियों और तपस्वियों ने कुंडलिनी नाम दिया है और उसे जीवन चेतना का आधार बताया है। उसी से जीवधारियों को शक्ति और तेजस्विता मिलती है,

सामान्य स्थिति में व्यक्ति की कुण्डलिनी शक्ति जितनी मात्रा में स्पन्दन करती है, उतना ही प्रभाव, उस मनुष्य का होता है। उसी के आधार और अनुपात से लोगों को सुख–दुःख आदर सम्मान, लोक प्रतिष्ठा आदि मिलती है। इसलिए कहना न होगा कि मनुष्य के स्थूल जीवन की नहीं व्यावहारिक जीवन की सफलता और समुन्नति का आधार भी कुण्डलिनी शक्ति ही है।

पांचों प्रकार की ज्ञान इन्द्रियाँ भी बिजली के तारों की तरह इसी महाशक्ति से जुड़ गई हैं, इसलिए वह सूक्ष्म चेतना होने पर भी संकल्प रूप में आ गई है। चेतन होने के कारण चित्त, जीने से जीव मनन करने से मन और बोध प्राप्त करने से चेतना को बुद्धि रूप में देखा जाता है। अहंकार रूप में उसे ही तुर्यष्टक कहते हैं पर इन विभिन्न नामों का एक ही आधार है चेतना। इस चेतना की, शक्तियों की मूलाधार शक्ति को ही कुण्डलिनी कहा जाता है। ज्ञान और अनुभव के पांचों कोश बीज रूप से इसी में पाये जाते हैं, इसलिए कुण्डलिनी शक्ति जाग्रत कर लेने वाला इन्द्रियों को उसी तरह वश में कर लेता है, जिस तरह लगाम लगे हुए घोड़ों को वश में कर लिया जाता है। जिसने इन्द्रियों को जीत लिया संसार में उसको किसका भय। जो निर्भय हो गया वहीं विश्व–विजेता हो गया।

कुण्डलिनी की इन्हीं महान् सामर्थ्यो को जान कर ही योग शास्त्रों में उसे सर्वाधिक महत्व दिया गया। इसके साथ अनेक प्रकार की कल्पनायें जोड़ दी गई हैं।अनेक प्रकार से उसका वर्णन किया जाता है। सीधे सरल शब्दों में कुण्डलिनी वह दिव्य मानस तेज हैं, जो आत्म–चेतना से परिसिक्त है और शरीर भर में व्याप्त है। साधना के फलस्वरूप यह तेज सिमट कर ध्यान के समय ज्योति बन कर देह में कार्य करने लगता है।

कुण्डलिनी शक्ति को और अच्छी तरह समझने के लिए श्वास क्रिया और सुषुम्ना शीर्षक (मेडुला आफ लोंगलेटा) का विस्तृत अध्ययन आवश्यक है। पाश्चात्य वैज्ञानिक अभी तक इतना ही जान पायें हैं कि नाक से ली हुई साँस गले से होती हुई फुफ्फुसों (फेफड़ों) तक पहुंचती है। फेफड़ों के छिद्रों में भरे हुये रक्त को वायु शुद्ध कर देती है और रक्त–परिसंचालन की गतिविध शरीर में चलती रहती है।

किन्तु प्राणायाम द्वारा श्वास क्रिया को बन्द करके भारतीय योगियों ने यह सिद्ध कर दिया है कि चेतना जिस प्राण–तत्व को धारण किये हुए जीवित है, उसके लिए श्वास–क्रिया आवश्यक नहीं। साँस ली हुई हवा का स्थूल

भाग ही रक्त शुद्धि का काम करता है, उसका सूक्ष्म भाग सुषुम्ना शीर्षक में अवस्थित इड़ा और पिंगला नाड़ियो के माध्यम से नाभि–कन्द स्थिति चेतना को उद्दीप्त किये रहता है। 'गोरक्ष पद्धति' में श्लोक 48 में इस क्रिया को शक्तिचालन महामुद्रा, नाड़ी शोधन आदि नाम दिये हैं और लिखा है कि सामान्य अवस्था में इड़ा और पिंगला–नाड़ियों का शरीर की जिस ग्रन्थि या इन्द्रिय से सम्बन्ध होता है, मनुष्य उसी प्रकार के विचारों से प्रभावित होता रहता है, इस अवस्था में नाड़ियों के स्वतः संचालन का अपना कोई क्रम नहीं होता। किन्तु जब विशेष रूप (प्राणायाम) से प्राणवायु को घौंका जाता है तो इड़ा (गर्म नाड़ी) और पिंगला (ठण्डी–नाड़ी) सम–स्वर में प्रवाहित होने लगती हैं। इस अवस्था के विकास के साथ–साथ नाभि–कन्द में प्रकाश स्वरूप गोला भी विकसित होने लगता है। उससे प्राण शक्ति का विद्युत शक्ति के समान निसृण होता है चूँकि सभी नाड़ियाँ इसी भाग से निकलती हैं इसलिए वह इस ज्योति गोले के संस्पर्श में होती हैं। सभी नाड़ियों में वह विश्वव्यापी शक्ति झरने से सारे शरीर में वह तेज 'ओजस' के रूप में प्रकट होने लगता है। इन्द्रियों में वही बल के रूप में, नेत्रों में चमक के रूप में परिलक्षित होता है। इस प्राण–शक्ति के कारण प्रबल आकर्षण शक्ति पैदा होती है।

यह शक्ति नाभि प्रदेश में प्रस्फुटित होती है और चूँकि कटि प्रदेश भी उसी के समीप है, इसलिए वह भाग अधिक शीघ्र और तेजी से प्रभावित होता है। इसलिए यौन–शक्ति केन्द्रों को नियन्त्रण में रखना अधिक आवश्यक होता है। साधना की अवधि में संयम पर इसीलिए अधिक जोर दिया जाता है, जिससे कुण्डलिनी शक्ति का फैलाव ऊर्ध्वगामी हो जाये उसी से ओज की वृद्धि होती है।

स्थूल रूप से शरीर के स्नायु मंडल को ही पाश्चात्य वैज्ञानिक देख पाये हैं, वे अभी तक नाड़ियों के भीतर बहने और गतिविधियों को मूलरूप से प्रभावित करने वाले प्राण प्रवाह को नहीं जान सके। स्थूल नेत्रों से उसे देखा जाना सम्भव भी नहीं है। उसे भारतीय योगियों ने चेतना के अति सूक्ष्म–स्तर का वेधन करके देखा। योग शिखोपनिषद में 101 नाड़ियों का वर्णन करते हुए शास्त्रकार ने सुषुम्ना शीर्षक को पर नाड़ी बताया है। यह कोई नाड़ी नहीं है वरन् इड़ा पिंगला के समान विद्युत–प्रवाह से उत्पन्न हुई एक तीसरी धारा है जिसका स्थूल रूप से अस्तित्व नहीं भी है और सूक्ष्म रूप से इतना व्यापक एवं विशाल है कि जीव की चेतना जब उसमें से होकर भ्रमण करती है तो

ऐसा लगता है कि वह किसी आकाश गंगा में प्रवाहित हो रहा है। वहां से विशाल ब्रह्माण्ड की झांकी होती है। अन्तरिक्ष में अवस्थित अगणित सूर्य, चन्द्रमा, ग्रह–नक्षत्र की स्थिति समझने और विश्व–व्यापी हलचलों को नाद रूप में सुनने–समझने का अलभ्य अवसर, जो किसी चन्द्रयान या राकेट के द्वारा भी सम्भव नहीं है, इसी शरीर में मिलता है। उस स्थिति का वर्णन किया जाये तो प्रतीत होगा कि कुछ स्थूल और सूक्ष्म इस संसार में विद्यमान् है उस सब के साथ सम्बन्ध मिला लेने और उनका लाभ उपलब्ध करने की क्षमता उस महान् आत्म–तेज में विद्यमान् है, जो कुण्डलिनी के भीतर बीज रूप में मौजूद है।

सुषुम्ना नाड़ी (स्पाइनलकार्ड) मेरूदण्ड में प्रवाहित होती है और ऊपर मस्तिष्क के चौथे खोखले भाग (फोथविन्ट्रिकल) में जाकर सहस्त्रार चक्र में उसी तरह प्रवष्टि हो जाती हैं जिस तरह की तालाब पानी मे से निकलती हुई कमल नाल से शत–दल कमल विकसित हो उठता है। सहस्त्रार चक्र ब्रह्मण्ड लोक का प्रतिनिध है, वहां ब्रम्हा की सम्पूर्ण विभूति–बीज रूप से विद्यमान् है और कुण्डलिनी की ज्वाला वहीं जाकर अन्तिम रूप से जा ठहरती है, उस स्थिति में निरन्तर मधुपान का सा, सम्भोग की तरह का सुख (जिसका कभी अन्त नहीं होता) है, उसी कारण कुण्डलिनी शक्ति से ब्रम्हा प्राप्ति होना बताया जाता है।

कुण्डलिनी का महत्व इसी शरीर में परिपूर्ण शक्ति और सामर्थ्य का स्वामी बन कर आत्मा की अनुभूति और ईश्वर दर्शन प्राप्त करने से निःसन्देह बहुत अधिक बढ़ जाता है। पृथ्वी का आधार जिस प्रकार शेष भगवान् को मानते हैं, उसी प्रकार कुण्डलिनी शक्ति पर प्राणि मात्र का जीवन अस्तित्व टिका हुआ है। सर्प के आकार की वह महाशक्ति ऊपर जिस प्रकार मस्तिष्क में अवस्थित शून्य–चक्र से मिलती है, उसी प्रकार नीचे वह यौन–स्थान में विद्यमान् कुण्डलिनी के ऊपर टिकी रहती है। प्राण और अपान वायु के धौंकने से वह धीरे–धीरे मोटी, सीधी, सशक्त और परिपुष्ट होने लगती हैं साधना की प्रारम्भिक अवस्था में यह क्रिया धीरे–धीरे होती है, किन्तु साक्षात्कार या सिद्धि की अवस्था में वह सीधी हो जाती है। और सुषुम्ना का द्वार खुल जाने से शक्ति का स्फुरण वेग से फूट कर सारे शरीर में विशेष रूप से मुखाकृति में फूट पड़ता है। कुण्डलिनी जागरण दिव्य ज्ञान, दिव्य अनुभूति और अलौकिक सुख का सरोवर इसी शरीर में मिल जाता है।

सुषुम्ना नाड़ी का रूका हुआ छिद्र जब खुला जाता है तो साधक को एक प्रकार अत्यन्त मधुर नाद सुनाई देने लगता हैं। यह ध्वनि प्रारम्भ में मेघ के गर्जन, वर्षा समुद्र की हहराहट, घण्टा, झाँझ, वीणा और भ्रमर गुंजार के तुल्य विकसित होती है, यही बाद में अनाहत नाद में परिणित हो जाता है। नाभि से 4 अंगुल ऊपर यह आवाज सुनाई देती है, उसे सुनकर चित्त उसी प्रकार मोहित होता है। जिस प्रकार वेणुनाद सुन कर सर्प सब कुछ भूल जाता है। अनाहत नाद से साधक के मन पर चढ़े हुए जन्म–जन्मान्तरों के कुसंस्कार छूट जाते हैं।

कुण्डलिनी महाशक्ति को तन्त्र–शास्त्रों में द्विमुखी सर्पिणी कहा गया है। उसका एक मुख मल–मूत्र इन्द्रियों के मध्य मूलाधार चक्र में है। दूसरा मुख मस्तिष्क के मध्य ब्रम्ह रन्ध्र में हैं। पृथ्वी के उत्तरी ध्रुवों में सन्निहित महान् शक्तियों का परस्पर आदान प्रदान निरन्तर होता रहता है, इसी से इस पृथ्वी का सारा क्रिया–कलाप यथाक्रम चल रहा है। इसी प्रकार कुण्डलिनी शक्ति के ऊपर और नीचे के जननेन्द्रिय और मस्तिष्क अथःऊर्ध्व केन्द्रों की शक्तियों का निरन्तर आदान–प्रदान होता रहता है। यह संचार क्रिया मेरू–दण्ड के माध्यम से होती है। रीढ़ की हड्डी इन दोनों केन्द्रों को परस्पर मिलाने का काम करती है। वस्तुतः स्थूल कुण्डलिनी का महासर्पिणी स्वरूप मूलाधार से लेकर मेरू–दण्ड समेत ब्रम्ह–रन्ध्र तक फैले हुए सर्पाकृत कलेवर में ही पूरी तरह देखी जा सकती है। ऊपर नीचे मुड़े हुए दो महान् शक्तिशाली केन्द्र चक्र ही उसके आगे–पीछे वाले दो मुख हैं।

मेरू–दण्ड पोला है, उसके भीतर जो कुछ है, उसकी चर्चा शरीर शास्त्र के स्थूल प्रत्यक्ष दर्शन के आधार पर दूसरे ढंग से की जा सकती हैं शल्य क्रिया द्वारा जो देखा जा सकता है, वह रचना क्रम दूसरा है। हमें सूक्ष्म प्रक्रिया के अन्तर्गत योग–शास्त्र की दृष्टि से इस परिधि में सन्निहित दिव्य शक्तियों की चर्चा करनी है। योगशास्त्र के अनुसार मेरू–दण्ड में एक ब्रम्हा नाड़ी है और उसके अन्तर्गत इड़ा और पिंगला दो अन्तर्गत शिरायें गतिशील हैं। यह नाड़ियाँ रक्त वाहिनी शिरायें नहीं समझी जानी चाहिए। वस्तुतः ये विद्युत धारायें हैं। जैसे बिजली के तार में ऊपर एक रबड़ का खोल चढ़ा होता है और उसके भीतर जस्ते तथा ताँबे का ठंडा गरम तार रहता है, उसी प्रकार इन नाड़ियों को समझा जाना चाहिए। ब्रम्हा–नाड़ी रबड़ का खोल हुआ, उसके भीतर इड़ा और पिंगला ठंडे–गरम तारों की तरह हैं। इनका स्थूल

कलेवर या अस्तित्व नहीं हैं। शल्य–क्रिया द्वारा यह नाड़ियाँ नहीं देखी जा सकतीं। इस रचना क्रम को सूक्ष्म विद्युत धाराओं की दिव्य रचना ही कहना चाहिए।

मस्तिष्क के भीतरी भाग में ये कतिपय 'कोष्टकों के अन्तर्गत भरा हुआ मज्जा भाग ही देखने को मिलेगा। खुर्दबीन से और कुछ देखा नहीं जा सकता पर सभी जानते हैं, उस दिव्य संस्थान के नगण्य से दीखने वाले घटकों के अन्तर्गत विलक्षण शक्तियाँ भरी पड़ी हैं। मनुष्य का सारा व्यक्तित्व, सारा चिन्तन, सारा क्रिया कलाप और सारा शारीरिक, मानसिक अस्तित्व इन घटकों के ऊपर ही अवलम्बित रहता है। देखने में सभी का मस्तिष्क लगभग एक जैसा दिखेगा पर उसकी सूक्ष्म स्थिति में पृथ्वी, आकाश जैसा अन्तर दीखता है, उसके आधार पर व्यक्तित्वों का घटिया–बढ़िया होना सहज ही आंका जा सकता है। यही सूक्ष्मता कुण्डलिनी के सम्बन्ध में व्यक्त की जा सकती है। मूलाधार, सहस्त्रार, ब्रम्हा–नाड़ी, इड़ा, पिंगला उन्हें शल्य क्रिया द्वारा नहीं देखा जा सकता। यह सारी दिव्य रचना ऐसी सूक्ष्म है, जो देखी तो नहीं जा सकती पर उसका अस्तित्व प्रत्यक्ष अनुभव किया जा सकता है।

मूलाधार में अवस्थित कुण्डलिनी महाशक्ति मलद्वार और जननेन्द्रिय के बीच लगभग चार अंगुल खाली जगह में विद्यमान बताई जाती हैं योग शास्त्र के अनुसार इस स्थान पर वहीं गहरे में एक त्रिकोण परमाणु पाया जाता हैं। यों सारे शरीर में स्थिति कण गोल बताये जाते हैं पर यही एक तिकोना कण है यहां एक प्रकार का शक्ति भ्रमर है। शरीर में प्रवाहित होने वाली तथा मशीनों से संचारित बिजली की गति का क्रम यह है कि वह आगे बढ़ती है फिर तनिक पीछे हटती है और उसी क्रम से आगे बढ़ती पीछे हटती हुई अपनी अभीष्ट दिशा में दौड़ती चली जाती हैं। किन्तु मूलाधार स्थिति त्रिकोण कण के शक्ति भंवर में सन्निहित बिजली गोल घेर में पेड़ से लिपटी हुई बेल की तरह घूमती हुई संचारित होती है। यह संयम क्रम प्रायः 3।। लपेटों का है। आगे चल कर यह विद्युत धारा इस विलक्षण गति को छोड़ कर सामान्य रीति से प्रवाहित होने लगती है।

यह प्रवाह निरन्तर मेरूदण्ड मे होकर मस्तिष्क के उस मध्य बिन्दु तक दौड़ता रहता है, जिसे ब्रम्हा–रन्ध्र या सहस्त्रार कमल कहते हैं। इस शक्ति केन्द्र का मध्य अणु भी शरीर के अन्य अणुओं से भिन्न रचना का है। वह गोल न होकर चपटा है। उसके किनारे चिकने न होकर खुरदरे हैं – आरी के दांतों

से उस खुरदरेपन की तुलना की जा सकती है। योगियों का कहना है कि उन दांतों की संख्या एक हजार है। अलंकारिक दृष्टि से इसे एक ऐसे कमल पुष्प की तरह चित्रित किया जाता है जिसमें हजार पंखुरियां खिली हुई हों। इस अलंकार के आधार पर ही इस अणु का नामकरण 'सहस्त्रार कमल' किया गया है।

सहस्त्रार कमल का पौराणिक वर्णन बहुत ही मनोरम एवं सारगर्भित है। कहा गया है कि क्षीरसागर में विष्णु भगवान् सहस्त्र फन वाले शेषनाग पर शयन कर रहे हैं। उनके हाथ में शंख, चक्र, गदा, पद्म हैं। लक्ष्मी उनके पैर दाबती हैं। कुछ पार्षद उनके पास खड़े हैं। क्षीरसागर मस्ष्तिक में भरा हुआ, भूरा चिकना पदार्थ ग्रेटमैटर है। हजार फन वाला सर्प यह चपटा खुरदरा ब्रम्ह–रन्ध्र स्थित विशेष परमाणु है। मनुष्य शरीर में अवस्थित ब्रम्हा–सत्ता का केन्द्र यहीं है। इसी से यहां विष्णु भगवान का निवास बताया गया है। यह विष्णु सोते रहते हैं। अर्थात् सर्वसाधारण में होता तो ईश्वर का अंश समान रूप से है पर वह जाग्रत स्थिति में नहीं देखा जाता। आमतौर से लोग घृणित, हेय, पशु–प्रवृत्तियों जैसा निम्न–स्तर का जीवन यापन करते हैं। उसे देखते हुए लगता है कि इनके भीतर या तो ईश्वर है ही नहीं–अथवा यदि है तो वह प्रसुप्त स्थिति में पड़ा है। जिसका ईश्वर जाग्रत होगा उसकी विचारणा, क्रियाशीलता आकांक्षा एवं स्थिति उत्कृष्ट स्तर की दिखाई देगी वह प्रबुद्ध और प्रकाशवान् जीवन जी रहा है, अपने प्रकाश से स्वयं ही प्रकाशवान् न हो रहा होगा वरन् दूसरों को भी मार्ग–दर्शन कर सकने में समर्थ हो रहा होगा। मानव तत्व की विभूतियां जिसमें परिलक्षित न हो रहीं हैं, जो शोक–संताप, दैन्य दारिद्र और चिन्ता–निराशा का नारकीय जीवन जी रहा हो, उसके बारे में यह कैसे कहा जाये कि उसमें भगवान् विराजमान हैं। फिर यह भी तो नहीं कहा जा सकता कि उसमें ईश्वर नहीं है। हर जीव ईश्वर का अंश है और उसके भीतर ब्रह्म सत्ता का अस्तित्व विद्यमान् भी है।

इस विसंगति की संगति मिलाने के लिए यही कहा जा सकता है कि उसमें भगवान् है तो पर सोया पड़ा है। क्षीर जैसी उज्जवल विचारणाओं के सागर में भगवान् निवास करते हैं। क्षीर सागर ही उनका लोक है। जैसे मस्तिष्क में क्षीर जैसी धवल स्वच्छ, उज्जवल प्रवृत्तियां, मनोवृत्तियां भरी पड़ी हों समझना चाहिए कि उसका अन्तरंग क्षीरसागर है और उसे भगवान् का लोक ही माना जायेगा। क्षीरसागर में सहस्त्र फन वाले शेषनाग पर विष्णु

भगवान् के शयन करते रहने का यही पौराणिक रहस्य है।

विष्णु के हाथ चार आयुध। शंख अर्थात् ध्वनि, वाक् शक्ति, दूसरों को जगाने–उठाने एवं प्रभावित करने की क्षमता। चक्र अर्थात् गतिशीलता, क्रिया, स्थिति के अनुरूप परिवर्तन कर सकने की शक्ति। गदा अर्थात् प्रताड़ना, अवांछनीय, अनुपयुक्त परिस्थितियों को दबाने–मिटाने एवं सुधारने की सामर्थ्य। पद्म अर्थात् सौन्दर्य, शोभा; सुगन्ध, मधुरता, सौम्यता, सज्जनता सहृदयता, उदारता, संयमशीलता आदि सद्गुणों का बाहुल्य। विष्णु भगवान के चार हाथों में यह चार आयुध हैं। भगवान अपने साथ यह विशेषतायें धारण किये हैं। जिनका भगवान जाग्रत, सक्रिय होगा, उनमें उपरोक्त चारों विशेषतायें भी प्रत्यक्ष परिलक्षित होंगी। लक्ष्मी विष्णु की पत्नी है। जहां भगवान् रहेगा, वहां विभूतियां, सिद्धियां, विशेषतायें, सफलतायें, सद्भावनायें प्रचुर परिमाण में दृष्टिगोचर होगी। लक्ष्मी अर्थात् विभूति। वह विष्णु की पत्नी है। महापुरूषों के पास महान विभूतियां भी प्रस्तुत रहती हैं। दरिद्रता तो दुर्जनों के हिस्से आई हैं, सज्जन अपरिग्रही हो सकते हैं, यह उनकी स्वेच्छा, सुविधा एवं अभिरूचि है। वैसे कोई अभाव उनके ऊपर थोपा हुआ नहीं होता।

नारद हयग्रीव आदि दूसरे पार्षदों की उपस्थिति का आधार यह है कि विष्णु और लक्ष्मी के साथ–साथ अनेक दैवी शक्तियां भी सहायता के लिए उपस्थित रहती हैं।सात्विक शक्तियों के ज्ञान–विज्ञान और वर्चस्व के प्रतीक नारद माने जाते हैं और बल, पराक्रम, पुरूषार्थ, वैभव, साहस एवं सकाम महत्ता के प्रतिनिध हयग्रीव हैं। सतोगुण का बाहुल्य और रजोगुण का सान्निध्य सदा विष्णु और लक्ष्मी की उपस्थिति के साथ जुड़ा रहेगा। जो ईश्वर भक्त, आस्तिक एवं आत्मदर्शी है, उसे विष्णु लक्ष्मी, पार्षद, क्षीरसागर, शेषनाग जैसी दिव्य सत्ताओं को अपने अन्तरंग में प्रतिष्ठित देखने का अवसर मिलेगा। उसके प्रबुद्ध मस्तिष्क में उपरोक्त सारी विशेषतायें विद्यमान रहेंगी। उसका व्यक्तित्व प्रकाशमान अनुकरणीय एवं ऐतिहासिक चिर–स्मरणीय बनकर रहेगा। उसकी उत्कृष्ट विचारणा एवं आदर्श क्रियाशीलता उसे नर–पशु के स्तर से निकाल कर नर–नारायण की तरह पूजार्ह बनाकर रहेगी।

कुण्डलिनी के ऊर्ध्व मुख ब्रह्म–रन्ध्र स्थित सहस्त्रार कमल के आधार पर शेषशायी विष्णु की अलंकारिक गाथा का रहस्य बहुत गम्भीर है,उसमें बताया गया है ऊर्ध्व मुख सहस्त्रार कमल यदि जाग्रत हो सके तो व्यक्ति अपने भीतर विष्णु और उसके समस्त वैभव कलेवर को अपने साथ जुड़ा, गुंथा देख सकता

है और सिद्ध–पुरूषों की तरह महामहिम जीवन–यापन कर सकता है।

कुण्डलिनी के अधोमुख मूलाधार चक्र के साथ समुद्र–मन्थन की पौराणिक गाथा जुड़ी हुई है। सुर और असुरों ने मिलकर समुद्र मथा था और एक से बढ़कर महत्वपूर्ण चौदह रत्न प्राप्त किये थे। इस गाथा में पौराणिक उपाएयानकार ने कुण्डलिनी की गरिमा ही प्रकट की है।

सुर और असुर दो वर्ग माने गये हैं। इनकी प्रकृति भिन्न है। दिति–अदिति दो माताओं के पुत्र होने के कारण इनमे कुछ भेद भी है पर पिता एक होने के कारण वे एक ही अंश वंश के तथा परस्पर पूरक है। सुर–गुरू बृहस्पति और असुर गुरू शुक्राचार्य दोनों ही देव थे। दोनों की योग्यता, तपस्या एवं दूरदर्शिता असाधारण थी। प्रक्रिया में थोड़ा अन्तर अवश्य था पर थे दोनों ही अपने स्थान पर महत्वपूर्ण। सुर गुरू बृहस्पति ज्ञान मार्गी थे, उनका सम्प्रदाय योग को प्रधानता देता था और उनके अनुयायी दक्षिण मार्गी कहलाते थे। असुर गुरू शुक्राचार्य कर्ममार्गी थे; उनका सम्प्रदाय तन्त्र को प्रधानता देता था और उनके अनुयायी बाम–मार्गी कहलाते थे। आगम और निगम, वेद और तन्त्र दोनों की अपनी महत्ता है। ज्ञान और कर्म एक दूसरे के पूरक हैं। सुर और असुरों की सत्ता एक दूसरे की पूरक हैं। पर समन्वय की पथ छोड़ने वाले एक ही पन्थ परिवार के लोग दुराग्रह के कारण टकराते रहते हैं, सो अतिवादिता और उग्र दुराग्रह का दौर जब चला तो सुर, असुर भी टकराने लगे। देवासुर संग्राम के बहुत कथानक पुराणों में पाये जाते हैं पर उनके सहयोग पूर्ण क्रियाकलापों का भी सर्वथा अभाव नहीं है। समुद्र–मन्थन दोनों ने मिलकर किया था। प्रजापति ने परस्पर कलह से उन्हें दिन–दिन दुर्बल होते जाते देख कर परामर्श दिया कि वे सहयोग का महत्व समझें और मिल–जुलकर काम करें। उन्होंने परामर्श माना और समुद्र–मन्थन का पुरूषार्थ करने के लिए तैयार हो गये। ज्ञान और कर्म का समन्वय ही सुर–असुर सम्मिलन है। विष्णु को ज्ञान का और शिव को कर्म का प्रतीक माना गया है। सुरों का उपास्य विष्णु और असुरों का उपास्य शिव माना जाता रहा है। यह तथ्य कुण्डलिनी महाशक्ति के सुविस्तृत विज्ञान में बहुत ही स्पष्ट है।

मस्तिष्क के मध्य भाग में अवस्थित सहस्त्रार कमल में शेषशायी विष्णु भगवान् अवसिति है और अधः अवस्थित मूलाधार चक्र के अधिपति शिव हैं। शिव चरित्र में कामदेव द्वारा शिव को उद्धीप्त करने और उनके द्वारा तीसरा नेत्र खोलकर कामदेव को जला डालने वाली कथा प्रख्यात है। कुण्डलिनी

जननेन्द्रिय केन्द्र के समीप होने से अपने निकटवर्ती क्षेत्र को प्रभावित करती है, तलदर्शी उस अपन्यय को ज्ञान नेत्र खोलकर नियन्त्रित कर लेते हैं। एक पौराणिक कथा इसी सन्दर्भ में यह भी है कि शिव के काम पीड़ित होने पर उनकी जननेन्द्रिय के 118 टुकड़े विष्णु ने कर डाले और वे जहां भी गिरे वहां ज्योतिर्लिंगों की स्थापना हुई। द्वादश ज्योतिर्लिंगों का उद्‌भव उसी प्रकार हुआ। वासना को ज्योति में बदला जा सकता है। इस कथानक का यही मर्म है।

कुण्डलिनी महाशक्ति का स्वरूप और आधार :

भारतीय योग साधन का मुख्य उद्‌देश्य जीवन्मुक्त स्थिति को प्राप्त करना हैं अभी तक प्राणियों के विकास को देखते हुए सबसे उंची श्रेणी मनुष्य की है, क्योंकि उसको विवेक और ज्ञान के रूप में ऐसी शक्तियां प्राप्त हुईहैं, जिनसे वह जितना चाहे उंचा उठ सकता है और कैसा भी कठिन कार्य हो उसे अपनी अन्तरंग शक्ति से पूरा कर सकता है। संसार के अधिकांश मनुष्य जीवन के बाह्य पक्ष को ही साधने का प्रयत्न करते हैं और प्रत्येक कार्य को सम्पन्न करने के लिए धन बल, शरीर बल तथा बुद्धिबल का प्रयोग करने के मार्ग को ही आवश्यक मानते है। इन तीन बलों के अतिरिक्त संसार में महान कार्यो को करने के लिए जिस आत्मबल की आवश्यकता होती है, उसके विषय में शायद ही कोई कुछ जानता हो, पर वास्तविकता यही है कि संसार में आत्मबल ही सर्वोपरि है और उसके सामने कोई और 'बल' कुछ विशेष महत्व नहीं रखता तथा न ही इस बल के आगे टिक ही सकता है। इस बल को अर्जित करने के लिए योग साधना द्वारा आत्मोत्कर्ष का पथ अपनाना पड़ता है।

जो लोग अपने जीवन ध्येय को प्राप्त करने के लिए अपनी निर्बलताओं अथवा त्रुटियों को समझ कर, उनको दूर करने के लिए योग मार्ग का आश्रय ग्रहण करते हैं, वे धीरे–धीरे अपनी निर्बलता को सबलता में बदल देते हैं, और न केवल सांसारिक विषयों में ही अपने मनोरथों को सफल करते, वरन् आध्यात्मिक क्षेत्र में भी ऊँचे उठते हैं। वे स्वयं अपना कल्याण साधन करने के साथ–साथ अन्य सैकड़ों व्यक्तियों के लिए भी उद्धार का मार्ग प्राप्त करने के योग्य बना देते हैं

योग–शास्त्र में साधन के जो सर्वमान्य नियम दिये गये हैं, उनके सिवाय अध्यात्म–विद्या के ज्ञाताओं ने, इस मार्ग में शीघ्र प्रगति करके कुछ बहुत

महत्वपूर्ण शक्तियां प्राप्त कर लेने की जो विधियां अथवा योग–शाखायें निकाली हैं, उनमें 'कुण्डलिनी–योग' का विशेष स्थान है। इससे शरीर में एक ऐसी शक्ति का आविर्भाव होता है, जिससे मनुष्य की चैतन्यता बहुत अधिक बढ़ जाती है और वह जब चाहे तब स्थूल–संसार के बजाय सूक्ष्म–जगत् की स्थिति का अनुभव कर सकता है और एक संकीर्ण क्षेत्र में रहने के बजाय विशाल–विश्व की गतिविध को देखने लगता है। 'हठ योग प्रदीपिका' में 'कुण्डलिनी शक्ति' के महत्व का वर्णन करते हुए कहा है –

सशैलवनधात्रीणां यथाधारोडहिनायकः ।
सर्वेषां योगतंत्राणां तथाधारों हि कुंडली।।
सुप्ता गुरूप्रसादेन यदा जागति कुंडली ।
तदा सर्वाणि पद्मानि भिद्यंते ग्रंथयोडपि च ।।
प्राणस्य शून्यपदवी तथा राजपथायते।
तदापि चित्तं निरालबं तदा कालस्य वंचनस् ।।

– (हठयोग पु. 3–1, 2, 3)

"जिस प्रकार सम्पूर्ण वनों सहित जितनी भूमि है,उसका आधार सर्पो का नायक (शेषनाग) है, उसी प्रकार समस्त योग साधनाओं का आधार भी कुण्डली ही है, जब गुरू की कृपा से सोयी हुई कुण्डली जागती है, तब सम्पूर्ण पद्म (षट्चक्र) और ग्रन्थियां खुल जाती हैं, और उसी समय प्राण की शून्य पदवी (सुषन्ना),राजपथ (सड़क) के समान हो जाती है, चित्त विषयों से रहित हो जाता है और मृत्यु का भय मिट जाता है।"

अन्यशास्त्रों तथा विशेषकर तन्त्र ग्रन्थ में कुण्डलिनी के स्वरूप तथा उसके उत्थान का विवेचन करते हुए कहा कि "कुण्डलिनी शक्ति मूलाधार में शक्ति रूप में स्थित होकर मनुष्य को सब प्रकार की शक्तियां, विद्या और अन्त में मुक्ति प्राप्त कराने का साधन होती है।" इस कुण्डलिनी को 'परमा–प्रकृति' कहा गया है। देव, दानव, मानव, पशु–पक्षी, कीट–पतंग–सभी प्राणियों के शरीर में यह कुण्डलिनी शक्ति विराजमान रहती है।

कमल–पुष्प में जिस प्रकार भ्रमर अवस्थित होता है, उसी प्रकार यह भी देह में रहती है। इसी कुण्डलिनी में चित्त्–शक्ति (चैतन्यता) निहित रहती है। इतनी महत्वपूर्ण होने पर भी लोग उसकी तरफ ध्यान नहीं देते, यह आश्चर्य का विषय है। यह अत्यन्त सूक्ष्म शक्ति है। इसकी सूक्ष्मता की कल्पना करके योग–शास्त्र में कहा है –

योगिनां हृदयाम्बुजे मृत्यन्ती मृत्यमत्रजसा।
आधारे सर्वभूतानां स्फुरन्ती विद्युताकृति।।

अर्थात् – "योगियों के हृदय देश में वह नृत्य करती रहती है। यही सर्वदा प्रस्फुति होने वाली विद्युत रूपमहाशक्ति सब प्राणियो का आधार है।" इसका आशय यही है कि कुण्डलिनी शक्ति के न्यूनाधिक परिणाम में चैतनय हुये बिना मनुष्य की प्रतिभा का विकास नहीं होता।

कुण्डलिनी आत्म शक्ति की प्रकट और प्रखर स्फुरणा है। यह जीव की ईश्वर प्रदत्त मौलिक शक्ति है। प्रसुप्त स्थिति में वह मृत तुल्य पड़ी रहती है। वैसी स्थिति में उससे कोई लाभ उठाना सम्भव नहीं हो पाता। यदि उसकी स्थिति को समझा जा सके तो प्रतीत होगा कि अपने ही भीतर वह भण्डार भरा पड़ा है जिसकी तलाश में जहां–तहां भटकना पड़ता हैं वह ब्रम्हाणी शक्ति अपने ही अन्तराल में छिपी पड़ी है, जिसे कामधेनु कहा गया है। आत्मसत्ता में सन्निहित इस महाशक्ति का परिचय कराते हुए साधना शास्त्रों ने यह बनाने का प्रयत्न किया है कि अपने ही भीतर विद्यमान इस महती क्षमता का ज्ञान प्राप्त किया जाये और उससे सम्पर्क साधने का प्रयत्न किया जाय। कुण्डलिनी परिचयन् के कुछ उद्धरण इस प्रकार हैं –

मल–मूत्र छिद्रों के मध्य मूलाधार चक्र में कुण्डलिनी का निवास माना गया है। उसे प्रचण्ड शक्ति स्वरूप समझा जाय। यह विद्युतीय प्रकृति की है। ध्यान में वह कौधती बिजली के समान प्रकाशवान दृष्टिगोचर होती है। कुण्डलाकार है उसका स्वरूप प्रसुप्त सर्पिणी के समान है।

यह उसका स्थानीय परिचय हुआ। अब उसका आधार, कारण, स्वरूप एवं प्रभाव समझने की आवश्यकता पड़ेगी। बताया गया है कि यह ब्रम्ही शक्ति है। स्वर्ग से गंगा अवतरित होकर पृथ्वी पर आई थी और इस लोक को धन्य बनाया था। इसी प्रकार यह बम्ही शक्ति सतपात्र साधकों की आत्म सत्ता पर अवतरित होती है और उसे हर दृष्टि से सुमम्पन्न बनाती है। कहा गया है कि –

ज्ञयाशक्तिरियं विष्णोर्निर्भया स्वर्णभास्वरा।
सत्वं रजस्तमश्चेति गुणत्रय प्रसूतिका।।
मूलाधारस्थ वन्हयात्मते जो मध्ये व्यवस्थत।
जीवशक्तिः कुण्डलाख्या प्राणाकारण तेजस ।।
महाकुण्डलिनीप्रोक्ता पर ब्रम्हास्वरूपिणी।

शब्दबम्हामयी देवी एकानेकाक्षराकृतिः।।
शक्ति कुण्डलिनी नाम विसतन्नु निभ सुभा।

– महायोग विज्ञान

यह स्वर्ण समान आभा वाली महाशक्ति कुण्डलिनी निर्भयता प्रदान करने वाली है। वही वैष्णवी है। सत, रज, तम तत्वों को उत्पन्न करने वाली है। मूलाधार के मध्य में आत्म तेज रूपी अग्नि पुंज होकर विराजमान है जीवनी शक्ति वहीं है। तेजस्वी प्राण ही उसका आकार है। परब्रम्हा मय है। इसकी अनेक आकृतियां हैं। इन शुभ कामनाओं को पूर्ण करने वाली शक्ति का नाम कुण्डलिनी है।

योग साधनाओं के अन्तर्गत कुण्डलिनी जागरण की फल श्रुतियों के सम्बन्ध में समस्त संसार में लगभग एक जैसी ही मान्यताएं प्रचलित हैं। इस साधना की सफलता से साधक में अनेकों दिव्य क्षमताएं विकसित होने का विश्वास किया जाता हैं। समझा जाता है कि ऐसा व्यक्ति सामान्य स्थिति से ऊँचा उठकर विशिष्ट सिद्ध पुरूषों की स्थिति में जा पहुँचता है। योगशास्त्रों में कुण्डलिनी जागरण के महत्वों की जितनी चर्चा हुई है उतनी और किसी साधना के सम्बन्ध में सर्वाभौम स्तर पर नहीं मिलती। उसके विधानों और विवरणों में तो थोड़ा बहुत अन्तर है, पर यह मान्यता सर्वविदित है कि आन्तरिक आत्मिक शक्तियों को प्रसुप्ति से जाति में बदलने–जाग्रति प्रचण्ड बनाने में कुण्डलिनी जागरण प्रक्रिया से असाधरण सहायता मिलती है।

कुण्डलिनी साधक की जागृति होती है; पर यह नहीं कहा जाता कि यह साधक की अपनी उपर्जित पूँजी है। वह एक प्रचण्ड विश्वव्यापी शक्ति है जिसे उपयुक्त सत्पात्र अपनी साधना प्रक्रिया द्वारा आकर्षित करके अपनी आत्मिक सम्पदा सशक्ता बढ़ाते हैं। इस उपार्जित सम्पदा के आधार पर सांसारिक वैभव और आत्मिक वर्चस्व का दुहरा लाभ मिलता है।

कठोपनिषद् के यम नचिकेता सम्वाद में जिस पंचाग्नि विद्या की चर्चा हुई है। उसे कुण्डलिनी शक्ति की पंच विधि विवेचना कहा जा सकता हैं। श्वेताश्वर उपनिषद् में उसे 'योगाग्नि' कहा गया है –

नतस्य रोगो न जरा न मृत्युः
प्राप्तस्य योगाग्नि मयं शरीरम्।

चैनिक योग प्रदीपिका में उसे 'स्पिरिट फायर' नाम दिया गया है। जानवुडरफ सरीखे तन्त्रान्वेषी उसे सर्पवत् बलयान्विता सर्पेन्ट नाम देते रहे

हैं।

ऋषि शिष्या मैडम ब्लैशेटस्की नेउसे विश्व–व्यापी विद्युत शक्ति–'कास्मिकी इलैक्ट्रिसिटी' नाम दिया है। वे उसकी विवेचना विश्व विद्युत के समतुल्य चेतनात्मक प्रचण्ड–ग्रन्थ में अपना अभिप्रायः इस प्रकार व्यक्त किया है – सर्पवत् या बलयान्विता गति अपनाने के कारण इस दिव्य शक्ति को कुण्डलिनी कहते हैं। इस सामान्य गति को योग साधक अपने शरीर में चक्राकार बना लेता है इस अभ्यास से उसकी वैयक्तिक शक्ति बढ़ती है। कुण्डलिनी विद्युतीय अग्नियुक्त गुप्त शक्ति है यह वह प्राकृत शक्ति है जो सेन्द्रिय निन्द्रय प्राणियों एवं पदार्थों के मूल में विद्यमान है।

ब्रम्हाण्ड में दो प्रकार की शक्तियां काम करती हैं – एक लौकिक (सेकुलर) दूसरी आध्यात्मिक (स्प्रिचुअल) इन्हें फिजीकल और मैटाफिजीकल भी कहते हैं। लोग प्रत्यक्ष शक्तियों का प्रमाण प्रत्यक्ष उपकरणों से प्राप्त कर लेते हैं, अस्तु उन्हीं की सत्ता स्वीकार करते हैं।

शरीर विज्ञानियों ने उसे नाड़ी संस्थान से अद्भूत–सर्वस् फोर्स कहा है। डा. रेले ने अपने बहुचर्चित ग्रन्थ –मिस्ट्रीरियस कुण्डलिनी' में उसकी वेगम नर्व' के रूप में व्याख्या की है। माँस–पेशियों और नाड़ी संस्थान के संचालन में काम आने वाली सामर्थ्य को ही अध्यात्म प्रयोजनों में काम करने पर कुण्डलिनी संरक्षक बनने का वे प्रतिपादन करते हैं। उनके मतानुसार यह शक्ति जब नियन्त्रण में आ जाती है तो उसके सहारे शरीर की ऐच्छिक और अनैच्छिक गतिविधियों पर इच्छानुसार नियन्त्रण प्राप्त किया जा सकता हैं यह आत्म–नियन्त्रण बहुत बड़ी बात है। इसे प्रकारान्तर से व्यक्तित्व के अभीष्ट निर्माण की तद्नुसार भाग्य निर्माण की सामर्थ्य कह सकते हैं। वे भी रूप में कुण्डलिनी का गुण–गान करते और उसकी उपयोगिता बताते हुए उसके जागरण का परामर्श देते हैं।

डाक्टर रेले की उपरोक्त पुस्तक 'रहस्यमयी कुण्डलिनी' की भूमि का तन्त्र मर्मज्ञ सर जानवुडरफ ने लिखी है। जिसमें उन्होंने रेले के इस अभिगत से असहमति प्रकट की है कि वह शरीर संस्थान की विद्युतधारा मात्रा है। उन्होंने लिखा है – "वह एक चेतन और महान सामर्थ्यवान् शक्ति– 'ग्रान्ड पोटेन्शियल' है जिसकी तुलना अन्य किसी पदार्थ या प्रवाह से नहीं की जा सकती। मेरी राय में नाड़ी शक्ति कुण्डलिनी एक एक स्थूल रूप ही है, वह मूलतः नाड़ी संस्थान या उसका उत्पादन नहीं है। व न कोई भौतिक पदार्थ

है और न मानसिक शक्ति। वह स्वयं ही दोनों प्रवाहों को उत्पन्न करती है। स्थिर सत्य (स्टेटिक–रियल) गतिशील सत्य (फैनामिक रियल) एवं अवशेष शक्ति (रैजीडअल पावर) के समन्वित प्रवाह की तरह इस सृष्टि में काम करती है। व्यक्ति की चेतना में वह प्रसुप्त पड़ी रहती है। इसे प्रयत्नपूर्वक जगाने वाला विशिष्ट सामर्थ्यवान बन सकता है।''

विज्ञान की भाषा में कुण्डलिनी को जीवन शक्ति अथवा चुम्बकीय विद्युत कहते हैं। इसका केन्द्र मस्तिष्क माना गया है तो भी यह रहस्य अभी स्पष्ट नहीं हुआ कि मस्तिष्क को अपनी गतिविधयों के संचालन की क्षमता कहां से मिलती है। योगशास्त्र इसका उत्तर उस काम शक्ति की ओर संकेत करते हुए देता है और बताता है कि अव्यक्त मानवी सत्ता को व्यक्त होने का अवसर इसी केन्द्र से मिलता है। वही कामतन्त्र के विभिन्न क्रियाकलापों के लिए आवश्यक प्रेरणा भी देती हैं यहां वह चुम्बकीय 'क्रिस्टल' है जो काया के 'ट्रान्जिस्टर' को चलाने वाले आधार खड़े करता है।

कुण्डलिनी क्या है?इसके सम्बन्ध में शास्त्रों और तत्वदर्शियों ने अपने–अपने अनुभव के आधार पर कई अभिमत व्यक्त किये हैं। ज्ञानर्णव तन्त्र में कुण्डलिनी को विश्व जननी और सृष्टि संचालिनी शक्ति कहा गया है – ''शक्तिः कुण्डलिनी विश्व जननी व्यापार, वद्धोद्यता।'' विश्व व्यापार एक घुमावदार उपक्रम के साथ चलता है। परमाणु से लेकर ग्रह नक्षत्रों और आकाश गंगाओं तक की गति परिभ्रमण परक है। हमारे विचार और शब्द जिस स्थान से उद्भूत होते हैं–व्यापक परिभ्रमण करके वे अपने उद्गम केन्द्र पर ही लौट आते हैं। यही गतिचक्र भगवान् के चार आयुधों में से एक है। महाकाल की परिवर्तन प्रक्रिया इसी को कहा जा सकता है जीव को चक्रारूढ़ मृतिका पिण्ड की तरह यही घुमाती है और कुम्हार जैसे अपनी मिट्टी से तरह–तरह के पात्र उपकरण बनाता है, उसी प्रकार आत्मा की स्थिति को उठाने–गिराने की भूमिका भी वही निभाती है। कुण्डलिनी सृष्टि सन्दर्भ में समिष्ट और जीव सन्दर्भ में व्यष्टि शक्ति संचार करती है।

आध्यात्म ग्रन्थों में विशेषतः उपनिषदों में कुण्डलिनी शक्ति की चर्चा हुई है। पर इस को ही पूर्ण पक्ष नहीं मान लेना चाहिए। इस से आगे एवं अधिक भी बहुत कुछ कहने, जानने और खोजने योग्य शेष रह जाता है। इन अपूर्ण शटकों को मिलाकर हमें वस्तुस्थिति समझने अधिक जाने के लिए अपना मस्तिष्क खुला रखना चाहिए।

कुण्डलिनी आत्म शक्ति की प्रकट और प्रखर स्फरणा है। यह जीव की ईश्वर प्रदत्त मौलिक शक्ति है। प्रसुप्त स्थिति में वह अविज्ञात बनी और मृत तुल्य पड़ी रहती है। वैसी स्थिति में उससे कोई लाभ उठाना सम्भव नहीं हो पाता। यदि उसकी स्थिति को समझा जा सके तो प्रतीत होगा कि अपने ही भीतर वह भण्डार भरा पड़ा है जिसकी तलाश में जहां–जहां भटकना पड़ता है। यह ब्रम्ही शक्ति अपने ही अन्तराल में छिपी पड़ी है, जिसे कामधेनु कहा गया है। आत्मसत्ता में सन्निहित इस महाशक्ति का परिचय कराते हुए साधना शास्त्रों ने यह बताने का प्रयत्न किया है कि अपने ही भीतर विद्यमान इस महती क्षमता का ज्ञान प्राप्त किया जाय और उससे सम्पर्क साधने का प्रयत्न किया जाय।

कुण्डलिनी जागरण से इस प्रकार की अनेकों शक्तियों, सिद्धियों और क्षमताओं का जागरण होता है, यह सच है, क्योंकि इस साधना द्वारा साधक की अन्तर्निहित बीज रूप शक्ति जाग्रत होकर उर्ध्वगामी बनती हैं यह साधनाएं आत्मसत्ता को परमात्म सत्ता से जोड़ने, उस स्तर पर पहुंचने में समर्थ है। इनके लिए सामान्य साधना कम से उपर उठकर कुछ विशिष्ट साधना प्रक्रियायें अपनानी पड़ती हैं। प्रत्येक व्यक्ति की स्थिति के अनुरूप उनका अलग–अलग विधान है, इसलिए उनका सार्वजनिक प्रकाशन करना न आवश्यक है और न उचित।

कुण्डलिनी जागरण की साधना पद्धति का प्रयोजन अपने भीतर के देव अंशों को विकसित और परिपुष्ट बनाना है। कैलाश पर्वत पर सर्पों का यज्ञोपवीत धारण करके विराजमान शिव और क्षीर सागर में शेषनाग पर सोये हुए विष्णु का बीजांश हमारे मस्तिष्क मध्य केन्द्र–ब्रम्हारंध्र में यथावत् विद्यमान हैं इस स्थान को 'सहस्त्रार' कहते हैं। महाकाली–अग्निजिहबा चामुण्डा का बीजांश जननेन्द्रिय गहर–मूलाधार– में विद्यमान है। इन दो शक्तियों के असम्बद्ध बने रहने पर केवल उनकी उपस्थिति का आभास मात्र ही होता है, पर जब उन दोनों का संगम समागम हो जाता है तो अजस्त्र शक्ति की एक ऐसी धारा प्रवाहित हो उठती है जिसे अनुपम या अद्‌भुत ही कहा जा सकता है।

मस्तिष्क के मध्य भाग में अवस्थित सहस्त्रार कमल में शेषशायी विष्णुभगवान अवस्थित है और अधः अवस्थित मूलाधार चक्र के अधिपति शिव हैं। शिव चरित्र में कामदेव द्वारा शिव को उद्‌दीप्त करने और उनके द्वारा

तीसरा नेत्र खोलकर कामदेव को जला डालने वाली कथा प्रख्यात हैं कुण्डलिनी जननेन्द्रिय केन्द्र के समीप होने से अपने निकटवर्ती क्षेत्र को प्रभावित करती है, तत्वदर्शी उस अपव्यय को ज्ञान नेत्र खोलकर नियन्त्रित कर लेते हैं। एक पौराणिक कथा इसी सन्दर्भ में यह भी है कि शिव के काम पीड़ित होने पर उनकी जननेन्द्रिय के 18 टुकड़े विष्णु ने कर डाले और वे जहां भी गिरे वहां ज्योतिलिगों की स्थापना हुई। द्वादश ज्योतिलिगों का उद्‌भव इसी प्रकार हुआ। वासना को ज्योति में बदला जा सकता है। इस कथानक का यही मर्म है।

अपने ग्रंथ– ''वायस ऑफ दि साइलेन्स'' में उनने कहा है कि उर्पवत् या बलयान्विता गति अपनाने के कारण उस महाशक्ति को कुंडलिनी कहते हैं। इस सामान्य गति को योग साधक अपने शरीर में चक्राकार बना लेता है। इस अभ्यास से उसकी वैयक्तिक शक्ति बढ़ती कुंडलिनीविद्युतीय अग्नियुक्त गुप्शक्ति है। यह वह प्राकृतिक शक्ति है जो सेन्द्रिय एवं निरीन्द्रिय प्राणियों और पदार्थों के मूल में विद्यमान है।

हठयोग के व्याख्याकारों ने वस्तिक्षेत्र के कहर में अंडे की आकृति वाले 'कंद' के साथ उसका सम्बन्ध जोड़ा है। शिव संहिता में कहा गया है गुदाद्वयं गुलतश्चोर्ध्व मेढ्रैकांगुलतरत्वधः एवं चास्ति समं कदं समता नतरंग़लम। अर्थात् गुदा से दो अंगुल नीचे चार अंगुलविस्तार 'कंद' का प्रमाण है। इसी में आगे उल्लेख है – 'गुदा एवं शिश्न के मध्य में जो योनि है – वह पश्चिाभि मुखी अर्थात् पीछे को मुख है, उसी स्थान में 'कंद' है और इसी स्थान में सर्वदा कुंडलिनी स्थिति है।

कुण्डलिनी परिचय में स्थान–स्थान पर स्वयंभू लिंग की चर्चा है। बहुत स्थानों पर उसे 'कंद' भी कहा गया हैं यह क्या है?इसे जानने के लिए स्थूल शरीर से सम्बंधित शरीर शास्त्र का पर्यवेक्षण किया जा सकता हैं शरीर में यह घटक सुषुम्ना का – मेरूदंड का नीचे वाला अंतिम छोर है। जिसे ''कॉडां इक्वाइना'' कहते हैं मेरूदंड मस्तिष्क से प्रारंभ होकर चेचु (काक्सीक्स) की अंतिम कशेरूका तक जाती है और इसके बाद रेशमी धागों की भांति शुंडाकृति हो जाती है। उसके अंत में अगणित पतले–पतले धागों से पैदा हो जाते हैं, जिससे नाड़ी तंतुओं का एक सघन गुच्छा तैयार हो जाता है। इसी गुच्छक को ''कॉर्डा इक्वाइना'' कहा हैं। सूक्ष्मशरीर के कंद का इसे प्रतिनिधि कहा जा सकता है। शरीर शास्त्र की दृष्टि से यही स्वयंभू लिंग है। मूलाधार

चक्र में 'आधारन' शब्द इसी स्थान के लिए व्यवहत हुआ है। रीढ़ की अंतिम चार अस्थियों के सम्मिलित समुच्य को भी कई मनीषियों ने 'कंद' बताया है। मल–मूलछिद्रों के मध्य स्थान पर मूलाधार चक्र बताया गया है। इसे चमड़ी की ऊपर सतह नहीं मान लेना चाहिए, वरन् उस स्थान की सीध में ठीक ऊपर प्रायः तीन अंगुल ऊँचाई पर अवस्थित समझाना चाहिए। इस तरह मूलाधार मल मूत्र छिद्रों के मध्य वाली सीध पर अंतः गहर में स्थित माना चाहिए।

साधना शास्त्रों में पवित्र जीवन अग्नि के रूप में कुण्डलिनी शक्ति का वर्णन किया गया है। प्रदीप्त अग्नि जिस प्रकार अपने क्षेत्र को ऊष्ण एवं प्रकाशवान बना देती है वैसा ही प्राश कुण्डलिनी जागरण का भी होता है।

ब्रम्हाज्योतिर्वसुधा मा ब्रम्हास्थानीय उच्यते।
ततो यः पावको नाम्ना यः सन्द्रियोग उच्यते।

– मत्स्य पुराण

ब्रम्हाज्योति अग्नि ब्रम्हा–रन्ध्र स्थान में निवास करती है। यह साधकों को पवित्र करने वाली है। यही योगाग्नि हैं।

चन्द्राग्निरविसंयुक्तो आद्या कुण्डलिनी माता।
हत्प्रदेशे तु सा ज्ञया अंकुराकारसंस्थिता ।।27।।

– अग्नि पुराण

चन्द्र और सूर्य की शक्ति से भरी हुई कुण्डलिनी शक्ति हृदय प्रदेश में रहती है। उनकी ज्योति अंकुर के आकार की है।

मूलाधारादा ब्रम्हारन्ध्र पर्यन्तं सुषुम्ना सूर्याभा।
तन्मध्येतटित्कोटिसमा मृणालतन्तु सूक्ष्माकुण्डलिनी।
तत्र तमोनिवृतिः। तद्धर्शनात्सर्वपापविनृतिः।।

– मण्डल ब्रम्हाणोपनिषद् 1/2

शरीर शास्त्र के अनुसार सुषुम्ना और इड़ा,पिंगला, की संगति कुछ प्रत्यक्ष नाड़ियों के साथ विठाने का प्रयत्न किया गया है। मेरूदण्ड की पोल में सुषुम्ना संचार है। सुषुम्ना के दोनों ओर स्नायु कोषों की जंजीर ऊपर से नीचे तक फैली हुई है। दाहिनी ओर की जंजीर–राइट सिम्पैथिक कार्ड को पिंगला और बांये ओर की जंजीर लैफ्ट सिम्पैथिक कार्ड को इड़ा कहा गया है।

डा. राखाल दास राय की अपनी पुस्तक "रीजनलएक्स पोजिशन आव भारतीय योग दर्शन" में सुषुम्ना को उन्होंने 'स्पाइनल कार्ड' बताया है। पिंगला

को 'राइट नर्बस् टर्मिनेल और इड़ा को लेफ्ट नर्वस् टर्मिनेल नाम दिया है।

डा. ब्रजेन्द्र नाथ सील ने अपनी पुस्तक 'दि पॉजिटिव साइंसेज् आव एनसियेन्ट हिन्दूज' में प्राचीन और अर्वाचीन शरीर शास्त्र की विसंगतियों पर प्रकाश डालते हुए बताया है कि दोनों प्रतिपादन शैलियों में ही अन्तर है। तथ्य, लगभग मिलते–जुलते ही हैं। उसमें उन्होंने बताया है कि योग शास्त्र के चक्र यद्यपि अदृश्य क्षमताओं के प्रतीक हैं तो भी उनका आधार स्थल प्रत्यक्ष नाड़ी गुच्छकों को मानने में आपत्ति नहीं होनी चाहिए। थियोसोकिस्ट पत्रिका में मेजन वी.डी. वसु का एक लेख प्रकाशित हुआ था। ''एनाटोमी आव तंत्राज'' उसमें उन्होंने योग संस्थानों को शरीर में पाये जाने वाले प्रत्यक्ष अवयव ही सिद्ध किया है और कहा है उन्हें अदृश्य या सूक्ष्म मानने की आवश्यकता नहीं है। ये अवयव सामान्यतया शरीर यात्रा पूरी करते हैं पर असामान्य रूप से विकसित कर लिये जाने पर वे असाधारण कार्य भी कर सकते हैं जैसे कि मस्तिष्क और नेत्रों की परिष्कृत शक्ति से कई प्रकार के आश्चर्यजनक कार्य सम्पन्न किये जाते रहते हैं। महा महोपाध्याय गणनाथ सेन ने अपने ग्रन्थ प्रत्यक्ष शरीरम् तथा शरीर परिवेश में योग शास्त्र में वर्णित संस्थानों को इसी शरीर में विद्यमान बताया है।

सर जॉन बुडरफ ने तन्त्र ग्रन्थ 'पादुका पंचक' और 'षट चक्र निरूपण' की व्याख्या विवेचना पर एक विशद ग्रन्थ सर्पेन्ट पावर' लिखा है। इसमें चक्रों की उपस्थिति प्रस्तुत शरीर में प्रत्यक्ष ही बताई गई हैं। बुडरफ के इस ग्रन्थ के आधार पर एम.पी. पंडित ने एक छोटी पुस्तक कुण्डलिनी योग 'अंग्रेजी में लिखा थी इसमें वे चक्रों की उपस्थिति प्रत्यक्ष मानते हैं। थियोसोफी के आदि संचालकों में सी डब्ल्यू'' लेडवीटर का भी नाम है। उनके ग्रन्थ ' चक्राज' में चक्रों के अस्तित्व को मानवी काया में ही दृश्यमान बताया है। सूक्ष्म तो वे उनकी प्रसुप्त शक्तियों भर को कहते हैं।

कुण्डलिनी शक्ति को प्रायः 'फायर आफ लाइफ' के रूप में ही प्रतिपादित किया गया हैं उसकी अभिवृद्धि जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार से परिलक्षित होती है। शरीर क्षेत्र में उसके समर्थ आरोग्य के रूप में मन में सन्तुलित विवेकाशीलता के रूप में उसे देखा जा सकता हैं। काय कलेवर में वह बलिष्ठता–निरोगिता–स्फूर्ति, क्रियाशीलता, उत्साह, तत्परता के साथ दृष्टिगोचर होती हैं। मस्तिष्क में उसका परिचय तीव्र बुद्धि, दूरदर्शिता, स्मरण शक्ति, सूझबूझ, कल्पना, निर्णय क्षमता, कुशलता, व्यवस्था आदि के

रूप में देखा जा सकता है। भावना क्षेत्र में बड़ी श्रद्धा निष्ठा आस्था भाव संवेदना करता आत्मीयता, सौनदर्यानुभूति के रूप में उभरती है। सब मिला कर उसे उच्चस्तरीय उत्कृष्टता की दिशा में जीव चेतना को धकेलते हुए देखा जा सकता है।

इस संदर्भ में अब अनेक विदेशी विद्वान भी इस तरफ ध्यान देने लगे हैं और उन्होंने स्वयम् कुण्डलिनीसाधन करके उसकी शक्ति का अनुभव किया है। उनकी सम्मति में कुण्डलिनी शक्ति विश्व–व्यापी है। एक दृष्टि से हम अपने शरीरों में स्थित कुण्डलिनी को चैतन्य–शक्ति का आधार कह सकते हैं। इस शक्ति की एक धारा समस्त विश्व में सूर्य, चन्द्र आदि प्राकृतिक पिण्डों में भी बहती–रहती है। इस प्रकार उसे सर्व–शक्तिमान कह सकते हैं। अगर साधक कुण्डलिनी–योग में पूर्ण सफलता प्राप्त करके उस पर पूरा अधिकार और नियंत्रण कर सके तो फिर संसार में उसके लिये कोई कार्य असम्भव नहीं है। वह सृष्टि का संचालन अपनी इच्छानुसार कर सकता है।

पर यह कार्य सामान्य नहीं है। इस कार्य में वे व्यक्ति ही हाथ डाल सकते हैं, जिन्होंने अपना रहन–सहन आरम्भ से ही पूर्ण संयम–युक्त और सात्विक रखा है और अपने शरीर तथा मन को नियमित अभ्यास द्वारा सुदृढ़ और सहनशील बनाया है। क्योंकि यह महाशक्ति जो कि सूर्य की शक्ति मानी जाती है, जब जाग्रत की जाती है, तब समस्त शरीर, विशेषकर स्नायु–संस्थान में बहुत उष्णता उत्पन्न करती है, जिससे साधक को कष्ट प्रतीत होने लगता हैं कभी–कभी ऐसा भी होता है कि उत्तम श्रेणी के साधकों में ध्यान और उपासना करते–करते यह स्वयम् ही जाग्रत हो जाती है।

श्री रामकृष्ण परमहंत के जीवन–चरित्र से विदित होता है कि जिस समय दक्षिणेश्वर के मन्दिर में महीनों तक काली का ध्यान करते हुए उनकी कुण्डलिनी शक्ति जाग्रत हो गई थी तब उनको भी ऐसा ही कष्ट सहन करना पड़ा था। उसे अवस्था का वर्णन करते हुए उन्होने बतलाया था –

"कुछ झुनझुनी–सी उठकर पाँव से सर तक जाती है। सिर में पहुँचने के पूर्व तक तो चेतना रहती है, पर सिर में उसके पहुँचने पर सुध–बुध जाती रहती है, आँख, कान अपना कार्य नहीं करते, बोली भी रूक जाती है। बोले कौन?उस समय 'मैं' और 'तू' का भेद ही मिट जाता है। जो शक्ति झन–झन करती ऊपर उठती है, वह एक ही प्रकार की गति से नहीं चढ़ती। शास्त्रों में उसके पाँच प्रकार कहें हैं –

(1) चींटी के समान धीरे–धीरे ऊपर चढ़ना, (2) मेंढ़क के समान दो–तीन छलांग जल्दी–जल्दी कूद कर फिर ठहर जाना (3) सर्प के समान टेढ़ी गति से चलना

(4) पक्षी के समान उड़कर चढ़ना (5) बन्दर के समान दो तीन छलांग लगाकर सिर में पहुंच जाना। किसी भी गति से इसके सिर में पहुंचने पर समाधि हो जाती है।

जीवन को उन्नत, शक्तिशाली और महान् बनाने के लिए कुण्डलिनी–जागरण निःसन्देह एक अत्यन्त प्रभावशाली मार्ग है। पर यह तभी सम्भव है, जब इस साधना को किसी अनुभवी शिक्षक की देख–रेख में किया जाये। इससे भी अधिक आवश्यक यह है कि साधक के आचार–विचार और उद्देश्य पूर्णतः शुद्ध हों।कुण्डलिनी का स्थान :

कुण्डलिनी यद्पि शक्ति रूप भी हो तो भी उसके स्थान का वर्णन हठ्यौगिक ग्रंथों में मिलता है। जैसे शिव संहिता में कहा गया है कि, ''गुदा से दो अंगुल ऊपर और मेद्र अर्थात् लिंग मूल से एक अंगुल नीचे चार अंगुल विस्तार कंन्द का प्रमाण है उस गुदा में मेद्र के मध्य में जो योनि है वह पश्चिम मुख है उसी स्थान में कंद है और उसी स्थान में सर्वदा कुण्डलिनी की स्थिति है।'' दर्शनोपनिषद में कंद को त्रिकोण शब्द से कहा है। अन्य ग्रंथों में भी कंद का विस्तार से वर्णन मिलता है इन सभी वर्णनों से ऐसा कह सकते हैं कि हमारे शरीर में मेरूदण्ड के नीचे कटि प्रदेश में जो एक त्रिकोणाकृति हड्डी है, जिसको अंग्रेजी में सेक्रम कहते हैं, वही हठयोग के ग्रंथों में वर्णित कंद है।

1. सशैलवनधात्रीणां यथाधारोऽहि नायकः।
सर्वेषां योग तंत्राणां तथाधारो हि कुंडली।। 'हठयोग्र प्रदीपिका'। 3/2
2. शिव संहिता – 5/74 से 75

वह ऊपर से चौड़ा और नीचे से संकरा होता है। उसका नीचे का छोर मूलाधार चक्र में होता है। इस त्रिकोण का विस्तृत तथा निश्चित वर्णन षट्चक्र निरूपण में इस प्रकार किया गया है कि, ''वज्रा नाड़ी के आरंभ में मूलाधार चक्र में त्रिकोण होता है। उसमें कंदर्प नाम का वायु होता है इस त्रिकोण में तप्त सुवर्ण के समान कांतिमान, श्याम वर्ण, पीछे की ओर मुख किया हुआ स्वयंभू शिवलिंग होता है। ''सेक्रम'' के नीचे जो रीढ़ की अंतिम तीन हड्डिया एक दूसरे से जुड़ी हुई होती है, जिसको अंग्रेजी में ''काक्सीक्स'' कहते हैं

शायद स्वयंभू लिंग का तात्पर्य उसी "काक्सीक्स" से है – ऐसा कह सकते हैं।

कुण्डलिनी के नाम अनेक

भिन्न–भिन्न देशों में कुण्डलिनी सम्बन्धी विवरण उनके अपने–अपने आचार व्यवहार के आधार पर मिलते हैं। जापान में 'की' नाम से कुण्डलिनी शक्ति की बात की जाती है तो चीन में 'ची' नाम से। ईसाई लोग होली – स्पिरिट' कहते है तो हिन्दु चित्त शक्ति। देवी पूजक 'चिर कुमारी' शक्ति कहते हैं तो तान्त्रिक ऊर्ध्वरेतः शक्ति। योगी इसी को सर्प की कुण्डली की संज्ञा देते हैं।

हठयोग प्रदीपिकां में कुण्डलिनी के अनेक नाम प्राप्त होते हैं। जैसे – कुटिलांगी, कुण्डलिनी, भुजंगी, शक्ति, ईश्वरी, अरूंधती, कुण्डली। इसके अलावा भी आधार शक्ति, पराशक्ति, वाचाशक्ति आदि नाम कुण्डलिनी के सम्बोधन स्वरूप प्राप्त होते हैं। तो भी ये सभी का अर्थ एक ही है।

अध्याय – 3
षट्चक्रों का स्वरूप और रहस्य :

शरीर और मन के संबंध में योग की जो विभिन्न संकल्पनायें हैं, उनमें से नाड़ी और वायु की संकल्पनायें कुछ समझ में आती है यद्यपि उनका आधुनिक वैज्ञानिक तथ्यों से कुछ तालमेल नहीं दिखता। परन्तु चक्र तथा कुण्डलिनी ये दो संकल्पनायें अभी तक रहस्य ही रही है। इनका कुछ भी स्पष्टीकरण संभव नहीं दिखता, जो कि आधुनिक वैज्ञानिक जानकारी के साथ मेल खाता हो। इनके स्पष्टीकरण के अनेक प्रयास हुए हैं, परन्तु ग्रंथों में जो इनका वर्णन मिलता है, उसके अलावा इनकी कोई जानकारी उपलब्ध नहीं हुई हैं।

जैसे हमारे शरीर के हाथ, पैर, आंखे, हृदय, धमनियां, नाड़ियां आदि अंग है, उनको हम देख सकते हैं वैसे चक्र नहीं है शायद चक्र प्रतीकात्मक हैं। इनको "पद्म" या "कमल" इन शब्दों से भी कहा गया है। यद्यपि "षट्चक्र" इस शब्द के अनुसार उनकी संख्या छः होनी चाहिए, फिर भी संख्या में वे कुल सात हैं। प्रत्येक का अपना स्थान है अपनी एक निश्चित पंखुड़ियों की दल या कोण की संख्या है। अपना एक अधिष्ठात्री देवता है। अपना एक रंग है, एक बीज है और दलों पर अंकित वर्णमाला के अक्षर हैं जैसे – वं, शं, लं आदि। ऐसी कोई बात प्रत्यक्ष में मनुष्य के शरीर में तो नहीं होती होगी। परंतु इस समूचे प्रतीक का विस्तृत वर्णन योग के तथा तंत्र के ग्रंथों में पाया जाता है। उन सब में प्रमुख ग्रंथ है पूर्णानंद लिखित षट्चक्र निरूपण।

हम सब लोगों में ये चक्र या पद्म उनके दल बंद होकर नीचे झुके हुये रहते हैं। ये चक्र मेरूदण्ड के भीतर तथा चित्रणी नाड़ी के मध्य में होते हैं। कुण्डलिनी शक्ति जाग्रत होकर जब ब्रम्हानाड़ी से ऊपर की ओर बढ़ती है, तब उसके मार्ग में होने वाले ये चक्र खिल जाते हैं तथा उनके मुंह ऊपर हो जाते हैं। षट्चक्र निरूपण ग्रंथ में मूलाधार चक्र से लेकर सहस्रार चक्र तक

सात चक्रों का वर्णन विस्तार से किया गया है। कुण्डलिनी के चक्र

(1)मूलाधार चक्र :

मूलाधार शब्द से ही व्यक्त होता है कि यह चक्र सुषुम्ना की जड़ के नीचे स्थित है। अतः मूलाधार चक्र सुषुम्ना में गुदा और लिंग के बीच चार अंगुल विस्तार वाले कंद के रूप में स्थित सबसे पहला चक्र है। यह चार दलों वाले लाल (रक्तवर्ण) कमल के रूप वाला चक्र है। इन चार दलों पर चार अक्षर व, श, ष, स स्वर्णांकित हैं, जो कि कुण्डलिनी के ही रूप हैं। इस कमल के पुष्प के मध्य में पीत वर्ग है, जिसके मध्य में अधोमुखी चोटी वाला तथा पीछे की तरफ मुख वाला त्रिकोण देश है जो योनि व भग रूप है तथा जिसे कामरूप कहते हैं। इस योनि के मध्य में सूक्ष्म प्रज्वलित अग्नि शिखा सम गतिशील, सम्वेदन शील, परम तेजवान् वीर्य को जो सम्पूर्ण शरीर में विचरण करता, कभी ऊपर तथा कभी नीचे जाना रहता है, स्वयंम् लिंग (स्वयं पैदा होने वाला) कहा गया है। यह स्वयंभू लिंग आकृति में अण्डाकार तथा छोटे जामुन या छोटे आलूबुखारा के समान है। इस स्वयंभू लिंग लिंग का ऊपरी भाव मणि के समान चमकता है। सहस्त्रार चक्र में स्थित काम कलारूप त्रिकोण की प्रतिकृति ही यह त्रिपुर (स्वयंभूलिंग को घेरे हुये अग्नि चक्र त्रिकोण) है, जिसमें कुण्डलिनी शक्ति स्थित है। यह चक्र कुण्डलिनी शक्ति का आधार होने से मूलाधार कहा जाता है। बिजली के समान चमकदार कुल कुण्डलिनी शक्ति इस स्वयंभू लिंग के ऊपरी भाग से सर्पाकार रूप में छिपटी हुई लिंग के द्वार को अपने सिर से बंद किए हैं। इस प्रकार से कुण्डलिनी के द्वारा उसकी सुषुप्तावस्था में सुषुम्ना का छिद्र ब्रम्ह द्वार या ब्रम्ह रन्ध्र जो कि सहस्त्रार तक चला जाता है, बंद रहता है। ऐसी स्थिति में सुषुम्ना में प्राणादि का प्रवेश नहीं हो सकता है। यह तप्त स्वर्ण के समान निर्मल तेज प्रभा रूपतीनों तत्वों (सत्व, रज तथा तम) की जननी कुण्डलिनी विष्णु की शक्ति है। सुषुम्ना भी काम बीज के साथ कुण्डलिनी के स्थान में स्थित है। इन तीनों का सम्मिलित नाम त्रिपुरा भैरवी है, जिसे बीज तथा परम शक्ति भी कहा है।

मूलाधार चक्र में चार प्रकार की शक्तियां कार्य करती है। इसमें चार प्रकार की चेतना विद्यमान हैं। इस चक्र पर योग नाड़ियां मिलती हैं। इन प्राणशक्ति रूप योग नाड़ियों के द्वारा ही चार दल रूप आकृतियों कि उत्पत्ति होती है। इन दलों में कुण्डलिनी, प्राणशक्ति रूप नाड़ियों के द्वारा ही प्रसृत

(फैलती) है। इस प्राण शक्ति के साथ दलों का भी लय हो जाता है। इस चक्र पर चार प्रकार के सूक्ष्म शब्द होते हैं जिनके बीज मंत्र वं, शं, षं तथा सं हैं। इसका तत्व बीज 'लं' है। यह पृथ्वी तत्व प्रधान है। ऐरावत हाथी बीजवाहक है। जिस पर इंद्र विराजमान है। ब्रम्ह इसके देवता है, भू लोक हैं, गंध गुण है, डाकिनी शक्ति हैं, चोकोण यंत्र है, नासिका ज्ञानेन्द्रिय, गुदा कर्मेन्द्रिय है तथा यह अपान वायु का स्थान है। योगशिखोपनिषद में इस मूलाधार चक्र पर ही जीव रूप में शिव का स्थान बताया गया है, जहाँ पर शक्ति कुण्डलिनी विद्यमान है।1 (योगशिखोपनिषद – 5/5 से 8 तक।) वहीं से वायु, अग्नि, बिन्दु, नांद, हंस तथा मन की उत्पत्ति होती है। (वाराहोपनिषद – 5/50 से 52 तक) इस स्थान को काम रूप पीठ कहा गया है, जो सब इच्छाओं को पूरा करने वाला है। योगशिखोपनिषद में (6/22 से 32 तक) में आधार ब्रम्ह में वायु आदि के लय होने से मुक्ति बताई गयी है। इस आध ार ब्रम्ह से ही विश्व की उत्पत्ति तथा विश्व का लय होता है। इस आधार शक्ति की निद्रा अवस्था में विश्व भी निद्रावस्था में रहता है। इस शक्ति के जाग जाने पर त्रिलोकी जाग जाती है। इस आधार चक्र के ज्ञान से समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं। आधार चक्र मेंवायु को रोकने से, गगन्नातर में स्थित, शरीर कम्पन तथा निरन्तर नृत्य होता रहता है। उसे सब विश्व आधार रूप अर्थात् ब्रम्ह रूप ही दिखता है। सब देवता तथा वेद इस आधार के ही आश्रित है। इस आधार चक्र के पीछे त्रिवेणी संगम (इडा, पिगंला, सुषुम्ना का मिलन) होता है इसे मुक्त त्रिवेणी भी कहते हैं। इस स्थान पर स्थान तथा जल पीने से मनुष्य सब पापों से मुक्त हो जाता है आधार में लिंग (अन्तर–चेतना) तथा द्वार वा ग्रंथि है, जिसके भेदन से मोक्ष प्राप्त होता है। आधार चक्र के पीछे सुषुम्ना में सूर्य तथा चन्द्र स्थित हैं। वहां विश्वेश्व विद्यमान है जिसका ध्यान करने से व्यक्ति ब्रम्हामय हो जाता है। (योगशिखोपनिषद 6/22 से 32 तक।) जो बुद्धिमान व्यक्ति मूलाधार चक्र पर ध्यान करते हैं, उन्हे दार्दुरी सिद्धि प्राप्त होती है तथा वे क्रम से भूमि त्याग और आकाश गमन की सिद्धि प्राप्त होती है इस चक्र पर ध्यान करने से योगी का शरीर उत्तम कीर्तिवाला होता है, उसकी जठराग्नि में वृद्धि होती है, वह रोग से मुक्त होता है तथा उसे पटुता और सर्वज्ञता प्राप्त हो जाती है उसे भूत, वर्तमान तथा भविष्य सबका उनके कारणों सहित ज्ञान हो जाता है। बिना सुने तथा अध्ययन किये विज्ञानों का पूर्ण ज्ञान इस चक्र पर ध्यान करने वाले को प्राप्त होता है।

उसकी जीभ पर सरस्वती का निवास होता है। उसे जप मात्र से मंत्र सिद्धि हो जाती है। वह जरामरण, दुःखों तथा पापों से मुक्तहो जाता है। उसकी सब इच्छायें पूर्ण होती हैं। वह अंदर, बाहर सब जगह स्थित, श्रेष्ठ तथा पूजनीय, मुक्ति देने वाले शिव के दर्शन करता है। आन्तिरिक शिव को न पूजकर बाहरी देव मूर्तियों को पूजने वाला उसके समान है जो हाथ की मिठाई को छोड़कर भोजन की खोज में फिरता है। जो अपने स्वयंभू लिंग पर निरन्तर ध्यान करता रहता है, उसे निश्चित ही शक्ति प्राप्त होती है। छः मास में उसे सफलता प्राप्त होती तथा उसकी वायु सुषुम्ना में प्रवेश करती है। जो मन को जीत लेता है तथा वायु और वीर्य रोक लेता है वह इस लोक तथा परलोक दोनों में सफल होता है। (शिव–संहिता – 5/86 से 97 तक)

2. "स्वाधिष्ठानचक्र"

यह चक्र लिंग के मूल में स्थित है। लिंग के मूल में स्थित होने के कारण इस चक्र को मेढ़ाधार भी कहते हैं। यह चक्र जल तत्व का केंद्र है जल तत्व का केंद्र होने से इस चक्र को जलमण्डल भी कहते हैं जल तत्व प्रधान होने से इसका संबंध कफ, शुक्र आदि जलीय विकारों से है। यह चक्र मूलाधार से ऊपर की तरफ है। यह सिंदूर वर्ण के छः दलों वाला चक्र है। इन दलों के ऊपर ब, भ, म, य, र तथा ल अक्षर अंकित हैं। गरूड़ पुराण में इसे सूर्य के समान वर्ण वाला बताया गया है इसका तत्व बीज "वं" है। इस चक्र पर सूक्ष्म ध्वनियां होती है जिनके बीज मंत्र बं, भं, मं, यं, रं तथा लं है। इस चक्र के षट्दल कमल के मध्य में श्वेत अर्ध चंद्र स्थित है। जो वरूण से संबंधित उस चन्द्रमा के मध्य में बीज मंत्र है जिसकेबीच में विष्णु, शाकिनी एक साथ विद्यमान है। इस चक्र का बीज बाहन मकर है जिस पर वरूण विराजते हैं। भुवः लोक है। इसके देवता विष्णु तथा उनका वाहन गरूड़ है। मण्डल का आधार अर्ध चन्द्र है। तत्व का रंग शुभ्र है। गुण आकुन्चन रसवाह है। इस चक्र की शक्ति शाकिनी है।शिव–संहिता के अनुसार यह शक्ति राकनी है तत्व का गुण रस है। ज्ञानेद्रिंय रसना तथा कर्मेद्रिय लिंग है इस चक्र का प्राण उपान वायु है। इस चक्र पर छः प्रकारकी सूक्ष्म शक्तियां कार्य करती हैं तथा छः योग नाड़ियां यहाँ मिलती हैं। इस चक्र का तत्व जल है और जल तत्व के देवता वरूण है, इसीलिये यह वरूण से संबंधित है। यहां जो नाड़ियां मिलती है, उनका संबंध कामेन्द्रिय तथा उसके कार्यो से है। उससे संबंधित संवेग तथा अनुभूतियां इनके द्वारा उत्तेजित होती है। लिंग में उत्तेजना इन

नाड़ियों के द्वारा ही होती है। अतः कामोत्तेजना का ये ही मूल कारण है कामोत्तेजना के साथ–साथ द्वेष, शिथिलता, जड़ता, झूठा अभिमान, संदेह तिरस्कार तथा क्रूरता का उदय भी हो जाता है। शिव–संहिता के अनुसार (5/100 से 103) के अनुसार इस चक्र पर ध्यान करने वाला कामनियों के प्रेम का पात्र बन जाता है। स्त्रियां उसे भजती तथा उसकी सेवा करती है। इस चक्र पर ध्यान करने वाला न जाने न अध्ययन किये हुये शास्त्रों तथा विद्वानों को निः संकोच होकर जान लेता है। वह रोग तथा भय मुक्त होकर संसार में विचरण करता है। इस चक्र पर ध्यान करने वाला योगी मृत्यु को भक्षण कर लेता है और अपने आप किसी के द्वारा नष्ट नहीं होता है। उसे अणिमा, लघिमा आदि सिद्धियां प्राप्त हो जाती हैं। उसके शरीर में समान रूप से वायु प्रसृत होता रहता है तथा उस के शरीर में निश्चित रूप से रस की वृद्धि होती है। सहस्त्रदल कमल के नीचे से जो अमृत की वर्षा निरंतर होती है उसमें भी वृद्धि हो जाती है। इस चक्र का भी संबंध मेरूदण्ड–रज्जू की सुषुम्ना, बज्रा, चित्रणी तथा ब्रमनाड़ी इन चारों नाड़ियों से होता है। इस पर संयम करने से ब्रम्हचर्य पालन करने में बहुत सहायता मिलती है। वैसे तो यह भी निम्नचक्र है जो कि तम प्रधान अपान वायु कें प्रदेश में स्थित है किंतु इस पर भी वैराग्य युक्तभावना से काम को जीता जा सकता है। इस चक्र के देवता भगवान विष्णु का ध्यान पूर्णतया सिद्ध हो जाने पर साधक के पालन कार्य करने की शक्ति आ जाती है और वह पालन जैसे कार्य को कर सकता है।

3. मणिपुर चक्र :

मणिपुर चक्र सुषुम्ना में कुछ ऊपर चलकर नाभि स्थान में यह चक्र स्थित है। यह तीसरा शक्ति केंद्र है इसे नाभि चक्र भी कहते हैं। मनुष्य शरीर का केंद्र नाभि है यहीं से अनेक नाड़ियां निकलती तथा मिलती हैं। यह समान वायु का स्थान है। मेरूदण्ड–रज्जू की सुषुम्ना, बृज्रा, चित्रणी तथा ब्रम्हानाड़ी से यह चक्र संबंधित है। यह चक्र दस दलों वाले नील कमल के समान है। जिन पर ड, ढ, ण, त, थ, द, घ, न, प तथा फ अक्षर अंकित है। शिव–संहिता (5/104) ने इसे हेमवर्ण बताया है तथा गरूड़ पुराण में लाल कहा है। यह अग्नि तत्व का केंद्र है गुण प्रसरण उष्णवाह है। तत्व बीज "रं" है। बीज वाहन मेष पर अग्नि देवता विराजमान है। लोक स्वः है। इसके देवता रूद्र हैं। गुण रूप है। इसकी शक्ति लाकिनी है। इसका यंत्र त्रिकोण है। यह रूप तन्मात्रा से उत्पन्न देखने की शक्ति चक्षु ज्ञानेन्द्रिय तथा इसका अग्नि तत्व

से उत्पन्न चलने की शक्ति चरण कर्मेंद्रिय का स्थान है। तत्व रक्त वर्ण है इस केंद्र पर होने वाली सूक्ष्म ध्वनियों के बीज मंत्र डं, ढं, णं, तं, थं, दं, धं, नं, पं तथा फं है। इस चक्र पर परा शब्द का ध्यान किया जाता है इस चक्र पर दस सूक्ष्म शक्तियां कार्य कर रहीं हैं। इस केंद्र पर दस योग नाड़ियां मिलती हैं। इस चक्र का संबंध निद्रा, भूख और प्यास लगाने से इससे साहस, वीरता, आक्रामकता, प्राणशक्ति, प्रबलता तथा जवानीपन आता है। साथ–साथ विपरीत रूप से द्वेष, लज्जा, भय आदि आते हैं। कमल पुष्प के मध्य में एक लाल त्रिकोण है। जिस पर महारूद्र नीले रंग वाली चर्तुभुजा शक्ति लाकिनी के साथ विद्यमान हैं नाभि चक्र से ही गर्भ के बालक को पालक रस प्राप्त होता है। इसी मार्ग से सम्पूर्ण शरीर का ज्ञान प्राप्त होता है। जैसा कि "नाभि चक्रे कायव्यूहज्ञानम्" (यो.सू. 3/29) से व्यक्त होता है इस पर ध्यान करने से सम्पूर्ण शरीर का ज्ञान हो जाता है। शिव–संहिता (5/106, 107, 108) में मणिपुर चक्र में ध्यान करने से पाताल सिद्धि बतायी गयी है। जिससे साधक सदैव सुखी रहता है। ऐसा ध्यान करने वाला इच्छाओं का स्वामी बन जाता है तथा दुःख मृत्यु और रोग से छुटकारा पा जाता है। वह दूसरों के शरीर में प्रवेश कर सकता है उसमें स्वर्ण आदि बनाने की शक्ति आ जाती है। उसे गड़े वा छिपे धन के दर्शन होते है। उसमें औषधियों की खोज करने की शक्ति आ जाती है। उसे अति दूर तथा अति पास के पदार्थो का ज्ञान हो जाता है। नाभि चक्र पर सूर्य की स्थिति मानी गई है। योग सूत्र में इस नाभि में स्थित सूर्य में संयम करने को कहा गया है। इस नाभि स्थित सूर्य में संयम करने से भुवनों का ज्ञान प्राप्त होता है। (यो–सूत्र – 3/261) व्यास भाष्य में तो सातों लोकों के भुवन तथा उसमें आने वाले ग्राम, नगर और उनके अंतर्गत आने वाले घट पटादि पदार्थों को भुवन शब्द के अन्तर्गत लेकर उन सबका साक्षात्कार उस नाभि स्थित सूर्य में संयम करने से बताया गया है। नाभि शरीर का माध्यम है। उसमें सूर्य की स्थिति होने से उस सूर्य की प्रकाश किरणें सम्पूर्ण देश (शरीर) में व्याप्त हो जाती हैं। जो पिण्डश्र में है, वही ब्रम्हाण्ड में है। अतः इस नाभिस्थ सूर्य में संयम करने से सम्पूर्ण भुवनों का साक्षात्कार हो जाता है। इस नाभिस्थ सूर्य की किरणों द्वारा अमृत का पान करते रहने से ही मृत्यु होती है। अतः योगी को ऐसी योग क्रियायें करनी चाहिये जिनसे वह स्वयं ही अमृत पान करता रहे जैसा कि पूर्व में विवेचन किया जा चुका है। उपर्युक्त कथन से स्पष्ट हो जाता है कि इस केंद्र के द्वारा

ही सम्पूर्ण शरीर के अवयवों तथा सम्पूर्ण विश्व के भुवनों का ज्ञान प्राप्त हो सकता है। इस चक्र के देवता रूद्र का ध्यान पूर्णतया सिद्ध होने पर साधक में संहार शक्ति आ जाती है और वह संहार जैसे कार्य को कर सकता है।

4. अनाहत चक्र :

अनाहत चक्र 12 सुनहरे दलों वाला चौथा चक्र हृदय स्थान में स्थित है। यह चक्र वायु तत्व प्रधान तथा अरूण रंग वाला है। शिव–संहिता (5/109) में इसका रंग गहरा लाल (रक्त वर्ण) कहा गया है तथा गरूड़–पुराण में सुनहरे रंग का बताया गया है। यह सिंदूरी रंग के द्वादश पद्मम के सृदश है। इस चक्र के दल क, ख, ग, घ, ड, च, छ, ज, झ, ण, ट तथा ठ इन बारह अक्षरों वाले हैं इसका तत्व बीज 'यं' है तथा तत्व बीज का वाहन मृग है। महर्लोक इसका लोक है। ईशान–रूद्र इसके अधिपति देवता अपनी त्रिनेत्र चतुर्भुजा काकिनी देवशक्ति के साथ है। इसका यंत्र षटकोणाकार धूम रंग, गुण स्पर्श, ज्ञानेन्द्रिय स्पर्श, तन्मात्रा से उत्पन्न स्पर्श की शक्ति, त्वचा का केंद्र तथा कर्मेन्द्रिय वायु तत्व से उत्पन्न पकड़ने की शक्ति हाथ का केंद्र है। यह चक्र प्राण तथा जीवात्मा का स्थान है। इस चक्रके मध्य में दो त्रिकोण, उनके मध्य में एक त्रिकोण और स्थित है, जिस पर ईश्वर लाल काकिनी शक्ति के साथ विद्यमान हैं। इस चक्र पर अनाहृत नाद होता है। यह नाद बिना दो पदार्थों के संयोग से ही होता रहता हैं यहा कहा जा सकता है कि इस चक्र पर रहस्यमयी ध्वनि होती रहती है। इस केन्द्र पर होने वाली सूक्ष्म ध्वनियों के कं, खं, गं, घं, डं, चं, छं, जं, झं, णं, टं तथा ठं बीज मंत्र हैं। इस चक्र पर बारह सूक्ष्म शक्तियां क्रियाशील हैं। यहा 12 योग नाड़ियां मिलती हैं। इस तत्व बीज की मृग के समान तिरछी गति है। इसका वायु स्थान नाक तथा मुख से बहने वाले प्राणवायु का मुख्य स्थान है। यह अंतःकरण का मुख्य स्थान है। यह आशा, चिन्ता, सन्देह, पश्चाताप, आत्मभावना तथा अहं मन्यता आदि जैसे स्वार्थवादी मनोभावों का स्थान है। योगसूत्र 'हृदये चित्त संवित्' (3/34) से स्पष्ट है कि हृदय में संयम करने से साधक को चित्त का साक्षात्कार होता है। इस चक्र में बाणलिंग नामक परम तेज है, इसके ऊपर ध्यान करने से साधक विश्व के दृष्ट तथा अदृष्ट भोग विषयों को प्राप्त कर लेता है। शिव–संहिता (5/111) में इस चक्र के पिनाकी सिद्ध तथा काकिनी देवी अधिष्ठात्री है। इस चक्र पर ध्यान करने वाले के प्रति स्वर्ग अप्सरायें काम से व्याकुल होकर मोहित होती हैं उसे अपूर्व ज्ञान प्राप्त होता है, वह

त्रिकालदर्शी, दूर के शब्द को सुनने की शक्ति वाला, सूक्ष्मदर्शी तथा इच्छानुसार आकाश गमन की शक्ति वाला होता है। वह सिद्धों तथा योगिनियों के दर्शन प्राप्त करता है जो नित्य परं बाण लिंग पर ध्यान करता है उसे आकाश गमन, तथा इच्छा मात्र से सर्वत्र पहुंचने की शक्ति प्राप्त हो जाती है। (शिव संहिता 5/111 से 114 तक) तंत्रों में इसके ऊपर ध्यान करने का फल कवित्व शक्ति तथा जितेन्द्रियता आदि बताया है। शिव सार तंत्र में तो इस चक्र की अनाहत नाद को ही सदाशिव कहा गया है। इस स्थान में त्रिगुणमय ऊँकार व्यक्त होता है। इसी चक्र में बाण लिंग है। जीवात्मा का यही स्थान है।

5. विशुद्ध चक्र :

इस चक्र का स्थान कंठ देश है।

विशुद्धि तनुते यस्मात् जीवस्य हंसलोकनात्।
विशुद्धं पद्माख्यातमाकाशाख्यंमहत्परम्।।

हंस (आत्मा) के अवलोकन से जीव शुद्ध होता है इसलिये यह पद्म विशुद्ध आकाशीय, महत और परम चक्र कहलाता है। सुषुम्ना तथा सुषुम्नाशीर्ष के मिलने वाले स्थान पर यह केन्द्र माना जा सकता है। यह सुषुम्ना नाड़ी में हृदय के ऊपर टेंटुए में स्थित है। मुख्य रूप से यह स्थान शरीर पर्यंत बहने वाले उदान वायु तथा बिंदु का है। यह धूम रंग के प्रकाश से उज्जवलित षोडश पद्म जैसी आकृति वाला चक्र है जिसके सोलह दलों पर सोलक अक्षर अ, आ, इ, ई, उ ऊ, ऋ, ॠ, ऌ, ॡ, ए, ऐ, ओ, औ, अं तथा अः है। (शिव–संहिता 5/116) में इसका कांतिमान् स्वर्ण के समान रंग बताया गया है और गरूड़–पुराण में इसका रंग चन्द्रमा के समान बताया गया है। यह पूर्ण चन्द्र के सदृश गोलाकार आकाश तत्व का मुख्य स्थान है अर्थात् यह आकाश तत्व प्रधान चक्र है। इसका तत्व बीज 'हं' है। हाथी इसके तत्व बीज का वाहन है जिस पर प्रकाश देवता आरूढ़ है। तत्व बीज की गति हाथी की गति के समान घुमाव के साथ है। शब्द तत्व का गुण है। इस कमल के बीच वाले स्थान के मध्य में श्वेत चन्द्र पर शुभ्र हाथी है जिस पर बीज मंत्र हं है। इसके अधिपति देवता पंचमुख वाले सदाशिव ही अपनी शक्ति चतुर्भुजा शाकिनी के साथ वहीं विद्यमान हैं। कुछ ग्रंथों में यहां के देवता का आधा शुभ्र तथा आधा सुवर्णमय अर्द्धनारी नटेश्वर रूप है जो कि अपने अनेक हाथों में वज्र आदि अनेक वस्तुएं लिये हुये बैल पर विराजमान है। उनका आधा शरीर त्रिनेत्र मुखों वाली पंचमुखी तथा दस हाथों वाली सदागौरी है। (ल्वहं प्उउवतजंस.

पजल दक तिममकवउ इल डपतबमं म्सपंकमए चंहम 242) कल्याण योगांक पृष्ठ संख्या 397 का (425) शिव – संहिता (5/116) के अनुसार इस चक्र के सिद्ध छगलांड, शाकिनी देवी अधिष्ठात्री तथा जीवात्मा देवता है। इस चक्र का यंत्र पूर्ण चन्द्र के समान गोल आकार वाला आकाशमंडल है। इसका लोकजन है। शब्द तन्मात्रा से उत्पन्न श्रवण शक्ति स्त्रोत का स्थान इसकी ज्ञानेन्द्रिय है। कर्मेन्द्रिय आकाश तत्व से उत्पन्न वाकशक्ति वाणी का स्थान है। यहां इस केंद्र पर 16 सूक्ष्म शक्तियां क्रियाशील हैं। यह 16 योग नाड़ियों के मिलने का स्थल है। इस चक्र पर होने वाली सूक्ष्म ध्वनियों के अं, आं, इं, ईं, उं, ऊं, ऋं, लृ, लृं, एं, ऐं, ओं, औं, अं, तथा अः बीज मंत्र हैं। इस चक्र पर ध्यान करने वाली ही सचमुच बुद्धिमान है। उसे चारों वेदों का उनके रहस्य सहित ज्ञान हो जाता है। (शिव संहिता 5/117) वह कवि, महाज्ञानी, शातचित्त, निरोग, शोकहीन तथा दीर्घजीवी होता है। इस स्थान पर चित्त के स्थिर होने से वह आकाश के समान विशुद्ध हो जाता है। भाषा तथा सप्त स्वरों का यह उद्गम स्थान है। इस चक्र पर ही मणिपूर चक्र का अव्यक्त शब्द "परा" बैखरी रूप में निकलता है। "बैखरी" रूप से इस चक्र पर "शब्द ब्रम्हा" के प्रकट होने से यहां संयम करके साधक "दिव्य–श्रुत" हो जाता है। योग सूत्र "कण्ठ कूपे क्षुत्पिपासा निवृतिः" (3/30) से यह स्पष्ट होता है कि कण्ठ के नीचे के गढ़े में प्राणादि का स्पर्श होने से मनुष्य को भूख–प्यास लगती है इसके (कण्ठकूप के) ऊपर संयम करने से प्राणादि का स्पर्श न होने के कारण भूख–प्यास से साधक मुक्त होता है। इस कण्ठ–कूप के नीचे एक कछुए के आकार वाली नाड़ी है जिसे कूर्मनाड़ी कहते हैं। इस कूर्मनाड़ी पर संयम करने से साधक का चित्त एवं शरीर स्थिर होता है। उसे कोई हिला नहीं सकता और न ही उसका मन ही विचलित हो सकता है (यो.सू. –"कूर्म नाड्यां स्थैयम् 3/31)। इस चक्र पर संयम करके स्थित रहने वाले साधक के क्रोधित होने पर त्रैलोक्य कम्पायमान हो जाता है। चित्त के इस चक्र में लीन होने पर योगी सब बाह्य विषयों को त्यागकर अपने अंदर ही रमण करता है। उसका शरीर क्षीण नहीं होता। हजार वर्षों तक उसकी पूर्ण शक्ति बनी रहेगी। वह वज्र के समान कठोर हो जाता है।2 इस चक्र के ऊपर ही 12 दलों वाला ललना चक्र है जो कि श्रृद्धा, संतोष, अपराध, दंभ, मान, स्नेह, शुद्धता, वैराग्य, मनोद्वेग तथा क्षुधा–तृषावृत्ति वाला है। (2 शिव संहिता 5/117 से 120 तक)

6. आज्ञा चक्र :

यह श्वेत प्रकाश के दो दल वाला छटा चक्र भ्रू–मध्य में स्थित है। इस चक्र का संबंध शीर्ष–ग्रंथि (च्पदमंस हसंदक) तथा पीयूषिका–पिण्ड (च्पजन. पजंतल ठवकल) से है। इस चक्र के दोनों दल पर क्रमशः ह तथा क्ष अक्षर हैं इसका तत्व लिंग आकार महत्तत्व है तत्व बीज ओम् तथा तत्व–बीज गति नाद है। इस चक्र का लोक 'तप' है इसके तत्व बीज का वाहन 'नाद' है जिस पर लिंग देवता विराजमान हैं। इस चक्र का यंत्र लिंगाकार है पाताल लिंग इस चक्र का लिंग है। इस पदम में श्वेत योनि त्रिकोण है जिसके मध्य में पाताल लिंग स्थित है। (ल्वहं दकेमसि बनसजनतमइलैतप क्मअं त्ंउैनानस . चंहम 115) कल्याण योगांक पृष्ट 396 (42) इस त्रिकोण में अग्नि, सूर्च तथा चंद्र मिलते हैं। इसके अधिपति देवता ज्ञानदाता परम शिव अपनी चतुर्भुजा षडानना हाकिनी शक्ति के साथ इस श्वेत पद्म पर विद्यमान हैं। शिव संहिता (5/122; 123; 124) में शुक्त महाकाल को इस चक्र के सिद्ध तथा हाकिनी देवी को अधिष्ठात्री बताया गया है। शरत्चंद्र के समान कांतिवान अक्षर 'ठँ' इस चक्र के मध्य में स्थित है। बुद्धिमान सन्यासी इसको जानकर कभी भी पतित नहीं होता। यह परम तेज प्रकाश सब तंत्रों में गोपनीय है। इस पर चिन्तन करने वाला निःसंदेह परम सिद्धि प्राप्त करता है। इस चक्र पर दो सूक्ष्म शक्तियां क्रियाशील हैं तथा यहां दो योग नाड़िया मिलती हैं। इस चक्र पर दो सूक्ष्म ध्वनियां निकलती हैं, जिसका बीज मंत्र 'हं' तथा 'क्षं' है यह चक्र मेरूदण्ड रज्जू के ऊपर सुषुम्ना शीर्ष में इड़ा, पिगंला तथा सुषुम्ना के संगम स्थान पर स्थित है। प्रथम चक्र मूलाधार से इड़ा पिगंला तथा सुषुम्ना अलग–अलग चलती हैं मध्य में सुषुम्ना तथा अगल बगल इड़ा, पिंगला रहती हैं जो कि सुषुम्ना शीर्ष में मिलती हैं जहां ये मिलती हैं वहीं आज्ञाचक्र है। इन तीनों के मिलने वाले स्थान को ही तीर्थराज कहा गया है। योगी इसी तीर्थराज पर स्नान करके सब पापो से मुक्त होते है, अतः इसे मुक्त त्रिवेणी कहा गया है। यह ज्ञानात्मक शक्तियों का केन्द्र है। बुद्धि, चित्त, अहंकार, संकल्प विकल्पात्मक मन तथा सूक्ष्म इंद्रियों की यहीं स्थिति हैं यह सचमुच में ज्ञान चक्र है। (ल्वहं प्उउवतजं दक तिममकवउ इल डपतबमं म्सपंकम चंहम . 243) इस चक्र पर महत्व तत्व और प्रकृति तत्व है यह अव्यक्त प्रणव रूप आत्मा का स्थान है। यहां से ही हमारी सब गतियां समन्वित होती है। इस केंद्र के द्वारा ही शारीरिक संतुलन बना रहता है इस

चक्र पर ध्यान करने से अन्य सब चक्रों पर ध्यान करने के समान फल होता है। (शिव–संहिता–5/114) अतः ध्यान करने में इस चक्र का महत्व अन्य सब चक्रों से अधिक है। इस केंद्र पर मन तथा प्राण की स्थिरता साधक को सम्प्रज्ञात समाधि प्रदान करती है। इस आज्ञा चक्र को शिव नेत्र भी कहते हैं इससे दिव्य दृष्टि प्राप्त होती है तुरीय अवस्था का यह मुक्ति को देनेवाला तीसरा लिंग (पाताल लिंग) स्वयं शिव ही हैं। इस चक्र पर ध्यान करने वाला योगी शिव के समान हो जाता है। (शिव–संहिता–5/125) शिव संहिता में इड़ा तथा पिंगला नाड़ियों को वरूणा और असी कहा गया है, जिससे बीच के स्थान वाराणसी में विश्वनाथ विद्यमान है इस क्षेत्र का माहात्म्य ऋषियों तथा शास्त्रों के द्वारा वर्णित है। (शिव–संहिता–5/126, 127) यह द्विदल आज्ञा चक्र महेश्वर का स्थान है जिसमें नाद, बिंदु तथा शक्ति विद्यमान है जो इस आज्ञा चक्र पर सदैव ध्यान करता है वह बिना किसी रूकावट के अपने पूर्व जन्मों के कर्म फलों को नष्ट कर देता है ऐसे योगी के लिए बाह्य जप, पूजा आदि व्यर्थ है। (शि संहिता – 5/138 से 140 तक) इस चक्र पर ध्यान करने वाले योगी के तो यक्ष, राक्षस, गन्धर्व, अप्सरा तथा किन्नर आदि चरणों के दास हो जाते हैं और उसकी आज्ञा का सदा पालन करते हैं। (शिव संहिता – 5/141) जीभ को तालूमूल में लगाकर इस आज्ञा चक्र पर एक क्षण के लिए ध्यान द्वारा मन को स्थिति करने से सब भय और पाप उसी क्षण नष्ट हो जाते हैं। इस चक्र पर ध्यान करने से साधक इच्छाओं के बंधन से मुक्त होकर आनंद भोगता है। मरने के समय इस चक्र में ध्यान करने से साधक इस जीवन से मुक्त होकर परमात्मा में लीन हो जाता है जो इस चक्र पर खड़े या चलते, फिरते, सोते या जागते ध्यान करता है वह पाप कर्म करके भी उनसे मुक्त रहता है। इस आज्ञा चक्र के महत्व का वर्णन नहीं किया जा सकता ब्रम्हा आदि देवता भी उसे आंशिक रूप में ही जानते हैं। (शिव संहिता– 5/142, 143, 145, 149 तक।)

आज्ञाचक्र के समीप मनश्चक्र तथा सोम चक्र भी है इनका संबंध बौद्धिक कार्य तथा योग अनुभूतियों से है। मनश्चक्र षट्दल पद्म है, शब्द, स्पर्श, रूप, रस तथा गंध इन पांचों विषयों के दल स्थान पांच दल है। स्वप्नगत अनुभव तथा निर्मूल भ्रम आदि सब ज्ञान छटे दल पर आधारित है। इस मनश्चक्र के कुछ ऊपर की तरफ सोलह दलों वाला सोम चक्र स्थित है यह परोपकारी मनोभावों तथा संकल्प नियंत्रण का स्थान है। अनुकम्पा,

सौम्यता, धैर्य, वैराग्य, गम्भीरता, चिन्तन, निश्चय संकल्प, सच्चाई तथा महामनस्कता आदि से इस चक्र का संबंध है। यही जीवात्मा की तुरीयातीत अवस्था में रहने का स्थान निरालम्पुरी है। योगियों को इसी स्थान पर ध्यान करने से तेजोमय ब्रम्हा के दर्शन होते हैं।

आज्ञाचक्र के पास ही कारण शरीर रूप सात कोशों का स्थान है, जिनके द्वारा सूक्ष्म तथा भौतिक शरीर बनते हैं। इन्दु, बाघिनी, नाद, अर्धचन्द्रिका, महानाद, कला तथा उन्मनी ये इन सप्त कोशों के नाम है। उन्मनी कोश में पहुंचने पर जीव को फिर जन्म नहीं लेना पड़ता। वह अपनी इच्छा वा परमेश्वर की इच्छा से जन्म तो ग्रहण कर सकता है किन्तु उसे देह धारण करने की अवस्था में भी आत्मस्वरूप की विस्मृति नहीं होती।

7. सहास्त्रार चक्र :

यह सहस्त्र दलों वाला पद्म ब्रहन्मस्तिष्कीय बल्क है जो कि विभिन्न खण्डों तथा परिवलनों से युक्त है। यह जीवात्मा का स्थान है यहीं शिव और शक्ति मिलन का विशिष्ट एवं उच्चतम् स्थान है। यहीं आध्यात्मिक परमानंद की अनुभूति होती है यह ठीक ब्रम्हरंध्र के ऊपर स्थित है। यह समस्त शक्तियों का केंद्र है। तालुमूल से सुषुम्ना मूलाधार तक चली गयी है। यह सब नाड़ियों से धिरी तथा उनका आश्रय है। (शिव संहिता–5/150, 151) तालुमूल पर स्थित सहस्त्र दल पद्म के मध्य में पीछे की मुख वाली योनि (शक्ति केंद्र) है जो कि सुषुम्ना का मूल है और सुषुम्ना रंध्र के सहित उसे ब्रम्ह रंध्र कहते हैं। सुषुम्ना रंन्ध्र में कुण्डलिनी शक्ति सदैव विद्यमान रहती है। (शिव संहिता–5/152 से 154 तक) सहस्त्रार चक्र को दशमद्वार, ब्रम्हा स्थान, ब्रम्हरंध्र, निर्वाण चक्र आदि भी कहते हैं। इन दलों पर 'अ' से लेकर 'क्ष' तक के सब अक्षर है। ये 50 अक्षर जो अन्य चक्रों के दलों पर हैं, सब इस चक्र के दलों पर भी है। सहस्त्र दल कमल पर ये 50 अक्षर 20 बार आ जाते हैं। मूलाधार चक्र से आज्ञा चक्र तक के कुल दल और मात्रायें पचास–पचास हैं सहस्त्रार चक्र के सब मिला कर विवर हैं एक विवर से दूसरे विवर तक 50 दल होते हैं। अतः इस चक्र में एक हजार दल हुए। इस केद्रं से सब सूक्ष्म नाड़ियों का संबंध है। सब चक्रों की सूक्ष्म–योग–नाड़ियां यहां विद्यमान हैं बीज रूप में यहां सब कुछ है। यह सम्पूर्ण चेतना का केंद्र स्थान है इस पद्म के मध्य त्रिकोण को घेरे हुये पूर्ण चंद्र है। यहीं शिव और शक्ति का परम मिलन होता है यहां उन्मनी अवस्था प्राप्त करना ही तांत्रिक साधना का परम

लक्ष्य है। कुण्डलिनी शक्ति छःओं चक्रों में से होती हुई अंत में सहस्त्रार मे लीन हो जाती है यहां पहुंच कर सबका कार्य समाप्त हो जाता है। यहां कुण्डलिनी शक्ति सहस्त्रार में सदैव परमात्मा के साथ रहने वाली पराकुण्डलिनी से मिलती है। इस चक्र का लोक सत्य है तथा तत्व, तत्वा तीत है। इस चक्र का तत्वबीज विसर्ग, तत्व बीज वाहन बिंदु तथा तत्वबीज गति बिंदु है। इस चक्र का यंत्र शुभ्रवर्ण पूर्ण चंद्र है। इस चक्र के मध्य में श्वेत पूर्ण चंद्र से घेरे हुये त्रिकोण में परब्रम्हा अपनी महाशक्ति के साथ विराजमान हैं। इस सहस्त्रार चक्र में अनेक रूपों में सब चक्रों की ध्वनियां तथा शक्तियां अपनी कारणावस्था में विद्यमान है। इसके द्वारा केवल सब चक्रों का ही प्रतिनिधित्व नहीं होता, बल्कि यह सम्पूर्ण शरीर का चेतना केंद्र है। इसमें सूक्ष्म रूप से सब स्थित है। यहीं निष्क्रिय एवं गतिशील चेतना का मिलन होता है। अर्थात् यह कुण्डलिनी शक्ति के दोनों रूपों निष्क्रिय और चंचल का मिलन स्थान है यह चक्र मुक्ति देने वाला है। कुण्डलिनी के इसमें लीन होने के साथ–साथ विभिन्न चक्रों की विभिन्न शक्तियां, बुद्धि, चित्त, अंहकार तथा मन के साथ यहां पूर्ण रूप से परमात्मा में लीन हो जाती है। जिसके कारण प्रपन्चात्मक जगत् की सत्ता समाप्त होकर असम्प्रज्ञात समाधि प्राप्त होती है। मूलाधार चक्र पर व्यक्ति की जो चेतना शक्ति जागृत होकर सहस्त्रार पर पहुंचती है वह वहां पर पहुंच कर परम शक्ति हो जाती है। ऐसी स्थिति में ज्ञात, ज्ञेय तथा ज्ञान की त्रिपुटी नहीं रह जाती। सब आत्मा रूप ही हो जाता है।

इस चक्र पर मन और प्राण के स्थिर होने पर सर्वचित्त वृत्तियों का निरोध हो जाता है, जिसे असम्प्रज्ञात समाधि कहते हैं। शिव संहिता ने सहस्त्रार को मुक्तिदाता तथा ब्रम्हाण्ड रूपी शरीर से बाहर माना है इसे ही अविनाशी क्षय तथा बुद्धि रहित शिव का स्थान कैलाश पर्वत कहा है। (शिव संहिता – 5/186, 187) इस परम पवित्र स्थान के ज्ञान मात्र से व्यक्ति जन्म मरण से छुटकारा पा जाता है। इस ज्ञान योग के अभ्यास से व्यक्ति में संसार के संहार तथा रचने की शक्ति प्राप्त हो जाती है। जो परम हंस के स्थान कैलाश अर्थात्, सहस्त्र दल कमल पर ध्यान लगता है वह साधक मृत्यु, रोग एवं दुर्घटनाओं से मुक्त होकर बहुत काल तक रहता है। जो योगी परमेश्वर में मन को लीन कर लेता है उसे निश्चिय समाधि प्राप्त होती है। (शिव संहिता – 5/188 से 190 तक)।

इस प्रकार इन चक्रों का वर्णन देखकर इसका प्रतीकात्मक स्वरूप

स्पष्ट हो जाता है। आधुनिक वैज्ञानिक जानकारी के साथ तालमेल रखने वाला तथा इनके स्पष्टीकरण देने का प्रयास अनेक विद्वानों ने किया है। कुछ लोगों के अनुसार रक्तवाहिनियों के अंर्तगत जो "फ्लेक्सस" होते हैं, वे ही योग के चक्र हो सकते है। कैवल्यधाम से प्रकाशित "योग मीमांसा" पत्रिका के जुलाई 1966 के अंक में डा. म.वि. आपटे ने चक्रों के संबंध में इस प्रकार स्पष्टीकरण दिया है –

मूलाधार चक्र के चार दल है, क्योंकि गुदा एवं जननेंद्रिय के बीच की सीवनी, जिसको अंग्रेजी में पेरीनियम कहते हैं, उसके चार कोण होते हैं। यौन क्रिया के प्रमुख अंग छः है। जैसे दो हाथ, दो आंखे, मुख तथा जननेंद्रिय। इसीलिये जननेंद्रिय के मूल में स्थित स्वाधिष्ठान चक्र के छः दल हैं। नाभिचक्र के दस दल लैं, क्योंकि पाचन के अंग दस हैं, जैसे आमाशय, पक्वाशय, छोटीआंत के दो हिस्से, बड़ी आंत के तीन हिस्से, पित्ताशय, यकृत तथा अग्न्याशय। हृदय की मुख्य रक्तवाहिनीयां बारह है। कंठचक्र में सोलह दल इसलिए हैं, क्योंकि वर्णमाला में "अ" से "अं" तक स्वरों की संख्या सेालक है। आज्ञा चक्र के दल दो हैं क्योंकि आंखे, जिनसे आज्ञा देते हैं, वे दो ही हैं।

कुण्डलिनी के द्वारा चक्रों का भेदन होने पर उन चक्रों के जो पृथ्वी आदि तत्व हैं, उन पर साधक का अधिकार हो जाता है। सहस्त्रार चक्र में स्थित पराशिव के साथ आधार शक्ति का मिलन होने पर अज्ञान नष्ट होता है। और जीवमुक्ति की अवस्था प्राप्त होती है।

चक्रों की वास्तविकता का प्रमाण :

मनुष्य शरीर में ऐसे अनेकों केंद्र है जिनमें जीवनी शक्ति प्राणऊर्जा की बहुलता होती है। इन्हें मर्म स्थान कहते हैं तथा इनकी संख्या सात सौ बतायी गयी है इन स्थानों में प्राणशक्ति में कमीवेशी होने पर स्वास्थ्य संतुलन बिगड़ जाता है और व्यक्ति को अनेकों बीमारियां धर दबोचती हैं। चिकित्सा विज्ञान में मर्म स्थानों का विशेष महत्व बतलाया गया है। जापान और चीन में एक्यूपंचर एवं एक्यूप्रेशर चिकित्सा प्रणाली का मूल आधार यही मर्म स्थान है।

सुप्रसिद्ध वैज्ञानिक कार्लफीड ने 'द वाइटल सेण्टर्स आफ मैन' ग्रंथ में कहा है कि मर्म स्थानों पर तंत्रिका तंतु अधिक एकत्रित और सघन होते हैं तथा वे केंद्रो से एवं एक–दूसरे से संबंधित भी होते हैं। मर्म स्थानों के

अतिरिक्त शरीर में सात ऐसे प्रमुख केंद्र हैं जिनमें प्राणशक्ति और अतीन्द्रिय क्षमताओं का अपान वैभव प्रसुप्त स्थिति में दबा पड़ा है। इन स्थानों को 'चक्र' या 'प्लेक्सस' कहते हैं इन केद्रों में ज्ञान तंतु अधिक मात्रा में उलझे होते हैं। स्थूल तथा सूक्ष्म शरीर के मिलन स्थान पर चक्रों की उपस्थिति बताई गयी है।

योरोप के प्रख्यात मनोवैज्ञानिक पैरासेल्सस ने शरीरस्थ सूक्ष्म केद्रों में 'एस्ट्रम' (तारा) नाम से उन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें शक्ति पुंज बताया है। उनके मतानुसार इन सूक्ष्म केंद्रो के माध्यम से गृह नक्षत्रीय एवं ब्रम्हमाण्डीय शक्तियां मनुष्य के शरीर में अवतरित होती हैं। योगाचार्यों ने चक्रों को 'कमल' नाम से भी सम्बोधित किया है जैसे – हृदय कमल, नाभिकमल सहस्त्रार कमल आदि। अंग्रेजी में इन्हें 'प्लेक्सस' और जापानी 'जैन' धर्म की व्याख्यानुसार 'क्यूसोस' कहा गया है। चीन की ताओ प्रणाली में चक्रों को विश्व ब्रम्हमाण्ड में बिखरे हुये नर और नारी– 'यांग ओर यिन' शक्तियों के एकत्रीकरण–सम्मिलन का केन्द्र बताया गया है।

सर जॉन बुडरफ ने ''पॉवर एज रिअलिटी'' एवं ''शक्ति एवं शाक्त'' में वी.जी.रेले ने ''द मिस्टीरियस कुण्डलिनी'' में श्रीदास गुप्ता ने ''हिस्ट्री ऑफ इण्डियन फिलॉसिफी'' वॉल्यूम ''र'' में इवान्स वेण्टज ने ''टिबेटन बुक ऑफ ग्रेट लिबरेशन'' में एवं एज.जी. बेन्स ने ''माइथालॉजी ऑफ सोल'' में जिस सूक्ष्म शरीर की संरचना का वर्णन किया है वह मूलतः वही है जो योग व तंत्र पर भारतीय दर्शनकारों ऋषिगणों ने निरूपित किया है। योग कुण्डल्युपनिषद्, महानिवार्ण तंत्र, षट्चक्र निरूपणम, ध्यान बिंदु उपनिषद्, योगार्णव तंत्र कुलार्णव तंत्र, शारदातिलक इत्यादि ग्रंथो में कुण्डलिनी–इड़ा पिंगला सुषुम्ना, मेरूदण्ड एवं मूलाधार सहस्त्रार रूपी दो केन्द्रों संबंधी जो विवेचन किया गया है उसे विज्ञान सम्मत भाषा में एक सीमा तक प्रस्तुत किया जा सकता है।

सुषुम्ना को वैज्ञानिक स्थायी विद्युतीय द्विध्रुव केन्द्र (इलेक्ट्रिक डायपोल) मानते हैं जिसका अधोभाग जो काण्डा इक्वाइना कहलाता है ऋण आवेशयुक्त है तथा ऊर्ध्व वाला ''सोरिब्रम'' नामक भाग धन आवेश युक्त। काडा इक्वाइना व मूलाधार चक्र की स्थिति एक है। इसी प्रकार सेरिब्रम में विद्यमान विद्युत स्फुल्लिंगों का फब्बारा ''एसेण्डिंग रेटीकुलर एक्टीवेटिंग सिस्टम'' सहस्त्रार के समकक्ष माना जाता है। असामान्य स्थिति में जब प्रवाह नीचे से ऊपर की ओर बहता है तो इसे काम बीज से ब्रम्हा बीज की महायात्रा कहते हैं जो मेरूदण्ड

रूपी देवयान मार्ग पर पूरी की जाती है। अलंकारिक रूप से इन्हीं अंगों को विभिन्न नाम दे दिये गये हैं पर होते ये सूक्ष्म विद्युतचुम्बकीय प्रवाह के रूप में ही हैं। वैज्ञानिक बताते हैं कि शरीर में कुल मिलाकर मोटे तौर पर एक लाख वोल्ट प्रति सेण्टीमीटर का विद्युत दबाव होता है। अन्य जीवधारियों की भांति यह भी जननेन्द्रियों से, त्वचा से, श्वास मार्ग से क्रमशः नित्य प्रतिदिन क्षरित होकर नष्ट होता रहता है। मात्र मनुष्य को यह सामर्थ्य विधाता से मिली है कि वह स्खलन के पतन गर्त में पड़ी आत्मसत्ता को ऊर्ध्वगामी बना सके, क्षरण को रोक सके एवं योगाभ्यास द्वारा चक्र बंधन करते हुये सहस्त्रार को जगाकर अपना तेजोवलय बढ़ा सके।

चक्र जैसा कि बताया जा चुका है – कुल छः है। सातवें सहस्त्रार की गिनती इसमें नहीं होती। उसे सहस्त्र दल कमल कहा गया है। नीचे से ऊपर ये चक्र जिस क्रम मे हैं व उनका एनाटॉमी से किस सीमा तक संबंध है,उसका संक्षिप्त विवेचन यहां किया जा रहा है।

(1) मूलाधार चक्र सुषुम्ना (स्पाइनल कॉर्ड की मध्य केनाल): के निचले सिरे पर मेरूदण्ड के काक्सीजियल क्षेत्र – पेंरीनियम में गुदा व जननेन्द्रिय के मध्य स्थित होता है। यहां पर काण्डा इक्वाइना से निकली सेक्रल नर्वरूट्रष कई गुच्छक बनाकर सेक्रल एवं पेरिनियम प्लेक्सस बनाती है। इन नाड़ी गुच्छकों में प्रवाहित विद्युतधारा चक्रवात के समान ऊर्जा उत्पन्न करने वाली भँवर बनाती है। इसी सूक्ष्म विद्युत प्रवाह को मूलाधार शक्ति कहते है जिसका मूल कार्य है उत्पादन प्रजनन। कुण्डलिनी महाशक्ति साढ़े तीन कुण्डलिन में लिपटी यहीं सोयी पड़ी रहती है। यहां स्थित प्रवाह को 4 पंखुडियो वाले कमल के रूप में योगीजन देखते व इन्हें 4 वृत्तियों परमानन्द, सहजानन्द, योगानन्द, वीरानन्द का प्रतीक बताते हैं। यहां जो शब्द ब्रम्हा के कम्पन होते हैं उससे जो शब्द की व्युत्पत्ति होती है उसे "ल" नाम दिया गया है। इस चक्र की तन्मात्रा गंध व तत्व पृथ्वी हैं।

(2) स्वाधिष्ठान चक्रः जो मूलाधार से चार अंगुल ऊपर हाइपोगेस्ट्रियम के स्थान पर अवस्थित है। यहीं पर स्थित प्लेक्सस सुषुम्ना के दोनों ओर स्थित सिम्पैथेटिक गैंगलियान व सुषुम्ना के कड़ी गुच्छकों से मिलकर बनता है। इससे जुड़ा आंतरिक अंग एड्रीनल ग्रंथि है जो एड्रीनेलीन हार्मोन से संबंधित है। तनाव से जूझने व प्रतिकूलताओं से मोर्चा लेने की क्षमता इसी की सक्रियता से आती है। उत्सर्जन–विसर्जन इसका मूल कार्य है। किन्तु

इसके जागृत होने पर बलिष्ठता व स्फूर्ति बढ़ती है। आलस्य–प्रमाद–अवज्ञा–अविश्वास आदि दुर्गुण मिटते हैं। यहां स्थित कमल की छः पंखुरियां मानी गयी हैं। बीज मंत्र "ब" हैं। इस चक्र की तन्मात्रा रस एवं तत्व जल है। मूलाधार व स्वाधिष्ठान दोनों ही एक समूह में आते हैं एवं इनका मिलन बिंदु रूद्रग्रंथि कहलाती है।

(3) मणिपूर चक्र : शरीर संरचना की दृष्टि से यह नाभिस्थान में मेरूदण्ड के लम्बर रीजन में होता है। यही पर सोलर प्लेक्सस होता है जो सिम्पैथेटिक गैंगलियान एवं बेगस नर्व के नाड़ी गुच्छकों से मिलकर बनता है। इससे जुड़ी ग्रंथि पैन्क्रियाज है जो हार्मोन्स के अतिरिक्त एन्जाइम्स बनाती है इस चक्र के जागरण से संकल्प बल व पराक्रम बढ़ता है। पाचन क्रिया में सहायता इसका मूल कार्य है। मनोविकार घटते है एवं परमार्थ कार्यो में रूचि बढ़ती है। नाभि स्थित यह कमल दस दल वाला माना गया है। इसका बीज मंत्र "रं" तन्मात्रा रूप (दृश्य) एवं तत्व "अग्नि" है। इसके जागरण से शरीर की तीनों अग्नियां जागृत होती हैं व ऊर्ध्वगमन में सहायक बनती हैं। इस चक्र के उद्‌भूत ऊर्जा को अपनी चक्रा मशीन से जापान के डॉ. हिरोशिमा मोटोयामा ने मापा व ग्राफ पर अंकित भी किया है। तिब्बती इसे मणिपद्‌म कहते हैं।

(4) अनाहत चक्र : जो हृदय के पीछे कार्डियक प्लेक्सस के स्थान पर अवस्थित माना जाता है। यहां सिम्पैथेटिक गैंगलियान चेन व सुषुम्ना तथा वेगस के नर्वतन्तु मिलकर एक जाल बनाते व पूरे हृदय क्षेत्र को ऊर्जा देने की भूमिका निभाते हैं। यह बारह पंखुरियों वाला कमल माना गया है। पेसमेकर का ऊर्जा स्त्रोत यही है। इसे भाव संस्थान भी माना गया है। कलात्मक उमंग–रसानुभूति व कोमल संवेदनाओं का उत्पादक स्त्रोत यही चक्र है। इसके जागरण से उदार सहकारिता, परमार्थ, परायण,ता, "वसुधैव कुटुम्बकम" के भाव उभरते हैं। थाइमस इससे जुड़ी ग्रंथि है। प्राण धारण एवं उसका सुनियोजन इसका मूल कार्य है। इस चक्र का बीज मंत्र "यं" है। अनाहत नाद अथवा शब्द ब्रम्हा की केन्द्र स्थली इसे माना गया है। शब्द ही इसकी तन्मात्रा एवं वायु इसका तत्व है। अनाहत व मणिपूर दोनों मिलकर सूर्य खण्ड बनाते व विष्णु ग्रंथि कहलाते हैं।

(5) कण्ठ में विशुद्धि चक्रः थायराइड ग्रंथि तथा उसी के पीछे स्थित फेरेन्जियल व लेरोन्जियल प्लेक्सस इससे संबंधित है। इस चक्र के जागरण

से अतीद्रिंय क्षमता प्रसुप्त बीजाकुंर फूट पड़ते है। यह चक्र सीधे अचेतन मन व चित्त संस्थान को प्रभावित कर दायें मस्तिष्क के "साइलेंष्ट एरिया" को जगाता है यहां स्थित कमल 16 पंखुरियों वाला है एवं इसका बीज मंत्र 'हं' है। स्पर्श इसकी तन्मात्रा एवं आकाश तत्व है।

(6) आज्ञा चक्र अंतिम चक्र हैः जो विशुद्धि के साथ मिलकर चन्द्र समूह तथा ब्रम्ह ग्रंथि बनाता है। इसका बीज मंत्र "ऊँ" एवं तत्व मनस् है। इसे द्विदलीय कहा गया है। जो पीनियल व पीट्यूटरी ग्रंथि से मिलकर बनते हैं। मध्य की सीध में ये दोनों ग्रंथियां है जो पूरे शरीर की गतिविधियों का संचालन करती है। इसके जागरण से दिव्य चक्षु खुल जाते हैं। लिम्बिक सिस्टम व हाइपोथेलेमस में जागृति आने से मस्तिष्क की सभी परतें खुल जाती हैं। व्यष्टि सत्ता समष्टि चेतना से संबंध जोड़ने में सक्षम हो जाती है।

(7) सहस्त्रार चक्रः कुण्डलिनी जागरण की महायात्रा का अंतिम पड़ाव है जो मस्तिष्क में इन्टरनल कैप्सूल व रेटीकूलर एक्टीवेटिंग सिस्टम में अवस्थित माना जाता है। यहां से स्फुल्लिंग सहस्त्रों की संख्या में उठते हैं। इसलिये इसे सहस्त्रार कहा गया है। इसे ब्रम्हलोक एवं ब्रम्हरंध्र भी कहते हैं। आज्ञा चक्र इसका उत्पादन केंद्र होने के नाते जुड़ा है। सहस्त्रार उत्तरी ध्रुव है जो ब्रम्हमाण्डीय चेतना से जुड़कर ब्रम्हानंद की प्राप्ति कराता है। सहस्त्रार के जागरण का अर्थ है सारे ग्रे मैटर के केंद्रो का जागरण। सुषुम्ना नाड़ी जो मूलाधार चक्र से चलकर ऊपर बढ़ती है। अपने दोनों ओर बायें से दायें व फिर दायें से बायें इड़ा (गंगा) एवं पिंगला (यमुना) नाड़ियों को लेकर चलती है। इड़ा बायीं ओर होती है व चन्द्र नाड़ी कहलाती है एवं नेगेटिव आवेश युक्त होती है। पिंगला दायीं ओर होती है व सूर्य नाड़ी कहलाती है एवं पॉजीटिव आवेशयुक्त होती है। इन दासे के संगम स्थल हैं, जो सुषुम्ना रूपी सरस्वती से मिलकर मूलाधार व आज्ञा चक्र पर त्रिवेणी संगम बनाते हैं। इड़ा व पिंगला नाड़िया पेरासिम्पैथेटिक व सिम्पैथैटिक सिस्टम का प्रतिनिधित्व करती हैं।

वस्तुतः कुण्डलिनी शक्ति का स्थूल एनॉटामी की शब्दावली में वणना करना असंभव है। जो भी परिकल्पना विभिन्न मनीषियों ने की है उसका सार उपर्युक्त वर्णन माना जा सकता है। कुण्डलिनी सर्पेण्टपॉवर, जीवनीशक्ति, फायर ऑफ लाइफ न जाने कितने नामों से जानी जाती है। षट्चक्र वेधन व कुण्डलिनी जागरण से उद्भूत ऊर्जा व्यक्ति को ब्रम्हवर्चस सम्पन्न बनाती

है।

कुण्डलिनी के षट्चक्र और उनका वेधन :

कुण्डलिनी योग के अर्न्तगत शक्तिपात विधान का वर्णन अनेक ग्रंथो में मिलता है। योग वशिष्ठ, तेजबिन्दुपनिषद्, योग चूड़ामणि, ज्ञान संकलिनी तंत्र, शिव पुराण, देवी भागवत्, शाण्डिल्योपनिषद्, मुक्तिकोपनिषद्, हठयोग संहिता, कुलार्णव तंत्र, योगनी तंत्र, घेरण्ड संहिता, कंठ श्रुति, ध्यान बिन्दुपनिषद्, रूद्र यामल तंत्र, योग कुण्डलिनी उपनिषद्, शारद तिलक आदि ग्रंथों में इस विद्या के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला गया है। फिर भी वह सर्वांगपूर्ण नहीं है कि उस उल्लेख के सहारे कोई अजनबी व्यक्ति साधना करके सफलता प्राप्त कर सके। पात्रता युक्त अधिकारी साधक और अनुभवी सुयोग्य मार्ग–दर्शक की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुये ही ग्रंथों में इस गूढ़ विद्या पर प्रायः संकेत ही किये गये हैं।

योरोपियन तांत्रिकों में जोकब बोहम की ख्याति कुण्डलिनी साधकों के रूप में रही है। उनके जर्मन शिष्य जान जार्ज गिचेल की लिखी पुस्तक 'थियोसॉफिक प्रोक्टिका' में चक्र संस्थानों का विशद वर्णन है जिसे उन्होंने अनुसंधानों और अभ्यासों के आधार पर लिखा है। जैफरी हडस्वन ने इस संदर्भ में गहरी खोजे की हैं और आत्म विज्ञान एवं भौतिक विज्ञान के समन्वयात्मक आधार लेकर चक्रों में सन्निहित शक्ति और उसके उभार उपयोग के संबंध में विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला है।

कुण्डलिनी साधना को अनेक स्थानों में षट्चक्र वेधन की साधना भी कहते हैं। पंचकोषी साधना या पंचाग्नि विद्या भी गायत्री की कुण्डलिनी या सावित्री साधना के ही रूप हैं। एम.ए. की डिग्री है इसे हिन्दी, अंग्रेजी, इकॉनामिक्स किसी भी विषय से प्राप्त किया जा सकता है। उसी प्रकार आत्म तत्व, आत्म शक्ति एक ही है, उसे प्राप्त करने के लिए विवेचन, विश्लेषण और साधना विधान भिन्न हो सकते हैं। इसमें किसी तरह का विरोधाभास नहीं है। तैत्तरीय आरण्यक में चक्रों को देवलोक एवं देव संस्थान कहा गया है। शंकराचार्य कृत आनंद लहरी के 17 वें श्लोक में भी ऐसा ही प्रतिपादन है। योग दर्शन समाधिपाद का 36 वाँ सूत्र है –

''विशोकाया ज्योतिष्मती''

इसमें शोक संतापों का हरण करने वाली ज्योति शक्ति के रूप में कुण्डलिनी शक्ति की ओर संकेत है।

इस समस्त शरीर को संपूर्ण जीव कोषों का महाशक्ति की प्राण प्रक्रिया संभाले हुये है। उस प्रक्रिया के दो ध्रुव दो खण्ड हैं। एक को चय प्रक्रिया (एनाबॉलिक एक्शन) तथा दूसरे को अपचय प्रक्रिया (कैटाबालिक एक्शन) कहते हैं। इसी को दार्शनिक भाषा में शिव एवं शक्ति भी कहा जाता है शिव क्षेत्र सहस्त्रार तथा शक्ति क्षेत्र मूलाधार कहा गया है। इन्हें परस्पर जोड़ने वाली, परिभ्रमणशील शक्ति का नाम कुण्डलिनी है।

सहस्त्रार और मूलाधार का क्षेत्र विभाजन करते हुये मनीषियों ने मूलाधार से लेकर कण्ठ पर्यन्त का क्षेत्र एवं चक्र संस्थान 'शक्ति' भाग बताया है। और कण्ड से ऊपर का स्थान 'शिव' देश कहा है।

मूलाद्धाराद्धि षट्चक्रं शक्तिस्थानमूदीरतम्।

कण्ठादुपरि मूर्द्धान्तं शाम्भव स्थानमुच्यते।। – वराहश्रुति

मूलाधार से कण्ठपर्यन्त शक्ति का स्थान है। कण्ठ के ऊपर से मस्तक तक शाम्भव स्थान है। यह बात पहले कही जा चुकी है।

मूलाधार से सहस्त्रार तक की, काम बीज से ब्रम्ह बीज तक की यात्रा को ही महायात्रा कहते हैं। योगी इसी मार्ग को पूरा करते हुये परम लक्ष्य तक पहुंचते हैं। जीव सत्ता–प्राण शक्ति का निवास जननेंद्रिय मूल में है। प्राण उसी भूमि में रहने वाले रज वीर्य से उत्पन्न होते हैं। ब्रम्ह सत्ता का निवास ब्रम्हलोक में – ब्रम्हरंध्र में माना गया है। यह द्युलोक – देवलोक स्वर्गलोक है आत्मज्ञान का ब्रम्हज्ञानका सूर्य इसी लोक में निवास करता है। कमल पुष्प पर विराजमान ब्रम्हा जी – कैलाशवासी शिव और शेषशायी विष्णु का निवास जिस मस्तिष्क मध्य केंद्र में है – उसी नाभिक (न्यूक्लियस) को सहस्त्रार कहते हैं। आत्म साक्षात्कार की प्रक्रिया यहीं सम्पन्न होती है। पतन के स्खलन के गर्त में पड़ी क्षत–विक्षत आत्म सत्ता अब ऊर्ध्वगामी होती है तो उसका लक्ष्य इसी ब्रम्हलोक तक, सूर्यलोक तक पहुंचना होता है। योगाभ्यास का परम पुरूषार्थ इसी निमित्त किया जाता है। कुण्डलिनी जागरण का उद्धेश्य यही है।

आत्मोत्कर्ष की महायात्रा जिस राजमार्ग से होती है उसे मेरूदण्ड या सुषुम्ना कहते हैं। उसका एक सिरा मस्तिष्क का दूसरा काम केंद्र का स्पर्श करता है। कुण्डलिनी साधना की समस्त गतिविधियां प्रायः इसी क्षेत्र को परिष्कृत एवं सरल बनाने के लिए है। इड़ा पिंगला के प्राण प्रवाह इसी क्षेत्र को दुहराने के लिए नियोजित किये जाते हैं। साबुन पानी में कपड़े धोये जाते

हैं। झाड़ू झाड़ने से कमरे की सफाई होती है। इड़ा पिंगला के माध्यम से किये जाने वाले नाड़ी शोधन प्राणायाम मेरूदण्ड का संशोधन करने के लिए हैं। इन दोनों ऋणात्मक और घनात्मक शक्तियों का उपयोग सृजनात्मक उद्धेश्य से भी होता है।

इमारते बनाने वाले कारीगर कुछ समय नींव खोद कर गड्डा करते हैं, इसके बाद वे ही दीवार चुनने के काम में लग जाते हैं, इसी प्रकार इड़ा पिंगला संशोधन और सृजन का दुहरा काम करते हैं जो आवश्यक है उसे विकसित करने में वे कुशल माली की भूमिका निभाते हैं। यों आरंभ में जमीन जोतने जैसा ध्वंसात्मक कार्य भी उन्हें को करना पड़ता है पर यह उत्खनन निश्चित रूप से उन्नयन के लिए होता है। माली भूमि खोदने, खरपतवार उखाड़ने, पौधे की कांट–छांट करने का काम करते समय ध्वंस में संलग्न प्रतीत होता है, पर खाद पानी देने रखवाली करने में उसकी उदार सृजनशीलता का भी उपयोग होता है। इड़ा पिगंला के माध्यम से सुषुम्ना क्षेत्र में काम करने वाली प्राण विद्युत का विशिष्ट संचार क्रम प्रस्तुत करके कुण्डलिनी जागरण की साधना सम्पन्न की जाती है।

मेरूदण्ड को राजमार्ग–महामार्ग कहते हैं। इसे धरती से स्वर्ग पहुंचने का देवयान मार्ग कहा गया है। इस यात्रा के मध्य में सात लोक हैं। इस्लाम धर्म के सातवें आसमान पर खुदा का निवास माना गया है। ईसाई धर्म में भी इससे मिलती–जुलती मान्यता है। हिन्दु धर्म के भूः भुवः स्वः जनः तपः महः सत्यम् यह सात लोक प्रसिद्ध हैं। आत्मा और परमात्मा के मध्य इन्हें विराम स्थल माना गया है। लंबी मंजिलें पूरा करने के लिए लगातार ही नहीं चला जाता। बीच–बीच में विराम भी लेने होते हैं। रेलगाड़ी गन्तव्य स्थान तक बीच के स्टेशनों पर रूकती–कोयला, पानी लेती चलती है। इन विराम स्थलों को चक्र कहा गया है। चक्रों की व्याख्या दो रूपों में होती है। एक अवरोध के रूप में दूसरे अनुदान के रूप में। महाभारत में चक्रव्यूह की कथा है। अभिमन्यु उसमें फँस गया था। वेचन कला का समुचित जानकारी न होने से वह मारा गया था। चक्रव्यूह में सात परकोटे होते हैं। इस अलंकारिक प्रंसग को आत्मा का सात चक्रों में फँसा होना कह सकते हैं। भौतिक आकर्षणों की, भ्रान्तियों की विकृतियों की चहारदीवारी के रूप में भी चक्रों की गणना होती है। इसलिये उसके वेधन का विधान बताया गया है। रामचंद्र जी ने बाली को मार सकने की अपनी क्षमता का प्रमाण सुग्रीव को दिया था। उन्होंने सात

ताड़ वृक्षों को एक बाण से बेधकर दिखाया था। इसे चक्र वेधन की उपमा दी जा सकती है। भागवत में माहाक्य में धुन्धकारी प्रेत के बाँस की सात गाठे फोड़ते हुए सातवें दिन कथा प्रभाव से देव देहधारी होने की कथा है। इसे चक्र वेधन का संकेत समझा जा सकता है।

चक्रों को अनुदान केंद्र इसलिए कहा जाता है कि उनके अंतराल में दिव्य सम्पदायें भरी पड़ी हैं। उन्हें ईश्वर ने चक्रों की तिजोरियों में इसलिए बंद करके छोड़ा है कि प्रौढ़ता पात्रता की स्थिति आने पर ही उन्हें खेलने उपयोग करने का अवसर मिले। कुपात्रता अयोग्यता की स्थिति में बहुमूल्य साधन मिलने पर तो अनर्थ ही होता है। कुसंस्कारी संताने उत्तराधिकार में मिली बहुमूल्य सम्पदा से दुर्व्यसन अपनाती है और विनाश पथ पर तेजी से बढ़ती हैं। छोटे बच्चों को बहुमूल्य जेवर पहना देने से उनकी जान जोखिम का खतरा उत्पन्न हो जाता हैं। धातुओं की खदानें जमीन की ऊपरी परत पर बिखरी नहीं होती, उन्हें प्राप्त करने के लिए गहरी खुदाई करनी पड़ती है। मोती प्राप्त करने के लिए समुद्र में गहरे गोते लगाने पड़ते हैं यह अवरोध इसलिए है कि साहसी और सुयोग्य सत्पात्रों को ही विभूतियों का वैभव मिल सके। मेरूदण्ड में अवस्थित चक्रों को ऐसी सिद्धियों का केंद्र माना गया है जिसकी भौतिक ओर आत्मिक प्रगति के लिए नितान्त आवश्यकता रहती हैं।

चक्रवेधन, चक्रशोधन, चक्र परिष्कार, चक्र जागरण आदि नामों से बताये गयें विवेचनों एवं विधानों में कहा गया है कि इस प्रयास से अद्क्षताओं एवं विकृतियों का निराकरण होता है। जो उपयुक्त है उसकी अभिबृद्धि का पथ प्रशस्त होता है। सत्प्रवृत्तियों के अभिवर्धन, दुष्प्रवृत्तियों के दमन में यह चक्र वेधन विधान कितना उपयोगी एवं सहायक है इसकी चर्चा करते हुये शारदातिलक ग्रंथ के टीकाकार ने 'आत्मविवेक' नामक किसी साधना ग्रंथ का उद्घरण प्रस्तुत किया है कहा गया है कि –

गुदलिग्डान्तरे चक्रमाधारं तु चतुर्दलम्।
परमः सहजस्तद्वदानन्दो वीरपूर्वकः।।
योगानन्दश्च तस्य स्यादीशानादिदले फलम्।
स्वाधिष्ठानं लिंगमूले षट्पत्रञत्र क्रमस्य तु।।
पूर्वादिषु दलेष्वाहुः फलान्येतान्यनुक्रमत्।
प्रश्रयः क्रूरता गर्वो नाशो मूर्च्छा ततः परम।
अवज्ञा स्यादविश्वासो जीवसय चरतो ध्रुवम।

नाभौ दशदलं चक्रं मणिपूरकसंज्ञकम्।।
सुषुप्तिरत्र तृष्णा स्यादीर्ष्या पिशुनता तथा।
लज्जा भयं घृणा मोहः कषायोऽथ विषादिता।।
हृदयेऽनाहतं चक्रं दलैर्द्वादशाभिर्युतम्।
लौलयं प्रनाशः कपटं वितकोऽप्यनुतापिता।।
आशा प्रकाशश्चिन्ता च समीहा ममता ततः।
क्रमेण दम्भोवैकल्यं विवेकोऽहंक्वतिस्तथा।।
फलान्तेयानि पूर्वादिदलस्थस्यात्मनो जगुः।
कण्ठेऽस्ति भारतीस्थानं विशुद्धिः षोडशच्छदम्।।
तत्र प्रणव उद्गीथो हुँ फट् वषट् स्वधा तथा।
स्वाहा नमाऽमृतं सप्त स्वराः षडजादयो विष।।
इति पूर्वादिपत्रस्थे फलान्यात्मनि षोडश।।

गुदा और लिंग के बीच चार पंखुरियों वाला आधार चक्र है। वहाँ वीरता और आनंद भाव का निवास है। इसके बाद स्वाधिष्ठान चक्र लिंग मूल में है। उसकी छः पंखुरियाँ है। इसके जागृत होने पर क्रूरता, गर्व, आलस्य, प्रमाद, अवज्ञा, अविश्वास, आदि दुर्गुणों का नाश होता हैं नाभि में दस दल वाला मणिपूर चक्र है। यह प्रसुप्त पड़ा रहे तो तृष्णा, ईर्ष्या, चुगली, लज्जा, भय, घृणा, मोह आदि कषाय–कल्मष मन में जड़ जमाये पड़े रहते हैं। हृदय स्थान में अनाहत चक्र है। यह बारह पंखुरियों वाला है। यह सोता रहे तो लिप्सा, कपट, तोड़फोड़, कुतर्क, चिन्ता, मोह, दम्भ, अविवेक, अहंकार से भरा रहेगा। जागरण होने पर यह सब दुर्गुण हट जायेंगे। कण्ठ में विशुद्धाख्यचक्र है, यह सरस्वती का स्थान है। यह सोलह पंखुरियों वाला है। यहां सोलह कलाएँ सोलह विभूतियाँ विद्यमान हैं। विषद, स्वधा, स्वाहा, अमृत सप्त स्वर आदि का निवास है। इस आज्ञा चक्र का जागरण होने से यह सभी शक्तियाँ जाग पड़ती है।

श्री हडसन ने अपनी पुस्तक 'साइन्स आव सीथरशिप' में अपना मत व्यक्त किया है। प्रत्यक्ष शरीर में चक्रों की उपस्थिति का परिचय तन्तु गुच्छकों के रूप में देखा जा सकता है। अन्तदर्शियों का अनुभव इन्हें सूक्ष्म शरीर में उपस्थित दिव्य शक्तियों का केन्द्र संस्थान बताया है। कुण्डलिनी के बारे में उनके पर्यवेक्षण का निष्कर्ष है कि वह एक व्यापक चेतना शक्ति है। मनुष्य के मूलाधार चक्र में उसका सम्पर्क तन्तु है जो व्यक्ति सत्ता को विश्व सत्ता

के साथ जोड़ता है। कुण्डलिनी जागरण में चक्र संस्थानों में जागृति उत्पन्न होती है उसके फलस्वरूप पारभौतिक (सुपर फिजीकल) और भौतिक (फिजीकल) के बीच आदान–प्रदान का द्वार खुलता है। यही है वह स्थिति जिसके सहारे मानवीय सत्ता में अन्तर्हित दिव्य शक्तियों का जागरण सम्भव हो सकता है।

चक्रों की जागृति मनुष्य के गुण कर्म के स्वभाव को प्रभावित करती है। स्वाधिष्ठान की जागृति से मनुष्य अपने में नव शक्ति का संचार हुआ है अनुभव करता है उसे बलिष्ठता बढ़ती प्रतीत होती है। श्रम में उत्साह और गति में स्फूर्ति की अभिवृद्धि का आभास मिलता है। मणिपूर चक्र से साहस और उत्साह की मात्रा बढ़ जाती हैं। संकल्प दृढ़ होते हैं और पराक्रम करने के हौसले उठते हैं। मनोविकार स्वयमेव घटते हैं और परमार्थ प्रयोजनों में अपेक्षाकृत अधिक रस मिलने लगता है। अनाहत चक्र की महिमा हिन्दुओं से भी अधिक ईसाई धर्म के योगी बनाते हैं। हृदय स्थान पर गुलाब के फूल की भावना करते हैं और उसे महाप्रभु ईसा का प्रतीक 'आईचीन' कनक कमल मानते हैं। भारतीय योगियों की दृष्टि से यह भाव संस्थान हैं कलात्मक उमंगे – रसानुभूति एवं कोमल सम्वेदनाओं का उत्पादक स्त्रोत यही है। बुद्धि की वह परत जिसे विवेकशीलता कहते हैं। आत्मीयता का विस्तार सहानुभूति एवं उदार सेवा सहकारिता के तत्व इस अनाहत चक्र से ही उद्भूत होते हैं। कंठ में विशुद्ध चक्र है। इसमें बहिरंग स्वच्छता और अन्तरंग पवित्रता के तत्व रहते हैं। दोष व दुर्गुणों के निराकरण की प्रेरणा और तदनुरूप संघर्ष क्षमता यहीं से उत्पन्न होती हैं। शरीरशास्त्र में थाइराइड ग्रंन्थि और उससे स्त्रावित होने वाले हार्मोनों के सन्तुलन–असन्तुलन से उत्पन्न लाभ–हानि की चर्चा की जाती है। अध्यात्मशास्त्र द्वारा प्रतिपादित विशुद्ध चक्र का स्थान तो यहीं है, पर वह होता सूक्ष्म शरीर में है। उसमें अतीन्द्रिय क्षमताओं के आधार विद्यमान हैं। लघु मस्तिष्क सिर के पिछले भाग में है। अचेतन की विशिष्ट क्षमताएँ उसी स्थान पर मानी जाती हैं। मेरूदण्ड में कंठ की सीध पर अवस्थित विशुद्ध चक्र इस चित्त संस्थान को प्रभावित करता है। तदनुसार चेतना की अति महत्वपूर्ण परतों पर नियंत्रण करने और विकसति एवं परिष्कृत कर सकने के सूत्र हाथ में आ जाते हैं। नादयोग के माध्यम से दिव्य श्रवण जैसी कितनी ही परोक्षानुभूतियाँ विकसित होने लगती हैं।

सहस्त्रार मस्तिष्क के मध्य भाग में है। शरीर संरचना में इस स्थान पर

अनेक महत्वपूर्ण ग्रन्थियों से सम्बन्ध रैटिकुलर एक्टिवेटिंग सिस्टम का अस्तित्व हैं। वहां से जैवीय विद्युत का स्वयंभू प्रवाह उभरता है। वे धारायें मस्तिष्क के अगणित केन्द्रों की ओर दौड़ती हैं। इसमें से छोटी–छोटी चिनगारियाँ तरंगों के रूप में उड़ती रहती है। उनकी संख्या की सही गणना तो नहीं हो सकती, पर वे हैं हजारों। इसलिये हजार या हजारों का उद्‌बोधक 'सहस्त्र' शब्द प्रयोग में लाया जाता है। सहस्त्रार चक्र का नामकरण इसी आधार पर हुआ है सहस्त्र फन वाले शेषनाग की परिकल्पना का यही आधार है। यह संस्थान ब्रम्हाण्डीय चेतना के साथ सम्पर्क साधने में अग्रणी है इसलिये उसे ब्रम्हारन्ध्र या ब्रम्हलोक भी कहते हैं। रेडियो एरियल की तरह हिंदू धर्मानुयायी इस स्थान पर शिखा रखाते और उसे सिर रूपी दुर्ग पर आत्म सिद्धांतों को स्वीकृत किये जाने की विजय पताका बताते हैं। आज्ञा चक्र को सहस्त्रार का उत्पादन केन्द्र कह सकते हैं।

सभी चक्र सुषुम्ना नाड़ी के अन्दर स्थित हैं तो भी वे समूचे नाड़ी मण्डल को प्रभावित करते हैं। स्वचलित और ऐच्छिक दोनों ही संचार प्रणालियों पर इनका प्रभाव पड़ता है। अस्तु शरीर संस्थान के अवयवो को चक्रों द्वारा निर्देश पहुंचाये जा सकते हैं। साधरणतया यह कार्य अचेतन मन करता है और उस पर सचेतन मस्तिष्क का कोई बस नहीं चलता है। रोकने की इच्छा करने पर भी रक्त संचार रूकता नहीं और तेज करने की इच्छा होने पर भी उसमें सफलता नहीं मिलती। अचेतन बड़ा दुराग्रही है सचेतन की बात सुनने की उसे फुर्सत नहीं। उसकी मन मर्जी ही चलती है ऐसी दशा में मनुष्य हाथ–पैर चलाने जैसे छोटे–मोटे काम ही इच्छानुसार कर पाता है। शरीर की अनेच्छिक क्रिया पद्धति के सम्बन्ध में वह लाचार बना रहता है। इसी प्रकार अपनी आदत, प्रकृति, रूचि, दिशा को बदलने के मन्सूबे भी एक कोने पर रखे रह जाते हैं। ढर्रा अपने क्रम से चलता रहता है। ऐसी दशा में व्यक्तित्व को परिष्कृत करने वाली और शरीर तथा मनः संस्थान में अभीष्ट परिवर्तन करने वाली आकांक्षा प्रायः अपूर्ण एवं निष्फल बनी बनती है। चक्र संस्थान को यदि जागृत तथा नियन्त्रित किया जा सके तो आत्म जगत् पर अपना अधिकार हो जाता है। यह आत्म विजय अपने ढंग की अद्‌भुत सफलता है। इसका महत्व तत्वदर्शियों ने विश्व विजय से भी अधिक महत्वपूर्ण बताया है। विश्व विजय कर लेने पर दूरवर्ती क्षेत्रों से समुचित लाभ उठाना संम्भव नहीं हो सकता, उसकी सम्पदा का उपभोग, उपयोग कर सकने की अपने में सामर्थ्य

भी कहां है। किन्तु आत्म विजय के सम्बन्ध में ऐसी बात नहीं है। उसका पूरा–पूरा लाभ स्वयं ही उठाया जा सकता है। उस आधार पर बहिरंग और अन्तरंग क्षेत्रों की सम्पदा का प्रभु लाभ अपने आप को मिल सकता है।

मेरूदण्ड को शरीर–शास्त्री स्पाइनल कालम कहते हैं। स्पाइनल एक्सिस एवं वर्टीब्रल कॉलम–शब्द भी उसी के लिए प्रयुक्त होते हैं। मौटे तौर पर यह 33 अस्थि घटकों से मिलकर बनी हुई एक पोली दण्डी भर है। इन हड्डियों को पृष्ठ वंश–कशेरूका या 'वर्टिब्री' कहते हैं। स्थिति के अनुरूप इसका पांच भागों में विभाजन किया जा सकता है।

(1)ग्रीवा प्रदेश – सर्वाइकल रीजन–7 अस्थि खण्ड
(2)वक्ष प्रदेश – डार्सल रीजन–12 अस्थि खण्ड
(3)कटि प्रदेश – लम्बर रीजन – 5 अस्थि खण्ड
(4)त्रिक या वस्तिगत – सेक्रल रीजन – 5 अस्थि खण्ड
(5)चेचु प्रदेश – काक्सीजियल रीजन – 4 अस्थि खण्ड

मेरूदण्ड पोला है। उससे अस्थि खण्डों के बीच में होता हुआ यह छिद्र नीचे से ऊपर तक चला गया है। इसी के भीतर सुषुम्ना नाड़ी विद्यमान है। मेरूदण्ड के उपर्युक्त पांच प्रदेश सुषुम्ना में अवस्थित पांच चक्रों से संबंधित है। (1) मूलाधार चक्र – चेचु प्रदेश। (2) स्वाधिष्ठान – त्रिक प्रदेश। (3) मणिपूर चक्र – कटि प्रदेश।

(4) अनाहत – वक्ष प्रदेश। (5) विशुद्धि – ग्रीवा प्रदेश। छठे आज्ञा चक्र का स्थान मेरूदण्ड में नहीं आता। सहस्त्रार का संबंध भी रीढ़ की हड्डी से सीधा नहीं है। इतने पर भी सूक्ष्म शरीर का सुषुम्ना मेरूदण्ड पांच रीढ़ वाले और दो बिना रीढ़वाले सभी सातों चक्रों को एक ही श्रृखंला में बांधे हुए है। सूक्ष्म शरीर की सुषुम्ना में यह सातों चक्र जंजीर की कड़ियों की तरह परस्पर पूरी तरह सम्बद्ध हैं।

यहां यह तथ्य भली भांति स्मरण रखा जाना चाहिए कि शरीर विज्ञान के अर्न्तगत वर्णित प्लेक्सस, नाड़ी गुच्छक और चक्र एक नहीं है यद्यपि उनके साथ पारस्परिक तारतम्य जोड़ा जा सकता है। यों इन गुच्छकों की भी शरीर में विशेष स्थिति है और उनकी कायिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाली प्रक्रिया होती रहती है।

शरीर शास्त्र के अनुसार प्रमुख नाड़ी गुच्छकों (प्लेक्ससेज) में 13 प्रधान हैं। उनके नाम हैं।

(1) हिपेटिक (2) सर्वाइकल (3) ब्रॉकियल (4) काक्सीजियल (5) लम्बर (6) सेक्रल (7) कार्डियक (8) इपेग्रेस्ट्रिक (9) इसोफैजियल (10) फरेन्जियल (11) पलमोनरी (12) लिंगुअल (13) प्रोस्टेटिक।

इन गुच्छकों के शरीर यात्रा में भूमिका सम्पन्न करते रहने के अतिरिक्त कुछ विलक्षण विशेषतायें भी पायी जाती है। उनसे यह प्रतीत होता है कि उनके साथ कुछ रहस्यमय तथ्य भी जुड़े हुए हैं। यह सूक्ष्म शरीर के दिव्य चक्रों के सान्निध्य में सम्पन्न होने वाला प्रभाव ही कहा जा सकता है।

चक्र शक्ति संचरण के एक व्यवस्थित, सुनिश्चित क्रम को कहते हैं। वैज्ञानिक क्षेत्र में विद्युत, ध्वनि, प्रकाश सभी रूपों में शक्ति का संचार, तरंगों के माध्यम से होता है। एक पूरी तरंग बनने के क्रम को एक चक्र (साइकिल) कहते हैं एक के बाद एक तरंग, एक के बाद एक चक्र बनने का क्रम चलता रहता है और शक्ति का संचरण होता रहता है। शक्ति की प्रकृति का निर्धारण इन्हीं चक्रों के क्रम के आधार पर किया जाता है। औद्योगित क्षेत्र में प्रयुक्त विद्युत के लिए अन्तर्राष्ट्रीय नियम है कि वह 50 साइकिल्स प्रति सेकेण्ड के चक्र क्रम की होनी चाहिए। विद्युत की मोटरों एवं अन्य यंत्रों को उसी प्रकृति की बिजली के अनुरूप बनाया जाता है इसीलिए उन पर हार्सपावर, वोल्टेज आदि के साथ 50 साइकिल्स भी लिखा रहता है। अस्तु शक्ति संचरण के साथ चक्र प्रक्रिया जुड़ी ही रहती है। वह चाहे स्थूल विद्युत शक्ति हो अथवा सूक्ष्म जैवीय विद्युत शक्ति।

नदी प्रवाह में कभी–कभी कहीं भँवर पड़ जाते हैं उनकी शक्ति अद्‌भुत होती है। उनमें फँसकर नौकाएं अपना संतुलन खो बैठती हैं और एक ही झटके में उल्टी डूबती दृष्टिगोचर होती है। सामान्य नदी प्रवाह की तुलना में इन भँवरों की प्रचण्डता सैकड़ो गुनी अधिक होती है। शरीरगत विद्युत प्रवाह को एक बहती हुई नदी के सदृश माना जा सकता है और उसमें जहां–तहां पाये जाने वाले चक्रों की भँवरों से तुलना की जा सकती है।

गर्मी की ऋतु में जब वायुमण्डल गरम हो जाता है तो जहाँ–तहाँ छोटे बड़े 'चक्रवात'–साइक्लोन उठने लगते हैं वे नदी के भँवरों की तरह ही गरम हवा के कारण आकाश में उड़ते हैं। उनकी शक्ति देखते ही बनती हैं। पेड़ों की छतो की, छप्परों को उखाड़ते–उछालते वे बवन्डर की तरह जिधर–तिधर भूत–बेताल की तरह नाचते फिरते हैं साधारण पवन प्रवाह की तुलना में इन टारनेडो (चक्रवातों) की शक्ति भी सैकड़ों गुनी अधिक होती है।

शरीर गत विद्युत प्रवाह की शक्ति का प्रवाह यों संतुलित ही रहता है पर कहीं–कहीं उसमें उग्रता एवं वक्रता भी देखी जाती है। हवा कभी–कभी बाँस आदि की झुरमटों से टकरा कर कई तरह की विचित्र आवाजें उत्पन्न करती है नदी का जल कई जगह ऊपर से नीचे गिरता है – चट्टानों से टकराता है तो वहां प्रवाह में व्यतिक्रम उछाल, गर्जन, तर्जन की भयंकरता दृष्टिगोचर होती है। शरीरगत सूक्ष्म चक्रों की विशेष स्थिति भी इसी प्रकार की है यों नाड़ी गुच्छकों – प्लेक्सस में भी विद्युत संचार और रक्त प्रवाह के गतिक्रम में कुछ विशेषता पायी जाती है। किंतु सूक्ष्म शरीर में तो वह व्यतिक्रम कहीं उग्र दिखायी पड़ता है। पवन प्रवाह पर नियंत्रण करने के लिए नावों पर पतवार बांधे जाते हैं, उनके सहारे नाव की दिशा और गति भी अभीष्ट फेर कर लिया जाता है पवनचक्की के पंखों को गति देकर आटा पीसने, जलकल चलाने आदि काम किये जाते हैं। जलप्रपात जहां ऊपर से नीचे गिरता है वहॉ उस प्रपात तीव्रता के वेग को बिजली बनाने जैसे कार्यो के लिए प्रयुक्त किया जाता है समुद्री ज्वार भाटों से भी बिजली बनाने का काम लिया जाता है। ठीक उसी प्रकार शरीर के विद्युत प्रवाह में जहां चक्र बनते हैं वहां उत्पन्न उग्रता को कितने ही आध्यात्म प्रयोजनों में काम लिया जाता है।

चक्र कितने हैं?इनकी संख्या निर्धारण करने में मनीषियों का मतभेद स्पष्ट है। विलय तंत्र में इडा और पिंगला की विद्युत गति से उत्पन्न उलझन गुच्छकों को चक्रों की संज्ञा दी गयी है और उनकी संख्या पांच बतायी गयी है। मेरूदण्ड में वे पांच की ही संख्या में है मस्तिष्क अग्र भाग में अवस्थित आज्ञा चक्र को भी उनमें सम्मिलित कर लेने पर वे छः हो जाते है और हठयोग की गणना के अनुसार छः की संख्या पूरी हो जाती हैं।

सातवाँ सहस्त्रार है इसे चक्रों की बिरादरी में जोड़ने न जोड़ने पर विवाद है सहस्त्रार नाभि है उसे इसी बिरादरी में सम्मिलित रखने के दोनों ही पक्षों के साथ तर्क है इसलिए जहां छः की गणना है वहां सात का भी उल्लेख बहुत स्थानों पर हुआ है।

बात इतने पर ही समाप्त नहीं हो जाती। चक्रों की संख्या सूक्ष्म शरीर में बहुत बड़ी है इन्हें 108 तक गिना गया है छोटे होने के कारण उन्हें उपव्यिका कहा गया है और जपने की माला में उतने ही दाने रखे जाने की परम्परा चली है इनमें से कितने ही लघु चक्र ऐसे हैं जिन्हें जागृत करने वालों ने प्रख्यात चक्रों से भी अधिक शक्तिशाली पाया है। चन्द्रमा की गणना गृहों

में नहीं उपगृहों में होती है फिर भी अपनी पृथ्वी के लिए पूर्ण समझे जाने वाले गृहों की उपयोगिता अधिक है।

तंत्र ग्रंथों में ऐसे चक्रों का वर्णन है जिनके नाम और स्थान षट्चक्रों से भिन्न हैं जहां उनकी संख्या पांच बतायी गयी है वहां पांच कोशों का नहीं वरन् भिन्न आकृति के प्रकृति के अतिरिक्त चक्रों का वर्णन है।

(1) त्रिकूट (2) श्रीहाट (3) गोल्लाट (4) औटपीढ (5) भ्रमर गुफा इनके नाम हैं इनकी व्याख्या पांच प्राण एवं पांच तत्वों की विशिष्ठ शक्तियों के रूप में की गई है। इनके स्थान एवं स्वरूप हठयोग में वर्णित षटचक्रों से भिन्न है।

इसी तरह कहीं–कहीं तंत्र ग्रंथों में उनकी संख्या छः से अधिक कही गयी है–

नवचक्रं कलाधारं त्रिलक्ष्यं व्योम् पंचकम्।
सम्यगेतन्न जानति स योगी नाम धारकः।।

– 'सिद्ध सिद्धांत पद्धति'

नवचक्र, त्रिलक्षं, सोलक आधार, पांच आकाश वाले सूक्ष्म शरीर को जो जानता है उसी को योग में सिद्धी मिलती है।

अष्टाचक्रा नवद्वारा देवानां पूरयोध्या।
तस्यां हिरण्मयः कोशः स्वर्गो ज्योतिषावृतः।।

– अथर्ववेद

आठ चक्र, नव द्वारा वाली यह अवोह या नगरी, स्वर्ण कोश और स्वर्गीय ज्योति से आवृत्त है।

शक्ति सम्मोहन तंत्र में उनकी संख्या 9 मानी गई है। कुण्डलिनी को 'नव चक्रत्मिका देवी' कहा गया है। नौ चक्र इस प्रकार गिनाये गये है। (1) आनंद चक्र (2) सिद्धि चक्र (3) आरोग्य चक्र (4) रक्षा चक्र (5) सर्वार्थ चक्र (6) सौभाग्य चक्र

(7) संशोक्षण चक्र (8) शाप चक्र (9) मोहन चक्र । यह नामकरण उनकी विशेषताओं के आधार पर किया गया है यह कहां, है, इसकी चर्चा में मात्र तीन को षट्चक्रों की तरह बताया गया है और शेष अन्यान्य स्थानों पर अवस्थित बताये गये हैं।

नौ के वर्णन में भी नाम और स्थानों की भिन्नता मिलती है। एक स्थान पर उनके नाम इस प्रकार गिनाये गये हैं। (1) ब्रम्हचक्र (2) स्वाधिष्ठान चक्र

(3) नाभि चक्र (4) हृदय चक्र (5) कण्ठ चक्र (6) तालुचक्र (7) भूचक्र (8) निर्वाण चक्र (9) आकाश चक्र बताये गये हैं। यह उल्लेख सिद्ध सिद्धांत पद्धति में विस्तारपूर्वक मिलता है।

संख्या जो भी मानी जाये उन सबका एक समन्वय शक्ति पुंज लोगोज (स्वहवे) भी है जिसका स्थूल सूर्य के समान ही किंतु अपने ढंग की रश्मियाँ निकलती हैं। सूर्य किरणों में सात रंग अथवा ऐसी विशेषताएँ होती हैं जिनका स्वरूप, विस्तार और कार्य क्षेत्र सीमित है। पर इस आत्मतत्व के सूर्य का प्रभाव और विस्तार बहुत व्यापक है। वह प्रकृति के प्रत्येक अणु को नियंत्रित एवं गतिशील रखता है। साथ ही चेतन संसार की विधि व्यवस्था को संभालता संजोता है। इसे पाश्चात्य तत्व वेत्ता सन्स आफ फोतह कहते हैं कि विश्व व्यापी शक्तियों का मानवीकरण इसी केंद्र संस्थान द्वारा हो सका है।

सामान्य शक्ति धाराओं में प्रधान गिनी जाने वाली (1) गति (2) शब्द (3) ऊष्मा (4) प्रकाश (5) संयोग (6) विद्युत (7) चुम्बक यह सात हैं। इन्हें सात चक्रों का प्रतीक ही मानना चाहिए।

कुण्डलिनी शक्ति को कई विज्ञान वेत्ता विद्युत द्रव्य पदार्थ या नाड़ी शक्ति कहते हैं।

इस निखिल विश्व ब्रम्हाण्ड में संख्याप्त परमात्मा की छः चेतन शक्तियों का अनुभव हमें होता है यों शक्ति पुंज परब्रम्ह की अगणित शक्ति धाराओं का पता पा सकना मनुष्य की सीमित बुद्धि के लिए असम्भव है। फिर भी हमारे दैनिक जीवन में जिनका प्रत्यक्ष सम्पर्क संयोग रहता है उनमें प्रमुख यह है (1) पराशक्ति (2) ज्ञान शक्ति (3) इच्छा शक्ति (4) क्रिया शक्ति (5) कुण्डलिनी शक्ति (6) मातृका शक्ति (7) गुहा शक्ति। इन सबकी सम्मिलित शक्ति पुंज ईश्वरीय प्रकाश अथवा सूक्ष्म प्रकाश कह सकते हैं। यह सातवी शक्ति है कोई चाहे तो इस शक्ति पूंज को उपर्युक्त छः शक्तियों का उद्गम भी कह सकता है इन सबको हम चैतन्य सत्ताएँ कह सकते हैं। उसे पवित्र अग्नि के रूप में भी कई जगह वर्णित किया गया है और कहा गया है उसमें से आग ऊष्मा तो नहीं पर प्रकाश किरणों निकलती हैं और वे शरीर में विद्यमान ग्रंथियों ग्लेण्ड्स केंद्रों और गुच्छकों को असाधारण रूप से प्रभावित करती है। इससे मात्र शरीर या मस्तिष्क को ही बल नहीं मिलता वरन् समग्र व्यक्तित्व की महान सम्भावना को और अग्रसर करती हैं।

इन सात चक्रों में अवस्थित सात उपर्युक्त शक्तियों का उल्लेा साधनाग्रंथों में अलंकारिक रूप में हुआ है। उन्हें सात लोक, सात समुद्र, सात द्वीप, सात पर्वत, सात ऋषि आदि नामों से चित्रित किया गया है। इस चित्रण में यह संकेत है कि इन चक्रों में किन–किन स्तर के विराट शक्ति स्त्रोतों के साथ संबंध है। बीज रूप में कौन महान सामर्थ्य इन चक्रों में विद्यमान है। और जागृत होने पर उन चक्र संस्थानों के माध्यम से मनुष्य का व्यक्तित्व छोटे से कितना विराट और विशाल हो सकता है। टोकरी भर बीज से लम्बा चौड़ा खेत हरा भरा हो सकता है। अपने बीज भंडार में सात टोकरी भरा–सात किस्म का अनाज सुरक्षित रखा है। चक्र एक प्रकार के शीत गोदाम – कोल्डस्टोर है और इन पर ताला जड़ा हुआ है। इन सात तालों की एक ही चाबी है उनका नाम है 'कुण्डलिनी'। जब उसके जागरण की साधना की जाती है तो यह ताले खुलते हैं बीज बाहर लाया जाता है। शरीर रूपी साढ़े तीन एकढ़ के खेत में वह बोया जाता है। यह छोटा खेत अपनी सुसम्पन्नता को अत्यधिक व्यापक बना देता है। पुराण कथा के अनुसार राजा बलि का राज्य तीनों लोकों में था। भगवान ने वामन रूप में उससे साढ़े तीन कदम भूमि में तीन लोक और आधे कदम में बलि का शरीर नाप कर विराट ब्रम्ह ने उस सबको अपना लिया। हमारा शरीर साढ़े तीन हाथ लम्बा है। चक्रों के जागरण में यदि उसे लघु से महान् – अण्ड से विभु कर लिया जाये तो उसकी साढ़े तीन हाथ की लम्बाई–साढ़े तीन एकड़ जमीन न रह कर लोक–लोकान्तरों तक विस्तृत हो सकती है और उस उपलब्धि की याचना करने के लिए भगवान् वामन रूप धारण करके हमारे दरवाजे पर हाथ पसारे हुए उपस्थिति हो सकते हैं।

अध्याय – 4
कुण्डलिनी एवं उसका जागरण :

चतुर्थ अध्याय में हठयोग की जिन प्रक्रियाओं का विवेचन किया गया है। उन सभी का उद्धेश्य प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष में राजयोग प्राप्ति ही है। किंतु यह राजयोग कैसे प्राप्त होता है? यह एक गूढ़तम रहस्य है। इसकी सूत्ररूप में चर्चा गत अध्याय में मुद्राओं के साथ की गयी है। वह रहस्य है कुण्डलिनी का जागरण और षट्चक्रों का भेदन। इस अध्याय में इसी रहस्य का उद्घाटन किया जाएगा। इस संदर्भ में सर्वप्रथम यह जानना आवश्यक है कि कुण्डलिनी क्या है?

कुंडलिनी जागरण की पूर्व तैयारी :

सोये हुए सांप को जगा देना सरल है। एक कंकड़ फेंक देने भर से वह फुंकार मारता हुआ फन फैलाकर पीछे दौड़ सकता है। दबी हुई चिन्गारी को प्रचण्ड कर देना सरल है। एक गठरी फूँस हाल देने पर या एक बोतल केरोसिन तेल उडेल देने भर से यह कार्य हो सकता है। बाघ की मांद पर जाकर ढोल बजा देना आसान है, पर जब यह दहाड़ता हुआ हमला करता है, तब उससे बचाव करना कठिन है। आग जब प्रचण्ड होकर पूरे गांव को जला देने के लिए उबल पड़े, तब उसका बुझाना और जिनका नुकसान हुआ है,उनका हर्जाना चुकाना कठिन है।

कुण्डलिनी जागरण के लिए जिन पूर्व साधनों की आवश्यकता है,उनके जुटाने में ही अधिकांश समय लगता है, अन्यथा क्रिया मात्र का सम्बन्ध रहा होता तो उसे बालू का महल बनाने की तरह कोई बालक भी कर गुजरता और सारे साथियों को बुलाकर अपनी कारीगरी का ढिंढोरा पीटता फिरता है। बिजली का बटन दबा देना सरल है, पर करेन्ट के चल पड़ने पर फिर उसकी चपेट में जो–जो आते हैं, उन्हे समेटना कठिन है। यह ठीक है कि सर्कस में शेरों को रस्से पर चलाने की क्रिया मनुष्य ही कराते हैं, पर उन मनुष्यों को

अपने जैसा साधारण नहीं माना जा सकता। कोई अनाड़ी उसी करतब को दिखाने के लिए मचल पड़े तो समझना चाहिए कि इसका बुरा दिन आ गया।

कुण्डलिनी जागरण, क्रिया कि दृष्टि से अति सरलहै। उसमें मूलाधार, मेरूदण्ड और सहस्त्रार के साथ थोड़ी छेड़खानी करनी पड़ती है। यदि वह बहुत हल्की या उथली हुई तो बात दूसरी है, अन्यथा यदि उसे तनिक सशक्तापूर्वक प्रयोग में लाया गया तो उसकी हलचल देखते ही बनती है। सांप की फुँसकार, हाथी की चिंघाड़, शेर की दहाड़ और आकाशीय बिजली की तड़कन से उसकी तुलना करनी पड़ती है। यों उनसे लाभ भी उठाया जा सकता है, पर पाशा पलट गया तो लेने के देने पड़ने में भी सन्देह नहीं।

सपेरे साँप को नचा कर ही अपना गुजारा करते हैं। रीछ वाले अपनी गृहस्थी का उसी के बलबूते निर्वाह करते हैं। हाथी पर सवारी, राजा सामंत करते हैं। शेर खरीदना लाखों रूपया खर्च करने वाले सर्कस मालिकों का काम है। इन कर्मो में सफलता प्राप्त करने वालों की प्रशंसा की जाती है, पर यदि चौकड़ी चूक गये तो जान गँवा बैठने के अतिरिक्त और कोई चारा नही। इसलिए डरा तो नहीं जाना चाहिए, पर प्रयोग की प्रवीणता और बचाव के साधनों की सुविधा समय रहते एकान्त में कर लेने में ही समझदारी है। कुण्डलिनी साधना के लिए कदम बढ़ाने वालों को अपने क्रिया तलवार की धार पर चलने से कम समर्थ, किन्तु जोखिम भरी नहीं समझनी चाहिए।

इस प्रयोग में जिन उपकरणों की आवश्यकता पड़ती है। उनकी गणना पहले कराई जा चुकी है। (1) संकल्प, (2) साहस, (3) प्राण, (4) संयम, (5) धैर्य, (6) तत्परता, (7) तन्मयता। इन सातों का संकलन कर लेना एक प्रकार से आत्म विजय करना है। जिसने अपने को जीत लिया उसके लिए अन्य किसी को भी जीत लेना सरल है।

श्रद्धा और विश्वास भरे निश्चय निर्धारण, कार्यान्वयन को संकल्प कहते हैं। जिसने किसी विषय की जिज्ञासा उभार कर पक्ष और विपक्ष का सही मन्थन नहीं कर लिया है,उसके लिए संकल्प कर सकना और निभा सकना कठिन है। बाल – कल्पनाएं और कौतुक कौतूहल देखने भर की ललक आम लोगों में होती है। उनके मनोरथ पानी के बुलबुले की तरह उठते, फूटते रहते हैं। गरम दूध उफन कर बर्तन से ऊपर निकलता है। एक चम्मच पानी डालते ही वह पेदे में भी बैठ जाता है। ऐसी मनः स्थिति वाले कोई बड़ा काम नहीं कर सकते। वे आज आरम्भ करते और कल छोड़ बैठते है। साधना पथ के

पथिकों को धैर्यवान होना चाहिए और विलम्ब लगने पर इतना ही सोचना चाहिए कि हथेली पर सरसों जमाना बाजीगर का काम है। हजार वर्ष जीवित रहने वाले वृक्ष उगने और प्रौढ़ होने में समय ले जाते हैं। उनकी सिंचाई और देखभाल देर तक करनी होती है।

साहस में आत्म–बल, आत्म–विश्वास और पराक्रम का सम्पुट रहता हैं कठिनाइयों के बिना सामना किये किसी बड़े काम में तत्काल सफलता नहीं मिलती। बालक जन्म लेने से पूर्व स्वयं काफी हैरान हो लेता है और माता को परेशान कर लेता है। सरल काम तो इस संसार में एक ही है मजाक और मनोरथ। बड़े पुल और बांध बनाने, बड़े कारखाने खड़े करने में कितने साधन सरजाम जुटाने और कितने जोखिम उठाने पड़ते हैं। इसका विवरण ऐसे कामों का दायित्व उठाने वाले भुक्तभोगियों से ही पूछा जा सकता है।

प्राण एक शक्ति है जिसे सजीव विद्युत कहा जाता है। इसका अभ्यास करने के लिए प्राणाकर्षण प्राणायाम करते रहना है। इसका विधान सीधा–सा है कि अखिल ब्रम्हाण्ड में चेतना का भण्डार भरा पड़ा है और हम उस समुद्र में मछली की तरह जी रहे हैं। वह हमारे भीतर ओत–प्रोत है और हर श्वास के साथ हम उसे अधिकाधिक मात्रा में भर रहे हैं। शक्ति पुन्ज, चेतना भण्डारगार जैसी हमारी स्थिति बन रही है। इसे कल्पना के रूप में नहीं वास्तविकता के रूप में मान्यता देनी चाहिए और अनुभव करना चाहिए कि हमारे कण–कण में रोम–रोम में सृष्टा का वरिष्ठ तेजस् – ब्रम्हा वर्चस्–संव्याप्त हो रहा है। इस क्रिया में प्राणायाम अभ्यास से बहुत सहायता मिलती है।

संयम उस तत्व का नाम है जो उत्तेजना, आवेशों आवेगों, प्रलोभनों, दबावों को अस्वीकार करता है और बहकाने वाले, फुसलाने वाले हर अनौचित्य को स्वीकारने से दो टूक इन्कार करता है।

आये दिन भीतर और बाहर से अवांछनीयताओं के उफान आते रहते हैं। कई बार तो वे अन्धड़ की तरह प्रचण्ड होते हैं। कामुकता और जीभ का चटोरापन तो अपने स्वभाव के अंग बने बैठे हाते हैं। लोभ और मोह की, संग्रह और प्रदर्शन की लालसा इतनी तीव्र होती है, जो कुकर्म और अपराध अपनाने तक के लिए उत्तेजना प्रदान करती है। मित्र, सहयोगी, पड़ौसी और सम्बन्धी भी यह करते हैं और प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप में वैसा ही अनुगमन करने का परामर्श देते हैं। एक ओर भीतरी और बाहरी दबावों का आकर्षण, दूसरी और सादगी, सज्जनता अपनाने पर उपहास और विरोध का, तंगी और हैरानी का,

धैर्य तोड़ने वाला कुचक्र चलना। जो इस परिस्थिति से आये दिन जूझता रहता है, जूझने में प्रसन्नता अनुभव करता है उसे संयमी कहते हैं। उसे अपनी–अपनी निज की शक्ति–दुष्प्रवृत्तियों से जूझने में व्यय करनी पड़ती है। ''ना'' कहना, सीखना पड़ता है और किसी के भला या बुरा मानने का विचार करना पड़ता है। यह अभ्यास परिपक्व होते–होते उस संयम के रूप में बदलता है जो मनुष्य को सोने जैसा खरा और चट्टान जैसा मजबूत बना देता है।

तत्परता का अर्थ है लगन स्फूर्ति और श्रम–शीलता का समन्वय। जिस काम में हाथ डाला जाय उसे पूरा करना अपनी प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लिया जाय। आलस्य प्रमाद को पास न फटकने दिया जाय। श्रम की कठोरता में अपना गौरव अनुभव किया जाय।

तन्मयता का अर्थ है – एकाग्रता। दत्त–चित्त होना। मन को भटकने न देना। जो सोचना या करना है, उसी के सम्बन्ध में इतनी गहराई तक उतरा जाय कि अन्य कोई विचार सामने आने ही न पाये। मस्तिष्क में टिक ही न सके। अर्जुन का मत्स्य वेध, पृथ्वीराज का शब्द–वेध इसका अच्छा उदाहरण है। कीट भृंग का सन्दर्भ भी इस सम्बन्ध में दिया जाता है। यह एकाग्रता भौतिक और आत्मिक सफलताओं के लिए समान रूप से आवश्यक है।

इस सप्त सम्पदाओं को अन्तराल में धारण करने पर कोई व्यक्ति सच्चा साधक बन जाता हैं। सातों ऋषि उसके भीतर निवास करते हैं और न उसकी साधना खण्डित होने देते हैं और न उपलब्धियों का दुरूपयोग करने पर उलटा परिणाम हस्तगत होने की विपरीत स्थिति बनने देते हैं। जिन्होंने इस दिशा में उपेक्षा बरती, अपने को पवित्र और प्रखर नहीं बनाया, वे मात्र क्रिया कृत्यों में उलझे रहते हैं और जादूगरी का अनुकरण करते हुए ऐसी आशा लगाये रहते हैं कि करामातें हस्तगत करके लोगों को मूर्ख बनाने,उनसे यश और धन प्राप्त करने में सफलता प्राप्त करेंगे। ऐसे लोगों को अपयश और अनिष्ट ही हाथ लगता है। नैतिक पतन के गर्त में गिरने से उनकी अन्तरात्मा भी दुर्बलहोती है और वस्तुस्थिति विदित होने पर प्रशंसक भी निन्दक, विरोधी बन जाते हैं।

कुण्डलिनी जागरण महत्वपूर्ण तो है, पर उसमें बारूद के खिलौनों से खेलने जैसा जोखिम भी है। दिवाली के दिनों में फुलझड़ी जलाने और पटाखे छुड़ाने में मजा तो बहुत आता है, पर कितनों की ही आँखें फूटती और

उँगलियाँ उड़ती भी देखी गई हैं। भूत–प्रेत सिद्धि से लेकर कुण्डलिनी जागरण तक की सिद्धियां ऐसी हैं जिसमें शरीरांतगर्त संस्थानों की ही उठक–पटक करनी पड़ती है। इन सबको करने से पूर्व अपने साधनों को सही बना लेना और सुरक्षा कवच से सुसज्जित हो जाना है। टूटी तलवार और फटीढाल लेकर लड़ाई के मैदान में उतर पड़ना, ऐसी जल्दबाजी है जिसका दुष्परिणाम पागल हो जाने जैसी विपत्तियों के रूप में सहन करना पड़ सकता है।

तीर कमान सही तो निशाना चिड़िया से लेकर शेर तक साधा जा सकता है, अभ्यस्त शिकारी कटार के सहारे सिंह, व्याघ्रों तक को परास्त करते देखे गये हैं। पूर्ण अभ्यास एवं अनुभव की भूमिका ऐसे अवसरों पर ही परखी जाती है। जो आतुरता में दूसरों की नकल करने में जुट पड़ते हैं, उनकी उतावली उन्हीं के लिए खतरनाक सिद्ध होती है।

इसकी तुलना में दूसरी साधनाएं भी है जो अपूर्ण रहने पर भी किसी प्रकार की हानि नहीं पहुंचाती। अधिक से अधिक इतना ही हो सकता है कि लाभ सीमित मात्रा में मिले–समय कुछ अधिक लगे। इसके अतिरिक्त किसी प्रकार के ऐसे जोखिम की आशा नहीं है जिसके लिए चुनाव की गलती पर पश्चाताप करना पड़े।

ज्ञानयोग, कर्मयोग, भक्तियोग की साधनाएं भी ऐसी हैं जिनके सहारे अध्यात्मवादी उपलब्धियों का समुचित लाभ मिल सकता है। हठयोग की सभी क्रियाएं ऐसी हैं जिसमें साधक की मनोभूमि और मार्ग दर्शक की अपरिपक्वता बनी रहने पर उस प्रकार के प्रसंगों में कोई नये व्यवधान उठ खड़े होने की सम्भावना रहती है। कुण्डलिनी, प्रयोग हठयोग के अन्तर्गत आता है। उसके लिए मात्र मनोभूमि का परिशोधन हीं नहीं, नाड़ी शोधन के लिए नेति, धौति, वस्ती, कपाल भांति, बज्रोली आदि की भी तैयारी करनी पड़ती है। उसमें अशुद्धता भरी रहने पर अवरूद्ध नली वाली बन्दूक के न चल सकने की तरह असफलता का एक नंया कारण बनता है। कुण्डलिनी जागरण की विधि :

इस शक्ति को जगाने के लिए सिद्धासन में प्राणायाम से प्राण अपत के संयुक्त करने हेतु कुम्भरू करते हैं, जिससे सुषुम्ना मार्ग निर्मल हो जाता है। और उसमें प्रवेश हेतु कुण्डलिनी शक्ति जागृत हो जाती है। मुद्राओं1 के अभ्यास से यह शक्ति सुषुम्ना में प्रकट हो षट्चक्रो को भेद कर तथा तीनों

ग्रंथियों को पार कर सहस्रार अर्थात शिव से साक्षात्कार करती है3 साधक के योगाभ्यास का यही परम लक्ष्य है। यह लक्ष्य कुण्डलिनी के सुषुम्ना नाड़ी में प्रविष्ट होने से प्राप्त होता है। यह सुषुम्ना कहां पर है?तथा इसके अलावा कितनी और नाड़ियां हैं? अब इन प्रश्नों के संदर्भ में विवेचन करेंगे।

कुण्डलिनी की प्रसुप्तावस्था :

जब कुण्डलिनी सोई रहती है तब मनुष्य पशुवत रहता है धेरण्ड संहिता में इस अवस्था का वर्णन इस प्रकार होता है कि, ''जब तक वह (कुण्डलिनी) देह में सोती रहती है, तब तक जीव पशु की तरह अज्ञान में अंधा रहता है। सत्य और असत्य कुछ भी नहीं जान पड़ता भले ही कोटि प्रकाश से योगाभ्यास करें किंतु कभी सत्य ज्ञान को नहीं जान सकता।'' यही वर्णन अन्यत्र भी प्राप्त होता है।

कुण्डलिनी की जाग्रतावस्था :

कुण्डलिनी शक्ति के जाग्रत होने पर साधक संसार के प्रति उदासीन हो जाता है तथा वह सर्वोच्च स्थिर चेतना से संयुक्त हो जाता है जिसे शिव कहते हैं। ऐसा शारदातिलक के 65 पैसठवें सूत्र में स्पष्ट कहा है। धेरण्ड संहिता कुण्डलिनी कें जागरण पर ब्रम्हद्वार के प्रभेद की बात कहती है। शिव संहिता में सर्वपद्य भेद की स्थिति भी कुण्डलिनी जागरण से संभव बतलायी है।

1. हठयोग प्रदीपिका – 3/5
2. हठयोग प्रदीपिका – 3/2
3. धेरण्ड संहिता – 3/51कुण्डलिनी का स्वरूप :

जैविक देह में कुण्डलिनी 31/2 गेंडुली वाली मानी गयी है। ''वह विद्युत किरण की भांति तन्वी है, वह ऊष्मा अग्नि से युक्त है, बिजली की आभा के समान उसकी किरणें है और विद्युत की भांति ही प्रकाशमान किरणों वाली है।'' तोडल तंत्र में कहा गया है कि – यावत्सा निद्रिता देहे तावज्जीवं पशुर्यथा।

ज्ञान न जायते तावत् कोटियोगं समभ्यसेत्

'' कुण्डलिनी साढ़े तीन कुण्डल से युक्त लिंग छिद्र को अपने मुख कुण्डल में ढंककर स्थित है।''1 यह कुण्डलिनी सुषुम्ना के मुख छिद्र को बंद कर सोती है। अर्थात उसके सुषुप्त रहने से व्यक्ति का आध्यात्मिक विकास अवरूद्ध रहता है। तथा जागने पर आध्यात्मिक विकास का उदय होता है।

1. धेरण्ड संहिता – 3/45 एवं षट्चक्र निरूपणम् – 10

नाड़ियों का स्वरूप व नाड़ियो की संख्या :

नाड़ियां इतनी सूक्ष्म हैं कि बाल के हजार बार चीरने से जो सूक्ष्य बाल प्राप्त होगा उसके बराबर हैं तथा ऐसे रसायन से भरी हैं जो श्वेत, नीला, पीला, हरा और लाल है।1 ये संपूर्ण नाड़ियां सारी देह में व्याप्त हैं। इन्हीं नाड़ियों से संपूर्ण शारीरिक क्रियाएं सम्पन्न होती हैं। नाड़ियों के माध्यम से शरीर के प्रत्येक अंग में प्राण वायु का संचार होता है। यह प्राणवायु सूर्य व चंद्र से प्रभावित होती रहती है।

नाड़ियों का स्वरूप अत्यंत सूक्ष्म है अतः इन्हें किसी चिकित्सीय यंत्र से प्राप्त करना संभव नहीं है। इसका यह अर्थ कदापि नहीं, कि उनका अस्तित्व है ही नहीं विदुषी इंदिरा देवी कहती हैं2 कि जिस तरह प्रेम, घृणा, अच्छाई, लालच को भौतिक रूप में नहीं जाना जा सकता उसी तरह इन नाड़ियों के अस्तित्व ज्ञान हेतु भौतिक यंत्र अपर्याप्त हैं। उनका यह कथन सटीक है। वास्तव में नाड़ियों की संख्या अनंत है। प्रत्येक रोम कूप के साथ नाड़ियों का संबंध रहता है।3 ऐसा मत कविराज गोपीनाथ व्यक्त करते हैं।

1. स्वामी कुवल्यानंद – गोरक्षशतकम् – पृष्ठ 61 पर वृहद्रउपनिषद् – प्ट/3/20 का उद्धरण।
2. इंदिरा देवी – योग – अध्याय – 11
3. कविराज गोपीनाथ – तांत्रिका वांग्मय में शाक्त दृष्टि – अध्याय देह विज्ञान – पृ. 109–110

मनुष्य के शरीर में दो प्रकार की नाड़ियां होती है। तरल पदार्थ को बाने वाली, जैसे रक्त, लसीका आदि, और वायु को बहाने वाली। उपनिषदों के समय से ऐसी कल्पना की जाती रही है कि आत्मा या जीव का संचार नाड़ियों में से होता हैं मुण्डकोपनिषद्1 में इस संबंध में इस प्रकार स्पष्ट उल्लेख पाया जाता है कि रथचक्र की नाभि में जैसे अरे लगे होते हैं उसी प्रकार हृदय में नाड़ियां एकत्र होती हैं। उनमें आत्मा का संचार होता है।'' इसी प्रकार का आत्मा के नाड़ियों में हरने का उल्लेख छान्दोग्योपनिषद्2 है।'' इसी प्रकार का आत्मा का नाड़ियों में रहने का उल्लेख छान्दोग्योपनिशद2 में भी आया है। कि ''सुषुप्ति अवस्था में आत्मा नाड़ियों में स्थिर है।'' मृत्यु के समय इन नाड़ियों में से किसी विशेष नाड़ी में से आत्मा को बाहर निकालने से अमरत्व की प्राप्ति होती है इसका उल्लेख कठोपनिषद3 में आया है हृदय से निकलने वाली एक सौ एक नाड़ियों में से जो एक ऊपर मस्तक

की ओर जाती है उससे प्राण बाहर निकालने से अमरत्व की प्राप्ति होती है। अन्य नाड़ियों में से प्राणोत्क्रमण होने पर पुनः जन्म मिलता है। इन सभी उल्लेखों में नाड़ियों से मतलब नाड़ी संस्थान के अंर्तगत आने वाली नाड़ियों से अर्थात अंग्रेजी में जिन्हें नर्व्ह कहते हैं से है। इनके अलावा रक्त, लसीका, आदि तरह पदार्थ जिनमें से बहते हैं उनको भी नाड़ी शब्द से ही कहा है। वे नाड़ियां विभिन्न रंगों की होती, ऐसा उल्लेख छान्दोग्योपनिषद4 में आया है, "कि हृदय की ये नाड़ियाँ सूक्ष्म रस से भरी होती हैं तथा शुक्ल, नील पीत, लाल आदि रंगों की होती हैं।

ये सभी हृदय की नाड़ियों का उल्लेख हुआ। इसके अलावा योग में दूसरे एक स्थान से निकलने वाली नाड़ियों का वर्णन मिलता है। शिव संहिता5 में कहा है कि, "ये नाड़ियां रीढ़ की हड्डी के आश्रय से रहती हैं वे पद्मतंतु के समान कोमल होती हैं। उनको भोग वहा नाड़ियां कहते हैं वे वायु का वहन करती हैं।"

1. अरा इव रथनाओं संहता यत्र नाडयः।
स एषोडन्तश्चर ते बहुथा जायमानः।।
2. तद्यत्रैतत्सुप्तः समस्तः संप्रसन्नः (मुण्डकोपनिषद – 2:2:6)
स्वप्नं न।
विजानात्यासु तदा नाड़ीषु सत्वो भवति। छान्दोग्योपनिषद – 8:6:3
3. शतं चैका च हृदयस्य नाडयस्तासां मूर्धानमभिनिः सवैका।
तयोर्ध्वभायन्न मृतत्वमेति विश्वं अन्या उत्क्रमणे भवन्ति।।
कठोपनिषद् 2:3:16
4. अथ या एता हृदयस्य नाडयस्यताः पिंगलास्याणि –
मनस्थिष्ठन्ति शुक्लस्य नीलस्य पीतस्य, लोहितस्य।।
छान्दोग्योपनिषद् 8:6:1
5. नाडयस्तु ता अधोवदनाः पदमत–तुनिभाः स्थिताः।
पृष्ठवंश समाश्रित्य सोम सूर्याग्निरूपणी।।
एता भोगवहा नाडयो वायुस–चारदक्षकाः।
ओत प्रोताभिसंव्याप्य तिष्ठन्त्यस्मिन् कलेवरे।।
शिवसंहिता 2/17, 32

हठयौगिक ग्रंथों में इनका विस्तार से वर्णन प्राप्त होता है। कहीं कहीं उन्हें शिरा शब्द से भी कहा गया है। ये नाड़िया कंद से निकलती हैं। उनको त्रिशिख ब्राहम्णोपनिषद् में "कंद संभवा" शब्द से कहा है।6 अगले मंत्र

पचहत्तर में इनकी शरीर में संख्या कुल बहत्तर हजार बतलायी है। हठयोग प्रदीपिका7 इससे सहमत है। इनमें से प्रमुख दस नाड़ियों के नाम स्थान सहित त्रिशिख ब्राम्हमणोपनिषद8 में इस प्रकार बतलाये हैं –

(1) सुषुम्ना कंद के मध्य में स्थित है। तथा मस्तिष्क के ऊपरी भाग में ब्रम्हरंध्र तक जाती है। (2) इड़ा सुषुम्ना की बायी ओर होती है और बांयी नासिका में जाती है। (3) पिंगला सुषुम्ना की दाहिनी ओर से दाहिनी नासिका में जाती है। (4) गांधारी सुषुम्ना के सामने, आगे से बांयी भाग में जाती है। (5) हस्तिजिह्बा – सुषुम्ना के पीछे से दाहिनी आंख में जाती है। (6) पूषा – वायें कान में जाती है। (7) यशस्विनी – दाहिने कान में जाती है। (8) अलंबुसा – गूदा तक जाती है। (9) शभा – जननेन्द्रिय तक जाती है। (10) कौशिकी – कंद से लेकर पैर के अंगूठे तक जाती है। तंत्र9 में 3 लाख और शिव संहिता10 में 31/2 लाख नाड़ियां कहीं गयी हैं। किंतु योग याज्ञवलक्यतथा शिव संहिता में चौदह प्रमुख नाड़ियों का वर्णन मिलता है। उनके नाम इस प्रकार है – (1) सुषुम्ना (2) इड़ा (3) पिंगला (4) सरस्वती (5) कुहू (6) गांधारी (7) हस्तिजिह्वा (8) विश्वोदरा (9) वारूणी (10) पूसा (11) यशस्विनी (12) शखिनी (13) पयस्विनी तथा (14) अलंबुषा।

6. त्रिशिख ब्राम्हमणोपनिषद् – 74
7. हठयोग प्रदीपिका – 3/123
8. त्रिशिख ब्राम्हणोपनिषद् – 68 से 74
9. डां. शांति प्रकाश आत्रेय – योगमनो विज्ञान – पृ. 347
10. शिव संहिता – 2/13

इनके स्थान पूर्वोक्त स्थानों से कुछ भिन्न तथा कुछ समान हैं। इड़ा, पिगंला, सुषुम्ना, गांधारी और अलंबुसा इन पांच नाड़ियों के स्थान दोनों सूचियों में समान हैं शुभा और कौशिकी में दो नाड़ियां केवल प्रथम सूची में हैं, दूसरी सूची में नहीं। परंतु उनमें से शुभा के स्थान पर द्वितीय सूची में कुहू नाड़ी जननेंद्रिय तक जाती है। कौशिकी नाड़ी के स्थान पर पैर के अंगूठों में जाने वाली दो नाड़ियां द्वितीय सूची में हैं। हस्ति जिहवा और यशस्विनी, बांये और दाहिने अंगूठे में। प्रथम सूची में हस्ति जिह्वा दाहिनी आंख में जाने वाली किसी बड़ी नाड़ी का नाम नहीं है। प्रथम सूची में यशस्विनी दाहिने कान में जाती है। द्वितीय सूची में दाहिने कान में जाने वाली नाड़ी का नाम यश्विनी दिया है। सरस्वती, शांखिनी, विश्वोदय तथा वारूणी ये चार नाम प्रथम सूची में नहीं है केवल द्वितीय सूची में हैं। सरस्वती जिह्वा तक, शंखिनी दाहिने कान के ऊपर के हिस्से में, विश्वोदरा उदर के मध्य मे तथा वारूणी कुण्डलिनी

के ऊपर और नीचे सर्वत्र जाती है। नाड़ियों के अर्थात नर्व्हस सिस्टम के अर्न्तगत आने वाले आधुनिक वैज्ञानिक जानकारी के साथ ऊपर लिखे नाड़ियों के वर्णन से कोई मेल नहीं खाता। यह विशेष बात है।

इन दस या चौदह नाड़ियों में तीन नाड़ियां सभी ग्रंथों में अधिक महत्व की कही गयी हैं। वे है इड़ा, पिंगला तथा सुषुम्ना। इन तीनों में सुषुम्ना नाड़ी को सभी से सर्वोच्च स्थान दिया है। सुषुम्ना नाड़ी जब तक मल से व्याप्त है तब तक वह अज्ञान में भरा रहता है। प्राणायाम के अभ्यास से सुषुम्ना नाड़ी मल रहित हो जाती है। तब कुण्डलिनी शक्ति, जो कंद में हमेशा सोई हुई रहती है, वह जागृत होकर सुषुम्ना के मध्य मार्ग से ऊपर जाकर मस्तिष्क में स्थित परम शिव के स्थान तक पहुंचती है। तब साधक को सहज समाधि, जीवन्मुक्ति या उन्मनी अवस्था प्राप्त हो जाती है इड़ा को वाभ नाड़ी या चंद्र नाड़ी तथा पिगंला को दक्षिण नाड़ी या सूर्यनाड़ी कहते हैं। उनके मध्य में स्थित सुषुम्ना को ब्रम्हनाड़ी या ब्रम्हद्वार कहते हैं।

सुषुम्ना नाड़ी सहित अन्य नाड़िया वायुद्वार शुद्ध हो जाती है। अर्थात नाड़ी शुद्धि में वायु का बड़ा महत्व है इसके देह में प्रतिष्ठित रहने पर जीवन रहता है तथा इसके देह से निकल जाने पर मृत्यु हो जाती है। ऐसा होने के कारण इसे प्राण की संज्ञा में विभूषित किया गया। यह तथ्य हम प्राणायाम शीर्षक के अर्न्तगत स्पष्ट कर चुके हैं। कि वायु को ही प्राण कहते हैं। अब हम यह देखने का प्रयास करेगें कि वायु कितने हैं?तथा विभिन्न शास्त्र इस संबंध में क्या कहते हैं?

कुण्डलिनी जागरण, नादानुसंधान, समाधि और केवल्य की प्राप्ति :

साधक जब आसन, प्राणायाम, बंध मुद्राओं का अभ्यास निरंतर करता रहता है तब कुण्डलिनी जागकर क्रमशः मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपुर, चक्र का ज्योंही भेदन कर अनाहत चक्र का भेदन करती है त्यों ही नादानुसंधान का अभ्यास कर रहे साधक की आरम्भावस्था आती है। नादानुसंधान की अवस्थाओं का वर्णन हम पहले कर चुके हैं। नादानुसंधान से मन नाद के साथ आत्मा में लीन हो जाता है। इससे राजयोग का परम पद और उन्मती अवस्था की प्राप्ति शीघ्र हो जाती है। इसे कैवल्य प्राप्ति भी कहा जाता है। हठयोग की संपूर्ण प्रक्रियाओं का यही लक्ष्य है और कुण्डलिनी जागरण उसका मुख्य साधन है।

अध्याय – 5
कुण्डलिनी साधना क्यों किस प्रयोजन के लिए :

इन दिनों विश्वव्यापी विनाश संकट के घटाटोप इस तरह घिरते जा रहे हैं जिससे मानवी सत्ता और सृष्टि के लिए अस्तित्व रक्षा का संकट उत्पन्न हो गया है। यह जितने विकट हैं, उतने ही समर्थ उनके प्रतिरोधक उपकरण चाहिए। हाथी छोटी पिस्तौल से नहीं मरता। किला बिस्मार करने के लिए बाण वर्षा से नहीं, तोपें दागने से काम चलता हैं वृत्रासुर का निधन बज्र बन जाने पर हुआ था। महिषासुर के लिए चण्डी का आवेश भरा आक्रोश कार्यान्वित हुआ था। पर्वत उखाड़ने के लिए हनुमान का पौरूष काम आया था। पहाड़ उड़ाने के लिए डायनामाइट की छड़ें ही काम आती हैं। स्थिति को देखते हुए यह आवश्यक प्रतीत हुआ कि रचनात्मक सामर्थ्य की ही नहीं संघर्ष के लिए काम आने वाले ब्रम्हास्त्र जैसे साधनों की भी आवश्यकता पड़ेगी।

संकटों का दानवी समुदाय एकत्रित होकर संचित सभ्यता का विनाश जिस प्रकार करने पर तुला है, उन्हें यदि मनमानी करने दी जाय तो प्रलय के दृश्य प्रस्तुत हो सकते हैं। इनकी रोकथाम आवश्यक है। उन्हें उल्टा और निरस्त किया जाना चाहिए। इसके लिए दूसरी तरह के हथियार चाहिए। ग्रन्थलेखन में कागज कलम, दवात काम दे जाती हैं। रसोई बनाने में आटा, दाल और ईंधन का होना पर्याप्त है। पर जब दुर्दान्त वस्तुओं का सामूहिम आक्रमण हो और लूट रक्तपात की विभीषका सामने आ खड़ी हो तो उन्हें रोकने के लिए बारूदी हथगोलों की आवश्यकता पड़ेगी।

हमारा जीवन गायत्रीमय ही बीता है। जो समय शेष रहा है,वह भी उसी में लग–खप जाय तो ठीक है। आज की विभीषिकाओं से जूझने में संघर्ष प्रयोजन के लिए कोई चन्द्रगुप्त, शिवाजी, विवेकानन्द मिल जाता तो हमें

निर्धारित पथ से हटकर दायें–बायें न देखना पड़ता। पर बहुत प्रयत्न करने पर भी वैसा सुयोग न बन सका। फिर भी हम अभी निराश नहीं हैं। अध्यात्मक शक्तियां संसार में हैं तो सही पर वे सभी सूक्ष्म शरीर में रह रही हैं। भौतिक प्रयत्नों के लिए स्थूल शरीरधारी चाहिए। महाभारत में पांच देवताओं ने पांच पाण्डवो के रूप में शरीर धारण किए थे। कुछ रीछ–वानरों के रूप में, कुछ हनुमान अंगद आदि बनकर प्रकट हुए। प्रत्यक्ष कामों के लिये प्रत्यक्ष शरीर चाहिए। यह ढूँढ तलाश करने में लम्बा समय व्यतीत हो गया। शक्ति का समुच्चय न हो तो उसका थोड़ा अंश ही सही। वह किसी देवमानव में हो तो कामचलाऊ व्यवस्था बन सकती है। हमें बीजरूप में शक्ति संजोए ऋषि सताएं प्रज्ञा परिवार के रूप में हाथ लगी हैं। पर वे एकाकी तो निस्सार ही थीं। यदि उन्हें दिशा न दी गयी होती तो वही शक्तिकहीं ध्वंसपरक गतिविधियों में लगी होती। ऐसे में मार्गदर्शन के निर्देशानुसार एक ही उपाय शेष रहा कि बड़ी मात्रा में शक्ति उपार्जन एवं तदुउरान्त वितरण हेतु स्वयं ही आगे आया जाय और मार्ग बदलना है तो स्थिति के अनुरूप वह भी बदल लिया जाय।

सन् 1984 में वह परिवर्तन किया गया। एकान्त साधना–सावित्री साधना का अवलम्बन लिया गया। मुखर और मिलनसार जीवन छोड़कर एकान्तवास की रीति–नीति अपनाना सरल कार्य नहीं था। सावित्री साधना–पंच कोशों के जागरण की, कुण्डलिनी जागरण की साधना है। इसी को सूक्ष्मीकरण एवं वेदान्त की पंचीकरण साधना नाम दिया गया है। जिस मार्ग–दर्शक ने गायत्री साधना में हमें प्रवृत किया, उसी ने सावित्री साधना का विधान बताया ताकि हमारे माध्यम से अन्य अनेक प्रसुप्त देवमानवों का शक्ति जागरण हो, वे वास्तविक स्वरूप को पहचानें और आत्मिक प्रगति के माध्यम से समष्टिगत हित साधन कर सकें।

देखा गया कि संकट उतना हल्का नहीं है जिसे सौम्य प्रयासों से निपटा जाय। यह बायें हाथ से खेलने वाला खेल न प्रतीत हुआ इसलिए दाहिने हाथ को साधना और सम्भालना पड़ा है। सावित्री साधना से एक कदम आगे बढ़कर कुण्डलिनी को आड़े वक्त में जगाना पड़ा। इसी को दूसरे शब्दों में महाकाली महाचण्डी या महादुर्गा कहा जाता है। यह आवश्यक जान पड़ा कि जिस शक्ति का सुनियोजन जिन व्यक्तियों द्वारा किया जाना है, उन्हें इस विद्या की समुचित जानकारी दी जाय। पिछले दिनों कुण्डलिनी विज्ञान

का काफी अन्वेषण, पर्यवेक्षण, प्रयोग–परीक्षण, अध्ययन–अवगाहन चलता रहा है। इस सन्दर्भ में नई पुरानी पुस्तकों में चित्र–विचित्र प्रकार के उल्लेख मिलते हैं। इन्हीं को जोड़–गांठ कर नए लेखकों और प्रकाशकों ने भी कुछ लिखने छापने का प्रयत्न किया है। इस लीपापोती के प्रयास में और भी अधिक गुड़ गोबर हो गया है।

अब तक कुण्डलिनी विषय पर लिखे गए प्रतिपादनों को पढ़कर एक ही निष्कर्ष निकलता है कि यह विषय आकर्षक एवं गृह्य विज्ञान से सम्बधित होने के कारण अनेकों ने इस पर कार्य किया हैं। पर निज का प्रयोग या अनुभव सम्पादन करने का कष्ट किसी ने भी नहीं किया। जो भी कुछ उन्होंने लिखा है,वह हठयोग के प्रारम्भिक प्रयोग एवं उनकी प्रतिक्रिया मात्र है जो कि इस विधा का एक प्रतिशत भी नहीं है। प्रयोगकर्ता यह दावा करने से भी चतुरतापूर्वक बचते रहें है कि उन्होंने अपना प्रयोजन पूरा कर लिया। आज कहीं प्रामाणिक पुस्तक–मार्गदर्शन तो दूर उसके सिद्धान्त विवेचन का सही रूप प्रस्तुत करने वाली पोथी भी कहीं दीख नहीं पड़ती। हमने स्वयं को भ्रम जंजालों से बचाकर उन्ही प्रतिपादनों को आगे बढ़ाने का एक विनम्र प्रयास किया है।

हमारी सूक्ष्म मार्ग–दर्शक सत्ता जो शताब्दियों से मौजूद है, गायत्री, सावित्री और कुण्डलिनी क्षेत्र में समान ज्ञान व अनुभव रखती है। उसी ने हमें परखा हुआ सिक्का समझकर विगत तीन वर्षों में सावित्री साधना तथा फिर देवात्मा भारत की कुण्डलिनी जागरण के अभ्यास हेतु नियोजित किया है ताकि एक लुप्तप्राय किन्तु अत्यन्त सशक्त विद्या का सर्वथा लोप न होने पाए। उसकी टूटी हुई कड़ियां जुड़ कर अपने समग्र रूप में बनी रह सकें।

गायत्री ब्रम्ह विद्या है। उसे आत्मिकी भी कह सकते हैं। सावित्री आत्म भौतिकी है। आती तो वह आत्म–विज्ञान के अन्तर्गत ही है, पर उससे भौतिक लाभों का उपार्जन और सांसारिक संकटों का निवारण ही हो सकता है। दोनों ही के माध्यम से अपना या अपनों का हित साधन हो सकता है, किन्तु कुण्डलिनी की क्षमता ब्रहमाण्डव्यापी है और उसे विशेषतया तोड़ने या टूटे को जोड़ने में कार्यान्वित किया जाता है। चण्डी का क्रुद्ध–रूष्ट रूप उमड़ पड़े तो उसे अनाचार की मरम्मत करने के लिए प्रयुक्त किया जा सकता है। उसे इसी कारण असुरनिकन्दिनी कहा गया है। उसका जब भी प्रयोग हुआ है, दानवों–आसुरी शक्तियों के विनाश हेतु ही हुआ है। इसे तलवार की तरह

मारक होना चाहिए, जिसे तोड़ने मारने के लिए ही काम में लाया जा सकता है। जो बेकाबू हैं। उन्हें बलपूर्वक खींच बुलाने के लिए, जिस दिशा में चाहें, उसे घसीटकर ले चलने के लिए यह प्रयुक्त की जा सकती है। यह वशीकरण विज्ञान है। इसे मारण और उच्चाटन प्रधान कह सकते हैं। भस्मासुर को, सुन्द–उपसुन्द को, महिषासुर को इस महाकाली ने ही अपनी शक्ति से वशीभूत कर नष्ट किया था। शुम्भ–निशुम्भ, दुर्दान्त असुर मधुकैटभ का मर्दन उसी ने किया था। राम एवं सीता के माध्यम से रावण का एवं श्रीकृष्ण–बलराम के माध्यम से पूतना, कंस, जरासंध जैसी आसुरी शक्तियों का नाश उसी ने किया था। यह तो शक्ति का एक पक्ष हुआ।

यही शक्ति जब सृजनात्मक प्रयोजनों हेतु प्रयुक्त होती है तो सृष्टि संचालिनी शक्ति बन जाती है। ज्ञानार्णव तंत्र में कहा गया है –''शक्तिः कुण्डलिनी विश्वजननी व्यापार वद्धोद्यता''। सारा विश्व व्यापार इसी शक्ति के माध्यम से एक घुमावदार उपक्रम की तरह चलता है। महाकाल की परिवर्तन प्रक्रिया इसी के माध्यम से सम्पन्न होती है। जीव को चक्र पर आरूढ़ मृतिका पिण्ड की तरह यह घुमाती है और कुम्हार की तरह आत्मसत्ता को भिन्न–भिन्न रूपों में गढ़ देती है। वस्तुतः कुण्डलिनी सृष्टि सन्दर्भ में समष्टि एवं जीव सन्दर्भ में व्यष्टि में शक्ति संचार करती है। कुण्डलिनी एक प्रकार से ''कॉस्मिक इलैक्ट्रिसिटी'' है, जो योगाग्नि को जगाती, व्यक्ति को प्राणवान–समर्थ–दृष्टा स्तर का बनाती है। कठोपनिषद् के यम–नचिकेता संवाद में पंचाग्नि विद्या के रूप में इसी प्राणाग्नि की चर्चा हुई है जो व्यक्ति को रोग जरा एवं मृत्यु से परे जीवन्मुक्ति की ओर ले जाती है। नाड़ी संस्थान की उत्तेजना से जो शक्ति उत्पन्न होती है, वह सामयिक एवं क्षणिक प्रभाव का ही परिचय दे पाती है। किन्तु कुण्डलिनी चिरस्थायी है, चेतनात्मक शक्ति है जो व्यक्ति में ऊर्जा समाहित कर उसके व्यक्तित्व का कायाकल्प कर देती है।

जहां कॉस्मिक स्तर पर, समष्टिगत धरातल पर कुण्डलिनी जागरण की प्रक्रिया चल रही हो, वहां यह मानना चाहिए कि यह अनिष्ट के निवारण एवं उज्जवल भविष्य के सृजन का प्रयोजन पूरा करेगी। पर ऐसे खतरनाक प्रयोग के लिए सत्पात्र तो हों। बन्दूक जब चलती है तो उसका झटका पीछे की ओर लगता है। इस महाशक्ति का प्रयोग करने वाले में इतना साहस, बल और शौर्य–पराक्रम होना चाहिए कि प्रहार के समय उलटकर पीछे लगने वाले

झटके को सहन कर सके। अन्यथा लाभ उठाने के लिये किया गया प्रयोग हानिकारक भी हो सकता है। फिर रहस्यमयी साधनाओं को चर्चा का विषय बनाने से वह सर्व साधारण के लिए चर्चा का विषय बनती हैं। यही कारण है कि इन्हें गुहय विद्या मानकर इन पर बहुधा पर्दा ही डाला जाता रहा है। जब तर्क–कुतर्कों का सिलसिला चलता है। अहंकारी लोग अपनी मीन–मेंख निकालते, गल्तियां और सुधार सुझाते हैं। ऐसी दशा में साधना का मूलभूत आधार श्रद्धा ही डगमगाने लगती है और शंकित मनःस्थिति में उत्तम से उत्तम साधन भी निष्फल बनकर रह जाती हैं। संभवतः ऐसे ही अनेक कारणों को ध्यान में रखते हुए शास्त्रकारों ने उच्चस्तरीय साधनाओं को विशेष कर तंत्र से जुड़ी साधनाओं का चर्चा का विषय बनाने का निषेध किया है। इस सन्दर्भ में मार्ग दर्शक द्वारा साधक की पात्रता को परखकर तद्नुसार साधन बताना आवश्यक समझा गया है। साधना क्षेत्र में पात्रता ही नहीं, साधक की आवश्यकता और परिस्थिति भी जांचनी पड़ती है। इसके बाद ही निदान के आधार पर उपचार का तरीका रोगी व चिकित्सक दोनों के लिए लाभदयक सिद्ध होता है।

सावित्री एवं कुण्डलिनी की साधना कराने का अनुभव एवं अभ्यास कष्ट साध्य एवं तलवार की धार पर चलने के समान दुरूह होने के कारण अब लोगों ने एक प्रकार से छोड़ ही रखा है। बिना अनुभवी शिक्षक के कोई इंजीनियर कलाकार नहीं बन सकता। इसी प्रकार जब कुण्डलिनी साधना के प्रवीण पारंगत ही नहीं रहे तो शिक्षार्थी कहां से मिले ?

कुण्डलिनी जागरण शरीरगत प्राणाग्नि का प्रज्वलन है और उसका लाभ निजी प्रयोजनों के लिए उठाने की परम्परा अब तक रहीं है। जननेन्द्रिय मूल की काम ऊर्जा को ब्रम्हरंध्र की ब्रम्ह ऊर्जा में मेंरूदण्ड मार्ग में अवस्थित छः चक्रों का वेधन करते हुए मिलाया जाता है। इससे शिव शक्ति का संयोग–सम्मिलन होने पर सिद्धियां भी मिलती हैं, पर उसमें सर्पो को खिलाने जैसी सतर्कता से काम लेना पड़ता है। सांप का तमाशा दिखाने वाला संपेरा उससे अपनी कुटुम्ब तो पालता है, लोगों पर अपनी प्रवीणता की छाप भी डालता है, पर साथ ही वह जोखिम से भी खेलता है। किसी विषधर से पाला पड़े तो उसकी फुसकार भर से खेल रूक जाता है, लोगों के कलेजे थम जाते हैं व जान जाने का डर रहता है।

शिव और शक्ति दोनों के गले में सर्प लिपटे हुए हैं। अलंकारिक रूप

से इसी को सर्पणी कुण्डलिनी कहा गया है। यह हठयोग का तांत्रिक प्रयोग तो है ही। छः चक्रों के वेधन से जो शक्तियां प्राप्त होती हैं वे न केवल प्रतिकूलताओं के निवारण हेतु अपितु सावित्री साधना का उच्चस्तरीय प्रयोग साथ जुड़ा होने से नया वातावरण बनाने के निमित काम भी आती हैं। षटचक्र वेधन के साथ जब पंच कोशों के जागरण की प्रक्रिया भी सम्पन्न होती है तो अनेक प्रकार के सृजन प्रयोजनों में उनका उपयोग होता है। मकान बनाने हेतु ईट, चूना, लोहा, लकड़ी व श्रमिक की जरूरत पड़ती है। भोजन बनाने में ईधन, आग, बर्तन, खाद्यपदार्थ और पकाने वाले की जरूरत पड़ती है। पंचरत्न प्रसिद्ध है। शरीर का निर्माण पंचरत्नों से व चेतना का आविर्भाव पंच प्राणों से हुआ है। यह शक्ति–स्त्रोत, जीवनी–शक्ति का ही दूसरा नाम है। प्राणाग्नि का उत्तेजन, कुण्डलिनी जागरण जब पंचकोशी साधना–सावित्री साधना के समन्वित रूप में होता है तो उसका प्रभाव क्षेत्र अति विस्तृत हो जाता है। समस्त विश्व के सम्मुख जितनी विकट समस्याएं अभी सामने हैं वे पहले कभी देखने में नहीं आई। अणु–आयुधों का विस्तार, नक्षत्र युद्ध की आसन्न विभीषिका, चारों ओर संव्याप्त वैचारिक एवं पर्यावरण प्रदूषण, प्रकृति का असंतुलन एवं मारक रोगों की भरमार, अपराध–आतंक की काली साया देखते हुए लगता है कि यह प्रयोग अब विशाल–व्यापक स्तर पर करना ही अभीष्ट है। इन पर विजय पाने वाले योद्धाओं–सृजन शक्तियों के प्रजनन में साधनात्मक कष्ट तो है पर उसक प्रतिफल इतना शानदार है जिसकी तुलना अब तक के पराक्रमों से नहीं की जा सकती। वे एक नया अध्याय ही जोड़ेगे।

इन पृष्ठों में दैवी प्रेरणावश एक व्यापक जनसमूह के शक्ति जागरण की प्रक्रिया हेतु किए गए प्रयोगों में से मात्र उन्हीं का रहस्योदृघाटन हो रहा है जो सर्वोपयोगी हैं। विधि–विधान की जटिलता में जाने की पाठकों को आवश्यकता नहीं। उन्हें तो मात्र फलितार्थ देखने व अपनी भूमिका कहां हो यह बात समझनी हैं। यहां यह स्पष्ट करने का प्रयास किया जाना है कि व्यक्ति का आन्तरिक विकास उसे इस स्थिति तक पहुंचा सकता है कि वह अपना ही नहीं अन्य असंख्यों का भी भला कर सकें। इतना ही नहीं, व्यापक वातावरण को आमूल–चूल बदलकर नये युग का सूत्रपात कर सके। संक्षेप में इसी प्रयोग का अनुसंधान हमारी अपनी देवात्मा भारत की कुण्डलिनी जागरण साधना के माध्यम से सम्पन्न हुआ है।कुण्डलिनी जागरण से आत्मिक और भौतिक सिद्धियाँ :

कुण्डलिनी आत्म–शक्ति की प्रकट और प्रखर स्फुरणा है। यह जीवन की ईश्वर प्रदत्त मौलिक शक्ति है। प्रसुप्त स्थिति में वह अविज्ञात बनी और मृत तुल्य पड़ी रहती है। वैसी स्थिति में उससे कोई लाभ उडाना सम्भव नहीं हो पाता। यदि उसकी स्थिति को समझा जा सके तो प्रतीत होगा कि अपने ही भीतर वह भण्डार भरा पड़ा है जिसकी तलाश में जहां–तहां भटकना पड़ता है। वह ब्राह्मी शक्ति अपने ही अन्तराल में छिपी पड़ी है, जिसे कामधेनु कहा गया है। आत्मसत्ता में सन्निहित इस महाशक्ति का परिचय कराते हुए साधना शास्त्रों ने यह बनाने का प्रयत्न किया है कि अपने ही भीतर विद्यमान इस महती क्षमता का ज्ञान प्राप्त किया जाय और उससे सम्पर्क साधने का प्रयत्न किया जाय। कुण्डलिनी परिचय के कुछ उद्धरण इस प्रकार हैं –

मल–मूल छिद्रों के मध्य मूलाधार चक्र में कुण्डलिनी का निवास माना गया है। इसे प्रचण्ड शक्ति स्वरूप समझा जाय। यह विद्युतीय प्रकृति की है। ध्यान से वह कोंधती बिजली के समान प्रकाशवान् दृष्टिगोचर होती है। कुण्डलाकार है। उसका स्वरूप प्रसुप्त सर्पिणी के समान है।

यह उसके स्थान का परिचय हुआ। अब उसका आधार, कारण, स्वरूप एवं प्रभाव समझने की आवश्यकता पड़ेगी। बताया गया है कि यह ब्रम्ही शक्ति है। स्वर्ग से गंगा अवतरिक होकर पृथ्वी पर आई थी और इस लोक को धन्य बनाया था। इसी प्रकार यह ब्राह्मी शक्ति सत्पात्र साधकों की आत्म सत्ता पर अवतरित होती है और उसे हर दृष्टि से सुसम्पन्न बनाती है। कहा गया है कि –

ज्ञेयाशक्तिरिय विष्णोनिर्भिया स्वर्णभास्वरा।
सत्वं रजस्तमश्चेति गुणत्रय प्रसूतिका।।
मूलाधारस्थ वन्हयात्मेंजो मध्ये व्यवस्थिता।
जीवशक्तिः कुण्डलाख्या प्राणाकाराथ तेजसी।।
महाकुण्डलिनीप्रोक्ता परब्रम्हास्वरूपिणी।
शब्दब्रम्हामयी देवी एकानेकाक्षराकृतिः।।
शक्ति कुण्डलिनी नाम विसतन्तु निभा शुभा।

– महायोग विधान

यह स्वर्ण समान आभा वाली महाशक्ति कुण्डलिनी निर्भयता प्रदान करने वाली है। वही वैष्णवी है। सत, राज, तम तत्वों को उत्पन्न करने वाली है। मूलाधार के मध्य में आत्म तेज रूपी अग्नि पुंज होकर विराजमान है।

जीवनी शक्ति वही है। तेजस्वी प्राण ही उसका आकार है। यह परब्रम्हा स्वरूपिणी है। यह शब्द ब्रम्हामय है। इसकी अनेक आकृतियां हैं। इन शुभ कामनाओं को पूरा करने वाली शक्ति का नाम कुण्डलिनी है।

स्वयं भू शिवलिंग में तीन लपेटे लगाकर सुप्त सर्पिणी की तरह पड़े होने की उपमा में यह संकेत है कि उसमें तीनों ही क्षमताएं विद्यमान हैं जो मानवी अस्तित्व को विकसित करने के लिए मूलभूत कारण समझी जाती है। आकांक्षा विचारणा, क्रिया एवं साधन सामग्री के आधार पर ही मनुष्य आगे बढ़ता, सफलता पाता और प्रसन्न होता है। इन तीनों के बीज अन्तर में कुण्डलिनी शक्ति के रूप में विद्यमान हैं इन्हें विकसित करने पर यह तीनों क्षमताएं भीतर से उमँगती हैं तो बाहर के स्वरूप साधन मिलने पर भी उनको समुन्नत बनने का सहज अवसर मिल जाता है तो अन्तः क्षमता प्रसुप्त हो तो बाहर के विकास उपचार सफल नहीं होते, किन्तु भीतर के स्त्रोत उमँगों का बाह्य क्षेत्र में उभरना कठिन नहीं है। गायत्री के तीन चरण कुण्डलिनी के तीन लपेटे हैं और उन्हें मानव जीवन की मूल–भूत क्षमताओं के रूप में माना गया है।

प्रकृतिः निश्चला परावाग्रू पिणी परप्राणवात्मिका
कुण्डलिनी शक्तिः – प्रपंच सार तन्त्र

यह कुण्डलिनी महाशक्ति, अविचल प्रकृति और परावाणी है। यह पर ब्रम्हा है।

इच्छाशक्तिश्च भूःकारः क्रिया शक्तिर्भुवस्तथा।
स्वःकारः ज्ञान शक्तिश्च भूर्भुवः स्वः स्वरूपकम।
भूः–इच्छा शक्ति; भुवः–क्रिया शक्ति; स्वः–ज्ञान शक्ति, यह तीन व्याहृतियों का स्वरूप है।
सात्विकस्य ज्ञान शक्ति राजसस्य क्रियात्मिका।
द्रव्य शक्तिस्तामसस्य तिस्रश्चामाथिताभव। – देवी भगतवी

सात्विक ज्ञान शक्ति, राजस क्रिया शक्ति और तामस द्रव्य शक्ति यह तीन शक्तियां कही गई हैं।

ज्ञानेच्छाक्रियाणां तिमृणां व्यष्टीनां महासरस्वती महाकाली महालक्ष्मीरित।

ज्ञान शक्ति, इच्छा शक्ति और क्रिया शक्ति यह तीन ही शक्ति की प्रकृति हैं। इन्हें ही महा सरस्वती, महाकाली और महालक्ष्मी कहते है।

केचित्तां तप इत्याहुस्तमः केचिज्जडं परे। ज्ञान मायां। प्रधानं च प्रकृति शक्तिमप्यजाम्। आनन्दरूपता चास्याः परप्रेमास्पदत्वतः। —देवी भागवती

कोई मुझे तपः—शक्ति कहते हैं। कोई जड़। कोई ज्ञान कहते हैं। कोई माया प्रकृति। मैं ही परम प्रेमास्पद तथा आनन्दरूपा हूँ।

अहमेव स्वयमिदं वदामि
जुष्ट देवेभिरूत भानुषेभिः
य यं कामये तं तमुग्रं कुणोभि
तं ब्रम्हाणं तमृषि तं सुर्मेधाम्।। ऋ. 10/125/5

देवताओं और मनुष्यों को अभीष्ट—प्राप्ति का मार्ग मै ही बतलाती हूँ। जो मेंरी (विवेक—शक्ति की) उपासना कर मुझे प्रसन्न करता है, उसे ही मैं प्रखर बनाती हूँ। ब्राम्हण, ऋषी तथा मेधावी बनाती हूँ।

अपने में ही विद्यमान परम वैभव के सम्बन्ध में अपरिचित रहना यही अध्यात्म की भाषा में अज्ञान या अन्धकार है। इसकी निवृत्ति को ही आत्म ज्ञान की आत्म साक्षात्कार की महान उपलब्धि कहा गया है। प्रसुप्ति को जागृति में बदल देना खोये को तलाश कर लेना यही परम पुरूषार्थ है। आत्म—साधनाओं को परम पुरूषार्थ कहा गया है। सामान्य पुरूषार्थो से धन, बल, थोड़ी सी भौतिक उपलब्धियां स्वल्प मात्रा में उपार्जित की जा सकती हैं। वे भी अस्थिर होती हैं और मिलने के बाद उलटी अतृप्ति, भड़काती चलती हैं। किन्तु आत्मिक विभूतियों को उपार्जित करने की दिशा में बढ़ने पर प्रत्येक चरण क्रमशः अधिक उच्चस्तरीय प्रस्तुत करता चलता है। वे स्थायी भी होते हैं और तृप्ति कारक भी। उनसे अपना भी कल्याण होता है और दूसरों का भी। इन्हीं तथ्यों को ध्यान में रखते हुए आत्म—साधना को परम पुरूषार्थ कहा गया है।

सोता हुआ मनुष्य मृत तुलय निष्क्रिय पड़ा रहता है। जागृति होते ही उसकी समस्त क्षमतायें जाग जड़ती हैं। प्राण—शक्ति कुण्डलिनी शक्ति के सम्बन्ध में भी यही बात है जिसकी अन्तःशक्ति मूर्छित है, समझना चाहिए कि वह तत्वतः सोया हुआ ही है। जिसका अन्तराल जग पड़ा उसकी महान् सक्रियता को कार्यान्वित होते हुए देखा जा सकता है। सोने की, जागृति की स्थिति में जितना अन्तर होता है उतना ही आत्म शक्ति के प्रसुप्त और जागृत होने की स्थिति में समझा जा सकता है। इसी प्रसुप्ति और जागृति के अन्तर

की चर्चा ताण्ड्य ब्राम्हण में इस प्रकार हुई है–

कुण्डलिनी की प्रसुप्ति को जागृति में बदलने के लिए 'साधन' का उपाय अपनाना पड़ता है। इस जागरण प्रयास में लगने के लिए जो साहस करते हैं, वे भौतिक और आत्मिक दोनों ही क्षेत्रों में समुन्नत स्थिति प्राप्त करते चले जाते हैं। इस महान् जागरण के लिए प्रोत्साहित करते हुए शास्त्रकार कहते हैं –

तदाहुः कोऽस्वप्नु यर्हतिः यद्वाव प्राण जागीत् देव जागरिम् इति। – ताण्ड्य

कौन सोता है?कौन जागता है?जिसका प्राण जागता है, वस्तुतः वही जागता है।

मूलाधारे आत्मशक्तिः कुण्डलिनी परदेवता।
शीयिता भुजगाकारा साद्धत्रय वलयान्विता।।
यावत्सा निद्रिता देहे तावज्जीवः पशुर्यथा।
ज्ञानं न जायते तावत् कोटियोग विधेरपि।।
आधार शक्ति निद्रायां विश्वं भवति निद्रयां।
तस्यां शक्तिप्रबोधेने त्रैलोक्य प्रति बुध्यते।। – महायोग विज्ञान

आत्म शक्ति कुण्डलिनी मूलाधार चक्र में साढ़े तीन कुण्डलिनी लगाये हुए सर्पणी की तरह ध्यान करती है। जब तक वह सोती है तब तक जीवन पशुवत् बना रहता है। बहुत प्रयत्न करने पर भी तब तक उसे ज्ञान नहीं हो पाता। जिसकी यह आधार शक्ति सो रही है उसका सारा संसार ही सो रहा है, पर जब वह जागती है तो उसका भाग्य और संसार ही जाग पड़ता है।

विद्युल्लता परा जाता पंचानांमात् रूपिणी।
अभ्यासां मार्ग योगात् सैका षोढा प्रजायते।
परचेतथा ज्ञानाकिया कुण्डलिनि नीति चं।

बिजली जैसी चमकवाली, पंच तत्वों एवं पंच प्राणों की माता, परम चेतना ज्ञान शक्ति तथा क्रिया शक्ति कुण्डलिनी, योग साधना से उपलब्ध होती है।

प्रत्येककर्मसाफल्यं यत्प्रबोधे प्रजायते।
अंतस्तस्याः प्रबोधाय शक्तेर्यत्नवान भवेत्।। – महायोग विज्ञान

प्रत्येक कर्म की सफलता उस कुण्डलिनी के जागने से प्राप्त होती है।

अतएव उस महाशक्ति को जगाने के लिए प्रबल प्रयत्न करना चाहिए।

मूलाधारे कुण्डलिनी भुजंगाकार रूपिणी।
जीवात्मा तिष्ठति तत्र प्रदीप कलिकाकृतिः।
बहुभाग्यवशाद्यस्य कुण्डली जागृता भवेत्।।

घरेण्ड संहिता 6/16/18

मूलाधार चक्र में सर्पिणी आकार की कुण्डलिनी शक्ति है जो दीपक की लौ जैसी दीप्तिमान है। वही जीवात्मा का निवास है।

हे चण्ड, जिसकी कुण्डलिनी शक्ति जागृत हो जाए उससे बड़ा भाग्यशाली मानना चाहिए।

सुप्ता नागोपमाह्येष स्फुरन्ती प्रभवा स्वया।
अहिवत् संधि संस्थाना वाग्देवी बीज सज्ञका।
ज्ञेया शक्तिरियं विष्णोर्निभया स्वर्ण भास्करा।।

R– शिव संहिता

यह कुण्डलिनी शक्ति सुप्त सर्पिणी के समान है। वही स्फुरणा, गति, ज्योति एवं वाक् है। यह विष्णु शक्ति हैं स्वर्णिम सूर्य के समान दीप्तिवान् है।

सा यथा योज्यते यत्र तेन् निर्यात्य तथा।।
संवितिः सेव यात्यंग रसाद्यन्तं यथाक्रमम्।
रसेनापूर्णतामेति तंत्रीभार इवाम्बुना।।
रसानापूर्ण यमाकारं भावयत्याशु तत्तथा।
धाते चित्रकृतो बुद्धो रेखा राम यथा कृतिम्।।

– योग विशिष्ठ

यह कुण्डलिनी शक्ति रस भावना से ओत–प्रोत है। उसके जागृत होने पर मनुष्य रस भावनाओं से ऐसे भर जाता है जैसे पानी भरने से चमड़े का चरस। यह रसिकता अनेक कलाओं के रूप में विकसित होते हुए जीवन को रससक्ति बना देती है।

इच्छा–ज्ञान–क्रियात्मासौ तेजोरूपा गुणात्मिका।
क्रर्मेणानेन सृजति कुण्डली वर्णमालिकाम्।।
गुणितासर्वगात्रेषु कुण्डली पर देवता।
विश्वात्मना प्रबुद्धा सा सूते मंत्रमयं जगत्।।
एकथा गुणिता शक्तिः सर्व विश्वप्रवर्तिनी।

– महायोग विज्ञान

तेजस्वरूप कुण्डलिनी जागृत होने पर इच्छा शक्ति, ज्ञान शक्ति और क्रिया शक्ति को प्रखर बनाती है। सम्पूर्ण शरीर पर उसका प्रभाव दीखने लगता है। प्रसुप्त मन्त्रमय जगत जागृत हो उठता है। विश्वात्म ज्ञान जागृत होता है। विश्व का प्रवर्तन करने वाली कुण्डलिनी साधक को अनेक गुण शक्ति सम्पन्न बना देती है।

कुण्डलिनी जागरण के प्रतिफल से परिचित होने पर साधक उसके लिए साधन प्रयास आरम्भ करता है और उस परम पुरूषार्थ का समुचित लाभ प्राप्त करता है। कहा गया है कि

शक्ति कुण्डलिनोति विश्व जनन व्यापार व्रद्धोद्यामा
ज्ञात्वे यं न तुनर्वशान्ति जननागर्मेकत्व नराः।

– शक्ति तंत्र

कुण्डलिनी महाशक्ति के प्रयत्न से ही यह सारा संसार व्यापार चल रहा है जो इस तथ्य को जान लेता है। वह शोक संतप्त भरे बंधनों से बंधा नहीं रहता।

योग के आधार पर आध्यात्मिक और तन्त्र के आधार पर भौतिक उन्नति का पथ प्रशस्त होता है। कुण्डलिनी जागरण में उभय पक्षीय सम्भावनाएं सन्निहित हैं। यह दोनों ही प्रयोजन उससे सिद्ध होते हैं। गाड़ी के दो पहिये–पक्षी के दो पंख, मनुष्य के दो हाथ मिलकर जिस तरह उनकी क्षमता को मूर्तिमान बनाते है; उसी प्रकार कुण्डलिनी जागरण की प्रतिक्रिया जीवन के दोनों पक्षों को समुन्नत बनाती हैं। हठयोग प्रदीपिका में इसी तथ्य को इस प्रकार प्रतिपादित किया गया है।

सशैलवन धात्रीणां यथाधीराऽहिनायकः।
सर्वेषां योगतन्त्राणां तथा धारोहि कुण्डली।।
सप्ता गुरूप्रसादेन यथा जागति कुण्डली।
तदा सर्वाणि पद्मानि भिद्यंते ग्रंथायाऽपि च।।

हठयोग प्रदीपिका

जिस प्रकार सम्पूर्ण वनों सहित जितनी भूमि है,उसका आधार शेषनाग है, उसी प्रकार समस्त योग साधनाओं का आधार भी कुण्डली ही है, जब गुरू की कृपा से सोयी हुई कुण्डली जागती हे, तब सम्पूर्ण पथ (षट् चक्र) और ग्रन्थियाँ खुल जाती है।

योगिनां हृदयाम्बुजे नृत्यन्ती नृत्यमज्जसा।
आधारे सर्व भूतानां स्फुरन्ति विद्युताकृति।।

अर्थात् योगियो के हृदय देश में वह नृत्य करती रहती है। यही सर्वदा प्रस्फुटित होने वाली विद्युत रूप महाशक्ति सब प्राणियों का आधार है।

सुप्ता सर्वोपमा मौला पाति साधकमीश्वरी।।
चैतान्या कुण्डलीशक्तिर्वायवी बलतेजसा।
चैतन्या सिद्धिहेतुस्था ज्ञानमात्रं ददाति सा।।
ज्ञानमत्रेण मोक्षः स्याद्वायवी ज्ञानमाश्रयेत्। – महायोग सूत्र

अनन्त शक्तियों की भण्डार सुप्त सर्पिणी कुण्डलिनी अपने साधक का पालन और रक्षण करती है सो मुक्ति के आकांक्षी उसी का साधना करते हैं। प्राण वायु के द्वारा जागृत हुई यह कुण्डलिनी साधक के लिए सिद्धियों का आधार बनती है और उसे परम ज्ञान प्रदान करती है।

वेदाधीनं महायोगं योगाधीनो च कुण्डली।
कुण्डल्यधीनं चित्तंतुचित्ताधीनं चराचरम्।।
मनसः सिद्धि मात्रेण शक्तिसिद्धिर्भवेद् ध्रुवम्।
यदि शक्तिवशीभूता त्रैलोक्य स्यात्तदा वशे।।

वेद के आधीन योग है। योग के आधीन कुण्डलिनी। कुण्डलिनी के आधीन चित्त है और चित्त के आधीन चराचर जगत।

मन की सिद्धि होने से शक्ति की सिद्धि हो जाती है और जिसने शक्ति को वश में कर लिया तीनों लोक उसके वश में होते हैं।

उद्घाटयेत्कपाटं तु यथा कुन्चिकया हठात्।
कुण्डलिन्या तथा योगी मोक्षद्वारं विभेदयेत्।
येन मार्गेण गंतव्यं ब्रम्हास्थानं निरामयम्।
मुखेनाच्छोद्य तद्द्ववारं प्रसुप्ता परमेंश्वरी।।
ठंदोर्ध्व कुण्डली शक्तिःसुप्ता मोक्षाय योगिनाम्।
बंधनाय च मूढ़ानां यस्तां वेत्ति स योगवित्।।

– हठ योग प्रदीपिका 3/105 से 107

अर्थात् जिस प्रकार कुंजी से किवाड़ खोले जाते हैं, वैसे ही योगी कुण्डलिनी द्वारा मोक्ष द्वार को खोलते हैं।

निरामय ब्रम्हा स्थान को जाने वाले मार्ग को अपने मुख से ढाँके कुण्डलिनी परमेश्वरी सोती रहती है। कन्द के ऊर्ध्व में सोयी पड़ी यह

कुण्डलिनी ही (जागने पर) योगियों के मोक्ष का साधन बनती है और (सोती रहने पर) मूढ़ो के बन्धन का कारण बनी रहती है। इस रहस्य को जानने वाला ही योगी होता है।

नमस्ते देवदेवेशि योगीश प्राणवल्लभे।
सिद्धिदे वरदे पातः स्वयंम्भूलिंगवेष्टिते।।
प्रसुप्तभुजगाकारे सर्वदा कारणप्रिये।
कामकलान्विते देवि! मनोऽभीष्टं कुरूष्व च।।
असारे धोरसंसारे भवरोगान्महेश्वरि।
सर्वदा रक्षा मां देवि! जन्मसंसाररूपकात्।।
इति कुण्डलिनीस्तोत्रं ध्यात्वा यः प्रपठेत्सुधीः। – योग सार

योगियों की प्राण वल्लभा सिद्धीदायनी, वरदायनी, स्वयं भू लिंग के साथ लिपटी हुई, सोई सर्पिणी के रूप वाली, काम कालान्वित अभीष्ट फलदायह है। हे देव देवेशि आपको नमस्कार। इस सार रहित घोर कष्टदायक भव रोगों से घिरे, जन्म मरण रूपी संसार में हे देवि, मेरी रक्षा कीजिए। इन भावनाओं के साथ प्रज्ञावान साधक कुण्डलिनी महाशक्ति का ध्यान एवं स्तवन करें।

कुण्डलिनी जागरण से व्यक्तित्व में क्रान्ति :

परब्रम्हा को जहां सर्वव्यापी, सर्वशक्तिमान, निर्विकार और निर्लिप्त कहा जाता है, वहीं उसे निष्क्रिय भी माना गया है। निष्क्रिय अर्थात् गुम–सुम बैठा रहने वाला, जिसकी न कोई इच्छा है और न कोई आकांक्षा ऐसा ब्रम्हा विश्व के सृजन और पालन का उत्तरदायित्व भला कैसे पूरा कर सकता था। इसलिए उसे जागृत करने की आवश्यकता पड़ी। उस आवश्यकता की पूर्ति उसकी शक्ति ने की। यह शक्ति या शिवत्तव ही ब्रम्हा को क्रियाशील बनाती है।

परब्रम्हा की भांति उसका अंश आत्मा भी सर्व शक्तिमान, निर्विकार और निर्लिप्त होने के साथ–साथ निष्क्रिय भी है। सामान्य अवस्था में वह प्रसुप्त ही रहती है। लेकिन जब उसकी शक्ति जागृत हो जाती है तो साधारण दिखाई देने वाला मनुष्य भी असाधारण और असामान्य क्षमता संपन्न दिखाई पड़ने लगता हैं। आत्मा को प्रसुप्तावस्था से जागृत कर व्यक्ति को असाधारण शक्ति संपन्न बना देने वाली शक्ति का नाम कुण्डलिनी है। उसका स्थान काय कलेवर में मेरूदण्ड के अंतिम भाग में स्थित मूलाधार चक्र माना जाता है। इस संस्थान को आंखों या विज्ञान के यंत्रों से नहीं देखा जा सकता। वहां

तक पहुंचने और उस स्थान को उद्दीप्त कर जागृत करने में केवल भारतीय योग विद्या ही समर्थ हैं।

गुदा क्षेत्र में सोई कुण्डलिनी दो धाराओं इड़ा और पिंगला (यह नाड़ियां ऋण विद्युत और धन विद्युत के समान ही होती हैं, पर उस प्राण–विद्युत और इस दृष्टिगत विद्युत के आण्विक स्वरूप में अन्तर है) में होकर उपर को उठती है और मस्तिष्क में जाकर मूढ़ ब्रम्हा की चेतना को झकझोरती है। कुण्डलिनी यदि जागृत नही है तो इड़ा और पिंगला अपने सामान्य परिवेश में ही कार्य करती है उसी प्रकार मष्तिष्क भी सामान्य ढीले–पोलो काम करता रहता है, पर जागृत कुण्डलिनी के आवेश को सम्भालना तो मस्तिष्क के लिए भी कठिन हो जाता है। फिर वह बैठा नहीं रह सकता। कुछ न कुछ उछल कूद, तोड़–फोड़, बनाव श्रृंगार उसे करना ही पड़ता है। जिस व्यक्ति की कुण्डलिनी जाग जाती है वह जागृत अवस्था की तरह गम्भीर निद्रावस्था में भी उतना ही सचेतन रहता है। उसकी स्वप्न और जागृति में कोई अन्तर नहीं आता। जिस तरह जागृत अवस्था में वह किसी से बातचीत करता सुनता, सोचता, विचारता प्रेरणा देता, सहायता, सहयोग देता रहता है, उसी प्रकार स्वप्नावस्था में भी उसकी गतिविधियां चला करती हैं। उस अवस्था में वह किसी का भला भी कर सकता है ओर नई–नई जानकारियों के लिये अन्य ब्रम्हाण्डों में सैर के लिए भी जा सकता है। अन्य ब्रम्हाण्डों का अर्थ विशुद्ध रूप से सूर्य, चन्द्र, बृहस्पति, शुक्र, हर्शल, प्लूटो आदि से है। यह आश्चर्य करने वाली बात उसके लिये बिल्कुल साधारण और सामान्य होती है। साधना में लीन व्यक्तियों को कभी–कभी रात में ऐसे कुछ स्वप्न हो जाते हैं जिसमें उन्हें किसी भविष्य की घटना का पूर्वाभास मिल जाता है या किसी गोपनीय रहस्य का पता चल जाता है। वह कुण्डलिनी की ही शक्ति होती है।

हमारी धरती गोलाकार है। उसके केन्द्र में अति गर्मी है जिससे वहां की सब वस्तुयें और धातुयें गली हुई तरल स्थिति में होती हैं। मूलाधार की वह गांठ, जहां मेरूदण्ड समाप्त होता है और जिसे अनेक नाड़ी गुच्छकों ने बांध रखा है, का भेदन किया जाय तो वहां अत्यन्त तेजस्वी और उष्ण शक्ति मिलती है, यही कुण्डलिनी है।

जब कुण्डलिनी जागृत हो जाती है तो इड़ा और पिंगला समान गति से ऊर्ध्वगामी हो जाती हैं और एक तीसरी धारा सुषुम्ना का आविर्भाव होता है उससे ऊर्ध्वमुखी लोकों की अनुभूति और गमन का सुख मिलता है। यह

सुख सम्भोग सुख जैसा होता है पर सम्भोग का सुख क्षणिक होता है, जबकि ऊर्ध्वमुखी आध्यात्मिक सुख का रसास्वादन निरन्तर किया जा सकता है, पर उसके लिए कुण्डलिनी को जगाना आवश्यक हो जाता है। कुण्डलिनी जगाने का अर्थ भीतर गोलों की कुण्डलिनी को सक्रिय करना है। पवित्रता के बिना यह कार्य सम्पन्न नहीं हो सकता इसलिए कुण्डलिनी जागरण की विद्या को गुप्त रखा गया है।

कुण्डलिनी के दो उत्पत्ति स्थान माने गये है। एक सूर्य के केन्द्र में निवास करने वाली पुरूष रूपी और दूसरी स्त्री रूप में पृथ्वी केन्द्र में। पृथ्वी केन्द्र में कुण्डलिनी को प्राणधारियों की जीवन सत्ता का केन्द्र कह सकते हैं। यह दरअसल सूर्य कुण्डलिनी का ही बीज है। कहा जाता है कि संसार में जो कुछ भी प्रकट अप्रकट है वह बीज रूप से देह में विद्यमान है। सूर्य भी कुण्डलिनी के रूप में शरीर में बैठा हुआ है और मूलाधार ग्रन्थि का विकास होता है तो उसमें सूर्य का प्राण प्रतिष्ठित हो जाता है और उसकी जागृत अवस्था सूर्य जैसी हो जाती है। अर्थात् उसमें मनुष्य की शक्ति सूर्य जैसी शक्ति वाली, सर्वव्यापी सर्व समर्थ हो जाती है फिर उस शक्ति का नियन्त्रण करना कठिन हो जाता है। कमजोर मन और शरीर वाले उस शक्ति को धारण नहीं सकते।

गायत्री का देवता सविता है और कुण्डलिनी की प्रतिनिध शक्ति भी सूर्य ही है इसलिये गायत्री उपासना का सीधा प्रभाव मेंरूदण्ड से होकर इस गुदा क्षेत्र में ही पड़ता है। ऊपर से उतरने वाला प्राण प्रवाह पहले यहीं पहुंचता है और फिर गुच्छकों के द्वारा सारे शरीर में संचित होता रहता है। जितना अधिक साधन का विकास होता है उतना ही प्राण शक्ति का अभिवर्द्धन और उसी अनुपात से कुण्डलिनी जागृत होती है। यह प्रकाश धीरे–धीरे नेत्र, वाणी, मुख और ललाट आदि सम्पूर्ण शरीर में चमकने लगता है। त्वचा में यही कोमलता और बुद्धि में सात्विकता एवं पवित्रता की अभिवृद्धि करता है। यह क्रिया धीरे–धीरे होती है इसलिये हानि की भी आशंका नहीं रहती। उपासक अपने आत्म–कल्याण भर के संकेत प्राप्त करता हुआ जो वास्तविक लक्ष्य है वह जीवन–मुक्ति भी प्राप्त कर लेता है।

सविता लोक से आने वाले प्राणकण यद्यपि बहुत छोटे होते हैं, किन्तु इतने प्रकाशमय होते हैं कि बिना दिव्य–दृष्टि के भी उन्हें देखा जा सकता है। आसमान की ओर देखने पर वायु में छोटे–छोटे प्रकाश के कण अति

शीघ्रता से चारों और उछलते हुए दीख पड़ते हैं। यह प्राणकण ही हैं। यह कण सात ईथर कणों से विनिर्मित होता है। यह प्राण–कण सफेद होता पर ईथर के सातों अणु सात रंगों के बने होते हैं। सूर्य भी सात रंगों का प्रकाश है। नाभि–चक्र में घुसने पर यह रंग अलग–अलग होकर अपने क्रिया क्षेत्र में बंट जाते हैं। नीला और लाल रंग मिली हुई हल्की बैंगनी (बायोलेट) और नीली किरणें कंठ में चली जाती है और हल्की नीली कण्ठ चक्र में। यह दोनों गले को शुद्ध रखती हैं और वाणी को मधुर बनाती हैं। कासनी और गहरी नीली मस्तिष्क में चली जाती है उससे विचार, भक्ति और वैराग्य के गुणों का आविर्भाव होता है। गहरा नीला मगज के निचले और मध्य भाग तथा नीला रंग सहस्त्रार का पोषण करता है।

पीली किरणें हृदय में प्रवेश करती हैं। उससे रक्तकणों की शक्ति और स्निग्धता बढ़ती है। शरीर सुन्दर बनता है। यही किरणें बाद में मस्तिष्क को चली जाती है जिससे विचार और भावनाओं का समन्वय होता है।

हरी किरणें पेट की अन्तड़ियों में कार्य करती हैं। इससे पाचन क्रिया सशक्त बनती है। गुलाबी किरणें ज्ञान तन्तुओं के साथ सारे शरीर में फैलती हैं। आरोग्य की दृष्टि से इन किरणों का बड़ा भारी महत्व है इनकी बहुतायतें वाला व्यक्ति किसी को भी हाथ रखकर स्वस्थ्य कर सकता है। देवदारू और यूकेलिप्टस वृक्ष में इन किरणों की बहुतायत होती है जिससे उनकी छाया भी बहुत आरोग्यवर्धक होती है। नारंगी लाल किरणें जननेन्द्रियों तक पहुंचकर गुदा वाले रोग ठीक कर देती हैं और शरीर की गर्मी में सन्तुलन रखती हैं। हल्की बैंगनी किरणें भी यहां आकर इस क्रिया में हाथ बंटाती हैं। यदि कामवासना पर नियन्त्रण रखा जा सके तो इन किरणों को ही मस्तिष्क में भेजकर भविष्य ज्ञान, दूरदर्शन श्रवण आदि चमत्कार प्राप्त किये जा सकते हैं।

इस प्रकार कुण्डलिनी जागरण से आंतरिक कलेवर में आमूल चूल परिवर्तन आ जाता है। इस जागरण से व्यक्तित्व में गुण, कर्म स्वभाव, संस्कार, दृष्टिगोचर, विवेक, प्रभाव, प्रतिभा, मनोबल, आत्मबल आदि की जो विशेषताएं दृष्टिगोचर होती हैं, उन्हें चेतना तत्व से भाव संवेदन की उपलब्धि माननी चाहिए। इसका केन्द्र मस्तिष्क स्थित सहस्त्रार कमल है। कालाग्नि यहीं शिव स्वरूप विद्यमान है। व्यक्तित्व की भावनात्मक चेतनात्मक प्रखरता एवं शरीर की असामान्य क्रियाशीलता–आत्म विद्या के दो लाभ कहे गये हैं।

इन्हीं को विभूतियां और सिद्धियां भी कहते हैं। विभूतियां मस्तिष्क केन्द्र से (ज्ञान संस्थान से) भाव ब्रम्ह से प्रसूत होती है और सिद्धियां काम केन्द्र से, शक्ति निर्झर से, कुण्ड कुण्डलिनी से प्रादूर्भूत होती हैं। इन दोनों शक्ति केन्द्रों को मानवीय अस्तित्व के दो ध्रुव मानना चाहिए। पृथ्वी के दो सिरों पर उत्तरी दक्षिणी दो ध्रुव है। ठीक इसी प्रकार मनुष्य का मस्तिष्क केन्द्र उत्तरी ध्रुव और काम केन्द्र दक्षिणी ध्रुव कहा जा सकता है। इन केन्द्रों में सन्निहित असंख्यों दिव्य क्षमताओं का उन्नयन प्रगटीकरण एवं उपयोग कुण्डलिनी जागरण से हो सकता है।

वस्तुतः कुण्डलिनी जागरण का उद्धेश्य मूलाधार से सहस्त्रार, कामबीज से ब्रम्हबीज तक पहुंचने का है। उन दोनों की असीम एवं अनन्त जानकारी प्राप्त करने और उन सामर्थों को जीवन विकास के अन्तरंग और बहिरंग क्षेत्रों में ठीक तरह प्रयोग कर सकने की विद्या का नाम ही कुण्डलिनी विज्ञान है। इस साधना में एक प्रकार से शरीर में प्राण और संकल्प के आघात से परमाणु ऊर्जा उत्पन्न की जाती है और उसका नियंत्रण नियमन किया जाता है। मूर्धन्य वैज्ञानिक एवं अनुसंधानकर्ता प्रो. वीन वेजसेकर ने कुण्डलिनी जागरण में प्राण तत्व के नियंत्रण और नियमन पर अधिक बल दिया है। उनका कथन है कि इसकी संगति भौतिक विज्ञान के क्वांटम सिद्धान्त से बिठाई जा सकती है। दोनों के परमाणु सूक्ष्म स्तर के होते हैं। सूक्ष्म शरीर का प्राण प्रवाह ही कुण्डलिनी है। षट्चक्रों को जगाने–वेधन करने की क्षमता इसी प्राण–शक्ति में होती है। इसलिए भौतिक एवं आत्मिक प्रगति के लिए इसके शोधन, परिष्कार एवं उन्नयन के विविध विधि साधना विधानों को अपनाने का योगशास्त्रों में उल्लेख मिलता है।

योग उपनिषद् में कहा गया है कि "कुण्डलिनी शक्ति जो कुण्डलित स्थिति में मानवी काया में विद्यमान है, यदि उसके जागरण का सही रूप से अभ्यास उच्चस्तरीय उद्धेश्यों के लिए किया जाय तो ही वह शक्ति ठीक रूप से विकसित हो सकती है अन्यथा विपरीत प्रभाव उत्पन्न करती है।" स्टडीज ऑफ रीवेज एण्ड सेक्स नामक पुस्तक के मूर्धन्य लेखक श्री क्राबेल का कहना है कि "कुण्डलिनी जागरण का मूलभूत आधार जीवन की पवित्रता है। यह साधक के शारीरिक गठन तथा गुण, कर्म, स्वभाव से प्राप्त होता है।" प्राचीन काल के भारतीय योगी एवं संत–महात्मा इसके प्रमाण हैं। आध्यात्मिक नियमों का निष्ठापूर्वक परिपालन करते रहने से एक निश्चल पवित्रता का

विकास होता है जो कुण्डलिनी जागरण के लिए अत्यधिक उपयोगी एवं महत्वपूर्ण सिद्ध होता है। इसी के आधार पर उनने जाना था कि मेंरूदण्ड के नीचे अन्तिम छोर पर इस मानव ढांचे में इतनी रहस्यपूर्ण दिव्य ऊर्जा विद्यमान है। षट्चक्र निरूपण में इसका उल्लेख करते हुए कहा गया है –''कृजन्नी कुल कुण्डली च मधुर सा मूलाम्बुज गह्वरे विलसति अर्थात् कुण्डलिनी मधुर कूजन करती है। श्वास–प्रश्वास का प्रवर्तन करती हुई वह संसार के जीवों को प्राण धारण कराती है तथा मूलाधार पद्म–गह्वर में विलास करती है। जीवन में बाह्याभ्यांतर शुचिता–पवित्रता का समावेश करके ही इसे जाना और पाया जा सकता है।

सुप्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक श्री ओवेलान ने अपनी कृति द सर्पेन्ट पावर'' में कहा है कि कुण्डलिनी शक्ति का अभिव्यक्तीकरण सृजनात्मक शक्ति के रूप में सभी मानवों में दृष्टिगोचर होता है। मानवी काया में यह महाशक्ति एक दैवी बीज के रूप में विद्यमान है, जो कालान्तर में गहन अभ्यास के द्वारा पुष्पित और पल्लवित होती है। यदि एक बार भी यह शक्ति जागृत हो गई और क्रिया–कलापों में आ गई तो साइकिक नर्व से होती हुई मस्तिष्क के सहस्त्रार अर्थात् सहस्त्र दल कमल में प्रवेश करती है। इसके जागरण और संचालन से समस्त आध्यात्मिक शक्तियां जागृत हो उठती हैं और सामान्य मनुष्य को असामान्य स्तर का महामानव–देवपुरूष की श्रेणी में पहुंचा देती है। मूर्धन्य लेखक श्री वेले ने अपनी पुस्तक ''ए ट्रीटीज ऑनि कास्तिक फायर'' में लिखा है कि मेरूदण्ड स्थित कुण्डलिनी शक्ति का जब ऊर्जा के रूप में रूपान्तरण होता है। तो मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होती है। इसके जागरण और कुण्डलित सर्पणी के खुलने से मानव जाति का उत्थान श्रेष्ठता और महानता में परिणित होता है। वेले का कथन है कि कुण्डलिनी जागरण की पद्धति विकासात्मक नहीं वरन् प्रयासात्मक है। साधक को बड़े धैर्यपूर्वक कई वर्षों तक इसका निरंतर नियमित अभ्यास करना पड़ता है। साथ ही शारीरिक मानसिक एवं वैचारिक पवित्रता का बहुत ध्यान रखना पड़ता है, तभी वह लक्ष्य तक पहुंच सकता हैं पवित्रता का अंश जितनी मात्रा में विकसित होता है उसी अनुपात से उत्कृष्टता बढ़ती है और साधक को लक्ष्य के समीप पहुंचाती है।

इसी प्रकार प्रख्यात लेखक श्री लेडवीटर ने अपनी पुस्तक दी चक्रज में बतलाया है कि आचार और व्यवहार की पवित्रता के बिना उत्कृष्ट क्षमता के

इस शक्ति के जागरण के सभी प्रयास विफल हो जाते हैं। अतः इसके लिए कठोर अनुशासनात्मक जीवन–यापक करना अनिवार्य होता है। मूर्धन्य लेखक श्री प्रेसे ने अपनी कृति ' द एपोकेलिप्स अनसील्ड' में चेतावनी देते हुए लिखा है कि कुण्डलिनी जागरण एवं उसके विकास में बड़े गंभीर और भयानक खतरे भी जुड़े हुए हैं। पवित्रता के अभाव में यदि साधक का झुकाव सांसारिकता की ओर होता है तो वह पतनोन्मुखी हो जाती है और कामवासना तथा बुरे विचारों के माध्यम से जीवन को अधोगमिता की ओर ले जाती है। ऐसी स्थिति में सृजन शक्तियां दुर्बल और घटिया बनती चलती हैं। यही कारण है कि सामान्य व्यक्ति इसका अभ्यास करने और जागृत कर पाने में सर्वथा असफल पाये जाते हैं, किन्तु जो श्रेष्ठ मार्ग पर अवलम्बित होते हैं, तथा कठोर नियमों एवं सयंम का जीवन में परिपालन करते हैं वे चमत्कारी शक्तियों के भाण्डागार बन जाते हैं। ऐसे व्यक्ति बिरले ही होते हैं, किन्तु समाज के लिए–मानव जाति के लिए वे हर दृष्टि से उपयोगी और महत्वपूर्ण होते हैं। इसी तथ्य पर प्रकाश डालते हुए विद्वान लेखक एग्यूटरा ने 'निकाया' नामक अपनी पुस्तक में कहा है कि प्राचीन तत्वज्ञान के साहित्य का अवलोकन करने से यह स्पष्ट हो जाता है कि मनुष्य जाति का उत्थान करने एवं उसे उत्कृष्ट बनाने में यह सर्पिणी शक्ति अत्यन्त उपयोगी सिद्ध हुई है। समाज में संव्याप्त बुराइयों और दुगुर्णों के निदान के लिय यह सबसे बड़ा पवित्र और सुनिश्चत मार्ग है, परन्तु इसका लाभ तभी कोई व्यक्ति ले सकता है जब वह अपने अंतर्तम निहित सविमों को परिशोधन एवं पवित्र बना ले।

प्रसिद्ध पुस्तक द एस्ट्रल बॉड़ी एण्ड अदर एस्ट्र फेनमिना'' में लेखक आर्थर ई. पावेल ने कहा है कि ''कुण्डलिनी जागरण की अभ्यास प्रक्रिया में मादक एवं नशीली वस्तुओं का सेवन करना अत्यन्त अनर्थकारी होता है। इससे षट्चक्रों के प्राण तत्व दूषित हो जाते हैं और उनकी झिल्लियां फट जाती हैं। दूषित तत्वों के प्रवाह से उनमें कड़ापन आ जाता है। जिससे सूक्ष्म तत्वों के प्रवाह में भी बाधा उत्पन्न हो जाती है और चक्रों का प्राण तत्व विकृत शक्तियों के प्रभाव में आ जाता है। इससे मनोविकृतियां पागलपन, कम्पन जैसी अनेकानेक बीमारियां प्रकट होने लगती हें और साधक स्वार्थी, हिंसक एवं पशुओं जैसा व्यवहार करने वाला बन जाता है। इसी तरह सामान्य लोगों के चक्रों में शुद्ध सूक्ष्म तत्वों का प्रवाह अवरूद्ध होने के कारण उनकी प्राण चेतना में निम्नस्तरीय परमाणुओं का ही प्रवाह होता रहता है जो उनकी चेतना

को अशुद्ध एवं विकृत बना देता है।

कुण्डलिनी शक्ति के जागृत हो जाने पर कभी–कभी असामयिक घटनायें भी घटित हो जाती हैं जिनसे साधक को सदैव सावधान रहना चाहिए। मस्तिष्क में महात्वाकांक्षा उत्पन्न हो जाती है। जो सम्पूर्ण काय संस्थान को उभार देती हैं अहंकार के जागृत हो जाने पर साधक का पतन हो जाता है। शारीरिक मानसिक शक्तियों का उभार,उनकी जागृति, योगियों को जहां स्वतन्त्रता प्रदान करती है आगे का मार्ग प्रशस्त करती है, वही मूर्खों के लिए बन्धन का करण बन जाती है। शारीरिक मानसिक एवं वैचारिक पवित्रता ही आधार है जो लक्ष्य की प्राप्ति में सहायक होता है।

कुण्डलिनी साधना का मर्म एवं आवश्यक मार्गदर्शन :

पदार्थो में से प्रत्येक का अपना–अपना प्रत्यक्ष प्रकट एवं अप्रत्यक्ष अप्रकट रूप है। सोना एक मूल्यवान धातु है। यह जमीन से मिट्टी मिली कच्चे अयस्क के रूप में निकलती है, परन्तु उसे परिशोधन के उपरान्त बाजार में महंगे मोल में खरीदा जाता है, सुन्दर आभूषण बनते हैं। पर जब उसे रासायनिक क्रियाओं द्वारा स्वर्ण भस्म के रूप में विकसित किया जाता है तो उसके गुणों में अद्भुत विशेषताएं दृष्टिगोचर होती हैं। वह दुर्बल शरीर को बलिष्ठ एवं दीर्घायु बनाने के काम आती है। यही विशेषताएं अन्य धातुओं में भी हैं। सामान्यतया उनके उपरकण बनते हैं पर शोधन–सूक्ष्मीकरण के उपरान्त वे रस–भस्मों के रूप में अपनी रहस्यमयी विशेषताएं प्रकट करती है। रेत के परमाणुओं का सूक्ष्म अंश अणुशक्ति उत्पादन करने के काम आता है, जिससे बिजली, विकिरण, किरणें, तथा आयुध बनते हैं। यह स्थूल का सूक्ष्मीकरण है।

यह एक सर्वविदित तथ्य है कि स्थूल की तुलना में सूक्ष्म में अगणित शक्ति होती है। मिट्टी के ढेले की तुलना में अणु–विस्फोट गजब का काम करता है। शरीर की तुलना में मनोबल की महता अत्यधिक है। पानी से भाप की समर्थता कई गुनी है। आत्मा अदृश्य है तो भी वह विकसित हो महापुरूष ऋषि, देवात्मा, एवं अवतारों के रूप में प्रकट होती है।

मानवी सत्ता का सूक्ष्मीकरण भी इसी प्रकार योग और तप के माध्यम से हो सकता है। तपस्वी अपनी शरीरगत दिव्य क्षमताओं को जगाता है। भाप से रेल चलती है और बासों के घषर्ण से दावानल प्रकट होती है। तपस्या की साधनात्मक विधि–व्यवस्था से यही प्रभाव उत्पन्न होता है। आतिशी शीशे

पर बिखरी हुई सूर्य किरणें जब एक बिन्दु पर एकत्रित की जाती हैं तो उतने भर से अग्नि की ऊर्जा दृश्यमान होने लगती है। तपश्चर्या का साधना का प्रतिफल ऐसा ही होता है।

योग से मनुष्य की तुच्छता, दिव्य लोक की महानता के साथ जुड़ती है और उस गठबंधन का परिणाम होता है – लघु और महान का एकीकरण। बिजली से जुड़ जाने पर सभी तार शक्ति शाली हो जाते हैं और अपने लिए नियोजित कार्य उस उपलब्ध शक्ति के सहारे सम्पन्न करने लगते हैं। बड़ी टंकी के साथ जुड़े हुए सभी नल तब तक पानी देते रहते हैं, जब तक टंकी भरी रहती हैं स्पष्ट है कि दिव्य चेतना की टंकी कभी खाली नहीं होती है और उसके साथ जुड़ा हुआ नल तब तक पानी फेंकता रहता है, जब तक कि कोई भारी व्यवधान बीच में आकर खड़ा न हो जाय। परब्रम्ह की दिव्य चेतना को मानवी अंश चेतना जब धारण करती है तो उसे नर से नारायण, पुरूष से पुरूषोत्तम, तुच्छ से महान बनने में देर नहीं लगती। कलेवर का विस्तार अपने साथ क्षमता को भी बढ़ाता चलता है। शेर की तुलना में हाथी का आकार ही नहीं, बल भी अधिक होता है। बच्चे की तुलना में तरूण का आकार ही बड़ा नहीं होता वरन् उसकी कार्यक्षमता भी उसी अनुपात से बढ़ जाती है। साधक की साधना उसे सिद्ध बना देती हैं।

साधनाएं इसीलिए सफल नहीं होती क्योंकि उनमें आत्मसंयम चरित्र का प्रखरीकरण और व्यवहार में उदार, सेवा–साधना का समन्वय नहीं होता। खाद पानी और रखवाली के बिना बोया हुआ बीज विशालकाय वृक्ष कैसे बने? यह तथ्य कुण्डलिनी साधना प्रकरण पर पूरी तरह लागू होता है।

कुण्डलिनी जागरण से तात्पर्य–चेतना के अन्तराल में छिपी हुई दिव्य शक्तियों का जागरण प्रचण्डीकरण। यह तीनों शरीरों में विभिन्न प्रयोजनों के लिये विभिन्न प्रकार से सम्पन्न हो सकता है।

उपाय–उपचारों की विदित और अनुभूत संख्या 14 पाई गई हैं इन 14 विभूतियों की समुद्र मंथन से निकले 14 रत्नों के साथ तुलना की जाती है। इनका वर्गीकरण इस प्रकार किया जा सकता है। स्थूल शरीर में मूलाधार से लेकर मेरूदण्ड प्रदेश से आगे बढ़ते हुये सहस्त्रार कमल, ब्रम्हारन्ध्र तक जा पहुंचने वाला षट्चक्र समूह इन्हें भौतिक क्षेत्र की समृद्धियों के उत्पादन और अवरोधों के निवारण के काम आने वाला सशक्त माध्यम कहा जा सकता है। इनकी सिद्धियां मनुष्य को सशक्त, समृद्ध और प्रचंड–पराक्रमी बनाती है।

इस आधार पर साधक सामान्यजनों की तुलना में कहीं अधिक सशंक्त हो जाता है। हमारी इन्द्रियां बहिर्मुखी ही नहीं रहती, अन्तर्मुखी होकर व्यापक क्षेत्र में भी काम करने लगती हैं। जो दृश्य आंखों से नहीं देखे जा सकते, वे दिव्य दृष्टि के जागने पर दीख पड़ते हैं। यही बात अन्य इन्द्रियों के सम्बन्ध ा में भी है। दूरदर्शन, दूरश्रदण, विचार संप्रेषण, पदार्थ संचालन प्राण प्रवाह, शक्तिपात, भविष्य ज्ञान जैसी स्थूल जगत से सम्बन्धित सिद्धियां स्थूल शरीर के क्षेत्र की कुण्डलिनी जगाने पर उपलब्ध होती हैं। ओजस् तेजस् और वर्चस् की बड़ी मात्रा का भी उपार्जन इस माध्यम से हो जाता है।

सूक्ष्म शरीर का कुण्डलिनी जागरण पंच कोशों के आधार पर होता है। अन्नमय, प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय और आनन्दमय कोश चेतना पर चढ़ी हुई पांच परते हैं। उनमें पंच तत्वों का पंच प्राणों का समीकरण है। इन्हें पांच लोक या पांच आयाम भी कह सकते हैं। इन क्षमताओं के विकसित होने पर साधक अदृश्य जगत से जुड़ जाता है। सर्व–साधारण की जानकारी तो दृश्यमान पदार्थ जगत तक ही सीमित होती है, किन्तु सूक्ष्म शरीर की कुण्डलिनी जगाने पर मनुष्य का सम्बन्ध अदृश्य जगत से बन जाता है। उसके निवासी पितरों, देवों के साथ उसका स्नेह सम्बन्ध जुड़ता और आदान प्रदान का क्रम चल पड़ता है। वह प्रकृति के रहस्यों से अवगत होता है। भविष्य की संभावनाएं जिस प्रकार पक रही हैं,उनका पूर्वाभास भी उसे मिल जाता है। इस जानकारी के आधार पर तद्नुरूप प्रबन्ध करके अनुकूलताओं से लाभ उठाया जा सकता है। और प्रतिकूलताओं को निरस्त किया जा सकता है। जनमानसय में अभीष्ट आवेश भरे जा सकते हैं और लोक प्रवाह को मोड़ा–मरोड़ा जा सकता है।

कारण शरीर के तीन प्रयोग हैं, उन्हें "ग्रन्थि भेद" कहते हैं। मस्तक मध्य में ब्रम्ह ग्रन्थि है, जिसे कैलाश पर्वत अथवा क्षीर सागर कहा जाता है। उसे ब्रहमाण्डीय शक्तियों के साथ आदान–प्रदान में निरत ध्रुवकेन्द्र कहा जा सकता है। दूसरा हृदय देश में विष्णु चक्र है। उसे चेतना का अन्तराल कह सकते हैं। भाव संवेदनाओं का केन्द्र यही है। तुष्टि, तृष्ति और शान्ति यहीं मिलती है। अपने मानस को उच्चस्तरीय बनाने के अतिरिक्त दूसरों की समझ को भी समुचित मोड़ देना, इस विष्णु ग्रन्थि की शक्ति के सहारे ही बन पड़ता है। तीसरी ग्रन्थि है रूद्र ग्रन्थि। यह नाभि चक्र में है। शारीरिक स्वास्थ्य, प्रतिभा, प्रखरता, सशक्तता, साहसिकता, उत्पादन, अभिवर्धन जैसे अनेकों

शक्ति स्त्रोत इस क्षेत्र में पाये जाते हैं। मूलाधार चक्र इसी गह्वर में है। कुण्डलिनी के चिर विश्राम का क्षेत्र यही है। उसे प्राण–प्रहार से ही जगाया ऊँचा उठाया और ब्रम्हलोक तक पहुंचाया जाता है।

स्थूल शरीर के छः चक्र, सूक्ष्म शरीर के पांच कोश–कारण शरीर की तीन ग्रन्थियां मिलकर चौदह बनते हैं। यही चौदह भुवन हैं। इनमें से सात ऊर्ध्वलोक हैं और सात अधः लोक। सात का उन्नयन अभ्युदय के लिए प्रयोग होता है; और सात का दुष्टता के दमन के लिए–संकट निवारण हेतु। मानवी सत्ता को ही समुद्र माना जाता है और उसे त्रिविधि कुण्डलिनी साधना द्वारा मथा जा सकता है। सही अर्थो में इसमें शरीर ही दैत्य है, और मन ही देव है। दोनों मिलकर जब तप योग की शाखा – प्रशाखाओं का अवलम्बन लेते हुए साधनारत होते हैं तो उपरोक्त 14 रत्नों को हस्तगत करते हैं। पौराणिक समुद्र मन्थन में इन्हीं का वर्णन विवेचन अलंकारिक रूप में किया गया है। मानवी सत्ता के पंच तत्वों और पांच प्राणों से बने हुए कलेवर को समुद्र जितना गहरा और विशाल रत्नाकर माना गया है। अभीष्ट की प्राप्ति के लिए हमें कहीं अन्यत्र बाहर जाने की आश्यकता नहीं। जो चाहिए सो भीतर ही विद्यमान है। उसे बाहर क्यों ढूँढ़ा जाय?कस्तूरी हिरन की तरह अपनी नाभि में ही क्यों न तलाश लिया जाय?

संक्षेप में यही है–कुण्डलिनी विज्ञान की रूपरेखा जिसका इस अंक के विगत पृष्ठों में परिचय, विवरण–विधान का संकेत दिया गया है। पर इन चौदह विधानों में से किसी की भी समग्र रूपरेखा जानबूझ, कर प्रस्तुत नहीं की गयी है। क्योंकि यह अणु विस्फोट जैसा प्रयोग है। प्रयोग से पूर्व यह जानना पड़ता है कि किस स्थिति का, कौन व्यक्ति, किस प्रयोजन के लिए इसे प्रयुक्त करना चाह रहा है। यह विदित हुए बिना साधना 'आरम्भ कर देना बारूद के ढेर के साथ खिलवाड़ करने के समान है। गलत उपयोग से कर्ता की ऐसी हानि भी हो सकती है, जिसकी क्षतिपूर्ति न हो सके। नौसिखियों और असावधानों के लिए तो ज्ञानयोग, भक्तियोग, कर्मयोग प्रज्ञायोग आदि सरल जीवन साधनाओं से भी काम चल सकता है। वे इतना ही कर लें तो बहुत है।

कुण्डलिनी विधान सीखने के लिए किसी को भी आतुरता नहीं अपनानी चाहिए और न उसका कोई सिरा पकड़कर पूर्णता तक पहुंचने की साध संजोना चाहिए। इस महान प्रयोग में से जितना जिसके लिए उचित और

आवश्यक है, उतना उसे सिखाते रहने की हमारी जिम्मेंदारी कम से कम एक शताब्दी तक बनी रहेगी उसे बताया और सिखाया जाता रहेगा। स्थूल शरीर न रहने पर भी हमारी सूक्ष्म सत्ता अपने सामयिक दायित्वों का निर्वाह भली प्रकार करती रहेगी।

किसी सत्पात्र को यह अनुभव न होने दिया जायगा कि सिखाने वाले के अभाव में हमारी आत्मिक प्रगति की उचित आवश्यकता कुण्डलिनी जागरण का विधान न मालूम होने के कारण इच्छा पूर्ति न हो सकी। जिस प्रकार दिव्य शक्तियों ने हम से 24 वर्ष में महापुरश्चरण पूरा कराया और तीन वर्ष में कठोर तप के माध्यम से देश की कुण्डलिनी जगाने का विधान ही नहीं बताया वरन् साथ देकर जो आवश्यक था, उसे पूरा करने का सरंजाम भी जुटाया। उसी प्रकार हम भी यह प्रयत्न करेंगे कि प्रज्ञा परिवार के परिजनों में से जो विशेष प्रयोजन के लिए विशेष आत्मबल संग्रहित करने के लिए कुण्डलिनी विज्ञान का आश्रय लेना चाहें,उनकी आवश्यकता को पूरी करने के लिए आवश्यक संयोग बिठाते एवं सरंजाम जुटाते रहें।

उपसंहार

प्रस्तुत शोध प्रबंध "कुण्डलिनी का स्वरूप और जागरण की प्रक्रिया" के प्रथम अध्याय में योग की परम्परा एवं इतिहास का वर्णन किया गया है। इसमें यह विवेचन किया गया है कि योग की परम्परा अत्यंत प्राचीन है। इसको प्रारंभ किसने किया और कब किया इस प्रश्न का उत्तर देते हुए गीता के चतुर्थ अध्याय में श्रीकृष्ण जी ने अर्जुन से कहा "इस योग का उपदेश सृष्टि के आरंभ में मैंने सूर्यदेवता विवस्वान को दिया उसने अपने पुत्र मनु को, मनु ने इच्छवाकु को बताया और फिर एक राजर्षियों की एक लम्बी परम्परा चली अंत में वह योग लुप्त हो गया उसी को आज मैने तुम्हारे सामने पुनः प्रकट किया है।" इसका तात्पर्य है कि स्वयं भगवान ने सृष्टि के प्रारंभ में ही योग की परम्परा की शुरूआत की थी।

किन्तु पतंजलि के योगशास्त्र में पृथ्वी को जिन्होने अपने मस्तक पर आधार दिया उस शेषनाग को योग के प्रारंभकर्ता के रूप में माना गया है। पतंजलि उन्ही शेषनाग के अवतार थें ऐसी मान्यता है। अतः योग की परम्परा पृथ्वी से भी पुरानी हो जाती है।

योग के इतिहास को पांच खण्डों में बांटा गया है इसमें सबसे प्रथम कालखंण्ड श्रुतिकाल था यह एक लम्बा समय था जो वेदो की रचना से लेकर बुद्ध भगवान के बाद लगभग दो शताब्दियों तक रहा। दूसरे कालखण्ड को दर्शनों का काल कहते है जिसमें विभिन्न भारतीय दर्शन के सूत्र गंथों की रचना हुई तृतीय काल खण्ड टीकाग्रंथों का काल यह तृतीय शताब्दि ईसवी से दसवी शताब्दि तक का था। इसके बाद चौथें काल खंण्ड में भक्ति व हठयोग इन दो धाराओं का विकास हुआ। इसके बाद उन्नीसवी शताब्दि के मध्य हम योग के इतिहास का आधुनिक काल मान सकते है।

इन पॉच काल खण्डों में योग का स्वरूप क्या था। उसका विकास एवं प्रचार किस प्रकार हुआ था। उसकी जानकारी हमें उसकाल के साहित्य से मिलती है। योग शब्द का तकनीकी अर्थ मन का आत्मा से आत्मा का परमात्मा से मिलन हो से है। यद्वपि वैदिक ऋचाओ में योग का यह अर्थ

दृष्टिगोचर नहीं होता किन्तु प्राचीन उपनिषदों में उक्त अर्थ का आर्विभाव हुआ। हम संदर्भ में कठोपनिषद, श्वेताश्वर आदि के नामों को उद्घत किया जा सकता है इस योग के आदि उपदेष्टा के रूप में हिरण्यगर्भ का नाम प्रतिष्ठित है हिरण्यगर्भ ने योग की क्या परिभाषा दी होगी? यह उल्लेख तो नहीं मिलता तो भी अन्यान्य ग्रंथों में योग की अनेक परिभाषाएँ प्राप्त होती है जिसमें विभिन्न तत्वों को प्रधानता दी गई है। जैसे किसी में कर्म की, किसी में ज्ञान की, किसी में भक्ति की आदि। जिस परिभाषा में जिस तत्व को प्रधानता दी गई है उसी के आधार पर योग के अनेक प्रकार प्रकट हो गये। प्रमुख प्रकार राजयोग, भक्तियोग, निष्काम कर्मयोग, और हठयोग है। योग के विभिन्न प्रकार होने पर भी उनकी अपनी विशेषताएँ है किन्तु सभी की रीढ़ अभ्यास और वैराग्य ही है। आज के युग में जिस योग के प्रति आकर्षण बढ़ा है वह है हठयोग। इसका अर्थ है ह + ठ का मिलन अर्थात सूर्य और चंद्र का मिलन। याने दाये बाये नासापुटों में प्रवाहित प्राणवायु का मिलन। हठयोग की महत्वपूर्ण कृति हठयोग प्रदीपिका ने हठयोग के चार अंग मानकर आसन, प्राणायाम, मुद्रा और नादांनुसंधान का विवेचन होने के साथ ही यम नियम षट्कर्म और समाधि का भी वर्णन किया गया है।

आसन चौरासी लाख है किन्तु शास्त्रों में उनके सभी नाम प्राप्त नहीं होते तथा मात्र चौरासी मुख्य समझे गये है प्राणायाम के अभ्यास से चित्र के मल अर्थात क्लेश एवं कर्माशय दूर करके चित्त स्थिर किया जाता है। तथा मुद्रा अभ्यास द्वारा कुण्डलिनी जागरण का प्रयत्न करके उसे मध्य नाड़ी सुषुम्ना में प्रवेश करते है। मुद्रा का अभ्यास प्राणायाम सहित करते हुये कुण्डलिनी जागरण कर नादांनुसंधान का आश्रय लेकर मन को एकाग्र कर समाधि अवस्था प्राप्त करते है। यही हठयोग का परम लक्ष्य है।

द्वितीय अध्याय में कुण्डलिनी क्या है?उसकी वैज्ञानिक व्याख्या पौराणिक व्याख्या उसका स्वरूप और आधार व कुण्डलिनी का स्थान मानव शरीर में कहा है।? उसका विस्तृत वर्णन किया गया है। कैवल्य और विवेक ख्याति के अलावा कुण्डलिनी योग, योग की सबसे अधिक महत्वपूर्ण श्रृखला कही जा सकती है, परंतु इतनी अधिक महत्वपूर्ण होते हुये भी यह संकल्पना अत्यंत अस्पष्ट और रहस्यमयी रहीं है। यह महज आश्चर्य ही है ग्रंथों में जो वर्णन मिले है उनसे तो लगता है कि वह शरीर का कोई अंग या अवयव हो किन्तु प्रत्यंक्ष में ऐसा कोई अंग दिखाई नहीं देता जिसके बारे में हम "यही

कुण्डलिनी है" ऐसा कह सके इस पर यह कहा जा सकता है कि वह तो शक्ति स्वरूप है, वस्तु स्वरूप नहीं। कुण्डलिनी के संबंध में एक विशेष बात यह है कि योग के सर्वप्रसिद्ध और प्रमुख दो ग्रथों अर्थात भगवद्गीता में तथा पतंजलि योगसूत्र में उसके संबंध में कोई उल्लेख नहीं मिलते। इससे यह अनुमान लगाया जाता है कि शयद षट्चक्र, इड़ा, पिडला एवं सुषुम्मा ये तीन नांड़िया तथा कुण्डलिनी शक्ति ये सभी संकल्पनाएँ मूलतः योग की न होकर तंत्र शास्त्र की थी। तंत्र से ही ये संकल्पनाएँ हठयोग से आयी होगी। हठयोग में इनका महत्व सर्वोपरि रहा। कुण्डलिनी के संबंध में शिवसहिता, दर्शनोपनिषद, षट्चक्र निरूपणम् आदि में इसका वर्णन मिलता है। इन सभी वर्णनों से ऐसा कह सकते है कि हमारी देह में साढ़े तीन गेंडुली बनाये मूलाधार के नीचे कटि प्रदेश में जो 'कंद' है उसमें विराजमान है इसके सोते रहने से व्यक्ति अगानी रहता है तथा जागने पर ज्ञानी हो जाता है। वैज्ञानिक इस निष्कर्ष पर निकल आये है कि शरीर में विभिन्न ज्ञानेद्रियों के केन्द्र स्थूल इंत्रियॉ नही वरन उससे भी सूक्ष्म और संवेदन शील कोई स्थान शरीर में है जिन्हें न तो यंत्रो के द्वारा पकड़ा जा सकता है और न स्थूल ऑखों से देखा जा सकता है। वे अत्यंत शक्तिशाली, महत्वपूर्ण और अनेक रहस्यो से परिपूर्ण है। शरीर में उसके जीव कोश, रसायन हारमोन, जीन्स आदि की अपनी सुविस्तृत व्यवस्था है। मूलाध ार मलमूत्र छित्रों के मध्य है इस स्थान की शल्य क्रिया करने पर जो नाड़ी गुच्छक पाया गया है उसे 'सेक्रलप्लेक्सस' कहते है इससे स्नायु प्रवाह माध्यम से प्रायः कामोत्तेजना उभरती रहती है और संतोनोत्पादन के लिए शुक्राणु डिम्बाणु प्रजनन अंगो में बनते रहते है। यही से ढाढ़ी मूछ, पौरूष, साहस, श्रमयोग्य कठोरता उभारने वाले हारमोन उत्पन्न होते है योगाभ्यास में इसे अग्निकुण्ड, कुण्डलिनी निवास आदि नाम दिया गया है।

कुण्डलिनी की पौराणिक व्याख्या मानव को देवताओं के समतुल्य कहा गया है हमसे देवताओं के जिस अंश का प्रत्यक्ष और सीधा संबंध है वह अंश अपने भीतर ही 'शक्ति बीजों' के रूप में विद्यमान रहता है। योग साधनाओं का प्रायोजन इन्ही 'शक्ति बीजों' को जागृत और समर्थ बनाना है प्राचीन काल में तपस्वियों द्वारा शाप और वरदान दे सकने की क्षमता इसी कुण्डलिनी जागृति का ही परिणाम हुआ करती थी। कुण्डलिनी शक्ति जागृत कर लेने वाला इंद्रियों को उसी तरह वश में कर लेता है, जिस तरह लगाम लगे हुए घोंड़ों को वस में कर लिया जाता है जिसने इंद्रियो को जीत लिया संसार

में उसको किसका भय। जो निर्भय हो गया वही विश्व विजेता हो गया।

कहना न होगा कि मनुष्य के स्थूल जीवन की नहीं व्यवहारिक जीवन की सफलता और समुन्नति का आधार भी कुण्डलिनी शक्ति ही है। कुण्डलिनी को भिन्न भिन्न देशों में भिन्न भिन्न नामों से पुकारा जाता है। जापान में 'की' चीन में 'ची' नाम से पुकारते है। ईसाई लोग होली–स्पिरिट तो हिन्दु 'चित्त शक्ति' कहते है देवी पूजक 'चिर कुमारी' तो तांत्रिक ऊर्ध्वरेतः शक्ति तथा योगी सर्प की कुण्डली की संज्ञा देते है।

तृतीय अध्याय में षट्चक्रों का वर्णन किया गया है। "चक्र" इनको "पद्म" या "कमल" इन शब्दों से भी कहा गया है कुण्डलिनी की भॉति चक्र भी रहस्यमय है इनको हम किसी अंग की तरह देख नहीं सकते शायद चक्र प्रतीकात्मक है। यद्वपि "षट्चक्र" इस शब्द के अनुसार इनकी संख्या छः होनी चाहिए फिर भी वे संख्या में कुल सात है। इनके नाम क्रमशः मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपुर, अनाहत, विशुद्ध, चक्र, आज्ञा चक्र, और सहस्रार चक्र है प्रत्येक चक्र का अपना स्थान, एक निश्चित संख्या, रंग, बीज,, दलों की संख्या और अधिष्ठात्री देवता है। योगाचार्यो ने चक्रों को "कमल" नाम से सम्बोधित किया है जैसे ह्रदय कमल नाभि कमल, सहस्रार कमल आदि। अंग्रेजी में इसे 'प्लेक्सस' कहते है।

ये चक्र मेरूदण्ड के भीतर चित्रणी नाड़ी के मध्य में होते है कुण्डलिनी शक्ति जाग्रत होकर जब ब्रह्मनाड़ी से ऊपर की ओर बढ़ती है, तब उसके मार्ग में होने वाले ये चक्र खिल जाते है तथा उनके मुँह ऊपर हो जाते है षट्चक्र निरूपण ग्रंथ में मूलाधार चक्र से लेकर सहस्रार चक्र तक सात चक्रों का विस्तार से वर्णन किया गया है। अनेक वैज्ञानिको ने अपनी पुस्तको या ग्रंथों में चक्रों को एनॉटामी की शब्दावली में समझाया है। चिकित्सा विज्ञान में मर्म स्थानों का विशेष महत्व बतलाया गया है जापान और चीन में एक्यूपंचर एवं एक्यूप्रेशर चिकित्सा प्रणाली का मूल आधार यही मर्म स्थान है। मर्म स्थानों पर तंत्रिका तंतु अधिक एकत्रित व सघन होते है तथा वे केन्द्र से एवं एक दूसरे से संबंधित भी होते है। मर्म स्थानों के अतिरिक्त शरीर में सात ऐसे प्रमुख केन्द्र है जिनमें प्राणशक्ति और अतीन्द्रिय क्षमताओं का अपान वैभव प्रसुप्त स्थिति में दबा पड़ा है इन स्थानों को चक्र या प्लेक्सस कहते है। इन केन्द्रों में ज्ञान तंतु अधिक मात्रा में उलझे रहते है। स्थूल एवं सूक्ष्म शरीर के मिलन स्थान पर चक्रों की उपस्थिति बतायी गई है। चक्रों की

जागृति मनुष्य के गुण कर्म न स्वभाव को प्रभावित करती है जब जाग्रत कुण्डलिनी चक्रो का भेदन करती हुई आज्ञाचक्र का भेदन करती है। तब प्रारंभ में कर्कश तथा बाद में मधुर ध्वनि सुनायी पड़ती है। यह ध्वनि अभौतिक अभूर्त होती है उसकी मधुरता से वशीभूत मन एकाग्र हो जाता है तथा उसकी चंचलता समाप्त हो जाती है वह धीरे –धीरे आत्मस्थ हो जाता है उसे परम शांति मिल जाती है जो इस रहस्य को जान जाता है। वह ब्रह्मवर्चस्व प्राप्त करता है, नर से नारायण बनने का अवसर प्रदान करता है।

इस शोध प्रबंध के चौथे अध्याय में कुण्डलिनी की प्रसुप्तावस्था, जाग्रतावस्था व उसकी जागृति से पूर्ण की तैयारी की विवेचना की गई है। घेरण्ड संहिता में प्रसुप्तावस्था का वर्णन इस प्रकार है "जब तक कुण्डलिनी देह में सोती रहती है, तब तक जीव पशु की तरह अज्ञानता में बंधा रहता है सत्य और असत्य कुछ भी नहीं जान पड़ता भले ही कोटि प्रकार से योगाभ्यास करें किंतु कभी सत्य ज्ञान को नहीं जान सकता।"

कुण्डलिनी जागृति की साधना के लिए मानव देह को मात्र मनोभूमि का ही परिशोधन नहीं, नाड़ी शोधन के लिए नेति, धौति, बस्ती, कपालभॉति, बज्रोली आदि की भी तैयारी करनी पड़ती है। कुण्डलिनी शक्ति जागृत होने पर साधक संसार के प्रति अदासीन हो जाता है। तथा वह सर्वोच्च स्थित चेतना से संयुक्त हो जाता है जिसे शिव कहते है।

पंचम अध्याय में निष्कर्ष मिला कि समस्त विश्व के सम्मुख जितनी विकट समस्याएँ अभी सामने है वह पहले कभी देखने में नही आई। अणु–आयुधों का विस्तार, नक्षत्र युद्ध की आसन्न विभीषिका, चारो ओर संव्याप्त वैचारिक एवं पर्यावरण प्रदूषण, प्रकृति का असुतलन एवं मारक रोगों की भरमार, अपराध आतंक का काला साया चारों ओर व्याप्त है, संकटों का दानवी समुदाय एकत्रित होंकर संचित सभ्यता का विनास जिस प्रकार करने पर तुला है यदि उन्हे मनमानी करने दी जाए तो प्रलय के दृश्य प्रस्तुत हो सकते है इनकी रोकथाम आवश्यक है ऐसे में मार्गदर्शन के निर्देशानुसार एक ही उपाय शेष रहा है, कि बड़ी मात्रा में शक्ति का उपार्जन एवं तदुपरान्त विवरण हेतु स्वयं ही आगे आया जाए। और मार्ग बदलना है तो स्थिति के अनुरूप वह भी बदल लिया जाए।

सन् 1984 में वह परिवर्तन किया गया एकांत साधना–सावित्री साधना का अवलम्बन लिया गया। सावित्री साधना पंच कोशों के जागरण की

कुण्डलिनी जागरण की साधना है। जिस मार्ग दर्शक ने गायत्री साधना में हमें प्रवृत किया उसी ने सावित्री साधना का विधान बताया ताकि हमारे माध्यम से अन्य अनेक प्रसुप्त देवताओं का शक्ति जागरण हो वे वास्तविक स्वरूप को पहचाने और आत्मिक प्रगति के माध्यम से समष्टिगत हित साधक कर सकें। पिछले दिनों कुण्डलिनी विज्ञान का काफी अन्वेषण, पर्यवेक्षण, प्रयोग–परीक्षण, अध्ययन–अवगाहन चलता रहा है इस संदर्भ में नई पुरानी पुस्तको में चित्र विचित्र प्रकार के उल्लेख मिलते है।

वस्तुतः कुण्डलिनी जागरण का उद्देश्य मूलाधार से सहस्रार काम बीज से ब्रह्मबीज तक पहुॅचने का है। इन दोनों की असीम एवं अन्नत जानकारी प्राप्त करने और उन सामर्थो को जीवन विकास के अन्तरंग और बहिरंग क्षेत्रों में ठीक तरह प्रयोग कर सकने की विद्या का नाम ही कुण्डलिनी विज्ञान है।

संदर्भ ग्रंथ सूची

1. डॉ कालिदास जोशी एवं डॉ गणेश शंकर – योग के सिद्धांत एवं अभ्यास।
2. डॉ कालिदास जोशी – व्यवहारिक योग।
3. अरूण कुमार सिंह – सामान्य मनोविज्ञान।
4. शांति प्रकाश आत्रेय – योग मनोविज्ञान।
5. डॉ गणेश शंकर – होलस्टिक एप्रोच ऑफ योग।
6. केन्द्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद – साधारण रोगों की यौगिक एवं प्राकृतिक चिकित्सा।
7. स्वात्माराम – हठयोग प्रदीपिका।
8. डॉ राजेश दीक्षित – ह्यूमन एनॉटामी एण्ड साइकोलाजी।
9. गीता प्रेस गोरखपुर – श्रीमद्भागवत् गीता।
10. गीता प्रेस – कल्याण योगांक।
11. डॉ राजकुमारी पाण्डेय – योग के विविध आयाम।
12. नारायण प्रकाश एवं डॉ गणेश शंकर – स्वास्थ्य एवं योग।
13. खेमराज श्री कृष्ण दास – हठ योग प्रदीपिका प्रकाशन दिल्ली।
14. संपादकीय योग विद्या मार्च 1979 स्वामी सत्यानंद सरस्वती – आसन, प्राणायाम, मुद्रा, बंध।
15. डॉ रामनाथ और डॉ रचना शर्मा – भारतीय मनोविज्ञान।

डा0 राकेश गिरी

जन्मः 2 मई 1957 (खुरजा, उत्तर प्रदेश)

शिक्षाः एम0एससी0, पीएच0डी0, स्नात्कोत्तर योग डिप्लोमा

1975 से योग शिक्षा में शिक्षण कार्य से सम्बंधित।

1977 से 2003 तक शासकीय योग संस्थान चण्डिगढ में योग शिक्षण एवं चिकित्सा कार्य।

2003 से गुरूकुल कांगडी विश्वविद्यालय हरिद्वार के योग विज्ञान विभाग में शिक्षण कार्य।

योग एवं चिकित्सा के क्षेत्र में विपुल अनुसंधान (वैज्ञानिक तथा साहित्यिक)।

10 से अधिक शोध पत्र कार्य (वैज्ञानिक तथा साहित्यिक)

योग शिक्षा प्रचार प्रसार एवं योग प्रशिक्षण हेतु भारत एवं कई अन्य देशों (द0 कोरिया, इरान, आट्रिया, आदि) का भ्रमण।

योग के क्षेत्र में सराहनीय कार्यों के लिए अनेक राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय सम्मान।

विविध शासकीय एवं विश्वविद्यालयीन योग समितियों के सदस्य

पुरस्कृत परिचय

आत्मा की प्रसुप्तावस्था से जागृत कर व्यक्ति को असाधारण शक्ति संपन्न बना देने वाली शक्ति का नाम कुण्डलिनी है। उसका स्थान काय कलेवर में मेरूदण्ड के अंतिम भाग में स्थित मूलाधार चक्र माना जाता है। इस संस्थान को आंखों या विज्ञान के यंत्रों से नहीं देखा जा सकता। वहां तक पहुंचने और उस स्थान को उद्दीप्त कर जागृत करने में केवल भारतीय योग विद्या ही समर्थ हैं।

कैवल्य और विवेक ख्याति के अलावा योग की यह शायद सबसे अधिक महत्वपूर्ण श्रृखंला कही जा सकती हे, परंतु इतनी अधिक महत्वपूर्ण होते हुये भी यह संकल्पना अत्यंत अस्पष्ट और रहस्यमयी रही है। यह महज आश्चर्य ही है। ग्रंथों में जो वर्णन मिलते है उन से तो लगता है, कि वह शरीर का कोई अंग या अवयव हो किंतु प्रत्यक्ष में ऐसा कोई अंग दिखाई नहीं देता जिसके बारे में हम "यही कुण्डलिनी है" ऐसा कह सके इस पर यह कहा जा सकता है कि वह तो शक्ति स्वरूप है, वस्तु स्वरूप नहीं। इसको आधार शक्ति, परमशक्ति, वाचाशक्ति आदि शब्दों से कह सकते हैं। कुण्डलिनी योग सध सके तो शारीरिक, बलिष्ठता, मानसिक प्रतिभा एवं आत्मिक वर्चस्व को असाधारण रूप से बढ़ाया जा सकना संभव है।

योग प्रशिक्षण केन्द्र, योग महाविद्यालय, विश्वविद्यालय आदि के अलावा योग को शारीरिक शिक्षा महाविद्यालयो एवं विभागों में, शिक्षा महाविद्यालयों में योग पठन पाठन का अनिवार्य विषय बनाया गया है। स्नात्कोत्तर स्तर पर मनोविज्ञान, दर्शन एवं संस्कृत विषयों के अंतर्गत भी योगविषय को महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में पढाया जाता है । अतः स्कूलों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों और योग शिक्षक प्रशिक्षणालयों के विभिन्न स्तर के विद्यार्थिओं की आवश्यकताओं के अनुरूप कुण्डलिनी योग नामक इस पुस्तक के विविध अध्यायों में समुचित पाठ्यकमों को सरल और सहज भाषा में प्रस्तुत किया है। अन्त में आवश्यक विभिन्न चित्रों को भी दर्शाया गया है। योग के शिक्षकों, छात्रों, जिज्ञासुओं एवं सामान्य पाठकों को इसका अधिकाधिक लाभ प्राप्त होगा ऐसा हमारा पूर्ण विश्वास है

मूल्य रु. 100.00

सत्यम् पब्लिशिंग हाऊस
N-3/25, मोहन गार्डन, नई दिल्ली-110059
Ph.: 25358642
E-mail : satyampub_2006@yahoo.com

ISBN 978-93-80190-68-6

शोरूम : 4378/4बी, 305, जे.एम.डी. हाऊस, मुरारीलाल स्ट्रीट, अंसारी रोड, दरियागंज, नई दिल्ली-110002 मो. 09968277749

(4)

Saraswat
Kundalini
Mahayog

सारस्वत कुण्डलिनी महायोग

डॉ. जे. सी भारतीय

शक्तिपात

सारस्वत

कुण्डलिनी महायोग



K-16

सारस्वत कुण्डलिनी महायोग शक्तिपात-शास्त्र

कृपा – प्राप्त

सारस्वत कुण्डलिनी महायोग

शक्ति पात शास्त्र

प्र० साहित्याचार्य

डॉ० जितेन्द्र चन्द्र भारतीय शास्त्री

एम० ए० (हिन्दी, संस्कृत) पी० एच० डी०

साहित्यरत्न, साहित्यालंकार

काव्यमनीषी

प्रकाशक –
निर्मोहीबन्धु प्रकाशन
सी० १०६५ , गोदानिकुञ्ज
महानगर,
लखनऊ – ६

(एक हजार प्रतियां)
द्वितीय संस्करण – १९९५

(सर्वाधिकार स्वाधीन)

मूल्य – २५१/– रू०

मुद्रक –
राम प्रिन्टिंग प्रेस
६५, नाला फतेहगंज,
अमीनाबाद,
लखनऊ – १८
दूरभाष : २७२०४८

।। श्री सद्गुरु चरण कमलेभ्यो नमः।।

आत्मप्रिय सुधी पाठक वृन्द !

ब्रह्मलीन सद्गुरू पितृश्री के साधना प्रसून का द्वितीय संस्कार पर्याप्त विलम्ब से प्रकाशित हो रहा है। यह एक सामान्य सी बात है कि जिनका वरद्हस्त सतत मेरे साथ रहा वे गुरूदेव वर्ष १९८६ में १८ जनवरी की प्रातः महा प्रयाण कर गये, उनकी कृपा के बिना तो मैं अपने को अपूर्ण ही पाता रहा हूँ। एक गहन अंधकार तब छा गया। फिर उन्हीं के वाक्य स्मरण हो आये और यह भी याद आया कि महापुरूष कभी भी विलीन नहीं होते, तिरोहित अवश्य ही हो जाते हैं। फिर से साधना कार्य में जुट गया। फिर उन्हीं के आर्शीवाद से इस शास्त्र के पुनः प्रकाशन का कार्य प्रारम्भ कर दिया। इस गुरूतर कार्य में भी अनवरत् विध्न आते ही रहे, साधनों का अभाव भी बना रहा, लेकिन जैसे वे परीक्षा ले रहे थे, स्वयं ही साधन जुटा भी देते थे। अब ये सारस्वत शास्त्र आपके हाथों में है।

मेरे जन्म जन्मांतर के अर्जित पुण्पों का प्रताप था कि ऐसे घर में जन्म लिया, जहाँ पूर्वजन्मों के पुण्यों का प्रसून विकसित और सुरभित हो रहा था, साधना की गंध उनकी चतुर्दिक् फैलने लगी थी, लोक–कल्याण की भावना उनके जीवन का मुख्य अंग थी। साधना काल में अर्जित पूँजी को हमेशा सेवाभाव से लोक–कल्याण के लिए उन्होंने बाँटा। उनके संरक्षण में साधना में बैठकर अध्यात्मिक अनुभवों के अतिरिक्त मैं उनकी सारस्वत साधना यात्रा का प्रतिभागी भी बना। पुस्तक की रफ कापी तैयार करने से लेकर प्रेस तक की सारी यात्रा का संवाहक बनकर उसकी प्रत्येक बारीकी को जाना और समझा। तीन वर्ष तक का समय गुरूदेव के जीवन काल में गोरखमय रहने का था। इसी बीच इन उपलब्धियों को कतिपय लब्ध प्रतिष्ठ योगियों ने देखा और

सराहा। इस शास्त्र की जितनी भी प्रशंसा की जाय वह कम ही है। अध्ययन करते ही करते इससे साधक में शक्तिपात हो जाया करता है, यह भी एक विचित्र लोकोत्तर संयोग है।

जिनकी कृपा व साधना के प्रसाद को आपको समर्पित कर रहा हूं। उन्हीं के श्रीचरणों में अपने श्रद्धासुमन अर्पित कर निवेदन है कि द्वितीय संस्करण के प्रकाशन सहयोग हेतु श्रद्धेय गुरूदेव के पौत्र श्री संजय शर्मा जिनके अथक प्रयास से पुस्तक का प्रकाशन सम्भव हो पाया।

भाई डा० मोहन चन्द्र भट्ट ने अपना अमूल्य समय देकर पुस्तक प्रकाशन में सहयोग प्रदान किया। साथ ही भाई डा० राधेश्याम शर्मा, संचालक त्रिपुरेश्वरी शक्तिपीठ रामपुर एवं भाई श्री वीरेन्द्र पाण्डेय की प्रेरणा से यह कार्य सम्पूर्ण हो सका। भाई श्री चन्द्र प्रकाश गोयल बहिन चन्द्र प्रभा भटनागर तथा भाई श्री शशि कान्त गोस्वामी को अपना आर्शीवाद प्रदान करें। इन सभी को सर्वविध अभ्युदय प्रदान करें।

अन्त में गुरूदेव के स्मरण पूर्वक सहित –
त्वदीयं वस्तु गोविन्द
तुभ्यमेव समर्पये।

विनीत

(डा० वी० के० शर्मा)
महामंत्री त्रिपुरेश्वरी शक्तिपीठ
प्रकाशक – निर्मोही बन्धु प्रकाशन
सी०–१०६५, गोदानिकुंज,
महानगर, लखनऊ।
दूरभाष : ३८५८३८



श्री गुरवे नमः

।। यत् प्राप्तं तद्गुरवे समर्पितम् ।।

१४-३-७८ को ब्रह्मलीन हुये १०८ श्री गुरुदेव-स्वामी ओंकारनन्द जी के चरणों में सादर समर्पित। जिन के अनुग्रह से गुह्यातिगुह्या रहस्य प्रकट हो गया। जिनके कृपा कटाक्ष से जीवन-जीवन बन गया। परमत्व की उपलब्धि का अधिकारी हो सका। क्षमता मिली। शक्तिपात महायोग का मार्ग मिला, उन्हीं के चरणों में माँ सरस्वती एवं श्री गोरखनाथ बाबा का दिया यह प्रसून सादर-अर्पित है।

गुरुदेव का चित्र



श्री १०८ स्वामी ओंकारानन्द जी महाराज

वन्देऽहं श्री गुरोर्मूर्तिम्, ओंकारानन्दभूषिताम् शक्तिपातसमायुक्तां,
तत्वार्थस्य प्रदर्शिकाम् ।

आर्शीवाद

आत्मप्रिय पाठकगण !

चिरकाल से लुप्त-गुप्त हुई विद्या भगवती की कृपा से श्लोकबद्ध शास्त्र के रुप में सर्वसाधारण जनता के हाथ में आया है। यह हम सब का अहोभाग्य है।

शक्तिपात दीक्षितों एवं साधारण जनता के लिये इस शक्तिपात शास्त्र की प्राप्ति सचमुच आर्शीवाद रुप है। यह कोई नया मार्ग नहीं है। आज तक शक्तिपात-मार्ग के ज्ञाता सन्त-महात्मा-लोग सेवाभावी शिष्यों को शक्तिपात दीक्षा से अनुगृहीत करते रहे हैं। इस विषय में उपनिषद् तथा अन्यान्य ग्रन्थों में कुछ बिखरे हुए श्लोक मिलते हैं, किन्तु श्लोकबद्ध शास्त्र उपलब्ध नहीं है।

परम कृपालु मां भगवती ने यह श्लोकबद्ध शास्त्र इस शास्त्र के द्रष्टा मेरे शिष्य योगाभ्यासी श्री जितेन्द्र चन्द्र भारतीय के शरीर में प्रकट होकर दिया है। इस ग्रन्थ का सम्पूर्ण विवरण ग्रन्थ के अनुवादक ने अपनी भूमिका में दे ही दिया है, इस लिये उसका यहाँ पुनरावर्तन अनावश्यक है। जब योगाभ्यासी साधक के शरीर में भगवती मां की शक्ति एवं गोरख नाथ का आवेश आता था तब उन्हें अपने शरीर का भान नहीं रहता था। जो संस्कृत श्लोक साधना काल में मां भगवती ने उच्चारित किये, हिन्दीः बाबा गोरख ने, उन्हें सब साधन में बैठे गुरुभाइयों ने टेपरिकार्ड कर लिया। यह सब मेरी उपस्थिति में हुआ था, अतः इसमें किसी शंका का स्थान नहीं है।

आज तक समर्थ शक्ति सम्पन्न महात्माओं ने शक्तिपात विषय पर अनेक ग्रन्थ लिखे हैं, किन्तु उनमें उन्होंने अन्य ग्रन्थों से उद्धरण लेकर उन पर टीका की है, जब कि यह श्लोकबद्ध शास्त्र मां भगवती ने लोक-कल्याण के लिये स्वयं प्रदान किया है और इस में अन्य किसी ग्रन्थ

का आधार नहीं लिया गया है। श्री गुरु गोरखनाथ की वाणी इस शास्त्र का प्राण है। साधन काल में गोरखनाथ का प्रवेश होता था, वाणी निकलती थी।

इस ग्रन्थ की विशेषता इस लिये है कि इसमें बताई हुई टंकविद्या, आधारविद्या, चक्रविद्या तथा प्राणविद्या इत्यादि पढ़ कर एवं उसे अमल में लाने से साधक की कुण्डलिनी शक्ति स्वतः जागृत हो जाती है। तदुपरान्त इस ग्रन्थ में व्यक्तिके शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं चित्तज रोगों के निवारण के लिये भी क्रिया मुद्रा तथा औषधियां बताई गई हैं, जिससे साधक बड़ी सुगमता से अपने ध्येय तक पहुंच जाता है।

संक्षेप में परम कृपालु भगवती मां एवं गुरु गोरखनाथ के दिये हुए इस शक्तिपात शास्त्र से जिज्ञासु लोग लाभ प्राप्त करें, अपनी उन्नति करें और उन पर मां की कृपा सर्वदा बरसती रहे, यही मेरी मां से अभ्यर्थना है।

गुरु गोरक्षनाथ

गोरक्षं नौमितं देवम् योगमार्गं प्रदर्शकम् यत् कृपालवमात्रेण योगसिद्धिः प्रजायते ॥



श्री पं० विद्यासागर जोशी
(अनुवादक)

भूमिका

।। श्री गणेशाय नमः। ॐ श्री गुरुरचरणकमलेभ्योनमः।।

इस प्रस्तुत महाशास्त्र के इस भू-लोक में अवतीर्ण होने की घटना बड़ी अद्‌भुत और लोकोत्तर है। इसके अनुवादक का प्रत्यक्ष सम्बन्ध इस रहस्यमयी घटना के आदि से अन्त तक रहा है। जब पूर्वपुण्यों का उदय होता है तब सिद्ध सद्‌गुरु से भेंद होती है। अल्मोड़ा जिले के द्वाराहाट नामक बस-स्टेशन के उत्तर- भाग में द्रोणागिरि पवर्त है। उसके शिविर में वैष्णवी देवी का मन्दिर है, वह स्थान सिद्ध पीठ है। ३, जून, सन् १९६२ को लखनऊ निवासी श्री पूर्णचन्द उपरेती जी के शतचण्डी-यज्ञ के निमन्त्रण में लखनऊ के दस ग्यारह व्यक्ति जिनमें इस महाशास्त्र के द्रष्टा श्री जितेन्द्र चन्द्र भारतीय और इस शास्त्र के सम्पादक व अनुवादक भी थे, वहाँ पहुंचे। उसी प्रकृति - रम्य स्थली में, एकान्त वन्य-प्रान्त में श्री जितेन्द्र चन्द्र भारतीय जी तथा अनुवादक की अलौकिक भेंट अपने सद्‌गुरु शिवस्वरुप ब्रह्मनिष्ठ श्री श्री १००८ स्वामी ऊँकारानन्द तीर्थ महाराज से हुई। सामान्य औपचारिक वार्तालाप के अनन्तर श्री गुरु महाराज ने हम दोनों को दूसरे दिन अपनी कुटिया में एक कम्बल साथ लाकर आने को कहा। जिज्ञासा की तीव्रता से दूसरे दिन प्रातःकाल की प्रतीक्षा अनुवादक से न हो सकी और उसी दिन की रात्रि को कम्बल लेकर वह कुटिया में पहुंच गया। तब श्री गुरु महाराज साधना में बैठे थे, दीपक टिमटिमा रहा था, कण्डों की धुनी सामने जल रही थी। अनुवादक चुपचाप कम्बल तह करके एक कोने में सामने बैठ गया। जब श्री गुरु महाराज की आँखे खुलीं, मुझे सामने देखकर पूछा, क्यों आये हो? तुम्हें तो कल प्रातः बुलाया था। अनुवादक ने कहा 'कल भी आऊंगा आज भी आ गया हूं। अभी कुछ अनुग्रह कर दें, कुछ साधना बता दें।" श्री गुरु महाराज बाले "अभी जाओ, जो होगा कल ही होगा," मैं फिर भी बैठा ही रहा। मेरे हठ और दुराग्रह से गुरु महाराज क्षुब्ध नहीं हुए। जैसे एक जिद्दी बालक की बात करुणामयी मां मान ही लेती है, उसी भाँति श्री गुरु महाराज बोले 'अच्छा बैठ जाओ, जैसे बैठना चाहो'। मैं आँख बन्द करके बैठ गया। री गुरुदेव ने ॐ कार ध्वनि की। उस में क्या चमत्कार था, क्या जादू था, क्या मोहक आकर्षण था, मैं अपनी सुधबुध खो बैठा, मौन, स्तब्ध, शून्य, संज्ञाहीन-सा। यह स्थिति कब तक रही, कह नहीं सकता। जब चेतना लौटी, शरीर में आया तब गुरुदेव ने कहा

जाओ, काम हो गया, नित्य बैठा करो। आज्ञा पाकर मैं उठकर अपने कमरे में जहाँ हमारे अन्य साथी सो चुके थे, केवल एक अकेले श्री भारतीय जी मेरी प्रतीक्षा में जगे थे, चुपचाप लेट गया। श्री भारती जी ने बहुत पूछा कि गुरु जी के पास से आये हो, क्या हुआ, कैसा रहा, क्या बताया? किन्तु मैं कुद बता न सका, क्योंकि प्राप्त अनुभव के बताने या अभिव्यक्त कर सकने के मुझे शब्द नहीं मिल पा रहे थे। मैं हाँ हाँ हूं हूं करके उन्हें टाल गया और हम दोनों सो गये। दूसरे दिन प्रातः श्री भारतीय जी कुटिया में पहुंचे। श्री गुरुदेव ने हमें अलग-अलग बैठने का आदेश दिया। श्री गुरुदेव का सिद्ध प्राणायाम आरम्भ हुआ और उन्होंने आकाश-पातल कंपा देने वाली उँक्कार ध्वनि छोड़ी। उधर श्री भारतीय जी का शरीर कम्पित होने लगा। नाना प्रकार की योग-क्रियायें, आसन, मुद्रा, प्राणायाम स्वतः अनायास होने लग पड़े। मुझमें कोई विशेष प्रतिक्रिया उस समय नहीं हुई। मैं केवल द्रष्टा की भाँति श्री भारतीय जी की सभी क्रियाओं को आश्चर्य-चकित दृष्टि से देखता ही रह गया। मैंने ध्यान में आँखे भी इस भय से बन्द नहीं कीं कि कहीं शून्यता में फिर न चला जाऊ और सामने होने वाले अद्‌भुत दृश्य देखने से वन्चित न हो जाऊँ। एक घण्टे बाद यह सब समाप्त हुआ और श्री गुरुदेव ने आशीर्वाद पूर्वक हमें विदा किया और बताया कि इसे शक्ति-पात कहते हैं, महामाया भगवती जगदम्बा की तुम्हारे ऊपर कृपा हो चुकी है, तुम्हारी सुप्ता कुण्डलिनी शक्ति का जागरण हो चुका है। इस भाँति श्री भारतीय जी और इस शास्त्र के अनुवादक की शक्तिपात-दीक्षा सम्पन्न हुई थी। दीक्षा के अनन्तर श्री गुरुदेव के सम्मुख दो बार दो दिन फिर बैठे थे। तीसरे दिन लखनऊ लौटने का कार्यक्रम था और अपने अन्य साथियों के साथ हम भी लौट आये। लौटते समय बिदाई-आशीर्वाद के समय श्री भारतीय जी को अनवरत अश्रुपात हो रहा था, जैसे लड़की मां से बिदाई ले रही हो। गुरु-शिष्य के इस दिव्य-प्रेम में अनुवादक आनन्द विभोर होकर श्रद्धावनत हो रहा था, श्री गुरुदेव ने श्री भारतीय जी को वहीं आशीर्वाद दिया कि जाओ, तुम्हारी वाणी में साक्षात् सरस्वती मां की अभिव्यकक्ति होगी।

उसी आशीर्वाद के फलस्वरुप पाँच मास पश्चात् श्री भारतीय जी के मुख से दिव्य वाणी का निःसरण होने लगा। ६ जून १९६२ के शुभ दिन हमारी शक्तिपात-दीक्षा हुई। २२ अक्टूबर १९६२ से श्री भारतीय जी की वाणी से साक्षात् जगदम्बा सरस्वती ने शक्तिपात-महाशास्त्र का उच्चारण आरम्भ कर दिया था। आरम्भ में लखनऊ के पाँच छः व्यक्ति दीक्षित थे उनमें श्री भू. पू. इक्जिक्यूटिव इंजीनियर स्व. श्री बिपिनचन्द्र पाल थे। उन्हीं ने इस शास्त्र की सुरक्षा और

संकलन के लिये टेपरिकार्डर की व्यवस्था कर दी थी। हम लोग प्रातः सायं दोनों बार साधना में बैठते थे। श्री भारतीय जी के मुख से वाणी निकलते ही टेपरिकार्डर खोल दिया जाता था। पाठक देखेंगे कि जो वाणी जिस दिन मुख से निकली थी वही तिथि और समय उस वाणी के शीर्षभाग मेंउल्लिखित कर दिया गया है।

इस शास्त्र के प्रारम्भ में शक्तिपात विद्या के सम्बंन्ध में भगवती सरस्वती ने सूत्रों का उच्चारण संस्कृत-भाषा में किया है और उन्ही सूत्रों की व्याख्या स्वयं ही संस्कृत में की है। शास्त्र के प्रथम भाग में शक्तिपात-रहस्य और त्रिपुरा-रहस्य उच्चारित किया गया है। ये दोनों विद्यायें अकेले मां सरस्वती भगवती ने ही उच्चारित की हैं। इसके अनन्तर अश्व-विद्या या टंकविद्या का आरम्भ होता है। इसमें योगियोगीश्वर कुण्डलेश्वरपीठाधिपति श्री श्री गुरुगोरख देव का आगमन होता है। टंकविद्या से चक्र-विद्या तक यह शास्त्र भगवती सरस्वती और श्री गुरु गोरखनाथ जी दोनों ने मिल कर श्री भारतीय जी के मुख से कहा है। भगवती सरस्वती ने संस्कृत में जो कुछ उच्चारित किया है उसी का पूर्ण सार लोकभाषा हिन्दी में गुरु गोरखनाथ जी ने भलीभाँति समझा कर बताया है।

पाठक देखेंगे कि इस शास्त्र की संस्कृत भाषा बड़ी सरल सुबोध और जटिलता से दूर है। संस्कृत का सामान्य ज्ञान रखने वाला भी इसे भली भाँति समझ सकता है। टेपरिकार्डर सुनकर लिखने में हमने मूल -सामग्री की हूबहू नकल की है। जैसा जिस ढंग से उच्चारण सुना गया था, ठीक वही लिखा गया है। संस्कृतज्ञ-पाठक देखेंगे कि संस्कृत-भाषा में स्थान-स्थान पर सन्धियाँ नहीं हैं। व्याकरण-नियमानुसार सन्धियाँ होनी चाहिये, क्योंकि उच्चारण जहाँ जहाँ बिना सन्धि के हुआ है, वहाँ वैसे ही लिखा गया है। लिखने में सन्धि हम कर सकते थे, किन्तु भगवती सरस्वती की वाणी की मूल महत्ता में हस्तक्षेप करने का अनधिकार-प्रयास से बचना ही हमने श्रेयस्कर समझा। भगवती सरस्वती की वाणी में उनका अपना अप्रतिहत-स्वातन्त्रय है। वे पाणिनीय-व्याकरण के नीति नियमों से सर्वथा उनमुक्त हैं। इसलिये उनके क्रिया-पदों के प्रयोग कहीं-कहीं लोक-संस्कृत से यदि भिन्न दीखते हों तो उन्हें सारस्वत-दिव्य प्रयोग समझना चाहिये। पाणिनीय-व्याकरण में भी आर्ष-प्रयोग को स्वीकार किया ही गया है। मां सरस्वती ने स्वच्छ रुप में जहां जैसा चाहा, गद्य और श्लोक दोनों शैलियों का प्रयोग किया है। कहीं-कहीं तो श्लोकों में कही गई बातों की व्याख्या स्वयं ही संस्कृत गद्य में खोल दी हैं।

अनुवादक ने अनुवाद करने में इस बात का विशेष ध्यान रखा है कि अनुवाद में अपनी ओर से कुछ भी अधिक न कहा जाय और मूल में कही गई कोई बात, कोई शब्द छोड़ा न जाय। इस दृष्टि से यह अनुवाद केवल शब्दानुवाद या अक्षरानुवाद मात्र है। वैसे इस शास्त्र की जब तक पूर्णरुप से विशद व्याख्या न कि जाय, तब तक इसके अन्तर्गत आये विषयों का भाव सुस्पष्टता से हृदयंगम नहीं हो सकता है। यह शास्त्र पूर्ण विस्तृत व्याख्या या भाष्य की अपेक्षा रखता है। सम्प्रति हमारा केवल इतना ही उद्देश्य है कि यह दिव्य शास्त्र, शीघ्रातिशीघ्र पाठकों के और योगशास्त्र के जिज्ञासुओं के सम्मुख शीघ्र उसी मूल रुप में प्रस्तुत कर दिया जाय।

यह महाशास्त्र अत्यन्त अलौकिक महिमा से मण्डित है। इसके अन्तर्गत निकली हुई विद्याएँ सभी महादिव्य हैं, गुप्त हैं, लुप्त हैं, नाना रहस्यों से भरी हैं ।लोक में इन विद्याओं का लोप हो गया था। माँ सरस्वती ने स्थान-स्थान पर स्वयं यह कहा है कि इन विद्याओं का ज्ञान बहुत काल से लोक में लुप्त और गुप्त है तथा लोक-कलयाण के लिये इन विद्याओं को प्रकट किया जा रहा है। शक्तिपात-महायोग में दीक्षित हुए साधकों के लिये इस महाशास्त्र का बड़ा दिव्य महत्व है। महायोग-साधकों के लिये तो यह शास्त्र प्राण- प्रिय महारत्न है। यह महाशास्त्र योग-साधकों के लिये स्वयं एकान्ततः गुरु ही है। शक्तिपात में दीक्षा प्राप्त करके साधक के सम्मुख नाना-प्रकार की विषमतायें, जटिलतायें, घात-प्रतिघात तथा अनेकों विघ्न -बाधायें आया करती हैं। इस शास्त्र में सब प्रकार के प्रतिरोध, विघ्न -वाधायें चाहे वे शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और चित्तज ही क्यों न हों उनके दूर करने के सरल सुलभ उपाय बता दिये गये हैं। महायोग-साधक की समस्त प्रकार की भ्रान्तियाँ मार्ग-रोध इस शास्त्र के अनुशीलन-मात्र से दूर हो जाती हैं, मां सरस्वती ने तथा गुरु गोरखनाथ महाराज ने प्रत्येक प्रकरण में इस शास्त्र के अनुशीलन-कर्ताओं को मुक्त कण्ठ से अपना दिव्य आशीवाद दिया है और शास्त्र की बड़ी महिमा गाई है। अपनी ओर से इस महाशास्त्र की प्रशंसा और स्तुति करने की क्षमता हममें नहीं है। सूर्य के प्रकाश में दीपक क्या करेगा। यह महाशास्त्र अपनी अमृतमयी दिव्य-महिमा से स्वतः स्वयं देदीप्यमान, यशस्वी तथा सर्वसामर्थ्य-सम्पन्न है।

योग शास्त्र की साधना से सम्बन्धित कोई भी विषय या प्रसंग ऐसा नहीं है जिसका इस महाशास्त्र मे समावेश न हो। क्रिया, मुद्रा, आसन, प्राणायाम, मन्त्र, औषधि, ध्यान, ज्ञान, तत्वज्ञान, आत्मविज्ञान, ब्रह्मज्ञान, शैव,-शाक्त विज्ञान सभी कुछ इस अनन्त महासागर में साँगोपांग भरा

पड़ा है। वह पाठक बड़ा भाग्यशाली और पुण्यात्मा होगा जिसके हाथ में यह पुस्तक आ जायेगी। अनेक सुसंस्कारी पुण्यात्मा लोग ऐसे भी निकलेंगे कि इस महाशास्त्र के केवल पठन-मात्र से उनकी सुप्ता कुण्डलिनी जाग पड़ेगी और मां भगवती की उन पर साक्षात् सीधे कृपा हो जायेगी। इस दृष्टि से यह महाशास्त्र न केवल शक्तिपात-महायोग के साधकों के लिये ही परमोपयोगी है, अपितु जो लोग शक्तिपात में दीक्षित नहीं है, उनके लिये भी यह उतना ही लाभप्रद एवं उपयोगीहै।

शक्तिपात-महायोग सीधा विहंगम मार्ग है। समर्थ गुरु शिष्य में शक्ति संचार करके उसकी सुप्ता कुण्डलिनी अनायास ही जागृत कर देते हैं और महामाया भगवती की पूर्ण कृपा शिष्य पर सद्गुरु के अनुग्रह से हो जाती है। फिर जागृता-महाशक्ति शिष्य के शरीर द्वारा स्वयं ही आसन, प्राणायाम, क्रिया, मुद्रा, ज्ञान, ध्यान आदि करवाती रहती है। गुरु-अनुग्रह ही इस शक्तिपात में प्रधान कारण होता है। अन्य योगशास्त्रों में आसन, प्रणायाम, मुद्रा आदि का अभ्यास कुण्डलिनी शक्ति को जगाने के लिये किया जाता है, वह भी कभी सफल होता है और कभी असफल। किन्तु शक्तिपात-महायोग से कुण्डलिनी शक्ति पहिले जाग जाती है और उसके पश्चात् प्रति शरीर भेद से, प्रति-व्यक्ति के गुण-कर्म-संस्कार भेद से आवश्यकतानुसार क्रिया, मुद्रा, प्राणायाम, यम, नियम, प्रत्याहार, ध्यान आदि स्वयं होने लग पड़ते हैं, शिष्य को इन साधनों का पूर्ण-ज्ञान हो अथवा न हो। इस भाँति अन्य योगों में और शक्तिपात में महान् भेद है। यही इस महायोग की अपूर्व अलौकिक दिव्यता है। शक्तिपात योग इस पवित्र भारत भूमि में अनन्त प्राचीन-काल से निरन्तर चला आ रहा है। इस पुण्य। भूमि में शक्तिपात-महायोग का कभी लोप नहीं हुआ है। किन्तु यह साधन गुरु-परम्परा से शिष्य-प्रशिष्य परम्परा में क्रिया-रुप में ही चलता है। सामान्यजन-समाज में उसका कभी प्रचार एवं प्रसार नहीं हो पाया है। इसका कारण शक्तपात-महायोग की रहस्यमयता और गुह्याता है। इसके अतिरिक्त शक्ति-पात के सम्बन्ध में अब तक इस लोक में कोई सर्वांग पूर्ण प्रामाणिक तथा अधिकृत ग्रन्थ विद्यमान नहीं रहा है। शक्तिपात के सिद्ध गुरु इस पर ग्रन्थ लिखने की आवश्यकता नहीं समझते रहे। अतः किसी भी पूर्व-ग्रन्थों में इस महायोग का सर्वांगीण वर्णन नहीं मिलता है। मां सरस्वती भगवती ने इस लुप्त -गुप्त शास्त्र को श्री जितेन्द्र भारतीय जी के मुख से प्रकट कर के इस महा-मोहान्धकार ग्रस्त युग के भ्रान्त मानव-समाज पर बहुत अनुग्रह और उपकार किया है, इसीलिये तो वे करुणामयी जगन्मता हैं। भगवती सरस्वती तथा गुरु गोरखनाथ महाराज के इस महान् ऋण से हम कभी उऋण नहीं हो पायेंगे। इस मलिन और बोधहीन

लोक का पूर्ण उद्धार करने के निमित्त ये दोनों दिव्य शक्तियाँ वाणी रुप में स्वयं अवतीर्ण हुई हैं। उनके इस महान् उपकार के प्रति हम सभी नतमस्तक होकर चिर-कृतज्ञ हैं। इससे भी अधिक श्रद्धावनत होकर उन पूण्य श्री चरणों को प्रणाम करते हैं, जिन साक्षात् शिव-स्वरुप श्रोत्रिय-ब्रह्मनि ष्ठ गुरु महाराज की हम अकिंचन शिष्यों पर अहैतुकी कृपा हुई है, अकारण-करुणापूर्ण हृदय से जिन्होंने शक्तिपात- मार्ग में, बिना किसी पूर्व परिचय के हम लोगों को दीक्षित करके सर्वव्यपिका महामाया भगवती की साक्षात् कृपा करवा दी, हमारी सुप्ता शक्ति जागृत कर दी, अज्ञानान्धकार मिटा कर जीवन में प्रकाश भर दिया। यह प्रस्तुत महाशास्त्र भी उन्हीं सद्गुरु पूज्यपाद श्री स्वामी ॐकारानन्द तीर्थ महाराज का ही अमृत-मय प्रसाद है।उन्हीं को समर्पित है, सद्गुरु की स्तुति में अनन्तकाल से सिद्ध, ज्ञानी, सन्त, महात्मा सभी की श्रद्धामयी वाणी सर्वत्र प्रवाहित होती रही है, वह पूर्ण संकलित वाणी समवेत रुप में हम अकिंचन शिष्यों के ही हृदयोद्गार हैं। हमारे गुरुदेव के प्रति स्वयं भगवती सरस्वती ने श्री भारती जी के मुख से निम्न श्लोक उच्चारित करवाया था जिसे हम लोग साधना में बैठने के पूर्व प्रार्थना में बोलते हैं:-

बन्देऽहं श्री गुरोर्मूर्ति ॐकारानन्द भूषिताम्।

शक्तिपात समायुक्तां तत्वार्थस्य प्रदर्शिकाम्।।

हमारी मां भगवती और योगियोगीश्वर श्री गुरु गोरखनाथ बाबा से यही प्रार्थना है कि पाठकों की जिज्ञासा तीव्र बने, मार्ग उन्हें अवश्य मिलेगा ही। ॐ शान्तिः ३।।

आपका
सेवक,
विद्यासागर जोशी

९६, नजरबाग, लखनऊ।
वटसावित्री- अमावास्या,
दिनाँक - २१-५-७७

(ग्रंथ-प्रवर्तक)

डॉ० जे० सी० भारतीय शास्त्री
एम. ए. (हि., सं.); पी-एच. डी.

श्री गुरवे विराजतां सा जननी सरस्वती नमः

दो शब्द

प्रस्तुत ग्रन्थ 'सारस्वत कुण्डलिनी महायोग शक्तिपात शास्त्र' नाम से है। क्योंकि यह ग्रनथ माँ सरस्वती की अनुकम्पा से प्रकट हुआ है, इसमें किसी प्रकार की कोई भी बाह्यसामग्री नहीं है, न किसी कोई पुस्तक का अंश है। यह तो केवल मां की कृपा एवं श्री गुरु कृपा का फल है।

सन् १९६२ जून में द्रोणा–गिरि पर श्री पी. सी. उपरेती जी के साथ शतचण्डी यज्ञ में गया था, वहीं मुझे श्री गुरुदेव श्री १०८ स्वामी ॐकारानन्द ज्ञानी जी महाराज मिले। मुझे आभास हुआ कि इस निर्जन वन में, इस देवस्थली पर इनका निवास कुछ महत्व रखता है, और मुझे श्री अनन्तविभूषित स्वामी ब्रह्मानन्द सरस्वती (जगद्गुरुशंकराचार्य ज्योतिर्मठ) महाराज के शब्द याद आये 'तुझे तीन वर्ष पश्चात् वन में ही शक्तिपात दीक्षा देने वाले गुरु मिलेंगे।' उनके शब्दों पर श्रद्धा–विश्वास रखकर सोचो सम्भवतः समय आगया और वास्तव में जब मैं और मेरे गुरु–भाई पं. विद्यासागर जोशी जी स्वामी जी से मिले तो विनम्र निवेदन करने पर स्वामी जी ने हमें शाक्तिपात–वेध–दीक्षा दी। तब श्री गुरुदेव की अनुकम्पा से हमारा साधन कुण्डलिनी–महायोग के पथ पर चलने लगा, स्वाभाविक ढंग से श्री गुरुदेव ने शक्तिपात के विषय में पूर्णरुपेण बोध दिया।

यज्ञ की समाप्ति पर वहां से हम लोग घर आ गये, साधन यथावत् चलता रहा। गुरु भाई विद्यासागर जी और मैं दोनों ही साथ बैठकर साधना करते थे।

कुछ दिन पश्चात् हम लोगों ने श्री गुरुदेव को लखनऊ आने को बाध्य किया। गुरुदेव एक सप्ताह के लिये आये, साधन देख गये और चले गये। इस बीच श्री पी.सी. उपरेती, श्री बी. सी. पाल साहब, श्री एम. पी. टण्डन जी, श्री जगन्नाथ जी अहूजा आदि कई सज्जनों को दीक्षा का लाभ हुआ। गुरु भाइयों की वृद्धि हुई।

सन् १९६२ से अकस्मात् यह सारस्वत कुण्डलिनी महायोग साधना के समय प्रादुर्भूत होने लगा। प्रारम्भ में क्या– क्या वाणी निकली ध्यान में न रहा। उस वाणी को श्री पं. शान्तिप्रसाद जी

चन्दोला ने सुना। उन्होंने वाराणसी में भारत के गण्यमान्य विद्वान साधक श्री महामहोपाध्याय कविराज गोपीनाथ जी से इसकी चर्चा की, वहां श्री कविराज जी का कृपापूर्ण सन्देश आया कि इस प्रकार की प्रादुर्भूत होने वाली वाणी को सुरक्षित रखो, उसी समय पुनः श्री गुरुदेव को सूचना दी गई, श्री गुरुदेव ने आकर साधन देखा, वाणी सुनी और शीघ्र ही टेपरिकार्ड पर उसे सुरक्षित रखने की योजना बनाई। वाणी प्रादुर्भूत होती रही।

श्री वी. सी. पाल महोदय टेपरिकार्डर ले आये और फिर कुछ काल पश्चात् उसके द्वारा वाणी को सुरक्षित रखा गया। सब साधक साधन के प्रकोष्ठ में गुरुदेव सहित बैठ जाते थे और कुछ देर साधन चलने के पश्चात् सरस्वती प्राप्त यह वाणी निकलती थी जिसके लिये माँ सारस्वती की आज्ञा हुई कि इसे शास्त्र का रुप देना है, उस सारस्वत वाणी को महायोग कह गया और शक्तिपात शास्त्र से उद्घोषित किया गया। श्री बी.सी.पाल महोदय टेपरिकार्ड ले आये टेपरिकार्ड पर पुनः सुन कर उसे एक डायरी पर क्रमशः दिनांक सहित (सायं–प्रातः) लिखा जाता था और पुनः उसे टाइप करके सुरक्षित किया गया। डायरी पर उतारने का कार्यभार श्री विद्यासागर जी जोशी को सौंपा गया। वे विगतान्यकार्य होकर सुवाच्य प्रतिलिपि में लिखते थे और श्री पाल साहब टाइप करवाते थे। फिर सागर जी उसे भी संशोधित करते थे। तत्परता एवं संलग्नता के साथ श्री जोशी जी कार्य करते थे। कार्य ठीक समय पर होना चाहिये यह पाल साहब का कथन रहता था और श्री विद्यासागर जी को ठीक समय पर उन्हें सुवाच्य लिपि टाइप करने के लिये दे देनी पड़ती थी।

यह क्रम २२– १०– ६२– से २० – २– ६३ तक चलता रहा। बाणी प्रादुर्भूत होती रही और उसे सुरक्षित रखा जाता रहा।

उसके पश्चात् प्राण विद्या का प्रदुर्भाव हुआ जो इसी शास्त्र का उत्तरांश है, उसे भी श्री विद्यासागर जी ने अपनी लेखनी से सुवाच्यरुप में लिखा, फिर उसे टाइप नहीं करवाया गया।

समय बीतता चला गया। शास्त्र –प्रकाशन का विचार आया और चला गया। सामग्री पड़ी रही, टाइप की एक प्रति श्रीगुरुदेव के पास सुरक्षित रही। बाकी कुछ अंश कोई गुरु भाई ले गये, पर दे न गये।

कालान्तर में पुनः जब श्री गुरुदेव का बार बार आदेश हुआ तो फिर जागृति आई, फिर डायरी से और कुछ टाइप से भी वीरेन्द्र कुमार शर्मा (दत्तक) से पुनः टाइप करवा कर कापी तैयार हुई और उसे लेकर मैं ग्रीष्मावकाश में श्रीगुरुदेव के आश्रम चित्तौड़ (जूनागढ़), सौराष्ट्र गया। श्री गुरुदेव ने उसे पुनः सुना, बार बार आदेश दिया कि इस शास्त्र का प्रकाशन होना अत्यन्त आवश्यक है। श्री पं. गोपीनाथ कविराज जी ने इस शास्त्र को स्वयं पढ़ा और लिखा कि इसके प्रकाशन की शीघ्र व्यवस्था होनी चाहिये। इस प्रकार जब मैं फिर लौट कर लखनऊ आया तो श्री गुरुदेव का आदेश विद्यासागर जी को सुनाया और कहा भी कि श्री गुरुदेव आगामी नवम्बर में इस शास्त्र को लेने आयेगे, क्योंकि वे बम्बई से इसके प्रकाशन की व्यवस्था कर रहे हैं पर वह व्यवस्था न हो सकी।

मेरे गुरुभाई श्री जोशी जी पुनः इसके अनुवाद कार्य में जुट गये। शास्त्र जिस रुप में आप लोगों के समक्ष प्रकाशित होकर आ रहा है, उसका अनुवाद एवं संशोधन भाई श्री विद्यासागर जी ने ही किया। इसके लिये मैं विशेषकर उनका आभारी हूँ। वास्तव में उनका अमूल्य समय और स्वास्थ्य इस शास्त्र के सम्पादन में कुछ बिगड़े अवश्य हैं, फिर **श्री** गुरुदेव के आदेश–कृपा और सागर जी के अथक परिश्रम एवं प्रेम के फलस्वप शास्त्र **प्रकाशित** रुप में आ ही गया।

यह शास्त्र साक्षात् भगवती सरस्वती का दिया हुआ **है। साधनकाल** में स्वयं प्रादुर्भूत हुआ है, इसलिये इसका नाम भी 'सारस्वत कुण्डलिनी महायोग' **रखा गया**, क्योंकि समस्त शास्त्र शक्तिपात से सम्बन्धित है अतः पूरा नाम 'सारस्वत कुण्डलिनी महायोग (शक्तिपात शास्त्र) रखा गया, इस में श्री बाबा गोरखनाथ की वाणी भी है। मां सरस्वती संस्कृत रुप में और बाबा गोरखनाथ उसे अपनी भाषा में सार व संक्षिप्तरुप में कहते हैं। टंकविद्या, आधारविद्या, चक्र विद्या, प्राणविद्या, आदि इसके प्रधान स्तम्भ हैं। आत्मबोध प्रत्यभिज्ञा एवं परा– विद्या इस शास्त्र के मूलभूत अंश हैं। शास्त्र का प्रकाशन जन–हित के लिये ही किया गया है, स्वयं बाबा श्री गोरखनाथ जी ने कहा है कि 'हमने जो शास्त्र बताया था वह साधकों के हित के लिये बताया है। यह शास्त्र परमशास्त्र है। गूढ़ातिगूढ है, इसका बोध साधकों को होगा। जब इसका बोध कर लेंगे, तब इसकी क्रिया, मुद्रा और औषधियों के ज्ञान एवं अनुभव से अपना और जग का कल्याण करेंगे। इस शास्त्र के प्रचार से जन–कल्याण होगा।' (टंकविद्या प्रकरणान्त)। दूसरे स्थल पर बाबा ने कहा है 'इस प्रकार इस गुप्त लुप्त विद्या को शास्त्र का पूर्णरुप देकर, सारसार तत्वतत्व लेकर साधकों के हित

के लिये, क्रिया करने वालों के कल्याण के लिये, समय की गति के कल्याण के लिये इसका ज्ञान परमावश्यक है।' जो कुछ भी है, जिसका है उसी को समर्पित है।

एक बात लिखने का मोह संवरण न कर सकूंगा कि मेरी धर्मपत्नी स्व. गोदावरी देवी ने इस साधन काल में मुझे। पूर्ण सहयोग दत्तचित से दिया। यदि उसने घोर कष्ट न उठाया होता तो सम्भवतः यह शास्त्र गुप्त ही रहता। वह इसे प्रकाशित रुप में देखना चाहती थी। पर उसके जीवन में ऐसा न हो सका। इसके प्रकाशन से अवश्य उसकी आत्मा को शान्ति मिलेगी ऐसा मेरा विश्वास है। अन्त में अपने बन्धुओं को श्री पी.सी. उपरेती, बी.सी. पाल साहब, श्री एम.पी. टन्डन महोदय को भी धन्यवाद देता हूं जो साधन कार्य में साथ बैठते रहे। इस ग्रंथ के प्रकाशन के लिये श्री डा. आर.एस. सेठ महोदय का पूर्ण सहयोग रहा। वे उत्साह देकर सहयोग न करते तो ग्रंथ मुद्रित न होता। भाई भगवान दास जी ने भी इसकी रुप सज्जा के लिए परिश्रम किया, मैं इन दोनों व्यक्तियों के प्रति आभार प्रकट करता हूं। अन्य और भी सभी सहयोगियों का मैं आभारी हूं।

अत्यन्त दुःख है कि ग्रन्थ प्रकाशन पर श्री गुरुदेव ब्रह्मलीन हो गये। ११-३-७८ को ग्रन्थ पूर्ण हुआ। १४-३-७८ को श्री गुरुदेव समाधि लगा गये।

आचार्य डॉ. जे. सी. भारतीय

श्रीमती स्व० गोदावरी देवी
धर्मपत्नी डॉ० जे. सी. भारतीय
(जिसकी प्रेरणा से सब कुछ हुआ)

Mahamahopadhyaya
Gopi Nath Kaviraj, M. A., D. Litt.

2 (A) SIGRA, VARANASI

Nov. 13 1963.

I have gone through parts of the work with great interest In some places it seemed to me wonderfully lucid and reminiscent of ancient yogic traditions. I felt benefited by its reading It deserves publication and careful study

Gopi Nath Kaviraj
13/11/63

विषयानुक्रमणिका

भाग प्रथम

		पृष्ठ संख्या
१–	शक्तिपात में जिज्ञासाधिकरण–अनुभूति–व्याख्या	१–७
२–	शक्तिपात में स्वयं वृत्तिनिरोध हो जाना प्रत्याभास	७–१३
३–	शक्तिपात में चतुर्धा अवस्थितियों का आना	१३–२६
४–	शक्तिपात मार्ग और राजयोग में अन्तर	
५–	सिद्ध प्राणायाम के फल	
६–	बोधावस्था व सिद्धावस्था का स्वयं आना	
७–	शक्तिपात में कार्य सिद्धि एवं मन्त्र सिद्धि	
८–	देवदर्शन, मन्त्र दर्शन, भूतजय, परकाया प्रवेश आदि सिद्धियों का स्वयं आना।	
९–	सिद्धियों में उलझना साधकों के लिये विक्षेप	
१०–	ऐश्वर्य दशा की प्राप्ति	
११–	गुरु के अनुग्रह से मूलाधारस्थ शक्ति की जागृति का बोध	२३
१२–	शक्तिपात से सुप्ताशक्ति का जागरण	२४–२७
१३–	शक्तिपात का अर्थ एवं उसका प्रयोजन	२७–२९
१४–	शरीर में शक्ति का स्वरुप, शक्ति शब्द का अर्थ	
१५–	शिष्य में शक्ति का नाना रुप में प्रकट होना (लक्षण बोध)	
१६–	शक्तिपात के तीन प्रकार	
१७–	गुरु शब्द का अर्थ	२९–३१
१८–	गुरु के शक्तिपात करने के अलग–अलग तरीके	३२–३५
१९–	शक्तिपात का प्रयोजन, लाभ, एवं भेद	३५–३७
२०–	शक्ति जागरण से चक्रभेदन की योग्यता आ जाना	३८–३९
२१–	जागृता शक्ति का मार्ग शोधन के स्वयं नानाप्रकार के प्राणायाम तथा क्रिया–मुद्राओं का करवाना	३९-४०
२२–	शिव के समागम के लिये शक्ति का छटपटाना और समाधिस्थ शम्भु में उसकी प्रतिक्रिया (प्राणायाम)	४०-४२
२३–	काम का उपस्थित होना और काम–दहन	४२–४६
२४–	कामदहन के अनन्तर शुद्ध –सृष्टि की सृष्टि	४७–४८
२५–	विन्दुरुप शिव से कलाओं की सृष्टि	४८–५०

२६-	श्री विद्या का उदय (कामविद्या)	५१-५२
२७-	श्री विद्यान्तर्गत कादि हादि विद्याओं का कथन	५३-५४
२८-	त्रिपुरा रहस्य में त्रिपुरा शब्द का अर्थ	५४-५६
२९-	त्रिपुरारहस्यान्तर्गत श्रीविद्या में दश महाविद्या	५६-५७
३०-	बिना अभ्यास के जान लेना निष्प्रयोजन है (गोरखवाणी)	५८-५९
३१-	कुण्डलेश्वर श्री गोरखनाथ महाराज की वाणी का आरम्भ	५९-६०
३२-	शक्तिजागरण से त्रिपुरा भगवती की सहज सिद्धि-षट चक्र रुपा-	६१-६५
३३-	त्रिपुरारहस्यान्तर्गत श्रीविद्या कलाओं की सृष्टि	६५-६८
३४-	अन्तर्ज्ञान, अन्तर्दृष्टि, अन्तर्याग, बहिर्याग एवं उपासना का अभ्यास और उसके अनन्त फल	६९-७२
३५-	महाशिव दर्शन, समाधि भूमिका	७२-७३
३६-	प्राणाकर्षण-रसनिष्पत्ति	७४
३७-	रोधनी, वैखरी, परावस्था	७४-७६
३८-	शमनी -आनन्दानुभूति	७६-७८
३९-	अर्गला-स्थरीकरण	७९
४०-	गोरखवाणी-ताला खोलने का ढंग, ज्योति दर्शन	७९-८१
४१-	वाक् परिज्ञान-परा, पश्यन्ती मध्यमा वैखरी	८१-८९
४२-	परा के विषय में परा शक्ति स्फुरण (गोरखवाणी)	९०-९१
४३-	इडा, पिंगला, सुषम्णा का संगम-प्रयाग का रहस्य	९१-९३
४४-	गोरखवाणी-विरजा नाडी वर्णन	९३-९६
४५-	विरजा प्राप्ति से ब्रह्म ज्ञान, गोरखवाणी-मां आनन्दमयी का कथन	९६-९८
४६-	अयोध्यादि सप्तपुरी का शरीर में स्थान (गोरखवाणी)	९८-९९
४७-	चित्रा-वज्रा तथा ऐश्वर्य वर्णन-गोरखवाणी	१००-१०२
४८-	अन्तर्गत ब्रह्मदर्शन कुण्डलिनी शक्ति पर पूर्णाधिकार	१०२-१०४
४९-	सरस्वती द्वारा दिव्याज्ञान दान, विक्षेपों का टंकन (टंक विद्या)	१०५-१०८
५०-	विक्षेप, निरोध-शक्ति के आधीन-गोरखवाणी	१०९-११०
५१-	मल विक्षेप विनाश (गोरखवाणी)	११०-१११
५२-	टंक विद्याधिगम-अश्वसेचालन	११२-११६
५३-	मलोदरी, अश्विनी अश्वोदरी कर्ष मुद्रा, हेषामुद्रा	११७-११९
५४-	मुद्रा ज्ञान, क्रिया ज्ञान	११९-१२१
५५-	लम्बिनी मुद्रा, झम्पिनी मुद्रा, स्कन्धिनी, कर्पूरिका	१२१-१२३
५६-	अश्व विद्या	१२३-१२४

५७–	अश्व बन्धनी मुद्रा	१२४-१२५
५८–	स्थानपरिचायिका	१२५
५९–	पट्टसम्बोधनी	१२६–१२७
६०–	गारुड़ी मुद्रा	१२७
६१–	योगपट्टिका	१२७–१२८
६२–	साम्भवी मुद्रा	१२९–१३०
६३–	खेचरी मुद्रा	१३०–१३१
६४–	दूसरी शाम्भवी	१३१
६५–	घूर्णिका सर्वतोभावनी	१३२–१३३
६६–	भावनी मुद्रा	१३३–१३४
६७–	टंक विद्या–स्थान परिचय–गमनाधिकरण मार्गदर्शन	१३५–१३६
६८–	कुण्डलिनी का जागृत होकर आगे गमन	१३६
६९–	षड़चक्रभेदन क्रिया	१३६–१३७
७०–	गोरखवाणी	१३८–१३९
७१–	गंतव्यस्थान और उसकी प्राप्ति की कामना, गोरखवाणी	१३९–१४१
७२–	मणिपुर चक्र का परिचय और शोधन	१४२–१५०
७३–	कुण्डलिनी का आगे गमन, क्रिया कथन	१५१–१५४
७४–	मार्ग तथा स्थान का समस्त परिचय, ध्यानचक्षु	१५४–१५६
७५–	मणिपुर से ऊपर का मार्ग	१५७–१६२
७६–	स्थानपरिचायिका मुद्रा	१६२–१६५
७७–	हृदय चक्र का कम्पन, ज्योतिपुंज, लिंग दर्शन	१६५–१७०
७८–	टंक विद्या की महिमा–परम्परा	१७०–१७२
७९–	ब्रह्मदर्शन, दिव्य दर्शन, चित्तोदय चक्रभेदन	१७२–१७४
८०–	मन का वशीभूत होना–गोरखवाणी, स्थान परिचय, गमन समाप्त	१७४–१७७
८१–	तृतीय समानाधिकरण, चक्रों की ऊपर की चर्चा	१७८–१७९
८२–	हृदय चक्र का चालन, चक्र भेदन, ज्ञान–ध्यान, चिद्बोधनी मुद्रा	१७९–१८१
८३–	शरणागति का मार्ग, अहंकार त्याग	१८१–१८३
८४–	इस महायोग में समर्थ भावना, आनन्द, परमतत्व प्राप्ति	१८३–१८४
८५–	आत्मानन्द की उपलब्धि–पूर्ण सिद्धि	१८४–१८६
८६–	महालया आद्याशक्ति, गूढ़ रहस्य का ज्ञान	१८६–१८९

भाग द्वितीय

८७- गोरखवाणी दीप ज्योति जलाना, क्रिया-मुद्राओं का पुष्ट करने का मार्ग, लाभ — १९१-१९४

८८- मन अश्व, उससे सम्बन्धित आश्वी विद्या — १९४

८९- अश्वगंधा का सेवन — १९४-१९६

९०- साधन कार्य में व्यवधान-विनाश का उपाय, मुचकन्द फूल भक्षण — १९६-१९७

९१- शंखपुष्पी का सेवन — १९७-१९८

९२- बात, कफ, पित्त के नाश के लिए नागरमोथा का प्रयोग — १९८-२००

९३- सरस्वती वन्दना — २००-२०२

९४- गोरखवाणी — २०२-२०३

९५- मंत्र, मंत्र की शक्ति, प्रयोजन — २०४

९६- आधार विद्या कथन और रहस्य — २०४-२०६

९७- आधार के बिना जीवन की निष्फलता — २०७-२०८

९८- अनुभूति, ज्योतिर्लिंग का ज्ञान, शक्ति का साधक के अन्दर नर्तन, आधारविद्या, समानाधिगम्य प्रथम, ग्रन्थि अनुभूति उपदेश। — २०८-२११

९९- मंत्र जप विधि, चण्ड मुण्ड विनाशिनी का भेद — २१२-२१३

१००- महाज्योति दर्शन, अनुभूति — २१३-२१५

१०१- मंत्र बीज रुप परम शक्ति, मंत्रों का विशेष भेद-प्रभेद मंत्रव्यूह — २१६-२१९

१०२- मंत्र जाप से देव-दर्शन, आधार विद्या से सफलता — २१९-२११

१०३- विराट ज्वाला का दर्शन — २११-२२३

१०४- आधार विद्या का महत्व, इसकी सार्थकता — २२३-२२५

१०५- मंत्र जप काल में शक्ति का अनुभव, कार्य सिद्धि — २२५-२२८

१०६- मंत्र याग, मंत्रों का शक्ति सम्पन्न होना, विघ्न विनाश — २२८-२३४

१०७- आधार में क्रिया मुद्रा का वर्णन, टंक विद्या से आधार की पुष्टि — २३४-२३८

चक्र विद्या अधिगम का आरम्भ

१०८- चक्र विद्या का ज्ञान — २३९-२४२

१०९- चक्र विद्या से अनिष्ट निवारण — २४२

११०- शक्तिपात के द्वारा तत्वार्थ बोध — २४३-२४४

१११- चक्र विद्या प्रकरण आत्मबोध प्रत्यभिज्ञा, अनुभूति और प्रत्याभास — २४५-२४६

११२- बोध और भीतर स्वरुप दर्शन — २४६-२४९

११३- शरीर चक्र, बुद्धि चक्र, चित्त चक्र, मन चक्र का वर्णन — २५०-२५१

११४–	प्रत्यभिज्ञा शब्द का अर्थ, चक्र संचालन	२५१–२५३
११५ -	आत्म बोध कैसे होता है?	२५३–२५८
११६–	आत्मज्ञान, आत्मबोध, आत्म रहस्य	२५९–२६०
११७–	आत्मबोध की प्राप्ति और अनुभव	२६०–२६२
११८–	सानुकूल भावों का अभ्यूदय और अनुभव ज्ञान	२६३–२६८
११९–	आत्मबोध के लिए क्रिया ज्ञान, मुद्रा ज्ञान	२६९–२७०
१२०–	आलम्बनी मुद्रा, विशिष्ट आलम्बनी मुद्रा, मुद्रा से भाव बोध	२७०–२७२
१२१–	प्राणायाम से मन की निश्चलता, प्रारम्भिक बोध, क्रिया मुद्रा से वृत्तिवश, कुर्चिका मुद्रा अथवा हनु मुद्रा	२७३–२७६
१२२–	अभ्यास काल में नये पुराने साधनों को भाव स्थिरता करने के उपाय	२७७
१२३–	आत्मभाव को दृढ़ करने के लिए सारिका मुद्रा	२७८–२८१
१२४–	आत्मबोध की रक्षा	२८२
१२५–	बोध की पुष्टी के लिए महत्वपूर्ण प्लावनी मुद्रा	२८२–२८५
१२६–	मन की चंयलता का अवरोध करना	२८६–२८७
१२७–	विस्थापिका मुद्रा	२८७–२९०
१२८–	संस्कार दृढ़ भूमि, चक्र विद्या से उसका परिष्कार	२९१–२९४
१२९–	आत्मबोध परिज्ञान, विघ्नव्यूह का तारक	२९५–२९६
१३०–	बोध प्राप्ति को दृढ़ रखने का उपाय, कुष्माण्ड भक्षण का ढंग	२९६–२९८
१३१–	विशुद्धीकरण और स्थिरीकरण के लिए औषधि	२९९–३००
१३२–	जपा पुष्प का प्रयोग	३००–३०१
१३३–	सरस्वती प्रार्थना	३०२–३०३
१३४–	साधन काल में शक्ति प्राप्ति के लिए महाबला आंवला का प्रयोग	३०३–३०४
१३५–	प्रकरण समाप्ति	३०४-३०५
१३६–	तत्व ज्ञान, तत्व शोधन, तत्वों की विशेष उत्पत्ति, तत्वों का भेद, शास्त्र की मान्यता, तत्व शब्द के अर्थ, तत्वार्थ बोध का ज्ञान	३०६–३१३
१३७–	वाह्य और आभ्यन्तर प्रक्रियाओं से शुद्धिकरण, मूलाधार की शुद्धि के लिए धातृ के फल आंवला का प्रयोग	३१४–३१७
१३८–	मूलाधार की शुद्धि ओर दृढ़ता	३१८–३१९
१३९–	निर्मला मुद्रा का प्रयोग	३१९–३२०
१४०–	बट का प्रयोग	३२०–३२१
१४१–	शास्त्र का प्रयोजन	३२२
१४२–	मूल शोधन के लिए बट फल का चूर्ण	३२२–३२४
१४३–	स्वाधिष्ठान के सम्बन्ध में	३२५–३२९

१४४- मणिपुर में अग्नितत्व का शोधन ३३०-३३३
१४५- मणिपुर चक्र-ज्वालापुंज ३३४-३३५
१४६- वारुणी मुद्रा का प्रयोग, मणिपुर शोधन के लिए ३३५-३३८
१४७- वारुणी मुद्रा की अवधि में शिवा गुडूची का ग्रहण करना ३३९-३४१
१४८- मणिपुर शोधन में क्रिया-मुद्रा-औषधि का प्रयोग प्रकृति के अनुकूल ३४२-३४३
१४९- मणिपुर शोधन के लिए लाभप्रद चक्रणी मुद्रा ३४३-३४४
१५०- चक्रणी मुद्रा के साथ तुलसी मंजरी का सेवन ३४४-३४६
१५१- क्रिया मुद्राओं का निरीक्षण परीक्षण ३४७-३४९
१५२- अपमार्ग की जड़ का प्रयोग ३४९-३५१
१५३- भद्रिका मुद्रा ३५२-३५६
१५४- मणिपुर शोधन में वंशलोचन का प्रयोग ३५७-३५८
१५५- हृदयचक्र, वायुतत्व के शोधन के लिए प्राणायाम का अभ्यास औषधि और हिरण्य मुद्रा ३५८-३५९
१५६- विशुद्ध चक्र की शुद्धि, आकाशतत्व शोधन ३५९-३६१
१५७- व्याघात व्यपोहन, मल विक्षेप और चित विक्षेप को दूर करना-मंत्र औषधि प्रयोग ३६२-३६६
१५८- दाड़मी बीजों के चूर्ण का प्रयोग, नागरमोथ का प्रयोग ३६६-३६९
१५९- करकट श्रृंगी का प्रयोग ३६७

भाग तृतीय

१६०- प्रकृति भेद से औषधि भेद, बिल्व का प्रयोग सेवन विधि ३७१-३७४
१६१- कायज रोगों के निवारण के लिए मंत्र औषधि प्रयोग ३७४
१६२- उदरस्थ मल शोधन, तुलसी बीजों का प्रयोग ३७६
१६३- मंत्र प्रयोग, रम् रुद्राणे नमः ३७७-३७८
१६४- शरीर को निर्मल करने के साधन, निम्बफल का प्रयोग, स्नान ३७९-३८१
१६५- कम्, कंकातिमिकाम् आवह्यामि मंत्र का प्रयोग, खण्ड मंत्र ३८१-३८२
१६६- औषधि से शरीर का ध्यान से मन का निर्विचार से चित्त के रोगों के विनाश का उपाय ३८३-३८४
१६७- शीतज, ऊष्णव, शीतोष्ण रोगों का सूर्य, चन्द्रमा के ध्यान से लाभ, चन्द्रों में मानसान्, रोगान् अपहत्य मंत्र का प्रयोग जप ३८४-३८५
१६८- बुद्धि विकलता को दूर करने के लिये नमोस्तु दिवाकराय मंत्र का प्रयोग ३८६-३८७
१६९- मानस रोग चांचल्य, स्तम्भ स्थरित्व, स्थिर, स्थिरता, गति विक्षेप, उतपतनात्मक और मलाश्रय रोगों के नाश के उपाय मुद्रा मुद्रा प्रयोग ३८८-३८९

१७०–	मोरपंख का प्रयोग, मुद्रा प्रयोग, गूंजा की जड़ का प्रयोग	३८९–३८९
१७१–	मानव रोगों की शान्ति का उपाय, मंत्र औषधि प्रयोग, सिंघाड़े के चूर्ण का प्रयोग, महाशक्ति आराध्यामि मंत्र का प्रयोग	३९२–३९५
१७२–	वृत्ति निवारण के लिए उपाय—तामाराधयामि महालयामिति मंत्र का प्रयोग	३९६–३९८
१७३–	प्रतिबन्ध विनाश के लिए काकजंघा का प्रयोग	३९९–४०१
१७४–	महाशक्तै नमः मानस चांचल्यम् विनाशय मत्र का प्रयोग	४०१–४०२
१७५–	चित्तज रोगों के निवारण के लिए उपाय, ध्यान द्वारा रोग निवृत्ति, मंत्र प्रयोग	४०३–४०६
१७६–	चित्तज महादोषों का विश्लेषण, कात्यानी मुद्रा	४०६–४९०
१७७–	साधकों के लिए चित्तज रोग विनाश का सूक्ष्म उपाय, मंत्र पीठिका–ऊ चित्तायकाम् मंत्र का प्रयोग	४९७–४९८
१७८–	सारिका मुद्रा, स्थापिका मुद्रा चित्तज रोग विनाश	४९४–४९५
१७९–	लम् पम् दिव्य रूपम् दिव्य स्वरूपम् मंत्र का प्रयोग	४९६
१८०–	वासवी मुद्रा से चित्तज दोष विनाश जाग्रतया महाशक्ति मंत्र का प्रयोग	४९७–४९८
१८१–	ध्यान की स्थिति, बुद्धिज रोगों के विनाश का उपाय	४२०–४२१
१८२–	बुद्धि के दोष, संमोह उद्भ्रान्ति, चंचलता, जड़त्व, स्त्यान दोष उनका निवारण	४२२–४२६
१८३–	बुद्धिज रोगों को विनाश, बुद्धि रक्षण का उपाय, मंत्र प्रयोग से, सर्वभूत मंत्र का प्रयोग	४२७–४२८
१८४–	सावित्रीय आवह्यामि मंत्र का प्रयोग	४२८–४२९
१८५–	सौं सौं मंत्र का प्रयोग घ्रीं घ्रीं मंत्र का प्रयोग	४२९–४३०
१८६–	भैरवाडंक निलयाम् मंत्र का प्रयोग	४३९
१८७–	माण्डुकी मुद्रा से बुद्धिज दोषों का निवारण	४३२–४३५
१८८–	बुद्धिज रोगों के विनाश के लिए मंत्र औषधि का प्रयोग, कोविदार के फूल का प्रयोग, भृंगराज का प्रयोग	४३५–४३६
१८९–	क्रीं क्रीं क्रीं मंत्र का प्रयोग	४३७–४३८
१९०–	ह्रीं मंत्र का प्रयोगं विधि, ताम्बुल पत्र का प्रयोग	४३९–४४९
१९१–	बुद्धि स्थिरता के लिए मंत्र का प्रयोग सौं बीजाक्षर मंत्र का प्रयोग वच का प्रयोग	४४२–४४५
१९२–	सां करीम सम, समय मंत्र का प्रयोग, बट वृक्ष के अंकुरों का प्रयोग	४४५–४४८
१९३–	प्रकरण की समाप्ति	४४९
१९४–	तत्व तत्वकथन, शास्त्र महिमा, गुरू नमस्कार	४४९–४५३

१९५– अथ प्राण, परा विद्या, जागृत शक्ति–निरीक्षण, प्राणों का गमनागमन, गति विच्छेद, गतिभाव का ज्ञान ४५४–४५८

१९६– व्यकृता और मूर्छा से ज्ञान अन्तर दृष्टि ४५७–४५८

१९७– पराविद्या के श्रेष्ठ विज्ञान का वर्णन, निरीक्षण परीक्षण ४५९–४६०

१९८– चक्रों की स्थिति, ग्रन्थियों की स्थिति औरन उनके ज्ञान की ।।। ४६०–४६१

१९९– जालन्धर मूल उड्यान का प्रयोग ४६१

२००– चक्रभेदन, ग्रन्थि भेदन, नाड़ि शोधन का ज्ञान ४६२

२०१– श्वान्तानुभव, प्राणों की श्रेष्ठ स्थिति, पराविद्या का अर्थ ४६३–४६६

२०२– सरस्वती वन्दना, ध्यान की स्थिति का प्रादुर्भाव, ध्यान के भेद, आनन्द प्राप्ति, स्वाभाव ज्ञान ४६६–४७१

अस्मिन् प्रकरणे मानसान् रोगान् विद्रावयितुं शमयितुं विनाशयितुं च यन्मन्त्रोषधं प्रोच्यते तत् साधकानां कल्याणाय जायताम् ।।

इस प्रकरण में मानस रोगों को दूर करने के लिए शमन के लिये जो मन्त्र औषधियां कही गई हैं वे सब साधकों का कल्याण करें।

अस्थिरं मानसं पूर्णं सदैव समतावृतम् ।

कर्तुं च पारयत्येवं तदवस्थो नरः सदा।।

मन सदा ही पूर्ण अस्थिर स्वभाव वाला है, उसमें जो साधक समता वृत्ति ले आता है वही साधक मन को स्थिर रख सकता है।

मनसस्तु दशा या च अस्थिरा विघ्नकारिणी।

अत एव जनाः नानाक्लेशान् भुंजन्ति लोकके।।

मन की जो सदा अस्थिर और विघ्नकारिणी दशा है उसी के कारण मनुष्य संसार में नाना प्रकार के क्लेश सहन किया करता है।

यदा तु मानसाः रोगाः नश्यन्ति सततं तदा।

महामायाप्रभावेण शान्तिश्च जायते परा।।

जब महामाया भगवती के प्रभाव से सभी मानस रोग सदा के लिये शान्त हो जाते हैं तब अपूर्व शान्ति मिल जाती है।

तदैव ध्यानं च परं वरं वर तथैव ज्ञानं च परं परं परम् ।

तदैव वा भूति विभूति भूतिकं तदैव सर्वं सुखदं सुबोधकम् ।।

मन की शान्ति और स्थिरता से ही श्रेष्ठ ध्यान होता है और परम ज्ञान भी तभी उपलब्ध होता है। तभी सभी भूति और विभूतियाँ प्राप्त होती हैं और सभी उपार्जित ज्ञान लाभप्रद होता है।

तदर्थमौषधिप्रयोगः मन्त्रप्रयोगश्च विधातव्यः एतन्मनो यद्यपि शास्त्रकाराणां धारणया दृढाभ्याससेवितं स्ववशे संस्थितं भवति। तथापि महामाया भगवती शक्तिस्तद् बलात् समुत्कर्ष्य स्वयमेव स्ववशमानयति। तदर्थं प्रारम्भचरणविनिपाते मन्त्रौषधि प्रयोगः करणीयो भवति।। ॐ ।।

उसके लिये मन्त्र प्रयोग और औषधि प्रयोग करना चाहिये। यद्यपि शास्त्रकारों की धारणा के अनुसार दृढ़ाभ्यास और निरन्तर अभ्यास द्वारा ही यह मन स्थिर होता है, तथापि शक्तिपात–महायोग में महामायाभगवती शक्ति बलपूर्वक साधक के मन को खींचकर अपने वश में कर लेती है। आरम्भिक काल में ही केवल मन्त्रौषधि प्रयोग करना होता है।

मनसो रोगमाहन्तुं श्रृङ्गाटक विशेषकम् ।

पूर्णकं तस्य वै चूर्णं साधना वा यदा भवेत् ।।

जब साधना काल हो, मन के रोगों को दूर करने के लिये एक अकेला सिंघाड़े का चूर्ण ही पर्याप्त होता है।

तदा तद् भक्षणं कृत्वा पुनः साधनमाचरेत् ।

दिनत्रयेण तच्चूर्णं भोक्तव्यं निर्मलत्वकम् ।।

श्रृङ्गाटक का चूर्ण भक्षण करके फिर साधना में लगना चाहिये। तीन दिन तक सिंघाड़े का चूर्ण भक्षण कर लेने से मन में निर्मलता आ जाती है।

तदा च मन्त्रयोगस्य प्रयोगः क्रियते सह। ॐ ।

एतन्मन्त्रस्य जापं वै प्रारम्भे च दिनत्रये।।

उसी काल में मन्त्रयोग का प्रयोग भी साथ ही साथ किया जाता है।। ॐ ।। प्रारम्भ के तीन दिन इस मन्त्र का जप करना चाहिये।

पुनश्च शक्तिः सम्भूता सर्वं शुद्धं करिष्यति।

यावन्नप्रबला शक्तिस्तावच्च करणीयकम् ।।

फिर जागृता शक्ति स्वतः सब कुछ शुद्ध कर लेगी। जब तक शक्ति में प्रबलता नहीं आती है, तभी तक ये प्रयोग करने चाहिये।

शक्तेः प्रबलभावे च किञ्चिदपि न विद्यते। मन्त्रोमेनदुच्चारणीयम् ।।

शक्ति के प्रबल भाव होने पर फिर कुछ करना नहीं पड़ता है। इस मन्त्र का उच्चारण करना चाहिये।

ॐ महाशक्तिं आराधयामि सा मे शक्तिः प्रसीदतु, चञ्चलं मानसं स्थिरतां उपनयतु, स्थिरतामुपनयतु, स्थिरतामुपनयतु।। इत्येतत् बारत्रयेण प्रोच्चार्यं सार्बिको मन्त्र प्रयोगः।

"ॐ महाशक्तिं आराधयामि, सा मे शक्तिः प्रसीदतु, चञ्चलं मानसं स्थिरतामुपनयतु, स्थिरतामुपनयतु, स्थिरतामुपनयतु,।" इस मन्त्र का उच्चारण तीन बार करना चाहिये। यह सार्विक मन्त्र है।

सार्विको मन्त्रप्रयोगस्तु केवलं साधनाकाले प्रारम्भे एकादश वारेणैव भवति। शनैः शनैः पश्चात्न च तस्यावश्यकतापि विद्यते। एतत् करणीयम् ।। ॐ ।।

सार्विक मन्त्र का प्रयोग केवल साधनाकाल में आरम्भ में ११ बार करना होता है। धीरे धीरे फिर उसकी आवश्यकता नहीं पड़ती है।

गोरखवाणी :- ॐ अलख निरञ्जन। ॐ अलख निरञ्जन। अलख निरञ्जन। इस प्रकरण में अब मानस चंचलता सम्बन्धी जो रोग होते हैं, उनको विनष्ट करने का प्रयोग बताया जा रहा है और उस प्रयोग के साथ ऐसा भी बताया जा रहा है कि जब मन नितान्त ही चञ्चल होकर किसी भी ओर लगने की प्रवृत्ति नहीं रखता और जब साधक को शक्ति प्राप्त होती है, तो क्षणिक वह मन आकृष्ट होता है। पर उसे भी जब वह शक्ति पूर्ण प्रबल रूप से नहीं आई है स्वल्प दिनों तक सात या ग्यारह दिन पर्यन्त प्रारम्भ में जब उसकी स्थिति चाञ्चल्यपूर्ण हो जाती है, अरे वह इस मार्ग का अभ्यासी नहीं होता है, अनभ्यास में शक्ति जब उसे इधर खींचती है तो भड़क उठता है तो उसको वशीभूत करने के लिये दो प्रयोग बताये जा रहे हैं उनको कर लेना। ध्यान में रख लेना। लेकिन यह बहुत प्रारम्भ के साधक के लिये बताये जा रहे हैं कि जब अपने मार्ग में चलना प्रारम्भ कर रहा है, जब वह शक्ति के चरणों में आना चाह रहा है, और जब महामाया की उस पर कृपा होनी चाह रही है, ऐसे समय में यदि मन वशीभूत नहीं हुआ तो शक्ति उस समय थोड़ी सी विचलित होकर सुप्तावस्था में आ जाती है, दीर्घकाल की बात हो जाती है और फिर उस दीर्घ काल में ऐसा भी होता है कि वह शक्ति कालान्तर में जागती है। प्रभावशाली होती है। क्योंकि कारण ऐसा होता है कि सबकी भूमिका, सबका क्षेत्र, अरे सबका आधार निर्मल और पुष्ट पहिले से नही होता है। कुछ का होता है। कुछ का नहीं होता

है। जैसे बताया गया था कि ऐसे भी साधक होते हैं कि जिन्हें कूष्माण्ड के बीजों का प्रयोग करा देना होता है। तो ऐसे ही कुछ साधक ऐसे हो जाँय जिन पर देखा जाय कि इनका मन चञ्चलता से विशेष युक्त है, किसी प्रकार मार्ग में बैठने से, आने से, चलने से भड़क उठता है, तब ऐसी स्थिति में, महामाया ने उनको अपना कृपापात्र बना दिया है, तो उनको कहो, भाई तुम ऐसा करो कि तीन दिन तक जो श्रृङ्गाटक है अरे, जल फल भी कहते हैं, सिंघाड़ा भी कहते हैं, उसका चूर्ण बना करके ऐसे ही मुंह में रखकर पानी पी लेना। तीन दिन तक एक समय में सेवन करना। अगर ऐसा नहीं है तो उसको दूसरे रूप में भी ले सकते हो। उसको खाद्य पदार्थ के रूप में भी लिया जा सकता है। किसी भी वस्तु में मिश्रित करके प्रयोग में लाया जा सकता है। उसको किसी भी रूप में लिया जा सकता है। पर प्रारम्भ में तीन दिन ऐसा करने से प्रारम्भ के साधक की शक्ति बलवती होती हुई उसके मन को खींचती लिये चली जायेगी और वह अपने मार्ग में जमने लगेगा। चलने लगेगा। भड़केगा नहीं। वस्तु बहुत विचित्र है, पर मन भी बहुत विचित्र है। इसलिये जैसे को तैसे से खींच ही लेना चाहिये। तो भाई ! ऐसा भी प्रयोग कर लेना। जब महाप्रयोग हो रहा हो उन्हीं दिनों "महाशक्तिं आराधयामि" यह जो मन्त्र माँ ने बताया है, उसको भी जप बैठो, तो पहिले ही एकादश बार अर्थात् ग्यारह बार बोल लो। यह सार्विक मन्त्र होता है। सार्विक मन्त्र का तात्पर्य यह होता है कि जो साधना के पहिले थोड़े से क्षणों के लिये बोले जाते हैं। ऐसे मन्त्रों को सार्विक मन्त्र कहते हैं। ऐसे मन्त्र स्थाई नहीं होते हैं। वे कुछ काल के लिये कुछ क्षण के लिये ही साधना के थोड़ा सा परिष्कार के लिये होते हैं। तो उन सार्विक मन्त्रों में से यह भी एक शक्ति मन्त्र है जो उस समय पुष्टि का कारण होता है, तुष्टि का कारण होता हे। मार्ग में लगा देने का कारण होता है। और फिर तो महामाया भगवती शक्ति स्वतः प्रबला होकर आधार को निर्मल करती हुई बढ़ती चली जाती है। और अभीष्ट की प्राप्ति में विलम्ब होने की सम्भावना नहीं रहती है। इसलिये साधक को ये प्रयोग बता दिये गये हैं जिन में कहीं पर भी जगत् के कल्याण में बाधा न हो। योग का वायुमण्डल तैयार हो जाय। ॐ ।

१०-२-६३ प्रातःकाल।।१४८।।

हरि ॐ तत् सत् ।

नवलां सबलां बलाबलां ममतां चैव नमामि तां देवीम् ।

विमलां विमलार्थकारिणीं समतां मलव्यपोहने रतां च।।

विपुलां कटिभारमध्यविपुलां वन्दे च तां शारदाम् ।। ॐ ।।

नवला, सबला, बला, अबला, ममता देवी को नमस्कार है जो स्वयं भी विमला है और साधक को विमल कर देने वाली और उसके मल को सदा दूर करने में लगी हुई समता स्वरुपिणी मां को मैं प्रणाम करता हूँ।

कटि के भार से मध्यभाग में विपुल, उस मां शारदा को नमस्कार करता हूँ।

या भगवती महामाया महायोग प्रसाधिका।

योगस्याधारभूता सा नृत्यतां च पुरो मम।।

जो भगवती महामाया महायोग की सिद्वि देती हैं और जो योगविद्या की आधारभूता हैं मेरे सम्मुख नृत्य करें।

सा नित्या अतुलातुलापरिवहा नित्याभवा बोधदो।

सर्वं मानसमेव या हरित वै सा भगवती प्रीयताम् ।। ॐ ।।

वह नित्य भवा, बोधदात्री, अतुलरहस्यों से भरी जो देवी मेरे सम्पूर्ण मन को ही खींच लेती है, वह भगवती मेरे ऊपर प्रसन्न हो जाय।

अस्मिन् व्याघातसंहति प्रकरणे मनसश्चाञ्चल्यं तस्य वृत्तीनां च निवारणाय यत्किञ्चिच्च प्रोच्यते तत्सफलं भवतु साधकानां कृते।। ॐ ।।

इस व्याघातसंहति प्रकरण में मन की चञ्चलता और उसकी वृत्ति के निवारण के लिये जो कुछ भी कहा जाता है वह साधकों के लिये सफल बने।

मनसो निग्रहो नैवं भवितुं शक्यते यदि।

तस्मात् सर्वमनर्थं च जायते साधकाय तत् ।।

यदि मन का निग्रह किसी कारण नहीं हो सकता है तो साधक के लिये वह बड़े अनर्थ की चीज बन जाती है।

अनर्थानां च मूलं यत् कल्पयत्याशु संयुतम् ।

एकमेव मनस्तस्मात् तन्निरोधः शुभं भवेत् ।।

एक अकेला मन ही सब अनर्थों की जड़ है जो बड़ी जल्दी स्वयं ही नाना संकल्पों को जुटा देता है। अतः उसका निरोध करना कल्याण कारक है।

या मुद्रा च क्वचिच्चैव क्वचिच्च कार्यसाधिका।

क्वचिन्मंत्रस्य संयोगः मनसो निग्रहाय वै।।

मन के निग्रह के लिये कहीं कहीं क्रिया का उपयोग, कहीं कहीं पर मुद्रा का प्रयोग और कहीं कहीं मन्त्र का प्रयोग करना सफल होता है।

कर्तव्यं साधकेनैवमेतस्मात् कष्टकं बिना।

मनः आयाति वै तस्य वशं नात्र च संशयः।।

साधक को ऐसे ही उपाय करने चाहिये। इस से मन अनायास ही वश में आ जाता है। इस में कोई संशय नहीं है।

यथा सुसारथिरश्वान् विनियुंक्ते पृथक् स्वतः।

तथा सुसाधक एतत् मनश्चेद् योजयेद् ध्रुवम् ।।

जैसे अच्छा सारथी घोड़ों को स्वयं जोतता और अलग करता है उसी भाँति अच्छा साधक अपने मन को इच्छित स्थान पर जमा सकता है।

साधनामार्गके तत्त्वतत्त्वार्थस्य निवेशने।

तेनैव कार्यसिद्धिः स्यात् तदर्थं चेष्टते पुमान् ।।

तत्त्व के सार की प्राप्ति के लिये साधना मार्ग में मन सदा लगा रहे, इसी से कार्यसिद्धि होती है और इसीलिये साधक की चेष्टा बनी रहती है।

तदैव प्राप्यते तस्मात् यदर्थं चेष्टते जगत् ।

अतः सर्वात्मरूपेण मनसः संस्थितिं ब्रजेत् ।।

मन के स्थिर होने पर संसार में मनुष्य जिसकी प्राप्ति की कामना करता है वह उसे प्राप्त हो जाती है। अतः सर्वात्मभाव से मन को स्थिर करने का प्रयास करना चाहिये।

तस्य चाञ्चल्यनाशार्थं मन्त्रोच्चारणतत्परः।

भव त्वं येन ते कार्ये बाधा नैव भविष्यति।।

उस मन के चाञ्चल्य को नष्ट करने के लिये तुम सदा मन्त्रोच्चारण में लगे रहो जिससे तुम्हारे साधना-कार्य में बाधा न हो।

तस्माद् दत्तावधानेन मन्त्रयोग श्रृणुष्व त्वम् ।

श्रुत्वा च जपमात्रेण मनस्ते सुस्थिरं ब्रजेत् ।। ॐ ।।

इसलिये सावधान होकर तुम मन्त्र-योग को सुन लो। उसे सुनकर और उसका जाप करके तुम्हारा मन सुस्थिर हो जायेगा।। ॐ ।।

ॐ तामाराधयामि महालयां मनो मे या लयतां नयति। सा सर्वदा अस्य भद्रं करोति। अस्य मन्त्रोच्चारणं काले काले सावकाशे च करणीयम् ।। अनेनापि सुस्थिर मागमिष्यति। सा च अनुभूतिपरा भविष्यति। कल्याणप्रदा च भविष्यति।

"ॐ तामाराधियामि महालयां मनो मे या लयतां नयति, सा सर्वदा अस्य भद्र करोति।" इस मन्त्र का उच्चारण समय समय पर अवकाश के क्षणों में करते रहना चाहिये। इससे भी मन सुस्थिर हो जायेगा। वह अनुभूति बड़ी श्रेष्ठ और कल्याण-प्रद होगी।

गोरखवाणी :- ॐ अलख निरञ्जन। अलख निरञ्जन। अलख निरञ्जन। शरीर के दोषों को दूर करने के पश्चात् मानसिक रोगों का संहार करने के लिये, निवारण के लिये, विनाश के लिये समस्त प्रयोगों का ऐसा कुछ विधान रखा जा रहा है जिससे साधक साधना मार्ग पर चलता रहे। बढ़ता रहे। कल्याणमार्ग में चला पर उसकी सबसे बड़ी बाधा उसका यह चञ्चल मन है जिसको बड़े तत्त्व वेत्ता, ज्ञानी, योगी, महायोगी, वश में करने के लियें कठिनाइयों का सामना करते रहते हैं, और तब इसके पंख तोड़कर इसे पङ्गु बनाकर इस पर विजय कर सके हैं। अरे ! जिन पर महामाया भगवती की कृपा हो या हो रही हो, उनके लिये भी शरणागत भावना के कारण से ही मन वशीभूत हो सकता है। पर उस पर विश्वासपूर्ण मन्त्र की प्रक्रिया बताई जायेगी। अतः मां का आदेश है कि मन की चञ्चलता के लिये महामाया के मन्त्र का जप करो, वह मन को लय में ले जा करके सुला देगी। यह कालिक मन्त्र है। कालिक मन्त्र का तात्पर्य होता है अवकाश के क्षणों में थोड़ी देर अथवा जैसे कि बताया गया है पहिले भी चलते फिरते, उठते बैठते अवकाश के क्षणों में थोड़ा थोड़ा बोलते रहना। तो ऐसे अभ्यास से एक ही बार ऐसी स्थिति आ जायेगी कि सट्ट पट्ट हो जायेगा और कुछ करने की आवश्यकता नहीं रहेगी फिर जैसा एक सुन्दर सारथी अपने घोड़े को जिधर चाहे वल्गा खींच करके ले जाता है तुम भी जिधर चाहोगे, लगा लोगे; महामाया कल्याण करेगी, फिर इसी प्रकार तुम को चित्त के बुद्धि के रोगों को भी दूर करने का उपाय और प्रयोगों का अनुभव दिया जायेगा।। ॐ ।।

१०-२-६३ सायंकाल।।१४९।।

अतुलामतुलशक्तिसम्पन्नां अतुलानुभवमण्डितविग्रहाम् ।

मण्डनैकविद्यावोधिकां महाशक्तिं भावयामि।। ॐ ।।

हरि ॐ तत् सत् । अतुला, अतुलशक्तिसम्पन्ना अगाध अनुभव से मण्डित, सुन्दर श्रेष्ठविद्या के बोध से मण्डित कर देने वाली महाशक्ति का मैं ध्यान करता हूँ।। ॐ ।।

सर्वं मानसजं मलं विमलतां या सर्वदा सम्मुखी

कृत्वा वै शुभयोगमार्गमभितः संशोधयत्यर्थकम् ।

सा नित्या अतुलातुलाधिकरणा दिव्या सदा मोहदा

कुर्याद् वै समुदार्थमुज्ज्वलमहो निर्मानसं मानसम् ।। ॐ ।।

जो सम्मुख आकर सम्पूर्ण मानव मल को चारों ओर से दूर करके कल्याणप्रद योग को साफ करती है, अगाध अनन्त भावों में अधिकार रखने वाली, परमप्रीतिप्रदा वह देवी भगवती मेरे मानस को सदा उज्ज्वल करती हुई मेरे मन को स्थिर कर दे।

मानसजं क्लेशं सर्वतः विदूरीकृत्य सर्वतः उन्मील्य, सर्वतः संशोध्य साधकः स्वकार्यसिद्धौ सफलतां प्राप्नोति।।

मानसिक मल को सर्वतः दूर करके, उसका सर्वतः विकास करके, संशोधन करके साधक अपनी कार्य सिद्धि में सफलता प्राप्त करता है।

अत एव च यद्ध्येयं मानसं कष्टकारकम् ।

रोगं पूर्वं पृथक् कृत्वा साधनातत्परो भवेत् ।।

इसलिये साधक को चाहिये कि वह कष्टदायक मानसिक रोग को दूर करके साधना में तत्पर बन जाय। यही ध्येय रखे।

यत एव च वै तत्र कारणं प्रतिबन्धकम् ।

प्रतिबन्धविनाशाय मानसं रोगमुत्सृजेत् ।।

जहाँ पर जिस ओर से साधना में प्रतिबन्ध का कारण आवे उसे उसी प्रकार के उपाय से मानस रोग को विनष्ट करता रहे।

त्यजेच्च तस्य संसक्तिं विरक्तिं क्रियतां च वै।

तदर्थमौषधं चैव मन्त्रं चैव समानकम् ।।

उस मनकी आसक्ति को हटा कर विरक्ति पैदा करें। इसके लिये औषधि और मन्त्र ये दोनों समान रूप से उपाय बताये गये हैं।

बहु सम्भाषितं तत्र पुनरेव च कथ्यते।

यत्पूर्व गदितं मन्त्रं औषधं च समानकम् ।।

पहिले भी इस बारे में बहुत कह दिया है, फिर भी कहा जा रहा है। पूर्व में बताई गई औषधि और मन्त्रों का साथ-साथ प्रयोग करते हुए।

तत्प्रयोगं विधायैव अनुभूतिपरो भवेत् ।

अथवा काकजंघायाः काकाक्ष्या का वहुत्वकम् ।।

तुम अनुभूति में तत्पर रहो, अथवा एक उपाय और है। काकजंघा जिसे काकाक्षी और काकमाची (मकोय) कहते हैं।

मूलस्य पेवनं कृत्वा नाभौ च लेपनं स्मृतम् ।

स्वल्पकालेन एकस्मिन् काले वा लेपनं हि तत् ।।

उसकी जड़ को पीस कर नाभि में लेप कर दो, थोड़े दिनों तक एक दिन में एक बार उसका लेपन करना चाहिये।

करोति मनसोवृत्तिं स्थिरां नात्र च संशयः।

अथवा स्वल्पपत्राणि हरितानि विशेषतः।।

यह प्रयोग मन की वृत्ति को स्थिर कर देता है, इसमें कोई संशय नहीं है। अथवा मकोय के थोड़े हरे पत्ते ले लो।

तेषां रसं समादाय तस्य वा लेपनं शुभम् ।

नाभिभागे महाभागे मनसो रोगनाशनम् ।।

उनका रस निकाल कर उसके रस को नाभि भाग में चारों ओर लेप कर दो। यह उपाय मानस रोगों को नष्ट कर देगा।

तद्धि प्रोक्तं समासेन एतद्वै क्रियतां बुधैः।

अथवा ज्ञायते एवं नैवं तद्वशमागतम् ।।

यह बात बड़ी आसान और छोटी सी है, ऐसा कर लो। अथवा यदि इस उपाय से भी मन वश में नहीं आता है तो ऐसा करो।

काठिन्येव च सद्भूतिः समुद्भूतिश्च जायते।

तदा वै ज्ञायतामेतत् मनो भ्रमति वै भृशम् ।।

इतस्ततश्च तत् सर्वं मन्त्रमेतत् प्रयुज्यताम् ।। ॐ ।।

बड़ी कठिनता से मन स्थिर होता हो, और बार बार मानस रोग पैदा हो रहे हों, ऐसा प्रतीत हो कि मन बहुत भटक रहा है इधर उधर, तो इस मन्त्र का प्रयोग कर लो।। ॐ ।।

ॐ महाशक्त्यै नमः, मनसश्चाञ्चल्यं विनाशय, विनाशय, वारय वारय निवारय निवारय, त्वामावृणोमि, स्थिरं तत् कुरू कुरू स्वाहा।।

"ॐ महाशक्त्यै नमः, मनमश्चाञ्चल्यं विनाशय, विनाशय वारय वारय, निवारय निवारय, त्वामावृणोमि, स्थिरं तत् कुरू कुरू स्वाहा"।।

एतन्मन्त्रप्रयोगस्य प्रयोगः शुभदायकः।

भविष्यति सदा सर्वं सर्वेषां हितकारकः।।

इस मन्त्र का प्रयोग बहुत शुभदायक है। सबके लिये सर्वदा हितकारक होगा।

अस्यप्रयोगः कर्तव्यः क्वचित्कः क्वचिदेव च।

यदा वै ज्ञायते एवं मनो धावति धावति।।

इस मन्त्र का प्रयोग कभी-कभी ही विशेष परिस्थितियों में करना चाहिये। जब लगे कि मन बराबर दौड़ता ही चला जा रहा है और रूकता ही नहीं है।

गोरखवाणी :- ॐ अलख निरञ्जन। अलख निरञ्जन। अलख निरञ्जन। इस अनिष्ट निवारक प्रकरण में यही बताया जा रहा है कि मानसज जो क्लेश हैं, रोग हैं विक्षेप हैं स्थिरीकरण कैसे होता है। इस स्थिरीकरण को कीलक भी कहते हैं। उस मन को इस तरह कीलित कर लिया जाता है जिससे वह स्थिर भाव को प्राप्त हो जाता है। इसलिये कई प्रकार के साधन बताये गये हैं। जब जो साधन जिस रूप में सुलभ हो सके, लाभप्रद हो सके, उसे उस समय अपनी सुविधा के अनुसार अपना लेना चाहिये। और जब ऐसी स्थिति आ जाय कि बहुत ही उच्चाट हो जाय, मन चक्कर लगाने लगे। सारा किया कराया व्यर्थ होने लगे तो ऐसे समय में दो प्रयोग कर लेने चाहिये, जिसको काकजंघा कहते हैं, अरे, जिसे सब बहुत प्रिय मानते हैं। छोटा सा वृक्ष होता है, काले, लाल फल होते हैं। छोटे-छोटे दाने

होते हैं। उसको जन साधारण की भाषा में मकोय मक्को भी कहते हैं, उसका पेड़ ले आओ। मूल को पीस कर नाभि में लगा लो। अथवा पत्तों का रस निकाल कर एक दो तीन चार दिन तक जब तक मन बिल्कुल स्थिर न हो जाय, दो ही चार दिन की बात है उसका लेप कर देना और विलेपन करने के साथ ही साथ ऐसा भी कर लेना कि उसी काल में "महाशक्त्यै नमः" वाले मन्त्र का प्रयोग भी कर लेना। यह क्वाचित्क प्रयोग है। कभी-कभी के लिये होता है जैसा कि सार्विक मन्त्र बताया गया था इसी तरह यह भी कालिक मन्त्र है। इसे औषधिक मन्त्र भी कहते हैं, इसका उच्चारण कर लेना। जैसा भी हो थोड़ी देर कर लेना, कोई चिन्ता नहीं है। साधना में बैठने के पहिले ही, जिस समय मन चञ्चल हो जाय, भटक जाय तो पहिले ऐसा कर लेना। इसके पश्चात् अपने क्रिया मुद्राभ्यास में रत हो जाना, जो बहु लाभप्रद होगा। इस प्रकार अनेक दृष्टिकोणों से, अनेक प्रकार से, इस मन के मानसिक रोगों को दूर करने का प्रयोग बताया गया है। जिससे सुनिश्चित ही साधक को इस मार्ग में अपने मन को वशीभूत करने में इसका निग्रह करने में सुविधा होगी और इसके पश्चात् चित्तज रोगों को दूर करने का प्रयोग बताया जायेगा, जिससे सब प्रकार के साधक का कल्याण हो और अपने मार्ग पर दृढ़ता से चलता रहे।। ॐ ।।

११-२-६३ प्रातःकाल।।१५०।।

हरि ॐ तत् सत् ।।

चेतनां चिति सम्पन्नां चित्तरोगविनाशिनीम् ।

वन्दे तां चिन्मयीं देवीं चिदानन्द-स्वरूपिणीम् ।।

हरि ॐ तत् सत् । चित्तज रोगों को विनाश करने वाली चित्ति सम्पन्ना, चिन्मयी, चिदानन्द स्वरूपिणी, चेतना भगवती देवी को मैं प्रणाम करता हूँ।

नित्याकृपा स्वयं शक्ता रोगाणां च विनाशने।

तां नमामि चिदाकारां चिच्छक्तिं चित्स्वरूपिणीम् ।। ॐ ।।

रोगों के विनाश के लिये जो अपनी कृपा से स्वयं समर्थ हैं, उस चिदाकारा चित्तस्वरूपिणी चित्त शक्ति को मैं प्रणाम करता हूँ।। ॐ ।।

अधुनाऽस्मिन् प्रकरणे केवलं चित्तोद्भवान् रोगान् विनाशयितुं परिहरणाय किञ्चिन्निगद्यते।।

अब इस प्रकरण में केवल चित्तोद्भव रोगों के विनाश और परिहार के लिये कुछ कहा जाता है।

मनसस्तु स्थितिः प्रोक्ता संकल्पाकल्पनात्मिका।

तद्भिन्ना या च संसक्तिः चित्तजा चिन्मयी च या।।

मनका स्वभाव तो संकल्प और विकल्प करने वाला होता है। उससे भिन्न जो आसक्ति है, वह चित्तज कही जाती है।

भावनां प्रतिबिम्बं च या वृत्तिस्तु पुनः पुनः।

गृह्णाति द्रव्य-भावेषु पदार्थेषु च तत्परा।।

जो वृत्ति बारम्बार द्रव्य एवं पदार्थों के प्रतिबिम्ब को ग्रहण करने में लगी रहती है।

सा जन्यात्मा सदा सक्ता संसारबोधभाविका।

विम्बाकारा च या वृत्तिः चितिशब्देन व्याहृता।।

वह बार-बार उदित होती हुई संसार के नाना बोधभावों में आसक्त होती चली जाती है। उसी बिम्बाकारा वृत्ति को चिति शब्द से कहा गया है।

चित्तजान् सकलान् रोगान् ध्यानेनैव विनाशयेत् ।

तदर्थमौषधं नैव मन्त्रं चैव क्वचित् क्वचित् ।।

चित्तज सभी रोगों को ध्यान-योग द्वारा विनष्ट कर देना चाहिये। उसके लिये मन्त्र और औषधि भी कहीं कहीं प्रयुक्त हुआ करते हैं।

ध्यानेन चित्तस्य समस्तरोगान् विनाशयेद् यः सफलः सुसाधकः।

तदैव सर्वं दृढरूपकेण सुसाधनायां सुमतिर्भवे च।। ॐ ।।

जो श्रेष्ठ साधक ध्यान से ही समस्त चित्तज रोगों का विनाश कर देता है वही सफल है। उसी स्थिति में दृढ़रूप से साधना में साधक की बुद्धि सदा लगी रहती है।

जागृता या च वै ज्ञाता दशा स्वप्नसमुद्भवा।

तद्भिन्ना या सुषुप्तिश्च तत्र चित्तस्य संस्थितिः।।

एक दशा जागृत है, दूसरी स्वप्न दशा है और सुषुप्ति दशा इन दोनों से भिन्न है और इसी सुषुप्ति दशा में चित्त की संस्थिति होती है।

तदैव चित्तसम्भूतिः भावधारां प्रकर्षति।

तत्रैव सर्वरोगाञ्च प्रादुर्भूतान् करोति सा।।

चित्त की उत्पत्ति वहीं से होती है और वहीं से भावधारायें बढ़ती हैं, वहीं से चित्तज सारे रोग साधक के चित्त में प्रादुर्भूत होते हैं।

अत एव च तान् रोगान् क्लेशान् नानाविधान् परान् ।

विनाशयेन्महाप्राज्ञः योगविद् ध्यानसंस्थितः।।

इसलिये नाना प्रकार के छोटे बड़े चित्त के रोग और क्लेशों को योग वेत्ता साधक ध्यान में संस्थित होकर विनष्ट करता रहे।

ध्यानेन सर्वांश्च पराँश्च रोगान् विनाशयेद् यो मतिमान् ध्रुवं ततः।

योगेन ध्यानस्य महास्थितिः सदा आयाति तत्रैव विधीयतां शुभम् ।।

भावात्मकं बोधमनन्तबोधकं चित्तस्य यद्रोगविनाशकं स्मृतम् ।।

जो साधक छोटे बड़े सभी रोगों को ध्यान द्वारा ही विनष्ट करदे वही बुद्धिमान् है। ध्यानयोग के निरन्तर अभ्यास से साधक में यह स्थिति स्वयं आ जाती है। अतः इसी ध्यान-योग में तत्पर बने रहो।

ध्यानयोग भावात्मक बोध देता है और चित्त में रोगों को दूर कर देता है।

चित्तजारोगाः बहुविधाः भवन्ति। सर्वेऽपि ते विशेष-हेतुकाः। पदार्थेषु द्रव्येषु च या आसक्तिः, या संसक्तिः सा च संस्कार-बोध समुद्भूता चित्तस्य वृत्ति विशेषा तामेव विशेषवृत्तिं समादाय मनस्तत्रासक्तिं गच्छति।।

चित्तज रोग बहुत प्रकार के होते हैं। उन सबके अलग अलग विशेष कारण भी होते हैं। पदार्थ और द्रव्यों में जो आसक्ति होती है, वह संसार के बोध से पैदा होती है। और वह चित्त की विशेष वृत्ति है, उसी विशेष वृत्ति को लेकर मन उसमें आसक्ति किया करता है।

अतएव तन्मात्रिकं चित्तस्य वृतिं निवारयेद् धीमान्। तच्च ध्यानेन मन्त्रप्रयोगेण च। ध्यानं त्रिविधं प्रोक्तम् । तत्रैव प्रारम्भिक काले भावबोधनं द्वितीयकोट्यां तन्निवारकं तृतीयरूपेण तद्वस्थितम् अतएव चित्ते समागते प्रतिबिम्बात्मके भावे तत्रैव सन्निवेशयेत् ।।

इसलिये बुद्धिमान साधक चित्त की उस संसार में आसक्त वृत्ति का निवारण कर दे। वह ध्यान से अथवा मन्त्र प्रयोग से होता है। ध्यान तीन प्रकार का कहा गया है। ध्यान के प्रारम्भ में भाव–बोधन होता है ! दूसरी कोटि में उसका निवारण होता है, और तृतीय कोटि में उसी में स्थित हो जाता है। अतः चित्त में प्रतिबिम्ब रूप में जो भाव आवें उन्हें वहीं जमा दो।

तदर्थं च समये समये कदाचित् कदाचित् किंचित् किंचित् मुद्रापि उपयोज्या। उपयोगवती च भवति। तत् सर्वं ब्याख्यायते।। ॐ ।।

उसके लिए कभी कभी कहीं कहीं समय समय पर मुद्राओं का प्रयोग कर लेना चाहिए। वह बड़ी उपयोगी रहती है। उसकी अब व्याख्या की जायेगी।

गोरखवाणी :– ॐ अलख निरञ्जन। अलख निरञ्जन। अलख निरञ्जन। चित्त से सम्बन्ध रखने वाले विक्षेप के कारण बने हुए जो रोग हैं, उन रोगों के विनाश के लिये उपाय और प्रयोग बताया जा रहा है जिसके कारण चित्त में होने वाले विरूद्ध धर्म वाले क्लेश भी नष्ट हो जाते हैं। चित्त जागृत अवस्था में और स्वप्न अवस्था में काम नहीं करता है। सुषुप्ति अवस्था में ही वह विशेष रूप से अपनी भावधाराओं को इधर उधर आकर्षण में लाता है। ये जो पदार्थों में और द्रव्यों में आसक्ति का भाव है यह आसक्ति का भाव चित्त की संस्कारभूमि का फल है। इससे मन का विशेष लगाव नहीं होता है। जब चित्त के विक्षेपात्मक संस्कार उत्पन्न होते हैं, तब प्रत्येक पदार्थ में आसक्ति विशेष रूप से बढ़ जाती है और उस आसक्ति में ऐसा आकर्षण होता है कि वह मन की वृत्ति को भी जबरदस्ती खींच देती है। इस प्रकार से समस्त आसक्ति की वृद्धि हो जाती है। उस आसक्ति का विनाश करना ही चित्त के रोगों को दूर करना है। जब आसक्ति की भावना कम हो जायेगी, उसी को वैराग्य का प्रथम चरण कहते हैं। और जब ऐसा होने लगता है तब ध्यानावस्था और भी पुष्ट होने लगती है। तो चित्त के इन समस्त विक्षेप रूपों को नाश करने के लिए केवल मात्र ध्यान का उपयोग है। मन्त्र का उपयोग है। और कभी कभी किसी विशेष रूप वाली मुद्रा प्रक्रिया का भी प्रयोग है जिसके कर लेने से साधक के चित्तज रोगों का भी नाश हो जाता है। ये

चित्तज रोग संस्कार की भाव सत्ता पर दृढ़ होते हैं। इसलिये इनको समूल विनष्ट कर देना ही अच्छा होता है। यद्यपि ये विक्षेप जैसे मानसिक रोग होते हैं उतने भयंकर और कष्टकारक नहीं हैं, और शीघ्र ही दूर जाने वाले होते हैं तो इनके लिये जब भगवती महामाया बलवती हो जाती है और जब स्वतः वह ध्यानावस्था तक पहुंचने लगता है तब उसको भी पुष्ट और दृढ़ कर लेना चाहिए। उससे चित्त के विक्षेप, चित्त के रोग नष्ट होने लगेंगे। इसीलिये शक्ति सम्पन्न होने की आवश्यकता होती है कि ध्यान में आ जाने के कारण चित्त के विक्षेप भी सदा ही दूर होने लग जांय और इसके लिए अन्य प्रकार से फलस्वरूप में जो कुछ भी बताया जायेगा, साधक को उसका समुचित रूप से उपयोग और प्रयोग करके अनुभूति कर लेनी चाहिये, जिससे कि चित्त के सभी रोग कभी भी पीड़ित न कर सकें। ध्यान और वैराग्य दोनों में पुष्टि होती चली जाय, और उसके पश्चात् मानसिक तुष्टि और आत्मिक तुष्टि का भी प्रश्न स्वतः हल हो जायेगा। इसलिये चित्तज रोगों को दूर करने का विधान बताया जा रहा है। उसकी जो विशेषतायें होंगी उनकी व्याख्या की जायेगी।। ॐ ।।

११-२-६३ सायं काल।।१५१।।

हरि ॐ तत् सत् ।। ॐ ।।

कात्यायनीं महामायां कान्तकांशुष्ककामिनीम् ।

कायाधारं महाधारं या वृणोति नमामि ताम् ।।

हरि ॐ तत् सत् ।। ॐ ।। महामाया कत्यायनी भगवती को प्रणाम है, जो सुन्दर आवरण धारण करने की कामना रखती है और शरीर का महाआधार लेती है।

कात्यायनीं महाशक्तिं कायस्थां कायसम्भवाम् ।

सकलां सारभूतां च तां नमामि करालिकाम् ।।

काय में स्थित, काय में सम्भूत करालिका, सारभूता कात्यायनी महाशक्ति को मै प्रणाम करता हूँ।

अस्मिन् प्रकरणे चित्तजरोगाणां विनाशाय यत् किञ्चिद् भाष्यते तदपि ध्येयम् ।

इस प्रकरण में चित्तज रोगों के विनाश के लिये जो कुछ कहा जा रहा है उस पर भी ध्यान देना चाहिये ।

ये वै सन्ति महादोषाः चित्तजाश्चित्तरुपकाः।

संश्लिष्टा मनसा सार्धं शक्यन्ते नैव तत् क्वचित् ।।

चित्त रुप में रहने वाले जो भी चित्तज महादोष हैं और जो मन के साथ संश्लिष्ट होकर रहते हैं, उनका विवेचन करना कभी कभी कठिन हो जाता है।

पृथक् कर्तुम् विशेषेण जानन्ति केऽपि कोविदः।

जानन्ति कोविदः केचित् तद्विश्लेषणमुत्तमम् ।।

उनको पृथक् पृथक् करके बताना बड़े निपुण ज्ञाता ही जानते हैं और उनका पृथक-पृथक विश्लेषण कर देते हैं।

तदैव चित्तजान् रोगान् जानन्ति च बुधाः स्वयम् ।

समस्ता श्चित्तजाः रोगाः असम्भूतिसमुद्भवाः।।

सम्भूतिविषयास्तेतु कर्तव्याः भूतिमिच्छता।।

जानकार लोग तभी चित्तज रोगों को समझ पाते हैं जब उनका विश्लेषण हो। यों सभी चित्तज रोग अविद्या के कारण उत्पन्न होते हैं।

कल्याणेच्छुक साधक को चाहिये कि उन्हें वे शुद्ध विद्या के सम्मुख रख दे।

चित्तजाः रोगाः पृथक् रूपेण पृथक् करणीया भवन्ति। सर्वे च समुचितरूपेण पारयितुं न शक्नुवन्ति। मानिसकाः रोगाश्चित्तजा वा रोगाः संश्लिष्टाः भवन्ति तत्परिच्छेदः न केनापि कर्तुं शक्यते।।

चित्तज रोग पृथक् रूप में पृथक् करने पड़ते हैं। उन्हें भली प्रकार पृथक करना बड़ा कठिन होता है। क्योंकि मानसिक और चित्तज दोनों रोग परस्पर संश्लिष्ट रहते हैं। उनका वर्गीकरण कोई विरला ही कर सकता है।

तत्रैव पूतबुद्धयः दृढमतयः मनीषिणः एव विश्लेषणं कर्तुं शन्क्नुवन्ति, तथापि चित्तजाः रोगाः तदैव विनाशमुपगच्छन्ति यदा चित्तस्य लयावस्था समायाति। यदि चेत् सा न समायाति चित्तजाः दोषाः सावशेषाः सन्ति। तान् रोगानपसरयितुं केवला कात्यायनी मुद्रा[२०] विधेया।।

फिर भी पवित्र बुद्धि वाले मनीषी लोग उनका विवेचन कर ही लेते हैं। फिर भी चित्तज रोगों का विनाश तभी होता है जब चित्त लयावस्था में पहुंचता है। यदि लयावस्था नहीं आती है तो चित्तज रोग बने ही रहते हैं। उन रोगों के विनाश के लिए केवल कात्यायनी मुद्रा का उपयोग कर लेना चाहिये।

कात्यायिनी महामुद्रा चित्तरोगविनाशिनी।

चित्तजान् सकलान् रोगान् विनाशयति सा ध्रुवम् ।।

यह कात्यायनी मुद्रा चित्त रोगों का विनाश करने वाली है। यह मुद्रा अवश्य ही समस्त चित्तज रोगों को निश्चयात्मक रूप में विनष्ट कर देती है।

तस्मात् साधक श्रेष्ठेण मुद्रा कात्यायनी क्वचित् ।

क्रियारूपेण सा मुद्रा साधनीया तु ऊर्ध्वगा।।

इसलिये उत्तम साधक कभी कभी इस कात्यायनी मुद्रा का क्रिया रूप में अभ्यास करके सिद्ध कर ले। यह मुद्रा साधक की उन्नति कर देती है।

एका मुद्रा च सा मुद्रा कात्यायनीति सा स्मृता।

तस्याः प्रयोगमात्रेण चित्तजाः सर्वरोगकाः।।

विलीयन्ते सदा चित्तं लयं गच्छति सत्वरम् ।

अत एव च सा मुद्रा प्रयोक्तव्या सुसाधकैः।।

यह एक अकेली कात्यायनी मुद्रा महत्त्व पूर्ण है जो समस्त चित्तज रोगों का विनाश प्रयोग मात्र से कर देती है।

इस मुद्रा से चित्त शीघ्र ही लयावस्था में चला जाता है, अतः अच्छे साधकों की सदा ही इस मुद्रा का प्रयोग कर लेना चाहिये।

तस्याः प्रयोगमात्रेण नश्यन्ति चित्तजाः सदा।

रोगाश्चैव महारोगाः सा मुद्रारोगनाशिका।। ॐ ।।

तां मुद्रां सफलां मुद्रां गोरक्षो दर्शयष्यति।।

इस मुद्रा के प्रयोग मात्र से चित्तज सभी रोग, महारोग सदा के लिये विनष्ट हो जाते हैं। यह मुद्रा इस भाँति रोग विनाशिका कही गई है।। ॐ ।।

इस मुद्रा को समग्र क्रिया के रूप में गोरक्ष स्वयं करके दिखा देंगे।

गोरखवाणी :– ॐ अलख निरञ्जन। अलख निरञ्जन। अलख निरञ्जन। व्याघात संहति प्रकरण में चित्तज रोगों के विनाश का उपाय बताया जा रहा है। ये चित्तज रोग ऐसे हैं जो मानसिक रोगों के सदृष ही हैं और कभी कभी साधारण साधक, भोले भाले साधक, अनुभवहीन साधक सबको एक ही समझ लेते हैं। और ठीक भी है और समझना भी चाहिये। क्योंकि अनुभव सिद्ध ही जान सकता है, तत्त्व क्या है, सार क्या है, परन्तु इसका भी अनुभव होना ही चाहिये। इसलिये बताया जा रहा है कि चित्त के दोष वे दोष होते हैं जो असम्भूति से उत्पन्न होते हैं। अर्थात् अविद्या से उत्पन्न होते हैं। अर्थात् अस्वरूप में स्वरूप को देखने के कारण होते हैं। और अतत्त्व में तत्त्व को देखने का कुछ संस्कार बना हुआ होता है जो चित्तज रोग का रूप धारण करता है। तो उसको पृथक् पृथक करके, उसका विश्लेषण करके, उसको भी दूर करने का प्रयोग करना, केवल मात्र पहिले तो सीधी सी बात है। भाई, कात्यायनी मुद्रा को लगा जाओ। कात्यायनी मुद्रा ऐसी मुद्रा है जो महामुद्रा कही जाती है। इस कात्यायनी मुद्रा में पाँच मुद्रायें एकत्र होकर के अपना अर्धरूप दिखाती हुई कात्यायनी की पूर्णता करती हैं। प्रत्येक मुद्रा का एक एक अंश कात्यायनी मुद्रा में आता है और तब कात्यायनी चित्त को लय की अवस्था में ले जाती है और चित्त के रोगों को दूर कर देती है। तो कात्यायनी मुद्रा का प्रयोग कर लेना साधक के लिये उत्तम होता है। क्योंकि उससे चित्तज रोगों का विनाश होता है और फिर उसे वहाँ यों समझने की आवश्यकता नहीं रहती है कि ये मानसिक रोग हैं या चित्तज रोग हैं। उसे तो केवल इस बात का अनुभव हो जाना चाहिये कि उसका चित्त लय में जा रहा है कि नहीं। चाहे वह साधन में हो या साधन में न हो। अरे ! उसकी जो भावधारा है वह ऐसी बन जाती है कि सब ठीक ही है। ऐसा भी ठीक है, वैसा भी ठीक है। यह भी ठीक है। वह भी ठीक है। बस ठीक है। ठीक ही ठीक है। और जिस वक्त वह साधना में बैठा होता है उस वक्त उन पाँच मुद्राओं के मेल से उसमें वह सोहं की भावना कुछ काल के लिये उदित होकर के वह भी लीन हो जाती है। तो भाई ! इस मुद्रा को देखो। इस प्रकार से कर लेना। समझ लेना। अनुभव में लाना। ऐसा कर लेना। यह देखो। यह बैठ गये। और इस तरह से बैठ करके यों कर

लिया। थोड़ा से नीचे थोड़ा सा आगे पीछे हिले तो फिर इसमें सबसे पहिले अर्धझंपनी का रूप आयेगा। ऊपर उठे नीचे हो गये। तो जो पैर का तल भाग है वह दबा हुआ होता रहेगा। इस प्रकार करना। एक बार, दो बार, तीन बार कर लेना। न हो तो यों बैठ जाना। और उसके पश्चात् रेचक पूरक करके ऊपर नीचे हिल लेना। ऐसी स्थिति कुछ देर रहेगी, और फिर अर्धस्कन्दिनी लग जायेगी। इसमें ऐसा हो जायेगा। सिर भी और गात भी हिलें। और फिर वह अर्धचिद्वोधिनी का स्वरूप कूल्हा चलाना चल पड़ेगा और फिर इसको थोड़ी देर करते रहना। इसमें भी रेचक पूरक और कुछ नहीं। कुम्भक कर लेना ऐसी स्थिति में जब ऊपर नीचे हो रहे होंगे तब श्वास में सोहं को ध्वनि स्वयं अपने आप पहिचान में आने लगेगी। पहिचान लेना। कुम्भक लगा जाना। जितनी देर तक रहे रहना। और इसी में जिसे भद्रकर्पूरिका कहते हैं; कर्पूरिका तो पूर्व में बताई जा चुकी है। भद्र पूर्वक कर्पूरिका भी हो जायेगी। और इसी में तुम्हारी घूर्णिका भी चलेगी। इसमें बड़ा आनन्द आयेगा। चित्तज रोगों का स्खलन प्रारम्भ हो जायेगा। अभ्यास हो जोयगा और इसके पश्चात् जब चित्त में विशेष आनन्द आने लगे तो चाहे इस रूप में हो सकता है। घुटनों के ऊपर माथे के भाग को रख सकते हो। टेक दो। और ऐसा नहीं हो सकता है तो (नीचे जमीन में झुक जाओ। और ऐसा भी नहीं तो फिर जरा उठ करके नीचे को हो जाओ। चाहे हाथ कैसे भी रहें, यह भद्र घूर्णिका हो जायेगी और कात्यायनी मुद्रा चित्तज रोगों को दूर कर देगी। और लय की अवस्था में आकर आनन्द की अनुभूति होने लगेगी। और क्या चाहिये। तुम्हारे अभीष्ट की सिद्धि में देर नहीं रह जायेगी। तो इस कात्यायनी मुद्रा का प्रयोग कर लेना।। ॐ ।।

१२-२-६३ प्रातःकाल।।१५२।।

हरि ॐ तत् सत् ।।

अनित्यं नित्यरूपेण नित्यं नित्यात्मनित्यके।

पश्यन्ति ध्यानरूपेण योगिनस्तत्त्ववेदिनः।।

हरि ॐ तत् सत् ।। ॐ ।। तत्त्व द्रष्टा योगी लोग नित्यात्मक वस्तुओं में अनित्य वस्तुओं को और अनित्य वस्तुओं के भीतर नित्य वस्तुओं को ध्यान के द्वारा पृथक् पृथक् देख लेते हैं।

तेषां च वन्दनीया या शुभ्रा शुभ्रा महामहा।

तां नमामि महामायां महाशक्तिं महोन्नताम् ।। ॐ ।।

ऐसे तत्त्व दृष्टाओं द्वारा जो वन्दनीय हैं, महाशुभ्र वर्ण वाली और शुभ्र सतोगुणी स्वभाव वाली सर्वश्रेष्ठ महामाया महाशक्ति भगवती को मैं प्रणाम करता हूँ।

सरला सुस्मिता या च सारल्येन सुशोधिका।

वक्रा सा सरला देवी सरलं प्रापयेच्च मे।।

सरल स्वभाव वाली, मन्दहास से भरी, सरलता से साधक का शोधन कर देने वाली वह सरला देवी रहस्यमयी होने के कारण कुटिल प्रतीत होने वाली मुझे सरलभाव प्रदान करें।

अस्मिन् व्याघात-संहति प्रकरणे अपरमेकमुपायं प्रयोगं च हितकाङ्क्षया साधकानां वदामि। येन च समस्ताश्चित्तजा रोगाः विनश्यन्ति। चित्तजाश्चित्त-समुद्भूता-स्तेषां विवेचनं कर्तुं सूक्ष्मरूपेण यदि शक्यते तदा ज्ञायते यावच्छारीरिकी स्थितिः मानसिकीं सर्वाविनाशयितुमेते चित्तजादोषाः कारणत्वेन न स्वीकृताः सन्ति।।

इस व्याघात-संहति प्रकरण में एक दूसरा उपाय व प्रयोगों को साधकों की भलाई की इच्छा करके बताती हूँ, जिस से साधक के समस्त चित्तज रोग विनष्ट हो जाते हैं। चित्त में उत्पन्न रोगों को चित्तज कहते हैं। यदि सूक्ष्म रूप में उन दोषों का विवेचन किया जाय तो ज्ञात हो जोयगा कि शारीरिक और मानसिक सभी प्रकार के रोगों के कारणभूत ये चित्तज दोष नहीं होते हैं और उनका विनाश भी चित्तज दोषों के विनाश होने पर नहीं होता है।

चित्तजाः प्रवलारोगाः सर्वत्रविघ्नकारिणः।

सूक्ष्माश्च सूक्ष्मरूपेण तस्मात्ते त्रिगुणात्मकाः।।

चित्तज प्रबल रोग जो सर्वत्र विघ्नकारी होते हैं बड़े सूक्ष्म होते हैं और सूक्ष्म होने के कारण त्रिगुणात्मक हैं।

भूत्वा, निरीक्ष्य ज्ञात्वा च तेषां नाशो विधीयताम् ।

अन्यथा च कृतं सर्वं व्यर्थमेव भविष्यति।।

अतः उन्हें भलीभांति देखकर उनका विनाश कर लेना चाहिये। अन्यथा सब योग साधन किया कराया व्यर्थ और निष्फल हो जायेगा।

सूक्ष्मा ऐते विकारास्तु विकारमानयन्ति ते।

अत एव च एतेषां रोगाणां विजये पुरा।।

कात्यायनी मया प्रोक्ता अधुना मन्त्रपीठिका।

प्रोच्यते ज्ञायतां तां च ज्ञात्वा त्वं च सुखी भव।।

ये सूक्ष्म विकार पैदा कर देते हैं। इसलिये इन रोगों के विनाश के लिये पहिले–

मैंने कत्यायनी मुद्रा बताई थी। अब मन्त्र–पीठिका बताई जा रही है, उसे जान लो और जानकर सुखी बन जाओ।

"ॐ चित्तात्मिकां महाचित्तिं चित्तस्वरूपिणीं आराधयामि, चित्तजान् रोगान् शमय शमय ठं ठं ठं स्वाहा, ठं ठं ठं स्वाहा"। अस्य मन्त्रस्य प्रयोगेणापि चित्तजा दोषाः विनश्यन्ति। अस्य मन्त्रस्य प्रयोगः रात्रौ शयनकाले शय्यायां गतेन केनापि प्रकारेण प्रोच्चारणीयं मन्त्रपीठिका एषा।

"ॐ चित्तत्मिकां महाचित्तिं चित्तस्वरूपिणीं आराधयामि, चित्तजान् रोगान् शमय शमय, ठं ठं ठं स्वाहा ठं ठं ठं स्वाहा ठं ठं ठं स्वाहा"। इस मन्त्र के प्रयोग से चित्तज दोष विनष्ट हो जाते हैं। इस मन्त्र का प्रयोग रात्रि में शयन काल में बिस्तरे पर लेट कर हर हालत में जप पूर्वक करना चाहिये, यह केवल उच्चारण करने की मन्त्रपीठिका है।

पीठमन्त्रं पीठस्थं करोति, तस्मात् शयने चित्तवृत्तिं निवारयति। चित्तं च निर्मलं करोति। एतदपि करणीयम् । न चात्र संख्यानियमः। न चात्र अन्यदपि किञ्चिद् विशिष्टरूपेण करणीयं भवति। अनेन मन्त्रेण सुनिश्चितं साधकानां चित्तजाः दोषाः नाशमुपगच्छन्ति।। ॐ ।।

पीठ मन्त्र पीठ में स्थित कर देता है। इसलिये शयनकाल में चित्तवृत्ति का निवारण करता है। चित्त को निर्मल कर देता है। इसमें संख्या का कोई नियम नहीं है। इस प्रयोग में विशिष्ट रूप में कुछ करणीय भी नहीं है। इस मन्त्र द्वारा सुनिश्चित रूप में साधकों के चित्तज दोष विनष्ट हो जायेंगे।। ॐ ।।

गोरखवाणी :- ॐ अलख निरञ्जन। अलख निरञ्जन। अलख निरञ्जन। इस प्रकरण में जैसा कि बताया जा रहा है, चित्त के मन्त्र होते हैं। चित्त के दोष होते हैं। चित्त के रोग होते हैं। वे बड़े सूक्ष्म होते हैं। उनका सूक्ष्मरूप से विवेचन करना चाहिये। जानना चाहिये, उनको पहिचानना चाहिये। वे चित्त के दोष ऐसे हैं जो मन को भी, शरीर को भी और अन्य प्रकार के जितने भी तत्त्व बिन्दु हैं, इनको विचलित कर देते हैं। कारण यह है कि मनकी आसक्ति तो प्रबल रूप से प्रत्यक्षानुभूति का विषय बन जाती है। पर जो चित्त की गुप्त वृत्तियां हैं, ये समय समय पर जागृत होकर सूक्ष्मरूप से आसक्ति उस सूक्ष्मसत्ता को बढ़ा देती है जिससे मनुष्य एक ऐसे जाल में फँस जाता है कि फिर वह ऐसा समझता है कि सब मेरे ही मन के कारण है। पर उसमें मूल कारण भीतर से चित्त के दोष होते हैं। इनको विक्षेप का मूल कारण बताया गया है। तो मन भी, शरीर भी, बुद्धि भी विक्षेप में न आ जाय तो इन चित्त के दोषों को विनाश कर दो। ये हैं सूक्ष्म, पर उभय प्रधारा के रूप में प्रभावित जिस वक्त हो जाते हैं, आकम्पित कर देते हैं, आसक्तियों को सांसारिक रूप में बदल करके बुद्धि और मन का विषय बना करके उन्हें अहंकार के रूप में प्रकट करवा देना प्रारम्भ कर देते हैं। इसलिये अहंकार की मूल उद्भूति का कारण भी ये ही होते हैं। अतः इनको विनाश करना ही श्रेयस्कर होगा। और उसके लिये जैसी कात्यायनी मुद्रा बताई गई थी, उसका प्रयोग बताया गया था, उसका फल बताया गया था, वैसे ही वहां भी मन्त्र-पीठिका बताई गई है। इस मन्त्र में जो अन्त में ठं का प्रयोग किया गया है वह स्थिर करणार्थ है, बिदूरी करणार्थ है, उसमें भाव-रहस्य भरा हुआ है। वह रहस्य भी कभी प्रकट हो जायेगा। किन्तु सम्प्रति साधक को मां के दिये हुए, मां की शक्ति से बने हुए आये हुए मन्त्रपीठिका, ऐसा यत्नरहित करने का जो उपाय है, उसे अपनाना चाहिये और शयन के समय जब अपने शयनासन पर जाय, सबसे निवृत्त हो जाय, जब तक निद्रा न आवे तब तक इसका प्रयोग करले। निद्रा आने पर स्वतः अपने आप छूट ही जायेगा। तो ऐसा मन्त्र है जो चित्त को निर्भय बना देगा, और उसकी वृत्तियों में परिष्कार होना प्रारम्भ हो जायेगा तो मार्ग में प्रसन्नता के साथ चलता चला जायेगा। साधक ! मार्ग में बाधा नहीं होगी।

१२-२-६३ सायंकाल।।१५३।।

हरि ॐ तत् सत् ।।

शरणागतं च या देवी सदा रक्षति रक्षति।

सर्वभावेन तां भव्यां भावयामि भवां सदा।।

हरि ॐ तत् सत् । जो देवी सदा शरणागत की अवश्य ही रक्षा करती है, उस भव्य देवी का मैं सर्वभाव से ध्यान करता हूँ।

भव्या भावोदया या च भव्यभाव-विबोधनी।

भव्या सा भावशुद्धिं तु करोतु च पुनः पुनः।।

जो भव्य है, भावोदय करने वाली है, भव्य भावों का विबोध देने वाली है, वह देवी निरन्तर मेरी भावशुद्धि करती रहे।

चित्तस्य सर्वरोगान् या ध्यानेनैव विनाशयेत् ।

ध्यानमुद्रात्मिकां तां च ध्यानगम्यांभजाम्यहम् ।। ॐ ।।

जो मां चित्त के सभी रोगों को ध्यानमात्र से विनष्ट कर देती है, उस ध्यानगम्या ध्यान-मुद्रात्मिका भगवती को मैं प्रणाम करता हूँ।

चित्तजान् सकलान् रोगानपहन्ति च सा नित्या भगवती मे प्रसीदतु चित्तजान् रोगान् नाशयितुं यन्मन्त्रात्मकं वा यन्मुद्रार्धिका व्यूहं यत् प्रोक्तं तत्रैव साधनाकाले अनुभूतिपरं च भविष्यति। अनुभवे च समागमिष्यति। अपरं च।।

जो नित्याभगवती चित्त के सभी रोगों को दूर करती है, वह मेरे ऊपर प्रसन्न हो। चित्तज रोगों के नाश के लिये जो कुछ मन्त्रात्मक उपाय और घूर्णिका व्यूह की क्रियायें बताई थीं, साधक को साधनाकाल में अनुभूति में आ जायेंगी। इस पर और भी कहा जाता है।

या मुद्रा सारिका मुद्रा मुद्रा[२१] विस्थापिका तथा।

पूर्वं वै गदिता या च तस्या नित्या क्रिया शुभा।।

जो सारिका मुद्रा बताई थी और विस्थापिका मुद्रा बताई थी, ये दोनों ही चित्तज रोगों की शान्ति के लिए बहुत लाभप्रद हैं।

जायते चित्तजान् रोगानपहर्तुं समर्थिका।

अत एव च लाभार्थं चित्तदोष विनिर्मलम् ।।

कर्तुं च सारिका मुद्रा कर्तव्या च सुसाधकैः।

विस्थापिका च सा तत्र मुद्रा प्रोक्ता विशेषतः।।

ये दोनों मुद्रायें चित्तज रोगों का विनाश् करने में पूर्ण समर्थ हैं। इसलिये लाभ प्राप्त करने के लिये और चित्तदोषों को निर्मल करने के लिये–

अच्छे साधक को सारिका मुद्रा करनी चाहिये। इसके लिए विस्थापिका मुद्रा भी विशेष रूप में बताई गई है।

तस्याश्च सम्प्रयोगेण कार्यसिद्धिः प्रजायते।

नश्यन्ति चित्तजाः दोषास्तस्मात्तां चक्रियान्विताम् ।।

कुर्याच्चैव स्वयं पूर्वंसिद्धं भविष्यति।

अथवा मूलरूपा या मूला च मूलसम्भवा।।

उसके प्रयोग से भी कार्यसिद्धि हो जाती है। चित्तज रोग दूर हो जाते हैं। इसलिये इन क्रियान्वित मुद्राओं को स्वयं ही कर लेना चाहिये तो सब सिद्ध हो जायेगा। अथवा मूलाधार में स्थित मूलरूपा में उद्भूत–

मूलाधारा महाशक्तिः तस्याश्चाराधनं शुभम् ।

मन्त्ररूपेण कर्तव्यं पूर्णोत्थानं भविष्यति।।

जो महाशक्ति है, उसकी आराधना भी मन्त्ररूप में करनी चाहिये, जिससे शक्ति का पूर्ण उत्थान हो जायेगा।

यदा वै चित्तजादोषाः विनश्यन्ति प्रयोगतः।

तदा वैराग्यभावस्य प्रादुर्भावो भविष्यति।।

जब चित्तज दोष उपर्युक्त उपायों से दूर हो जायेंगे तब वैराग्य भाव का प्रादुर्भाव होने लग जायेगा।

लक्षणं शुभदमेतत् ज्ञातव्यं च बुधैः सदा।

विरक्तिभावमापन्नं चित्तं च मोदमाश्रितम् ।।

बुद्धिमान् साधक जाने कि यह शुभलक्षण है। चित्तज दोष शान्त होने पर चित्त विरक्ति भाव धारण करके प्रसन्नता से भर जाता है।

जायते सर्वदा तस्य यस्य दोषाः न संस्थिताः।

अत एव च दोषाणां नाशार्थं गदितं च यत् ।।

सम्यक् रूपेण तत् सर्वं करणीयं हितैषिणा।। ॐ ।।

जिस साधक के चित्त में दोष नहीं रह जाते हैं उसका चित्त विरक्ति पूर्ण और शान्त हो जाता है। इसलिये दोषों के नाश के लिये उपाय बनाये गये हैं। हितेच्छु को चाहिये कि भलीभाँति उन उपायों को करले।

मूलात्मिकां शक्तिमाराधयितुं मूलभूतमिदं मन्त्रकायं समुपस्थापनीयम् ।

मूलात्मिका शक्ति की आराधना के लिये मूलरूप इस मन्त्र काय को जपो।

ॐ लं पं दिव्यरूपं दिव्यस्वरूपं या धारयति सा धारा प्रसीदतु, तत्रस्थाश्चित्तजाः रोगाः विनश्यन्तु, इति मन्त्रकायस्य प्रयोगस्तदैव कर्तव्यः यदा सर्वतोभावेन गतिविच्छेदो भवेत् । नान्यथा कुर्यात् ।।

"ॐ लं पं दिव्यरूपं दिव्यस्वरूपं या धारयतु सा धारा प्रसीदतु, तत्रस्थाश्चित्तजाः रोगाः विनश्यन्तु।" इस मन्त्र का प्रयोग तभी करना चाहिये, जब शक्ति का नितान्त गतिविच्छेद हो जाय। अन्यथा इसका प्रयोग न करो। १०८ वार नित्य जप सोते समय।

गोरखवाणी :- ॐ अलख निरञ्जन। अलख निरञ्जन। अलख निरञ्जन। चित्त के दोषों को दूर करने के लये नाना प्रकार के उपाय और प्रयोग बताये गये हैं, इनका प्रयोग करने पर समस्त चित्तज दोष नष्ट हो जायेंगे। इसके पश्चात् किसी प्रकार की त्रुटि नहीं रहेगी। इसलिये साधक को सावधान होकर के जैसा कि बताया गया है सारिका और विस्थापिका का प्रयोग कर लेना चाहिये। उससे चित्तज दोषों का नाश होता है अथवा ऐसा भी होता है कि कभी कभी और किसी किसी रूप में विशेष रूप से सब कुछ होने पर भी गति अवरोध हो गया हो, शक्ति रूक गई हो, चित्त की दशा कुछ ऐसी हो गई हो कि उसमें डामाडोल की स्थिति आ गई हो। ऐसे समय में मूल मन्त्र काय का प्रयोग करके उस गति के अवरोध को दूर किया जा सकता है। तो वह मूलमन्त्रकाय केवल उन्हीं साधकों के लिये है जिनकी गति रूक गई हो। प्रत्येक साधक को यह कदापि नहीं करना चाहिये। कभी कभी उसे करने से उल्टा प्रभाव हो जाता है। अतः सावधानी से जान लेना चाहिये कि शक्ति की गति का अवरोध हो गया है, चित्त की गति का विक्षेप हो गया है, और विक्षेपों ने उसे पंगु बना दिया है। आसक्ति की भावना उत्तरोत्तर बढ़ती जा रही है, तो ऐसे समय में इस मन्त्रकाय का प्रयोग दो समय सायंप्रातः अवश्य कर लेना चाहिये और उच्चारण करता रहे। जब तक स्वयं चित्त में योगनिद्रा का उदय न हो जाय तो ऐसा करने से साधक को अपने कार्य में सिद्धि हो जायेगी। ये केवल ऐसे मन्त्र हैं जिनका सार्विक, सार्वजनिक प्रयोग नहीं होता है। इसको सुप्तोत्थित मन्त्र कहते हैं। सर्वसाधारण को यह मन्त्र नहीं करना चाहिये और इस प्रकार के करने पर अवश्य ही साधक के चित्त के रोगों का विनाश हो जायेगा। ये सब बातें इसलिये बताई जा रही हैं कि जिससे साधक सबल होकर, साधना में रत होकर परतत्त्व की प्राप्ति कर ले। चित्त के दोष विनष्ट हो गये हैं, इसका लक्षण यह होगा कि साधक की आसक्ति की भावना में कमी होती चली जायेगी और सर्वसम्पन्न होते हुए भी, सब कुछ विद्यमान होते हुए भी, उनका त्याग करके योग करने की भावना उसके अन्दर विद्यमान हो जायेगी, तो समझना कि चित्तजदोष सब नष्ट हो गये हैं। अथवा हो रहे हैं। इन लक्षणों के आधार पर समझना कि साधना बलवती हो रही है। ॐ ।

१३-२-६३ प्रातःकाल।।१५४।।

हरि ॐ तत् सत् । ॐ । ॐ ।

या शक्तिः शक्तिजन्या च सर्वसंघर्षशंकरी।

विजित्य दुर्गुणान् सर्वान् देवभावं ददाति या।।

हरि ॐ तत् सत् । ॐ । ॐ । जो शक्ति शक्ति से ही उद्भूत है और सभी संघर्षों में कल्याण करती है, और जो शक्ति समस्त दुगुर्णों को जीत कर देव भाव प्रदान करती है।

या च वै देवतारूपा देवभावोदयात्मिका।

सकलान् दोषसंघातान् विनाशयति या सदा।।

जो शक्ति देवतात्मिका है, तथा साधन में देवभाव का उदय कर देती है और समस्त दोषसमूह को विनष्ट कर देती है, उसे मैं प्रणाम करता हूँ।

चित्तज दोषापसारणाय एका मुद्रा श्रेष्ठतमा प्रोच्यते। सा च मुद्रा[२१] वासवी मुद्रा।।

चित्तज दोषों के अपसारण के लिये एक श्रेष्ठतम मुद्रा बताई जाती है और वह वासवी मुद्रा है।

या मुद्रा वासवी मुद्रा वासवेन समाश्रिता।

विजित्य सकलान् दैत्यान् यस्याः शक्तिं समाश्रितः।।

जो वासवी मुद्रा है उसका आश्रय वासव (इन्द्र) ने लिया था। जिस मुद्रा शक्ति से युक्त होकर इन्द्र ने समस्त दैत्यों पर विजय प्राप्त की थी।

वासवस्तेन अभ्यस्ता सा मुद्रा च पुनः पुनः।

तस्मात् सा वासवी मुद्रा बलदा दोषनाशिका।।

इस मुद्रा का इन्द्र ने निरन्तर अभ्यास किया था, इसलिये इस मुद्रा का नाम वासवी मुद्रा है। यह मुद्रा साधक को बल देने वाली और दोषों का नाश करने वाली है।

शक्तिदा स्थिररूपेण स्थिरत्वं च प्रयच्छति।

तस्मात्तां वासवीं मुद्रां ऊर्ध्वगां प्रियभाविकाम् ।।

यह मुद्रा स्थिर रूप से शक्ति देने वाली है और स्थिरता प्रदान करती है। इसलिये परम सुख देने वाली, साधक को ऊर्ध्वगति देने वाली इस वासवी मुद्रा का-

वासवीं च समाश्रित्य सर्वं सिद्धं भविष्यति।

तदा वै चित्तजा दोषा भविष्यन्ति न वै पुनः।।

अवलम्बन लेकर सब कुछ सिद्ध हो जायेगा। इसके प्रभाव से चित्तज दोष फिर से पैदा नहीं होंगे।

साधको बलसम्पन्नः शान्तिं चैवाधिगच्छति।

सा शान्तिरात्मसम्भूता पररूपा परात्परा।।

इस मुद्रा के प्रभाव से साधक बल सम्पन्न बन जाता है और शक्ति प्राप्त कर लेता है। इस मुद्रा से प्राप्त आत्मशक्ति सम्बन्धिनी शक्ति बहुत श्रेष्ठ और परात्पर होती है।

तामेव शान्तिमाधातुं यतन्ते योगिनो जनाः।

अत एव विधातव्या वासवी वासवोपमा।।

उसी परमशान्ति के धारण करने के लिये योगीजन प्रयत्न किया करते हैं। अतएव वासव के समान शक्तिसम्पन्न इस वासवी मुद्रा को करते रहना चाहिये।

मुद्रा सदैव सा मुद्रा वाञ्छितार्थफलप्रदा।

मुद्राप्रयोगे चित्ते तु प्रोच्यार्यं मन्त्रव्यूहकम् ।।

यह मुद्रा सदैव वाञ्छित अर्थ को और अभीष्ट फल प्रदान कर देती है। इस मुद्रा के प्रयोग-काल में एक मन्त्रव्यूह का उच्चारण करना चाहिये।

एतादृशं पुनस्तेन साधकेन सुनिश्चितम् ।। ॐ ।।

"जागृता या महाशक्तिः सर्वदोषविनाशिका।

समस्तान् चित्तजान् दोषान् सा मे हरतु सत्वरम्"।। ॐ ।।

वह मन्त्र व्यूह निम्न प्रकार है, जिसे साधक प्रयोग कर ले।

"जागृता या महाशक्तिः सर्वदोष विनाशिका समस्तान् चित्तजान् दोषान् सा मे हरतु सत्त्वरम्"।। ॐ ।।

गोरखवाणी :- ॐ अलख निरञ्जन। अलख निरञ्जन। अलख निरञ्जन। चित्तज रोगों को विनाश करने के लिये अन्तिम मुद्रा वासवी मुद्रा बताई गई। यह वासवी मुद्रा उसी प्रकार बताई गई है जिस प्रकार सर्व प्रयोगों में बलदायिनी घूर्णिका मुद्रा है। इसी प्रकार चित्त के समस्त दोषों को दूर करने के लिये वासवी मुद्रा का प्रयोग कर लेना चाहिये। यह वासवी मुद्रा है। इसे ऐन्द्री मुद्रा भी कहते हैं। बज्री मुद्रा भी कहते हैं। इसलिये मुद्रा का प्रयोग कल्याणकारी है। इसी से चित्त के सब रोग दूर होते हैं और चित्त में किसी प्रकार की कोई भी त्रुटि चित्तज दोषों में नहीं रह जाती है। इसलिये यह अन्तिम मुद्रा अन्त में बताई गई है कि जहाँ कहीं भी कोई दोष रह जाय उसका भी विनाश हो जाय। और जब वासवी मुद्रा लग

जाय तो उसके साथ अन्त में "जागृता या महाशक्तिः" इसका उच्चारण मन में करना चाहिये। उससे क्या होगा, कम्पन होगा, संचालन होगा, क्रियायें होंगी और उसी में चित्त के सब दोष खो जायेंगे। तुम अपनी ध्यानावस्था में चले जाओगे। परम शान्ति को प्राप्त करोगे। इस शान्ति अवस्था के लिये योगी लोग चेष्टा करते हैं। इसे वासवी मुद्रा तुम्हें दे देगी। इस मुद्रा का प्रयोग इस प्रकार है। यह है वासवी मुद्रा। इसमें कुछ नहीं करना है। यों हो जाओ। अर्थात् जमीन पर पीठ के बल लेटकर आसन लगाकर लेटे रहो। हाथों को स्थानपरिचायिका की अवस्था में जैसा करते हो, कर लो। दोनों बगलों में दबा लो। लेटे रहो। मेरूदण्ड धरा पर लगा रहे। आसीन रहो। फिर "जागृता या महाशक्तिः" बोलते रहना। थोड़ी देर चलेगा। फिर नाना प्रकार की क्रियायें वासवी मुद्रा के कारण होंगी। उसके बाद खो जाओगे: इस वासवी मुद्रा को सरल होते हुए भी बहुलाभप्रद और बहुमूल्यवती समझना। यह भी वैसी ही मुद्रा है, इसमें भी वैसे ही गुण हैं, जैसे चिद्बोधिनी में और घूर्णिका में हैं। यह भी परम महामुद्रा ही है। इससे तुम्हारे श्वास प्रश्वास में गति आ जायेगी। विभिन्न प्राणायाम स्वतः होने लग जायेंगे। कम्पन भी कभी-कभी ऊपर नीचे मध्य में हाथों में पैरों में होता रहेगा। और उसके बाद शक्ति प्राप्त हो जायेगी। इसलिये इस वासवी मुद्रा को, प्रिय मुद्रा को, महत्त्वपूर्ण मुद्रा को प्रयोग में लाना। सब कुछ सिद्ध हो जायेगा। ॐ ।

१३-२-६३ सायंकाल।।१५५।।

हरि ॐ तत् सत् ।

चिदानन्दस्वरूपाणां जागृतां नौमि भास्वराम् ।

सहस्त्रभास्कराभासां भासयन्तीं विभावये।।

हरि ॐ तत् सत् । चिदानन्द स्वरूपिणी, दीप्तिमती, सहस्त्रों सूर्यों की भाँति प्रकाश वाली और चारों ओर प्रकाश फैलाने वाली देवी भगवती को मैं प्रणाम करता हूँ।

दिगन्तं पूर्णरूपेण तां नमामि महोदयाम् ।

चित्तजान् सकलान् रोगान् विनिवार्य पुनः पुनः।।

या करोति सदा शक्तिःनिर्मलां तां नतोऽस्म्यहम् ।

ऐते वै चित्तजाः रोगाः सर्वत्र कष्टदायकाः।।

जो शक्ति पूर्ण उदित होकर दिग्दिगन्त को प्रकाश से भर देती है और बार-बार समस्त चित्तज दोषों को दूर करके-

जो साधक को निर्मल बना देती है उसे मैं प्रणाम करता हूँ। ये चित्तज रोग सर्वत्र कष्टदायक हुआ करते हैं।

तेषां निर्मूलनं कृत्वा चित्तं निर्दोषकं कुरू।

दोषा नैव यदा सन्ति चित्तं वे निर्मलं परम् ।।

तदा तु ध्यानजा सिद्धिः त्वरितं च भविष्यति।

उनका निर्मूलन करके अपने चित्त को निर्दोष बना लो। जिस सिद्धि से दोष बिल्कुल भी नहीं रहेंगे और चित्त निर्मल हो जायेगा।

वही ध्यान से प्राप्त सिद्धि शीघ्र ही आ जायेगी।

अतएव समस्त चित्तजान् रोगान् विनाशयितुं वहवः उपायाः प्रयोगाश्च समाख्यातः। तेषां चित्तजरोगाणां संक्षयः करणीयः सावधानेन।।

इसलिये समस्त चित्तज रोगों का विनाश करने के लिये बहुत से उपाय और प्रयोग बताये गये हैं। उन चित्तज रोगों का विनाश साधक को कर लेना चाहिये।

महामाया सैव सुप्तोत्थिता सदैव बहुकार्याकुला बहुकार्यवती च भूत्वा सर्वशक्तिजा सर्वतत्त्वं समाधाय ध्यानजां स्थितिं परिपुष्टां करोति। अतएव च तदर्थमेतत् सर्वं व्याख्यातम् ।। ॐ ।।

वह महामाया भगवती शक्ति जागृता होकर नानाकार्यों में आकुला होती हुई और बहुत से कार्यों को करती हुई सब प्रकार की शक्तियों को समेटती हुई सभी तत्त्वों का संग्रह करती हुई ध्यानज सिद्धि को परिपुष्ट करती है। इस लक्ष्य से यह सब कहा गया है।

इदानीं चापि तस्मादूर्ध्वं सन्ति बुद्धिजाः दोषाः, बुद्ध्युद्भवाः रोगाः। तेषां निवारणाय यत्किञ्चिदपि प्रोच्यते सम्भाष्यते तदपि साधकानां कृते बहुलाभप्रदं भूयात् ।।

तब भी उसके ऊपर बहुत से अन्य बुद्धिज दोष रह जाते हैं, उन बुद्धिज रोगों के निवारण के लिये जो कहा जा रहा है वह सब भी साधकों के लिये बहुलाभप्रद होगा।

गोरखवाणी :- ॐ अलख निरञ्जन। अलख निरञ्जन। अलख निरञ्जन। साधक! सावधान ! अब तक इस व्याघात-संहृति प्रकरण में चित्त के समस्त दोषों के विनिवारण करने के लिये उनके विनाश के लिये नाना प्रकार से दृष्टिकोणों से नाना प्रकार के मन्त्र प्रयोग (और औषधि प्रयोगों का परित्याग करके) केवल क्रिया का विस्तार करके और स्वल्पमुद्रा का प्रदर्शन करके उनको वशीभूत करने का, उनको दूर करने का, उन पर अधिकार करने का उपाय बताया गया है। अब बुद्धिज रोगों को दूर करने का कभी-कभी औषधि प्रयोग भी बताया जायेगा। क्योंकि बुद्धिज रोगों का कारण भी ऐसा तत्त्व होता है, जो पार्थिव सम्बन्धी होता है और पार्थिव प्रभाव से युक्त होता है। और उसमें कई प्रभावों का सम्मिश्रण होता है। क्योंकि उसमें भी जड़त्वधर्म विशेष है। और वह केवल प्रतिबिम्ब-प्रवाहिका होती हुई ही आगे बढ़ती है। इसलिये उसमें मन्त्रऔषधि क्रिया का स्वल्पस्वरूप ऐसा प्रयोग बताया जायेगा जिसके करने से बुद्धिज रोग और दोष विनष्ट हो जायेंगे। और उसके पश्चात् फिर किसी प्रकार से साधक को एक संघात के रूप में एक संघटना के रूप में किस प्रकार अपने मार्ग में चलकर अपने कार्य की सिद्धि होती है, इसका ज्ञान और अनुभव भी करा दिया जायेगा।। ॐ ।।

साधक ! यथावकाश, यथासमय, यथानिर्देशानुसार इस प्रकार के उपायों और प्रयोगों को अनुभव कर लेने पर अकष्टसाध्य रूप से मार्ग चलने का अभ्यास हो जायेगा। और निरन्तर गति बढ़ती चली जायेगी। फिर किसी प्रकार के विक्षेपों के आने का भय नहीं रहेगा। अतः सावधानी से इनका प्रयोग करते हुए, आगे बुद्धिज रोगों के दूर करने का भी प्रयास करो।। ॐ ।।

१४-२-६३ प्रातःकाल।।१५६।।

हरि ॐ तत् सत् ।

ॐ बुद्धिं शुद्धां निर्मलां च गुणात्मिकाम्, मेधां धारणाभिधां एकां एका नित्या सरस्वती मेधां मे वितरतु, सा भगवती या स्वयं प्रकाशवती प्रकाशविस्तारयित्री च।। ॐ ।।

हरि ॐ तत् सत् । एका नित्या सरस्वती देवी जो स्वयं प्रकाशवती है और प्रकाश का विस्तार करती है वह मुझे शुद्ध निर्मल गुणात्मिका निर्मल मेधा बुद्धि और धारणा प्रदान करे।

अन्धकारे यथामार्गे दुर्गमे संकरे यथा।

तथैव लोक-लोकेऽस्मिन् बुद्ध्यभावे गतिर्नहि।।

जैसे इस लोक में दुर्गम संकरे कठिन मार्ग में अन्धकार ही अन्धकार हो तो चलना सम्भव नहीं होता है उसी भाँति बुद्धि के अभाव में भी कोई गति नहीं होती है।

बुद्धिस्तु कल्पसंकल्पं विकल्पं कल्पसारकम् ।

गृहणाति ग्राहिका या च सा बुद्धिः प्रोच्यते बुधैः।।

विद्वानों ने कहा है कि मन के संकल्प-विकल्पों के सार को जो इन्द्रिय शक्ति ग्रहण करती है उस ग्रहिका शक्ति को बुद्धि कहा जाता है।

संकल्पांश्च विकल्पांश्च समुद्भूतानितस्ततः।

गृहणाति विश्वरूपेण या सा बुद्धिर्मता बुधैः।।

विद्वानों का कथन है कि इधर उधर के उठे हुए समस्त सङ्कल्प विकल्पों को समेट कर समग्र रूप से जो इन्द्रिय शक्ति ग्रहण करती है उसे बुद्धि कहा जाता है।

यथा वै निर्मलादर्शः यद् यावत् यत्स्वरूपकम् ।

तत्स्वरूपेण प्रत्यक्षं समायाति स्वरूपकम् ।।

जिस प्रकार निर्मल दर्पण के सामने रखी वस्तु का जिस प्रकार का जो स्वरूप होता है वही स्वरूप प्रत्यक्ष दर्पण में भी आ जाता है और दर्पण तद्रूप दीखने लगता है।

यदि वा समलं तच्च तद्रूपं नैव दृश्यते।

तद्वत् धूम्रावृता बुद्धिः सम्मोहा मोहमावृता।।

वस्तुतत्त्वं न गृहणाति न गृहणाति यथाविधि।

तस्मादबुद्धिं पवित्रां च निर्मलां च विधेहित्वम् ।।

यदि दर्पण मलिन होगा तो वस्तु का यथार्थ रूप प्रतिबिम्बित नहीं होगा। उसी भाँति सम्मोह, मोह भ्रान्ति आदि दोषों के धूम से कलुषित बुद्धि–

वस्तुतत्त्व को ग्रहण नहीं कर पाती है, उन वस्तु के यथार्थ स्वरूप का बोध नहीं हो पाता है इसलिये तुम बुद्धि को पवित्र और निर्मल बनाओ।

जीवमात्राः विधेर्लोके बुद्धिः संसारकारिणी।

विमला पूतभावा च दोषनाशाय जायते।।

विधाता की इस सृष्टि में सभी जीवों में बुद्धि है। यही बुद्धि संसार का बोध देती है। यदि यही बुद्धि निर्मल और पवित्र बन जाती है तो जीव के सभी दोष नष्ट हो जाते हैं।

सम्मोहः प्रथमो दोषः रोगश्चैव महात्मिकः।

उद्भ्रान्तिः भ्रमपूर्णत्त्वं द्वितीयं दोषमुच्यते।।

बुद्धि का पहिला दोष सम्मोह है, जो बड़ा अनर्थकारी रोग है। दूसरा दोष उद्भ्रान्ति है जो बड़ा भ्रम पैदा करता है।

तृतीयं चञ्चलत्वं च जतुत्वं च चतुर्थकम् ।

स्त्यानं चास्थिरभावंश्च पञ्चमस्तु तदा स्मृतः।।

तीसरा दोष चंचलता है, चतुर्थ जड़त्व है, स्त्यान अर्थात् अस्थिर भाव पाँचवाँ बुद्धि दोष है।

दोषो बुद्धिभवो रोगः कथ्यते पूर्वजैः सदा।

form of the five elements earth, water, etc., are now reduced to energy form by the process of dissolution. The Kundalini sakthi envelops these energies of Rajas and Thamas so as to merge within. Kala stage belongs to Omkara. In this stage Kundalini Sakthi casting off her serpent form and assuming *Aha'* combines with *'Aham'*. This *'Aham'* parasakthi having enveloped all the powers of the Universe in a seed form dances with her Lord Siva in the blissful Kala stage till they become one as bliss itself or 'Om' (Siva sakthiykya) and absorbed in Supreme the Omkara as stated in the Upanishads "Om ithyekaksharam Brahma".

The Supreme being remains alone as it was before.

All the above explanations are amply confirmed in the teachings of Sri Krishna to Arjuna in the Uthara Geetha.

ब्रह्माण्ड रूपिणी पृथ्वी तोयमध्येविलीयते ।
अग्निना पीयतेतोयं वायुना ग्रसतेनलः ॥
आकाशन्तु पोभेद्वायु मनश्चाकाशमेवच ।
बुध्द्यहंकार चित्तंतु क्षेत्रज्ञ परमात्मनी ॥

Purport :– The world earth becomes liquified as water, water is swallowed by fire, fire is absorbed by air space assimilates the air, space is absorbed in Kala. Kala with subtle body will be absorbed in *Aham* (Kshetrajnya). *Aham* is consumed by Paramatma.

In conclusion the philosophy as explained is that the Supreme parasakthi evolutes as *'Aha'* and *'Am'*, *'Aha'* (Kriya sakthi) spreads in finer vibration as 'Aha, Aha Aha'...Just like serpent's crawl till the completion of universal space. Since her movement in vibration was like serpent's movements she is called Nagamatha or Kundalini. She then as

transcendental power manifests herself in all the forms of universe and creates the universe. The Kundalini (Adisesha sakthi) upholds the Universe to be in existence. In the dissolution she dissolutes the whole cosmos, envelops every thing and then be as Supreme. In the microcosm she takes very important part in giving liberation to human being as explained. Her greatness and fame is in both macrocosm and microcosm. Finding her greatness Maharshis have made it compulsory to pray to her morning and evening to obtain her blessings.

A sketch of cosmos *Hamsa* is given in the chapter on Existence. The top *Ha* representing Siva, bottom *Sa* representing Sakthi and the middle *Anuswara* (Oval shape) representing Universe. During the existence of the cosmos it was called *Hamsa*. In the dissolution of the cosmos, the bottom *Sa* (Sakthi) leaves her place, joins *Ha* and then *Ha* and *Sa* joining together absorbs in the Supreme, which means *Hamsa* turning into *Soham* during dissolution.

One thing more. Parasakthi alone cannot do independently anything as Sankhya quite wrongly says. There is Purusha who is reflected Chaithanya (consciousness), from Parasakthi downwards in all her manifestations there Satva, Rajas and Thamas there is Prakrathi and Purusha. If we mention Saktha there is Sakthi. Sakthi and Saktha are inseperable. Yogashikopanishath says: "Sivasakthinayan manthram,"

Sri Shankaracharya says in the first stanza of Soundarya lahari "Sivasakthya yuktho".

With the prayer to Sri Parasakthi the Supreme, I will stop my writing here.

OM THAT SAT

शक्तिपात

-: अर्थात् :-

॥ कुण्डलिनी महायोग ॥

स्वामी विष्णु तीर्थ

8164
K-47

शाम्भवीतन्त्र

अर्थात्

कुण्डलिनी महायोग

★

लेखक —

स्वामी विष्णुतीर्थ B.A., L.L.B.

★

सम्वत् २००७ वि०

★

मूल्य] [एक रुपया

प्रकाशक—
ला० तोताराम ठेकेदार
अम्बाह निवासी (जिला मुरैना)
मध्य भारत

* सर्वाधिकार सुरक्षित *

प्रथम संस्करण .... १००० प्रति सं० १९९६
द्वितीय संस्करण .... १००० प्रति सं० २००७

मुद्रक—
विज्ञान प्रेस, ऋषिकेश
[देहरादून, उत्तर प्रदेश]

माननीय लेखक

श्री १०८ स्वामी विष्णुतीर्थ जी महाराज

प्रथम संस्करण के

प्रकाशक का निवेदन

आजकल प्रायः यह धारणा हो गई है कि "योग का साधन" केवल उग्रतपस्या युक्त गृह त्यागी ही कर सकते हैं। परन्तु कोई भी भारतीय इस बात से अनभिज्ञ नहीं है कि हमारे पूर्वजों ने किस प्रकार गृहस्थ धर्म का पालन करते हुए भी योग की उच्चावस्था को प्राप्त किया था। योगीराज भगवान् कृष्ण का आदर्श जीवन इस बात का प्रमाण है। गृहस्थ आश्रम में रह कर भी उनके दिव्य और अलौकिक गुण कर्मों के कारण हम उन्हें साक्षात् ब्रह्म स्वीकार कर चुके हैं। फिर गृहस्थ आश्रम में किया हुआ साधन तो दोनों लोकों में कल्याणकारी होता है।

यद्यपि यह स्वीकार करने में कोई आपत्ति नहीं है कि योग साधन के लिये दृढ़ और सतत अभ्यास की आवश्यकता है और वह अभ्यास भी हमारे पूर्व-पथ प्रदर्शक भगवान् पतंजलि, वशिष्ठ, वेद व्यास आदि के केवल ग्रंथों का पाठ करके ही करना कठिन साध्य ही नहीं वरन् असम्भव है। क्योंकि इस मार्ग में अनेक विघ्न बाधाएं जीव को ब्रह्म तक पहुंचने में बाधक होकर, साधक को पथ-भ्रष्ट कर प्रलोभनों में फंसा देती हैं और वह अपने अंतिम ध्येय-मोक्ष की प्राप्ति से वंचित रह जाता है।

इसका एक मात्र सरल और सहज उपाय सद्गुरुओं की कृपा ही है। ऐसे सद्गुरु लोकोपकार की दृष्टि से सहज ही में सिद्ध होने वाले "सिद्ध महायोग" का लाभ अपने 'शक्तिपात' द्वारा जिज्ञासुओं को अनायास ही करा देते हैं।

स्मरण रहे कि 'शक्तिपात और मेस्मरीज्म' में आकाश पाताल का भेद है। जहां मेस्मरीज्म में कर्ता (हेप्नाटिस्ट या मेस्मराइज़र) मीडियम या सबजेक्ट (जिसके ऊपर प्रभाव डाला जाता है) को अपने प्रभाव से संज्ञाशून्य करके उससे अपनी इच्छानुसार कार्य कराता है फिर ऐसे कार्य बहुधा स्वार्थसाधन के अतिरिक्त परमार्थ से कोसों दूर होते हैं और कर्त्ता का प्रभाव हटते ही मीडियम साधारण दशा से भी गिर जाता है। वह मेस्मराइज़र के प्रति घृणा करने लगता है, उस से भयभीत रहता है। वहां, शक्तिपात के द्वारा गुरु अपने शिष्य की आत्मशक्ति का विकास करता है, जिसके द्वारा शिष्य की सर्वतोमुखी उन्नति होने से उसकी श्रद्धा बढ़ती जाती है और "श्रद्धावान् लभते ज्ञानम्" के अनुसार वह अध्यात्म-ज्ञान को प्राप्त करता है।

हम मृगतृष्णावत् जो आधुनिक पश्चिमीय भौतिक विज्ञान के पीछे पड़े हुए हैं, यह हमें उसी विनाश की ओर ले जायगा कि जिसका फल आज पश्चिमी जगत् भोग रहा है। यदि हम आत्मानन्द लाभ करना चाहते हैं, यदि हमें वास्तविक सुख भोग की इच्छा है, यदि हम अपनी सब प्रकार की उन्नति

चाहते हैं, यदि हमें अपने देश, जाति और संस्कृति की रक्षा करनी है तो हमें फिर एक बार 'योग-साधन' की ओर आना होगा।

चिन्ता न कीजिये सद्गुरुओं की कमी नहीं है, केवल हृदय में जिज्ञासा होनी चाहिए।

प्रस्तुत पुस्तक आपको उस सहज साध्य 'शक्तिपात' के विज्ञान को स्पष्ट करने के लिए ही परमदयालु श्री १०८ गुरु महाराज *पं० मुनिलालजी स्वामी ने लिख कर साधकों का परमोपकार किया है।

इसके प्रकाशन का सुअवसर भी स्वामी जी की कृपा से मुझे प्राप्त हुआ है, परन्तु मैं अपना सौभाग्य तभी समझूंगा जब साधक जन इससे लाभ उठाकर मेरी इच्छा को सफल करेंगे।

नेमीचंद,

अम्बाह (गवालियर स्टेट)

—:o:—

*श्री स्वामी जी का पूर्व आश्रम का नाम।

द्वितीय संस्करण

की

प्रस्तावना

श्री स्वामी जी ने इस छोटी सी पुस्तक में शक्तिपात के गूढ़ विषय को सूत्राकार रूप देकर और उस पर सरल भाषा में भाष्य करके, इस विषय के जिज्ञासुओं पर बड़ा अनुग्रह किया है। प्रथम बार इसका प्रकाशन १० वर्ष पूर्व हुआ था, उस समय स्वामी जी ने संयास नहीं लिया था। अब इस द्वितीय संस्करण में स्वामी जी ने ग्रंथ को दुबारा देखकर कुछ संशोधन करने की कृपा की है। अब इस संस्करण को स्वामी जी के सन्यासी परिचय के साथ प्रकाशित किया जा रहा है।

—प्रकाशक

* हरि ॐ *

॥ श्री परमात्मने नमः ॥

* शक्तिपात *

शिवं गंगाधरं तीर्थं, तीर्थं नारायणं प्रभुम् ।
योगानन्दमहं वन्दे, शक्तिपातस्य देशिकान् ॥

: शान्ति पाठ :

ॐ पूर्णमदः पूर्ण मिदं पूर्णात्पूर्णमुदच्यते ।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते ॥

ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

शक्तिपात एक आध्यात्मिक प्रक्रिया है । जिसके द्वारा गुरु अपनी शक्ति का शिष्य में संचार करके उसकी आध्यात्मिक शक्ति को जगा देता है । आध्यात्मिक शक्ति और आधिभौतिक शक्ति में बड़ा भेद है, इसलिये आध्यात्मिक शक्ति का विज्ञान भी आधिभौतिक शक्तियों के विज्ञान से भिन्न होना स्वाभाविक है । परन्तु आध्यात्मिक शक्ति का प्रदर्शन भौतिक यंत्रों द्वारा नहीं किया गया है, इसलिये यह विज्ञान अभी तक गुप्त प्रायः ही है और जिन लोगों को इसका अनुभव भी है वे उसके

अनुभव अपने सचेतन शरीर में ही करते हैं और उसके दिव्य आनन्द में मस्त रहते हैं। इसलिये, अथवा उक्त विज्ञान के अति सूक्ष्म होने से, न समझने के कारण, वे लोग उससे होने वाले अनुभवों को वर्णन मात्र ही से संतोष मान लेना पर्याप्त समझ बैठते हैं। परन्तु पाश्चात्य भौतिक वैज्ञानिकों की अन्वेषण प्रणाली का आधुनिक युग इतने में ही संतोष मान लेना पर्याप्त नहीं समझता। इसमें संदेह नहीं कि आधिभौतिक विद्याओं के सूक्ष्मातिसूक्ष्म तत्वान्वेषण करने के लिये पश्चिम के विद्वान् करोड़ों रुपये खर्च करके बहुमूल्य यन्त्रों का निर्माण करके उनके द्वारा अतिसूक्ष्म विषयों को सिद्ध करने का यत्न करते हैं और गणित शास्त्र की सहायता से उनकी पुष्टि करते हैं। परन्तु अध्यात्म विद्या प्राप्त करने के लिये किसी यन्त्र की आवश्यकता नहीं है। परमात्मा रचित सजीव मनुष्य देह ही यन्त्र और प्रयोगशाला दोनों का काम देता है। यह हम नहीं कहते कि भावी युग के विद्वान् आध्यात्मिक शक्ति के भी नियम आधिभौतिक नियमों के सदृश खोज निकालें और उनको गणित शास्त्र के फारमूलों (सूत्रों) में बांध सकें। परन्तु आज यह सब असंभव सा प्रतीत होता है। हमारे महर्षियों की छोड़ी हुई विद्या-संपत्ति के कोष स्वरूप पातञ्जल दर्शन और अन्य योग के शास्त्रों में आध्यात्मिक उन्नति का ध्येय मोक्ष बताया जाकर कुछ भौतिक सिद्धियों का वर्णन किया गया है। पातञ्जल दर्शन के विभूति पाद में कुछ उच्चकोटि की सिद्धियों को प्राप्त करने के साधन लिखे हैं और उन पर वैज्ञानिक दृष्टि से विचार

करने से मालूम होता है कि उनमें से हरएक सूत्र में एक अति गहन वैज्ञानिक रहस्य भरा हुआ है। परन्तु उनको समझने के लिये पहिले समाधि लगाने का अभ्यास होना अनिवार्य है।

अस्तु—

यहां पर शक्तिपात में गुरु अपने शिष्यों में जिस आध्यात्मिक शक्ति का संचार करता है, वह शक्ति क्या और कैसी है, उसका रूप क्या है और वह कहां और किस प्रकार उत्पन्न होती है, शिष्य में किस प्रकार गिराई जाती है और वह शरीर के बाहर कैसे आती जाती है, शिष्य के शरीर में प्रवेश करके क्या करती है, उसका विकास शरीर और मन में किस प्रकार होता है, और कैसे-कैसे अनुभव मनुष्य को होते हैं, उन अनुभवों के विकास का क्या कारण है और इन सब का अन्तिम परिणाम क्या होता है इत्यादि प्रश्नों पर हम इस पुस्तक में विचार करने की चेष्टा मात्र करते हैं ताकि अभ्यास करने वाले तथा अन्य विद्वानों का ध्यान इस विज्ञान की ओर आकर्षित हो।

आधिभौतिक और आध्यात्मिक विद्याओं की खोज चाहे उनके जिज्ञासुओं को एक समान आनन्द देने वाली हो और भौतिक विज्ञान की उन्नति चाहे संसार में भौतिक उन्नति को सर्वोच्च शिखर पर पहुँचा दे पर यह बात भी निश्चित ही है कि आधिभौतिक उन्नति का दुरुपयोग भी पूरा किया जाता है और कुछ स्वार्थी लोग अथवा जातियां जो भौतिक विद्या की उन्नति के लिये करोड़ों रुपये खर्च करके वैज्ञानिक विद्वानों को सहायता

देती हैं, उनके परिश्रम के फल का उपयोग सार्वजनिक लोक समाज के लाभार्थ नहीं वरन् अपने स्वार्थों की पूर्ति करने में करती हैं, और उन वैज्ञानिक उन्नतियों का एक दुष्परिणाम जगत् का रुद्र संहार तक हो जाता है। आधुनिक दरिद्रता और नाना प्रकार के संतापों का भी कारण उक्त विद्याओं का दुरुपयोग ही है; परन्तु हम ऐसे युग में से निकल रहे हैं जिसमें मनुष्य अपनी त्रुटियों के कारण उक्त विद्याओं की सिद्धियों के लोभ में फंस कर उनसे लोक अपकार ही अधिक करते हैं। संभव है आगे आने वाली संतानें अपने पूर्वजों से लाभ उठाकर उनसे संसार का उपकार भी कर सकें। परन्तु आध्यात्मिक उन्नति में ऐसा भय होने की आशंका नहीं हो सकती।

आध्यात्मिक विद्या के जिज्ञासुओं के लाभार्थ आध्यात्मिक उन्नति के इस मुख्य साधन "शक्तिपात के विज्ञान" की व्याख्या नीचे करते हैं।

१—अथातः शक्तिपातं व्याख्यास्यामः।

अब यहां से शक्तिपात की व्याख्या हम करेंगे।

अथ शब्द का प्रयोग मंगलार्थ किया जाता है। जैसा कि कहा है:—

ॐ कारश्चाथ शब्दश्च द्वावेतौ ब्रह्मणः पुरा।
कण्ठं भित्वा विनिर्यातौ तस्मान्माङ्गलिकावुभौ॥

अर्थः—'ॐकार' और 'अथ' शब्द दोनों पहिले ब्रह्माजी

के कण्ठ को भेदकर बाहर निकले थे, इसलिये ये दोनों माङ्गलिक शब्द हैं।

यहां पर 'अथ' शब्द का प्रयोग आनन्तर्यार्थ में किया गया गया है। यद्यपि, 'शक्ति पात' की दीक्षा ग्रहण करने के लिये किसी पूर्व साधन की अथवा किसी शास्त्र के अध्ययन की आवश्यकता नहीं है। जिसपर गुरु अनुग्रह करते हैं उसी को उसकी प्राप्ति हो सकती है, चाहे शिष्य शास्त्रों का विद्वान् हो, चाहे कुछ भी न पढ़ा हो, उसने योगानुष्ठान किया हो अथवा न किया हो, बिना पूर्वानुष्ठित तय्यारी की अपेक्षा के गुरु के 'शक्तिपात' रूप अनुग्रह से शिष्य की शक्ति का उद्बोधन हो जाता है परन्तु यहां 'शक्तिपात' के विज्ञान की व्याख्या करने का तात्पर्य यह है कि यह कोई स्वतन्त्र विज्ञान आधुनिक भौतिक विज्ञानों के अन्वेषणों के सदृश पूर्वाचार्यों की अपेक्षा नहीं रखता, ऐसा नहीं है। शक्तिपात एक साधन है, जिसके द्वारा अधिकारी शिष्य में योग, भक्ति एवं ब्रह्मात्मैक्य ज्ञान का आवेश गुरु के अनुग्रह से हठात् जागृत किया जा सकता है। भगवान् महर्षि पातञ्जलि ने चित्त की वृत्तियों के निरोध के लिये निम्न आठ साधन कहे हैं और उन आठों के अन्तर्गत ही वृत्ति निरोध के समस्त साधनों का समावेश है। तदनुसार यह साधन भी उक्त आठ साधनों के अन्तर्गत ही है, जैसा कि नीचे बताया जायगा। इस दृष्टि से पातञ्जल दर्शन की तरह यहां भी 'अथ' शब्द का प्रयोग अधिकरण अर्थ में समझा जाना उचित प्रतीत

होता है, परन्तु ऐसा नहीं है, क्योंकि शक्तिपात दीक्षा का अधिकारी बनने के लिये पूर्वार्जित सत्कर्मों अथवा अन्तःकरण शुद्धि के विभिन्न साधनों के अनुष्ठान की आवश्यकता है। देखें सूत्र (२, ४)।

पातञ्जल दर्शन में बताये हुए चित्त वृत्तिनिरोध के आठ उपाय ये हैं:—

(१) अभ्यास वैराग्याभ्यां तन्निरोधः—उनका निरोध अभ्यास और वैराग्य द्वारा होता है। इन दोनों की सर्वोपरिगणना है, क्योंकि अभ्यास के बिना कोई साधन नहीं हो सकता और अभ्यास को दृढ़ रखने के लिये सांसारिक विषयों से और स्वर्गादि अथवा योग की सिद्धियों के प्रलोभनों से वैराग्य का धारा प्रवाह सदा आवश्यक है। वैराग्य का अर्थ भोगों का त्याग नहीं है क्योंकि सुख दुःखों को भोगने के लिये ही जन्म होता है, किन्तु वैराग्य से अनासक्ति का ही अर्थ ग्रहण करना चाहिये। जो मनुष्य वीतराग द्वेष होकर संसार के सब ही विषयों का धर्मयुक्त उपभोग करते हैं वे विरक्त ही हैं।

(२) ईश्वर प्रणिधानाद्वाः—अथवा ईश्वर प्रणिधान से भी वृत्तियों का निरोध होता है। ईश्वर प्रणिधान का अर्थ ईश्वरार्पण अथवा ईश्वर शरणागति समझना चाहिये। पर प्रेमरूपा भक्ति भी इसका अंग कही जा सकती है। क्योंकि समर्पण अथवा शरणागति में अनन्यता का भाव ओत प्रोत है।

(३) प्रच्छर्दनविधारणाभ्यां वा प्राणस्य--अथवा प्राण के रेचन और विधारण द्वारा भी निरोध होता है।

(४) विषयवती वा प्रवृत्तिरुत्पन्ना मनसः स्थितिनिबंधिनि--अथवा मन की स्थिति को बाँधने वाली (दिव्यगंध, दिव्यरस, दिव्यरूप, दिव्यस्पर्श और दिव्यशब्द) विषयवती प्रवृत्ति के उत्पन्न होने से भी चित्त की वृत्तियों का निरोध होता है, क्योंकि सांसारिक विषयों से चित्त में स्वभावतः उपरति होकर इन्द्रियां अन्तर्मुख होने लगती हैं।

(५) विशोका वा ज्योतिष्मती--अथवा विशोका नाम की ज्योतियों के दर्शन होने से भी वृत्तियों का निरोध होता हैं।

(६) वीत राग विषयं वा चित्तम्--अथवा ऐसे चित्त का आलंबन लेने से जो साधन सम्पन्न होकर वीतराग हो चुका है। यहां पर ऐसे गुरुजनों के चित्त का आलंबन लेने का उपदेश किया गया है जो राग-द्वेष से मुक्त हो गये हैं। उन के चित्त का आलंबन किस प्रकार लिया जा सकता है, यह बात विचारणीय है। बहुतों का मत है कि उनके फोटो आदि के ध्यान से अथवा स्मरण मात्र से उनके चित्त का आलंबन मिल जाता है। यह बात सर्वथा तो निर्मूल नहीं है क्योंकि अनुभव से देखा गया है कि ऐसे महात्माओं के ध्यान अथवा स्मरण से लाभ होता है। परन्तु यथेष्ट लाभ की संभावना इस प्रकार हर किसी को नहीं। दूसरी रीति, जिससे उनके चित्त का आलंबन मिलता है, वह

'शक्तिपात' है क्योंकि शक्तिपात उनके अनुग्रह से ही हुआ करता है और इस प्रकार पूर्ण लाभ की प्राप्ति होती है।

(७) स्वप्न निद्रा ज्ञानालंबनं वा—अथवा स्वप्न और निद्रा के ज्ञान का, अथवा स्वप्न और निद्रा में आये हुये ज्ञान का आलंबन लेने से भी वृत्तियों का निरोध होता है।

(८) यथाभिमतद्ध्यानाद्वा--अथवा जैसा ध्यान किसी को अच्छा लगे, उसी ध्यान से वृत्तियों का निरोध होता है।

हर एक प्रकार के साधन में चित्त की प्रसन्नता अति आवश्यक है। इसलिये सदा चित्त प्रसन्न रखने का भी उपाय और उपदेश साथ-साथ दिया गया है कि सुखी को देखकर मित्रता, दुखी को देख कर दया, पुण्यात्मा को देख कर प्रसन्नता और पापी को देख कर उपेक्षा का भाव लाने से चित्त में आध्यात्मिक प्रसाद आता है।

यद्यपि शक्तिपात द्वारा उपरोक्त सब ही साधन स्वयं आते हैं परन्तु विशेष रूप से इस विज्ञान का संबंध "वीतराग विषयं वा चित्तम्" से ही है।

शक्तिपात द्वारा योग एवं भक्ति के ही दिव्यावेश जागृत नहीं होते वरन् जीव ब्रह्मैक्य ज्ञान भी शक्तिपात दीक्षा द्वारा ही होता है, अन्यथा नहीं। जैसा कि कहा है—

तत्व ज्ञानेन मायाया बाधो नान्येन कर्मणा।
ज्ञानं वेदान्तवाक्योत्थं ब्रह्मात्मैकत्व गोचरम् ॥

तच्च देव प्रसादेन गुरोः साक्षान्निरीक्षणात् ।
जायते शक्तिपातेन वाक्यादेवाधिकारिणाम् ॥

(ब्रह्मणिका)

अर्थ—माया का बाध तत्व ज्ञान से होता है, अन्य कर्म से नहीं। जो वेदान्त वाक्यों द्वारा ब्रह्म और जीव के एकत्व की अनुभूति दिलाता है। वह ज्ञान ईश्वर के प्रसाद से और गुरु के साक्षात् निरीक्षण से अधिकारियों में महावाक्य के उपदेश द्वारा शक्तिपात करने से उदय होता है।

जिस शक्ति का उल्लेख प्रथम सूत्र में किया गया है वह कैसी है ? प्रकृति से उत्पन्न होने वाली विद्युदादि के सदृश है अथवा भिन्न प्रकार की; इस शंका का उत्तर नीचे दिया जाता है।

२. शक्तिर्ह्यात्मनः श्रुतेः ।

यह शक्ति आत्मा से ही है, श्रुति का प्रमाण है। वेदों में इस शक्ति का स्थान स्थान पर वर्णन मिलता है। यहां पर हम अथर्व संहिता के एकादश काण्ड में आठवें सूक्त के १६-१७ मन्त्रों द्वारा स्पष्ट रूप से दिये हुये वर्णन का उल्लेख करते हैं।

यत्तच्छरीरे मशयत् संधया संहितं महत् । येनेदमद्य
रोचेत को अस्मिन् वर्णमाभरत् ॥

सर्वे देवा उपाशिक्षन् तद जानाद् वधूः सती । ईशा
वशस्य या जाया सास्मिन् वर्णमाभरत् ॥

अर्थ—यह बड़ा शरीर 'संधा' (जोड़ने वाली) नाम की शक्ति से जुड़ा हुआ भी निश्चेष्ट पड़ा हुआ था। जिसके कारण यह अब अच्छा लगता है वह कौन है ? जिसने इसमें प्रकाश का आभरण किया है। ऐसा सब देवताओं ने जानने की प्रार्थना की, तब उस धारण करने वाली वधू सती ने बताया कि ईश्वरी परमेश्वर की (शक्ति) जो उसकी जाया (पत्नी) है उसने इस शरीर में वर्ण अर्थात चेतना रूप प्रकाश का आभरण किया है।

शक्तियां दो प्रकार से उत्पन्न होती हुई देखी जाती हैं (१) यन्त्रों द्वारा, जैसे भाप के दबाव से बनाई हुई रेलवे एंजिन आदि की शक्ति अथवा बैटरी या डायनुमो जैसे यन्त्रों से उत्पन्न की हुई विद्युदादि की शक्ति (२) मनुष्यों अथवा पशुओं के शरीर के बल से उत्पन्न हुई शक्ति। जो कार्य यंत्रों द्वारा किया जाता है वह कार्य छोटे पैमाने पर बैल, भैंस, घोड़े आदि पशुओं के शारीरिक बल अथवा मनुष्य के शारीरिक बल से भी वैसे ही किया जा सकता है, और दोनों का कार्य एक सदृश ही प्रतीत होता है। क्या शक्तिपात में उल्लिखित शक्ति भी इसी प्रकार की शक्ति है ? यद्यपि मनुष्य और पशुओं के शारीरिक बल से

उत्पन्न शक्ति वास्तव में आत्मा से ही उदित है अथवा आत्मा ही उसका कारण है परन्तु इसका कार्य अचेतन यंत्रों से उत्पन्न शक्तियों के समान ही जड़वत् होता है। इसलिए दोनों में कोई भेद नहीं दीख पड़ता। दोनों अचेतनवत् कार्य करती हैं। इस शंका का समाधान आगे किया जाता है।

३ चितिर्वा।

अथवा वह चिति शक्ति ही है।

चिति का तात्पर्य यह है कि शक्ति चेतना से भिन्न नहीं। इसलिये वह चेतन शक्ति है न कि अचेतन।

४ ज्ञानवती च।

और ज्ञानवती भी है।

५ प्राणोवा श्रुतेः।

अथवा उसको प्राण भी कहते हैं, श्रुति का प्रमाण है।

वेदों ने संहिताओं; ब्राह्मण, और उपनिषदों में सर्वत्र प्राणों की उपासना करने का विधान किया है और प्राण के स्वरूप, स्थान और उद्गम का भी बार बार वर्णन किया है। वेदोक्त प्राण श्वास और प्रश्वास की गति से अतिरिक्त कोई अन्य पदार्थ है और वह आत्मा से उत्पन्न होने पर भी अथवा आत्मा या ब्रह्म का स्वरूप होने पर भी व्यक्त शक्ति का रूप धारण किये हुये है जैसा कि नीचे दी हुई श्रुतियों से स्पष्ट है।

आत्मन एष प्राणो जायते, मनोकृतेनाऽऽयात्यस्मिन् शरीरे।

(प्रश्न ३, ३)

अर्थ—आत्मा से यह प्राण उत्पन्न होता है, मन के सहारे से यह शरीर में आता है।

एतस्मात् जायते प्राणः। (मुण्डक २-१-३)

अर्थ—प्राण ब्रह्म से उत्पन्न होता है।

सर्वाणि ह वा इमानि भूतानि प्राणमेवाभिसंविशंति प्राणम् भ्युज्जिहते। (छां १।११।५)

निश्चयपूर्वक ये सब सृष्टि प्राण में ही लय होती है और प्राण से ही उत्पन्न होती है।

या प्राणेन संभवत्यदिति देवतामयी, गुहां प्रविष्यतिष्टंती या भूतेभिर्व्यजायत, एतद्वै तत्। (कठ ४।७)

अर्थ—देवतामयी जो 'अदिति' शक्ति प्राण के द्वारा उत्पन्न होती है, हृदयाकाश रूपी गुफा में प्रवेश करके वहां ठहरी हुई भूतों के द्वारा व्यक्त होती है, निश्चय से यह ब्रह्म ही है।

प्राणबन्धनं हि सौम्य मनः (छा० ६।८।२)

हे सौम्य, निश्चय से मन प्राण के बंधन में है।

स एष प्राण एव प्रज्ञात्मानन्दोऽजरोऽमृतः।

(कौषतिकी ब्राह्मणोपनिषत् ३।८)

वह आनन्द स्वरूप, अजर, अमर, प्रज्ञात्मा यह प्राण ही है।

ब्रह्म सूत्रों में--अतएव प्राणः (१।१।२३) सूत्र द्वारा कहा है कि यह प्राण श्वास प्रश्वास गति स्वरूप वायु नहीं है, किन्तु ब्रह्म ही है।

आत्मा का अर्थ शुद्ध स्वरूप आत्मा अथवा ब्रह्म ही समझना चाहिये। पिण्ड में शुद्ध आत्मा और ब्रह्मांड में ब्रह्म अथवा दोनों जगह ब्रह्म ही कह सकते हैं। जो लोग जीव ब्रह्म की एकता नहीं मानते उनको आत्मा का अर्थ बंधन में पड़े हुवे अहंकारादि उपाधियों से युक्त जीव नहीं मानना चाहिये वरन् अन्तर्यामी परमात्मा ही समझना चाहिये। क्योंकि परमात्म-शक्ति ही मोक्ष साधन करा सकती।

शक्ति, शक्तिमान् से भिन्न नहीं, न उससे पृथक् अन्य वस्तु है। हम शक्ति के भौतिक और चेतन दो रूप देखते हैं। प्रकृति के सब कार्यों को चलाने के लिए अनन्तशक्ति भण्डार प्रकृति में दीख पड़ता है। पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि और आकाश के अणु अणु में इतनी शक्ति भरी हुई है कि आधुनिक वैज्ञानिकों की बुद्धि उसका परिमाण जांचने में अभी तक असमर्थ ही रही है। प्रकृति के साधारण से कार्यों में अनन्त शक्ति का उत्पन्न होना और लय होना देखा जाता है। साधारण सी बादल की गरजना में इतनी विद्युच्छक्ति उत्पन्न होकर लय हो जाती है जितनी बड़े से बड़े विद्युद् यंत्रालय नहीं उत्पन्न कर सकते। ऐसा ही हाल चेतन शक्ति का भी है। हाथी, सिंह आदि पशुओं में कितनी शक्ति खर्च होती रहती है। दोनों प्रकार

की चेतन अचेतन शक्तियों का शक्तिमान् कौन है ? हम ईश्वर को यदि सर्व शक्तिमान् मानते हैं तो यह मानना भी अनुचित नहीं कि जड़ चेतनमय जगत् में जो कुछ व्यापार घटित होते हैं वे सब उस शक्तिमान् की शक्ति के ही कार्य हैं। यदि ऐसा माना जाय तो क्या प्रकृति की संचालक इन शक्तियों को ही शक्तिमान् समझ लिया जाय, अथवा शक्तिमान् शक्ति से भिन्न ही है। इसका उत्तर समझाने के लिये हम एक दृष्टांत देकर विचार करते हैं। थोड़ी देर के लिये यह मान लें कि मनुष्य की शक्ति सर्व शक्तिमान् से भिन्न शरीरस्थ आत्मा की ही है। हम देखते हैं कि मनुष्य की शक्ति बाल, युवा, वृद्ध, स्वस्थ तथा रुग्ण अवस्था भेद से न्यूनाधिक होती रहती है। क्या इस शक्ति को उत्पन्न करने वाला आत्मा कभी कम और कभी अधिक शक्ति वाला हो जाता है। फिर वही आत्मा जन्मान्तर में कीट आदि के शरीरों को त्याग कर पशु और मनुष्य शरीरों को धारण करता है। तो क्या आत्मा की शक्ति में परिवर्त्तन हो जाता है ? यदि ऐसा माना जाय तो आत्मा विकारी और परिवर्तनशील मानना पड़ेगा परन्तु यह सिद्धांत के विरुद्ध बात है।

इसलिये यह सिद्ध होता है कि आत्मा, जो स्वयं असंग है शरीर, मन, बुद्धि और अहंकार की उपाधि के कारण न्यूनाधिक शक्ति वाला प्रतीत होता है। बालक के शरीर में कम बल होता है, युवा अवस्था में अधिक, इसका कारण आत्मा का विकार नहीं है वरन् शरीर रूपी उपाधि का विकार है। मनुष्य अपने बल का अनुमान नहीं कर सकता और साहस, धैर्य और हिम्मत

से अपने बल की वृद्धि कर लेता है। इससे यही सिद्ध होता है कि आत्मा निर्विकार होते हुये भी अहंकार द्वारा शरीरादि उपाधियों से शक्ति की व्यक्तता प्रकट करता रहता है। वास्तव में आत्मा अनन्त शक्तिमान् होते हुये भी निष्क्रिय रहता है और उसकी शक्ति उसमें सदा एक समान अव्यक्त रहती है। परन्तु उसके प्रकाश के कारण शरीरादिक उपाधियों में शक्ति की व्यक्तता होती रहती है। आत्मा एक चुम्बक पत्थर Magnet के सदृश है जिसके वातावरण Magnet field में लोहे के टुकड़े शक्ति व्यक्त करते रहते हैं। परन्तु Magnetic field और लोहे के टुकड़ों में नृत्य करने वाली शक्ति दो वस्तु नहीं। इसी प्रकार सर्व शक्तिमान् ब्रह्म और प्रकृति की समस्त जड़ चेतनमय शक्तियों को समझना चाहिये। सांख्य के मतानुसार प्रकृति के पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश, ५ तन्मात्राएं, ५ कर्मेन्द्रियां, ५ ज्ञानेन्द्रियां, मन, अहंकार, महत्तत्व और अव्यक्त २४ तत्व हैं। ये सब परमात्मशक्ति के कारण जड़ चेतन मय शक्ति व्यक्त करते रहते हैं। प्रथम पांच तत्वों में शक्ति की व्यक्तता अचेतनवत् है और शेष १८ तत्वों में चेतनवत्। अव्यक्त में बीज की तरह प्रसुप्त (in potential form) रहती है अन्य तत्व उसके क्रियात्मक रूप (kinetic forms) हैं। अव्यक्त प्रकृति है (potential form), महत अहंकार, पंचतन्मात्रायें ये सप्त प्रकृति विकृति स्वरूप हैं (partially potential and kinetic), मन, पांच ज्ञानात्मक और पांच क्रियात्मक इन्द्रियां, ५ महाभूत ये १६ विकृति स्वरूप हैं (kinetic), पुरुष न प्रकृति

है न विकृति है (ne'ther potential nor kinetic)।

इसलिये शक्ति ब्रह्म ही है और उपरोक्त श्रुतियों का तात्पर्य यह ही है कि वह ब्रह्म ही प्राण है। यद्यपि शरीर में प्राण के पांच क्रियात्मक रूप, प्राण, अपान, समान, व्यान और उदान प्रतीत होते हैं और बाहर सूर्यशक्ति प्राण, पृथ्वी की आकर्षण शक्ति अपान, आकाश (Ether) समान वायु व्यान और अग्नि उदान हैं। ब्रह्म रूपी चुम्बक magnet के चुम्बक क्षेत्र magnetic field को प्राण कहते हैं वह उपाधियों के आधार पर नाना रूप से चेतन अचेतन शक्ति की व्यक्तता का कारण है। परन्तु चुम्बक Magnet और चुम्बक क्षेत्र Magnetic field स्थूल और सूक्ष्म होने के कारण अलग अलग मालूम होते हैं। ब्रह्म तो सर्व व्यापी होने के कारण सत् चित् आनन्द स्वरूप चुम्बक क्षेत्र Magnetic field ही है जिसमें कभी कोई विकार नहीं होता, सदा अव्यय और प्रशान्त रहता है। वह न कभी प्रसुप्त Potential रूप धारण करता है न क्रियात्मक Kinetic, प्रकृति उसकी माया है। जो शक्ति पांच महाभूतों के आधार से व्यक्तता में आती है उसको हम जड़शक्ति कहते हैं। इन्द्रिय, मन, बुद्धि और अहंकार के आधार से जिसकी व्यक्तता है वह चेतन कहलाती है, परन्तु महत तत्व और उससे उत्पन्न हुये अहंकार के आधार से जो व्यक्त होती है वह ही आध्यात्मिक शक्ति है, जिसका प्रयोग शक्तिपात में होता है। कहा है:—

'यदिदं किञ्च जगत्सर्वं प्राण एजति निस्तं' (कठ)

अर्थात् जो कुछ यह जगत् है वह सब ब्रह्म से निसृत प्राण का ही स्पन्दन मात्र है।

६ सैव कुण्डलिनी।

वह ही कुण्डलिनी है। मनुष्यों में उक्त आध्यात्मिक शक्ति को कुण्डलिनी कहते हैं। कुण्डलिनी का आकार सर्पाकार माना गया है और सर्पाकार ही ब्रह्माण्ड को धारण करने वाला शेष माना जाता है। इसलिये ब्रह्माण्ड और पिंड को धारण करने वाली वह शक्ति एक ही है।

कुण्डल्येव भवेच्छक्ति स्तां तु संचालयेद्बुधः।
स्वस्थानादाभ्रुवोर्मध्यंशक्तिचालनमुच्यते॥

—(योग कुण्डल्युपनिषत्)

अर्थ—कुण्डलिनी ही शक्ति है उसको बुद्धिमान् उसके स्थान मूलाधार से भ्रूमध्य तक संचालित करे, यही शक्तिचालन कहलाता है।

ज्ञेया शक्तिरियं विष्णोर्निर्भया स्वर्णभास्वरा।
सत्वं रजस्तमश्चेति, गुणत्रय प्रसूतिका॥
महा कुण्डलिनी प्रोक्ता परब्रह्म स्वरूपिणी।
जीव शक्तिः कुण्डलाख्या, प्राणकाराथ तेजसी॥

अर्थ—इस शक्ति को स्वर्णवत् कान्तियुक्त सत्वरजतम तीनों गुणों को उत्पन्न करने वाली विष्णु की निर्भया शक्ति जानना

चाहिये। यह परब्रह्म स्वरूपिणी शक्ति महा कुण्डलिनी भी कही जाती है। यह ही जीवरूपिणी शक्ति है, वह कुण्डलों वाली प्राणाकार तेजोमयी है।

शक्तिपात द्वारा शक्ति चालन उसी क्षण होने लगता है प्रथम सूत्र में शक्तिपात शब्द का प्रयोग किया गया है, न कि केवल शक्ति का। अर्थात् यहां पर शक्ति के विज्ञान की व्याख्या नहीं वरन् उसके पात की व्याख्या की जाने की प्रतिज्ञा है। इसलिये यह शंका होती है कि शक्ति का पात किस पर होता है, उत्तर अगले सूत्र में है कि—

७ तत्पातः शिष्येषु।

उस शक्ति का पात शिष्यों में होता है।

सूत्र में शिष्य कहने से स्पष्ट है कि गुरुजन अपने शिष्य में आध्यात्मिकशक्ति का पात करते हैं। गुरु शिष्य का सम्बन्ध इस बात का द्योतक है कि गुरु अपनी विद्या से शिष्य की उन्नति करना चाहता है। इसलिये इस सूत्रसे यह भाव भी स्पष्ट निकलता है कि शक्तिपात शिष्यों के कल्याण के लिये किया जाता है। जैसे लौकिक गुरु शिष्यों की मानसिक उन्नति के लिये विद्या पढ़ाता है, उसी प्रकार आध्यात्मिक उन्नति के लिये शक्तिपात किया जता है।

८ ततः शक्त्युद्बोधनम्।

उससे शक्ति का उद्बोधन होता है।

अर्थात् शिष्य की शक्ति गुरु द्वारा शक्तिपात होने से जाग उठती है, जिसका अभिप्राय यह है कि हर एक मनुष्य की आध्यात्मिक शक्ति सोई हुई है। जागने पर उसके स्वरूप का अनुभव होने लगता है। शिष्य की शक्ति को जगा देने का ही नाम शक्तिपात है जैसा कि शक्तिरहस्य में कहा है:—

व्यापिनी परमा शक्तिः पतितेत्युच्यते कथं ?
उर्द्धादधोगतिः पातो मूर्तस्यासर्वगतस्य च ॥
सत्यं सा व्यापिनी नित्या सहजा शिववत् स्थिता।
किन्त्वियं मलकर्मादि पाशबद्धेषु संवृता ।
पक्वदोषेषु सुव्यक्ता पतितेत्युपचर्यते ॥

अर्थ—वह परमा शक्ति सर्व व्यापिनी है। फिर उसे पतिता अर्थात् वह गिरती है ऐसा क्यों कहते हैं ? एक देशीय मूर्तिमान् जो सर्व व्यापक नहीं है उसी की ऊपर से नीचे गिरने की गति को पात कह सकते हैं। सत्य ! वह सर्व व्यापिनी है और स्वभाव से शिववत् स्थित है, किन्तु कर्मों के मल के पाश से आवृत रहती है और दोषों के पक जाने पर वह अच्छी तरह व्यक्त हो जाती है, तब उसे पतिता (शक्ति पात) कहते हैं।

६ प्राणोत्थानं वा।

अथवा यों कहें कि प्राण का उत्थान हो जाता है। प्राण शक्ति जो मनुष्य के मन, बुद्धि, इन्द्रियों और शरीर को धारण किये हुए है वह शक्ति के जागने पर ऊर्द्धगामी होने लगती है।

१० ततोमहायोगसिद्धिः ।

उससे (शक्ति के जागने से) महायोग की सिद्धि होती है।

११ योगः समाधिरिति भगवान् वेद व्यासः ।

योग समाधि ही है ऐसा भगवान् वेद व्यास ने कहा है।

समाधि संप्रज्ञात और असंप्रज्ञात दो प्रकार की होती है। जिसमें प्रज्ञा बनी रहे वह समाधि संप्रज्ञात और जब प्रज्ञा का सर्वथा निरोध हो जाय तब असंप्रज्ञात समाधि कहलाती है। संप्रज्ञात को सबीज और असंप्रज्ञात को निर्बीज समाधि भी कहते हैं। संप्रज्ञात के ६ अवान्तर भेद हैं—सवितर्क, निर्वितर्क, सविचार, निर्विचार, सानन्द और सास्मिता।

१२ चित्तवृत्तिनिरोध इतिभगवान् पतंजलिः ।

चित्त की वृत्ति के निरोध को योग कहते हैं ऐसा भगवान् पतञ्जलि का मत है।

पातञ्जल योगदर्शन का सूत्र है—'योगश्चित्तवृत्ति निरोधः', अर्थात् योग चित्त की वृत्तियों के निरोध को कहते हैं।

उक्त सूत्र में निरोध के पहिले कोई विशेषण नहीं लगाया गया है कि कितने निरोध को योग कहते हैं। इसलिये थोड़े निरोध को भी योग कह सकते हैं और सर्वथा निरोध को भी योग कहते हैं। योगानुष्ठान के उन्होंने आठ अङ्ग बताये हैं। यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, और समाधि। इसका अर्थ यह है कि वृत्तियों का निरोध थोड़ा बहुत

तो 'यम' से ही होने लगता है और सर्वथा निरोध निर्बीज समाधि में होता है। चित्त तमस् Inertia रजस् motion और सत्व light तीनों गुणों से युक्त रहता है। इनमें से कोई एक प्रधान रूप से और अन्य दोनों उससे दबे हुये रहा करते हैं। तमोगुण से मूढ़, रजोगुण से क्षिप्त, रजसत्व से विक्षिप्त, सत्व से एकाग्र और तीनों के न्यूनाधिक निरोध से निरुद्धावस्था की भिन्न भिन्न भूमिकाएं आती हैं। एकाग्र और निरुद्ध अवस्थायें योगियों को ही होती हैं सर्व साधारण को नहीं।

वृत्तियां पांच प्रकार की हैं जो अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष और अभिनिवेश पांचों क्लेशों से युक्त होती हैं और इनसे रहित भी होती हैं। अनित्य में नित्यता की, अपवित्रता में पवित्रता की, दुःख में सुख की और अनात्म वस्तुओं में आत्मा की भावना रहना 'अविद्या' है। "मैं हूं" यह भाव 'अस्मिता' कहलाता है। विषयों में आसक्ति को 'राग' और घृणा को 'द्वेष' कहते हैं। सदा जीने की इच्छा अथवा मृत्यु के भय को 'अभिनिवेश' कहते हैं। बंधन में पड़े हुये मनुष्यों की वृत्तियां इन पांचों से युक्त होती हैं और जीवन-मुक्त महात्माओं की वृत्तियां इन पांचों से रहित होती हैं। पांच प्रकार की वृत्तियां नीचे दी जाती हैं।

(१) **प्रमाण** की वृत्तियां तीन भेद वाली होती हैं प्रत्यक्ष प्रमाण, अनुमान प्रमाण और आगम प्रमाण। देखने, सुनने, सूंघने, चखने और छूने की पांच प्रत्यक्ष ज्ञान की वृत्तियां हैं।

जो ज्ञान इन पांचों प्रत्यक्ष प्रमाणों से नहीं हो सकता, उसका मन बुद्धि द्वारा अनुमान किया जाता है। जिस बात का ज्ञान प्रत्यक्ष और अनुमान दोनों से नहीं होता वह अनुभवी मनुष्यों अथवा शास्त्रों के वाक्यों से होता है उसको आगम प्रमाण कहते हैं।

(२) दूसरे प्रकार की **विपर्यय** वृत्ति है—अर्थात् असद्रूप मिथ्या ज्ञान, जैसे रस्सी में सर्प का भ्रान्तिमय ज्ञान।

(३) **विकल्प ज्ञान**—तीसरे प्रकार की वृत्ति है। जिसमें शाब्दिक ज्ञान होता है तदनुसार किसी वस्तु का अस्तित्व नहीं होता। जैसे आत्मा की चेतन शक्ति, ऐसा कहने से शब्दों का ज्ञान होता है वास्तव में आत्मा से भिन्न कोई चेतन शक्ति नहीं है, दोनों एक ही हैं। परन्तु शब्दों से दोनों का अलग अलग होने का ज्ञान विकल्प मात्र है।

(४) **निद्रा**—सुषुप्ति की अवस्था भी चित्त की एक प्रकार की वृत्ति ही है जिसमें सब आलम्बनों का अभाव हो जाता है।

(५) **स्मृतिः**—पूर्व काल में सुने और अनुभव किये हुए विषयों का याद आना स्मृति है।

उपरोक्त पांचों प्रकार की वृत्तियों के अन्तर्गत जाग्रत, स्वप्न और सुषुप्ति तीनों अवस्थायें हैं। स्वप्न में स्मृति की वृत्ति के आधीन तमोगुण से ढकी हुई इन्द्रियां, मन और बुद्धि के संस्कार काम करने लगते हैं।

चित्त को एक जलाशय के सदृश मान लिया जाय, जिसपर आकाश, बादल, वृक्ष इत्यादि का प्रतिबिम्ब दीख रहा हो तो जैसे उक्त प्रतिबिम्बों के कारण जलाशय की तली नहीं दीखती परन्तु प्रतिबिम्बों के ओझल होने से तली दीखने लगती है अथवा जल में लहरें उठने पर तली का प्रकाश नहीं दीख सकता और लहरों के शान्त होने पर वह दीखने लगता है। ठीक उसी तरह तली रूपी आत्मा वृत्तियों के कारण नहीं जान पड़ता। वृत्तियां शांत हो जाने पर आत्मा का साक्षात्कार होता है। चित्त रूपी जल में वाह्य विषयों के प्रतिबिम्ब सदा पड़ते रहते हैं अथवा स्मृति के द्वारा संकल्प विकल्प रूपी तरंगें उठा करती हैं अथवा निद्रा के तमोगुण रूपी मिश्रण से वह गदला हो जाता है इसलिये आत्म स्थिति नहीं होने पाती। जब पांचों प्रकार की वृत्तियों का सर्वथा निरोध हो जाता है तब आत्मा अपने स्वरूप में स्थित होता है अन्यथा नहीं।

आत्मदर्शन होने से वृत्तियों के ज्ञान का मिथ्यापन और आत्मज्ञान की सत्यता चित्त पर चमकने लगती है और जगत् के बंधन का मिथ्या विपर्य्य ज्ञान निवृत्त हो जाता है जैसे रस्सी का ज्ञान होने के पश्चात् उसमें से सांप की भ्रांति दूर हो जाया करती है।

उपरोक्त वृत्तियों के निरोध के लिये शक्तिपात किस प्रकार सहायक होता है यह कुछ प्रथम सूत्र में बताया जा चुका है। अब नीचे यह दिखाया जायगा कि वृत्तियों का निरोध प्राण के

वश में होने के कारण सुगमतापूर्वक हो जाता है। वृत्तियां प्राण के आधीन हैं इसका क्या प्रमाण है सो कहते हैं—

१३ प्राणस्येदं वशे सर्वमिति श्रुतेः।

यह सब प्राण के वश में है, श्रुति का प्रमाण है।

ॐ प्राणाय नमो यस्य सर्वमिदं वशे।

यो भूतः सर्वस्येश्वरो यस्मिन्तसर्वं प्रतिष्ठितम् ॥

(अथर्व वेद प्राण सूक्त मं० १)

अर्थ—प्राण को नमस्कार है जिसके वश में हैं यह सब जो हुआ हैं। सब का ईश्वर, जिसमें सब कुछ प्रतिष्ठित है।

ॐ याते तनूर्वाचि प्रतिष्ठिता या श्रोत्रे या चक्षुषि, या च मनसि सतता शिवां तां कुरूमोत्क्रमीः। प्राणस्येदं वशे सर्वं त्रिदिवे यत्प्रतिष्ठितम्, मातेव पुत्रान् रक्षस्व श्रीश्च प्रज्ञां च विधेहिनः

(प्रश्नोपनिषत् द्वितीय प्रश्न १२। १३)

अर्थ—जो तेरी तनू (स्वरूप) वाणी में प्रतिष्ठित है, जो श्रोत्र में, जो चक्षु में और जो मन में फैली हुई है उसको तू हमारे लिये कल्याण स्वरूप रख, उत्क्रमण मत कर। इस लोक में यह सब प्राण के वश में है और जो कुछ तीसरे लोक (स्वर्ग) में प्रतिष्ठित है। तू पुत्रों की माता के सदृश हमारी रक्षा कर और हमको श्री (तेज) और प्रज्ञा दे।

१४ उभयोः परस्परं निरोधः।

दोनों प्राण और चित्त वृत्तियों का परस्पर निरोध होता है। प्राण के निरोध से वृति निरोध और वृत्ति निरोध से प्राण निरोध होता है और इसी प्रकार से दोनों का निरोध बढ़ता जाता है। पहिले प्राण का निरोध करना चाहिये क्योंकि स्वतन्त्र रूप से वृत्ति निरोध कठिन साध्य है।

१५ महान् किं ? विशेषत्वाच्छक्त्युद्बोधने तत्सिद्धेः।

महान् क्यों ? विशेषता के कारण, शक्ति के उद्बोधन से उसकी सिद्धि होने से।

दशवें सूत्र में योग के पहिले महान् विशेषण का प्रयोग क्यों किया गया है ? क्या महायोग, व्यासजी अथवा पतञ्जलि भगवान् के योग से भिन्न कोई अन्य योग है, इस शंका का उत्तर इस सूत्र में दिया गया है कि योग तो चित्त वृत्ति निरोध रूप वह ही है दूसरा नहीं हो सकता। परन्तु महान् विशेषण का प्रयोग करने का अभिप्राय यह है कि उसकी सिद्धि शक्ति के जागने से तुरन्त होती है, अन्यथा श्रद्धा वीर्य सहित यत्नपूर्वक दीर्घ काल निरंतर सत्कार से अभ्यास करने पर वृत्तिनिरोध की उपलब्धि कही गई है। इसलिये जो योग परिश्रम साध्य है वह गुरु कृपा से शीघ्र प्राप्त होता है।

१६ हठ मंत्र लयराजयोगान्तर्भूमिकत्वाच्च श्रुतेः।

और हठ योग, मंत्रयोग, लययोग, राजयोग, का अन्तर्भू-

मिकत्व होने के कारण भी महान् कहा गया है, श्रुति का प्रमाण है।

शक्ति जागने के पश्चात् हठादि चारों योगों का अन्तर्भूमिका रूप से स्वतः सिद्ध विकास उत्तरोत्तर होता है, यह भी विशेषता है। इसमें नीचे दी गई श्रुति का प्रमाण है।

मन्त्रो लयो हठोराजयोगोऽन्तर्भूमिकाः क्रमात्।
एकएव चतुर्धाऽयं महा योगोऽभिधीयते॥

(योग शिखोपनिषत् १३०)

अर्थ—मंत्र, लय, हठ, राजयोग क्रम से अन्तर्भूमिकायें हैं इसलिये एक ही वह योग चतुर्धा होने से महायोग कहलाता है।

१७ आसन प्राणायाम बंधमुद्रादयोहठः।

आसन, प्राणायाम, बंध मुद्रादि हठ योग हैं।

यहां पर प्राणायाम से श्वास की पूरक, रेचक, कुंभक क्रियाऐं ली गई हैं। बंध और मुद्रायें बहुत हैं, उनमें १० प्रधान हैं मूलबंध, उड्ड्यानबंध, जालंधर बंध, महाबंध, महावेध, महामुद्रा, विपरीतकरणी, बज्रौली, खेचरी और शक्तिचालन। आसन प्रत्येक योनि के आधार पर ८४ लाख कहे हैं परन्तु ८४ मुख्य हैं पातञ्जल दर्शन के अनुसार 'स्थिरं सुखं आसनम्' कहा गया है परन्तु सांख्य ने यह भी नियम नहीं माना कि स्थिरता और सुख से ही स्थिति हो, शक्ति जागकर क्रियावती होती है तब किसी किसी को नाना प्रकार के आसन, कुम्भक और मुद्रायें देखने में आती हैं।

१८ ततो नाड़ी शुद्धिः ।

उससे नाड़ी शुद्धि होती है

नाड़ियों से बात नाड़ियों या स्नायुओं (nerves) का अभिप्राय है । नाड़ियाँ प्राण शक्ति के प्रवाह के लिये उसी प्रकार कार्य करती हैं जैसे बिजली के प्रवाह के लिये तार। साधारण मनुष्यों की नाड़ियां मलाकुल होती हैं और उनमें से प्राण का प्रवाह सुगम नहीं होता । हठ योग की क्रियायें उनके मल को निकाल देती हैं ।

१९ स्वाध्ययेश्वरप्रणिधाने मन्त्रयोगः ।

स्वाध्याय और ईश्वर प्रणिधान मंत्रयोग है ।

पातञ्जल दर्शन में प्रणव के जप और उसके अर्थ की भावना को स्वाध्याय कहा है। स्वाध्याय में मोक्षप्रद मंत्रों का जप और शास्त्रों का श्रवण, पठन, मनन भी लिखा गया है। स्वाध्याय से योग की सिद्धि होती है जैसा कि वेद व्यासजी ने कहा है:—

स्वाध्यायाद्योगेमासीत योगात्स्वाध्यायमामनेत् ।
स्वाध्याययोगसम्पत्या परमात्मा प्रकाशते ॥

स्वाध्याय से योग प्राप्त होता है, योग से स्वाध्याय का मनन करे, स्वाध्याय और योग की सम्पत्ति से परमात्मा प्रकाशित होते हैं ।

ईश्वर प्रणिधान का अर्थ ईश्वर समर्पण और ईश्वर शरणागति है ।

२० ततः समाधि सिद्धिः ।

उससे समाधि की सिद्धि होती है।

२१ चित्ते लीने लयः ।

चित्त के लीन होने पर लय योग कहलाता है।

२२ प्राणस्थैर्यात्तदुपलब्धिः ।

प्राण शक्ति के स्थिर होने पर लय योग की प्राप्ति होती है।

२३ षट् चक्र वेधात् ।

छः चक्रों का वेध होने के कारण।

२४ आधार-स्वाधिष्ठान-मणिपूरानाहत-विशुद्धाज्ञाभिधानि चक्राणि ।

आधार, स्वाधिष्ठान, मणिपूर, अनाहत, विशुद्ध, आज्ञा चक्रों के नाम हैं।

२५ पायूपस्थनाभिहृद्कंठ भ्रूमध्येषु तत्स्थानानि ।

गुदा, उपस्थ, नाभि, हृदय, कंठ, भ्रूमध्य देश में उनके स्थान हैं।

२६ तत्तु सुषुम्नाऽधिकृतानि ।

परन्तु चक्रों के ये स्थान सुषुम्ना नाड़ी के अन्दर हैं। चक्र सुषुम्ना के अन्दर वे स्थान हैं जहां पर नाणियों के केन्द्र हैं। कंठ से निकलने वाली नाड़ियाँ ग्रीवा और हाथों में फैलती हैं, पृष्ठ भाग से निकलने वाली पीठ और पसलियों पर फैलती हैं,

हृदय का संबन्ध सीधा भी आज्ञा चक्र से है, कटि पर्व की नाड़ियां उदर, कमर और पैरों में अंगूठों तक चली गई हैं। उपस्थ विभाग की मूत्राशय, वीर्याशय आदि में गई हैं। गुदा की और उपस्थ की मिलकर कुछ सीवनी, गुदा, मलाशय इत्यादि में फैलती हैं। 'आज्ञाचक्र' मस्तिष्क और सुषुम्ना के चित्रा विभाग की शिराओं का, तथा पंच ज्ञानेन्द्रियों की नाड़ियों का केन्द्र है। सहस्रार में सारे शरीर की नाड़ियों का सम्बन्ध इस प्रकार है जैसे हैड आफ़िस से शाखाओं का।

२७ मनोलय स्त्वाज्ञायाम्।

आज्ञा चक्र में प्राण पहुँचने पर मन का लय होता है।

२८ संकल्पविकल्पाऽभावश्च।

संकल्प और विकल्प का अभाव होता है।

२६ एकाग्रता च मनसः।

और मन की एकाग्रता होती है। अर्थात् किसी ध्येय संकल्प पर भी एकाग्रता हो सकती है। और संकल्प विकल्प शून्य एकाग्रता भी होती है।

३० तदुपरि राजयोगः सहस्रारे।

उसके ऊपर राज योग होता है सहस्रार में।

आज्ञा चक्र के ऊपर सहस्रार में प्राण जाने से राज योग होता है।

३१ तत्र ब्रह्मणि शक्तिर्लयान्निर्बीजसमाधिः प्राण-लयो मनोलयश्च ।

वहां पर अर्थात सहस्रार में शक्ति के ब्रह्म में लय हो जाने से निर्बीज समाधि होती हैं और प्राण और मन दोनों का लय हो जाता है ।

३२ ततः द्रष्टुः स्वरूपेऽवस्थानम् ।

तब द्रष्टा की अपने स्वरूप में स्थिति होती है ।

यह पातंजल दर्शन के प्रथम पाद का तीसरा सूत्र हैं और योग की स्थिति का वर्णन करता है । जब तक दृष्टा की अपने स्वरूप अर्थात् परब्रह्म में स्थिति नहीं होती तब तक वृत्तियों की सारूप्यता न्यूनाधिक बनी रहती है ।

कठबल्ली की नीचे दी हुई श्रुति भी इसी पद की प्राप्ति का उपदेश कर रही हैं ।

यच्छेद् वाङ्मनसी प्राज्ञस्तद्यच्छेज्ज्ञान आत्मनि ।
ज्ञानमात्मनि महति नियच्छेत्तद्यच्छच्छोन्त आत्मनि ॥

(बल्ली ३, अ० १, मंत्र १३)

बुद्धिमान् मनुष्य वाक् आदि इन्द्रियों को मन में लय करे, मन को बुद्धि में, बुद्धि को प्रथमज महत्तत्व में लीन करदे और महत्तत्व का शान्त आत्मा (ब्रह्म) में लय कर दे ।

शक्तिपात क्रम में उक्त प्रक्रिया की सिद्धि सुषुम्नागत प्राणोत्थान द्वारा की जाती है ।

—:o:—

॥ द्वितीय पाद ॥

१ तदर्थंगुरुमेवाभिगच्छेत् समित्पाणिः श्रुतेः ।

उसके लिये गुरु के पास ही जावे समित्पाणि, ऐसा श्रुति का उपदेश है।

ब्रह्मज्ञान के देने वाली शक्ति के उद्बोधनार्थ गुरु के पास ही जावे, अन्यथा बिना गुरु के उसकी प्राप्ति नहीं होती जैसा कि श्रुति का उपदेश है।

परीक्ष्य लोकान्कर्म चितान्ब्राह्मणो,
निर्वेदमायान्नास्त्य कृतः कृतेन ।
तद्विज्ञानार्थं स गुरु मेवाभिगच्छेत्,
समित्पाणिः श्रोत्रियं ब्रह्मनिष्ठम् ॥

(मुण्डक १, काण्ड २, श्रुति १२)

अर्थ—कर्मकाण्ड द्वारा प्राप्त होने वाले लोकों की परीक्षा करके ब्राह्मण वैराग्य ग्रहण करे। क्योंकि कर्मद्वारा मोक्ष पद नहीं मिलता और उसके जानने के लिये हाथ में समिधा लेकर गुरु के पास ही जावे, जो श्रोत्रिय और ब्रह्मनिष्ठ हो।

ब्रह्म विद्या की प्राप्ति के लिये विषयों से उदासीन होकर गुरु के पास जाने का उपदेश किया गया है। पूर्वकाल में सब ऋषि यज्ञ किया करते थे इसलिये शिष्य गुरु के पास दीक्षार्थ हाथ में समिधा लेकर जाता था। आजकल यज्ञादि करने की प्रणाली न रहने से पत्र, पुष्प, फलादि लेजाना चाहिये। खाली

हाथ नहीं जाना चाहिये। समित्पाणि कहने का अर्थ यह नहीं है कि उस काल में भी समिधा के अतिरिक्त फल, पुष्प न ले जाते होंगे। परन्तु समिधा ही क्यों कहा है इसके दो कारण प्रतीत होते हैं। प्रथम तो शिष्य ज्ञानाग्नि अपने अन्दर जलाने का अभिलाषी है और दो अरणियों से अग्नि प्रकट होती है। इसलिये समिधा ले जाना उसकी ज्ञानाग्नि प्राप्त करने की इच्छा का द्योतक है। गुरु को उत्तरारणि और शिष्य को अधरारणि से उपमा दी जाती है क्योंकि दोनों से ब्रह्म विद्या रूपी अग्नि प्रकट होती है और उनके द्वारा उसका क्रम भावी सन्तानों में चलता है। दूसरा अभिप्राय यह भी दीखता है कि शिष्य गुरु की छोटी से छोटी अर्थात् लकड़ी काट कर लाने की भी सेवा करने में अपना अभिमान समझता है।

२ ब्रह्मनिष्ठो वेधकः शक्तिपातक्षमश्च गुरुः।

गुरु ब्रह्मनिष्ठ, वेध करने वाला, और शक्तिपात करने में समर्थ होना चाहिये।

ब्रह्मनिष्ठ—जो यच्चित्त हो अर्थात् जिसका चित्त एकाग्र अवस्था में रहकर ब्राह्मी स्थिति में रहता हो। ब्राह्मी स्थिति का वर्णन श्री भगवान् ने गीता के द्वितीय अध्याय के अन्त में स्थित प्रज्ञ अथवा समाधिस्थ की व्याख्या करते हुए किया है। वेधक जो छवों चक्रों का वेध कर सके वह वेधक कहलाता है।

३ निग्रहानुग्रहक्षमश्च।

और जो निग्रह और अनुग्रह दोनों में समर्थ हो।

शक्तिपात करने को अनुग्रह और रोक देने को निग्रह कहते हैं। निग्रह से शिष्य के वेग को कम किया जा सकता है। जितना गुरु के लिये अनुग्रह करने का सामर्थ्य आवश्यक है उतना ही निग्रह करने का भी, क्योंकि कभी कभी अधिक वेग हो जाने पर उसके कम करने की भी जरूरत पड़ जाती है। ऐसा ही गुरु, शिष्यों के वेग को संयम में रख सकता।

४ परीक्ष्य दीक्षयेत्।

गुरु शिष्य की परीक्षा करके दीक्षा देवे।

यदि अयोग्य होवे तो दीक्षा न दे। उसको योग्य बनने के लिये समय दे। समय पाकर पका हुआ फल अच्छा होता है इसलिये शीघ्रता करना उचित नहीं है।

५ शक्तिपात एव दीक्षा।

शक्तिपात करना ही दीक्षा देना है।

शक्ति का एक मनुष्य से दूसरे मनुष्य तक दो प्रकार से प्रवाह होता है। स्पर्श द्वारा और बिना स्पर्श के। आगे चल कर बताया जायगा कि शरीर के भीतर शक्ति का प्रवाह नाड़ियों के आश्रय से होता है। परन्तु जब वह शरीर से बाहर भी संक्रमित होती है तो उसकी गति किस तत्व के आश्रय से होती है और वह अग्नि ताप के सदृश चारों ओर फैलती है अथवा धारा रूप एक स्थान से दूसरे स्थान को जाती है, क्या उसकी गति का अनुभव हो सकता है, यदि होता है तो उसका स्वरूप क्या है, इत्यादि अनेक प्रश्न यहां पर उत्पन्न होते हैं जो एक स्वतन्त्र

विज्ञान का विषय है। परन्तु इस विषय पर आधुनिक वैज्ञानिक पद्धति पर अन्वेषणों के अभाव के कारण तत्वतः विवेचन करना तो असम्भव प्रायः ही है परन्तु साधन करने वाले कुछ महानुभावों के अनुभवों और अनुमानों के आधार पर उक्त प्रश्नों पर थोड़ा प्रकाश डालने की चेष्टा की जाती है। यह बात तो अद्भूत है कि शक्ति एक स्थान से दूसरे स्थान को प्रवाहित होती है और मनुष्य के शरीर से अथवा प्रश्वास से चारों ओर इस प्रकार फैलती है जैसे तप्त गोले से उष्णता। यह भी प्रतीत होता है कि उसकी गति का मार्ग (Medium) वायु तो नहीं है। सम्भव है आकाश तत्व (Ether) अथवा उससे भी सूक्ष्म कोई तत्व हो। सांख्य की परिभाषानुसार उसको सम्भवतः, मनस्सत्ता मनस्तत्व (Mind Stuff) अथवा महत्तत्व कह सकते हों। कभी कभी शक्ति की गति गोली की तरह सीधी भी होती है। शक्ति का अस्तित्व स्पर्शेन्द्रिय द्वारा किसी किसी को होता देखा जाता है परन्तु वह सूक्ष्म विषय होने के कारण अभ्यास के प्रारम्भिक अवस्था में अनुभव गम्य नहीं होता। किसी किसी अभ्यासी को विद्युतप्रकाशवत् दृष्टिगोचर होता हुआ भी देखा गया है। यह प्रकाश नाड़ियों में अन्दर और शरीर के बाहर भी गतिमान् दीख पड़ता है। अभ्यास करने वालों का यह भी अनुभव है कि उक्त शक्ति बाहर बादल, अग्नि, विद्युत् सूर्यादि अथवा केवल वायु आकाश और किसी स्थान से भी संकल्प द्वारा अपने शरीर में खेंची जा सकती है। इसलिये उनका कहना है कि

परमात्मा की शक्ति सब पदार्थों में भरपूर है। उसको अन्दर की शक्ति जागने के पश्चात् योगी अपने संकल्प से खींच सकता है। उक्त प्रकार से खींची हुई शक्ति शरीर में प्रवेश करके चेतनवत् ही व्यवहार करती है। इसलिये विद्युदादि शक्तियों से वह भिन्न और उत्तम है।

जब शक्ति योगी की इच्छा से बाहर जाती है तो पृथ्वी पर देश देशान्तर में कहीं भी भेजी जा सकती है। Telepathy आदि उक्त शक्ति के ही कार्य हैं।

अनुमान से कहा जा सकता है कि बहुत संभावना है कि इस आध्यात्मिक शक्ति से विद्युदादि आधिभौतिक शक्तियां भी उत्पन्न की जा सकें।

अध्यात्मिक शक्ति का तीन दृष्टिकोणों से विचार किया जा सकता है:—

१. अपने आध्यात्मिक लाभार्थ।

२. दूसरों के आध्यात्मिक लाभार्थ।

३. आधिभौतिक जगत् में भौतिक सिद्धियों के लिये प्रयोगार्थ, जिस रीति से उसका भौतिक शक्तियों से सम्बन्ध मालूम हो सके।

यहां पर उपरोक्त दो दृष्टिकोणों से इस विषय पर किंचित् प्रकाश डालने का प्रयत्न किया गया है।

६. ततः शक्ति प्रदीपनं दीपवत्।

उससे शक्ति का प्रदीपन होता है दीपक के सदृश्य।

जैसे एक प्रज्ज्वलित दीपक की शिखा से दूसरा दीपक जलाया जाता है, उसी प्रकार गुरु की शक्ति के शिष्य पर गिरने से उसकी शक्ति जाग उठती है।

७. ततः दिव्यं ज्ञानं सम्पद्यते क्षीयते च बन्धनम्।

उससे दिव्य ज्ञान प्राप्त होता है और बन्धन का क्षय होता है।

८. दीप्ते ज्ञानाग्नौ मल विक्षेपाऽवरणहानिः।

ज्ञानाग्नि के प्रज्ज्वलित होने पर मल, विक्षेप और आवरण की हानि होती है। मल पापों को, विक्षेप चित्त की चंचलता को और आवरण अज्ञान के पर्दे को कहते हैं।

९. गुरु गृहे निवसेत्तिस्रो रात्रीः।

गुरु के घर पर तीन रात्रि निवास करे। यहां रात्रि शब्द का प्रयोग किया गया है न कि दिन का। इसका अभिप्राय यह है कि साधन काल सूर्यास्त के पश्चात् और सूर्योदय से पूर्व ब्राह्म मुहूर्त में अच्छा होता है।

१० तोषयेच्च भोजनवस्त्रदक्षिणाभिः प्रणिपातेन सेवया च।

और गुरु को भोजन वस्त्र दक्षिणा देकर प्रणाम और सेवा करके सन्तुष्ट करे, श्री भगवान ने गीता में कहा है:—

तद्विद्धि प्रणिपातेन परिप्रश्नेन सेवया।
उपदेक्ष्यन्ति ते ज्ञानं ज्ञानिनस्तत्वदर्शिनः॥

अर्थः—उसको ज्ञान को) प्रणाम करके प्रश्न करके और सेवा करके जानो, ज्ञान का उपदेश तुमको तत्वदर्शी ज्ञानी देंगे।

यहाँ पर यह शंका हो सकती है कि वीतरागविषय गुरुओं को सन्तुष्ट करने का क्या अभिप्राय है, वे सदा सब से ही सन्तुष्ट रहते हैं। परन्तु शरीर धारी गुरुको वस्त्र भोजन धनादि की आवश्यकता तो होती ही है उनका वीत राग होने का अर्थ यही है कि वे विषयों में आसक्ति नहीं रखते और किसी से अपनी आवश्यकता की पूर्ति के लिये भी यथासम्भव प्रार्थना अथवा आज्ञा नहीं करते। परन्तु शिष्योंका धर्म है कि अपने अनुमानसे उनकी आवश्कताओं को जान कर बिना कहे यथा शक्ति पूरा करें, इससे वे उनका सन्तोष प्राप्त करेंगे।

११ दीक्षा त्रिविधा।

दीक्षा तीन प्रकार की है।

१२ दर्शनाद् भाषणात्स्पर्शाच्च।

दृष्टि के द्वारा, भाषण द्वारा और स्पर्श से।

साधारणतः शक्तिपात तीन प्रकार से किया जाता है (१) दृष्टि से (२) मंत्रादि देकर और (३) हाथ से छूकर। इन तीनों कर्मों में शक्तिपात करने वाले की इच्छा होने पर शक्ति संचार होता है। इच्छा न होने पर नहीं होता है। इसलिये इच्छा ही से शक्तिपात होता है। स्पर्शादि तो वाह्य साधन हैं।

१३ मानस्यपीति केचित् ।

परन्तु दीक्षा मानसिकी भी है इसलिये कोई लोग शक्तिपात को चार प्रकार का मानते हैं।

जैसे पहिले कह आये हैं कि बिना इच्छा के तो स्पर्श, अवलोकन और भाषण से भी दीक्षा नहीं होती, तो चौथी मानसी कहने की क्या आवश्यकता है। इसका समाधान यह है कि मानसी दीक्षा ऐसी अवस्था में दी जाती है जब कि गुरु शिष्य का किसी कारण स एक स्थान पर समागम न हो सकता हो। जैसे दोनों दूरस्थ देशों में हों और शिष्य गुरु के समीप न आ सकता हो। अथवा किसी कारण से गुरु शिष्य की अपने सन्मुख उपस्थिति की आवश्यकता न समझता हो तो गुरु के संकल्प से दूरस्थ शिष्य पर शक्तिपात हो सकता है।

१४ सा पूनरप्यधिकारि भेदतस्त्रिधा ।

वह दीक्षा फिर भी अधिकारी भेद से तीन प्रकार की है।

१५ मृदुमध्यतीव्रत्वात् पिपीलिकाकपिखगन्यायवत् ।

मृदु, मध्यम और तीव्र होने के कारण, चींटी, बन्दर और पक्षी के न्याय के सदृश।

अधिकारी के भेद से किसी में हलका वेग आता है किसी में मध्यम और किसी में तीव्र। किसी किसी को पूर्ण विकास होने में एक दो या तीन दिन और अधिक समय भी लग जाता है। किसी को प्रथमवार ही विकास हो जाता है परन्तु धीरे धीरे थोड़ा थोड़ा और किसी को उसी क्षण स्पर्श, अवलोकन

अथवा मंत्र प्राप्त होते ही वेग से विकास हो जाता है। जैसे वृक्ष पर लगे हुए फल तक चींटी धीरे धीरे पहुँचती है, कपि एक शाखा से दूसरी शाखा पर कूदता फाँदता जाता है और पक्षी उड़ कर सीधा उस पर जा बैठता है।

१६ सा क्रियावती, कलावती, वर्णमयी वेधमयीति ब्रह्मा।

ब्रह्माजी ने कहा है कि दीक्षा क्रियावती, कलावती, वर्णमयी और वेधमयी होती है। क्रियावती इसलिये कहलाती हैं कि उस में नाना प्रकार की क्रियायें होती हैं। कलावती इसलिये कि उससे तत्व शुद्धि होती है और ३६ तत्वों को ५ कलाओं में बांटा गया है। ३६ तत्वों के नाम इस प्रकार हैं:—

शिव, शक्ति, सदा शिव, ईश्वर, शुद्ध विद्या, माया, काल, कला, नियति, विद्या, राग, पुरुष, प्रकृति, महतत्व, अहंकार, मन, ५ ज्ञानेन्द्रियां, ५ कर्मेन्द्रियां, ५ तन्मात्रायें, ५ महाभूत। इनमें प्रथम दो तत्व शान्त्यातीता कला, फिर अगले ३ तत्व शान्ति कला, ७ तत्व माया कला, २३ तत्व प्रतिष्ठा और अन्तिम पृथिवी तत्व निवृत्ति कला के अंग माने जाते हैं।

सारा विश्व नाम रूपात्मक दृश्य है। कलावती का सम्बन्ध रूपात्मक कलाओं से और वरणमयी का संबन्ध वरणात्मक नाम अर्थात् शब्दमयी सृष्टि से समझना चाहिये। वर्णमयी में मंत्र, पद, कविता इत्यादि की शक्ति उदय हो जाती है और वेधमयी इसलिये कहलाती है कि उससे षट् चक्रों का वेध

होता है। उक्त चारों रूप किसी किसी में प्रकाशित होते हैं किसी में एक, दो अथवा तीन।

१७ शिवादेशकारिणीति शांभवी।

शिवजी के आदेश कराने वाली शांभवी कहलाती है।

जिसको शिवजी के आदेश श्रवण द्वारा, वचन द्वारा, लिख कर अथवा विचारों में स्पष्ट रूप से आने लगें तो समझना चाहिये कि शांभवी है।

१८ योगोक्तक्रमतो योगदीक्षा।

योग में कहे हुए क्रम से दी हुई दीक्षा योग दीक्षा है।

इसमें योग की क्रियायें प्रधान रूप से होती हैं अन्य साधन गौण रूप से होते हैं।

१९ सैव शाक्तेयी शाक्तीकी ज्ञानवती वा।

वही शाक्तेयी, शाक्ती अथवा ज्ञानवती दीक्षा भी कहलाती है।

ज्ञानवती कहने की जगह कोई ज्ञान दीक्षा भी कहते हैं, क्योंकि शक्ति ही ज्ञान है। शाब्दिक उपदेश वास्तव में ज्ञानोपदेश नहीं है। शक्ति द्वारा ज्ञान का प्रकाश शिष्य में स्वयं उदय होता है वह ही यथार्थ में ज्ञान का उपदेश है।

२० मंत्रमार्गानुसारेण मान्त्री।

मंत्र शास्त्र के अनुसार दी गई दीक्षा मान्त्री कहलाती है।

२१ मंत्रार्चनाद्युपचारैराणवी।

मंत्र अर्चन आदि उपचारों की सहायता से क्रमशः उन्नति कराने वाली आणवी दीक्षा कहलाती है।

२२ षट् चक्र वेधाद्वेधमयी।

षट्चक्रों का वेध होने के कारण वेधमयी दीक्षा कहलाती है।

२३ वेदान्त योग भक्ति संप्रदाय भेदतोऽपि बहुविधा

वेदान्त, योग, भक्ति आदि संप्रदायों के भेदों से भी बहुत प्रकार की दीक्षा होती हैं।

२४ सा एकैव शक्तिमत्वात्।

वह बहुत प्रकार की होते हुये भी एक ही है शक्ति का प्रबोध होने के कारण।

ब्रह्म की शक्ति तो एक ही है, इसलिये सब का फल मोक्ष ही है, यद्यपि उसका विकास नाना प्रकार से देखा और सुना जाता है।

२५ वीतरागचित्तालम्बनात्।

वीतराग चित्त का अवलम्बन होने के कारण शक्तिपात दीक्षा होती है।

२६ सिद्धसंकल्पाद्वा।

अथवा सिद्ध संकल्प होने से।

योगी वीतराग होने से सिद्ध संकल्प हो जाता है इसलिये 'वा' का प्रयोग किया गया है। गुरु की शक्ति शिष्य में जाकर उसकी आध्यात्मिक जागृति किस कारण से कराती है, उसकी वृत्तियाँ शीघ्र निरुद्ध कैसे होने लगती हैं? इत्यादि शंकाओं का समाधान इन दो सूत्रों से किया गया है। प्रथम सूत्र के भाष्य में

बताया जा चुका है कि वीतराग योगियों के चित्त का आलम्बन लेकर शक्तिपात द्वारा शक्ति संचार होने से शिष्यों को शीघ्र एकाग्रता का लाभ होता है। पातंजल दर्शन के 'वीतराग विषयं वा चित्तम्' सूत्र का अर्थ साधारण लोग तर्क और अनुमान के आधार पर किया करते हैं परन्तु अच्छी तरह नहीं समझ सकते। वेद व्यास जी ने अपने भाष्य में वीतराग महात्माओं का ध्यान नहीं कहा है वरन् यह कहा है कि चित्त की वृत्तियों का निरोध वीतराग चित्त के आलंबन अर्थात आश्रय से होता है। शक्तिपात दीक्षा में शक्ति का संचार गुरु के संकल्प का आश्रय लेकर होता है और उस शक्ति से शिष्य को वीतराग चित्त का आलम्बन मिलता है। इसका अनुभव शाक्तिपात दीक्षा ग्रहण करने वालों को होने से उनकी समझ में उक्त सिद्धान्त सुगमता से आ सकता है। यथाः—

चित्त का और शक्ति का कितना घनिष्ट सम्बन्ध है यह श्रुतियों में स्थान-स्थान पर प्रतिपादित है।

२६ श्रुतेः।

श्रुति का प्रमाण है। यथाः—

तेजो ह वै उदानस्तस्मादुपशांततेजाः पुनर्भव मिंद्रियैर्मनसि सम्पद्यमानैः। यच्चितस्तेनैष प्राणमाऋाति प्राणस्तेजसायुक्तः सहात्मना यथा संकल्पितं लोकं नयति।

प्रश्न (३) मंत्र ६, १०

अर्थ—तेज ही निश्चय से उदान है, इसलिये जिसका तेज उपशान्त हो गया है, उस तेज को पुनः उत्पन्न करने के लिये इन्द्रियों को मन में अच्छी प्रकार ले जाकर जिसने अपना चित्त एकाग्र कर लिया है, उसमें एकाग्र चित्त के द्वारा प्राण आ जाता है और प्राण तेज से युक्त होकर आत्मा के सहित जैसा संकल्प मनुष्य करता है उसी लोक को ले जाता है अर्थात् उसी प्रकार की सिद्धि देता है।

उपरोक्त श्रुतियों में उपशान्त तेजा का अर्थ यदि मृत्यु लिया जाय तो जैसा श्री शंकराचार्य महाराज ने कहा है जन्मान्तर में प्राण इस जन्म के किये संकल्पित लोक को ले जाता है। परन्तु जो क्रिया मृत्यु के समय प्रकृति के वश होती है वह ही क्रिया योगी अपनी इच्छा से जीवनकाल में करता रहता है अर्थात् इन्द्रियों को मन में लय करता है और मन को बुद्धि में और फिर बुद्धि को आत्मा में, और आत्मा सहित सुषुम्णा मार्ग से धारणा, ध्यानसमाधि करके कथा संकल्पित सिद्धि को प्राप्त करता है। जीवनकाल में उपशान्त तेजाः का अर्थ ऐसे मनुष्यों के लिये किया जा सकता है जो ब्रह्मतेज से क्षीण हो रहे हैं। उनके लिये उस तेज के पुनर्भव अर्थात् फिर उत्पन्न करने का साधन योग मार्ग द्वारा इन्द्रियों का प्रत्याहार करके चित्त की एकाग्रता करना है। मनुष्य को संयच्चित्त होने से प्राण शक्ति आती है यह बात उपरोक्त श्रुति में बताई गई है और सबके अनुभव की भी बात है। इसी प्रश्न की आठवीं श्रुति में आदित्य को वाह्य प्राण बताया है उसका

सम्बन्ध चाक्षुष प्राण से है, पृथ्वी की देवता रूप शक्ति वाह्य अपान है, आकाश समान, वायु व्यान, और अग्नि उदान है। निरुद्ध चित्त वाले मनुष्य को उपरोक्त पांचों प्रकार की शक्तियाँ विश्व भण्डार से मिलने लगती हैं। जैसा कि हमने इसी पाद के ५वें सूत्र में कहा है कि योगी शक्ति को वायु, आकाश, सूर्य, अग्नि सब जगह से खींचने लगता है। प्राण शक्ति को आवाहन करने का उपाय यच्चित्तता ही है। चित्त के निरोध से प्राणशक्ति को उदान रूपी तेज से युक्त करके योगी तेजोमय बनता है और उसी प्राण शक्ति को दूसरों में भी दृष्टि द्वारा चाक्षुष प्राण की सहायता से, अथवा मंत्र द्वारा अग्नि स्वरूप समान शक्ति के आधार से, अथवा स्पर्श द्वारा वायु रूप व्यान शक्ति के आधार से दूसरों में शक्तिपात करके उनमें भी उक्त ब्रह्मतेज को उत्पन्न कर देता है। योगी के संकल्प के अनुसार प्राण शक्ति का उदान सहित शिष्य में संचार होता है यह अभिप्राय भी १० वीं श्रुति के अन्तर्गत निहित है।

उपरोक्त श्रुतियों में शक्ति सम्पादन करने का रहस्य स्पष्ट रूप से बताया गया है जो क्षीण तेज मनुष्य अपनी इन्द्रियों और मन को संयम में स्वयं नहीं ला सकते उनको शक्तिपात द्वारा गुरु की शक्ति के आलम्बन से यह कार्य सम्पादित हो जाता है। शक्तिपात के पश्चात् शिष्य की अपनी शक्ति जाग उठने से वह स्वयं भी अपनी इन्द्रियों और मन का संयम करने लगता है। प्राण से मनोनिरोध और मनोनिरोध से प्राण शक्ति का संचय उत्तरोत्तर होने लगता है।

२८ स्मृतेश्च ।

और स्मृतियों का भी प्रमाण है ।

पुराणों में और तंत्र शास्त्रों में इस विज्ञान का रहस्य अधिक विस्तार से मिलता है ।

यथा :—शक्तिपातसमायोगाद्दते तत्वानितत्वतः ।
तद्व्याप्तिस्तद्विशुद्धिश्च ज्ञातुमेव न शक्यते ॥

(शिव पुराण वायवीसंहिता)

अर्थ—शक्तिपात के समायोग के बिना तत्वतः तत्वों का ज्ञान, आत्मा की व्यापकता और उसके शुद्ध बुद्ध स्वरूप का ज्ञान कदापि नहीं हो सकता ।

२९ तत्तुसति धर्माधर्मयोः साम्ये ।

परन्तु वह शक्तिपात धर्म और अधर्म की साम्यावस्था होने पर होता है ।

अर्थात् गुरुजन पापी मनुष्यों पर शक्तिपात नहीं करते और यदि करना भी चाहें तो पाप की अधिकता होने पर शक्ति का संक्रमण नहीं होता । पाप दग्ध होकर जब पाप पुण्य की साम्यता आती है तब ही उसका विकास होता है । इसी अभिप्राय से कुष्ट, यक्ष्मा, मिरगी, बवासीर, सुज़ाक, आतशक जैसे पापी रोगों से पीड़ित मनुष्यों को दीक्षा देने का निषेध है । अन्धे, काने, बहिरे, अंगहीन और और अधिकांगियों की भी गणना उसी कोटि में की गई है ।

३० यस्मिन्नपतति तद्धि न पात्रम् ।

जिस मनुष्य में शक्ति नहीं गिरती वह पात्र नहीं है।

परन्तु इस सूत्र का अर्थ यह भी नहीं है कि जिसमें शक्ति जाती है वह दीक्षा का पात्र है ही। यह भी संभावना हो सकती है कि शक्ति जाने पर भी कोई कोई दीक्षा के योग्य नहीं होते।

३१ वर्णानां न नियमः ।

वर्णों का नियम नहीं है।

जिसको गुरु स्वीकार करले वह ही पात्र है, वर्ण, जाति का नियम नहीं है। ईसाई, मुसलमान, यूरोप अथवा अन्य देशों के निवासी सब ही पात्र हो सकते हैं।

३२ बालवृद्धस्त्रीपुमान्सः सर्वेऽधिकारिणः ।

बालक, वृद्ध, स्त्री, और पुरुष सब अधिकारी हैं।

३३ एकाकी दीक्षितैर्वा सह समभ्यसेत् ।

अकेला अथवा दीक्षितों के संग अभ्यास करे।

३४ शुचौ गुप्तदेशे मठे गुहायां वा ।

किसी शुद्ध बन्द कमरे में, मठ अथवा गुफा में अभ्यास करे।

जन समुदाय में सब के सामने अभ्यास करना निषिद्ध है। क्योंकि ऐसा करने से शक्ति का ह्रास होता है, साधक की उन्नति में बाधा पड़ती है, और विघ्नों का भय होता है।

३५ तत्र स्थापयेत् कम्बलासनमजिनासनंवा ।

वहां पर कम्बल अथवा मृग या व्याघ्रादि के चर्म का

आसन बिछावे। चटाई अथवा बिना आसन के भूमि, पत्थर अथवा लकड़ी के आसन पर अभ्यास न करे।

—:o:—

तृतीय पाद।

१ कोषेषु तद्विकासः। २ अन्नप्राणमनोविज्ञानानन्दमयाःश्रुतेः।

कोषों में उसका विकास होता है, अन्नमय, प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय, और आनन्दमय कोष हैं श्रुति के अनुसार। कोष पांच हैं। तैत्तिरीय उपनिषद् में पांच कोषों का वर्णन मिलता है उनमें प्रथम चार तो कोष ही समझने चाहिये परन्तु अन्तिम आनन्दमय तो स्वयं आत्मानन्द का ही रूप है।

तस्य प्रियमेव शिरः, मोदो दक्षिण पक्षः प्रमोद उत्तरः पक्षः, आनन्द आत्मा, ब्रह्म पुच्छं प्रतिष्ठा।

उसका (आनन्द मय कोष का) सिर प्रियता है दक्षिण पक्ष मोद, उत्तर पक्ष प्रमोद, आत्मा आनन्द और ब्रह्म उसकी पूंछ प्रतिष्ठा है। इसलिये शक्ति का विकास प्रथम चार में तो प्रत्यक्ष प्रतीत होता ही है, परन्तु आनन्दमय में आनन्द के विकास का अर्थ विकल्प मात्र ही है। उसका अर्थ यह ही समझना चाहिये कि आनन्द का अनुभव होना ही आनन्द मय परमात्मा का साक्षात्कार है और वह ही आनन्द मय का विकास है—

सवा एष पुरुषोऽन्नरस मयः, तस्माद्वा एतस्मादन्नरस-

मयात्, अन्योऽन्तर आत्मा प्राणमयः, प्राणमयात् अन्योऽन्तर आत्मा मनोमयः, मनोमयात् अन्योऽन्तर आत्मा विज्ञान मयः, विज्ञान मयात् अन्योऽन्तर आत्मानंदमयः ।

(तै० २-५)

उक्त कोषों में शक्ति का विकास किस प्रकार होता है इसके लिये नीचे कोषों का स्वरूप दिखाया जाता है।

३ पार्थिवोऽन्नमयः ।

पार्थिव शरीर अन्न का बना हुआ है ।

४ तत्र नाड्योऽनन्ताः ।

उसमें अनन्त नाड़ियां हैं ।

प्रश्नोपनिषद् में नाड़ियों की संख्या ७२०००००१ कही है, एक सुषुम्ना और १०० प्रधान नाड़ियाँ हैं। फिर प्रत्येक सौ में से ७२००० शाखायें फूटती हैं। इस प्रकार अनन्त नाड़ियों से सारा शरीर व्याप्त है। अंग्रेजी में इन नाड़ियों को Nerves कहते हैं। नाड़ी विज्ञान समझने के लिये हमारी लिखित अंग्रेजी की देवात्मशक्ति पुस्तक पढ़ें ।

५ कंदस्तन्मूलम् ।

कंद उनकी जड़ है ।

कंद के अन्दर अंग्रेजी में Ganglion impar नाम की एक ग्रन्थि बताई जाती है। उस ग्रन्थि में से पश्चिम के विद्वानों के मत से दो नाड़ियां निकलती हैं जो मेरु दंड के बाहर उसके

दक्षिण वाम पक्ष में खड़ी हैं उनका नाम अंग्रेजी में sympathetic columns रखा गया है। इन ही दोनों को इड़ा और पिंगला कहते हैं, हमारे ऋषियों के मतानुसार कंद एक मांस पेशि है जो ६ अंगुल लम्बी और ४ अंगुल घेरे वाली है। उसके केन्द्र में कुण्डलिनी शक्ति का स्थान है। वहाँ से सुषुम्ना, इड़ा और पिङ्गला तीनों का उद्गम होता है। यह स्थान गुदा से ऊपर और उपस्थ से नीचे मेरुदण्ड की अनुत्रिकास्थि के समीप है।

६ पायूपस्थयोर्मध्ये तत्स्थानम्।

गुदा और उपस्थ दोनों के मध्य प्रांत में उस कन्द का स्थान है।

७ एतस्मादिडापिंगलासुषुम्ना उद्भूताः।

उससे इड़ा पिङ्गला और सुषुम्ना उत्पन्न होती हैं।

पश्चिम के डाक्टरों के मत से सुषुम्ना का उससे संबंध नहीं है। परन्तु योगियों का अनुभव इसके विपरीत है।

८ ताभ्यः शाखा प्रति शाखा क्रमेण सहस्रसः।

उन तीनों से शाखा प्रति शाखा क्रम से हजारों नाड़ियां उत्पन्न होती हैं, पश्चिम के डाक्टरों के मतानुसार नाड़ियों का उद्गम स्थान शिरः कपाल है, परन्तु योगियों का मत है कि कंद ganglion impar सब की जड़ है, उसमें से तीन तने trunks निकलते हैं, जो नीचे पतले और ऊपर मोटे होते जाते हैं। उनमें से एक मेरु दण्ड के भीतर और दो बाहिर खड़े हैं। इड़ा और पिङ्गला में चौबीस चौबीस गांठे हैं इनको अंग्रेजी

में ganglia कहते हैं, योगशिखोपनिषद् में इनको मणि कहा है, उक्त मणियों में से एक २ शाखा सुषुम्ना के चित्रा विभाग में जा मिलती है। इड़ा से निकलने वाली चित्रा के वाम भाग में और पिङ्गला से निकलने वाली चित्रा के दक्षिण भाग में मिलती है। दूसरी ओर उन ही मणियों से अन्य शाखाएं भी निकलती हैं—वे सब शरीर के सब अंग प्रत्यङ्गों में फैल जाती हैं जैसे पीपल के पत्ते की नाड़ियां। ऐसा क्रम आधार से आज्ञा चक्र तक है, उसके ऊपर इड़ा पिङ्गला का अन्त हो जाता हैं। परन्तु उनकी दो शाखायें दोनों नासा पुटों तक आती हैं और उनमें सम्बन्ध रखने वाले चित्रान्तर्गत शिरा समूह दक्षिण से वाम ओर और वाम से दक्षिण ओर क्रौस cross (×) करके (संगम करके) मस्तिष्क में फैल जाती हैं—जिस स्थान पर ये क्रौस करती हैं उस स्थान को वाराणसी कहते हैं यहां पर विश्वनाथ विराजते हैं। आज्ञा चक्र को प्रयाग कहते हैं, आज्ञा चक्र के किञ्चित् ऊपर मनोमय चक्र sensory centre है जहां से आख, कान, नाक, जिह्वा, मुख हृदय से संबंध रखने वाली नाड़ियाँ निकलती हैं। पश्चिम के विद्वानों ने इन सब को तीन श्रेणियों में विभक्त किया हुआ है (१) cerebrial nerves अर्थात् वे जो सुषुम्ना के छोटे मास्तिष्क विभाग अर्थात् कपाल कंद से उदय होती हैं—(२) spinal जो मेरू से निकल कर सारे शरीर में फैल जाती हैं—(३) sympathetic जो इड़ा और पिंगला से निकलकर सब अङ्गों में फैलती हैं, इनको sympathetic इस लिए कहते हैं कि ये सुषुम्ना को

सहयोग देती हैं। भारत के विद्वानों ने सबको सुषुम्ना की शाखाएं माना है जैसा निम्नश्लोक में कहा गया है :—

मध्यस्थायाः सुषुम्नायाः पर्व पंचसु संभवाः ।
शाखोपशाखतां प्राप्ताः शिरालक्ष त्रयात्परम् ।।

शरीर के मध्य में स्थित सुषुम्ना के पांचों पर्वों से उत्पन्न होने वाली नाड़ियां शाखा उपशाखा क्रम से तीन लाख से भी अधिक हो जाती हैं, पांच पर्व ये हैं, ग्रीवा, पृष्ठ, नाभि, कटि, और आधार, अंग्रेजी में इनके नाम इस प्रकार हैं—

(1) Cervical (2) Thorscial (3) Lumber (4)Sacral (5) Coccygeal.

उपरोक्त वर्णन से यह जानना आवश्यक है कि योगियों का क्रम कंद से ऊपर मस्तिष्क तक फैलना सीधा अथवा लोम क्रम है, और पश्चिम वालों का उलटा अथवा विलोम क्रम है— क्योंकि शक्ति प्रसुप्त रूप से in statical form कंद में निवास करती है और सुषुम्ना द्वार से जब सहस्रार Cerebral में चढ़ कर समाधि लगाती है तब मोक्ष की प्राप्ति होती है इससे विपरीत क्रम संसार में डालने वाला इच्छा, संज्ञान, और क्रियात्मक स्वरूप, जन्म मृत्यु और भोग रूपी बन्धन का कारण है।

९ सुषुम्ना वंशस्थिता। १० तस्यामूर्द्ध्वं तो वज्राचित्रा विरजा क्रमेण संपुटिताः।

सुषुम्ना पृष्ठवंश अथवा मेरू दण्ड में स्थित है और उसके ऊपर से केन्द्र की ओर भीतर तीन विभाग हैं। बज्रा, चित्रा, और विरजा, इनके अंग्रेजी नाम इस प्रकार हैं। White portion, Grey portion and Empty canal.

११ पूर्वे द्वे बहिः।

पहिली दोनों इड़ा पिङ्गला मेरू के बाहर हैं।

१२ ते उत्तरस्यामर्पिते।

वे दोनों सुषुम्ना में समर्पित हैं।

१३ सर्वोपरि बज्रा बज्रवद्दृढ़ा।

सबसे ऊपर बज्रा बज्र के सदृश दृढ़ है।

१४ मध्ये चित्रा चित्रवर्णा सव्याऽपसव्येड़ापिङ्गलावती।

मध्य में चित्रवर्णा चित्रा है, वाम दक्षिण भागों में इड़ा और पिङ्गला के धर्म वाली है।

चित्रा के दोनों भागों से वाम दक्षिण और नाड़ियां निकल कर पहिले तो सुषुम्ना के ऊपर ही लपेटे खाती हैं फिर वाम भाग वाली वंश के वाम छिद्र से और दक्षिण भाग वाली दक्षिण छिद्र से बाहर निकल कर इड़ा पिङ्गला से मिलती हैं और स्वतन्त्र रूप से भी हाथ-पैरों तक फैल जाती हैं। अर्थात इनके द्वारा सारे शरीर का मस्तिष्क से सम्बन्ध बना हुआ है।

१५ विरजैव ब्रह्मनाड़ी कमलकर्णिकावत् षट्चक्रवतीच।

विरजा (empty canal) ही ब्रह्मनाड़ी है, कमल के नाल के सदृश और वह छः चक्रों वाली है।

वास्तव में ६ चक्रों का स्थान चित्रा में ही जानना चाहिये, परन्तु जबतक ये चक्र नहीं खुलते विरजा का मार्ग साफ़ नहीं होता।

१६ प्रमुखा मोक्षमार्गत्वाच्छ्रुतेः।

यह ही प्रमुखा है मोक्ष मार्ग होने के कारण, श्रुति इसका प्रमाण है।

शतं चैका च हृदयस्य नाड्यस्तासां मुर्द्धानमभिनिःसृतैका।
तयोर्द्ध्वमायन्नमृतत्वमेति विष्वङन्या उत्क्रमेण भवन्ति॥

(कठ २।३।१६)

हृदय की सौ और एक नाड़ियां हैं, उनमें एक मूर्द्धा को चढ़ जाती है उससे ऊपर जा कर अमरत्व को प्राप्त करता है और दूसरी नाड़ियों से उत्क्रमण करके विश्व में जन्म लेता है।

यहां पर हृदय का अर्थ हृदय पिण्ड न लेकर हृदय की शक्ति अर्थात् प्राण शक्ति लेना चाहिये। इसलिए हृदय की नाड़ियों से प्राण वाहिनी अथवा वात नाड़ियों से अभिप्राय है। श्रीमत् शंकराचार्य महाराज ने भी उक्त एक नाड़ी से सुषुम्ना नाड़ी का ही ग्रहण किया है और वह हृदय से नहीं वरन पृष्ट वंश में चढ़ती है जैसा कि निम्नोद्धृत श्लोक से स्पष्ट है।

गुदस्य पृष्ट भागेऽस्मिन् वीणादण्डः स देहभृत्।
दीर्घास्थि देहपर्यंतं ब्रह्मनाड़ीति कथ्यते॥

(योग शिखोपनिषत्)

गुदा के पृष्ठ भाग में वीणा दण्ड देह को धारण करता है वह मोटी हड्डी का बना हुआ देह पर्यन्त तक है। उसमें ब्रह्म नाड़ी स्थित है ऐसा कहा जाता है। कुछ लोगों का विचार है कि उपरोक्त कठवल्ली की श्रुति में हृदय शब्द आया है इसलिये यह एक नाड़ी सुषुम्ना नहीं है वरन् Vagusnerve है जिसको पातञ्जल दर्शन में कूर्म नाड़ी कहा है उसपर ध्यान करने से मन में स्थिरता मात्र होती है, परन्तु समाधि तो सुषुम्ना में प्राण चढ़ने से ही लगती है। क्योंकि—

१७ अनुभवादपि योगिनाम्।

योगियों के अनुभव से भी वह सुषुम्ना ही है।

१८ स्मृतेश्च।

स्मृतियों का भी प्रमाण है।

तंत्र शास्त्रों में, पुराणों में सुषुम्ना का बहुत वर्णन मिलता है।

१९ संज्ञान-क्रियात्मकत्वात् द्विविधा अन्याः।

अन्य नाड़ियां दो प्रकार की हैं संज्ञानात्मक और क्रियात्मक होने से।

२० ताभिः प्राणश्चरति।

उन नाड़ियों के द्वारा प्राण शक्ति प्रवाह करती है।

२१ एष प्राणमयः।

यह प्राणमय कोष है।

प्राणमय कोष अन्नमय कोष के अन्दर सूक्ष्म शक्तिमय कोष है। यह शक्ति यद्यपि स्थूल शरीर में पार्थिव तन्तुओं के

जाल द्वारा उसको व्याप्त किये हुए है तो भी उक्त तन्तु जाल अथवा नाड़ियां प्राणमय कोष नहीं है।

२२ हृदि स्थानं मनसः ।

हृदय में मन का स्थान है।

मनोमयोऽयं पुरुषो भाः सत्यस्तस्मिन्नन्तर्हृदये ।

(वृ० ५,६,१)

२३ तदपि प्राणाऽनुगम् ।

वह भी प्राण शक्ति के आधार पर चलता है।

मनकी गति भी प्राण के पीछे २ है। कहा है—

इंद्रियाणांहि चरतां यन्मनोऽनुविधीयते ।

तदस्य हरति प्रज्ञां वायुर्नावमिवाम्भसि ॥

गीता (२, ६७)

चलती हुई इंद्रियों के पीछे २ जब मन चलता हैं तब वह उस मनुष्य की बुद्धि को इस प्रकार हर लेता है जैसे समुद्र में नाव को वायु। इन्द्रियां प्राणशक्ति का ही स्थूल कार्य है।

२४ एष मनोमयः ।

यह मनोमय कोष कहलाता है।

मन की गति ही जो संकल्प मय है मनोमय कोष कहलाती हैं। चित्त की वृत्तियों को मनोमय कोष की तरंगे समझना चाहिये। कहा है—'संकल्पात्मनं मनः'।

२५ कूर्म नाड्या तद्विज्ञानेन युक्तम् ।

यह मनोमय कोष विज्ञान मय से कूर्म नाड़ी के द्वारा संयुक्त है।

कूर्म नाड़ी को अंग्रेजी में Vagus nerve कहते हैं।

२६ मूर्ध्नि विज्ञान मयः।

मस्तिष्क में विज्ञानमय कोष है।

विज्ञान मय कोष के धर्म चेतना, संवित, बुद्धि और अहंकृति हैं अंग्रेजी में इनको Different States of conciousness के अन्तर्गत माना जाता है विज्ञानमय कोष की तीन तह या तीन स्तर हैं।—

(१) संस्कारों का आशय Sub-conciousness (२) स्मृति Nme or personal conciousness (३) शुद्ध संवित pure or impersonal conciousness.

इस जन्म अथवा पूर्वजन्म में मनुष्य ने जो जो अच्छे या बुरे कर्म किये हैं उनके संस्कार विज्ञानमय कोष में सदा संचित रहते हैं, इस को संस्काराशय अथवा कारण शरीर कहते हैं। परन्तु जब वे स्मृति पटल पर आ जाते हैं तब ही मनुष्य को उनका ज्ञान होता है। यह ही विज्ञान मय कोष का अङ्ग है। पहिली संस्कारों की और दूसरी स्मृति की अवस्था है। शुद्ध संवित में निरुपाधिक-ज्ञान होता है, जो शुद्ध सत्व गुण की प्रधानता से दीख पड़ती है उसमें इन्द्रिय ज्ञान अथवा वृत्ति ज्ञान का अभाव रहता है।

२७ संज्ञान क्रियेच्छात्मिकाशक्तिः ।

शक्ति संज्ञानात्मिका, क्रियात्मिका और इच्छात्मिका तीन रूप से व्यक्त होती है ।

२८ मनोविज्ञानाभ्यामिच्छा ।

मन और विज्ञान के द्वारा इच्छा शक्ति कार्य करती है।

२९ ज्ञानेन्द्रियैः संज्ञाना ।

ज्ञानेन्द्रियों के द्वारा संज्ञाना शक्ति ।

गंध, रस, रूप, स्पर्श और श्रवण को ५ इन्द्रियें, ज्ञानेन्द्रियां हैं इन में जो शक्ति कार्य करती है उसको संज्ञान शक्ति कहते हैं।

३० कर्मेन्द्रियैः क्रिया ।

कर्मेन्द्रियों द्वारा क्रिया शक्ति कार्य करती हैं।

बोलना, पकड़ना, चलना, मैथुन की क्रिया करना और मलमूत्र का त्याग करना क्रिया शक्ति का कार्य है।

३१ सर्वं प्राणे प्रतिष्ठितम् ।

उपरोक्त सब प्राण में प्रतिष्ठित हैं।

'अराइव रथनाभौ प्राणे सर्वं प्रतिष्ठितम्' (प्रश्नोपनिषत् २—६)

अर्थ—जिस प्रकार रथ के पहियों की नाभि में अरे लगे रहते हैं उसी तरह शरीर, इन्द्रियां, मन और बुद्धि सब प्राण में प्रतिष्ठित हैं।

३२ प्राणः पंचविधः ।

प्राण पांच प्रकार का है ।

३३ प्राणोऽपानः समानो व्यान उदानश्च ।

प्राण, अपान, समान, व्यान और उदान ।

ये पांच एक शक्ति के ही अवान्तर भेद हैं, यद्यपि वह पांच प्रकार से कार्य करती दृष्टिगोचर होती हैं। इसका कार्य पिण्ड और ब्रह्माण्ड में सर्वत्र व्याप्त है । उपनिषदों में इसीलिए इसका आधिभौतिक और आध्यात्मिक दोनों दृष्टिकोणों से वर्णन किया गया है।

जैसे—'आदित्यो हवै प्राणः' प्रश्न० (१—५) आदित्य ही निश्चय से प्राण है। वह एक ही पांच रूप बनाकर सब को धारण करता है।

तान् वरिष्ठः प्राण उवाच मा मोह मापद्यथ अहमेवैतत्पंचधात्मानं प्रविभज्यैतद् वाणमवष्टभ्य विधारयामीति ।

(प्रश्न० २—३)

उन (आकाशादि पंचतत्व, वाक् आदि कर्मेन्द्रियों, मन, और चक्षु इत्यादि ज्ञानेन्द्रियों) से सर्व श्रेष्ठ प्राण ने कहा कि तुम मोह में मत पड़ो "कि हम ही इस शरीर को अथवा ब्रह्माण्ड को धारण कर रहे हैं," क्योंकि मैं ही अपने आपको पांच रूपों में विभक्त करके इस शरीर को आश्रय देकर आधिभौतिक जगत् में धारण कर रहा हूँ।

एषोऽग्निस्तपत्येष सूर्य एष पर्जन्यो मघवानेषवायुः ।
एष पृथिवी रयिर्देवः सदसच्चामृतं चयत्

(प्रश्न २, ५)

यह प्राण अग्नि के रूप में तपता है, यही सूर्य है, यह ही इन्द्र होकर बरसता है, यह वायु है, यह पृथ्वी है और यह ही देव सब भोग पदार्थों के रूप में है। कहां तक कहें सत् असत् यह ही सब कुछ है और अमृत भी यह ही है। 'आदित्यो हवै बाह्यः प्राणः पृथिव्यां या देवता सैषा पुरुषस्यापानमवष्टभ्यान्तरा यत् आकाशः स समानो वायुर्व्यानः । तेजोहवा उदानः ।' (प्रश्न ३, ८, ६) आदित्य सूर्य बाह्य प्राण है, पृथिवी की जो देवता रूपी शक्ति है वह पुरुष के अपान को आश्रय देकर अन्दर फैली हुई हैं, आकाश समान है, वायु व्यान है, और तेज ही उदान है।

आध्यात्मिक पांचों रूप भी उस एक ही प्राण शक्ति के अवान्तर भेद हैं यथा 'एषप्राण इतरान्प्राणान्पृथक्पृथगेव संनिधत्ते,' प्रश्न ३, ४, यह प्राण ही दूसरे प्राणों को पृथक् पृथक् धारण करता है। उक्त पंचधा प्राण-शक्ति के भेदों से प्राणमय कोष बनता है।

३३ दशविध इतिकेचित् ।

प्राण दस प्रकार का है ऐसा भी किसी किसी का मत है।

नाग कूर्म कृकल देवदत्त धनञ्जया ऽभिधेया अन्ये ।

नाग, कूर्म, कृकल, देवदत्त और धनञ्जय पांच नाम वाले अन्य पांच हैं।

छींकने, हिचकी लेने, डकार आदि क्रियाओं में नाग काम करता है। नेत्रों की पलकों के निमेषोन्मेष में कूर्म, भूख प्यास लगाने में कृकल; निद्रा लाने में देवदत्त, और मृत्यु के पश्चात् भी शरीर की आकृति को बनाये रखने वाला धनंजय है। येभी प्राणमय कोष के ही अन्तर्गत हैं।

३५ चक्षुः श्रोत्रे मुखनासिकाभ्यां प्राणः स्वयं प्रतिष्ठते।

चक्षु और श्रोत्र की इन्द्रियों में, मुख और नासिका के द्वारा प्राण स्वयं प्रतिष्ठित हैं।

३६ अपनयतीति* अपानः।

नीचे ले जाने वाली शक्ति का नाम अपान है।

जैसा कि कहा है कि 'पायूपस्थेऽपानम्', प्रश्न ३-५ गुदा और उपस्थ में अपान काम करता है।

३७ समं नयतीत समानः।

जो समानता से सब जगह ले जाता है वह समान वायु है।

जैसा कि प्रश्न (३-५) श्रुति में कहा है 'मध्येतु समानः' 'एषह्येतद्धुतमन्नं समं नयति तस्मादेताः सप्तार्चिषो भवन्ति,' अर्थात् मध्य में समान रहता है यह ही खाये हुये अन्न को सारे शरीर में समान रूप से पहुंचाता है। जिससे ये सात

---

*प्राण अपान इत्यादि शब्दों की व्युत्पत्ति 'अनच् धातु से है जिस का अर्थ जीवन धारण करना है। इसलिये पांचों प्राणों का कार्य अपनी २ क्रिया से जीवन को धारण करना है, यदि इन में से एक की भी क्रिया विकृत हो जाती है, तो वह ही मृत्यु का कारण बन जाती है।

ज्वालायें बनती हैं (२ कान, २ आंख, २ नासिक रन्ध्र और १ मुख अथवा ५ ज्ञानेन्द्रियां, मन और बुद्धि मिलकर ७ ज्वालायें हैं)।

३८ व्याप्नोतीति व्यानः।

व्यापक है इसलिये व्यान कहते हैं।

'द्वासप्ततिर्द्वासप्ततिः प्रतिशाखा नाड़ी सहस्राणि भवन्त्या-सुव्यानश्चरति' प्रश्न (३, ६) शाखा प्रतिशाखा रूप से बहत्तर २ हजार की संख्या में होने वाली सब नाड़ियों में जो शक्ति संचार करती है वह व्यान है।

३९ उर्ध्वं नयतीत्युदानः।

ऊपर ले जाता है उसको उदान कहते हैं।

इसी के बल से योगी अपने वीर्य की रक्षा करके ब्रह्मचर्य का पालन करते हैं। उसको ऊपर खींच कर ऊर्ध्व रेता कहलाते हैं। और सुषुम्णा में प्राण चढ़ा कर समाधि का अनुभव लेते हैं साधारण मनुष्यों के प्राण को मृत्यु के समय खींच कर यही शक्ति दूसरे पुण्याऽपुण्य लोक अथवा मनुष्य लोक में जन्म देती है। जैसा कि श्रुति में कहा है—

'अथैकयोर्ध्व उदानः पुण्येन पुण्यं लोकं नयति, पापेन पाप-मुभाभ्यां मनुष्य लोकम्।' प्रश्न (३—७)

और उन सब नाड़ियों में एक नाड़ी से ऊपर की ओर जाने वाला उदान पुण्य से अच्छे लोकों को, पाप से बुरे लोकों को और दोनों से मनुष्य लोक को ले जाता है। उक्तश्रुति के भाष्य

में श्रीमच्छंकराचार्य 'एक नाड़ी' का अर्थ सुषुम्ना नाड़ी के द्वारा उदान का ऊपर ले जाना कहते हैं।

४ असंगो ह्ययमात्माऽऽनन्दमयः ।

आत्मा जो असङ्ग ही है वह स्वयं आनन्दमय है। यद्यपि आत्मा के निसृत् आनन्द का यह कोष तमोगुण के आवरण से आवृत है ।

ब्रह्म सूत्रों में भगवान् व्यासदेवजी ने कहा है कि आनन्दमय में मयट् प्रत्यय प्राचुर्यार्थ में प्रयुक्त है, नकि विकारार्थ में, जैसा कि इसके विपरीत अन्न रस मय, प्राणमय, मनोमय और विज्ञान मय में मयट् का प्रयोग विकारार्थ में किया गया है। विकार शब्दान्नेति चेन्न प्राचुर्यात्' (१, १, १३) पूर्व पक्ष में शंका करते हैं कि विकार के लिये मयट् प्रत्यांत शब्द का प्रयोग होने से आनन्दमय ब्रह्म के लिये नहीं कहा गया अन्नमयादि के सदृश आनन्द के विकार का ही कोई कोष होना चाहिये। फिर उस शंका का उत्तर पक्ष में समाधान करते हैं कि ऐसा नहीं है, यहां पर मयट् प्रत्यय का प्रयोग प्राचुर्य के अर्थ में किया गया है विकार के अर्थ में नहीं यद्यपि आगे सिद्धांत पक्ष में सिद्ध करते हैं कि है आनन्दमय भी एक कोष ही।

४१ विकास आनन्द-घूर्णा-कम्पोद्भव-निद्रामूर्च्छात्मकः ।

विकास आनन्द, घूर्णा, कम्पका उद्भव, निद्रा, और मूर्छा के रूप में होता है।

शक्तिपात होने के पश्चात् शिष्य की शक्ति जागने से उसके

स्थूल सूक्ष्म शरीरों में शक्ति का विकास होता है, जबतक पूर्ण विकास न हो तब तक उसका गुरु के समीप रहना उचित है, इसीलिये तीन रात्रियों के नियम का विधान किया गया है। साधारणतः सब को तीन दिन में विकास हो ही जाता है, उत्तम अधिकारियों को तो तत्क्षण ही पूर्ण विकास हो जाता है परन्तु उनको भी तीन रात्रि के नियम का पालन करना ही चाहिये।

विकास जैसा ऊपर समझाया गया है प्राण शक्ति के उत्थान से होता है। इसलिये प्रथम प्राणमय कोष पर प्रभाव पड़ता है, जिस से नशासा, सिरमें या सारे शरीर में भारीपन इत्यादि चिन्ह प्रकट होते हैं, फिर स्थूल शरीर अर्थात् अन्नमय कोष में कम्प, घूर्णा, अर्थात् घुमेर होने लगती है, शरीर क्रियायें करने लगता है और साथ ही मन में आनन्द के स्रोत उमड़ने लगते हैं, कभी कभी निद्रा भी आजाती है और किसी किसी को आनन्दमयी मूर्छा सी भी होती है, परन्तु साधारणतः मूर्छा देखने में नहीं आती, मनुष्य को सदा सब अनुभवों का ज्ञान बना रहता है। चित्त का निरोध होना मनोमय का विकास समझना चाहिये। दिव्य श्रवण, दिव्य दृष्टि, दिव्य स्पर्श, दिव्य रस, और दिव्य गंध के अनुभव विज्ञानमय कोष के विकास हैं और आनन्द के प्रादुर्भाव को आनन्द स्वरूप आत्मा का ही अनुभव समझना चाहिये।

यह कहा जा चुका है कि विकास प्राणशक्ति के उत्थान के कारण होता है, उपनिषदों में प्राणोपासना का वर्णन मिलता है,

और प्राण ब्रह्म ही है ऐसा कहा गया है। साधारण बोल चाल में भी प्राण शब्द का प्रयोग चेतना शक्ति के लिये व्यवहार में लाया जाता है। मरण के लिये प्राणान्त शब्द का प्रयोग प्रायः किया जाता है और प्राणी से जीवधारी का अभिप्राय होता है। परन्तु श्वास गति को भी प्राण कहते हैं, क्योंकि श्वास प्रश्वास पर जीवन का आधार है और उसी से सारी जीवनकलायें कार्य करती हैं। यथार्थ में प्राण वह शक्ति है जिससे सारे अंग प्रत्यङ्ग और नस नाड़ियां निरन्तर अपना २ काम किया करती हैं और इन्द्रियां, मन तथा बुद्धि भी प्राण के आधार पर आश्रित हैं। जाग्रत, स्वप्न और सुषुप्ति अवस्थायें भी प्राण के ही आश्रित हैं। यद्यपि इन्द्रियां, मन और बुद्धि सुषुप्ति में निष्क्रिय हो जाते हैं। पर प्राण अपना कार्य तब भी करते ही रहते हैं। श्वास प्रश्वास को प्राण कहने का अभिप्राय यह है कि हृदय और फुफ्फुस को सतत कार्यशील रखने वाली शक्ति मुख्य प्राण है। तीनों अवस्थाओं में प्राण शक्ति का प्रवाह सारे शरीर की नाड़ियों द्वारा होता रहता है और उक्त नाड़ियों का पृथक् पृथक् कार्य नियुक्त है, परन्तु प्राण प्रवाह सदा बहिर्मुख रहता है। जब वह अन्तर्मुख होने लगता है तब उसका प्रवाह सुषुम्ना नाड़ी के मार्ग से ब्रह्मरन्ध्र में चढ़ता हुआ समझना चाहिये। ब्रह्मरन्ध्र में प्राण चढ़ने से समाधि लगती है और उस से नीचे की अवस्थाओं में चित्त की एकाग्रता आती है। समष्टि प्राण के सुषुम्ना में उत्थान होने पर वाह्य क्रियायें बन्द हो जाती हैं यहाँ तक कि श्वास और हृदय की गति भी बन्द हो जाती है। योग के अभ्यास से शक्ति

के जागने पर नाड़ियों के मल की शुद्धि होने लगती है और वे शुद्ध होकर सरल हो जाती हैं तब उनमें से शक्ति के प्रवाह में कोई रुकावट नहीं रहती, संकल्प मात्र से विद्युत् के सदृश संचार होने लगता है। तब सारे शरीर की नाड़ियों से प्राण खिचकर सरलता से सुषुम्ना में चढ़ने लगते हैं।

उपरोक्त प्राण अपानादि उस एक प्राणशक्ति के ही अवान्तर भेद हैं। उसके विशेष कार्यक्रम के अनुसार भिन्न-भिन्न नाम रख दिये गये हैं जैसा कि ऊपर के सूत्रों से स्पष्ट है।

—:o:—

चतुर्थ पाद।

१ कुण्डलिनी प्रणव स्वरूपिणी।

कुण्डलिनी प्रणव स्वरूपिणी है।

यथा—महा कुण्डलिनी प्रोक्ता परब्रह्म स्वरूपिणी।
शब्दब्रह्ममयी देवी एकाऽनेकाक्षराऽकृतिः।

योग कुण्डलिन्योपनिषत्।

कुण्डलिनी शक्ति परब्रह्म स्वरूपिणी महादेवी शब्द ब्रह्ममयी अर्थात् प्रणव स्वरूपिणी है एक और अनेक अक्षरों के मन्त्रों की आकृति में व्यक्त होती है। अ= तमोगुण, उ= रजोगुण, म्=सत्वगुण हैं और अर्द्ध मात्रा से उत्पन्न होने वाली, अनुनासिक ध्वनि, आत्मा के शुद्ध स्वरूप की व्यञ्जक है जो अन्त में

घण्टा नादवत् ब्रह्म में लय हो जाती है। कुण्डलिनी शक्ति के ये साढ़े तीन कुण्डल समझने चाहियें।

२ मूलाधारे प्रसुप्तासाऽत्मशक्तिः।

वह आत्मशक्ति मूलाधार में सो रही है (Lies in the Static Form)सोती हुई कुण्डलिनी को मुख में पूंछ दबाकर सुषुम्ना के द्वार को रोके हुए बताया जाता है। वास्तव में यह आध्यात्मिक शक्ति का अलंकृत भाषा में वर्णन किया गया है।

३ उन्निद्रिता विशुद्धे तिष्ठति मुक्तिरूपा पराशक्तिः।

जागी हुई (When in Dynamic Form) वह मुक्ति रूपा पराशक्ति विशुद्ध चक्र में विराजती है।

शक्ति के जागने पर तीनों गुणों के बन्धन ढीले पड़ जाते हैं और कुण्डलिनी अपने कुण्डल छोड़कर सीधी सर्पाकृति हो जाती है और शक्ति का उठना और सुषुम्ना द्वारा कपाल में चढ़ना योगियों के प्रत्यक्ष अनुभव में आता है। उसकी गति सर्पवत् प्रतीत होने के कारण सर्प से उपमा दी जाती है।

यावत्सा निद्रिता देहे तावज्जीवः पशुर्यथा।
ज्ञानं न जायते तावत् कोटियोगविधेरपि॥

अर्थ—जब तक वह देह में सोती रहती है तब तक मनुष्य पशुवत् व्यवहार करता रहता है क्योंकि तब तक करोड़ों योग साधन करने से भी ब्रह्मज्ञान उत्पन्न नहीं होता।

बहुत से मनुष्यों की धारणा है कि कुण्डलिनी एक नाड़ी है परन्तु वास्तव में ऐसा अनुमान होता है कि कन्द (Ganglion

impar) में शक्ति (Static Form) प्रसुप्त रूप में सदा रहती है और उस में से निकल निकल कर (Kinetic) गति रूप में सुषुम्ना में जागने पर चढ़ने लगती है। कन्द उक्त शक्ति का अनन्त भण्डार है जागने पर उसका आध्यात्मिक चेतन स्वरूप, शरीर, मन, वाणी में व्यक्त होने लगता है।

४ योगाभ्यासात्तीव्र वैराग्याच्च ।

योग के अभ्यास से और तीव्र वैराग्य से जाग जाती है।

५ ज्ञान भक्तिभ्यां वा ।

ज्ञान और भक्ति से भी।

केवल शब्दिक ज्ञान से नहीं जागती। इसीलिए श्रवण, मनन और निदिध्यास की आवश्यकता है।

६ प्राणायामाद्वा ।

अथवा प्राणायाम करने से।

प्राणायाम अष्टांग योग का चौथा अङ्ग है इसलिये चौथे सूत्र में योग के अभ्यास के अन्दर आ जाता है यहां पर फिर प्राणायाम का अलग उपाय कहने से अभिप्राय यह है कि केवल प्राणायाम के अभ्यास से ही शक्ति जाग उठती है। कहा है 'न प्राणायामात्परं तपः' प्राणायाम से बड़ा दूसरा तप नहीं है। यहां पर प्राणायाम का अर्थ सहित कुंभकों से है जैसे भस्त्रिका, उज्जायी इत्यादि। पूरक रेचक सहित कुंभक को सहित कुंभक कहते हैं।

७ शक्तिपाताद्विशेषेण ।

शक्तिपात के द्वारा विशेषता से जाग जाती है ।

शक्तिपात में विशेषता यह है कि बिना शिष्य के आयास गुरु कृपा से शक्ति तुरन्त जाग जाती है नहीं तो साधक को निरंतर दीर्घकाल तक उसके जगाने के लिये ही कष्ट साध्य यत्न करना पड़ता है और उस में भी हानि होने की संभावना रहती है ।

८ तत्तु गुरु कृपयैव लभ्यते ।

परन्तु वह गुरू की कृपा के द्वारा ही प्राप्त होता है ।

९ ततः क्रियावती च भवति ज्ञानवत्वात् ।

उससे (शक्तिपात से) क्रियावती भी हो जाती है शक्ति के ज्ञानवती होने के कारण ।

कुण्डलिनी के अविद्या और विद्या दो रूप कहे जा सकते हैं, अविद्यावस्था में सोती हुई बन्धन का कारण होती है और जागने पर विद्यावस्था धारण करके मोक्ष प्रदा होती है जागने पर उसके तीन स्वरूप होते हैं क्रिया रहिता, क्रियाशीला और लयावस्था । क्रिया रहिता में मनुष्य की प्रवृति विवेक, वैराग्य की ओर होती है परन्तु मोक्ष साधन का प्रारम्भ नहीं होता, शक्ति पापों का नाश करती रहती हैं । पापों का नाश होने पर उसकी मोक्ष यात्रा का प्रारम्भ होता है । और समाधि अथवा मोक्षावस्था में शक्ति का ब्रह्म में लय हो जाता है ।



क्रियावती होने पर हठयोग के विविध आसन, प्राणायाम, बन्ध, मुद्रायें, भक्ति की विभिन्न अवस्थायें, नृत्य, गीत, उद्गीथ प्रणवध्वनि, नाम कीर्तन, और मन्त्रयोग, ज्ञान योग की अनेक क्रियाओं का साधक को अनुभव होता है। इन क्रियाओं का कारण शक्ति का ज्ञानवत्व है यदि शक्ति अचेतनवत् व्यवहार करती तो उसकी क्रियायें ऐसी चेतना और ज्ञानयुक्त न होतीं।

१० क्रियाः स्थूल-लिंग-कारण, भेदतो बहुविधाः।

क्रियायें स्थूल, सूक्ष्म, और कारण शरीरों के भेद से नाना प्रकार की होती हैं।

शक्ति के जागने में और क्रियाशीला होने में भी अन्तर है। क्रियाशीला होने पर शारीरिक मानसिक क्रियाओं का विकास

होता है केवल जागने से नहीं। स्थूल शरीर की क्रियायें और सूक्ष्म शरीर की क्रियायें और कारण शरीर का क्रियायें अलग अलग अनुभव में आती हैं। और सब मनुष्यों को एक समान क्रियायें नहीं होतीं। सबके भिन्न २ प्रकृति स्वभाव और संस्कारों के अनुसार बहुत प्रकार की होती हैं, सब मनुष्य अपनी २ अलग क्रियायें करते हैं। इसलिए यह सहज या स्वाभाविक योग भी कहलाता है और किसी को इस से हानि की संभावना नहीं होती। प्रायः देखा गया है कि प्राणायाम और शीर्षासनादि क्रियाओं के अभ्यास करने वाले रोगाक्रांत हो जाते हैं, इसका कारण यह है कि उक्त क्रियायें उनकी प्रकृति के अनुकूल नहीं। शक्ति के क्रियाशीला होने पर स्वाभाविक क्रियायें विकसित होती हैं और वे देश काल ऋतु के प्रभाव से साधक के शरीर मन प्राण के अनुकूल रहती हैं।

११ कायिक वाचिक मानसिकाः।

क्रियायें शारीरिक, वाचिक और मानसिक तीनों प्रकार की होती हैं।

१२ ता नेच्छातन्त्राः संस्कारतंत्रत्वात्।

वे इच्छा की तन्त्र नहीं हैं संस्कारों की तन्त्र होने के कारण। इच्छा चाहे गुरु की हो चाहे शिष्य की। क्रियायें दोनों की इच्छा के आधीन नहीं।

१३ शक्तितन्त्रत्वाद्वा।

चाहे उनको शक्ति के तन्त्र मानो।

क्योंकि शक्ति का वेग होने पर नानाप्रकार की क्रियायें होने लगती हैं।

दूसरे शक्ति ज्ञानवती कही गई है इसलिये भी वह स्वतन्त्र है।

१४ तद्वेगस्तु न तथा।

परन्तु उसका वेग उक्त प्रकार इच्छा के तन्त्र नहीं हैं ऐसा नहीं।

क्योंकि इच्छा से वेग को रोका जा सकता है। यदि किसी साधक को बाहर किसी जन समुदाय में वेग आजाय तो वहां पर वह अपनी इच्छा से अपने वेग को रोक सकता है। क्योंकि क्रियाएं सदा एकान्त स्थान और बन्द कमरे में करने का विधान है, जनसमुदाय में नहीं, जैसा कि आजकल जन समुदाय में भगवत् कीर्तन करते समय भाव प्रदर्शन करने का और नाच कर तमाशा सा करने का रिवाज कुछ महात्माओं ने चलाया है। जन समुदाय में क्रियाएं करने से शक्ति का अनुचित संक्रमण और ह्रास होता है जैसा कि पहिले कहा जा चुका है।

१५ ततः प्राणापानयोरुत्थानम्।

क्रियायें करने से प्राण और अपान का उत्थान होने लगता है।

पहिले कह आये हैं कि शक्ति के जागने से प्राणशक्ति का उत्थान होता है यहां पर बताया गया है कि क्रियाएं होने के फल स्वरूप भी प्राण और अपान दोनों का उत्थान होता है। इसलिये

जितनी अधिक देर तक अभ्यास किया जाता है और जितनी अधिक क्रियायें होती हैं उतनी ही शीघ्रता से प्राण अपान का उत्थान होकर अधिक उन्नति होती है।

१६ सुषुम्नांव्रजति।

शक्ति सुषुम्ना में प्रवेश करने लगती है।

१७ चक्राणि भिनत्ति।

चक्रों का वेध करती है।

१८ ततो नाड़ीशुद्धिः।

उस से नाड़ियों की शुद्धि होती है।

सुषुम्ना से सब नाड़ियों का सम्बन्ध है वे उसमें से शाखोपशाखा क्रम से निकलकर अङ्ग प्रत्यङ्ग में फैली हैं, इसलिये शक्ति के सुषुम्ना में प्रवेश करने से चक्रों का वेध करके सारे नाड़ीजाल में वह वेगपूर्वक फैल जाती है। जैसे हौज में भरा हुआ जल नगर के प्रत्येक घर, गली और बाजारों के नलों में वेग से फैल जाता है और यदि किसी नल में किसी प्रकार की रुकावट हो तो वह पानी के वेग से स्वयं दूर हो जाती है।

१९ प्राणमये संचालयति प्राणम्।

प्राणमय कोष में सर्वत्र प्राण का संचालन कर देती है।

नाड़ी शुद्धि होने पर समस्त नाड़ीजाल शुद्ध हो जाने के कारण प्रत्येक शाखा उपशाखा में सर्वत्र प्राण के वेग से संचार होने लगता है। और प्राणमय कोष शक्ति से आ-नख-शिख भर पूर हो जाता है। इस अवस्था का नाम घटा अवस्था है।

क्रियाओं के आरम्भ होने से आरम्भ अवस्था कहलाती है। अथवा आरम्भ अवस्था में शक्ति के ऊर्ध्वगामी होने से इन्द्रियां अन्तर्मुख होने लगती हैं और शक्ति के वेग से प्राणमय कोष के प्राण से परिपूर्ण होजाने पर घटावस्था कहलाती है।

२० तदा प्राणायामसिद्धिश्च।

तब प्राणायाम की सिद्धि होती है।

२१ साचतुर्विधा।

वह प्राणायाम की सिद्धि चतुर्विध होती है।

२२ प्राणस्यापानेऽपानस्य प्राणे योग उभयोर्गतिरोधश्च।

२३ केवलः प्राणविलीने चतुर्थः।

अपान में प्राण का योग होना, प्राण में अपान का योग होना, और दोनों की गति का निरोध होना। चौथा केवल प्राणायाम है जिस में प्राण का लय हो जाता है।

जैसा कि श्री भगवान् ने गीता में अर्जुन को यज्ञों का वर्णन करते हुए कहा है—

अपाने जुह्वति प्राणं प्राणेऽपानं तथा परे।
प्राणापान गतीरुद्ध्वा प्राणायाम परायणाः॥
अपरे नियताहाराः प्राणान्प्राणेषु जुह्वति।
सर्वेऽप्येते यज्ञविदो यज्ञक्षपितकल्मषाः॥

अर्थ—कोई तो अपान में प्राण की आहुति देते हैं, दूसरे प्राण में अपान की आहुति डालते हैं और कोई प्राण और

अपान की गति को रोक कर प्राणायाम करते हैं और दूसरे नियमपूर्वक आहार करके प्राण की प्राण में ही आहुति देते हैं ये सब ही यज्ञ के जानने वाले हैं, जिन्होंने अपने पापों को यज्ञ द्वारा निकाल फैंका है।

उक्त चारों प्रकार के प्राणायामों का श्वास प्रश्वास के पूरक प्राणायाम, रेचक और कुंभक प्राणायामों से अभिप्राय नहीं है, परन्तु रेचक पूरक द्वारा इनकी सिद्धि हो सकती है, और शक्ति जागने पर बिना रेचक पूरक के भी सिद्ध होते हैं। चारों की क्रियायें नीचे समझाई जाती हैं। पाठकों को यह बात तो उपरोक्त श्लोकों से कुछ समझ में आगई होगी कि असली प्राणायाम प्राण और अपान के मिलने से होता है। ये दोनों शक्तियां कहां और किस प्रकार मिलाई जाती हैं यही समझने की बात है। अपान शक्ति का स्थान पायु और उपस्थ है अर्थात् अपान आधार चक्र के समीप रहता है और उसकी गति नीचे की ओर होती है और प्राण शक्ति हृदय से ऊपर के भाग में काम करती है। दोनों का योग करके सुषुम्ना विवर में उनको प्रवेश करना चाहिये। सुषुम्ना में प्रवेश करने का द्वार कुण्डलिनी के स्थान पर है जो मूलाधार और स्वाधिष्ठान के बीच में स्थित है। अर्थात् प्राण और अपान दोनों को उस स्थान पर खैंच कर मिलाना होता है जिस से दोनों मिलकर सुषुम्ना में प्रवेश करते हैं। तब घटावस्था की सिद्धि होती है और योगी के किंचित् प्रयत्न से अथवा संकल्प मात्र से प्राण का प्रवाह जहां चाहे वहां सुगमता से होने लगता है।

(१) अपान शक्ति में प्राणों की आहुति देने के लिये प्राण को नीचे उतारना पड़ेगा और उसको आधार चक्र में लेजाकर अपान में मिलाना पड़ेगा। यह क्रिया पूरक और अन्दर के कुम्भक करने से भी सिद्ध होती है। श्वास को फुफ्फुस Lungs में धीरे धीरे परन्तु दबाव के साथ खेंच कर पूरक करना पड़ता है फिर कंठ का संकोचन करके जालंधर बन्द द्वारा वायु को नीचे जोर से दबाया जाता है। इस क्रिया से कुछ अभ्यास के पश्चात् प्राण शक्ति ऊपर के भाग की सब नाड़ियों से इड़ा पिंगला नाड़ियों में खिंच कर नीचे की ओर उतरने लगती है। और धीरे धीरे कंद के पास मूलाधार चक्र में एकत्रित होती है वहां पर योगी ने पहले से ही सिद्धासन अथवा गुदा का संकोचन करके मूल बन्ध द्वारा अपान शक्ति को रोका ही हुआ होता है। इस प्रकार दोनों का वहां योग किया जाता है।

(२) फिर रेचक द्वारा धीरे धीरे प्रश्वास को निकाला जाता है और मूलबन्ध तथा पेट को पीठ की ओर तान कर उड्डियान बन्ध द्वारा नीचे की नाड़ियों से अपान को ऊपर खेंचकर प्राण से मिलाया जाता है। इस प्रकार फिर दोनों का योग होता है। यह अपान का प्राण में आहुति देना है। उक्त प्रकार दोनों का योग करके सुषुम्ना में प्रवेश करने से असली प्राणायाम की सिद्धि होती है।

(३) तदनन्तर वाह्य कुम्भक करने से श्वास प्रश्वास की गति रोक दी जाती है और उस से प्राण और अपान दोनों अपना अपना वाह्य कार्य त्याग कर अन्तर्मुख होने लगते हैं

जैसा कि दम घुटने से मृत्यु के पूर्व होता है। और दोनों अपने अपने स्वरूप को त्याग कर लय होने लगते हैं यह प्राण अपान की गति निरोध रूप तीसरा यज्ञ है।

(४) चौथे केवल कुम्भक के सिद्ध होने पर श्वास प्रश्वास किसी भी अवस्था में स्वयं रुकने लगते हैं और श्वास गति का निरोध होने से प्राणशक्ति का निरोध होता है पांचों प्राणों का निरोध होने से शरीर का समस्त व्यापार रुककर प्राण का समष्टि उत्थान होता है और समाधि लगने लगती है। ऐसे योगी मिताहार करके दीर्घ काल तक समाधि का आनन्द लेते हैं। यह प्राणों का प्राणों में आहुति देना है। इसका तीसरे से इतना भेद है कि केवल कुम्भक में प्राण सब चक्रों में एक दम विलीन होने लगेगा। यद्यपि सुषुम्ना में प्राण चारों रीतियों से चढ़ता है।

शक्ति के जाग कर क्रियावती होने पर चारों प्रकार के प्राणायाम बिना यत्न के अर्थात् श्वास प्रश्वास की गति का बिना आधार लिये सिद्ध होने लगते हैं। श्रीमच्छंकराचार्यजी ने भी योग तारावली में केवल कुम्भक का सुन्दर वर्णन किया है जो पाठकों के अवलोकनार्थ नीचे उद्धृत किया जाता है।

बंध-त्रयाभ्यास-विपाक-जातां,
विवर्जितां रेचक-पूरकाभ्याम्।
विशोषयंती विषय-प्रवाहं,
विद्यां भजे केवल-कुंभ-रूपाम् ॥८॥

प्रत्याहृतः केवल कुम्भकेन,
प्रबुद्धकुण्डल्युपभुक्तशेषः ।
प्राणः प्रतीचीन-पथेन मंदं,
विलीयते विष्णु-पदांतराले ॥१२॥

अर्थ—मूल, उड्डयान और जालंधर तीनों बन्धों के अभ्यास की परिपक्व अवस्था होने पर प्रकट होने वाली, जो रेचक और पूरक से वर्जित है और सब विषयों के प्रवाहों को सुखा डालती है, उस केवल कुम्भक रूप विद्या का मैं भजन (साधन) करता हूं।

केवल कुम्भक के द्वारा खींचा हुआ प्राण जो जागी हुई कुण्डलिनी के भोजनोपरान्त शेष बच गया है धीरे धीरे सुषुम्ना के पश्चिम मार्ग द्वारा विष्णुपद स्वरूप अन्तराल में लय हो जाता है। अर्थात सहस्रार में चढ़कर परब्रह्म में लय हो जाता है।

२४ तदा पश्चिमतो वेधाच्चित्तलयः ।

तब सुषुम्ना के मार्ग का वेध होने से चित्त की लयावस्था आती है।

२५ सिद्ध मंत्राणामाप्ति र्मातृका-संबोधात् ।

मातृका शक्ति के जागने के कारण सिद्ध मंत्रों की प्राप्ति होती है।

मातृका शक्ति कुण्डलिनी का वह स्वरूप है जिसमें अकार

से क्षकार तक वर्णमाला शब्द और पदों की रचना सहित वैखरी वाणी द्वारा प्रकट होती है। इसीलिये कुण्डलिनी को सरस्वती भी कहते हैं। सरस्वती के सिद्ध होने पर मन्त्रों और पदों का स्वयं विकास होने लगता हैं और योगी में व्याख्यान देने अथवा कविता रचने की शक्ति आ जाती है।

२६ अष्टाङ्ग योग सिद्धिश्च।

और अष्टांग योग की सिद्धि होती हैं।

यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, समाधि आठों अंग धीरे धीरे पुष्ट होते जाते हैं। यदि १२ घन्टे क्रियाओं का वेग चलता रहे तो एक घन्टे की धारणा होती है और ५ मिनट का ध्यान तथा २५ सैकण्ड की समाधि। ऐसा अन्दाजा है। और तदनुसार नीचे के अंग भी उत्तरोत्तर पुष्ट होते हैं।

२७ महायोगोदयो वा।

अथवा यह कहें कि महायोग का उदय होता है।

२८ नृत्यति गायति हसतिरोदितिच।

और साधक नाचता है, गाता है, कभी हंसता है कभी रोता है।

२९ प्रणवादिनामोच्चारणं गानं कीर्तनम् च।

प्रणवादि नामों का उच्चारण, गान और कीर्तन करता है।

३० दिव्य भावैर्मत्तो भवति।

३१ रौद्रादिभावैरपि संपन्नोभवति ।

दिव्यभावों से मस्त हो जाता है और रौद्रादिभावों से भी युक्त होता है ।

रौद्र, अद्भुत, शृङ्गार, हास्य, वीर, करुणा, भय, घृणात्मक (वीभत्स) और सप्रेम भक्ति अर्थात् शान्त ६ भाव हैं ।

उक्त नौ प्रकार के भाव कभी कभी आते हैं। इनके अतिरिक्त शिव भाव, दिव्य भाव, और ब्रह्मभाव आदि भी होते हैं, उन भावों के आने से मनुष्य उन्मत्तवत् दिखने लगता है। यह ही ज्ञानी की अवस्था है। क्योंकि इस अवस्था में जीव भाव स्वल्प अथवा नहीं सा हो जाता है।

३२ भक्त्या परयाऽविष्टो भवति ।

परा भक्ति के आवेश में आ जाता है।

३३ करोति सिद्ध दर्शनमिष्टदेवदर्शनञ्च ।

सिद्धों और इष्टदेव के दर्शन करता है।

३४ ऊर्द्ध्व रेताश्च भवति ।

और उर्द्ध्वरेता हो जाता है।

यह बात तो सब जानते हैं कि आध्यात्मिक उन्नति के लिये ब्रह्मचर्य अत्यावश्यक है और वीर्य की रक्षा का नाम ब्रह्मचर्य है परन्तु वीर्य की रक्षा किस प्रकार होती है यह बात बहुत कम लोग समझते हैं। बहुधा डाक्टरों का कथन है कि वीर्य की रक्षा के लिये काम के वेग को रोकने से नाना प्रकार के रोगों के होने की सम्भावना है। इसका अर्थ यह है कि वीर्य, बनने के

पश्चात्, बाहर निकलने की प्रवृत्ति रखता है और उस वेग को रोकने से हानि होती है। परन्तु अतिविषयासक्ति से अस्वाभाविक रीति से अनावश्यक परिमाण में वीर्य बनाकर नष्ट कर देने से और भी अधिक हानि होती है, और ऐसे मनुष्य यक्ष्मा जैसे भयंकर रोगों का आवाहन करते हैं। यह बात तो निश्चित ही है कि विषयासक्ति में पड़कर अस्वाभाविक रूप में वीर्य बनाने से शरीर की धातुओं पर कुठाराघात होता है, उनका सत्व जबरदस्ती खींचा जाता है। परन्तु जो वीर्य स्वाभाविक रूप से बनता है उसकी यदि रक्षा हो सके तो पूर्ण ब्रह्मचर्य का लाभ उठाया जा सकता है। डाक्टरों के मत के अनुसार वीर्य की उत्पत्ति इस प्रकार होती है। जब पुरुष को काम का वेग उत्पन्न होता है तब उसके रुधिर का प्रभाव अंडकोषों की ग्रंथियों में आने लगता है वहां पर उक्त ग्रंथियों में से निकलने वाले एक प्रकार के रस के रासायनिक प्रयोग (chemical action) से रुधिर के रक्त वर्ण कीटाणु वीर्य के श्वेत कीटाणुओं में परिणत हो जाते हैं जिनको अंग्रेजी में spermatozoa कहते हैं। इन्हीं कीटाणुओं में जनन शक्ति होती है, यदि वे बाहर निकाल दिये जायें तो कोई हानि नहीं होती क्योंकि उनका कार्य बाहर निकल कर स्त्री के गर्भाशय में गर्भस्थिति करना ही है यदि कोई पुरुष उसको रोकता है तो स्वप्नदोष और प्रमेह आदि रोग होने की संभावना होती है। ऐसी अवस्था में ब्रह्मचर्य पालन का क्या तात्पर्य है यह बात विचारणीय है। हमारे महर्षियों का कथन है कि वीर्य प्राण शक्ति ही

है और वीर्य के नष्ट होने से प्राणशक्ति का ह्रास होता है। अपान शक्ति के उत्थान होने पर उदान रूपी अग्नि का योग होने से वीर्य की प्राणशक्ति ऊर्द्ध्व गामिनी हो जाती है और ऐसे योगी का वीर्य स्खलित नहीं होता और मैथुन काल में स्खलित होने पर भी उस का ब्रह्मचर्य नष्ट नहीं होता। 'बज्रौली' मुद्रा की सिद्धि होने पर तो उदान के वेग के कारण स्वप्नदोष द्वारा स्खलित होकर इंद्रिय में उतर आया हुआ अथवा मैथुन द्वारा बाहर पात हुआ वीर्य भी पुनः ऊपर चढ़ जाता है। ऊपर जाकर वह वीर्याशय या मूत्राशय में लौटकर प्रवेश नहीं कर सकता परन्तु उदान शक्ति की उष्णता से योनिस्थानस्थ रुधिर में मिल जाता है और प्राण का वेग सुषुम्णा में ऊर्द्ध्व प्रवाह करने लगता है। योगियों ने इस क्रिया को रज वीर्य का योग माना है।

योनिस्थाने महाक्षेत्रं जपाबन्धूकसन्निभम्।
रजो बसति जंतूनां देवीतत्वं समाहितम्॥
रजसो रेतसो योगाद्राजयोग इति स्मृतः।
(योग शिखोपनिषत्)

अर्थ—योनि स्थान रूपी महा क्षेत्र में जवा कुसुम के वर्ण का रज हर एक जीवधारी के शरीर में रहता है उसको देवी तत्व कहते हैं। उस रज और वीर्य के योग से राजयोग की प्राप्ति होती है; अर्थात् दोनों के योग का फल राजयोग है।

गुदा और उपस्थ के मध्य में सीवनी के ऊपर त्रिकोणाकृति नरम स्थान है, उसको योनि स्थान कहते हैं। वहां पर वीर्य

चढ़ने से उष्णता उत्पन्न होती है जो वीर्य और रज की रासायनिक क्रिया की सूचक होती है।

गलितोपि यदा बिन्दुः संप्राप्तो योनि मण्डले ।
ज्वलितोपि यथा विंदुः संप्राप्तश्च हुताशनम् ॥
व्रजत्यूर्द्ध्वं हठाच्छक्तया निबद्धो योनिमुद्रया ।
स एव द्विविधो बिन्दुः पाण्डुरो लोहितस्तथा ॥
पाण्डुरं शुक्रमित्याहु लोहिताख्यं महा रजः ।
निद्रुम द्रुम संकाशं योनिस्थाने स्थितं रजः ॥
शशि स्थाने बसेद्विंदुस्तयोरैक्यं सुदुर्लभम् ॥

(योग चूड़ामणि उपनिषत् , ध्यान बिन्दु उपनिषत्)

अर्थ—गलित होकर जब वीर्य योनिस्थान में ले जाया जाता है वहां अग्नि में गिरकर जलता हुआ वह वीर्य योनि मुद्रा के अभ्यास से हठात् ऊपर चढ़ा लिया जाता है। वह बिन्दु दो प्रकार का होता है श्वेत और रक्त। श्वेत को वीर्य और लाल को रज कहते हैं। मूंगा के रंग का रज योनि स्थान में रहता है और वीर्याशय रूपी चन्द्र स्थान में वीर्य रहता है, इन दोनों का मिलाना बड़ा दुर्लभ है।

नोट—योनि का अर्थ यहां पुरुष के उपरोक्त योनिस्थान से है।

वास्तव में वीर्य प्राण और ओज का स्थूल शरीर है। प्राण अथवा ओज के ऊर्ध्व गमन करने पर यदि कभी वीर्य स्खलित

भी हो जाय तो उससे ब्रह्मचर्य में बाधा नहीं आती, ऐसे योगी गृहस्थ धर्म का पालन करते हुवे भी ब्रह्मचर्य का पालन ही करते हैं। पूर्वकाल के वशिष्ठ, याज्ञवल्कादि सब ऋषि मुनि गृहस्थी ही थे। प्रश्नोपनिषत् में कहा है कि—

'प्राणं एते प्रस्कंदति ये दिवा रत्या संयुज्यते, ब्रह्मचर्य मेव तद्रात्रौ रत्या संयुज्यते'। (प्रश्न १—१३)

जो दिन में रति कर्म करते हैं उनके प्राण नष्ट होते हैं और जो रात्रि में रति कर्म करते हैं वे ब्रह्मचर्य में ही रहते हैं। क्योंकि दिन में सूर्य की प्राण शक्ति है रात्रि में नहीं।

कुण्डलिनी शक्ति के जागने पर प्राण अपान के स्वाभाविक ऊर्ध्वगामी हो जाने के कारण उनके ब्रह्मचर्य में बाधा नहीं पड़ती क्योंकि उनकी प्राण शक्ति का ऊर्ध्व प्रवाह सतत बना रहता है। जिनकी कुण्डलिनी शक्ति जगी नहीं है वे लोग यदि अभ्यास करके वीर्य को ऊपर खेंच भी लें तो वह रज से न मिलने के कारण मूत्र के साथ बाहर आ जाता है। इसलिये हठयोग प्रदीपिका में लिखा है कि बिना कुण्डलिनी जागे बज्रौली और खेचरी मुद्रायें सिद्ध नहीं होती।

ऐसे योगियों को ऊर्ध्व रेता कहते हैं। साधारण लोगों को भी वीर्य रक्षा करने से लाभ होता है। क्योंकि उनके प्राण और ओज का थोड़ा बहुत ऊर्द्ध्व प्रवाह होता ही है। ब्रह्मचर्य के पालन करने के लिये यह बहुत आवश्यक है कि मन में काम का विकार ही उत्पन्न न होने दिया जाय। विकार आने पर वीर्य

बनना अनिवार्य है और बनने के पश्चात वीर्य की रक्षा करना अति कठिन है।

३५ ततः खेचरीसिद्धिः।

उससे अर्थात ऊर्द्ध्व रेता होने से खेचरी की सिद्धि होती है। खेचरी का अर्थ है कि प्राण आकाश (ब्रह्मरंध्र) में गमन करते हैं।

३६ वीतराग विषयत्वम्।

वीतराग विषयत्व होता है।

पांचों क्लेश तनु होने लगते हैं और मनुष्य के राग, द्वेष, भय, काम, क्रोध मोह आदि का वेग शिथिल होकर पतला होता जाता है। अन्त में सम्पूर्ण नष्ट हो जाता है। क्योंकि प्राणों के ऊर्द्ध्वगामी होने से इन्द्रियां अन्तर्मुख होने लगती हैं और चित्त विषयों से उपरत हो जाता है।

३७ सूर्येन्दुवह्नि दीप शिखाविद्युत् खद्योत् नक्षत्रादीनि ज्योतींषि पश्यति।

सूर्य, चन्द्र, अग्नि और दीप शिखा, बिजली, जुगनू, नक्षत्र इत्यादि ज्योतियें दिख पड़ती हैं। उक्त दर्शन तीन प्रकार से होते हैं। (१) बहिर्दृष्टि आंखे खोले हुवे बाहर। (२) मध्य दृष्टि नेत्र बन्द करके ध्यान में, दृष्टा दर्शन और दृश्य की त्रिपुटी युक्त (३) अर्न्तदृष्टि समाधि की सी अवस्था में।

३८ ब्रह्मणि तदभिव्यक्तिकराणि श्रुतेः।

ये ब्रह्म में अभिव्यक्ति कराने वाले हैं, श्रुति भी प्रमाण है।

श्वेताश्वत्तर उपनिषत् में इनका वर्णन मिलता है कि ऐसे दर्शन चेतन स्वरूप आत्मदेव अथवा ब्रह्म के हैं। आत्मा और ब्रह्म तो अव्यक्त हैं परन्तु उक्त व्यक्तता चित्त की उपाधि के ही कारण है।

३९ आरंभ घटा परिचय निष्पत्तिभूमिकोपलब्धिः।

आरम्भ, घटा, परिचय, और निष्पत्ति भूमिकाओं की प्राप्ति होती है।

आरम्भ अवस्था—में कर्मेन्द्रियां, ज्ञानेन्द्रियां और अन्तःकरण बहिर्मुख वृत्ति से हठकर अन्तर्मुख होने लगते हैं।

घटावस्था—में सुषुम्णा को वेध करके आ-नख-शिख प्राण सुस्थिर हो जाता है।

परिचय अवस्था—ब्रह्मरंध्र सहस्रार में प्राण स्थिर होने से परिचय अवस्था होती है क्योंकि वहां आत्मा का परिचय होता है।

निष्पत्ति अवस्था—जीवन मुक्ति की दशा को कहते हैं।

४० प्रातिभादि विभूतयः।

प्रातिभादि सिद्धियां आती हैं।

४१ अधिकारी भेदतो न नियमः।

अधिकारी भेद से यह नियम नहीं है कि उपरोक्त लक्षण सब में अवश्य ही हों।

४२ ता नात्मनि चित्त धर्मत्वात्।

चित्त का धर्म होने के कारण, वे आत्मा में नहीं होतीं।

उपरोक्त सब अवस्थायें आत्मा की नहीं हैं क्योंकि वे सब चित्त के ही धर्म हैं।

४३ नित्य शुद्ध बुद्ध मुक्त स्वभावस्य नभूमिकत्वम्।

नित्य शुद्ध बुद्ध मुक्त स्वभाव स्वरूप आत्मा को भूमिकत्व नहीं होता।

४४ आत्मख्यातिरेव।

भूमिकाओं की उत्तरोत्तर प्राप्ति में आत्मा का प्रकाश स्वरूप ज्ञान ही बढ़ता है।

भूमिकायें क्या हैं? इसका उत्तर यह है कि उत्तरोत्तर चित्त पर आत्मा का प्रकाश बढ़ता जाता है।

४५ चित्त संयोगापत्तेश्चेन्न इति न।

यदि शंका की जाय कि उपरोक्त सिद्धांत कि "भूमिकायें आत्मा में नहीं होतीं, चित्त में आत्म ख्याति से होती हैं" तो चित्त का आत्मा के साथ संयोग मानना पड़ेगा इसलिए यह सिद्धांत ठीक नहीं। उसका उत्तर देते हैं कि नहीं। क्योंकि—

४६ संयोगान्नबन्धः।

संयोग के कारण बन्ध नहीं है।

४७ आत्मनिचिदानन्दरूपत्वे द्वयोर्भेदात्।

आत्मा के चित् और आनन्द रूप होने से आत्मा और चित्त दोनों में भेद होने के कारण बंध नहीं हो सकता।

आत्मा चेतन है चित्त जड़, दोनों का संबंध अथवा संयोग असंभव है इसलिये संयोग के कारण बंध नहीं, आत्मा असंग है इसलिये उसमें भूमिकत्व की असंभावना है, और वे चित्त के ही धर्म हैं। तो फिर उस पर आत्मख्याति कैसी इस का उत्तर यह है कि—

४८ तत्तु तादात्म्य मिथ्या ज्ञानम् अविवेकात्।

वह तो तादात्म्य मिथ्याज्ञान है अविवेक के कारण।

४९ असतिसत्ख्यातिर्वा।

अथवा कहो कि नहीं होने में 'होने की' ख्याति है।

आत्मा की चित्त की तादात्म्यता तो नहीं है परन्तु प्रतीति होती है।

५० समाधौ प्रत्यगात्माभिगमात्तन्निवृतिस्तन्निवृतिः

समाधि में वृत्तियों के सर्वथा निरोध होने पर आत्मसाक्षात्कार होने से उस अविवेक की निवृत्ति हो जाती है, निवृत्ति हो जाती है।

—: विज्ञान प्रेस, ऋषिकेश से प्राप्य एवं प्रकाशित :—

अध्यात्म योग विज्ञान ग्रन्थ माला

१. महायोग विज्ञान—ऋषिकेश स्वर्गाश्रम उत्तराखण्ड (हिमालय) के सुप्रसिद्ध पुरुष श्री १०८ योगानन्द ब्रह्मचारी जी महाराज (श्री योगेन्द्र विज्ञानी) लिखित योग-ज्ञान-ध्यान-जप-तप पाठ-पूजन और मंत्र चैतन्य तथा कुण्डलिनी शक्ति जागरण से धर्म कर्म की रु सिद्धि तथा अन्तर जगत के अलौकिक ऐश्वर्य और दिव्य ब्रह्म ज्ञान को दर्शाने वाला अध्यात्म योग विज्ञान का हिन्दी भाषा में यह अद्वितीय प्रथम ग्रंथ है।

पूर्व काल में अध्यात्म ज्ञान के प्रकाशक हमारे पूर्वज ऋषि, मुनि, योगीजन जिस दिव्य शक्ति के प्रभाव से अलौकिक सामर्थ्य सम्पन्न होकर दिव्य आत्मज्ञान का अनुभव करके परम सुख शान्ति का सौभाग्य प्राप्त करते थे उस परम गुप्त ज्ञानमयी कुण्डलिनी महाशक्ति का गूढ़ रहस्य तथा वास्तविक योग ज्ञान भक्ति आदि की शीघ्र सिद्धि का पथ प्रदर्शक और संसार गृहस्थाश्रम में ही रहकर सुख पूर्वक सरलता से धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष प्राप्त कराने वाला यह अपूर्व ग्रन्थ "महायोग विज्ञान" पढ़कर अपने अभीष्ट की सिद्धि लाभ करिये। अध्यात्म योग तथा ब्रह्म विद्या से अनभिज्ञ साधकों के लाभार्थ सरल हिन्दी भाषा में वेद उपनिषद दर्शन एवं पुराण तथा तंत्र मंत्र ग्रंथ शास्त्रों द्वारा प्रमाणित अतीव आश्चर्य जनक विचित्र प्रकार के ज्ञानमय मंत्र चैतन्य कुण्डलिनी जागरण से लेकर अष्टांगयोग, षटचक्र, षोडषाधार, त्रिलक्ष, पञ्च व्योम, जीवतत्व, शिवतत्व, प्रकृति तत्व, आत्म तत्व, विद्या तत्व, अपरा विद्या, महाविद्या एवं परमाविद्या इत्यादि योग शास्त्र के चूड़ान्त ज्ञान के विषयों से परिपूर्ण धर्म ग्रंथ द्वितीयावृत्ति सम्पूर्ण २० प्रकाश में प्रकाशित होगा; अच्छे

कागज पर अच्छे टाइप में छपेगा मू० ४)। प्रथमावृति त्रियोदश प्रकाश पर्यन्त जो छपी हुई है मू० २।)।

२. **शक्तिपात**—यह छोटा सा सूत्रात्मक ग्रंथ परंपरागत शैवी शक्ति संपात के विधान का एवं योग विज्ञान के दार्शनिक सिद्धांत का अपूर्व ग्रन्थ है। इसके लेखक पं० मुनिलाल स्वामी B. A., L. L. B., वकील वर्तमान नाम श्री स्वामी विष्णुतीर्थ परिव्राजकाचार्य हैं। मू० १)।

३. **साधन संकेत द्वितीयावृत्ति**—यह साधन संबंधी ग्रंथ भी श्री स्वामी जी महाराज ने महायोग साधन करने वाले साधकों के हितार्थ लिखा है। मू० १)

४. **Devatma Shakti (English).**—लेखक श्री स्वामी विष्णुतीर्थ परिव्राजकाचार्य, यह अपूर्व ग्रंथ भी योग शास्त्र कथित आधार भूता कुण्डलिनी महाशक्ति के विशेष विज्ञान का है। जो लोग योग साधन परायण हैं एवं अपनी साधना का उत्कष करना चाहते हैं उनके लिये तथा योग से अनभिज्ञ परमार्थ परायण जिज्ञासुओं के लिये भी परम उपकारी है। मू० ४)

५. **सौन्दर्य लहरी**—लेखक श्री स्वामी विष्णुतीर्थ परिव्राजकाचार्य। सौन्दर्य लहरी भगवद् पूज्य श्री शङ्कराचार्य का स्तोत्रात्मक भगवती महामाया जगदम्बा की स्तुति का स्तोत्र ग्रंथ है जो अतीव गूढ़ रहस्य पूर्ण आध्मात्मिक भाव से परिपूर्ण है। श्री स्वामी जी महाराज ने इसकी हिन्दी में आध्यात्मिक व्याख्या की है जो अतीव महत्वपूर्ण महायाया आद्यशक्ति कुल कुण्डलिनी देवी के वास्तविक रूप का वर्णन किया है और मंत्र शास्त्र कथिक श्री विद्या के रहस्य को अच्छी तरह समझाया है यह शक्ति साधन का अपूर्व ग्रंथ है। मूल्य ४)

६. **आत्म प्रबोधः**—यह पुस्तक श्री स्वामी जी के समय

समय पर लिखे विविध लेखों का संकलन है। यह लेख कल्पवृक्ष मासिक पत्रिका में क्रमशः निकलते रहे हैं। इन लेखों में साधक वर्ग के लिए मनोनिग्रह, आत्म शान्ति, आत्म दर्शन आदि जैसे आवश्यक तथा जटिल विषयों पर अत्यन्त सरल एवं हृदय ग्राही ढङ्ग से प्रकाश डाला गया है। पुस्तक साधक वर्ग के लिए पथ प्रदर्शक का काम करती है और अति उपयोगी है।

मूल्य १)

क्रम [illegible] विकासः—इस पुस्तक में श्री स्वामी जी महाराज ने ज्ञान की सातों भूमिकाओं का बड़े सरल एवं सरस प्रमाणिक ढङ्ग से वर्णन किया है। प्रौढ़ावस्था वाले साधकों के लिए पुस्तक बहुत ही रोचक तथा ज्ञानवर्धक है। प्रायः साधकों को अपनी स्थिति समझने में भ्रम हो जाता है। इस प्रकार के भ्रम निवारण के लिए भी पुस्तक उपयोगी है। मूल्य १॥)।

———

प्राप्ति स्थान :—

(१) व्यवस्थापक, विज्ञान प्रेस,
ऋषिकेश, (जिला देहरादून) उत्तरप्रदेश।

(२) बाबू बांकेबिहारी लाल सक्सैना
रिटायर्ड हुजूर सेक्रेटरी,
देवास जूनियर [मध्य भारत]

—:o:—

विज्ञान प्रेस, विज्ञान भवन, ऋषिकेश।

शक्तिपात

कुण्डलिनी महायोग

लेखक

श्री १०८ स्वामी विष्णुतीर्थ जी महाराज

K.2
4096

ॐ

शक्तिपात

[कुण्डलिनी महायोग]

●

: लेखक :
श्री १०८ स्वामी विष्णुतीर्थ जी महाराज

●

मूल्य] सम्वत् २०३७ वि० [६ रुपये

प्रकाशक :
योगश्री पीठ ट्रस्ट (प्रकाशन)
मुनी की रेती (टिहरी गढ़वाल) उ०प्र०
पो०-ऋषिकेश-२४६ २०१

* सर्वाधिकार सुरक्षित *

पंचम संस्करण ... २००० प्रतियाँ
संवत २०४४ ... सन् १९८७

मुद्रक :
अजन्ता प्रिंटिंग प्रेस
चावड़ी गली, मौजपुर
दिल्ली-११००५३

दो शब्द

आजकल प्रायः यह धारणा हो गयी है कि योग का साधन केवल उग्र तपस्यायुक्त गृहत्यागी ही कर सकते हैं। परन्तु कोई भी भारतीय इस बात से अनभिज्ञ नहीं है कि हमारे पूर्वजों ने किस प्रकार गृहस्थ-धर्म का पालन करते हुए भी योग की सर्वोच्च भूमिकाओं को प्राप्त किया था। योगीराज भगवान् कृष्ण का आदर्श जीवन इस बात का प्रमाण है। गृहस्थ आश्रम में रह कर भी उनके दिव्य और अलौकिक गुण तथा कर्मों के कारण हम उन्हें साक्षात् ब्रह्म स्वीकार कर चुके हैं। गृहस्थ आश्रम में किया हुआ साधन तो दोनों लोकों में कल्याणकारी होता है।

यद्यपि यह स्वीकार करने में कोई आपत्ति नहीं है कि योग-साधन के लिए दृढ़ और सतत् अभ्यास की आवश्यकता है। पूर्व-पथ-प्रदर्शक भगवान् पतञ्जलि, वसिष्ठ, वेदव्यास आदि के ग्रन्थों को पढ़कर ही उस साधन को प्राप्त कर लेना कठिन ही नहीं, असम्भव-सा भी है, क्योंकि इस मार्ग में अनेक विघ्न-बाधाएँ, जीव के ब्रह्म तक पहुँचने में बाधक होकर, साधक को पथ-भ्रष्ट कर प्रलोभनों में फँसा देती हैं और वह अपने अन्तिम ध्येय—मोक्ष—से वञ्चित रह जाता है।

इस का एकमात्र सरल और सहज उपाय सद्गुरुओं की कृपा ही है। ऐसे सद्गुरु, लोकोपकार की दृष्टि से, सहज ही में सिद्धि देने वाले 'सिद्ध-महायोग' का लाभ अपने 'शक्तिपात' द्वारा जिज्ञासुओं को अनायास की करा देते हैं।

स्मरण रहे कि 'शक्तिपात' और 'मैस्मेरिज्म' में आकाश-

पाताल का भेद है। मैस्मेरिज्म में कर्त्ता (हिप्नाटिस्ट या मैस्मेराइजर) मीडियम या सबजैक्ट (जिसके ऊपर प्रभाव डाला जाता है) को अपने प्रभाव से संज्ञा-शून्य करके उससे अपनी इच्छानुसार कार्य कराता है। ऐसे कार्य स्वार्थ-साधन मात्र के लिए, परमार्थ से कोसों दूर, होते हैं और कर्त्ता का प्रभाव हटते ही मीडियम साधारण दशा से भी गिर जाता है। वह मैस्मेराइजर के प्रति घृणा करने लगता है और उस से भयभीत रहता है। परन्तु शक्तिपात के द्वारा गुरु अपने शिष्य की आत्मशक्ति का विकास करता है। शिष्य की सर्वतोमुखी उन्नति होने से उस की श्रद्धा बढ़ती जाती है और 'श्रद्धावान् लभते ज्ञानम्' के अनुसार वह अध्यात्म-ज्ञान प्राप्त करता है।

हम मृगतृष्णावत् आधुनिक पाश्चात्य भौतिक विज्ञान के पीछे पड़े हुए हैं। यह हमें उसी विनाश की ओर ले जायेगा जिसका फल आज पश्चिम भोग रहा है। यदि हम आत्मानन्द-लाभ करना चाहते हैं, यदि हमें वास्तविक सुख की इच्छा है, यदि हम अपनी सब प्रकार की उन्नति चाहते हैं, यदि हमें अपने देश, जाति और संस्कृति की रक्षा करनी है, तो हमें फिर 'योग-साधन' में ही जुटना होगा। हृदय में तीव्र लालसा हो तो सद्गुरुओं का आज भी नितान्त अभाव नहीं है।

यह पुस्तक सहजसाध्य 'शक्तिपात' के विज्ञान को स्पष्ट करने के लिए परमदयालु श्री पं० मुनिलाल जी स्वामी (श्री १०८ स्वामी विष्णुतीर्थ जी महाराज) ने लिखकर साधकों का परमोपकार किया है।

नेमीचन्द,
अम्बाह (ग्वालियर स्टेट)

लेखक : श्री १०८ स्वामी विष्णु तीर्थ जी महाराज

॥ श्री परमात्मन नमः ॥

शक्तिपात

प्रथम पाद

शिवं गंगाधरं तीर्थं तीर्थं नारायणं प्रभुम् ।
योगानन्दमहं वन्दे, शक्तिपातस्य देशिकान् ॥

शान्ति-पाठ

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात्पूर्णमुदच्यते ।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते ॥

ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्ति !!!

शक्तिपात एक आध्यात्मिक प्रक्रिया है जिस के द्वारा गुरु शिष्य में अपनी शक्ति का सञ्चार कर के उस की आध्यात्मिक शक्ति को जगा देता है। आध्यात्मिक शक्ति और आधिभौतिक शक्ति में बड़ा भेद है इसलिए आध्यात्मिक शक्ति का विज्ञान भी आधिभौतिक शक्तियों के विज्ञान से भिन्न होना स्वाभाविक है।

आध्यात्मिक शक्ति का प्रदर्शन भौतिक यंत्रों द्वारा नहीं किया जा सकता, इसलिए यह विज्ञान अभी तक गुप्तप्रायः ही है और जिन लोगों को इसका अनुभव है, वे भी इस का अनुभव अपने सचेतन शरीर में ही करते हैं और उसके दिव्य आनन्द में मस्त रहते हैं। इसीलिए अथवा उक्त विज्ञान के अति सूक्ष्म होने से, न समझने के कारण, वे लोग इस से होने वाले अनुभवों के वर्णन मात्र से ही

सन्तोष मान लेना पर्याप्त समझ बैठते हैं । परन्तु पाश्चात्य भौतिक वैज्ञानिकों की अन्वेषण-प्रणाली का आधुनिक युग इतने से ही सन्तोष मान लेना पर्याप्त नहीं समझता ।

इस में सन्देह नहीं कि आधिभौतिक विद्याओं का सूक्ष्माति-सूक्ष्म तत्त्वान्वेषण करने के लिए पश्चिम के विद्वान् करोड़ों रुपये खर्च करके, बहुमूल्य यन्त्रों का निर्माण कर के, उन के द्वारा अति सूक्ष्म विषयों को सिद्ध करने का यत्न करते हैं और गणित-शास्त्र की सहायता से उनकी पुष्टि करते हैं। परन्तु अध्यात्म-विद्या प्राप्त करने के लिए किसी यन्त्र की आवश्यकता नहीं है । परमात्मा-रचित सजीव मनुष्य-देह ही यन्त्र और प्रयोगशाला दोनों का काम देता है । सम्भव है कि भावी युग के विद्वान् आध्यात्मिक शक्ति के भी नियम, आधिभौतिक नियमों के सदृश्य खोज निकालें और उन को गणित-शास्त्र के फारमूलों (सूत्रों) में बाँध सकें, परन्तु आज यह सब असम्भव-सा प्रतीत होता है ।

हमारे महर्षियों की छोड़ी हुई विद्या-सम्पत्ति के कोष-स्वरूप पातञ्जल दर्शन और अन्य योग के शास्त्रों में आध्यात्मिक उन्नति का ध्येय मोक्ष बताया जाकर कुछ भौतिक सिद्धियों का वर्णन किया गया है । पातञ्जल दर्शन के विभूति पाद में कुछ उच्च कोटि की सिद्धियों को प्राप्त करने के साधन लिखे हैं । उन पर वैज्ञानिक दृष्टि से विचार करने से मालूम होता है कि उन में से हर-एक सूत्र में एक अति गहन वैज्ञानिक रहस्य भरा हुआ है । परन्तु उस को समझने के लिए पहले समाधि लगाने का अभ्यास होना अनिवार्य है ।

यहाँ पर शक्तिपात में गुरु अपने शिष्यों में जिस आध्यात्मिक शक्ति का सञ्चार करता है, वह शक्ति क्या और कैसी है, उसका स्वरूप क्या है, वह कहाँ और किस प्रकार उत्पन्न होती है, शिष्य में

किस प्रकार गिरायी जाती है, वह शरीर के बाहर कैसे आती-जाती है, शिष्य के शरीर में प्रवेश कर के क्या करती है. उसका विकास शरीर और मन में किस प्रकार होता है और मनुष्य को कैसे-कैसे अनुभव होते हैं, उन अनुभवों के विकास का क्या कारण है और इन सब का अन्तिम परिणाम क्या होता ?—इत्यादि प्रश्नों पर हम इस पुस्तक में विचार करने की चेष्टा मात्र करते हैं ताकि अभ्यास करने वाले तथा अन्य विद्वानों का ध्यान इस विज्ञान की ओर आकर्षित हो।

आधिभौतिक और आध्यात्मिक विद्याओं की खोज चाहे उन के जिज्ञासुओं को एक समान आनन्द देने वाली हो और भौतिक विज्ञान की उन्नति चाहे संसार में भौतिक उन्नति को सर्वोच्च शिखर पर पहुँचा दे, पर यह बात निश्चित् ही है कि आधिभौतिक उन्नति का दुरुपयोग भी भरपूर किया जाता है। कुछ स्वार्थी लोग अथवा जातियाँ,—जो भौतिक विद्या की उन्नति के लिए करोड़ों रुपये खर्च करके वैज्ञानिक विद्वानों को सहायता देती हैं,—उन के परिश्रम के फल का उपयोग सार्वजनिक लोक-समाज के लाभार्थ नहीं, वरन् अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए करती हैं और उन वैज्ञानिक उन्नतियों का एक दुष्परिणाम जगत् का रुद्र संहार तक हो जाता है। आधुनिक दरिद्रता और नाना प्रकार के सन्तापों का कारण भी उक्त विद्याओं का दुरुपयोग ही है।

हम ऐसे युग में से निकल रहे हैं जिस में मनुष्य अपनी त्रुटियों के कारण उक्त विद्याओं की सिद्धि कर के उन से लोक-अपकार ही अधिक करते हैं। सम्भव है कि आगे आने वाली सन्तानें अपने पूर्वजों के श्रम का लाभ उठा कर उनसे संसार का उपकार भी कर सकें, परन्तु आध्यात्मिक उन्नति में ऐसा भय होने की आशङ्का ही नहीं हो सकती।

आध्यात्मिक साधनों का लक्ष्य मोक्ष है और भौतिक विज्ञान का लक्ष्य भोग ! भौतिक विज्ञान के जिज्ञासु एवं योग-साधन द्वारा सिद्धि-प्राप्त साधक दोनों की चित्तवृत्ति बहिर्मुख रहती है जिससे भौतिक विषयों में आसक्ति की वृद्धि ही होती है। जब तक ऐहिक एवं पारलौकिक सुखों से वैराग्य का उदय नहीं होता मोक्ष की बात करना व्यर्थ है। इसलिए आध्यात्मिकता के लिए निरोध-पूर्वक चित्तवृत्ति का सर्वथा अन्तर्मुखी करना अनिवार्य है। प्रत्येक बोध में ज्ञाता, ज्ञान और ज्ञेय की त्रिपुटी रहती है। जब तक वास्तविक अथवा काल्पनिक किसी भी खोज के सांसारिक विषय हैं, तब तक उस ज्ञान का विषय ज्ञेयरूप से चित्त-पटल पर बहिर्वृत्ति के रूप में विद्यमान् रहता है, परन्तु ज्ञाता अपने को ज्ञेय से पृथक् समझता है। जिस समय चित्त पर से सब वृत्तियों का निरोध हो जाता है अर्थात् ज्ञेय विषयों का अभाव हो जाता है, तब ज्ञान और ज्ञाता दो ही रह जाते हैं। परन्तु ज्ञान ज्ञाता का ही स्वभाव है, इसलिए ज्ञाता का ज्ञातृत्व भी नहीं रहता और आत्मस्थिति हो जाती है। इस अवस्था की प्राप्ति ही आध्यात्मिक विद्या का लक्ष्य कहा गया है। आत्मतत्त्व असङ्ग एवं निर्विकार है—

नित्यशुद्धबुद्धमुक्तस्वभावोऽयमात्मा।

यह आत्मा स्वभाव से नित्य, शुद्ध बुद्ध, मुक्त है। उसे न कभी बन्धन होता है न होना सम्भव है। फिर बन्धन किसे है ? 'जिसे बन्धन की अहं वृत्ति है' अर्थात् जो कहता है कि मैं बन्धन में हूँ, उसी को बन्धन है। इसलिए यह समझना आवश्यक है कि यह 'अहम्' अर्थात् 'मैं' का भाव है क्या ? यदि चित्त को सिनेमा के परदे से उपमित करें, तो ऐसा समझें कि आत्मा के ज्ञानात्मक चेतन प्रकाश से प्रकाशित होने के कारण चित्त में

अहन्ता की वृत्ति जागृत हो जाती है। यद्यपि आत्मा अथवा उस का ज्ञान-रूपी प्रकाश जड़ चित्त नहीं बनता, न चित्त आत्मा बन सकता है, तथापि दोनों की तादात्म्यता-सी प्रतीत होने लगती है। यही जड़-चेतन की मिथ्या ग्रन्थि है—

जड़ चेतनहिं ग्रन्थि परि गई, जदपि मृषा छूटत कठिनई।

यह अहम् वृत्ति चित्त के फैलने से फैलती है, सिकुड़ने से सिकुड़ती है और चित्त की सीमाओं में बन्द है, जैसे सिनेमा के परदे पर प्रकाश। इसलिए आत्मा भी चित्त की उपाधियों की सीमा में बँधा-सा भासित होता है। सामान्यतया बन्धन में पड़े हुए जीव के लिए 'चित्तमात्मा' अर्थात् 'चित्त ही आत्मा है' कहना उपयुक्त है।

चित्त अणुरूप होने से आत्मा में भी अणु का आभास होता है। जब जीव शक्ति के लिए छटपटाता है, तब आध्यात्मिक साधनों की खोज में लगता है। मन्त्रों का जप, पुरुश्चरण, यज्ञ-यागादि के अनुष्ठान, अष्टाङ्ग योग और हठादि योगों की क्रियाओं का अभ्यास, भक्ति-मार्ग के विभिन्न आचार्यों के बताये क्रिया-कलाप अथवा जो जैसा बताता है, उसी के अनुसार यत्न एवं तप-प्रयास-साध्य साधनों द्वारा वह आत्म-कल्याण चाहता है। यत्न-साध्य ऐसे सब प्रयत्न जो मनुष्य की अल्प बुद्धि के आधार पर आश्रित होते हैं, उन्हें आणवोपाय कहा गया है।

'दीर्घकाल नैरन्तर सत्कारा सेवितो दृढ़भूमि' होने पर जब अहङ्कार, बल, दर्प, काम, क्रोधादि से मुक्त होने पर साधक ब्रह्म-भाव को प्राप्त कर लेता है, तब वास्तविक श्रेय की प्राप्ति के मार्ग पर आरूढ़ होता है। तब उस की सब जीवन-यात्रा भगवदा-श्रित स्वतःसिद्ध हो जाती है—

अहंकारं बलं दर्पं कामं क्रोधं परिग्रहम् ।
विमुच्य निर्ममः शान्तो ब्रह्मभूयाय कल्पते ।।
ब्रह्मभूतः प्रसन्नात्मा न शोचति न काङ्क्षति ।

—गीता, १८-५३

इस अवस्था में साधक आणवोपाय से शाम्भवोपाय में प्रवेश करता है। उसकी अहं बुद्धि चित्त की आणवी स्थिति से उठकर शाम्भवावेश में चढ़ जाती है। उक्त शाम्भवी स्थिति में पहुँचने का एक अन्य उपाय भी है जिसे शाक्तोपाय कहते हैं। ईश्वर सब के हृदय में विराजते हैं और उन के साथ ही उनकी परा शक्ति भी विराजती है—

पराऽस्य शक्तिर्विविधैव श्रूयते,
स्वाभाविकी ज्ञान बल क्रिया च । —श्वे०, ६

उस की परा शक्ति विविध नामों से सुनी जाती है जो स्वाभाविकी है और ज्ञानवती, बलवती एवं क्रियावती है। परन्तु वह परा देवात्मिका शक्ति सर्वसाधारण में सुप्तावस्था में है, इसीलिए हृदयस्थ ईश्वर से किसी का परिचय नहीं होता। जब किसी समर्थ गुरु की कृपारूप शक्तिपात द्वारा उस शक्ति का उद्बोधन हो जाता है, तब सब साधन स्वतः होने लगते हैं और उसकी क्रियाओं में ईश्वर का परिचय होने लगता है—

जाके हृदय नारायण प्रगटे, सो कछु कर्म करे न करे ।
प्रात समय रवि उदय हुआ, तब दीपक ज्योति जरे न जरे ।।

अब आगे आध्यात्मिक विद्या के जिज्ञासुओं के लाभार्थ आध्यात्मिक उन्नति के इस मुख्य साधन 'शक्तिपात' के विज्ञान की व्याख्या करते हैं।

१. अथातः शक्तिपातं व्याख्यास्यामः ।

अब यहाँ से हम शक्तिपात की व्याख्या करेंगे ।

'अथ' शब्द का प्रयोग मङ्गलार्थ किया जाता है । जैसा कि कहा है—

ॐकारश्चाथ शब्दश्च द्वावेतौ ब्रह्मणः पुरा ।
कण्ठं भित्त्वा विनिर्यातौ तस्मान्माङ्गलिकावुभौ ॥

—'ॐकार' और 'अथ' दोनों शब्द पहले ब्रह्माजी के कण्ठ को भेद कर बाहर निकले थे, इसलिए ये दोनों माङ्गलिक शब्द हैं ।'

यहाँ पर 'अथ' शब्द का प्रयोग आनन्तर्यार्थ में किया गया है । यद्यपि 'शक्तिपात' की दीक्षा ग्रहण करने के लिए किसी पूर्व साधन अथवा किसी शास्त्र के अध्ययन की अनिवार्य आवश्यकता नहीं है । जिस पर गुरु अनुग्रह करते हैं, उसी को इस की प्राप्ति हो सकती है, चाहे शिष्य शास्त्रों का विद्वान् हो, चाहे कुछ भी पढ़ा न हो, उस ने योगानुष्ठान किया हो अथवा न किया हो । बिना पूर्वानुष्ठित तैयारी की अपेक्षा के, गुरु के 'शक्तिपात' रूप अनुग्रह से, शिष्य की शक्ति का उद्बोधन हो जाता है ।

यहाँ 'शक्तिपात' के विज्ञान की व्याख्या करने का तात्पर्य यह है कि आधुनिक भौतिक विज्ञानों के अन्वेषणों के सदृश्य पूर्वाचार्यों की अपेक्षा न रखता हो,—यह ऐसा स्वतन्त्र विज्ञान नहीं है । शक्तिपात एक साधन है जिसके द्वारा अधिकारी-शिष्य में गुरु के अनुग्रह से हठात् योग, भक्ति एवं ब्रह्मात्मैक्य-ज्ञान का आवेश जागृत किया जा सकता है । भगवान् महर्षि पतञ्जलि ने चित्त की वृत्तियों के निरोध के लिए आठ साधन कहे हैं और उन आठों के अन्तर्गत ही वृत्ति-निरोध के समस्त साधनों का समावेश है । तदनुसार यह साधन भी उक्त आठ साधनों के अन्तर्गत ही है, जैसा

कि आगे बताया जायेगा। इस दृष्टि से पातञ्जल दर्शन की तरह यहाँ भी 'अथ' शब्द का प्रयोग अधिकरण अर्थ में समझा जाना उचित प्रतीत होता है। परन्तु ऐसा नहीं है, क्योंकि शक्तिपात दीक्षा का अधिकारी बनने के लिए पूर्वार्जित सत्कर्मों अथवा अन्तः-करण-शुद्धि के विभिन्न साधनों के अनुष्ठान की आवश्यकता है (देखें, सूत्र २, ४)।

पातञ्जल दर्शन में बताये हुए चित्तवृत्ति-निरोध के आठ उपाय ये हैं:—

(१) **अभ्यास वैराग्याभ्यां तन्निरोधः**—उनका निरोध अभ्यास और वैराग्य द्वारा होता है। इन दोनों की सर्वोपरि गणना है, क्योंकि अभ्यास के बिना कोई साधन नहीं हो सकता और अभ्यास का दृढ़ रखने के लिए सांसारिक विषयों एवं स्वर्गादि अथवा योग की सिद्धियों के प्रलोभनों से वैराग्य का धारा-प्रवाह होना सदा आवश्यक है। वैराग्य का अर्थ भोगों का त्याग नहीं है, क्योंकि सुख-दुःखों को भोगने के लिए तो जन्म होता ही है। वैराग्य से अनासक्ति का ही अर्थ ग्रहण करना चाहिए। जो मनुष्य वीतराग-द्वेष होकर संसार के सभी विषयों का धर्मयुक्त उपभोग करते हैं, वे विरक्त ही हैं।

(२) **ईश्वर प्रणिधानाद्वा**—अथवा ईश्वर-प्रणिधान से भी वृत्तियों का निरोध होता है। ईश्वर-प्रणिधान का अर्थ ईश्वरार्पण अथवा ईश्वर-शरणागति समझना चाहिए। पर-प्रेमरूपा भक्ति भी इसी का अङ्ग कही जा सकती है, क्योंकि समर्पण अथवा शरणा-गति में अनन्यता का भाव ओतप्रोत है।

'प्रणिधान' शब्द से एक विशेष अर्थ की भी ध्वनि निकलती है। प्र+नि+धान=प्र (प्रकर्ष), नि (निश्चयपूर्वक)। 'धा' धातु

से ल्युट् प्रत्यय द्वारा 'प्रणिधान' शब्द की व्युत्पत्ति है। 'धा' धातु का अर्थ 'धारण करना' है। ईश्वर प्रत्येक प्राणी के हृदय में निवास करते हैं। यद्यपि वे परोक्ष रहते हैं तथापि श्रद्धावान् भक्तों के हृदय में शक्तिपात द्वारा प्रकट हो जाते हैं और प्रत्यक्ष होकर साधक को अपनी साम्यता प्रदान करते हैं।

यदा पश्यः पश्यते रुक्मवर्णं कर्तारमीशं पुरुषं ब्रह्मयोनिम्।
तदा विद्वान् पुण्यपापे विधूय निरञ्जनः परम साम्यतामुपैति॥
—मुण्डक

पातञ्जल दर्शन में ईश्वर को जीवभाव से रहित, सर्वज्ञता का बीज और पूर्वजों का भी गुरुरूप पुरुषविशेष कहा है। इसका अभिप्राय यह है कि मन-बुद्धि की पहुँच से भी परे इस पुरुषविशेष-रूपी गुरु का साक्षात् अपनी देह में ज्ञानमयी शक्ति में सर्वज्ञता के बीज के क्रमशः विकास द्वारा किया जाता है। इस विकास के साधन-क्रम को २, १ सूत्र में 'क्रिया-योग' की संज्ञा दी है जिस का फल क्लेशों का तनुकरण और समाधि-भावनार्थ कहा गया है। तब अविद्यादि के क्षयाभिमुख होने पर अष्टाङ्ग योग अथवा अन्य किसी परिश्रम-साध्य साधन की अपेक्षा नहीं रहती।

'समाधिसिद्धिरीश्वर प्रणिधानात्।'

(३) प्रच्छर्दनविधारणाभ्यां वा प्राणस्य—अथवा प्राण के रेचन और विधारण द्वारा भी निरोध होता है।

(४) विषयवती वा प्रवृत्तिरुत्पन्ना मनसः स्थिति-निबन्धिनि—अथवा मन की स्थिति को बाँधने वाली (दिव्य गन्ध, दिव्य रस, दिव्य रूप, दिव्य स्पर्श और दिव्य शब्द) विषयवती प्रवृत्ति के उत्पन्न होने से भी चित्त की वृत्तियों का निरोध होता है, क्योंकि सांसारिक विषयों से चित्त में स्वभावतः उपरति होकर इन्द्रियाँ अन्तर्मुखी होने लगती हैं।

(५) विशोका वा ज्योतिष्मती - अथवा विशोका नाम की ज्योतियों के दर्शन होने से भी वृत्तियों का निरोध होता है।

(६) वीतराग विषयं वा चित्तम् अथवा ऐसे चित्त का आलम्बन लेने से, जो साधन-सम्पन्न होकर वीतराग हो चुका है।

यहाँ पर ऐसे गुरुजनों के चित्त का आलम्बन लेने का उपदेश किया गया है जो राग-द्वेष से मुक्त हो गये हैं। उन के चित्त का आलम्बन किस प्रकार लिया जा सकता है ? यह बात विचारणीय है। बहुतों का मत है कि उनके फोटो आदि के ध्यान अथवा स्मरण-मात्र से उनके चित्त का आलम्बन मिल जाता है। यह बात सर्वथा निर्मूल तो नहीं है, क्योंकि अनुभव से देखा गया है कि ऐसे महात्माओं के ध्यान अथवा स्मरण से लाभ होता है। परन्तु इस प्रकार हर किसी को यथेष्ट लाभ की सम्भावना नहीं है। दूसरी रीति, जिससे उनके चित्त का आलम्बन मिलता है, वह 'शक्ति-पात' है, क्योंकि शक्तिपात वीतराग गुरुओं के अनुग्रह से ही हुआ करता है। इसमें पूर्ण लाभ की प्राप्ति होती है।

(७) स्वप्न निद्रा ज्ञानालम्बनं वा अथवा स्वप्न और निद्रा के (अथवा स्वप्न और निद्रा में आये हुए) ज्ञान का आलम्बन लेने से भी वृत्तियों का निरोध होता है।

स्वप्न और निद्रा के ज्ञान में एक विशेषता यह है कि तब जाग्रतावस्था का देहाभिमान नहीं रहता। स्वप्न में तो उसके स्थान पर काल्पनिक देहाभिमान खड़ा हो जाता है। इसलिए जागृति में स्वप्न की सी अवस्था लाने से देहाध्यास पर नियन्त्रण पाया जा सकता है। दोनों अवस्थाओं में जागृत की इन्द्रियाँ, मन, बुद्धि, स्मृति सब अपने-अपने कारणों में विलीन होते हैं। सुषुप्ति में केवल प्राण कार्य करता है। स्वप्न में संस्काराशय के संस्कार उदयास्त होते रहते हैं। सुषुप्ति को प्रकृति की अव्यक्त दशा

एवं कारण शरीर समझना चाहिए जिसमें तीनों गुणों की साम्या-वस्था रहती है और अविद्या के वशीभूत जीव अपने स्वरूप में स्थित नहीं होता। सुषुप्ति को भी चित्त की एक वृत्ति कहा गया है। चित्त से तादात्म्य मानने के कारण, अन्य वृत्तियों के सदृश्य, उसकी इस वृत्ति से भी आत्मा बन्धन में रहता है। इसलिए सुषुप्ति का भी निरोध होने पर समाधि में दृष्टा की स्वरूप-स्थिति कही गयी है।

(८) यथाभिमद्ध्यान द्वा अथवा जैसा भी ध्यान किसी को अच्छा लगे, उसी ध्यान से वृत्तियों का निरोध होता है।

हर एक प्रकार के साधन में चित्त की प्रसन्नता अति आवश्यक है। इसलिए चित्त को सदा प्रसन्न रखने का उपाय और उपदेश भी साथ-साथ दिया गया है कि सुखी को देखकर मित्रता, दुखी को देख कर दया, पुण्यात्मा को देख कर प्रसन्नता और पापी को देखकर उपेक्षा का भाव लाने से चित्त में आध्यात्मिक प्रसाद आता है।

यद्यपि शक्तिपात द्वारा उपरोक्त सभी साधन स्वयं होते हैं, परन्तु इस विज्ञान का सम्बन्ध विशेष रूप से 'वीतराग विषयं वा चित्तम्' से ही है।

शक्तिपात द्वारा योग एवं भक्ति के ही दिव्यावेश जागृत नहीं होते, वरन् ब्रह्मैक्य ज्ञान भी शक्तिपात दीक्षा द्वारा ही होता है, अन्यथा नहीं। जसा कि कहा है—

तत्त्व ज्ञानेन मायाया बाधो नान्येन कर्मणा।
ज्ञानं वेदान्तवाक्योत्थं ब्रह्मात्मैकत्व गोचरम्॥
तच्च देव प्रसादेन गुरोः साक्षान्निरीक्षणात्।
जायते शक्तिपातेन वाक्यादेवाधिकारिणाम्॥

—ब्रह्मणिका

—'माया का बाध तत्त्व-ज्ञान से होता है,—अन्य कर्म से नहीं। जो वेदान्त-वाक्यों द्वारा ब्रह्म और जीव के एकत्त्व की अनुभूति कराता है, वह ज्ञान ईश्वर के प्रसाद और गुरु के साक्षात् निरीक्षण से अधिकारियों में महा वाक्य के उपदेश द्वारा शक्तिपात करने से उदय होता है।

जिस शक्ति का उल्लेख प्रथम सूत्र में किया गया है, वह कैसी है ? प्रकृति से उत्पन्न होने वाली विद्युदादि के सदृश्य है अथवा भिन्न प्रकार की है ? इस शङ्का का उत्तर नीचे दिया जाता है।

२. शक्तिर्ह्यात्मनः श्रुतेः।

वह शक्ति आत्मा से ही है, श्रुति का प्रमाण है। वेदों में इस शक्ति का स्थान-स्थान पर वर्णन मिलता है। यहाँ पर हम अथर्व संहिता के एकादश काण्ड में आठवें सूक्त के १६, १७वें मन्त्रों में स्पष्ट रूप से दिये हुए वर्णन का उल्लेख करते हैं—

यत्तच्छरीरे मशयत् सन्धया संहितम् महत्।
येनेदमद्य रोचेत को अस्मिन् वर्णमाभरत्॥
सर्वे देवा उपाशिक्षन् तद जानाद् वधूः सती।
ईशा वशस्य या जाया सास्मिन् वर्णमाभरत्॥

—'यह बड़ा शरीर 'सन्धा' (जोड़ने वाली) नाम की शक्ति से जुड़ा हुआ भी निश्चेष्ट पड़ा हुआ था। 'जिसके कारण यह अब अच्छा लगता है, वह कौन है, जिसने इस में प्रकाश का आभरण किया है ?'—देवताओं ने यह सब जानने की प्रार्थना की। तब उस धारण करने वाली वधू सती ने बताया कि परमेश्वर की ईश्वरी (शक्ति), जो उसकी जाया (पत्नी) है, उसने इस शरीर में वर्ण अर्थात् चेतना रूप प्रकाश का आभरण किया है।

शक्ति दो प्रकार से उत्पन्न होती हुई देखी जाती है—(१) यन्त्रों द्वारा, जैसे भाप के दबाव से बनायी हुई रेलवे एञ्जिन आदि की अथवा बैटरी या डायनुमो जैसे यन्त्रों से उत्पन्न की हुई विद्युदादि की शक्ति, (२) मनुष्यों अथवा पशुओं के शरीर के बल से उत्पन्न हुई शक्ति। जो कार्य यन्त्रों द्वारा किया जाता है, वह छोटे पैमाने पर बैल, भैंस, घोड़े आदि पशुओं अथवा मनुष्य के शारीरिक बल से भी किया जा सकता है और दोनों का कार्य एक सदृश्य ही प्रतीत होता है। क्या शक्तिपात में उल्लिखित शक्ति भी इसी प्रकार की शक्ति है? यद्यपि मनुष्य और पशुओं के शारीरिक बल से उत्पन्न शक्ति वास्तव में आत्मा से ही उदित है अथवा आत्मा ही उसका कारण है, परन्तु उसका कार्य अचेतन यन्त्रों से उत्पन्न शक्तियों के समान ही जड़वत् होता है, इसलिए दोनों में कोई भेद नहीं दीख पड़ता। दोनों अचेतनवत् कार्य करती हैं। इस शङ्का का समाधान आगे किया जाता है।

३. चितिर्वा।

अथवा वह चिति शक्ति ही है।

चिति का तात्पर्य यह है कि चिति शक्ति चेतन शक्ति है, अचेतन नहीं है।

ब्रह्म सत्, चित्, आनन्द (सच्चिदानन्द) स्वरूप है। पञ्च-भौतिक जड़ अचेतन तत्त्वों में सत् शक्ति की और अन्तःकरण चतुष्टय एवं इन्द्रियादि चेतन तत्त्वों में चित् की प्रधानता होती है। चित् शक्ति को चिति भी कहते हैं। सच्चित् शक्ति का स्थूल आणविक रूप चित्त कहलाता है, उस पर पड़ा आत्मा का प्रकाश चेतना कहलाता है। सच्चित् शक्ति को ही प्रकृति भी कहा गया है। प्रकृति के ३ गुणों में तमोगुण सत् शक्ति और सत्त्वगुण चित्

शक्ति प्रधान है। रजोगुण क्रिया रूप होने से दोनों ओर कार्य करता है।

४. ज्ञानवती च।

और ज्ञानवती भी है।

५. प्राणोवा श्रुतेः।

अथवा उसको प्राण भी कहते हैं, श्रुति का प्रमाण है।

वेदों ने संहिताओं; ब्राह्मणों और उपनिषदों में सर्वत्र प्राणों की उपासना करने का विधान किया है और प्राण के स्वरूप, स्थान और उद्गम का भी बार-बार वर्णन किया है। वेदोक्त प्राण श्वास और प्रश्वास से भिन्न कोई अन्य पदार्थ है। वह आत्मा से ही उत्पन्न होने पर भी आत्मा या ब्रह्म के ही व्यक्त स्वरूप शक्ति का रूप धारण किये हुए है, जैसा कि नीचे दी हुई श्रुतियों से स्पष्ट है। आत्मा अविकारी एवं अपरिणामी है, उस से उद्भूत शक्ति ही परिणत होकर जगत् का रूप धारण किये हुए है। शक्ति के सहयोग से आत्मा की व्यवतता कही जाती है।

आत्मनः एष प्राणो जायते, मनोधिकृतेनाऽऽयात्यस्मिन् शरीरे। —प्रश्न० ३, ३

—'आत्मा से यह प्राण उत्पन्न होता है, मन के सहारे यह शरीर में आता है।'

एतस्मात् जायते प्राणः —मुण्डक २, १, ३

—'प्राण ब्रह्म से उत्पन्न होता है।'

सर्वाणि ह वा इमानि भूतानि प्राणमेवाभिसंविशंति प्राणम् म्युज्जिहते। —छां० १, ११, ५

—'निश्चयपूर्वक यह सब सृष्टि प्राण में ही लय होती है और प्राण से ही उत्पन्न होती है।'

या प्राणेन संभवत्यदिति देवतामयी,
गुहां प्रविश्य तिष्ठन्ती या भूतेभिर्व्यजायत, एतद्वै तत्।

—कठ० ४,७

—'देवतामयी जो 'अदिति' शक्ति प्राण के द्वारा उत्पन्न होती है, हृदयाकाश रूपी गुहा में प्रवेश करके वहाँ ठहरी हुई भूतों के द्वारा व्यक्त होती है, निश्चय से यह ब्रह्म ही है।'

प्राणबन्धनं हि सौम्य मनः। —छा० ६, ८, २

—'हे सौम्य! निश्चय से मन प्राण के बन्धन में है।'

स एष प्राण एव प्रज्ञात्मानन्दोऽजरोऽमृतः।

—कौषीतकी ब्राह्मणोपनिषत् ३, ८

—'वह आनन्द स्वरूप, अजर, अमर, प्रज्ञात्मा यह प्राण ही है।'

ब्रह्म सूत्रों में 'अतएव प्राणः' १।१।२३ सूत्र द्वारा कहा है कि यह प्राण श्वास-प्रश्वास-गति-स्वरूप वायु नहीं है, किन्तु ब्रह्म ही है।

आत्मा का अर्थ शुद्ध स्वरूप आत्मा अथवा ब्रह्म ही समझना चाहिए। पिण्ड में शुद्ध आत्मा और ब्रह्माण्ड में ब्रह्म अथवा दोनों जगह ब्रह्म ही कह सकते हैं। जो लोग जीव-ब्रह्म की एकता नहीं मानते, उन्हें आत्मा का अर्थ बन्धन में पड़ा हुआ अहङ्कारादि उपाधियों से युक्त जीव नहीं, वरन् अन्तर्यामी परमात्मा ही समझना चाहिए, क्योंकि परमात्म शक्ति ही मोक्ष-साधन करा सकती है।

शक्ति न तो शक्तिमान् से भिन्न है और न ही उससे पृथक् अन्य वस्तु है। हम शक्ति के भौतिक और चेतन दो रूप देखते हैं।

प्रकृति के सब कार्यों को चलाने के लिए अनन्त शक्ति-भण्डार प्रकृति में दीख पड़ता है। पृथ्वी, जल, वायु और आकाश के अणु-अणु में इतनी शक्ति भरी हुई है कि आधुनिक वैज्ञानिकों की बुद्धि उसका परिमाण आँकने में अभी तक असमर्थ ही रही है। प्रकृति के साधारण से कार्यों में अनन्त शक्ति का उत्पन्न और लय होना देखा जाता है। साधारण-सी बादल की गर्जना में इतनी विद्युच्छक्ति उत्पन्न होकर लय हो जाती है जितनी कि बड़े-बड़े विद्युत्-यन्त्रालय उत्पन्न भी नहीं कर सकते। आणविक अस्त्रों का विस्फोट इसका प्रमाण है। ऐसा ही हाल चेतन शक्ति का भी है। हाथी, सिंह आदि पशुओं द्वारा कितनी शक्ति व्यय होती रहती है!

दोनों प्रकार की चेतन-अचेतन शक्तियों का शक्तिमान् कौन है? हम यदि ईश्वर को सर्वशक्तिमान् मानते हैं तो यह मानना भी अनुचित नहीं है कि जड़-चेतनमय जगत् में जो कुछ व्यापार घटित होते हैं, वे सब उस शक्तिमान् की शक्ति के ही कार्य हैं। यदि ऐसा माना जाय तो क्या प्रकृति की सञ्चालक इन शक्तियों को ही शक्तिमान् समझ लिया जाय अथवा शक्तिमान् शक्ति से भिन्न ही है? इस का उत्तर समझाने के लिए हम एक दृष्टान्त देकर विचार करते हैं।

थोड़ी देर के लिए यह मान लें कि मनुष्य की शक्ति सर्वशक्तिमान् से भिन्न शरीरस्थ आत्मा की ही शक्ति है। हम देखते हैं कि मनुष्य की शक्ति बाल, युवा, वृद्ध, स्वस्थ, रुग्ण अवस्थाओं के भेद से न्यूनाधिक होती रहती है। क्या इस शक्ति को उत्पन्न करने वाला आत्मा कभी कम और कभी अधिक शक्ति वाला हो जाता है? फिर, वही आत्मा जन्मान्तर के कीट आदि के शरीरों को त्याग कर ही पशु और मनुष्यादि शरीरों को धारण करता है। तो क्या आत्मा की शक्ति में परिवर्तन हो जाता है? यदि ऐसा माना जाय

तब तो आत्मा विकारी और प्रयत्नशील मानना पड़ेगा। परन्तु यह बात सिद्धान्त के विरुद्ध है।

इसलिए यह सिद्ध होता है कि आत्मा, जो स्वयं असङ्ग है, शरीर, मन, बुद्धि और अहङ्कार की उपाधि के कारण न्यूनाधिक शक्ति वाला प्रतीत होता है। बालक के शरीर में कम बल होता है, युवा अवस्था में अधिक। इसका कारण आत्मा का विकार नहीं है, वरन् शरीर रूपी उपाधि का विकार है। मनुष्य अपने बल का अनुमान नहीं कर सकता और साहस, धैर्य एवं विश्वास से अपने बल की वृद्धि कर लेता है। इससे यही सिद्ध होता है कि आत्मा निर्विकार होते हुए भी अहङ्कार के माध्यम से शरीरादि उपाधियों में शक्ति की व्यक्तता प्रकट करता रहता है। वास्तव में आत्मा अनन्त शक्तिमान् होते हुए भी निष्क्रिय रहता है और उसकी शक्ति उसमें सदा एक समान अव्यक्त रहती है, परन्तु उसके प्रकाश के कारण शरीरादि उपाधियों में शक्ति की व्यक्तता होती रहती है।

आत्मा एक चुम्बक पत्थर (Magnet) के सदृश्य है जिसके प्रभाव-क्षेत्र (Magnet field) में लोहे के टुकड़े उसी की शक्ति को व्यक्त करते रहते हैं। परन्तु अपने प्रभाव-क्षेत्र में अव्यक्त रूप और लोहे के टुकड़ों में व्यक्त रूप में नृत्य करने वाली शक्ति तो एक ही है। इसी प्रकार सर्वशक्तिमान् ब्रह्म और प्रकृति की समस्त जड़ चेतनमय शक्तियों को समझना चाहिए।

सांख्य के मतानुसार प्रकृति के पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश, ५ तन्मात्राएँ, ५ ज्ञानेन्द्रियाँ, मन अहङ्कार, महत्तत्त्व और अव्यक्त,—ये २४ तत्त्व हैं। ये सब परमात्मशक्ति के कारण ही जड़-चेतनमय शक्ति व्यक्त करते रहते हैं। प्रथम पाँच तत्त्वों में शक्ति की व्यक्तता अचेतनवत् और शेष १८ तत्त्वों में चेतनवत् है। अव्यक्त में शक्ति बीज की तरह प्रसुप्त (Potential) रहती

है। अन्य तत्त्व उसी के क्रियात्मक रूप (kinetic) हैं। अव्यक्त (potential form) प्रकृति है। महत्, अहङ्कार, पञ्चतन्मात्राएँ—ये सातों प्रकृति-विकृति-स्वरूप (partially potential and kinetic) हैं। मन, पाँच ज्ञानात्मक तथा पाँच क्रियात्मक इन्द्रियाँ और ५ महाभूत,—ये १६ विकृति स्वरूप (kinetic) हैं। पुरुष न प्रकृति है, न विकृति है (neither potential nor kinetic)।

इसलिए शक्ति भी ब्रह्म ही है और उपरोक्त श्रुतियों का तात्पर्य यही है कि वह ब्रह्म ही प्राण है। यद्यपि शरीर में प्राण के पाँच क्रियात्मक रूप,—प्राण अपान, समान, व्यान और उदान,—प्रतीत होते हैं और बाहर सूर्य-शक्ति प्राण, पृथ्वी की आकर्षण शक्ति अपान, आकाश (Ether) समान, वायु व्यान और अग्नि उदान हैं, ब्रह्म रूपी चुम्बक के चुम्बकीय-क्षेत्र को प्राण कहते हैं। वह उपाधियों के आधार पर नाना रूप से चेतन-अचेतन शक्ति की व्यवतता का कारण है। परन्तु चुम्बक और चुम्बकीय क्षेत्र स्थूल और सूक्ष्म होने के कारण अलग-अलग मालूम होते हैं। ब्रह्म तो सर्वव्यापी होने के कारण सत्-चित्-आनन्दस्वरूप चुम्बकीय क्षेत्र ही है। उसमें कभी कोई विकार नहीं होता, वह सदा अव्यक्त और प्रशान्त रहता है। वह न कभी प्रसुप्त (Potential) रूप धारण करता है और न क्रियात्मक (Kinetic)। प्रकृति उसकी माया है। जो शक्ति पाँच महाभूतों के माध्यम से अभिव्यक्त होती है, उसको हम जड़ शक्ति कहते हैं। इन्द्रिय, मन, बुद्धि और अहङ्कार के माध्यम से जो शक्ति व्यक्त होती है, वह चेतन कहलाती है। परन्तु महत् तत्त्व और उससे उत्पन्न हुए अहङ्कार के माध्यम से जो शक्ति व्यक्त होती है, वही आध्यात्मिक शक्ति है, जिसका प्रयोग शक्तिपात में होता है। कहा है—

यदिदं किञ्च जगत्सर्वं प्राण एजति निःसृतम्। —कठ०

अर्थात् जो कुछ यह जगत् है, वह सब ब्रह्म से निस्सृत प्राण का ही स्पन्दन मात्र है।

६. सैव कुण्डलिनी।

वही कुण्डलिनी है।

मनुष्यों में उक्त आध्यात्मिक शक्ति को कुण्डलिनी कहते हैं। कुण्डलिनी का आकार सर्पाकार माना गया है। ब्रह्माण्ड को धारण करने वाला शेष भी सर्पाकार ही माना जाता है। इसलिए ब्रह्माण्ड और पिण्ड को धारण करने वाली वह शक्ति एक ही है।

कुण्डल्येव भवेच्छक्ति स्तां तु सञ्चालयेद बुधः।
स्वस्थानादाभ्रुवोर्मध्यं शक्तिचालनमुच्यते॥

—योग कुण्डल्युपनिषत्

—'कुण्डलिनी ही शक्ति है, बुद्धिमान् उसको उसके स्थान मूलाधार से भ्रू मध्य तक सञ्चालित करे। यही शक्ति-चालन कहलाता है।

ज्ञेया शक्तिरियं विष्णोर्निर्भया स्वर्णभास्वरा।
सत्वं रजस्तमश्चेति गुणत्रय प्रसूतिका॥
महा कुण्डलिनी प्रोक्ता परब्रह्म स्वरूपिणी।
जीव शक्तिः कुण्डलाख्या प्राणकाराथ तेजसी॥

—'इस शक्ति को स्वर्णवत् कान्तियुक्त, सत्व-रज-तम तीनों गुणों को उत्पन्न करने वाली, विष्णु की निर्भया शक्ति जानना चाहिए। यह परब्रह्म स्वरूपिणी शक्ति महाकुण्डलिनी भी कही जाती है। यही जीवरूपिणी शक्ति है। वह कुण्डलों वाली, प्राणाकार और तेजमयी है।

यन्त्रों द्वारा उत्पन्न शक्ति कार्य करके समाप्त हो जाती है, परन्तु अनन्त शक्ति सान्त नहीं हो सकती। वह अनन्त कार्य करके भी अनन्त ही बची रहती है। उस बची हुई शक्ति को पुराणों में समष्टि का आधार 'शेष' एवं अथर्व वेद में 'उच्छिष्ट (उत्+शिष्ट) ब्रह्म' कहा गया है। व्यष्टि रूप में प्राणियों के शरीरों की रचना के पश्चात् उच्छिष्ट शक्ति शरीराधार रूपा कुण्डलिनी कही जाती है। दोनों को सर्पाकार माना गया है। कुण्डलिनी का अर्थ भी 'कुण्डल डाले सर्पिणी' ही है।

शक्तिपात द्वारा शक्ति-चालन उसी क्षण होने लगता है। प्रथम सूत्र में शक्तिपात' शब्द का प्रयोग किया गया है, न कि केवल 'शक्ति' का अर्थात् यहाँ पर शक्ति' के विज्ञान की व्याख्या नहीं, वरन् उसके 'पात' की व्याख्या किये जाने की प्रतिज्ञा है। इसलिए यह शङ्का होती है कि शक्ति का पात किस पर होता है? उत्तर अगले सूत्र में है—

७. तत्पातः शिष्येषु।

उस शक्ति का पात शिष्यों में होता है।

सूत्र में शिष्य कहने से स्पष्ट है कि गुरुजन अपने शिष्य में आध्यात्मिक शक्ति का पात करते हैं। गुरु-शिष्य का सम्बन्ध इस बात का द्योतक है कि गुरु अपनी विद्या से शिष्य की उन्नति करना चाहता है। इसलिए इस सूत्र से यह भाव भी स्पष्ट निकलता है कि शक्तिपात शिष्यों के कल्याण के लिए ही किया जाता है। जैसे लौकिक गुरु शिष्यों की मानसिक उन्नति के लिए विद्या पढ़ाता है, उसी प्रकार आध्यात्मिक उन्नति के लिए शक्तिपात किया जाता है।

८. ततः शक्त्युद्बोधनम् ।

इससे शक्ति का उद्बोधन होता है ।

अर्थात् गुरु द्वारा शक्तिपात होने से शिष्य की शक्ति जाग उठती है । इसका अभिप्राय यह है कि हर एक मनुष्य की आध्यात्मिक शक्ति सोयी हुई है । जगाने पर उसके स्वरूप का अनुभव होने लगता है । शिष्य की शक्ति को जगा देने का ही नाम 'शक्तिपात' है, जैसा कि 'शक्तिरहस्य में कहा है—

व्यापिनी परमा शक्तिः पतितेत्युच्यते कथं ?
ऊर्ध्वादधोगतिः पातो मूर्तस्यासर्वगतस्य च ॥
सत्यं सा व्यापिनी नित्या सहजा शिववत् स्थिता ।
किन्त्वियं मलकर्मादि पाशबद्धेषु संवृता ।
पक्वदोषेषु सुव्यक्ता पतितेत्युपचर्यते ॥

—'वह परमा शक्ति सर्वव्यापिनी है । तब उसे 'पतिता' अर्थात् 'गिरती है'—ऐसा क्यों कहते हैं ? एकदेशीय, मूर्तिमान्, जो सर्वव्यापक नहीं है,—उसी की ऊपर से नीचे गिरने की गति को 'पात' कह सकते हैं । सत्य ही वह सर्वव्यापिनी है और स्वभाव से शिववत् स्थित है, किन्तु कर्मों के मल के पाश से आवृत रहती है । जब दोषों के पक जाने पर वह अच्छी तरह व्यक्त हो जाती है, तब उसे पतिता' (शक्तिपात) कहते हैं ।'

९. प्राणोत्थानं वा ।

अथवा यों कहें कि प्राण का उत्थान हो जाता है । प्राण शक्ति, जो मनुष्य के मन, बुद्धि, इन्द्रियों और शरीर को धारण किये हुए है,—वह शक्ति के जागने पर ऊर्ध्वगामी होने लगती है ।

१०. ततो महायोगसिद्धिः ।

उस (शक्ति के जागने) से महायोग की सिद्धि होती है।

११. योगः समाधिरिति भगवान् वेदव्यासः ।

'योग समाधि ही है'—ऐसा भगवान् वेदव्यास ने कहा है।

समाधि दो प्रकार की होती है – संप्रज्ञात और असंप्रज्ञात। जिसमें प्रज्ञा बनी रहे, वह समाधि 'संप्रज्ञात' और जब प्रज्ञा का सर्वथा निरोध हो जाय, तब असंप्रज्ञात समाधि कहलाती है। 'संप्रज्ञात' को 'सबीज' और 'असंप्रज्ञात' को 'निर्बीज' समाधि भी कहते हैं। संप्रज्ञात के ६ अवान्तर भेद हैं,—सवितर्क, निर्वितर्क, सविचार, निर्विचार, सानन्द और सास्मिता।

१२. चित्तवृत्तिनिरोधः इति भगवान् पतञ्जलिः ।

'चित्त की वृत्ति के निरोध को योग कहते हैं'—ऐसा भगवान् पतञ्जलि का मत है।

पातञ्जल योगदर्शन का सूत्र है—'योगश्चित्तवृत्ति निरोधः' —अर्थात् चित्त की वृत्तियों के निरोध को योग कहते हैं।

उक्त सूत्र में निरोध के पहले कोई विशेषण नहीं लगाया गया कि कैसे, कितने निरोध को योग कहते हैं? इसलिए थोड़े निरोध को भी योग कह सकते हैं और सर्वथा निरोध को भी योग कहते हैं। उन्होंने योगानुष्ठान के आठ अङ्ग बताये हैं,— यम, नियम, आसन प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि। इसका अर्थ यह है कि वृत्तियों का निरोध थोड़ा-बहुत तो 'यम' से ही होने लगता है और सर्वथा निरोध निर्बीज समाधि में होता है। चित्त,—तमस् Inertia, रजस् motion

और सत्व light,—इन तीनों गुणों से युक्त रहता है। इनमें से कोई एक प्रधान रूप से और शेष दोनों उस से दबे हुए रहा करते हैं। तमोगुण से मूढ़, रजोगुण से क्षिप्त, रज-सत्व से विक्षिप्त, सत्व से एकाग्र और तीनों के न्यूनाधिक निरोध से निरुद्धावस्था की भिन्न-भिन्न भूमिकाएँ आती हैं। एकाग्र और निरुद्ध अवस्थाएँ योगियों को ही होती हैं, सर्वसाधारण को नहीं होतीं।

वृत्तियाँ पाँच प्रकार की हैं जो अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष और अभिनिवेश पाँचों क्लेशों से युक्त होती हैं तथा इनसे रहित भी होती हैं। अनित्य में नित्यता की, अपवित्रता में पवित्रता की, दुःख में सुख की और अनात्म वस्तुओं में आत्मा की भावना रहना 'अविद्या' है। 'मैं हूँ'—यह भाव 'अस्मिता' कहलाता है। विषयों में आसक्ति को 'राग' और घृणा को 'द्वेष' कहते हैं। सदा जीने की इच्छा अथवा मृत्यु के भय को 'अभिनिवेश' कहते हैं। बन्धन में पड़े हुए मनुष्यों की वृत्तियाँ इन पाँचों से युक्त होती हैं और जीवन-मुक्त महात्माओं की वृत्तियाँ इन से रहित होती हैं। पाँचों प्रकार की वृत्तियाँ नीचे दी जाती हैं—

(१) **प्रमाण**—यह वृत्ति तीन भेद वाली होती है,—प्रत्यक्ष प्रमाण. अनुमान प्रमाण और आगम प्रमाण। देखने, सूँघने और छूने के ज्ञान की पाँच प्रत्यक्ष वृत्तियाँ हैं। जो ज्ञान इन पाँचों प्रत्यक्ष प्रमाणों से नहीं हो सकता, उसका मन-बुद्धि द्वारा अनुमान किया जाता है। जिस बात का ज्ञान प्रत्यक्ष और अनुमान दोनों से नहीं होता, वह अनुभवी मनुष्यों अथवा शास्त्रों के वाक्यों से होता है। इसको आगम प्रमाण कहते हैं।

(२) **विपर्यय**—दूसरे प्रकार की वृत्ति है जिसका स्वरूप अतद्रूप मिथ्या ज्ञान है,—जैसे रस्सी में सर्प का भ्रान्तिपूर्ण ज्ञान।

(३) **विकल्प**—तीसरे प्रकार की वृत्ति है जिसमें केवल शाब्दिक ज्ञान तो होता है, परन्तु तदनुसार किसी वस्तु का अस्तित्व नहीं होता। जैसे,—'आत्मा की चेतना शक्ति'—कहने से मात्र शब्दों का ही ज्ञान होता है। वास्तव में आत्मा से भिन्न कोई चेतन शक्ति है ही नहीं, दोनों एक ही हैं, परन्तु शब्दों से दोनों के अलग-अलग होने का ज्ञान होना विकल्प मात्र है।

(४) **निद्रा**—सुषुप्ति की अवस्था भी चित्त की एक प्रकार की वृत्ति ही है जिसमें सब आलम्बनों का अभाव हो जाता है।

(५) **स्मृति**—पूर्वकाल में सुने और अनुभव किये हुए विषयों का याद आना स्मृति है।

उपरोक्त पाँच प्रकार की वृत्तियों के अन्तर्गत जाग्रत, स्वप्न और सुषुप्ति तीनों अवस्थाएँ हैं। स्वप्न में स्मृति की वृत्ति के अधीन, तमोगुण से ढकी हुई इन्द्रियों, मन और बुद्धि के संस्कार काम करने लगते हैं।

चित्त को एक जलाशय के सदृश्य मान लिया जाय जिस में आकाश, बादल, वृक्ष इत्यादि का प्रतिबिम्ब दीख रहा है। इन प्रतिबिम्बों के रहते हुए तो जलाशय की तली नहीं दीखती, परन्तु प्रतिबिम्बों के हटने पर तली दीखने लगती है अथवा जल में लहरें उठने पर तली का प्रकाश नहीं दीख सकता और लहरों के शान्त होने पर वह दीखने लगता है। ठीक इसी तरह तली रूपी आत्मा वृत्तियों के कारण नहीं जान पड़ता। वृत्तियाँ शान्त हो जाने पर आत्मा का साक्षात्कार होता है। चित्त रूपी जल में बाह्य विषयों के प्रतिबिम्ब सदा पड़ते रहते हैं अथवा स्मृति के द्वारा संकल्प-विकल्प रूपी तरंगें उठा करती हैं अथवा निद्रा के तमोगुण रूपी मिश्रण से वह गदला हो जाता है, इसलिए

आत्म-स्थिति नहीं होने पाती। जब पाँचों प्रकार की वृत्तियों का सर्वथा निरोध हो जाता है, तब आत्मा अपने स्वरूप में स्थित होता है, अन्यथा नहीं।

आत्मदर्शन होने से वृत्तिजन्य ज्ञान का मिथ्यापन एवं आत्मज्ञान की सत्यता चित्त पर चमकने लगती है और जगत् के बन्धन का मिथ्या विपर्यय ज्ञान निवृत्त हो जाता है,—जैसे रस्सी का ज्ञान होने के पश्चात् उसमें से साँप की भ्रान्ति दूर हो जाया करती है।

'उपरोक्त वृत्तियों के निरोध में शक्तिपात किस प्रकार सहायक होता है ?'—यह प्रथम सूत्रों में बताया जा चुका है। अब नीचे यह दिखाया जायेगा कि वृत्तियों का निरोध प्राणों के वश में होने पर सुगमतापूर्वक हो जाता है। 'वृत्तियाँ प्राण के अधीन हैं', इसका क्या प्रमाण है ? इस पर कहते हैं—

१३. प्राणस्येदं वशे सर्वमिति श्रुतेः।

यह सब प्राण के वश में है, श्रुति का प्रमाण है।

ॐ प्राणाय नमो यस्य सर्वमिदं वशे।
यो भूतः सर्वस्येश्वरो यस्मिन्तसर्वं प्रतिष्ठितम् ॥

—अथर्व वेद, प्राण सूक्त, मं० १

—'प्राण को नमस्कार है, जिसके वश में हैं यह सब जो हुआ है। सब का ईश्वर, जिसमें सब कुछ प्रतिष्ठित है।'

ॐ यात्ते तनूर्वाचि प्रतिष्ठिता या श्रोत्रे या चक्षुषि,
या च मनसि सतता शिवां तां कुरूमोत्क्रमीः।
प्राणस्येदं वशे सर्वं त्रिदिवे यत्प्रतिष्ठितम्,
मातेव पुत्रान् रक्षस्व श्रीश्च प्रज्ञां च विधेहि नः ॥

—प्रश्नोपनिषत्, द्वितीय प्रश्न १२, १३

--जो तेरी तनू (स्वरूप) वाणी में प्रतिष्ठित है, जो श्रोत्र में, जो चक्षु में और जो मन में फैली हुई है, उसको तू हमारे लिए कल्याणस्वरूप रख,—उत्क्रमण मत कर। इस लोक में यह सब प्राण के वश में है और जो कुछ तीसरे लोक (स्वर्ग) में प्रतिष्ठित है (वह भी)। तू पुत्रों की माता के सदृश्य हमारी रक्षा कर और हम को श्री (तेज) और प्रज्ञा दे।'

१४. उभयोः परस्परं निरोधः।

प्राण और चित्तवृत्ति दोनों का परस्पर निरोध होता है। प्राण के निरोध से वृत्ति-निरोध और वृत्ति-निरोध से प्राण-निरोध होता है और इसी प्रकार से दोनों का निरोध बढ़ता जाता है। पहले प्राण का निरोध करना चाहिए क्योंकि स्वतन्त्र रूप से वृत्ति-निरोध दुःसाध्य है।

१५. महान् किं ? विशेषत्वाच्छक्त्युद्बोधने तत्सिद्धेः।

महान् क्यों है ? विशेषता के कारण, - शक्ति के उद्बोधन से उसकी सिद्धि होने से।

दशवें सूत्र में योग के पहले 'महान्' विशेषण का प्रयोग क्यों किया गया है ? क्या महायोग व्यासजी अथवा पतञ्जलि भगवान् के योग से भिन्न कोई अन्य योग है ? इस शङ्का का उत्तर इस सूत्र में दिया गया है कि योग तो चित्त-वृत्ति-निरोधरूप वही है, दूसरा नहीं हो सकता। परन्तु महान्' विशेषण का प्रयोग करने का अभिप्राय यह है कि उसकी सिद्धि शक्ति के जागने से तुरन्त होती है, अन्यथा तो श्रद्धा, वीर्य सहित यत्नपूर्वक दीर्घ काल तक निरन्तर सत्कारपूर्वक अभ्यास करने पर ही वृत्ति-निरोध की उपलब्धि कही गयी है। इसीलिए जो योग परिश्रम-साध्य है, वही गुरु-कृपा से शीघ्र प्राप्त होता है।

पातञ्जल दर्शन में दूसरे अध्याय के प्रथम सूत्रोक्त क्रिया योग से महायोग का ही अभिप्राय है। महायोग को सिद्ध याग या क्रिया-शक्ति-योग भी कहते हैं।

१६. हठ मन्त्र लयराजयोगान्तर्भूमिकत्वाच्च श्रुतेः।

और हठयोग, मन्त्रयोग, लययोग, राजयोग का अन्तर्भूमिकत्व होने के कारण भी 'महान्' कहा गया है, श्रुति का प्रमाण है।

शक्ति जागने के पश्चात् अन्तर्भूमिका रूप से हठादि चारों योगों का उत्तरोत्तर स्वतःसिद्ध विकास होता है, यह भी विशेषता है। इसमें नीचे दी गयी श्रुति का प्रमाण है—

मन्त्रो लयो हठोराजयोगोऽन्तर्भूमिकाः क्रमात।
एक एव चतुर्धाऽयं महायोगोऽभिधीयते।।

—योग शिखोपनिषत्, १३०

—'मन्त्र, लय, हठ, राजयोग क्रम से अन्तर्भूमिकाएँ हैं, इसलिए वह एक ही योग चतुर्धा होने से महायोग कहलाता है।'

१७. आसन प्राणायाम बन्धमुद्रादयो हठः।

आसन, प्राणायाम, बन्ध, मुद्रादि हठ योग हैं।

यहाँ पर प्राणायाम से श्वास की पूरक, रेचक, कुम्भक कियाएँ ली गयी हैं। बन्ध और मुद्राएँ बहुत हैं, उनमें १० प्रधान हैं - मूल बन्ध, उडयान बन्ध जालन्धर बन्ध महा बन्ध, महा वेध, महा मुद्रा विपरीतकरणी, बज्रौली, खेचरी और शक्ति-चालन। आसन प्रत्येक योनि के आधार पर ८४ लाख कहे हैं, परन्तु ८४ मुख्य हैं। पातञ्जल दर्शन के अनुसार 'स्थिरं सुखं आसनम्' कहा गया है, परन्तु सांख्य ने यह नियम भी नहीं माना कि स्थिरता

और सुख से ही स्थिति हो । शक्ति जागकर क्रियावती होती है, तब किसी-किसी को तो नाना प्रकार के आसन, कुम्भक और मुद्राएँ देखने में आती हैं ।

१८. ततो नाड़ी शुद्धिः

उससे नाड़ी-शुद्धि होती है ।

नाड़ियों से वात-नाड़ियों या स्नायुओं (nerves) का अभिप्राय है। नाड़ियाँ प्राण शक्ति के प्रवाह के लिए उसी प्रकार कार्य करती हैं जैसे बिजली के प्रवाह के लिए तार। साधारण मनुष्यों की नाड़ियाँ मलाकुल होती हैं और उनमें प्राण का प्रवाह सुगम नहीं होता। हठ योग की क्रियाएँ उनके मल को निकाल देती हैं।

१९. स्वाध्यायेश्वरप्रणिधाने मन्त्रयोगः।

स्वाध्याय और ईश्वर-प्रणिधान मन्त्रयोग है ।

पातञ्जल दर्शन में प्रणव के जप और उनके अर्थ की भावना को स्वाध्याय कहा है। स्वाध्याय में मोक्षप्रद मन्त्रों का जप और शास्त्रों का श्रवण, पठन, मनन भी लिया गया है। स्वाध्याय से योग की सिद्धि होती है, जैसा कि वेदव्यास जी ने कहा है—

स्वाध्यायाद्योगमासीत योगात्स्वाध्यायमामनेत् ।
स्वाध्याययोगसम्पत्त्या परमात्मा प्रकाशते ।।

—'स्वाध्याय से योग प्राप्त होता है, योग से स्वाध्याय का मनन करे, स्वाध्याय और योग की सम्पत्ति से परमात्मा प्रकाशित होते हैं।'

ईश्वर-प्रणिधान का अर्थ ईश्वर-समर्पण और ईश्वर-शरणागति है ।

'प्रनिधान्' की व्युत्पत्ति 'प्र' और 'नि' उपसर्गों से युक्त 'धा' (धारण करणे) धातु से है अर्थात् ईश्वर को अपने अन्तः में पूर्ण निश्चय सहित धारण करना चाहिए। योगदर्शन का ईश्वर गुरुरूप से प्रत्येक मनुष्य के साथ विद्यमान् है जो क्लेश-कर्म-विपाकाशयों से अस्पृष्ट, बन्धन में पड़े जीव की अपेक्षा से विशेष पुरुष कहा गया है जिसमें सर्वज्ञता का बीज निहित है। महायोग द्वारा उस बीज रूप ज्ञान को पूर्णता तक पहुँचाया जा सकता है जिस की अनुभूति को ही वास्तविक ईश्वर-प्रणिधान समझना चाहिए।

२०. ततः समाधि सिद्धिः।

उससे समाधि की सिद्धि होती है।

समाधि सिद्धिरीश्वरप्रणिधानात्। —योग दर्शन

२१. चित्ते लीने लयः।

चित्त के लीन होने पर लय योग कहलाता है।

२२. प्राणस्थैर्यात्तदुपलब्धिः।

प्राण शक्ति के स्थिर होने पर लय योग की प्राप्ति होती है।

२३. षट्चक्र वेधात्।

छः चक्रों का वेध होने के कारण।

२४. आधार-स्वाधिष्ठान-मणिपूरानाहत-विशुद्धाज्ञाभिधानि चक्राणि।

मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपूर, अनाहत, विशुद्ध, आज्ञा,—चक्रों के नाम हैं।

२५. पायूपस्थनाभिहृद्कंठ भ्रूमध्येषु तत्स्थानानि ।

(क्रमशः) गुदा, उपस्थ, नाभि, हृदय, कण्ठ, भ्रूमध्य देश में उनके स्थान हैं ।

२६. तत्तु सुषुम्नाऽधिकृतानि ।

परन्तु चक्रों के ये स्थान सुषुम्ना नाड़ी के अन्दर हैं। चक्र सुषुम्ना के अन्दर वे स्थान हैं जहाँ पर नाड़ियों के केन्द्र हैं। कण्ठ से निकलने वाली नाड़ियाँ ग्रीवा और हाथों में फैलती हैं। पृष्ठ भाग से निकलने वाली पीठ और पसलियों में फैलती है। हृदय का सम्बन्ध आज्ञा चक्र से सीधा भी है। कटि पर्व की नाड़ियाँ उदर, कमर और पैरों में अँगूठों तक चली गयी हैं। उपस्थ विभाग की मूत्राशय, वीर्याशय आदि में गयी हैं। गुदा और उपस्थ की मिलकर कुछ सीवनी, गुदा, मलाशय इत्यादि में फैलती हैं। आज्ञा चक्र' मस्तिष्क और सुषुम्ना के चित्रा विभाग की शिराओं तथा पञ्च-ज्ञानेन्द्रियों की नाड़ियों का केन्द्र है। सहस्रार से सारे शरीर की नाड़ियों का सम्बन्ध इसी प्रकार है जैसे हैड-आफिस से शाखाओं का होता है ।

२७. मनोलयस्त्वाज्ञायाम् ।

आज्ञा चक्र में प्राण पहुँचने पर मन का लय होता है।

२८. सङ्कल्पविकल्पाऽभावश्च ।

सङ्कल्प और विकल्प का अभाव होता है।

२९. एकाग्रता च मनसः ।

और मन की एकाग्रता होती है। अर्थात् किसी ध्येय सङ्कल्प पर भी एकाग्रता हो सकती है और सङ्कल्प-विकल्प-शून्य एकाग्रता भी होती है ।

३०. तदुपरि राजयोगः सहस्रारे ।

उसके ऊपर राजयोग होता है, सहस्रार में ।

आज्ञा चक्र के ऊपर सहस्रार में प्राण जाने से राज योग होता है ।

३१. तत्र ब्रह्मणि शक्तिर्लयान्निर्बीजसमाधिः प्राणलयो मनोलयश्च ।

वहाँ पर अर्थात् सहस्रार में शक्ति के ब्रह्म में लय हो जाने से निर्बीज समाधि होती है एवं प्राण और मन दोनों का लय हो जाता है।

३२. ततः द्रष्टुः स्वरूपेऽवस्थानम् ।

तब द्रष्टा की अपने स्वरूप में स्थिति होती है ।

यह पातञ्जल दर्शन के प्रथम पाद का तीसरा सूत्र है और योग की स्थिति का वर्णन करता है । जब तक द्रष्टा की अपने स्वरूप अर्थात् परब्रह्म में स्थिति नहीं होती, तब तक वृत्तियों की सारूप्यता न्यूनाधिक बनी ही रहती है ।

कठ वल्ली की नीचे दी हुई श्रुति भी इसी पद की प्राप्ति का उपदेश कर रही है—

यच्छेद् वाङ्मनसी प्राज्ञस्तद्यच्छेज्ज्ञान आत्मनि ।
ज्ञानामत्मनि महति नियच्छेतद्यच्छेच्छान्त आत्मनि ।।

—वल्ली ३, अ० १, मन्त्र १३

—'बुद्धिमान् मनुष्य वाक् आदि इन्द्रियों को मन में लय करे, मन को बुद्धि में, बुद्धि को प्रथमज महत्तत्व में लीन कर दे और महत्तत्व का शान्त आत्मा (ब्रह्म) में लय कर दे ।'

शक्तिपात-क्रम में उक्त प्रक्रिया की सिद्धि सुषुम्नागत प्राणोत्थान द्वारा की जाती है ।

द्वितीय पाद

●

१. तदर्थगुरुमेवाभिगच्छेत् समित्पाणिः श्रुतेः ।

उसके लिए गुरु के ही पास समित्पाणि जावे, ऐसा श्रुति का उपदेश है ।

ब्रह्मज्ञान को देने वाली शक्ति के उद्‌बोधनार्थ गुरु के पास ही जावे । बिना गुरु के उसकी प्राप्ति नहीं होती, जैसा कि श्रुति का उपदेश है—

परीक्ष्य लोकान्कर्म चितान्ब्राह्मणो
निर्वेदमायान्नास्त्य कृतः कृतेन ।
तद्विज्ञानार्थं स गुरु मेवाभिगच्छेत्
समित्पाणिः श्रोत्रियं ब्रह्मनिष्ठम् ।।

—मुण्डक १, काण्ड २, श्रुति १२

—'कर्मकाण्ड द्वारा प्राप्त होने वाले लोकों की परीक्षा करके ब्राह्मण वैराग्य ग्रहण करे, क्योंकि कर्म द्वारा मोक्ष नहीं मिलता । उसे पाने के लिए हाथ में समिधा लेकर ऐसे ही गुरु के पास जावे जो श्रोत्रिय और ब्रह्मनिष्ठ हो ।'

ब्रह्म-विद्या की प्राप्ति के लिए विषयों से उदासीन होकर गुरु के पास जाने का उपदेश किया गया है । पूर्वकाल में सब ऋषि यज्ञ किया करते थे, इसलिए शिष्य दीक्षार्थ हाथ में समिधा लेकर गुरु के पास जाता था । आजकल यज्ञादि करने की प्रणाली न रहने से पत्र, पुष्प, फलादि ले जाने चाहिए, खाली हाथ नहीं जाना

चाहिए। समित्पाणि कहने का अर्थ यह नहीं है कि उस काल में समिधा के अतिरिक्त फल, पुष्प न ले जाते होंगे। तब समिधा ही क्यों कहा है ? इसके दो कारण प्रतीत होते हैं। प्रथम तो शिष्य अपने अन्दर ज्ञानाग्नि जलाने का अभिलाषी है और अग्नि दो अरणियों से प्रकट होती है। इसलिए समिधा ले जाना उसकी ज्ञानाग्नि प्राप्त करने की इच्छा का द्योतक है। गुरु को उत्तरारणि एवं शिष्य को अधरारणि से उपमा दी जाती है, क्योंकि दोनों से ब्रह्म विद्या रूपी अग्नि* प्रकट होती है और उसका क्रम भावी सन्तानों में चलता है। दूसरा अभिप्राय यह भी दीखता है कि शिष्य गुरु की छोटी-से-छोटी अर्थात् लकड़ी काटकर लाने तक की भी सेवा करने में अपना गौरव समझता है।

२. ब्रह्मनिष्ठो वेधकः शक्तिपातक्षमश्च गुरुः।

गुरु ब्रह्मनिष्ठ, वेध करने वाला और 'शक्तिपात' करने में समर्थ होना चाहिए।

ब्रह्मनिष्ठ—जो यच्चित्त हो अर्थात् जिसका चित्त एकाग्र अवस्था में रहकर ब्राह्मी स्थिति में रहता हो। ब्राह्मी स्थिति का

---

*कुण्डलिनी शक्ति को भी अग्निरूपा कहा जाता है। ज्ञान एवं योग को भी अग्नि कहते हैं, यथा

'ज्ञानाग्नि सर्व कर्माणि भस्मसात् कुरुतेऽर्जुन।' —गीता
'न तस्य रोगो न जरा न मृत्युः प्राप्तस्य योगाग्निमयं शरीरम्।'
—श्वेताश्वतरोपनिषद्, अध्याय २

शक्तिपात द्वारा गुरु शिष्य की कुण्डलिनी को जगाकर शिष्य में दीपकवत् योगाग्नि प्रदीप्त करता है, इसी कारण कृष्ण भगवान् के गुरुवर का नाम संदीपन ऋषि था।

वर्णन श्री भगवान् ने गीता के द्वितीय अध्याय के अन्त में स्थितप्रज्ञ अथवा समाधिस्थ की व्याख्या करते हुए किया है। जो छहों चक्रों का वेध कर सके, वही वेधक कहलाता है।

३. निग्रहानुग्रहक्षमश्च।

और जो निग्रह, अनुग्रह दोनों में समर्थ हो।

'शक्तिपात' करने को अनुग्रह और रोक देने को निग्रह कहते हैं। निग्रह से शिष्य के वेग को कम किया जा सकता है। गुरु के लिए अनुग्रह करने का सामर्थ्य जितना आवश्यक है, उतना ही निग्रह करने का भी है क्योंकि कभी-कभी अधिक वेग हो जाने पर उसको कम करने की भी जरूरत पड़ जाती है। ऐसा ही गुरु शिष्यों के वेग को संयम में रख सकता है।

४. परीक्ष्य दीक्षयेत्।

गुरु शिष्य की परीक्षा करके दीक्षा देवे।

यदि अयोग्य हो तो दीक्षा न दे, उसको योग्य बनने के लिए समय दे। समय पाकर पका हुआ फल अच्छा होता है, इसलिए शीघ्रता करना उचित नहीं है।

५. शक्तिपात एव दीक्षा।

शक्तिपात करना ही दीक्षा देना है।

शक्ति का प्रवाह एक मनुष्य से दूसरे मनुष्य तक दो प्रकार से होता है,—स्पर्श द्वारा और बिना स्पर्श के। आगे चलकर बताया जायेगा कि शरीर के भीतर शक्ति का प्रवाह नाड़ियों के आश्रय से होता है। परन्तु जब वह शरीर के बाहर भी संक्रमित

होती है, तब उसकी गति किस तत्त्व के आश्रय होती है ? वह अग्नि-ताप के सदृश चारों ओर फैलती है अथवा एक स्थान से दूसरे स्थान को धारा रूप में जाती है ? क्या उसकी गति का अनुभव हो सकता है ? यदि होता है, तो उसका स्वरूप क्या है ? इत्यादि अनेक प्रश्न यहाँ पर उत्पन्न होते हैं जो एक स्वतन्त्र विज्ञान का विषय है। इस विषय का, आधुनिक वैज्ञानिक पद्धति पर अन्वेषणों के अभाव के कारण, तत्त्वतः विवेचन करना तो असम्भवप्रायः ही है, परन्तु साधन करने वाले कुछ महानुभावों के अनुभवों और अनुमानों के आधार पर उक्त प्रश्नों पर थोड़ा प्रकाश डालने की चेष्टा की जाती है।

यह बात तो अनुभूत है कि शक्ति एक स्थान से दूसरे स्थान को प्रवाहित होती है और मनुष्य के शरीर अथवा प्रश्वास से चारों ओर इस प्रकार फैलती है जैसे तप्त गोले से उष्णता। यह भी प्रतीत होता है कि उसकी गति का मार्ग (Medium) वायु नहीं है। सम्भव है कि आकाश तत्त्व (Ether) अथवा उससे भी सूक्ष्म अन्य कोई तत्त्व हो। हम उसे 'समष्टि-प्राण-मण्डल' कहते हैं। सांख्य की परिभाषानुसार सम्भवतः उसको मनस्सत्ता, मनस्तत्त्व (Mind Stuff) अथवा महत्तत्त्व भी कह सकते हों। कभी-कभी शक्ति की गति गोली की तरह सीधी भी होती है। किसी-किसी को शक्ति का अस्तित्व स्पर्शेन्द्रिय द्वारा होता देखा जाता है, परन्तु सूक्ष्म विषय होने के कारण अभ्यास की प्रारम्भिक अवस्था में वह अनुभवगम्य नहीं होता। किसी-किसी अभ्यासी को विद्युत्प्रकाशवत् दृष्टिगोचर होता हुआ भी देखा गया है। यह प्रकाश नाड़ियों के अन्दर और शरीर के बाहर भी गतिमान् दीख पड़ता है।

अभ्यास करने वालों का यह भी अनुभव है कि उक्त शक्ति

बाहर बादल, अग्नि, विद्युत्, सूर्यादि अथवा केवल वायु, आकाश या अन्य किसी भी स्थान से सङ्कल्प द्वारा अपने शरीर में खींची जा सकती है। इसलिए उनका कहना है कि परमात्मा की शक्ति सब पदार्थों में भरपूर है। अन्दर की शक्ति जागने के पश्चात् योगी अपने सङ्कल्प से उसको खींच सकता है। उक्त प्रकार से खींची हुई शक्ति शरीर में प्रवेश करके चेतनवत् ही व्यवहार करती है, इसलिए वह विद्युदादि शक्तियों से भिन्न और उत्तम है।

जब शक्ति योगी की इच्छा से बाहर जाती है तो पृथ्वी पर देश-देशान्तर में कहीं भी भेजी जा सकती है। Telepathy आदि उक्त शक्ति के ही कार्य हैं।

अनुमान से कहा जा सकता है कि सम्भव है कि इस आध्यात्मिक शक्ति से विद्युदादि आधिभौतिक शक्तियाँ भी उत्पन्न की जा सकें।

आध्यात्मिक शक्ति का विचार तीन दृष्टिकोणों से किया जा सकता है :—

१—अपने आध्यात्मिक लाभार्थ।

२—दूसरों के आध्यात्मिक लाभार्थ।

३—आधिभौतिक जगत् में भौतिक सिद्धियों के लिए प्रयोगार्थ, जिस रीति से कि उसका भौतिक शक्तियों से सम्बन्ध मालूम हो सके।

यहाँ पर उपरोक्त प्रथम दो दृष्टिकोणों से इस विषय पर किञ्चित् प्रकाश डालने का प्रयत्न किया गया है।

६. ततः शक्ति प्रदीपन दीपवत् ।

उससे शक्ति का प्रदीपन होता है, दीपक के सदृश्य ।

जैसे एक प्रज्ज्वलित दीपक की शिखा से दूसरा दीपक जलाया जाता है, उसी प्रकार गुरु की शक्ति के शिष्य पर गिरने से उसकी शक्ति जाग उठती है ।

७. ततः दिव्यज्ञानं सम्पद्यते क्षीयते च बन्धनम् ।

उससे दिव्य ज्ञान प्राप्त होता है और बन्धन का क्षय होता है ।

८. दीप्ते ज्ञानाग्नौ मलविक्षेपाऽवरणहानिः ।

ज्ञानाग्नि के प्रज्ज्वलित होने पर मल, विक्षेप और आवरण की हानि होती है । मल पापों को, विक्षेप चित्त की चञ्चलता को और आवरण अज्ञान के पर्दे को कहते हैं ।

९. गुरुगृहे निवसेत्तिस्रो रात्रिः ।

गुरु के घर पर तीन रात्रि निवास करे । यहाँ रात्रि शब्द का प्रयोग किया जाता है, न कि दिन का । इसका अभिप्राय यह है कि साधनकाल सूर्यास्त के पश्चात् और सूर्योदय से पूर्व ब्राह्म मुहुर्त्त का ही श्रेष्ठ होता है । दिन में कुण्डलिनी का उद्बोधन निषिद्ध है ।

१०. तोषयेच्च भोजनवस्त्रदक्षिणाभिः प्रणिपातेन सेवया च ।

और गुरु को भोजन, वस्त्र, दक्षिणा देकर, प्रणाम तथा सेवा करके सन्तुष्ट करे । श्री भगवान् ने गीता में कहा है—

तद्विद्धि प्रणिपातेन परिप्रश्नेन सेवया।
उपदेक्ष्यन्ति ते ज्ञानं ज्ञानिनस्तत्त्वदर्शिनः ॥

—'उस (ज्ञान) को प्रणाम करके, प्रश्न करके और सेवा करके जानो। ज्ञान का उपदेश तुमको तत्त्वदर्शी ज्ञानी देंगे।'

यहाँ पर शङ्का हो सकती है कि वीतरागविषय गुरुओं को सन्तुष्ट करने का क्या अभिप्राय है? वे तो सदा सब से ही सन्तुष्ट रहते हैं। शरीरधारी गुरु को वस्त्र, भोजन, धनादि की आवश्यकता तो होती ही है। उनके वीत-राग होने का अर्थ यही है कि वे विषयों में आसक्ति नहीं रखते और किसी से अपनी आवश्यकता की पूर्ति के लिए भी यथासम्भव याचना अथवा आज्ञा नहीं करते। परन्तु शिष्यों का तो धर्म ही है कि अपने अनुमान से उनकी आवश्यकताओं को जानकर, बिना कहे, यथाशक्ति पूरा करें। इससे वे गुरु का सन्तोष प्राप्त करेंगे।

११. दीक्षा त्रिविधा।

दीक्षा तीन प्रकार की है,—आणवी, शाक्ती और शाम्भवी।

१२. दर्शनाद् भाषणात्स्पर्शाच्च।

दृष्टि के द्वारा, भाषण द्वारा और स्पर्श से।

साधारणतः शक्तिपात तीन प्रकार से किया जाता है—(१) दृष्टि से (२) मन्त्रादि देकर, और (३) हाथ से छूकर। इन तीनों क्रियाओं से शक्तिपात करने वाले की इच्छा होने पर ही शक्ति-सञ्चार होता है, इच्छा न होने पर नहीं होता। इसलिए इच्छा से ही शक्तिपात होता है, स्पर्शादि तो बाह्य साधन हैं।

१३. मानस्यपीति केचित् ।

दीक्षा मानसिकी भी होती है, इसलिए कुछ लोग शक्तिपात को चार प्रकार का मानते हैं ।

जैसा पहले कह आये हैं कि बिना इच्छा के तो स्पर्श, अवलोकन और भाषण से भी दीक्षा नहीं होती, तब चौथी मानसी कहने की क्या आवश्यकता है ? इसका समाधान यह है कि मानसी दीक्षा ऐसी अवस्था में दी जाती है जब कि गुरु-शिष्य का किसी कारण से एक स्थान पर समागम न हो सकता हो । जैसे, दोनों दूरस्थ देशों में हों और शिष्य गुरु के समीप न आ सकता हो अथवा किसी कारण से गुरु शिष्य की अपने सन्मुख उपस्थिति की आवश्यकता न समझता हो, तो गुरु के सङ्कल्प से दूरस्थ शिष्य पर शक्तिपात हो सकता है ।

१४. सा पुनरप्यधिकारि भेदतस्त्रिधा ।

वह दीक्षा अधिकारी-भेद से फिर तीन प्रकार की है ।

१५. मृदुमध्यतीव्रत्वात् पिपीलिकाकपिखगन्यायवत् ।

मृदु, मध्य और तीव्र होने के कारण चींटी, बन्दर और पक्षी के न्याय के सदृश्य ।

अधिकारी के भेद से किसी में हलका वेग आता है, किसी में मध्यम और किसी में तीव्र । किसी-किसी को पूर्ण विकास होने में एक, दो, तीन दिन या और अधिक समय भी लग जाता है । किसी को प्रथम बार में ही विकास हो जाता है परन्तु धीरे-धीरे, थोड़ा-थोड़ा और किसी को उसी क्षण स्पर्श, अवलोकन अथवा मन्त्र प्राप्त होते ही वेग से विकास हो जाता है । जैसे वृक्ष पर लगे हुए फल

तक चींटी धीरे-धीरे पहुँचती है, कपि एक शाखा से दूसरी शाखा पर कूदता-फाँदता हुआ पहुँचता है और पक्षी उड़कर सीधा उस पर जा बैठता है।

१६. सा क्रियावती, कलावती, वर्णमयी वेधमयीति ब्रह्मा।

ब्रह्माजी ने कहा है कि दीक्षा क्रियावती, कलावती, वर्णमयी और वेधमयी होती है। क्रियावती इसलिए कहलाती है कि उस में नाना प्रकार की क्रियाएँ होती हैं। कलावती इसलिए कि उससे तत्व-शुद्धि होती है। ३६ तत्त्वों को ५ कलाओं में बाँटा गया है। ३६ तत्वों के नाम इस प्रकार हैं:—

शिव, शक्ति, सदा शिव, ईश्वर, शुद्ध विद्या, माया, काल, कला, नियति, विद्या, राग, पुरुष, प्रकृति, महत्तत्व, अहङ्कार, मन, ५ ज्ञानेन्द्रियाँ, ५ कर्मेन्द्रियाँ, ५ तन्मात्राएँ और ५ महाभूत। इनमें प्रथम दो तत्व शान्त्यातीता कला के, फिर अगले ३ तत्व शान्ति कला, ७ तत्व माया कला, २३ तत्व प्रतिष्ठा और अन्तिम पृथ्वी तत्व निवृत्ति कला के अङ्ग माने जाते हैं।

सारा विश्व नाम-रूपात्मक दृश्य है। कलावती का सम्बन्ध रूपात्मक कलाओं से और वर्णमयी का सम्बन्ध वर्णात्मक नाम अर्थात् शब्दमयी सृष्टि से समझना चाहिए। वर्णमयी में वर्ण, पद, मन्त्र, कविता इत्यादि की शक्ति उदय हो जाती है। वेधमयी इसलिए कहलाती है क्योंकि उससे षट् चक्रों का वेध होता है। उक्त चारों रूप तो किसी-किसी में ही प्रकाशित होते हैं। प्रायः किसी में एक, किसी में दो अथवा तीन ही प्रकाशित होते हैं।

अकार से हकार तक और क्ष, त्र सहित ५१ वर्ण हैं। लिङ्ग, पुरुष, वचन और काल प्रत्येक के त्रिधा होने से पद ३×३×३

×३=८१ प्रकार के होते हैं। दस इन्द्रियों और ग्यारहवें मन के विषयों से सम्बन्धित होने के कारण मन्त्र अर्थात् वाक्य ११ प्रकार के होते हैं।

१७. शिवादेशकारिणीति शाम्भवी।

शिवजी के आदेश कराने वाली शाम्भवी कहलाती है।

श्रवण द्वारा, वचन द्वारा, लिख कर अथवा विचारों में स्पष्ट रूप से शिव जी के आदेश आने लगें तो समझना चाहिए कि दीक्षा शाम्भवी है। शिवावेश के कारण ही शाम्भवी कही जाती है।

१८. योगोक्तक्रमतो योगदीक्षा।

योग में कहे हुए क्रम से दी हुई दीक्षा योग-दीक्षा है।

इसमें योग की क्रियाएँ प्रधान रूप से होती हैं। अन्य साधन गौण रूप से होते हैं।

१९. सैव शाक्तेयी शक्ति ज्ञानवती वा।

वही शाक्तेयी, शाक्ती अथवा ज्ञानवती दीक्षा भी कहलाती है।

ज्ञानवती कहने के बजाय कोई-कोई ज्ञान-दीक्षा भी कहते हैं, क्योंकि शक्ति ही ज्ञान है। शाब्दिक उपदेश वास्तव में ज्ञानोपदेश नहीं है। शक्ति द्वारा ज्ञान का जो प्रकाश शिष्य में स्वयं उदित होता है, वही यथार्थ में ज्ञान का उपदेश है। यह शाम्भवी से नीचे स्तर की दीक्षा है, क्योंकि इस में शक्ति का आवेश मात्र होता है।

२०. मन्त्रमार्गानुसारेण मान्त्री।

मन्त्र-शास्त्र के अनुसार दी गयी दीक्षा मान्त्री कहलाती है। जिन मन्त्रों से शक्ति-जागरण होता है, वे मन्त्र चेतन होते हैं।

२२. मन्त्रार्चनाद्युपचारैराणवी ।

मन्त्र, अर्चन आदि उपचारों की सहायता से क्रमशः उन्नति कराने वाली दीक्षा आणवी कहलाती है। शक्ति का उद्‌बोधन न होने से यत्नसाध्य जपानुष्ठानादि आणवोपाय के ही अङ्ग हैं।

२२. षट्चक्र वेधाद्वेधमयी ।

षट्चक्रों का वेध होने के कारण दीक्षा वेधमयी कहलाती है।

२३. वेदान्त योग भक्ति सम्प्रदाय भेदतोऽपि बहुविधा ।

वेदान्त, योग, भक्ति आदि सम्प्रदायों के भेद से भी बहुत प्रकार की दीक्षा होती है।

२४. सा एकैव शक्तिमत्वात् ।

वह बहुत प्रकार की होते हुए भी एक ही है, शक्ति का प्रबोध होने के कारण।

ब्रह्म की शक्ति तो एक ही है, इसलिए सब का फल मोक्ष ही है, यद्यपि उसका विकास नाना प्रकार से देखा और सुना जाता है।

२५. वीतरागचित्तावलम्बनात् ।

वीतराग चित्त का अवलम्बन होने के कारण शक्तिपात दीक्षा होती है।

२६. सिद्धसङ्कल्पाद्वा ।

अथवा सिद्ध सङ्कल्प होने से।

वीतराग होने से योगी सिद्ध-सङ्कल्प हो जाता है, इसलिए 'वा' का प्रयोग किया जाता है। 'गुरु की शक्ति शिष्य में जाकर उसकी आध्यात्मिक जागृति किस कारण से करती है ? उसकी वृत्तियाँ शीघ्र निरुद्ध कैसे होने लगती हैं ?' इत्यादि शङ्काओं का समाधान इन दो सूत्रों से किया गया है। प्रथम सूत्र के भाष्य में बताया जा चुका है कि वीतराग योगियों के चित्त का आलम्बन लेकर शक्तिपात द्वारा शक्ति-सञ्चार होने से शिष्यों को शीघ्र एकाग्रता का लाभ होता है। पातञ्जल दर्शन के 'वीतराग विषयं वा चित्तम्' सूत्र का अर्थ साधारण लोग तर्क और अनुमान के आधार पर किया करते हैं, परन्तु अच्छी तरह समझ नहीं सकते। वेदव्यास जी ने अपने भाष्य में वीतराग महात्माओं का ध्यान नहीं कहा, वरन् यह कहा है कि चित्त की वृत्तियों का निरोध वीतराग-चित्त के आलम्बन अर्थात् आश्रय से होता है। शक्तिपात दीक्षा में शक्ति का सञ्चार गुरु के सङ्कल्प का आश्रय लेकर होता है और उस शक्ति से शिष्य को वीतराग-चित्त का आलम्बन मिलता है। शक्तिपात दीक्षा ग्रहण करने वालों को इसका अनुभव होने से उनकी समझ में उक्त सिद्धान्त सुगमता से आ सकता है।

चित्त और शक्ति का कितना घनिष्ट सम्बन्ध है, यह श्रुतियों में स्थान-स्थान पर प्रतिपादित है।

२७. श्रुतेः।

श्रुति का प्रमाण है। यथा—

तेजो ह वै उदानस्तस्मादुपशांततेजाः पुनर्भव मिंद्रियैर्मनास सम्पद्यमानैः। यच्चित्तस्तेनैष प्राणमायाति प्राणस्तेजसायुक्तः सहात्मना यथा संकल्पितं लोकं नयति।

—प्रश्न ३, मन्त्र ६, १०

—'तेज ही निश्चय से उदान है, इसलिए जिसका तेज उपशान्त हो गया है, उस तेज को पुनः उत्पन्न करने के लिए इन्द्रियों को मन में अच्छी प्रकार ले जाकर जिसने अपना चित्त एकाग्र कर लिया है, उसमें एकाग्र चित्त के द्वारा प्राण आ जाता है और प्राण तेज से युक्त होकर आत्मा के सहित मनुष्य को, वह जैसा सङ्कल्प करता है, उसी लोक को ले जाता है अर्थात् उसी प्रकार की सिद्धि देता है।

उपरोक्त श्रुतियों में 'उपशान्त तेजाः' का अर्थ यदि मृत्यु लिया जाय तो जैसा श्री शङ्कराचार्य महाराज ने कहा है, जन्मान्तर में प्राण इस जन्म के सङ्कल्पित लोक को ले जाता है। परन्तु जो क्रिया मृत्यु के समय प्रकृति के वश में होती है, वही क्रिया योगी अपनी इच्छा से जीवनकाल में करता रहता है अर्थात् इन्द्रियों को मन में लय करता है, मन को बुद्धि में, फिर बुद्धि को आत्मा में और आत्मा सहित, सुषुम्णा मार्ग से धारणा, ध्यान, समाधि कर के, यथासङ्कल्पित सिद्धि को प्राप्त करता है। जीवनकाल में 'उपशान्त तेजाः' का अर्थ ऐसे मनुष्यों के लिए किया जा सकता है जो ब्रह्मतेज से क्षीण हो गये हैं। उनके लिए उस तेज के पुनर्भव अर्थात् फिर उत्पन्न करने का साधन योग-मार्ग द्वारा इन्द्रियों का प्रत्याहार कर के चित्त की एकाग्रता करना है।

संयच्चित होने से मनुष्य में प्राण शक्ति आती है, यह बात उपरोक्त श्रुति में बतायी गयी है और सब के अनुभव की भी बात है। इसी प्रश्न की आठवीं श्रुति में आदित्य को बाह्य प्राण बताया है जिसका सम्बन्ध चाक्षुष प्राण से है। पृथ्वी की देवता रूप शक्ति बाह्य अपान है, आकाश समान, वायु व्यान और अग्नि उदान है। निरुद्ध चित्त वाले मनुष्य को उपरोक्त पाँचों प्रकार की शक्तियाँ विश्व-भण्डार से मिलने लगती हैं। जैसा कि हमने इसी पाद के

५वें सूत्र में कहा है कि योगी वायु, आकाश, सूर्य, अग्नि इन सभी से शक्ति को खींचने लगता है। प्राण शक्ति का आवाहन करने का उपाय यच्चित्तता ही है। चित्त के निरोध से प्राण शक्ति को उदान रूपी तेज से युक्त कर के योगी तेजोमय बनता है और उसी प्राण शक्ति को चाक्षुष प्राण की सहायता से दृष्टि द्वारा अथवा अग्नि स्वरूप समान शक्ति के आधार से मन्त्र द्वारा अथवा वायु रूप व्यान शक्ति के आधार से स्पर्श द्वारा शक्तिपात कर के उक्त ब्रह्मतेज (प्राण शक्ति) को दूसरों में भी उत्पन्न कर देता है। योगी के सङ्कल्प के अनुसार शिष्य में उदान सहित प्राण शक्ति का सञ्चार होता है, यह अभिप्राय भी १०वीं श्रुति के अन्तर्गत निहित है।

उपरोक्त श्रुतियों में शक्ति-सम्पादन करने का रहस्य स्पष्ट रूप से बताया गया है। जो क्षीण-तेज मनुष्य स्वयं अपनी इन्द्रियों और मन को संयम में नहीं ला सकते, उनमें शक्तिपात द्वारा गुरु की शक्ति के आलम्बन से यह कार्य सम्पादित हो जाता है। शक्तिपात के पश्चात्, अपनी शक्ति जाग उठने से, वह स्वयं भी अपनी इन्द्रियों और मन का संयम करने लगता है। प्राण से मनोनिरोध और मनोनिरोध से प्राण शक्ति का सञ्चय उत्तरोत्तर बढ़ने लगता है।

२८. स्मृतेश्च।

और स्मृतियों का भी प्रमाण है।

पुराणों और तन्त्र-शास्त्रों में इस विज्ञान का रहस्य अधिक विस्तार से मिलता है। यथा—

शक्तिपातसमायोगादृते तत्त्वानि तत्त्वतः।
तदव्याप्तिस्तद्विशुद्धिश्च ज्ञातुमेव न शक्यते॥

—शिवपुराण, वायवीय संहिता

—'शक्तिपात के समायोग के बिना तत्वतः तत्वों का ज्ञान, आत्मा की व्यापकता और उसके शुद्ध-बुद्ध स्वरूप का ज्ञान कदापि नहीं हो सकता।'

२९. तत्तुसति धर्माधर्मयोः साम्ये।

परन्तु वह शक्तिपात धर्म और अधर्म की साम्यावस्था होने पर होता है।

अर्थात् गुरुजन पापी मनुष्यों पर शक्तिपात नहीं करते और यदि करना भी चाहें तो पाप की अधिकता होने पर शक्ति का संक्रमण नहीं होता। पाप दग्ध होकर जब पाप-पुण्य की साम्यता आती है, तभी उसका विकास होता है। इसी अभिप्राय से कुष्ट, यक्ष्मा, मिरगी बवासीर, सुजाक, आतशक जैसे पापी रोगों से पीड़ित मनुष्यों को दीक्षा देने का निषेध है। अन्धे, काने, बहरे, अङ्गहीन और अधिकाङ्गियों की भी गणना इसी कोटी में की गयी है।

३०. यस्मिन्नपतति तद्धि न पात्रम्।

जिस मनुष्य में शक्ति नहीं गिरती, वह पात्र नहीं है।

परन्तु इस सूत्र का अर्थ यह भी नहीं है कि जिसमें शक्ति जाती है, वह दीक्षा का पात्र है ही। यह भी सम्भावना हो सकती है कि शक्ति जाने पर भी कोई-कोई दीक्षा के योग्य नहीं होते।

३१. वर्णानां न नियमः।

वर्णों का नियम नहीं है।

जिसको गुरु स्वीकार कर ले—वही पात्र है, वर्ण (जाति) का

नियम नहीं है। ईसाई, मुसलमान, यूरोप अथवा अन्य देशों के निवासी, सभी पात्र हो सकते हैं।

३२. बालवृद्धस्त्रीपुमान्सः सर्वेऽधिकारिणः।

बालक, वृद्ध, स्त्री और पुरुष सब अधिकारी हैं।

३३. एकाकी दीक्षितैर्वा सह समभ्यसेत्।

अकेला अथवा दीक्षितों के साथ अभ्यास करे।

३४. शुचौ गुप्तदेशे मठे गुहायां वा।

किसी शुद्ध गुप्त देश, बन्द कमरे, मठ अथवा गुफा में अभ्यास करे।

जन-समुदाय में सब के सामने अभ्यास करना निषिद्ध है, क्योंकि ऐसा करने से शक्ति का ह्रास होता है, साधक की उन्नति में बाधा पड़ती है और विघ्नों का भय रहता है।

३५ तत्र स्थापयेत् कम्बलासनमजिनासनं वा।

वहाँ पर कम्बल अथवा मृग या व्याघ्रादि के चर्म का आसन बिछावे। चटाई अथवा बिना आसन के भूमि, पत्थर या लकड़ी के आसन पर अभ्यास न करे।

तृतीय पाद

१. कोषेषु तद्विकासः ।

२. अन्नप्राणमनोविज्ञानानन्दमयाः श्रुतेः ।

कोषों में उसका विकास होता है। अन्नमय, प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय और आनन्दमय कोष हैं। श्रुति के अनुसार कोष पाँच हैं। तैत्तिरीय उपनिषद् में पाँच कोषों का वर्णन मिलता है। उन में से प्रथम चार तो कोष ही समझने चाहिए, परन्तु अन्तिम आनन्दमय तो स्वयं आत्मानन्द का ही रूप है—

'तस्य प्रियमेव शिरः, मोदो दक्षिण पक्षः, प्रमोदः उत्तर पक्षः, आनन्द आत्मा, ब्रह्म पुच्छं प्रतिष्ठा ।'

—'उस (आनन्दमय कोष) का सिर प्रियता है, दक्षिण पक्ष मोद, उत्तर पक्ष प्रमोद, आत्मा आनन्द और ब्रह्म उसकी पूँछ-प्रतिष्ठा है। इसलिए शक्ति का विकास प्रथम चार में तो प्रत्यक्ष प्रतीत होता ही है, परन्तु आनन्दमय में आनन्द के विकास का अर्थ विकल्प मात्र ही है। उसका अर्थ यही समझना चाहिए कि आनन्द का अनुभव होना ही आनन्दमय परमात्मा का साक्षात्कार है और यही आनन्दमय का विकास है—

'सवा एष पुरुषोऽन्नरसमयः, तस्माद्वा एतस्मादन्नरसमयात्, अन्योऽन्तर आत्मा प्राणमयः, प्राणमयात् अन्योऽन्तर

आत्मा मनोमयः, मनोमयात् अन्योऽन्तर आत्मा विज्ञानमयः, विज्ञानमयात् अन्योऽन्तर आत्मानंदमयः।'

—तै० २, ५

उक्त कोषों में शक्ति का विकास किस प्रकार होता है? इसके लिए नीचे कोषों का स्वरूप दिखाया जाता है।

३. पार्थिवोऽन्नमयः।

पार्थिव शरीर अन्न का बना हुआ है।

४. तत्र नाड्योऽनन्ताः।

उसमें अनन्त नाड़ियाँ हैं।

प्रश्नोपनिषद् में नाड़ियों की संख्या ७२०००००१ कही है। एक सुषुम्ना और १०० प्रधान नाड़ियाँ हैं। फिर इन प्रत्येक में से ७२००० शाखाएँ फूटती हैं। इस प्रकार अनन्त नाड़ियों से सारा शरीर व्याप्त है। अंग्रेजी में इन नाड़ियों को Nerves कहते हैं। नाड़ी-विज्ञान समझने के लिए हमारी अंग्रेजी की पुस्तक—'देवात्मशक्ति'—पढ़ें।

५. कंदस्तन्मूलम्।

कंद उनकी जड़ है।

कंद के अन्दर अंग्रेजी में Ganglion Impar नाम की एक ग्रन्थि बतायी जाती है। उस ग्रन्थि में से पश्चिम के विद्वानों के मत से दो नाड़ियाँ निकलती हैं जो मेरुदण्ड के बाहर उसके दक्षिण, वाम पक्ष में खड़ी हैं। उनका नाम अंग्रेजी में Sympathetic Columns रखा गया है। इन्हीं दोनों को इड़ा और

पिंगला कहते हैं। हमारे ऋषियों के मतानुसार कंद एक माँस-पेशी है जो ६ अंगुल लम्बी और ४ अंगुल घेरे वाली है। उसके केन्द्र में कुण्डलिनी शक्ति का स्थान है। वहाँ से सुषुम्ना, इड़ा और पिङ्गला तीनों का उद्गम होता है। यह स्थान गुदा के ऊपर और उपस्थ के नीचे मेरुदण्ड की अनुत्रिकास्थि के समीप है।

६. पायूपस्थयोर्मध्ये तत्स्थानम :

गुदा और उपस्थ दोनों के मध्यप्रांत में उस कन्द का स्थान है।

७. एतस्मादिडापिङ्गलासुषुम्ना उद्भूताः।

इससे इड़ा, पिङ्गला और सुषुम्ना निकलती हैं।

पश्चिम के डाक्टरों के मत से सुषुम्ना का उससे सम्बन्ध नहीं है, परन्तु योगियों का अनुभव इसके विपरीत है।

८. ताभ्यः शाखा प्रतिशाखा क्रमेण सहस्रशः।

उन तीनों से शाखा-प्रतिशाखा क्रम से हजारों नाड़ियाँ उत्पन्न होती हैं। पश्चिम के डाक्टरों के मतानुसार नाड़ियों का उद्गम-स्थान शिरःकपाल है, परन्तु योगियों का मत है कि कंद (ganglion impar) सब की जड़ है। उसमें से तीन तने (trunks) निकलते हैं जो नीचे पतले और ऊपर मोटे होते जाते हैं। उनमें से एक मेरुदण्ड के भीतर और दो बाहर खड़े हैं।

इड़ा और पिङ्गला में चौबीस-चौबीस गाँठें हैं जिनको अंग्रेजी में ganglia कहते हैं। योगशिखोपनिषद् में इनको मणि कहा

है। उक्त मणियों में से एक-एक शाखा सुषुम्ना के चित्रा विभाग में जा मिलती है। इड़ा से निकलने वाली चित्रा के वाम भाग में और पिङ्गला से निकलने वाली चित्रा के दक्षिण भाग में मिलती है। दूसरी ओर इन्हीं मणियों से अन्य शाखाएँ भी निकलती हैं। वे सब शरीर के सब अङ्ग-प्रत्यङ्गों में फैल जाती है, जैसे पीपल के पत्ते की नाड़ियाँ फैलती हैं।

उपरोक्त क्रन आधार से आज्ञा चक्र तक है। उसके ऊपर इड़ा, पिङ्गला का तो अन्त हो जाता है, परन्तु इनकी दो शाखाएँ दोनों नासापुटों तक जाती हैं और उनसे सम्बन्ध रखने वाले चित्रान्तर्गत शिरा-समूह दक्षिण से वाम ओर और वाम से दक्षिण ओर सङ्गम (क्रौस cross ×) करके मस्तिष्क में फैल जाते हैं। जिस स्थान पर ये क्रौस करती हैं, उस स्थान को वाराणसी कहते हैं। यहाँ पर विश्वनाथ विराजते हैं। आज्ञा चक्र को प्रयाग कहते हैं।

आज्ञा चक्र से किञ्चित् ऊपर मनोमय चक्र sensory centre है, जहाँ से आँख, कान, नाक, जिह्वा, मुख, हृदय से संबंध रखने वाली नाड़ियाँ निकलती हैं। पश्चिम के विद्वानों ने इन सब को तीन श्रेणियों में विभक्त किया हुआ है—(१) cerebrial nerves अर्थात् जो सुषुम्ना के छोटे मस्तिष्क-विभाग अर्थात् कपाल-कंद से निकलती हैं, (२) spinal जो मेरु से निकल कर सारे शरीर में फैल जाती हैं, और (३) sympathetic जो इड़ा और पिङ्गला से निकलकर सब अङ्गों में फैलती हैं। इनको sympathetic इसलिए कहते हैं क्योंकि ये सुषुम्ना को सहयोग देती हैं। भारत के विद्वानों ने इन सब को सुषुम्ना की शाखाएँ ही माना है, जैसा कि निम्न श्लोक में कहा गया है—

मध्यस्थायाः सुषुम्नायाः पर्व पंचसु संभवाः।
शाखोपशाखतां प्राप्ताः शिरालक्ष त्रयात्परम् ॥

—'शरीर के मध्य में स्थित सुषुम्ना के पाँचों पर्वों से उत्पन्न होने वाली नाड़ियाँ, शाखा-उपशाखा क्रम से, तीन लाख से भी अधिक हो जाती हैं।'

पाँच पर्व ये हैं,—ग्रीवा, पृष्ठ, नाभि, कटि और आधार। अंग्रेजी में इनके नाम इस प्रकार हैं—

(1) Cervical (2) Thorscial (3) Lumber (4) Sacral (5) Coccygeal.

उपरोक्त वर्णन से यह जानना आवश्यक है कि योगियों का क्रम कंद से ऊपर मस्तिष्क तक फैलना, सीधा अथवा लोम क्रम है और पश्चिम वालों का उलटा अथवा विलोम क्रम है। शक्ति प्रसुप्त रूप से (in statical form) कंद में निवास करती है और जब वह सुषुम्ना-द्वार से सहस्रार में चढ़कर समाधि लगाती है, तब मोक्ष की प्राप्ति होती है। इसके विपरीत इच्छा, संज्ञान और क्रियात्मक स्वरूप क्रम संसार में डालने वाला, जन्म, मृत्यु और भोग रूपी बन्धन का कारण है।

९. सुषुम्ना वंशस्थिता।

१०. तस्यामूर्धतो बज्राचित्रा विरजा क्रमेण संपुटिताः।

सुषुम्ना पृष्ठवंश अथवा मेरुदण्ड में स्थित है और ऊपर से केन्द्र की ओर उसके भीतर तीन विभाग हैं,—बज्रा, चित्रा और विरजा। इनके अंग्रेजी नाम इस प्रकार हैं—White portion, Grey portion and Empty canal.

११. पूर्वे द्वेबहिः।

पहली दोनों इड़ा, पिङ्गला मेरु के बाहर हैं।

१२. ते उत्तरस्यामर्पिते ।

वे दोनों सुषुम्ना में समर्पित हैं।

१३. सर्वोपरि वज्रा वज्रवद्दृढ़ा ।

सब से ऊपर वज्र के सदृश्य दृढ़ वज्रा है।

१४. मध्ये चित्रा चित्रवर्णा सव्याऽपसव्येड़ापिङ्गलावती ।

मध्य में चित्रवर्णा चित्रा है जो वाम-दक्षिण भागों में इड़ा और पिङ्गला के धर्म वाली है।

चित्रा के दोनों भागों से वाम-दक्षिण ओर नाड़ियाँ निकल कर पहले तो सुषुम्ना के ऊपर ही लपेटे खाती हैं, फिर वाम भाग वाली वंश के वाम छिद्र से और दक्षिण भाग वाली दक्षिण छिद्र से बाहर निकल कर इड़ा पिङ्गला से मिलती हैं और स्वतन्त्र रूप से भी हाथों-पैरों तक फैल जाती हैं। अर्थात् इनके द्वारा सारे शरीर का मस्तिष्क से सम्बन्ध बना हुआ है।

१५. विरजं ब्रह्मनाड़ी कमलकर्णिकावत् षट्चक्रवती च ।

विरजा (empty canal) ही ब्रह्मनाड़ी है जो कमल के नाल के सदृश्य और छः चक्रों वाली है।

वास्तव में चक्रों का स्थान चित्रा में ही जानना चाहिए, परन्तु जब तक ये चक्र नहीं खुलते, विरजा का मार्ग साफ नहीं होता।

१६. प्रमुखा मोक्षमार्गत्वाच्छ्रुतेः ।

यही प्रमुख है, मोक्ष का मार्ग होने के कारण। श्रुति इसका प्रमाण है—

'शतं चैका च हृदयस्य नाड्यस्तासां मूर्धानमभिनिःसृतैका ।
तयोर्ध्वमायन्नमृतत्वमेति विष्वङ्ङन्या उत्क्रमेण भवन्ति ॥'

—कठ०, २, ६, १६

—'हृदय की सौ और एक नाड़ियाँ हैं। उनमें से एक मूर्धा को चढ़ जाती है। उससे ऊपर जाकर अमरत्व को प्राप्त करता है और दूसरी नाड़ियों से उत्क्रमण करके विश्व में जन्म लेता है।'

यहाँ पर हृदय का अर्थ हृदयपिण्ड न लेकर हृदय की शक्ति अर्थात् प्राणशक्ति लेना चाहिए। इसलिए हृदय की नाड़ियों से अभिप्राय प्राणवाहिनी अथवा वात-नाड़ियों से है। श्रीमत् शङ्कराचार्य महाराज ने भी उक्त एक नाड़ी से सुषुम्ना नाड़ी को ही ग्रहण किया है और वह हृदय से नहीं, वरन् पृष्ठ वंश में चढ़ती है, जैसा कि निम्नोद्धृत श्लोक से स्पष्ट है—

'गुदस्य पृष्ठभागेऽस्मिन् वीणादण्डः स देहभृत् ।
दीर्घास्थि देहपर्यंतं ब्रह्मनाड़ीति कथ्यते ॥'

—योग शिखोपनिषत्, ६, ८

—'गुदा के पृष्ठ भाग में वीणादण्ड देह को धारण करता है। वह मोटी हड्डी का बना हुआ देह पर्यन्त है। उसमें ब्रह्म-नाड़ी स्थित है—ऐसा कहा जाता है।' कुछ लोगों का विचार है कि उपरोक्त कठ-वल्ली की श्रुति में हृदय शब्द आया है, इसलिए यह एक नाड़ी सुषुम्ना नहीं है, वरन् Vegus nerve है जिसको

पातञ्जल दर्शन में कूर्म नाड़ी कहा है। इस पर ध्यान करने से तो मन की स्थिरता मात्र होती है, परन्तु समाधि तो सुषुम्ना में प्राण चढ़ने से ही लगती है। क्योंकि—

१७. अनुभवादपि योगिनाम् ।

योगियों के अनुभव से भी वह सुषुम्ना ही है।

१८. स्मृतेश्च ।

स्मृतियों का भी प्रमाण है।

तंत्र शास्त्रों और पुराणों में सुषुम्ना का बहुत वर्णन मिलता है।

१९. संज्ञान-क्रियात्मकत्वात् द्विविधा अन्या ।

अन्य नाड़ियाँ दो प्रकार की हैं, संज्ञानात्मक और क्रियात्मक होने से।

२०. ताभिः प्राणश्चरति ।

उन नाड़ियों में प्राणशक्ति प्रवाहित होती है।

२१. एष प्राणमयः ।

यह प्राणमय कोष है।

प्राणमय कोष, अन्नमय कोष के अन्दर सूक्ष्म शक्तिमय कोष है। यह शक्ति यद्यपि स्थूल शरीर में पार्थिव तन्तुओं के जाल द्वारा उसको व्याप्त किये हुए है, तो भी उक्त तन्तु-जाल अथवा नाड़ियाँ प्राणमय कोष नहीं हैं।

२२. हृदि स्थानं मनसः ।

हृदय में मन का स्थान है ।

कुछ पाश्चात्य रङ्ग में रंगे लोगों का मत है कि मस्तिष्क (brain) से ही सब नाड़ियों (nerves) का सम्बन्ध है, हृदय से तो रक्त-पित्त-वाहिनी (artillaries and viens) का ही सम्बन्ध है । इसलिए कठोपनिषदोक्त १०१ नाड़ियों का उद्गम-स्थान हृदय कहीं मस्तिष्क (brain) में ही होना चाहिए और उस को वे योगियों का हृदय (yogic heart) कहते हैं । यद्यपि अपने उक्त काल्पनिक हृदय की स्थिति, आकार अथवा क्रिया का तो वे कुछ पता नहीं दे पाते, परन्तु प्रमाण में योगवासिष्ठ जैसे शास्त्रों के आधार पर अपनी पुष्टि करते हैं । नारायणोपनिषद् में हृदय का स्थान नाभि से १० अंगुल ऊपर स्पष्ट बताया गया है । सब आचार्यों ने हृदय को हृदय माना है । Heart शब्द भी हृदय शब्द का ही अपभ्रंश रूप है । हृदय के अधीन ही सब नाड़ियों का संयम है । Brain के निष्क्रिय होने पर यदि हृदय कार्य करता रहे तो मृत्यु नहीं होती और हृदय की गति बन्द होने पर तुरन्त मृत्यु हो जाती है । समाधि की अवस्था में यद्यपि हृदय की गति रुक जाती है, परन्तु प्राण की क्रियाएँ भी बन्द हो जाती हैं अथवा इतनी सूक्ष्म हो जाती हैं कि बन्दप्रायः प्रतीत होती हैं । किसी योगाचार्य ने यह नहीं कहा कि जहाँ सुषुम्ना-मार्ग से प्राण सहस्रार में चढ़ जाता है, वह स्थान हृदय है ।

योगिराज श्री रमण महर्षि हृदय का स्थान दाहिनी ओर बताया करते थे, जहाँ से 'अहम्' वृत्ति का स्फुरण अनुभव में आता है । इस विषय पर हमने Anatomists से परामर्श किया ।

उनका कहना है कि हृदय का ऊपरी कोण जो nervous Control करता है, वह दक्षिण की ओर झुका हुआ है। उसे ही कूर्म नाड़ी समझना चाहिए।

अब प्रश्न उठता है कि जब आणवोपाय द्वारा भी शाम्भवोपाय अर्थात् ब्रह्मभाव की उपलब्धि हो सकती है, तब शक्तिपात की क्या आवश्यकता है? यह कहा जा चुका है कि आणवोपाय के सब साधन परिश्रम एवं यत्नसाध्य हैं। यदि साधक गुरु के निर्देशानुसार और शास्त्रीय विधि-विधानों के अनुकूल अपनी अल्प एवं अनुभवहीन बुद्धि के कारण इनका अनुष्ठान ठीक न कर सके और लक्ष्य की प्राप्ति के पूर्व ही पथभ्रष्ट अथवा रोगाक्रान्त हो जाय, तो उसका सब परिश्रम व्यर्थ हो जाता है। अनेकों साधकों को देखा गया है कि दीर्घ समय तक साधनरत रहने पर भी सन्तोष-प्रद प्रगति नहीं कर पाये। शक्तिपात द्वारा शिष्य की प्रसुप्त आध्यात्मिक शक्ति, जो ज्ञानमयी है, जागकर उसे सब विघ्नों से बचाती हुई अनायास पार लगा देती है। दूसरा लाभ यह भी है कि साधक को विषयों से स्वतः विरति होने लगती है जो अति दुष्कर कार्य है। कहा है कि विषयों का रस परम दर्शन के पूर्व निवृत्त नहीं होता, और--

यततो ह्यपि कौन्तेय पुरुषस्य विपश्चितः।
इन्द्रियाणि प्रमाथीनि हरन्ति प्रसभं मनः॥

—गीता २, ६०

गुरु के अनुग्रह रूप शक्तिपात द्वारा साधक की प्रसुप्त शक्ति जागने पर उस का मन बहिर्विषयों से हटकर और अपने ही अन्दर के दिव्य अनुभवों का साक्षी बनकर आत्मरत होने लगता है और तब उसे बाह्य विषय फीके लगने लगते हैं –

'योऽन्तः सुखोऽन्तरारामस्तथान्तर्ज्योतिरेव यः ।
स योगी ब्रह्मनिर्वाणं ब्रह्मभूतोऽधिगच्छति ॥'

—गीता ५, २४

हमने चित्त को सिनेमा के पर्दे की उपमा दी है। यह पर्दा ऐसा विचित्र है कि स्वतः ही शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध सब विषयों को अपने पर ही अङ्कित किया करता है, स्वतः ही बुद्धि द्वारा उनको परखा करता है, मन द्वारा उन के आधार पर अनेक विविध सङ्कल्प किया करता है और स्वतः ही उन की आसक्ति में फँस भी जाता है। शक्ति जागने के उपरान्त उसे एक अपूर्व अन्तःसुख का अनुभव होता है जिसके कारण वह बाह्य विषयानन्द से विरत होकर आत्मस्थित रहने लगता है।

'मनोमयोऽयं पुरुषो भाः सत्यस्तस्मिन्नन्तर्हृदये ।'

—बृह० ५, ६, १

२३. तदपि प्राणाऽनुगम् ।

वह भी प्राण शक्ति के आधार पर चलता है ।

मन की गति भी प्राण के पीछे-पीछे है। कहा है—

इन्द्रियाणां हि चरतां यन्मनोऽनु विधीयते ।
तदस्य हरति प्रज्ञां वायुर्नावमिवाम्भसि ॥

—गीता २, ६७

—'चलती हुई इन्द्रियों के पीछे-पीछे जब मन चलता है, तब वह उस मनुष्य की बुद्धि को इस प्रकार हर लेता है जैसे समुद्र में नाव को वायु।' इन्द्रियाँ प्राणशक्ति का ही स्थूल कार्य हैं।

२४. एष मनोमयः

यह मनोमय कोष कहलाता है।

मन की गति ही, जो सङ्कल्पमय है, मनोमय कोष कहलाती है। चित्त की वृत्तियों को मनोमय कोष की तरंगें समझना चाहिए। कहा है—'सङ्कल्पात्मकं मन.'।

२५. कूर्मनाड्या तद्विज्ञानेन युक्तम ।

यह मनोमय कोष कूर्म नाड़ी के द्वारा विज्ञानमय से संयुक्त है।

कूर्म नाड़ी को अंग्रेजी में Vagus nerve कहते हैं।

२६. मूर्ध्नि विज्ञानमयः ।

मस्तिष्क में विज्ञानमय कोष है ।

विज्ञानमय कोष के धर्म चेतना, संवित्, बुद्धि और अहंकृति हैं। अंग्रेजी में इनको Different states of conciousness के अन्तर्गत माना जाता है। विज्ञानमय कोष की तीन तह या स्तर हैं—

(१) संस्कारों का आशय Sub-conciousness, (२) स्मृति Memory or personal conciousness और (३) शुद्ध संवित् pure or impersonal conciousness.

इस जन्म अथवा पूर्वजन्म में मनुष्य ने जो-जो अच्छे या बुरे कर्म किये हैं, उनके संस्कार विज्ञानमय कोष में सदा सञ्चित रहते हैं जिसको संस्काराशय अथवा कारण शरीर कहते हैं। परन्तु उनका ज्ञान तभी होता है जब वे स्मृति-पटल पर आ जाते हैं। यही विज्ञानमय कोष का अङ्ग है। पहली संस्कारों की और दूसरी स्मृति की अवस्था है। शुद्ध संवित् में निरुपाधिक ज्ञान होता है जो शुद्ध सत्व गुण की प्रधानता से दीख पड़ता है। उसमें इन्द्रिय-ज्ञान अथवा वृत्तिज्ञान का अभाव रहता है।

२७. संज्ञान क्रियेच्छात्मिकाशक्तिः ।

शक्ति संज्ञानात्मिका, क्रियात्मिका और इच्छात्मिका,—तीन रूप से व्यक्त होती है ।

२८. मनोविज्ञानाभ्यामिच्छा ।

मन और विज्ञान के द्वारा इच्छा शक्ति कार्य करती है ।

२९. ज्ञानेन्द्रियैः संज्ञाना ।

ज्ञानेन्द्रियों के द्वारा संज्ञान शक्ति कार्य करती है ।

गन्ध, रस, रूप. स्पर्श और श्रवण की ५ इन्द्रियाँ ज्ञानेन्द्रियाँ हैं । इन में जो शक्ति कार्य करती है, उसको संज्ञान शक्ति कहते हैं ।

३०. कर्मेन्द्रियैः क्रिया ।

कर्मेन्द्रियों द्वारा क्रिया शक्ति कार्य करती है ।

बोलना. पकड़ना, चलना, मैथुन की क्रिया करना और मल-मूत्र का त्याग करना क्रिया शक्ति के कार्य हैं ।

३१. सर्वं प्राणे प्रतिष्ठितम् ।

उपरोक्त सब प्राण में प्रतिष्ठित हैं ।

'अराइव रथनाभौ प्राणे सर्वं प्रतिष्ठितम्'

—प्रश्नोपनिषत् २, ६

—'जिस प्रकार रथ के पहियों की नाभि में अरे लगे रहते हैं, उसी तरह शरीर, इन्द्रियाँ, मन और बुद्धि सब प्राण में प्रतिष्ठित हैं ।'

३२. प्राणः पञ्चविधः ।

प्राण पाँच प्रकार का है ।

३३. प्राणोऽपानः समानो व्यानः उदानश्च ।

प्राण, अपान, समान, व्यान और उदान ।

ये पाँचों एक ही शक्ति के अवान्तर भेद हैं, यद्यपि वे पाँच प्रकार से कार्य करते दृष्टिगोचर होते हैं। इसका कार्य पिण्ड और ब्रह्माण्ड में सर्वत्र व्याप्त है। इसीलिए उपनिषदों में इसका आधिभौतिक और आध्यात्मिक दोनों दृष्टिकोणों से वर्णन किया गया है। जैसे—

आदित्यो हवै प्राणः । —प्रश्न० १, ५

—'आदित्य ही निश्चय से प्राण है।' वह एक ही पाँच रूप बनाकर सब को धारण करता है।

तान् वरिष्ठः प्राण उवाच मा मोह मापद्यथ अहमेवैतत्पञ्चधात्मान् प्रविभज्यैतद् वाणमवष्टभ्य विधारयामीति।
—प्रश्न० २, ३

—'उन (आकाशादि पञ्चतत्व, वाक् आदि कर्मेन्द्रियों मन और चक्षु इत्यादि ज्ञानेन्द्रियों) से सर्वश्रेष्ठ प्राण ने कहा कि तुम इस मोह में मत पड़ो कि हम ही इस शरीर को अथवा ब्रह्माण्ड को धारण कर रहे हैं, क्योंकि मैं ही अपने आपको पाँच रूपों में विभक्त करके इस शरीर को आश्रय देकर आधिभौतिक जगत् में धारण कर रहा हूँ।'

एषोऽग्निस्तपत्येष सूर्य एष पर्जन्यो मघवानेषवायुः ।
एष पृथिवी रयिर्देवः सदसच्चामृतं चयत् ॥
—प्रश्न० २, ५

—'यही प्राण अग्नि के रूप में तपता है, यही सूर्य है, यही इन्द्र होकर बरसता है, यही वायु है, यही पृथ्वी है और यही रयि है अर्थात् यह देव सब भोग-पदार्थों के रूप में है। कहाँ तक कहें, सत्-असत् सब कुछ यही है और अमृत भी यही है।'

आदित्यो ह वै बाह्यः····· प्राण पृथिव्यां या देवता सैषा पुरुषस्यापानमवष्टभ्यान्तरा यत् आकाशः स समानो वायुर्व्यानः। तेजोहवा उदानः। — प्रश्न ३, ८६

—'आदित्य (सूर्य) बाह्य प्राण है, पृथ्वी की जो देवता रूपी शक्ति है, वह पुरुष के अपान को आश्रय देकर अन्दर फैली हुई है, आकाश समान है, वायु व्यान है और तेज ही उदान है।'

आध्यात्मिक पाँचों रूप भी उस एक ही प्राण शक्ति के अवान्तर भेद हैं, यथा—

...एष प्राण इतरान्प्राणान्पृथक्पृथगेव संनिधत्ते।

—प्रश्न० ३, ४

—'यह प्राण ही दूसरे प्राणों को पृथक्-पृथक् धारण करता है।'

उक्त पञ्चधा प्राण-शक्ति के भेदों से प्राणमय कोष बनता है।

३४. दशविध इतिकेचित्। नाग कूर्म कृकिल देवदत्त धनञ्जयाऽभिधेया अन्ये।

'प्राण दस प्रकार का है'—ऐसा भी किसी-किसी का मत है। नाग, कूर्म, कृकिल, देवदत्त और धनञ्जय पाँच नाम वाले अन्य पाँच हैं।

छींकने, हिचकी लेने, डकार आदि क्रियाओं में नाग काम करता है। नेत्रों के पलकों के निमेषोन्मेष में कूर्म, भूख-प्यास लगाने में

कृकिल; निद्रा लाने में देवदत्त और मृत्यु के पश्चात् भी शरीर की आकृति को बनाये रखने में धनञ्जय कार्य करता है। ये भी प्राणमय कोष के ही अन्तर्गत हैं।

३५. चक्षुः श्रोत्रे मुखनासिकाभ्यां प्राणः स्वयं प्रतिष्ठिते।

चक्षु और श्रोत्र की इन्द्रियों में, मुख और नासिका के द्वारा प्राण स्वयं प्रतिष्ठित है।

३६. अपनयतीति* अपानः।

नीचे ले जाने वाली शक्ति का नाम अपान है।

जैसा कि कहा है—

पायूपस्थेऽपानम्। —प्रश्न० ३-५

—'गुदा और उपस्थ में अपान काम करता है।'

३७. समं नयतीति समानः।

जो समानता से सब जगह ले जाता है, वह समान वायु है।

जैसा कि श्रुति में कहा है—

मध्येतु समानः। एषह्येतदभुक्तमन्नं समं नयति तस्मादेताः सप्तार्चिषो भवन्ति। —प्रश्न ३, ५

---

*प्राण, अपान इत्यादि शब्दों की व्युपत्ति 'अनच्' धातु से है जिस का अर्थ जीवन धारण करना है। इसलिए पाँचों प्राणों का अर्थ अपनी-अपनी क्रिया से जीवन को धारण करना है। यदि इन में से एक की भी क्रिया विकृत हो जाती है तो वही मृत्यु का कारण बन जाता है।

—'मध्य में समान रहता है, यही खाये हुए अन्न को सारे शरीर में समान रूप से पहुँचाता है जिससे ये सात ज्वालाएँ बनती हैं,—२ कान, २ आँख, २ नासिका-रन्ध्र और १ मुख। अथवा ५ ज्ञानेन्द्रियाँ, मन और बुद्धि मिलकर १७ ज्वालाएँ हैं।'

३८. व्याप्नोतीति व्यानः।

व्यापक है, इसलिए व्यान कहते हैं।

द्वासप्ततिर्द्वासप्ततिः प्रतिशाखा नाड़ी सहस्राणि भवन्त्या-सुव्यानश्चरति। —प्रश्न० ३, ६

—'शाखा-प्रतिशाखा रूप से बहत्तर हजार की संख्या वाली सब नाड़ियों में जो शक्ति-सञ्चार करता है, वह व्यान है।'

३९. ऊर्ध्वनयतीत्युदानः।

ऊपर ले जाता है, उसको उदान कहते हैं।

इसी के बल से योगी अपने वीर्य की रक्षा कर के ब्रह्मचर्य का पालन करते हैं, उसको ऊपर खींचकर ऊर्ध्वरेता कहलाते हैं और सुषुम्णा में प्राण चढ़ाकर समाधि का अनुभव लेते हैं। मृत्यु के समय साधारण मनुष्यों के प्राण को खींचकर यही शक्ति दूसरे पुण्यापुण्य अथवा मनुष्य लोक में ले जाती है। जैसा कि श्रुति में कहा है—

अथैकयोर्ध्व उदानः पुण्येन पुण्यं लोकं नयति,
पापेन पापमुभाभ्यां मनुष्य लोकम्। —प्रश्न ३-७

—'और उन सब नाड़ियों में एक नाड़ी से ऊपर की ओर जाने वाला उदान पुण्य से अच्छे लोकों को, पाप से बुरे लोकों को और दोनों से मनुष्य लोक को ले जाता है।'

उक्त श्रुति के भाष्य में श्रीमच्छङ्कराचार्य 'एक नाड़ी' का अर्थ सुषुम्ना नाड़ी के द्वारा उदान का ऊपर ले जाना कहते हैं।

४०. असङ्गो ह्ययमात्माऽऽनन्दमयः।

आत्मा, जो असङ्ग ही है, वह स्वयं आनन्दमय है। यद्यपि आत्मा से निस्सृत् आनन्द का यह कोष तमोगुण के आवरण से आवृत है।

ब्रह्मसूत्रों में भगवान् व्यास जी ने कहा है कि आनन्दमय में 'मयट्' प्रत्यय प्राचुर्यार्थ में प्रयुक्त है, न कि विकारार्थ में, जैसा कि इसके विपरीत अन्न-रसमय, प्राणमय, मनोमय और विज्ञानमय में 'मयट्' का प्रयोग विकारार्थ में किया गया है (विकार शब्दान्नेति चेन्न प्राचुर्यात्'--१, १, १३)। पूर्व पक्ष में शङ्का करते हैं कि विकार के लिए 'मयट्' प्रत्यान्त शब्द का प्रयोग होने से आनन्दमय ब्रह्म के लिए नहीं कहा गया, अन्नमयादि के सदृश्य आनन्द के विकार का ही कोई कोष होना चाहिए। फिर इस शङ्का का उत्तर पक्ष में समाधान करते हैं कि ऐसा नहीं है, यहाँ पर 'मयट्' प्रत्यय का प्रयोग प्राचुर्य के अर्थ में किया गया है, विकार के अर्थ में नहीं। यद्यपि आगे सिद्धान्त पक्ष में वे सिद्ध करते हैं कि आनन्दमय भी एक कोष ही है जिसको सुषुप्ति समझना चाहिए।

४१. विकास आनन्द-घूर्णा-कम्पोद्भव-निद्रामूर्च्छात्मकः।

विकास आनन्द, घूर्णा, कम्प का उद्भव, निद्रा और मूर्छा के रूप में होता है।

शक्तिपात होने के पश्चात् शिष्य की शक्ति जागने से उसके स्थूल-सूक्ष्म शरीरों में शक्ति का विकास होता है। जब तक पूर्ण

विकास न हो तब तक उसका गुरु के समीप रहना उचित है, इसीलिए तीन रात्रियों के नियम का विधान किया गया है। साधारणतः सब को तीन दिन में विकास हो ही जाता है। उत्तम अधिकारियों को तो तत्क्षण ही पूर्ण विकास हो जाता है; परन्तु उनको भी तीन रात्रि के नियम का पालन करना ही चाहिए।

जैसा कि ऊपर समझाया गया है, विकास प्राण शक्ति के उत्थान से होता है। इसलिए सर्वप्रथम प्राणमय कोष पर ही प्रभाव पड़ता है जिससे नशा-सा, सिर या सारे शरीर में भारीपन इत्यादि चिन्ह प्रकट होते हैं। फिर स्थूल शरीर अर्थात् अन्नमय कोष में कम्प, घूर्णा अर्थात् चुमेर होने लगती है, शरीर क्रियाएँ करने लगता है और साथ ही मन में आनन्द के स्रोत उमड़ने लगते हैं। कभी-कभी निद्रा भी आ जाती है और किसी-किसी को आनन्दयुक्त मूर्छा-सी भी होती है, परन्तु साधारणतः मूर्छा देखने में नहीं आती, मनुष्य को सब अनुभवों का ज्ञान बराबर बना रहता है। चित्त का निरोध होना मनोमय का विकास समझना चाहिए। दिव्य श्रवण, दिव्य दर्शन, दिव्य स्पर्श, दिव्य रस और दिव्य गन्ध के अनुभव विज्ञानमय कोष के विकास हैं और आनन्द के प्रादुर्भाव को आनन्दस्वरूप आत्मा का ही अनुभव समझना चाहिए।

यह कहा जा चुका है कि विकास प्राणशक्ति के उत्थान के कारण होता है। उपनिषदों में प्राणोपासना का वर्णन मिलता है और 'प्राण ब्रह्म ही है'—ऐसा कहा गया है। साधारण बोलचाल में भी प्राण शब्द का प्रयोग चेतना शक्ति के लिए ही व्यवहार में लाया जाता है। मरण के लिए प्राणान्त शब्द का प्रयोग प्रायः किया जाता है और प्राणी से जीवधारी का अभिप्राय होता है।

श्वास-गति को भी प्राण कहते हैं, क्योंकि श्वास-प्रश्वास पर जीवन का आधार है और उसी से सारी जीवन-कलाएँ कार्य करती

हैं। यथार्थ में प्राण वह शक्ति है जिससे सारे अङ्ग-प्रत्यङ्ग और नस-नाड़ियाँ निरन्तर अपना-अपना काम करती हैं। इन्द्रियाँ, मन तथा बुद्धि भी प्राण के आधार पर स्थित हैं। जाग्रत, स्वप्न और सुषुप्ति अवस्थाएँ भी प्राण के ही आश्रित हैं। यद्यपि इन्द्रियाँ, मन और बुद्धि सुषुप्ति में निष्क्रिय हो जाते हैं, पर प्राण तब भी अपना कार्य करते रहते हैं। श्वास-प्रश्वास को प्राण कहने का अभिप्राय यह है कि हृदय और फुप्फुस को सतत् कार्यशील रखने वाली शक्ति मुख्य प्राण है।

तीनों अवस्थाओं में प्राण-शक्ति का प्रवाह सारे शरीर की नाड़ियों में होता रहता है और उक्त नाड़ियों का पृथक्-पृथक् कार्य निश्चित् है। परन्तु प्राण-प्रवाह सदा बहिर्मुख रहता है। जब वह अन्तर्मुख होने लगता है, तब उसका प्रवाह सुषुम्ना नाड़ी के मार्ग से ब्रह्मरन्ध्र में चढ़ता हुआ समझना चाहिए। ब्रह्मरन्ध्र में प्राण चढ़ने से समाधि लगती है और उससे नीचे की अवस्थाओं में चित्त की एकाग्रता आती है। सुषुम्ना में समष्टि प्राण का उत्थान होने पर बाह्य क्रियाएँ बन्द हो जाती हैं, यहाँ तक कि श्वास और हृदय की गति भी बन्द हो जाती है।

योग के अभ्यास से शक्ति के जागने पर नाड़ियों के मल की शुद्धि होने लगती है और वे शुद्ध होकर सुगम हो जाती हैं। तब उनमें शक्ति के प्रवाह में कोई रुकावट नहीं रहती, सङ्कल्प मात्र से विद्युत् के सदृश्य सञ्चार होने लगता है और तब सारे शरीर की नाड़ियों से खिचकर प्राण सरलता से सुषुम्ना में चढ़ने लगते हैं।

उपरोक्त प्राण-अपानादि उस एक प्राणशक्ति के ही अवान्तर भेद हैं। उसके भिन्न-भिन्न कार्य-क्रमों के अनुसार भिन्न-भिन्न नाम रख दिये गये हैं, जैसा कि ऊपर के सूत्रों से स्पष्ट है।

चतुर्थ पाद

●

१. कुण्डलिनी प्रणवस्वरूपिणी ।

कुण्डलिनी प्रणवस्वरूपिणी है ।

महा कुण्डलिनी प्रोक्ता परब्रह्म स्वरूपिणी ।
शब्दब्रह्ममयी देवी एकाऽनेकाक्षराऽकृतिः ।।

—योग कुण्डलिन्योपनिषत्

—'कुण्डलिनी शक्ति परब्रह्म स्वरूपिणी, महादेवी, शब्द-ब्रह्ममयी अर्थात् प्रणवस्वरूपिणी है, एक और अनेक अक्षरों के मन्त्रों की आकृति में व्यक्त होती है ।'

अ=सत्वगुण, उ=रजोगुण, म्=तनोगुण है और अर्द्धमात्रा से उत्पन्न होने वाली अनुनासिक ध्वनि आत्मा के शुद्ध स्वरूप की व्यञ्जक है जो अन्त में घण्टा-नादवत् ब्रह्म में लय हो जाती है । इन्हें ही कुण्डलिनी शक्ति के साढ़े तीन कुण्डल समझना चाहिए जो स्वयम्भू लिङ्ग पर वेष्टित हैं ।

२. मूलाधारे प्रसुप्ता साऽत्मशक्तिः ।

वह आत्मशक्ति मूलाधार में सो रही है (Lies in the Static Form) ।

सोती हुई कुण्डलिनी को मुख में पूँछ दबाकर सुषुम्ना के द्वार को रोके हुए बताया जाता है । वास्तव में यह आध्यात्मिक शक्ति का अलंकृत भाषा में वर्णन किया गया है ।

३. उन्निद्रिता विशुद्धे तिष्ठति मुक्तिरूपा पराशक्तिः।

जागी हुई (When in Dynamic Form) वह मुक्ति-रूपा पराशक्ति विशुद्ध चक्र में विराजती है।

शक्ति के जागने पर तीनों गुणों के बन्धन ढीले पड़ जाते हैं और कुण्डलिनी अपने कुण्डलों को छोड़कर सीधी सर्पाकृति हो जाती है। शक्ति का उठना और सुषुम्ना में होकर कपाल में चढ़ना योगियों के प्रत्यक्ष अनुभव में आता है। उसकी गति सर्पवत् प्रतीत होने के कारण उसकी उपमा सर्प से दी जाती है।

यावत्सा निद्रिता देहे तावज्जीवः पशुर्यथा।
ज्ञानं न जायते तावत् कोटियोगविधेरपि॥

—'जब तक वह देह में सोती रहती है, तब तक मनुष्य पशुवत् व्यवहार करता है, क्योंकि तब तक करोड़ों योग-साधन करने से भी ब्रह्मज्ञान उत्पन्न नहीं होता।'

बहुत से मनुष्यों की धारणा है कि कुण्डलिनी एक नाड़ी है। वास्तव में ऐसा अनुमान होता है कि कन्द (Ganglion impar) में शक्ति प्रसुप्त रूप (Static Form) में सदा रहती है और जागने पर उस में से निकल-निकल कर (Kinetic) गति रूप में सुषुम्ना में चढ़ने लगती है। कन्द उक्त शक्ति का अनन्त भण्डार है। जागने पर उसका आध्यात्मिक चेतन स्वरूप शरीर, मन, वाणी में व्यक्त होने लगता है।

४. योगाभ्यासात्तीव्र वैराग्याच्च।

योग के अभ्यास और तीव्र वैराग्य से जाग जाती है।

५. ज्ञानभक्तिभ्यां वा।

ज्ञान और भक्ति से भी।

केवल शाब्दिक ज्ञान से नहीं जागती, इसीलिए श्रवण, मनन और निदिध्यासन की आवश्यकता है।

६. प्राणायामाद्वा ।

अथवा प्राणायाम करने से।

प्राणायाम अष्टाङ्ग योग का चौथा अङ्ग है, इसलिए चौथे सूत्र में योग के अभ्यास के अन्दर आ जाता है। यहाँ पर फिर प्राणायाम को एक अलग उपाय कहने का अभिप्राय यह है कि केवल प्राणायाम के अभ्यास से भी शक्ति जाग उठती है। कहा है— 'न प्राणायामात्परं तपः'—प्राणायाम से बड़ा दूसरा तप नहीं है। यहाँ पर प्राणायाम का अर्थ सहितकुम्भकों से है, जैसे भस्त्रिका, उज्जायी इत्यादि। पूरक, रेचक सहित कुम्भक को 'सहितकुम्भक' कहते हैं।

७. शक्तिपाताद्विशेषेण ।

शक्तिपात के द्वारा विशेषता से जाग जाती है।

शक्तिपात में विशेषता यह है कि शिष्य के प्रयास के बिना ही गुरु-कृपा से शक्ति तुरन्त जाग जाती है, नहीं तो साधक को निरन्तर दीर्घकाल तक उसके जगाने के लिए ही कष्टसाध्य यत्न करना पड़ता है और उस में भी हानि होने की सम्भावना रहती है।

८. तत्तु गुरुकृपयैव लभ्यते ।

परन्तु यह गुरु की कृपा के द्वारा ही होता है।

९. ततः क्रियावती च भवति ज्ञानवत्त्वात् ।

उस (शक्तिपात) से क्रियावती भी हो जाती है, शक्ति के ज्ञानवती होने के कारण।

कुण्डलिनी के—अविद्या और विद्या—दो रूप कहे जा सकते हैं। अविद्या अवस्था में, सोती हुई, बन्धन का कारण होती है और जागने पर विद्यावस्था धारण कर के मोक्षप्रदा होती है। जागने पर उस के तीन स्वरूप होते हैं—क्रिया-रहिता, क्रिया-शीला और लयावस्था। क्रिया-रहिता में मनुष्य की प्रवृत्ति विवेक, वैराग्य की ओर होती है परन्तु मोक्ष-साधन का प्रारम्भ नहीं होता। हाँ, शक्ति पापों का नाश करती रहती है। पापों का नाश होने पर उसकी मोक्ष-यात्रा का प्रारम्भ होता है। समाधि अथवा मोक्षावस्था में शक्ति ब्रह्म में लय हो जाती है।



क्रियावती होने पर हठयोग के विविध आसन, प्राणायाम, बन्ध मुद्राएँ, भक्ति की विभिन्न अवस्थाएँ, नृत्य, गीत, उद्गीथ,

प्रणव-ध्वनि, नाम-कीर्तन और मन्त्रयोग, ज्ञानयोग की अनेक क्रियाओं का साधक को अनुभव होता है। इन क्रियाओं का कारण शक्ति का ज्ञानवती होना है। यदि शक्ति अचेतनवत् व्यवहार करती तो उसकी क्रियाएँ ऐसी चेतना और ज्ञानयुक्त न होतीं।

१०. क्रियाः स्थूल-लिङ्ग-कारणभेदतो बहुविधाः।

क्रियाएँ स्थूल, सूक्ष्म और कारण शरीरों के भेद से नाना प्रकार की होती हैं।

शक्ति के जागने में और क्रियाशील होने में भी अन्तर है। क्रियाशीला होने पर ही शारीरिक, मानसिक क्रियाओं का विकास होता है, केवल जागने भर से नहीं होता। स्थूल शरीर, सूक्ष्म शरीर और कारण शरीर की क्रियाएँ अलग-अलग अनुभव में आती हैं। सब मनुष्यों को एक समान क्रियाएँ नहीं होतीं, सब की भिन्न-भिन्न प्रकृति, स्वभाव और संस्कारों के अनुसार बहुत प्रकार की होती हैं। सब मनुष्य अपनी-अपनी अलग क्रियाएँ करते हैं, इसलिए यह सहज या स्वाभाविक योग भी कहलाता है और किसी को इस से हानि की सम्भावना नहीं होती। प्रायः देखा गया है कि प्राणायाम, शीर्षासनादि क्रियाओं का अभ्यास करने वाले रोगाक्रान्त हो जाते हैं। इसका कारण यह है कि उक्त क्रियाएँ उनकी प्रकृति के अनुकूल नहीं हैं। शक्ति के क्रियाशीला होने पर स्वाभाविक क्रियाएँ विकसित होती हैं और वे देश, काल, ऋतु के अनुसार साधक के शरीर, मन, प्राण के अनुकूल ही होती हैं।

११. कायिक वाचिक मानसिकाः।

क्रियाएँ शारीरिक, वाचिक और मानसिक,—तीनों प्रकार की होती हैं।

१२. ता नेच्छातन्त्राः संस्कारतंत्रत्वात् ।

वे इच्छा की नहीं, संस्कारों की तन्त्र होने के कारण।

इच्छा चाहे गुरु की हो, चाहे शिष्य की,—क्रियाएँ किसी की इच्छा के अधीन नहीं होतीं।

१३. शक्तितन्त्रत्वाद्वा ।

चाहे उनको शक्ति के तन्त्र मानो।

क्योंकि शक्ति का वेग होने पर नाना प्रकार की क्रियाएँ होने लगती हैं।

दूसरे, शक्ति ज्ञानवती कही गई है, इसलिए भी वह स्वतन्त्र है।

१४. तद्वेगस्तु न तथा ।

परन्तु उसका वेग भी उक्त प्रकार इच्छा के तन्त्र नहीं है,—ऐसा नहीं है।

क्योंकि इच्छा से वेग को रोका जा सकता है। यदि किसी साधक को बाहर किसी जन-समुदाय में वेग आ जाय, तो वहाँ पर वह अपनी इच्छा से अपने वेग को रोक सकता है। क्रियाएँ सदा एकान्त स्थान और बन्द कमरे में करने का विधान है, जनसमुदाय में नहीं,—जैसे कि आजकल जनसमुदाय में भगवत्-कीर्तन करते समय भाव-प्रदर्शन करने और नाच कर तमाशा-सा करने का रिवाज़ कुछ महात्माओं ने चलाया है। जनसमुदाय में क्रियाएँ करने से शक्ति का अनुचित संक्रमण और ह्रास होता है, जैसा कि पहले कहा जा चुका है।

१५. ततः प्राणापानयोरुत्थानम् ।

क्रियाएँ करने से प्राण और अपान का उत्थान होने लगता है।

पहले कह आये हैं कि शक्ति के जागने से प्राणशक्ति का उत्थान होता है। यहाँ पर बताया गया है कि क्रियाएँ होने के फल-स्वरूप भी प्राण और अपान दोनों का उत्थान होता है। इसलिए जितनी अधिक देर तक अभ्यास किया जाता है और जितनी अधिक क्रियाएँ होती हैं, उतनी ही शीघ्रता से प्राण-अपान का उत्थान होकर अधिक उन्नति होती है।

१६. सुषुम्नां व्रजति ।

शक्ति सुषुम्ना में प्रवेश करने लगती है।

१७. चक्राणि भिनत्ति ।

चक्रों का वेध करती है।

१८. ततो नाड़ीशुद्धिः ।

उस से नाड़ियों की शुद्धि होती है।

सुषुम्ना से सब नाड़ियों का सम्बन्ध है। वे उसमें से शाखो-पशाखा क्रम से निकलकर अङ्ग-प्रत्यङ्ग में फैली हैं, इसलिए शक्ति सुषुम्ना में प्रवेश करके, चक्रों का वेध करके, सारे नाड़ी-जाल में वेगपूर्वक फैल जाती है,—जैसे हौज में भरा हुआ जल नगर के प्रत्येक घर, गली और बाजार के नलों में वेग से फैल जाता है। यदि किसी नल में किसी प्रकार की रुकावट हो तो वह भी पानी के वेग से स्वयं दूर हो जाती है।

१६. प्राणमये सञ्चालयति प्राणम् ।

प्राणमय कोष में सर्वत्र प्राण का सञ्चालन कर देती है।

नाड़ी-शुद्धि होने पर, समस्त नाड़ी-जाल शुद्ध हो जाने के कारण, प्रत्येक शाखा-उपशाखा में सर्वत्र प्राण का वेग से सञ्चार होने लगता है और प्राणमय कोष शक्ति से आनखशिख परिपूर्ण हो जाता है। इस अवस्था का नाम घटा अवस्था है। क्रियाओं के आरम्भ होने से आरम्भ अवस्था कहलाती है। आरम्भ अवस्था में शक्ति के ऊर्ध्वगामी होने से इन्द्रियाँ अन्तर्मुख होने लगती हैं और शक्ति के वेग से प्राणमय कोष के प्राण से परिपूर्ण हो जाने पर घटावस्था कहलाती है।

२०. तदा प्राणायामसिद्धिश्च ।

तब प्राणायाम की सिद्धि होती है।

२१. सा चतुर्विधा ।

वह प्राणायाम की सिद्धि चतुर्विध होती है।

२२. प्राणस्यापानेऽपानस्य प्राणे योग उभयोर्गति-रोधश्च ।

२३. केवल: प्राणविलीने चतुर्थः ।

अपान में प्राण का योग होना, प्राण में अपान का योग होना और दोनों की गति का निरोध होना। चौथा केवल प्राणायाम है जिसमें प्राण का लय हो जाता है।

जैसा कि श्री भगवान् ने गीता में अर्जुन से यज्ञों का वर्णन करते हुए कहा है—

अपाने जुह्वति प्राणं प्राणेऽपानं तथापरे।
प्राणापान गतीरुद्ध्वा प्राणायाम परायणाः ॥
अपरे नियताहाराः प्राणान् प्राणेषु जुह्वति।
सर्वेऽप्येते यज्ञविदो यज्ञक्षपितकल्मषाः ॥

—'कोई तो अपान में प्राण की आहुति देते हैं, दूसरे प्राण में अपान की आहुति डालते हैं, कोई प्राण और अपान की गति को रोक कर प्राणायाम करते हैं और दूसरे नियमपूर्वक आहार करके प्राण की प्राण में आहुति देते हैं। ये सब ही यज्ञ के जानने वाले हैं जिन्होंने अपने पापों को यज्ञ द्वारा निकाल फेंका है।

उक्त चारों प्रकार के प्राणायामों का श्वास-प्रश्वास के पूरक, रेचक और कुम्भक प्राणायामों से अभिप्राय नहीं है, परन्तु रेचक-पूरक द्वारा इनकी सिद्धि हो सकती है और शक्ति जागने पर बिना रेचक-पूरक के भी सिद्ध होते हैं। चारों की क्रियाएँ नीचे समझायी जाती हैं। पाठकों को यह बात तो उपरोक्त श्लोकों से समझ में आ ही गयी होगी कि असली प्राणायाम प्राण और अपान के मिलने से होता है। 'ये दोनों शक्तियाँ कहाँ और किस प्रकार मिलायी जाती हैं?'—यही समझने की बात है।

अपान शक्ति का स्थान पायु तथा उपस्थ है अर्थात् अपान आधार चक्र के समीप रहता है और उसकी गति नीचे की ओर होती है। प्राण शक्ति हृदय से ऊपर के भाग में काम करती है। दोनों का योग कर के इनको सुषुम्ना-विवर में प्रविष्ट करना चाहिए। सुषुम्ना में प्रवेश करने का द्वार कुण्डलिनी के स्थान पर है जो मूलाधार और स्वाधिष्ठान के बीच में स्थित है अर्थात् प्राण और अपान दोनों को इसी स्थान पर खींचकर मिलाना होता है जिस से दोनों मिलकर सुषुम्ना में प्रवेश करते हैं। तब घटावस्था

की सिद्धि होती है और योगी के किञ्चित् प्रयत्न अथवा सङ्कल्प मात्र से जहाँ चाहे वहीं प्राण का प्रवाह सुगमता से होने लगता है।

(१) अपान शक्ति में प्राणों की आहुति देने के लिए प्राण को नीचे उतारना पड़ेगा और उसको आधार चक्र में ले जाकर अपान में मिलाना पड़ेगा। यह क्रिया पूरक और अन्दर के कुम्भक करने से भी सिद्ध होती है। श्वास को फुप्फुस Lungs में धीरे-धीरे, परन्तु दबाव के साथ खींचकर पूरक करना पड़ता है। फिर कण्ठ का सङ्कोचन कर के जालन्धर बन्ध द्वारा वायु को जोर से नीचे दबाया जाता है। इस क्रिया से, कुछ अभ्यास के पश्चात्, प्राण शक्ति ऊपर के भाग की सब नाड़ियों से इड़ा-पिङ्गला नाड़ियों में खिचकर नीचे की ओर उतरने लगती है और धीरे-धीरे कन्द के पास मूलाधार चक्र में एकत्रित होती है। वहाँ पर योगी ने पहले से ही सिद्धासन अथवा गुदा का सङ्कोचन कर के मूल बन्ध द्वारा अपान शक्ति को रोका हुआ होता ही है। इस प्रकार वहाँ दोनों का योग किया जाता है। यह प्राण की अपान में आहुति हुई।

(२) फिर रेचक द्वारा धीरे-धीरे प्रश्वास को निकाला जाता है और मूलबन्ध तथा पेट को पीठ की ओर खींचकर उड्डयान बन्ध द्वारा नीचे की नाड़ियों से अपान को ऊपर खींचकर प्राण से मिलाया जाता है। इस प्रकार फिर दोनों का योग होता है। यह अपान की प्राण में आहुति देना है। उक्त प्रकार दोनों का योग कर के प्राण के सुषुम्ना में प्रवेश करने पर असली प्राणायाम की सिद्धि होती है।

(३) तदनन्तर बाह्य कुम्भक करके श्वास-प्रश्वास की गति रोक दी जाती है जिससे प्राण और अपान दोनों अपना-अपना बाह्य कार्य त्यागकर अन्तर्मुख होने लगते हैं (जैसा कि मृत्यु के पूर्व दम घुटने से होता है) और दोनों अपने-अपने स्वरूप को त्याग

कर लय होने लगते हैं। यही प्राण-अपान की गति-निरोध रूप तीसरा यज्ञ है।

(४) चौथे केवल कुम्भक के सिद्ध होने पर श्वास-प्रश्वास किसी भी अवस्था में स्वयं रुकने लगते हैं और श्वास-गति का निरोध होने से प्राणशक्ति का निरोध होता है। पाँचों प्राणों का निरोध होने से शरीर का समस्त व्यापार रुककर प्राण का समष्टि उत्थान होता है और समाधि लगने लगती है। ऐसे योगी मिताहार करके दीर्घकाल तक समाधि का आनन्द लेते हैं। यही प्राणों की प्राणों में आहुति देना है। इस चौथे का तीसरे से इतना भेद है कि केवल कुम्भक में प्राण सब चक्रों में एक दम विलीन होने लगेगा। इन चारों ही रीतियों में प्राण सुषुम्ना में चढ़ता है।

शक्ति के जागकर क्रियावती होने पर चारों प्रकार के प्राणायाम बिना यत्न के अर्थात् श्वास-प्रश्वास की गति का आधार लिए बिना ही सिद्ध होने लगते हैं। श्रीमच्छङ्कराचार्य जी ने भी योगतारावली में केवल कुम्भक का सुन्दर वर्णन किया है जो पाठकों के अवलोकनार्थ नीचे उद्धृत किया जाता है—

बन्धत्र्याभ्यास विपाकजातां,
विवर्जितां रेचकपूरकाभ्याम्।
विशोषयन्तीं विषयप्रवाहं,
विद्यां भजे केवलकुम्भरूपाम् ॥८

प्रत्याहृतः केवल कुम्भकेन,
प्रबुद्धकुण्डल्युपभुक्तशेषः।
प्राणः प्रतीचीन पथेन मन्दं,
विलीयते विष्णुपदान्तराले ॥१२

—'मूल, उड्डयान और जालन्धर,—तीनों बन्धों के अभ्यास की परिपक्व अवस्था होने पर प्रकट होने वाली उस केवलकुम्भक

रूप विद्या का मैं भजन(साधन) करता हूँ जो रेचक और पूरक से वर्जित है और सब विषयों के प्रवाहों को सुखा डालती है।'

—'केवलकुम्भक के द्वारा खींचा हुआ प्राण,—जो जागी हुई कुण्डलिनी के भोजनोपरान्त शेष बच गया है,—धीरे-धीरे सुषुम्ना के पश्चिम मार्ग द्वारा विष्णुपदस्वरूप अन्तराल में लय हो जाता है अर्थात् सहस्रार में चढ़कर परब्रह्म में लय हो जाता है।'

२४. तदा पश्चिमतो वेधाच्चित्तलयः।

तब सुषुम्ना के मार्ग का वेध होने से चित्त की लयावस्था आती है।

२५. सिद्ध मंत्राणामाप्ति मातृका-संबोधात्।

मातृका शक्ति के जागने के कारण सिद्ध मन्त्रों की प्राप्ति होती है।

मातृका शक्ति कुण्डलिनी का वह स्वरूप है जिसमें शब्द और पदों की रचना सांहत अकार से क्षकार तक वर्णमाला बंखर वाणी द्वारा प्रकट होती है। इसीलिए कुण्डलिनी को सरस्वती भी कहते हैं। सरस्वती के सिद्ध होने पर मन्त्रों एवं पदों का स्वय विकास होने लगता है और योगी में व्याख्यान देने अथवा कविता रचने की शक्ति आ जाती है।

२६. अष्टाङ्गयोग सिद्धिश्च।

और अष्टाङ्ग योग की सिद्धि होती है।

यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, समाधि—आठों अङ्ग धीरे-धीरे पुष्ट हो जाते हैं। यदि १२ घण्टे क्रियाओं का वेग चलता रहे तो एक घण्टे की धारणा, ५ मिनट का ध्यान तथा २५ सैकेण्ड की समाधि होती है—ऐसा अनुमान है। तदनुसार ही नीचे के अङ्ग भी उत्तरोत्तर पुष्ट होते हैं।

२७. महायोगोदयो वा।

अथवा यह कहें कि महायोग का उदय होता है।

२८. नृत्यति गायति हसति रोदति च।

और साधक नाचता है, गाता है, कभी हँसता है, कभी रोता है।

२९. प्रणवादिनामोच्चारणं गानं कीर्तनम् च।

प्रणवादि नामों का उच्चारण, गान और कीर्तन करता है।

३०. दिव्य भावैर्मत्तो भवति।

३१. रौद्रादिभावैरपि सम्पन्नोभवति।

दिव्य भावों में मस्त हो जाता है और रौद्रादि भावों से भी युक्त होता है।

रौद्र, अद्भुत, शृङ्गार, हास्य, वीर, करुणा, भय, घृणा (वीभत्स) और सप्रेम भक्ति अर्थात् शान्त,—ये ९ भाव हैं।

उक्त ९ प्रकार के भाव कभी-कभी आते हैं। इनके अतिरिक्त शिवभाव, दिव्यभाव और ब्रह्मभाव आदि भी होते हैं। इन भावों

के आने से मनुष्य उन्नत्तवत् दीखने लगता है। यही ज्ञानी की अवस्था है, क्योंकि इस अवस्था में जीवभाव स्वल्प अथवा नहीं-सा हो जाता है।

३२. भक्त्या परयाऽविष्टो भवति।

परा भक्ति के आवेश में आ जाता है।

३३. करोति सिद्ध दर्शनमिष्टदेवदर्शनञ्च।

सिद्धों और इष्टदेव के दर्शन करता है।

३४. ऊर्ध्वरेताश्च भवति।

और ऊर्ध्वरेता हो जाता है।

यह बात तो सब जानते हैं कि आध्यात्मिक उन्नति के लिए ब्रह्मचर्य अत्यावश्यक है और वीर्य की रक्षा का नाम ही ब्रह्मचर्य है। परन्तु, 'वीर्य की रक्षा किस प्रकार होती है ?'—यह बात बहुत कम लोग समझते हैं। बहुधा डाक्टरों का कथन है कि वीर्य की रक्षा के लिए काम के वेग को रोकने से नाना प्रकार के रोगों के होने की सम्भावना होती है। इसका अर्थ यह है कि बनने के पश्चात् वीर्य बाहर निकलने की प्रवृत्ति रखता है और उस को रोकने से हानि होती है। परन्तु अतिविषयासक्ति में अस्वाभाविक रीति से अनावश्यक परिमाण में वीर्य बनाकर नष्ट कर देने से और भी अधिक हानि होती है। ऐसे मनुष्य यक्ष्मा जैसे भयङ्कर रोगों का आवाहन करते हैं।

यह बात निश्चित् है कि विषयासक्ति में अस्वाभाविक रूप से वीर्य बनाने से शरीर की धातुओं पर कुठाराघात होता है,

क्योंकि उनका सत्व जबरदस्ती खींचा जाता है। परन्तु जो वीर्य स्वाभाविक रूप से बनता है, यदि उसकी रक्षा हो सके तो पूर्ण ब्रह्मचर्य का लाभ उठाया जा सकता है। डाक्टरों के मत के अनुसार वीर्य की उत्पत्ति इस प्रकार होती है कि जब पुरुष को काम का वेग उत्पन्न होता है, तब उसके रुधिर का प्रभाव अण्डकोषों की ग्रन्थियों में आने लगता है। वहाँ पर उन ग्रन्थियों में से निकलने वाले एक प्रकार के रस के रासायनिक प्रयोग (chemical action) से रुधिर के रक्त वर्ण कीटाणु वीर्य के श्वेत कीटाणुओं में परिणत हो जाते हैं जिनको अंग्रेजी में spermatozoa कहते हैं।

उपरोक्त वीर्य के श्वेत कीटाणुओं में जनन-शक्ति होती है। यदि वे बाहर निकाल दिये जाएँ तो कोई हानि नहीं होती, क्योंकि उनका कार्य बाहर निकल कर स्त्री के गर्भाशय में गर्भ-स्थिति करना ही है। यदि कोई पुरुष उसको रोकता है तो स्वप्नदोष और प्रमेह आदि रोग होने की सम्भावना रहती है। ऐसी अवस्था में ब्रह्मचर्य पालन का क्या तात्पर्य है ? यह बात विचारणीय है। हमारे महर्षियों का कथन है कि वीर्य प्राणशक्ति ही है और वीर्य के नष्ट होने से प्राणशक्ति का ह्रास होता है। अपान शक्ति का उत्थान होने पर, उदान रूपी अग्नि का योग होने से वीर्य की प्राणशक्ति ऊर्ध्वगामिनी हो जाती है। ऐसे योगी का वीर्य स्खलित नहीं होता और मैथुनकाल में स्खलित होने पर भी उसका ब्रह्मचर्य नष्ट नहीं होता।

'बज्रौली' मुद्रा की सिद्धि होने पर तो उदान के वेग के कारण स्वप्नदोष द्वारा स्खलित होकर इन्द्रिय में उतर आया हुआ अथवा मैथुन द्वारा बाहर पात हुआ वीर्य भी पुनः ऊपर चढ़ जाता है। ऊपर जाकर वह लौटकर वीर्याशय या मूत्राशय में प्रवेश नहीं कर

सकता, वरन् उदान शक्ति की उष्णता से योनिस्थानस्थ रुधिर में मिल जाता है और प्राण का वेग सुषुम्णा में ऊर्ध्व-प्रवाह करने लगता है। योगियों ने इस क्रिया को रज-वीर्य का योग माना है—

योनिस्थाने महाक्षेत्रे जपाबन्धूकसन्निभम्।
रजो वसति जन्तूनां देवीतत्वं समाहितम्॥
रजसो रेतसो योगाद्राजयोग इति स्मृतः। —योगशिखो०

—'योनि-स्थान रूपी महा-क्षेत्र में, जवा कुसुम के वर्ण का रज हर एक जीवधारी के शरीर में रहता है। उसको देवी तत्व कहते हैं। उस रज और वीर्य के योग से राजयोग की प्राप्ति होती है अर्थात् दोनों के योग का फल राजयोग है।

गुदा और उपस्थ के मध्य में सींवनी के ऊपर त्रिकोणाकृति नरम स्थान है जिसको योनि-स्थान कहते हैं। वहाँ पर वीर्य चढ़ने से उष्णता उत्पन्न होती है जो वीर्य और रज की रासायनिक क्रिया की सूचक होती है।

गलितोपि यदा बिन्दुः संप्राप्तो योनिमण्डले।
ज्वलितोपि यथा बिन्दुः संप्राप्तश्च हुताशनम्॥
व्रजत्यूर्ध्वं हठाच्छक्त्या निबद्धो योनिमुद्रया।
स एव द्विविधो बिन्दुः पाण्डुरो लोहितस्तथा॥
पाण्डुरं शुक्रमित्याहु र्लोहिताख्यं महारजः।
विद्रुम द्रुम संकाशं योनिस्थाने स्थितं रजः॥
शशि स्थाने बसेद्बिन्दुस्तयोरैक्यं सुदुर्लभम्॥
—योग-चूड़ामणि उपनिषत्, ध्यान बिन्दु उपनिषत्

—'गलित होने पर जब वीर्य योनिस्थान में पहुँचता है तो वह अग्नि में गिरकर जलता हुआ वह वीर्य योनि मुद्रा के अभ्यास से

हठात् ऊपर चढ़ा लिया जाता है। वह बिन्दु दो प्रकार का होता है,—श्वेत और रक्त। श्वेत को वीर्य और लाल को रज कहते हैं। मूँगा के रङ्ग का रज योनि-स्थान में रहता है और वीर्याशय रूपी चन्द्रस्थान में वीर्य रहता है। इन दोनों का मिलाप बड़ा दुर्लभ है। (यहाँ योनि का अर्थ पुरुष का उपरोक्त योनिस्थान है)।

वास्तव में वीर्य प्राण और ओज का स्थूल शरीर है। प्राण अथवा ओज के ऊर्ध्व गमन करने पर यदि कभी वीर्य स्खलित भी हो जाय तो उससे ब्रह्मचर्य में बाधा नहीं आती। ऐसे योगी गृहस्थ-धर्म का पालन करते हुए भी ब्रह्मचर्य का ही पालन करते हैं। पूर्वकाल के वसिष्ठ, याज्ञवल्क्यादि सब ऋषि-मुनि गृहस्थी ही थे। प्रश्नोपनिषत् में कहा है—

प्राणं एते प्रस्कन्दति यें दिवा रत्या संयुज्यते।
ब्रह्मचर्यमेव तद्रात्रौ रत्या संयुज्यते॥

—प्रश्न० १ १३

—'जो दिन में रति कर्म करते हैं, उनके प्राण नष्ट होते हैं और जो रात्रि में रति कर्म करते हैं, वे ब्रह्मचर्य में ही रहते हैं।' क्योंकि दिन में सूर्य की प्राणशक्ति है, रात्रि में नहीं।

कुण्डलिनी शक्ति के जागने पर प्राण-अपान के स्वाभाविक ऊर्ध्वगामी हो जाने के कारण उनके ब्रह्मचर्य में बाधा नहीं पड़ती, क्योंकि उनकी प्राणशक्ति का ऊर्ध्व प्रवाह सतत् बना रहता है। जिनकी कुण्डलिनी शक्ति नहीं जागी है, वे लोग यदि अभ्यास करके वीर्य को ऊपर खींच भी लें तो वह रज से न मिलने के कारण मूत्र के साथ बाहर आ जाता है। इसलिए हठयोग प्रदी-

पिका में लिखा है कि बिना कुण्डलिनी जागे वज्रौली और खेचरी मुद्राएँ सिद्ध नहीं होतीं।

ऐसे योगियों को ऊर्ध्वरेता कहते हैं। साधारण लोगों को भी वीर्य-रक्षा करने से लाभ होता है, क्योंकि उनके प्राण और ओज का थोड़ा-बहुत ऊर्ध्व प्रवाह होता ही है। ब्रह्मचर्य का पालन करने के लिए यह बहुत आवश्यक है कि मन में काम का विकार ही उत्पन्न न होने दिया जाय। विकार आने पर वीर्य बनना अनिवार्य है और बनने के पश्चात् वीर्य की रक्षा करना अति कठिन है।

३५. ततः खेचरीसिद्धिः।

उस (ऊर्ध्व रेता होने) से खेचरी की सिद्धि होती है। खेचरी का अर्थ प्राण का आकाश (ब्रह्मरन्ध्र) में गमन करता है।

३६. वीतराग विषयत्वम्।

वीतराग विषयत्व होता है।

पाँचों क्लेश तनु होने लगते हैं और मनुष्य के राग, द्वेष, भय, काम, क्रोध, मोह आदि का वेग शिथिल होकर क्षीण हो जाता है। अन्त में सब मल नष्ट हो जाता है, क्योंकि प्राणों के ऊर्ध्वगामी होने से इन्द्रियाँ अन्तर्मुख होने लगती हैं और साधक विषयों से उपरत हो जाता है।

३७. सूर्येन्दुवह्नि दीपशिखा विद्युत् खद्योत् नक्षत्रादीनि ज्योतींषि पश्यति।

सूर्य, चन्द्र, अग्नि और दीप-शिखा, बिजली, जुगनू, नक्षत्र इत्यादि ज्योतियाँ दिखायी पड़ती हैं। उक्त दर्शन तीन प्रकार से होते हैं—(१) बहिर्दृष्टि,—आँखें खोले हुए बाहर, (२) मध्य

दृष्टि,—नेत्र बन्द कर के ध्यान में, दृष्टा-दर्शन और दृश्य की त्रिपुटीयुक्त, (३) अर्न्तदृष्टि,—समाधि की सी अवस्था में।

३८. ब्रह्मणि तदभिव्यक्तिकरणि श्रुतेः।

ये ब्रह्म की अभिव्यक्ति कराने वाली हैं, श्रुति भी प्रमाण है।

श्वेताश्वत्तर उपनिषत् में इनका वर्णन मिलता है कि ऐसे दर्शन चेतनस्वरूप आत्मदेव अथवा ब्रह्म के हैं। आत्मा और ब्रह्म तो अव्यक्त हैं, परन्तु उनकी उक्त अभिव्यक्ति चित्त की उपाधि के ही कारण होती है।

३९. आरम्भ घटा परिचय निष्पत्तिभूमिकोपलब्धिः।

आरम्भ, घटा, परिचय और निष्पत्ति भूमिकाओं की प्राप्ति होती है।

आरम्भ अवस्था—कर्मेन्द्रियाँ, ज्ञानेन्द्रियाँ और अन्तःकरण बहिर्मुख वृत्ति से हटकर अन्तर्मुख होने लगते हैं।

घटावस्था—सुषुम्णा को वेधकर प्राण आनखशिख पूरित होकर सुस्थिर हो जाता है।

परिचय अवस्था—ब्रह्मरन्ध्र सहस्रार में प्राण स्थिर होने से परिचय अवस्था होती है, क्योंकि वहाँ आत्मा का परिचय होता है।

निष्पत्ति अवस्था—जीवन-मुक्ति की दशा को कहते हैं।

४०. प्रातिभादि विभूतयः।

प्रातिभादि सिद्धियाँ आती हैं।

४१. अधिकारी भेदतो न नियमः ।

अधिकारी भेद से, यह नियम नहीं है कि उपरोक्त लक्षण सब में अवश्य ही हों।

४२. ता नात्मनि चित्त धर्मत्वात् ।

चित्त का धर्म होने के कारण वे आत्मा में नहीं होतीं।

उपरोक्त सब अवस्थाएँ आत्मा की नहीं हैं, क्योंकि ये सब चित्त के ही धर्म हैं।

४३. नित्य शुद्ध बुद्ध मुक्त स्वभावस्य न भूमिकत्वम् ।

नित्य शुद्ध-बुद्ध-मुक्तस्वभाव स्वरूप आत्मा को भूमिकत्व नहीं होता।

४४. आत्मख्यातिरेव ।

भूमिकाओं की उत्तरोत्तर प्राप्ति में आत्मा का प्रकाश स्वरूप ज्ञान ही बढ़ता है।

'भूमिकाएँ क्या हैं ?' इसका उत्तर है—'चित्त पर उत्तरोत्तर बढ़ता हुआ आत्मा का प्रकाश।'

४५. चित्त संयोगापत्तेश्चेन्न इति न ।

यदि शङ्का की जाय कि—"भूमिकाएँ आत्मा में नहीं होतीं, चित्त में आत्मख्याति में होती हैं"—इस सिद्धान्त में चित्त का आत्मा के साथ संयोग मानना पड़ेगा, इसलिए यह सिद्धान्त ठीक नहीं। इसका उत्तर देते हैं, - नहीं, क्योंकि—

४६. संयोगान्नबन्धः ।

संयोग के कारण, बन्ध नहीं है।

४७. आत्मनि चिदानन्दरूपत्वे द्वयोर्भेदात्

आत्मा के चित् और आनन्द रूप होने से, आत्मा और चित्त दोनों में भेद होने के कारण, बन्ध नहीं हो सकता।

आत्मा चेतन है, चित्त जड़। दोनों का सम्बन्ध अथवा संयोग असम्भव है, इसलिए संयोग-जन्य बन्ध नहीं होता। आत्मा असङ्ग है, इसलिए उस में भूमिकत्व की असम्भावना है और वे चित्त के ही धर्म हैं। तो फिर,—'उस पर आत्मख्याति कैसी ?',—इस का उत्तर यह है—

४८. तत्तु तादात्म्य मिथ्या ज्ञानमविवेकात्।

यह तादात्म्य तो मिथ्या ज्ञान है, अविवेक के कारण।

४९. असतिसत्ख्यातिर्वा ।

अथवा कहो कि 'नहीं होने' में 'होने' की ख्याति है।

आत्मा और चित्त की तादात्म्यता तो नहीं है, परन्तु ऐसी प्रतीति होती है।

५०. समाधौ प्रत्यगात्माभिगमात्तन्निवृत्तिस्तन्निवृत्तिः।

समाधि में, वृत्तियों का सर्वथा निरोध होने पर, आत्म-साक्षात्कार होने से उस अविवेक की निवृत्ति हो जाती है, निवृत्ति हो जाती है।

५. श्रीज्ञानेश्वरी का 'पन्थराज' अथवा कुण्डलिनीयोग

"हैं जिस मार्ग के जोगी। महेश आज भी।।" (ज्ञा. ६-१५३)

श्रीज्ञानदेव ने ज्ञानेश्वरीग्रन्थ का प्रणयन निज विद्वत्ताप्रकाशन के लिये नहीं वल्कि विवेक-वाणी उद्घोषित करने, ब्रह्मविद्या प्रगट आविर्भूत करने के लिये किया। गहरी आकूति से प्रेरित वक्ता या लेखक स्वयं को जो कहना है उस के लिये अवसर निकाल ही लेता है। इसीलिये श्रीमद्भगवद्गीता की टीका में आत्मसाक्षात्कार-विषयक विभिन्न साधनों की चर्चा हुई है और उन के निरूपक हैं स्वयं अनुभवी-सम्राट्। इसीलिये यह ग्रन्थ अध्यात्म-ग्रन्थों में सर्वोत्कृष्ट वन पड़ा है। ज्ञानेश्वरी साक्षात् 'ईश्वरदर्शन' ही है– यह कहने से अतिशयोक्ति न होगी।

एक स्थान पर ज्ञानेश्वर महाराज ने अपने नाथ-सम्प्रदाय का रहस्य कहने का अवसर निकाल लिया है; वह प्रसङ्ग मूल गीता का नहीं है, यह भान भी उन्हें भलीभाँति है–"पिण्ड से पिण्ड का ग्रास करना यह हमारे नाथसंकेत (सम्प्रदाय) का एक 'दंश' (रहस्य) है। महाविष्णु (श्रीकृष्ण) ने 'प्रशान्तात्मा . . .' इत्यादि दो-तीन श्लोकों में इस का हल्का-सा उल्लेख किया है, यहाँ श्रोतृमण्डली इस विषय की विशेषज्ञ और प्रेमी है इसलिये उस रहस्य को थोड़ा खोल कर मैं आप के समक्ष स्पष्ट रख रहा हूँ, यद्यपि यह गीता का मुख्य विषय नहीं है" (ज्ञा. ६।२९१-९२) इस से यह स्पष्ट प्रकट होता है कि 'नाथ सम्प्रदायान्तर्गत साधनामार्ग व पद्धति ही गीता का प्रतिपाद्य-विषय है' यह मानना भ्रान्ति है। उसी प्रकार द्वादशाध्याय में 'क्लेशोऽधिकतरस्तेषाम्' पर व्याख्या करते हुए जो कहा कि योगमार्ग की साधना दन्तहीन मुख से लोहे के चने चवाने जैसी कठिन है–उस पर से ज्ञानदेव की दृष्टि में योगमार्ग को तिरस्करणीय मान लेना भी भ्रान्ति ही नहीं विपरीत कल्पना है। क्योंकि गीता में जहाँ-जहाँ साधना के विशेष विवरण का प्रसंग आया है वहाँ-वहाँ ज्ञानदेव योग का ही उल्लेख करते हैं। फिर गीता में ही जहाँ योग-साधन कहा गया वहाँ ज्ञानेश्वर 'योग का योग' कह कर विवरण करते हैं। उदाहरणार्थ कुछ स्थल देखें।:–

(१) 'ज्ञानयोगव्यवस्थितिः' गी. १६।१ – इस पर टीका करते हुए शंकरानन्द कहते हैं–'ज्ञानम् एव योगः ज्ञानयोगः श्रवणमननादिस् तत्रैव मनसो विशिष्य अवस्थितिः सदा तदेकप्रावण्यम्।।' ज्ञानेश्वर इस के व्याख्यान में कहते हैं––

आत्मलाभ के विषय में। ज्ञान योग में से किसी में।
निजरुचि के अनुसार लगे। पूरे बलसे।। (१६।८१)

(२) 'बहवो ज्ञानतपसा पूता मद्भावमागताः' (गी. ४।१०) पर भी 'ज्ञानमयं तपः' ऐसा परम्परागत अर्थ किया जा सकता था किन्तु 'ज्ञानदेव कहते हैं–

जो यम-नियम में पारंगत। तपोज्ञान से प्रक्षालित।
वे साक्षात् हुए मद्रूप। निःसंशय।। (ज्ञा. ४/६५)

उन का स्पष्ट मत था कि ज्ञान से मोक्ष मिलता है यह सत्य है किन्तु, केवल शाब्दिक या बौद्धिक ज्ञान से नहीं, अनुभवात्मक ज्ञान से ही मिलता है। उस के लिये बौद्धिक प्रयत्न को योग के साहाय्य की अपेक्षा रहती है। श्री शंकराचार्य ने कहा है–

"योगेन रहितं न मोक्षाय भवेद् विधेः।
ज्ञानेनैव विना योगो न सिद्धयति कदाचन।
तस्माज्ज्ञानं च योगं च मुमुक्षुर्दृढ़मभ्यसेत्।
जन्मान्तरैश्च बहुभिर्योगो ज्ञानेन लभ्यते।।"

यही मत ज्ञानदेव का भी है इसीलिये स्थान-स्थान पर योग-विषय में सहज ही गौरवपूर्ण उद्गार निकले हैं।

श्रीज्ञानेश्वर द्वारा साधन-विषयक उल्लेख :–

गी. १५।१५ 'सर्वस्य चाहम् . . .' की टीका में

'पर रहते हुए सन्त-समीप। करें योग-ज्ञानाभ्यास।
हों उपासित गुरुचरण। वैराग्यसहित।। (१५।४२२)

गी. ७।१४ 'मायामेतां तरन्ति ते'–इस की व्याख्या में मायानदी को तैरना कितना कठिन है यह दिखाते हुए कहा कि कर्म, वैराग्य, विचार आदि का वहाँ वश नहीं चलता फिर योग-विषय में इतना ही कहा कि–

'जहाँ न चले वैराग्य की नाव। विवेक न पा सके थाह।
योग तारे किसी प्रकार। क्वचित् ही।। ७/९१।।

गी. १८:५२ 'ध्यानयोगपरो नित्यं . . .' पर कहा–

'अतएव मुमुक्षु वह। आत्मज्ञान में हुआ दक्ष।
फिर अपनाता पक्ष। योगाभ्यास का।। १०३५।।

जहाँ पर साधनयोग थोड़े विस्तार से कहने का प्रसंग आया वहाँ ज्ञानदेव ने ६ ठे अध्याय में जिसे 'पन्थराज' कहा है उसी महायोग या कुण्डलिनी-योग का ही उल्लेख किया है। दर्शनीय–ज्ञा. ६।१५३-६३ ९।२१४, १२।५, १२।५१, १८।१०३८।

महायोग :

'कुण्डलिनी जगा कर' जिस मार्ग पर चला जाता है उसे वे 'पन्थराज' कहते हैं। उस का थोड़ा स्वरूप देखें।

संस्कृतग्रन्थों में इस मार्ग का नाम 'महायोग' है –

'मन्त्रो लयो हठो राजयोगोऽन्तर्भूमिका क्रमात्।
एक एव चतुर्धाऽयं महायोगोऽभिधीयते ।।
(योगशिखोपनिषद्)

सामान्यतया मन्त्रयोग, हठयोग, लययोग और राजयोग पृथक् हैं ऐसा समझा जाता है। वस्तुतः वैसा नहीं है। इन चारों के द्वारा कुण्डलिनी ही जागृत होती है और साधक का कार्य होता है। इसीलिये कुण्डलिनी-जागृति को 'महा-योग' अथवा 'सिद्ध उपाय' ऐसी संज्ञा दी गई है। पूर्व-सुकृत से, ईश्वरप्रसाद हो कर सद्गुरुकृपा प्राप्त हो कर यदि कुण्डलिनी जागृत हुई तो इस सुख का अनुभव आयेगा।

"योगस्तु, द्विविधो ज्ञेयो ह्यभावः परमो मतः।
अपरस्तु महायोगः सर्वयोगोत्तमो मतः ।।
शून्यं सर्व-निराभासं स्वरूपं यत्र चिन्त्यते।
अभावयोगः स प्रोक्तो येनात्मानं प्रपश्यति ।।
यत्र पश्यति चात्मानं नित्यानन्दं निरञ्जनम्।
मयैक्यं स महायोगो भाषितः परमः स्वयम् ।।"
– श्रीमहेश्वरोक्त।

कुण्डलिनी जागृत-होने पर आगे का मार्ग सहज हो जाता है, अभ्यास ही अभ्यास को बढ़ाता है। इस विषय में ज्ञानेश्वरी में उल्लेख ६।१८६-२०७ ।। कुण्डलिनी जागृत अर्थात् क्रियाशील होने पर जो कुछ घटित होता है उस का विशद वर्णन छठे अध्याय में तथा ग्यारहवें अध्याय में अर्जुन को दिव्यदृष्टि मिलने के प्रसंग में किया है। (११।१८७-९४)

इस पन्थराज एवं महाराष्ट्रीय शक्तिसम्प्रदाय का अत्यन्त घनिष्ठ सम्बन्ध है। आद्यशंकराचार्य ने पाण्डुरंगाष्टक में पण्ढरपुर को 'महायोगपीठ' कहा है। पण्ढरपुर में श्री विट्ठल-चरणों में श्रीज्ञानदेव, नामदेव, एकनाथ, तुकाराम सभी सन्त एकत्र हुए हैं इसका मर्म यही है कि वह 'महायोगपीठ' है।

योग से होने वाले अनुभव भक्तियोग में भी आते ही हैं। विशुद्ध सगुण-भक्ति में अन्तर्बाह्य रसमय हुए, लोकदृष्टि में निरक्षर और 'बहुतों ने बहुत प्रकार के साधना-आचरण किये हैं, मेरा तो काम कीर्तन बिना नहीं चलता कीर्तन ही मेरा आचरण (साधना) है' कहनेवाले सन्त तुकाराम की वाणी

(अभंगों) में उनका स्वानुभव-निवेदन सिद्धयोगी के अनुभवों का ही शब्दांकन है। उस अनुभववाणी का भाषानुवाद रसभंग न करे अतः कुछ अभंग तथा अंश यथावत् उद्धृत हैं:

"स्थिरावली वृत्ति पांगुळला प्राण। अंतरीची खूण पावूनियाँ ।। १ ।।
पांगुळलें नेत्र जालें अर्धोन्मीलित। कण्ठ सगद्गदित रोमांच आले ।। २ ।।
चित्र चाकाटलें स्वरूपामाझारीं। न निघे बाहेरी सुखावले ।। ३ ।।
सुनील प्रकाश उदैजला दीन। अमृताचे पान जीवनकळा ।। ४ ।।
शशिसूर्या जाली जीवें ओवाळणी। आनंदा दाटणी आनंदाची ।। ५ ।।
तुका म्हणे सुखें प्रेमेंसी डुलत। विरलों निश्चित निश्चितीने ।। ६ ।।

× × ×

लक्षूनियाँ योगी पहाती आभास। तो दिसे आम्हांस दृष्टीपुढे ।। १ ।।
कर दोनी कटीं राहिलासे उभा। सावळी हे प्रभा अंगकांती ।। २ ।।

× × ×

रक्तश्वेत कृष्णपीत प्रभा भिन्न। चिन्मय अञ्जन सूदलें डोळाँ ।। १ ।।
तेणें अंजनगुणें दिव्यदृष्टि झाली। कल्पना निमाली द्वैताद्वैत ।। २ ।।

× × ×

अनुहातीं गुंतला नेणें बाह्यरंग। वृत्ति येतां मग बळ लागे ।। १ ।।
मदें मातें तया नाहीं देहभाव। आपुले अवयव आवरितां ।। २ ।।
आणिकांची वाणी वदे तेणें मुखें। उपचार दुःखें नाठवती ।। ३ ।।
तें सुख बोलतां आश्चर्य या जना। विपरीत मना भासतसे ।। ४ ।।
तुका म्हणे बाह्य रंगलें विट्ठलें। अंतर निवालें ब्रह्मरसें ।। ५ ।।

× × ×

पाण्डुरंगे सत्य केला अनुग्रह। निरसोनि संदेह बुद्धिभेद ।। १ ।।
जिवाशिवा शेज रचिली आनंदें। औटावेपदीं आरोहण ।। २ ।।
निजीं निजरूपीं निजविला तुका। अनुहतें बाळका हल्लरु गाती ।। ३ ।।

× × ×

कंठीं धरला कृष्णमणि। अवघा जनीं प्रकाश ।।
बोल नाइके कोणाचे। कथे नागवाचि वाचे ।।

× × ×

सुखें मी निजलों गा शून्य सारोनि तेथें।
त्रिकूटशिखरीं गा दान मिळे आइतें ।।

× × ×

भागोनि आलीवाट। सिद्ध ओळखीची तैसी।
तरले तरले गा। आणीक विश्वासी।।
× × ×
जाईन सिद्धपंथे। अवघ्या चुकतील खेपा।।
× × ×
ऊर्ध्वमुखे आळविला। सोहंशब्दाचा नाद।
अरूप जागविला। दाता घेउनिया छन्द।
घेउनि आला दान। निजतत्त्व निजबोध।
स्वरूपीं मिळविलें। नांव ठेविला भेद।।
× × ×

अतः योग एवं भक्ति में फलतः भेद नहीं है। भगवान् जब एक ही हैं तो उन का सच्चा अनुभव जिन्हें आता है उन के अनुभवों में अधिक अन्तर कैसे हो सकता है? भेद की अपेक्षा साम्य होना ही स्वाभाविक है।

६. श्री ज्ञानेश्वरमहाराज की गीता के प्रति दृष्टि

श्रीमद्भगवद्गीता कही गई पाँच हजार वर्ष पूर्व; किन्तु उसकी ताजगी अभी भी कायम है। महाभारत-प्रणेता व्यास के पश्चात् भारत में हुए सभी महान् आचार्यों (आद्य शंकराचार्य, रामानुजाचार्य, मध्वाचार्य, वल्लभाचार्य, निम्बार्काचार्य) भारत के विभिन्न प्रान्तों में हुए मध्ययुगीन सन्त अर्वाचीन काल के मनीषी विचारक (लोकमान्य तिलक, श्रीअरविंद, महात्मा गांधी, विनोबा) – सभी एक विषय पर एकमत हैं कि गीता शिरोधार्य ग्रन्थ है।

ज्ञानेश्वर-वाणी में कहें तो –

'अतः सुज्ञ और सामान्य। एक गीता का करें सेवन।
अन्य शास्त्रों से प्रयोजन। क्या रहे।।' ज्ञा. १८।१६९५।।

गीता का यह अनन्यसाधारण महत्त्व केवल अपने सामने आये हुए सन्दर्भ – एक ही गोत्र के दो विभागों को परस्पर युद्ध के लिये उद्यत देख कर विषाद ग्रस्त हुए एक महायोद्धा को उसके मित्र एवं सम्बन्धी एक व्यवहारचतुर, कर्म-कुशल, प्रबुद्ध व्यक्ति द्वारा उपदेश – इतने स्वरूप का ही नहीं है।

गीता की ओर देखने की दो दृष्टियाँ हैं। एक – महाभारत कथा के उक्त प्रसंग की दृष्टि। दूसरी – गीता भारत-कमल-पराग अवश्य है, किन्तु केवल प्रासंगिक – उपदेशात्मिका नहीं है। मानव-जीवन के जो शाश्वत मूल्य हैं उन का वस्तुनिष्ठ पद्धति से जिस में विचार हुआ है – ऐसा शास्त्र होने की दृष्टि।

२१

कुण्डलिनी के चक्र

तन्त्र में षडचक्रे भेदन की बात स्थान-स्थान पर आती है। चक्र कितने हैं यह कहना मुश्किल है। प्रारम्भ में केवल छः चक्रों को शास्त्र द्वारा मान्यता दी गई—मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपूरक, अनाहत, विशुद्ध और आज्ञा चक्र। बाद में सहस्रार और बढ़ा दिया गया। फिर अग्नि चक्र भी आ गया। इस प्रकार चक्रों के अनुभवों के आधार पर उत्तरोत्तर वृद्धि होती गई। आज मूर्धन्य ऋषियों की कृपा से चक्रों की संख्या लगभग २१ पहुँच गई है। यह बात दूसरी है कि वे लोग उनके बारे में कुछ स्पष्ट विवरण नहीं दे पाते। जो केवल गुरु के परिश्रम और साधना के बल पर उस स्थिति तक पहुँचे हैं वे गुरु आज्ञा की अवहेलना के भय के कारण कुछ भी बताने से इन्कार कर जाते हैं और जो अपनी साधना के बल पर तत्व ज्ञान को समझ कर ऊँचे उठे हैं, वे बताना चाहते हैं, परन्तु **शब्दों और सुनने वाले की प्रज्ञा की सीमा** आड़े आ जाती है। स्वामी पूर्णानन्द ने कुण्डलिनी के चक्रों का बहुत अच्छा विवरण दिया है। चक्रों का विवरण लगभग एक जैसा ही रहता है चाहे वह संन्यासी का अनुभव हो अथवा गृहस्थी का। वह अनुभव चाहे प्रवृत्ति मार्ग वाले ने दिया हो चाहे निवृत्ति मार्ग वाले ने। सूफी दे या 'सेन्ट'। आध्यात्मिक सत्य अपनी जगह अटल है।

इन आध्यात्मिक सत्यों को पाने के लिए यदि **हम उन्हीं में इन्हें खोजने की व्यवस्था कर लें जिनमें हम हैं** तो बिना कुछ छोड़े, बिना कुछ तोड़े हम आगे बढ़ सकते हैं। ऋषियों की यह अद्‌भुत खोज है कि उन्होंने अपने शरीर की कुछ विशेष ग्रन्थि समूहों (चक्रों), ज्ञान तन्तुओं (नाड़ियों), लिङ्गों (स्वयंभू, बाण, इतर), पंच तत्वों (क्षिति, जल, पावक, गगन, समीर), शिव (कुण्डलिनी के आदि उद्गाता पुरुष), और शक्ति (प्रकृति) आदि के ध्यान-योग को परमानन्द (Supreme Bliss) प्राप्ति का साधन बनाया जो नित्य (Eternal), विज्ञान (Knowledge), तथा आनन्द (Bliss) है। **षड्चक्र भेदन की बात तो ब्रह्म साक्षात्कार की तुलना में पहली सीढ़ी पर चढ़ने वाली बात है।**

मूलाधार चक्र की सिद्धि के बारे में एक विद्वान ने लिखा है "It is first sprouting shoot of the realization of the Brahma". वह तो ऐसे समझिये जैसे पीपल का पेड़ उगने के लिए बीज से अंकुर फूटा हो। 'षटचक्र निरूपण' में पूर्णानन्द स्वामी ने कहा है—

अथ तन्त्रानुसारेण षट्चक्रादिक्रमोद्गतः।
उच्यते परमानन्दनिर्वाह प्रथमाङ्कुरः॥

कुण्डलिनी के चक्रों पर ध्यान करने की सामान्यतः संन्यासियों की विधि यह है कि वे अपने शरीर के विभिन्न स्थलों पर निर्देशानुसार षड्चक्रों की कल्पना करके उन पर ध्यान करते हुए विभिन्न मुद्राओं की सहायता से वीर्य की ऊर्ध्वगति करते हुए मूलाधार से सहस्रार तक कुण्डलिनी को गतिशील करते हैं। इस व्यवस्था में मनोवैज्ञानिक दोष आ जाना स्वाभाविक है परन्तु इस दोष के निराकरण के लिए विपरीत लिंगी साथी न होने के कारण वे कोई सहज उपाय काम में नहीं ला सकते। यह उनकी अपनी संन्यास धर्म की सीमा है। किसी भी कार्य के लिए कोई असहज उपाय काम में लाया जाय तो तत्सम्बन्धी सौ दूसरे उपाय भी बीच में रखने पड़ते हैं। जैसे एक झूठ को सच बनाने के लिए सौ झूठ और जोड़ने पड़ते हैं। यदि आप एक 'सत्य' को बोल दें तो शेष सौ झूठ बोलने वाला मानसिक तनाव एक दम ढह जाता है। **सारे असहज उपाय तनाव उत्पादक होते हैं।** आपका कार्य है अपने देश-काल परिस्थिति के आधार पर **कम से कम तनाव में लक्ष्य पूर्ति कराने वाले प्रयोगों को चुनें।** इस चुनाव के विषय में आँखें बन्द करके किसी की भी बात न मानें, अपनी बुद्धि का उपयोग करें।

महर्षि 'यतीन्द्र' योग-तालिका, क्रमांक १९

शकुन सारणी

[संन्यासी, छात्र, विधुर आदि पत्नी रहित पुरुषों तथा अविवाहित, परित्यक्ता एवं विधवा महिलाओं के लिये (जो रमण-मार्गी नहीं हैं) कुण्डलिनी जाग्रत कराने वाले अभ्यास]

शरीर व मन के तीव्र विकास द्वारा आत्मिक बल तथा कुण्डलिनी स्फुरण हेतु **इस सारणी में दिये गये अभ्यासों का प्रारम्भ, अपनी आयु के आधार पर दी गई व्यायाम तथा प्राणायाम सारणियों के तीनों स्तरों का अभ्यास पूरा हो जाने के पश्चात् ही करना चाहिए।** इसमें दिये गये अपेक्षाकृत कठिन योगाभ्यासों को पूर्ण स्वस्थ तथा विकसित (Advanced) जिज्ञासु अपनी प्रकृति, परिस्थिति तथा प्राप्य समय के आधार पर करें और सदैव योग्य आचार्य के निर्देशों को सर्वोपरि मान्यता दें। योग्य आचार्य इन अभ्यासों में जिज्ञासु विशेष के लिए आवश्यकतानुसार परिवर्तन कर सकते हैं।

१. भक्ति स्तर (६ मास) नाड़ी शोधन	२. विवेक स्तर (६ मास) कुण्डलिनी स्फुरण	३. दिव्या स्तर (१ वर्ष) कुण्डलिनी ऊर्ध्वगमन
अनुलोम विलोम प्राणायाम—२० चक्र—३ मास तक, अनुपात—४ : ८ : ८; तीन मास बाद अनुपात—६ : १२ : १२ यदि पहले अनुपात में पूर्णता प्राप्त हो जाय तो अनुपात बढ़ायें अन्यथा नहीं। **स्वर्णा प्राणायाम** अनुपात— ४ : १६ : ८ : ४ तथा ४ : १६ : ८ : ४ **कपाल भाति**—१० मिनट (प्रत्येक चक्र में १०० श्वास-प्रश्वास) [छाती के दर्द अथवा जकड़न में अधिक न करें] **सरलेशासन**—१० मिनट [अचानक सम्पूर्ण क्रियाएँ बन्द करके शवासन की मुद्रा में आँखें बन्द करके ले जाँय। बंद आँखों में होने बाले अनुभवों को बाद में अपनी डायरी में लिख लें।]	**कपाल भाति**—५ मिनट (लगभग १ मिनट में १०० श्वास-प्रश्वास) **कपाल भाति**—५ मिनट (लगभग १ मिनट में १५० श्वास-प्रश्वास की गति, और शरीर ढीला) **कपाल भाति**—१० मिनट [श्वास-प्रश्वास उसी गति से लेते हुए, शरीर ढीला रखकर, शारीरिक क्रियाओं में सहयोग दें, शरीर रोना चाहे, रोने दें; खड़ा होना चाहे, होने दें; लेटना चाहे लेटने दें;, कूदना चाहे, कूदने दें; रोकें नहीं। 'कपाल भाति' प्रारम्भ करने से पूर्व आँखें बंद कर लें; और अच्छी तरह देख लें कि आपके चारों ओर आपके लेटने योग्य स्थान खाली है, तब साधना प्रारम्भ करें।] **सरलेशासन**—१० मिनट [अचानक सम्पूर्ण क्रियायें बंद करके शवासन की मुद्रा में लेट जायँ और आँखें बन्द करके पड़े रहें। यदि कुछ अनुभव हों तो अपनी डायरी में बाद में लिख लें। अपने अनुभव साथी-साधकों को न सुनायें। गुप्त रखें। हाँ, अपने आचार्य (यदि कोई हों) को अवश्य बतलायें।]	**श्वास चेतना युक्त कपाल भाति**—१० मिनट (लगभग १ मिनट में १५०-२०० श्वास-प्रश्वास। प्रत्येक श्वास के आने और जाने का ध्यान) **शरीर चेतना का युक्त कपाल भाति**—१० मिनट (१ मिनट में जितनी अधिक से अधिक गहरी और तेज श्वास-प्रश्वास कर सकें पूरी ताकत से करें, परन्तु शरीर ढीला छोड़ दें और शरीर जो करना चाहे करने दें, रोकें नहीं, बस, देखतें रहें कि शरीर क्या कर रहा है ?) **आत्म चेतना युक्त कपाल भाति**—१० मिनट [शरीर चेतना के समान ही गहरी और तेज श्वास-प्रश्वास, शरीर ढीला, शारीरिक क्रियाओं पर ध्यान, परन्तु शरीर को रोकें नहीं और प्रत्येक श्वास (खींचते) में 'हम्' और प्रश्वास (श्वास छोड़ते) में 'सो' का मानसिक जप करें। ॐ का जप करना चाहने वाले प्रत्येक प्रश्वास में 'ओ' तथा श्वास में 'म' का जाप 'सोहम्' विधि से कर सकते हैं। आचार्य रजनीश इस स्थिति में 'मैं कौन हूँ का प्रश्न साधक से करवाते थे। यह विभिन्न विधियाँ आत्म चेतना प्रस्फुटित करने के लिये हैं। 'हं सः' मंत्र का जाप भी इसी श्रेणी में है।] **महा चेतना युक्त समाधि**—१० मिनट [समय पूरा होते ही अचानक सब क्रियायें बंद करके सरलेशासन में (यदि लेटना चाहें), अथवा स्थिर (मूर्तिवत) हो जायँ। बंद आँखों में जो कुछ अनुभव हो उसका आनन्द लेते रहें।]

षड्चक्रों के ध्यान चक्र

मूलाधार चक्र

जैसा कि हम पहले कह आये हैं कि मेरु दंड (रीढ़ रज्जु) मूल (आधार) से गर्दन तक है, उसके बाँई ओर को इड़ा और दाहिनी ओर को पिंगला नाम की नाड़ी है। भूत शुद्धि तन्त्र में कहा है—**'मेरोर्वामे इडा दक्षे पिंगला च स्थिते उभे।'** इन नाड़ियों को शशि (चन्द्र) तथा मिहिर (सूर्य) भी कहा गया है। त्रिगुणात्मिका सुषुम्ना मेरु दंड के मध्य में स्थित है। त्रिगुणात्मिका इसलिये क्योंकि सुषुम्ना के अन्दर वज्रिणी के अन्दर चित्रणी नाड़ी है। ये नाड़ियाँ चन्द्र, सूर्य और अग्निरूप हैं, जो खिले हुए (प्रस्फुटित) धतूरे के पुष्प के समान वज्रधारिणी कंद (नाड़ियों की जड़) से सिर तक (मूलादि मस्तक पर्यन्त स्थित) हैं और लिंग से सिर तक चमकती हैं (मेढ्रदेशाच्छिरसि परिगता मध्यमेऽस्या ज्वलन्ती)। संमोहन तन्त्र के अनुसार इड़ा पिंगला नाड़ी की प्रकृति चंद्र गुण तथा सूर्य गुण वाली मानी गई है—

वामगा या इडा नाड़ी शुक्ला चंद्र स्वरूपिणी।
शक्ति रूपा हिसा देवी साक्षादमृत विग्रहा॥
दक्षे तु पिंगला नाम पुन्रूपा सूर्य विग्रहा।
रौद्यात्मिका महादेवी दाडिमी केसर प्रभा॥

इड़ा नाड़ी का रंग पीला और पिंगला का अनार के फूल के पराग के समान लाल है। ये नाड़ियाँ मूलाधार (लिंग देश) से ऊपर की ओर आज्ञा चक्र (मस्तक) तक पहुँचकर नासारन्ध्रों में [बीच के सभी चक्रों का भेदन करती हुई सुषुम्ना के दायें बायें रस्सी के समान लिपटी हुई (ऊर्ज्वी भूते)] पहुँचती हैं। सुषुम्ना मेरु के अन्दर मूल से ब्रह्म रंध तक जाती है जो स्वयं चिति (ज्ञान) है। प्रपंचसार के अनुसार जो नाड़ी बायें अंडकोष से सुषुम्ना में होकर दाहिनी स्कन्धास्थि के जोड़ तक पहुँचती है हृदय देश के कारण धनुष के समान झुक जाती है बाँई स्कन्धास्थि के जोड़ से दाहिने नासारंध की ओर चली जाती है। इसी प्रकार दाहिने अंडकोश से आने वाली नाड़ी बायें नासारन्ध्र की ओर चली जाती है। नासारंध्र में आने से पूर्व या नाड़ियाँ भ्रू-मध्य के क्षेत्र में पहुँच कर सुषुम्ना के साथ तीनों मिलकर एक गाँठ बनाती है (जिसे त्रिवेणी भी कहते हैं) और तब नासारंध की ओर जाती हैं। एक कहानी आती है कि गंगा, सरस्वती और यमुना का त्रिवेणी में स्नान करने वाले को महान पुण्य मिलता है—

इडायां यमुना देवी पिंगलायां सरस्वती।
सुषुम्नायां वसेद्गंगा तासां योगस्त्रिधा भवेत्॥
संगता ध्वज मूले च विमुक्ता भ्रू वियोगतः।
त्रिवेणी योगः सा प्रोक्ता तत्र स्नानं महाफलम्॥

यह गंगा सुषुम्ना, इडा यमुना और पिंगला सरस्वती है। आज्ञा चक्र भेदन के समय यह त्रिवेणी स्नान होगा जो महाफलदायक होगा ही। इस प्रकार ये नाड़ियाँ ध्वज (लिंग) मूल (जड़) से मिलकर चलती हुई भ्रू मध्य पर पुनः अलग-अलग हो जाती हैं। सुषुम्ना सबसे बाहरी नाड़ी और चित्रिणी सबसे अन्दर की परन्तु चित्रिणी के अन्दर के भाग को ब्रह्म नाड़ी कहा जाता है। अलग से कोई ब्रह्म नाड़ी नहीं है। जैसा कि मैं पहले कह आया हूँ चित्रिणी पीले रंग की है, वज्रिणी अनार के फल के पराग जैसे रंग की और सुषुम्ना लाल आग के रंग जैसी है। जो कामातुर स्त्री के समान थर-थराती है—'लसन्ती ललना यथा।"



चित्र संख्या ४१

कन्द चार अंगुल का अंडे के आकार में है जिससे ७२००० नाड़ियाँ निकली मानी गई हैं। कन्द का स्थान गुदा से दो अँगुल ऊपर और लिंग मूल से दो अंगुल नीचे है—

गुदात्तु द्वयंगुलादूर्ध्व मढ्रात्तु द्वयंगुलादधः।
चतुरंगुल विस्तारं कन्दमूलं खगाण्डवत्॥
नाड्यस्तस्मात समुत्पन्नाः सहस्त्राणां द्विसप्तशति॥

यही कंद का मध्य बिंदु सुषुम्ना का उद्गम स्थल है। बारह दल वाले कमल के मध्य में सुषुम्ना का अन्त होता है जो सहस्रार कमल के बीजावरण के अन्दर है। यह स्थान ब्रह्म रन्ध्र के पास है। श्री काली चरण कृत 'पादुका पंचकम्' में इस द्वादश दल पदम् का वर्णन है—

ब्रह्मरंध्र सरसी रुहोदरे।
नित्य लग्नमवदातमद्भुतम्॥
कुण्डलीविवर कांड मंडितम्।
द्वादशार्णसरसीरुहं भजे॥

ब्रह्मरंध के पास शंखिनी नाड़ी है उसकी नाल (नली) के सहारे सुषुम्ना स्थिर है।

सरस्वती और कुहू सुषुम्ना के दोनों ओर हैं। इड़ा के दोनों ओर गान्धारी और हस्तिजिव्हा नामक नाड़ियाँ हैं। गान्धारी और सरस्वती के बीच शंखिनी है। यह शंखिनी की शाखा बाँयें कान की ओर जाती है। दूसरी शंखिनी की शाखा कण्ठ कूप (गल गह्वर)



मूलाधार चक्र Moolādhār Cakra

(Sacrococcygeal Plexus)

में से मस्तक में जाकर चित्रिणी से लिपट जाती है ओर फिर सिर में चली जाती है। मैं पहले ही कह चुका हूँ कि शंकर जी (रुद्र) इस ज्ञान के एक प्रकार से प्रथम उद्गाता माने जाते हैं। वे अपनी तान्त्रिक साथिनी पत्नी (अम्बिका) को यह ज्ञान देते हुए कहते हैं—

शंखिनी कण्ड विवरात् तिर्यग्भूता ललाटगा।
चित्रणी संगत्ताश्लिष्टा यावच्छिरसमम्बिके॥

चित्रिणी मकड़ी के धागे के समान सूक्षम है जो सभी पद्मों को भेदती हुई प्रणव की चमक से देदीप्यमान आगे बढ़ती है। मूलाधार के स्वयंभूलिंग के छिद्र से सहस्रार के परम बिन्दु (आदि देव) तक जाने वाली चित्रिणी शुद्ध ज्ञान (Pure Intelligence शुद्ध बोध) सर्वानन्द, शुद्ध चैतन्य स्वरूपा है जिसके मुख पर ब्रह्मद्वार (ब्रह्मनाड़ी का मुँह) चमकता है। यही स्थान अमृत क्षेत्र का प्रवेश द्वार है जो सुषुम्ना का मुख भी है। इसे ग्रन्थि कहते हैं। अमृत क्षेत्र के विषय में शास्त्र कहता है **'स्त्री पुंयोगात् यत सौख्यं तत सामरस्यं।'** सामरस्य शब्द सम्भोग के लिए प्रयुक्त होता है। अमृत क्षेत्र का अमृत रस परम शिव और शक्ति के संगम से बहता है। उस अमृत को मूलाधार में शिव-शक्ति को स्थित करके प्राप्त किया जाता है।

कंद और सुषुम्ना के मिलन स्थल पर चारों दिशाओं में चार दल वाला आधार पद्म है। दल का रंग रक्त वर्ण (Crimson colour) है। कमल मुख नीचे की ओर लटका है। इसके दलों पर व श ष स अक्षर हैं। इन अक्षरों पर दायें से बायें (दक्षिणावर्त) क्रमशः ध्यान करना है। विश्वसार तन्त्र कहता है—

सर्व व्रर्णात्मकं पत्रं पद्मानां परिकीर्तितम्।
दक्षिणावर्तयोगेन लिखनं चिन्तयेद्धिया॥

इस पद्म के बीच में वर्गाकार पृथ्वी तत्व है जो चमकदार अष्ट शूल युक्त है (पाठक यन्त्र वाले अध्याय में पढ़ चुके हैं कि पृथ्वी का यान्त्रिक चित्रण वर्ग है। इसी प्रकार प्रत्येक तत्व का आकार, रंग तथा कर्म होता है जिससे यह विशेष प्रकार तरंग युक्त होता है।) पृथ्वी तत्व का रंग पीला है। शूल कुलाचल (कामिन्याः स्तन सदृशाग्रैः) अर्थात् कामातुर स्त्री के स्तन कुचों के समान है। (The tips of these spears are shaped like a woman's breasts. – Sir John Woodroffe) निर्वाण तन्त्र के अनुसार पृथ्वी पर सात कुलाचल (कुल-पर्वत) हैं यथा—नीलांचल, मन्दाराचल, चन्द्र शेखर, हिमालय, सुवेल, मलय और सुपर्वत। उस पृथ्वी वर्ग के अन्तर्गत पृथ्वी बीज 'लं' है जो चमकदार पीले रंग का है। इसके अन्दर ऐन्द्र बीज है जो पीले रंग का चतुर्भुज है और एक हाथ में वज्र (शक्ति) थामे है, पौरुष पूर्ण है और ऐरावत हाथी पर बैठा है। (चक्रों के अन्दर दिये गये 'पशु' 'तत्व के देवता' के गुण तथा वाहन के परिचायक होते हैं।) इसकी बाहें इतनी लम्बी हैं कि हाथ घुटनों तक पहुँचते हैं। चारों भुजाएँ आभूषण युक्त हैं जो ऐरावत को थामे हैं। धराबीज के बिन्दु-अंक (गोद) में बच्चे के रूप में चतुर्मुखी ब्रह्म जी स्थित हैं। निर्वाण तन्त्र में कहा है कि इन्द्र बीज जननांग के नीचे है। अति सुन्दर पूर्ण प्रजापिता ब्रह्मा

नाद के ऊपर स्थित हैं। नाद के ऊपर बिन्दु के अन्दर सृष्टिकर्ता ब्रह्मा स्थित हैं। भूत शुद्धि तन्त्र के अनुसार-ब्रह्मा बच्चे का रंग लाल, भुजाएँ चार, चेहरे चार हैं और हंस की पीठ पर स्थित हैं। मूलाधार में डाकिनी देवी स्थित है जिस पर ध्यान करने से तत्व ज्ञान प्राप्त होता है। इसके अति सुन्दर चार भुजाएँ हैं, आँखें लाल हैं। इसकी चमक ऐसी है जैसे हजारों सूर्य एक ही स्थान पर एक ही क्षण में उदय हो उठे हों। यह देवी शुद्धि-बुद्धि वाहिका है। इसके मुँह पर चारों अक्षर व श ष स है जिनकी अधिपति डाकिनी है।

डाकिनी का ध्यान एक और प्रकार से भी किया जाता है—

रक्ताक्षीं रक्तवर्णा पशुजनभयकृच्छूलखट्वांगहस्तां
वामे खड्गं दधानां चषकमपि सुधापूरितं चैकवक्राम्।
अत्युग्रामुग्रदंष्ट्रामरिकुलमथनीं पायसान्ने प्रसक्तां
मूलाधारेऽमृतार्थे परिवृतवपुषं डाकिनी चिन्तयेत्ताम्॥

रक्त जैसे रंग वाली, रक्तिम आँखों वाली, पशु (आप जानते हैं तन्त्र में पशु किसे कहा जाता है—जो अपनी इन्द्रियों का दास हो) जनों को भयाक्रान्त करने वाली, जिसके दाहिने हाथों में शूल और खट्वांग है, बायें हाथों में तलवार और मद्य से भरा प्याला है वह अत्यन्त उग्र, भयानक दाँतों वाली, शत्रुओं के कुल का संहार करने वाली, पायस (चावल दूध से बनी खीर जिसमें घी और शक्कर मिली हो) से प्रसन्न होने वाली है। देवी डाकिनी का इस प्रकार चिन्तन (ध्यान) करें।

देवताओं के चेहरे नीचे की ओर अथवा ऊपर की ओर किये हुए ध्यान करने का अन्तर साधक के भावानुसार है। माया तन्त्र में कहा है—प्रवृत्ति मार्ग वाले देवों के चेहरे नीचे की ओर मान कर ध्यान करें और निवृत्ति मार्ग वाले ऊपर की ओर।

तत्सर्व पंकज देवि सर्वतोमुखमेव च।
प्रवृत्ति भावचिन्तायामधोवक्त्राणि चिन्तयेत्।
निवृत्ति भावमार्गेषु सदैवोर्ध्वमुखानि च॥

मूलाधार पद्म के परागक्षेत्र के अन्तर्गत बहुत मुलायम अत्यन्त सुन्दर विद्युत के समान एक त्रिभुज चमकता है जिसे काम रूप या त्रिपुर कहते हैं (गौतमीय तन्त्र इसे इच्छा, ज्ञान तथा कर्म, Will, Knowledge and Action का त्रिभुज मानता है) वज्रा नाड़ी के मुँह के पास है। वहाँ सदैव काम वायु, कन्दर्प वायु (कन्द देशे वसेत् प्राणो ह्यपानो गुदमंडले) विलास करती है, उसका रंग बन्धूक पुष्प से भी अधिक गहरा लाल है। तन्त्र राज में इस त्रिकोण अर्थात् त्रिपुर के अन्दर रहने वाली देवी को त्रिपुर सुन्दरी कहा है, (त्रिपुरा देवी 'क' अक्षर के सहित जो कि काम बीज का प्रधान अक्षर है, विराजमान है)। इस त्रिकोण को शक्ति पीठ भी कहा जाता है। कन्दर्प वायु को जीवन की अधिष्ठात्री माना जाता है चूँकि अपान वायु प्राण वायु का आकर्षण करती है और प्राण वायु अपान का। कंदर्प वायु दोनों के बीच में है और अपान वायु की सहचरी होकर प्राण वायु का कर्षण करती है। यदि यह अपना आकर्षण त्याग दे तो प्राण शरीर से बाहर निकल जायगा। यदि

अधिकर दे तो अपान बाहर हो जायेगा। एक के बाहर आने से दूसरा स्वतः चला जायेगा। इस प्रकार कंदर्प वायु ही जीवन का आधार है। त्रिकोंण के अन्दर स्वयं-भू लिंग है जिसका रंग श्यान (Blue-green) है। ऊपरी भाग नीचे चौड़ा और ऊपर पतला जैसे चंपक के पुष्प का गर्भ केशर होता है, देखने में नई बिना खुली कली (unopened leaf bud) के समान प्रतीत होता है। यह लिंग 'काली कुलामृत' के अनुसार अधोमुखी है और काम बीज के द्वारा गति देने पर क्रियाशील होता है—

तत्र स्थितो महालिंगः स्वयंभू सर्वदा सुखी।
अधोमुखः क्रियावांश्च कामबीजेन चालित॥

यामल तन्त्र इस पर ध्यान करने के लिए इस प्रकार कहता है— मूलाधार के अति सुन्दर त्रिकोण पर ध्यान करो जिसमें घने नीले बादलों के पीछे जैसे दस लाख बिजलियाँ चमकें ऐसी आभा वाली कुण्डलिनी की तीन रेखायें चमकती हैं।

(इसमें साधक के भाव का अन्तर है प्रतीति और परिणाम में कोई अन्तर नहीं आता)।

स्वयंभू लिंग के अन्दर से आने वाली विद्युत-चमक चन्द्रमा की चाँदनी के समान बहुत शीतल और सुखदायक होती है। इसके ऊपर कमल तन्तु के समान सूक्ष्म सुप्त कुण्डलिनी चमकती है जो जगन्मोहिनी है, ब्रह्मद्वार को ढके हुए है। यह स्वयं भू लिंग को (घोंघा जिस प्रकार शंख में चक्राकार होता है उसी प्रकार) चारों ओर से साढ़े तीन चक्र देकर चमकदार सर्प के समान लपेटे है। उसकी चमक नई विद्युत की तेज फ्लैश (Flash) जैसी है। उसकी गुंजार प्रेम में पागल मधुमक्खियों की विशेष प्रकार की भिनभिनाहट जैसी है जिसमें लय के उतार चढ़ाव से मधुर संगीत प्रस्फुटित होता है। उस संगीत से ध्यान किये जाने वाले चित्र का आभास होता है जैसे कि संस्कृत भाषा के स्पष्ट और अस्पष्ट शब्द किसी क्रम में निकल रहे हों। कादिमत के अनुसार 'आत्मा' की इच्छा शक्ति की प्राण वायु पर क्रिया होने से मूलाधार में अति उत्तम नाद (Sound) का उदय होता है जिसे 'परा' कहते हैं। इसकी चढ़ती लय में कुण्डलिनी ऊपर की ओर धकेली जाती है जो स्वाधिष्ठान तक पहुँच कर पश्यन्ती कहलाती है। इसी क्रिया से पुनः इसे मृदु झटके से अनाहत के बुद्धि तत्व से जोड़ते हैं, तब यह 'मध्यमा' कहलाती है और ऊपर जाकर गले में विशुद्ध चक्र में पहुँचकर 'वैखरी' कहलाती है और वहाँ से और ऊपर तालू, नाक, जीभ, होठ आदि के द्वारा अ से क्ष तक अक्षर उत्पन्न करती है।

"स्वात्मेच्छाशक्तिघातेन प्राणवायुस्वरूपतः।
मूलाधारे समुत्पन्नः पराख्यो नाद उत्तमः॥
स एव चोर्ध्वतां नीतः स्वाधिष्ठान विजृम्भितः।
पश्यान्त्याख्यामवाप्नोति तथैवोर्ध्वं शनः शनः॥
अनाहते बुद्धि तत्व समेतो मध्यमोऽभिधः।
तथा तयोरूर्ध्वगतो विशुद्धो कण्ठ देशतः॥"

कुण्डलिनी के ध्यान के लिए उसे अपने इष्ट देव स्वरूप में इस प्रकार ध्यान करने के लिए भी लिखा है—

ध्यायेद कुण्डलिनी देवीमिष्ट देवस्वरूपिणाम्।
सदा षोड्शवर्षीयां पीनोन्नतपयोधराम्॥
नव यौवन सम्पन्नाम् सर्वाभरणभूषिताम्।
पूर्ण चन्द्रप्रभाम् रक्ताम् सदा चंचल लोचनाम्॥

अपने इष्ट देव के रूप में कुण्डलिनी का ध्यान सदैव षोडष वर्षीय सुन्दरी में करो जो नव यौवन सम्पन्न बड़े और उत्तम स्तनों वाली, आभूषणों से सुसज्जित, पूर्ण चन्द्र के समान कांतिवान, रक्त वर्ण की और हिरणी के समान चंचल नेत्र वाली हो। शाक्तानन्द तरंगिणी में रक्त वर्ण की कुण्डलिनी देवी का ध्यान करने के बारे में कहा है। अन्य तन्त्रों में कुण्डलिनी को 'श्यामा' कहा है। श्यामा का अर्थ काला (अथवा नीला-हरा) नहीं है—

"शीतकाले भवेदुष्णा चोष्णकाले च शीतला।
प्रतप्तकांचनाभा सा श्यामा स्त्री परिकीर्तिता॥"

(ऐसी स्त्री जो शीतकाल में गर्म और ग्रीष्म काल में शीतल हो और जिसका रंग तपाये हुए सोने के समान आभामय हो श्यामा कहलाती है)।

कंकाल मालिनी तन्त्र कुण्डलिनी के ऊर्ध्व गमन से पूर्व का वर्णन करता है—

कोटिचन्द्रप्रतीकाशां पर ब्रह्म स्वरूपिणीम्।
चतुर्भुजां त्रिनेत्रां च वराभयकरां तथा॥
तथा पुस्तक वीणां च धारिणीं सिंह वाहिनीम्।
गच्छन्तीं स्वात्मनं भीमां नाना रूप धरात्मिकाम्॥

कुण्डलिनी परब्रह्म स्वरूप ऐसे चमकती है जेसे करोड़ों चन्द्रमा एक साथ उग आये हों, इसके चार भुजायें और तीन आँखें हैं। हाथों से वर मुद्रा व अभय मुद्रा प्रदर्शन करती है। अन्य हाथों में पुस्तक तथा वीणा है। सिंह पर सवार है। जब अपने आसन (मूलाधार) से चलती है तो श्रद्धायुक्त भय (reverential fear) उत्पन्न करने वाली (भीमां) भिन्न-भिन्न प्रकार के रूप धारण करती है। कुण्डलिनी के ऊपर सूत्र रूप में पराशक्ति है जा परम प्रशासन कार्य सँभाले हुए है। इसमें सृष्टिकारी आश्चर्यजनक शक्ति है। इसकी नित्यानन्द परम्परा (Steps to eternal bliss) इस प्रकार है—नित्यानन्द निर्गुण ब्रह्म से सगुण आविर्भाव, सगुण से शक्ति, शक्ति से नाद, नाद से बिन्दु, बिन्दु से कुण्डिलिनी (चितकला भी कुण्डलिनी का रूप है)। इसी प्रकार नित्यानन्द से अमृत रस परम बिन्दु, आज्ञा चक्र, विशुद्ध चक्र आदि के क्रम से मूलाधार तक आता है।

सारांश (Summary)

मूलाधार चक्र चतुर्दल पद्म है। दल रक्त वर्ण हैं। प्रत्येक दल पर व श ष स अक्षर स्वर्णिम रंग में चमकते हैं। बीज कोष के बीच में अष्ट शूल युक्त धरा मण्डल है। इसके निम्न भाग में धरा बीज लं है जिसके चार भुजाएँ हैं और ऐरावत पर आरुढ़ है। वह पीत

वर्ण है और हाथ में वज्र थामे है। धरा बीज के बिन्दु के अन्दर शिशु ब्रह्मा रक्त वर्ण चतुर्भुज विराजमान हैं। उनके हाथ में दण्ड, कमण्डल, रुद्राक्षमाला है और एक हाथ से अभय मुद्रा प्रदर्शित कर रहे हैं। उनके चार मुख हैं। बीज कोष (Pericarp) में एक रक्त पद्म है जिस पर चक्र की अधिष्ठात्री शक्ति डाकिनी विराजमान हैं। वह चतुर्भुज रक्त वर्ण हैं। उनके हाथ में शूल खटवांग खड्ग और चषक (प्याला) है। बीज कोष में विद्युत जैसी चमक वाला त्रिभुज है जिसमें कंदर्प वायु और काम बीज हैं। दोनों ही रक्त वर्ण हैं। इनके ऊपर स्वयं भू लिंग है जो श्याम वर्ण है। इसके चारों ओर कुण्डलिनी साढ़े तीन चक्र लगाये हैं और ऊपर भी है। इस सब के ऊपर चित कला है जो कुण्डलिनी का ही दूसरा रूप है।

स्पष्टीकरण

इस चक्र का **लाल त्रिभुज** रजोगुणी (उत्पत्ति कारक) योनि का प्रकटीकरण करता है। उसके अन्दर श्याम वर्ण (कामासिक्त) लिंग को दर्शाता है जिसका मुख छिद्र बन्द है (अर्थात् अधो रेतस न होकर ऊर्ध्व रेत: है)। यह लिंग और योनि दोनों ही **इन्द्र के ऐरावत** पर आरुढ़ हैं अर्थात् इतनी कामासिक्त मस्ती में हैं जितना इन्द्र (जिसके भोगों की सीमा नहीं) हो सकता है। यहाँ मस्ती है परन्तु हाथी की चाल से। ऐरावत की कई सूड़ें—आनन्द मनाने की विवधात्मक काम केलि की विभिन्न मस्त मुद्राओं को प्रकट करती हैं। यह सम्भोग पूरी तरह काम पूर्ण है इसका प्रकटीकरण **पीले रंग के धरा-बीज** अर्थात् **काम-बीज लं** से होता है। पीला रंग ज्वालामय है। कामाग्नि भी ज्वाला ही है। ऐसा कामाग्नि पूर्ण सम्भोग एक आधार (धरा मण्डल) पर होता है अधर में नहीं। यह धरा क्षेत्र आठ शूल युक्त है। दो हाथ, दो पाँव पुरुष के और दो हाथ, दो पाँव नारी के, इस प्रकार सम्पूर्ण क्षेत्र में आठ शूल हो जाते हैं। एक स्थान पर यह **शूल स्त्री के स्तन की घुण्डी** के समान कहे गये हैं। अर्थात् यह शूल के समान प्रहार करने वाले परन्तु चूचुक के समान मुलायम हैं। ऐसे सम्भोग में दुहरी शक्ति निहित है—ब्रह्मा की प्रजावर्द्धिनी शक्ति (वीर्य की अधोगति करने से) तथा कुण्डलिनी को ऊर्ध्वगति देने वाली शक्ति—डाकिनी (वीर्य की ऊर्ध्वगति होने से)। मूलाधार का बीज कोष मूल-ग्रन्थि है जहाँ से चार रजो गुणी (उत्पादक) नाड़ियाँ निकलती हैं। इन नाड़ियों के परिचयात्मक नाम वर्णमाला के अन्तिम चार अक्षर हैं—व श ष स। काम बीज (काम) में अतुल शक्ति (Thunder bolt) है।

सम्भोग मार्ग (गृहस्थी) वाले तान्त्रिक ('भित्वा तल्लिंगरूपं पवन दहन योराक्रमेणैव गुप्तम' 'हुकारेण तत् लिंगम् भित्वा ब्रह्मद्वारस्य मध्येविरचयति') हुंकार के साथ अर्थात् जोर लगाकर लिंग को ब्रह्मद्वार के अन्दर प्रवेश करते हैं। पवन अर्थात् कंदर्प (काम वायु) और दहन (कामाग्नि) के आक्रमण से ('हंसमुपस्मृत्य शनैराकंचयेद् गुदम्आगम कल्पद्रुम') हंस: जाप (प्राणायाम) करते हुए शन: शन: गुदा (मलद्वार) को संकुचित कर (अर्थात् अश्विनी एवं वज्रोली मुद्रा के अभ्यास द्वारा) कुण्डलिनी को जाग्रत करते हैं। (देखें, षट चक्र निरुपण 50)। तथा—

मूलाधार सरोजे तु त्रिकोणमतिसुन्दरम्।
कामो भवति तन्मध्ये बालार्क कोटिसंनिभम्॥

इस मूलाधार के त्रिकोण पर आप ध्यान दें तो तान्त्रिक रेखांकन (यन्त्र निर्माण) के आधार पर उपर्युक्त सम्भोग मार्ग की बात और भी अधिक प्रमाणित हो जाती है—अधोमुखी त्रिभुज का अर्थ है योनि, उसके अन्दर लिंग है जिसका मुँह बन्द है (अर्थात् वीर्य का स्खलन नहीं हो सकता)। अब 'कामाग्निना कूर्चयोगात् परं हंसाभिलाषिणीम' कामाग्नि के साथ हं सः (प्राणायाम) का योग होने से परमहंस की अभिलाषिणी कुण्डलिनी स्थान छोड़ देती है। सर आर्थर एवलोन इस सम्बन्ध में लिखते हैं—"As the result of excitation by the Kamagni Passion is excited in her. She is impelled by the Fire of Kama towards the Param Hansa in the Sahasrar."

'लाक्षाभपरमामृतम् पर शिवात्पीत्वा पुनः कुण्डली' परम अमृत जो कुण्डली पीती है और परशिव से निकलता है, अर्थात् जीवन का आधार ओज (कुण्डली में चढ़ने वाला) परम पुरुष (जो यम नियमादि से इन्द्रयादि वश में करके उनका स्वामी ईश्वर बना हुआ है) द्वारा कुण्डलिनी नाड़ी में चढ़ाया जाता है वह लाल (लाक्षाभम् अलक्तरसवत् रक्ताभम्) है। इसका स्पष्टीकरण सर जान वुडरौफ ने "The Serpent Power—Edition 1958' में इस प्रकार दिया है—Shankar says, it is so coloured because it is mixed with the menstrual fluid. आगे वह बात को सम्भालते हुए कहते हैं Which is symbolic, like the rest of the erotic imagery. Red is the colour of the Rajo-Guna. शंकराचार्य की रजःस्राव वाली बात को मर्यादा के नाते भले ही Symbolic कह दिया जाय अन्यथा उनकी जैसी बातों को Symbolic बताकर अपनी बात की पुष्टि करने के लिए बहुत से लोगों को erotic imagery प्रमाणों का सहारा लेना पड़ा है।

'बृहच्छीक्रम तन्त्र' में पराशक्ति का वर्णन करते हुए कहा है **'पराविराज वामोरुमदालसवाः स्त्रियम्'** (अर्थात् पराशक्ति अत्यन्त सुन्दर देहयष्टि वाली ऐसी स्त्री है जिसके अंग अत्यन्त काम वेग के कारण उन्मत्त हो रहे हैं।) समाधि के आनन्द की बात करते हुए माया तन्त्र कहता है—**शिव शक्त्योः समारस्यात्मकम् प्रकृतिनोऽपरे।** आगे इसे स्पष्ट करत हैं कि **'स्त्रीपुंयोगे तु यत् सौख्यं सामरस्यं प्रकीर्तितम'** (आनन्द का वह अनुभव जो स्त्री और पुरुष के सम्भोग से उद्भूत होता है)। सम्भोगानन्द (कामानन्द) को समाधि आनन्द (ब्रह्मानन्द) का प्रतीक मानने वाले कह सकते हैं "The bliss of union of shiv a and shakti, of which sexual union is the meterial type—Sir John Woodroffe; अन्य मत वाले जीव और आत्मा के मिलन को योग और उससे उत्पन्न आनन्द को समाधि का आनन्द कहते हैं। कुछ शिव और आत्मा के योगानन्द को, कुछ ज्ञान और शक्ति के योग के आनन्द को, कुछ पुरुष व प्रकृति के योग के आनन्द को, कुछ आत्मा व परमात्मा के मिलन (एक्य भाव को प्राप्त) होने के आनन्द को, कुछ कला से चिदानन्द के योग के आनन्द को (जो नाद पर होता है), कुछ महादेव और

परा के संयोग के आनन्द को समाधि का आनन्द बताते हैं। **इन सब में एक सामान्य और गृहस्थ व्यक्ति के लिए उपयुक्त और सुलभ समाधि आनन्द का मार्ग पति-पत्नी का सम्भोग-आनन्द है।**

धर्म पत्नी

भारत में पत्नी को धर्म-पत्नी कहा जाता है। **पत्नी वह होती है जो पति को संतान उत्पन्न करने में योग देती है।** संतान से समाज वर्धन होता है। यदि संतान विकसित शरीर-मेधा युक्त है, तो समाज विकसित बनेगा। यदि संतान अविकसित शरीर और मेधा युक्त हुई तो भावी समाज भी वैसा ही रुग्ण और पंगु बन जायेगा। अतः संतान उत्पन्न करने भर के लिए किसी की पत्नी बनना एक सामाजिक रिश्ता है।

ऐसी पत्नी 'धर्म-पत्नी' नहीं है। **पत्नी का 'धर्म-पत्नी'-पन उस समय प्रारम्भ होता है जब पति के लिए पत्नी धर्म के विकास में सहायक हो। यह धार्मिक विकास 'सम्भोग-समाधि' में निहित है।** इसीलिए पत्नी को ही धर्म-पत्नी बनने का अधिकार मिला है क्योंकि सामाजिकता के सन्दर्भ में इस प्रकार का धर्म-निर्वाह अत्यन्त गुप्त रखा जाता है। यह **'गुप्त धर्म'** यही कुण्डलिनी-तन्त्र है। **जो व्यक्ति** (शिव के समान) **अपनी पत्नी** (शिवा के समान) **के साथ कुल कुण्डलिनी धर्म का विकास** (कुण्डलिनी शक्ति का उत्तरोत्तर विकास होता है यह षडचक्र भेदन में स्पष्ट किया जा चुका है) **करता है उसके लिए पत्नी अर्धांगिनी बन जाती है।** इस विधि में अकेला पुरुष अथवा अकेली स्त्री कुछ नहीं कर सकती। दोनों एक होकर ही इस धर्म-निर्वाह को पूरा कर पाते हैं अतः पति भी आधा (अधूरा) और पत्नी भी आधी (अधूरी) है और दोनों एक-दूसरे के पूरक अर्धांग हैं। कुछ लोग सोचेंगे कि पत्नी के साथ धार्मिक अनुष्ठान पूजा, पाठ, हवन, पूजन में बैठने से पत्नी का धर्म-पत्नी-पन पूरा हो जायेगा। नहीं ! इन कामों के लिए तो किसी भी स्त्री को आप बिठा सकते हैं कोई तात्विक बाधा नहीं आयेगी।

मैंने सुना है कि पत्नी के न होने पर श्री रामचन्द्रजी ने अपने अश्वमेध यज्ञ में सोने की सीता बनाकर बिठाली थी। वहाँ सोने की, लोहे की या खून माँस की कोई भी सीता बिठा सकते हैं परन्तु कुल-कुण्डलिनी के धर्मानुष्ठा में जहाँ सम्भोग ही समाधि का द्वार हो असली पत्नी की ही आवश्यकता होगी। उस समय हीरे की सीता भी व्यर्थ होगी। कुल कुण्डलिनी का तत्व ज्ञान जानने वाले के लिए बाहरी अनुष्ठानों का विशेष महत्व नहीं होता। **उसके सारे अनुष्ठान अपने अन्दर चलते हैं और उसकी अपनी पूर्णता इन आंतरिक गुप्त धर्म अनुष्ठानों को करने के लिए केवल अपनी पत्नी से ही प्राप्त होती है।** इन तथ्यों से व्यक्ति **के लिए धर्म-पत्नी की जीवन में कितनी आवश्यकता है यह स्पष्ट हो जाता है।** इस आवश्यकता को देखते हुए उन तान्त्रिक लोगों ने बहुत से उपाय किये जिनकी 'पत्नी' नहीं थी। इसमें पहला उपाय उन्होंने यह किया कि पत्नी की बात समाप्त करके उसके स्थान पर नारी शब्द जोड़ दिया। आप जानते हैं पत्नी की अपेक्षा नारी मिलना अधिक सुगम होता है, क्योंकि 'पत्नी' बनना अपने जीवन को दाँव पर लगाना होता

है। यही हाल पतियों का भी है। 'पत्नी' शब्द के स्थल पर 'नारी' शब्द लगा देने से तन्त्र बदनामी की ओर उन्मुख हुआ। अत: **जहाँ जहाँ तन्त्र शास्त्रों में 'नारी' शब्द किसी विशेष अनुष्ठान हेतु उपयोग में आया है वहाँ 'पत्नी' शब्द लगा देने से सम्पूर्ण तन्त्र गंगाजल की भाँति पवित्र और समाज-मान्य हो जाता है।**

स्वाधिष्ठान चक्र

ब्रह्म नाड़ी (सुषुम्ना) के अन्तर्गत दूसरा चक्र स्वाधिष्ठान है जो जननांग के मूल में स्थित है। सिंदूर वर्ण है। यह षट-दल पद्म है1 इन दलों पर विद्युत के समान चमकते हूए अक्षर बं से लं तक हैं। लं अक्षर इन्द्र का बीज (पुरन्दर) भी कहा जाता है। इसके अन्तर्गत चमकदार जल सदृश वरुण का क्षेत्र हैं जिसका आकार अर्धचन्द्र जैसा है जिसमें मकर पीठ पर वं बीजाक्षर सुशोभित है जो बसंत ऋतु के चन्द्रमा के समान शुभ्र है। मकर वरुण का वाहन है। वरुण के हाथ में पाश है। वं के बिन्दु में चतुर्भुज श्याववर्ण हरि (विष्णु) का ध्यान करो। विष्णु नील वर्ण हैं। गोतमीय तन्त्र में इस ध्यान के बारे में कहा है कि 'उनके हृदय पर कौस्तुभ मणि' (Gem) है जो दस हजार सूर्यों की प्रभा वाली है, उससे नीचे दस हजार चन्द्रों के समान वनमाला है। कौस्तुभ मणि के ऊपर 'श्री वत्स' है जो दस हजार चन्द्रों की प्रभा वाला है। विष्णु का वाहन गरुड़ है। विष्णु के हाथों में शंख, चक्र, गदा, पद्म हैं और वे पीताम्बर धारी हैं। इस चक्र में राकिनी देवी का स्थान है। वह नील वर्ण है; उसके हाथों में शूल, पद्म, डमरू और टंक (कुल्हाड़ा) है। वह भयानक आकृति वाली, दाँत बड़े-बड़े और बाहर निकले हुए, रक्तिम आँखों वाली दुहरे कमल पर आसीन है, जिसके एक नासा रन्ध्र से रक्त की धार निकल रही है। वह श्वेत अक्षत (चावल) पसन्द करने वाली, मत्त चित्त है। 'सौभाग्य रत्नाकर' के अनुसार राकिनी रक्त धातु की अधिष्ठात्री है।

सारांश (Summary)

स्वाधिष्ठान चक्र सिंदूरी रंग का पद्म है जिसके छ: दल हैं, उन पर छ: अक्षर चं भं मं यं रं लं विद्युत आभा के समान चमकते हैं। इस पद्म के बीज कोष के अन्तर्गत अष्ट दल कमल के रूप में जलीय क्षेत्र है। उसके बीच में अर्ध चन्द्र है। यह क्षेत्र श्वेत है। इसके अन्दर वरुण बीज वं एक मकर पर हाथ में पाश लिए आसीन है। बिन्दु के बीच में गरुड़ पर विष्णु बैठे हैं। उनके चार हाथ हैं जिनमें शंख, चक्र, गदा और पद्म हैं। वह पीताम्बर धारण किये हुए हैं। गले में लम्बी वन माला, वक्ष पर कौस्तुभ मणि तथा श्री वत्स चिह्न है और वे यौवन पूर्ण हैं। रक्तिम पदम पर बीज कोष में श्याम वर्ण शक्ति राकिनी है और उनके चारों हाथों में शूल, पद्म, डमरू और टंक हैं। वह त्रिनेत्री, भयानक दाँतों वाली, भयंकर हैं। श्वेत अक्षत पसन्द करने वाली हैं। उनको एक नासारन्ध्र से रक्त धार बहती रहती है।

स्पष्टीकरण

मूलाधार से आती हुई कुण्डलिनी शक्ति का इस स्वाधिष्ठान ग्रन्थि को सक्रिय करना वासनात्मक नहीं होता। वासना मात्र मूलाधार तक ही रह जाती है। यहाँ का बीज

'व' वरुण बीज है अर्थात् यह जल का देवता है। **बिन्दु** लयात्मक (सम्भोग) अवस्था का प्रकटीकरण करता है (इसका स्पष्टीकरण आज्ञाचक्र के अन्तर्गत है।) **जल**, अमृतमय शीतलता देने वाला, (कामाग्नि शीतल करने वाला) योनि स्राव है जो वासनात्मक से आध्यात्मिकता की ओर वर्ण परिवर्तन करके श्वेत हो गया है। यह जल **'वं' मकर** पर आधारित है। **'म' कार** पंच 'म' कार साधना से सम्बन्धित है। एक स्थान पर लिखा है कि "जल को दूषित होने से बचाने के लिए जैसे नदी में मकर होते हैं, वैसे ही इस अमृत जल में मकर है, जो वासना को खा गया है। अर्थात् यह योनिस्राव वासना रहित सम्भोग का परिणाम है।" इस ग्रन्थि में एक के अन्दर एक तीन गाँठें हैं। सब से बाहरी आवरण से छः सत-रजोगुणी नाड़ियाँ निकलती हैं जो जननांगों से सम्बन्धित हैं। उसमें अन्दर की ओर से आठ नाड़ियाँ निकलती हैं और उससे भीतरी सतह से भी आठ नाड़ियाँ निकलती हैं। भीतरी सोलहों नाड़ियाँ ऊर्ध्व भागों में जाती हैं। व के बिन्दु में **विष्णु** (उत्पन्न प्रजा का पालन करने वाली शक्ति, न कि प्रजा उत्पन्न करने वाली) का होना उत्पत्ति रहित सम्भोग (अर्थात् सम्भोग समाधि) को प्रकट करता है। इस चक्र की अधिष्ठात्री शक्ति **राकिनी** जो कि लाल कमल पर आसीन है **'श्याम'** कही गई है। यह 'श्याम' उस नारी को नाम दिया है जो सर्दियों में गर्म और गर्मियों में ठण्डी रहती हो। पाठकों को यदि ध्यान हो, यह गुण कुण्डलिनी शक्ति में है जिसका आधार लाल कमल (मूलाधार) होता है। 'श्याम' के बारे में शाक्तानन्द तरंगिणी में कहा है—

शीतकाले भवेदुष्णा चोष्णकाले च शीतला।
प्रतप्तकाञ्चनाभा सा श्यामा स्त्री परिकीर्तिता॥

एक स्थान पर कुण्डलिनी देवी का ध्यान इस प्रकार करने का निर्देश दिया है—

ध्यायेत् कुण्डलिनीं देवीमिष्टदेवस्वरूपिणीम्।
सदा षोड़षवर्षीयां पीनोन्नतपयोधराम्॥
नव यौवन सम्पन्नाम् वस्त्राभरणभूषिताम्।
पूर्ण चन्द्रप्रभा रक्तां सदा चञ्चल लोचनाम्॥

—षटचक्र निरूपणम्

(इष्टदेव स्वरूप कुण्डलिनी देवी का ध्यान सदैव सोलह वर्ष की ऐसी पूर्ण नवयौवना के रूप में करो जो बहुत सुन्दर, उन्नत उरोजों वाली, विभिन्न प्रकार के स्वर्णाभूषण युक्त, सोलह कलाओं से पूर्ण चन्द्र के समान कांतिवान, कामासिक्त रक्तिम-आभायुक्त हिरनी के समान चंचल नेत्रों वाली हो।) सर आर्थर-एवलौन ने 'रक्तां' को सुन्दरी का पर्याय कहा है—'Red (Rakta) as regards Sundari so says the Author of Shaktananda Tarangini. आगे वह कहते हैं The Text may also be read as meaning that—'Read' is an atribute applicable to Shri Sundari that is, the 'Devi' Tripura Sundari'. (श्री यन्त्र की अधिष्ठात्री त्रिपुर सुन्दरी ही मानी गई है।)

यहाँ एक बात सोचने की है कि **जैसा ध्यान यहाँ कुण्डलिनी का दिया गया है, वैसा सोचने मात्र से कुण्डलिनी जगाने के स्थान पर साधक को स्वप्न दोष, प्रमेह, शीघ्र पतन आदि ऐसी लैंगिक व्याधियाँ लग जायेंगी जिनका आधार मनोवैज्ञानिक (Psychological) होता है।** इस ध्यान के स्थान पर स्वयं नवयौवन सम्पन्न नारी के साथ समागम हो तो कुछ बात बनने की आशा की जा सकती है। ऐसा ही धोखा लोगों को कोणार्क, ऐलोरा आदि के मन्दिरों की मिथुन मूर्तियों को देखकर होता है कि ये ध्यान के लिए हैं। नहीं! **यह आँख बन्द करके सोचने के लिए बनाई गई मूर्तियाँ नहीं हैं, अपितु क्रियात्मक रूप से साधना करने के लिए हैं।** यही काम-कला कुण्डलिनी का मूल आधार है। मुझे ऐसे सन्यासियों का पता है जो कुण्डलिनी जगाने के चक्कर में अपनी गुदा में अँगुली डालते हैं। अथवा समलैंगिक मैथुन में प्रवृत्त होते हैं। यह मैं व्यभिचारियों के बारे में नहीं कह रहा वास्तविक कुण्डलिनी साधक सन्यासियों की बात कर रहा हूँ जो वासना रहित कुण्डलिनी जागरण की खोज करते हैं। **लोगों को केवल मीनार के कंगूरे दिखाई देते हैं उसकी नींव के नीचे की ईंटें कैसे स्थान पर हैं, वहाँ उनकी दृष्टि नहीं पहुँचती, परन्तु कँगूरों का निर्माण वही कर पाते हैं जो नींव की ईंट पर ध्यान देते हैं।**

पद्म दलों का सिन्दूरी रंग, सतोगुणी तथा रजोगुणी, पीला और लाल का मिश्रण, वासनात्मकता से आध्यात्मिकता की ओर विचार परिवर्तन का द्योतक है। जब ओज इस ग्रन्थि तक पहुँचता है, तो सम्बन्धित नाड़ियों को ओजपूर्ण (क्रियाशील) बनाता है और कुण्डलिनी शक्ति ऊपर की ओर बढ़ जाती है।

मणिपूरक चक्र

दश दल पद्म का मणिपूरक चक्र नाभि के मूल में चमकता है। इसके दलों का रंग जल भरे बादलों के समान गहरा श्याम वर्ण है। इसके दलों पर डं ढं णं तं थं दं धं नं पं फं अक्षर चमकते हैं जो नील वर्ण हैं। उगते हुए सूर्य के समान प्रभा वाला त्रिभुजाकार अग्नि क्षेत्र है। इसके बाहर तीन स्वास्तिक चिह्न हैं और उसके अन्दर अग्नि बीज रं है। अग्नि चतुर्भुज, बाल सूर्य सम प्रभायुक्त हैं। उसकी गोद में सिन्दूर वर्ण रुद्र हैं, वे भभूत लपेटने के कारण श्वेत हैं। मेष पर आरूढ हैं। तीन नेत्रों वाले हैं, उनके हाथ अभय मुद्रा और वर मुद्रा में उठे हुए हैं, वह सृष्टि संहारक हैं। रुद्र को अन्य ध्यान मुद्राओं में वृषभ पर आरूढ़ माना जाता है। वाहिनी (अग्नि) के ध्यान के बारे में कहीं-कहीं लिखा है कि वह 'रं' पर स्थित है। उसके एक हाथ में रुद्राक्ष माला है और शक्ति (शस्त्र) दूसरे में। इस पद्म की अधिष्ठात्री लाकिनी देवी के ध्यान के बार में लिखा है—

नीलां देवीं त्रिवक्त्रां त्रिणयनलसितां दंष्ट्रिणीमुग्ररूपां
वज्रं शक्तिं दधानामभयवरकरां दक्षवामे क्रमेण।
ध्यात्वा नाभिस्थपद्मे दशदलविलसत्कर्णिके लाकिनीं तां
मांसस्थां गोडभक्तोत्सुकहृदयवीं चिन्तयेत् साधकेन्द्रः॥

मणिपूरक चक्र Manipūrak Cakra

(Epigastric Plexus)



स्वाधिष्ठान चक्र Swādhishthān Cakra

(Sacral Plexus)

लाकिनी देवी नीलवर्ण है, तीन चेहरे हैं, प्रत्येक चेहरे पर तीन आँखें हैं, दाँत निकले हुए भयोत्पादक हैं। अपने दाहिने हाथों में वज्र और शक्ति लिए हैं और बाँयी ओर के हाथ वर मुद्रा और अभय मुद्रा में उठे हुए हैं। वह नाभि चक्र के बीज कोष के अन्दर है जो दश दल युक्त है। वह माँस भक्षी है। उसका वक्ष रक्त और चर्बी से भरा है जो उसके मुँह से (माँस भक्षण करने में) गिरा है। गौतमीय तन्त्र इसे मणिपूरक चक्र इसलिए मानता है क्योंकि यह मणि के समान चमकता है।

लाकिनी के बारे में एक और ध्यान मूर्ति इस प्रकार मानी जाती है—वह चतुर्भुजी, चमकदार, श्याम वर्ण वाली, पीताम्बरी, बहुत से आभूषण पहने, अमृत पान से मत्त चित्त है।

सारांश (Summary)

मणिपूरक चक्र जल भरे मेघों के रंग वाले दश दलों का पद्म है जिसके प्रत्येक दल पर डं ढं णं तं थं दं धं नं पं फं अक्षर नीलवर्ण में चमकते हैं। इस पद्म के बीज कोष में त्रिभुजाकार रक्त वर्ण अग्नि क्षेत्र है। इसकी बाहरी भुजाओं पर स्वास्तिक चिह्न हैं। इसके अन्दर अग्नि बीज रं है जो रक्त वर्ण, मेषारूढ़, चतुर्भुज, हाथों में वज्र और शक्ति (शस्त्र) लिए हैं शेष दोनों हाथ वर और अभय मुद्रा में उठे हैं। वाहिनी बीज के अंक में रुद्र हैं जो रक्त वर्ण, वृषभ आरूढ़, तथा शरीर पर भभूत मलने के कारण श्वेत वर्ण दिखाई देते हैं। वृद्धावस्था में प्रतीत होते हैं। बीज कोष के अन्दर रक्तिम पद्म पर शक्ति लाकिनी है जो नीलवर्ण, तीन चेहरे वाली, प्रत्येक चेहरे पर त्रिनेत्र, चतुर्भुजी, हाथों में वज्र और शक्ति थामे तथा दो हाथों द्वारा वर और अभय दान देते हुए, बड़े-बड़े डरावने दाँतों वाली, खिचड़ी (दाल चावल मिलाकर पकाये हुए) में माँस और रक्त मिला कर खाना पसन्द करने वाली है।

स्पष्टीकरण

नाभि पद्म का चित्रण तीन आधारों को लेकर चला है—जठराग्नि (पेट की ज्वाला), कामाग्नि और कुण्डलिनी। यह ग्रन्थि दस नाड़ियों वाली है। नाड़ियाँ बरसात के बादल के वर्ण वाली (बादल पृथ्वी के पानी से ही बनता है और उसी को पोषित करता है) अर्थात् भोजन से पाचित रस रक्तों को शरीर द्वारा उत्पन्न कराकर उसी के पोषण में लगाने वाली हैं। यहाँ का 'अधोमुखी रक्त वर्ण त्रिभुज' योनि का रजोगुणी (वासनात्मक, जिसमें उत्पत्ति होती है) होना दर्शाता है जिसमें अग्नि बीज 'र' है। योनि में आग होना कामाग्नि का संकेत है। यह कामाग्नि अर्थात् प्रकट में काम-क्रिया मेष (भेड) के समान, आँख बन्द करके, स्वत: ही चलने वाली है। योनि के बाहरी भाग पर स्वास्तिक काम क्रिया के मध्य श्वास सन्तुलन का संकेत देते हैं कि इड़ा (बाँया) और पिंगला (दाहिना) स्वर बन्द रहते हुए सुषुम्ना (ऊपरी) स्वर में कुण्डलिनी चढ़ाते चलो। अग्नि 'रं' का बिन्दु रजोगुणी रुद्र है जो सतोगुणी होने के प्रयत्न में श्वेत वर्ण बनने के लिए भस्म मले हुए हैं; अर्थात् साधक (स्वयं शिव) वासनात्मक भाव से वासना रहित सम्भोग की ओर अग्रसर हो रहा है। रुद्र के अलावा इस

क्षेत्र की अधिष्ठात्री शक्ति लाकिनी है जो त्रिमुखी है अर्थात् पाचन, विसर्जन और पोषण जैसे कार्य करती है। यह नील वर्ण अर्थात् सभी को मोहित करने वाली है। भूख के मोह से सारा संसार चिल्लाता है—पेट पापी है, हम नहीं। यह भूख -शक्ति लाकिनी है जिसके बड़े-बड़े दाँत बाहर निकले हुए हैं। सब को खा जाने वाली, दाल, चावल, माँस रक्त आदि पसन्द करने वाली यही देवी है। पद्म दलों पर अक्षर भी नील वर्ण है अर्थात् ग्रन्थि की नाड़ियों का सम्बन्ध 'नीलवर्ण', भूख की देवी से है। यह भूख-सम्बन्धी दसों नाड़ियाँ पाचन, विसर्जन और पोषण से सम्बन्धित हैं।

अनाहत चक्र

मणिपूरक चक्र से ऊपर हृदय देश में अनाहत चक्र का ध्यान रखना चाहिए। यह बारह दल का बन्धूक पुष्प के समान चमकदार वर्ण वाला पद्म है, जिसके दलों पर कं खं गं घं ङं चं छं जं झं ञं टं ठं अक्षर सिन्दूरी (Vermilion) वर्ण में चमकते हैं। यह गुण में कल्पतरु से भी अधिक है (क्योंकि यह बिना इच्छा के ही मोक्ष प्रदान करता है जबकि कल्पतरु तो माँगने पर इच्छा पूर्ण करता है) इसके बीज कोष के अन्तर्गत धूम्र वर्ण का षटकोणीय वायु क्षेत्र है। अनाहत चक्र का वायु बीज यं है जो धुएँ के गुब्बारे के समान वर्ण वाला, (शंकराचार्य के मतानुसार यह जीवात्मा का धुआँ हैं जो ज्वाला के समान है, तत्व चिंतामणि के अनुसार यह 'धूमावली धूसर' है) चार भुजाओं वाला, काले मृग पर आरूढ़ है। इसके अन्दर करुणा (दया) का सागर रूप ईश्वर है जिसकी आभा हंस के समान है, जिसके दोनों हाथ तीनों लोकों से अभय दिलाने तथा वर देने के लिए उठे हुए हैं। वायु के हाथ में अंकुश है। ईश भी शिव के समान त्रिनेत्र हैं।

एक स्थान पर कहा गया है—'ग्रैवेयाङ्गदहार नुपूरयुतं क्षौमाम्बरं चिन्तयेत्' तथा 'कांतं कान्तशशांककोटिकिरणां प्रोद्यत्कपर्दोज्ज्वलम्' (अर्थात् 'ध्यान इस प्रकार करें कि ईश जवाहरात की नेकलेस तथा मणियों की माला गले में, घुँघरू पैरों में डाले हैं तथा रेशमी परिधान पहने हैं। तथा अति सुन्दर, दस लाख चन्द्रमा की मृदु चमक के साथ अपने जटाधारी बालों में यह सुशोभित है।' नई तड़ित (कौंदा) के समान पीले वर्ण वाली काकिनी देवी यहाँ की अधिष्ठात्री है जो त्रिनेत्री, मत्तचित्त (A happy and excited mood) और प्रसन्न है, वह सभी के लिए उपकारी है। सभी प्रकार के आभूषण से युक्त हैं। उसके चार हाथों में पाश और कपाल हैं। शेष दोनों हाथ वर और अभय मुद्रा में उठे हुए हैं। उनका हृदय सहस्रार से टपकने वाले अमृत रस का पान करने से परमानन्दमय, विशाल और मृदु हो चुका है। काकिनी का ध्यान काले मृग चर्म को ओढ़े हुए मानकर करने की सलाह 'तत्व चिन्तामणि' में दी है। विश्वनाथ के अनुसार काकिनी की ध्यान मूर्ति इस प्रकार है—काकिनी चर्बी (मेद) में निवास करती है, उसके हाथों में पाश, शूल, कपाल और डमरू हैं। वह पीत वर्ण, चावल और दही पसन्द करने वाली है। उसका सुन्दर शरीर

थोड़ी सी झुकी हुई मुद्रा में है। उसका हृदय वारुणी (चावल की शराब) के घूँटों से प्रफुल्ल है।

काकिनी के ध्यान के पश्चात् शक्ति का ध्यान करें कि इस पद्म के बीज-कोष के अन्तर्गत शक्ति का कोमल शरीर १ करोड़ विद्युत प्रभा के समान त्रिकोण के रूप में चमकता है। इस त्रिभुज के अन्दर बाण-लिंग है जो चमकते स्वर्ण के समान है। त्रिभुज स्त्रीलिंग (शक्ति त्रिभुज) होने के कारण अधोमुखी है और योनि के रूप में त्रिकोण-शक्ति मानी गई है। बाण-लिंग के छिद्र में मणि के समान अर्ध चन्द्राकार बिन्दु है।

एक स्थान पर बताया गया है कि त्रिभुज के अन्दर बाण-लिंग स्वर्णाभूषण युक्त, शीर्ष पर अर्धचन्द्र देव और और अति उत्तम रक्त पद्म उसके मध्य स्थित हैं। रक्त पद्म के बारे में यह भी कहा जाता है कि वह अनाहत पद्म के बीज कोष के नीचे है और अष्ट दल युक्त ऊर्ध्व मुख है, इस रक्त पद्म के अन्तर्गत कल्पतरु तथा अति सुन्दर इष्टदेव के आसन का मण्डप है। उसके चारों ओर फलफूलों से लदे पेड हैं, और उन पर चिड़ियों की मधुर चहचहाहट है, वहाँ इष्टदेव पर साधक अपनी **सांप्रदायिक विधि के अनुरूप ही ध्यान (मानस पूजा) करे 'तत्र ध्यायेदिष्ट देवं तत्तत्कथोक्मार्गतः।'** यह अनाहत पद्मशिव का आसन है जो हंस (जीवात्मा) द्वारा शोभित है। जीवात्मा 'वायुरहित शान्त स्थान में दीपक की ज्योति के समान' प्रदीप्त है। अनाहत चक्र के पद्म-सूत्र सूर्य की रश्मियों के कारण चमक रहे हैं। यह सूर्य रश्मियाँ केवल सूत्रों पर ही पड़ रही हैं उससे नीचे नहीं। दूसरे चक्रों के पद्म-सूत्र इतने चमकीले नहीं कहे गये। सम्पूर्ण बीज कोष वायु क्षेत्र से पूरित है उससे ऊपर सूर्य-क्षेत्र है तब उसके ऊपर वायु बीज तथा त्रिभुज आदि हैं, इस प्रकार ध्यान करें। मानसी पूजा का मन्त्र—

'मं वह्निमण्डलाय दशकलात्मने नमः।'

अनाहत चक्र सिद्ध होने पर साधक 'ईश्वरोऽपि जगतां रक्षाविनाशे क्षमः' ईश्वर हो जाता है और संसार की सृष्टि पालन तथा विनाश करने योग्य (Creating maintaining and destroying the universe) हो जाता है [यहाँ साधक शब्द जाल में न फँसे]। इस वाक्यांश का सीधा अर्थ है ब्रह्म तत्व में एक चित्त होने के कारण साधक जब चाहे संसार चक्र के कार्यकलापों से मुक्त हो अपनी साधना में लगा रह सकता है, जब चाहे संसार चक्र का आनन्द ले सकता है और जब चाहे जितना चाहे संसार चक्र के कार्य कलाप बढ़ा सकता है। सर ऑर्थर एवलॉन ने कहा है—

He becomes possessed of the power of creating, maintaining, and destroying the universe by reason of his unification with the Brahma Substance.

योगीशो भवित प्रियात्प्रियतमः कान्ता कुलस्यानिशं,
ज्ञानीशोऽपि कृती जितेन्द्रियगणो ध्यानावधनक्षमः।

गद्यैः पद्यपदादिभिश्च सततं काव्याम्बुधारावहो,
लक्ष्मी रंगणदैवतः पर पुरे शक्तः प्रवेष्टुं क्षणात् ॥

'तत्व चिन्तामणि' के अनुसार इस चक्र का साधक योगियों में श्रेष्ठ, स्त्रियों को पति से भी प्रिय लगने वाला (प्रियात्प्रियतमः कान्ताकुलस्यानिशं) क्योंकि वह उन्हें प्रसन्न करने वाला (कर्म-कौशल जानने के कारण) 'कर्म-कुशल' (कहलाता) है। वह विशेष रूप से बुद्धिमान और आदर्श कर्म (जिन्हें देखकर दूसरे करना प्रारम्भ करते है) करने वाला होता है। उसकी इन्द्रियाँ पूरी तरह उसके वश में रहती हैं। जहाँ जैसे चाहे वह उनका उपयोग कर सकता है और चाहे जब वह उन्हें रोक सकता है। वह ध्यान (चिन्तन) और अवधान (मन की गहरी एकाग्रता) दोनों में सक्षम होता है। बोलता है तो धारा प्रवाह बोल सकता है और विष्णु के समान 'लक्ष्मी रंगण' देवता बन सकता है, **अर्थात् मुक्ति मार्ग पर चलते हुए भी सुख, सौभाग्य, ऐश्वर्य, लाभ का आनन्द ले सकता है।** इस बात को इस प्रकार समझने की भूल न करें—'सर्वसुख सौभाग्य ऐश्वर्य भोग करने के पश्चात् अन्त में साधक मुक्ति लाभ प्राप्त करता है।' अन्त में कुछ नहीं होता, वही होता है जो जीवन भर चलता है। **यदि प्रारम्भ से ही मुक्ति मार्ग पर नहीं चले तो अन्त में मुक्ति की पूँछ भी हाथ नहीं आने की।** अतः मुक्ति मार्ग पर चलते हुए ही आनन्द भोग की बात करो। 'परपुरे शक्तः प्रवेष्टुं क्षणात्' साधक दूसरे के दुर्ग में क्षण में प्रविष्ट हो सकता है। इसका अर्थ यह न लगायें कि साधक शत्रु के चारों ओर से पूर्णतः रक्षित दुर्ग में अदृश्य होकर जादूगर के समान हवा में उड़कर प्रवेश कर सकता है, इसका सीधा अर्थ है 'साधक दूसरे के मन की थाह पा सकता है' न कि साधक दूसरे के शरीर में प्रवेश कर सकता है। सिद्धियों के प्रति गलत विज्ञापन करके जनता भ्रमित ही हुई है।

साधकों को चाहिए कि वे भ्रामक बातों के आधार पर सिद्धियाँ पाने का प्रयत्न न करें। **सिद्धियों के लोभ को त्याग कर तत्व मार्ग पर आगे बढ़ते चलें और मार्ग के सम्पूर्ण अवरोधों का आनन्दपूर्ण उपयोग करते चलें।** उन्हें संसार कहीं भी दुःखमय प्रतीत नहीं होगा।

सारांश (Summary)

बन्धूक पुष्प के वर्ण के अनाहत पद्म के द्वादश दलों पर 'कं खं गं घं ङं चं छं जं झं ञं टं ठं' सिन्दूरी अक्षर चमकते हैं। इसके बीज कोष का षट्कोणीय क्षेत्र धूम्र वर्ण का वायुमण्डल है उससे ऊपर १ करोड़ तड़ितों की सी चमक मारेने वाले त्रिकोण सहित सूर्य मण्डल है। उसके ऊपर धूम्र वर्ण का वायु बीज है जो काले मृग पर स्थित है, चतुर्भुज, हाथ में अंकुश लिये हुए है। वायु बीज के अंक (बिन्दु-गोद) में त्रिनेत्री ईश हंस के समान हैं जिनके दो हाथ वर और अभय मुद्रा में उठे हुए हैं। अनाहत पद्म के बीज-कोष में रक्त पद्म पर शक्ति काकिनी स्थित है जो स्वर्ण के समान देदीप्यमान, सर्वाभूषण पहने, पीले रंग के वस्त्रों में चतुर्भुजी है। हाथों में पाश और कपाल धारण किये हैं शेष दोनों हाथों से वर और अभय दान दे रही है। गले में हड्डियों की माला डाले है। उसका हृदय अमृत रस से

मृदुल हो रहा है। त्रिकोण के मध्य में वाण-लिंग है जिसके सिर पर अर्धचन्द्र और बिन्दु है। यह लिंग स्वर्ण वर्ण और (कामोद्गमोल्लसित) पूर्ण कामेच्छा से तना हुआ है। इसके नीचे हंस के समान जीवात्मा है जो दीपक की स्थिर लौ जैसी है। इस पद्म के बीजकोष के नीचे अष्ट दल युक्त रक्त पद्म है जो ऊर्ध्व मुखी है। इस रक्त पद्म में कल्पतरु है और मणिमाणिक्य सज्जित इष्ट देव का मण्डप है। यही स्थल मानसी पूजा का स्थान है।

स्पष्टीकरण

इस चक्र के चित्रांकन में अधोमुखी तथा ऊर्ध्वमुखी त्रिभुज एक दूसरे में गुथे हुए दिखा कर सम्भोग मुद्रा का प्रदर्शन किया है। यह संभोग मुद्रा धूम्र वर्ण अर्थात् श्वास वायु की है। इड़ा (नारी) और पिंगला (पुरुष) दोनों को समान कर सुषुम्ना के श्वास काल में कुण्डलिनी के आगे बढ़नें की बात यहाँ कही है। इसलिए इस क्षेत्र को वायु का मंडल कहा है। यहाँ नारी-पुरुष समागम की भी बात की है। अधोमुखी त्रिभुज (योनि) में सूर्य मण्डल की बात प्रदर्शित करके उसका कामाग्नि मय होना प्रकट किया है और उसमें वाणलिंग प्रविष्ट दिखाकर सम्भोग का प्रदर्शन किया है। वाणलिंग को 'कामोद्गमोल्लसित' (वासना के उत्पन्न होने से उल्लसित) कह कर तत्वचिन्तामणि ने रहे सहे संदेह को भी समाप्त कर दिया है। इस त्रिकोण का रंग लिंग सहित स्वर्णिम दिखाया है अर्थात् यह सम्भोग शुद्ध सतोगुणी है। इस सब के ऊपर वायु बीज 'यं' है अर्थात् यहाँ पर वायु अर्थात् श्वास पर अधिक ध्यान देना है। वायु बीज 'यं' को वायु वर्ण धूम्र के रंग में प्रकट किया है। उसे काले मृग पर आरूढ़ दिखा कर श्वास की गति का प्रकटीकरण किया है; परन्तु इस श्वास गति को 'हंस' में संयत (प्राणायाम) करना सतोगुणी सम्भोग की महान आवश्यकता है। 'वायु-शक्ति' की अधिष्ठात्री का नाम काकिनी दिया है जो स्वर्ण वर्ण दिखाकर सतोगुणी प्रकट की है। यह सतोगुणी श्वास वायु अमृतमयी ज्वाला के समान है। बाणलिंग पर चन्द्र बिन्दु भी 'शीतल-ज्वाला' कुण्डलिनी का ऊर्ध्व लिंगीय प्रकटीकरण है। अनाहतचक्र के पद्म दलों का रंग बंधूक पुष्प जैसा, तथा उन पर सिंदूरी रंग के अक्षर दिखाकर अनाहत ग्रन्थि को बारह नाड़ियों का प्रदर्शित किया है; जो श्वास और रक्त सम्बन्धी कार्यों को प्रभावित करती हैं। सतोगुण (आध्यात्म विधान) तथा रजोगुण (सृष्टि विधान) का मिश्रित वर्ण सिंदूरी है। वायु बीज 'यं' के बिन्दु में त्रिनेत्र ईश को चित्रित कर साधक को ज्ञान पूर्ण, और इन्द्रियों का स्वामी प्रदर्शित किया है। **बिना इन्द्रियों का स्वामी हुए कोई भी 'सतोगुणी-संभोग' नहीं कर सकता।**

इस अनाहत पद्म से नीचे आठ दलों के रक्त पद्म की बात की है। उसे कल्प वृक्ष युक्त् बताकर मानसी पूजा का स्थान कहा है। परन्तु यहाँ कोई ऐसी ग्रन्थि का प्रमाण नहीं मिलता जिनमें से आठ नाड़ियाँ निकली हों और उस पर (मानसी पूजा) मात्र ध्यान अथवा चिन्तन करने से कल्प वृक्ष के समान सर्व कामनायें पूर्ण होती हों।

विशुद्ध चक्र

इस चक्र का स्थान कण्ठ देश है—

विशुद्धि तनुते यस्मात् जीवस्य हंसलोकनात्।
विशुद्धं पद्ममाख्यातमाकाशाख्यं महत्परम्॥

हंस (आत्मा) के अवलोकन से जीव शुद्ध होता है इसलिए यह पद्म विशुद्ध, आकाशीय, महत और परम चक्र कहलाता है। यह तेज पूर्ण आकाश (Ether) तत्व युक्त परन्तु मल-मुक्त चक्र है। यह षोड़ष दल पद्म नील लोहित (बैंगनी) धूम्र वर्ण युक्त है जिसके प्रत्येक दल पर गहरे लाल रंग के सोलह स्वर (षोड़षमातृका) प्रत्येक उस साधक को अनुभव होते हैं जिसकी बुद्धि योग-ज्ञान से शुद्ध हो चुकी है। इन स्वरों के ऊपर बिन्दु भी हैं—अं आं इं ई उं ऊं ऋं ॠं लृं लॄं एं ऐं ओं औं अं अः। आकाशीय (व्योम) क्षेत्र वृत्ताकार, तथा पूर्ण चन्द्रमा के समान श्वेत वर्ण है। तान्त्रिक रेखांकन के आधार पर आकाश का वर्ण श्वेत और आकृति वृत्त ही बनेगी यह बात विद्वान लोग जानते ही हैं। बर्फ के समान श्वेत हाथी पर 'व्योम' बीज रूप में श्वेत वर्ण में बैठे हैं [आकाश (व्योम) बीज 'हं' है जो श्वेत है।] उनके दो हाथों में पाश और अंकुश है, शेष दो हाथ वर और अभय दान दे रहे हैं। 'हं' के अंक (बिन्दु) में बर्फ के समान श्वेत महादेव विराजमान हैं जो अर्धनारीश्वर रूप हैं जो बाँयी और स्वर्ण वर्ण और दाहिनी ओर हिम-श्वेत वर्ण युक्त हैं। रसिक मोहन चट्टोपाध्याय की पुस्तक में अर्धनारीश्वर के रूप में एक साँड की कल्पना की है जिसका आधा शरीर शेर का है, सम्भव है इसलिए कि शिव का वाहन सांड (वृषभ) है और देवी का शेर (सिंह), जो उचित नहीं प्रतीत होता। यह अर्धनारीश्वर नभ-बीज के अंक में है। निर्वाण तन्त्र कहता है कि विशुद्ध चक्र के षटकोण तन्त्र के अन्दर एक वृषभ है, उस पर सिंहासन है। उस पर गौरी और उसके दाहिनी ओर सदाशिव विराजमान हैं, उनके पाँच चेहरे हैं, और प्रत्येक चेहरे पर तीन-तीन नेत्र हैं। शरीर पर भभूत मली हुई है। वह चाँदी के पर्वत के समान श्वेत वर्ण हैं। बाघम्बर तथा आभूषणों के रूप में सर्पो की माला डाले हैं। उनकी अर्धांगिनी गौरी हैं। उनके दश भुजाएँ हैं। उनके हाथ में शूल, टंक, कृपाण, वज्र, अग्नि (दहन), नागेन्द्र (नागराज), घंटा, अंकुश और पाश हैं और एक हाथ से अभय दान कर रहे हैं। इस प्रकार का ध्यान सदा शिव (सदा कल्याणकारी) है। इस विशुद्ध चक्र की अधिष्ठात्री शक्ति 'साकिनी' है जो अमृत सागर है। ज्योति स्वरूप है। ऐसी ज्योति जो एकदम श्वेत वर्ण होकर भी शीतल है जैसे चन्द्रमा की चाँदनी। पीले वस्त्र धारण किये हुए हैं, उसके पाँच चेहरे हैं और प्रत्येक चेहरे पर तीन नेत्र हैं। वह चतुर्भुजी है, अपने हाथों में पाश, अंकुश, पुस्तक लिये हुए है और चौथे हाथ से ज्ञानमुद्रा प्रदर्शित कर रही है (कहीं-कहीं साकिनी के हाथों में धनुष, बाण, अंकुश और पाश की बात भी की गई है। ध्यान मूर्ति का अन्तर साधक के लक्ष्य के आधार पर हो जाता है। यह बात 'तन्त्र राज,



विशुद्ध चक्र Vishuddha Cakra

(Laryngeal & Pharyngeal Plexus)

भाग ८ और १२' में स्पष्ट की गई है। देवी की स्थिति 'प्रेम योग तरंगिणी' में चन्द्र मंडल के अन्तर्गत बताई गई है और उसे धब्बे रहित चन्द्रमा के समान कहा गया है। इस मण्डल को निर्वाण, मुक्ति का द्वार कहा गया है, **परन्तु केवल उसके लिये जिसने इन्द्रिय संयम द्वारा योगलक्ष्मी की कृपा प्राप्त कर ली है।** शंकराचार्य के अनुसार 'आत्म ज्ञान प्राप्त साधक गहरी झील के स्थिर जल के समान स्थिर चित्त होकर इस विशुद्ध चक्र पर ध्यान करे'—पूर्ण बोधात्मना तिष्ठेत् पूर्णाचल समुद्रवत्।

त्रिपुरा सार समुच्चय में कहा गया है कि कुम्भक (प्राणायाम की अवस्था) में रहते हुए इस पद्म पर लगातार ध्यान करने वाला यदि क्रोध करे तो तीनों लोकों को हिला सकता है। उसकी शक्ति को ब्रह्मा, विष्णु, महेश, सूर्य और गणपति भी नहीं रोक सकते।

सारांश (Summary)

कण्ठ के मूल में षोड़ष दल का पद्म बैंगनी धुएँ के रंग का है जिसके तन्तु गुलाबी हैं। प्रत्येक दल पर गहरे लाल रंग के सोलह स्वर 'अं आं इं ई उं ऊं ऋं ॠं लृं लृं एं ऐं ओं औं अं अः' चमकते हैं। इसके बीज कोष के अंदर वृत्ताकार श्वेत नभ मंडल है, इसके अंदर त्रिकोण है, उसके अंदर चन्द्र मण्डल है।उस पर नभ बीज 'हं' श्वेत वर्ण, श्वेत आभूषणयुक्त एक हाथी पर आसीन है। बीज वर्ण चार हाथों वाला है। उसके हाथों में पाश और अंकुश है, शेष दो हाथों से वर और अभय मुद्रा प्रदर्शित हो रही है। उसके अंक में सदाशिव हैं जो वृषभ की पीठ पर रखे सिंहासन पर बैठे हैं, उनका आधार शरीर हिम-श्वेत और आधा स्वर्ण वर्ण हो कर अर्धनारीश्वर रूप है। उनके पाँच मुख और दस भुजाएँ हैं। उनके हाथों में शूल, टंक, खड्ग, वज्र, ज्वाला (दहन), नागेन्द्र, घंटा, अंकुश और पाश है। एक हाथ से अभय मुद्रा प्रदर्शित कर रहे हैं। उनका पूरा शरीर भभूत मय है, बाघम्बर पहने हैं, गले में सर्पों की माला है। उनके मस्तक पर अर्धचन्द्र है, जिसकी उतरती कला से अमृत टपक रहा है। बीज कोष के अन्दर चन्द्र मण्डल में हड्डियों पर स्थित 'साकिनी' शक्ति है जो श्वेत वर्णा, चतुर्भुजी, पंचमुखी, त्रिनेत्री, पीताम्बरी है और हाथों में धनुष, बाण, पाश और अंकुश धारण किये हुए है।

स्पष्टीकरण

यह ग्रन्थि सोलह नाड़ियों वाली कंठ मूल के अंदर स्थित है। यह नाड़ियाँ स्वर यन्त्र सम्बन्धी हैं। स्वरों (वाणी) का गुण रजस है, अतः सोलह पद्म दलों पर यहाँ रक्तवर्णाक्षर दर्शाये गये हैं। दलों का रंग धूम्र और बैंगनी (लाल, नीला युक्त) मिश्रित है अर्थात् नाड़ियाँ वायु क्षेत्र की हैं परन्तु रजोगुणी और मोहने वाली वाणी उत्पन्न करने वाली हैं। जिसमें ईश्वर प्रदत्त आकर्षण शक्ति (Self attraction) हो उसे नील वर्ण से तन्त्र में प्रदर्शित किया जाता है। कृष्ण को भी नील वर्ण दिखाया जाता है। विशुद्ध चक्र का बीज कोष नभ-मण्डल (आकाश) है। आप जानते हैं स्वर की उत्पत्ति आकाश (Ethereal region) में होती है; आकाश, क्षेत्र वृत्ताकार है। चन्द्र मण्डल भी वृत्ताकार है। इसके ऊपर बीज 'हं' है जो पुनः ऐरावत पर आरूढ़ है। परन्तु यहाँ ऐरावत श्वेत वर्ण है अतः

वासनायुक्त नहीं है। यह ऐरावत धीर गति से वायु सेचन (प्राणायाम) की ओर संकेत करता है। इस चक्र का योनि-त्रिभुज भी वासना रहित होने से श्वेत वर्ण ही है। इसकी विभिन्न सूँडें प्राणायाम की विभिन्न मुद्राओं का संकेत देती है। 'हं' के ऊपर बिन्दु है, जिसमें वृषभ की पीठ पर एक सिंहासन पर सदाशिव को दर्शाया गया है। वृषभ पौरुषवान, वीर्यवान व्यक्ति का प्रकटीकरण है जो स्वयं साधक है। उसे 'सिंह' अर्थात् मन पर सवार होकर 'हं' स्वर साधना करनी है, जिससे वह अर्ध नारीश्वर हो जाता है (अपनी नारी वह स्वयं बन जाता है)। अर्धनारीश्वर में आधा शरीर बर्फ के रंग का और आधा स्वर्ण जैसा दिखाया जाता है। यह बर्फ जैसा रंग चाँदी रजत का प्रतीक है, जो रजोगुण को प्रकट करता है, और स्वर्ण सतोगुण को। तात्पर्य यह है कि ऐसा साधक जब चाहे रजोगुणी व्यवहार कर सकता है और जब चाहे सतोगुणी। अधिकतर लोग एक ही प्रकार की वृत्ति वाले होते हैं। सदाशिव के मस्तक पर चन्द्रमा प्रदर्शित करके तांत्रिक लोग चन्द्रमा की अधोमुखी कला के मस्तक पर अमृत टपकना प्रकट करते हैं। यह अमृत वही है जो कुण्डलिनी साधक के कण्ठ में खेचरी मुद्रा की अवस्था में टपकता है। इस चक्र के बीज कोष के चन्द्र मण्डल में हड्डियों (मज्जा) पर अधिष्ठित साकिनी शक्ति को श्वेत वर्ण में, पीले वस्त्रों में दर्शाते हैं। यह ज्वाला युक्त कुण्डलिनी शक्ति ही है जो यहाँ से आगे बढ़कर आज्ञाचक्र में पहुँचती है।

आज्ञाचक्र

तालु कण्ठं प्रविश्योर्ध्वं भ्रू युगान्ते सितं शुभम्।
द्विदलं हक्षवर्णाभ्यां मनोऽधिष्ठितमम्बुजम्॥

आज्ञाचक्र जो कि द्वि दल पद्म है दोनों भृकुटियों के मध्य में स्थित है। कुण्डलिनी कण्ठ (Throat) और तालु (Palate) के अन्दर (चढ़ती हुई) प्रवेश करती हुई दो भ्रू के मध्य स्थल पर श्वेत और भव्य पद्म पर पहुँचती है जिसके दो दलों पर ह और क्ष वर्ण चमकते हैं। यही मन का क्षेत्र है। यह पद्म अति सुन्दर रूप में चन्द्रमा के समान चमकदार श्वेत वर्ण है। इन पर अक्षर भी श्वेत वर्ण हैं। इस चक्र की चमक की गहराई साधक की ध्यान की गहराई की समानुपाती है। इन दो दलों को नेत्र-पात्र भी कहा जाता है। अक्षरों को कलाएँ भी कहते हैं क्योंकि यह कलाओं के बीज हैं। इसकी अधिष्ठात्री शक्ति 'हाकिनी' है। जो षटमुखी है। प्रत्येक मुख चन्द्रमा के समान है और त्रिनेत्र है। इसकी छः भुजाएँ हैं जिनमें कपाल, डमरू और रुद्राक्ष माला है, एक हाथ में विद्या है। शेष दो, वर और अभय के मुद्रा में उठे हुए हैं। वह स्वयं शुद्ध चित्त है।

एक स्थान पर हाकिनी शक्ति का ध्यान सूत्र इस प्रकार है—

मज्जस्थां शुक्लवर्णां डमरूकरयुतांमक्षसूत्रं कपालं।
विद्यां मुद्रां दधानां त्रिणयनविलसद्रक्तषड्क्त्रयुक्ताम्॥



आज्ञा चक्र Ajnā Cakra

(Cavernous Plexus)

हरिद्रान्ने प्रसक्तां मधुमदमुदितां शुक्लपद्मोपरिस्थां।
देवीं देवेन्द्ररत्नाकर मधुमुदितां भावयेद्धाकिनीं ताम् ॥

अर्थात् हाकिनी शक्ति पर ध्यान इस प्रकार करें कि वह मज्जा में स्थित है, श्वेत वर्ण है। उसके हाथों में डमरू, कपाल, रुद्राक्ष माला और विद्या है और दो हाथों से वर और अभय मुद्रा प्रदर्शित कर रही है इस प्रकार वह षटभुजी है। रक्त वर्ण के छः मुख वाली जिसके प्रत्येक मुख पर तीन-तीन नेत्र हैं। हल्दी युक्त पके अन्न को पसन्द करने वाली, अमृत पान से प्रमत्त (उल्लसित) श्वेत पद्म पर आसीन है। कहीं-कहीं मज्जस्थ के स्थान पर चक्रस्थ शब्द मिलता है जिसका अर्थ है चक्र में स्थित है। अमृत के विषय में उल्लेख है कि वह अमृत जो देवों के राजा (देवेन्द्र) समुद्र (रत्नाकर) से प्राप्त किया था वह देवी हाकिनी पीकर प्रमत्त हुई है।

आज्ञाचक्र सूक्ष्म मनस क्षेत्र है। पद्म के बीज कोष के अन्तर्गत लिंग रूप में श्वेत वर्ण शिव (जिन्हें 'इतर' कहा जाता है) योनि के अन्दर विद्युत माला के समान प्रकाशित हो रहे हैं। वेदों का प्रथम बीज प्रणव 'ॐ' भी वहाँ चमकता है जो अति उत्तम शक्ति पीठ है जिसके प्रकाश से चित्रिणी नाड़ी (ब्रह्म नाड़ी) दिखाई देने लगती है। साधक को इन सभी वस्तुओं पर क्रमशः ध्यान करने का अभ्यास करना चाहिये। कुल शक्ति रूप अधोमुखी त्रिभुज है।

कहीं-कहीं ध्यान का क्रम इस प्रकार है कि बीज कोष के अन्दर पहले हाकिनी का ध्यान करो तब उसके ऊपर त्रिभुज के अन्दर इतरलिंग, इसी त्रिभुज के अन्दर लिंग के ऊपर (ॐ) प्रणव और अन्त में स्वयं प्रणव-के ऊपर मनस का। इस चक्र का साधक अद्वैत भाव को प्राप्त हो जाता है। बहुत सी शक्तियाँ अनजाने में उसे मिल जाती हैं। वह समझ जाता है कि वही ब्रह्म है। जीवात्मा और परमात्मा के बीच का अन्तर उसे समझ आ जाने से वह अद्वैतवादी हो जाता है। इस चक्र के त्रिभुज के अन्दर संयुक्ताक्षर प्रणव है जो कि अन्तरात्मा (शुद्ध मन) दीपक में ज्योति के समान प्रकट करता है। इसके ऊपर अर्ध चन्द्र और उसके ऊपर बिन्दु (अनुस्वार) के रूप में 'म' कार है। इसके ऊपर नाद है जो इतना चमकदार-श्वेत है कि चन्द्र किरणें भी कुछ नहीं है। प्रणव के ऊपर अवान्तर (Final or Second) नाद है जो चन्द्रमा के टुकड़े के समान है। जब योगी योनि मुद्रा द्वारा अपने शरीर द्वारों को बन्द कर लेता है और लगातार अभ्यास द्वारा चित्त को परमानन्द में लीन कर देता है तो उसे प्रणव स्थान पर त्रिभुज के अन्दर प्रकाश के स्फुलिंग (कण) चमकते हैं। मन को स्थिर करने के लिये योनि मुद्रा के सहित श्वास रोधकर के 'हंस' को स्थिर करना ही उचित है। खेचरी मुद्रा भी ऐसी स्थिति उत्पन्न करती है। 'हंस' से यहाँ तात्पर्य श्वास प्रश्वास (हं सः) है। चित्त को खेचर 'ख' कहते हैं। जब यह मनस से तथा संसारी पदार्थों से अलग हो जाता है तो यह अवस्था 'उन्मनि' कहलाती है। इस सब का क्रियात्मक ज्ञान करोड़ों शास्त्र पढ़ कर भी नहीं हो सकता जो गुरु के सान्निध्य से प्राप्त होता है। यह

आज्ञाचक्र ही वह स्थल है जहाँ सु-सुख साधना (आनन्द साधना) सम्पन्न होती है। कहीं-कहीं लिखा है कि प्रणव चारों ओर प्रकाश स्फुलिंग से घिरा है—

तदूर्ध्वे प्रणवाकारमात्मानं दीपसंनिभम्।
स्फुलिंग ज्योतिरिंगाभैर्वेतिष्ठतम् परितः शुभम्॥

योगी को दीपक की ज्योति के समान प्रकाश भी दिखाई देता है जो आकाश (शंखिनी नाड़ी के ऊपर का स्थान) से धरनी (मूलाधार का धरा मण्डल) तक अर्थात् सहस्रार से मूलाधार तक फैला हुआ है।

इस स्थान पर पहुँचने वाला साधक फलाकांक्षा रहित कर्म करने वाला, बन्धन मुक्त, अपने में पूर्ण, सृष्टिकर्ता (संसार को उत्पन्न करने वाला), पालनकर्ता (उसे चलाते रहने वाला), और संहारकर्ता (जब चाहे उसे समाप्त कर देने वाला) भगवान हो जाता है।

निर्वाण तन्त्र के अनुसार—विशुद्ध चक्र से ऊपर ज्ञान चक्र है जिसे पाना अत्यन्त कठिन है। वह पूर्ण चंद्र का क्षेत्र है जो दो दल वाला है। इसके अन्दर हंस के रूप में शंभु का बीज है। ——यह हंसः मणि द्वीप में है। मणि द्वीप अमृत सागर के बीच में मणि के समान चमकता है। रुद्र यामल तन्त्र के अनुसार मणि द्वीप अमृत सागर के मध्य में है जो अगणित सांसारिक विधि-विधान से परे और संसार के बाहर है। वहाँ पर श्री-विद्या का परम धाम है। हंस के अंक में परम शिव अपने बाँयी ओर सिद्ध काली को लिये बैठे हैं। सिद्ध काली स्वयं परमानन्दमयी हैं। अंक से यहाँ तात्पर्य विसर्ग के बिन्दुओं के बीच के खाली स्थान से है क्योंकि अव्यय विसर्ग रूप है (विसर्गरूपम् अव्ययम)। उस विसर्ग के बीच के स्थान (आकाश 'अ——ह') में परम शिव है। यह सहस्रार से सम्बन्धित है, प्रसंगवश यहाँ दिया गया है। क्योंकि विसर्ग बिन्दु का प्रतीक बिन्दु ॐ का बिन्दु माना गया है। ॐ बिन्दु शिव और शक्ति की संगम मुद्रा है।

उत्कलादिमतेऽत्रैव चणकाकार रूपिणी।
सृष्टिं करोति भूतानि अत्र स्थित्वा सनातनी॥

उत्कल आदि के मत से शक्ति चने की दाल के आकार में आज्ञाचक्र में निवास करती है और सब भूतों को उत्पन्न करती है। यही बिंदु 'म' का नाक से बोला जाने वाला स्वर है जो 'पुल्लिग स्वर' माना जाता है, इस प्रकार यह अव्यक्त 'म' अर्थात् पुरुषवान शिव है। इस प्रकार शिव और शक्ति का संगम प्रतीक यह बिंदु है जो सृष्टि उत्पन्न करता है। चने की दाल का उदाहरण इसलिए दिया गया है कि चने का एक भाग शिव और दूसरा शक्ति माना जाय परन्तु दोनों मिलकर (चना) शिव कहा जायेगा जिसके अंक में शक्ति है। पूर्ण चना अर्धनारीश्वर रूप है—**"तदुभयाभिन्नशिवशक्त्यात्मकश्चणकाकार बिंदुरिति ध्येयम्**—तत्व चिन्तामणि। यही स्थान विष्णु का अतुलनीय प्रकाशमय पीठ है।

मृत्यु के समय श्रेष्ठ योगी प्रसन्नतापूर्वक अपने प्राण को यहाँ स्थिर करके परम पुरुष में लीन होने के लिए उचित योगासन में स्थिर होकर कुम्भक प्राणायाम करता है तब वह जीवात्मा को मूलाधार तक पहुँचाकर गुदा का आकुंचन (वज्रोली मुद्रा) कर विधिपूर्वक कुण्डलिनी चढ़ाता है, और आनन्दपूर्ण नाद पर ध्यान करता है जो सूत्र वत है और जिसका तत्व कुण्डलिनी है। तब वह हंस जो कि प्राण के रूप में परमात्मा है, नाद में लय (विलीन) हो जाता है और जीव सहित विभिन्न चक्रों का भेदन करता हुआ चक्र भेद के आधार पर आज्ञाचक्र तक पहुँच जाता है। कुण्डलिनी में वह सब पृथ्वी आदि स्थूल वस्तुओं को सूक्ष्म तत्वों में परणित कर देता है। अन्त में वह अपने को और जीवात्मा को बिन्दु में एकाकार कर देता है। उस बिन्दु के तत्व शिव और शक्ति हैं। इसके पश्चात् वह ब्रह्म रन्ध में प्रवेश कर जाता है और शरीर त्याग देता है और ब्रह्म में लीन हो जाता है।

सारांश (Summary)

आज्ञाचक्र श्वेत वर्ण का द्विदल पद्म है। इन दलों पर श्वेत वर्ण के ह और क्ष अक्षर हैं। बीज कोष के अन्दर चक्र की अधिष्ठात्री देवी हाकिनी है। वह श्वेत वर्ण है, उसके छः रक्त वर्ण के चेहरे हैं। प्रत्येक चेहरे पर तीन-तीन नेत्र हैं। उसकी छः भुजायें हैं। वे श्वेत पद्म पर आसीन है। उसके हाथों में रुद्राक्ष माला, कपाल, डमरू और विद्या है; शेष दो हाथ वर और अभय मुद्रा में उठे हुए हैं। उसके ऊपर एक अधोमुखी त्रिभुज के अन्दर इतर लिंग विद्युत के समान चमकता है। उससे ऊपर एक और त्रिकोण के अन्दर दीपक की ज्योति के समान चमकने वाला अन्तरात्मा है, इसकी चारों दिशाओं में प्रकाश के स्फुलिंग हवा में उड़ते दिखाई देते हैं। इस प्रकार से मूलाधार से ब्रह्मरन्ध्र तक सब चमकता है। उस सबसे ऊपर मनस है। मनस से ऊपर चन्द्र मण्डल में हंसः है जिसके अन्तर्गत परम शिव अपनी शक्ति सहित विराजमान हैं।

स्पष्टीकरण

त्रिभुज (योनि) में प्रविष्ट इतर लिंग (अर्थात् सम्भोग मुद्रा में) 'उ' कार केवल योनि के अन्दर है और योनि से बाहर चन्द्र बिंदु तथा अर्ध चन्द्र है, (पाठक ध्यान दें) अर्थात् अश्विनी मुद्रा द्वारा सम्भोग मुद्रा से परे का अनुभव हाकिनी शक्ति-द्वारा साधक को होता है जो श्वेत चन्द्र के समान शीतल अमृतपूर्ण है; और साथ ही सूर्य के समान ज्वालामय (सूर्य का वर्ण पीला सा है और चन्द्र का श्वेत, इसलिए आज्ञाचक्र के बिन्दु का रंग पीला चने की दाल जैसा बतलाया है।) यह गुण कुण्डलिनी शक्ति का है जो जलन और शीतलता दोनों का एक साथ अनुभव देती है। परन्तु जब वह यहाँ से आगे बढ़ती है तो शीतल ही होती है। (अर्ध चन्द्र का टुकड़ा कुण्डलिनी की आगे की गति का प्रकटीकरण करता है।) श्वेत वर्ण आज्ञाचक्र का वृत्त मस्तक ग्रन्थि में मिलने वाली दो नाड़ियों इड़ा तथा पिंगला (सूर्य 'ह') के मेल से श्वास के सुषुम्नामय होने को प्रकट करता है। इस प्रकार यह चित्र बताता है कि सुषुम्ना की श्वासावस्था में किया गया वज्रोली अश्विनी मुद्रा युक्त सम्भोग ही शीतल-ज्वाला कुण्डलिनी को आगे बढ़ाता है।

सुषुम्ना की शक्ति हाकिनी के छः चेहरे तथा हाथों में विभिन्न वस्तुएँ विभिन्न कार्य-कलापों के प्रकटीकरण ही हैं। यथा—वर मुद्रा (साधक को सफलता उत्तरोत्तर प्राप्त होती जाती है), अभय मुद्रा (साधक में भय नहीं रहता और दृढ़ विश्वास जमता जाता है। रुद्राक्ष माला (हंसः का जप, अर्थात् लय बद्ध श्वास बराबर चलता रहता है) मानव खोपड़ी (साधक की खोपड़ी का पूरा नियन्त्रण इस शक्ति पर ही निर्भर है, थोड़ी सी असावधानी अथवा अविश्वास साधक की खोपड़ी घुमा सकता है अर्थात् पागल कर सकता है) छोटा सा डमरू (इस ग्रन्थि चक्र में डमरू जैसी आवाज सुनाई देती है, यह धमनी की गति है जो लयबद्ध होती है।) पुस्तक (साधक के ज्ञानमय होते जाने का प्रतीक है।) **इन प्रतीकों की आकृतियों, वर्णछटाओं के तांत्रिक अर्थ लगाने से इस चक्र आकृतियों की भाषा को समझकर ही 'मात्र मनोवैज्ञानिक योग-परम्परा' से बचकर वास्तविक कुण्डलिनी मार्ग को पहचाना जा सकता है।**

षड्चक्र क्यों ?

कुण्डलिनी शक्ति की तांत्रिक श्रृंखला में षडचक्रों में छटवाँ चक्र 'आज्ञाचक्र' है। आज्ञाचक्र में अन्तिम 'योनि-त्रिभुज तथा लिंग' दर्शाये गये हैं। इससे ऊपर के चक्रों में इनकी आवश्यकता नहीं रहती। अर्थात् आज्ञाचक्र से आगे नारी-पुरुष संभोग की बात समाप्त हो जाती है। इसे यह न समझें कि व्यक्ति संभोग-विरक्त हो जाता है। इसका तात्पर्य यह है कि **वह कुण्डलिनी को बिना संभोग के ऊर्ध्वगति देने में सक्षम हो जाता है।** संभोग अर्थात् काम-कला एक तांत्रिक (तकनीकी Techincal) कार्य है। अतः मूलाधार से आज्ञाचक्र तक के छः चक्र जिनमें संभोग का प्रयोग होता है तांत्रिक-चक्र' कहलाते हैं। उससे आगे के चक्र तांत्रिक होते हुए भी इसी सन्दर्भ में तांत्रिक नहीं कहे जाते। आगे के चक्र मैं तांत्रिक इसलिये कह रहा हूँ क्योंकि वहाँ भी संभोग तो होता है—स्वयं का स्वयं से। नारी की आवश्यकता नहीं रहती अतः साधक नारीनटेश्वर की स्थिति में आ जाता है। यही कारण है कि बहुत से विद्वान सहस्रार से ही कुण्डलिनी साधना का प्रारम्भ मानते हैं। इन षडचक्रों के तांत्रिक भेदन के पश्चात् साधक के योगच्युत होने का भय नहीं रहता।

विशुद्ध चक्र में संभोग की धीर गति की मस्ती से अधिक, श्वास की धीर गति की मस्ती पर ध्यान दिया गया है जो सूक्ष्मणा की सूक्ष्म श्वास (न के बराबर) से ही सम्भव होती है। इससे पूर्व का चक्र 'अनाहत' उस क्षेत्र का है जहाँ बिना चोट किये आवाज (अन आहत) होती है—श्वास की आवाज। यही अनाहत मन्त्र 'हं सः' है। इस अवस्था का संभोग वासना रहित, सात्विक संभोग है। इससे पूर्व के चक्र मणिपूरक में मूलाधार वाले संभोग की कामाग्नि ही प्रज्वलित होकर कुण्डलिनी तरंगों को आगे की ओर प्रसारित कर देती है, जिस प्रकार स्वाधिष्ठान चक्र में करती है।

(इन षडचक्रों के स्पष्टीकरणों में बहुत से पाइण्ट जान-बूझकर छोड़ दिये गये हैं क्योंकि उनके लिए उचित प्रमाण, व्याख्याएँ, आदि नहीं मिल पा रहे थे। फिर भी इस विषय के जिज्ञासुओं के लिये लुप्त प्राय: विद्या के प्रवर्तन हेतु यह लघु प्रयास किया गया है जिससे भावी साधक अपने अमूल्य अनुभवों का इसमें योगदान करने में संकोच न करे।)

बिना संभोग के कुण्डलिनी को ऊर्ध्वगति देने, अथवा स्वयं का स्वयं से संभोगरत होने के उदाहरण स्वरूप मेरे एक मित्र श्री मनोहर लाल गुप्ता (आगरा) का अनुभव मनन करने योग्य है।

त्रेपन वर्षीय साधक 'मनोहर लाल गुप्ता' का 'प्रथम अर्ध-नारीश्वर' अनुभव

कुछ लोग तो अधिक श्रम और साधना करते हैं तब परिणाम थोड़े से पाते हैं और कुछ साधना कम करने पर भी अपेक्षाकृत अधिक परिणाम प्राप्त करते हैं। योग ऐसे साधकों को पूर्व जन्म के सिद्ध साधकों की श्रेणी में मानता है। गुप्ता जी आर्य समाजी वातावरण में पलकर, पिछले 30 वर्षों से राधास्वामी दयाल की कृपा से सन्त-मत का अनुसरण करते हुए भी योग-साधना करते ही रहे हैं। मेरी मित्रता मानने से पूर्व उन्होंने विशेष विधि से अपने गुरुदेव से आज्ञा माँगी जिसमें उनके सर्व समर्थ गुरु ने आज्ञा दी कि 'मैंने तुम्हारे लिये उपयुक्त व्यक्ति को आपके साथ लगा दिया है, तुम्हें हिचक नहीं करनी चाहिये' और वे मेरी बताई साधना विधि पर श्रम करने लगे। इन्हें कुण्डलिनी साधना में उतरे लगभग दो-तीन मास ही हुए हैं। इन्होंने लगभग २ वर्ष पूर्व के एक स्वप्न में 'साँप के मुँह में उसकी पूँछ घुसाते हुए अपने को देखा था', तब से बहुत से लोगों से इस स्वप्न के बारे में पूछताछ कर चुके थे, परन्तु उन्हें सन्तोषजनक उत्तर नहीं मिल सका था। जब मुझे यह स्वप्न उन्होंने बताया तो मैंने उन्हें कहा कि 'थोड़े श्रम और साधना से आप कुण्डलिनी में उतर जायेंगे।' उसी समय उन्हें शिवजी के 'अर्ध नारीश्वर' रूप का आशय समझाया था। कुछ दिन बाद उन्होंने स्वप्न में अपने एक मित्र की जिसे वह नया गुरू मानते थे 'अर्ध-नारीश्वर मुद्रा' देखी। बाद में उन्हें उनकी स्थिति के अनुरूप कुछ कुण्डलिनी की अभ्यास मुद्रायें भी बतलाई गई, उनके सतत अभ्यास से वे अर्ध-नारीश्वर स्थिति तक पहुँचने में सफल हुए। वे घटनाक्रम इस प्रकार बताते हैं—

रात को लगभग साढ़े नौ बजे मेरा लिंगकामोद्गमोल्लसित हो गया जैसा २०-२२ वर्ष की उम्र में हुआ करता था। मैं अपनी पत्नी के पास पहुँचा तो वह कुछ अनमनी सी मालूम पड़ी। मैं डरने लगा कि यदि मैं अभी कुछ उपाय नहीं करता तो निश्चित ही आज वीर्य की अधोगति किसी न किसी समय हो जानी है। मैंने लिंग पर शीतल जल की धारा डालकर प्राकृतिक उपचार किया, फिर भी काम नहीं बना। अपने गुरुओं की श्रृंखला को याद करते-करते अपने नये मित्र-गुरु की कुण्डलिनी की बात मस्तिष्क में आ गई। मैं कुण्डलिनी विधि अनुसार 'वज्रोली मुद्रा' करने लगा। वज्रोली करते-करते मुझे अचानक बड़ा आनन्द आने लगा और उस आनन्द की मस्ती में मैं कुण्डलिनी क्रिया द्वारा वीर्य को

ओज में परणित कर मेरुदण्ड में आधा-पौना घण्टे तक चढ़ाता रहा। कुछ समय बाद मैं ऐसा तृप्त, शांत और प्रफुल्ल हो गया जैसा कि मैं शायद संभोगरत होकर भी नहीं हो पाता। बड़ी गहरी नींद आई और सुबह भी एकदम तरो-ताजा प्रफुल्ल मन से उठा। अन्य दिनों सुबह इतना प्रफुल्ल नहीं उठता था। जब यह प्रसंग मैंने अपने मित्र-गुरु को सुनाया तो उन्होंने मुझे समझाया कि 'यह तुम्हारी अर्ध-नारीश्वर स्थिति का प्रथम अनुभव है। इसी अभ्यास को आगे बढ़ाते जाओगे तो नारी-नटेश्वर बन जाओगे।' देखिये कहाँ तक पहुँचाती है 'सन्त सद्गुरू की प्रेरणा?'

सहस्त्रार चक्र

आज्ञाचक्र से आगे के क्षेत्र के बारे में स्वच्छन्द संग्रह में लिखा है कि समष्टि (Cosmic) आज्ञाचक्र से परे बिन्दु के अन्दर १० करोड़ योजन का क्षेत्र है जो १ करोड़ सूर्यों की चमक के समान दीप्तवान है। यहाँ पर शांति से परे की (शान्त्यातीत) स्थिति का स्वामी शान्त्यातीतेश्वर है जिसकी दस भुजाएँ और पाँच चेहरे हैं और बहुत सी बिजलियों की चमक के समान आभायुक्त है। उसके बाँई ओर शान्त्यातीत मनोन्मनी है। उनके चारों ओर निवृत्ति, प्रतिष्ठा, विद्या और शांति हैं, इनमें से प्रत्येक के पाँच चेहरे और दस हाथ हैं, यह चन्द्रमा से आभूषित हैं। यह सब बिन्दु तत्व हैं। बिन्दु से ऊपर अपनी कलाओं सहित अर्ध चन्द्र हैं, वे हैं—ज्योत्सना, ज्योत्सनावती, कांति, सुप्रभा, विमला। अर्ध चन्द्र से ऊपर निबोधिका अपनी कलाओं सहित है। कलाएँ हैं—बंधती, बोधिनी, बोधा, ज्ञान बोधा, तमोपहा। निबोधिका से ऊपर नाद अपनी पाँच कलाओं सहित है। वे हैं—इन्धिका, रेचिका, ऊर्ध्वगा, त्रासा और परमा। इससे ऊपर कमल पर ईश्वर है जो दस करोड़ योजन में प्रसारित है। दस हजार चन्द्रमाओं के प्रकाश के समान आभायुक्त है। वह पंचमुखी है। प्रत्येक मुख त्रिनेत्री है। उसके हाथ में शूल है, जटाधारी है वह ऊर्ध्वगामी है जिसे ऊर्ध्वगामिनी कला आलिंगन किये हुए है।

आज्ञाचक्र से ऊपर हल के सिरे के आकार का महानाद का क्षेत्र है जहाँ वायु अर्ध शिव में लय होती है। शिव आधे हैं क्योंकि आधी शक्ति (जिसे नाद भी कहते हैं) है। यह क्षेत्र आज्ञाचक्र के ऊपर और सहस्त्रार से नीचे है इसलिये इसे कारणवान्तर शरीर (Intermediate Causal Body) भी कहा गया है। शंकराचार्य कहते हैं कि इस स्थान पर वायु नहीं रहती (वायोह विराम भूतम्)। एक स्थान पर कहा गया है कि शिव 'ह' कार है यदि ह को ऊपर से आधा काट दें तो नीचे का भाग भारतीय हल जैसी आकृति शेष बचता है। भूत शुद्धि आदि के विषय में कहा गया है कि वायु (त्वक) स्पर्श तत्व में लय होती है और फिर व्योम में, इसी प्रकार वह नाद में भी लय होती है। श्रुति में कहा है—इ कार से पृथ्वी की उत्पत्ति हुई जो रसवती है। क कार जो कि रस है जल और तीर्थों की उत्पत्ति हुई। र कार (रेफ) से वाहिनी अग्नि तत्व की उत्पत्ति हुई। नाद से वायु तत्व की उत्पत्ति हुई जो सर्व प्राणमय है। बिन्दु से शून्य (आकाश) तत्व की उत्पत्ति हुई जो कि



सहस्त्रार चक्र Sahastrār Cakra

(Cerebral Plexus)

सर्व शून्य और शब्दमय है और इन सबसे पच्चीस तत्वों की उत्पत्ति हुई जो गुणमय हैं यही सम्पूर्ण कालिकामय ब्रह्मांड है। प्रयोग सार तन्त्र में कहा गया है—

नादात्मना प्रबुद्धा सा निरामयपदोन्मुखी ।
शिवोन्मुखी यदा शक्तिः पुंरूपा सा तदा स्मृता ॥

जो शक्ति मुक्ति की ओर अग्रसर करे वह पुरुष रूप बिन्दु है, जब उसे नाद के द्वारा गतिमय (उद्दीप्त) किया जाता है तो वह शिव की ओर अग्रसर होती है। राघव भट्ट ने कहा है **'शक्तेर्नादबिन्दु सृष्ट्युपयोगावस्थारूपौ'** नाद और बिन्दु शक्ति के सृष्टि के उपयोग की अवस्था के रूप हैं। उपयोग ही सृष्टि करने की शक्ति ('Uayoaga' is Capacity of fitness of Creation)।

आज्ञाचक्र में बतलाई गई वस्तुओं [यथा हाकिनी से ऊपर इतर लिंग, उससे ऊपर प्रणव, उससे ऊपर मनस, उससे ऊपर अहंकार, उससे ऊपर बुद्धि, उससे ऊपर प्रकृति, उससे ऊपर चंद्र (इंदु या बिंदु), उससे ऊपर बोधिनी, उससे ऊपर नाद, उससे ऊपर महानाद, उससे ऊपर कला, उससे ऊपर उन्मनी, उससे ऊपर शंखिनी नाड़ी के मुँह पर (जहाँ कोई नाड़ी नहीं है और सुषम्ना का अन्तिम सिरा है) उस शून्य क्षेत्र पर, विसर्ग से नीचे (विसर्ग ब्रह्म रंध के ऊपरी भाग में है) सहस्त्र दलों वाला पद्म है, जो पूर्ण चंद्र के समान श्वेत वर्ण अधोमुखी, तरुण सूर्य जैसी रश्मि पुंज की कांति वाले अ से ह तक (जिसमें विसर्ग अः) छोड़कर १५ स्वर और ३३ व्यंजन (कुल ४८ सामान्यतः १६ स्वर ३६ व्यंजन वर्णमाला के अन्तर्गत माने जाते हैं) २१ बार दुहराये गये होने से] १००८ दलों पर सुशोभित हैं। कंकाल मालिनी तंत्र के अनुसार—

सहस्त्रारं महापद्मम् शुक्लवर्णमधोमुखम् ।
अकारादिक्षकारान्तैः स्फुरद्वर्णैर्विराजितम् ॥

सहस्त्र दलों पर अ कार से क्ष कार के पूर्व के अक्षर 'ह' तक कुल ४९ वर्ण बनते हैं जिसमें विसर्ग ब्रह्म रंध के ऊर्ध्व भाग में है (तस्मिन रंधे विसर्ग च नित्यानंद निरंजनम्—श्री पूर्णानन्द) अतः मात्र ४८ वर्ण शेष रहे। 'क्षकारान्तै' बहुब्रीह समास के आधार पर श्री पूर्णानन्द के अनुसार यह अर्थ देता है कि 'क्ष' कार प्रारम्भ होने तक माना जायगा, अर्थात् 'ह' तक ही वर्ण गिने जायेंगे।

सहस्त्र दल पद्म के विषय में बहुत सी भ्रांतियाँ आ गई हैं क्योंकि अधिकतर विश्लेषक स्वयं 'साधक' (Practical Siddhas) नहीं रहे। कई पुस्तकें तो अनुमान के आधार पर एक विश्लेषक के पश्चात् दूसरे, और दूसरे के पश्चात् तीसरे विश्लेषक ने लिख डाली है। जिससे विषय गुरु से गुरुतर ही बनता गया। यदि साधक स्वयं कुछ लिखे या बतलाये तो वह यह कह सकता है कि आप जो कुछ अनुमान लगा रहे हैं, वह इस प्रकार नहीं अमुक प्रकार है। विश्लेषकों की बात कोरा शास्त्रार्थ भर रह जाती है। सहस्त्र दल पद्म में १००८ दल (पंखुड़ियाँ) हैं, पूरे एक सहस्त्र नहीं। परन्तु उन्हें सामान्यतः

सहस्त्र दल ही कहा जाता है। जैसे १०८ मनकों की माला पर १०० जप करने के लिए ११ माला जपी जाती हैं, ८ की कहीं गिनती नहीं होती। सहस्त्र दल पद्म की मात्र एक सहस्त्र पंखुड़ियाँ मानकर उस पर वर्णमाला के अक्षरों की कल्पना करने के बारे में कोई कहता है कि 'ल' कार को छोड़कर अ से गिनो तो १६ स्वर ३६ व्यंजन मिलकर ५२ - १ = ५१ वर्ण हो जायेंगे। एक कहता है 'क्ष' कार को भी छोड़ दो तो मात्र ५० वर्ण रह जायेंगे औरयदि ये २० बार गिन दिये जायँ तो पूरे एक सहस्त्र हो जायेंगे और सहस्त्र दल पदम में एक-एक दल पर एक-एक अक्षर की तुक सही बैठ जायगी। दूसरा कहता है ५१ वर्ण २० बार गिनें तो गिनती १०२० बैठती है, १९ बार गिनें तो ९६९ बैठती है, कैसे भी सहस्त्रार पूरा नहीं होता। यह सब अनुमान पर चलने वाला शस्त्रार्थ है।

क्ष, त्र और ज्ञ संयुक्ताक्षर हैं, प्राकृतिक वर्णमाला के अक्षर नही हैं। वे अ से ह तक ही हैं जो सहस्त्र दल कमल की १००८ पंखुड़ियों पर सुशोभित हैं। कुछ लोगों में इन वर्णाक्षरों के रंग के बारे में भिन्न मत हैं। इनका रंग कुछ लोग सहस्त्रार को श्वेत वर्ण मानने के कारण अक्षरों को भी श्वेत वर्ण मानते हैं परन्तु वे चढ़ते सूर्य की प्रभा के समान वर्ण वाले हैं अथवा वर्णित रंग वाले हैं। सर आर्थर एवलौन ने अपने ग्रन्थ The Serpent Power, में लिखा है There is nothing said of the Colour of the letters, and as the Matraka (letters) are white they are to be taken as being white on the Saharsrara Petals. ऐसी बातें अनुमानात्मक हैं। वैसे 'ब्रहत् त्रिविक्रम संहिता' में एक स्थान पर सहस्त्र दल कंवल के वर्णों के रंग के बारे में मिलता है—

बालसूर्य प्रतीकाशमासीद्विन्दुमदक्षरम्।

एक और विशेष बात जो सहस्त्रार के वर्ण क्रम के बारे में है कि ये सारे अक्षर दक्षिणावर्त (दाहिनी ओर से बाई ओर के) क्रम में हैं। सहस्त्रार के बीज कोष के अन्दर दोष रहित पूर्ण चंद्र मंडल है जैसे कि खुले साफ आकाश में पूर्णिमा का चाँद हो और अमृत रस से स्निग्ध, शीतल हो जिसकी किरणें चाँदनी के समान आनन्द उत्पन्न करने वाली हों। कंकाल मालिनी तंत्र में चंद्र मंडल के नीचे के शून्य स्थल के ऊपरी भाग में अंतरात्मा का निवास बताया गया है। चंद्र मंडल के अन्तर्गत विद्युत के समान लगातार चमकने वाला त्रिकोण है। इस त्रिकोण के अन्दर 'शून्य' बिंदु रूप में स्फुरण करता है (चमकता है)। यह बिंदु अनश्वर अत्यंत गुप्त, अत्यन्त परिश्रम से प्राप्त होने वाला, मुक्ति का मूल आधार है जो सूक्ष्मातिसूक्ष्म (शास्त्रों में बाल की नोंक के दस करोड़वें भाग के बराबर कहा गया है) परमानन्द दायक है। यह परम बिंदु चन्द्रमा की कलाओं के समान अमा कला और निर्वाण कला सहित त्रिकोण के अंतर्गत दिखाई देता है। कुछ लोग बिंदु को कंद (मूल) मानते हैं। बिंदु एक वृत्त O है और शून्य ब्रह्म पद है जो वृत्त के अन्दर है। 'योगिनी हृदय तंत्र' में कहा है कि कन्द 'सूक्ष्म परमानन्द-कन्द-बिंदु-रूप' है। यही परम शिव कहा गया है। आध्यात्म रामायण का वक्तव्य देखिये—

'जीवात्मा परमात्मा च पर्यायो नात्र भेदधीः ।'
आचार्य शास्त्रोपदेशा दैक्यज्ञानं यदा भवेत् ।
आत्मनोर्जीवपरयोर्मूलाविद्या तदैव तु ॥

जीवात्मा परमात्मा का पर्यायवाची (दूसरा नाम) हो जाता है। शास्त्र और आचार्य के निर्देशानुसार जब व्यक्ति जीवात्मा और परमात्मा सम्बन्धी मूल विद्या (तत्व ज्ञान) समझ लेता है तो उसे उनके एक्य भाव (अद्वैत भाव) का बोध हो जाता है। वेदों में भी स्थान-स्थान पर समझाया गया है—तत् त्वम् असि (तत्वमसि) जब आत्मा परमात्मा कहलाने योग्य बन जाता है (परमात्मा हो नहीं जाता, जिज्ञासु ध्यान रखें) तो वह ब्रह्म सब का आत्मा हो जाता है और सूर्य के समान अज्ञान रूपी तिमिर (अँधेरे) का नाशक हो जाता है। उसमें रस (परमानन्द का अनुभव) और विरस (शिव और शक्ति के संयोग से उत्पन्न आनन्द का अनुभव) दोनों एक होते हैं। तत्वमसि की स्थिति को निर्वाण तंत्र के तीसरे पटल में और भी स्पष्ट कर दिया है कि 'हे देव ! जो तुरीयावस्था (चतुर्थ अवस्था) में पहुँच गया वही परमात्मा है।'

परम बिंदु की कलाओं की सूक्ष्मता का स्पष्टीकरण इस प्रकार मिलता है कि चन्द्रमा की षोड़षवीं कला जैसी शुद्ध, बाल सूर्य के समान प्रभा वाली इतनी सूक्ष्म कला है जैसे पद्म के डंठल के सूत्र का सौवाँ भाग हो परन्तु वह इतनी दीप्तिमय है जैसे करोड़ों बिजलियाँ एक साथ चमकी हों, साथ ही वह अत्यन्त मृदु और अधोमुखी है। पर और परा के आनन्द पूर्ण सम्भोग के कारण जो अमृत की धारा बहती है उसका यह पान करती है। इस चंद्र (अमा) कला के अन्दर निर्वाण कला है जो उत्तम से भी उत्तम, अर्ध चन्द्र के रूप में ऐसे चमकती है जैसे सारे सूर्य एक साथ एक ही समय में उदित हो गये हों। सूक्ष्म इतनी जैसे एक बाल की नोंक का हजारवाँ भाग हो। निर्वाण कला के मध्य आकाश (शून्य) में परम निर्वाण शक्ति एक करोड़ सूर्यों की आभा वाली है। उसकी सूक्ष्मता की समानता बाल के सिरे के करोड़वें भाग से की है। उसके अन्दर बहने वाली आनन्द अमृत की धारा ही सब जीवों का जीवन है। उसके अन्दर मायातीत शिव का सनातन स्थल है जो स्वयं शुद्ध ज्ञान और आनन्द का प्रतीक रूप है। यही नित्य आनन्द है। कुछ इसे ब्रह्म कहते हैं, कुछ हंस। शैव इसे शिव का निवास स्थल मानते हैं, वैष्णव परम पुरुष विष्णु का, कुछ रुद्र हरिहर का, देवी के भक्त देवी का, मुनि लोग प्रकृति-पुरुष का संभोग स्थल मानते हैं। तत्वदर्शी इसे आत्मज्ञान अथवा मोक्ष का स्थान मानते हैं। संतों के मन में सत्य (तत्व) ज्ञान का स्फुरण यहीं से होता है।

स्पष्टीकरण

स्वच्छ आकाश में चंद्रमा के समान ओज-अमृत भरे हुए सहस्र नाड़ियों का क्षेत्र मस्तिष्क-मंडल है जो स्नेह सिक्त और ठण्डा है। इसके अन्दर चन्द्र मण्डल (Thalamus) में अन्तरात्मा है। 'कंकाल मालिनी तन्त्र' सहस्रार में सूर्य और चन्द्र मण्डलों से ऊपर महावायु और उससे ऊपर ब्रह्मरन्ध्र (Aperture of Soul) मानता

है। ब्रह्म रंध्र में विसर्ग को मानता है जो आनन्द पूर्ण ब्रह्म है। इस सबकी अधिष्ठात्री देवी शंखिनी मानी जाती है।

आप जान चुके हैं कि सूर्य और चन्द्र नाड़ियाँ अपने क्षेत्रों से होती हुई आगे बढ़कर सम्बन्धित नासापुटों में आ मिलती हैं। इससे अन्दर की ओर वायु पूर्ण स्थान है, उससे अन्दर ब्रह्म रंध्र (Thalamus) है जिसमें एक शक्ति है शंखाकार। उसे चाहे आत्मा कहें, ब्रह्म कहें, कोई शब्द या अक्षर कहें परन्तु वह न शब्द है न अक्षर, इसलिये विसर्ग कहा है। परन्तु वह विसर्ग भी नहीं; अत: कुछ विद्वानों ने उसे विसर्ग के दोनों बिन्दुओं के बीच की स्थिति—शून्य कहा है।

यह शून्य जीवन का 'अन्त' नहीं 'आदि' है। जीवन का प्रारम्भ है। इसे जानने से पूर्व का जीवन तो 'पशु तुल्य जीवन' था। **वास्तविक जीवन का प्रारम्भ तो तब होता है जब आप अपने स्वामी बन जाते हैं।** स्वामी चिन्मयानन्द इसे 'Zero Point' इसीलिये कहते हैं।

■

कुण्डलिनी साधना

लेखक–
परमहंस स्वामी अनन्त भारती
[महामहोपाध्याय डॉ० ब्रह्ममित्र अवस्थी]

स्वामी केशवानन्द योग संस्थान प्रकाशन
दिल्ली-११०००७

कुण्डलिनी साधना

S K.
Y I.

SV
S.N
Sul
Su

कुण्डलिनी-साधना
KUNDALINI-SHADHANA

कुण्डलिनी साधना

सम्पादक
परमहंस स्वामी अनन्तभारती

स्वामी केशवानन्द योग संस्थान,
दिल्ली-८५

प्रकाशक—
स्वामी केशवानन्द योग संस्थान प्रकाशन
बी-२/१३९-१४० सेक्टर ६, रोहिणी
दिल्ली-११००८५

मूल्य : पैंतालिस रुपये

प्रथम संस्करण सं० २०४५ विक्रमीय
द्वितीय संस्करण २०५६ विक्रमीय

मुद्रक—
पंकज प्रिंटर्स
मौजपुर, दिल्ली-११००५३

समर्पण

योगिराज श्री १०८ स्वामी केशवानन्द जी महाराज,
जिनकी कृपा से योगविद्या परम्परा से प्राप्त
हो सकी एवं साधना में निरन्तर संरक्षण
प्राप्त हो रहा है, के करकमलों में
सादर समर्पित

प्रकाशकीय

प्राचीनकाल में योग साधना जन सामान्य के जीवन का अंग रही है। मध्यकाल में इसके प्रति उत्तरोत्तर उपेक्षा बढ़ती रही, और एक ऐसा समय आ गया जब इस विद्या को, साधना को, केवल साधु सन्यासियों के लिए मान लिया गया। किन्तु साधु सन्यासियों की प्रवृत्ति भी योग साधना की ओर न रहकर साम्प्रदायिक आचार के पालन और प्रचार में ही संकुचित होती गयी। फलतः योग के साधकों की संख्या क्रमशः घटती चली गयी। तथा जो कुछ सिद्धयोगी शेष थे उन्होंने समाज से दूर हिमालय की कन्दराओं में शरण ग्रहण कर ली।

इधर कुछ वर्षों से भौतिक साधनों के अम्बार के बीच भी असन्तुष्टि का अनुभव कर के कुछ लोगों का ध्यान योग साधना की ओर गया है, और लोगों में योग विद्या की प्राप्ति के लिए उत्सुकता बढ़ी है। किन्तु सामान्यतया सिद्ध योगियों के समाज से बहुत दूर चले जाने के कारण उत्सुकता में तृप्ति एवं जिज्ञासा का शमन सुलभ न हो सका है। कई प्रकार की भ्रान्तियां भी उत्पन्न होकर फैलने लगी हैं। कुण्डलिनी के स्वरूप और उसके जागरण के उपाय के सम्बन्ध में सन्देह और भ्रान्तियां सर्वाधिक उत्पन्न हुईं और आज भी विद्यमान हैं।

योगिराज श्री १०८ स्वामी केशवानन्द जी के शिष्य (एवं गृहस्थाश्रम के उनके ही पुत्र) योगसाधक एवं योगविद्या तथा भारतीय दर्शन के अधिकारी विद्वान् महामहोपाध्याय डा० ब्रह्ममित्र अवस्थी ने इस विषय में परम्परा से जो बहुत कुछ प्राप्त किया है, प्राचीन योग साहित्य के साथ उसकी समीक्षा और परीक्षा की है, तथा साधना द्वारा साक्षात्कार भी किया है, उसे उन्होंने अपने शिष्यों के निवेदन पर कुछ थोड़ा बहुत स्वयं लिखा तथा कुछ दूसरे सिद्धयोगियों की लेखनी से प्रसूत विचारों का संकलन एवं सम्पादन करके उसे प्रकाशित करने हेतु हमें अवसर प्रदान किया है। इसके लिए हम उनके आभारी हैं।

प्रस्तुत ग्रन्थ पाठकों के हाथों में कई मास पूर्व आ जाना चाहिए था किन्तु साधनों के सीमित होने के कारण हम इसे बहुत देर से आज पहुंचा पा रहे हैं, इसका हमें खेद है। किन्तु देर से ही सही प्रभु की कृपा से यह ग्रन्थ हम आपके हाथ में पहुंचाने में समर्थ हो सके हैं, इसकी हमें हार्दिक प्रसन्नता है। हमें विश्वास है, कि मनीषी साधकों में इस ग्रन्थ का स्वागत होगा।

इस ग्रन्थ के प्रकाशन के प्रसंग में हम सिद्धयोगी स्वामी सत्यानन्द जी प्रभृति लेखकों के प्रति भी अपनी कृतज्ञता प्रकाशित करना चाहते हैं, जिनके लेखों को इसमें संकलित किया गया है। साथ ही पंकज प्रिंटर्स के स्वामी श्री राजेन्द्र तिवारी एवं उनके सहयोगियों के भी हम आभारी हैं जिन्होंने इसे वर्तमान स्वरूप प्रदान करने में मनोयोग पूर्वक अपना श्रम प्रदान किया है।

गुरु पूर्णिमा सं० २०४५ वि०

प्रभाकर अवस्थी

अनुक्रम

१. कुण्डलिनी जागरण क्यों और कैसे ?	...	१
२. कुण्डलिनी योग	...	७
३. प्राणशक्ति कुण्डलिनी	...	१३
४. चक्र और चक्र साधना	...	२४
५. कुण्डलिनी एक जीवन्त अनुभव	...	३५
६. सर्वोच्च साधना कुण्डलिनी योग	...	४२
७. कुण्डलिनी साधना के सम्बन्ध में कुछ प्रश्न और उनके समाधान	...	५५
८. शिव चेतना	...	६९
९. तान्त्रिक अभ्यास वज्रोली एवं सहजोली	...	७६
१०. स्वर योग	...	७८

कुण्डलिनी जागरण क्यों और कैसे ?

—प० पा० स्वामी सत्यानन्द सरस्वती

हिन्दू धर्म में एक ही सत्य को अनेक रूपों में समझाने के लिए रामलीला, कृष्णलीला शिवलीला एवं अनेक देवी-देवताओं की कहानियाँ बतलाई गई हैं। कहानी सच है या झूठ, इससे अपने को कोई मतलब नहीं। इस संबंध में चर्चा या विवाद करना बेकार है। राम हुए कि नहीं, कृष्ण हुए कि नहीं ये सारी बातें करना बन्द कर दो। मगर हाँ—राम, कृष्ण और शिव की जो लीला है, वह सच्ची है। सच पूछा जाय तो यह वैदिक धर्म का सारांश है। वेदों से लेकर के उपनिषद् और पुराणों तक हमारे ऋषि-मुनियों ने केवल एक बात कही है कि "मन के पीछे एक और शक्ति है, उसके पीछे एक और शक्ति है और उसके पीछ भी एक और शक्ति है"। जिस प्रकार विज्ञान में हम पदार्थ के पीछे तत्त्व को मानते हैं, तत्त्व के पीछे अणु को मानते हैं एवं अणु के पीछे परमाणु को मानते हैं। ठीक उसी प्रकार हमारे यहाँ शरीर, भावना, बुद्धि और अहंकार के भी परे कोई एक और शक्ति है। हमें केवल उसी को पाना है, बस। उसके अतिरिक्त जो कुछ भी है—वह इस जीवन का उद्देश्य नहीं है। तुम वेदान्त पढ़ो, दर्शन पढ़ो, कुछ भी पढ़ो। तुम पत्थर पूजो, पार्थिव पूजो, मन्दिर में जाओ, न जाओ, व्रत करो, उपवास करो, धोती पहनो, जनेऊ पहनो,—हमें उससे कोई मतलब नहीं। हमारा मतलब केवल एक को पाने से है। उसे पाया त तुमने योग पा लिया, बाकी सब भोग हैं।

संसार में आज तक उस तत्त्व को कोई-कोई बिरला ही पाया है, और जिन्होंने उसे पाया, उन्होंने यह पता लगाया कि इस अव्यक्त सत्य को सब कोई पा सकते हैं अथवा नहीं। अरे भई ! साधु पा सकते है, ब्रह्मचारी पा सकते हैं, यह बात समझ में आती है। मगर संसार में उलझा हुआ आदमी, बाल-बच्चों में उलझा आदमी, दुःख-सुख में उलझा हुआ आदमी, शादी-ब्याह में उलझा आदमी उसे पा सकता है या नहीं ? यही जानने का विषय हैं। उन्होंने इस पर काफी अनुसंधान किया और अन्त में पाया कि इस सत्य को सभी पा सकते हैं। सभी इसका साक्षात्कार कर सकते हैं। जो प्रयास करेगा, वह पहुँचेगा और जो खोजेगा, वह पाएगा। मगर हाँ, जरा कठिन है। उन लोगों के लिए जो संसार में उलझे हुए हैं, जो दुःख-सुख में उलझे हुए हैं, रुपये-पैसे में उलझे हुए हैं, काम, क्रोध, लोभ और मोह में उलझे हुए हैं, उनको कठिनाई है। और जो यह सब छोड़ करके एकान्त में बसते हैं, जंगल में बसते हैं, उनको भी कठिनाई है। एक को बाहर की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है और दूसरे को अन्दर की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसा मत समझना कि बाबाजी लोगों को कोई कठिनाई हैं ही नहीं। चाहे वह साधु-संन्यासी हो अथवा साधारण गृहस्थ, द्वन्द्व सबके जीवन में है। द्वन्द्व दो प्रकार का होता है—एक अन्तर्द्वन्द्व और दूसरा बहिर्द्वन्द्व। आज तुम लोगों को बाहर की कठिनाई है। कल यदि साधु-सन्यासी बनोगे तो अन्दर की कठिनाइयों से लड़ना पड़ेगा। इसलिए यदि उस

शक्ति का साक्षात्कार करना है, तो निर्द्वन्द्व होकर योग का अभ्यास करना होगा। यही उन महापुरुषों की वाणी है और इसी चीज को समझाने के लिए अनेक शास्त्र-पुराण, कथाएँ और उपदेश लिखे गये हैं। वही रामायण में है, वही भागवत में हैं और वही राम-कृष्ण और शंकर की लीला है। दुबारा पढ़ोगे तो समझ लेना। बात अलग-अलग ढंग से कही गई है, मगर है एक ही चीज।

शंकर जी पार्वती से विवाह करने के लिए हिमालय पर जाते हैं। उनके साथ भूत-प्रेत और पिशाचों की जमात है। उनके शरीर पर अनेक विषधर सर्प लटक रहे हैं। वे बैल पर सवार होकर मस्ती के साथ जा रहे हैं—पार्वती से विवाह करने। जानते हो यह क्या है? यह कुण्डलिनी योग का विषय है। कुण्डलिनी योग में यही होता है। शरीर में रीढ़ की हड्डी में सबसे नीचे—पुरुषों में मल-मूत्र-द्वार के बीच पेरेनियम में और स्त्रियों में गर्भाशय के मुख के नीचे, जिसको सर्विक्स कहते हैं—वहाँ पर एक छोटी सी ग्रंथि है। यह बिल्कुल शारीरिक है। इसको काटा जा सकता है और इसको तौला भी जा सकता है, परन्तु यह अत्यन्त विलक्षण चीज है। यही उस अनन्त शक्ति का स्थान है जिसे हम कुण्डलिनी के रूप में जानते हैं। यह शक्ति स्वरूपा है, पदार्थ रूपा नहीं है। यह शरीर पदार्थ है, इसको मैटर कहते हैं। और यह कुण्डलिनी शक्ति है, मातृस्वरूपा है, स्त्रीस्वरूपा है, योनिस्वरूपा है क्योंकि यह सम्पूर्ण क्रियाओं की जननी है। इसी प्रकार इस शरीर में एक दूसरी चीज भी है, मगर हम उसे कुण्डलिनी नहीं कहते। साधु-महात्मा अथवा तन्त्र भी उसे कुण्डलिनी ही कहते। उसे "शिव" "शंकर" अथवा "ज्योतिर्लिंग" कहते हैं। तो यह जो ज्योतिर्लिंग है, यह चेतना, शक्ति और पदार्थ ये तीनों अनादि हैं। बुरा नहीं मानना—यहाँ द्वैत, अद्वैत या सिद्धान्त की चर्चा नहीं हो रही है। यहाँ व्यावहारिक बात हो रही है।

दुनियाँ में तीन चीजें अनादि हैं; पदार्थ भी अनादि है। पदार्थ को पैदा करने वाला आज तक दुनियाँ में कोई नहीं हुआ। जब से है, तब से है। जब तक होगा, तब तक होगा। यह तो वृत्त है। वृत्त का आदि अन्त नहीं होता। कोई भी बिन्दु आदि हो सकता है और कोई भी बिन्दु अन्त हो सकता है। इसलिए यथार्थतः यह न आदि हुआ और न ही अन्त। इसी प्रकार यह जगत् अनादि है, यह पदार्थ अनादि है, यह कुण्डलिनी शक्ति भी अनादि है और ये शिव भी अनादि हैं। शिव चेतना के प्रतीक हैं, जगत् पदार्थ का प्रतीक है, और कुण्डलिनी ऊर्जा शक्ति की प्रतीक है। ऊर्जा के अस्तित्व को मानना पड़ेगा। जैसे यह स्पीकर है, अगर इसमें ऊर्जा का प्रवाह नहीं होगा तो यह निरर्थक हो जाएगा। यह पदार्थ है मगर पदार्थ बोल नहीं रहा है। यहा भी ऊर्जा पदार्थ के माध्यम से बोल रही है। पदार्थ के बिना ऊर्जा बोल नहीं सकती। शक्ति पदार्थ के बिना प्रगट नहीं हो सकती और पदार्थ शक्ति के बिना सक्रिय नहीं हो सकता। आनन्द लहरी में भगवान शंकराचार्य ने प्रथम श्लोक में ही लिखा है—"शिवः शक्त्या युक्तो यदि भवति शक्तः प्रभवितुं न चेदेवं देवो न खलु कुशलः स्पन्दितुमपि।" शक्ति के बिना शिव चल नहीं सकता। इसलिए शक्ति को जगा करके सहस्रार में शिव के साथ मिलाना है और वह धीरे-धीरे जागती

है। उसका एक रास्ता है। जागरण के पश्चात् वह एक चक्र से दूसरे चक्र, दूसरे से तीसरे चक्र, तीसरे से चौथे चक्र, चौथे से पांचवें चक्र, पांचवें चक्र से छठे चक्र में आ जाती है। जिस प्रकार स्टेशन-स्टेशन में रेलगाड़ी रुकती हुई जाती है, उसी प्रकार कुण्डलिनी भी सभी चक्रों में रुकती हुई छठे चक्र के बाद सहस्रार में शिव के साथ मिल जाती है। इसी को योग कहते हैं। वैसे योग की अलग-अलग परिभाषाएँ हैं, मगर हम यहां योग और तन्त्र की व्यावहारिक परिभाषा बतला रहे हैं। जब शिव और शक्ति का मिलन होता हैं, ठीक उसी समय समाधि लगती है। गाँजा पीकर के समाधि नहीं लगती। जब तक शक्ति जगेगी नहीं और जब तक उसका शिव के साथ संयोग नहीं होगा, तब तक समाधि लग नहीं सकती, चाहे कितने भी उपाय क्यों न कर लो।

इस शक्ति को जागृत करने के लिए सबसे पहली चीज—शक्ति को ठोकर मारनी होगी। योग में शक्ति को ठोकर मारने के जो उपाय हैं उन्हें कहते हैं—क्रियाएँ। पहली क्रिया है—मूलबन्ध, दूसरी क्रिया है—वज्रोली, तीसरी क्रिया है—उड्डियान बन्ध, चौथी क्रिया हैं—जालंधर बन्ध, पाँचवी क्रिया है— शाम्भवी मुद्रा ओर छठी क्रिया है—प्राण संचालन। इस प्रकार अनेक क्रियाएँ हैं। हमारा मेरुदण्ड शक्ति को पहुँचाने का माध्यम है। यह तार क्या है ? विद्युत् शक्ति को पहुँचाने का माध्यम है। इसी प्रकार रीढ़ की हड्डी मात्र हड्डी नहीं हैं। यह संवेदनाओं को, स्फुरण को, विद्युत् और शक्ति के प्रवाह को नीचे से निगेटिव प्रेशर दे करके ऊपर की ओर ले जाने का रास्ता है। यहाँ सुषुम्ना नाम की एक नाड़ी हैं। उस छोटी सी ग्रन्थि, जिसमें कुण्डलिनी सोई रहती है, वहाँ से यह सुषुम्ना चलती है और रीढ़ की हड्डी के मध्य भाग से होकर भ्रूमध्य के पीछे, आज्ञाचक्र पर खत्म हो जाती है। बीच में इसके चार विराम स्थान हैं, पहला स्टेशन है लिंगमूल के पीछे, जहाँ रीढ़ की हड्डी समाप्त होती है। दूसरा है नाभि के पीछे, तीसरा है हृदय के पीछे, और चौथा है कण्ठ के पीछे। जिनमें पहले स्टेशन का नाम है—स्वाधिष्ठान, दूसरे स्टेशन का नाम है—मणिपूर, तीसरे स्टेशन का नाम है—अनाहत और चौथे स्टेशन का नाम है—विशुद्धि। ये चार स्टेशन हैं। इनके मध्य से होकर सुषुम्ना नाड़ी गुजरती है। यह नाड़ी साधारण जीवों में, पशुओं में हमेशा सोई रहती है, परन्तु जो मनुष्य साधना करते हैं, जिनके माता-पिता योगियों का सत्संग करते हैं, अथवा जिनके माता-पिता उपवास, व्रत, नियम आदि का पालन करते हैं। उनमें यह बचपन से जागृत रहती है। जब तक सुषुम्ना जागृत नहीं होती, तब तक कुण्डलिनी को भी नहीं जगाना चाहिए। सड़क बनी नहीं और गाड़ी चला दी, कहाँ जाओगे, बोलो ? सुषुम्ना जब तक जागृत नहीं होती, तब तक भूलोक से लेकर के स्वर्ग तक का रास्ता ही नहीं बनता।

ये दो लोक हैं। सबसे नीचे का लोक भूलोक हैं। उसको कहते हैं, मूलाधार चक्र और जो सहस्रार चक्र है वह स्वर्गलोक है। उन दोनों के बीच में एक रास्ता है। उसको कहते हैं—देवयान। उसी से होकर के यह शक्ति जाती है।

दो पदार्थों के बीच परस्पर जब घर्षण होता है, तब विद्युत् शक्ति पैदा होती है।

यह विद्युत् शक्ति दो प्रकार की होती है—एक भौतिक, जिसे आप देखते हैं और दूसरी आध्यात्मिक, जिसे इन आँखों से देखा नहीं जा सकता। देखो, बल्ब, जल रहा है क्योंकि अभी विद्युत् शक्ति चल रही है। इसके बन्द होते ही बल्ब बुझ जाएगा और किसी को कुछ भी दिखाई नहीं देगा। इसी प्रकार जब अन्दर की बिजली जल जाती है तो अन्दर में रोशनी होने लगती है, और तब आँख बन्द करने के बाद सब कुछ दिखाई देने लगता है। यही अन्तर्ज्योति है। इसी को जगाना है और यही हमारा प्रयोजन है। अब इस शक्ति के जागरण के लिए क्या-क्या करना है, यह थोड़ा सा आप लोगों को बतलाता हूँ। मगर कल सबेरे से शुरू नहीं कर देना। गुरु पहले खोजना और तब इस ओर प्रवृत्त होना। इसको जगाने की एक पद्धति है। इसमें सर्वप्रथम चक्रों को, फिर सुषुम्ना को और उसके पश्चात् कुण्डलिनी को जागृत किया जाता है।

चक्र छः होते हैं—१. मूलाधार, २. स्वाधिष्ठान, ३. मणिपूर, ४. अनाहत, ५. विशुद्धि, ६. आज्ञा। इन छः चक्रों को जगाये बिना काम नहीं चलता। वैसे बहुतों में ये जगे भी होते हैं और कई लोगों में साधना करते-करते जगते हैं। कभी-कभी तुमको ध्यान अथवा पूजा-पाठ के अवसर पर कुछ अनुभव होता है, कुछ दिखाई देता है, कुछ रोशनी मिलती है, कुछ आवाज सुनाई देती है। ये सब चक्रों के जागने के लक्षण हैं। इन चक्रों को जगाने के लिए, आसनों का अभ्यास नितान्त आवश्यक है। बीमारी के लिए तो करो, फायदा होगा ही, मगर यह प्रयोजन नहीं है। आसनों के अभ्यास का मुख्य प्रयोजन है—चक्रों का जगारण। भुजंगासन से मणिपूर चक्र जागता है। सर्वांगासन से विशुद्धि चक्र जागता है। इसी प्रकार और भी अनेक आसन हैं, जिनसे मूलाधार, स्वाधिष्ठान, अनाहत और आज्ञाचक्र जागते हैं।

एक बार हमारे मुंगेर में आश्रम में बिजली बन्द होगई। हमने कहा—पूरे मुंगेर में बिजली है, मगर हमारे यहाँ क्यों नहीं है? लाइनमैन को बुलाया गया। उसने कहा "स्वामी जी, वहाँ तार के कनेक्शन में कार्बन जम गया है"। बिजली है मगर हमारे आश्रम में नहीं आई, क्योंकि कनेक्शन में कार्बन जम गया था। तो हमने पूछा—"क्या करना चाहिये?" उसने कहा—"स्वामीजी, एल्यूमिनियम का तार है। इसको निकाल दीजिये, क्योंकि जब-जब पानी गिरता है, इसमें कार्बन जम जाता है। आप कॉपर वायर लगा दीजिये।" हमारी भी ठीक यही हालत है। इन सभी चक्रों में कार्बन जमा हुआ है। क्यों? जानते हो? क्योंकि माल थर्ड क्लास का है। हमारे निर्माता ठीक माल पैदा नहीं कर रहे हैं। ये जो माल पैदा कर रहे हैं, ये सब निम्न क्वालिटी के माल हैं। देखो भाई, बुरा नहीं मानना, हम ठीक बोल रहे हैं। ये सारे निर्माता गलत माल बना रहे हैं। जिस प्रकार पानी गिरने पर एल्यूमिनियम के तार में कार्बन जम जाता है, उसी प्रकार छोटी-छोटी चिन्ताओं से हमारे चक्रों पर भी कार्बन जम जाता है। चिन्ता तो होती ही है, गुस्सा भी आता है, ईर्ष्या भी होती है, बेटी मोटी है, शादी नहीं होती, नौकरी बनती-बिगड़ती है, किसी को रोटी और कपड़े की चिन्ता है। इस प्रकार सोचते-सोचते

चक्रों पर कार्बन जमता जाता है और एक दिन वे बिल्कुल जाम हो जाते हैं। कार्बन जमे हुए चक्रों को साफ करने के लिए सबसे पहला साधन है—आसन।

हमने अपने गुरुजी से एक दिन पूछा। हमने कहा—"गुरुजी आप कहते हैं इस आसन से यह बीमारी दूर होती है, इस आसन से वह बीमारी दूर होती है, क्या यह सच है।" बोले हाँ, ठीक बात है। हमारे गुरु स्वामी शिवानन्द जी बहुत बड़े डॉक्टर थे। बड़े उच्च कोटि के सर्जन थे। उन्होंने कहा—"आसन से रोग तो दूर होते ही हैं, मगर आसनों से मुख्यतः चक्र जागृत होते हैं।" इन्हें क्यों जागृत करना चाहिये ? क्योंकि इन चक्रों से होकर के हाई टेंशन लाइन जाती है। उसके लिए सुषुम्ना वाली लाइन चाहिये। इड़ा-पिंगला हाईटेंशन वाली लाईन नहीं हैं। इसलिए अगर कहीं उनमें ११००० वोल्ट वाली धार बह गई, तो मामला गड़बड़ हो जायेगा। अरे, हनुमान जी जैसे को समस्या हो गई, आप तो आप हैं। हनुमान जी बड़ी समस्या में पड़ गये। उनकी शक्ति पिंगला नाड़ी में चली गई। तब क्या हुआ जानते हो न ? "तब तीनहुँ लोक भयो अंधियारो"। तब तीनों लोकों में अंधकार छा गया। कहते हैं—एक बार हनुमान जी को बहुत भूख लगी। नाश्ते का समय था। देखा सुबह का सूरज सेब की तरह बड़ा अच्छा लग रहा है। उन्होंने उसे खा लिया। भले आदमी, सोचो तो सही इसका मतलब क्या होता है।

सूर्य नाड़ी पिंगला को कहते हैं और चन्द्र नाड़ी इड़ा को। हनुमान् जी साधारण व्यक्ति नहीं थे, योगी थे। उनका नाम ही था हनुमान्। जो जालन्धर बंध लगावे, उसको कहते हैं हनुमान्। हम लोगों के यहाँ जालन्धर बंध का मतलब होता है, हनुबंध। हनु कहते हैं, ठुड्डी को। तो जब उनकी शक्ति पिंगला नाड़ी में प्रवाहित होने लगी, उस वक्त में "तीनहुँ लोक भयो अंधियारो" अर्थात् उनकी तीनों चेतनाएँ समाप्त हो गईं। इसलिए पहले चक्रों को जगाना, ताकि चक्रों के बीच कोई अवरोध न रहे। मूलाधार से लेकर आज्ञाचक्र तक सुषुम्ना नाड़ी का रास्ता बिल्कुल साफ रहना चाहिए, अन्यथा बड़े जोर से धक्का लगता है।

इसके अलावा चक्रों को जगाने में मंत्र भी कार्य करते हैं। मंत्र किसी देवी देवता के नाम नहीं हैं। ये अनन्त शक्ति के पुंज हैं। इसमें प्रचण्ड ऊर्जा छिपी हुई है। मंत्र शब्द ब्रह्म हैं। इसलिए इन्हें बच्चों का खेल नहीं समझना चाहिए। सर्वप्रथम किसी गुरु से दीक्षित होकर मंत्र प्राप्त करें। उसके पश्चात् उसे माला, मन या श्वास में जपें। जब इस प्रकार आप अभ्यस्त हो जायें तब प्रत्येक चक्र में उसका जप करें। उदाहरणार्थ— मूलाधार में १०० बार, स्वाधिष्ठान में २०० बार, और मणिपूर में ३०० बार, अनाहत में ४०० बार, विशुद्धि में ५०० बार और आज्ञा में ६०० बार। इससे चक्रों का जागरण, परिशोधन एवं सुषुम्ना का मार्ग निर्मल होगा।

अब सुषुम्ना के जागरण के लिए उपाय बतलाते हैं : प्राणायाम के अलावा सुषुम्ना को जगाने का और कोई अच्छा तरीका नहीं है। प्राणायाम सुषुम्ना को जगाने का बहुत ही सरल साधन है। प्राणायाम अर्थात् श्वास-प्रश्वास की गति का विच्छेद। राजयोग

सूत्र में महर्षि पतंजलि ने श्वास और प्रश्वास के बीच में जो विराम हैं, जो विच्छेद उसको प्राणायाम कहा है—"श्वास-प्रश्वासयोः गतिच्छेदः प्राणायाम."। श्वास और प्रश्वास के बीच जो अन्तर है, जब तक तुम उसको रोक सकते हो,—वही प्राणायाम है। इसको कहते हैं कुम्भक। इसके तीन तरीके हैं। श्वास रोको और मूलबन्ध लगाओ, यह हुआ पहला तरीका। दूसरा तरीका है—जालन्धर बन्ध के साथ कुम्भक और श्वास रोकने का तीसरा तरीका है—फेफड़ों को बिल्कुल खाली कर उड्डियान बंध लगाना। ये तीन तरीके हैं। श्वास को अन्दर रोको, बाहर रोको और तीन बन्ध लगाओ। इससे सुषुम्ना जागती है। एक सन्त ने लिखा है कि जब सुषुम्ना का जागरण होता है, तब कमल की नाल में सूर्य का प्रकाश दिखाई देता है। रीढ़ की हड्डी को कमल की नाल कहते हैं। इसके अन्दर सूर्य का प्रकाश उत्पन्न होता है। ध्यान की अवस्था में अथवा प्राणायाम करते हुए जब आपको रीढ़ की हड्डी में प्रकाश का अनुभव हो तब समझना सुषुम्ना जागृत हो रही है और जब यह सुषुम्ना जागृत हो तब कुण्डलिनी को जगाने के लिए प्रयत्न करना।

कुण्डलिनी जागरण कई प्रकार से होता है। किसी-किसी में कुण्डलिनी जन्म से जागी रहती है और ऐसे बच्चे आगे चलकर महान योगी बनते हैं। दूसरा—मंत्र से कुण्डलिनी जागती है, तीसरा—तपस्या से कुण्डलिनी जागती है, चौथा—क्रियायोग से कुण्डलिनी जागती है, पांचवाँ—तन्त्र शास्त्र में जो पंचमकार की साधनाएँ हैं, उनसे। छठा—औषधि से। सातवाँ—गुरु कृपा से और आठवाँ—राजयोग के साधन से भी कुण्डलिनी जागती है। अतः कुण्डलिनी को जागृत करने के जितने भी उपाय हैं, सबका अध्ययन और क्रमिक अभ्यास करो। तब जा करके यह कुण्डलिनी जागृत होगी कुण्डलिनी शक्ति के जागृत होने के बाद मनुष्य में सृजनात्मक शक्ति उत्पन्न होती है, उसी शक्ति को लोग भगवत् शक्ति कहते हैं, जिसकी कृपा से—"बहिरो सुनै मूक पुनि बोले रंक चले सिर छत्र धराई"। उसकी कृपा विलक्षण है। इसलिए प्रत्येक मनुष्य को निश्चित रूप से उसे जगाने का प्रयास करना चाहिए।

कुण्डलिनी योग

—स्वामी सत्यानन्द सरस्वती

आज का समय विश्व के आध्यात्मिक संक्रमण का काल है। दुनिया के सभी लोग आज एक चौराहे पर खड़े हैं। एक दर्शन ने दूसरे दर्शन को चुनौती दी है, एक धर्म ने दूसरे धर्म को चुनौती दी है, एक विज्ञान ने दूसरे विज्ञान को चुनौती दी है। लोग आज जानना चाहते हैं कि हमें किस ओर जाना है, कहाँ जाना है। ऐसी स्थिति में योग उन्हें एक समग्र मार्गदर्शन प्रदान कर सकता है। वे इसके उत्तम मार्गदर्शन से जीवन के असीम आनन्दपूर्ण स्थान की ओर अग्रसर हो सकते हैं।

योग न केवल आध्यात्मिक विज्ञान है, बल्कि यह एक आध्यात्मिक संस्कृति भी है। इस संस्कृति का उद्गम स्थान है भारत। यहां के प्राचीन ऋषि-मुनियों ने इस संस्कृति का निर्माण अत्यन्त सोच-विचार कर किया था। उन्होंने न केवल बौद्धिक तथ्यों से प्रभावित होकर इस विद्या का अनुसंधान किया था, बल्कि उन्होंने आत्मज्ञान के द्वारा भलीभाँति इसको समझ कर तत्कालीन समाज के सामने इसका एक अद्भुत रूप प्रस्तुत किया था। समाज के सर्वांगीण विकास के संदर्भ में उन्होंने इसकी महत्ता को प्रत्यक्ष रूप से लोगों को समझाया था। मगर हम थे कि उसको भूलते ही जा रहे थे। हमें अपने कर्तव्यों का तनिक भी ज्ञान नहीं रहा और हुआ यह कि हम पूर्ण रूप से इसे भूल गये और अभी तक भूले ही हैं।

तब योग का संबंध संन्यास से लगाया गया। त्याग और चमत्कार से लगाया गया। टोना, जादू और मंत्र से लगाया गया। योग का संबंध उस जीवन पद्धति से लगाया गया, उस आयाम से लगाया गया, जिसका वास्तविकता से कोई संबंध नहीं, समझदारी से कोई मतलब नहीं। इसीलिए हमारे यहाँ की जनता योग से वंचित हो गयी और लोगों को इसके नाम से डर लगने लगा। अभी भी हम अपनी उस गलती को सुधारने का प्रयास नहीं कर रहे हैं। हमारे मन में शंका बनी हुई है कि योग कहीं हमें घर-द्वार छोड़ने को मजबूर न कर दे, कहीं हमें संन्यासी न बना दे।

मैं मानता हूँ—भू-समाधि लेना अत्यन्त कठिन है, नाइट्रिक एसिड पीना कम खतरनाक नहीं है। मगर मैं यह नहीं मानता कि यह असंभव है। यह मैं कर सकता हूँ और आप भी कर सकते हैं। मैं भू-समाधि लगा सकता हूँ, नाइट्रिक एसिड पी सकता हूँ और आप भी इन क्रियाओं को भलीभाँति कर सकते हैं, परन्तु इससे हमें अपने जीवन के पक्ष में क्या मिलेगा ? कुछ भी तो मिलने का नहीं। इसलिए यह हमारे लिए कोई महत्त्वपूर्ण कार्य नहीं है। हमें इस प्रकार के चमत्कारों की ओर नहीं बढ़ना है; हमें बढ़ना है उस ओर जहाँ जीवन की वास्तविकता के रहस्य छिपे हैं, जहाँ जीवन के चरमोत्कर्ष के साधन मौजूद हैं और जहाँ मनुष्य को

शारीरिक मानसिक एवं दैनिक जीवन की समस्याओं के समाधान पूर्ण रूप से विद्यमान हैं। और यह सब योग के अन्दर अत्यधिक मात्रा में छिपे हुए हैं। बस, हमें अपने जीवन में उसे केवल उतारने भर की देरी है। जिस दिन हम योग को अपने दैनिक व व्यावहारिक जीवन में स्थान दे देंगे उस दिन से समझ लीजिए हम समस्याओं, तनावों और सदियों से चली आ रही सांसारिक उलझनों की शृंखला से मुक्त हो जायेंगे।

हमें निश्चित रूप से उन विद्वान् वैज्ञानिकों और डॉक्टरों का आभार प्रदर्शन करना होगा जिन्होंने भारत से बाहर, भारतीय मर्यादा से कोसों दूर रहने वाले, भारत की सनातन परम्परा से सर्वथा अनभिज्ञ होने के बावजूद भी यह संकेत दिया कि—'योग साधारण से साधारण और महान् से महान् व्यक्तियों के लिए हैं। जिन्होंने अपने धर्म और अपनी मर्यादाओं को तोड़कर, अपने मजहब और अपनी प्राचीन मान्यताओं की परिधि से बाहर आकर कहा—योग मनुष्य के जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। उदाहरणार्थ—शाम का समय था। एक लड़का अपनी साइकिल पर बड़ी तेजी से जा रहा था चौराहे पर एक सिपाही ने उसको देखा और हाथ देकर कहा—ऐ लड़के, साइकिल रोको तुम्हारी साइकिल में बत्ती नहीं है। तब जो लड़का साइकिल पर जा रहा था बोला—सिपाही जी, रास्ते से जल्दी हट जाइये मेरी साइकिल में ब्रेक भी नहीं हैं। ठीक इसी प्रकार जिसके जीवन में संयम नहीं, जिसके जीवन में प्रकाश न हो योग उसके लिए एक आवश्यक एवं अनिवार्य वस्तु है। जिसका जीवन संतुलित हो गया है, जो अपने मन वचन कर्म एवं विचारों को संतुलित कर लिए हैं वे तो स्वयं योग-सिद्ध हैं। उनके लिए योग करने की क्या आवश्यकता है? मगर जिन्होंने सांसारिक वासनाओं के अतिशय उपभोग से अपने शरीर को जर्जर कर दिया है, जो अपने मन से उठने वाली भावनाओं और उद्वेगों को संभाल नहीं पा रहे हैं, जिनमें संघर्ष-शक्ति का पूर्णतः अभाव हो चुका है योग उनके लिए है। ऐसा मैं मानता हूँ।

मैं गुरुजनों का विरोध करना नहीं चाहता और न ही मैं क्रान्तिकारी विचारक होने का दावा ही करता हूँ। मुझे अपनी प्राचीन संस्कृति पर पूरा विश्वास है। प्राचीन महामनीषियों के मुख से निकले प्रत्येक शब्द में मुझे सत्यता का असीम आभास मिलता है, मगर जहाँ तक मेरी मान्यता है, मैं मानता हूं कि जो अपनी आदतों से परेशान हैं, जो अपनी कमजोरियों और वासनाओं से परेशान हैं, जो अपनी सीमाओं और स्मृतियों में बंधे हुए हैं और उन्हें तोड़कर एक उन्मुक्त जीवन की ओर बढ़ना चाहते हैं, उनके लिए योग का अभ्यास निहायत जरूरी है। ऐसी स्थिति में हमें योग के सारे आयाम और सारी मान्यताओं को बदलना होगा। साथ ही उसकी एक नूतन परिभाषा भी बनानी होगी।

मैं एक समय विश्व यात्रा पर निकला यह देखने के लिए कि दुनिया में योग

के बारे में लोगों की क्या राय है। मैं जिस देश में भी जाता था, केवल यही सुनता था कि 'योग करो सुन्दर बनो'। तुम्हें अगर कमर पतली करनी है, पेट कम करना है तो योग करो—यह उसका मत था। इस प्रकार जब मैं योग की अयोग्य परिभाषा (योग फॉर ब्यूटी) सुनता था तो मुझे बड़ा बुरा लगता था। मगर मैं कुछ बोलता नहीं था और धीरे-धीरे मैं अपना यौगिक दृष्टिकोण उन लोगों के सामने रखता था। उसका परिणाम यह हुआ कि आज अगर योरप के किसी देश में जाकर आप कहें—योग फॉर ब्यूटी (योग सुन्दरता के लिए है) तो लोग हँसने लगते हैं और कहते हैं—योग सुन्दरता के लिए नहीं प्राणशक्ति को जागृत करने के लिए है। सारा अर्थ बदल गया, सारे सिद्धान्त बदल गये, सारे आदमी बदल गये। इसी प्रकार भारत में भी आज तक योग का जो अर्थ समझा जाता है, उसको भी बदलना होगा। आप शास्त्र का आधार लेकर इसको झुठला नहीं सकते। शास्त्र यह कभी नहीं कहता कि योग इसके लिए है, उसके लिए नहीं है। हम लोगों की यह आदत रही है कि हम जिसको जैसा सिद्ध करना चाहे किये, मगर अब योग को हम किस प्रकार लोगों के सामने रखें यह आज के युग का महत्त्वपूर्ण प्रश्न है।

हर युग की अपनी आवश्यकतायें हैं। आज के युग की आवश्यकता है अनुशासन। व्यक्तिगत जीवन में, राष्ट्रीय जीवन में, सामाजिक जीवन में, राजनैतिक जीवन में, भावनात्मक जीवन में अथवा आध्यात्मिक जीवन में आवश्यकता है अनुशासन की। जहाँ अनुशासन नहीं है वहाँ कुछ भी सफल नहीं हो सकता। और यही अनुशासन सिखाता है योग। आप ध्यान करेंगे आपको अनुशासन की आवश्यकता है, क्योंकि यदि आपका मन, आपकी चित्त वृत्तियां ध्यान के समय चंचल रहेंगी आप ध्यान नहीं कर सकते। इसी प्रकार अपने सामाजिक जीवन में, राष्ट्रीय जीवन में अनुशासन की बहुत बड़ी आवश्यकता है। जहाँ अनुशासन नहीं वहाँ कुछ भी नहीं। इसलिए लोगों को अब योग की ओर उन्मुख करना होगा। क्योंकि योग ही एक ऐसा है जो व्यक्ति के अन्दर जाने अनजाने अनुशासनात्मक संस्कारों का उदय करता है।

आज हमारी प्राणशक्तियाँ नष्ट हो गई हैं, हमारा मस्तिष्क फ्यूज हो गया है। क्यों? क्योंकि हमने इसकी क्षमता का दुरुपयोग किया है। उदाहरणार्थ आप १० एम्पीयर की एक मशीन लगायेंगे और उसमें विद्युत शक्ति को सर्वत्र परिचालित करने के लिए पतले एवं सामान्य शक्ति वाले तार का उपयोग करेंगे तो तार जल जायेगा क्योंकि उसमें उतनी बिजली को संभालने की शक्ति नहीं है। इसलिए जब भी आप १०-२० एम्पीयर की कोई मशीन लगायें उसके मुताबिक विशिष्ट एवं मजबूत तार का भी प्रयोग करें, तब कहीं आप उस मशीन से समुचित लाभान्वित हो सकेंगे। ठीक इसी प्रकार आप जीवन की जिन-जिन समस्याओं से जूझ रहे हैं, उसके लिए

आपको हाई बोल्टेज की बिजली और हाई टेंशन के तार की जरूरत है। क्योंकि अभी आपका मस्तिष्क—स्नायु, हृदय, फेफड़े आदि के तनाव को बर्दाश्त कर सकने में असमर्थ है। जिस जर्जर एवं चरमराती हुई बैलगाड़ी पर आप अपने जीवन का बोझ लिये जा रहे हैं, वह अत्यन्त दयनीय अवस्था में है। उसकी मरम्मत करनी होगी। उसमें प्राणशक्ति भरनी होगी। तभी आप एक अच्छे गृहस्थ, अच्छे डाक्टर, अच्छे प्रोफेसर या अच्छे प्रिंसिपल बन सकते हैं और अपने व्यक्तिगत एवं भावनात्मक बोझ को खींच कर ले जा सकते हैं, नहीं तो आपका ब्रेक डाउन हो जायेगा। इसलिए आज सारी दुनिया में प्राण को शक्तिशाली बनाने के संदर्भ में अनेकों चर्चाएँ चल रही हैं।

यह प्राणशक्ति क्या है? इस प्राणशक्ति को किस प्रकार जागृत किया जाय और यदि प्राणशक्ति है तो इस शरीर में उसका मुख्यालय कहाँ है? उस प्राणशक्ति का शरीर, मन और चैतन्य पर क्या प्रभाव पड़ता है? इस प्रकार के अनेकों प्रश्न आज संसार में लोगों के मन में भरे पड़े हैं परन्तु इन शंकाओं का समाधान किसी के पास दृष्टिगोचर नहीं होता। क्यों? क्योंकि इसके मूल रहस्य—जो कि योग में छिपे हुए हैं, उनको किसी ने भी जानने की कोशिश नहीं की। अतः यदि हम इन प्रश्नों के उत्तर की अभिलाषा रखते हैं, तो हमें निश्चित रूप से एक योग के संबंध में जानकारी हासिल करनी होगी। इस योग का नाम है कुण्डलिनी योग।

एक समय था जब लोग कहा करते थे—अरे कुंडलिनी योग मत करो, दिमाग घूम जायेगा। सोचिये—लोगों का कैसा अच्छा मन्तव्य था। कुंडलिनी योग करोगे तो दिमाग घूम जायेगा और शराब पीओ, गाँजा पीओ, वेश्यालय में जाओ, सिनेमा घरों में जाओ तो? दिमाग नहीं घूमेगा! कैसी विचित्र फिलॉसफी है? मुझे यह अनोखा दर्शन कभी समझ में नहीं आया।

कुंडलिनी योग करने से दिमाग घूम जायेगा। अच्छा जी घूमने तो दो। अरे! दिमाग तो सबका घूमा हुआ है। सबका दिमाग पीछे की ओर है। क्यों है न? या कोई सामने देख रहा है? हम लोग सब पीछे देखा करते हैं—अतीत की ओर। मेरा बेटा मर गया, मेरा बाप मर गया, मेरी सम्पत्ति चली गई, मेरा घर बर्बाद हो गया, ये क्या हैं? उलटे दिमाग के द्योतक नहीं हैं क्या? अतीत की झाँकियाँ नहीं हैं क्या? ऐसी झाँकियाँ सबको दिखती हैं, आगे कोई नहीं देख रहा है। इसलिए अब ये सिद्धान्त छोड़ो कि कुंडलिनी योग से दिमाग घूम जायेगा' जब तुम्हें दिमाग को सही राह पर ले जाना है, जब तुम्हें आगे की ओर देखना है, जब तुम्हें अतीत को भूलना है तो तुम्हें कुंडलिनी योग को आज नहीं तो कल अपनाना ही होगा। अन्यथा तुम पीछे के पीछे ही रह जाओगे।

तंत्र में कुंडलिनी की विशेष महत्ता है। इसी कुंडलिनी को प्राचीन ऋषि-

महर्षियों ने देवी, दुर्गा, शक्ति आदि अनेकों नामों से व्यक्त किया है। वह शक्ति स्थूल भी है, सूक्ष्म भी और परात्पर भी। यह त्रिगुणात्मिकता भी है और तीनों गुणों से परे भी। इसे शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक शक्ति के रूप में भी माना जाता है। इस शक्ति को हम तीनों लोकों में देखते हैं। प्राण इस महान् शक्ति का एक अंग है। साधक लोग जब साधना करते हैं तो इसी प्राण के माध्यम से कुंडलिनी का जागरण करते हैं। प्राणशक्ति के बिना आध्यात्मिक अथवा कुंडलिनी शक्ति का जागरण नहीं होता। ये प्राण कुंडलिनी-जागरण के संदर्भ में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। जिस प्रकार डेटोमिटर के बिना बम को नहीं फोड़ा जा सकता, चाहे तुम जमीन में कितना भी पटको। उसी प्रकार प्राण के बिना आध्यात्मिक विस्फोट नहीं होता।

एक बार मुझसे स्वामी अमृतानन्द ने पूछा—स्वामीजी, यह अणु बम क्या है? मैंने कहा—अणु बम एक अत्यन्त शक्तिशाली विस्फोटक है। जिसके विस्फोट होने पर बहुत बड़े पैमाने पर भू-भाग को तोड़ा जा सकता है। यह अणु बम जहाँ बहुत बड़ा विध्वंसक है, वहाँ इसके द्वारा अनेकों असाध्य कार्य भी साध्य किये जा सकते हैं। मगर इसको तुम जमीन में पटक कर फोड़ना चाहो तो फूटेगा नहीं। इसी प्रकार प्राणों के माध्यम से कुंडलिनी शक्ति का जागरण करके मनुष्य अपने में अनेकों शक्तियों के विस्फोट का अनुभव कर सकता है और यही योग अथवा तंत्र-साधना का उद्देश्य भी है।

प्राणशक्ति को जागृत करने की बात सदियों से चली आ रही है और अब भी इसके संबंध में चर्चाएँ चलती रहती हैं। कई लोग सोचते हैं भस्त्रिका करने से प्राणशक्ति जागती है, मगर प्राणों को जगाने में यही पर्याप्त नहीं है। हाँ, भस्त्रिका और कपालभाति प्राणायाम के द्वारा कुछ देर के लिए प्राण-स्नायुओं का जागरण होता है। इसलिए यदि प्राणों को जागृत करना है तो प्राणों के मूलतत्त्व को पकड़ना होगा। प्राण क्या है? क्या हवा को प्राण कहते हैं? नहीं! हवा प्राण नहीं है। प्राण शक्ति-स्वरूप है। इस संदर्भ में एक रोचक अन्वेषण है—

एक दम्पत्ति थे। उनमें एक व्यक्ति था बिजली का इंजीनियर। वह अनुसंधान कर रहा था। एक दिन उसको मालूम पड़ा यह जो बाहर की बिजली है, इसकी अपेक्षा अन्दर की बिजली कहीं अधिक शक्तिशाली एवं महत्त्वपूर्ण है। उसने अपने अंगूठे का का एक चित्र लिया। साथ ही और भी कई प्राणियों का चित्र लिया। उन चित्रों में उसको एक विचित्र वस्तु का दर्शन हुआ, देखा कि सभी जड़-चेतन वस्तुओं के चारों ओर एक ज्योति मंडल व्याप्त है। इस ज्योति मंडल को प्रभा-मंडल या औरा भी कहते हैं। उसने देखा एक सूखे पत्ते से लेकर प्रस्तर खण्डों और प्राणवान् जीव जन्तुओं में भी एक शक्ति विराजमान है। वह सिमटती भी है और फैलती भी है। उसने सोचा यह क्या चीज है? सैकड़ों-हजारों चित्र उसने खींचे और सबमें उस वस्तु को देखा मगर

समझ नहीं पाया कि यह क्या है और क्यों है। इस अनुसंधान से सारे संसार में एक तहलका सा मच गया। अभी भी योरप अमेरिका जर्मनी आदि देशों में इस संबंध में अन्वेषण चालू हैं कि प्राण क्या हैं ? इन प्राणों की अनेक लोगों ने परिभाषा देने की कोशिश की मगर अभी भी उनकी परिभाषा विवादास्पद बनी हुई है।

जब उस व्यक्ति ने इस अनुसंधान को सामने रखा और बतलाया कि प्रत्येक पदार्थ में कोई वस्तु है, जो उसके इर्द-गिर्द व्याप्त रहती है, तो लोग बोले—असंभव। क्योंकि यह एक सूखा पत्ता है। मात्र एक पत्ता। इससे परे इसका और कोई भी अस्तित्व नहीं हो सकता। पत्ता एक मैटर (पदार्थ) है। जितना तुम देखते हो उतना ही है। हाँ, इसमें अनेकों रासायनिक तत्त्व हो सकते हैं, यह हम मानते हैं। मगर तुम यह कहो कि इसके चारों ओर एक अदृश्य सूक्ष्म प्रभामंडल व्याप्त है, यह हम नहीं मान सकते। परन्तु धीरे-धीरे जब उसने अपने अन्वेषण का एक अकाट्य प्रमाण सबके सामने प्रस्तुत किया, सबको मानना पड़ा कि हाँ, इसका कथन सत्य है।

यह वैज्ञानिक रूस की एक महिला थी। उसका पति भी उसी के व्यवसाय में काम करता था। दोनों ने मिलकर उस अनुसंधान को पूरा किया। इस अनुसंधान परिणाम को मैंने भी देखा है। मैंने स्वयं अपनी आँखों से दुनिया के लाखों चित्रों को देखा है तथा उनके इर्द-गिर्द ज्योति मंडल एवं उनमें शक्ति के स्पन्दन को भी देखा है। यही वह शक्ति है, जिसे हम प्राण के नाम से जानते हैं।

प्रत्येक मनुष्य के शरीर में एक शक्ति है। वह शक्ति जब कम होती है तो मनुष्य रोगी होता है। शोकाकुल होता है। उसकी चेतना काम, क्रोध, लोभ और मोह में फंस कर दुर्बल हो जाती है। उसके निर्णय गलत हो जाते हैं। योगाभ्यास के दौरान प्राण को हम किसी भी यौगिक क्रिया द्वारा बढ़ाने की कोशिश करते हैं। इस शक्ति को योग के विभिन्न अभ्यासों द्वारा शरीर के एक अंग से दूसरे अंग में ले जाने की कोशिश करते हैं। इसी प्रकार इस प्राण को हम जागृत कर महान से महान क्षमताओं का सृजन कर सकते हैं और इस क्षमता को जागृत करने का सर्वश्रेष्ठ उपाय है कुंडलिनी योग।

प्राणशक्ति कुण्डलिनी

"योगशास्त्र की अधिकांश शाखाओं-हठयोग, लययोग एवं तंत्रयोग आदि में कुण्डलिनी साधना की विस्तारपूर्वक चर्चा हुई है।[1] हठयोग के ग्रन्थों में इसे सबसे अधिक महत्त्व दिया गया है और वहां इसे समस्त साधनाओं में श्रेष्ठ तथा मोक्ष द्वार की कुञ्जी कहा गया है। इस प्रकरण में कुण्डलिनी क्या है? उसके जागरण का तात्पर्य क्या है? तथा कुण्डलिनी जागरण के लिए साधना किस प्रकार की जाती है? इन तीन प्रश्नों पर ही विचार किया जा रहा है।

कुण्डलिनी के लिए योग शास्त्र के विवध ग्रन्थों में प्रयोग किये गये नामों में कुण्डली और कुटिलाङ्गी नाम भी हैं, जिनसे विदित है कि इसका भौतिक स्वरूप वक्र अर्थात् टेढ़ा-मेढ़ा है, शायद इसीलिए इसके लिए कई स्थानों पर भुजङ्गी और सर्पिणी शब्दों का भी प्रयोग हुआ है।[2] कुछ स्थानों में इसके लिए तैजसी-शक्ति-जीव शक्ति और ईश्वरी शब्दों का भी प्रयोग मिलता है,[3] जिससे हमें संकेत मिलता है कि यह एक तैजस शक्ति है, जो शक्ति जीव की स्वयं की अपनी शक्ति है, किन्हीं कारणों से शक्ति स्वभावः उद्‌बुद्ध नहीं रहती, किन्तु इसे यदि जागृत किया जा सके तो साधक में अनन्त सामर्थ्य (ईश्वर भाव) आ जाता है।

कुण्डलिनी का जागरण क्योंकि अनन्त शक्तियों के साथ-साथ मोक्ष के द्वार तक पहुंचाने वाला है, अतः स्वाभाविक है कि इसके जागरण का उपाय, इसे जागृत करने वाली साधना बहुत सहज नहीं हो। इसी कारण इस साधना को सदा साधकों ने गुरु परम्परा से ही प्राप्त किया है, और गुरुजनों ने अधिकारी शिष्य को ही यह विद्या देनी चाही है, सम्भवतः यही कारण है कि इस साधना का सुस्पष्ट वर्णन किसी ग्रन्थ में नहीं दिया गया है।

कुण्डलिनी के स्थान के सम्बन्ध में किसी प्रकार का वैमत्य नहीं है। यह निर्विवाद रूप से स्वीकार किया जाता है कि मूलाधार चक्र से ऊपर और स्वाधिष्ठान चक्र के नीचे कुण्डलिनी का स्थान है। यह स्थान कन्द स्थान के अतिनिकट है। योनिस्थान के ठीक पीछे स्वयम्भू लिङ्ग की स्थिति है, इस स्वयंभू लिङ्ग में ही सार्धत्रिवलयाकृति में

---

१. हठ प्रदीपिका, घेरण्ड संहिता, योगकुण्डल्युपनिषद्, योगशिखोपनिषद्, मण्डल-ब्राह्मणोपनिषद्, तन्त्रसार, ज्ञानार्णव तन्त्र, शिव संहिता आदि।

२. हठ प्रदीपिका ३.१०४, योगकुण्डल्युपनिषद्

३. वही ३.१०८-१०९

अर्थात् स्वयंभूलिङ्ग को साढ़े तीन बार लपेटे हुए कुण्डलिनी स्थित रहती है।

स्मरणीय है कि आधुनिक शरीर विज्ञान अथवा चिकित्सा शास्त्र के विद्वानों को शरीर के इस भाग में ऐसे किसी स्थूल अवयव के होने की सूचना प्राप्त नहीं हुई हैं जिसका चित्र खींचा जा सके, अथवा किसी भी यंत्र के द्वारा उसे देखा और परखा जा सके। किन्तु साथ ही यह भी स्मरणीय है कि आधुनिक चिकित्सा शास्त्र से सम्बद्ध शरीर विज्ञान यह निर्विवादरूप से स्वीकार करता है कि मानव के शरीर में चेतनाकेन्द्र यद्यपि मस्तिष्क अवश्य है तथापि चेतना से सम्बद्ध समस्त ज्ञान और चेष्टाओं का संचालन मस्तिष्क से ही न होकर अनेक बार सुषुम्ना के द्वारा भी होता है, और यह सुषुम्ना नाड़ी मेरुदण्ड (Spinal eard) के मध्य में स्थित है। साथ ही वहां यह भी स्वीकृत है कि पूर्ण चेतना युक्त मानव के भी मस्तिष्क और सुषुम्ना का केवल कुछ अंश ही क्रियाशील रहता है, सम्पूर्ण नहीं। जिस मनुष्य के मस्तिष्क और सुषुम्ना के चेतना केन्द्र अर्थात् समझने और क्रिया करने के नियामक केन्द्र का जितना अधिक अंश क्रियाशील होता है, वह मनुष्य उसी अनुपात में समझने और कुछ करने में सक्षम हो पाता है।

इसी प्रसंग में योगशास्त्र में वर्णित नाड़ी तन्त्र को भी स्मरण कर लेना आवश्यक होगा, जिसमें शरीर में बहत्तर हजार नाड़ियों के होने की चर्चा करने के बाद सुषुम्ना इडा पिंगला कुहू कूर्म यशस्विनी पयस्विनी आदि चौदह अथवा दस को प्रमुख बताकर उनमें भी प्रथम तीन अर्थात् सुषुम्ना इडा और पिङ्गला को प्रधान कहा गया है, जिनमें अलग अलग समय में स्थूल या सूक्ष्म प्राणों का संचार होता होता है। इनमें से इडा और पिङ्गला क्रमशः बायें और दाहिने नासिका विवर से कन्द स्थान तक स्थित मानी जाती हैं। सुषुम्ना कन्द के मध्य से प्रारम्भ होकर मेरुदण्ड के बीच से होती हुई भ्रूमध्य (आज्ञा चक्र) तक जाती है, जहाँ उसका अंन्तिम छोर मस्तिष्क से मिलता है। इस अन्तिम छोर को योग परम्परा की भाषा में ब्रह्मरन्ध्र कहते हैं। सुषुम्ना नाड़ी का दूसरा नाम ब्रह्मनाड़ी भी है। इस नाड़ी का प्रारम्भ यद्यपि कन्द (नाड़ी कन्द) के मध्य से है, किन्तु मूलाधार चक्र के पास एक ब्रह्मग्रन्थि स्वीकार की जाती है। इस ग्रन्थि का भेदन मूलाधार चक्र के जागरण के साथ होता है। इस नाड़ी में दो अन्य ग्रन्थियां भी योगपरम्परा में स्वीकार की गयी हैं विष्णुग्रन्थि और रुद्रग्रन्थि। विष्णुग्रन्थि हृदय के पास मानी जाती है और रुद्रग्रन्थि भ्रूमध्य से ऊपर। अनाहतचक्र के जागरण से विष्णुग्रन्थि का भेदन होता है और आज्ञाचक्र के जागरण से रुद्रग्रन्थि का भेदन। रुद्रग्रन्थि के भेदन के बाद योगी के लिए कुछ भी कर्त्तव्य शेष नहीं रहता। वह परमपद प्राप्त कर लेता है। दूसरे शब्दों में वह रुद्र विष्णु अथवा परब्रह्म के सदृश हो जाता है।

योगशास्त्र की परम्परा में एक बात यह भी निर्विवाद रूप से स्वीकृत है कि सामान्यरूप से प्राण इडा या पिङ्गला नाड़ी में बारी बारी से गतिशील रहते हैं; किन्तु योगी साधक उन्हें सुषुम्ना में साधना के द्वारा प्रवाहित कर लेता है। उसके अनन्तर ही अध्यात्म के क्षेत्र में उसका प्रवेश होता है, उसका चित्त एकाग्र हो पाता है।

साधना के क्रम में प्राणायाम साधना के द्वारा ब्रह्मनाड़ी के मुख, जो मूलाधार चक्र के पास स्थित तथा कफ आदि अवरोधक तत्त्वों द्वारा रुंधा हुआ है, कफ आदि अवरोध हटने पर खुल जाता है, तब उसमें प्राणों का प्रवेश हो जाता है, केवलकुम्भक का यहीं से प्रारंभ होता है, इस स्थिति का ही वर्णन कहीं ब्रह्मग्रन्थिभेदन के नाम से और कहीं कुण्डलिनी जागरण के नाम से किया गया है।

योग परम्परा में प्रायः सभी सम्बद्ध ग्रंथों में प्राप्त उपर्युक्त निर्विवाद वर्णन से निम्नलिखित तथ्य प्रगट होते हैं।

१. सुषुम्ना नाड़ी का आरम्भ कन्द स्थान के मध्य से है और आज्ञाचक्र के ऊपर सहस्रार पद्म में मिलकर यह समाप्त होती है।

२. कन्द स्थान मूलाधार चक्र से लगभग दो तीन अंगुल ऊपर और नाभि के पास अथवा नाभि के नीचे है।

३. सुषुम्ना नाड़ी में कन्द स्थान से निकलने के बाद मूलाधार चक्र के पास पहली ब्रह्मग्रन्थि, हृदय (अनाहतचक्र) के पास द्वितीय विष्णुग्रन्थि तथा भ्रूमध्य (आज्ञाचक्र) से ऊपर तृतीय रुद्रग्रन्थि है, इसके बाद ब्रह्मनाड़ी सुषुम्ना सहस्रार पद्म या मस्तिष्क में मिल जाती है।

४. सुषुम्ना नाड़ी चेतना का केन्द्र स्थान है अर्थात् समस्त ज्ञानेन्द्रियों और कर्मेन्द्रियों में चेतना का संचार सुषुम्ना द्वारा ही होता है।

५. सुषुम्ना में ही मूलाधार से आरम्भ होकर आज्ञाचक्र तक (मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपुर, अनाहत विशुद्ध और आज्ञा इन) छ चक्रों की स्थिति है। ये सभी चक्र चेतना के विशिष्ट केन्द्र हैं, जो प्रायः जागृत या क्रियाशील नहीं रहते, साधना द्वारा इन्हें क्रियाशील (जागृत) किया जाता है।

६. प्राण अथवा प्राणशक्ति का सुषुम्ना में निर्बाध प्रवाह अर्थात् ऊपर आज्ञाचक्र से भी ऊपर सहस्रारपद्म तक जाना योग साधना की उच्चतम परिणति है।

७. किन्तु प्राण इस नाड़ी में सामान्यतया प्रवाहित नहीं हो पाते। इड़ा अथवा पिङ्गला से कन्द स्थान में सुषुम्ना में प्रवेश तो करते हैं, किन्तु प्रथमग्रन्थि अर्थात् ब्रह्मग्रन्थि, जिसे प्रथम अवरोध कह सकते हैं, के कफ आदि से बन्द रहने के कारण आगे बढ़ नहीं पाते, वहीं रुक जाते हैं।

८. सुषुम्ना नाड़ी तीन खण्डों में विभाजित है : (१) कन्द से मूलाधार चक्र या ब्रह्मग्रंथि तक (२) ब्रह्मग्रन्थि से विष्णुग्रन्थि तक तथा (३) विष्णुग्रन्थि से रुद्रग्रन्थि तक।

९. प्राणायाम साधना द्वारा प्राण अपान का मिलन होने पर और उससे अग्नि के अत्यंत तीव्र होने पर अवरोधक (अर्गल) तत्त्व हट जाते हैं, और उसके बाद उसमें प्राणों का प्रवाह प्रारम्भ होता है।

योग साधना के ग्रन्थों में एक बात और कही गयी है, प्राणायाम साधना के द्वारा सुषुम्ना में प्राणों का प्रवेश होने पर जब केवल कुम्भक प्रारम्भ होता है तब चित्त और प्राण क्रमशः ऊपर उठने लगते हैं, उस स्थिति में क्रमशः पृथिवी धारणा, जलधारणा,

आग्नेय धारणा, वायवी धारणा, आकाश धारणा सम्पन्न की जाती है। इन धारणाओं में क्रमशः प्राण और चित्त मूलाधार आदि प्रत्येक चक्रों पर स्थित होते है। आज्ञा चक्र से ऊपर प्राण और चित्त के पहुंच कर स्थिर होने को ध्यान कहते हैं, और उससे भी ऊपर सहस्रार पद्म में प्राण और चित्त की स्थिति को समाधि कहते हैं। ये सभी क्रमशः उत्तरोत्तर स्थितियां हैं।

कुण्डलिनी के सम्बन्ध में भी यह तथ्य बिना किसी सन्देह के स्वीकार किया जाता है कि कुण्डलिनी स्वयंभू लिङ्ग में साढ़े तीन बार लिपट कर स्थित है। सुषुम्ना का मुख और इसका मुख पास पास है, अथवा सुषुम्ना का मुख इसके मुख में बन्द है। साधना के द्वारा सुषुम्ना का मुख खुल जाने पर कुण्डलिनी उसमें प्रवेश कर जाती है।

इन उपर्युक्त कथनों में दोनों में ही पूर्णतया समानता है, मानों दोनों कथनों में भाषा भेद या शब्दों के भेद से एक ही बात कही गयी है। उदाहरणार्थ—

१. कन्द स्थान से मूलाधार (ब्रह्मग्रन्थि) चक्र तक सुषुम्ना का प्रथम अंश है जिसमें प्राण प्रतिश्वास प्रश्वास में संचरित होते हैं, तथा कन्द और मूलाधार के बीच स्वयंभूलिङ्ग स्थित है, जिसमें कुण्डलिनी लिपटी हुई है।

२. सुषुम्ना मुख खुलने पर कुण्डलिनी सुषुम्ना में प्रवेश करती है, तथा साधना द्वारा सुषुम्ना मुख से कफ आदि अवरोधक पदार्थ हट जाने पर प्राण सुषुम्ना में प्रवेश करते हैं।

३. केवल कुम्भक की साधना से क्रमशः ग्रन्थिभेदन पूर्वक प्राण सुषुम्ना में ऊपर को उठते हैं तथा एक बार सुषुम्ना में कुण्डलिनी का प्रवेश होने पर कुण्डलिनी सुषुम्ना में क्रमशः ऊपर की ओर उठती जाती है।

४. प्राण स्वयं शक्ति स्वरूप है तथा कुण्डलिनी शक्ति स्वरूप अथवा प्राणशक्ति रूप है।

५. सुषुम्ना में प्राणों के प्रवेश के अनन्तर केवलकुम्भक की सिद्धि हो जाना प्राण साधना की सर्वोत्तम सिद्धि है, इस साधना में उत्तरोत्तर पंचभूत धारणा (पृथिवी-धारणा, जलधारणा, आग्नेयधारणा, वायवीधारणा, एवं आकाशधारणा, के सिद्ध होने पर प्राण आज्ञा चक्र में प्रवेश करते हैं। यहां ध्यान की सिद्धि होती है, और उसके बाद प्राणों का जो ऊर्ध्व गमन है, वह इस साधना की अन्तिम समाधि सिद्धि है, यहीं योगी को कैवल्य की प्राप्ति हो जाती है। जिसके बाद कुछ शेष नहीं रहता। दूसरी ओर कुण्डलिनी भी क्रमशः एक-एक चक्रों के क्रमशः जागरण और ग्रन्थिभेदन के साथ आज्ञाचक्र के बाद सहस्रार पद्म में पहुंचती है, जो इस क्रम में सर्वोच्च सिद्धि है। इससे मोक्ष का द्वार अनावृत्त हो जाता है। इसीलिए कुण्डलिनी सिद्धि को मोक्ष द्वार की कुंजी कहा है।

इस प्रकार स्वरूप, साधना क्रम, सिद्धि क्रम और परिणाम (फल) के पूर्ण साम्य को देखते हुए इस निर्णय पर पहुंचना अनुचित न होगा कि कुण्डलिनी जागरण और

प्राणों का सुषुम्ना में प्रविष्ट होकर उत्तरोत्तर ऊपर को पहुंचते हुए ब्रह्मरन्ध्र द्वारा ऊपर तक पहुंच जाना, जिसे **केवलकुंभक** की सिद्धि कहते हैं, परस्पर भिन्न नहीं बल्कि अभिन्न हैं, एक हैं, इस एक ही स्थिति का दत्तात्रेय योगशास्त्र योगतत्त्वोपनिषद् आदि ग्रन्थों में **केवलकुंभक** की सिद्धि के रूप में वर्णन किया है। इसके विपरीत तन्त्र से प्रभावित अथवा सिद्ध या नाथ परम्परा से प्रभावित ग्रन्थों में (जहां शिव को योग का आदि उपदेष्टा कहा गया है) इस स्थिति को ही **कुण्डलिनी जागरण** के रूप में वर्णित किया गया है। स्मरणीय है कि दत्तात्रेय योगशास्त्र और योगतत्त्वोपनिषद् आदि में भगवान् विष्णु के अवतार दत्तात्रेय को दूसरे शब्दों में भगवान् विष्णु को योग के उपदेष्टा के रूप में निबद्ध किया गया है। जिन ग्रन्थों से **केवलकुंभक** की साधना की विधि और क्रम वर्णित है, उनमें कुण्डलिनी जागरण की बात नहीं है। और जिनमें कुण्डलिनी जागरण की चर्चा हुई है उनमें **केवलकुंभक** की चर्चा नहीं मिलती।

फलतः हम इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि **प्राणशक्ति** और **कुण्डलिनी शक्ति** एक ही शक्ति के दो नाम हैं। कुण्डलिनी का जागरण और प्राणों का सुषुम्ना नाड़ी में प्रवेश और उत्तरोत्तर ऊर्ध्वगमन परस्पर अभिन्न हैं। इनमें केवल शब्दभेद है, भाषा भेद है, वस्तुभेद अर्थात् साधना और सिद्धि में कोई भेद नहीं है।

यहां इस एक तथ्य को नहीं भूलना चाहिए कि प्राणशक्ति का अर्थ श्वास प्रश्वास के अन्दर और बाहर प्रविष्ट होने वाली वायु नहीं है। प्राणशक्ति से निरन्तर सम्बद्ध होने के कारण इसे भी कभी-कभी प्राण कह लेते हैं, ये बाह्य प्राण हैं, जो प्राणशक्ति से भिन्न हैं। इनको ही यदि प्राण मानेंगे तो इन्हें बाहर निकालना कौन चाहेगा, क्योंकि कोई नहीं चाहता कि प्राण बाहर निकलें। यदि यह बाहरी श्वास प्रश्वास ही प्राण होता, तब तो प्राण निकल जाने पर इन्हें ही भरकर और पुनः न निकलने देने के लिए कृत्रिम उपायों से मार्ग निरोध करके किसी को प्राणवान् अर्थात् जीवित किया जा सकता। किन्तु ऐसा नहीं है। इसका कारण है कि प्राणशक्ति और बाहरी वायु, जिसे हम श्वास प्रश्वास द्वारा अन्दर लेते हैं, परस्पर भिन्न है। दो चीजें हैं, एक नहीं है। इसीलिए प्राणों का, प्राणशक्ति के बाह्य अभिव्यक्तरूप का, विभाजन करते हुए स्थूल वायु अथवा स्थूल प्राणों का विभाजन 'प्राण, अपान, समान, उदान और व्यान', इन पांच नामों में किया जाता है, तथा इनके स्थानों और कार्यों का पृथक्-पृथक् रूप से वर्णन किया जाता है। इन पांच स्थूल प्राणों के अतिरिक्त 'नाग, कूर्म, कृकर, देवदत्त और धनञ्जय' पांच अन्य स्थूल प्राण भी हैं, किन्तु ये प्राण प्राण-अपान की अपेक्षा सूक्ष्म हैं, अथवा इनकी क्रिया का बोध सर्वसामान्य को कम होता है। महत्त्व इन सभी का समान है, कोई इनमें प्रधान या अप्रधान नहीं है, कार्य सबके भिन्न-भिन्न हैं। इन दसों प्राणों में श्वास प्रश्वास में आने जाने वाला वायु क्योंकि अत्यन्त स्थूल है, अथवा यों कहे कि इसका बोध, इसकी गति का बोध, सबको निरन्तर होता रहता है, अतः प्राणशक्ति के रूप में इसे भी प्राण कह दिया गया है।

इस मूल प्राण को **प्राणशक्ति** अथवा **शक्ति** कह सकते हैं। इसे ही **कुण्डलिनी** के पर्यायवाची शब्दों में **शक्ति, जीवशक्ति** और **ईश्वरी** आदि नामों से स्मरण किया जाता

है। यह प्राण ही चेतना का मूल आधार है। सम्पूर्ण बोध (ज्ञान ग्रहण) और क्रिया का संचालन इसके द्वारा ही होता है। इसकी महिमा का वर्णन करते हुए ही प्रश्न उपनिषद् में स्पष्ट कहा गया है 'तस्मिन् उत्क्रामति इतरे सर्व एव उत्क्रामन्ते' [प्रश्न २.४]।

इस प्राणशक्ति का चेतना, शक्ति का, मुख्य केन्द्र मस्तिष्क है। इसके उपकेन्द्र सुषुम्ना नाड़ी में हैं। सुषुम्ना नाड़ी के तीन खण्ड हैं। यदि मस्तिष्क को भी कार्य के आधार पर एक कहना चाहें तो चार खण्ड हैं (१) मस्तिष्क इसका सबसे प्रशस्त और प्रधान भाग है, इसे योगशास्त्र की भाषा में **सहस्रार पद्म** कहा जाता है। (२) उससे नीचे आज्ञाचक्र से अनाहत चक्र का अंश द्वितीय भाग है। इन दोनों के संयोग स्थल को रुद्रग्रन्थि कहते है। विद्युत तकनीक की भाषा में चाहें तो इसे एक फ्यूज कह सकते हैं। इस भाग के ऊपरी अंश से अवबोधक चेतना और प्रेरक चेतना का नियमन होता है जिसे आज्ञाचक्र कहते हैं। शरीर में यह स्थल भ्रू मध्य में माना गया है। इससे कुछ नीचे कण्ठ के पास विशुद्धचक्र है, जहां से अत्यन्त सूक्ष्म ज्ञान और क्रिया चेतना का नियम होता है। यहां आकाश तत्त्व की प्रधानता है। आकाश के गुण शब्द की उत्पत्ति और उसके ग्रहण का नियमन केन्द्र यहीं पर है। उससे नीचे हृदय के पास सुषुम्ना के इस अंश का सबसे निचला भाग है। जिसे वायु का स्थान कहा जाता है। सम्पूर्ण स्पर्श चेतना एवं अंग प्रत्यंगों में कम्पन अथवा गति का नियमन यहां तक कि रक्त की गति का नियमन भी इसी केन्द्र से होता है।

सुषुम्ना का तृतीय भाग अनाहत चक्र से मूलाधार चक्र तक है। यह भाग जहां द्वितीय भाग से मिलता है, उस सन्धि को विष्णुग्रन्थि के नाम से स्मरण किया जाता है। स्थूल तत्त्व अग्नि, जल और पृथिवी तत्त्वों के स्थान अर्थात् इन तत्त्वों से सम्बद्ध चेतना केन्द्र इसी भाग में हैं। सबसे नीचे गुदा के कुछ ऊपर **मूलाधार चक्र** पृथिवी स्थान है। उससे कुछ ऊपर योनि स्थान से पीछे पेडू के निकट स्वाधिष्ठान चक्र **जल स्थान** है तथा उससे भी ऊपर नाभि के निकट मणिपूर चक्र **अग्नि का स्थान** माना जाता है। गन्ध रस एवं रूप विषय बोध की चेतना का नियमन तथा मल विसर्जन वीर्य धारण एवं विसर्जन तथा समस्त शरीर के धारण की क्रियाओं का नियमन इन चेतना केन्द्रों के द्वारा ही होता है। यह सुषुम्ना भाग जहां ऊपरी अर्थात् द्वितीय भाग से मिलता है, उस सन्धि को विष्णुग्रन्थि कहते हैं, यह ऊपर कह चुके हैं। इसका सबसे निचला भाग ब्रह्मग्रन्थि कहलाता है। यह भाग कफ आदि अवरोधक तत्त्वों से ढका हुआ है, अतः सुषुम्ना के चतुर्थ भाग से इसका निर्बाध सम्बन्ध नहीं बन पाता। इसके आवरण मल को दूर करने के लिए अनेक प्रकार की साधनाओं की व्यवस्था योगशास्त्र में दी गयी है। इस मल के पूर्णतया हटने पर ब्रह्म नाडी के इस मुख के खुलने को ही ब्रह्मग्रन्थि भेदन या कुण्डलिनी का प्रथम उद्बोधन कहते हैं।

सुषुम्ना नाड़ी का चतुर्थ भाग कन्द स्थान से मूलाधार चक्र के मध्य का भाग है। ब्रह्मग्रन्थि द्वारा यह भाग एक ओर मूलधार चक्र के पास सुषुम्ना के तृतीय भाग से जुड़ता है और दूसरी ओर कन्द से जुड़ा है। शरीर की सभी नाड़ियां इसी कन्द स्थान पर आकर

मिलती हैं और सुषुम्ना से प्राप्त चेतना के विषयबोधचेतना अथवा क्रियाचेतना को प्राप्त करके सम्पूर्ण शरीर में फैलाती हैं और उसे क्रियाशील बनाती हैं। इस कन्द स्थान को विद्युत तकनीक की भाषा में ट्रांसफार्मर कह सकते हैं, ऐसा पावर हाउस कह सकते हैं जहां से विद्युत का उत्पादन तो नहीं किन्तु वितरण का कार्य होता है।

क्योंकि शरीर की समस्त ज्ञान अथवा क्रिया का नियमन यहीं से होता है। यहां से प्राप्त चेतना से, यहां से प्राप्त शक्ति से, शरीर भर में फैली हुई नाड़ियां उन अंगों को शक्ति अथवा क्रियाशीलता देती है, अतः सुषुम्ना के इस भाग को शक्ति जीवशक्ति ईश्वरी आदि नामों से स्मरण किया जाता है। क्योंकि यह भाग ही शरीर के समस्त भाग को चेतना अथवा जीवन के चिह्न देता है, इसलिए इस भाग के स्थूल आधार अंश को स्वयंभूलिङ्ग कहना ठीक ही है।

सुषुम्ना का यह भाग यद्यपि सुषुम्ना के इससे अव्यवहित पूर्वभाग अर्थात् तृतीय भाग से पूरी तरह जुड़ा नहीं है अर्थात् कफ आदि मलों के कारण अर्गलाबद्ध है, अवरुद्ध है, अतः अनन्त चेतना के स्रोत से प्रवाहित होनेवाली चेतना शक्ति इस अंश में नहीं आ पाती और इसी कारण अन्य जुड़े हुए नाड़ी तन्त्र में और उसके द्वारा शरीर के समस्त ज्ञान इन्द्रियों और कर्म इन्द्रियों को सम्पूर्ण चेतनाशक्ति नहीं मिल पाती। फलतः मनुष्य (मनुष्य आदि सभी प्राणी) न सम्पूर्णज्ञान सम्पन्न होता है, और न सम्पूर्ण रूप से क्रिया शक्ति से सम्पन्न। वह अल्पज्ञ और अल्पशक्तिमान रहता है। ठीक वैसे ही जैसे मुख्य पावर हाउस के प्रधान तार से अपने तार के भली प्रकार न जुड़ने के कारण अथवा संयोजक तार (फ्यूज वायर) के क्षीण (पतले) होने के कारण हमें थोड़ी विद्युत शक्ति ही मिल पाती है। मुख्य पावर हाउस में जितनी शक्ति है, उतनी शक्ति का उपयोग हम नहीं कर पाते। यदि इन दोनों को सशक्त तार से जोड़ दिया जाता है, तो विद्युत का निर्बाध प्रवाह एक ओर से दूसरी ओर तक मुख्य केन्द्र से गौण केन्द्र तक समान रूप से होने लगता है। प्राणायाम द्वारा, ध्यान द्वारा अथवा कुण्डलिनी जागरण के लिए बताए गये अन्य उपायों द्वारा साधक सुषुम्ना के इस भाग को मुख्य भाग से जोड़ने का प्रयत्न करता है। इस साधना में, इस कार्य में, जब उसे सफलता मिल जाती है, तब वह अनन्त शक्तियों से सम्पन्न हो जाता है। इस सफलता को ही सीधी-साधी लौकिक भाषा में कहना चाहें तो कह सकते हैं, वह ईश्वर के स्वरूप को प्राप्त कर लेता है।

इस स्थिति में पहुंचने पर क्योंकि उसकी सम्पूर्ण चेतना का प्रयोग होने लग जाता है, अतः वह पूर्ण प्रकाशमय पूर्ण ज्ञानमय हो जाता है, अविद्या की निवृत्ति हो जाती है, और क्योंकि अविद्या ही अस्मिता (अहंभाव) राग द्वेष अभिनिवेशरूपी क्लेशों का मूल है,[1] जिनके कारण यह संसार चक्र चलता है, अतः इसकी (अविद्या की) निवृत्ति से साधक संसार चक्र सहित अस्मिता आदि क्लेशों से छूट जाता है। दूसरे शब्दों में वह मुक्त हो

---

१ अविद्या-अस्मिता-राग द्वेष-अभिनिवेशाः पञ्च क्लेशाः, अविद्याक्षेत्रमुत्तरेषां प्रसुप्त-तनु-विच्छिन्न-उदाराणाम्। योगसूत्र २।३-४।

हो जाता है।

इस प्राण शक्ति के अथवा कुण्डलिनी या जीव शक्ति के जागरण के कई उपाय हैं। कई प्रकार की साधना है। प्राणायाम साधनाएं उनमें एक है। जिस प्रकार आतसी शीशे के द्वारा सूर्य के बिखरे हुए प्रकाश का एक स्थान पर केन्द्रित करके वहां ताप (अग्नि) उत्पन्न कर दिया जाता है, उसी प्रकार ध्यान द्वारा भी सामान्य रूप से अपने द्वारा प्रयुक्त होने वाली शक्ति को केन्द्रित करके ब्रह्मनाड़ी के मुख को उद्घाटित करते हुए प्राणशक्ति अर्थात् कुण्डलिनी को जागृत किया जा सकता है, और प्रधान चेतना शक्ति (अनन्त चेतना शक्ति) से जोड़ा जा सकता है। इसके अतिरिक्त जिस प्रकार लोक में प्रज्वलित गैस को भिन्न पदार्थ लोहे आदि पर डालकर उसे गरम करना पिघलाना जोड़ना आदि क्रियाएं सम्पन्न कर ली जाती है, उसी प्रकार जिसने अपनी अनन्त चेतना शक्ति को जागृत कर लिया है, ऐसा सिद्ध गुरु अपनीशक्ति से दूसरे शाधक (अधिकारी साधक) की प्राणशक्ति को मूल चेतना शक्ति, कुण्डलिनी, को जागृत कर सकता है। इस क्रिया को ही योगियों की परम्परा में शक्तिपात करना कहते हैं।

इस प्राणशक्ति को चेतनाशक्ति जीवनशक्ति अथवा कुण्डलिनी आदि नामों से स्मरण की जाने वाली शक्ति को उद्बुद्ध करने के अनेक मार्ग हैं, अनेक उपाय हैं, अनेक साधनाएं हैं। साधना के क्रम में हम या कोई साधक या सिद्ध इतना ही कह सकता है कि यह मार्ग अमुक स्थान तक अवश्य जाता है, क्योंकि उस मार्ग को अथवा उसके चित्र को (यथार्थ चित्र को) उसने देखा है या समझा है। किन्तु जिस मार्ग को उसने देखा नहीं, उस पर चला नहीं, अथवा चलना प्रारम्भ करके मार्ग कठिन लगने से, मार्ग समझ में न आने से, उसे छोड़ दिया है उसके सम्बन्ध में यह कहना कि यह मार्ग अमुक स्थान पर नहीं ले जाएगा यदि अनुचित नहीं तो कठिन अवश्य है। अतः अच्छे साधक साधना के अन्य मार्गों के सम्बन्ध में मौन का अवलम्बन करना ही उचित समझते हैं। केवल उस साधना विधि का उपदेश करते हैं, जिस विधि को उन्होंने समझ लिया है। किसी का खण्डन अथवा विरोध वे नहीं करते।

अनन्त चेतना शक्ति के स्रोत को जागृत करने के अनेक उपायों में से किसी भी एक उपाय का ही आश्रयण साधक को करना चाहिए। हां प्राथमिक तैयारी के लिए साधना की पृष्ठभूमि तैयार करने के लिए, साधना की योग्यता प्राप्त करने के लिए एक साथ एक से अधिक उपायों को भी अपनाया जा सकता हैं। यमों और नियमों का पालन अर्थात् अहिंसा, सत्य, अस्तेय (चोरी का त्याग) ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह इन महाव्रतों का पालन, शौच सन्तोष तप स्वाध्याय और ईश्वर प्रणिधान (भक्ति-प्रणति) की समष्टिरूप क्रियापथ का अनुसरण अवश्य करना चाहिए। आसन मुद्रा और बन्धों द्वारा प्राणायाम द्वारा नाड़ीशुद्धि करके भी साधना की योग्यता प्राप्त होती है।

हठयोग के ग्रन्थों में इस साधना की तैयारी के क्रम में स्थूल शरीर की शुद्धि के लिए नेति धौति बस्ति कुञ्जर शंखप्रक्षालन और त्राटक इन षट्कर्मों की तथा नाड़ी शुद्धि के लिए महामुद्रा, महाबन्ध तथा सूर्यभेद उज्जायी, शीतली, सीत्कारी भ्रस्त्री

एवं भस्त्रिका प्राणायाम प्रकारों की विधि बताई गयी है, जिनके द्वारा साधक स्थूल शरीर एवं समस्त नाड़ियों की शुद्धि करके केवलकुम्भक अथवा कुण्डलिनी साधना में प्रवृत्त होता है। इस केवलकुम्भक के लिए पहले सहित कुम्भक प्राणायाम किया जाता है। इसके द्वारा भी नाड़ी शुद्धि होती है। जैसे-जैसे प्राण और अपान निकट आने लगते हैं, मणिपूर चक्र अर्थात् नाभि स्थान के पास स्थित अग्नि तीव्र होती है, उसके तीव्र ताप से ब्रह्मनाड़ी सुषुम्ना के मुख (अग्रभाग) पर जमा हुआ कफ आदि अवरोधक मल नष्ट हो जाता है, हट जाता है। अवरोधक मल के पूर्णतया हट जाने पर सुषुम्ना का मुख स्वतः खुल जाता है, तीव्र अग्नि का ताप इस कार्य को सम्पन्न करता है। सुषुम्ना का मुख खुल जाने पर कन्द से जुड़ा हुआ सुषुम्ना का निम्नतम भाग, जिसे हमने सुषुम्ना का चतुर्थ भाग कहा है, इस शुद्ध हुए सुषुम्ना मुख से, जो मूलाधार चक्र के पास है, जुड़ जाता है और उसमें स्थित प्राणशक्ति, जिसे कुण्डलिनी या जीवशक्ति भी कहते हैं, मूल चेतना केन्द्र से जुड़ जाती है। अर्थात् कुण्डलिनी जागृत हो जाती है। इस साधना क्रम में शरीर और स्थूल नाड़ी की शुद्धि पहले होती है, अतः शरीर में विद्यमान प्रत्येक प्रकार के रोगों की निवृत्ति सर्वप्रथम होती है। जिसके फलस्वरूप व्याधि और स्त्यान-रूप विघ्नों की निवृत्ति होती है। इसके बाद क्रमशः स्थूल एवं सूक्ष्म नाड़ियों की शुद्धि होने पर संशय प्रमाद आदि विघ्न भी दूर होते हैं और साधक की साधना निर्विघ्न रूप से आगे बढ़ने लगती है।



चक्रों के स्थान

कुण्डलिनी जागरण कैसे ?

कुण्डलिनी के विषय में एक आम धारणा है कि यह एक महान शक्ति है जो मनुष्य के भौतिक शरीर में सुषुप्तावस्था में विद्यमान है। यह युग का सौभाग्य है कि सारा विश्व आज इसे चेतना के विज्ञान के रूप में समझ रहा है और महसूस कर रहा है कि इसका जाति, धर्म, राष्ट्रीयता या ईश्वर से कोई सम्बन्ध नहीं है। अब तक कुण्डलिनी पर लिखित पुस्तकों और अनेकानेक महात्माओं द्वारा वांछित कुण्डलिनी को अदृश्य और चमत्कारिक शक्ति ही बताया गया है। परन्तु यदि हम कुण्डलिनी योग के वैज्ञानिक और व्यावहारिक पक्षों का अध्ययन और विश्लेषण करेंगे तो पायेंगे कि इसका सम्बन्ध भौतिक शरीर से भी है, क्योंकि इस शक्ति को जगाने के लिए स्थूल ग्रन्थियों का सहारा लिया जाता है, तो इस चेतना को शिव और आधार को शक्ति कहा गया है। सांख्य में इन स्वरूपों को पुरुष-प्रकृति, वेदों में जीव-ब्रह्म, चीनी दर्शन में यिङ्-याङ्, हठ योग में इसे इड़ा-पिंगला, गंगा-जमुना, सूर्य-चन्द्र तथा विज्ञान में पदार्थ-ऊर्जा के रूपों में अभिव्यक्त करते हैं।

ऐसा कहा जाता है कि मेरुदण्ड में निचले छोर के पास पेरियन में एक सूक्ष्म केन्द्र या ग्रंथि है जहां अनन्त शक्ति सुषुप्त पड़ी हुई है तथा जिसे जगाया जा सकता है। इस शक्ति के जागने से हमारा अंतर्ज्ञान प्रस्फुटित होता है तथा चेतना का आयाम बढ़ता चला जाता है। इस काल में साधकों को सामान्य चेतना से भिन्न अनेकानेक आश्चर्य-जनक अनुभव होते हैं और इसे ही धार्मिक भाषा में ईश्वरानुभूति कहते हैं। ये जागरण मस्तिष्क के केन्द्र में क्रमशः होते हैं। इस केन्द्र को हजारों दल वाला कमल अर्थात् सहस्रार चक्र कहा गया है। वास्तव में कुण्डलिनी योग नामक कोई विशिष्ट साधना नहीं है। बल्कि दुनियां की सभी साधनायें, सभी योग जो भी चेतना के विकास में सहायक है वे सब कुण्डलिनी योग के अन्तर्गत ही आते हैं। इस शक्ति जागरण के लिए साधकगण अपनी सामर्थ्य एवं पसन्द के अनुसार साधना का चुनाव करते हैं। इसमें मंत्र योग, हठयोग मुख्य हैं। नादयोग, क्रियायोग, ज्ञानयोग, भक्तियोग आदि से भी कुण्डलिनी का जागरण होता है। इसके अलावा मादक द्रव्यों के प्रयोग को भी शक्ति जागरण में कारगर होते देखा गया है, इसका मतलब यह नहीं कि आप भी इसी रास्ते को अपनायें। कालक्रम में साधना की यह शुद्धता धूमिल होती गई। साधना का रूप विकृत होता गया और भ्रान्तियों के चंगुल में आकर साधकगण इस पथ पर अग्रसर होने से हिचकिचाने लगे।

कुण्डलिनी योग में प्राणायाम और बंध का रास्ता द्रुतगामी और शार्टकट है

परन्तु इसमें थोड़ी भी चूक होने पर अनेक खतरों का सामना करना पड़ सकता है। जब तक सुयोग्य गुरु नहीं मिले, तब तक इसे प्रारम्भ नहीं करना चाहिए। कुण्डलिनी साधना में सबसे निरापद मार्ग है मन्त्र साधना। भले ही इसमें मंथर गति से चलना पड़े परन्तु सफलता निश्चित है किसी भी जन्म में। इसमें कोई भी खतरा चौंका देने वाला नहीं हैं।

कुण्डलिनी जागरण काल में साधकों के अचेतन के संस्कार अनेकानेक वीभत्स रूपों में प्रकट होते हैं। यदि साधक ने अपनी मानस भूमिका को तैयार नहीं किया, अपनी सजगता को नहीं बढ़ाया, अपने शरीर को शुद्ध नहीं कर लिया, तो वह उस अनुभव को संभाल सकने में असमर्थ हो जाता है तथा परिणामस्वरूप विक्षिप्त, पागल या अन्य भयंकर रोगों के शिकार होने की गुंजाइश भी हो सकती है इसलिए त्वरित मार्ग प्राणायाम और बंधों के अभ्यास से अच्छा है— संगीत योग, मन्त्र योग तथा क्रिया योग की निरापद साधना। सबसे सुरक्षित मन्त्रयोग है। इसमें साधक के अन्तर्व्यक्तित्व के मुताबिक तथा अक्षरों के उच्चारण; वर्ण, ग्रह, नक्षत्र, आवृत्ति, गति, प्रकृति आदि के आधार पर मंत्रों का चयन किया जाता है। भक्ति पक्ष में मन्त्र का वह महत्त्व नहीं होता। साधक की भावना के अनुसार उसकी उन्नति होती है, परन्तु तन्त्र में मन्त्र साधना का के लिए बहुत ही विधानों का पालन करना अनिवार्य होता है। अतः सभी कुछ समझने के बाद यदि आप कुण्डलिनी योग की साधना प्रारम्भ करना चाहते हैं तो सर्वप्रथम आपको अपने शिष्यत्व का विकास करना होगा। फिर एक योग्य गुरु से दीक्षा ग्रहण करने के बाद आप अनन्त शक्ति के स्रोत में डुबकियां लगाने में समर्थ हो सकेंगे।

क्या आप अपने जीवन की परिभाषाओं को बदलना चाहते हैं? देश, काल और पदार्थ की सीमाओं को लाँघकर सर्वोच्च चेतना में विचरण करना चाहते हैं, दुनिया के इतिहास में अपना नाम रोशन करना चासते हैं, जीवन-मृत्यु और सृष्टि के रहस्यों को खोलना चाहते हैं। पूर्ण योग या पूर्ण भोग हेतु अपने को सामर्थ्यवान् बनाना चाहते हैं, अपने को आधि, व्याधि और उपाधि से मुक्त करना चाहते हैं तो आइये, दृढ़संकल्पित होकर शरीर और मन के सन्तुलन हेतु प्रतिदिन नियमित रूप से आधा घण्टा आसन-प्राणायाम की उपासना करें, नाड़ियों की शुद्धि हेतु हठयोग का अभ्यास करें तथा मंत्र-योग और भक्ति योग से चित्त की भूमिका तैयार करें।

———

चक्र और चक्र साधना

योग साधना की परम्परा में चक्रों का ध्यान और उनमें चित्तलय की विशेष महिमा स्वीकार की जाती है। ये चक्र वस्तुतः क्या हैं ? अथवा शरीर में इन चक्रों की वास्तविक सत्ता है या नहीं ? इस विषय पर कुछ आचार्यों एवं शरीर रचना विज्ञानियों में मतभेद है। उदाहरणार्थ आर्य समाज के प्रवर्त्तक स्वामी दयानन्द सरस्वती, जो स्वयं एक बहुतबड़े योगी भी थे, चक्रों की सत्ता को ही अस्वीकार करते हैं। कहा जाता है कि उन्होंने नदी में बहते हुए एक मुर्दे को पकड़ कर शल्यक्रिया करके चक्रों की स्थिति को देखना चाहा, किन्तु उन्हें इसमें निराश ही हाथ लगी। शरीर विज्ञान के आचार्य भी योग परम्परा में वर्णित चक्रों की सत्ता और उनके स्वरूप विवरण को भी स्वीकार नहीं करते। तथापि साधक परम्परा में इनकी सत्ता को इनके विशिष्ट स्वरूपों को स्वीकार करते हुए इनके ध्यान की तथा इनमें चित्तलय की बड़ी महिमा स्वीकार की गयी है।

वस्तुतः इन चक्रों की मेरुदण्ड के अन्तर्गत मूलाधार से सहस्रार तक, दूसरे शब्दों में मेरुदण्ड के सबसे निचले भाग से आरम्भ होकर उसके उच्चतम भाग से भी ऊपर मस्तिष्क तक सुषुम्ना नाड़ी में स्थिति योगियों की परम्परा और चिकित्सा शास्त्र दोनों में स्वीकार की जाती है। यह सुषुम्ना नाड़ी चेतना का केन्द्र है। जहां मस्तिष्क अनन्त ज्ञान कोशों के गुच्छक के रूप में स्वीकार किया जाता है, वहीं अनेकानेक चेतना केन्द्रों को भी सुषुम्ना नाड़ी में (मेरुदण्ड के मध्य भाग में) चिकित्सा विज्ञान स्वीकार करता है। इस स्थिति में इन चक्रों को चेतना के विविध केन्द्रों के रूप में स्वीकार करने पर चिकित्सा विज्ञान और योगिपरम्परा के बीच किसी प्रकार प्रकार का मतभेद नहीं रह जाता। अतः यह निर्विवाद रूप से स्वीकर किया जा सकता है कि चिकित्सा विज्ञानियों द्वारा मेरुदण्ड के मध्यवर्ती सुषुम्ना नाड़ी में स्वीकृत चेतना के केन्द्र ही योगिपरम्परा में स्वीकृत चक्र हैं। ये चेतना के केन्द्र अनेकानेक ऊतकों से युक्त है, निम्न भाग में स्थित केन्द्रों की अपेक्षा उच्च उच्चतर और उच्चतम भागों में स्थित केन्द्र अधिकाधिक शक्ति शाली हैं। उनकी ग्रहणक्षमता उत्तरोत्तर अधिक है और सूक्ष्म है, इसमें किसी प्रकार का विवाद नहीं है। इन्हीं चेतना केन्द्रों के स्वरूप और शक्ति को योगिपरम्परा में विविध प्रतीकों के माध्यम से वर्णित किया गया है। अतः इन चक्रों के दल (पत्ते) और उन पर स्वीकार किये जाने वाले बीजाक्षरों को ग्रहण और प्रेरक शक्ति की सूचना देने वाले प्रतीकों के रूप में ही स्वीकार करना चाहिए। स्मरणीय है कि योग की एक शाखा तन्त्र में पृथिवी आदि तत्त्वों के प्रतीक के रूप में एक एक अक्षर को बीजाक्षर के रूप में स्वीकार किया जाता है, जिसका विस्तृत विवरण तन्त्र शाखा में ही द्रष्टव्य है।

योगि परम्परा में यद्यपि चक्रों की संख्या के सम्बन्ध में कुछ मतभेद भी है तथापि

निम्नलिखित चक्रों में उनके स्वरूप विवरण के साथ निर्विवाद रूप से स्वीकार किया जाता है। ये चक्र :—(१) मूलाधार चक्र, (२) स्वाधिष्ठान चक्र, (३) मणिपूर चक्र, (४) अनाहत चक्र या हृदय चक्र, (५) विशुद्ध चक्र या कण्ठ चक्र, (६) आज्ञा चक्र या भ्रू-चक्र, (७) सहस्रार चक्र या सहस्र दल कमल। इन सात चक्रों में सामान्यतः प्रथम छः को अर्थात् मूलाधार से आज्ञा चक्र तक को 'चक्र' नामों से तथा अन्तिम सहस्रार को परम

पद शिवस्थान आदि नामों से तन्त्र परम्परा में स्वीकार करते हैं। अर्थात् अन्तिम सहस्रार चक्र को चक्र न कहकर सहस्रदलकमल और शिवस्थान आदि नामों से अभिहित करते हैं।

इनका विशिष्ट विवरण षट् चक्र निरूपण ग्रन्थ में द्रष्टव्य है। इनका संक्षिप्त विवरण नीचे अंकित है, जिन पर ध्यान करने से ये चक्र जागृत हो जाते हैं अर्थात्—ये विशिष्ट चेतना केन्द्र सम्पूर्ण रूप से क्रियाशील हो जाते हैं, जिसके फलस्वरूप साधक को अद्भुत चेतना शक्ति प्राप्त हो जाती है।

मूलाधार चक्र :—

जैसा कि इस चक्र के नाम से भी स्पष्ट है मूलाधार चक्र समस्त चक्रों के मूल आधार में है। मूल आधार से तात्पर्य है जहां से सुषुम्ना नाड़ी का प्रारम्भ होता हैं अर्थात् योनि स्थान के निकट। यह स्थान गुदा (मल निकलने का मार्ग) के थोड़ा ऊपर लिङ्ग से पीछे है। इस चक्र को आधार चक्र अथवा आधार कमल भी कहते हैं। यह पृथिवी का

स्थान अर्थात् शरीर में स्थित भूलोक स्वीकार किया जाता है। प्राणायाम मन्त्र में प्रथम अंश 'ओम् भूः' का जप अर्थ की भावना पूर्वक इस चक्र (इस चेतना केन्द्र) को जागृत करने, इसको अपनी समग्रशक्तियों के साथ क्रियाशील करने, के लिए ही किया जाता है। इस चक्र में चार दल अर्थात् पंखुड़ियां मानी हैं, जिनका वर्ण रक्त अर्थात् जपा (गुड़हल) के



Mūlādhāra the base chakra

फूल के रंग के सदृश है, और प्रत्येक दल पर क्रमशः वँ शँ षँ सँ बीज मन्त्र अंकित हैं, ऐसा स्वीकार किया जाता है। बीज मन्त्र द्वारा इस विशिष्ट चेतना केन्द्र (मूलाधार चक्र) की विशिष्ट ज्ञान शक्ति और क्रिया शक्ति की ओर संकेत किया गया है, (जिनकी व्याख्या के लिए स्वतन्त्र लेख की अपेक्षा होगी)। चारों दलों के मिलन स्थल चक्र के मध्य स्थान (कर्णिका) में पृथिवी शक्ति का बोधक लँ बीज मन्त्र अवस्थित है। इसका तात्पर्य यह है कि इस चक्र के मूल में की जाने वाली धारणा पृथिवी धारणा है। जिसके सिद्ध होने पर साधक को पृथिवी अथवा पार्थिव पदार्थों से कोई बाधा नहीं होती। पार्थिव पदार्थ उसकी गति में बाधक नहीं बनते, पृथिवी से उसे चोट आदि की आशंका नहीं रहती, पृथिवी उसकी मृत्यु का कारण नहीं बन सकती। गन्ध इसका गुण है। फलतः दिव्य गन्ध संवित् भी उसे सिद्ध हो जाती है, अर्थात् उसे और उसकी इच्छा मात्र से उसके परिवेश में दिव्यगन्ध का आनन्द पूर्ण अनुभव सर्व साधारण को भी होता है।

इस चक्र के लँ बीज का वाहन ऐरावत हाथी माना गया है। ब्रह्मा इस चक्र का देवता है तथा डाकिनी इसकी देव शक्ति मानी जाती है। इसमें ध्यान हेतु केन्द्र के रूप में चतुष्कोणाकृति यन्त्र की कल्पना की जाती है। इस चक्र का सम्बन्ध ज्ञानेन्द्रिय घ्राण (नासिका) और कर्मेन्द्रिय गुदा से स्वीकार किया जाता है अर्थात् ये दोनों इन्द्रियां इस चक्र की साधना के फलस्वरूप अपनी सम्पूर्ण शक्ति से कार्य करने लगती हैं, दिव्यगन्ध संवित्, जिसकी चर्चा ऊपर की गयी है, घ्राण इन्द्रिय की पूर्ण क्रियाशीलता का ही फल है।

भौतिक शरीर की निर्मलता गुदा इन्द्रिय की पूर्ण क्रियाशीलता का परिणाम होता है। इसके अतिरिक्त साधक में मानव मात्र में श्रेष्ठता, अद्भुत वक्तृत्व शक्ति, समस्त विद्याओं और कवित्वशक्ति की प्राप्ति भी मूलाधार चक्र के जागृत होने के फलस्वरूप होती है। शरीर के पूर्ण निर्मल होने के फलस्वरूप पूर्ण आरोग्य और चित्त में आनन्द की अनुभूति भी साधक को निरन्तर प्राप्त होती है। स्मरणीय है कि योग परम्परा में इस चक्र के जागरण को ही ब्रह्मग्रन्थि भेदन भी कहते हैं।

स्वाधिष्ठान चक्रः—

स्वाधिष्ठान चक्र की स्थिति योनि स्थान से कुछ ऊपर और नाभिस्थान के नीचे पेडू के पीछे अर्थात् मूलाधार और मणिपूर चक्र के मध्य में स्वीकार की जाती है। यह



Svādhisthāya chakra below the navel

स्थान जल का स्थान माना जाता है। शरीर में भुवः लोक की स्थिति यहीं स्वीकार की गयी है। प्राणायाम मन्त्र के द्वितीय अंश 'ओम् भुवः' का जप और अर्थ की भावना इस चक्र को जागृत करने के लिए ही की जाती है। इसके जागृत होने से इस चेतना केन्द्र के सभी ऊतक पूर्ण क्रियाशील हो जाते हैं। इस चक्र (चेतना केन्द्र) को षट्कोण (छ कोणों वाली आकृति का) और सिन्दूर वर्ण वाला माना गया है। इसके प्रत्येक दल (पंखुड़ी) पर क्रमशः बँ भँ मँ यँ रँ और लँ बीज मन्त्र अंकित है यह स्वीकार किया जाता है। ये सभी बीज इस चेतना केन्द्र (चक्र) की विविध, किन्तु प्रमुख ज्ञान और क्रियाशक्ति के प्रतीक हैं। कर्णिका (चक्र के केन्द्र स्थल) में वँ बीज माना जाता है। वँ बीज जल तत्त्व का बीज मन्त्र है। इसलिए चक्र में धारणा को ही जल धारणा भी कहते हैं। इसके (जल धारणा के) सिद्ध होने पर साधक को जल से किसी प्रकार की बाधा नहीं हो पाती, न तो जल की शीतता साधक को कष्ट कर होती है, न जल उसे गीला कर सकता है, और न गला सड़ा

सकता है, न उसे उसमें डूबने से ही कोई हानि की सम्भावना रहती है, जल उसकी मृत्यु का भी कारण नहीं बन सकता। रस जल का प्रधान गुण है, अतः जल धारणा सिद्ध होने पर अर्थात् स्वाधिष्ठान चक्र के जागृत होने पर साधक को दिव्य रस संवित् भी सिद्ध हो जाती है, अर्थात् उसकी इच्छा मात्र से उसे दिव्य रसों के आस्वाद के आनन्द का अनुभव होता है। उसकी कृपा से सर्वसाधारण भी दिव्य रसों के आस्वाद का अनुभव कर सकते हैं।

इस चक्र का तत्त्वबीज वं है, जलतत्त्व का वाहन मकर स्वीकार किया गया है। विष्णु इस चक्र का देवता है और डाकिनी उसकी शक्ति का नाम है। इस चक्र के अन्दर यन्त्र की कल्पना चन्द्राकार रूप में की गई है। इसका सम्बन्ध ज्ञानेन्द्रिय रसना और कर्मेन्द्रिय लिङ्ग (उपस्थ) से माना जाता है। अर्थात् इस चक्र की साधना के फलस्वरूप उपर्युक्त दोनों इन्द्रियां (रसना और उपस्थ) अपनी सम्पूर्ण शक्ति को प्राप्त कर लेती हैं। दिव्य रस संवित् तो रसना की पूर्ण क्रियाशीलता का ही परिणाम है, जिसकी चर्चा ऊपर की गयी है। उपस्थ की पूर्ण शक्ति सम्पन्नता के फलस्वरूप साधक ऊर्ध्वरेता हो जाता है।

इसके अतिरिक्त स्वाधिष्ठान चक्र के जागरण का फल अहंकार आदि विकारों की पूर्ण निवृत्ति, मोह का नाश तथा अपूर्व कवित्व शक्ति की प्राप्ति भी है, जिसके फलस्वरूप साधक इच्छानुसार किसी भी भाषा में गद्य-पद्य रचना में समर्थ हो जाता है। इस प्रकार उसे अनेक साधक योगियों के मध्य स्वतः श्रेष्ठता प्राप्त हो जाती है। अहंकार और मोह आदि संकीर्ण मनोभावों की पूर्ण निवृत्ति के कारण वह मन के समस्त विकारों से रहित होकर पूर्ण सन्तृप्ति का अनुभव करता है।

मणिपूर चक्र

मणिपूर चक्र की स्थिति नाभि के निकट मेरुदण्ड में है। सूत्र में जिस प्रकार मणियां गुथी होती हैं, उसी प्रकार समस्त नाड़ी चक्र इस पर गुम्फित रहता है, इसीलिए इस चक्र को मणिपूर नाम दिया गया है। यह स्थान अग्नि का स्थान माना जाता है। शरीर में स्वर् लोक की स्थिति भी यहीं मानी गयी है। इसीलिए प्राणायाम मन्त्र के एक अंश 'ओम् स्वः' का जप और उसके अर्थ की भावना इस चक्र को जागृत करने के लिए की जाती है। इस चक्र के जागृत होने पर इस चेतना केन्द्र के सभी ऊतक पूर्ण क्रियाशील हो जाते हैं। इन चेतना केन्द्रों (चक्र) में पूर्व चक्रों की अपेक्षा उत्तरोत्तर ऊतकों के गुच्छक अधिक हैं, फलतः उत्तरोत्तर चक्रों के दलों की संख्या में भी वृद्धि होती गयी है। इस चक्र में दस दल माने जाते हैं, जिनका वर्ण नीला स्वीकार किया जाता है। प्रत्येक दल में क्रमशः डं ढं णं तं थं दं धं नं पं फं बीजमन्त्र माने गए हैं। अग्नि इस चक्र का प्रधान तत्त्व है, अतः अग्नि का बीज मन्त्र रं चक्र के मध्य (कर्णिका) में माना जाता है। इस अग्नि तत्त्व का वाहन मेष और इस स्थान का देवता वृद्ध रुद्र स्वीकार किया जाता है, लाकिनी उसकी विशेष शक्ति का नाम है। प्रत्येक दल में स्वीकृत बीजमन्त्र इस चक्र अर्थात् ज्ञान

और क्रिया के मूल चेतना केन्द्र के अंश विशेष के प्रतीक हैं। इस चक्र के यन्त्र की आकृति त्रिकोण है। रूप इस चक्र (चेतना केन्द्र) का विशेष गुण है। ज्ञानेन्द्रिय नेत्र एवं कर्मेन्द्रिय चरणों से इस चक्र का विशेष सम्बन्ध है। फलतः इस चक्र के जागृत होने से साधक को दिव्य रूप संवित् की सिद्धि हो जाती है, अर्थात् साधक अपनी इच्छानुसार स्वयं विविध दिव्यरूपों का साक्षात्कार करने लगता है, और उसकी कृपा से अन्य जन भी अद्भुत रूपों का साक्षात्कार करने में समर्थ हो जाते हैं। साथ ही इन दोनों इन्द्रियों (नेत्र एवं चरण) के अतिशय शक्ति सम्पन्न हो जाने के कारण साधक को दूर दृष्टि एवं दूरगमन का सामर्थ्य भी प्राप्त हो जाता है।



Manipura chakra at the navel centre

जैसा कि पहले कहा जा चुका है, मणिपूर चक्र अग्नि तत्त्व का स्थान है, अतः इस चक्र के जागृत होने से उसे आग्नेय धारणा की सिद्धि हो जाती है फलतः साधक को अग्नितत्त्व पर विजय प्राप्त हो जाती है, वह अग्निकुण्ड में स्थित होकर भी जलता नहीं। बल्कि स्वयं भी अग्नि के समान तेजस्वी हो जाता है। इसके अतिरिक्त साधना ग्रन्थों में इस चक्र के जागृत होने पर साधक वचन रचना प्राप्त चातुर्य कर लेता है और उसकी जिह्वा पर साक्षात्सरस्वती निवास करने लगती है, ऐसा स्वीकार किया जाता है। इस चक्र के जागृत करने का मुख्य परिणाम यह है कि साधक योगी को सृष्टि की रचना उसका पालन और उसके संहार का सामर्थ्य भी प्राप्त हो जाता है।

अनाहत चक्र :—

अनाहत चक्र की स्थिति हृदय के निकट मानी जाती है। यह स्थान मणिपूर और विशुद्ध चक्र के मध्य में स्थित है। यह स्थान वायु तत्त्व का केन्द्र है ऐसा स्वीकार किया जाता है। शरीर में महः लोक की स्थिति भी यहीं है। इस तत्त्व का प्रधान गुण स्पर्श

है। त्वचा और हाथ इस चक्र से सम्बन्धित क्रमशः ज्ञानेन्द्रिय और कर्मेन्द्रिय है। प्राणायाम मन्त्र में 'ओम् महः' अंश का अर्थ की भावना के साथ जप करते हुए प्राणायाम की साधना इस चक्र को जागृत करने के लिए की जाती है। वायवी धारणा भी इस स्थान पर सम्पन्न होती है। यहां धारणा करने से ही साधक को अनाहत नाद की अनुभूति होती है, इसलिए इस स्थान पर स्थित चक्र (चेतना केन्द्र) को अनाहत चक्र कहा जाता है। विष्णु ग्रन्थि भी यहीं है, जिसका भेदन इस चक्र के जागरण द्वारा होता है।

Anahata at the heart centre

अनाहत चक्र में बारह दल (पंखुड़ियां) स्वीकार किए गये हैं, जिनमें एकैकशः कं खं गं घं ङं चं छं जं झं ञं टं और ठं बीजाक्षर स्वीकार किये जाते हैं, इन बारह दलों के मध्य कर्णिका में वायु तत्त्व का बीज मन्त्र यं अंकित किया जाता है। इस चक्र का वर्ण अरुण (उगते हुए सूर्य का रंग) माना गया है। बीज का वाहन मृग है। इस चक्र (चेतना केन्द्र) का देवता ईशान रुद्र तथा काकिनी उसकी शक्ति मानी जाती हैं। इसके यन्त्र का स्वरूप षट्कोण बनाया जाता है।

योग के प्राचीन ग्रन्थों में यह स्वीकार किया गया है कि इस चक्र में प्राण और मन को पहुंचा देने से वायवी धारणा की सिद्धि योगी को मिल जाती है। जिसके फलस्वरूप समस्त वायु तत्त्व योगी के वश में हो जाता है। वायु का आघात अथवा वायु की न्यूनता का कोई प्रभाव योगी पर नहीं पड़ता। वायु तत्त्व पर विजय के कारण ही प्राण वायु उसके वश में इस प्रकार हो जाता है कि वह अपनी इच्छानुसार अपने शरीर से प्राणों को निकाल कर दूसरे शरीर में प्रवेश करने में समर्थ हो जाता है, अथवा प्राणों का विस्तार करके सौभरि की तरह निर्माण चित्तों का निर्माण करके अनेक शरीरों को धारण कर सकता है। ईशित्व और वशित्व सिद्धियां भी उसे प्राप्त हो जाती हैं। समस्त ज्ञान और काव्य रचना का चातुर्य भी उसे अनायास प्राप्त हो जाता है। इसके अतिरिक्त अना-

हत नाद की अनुभूति से समाधि की सिद्धि भी योगी को हो जाती है।

विशुद्धचक्र

विशुद्ध चक्र का स्थान कण्ठकूप है। अनाहत और आज्ञा चक्र के मध्य यह स्थान है। कण्ठकूप को आकाश तत्त्व का केन्द्र माना जाता है। शरीर में 'जनः' लोक की प्रतिष्ठा यहीं स्वीकार की जाती है। आकाश तत्त्व का प्रधान गुण 'शब्द' का उत्पत्ति स्थान भी कण्ठ ही है। श्रोत्र ज्ञानेन्द्रिय एवं वाक् कर्मेन्द्रिय का सम्बन्ध इस आकाश तत्त्व से है। इस तत्त्व को, चेतना के शक्तिशाली इस केन्द्र-विशुद्धचक्र को, जागृत करने के लिए ही प्राणायाम मन्त्र के 'ओम् जनः' इस अंश का अर्थ भावना पूर्वक जप किया जाता है। आकाश धारणा की साधना भी यहीं सम्पन्न की जाती है। इस आकाश धारणा के



Višuddha chakra at the throat centre

होने पर दूर-से-दूर स्थान में अथवा पूर्व से पूर्व काल में उत्पन्न शब्दों को योगी सुन सकता है और आकाश की अनन्त सीमा के अन्दर वह स्वच्छन्द विचरण कर लेता है।

इस चक्र में सोलह दल हैं, यह संख्या अब तक वर्णित चक्रों के दलों की संख्या से सर्वाधिक है। इसका तात्पर्य यह है कि पूर्व वर्णित चक्रों की अपेक्षा यह सबसे बड़ा चेतना केन्द्र है। इस चक्र के सोलह दलों में क्रमशः अँ आँ इँ ईँ उँ ऊँ ऋँ ॠँ ऌँ ॡँ एँ ऐँ ओँ औँ अँ अँः बीजाक्षर अंकित किये जाते हैं, तथा कर्णिका में आकाश तत्त्व का बीज हँ माना जाता है। आकाश तत्त्व का अधिष्ठान होने से इसके यन्त्र की रचना शून्य चक्र के रूप में की जाती है। इस चक्र के दलों का रंग धूम्र वर्ण माना गया है। इस चक्र के बीज का वाहन हाथी माना जाता है। पञ्च वक्त्र रुद्र इस चक्र का देवता है तथा शाकिनी उसकी शक्ति है।

इस चक्र के जागरण से साधक की अनन्त मूल शक्तियां जागृत हो जाती है, स्वरों को बीज मन्त्र स्वीकार करते हुए इसी रहस्य की ओर संकेत किया गया है। जिसप्रकार स्वर वर्ण अन्य सभी बीज मन्त्रों के मूल में अवश्य विद्यमान रहते हैं, आकाश सभी तत्त्वों के अन्तर्गत व्यापक रहता है उसीप्रकार सभी प्रकार की शक्तियों और चेतनाओं के मूल में भी इस चक्र की शक्तियाँ केन्द्र के रूप में प्रतिष्ठित रहती है। काव्यरचना अथवा वचन रचना चातुर्य, जिसकी चर्चा अन्य चक्रों के जागरण के क्रम में की गयी है, उसका मूल भी आकाश तत्त्व का विशेष क्रियाशील होना है। आकाश धारणा के सिद्ध होने पर अर्थात् इस चक्र के जागृत होने पर योगी का चित्त आकाश के समान ही पूर्ण शान्त, भावनाओं की विविध तरङ्गों के विकारों से रहित पूर्ण शान्त हो जाता है, जहां तक आकाश की व्यापकता है, वहां तक योगी की ज्ञान की सीमा विस्तृत हो जाती है अर्थात् साधक सर्वज्ञता को प्राप्त कर लेता है। सर्वलोकोपकारिता योगी का स्वभाव हो जाता है। पूर्ण आरोग्य इच्छानुसार जीवन और परम तेजस्विता उसके सहज धर्म बन बन जाते हैं।

आज्ञाचक्र

आज्ञाचक्र की स्थिति विशुद्ध और सहस्रार चक्रों के मध्य दोनों भौहों (भ्रू) के बीच में स्वीकार की जाती है। यह स्थान महत् तत्त्व का केन्द्र है। महत्तत्त्व प्रकृति



Ajna ch: ..a between the eyebrows

का साक्षात् विकार है। शेष सभी तत्त्व अहंकार पांच तन्मात्राएं ज्ञानेन्द्रियां कर्मेन्द्रियां उभयेन्द्रिय मन, और पांच महाभूत सभी इसके ही विकार हैं। इनमें अहंकार साक्षात् विकार है तथा अहंकार के विकार तन्मात्राएं और सभी इन्द्रियां हैं, पांचों महाभूत पांच तन्मात्राओं के विकार हैं। इस प्रकार महत् ही इन सभी की प्रकृति है, मूल तत्त्व है। आचार्य कपिल ने मन को महत्तत्त्व से अभिन्न माना है। [महदाख्यमाद्यं कार्यं तन्मनः। सांख्यसूत्र १.७१] इसका तात्पर्य है कि महत्तत्त्व का मन से अभिन्न सम्बन्ध है। फलतः

इस चक्र के जागरण के लिए महत्तत्त्व पर धारणा करनी चाहिए। इस चक्र पर धारणा करने से साधक का मन पूर्ण शक्ति सम्पन्न हो जाता है। मन उभय इन्द्रिय है अर्थात् पांचों ज्ञानेन्द्रियों और पांचों कर्मेन्द्रियों का अधिष्ठाता है। ज्ञानशक्ति और क्रियाशक्ति का सम्पूर्ण नियमन मन के द्वारा ही होता है। यह एक ऐसा चेतना केन्द्र है, जहां से समस्त ज्ञान चेतना एवं क्रियात्मक चेतना का समग्र रूप से संचालन होता है, इसी कारण इस चक्र (चेतना केन्द्र) में केवल दो ही दल माने गये हैं। ये दो दल (पंखुड़ियां) एक एक करके ज्ञान शक्ति एवं क्रिया शक्ति की चेतना के प्रतीक हैं।

प्राणायाम मन्त्र के 'ओम् तपः' अंश का अर्थ की भावना के साथ जप इस चक्र को (चेतना केन्द्र को) जागृत करने के लिए किया जाता है। इसके जागृत होने से सम्पूर्ण ज्ञान शक्ति और सम्पूर्ण क्रिया शक्ति जागृत हो जाती है। फलस्वरूप साधक योगी सर्वज्ञ हो जाता है, उसके लिए कुछ भी ज्ञातव्य शेष नहीं रहता। इसी प्रकार उसकी क्रिया-शक्ति भी सम्पूर्ण रूप से जागृत हो जाती है, फलतः वह सर्वशक्तिमान् हो जाता है। दोनों प्रकार की शक्तियों की दृष्टि से वह परमेश्वर के लगभग सदृश हो जाता है। क्योंकि इस चक्र का तत्त्व महत् है और वही समस्त विश्व के तत्त्वों का मूल है, अतः उसकी धारणा से सम्पूर्ण प्रकृति उसके वश में हो जाती है। इस प्रकार इस चक्र के जागरण द्वारा अनन्त शक्ति सम्पन्न हो जाने पर साधक की रुद्रग्रन्थि का भेदन हो जाता है। जिसके बाद उसकी प्राण शक्ति (कुण्डलिनी) और मन सहस्रार पद्म में पहुंच जाते हैं इस स्थिति को परम पद कहते हैं।

आज्ञा चक्र में दो दल हैं इसकी चर्चा ऊपर की जा चुकी है। इन दोनों दलों में हँ एवं क्षँ बीजाक्षर माने जाते हैं, जो क्रमशः ज्ञानशक्ति और इच्छाशक्ति के प्रतीक हैं। ॐ महत्तत्व का बीजाक्षर है, जिसे कर्णिका में अंकित मानना चाहिए। ज्योतिर्लिङ्ग के रूप में इसके यन्त्र की कल्पना की जाती है। अर्थात् इस चक्र के जागरण हेतु आज्ञाचक्र में ज्योतिर्लिंग के स्वरूप में साधक ध्यान करता है। इसके बीज का वाहन नाद है, जिसे दर्शन शास्त्र में शब्द ब्रह्म के रूप में स्वीकार किया गया है।

इससे पूर्व के चक्रों में क्रमशः पृथिवी जल अग्नि वायु और आकाश तत्त्वों में धारणा की गयी थी। अर्थात् क्रमशः स्थूल से सूक्ष्म सूक्ष्मतर और सूक्ष्मतम तत्त्वों पर प्राणशक्ति और मन को स्थिर करने का (धारणा करने का) अभ्यास किया गया था। भूतों में सूक्ष्मतम आकाश है, शब्द ही उसका गुण है, उसमें धारणा सिद्ध हो जाने पर मन और प्राण स्थिर हो गये हैं ऐसा कहा जा सकता है, अतः इस चक्र में धारणा का नहीं ध्यान का अभ्यास किया जाता है, जो धारणा से उच्चतर स्थिति है। इस महत्तत्त्व में ध्यान की सिद्धि होने पर अर्थात् विश्व के मूल तत्त्व (सूक्ष्मतम तत्त्व) में चित्त की एकतानता (तत्र प्रत्यैकतानता ध्यानम्। यो० सू० ३.२) अर्थात् ध्यान के सिद्ध होने पर रुद्र-ग्रन्थि का भेदन हो जाता है और प्राण तथा मन सुषुम्ना महापथ के सर्वोच्च स्थान पर पहुंच जाते हैं, जिसे सहस्रार पद्म, सहस्रदल कमल और परम पद कहते हैं। यह स्थल

समग्र चेतना का मूल है, अतः इस स्थान में कोई तरङ्ग नहीं है, निस्तरङ्ग प्रशान्त अगाध समुद्र की भांति यहां परम शान्ति है। इस स्थिति में पहुंचने पर साधक को कुछ करने की आवश्यकता नहीं होती, वह उसकी समाधि की स्थिति होती है। तात्पर्य यह है कि आज्ञाचक्र के जागृत होते ही साधक समाधि की स्थिति में पहुच जाता है। इस स्थिति में पहुंच कर उसे कुछ करने की अपेक्षा नहीं रहती। आवश्यकता होती है तल्लीनता की जिससे विक्षेप उसे न खींच सकें। यहीं योगी परम आनन्द के अनुभव में

मग्न हो जाता है, लीन हो जाता है, दूसरे शब्दों में ब्रह्म की अभेदावस्था को प्राप्त कर लेता है, ब्रह्ममय हो जाता है।

स्मरणीय है कि चक्रों की संख्या करते हुए उनके नामों का परिगणन करते समय सात चक्रों के नाम लिये जाते हैं—(१) मूलाधार, (२ स्वाधिष्ठान, (३) मणिपूर, (४) अनाहत, (५) विशुद्धि, (६) आज्ञाचक्र और (७) सहस्रार चक्र। किन्तु साधना के क्रम में केवल छ चक्रों की साधना की विधि का वर्णन होता है। इस का कारण यह है कि आज्ञाचक्र के जागृत होने के बाद योगी को साधना की आवश्यकता नहीं रह जाती अब वह साधक नहीं रहता सिद्ध हो जाता है। सिद्ध ही नहीं परमसिद्ध। उसे न किसी साधना की अपेक्षा रहती है और न विश्व के किसी भौतिक अभौतिक स्थूल अथवा सूक्ष्म पदार्थ की अपेक्षा लेती है। वह ब्रह्म से अद्वैतभाव को प्राप्त हो जाता है। यही स्थिति समस्त साधनाओं से प्राप्त होने वाली अन्तिम स्थिति है। परम सिद्ध अवस्था है। इसे ही बौद्ध परम्परा में ब्रह्म विहार शब्द से साधना को सर्वोच्च सिद्धि के रूप में स्मरण किया गया है।

———

कुण्डलिनी : एक जीवन्त अनुभव

—स्वामी सत्यानन्द सरस्वती

मेरी अवस्था जब छः वर्ष की थी, प्रायः उसी समय से मुझे अनेक आध्यात्मिक अनुभूतियां हुआ करती थीं। एक बार ऐसा हुआ कि मैं अपनी शारीरिक चेतना को बिल्कुल खो बैठा। यह अवस्था कुछ मिनटों तक कायम रही। इसीतरह फिर जब मैं १० वर्ष का था, तो कुछ विचित्र आन्तरिक अनुभूतियां हुईं। इस समय मुझे पहले की अपेक्षा कुछ अधिक सोचने-समझने की शक्ति आ गई थी, अतः मैंने अपनी मनोदशा पिताजी को बतलायी। वे मेरी आन्तरिक अनुभूति एवं स्थिति को पूरा-पूरा समझ नहीं सके। वे मुझे किसी चिकित्सक के पास ले जाना थे परन्तु उस शहर में वैसा कोई वैद्य या चिकित्सक नहीं था। यह मेरे कल्याण के लिए अच्छा ही हुआ अन्यथा मुझे अनावश्यक किसी मानसिक चिकित्सालय में सड़ना पडता। खैर, मेरी हालत ज्यों-की-त्यों बनी रही।

मेरे पिताजी की वेद-शास्त्रों, महात्माओं और गुरुजनों में काफी श्रद्धा थी। एक बार मेरे शहर में एक महात्मा जी का शुभागमन हुआ। वे महात्मा जी पिताजी के आध्यात्मिक गुरु थे। वे मुझे उनके पास ले गये और मेरे बारे में उनसे पूछा। प्रत्युत्तर में गुरुजी ने मेरी पीठ थपथपाते हुए कहा—"ठीक है, ठीक है, भगवान का भजन करो। इसे आध्यात्मिक जीवन की शिक्षा दो। तुम्हारा लड़का आगे चलकर संत बनेगा। मुझको भी ऐसे अनुभव बचपन में हुआ करते थे।" मेरे पिताजी ने उनकी आज्ञा का पालन किया और उनके आदेशानुसार मुझे आध्यात्मिक जीवन की शिक्षा देनी आरम्भ की।

मैं हिन्दू परिवार में पैदा हुआ था। आप सबको मालूम ही है कि हिन्दूधर्म कितना व्यापक और उदार है। उसमें साकार और निराकार दोनों प्रकार की उपासनायें बतलायी गयी हैं। हमारा परिवार आर्यसमाजी था, जहां निराकार उपासना को महत्त्व दिया जाता था। फिर भी हिन्दू धर्म के अन्य देवी-देवताओं के चित्रों और मूर्तियों को मैं देखा करता था। उन्हें देखकर मेरे मन में अनेक प्रकार के प्रश्न उठा करते थे। जैसे दुर्गा सिंह की सवारी क्यों करती है? सरस्वती हंस पर क्यों बैठती हैं? विष्णु भगवान शेषनाग पर क्यों सोते हैं? काली अपने रौद्र रूप में शिव के ऊपर क्यों सवार हैं? तारा मां क्यों खुले रूप से भगवान् शिव को स्तनपान करा रही हैं? इन सब विचित्र घटनाओं को देखकर उनका रहस्य समझ नहीं सकता था। आखिर क्या रहस्य है कि भगवान् शिव की सवारी

वृषभ है। उनके गले में सर्पों की माला है और उनके सिर से गंगा की धारा प्रवाहित हो रही है। गणेश जी को हाथी का सिर है। इनका इतना बड़ा पेट और चूहे का वाहन, कितनी विचित्र बात है ! मैं इन सभी विचित्रताओं को स्वतः समझने में असमर्थ था और किसी से उनका सन्तोषजनक समाधान भी नहीं मिल पाता था। परन्तु आगे चलकर जब मेरी उम्र १६ साल की हुई तो कुण्डलिनी योग को थोड़ा-बहुत समझना शुरू किया। तब इन विचित्रताओं का रहस्य मेरे मन में स्पष्ट होने लगा एवं अपनी शंकाओं का समाधान भी होना शुरू हुआ।

इन्हीं सब परिस्थितियों के बीच मुझे अचानक एक दिन एक विचित्र अनुभूति हुई। मैं कहीं एकान्त में चुपचाप बैठा था, अचानक मेरा मन अन्तर्मुख होने लगा। भौतिक चेतना से ऊपर उठकर मैंने एक अजीब दृश्य देखा। वह दृश्य था कि "मैं धरती से ऊपर हूं, समस्त पृथ्वी, महाद्वीप और महासागर, पर्वत और नगर बन्द आंखों में दिखलाई पड़ने लगे। देखते ही देखते एकाएक वे दो टुकड़ों में विभक्त हो गये।" मैं इस दृश्य का रहस्य समझ नहीं सका। मुझे इसका रहस्य तब समझ में आया जब कुछ ही दिनों में दूसरा विश्व युद्ध शुरू हुआ। परन्तु इसे देखकर मुझे जैसे साधारण गांव के निवासी को भविष्य की सम्भावी घटनाओं की झलक एक प्रतीक के रूप में कैसे दिखाई पड़ सकती थी? इन सब चीजों को मैंने न पहले कभी पढ़ा था और न किसी से सुना ही था। इस अप्रत्याशित आन्तरिक घटना को समझने और अनुभव करने का यह मेरा पहला अवसर था।

मैं जब १७ साल के करीब हुआ तो मेरे मन में अनेकानेक प्रश्न पैदा होते थे जिनका समाधान मुझे किसी से नहीं मिलता था। मैं जानता था कि इन्द्रियजनित अनुभवों और इन्द्रियातीत आन्तरिक अनुभूतियों में क्या अन्तर है। बहुत से विषयों के बारे में मैं समाधान के लिए अपने मामा और बहन से पूछा करता था। परन्तु इन सब रहस्यात्मक चीजों को जानने-समझने की जिज्ञासाएं एवं ज्ञान-पिपासाएं दिनों-दिन बढ़ती ही गयीं। मुझे ऐसा लगने लगा—सत्य, ज्ञान और शान्ति की खोज में घर-बार छोड़कर मुझे बाहर निकलना पड़ेगा। मैंने अपने पिताजी तथा घर के अन्य लोगों की अनुमति चाही। मैं तब तक प्रतीक्षा करता रहा, जब तक मेरे पिताजी ने मुझे १० रुपये देकर अपने लक्ष्य की प्राप्ति हेतु आगे बढ़ने की अनुमति न दे दी। इस तरह मैं अपने घर के लोगों की अनुमति लेकर आगे बढ़ा।

चलते-चलते मैं राजस्थान की तरफ गया। वहां एक आश्रम में एक वृद्ध महात्मा रहते थे। उन्होंने मुझे उस आश्रम में रहने की अनुमति दे दी। उनको तंत्रशास्त्र का बहुत गहरा ज्ञान था। यद्यपि मैं उन्हें अपना गुरु नहीं बना सका; फिर भी उन्हें भूल नहीं सकता। मैं वहां करीब नौ महीने तक रहा। लेकिन मुझे अपनी शंकाओं का समाधान नहीं मिला। मैं पुनः आगे की ओर बढ़ा। संयोगवश ऐसी घटना घटी कि मुझे ऋषिकेश

की ओर जाना पडा। वहां मैंने स्वामी शिवानन्द जी के बारे में सुना। मैं उनके पास गया और अपने अनुभवों को बताया कि किस प्रकार मुझे अचेतनता की अनुभुति हुई थी और उससे आगे बढ़ने का क्या मार्ग है। उन्होंने कहा कि तुम मेरे साथ रहो और सेवा करो, धीरे-धीरे सब कुछ समझ जाओगे। उनके आदेशानुसार तब मेरा आश्रम जीवन प्रारम्भ हुआ। आश्रम जीवन में रहते हुए बहुत समय गुजर गया। कभी-कभी धैर्य भी टूटने लगता था और मैं घबरा जाता था कि आखिर मेरे यहाँ इस प्रकार रहने का क्या प्रयोजन है। सत्य, ज्ञान और समाधि की प्राप्ति हेतु इन दैनिक कर्मों की आवश्यकता ही क्या है? मेरे मानसपटल में अनेकों प्रश्न बुदबुदों की तरह उभर आते थे। किन्तु मैं आश्रम सेवा में दत्तचित्त था। जीवन और मृत्यु के मध्य अनेकानेक अनुभवों के दौर से गुजरता रहा मैं।

कभी-कभी गंगा के किनारे बैठे-बैठे जब मैं लौकिक चिन्तन में तल्लीन रहता तो अचानक मेरा मन अन्तर्मुख होने लगता। वहीं एक दिन ऐसा लगा कि धरती अन्दर खिसकती जा रही है, सारा विश्व उस अनन्त आकाश में विलीन होता जा रहा है। अनन्त आकाश, उसकी असीमता और व्यापकता को देखकर मैं हैरान हो उठा। एकाएक मुझे ऐसा लगा कि अणुबम के विस्फोट के सदृश मेरे अन्दर से कोई शक्ति बाहर निकल रही है। उस समय मेरा सारा जीवन स्पन्दित हो रहा था। मुझे परमानन्द की अनुभूति हुई। जीवन के सुखों की जितनी अनुभूतियां हैं, उन सब में वह बढ़-चढ़ कर दिव्य एवं सुखद थी। उस आनन्द की अनुभूति जब प्रकट हुई तो मैं अपने शरीर को एवं सभी बाह्य चेतनाओं को खो बैठा। इस प्रकार की अलौकिक अनुभूति का मेरे जीवन में यह तीसरा मौका था।

मैं जब कुछ देर पश्चात् सामान्य चेतना में वापस लौटा तो उसके बाद भी कई दिनों तक अपने शरीर और बाह्य जगत् के बारे में बिल्कुल अनभिज्ञ ही रहा। उस समय भी मेरा खाना, पीना और सोना, यहां तक शौच जाना भी हराम हो गया। मुझे पूर्ण आनन्द की बिल्कुल सजीव अनुभूति हुई थी। यह इतनी आह्लादकारी थी कि मुझे डर था कि मैं इधर-उधर जरा-सा भी हिलूं-डिलूं तो यह विलक्षण अनुभूति गायब हो जायेगी। मैं उस अवस्था से कैसे उठ सकता था जब मेरे अन्दर असीम आनन्द की शाश्वत घंटी बज रही हो। एक प्रकार से यह विलक्षण अनुभूति कुण्डलिनी जागरण की थी जिसे मैं बाद में अपने उच्च साधनाक्रम से ठीक-ठीक समझ पाया। उस अवधि में आश्रम के लोगों को मेरी असामान्य स्थिति से असुविधा होती थी। वे समझ नहीं सके कि मुझे क्या हो गया है? उन दिनों ऋषिकेश में न कोई डाक्टर ही था और न आश्रम के पास इतना पैसा ही था कि मुझे कोई मानसिक चिकित्सा वाले किसी अस्पताल में भेजा जा सके। यह ईश्वर की मेहरबानी ही कहनी चाहिए, मेरे लिए यह अच्छा ही हुआ। करीब एक हफ्ते के बाद मेरी चेतना बिल्कुल सामान्य स्थिति में वापस आ गयी और मैं अपने काम-धाम में पूर्व-

वत् लग गया। उक्त घटना को अच्छी तरह समझने के लिए मैंने योग एवं तंत्र का अध्ययन करना शुरू कर दिया।

मैं शुरू-शुरू में शारीरिक रूप से बहुत कमजोर रहता था। बराबर बीमार पड़ता रहता था। मैंने अपने शरीर की शुद्धि के लिए हठयोग के षट्कर्मों और आसन-प्राणायाम आदि का अभ्यास शुरू किया। इसके फलस्वरूप मुझे आशातीत सफलता मिली। मेरे मन में विचार आने लगे कि वह कौन-सी प्रचण्ड शक्ति है जो मूलाधार में सोई पड़ी है। उसके जगने पर क्या होता है? इत्यादि बातों को जानने-समझने की शृंखलायें मेरे मन में आरम्भ हुईं तथा दिनों-दिन इस विषय में मेरी दिलचस्पी बढ़ती ही गयी।

जब कुण्डलिनी शक्ति का जागरण होता है तो वह शक्ति जागृत होकर मेरुदण्ड स्थित सुषुम्ना नाड़ी में जैसे जैसे आगे बढ़ती है वैसे-वैसे उस व्यक्ति के अन्दर प्रसुप्त शक्ति केन्द्र जागृत और क्रियाशील होने लगते हैं।। साधारणतः अब तक जिस गति से मानव मन व चेतना का विकास हुआ है उसका केवल दसवां भाग ही सक्रिय अवस्था में है, शेष भाग अचेतन के गर्भ में सोया पड़ा है। मानव मस्तिष्क के सम्पूर्ण भाग को जागृत होने में हजारों और लाखों वर्ष लग सकते हैं। मस्तिष्क का प्रसुप्त भाग बहुत ही महत्त्वपूर्ण है। इनके अन्दर विभिन्न प्रकार की अति मानसिक शक्तियां जैसे अतिश्रवण (अल्ट्रासोनिक), दूरदर्शन विचारसम्प्रेषण (टेलीपैथी) आदि छिपी पड़ी हैं। विभिन्न प्रकार के यौगिक अभ्यासों से यह सम्भव है कि उन प्रसुप्त शक्ति केन्द्रों में जागृति लायी जा सके। उसके लिए बहुत काल तक प्राकृतिक विकास के नियमों पर निर्भर होकर व्यर्थ बैठे रहने की जरूरत नहीं है। बल्कि वर्तमान जीवन में भी यदि तंत्र और योग की साधना प्रक्रियाओं को अपनाया जाय तो अनेकानेक उच्च केन्द्रों में को जागृत किया जा सकता है। तंत्रयोग में कुण्डलिनी जागरण की ऐसी साधनाएं हैं कि जिनके द्वारा मस्तिष्क के उन उच्च शक्तिशाली केन्द्रों को जगाया जा सकता है, जहां से इन सारी चैतन्य शक्तियों का मूल उद्गम शुरू होता है।

इस तरह कहा जा सकता है कि तंत्र और कुण्डलिनी वह सूक्ष्म महाविज्ञान है, जो चेतना के मूल उद्गम का पता लगाकर उसे जागृत करने की प्रक्रियाओं को बतलाता है। तंत्र इस विज्ञान का सैद्धान्तिक पक्ष है और कुण्डलिनी योग इसका व्यावहारिक पक्ष है। तंत्र का अर्थ है (तस्मात् त्रायते इति तंत्र) चेतनाशक्ति का विस्तार और मुक्ति।

वैज्ञानिकों का कथन है कि पदार्थ के आन्तरिक तत्त्वों का जब तक विखण्डन, व विभाजन तथा पुनः योग द्वारा सम्मिश्रण नहीं किया जाय तब तक वह पूर्ण शक्ति के रूप में परिणत नहीं होते हैं। भौतिक वस्तुएं मूलतः शक्ति का ही स्थूल रूप हैं।

कुण्डलिनी योग मन से भी सूक्ष्म चेतना के तत्त्वों को प्रकाशित करता है। इसलिए हमें सबसे पहले मन को समझना है। मन के अन्दर बहुत-सी चीजें हुआ करती

हैं, जैसे अनुभूति, भावनायें, स्मृति, ज्ञान आदि। हम इन चीजों को मन नहीं कह सकते हैं। मन के जितने भी कार्य होते हैं उनका मूलस्रोत चेतना है। चेतन तत्त्व से ही मन का निर्माण हुआ है। ऐसा नहीं हो कि हमारी चेतना शक्ति केवल सांसारिक विषयों में ही फंसी रहे। इसको सीमित जगत की विषयानुभूतियों से ऊपर उठकर विश्वव्यापी चेतना से मेल कराना होगा। इसी की पूर्ति में मानव जन्मों की सार्थकता है। लेकिन जन्म-जन्मांतरों से चले आ रहे अपने सीमित दृष्टिकोण को कैसे हटाया जाये? मन और इन्द्रियों की अनुभूतियों तथा विचारों की सीमा से परे कैसे उठा जाये। इसको समझने के लिए हमें शक्तितत्त्व के मौलिक सिद्धान्त को समझना होगा। इसे एक उदाहरण से अच्छी तरह समझें।

मान लिया एक शहर है। वहां एक मकान है। उस मकान में बिजली के तार सभी कमरे में लगाये जा चुके हैं। बल्ब, पंखा, हीटर, टेलीविजन आदि सभी प्रकार के प्रसाधनों का वहां समुचित प्रबन्ध है। फिर जब उस शहर की बिजली का सम्बन्ध मुख्य विद्युत से जुड़ जाएगा तो सभी विद्युत यन्त्र ठीक से काम करने लगेंगे। इसके अतिरिक्त उस शहर के अन्दर अन्य जितने भी उद्योग-धन्धे वाले कारखाने, दुकानें और व्यापार सम्बन्धी जितने कार्यालय होंगे, सभी अपना काम ठीक से कर सकेंगे। जब तक विद्युत प्रवाह के ऋणात्मक और धनात्मक तार मुख्य शक्ति केन्द्र से जुड़े हैं, तब तक शहर के सभी यन्त्र ठीक से काम कर सकेंगे और बिजली की रोशनी से सारा शहर जगमगाता रहेगा। टेलीविजन, टेलीफोन, कम्प्यूटर आदि सभी यन्त्र समुचित ढंग से परिचालित होंगे।

इसी प्रकार मानव मस्तिष्क के जो भाग निष्क्रिय अवस्था में हैं, उनकी भी यही हालत है। उनका सम्बन्ध शक्ति के मुख्य केन्द्र से नहीं जुड़ा है। इसीलिए चेतना की विस्तृत शक्ति वहां पहुंच नहीं रही है। यह मानव शरीर भी एक छोटा-सा ब्रह्माण्ड ही है। इसके अन्दर सभी प्रकार के गुण, कार्य और शक्तियां विद्यमान हैं, जो अखिल ब्रह्माण्ड में होते हैं। परन्तु उसकी अधिकांश शक्तियां सुषुप्त अवस्था में हैं, जिनका हम उपयोग सामान्य जीवन में नहीं करते। इसका कारण है कि उन छोटे-छोटे केन्द्रों का सम्बन्ध मुख्य केन्द्रों से नहीं है जहां से चारों तरफ चेतना की शक्ति संचारित होती है। अब प्रश्न यह है कि उस अनन्त शक्ति का मुख्य केन्द्र कहां पर है।

तंत्र और कुण्डलिनी शास्त्र के अनुसार शक्ति का मूल केन्द्र है मूलाधार चक्र। जब मूलाधार चक्र का सम्बम्ध मस्तिष्क के मुख्य केन्द्र से जुड़ जाता है तो अनन्त शक्ति का स्रोत सुषुम्ना के मार्ग से प्रवाहित होने लगता है। उस समय मस्तिष्क के जितने केन्द्र हैं, वे चेतना की ज्ञानमयी शक्ति से आलोकित हो उठते हैं। पुरुष शरीर में यह मूलाधार चक्र पेरिनियम के पास मल-मूत्र द्वार के बीच तथा स्त्रियों में यह गर्भाशयग्रीवा (cervix) के ठीक पीछे स्थित है। यह बहुत छोटी-सी ग्रन्थि है। यदि उस पर किसी तरह से दबाव

डाला जाये तो उस पर किसी भी प्रकार का प्रभाव नहीं पड़ता है। उसकी शक्ति को जागृत करने के लिए सूक्ष्म यौगिक क्रियाओं द्वारा ही उसे प्रभावित करना होगा। यदि किसी अणु-परमाणु को आप धरती पर यों ही फेंक दें तो क्या होगा? कुछ भी नहीं। जिस प्रकार बम को विस्फोट कराने के लिए डेटोनेटर की जरूरत पड़ती है उसी प्रकार मूलाधार चक्र के अन्दर छिपी हुई शक्ति का विस्फोट करने अर्थात् उसको जागृत करने के लिए डेटोनेटर जैसी कुछ विधियां हैं, उन्हे अपनाना पड़ेगा। जब यह प्रसुप्त शक्ति जागृत हो जाती है तो स्वाधिष्ठान, मणिपुर, अनाहत, विशुद्धि, आज्ञा, बिन्दु, और सहस्रार चक्र की सम्पूर्ण शक्तियां जागृत होने पर मनुष्य देवतुल्य अनन्त दिव्य शक्तियों और विभूतियों का स्वामी बन जाता है। इस तरह से कुण्डलिनी शक्ति की जागृति, ऊर्ध्वारोहण एवं उसके परिणामों की परिपुष्टि होती है।

बहुत से लोग कुण्डलिनी योग का नाम सुनकर भयभीत हो उठते हैं—अरे! बाप रे! यह तो बहुत खतरनाक चीज है। अरे भाई, आप लोगों ने इसके विषय में बहुत गलत धारणा बना रखी है। वैसे देखिये, तो जीवन में खतरा सर्वत्र हैं और प्रगति के मार्ग में आगे बढ़ने वाले वीर उन्हें रौंदते हुए आगे बढ़ते हैं। इतिहास इसका साक्षी है। वैसे आप देखिये तो भारत से योरप जाने के लिए बहुत से लोग वायुयान का सहारा लेते हैं। उन्हें आठ घंटे तक वायुयान में बैठना पड़ता है। क्या वह खतरा नहीं है? लेकिन जाने वाले यात्री आनन्दपूर्वक बैठते हैं। बड़े-बड़े पर्वतारोही अनन्त खतरों का सामना करते हुए आरोहण का साहस छोड़ते नहीं। एवरेस्ट पर्वत पर जो विजय हासिल की गयी, वह जान को जोखिम में डालकर ही मिली। मानव ने हाइड्रोजन और अणुबम बनाये हैं, क्या वे खतरे से पूर्ण नहीं हैं? हमारे सामने सर्वग्राही मौत मुंह बाये हर क्षण खड़ी है। परमात्मा ही जानता है कि वह किस क्षण हमें अपना ग्रास बना लेगी। तो फिर डर किस बात का? इस तरह मृत्यु कितनी खतरनाक चीज है? एक प्रकार से यह जीवात्मा के चिरकालीन कुम्भक की स्थिति है। उसके बाद कौन जानता है हमें पुनः इस मृत्युलोक में, किस योनि में और कब जन्म लेना पड़ेगा।

लोग कुण्डलिनी शक्ति को जगाने में डरते हैं। इसका क्या कारण है? क्योंकि उन्होंने अन्य लोगों से सुना है कि लोग पागल हो जाते है। कहीं उन्हें भी पागलखाने की हवा न खानी पडे, इसलिए वे अकारण डरते हैं। सच पूछिये तो यहीं खतरा है। इस तरह तो जीना दुर्लभ हो जायेगा। फिर शूर-वीरों और बड़े-बड़े महारथियों की तरह खतरे का जोखिम उठायेगा कौन और विजय का झंडा फहरायेगा कौन? विश्व के महान् सेनापति, राजनीतिज्ञ या नवीन स्थानों की खोज करने वाले, साहसिक समुद्रयात्री जो कभी-कभी तीव्र लहरों के प्रवाह में बह जाते हैं, क्या उन्हें जीवन के खतरे और मौत का भय नहीं होता? वे वैज्ञानिक जो हाइड्रोजन और अणुबम आदि का प्रयोग करते हैं, उनका जीवन कितने खतरे में रहता है? यदि वे साहसिक खतरा मोल नहीं लेते, सम्भावित

मृत्यु से भयभीत होकर महान् लक्ष्य और कर्त्तव्यों से विमुख हो जाते, तो ज्ञान-विज्ञान के आविष्कारों के बृहद् क्षेत्र में नये-नये आयामों का उद्घाटन नहीं कर पाते।

यदि हम कुण्डलिनी योग का अभ्यास करते-करते कहीं पागल हो गये तो क्या हो जायेगा? कोई बात नहीं, यदि पागल हो भी गये तो क्या होगा। धीरे-धीरे यह कुण्डलिनी हमारे वश में हो जायेगी। जिस कुण्डलिनी शक्ति को जागृत करने में मनुष्य को कई जन्म और युग व्यतीत करने पड़ते हैं, उसे जगाने में यदि किसी बहुत बड़े खतरे का भी सामना करना पड़े तो इस उपलब्धि की तुलना में कोई भी खतरा नगण्य है और इसे ईश्वर का वरदान ही समझना चाहिए। यदि कुण्डलिनी जागृत हो जाने के भय की वृत्ति बनी रही तो फिर उसे जगाने का प्रयत्न कौन करेगा? अतः अपने अन्दर से कुण्डलिनी जागरण के प्रति भय और असुरक्षा की भावना को निकाल दो भय का होना मानसिक दुर्बलता का लक्षण है। सचमुच में यह है भी। फिर भी वास्तविक खतरा है कि नहीं, इसको स्वयं हम क्यों न आजमायें। यदि जाग गयी तो हम बहुत बड़ी शक्ति के स्वामी बनेंगे, अन्यथा जागृत होने की तैयारी होती रहेगी।

अब तक मानव ने इस भौतिक जगत की अधिकांश शक्तियों पर अपना प्रभुत्व स्थापित कर लिया है। अब उसे अपने अन्तर्जगत की ओर दृष्टिपात करना है। उसे अपनी छिपी हुई अनन्त शक्तियों के उद्गम को जानना और प्रकाशित करना है। इसलिए कुण्डलिनी योग एक बहुत सुन्दर, रोचक और रहस्यात्मक वैज्ञानिक विषय है, जो मनुष्यत्व को देवत्व में परिणत करने की सारी क्षमतायें रखता है। इसका नाम सुनकर आपको डरने की जरूरत नहीं है। अब इस विषय पर अनेकों गवेषणाएं हो चुकी हैं एवं पुस्तकें भी निकल चुकी हैं। इसके जानकार गुरुओं की भी कमी नहीं है। इसलिए आप भी तैयार होइए और अपनी बहुमुखी प्रतिभा के विकास के लिए कुण्डलिनी योग के अभ्यास में तत्पर हो जाइये।

विश्व की आने वाली संस्कृति में कुण्डलिनी जागरण ही मानवता का मुख्य धर्म बनेगा, ऐसा मुझे अन्दर से अभ्यास हो रहा है। यदि आप इस महान्, प्रचण्ड सर्पिणी कुण्डलिनी शक्ति से भय रखते हैं, तो रखें; आगे आने वाली सन्तानें निर्भय होकर इसे जागृत करेंगी, और अतीन्द्रिय चेतना अर्जित करेंगी। हो सकता है, आज से हजारों और लाखों वर्षों के बाद सबकी कुण्डलिनी जन्म से ही जागृत रहे। उस समय महान, सात्त्विक, दैवी, महात्मा और दिव्य स्वभाव वाली आत्माएं ही इस भूमण्डल में अवतरित होंगी।

सर्वोच्च साधना—कुण्डलिनी योग

—स्वामी दयानन्द सरस्वती

कुण्डलिनी योग का विषय अब भारत तथा विश्व में बहुत ही लोकप्रिय हो चुका है। अतः इसके व्यावहारिक व दार्शनिक ज्ञान एवं स्वरूपको अच्छी तरह इसकी परिभाषा के साथ जान लेना आवश्यक है।

जिस तरह अनंत नाग देवता पृथ्वी को धारण किए हुए हैं, उसी तरह कुण्डलिनी योग के नाग देवता भी पूरे तन्त्र एवं योगशास्त्र के धारक माने जाते हैं। कुण्डलिनी की कल्पना एवं सुषुम्ना के उत्तुंग राजकीय मार्ग से उसके ऊपर चढ़ने की गति को कितने ही रूपों में संसार की धर्म-पुस्तकों, गाथाओं तथा दृष्टान्तों में समझाया गया है।

कुण्डलिनी का एक बहुत सुन्दर दृष्टान्त हनुमानजी की गाथा में है। एक बार हनुमानजी समुद्र के किनारे उगते सूर्य को देख रहे थे। उन्हें भूख लगी और उगते हुए सूर्य को एक सुन्दर बड़ा सा लाल सेब समझकर वे आकाश में उड़ गये और पूरे सूर्य को निगल गये। फलतः तीनों लोकों में अंधेरा छा गया और सारे देवताओं के बीच खलबली मच गई।

पर वस्तुतः हनुमानजी सूर्य को निगल गये, ऐसी बात नहीं है। यह मात्र एक प्रतीकात्मक दृष्टान्त है, जहाँ प्राण-वायु अर्थात् सूर्य नाड़ी को सुषुम्ना में प्रवाहित करने को बताया गया है। यही कुण्डलिनी योग को समझने का गूढ़ रहस्य है और यही कुण्डलिनी योग की तान्त्रिक परम्परा है। तंत्र मार्ग अपनी अनेक सुन्दर यौगिक शाखाओं को लेकर चलता है, जैसे—हठयोग, मन्त्रयोग, लययोग, आसन, प्राणायाम, क्रियायोग, योगनिद्रा, भक्तियोग इत्यादि तथा इन सभी के ऊपर है कुण्डलिनी योग। तन्त्र का परम लक्ष्य मनुष्यों की चेतना को, मन को, देश एवं काल के परे प्रस्फुटित करना है। मन स्वयं अनेक बन्धनों में बंधा हुआ है, इसके कारण वह समय तथा विषय के बीच सीमित रहता है। तंत्र शब्द दो भावों का समन्वय है—एक विकास एवं दूसरा मुक्ति। इसका लक्ष्य प्रथम चेतना का विकास, तत्पश्चात विषयों के सूक्ष्म बन्धनों से मुक्ति देना है। मनुष्य की चेतना हमेशा प्रस्फुटित होती रहती है, इसका पूर्ण विनाश कभी नहीं होता। शरीर के मर जाने पर भी चेतना की मृत्यु नहीं होती। रोगी शरीर भी इस पर प्रभावकारी नहीं होते। इसी चेतन-विज्ञान का नाम तन्त्र है।

शक्ति के दो पहलू—

गीता में दो सनातन शक्तियों का वर्णन आया हैं—पुरुष एवं प्रकृति। इसी अनादि तथा अनन्त शक्ति पर सारा ब्रह्माण्ड तथा मानव आदि प्राणी स्थित हैं। प्रकृति ही पदार्थ

अथवा समग्रता का प्रकाशन है। पुरुष चेतना का रूप है जो मन, बुद्धि, चित्त एवं अहं-कार के रूप में अवस्थित है। जब पुरुष एवं प्रकृति का संयोग होता है तभी प्राणियों का आविर्भाव होता है। सदा-सर्वदा से क्रमिक विकास एवं अवतरण की प्रक्रिया में दो तत्त्व साथ-साथ रहे हैं और इनके कारण भी हैं। आज भी हम सभी अपने अलग-अलग अस्तित्व में इन्हीं पदार्थों एवं चेतना के सृजन हैं। इस सृजन की प्रक्रिया में इन दो गुणों का सदा सर्वदा से ऐसा घनिष्ट संयोग रहा है कि एक आम आदमी अपनी साधारण बुद्धि एवं ज्ञान से इन दो शक्तियों को विलग कर अलग-अलग नहीं समझ पाता है। तंत्र के दर्शन एवं अभ्यास का लक्ष्य इन्हीं दो गुणों को विलग कर मन एवं चित्त को अलग-अलग कर जानने का है। इस प्रकार 'योग' का अर्थ 'वियोग' है, जब चेतना मन की उलझन से विलग होकर पुनः योग रूपी संसार का आविर्भाव करती है।

इस पार्थिव शरीर के सूक्ष्म स्तर में जो दो शक्तियां कार्यरत रह रही हैं : वे हैं 'चित्त' एवं 'प्राण'। प्राण अर्थात् जीवन-शक्ति तथा चित्तशक्ति मन के संपूर्ण चेतन, अर्धचेतन एवं अचेतन का स्रोत है। इन दोनों के समन्वय से ही ज्ञान एवं क्रिया फलीभूत होती हैं। ये ही शक्तियां कर्मेन्द्रियों, ज्ञानेन्द्रियों, मन एवं चित्त का नियन्त्रण करती हैं। ये दो शक्तियां इस शरीर में मेरुदण्ड के बीच दो नाड़ियों द्वारा प्रभावित होती हैं, जिन्हें हम 'इड़ा' एवं 'पिंगला' कहते हैं। जैसे रेडियम-रश्मि-तरंग ट्रांजिस्टर रेडियों में प्रवाहित होती हैं, पर हम उन्हें देख नहीं सकते, उसी प्रकार मानसिक एवं प्राणिक चेतनायें 'इडा' एवं 'पिंगला' में सूक्ष्म रूप से प्रवाहित होती है, जिन्हें हम शल्य-चिकित्सा द्वारा रीढ़ की हड्डियों को चीर कर नहीं दिखा सकते।

इडा-पिंगला की भूमिका—

इडा बायीं नासिका द्वारा एवं पिंगला दाहिनी नासिका द्वारा प्रवाहित होती है। इडा नाड़ी शीतलता, चन्द्रमा मानसिक शान्ति तथा ब्रह्मज्ञान का द्योतक है और पिंगला उष्णता, सूर्य, शक्ति एवं क्रियाशीलता का द्योतक है। आधुनिक विज्ञान के मतानुसार भी बायीं नासिका का ताप दायीं नासिका के ताप से बहुत कम हैं और यह तथ्य इस तरह पुरानी यौगिक पद्धति को प्रमाणित करता है। साधारणतया नाड़ी का अर्थ लोग ज्ञान तन्त्र से लगाते हैं: पर योग में इसका अर्थ भिन्न है। नाड़ी शब्द "नाद" से आया है जिसका अर्थ "बहना" होता है। नाड़ी कोई यन्त्र अथवा ज्ञान तन्तु नहीं हैं, जिसे हम पार्थिव शरीर का कोई अंग समझें।

"इडा-नाड़ी" चित्त शक्ति तथा 'पिंगला-नाड़ी' प्राण शक्ति का स्रोत है। प्राण एवं चित्त पूरे शरीर में प्रवाहित होकर अंग-प्रत्यंग की क्रिया-प्रक्रिया, स्पन्दन एवं पूरे स्थूल, सूक्ष्म एवं हैतुक क्रिया समुदायों का नियंत्रण करते हैं। इन दो नाड़ियों का उद्गम स्थान रीढ़ की हड्डी का अधोभाग 'मूलाधार-चक्र' है तथा इसका अन्त-शीर्ष 'आज्ञा-चक्र' है। पुरुषों में यह मूलाधार चक्र मल-द्वार और जननेन्द्रिव के बीच तथा महिलाओं

में गर्भाशय तथा योनि-द्वार के बीच स्थित होता है। मूलाधार चक्र ही महाशक्ति का प्रतीक है। आज्ञाचक्र 'पीनियल-ग्रंथि' के पास रीढ़ की हड्डी के शीर्ष पर भ्रू मध्य भाग में अवस्थित है। मूलाधार से पिंगला दायीं तथा इड़ा बायीं ओर से बलखाती हुई, बिना एक दूसरे को स्पर्श किये स्वाधिष्ठान, मणिपूर, अनाहत और विशुद्धि चक्रों को क्रमशः पार करते हुए अन्ततः ऊपर आज्ञाचक्र में पहुंचकर बिलीन हो जाती है।

तन्त्र शास्त्र में कहा गया है कि कुण्डलिनी मूलाधार चक्र में तमोगुणों से लिपटी अनन्त निद्रा में अनन्तशक्ति लिये सो रही है। इस प्रकार सुषुम्ना के मूल में स्थित कुण्डलिनी को तामसिक शक्ति माना गया है। इसलिए अगर किसी साधक की कुण्डलिनी बिना इड़ा एवं पिंगला को संतुलित किये जागृत हो जाती है तो वह साधक शारीरिक, मानसिक तथा भावनात्मक उथल-पुथल से पीड़ित हो सकता है। इस तरह जब हम कुण्डलिनी योग की चर्चा करते हैं, तो इड़ा और पिंगला नाड़ी भी स्वयं में महत्त्व रखती हैं। सारे कर्म, संस्कार, नैराश्य अथवा ईर्ष्या आदि जो भी मन एवं प्राण द्वारा सृजित हैं, सभी इड़ा और पिंगला के प्रवाह में ही सूक्ष्म रूप में अवस्थित हैं। अतः जो अच्छे अथवा बुरे, दुखदायी अथवा सुखदायी संस्कार है, उनका क्षय होने से पहिले सुषुम्ना जागृत हो जाये तो आदमी पूर्णता विक्षिप्त, पागल अथवा विध्वंसक हो सकता है।

ऐसा आवश्यक नहीं है कि आत्मज्ञान अथवा ब्रह्मज्ञान की अनुभूतियां सुषुम्ना के जागृत होने पर ही हों। बहुत सारी ऐसी अनुभूतियां हैं जो साधकों को पिंगला की प्राण वायु तथा इड़ा की चेतना से प्राप्त होती हैं। 'हठयोग' स्पष्ट रूप से बतलाता है कि मन एवं प्राणशक्ति के सामंजस्य से ही समाधि प्राप्त होती है। यह सुषुम्ना नाड़ी ही एक मात्र पथ है, जिसमें कुण्डलिनी शक्ति मूलाधार से निकलकर मेरुदण्ड से होते हुए सीधे ऊपर आज्ञाचक्र में लय हो जाती है।

इडा नाड़ी के प्रवाह काल में मस्तिष्क का दायां भाग क्रियाशील होता है और जब पिंगला क्रियाशील होती है तो मस्तिष्क का बायां भाग काम करने लगता है। सुषुम्ना जागृत होती है तो पूरा मस्तिष्क क्रियाशील हो जाता है। सुषुम्ना की सारी शक्ति जिसे हम कुण्डलिनी के नाम से जानते हैं, मूलाधार में स्थित हैं। इसका प्रवाह किसी अन्य नाड़ी के द्वारा नहीं होता है। जब इड़ा व पिंगला एक साथ प्रवाहित होती है, तब इनका ताप एक समान रहता है तथा प्राण और चेतना का अन्तर टूट जाता है एवं अन्यान्य अवस्थायें भी जब समरूप हो जाती हैं तो कुण्डलिनी स्वयं ही सुषुम्ना नाड़ी से उर्ध्वारोहण कर आज्ञा चक्र पहुंचती हैं। यद्यपि कुण्डलिनी का शाब्दिक अर्थ 'गेंडरी' होता है पर तन्त्र शास्त्र में यह शब्द 'कुण्ड' से आया है। जिसका अर्थ 'गहरे' स्थान से है जैसे 'हवन कुण्ड'। कुण्डलिनी वही महाशक्ति है जो इस प्रकार के गहरे स्थान अर्थात् 'कुण्ड' में विराजमान है जिसे हम 'मूलाधार' कहते हैं।

कुण्डलिनी जागरण में सुषुम्ना का अस्तित्व—

तन्त्रशास्त्र में भक्तियोग से लेकर लययोग तक कुण्डलिनी जागरण के अनेकों नियम हैं तथा आयुर्वेद में अनेक जड़ी-बूटियों तथा रसायनों के प्रयोग का वर्णन आया है। इन सभी का एक मात्र लक्ष्य उस स्वप्न को साकार बनाना है जिसमें शिव तथा 'शक्ति' का संयोग अनन्त में विलीन हो जाता है। इसी असीम सुषुप्त शक्ति को जाग्रत करने के लिए बड़े-बड़े योगी लोग कष्ट सहकर व्रत अनुष्ठान तथा योग का अभ्यास करते हैं। इसी केन्द्र बिन्दु पर सनातन धर्म अवस्थित है। तन्त्र शास्त्र की गलत परिभाषा के कारण लोग इससे भय खाते हैं। यहां तक कि वे इसकी निन्दा भी करते है। वे इसे नहीं चाहते, क्योंकि वे इसके विरुद्ध बीभत्स एवं अश्लील धारणा बना बैठे हैं। पर क्या आपको मालूम है ? हमारे धर्म, हमारे संस्कृति की उत्पत्ति ही तन्त्र से हुई है। तन्त्र का अद्वितीय विज्ञान ही योगशास्त्र, वेद एवं सनातन धर्म की जननी है। सभी महान तपस्वी साधक, धर्मशास्त्र एवं साधना आदि की उत्पत्ति तंत्र से हुई है। यही सारे पवित्र ज्ञानों में पवित्रतम ज्ञान, परम शान्ति और आनंद का महाविज्ञान है।

धर्म शास्त्रों में स्पष्ट लिखा है कि जब सुषुम्ना जागृत अवस्था में हो तो साधक को मात्र ध्यान करना चाहिए, क्योंकि अगर सुषुम्ना की जागृत अवस्था में अन्य कोई कार्य किया जाये तो वह तामसिक होगा, क्योंकि सुषुम्ना तमोगुणी, पिंगला रजोगुणी एवं इड़ा सतोगुणी नाड़ी समूहों से सम्बन्धित है। किसी को भी सुषुम्ना को जागृत करने से पहले कुण्डलिनी जागरण का प्रयास नहीं करना चाहिये। यदि आपके पास मोटर कार है पर आपके घर से जाने को सड़क न हो तो क्या करना चाहिए ? उसी प्रकार जब कुण्डलिनी शक्ति जागृत हो तो उसके प्रवाह के लिए उचित पथ होना चाहिए। सुषुम्ना के जागृत होने का अभिप्राय ही 'पाताल लोक' का 'स्वर्ग लोक' के साथ सूक्ष्म सम्पर्क स्थापित करना है।

हठयोग से तैयारी —

सुषुम्ना को जागृत करने के पहले हठयोग द्वारा अर्थात् आसन, प्राणायाम मंत्र आदि के अभ्यास से इड़ा एवं पिंगला की शुद्धि कर लेनी आवश्यक है। हर साधक को यह स्पष्ट रूप में समझ लेना चाहिए कि इस महादेवी, महा-आद्याशक्ति को जागृत करने के पूर्व वह एक पूर्ण एवं कुशल कार्यक्रम बना लें और इसका अभ्यास किसी सूक्ष्म-दर्शी योग्य गुरु के निर्देशन में ही करें।

तन्त्र शास्त्र में आया 'हठ' शब्द दो अक्षरों, 'ह' व 'ठ' के मेल से बना है। ये दो अक्षर दो शक्तियों 'प्राण एवं चेतना', शिव एवं शक्ति, सूर्य एवं चन्द्र तथा गंगा एवं यमुना आदि के द्योतक हैं। हठयोग की परिभाषा को देखकर उसे 'पार्थिव योग' समझना भूल है। मैं सभी को अच्छी तरह बता दूं कि 'हठयोग' किसी प्रकार भी पार्थिव अथवा पदार्थवादी विज्ञान नहीं है। यह इस पार्थिव शरीर में स्थित इन दो महान शक्तियों का

गोपनीय ज्ञान है। हठयोग का उद्देश्य मनुष्य में सुषुप्त 'मानवी' चेतना को जागृत करना है। परन्तु यह केवल शारीरिक स्थूल चेतना ही नहीं है। जब मैं अपने गुरुकुल ऋषिकेश में था तो अपने गुरु स्वामी शिवानन्दजी के हस्तलिखित लेखों को टाइप करता था। उनमें अनेक लेख आसनों पर भी थे। मैंने उनसे एक बार पूछा कि इन आसनों का अभ्यास क्यों आवश्यक है ? जबकि ये मात्र शारीरिक स्वास्थ्य के हेतु हैं। तो उन्होंने कहा—योगाभ्यास शारीरिक व्यायाम नहीं हैं। ये अभ्यास चक्रों को न्यून मात्रा में ऊर्जा देने हेतु किये जाते हैं ताकि जब वे जाग्रत होते हैं तो लोग अचम्भित न हो जायें।

अब हम लोग इसे स्पष्ट रूप में आधुनिक विज्ञान के आलोक में समझ गये। इसी प्रकार प्राणायाम का अर्थ शरीर को अधिक प्राणवायु (ऑक्सीजन) पहुंचाने के लिए गहरी श्वास प्रक्रिया नहीं समझना चाहिए। मात्र ऑक्सीजन ही प्राण-शक्तिदायक नहीं है। मात्र ऑक्सीजन योग के लिए आवश्यक नहीं है, बल्कि प्राणायाम के द्वारा ऑक्सीजन के विखण्डन से जो "ऑक्सीजन आयन" प्राप्त होते हैं वे अमूल्य हैं। उदाहरणार्थ—ऑक्सीजन आयन जिसे हम प्राणशक्ति कहते हैं, अधिक संख्या में नाड़ी शोधन प्राणायाम करने से इड़ा एवं पिंगला नाड़ी के पास अधिक मात्रा में एकत्रित हो जाते हैं। साधारण श्वास की प्रक्रिया में ऐसा नहीं होता हैं। बारी-बारी से दोनों नासिकाओं द्वारा लगातार श्वास-प्रश्वास लेने से इसका घनत्व और समय अभ्यास के साथ बढ़ता जाता है जो अन्ततः संतुलित होकर सुषुम्ना को जागृत करता है।

कुछ लोग जो संस्कृत से अनभिज्ञ हैं 'प्राणायाम' शब्द का अर्थ श्वास नियंत्रण से लगाते हैं पर ऐसा नहीं है। प्राणायाम दो शब्दों 'प्राण और आयाम' के संयोग से बना है। आयाम का अर्थ 'परिमाण' अथवा विस्तार से होता है। भौतिक शरीर जहां रेडियम रश्मि तरंगों तथा विद्युत चुम्बकीय तरंगों का क्षेत्र है, वहीं प्राणशक्ति का भी क्षेत्र है। हम अपने क्रमिक विकास में इस प्राणशक्ति को अब तक मात्र तीन ही स्वरूप में विस्तृत कर सके हैं—पहला स्थूल, दूसरा सूक्ष्म एवं तीसरा हैतुक, जो हमारे जागरण स्वप्न तथा निद्रा की स्थिति है। पर वास्तव में इस चेतना विकास के सात स्वरूप हैं जिनमें से एक को हम देख सकते हैं, दो को स्पर्श कर सकते तथा शेष चार को न देख सकते और न स्पर्श ही कर सकते हैं। ये सात स्वरूप हैं—भूः, भूवः, स्वः, महः, जनः, तपः एवं सत्यम्। चेतना के सात अधिष्ठान सात चक्रों के अनुरूप हैं। प्राणायाम की आवश्यकता प्राणशक्ति का इन सातों स्वरूपों में संचार कर समाधि तथा इसके भी ऊपर की स्थिति में ले जाने के लिए है।

अगर इन कर्मेन्द्रियों एवं ज्ञानेन्द्रियों को नियंत्रण करने वाली इस प्राणशक्ति का अपने उद्गम मूलाधार से सम्बन्ध विच्छेद कर दिया जाये तो कुण्डलिनी जागृत होती है। जब हनुमानजी सूर्य को निगल गये अर्थात् पिंगला नाड़ी में प्राणों का संचार बन्द हो गया, तबहृदय एवं मस्तिष्क की गति भी रुक गई तथा अन्य अंग भी निष्क्रिय हो गये वे

जाग्रत, स्वप्न, निद्रा तीनों अवस्थाओं का अतिक्रमण कर गये जिससे कि तीनों लोकों में अंधियारा छा गया। स्पर्श, स्पन्दन एवं मस्तिष्क की अनुभूति भी रुक गई तो इस स्थिति को बन्ध अर्थात मूलबन्ध, उड्डियान बन्ध तथा जालन्धर-बन्ध द्वारा प्राप्त किया जा सकता है। जब आप इन बन्धों का अभ्यास प्राणायाम के साथ करते हैं तो इसका तात्पर्य है कि आप 'प्राण' को किसी अन्य विशिष्ट 'आयाम' अर्थात् कुण्डलिनी की ओर प्रवाहित करते हैं। प्राणायाम 'प्राण' को उत्तेजित करता है तथा बंध इसे विलय होने से रोककर उपयुक्त केन्द्र की ओर अग्रसरित करता है।

अनुसन्धानों से पुष्टि—

गत २०-३० वर्षों से विज्ञान भी कुण्डलिनी के जागरण से शरीर एवं मन में होने वाले परिवर्तनों पर अनुसन्धान कर रहा है। इस संदर्भ में जापान के डॉक्टर हिरोशी मोटोयामा ने कम्प्यूटर चालित पालिग्राफ मशीन से ई. ई. जी., जी. एस. आर. एवं ई. सी. जी. की जांच तथा श्वास में हुए परिवर्तन का बड़े-बड़े योगियों एवं साधकों पर परीक्षण किया। उन्होंने आत्मा से संबंधित जागृत केन्द्रों का परीक्षण किया और पाया कि उनकी क्रियाशीलता में अपार अन्तर है। उनके परीक्षण में पाया गया कि कुण्डलिनी के जागरण से वास्तव में शारीरिक एवं मानसिक परिवर्तन होते हैं, विशेषकर उन स्वचालित स्नायुओं में जो जागृत चक्रों से संबंधित रहते है। ऐसे योगी उन स्वचालित स्नायुओं पर भी नियंत्रण कर सकने में सक्षम होते है और कुछ समय के लिए अपने हृदय की गति को भी रोक सकते हैं। शरीर और मन में बहुत ही नजदीकी मानस-बोध और उससे शरीर एवं मन में हुए परिवर्तनों का अतिक्रमण कर सकने में सक्षम होते हैं। इस अनुसन्धान से स्पष्ट तौर पर इस महान शक्ति का होना प्रमाणित हो गया है। प्रारम्भ में हठयोग, आसन एवं प्राणायाम का ध्येय साधक को कुण्डलिनी योग साधना के लिए तैयार करना मात्र है, क्योंकि कुण्डलिनी के जागरण के पूर्व शरीर को उसकी शक्ति को संभालने की शक्ति से युक्त तथा स्नायुओं का स्वस्थ, समर्थ एवं परिपुष्ट होना आवश्यक है। जब ये सारी साधनायें पूरी हो जायें तो ध्यान का अभ्यास प्रारम्भ होता है।

क्रियाओं का समन्वय—

योग में कुछ साधक ऐसा समझते हैं कि ध्यान का अर्थ एकाग्रता से है लेकिन तंत्र एवं कुण्डलिनी योग में इस एकाग्रता को मन के ऊपर अन्याय करना बतलाया गया है क्योंकि इससे मन के प्रवाह को रोक दिया जाता है। आप मन को निर्देश दे सकते हैं पर रोक नहीं सकते। आप क्रियायोग में पायेंगे कि मन को किसी एक बिन्दु पर एकाग्र करने के लिए एकाग्रता आवश्यक नहीं है। ध्यान का लक्ष्य मन की प्रकृति को बदल देना नहीं हैं, और न वह संभव है, क्योंकि मन कोई भौतिक, दार्शनिक, धार्मिक या जातीय इकाई नहीं है। यह जीवन का एक ओज है, चित्त की एक वृत्ति है, एक रचना है। इसलिए कुण्डलिनी योग में चित्त की उस प्राकृतिक वृत्ति से व्यर्थ लड़कर समय गँवाना उप-

युक्त नहीं है, क्योंकि चित्त तीन गुणों, सत्त्व, रजस् एवं तमस् का सृजन है। मन प्रकृति का ज्येष्ठ भ्राता है और प्रकृति में ही सभी गुण तथा रूप का उद्भव है।

तब हम लोग क्या करें? किसी उत्तम आसन सिद्धासन या पद्मासन में बैठ जायें। पहले नाड़ी शोधन क्रिया का अभ्यास करें। फिर मन-शोधन, चित्त-शोधन एवं प्राण-शोधन की क्रिया कुछ वर्षों तक करें। प्रथमतः नाड़ी शोधन प्राणायाम द्वारा पुनः मन-शोधन हठयोग द्वारा, चित्त-शोधन प्रत्याहार द्वारा एवं प्राणशोधन का क्रियायोग द्वारा अभ्यास करें। ये सभी प्रारम्भिक स्तर हैं। जब ये अभ्यास पूरे हो जायें तो इनके बीच में गायत्री मंत्र का भी समावेश कर देना चाहिये। जैसे—नाड़ी शोधन प्राणायाम के अभ्यास में पूरक, अन्तरंग—कुंभक, रेचक एवं बहिरंग कुंभक के बीच मंत्र का परिवेश—(१ : २ : २ : १) के अनुपात में करें। अन्तरंग कुंभक में जालंधर बंध व मूलबंध एवं बहिरंग कुंभक में जालंधर, उड्डियान व मूलबंध लगायें, पर यह अनुपात बराबर बना रहे। नाड़ीशोधन के एक चक्र के बाद थोड़ी देर चिन्मुद्रा में रहें तथा अपनी दृष्टि को आंखें बन्दकर नासिकाग्र पर स्थित करें। इस प्रकार नासिकाग्र के ऊपर दृष्टि करने से मूलाधार झंकृत होता है क्योंकि नासिकाग्र तथा मूलाधार सीधें जुड़े हुए हैं एवं नासिकाग्र घ्राण अंग है। इसके देवता गणेश हैं और पृथ्वी इसका तत्त्व है। मूलाधार का भी तत्त्व पृथ्वी ही है, जिसका गुण घ्राण है। इस गुण का वाहक हाथी है।

अपनी दृष्टि को नासिका के अग्र भाग पर केवल दो या तीन मिनट ही रखें। जब आपकी प्राणशक्ति शान्त एवं स्थिर हो जाये तो आप नाड़ी शोधन का दूसरा चक्र फिर से आरम्भ करें और नासिकाग्र दृष्टि का अभ्यास करें। इस तरह बंध के साथ-साथ नाड़ी-शोधन, अनुलोम-विलोम प्राणायाम का अभ्यास अपने मंत्र अथवा गायत्री मंत्र के प्रवेश के साथ पांच बार करें। अगर गायत्री मंत्र है तो इसके एक जाप को एक इकाई मानें। अगर यह कोई अन्य मैंत्र है तो इसका अनुपात आपको समर्थता के अनुरूप होना चाहिए।

स्पष्टीकरण—

उस पारलौकिक शक्ति को देख पाना हर व्यक्ति के लिए सम्भव नहीं है। यद्यपि हर व्यक्ति युगों से इसकी कामना करता आया है। पर हर कामना के लिए मन में उसका आधार होना चाहिए, क्योंकि हर व्यक्ति मन से ही अनुभव करता है, भावना से ही विचारता है तथा ज्ञान से ही आंकता है। अतः क्या आपने अपनी बुद्धि को प्रशिक्षित किया है? अगर नहीं तो पहले इसे करो। कुण्डलिनी के जागरण का प्रभाव हमारे स्थूल शरीर पर भी पड़ता है। इसीलिए कुण्डलिनी योग का अभ्यास प्रारम्भ करने के पहले अपने स्थूल शरीर को विष विहीन व शुद्ध करना आवश्यक है। अतः वह शरीर जो योगाग्नि से तपाकर विशुद्ध किया जा चुका है, कुण्डलिनी के जागरण हेतु सबसे स्थायी तथा विश्वसनीय योग्य आधार है।

जब कुण्डलिनी जागृत होती है, वह क्षण जीवन का ऐतिहासिक क्षण होता है। उस समय मनुष्य अपने पाशविक स्वरूप को त्याग कर, विचारों को त्यागकर, विशुद्ध भावनाओं, विचारों और सूक्ष्म चेतना के उत्तम सिंहासन पर विराजमान हो जाता है। जीवात्मा के इस उत्थान में निश्चय ही ऐतिहासिक सीमा रेखायें होती हैं। जीव के विकास की यह यात्रा सर्वप्रथम वनस्पतियों से प्रारम्भ होकर छोटे-छोटे जीव-जन्तु, पक्षियों, जानवरों आदि से पारकर अन्ततः मनुष्य के रूप में अवतरित होती है। मनुष्य जब अपनी चेतना में जीता है, तो वह तर्क एवं गणित के आधार पर जीता है। इस प्रकार कुण्डलिनी का जागरण मनुष्य के जीवनकाल में सचमुच एक सीमा रेखा है, जब वह तर्क के संसार से बिल्कुल हटकर आन्तरिक ज्ञान के संसार में प्रवेश कर जाता है। पतंजलि ने अपने योग सूत्र में लिखा है—"ऋतम्भरा तत्र प्रज्ञा" अर्थात् तत्त्वज्ञानी की परम चेतना पूर्ण ज्ञान से परिपूर्ण हो जाती। पर यह "ऋतम्भरा" पूर्ण ज्ञान का आधार उस परम नियत का परम ज्ञान है। वेद में कहा गया है कि यह संसार दो तत्त्वों से बना है, वह है ऋतम् और सत्यम्। 'सत्यम्' अर्थात् मन की सापेक्ष अनुभूति। जो परिवर्तनशील है, और ऋतम् जो पूर्णतया सत्य तथा अपरिवर्तनीय है। "ऋतम्भरा प्रज्ञा" का आधार वह सर्वोत्तम ज्ञान है, जिसे शब्दों की परिभाषा में बताया नहीं जा सकता। कुण्डलिनी योग का ध्येय मनुष्य की चेतना का इस प्रकार सम्पूर्ण परिवर्तन करना है, जिसे पहले बुद्धि से भी नहीं जाना जाता था। कुण्डलिनी का जागरण मनुष्य जीवन का वह महान काल है, जब उसका चित्त सर्वोच्च चेतना में अवतरित हो जाता है।

छोटे-छोटे बच्चे, युवा एवं विचारवान् व्यक्ति, चाहे वे किसी भी धर्म के मानने वाले हैं, उत्तरोत्तर चेतनशील होते जा रहे हैं। वे समझना चाहते हैं कि वे अपनी सीमाओं को कैसे पार करें। वे अपने जीवन का ध्येय तथा अन्त जानना चाहते हैं, जिसके लिए वे लगातार क्रियाशील हैं। कृपया ऐसा नहीं सोच बैठें कि कुण्डलिनी योग के विज्ञान को बताते समय हम मनुष्य जाति को कर्म विमुख कराना चाहते हैं। यह ध्यान रहे कि भारत के सारे शक्तिशाली एवं क्रियाशील आन्दोलनों में संन्यास एक ऐसा ही आन्दोलन रहा है। अगर भारत का कोई इतिहास है तो वह ऋषियों, संन्यासियों और महात्माओं का इतिहास है। उन्हें अलग कर दो तो तब न अपना कोई साहित्य, न कोई धर्म और न कोई संस्कृति ही रह जाती है। अगर कोई बात जिससे हमें विमुख होने का विचार करते हैं, तो वह मात्र यह है जिसमें मनुष्य अपने आवेग तथा मानसिक उथल-पुथल से पृथक् हो सके, जिसमें कि वह लगातार जूझ रहा है।

सारे संसार के लोग "सत्य क्या है" यह जानने की इच्छा कर रहे हैं। क्या यही कुण्डलिनी जागरण है? क्या यह किसी मन्दिर, मस्जिद या गिरिजाघर में मिल सकता है? क्या इसे धर्मपुस्तकों में पा सकते हैं? हम लोग सदा से इसकी खोज करते चले आ रहे हैं, जिन्हें मैंने जाना है, जीवन में अनुभव किया है। मैं अन्य कोई बात मानने को तैयार नहीं हूं सिवाय यौगिक व्यवहार के। यही एक पथ मनुष्य जीवन के चरम विकास हेतु

सबों के लिए समान रूप से खुला हुआ है। इसके प्रयोग कुछ एक ही हैं। यह आपको अपना व्यवसाय बदलने को नहीं कहता और न आपको अपने परिवार को और न इस विश्वास को तोड़ने को कहता है कि वैवाहिक जीवन एक पाप का जीवन नहीं है। विश्व के इतिहास में तंत्र तक ऐसा दर्शन है, जिसने विवाह को संस्कार माना है। विवाह सूत्र पवित्रतम बन्धन है, जो एक पुरुष और नारी के बीच हो सकता है। यह धर्म माना जाता है और योग का प्रारम्भिक दर्शन है। यह कुडलिनी योग का शिलालेख है जिस पर कुण्डलिनी आधारित है। योगशास्त्र का ध्येय मात्र एक ही है कि संसार के लाखों-लाखों लोगों को जो कामुक, पाशविक, अथवा सात्त्विक प्रवृत्ति के हैं, उन्हें जैसे भी हो कुण्डलिनी के जागरण हेतु तैयार किया जाये। इसी कारणवश धर्म और कर्म का आविर्भाव हुआ। आश्रम एवं मन्दिर बनवाये गये तथा गुरु-शिष्य की परम्परा चली। जैसे किसी गृहस्थ के लिए अपनी सारी समस्याओं, जिम्मेदारियों, मानसिक, नैतिक व्यवधानों के होते हुए भी उसका ध्येय मात्र एक ही होता है—परिवार का भरण-पोषण करना। उसी प्रकार साधकों को भी उस महाशक्ति के जागरण की तैयारी हर स्थिति में करते जाना चाहिए। अगर मन में यही मूल धारणा है तो सिद्धि और सफलता अवश्य मिलेगी।

अपनी परख

यह मैं बतला दूं कि इस अनुभव के लिए शीघ्रता नहीं करनी है। पहले आप अपने को आंक लें तथा तौलें कि क्या आप उस पराशक्ति को देखने एवं सहन करने के योग्य हैं। पहले आप काम, क्रोध, भय, ईर्ष्या, द्वेष वैराग्य, बीते हुए दुःख एवं निजी जनों की मृत्यु से दुखी होने आदि सांसारिक झंझावातों को सहने की शक्ति पा लो। जब आप जीवन की इन छोटी-छोटी घटनाओं में अपना संतुलन बनाये रख सकें और जब जीवन की सारी समस्याओं का पलड़ा आपके विमुख हो, यदि उनमें भी आप अपने को निर्द्वन्द्व और प्रसन्नचित्त रख सकें तब आप समझो कि आप कुण्डलिनी योग के सच्चे आकांक्षी हो। जब ये साधनायें सारी पक्की हो जायें तो आप बैठ जायें तथा अपनी क्रियाओं का अभ्यास आरम्भ करें और बम-विस्फोट होने की प्रतीक्षा करें और तब प्रचण्ड शक्ति लिये कुण्डलिनी अपनी निद्रा से जागेगी। अगर आपकी साधना पक्की है तो आपको कोई खतरा नहीं होगा। आप सृजनात्मक शक्ति के मालिक बनेंगे और वह जीवन का एक ऐतिहासिक तथा अविस्मरणीय क्षण होगा।

हठयोग और कुण्डलिनी जागरण

—स्वामी सत्यानन्द जी महाराज

योग विज्ञान ने कोई अद्‌भुतता प्रकट नहीं की है बल्कि मनुष्य की अपनी गुप्त शक्ति के जागरण की आशा की पूर्ति की है। जब मनुष्य अज्ञान से घिरा था उस समय वह अपने अस्तित्व को स्थूल रूप में शरीर, मन व भावना तक ही जान पाया और तब वह दुःख के बवण्डर में घिर गया। मगर लगता है ब्रह्माण्डीय चेतना अपना चक्र पूरा कर रही है और अब धीरे-धीरे मनुष्य अपनी मूल प्रकृति की खोज के लिए उत्सुक हो गया है।

मनुष्य ने अपने को शरीर व मन तक ही सीमित कर लिया है और इसलिए अब उसे परम आत्मा का अनुभव या दर्शन करना बड़ा कष्टसाध्य कार्य मालूम पड़ रहा है। कैसे अपने को स्थूल प्रकृति से अलग करें और किस प्रकार उस उच्च चेतना से संबंध स्थापित करें ? केवल अपनी सुषुप्त कुण्डलिनी शक्ति को जागृत करके ही हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते है। योग के पास सर्व-साधारण के लिए आसान कुण्डलिनी जागरण की नियमित और वैज्ञानिक पद्धति, है जिसे बिना किसी विशेष परिश्रम के साधा जा सकता है।

योग शास्त्र के अनुसार कुण्डलिनी या आध्यात्मिक शक्ति के जागरण में हठ-योग महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ठीक उसी प्रकार जैसे—एक मोटर गाड़ी में ब्रेक, एक्सीलेटर और स्टीयरिंग में सामंजस्य की आवश्यकता है; हमारे शरीर के विभिन्न संस्थानों में सामंजस्य जरूरी है। हठयोग का वास्तविक अर्थ है शरीर की प्रमुख शक्तियों में संतुलन।

दो शक्तियों में संगति

इन दो शक्तियों में एक है—सूर्य शक्ति जिसका प्रतिनिधित्व 'ह' अक्षर करता है और दूसरी है चन्द्र शक्ति जिसका प्रतिनिधित्व 'ठ' अक्षर करता है। आधुनिक विज्ञान के अनुसार चन्द्रशक्ति मनुष्य के मानसिक क्रिया-कलाप से सम्बन्धित है जिसमें—जानना, विचारना, तर्क-वितर्क करना, स्मृति, सत्-असत् विवेक आदि गुण सम्मिलित हैं। सूर्य शक्ति का सम्बन्ध शारीरिक कार्य व जीवनचर्या,श्वसन, पाचन, रस-स्राव, रक्त-परिभ्रमण आदि से है।

जब मानसिक और प्राणिक शक्ति में संगति होती है तब योग सहज व सरल हो जाता है। इसकी संगति मिलाना बड़ा कठिन है। अधिकतर लोगों में या तो सूर्य शक्ति की प्रधानता होती है या चन्द्र शक्ति की। सूर्य शक्ति अधिकता रजोगुण का कारण होती है, चन्द्र शक्ति की प्रधानता तमोगुण का कारण होती है। सूर्य शक्ति के कारण व्यक्ति अति संवेदनशील होता जाता है और चन्द्र शक्ति के कारण उदासीन। यदि आप इन

दो शक्तियों में सम-रसता चाहते हैं तो आपको अति उदासीनता या अति उत्तेजना को नियन्त्रित करना होगा।

शरीर में इन दोनों शक्तियों को मन व प्राण नाम दिये गये हैं। आधुनिक वैज्ञानिक भाषा में हम उन्हें सिम्पेथेटिक और पैरा-सिम्पेथेटिक नर्वस सिस्टम कहते हैं। ये दोनों प्रणालियां सम्पूर्ण शरीर के क्रिया-कलापों को नियन्त्रित करती है। इन दोनों में असंतुलन व्यक्ति को या तो पागलखाने ले जायगा या कारावास।

नाड़ियों की शुद्धि

हठयोग के ग्रन्थों के अनुसार हमारे शरीर में बहत्तर हजार नाड़ियां हैं जो शरीर के विभिन्न क्रिया-कलापों को चलाती हैं। इनमें इड़ा और पिंगला शरीर में दो प्रमुख नाड़ियां मानी गयी हैं। पिंगला नाड़ी सूर्य शक्ति की प्रवाहिनी होती है तथा इड़ा नाड़ी चन्द्र शक्ति या मनस् शक्ति की प्रवाहिनी। ये दोनों नाड़ियां रीढ़ की हड्डी में प्रवाहित होती है—इड़ा बायीं तरफ और पिंगला दाहिनी तरफ। रीढ़ की हड्डी की विभिन्न ग्रन्थियों से इड़ा और पिंगला की शाखायें शरीर के विभिन्न अंगों की ओर वितरित हो जाती हैं। आप इसे बिजली के पावर हाउस के उदाहरण से समझ सकते हैं। हाई-टेंशन पावर हाउस से बिजली बाहर लाते हैं, उनके करेंट को ट्रान्सफार्मर में लाया लाया जाता है और वहां की डोमेस्टिक लाइन द्वारा बिजली घर-घर में पहुंचाई जाती है।

उसी प्रकार इड़ा-पिंगला महत् शक्ति को लेकर चलती हैं। चक्र स्थानों से शक्ति का वितरण होता है। इस प्रकार मनस् और प्राण शक्ति सभी अंगों को प्राप्त होती रहती हैं। यदि प्रवाह सरल न हुआ, उसमें अवरोध है तो आपको शारीरिक या मानसिक थकान का अनुभव होगा। अनावश्यक अत्यधिक चिन्ता या विचार के कारण नाड़ियां कमजोर, अशुद्ध और शक्ति-प्रवाह के अयोग्य हो जाती हैं। अतः हठयोग में नाड़ियों की शुद्धि का बड़ा ही महत्व है।

सुषुम्ना नाड़ी

इड़ा-पिंगला के अलावा एक और प्रमुख नाड़ी है, जिसे सुषुम्ना कहते हैं। यह रीढ़ की हड्डी के मध्य से प्रवाहित होती है। यह महत् शक्ति को ले जाने वाती नाड़ी है। हम कह सकते हैं कि इड़ा-पिंगला स्थूल शक्ति का निर्माण करती हैं और सुषुम्ना सूक्ष्म शक्ति का। मनस् व प्राण शक्तियां सीमित हैं और सुषुम्ना की शक्ति असीम है। अतः हठयोग का प्रमुख उद्देश्य हैं, इस सीमित शक्ति को असीम शक्ति से जोड़ना, अतः हम कह सकते हैं कि कि हठयोग केवल शारीरिक योग नहीं यह उच्च अभ्यास है जो शरीर के माध्यम से किया जाता है। शुद्धिकरण की षट्-क्रिया आसन प्राणायाम मुद्रा बंधों के अभ्यास को मात्र शारीरिक स्तर तक ही सीमित कर देना उचित नहीं।

आसनों का उद्देश्य

यद्यपि लोग आसनों का रोगोपचार के लिए उपयोग कर रहे हैं, किन्तु यह उनका

मूल उद्देश्य नहीं है। मैं भी एक समय ऐसा ही सोचा करता था कि योग आसन केवल शारीरिक व्यायाम मात्र है; मगर अब मैं जान गया हूं कि कुण्डलिनी जागरण के लिये योगासन का अभ्यास जरूरी है। जब मैं अपने गुरु शिवानन्दजी के साथ था तो मैं उनके योग प्रवचनों को टाइप किया करता था। जब उन्होंने लिखा कि सर्वांगासन विशुद्धि चक्र को, भुजंगासन मणिपूर चक को व शीर्षासन सहस्रार चक्र को जगाते हैं, तो मुझे इस बात पर विश्वास न हुआ। एक बार मुझे स्वामीजी से इस विषय पर बात करने का मौका मिला—स्वामी जी ने समझाया कि किस प्रकार आसनों से चक्रों का मृदु जागरण होता है। अब तो मुझे इस बात पर पूर्ण विश्वास हो गया है। अतः जब आप आसनों का अभ्यास करते हैं तो विभिन्न चक्रों पर उनका प्रभाव पड़ता है।

प्राणायाम प्रक्रिया

प्राणायाम के अभ्यास के द्वारा हम अपने प्राणिक शरीर में सुव्यवस्था उत्पन्न करते हैं। जहां प्राणशक्ति की कमी होती है, उस अंग को प्राण पूर्ति की जाती है। जब आपको मूलाधार या सहस्रार में प्राणों की आवश्यकता हो, वहां इसकी पूर्ति करने की आपमें सामर्थ्य होनी चाहिये। जब आप ध्यान के लिए बैठते हैं, तो ऊपरी भाग में अधिक प्राणशक्ति की जरूरत होती है और जब आप भोजन करने बैठते हैं, तो निचले भाग में प्राणशक्ति की जरूरत होती है। उसी प्रकार जब आप योगनिद्रा का अभ्यास करते हैं या सोते हैं, उस समय सम्पूर्ण शरीर में प्राण वितरित होना चाहिए। जब आप प्राणायाम के अभ्यास सिद्ध कर लेंगे तभी आप आवश्यकतानुसार प्राण प्रवाहित कर सकेंगे।

प्राणायाम प्राणशक्ति को बढ़ाता है और वह स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, मगर प्राणायाम साधारण श्वास-प्रश्वास से भिन्न एक महत्त्वपूर्ण अभ्यास है। यह सुषुप्त कुण्डलिनी को जगाता है। नाड़ी शोधन, भस्त्रिका, कपालभाति, शीतली व शीतकारी आदि विभिन्न प्राणायाम इसी उद्देश्य की पूर्ति के साधन हैं। प्राणायाम और मन्त्र का संयोजन बड़ा ही शक्तिशाली होता है, कहते हैं यही योग की उचित परिभाषा है।

प्राणों का परिचय

प्राण को हम श्वास के साथ लेते हैं। हम प्राणों के साथ ही पैदा हुए हैं। हमारे अन्दर प्राणों का प्रादुर्भाव माता के गर्भ में ही हुआ। ब्रह्माण्ड के सभी क्रियाकलाप प्राणों की वजह से ही हो रहे हैं। यदि प्राण न होते सृष्टि का अस्तित्व ही न होता। यदि आप प्राणों के विषय में समझना चाहते हैं तो आपको अपने अस्तित्व के विषय में समझना होगा। जहां जीवन का अस्तित्व नहीं वहां प्राण नहीं। प्राण के विखण्डन के कारण ही ब्रह्माण्ड का उदय हुआ।

प्राण के दो पहलू हैं लघु ब्रह्माण्ड और बृहद् ब्रह्माण्ड। मैं आपको बृहद् ब्रह्माण्डीय प्राणों के विषय में नहीं बताऊंगा, वह बहुत ही जटिल विषय हो जायगा।

लघु ब्रह्माण्डीय प्राण पक्ष जो आपमें और मुझ में विद्यमान है और सभी विषयों में विद्यमान है, वृहद् ब्रह्माण्ड का स्थूल रूप है। हम प्राण के सूक्ष्म रूप के विषय में नहीं सोच पाते हैं; यह परिवर्तनीय है। जिस प्रकार पदार्थ शक्ति रूप में प्रगट होता है और शक्ति पदार्थ में, उसी प्रकार प्राण को क्रिया में परिवर्तित किया जा सकता है व क्रिया को प्राण रूप में। इसीलिए हठयोग में प्राणों के विज्ञान को सर्वोपरि माना है।

इड़ा, पिंगला व सुषुम्नाका योग

मनुष्य शरीर में प्राणों के इस विज्ञान में दो स्थान बहुत महत्त्वपूर्ण माने गये हैं—एक है रीढ़ के आधार में मूलाधार चक्र, दूसरा है आज्ञाचक्र जो रीढ़-केन्द्र के सबसे ऊपरी छोर के समानान्तर है। इड़ा, पिंगला, सुषुम्ना मूलाधार से आरम्भ होती हैं और आज्ञा में समायोजित हो जाती हैं। कुण्डलिनी मूलाधार में सोई पड़ी है। जब वह जागती है तो सुषुम्ना मार्ग से ही ऊपर उठती हैं। इड़ा-पिंगला व सुषुम्ना मार्ग से ही ऊपर उठती है। इड़ा-पिंगला व सुषुम्ना एक जैसी नहीं चलतीं; प्राणायाम के अभ्यास से ही इनमें संगति बैठती है। जब आप त्राटक या कपालभाति का अभ्यास करते हैं, तो इनमें सामंजस्य स्थापित होता है। जब इनमें सामंजस्य स्थापित होता है, तब दिव्य शक्ति प्रवाहित होने लगती है।

आज्ञाचक्र के जागरण एवं शक्ति की तीनों प्रवाहिनियों को मिलाने के लिए शांभवी मुद्रा का अभ्यास बड़ा ही उपयोगी है। आंखें खोलकर दोनों गोलकों को भ्रूमध्य में जमाकर बैठना। आरम्भ में आपको एक अंगुली का सहारा लेना होगा, बाद में इसकी आवश्यकता नहीं रह जाती। शांभवी मुद्रा से इड़ा, पिंगला व सुषुम्ना का योग होता है और कुण्डलिनी शक्ति प्रवाहित होती है।

जब यह शक्ति प्रवाहित होती है, तो साधक को कई अद्भुत अनुभूतियां होने लगती हैं। चेतना प्रबोधन के रूप में प्रकट होती है। यह आध्यात्मिक अनुभव है। कई बार आप ज्योतिपुंज के दर्शन कर सकते हैं, कई लोग अग्निशिखा देखते हैं; जिसका प्रकाश बढ़ता जाता है। यह इड़ा, पिंगला और सुषुम्ना का संकेत है। यही हठयोग का अन्तिम उद्देश्य है।

प्राण और कुण्डलिनी

जब आप हठयोग का मूल अर्थ खोजेंगे तो आपको मालूम होगा इड़ा-पिंगला और सुषुम्ना का योग ही हठयोग है। इसका दूसरा अर्थ हुआ—लघु ब्रह्माण्डीय प्राण शक्ति का वृहद् ब्रह्माण्डीय शक्ति या आध्यात्मिक शक्ति में समायोजन ही हठयोग है। अतः वह साधक को उसके अन्तिम लक्ष्य प्राणोत्थान तक पहुचने का साधन है। प्राण क्या है? प्राण और कुण्डलिनी पर्यायवाची शब्द हैं। प्राणों का उत्थान कुण्डलिनी का जागरण है। कुण्डलिनी जागरण द्वारा आप ब्रह्माण्डीय प्राणों में स्वयं को समायोजित करते हैं।

कुण्डलिनी लघु प्राणशक्ति है। इसका प्रतीकात्मक रूप सर्पिणी के समान है किन्तु आप इसे किसी भी रूप में मान सकते हैं। प्राण का कोई आकार नहीं होता यह असीम शक्ति है। हम सभी प्राणों के ही स्वरूप हैं।

कुण्डलिनी साधना के सम्बन्ध में कुछ प्रश्न और उनके समाधान

—स्वामी सत्यानन्द जी महाराज

कुण्डलिनी क्या चीज है और उसका शरीर पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

मानव शरीर में रीढ़ की हड्डी के मध्य में ६ भिन्न-भिन्न महत्त्वपूर्ण व सूक्ष्म केन्द्र हैं जिनको आध्यात्मिक भाषा में चक्र के नाम से संबोधित किया जाता है। इसमें सबसे नीचे का चक्र मूलाधार है, और इसके ऊपर क्रमशः स्वाधिष्ठान, मणिपूर, अनाहत, विशुद्धि और आज्ञा चक्र स्थित हैं। हर एक चक्र में एक शक्ति का पुंज विद्यमान रहता है। इसका मतलब हुआ कि ये चक्र मस्तिष्क से सम्बन्धित हैं और जो अभी काम नहीं कर रहे हैं। विविध साधनाओं के अभ्यास से इन चक्रों को जागृत कर क्रियाशील बनाया जाता है और तब मस्तिष्क के अन्य चक्रों से सम्बन्धित भाग भी सजग हो जाते हैं।

आप जानते हैं कि मस्तिष्क में अतीद्रिन्य शक्तियां विद्यमान हैं लेकिन साधारण मनुष्य इन शक्तियों का उपयोग नहीं कर सकता। मनुष्य का विकास मानसिक स्तर तक हुआ है, लेकिन इसके आगे अभी वह बढ़ नहीं सका है। मस्तिष्क में अतीद्रिन्य शक्तियों के जो केन्द्र हैं, वे इन चक्रों से सम्बन्धित हैं। इसलिए चक्रों को जागृत करने से अतीन्द्रिय शक्तियां भी जागृत हो जाती हैं।

जिस प्रकार शारीरिक विकास की अनेक पद्धतियां होती हैं, उसी प्रकार मानसिक विकास की भी पद्धतियां होती हैं। मन का विकास जब एक सीमा को पार करता है, तब शरीर की अतीन्द्रिय शक्तियों का विकास स्वयमेव होने लगता है। अतीन्द्रिय शक्तियों का प्रतीक है कुण्डलिनी।

कुण्डलिनी का अर्थ होता है 'गहरी और खाली जगह'। शास्त्रों में कुण्डलिनी का वर्णन साढ़े तीन कुण्डल मारे हुए सर्प के रूप में किया गया है। तीन कुंडल त्रिगुणों के प्रतीक हैं और आधा कुंडल त्रिगुणातीत अवस्था का प्रतीक है। देवी या जगन्माता भी कुण्डलिनी का प्रतीक है। जो शक्ति विश्व की सभी शक्तियों का आधार है उसी का प्रतीक है सर्पाकार कुण्डलिनी।

इस पार्थिव शरीर में हड्डी, मज्जा एवं मांस के परे एक शक्ति विद्यमान है जो विश्व शक्ति का रूप है। यह हर एक व्यक्ति में सुषुप्तावस्था में रहती है और इसको जागृत करने से उस व्यक्ति का संपूर्ण व्यक्तित्व जागृत हो जाता है। तब वह व्यक्ति शरीर

और मन के ऊपर उठ जाता है। कुण्डलिनी योग का यही सिद्धान्त है।

तंत्र शास्त्र का सिद्धान्त है कि पदार्थ शक्ति का स्वामी है। पदार्थ में शक्ति सुषुप्तावस्था में रहती है। पदार्थ की क्रियाओं को देखा जा सकता है किन्तु शक्ति पदार्थ में रहते हुए भी अदृश्य है। सृष्टि की यही अवस्था है। सृष्टि में पदार्थ की सत्ता दिखाई देती है शक्ति की नहीं। तंत्र शास्त्र में पदार्थ को शिव कहा गया है। शक्ति तीन प्रकार की होती है—सृजनात्मक, स्थित्यात्मक और संहारात्मक। पदार्थ में ये तीन प्रकार की शक्तियां विद्यमान रहती है। वस्तुतः पदार्थ और मन एक ही वस्तु है और इन दोनों से ढंकी हुई रहती है शक्ति।

विश्व में जितने भी शक्ति पदार्थ हैं वे 'शिव' हैं। हिन्दू लोगों में शिव की एक कल्पना होती है, लेकिन मैं 'शिव' शब्द का अर्थ समझता हूं। शक्ति प्रत्येक पदार्थ में सूक्ष्म रूप से विद्यमान रहती है। जब शक्ति जागृत हो आती है तो शक्ति पदार्थ का स्वामी बन जाती है, शिव बन जाता है। कुण्डलिनी योग का यही उद्देश्य है। शिव और शक्ति में अभेद की स्थापना करना। आपने शायद शिव को मनुष्य के रूप में सोते हुए और शक्ति को काली के स्वरूप में उनकी छाती पर पैर रखकर नाचते हुए दृश्य का चित्र देखा होगा। यह शक्ति के जागृत होने का प्रतीक है।

शक्ति जागृत होते समय विकराल व भयंकर रूप धारण करती है। शक्ति का विस्फोट होते समय वह दृश्य कितना प्रलयंकारी होता है, यह आप किसी वैज्ञानिक से पूछ सकते हैं। शरीर, इन्द्रिय, मन और प्राण ये सब पदार्थ के विभिन्न रूप हैं। संपूर्ण सृष्टि पदार्थ का ही रूप है। जो कुछ इन्द्रियों से जाना जा सकता, वह आत्मा है। अब तक तीनों चीजों को देखा गया। वे हैं पदार्थ, शक्ति और आत्मा।

प्रश्न—आध्यात्मिक यौन क्रिया का किसी भी व्यक्ति के साथ अभ्यास किया जा सकता है क्या? इसमें किन नियमों का पालन करना पड़ता है? जिस व्यक्ति के साथ इसका अभ्यास करना पड़ता है, उसके सम्बन्ध में क्या कोई जिम्मेदारी उठानी पड़ती है?

सभी प्राणियों के बीच पारस्परिक संघर्ष होता रहता है। प्राणियों में चार स्वाभाविक कामनायें होती हैं। लेकिन मनुष्य में एक महत्त्वपूर्ण कामना और भी है, और वह है अपने अस्तित्व का ज्ञान।

दूसरे प्राणी अविद्या के अंधकार से घिरे हुए हैं। वे अपने स्वभाव के अनुसार चलते हैं। मनुष्यों की भांति अपने प्रति सजग नहीं हैं। प्राणियों को सुख-दुःख का अनुभव होता है। वे परिस्थिति का प्रतिकार करते हैं, लेकिन उनको मालुम नहीं रहता कि उनको सुख-दुख का अनुभव होता है। वे परिस्थिति का प्रतिकार करते हैं, लेकिन उनको मालूम नहीं रहता कि वे ऐसा क्यों कर रहे हैं। जैसे कुत्ता भौंकता है, लेकिन हम भौंक रहे हैं, यह ज्ञान उसको नहीं रहता है। मनुष्य को अपने काम की चेतना रहती है। उसे देश-काल में होने वाली घटनाओं की चेतना रहती है। यही चीज मनुष्य को विशेष वरदान स्वरूप

मिली है। आप मेरी बात सुन रहे हैं और आपको यह भी ख्याल है कि आप सुन रहे हैं। यह जो विशेष चेतना है उसे अन्तर्ज्ञान कहते हैं।

आप जब भोजन, निद्रा, भय और मैथुन के लिए ज्ञान के साथ प्रवृत्त होते हैं, तब आप अपने स्वभाव के आधार पर कार्य करते हैं। दिव्य जीवन पशुओं को साध्य नहीं हो सकता, क्योंकि वे स्वाभाविक प्रवृत्तियों के अनुसार चलते हैं। वे केवल भौतिक स्तर पर जीवन बिताते हैं। इसी प्रकार जो लोग मैथुन में उसका महत्त्व समझे बिना प्रवृत्त होते हैं, वे पाशविक स्तर पर काम करते हैं। लेकिन जो लोग मैथुन को आध्यात्मिक उन्नति का साधन समझकर और तंत्र शास्त्र में वर्णित विधि का पालन करते हुए उसमें प्रवृत्त होते है, वे मैथुन का सर्वोत्तम फल प्राप्त करते हैं।

जब नर और नारी वैवाहिक संबंधों के द्वारा या अपनी इच्छानुसार आधुनिक समाज में साथ-साथ रहने लगते हैं, तो सबसे मुख्य चीज यही ख्याल में रखनी चाहिए कि नर और नारी का आपसी सम्बन्ध केवल पशुतुल्य वासना का ही नहीं है। उनके बीच केवल पाशविक सम्बन्ध ही नहीं, वरन् साथ-साथ रहने का पवित्र आध्यात्मिक उद्देश्य होना है। यह कथन केवल आदर्शवादी ही नहीं है—यह प्रत्यक्ष जीवन का सत्य है कि नर और नारी एक दूसरे के आध्यात्मिक जीवन में पूरक हो जाते हैं। आध्यात्मिक उन्नति एक दार्शनिक कल्पना नहीं है। यह उन्नति शारीरिक और मानसिक स्तर से शुरू होकर नाड़ियों की शुद्धि द्वारा कुण्डलिनी जागरण तक होती रहती है। यदि यही उद्देश्य है तो मैथुन एक आध्यात्मिक साधना बन जाती है, चाहे वह समाज की स्वीकृति के अनुसार हो अथवा नहीं हो।

हिन्दुओं का ऐसा विश्वास है कि मैथुन का उद्देश्य भोग नहीं बल्कि नाड़ी शुद्धि है। भावनात्मक व्यक्तित्व में सन्तुलन लाने का भी यह एक साधन है। जब दो व्यक्ति साथ-साथ रहते हैं, तो एक-दो वर्षों में उनके बीच भावनात्मक और शारीरिक सन्तुलन निर्मित हो जाना चाहिये। लेकिन आज हम देखते हैं कि अनेकों साल दाम्पत्य जीवन में साथ-साथ रहने के बाद भी स्त्री और पुरुष के बीच सन्तुलन कायम नहीं हो पाता है। इसका अर्थ यही है कि आधुनिक समाज में नर और नारी के साथ-साथ रहने का जो दृष्टिकोण और व्यवस्था है, वह विज्ञान के प्रतिकूल और घातक है। इस आधुनिक विचारधारा की जीवन-शैली से आध्यात्मिक उन्नति नहीं हो सकती।

आपकी यौन क्रिया का समर्थन तभी सफलीभूत और उन्नति का द्योतक होगा जब आप मैथुन की सही विधि तथा उसके वैज्ञानिक और आध्यात्मिक पक्षों को भली-भांति जानें और समझें। यदि कोई सीखने के पहले कार चलाये तो दुर्घटना होना निश्चित है। इसी प्रकार शरीर, मन, इन्द्रियों और प्राण को हठयोग द्वारा शुद्ध और नियन्त्रित करना चाहिये और कर्म योग द्वारा मन की चंचलता नष्ट करनी चाहिये। उसके बाद आप जो कुछ भी करेंगे उससे आपकी उन्नति ही होगी।

इसलिए यदि नर और नारी मैथुन में प्रवृत्त होना चाहते हैं, तो अपने काम-भाव का समर्थन उनको तंत्र शास्त्र के आधार पर नहीं करना चाहिये। यौन क्रिया पर नियंत्रण होने एवं इसके सभी वैज्ञानिक पहलुओं की जानकारी प्राप्त करने के बाद ही तांत्रिक मैथुन का अभ्यास किया जा सकता है और तब वह सर्वाङ्ग उन्नति हेतु योग कहलायेगा, भोग नहीं।

ध्यानावस्था में देश और काल किस तरह एक दूसरे में विलीन हो जाते हैं ?

मानसिक सजगता तथा चेतना की जागृति, दोनों मिलकर मन को देश और काल के संपर्क में ला देती हैं। असल में व्यक्तिगत मन का तो कोई अस्तित्व ही नहीं है। यह तो एक धारणा मात्र ही है। हां, सर्वव्यापक मन के होने में जरा भी शक नहीं है यह नितान्त सत्य है। सार्वभौमिक मन तो सूक्ष्म तत्त्व से बना हुआ है, जिसका प्रतीकात्सक स्वरूप सुनहले अण्डे के आकार का बताया गया है। सार्वभौमिक मन के केन्द्र स्थल को बिन्दु के नाम से जाना जाता है। इसके दो ध्रुव हैं—देश और काल। काल पाजिटिव या धर्मात्मक शक्ति है और देश निगेटिव या निषेधात्मक। ध्यान की अवस्था में ये दोनों ध्रुव सार्वभौमिक मन के बिन्दु स्थल पर एक दूसरे के समीप आ जाते हैं।

यह बिन्दु केंन्द्र है और पदार्थ इसमें निहित है। ध्यानावस्था में जब देश और काल बिन्दु में एक-दूसरे के समीपवर्ती होते जाते हैं तो वहां एक विस्फोट होता है। उस समय देश और काल सार्वभौमिक मन के केन्द्र में सत् हो जाते हैं और तब प्रतीत होता है कि भूत और भविष्य लगातार एक ही लम्बा अनुभव है, ठीक उसी प्रकार जिस तरह से आप एक ही दृश्य-पटल को एक साथ ही देख सकते हैं। तब सार्वभौमिक मन अथवा समष्टि मन, काल, देश और पदार्थ की सत्ता को लेकर एक रूप हो जाते हैं और देश-काल की सीमा-रेखा लुप्त हो जाती है और तब कुछ भी अलग दिखाई नहीं देता अर्थात् सब कुछ एक बिन्दु पर एकाकार हो जाता है।

क्या कुण्डलिनी का उद्‌बोधन नसबंदी के बाद भी संभव है ?

नसबंदी से कुण्डलिनी जागरण में कोई रुकावट नहीं होती है। देखा जाये तो हठ-योग में एक महत्त्वपूर्ण आसन है। जिसे सिद्धासन कहते हैं। इसका उद्‌देश्य है मूलाधार तथा निचली आंत में उत्पन्न होने वाली उत्तेजनाओं तथा संवेदनाओं को नियंत्रित करना, जिससे कि उपरोक्त दो केन्द्रों में उत्पन्न होने वाली उत्तेजना अण्ड ग्रंथियों में उत्तेजना न पहुंचाये।

ब्रह्मशक्ति किस तरह धरती पर अभिव्यक्त होती है ?

कुण्डलिनी मूलाधार चक्र में जागृत होती है, वहां से उच्च चक्रों मे आरोहण करती हुई उच्चतर चक्र अर्थात् सहस्रार चक्र में पहुंचती है और उसको जागृत करती है,

जैसा कि प्रतीकात्मक ढंग से कहा जाता है कि सहस्रार चक्र में हजारों दल वाला कमल खिल उठता है अर्थात् सम्पूर्ण चेतना प्रस्फुटित हो जाती है। जब उस व्यक्ति की चेतना का स्तर चरम सीमा पर पहुंच जाता है, तब उसको धरती के स्तर तक अर्थात् स्थूल चेतना में फिर आना पड़ता है।

मान लो आप कुण्डलिनी के योग का अभ्यास कर रहे हैं और आपकी कुण्डलिनी जागृत हो गयी तो आपकी उच्च चेतना और मस्तिष्क के उच्चतर केन्द्र सक्रिय हो जाते हैं। आपके मन और चेतना के गुणों में परिवर्तन हो जाता और तब आप स्वाभाविक ढंग से लौकिक दुनिया में मन की महादशा से क्रियाशील हो सकेंगे। यह शक्ति उन सब सन्तों, मनीषियों और महात्माओं का अनुभव है जो कुण्डलिनी उद्‌बोधन की परमावस्था को पहुंचे हैं। इसी प्रकार इन महान आत्माओं की कृपा के द्वारा ही यह शक्ति या चेतना अर्थात् मन की शक्तिशाली महादशा हम लोगों के संग सदा क्रियाशील हो पाती है।

क्या क्रियायोग की शिक्षा पुस्तकों से सीखी जा सकती है या इसको प्रत्यक्ष निर्देशन में मौखिक रूप से ही सीखना पड़ता है ?

अभी पिछले कुछ वर्षों में ही हमने सुना है कि क्रियायोग एक परम्परागत विद्या हो रही है और यही बात मैंने पुस्तकों में भी पढ़ी। जब मैं गुरु आश्रम में रहा करता था तो एक बार मुझे वेदों तथा तन्त्र शास्त्र के गहन और विस्तृत अध्ययन का अवसर प्राप्त हुआ। पहले मेरे विचार तन्त्र के बारे में काफी घटिया किस्म के थे और मैं इसको एक प्रकार की सम्मोहन विद्या या कहिये जादू की तरह ज्ञान समझता था। मेरे विचार में यह एक गुप्त और चमत्कारिक विद्या थी। मैं इसको गन्दा व घृणित व्यवसाय समझता था। परन्तु जब मैंने तंत्र शास्त्र की पुस्तकों का अध्ययन किया तो कुछ ऐसे महत्त्वपूर्ण उल्लेखों को पढ़ने का संयोग प्राप्त हुआ जिसमें महत्त्वपूर्ण व उपयोगी अभ्यासों का वर्णन आया जैसे कि हठयोग की क्रियायें, आसन, प्राणायाम, मंत्र विज्ञान और संन्यास, जिसके आधार पर मैंने अपनी योगनिद्रा की प्रणाली का विकास किया। उन्हीं दिनों मेरे गुरुजी के एक शिष्य ने मुझे बताया कि वह क्रियायोग का अभ्यास करता है। मेरे पूछने पर कि वह कैसे किया जाता है, उसने मुझे क्रियायें बतानी शुरू कीं। तो मुझे उसे सुनकर बड़ा विस्मय हुआ क्योंकि वह क्रियायें तो वही थी जो मैं तंत्र शास्त्र में पढ़ चुका था। असल में क्रिया-योग की सभी क्रियायें तंत्र की ही अंग हैं।

बहुत से लोगों ने योग साहित्य पर लिखी प्रामाणिक पुस्तकों का अध्ययन किया होगा और वे महामुद्रा, महावेध, नासिकाग्र दृष्टि आदि-आदि मुद्राओं एवं विभिन्न क्रियाओं के नामों से अवगत होंगे। तो ऐसा कहना कि क्रियायोग का अभ्यास गुरु-शिष्य की परंपरा के अनुसार केवल मुख से ही बताया जाता था—यह बेकार की बात होगी। जहां तक व्यक्तिगत आदेशों के देने की बात है, इन क्रियाओं को मौखिक रूप से जान

सकते हैं और क्रियाओं के बारे में पुस्तकों से भी पढ़ सकते हैं, परन्तु यदि आप वास्तव में क्रियायें सीखना चाहते हैं तो आपको व्यक्तिगत आदेशों की प्राप्ति हेतु गुरु के पास जाना अनिवार्य है।

शक्ति किस प्रकार कार्य करती है ?

मैं अभी जो आपके सामने बोल रहा हूं और आप जो सुन रहे हैं वह मन के सूक्ष्म धरातल पर एक तरंगित रेखाओं के रूप में अंकित होता जाता है। शक्ति धाराओं के रूप में जागती है, उसके स्कैच बनते हैं। जब ध्वनि की तरंगें दूसरे भाग को क्रॉस करती हैं तो वहां त्रिकोण बनते हैं, चतुर्भुज, वृत्त, पंचमकोण, बिन्दु आदि बनते हैं। कई मंत्र समाधि की उच्चावस्था में प्राप्त हुए हैं, जो मस्तिष्क के सूक्ष्म केन्द्रों को प्रभावित करते हैं। यह जो साइंस है इसे आप लोग जानते हैं। यह कोई नई बात नहीं है। अब जैसे गायत्री मंत्र है। इसमें कुल चौबीस अक्षर हैं—ॐ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यम् भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्। इन अक्षरों की कई ध्वनियां हैं। इनमें से अनेक प्रकार की फ्रीक्वेंसी वेलोसिटी वाली करेंट निकलती है और वे सभी वातावरण पर प्रभाव डालती हैं और मनुष्य के मन, शरीर और भावना को भी प्रभावित करती हैं। जैसे कि तालाब में पत्थर फेंकने पर पानी में तरंगें उठती हैं, एक कम्पन होता है और वह शनैः शनैः विस्तार ग्रहण करती जाती है। यह कम्पन पानी के प्रत्येक अणु को कम्पित करता है। उसी प्रकार मैं जो बोल रहा हूं यह शब्द वातावरण पर आघात पैदा करेगा और वह आघात सूक्ष्म रूप से अनेकों लोगों के अन्तर्मन में एक तरंग के रूप में अंकित होता है। गायत्री मंत्र का साधारण अर्थ तो होता है कि "वह हमारी बुद्धि को प्रमोदित करे और हम ब्रह्मचर्य वाले सभी देवता का नमन करते हैं" परन्तु इस मंत्र के शक्तिशाली ध्वनि-मंडल का असर हमारे अन्तःकरण के चित्त की भूमिका पर अमिट रूप से पड़ता है, जो हमें शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से भी विकसित करता है।

इड़ा-पिंगला क्या हैं ?

इड़ा और पिंगला हमारी दो महत्त्वपूर्ण नाड़ियों का प्रतीक है। एक है चन्द्रमा, एक है सूर्य। एक है "हं" और एक है "क्षं"। ये दोनों शक्तियां स्वरों की प्रतीक हैं। आज्ञा चक्र जो है वह है इड़ा, पिंगला और सुषुम्ना तीनों का मिलन-स्थल। इसलिए आज्ञा चक्र को हम लोग त्रिवेणी भी कहते हैं। जितने भी महात्मा लोग हैं वे अपनी चेतना को आज्ञा चक्र में ही स्थापित करना चाहते हैं, जो सभी चक्रों का नियंत्रण कक्ष है। वैज्ञानिकों ने इस क्षेत्र में कुछ प्रयोग किये हैं, उन प्रयोगों से मस्तिष्क में कुछ इलेक्ट्रोड स्थापित किये गये हैं। इस इलेक्ट्रोड से मनुष्य के मस्तिष्क के अन्दर में जो टाइम, स्पेस का कॉनसेप्ट है, समय और स्थान की जो विचारधारा है, उसे मिलाने की कोशिश की जाती है। यह मालूम होता है कि जिस समय आज्ञा चक्र में शक्ति का प्रवेश होता है, उस समय तीनों काल भूत, भविष्य और वर्तमान एक जगह हो जाते हैं और स्मृति सामने में चित्र रूप में दिखाई देती है। आज्ञा चक्र नियंत्रण केन्द्र है। यहां से मस्तिष्क का आदेश मिलता है, जब

तक मनुष्य आज्ञाचक्र को नियंत्रित नहीं करता। तब तक वह सहस्रार में स्थित उच्चतम चेतना के केन्द्रों को नियंत्रित नहीं कर सकता।

चक्र की जागृति में मंत्र का चयन किस प्रकार करें ?

साधक को उसी मन्त्र का चयन करना चाहिये जिससे उसकी चेतना भौतिक धरातल को छोड़कर आध्यात्मिक ऊंचाई पर पहुंच सके। मंत्र चाहे गायत्री हो, अल्ला हो या अकबर हो, चाहे जो भी हो हमें तो स्पष्ट और सही उच्चारण से मतलब है। बन्दूक चाहे कहीं की भी हो, हमें गोली छोड़ने से मतलब है। उसी प्रकार मंत्र का सही ढंग से निष्ठापूर्वक जप करने से भी सहज रूप से चक्र जागृत हो जायेगा।

हम साधकों का केवल एक लक्ष्य है कि स्थूल और सामान्य चेतना को छोड़कर आध्यात्मिक और उच्च चेतना पर पहुंच करके अपनी प्रज्ञा, अपनी प्रतिभा को कैसे जगाना, अपने मस्तिष्क को कैसे ज्योतिर्मय करना, अपनी सीमाओं को कैसे तोड़ना, अपनी मजबूरियों को कैसे जीतना, यह हमारा लक्ष्य है। जब वह हमारा लक्ष्य हो जाता है तो मंत्र कितना उचित-अनुचित है, इस ओर ध्यान नहीं देना चाहिये। क्योंकि भक्ति साधना में मंत्र भावना के अनुसार फलित होता है।

कुण्डलिनी तथा चक्रों के जागरण में कौन-कौन से खतरे निहित हैं ?

कुछ लोग मानते हैं कि चक्रों के जागरण में कुछ खतरे निहित हैं। परन्तु हम ऐसा नहीं मानते। मेरा विश्वास है कि मानव जीवन में चक्रों का जागरण अत्यंत महत्त्वपूर्ण घटना है। जब पर्वतारोही माउन्ट एवरेस्ट की चोटी पर चढ़े, तो पूरा संसार आनन्द से झूम उठा, परन्तु उसके पहले अनेकों लोग वहां पहुंचने में असफल हुए। कितने अपने जीवन से हाथ धो बैठे। आप बिना कुछ खोये पाना चाहते हैं ? जीवन में हर बात उतनी सहज नहीं जितना कि चाय पीना और चॉकलेट खाना।

जब आप ध्यान करते हैं तो कहां जाते हैं ? आपकी चेतना आपको कहां ले जाती है ? क्या आप उसकी यात्रा का मार्ग जानते हैं ? नहीं। आप ऐसे रास्ते पर चलते हैं जिसकी आपको कोई जानकारी नहीं रहती। वह मार्ग दिखाई नहीं पड़ता। यह भी संभव है कि आप उस मार्ग में हमेशा के लिए भटक जायें। खैर, यदि आप जीवन में कुछ प्राप्त करना चाहते हैं, सर्वोच्च अनुभव प्राप्त करना चाहते हैं, तो आपको किन्ही भी संभावी परिस्थितियों के लिए तैयार रहना पड़ेगा।

परन्तु सामान्य बोलचाल की भाषा में यह पूछना स्वाभाविक है कि कुण्डलिनी जागरण में कौन से खतरे निहित हैं ? मेरी राय में इसमें कोई खतरा नहीं है, बल्कि इससे कहीं बड़े खतरे हमारे दैनिक जीवन में निहित हैं। जैसे एक बार जब मैं जुम्बोजेट से भारत वापस आ रहा था तो उसके ब्रेक ने अचानक काम करना बंद कर दिया। जब भी आप सड़क पार करते हैं, तो उसमें खतरा रहता है; क्योंकि किसी भी समय आप दुर्घटना

का शिकार हो सकते हैं। दैनिक जीवन के खतरों की तुलना में कुण्डलिनी जागरण के खतरे अत्यन्त नगण्य हैं। बल्कि मैं कहूंगा कि इसमें कोई खतरा नहीं है, बल्कि पाना ही पाना है। परन्तु कुण्डलिनी जागरण के पूर्व कुछ तैयारी आवश्यक है, जो साधक को अवश्य करनी चाहिये। इसके अन्तर्गत हठयोग, मंत्र जप, गुरु और इष्ट के प्रति समर्पण, शरीर का शुद्धिकरण और आसनों में स्थिरता लाना आदि अत्यावश्यक है। एक बार इतना कर लेने के बाद आप निश्चित होकर उच्च साधनाओं का अभ्यास कर सकते हैं।

क्या महिलाओं को क्रिया योग के कुछ अभ्यास नहीं करने चाहियें ?

मैं मानता हूं कि कोई भी व्यक्ति क्रियायोग के अभ्यास के लिए अयोग्य नहीं है, यह बात अलग है कि यदि आपके पास समयाभाव है या आपके पास शारीरिक कमजोरी है तो आपको कुछ अभ्यास नहीं करने चाहियें। महिलाओं के रजोकाल में तो क्रियायोग तथा विशेष रूप से महामुद्रा और महावेध मुद्रायें निश्चित ही बहुत आवश्यक हैं। क्योंकि इस काल में आमतौर पर महिलायें उदासी तथा भावनात्मक असंतुलन का अनुभव करती हैं। क्रियायोग के कुछ उपयुक्त अभ्यास उन्हें इन तकलीफों से मुक्ति दिलाते हैं।

हमें सामान्य बुद्धि का उपयोग करना चाहिये। यदि शरीर रुग्ण या कमजोर है अथवा समय की कमी हो तो कुछ ही अभ्यास जैसे महावेध तथा महामुद्रायें ही करनी चाहियें। क्योंकि इन दो महामुद्राओं को क्रियायोग का प्राण कहा जाता है। यदि किसी कारणवश आप सभी क्रियाओं का अभ्यास न कर पायें तो इन मुद्राओं को ही अवश्य करें।

हम किस प्रकार चक्रों के प्रति अधिक सजग होते हैं ?

चक्रों की चेतना का सीधा संबन्ध साधक के आध्यात्मिक विकास तथा चेतना शुद्धि से है। जब आध्यात्मिक साधनाओं द्वारा चेतना शुद्ध होती है, तो चक्रों के प्रति सजगता सहज रूप से बढ़ने लगती है। जब आप किसी चक्र के प्रति अपेक्षाकृत अधिक सजग होते हैं, इसका सीधा अर्थ यह होता है कि वह चक्र विशेष आपके आगामी विकास का प्रस्थान बिन्दु होगा।

बिन्दु चक्र और विशुद्धि चक्र में क्या संबन्ध है ?

बिन्दु चक्र में अमृत का उत्पादन होता है। वास्तव में इस चक्र का सही नाम "बिन्दु विसर्ग" है, परन्तु हम इसका संक्षिप्तीकरण करके उसे केवल "बिन्दु" कहते है। बिन्दु शब्द का अर्थ बूंद होता है तथा विसर्ग का अर्थ छोड़ना होता है। अतएव बिन्दु विसर्ग का अर्थ होता है जहां से अमृत टपकता है। परन्तु हम उसको उसी रूप में प्रयोग में नहीं ला सकते, क्योंकि उसमें अमृत तथा विष दोनों ही तत्त्व युक्त रहते हैं। अमृत तो अमृतत्व प्रदान करता है, परन्तु विष प्राणों का हरण कर लेता है। अतः यह अमृत विशुद्धि चक्र में पहुंचता है जहां उसका शोधन होता है। अतः विशुद्धि चक्र को शोधनशाला कह सकते हैं, जहां विषयुक्त अमृत से विष को पृथक किया जाता है। शोधन

के पश्चात ही योगी ललना चक्र में खेचरी मुद्रा द्वारा अमृत को आत्मसात् कर सकता है।

क्या कुण्डलिनी योग तथा क्रिया योग में कोई बुनियादी अन्तर है ?

कोई भी अभ्यास जो कुण्डलिनी के जागरण में सहयोगी होता है, कुण्डलिनी योग के अंतर्गत आता है। इसलिए हम क्रियायोग को कुण्डलिनी योग भी कह सकते हैं। मानव शरीर के मूलाधार चक्र में शक्ति का अत्यन्त प्रभावी मूल स्रोत स्थित है। इस शक्ति को ही कुण्डलिनी शक्ति कहते हैं। जब शक्ति जागृत होकर ऊपर चक्रों में आरोहण करते हुए मस्तिष्क में पहुंचती है तो उसे ही आत्मसाक्षात्कार कहते हैं। वास्तव में देखा जाय तो योग के समस्त अभ्यासों का एक मात्र लक्ष्य कुण्डलिनी का जागरण ही है। क्रियायोग के अभ्यास द्वारा इस शक्ति को जागृत किया जा सकता है। इसके लिए प्राणायाम के उच्च अभ्यास, एक बिन्दु पर सतत् ध्यान, मंत्रजप तथा अन्य अनेक अभ्यास भी कारगर सिद्ध होते हैं। कुण्डलिनी जागरण के लिए प्राणायाम का अभ्यास पगडंडी का द्रुतगामी पथ कहा जाता है। परन्तु यह न तो सरल है और न ही सुरक्षित। इस कारण कुण्डलिनी जागरण हेतु हम प्राणायाम पगडंडी के अनुसरण की राय किसी को एकाएक नहीं देते। मंत्रजप सहज तथा सुरक्षित उपाय है, परन्तु उसमें समय अधिक लगता है। प्राणायाम तथा मंत्रजप के बीच का रास्ता क्रिया योग है। इसके अभ्यास से आपको पूर्ण संतोष प्राप्त होगा। यह शरीर नाड़ी तथा प्राण का शुद्धिकरण कर प्राणशक्ति को जागृत करता है। इसलिए कुण्डलिनी योग में सफल अभ्यास के लिए क्रियायोग संक्षिप्त सुरक्षित तथा वैज्ञानिक उपाय है।

कुण्डलिनी का जागरण हुआ या नहीं, इसको किस प्रकार जाना जाय ?

जब कुण्डलिनी का जागरण होता है तो मनुष्य की बुद्धि परिमार्जित हो जाती है। उसका अज्ञान साफ हो जाता है एवं उसमें बौद्धिक विवेचना की शक्ति बढ़ जाती है। इसलिए जब साधक की कुण्डलिनी जागती है, उसको मालूम पड़ता है कि मेरी कुण्डलिनी जग गयी है तो इस अन्तर्ज्ञान के साथ-साथ उसमें एक और क्षमता का भी उदय होता है; जिससे वह यह भी जान जाता है कि अमुक व्यक्ति की कुण्डलिनी जागृत है या सुषुप्त। जिस समय मूलाधार चक्र से कुण्डलिनी का जागरण होता है, साधक उस समय उन्मनी अवस्था में रहता है। उन्मनी का मतलब—उस समय उसकी चेतना उसी प्रकार अधर में लटकी रहती है जिस प्रकार पक्षी डाल पर। संतों ने कहा है—

"अधर डाल पर हंसा बैठा चुगता मुक्ता-हीर।
आनन्द चकवा केलि करत है मानसरोवर तीर॥"

यह कुण्डलिनी जागरण की अवस्था है। उन्मनी अवस्था में साधक बिना किसी बाह्य नशे के नशे जैसी अवस्था में रहता है।

दूसरी बात—कुण्डलिनी जागरण के समय प्राणों का आवेश होता है। जब उसके

शरीर में प्राण का आवेश होता है, उसकी चित्त-वृत्तियां अपने आप ऐसी रुक जाती हैं कि उसे कुण्डलिनी से संबन्धित चक्रों का स्पष्ट दर्शन होता है और जब कुण्डलिनी मूलाधार से क्रमशः स्वाधिष्ठान, मणिपूर, अनाहत और आज्ञा चक्र की ओर धीरे-धीरे ऊपर उठती है, साधक को न केवल आन्तरिक या बाह्य अनुभव होते हैं, बल्कि उसके अन्दर सामर्थ्य के अनेकों स्रोत भी फूट पड़ते हैं। किसी में कवित्व-शक्ति का जागरण होता है, कोई चित्रकला में पारंगत हो जाता है, कोई विद्वान् हो जाता है, कोई वक्ता बन जाता है तो कोई महान संगीतज्ञ बन जाता है। इस प्रकार एक के बाद एक, कई प्रतिभाओं का स्फुरण हो जाता है। इसके अलावा कुण्डलिनी जागरण के बाद अलग-अलग चक्रों पर उसे आत्मपरक अनुभूतियां भी मिलती हैं। जब मूलाधार चक्र में कुण्डलिनी का जागरण होता है, साधक में कामशक्ति का उदय होता है और स्वाधिष्ठान में कामशक्ति का उद्दीपन। मणिपूर में कुण्डलिनी के आने पर साधक में भोजन एवं भोग की प्रवृत्ति का उदय होता है और अनाहत में प्रेम, करुणा, भक्ति, दया, माया आदि का उदय। विशुद्धि चक्र में आने पर उसके शरीर में जर्जरता के लक्षण अथवा मृत्यु से संबंधित लक्षणों का अभाव होने लगता है—"न तस्य रोगो न जरा न मृत्युः प्राप्तस्य योगाग्निमयं शरीरम्।" बुढ़ापा दूर होने लगता है, शरीर नीरोग होने लगता है मानों उसका शरीर योग-रूपी अग्नि के द्वारा निर्मल हो गया हो। इसके बाद जब कुण्डलिनी आज्ञाचक्र में जाती है तब साधक को देव दर्शन होता है। वहां उसे दिव्य प्रकाश का दर्शन होता है, ८४ सिद्धों, ६४ योगिनियों एवं योगियों का दर्शन होता है। इसके बाद कुण्डलिनी सीधे ऊपर सहस्रार चक्र की ओर चली जाती है। इस प्रकार जब हम साधना काल में विभिन्न अनुभूतियों के रास्ते से होकर गुजरते हैं, तो हमें मालूम हो जाता है कि हमारी कुण्डलिनी जाग गयी है, या नहीं।

प्रश्न : क्या मूलाधार चक्र में स्थित और आज्ञा चक्र में स्थित ॐ में कोई विशेष सम्बन्ध है।

कुण्डलिनी मूलाधार में साढ़े तीन फेरा डाल के रहती है। वह जो फेरा है, वह जाग्रत् स्वप्न और सुषुप्ति का प्रतीक है। ॐ में भी इसी प्रकार के फेरे होते हैं। एक फेरा ॐ के ऊपर का होता है, दूसरा नीचे में है तथा तीसरा फेरा है उसकी पूंछ और अन्तिम फेरा जो है वह है चन्द्र बिन्दु। इस चन्द्र बिन्दु का सम्बन्ध है देश काल और वस्तुओं से। ॐ में जो तीन फेरे हैं, वे देश काल और वस्तु के प्रतीक हैं। इस चन्द्र और बिन्दु को हम मात्रा कहते हैं। यह जो मात्रा है वह तुरीयावस्था का प्रतीक है, या देश काल और वस्तु के परे की स्थिति का सूचक है। मूलाधार चक्र का और आज्ञाचक्र का एक दूसरे से परस्पर सम्बन्ध है। मूलाधार चक्र पर जागृति हो तो उसका प्रभाव पहले आज्ञाचक्र पर पड़ता है। आज्ञाचक्र पर प्रभाव पड़ने के बाद यह जो प्राणशक्ति है, वह सहस्रार की तरफ जाती है और सहस्रार के केन्द्रों को जागृत करती है, लेकिन बात दोनों एक ही है।

साधना करने के लिए कौन-सा समय उपयुक्त है ?

साधना करने के लिए सबसे उत्तम समय ब्राह्म मुहूर्त है। ४ बजे से ब्राह्म मुहूर्त शुरू होता है। इसको अमृत बेला भी कहते हैं। इस समय हमारे शरीर में अमृत झरता है। शरीर की बात बोल रहा हूं। किन्तु सवेरे क्यों नहीं उठा जाता है, इसका भी एक कारण कि हम दिन भर के कार्यों के कारण थके रहते हैं, मन से थके रहते हैं और हमको पहले प्रहर में, दूसरे पहर में और तीसरे पहर में नींद अच्छी नहीं आती। गाँव में पहले लोग आठ बजे सो जाते थे, इतने थके रहते थे कि सिर रखा भागे अन्दर और आराम से चार बजे उठ जाते थे। अब नींद के लिये कितना प्रयत्न करना पड़ता है। कोई जप कर रहा है, कोई पैर दबवा रहा है, कोई श्वास पर ध्यान कर रहा है, कोई गोली खा रहा है क्योंकि हम सोना चाहते हैं मगर नींद नहीं आती। हम सोने की कोशिश करते हैं इसलिये हमें जो निद्रा आती है वह पूर्ण नहीं होती और प्रातः काल उठने में आलस्य बना रहता है। इसीलिए रात्रि में सोने से पूर्व शवासन में या जप करके सोना चाहिये। मन हल्का रहेगा तो खुद नींद खुल जायगी।

कौन-सी साधना कब करनी चाहिए ?

जो लोग प्रवृत्ति के मार्ग में हैं उन्हें अलग साधनायें करनी चाहियें और जो लोग प्रवृत्ति मार्ग में नहीं हैं निवृत्ति मार्ग में हैं उन्हें अलग साधनायें करनी चाहिएं। दोनों के लिए दो नियम हैं। साधना चुनने का मतलब होता है, एक रास्ते से चलना। यदि रोग निवारण हेतु साधना करते हो तो भी साधना चुननी पड़ेगी और यदि आत्मप्रकाश को प्राप्त करने हेतु साधना करते हों तो भी साधना चुननी पड़ेगी। अनेकों साधनाओं के करने से कुछ अधिक प्राप्त होगा यह सोचना गलत है। हम तो मानते हैं कि तुम लोग शुरू में कई प्रकार की साधनाओं को करके एक तजुर्बा प्राप्त कर लो। तब बाद में अनुमान लगाओ कि अपने लिए कौन-साधना फिट बैठेगी। दुकान में जाकर १० साड़ी उठा करके देख लो, सब तो लेने की जरूरत नहीं है, अपने पसन्द की एक चुन लो, उसी प्रकार त्राटक, नादयोग, योगनिद्रा, जप, अजपाजप, क्रियायोग इत्यादि सब साधनाओं का तजुर्बा ले लो अब उनके बाद अंदाज लगाओ, अनुमान लगाओ कि कौन-सी साधना फिट बैठेगी। समय को देखते हुए, शरीर को देखते हुए और मन की इच्छा को देखते हुए और अपनी बुद्धि को देखते हुए भी, कोई एक साधना चुन लो। उन सबको देखते हुए एक छोटी-सी साधना जो कम से कम समय में की जा सके और जिसको तुम चाहो घंटा दो घंटा भी खींच-खींच कर ले जाओ, ऐसी साधना करनी चाहिए। दूसरी साधना को उसमें जोड़ने का समय न मिले। ये मेरा जनरल स्टेटमेन्ट है। अब विशेष स्टेटमेन्ट देता हूं। प्रारम्भ में साधक को थोड़ा-थोड़ा करके अनेक साधनाएं करनी चाहिये। जैसे-जैसे साधना में मन लगने लगे, एक-एक करके ड्राप करते जाना चाहिये और उसका टाइम दूसरी साधना में दे देना चाहिए, जब काफी समय हो जाए साधना में मन डूबने लगे और कोई एक साधना करते-करते बहुत आनन्द आ जाय और दूसरी साधना में लेट होने लगे तब समझना सब चीजों को छोड़ने का समय है। आसन कर रहे हैं, उसके पहले

ॐ में बैठ गये और मजा आ गया। 'ॐ' ४०-५० बार कर लिया आसन में लेट हो गया इसका मतलब है अब अन्य साधनाओं को ड्रॉप करने का टाइम आ रहा है। अब केवल एक साधना में लगो।

क्या साधक के लिए विशेष गुणों का होना जरूरी है ?

हाँ जरूरी है। साधना करने से लोग अपने को विशेष समझने लगते हैं और बाकी सबको अपने से ओछा समझते हैं। इसलिए साधना करते समय विद्या, विनय, शील, ये तीन चीजें आवश्यक होती हैं। साधना में विनय भाव होना चाहिये और ऐसा नहीं रहेगा तो धन प्राप्ति में जैसे अहंकार होता है या विद्या की प्राप्ति से अहंकार होता है, वैसे ही साधना की प्राप्ति में भी अहंकार होगा। सोचते हो कि बगल में पड़ोसी-वड़ोसी हैं वे अपना जीवन व्यर्थ गंवा रहे हैं, मैंने अपना जीवन बना लिया, ये सब भाव आने लगता है।

क्या साधना के अनुभवों को दूसरे को बताया जा सकता है ?

साधना में जो अनुभव हो उसको बकबक नहीं करो और साधना में अनुभव हो उस पर ख्याल भी मत करो। ज्यादा चिंतन भी मत करो। उपलब्धियों की अपेक्षा मत करो। तब जा करके अन्तर्मुखी साधना सफल हो सकती है, अगर अनुभवों को बतलाने लगेंगे तो जिस लक्ष्य को लेकर के हम आगे चलते हैं वह लक्ष्य थोड़ी देर के बाद तिरोहित हो जाता है। उसके स्थान पर अनुभवों की शृंखला आती है और अनुभवों की वह शृंखला कभी-कभी तो इतनी मधुर होती है, कभी-कभी इतनी रसयुक्त होती है कि बार-बार उसी को देखने को जी चाहता है और बार-वार हम उसी की बात करते हैं कि मैंने तो ऐसा देखा, तीन महीना पहिले मुझे प्रकाश दिखता था, अब तो नहीं दिखता। अब हम चले थे कुछ पाने को मिला कुछ और। भटक गये न इसमें। अनुभवों की शृंखला हमें जो साधना की अवस्था में प्राप्त होती है उसको बतलाने की कोई जरूरत नहीं है। हमारे जान-पहचान के अनेकों साधु-संत हैं, जिनकी अवस्था अच्छी और ऊंची है, हम जानते हैं मगर उनमें कुछ लोग ऐसे हैं जो मुझसे पूछते हैं। भई, ये अनुभव क्या चीज है ? मेरे को तो आज तक एक भी नहीं हुआ। इसका अर्थ यह नहीं कि वे गलत कर रहे हैं। मैं जानता हूं, वे ऊंची अवस्था में हैं।

अनुभवों की जो शृंखला होती है, वह चित्त शुद्धि तक रहेगी। साधना की अवस्था में आपको जो कुछ दिखलाई देता है वह आपका पात्र शुद्ध होने तक ही दिखेगा। जब तक तुम्हारा मन संस्कार रहित न हो जाएगा, जब तक तुम्हारे कर्म के जो बीज हैं वे निस्तेज नहीं हो जायेंगे तब तक यह अनुभवों की शृंखला चलती ही रहेगी क्योंकि अनुभवों की शृंखला का सम्बन्ध संस्कारों से है। बीज प्रकट हुआ और जैसे ही पात्र धुल जायगा, अनुभवों का आना समाप्त हो जायगा, कुछ नहीं दिखेगा।

दूसरी बात, अनुभवों की ये जो शृंखला साधना में उत्पन्न होती है इसके प्रति अपने मन में विचार होना चाहिए कि ये अनुभव सब नाशवान है। आज हमको एक चीज

दिखती है, कल दिखेगी, परसों दिखेगी, उसके बाद वह समाप्त हो जाएगी। अविनाशी अनुभव एक होता है—जो आंतरिक है, शाश्वत है। बाकी तुमको ध्यान की अवस्था में जो कुछ दिखेगा वह एक न एक दिन मिट जाएगा। अगर आप ज्योति का ध्यान करते हो तो वही रहना चाहिए और यदि आप कमल का ध्यान करते हो तो वही रहना चाहिए। तुम्हारा जो इष्टदेव है, तुम्हारा जो ध्येय तत्त्व है, जो भी निश्चित हुआ है, सबका अलग-अलग हो सकता है, बस उसको अपने सामने रखो और उसको सामने रखने से तुमको एक, दो, तीन, पांच, दस अनुभव आयेंगे तब अपने मन में बोलो—मैं तो इसके लिए नहीं बढ़ रहा हूं। मुझे तो ज्योति देखनी है, तुमको थोड़े ही देखना है। ये ऐसा हुआ जैसे कि मान लो तुम रामेश्वरम् जा रहे हो। तुम यहां से गये, नागपुर में तुम्हें ट्रेन बदलनी है, शाम को ट्रेन पहुंची। ट्रेन तो थी नहीं, तुम एक अच्छे होटल में चले गए। बहुत सुन्दर होटल है। होटल तो सुन्दर था ही उसका मालिक उससे भी अच्छा। इतना सेवाभावी था, इतना मेहमान नवाज था कि वह बोला—आप जाइए मत, रह जाइए यहां, उसका घर, उसका व्यवहार, उसका चाल-चलन, उसके बाल-बच्चों का व्यवहार इतना अच्छा था कि लगा कि यह बड़ा अच्छा आदमी है। यहीं रह जाना चाहिए। रहोगे क्या? अगर तुमको रामेश्वरम् की याद आएगी, तब तो तुम रहोगे नहीं और कहीं उसके साथ फंस गए तो गया रामेश्वरम्। तब तो रामेश्वरम् के लिए भोपाल से निकले, नागपुर में अटक गए। उसी तरह हम लोगों का होता है कि साधना करते हैं ज्योति के लिए, साधना करते हैं शिव लिंग के लिए, साधना करते हैं गुरु को देखने के लिए, साधना करते हैं किसी शब्द को जानने के लिए और बीच में जो अनुभवों की शृंखला आती है बड़ी लटपटी, उसी में सब लोट-पोट होकर के फंस जाते हैं। कहते हैं—स्वामीजी, मैं जब से ध्यान करता हूं तब से मेरे को बड़ा अच्छा लगता है, बहुत-बहुत चीज दिखती है। ये तो नागपुर में फंस गया जाकर के।

महात्मा लोग क्या कहते हैं? जिस तरह से बंदूक की गोली बंदूक से निकल कर सिवाय अपने लक्ष्य के दूसरी जगह नहीं लगती है। धनुष से निकला हुआ तीर अपने लक्ष्य पर ही जाता, दूसरी तरफ नहीं जाता। 'प्रणवो धनुः', 'ॐ धनुष है।' 'शरो हि आत्मा ब्रह्म तल्लक्ष्यमुच्यते।' ये धनुष है, ये बाण है, ये लक्ष्य है। ईश्वर लक्ष्य है। अप्रमत्त (प्रमाद रहित) होकर उसको देखना चाहिए। अर्जुन से द्रोणाचार्य ने पूछा कि क्या देखते हो? दुर्योधन से भी पूछा—क्या देखते हो? ॐ मालुम है न सबको। हम तुमसे बोलते हैं कि क्या देखते हो? तुम बोलते हो ज्योति। क्या देखते हो? स्वामीजी, रंग दिखलाई देता है; गाछ दिखलाई देते हैं, देवी-देवता दिखलाई देते हैं; ऋषि मुनि दिखलाई देते हैं; दृश्य-सरोवर दिखलाई पड़ते हैं। हम बोलते हैं नहीं, वह ठीक नहीं है। केवल जो तुम्हारा लक्ष्य है वही दिखना चाहिए। इसके अलावा बाकी सबको दुर्लक्ष्य करना होगा।

एक व्यक्ति को मैंने कहा—बिन्दु का ध्यान करो। निराकार वाले थे। आगे एक बार शंकर जी आ गए ध्यान में। मेरे से बोले कि भाई, मैं बिन्दु का ध्यान करता हूं तो शंकरजी आ गए। मैंने कहा—तुम तो निराकार वाले हो न, हटाओ शंकरजी को कैसे

हटाएं। असल में डर लग गया ना। बिन्दु तो एक जड़ तत्त्व है। उसको तो हटाना कोई बड़ी बात नहीं है और शिवजी इतने बड़े देवता हैं, कहीं हटा दिया तो हालचाल मुश्किल कहीं बाद में तंग न करने लगे। वह डर गए। जब ऐसी स्थिति होती है तो क्या किया जाए? तो मैंने उनसे कहा—देखो भाई, तुम अब निराकार को छोड़ दो। तुमसे निराकार जमने का नहीं, क्योंकि तुम तो बिन्दु की अपेक्षा शंकरजी को श्रेष्ठ मानते हो। मेरे को बोले—स्वामीजी, बिन्दु को मैं छोड़ सकता हूं पर मेरे को लगता है कि शंकरजी को छोड़ने से कहीं मुश्किल न हो जाए, बाल-बच्चे बीमार पड़ जायें। तो मैंने कहा—तुम अब निराकार को छोड़ो आज से। बिन्दु-बिन्दु के चक्कर में मत पड़ो। सीधे तुम शंकरजी की उपासना करो। अब अगली बात ध्यान से सुनिए। तो शंकरजी पर ध्यान करने लगे, तो बिन्दु भी सामने आने लग गया।

ये ध्यान की बड़ी विचित्र स्थिति है और इसी में साधक लोग भटकते हैं। अंग्रेजी में बचपन में मैंने एक किताब पढ़ी थी। इसका नाम था—पिलग्रीम प्रॉब्लम्स। एक तीर्थ-यात्री चल रहा है, पहाड़ पर चलता है। कहीं पर उसको सुन्दर-सुन्दर उपवन मिलते हैं। वह मोहित हो जाता है। कहीं पर उसको सुन्दर-सुन्दर प्राणी मिलते हैं, वह मोहित हो जाता है। कहीं पर उसको रसयुक्त फल मिलते हैं, तो मोहित हो जाता है कहीं-कहीं पर उसको निद्रा आ जाती है सुखद छाया में, तो सोचता है कि चलो भाई अब यहीं पड़े रहें। मगर जैसे-तैसे उसको अपने लक्ष्य की याद आती है? तीर्थ की याद आती है तो ले देकर उस माया मोह से वह अपने को खींचकर अन्त में पहुंच जाता है, जिसका नाम है ब्रह्म-पुरी, आनन्द नगरी। उसीप्रकार साधना करने वालों को साधना के बीच में कई प्रकार के अनुभव देखने को मिलते हैं। शरीर में गर्मी लगती है, ठंडी लगती है। कभी लगता है कि कुछ चल रहा है। कभी लगता है कि कुछ उड़ रहा हैं, कभी लगता है एकदम आनन्द आ रहा है। कभी लगता है मीठा-मीठा रस बह रहा है। हजारों अनुभव इन सबको तुम एक किनारे कर दो। ये सब व्यर्थ के अनुभव हैं और कुछ नहीं।

कान का रोग है अथवा कोई और चीज है?

एक आदमी, जो पांच-छः साल से साधना कर रहा है, दाहिने कान में झुनझुन की आवाज आ रही है। वह जानना चाहता है कि ये झुनझुनाहट जो होती है ये क्या है?

ये कान का रोग नहीं है। साधना करते-करते एक-एक इन्द्रिय माध्यम बनती है इसमें किसी-किसी व्यक्ति की दाहिने तरफ कान में एक ऊंची आवाज आती है और उसे हम लोग कहते हैं कर्ण घंटा। उसे कम समझ के कारण लोग पिशाच कहते हैं। यह पिशाच क्या है। पिशाच मतलब कोई बाहर वाला नहीं, अंदर का ही है। अन्दर से कोई जागता है उसको पिशाच कहते हैं। उसका नाम है कर्ण-पिशाच। और ये कर्ण-पिशाच की साधना होती है क्लियर माइन्ड में। उससे कान में चीख सी सुनाई देती है, बाद में घंटी सुनाई देती है। उसके बाद कान के अन्दर में स्पष्ट आवाज आती है, सुनाई देता है। यदि आदमी खराब है तो लगता है बदमाश आदमी बैठा है अन्दर में। सब सुनाई देता है उसको। आपने देखा है कर्ण-पिशाच वाले जब बात करेंगे तो इधर ख्याल

करेंगे उनकी आंखों से मालूम पड़ेगा कि वह कहां ख्याल करते हैं। बड़े क्लियर माइण्ड होते हैं वह लोग। क्लियर माइण्ड का मतलब सामने की चीज का एक्सरे उनको स्पष्ट मालूम पड़ता है। वह साधना कोई गलत रास्ते पर नहीं की जा रही है, वह शुद्धि का रास्ता है।

मूलाधार में कुंडलिनी का स्थान बतलाते हैं, कई लोग कहते है वहां शिवलिंग है?

ठीक है इसमें कोई हर्ज नहीं। कुछ लोग उसको देवी का स्थान मानते हैं। अपने यहां उसको शिवलिंग मानते हैं। तीन लिंग होते हैं—आधारलिंग, इष्टलिंग, ज्योतिर्लिंग। नीचे वह आधार लिंग हुआ, यहां धूम्रलिंग होता है। इसी पर कुण्डलिनी साढ़े तीन फेरे डाले बैठी है।

★

शिव-चेतना

—स्वामी सत्यानन्द सरस्वती

शिव की पूजा अब केवल भारत तक ही सीमित रह गई है। प्राचीनकाल में इसकी प्रथा सारे संसार में प्रचलित थी। ईसवी सन् आरम्भ होने के बहुत पहले से ही पूर्व व पश्चिम के बहुत से देशों में एक अण्डाकृति प्रतीक की पूजा के रूप में शिवपूजा की धार्मिक प्रथा रही है। मैक्सिको और लैटिन अमेरिका के विभिन्न भागों में हुई पुरातत्त्विक खोजों ने इस प्राचीन पूजा-प्रथा पर विशेष प्रकाश डाला है। मक्का का काबा भी, जो इस्लाम धर्म में सर्वपूज्य है, एक अंडाकार पत्थर यानी शिवलिंग ही है।

शिव का शाब्दिक अर्थ है उच्च चेतना। इसे और भी दूसरे कई तरह से समझा जा सकता है। शिव का अर्थ पुरुष, परमोच्च तत्त्व या सृष्टि का आधार भी होता है। सत्य व सृष्टि का स्वरूप दो तथ्यों पर निर्भर करता है। एक है शिव-शुद्ध, अपरिवर्तनशील चेतना और दूसरा शक्ति यानी कर्म द्वारा शाश्वत विकास। शिव व शक्ति के परस्पर संयोग से सृष्टि होती है, ब्रह्माण्ड उत्पन्न होता है।

प्रकाशस्तंभ

योगाभ्यास द्वारा दैहिक व मानसिक चेतना स्तर का अतिक्रमण होने पर विशिष्ट आध्यात्मिक अनुभव होते हैं। सफल योगियों को संप्राप्त ये अनुभव ही प्रभामंडल प्रकाशस्तंभ या ज्योतिर्लिंग के संकेत हैं। मुहम्मद, जोरोस्तर या ईसाई संतों की जीवनी के प्रसंगों में इस ज्योतिर्लिंग का उल्लेख मिलता है। इस प्रकाश का अनुभव हर साधक को एक सदृश नहीं होता। कभी धूम्रमंडल, कभी धूम्रमिश्रित ज्योति, कभी अण्डाकार और कभी खंभाकार। योगियों द्वारा प्राप्त प्रज्ञा के इन विभिन्न अनुभवों को ही हम शिव चेतना कहते हैं।

उच्च चेतना का प्रतीक

संस्कृत शब्द 'लिंगम्' के दो विशेष अर्थ होते हैं। साधारण प्रयोग में पुरुष शरीर के प्रजनन अंग को लिंगम् कहते हैं। अध्यात्म में कारण शरीर का बोधक है लिंगम्। शिवलिंग के सही अर्थ के बारे में बहुतों को भ्रान्ति है। पश्चिमी विद्वानों ने अपनी पुस्तकों में इसे शिव का लिंग माना है। यह मान्यता एकदम गलत है। इसे विपर्यय धारणा कहते हैं। वस्तुतः उच्च चेतना का आध्यात्मिक प्रतीक है शिवलिंग। लिंगम् का शाब्दिक अर्थ है सूक्ष्म प्रतीक।

मानव के मन का और उसकी संवेदना का यथार्थ स्वरूप क्या है? विश्व भर के कलाकारों ने अपनी कला के माध्यम से मानवीय संवेदना को अभिव्यक्ति करने की चेष्टा की है। भय, प्रेम, घृणा या हर्ष को हम कैसे अभिव्यक्त करें कि उनकी संवेदना का अनुभव दूसरे लोग भी कर सकें? ये भावनाएं साकार हैं अथवा निराकार? हां, उसके आकार अवश्य हैं, किन्तु वे उसी रूप में ग्राह्य नहीं हैं। उनके लिए हमें संकेत, प्रतीक, चित्र बनाने होंगे। इन्हीं प्रतीक संकेतों द्वारा हम भावनाओं को समझ और समझा पाते हैं।

अब बताओ, तुम्हारा निज स्वरूप क्या है? देहाध्यास से ऊपर उठने पर तथा विचार जगत् के पार जाने पर, गंभीर ध्यानावस्था में हमारी चेतना का आकार कैसा रहता है? इन्हें प्रतीक के माध्यम से ही समझा जा सकता है।

मूलाधार से सहस्रार

कुंडलिनी योग के प्रतीक विज्ञान के अनुसार शिवलिंग के तीन भिन्न रंग होते हैं धूम्र, काला व प्रकाशित। चेतना के विकास अथवा शुद्धिकरण की स्थितियों का प्रतिनिधित्व करते हैं ये तीन रंग। मूलाधार चक्र में धूम्रलिंग, आज्ञा चक्र में काला लिंग एवं सहस्रार चक्र में प्रकाशित ज्योतिर्लिंग है।

अविकसित मन वाले ध्यान के आरंभिक अभ्यासी को धूम्रमंडल के रूप में शिवलिंग का अनुभव होगा। वह दिखेगा, फिर गायब, फिर दिखेगा, फिर गायब; यह क्रम कुछ काल तक चलेगा। धारणा के अधिक गहरे अभ्यास में मन के कुछ स्थिर होने पर कृष्णवर्ण यानी काला शिवलिंग प्रकट होगा। इस कृष्ण वर्ण पर लगातार धारणा करते रहने से प्रकाशित चेतना में यह स्वयंभू ज्योतिर्लिंग प्रकटेगा, स्वयंभू अर्थात् खुद ही प्रकट हो जाने वाला। अस्तु, आज्ञा चक्र का काला लिंग ही उच्च अध्यात्म चेतना की कुंजी है, रहस्य है।

शिव का मानवीय स्वरूप

शिवलिंग की भांति, शिव भी मनुष्य में निहित उच्चात्मा का प्रतीक है जो सार्वभौम सत्ता का निमित्त कारण है। उनके मानव स्वरूप में भी शिव की प्रतीक मूर्ति मिलती है। संन्यासी सदृश एक आदमी—व्याघ्र चर्म धारण किये—उदासीन फक्कड़ जीवन, नित्य पद्मासन में स्थित, ध्यान समाधि में लीन! उनका संपूर्ण शरीर भस्म-विभूषित है। साधारण भस्म नहीं; वरन् श्मशान में जलाये मुर्दों के अवशेष भस्म। यह दिव्य संकेत है।

तपश्चर्या की अग्नि से संसारी वासनाओं का पवित्रीकरण। उनके सिर, गर्दन, भुजा व कमर के चहुं ओर फुफकारते सर्प आवेष्ठित हैं। ये उत्थित फन जागृत कुंडलिनी शक्ति के द्योतक हैं। उनके सिर पर शोभित जटा-जाल के कुंचित केश में बाईं ओर अर्द्ध चन्द्र, चतुर्थी का चन्द्रमा है। यह इड़ा नाड़ी का प्रतीक है। सिर में दाईं ओर गंगा तीव्रधारा से प्रवाहित हो रही हैं। यह पिंगला नाड़ी का प्रतीक है। शिव के सम्मुख एक कूर्म, कछुआ या कच्छप है जिसने अपने अंगों को अपने शरीर के अन्दर खींचकर छिपा रखा है। उसकी यह क्रिया योगी मन का प्रत्याहार है, जब वह अध्यात्म साधना में सूक्ष्म अंतर बिन्दु पर चित्त को एकाग्र करता है।

गंभीर ध्यानावस्था में अनुभूति उच्च चेतना के सांकेतिक प्रतीक रूप हैं ये सब उपरोक्त वस्तुएं। देह चेतना, बुद्धिचेतना, वस्तुचेतना, नाम व रूपचेतना से हट कर जब साधक अंतर्मुख हो जाता है, तब जो कुछ अनुभव में आता है, यह शिवचेतना है।

तीन दुर्ग

त्रिशूल और डमरू, ये दोनों शिव के साथ की बहुत महत्त्वपूर्ण चीजें हैं। मनुष्य के तीन शरीर हैं—स्थूल, सूक्ष्म और कारण शरीर। ये तीनों शरीर तीन दुर्ग या त्रिपुर कहे गये हैं। इन्हें लौह, रजत व स्वर्ण काया अर्थात् त्रिकाया के रूप में जाना जाता है। इन्हीं तीन दुर्गों, त्रिपुर से आगे एक व्यक्ति है, जिसे पाना है।

त्रिपुरारि से मिलने हेतु इन तीनों दुर्गों को तोड़कर वहां पहुंचना होता है। शरीर मन व भावना के तीनों स्तरों को पार करना बहुत कठिन है। ये दुर्ग दुर्भेद्य है, क्योंकि देह, बुद्धि व अहं की चेतना को हम छोड़ नहीं पाते हैं। फिर व्यापक व असीम चेतना की अनुभूति कैसे होगी ? इन तीनों स्तरों को पार करके ही, त्रिपुरासुर का वध करके ही अपने प्रियतम त्रिपुरारि का दर्शन संभव हो सकता है।

तो, शरीर, मन और अहं भावना के ये तीन दुर्ग हैं। उनके स्तर अलग-अलग हैं। तमोगुण, रजोगुण, सतोगुण से वे युक्त हैं। त्रिगुणात्मक होने से उनके गुण, हर काया में हैं। सबसे ऊपरी स्तर पर अज्ञान की निद्रा तमोगुण है। क्रियाशील जीवन में रजोगुण प्रधान होता है। ध्यान में सतोगुण रहता है। आलस्य, प्रमाद निद्रा, अकर्मण्यता की हालत में तमोगुण रहता है। मन जब गतिशील हो; वासना महत्त्वाकांक्षा, राग द्वेष, तृष्णा, क्लेशादि से पूर्ण हो तब रजोगुण की स्थिति। जीवन की निरर्थकता को समझकर मन जब शान्त, स्थिर व उद्वेग रहित हो जाता है, तब उसे सात्त्विक गुण की स्थिति कहेंगे।

त्रिशूल में तीन नोक हैं तीर की तरह। त्रिशूल तो तुम लोग जानते हो न। शिव मंदिर में जाकर देख लेना। इन्हीं तीन गुणों का भेदन करने के लिए यह त्रिशूल हैं। त्रिशूल से त्रिगुणों का प्रतीक अर्थ-बोध होता है।

डमरू की ध्वनि

ध्यानावस्था में एक विशेष ऊंची स्थिति में अंतःध्वनियां सुनाई देती हैं। ये अनेक प्रकार की हैं। नादयोग में इनका विस्तत वर्णन मिलता है। अनुभव का एक स्तर ही

नादयोग है। अनेक ध्वनियां अन्दर आती हैं। इन्हें नाद, अंतर्ध्वनि, अंतर्नाद, अंतर-संगीत अंतर्माधुरी आदि कहते हैं।

इस नादानुभव के बारे में कई योगियों और तांत्रिकों ने बताया है। गहरे ध्यान में इन गुप्त अंतःध्वनियों को कई साधकों ने सुना है और सुनते रहेंगे। बांसुरी, वीणा, मेघगर्जन या चिड़िया की आवाज आदि सुनी जाती है। साधकों ने अनुभवों को गीत, श्लोक और शास्त्रों में व्यक्त किया है। ध्यान की एक अवस्था में डमरू की आवाज एक संकेत है—चेतना के इस सीमित सोपान से उस असीम चेतना में आरोहरण का। त्रिशूल एवं डमरू बाह्य वस्तुएं नहीं, हमारी योगी चेतना के शुद्ध आंतरिक स्वरूप की सांकेतिक अभिव्यक्तियां हैं।

शैववाद

भारत भर में शिवजी अतिशय लोकप्रिय हैं। शिव भक्तों का एक विशिष्ट संप्रदाय दर्शन और परम्परा है, जिसे शैववाद कहते हैं। इन सब प्रतीकों की बहुत महत्त्वपूर्ण भूमिका है शैववाद में। यह परम्परा काश्मीर व दक्षिण भारत में बहुत प्रबलता से प्रचलित है। इस दर्शन और प्रतीकशास्त्र पर सैकड़ों उपयोगी ग्रंथ लिखे गये हैं।

भारत में शिव भक्तों का दृढ़ विश्वास है कि सत्य को पाने के लिए सरलतम मार्ग है शिवपूजा। इसके बारह प्रमुख केन्द्र देश भर में मिलते हैं। इनमें से एक पशुपतिनाथ नेपाल में है। पशु का अर्थ है हमारी पशुवृत्ति और पति याने स्वामित्व। यह उस योगी (शिव) का आध्यात्मिक प्रतीक है, जिसने अपनी पाशविक प्रवृत्तियों पर नियंत्रण पा लिया हो।

रामेश्वर दक्षिण भारत में एक ज्योतिष पीठ है। इन्हीं द्वादस पीठों में से एक बिहार में है—वैद्यनाथ धाम में जिसे बाबाधाम भी कहते हैं। इसकी लोकप्रियता इतनी है कि लोग इसे शिव का क्रिमिनल कोर्ट कहते हैं—वह न्यायालय, जहां शिकायतों की सुनवाई तत्काल होती है।

जुलाई-अगस्त के महीनों में अगर बिहार आना हुआ तो देखोगे कि गरीब, अमीर, किसान, मजदूर, स्त्री, पुरुष, बच्चे, बूढ़े हर कोई, लाखों लोग, यहां तक कि नेपाल के महाराजा भी नारंगी रंग के विशेष वस्त्र पहिनते हैं। गंगा जी से जल लेकर उसे कन्धे पर रक्खे, नब्बे मील पैदल चलकर बाबाधाम में शिवजी पर चढ़ाते हैं। वहां शिवपूजा करते हैं, शिवलिंग का स्पर्श करते हैं। हजारों वर्षों से लाखों-करोड़ों लोगों द्वारा यह पूजा व स्पर्श की प्रथा चली आ रही है। यह है शिव की लोकप्रियता।

आंतरिक अंधकार का साक्षात्कार

ये बारह तो प्रधान केन्द्र हुए। इनके अलावा भी हजारों शिव मंदिर देश भर में यत्र-तत्र सर्वत्र मिलेंगे। उन बारह स्थानों में उन्हें शिवलिंग नहीं कहते; ज्योतिर्लिंग कहते है। ज्योति अंधकार का विपर्यय है। क्या है यह अंधकार? जहां कुछ भी न दिखे, सभी रंग व रूप तमस् से आच्छादित हो जाते हैं, अपने आपको भी देखना मुश्किल। और जब

प्रकाश आ जावे तो सब कुछ देख-जान सकते हो।

अच्छा, तो मनुष्य अंधेरे में है। उसे नहीं मालूम कि उसके बाहरी अस्तित्व के अन्दर और आगे क्या है। शायद स्वप्न के बारे में उसे थोड़ा-सा मालूम होगा। उसे क्या मालूम कि सजगता के और भी कई स्तर हैं। जिन्हें वह प्राप्त भी कर सकता है। मनुष्य के अन्तस् का क्षेत्र अंधकार से व्याप्त है। अपनी आंख मूंद लेने पर क्या देखते हो? कुछ नहीं न? और, मन्त्र जप वगैरह जप लेने पर कभी-कभी चलचित्र या टेलीविजन जैसा कुछ दिखाई दे जाता है, नहीं तो कुछ नहीं।

क्रोध आने पर हमें मालूम तो हो जाता है लेकिन उसे देख नहीं सकते। भय लगने पर अनुभव होते हुए भी उसके कारण का ठीक पता नहीं लगता। इसलिए कि वहां अंधकार है। प्रकाश रहने पर भय, घृणा, प्रेम सब भावों को देखा जा सकता है। कई बार हमें यह नहीं मालूम पड़ता कि हमारे मन में क्या है, क्योंकि लोग केवल सोचते हैं, देख नहीं पाते।

तो प्रकाश हमें चाहिये और उसका ज्ञान भी चाहिये। उस ज्ञान के प्रकाश में वस्तुएं दिखाई देने लगती हैं। तुम्हें अपने पशुस्वभाव, अध्यात्म-स्वभाव, मानसिक समस्याएं, अवरोध, निरोध सब कुछ दिखेंगे। तुम्हें अपनी सभी व्यक्तिगत चीजें मालूम होंगी, जिनको पहले कभी नहीं देखा था। यह सब कब और कैसे होता है? प्रज्ञा के उदय से ही यह संभव है। यह प्रज्ञा-प्रकाश प्रसारित होता जाता है और वस्तुएं भी अधिक स्पष्ट होती जाती हैं। तब तुम केवल सोचते नहीं देखना शुरू करते हो।

इस भांति, जीवन की उच्च चेतना को भी देख सकते हो। ये द्वादश ज्योतिर्लिंग मनुष्य की प्रकाशित चेतना है। वर्ष भर दर्शकगण तीर्थयात्रा करके उनका दर्शन करते हैं। इनके दर्शनार्थ कोई भी समय अशुभ नहीं माना जाता।

शिव मंदिर के अंदर

शिव मंदिर की बाहरी सीमा मीलों तक फैली हो सकती है; किन्तु मंदिर तो अपने आप में बहुत संकीर्ण ही होता है। मंदिर में प्रवेश करते ही एक बैल मिलेगा। यह नन्दी बैल कहलाता है। मानव व्यक्तित्व के संपूर्ण अहं चेतना का प्रतीक। चित्र में शिवजी को एक बैल पर सवारी करते देखा होगा। यह वही वाहन है। बैल शिव पर सवार नहीं होता, शिव सवार होते हैं बैल पर। हम लोगों में यह बात ठीक उल्टी है, बैल हम पर सवार हो रहा है। यह बात समझने की है।

वह बैल संकेत है—स्वयं से हमारे प्रथम परिचय का। अध्यात्म की अंतर्यात्रा में प्रथम मुकाबला पशु से होता है, हमारी पशुवृत्ति से। यहां पर पशु माने उल्लू, बकरा, हिरण या घोड़ा नहीं; पशु हमारी चेतना की निम्न वृत्तियों का प्रतीक है।

फिर, मंदिर में अन्दर आपको एक अंडाकृति पत्थर मिलेगा। ये विशेष आकार वाले पत्थर नर्मदा नदी की सतह पर मिलते हैं। यह नदी मध्य भारत में से बहती हुई अरब सागर में जा मिलती है। मुझे मालूम नहीं, ये अंडाकार पत्थर वह नदी कैसे उत्पन्न

करती है। अनेक शिव मंदिरों में स्थापित ये लिंग उसी एक स्थान से, नर्मदा की सतह से जाते हैं।

लेकिन, वे बारह ज्योतिर्लिंग नर्मदा से नहीं लाये गये हैं। शिवलिंग दो तरह के मिलते हैं। नर्मदेश्वर लिंग और स्वयंभू लिंग। स्वयंभू लिंग स्वत: उत्पन्न हुए हैं, उन्हें कहीं से लाया नहीं गया। जहां पर वे प्रकट हुए, वहां से उन्हें हटाया नहीं गया; बल्कि उसी के चारों ओर शिवमंदिर का निर्माण कर दिया गया। नर्मदेश्वर लिंग को समारोह के साथ लाकर किसी मंदिर में प्रतिष्ठित किया जाता है।

शिवलिंग को एक वेदी पर स्थित करते हैं। उसके ठीक ऊपर जल से भरा एक ताम्र पात्र लटकता रहता है। बर्तन के एक छोटे छिद्र से बारहों मास और रात-दिन बूंद-बूंद जल शिवलिंग पर टपकता रहता है। मानव शरीर में निरंतर प्रवाहित अमृत की प्रक्रिया का यह प्रतीक रूप है। मानव की उच्च चेतना में अमृत बूंद झरता है, बिन्दु विसर्ग। यह हमारी चेतना को अविनाशी, अमर बनाता है।

शिवरात्रि—मिलन की रात

वर्ष में एक बार, शिव के भक्तजन अति विशिष्ट ढंग से शिवरात्रि मनाते हैं। शिव यानी उच्च चेतना। रात्रि यानी आत्मा की अंधेरी रात। शिवरात्रि की कथा बड़ी मनोरंजक एवं सारगर्भित है, रहस्यपूर्ण है।

हिमाचल की पुत्री पार्वती के साथ शिवजी का विवाह निश्चित हुआ। तिथि आ पहुंची। विवाह के लिए लड़के (वर) को लड़की (कन्या) के घर जाना पड़ता है। शिवजी अपने प्रियजनों के साथ पार्वती के बर्फीले राज्य में पहुंचे। वहां स्वागत की सारी तैयारी हो चुकी थी। सुन्दर नगर था और रूपवान नगरवासी। बारात की प्रतीक्षा हो रही थी। बच्चे विशेष खुश थे।

शिव दल के पहुंचते ही बच्चे दौड़े बारात देखने और देखते ही डर के मारे रोने-चिल्लाने लगे; कुछ तो बेहोश हो गये; कुछ चक्कर खाकर गिर पड़े; कुछ मजबूत बच्चे गिरते-उठते घर की तरफ भागे। अपने मकानों की छतों पर से बारात देखने वाली कई स्त्रियां वहीं मूर्छित हो गईं, क्योंकि शिव एक बैल पर सवार थे। अपने गले, कमर और हाथ में नाग सांप लपेटे हुए थे और सारे शरीर पर भस्म रमाये थे। शिव के पीछे उनके गण भूत, पिशाच सब चल रहे थे। उनमें से कइयों के पेट में मुंह था, कई एक पैर वाले थे, तो कई तीन पैर वाले। वे सब कुदरत की खिलवाड़ थे। कैसी अनोखी बारात थी।

सब ने यह अजीबोगरीब समाचार पार्वती की मां को सुनाया। बोले—'तुम्हारा जामाता (दामाद) तो भयंकर विकराल है और उसके साथी लोग एकदम घिनौने हैं।'

पार्वती की मां को सहसा विश्वास नहीं हुआ। बाहर जाकर उन्होंने खुद देखा और घबरा गईं। मैं इस मनहूस को अपनी बेटी कदापि नहीं दूंगी—ऐसा फैसला उन्होंने कर लिया। सारे नगर में हंगामा मच गया। हर आदमी हैरान था। इधर शिवजी अपने दल सहित बढ़ते जा रहे थे पार्वती के घर की ओर।

हिन्दू-विवाह-प्रथा के अनुसार, एक खास जगह पर ही विवाह का मंडप बनाया जाता है। जैसे ही उस मंडप में बारात पहुंची, सबका रूप बदल गया। शिव अतिशय नवयुवक हो गये। उनके सभी साथी देवता बन गये। सबके शरीर में दिव्य वस्त्र, जगमगाते आभूषण और गले में सुगन्धित फूलमाला।

भारत में, विवाह के समय वर को अपना गोत्रादि बताना पड़ता है—पिता का नाम, पिता के पिता का नाम और फिर आगे सातों पीढ़ी का नाम। पूछने पर शिवजी ने अपना परिचय बताया—'न मेरी मां है, न बाप।' 'तब आप जन्मे कैसे?' 'मेरा जन्म कभी हुआ ही नहीं।' लेकिन आप तो आकर्षक युवक दिखते हैं!' मैं तो चिरयुवा हूं।' तो आपका घर कहां है?' 'जंगल में कहीं भी।' आपके कोई रिश्तेदार तो जरूर होंगे?' 'हां, सभी भूत, प्रेत, बेताल, पिशाच मेरे रिश्तेदार हैं—भय और क्रोध भी मेरे रिश्तेदार हैं—वे सब मेरे परिजन हैं।'

अब आखिर में पूछा गया—'हमारी बेटी रहेगी कहां?' अरे, कोई विशेष प्रबन्ध की जरूरत ही नहीं, वह मेरे शरीर का आधा अंग बनकर रहेगी।' उन्होंने उत्तर दिया। इसीलिए शिव न तो इन्सान हैं, न भगवान। वे हमारे दिव्य जीवन, उच्च चेतना के प्रतीक रूप हैं।

सभी ज्योतिर्लिंग हमारे अन्दर में ही हैं—शायद बारहों; लेकिन हम उन्हें देख नहीं पाते। सावधानी से योगाभ्यास करते हुए, त्रिकाया को पार करके हम उस शिव चेतना का आत्म साक्षात्कार कर सकते हैं। और तभी हम अपनी दिव्य चेतना के साथ तद्रूप हो सकते हैं—ठीक वैसे ही जैसे पार्वती शिवजी के साथ एकरूप हो गयीं।

तांत्रिक अभ्यास : वज्रोली एवं सहजोली

(तन्त्र शास्त्र में पुरुषों एवं महिलाओं को अपनी काम-शक्ति को ऊर्ध्वगामी बनाकर ब्रह्मशक्ति में परिवर्तित करने, कुण्डलिनी शक्ति जागृत कर चेतना का विस्तार करने एवं समाधि के उच्चतर आयामों की प्राप्ति के लिए दो अति शक्तिशाली क्रियायें— वज्रोली एवं सहजोली, बतलायी गई हैं। इन यौगिक क्रियाओं के संबंधों में अनेक भ्रांतियां एवं उटपटाँग साधनाएँ छिटपुट रूप से प्रचलित रही हैं। इन भ्रान्तियों में स्पष्ट रूप में समाधान कर उनकी सहज यौगिक प्रविधियों का दिग्दर्शन स्वामी सत्यानन्द जी के द्वारा दिये गये सत्संग से उद्धृत किया जा रहा है। इनका सरल अभ्यास सभी साधक लोग कर सकते हैं, किंतु हठयोग की इन क्रियाओं में रुचि रखने वाले उत्साही साधकों के लिए इनके उच्च अभ्यास में कुशलता प्राप्त करने के लिए किसी सिद्ध योगी अथवा तांत्रिक गुरु से प्रत्यक्ष सम्पर्क करना आवश्यक है अन्यथा इनके उच्च अभ्यास काल के सूक्ष्म प्रभावों को नियंत्रित करना, समझना और दिशान्तरित करना उनके लिए असम्भव भी हो सकता है।)

वज्रोली

तंत्र में वज्रोली की दो विधियाँ बतलायी गई हैं, एक है हठयोग की और दूसरी है क्रियायोग की। हठयोग की प्रक्रिया द्वारा वज्रोली मैथुन की ओर उन्मुख है एवं क्रिया-योग की विधि का सम्बन्ध चक्रों को जागृत करने से है। प्रथम विधि से परिणाम शीघ्र यानी एक-दो वर्षों में मिलते हैं, लेकिन दूसरी विधि से प्राप्त परिणाम अपेक्षाकृत अधिक पूर्ण तथा शक्तिशाली होते हैं, यद्यपि इसकी पूर्णता प्राप्ति में चार-पांच वर्ष लग जाते हैं।

पारम्परिक हठयोग विधि में चांदी अथवा सोने की एक लचीली पाइप को मूल-नली के अन्दर डाला जाता है। इस विधि का प्रयोग वयःसन्धि के पूर्व करना चाहिए क्योंकि मूत्रमार्ग की दीवारें तब लचीली तथा मुलायम होती हैं और वीर्य पतन की सम्भावना भी कम होती है। इसमें मूत्रमार्ग की वक्रता के पास नली को मुड़ना नहीं चाहिए बल्कि मूत्रमार्ग (urethra) को प्रसारित करना चाहिए।

क्रियायोग की विधि में पूर्णता प्राप्ति तक प्रत्येक दिन दो बार सुबह-शाम दो वर्षों तक सिद्धासन में उड्डियान बन्ध का अभ्यास अवश्य करना चाहिए। तथा साथ-साथ प्राणायाम का भी अभ्यास जारी रखना चाहिए। तब सिद्धासन में मूलबन्ध लगाये बिना ही मूलबन्ध हो जाता है, जबकि उड्डियान बन्ध का अभ्यास मूत्रमार्ग तथा उसके आस-पास के अंगों को शक्तिशाली बनाता है। इस हेतु उड्डियान बन्ध का अभ्यास कम से कम डेढ़ मिनट तक करने की क्षमता प्राप्त करना जरूरी है। तभी आगे कदम बढ़ाना सम्भव है। आरम्भिक अभ्यास के समय दूसरे चरण के अभ्यासों को करना वर्जित है।

उड्डियान बन्ध में दक्षता प्राप्ति के बाद उपयुक्त भोजन के द्वारा शरीर की अम्लीयता दूर करना भी आवश्यक है। इसके लिए भोजन में सतर्कता के अलावा पानी अधिक पीना आवश्यक है, ताकि पेशाव साफ तथा गंधहीन हो। अगर भोजन तथा जल दोनों अम्लीयता दूर करने में सक्षम न हों तो सूखी धनिया चबाना चाहिए। अम्लीयता मुक्ति की जाँच का सर्वोत्तम तरीका है—पेशाव करते समय पेशाव को थोड़े समय के लिए रोकना। अगर जलन का अनुभव हो, तो समझना चाहिए कि अम्लीयता अभी समाप्त नहीं हुई है।

जब अम्लीयता दूर हो जाये तथा सिद्धासन और उड्डियान बन्ध भी सिद्ध हो जायें, तब पेशाब करते समय पेशाब को रोकने का अभ्यास करना चाहिए। करीब एक चौथाई पेशाब जब शेष रहे, तब मूत्र के प्रवाह को रोक देना चाहिए और फिर संकुंचन को मुक्त कर उसे बहने देना चाहिए। फिर रोकना चाहिए, इस तरह क्रिया चलती है।

इस तरह का अभ्यास करीब छः महीने तक करना चाहिए। इसे खड़े रहकर नहीं, नमस्कार की स्थिति में करना चाहिए।

जब मूत्र प्रवाह पर नियंत्रण प्राप्त हो जाए और अपनी इच्छा से आप उसे कभी भी रोक अथवा शुरू कर सकने की क्षमता प्राप्त कर लें तो मूत्र को फिर से वापस खींचने का अभ्यास करना चाहिए। यह बहुत कठिन है। इसको सिद्ध करने में एक-दो वर्ष लग जाते हैं। जितना मूत्र बाहर निकलता है, उसकी अपेक्षा बहुत ही कम मात्रा में मूत्र वास्तव में फिर ऊपर खीचा जा सकता है, लेकिन इसके खींचने का अनुभव स्पष्ट होता है।

जब मूत्र को ऊपर खींचना सम्भव हो जाता है, तब वीर्य को भी खींचा जा सकता है। अतः इसका अगला चरण है, स्खलित हो रहे वीर्य को ऊपर खींचना। इसे सिद्ध करने के लिए आवश्यक है कि वीर्य स्खलन की इच्छा, काल और वास्तविक वीर्य-स्खलन की अवधि के अन्तराल को बढ़ाया जाए। इस अन्तराल को धीरे-धीरे एक मिनट तक बढ़ाया जाए, अधिक नहीं। प्रारम्भ में लम्बे अन्तराल के कारण साधक अचेत हो सकता है, पर इसका अनुभव आश्चर्यजनक होता है। इस अनुभव के दौरान शरीर बिल्कुल अचल, आंखें बन्द तथा श्वास को अन्तर्कुम्भक या बहिर्कुम्भक की स्थिति में होना चाहिए। सम्पूर्ण एकाग्रता मात्र वीर्य को रोकने में ही रहती है।

इस तरह वीर्य को रोकने पर मूलाधार चक्र में बहुत ही स्पष्ट अनुभूति होती है जैसे कोई छोटी गोली से मूलाधार चक्र को पीट रहा हो। इस विधि में निपुण हो जाने के बाद मेरुदण्ड में स्थित अतीन्द्रिय केन्द्रों अर्थात् चक्रों पर एकाग्रता का अभ्यास किया जाता है।

वज्रोली का अभ्यास

सिद्धासन में बैठकर उड्डियान बन्ध को डेढ़ मिनट तक सिद्ध करो।
मूत्र की अम्लीयता को भोजन, पानी, धनिये के बीज से दूर करो।

नमस्कार की स्थिति में पेशाब को बीच में ही रोकने तथा शुरू करने का अभ्यास छः महीने तक करो।

दो वर्षों तक मूत्र को ऊपर खीचने का अभ्यास करो।

एक मिनट तक वीर्य को रोककर रखने का अभ्यास करो।

वीर्य को रोक कर रखने के समय को धीरे-धीरे बढ़ाते जाओ, जब तक वीर्य स्थायी रूप से न रुकने लगे।

सहजोली

सिद्धयोनि आसन में स्त्रियां सहजोली का अभ्यास करती हैं। अतः सर्वप्रथम आसन सिद्ध होना आवश्यक है। फिर इसका अभ्यास धीरे-धीरे इस क्रम में करना चाहिए—हाथ-पैर अच्छी तरह से साफ कर सिद्धयोनि आसन में बैठो।

योनि की मांसपेटियों को संकुचित करो, फिर ढीला छोड़ो। ऐसा कई बार करो।

जब योनि की मांसपेशियां शक्तिशाली हो जायें, तब योनि के आन्तरिक भाग को संकुचित करो तथा धीरे-धीरे उसे और संकुचित करो। योनि की सारी मांसपेटियों को संकुचित करते जाओ तथा इसे तब तक बढ़ाते जाओ जब तक मांसपेटियों को गहराई तक संकुचित न करने लगो।

इसमें अभ्यस्त होने के बाद योनि द्वार को एड़ी से ऊपर उठाकर योनि की मांसपेटियों को संकुचित करना शुरू करो।

उसके बाद योनि द्वार की मांसपेटियों को शिथिल करके नीचे करो ताकि एड़ी योनि के अन्दर प्रवेश कर जाए। इसे बार-बार अभ्यास करने पर एड़ी और अन्दर चली जाती है। इसका अभ्यास तब तक करो जब तक एड़ी योनि के अन्दर दो सेंटीमीटर तक प्रवेश न कर जाए। तब अन्तिम स्थिति में निपुण हो जाओ तब भद्रासन अथवा गोरक्षासन में बैठ जाओ।

अन्य विधि

मुट्ठियों को भींचकर भुजाओं को तानते हुए नौकासन करो। अभ्यास के दौरान अन्तर्कुम्भक लगाकर योनि को संकुचित करो। जब यह आसानी से होने लगे, तब योनि से प्रारंभ कर सम्पूर्ण शरीर का संकुचन करो।

पैरों के बगल में बांहों को फैलाकर हाथों को समतल जमीन पर रखते हुए नौकासन की स्थिति में आओ। उसके बाद कुम्भक लगाकर शाम्भवी मुद्रा करते हुए योनि की सारी मांसपेटियों को जब तक सम्भव हो संकुचित करके रखो।

—o—

स्वरयोग

स्वामी पुरुषोत्तम सरस्वती

मनुष्य के अन्दर ऐसी अपूर्व शक्तियों का भण्डार है जिसको प्राप्त कर लेने पर वह स्वयं-सिद्ध होकर त्रिकाल दर्शक बन सकता है। किन्तु माया के बन्धन में पड़कर मनुष्य दिन-प्रतिदिन अपने उस दिव्य नेत्र से रहित होता जा रहा है, वह अपनी अन्तस्थ अमूल्य शक्ति-रत्नागार से अनभिज्ञ होता जा रहा है। यही कारण है कि वह कितने ही भौतिक साधनों के होते हुए भी रात-दिन दैहिक, दैविक और भौतिक तापें से पीड़ित व क्लांत दिखता है। वह चाहता बहुत कुछ है पर कर कुछ भी नहीं पाता।

शास्त्रकारों का कहना है—'यत् पिण्डे तद् ब्रह्माण्डे' अर्थात् इस ब्रह्माण्ड क. एक रूप यह पिण्ड (शरीर) भी है। प्रकृति का स्वरूप दर्शन हमें पशु-पक्षी, लता-वृक्ष, फल-फूल, नदी-पर्वतादि के आधार पर हो जाता है और सामान्य मनुष्य को भी प्रकृति के बाह्य परिवर्तन का बोध समय, ऋतु आदि के द्वारा हो जाता है और सामान्य मनुष्य अपनी बुद्धि द्वारा और नाक्षत्रिक ग्रह-नक्षत्र आदि के माध्यम से भावी घटनाओं का समय से पूर्व ही ज्ञान प्राप्त कर लेता है। उसी प्रकार इस शरीर में किसी भी भावी घटना के पूर्व एक सूक्ष्म संकेत मिलता है, परन्तु अज्ञानवश वह उसको समझ नहीं पाता और दुःख शोकादि का शिकार बन जाता है। अतः इस दिव्यज्ञान को प्राप्त करने के लिये हमारे पूर्वज ऋषि-मुनियों ने अनेक साधन बतलाये हैं जिनमें से 'स्वरयोग' को एक उत्तम साधन माना गया है।

स्वरयोग भारत की अति प्राचीन और शिरोमणि विद्या है। इसके आश्चर्यजनक परिणाम और साधन की सरलता के कारण किसी समय इस विद्या का सम्पूर्ण भारत के जन-मानस पर बहुत अधिक प्रभाव था और सामान्य से सामान्य व्यक्ति भी इसके ज्ञान से लाभ उठाते रहे। किन्तु भौतिकवाद के कुचक्र में आकर लोग इस परम-पावन विद्या को भूल से गये, अतः आधुनिक काल के आते तक यह रहस्यमयी विद्या कपोल-कल्पना ही रह गयी। इस महत् स्वरविज्ञान को आधुनिक विज्ञान की कसौटी पर कसना बहुत जरूरी है, क्योंकि आज लोगों की अध्यात्म की ओर जाग रही अभिरुचि का इसके पास समाधान है। न केवल अध्यात्म में बल्कि इस विज्ञान के रहस्योद्घाटन से आधुनिक विज्ञान को भी बड़ी उपलब्धि होगी।

स्वर क्या है

योग में श्वास को स्वर कहा गया है। अर्थात् नासिका के दोनों छिद्रों से निरंतर श्वास और प्रश्वास के रूप में प्रवाहित होने वाली प्राण वायु को स्वर कहते हैं। वायु ग्रहण करने को निःश्वास या पूरक और वायु बाहर छोड़ने को प्रश्वास या रेचक कहते

हैं। अतः स्वर विद्या सीखने के लिए श्वास-प्रश्वास का ज्ञान आवश्यक है। कहा है —'काया नगरमध्येतु मारुतः क्षितिपालकः' अर्थात् इस देह रूपी नगर में वायु, राजा के समान है। प्राणी श्वास-प्रश्वास की क्रिया से प्राण शक्ति को प्राप्त करता है।

श्वसन क्रिया एक नैसर्गिक क्रिया है, जो मनुष्य के जन्म से लेकर मरण काल तक सहज रूप से चलती रहती है। नासिकाएँ खुली होने पर भी श्वास एक साथ नहीं चला करती। कभी दाहिनी तो कभी बायीं नासिका छिद्र में प्रति एक घंटे के अन्तर में परिवर्तित होती रहती है और परिवर्तन के समय यह कुछ क्षण के लिए दोनों नासिका छिद्रों में चलने लगती है। परन्तु इसका हमें स्थूल रूप से भान नहीं होता। श्वास का दोनों नासिकाओं में अलग-अलग बहना ही इस विज्ञान का महत्त्वपूर्ण पहलू है। स्वर के ज्ञान द्वारा हम शरीर स्वास्थ्य तो बना ही सकते हैं, साथ ही मन की वृत्तियों पर भी इसका प्रभाव पड़ता है। इसके ज्ञान से हम अपने और सृष्टि के बीच घटने वाली रहस्यमयी घटनाओं का भी ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं।

योग की अन्य क्रियाओं के अनुसार स्वर विज्ञान भी मनुष्य को आत्मोन्नति के मार्ग पर ले जाने वाली विद्या है। कई बार मनुष्य मन की वृत्तियों के कारण उलझन में पड़ जाता है। उस समय वह किंकर्तव्यविमूढ़ हो जाता है और इस द्वन्द्व में पड़ कर कोई निर्णय नहीं कर पाता। ऐसी स्थिति पर स्वर-ज्ञान काम आता है। पति बीमार पड़ा है, मरणासन्न है और पत्नी को अपने मैके में पता चलता है। उस समय ज्योतिष शास्त्र के अनुसार नाना प्रकार के यात्रा अरिष्ट बतलाये जाते हैं। बरबस वह शुभ लग्न की प्रतीक्षा में बैठी रह जाती है और तब तक पतिदेव का हरि ॐ तत्सत् (अन्त) हो जाता है। वह जीवन भर इस दारुण दुःख से पीड़ित रहती है। रोगी की मृत्यु सन्निकट होते हुए भी वैद्यराज शुभ मुहूर्त की ताक में औषध नहीं दे पाते और रोगी मर जाता है। समाज में यात्रा, वाणिज्य, विवाह, व्रत, गृहप्रवेशादि कर्म के समय भी मुहूर्त का विचार करना प्रचलित है। इन परिस्थितियों पर मनुष्य का पाक्षिक ज्ञान प्रायः असफल होता देखा जाता है। मनुष्य का किसी भी काम को सकुशल इच्छानुकूल करना जन्मसिद्ध अधिकार है, पर कतिपय सिद्धान्तों के आधार पर इच्छा होते हुए भी वह नहीं कर पाता। ऐसे अवसर पर मनुष्य अगर स्वर शास्त्र का ज्ञाता है, तो वह निश्चित ही निर्विघ्नतापूर्वक किसी भी कार्य को कर सकता है।

स्वरयोग का लक्ष्य

स्वरयोग एक स्वतंत्र शास्त्र है। यह किसी परिस्थिति, धर्म या सभ्यता से संबंधित नहीं है। इससे व्यक्ति के विश्वास, विचार एवं कार्यों में कोई बाधा उत्पन्न नहीं होती। स्वर ज्ञान के द्वारा व्यक्ति अपने अंधविश्वास व गलत मान्यताओं के बंधन से छुटकारा पा सकता है। शिव-स्वरोदय का मत है—

न तिथिर्न च नक्षत्रं न वारो ग्रहदेवता।
न च विष्टिव्यतीपातो वैधृत्याद्यास्तथैव च ॥

कुयोगो नास्ति नो देवि ! भविता वा कदाचन ।
प्राप्ते स्वरबले शुद्धे सर्वमेवशुभं फलम् ॥

अर्थात् स्वरोदय शास्त्रियों के लिए तिथि, नक्षत्र, वार, ग्रह, देवता विष्टि, व्यतीपात और वैधृति आदि से व्याघात उत्पन्न नहीं होते। हे देवि ! इसमें कुयोग कभी नहीं होता। स्वर बल को शुद्ध कर इसके अनुसार कर्म करने पर सर्वत्र शुभ ही होता है। अशुभ कहीं भी दृष्टिगोचर नहीं होता। अतः स्पष्ट हो जाता है कि विभिन्न कार्यों में समय, लग्न अथवा मुहूर्त की अनुकूलता न होते हुए भी स्वरयोग के माध्यम से सभी कार्य सकुशल सम्पादित किये जा सकते हैं। आगे स्वरोदय शास्त्र कहता है 'भवेत् ज्ञान त्रिकालजम्' इसको सिद्ध कर लेने पर मनुष्य त्रिकालदर्शी भी बन जाता है। यह स्वर ज्ञान अति सूक्ष्म एवं रहस्यमय विषय है। निर्बाध और सुखमय जीवनयापन करने के लिए यह सर्वोपयोगी साधना है और सत्यान्वेषी के लिये यह रहस्य की कुंजी है।

स्वरयोग का रहस्य

सृष्टि-रहस्य अद्भुत है। इस अनन्त ब्रह्माण्ड में प्रकृति ने आश्चर्यजनक रहस्यों को छिपा रखा है। इसके रहस्यों की खोज की जिज्ञासा मनुष्य में स्वाभाविक ही उठती है। आधुनिक आविष्कारों के पीछे मनुष्य की वह जिज्ञासा कारण है। सृष्टि का सबसे बड़ा रहस्यमय जीव है मानव स्वयं। इसके अन्दर ऐसी रहस्यमयी शक्तियाँ छिपी हुई है जिनके बारे में आज तक स्पष्टतः कुछ भी नहीं कहा जा सका है। हाँ अवश्य ही इन रहस्यों के बारे में अध्यात्म मार्ग पर चलने वाले योगी-महर्षियों ने पता लगाने का प्रयास किया, शास्त्रों में इसका प्रमाण है। शास्त्रों से पता चलता है कि उन्हें अपनी खोज में काफी सफलता भी मिली पर उनका ज्ञान अनुभवजन्य होने के कारण सर्वसुलभ नहीं हो पाया और रहस्य का रहस्य ही बना रहा। उनकी विद्या अनुभवी ज्ञानियों के लिए भी रहस्यमय बन गई।

स्वरयोग की महिमा

स्वरयोग मात्र एक श्वसन प्रणाली पर अधिकार प्राप्त कर त्रिकालज्ञ बनने का साधन ही नहीं बल्कि यह एक विशुद्ध वैज्ञानिक तत्त्वज्ञान भी है। यह बतलाता है कि निखिल विश्व ब्रह्माण्ड में व्याप्त भौतिक शक्तियों से मनुष्य शरीर किस प्रकार प्रभावित होता है। सूर्य, चन्द्र तथा अन्यान्य ग्रह नक्षत्रों की चैतन्य रश्मियों द्वारा शरीर के परमाणुओं में किस प्रकार की चेतना उत्पन्न होती है। शरीर की जब जैसी स्थिति हो तब उससे वैसा ही काम लेना चाहिये—यही स्वरयोग का गूढ़ रहस्य है।

नाड़ी विज्ञान

'स्वरयोग की साधना करने वाले साधक के लिए नाड़ियों का ज्ञान एक महत्त्वपूर्ण विषय है। नाड़ी का अर्थ यहाँ स्नायु आदि से नहीं अपितु उन प्रवाहधाराओं से है जिन्हें प्राण का आवागमन-पथ कहते हैं। इस प्रकार मानव-शरीर में बहत्तर हजार नाड़ियाँ हैं, किन्तु इसमें दस प्रमुख हैं और इन दसों में से तीन महत्त्वपूर्ण नाड़ियाँ हैं। इन

तीनों को इड़ा, पिंगला और सुषुम्ना कहते हैं।

बायीं नासिका से प्रवाहित होने वाली वायु को इड़ा नाड़ी या बायाँ स्वर और दाहिनी नासिका से प्रवाहित होने वाली को पिंगला नाड़ी या दाहिना स्वर कहते हैं। जिस प्रकार दिन और रात के मध्य में एक संधिकाल होता है उसी प्रकार इन दोनों के बीच में भी एक संधि समय आता है और उस समय दोनों नासिका से स्वर चलता है। इसे सुषुम्ना स्वर कहते हैं। इन तीनों के अतिरिक्त अन्य सात नाड़ियाँ हैं जिनको गांधारी, हस्तिजिह्वा, पूषा, यशस्विनी, अलंबुषा, कुहू और शंखिनी कहते हैं। इन सातों का स्थान है—हस्तिजिह्वा-दाहिनी आँख में। गांधारी—बायीं आँख में। पूषा—दाहिने कान में। यशस्विनी—बायें कान में। अलम्बुषा—मुख में। कुहू—लिंग देश में और शंखिनी गुदा में। इन नाड़ियों का आश्रय वायु है अतः साधक के लिए वायु विषयक जानकारी भी आवश्यक हो जाती है। जिस प्रकार शरीर में दस नाड़ियों को मुख्य माना गया है, उसी प्रकार शरीर में दस प्राण भी मुख्य माने गये हैं। जिनमें से भिन्न-भिन्न स्थान पर रहने वाले पाँच वायु मुख्य माने गये हैं। उनका नाम है प्राण, अपान, उदान, समान व व्यान। शरीर में इनकी स्थिति इस प्रकार—प्राण हृदय में, अपान गुदा में, समान नाभि देश में, उदान कंठभाग में; और व्यान को सर्व शरीर-व्यापी माना गया है। इनके अतिरिक्त पाँच नाग, कूर्म, कृकल, देवदत्त और धनंजय पांच उपवायु हैं। इनके द्वारा शरीर के विभिन्न कर्म जैसे—उद्गार, उन्मीलन, विजृम्भण, क्षुधा आदि कार्य सम्पन्न होते हैं। इस प्रकार भलीभाँति दसों वायु एवं दश प्राण-वाहिनियों का ज्ञान हो जाने पर ही स्वरयोग साधना आरंभ करनी चाहिये।

पंचतत्त्व विवेचन

स्वरयोग साधक के लिए जिस प्रकार स्वरों का ज्ञान आवश्यक होता है उसी प्रकार पंचतस्व का ज्ञान भी आवश्यक है। क्योंकि मनुष्य का शरीर इन पंचतत्त्वों के ही सम्मिश्रण से बना है। इन्हीं को पंचमहाभूत की भी संज्ञा दी गई है। इनको सिद्ध कर लेने के पश्चात् मनुष्य को भूत, भविष्य और वर्तमान तीनों कालों का ज्ञान हो जाता है और इस प्रकार वह अनेकानेक सिद्धियों को प्राप्त करता है।

तत्त्व साधन

तत्त्व क्या है? तत्त्व का अर्थ होता है सार भाग या मूलवस्तु। आध्यात्मिक विज्ञान में तत्त्व का उपयोग वहाँ होता है जहाँ आत्मा और ईश्वर के समन्वय की चर्चा होती है। भौतिक शास्त्री प्रकृति के मूल-भूत कारणों को तत्त्व कहते हैं। ऐसे ही स्वरयोग में शरीरगत पंच तत्त्वों पर अधिकार प्राप्त कर लेने वाले योगी को भी तत्त्वज्ञानी कहते हैं। ये तत्त्व पाँच हैं—

'पृथिव्यापस्तथा तेजो वायुराकाशमेव च'

पृथ्वी, जल, तेज, वायु और आकाश। षट् चक्र भेदन की भाँति स्वरयोग में इनकी भी उपासना की जाती है।

ब्राह्म मुहूर्त में किसी पवित्र स्थान पर शान्तचित्त होकर सिद्धासन या पद्मासन में बैठ जाइये। दोनों हाथों को घुटनों पर ज्ञानमुद्रा में रखिये। अब नासिका के अग्रभाग पर दृष्टि रखते हुये मूलाधार चक्र पर 'लं' बीज वाले चौकोर, पीले रंग के पृथ्वी तत्त्व का ध्यान कीजिये कुछ दिन इस प्रकार करने पर आपको नासाग्र पर अत्यन्त सुगंध का अनुभव होगा और शरीर देदीप्यमान दिखने लगेगा। इसी तरह निरंतर करते रहने पर यह तत्त्व सिद्ध हो जायगा और आप जिस किसी समय इस तत्त्व को चालित करना चाहें चालित कर सकेंगे। इसके द्वारा प्रत्येक शुभाशुभ का विवेचन किया जा सकता है।

उपरोक्त विधि से अन्य चारों तत्त्वों का ध्यान करें।

'वं' बीज वाले, अर्ध चन्द्राकार श्वेत वर्ण वाले स्वाधिष्ठान चक्र पर जल तत्त्व का ध्यान करें इससे भूख-प्यास पर विजय एवं सहनशक्ति प्राप्त होती है।

'रं' बीज वाले त्रिकोणाकार अग्नि के रंग वाले मणिपूर चक्र में अग्नितत्त्व का ध्यान करें। इससे धूप व अग्नि आदि सहने की शक्ति आती है।

'यं' बीज वाले गोलाकार हरित रंग के अनाहत (हृदय) चक्र में वायुतत्त्व का ध्यान करें इससे आकाश गमन की सिद्धि मिलती है।

'हं' बीज एवं बैंगनी रंग वाले विशुद्धि चक्र में आकाश तस्व का ध्यान करने से त्रिकाल ज्ञान, ऐश्वर्य और अणिमादि अष्ट-सिद्धियाँ प्राप्त होती हैं। इसी रीति से प्रतिदिन इन तत्वों का ध्यान करते रहने से कालान्तर में ये तत्त्व सिद्ध हो जाते हैं। तब इन्हें सरलता से पहचाना जा सकता है। यहाँ हम संक्षेप में कुछ विधियाँ लिख रहे हैं जिनसे आपको तत्त्व पहचानने में सहायता मिलेगी।

गति द्वारा

तत्त्वों के उदय के साथ प्रवाहित स्वर की गति भी बदलती है। यदि नासिका के बीच में स्वर चल रही हो तो पृथ्वी तत्त्व, नीचे की ओर चल रही हो तो जल तत्त्व, ऊपर की ओर चल रही हो तो अग्नि तत्त्व, तिरछी चल रही हो तो वायु तत्त्व, और घूमती हुई चल रही हो तो आकाश तत्त्व समझना चाहिये।

लम्बाई द्वारा

थोड़ी-सी धुनी हुयी रुई लेकर हथेली पर रखिये और स्थिर आसन में बैठकर (श्वास जैसी चल रही हो चलने दें) धीरे-धीरे नथुने की ओर रुई वाले हाथ को बढ़ाइये जितनी दूरी पर श्वास के द्वारा रुई में थोड़ी भी हलचल हुई हाथ को रोक लीजिये और किसी चीज के सहारे उसकी दूरी को अंगुलियों के सहारे नाप लीजियें। १२ अंगुल चल रही हो तो पृथ्वी तत्त्व, १६ अंगुल हो तो जल तत्त्व, १४ अंगुल हो तो अग्नि तत्त्व, १८ अंगुल हो तो वायुतत्त्व और २० अंगुल हो तो आकाश तत्व का उदय जानिये।

स्वाद द्वारा

बिना कुछ खाये भी यदि आप ध्यान दें तो विशेष स्वाद की अनुभूति होगी। आप ध्यान से उसका परीक्षण कीजिये। मुख का स्वाद मीठा हो तो पृथ्वी तत्त्व, कसैला हो तो जल तत्त्व, कड़ुआ हो तो अग्नि तत्त्व, खट्टा हो तो वायुतत्त्व और तीखा हो तो आकाश तत्त्व समझना चाहिये।

समय द्वारा

स्वाभाविक रूप से स्वर एक घंटा चलता है जिसमें २० मिनट पृथ्वी तत्त्व, जल तत्त्व-१६, अग्नि तत्त्व-१२, वायुतत्त्व-८ और आकाश तत्त्व-४ मिनट चलता है।

आकृति द्वारा

एक स्वच्छ दर्पण लीजिये और उस पर जोर से नाक द्वारा श्वास छोड़िये। इससे श्वास की भाप से दर्पण के ऊपर एक आकृति बन जायगी जिसको देखकर आप स्वर पहचान सकते हैं। आकृति चौकोर हो तो पृथ्वी तत्व, अर्धचंद्राकार हो तो जलतत्त्व, त्रिकोण बने तो अग्नि तत्त्व, अण्डाकार बने तो वायु तत्त्व और छोटी-छोटी बिन्दियों के रूप में हो तो आकाश तत्त्व समझना चाहिये।

षण्मुखी मुद्रा द्वारा

किसी ध्यान के आसन में बैठकर दोनों कानों को अंगुठों से, दोनों आंखों को तर्जनियों से, नासिकाओं को मध्यमाओं से, ऊपर के होंठ को दोनों अनामिका, एवं निचले होठ को दोनों कनिष्ठिका से बंदकर और ध्यान से आप अपने अंदर के दृश्य को देखिये। ऐसी स्थिति में कुछ आकृतियाँ आपके सामने दिखेंगी। आप उसके रंग एवं आकार को देखकर भी तत्वों को जान सकते हैं। पृथ्वी, जल, तेज, वायु और आकाश का क्रमशः पीला-चतुष्कोण, श्वेत-अर्धचन्द्राकार, लाल-त्रिकोण, धूम्र-षट्कोण, चित्र-विचित्र-बिन्दु के रंग और आकार होते हैं।

इसके अतिरिक्त एक और प्रक्रिया है जिससे सहज ही तत्त्वों का ज्ञान प्राप्त हो सकता है। पाँचों तत्त्वों के रंग की किसी भी वस्तु की पाँच गोलियाँ बना लें और उन्हें जेब में रख लें। जब तत्त्व-परीक्षा करनी हो जेब में हाथ डालकर एक गोली निकाल लें फिर रंग देखकर तत्त्व का ज्ञान कर लें तत्त्वों का ज्ञान हो जाने पर किसी भी शुभ-अशुभ लाभ-हानि, कर्तव्याकर्तव्य-विषयक प्रश्नों का समाधान किया जा सकता है।

स्वर-साधन

तत्त्वों की पहचान हो जाने पर स्वर साधन करने में सरलता होती है। स्वर साधन में सबसे पहिले स्वरों की प्राकृतिक स्थिति का ज्ञान होना आवश्यक है, क्योंकि जिस प्रकार समुद्र की लहर पर चन्द्र-सूर्य का प्रभाव पड़ता है, उसी प्रकार स्वरों से भी चन्द्र-सूर्य का संबंध होता है। अतः प्रत्येक पक्ष में श्वास की गति भिन्न-भिन्न होती है और प्रायः एक नासिका से १ घंटा चलकर श्वास बदल जाती है। शुक्लपक्ष की प्रतिपदा को प्रातः इड़ा नाड़ी अर्थात् बायाँ (चन्द्र) स्वर चलना चाहिये। उसी प्रकार

कृष्णपक्ष की प्रतिपदा को प्रातः पिंगला नाड़ी अर्थात् दाहिना (सूर्य) स्वर चलना चाहिये। इसी तरह नियमपूर्वक श्वास चल रही है तो यह शरीरिक एवं मानसिक स्थिति के संतुलित होने का प्रमाण है।

इसका अर्थ यह नहीं समझना चाहिये कि लगातार पन्द्रह दिन तक एक ही स्वर चलेगा। जिस प्रकार प्रतिपक्ष चंद्र की कलाओं में परिवर्तन होता है उसी प्रकार स्वर भी परिवर्तित होते हैं। प्रतिपदा को नाड़ी का आरंभ होकर प्रतिदिन सूर्योदयोपरांत स्वर बदलता है। जैसे शुक्लपक्ष का—१-२-३, ७-८-९, १३-१४ और पूर्णिमा को सूर्योदय के समय इड़ा नाड़ी (बायाँ स्वर) रहेगी और अन्य ४-५-६, १०-११-१२, को पिंगला नाड़ी (दाहिना स्वर) रहेगी। इसी प्रकार कृष्णपक्ष में पिंगला से शुरू होकर प्रति तीन दिन बाद स्वर बदलता है। यह नैसर्गिक नियम है।

स्वर साधन करने वाले साधक को स्वर पर पूर्णतः अधिकार प्राप्त करने तक यह साधना करनी चाहिये और यही स्वरयोग की सिद्धि है। इस अवस्था में साधक चलते-फिरते स्वरों में परिवर्तन कर सकता है। फिर भी उसे ऊपर बताये गये नियमों का ज्ञान होना परमावश्यक है। क्योंकि प्रकृति एक रहस्यमयी शक्ति है उसके नियमों का पालन कर अगर मनुष्य उससे कुछ चाहे तो वह सर्वस्व दे सकती है। पर उसके साथ खिलवाड़ करना उसके नियमों और सिद्धान्तों का उल्लंघन करना मनुष्य के लिए अभिशाप हो सकता है।

१. आप अगर प्राणायाम के अभ्यासी हैं तो आपको रेचक और पूरक आता होगा। जब आपको स्वर परिवर्तन करना हो उस समय पद्मासन, सिद्धासन या सुखासन में बैठ जाइये और शरीर को स्थिर कर लीजिये नाड़ीशोधन प्राणायाम की रीति से श्वास चल रही हो उसी से धीरे-धीरे पूरक कीजिये और दूसरी नासिका से उसे छोड़िये। इस प्रकार कई बार लगातार करने पर स्वर परिवर्तित हो जावेगा।

२. जिस नासिका से श्वास चल रही हो उसी करवट पर लेट जावें तो स्वर बदल जावेगा, इस अवस्था में तकिये का सहारा लिया जा सकता है। तकिये को छाती के नीचे रख लीजिये, इससे एक फेफड़े पर दबाव पड़ने पर दूसरा फेफड़ा कार्य करने लगता है।

३. आप लोगों ने देखा होगा भगवान शंकर के चित्र में एक विशेष दण्ड को दिखाया जाता है। योगियों के पास भी यह दण्ड देखने को मिलेगा—इसे योगदण्ड कहते हैं। यह स्वर-योग का एक महत्त्वपूर्ण साधन है। जिस नासिका में श्वास चल रही हो उस ओर की आँख (बगल) में इस दण्ड को दबाकर उसी ओर का थोड़ा-सा सहारा लेने से कुछ ही मिनट बाद स्वर परिवर्तित हो जाता है।

४. चलित स्वर में स्वच्छ रुई का फोहा रखने से भी स्वर बदल जाता है।

५. ध्यान द्वारा स्वर परिवर्तन करने के लिए चित्त की एकाग्रता एवं दृढ़ इच्छाशक्ति की जरूरत है। किसी भी ध्यान के आसन में बैठकर जिस स्वर को चलाना हो उस पर ध्यान एकाग्र कीजिये। कुछ समय पश्चात् निश्चित ही स्वर बदल जावेगा।

६. जब दीर्घ काल तक एक ही स्वर को चलाना हो एवं दूसरे स्वर को बंद करने की आवश्यकता हो तब यह प्रयोग किया जा सकता है। एक नथुने में ठीक आ सकने योग्य साफ रुई की एक गोली बनावें और जरा से स्वच्छ कपड़े में उसको रख कर सी दें जिससे उसके रेशे इधर-उधर न निकले रहें। जिस नथुने में श्वास चल रही हो उसमें इसको रख दें, थोड़ी देर में स्वर-परिवर्तित हो जायेगा तब इसको निकाल कर फेंक देना चाहिये, क्योंकि इसमें गंदगी हो जाती है, इसलिए दूसरी बार के लिए ठीक नहीं। ध्यान रहे मस्तिष्क के रोगी यह प्रयोग न करें।

७. इस विधि में किसी भी ध्यानासन में बैठकर चलित स्वर वाले नासिका छिद्र को अंगुली से बन्द कर नासिकाग्र दृष्टि का अभ्यास करें। इससे पांच मिनट में स्वर परिवर्तन होता है और इसी विधि के साथ बायें हाथ से दाहिनी बगल और दाहिने हाथ से बायीं बगल पर जोर देकर दबाने से सुषुम्ना स्वर चलता है अर्थात् दोनों स्वर खुल जाते हैं जो ध्यानाभ्यास के लिए उपयोगी होता है।

८. स्वर परिवर्तन के समय घी खाने से बायाँ और शहद खाने से दाहिना स्वर का चलना कहा गया है।

९. खेचरीमुद्रा और नौलिक्रिया से भी स्वर-परिवर्तन होता है।

१०. सीधे बैठ जाइये। फिर बायें घुटने को मोड़कर खड़ा कर बायीं छाती से लगा दीजिये। अब बायीं बगल (काँख) को बायें घुटने पर रख कर बायें तरफ सिर झुकाकर बैठ जाइये। कुछ ही मिनटों में आपका दायाँ स्वर चलने लगेगा और ठीक यही क्रिया दाहिने अंग से करने पर दायाँ स्वर चलने लगेगा।

११. केवल तीन दिन तक गोमूत्र में फुलाकर शुद्ध किये कुचला चूर्ण को तीन से छः रत्ती की मात्रा में चीनी मिलाकर फाँककर ऊपर से घृत मिश्रित गाय का दूध पीने से बायें स्वर को दाहिने स्वर में बदला जा सकता है। कुचले के प्रभाव रहते तक दक्षिण स्वर ही चलता रहेगा। [ध्यान रहे कि कुचला विष है, अतः पूर्णतया शुद्ध किये बिना इसका प्रयोग कभी न करें।]

स्वर परिवर्तन के उपरोक्त ग्यारह प्रयोग आपके सामने हैं। इनमें से अनुकूलता के आधार पर साधक अपने लिए एक चुन कर उसका अभ्यास कर सकते हैं—किन्तु अभ्यासी को सर्वप्रथम किसी स्वरयोग विशेषज्ञ से सलाह लेकर ही इसकी साधना करनी चाहिये। क्योंकि अनुभवजन्य-ज्ञान, अध्ययनजन्य-ज्ञान और कल्पनाजन्य-ज्ञान में बहुत अन्तर होता है। जो अनुभवी है वह उचित प्रयोग बतला सकता है। इसी अनुभवी शिक्षक का नाम है गुरु। किसी भी साधना में गुरु का अपना वैशिष्ट्य है। वह आपको मार्ग की बाधाओं से बचने का उपाय बतला सकता है। फिर गुरु-कृपा हो जाय तो साधक निर्बाध गति से सफलता को प्राप्त होता है।

स्वर साधन के अनुभूत प्रयोग

यात्रा का शुभारंभ स्वर परीक्षा के उपरांत ही करना श्रेयस्कर है। यद्यपि स्वरशास्त्र में उसका विस्तृत वर्णन किया गया है तथापि हम यहाँ संक्षेप में लिख रहे

हैं। जिस नासिका से स्वर प्रवाहित हो रही हो उस पैर को पहिले बढ़ाकर यात्रा आरंभ करें। इससे शुभ फल होता है। पर पाठकों को इतना और ध्यान में रखना होगा कि बायें स्वर के समय पूर्व और उत्तर दिशा की तथा दाहिने स्वर के समय पश्चिम और दक्षिण दिशा की यात्रा न करें। इससे अनिष्ट की आशंका हो सकती है, ऐसा शास्त्रों में निर्देश है। स्थिर कर्म में सूर्यस्वर से यात्रा का शुभारंभ करें।

प्रस्थानकाल में चलित स्वर के शरीर भाग को हाथ से स्पर्श कर चलित स्वर वाले कदम को आगे बढ़ा कर यदि चन्द्र स्वर चल रहा हो तो चार बार और सूर्य स्वर हो तो पाँच बार उसी पैर को जमीन पर पटक कर प्रस्थान करना चाहिये। किन्तु यदि क्रोधी या किसी ऐसे व्यक्ति के पास आप जा रहे हों जिसका स्वभाव उग्र है तब जो स्वर बंद है अर्थात् जो नहीं चल रहा है उस पैर को आगे बढ़ा कर यात्रारंभ करना चाहिये। एवं उसके पास जाकर इस प्रकार बैठना चाहिये कि वह व्यक्ति आपके अचलित स्वर भाग में हो। इस प्रकार उसकी उग्रता नम्रता में परिवर्तित हो जायेगी और आपका कार्य निर्विघ्न सम्पन्न हो जायेगा। गुरु, मित्र, अफसर और राज दरबार में जब वाम स्वर चालित हो उस समय वार्तालाप का आरंभ करना ठीक होगा।

१. सुबह बिस्तर पर आँख खुलते ही जिस ओर का स्वर चल रहा हो उसी ओर का पैर प्रथम जमीन पर रखने से सब मनोरथ पूर्ण होते हैं। इससे भाग्योदय होता है।

२. परिश्रम से उत्पन्न थकावट को दूर करने के लिए या धूप की गर्मी से शांति पाने के लिए थोड़ी देर तक दाहिने करवट पर लेटने से फायदा होता है और थकावट या गर्मी दूर हो जाती है।

३. रोज आधा घंटा पद्मासन में बैठकर दाँतों की जड़ में जींभ का अग्रभाग जमाये रखने से कोई भी रोग नहीं होता और स्वास्थ्य उत्तम बना रहता है।

४. रोज आधा घंटा सिद्धासन में बैठकर नाभि पर दृष्टि जमाने से दृष्टि शक्तिशाली होती है, एकाग्रता बढ़ती है और स्मरण शक्ति तीव्र होती है। इस अभ्यास को लगातार छः माह तक करने से भयंकर स्वप्नदोष भी नष्ट हो जाता है।

५. जो दिन में बायीं नासिका से और रात में दाहिनी नासिका से श्वास लेता है उसके शरीर में कोई पीड़ा नहीं होती, मन सदैव प्रसन्न रहता है तथा दीर्घजीवी होता है। योगियों ने स्वर चालन की इस प्रक्रिया को सर्वोत्तम बताया है। साधना प्रकरण में बताये गये नियमों के आधार पर इसकी साधना की जा सकती है।

६. प्रतिदिन एकाग्र चित्त होकर श्वेत (सफेद) कृष्ण (काला) और रक्त (लाल) रंगों का ध्यान करने से शरीर के सभी विकार नष्ट होते हैं। इसमें आप अपनी इष्ट देवता के रंग का भी ध्यान कर सकते हैं।

७. सुख, स्वास्थ्य और जवानी को बनाये रखने के लिए इच्छानुसार स्वर परिवर्तन करने का अभ्यास नितांत आवश्यक है। दिन में जब भी समय मिले चलित स्वर को बदल देना चाहिये। इस प्रकार दिन में कई बार स्वर को बदलते रहने से चिर-

यौवन प्राप्त होता है। विपरीत करणी मुद्रा के साथ यह अभ्यास बहुत ही लाभदायक होता है।

८. प्राण वायु की बाहर की गति को असली परिमाण में रखने से आयु बढ़ती है। लेकिन बंधे हुये नियम से श्वास का दूर जाना हानिकारक होता है। अतः बारह अंगुल से जितना हो सके श्वास को घटाने का प्रयत्न करना चाहिये। इस प्रकार करने से मनुष्य दीर्घजीवी होता है।

९. बज्रोली मुद्रा सिद्ध कर अथवा अश्विनीमुद्रा, मूलबंध और उड्डियान बंध साध कर वीर्य तथा प्राण को उर्ध्वगामी करना चाहिये। प्राण एवं वीर्य की सतत् रक्षा करने से चिर-यौवन एवं अमरत्व की प्राप्ति होती है। इस अभ्यास के लिए गुरु का निर्देशन आवश्यक होता है।

रोगों में स्वर प्रयोग

१. बुखार—जब शरीर में बुखार आने की संभावना का संकेत मिले तो आप जो स्वर चल रहा हो उसे जब तक शरीर पूर्ण रूप से स्वस्थ प्रतीत न हो तब तक बन्द कर दीजिये। रुई की गोली से आप जिस स्वर को जब तक चाहें चला सकते हैं व ऐसा करने से बुखार में जल्दी आराम होता है।

२. सिरदर्द मालूम होते ही पेट के बल औंधे लेटकर दोनों हाथों और पैर को नीचे की ओर लम्बा फैला दें फिर किसी से दोनों हाथों की कुहुनियों को रस्सी से बंधवा लें। ऐसा करने से ५-७ मिनट में तमाम दर्द छूट जायेगा। दर्द मिटने पर रस्सी खोल दें। सिरदर्द में नासिका द्वारा जल खींचने पर भी फायदा होता है।

३. बदहजमी—जिन्हें बदहजमी रहती हो उन्हें चाहिये कि वे सदा दाहिने स्वर की उपस्थिति में ही भोजन करें। इस प्रकार करने से अजीर्ण दूर होकर पाचन क्रिया तीव्र होती है। भोजन के पश्चात् १०० कदम चलकर पेशाब करें और आकर १५-२० मिनट बायीं करवट लेटे रहने से भी विशेष लाभ होता है। पद्मासन में बैठकर नाभि पर ध्यान करने से भी अपचन दूर होता है।

४. दाँत दर्द—जिनके दांत हिलते रहते हों या दुखते रहते हों उन्हें चाहिये कि वे शौच तथा पेशाब के समय अपने दाँतों को जोर से दबाये रखें। इससे दाँतों की शिकायत दूर होती है।

५. अन्य दर्द—छाती, पीठ, कमर, पेट आदि किसी भी अंग में एकाएक दर्द उठने पर जो स्वर चलता हो उसे सहसा पूर्ण बन्द कर देने से कैसा भी दर्द होगा पूर्ण शान्त हो जायेगा।

६. दमा—जब दमें का दौरा शुरू होने लगे और श्वास फूलने लगे तब जो स्वर चल रहा हो उसे एकदम बन्द कर दें। इससे १०-१५ मिनट में ही आराम होता हुआ नजर आयेगा। इस रोग का जड़ से नाश करने के लिए लगातार एक मास तक चलित स्वर को बन्द करके दूसरा चलाने का अभ्यास जितना ज्यादा हो सके करना चाहिए। ऐसा करने से दमा नष्ट हो जाता है। इस प्रकार जितना भी स्वर परिवर्तन का अभ्यास किया जायेगा उतना ही लाभ होगा।

परमहंस स्वामी अनन्तभारती जी की कुछ महत्त्वपूर्ण रचनाएं

1.	भारतीय न्यायशास्त्र : एक अध्ययन	300.00
2.	पातंजल योगशास्त्र : एक अध्ययन	300.00
3.	राजयोग साधना और सिद्धान्त पेपरबैक 40.00,	100.00
4.	पातंजलयोग पर बौद्धधर्म का प्रभाव	25.00
5.	तत्त्वत्रय (मू॰ ले॰ लोकाचार्य) हिन्दी इंग्लिश व्याख्या	40.00
6.	दर्पदलन (मू॰ ले॰ क्षेमेन्द्र) हिन्दी अध्ययन एवं व्याख्या	80.00
7.	वृत्ति समुच्चय गुच्छक 1 भाग 1-2	300.00
8.	अभिधावृत्त मातृका विस्तृत हिन्दी भूमिका एवं व्याख्या	40.00
9.	शब्दव्यापार विचार विस्तृत हिन्दी भूमिका एवं व्याख्या	25.00
10.	वृत्तिवार्त्तिक	25.00
11.	कोविदानन्द ,, ,,	50.00
12.	त्रिवेणिका ,, ,,	50.00
13.	वाक्यार्थ मातृकावृत्ति ,, ,,	80.00
14.	सुबोधालंकार संस्कृत हिन्दी अनुवाद सहित	60.00
15.	स्वभाषालंकार संस्कृत हिन्दी अनुवाद	60.00
16.	कठ उपनिषद् उपनिबत्प्रभाकर भाष्य	20.00
17.	रसकौस्तुभ विस्तृत हिन्दी भूमिक, एवं व्याख्या सहित	40.00
18.	योगसूत्रवृत्ति	20.00
19.	दत्तात्रेय योगशास्त्र हिन्दी भूमिका एवं व्याख्या पेपरबैक 25.00	25.00
20.	योग रत्नाकर	100.00
21.	एकावली (मू॰ ले॰ विद्याधार) हिन्दी व्याख्या	200.00
22.	अलंकार कोश	400.00
23.	योग चूडामणि हिन्दी व्याख्या सहित	45.00
24.	योग और मानसिक स्वास्थ्य	50.00
25.	योग और स्वास्थ्य	100.00
26.	कुण्डलिनी साधना	40.00
27.	प्राणायामसाधना	60.00
28.	शाण्डिल्य योग हिन्दी व्याख्या सहित	50.00
29.	योग कुण्डलिनी हिन्दी व्याख्या सहित	40.00
30.	योगसूत्र-योगप्रभाकर भाष्यसंहिता	300.00
31.	Divine path By Holy saints	100.00
32.	Amanaska Yoge with English & Hindi Commentary	75.00
33.	Dattatrey Yoge Shastra English Edition Paper Back 25.00	25.00
34.	Yoge Beja with English Hindi Commentary P.B. 25.00	80.00
35.	Rajayoga and 1st Practice	80.00

स्वामी केशवानन्द योग संस्थान

बी-२/१३६-१४० सेक्टर ६, रोहिणी, दिल्ली-८५, दूरभाष : ७०४८३०४

गायत्री साधना से
कुण्डलिनी जागरण



श्रीराम शर्मा आचार्य

गायत्री उपासना से कुण्डलिनी जागरण

पुराणों में ब्रह्मा जी के दो पत्नी होने का उल्लेख है। (१) गायत्री (२) सावित्री। वस्तुतः इस अलंकारिक चित्रण के पीछे परमात्मा की दो प्रमुख शक्तियों के होने का भाव दर्शाया गया है, पहली भाव चेतना या परा प्रकृति दूसरी पदार्थ चेतना या अपरा प्रकृति। सृष्टि में मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार आदि की जो भी क्रियाशीलता दिखाई देती है, वह सब परा प्रकृति अथवा गायत्री विद्या के अन्तर्गत आती है। गायत्री उपासना से भावनाओं का विकास इस सीमा तक होता है जिससे मनुष्य ब्रह्माण्डीय चेतना–परमात्मा से सम्बन्ध जोड़ कर समाधि, स्वर्ग, मुक्ति का आनन्द लाभ प्राप्त करता है।

जगत की दूसरी सत्ता जड़ प्रकृति है। परमाणुओं का अपनी धुरी पर परिभ्रमण और विभिन्न संयोगों के द्वारा अनेक पदार्थों तथा जड़ जगत की रचना इसी के अन्तर्गत आती है। बाह्य जीवन प्रकृति परमाणुओं से अत्यधिक प्रभावित प्रतीत होने के कारण भौतिक जीवन में उसे अधिक महत्व दिया गया है। विज्ञान की समस्त धाराएँ इसी के अन्तर्गत आती हैं। आज की भौतिक प्रगति को सावित्री साधना का एक अंग कहा जा सकता है, पर उसका मूल अभी तक भौतिक विज्ञान की पकड़ में नहीं आया। इसी कारण अच्छे से अच्छे यंत्र बना लेने पर भी मानवीय प्रतिभा अपूर्ण लगती है। उसकी पूर्णता सावित्री उपासना से होती है।

योग विज्ञान के अन्तर्गत कुण्डलिनी साधना की चर्चा प्रायः होती है। कुण्डलिनी साधना वस्तुतः चेतन प्रकृति द्वारा जड़ पदार्थों के नियन्त्रण की ही विद्या है। भौतिक विज्ञान तो उपकरण और यंत्र साध्य होते हैं, पर परा और अपरा प्रकृति के संयोग से प्राप्त विज्ञान में ऐसी कोई जटिल प्रणाली आवश्यक नहीं होती। परमात्मा का बनाया हुआ सर्व समर्थ शरीर ही उन आवश्यकताओं को पूर्ण कर देता है। रेडियो ट्रांसमिशन में तो केवल संदेश–संप्रेषण की एकांगी व्यवस्था रहती है, पर शरीर एक

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

ऐसा समर्थ यंत्र है, यदि उसके पूरी तरह संचालन की जानकारी हो जाये तो मनुष्य ब्रह्माण्ड के किसी भी कोने की किसी भी शक्ति सत्ता से सम्पर्क स्थापित कर सकता है, हलचल और परिवर्तन प्रस्तुत कर सकता है । इन साधनों के अन्तर्गत जिस परमाणु शक्ति का नियंत्रण, प्रयोग प्रक्षेपण होता है । उसे 'प्राण' कहते हैं । प्राण वस्तुतः एक ऐसा आग्नेय स्फुल्लिंग है जिसे जड़ भी कह सकते हैं, चेतन भी । इस अर्द्धचेतन परमाणु को देखने जानने, विकसित करने, विस्फोट करने नियंत्रित करने, आदि की विद्या का साधना का नाम कुण्डलिनी साधना है ।

अतीत कालीन भारत को देखें तो पता चलता है कि हमारी प्रगति आत्मिक ही नहीं रही भौतिक दृष्टि से भी यह देश की समृद्धि और सफलता के उच्च शिखर तक पहुँचा है । इस जगत को माया, मिथ्या, भ्रम, जंजाल कहा गया, यह मध्य युग की देन है । दोनों अपेक्षाओं में संगति संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता कुण्डलिनी साधना द्वारा पूर्ण होती रही है । गायत्री उपासना द्वारा ऋतम्भरा प्रज्ञा का विकास और कुण्डलिनी साधना द्वारा भौतिक सिद्धियों सामर्थ्यों की उपलब्धि से यहाँ का जीवन क्रम परिपूर्ण बना रहा । लोक और परलोक दोनों में प्रत्यक्ष स्वर्ग की आनन्दानुभूति होती रही । इसीलिए गायत्री और सावित्री दोनों ही उपासनाओं को समान महत्व दिया गया । कुण्डलिनी साधना में इन दोनों का समन्वय है । इस विज्ञान का सहयोग लिए बिना आज का विज्ञान भी मानवता का कल्याण नहीं कर सकता ।

गायत्री और सावित्री दोनों परस्पर पूरक हैं । इनके मध्य कोई प्रतिद्वन्दिता नहीं । गंगा–यमुना की तरह ब्रह्म हिमालय की इन्हें दो निर्झरिणी कह सकते हैं । सच तो यह है कि दोनों अविच्छिन्न रूप से एक–दूसरे के साथ गुँथी हुई हैं । इन्हें एक प्राण दो शरीर कहना चाहिए । ब्रह्मज्ञानी को भी रक्त–मांस का शरीर और उसके निर्वाह का साधन चाहिए, पदार्थों का सूत्र संचालन चेतना के बिना सम्भव नहीं । इस प्रकार यह सृष्टि क्रम दोनों के संयुक्त प्रयास से चल रहा है । जड़–चेतन का संयोग बिखर जाय तो फिर दोनों में से एक का भी अस्तित्व शेष न रहेगा । दोनों अपने मूल कारण में विलीन हो जायेंगे । इसे सृष्टि के, प्रगति रथ के दो पहिए कहना चाहिए । एक के बिना दूसरा निरर्थक है । अपंग तत्वज्ञानी और मूढ़ मति नर–पशु दोनों ही अधूरे

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

हैं । शरीर में दो भुजाऐं, दो पैर, दो आँखें, दो फेंफड़े, दो गुर्दे आदि हैं । ब्रह्म शरीर भी दो शक्ति धाराओं के सहारे यह सृष्टि प्रपंच संजोये हुए है, इन्हें उसकी दो पत्नियाँ, दो धाराऐं आदि किसी भी शब्द प्रयोग के सहारे ठीक तरह वस्तुस्थिति को समझने का प्रयोजन पूरा किया जा सकता है । पत्नी शब्द अलंकार मात्र है । चेतन सत्ता का कुटुम्ब परिवार मनुष्यों जैसा कहाँ है ? अग्नि तत्व की दो विशेषताऐं हैं–गर्मी और रोशनी । कोई चाहे तो इन्हें अग्नि की दो पत्नियाँ कह सकते हैं । यह शब्द अरुचिकर लगे तो पुत्रियाँ कह सकते हैं । सरस्वती को कहीं ब्रह्मा की पुत्री कहीं पत्नी कहा गया है । इसे स्थूल मनुष्य व्यवहार जैसा नहीं समझना चाहिए । यह अलंकारिक वर्णन मात्र उपमा भर के लिए है । आत्मशक्ति को गायत्री और वस्तु–शक्ति को सावित्री कहते हैं । सावित्री साधना को कुण्डलिनी जागरण कहते हैं । उसमें शरीरगत प्राण ऊर्जा की प्रसुप्ति, विकृति के निवारण का प्रयास होता है । बिजली की ऋण और धन दो धाराऐं होती हैं । दोनों के मिलने से शक्ति प्रवाह बहता है । गायत्री और सवित्री के समन्वय से साधना की समग्र आवश्यकता पूरी होती है । गायत्री साधना का सन्तुलित लाभ उठाने के लिए सावित्री शक्ति को भी साथ लेकर चलना पड़ता है ।

समन्वयात्मक साधना का जितना महत्व है उतना एकांगी का, असंबद्ध का नहीं । प्रायः साधना क्षेत्र में इन दिनों यही भूल होती रही है । ज्ञान–मार्गी, राजयोगी, भक्तिपरक साधना तक सीमित रह जाते हैं और हठयोगी, कर्मकाण्डी, तप साधनाओं में निमग्न रहते हैं । उपयोगिता दोनों की है । महत्ता किसी की भी कम नहीं, (पर उनका एकांगीपन उचित नहीं) दोनों को जोड़ा और मिलाया जाना चाहिए । यह शिव–पार्वती विवाह का गणेश जैसा भावनात्मक वरदान और कार्तिकेय जैसे पदार्थात्मक अनुदानों की भूमिका प्रस्तुत कर सकता है ।

हम समन्वयात्मक साधना की उपयोगिता मानते रहे हैं और उसी का मार्गदर्शन करते रहते हैं । वैदिक योग साधना के साथ–साथ तान्त्रिक प्रयोगों को भी महत्व दिया है । गायत्री साधना को प्रमुखता देते हुए भी कुण्डलिनी जागरण की उपयोगिता को माना है । यही कारण है कि प्रथम पाठ पढ़ाने के बाद अब दूसरे पाठ की भी पृष्ठभूमि तैयार की जा रही है । इसे प्रकारान्तर न समझा जाय इसमें विरोधाभास न खोजा जाय । यह इकलौती सन्तान के बड़े होने पर उसका जोड़ा मिलाने,

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

विवाह करने का प्रयत्न मात्र है । यों गायत्री के देवता सविता को विष्णु या शिव मानते हैं और उनकी पत्नी अग्नि–लक्ष्मी काली को कुण्डलिनी का प्रतीक माना गया है । इस प्रकार सुगम युग्म एक प्रकार से नर–नारी का, शिव–पार्वती का विवाह ही हुआ । धनुष तोड़ने की प्रक्रिया पूरी करके इसे सिया–स्वयंवर, राम–जानकी का विवाह सम्पन्न करना कहा जा सकता है । पर यदि कोई कुण्डलिनी और गायत्री में भाषा की दृष्टि से एक ही लिंग देखता हो तो भी उसे कुछ अचम्भा नहीं करना चाहिए । अभी पिछले ही दिनों में दो नारियों ने परस्पर कानूनी विवाह किया है । कुछ दिन पूर्व दो पुरुष भी ऐसा ही समलिंगी विवाह कर चुके हैं ।

जीव और ब्रह्म दो पुल्लिंग होते हुए भी परस्पर विवाह करते हैं । साक्षी दृष्टा, ब्रह्म निष्क्रिय है, उसकी परा–अपरा प्रकृतियाँ दोनों परस्पर मिल–जुलकर ही अपने संयोग–संभोग से इस समस्त सृष्टि का सृजन कर संचालन कर रही हैं । यह कथन अलंकार भर हैं । वस्तुतः नर–नारी जैसा लिंग भेद सूक्ष्म जगत में कहीं है ही नहीं । गायत्री या कुण्डलिनी को स्त्री और ब्रह्म शिव को पुरुष मानना अपनी बात को चेतना का उदाहरण देकर समझाना भर है । तत्वतः इस उच्च शक्ति क्षेत्र में नर–नारी जैसा कोई भेद है ही नहीं । इस जगत में भी जिन ब्रह्मवादियों को तत्वज्ञान हो जाता है, वे नर–नारी के शरीर भेदों के अन्तर को भी सर्वथा भुला ही देते हैं । उन्हें सभी में एक लिंग, एक तत्व दिखाई पड़ता है । उनकी दृष्टि में न कोई नर है न नारी । अद्वैत ज्ञान में भेद बुद्धि समाप्त होते ही नर–नारी की भिन्नता भी समाप्त हो जाती है । कुण्डलिनी और गायत्री विद्याओं के सम्बन्ध में यदि विवाह, संयोग, समन्वय जैसी चर्चा अलंकारिक रूप से आ पड़े तो उसमें कुछ विस्मय न किया जाय, इसीलिए यह पंक्तियाँ लिखी गई हैं ।

तत्वदर्शियों ने गायत्री और कुण्डलिनी को परस्पर पूरक माना है । और एकात्म भाव में देखा है । इसके कुछ प्रकरण आगे देखिए–

कुण्डलिनी साधना के अन्तर्गत षटचक्र वेधन प्रक्रिया मुख्य है । यही इस साधना का प्रधान आधार है । गायत्री शक्ति भी वही प्रयोजन पूरा करती है । इस प्रकार मूलतः वे दोनों एक ही छड़ के दो सिरों की तरह अभिन्न ही हैं । षट्चक्र जागरण में कुण्डलिनी शक्ति को गायत्री का सहकार प्राप्त हो जाता है ।

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

गायत्री–मन्त्र का 'भू–कार' भू–तत्व या पृथ्वी–तत्व है । साधना के मार्ग में वह मूलाधार चक्र है । फिर जगन्माता के निम्नस्तर ब्राह्मी या इच्छा शक्ति–महायोनि पीठ में सृष्टि–तत्व है । 'भुवः' भुवर्लोक या अन्तरिक्ष तत्व । साधना की दृष्टि से यह विशुद्धि चक्र है और महाशक्ति के मध्यस्तर में पीनोन्नत पयोधर में, वैष्णवी या क्रिया–शक्ति पालन व सृष्टि तत्व है । 'स्वःकार' सुरलोक या स्वर्ग–तत्व । साधना के पथ में सहस्रार निर्दिष्ट चक्र एवं आद्यशक्ति के ऊर्ध्व या उच्चस्तर में गौरी या ज्ञान–शक्ति, संहार या लय तत्व है । यही वेदमाता गायत्री का स्वरूप तथा स्थान रहस्य है ।"

यों ज्ञान चेतना समस्त शरीर में संव्याप्त है पर उसका केन्द्र मस्तिष्क माना गया है । यों क्रिया शक्ति संपूर्ण शरीर में फैली पड़ी है, पर उसका केन्द्र स्थल जननेन्द्रिय है । नपुंसक व्यक्ति प्रायः सभी उच्चगुणों के अभिवर्धन और साहस भरे पुरुषार्थों के सम्पादन में असमर्थ रहते हैं । किसी को नपुंसक क्लीव कहना उसकी अन्तःक्षमता को अपमानित करना है । शरीर के अन्य अंग दुर्बल हों तो उसके बिना प्रगति रुकेगी नहीं पर नपुंसक से कुछ महत्वपूर्ण कार्य बन पड़ना कठिन है । सरकारी नौकरियों में भर्ती करते समय डाक्टरी जाँच में यह भी परीक्षा की जाती है कि वह व्यक्ति नपुंसक तो नहीं है । शारीरिक विशेषताओं का केन्द्र इसीलिए जननेन्द्रिय गह्वर के मर्मस्थल योनि केन्द्र को माना गया है ।

साधना के यही दो मर्मस्थल हैं । उन्हें ही कायपिण्ड के दो ध्रुव कहते हैं । यों विद्युत एक ही है पर उसे दो भागों में विभाजित किया गया है–एक धन (पोजेटिव) दूसरी ऋण (नेगेटिव) । मानवीय समान चेतना की धन विद्युत इस ज्ञान केन्द्र मस्तिष्क केन्द्र में केन्द्रित है–इस स्थल को अध्यात्म की भाषा में सहस्रार कहते हैं । दूसरी ऋण विद्युत–काय केन्द्र जननेन्द्रिय मूल में है–जिसे 'मूलाधार' कहते हैं । इन दो केन्द्रों में से ज्ञान केन्द्र को गायत्री का और काम केन्द्र को कुण्डलिनी का उद्गम केन्द्र कहा गया है । भौतिक क्षमताऐं–समृद्धियाँ, सिद्धियाँ कुण्डलिनी में प्रादुर्भूत होती हैं और आध्यात्मिक दिव्य विभूतियाँ, ऋद्धियाँ गायत्री के द्वारा विकसित होती हैं । दोनों का सम्मिश्रण साधक को समृद्धियों और विभूतियों से, ऋद्धियों और सिद्धियों से, ज्ञान और क्रिया से सुसम्पन्न बनाता है । इसलिए दोनों की सम्मिश्रित साधना का अवलम्बन करना ही समन्वयात्मक प्रवृत्ति के साधकों के लिए उपयुक्त है ।

Free Read/Download & Order 3000+ books authored by Yugrishi Pt. Shriram Sharma Acharya(Founder of All World Gayatri Pariwar) on all aspects of life in Hindi, Gujarati, English, Marathi & other languages at
www.vicharkrantibooks.org http://literature.awgp.org

सहस्रार कमल को ब्रह्म केन्द्र के रूप में–गायत्री गह्वर के रूप में विष्णु के क्षीर सागर या शिव के कैलाश के रूप में चित्रित किया गया है । इसके प्रमाण इस प्रकार मिलते हैं–

ब्रह्मरन्ध्रसरसीरुहोदरे नित्यलग्नमवदात्मतभुतम् ।
कुण्डली विवरकाण्ड मण्डितं द्वादशार्ण सरसीरुहं भजे ।।

–पादुका पेचक्र

मस्तक के मध्य अधोमुख सहस्त्र दल कमल है । उसके उदर में अद्भुत पथ गामिनी नाड़ी है, उसे कुण्डलिनी कहते हैं ।

इदं स्थानं ज्ञात्वा नियतनिजचित्तो नरवरो,
न भूयात् संसारे पुनरपि न बद्धस्त्रिभुवने ।
समग्रा शक्तिः स्यान्नियतमनसस्तस्य कृतिनः,
सदा कर्तु हर्तु खगतिरपि वाणी सुविमला ।।

–षट्चक्र निरुपणम् ४६

इस सहस्रार कमल की साधना से योगी चित्त को स्थिर कर आत्मभाव में लीन हो जाता है । भवबन्धन से छूट जाता है । समग्र शक्तियों से सम्पन्न होता है । स्वच्छन्द विचरता है और उसकी वाणी विमल हो जाती है ।

शिरःकपालविवरे ध्यायेद्दुग्धाम्होदधिम् ।
तत्र स्थित्वा सहस्रारे पद्मे चन्द्रं विचिन्तयेत् ।।

–शिव संहिता ५/१७९

कमल की गुफा में क्षीर सागर समुद्र का तथा सहस्र दल कमल में चन्द्रमा जैसे प्रकाश का ध्यान करे ।

सहस्रार चन्द्र की कैलाश पर्वत से तुलना करते हुए वहाँ की दिव्य परिस्थितियों का मत्स्य पुराण में वर्णन किया गया है । यह वर्णन तिब्बत स्थित कैलाश पहाड़ का नहीं वरन् विशुद्ध रूप से ब्रह्मरन्ध्र में अवस्थित सहस्रार ज्ञान केन्द्र का ही है । संवर्तक बड़वानल विद्युत का वहीं निवास है । महासर्पों का सरोवर उसी केन्द्र में है । साधना की सिद्धि इसी केन्द्र में तीव्र गति से होती है । यह तथ्य कैलाश पहाड़ पर लागू नहीं हो सकते ।

परस्परेण द्विगुणा धर्म्मतः कामतोऽर्थतः ।
हेमकूटस्य पृष्ठे तु सर्पाणां तत्सरःस्मृतम् ।
सस्वतीं प्रभवति तस्माज् ज्योतिष्ठती तु या ।
बस ज्योंही तन-मन राम के लिए व्याकुल हो उठता है, गुरुकृपा हो जाती है और हम उसको उपलब्ध हो ही जाते हैं। मात्र हमें धैर्य एवं साहस की जरूरत है। हमने सुना है, एक बार महात्मा ईसा अपने शिष्यों के साथ कहीं जा रहे थे। रास्ते में एक ही जगह कुछ-कुछ दूरी पर आठ-दस गड्ढे खोदे हुए मिले। एक शिष्य ने पूछा ये गड्ढे कैसे हैं महाराज ? ईसा ने कहा, 'वत्स एक आदमी प्यासा था अतएव उसने एक गड्ढा खोदा। कुछ खोदने के बाद उसने अपना धैर्य खो दिया एवं विश्वास भी जाता रहा तथा उसको छोड़कर दूसरा गड्ढा खोदना शुरू कर दिया। इस तरह धैर्य एवं आत्मविश्वास के अभाव में एक गड्ढा छोड़-छोड़कर दूसरा खोदता गया, कहीं उसे पानी नहीं मिल पाया एवं मृत्यु को प्राप्त हो गया। यदि वह एक ही गड्ढा धैर्य से खोदता तो उसे जल भंडार उपलब्ध हो सकता था।

इस तरह हम जहां हैं, पहले देखें कहां हैं, कहीं नदी के तट पर ही तो नहीं हैं यदि तट पर हैं तो मात्र एक कदम बढ़ाने की जरूरत है, जहां पानी को उपलब्ध हो जाएंगे। यदि तट पर ही हैं एवं मालूम नहीं, साथ ही किसी अंजान अंधे से पूछ लिया कि नदी किधर है तो वह भी अपना सामर्थ्य जताने के लिए नदी की उल्टी दिशा में निर्देशित कर दिया। इस तरह हम और भटकाव को प्राप्त होते हैं। इसी से तो कहा गया है—'शीश दिए जो गुरु मिले तो भी सस्ता जान।'

जिसको ठीक-ठीक ज्ञान है, जो वहां पहुंच चुका होगा वही कह सकता है।

''तू कहता कागद की लेखी, मैं कहता आंखिन देखी।।''

पढ़कर बताने में एवं स्वयं को जानकर जताने में बहुत अंतर है। तो आइए हम अब अंतर्यात्रा को तैयार हो जाएं। अपने पात्र को साफ कर लें, ठोककर देख लें, जल रुक सकता है या नहीं। पात्र कच्चा है या पक गया है। तो आइए हम अपने पात्र को तैयार कर पात्रता ग्रहण करें जिससे बादल रूपी गुरु बरसे तो पात्र ग्रहण कर सके, उसमें रुक सके। क्योंकि वह—

''कहन सुनन की है नहीं, समझन की है बात।''

उसे स्वयं ही समझना होगा स्वयं में ही उतरना होगा। उसके उतरते ही स्वयं का बोध हो जाएगा एवं वह नदी की तरह बह चलेगा, हम उसी में प्रवाहित हो जाएंगे। अब हमें 'हम' का भी भान नहीं रहेगा।

जागकर सीधे पद्मासन या सिद्धासन पर बैठ जाएं, तत्पश्चात गुरु मंत्र से परमात्मा का ध्यान 15 मिनट करें। इसके बाद जो स्वर चल जाए (दायां-बायां) उसी तरफ के हाथ से पृथ्वी मां का स्पर्श कर अपने इष्ट का स्मरण कर, प्रणाम करें। तदुपरांत स्वर की तरफ का ही पैर पृथ्वी पर रखें एवं प्रसन्नचित्त कार्य शुरू करें।

(2) जल–रात्रि में ही सोने से पूर्व तांबे के पात्र या मिट्टी के पात्र में पानी रख दें एवं कुल्लाकर इच्छाभर पानी पी लें। कम से कम एक लीटर पानी अवश्य पिएं।

(3) शौच–शौच के समय दाहिने स्वर को चलाएं एवं दांतों को दबाकर (मजबूती से) ही बैठें, जिससे जीवन भर दांत नहीं हिलें एवं लकवा तथा पक्षाघात की शिकायत न हो।

(4) व्यापक शौच–

(क) मुंह की सफाई–दातुन या ब्रुश से पूरब दिशा में बैठकर ही मुंह धोएं। मुंह धोते समय ही जिह्वा की लंबिका क्रिया तथा अमर लिंग का दर्शन (गुरु से सीख लें) भी कर लें। तत्पश्चात ठंडे पानी का छींटा दोनों आंखों पर एवं त्रिकुटी पर 7-7 बार दें, जिससे आंख की रोशनी ठीक रहे एवं मन मस्तिष्क प्रसन्न रहे।

(ख) स्नान–स्नान करते समय सबसे पहले जल नाभि केंद्र पर डालें जो धीरे-धीरे नीचे को जाए। जिससे शरीर की गरमी बाहर निकले एवं पाचन तंत्र सुदृढ़ हो, ब्रह्मचर्य परिपक्व हो। तत्पश्चात पानी नाभि केंद्र के ठीक पीछे रीढ़ की हड्डी पर डालें जो उसी तरह धीरे-धीरे नीचे को जाए। इसके बाद सिर के पिछले भाग पर पानी दें, इसके बाद पूर्ण स्नान करें।

(ग) लंगोटा–लंगोटा पहनने की विधि गुरु से सीख लें तथा लंगोटा पहनने के पहले लिंग के अग्रभाग के चमड़े को हटाकर पानी से साफ कर लेना चाहिए जिससे गंदगी जमा न हो।

(5) केश व पानी–गुप्तांग या किसी भी संधि स्थान (जोड़ों) पर के केश नहीं काटने चाहिए, क्योंकि यह विद्युत का कुचालक है एवं ब्रह्मचर्य धारण करने में मदद करता है। पेशाब करने के बाद मूत्रेंद्रिय को पानी से अवश्य धो लें।

(6) सूर्य नमस्कार–**(क)** स्नान के बाद भीगे कपड़े एवं शरीर से सूर्य नमस्कार निम्न मंत्र से करें (इस मंत्र की मुद्रा गुरु से सीख लें)

"पुषन्ने कर्षेयम् सूर्य पजापत्यत्यूह रश्मीन समूह।
तेजोयन्ते रूपं कल्याण तमं तन्ते पश्यामि
-योऽसा-वसौ पुरुषः मोऽहमास्मि॥"

इससे शरीर की बहुत-सी बीमारियां दूर हो जाती हैं तथा विचार भी नैतिक बनते हैं।

(ख) भूत यज्ञ—स्नान के बाद पेड़, पौधों (तुलसी) में जल डालना। प्रतिदिन नियमित रूप से एक घंटा या उपलब्ध समयानुसार पेड़-पौधों की सेवा करना, जीव जगत की सेवा करना एवं शारीरिक श्रम करना अनिवार्य है।

(7) साधना—साधना प्रत्येक साधक के लिए उसी तरह अत्यंत जरूरी है जैसे स्नान एवं भोजन। मन को स्वस्थ एवं पवित्र रखने के लिए गुरु के बताए गए मंत्र का स्वर के सहारे जाप करें, ध्यान करें। तत्पश्चात उपयुक्त आसन पर प्राणायाम कर पुनः ध्यान करें। अपने प्रतिदिन के समय को चार भागों में बांट लें। 6 घंटा विश्राम, 6 घंटा काम, 6 घंटा ध्यान एवं धर्म प्रचार, 6 घंटा अपने अन्य पारिवारिक या आश्रम के काम हेतु।

संन्यासी चित्त के व्यक्ति को चार बार साधना करना ही होगा तथा गृहस्थ चित्त के व्यक्ति को सुबह-शाम अवश्य साधना करना ही होगा। संन्यास घर छोड़ने एवं कपड़ा बदलने का नाम नहीं है अपितु चित्त-वृत्ति बदलने का नाम है।

(8) भोजन—भोजन सतोगुणी एवं रजोगुणी ही ग्रहण करना चाहिए। जिस भोजन से शरीर एवं मन दोनों का सम्यक रूप से विकास होता है, वह सतोगुणी है। जिससे शरीर की उन्नति तो होती है पर मन पर किसी प्रकार का प्रभाव नहीं पड़ता वह है रजोगुण भोजन। जिस भोजन के ग्रहण करने से शरीर की उन्नति नहीं होती है और न अवनति बल्कि मन की अवनति होती है वह तमोगुणी भोजन कहलाता है। जैसे अन्न, फल-फूल, मूलकंद, दूध एवं दही सतोगुणी हैं तथा मादक भोजन तमोगुणी प्रधान भोजन कहा जाता है।

भोजन से पूर्व मुंह, हाथ-पैर, ताजे-ठण्डे जल से अवश्य धो लें जिससे जठराग्नि का मुंह खुल जाए तथा बाहर के कीटाणु धुल जाएं।

तत्पश्चात प्रसन्नचित्त काष्ठ या कंबल पर बैठ जाएं तथा कुछ पानी पी लेना श्रेयस्कर है। जिससे पाचन-तंत्र ठीक रहे एवं चित्त-वृत्तियां शांत रहें। भोजन के पूर्व परमात्मा को याद कर ध्यान करें एवं इसे निम्न मंत्र से अर्पण कर ही ग्रहण करें।

''तव द्रव्यं गुरुदेवं तुभ्यमेव समर्पये''

भोजन करते समय पानी न पीएं, एक घंटा बाद ही पानी पिएं जिससे पाचन ठीक हो सके तथा गैस का निर्माण न हो सके।

(10) विश्राम—सुबह के भोजन के बाद बाईं करवट से 10 मिनट

विश्राम ले लें, एवं दाहिना स्वर चलावें तथा रात्रि के भोजन के पश्चात 10 मिनट टहलें तथा सोने से पूर्व पैर धोकर पानी पी लें। इससे पाचन शक्ति बढ़ जाती है तथा विचार नैतिक बने रहते हैं। खाने के बाद दोनों समय पेशाब कर जल से लिंग को धो लेना चाहिए जिससे धातु क्षीणता एवं स्वप्नदोष की शिकायत से बच सकें। जब कभी भी पेशाब करें, पानी का प्रयोग अवश्य करें।

(11) उपवास–हर मास शुक्ल पक्ष में चतुर्दशी को निर्जला या जल के साथ उपवास रखें तथा 24 घंटे के उपरांत पूर्णिमा में हल्का सात्विक भोजन ग्रहण करें तथा कृष्ण पक्ष में आमावस्या को व्रत रखें। यह सूर्योदय तक गिना जाता है। इससे शरीर स्वस्थ रहता है तथा आध्यात्मिक उन्नति भी होती है।

(12) शादी विवाह–तिलक, दहेज लेना-देना अपराध है तथा उस तरह की शादी-विवाह का बहिष्कार करें, शादी में जाति बंधन जरूरी नहीं।

(13) पड़ोसी के प्रति कर्तव्य–अपने आस-पास के लोगों के दुख-दर्द का खयाल करें। प्रत्येक दिन एक नेक कार्य करें तथा उसे भूल जाएं, दूसरे दिन के नेक कार्य को सोचें।

(14) विष्णुभाग (गुरुदान)–अपनी कमाई का कुछ हिस्सा दान अवश्य करें जिससे समाज के कमजोर उपेक्षित वर्ग का कल्याण हो सके। यह न्यूनतम 2% से 5% तक होना चाहिए, अपने नजदीक के नैतिक पुरुषों या गुरु को या गुरु दरबार में जहां से मानवता का कल्याण सन्निहित हो। अन्यथा प्रकृति दवा के रूप में कर वसूल लेती है। गुरुदान प्रतिदिन एक बार अवश्य करें। खाने के पदार्थ से एक मुट्ठी एवं कुछ पैसे निकाल कर रख दें। जिसे गुरु आश्रम में सप्रेम भेट करें।

(15) इष्ट एवं आदर्श–अपने गुरु के द्वारा निर्देशित इष्ट एवं आदर्श पर पूर्ण निष्ठा कर आदर्श आचार संहिता को मानकर उस पर सतत चलना चाहिए। गुरु वंदना दिन भर में तीन बार एवं गुरु दान एक बार अवश्य करें। गुरु के खिलाफ सुनना, बोलना अपराध है। इसे ब्रह्महत्या का दोष कहा गया है।

(16) धर्म गोष्ठी–गुरु के द्वारा निर्देशित धर्म सम्मेलन, चरम निर्देश को प्रतिदिन याद करना या दोहराना चाहिए। सप्ताह में जहां भी संभव हो यदि नजदीक जीवन जागृति केंद्र (मंदिर) हो तो अवश्य जाएं एवं सत्संग का लाभ लें। स्वयं साधना करना एवं दूसरे को करने के लिए उत्साहित करना भी गुरु सेवा ही है।

(17) रात्रि विश्राम–सोते समय गुरु मंत्र का स्मरण कर दिनभर के

कर्म का अवलोकन कर लें तथा गलती के लिए परमपिता (गुरु) से माफी मांग लें तथा कल के कार्यक्रम को बना लें। गुरु मंत्र का जाप करते हुए प्रसन्नचित्त से, ध्यान मुद्रा प्रकाश से परिपूर्ण हो, आनंद से पूर्ण मुस्कुराते हुए, निश्चित समय पर जगने का मन को आदेशित कर ऊर्जा भर कर परमपिता की गोद में सो जाएं।

भ्रांत धारणा

मानव मन में युगों से यह भ्रांत धारणा है कि साधना के लिए पत्नी, बच्चे, घर-द्वार छोड़कर वन में जाना है। वहां लाल, पीला या काला आदि वस्त्र धारण कर कंदमूल पर रहकर धूनी रमाने की आवश्यकता है। गरमी में पंचाग्नि एवं जाड़े में गंगा जल में खड़े रहकर अस्वाभाविक ढंग से जगत में अपने को पेश करना है। जिससे लोग उन्हें तपस्वी सिद्ध बाबा के नाम से जान सकें। शरीर को विभिन्न मुद्रा में रखने या विभिन्न परिवेश में रहने मात्र से कोई भी व्यक्ति शांति को उपलबद्ध नहीं हो सकता बल्कि अशांत एवं विक्षिप्त-सा हो जाता है। हां, अहम भाव की पुष्टी जरूर होती है। परंतु वास्तविकता से कोसों दूर हो जाते हैं। अतएव साधना का सच्चा अर्थ है—स्वाभाविकता, शांति एवं समता। अस्वाभाविक परिस्थितियों में की गई तथाकथित साधना में प्रतिक्रियात्मक जड़त्व के बीज बने रहते हैं, जो अनुकूल परिस्थिति पाकर अंकुरित ही नहीं होते वरन पल्लवित एवं पुष्पित भी हो जाते हैं, जो साधुता के लिए कलंक के रूप हैं। अतएव आपका यह जन्म अत्यंत मूल्यवान है इसे बिना गंवाए, समय से सद्गुरु की शरण में चले जाएं। एक समय में तारे के गत गुरु अनंत होते हैं। परंतु सद्गुरु एक ही होता है। जिसके प्रकाश से जाने अनजाने सभी गुरु प्रकाशित होते हैं।

आश्रम

आप जहां हैं वहां रहें, अपने को ठीक से देख लें, परख लें एवं आगे कदम उठाना शुरू कर दें। आपके सामने नैतिक पुरुषों की भी एक लंबी शृंखला है एवं अनैतिकों की भी। अत्रि, भारद्वाज, वशिष्ठ, जनक, व्यास, गर्ग, गौतम, हरीशचंद्र, शिव, राम, कृष्ण, रविदास, कबीर, नानक इत्यादि महामानव कहां गए ? जरा आप इनके विषय में आध्यात्मिक दृष्टिकोण से मनन करें। आप

इस पृथ्वी पर जहां जाएंगे वहां ही रहने के लिए गृह निर्माण करेंगे, कुछ लोग आगे-पीछे होंगे। हां, आप नाम परिवर्तन अवश्य कर लेंगे, अब आप आश्रम कहेंगे एवं पुत्र-पुत्री की जगह शिष्य-शिष्या। समय पर सद्गुरु जो जगह निर्देशित करे, वही जगह आपके लिए आश्रम है। उनका कार्य करना ही योग है। उनके निर्देशन में कार्य ही निष्कर्म है। उसकी कृपा ही मुक्ति का द्वार खोलती है। उसकी उपस्थिति ही सूर्योदय है। सूर्योदय में बत्ती जलाने का प्रयास करना उचित नहीं है, बल्कि निष्कर्म में लग जाना ही साधना का पावन मार्ग है।

योगयुक्त

केवल नाम बदल जाता है जैसे नमक को राम-रस, दाल को बैकुण्ठी कह लेते हैं। यानी नाक सामने से सीधा न छू-कर घुमाकर छू लेते हैं। संन्यासी कहकर संतोष कर लेते हैं। अब आवश्यकता है आप जहां भी रहें वहीं योग युक्त अवस्था में रहें। योग युक्त धारण किए बिना कोई भी व्यक्ति परमात्मा की प्रेरणा, आशीर्वाद ले ही नहीं सकता। क्योंकि यही अवस्था तो कवच है जो माया से बचा सकती है। मायापुरी तो है ही तमो प्रधान। अतएव योगी अपने ही अंदर योग की कुटिया में रहकर अनुभव कर सकता है, परमानंद की। इस स्थिति में स्वयं को देह और देह के संबंधों से अलग (न्यारा) कर्मातीत आत्मा निश्चित करके एक परमपिता परमात्मा की ही अनन्य अखण्ड, आनंदमय स्मृति में स्थित रहना है। इसी अशरीरी आत्मिक स्थिति का **रसास्वादन करते रहना ही योग-युक्त या योग निष्ठ है**। इस स्थिति में रहकर ही **परमपिता के सामीप्य में जगत का सारा कार्य जनक सा संपन्न करना ही कर्मयोग है**। योग युक्त रहकर जो भी कार्य कियां जाएगा वह श्रेष्ठ होगा और करने वाला मनुष्य–देवता होगा। नर-नारायण स्वरूप होगा। प्रभु के नाते से ही जागतिक नाता होगा। उसी का जगत, उसी का कर्म, उसी का कार्य। हम निमित्त मात्र हैं। 'एकश्च पंथा बहुश्च लोकाः।' सद्गुरु की शरण में रहकर उनकी आज्ञा अनुसार एक मार्ग का अनुसरण करना ही श्रेयस्कर है। यह मेरा अपना अनुभव है कि गुरु की छत्रछाया में रहकर किसी भी माध्यम से योग युक्त हो जाएं तथा कुण्डली जाग्रत हो जाए। आत्मपद में स्थित हो जाएं तो सारा मार्ग अपने आप ज्ञात हो जाता है। गुरु अपने अनुभव के अनुसार जब शिष्य में निर्माण का कार्य करता है, उसमें पात्रता लाता है, सद्गुण का विकास

कर ज्ञान-वैराग्य का पंख लगाता है, तब वह गुरु ब्रह्मा का कार्य कर रहा होता है। यानी उस स्थिति में गुरु को ब्रह्मा कहा जाता है। निर्माण के पश्चात उसे संचालित करने की आवश्यकता होती है। जब गुरु कुण्डलिनी शक्ति को ऊर्ध्व दिशा में संचालित कर दिव्य-दृष्टि प्रदान करता है। तब गुरु विष्णु का कार्य कर रहा होता है। उस स्थिति में उस गुरु को विष्णु कहा जाता है। जब गुरु शिष्य के काम, क्रोध, लोभ, अहंकार इत्यादि दोषों का रूपांतरण कर परम पुरुष का साक्षात करता है तब वह महेश का कार्य कर रहा होता है एवं उस स्थिति में गुरु को महेश कहा जाता है। जब गुरु परम पुरुष का साक्षात्कार कराता है। तब गुरु एवं शिष्य तथा ब्रह्म में कोई भेद नहीं रह जाता। वह अपने समान बना लेता है, तब गुरु पारब्रह्म परमेश्वर कहा जाता है।

तब यह मंत्र पूर्ण होता है–

गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णु गुरुर्देवो महेश्वरः।
गुरुः साक्षात परंब्रह्म (परमेश्वरः) तस्मै श्री गुरुवे नमः॥

गुरु मूर्ति का स्थान

इस तरह गुरु अनुकंपा से ही पूर्ण विश्वासी श्रद्धा युक्त शिष्य परम पुरुष को पाने में समर्थ हो सकता है। जब ध्यान निराकार निर्गुण ज्योति स्वरूप पर नहीं टिकता, मद, मोह, लोभ काम इत्यादि वृत्तियां मन को सताने लगती हैं। जब रक्षा हेतु साधक को गुरु मूर्ति का ध्यान करना चाहिए। जब गुरु का ध्यान करते हैं, ये विकार उसी तरह तिरोहित होते हैं जैसे वायु से मेघ, सूर्य से अंधकार। पूजा की जरूरत है जिससे मन-बुद्धि परम पवित्र रहे, वृत्तियां सद्‌गुण में लगी रहें तो गुरु पद की पूजा ही श्रेयस्कर है। यदि गुरु दूर हो तो मानसिक पूजा, अर्चना करना ही श्रेयस्कर है। साधक को गुरु पर इतना अटूट विश्वास करनां ही होगा कि जो भी गुरु मुख से निकल रहा है, वह मंत्र ही नहीं है, मंत्र का मूल है। यानी उस वाक्य का अक्षरशः पालन करना ही श्रेयस्कर है। यदि साधक इन तीनों को अपने जीवन में उतार लेता है तो उसे सिद्ध बनने से कोई रोक ही नहीं सकता। गुरुकृपा अपने आप स्वतः हो जाती है। उसके लिए अनुनय-विनय करने की जरूरत नहीं है। गुरुकृपा से मोक्ष को उपलब्ध हो जाएगा। इस तरह शिष्य के, साधक के जीवन में निम्न श्लोक पूर्ण हो जाएगा–

ध्यानमूलं गुरोर्मूर्तिः पूजा मूलं गुरु पदम्।
मंत्र-मूलं गुरोर्वाक्यम् मोक्ष मूलं गुरु कृपा॥

तभी तो संत कवि तुलसीदास जी अपना अनुभव कहे हैं–

गुरु बिन भव निधि तरै न कोई।
विरंचि शंकर सम जो होई।।

गुरु मूर्ति को पूजा के पवित्र ईशान कोण पर रख कर धूप, दीप जलाकर, मंत्र जाप करते हुए गुरु के तिलक पर त्राटक ध्यान करें। आंख को आदेश दें कि संसार को बहुत देखा, अब गुरु के माध्यम से गोविंद को देखें। त्राटक करें। आंखें न गिरें। आंख में आंसू आएगा। आने दो। इससे आपकी आंखें बड़ी हो जाएंगी। चेहरा चमकने लगेगा। बुद्धि का विकास होगा, आपकी इच्छा शक्ति दृढ़ होगी। आपका सोया हुआ कार्य स्वतः पूर्ण होने लगेगा। अपने कान को आदेश दें कि बाहर की सुनना बंद कर अंदर की ओ३म्कार ध्वनि सुन। नाक को आदेश दें कि गहरा श्वास ले प्रत्येक श्वास नाभी से नीचे उतरे। जीभ को आदेश दें कि आप से पूछ कर ही वाणी का प्रयोग एवं खाद्य पदार्थ स्वीकार करे। जीभ खेचरी मुद्रा में रहे। अंगुली ज्ञान मुद्रा में रहे। त्वचा पर आपका आदेश रहे। इन्हीं पांचों इंद्रियों के सम्मिलित प्रयास का नाम है पंचजन्य शंख। फिर आपकी साधना अग्रगति करेगी एवं गुरु अनुकंपा आप पर बरसेगी।

दृढ़ योग

इसी संदर्भ में अपना अनुभव, जिसे गुरु आश्रम वाराणसी में योग युक्त रहकर जो कुछ भी किया है, इन पन्नों पर यथासंभव लिखने की कोशिश कर रहा हूं। हालांकि सबकुछ लिखना संभव नहीं है। न ही कहना संभव है। सबकुछ जानना तो गुरु शरण में रहकर ही संभव है। फिर भी बहुत लोगों के आग्रह पर एवं अपने परम पूज्य सद्गुरु स्वामी आत्मादास जी महाराज की अनुकंपा से उद्धत करने की चेष्टा कर रहा हूं।

हठं बिना राजयोगो, राजयोगं बिना हठः।
तस्मा प्रवर्तते योगी, हठे सद्गुरु मार्गतः।।

हठ के बिना राजयोग और राजयोग के बिना हठयोग सिद्ध नहीं होता। अतएव योगी को उचित है कि योगवेत्ता सद्गुरु द्वारा हठयोग में प्रवृत्त हो। क्योंकि यह भी कहा गया है कि जो मनुष्य इस शरीर में योग का आश्रय ग्रहण नहीं करते, वे केवल इंद्रिय भोग के लिए ही संसार में जीते हैं। इसमें किसी भी प्रकार का संशय नहीं है–

''स्थिते देहे जीवति च भोगं न श्रियते गृशम्।
इन्द्रियार्थेर्पि भोगेषु स जीवति न संशय॥

हठयोग

बलपूर्वक जोड़ना। 'ह' अर्थात् इड़ा (इंगला) यानी सूर्य स्वर तथा 'ठ' यानी पिंगला (चंद्रस्वर) के द्वारा पूरक, कुंभक तथा रेचक एवं पुनः पूरकं, कुंभक रेचक कर बीच की नाड़ी का शोधन करें, जिसे ब्रह्म नाड़ी या सुषुम्ना नाड़ी कहते हैं। जिसमें अनंत काल से सोई हुई कुण्डलिनी जाग्रत होकर ऊर्ध्व गति से चक्रों का भेदन करते हुए सहस्रसार तक जाती है। इस प्रक्रिया को हठयोग कहते हैं। इसी से कहा गया है कि हठयोगी के लिए त्रिलोक में सब कुछ संभव है। यथा—

न तस्य दुर्लभं किंचितेषु लोकेषु विद्यते।

इस तरह साधक को हठयोग करने के पूर्व एक आसन पर कम से कम तीन घंटा बैठने का अभ्यास अति आवश्यक है। प्राणायाम के लिए पद्मासन पर बैठें, ज्यादा श्रेयस्कर होगा तथा जब भी पद्मासन पर बैठें उत्तर दिशा में ही बैठें तथा अन्य क्रियाएं सिद्धासन से ज्यादा उचित होगा। सिद्धासन पर सुबह पूरब दिशा तथा शाम को पश्चिम दिशा में गुरु के आदेशानुसार सूर्य स्वर या चंद्र स्वर से प्राणायाम शुरू करना चाहिए। यदि सर्दी का मौसम हो या सर्द जगह तो सूर्य स्वर से शुरू करना चाहिए एवं गरम मौसम या गरम शरीर या स्थान पर चंद्र स्वर से शुरू करना चाहिए। प्राणायाम शुरू करने के पहले निम्न प्राणायाम तथा मुद्रा गुरु से सीख लेनी चाहिए—

प्राणायाम-भस्त्रिका, कपाल भाति, सूर्य भेदी, चतुर्थ प्राणायाम।

मुद्रा—खेचरी, विपरीत करणी, महाबंध, महाबोध, महामुद्रा, अश्विनी, योनि-मुद्रा शक्ति चालिनी ये कुण्डली को जाग्रत करने में सहायक सिद्ध होते हैं। अब प्राणायाम करने के पहले समझ लेना चाहिए कि कुण्डलिनी है क्या ?

कुण्डलिनी शक्ति

यह एक शक्ति का नाम है, ऊर्जा का नाम है। जो अनंत जन्मों से संस्कारों से दबी सोई हुई है। यह वह शक्ति है जो शरीर एवं आत्मा के मिलन बिंदु पर है। स्थूल, सूक्ष्म और कारण शरीर के बहुत से मिलन बिंदु हैं। जो मेरुदण्ड के निम्न भाग से उच्चतम भाग (मस्तक) में स्थित हैं। जो शरीर, मन

और आत्मा का भी मिलन विंदु है। जहां से ये एक दूसरे को प्रभावित करते हैं। साधारण योगियों के तीन चक्र ही जाग्रत रहते हैं। शेष ऊपर वाले प्रसुप्त रहते हैं। ये चक्र ही मिलन विंदु हैं। विशेष साधना से ऊपर के चक्र प्रबुद्ध किए जाते हैं। इनकी सक्रियता से एक विशेष प्रकार की चेतना प्रगट होती है। देह और मन एक दूसरे को प्रभावित करते हैं। जबकि हमारे विचार एवं भावना देह को प्रभावित नहीं करते, बल्कि उसे रूपांतरित करते हैं। इसमें अनंत शक्ति छिपी हुई है। ब्रह्माण्ड में जितनी शक्तियां हैं, परमपिता ने उन समस्त शक्तियों को शरीर रूपी पिण्ड में बीज रूप में छिपा दिया है। यह कुण्डलिनी मेरुदण्ड के भीतर स्थित सुषुम्ना नाड़ी का मुख त्रिकोण यानी योनि मण्डल के मध्य स्थान पर स्थित है। यह अति सूक्ष्म विद्युत ऊर्जा से परिपूर्ण दिव्य शक्ति से पूर्ण साढ़े तीन लपेटे खाए हुई, अपनी पूंछ को अपने ही मुंह में दबाए हुए अनंत काल से सोई हुई है। जिसका शरीर शास्त्री अभी तक पता नहीं लगा सके। परंतु भारतीय तत्ववेत्ता ही देखते हैं या इसका विषद वर्णन शास्त्रों में कह गए हैं कि इसके दर्शन मात्र से ही जन्मों जन्म का पाप संस्कार स्वाहा हो जाता है। ऊर्जा से शरीर परिपूर्ण हो जाता है। यही शक्ति वासना का केंद्र है। पुरुषत्व का केंद्र है। ऊर्ध्व गति होने पर मोक्ष का द्वार है। साधक के दृढ़ इच्छा शक्ति एवं सद्गुरु की अनुकंपा से मानसिक शक्ति को सुषुम्ना में प्रवाहित करना होगा। जिससे साधक आध्यात्मिक प्रकाश के द्वारा अशुभ के बीज को निर्मूल कर सकता है।

कुण्डलिनी जागरण

इसकी ऊर्जा अनंत जन्मों से शरीर की तरफ रही है। जो काम शक्ति (Sex) बन जाती है। परंतु जब योग युक्त द्वारा इसे जगाया जाता है तो वह उर्ध्वगामी होकर आत्मा की तरफ बहने लगती है तथा काम में अधोगामी होकर शरीर की तरफ सोये हुए मात्र स्पंदित हो जाती है। यह शक्ति (Sex Centre) यौवन केंद्र के बिलकुल समीप सोई हुई है। जब कुण्डलिनी जग जाती है तो सारा शरीर ऊर्जा से पूर्ण हो जाता है। सारा विश्व ब्रह्माण्ड अपने में समाया हुआ लगता है, अपने अंदर मालूम होता है, शक्ति की बाढ़ आ गई। नदी टूट गई, साधक उसमें डूबता चला गया। परंतु यह डूबना भी आनंददायक मालूम होता है। यदि इस समय गुरुकृपा हो तो दुगुनी ताकत से ऊर्जा समाहित होती है। जैसे नीचे से कुण्डलिनी रूपी नदी का पानी बढ़ रहा हो तथा ऊपर से गुरु कृपा

रूपी आशीर्वाद या शक्तिपात रूपी वर्षा हो रही हो। तब फिर साधक की साधना में चार चांद लग जाते हैं।

कुण्डलिनी का जागना यानी नदी का बाढ़ आना अपना होता है। शक्तिपात गुरु का होता है। हालांकि दोनों परोक्ष रूप से ही संभव है। हमें मात्र पात्र बनना है। ग्राहकता मात्र अपने आप में रखना है। हां कुण्डलिनी के जगने से जैसे बाढ़ का पानी चारों तरफ से उमड़ा करता है, उसी तरह सूक्ष्म शक्ति का चारों तरफ से हमला है। साधारण साधक विक्षिप्त या पागल हो जाते हैं, क्योंकि पानी, शक्ति का बांध टूट जाता है। जिसे चतुर साधक ही नियंत्रित कर सकता है। कुछ लोग पुस्तक पढ़कर कुण्डलिनी जाग्रत करने की कुचेष्टा करते हैं। जिसका परिणाम भयंकर हो जाता है। कुछ विद्वान गुरु अंजाने में निर्देश शिष्य को दे देते हैं। जिससे ऊर्जा के जागरण होने पर उसे संभाल नहीं पाते हैं। तब वह खून का वमन करने लगते हैं या विभिन्न रोगों का शिकार हो जाते हैं। इनका जीवन कष्टकर हो जाता है। ऐसे भटके साधक मेरे पास आए हैं। जिन्हें संभालने में बहुत कठिनाई होती है। क्योंकि इस विषम परिस्थिति में उस साधक में एक भयानक मानसिक धूर्णिवात का निर्माण कर उसके स्नायुओं और देह-मन को झकझोर कर उसे पूरी तरह विध्वंस कर सकती है। अतएव आप विज्ञ गुरु से ही निर्देश प्राप्त करें।

यह शक्ति उसी तरह की मालूम होती है जैसे किसी कमरे में हजारों-हजार वाट के सैकड़ों बल्ब लगा दिए हों जिसके बारे में पूर्व किसी भी प्रकार की जानकारी नहीं हो एवं कमरे में जाते ही स्विच ऑन कर दिया जाए, आंख एकाएक चकाचौंध में पड़ जाएगी, बुद्धि तिलमिला जाएगी, वही स्थिति है कुण्डलिनी की। उससे सैकड़ों सूर्य के समान प्रकाश तथा रंग-बिरंगे रूप में विशाल सर्पिणी भी दिखाई पड़ सकती है। विभिन्न वाद्य भी सुनाई पड़ने लगते हैं। सारा कुछ साधक के लिए अनहोनी घटना होता है। जब यह कुण्डलिनी उर्ध्व गति से चलती है तो जिस चक्र पर पहुंचती है वह अधोमुख से उर्ध्व मुख होकर खिल जाता है। प्रकाश से भर जाता है। इस तरह सारे चक्रों को पार करते हुए विभिन्न अनुभव एवं शक्ति संपन्न योगी की कुण्डलिनी जब सहस्रार तक पहुंचती है तब सारी वृत्तियों को भस्म कर असंप्रज्ञात समाधि को उपलब्ध होता है।

कुण्डलिनी जाग्रत होने पर विभिन्न प्रकार की शक्ति तथा अनुभव प्राप्त होता है। परंतु योगी को प्रगट करने से मना कर दिया जाता है, अन्यथा शक्ति क्षीण होने की संभावना या जागतिक वृत्ति में फंसकर श्राप या आशीर्वाद देने

के चक्र में पड़ जाने की ज्यादा संभावना है। कुछ साधक अन्य कनिष्ठ लोगों में संचित शक्ति दूरदर्शन एवं मन की बात जानना आदि क्षुद्र सिद्धियों के रूप में अभिव्यक्ति करते हैं। इससे साधक अपने शैशव अवस्था में ही अहंकारी बन जाते हैं। जिससे ये अध्यात्मिक दृष्टि दिवालिया बन जाते हैं। कुण्डलिनी का जागरण एवं उच्चतर के चक्रों पर गमन करना एवं पुनः नीचे गिरना भयानक परिणाम देता है। अतएव साधक को जप, ध्यान, प्रार्थना के अभ्यास एवं गुरु के नैतिक अनुशासन में रहना ही होगा। अन्यथा योगी मूल उद्देश्य से भटक जाता है। जबकि पूरी सृष्टि उसकी इच्छा मात्र से संचालित हो सकती है। अनंत से मिलकर योगी अनंत बन जाता है। अतएव इस अवस्था में साधक को विशेष सावधानी की जरूरत है। इस अवस्था में योगी के लिए भगवान शंकर ने कहा है कि योगी के लिए कपड़ा का भान नहीं होता है। दिशाएं ही कपड़ा है। शून्य में खड़ा, नग्न ही खड़ा हो जाता है, हर समय एक ही निरंजन रस में मग्न रहता है।

यदि नगर या गांव में प्रवेश करना होता है तो सामाजिकता बस औरतों द्वारा त्याज्य करकटकथ का ही लंगोटा बनाकर पहन लेता है तथा राजमार्ग का परित्याग कर अन्य रास्ते से चला जाता है। शरीर की रक्षार्थ कुछ भी भिक्षा ग्रहण कर लेता है।

'रथ्या विरचित करकट कथा।
पून्यापून्ये विवर्जित पंथा।
शून्यागारे तिष्ठित नग्ना।
शुद्ध निरंजन समरस मग्ना॥

योगी को अत्यंत एकाकी एवं संसार से अपने काम तक ही संबंध सीमित रखने का निर्देश दिया गया है। क्योंकि यह अभ्यास का काल होता है। प्राणायाम शुरू करने के पहले आसन सिद्ध कर साधक अपने गुरु से मंत्र जाग्रत कराकर निम्न विधि का अनुपालन करे–

(1) एकांत स्थान अपने उपयोग हेतु खोज ले। मठ-मंदिर, आश्रम या गंगा का किनारा हो तो उत्तम अन्यथा साधक अपने घर ही एक छोटा-सा कमरा जिसमें साफ-स्वच्छ हवा आती हो। शोरगुल से दूर हो। एकांत का अनुभव कर सके, प्रयोग करे। गुरु से आदेश प्राप्त कर स्थान, तिथि, दिन, समय निश्चित कर ले।

(2) कमरे में एक कंबल बिछा दे, अपने गुरु की प्रतिमा अपने सामने रख दे।

(3) आसन को स्पर्श करे निम्न मंत्र से प्रणाम करे–

''सत् पुरुष को सुमिर के, आसन करो सम्भाल।
तापर हंसा पौढ़े, सद्गुरु सहाय।''

तत्पश्चात आसन पर प्रसन्नचित्त पद्मासन पर बिलकुल सीधे बैठ जाए। रीढ़ की हड्डी बिलकुल सीधी होनी चाहिए।

अब शरीर शुद्धि एवं विघ्न निवारण हेतु सद्गुरु से निम्न मंत्र जाग्रत करवाकर ग्रहण करे, एवं क्रिया आरंभ करें।

आत्म-प्रतिष्ठा मंत्र एवं क्रिया–

हाथ को छाती पर रखें तथा अपनी चित्त वृत्ति को भी हृदय पर ले जाएं तब निम्न मंत्र का उच्चारण करें–

आत्मन अकासद् भवति, आकाशदि वार्यु भवति, वार्यु अग्नि भवति, अग्निं ओंकार भवति। ओंकार व्याहिंत भवति, व्याहिंत गायत्री भवति, गायत्री सावित्री भवति, सावित्री सरस्वती भवति, सरस्वती वेदो भवति, वेदोभ्यो लोकाः।

प्राण प्रतिष्ठा–

''ओ आं ह्रीं श्रीं क्लीं ऊं यं रं लं वं शं षं सं हं हंसः सोहं मम् प्राण इह प्राणः।

ओं आं ह्रीं श्रीं क्लीं ऊं यं रं लं वं शं षं सं हं हंसः सोहं मम् जीव इह आगच्छ।

ओं आं ह्रीं श्रीं क्लीं ऊं यं रं लं वं शं षं सं हं हंसः सोहं मम् प्राण इहा गच्छ सुख चीरम् तिष्ठान्तु स्वाहा।

(इसे तीन बार मानसिक उच्चारण करना है, हाथ हृदय पर ही रहेगा)

रक्षामंत्र–

''ऊं रां रक्ष प्राच्यं, ऊं रां रक्षा यामयं ऊं रां रक्ष पतिच्यं, ऊं रां रक्ष नैरित्यं ऊं रां रक्ष उर्ध्वावय, ऊं, रां रक्ष अधः।'' कर न्यास (अंग रक्षा हेतु)

''ऊं रां रामाय नमः। ऊं रां रक्ष मुरधनी,

ऊं रां भ्रू मध्य, ऊं माम् नमः हृदयायः। यं नमः नाम्यो नं नमः गुह्य मम् नमः पादायः, रां नमः मुर्धनीः रामाय नमः हृदयः, नमो नमः पादयः। रां नमः दक्षिण स्तने, नमो नमः बाम स्तने। रामाय नमः हृदयः।

ऊं रां अगुष्ठाभ्याम् नमः।
रीं तर्जनीभ्याम् नमः।
रुं मध्यमाभ्याम् नमः।
रैं अनामिकाभ्याम् नमः।
रौं कनिष्ठकाभ्याम् नमः।
रः कर्ततल कर पृष्ठाभ्याम् नमः॥

न्यास (हृदयादि न्यास)

रां हृदयाय नमः, रुं शीर्षे स्वाहा, रैं शिखाय वौषट, रौं कवचाय हुम्, रौं नेत्राय वौषट, रं अस्त्राय फट्।

(उपरोक्त कर न्यास हृदयादि न्यास पढ़ते वक्त क्रमशः सब अंगों को स्पर्श करें एवं अंत में पीछे हाथ ले जाकर चुटकी बजाएं तथा अपना त्राटक गुरुमूर्ति पर स्थिर रखें।

उपरोक्त मंत्र ग्रहण करने एवं अनुपालन करने से प्राणायाम शीघ्र ही सिद्ध होता है तथा किसी तरह के खतरे की संभावना अत्यंत क्षीण हो जाती है। इससे सागर्भ प्राणायाम तुरंत फलित होता है। साथ ही मनुष्य बुद्ध, रमण कबीर या साक्षात भगवान शंकर तुल्य हो जाता है।

प्राणायाम

स्थिर आसन पर बैठकर श्वास प्रश्वास की गति को रोकना ही प्राणायाम है। एक खास विधि से श्वास को मूलाधार चक्र तक ले जाना (पूरक) कुछ काल रोकना (कुंभक) तत्पश्चात बाहर निकालना (रेचक) ही प्राणायाम है। यह खोज अकारण ही नहीं है। बहुत लंबे समय तक किए गए प्रयोगों एवं अनुभवों से ज्ञात हुआ है। इस श्वास-प्रश्वास से बहुत कुछ किया जा सकता है। इस श्वास क्रिया से हम ज्यादा से ज्यादा ऑक्सीजन ग्रहण करते हैं तथा खास समय तक रोककर जलंधर भी करते हैं। जिससे शरीर के अंदर विजातीय वायु का दहन होता है। जिसके परिणामस्वरूप शरीर से अनेक रोग अपने आप नष्ट हो जाते हैं। शरीर अत्यंत हल्का; मन प्रसन्न हो जाता है। कुण्डलिनी के चारों तरफ का मूल आवरण नष्ट हो जाता है। अतएव यह बहुत ही महत्वपूर्ण ऊर्जा है। हम बिना आंख, हाथ, पैर, जीभ के जी सकते हैं, परंतु बिना श्वास के जीवन असंभव है। ई (यह) स्वर ही ईश्वर है। इसके घात-प्रतिघात से कुण्डलिनी जाग उठती है। ईश्वर के दर्शन मात्र से आदमी का जीवन ही बदल जाता है। गुरु

द्वारा प्रदत्त मंत्र जाप एवं चिंतन देह मन, इंद्रियों और अहंकार को पवित्र कर इन्हें रूपांतरित करते हैं। जिससे श्वास-प्रश्वास संतुलित प्राण समरस, मन शुद्ध और शांत तथा अहंकार विराट केंद्रित या व्यापक हो जाता है। जिससे स्वतः आध्यात्मिक ध्यान सह अजपा दिव्य संगीत पैदा करता है। जिससे आध्यात्मिक मार्ग साफ होता है। सुप्त कुण्डलिनी जाग उठती है। उच्चतर चक्रों की तरफ प्रवाहित होने लगती है।

प्राणायाम विधि

सुषुम्ना नाड़ी को ठीक करना–

साधक पद्मासन पर उत्तर दिशा में बैठकर मंत्रादि का अनुष्ठान कर गुरु का ध्यान करे तत्पश्चात मेरुदण्ड बिलकुल सीधा कर गरदन सीधी करे। मुंह से तोते के चोंच की तरह वायु ले यानी पूरक करे, जिससे पूरक में शब्द भी निकलता है, तत्पश्चात कुंभक कर पेट को तीन बार चलावे, जिससे पेट के अंदर सारे विजातीय वायु का दहन हो एवं सुषुम्ना नाड़ी क्रियान्वित हो सके। तत्पश्चात मुंह से ही रेचक करे। एक बार पूरक कुंभक पर पेट को तीन बार चलावे तत्पश्चात रेचक नाक से करे। यह एक मात्रा होता है। इस तरह तीन मात्रा पहले करे।

इंगला-पिंगला एवं सुषुम्ना का शुद्धिकरण–साधक पंच तत्व से निर्मित शरीर (तत्वों) का शोधन एवं इन नाड़ियों का शुद्धिकरण निम्न बीज मंत्र से करे।

यं–वायु तत्व का प्रतीक है।
रं–अग्नि तत्व का प्रतीक है।
ठं–आकाश तत्व का प्रतीक है।
वं–जल तत्व का प्रतीक है।
लं–पृथ्वी तत्व का प्रतीक है।

साधक सबसे पहले गुरु के निर्देशानुसार इंगला या पिंगला से प्राणायाम शुरू करे। मान लीजिए, साधक के शरीर में कुछ ऐसे रोग हैं जो सूर्य के द्वारा ही शमन होगा या साधक के शरीर में गरम की जरूरत है या ठंडे देश में है तो साधक को मध्यमा एवं अनामिका अंगुली से बाएं नासिका या पिंगला नाड़ी (चंद्र स्वर) को दबा दे तथा सूर्य स्वर यानी दायां अर्थात इंगला से श्वास ले

यानी पूरक करे। पूरक करते समय यं (वायु तत्व) बीज मंत्र जाप 16 बार जाप करने में जो समय लगे उतने ही समय में पूरक की क्रिया पूर्ण कर ले। तत्पश्चात दाहिने ही हाथ के अंगूठे से सूर्य नाड़ी को बंद कर दे। अब 64 बार 'यं' मंत्र का जाप करते हुए कुंभक करे। इस तरह जब कुंभक पूरा हो जाए तब 32 बार 'यं' मंत्र का जाप करते हुए ही चंद्र स्वर यानी पिंगला से रेचक करे यानी वायु निकाले तत्पश्चात पुनःश्च इसी स्वर से ही 16 बार मंत्र का जाप पूरक तथा 64 मंत्र जाप से कुंभक एवं 32 बार में दायां यानी सूर्य स्वर इड़ा से रेचक करे। यह पूरी प्रक्रिया एक मात्रा कहलाती है। इस एक मात्रा से वायु तत्व का शोधन तथा सूर्य नाड़ी का शोधन हो जाता है।

ठीक उसी तरह आप 'रं' बीज मंत्र से सूर्य स्वर (इड़ा) से ही 16 बार में पूरक, 64 बार में कुंभक तथा 32 बार में रेचक एवं पुनःश्च पूरक, कुंभक एवं रेचक कर एक मात्रा पूरा करते हैं इससे अग्नि तत्व एवं चंद्र नाड़ी का शोधन हो जाता है।

अब साधक ठं (आकाश तत्व) बीज मंत्र से 16 बार जाप करते हुए पूरक सूर्य स्वर (इड़ा) से ही करे तथा 64 बार वं (जल तत्व) का जाप करते हुए कुंभक करे एवं 32 बार लं (पृथ्वी) बीज मंत्र का जाप करते हुए चंद्र स्वर (पिंगला) से रेचक करे। इसी तरह पुनःश्च चंद्र स्वर से 'ठं' से 16 बार में पूरक, 64 बार वं से कुंभक, तथा 32 बार 'लं' बीज मंत्र से इड़ा से रेचक करे। इससे आकाश तत्व, जल तत्व, पृथ्वी तत्व का शुद्धीकरण तथा सुषुम्ना नाड़ी का शोधन हो जाता है।

जिस व्यक्ति को शीत संबंधी या पाचन प्रणाली रोग हो वह सूर्य स्वर से ही पूरक प्रारंभ करे। जिसके शरीर में ज्यादा गरमी हो या तुरंत क्रोध आता हो, अपने क्रोध पर नियंत्रण करने में बार-बार असफल होता हो, वह चंद्र स्वर से पूरक कर प्राणायाम आरंभ करे। इससे चमत्कारिक परिवर्तन होगा। आपका क्रोध स्वतः नियंत्रित हो जाएगा। स्वभाव शांत हो जाएगा। कुंभक से शरीर के अंदर की विष युक्त विकार या वासना का क्षय होता है। जिससे शरीर का हर रोम खुल जाता है। पसीना बाहर आता है। रेचक से दूषित वायु के रूप में शारीरिक विकार, मानसिक विकार जिसे हम जन्मों से छिपाकर रखे हैं, बाहर निकलता है। हमारा तन-मन विकार मुक्त होता है। जिससे हम यशस्वी बनते हैं। जो हम श्वास लेते हैं, वह केवल ऑक्सीजन ही नहीं होती बल्कि प्राण होता है। वह वायु प्राण का वाहन है। प्राण को लेकर अंदर जाता है। जिसे अंदर हृदय, फेफड़ा ग्रहण कर लेता है। शेष वायु को अंदर के विकार के साथ वापस

कर देता है। यही प्राण जीवन का आधार है, अमृत है। जिस व्यक्ति में जिस मात्रा में प्राण संचित है, वह उतना ही आध्यात्मिक रूप से समृद्ध होगा। प्राण ही पुण्य है। प्राणवान साधक ही दूसरे में प्राण फूंक सकते हैं। जैसे ही आप नख से शीर्ष तक प्राण से भर जाते हैं। आपकी कुण्डलिनी शक्ति अधः से उर्द्ध की तरफ गमन कर जाती है। आपका शरीर हल्का हो जाएगा। आसन पर बैठते ही आप जमीन से ऊपर उठ जाएंगे। फिर आप रहस्यमय लोक की यात्रा में निकलने के लिए उचित पात्र बन जाएंगे।

सावधानी

साधक प्रत्येक स्वर पर सवार होकर मंत्र के साथ मूलाधार चक्र पर आघात करेगा। जहां कुण्डलिनी सोई हुई है। कल्पना करें कि प्रत्येक श्वास के घात प्रतिघात का आघात सीधे मूलाधार चक्र पर हो रहा है तथा ध्यान मूलाधार चक्र पर ही रहे, जलंधर एवं खेचरी मुद्रा में अवस्थित रहें। जब यह तीन मात्रा पूरा हो जाता है तब साधक 'रं' बीज मंत्र का ही प्रयोग करें। जैसे इड़ा से 'रं' बीज मंत्र का जाप करते हुए 16 बार में पूरक करें एवं 64 बार में कुंभक तथा 32 बार 'रं' जाप करते हुए रेचक करें। इसी तरह पुनःश्च पिंगला से 16 बार में पूरक, 64 बार में कुंभक 32 बार रं बीज मंत्र का जाप करते हुए रेचक करें। यह एक मात्रा हुआ। प्रथम दिन साधक कम से कम 12 मात्रा से प्राणायाम शुरू करें। इस मात्रा में पूर्व का शोधन नहीं आता है। 12 मात्रा पूर्ण होने पर धीरे-धीरे क्रमशः इसे बढ़ाया जाता है। प्रतिदिन एक मात्रा बढ़ा दिया जाए। साधक को 36 से 92 मात्रा तक खींचकर ले जाना चाहिए।

देश, काल एवं परिदृष्ट

देश से देखा हुआ या नापा हुआ यानी पूरक श्वास को अंदर ले जाते वक्त ध्यान श्वास पर तथा मूलाधार चक्र पर श्वास का आघात करना है। कुंभक-श्वास पूरा अंदर भरकर नाभि चक्र में रोककर जलंधर कर स्थित रहना है एवं 'रं' मंत्र का पूर्ववत जाप करते रहना है। प्रत्येक साधक की उन्नति उसकी पात्रता की स्थिति पर निर्भर करती है। यह विकास सीधी रेखा में नहीं होता है। एक उच्चतर केंद्र पर पहुंचने के बाद मार्ग बंद हो जाता है। जिससे साधक की शक्ति दूसरी दिशा में प्रवाहित होने लगती है। पुनः मार्ग पाने के

लिए गुरु के सान्निध्य की आवश्यकता होती है। कभी-कभी साधक बिना उन्नति किए एक ही स्थान पर बहुत दिनों तक घूमता रहता है। इसे ही आत्मा की अंधकार रात्रि (Dark Night of the Soul) कहते हैं। इसे गुरु भक्ति, निष्कर्म ज्ञान के समन्वय से पार किया जा सकता है।

रेचक

श्वास को धीरे-धीरे निकालना है। यह श्वास क्रिया एक खास निश्चित अवधि के अंदर पूरी होनी चाहिए, इसका अनुपात 1:4:2 (16 बार मंत्र जप, 64 तथा 32 बार) सदैव बना रहे। इस तरह पूरक, कुंभक, रेचक के देश काल एवं संख्या के परिमाण से लंबा सूक्ष्म होता चला जाता है। साधक पूरक करते समय श्वास इतना धीरे-धीरे ग्रहण करे कि जरा-सी भी आवाज नहीं करे, जिस तरह चींटी के चलने की आवाज नहीं सुनाई पड़ती है। रेचक भी इतना धीरे-धीरे करे यानी श्वास का त्याग करे कि नासिका के 12 अंगुल आगे जाकर ही समाप्त हो जाए। यदि 12 अंगुल पर श्वास समाप्त होता है तो उसे दीर्घ सूक्ष्म माना जाता है एवं जब साधक श्वास को देख लेता है तथा वह श्वास दो अंगुल यानी ऊपर वाले होंठ तक ही समाप्त हो जाता है तो उस योगी के लिए इस त्रिलोक में कुछ भी असंभव नहीं रहता। उसकी इच्छा मृत्यु होती है। वह योगी ऋद्धि-सिद्धि का स्वामी बन जाता है। बहुत साधक इसी जगह जन्म भर फंस कर रह जाते हैं। वह दुनिया के सामने चमत्कारी बाबा बन जाते हैं। परंतु यह स्थिति आत्म ज्ञान के लिए अत्यंत बाधक है। अतएव श्वास के पूरक, रेचक पर विशेष ध्यान देना है। कुंभक में साधक जब नाभि प्रदेश में श्वास को रोकता है तब यह मूलाधार चक्र से ऊपर मस्तिष्क तक पहुंच जाता है। अब साधक अंदर के अनंत कला युक्त प्रकाश को देखता है। यह श्वास नाभि प्रदेश में जब स्थिर महसूस हो तब साधक का कुंभक दीर्घ सूक्ष्म समझा जाता है।

इस तरह जब प्राणायाम धीरे-धीरे अधिक समय तक बढ़ता है तथा कम से कम 36 मात्रा तक बढ़ा ले जाते हैं, श्वास-प्रश्वास की गति सम हो जाए तब प्राणायाम दीर्घ सूक्ष्म माना जाता है। साधक जब 92 मात्रा तक निश्चित होकर कर लेता है तब प्राणायाम दीर्घ सूक्ष्म कहलाता है। प्राणायाम के बल से कई स्वाभाविक श्वास-प्रश्वास एक श्वास बन जाता है। इस तरह 12 श्वास-प्रश्वास एक श्वास बनने लगता है। तब प्राणायाम पूर्णता की तरफ पहुंचा जाना जाता है।

वायु का स्थान एवं मिलन

इस तरह प्राण वायु का निवास स्थान हृदय है तथा अपान वायु का मूलाधार चक्र और समान वायु का नाभि प्रदेश है। पूरक क्रिया में प्राण समान से नीचे आकर अपान से मिल जाता है और रेचक क्रिया में अपान से ऊपर जाकर प्राण से मिल जाता है। योगी जन अपान का प्राण से मिलना ही प्राणायाम कहते हैं। इसका मिलन अपने आप में अत्यंत चमत्कारिक घटना है।

प्राणायाम में बंध का उपयोग

साधक प्राणायाम में आंख बंद कर या गुरु मूर्ति पर त्राटक कर खेचरी मुद्रा करके ही प्रारंभ करे। जैसे ऊपर भी उल्लेख किया जा चुका है। शरीर को तानकर नहीं रखना है बल्कि शरीर बिलकुल सीधा, मेरुदण्ड बिलकुल सीधा रहे। रेचक क्रिया में पेट को पीठ से मिला दे जिसे उड्डीयान बंध कहते हैं। पूरक एवं कुंभक के समय जलंधर बंध लगाकर वायु को अंदर रोकना है। रेचक के समय जलंधर बंध खोल देना चाहिए। ये बंध एवं मुद्रा योगी जन के लिए बहुत ही लाभदायक है। अतएव यह गुरु से सीख ले। यदि साधक उपरोक्त क्रिया के साथ अनाहद पर भी ध्यान दे तो अत्यंत उत्तम है। परंतु अनाहद क्रिया के विषय में गुरु से परामर्श लेना भी न भूलें। क्योंकि साधक एक साथ क्या-क्या करने में समर्थ है, कितनी पात्रता है। यह गुरु ही समझ पाता है। समर्थ शिष्य एक साथ अनाहद, खेचरी, त्रिबंध, अजपा एवं ध्यान पांचों करने में समर्थ होते हैं। साधारण को एक-एक कर साधना ही उचित है। यह कार्य अत्यंत धर्मवग्न एवं नम्र एवं गुरु भक्त के लिए सुलभ है।

प्राणायाम सिद्धि

जब साधक का शरीर प्राणायाम करते-करते अत्यंत हल्का हो जाए। मन प्रसन्न रहे। चित्त वृत्तियां शांत हो जाएं। साधक अपने आसन से प्राणायाम के समय ऊपर उठ जाए तो प्राणायाम सिद्ध माना जाता है। शरीर के अंदर ज्यादा से ज्यादा प्राण ग्रहण किया जाता है। जिससे अन्य विजातीय द्रव्य एवं वायु नष्ट हो जाते हैं। जिससे साधक का शरीर हल्का हो जाता है। पित्त, कफ, वात अपने अनुपात में हो जाता है। जिससे साधक का शरीर स्वस्थ्य एवं निरोग्य

को प्राप्त कर लेता है। साधक प्राणायाम सिद्ध कर लेता है।

इड़ा गंगा पुराप्रोक्ता पिंगला चार्क पुत्रिका।
मध्या सरस्वीता प्रोक्ता सांसांगोऽति दुर्लभः॥

इड़ा गंगा है, पिंगला जमुना है। मध्य में सुषुम्ना सरस्वती है, यही त्रिवेणी संगम है, जिसका स्नान अति दुर्लभ है। यह वाक्य सदाशिव का है। इसमें स्नान मात्र से योगी योग युक्त हो जाता है। जन्मों के पापों से छुटकारा मिल जाता है। इस संगम पर मानसिक स्नान भी किया जाता है। जिससे साधक पाप मुक्त होकर सनातन ब्रह्म में लीन हो जाता है। अतएव यह सब क्रिया भी प्राणायाम काल में ही साधक को सीख लेना श्रेयस्कर है। इसे सद्गुरु कबीर कहते हैं—

"त्रीकुटी संगम झलकत हीरा, चरण चित्त तह रख कबीरा॥"

यहां चित्त स्वतः रुक जाता है। मन इसी प्रदेश में रमण करने लगता है।

सहज स्वभाव तत्व-गुण-धर्म

मानव शरीर पंचतत्वों से बना है। इनकी भागीदारी समझ कर ही इनका ग्रहण और त्याग किया जाता है। ये तत्व हैं—मिट्टी, जल, अग्नि, पवन और आकाश। इनके गुण हैं—गंध, रस, रूप, स्पर्श और शब्द। यह स्थूलता का क्रम है। सूक्ष्मता में इसे उलट कर शब्द, स्पर्श, रूप, गंध कहते हैं। स्थिति में ये पांचों तत्व होते हैं। जल में चार ही तत्व होते हैं—शब्द, स्पर्श, रूप और रस। पानी में गंध नहीं होती है। जल में गंध ऊपर से डालनी पड़ती है। गंध के आते ही पानी पेय या सुवाद्य नहीं रह जाता है। अग्नि में तीन तत्व होते हैं—शब्द, स्पर्श और रूप। अग्नि में रस और गंध का अभाव होता है। गंध के लिए अग्नि में चंदनादि को जलाना पड़ता है। जल से अग्नि बुझ जाती है। गंध या जल को अग्नि जलाकर उड़ा देती है, रखती नहीं है। आग में रस हो तो यह जलेगी नहीं, धुंआएगी। वायु के दो गुण हैं—शब्द और स्पर्श। हवा में रूप, रस, गंध नहीं होते। हवा निर्गुण तत्व है। हवा में रस होगा तो वह हमें कंपाएगी, आग होगी तो वह गरमाएगी। पांचवां तत्व है आकाश। जिसका एक गुण है शब्द। यही शब्द माता के गर्भ में पिता के द्वारा स्थापित किया जाता है। जिसका नाम है—तेज, नाद, बिंदु या प्राण। यही शरीर का शुक्राचार्य है। जो मातृगर्भ में निरत करते उतरता है और प्रकाश, समीर, ताप, जल, अन्न ग्रहण करते शिशु रूप में अवतीर्ण होता है।

साधना करने वाले योगी को फिर इसी क्रम से शब्द तक चढ़ना होता है

इसके लिए स्थूलता को त्यागते सूक्ष्म प्राण में आरोहण करना होता है। अतः क्रमशः अन्नाहार, फलाहार, पयोहार, अग्नि सेवन, वायु आहार करते शब्द गुरु को पकड़ना होता है। यानी अन्न और फल छोड़ने पर गंध पर विजय होती है। जलाहार-पयोहार त्यागने पर स्वाद पर विजय होती है। अग्नि सेवन से कामना पर विजय होती है। वायु-आहार का संयम करने पर मौनी अवस्था आती है और मौन-साधना से शब्द यानी नाम की प्राप्ति होती है। नाम-साधना से आत्म-साक्षात्कार की भूमिका बनती है। इन्हें चाहे आप तप कहें या कृष्ट-साधना कहें, योग-युक्त होने के लिए इनका त्याग आवश्यक होता है। इसे ही काया शोधन कहते हैं। इसके परिणाम की चर्चा थोड़ी देर बाद करते हैं।

पांचों तत्वों के धर्म भी पांच ही हैं। पृथ्वी पर धर्म है स्थिरता। पृथ्वी अपनी कील पर घूमते हुए सूर्य की परिक्रमा करती है। पर इसके पर्वत, नदियां, नगर, स्थान अपनी जगह पर यथावत रहते हैं। कोई चट्टान आप जहां रख देंगे, वर्षों-युगों वह, वहीं पड़ा होगा। लेकिन जल का धर्म स्थान छोड़कर नीचे बहना है। हिमालय की बर्फ पिघलकर समुद्र तक की यात्रा करती है। पानी स्थिर करेंगे तो सड़ जाएगा। या सूख जाएगा। पानी मिट्टी में भी प्रवेश कर जाएगा। वायुमण्डल में भी बादल बन कर उड़ता रहेगा। फिर बरस कर धरती पर आ जाएगा। पर धरती के बिना वह रह नहीं सकता। अग्नि का धर्म है ऊपर उठना। दीप की लौ, आग की लपट आकाश की तरफ ही जाती है। आग दाएं-बाएं नहीं उठती है। अवरोध देने पर भी वह स्वभाव में आ जाती है। आग जमीन छोड़कर भागती है। पानी जमीन पर भागता है। आग आकाश में भागती है। आग का रूप सगुण है, पर उसकी उड़ान निर्गुण में है। आग ऊपर जाकर खोती जाती है, बुझती जाती है, ठंडी हो जाती है। हवा उसकी गरमी को छीन लेती है। हवा आग को जलाती है, हवा आग को पचाती है, या कहें निगलती है।

तीसरा तत्व, आग जमीन छोड़ते ही मर जाती है। क्योंकि आग के जलने के उपकरण जमीन देती है। चौथा तत्व है समीर। वायु धरती छोड़कर दौड़ती है। यह भूमंडल के ऊपर वायुमंडल में दौड़ती है। पर इसकी गति सीमित है—इसकी एकांगी दिशा होती है। पुरवाई चलेगी तो पछैया नहीं चलेगी। आग इसकी गति को नियंत्रित कर सकती है। आग के केंद्र पर चौवाई हवा पहुंचती है और आकाश का धर्म है शब्द, जो एक ही साथ दसों दिशाओं में गमन करता है। पवन की आंधी भी शब्द को रोक नहीं सकती। टी॰ वी॰, रेडियो के शब्द वायुमंडल नहीं पचा सकता। यह शब्द इधर में गति करता है। यह अंतरिक्ष में

कहीं भी गमन करता है और पवन भी गति से शब्द की गति अनंतगुना अधिक है। शब्द से अधिक एकमात्र प्रकाश की गति है। इसी प्रकाश की गति से मन का निर्माण होता है, जिसकी अव्याहत गति होती है।

इनका परस्पर विरोधी धर्म भी देखें—पानी की लहरों या ज्वार को पृथ्वी रोक देती है। क्योंकि जल में तल के बराबर होने की कमजोरी है। भूतल की ऊंचाइयां जल को रोक देती हैं। तब जल की गति भी रुक जाती है। आग की लपटों को पानी बुझा देता है और आग उसे अपनी ओर खींच लेती है या हवा की गति की जन्मदाता आग ही है। आग के ताप के कारण हवा गतिमान है। तापांतर के कारण हवा में वेग होता है। आग पानी को भी जलाकर वाष्प बना देती है और वर्षा को भी जलाकर उड़ा देती है। आग मिट्टी को जलाकर पत्थर बनाती है और लोहे को गलाकर पानी बना देती है। अतः आग को पृथ्वी, पानी, हवा से बलवान माना जाता है। इसी कारण देवताओं में पृथ्वी, वरुण, पवन, कुबेर से अग्नि को श्रेष्ठ माना जाता है। अतः अग्नि की पूजा होती है। पर शब्द आग से भी शक्तिमान है। शब्दों और मंत्रों से अग्नि को न तो आग जला सकती है न सुखा सकती है। यही आग प्रह्लाद को जलाने में हार जाती है। प्रह्लाद ही आत्मा है। यही प्रह्लाद में पोषण पाने वाला तत्व है—यही विभु है।

आग की हवा पर निर्भरता है। हवा न हो तो आग नहीं जलेगी। आग को प्रदीप्त करने के लिए हवा करते हैं—पंखे झूलाते हैं। क्योंकि आग को जलाने का ऑक्सीजन हवा में होता है। आग को जलाने के लिए आकाश चाहिए। दीपक को ढक दें तो दीपक बुझ जाएगा। आकाश ही चारों को आयाम भी देता है, जन्म भी देता है। आकाश से वायु को, वायु से अग्नि को, अग्नि से जल को और जल से पृथ्वी को जन्म मिलता है। ठीक उलटा धरती जल में खो जाती है, जल हवा में शोषित हो जाता है, अग्नि हवा में लौट जाती है, हवा आकाश में लौट जाती है और आकाश सूक्ष्म में सिमट जाता है। शब्द में जाना ही सुरति को ऊपर चढ़ाना है। स्थूलता से सूक्ष्मता में उठने के लिए क्रमशः सूक्ष्म की ओर चलना है। पहले अन्न छोड़े तो गंध पर विजय होगी। फिर जल छोड़े तो गंध और स्वाद पर विजय होगी। फिर अग्निहोत्र करें तो गंध, स्वाद और काम पर विजय होगी। फिर प्राणायाम करें तो प्राण पर विजय होगी। इसी क्रम में शब्द की पकड़ होगी। अतः विहंगम पथ से चलना है। पंछी वायु से भरे आकाश में उड़ते हैं। वायु नहीं होगी तो उड़ना नहीं होगा। वायु को पकड़ कर प्राण का संयम करना होता है। दूसरा उपाय नहीं है।

अन्न से क्रोध को, जल से लोभ को, अग्नि से काम को और वायु से

लालसा को जन्म मिलता है। क्रोध मिटाने के लिए अन्न छोड़ते हैं, लोभ मिटाने के लिए निर्जला रहते हैं, काम नसाने के लिए अग्नि सेवन या अग्निहोत्र करते हैं और विचार से मुक्ति के लिए श्वास का अवरोधन करते हैं। प्राण को अवरुद्ध नहीं किया जा सकता। प्राण का अवरोध्य वही तत्व करते हैं जो ऊपर उठने की प्रवृत्ति रखते हैं। अग्नि, पवन और आकाश की आराधना से योग की वृत्ति जगती है। शब्द की आराधना बढ़ती है तो स्वतः श्वास की क्रिया का कुंभक होता है और बंकनाल में जलती हुई आग भी मंद पड़ जाती है। यह रहस्य कम को मालूम है कि हमारे मेरुदण्ड को ही संतों ने बंकनाल और संन्यासियों ने त्रिदंड कहा है। बंकनाल की भंगिमा त्रिदिशीय है। अतः सीधी रीढ़ करके बैठने का नियमन किया जाता है कि अग्नि का हवन निर्बाध हो। इस मेरुदण्ड में सफेद अग्नि सतत प्रज्वलित है। इसीलिए जब यह अग्नि बुझने लगती है तो भीतर प्राण संचालन की क्षमता खोने लगती है और श्वास क्रिया अस्वाभाविक होते-होते रुक जाती है। शरीर ठंडा हो जाता है।

शरीर में रमता जीव आकाश रूप है। उस पर आवरण चढ़े हैं। भीतर से क्रमशः वायु के, अग्नि के, जल के और अन्न के। इसे क्रमशः कहें—श्वास, त्रास, प्यास और भूख। इनका संयम किए बिना योग संभव नहीं है। छिति, जल, पावक—तीन सगुण हैं और वायु तथा आकाश निर्गुण हैं। तत्वों की निर्भरता कम करते, न्यून करते निर्गुण में उठना होता है। अग्नि का ईंधन है—अन्न और पानी। इन्हें छोड़ ही नहीं देना, कम करते जाना है। अग्नि का आयाम है—वायु और आकाश। आग ही तेज है जो नाभि केंद्र में स्थित है। नाभी केंद्र कैसे जाग्रत करें, यही हठयोगी कपालभाति करके थककर बैठ जाता है और इसे ही संत सुरति शब्द योग करके जगा लेता है। शब्द के पांच स्थान हैं—मुख, कंठ, हृदय, नाभि और त्रिकुटी। वक्ता मुख से बोलता है। गायक कंठ से गाता है और योगी नाभि से नादानुसंधान करता है। इसे कहकर नहीं समझाया जा सकता, क्रिया करनी करनी पड़ती है। यहां सद्गुरु ही एकमात्र मददगार होता है। समय के सद्गुरु के शरण में जाना ही होगा, उनसे इन्हें ग्रहण कर अपने को बदल लेना ही श्रेष्ठता है। चूक जाना ही अधोगमन करना है। सदैव संसार प्रपंची गुरुओं से भरा रहता है। आपके जन्मों को पुण्य, विवेक समय के सद्गुरु के शरण में पहुंचा ही देता है।

इंसान में पांचों तत्व समानता में होते हैं। छिति, जल, पावक, गगन, समीर में से एक भी गया कि मनुष्य मर जाएगा। अन्न न दें तो इक्कीस दिन नक जीएगा, जल न दें तो चार दिन जीएगा, उसकी आग बुझती जाएगी, वायु

न दें तो शायद कुछ घंटे अभ्यास करके जी ले। अग्नि को जलाए रखने के लिए ही भोजन, हवा, पानी की जरूरत है। ये बंद कर दें, फिर मरने के लिए आपको दूसरा कष्ट नहीं करना पड़ेगा। आकाश तत्व कहीं जाता नहीं है। हम मर जाते हैं तो भी वहीं-का-वहीं रहता है। जैसे समुद्र में, घड़ा में अलग-अलग भरा पानी हो और घड़े फूट जाएं तो पानी वहीं-का-वहीं रह जाता है। वैसे ही आत्मा कहीं जाती नहीं है। उसी में प्राणों का बूंद-बूंद चलता है, फिर शांत हो जाता है। प्राण कहीं नहीं जाता है—आत्मा कहीं नहीं जाती है।

तो मनुष्य में पांच तत्व होते हैं। पर पेड़-पौधों और जानवरों में चार ही तत्व होते हैं। उनमें आकाश तत्व नहीं होता। अतः वे शब्द नहीं करते। वे समझ-बूझ नहीं रखते। आप पेड़ काटेंगे तो वह चिल्लाएगा नहीं। वह मूक है। वैसे ही पशु भी मूक है। भेड़, बकरी, भैंस लोग काटते हैं वे शोर नहीं मचाते। पक्षी में तीन ही तत्व होते हैं। इनमें हवा, पानी और अग्नि होते हैं। पक्षी में पृथ्वी तत्व यानी गंध और आकाश तत्व यानी वाणी-विचार नहीं होते। हवा, पानी, अग्नि तीनों उड़ने वाले तत्व हैं। अतः पक्षी उड़ सकते हैं। आदमी को सूंघिए विविध विचार कर लो कि विविध गंध होती है। संतों के पास बैठिए आप को चंदन, केशर, कस्तूरी की गंध मिलेगी। पशुओं के शोर में भी गंध होती है। पर पक्षी में गंध नहीं होती। रूप होता है, गति होती है, स्पर्श होता है। तीसरे तरह के जीव हैं ये। चौथा जीव है दांत तत्वों वाला, रेंगने वाले कीड़े-मकोड़े। इनमें दो ही तत्व होते हैं—छिति और अग्नि। इनमें आकाश, जल, समीर न्यून होता है और पांचवें तरह के प्राणी हैं साग-सब्जी। इनमें एक ही तत्व प्रधान होता है जल तत्व। सब्जी में 50% जल होता है और 50% में चारों तत्व होते हैं।

लाजिम है कि हमें अपने शरीर की स्थूलता हटानी है, मोटापा हटाना है, स्वाद हटाना है, आसक्ति हटानी है, रूप शक्ति हटानी है और श्वास का सेवन संयमित कर, मौमी बनता है। भूख, प्यास, भास, श्वास का संयम करके ही नादोपासना करें। भर पेट खाएंगे तो नींद आएगी, अधिक पेय लेंगे तो दुःस्वप्न आएंगे। अधिक तेजस पदार्थ लेंगे तो अग्नि ज्वाला बढ़ेगी।

पांचों का कुदरती संबंध देखें—साग-सब्जी को कीट-पतंग खाते हैं। कीट-पतंग को पक्षी खा जाते हैं। पक्षियों को जानवर खा जाते हैं और जानवरों, पक्षियों, कीटों, सब्जियों को मनुष्य खा जाता है और खाता है। भीतर अग्नि धधकने के लिए पांचों प्राणी ईंधन हैं।

प्रकृति पर विजय पानी है तो प्रकृति पर निर्भरता छोड़नी होती है। शरीर का मोटापा, स्थूलता, एक रोग है। अतः दुबला-पतला आदमी अधिक स्वस्थ

एवं निरोग होता है। अधिक जल पीने वाले को बलगम हो जाता है, फलेरिया पकड़ लेता है। अन्न-जल-हवा तो शरीर में रहता नहीं है—अन्न, मल रूप में, जल मूत्र-पसीना रूप में, श्वास-प्रश्वास रूप में निकलता ही रहता है। पांचों तत्वों में जो एनर्जी है उसे ही शरीर ग्रहण करता है। अग्नि लेकर पैदा होता है जीव, आकाश लेकर उदर में आता है। तीन चीजें अन्न, जल, वायु का ईंधन लेता है वह। तो साधक को तीन का संयम करना है और शब्द का साधना करना है जो ध्वनि लेकर जीव मातृ गर्भ में आता है, वही ध्वनि सदा गूंजती रहती है और वही ध्वनि प्राण को प्रेरणा देती है। ध्वनि बंद हो गई तो न तो आग जलेगी, न श्वास चलेगी, न जल होगा, न गंध होगा। आप भी जीवित हैं उस धुन के कारण। उसी में गति है, उसी में बिंदु है। जिसे आदि बिंदु कहा जाता है। तत्वों की आपूर्ति बाहर से बंद कर देना ही तपस्या का रहस्य है।

योगी का शरीर अस्थिपंजर मात्र रह जाता है। भोजन, पानी के बिना जीने का उनका अभ्यास उन्हें तेजस्विता से प्रज्वलित रखता है। वे आकाशवत हो गए होते हैं। आप श्वास लेकर ही जीते हैं तो आपको वायु में जल में गंध मिलते रहते हैं। हवा में पांचों तत्व होते हैं। अतः केवल श्वास का भोजन भी तपस्या योग अन्न, पानी, हवा द्वारा भेंटता रहता है। योगी देवता रूप होता है। वह केवल सुगंध का पान करता है। ऐसा कथन योगियों के लिए ही किया गया है। अन्न, जल छोड़ना ही पड़ता है।

सुनते हैं—हिमालय क्षेत्र में हजारों वर्षों की आयु के योगी आज भी साधनारत हैं। वे केवल प्राणवायु से शरीर की अग्नि जलाए रखते हैं। अन्न, पानी की जरूरत ही नहीं समझते। शरीर को जो भी अभ्यास दिया जाए, यह उसे ही पकड़ने का आदी हो जाता है। भूख को जीतें स्वाद से ऊपर उठें। हवा आप को अन्न, जल पहुंचाती रहेगी। आप हरिगुन गाते रहेंगे। 'आज खाय कल को झंखै ताकै संग गोरख ना रखै।' प्राण क्रिया के द्वारा आप अपने को सिद्ध कर सकते हैं।

शवासन

जब प्राणायाम की यह क्रिया पूरी हो जाए तो साधक गुरु मंत्र का जाप करते हुए आंख खोले एवं गुरु का मानसिक या प्रतिमा का वंदन करे। तत्पश्चात पैर को सीधा फैलाकर धीरे-धीरे आसन पर सीधे चित हो जाए। आंख बंद कर अनुभव करे कि पूरा शरीर प्रकाश से भरा है, तेज से भरा है। हम प्रकाश स्वरूप,

आनंद स्वरूप हैं, चेहरा खिला हुआ, मुस्कुराता हुआ, परमपिता का आशीर्वाद स्वरूप प्रकाश ग्रहण करता हुआ महसूस करें। यह भी कल्पना करें कि जन्मों के पाप कर्म संस्कार बाहर निकल कर भाग रहे हैं। पुण्य रूपी तेज प्रकाश, गुरु कृपा से अंदर आ रहा है। हम आनंद स्वरूप, गुरु स्वरूप हो रहे हैं, शरीर पूरा तेज से भरा है। इस तरह 5 से 10 मिनट लेटे-लेटे कल्पना करें। परमपिता स्वरूप गुरु की मानसिक वंदना करते हुए रेचक एवं पूरक करें। पूरक सीधे मूलाधार चक्र तक जाए, रेचक धीरे-धीरे। पूरक के माध्यम से अनुभव करें कि गुरु कृपा रूप प्रकाश अंदर जा रहा है। शरीर को निर्मल कर रहा है तथा रेचक के द्वारा यह कल्पना करना है कि शरीर से सारा मलावरण पाप, बुरे कर्म निकल रहे हैं। इस क्रिया को करने के पश्चात अपने में पूर्ण तेज एवं प्रकाश से भरा, आनंद से भरा महसूस करते हुए धीरे-धीरे प्रसन्नचित्त आंखे खोलें। गुरु को प्रणाम कर धीरे-धीरे बैठ जाएं तत्पश्चात् खड़े हो जाएं। इससे शारीरिक क्रियाएं ठीक हो जाती हैं। वायु रोग एवं खांसी वगैरह दूर हो जाती हैं। साधक का चित्त प्रसन्न रहता है। यह एक प्राणायाम पूरा हुआ। आपके साधक काल का अधिकांश समय कुण्डलिनी के जागरण में लग जाता है। अर्थात पचास प्रतिशत समय मूलाधार में ही लग जाएगा। जैसे-जैसे कुण्डलिनी ऊपर की मात्रा करती है। समय उसी अनुपात में कम होने लगता है। अतएव साधक संसार चक्र को छोड़कर अपने संपूर्ण श्रद्धाहीन एवं तार्किक के लिए असंभव है। शक्ति को धैर्य पूर्वक कुण्डलिनी जागरण में लगाना चाहिए। इसके बाद आगे का कार्य आसान हो जाएगा।

साधक शुरू-शुरू में समय निकाल कर सुबह, दोपहर, शाम और अर्द्धरात्रि यानी 12 बजे रात्रि को करे। चार बार तीन-तीन घंटे तक प्राणायाम करे। इस बीच बोले बहुत कम। यदि संभव हो तो हां या ना में काम चलावे। भोजन हल्का, सुपाच्य, साग फल से युक्त करे। दूध का सेवन अवश्य करे। हर समय सत् में मन को केंद्रित रखे। यदि साधक मात्र 21 दिन अपने आपको इस प्राणायाम एवं ध्यान पर लगा दे एवं गुरु कृपा साथ हो तो उसकी कुण्डलिनी अवश्य ही जाग्रत हो जाएगी। इसे अन्यथा नहीं मानें। मात्र आप अपने को उपयुक्त पात्र बना लें एवं अपने जीवन को 21 दिन पूर्णरूपेण (तन-मन से) गुरु को सौंप दें। जिस तरह आप अपने को जहाज का टिकट लेकर उस पायलट को सौंपकर निश्चिंत हो जाते हैं, एवं वह चालक चंद समय में आपके गंतव्य तक पहुंचा देता है। उसी तरह गुरु आपकी कुण्डलिनी को जाग्रत कर चक्र भेदन क्रिया शुरू कर देते हैं। यदि कुण्डलिनी जाग्रत हो जाती है तो आगे

की क्रिया आसान हो जाती है। अतएव आप एक बार अपने जीवन को पूर्ण रूपेण दांव पर लगाकर देख लें। सफलता अवश्य ही मिलेगी। अब मोह अवश्य ही दूर होगा। अपने गंतव्य स्थल पर अवश्य ही पहुंचेंगे।

शीघ्र कुण्डलिनी जागरण

यदि गुरु यह महसूस करता है कि अमुक साधक में उपयुक्त पात्रता है। शीघ्र कुण्डलिनी जाग्रत होने पर उसके तेज एवं क्षमता को वहन कर सकता है। तब उसे निम्न विधि बता देना चाहिए।

"तीनों बंध बांध के, अनहद घंटी बजावे।"

प्राणायाम क्रिया शुरू करने के पहले साधक सिद्धासन पर बैठकर मूलबंध बांध ले तब गुरु के आदेशानुसार उड्डियान बंध एवं जलंधर बंध बांधकर दीर्घ श्वास-प्रश्वास ले। यह क्रिया मात्र 5 मिनट से 10 मिनट तक ही करे। इसके बाद नित्य जो भी क्रिया प्राणायाम करना है करे।

तीनों बंध बांधने पर गुरु द्वारा निर्देशित जगह पर ध्यान करने से सहज ही ध्यान केंद्रित हो जाता है, साथ ही विभिन्न प्रकार के वाद्य सुनाई पड़ते हैं। योगीजन आगे इंगित करते हैं–

"नाभि नाशिका माहि करी, अष्ट कमल दल लव लावे।"

इस प्रकार ध्यान कर अनाहद नाद का श्रवण करते हुए योगी एकाग्रचित्त हो कुछ काल इसी विधि को अपनाए तो कुण्डलिनी शीघ्र जाग्रत हो जाती है। हठयोग में कहा गया है कि सिद्धासन के सिद्ध होने मात्र से उन्मुनी कला, बिना परिश्रम के उत्पन्न हो जाती है तथा इसके साथ-साथ मूल बंध, उड्डीयान बंध, जलंधर बंध भी बिना परिश्रम के सिद्ध हो जाते हैं। योगी शीघ्र ही चंद्रमा की कला को प्राप्त हो जाता है।

उत्पद्यते निरामासात्खय मेवोन्मनी कला।
तथैकस्मिन्नेव हठे सिद्धे सिद्धासने सति॥

श्वास : प्राण तत्व

दुर्भाग्य ऐसा रहा है कि पुराणकाल में कुछ साहसी विद्वानों ने काव्य संग्रह और काव्यानुवाद का बीड़ा उठाया। जो विषय वे नहीं जानते थे, उसका भी परिकल्पना मात्र से ऊटपटांग अर्थ लगाकर, गड्डमड्ड किया। विज्ञानपरक तथ्यों को भी प्रत्यक्षानुभूति के अभाव में, भ्रमित कर दिया। पतंजलि के योगदर्शन का भाषानुवाद करने वालों ने तथ्यों की अनजाने में अवहेलना कर दी और उनके पांडित्य ने सिद्धांतों की हत्या ही कर दी।

शरीर के भीतर की सूक्ष्म गतियों के नियंत्रण और नियमन के लिए, पतंजलि ने प्राण-संयम की बात की। पर अनुवादकों ने भ्रांति खड़ी कर दी। श्वास के पूरक, कुंभक और रेचक को, प्राण का पूरक, कुंभक, रेचक अनुवाद किया। यही आध्यात्मिक हत्या हो गई। श्वास और प्राण एक ही बात नहीं है। श्वास प्राण नहीं है। श्वास वायु है—तत्व है और प्राण ऊर्जा है शक्ति है। प्राण का पोषक और प्रेरक श्वास जरूर है। प्राण ही श्वास लेता है। प्राण को श्वास की जरूरत होती है। प्राण की ऊर्जा भीतर पांच क्रिया करती है, जिसे वृत्ति भेद से प्राण, अपान, उदान, समान, व्यान कहते हैं—ये पांच नहीं हैं—प्राण एक ही है, उसकी वृत्तियां पांच हैं। श्वास प्राण का ईंधन है। प्राण को हम न तो देख सकते हैं, न छू सकते हैं। पर श्वास को महसूस कर सकते हैं, देखते हैं, छूते भी हैं तो अनुवादकों ने श्वास को ही प्राण कह दिया, कभी प्राणवायु कह दिया अपना प्रमाद थोप दिया भाषा पर।

श्वास स्थूल तत्व है। प्राण सूक्ष्म शक्ति है। तो श्वास को प्राण क्यों कहेंगे और श्वास के कुंभक को, प्राण का कुंभक कह दिया। यह परिकल्पना का पैवंद लगाया, व्यास ने भी शंकर ने भी। साक्ष्य हम दिखाते हैं आपको। लेकिन ऐसा अनुवाद कर ये अध्यात्म की संभावना ही चबा गए। गलत पथ निर्देश हो गया। भविष्य भ्रमित हो गया जो सात वर्ष की उम्र में शिक्षक हो गया और तीस में दिवंगत हो गया—उसने अपनी किशोरावस्था में भूल कर दी तो क्षम्य है। वैसे योग और भोग दोनों की उन्हें भ्रांति थी, दोनों विषयों में वे भारती से हार गए थे।

प्राणायाम चित्र को समन्वित करने की वृत्ति है। शरीर की सूक्ष्मतम गहराइयों के अनुभव का मार्ग है। शरीर से मन तक पहुंचने के लिए प्राण तत्व नहीं है, ऊर्जा है। अपना मूलाधार भी अग्नि ऊर्जा है। इसे ही कुल-कुण्डलिनी कहते हैं। अपान वायु नहीं है, प्राण है। वायु-विलोपन अपान नहीं है। वायु विसर्जन भी अपान नहीं है। समान मणिपुर की—रक्त तैयार करने की वृत्ति है। उदान विशुद्ध चक्र भी वाणी की वृत्ति है। व्यान रक्त संचार की प्रजनन वृत्ति है और प्राण अनाहत चक्र की, रक्त शोधन की वृत्ति है। हृदय में प्राण का निवास होता है। प्राण का अर्थ श्वसन नहीं है, प्राण का कार्य श्वसन है। प्राण अपान की गति रोकने का अर्थ, श्वास को रोकना नहीं है। श्वास बाहर निकलती है, प्राण बाहर नहीं निकलता। श्वास भीतर जाती है, अपान भीतर नहीं जाता है। अपान भीतर रहता है। शंकराचार्य ने पूरक को अपान कह दिया और रेचक को प्राण कह दिया। वे कहते हैं कि प्राण ही बाहर आता है। प्राण बाहर आएगा तो हम तो मर ही जाएंगे—प्राणायाम क्या करेंगे ? प्राण का संयम हृदय पर होता है। उसका काम है—अशुद्ध रक्त को शुद्ध श्वास के द्वारा शुद्ध रक्त में बदलना। प्राण नाक से नहीं निकलता, हृदय से निकलता है, पंच प्राण बनकर—क्रियाशीलन के लिए। प्राण शरीर से एक ही बार निकलता है, जिसे आप मृत्यु कहते हैं। जहां हृदय की गति रुक जाती है। शंकर का अनुवाद देखें—

"मुखनासिकाभ्यां वायोः निर्गमनम प्राणस्य गतिः। तद्विपर्ययेण अधोगमनम अपानस्ये। ते प्राणापाने गति गति एति (रुदध्वा) निरुध्य प्राणायामः। तेतपुराः कुंभकारव्यं प्राणायाम कुर्वन्ति इत्यर्थः॥"

—4.29 गीता

हम तो श्वास को भीतर खींचते हैं। पर इनका कहना है कि हम अपान को भीतर से खींचते हैं तो प्राण का अर्थ प्रश्वास हो ही गया। फिर या तो श्वास-प्रश्वास बेकार भरती के शब्द हो गए या प्राण अपान ? कुछ तो संदेह आपको होना चाहिए न। दोनों शब्द पर्याय कैसे हो गए और प्राण के उल्टा अपान क्यों हो गया जबकि प्राण का ही एक नाम अपान भी है। **"वायुः निर्गमनम प्राणः** और **अधोगमनम अपानख्य।"**

वैसे प्राण भी हमारे वश में नहीं है, श्वास भी हमारे वश में नहीं है। मान भी लें कि श्वास वश में है, उसे ठहरा सकते हैं—तो मानना पड़ेगा, भीतर वात विकार रहता है। यानी तब कहना पड़ेगा कि भीतर रक्त नहीं दौड़ता है, हवा ही दौड़ती है ऐसा है क्या ? अभी तक तो इतना विदित था कि प्राण ही रक्त

को दौड़ाता है। देह में वायु नहीं दौड़ती। विंड फार्मेसन को हम लोग गैस्टिक ट्रबल कहते हैं। विंड फार्मेसन से यंत्र की गति रुक जाती है। श्वास ही प्राण है और प्राण ही श्वास है यह अनुवादों में नई बात आई। योग पथ को भ्रष्ट किया गया। श्वास कुंभक करने तक भीतर बचता है क्या ? वायु चाहे प्राण से निकलती हो या नाक से, वह श्वास का कचड़ा है। ऑक्सीजन प्राप्त कर प्राण वायु का त्याग कर देता है। प्राण के कारण शरीर है। श्वास को हम बदल सकते हैं—प्राण को तो नहीं बदल सकते। प्राण को हम महसूस भी नहीं करते हैं। प्राण का निकलना आज तक सुना सबने, देखा किसी ने नहीं—प्राण सूक्ष्म है।

प्राण को रोकने की बात करते हैं शंकर। प्राण को रोकेगा कौन ? प्राण किसके अधीन है। जब मन भी प्राण के अधीन है। प्राण न रहे तो मन भी नहीं रहेगा, श्वास भी नहीं होगी। प्राण अपान की गति को कौन रुद्ध करेगा ? व्यास को बताना चाहिए—मन रोकेगा ? जिसका जन्म ही प्राण का बुदबुद है। शब्द व्यावसायियों ने बड़ा उलझाव किया—पतंजलि का विचार करें—

श्वास-प्रश्वास योगार्तिविच्छेदः।

—प्राणायामः 50

वाह्याभ्यंतर विषयाश्रेणी चतुर्थः।

—प्राणायामः 51 (चतुर्थ तुरीयम्)

वाह्याभ्यंतर स्तभम् वृतिः देशकालः सांख्याभिः।

—प्राणायामः 49

प्राण शरीर का चालक है। प्राण मन का जनक है। कुंभक स्वभाव है। प्राण की भीतर खपत है। वायु का कुंभक नहीं हो सकता। प्राण का कुंभक होता है। आंतरिक गति है प्राण और यह गति हवा की बदौलत नहीं है। बेहोशी में प्राण मूर्छित होता है, पर श्वास चलती है। कोमा में श्वास चलती है, प्राण निस्पंद रहता है। प्राण पर कोई वश नहीं है। वह निकलने लगे तो आप उसे रोक नहीं सकते। नहीं तो कोई मरता ही क्यों ? प्राण शरीर का हिस्सा है ही नहीं। शरीर का चालक है।

प्रश्न तीन शब्दों पर आता है—विच्छेद, रुद्धवा और कुंभक। शंकर ने रुद्धवा का अर्थ दिया कुंभक। व्यास ने विच्छेद का अर्थ दिया रुद्धवा और विच्छेद का पतंजलि ने अर्थ दिया संयम, नियमन। क्या, ये तीनों शब्दों का एक ही अर्थ है, एक ही अभिप्राय है ? श्वास रोकने से, प्राण खतरे में पड़ता है। प्राण रुकता है तो श्वास रुक जाती है। क्योंकि श्वास प्राण के अधीन है। प्राण

नहीं होगा तो श्वास को कौन आकर्षित करेगा ? श्वास शरीर में जाती, तब तो उसे मृतक में भी रुक जाना चाहिए। श्वास को रोकना कुंभक नहीं है। प्राण का संयम कुंभक नहीं है। श्वास रोकने से होता तो प्राण श्वास को छोड़ता ही नहीं। इधर श्वास को प्राण में बदलने में सेकण्ड भी नहीं लगता है। प्राण कार्बन को नेगलेक्ट कर देता है। उसे ही जबरन आप भीतर रखना चाहें तो प्राण तो ऊबेगा या डूबेगा। व्याख्याकार योगी नहीं था। उसने योग को अनजाने में दफनाया और उसकी बुझी राख हम भी तन पर मल रहे हैं।

वायु और प्राण अलग है। वायु आकाश में है और प्राण शरीर में है—शरीर सेतु है, जिस पर श्वास और प्राण की संगति होती है। कुंभक उतनी ही देर होता है, जितनी देर में प्राण उसके ऑक्सीजन का अवशोषण कर ले। भीतर कार्बन को ठहराने की जरूरत नहीं है। वाचिक ज्ञानियों का सम्मान कर, दो हजार वर्षों से हमने बहुत खोया। बड़ा गुमराह हुए हम। बीच में कबीर एक उपलब्ध ज्ञानी आए। उस युग में तुलसी, रविदास, मीरा, नानक, नामदेव, चरणदास आदि अनेक उपलब्ध संत प्रकट हुए और उन्होंने धर्म के आंतरिक पथ का प्रयोग कर ईश्वरानुभूति प्राप्त की। कबीर ने किसकी खबर नहीं ली। ब्रह्मा, विष्णु, महेश, राम, कृष्ण की भी खबर ली—उन्हें कोई उपलब्ध नहीं दिखा, सभी वाचक ज्ञानी थे।

इतनी दौड़-धूप क्यों है—आनंद के साधन बदलने के लिए। आनंद ही जीवन का लक्ष्य है। इसे ही ईश्वर कहा गया है। बचपन में माता के स्तन का आनंद होता है—माता से अलग होते बच्चा रोता है। किशोरावस्था संगियों के साथ गिल्ली डंडा का आनंद होता। मां लाख चिल्लाती है बच्चे साथियों के बीच भाग जाते हैं। आनंद का साधन बदल जाता। फिर विद्यालयों में सहपाठियों में पढ़ने का आनंद, फिर विवाह और नारी के काम सुख का आनंद—यही आनंद बाल बच्चों में चला जाता है। आनंद पत्नी से बच्चों और बच्चों से फिर तब वानप्रस्थ का आनंद। तीर्थ यात्रा, कीर्तन, जप, योग का आनंद। धर्म के बाहरी पक्ष का आनंद। सत्संग प्रवचन का आनंद। भीतर का योगानंद अंतिम है। भोगानंद से योगानंद के बीच जीवन झूल रहा है। ईश्वर प्राणिधान अंतिम आनंद है। आंतरिक अध्यात्म का आनंद, अंतर्यात्रा का आनंद, तुरीयावस्था का आनंद। यह कैसा है ? चलकर देख लो। यही जीवन का निमंत्रण है। भीतर का आचरण। श्वास पर प्राण सवारी करता है।

अब प्रसंग का उपसहांर करते हैं। धर्म के आंतरिक पक्ष का अध्यात्म का, अंतर्यात्रा का विधान तीन तरह से सामने आए—

तस्मिन सति श्वास-प्रश्वास योर्गति विच्छेदाः प्राणायामायः।

–पतंजलि/50

प्राणाप्राणौ गतिरुद्ध्वा प्राणायाम परायणः।

–व्यास गीता 4/22

तत्पराः कुम्भकारख्यं प्राणायामः।

–शंकराचार्य

तीनों को पढ़कर आप अब या तो पागल होइए या तो तीनों को पढ़ना छोड़कर, किसी जीवित सद्गुरु की शरण में जाइए। आप खुद करके इसे समझ लीजिए, विद्वानों को छोड़िए। योग करना और योग विषयक स्वाध्याय करना दो बातें हैं।

1. गति विच्छेदाः 2. गतिरुद्धवा 3. कुंभकाख्यं–तीनों के तीन अर्थ हुए।

अतः आप समय के सद्गुरु की शरण में आकर अपने को समर्पित कर दें। वे आपको उचित ध्यान मार्ग के माध्यम से गंतव्य तक पहुंचा देंगे। आपका जन्मों जन्म का भटकाव रुक जाएगा। पुरातन विद्वान तथाकथित गुरु भी बहुत बड़ी-बड़ी भ्रमित बातें कह गए हैं। जिन्हें आप पकड़ कर बैठे हैं। जिससे आपका विकास सदियों से अवरुद्ध हो गया है।

प्राणायाम मुख्यतः 8 (आठ) प्रकार के होते हैं। परंतु विभिन्न पुस्तकों में इसकी संख्या इससे भी अधिक बताई गई है। परंतु मैं इससे अति आवश्यक प्राणायाम ही बता रहा हूं जिससे साधक को तुरंत लाभ पहुंचे साथ ही सर्वसाधारण के लिए उपयोगी हो सके। अतएव निम्न प्राणायाम में अपने शरीर, काल एवं स्थान के अनुसार चुनकर करें।

भस्त्रिका प्राणायाम

हालांकि यह भी तीन-चार प्रकार का होता है। किसी में इड़ा के रेचक तो किसी में पिंगला के रेचक इत्यादि। परंतु मेरे अनुभव से निम्न प्राणायाम सबके लिए सब जगह के लिए बहुत ही लाभप्रद है। स्त्री-पुरुष सबको समान रूप से लाभकारी है।

सबसे पहले साधक उपयुक्त हवादार स्थान पर अपनी सुविधा के अनुसार बैठ जाएं। चाहे जिस आसन पर वह आराम से बैठ सकता है बैठ जाएं। गुरु का स्मरण कर लें। यदि मंत्र याद है तो मंत्र का जाप कर लें। आगे कोई मंत्र की खास आवश्यकता नहीं है। इस प्राणायाम के लिए 40 मिनट का समय

चाहिए। अतएव प्रथम चरण में गुरु का स्मरण कर आंख बंद कर लें। श्वास धीरे-धीरे अंदर लें एवं धीरे-धीरे छोड़ें, श्वास पर ध्यान रखें या मूलाधार चक्र पर। श्वास की रफ्तार शनैः शनैः तेज करते जाएं। श्वास की रफ्तार इतनी तेज कर दें कि श्वास के सिवाय कुछ रह ही नहीं जाए। पूरी शक्ति श्वास पर लगा देना है। साथ ही ध्यान रहे श्वास गहरी से गहरी हो। प्रत्येक श्वास का घात-प्रतिघात मूलाधार चक्र पर अवश्य घात करे। जितना गहरा श्वास लेंगे। उतनी ही ऊर्जा की संभावना शीघ्र है, जब आपको मालूम होने लगे कि आप श्वास के सिवाय कुछ है ही नहीं। आप श्वास के यंत्र हो गए हैं। आप साक्षी बनकर श्वास को अवश्य देखते रहें। अब श्वास भीतर जा रहा है, अब श्वास बाहर आ रहा है। पूरी शक्ति के कुंड का दरवाजा टूट सके। जब सारा व्यक्तित्व कांप जाए जहां बैठे हैं मालूम हो जाए आंधी आ गई। भीतर विद्युत का अपूर्व खजाना पड़ा है। जिसे बाहर करना है। अतएव पूरी शक्ति लगा देना है, अपने को पूर्ण दांव पर लगा देना है। बचाना कुछ भी नहीं है। पसीना निकलेगा, निकलने दीजिए। सारे व्यक्तित्व में, सारे वातावरण में श्वास के सिवाय कुछ भी नहीं रह जाए। जैसे हठयोग में कहा गया है—

"यथा लगति हत्कंठे कपालावधि सस्वनय।
वेगेन पूरमेच्चापिहत्यादूनावधि मारुतम्॥
पुनर्विरेचयेन्तदृच्पूरयेच्य पुनः पुनः।
यथैव लोहकारेण भस्त्र वेगेन चाल्यते॥"

इस प्राण का इस प्रकार रेचक करें जैसे वह प्राण शब्द सहित हृदय और कंठ में कपालपर्यंत लगे फिर वेग से हृदय के कमलपर्यंत वायु को बारंबार पूर्ण करें। फिर उसी प्रकार पूर्ण कर और बारंबार इस प्रकार वेग से पूरक रेचक करें जैसे लोहार भस्त्र को चलाता है। इसीलिए इसे भस्त्रिका प्राणायाम कहते हैं। इस क्रिया में भस्त्र के सिवाय अब कुछ रह ही नहीं जाए। यह क्रिया 10 मिनट की है। सारा वातावरण विद्युत तरंगों से भर जाएगा। यदि कुछ आवाज निकल रही है, तो निकलने दें। आप मात्र सारे व्यक्तित्व को दांव पर लगा दें, पीछे के लिए कुछ भी न रखें। जितना गहरा आघात हो सके, पूरा रोआं-रोआं जाग्रत हो जाए, शरीर की तरफ बिलकुल ध्यान नहीं देना है। पूरे शरीर को श्वास ही बना देना है। यह क्रिया 10 मिनट की होगी तब साधक दूसरे चरण में प्रवेश करे।

दूसरा चरण—इस चरण में गहरा श्वास लेते रहें, साथ ही शरीर को ढीला छोड़ दें। शरीर पर ध्यान नहीं देना है। श्वास चालू रखना है। शरीर चाहे जो चाहे करे। रोना आएगा। हंसना आएगा, चिल्लाना भी चाहेगा। गाली भी

दे सकता है। हाथ-पैर नाचना भी चाहेगा, जो भी शारीरिक क्रिया हो, होने दें। अब द्रष्टा बनकर देखें। गहरा श्वास चालू रखें। शरीर सोना चाहे सोने दें। अंदर से शक्ति उठेगी तो शारीरिक क्रियाएं स्वाभाविक हैं। यह क्रिया 10 मिनट की होगी। अब पूरा शरीर विद्युत तरंगों से भर जाएगा। ऊर्जा भीतर से निकलना चाहेगी। अतएव शारीरिक क्रियाएं विभिन्न प्रकार से होंगी। इस 10 मिनट में पूरे ताकत से अपने को लगा देना है। प्रत्येक श्वास मूलाधार चक्र पर आघात लगा रही है। पेट धौंकनी (लुहार की भट्ठी) के समान चलने लगता है। अब साधक को तीसरे चरण में प्रवेश करना है। अतएव पूरे जोर से धक्का देना है। मूलाधार चक्र पर, पीछे के लिए कुछ भी नहीं बचाना है, न ही शरीर के संबंध में सोचना है। जो भी शरीर के स्तर पर हो रहा है होने देना है। श्वास गहराते जाना है।

तीसरा चरण—आज तक साधक बाहर से मंत्र याद कर जाप कर रहा है। रट रहा है। अब तक बाहर से पूछता आ रहा है। मैं कौन हूं (कोऽहम्) ? अब समय आ गया अपने आप से पूछने का। बाहरी सारा ज्ञान बह जाने दें। अब साधक समझे कि 'मैं श्वास के सिवाय कुछ नहीं हूं।' श्वास गहरा जारी रहेगा। अब इन्ही श्वासों के माध्यम से पूछना है 'कोऽहम्' 'कोऽहम्' बार-बार। प्रत्येक श्वास-प्रश्वास के साथ साधक का प्रश्न भी गहराते जाएगा। ऐसा महसूस हो कि साधक प्रत्येक रोएं-रोएं से पूछ रहा है, 'कोऽहम्' 'कोऽहम्'। यह प्रश्न 10 मिनट तक जारी रहेगा। श्वास मस्तिष्क की तरफ गहरा लेते रहना है। छोड़ते रहना है। प्रश्न पूछते रहना है इस क्रिया में साधक श्वास में प्रश्न 'कोऽहम्' के सिवाय कुछ भी नहीं रह जाए। जब ऐसा मालूम होने लगे कि 'कोऽहम्' ही रह गया है तब उत्तर अपने आप अंदर से आएगा ही। कुछ इंतजार करें। जो उत्तर आएगा, वही ठीक होगा। आज तक हम शास्त्रों से पूछते रहे हैं, गुरु लोग भी बता रहे हैं प्रवचन के माध्यम से, कथा के माध्यम से। हम भी पुण्यापुण्य के लिए सुनते रहे हैं। याद करते रहे हैं। सो ठीक नहीं है। अब आपका प्रश्न मेरा उत्तर नहीं, आपका ही उत्तर होगा। पूरा जीवन उत्तर से बदला होगा। अब आपके सारे प्रश्न गिर जाएंगे। न आप प्रश्नों में फंसेंगे न ही उत्तर की प्रतीक्षा में, आप श्वास गहरा लेते रहें, प्रश्न पूछते रहें। इस क्रिया में शारीरिक क्रियाएं विभिन्न प्रकार की होंगी, होने दें। जरा भी शरीर की तरफ ध्यान न दें। जब साधक श्वासों एवं कोऽहम् के सिवाय कुछ भी न बचे, यह क्रिया अंतिम चरण पर पहुंच जाए तब आगे के चरण में प्रवेश करना चाहिए या आगे के चरण में प्रवेश करना है।

चौथा चरण–यह चरण भी 10 मिनट का पूर्ण विश्राम का होगा। अब आप पूर्ण विश्राम में हो जाएं, न ही प्रश्न पूछें न ही गहरा श्वास लें। मात्र साक्षी बनकर शरीर को देखें, श्वास को देखें। यह समय वास्तव में प्रतीक्षा का होगा। अंदर से पूछे गए प्रश्न के उत्तर की प्रतीक्षा कर पूर्णतया आराम से पड़े रहें, चाहे बैठें, चाहे लेट जाएं, शव की तरह पड़ जाएं। साक्षी की तरह अपने को देखते रहें। साधक जितना गहरे में विश्राम करना चाहे, करे। अपने अंदर साक्षी भाव से प्रवेश करता जाए, निरीक्षण करना है। जैसे दूसरे का शरीर पड़ा है। शांत निःशब्द हो निहारता रहे। स्वेच्छा से श्वास लेते रहें। इस तरह 10 मिनट पूर्ण विश्राम के पश्चात साधक यह कल्पना करे कि मैं ऊर्जा से पूर्ण हूं। आनंद से परिपूर्ण हूं। चारों तरफ आनंद ही आनंद है। आप कल्पना करें श्मशान पर आपका शरीर पड़ा है। आप शरीर से बाहर हैं। साक्षी भाव से शरीर को देख रहे हैं। श्मशान पर बहुत-सी लाशें जल रही हैं। आप शरीर नहीं हैं। आप निर्गुण, निराकार हैं। अब आप करुणावश शरीर में प्रवेश करें। सहस्रार से प्रवेश करें। आपके प्रवेश करते ही शरीर ऊर्जा से भरने लगा है। तेज बढ़ रहा है। धीरे-धीरे वह तेज पूर्ण मस्तक, कान, नाक तक फैल गया। शारीरिक विकार नीचे जा रहा है। वह तेज गरदन, हृदय, नाभि से होते हुए कमर पर फैल गया। अंदर कोमल काम नीचे उतर रहा है। प्रकाश कमर से नीचे जंघा पैर तक फैल गया। शरीर का सारा रोग, दुख, मल पैर की अंगुलियों से निकलकर वायुमंडल में विलीन हो गया। आप पूर्ण स्वस्थ, प्रकाश पूर्ण, आनंद स्वरूप हो गए। नख से शिख तक आनंद से भर गए हैं। गुरु का ध्यान कर कुछ गहरा श्वास लेते हुए उठ जाएं। यदि आंख नहीं खुले तो हाथ से हल्का मल लें। यदि लेट गए तो, उठने में कठिनाई मालूम हो तो दो-चार मिनट लेटे रहें। यह सोचते रहें कि परमपिता परमात्मा हमारे ऊपर ऊर्जा, आनंद, आशीर्वाद स्वरूप उपहार दे रहे हैं। गुरु कृपा हमारे साथ है। इस तरह धीरे-धीरे उठ जाएं, गुरु वंदना करें। नित्य क्रिया के अनुरूप कार्य करें। यदि साधक सुबह शाम भी कम से कम दोनों गोधूल के समय करे तो अत्यंत ही लाभ होगा। शरीर से रोग दूर हो जाएगा। जैसे यकृत संबंधी रोग दूर होकर साधक का चेहरा चमकता हुआ कांति युक्त हो जाएगा। यह प्राणायाम औरत, पुरुष, लड़का, लड़की सबको समान रूप से लाभप्रद है। इसमें किसी भी तरह की हानि की संभावना नहीं है। यदि साधक 24 घंटा से मात्र 2 घंटा 40 मिनट निकालकर चार बार यह प्राणायाम करे, यम-नियम का पालन करे, गुरु कृपा साथ रखे तो साधक निश्चित ही 30 दिन में कुण्डलिनी जाग्रत कर लेगा। यह अक्षरशः सत्य है। इन 30 दिन में मौन

ज्यादा रहे। जितना कम बोलने से काम चल जाए। आप अपना नित्य का कार्य भी करें। उसमें कोई अवरोध नहीं। गरम पदार्थ का त्याग करना ही उचित होगा। बाद में तो आपके नहीं चाहने पर भी छूट जाएगा।

वयुः कृशत्वदं वदने प्रसन्नता नाद स्फुटत्व न घने सुनिर्गल।
अरोगता विदुजयोऽग्निदीपनं नाड़ी, विशुद्धिर्हठ योग लक्षणम्॥

इस प्राणायाम में चतुर्थ भी अपने आप हो जाएगा। इसमें श्वास-प्रश्वास को रोके बिना केवल रेचक पूरा किया जाता है। अतएव इसे अलग से करने एवं समझने की आवश्यकता नहीं है।

सूर्य भेदी कुंभक

सूर्य स्वर (इड़ा) से धीरे-धीरे आवाज युक्त पूरक करना है। वायु इतनी देर तक लेना है कि पूरा शरीर पूर्ण रूपेण वायु से भर जाए। तत्पश्चात कुंभक करें। जब तक वायु रोक सकें। जब साधक को ज्ञात हो कि वायु अब किसी भी हालत में नहीं रुक सकती तब चंद्र स्वर (पिंगला) से धीरे-धीरे रेचक करें। यह एक मात्रा होगा। इस तरह इड़ा से पूरक कुंभक कर पिंगला से रेचक करता रहे। प्रथम दिन कम से कम 12 मात्रा करे। साधक क्रमशः धीरे-धीरे इसकी संख्या काल को बढ़ाते जाएं।

लाभ—यह प्राणायाम 40 वर्ष से ज्यादा आयु वाले लोगों को ज्यादा फायदेमंद है। साथ ही जो ऑफिस वगैरह में मानसिक कार्य करते हैं। समयाभाव है। मानसिक तनाव बढ़ता जा रहा है। उनके लिए अत्यंत लाभदायक है। इससे शरीर में गरमी एवं पित्त की वृद्धि होती है। साथ ही वात-कफ से उत्पन्न प्रत्येक रोग, रक्त दोष, त्वचा दोष, कृमि इत्यादि नष्ट हो जाते हैं। पित्त प्रधान व्यक्ति के लिए लाभदायक है। साथ ही गैस वाले व्यक्ति के लिए भी उत्तम है। पाचन शक्ति बढ़ जाती है। शरीर में नई ऊर्जा का संचार होता है।

शीतली प्राणायाम

यह प्राणायाम भी पांच प्रकार का होता है। परंतु मुख्यतः निम्न है—

साधक पद्मासन या सिद्धासन पर एकदम सीधा बैठ जाए। गुरु का स्मरण कर ले। कौवे की चोंच के सदृश जिह्वा होंठ से बाहर निकाल ले। वायु को धीरे-धीरे पूरक करे। जब सारा शरीर पूर्णरूपेण वायु से भर जाए, तब कुंभक

करे। कुंभक तब तक करे, जब तक वायु बाहर आने को बाध्य न करे। तब वायु धीरे-धीरे अवाज युक्त दोनों नासिका पुट से रेचक करे। यह एक मात्रा होगा। इस तरह साधक पुनः मुंह से पूरक दोनों नाक से रेचक करे एवं प्रत्येक दिन 12 मात्रा से शुरू करे तथा क्रमशः बढ़ाते जावे।

लाभ—यह प्राणायाम स्त्री, पुरुष, बालक, वृद्ध को समान रूप से फायदा-कारक है। इसमें हानि की संभावना है ही नहीं। इससे बल एवं सौंदर्य की वृद्धि होती है। पाचन क्रिया बढ़ती है। पित्त रोग, रक्त विकार, पेचिश आदि रोग दूर होता है। टी॰ बी॰ की बीमारी में भी अत्यंत लाभप्रद है। व्यक्ति में ऊर्जा का भी संचालन होता है।

उज्जयी प्राणायाम

साधक इसमें भी सीधे पद्मासन या सिद्धासन पर बैठ जाए। इसमें मंत्र की आवश्यकता नहीं है। पुस्तक पढ़कर भी साधना या प्राणायाम शुरू कर सकते हैं। सीधे बैठें, जिससे रीढ़ की हड्डी सीधी रहे। मुंह कुछ आगे की तरफ झुका दें तथा दोनों नाक से पूरक करें। साथ ही ध्यान दें कि श्वास वायु धीरे-धीरे अंदर नासिका से होते हुए मुंह में, पुनः हृदय में, पुनः नाभि से होते हुए मूलाधार तक पहुंच रहा है। जब वायु से पूरा शरीर भर जाए, तब तक कुंभक करें, तब धीरे-धीरे रेचक करना उचित होगा। जैसे रेचक में देखे वायु मूलाधार से नाभि, फिर हृदय कंठ होता हुआ मुंह एवं नासिका से धीरे-धीरे बाहर निकले। इस तरह यह एक मात्रा हुआ। साधक प्रथम दिन 12 मात्रा से शुरू करें। अपनी क्षमता एवं समय के अनुसार बढ़ाते जाएं। 24 एवं 36 मात्रा तक अवश्य ले जाएं और ज्यादा जाएं तो और भी अच्छा होगा। इसे दीर्घ भी बनाया जा सकता है। कंठ की मदद से लंबी दीर्घ और हल्की आवाज उत्पन्न करते हैं। केवल पूरक एवं रेचक किया जाता है। जिससे मानसिक शांति मिलती है।

लाभ—कण्ठ रोग, मुंह रोग, फेफड़ा संबंधी रोग, कफ रोग, पेट संबंधी रोग, प्लीहा संबंधी रोग आदि दूर हो जाता है। शरीर स्वस्थ व फुर्तीला होता है। शक्ति का जागरण होता है। कुण्डलिनी जाग्रत होने में भी मदद मिलती है। यह शारीरिक श्रम करने वाले या मानसिक श्रम करने वालों को समान रूप से लाभप्रद है।

इस तरह मैंने कुछ मुख्य प्राणायाम की ही व्याख्या की। प्राणायाम की

महिमा शास्त्रों में बहुत मिलती है। पण्चशिरवाचार्य ने कहा है–

''तपो न परं प्राणायामात् तो विशुद्धिर्मलाना दीप्तिश्च ज्ञानस्य।''

''प्राणायाम से बढ़कर कोई तप नहीं है, उससे मल धुल जाते हैं और ज्ञान का प्रकाश होता है।''

भगवान मनु भी लिखते हैं–

दह्यन्ते ध्यायमानानां धातूनां हि यथा मलाः।
तथेन्द्रियाणां दह्यन्ते दोषाः प्राणस्य निग्रहात्।।

जैसे अग्नि से धौंके हुए स्वर्ण आदि धातुओं के मल नष्ट हो जाते हैं। उसी प्रकार प्राणायाम के करने से इंद्रियों के मल नष्ट हो जाते हैं।

प्रत्याहार

प्राणायाम के द्वारा जब मन स्थिर हो जाता है। तब प्रत्याहार आता है। प्रत्याहार यानी विषयों से विमुख होना, पीछे हटना। मन बहिर्मुख से अंतर्मुख हो जाता है। इंद्रियां भी अंतर्मुख होकर उसके अनुसार ही अनुकरण करने लगती हैं। मन एक देश में स्थिर हो जाता है। मन की चंचलता रुक जाती है। अमन हो जाता है। चित्त वृत्तियां अंतर्मुख आत्म तत्व की अभिमुख होती हैं, यही प्रत्याहार है।

योग सिद्धि के लिए कुछ आसन एवं मुद्राएं अति आवश्यक हैं। अतएव सबसे पहले कुछ लाभप्रद आसन सीख लें।

आसन–''स्थिर सुखम् आसनम्।''

जिस पर बैठने पर स्थिर और सुखदायी मालूम हो, वह आसन है।

किसी भी आसन की सिद्धि 3 (तीन) घंटे निश्चिंत होकर बैठने से होती है।

पद्मासन–यदि संभव हो तो कोई गद्देदार आसन रख लें। तत्पश्चात निश्चिंत होकर बैठ जाएं, अब दाहिने पैर को बाएं पैर की जंघा पर इस प्रकार रखें कि बाएं पैर को दाहिने पैर के जंघ के मूल पर रखें। सीधे बैठ जाएं जिससे रीढ़ की हड्डी एकदम सीधी रहे। यह प्राणायाम के लिए अत्यंत लाभकारी है। शरीर चुस्त-दुरुस्त सीधा रहता है। स्वास्थ्य लाभ होता है। पाचन शक्ति बढ़ती है। इस आसन पर कम से कम तीन घंटे बैठने का प्रयास करना चाहिए। इस आसन पर उत्तर दिशा में मुंह कर बैठना चाहिए।

सिद्धासन–ठीक उसी तरह के आसन का प्रयोग करें तथा बैठकर बाएं

पैर की एड़ी को ठीक लिंग के नीचे रखें, जिससे की उसका तलवा दाएं पैर की जांघ को स्पर्श करे। तत्पश्चात बाएं पैर के अंगूठे एवं तर्जनी को दाएं पैर की जांघ एवं पिंडली में ले जाकर स्थिर करना है। ठीक उसी तरह दाएं पैर के अंगूठे एवं तर्जनी को बाएं जंघा एवं पिंडली के बीच ले लेना है। इस तरह शरीर का सारा भार एड़ी और जीवनी के बीच नस पर ही रखना है। रीढ़ की हड्डी को सीधा करके बैठना है। इस क्रिया से नाड़ी में गरमी महसूस होती है। यह आसन ब्रह्मचर्य रक्षा के लिए अत्यंत जरूरी है। इस पर किया हुआ जाप शीघ्र ही सिद्ध होता है। इसी से इसे सिद्धासन कहते हैं। यह सबको सामान्य रूप से उपयोगी है। स्त्री, पुरुष, लड़का, लड़की सभी इसे कर सकते हैं। कुण्डलिनी जाग्रत करने में भी मदद करता है। ज्यादा देर तक अडोल बैठने के लिए हिप के नीचे गद्देदार तकिया या कुछ भी रख लें। जिससे आप आसानी से बैठ सकते हैं।

वज्रासन—इस आसन के लिए घुटने के बल बैठना पड़ता है। साधक दोनों पैर के तलवे को गुदा के दोनों तरफ पार्श्व भाग में लगाकर सीधा बैठ जाए। दोनों हाथ की मुट्ठी बांधकर दोनों घुटनों पर रखे। बिलकुल सीधे बैठा रहे। यानी कमर, गरदन, सिर सीधा रहे, इस आसन से गैस संबंधी बीमारी दूर होती है। खाने के बाद बैठने से पाचन क्रिया में मदद मिलती है। हाइड्रोसिल को बढ़ने से रोकता है। शरीर स्वस्थ सुंदर रखता है। यह आसन भी सभी के लिए लाभकारी है।

स्वस्तिकासन—पालथी मारकर सीधे बैठ जाएं तब दाएं पैर की सब उंगली को अलग-अलग फैला दें, तत्पश्चात बाएं पैर एवं जंघा के जोड़ने वाले नीचे भाग को दबाएं। इसी प्रकार बाएं पैर को दाएं पैर के नीचे ले जाकर अंगूठे और अंगुलियों की कैंची में दायां पांव और जंघा के जोड़ने वाले नीचे भाग को दबाएं। दाएं पांव की तली बाईं जंघा के साथ लगाएं। अन्य आसनों के सदृश्य सीधे बैठ जाएं। इससे शरीर का रक्त संचार ठीक रहता है। मस्तिष्क शांत रहता है। मन केंद्रित होता है।

प्रयत्न और परिणति

जैसे नीर में क्षीर मिला हो, वैसे ही श्वास में प्राण मिला है। हंस की ही तरह योगी श्वास से प्राण को अलग कर, प्राणायाम करता है। प्राण का मंथन ही प्राणायाम है। घी की तरह जो प्राण अलग होता है, उसे ही नाद कहते हैं। श्वास जड़ होती है, पर प्राण चैतन्य होता है। वह सूर्य से सीधे प्रपंच में उतरता

है। प्राण की पहचान नाद रूप में होती है। श्वास नाक से लेते हैं। प्राण कान से सुनते हैं। समस्त जीव इसी एक जगत प्राण से जीवन पाता है। यही नाद-ब्रह्म-साधना प्रणव कहलाती है।

इस क्रिया में दो प्रयत्न होते हैं—अभ्यंतर प्रयत्न और बाह्य प्रयत्न। जीभ के अग्र, मध्य, पश्च और निस्पंद उत्थान पतन को संवृत, अर्द्धसंवृत, अर्द्धविवृत, विवृत और स्पृश्य से नादोच्चार किया जाता है। इन्हें अभ्यंतर प्रयत्न कहते हैं। बाह्य प्रयत्न ग्यारह होते हैं—विवार, संवार, श्वास, नाद, अघोष, घोष, अल्पप्राण, महाप्राण, उदात्त, अनुदात्त और स्वरित। ये (5 +11 = 16) सोलह, सुरसा के मुख के, योजन-विस्तार हैं। इसी में बुद्धि, बल, गति की परीक्षा होती है। सुरसा पर हनुमान की विजय-कथा प्राणायाम का ही रूपक है—जिसे वाल्मीकि पांच-पच्चीस योजन करके गिनाया है। प्राण मंथन की ये सोलह क्रियाएं हैं। सुषुम्ना के भेदन के लिए पूरक-रेचक-कुंभक की श्वास क्रिया है और चक्र भेदन के लिए प्राणों का हवन की क्रिया है। इसे ही गीताकार ने 'अपाने जुह्वति प्राणं' कहा है।

सुषुम्ना से श्वास का पूरक अघोष है और रेचक घोष है। रेचक का प्रयोग ही उलटा नाम जप है। पिंड शरीर के पांचों अधोमुख प्राण-कमलों को ऊर्ध्वमुख करना ही उलटा नाम है। प्राण शरीर में, 33 के संबंध में होते हैं, वे ही ब्रह्मांड शरीर के समानांतर 66 के रिलेशन में आते हैं—इसी उलटे प्रयत्न को चक्र भेदन कहते हैं। उदान से नीचे जो व्यवस्था है—उदान, प्राण, समान, अपान और व्यान की, वही उलट जाती है और वे ही ब्रह्मांड शरीर में क्रमशः सहस्रार, त्रिकुटी, सून्न, महासून्न और ब्रह्मांध्र के देवताओं के स्थानापन्न हो जाते हैं। जो प्रणव गणेश चक्र पर प्रणव कहलाता है वही ब्रह्मरंध में ओंकार या स्वरित कहलाता है। नाड़ी शोधन में विवार से संवार में आना ही श्वास में नाद यानी प्राण की खोज कहलाता है। संपूर्ण श्वास क्रिया विवार और संपूर्ण संवार, प्राण-क्रिया कहलाता है। नाद का आराधन ओंकार का नवनीत मंथन ही है। यह मंथन गुरु के बिना अनंत जन्मों में नहीं होगा।

श्वास क्रिया में जो कुंभक करते हैं, वही संवार में आठ प्रकार का कुंभक हो जाता है—सहित, सूर्यभेदी, उज्जायी, शीतली, भस्त्रिका, भ्रामरी, मूर्छा, केवली (काकली) ये आठों प्राणायाम के बाह्य प्रयत्नों की गतियां हैं। श्वास के शिथिल उच्चार को ही विवार कहते हैं। जैसे—दीपक बुझाने के लिए, फूंक मारना और उसका घोष होता है जैसे—आग सुलगाने के लिए दीर्घ रेचक करना। पूरक का 'सों' अघोष है, रेचक का 'ऽहम' घोष है। श्वास में ध्वनि सुनाई पड़ना अघोष

है, जो सुषुम्ना खुलने का प्रमाण है। रेचक में वृषभ के हुंकार जैसी ध्वनि घोष है। नींद में श्वास की अघोष-घोष ध्वनि सहज होती है। यानी सोए हुए में सुषुम्ना का ही श्वसन होता है। सोंऽहम के विवार में नाद नहीं होता। उसमें नाद फूटना ही प्रणव है—यही श्वास से प्राण को अलग करना है। पूरक, रेचक, कुंभक—इतना ही प्राणायाम नहीं है—ये तो प्राणायाम की पीठिका है।

श्वास को पकड़ कर सुषुम्ना में प्रवेश नहीं होता है। श्वास में जो ध्वनि होती है उसे पकड़ते हैं। ध्वनि का जन्म सुषुम्ना में होता है। इंगला, पिंगला में ध्वनि नहीं होती है। फिर ध्वनि से नाद को अलग करते हैं। श्वास से प्राणायाम का सीधा संबंध नहीं है, श्वास से ध्वनि, ध्वनि से नाद और नाद का प्राणायाम होता है।

श्वास से प्राण को अलग निकालने का नाम ही नाद है। श्वास में ध्वनि होती है, प्राण में नाद होता है। श्वास का संबंध नाक से है। प्राण का संबंध नाभि से है। प्राण का संस्थान नाभि है, उसके स्थान क्रमशः गणेश चक्र, ब्रह्मा चक्र, विष्णु चक्र, महेश चक्र और पार्वती चक्र हैं। जहां के प्राण को क्रमशः अपान, व्यान, समान, प्राण और उदान कहते हैं। इनके नाद हैं क्रमशः सा, रे, ग, म, प और इसके मंत्र हैं क्रमशः लं, वं रंरं, और ऽहमं। इन्हीं की टकराहट, यानी हवन से श्रुति, स्वर और राग का जन्म होता है—ये तीनों ही नाद यानी प्रणव के नवनीत हैं। मुख बंद कर नादोच्चार से 'अ' मुख खोलने से 'उ' और मुख बंद करने से 'म'—यानी "ओ३म्" का चक्र बनता है। ओ३म् नाद भी है, प्राण भी है। नाद तरल गति है और प्राण आग है। मूलाधार पर इसे ही प्रणव कहते हैं—इसका ध्वनन कठिन पड़ता है। इस प्रणव की ऊंचाइयां 220 नादों की हैं। जिसकी 22 श्रुतियां और 92 स्वर बनते हैं। ओंकार का निम्नतम अघोष प्रणव है और उच्चतम घोष स्वरित है। नाद नाभि की पहली ध्वनि है और स्वरित कंठ की अंतिम ध्वनि है। इसी नाद-प्रणव स्वरित के बीच, सुरति-निरति का क्रीड़न चलता है। इसको गति और श्रुति क्रिया से पाते हैं। लय और वेग बढ़ा कर इसकी व्यवस्था करते हैं। पलटा, गमक, मूर्च्छना, तान, तराना से उसे ऊपर उठाते चलते हैं। ताकि सातों स्वरों का, एक स्वर षड्ज में, समाहार हो जाए—इसी को गमगति कहते हैं। श्वास में जिसे गमगति कहते हैं, नाद में उसे ही सामगति कहते हैं—दोनों ही शब्द योग मार्ग के पारिभाषिक शब्द हैं। 'स्वरित' नाम और 'ओंकार' ही सत् चित्त आनंद हैं। एक प्राण के ये तीन विरद हैं।

ब्रह्मांड शरीर में ये प्रधान प्राण ही उप-प्रधान प्राण कहलाते हैं। नाग, कूर्म,

कृकिल, देवदत्त और धनंजय। ये मानसिक ऊर्ध्व चक्रों के प्राण हैं। पूरी देह में 48 प्रकार के प्राण पवन कार्य करते हैं। जिनके स्पंदन, प्राण, वेग गति और द्रुतगति के क्रमशः 20 + 10 + 9 + 2 + 4 + 3 = 48 वितरण हैं। इनके नाम अध्याहार में दिया जाएगा। प्राण में अपान तथा अपान में प्राणों के हवन की विधियां मनोरंजक हैं। पांचों चक्रों के पांचों देवता परस्पर चक्रों से, परस्पर हवन क्रिया, बैठे-बैठे शुरू करते हैं। फिर वेग बढ़ाते चलते हैं, पुनः गति बढ़ाते जाते हैं—फिर तो निरति प्रारंभ हो जाती है—शाश्वत शब्द 'नाम' को जाग्रत करने में प्राणों के भीतर आंधी उठानी पड़ती है—भस्त्रिका उसका चूणांत प्रयोग है। प्राणायाम बड़ा मूल्य मांगता है। नाम की खोज, ब्रह्म में अनुगुंजित निनाद की तलाश है। नाम की प्राप्ति से ही द्विज पद मिलता है। नाम की पकड़ मन को मुट्ठी में लेना कहा जाता है। प्राण का ही स्थूल रूप है मन। मन स्थूल है। जो प्राण पिंड शरीर में मन कहलाता है, वही प्राण ब्रह्मांड शरीर में आत्मा कहा जाता है। इसी कारण मन को परमात्मा का प्रतिनिधि कहा जाता है। प्राण का सूक्ष्मतम नाद है 'नाम' जो आत्मदर्शन कहलाता है—आत्मदर्शन आंख का विषय नहीं है कान का विषय है—इसे ही चक्षुश्रुवा यानी कुंडलिनी सर्प का रूपक दिया गया है। उनचास पवन एक ही प्राण की गतियां हैं।

पांचों कुंडों के देवता, पहले अपने-अपने कुंडों से हवन करते हैं, फिर एक दूसरे के कुंडों से सर्कुलर वृत्ताकार हवन करने लगते हैं। वेग और गति बढ़ाते हुए उसे शून्य से महासुन्न गति वेग में ले चलते हैं—पहले बैठे-बैठे, फिर खड़े होकर और अंत में दौड़-दौड़ कर आहुति डालने लगते हैं। जिन प्राणों के संघात से मधुर राग फूटने लगते हैं। इसी द्रुतगमिता को निरति कहते हैं। 'सुरति-निरति का ताना भरनी, सुषमन तार से बिनी चदरिया—कोई ओढ़े संत सुजान, निर्गुन रंग चदरिया।" सुरति-निरति प्राणों का ही नर्तन है। सारे जगत का प्राण एक है—पूरा सृष्टि चक्र ही महाप्राणायाम है। प्राणायाम पिंड में उसी का अभिनय है—इसी से मुक्ति को महाप्राणायाम कहते हैं जो परिनिर्वाण भी कहा जाता है। परिनिर्वाण का अर्थ है अनंत। जलते दीपों की कतार में एक और दीप जल गया, बुद्ध, महावीर, राम-कृष्ण का। जगत में जो प्राण कहलाता है, वही पिंड में जीव कहा जाता है, पिंजड़े का पंछी।

प्राणायाम से चक्र भेदन होता है और चक्र नाक में नहीं हैं। कुंडलिनी को मूलाधार से उठ कर सहस्रार में संभोग करना, मैथुन कहा गया, आगमों में। पिंड-ब्रह्मांड शरीर के कमल 36 की स्थिति में है, उन्हें 66 की स्थिति में लाना ही साधना है। इसे ही उलटा जाप कहते हैं—33 की स्थिति में संपुटित कुंज,

66 की स्थिति में प्रस्फुटित हो गए। उनकी पंखुड़ियां नीचे गिरी थीं, ऊपर उठ गईं। उलट गईं दोनों नयन पुतरियां। स्थूल दृष्टि और सूक्ष्म दृष्टि एक दिशा में बहने लगी। पिंड शरीर में जो देवता बाधक थे वे ब्रह्मांड शरीर में हाथ जोड़कर कैदी की तरह खड़े हो जाते हैं। पंडितों ने भ्रम दिया है कि इस प्राणायाम को लोग भूल गए हैं। बीज कभी मरता नहीं है। हमारे भीतर नैमित्तिक प्राणायाम अनजाने चलता है—भीतर के देवता निश्चेष्ट नहीं बैठते हैं, फिर शरीर का विकास होगा कैसे ? उनकी मैत्री को प्राणायामी प्रगाढ़ करता है। सभी संत उपलब्ध प्राणायामी थे। सभी सिंह वागेयकार थे। यही प्राण का संगीत वृंदावन की बंशी की धुन है—'धुन सुन के मनवा मगन हुआ जी हो।'

नाद ब्रह्म और प्राण-सागर का मंथन

शरीर में प्राण-सागर लहरा रहा है। वायु के दबाव से जैसे सागर में हलचल होती है, वैसे ही श्वास के कारण प्राण-सागर में भी तरंगें उठती हैं, हलकंपन होते हैं। रक्त के शुद्धिकरण एवं संचरण से प्राण में गति पैदा होती है। गति के कारण प्राण में नाद फूटता है। इस नाद को ही विवार, संवार, अघोष, घोष, अल्प प्राण, महाप्राण, अनुदात्त, उदात्त, स्वरित क्रम से क्रमशः मूल से ब्रह्मरंध्र तक चढ़ाइयों की प्राणायाम की संज्ञा दी जाती है। शरीर में श्वास वायु तत्व है, रक्त जल तत्व है, नाद आकाश तत्व है, गति अग्नि तत्व है और सुषम्ना का मार्ग ही पृथ्वी तत्व है। श्वास जड़ है और प्राण तो चैतन्य है। रक्त का स्वभाव अधोगामी है पर अग्नि के ताप से रक्त भी ऊर्ध्वगामी होता है और वह अग्नि जलती है अपान वायु के गणेश चक्र पर। इसे मूलाधार चक्र भी कहते हैं। यही जीवनधार केंद्र है—रक्त में जो कंपन होता है, उससे नाद निखरता है प्राण को उर्ध्व चक्रों तक उठाने के क्रियाशील कई नाम हैं, प्राणायाम, प्राण को ऊपर उठाता है नाद, यह नाद आकाश तत्व है, आकाश को शब्द भी कहते हैं। नाद को शब्द ब्रह्म भी कहते हैं। अध्यात्म में इसे ही 'नाम' या 'सारशब्द' कहा गया है। प्राण में नाद की छोटी-बड़ी, नीची-ऊंची लहरियां उठाकर अभीष्ट परिणाम पाना ही प्राणायाम का लक्ष्य है। संपूर्ण जगत इसी नाद के अधीन है—जगत से अर्थ है समस्त इंद्रिय लोक का। इन्हीं लोकों में सामंजस्य पैदा करना प्राणायाम कहलाता है। यह प्राकृतिक क्रिया है, इसे नैसर्गिक अभ्यास भी कहते हैं। शरीर के अंदर बैठे सभी देवता संयुक्त रूप से प्राणायाम का हवन कार्य कर रहे हैं।

प्राणायाम को वायु तत्व प्रेरित करता है। जिससे जल तत्व रक्त तरंगित होता है। उसमें आकाश तत्व प्रतिध्वनित होता है, जो नाद कहलाता है। नाद ही गगन की ओर उठता है। हवा की गति से रक्त नहीं चलता है, प्राण की गति से रक्त में वेग आता है, जो विभिन्न स्तर की गतियों को जन्म देता है। रक्त में गति के कारण नाद उभरता है। यही प्राण-सुरति को ऊपर उठाता है। सुरति प्राण और मन की एक स्वरता का नाम है। जब तक मन हवा में तैरता है, इंद्रियों की गुलामी करता है। ज्यों ही मन प्राण पर सवार होता है, वह अतेंद्रिय लोक में पलायन करता है। इसी यात्रा को पिंड शरीर से ब्रह्मांड शरीर की यात्रा का चक्र भेदन कहा जाता है। सुरति सुषुम्ना में समाती है और मन प्राणों के मंथन में रम जाता है। श्वास अपना प्रभार हृदय को देता है, हृदय अपना प्रभार रक्त को देता है, रक्त अपना प्रभार प्राण को देता है और प्राण अपना प्रभार मन को देता है। मन मस्तिष्क लोक का माली है। शरीर के अंदर पंचतत्वों का गजब का मैत्री-भाव है। प्राणों का संगीत ही प्राणायाम है। सात चक्रों के सातों स्वर जब एक ही स्वर षडज में निनादित होने लगते हैं तो साम संगीत छिड़ जाता है जो कृष्ण का वेणु-वादन कहा गया है।

बांसुरी में सुर भरते हैं, वह बजती है। पर उसमें से राग निकालने के लिए उसके सातों छिद्रों पर उंगलियों को व्यवस्था से नचाना होता है। उसी प्रकार नाड़ी-शोधन से सुषुम्ना का मुख खुलता है और मूल सुषुम्ना के सातों चक्रों से सातों स्वर गूंजने लगते हैं, जो मेरुदण्ड के विशिष्ट गाटियों पर चक्र रूप में निःसृत होते हैं—नाद-निनाद का अभ्यास किया जाता है। जिसे अपान में प्राण को हवन या प्राण और अपान में प्राणों का परस्पर हवन यानी आह्वान कहा जाता है। प्राणायाम ध्वनि-विज्ञान है। प्राण के प्रवाह को नियंत्रित कर उनमें विशिष्ट क्रियाशीलनों द्वारा, अभीष्ट परिणाम पैदा करना ही प्राणायाम है। पिंड शरीर के औंधे कमलों को ऊर्ध्वमुख पर ब्रह्मांड शरीर के चरखों के सम्मुख एकरसता में लाना, अवरोह पथ के प्राण को आरोह पथ पर लगाना, उद्देश्य है।

केवल श्वास की साधना प्राणायाम नहीं है। यानी पूरक, रेचक, कुंभक तो नाड़ी शोधन हैं। इसका उद्देश्य सुषुम्ना की राह खोलना मात्र है—यह भी कठिन काम है। जानकार गुरु हों तो यह काम मिनटों में हो जाता है। अनाड़ी तो जीवन भर नाक ही मलते रह जाते हैं, उनका प्राणायाम शुरू ही नहीं होता है। जीवन भर वे दरवाजा खोलने में ही उलझे रहते हैं। बहुत योगी महीनों बिना श्वास लिए कृत्रिम समाधि लेते हैं। प्राणायामी घंटों श्वास रोककर प्राणायाम करते हैं। तो साफ हो गया कि श्वास क्रिया का प्राणायाम से कोई ठेका ठेकी

भी नहीं है। द्वार खुल गया आप भीतर गए, फिर अपने काम कर रहे हैं—अब बार-बार दरवाजा खोलने का अर्थ ही नहीं रहा। श्वास चैतन्य नहीं है। प्राण चैतन्य है। श्वास से अधिक चैतन्य रक्त है। रक्त निकलने पर प्राण निकल जाते हैं, प्राण को ठहराने के लिए रक्त चढ़ाया जाता है। न श्वास क्रिया है, न रक्त संचार क्रिया है, पर प्राणायाम क्रिया है—वे दोनों स्वभाव हैं।

प्राणायाम क्रिया जटिल है। नाद को उसकी ऊंचाइयों तक यानी हद से अनहद और बेहद तक विविध स्तर और भंगिमाओं में ऊपर उठाते हैं। जिसे संतों ने गमगति या सामगति कहा है। आलाप्ति गमक, मूर्छना के अनेक तल और तरीके हैं। जैसे मुरली के स्वर व्यवस्था में राग बनते हैं, उसी प्रकार रक्त में गति देकर नाद को ऊपर उठाते हैं। गति से नाद का जन्म होता है। प्राण की गति बढ़ाकर स्वर को अनुदात्त से स्वरित तक उठाते हैं। श्वास, रक्त प्रवाह और नाद तो जानवर में भी होते हैं—पर प्राणायाम केवल मनुष्य ही कर सकता है। यह योग की कुंजी है। सातों चक्रों के सात धृत कंपन हैं जो सात स्वर कहलाते हैं। इनमें मैत्री स्थापित करना प्राणायाम कहलाता है। यही प्राण का प्राणों में हवन कहलाता है। प्राण की पहचान नाद से होती है। प्राण कान का विषय है श्रुति स्वर व्यवस्था है प्राणायाम। प्राणायाम किया जाता है पर क्रिया सुनना कहा जाता है। नाम सुनते हैं। इसके लिए पहले प्राण को श्वास से अलग करना सीखना पड़ता है। जैसे हंस नीर से क्षीर को बाहर निकालना जानता है। वैसे ही प्राणायामी प्राण को श्वास में भिन्न प्रतीति करके ही क्रिया योग करता है। श्वास जड़ है जबकि प्राण चैतन्य है। प्राण ही तो श्वास को खींचता है। प्राण ही राग का रूप लेता है। राग, अनुराग, विराग, वित्तराग—ये प्राणायाम की ही व्यवस्थाएं हैं—राग का अर्थ वासना नहीं है। एक मधुरतम स्वर व्यवस्था जो चित्त को रंग दे, राग कहलाती है। जब भीतर के शाश्वत शब्द यानी नाम को प्राणायामी पकड़ने लगता है, तब प्राण की ध्वनि और सारशब्द एक स्वरता में आ जाते हैं, उसी समरसता में सुरति-निरति भी विरति में आकर ठहर जाती है। जहां प्राणायाम खो जाता है नाम में—इसी साम्य को अविचल समाधि कहते हैं। जहां सातों स्वर एक स्वर में तिरोहित उद्‌बुद्ध होने लगते हैं वही विचित्र भाव दशा का लोक है, सच खंड। प्राण चैतन्य को जड़ श्वास कैसे नियंत्रण करेगी। जब प्राण श्वास को खींचता है। श्वसन प्राणायाम का एक हेतु है, प्राणायाम नहीं है, जैसे लगाम रथ नहीं है। श्वास प्राण नहीं है। तो श्वास के अटन को प्राणायाम क्यों कहेंगे ? जिन्हें श्वास और प्राण में भेद मालूम नहीं, जो श्वास से प्राण को अलग करना नहीं जानते, उन्हीं वाचक ज्ञानियों ने

नाड़ी-शोधन को प्राणायाम नामजद कर दिया। मानवता का अकस्मात ही किया। प्राण संवेदन और प्राण-नियंत्रण के बिना ओरी का पानी बड़ेरी ही कैसे चढ़ेगा ? गणेश चक्र का अपान ब्रह्मरंध्र तक यात्रा कैसे करेगा ? यही उलटा जाप है तो पंडितों में निर्लज्ज की तरह कह दिया—'मरा-मरा' उलटा नाम है और भैया वर्णिक ध्वनि, भाषा का कोई शब्द है नाम क्या जो जीभ पर आता भी नहीं है। नाम का उच्चारण भी नहीं है और तू 'मरा-मरा' रटवाने लगा ? अष्ट दल कमल और दस द्वारों का भेदन है प्राणायाम।

प्राण ही मानसिक शक्ति के रूप में प्रकाशित होता है। प्राण क्रिया से योगी की कांति बढ़ती है, उसका कंठ मधुर होता जाता है। सूक्ष्म शक्तियों का प्रवाह दीखता है, आंतरिक चक्रों में संवाद बढ़ जाता है। मन के परदे खुलने लगते हैं। आकाश-भाषित पकड़ में आने लगता है, ऋषि-मुनियों, पितरों के दर्शन आते हैं। सिद्धियां हस्तमूलक होती हैं। भीतर शक्ति का स्पंदन, वेग, गति, यति, रति बढ़ती है। इसी 'नाम' से हमारी चदरिया बनी है। नाद-ब्रह्म से ही सृष्टि प्रकाश में आई है। नाद ब्रह्म की आराधना ही प्राणायाम है। शब्द आकाश में योगी तैरता है। प्राणायाम अंतर के आकाश में पारगमन है। विहंगम मार्ग है।

प्राण से ओंकार ध्वनि

श्वास की परख स्पर्श संवेदना है। श्वास का जन्म वायु तत्व से होता है। पर प्राण की परख शब्द संवेदना से करते हैं। प्राण आकाश तत्व से बनता है। इसीलिए नब्ज पकड़कर या आला लगाकर ब्लड प्रेशर की पड़ताल की जाती है। प्राण की परख उस गति से करते हैं जो छत कंपन रूप में नसों में होती है। यानी प्राण का अनुभव सुनकर किया जाता है। तब तो प्राणायाम कान का विषय हो गया, जबकि श्वास नाक का विषय है। प्राण जीभ से नहीं, कान से श्रवण किया जाता है। जब कान का विषय है प्राण तो उसका संबंध ध्वनि से होगा, नाक से सुनते नहीं, सूंघते हैं। प्राणायाम नादानुसंधान है। इसे ही शब्द साधना या सुरति शब्द योग कहते हैं।

हम प्रणव करते हैं। यह प्राण का रव होता है। प्राण ही गाता है, नाक नहीं गाती, कंठ भी नहीं गाता, कंठ केवल बोलता है। पर गाता है प्राण। प्रणव तो ध्वनि तरंग है। शब्द का योग है स्वर और स्वर का प्रयोग है संगीत अतः प्राणायामी स्वर की अनुगूंज से अपने को जोड़ता है। सभी मंत्र ध्वनित तरंगें

हैं। मंत्र में वर्ण नहीं, स्फोट होता है। तरंगें कैसे उठाएं, यही सीखा जाता है प्राणायाम में। इन्हीं ध्वनि तरंगों से चेतना अंतर्मुखी होती है। नाद तरंग है, प्राण स्पंदन है। लहर और कण समझें।

प्राण में मंत्र डालना नहीं पड़ता। प्राण में मंत्र फूटते हैं। भीतर से ही फूटते हैं। प्रायः लोग श्वास क्रिया को ही प्राणायाम जानकर घंटों नाक रगड़ते हैं। पर यह भूल जाते हैं कि श्वास नियंत्रण तो नाड़ी-शोधन है। यह प्राणायाम की पीठिका है—हजारों वर्षों से एक ही झूठ को दुहराया जा रहा है कि नाड़ी-शोधन ही प्राणायाम है, जो जानकार हैं वे मौन हैं।

प्राणयाम से हमारे अतीद्रिंय शरीर में संतुलन आता है। श्वास तो प्राण की दादी है। श्वास से रक्त, फिर रक्त से प्राण बनता है। ध्यान के दो रूप हैं—श्वास क्रिया और प्राण क्रिया। वैसे प्राण ही क्रिया है—श्वास क्रिया नहीं है स्वभाव है। आप चाहें या न चाहें श्वास चलती है, वह हमारे वश में नहीं है। पर प्राणायाम हमारे वश में है, करें या न करें। प्राणायाम आंतरिक स्वभाव है। प्राण हमारे वश में नहीं है। प्राणायाम हमारे वश में है। आप प्राणायाम नहीं करते हैं, फिर भी प्राण तो काम करता रहता है। प्राण दर्शन-स्पर्शन की चीज नहीं है। श्वास को आप ढो सकते हैं—महसूसते हैं। प्राण का रव ही प्राण का प्रमाण है। जिसे सूंघ कर नहीं बता सकते। नाड़ी की गति सुननी पड़ती है। प्राण की गति का पता ध्वनि तरंगों से चलता है। ये तरंगें ही मंत्र हैं। इसे ही संत लोग गमगति और गायक सरगम कहते हैं। वेदों ने इसे प्रणव कहा।

श्वास क्रिया से भाषा का संबंध है। प्राण क्रिया से ओंकार ध्वनि का संबंध है। भाषा के प्रयोग में मन दौड़ लगाता है। स्वर के प्रयोग में मन लंगड़ा हो जाता है। भाषा छोटी-बड़ी नहीं होती, पर स्वर विलंबित-द्रुत होता है। यह द्रुत-विलंबिता प्राणायाम की चढ़ाई है। मन अंतर्मुख होता है, तभी स्वराधान प्रारंभ होता है। स्वर मन को कैद कर लेता है। मंत्रोच्चार का अर्थ ही है कि मन कैद हो गया। पहले स्वरूप का ध्यान, फिर स्वर का संधान—जैसे शर-संधान में मन नहीं बचता। स्वर से मन के हटते ही राग भ्रष्ट हो जाता है। स्वर पढ़ने में संपूर्ण एकाग्रता होती है। यहां मन को स्थिर करना नहीं पड़ता। वह पटुवा ही जाता है। प्राण क्रिया में जीभ लगती ही नहीं है—'जिह्वा पर आवत नहीं' इसीलिए नाड़ी शोधन करने वाले का मन स्थिर होता है। उनका मन परवश होने लगता है। मन उनको परेशान नहीं करता है। प्राणायामी का मन आज्ञाकारी गुलाम होता है। यह प्रयोग करने वाले ठीक से समझते हैं। प्राणायामी पूछिए—भैया, मन कहां है तो हंसेगा, है ही नहीं। अजपा अमन का निरति है। प्राणायाम प्राण का निरति योग है।

प्राणायामी मन के फेर में नहीं रहता है। प्राण मन का राजा है। राजा के सामने जो गुलाम की स्थिति होती है, वही प्राणायाम में मन की गति होती है। प्राण की गोद में मन का जन्म होता है। प्राण नहीं होगा तो तन में तो क्या मन होगा ? मन मर जाता है तो भी प्राण रहता है तन में। लोग कोमा में, बेहोशी में, मूर्छा में होते हैं। मन वहां नहीं रहता है। क्या प्राण भी नहीं होता है ? प्राण के कारण मन का जन्म है। पर श्वास है भी तो मन भाग जाएगा। तन कहीं होगा, मन कहीं चला जाएगा। जो मन श्वास के आगे-पीछे चलता है वही प्राण के आगे पालतू बन जाता है। प्राण मन से बरियारा है। इसीलिए कहते हैं कि प्राण बांधो तो मन स्वतः बंध जाएगा। मन प्राण का सेवक है। प्रणव का उद्घोष किया कि मन एक पांव पर हाथ जोड़ कर खड़ा हो जाता है। डांट खाए शिशु के समान। देवता बन जाता है। सुरति पर सवार हो जाता है।

प्राणायाम की क्रिया बड़ी शक्तिशाली क्रिया है। इसे गुरु के साथ ही करते हैं। श्वास क्रिया में चित्त नियंत्रित होता है, पर प्राण क्रिया में चित्त कमजोर पड़ जाता है। प्राणायामी को चित्त की चित्रकारी देखने की फुरसत नहीं होती है। मन की सारी चित्रकारी पर प्रणव पानी फेर देता है। यहां चित्त पूर्णतः निरुद्ध होता है। स्वर लगाकर देख लो—हाथ कंगन को आरसी क्या ?

अब आपको लग रहा होगा कि श्वास और प्राण दो चीजें हैं। श्वास आवर्तन को नाड़ी-शोधन और प्राण संयम को प्राणायाम कहते हैं। तब ध्यान की परिभाषा बनी कि चेतना को शब्द से हटाकर स्वर पर लगा दो। स्वर को संतों ने शब्द कहा—यह याद रख लें। संतों के शब्द का अर्थ घोड़ा, गाय, बैल नहीं हैं। उनका शब्द ही प्रणव है। किसी संत से प्रमाण ले लो। मंत्रों का उच्चार सस्वर होता है—ध्वन्यात्म है। मंत्र वर्णात्मक नहीं है। प्राण की पहचान ही है रव, यानी ध्वनि तरंग। और श्वास में न तो प्राण होता है न रव होता है। रेचक को आप यह तो नहीं कहेंगे कि प्राण निकल रहा है तो न तो पूरक प्राण है न रेचक प्राण है—ये प्राण के खाद्य हैं। अगर पूरक और रेचक ही प्राणायाम है तो यह तो हो ही रहा है तो उसे अब करना क्या ? नहीं, यह भूल है जो हजारों वर्षों से शास्त्रों में दुहराई जा रही है। जबकि प्राणायाम को छिपाकर रखा गया गमगिति में। जिन लोगों ने नाड़ी-शोधन को प्राणायाम कहा—उन्हीं लोगों ने प्राणायाम को बीहड़ असाध्य विकट कहा। यह भी कहा कि प्राणायाम खो गया है, यहीं है और खो गया है। दोनों बातें कहीं और लोगों की नींद नहीं टूटी। वे तो प्राणायाम करने से मना भी करते हैं—क्योंकि उन्हें पता है कि वे जो बता रहे हैं वह प्राणायाम नहीं है। दुकानदार की दुकान में जो माल नहीं होता है वह

कह देता है कि आउट ऑफ मार्केट है। विद्वानों ने फंसा दिया श्वास-क्रिया में। पर यह जाने नहीं कि मैं प्राणायाम नहीं जानता। मतलब बस इतना ही था। सौ बार दुहरा देने पर ही झूठ भी सत्य लगने लगता है। आज लाखों नाक दाबे प्राणायाम पर बैठे, आपको मिलेंगे। यह विचित्रता का देश है। नाड़ी-शोधन होम्योपैथिक डोज है। फायदा नहीं होगा तो कोई घाटा भी नहीं होगा।

प्राण ज्ञानवाही नाड़ियों का सूक्ष्म केंद्र है। प्राण ही भार विहीन प्रकाश है। इसमें गमक और चमक दो क्रियाएं हैं। यानी कंपन, थिरकन, आंदोलन है। गर्भ में जैसे शिशु की बढ़त गोपनीय है, वैसे ही प्राणायाम की सुरति-निरति योग भी परम गोपनीय है। कोई गुरुकृपा कर करा दे, इतनी नमनीयता से गुरु चरणों में विनीत होना है। प्राणायामी को कोई पहचान नहीं पाता। आप समझ मांगिए कि अपान में प्राण का, प्राण का अपान में और प्राण अपान का अन्य प्राणों में हवन कैसे होता है। कोई क्रिया देता है तो ठहर कर लें। इसके लिए विद्वान नहीं, योगी की तलाश कारगर होती है। उनचास प्राणों का ज्ञान वही देगा, विद्वान नहीं। यह तो नाक रगड़वाएगा।

●

मुद्रा एवं योग के लिए उपयुक्त स्थान एवं गुरु

साधक साधना कक्ष सदैव साफ-सुथरा एवं हवा युक्त रखे। साधना के पहले धूप-दीप जला दे। जिससे कक्ष की वायु सुरुचिपूर्ण हो। यदि साधक गुरु गृह पर साधना करे तो अत्यंत उत्तम है या गुरु संदेश से नदी के किनारे 5,000 (पांच हजार) फुट से अधिक ऊंचाई वाले पहाड़ पर, जहां का वातावरण शुद्ध रहता है। ऑक्सीजन प्रचुर मात्रा में हो। प्रदेश न ज्यादा गरम हो, न ही ज्यादा ठण्डा हो अतएव वसंत या शरद ऋतु इसके प्रारंभ के लिए अत्यंत उत्तम है। यदि साधना, प्राणायाम शुरू कर दिए हों तो हर ऋतु में हर समय कर सकते हैं। परंतु एक स्थान पर करें तो ज्यादा श्रेयस्कर है। प्रारंभ में हर समय साधक में गुरु से संपर्क बनाए रखें।

यदि संभव हो तो साधक गुफा बना ले तो अत्यंत उत्तम है। गुफा षटकोण एवं ऊपर पिरामिडनुमा बिना खिड़की का बनाना उत्तम होगा। खान-पान एवं रहने का ढंग सादा हो। गरम पदार्थ का सेवन न करें। गाय के दूध का सेवन अवश्य करें। अंकुरित चना, मूंग, फल, रस, साग का सेवन लाभप्रद है। यदि जरूरी हो तो नाड़ी शोधन भी गुरु के आदेश से कर सकते हैं। अन्यथा नाड़ी शोधन का कार्य खेचरी मुद्रा से हो जाता है। अतएव इस संबंध में गुरु से परामर्श ले लेना उचित है। साधक साधना काल में हर समय प्रसन्नचित्त रहे। घर के झंझट से कम से कम दो माह दूर रहे, कालांतर में योग युक्त हो जाने पर कोई परेशानी नहीं रह जाती। अतएव अभ्यास काल बहुत ही महत्वपूर्ण काल है।

किसी अधकचरे गुरु या जिस गुरु ने इस विद्या को व्यवसाय बना लिया हो उनसे दूर रहने की कोशिश करें। ब्रह्म विद्या, योग विद्या को बेचा नहीं जा सकता। जो बेच रहा है, इसका जानकार नहीं कहा जा सकता। जैसे टेप में प्रवचन बंद कर दिया जाता है। वैसे ही तथाकथित गुरु रट लिया करते एवं साधक को मूर्ख बनाकर अपना ठगहारी रूपी उद्योग चलाते हैं। अभी भी सैकड़ों गुरु हैं, जिनका व्यवसाय जोरों पर है। इस व्यवसाय में अपनी पत्नी, दामाद

एवं अन्य रिश्तेदारों को लगा रखें हैं और अपने सामंतों का जीवनयापन कर रहे हैं। प्रवचन के माध्यम से साधारण जिज्ञासु को बहुत सारा लालच देते हैं। ये अपने प्रचार हेतु पत्र-पत्रिकाओं का निष्पादन भी अपने ही पुत्र-पुत्री के माध्यम से शुरू किए हैं। अभी-अभी कुछ पत्रिका में मैंने देखा कि प्रचार किया गया है—अलग-अलग दीक्षा के लिए अलग-अलग दर अंकित हैं। रुपये के अनुसार ही दीक्षाएं दी जाएंगी। बहुत सारे सिद्धियों के स्वामी अपने को बताया गया है। साथ ही साधक को उसी में लालच दिया गया है कि अमुक व्यक्ति को इस मंत्र से अपूर्व धन लाभ हुआ, तो अमुक व्यक्ति की नौकरी लग गई, तो अमुक को सुंदरी मिल गई, इस तरह के मिथ्या प्रचार का अर्थ क्या है ? अलग-अलग कार्य सिद्धि के लिए माला एवं मंत्र भी बेचते हैं। यानी दीक्षा लेकर यंत्र-मंत्र सब विक्रय के हैं। साथ ही इस पुस्तक पत्रिका में सब प्रचार मोटे अक्षरों में है। वहीं भूमिका में इसे काल्पनिक तथा कार्य पूर्ण नहीं होने की जिम्मेदारी से बरी हो जाता है।

जो अत्यंत छोटे अक्षरों में लिखा जाता है। यह सब करने वाला सद्गुरु कतई नहीं हो सकता बल्कि मदारी व तमाशबीन अवश्य हो जाता है। ऐसे लोगों पर ही कहा गया है—

'गुरुआ बड़ा लबार है, कौड़ी के तीन॥'

इनका सारा कार्य कौड़ी यानी पैसे पर ही निर्भर करता है। जैसे हनुमान जी संजीवनी बूटी लाने जा रहे थे। रास्ते में कालनेमि ने सद्गुरु के रूप में अपने को अवस्थित कर उनके मूल उद्देश्य से भटकाने की भरपूर कोशिश की, परंतु हनुमान पर तो साक्षात परमपुरुष की कृपा थी। उसे वह भरमा तो नहीं ही सकता, परंतु उद्देश्य में विलंब तो कालनेमि रूपी गुरु उन्हें फंसा कर सदा के लिए उनका पूरा जीवन बरबाद कर देते हैं। 'अंधा गुरु बहरा चेला' वाली कहावत चरितार्थ होती है।

शिष्य को इन विषम परिस्थितियों में चतुर पारखी होना पड़ेगा। जो अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए सद्गुरु की खोज कर सके। सद्गुरु की परिभाषा यह कतई नहीं हो सकती कि उसके पास बहुत-सी संपत्ति है। वातानुकूलित कमरे में रहता है। बड़े-बड़े नेता एवं अधिकारी आते हैं। प्रवचन देने में अत्यंत प्रवीण हैं। बहुत सारी किताबें उनकी हैं, प्रचार माध्यम बहुत बड़ा है इत्यादि। यह सब तो ज्यादा से ज्यादा धूर्तों के पास ही संभव है। सद्गुरु तो नानक, कबीर, अत्री, रमण, जनक-सा ही हो सकता है। यह भी जरूरी नहीं कि पत्नी का परित्याग करे। यदि पत्नी सती साध्वी है। पति के तप त्याग में मददगार

है तो साथ-साथ रहने की पूर्ण हकदार है। यह भारतीय ऋषि परंपरा का द्योतक है। यह निर्भर करता है, गुरु की स्थिति पर। अक्सर समाज में देखा जाता है कि अत्यंत दीन-हीन व्यक्ति जो घर पर खाने के लिए तरस रहा है, जिसका पेट ही पहाड़ है, वह संन्यास ले लिया। मठ मंदिर में बैठ गया, जहां अभी भी अपूर्व धन है। लोगों की श्रद्धा है। रातों रात धनपति के साथ-साथ तपस्वी भी बन गया। संपत्ति के आधार पर उसकी पूजा होने लगी। परंतु यह अत्यंत दुखद घटना है कि जो व्यक्ति अपना पेट नहीं भर सका, वह एकाएक सिद्ध बाबा बन गया। जिसका परिणाम है कि वह संपत्ति का अपने जीवन में खुलकर उपयोग करता है। आप प्रतिदिन पेपर पत्रिका में पढ़ते ही हैं कि अमुक बाबा वेश्याओं के साथ पकड़ा गया। बाबा पर दर्जनों-दर्जनों बालात्कार का केस हुआ, तो अमुक बाबा आज छेड़खानी में, यौनाचार में जेल गए। हद हो गई तथाकथित साधुता की, तप की। आज इस तरह के गुरु की भरमार है। पग-पग पर लोगों को ठग रहे हैं। मैं व्यक्तिगत रूप से दर्जनों बाबा, भगवान, सिद्ध बाबा को जानता हूं जो विद्या व्यवसायी, विद्यावान-पंडित को रख लेते हैं एवं अपने नाम पर सूत्र लिखवा डालते हैं। तो कहीं साधना एवं भाष्य लिखवा डालते हैं। ये पैसे के बल पर होता है। इनके यहां इक्कीस विद्वानों का दल ही होता है। जो पुस्तक लेखन का कार्य करता है। हस्ताक्षर होता है गुरु जी का।

इन परिस्थितियों में शिष्य को पूर्ण सचेत एवं सावधान होकर गुरु की खोज करना होगा या अपने को पात्र बनाना होगा। अधिकतर शिष्य अपने साधन रूपी मूल उद्देश्य से भटक कर खाली हाथ रुपये एवं सिद्धि के लोभ से तथाकथित व्यापारी गुरु के प्रचार-प्रसार में लग जाते हैं। हां, जीने-खाने या सत्संग का, भंडारा या आश्रम संचालन हेतु धन की जरूरत है, तो कबीर की तरह चरखा कात लो, क्या हर्ज है ? सदना कसाई की तरह मांस ही बेच लो। कोई अंतर नहीं पड़ता। साधना अंदर की चीज है। बाह्य शरीर से कर्म कर लो। परंतु साधारण साधक को मूर्ख मत बनाओ। आज के तथाकथित गुरु करते कुछ भी नहीं, परंतु रहते वातानुकूलित कमरे में। रहन-सहन किसी भी धूर्त सम्राट से कम नहीं। काम के नाम पर मात्र ठगहारी की दुकानें भी बड़े जोर पर विभिन्न शहरों में खोल देते हैं। बड़ा बोर्ड लगा दिया जाता, सिद्धि का वादा भी किया जाता। बड़ी ही विचित्र विडंबना है इन गुरुओं की। इतना ही नहीं बड़े-बड़े यज्ञ के नाम पर धन की वसूली होती है। पुण्य एवं स्वर्ग का लालच दिया जाता है। निरीह जनता शोषण का शिकार बनती है। आपने देखा, कितने महात्मा गरीबों को अपना भोजन देते। अपना मठ, मकान, गृह विहीनों को

देते। भारत के तथाकथित धार्मिक लोग अपनी-अपनी संपत्ति एवं गृह आज उदारता से गरीबों को अर्पण कर दें तो 25% गरीबी दूर हो जाएगी। इसमें कोई भी धर्मगुरु, जगत्गुरु, धर्माचारी, यज्ञ के ठेकेदार आगे नहीं आएंगे। बदले में उन्हें नेताओं की तरह मात्र सांत्वना देंगे। अपने शिष्य को समझाएंगे जगत झूठा है, स्वप्नवत है। साथ ही उन्हें विदाई में यदि वह शिष्य कुछ न दे, तो देखना जगत सत्य हो जाएगा। सारा त्याग, तपस्या क्षणमात्र में गायब हो जाएगी। श्राप तक देने में उतारु हो जाएंगे। अभी-अभी एक व्यक्ति आया एवं बताया कि महाराज जी मैं प्रत्येक वर्ष रामायण का प्रवचन कराता हूं। अमुक-अमुक जगद्गुरु, अमुक-अमुक बड़े-बड़े तपस्वी महाराज जी को लाए। इस बार चंदा कुछ कम मिला, दान दक्षिणा कुछ कम दिया, महात्मागण जो कल तक जगत को नकार रहे थे। संसार को झूठा कह रहे थे, दक्षिणा, विदाई में कमी के चलते गाली देने लगे, श्राप देने लगे। इतना ही नहीं एक महात्मा जो 80 वर्ष के हैं, रोने लगे। वे बोले कि मैंने एक हफ्ता प्रवचन दिया। हमें हजार रुपये भी नहीं दिया। हमारा क्या होगा ? वे जाने से इनकार कर दिए। क्या कहे हमारी पत्नी अपनी सोने की अंगूठी निकालकर दे दी। साथ ही कहा कि अब रहने दो इस तरह के यज्ञ को, इस तरह के प्रवचन को। क्या मिलता है इससे ? आप ही निर्णय करें यह किस तरह का धंधा है ? अभी सबसे ज्यादा केस मुकद्दमे महात्माओं के जिम्मे ही हैं। केवल धन के लिए तुमसे कहेंगे, मैं तो महात्मा हूं। हमारा कौन है ? न पत्नी है न बच्चे। तो हमें किस बात की चिंता।

यह तोते की तरह रटा-रटाया उत्तर है, परंतु सबसे ज्यादा चिंता उन्हें ही है। वह चिंता, समाज के लिए नहीं केवल अपने लिए।

साधक सावधान होकर गुरु की खोज करे या पात्रता ग्रहण करे। उसे गुरु किसी भी रूप में परमपिता परमात्मा भेज ही देगा। साधक अपने जीने के लिए, समाज में रहने के लिए कुछ भी कार्य कर सकता है। कोई भी कार्य छोटा नहीं है। अपनी क्षमता के अनुसार किसी उद्योग में तुम लगे हो, साथ ही दो, चार, दस आदमी को और रोजगार उपलब्ध कराते हो, इससे बड़ा मंदिर कोई नहीं है। इससे बड़ा तीर्थ भी नहीं है। आज विश्व में बेकारी की समस्या गंभीर है। अतएव इसी तरह के मंदिर का निर्माण करो। सत् चित् रहकर सच्चिदानंद का भजन करो, वहीं आश्रम है। वहीं कुटिया है। वहां ही परमात्मा का दर्शन करो। हां, यदि वृहत् समाज सेवा की जरूरत गुरु समझता हो तो तुम्हें अन्य जगह लगा सकता है। इस परिस्थिति में तुम्हें अब जगत आर्थिक रूप से गिराएगा नहीं, न ही उर्वशी या मेनका तुम्हें गिरा सकती है। तथाकथित साधु, अकर्मण्य

ब्रह्मचारी के हृदय में कोई लड़की बस जाती है, वही उर्वशी हो जाती है। या मन में रात दिन घूमने लगती है, जो मेनका हो जाती है। परंतु जो साधक घर पर सब कुछ कर लिया अब गुरु कृपा या स्वयं जगत हित में निकलता है, तो बुद्ध-सा होता है। या गुरु निर्देशन में किया गया कार्य ही निष्कर्म है, तप है।

जो साधक पूर्व जन्म में काम से संतुष्ट हो चुका है, अर्थ से संतुष्ट हो चुका है। अब वह केवल ब्रह्मोपासना एवं जगत हित में ही अपना जीवन यापन करना चाहता है। उसे सद्गुरु वृहत जगत सेवा में भेज सकता है। चूंकि जगत हित भी साधना का ही अंग है। यजुर्वेद में कहा गया है—

''यंत्र विश्व भवति एक नीड़म्''

विश्व हिताय का बीज ऋषि के मन में अंकुरित हो सकता है। अतएव गुरु पूर्ण साधक शिष्य को ही इस मंत्र का वाहक बना सकता है।

सद्गुरु वह है जो शिष्य से कुछ भी कामना नहीं रखे। वह उचित पात्र को सभी-कुछ समर्पित कर सकता हो। शिष्य वह है जो अपना सभी कुछ गरु पर न्योछावर कर दे। जब ऐसा गुरु और शिष्य मिलता है, तब रामत्व, कृष्णत्व, बुद्धत्व का फूल खिलता है। शिष्य भी लोभवश गुरु का शरणागत होता है। उसका लोभ पूरा हुआ एवं नहीं हुआ तब, वह दोनों ही हालत में गुरु निंदक होता है।

''आत्म मोक्षार्थ जगत हिताय च।''

अब तुम आत्म मोक्षार्थ के लिए साधना करते रहो, साथ-साथ जगत हेतु भी कुछ कार्य करो। शंकर के मायावाद से पुरुषार्थ में भी उदासी आ जाती है। इस तरह यदि पूर्ण सक्षम गुरु सक्षम शिष्य को मिल जाता है। तब ही कहा गया है—**'सीस दिए जो गुरु मिले तो भी सस्ता जान।''** यह सौदा सस्ता ही है। शिष्य को अपने गंतव्य पर भी पहुंचा देता है। साथ ही जगत हित भी करा देता है। जैसे—राम कृष्ण परमहंस ने विवेकानंद से कराया। जनक ने सुखदेव से कराया। रामानंद जी ने कबीर से कराया। सच्चे साधक के लिए जितना कठिन गुरु खोजना है, उससे भी कठिन सद्गुरु को सच्चा साधक खोजना होता है। सद्गुरु भी बेचैन रहता है। अपना सबकुछ देने को, जिसमें उसकी पात्रता हो। सद्गुरु भी रात-रात भर नहीं सोता। गांव-गांव देश-विदेश घूमता है। सच्चे शिष्य की खोज में। वह उद्वेलित रहता है, कैसे किसको दूं ? कोई भी तो आकर ले ले। तभी तो संत कबीर कहे हैं—

''देश-विदेश हो फिरा, गांव-गांव की खोरि।
ऐसा जियरा ना मिला, लेऊं फटकि पछोरि॥''

इतना ही नहीं सद्गुरु खुद शिष्य की खोज में खिन्न होकर कहता है।

चलते-चलते पगु थका, नगर रहा नौ कोस।
बीच में डेरा पड़ा, कहहु कौन को दोष॥

अभी बहुत सारे सद्गुरु ही नहीं, भगवान के अवतार भी हो गए हैं। जिसमें अभी-अभी तीन-चार तो नाना प्रकार के कष्ट, रोग से मरे। अभी कुछ जिंदा दुकान लगा रहे हैं। कोई अपने को कृष्ण का अवतार, तो कोई जनक के अवतार घोषित करते हैं। बहुत से गुरु तो जेल में आकर अपने को माया से लड़ते हुए कृष्ण ही बताए हैं।

इससे सद्गुरु कबीर कहते हैं—

ये कलि गुरु बड़े परपंची, डारी ढगौरी सब जग मार।
घर-घर मंतर देत फिरत है, महिमा के अभिमाना।
गुरु सहित शिष्य सब बुड़े, अंत काल पिछताना।
गुरुआ त कुता भये, ज्ञान न जाने मूल।
शिष्य साधा अढई, रहे कान में फूंक॥

अतएव साधक का पारखी होना तथा सद्गुरु की बेचैनी का अंदाजा कबीर की उक्ति से लगा सकते हैं।

एक लोकोक्ति है। गुरु नानक देव अपने शिष्यों के साथ कहीं जा रहे थे। भीड़ काफी थी। उन्होंने हवा में हाथ हिलाया। तांबे के सिक्के बरसने लगे। अधिकांश शिष्य उसे चुनने लगे। उन्होंने आगे जाकर पीछे देखा तब उनमें से आधे लोग साथ-साथ आ रहे हैं। पुनः उन्होंने हवा में हाथ हिलाया। फिर चांदी के सिक्के बरसने लगे। आगे जाकर देखा तब केवल बाला मरदाना एवं लहना ही साथ आ रहे थे। बाकी सभी चांदी के सिक्कों में फंस गए। फिर उन्होंने हवा में हाथ हिलाया सोने के सिक्के गिरने लगे। बाला मरदाना से अब नहीं रहा गया वह उसमें फंस गया। आगे जाकर गुरु नानक जी ने देखा केवल लहना ही आ रहा है। उन्होंने पूछा, क्यों जी तुमने सोने की अशर्फी नहीं ली। वह बोला, नहीं गुरुदेव मेरे गुरु तो आप हैं। मैं आपका अनुगामी हूं। मुझे तो केवल आप ही चाहिए। गुरु नानक ने उन्हें गले से लगा लिया। वही लहना गुरु अंगद देव बना। गुरु के लिए सांसारिकता को दांव पर तो लगाना ही होगा। लेकिन आज गुरु को दांव पर संसार के लिए लगाते हैं।

मुद्रा—यह हठ योग, कुण्डलिनी जाग्रत करने के लिए अत्यंत लाभदायक है। अतएव निम्न प्रकार की मुद्रा हैं जो साधक को गुरु के समक्ष सीख लेनी चाहिए।

(1) खेचरी मुद्रा
(2) अश्विनी मुद्रा
(3) महा मुद्रा
(4) योनि मुद्रा
(5) शक्ति चालिनी मुद्रा
(6) शांभवी मुद्रा
(7) योग मुद्रा
(8) उन्मुनि मुद्रा
(9) विपरीत करणी मुद्रा

ये ही मुख्य मुद्राएं हैं, इसी तरह कुछ और मुद्रा भी हैं, जो साधक के लिए खास जरूरी नहीं हैं। इनका उल्लेख स्वानुभव के अनुसार ही लिख रहा हूं अतएव अन्य पुस्तकों से मेल खाना कोई जरूरी नहीं है।

खेचरी मुद्रा

यह मुद्रा योगी जन के लिए उतनी ही जरूरी है, जितना शिशु के लिए मां का दूध। कुण्डलिनी जाग्रत होने पर एवं पहले भी यह मुद्रा अत्यंत जरूरी है। तभी तो योगी जन कहते हैं–

सबसे कठिन खेचरी मुद्रा, योगीजन की मातरी।
जो जन साधन करत निरंतर, भव सागर तर जातरी॥

इस विद्या को सद्गुरु विश्वामित्र ने राम को अपने सिद्धाश्रम (बक्सर) में दिया था। जिसके बारे में वर्णन आता है। ऐसी युक्ति बता दी जिससे शरीर की कांति दिन रात बढ़ रही है, भूख प्यास नहीं लगती है। इसमें अमृत का पान करना होता है। सहस्त्र दल कमल से अमृत हर समय झर रहा है। जो मुंह में थूक या रस के रूप में मालूम होता है। तालु में ऊपर एक गड्ढा-सा है तथा उसमें एक छोटा-सा मस्स (लिंग) सा है जिसके बारे में शास्त्रों में कहा गया है कि वही अमरनाथ है। जिस पर हर समय टप्-टप् अमृत रूपी रस गिरता रहता है। भगवान शंकर ने कहा है कि जो व्यक्ति गुरु कृपा से उस अमरनाथ का दर्शन कर लेता है, उसका सारा पाप क्षय हो जाता है। जो उस अमृत का पान करता है, उसके लिए संसार में कुछ भी दुर्लभ नहीं रहता है। वह व्यक्ति सब सुख भोगकर स्वर्ग का अधिकारी होता है। उसी को पीकर योगीजन आनंद में मग्न रहते हैं। (मीरा भर्ड बावरी) मीरा

उसी अमृत रूपी मद को पीकर प्रभु प्रेम में बावली हो गई। इसी से इसे योगीजन की मां कहा गया है।

सात रस—खेचरी मुद्रा के सात रस आते हैं तथा विभिन्न प्रकार के रस के साथ शारीरिक क्रिया भी भिन्न होती जाती हैं। जैसे साधक यदि पहले पहल शुरू कर रहा है तो 'खारा' स्वाद मालूम होगा। जो साधक के शरीर की नाड़ियों का शोधन करता है। जिससे प्रारंभ काल में कुछ फोड़ा-फुंसी या घाव होने की संभावना है। शरीर की सफाई में यह होता है। साधक निरंतर इस मुद्रा में रह सकता है। कार्यालय में काम करते समय या घूमते, पढ़ते-लिखते, हर समय इस मुद्रा में रहकर अमृतपान कर सकता है। इस तरह **दूसरा रस** कुछ **'सुस्वादु'** होगा। खारापन दूर हो जाएगा। साधक की एकाएक स्मरण शक्ति बढ़ने लगेगी। साधना में मन लगने लगता है। वैखरी छूट जाता है। **तीसरा** रस मीठा मिश्री की तरह लगता है। कुछ काल के बाद जब यह रस मिलेगा तो उसके शरीर में कोई रोग नहीं होगा। साथ ही दिव्य दृष्टि आने लगती है। इसी तरह **चौथा** रस मधु की तरह है। इस रस के प्राप्त होने पर योगी को भूख-प्यास नहीं सताती है। अपने आप में मस्त रहता है। उसके बाद सिद्धि प्राप्त हो जाती है। जो कहता है। वही होने लगता है। **पांचवें** रस में मादकता रहती है। जिसमें योगी को अपने शरीर का भान भूल जाता है। मालूम होता है मीरा की तरह मद पीकर बावला हो गया। जो बोलता है, वही काव्य हो गया।

छठा रस जब योगी प्राप्त करता है तो अत्यंत विह्वल हो जाता है। दिव्य दृष्टि, दूर श्रवण, त्रिनेत्र, पर काया प्रवेश की शक्ति या एक साथ कई जगहों पर उपस्थिति या सूक्ष्म शरीर ग्रहण कर जगत हित या दूरस्थ अपने शिष्य को साधना बताता है या विचलित होने पर बचाता है। इसे अब किसी भी चीज की जरूरत नहीं रहती, न ही प्रकृति इसके लिए कोई कमी करती है। इसकी इच्छा मात्र से जागतिक, दैविक क्रियाएं संपन्न हो जाती हैं।

सातवां रस प्राप्त होने पर योगी शरीर अमरत्व को प्राप्त कर लेता है। उसकी इच्छा पर मृत्यु निर्भर करती है। जिस अवस्था में सातवां रस प्राप्त होता है वही अवस्था रह जाती है। उम्र के बंधन से मुक्त हो जाता है। भगवान शंकर कहते हैं—जिस समय सातवां रस योगी प्राप्त कर लेता है, वह हमारे ही सदृश्य हो जाता है। भीष्म पितामह या सनक, सनंदन, सनत कुमार, नारद आदि। अभी भी भारत में कुछ ऋषि हैं जो इस रस का पान कर आनंद से रह रहे हैं। इस तरह खेचरी मुद्रा की जितनी ही व्याख्या की जाए कम होगी। सद्गुरु कबीर, मीरा थे सब इसी से स्वयं सिद्ध कहलाते हैं।

विधि—सबसे पहले साधक गुरु के सान्निध्य में उचित दिन तय कर ले तथा सफेद रुमाल, महीन पीसा हुआ वच एवं बहेड़ा ले ले। इसे पीस कर कपड़े से छाने अन्यथा मोटा रहने पर जीभ कटने का भय है। सुबह नित्य क्रिया से निवृत्त होकर जीभ में बहेड़ा का लेप करे, तब कपड़े से जीभ को दोनों हाथों के अंगूठों एवं अनामिका से अच्छी तरह पकड़े एवं बाहर की तरफ तीन बार खींचें। तीन बार आगे खींचें एवं तीन-तीन बार बाएं दाएं खींचें। तत्पश्चात पानी से कुल्ला कर ले। हाथ के अंगूठे से ऊपर तालु के गड्ढे को साफ करे। अमर लिंग का स्पर्श कर जीवन को कृतार्थ करे। उसके चारों तरफ के उठे हुए मांस को हटाए या कुछ दबाए, कुल्ला करे। तब तीनों अंगुली, कनिष्ठ एवं अंगूठा छोड़कर भीतर ले जाएं। एक छोटी जीभ है उसको ऊपर नीचे से साफ करे, कुल्ला करे। इस तरह ऊपर एवं नीचे को तीन-तीन बार साफ करे। तत्पश्चात वच को लेकर जीभ के ऊपर नीचे अच्छी तरह मल दे एवं कपड़े की मदद से दोनों हाथों से भी जीभ को पकड़ कर तीन बार बाहर यानी आगे की तरफ तथा तीन बार बाएं-दाएं ले जाए। यह क्रिया एक मात्रा कहलाएगी। इस तरह तीन बार करे। यह लंबिका क्रिया पूर्ण हुई। इस तरह सुबह मुंह धोते समय एवं शाम को स्नान करते या नित्य क्रिया से निवृत्त होने के पश्चात लंबिका क्रिया अवश्य करे।

साधक साधना के समय खेचरी मुद्रा में ही बैठे। जब अभ्यास हो जाए तब साधक हर समय खेचरी मुद्रा में रह सकता है। खेचरी करना ही मद पीना या मांस भक्षण करना शास्त्रों में आया है। यथा—

"मांस खावे मदिरा पीवे तब योगी पक्का होवे।"

यही रस पीना मद पीना है। अमर लिंग के आस-पास के मांस को जीभ से हटाना ही मांस भक्षण है। यह मुद्रा साधक के व्यक्तित्व को एकाएक बदल देगी एवं उसकी साधना में चार चांद लगा देगी।

सावधानी—लंबिका क्रिया में वच एवं बहेड़ा का प्रयोग कम से कम 45 दिन तक अवश्य करना चाहिए। यदि कहीं जाते हैं तो साथ रखें एवं सुबह-शाम स्नान गृह में ही कर लें। इसे भी गुप्त रखें। इसको किसी के सामने प्रदर्शित न करें। यह अत्यंत गोपनीय मुद्रा एवं साधना दोनों ही है। गरम पदार्थ का त्याग करें। चाय या दूध अत्यधिक गरम न पिएं। गरम पदार्थ से जीभ का छल्ला जलता है। जिससे खेचरी के द्वारा प्राप्त रस का स्वाद नहीं मिल पाता। अतएव कुछ ठंडा करके ही पिएं। चाय यदि जरूरी हो तो 200 ग्राम से ज्यादा 24 घंटे में किसी भी हालत में न पिएं। कम से कम बोलें। ज्यादा से ज्यादा योगयुक्त खेचरी मुद्रा में रहें।

अश्विनी मुद्रा

साधक पद्मासन या सिद्धासन पर सीधा बैठ जाए। आंख को नासिका के आगे स्थिर रखे तथा खेचरी मुद्रा किए रहे। तत्पश्चात योनि मंडल को घोड़े (अश्व) के सदृश्य बार-बार सिकोड़े इस बार-बार सिकोड़ने एवं छोड़ने को ही अश्विनी मुद्रा कहते हैं। इससे वीर्य स्नायु तंतु मजबूत होता है। अपान वायु शुद्ध होता है। प्राण के स्थान तथा कुण्डलिनी के जाग्रत करने में मदद मिलती है।

महामुद्रा

साधक बाएं पैर में एड़ी को गुदा एवं लिंग के बीच रखे। उसी पर पूरे शरीर का भार दे। तब दायां पैर सीधा कर दे। तब धीरे-धीरे पूरक करे एवं मूलबंध तथा जलंधर बंध लगाकर दाएं पैर के अंगूठे को दोनों हाथ से पकड़े एवं सिर को दाएं पैर के घुटने पर लगावे यथाशक्ति कुंभक इसी स्थिति में रहे। ऐसी कल्पना करना है कि प्राण वायु कुण्डलिनी को जाग्रत कर सुषुम्ना में प्रवेश कर रही है। जब कुंभक अपने आप से नहीं रोका जा सके। तब सिर धीरे-धीरे ऊपर करते हुए उठाए। इस तरह छः बार करे तथा दूसरे पैर से भी इसी तरह बैठ कर छः बार करे। अपनी क्षमता के अनुसार इसे बढ़ा सकते हैं।

इससे कुण्डलिनी शीघ्र जाग्रत होती है। साथ ही प्रमेय एवं उदर पेट की बीमारी का नाश होता है।

योनि मुद्रा

साधक सीधे सिद्धासन पर बैठ जाए तथा दोनों अंगूठे से दोनों कानों को बंद करे। दोनों तर्जनी से दोनों आंखों को, दोनों मध्यमा अंगुली से दोनों नाक को, दोनों अनामिका एवं कनिष्ठा को होंठ पर रखे। इसे ही योगीजन षड्मुखी मुद्रा कहते हैं। तत्पश्चात जीभ को कौवे के चोंच की तरह बनाकर वायु का पूरक करे तथा अपान वायु के साथ मिलावे तब मूल मंत्र का जाप करते हुए, कुण्डलिनी पर आघात करे एवं ऐसी भावना करे कि कुण्डलिनी जाग्रत होकर चक्रों का भेदन कर सहस्र दल की तरफ जा रही है। शरीर ज्योति से भर गया है। पूरा शरीर प्रकाशमय है इससे अंदर ज्योति का साक्षात्कार शीघ्र होता है। कुण्डलिनी जगाने में साधक को सहायता मिलती है।

शक्ति चालिनी मुद्रा

साधक सबसे पहले प्रसन्नचित्त सिद्धासन या पद्मासन पर सीधे बैठ जाए। एक छोटा-सा सफेद कपड़ा कटि सूत्र के सहारे नाभि पर बांध लें। यदि संभव हो तो शरीर पर भस्म का लेप कर ले। अन्यथा कोई जरूरी नहीं है। अब दोनों हथेली को जमीन पर दृढ़ता से जमा दे। तत्पश्चात धीरे-धीरे नितंबों को जमीन से ऊपर उठाए एवं तब मूलबंध बांधकर दोनों नासिका से पूरक करे। जलंधर लगाकर कुंभक करे। जब तक कुंभक में रह सकते हैं, रहे। कुंभक के समय अश्वनी मुद्रा भी करें, तब जलंधर खोलकर दोनों नासिका से रेचक करे। अब मन को शांत कर एकाग्र बैठ जाए एवं ध्यान करे।

इससे साधक को स्वास्थ्य लाभ के साथ कुण्डलिनी जगाने में मदद मिलती है। योगी लोग तो इसे सर्व रोग नाशक तक कह दिए हैं। यह अत्यंत ही लाभप्रद है।

शांभवी मुद्रा

साधक पद्मासन या सिद्धासन पर निश्चिंत बैठ जाए। गुरु के द्वारा दिए गए मंत्र का जाप करते हुए नासिका के अग्रभाग पर ध्यान केंद्रित करे। अग्रभाग पर ध्यान केंद्रित कर श्वास को देखे एवं इसके साथ मंत्र भी स्मरण करता रहे या त्रिकुटी पर त्राटक भी कर सकते हैं। त्रिकुटी पर ध्यान देकर भी उसी मंत्र का जाप करता रहे। खेचरी मुद्रा के साथ मूल एवं उड्डियान बंध भी लगाना है। अतएव साधक इन बंधों एवं मुद्रा के साथ ही ध्यान करे।

इससे साधक का मन शांत होता है। ध्यान केंद्रित होता है, आत्म प्रकाश का दर्शन होता है। कुण्डलिनी जाग्रत होने में मदद मिलती है।

योग मुद्रा

साधक पद्मासन पर सीधा बैठकर मूलबंध लगा ले। दोनों नासिका से पूरक कर जलंधर बंध लगा लें। अब दोनों हाथों को पीछे ले जाकर एक दूसरे की कलाई पकड़ ले तथा एड़ी से पेट को दबाते हुए, शरीर को आगे झुकाते हुए, सिर को जमीन पर लगा दे। जब तक कुंभक की स्थिति में रह सकते हैं, रहें। तत्पश्चात शरीर को ऊपर उठाकर सीधा हो जाए।

जलंधर बंध खोलकर दोनों नासिका से रेचक करे। इस तरह कम से कम 12 मात्रा अवश्य करे। इससे भी शरीर स्वस्थ होता है। कुण्डलिनी जाग्रत करने में मदद मिलती है।

उन्मुनी मुद्रा

'सहजे उनमुनी जागें, सहजे मिले रघुराई।' इस मुद्रा से ध्यान किया जाता है। साधक चाहे जिस आसन पर आराम से बैठ सकता है। बुद्ध की तरह ध्यान मुद्रा यानी अधखुली आंख से नासिका के अग्रभाग पर ध्यान करना है। यदि साधक तीन माह लगातार ध्यान करे तो मन शांत हो जाएगा। साथ ही स्वर भी दिखलाई पड़ जाएगा। स्वर के दिखलाई पड़ते ही साधक के अंदर एक विचित्र तरह का बदलाव आ जाता है। वह बुद्ध की तरह ध्यान को उपलब्ध होने लगता है।

विपरीत करणी—इसे शीर्ष आसन भी कहते हैं। शुरू में साधक को दीवार के नजदीक एक गद्देदार वस्त्र को रख देना चाहिए, तब दोनों हाथों को सिर के पीछे रखकर मस्तक को कपड़े पर रखकर उल्टा सीधा शरीर को उठा दें। शुरू में दीवार के सहारे श्रेयस्कर है। बाद में स्वयं अलग कर सकते हैं। इससे जलंधर एवं मूल बंध भी लगा सकते हैं। प्रथम दिन 1 मिनट ही करें, इस तरह इसे 10 मिनट तक बढ़ाएं। इस तरह से ज्यादा न करें इसके बाद 10 मिनट खड़ा रहे। जिससे जो खून उल्टा दौड़ा है, वह अब सीधा हो जाए।

इसमें दूध का सेवन जरूरी है। इसमें नेत्र, मस्तिष्क, उदर रोग दूर होता है। जठराग्नि मजबूत होती है। ब्रह्मचर्य धारण करने में मदद मिलती है। यह क्रिया शरीर के लिए अत्यंत लाभदायक है। परंतु ठीक से नहीं हो पाए या खान-पान ठीक नहीं हो रहा है तो योगी को पागलपन भी आ सकता है। अतएव इसे बहुत सावधानी एवं गुरु के निर्देश पर करना उचित है।

साधक के स्वास्थ्य एवं कुण्डलिनी जाग्रत करने में मदद करने के लिए कुछ आसन की भी आवश्यकता है। आज का विश्व मानव नाना प्रकार की बीमारियों से ग्रस्त है। यह बीमारी मानसिक स्तर से लेकर शारीरिक स्तर तक की है। सबसे पहले व्यक्ति का मन बीमार होता है, तत्पश्चात शरीर। यदि मन स्वस्थ है तो शरीर में विकार पड़ने की कम उम्मीद है। अतएव मन के लिए जितना आवश्यक योग है। उतना ही शरीर के स्वास्थ्य के लिए आसन। इस

तरह तो आसन 84 प्रकार हैं। परंतु साधक के लिए अत्यावश्यक कुछ आसनों का वर्णन करना उचित समझता हूं। कुछ आसन स्वानुभव के आधार पर लिख रहा हूं। जरूरी नहीं कि किसी योग पुस्तक में मिले। अतएव आप विश्वास कर गुरु की उपस्थिति में सीख लें या आपका मन हृदय से स्वीकार करे तो आप आसनों को वर्णन के अनुसार ज्यों का त्यों शुरू कर सकते हैं। आपको फायदा होगा हीं।

सर्वरोग हरण सर्वांगासन

यह एक ऐसा आसन है जिसमें शरीर की सक्रियता एवं सहभागिता है। साधक चौकी या जमीन पर ही गद्देदार वस्त्र बिछा ले, जैसे मोटा कंबल एवं उस पर चादर डाल ले। परमात्मा को स्मरण कर चित लेट जाए। पूरा शरीर एक समान बराबर रहे। साधक सबसे पहले पूरा ध्यान दाहिने पैर की अंगुली पर ले जाए, तब दाहिने पैर की उंगलियों को आगे-पीछे 10 बार चलावे। तत्पश्चात ध्यान क्रमशः शरीर के ऊपर खींचना है। एड़ी के संधिस्थल 10 बारं कर आगे-पीछे चलावे। तब दाहिने पैर के ही घुटने को उठाकर 10 बार ऊपर-नीचे करना है। पैर को 90^0 पर ऊपर उठाकर ले जाना एवं जमीन पर रखना है। इस तरह दूसरे यानी बाएं पैर से भी यही क्रिया करना है। जब दोनों पैरों से बारी-बारी हो जाए तब दोनों पैरों से एक साथ अंगुली से कमर तक क्रम से 10-10 बार चलावे। तब ध्यान दाहिने हाथ की उंगली पर ले जाना है एवं उंगलियों को 10 बार मोड़ना एवं सीधा करना है। यानी मुट्ठी बांधना तथा खोलना है। तब पंजों के संधि स्थल को आगे-पीछे 10 बार करना है। इस तरह कुहनी को 10 बार मोड़ना एवं फैलाना है, तब दाहिने हाथ को पूरा उठाकर ऊपर ले जाकर सिर के तरफ जमीन को दस बार स्पर्श करना है एवं दस बार सीधा जमीन पर रखना है। इसी क्रिया को बाएं हाथ से करना है। तत्पश्चात दोनों हाथों से एक साथ करना है।

तत्पश्चात ध्यान को खींचकर त्रिकुटी पर जे जाए एवं दोनों पैरों को एक साथ धीरे-धीरे ऊपर उठावे एवं 90^0 पर सीधा करे तथा दोनों हाथ से दोनों तरफ से कमर को पकड़ ले, जिससे पैर ऊपर स्थिर रहें एवं 5 मिनट से 10 मिनट तक इसी अवस्था में शांत एकाग्र ध्यान कर पड़ा रहे। अंत में दोनों पैरों को धीरे-धीरे आगे-पीछे दस बार चलावे। दोनों पैरों को धीरे-धीरे सिर के पीछे ले जाकर जमीन को स्पर्श करे घुटनों सहित पांव जमीन पर एक सूत्र में रहे

तथा हाथ अब पीछे भूमि पर चला जाएगा। 2 मिनट के बाद कंधे से एवं पैर सीधा करना है। तब पैर को धीरे-धीरे जमीन पर पूर्ववत स्थिति में लगाकर रख दे, तथा ध्यान रखे सिर आगे-पीछे न खीचें।

शरीर पूर्ववत यथास्थिति में आ जाएगा। अब भावना करना है कि सारे शरीर में शुद्ध वायु प्राण से भर गया है। शरीर प्रकाश से प्रकाशित है। ओज, ताकत भर गई है। सारे कष्ट रोग शरीर से निकल रहे हैं। तब प्रसन्नचित्त उठकर बैठना है।

इससे पेट की, पैर-हाथ की कष्ट बीमारी दूर होती है। स्मरण शक्ति बढ़ती है। यकृत रोग, पाचन रोग, प्लीहा रोग, रक्त शुद्धि बहुत सारे रोग का निवारण होता है। ध्यान एकाग्र होता है। इस आसन में लगभग संपूर्ण शरीर क्रियाशील हो जाता है। यह समान रूप से बालक से वृद्ध तक के लिए लाभकारी है। विशेषकर लड़की एवं औरतों के लिए अत्यंत लाभकारी है।

हृदयस्थभ्यासन

साधक सीधे चित लेट जाए और पैर आगे की तरफ फैलेगा एवं दोनों हाथ सिर की तरफ, तब पूरक करना है। दोनों हाथ एवं दोनों पैरों को जमीन से 6-8 इंच ऊपर उठाकर कुंभक करना है। जब तक रुक सकें इस स्थिति में रुके रहें। ध्यान त्रिकुटी पर रहे। जब श्वास बाहर निकलना चाहें तब पैर एवं हाथ जमीन पर रखकर रेचक करें। इस तरह 12 मात्रा करें। इससे साधक का फेफड़ा, हृदय एवं छाती संबंधी रोग दूर होता है। पेट की पाचन शक्ति बढ़ती है। कार्यालय में, या मानसिक कार्य कर रहे लोगों के लिए अत्यंत लाभदायक है।

उत्तानपादासन

साधक सीधा चित लेटकर ध्यान त्रिकुटी पर रखें। शरीर को बिलकुल सीधा छोड़ दें। पूरक करें एवं कमर को ऊपर उठावें। जितना आसानी से उठ सकें कुंभक में रहें। तत्पश्चात कमर को जमीन पर धीरे-धीरे रखें एवं रेचक करें यह तीन बार करें। इसके बाद पूरक कर दोनों को धीरे-धीरे ऊपर उठावें। जितना देर कुंभक में ऊपर रख सकें रखें तब पैर नीचे करें एवं रेचक कर दें। यह पैर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय बार क्रमशः 30^0, 45^0, 60^0, तक उठावें। इस

तरह 12 मात्रा 60^0 पर करें। इस आसन को कई भागों में बांटा गया है। परंतु साधक के लिए यही उत्तम विधि है।

इससे कमर, पैर, टांग ठीक होता है। मेरुदण्ड सीधा हो, पेट, कमर, छाती का दर्द ठीक होता है। आदमी प्रसन्नचित्त रहता है।

धनुरासन

साधक पेट के बल सीधा लेट जाए तथा धीरे-धीरे सिर एवं पैर को ऊपर उठावे तब दोनों हाथों से दोनों पैर के अंगूठे को पकड़े। उठाते समय कुंभक तब दोनों हाथ से पैर का अंगूठा पकड़कर रुकते समय कुंभक करे एवं जब कुंभक तोड़ना हो तब दोनों हाथ से अंगूठा छोड़ दे। धीरे-धीरे पैर तथा सिर को जमीन पर रखे एवं रेचक करता जाए इस तरह प्रारंभ में दस बार करे। इसमें पांच से दस मिनट का समय दे।

इससे उदर विकार दूर होता है। पाचन शक्ति बढ़ती है।

मयूरासन

साधक सीधा पेट के बल लेट जाए एवं तब दोनों हाथों कोहनियों को नाभि के दोनों पार्श्व से लगाकर मूल एवं उड्डियान बंध लगा ले। तब आगे के शरीर को ऊपर उठावे तथा कमर तथा पांव जमीन पर यों ही पूर्ववत लगा रहेगा। यह पांच मिनट करना है।

इससे वात, पित्त का दोष दूर होता है। पेट का कब्ज दूर होता है। भूख लगती है। मेरुदण्ड सीधा होता है।

मस्तक पादांगुष्ठासन

साधक सीधा पेट के सहारे लेट जाए। तब पूरक करते हुए मस्तक एवं अंगूठे को जमीन पर लगाए रहे। अब सारे शरीर को ऊपर उठावे। ऊपर जितना देर रुक सके, कुंभक के साथ रुके। तथा नीचे करते समय रेचक करे। यह पांच मिनट तक करे।

इससे शरीर की संपूर्ण नाड़ियां बलवान होती हैं। मेरुदंड ठीक रहता है। आंत, मस्तक, छाती, पैर का रोग दूर होता है।

भुजंगासन

साधक सीधा पेट के बल लेट जाए तथा हाथ छाती के दोनों तरफ से घुमाकर ऐसे रखे कि सर्प की तरफ छाती से ऊपर उठा सके। एक पैर भूमि पर टिका रहेगा। दूसरा पैर घुटने पर से बिना मोड़े जितना ऊपर उठा सके, उठावे। इस प्रकार बारी-बारी से दोनों पैर को ऊपर-नीचे करे। यह आसन भी पांच मिनट करना चाहिए।

वृश्चिकासन

साधक कोहनी से पंजे तक जमीन पर मजबूती से शरीर को रखे तथा दीवार की मदद से पैर को उठावे। एवं घुटनों से मोड़कर पांव को सिर के ऊपर रख दे। इस स्थिति में पांच मिनट तक रहे। यह आसन चालीस वर्ष से कम उम्र के लोगों के लिए उत्तम है।

इससे शरीर फुर्तीला, हल्का तथा मेरुदण्ड मजबूत होता है। यकृत, तिल्ली, पाण्डु रोग दूर होता है। एवं बांहों में बल वृद्धि होती है। पाचन शक्ति में वृद्धि होती है।

पार्वती आसन

साधक सीधा बैठकर दोनों पैर के तलुए इस प्रकार मिलावे कि दोनों समरूप हो जाएं। तत्पश्चात इसे इस प्रकार घुमावे कि अंगुलियां नितंबों के नीचे आ जाएं और एड़ियां अण्डकोष के नीचे मिलकर सामने दिखाई देने लगें। इस आसन में पांच मिनट बैठे एवं ध्यान नासिका के अग्रभाग पर रखे।

यह औरतों खासकर 30 वर्ष तक के लिए अत्यंत लाभप्रद है। नाड़ियां मजबूत होती हैं। घुटना, मणिबंध एवं अण्डकोष का रोग ठीक होता है।

मत्स्येंद्रासन

साधक मुलायम आसन पर बैठकर बाएं पांव का पंजा दाहिने पांव के मूल में इस प्रकार रखे कि उसकी एड़ी ठुड्डी में लगे और उंगलियां पालथी में तथा दायां पांव बाएं घुटने के पास, पंजा जमीन पर लगाकर रखे। बायां हाथ दाहिने

घुटने के बाहर से चित डालकर उसकी चुटकी में दाहिने पांव का अंगूठा पकड़े। उस दाहिने पांव के पंजे को बाहर सटाकर रखे, तत्पश्चात दाहिना हाथ पीठ की ओर से फिराकर उससे बाएं पैर की जंघा पकड़ ले। मुख को छाती की ओर फिराकर ताने तथा नासाग्र में दृष्टि रखे। इसी तरह दूसरी ओर से भी करे। यह आसन 10 मिनट तक किया जा सकता है।

इससे साधक का पांव, कमर, नाभि, छाती पेट, पीठ छाती के तंतुओं का खिंचाव होता है। पेट के समस्त रोग एवं आंत संबंधी रोग दूर होते हैं।

त्रिबंधासन

साधक पद्मासन पर सीधा बैठकर मूल बंध लगा ले तब दोनों हाथों को ऊपर उठाकर गोमुख क्रिया करे। तब दोनों हाथ पीछे करके दाहिने हाथ से बाएं पांव के अंगूठे को पकड़े। इस तरह 3 मिनट से 5 मिनट तक रहे तत्पश्चात दोनों हाथों को जमीन पर रखकर पूरे आसन को ऊपर उठावे पुनः जमीन पर रखे। इस तरह 5 से 10 बार करे।

इससे कुण्डलिनी जाग्रत करने में साधक को मदद मिलती है तथा प्राण का भी उत्थान होता है।

गरुड़ासन

साधक सीधा दाएं पैर पर खड़ा हो जाए एवं बाएं पैर को दाहिने लपेट दे एवं इसी दाहिने हाथ में बायां हाथ लपेट दे एवं दोनों हथेली समान रूप से मिलाकर नाक के पास रखे। इस आसन को 5 मिनट तक करना चाहिए।

इससे पैर घुटना एवं कोहनी का दर्द ठीक होता है। अण्डकोष की वृद्धि रोकता है। शरीर स्वस्थ रहता है।

ताड़ासन

साधक सीधा खड़ा हो जाए, दोनों हाथों को सीधा ऊपर ले जाए तत्पश्चात दोनों हाथों को ताने हुए रेचक करते हुए सीधा झुके 90^0 पर कुछ क्षण रुक कर घुटने को बिना मोड़े हुए कमर को झुकावे एवं दोनों हाथों से दोनों पैर के अंगूठे

को पकड़े। कुंभक करे, जब तक कुंभक में रुक सकते हैं, तत्पश्चात पूरक करते हुए सीधे पूर्ववत खड़ा हो जाए। इस तरह 5 से 10 बार करे।

इससे कोष्ठ, यकृत एवं तिल्ली का रोग दूर होता है। प्राणायाम करने वाले साधक या सहज योग के साधक या केवल शरीर को जो स्वस्थ रखकर पूरी आयु जीना चाहते हैं। उनके लिए अत्यंत लाभदायक है। अतएव साधक सुबह एवं शाम नियमानुसार अवश्य ही करे। उसे अवश्य ही लाभ होगा।

ताण्डव

यह भगवान सदाशिव के द्वारा बताया गया आसन भी है, नृत्य भी। इस ताण्डव का उल्लेख तो आप्त ग्रंथों में मिलता है, परंतु विधि अनुपलब्ध है। अभी भी यह गुरु के द्वारा सीखकर ही साधक करते आ रहे हैं। फिर भी इस आसन-नृत्य को बहुत ही कम लोग जानते हैं। इसे मैं अपने अनुभव के आधार पर साधक को बता देन चाहता हूं। इस नृत्य में विशेषता यह है कि यदि साधक यह नित्य मात्र 5 मिनट भी कर लेता है और किसी भी आसन की जरूरत नहीं है। परंतु यह नृत्य 50 वर्ष से कम अवस्था में ही लोग कर सकते हैं। इसको करने के पहले शरीर पूर्ण स्वस्थ होना चाहिए। रोगी के लिए उपयुक्त नहीं है अतएव किसी डॉक्टर या गुरु से परामर्श ले लें। तब ही यह नृत्य करना उचित है। यदि साधक स्वस्थ है तो किसी भी प्रकार का रोग करने के पश्चात आने की संभावना अत्यंत न्यून है। यह नृत्य 5 मिनट से 10 मिनट तक दोनों समय साधक पूजा ध्यान से पहले करे। खुले स्थान पर या हवादार घर या आश्रम में।

विधि—साधक इसके लिए एक खोपड़ी रख सकता है। दाहिने हाथ में कमण्डल एवं बाएं हाथ में खोपड़ी रख ले। यदि खोपड़ी जल पात्र नहीं उपलब्ध हो तो भावना बना ले कि एक हाथ में खोपड़ी है तथा दूसरे हाथ में जल पात्र (एक मृत्यु का प्रतीक तो दूसरा जीवन का) दोनों हाथ सीधा अगल-बगल फैला दे एवं मुट्ठी बंद कर ले। लंगोट अवश्य पहनना चाहिए। त्रिकुटी का ध्यान रखे तथा जोर से ऊपर उछले एवं उछलकर दोनों तलुओं पर बैठकर शीघ्रता से उठकर ऐसे उछले कि एक पैर (दायां) का टेहुना उठकर नाभि के समीप आ जाए एवं बायां जमीन पर जाए। इस तरह जब दायां जमीन पर जाए बायां पैर में टेहूना नाभि के समीप आ जाए। इस तरह दोनों हाथ अगल-बगल सीधा ही रहेगा। यानी कमर के ऊपर का भाग ज्यों का त्यों सीधा बिना हिले-डुले रहेगा।

केवल उछलकर दायां पैर जमीन पर तो उछल कर ही बायां पैर नाभि तक। इस तरह साधक की श्वास-प्रश्वास क्रिया खूब तेज हो जाएगी। परंतु श्वास नाक से ही लेना। इससे श्वास मूलाधार चक्र तक पहुंच जाता है। जब साधक थक जाए, पसीना आ जाए तब अंत में जोर से दोनों पैर उठाकर ऊपर की तरफ कूदे एवं दोनों पैरों पर धीरे से बैठ जाए एवं ध्यान त्रिकुटी पर ही जमाए रखे। श्वास की गति को जाने-आने दे। इस तरह साधक ध्यान में लीन रहकर अपने समयानुसार कम से कम 10 से 15 मिनट तक ध्यान अवश्य करे। यह ध्यान साक्षी भाव से करें।

इससे शरीर में मधुमेह, हृदय रोग, फेफड़ा रोग, मस्तिष्क रोग इत्यादि नहीं होगा। शरीर चुस्त-दुरुस्त रहेगा। यह आसन औरतों के लिए वर्जित है। यह आसन युवक साधक के लिए अत्यंत लाभप्रद है। इसे आप सदाशिव के ताण्डव प्रतिभा को देखकर भी अभ्यास कर सकते हैं। मेरा ऐसा अनुभव है कि यदि पुरुष प्रतिदिन सुबह-शाम मात्र पांच मिनट करे तब वह पुंसत्व पा जाएगा। यदि लड़कियां इसे करने लगे तब उनका हारमोन बदल सकता है। दाढ़ी-मूंछ आ सकती है। उसमें पुरुषोचित गुण आ जाएंगे। अतएव लड़कियों के लिए ललित नृत्य दिया गया है। ताण्डव से गहरी समाधि भी लगती है।

सहज-योग

सहज ध्यान रहु सहज ध्यान रहु।
गुरु के बचन समाई हो॥

सहज शब्द का अर्थ होता है आसान, सरल, सीधा। जिस काम में परिश्रम नहीं करना पड़े। जो गुरु के संकेत मात्र से ध्यान को उपलब्ध हो जाए, वही सहज है तथा जिससे सत्य का मिलन हो, वही योग है। इसके लिए भी समर्थ गुरु के साथ-साथ पूर्ण पात्रता वाले शिष्य की भी जरूरत है। अपने को पूर्ण रूपेण चुप रखना है, बाहर-भीतर। गुरु के वचन से सहज ही समा जाना है। क्योंकि प्रकृति को जहां तक लाना था अचेतन विकास की प्रक्रिया में ले आई। उसका काम पूरा हुआ। अब अपने ही गुरु कृपा के एवं वचन के सहारे आगे बढ़ना है। साधक का अर्थ भी यही है कि गुरु के संकेत को समझकर साधना की बागडोर अपने हाथ में ले ले तथा अब गुरु को कह दे कि धन्यवाद। साधक को अनंत ऊंचाई पर मात्र सुरत-निरत के सहारे ही आगे बढ़ना है। साधक को विकास की तरफ निरंतर आगे बढ़ते जाना है।

स यानी साथ, ह-हठ, ज यानी जाप, इस तरह साधक गुरु संकेत से बिलकुल सहज होकर दृढ़ता से सहज सुलभ आसन पर बैठकर अजपा-जाप में लीन हो जाए। गुरु के वचन के सहारे आगे बढ़ते जाए। इस तरह साधक सहज ही ध्यान को उपलब्ध हो जाएगा। सहज योग सद्गुरु कबीर के द्वारा दिया गया है तथा इसके लिए अपने को बिलकुल ही सहज बनाना होगा। हम हर समय असहज रहते हैं। आत्मा का स्वरूप सहज है, शांत है। हम सांसारिक वृत्तियों के चलते असहज हो जाते हैं। जैसे काम, क्रोध, लोभ, अहंकार इत्यादि जो नित्य नहीं हैं।

ये पहले नहीं थे, न ही बाद में रहेंगे। ये बाहरी हैं आगंतुक हैं। जब साधक कमजोर हो जाता है या मन मिथ्या भ्रम में पड़ जाता है तो ये आगंतुक कुछ क्षण के लिए आ जाते हैं। जब साधक स्व का भान भूल जाता है तब आगंतुक ही कुछ क्षण के लिए अधिकारी बन जाता एवं कुछ का कुछ अनर्थ कर डालता


परम पुरुष
अखिल ब्रह्माण्ड
महा आकाश
सुन्दर वन
ज्योतिर्लिंग
परमगुरु आसन
गुरु आसन
शंकर
विष्णु
ब्रह्मा


परम पुरुष
अखिल ब्रह्माण्ड
महा आकाश
सुन्दर वन
ज्योतिर्लिंग
परमगुरु आसन
गुरु आसन

है। जैसे किसी के घर कोई परदेसी कुछ क्षण के लिए आए एवं गृह पति कमजोर, नजर आए तो वह परदेसी ही घर का मालिक बन बैठता है एवं अनर्थ कर डालता है तथा वहां से चलते बनता है एवं गृहपति को भोग भोगना पड़ता है। इसी तरह साधक को सहज रूप में स्थिर होना है। जब भी साधक स्थिर सहज अवस्था में रहेगा तब उसके ऊपर गुरु कृपा भी अनवरत होती है। जैसे धान की फसल पर वर्षा। सहज अवस्था में शिष्य अनमोल ध्यान को उपलब्ध होता है। उस पर अनायास ही किसी बाहरी वृत्ति का आक्रमण नहीं होता। जब भी साधक असहज हो जाता है, गुरु कृपा को प्राप्त नहीं होता, काम, कोध, लोभ, अहंकार का शिकार हो जाता है। संसार में हम जिसे अपना मानते हैं, वह तो कभी अपना होता ही नहीं है। रास्ते में मुसाफिर की तरह ही रास्ते में कोई मिल गया, हम अपना बना लिए। अब जब भी वह बिछुड़ता है तो हमें दुख होता है। जबकि यह सहज है कि मिलन के बाद बिछुड़ना होगा ही। इसी तरह हमारा मिलन विभिन्न संगे-संबंधियों से होता है एवं बिछुड़ने पर वही मोह। क्या वे पहले या बाद में रहेंगे या शाश्वत हमारे हैं ? सहज योग का साधक सहज रूप में रास्ते के साथी या सब में अपनी ही सत्ता देखने लगते हैं।

यह शरीर भोग देह एवं कर्म देह का मिश्र देह है। इस सहज योग में साधक श्वास-प्रश्वास का व्यापार करता है। इसे अजपा कहते हैं।

सहज में 'स'- कार और 'ह' - कार दो बीज हैं। बिंदु युक्त हकार (हं) पुरुष का, विसर्ग युक्त 'स' का एक साथ योग करने पर हंस हो जाता है। इस तरह यह हंस रूप प्राण का व्यापार हुआ। कृष्ण भी गीता में जप की बात करते हैं। निरंतर गुरु द्वारा दिए मंत्र का साधक जाप करता है। जिससे उसके अंदर की सारी वृत्तियां जल जाती हैं। सारे विचार स्वतः जल जाते हैं। अंत में जाप विचार भी जल जाएगा। शेष रह जाएगा। वह ही है अजपा। अजपा के आते ही साधक सहज हो जाता है। यही स्थिति है योगयुक्ति। कांटे की तभी जरूरत है जब पैर में कांटा गढ़ जाए। तब दूसरे कांटे से पैर के कांटे को निकाल लेते हैं दोनों कांटों को तुरंत फेंक दिया जाता है। शायद कोई मूर्ख ही होगा जो पहले कांटे को सुरक्षित रख ले। जप का उपभोग भी कांटे की तरह किया जा सकता है। यदि साधक कांटा नहीं समझा और प्रेम में पड़ गया तो जो दूसरे विचार सहज आए थे, वह हट जाएंगे।

जप वह अग्नि है जो पहले दूसरों को जलाता है फिर पुनः स्वयं को जलाता है। जप जब खुद को जला लेता है तब साधक सहज हो जाता है। सहज योग के साधक जप करते समय साक्षी बने रहते हैं। ऐसा अनुभव नहीं करते

कि मैं जप कर रहा हूं। अनुभव करते हैं कि जप मन से हो रहा है, मैं देख रहा हूं। वे एक दिन जप से बाहर निकल आते हैं। उनका यह जप योग यज्ञ पूर्ण हो जाता है। वे सहजावस्था को प्राप्त हो जाते हैं। जप रूपी अग्नि में सबकुछ जल जाता है। साधक को जलने के लिए भी तैयार रहना होगा। अंत में जो रह जाता है वही नित्य है। वही स्वरूप है। जप, अजपा, अनाहद से साधक एक दिन ऊपर उठ जाता है। वह आनंद में विचरण करता है। यही है—सहजावस्था।

सहज योग

सहज योग के लिए कुछ भी त्याग नहीं करना है। न घर छोड़ना, न परिवार, न कार्य, न कर्म, अन्यथा असहज हो जाएंगे। जहां है जैसे हैं, वहीं रुक जाना है। क्षणभर अपने को निरीक्षण कर लेना है। गुरु का निर्देश समझ लेना है। अन्यथा छोड़ने-पकड़ने में थक जाएंगे मिलेगा कुछ भी नहीं।

चलते-चलते पगु थका, नगर रहा नौ कोष।
बीच ही में डेरा पड़ा, कहु कौन को दोष॥

क्रिया कर्म करते-करते, छोड़ते-पकड़ते थक जाएंगे। नगर नौ कोस दूर ही रह जाएंगे। डेरा बीच में डालना पड़ जाएगा। अब किसको दोष दीजिएगा। जप क्रिया (लुकाढ़ा) से ही काम, क्रोध, लोभ, अहंकार रूपी घर को जला देना है। तब ही 'स्व' का साथ हो सकता है। या यों कहें कि स्वयं जप रूपी लुकाठा से जल ही जाता है एवं 'स्व' का साथ हो ही जाता है।

घर हम जारा आपना, लिया लुकठा हाथ।
अब घर जारो तासुका, जो चले हमारे साथ॥

सच कहा जाए तो इस तरह के पर साधक को न ही मानसिक स्तर पर कुछ पकड़ना है न तो कुछ छोड़ना है। तब बुद्धि सहज हो जाएगी, सारा काम ही सहज हो जाएगा एवं साधक सहज ही सहज को उपलब्ध हो जाएगा। इस स्थिति में उसको उपलब्ध होना भी कैसे कहा जा सकता है। वह तो पहले से भी था, बाद में भी रहेगा, अभी भी है।

सहज बुद्धि सहजै भई, सहज भाया सब काम।
दास कबीरा मिलि रहा, सहजे-सहजे राम॥

आज तक यह योग गुरु-शिष्य परंपरा से आगे बढ़ता रहा है। कहीं कोई खास लिपिबद्ध नहीं हुआ। कुछ साहित्यकार कुछ साधक-साधु लिपिबद्ध भी किए तो इसे अत्यंत दुरुह बना दिए। अपनी तथाकथित साधुता का या

साहित्यकारिता का अहंकार भी भर दिए। जिससे यह योग साध्य नहीं बना बल्कि और दुरुह बन गया। यही वजह है यह योग जो योगशिरोमणी है, सहज है। सहजता से सबको उपलब्ध नहीं हो सका। अतएव मैं इसे लिपिबद्ध करने को बाध्य हुआ। इसकी कोई भी कमी हमारी व्यक्तिगत होगी, अच्छाई आपकी। चूंकि स्वानुभव अलग-अलग हो सकता है। यह योग हमें भी अपने गुरु से प्राप्त हुआ है। मैंने अपने गुरु के सान्निध्य में रहकर किया है। अतएव विधि एवं अनुभव रूप 'स्व' का है। भले ही इससे कुछ औरों का मेल हो सकता है। कुछ का नहीं भी। सहज का अर्थ है—पानी, हवा की तरह हो जाए। बीच में बुद्धि से बाधा न डाले। जो भी हो रहा है, होने दे। जब भी हम सोचते हैं यह करें, यह न करें बस हम असहज हो गए। जब हम उसी के लिए राजी हैं तो हो जाए जो हो रहा है।

तभी हम सहज हो पाते हैं। सच पूछा जाए तो हम जन्मों जन्म से असहज संस्कारों से आबद्ध हो गए हैं। इसी से सहज होने में अत्यंत कठिनाई मालूम हो रही है। हमारे तथाकथित महात्मा हमारे जीवन पर इतना सिद्धांतों का बोझ लाद दिए हैं कि हम बिलकुल असहज हो गए। जीवन ही विकृत हो गया है। हम हिंसक है, अहिंसक होने की कोशिश कर रहे हैं। कामुक है, ब्रह्मचारी होने की कोशिश चल रही है। चोर हैं, दानी होने की कोशिश कर रहे हैं। जो हम हैं उस पर हम तथाकथित नीति थोपते जा रहे हैं। दान कर सकते हैं, परंतु दानी नहीं बन सकते। लंगोट धारण कर सकते हैं, परंतु ब्रह्मचर्य को उपलब्ध नहीं हो सकते। हां, बाहर से भ्रम पैदा कर सकते हैं, स्वांग रच सकते हैं। हमारे जीवन में जो असहजता है, जो हम हैं उससे भिन्न होने की पूरे समय कोशिश में लगे हुए हैं। यदि हम क्रोधी हैं, क्रोधी होकर जिएं जानते हुए क्रोध करें। जब हम ठीक से जान लें, तो तत्क्षण एक क्रांति घटित होगी, इस घटना में हम तत्काल छलांग लगाकर बाहर आ जाते हैं। अब जीना असंभव हो जाएगा। एक क्षण भी। यही क्रांति हो जाएगी। जीवन सरल, सीधा, सहज हो जाएगा।

सहज योग की विधि

गुरु

साधक जब इस योग के जानकार गुरु की खोज कर लेता है। तब अपने को पूर्णरूपेण गुरु पर छोड़ देना ही श्रेयस्कर होगा। उनके बताए गए निर्देश का

अटूट श्रद्धा एवं विश्वास से अनुपालन करना होगा। यह अवस्था पूर्ण समर्पण है। इसी से कहा गया है–

''शीष दिए जो गुरु मिले, तो भी सस्ता जान॥''

यह सौदा सस्ता ही होगा। अतएव सर्वप्रथम शिष्य को गुरु की खोज करना श्रेयस्कर है। या यों कहें कि यदि शिष्य पूर्ण पात्र बन गया या पात्रता आ गई तो परमपुरुष किसी न किसी रूप में गुरु का काम कर ही लेते हैं। जितना व्यग्र शिष्य गुरु की खोज में रहता है। उससे ज्यादा व्यग्र गुरु भी शिष्य की खोज में रहता है। स्वयं सद्गुरु कबीर साहब भी देश-विदेश, गांव-गांव की खोर तक छान मारे, शिष्य की खोज में।

देश विदेशे हौ फिरा, गांव-गांव की खोरि।
ऐसा जियरा ना मिला, लेऊं फटकि पछोरि॥

बस साधक को अपने में पात्रता लाना है। फिर काम गुरु का है।

स्थान–

इस साधना के लिए प्रारंभ काल में स्थान साफ-सुथरा एकांत हवादार होना चाहिए। कहीं जंगल भागने की जरूरत नहीं, न ही मंदिर-मस्जिद का दरवाजा खट-खटाना है। अपने ही घर में, झोपड़ी में, पार्क में, मोहल्ले में, एकांत स्थान खोज लेना है। यदि साधक गुफा का निर्माण कर सके तो उत्तम है अन्यथा कोई हर्ज नहीं है। अपने घर के एक कमरे में प्रयोग कर सकते हैं। यदि कमरा उपलब्ध नहीं है तो साधक अपनी छत पर भी प्रयोग कर सकता है। या अपनी सुविधा के अनुसार एकांत स्थान की खोज कर लें। जहां करने पर विघ्न न हो, शोरगुल न हो। शांत वातावरण हो, सुगंधित हो। अभ्यास का कुछ काल गुरु का सान्निध्य अत्यावश्यक है। यदि साधक को आसानी से गुफा, उपलब्ध हो या एक छोटा-सा कमरा या झोंपड़ी उपलब्ध हो तो उसे अपने लिए आरक्षित कर दे। कम से कम 45 दिन उसमें अन्य कोई न जाए। आप केवल साधना के लिए प्रवेश करें। खाने-पीने, बात करने के लिए एक दम नहीं। संभव हो तो बाहर लिख दे 'साधना कक्ष' जिससे उसमें प्रवेश करते ही साधक के मन पर मनोवैज्ञानिक असर पड़ता है, एवं शांत होने लगता है। यदि एक कमरा, झोंपड़ी या गुफा अलग उपलब्ध नहीं हो तो निकट का एकांत मंदिर, मस्जिद, श्मशान या पार्क का प्रयोग कर सकते हैं। या मन से एकांतिक स्मृत (Single minded devotion) ही वास्तव में एकांत अवस्था है, परंतु यह ध्यान रहे कि 45 दिन प्रारंभ काल में एक ही स्थान का प्रयोग करें। सहज योग के साधक

अपने घर ही इस तरह का वातावरण पैदा करें कि घर ही विहार बन जाए। आश्रम बन जाए। बौद्ध भिक्षु घर छोड़कर विहार बना दिए। भारतीय संन्यासी घर छोड़कर मठ या आश्रम बना लिए। क्या अंतर पड़ा ? अब आप अपने घर को ही आश्रम बना डालें। सब के बीच मन को ही निर्जन बना लेना है। अंतर्मन को समझा दें कि हम हिमालय की एकांत गुफा में बैठे हैं। चारों तरफ सुरभि है। गुरु अनुकंपा हम पर बरस रही है। फिर आप एकांत का लाभ उठा सकते हैं।

समय–

समय का निर्धारण साधक अपनी व्यस्तता के अनुसार स्वयं निर्धारित कर ले। परंतु साधना काल में गुरु के निर्देशानुसार ही करना श्रेयस्कर होगा। प्रारंभ में साधक को सुबह 4 या 5 बजे जग जाना चाहिए। सुविधा के अनुसार (स्थान, व्यक्ति एवं समय के अनुसार) नित्य क्रिया से निवृत्त होकर स्नान कर ले। या हाथ-पैर, मुंह धोकर बैठ जाए। एक घंटा से 3 घंटा तक अभ्यास कर सकते हैं। पुनः शाम को 6 बजे या 7 बजे संध्या (गोधूली के समय) हाथ-पैर धोकर या सुविधा के अनुसार 30 मिनट से 2 घंटा तक अभ्यास करे। पुनः जो सबसे उपयुक्त समय है वह 12 बजे रात्रि से 1 बजे का समय मध्य रात्रि पूरा जगत सो रहा होता है। योगी योग युक्त हो जाता है। इस समय साधक को सहज ही ध्यान लग जाता है। शोरगुल नहीं रहने के कारण अनाहद भी सहज सुनाई पड़ने लगता है। स्वर साधना में मन स्वतः रमण करने लगता है। यह समय साधक के लिए अत्यंत लाभदायक है। जिस व्यक्ति को स्थान का अभाव है। यानी अलग स्थान नहीं मिल रहा है या संभव हो, उसे अपने परिवार के सदस्यों को समझा देना चाहिए कि 12 बजे रात्रि को मैं ध्यान करूंगा। कोई हस्तक्षेप न करे। साधक उस समय यह सोच ले कि मैं एकांत काल में या गुफा में या नदी के तट पर हूं। जगत के सब लोग सो रहे हैं। मैं (साधक) तपस्या में हूं। इस तरह साधक जिसको सुबह शाम समय एवं स्थान का अभाव हो वह व्यक्ति रात्रि के 12 बजे से 4 बजे का समय अपनी इच्छा या आवश्यकतानुसार प्रयोग कर सकता है। परंतु अभ्यास काल में सुबह शाम और अर्द्धरात्रि तीनों समय में कम से कम एक-एक घंटा करना होगा। जब ध्यान केंद्रित हो जाए तब गुरु आदेश ले, अपनी जगह पर समय एवं सुविधानुसार इस योग का अभ्यास करे। रात्रि का समय सबसे उपयुक्त समय है। यदि कमरे में पंखा या कूलर, वातानुकूलित हो तो कुछ काल के लिए बंद कर देना उपयुक्त होगा।

प्रकाश भी बंद कर दें। क्योंकि पंखे से आवाज उत्पन्न होती है, जिससे ध्यान बहिर्मुख हो जाता है। अभ्यास हो जाने के बाद कोई बात नहीं। शुरू में अंदर के प्रकाश को देखने एवं अंदर के अनाहद को सुनने के लिए बाहर का बंद करना ही उचित है। अभ्यास पूरा होने पर आप कहीं भी अपनी क्रिया कर सकते हैं। चाहे आप ट्रेन में, चाहे बस में, चाहे हवाई जहाज में। उस समय के लिए किसी भी बाह्य औपचारिकता की कोई जरूरत नहीं है।

आसन–

अभ्यास काल में साधक को सिद्धासन पर ही बैठने का अभ्यास करना चाहिए। साधक यदि 3 घंटा तक इस आसन पर बैठ जाता है तो आसन सिद्ध होता है। इस आसन पर बैठने से मेरुदण्ड सीधा होता है। मन एकाग्र करने में मदद मिलती है। श्वास क्रिया में आसानी होती है। अतएव यह आसन गुरु से सीख लेना चाहिए। प्रारंभ काल में कुछ काल इस आसन पर बैठने से यदि पैर में दर्द महसूस हो तो पद्मासन पर बैठ जाना चाहिए। यदि मन ध्यान में रमण करता हो एवं पैर दर्द करता हो तो जिस आसन पर आप आराम एवं सहजता से बैठ सकते हैं, बैठ जाएं। आसन पर बैठने के लिए नीचे गद्देदार चीज का प्रयोग करें, उसके ऊपर कंबल रखें। कभी भी केवल पत्थर या घास-फूस पर नहीं बैठना चाहिए। हिप्स के नीचे कुछ मोटा तकिया या कंबल ही मोड़कर रखें जिससे आप आसानी से अधिक समय तक बैठ सकें।

सिद्धासन पर सीधा बैठकर, शरीर को हल्के वस्त्र से ढक लें। जब साधक का अभ्यास पूरा हो जाएगा तो वह भी, किसी आसन पर, किसी भी तरह ध्यान में जा सकता है। पंतजलि मुनि ने भी अपने दर्शन में कहा है।

'स्थिरं सुखमा-सनम्'। यानी सुखपूर्वक स्थिर रीति से बैठने का नाम आसन है। उम्र ज्यादा होने पर आप पालथी मारकर बैठें तथा दोनों घुटने ऊपर उठाकर कमर में गम्छा बांध लें। जिससे मेरुदण्ड सीधा रहे। आप घंटों आराम से बैठ सकते हैं। बैठने में शरीर का भान भूलना होगा। तब शरीर की तरफ ऊर्जा उर्ध्वगामी हो जाती है। हम सहज ही इस परमतत्व को उपलब्ध हो जाते हैं।

अभ्यास–

अभ्यास काल में साधक को आहार पर विशेष ध्यान देना होगा। आहार

शुद्ध सात्विक होना चाहिए। जैसा आहार होता है। मन भी वैसा ही होता है। मन का विकास आहार पर भी निर्भर करता है। सतोगुणी भोजन से साधक के मन एवं शरीर पर उत्तम प्रभाव पड़ता है तथा दोनों का विकास भी उत्तम होता है। प्रारंभ काल में दूध, दही की लस्सी या मट्ठा, फल का रस लें। प्रातःकाल जल पीकर शुरू करें।

8 बजे के लगभग पेय पदार्थ तथा दोपहर 10 से 11 बजे तक हल्का सुपाच्य साग-सब्जी युक्त रोटी लें। भोजन ज्यादा खट्टा, मीठा, तीखा न हो, सुपाच्य हो। भोजन हल्का लेना चाहिए। इसी तरह शाम को 6 बजे से 9 बजे तक साधना कर भोजन हल्का ग्रहण करें तथा सो जाएं। साधक 24 घंटे में 6 घंटे सोने के लिए समय निकाले। जिससे शरीर एवं मन दोनों स्वस्थ रहें। किसी भी तरह शरीर या मन से जोर-जबरदस्ती न करें अन्यथा आप असहज हो जाएंगे। हमें किचन फिलॉसफी अर्थात रसोई घर के दर्शन से दूर रहना चाहिए। भारतीय साधु का अधिकांश समय इसी दर्शन में जाता है। आहार, स्थान विशेष, समय विशेष, व्यक्ति विशेष पर बदलता रहता है। अतएव इसे ज्यादा गंभीरता से नहीं सोचना है। आप जैसे-जैसे सरल, सहज होंगे, करुणा, दया, प्रेम की भावना स्वतः आएगी। आपका भोजन भी जीवन भरण-पोषण के लिए हो जाएगा। भोजन जीवन का उद्देश्य नहीं बल्कि जीने के लिए होगा।

ब्रह्मचर्य–

'ब्रह्मचर्य' अत्यंत सुंदरतम शब्द है। परंतु आज तक अधिकांश तथाकथित साधु महत्मा इसके अर्थ को उसी तरह अनर्थ करते हैं जैसे अपने को सहज से असहज करते हैं। हमारे एक महात्मा मित्र हैं। वे बहुत बड़े हैं, क्योंकि उनके पास कई एक आश्रम हैं। बहुत-सी धन संपत्ति है। वंश परंपरागत बहुत शिष्य भी हैं। ब्रह्मचर्य का अर्थ कहते हैं, किसी भी औरत का कभी भी दर्शन नहीं करना। भले ही वह औरत किसी भी उम्र की क्यों न हो। जिस पुस्तक में औरत का चित्र (फोटो) हो उसे भूल कर भी मत पढ़ना। टी.वी., रेडियो कभी मत देखना, न सुनना। किसी श्मशान भूमि पर भी औरत जल रही हो तो वहां तक भूलकर मत जाना अन्यथा उसकी राख उड़कर, तुम्हारे ऊपर पड़ सकती है एवं तुम्हारा ब्रह्मचर्य गिर सकता है। इतना ही नहीं वे आगे बिना विराम के कहते हैं। दुर्गा, काली, सीता या सरस्वती का ही चित्र क्यों न हो, उसे मत देखना। उससे स्त्रीत्व का बोध होता है। जो ब्रह्मचर्य के लिए अत्यंत खराब है। लंगोट कस कर बांधना। संस्कृत के सिवाय किसी अन्य भाषा को मत पढ़ना। हिंदी

मूर्खों की भी कमी नहीं

पढ़ सकते हो परंतु शृंगार रस को छोड़कर इत्यादि। मुझे भी उनके नजदीक रहने का मौका मिला है। अतएव मैंने नजदीक से उनके शिष्यों को भी देखा है। वे चुपके से आस-पास के घरों में जाकर टी.वी. देखते, रेडियो सुनते इतना ही नहीं किसी तरह कहीं बाजार के बहाने पैसा बचाकर या शिष्यगण से किसी बहाने पैसा लेकर सिनेमा भी देखते। उन पर लगाम आचार्यश्री का जितना कड़ा होता, वे ब्रह्मचारी उतना ही विपरीत दिशा में गमन करते। आश्रम में भी छिप-छिप कर गंदा साहित्य पढ़ने लगे। हमसे एकांत में आकर अंग्रेजी पढ़ने का आग्रह करते। आचार्यश्री की निंदा करते। इतना ही नहीं अपनी साधुता पर भी पश्चाताप करते। वे अश्रुपूर्ण आंखों में स्वयम् कहने लगते—कहां हम लोग फंस गए ? स्वामी जी हम लोग इससे कैसे मुक्त होंगे ? मैंने पूछा, तुम लोग साधु कैसे बन गए ? वे बोले बने कहां ? हमें बरबस बनाया जा रहा है। संस्कृत के श्लोक रटाए जा रहे हैं। प्रातः 4 बजे नहीं जगने पर मार खानी पड़ती, खाना बंद कर दिया जाता है। आश्रम से निकाल देने की धमकी मिलती। उसमें से एक युवक बोला (जो अभी महंत हो गया) हमारे मां-बाप अत्यंत गरीब थे। बड़ी बहन की शादी में आचार्य जी जो हमारे एवं मां-बाप के गुरु भी हैं, कुछ आर्थिक मदद किए थे। तीन-चार वर्ष बीतने पर भी हमारे पिता जी सूद जोड़कर रुपये नहीं लौटा सके। तो गुरु देव हमें रुपये के एवज में मांग लिए। मैं नहीं चाहते हुए भी आ गया। अब साधु बन गया। वहां जितने भी साधु-संन्यासी देखते हैं वे सभी ब्रह्मचारी हैं परंतु कोई भी स्वेच्छा से संन्यासी नहीं बना है। सभी आफत-विपत का मारा है। इसी से हम सब अत्यंत उदास रहते एवं अपने भविष्य के विषय में चिंतित भी। यह छोटा लड़का जो आप देखे हैं, यह मध्य प्रदेश का है। इसका बाप दूसरी शादी कर लिया। इसकी मां को टी.बी. हो गया था। गरीबी के चलते दवा नहीं करा सका। दूसरी मां इसे मारती-पीटती। इसका दुख कर गांव वालों की सलाह पर इसके पिता जी आश्रम में दान दे दिए। अब यह भी संन्यासी बन गया है। जो पंद्रह वर्ष का हो जाता, उसे प्रवचन रटाया जाता। क्योंकि उसे शिष्यों के यहां जाना होता। इस आश्रम के छोटे-बड़े आश्रम भी पूरे भारत में फैले हैं, जहां महंती करना होता। मैंने हंसकर कहा चलो तुम्हारा भाग्य ठीक है बना तो महात्मा, अब तुम्हारी पूजा होगी। तुम ब्रह्मचारी हो, ब्रह्म का साक्षात कर ही लोगे। वह युवक आवेग एवं आक्रोश में बोला—हम महात्मा क्या बने खाक। हमें तो पशु बनाया गया है। हमसे पशु भी अच्छे हैं। हम तो इस तथाकथित साधुता से, ब्रह्मचर्य से तंग आ गए हैं। देखें भाग्य क्या करता है। यह हमें अंग्रेजी, गणित नहीं पढ़ाता, सोचता है हम

लोग भाग जाएंगे। कहीं नौकरी कर लेंगे। अतएव इसे पशु ही रखो। मैं चौंका, पूछा—क्यों बंधु। यह संन्यासी युवक बोला, आचार्यश्री एक महात्मा को अंग्रेजी पढ़ाए, बाद में कानून भी पढ़ाए। यह सोचकर कि हमारे आश्रम का केस-मुकद्दमा संभालेगा। परंतु वह इनसे भी चालाक निकला। इनके ही एक शिष्य की लड़की से शादी कर लिया। अब इसी शहर में नौकरी करता है। परंतु आचार्य जी उसे आश्रम में अब नहीं आने देते। हालांकि आश्रम के किसी भी साधु से ज्यादा पूजा-पाठ करता, या जानकार भी है। मैंने पूछा तू कैसे उससे मिला, जी। बस हमें पता चल गया एवं उसके घर चुपके से पहुंच गया। वह बहुत आदर किया एवं हम लोगों से तो ज्यादा सभ्य है। परंतु हमारे आचार्यश्री उसे भ्रष्ट ही नहीं मानते नरकगामी भी कहते हैं। अब आप ही बताएं स्वामी जी वह कैसे नरकगामी है। ये तो करोड़ों का संपत्ति रखें हैं। कोई दीन-दुखी आ जाए तो एक पैसा भी नहीं देंगे। एक वृद्ध महात्मा बिहार से दर्शन करने आया था। पूजा-भेट भी चढ़ाया। यहां बीमार हो गया। बस क्या पूछना था। हमारे आचार्यश्री महंत जी सोचे कि कहीं मर न जाए। कौन दवा कराएगा ? हम लोगों से कहे कि इसे उठाकर आश्रम के बाहर कर दो। हम ही कहे कि गुरु देव जाड़े का दिन है, कुछ वर्षा भी हुई है। इस स्थिति में इसे कहां रखा जाएगा। कुछ पैसा देते तो हम दवा लाते। बस इतना कहना था कि गुरु जी हमें दो तमाचा जड़ दिए। क्रोध से बोले, तू नालायक है। तू आश्रम की मर्यादा नहीं समझता। पैसा बहुत परिश्रम से आता है। किसी को दवाई करावें, किसी को खिलावो तब तो रहा आश्रम। रहा ब्रह्मचर्य, रहा साधुता। हम साधु हैं हम दान के हकदार हैं, सेवा के हकदार हैं, न कि कोई भी। चल, इसे अभी इसी क्षण बाहर कर। बाध्य होकर स्वामी जी हम लोग उस वृद्ध को टांगने लगे तो वह रोता बिलखता हुआ कहा, हमें इस समय यहीं छोड़ दो। यह हमारा भी गुरुद्वारा है। हमें दवा मत दो, पानी भी मत दो, मात्र रात्रि में रहने तो दो। परंतु गुरु जी के क्रोध के आगे एक नहीं चली। उस रोते हुए वृद्ध को उठाकर बाहर किए। रिमझिम वर्षा हो रही थी, जाड़ा अपने चरम अवस्था में था। हम लोग भी सोचे यह तो बेचारा मर ही जाएगा। परंतु जिस पेड़ के नीचे हम रखे, वही एक गृहस्थ पति-पत्नी गंगा से स्नान कर आ रहे थे। सूर्य डूबने जा रहा था। वह गृहस्थ हमसे पूछा, महात्मा बात क्या है ? हम लोग दयावश सारा बात समझा दिए। वे दंपति तुरंत बहुत ही प्यार से उस वृद्ध को अपने घर ले गए। हमें एक माह के बाद उस वृद्ध की पुनः याद आई। मैं इन्हीं दो संन्यासियों के साथ उस गृहस्थ के घर गए। देखकर अवाक रह गए। वह वृद्ध स्वस्थ ही नहीं

कोई जोर नहीं, शांत रहो, साधना करो
काम स्वतः शांत हो जाएगा।

था, उसके बच्चे को बड़े प्यार से पढ़ा रहा था। मैं आवाज दिया। दंपति बाहर आकर हमें हाथ जोड़कर प्रणाम किए एवं बैठने के लिए आग्रह किए। मैंने पूछा कि ये बाबा स्वस्थ हो गए। वे गृहस्थ दंपति अत्यंत विनम्र भाव से बोले, हां महात्मन ये स्वस्थ ही नहीं हमारा परिवार भी संभाल लिए। आप महात्माओं की बहुत बड़ी कृपा हुई। इतने में वह वृद्ध व्यक्ति बोला, ये महात्मा नहीं हैं—चण्डाल हैं। धूर्त हैं। मैं चालीस साल से इन गिरह कटों का शिष्य हूं। बिहार से आता काशी इनको दान देकर चला जाता। सोचता ये संन्यासी मेरे गुरु हैं। परंतु नजदीक से देखने का मौका भगवान दिया तो ये अपने वास्तविक स्वरूप में आ गए। इनके दर्शन का पाप है। यह चण्डाल है—चण्डाल। वह युवक हमसे आगे कहा—स्वामी जी उस वृद्ध की एक-एक बात हमारे कान में अभी-भी गूंजती हैं। मैं अपने से पूछता हूं क्या यही है आश्रम का ब्रह्मचर्य ? क्या यही है साधुता ? तो आखिर चण्डाल कौन ?

क्या यही है हमारी मानसिकता ब्रह्मचर्य की ? ऊपर से लंगोटा कसा है, भीतर काम की अग्नि जल रही है। कोई भी एक लड़की मन में आकर बस गई। बस हो गई मेनका। कोई भी लड़की उसके उर में बस गई, हो गई उर्वशी। यही वजह है कि आज के तथाकथित ब्रह्मचारी विभिन्न प्रकार के व्यभिचार में लिप्त हैं।

आप प्रतिदिन पत्र-पत्रिका में पढ़ते ही हैं। यह असहजता अत्यंत दारुण है। यह ब्रह्मचर्य भी अत्यंत खतरनाक है। ब्रह्मचर्य का तथाकथित व्रत नहीं लिया जा सकता। यदि जबरदस्ती लिया गया तो बहुत ही दारुण एवं दुखद है।

क्या ब्रह्मचर्य इतना कमजोर है ? क्या हम उन औरतों में माता, बेटी का स्वरूप नहीं देख सकते ? यदि सब औरतों में अप्सरा का ही दर्शन होता तो वह ब्रह्मचर्य दो कौड़ी का भी नहीं है। वह ब्रह्मचर्य तो पृथ्वी का भार है। क्या रामकृष्ण परमहंस ब्रह्मचारी नहीं कहे जाएंगे। इन्होंने अपनी पत्नी में भी मां का दर्शन किया। अतः ब्रह्मचर्य यानी ब्रह्म में जो विचरण करता हो। जिसकी मनोभावना ब्रह्ममय हो गई हो, वही ब्रह्मचारी कहला सकता है। ऐसी ही ऋग्वेद की मान्यता है। ईश्वर का चिंतन-मनन, निदिध्यासन ध्यान करने वाले को भी ब्रह्मचारी की परिभाषा दी गई है। इनके अनुसार ब्रह्मचारी वही है जो किसी भी प्रकार वीर्य की रक्षा करता है। जैसे बैल को बंध्या करा दिया जाता तो ब्रह्मचारी कहलाता एवं सांड नहीं। ब्राह्मण ग्रंथों में, कर्मकाण्ड ग्रंथों का लेखन शंकराचार्य के बाद हुआ। उनमें वीर्य रक्षण को ही ब्रह्मचर्य कहा गया है।

इन परिस्थितियों में अब प्रश्न खड़ा होता है क्या राम, कृष्ण, शिव

→ Don't cheat consciousness at any cost in life.

ब्रह्मचारी नहीं थे ? गर्ग, गौतम, कपिल, भारद्वाज, वेदव्यास, शुकदेव, नानक, कबीर, इत्यादि महापुरुष ब्रह्मचारी थे। या नहीं ? यदि नहीं तो आपके ब्रह्मचर्य में बचता ही कौन ? क्या इनको निकाल कर भी धर्म नामक कोई चीज रह सकती है ? आप स्वयम् विचार करें।

ब्रह्मचर्य को ठीक से समझना होगा। चूंकि यह अत्यंत ही प्यारा शब्द है। ब्रह्मचर्य का अर्थ काम-वासना का दमन नहीं, रूपांतरण है। दमन एवं रूपांतरण में बहुत बड़ा फर्क है हमारे तथाकथित साधु-महात्माओं ने दमन किया है। जिसका परिणाम उनके चेहरे से परिलक्षित होता है। ये कहते हैं कि ब्रह्मचारी जरा-मरा से मुक्त निरोग होता है। आप किसी भी तथाकथित ब्रह्मचारी को रोग मुक्त नहीं देखे होंगे। ये नाना प्रकार के रोगों से ग्रसित हैं। प्रतिदिन डॉक्टर के यहां दौड़ रहे हैं। चूंकि भयग्रस्त हैं। वे जीवन भर रूपांतरण की कला को पहचाने नहीं। अष्टाग्नि ले रहे हैं, मौनी हो गए हैं, भले ही अंदर में उपद्रव चल रहा हो। खडेसरी हो गए हैं, पैर सूख गए हैं। लोग पूजने लगे। विक्षिप्त चित्त का महात्मा और वैसे शिष्यों की भीड़। 'जैसे को तैसा मिला, मिला सोम को सोम।' वाली कहावत चरितार्थ होती है। यह सब अपने को असहज अब्रह्मचर्य करने की कला है। 'चले थे हरि भजन को, ओटने लगे कपास' हरि से तो दूर हो गए, मिथ्या कर्मों में फंस गए। ब्रह्मचर्य का अर्थ है—**'ब्रह्म जैसी चर्या। ईश्वरीय आचरण दिव्य आचरण।'** कभी भी दमित व्यक्ति का आचरण दिव्य नहीं हुआ है। 'तथाकथित भ्रांत धारणा को छोड़ना होगा कि साधना के लिए, घर छोड़कर वन में धूनी रमाना पड़ेगा। ब्रह्मचर्य का सच्चा अर्थ है—स्वाभाविकता, शांत और समता। अस्वाभाविक परिस्थितियों में की गई तथाकथित साधना वे प्रतिक्रियात्मक जड़त्व के बीज बने रहते हैं, जो अनुकूल परिस्थिति पाकर अंकुरित हो जाते हैं और साधुता के, ब्रह्मचारी के कलंक के रूप में विशाल वृक्ष का आकार धारण कर पल्लवित और पुष्पित होते रहते हैं।' इसका साक्ष्य आपके इतिहास एवं वर्तमान में भी भरे पड़े हैं। ब्रह्मचर्य का फल लगता है। ध्यान काम रूपी ऊर्जा के जुड़ने पर ब्रह्मचर्य का फल सहज ही आ जाता है। काम शरीर की शक्ति है, ध्यान आत्मा की शक्ति है। जब ध्यान काम दोनों जुटते हैं तो आत्मा शरीर की शक्ति अपने आप टूट जाती। यदि ध्यान अकेला है एवं काम रूपी ऊर्जा की खाद नहीं है तो ध्यान परिपक्व हो ही नहीं सकता, अपने शैशव अवस्था में ही सूख जाएगा। काम यदि अकेला है तो साधक को पतन के गर्त में डाल देगा। काम रूपी ऊर्जा को रूपांतरण

ॐ

बहुत बढ़िया।

यौवनावस्था => साधना के लिए उपयुक्त

कर, ध्यान के सहारे साधक अंतिम लक्ष्य तक पहुंच सकता है। वह लक्ष्य ब्रह्म ही है। तब कहीं साधक में सहज ही ब्रह्मचर्य घटित होता है, तब अपूर्व प्रकाश, ज्योति स्वतः प्रगट हो जाती है। जब जीवन सहज हो गया। अब सुख-दुख सम हो जाएंगे। जैसे—जनक, अत्रि, याज्ञवल्क्य, भारद्वाज, बुद्ध, महावीर, हनुमान, गार्गी, रविदास, मीरा इत्यादि, ये व्यक्ति ब्रह्मचर्य को पूर्णतः उपलब्ध थे। न ही कुछ पकड़ना है, न ही कुछ छोड़ना है। बस सहज, सरल अपने स्वरूप में स्थिर हो जाना है। अन्यथा वधिया किए हुए बकरे या बैल की तरह ब्रह्मचारी बनकर रह जाओगे। आपका आचरण सहज ही ब्रह्म के तरह हो जाएगा। आत्मा न स्त्री है न पुरुष। आत्मा से ही प्रेम निःसरित होता है। प्रेम ही परमात्मा का रूप है। प्रेम ही ब्रह्मचर्य का विकसित रूप है।

'सम्यग्ज्ञानेन ब्रह्मचर्ये नित्यम।'

सम्यक ज्ञान फलित हो गया, सारे दोषों से स्वतः मुक्त हो गए।

जिज्ञासा और बोध—

सहज योग विद्वानों पंडितों के समझ के बाहर हैं। यत्र तत्र कहीं कुछ सुन लिया या पढ़ लिया, परंतु अनुभव नहीं किया। अनुभव से ही जिज्ञासा होती है। इसे थोड़ा यों समझे साधक जब सोचता है—'मैं जिज्ञासु हूं।' यहां बोध नहीं होता। सच्चा जिज्ञासु बेचैन हो जाएगा तथाकथित ज्ञान तो बहुत सुन लिया, परंतु हम में कोई परिवर्तन नहीं हुआ या अंदर कोई घटना नहीं घटी। हर्ष-शोक, लाभ-हानि का असर नहीं होता है। ऐसी व्याकुलता आने पर साधक अहम से दूर हटता जाता है। चेतन स्वरूप रह जाता है। साधक को भ्रम हो जाता है कि ज्ञान क्या है ? ज्ञान जड़ का ही होता है, चेतन का नहीं। चेतन तो ज्ञान रूप ही है। उसका अनुभव होने पर अनुभव मात्र रह जाता है। अनुभव नहीं। ज्ञानमात्र रह जाता है। ज्ञानी नहीं।

यह साधक भविष्य का अनुसंधान अपने में ही करता है, न अतीत की चिंता न भूत की फिक्र हंसते हुए वर्तमान में जीना जानता है। योग वशिष्ट का एक सूत्र है।

''भविष्यं नानुसन्धते नातीत चिन्तनमत्यसौ
वर्तमान निमेषं तु हसन्नेवानुनर्तते॥''

सब जैसे ठहर जाए। अतीत नहीं, भविष्य नहीं, तो वह जो ठहराव है, वह स्थिरता है। वहीं ध्यान है। वही संन्यास है, वहीं ब्रह्मचर्य है। वह स्थिरता ही निर्मल है। निर्दोष है। उस स्थिरता में अहोभाव है, आश्चर्य है, रहस्य है।

उस स्थिरता में परमात्मा का दर्शन है, मुक्ति है। निर्वाण है। अतएव साधक वर्तमान में रहकर गुरु का पूर्ण श्रद्धा विश्वास कर निर्देशन को समझें। यदि साधक में विश्वास श्रद्धा की कमी रही एवं गुरु द्वारा यह योग पा भी गया तो वह फलीभूत नहीं होता यथा–

''उपजे खेत बीज नहीं परई। ज्यों किसान किसानी करई॥''

गुरु पर असमंजस्य दिखाई पड़ने पर मन के साथ शरीर का संघर्ष है। फलतः मनुष्य चहुंदिश विभीषक देखने लगता है। प्रबल जिज्ञासा से, अत्यधिक प्रेरणा से शरीर और मन दोनों ऊपर विस्तार करते हैं। उस समय शरीर तथा मन दोनों में ही एक प्रकार का परिवर्तन आ जाता है। उस समय मन धीरे-धीरे कूटस्थ भाव की ओर बढ़ने लगता है। एवं वह अपने चक्र (त्रिकुटी) में सुदृढ़ता से स्थिर हो जाता है।

ध्यान–

साधक को सबसे पहले ध्यान गुरु गृह (आश्रम) में, उसके सरंक्षण में प्रारंभ करना श्रेयस्कर है। इसके लिए किसी पंथ-संप्रदाय का बंधन नहीं, न ही उम्र का बंधन, न ही स्त्री-पुरुष का बंधन है। यह सबके लिए समानरूप से लाभकारी है। पूर्व में बताए गए स्थान, समय इत्यादि का अनुसरण करते हुए साधक सहज आसन पर बैठ जाए। गुरु का ध्यान कर मानसिक पूजा कर मन को बाह्य वृत्ति से खींचकर अंतर्मुखी कर ले। अक्सर मन बहिर्मुख ही रहता है। चूंकि जन्मों के संस्कार लेकर चल रहा है। क्षणमात्र में उन संस्कारों का क्षय संभव नहीं है। अतएव गुरु का अवलंबन ही उत्तम है। गुरु द्वारा सत्नाम ग्रहण कर ले। या साधक प्रथम तीन दिन सिद्धासन कर बैठ कर गहरा श्वास ले। आंख बंद कर ले। अपनी पूरी चित-वृत्ति को श्वास पर लगा दे। जब श्वास अंदर जा रहा है तो उसके साथ जाए। जब श्वास बाहर आ रहा है तो बाहर आए। इस तरह स्थान बिलकुल शांत है। प्रकाश अत्यंत कम होना चाहिए, या अंधेरा रहे तो भी ठीक ही है। चूंकि अंदर के प्रकाश से साक्षात्कार करना है। अतएव साधक अपने अंदर जाते हुए अंदर के प्रकाश को देखना है एवं अंदर के नाद को सुनना है। प्रथम तीन दिन तक साधक ''स्व'' के अंदर श्वास के साथ जाते समय पूछे ''कोऽहम्'' मैं कौन हूं। बार-बार पूछे, हर स्वर में पूछे। यह पूछना इतना तीव्र हो कि हर सेल शरीर का पूछना शुरू कर दे। शरीर का हर सेल जब पूछना शुरू कर देगा यानी स्वर के सामने यह मालूम हो कि कोऽहम् प्रश्न के सामने कुछ है ही

नहीं ? जब समग्र चेतना इस प्रश्न से गूंज उठेगी, तो उत्तर अपने आप आ जाएगा। चूंकि प्रत्येक चीज अंदर से आती है। पूरा का पूरा बरगद का पेड़ छोटा-सा बीज से बाहर आ जाता है। उस बीज के ऊपर से बरगद की टहनी नहीं लगाई जाती। परंतु उस बीज को सड़ना पड़ता है। उसे समाप्त होना पड़ता है या उस वृक्ष के लिए खाद बनना पड़ता है। तब उससे मूलांकुर नीचे पृथ्वी के अंदर गहराई में जाता है, जो अंजाना है, अंधकार है। प्रांकुर ऊपर आता है जो प्रकाशमय है। ठीक उसी तरह साधक के अंदर के वृक्ष रूपी मंत्र अंदर से आ जाएगा। उसके आते ही मैं रूपी अंहकार गिरने लगता है। या इसके जन्म लेने में मदद देने लगता है।

साधक प्रत्येक श्वास गहरे से गहरा ले। प्रत्येक श्वास के साथ सुरति को लगा दे। यह सुरति स्मृति का ही रूप है। प्रत्येक श्वास के साथ वहां जाए, जहां सुरति निरत हो जाए या निःतत्व हो जाए। साधक एक भी श्वास को वृथा न गंवाए।

"श्वास-श्वास में नाम ले, वृथा श्वास न खोय।"

साधक प्रथम दिन तक जोरदार ढंग से श्वास पर अपने को लगा दे। श्वास ऐसे ले जो अंतिम गहराई पर पहुंचे। यानी मूलाधार चक्र पर जाकर आघात करे। जिसके नीचे कुण्डलिनी सोई हुई है। गहरा श्वास लेने पर पेट स्वतः ऊपर नीचे होने लगता है। जैसे छोटे बच्चे को सोते हुए देखे होंगे, उसका पेट ऊपर नीचे चलता रहता है। इसी से चित्रकार चित्र में महात्माओं का पेट बड़ा दिखाते हैं। चूंकि चित्र में दिखाने का और कोई उपाय नहीं। जो व्यक्ति पेट से श्वास लेता है वह निष्कपट, निश्छल हो जाता है। जो व्यक्ति छाती से श्वास लेता है, वह कलुषित, कपटी स्वेच्छाचारी, लंपट होता है। छाती से श्वास लेने वाला व्यक्ति का कभी भी मन, वचन, कर्म एक नहीं हो सकता है। पेट से श्वास लेने वाला व्यक्ति बच्चे की तरह निश्छल वीत रागी कुछ ही दिन में हो ही जाता है। अतएव साधक के प्रत्येक श्वास के साथ अंदर मूलाधार चक्र तक जाए एवं श्वास के साथ ही वापस आ जाए।

यदि साधक ने अपने गुरु से खेचरी मुद्रा सीख ली है तो अत्यंत लाभकारी है। यदि नहीं सीखी है तो उसे भी इसी के साथ सीख ले। चूंकि ध्यान में बैठते वक्त साधक सिद्धासन पर बैठकर खेचरी मुद्रा भी कर ले एवं अमृत रस का भी पान करता रहे। इससे एक साथ दोनों काम होते रहेंगे। खेचरी से शरीर का पोषण, नाड़ी शोधन के साथ चित्त-वृत्ति भी अंतर्मुखी होती है। खेचरी योगीजन की मां कही गई है। अतएव जब तक साधक ध्यान में रहे तब तक खेचरी मुद्रा

में अवश्य रहे। अभ्यास काल के बाद साधक सदैव मौन काल में खेचरी में रह सकता है। इससे केवल लाभ ही है एवं साधक के लिए अत्यावश्यक है।

साधक तीन दिन तक अपने से प्रश्न (कोऽहम्) पूछ लेता है। अपनी पूरी की पूरी समग्रता से पूछता है तो उत्तर अवश्य पा जाता है एवं तीन दिन के बाद साधक बदला हुआ नजर आता है। चेहरे पर प्रसन्नता, उल्लास एवं अजीब सी शांति महसूस करता है। जैसे—जन्मों से बिछड़ी अमूल्य चीज मिल गई हो। साधक में इतना उल्लास आ जाता है कि अब संसार मिथ्या नजर आने लगता है। साधना ही सत्य नजर आने लगती है। अब उसका मन हर समय हर क्षण अनायास ही उधर जाने लगता है। खेचरी भी अब स्वतः होने लगती है, अब खेचरी के लिए भी प्रयास नहीं करना पड़ता।

साधक को तीन दिन की साधना से यदि सत्नाम हाथ लग जाता है तो अति उत्तम। चूंकि यह उधार नहीं होगा। यह 'स्व' का जाना हुआ होगा। यदि मन नाना प्रकार के विघ्नों में फंसकर नहीं जान पाता या संस्कारों में ही उलझ जाता है तो गुरु का आश्रय ग्रहण कर, उस सत्नाम को ले लें एवं गुरु का भी कर्तव्य है कि शिष्य को श्रवण करा, दे, दिखा दें अन्यथा—'बिन देखे वा देश के, बात कहे सो कूर।'

मन अत्यंत चंचल है। संभव है अभ्यास काल में साधक की कोई वृत्ति अति मुखर हो उठे, जो भी वृत्ति दबी होगी, वह जग सकती है। उसका वेग प्रचंड हो सकता है। चाहे वह काम हो, चाहे लोभ हो, चाहे क्रोध हो। अतएव साधक को धैर्य नहीं खोना चाहिए अन्यथा 80% साधक इसी अवस्था में भाग चलते हैं। इसे सुखद एवं दुस्साहस समझकर झूठा कह एवं बकवास तक कह देते हैं। साधक को गुरु पर अटूट विश्वास कर उसका ध्यान करना चाहिए। गुरु की ध्यान रूपी खड़ग से सब विघ्न का नाश हो जाता है। गुरु द्वारा बताए गए सत्नाम के सहारे श्वास पर मन को आरूढ़ कर त्रिकुटी पर ध्यान करे। श्वास गहरा लेते रहे। सत्नाम रूपी मंत्र का जम अभ्यास के सहारे करते जाए। धीरे-धीरे अभ्यास परिपक्व होता जाएगा, ज्योति पर मन टिकता जाएगा। संस्कार ढीला पड़ता जाएगा। योग-वृत्ति होती जाएगी। साधक अब त्रिकुटी पर अत्यंत प्रकाश को देखकर आलोकित हो जाता है। दृढ़ ध्यान टिकने पर साधक को अनाहद भी सुनाई पड़ने लगता है।

त्रिकुटी संगम झलकत हीरा,
चरण चीत तहं रखु कबीरा॥

इसी को संत तुलसी दास जी ने भी कहा है—

परम प्रकाश जलै दिन राती।
नहि चहिए दीप-घृत बाती॥

यह परम प्रकाश है इसमें मन के रमण करते ही मन एकाग्र हो जाएगा। अब मन निर्मल हो जाएगा, वहीं मन अब सहज ही हंस हो जाएगा।

मनवा तू तो हंस था, कागा हुआ अपनी चाल॥

यानी मन अब अपने सहज स्वरूप को ग्रहण कर लेता है। ग्रहण करना कहना भी गलत होगा। वह मन तो गलत संस्कारों के कारण काग हो जाता है। उसी तरह मन विष्ठा रूपी काम, क्रोध, लोभ इत्यादि को प्रिय समझने लगा था। उससे निकलना उसके लिए दुष्कर हो रहा था। सत्नाम जो गुरु के द्वारा प्राप्त होता है या स्व के अंदर से सुनाई पड़ता है। उसी के सहारे, अनुरक्त होकर यानी सुरत के सहारे निरत में पहुंच जाता है। सुरत को शब्द के सहारे पहुंचना पड़ता है। अन्यथा सुरत भी असहाय हो जाएगी। या भटक जाएगी। यथा–

शब्द बिना सुरति आंधरी, कहो कहां को जाय।
द्वार न पावे शब्द का, फिर फिर भटका खाय॥

अतएव उस सत्नाम रूपी शब्द को पकड़कर सुरत के सहारे निरत में पहुंच जाना है। जब साधक निःतत्व में पहुंच जाता है। तब–

शून्य सहज मन सुमिरते, प्रकट भई एक जोति।

साधक को प्रथम तीन दिन के बाद गुरु गृह में कम से कम और चार दिन रहकर इस आगे की क्रिया को पूरा कर अपने स्थान पर आना श्रेयस्कर होगा। इस तरह साधक को कम से कम 45 दिन साधना सुबह, दोपहर शाम, एवं अर्धरात्रि अत्यंत जरूरी है। कुछ साधक लज्जावश, संकोचवश नहीं करते। इसमें लज्जा किस बात की, लज्जा तो बुरे कामों में होनी चाहिए। चूंकि संस्कार बहुत दिनों तक बुरे कर्मों से संबंद्ध रहा, अतएव जल्दी नहीं छोड़ता है।

अनुभव–

जब साधक का ध्यान निरावलंब टिक जाता है, उस प्रकाश से प्रकाशित हो जाता है तो उसके अंदर के सारे तार मानो विद्युत तार के हर बल्ब से संयोग कर स्विच ऑन हो गया। जैसे पूरा घर उस बल्ब के प्रकाश से चकाचौंध हो जाता है। वही स्थिति साधक की होती है। उस समय शरीर में एक अजीब तरह का कंपन होने लगता है। आवाज होने लगती है। कभी-कभी पूरी सृष्टि अपने में नजर आती तो कभी पूरी सृष्टि अपने से

निकलते नजर आती है। कभी-कभी नाना प्रकार के दृश्य नजर आने लगते हैं। कभी साधक भयातुर होकर भाग खड़ा होता है। तो कभी अपना ही नाद, जो सुनाई पड़ता है, को बाहर सुनने के लिए दौड़ पड़ता है। कभी शरीर से अत्यंत पसीना निकलने लगता है। इत्यादि नाना प्रकार का अनुभव होने लगता है। साधक को इससे घबराना नहीं चाहिए। उसे एकाग्र हो उसी सत्नाम के सहारे सुरत को निरत में लगाए रहे। कोई भी अनहोनी घटना मालूम पड़े जो साधक बरदाश्त के बाहर मालूम पड़े, उस समय निर्भय होकर गुरु का ध्यान करे। गुरु अपनी ज्ञान रूपी खड्ग से सारी बाधा दूर कर देंगे, परंतु साधना से उठना नहीं चाहिए। खेचरी के द्वारा प्राप्त रस का स्वाद भी बदलने लगे, रस सुखद एवं मीठा भी आने लगेगा। मन में नया-नया अनुभव आने लगेगा। जो न तो वेद में लिखा है न ही पुराण में, किसी से व्यक्त भी करेंगे तो लोग पागल कहेंगे।

ऐसा अद्भुत मत कथो, तो धरो छिपाय।
वेद-पुराणे न कही, कहो तो को पतियाय॥

अतएव साधक अपनी अनुभूति को कहीं भी व्यक्त न करे। आवश्यकता पड़ने पर मात्र गुरु से कहे। यदि साधक मूर्छित हो जाए या विक्षिप्त हो जाए तो उसके परिवार के सदस्य या आस-पड़ोस के व्यक्ति को चाहिए कि उसके सिर पर ठंडा जल का छींटा दे। पैर पर धीरे-धीरे मालिश करें। साधक कुछ ही काल में चेतनता में आ जाएगा। यदि कुछ ज्यादा स्थिति खराब मालूम हो तो नजदीक के किसी भी दूसरे साधक से संपर्क कर ले। या उसके गुरु को सूचना दे। हालांकि गुरु चक्र के साथ कुछ भी अनहोनी नहीं होती है। गुरु शक्ति जो उस साधक का पल-पल निरीक्षण, रक्षण एवं पालन-पोषण करती रहती है। उसका मंगल-ही-मंगल होता है। गुरु पर अविश्वास अश्रद्धा ही उस शक्ति के प्रवाह में बाधक है।

साधक का विश्राम

जब साधक का ध्यान स्थिर हो जाएगा, चित्त शांत हो जाएगा। तब जाप अपने आप अजपा हो जाएगा। शब्द–निःशब्द हो जाएगा। नाद भी अनाहद हो जाएगा। तब साधक को न माला की जरूरत है न ही शब्द का उच्चारण, अब साहब ही भजन करता है, साधक विश्राम की स्थिति में चला जाता है।

कर से माला छुवों नहीं, मुख न बोलो राम।
साहब मेरा भजन करत है, मैं पाया विश्राम॥

यह स्थिति विश्राम की स्थिति मैं, मात्र साक्षी भाव रखना है।
अब चित्त सत् को उपलब्ध हो गया। सत् चित्त आनंद हो गए।।

साधक अपने आप में मस्त रहेगा, आनंदित रहेगा। उसे अब कर्म जाल, संस्कार नहीं गिरा पाएगा। यह अविचल की स्थिति है।

अभ्यासरत होना

मन का स्वतः अभ्यासरत होना–साधक का ध्यान जब निःतत्व में टिक जाता है। सत्नाम का जाप स्वतः होने लगता है। नाद का स्मरण भी स्वतः होने लगता है। यानी सहज हो गया। अब कुछ भी असहज नहीं। तब प्रयास नहीं करना पड़ता है। जैसे एक उद्योगपति अपने उद्योग में सतत लगा रहता है! हर समय अपने फायदे घाटे का खयाल रखता है। उसका संपूर्ण साधना उद्योग ही है। एक दिन की घटना है, वह रात्रि में अपने कारखाने से थका हारा आकर सो गया। पति-पत्नी एवं उसके बच्चे भी नजदीक आस-पास सोए थे। रात्रि में सोए में ही वह व्यक्ति डांटने लगता है तुम्हें शरम नहीं आती जितना पैसा लेता, उतना भी काम नहीं करता। केवल सारा दिन बैठ कर समाप्त करता। अभी दरख्वास्त लेकर आया है छुट्टी के लिए। तुम्हें मालूम नहीं बहुत बड़ा टेंडर मिला है, माल दो हफ्ते में आपूर्ति करना है अतएव दो हफ्ता कोई छुट्टी नहीं। यह कहकर सर के नजदीक रखी बच्चों की किताब फाड़ने लगता है। जोर-जोर से डांटता जा रहा है। किताब फाड़ता जा रहा है। आवाज सुनकर बगल में सोयी पत्नी, बच्चे जाग जाते हैं, बच्चा कहता है, पापा हमारी किताब क्यों फाड़ रहे हैं ? वह व्यक्ति सोए-सोए बोलता है। यह काम का समय है। सारा ऑर्डर छुटने जा रहा है। यह जो है छुट्टी का दरख्वास्त लेकर आया है। समझ नहीं आता काम आखिर होगा कैसे ? इस तरह आगे कहता है, जा काम पर लग जा, अब काम महीने पर नहीं, ठेके पर होगा। बच्चा जगाता है, कहता, कहां टेंडर है, कहां काम है। यहां तो आप हमारी किताब फाड़ रहे हैं। वह उद्योगपति जागता है। तो कहता है अरे, बेटा ! आज कारखाना में दिनभर छुट्टी के लिए आते रहे। मैंने सब काम ठेके पर कर दिया। वही स्मृति मेरे में थी जो सोने में घूम रही है।

ठीक उसी प्रकार जब सारा जगत सोया रहेगा, साधक सहज ही अपनी साधना में रहेगा। वह उद्योगपति का सपना था। यह पूर्ण जागरण है। पूर्ण अस्तित्व का बोध है। सोना भी होश पूर्वक हो जाएगा। हजार में कहीं एक व्यक्ति ही थोड़ा-सा होश में है, अन्यथा सबके सब बेहोशी में हैं। यह ऐसी

बेहोशी है कि उसे ज्ञात ही नहीं पागल अपने को कभी पागल नहीं समझता बाकी पूरी दुनिया को पागल समझता एवं दुनिया के अन्य लोगों पर हंसता। वही स्थिति अधिकांश जन की है। साधक जब भी सोता है, पूर्ण होश में जैसे वह ध्यान में हो, समाधि में हो। सो कर जागता है, तो वह तरो-ताजा हंसता हुआ मालूम होता है। दिव्य आभा से, दिव्य शक्ति से परिपूर्ण है। जन साधारण रात भर करवटें बदलता रहता है। बिछावन तक अस्त-व्यस्त हो जाता है। सोने में भी अशांत है। बुद्ध जिस दशा में सोते थे, ठीक उसी तरह उसी जगह से उठ जाते थे। कहीं कोई करवट नहीं बदलना, मानो ध्यान से उठ रहे हों। कुछ शिष्यों को इस बात पर आश्चर्य होता है। आखिर मामला क्या है ? अधिकांश शिष्य को गुरु पर शक होता ही है। वे गुरु के ही गुण-अवगुण के अवलोकन एवं चर्चा में अपना समय यों ही मिथ्या वाद-विवाद या अवलोकन में बरबाद कर देते हैं। जबकि शिष्य को गुरु के चरित्र यानी वाणी पर यानी उपदेश पर ही ध्यान देना है, अनुसरण करना है न कि उसके व्यक्तिगत चरित्र पर। उसका चरित्र समय विशेष, स्थान विशेष, व्यक्ति विशेष पर बदल सकता है। हर रोगी को डॉक्टर एक ही दवा नहीं देता, अलग-अलग बीमारी का अलग-अलग दवा देता है। यह डॉक्टर पर निर्भर करता है। उसी तरह गुरु अध्यात्म का डॉक्टर होता है। एक दिन बुद्ध के शिष्य आनंद नें सोचा, रात्रि भर जग कर हम लोग देख लेवे, कब करवट बुद्ध बदलते हैं। पूरी रात्रि जागे रहे, बुद्ध ऐसे सोए, मानो समाधि में हों। सुबह उसी तरह जग गए मानो समाधि टूट रही हो। शिष्य तर्क कम करते कुतर्क ज्यादा। वे सोचे कहीं हम झपकी लिए हों उसी समय करवट बदल लिए हों। अतएव उनके दूसरी रात्रि सोने के बाद दोनों पैर के आस-पास दोनों हाथ के आसपास लोटा (जलपात्र) में जल भरकर रख दिया। ज्यों ही बुद्ध हाथ-पैर इधर-उधर करेंगे। जल गिर जाएगा हम जान जाएंगे। आनंद जो उनका अत्यंत नजदीकी शिष्य था। साथ ही नाते में बड़ा भाई भी, वह सोने के बाद सारी व्यवस्था कर दिया, जल पात्र रख दिया। बुद्ध सो गए, मानो समाधि में चले गए। सुबह वे जागे मानो समाधि से वापस आ गए। उसे आना-जाना भी कैसे कहेंगे। ये शब्द मात्र उसके लिए संकेत ही कर सकते हैं, क्योंकि वह गुणातीत हो जाता है और अंत में मानस ज्योति में लीन हो जाता है। इस तरह प्रति संचर की चरम अवस्था गुणातीत है। इसे ही व्यष्टि जीवन का प्रलय कहा जाता है। मनन, वचन, श्रवण ग्रहण ये सभी क्रियाएं भाव हैं। इन भावों का अस्तित्व साक्षित्व से होता है।

सावधानी–

साधक को प्रारंभ काल में ज्यादा समय तक त्रिकुटी पर ध्यान नहीं करना चाहिए। मन सहजता से जितना देर करने दे, उतना ही करना श्रेयस्कर है। हां, मन को सदैव श्वास-प्रश्वास पर रखना श्रेयस्कर है। जब आंख बंद कर ध्यान करने पर नींद आने लगे तो साधक नासिका के अग्रभाग पर देखे। आंख न खुली रहे न ही बंद। जैसे बुद्ध को प्रतिमा में देखा होगा। इससे स्वर दिखाई देने लगता है। इंगला-पिंगला, कौन चलता ? इसका वेग क्या है ? यानी कितनी दूरी पर समाप्त होता है। इसका रंग क्या है ? नासिका के अग्र भाग के प्रकाश पर ध्यान करना है और सब तो स्वतः दिखाई पड़ने लगता है। इस तरह निद्रा नहीं आती। प्रत्येक श्वास यानी दायां (सूर्य स्वर) एक घंटा चलता। इसके बाद बायां (चंद्र स्वर) एक घंटा। चौबीस घंटे में 24 बार बदलते हैं। जो स्वतः होता रहता है। साधक तत्पर रहे ज्यों ही चंद्र स्वर सूर्य स्वर में बदल रहा हो उस समय ढाई बार दोनों चलता है। उसी समय सुषुम्ना (ब्रह्म नाड़ी) में टिका दे। दोनों में कोई भी जब एक दूसरे में बदल रहा हो, उसी समय साधक विशेष सावधान रहे एवं सुषुम्ना में ध्यान को टिका दे। बस उतने में साधक का ध्यान अडिग हो जाएगा। ध्यानस्थ हो जाएगा। सुषुम्ना ही ब्रह्म नाड़ी है, आपके गंतव्य स्थल पर पहुंचा देगी। साधक की यह पकड़ जितना जल्द होती है, उसकी साधना उतना ही जल्दी पूरी होती है। कभी-कभी बलात त्रिकुटी पर ध्यान करने से नेत्र के आस-पास एवं कान के आस-पास किसी रोग के उत्पन्न होने की संभावना है। चेहरे पर भी काला धब्बा। नेत्र का अंदर धंस जाना, मस्तिष्क भी निर्बल हो जाता है। या पागलपन की स्थिति आ जाती है। अतएव साधक को घबराना नहीं चाहिए। यदि खेचरी ठीक करते रहेंगे तो यह बीमारी आएगी ही नहीं, यदि आ भी जाएगी तो कुछ दिन के अंदर स्वतः खेचरी के अमृत रस से ठीक हो जाएगी। अतएव खेचरी वाले साधक गरम पदार्थ का परित्याग कर दें। चाय दिन में मात्र दो कप ले सकते हैं, वह भी ठंडी। जिससे जिह्वा न जले। दूध भी कम गरम लें। साधक के शरीर के सारे रोगों का शमन खेचरी करेगी। अतएव साधक चलते-फिरते, काम करते, हर समय खेचरी में अवश्य रहे। ज्यादा से ज्यादा मौन व्रत रहे। अभ्यास काल में कम से कम बोले। हां, ना में काम चला ले। गुरु की वाणी का ही केवल मनन करे। अन्य पुस्तकों का अध्ययन इस समय में छोड़ दे। भ्रांति उत्पन्न होती है। सिद्धासन या किसी आसन पर बैठा साधक जब ध्यान कर रहा होता है तब उसमें खून का दौर उर्द्ध रहता है अतएव

साधक ध्यान तोड़ते समय 5 मिनट का शवासन कर ले। शवासन में सोए-सोए श्वास द्वारा जाप करता जा एवं सोचे कि परम पिता परमात्मा की अनुकंपा से पूरा शरीर प्रकाशमय है। शरीर में कोई रंग नहीं है। मैं प्रसन्न हूं। स्व का प्रकाश ही सर्वत्र है। अच्छा ध्यान गुरु मूर्ति पर करे। मन में वे ही भाव लावे कि परमात्मा निर्गुण है। निराकार है। उसी का साकार रूप गुरु है। गुरु करुणामय दया का सागर है। हम पर कृपा कर रहा है। वह प्रकाश स्वरूप हमारी त्रिकुटी में प्रवेश कर रहा है। त्राटक सदा बना रहे।

नाद–

जब साधक का ध्यान टिक जाता है। खेचरी मुद्रा से सुस्वाद जल मिलने लगता है। नाद भी सुनाई पड़ने लगता है। यह नाद ही अनाहद है। जिसका हद नहीं है सीमा नहीं की तरफ पहुंचाने में मदद करता है। यह नाद साधक का साध्य नहीं है। रास्ते का अनुभव है। कृष्ण सोलह हजार एक सौ आठ नारियां रखे थे, ऐसा सुनने में आता है। जिसमें 9 मुख्य पटरानियां थीं। वह अंतर जगत का ही उल्लेख है। मणीपुर चक्र यानी नाभी भाग जहां दस दल कमल है, भगवान विष्णु का निवास स्थान है। इसे बैकुण्ठ भी कहा गया है। इस स्थान पर सूक्ष्म, छोटी, बड़ी नाड़ियों का सोलह हजार एक सौ आठ नाड़ियों का मिलन है। जिसमें नौ नाड़ियां प्रधान हैं। 'नौ नाड़ी पूरों देही' बांसुरी बजाने में पूरा जोर नाभि भाग पर ही पड़ता है। कृष्ण की बांसुरी भी इसी अनाहद का विकसित रूप है। जिस बांसुरी को सुनकर श्रद्धा, विश्वास, प्रेम रूपी गोप-गोपियां मोहित हो जाती हैं।

"अनहद अनुभव की करि आशा, ई विपरीत देखहु तमासा।
इहे तमासा देखहु रे भाई, जहवां शून्य तहां चलि जाई॥"

यह अनाहद साधक को अंतर्मुख कर शून्य की तरफ लेकर चला जाता है। यह मुख्यतः मणीपुर चक्र, अनाहद चक्र एवं आज्ञा चक्र के ऊपर अगोचरी के नजदीक से होता है। यह विभिन्न वाद्य यंत्रों के तुल्य होता है। इसे सुनने पर मालूम होता है कि इन्हीं आवाजों के आधार पर ऋषिगण बाहर विभिन्न वाद्य यंत्रों का विकास किए।

"भीतर बाहर का एके लेखा।
जस भीतर तस बाहर देखा॥"

इस पर बहुत वैज्ञानिक अन्वेषण हुआ है एवं अभी भी हो रहा है।

साधक जब साधना प्रारंभ करता है तो पहले झींगुर की आवाज की तरह झन-झन। इसके बाद पहले से कुछ बदला हुआ। चन्-चन्। इस तरह क्रमशः

घंटा, शंख, तोली, बांसुरी, मृदंग एव नगाड़ा की तरह सुनाई पड़ने लगता है। जो श्रवण में अत्यंत प्रियकर लगता है। कुछ साधक कस्तूरी कुण्डली यंत्र बनाकर, कान में लगाकर इसे ही श्रवण करते रहते। सदैव प्रसन्न रहते हैं। इसे ही प्रणव की ध्वनि समझ कर उपासना करने लग जाते हैं। मन ध्यान से हट कर ध्वनि पर केंद्रित हो जाता है, तो साधक को बादल की गर्जना-तर्जना एवं भयानक-भयानक स्वर भी सुनाई पड़ने लगता है। कभी-कभी प्रकाश के चकाचौंध के साथ सारे के सारे वाद्य एक साथ बजते नजर आते हैं। जिसे लगता है या कभी-कभी इसे सुनकर साधक भयातुर हो जाता है एवं साधना से उठ खड़ा होता है। भाग भी जाता है। या कभी-कभी स्वयम् चिल्लाने लग जाता है। ऐसी स्थिति में साधक को गुरु का अवलंबन लेना चाहिए एवं सतूनाम के ऊपर आरूढ़ हो जाना चाहिए।

बादल का गर्जना या समुद्र का गर्जना नाद ब्रह्मांड से आता है। यह यंत्र सबसे वृहद है। यह सहस्रार चक्र से होता है।

यंत्री यंत्र अनुपम बाजे, वाके अष्ट गगन मुख गाजे।
एक शब्द में राग छतीसों, अनहद बानी बोले॥

यहां से वीणा या भ्रमर का मधुर स्वर भी सुनाई पड़ता है। जिसे सुनकर साधक वहीं रुक जाते हैं। चूंकि मधुरता के प्रति मानव मन की कमजोरी है। परंतु चतुर साधक गुरु कृपा से आगे बढ़ जाता है तो सैकड़ों रंगों से युक्त रंगा-रंग प्रकाश दिखाई देता है। जहां बहुतेरे साधक रुक जाते हैं। चूंकि चित्त-वृत्तियां यहां से आगे जाना पसंद नहीं करतीं। यह प्रकाश प्रकृति का ही है। इससे साधक जैसे ही कुछ आगे बढ़ता है। एक मीठा-सा शीतलता पूर्ण प्रकाश मिलता है। जहां साधक उस शीतलता में जन्मों तक ध्यानस्थ हो जाते हैं। आगे की कामना ही उनकी क्षीण हो जाती है। चूंकि यहां अत्यंत शांति मालूम होती है। मानो साधक जन्मों की खोई शीतलता पा लेता है। यह प्रकाश चंद्र प्रकाश ही है। इसका भेद गुरु से प्राप्त कर लेना चाहिए।

दिव्य शक्ति एवं भटकाव–

जैसे ही साधक चंद्र प्रकाश एवं भटकाव में अपने को लीन पाता है। वह अनायास ही दिव्य शक्तियों का मालिक बन जाता है। दूर श्रवण, दूर दृष्टि बहुरूप इत्यादि शक्तियां आ जाती हैं। उसकी इच्छा मात्र से कार्य पूरा होने लगता है। जिसे जो कह देता वह हो जाता है। मानो वह प्रकृति का स्वामी बन जाता है। ऋद्धि-सिद्धि का स्वामी बन जाता है। बस साधक कहता है, प्रकृति

पूरा करती है। परिणामस्वरूप साधक यहां पहुंचकर भी मान बढ़ाई के चक्कर में पड़ जाता है। अंतर्मुखी वृत्ति बहिर्मुख होने लगती है। तथाकथित सांसारिक ऊंचे पद-प्रतिष्ठा वाले व्यक्ति इस तरह के साधक को आशीर्वाद प्राप्त करने के चक्कर में बहिर्मुख बना देते हैं। अर्थ में फंसा जीव इनके चमत्कारों का वर्णन बढ़ा-चढ़ा कर करने लगता है। हर समय व्यक्ति इनको घेरे रहता है। उस साधक को पहले तो यह बुरा या अनहोनी मालूम होता है। परंतु कालांतर में वह यदि इसे बंद नहीं किया तो वहीं फंस जाता है। मन बहिर्मुख हो जाता है। वह अधोगति को भी प्राप्त हो सकता है। साधना का विकास रुक सकता है। इस जन्म के साथ अगला जन्म भी बरबाद हो जाता है। साधक संसार में अपने को अति साधारण की तरह सेवा सत्संग में लगे रहना ही श्रेयकर है।

परम शून्य–

जब साधक चंद्र प्रकाश से ऊपर उठता है, तब बिंदु शून्य दिखाई पड़ता है। उसमें महा तेज है। सूर्य-सा गोला, प्रचण्ड प्रकाश। जिस प्रकाश पर साधक का ध्यान नहीं टिक पाता एवं पुनः चंद्र प्रकाश पर लौट कर स्थिर हो जाता है। इस प्रकाश पर ध्यान टिकाना एवं इससे आगे बढ़ना अत्यंत ही दुरुह कार्य है। सच कहिए तो साधक का साधन, तप, निष्काम योग एवं गुरु की प्रबल अनुकंपा ही काम आ सकती है। अन्यथा साधक वहीं जन्मों रुका रह जाता है। यह प्रकाश अंतर सूर्य का प्रकाश ही है। इस प्रकाश में ध्यान टिकते ही साधक अलौकिक हो जाता है। उसके विषय में जो कुछ भी कहा जाए कम है। साधक अलौकिक हो जाता है। उसके विषय में जो कुछ भी कहा जाए कम है। साधक के शरीर से स्वतः तेज निकलने लगता है। इसी तेज से दुर्वासा जैसे ऋषियों ने क्या-क्या नहीं किया। विश्वामित्र दूसरी सृष्टि ही करने लगे। इस तेज को बरदाश्त करना अत्यंत दुरुह है। खैर, गुरु कृपा ही केवल सहारा है।

साधक उस गोला प्रकाश या सूर्य प्रकाश को बाईं तरफ से छोड़कर दाईं तरफ से परिक्रमा करके घूमे। उसी तरह मन को भी ऊपर ले जाए। कुछ दूरी पर ही परम शून्य दिखाई पड़ेगा। यही पूर्णत्व का स्थान है। इसे परम शून्य कहना भी बेईमानी है। परंतु शब्दाभाव प्रतीत होता है। अतएव मैंने परम शून्य कह दिया इसे केवल जाना जा सकता है। यहां मैं का मेरे का भान भी समाप्त हो जाता है। यथा–

"मैं मेरी सब जाएगी, तब आवेगी और।
जब यह निश्चल होएगा, तब पावेगा ठौर।।"

यह सहज समाधि है। इसी से इसे अत्यंत उत्तम कहा गया है। यथा—

"उत्तमा सहजावस्था मध्यमा ध्यान धारणा।
कनिष्ठा शास्त्र चिंता च तीर्थयात्रा धमाऽधमा।।"

यह अवस्था न जाग्रत है न स्वप्न है, न सुषुप्ति, न मूर्च्छा और न समाधि है। सुषुप्ति और सहजावस्था में फर्क यही है कि सुषुप्ति में बेहोशी रहती है, पर सहजावस्था में बेहोशी नहीं रहती प्रत्युत पूर्ण होश रहता है, पूर्ण जाग्रति रहती है, पूर्ण जाग्रति रहती है, ज्ञान की पूर्ण दीप्ति रहती है।

भगवान कृष्ण ने गीता में कहा—'आत्म संयमयोगाग्नो जुह्वति ज्ञानदीपिते।'

साधक को चुप (मौन) स्वाभाविक है। अब वह न कर्ता है न ही भोक्ता। स्वाभाविक अवस्था है—'सहज'।

परम पद

अब मौन योगी कुछ भी करने में असमर्थ हो जाता है। यानी 'मैं तू' का भाव समाप्त हो जाता है। अब तो योगी का खाने, सोने जागने का भी भान समाप्त हो जाता है। स्वरूप को पाकर वह स्वरूपाकार हो जाता है। सुरति अब निरत में जाकर स्थिर हो जाती है। योगी चित्र द्रष्टा की भांति हो जाता है। यह स्थिति योगी की कुछ ही काल रहती है।

पुनः सुरत को मुक्त कर देता है। अब योगी विदेह की तरह सारा जगत का कल्याण कर सकता है। अब मात्र द्रष्टा बन कर संसार में रहता है। उस योगी में स्वरूप की स्थिति एक-सी बनी रहती है। उसे जगत का जागतिक व्यवहार एवं अध्यात्म का पक्ष दोनों समान रूप से ज्ञात होता है। अब वह जगत में उसी तरह रहता है, जैसे कमल जल में।

"कमल पत्र तरंग एक मांही, संग रहे लिप्त पै नाहीं।।"

यही अवस्था परम तत्व है। जीवन्मुक्ति है, सहज समाधि है, अब यह योगी जो भी करता है वही पूजा है जहां रहता है, वहीं तीर्थ है। यथा—

"साधो सहज समाधि भली है।
गुरु प्रताप भई जा दिन से सुरति न अंत चली है।।
जहं जहं डोलों सोइ परिक्रमा, जो कुछ करौ सो सेवा।।
जब सोवो तब करौं दण्डवत, पूजो और न देवा।।
कहो सो नाम सुनो सो सुमिरन, खाव पियो सो पूजा।
गिरह उजाड एक सम लेखो, भाव न राखो दूजा।
आंख न मूदो, कान न रुधो, तननि कष्ट नहि धारौ।

खुले नैन पहिचानो हंसि-हंसि, सुंदर रूप निहारौ॥
सबद निरंतर मनुवां लागा, मलिन वासना त्यागी।
उठत वैढात कबहु न छुटै, ऐसी तारी लगी॥
कहै कबीर यह उनमनि रहनी, सो परगट करिगाई।
दुख-सुख से एक परे परम पद, तेहि पद रहा सगाई॥

सद्गुरु कबीर की उपरोक्त वाणी से सब कुछ स्पष्ट हो जाता है। वह योग्गी सुख-दुख से परे हो जाता है परम पद को प्राप्त कर लेता है। इस तरह के योगी ही अब हंस-हंस कर जगत का कल्याण मूलक कार्य कर सकता है। चूंकि चारों तरफ अब उसे उसी का सुंदर रूप नजर आ रहा है। चाहे नैन खुला हो या बंद। अब भाव चाह कर भी दूजा नहीं ला सकता है। दूसरा खा रहा है तो वह उसी के मुंह से खा रहा है। जो कुछ भी कर रहा है परमात्मा भाव, सेवा भाव, कल्याण भाव है। जहां भी जा रहा है, वही परिक्रमा है। मन निरंतर ही 'स्व' में लगा रहता है। मन का अब लगना भी नहीं कहा जा सकता है, सहज हो गया है।

इस तरह का योगी साधारण मनुष्य से हजारों गुना ज्यादा क्षमता से कार्य करता है। परंतु कहीं भी उसकी पकड़ नहीं होती। जैसे जनक, कृष्ण, कबीर, नानक इत्यादि।

यह काल योगी के लिए अत्यंत ही आश्चर्य का होता है। इस विदेहावस्था परम वैराग्यावस्था का भान मात्र उस स्थिति में पहुंच कर ही किया जा सकता है। अन्यथा साधारण श्रोता के लिए मात्र कल्पना ही रह जाता है। वेद व्यास जी भी इस अवस्था का 'स्व' में भान किए जो अत्यंत ही सहज था। यथा–

''अन्धो मणिमविध्यतम नड्गुलिरायत्।
अग्रीवस्तं प्रत्यमुण्चतमजिह्वोऽभ्य पूजयत्॥''

यानी अंधे ने मणियों को बींधा है। जरा आप सोचें अंधा मणि को कैसे पहचान सकता है। यदि किसी के कहने से पहचान भी लिए तो उसमें छिद्र कैसे कर सकता है। मणि को छेदना कोई साधारण बात नहीं है। यह अपने आप में आश्चर्य है। आगे कहते हैं बिना अंगुली वालों ने उसमें धागा पिरोया। आप पुनः जरा ध्यान से सुने, बिना अंगुली का तो हाथ ही नहीं होता। परंतु इस मणि को मानो बिना अंगुली वाला ही धागा पिरोया है ऐसा ही भान करता है। माला ग्रीवा रहित गले में डाली गई। बिना गले के माला कैसे डाली जा सकती है ?

जिह्वा रहित ने उसकी प्रशंसा की। वेद व्यास जी का अनुभव सब अपने आप में आश्चर्य में डाल देता है। अभी तक तो कुछ संभव था। परंतु आगे कहे

कि वह मणियों की माला भी उस पुरुष के गले में डाल दिया, जिसके पास गला ही नहीं है। यह कैसे हो सकता है। यदि गला नहीं तो माला डालोगे कहां ? तथा किसी तरह डाल भी दिया तो उसकी प्रशंसा कौन करेगा ? जिसके पास जिह्वा नहीं है। जिह्वा रहित ने ही उस परम पुरुष की प्रशंसा की। इसी से उपनिषद वेद इसे नेति-नेति कह दिया। चूंकि यहां आनंद अनुभव वर्णन किया नहीं जा सकता। यदि किसी भी तरह किया गया तो सर्वसाधारण के लिए अतिशयोक्ति हो जाता है। या हास्यास्पद हो जाता है।

जब भी साधक इस स्थिति में पहुंच कर निर्विचार हो जाता है। परम शून्य को उपलब्ध हो जाता है। तो महापुरुष की भांति जगत कार्य करने के लिए जगत का भला करने के लिए, उसको कुछ नीचे उतरना पड़ता है। नीचे के शरीर में करुणावश आकर आपका हित कर जाता है। उसमें भी अपना हित नहीं समझता वह तो पुन्यापुण्य से अलग हो जाता है।

सद्गुरु कबीर कहते हैं–

"भोगहु भोग युक्ति जनि भुल हूं।
जोग जुगति तन साधहु हो॥",

साधक को अब साधना भी नहीं है। अब तो योग युक्त है। चूंकि एक बार मन की मित्रता हो गई या वह महा समुद्र में छलांग लगा ही गया। तो कैसे कर सकता है, अलग अपनी पहचान ? उससे तो अस्तित्व का गांठ पड़ गया। सद्गुरु कबीर ही कहते हैं–

"मनुआ मीत मित्रइओ न छोड़े
कबहु गांठि नहिं खोले हो॥"

अब गांठ खोंलना भी असंभव है। यह परम योगी सिद्ध साधक इन्हीं स्थितियों में रहकर जगत का कार्य निष्पादन करते हैं।

सहज योग की दूसरी पद्धति–

यह जरूरी नहीं है कि एक ही साधना हर व्यक्ति के लिए हितकर एवं उपयुक्त हो इसीलिए झेन महात्मा अपने शिष्यों से कहते हैं कि यह जरूरी नहीं कि मेरे द्वारा बताया गया उपदेश ही तुम्हारे लिए ठीक हो। तुम वहां भी जा सकते हो। जहां हमारे मत का खण्डन होता है। हमारी शिकायत, निंदा होती है, हो सकता है वह ही तुम्हारे लिए हितकर हो जाए। या हो सकता है हम दोनों से मिलकर जो बनता है वही तुम्हारे लिए हितकर हो जाए। या यह भी हो सकता है हम दोनों को काट कर जो बचता है वह तुम्हारे लिए

हितकर हो जाए। बुद्ध पुरुष कभी बांधते नहीं, वे तो बंधन मुक्त होते हैं। हमारे संप्रदाय, मजहब, तथाकथित धर्म गुरु बांध देते हैं। बच्चे के जन्म लेते ही हिंदू, मुस्लिम, ईसाई, जैन इत्यादि में बांध देते हैं। बच्चे को बच्चा नहीं रहने देते, उन्हें भ्रम रहता है कि कहीं बड़ा होकर इन बंधनों से बाहर न निकल जाए। अतएव जन्म लेते ही बांधने का उपाय शुरू हो जाता है। सब मजहब अपने को श्रेष्ठ साबित करने में ही व्यस्त हैं। भले ही उनमें श्रेष्ठता का अंकुरण हुआ हो या नहीं। अहंकार का, द्वेष का, घृणा का तो बीज बोने में अवश्य सफल हो जाते हैं। शांति के लिए लोग युद्ध तक करते है। इसमें भी बड़ा मजा है, कहते है शांति के लिए करते हैं युद्ध। मोहम्मद की तलवार पर यह वचन खुदा हुआ था—

"शांति ही मेरा धर्म है।" इतना ही नहीं उन्होंने अपने धर्म का भी नाम दिया **'इस्लाम'** यानी शांति का धर्म। परंतु इस्लाम ने जितनी अशांति फैलाई शायद किसी ने भी नहीं फैलाई हो। जोर-जबरदस्ती तलवार के बल पर करोड़ों-करोड़ों लोगों पर यह धर्म थोपा गया है। इस्लाम औरतों को संपत्ति मानता है। अभी पूरे विश्व में जहां-जहां इस्लाम है, लगभग वहां-वहां ही आतंकवाद है। ये आतंकवाद का दूसरा रूप ही बन गए हैं। हिंदू भी अपने को सहिष्णु कहते हैं, परंतु जितना इन्होंने शूद्रों को सताया दुनिया में शायद ही किसी ने किसी को सताया होगा। एक भी राम, एक भी भगवान शूद्र में पैदा नहीं हुआ। एक तरफ परमात्मा को सर्वव्यापी कण-कण में बताया। परमात्मा स्वरूप ही सबको देखा। क्या उस कण में शूद्र एवं औरतें नहीं आतीं ? औरतों को तो नरक का द्वार तक कह दिए। बुद्ध का पहला जब पहला दिवा निर्वाण को, बुद्धत्व को उपलब्ध हुए। जिस दिन वृक्ष के नीचे बैठे-शांत निर्विचार जाग कर अपने को, स्व को देखा। देखते ही मन ठहर गया, समझ ठहर गया, विस्तार लुप्त हो गया। जैसे अचानक आकाश से बादल विदा हो गए। सूरज निकल आए। गहन मौन, सन्नाटा और तत्क्षण उसने देखा आकाश से फूल बरसने लगे। तत्क्षण सहज हो गया। तो आएं हम भी सहज होने के लिए आगे बढ़ें। सब कुछ पहले से है, अर्थात्—

"नर के संग सुवा हरि बोले।
हरि प्रताप न जाने॥
जो कबहु उडि जाए जंगल में।
तो हरि सुरत न आने।

जैन धर्म अपने को अत्यंत उदार मानता है। जैन कहता है, 'तुम शरीर नहीं हो आत्मा हो।' वहीं दूसरी तरफ जैन धर्म की मान्यता है कि स्त्री का मोक्ष

होता ही नहीं। मोक्ष लेना होगा तो पुरुष का ही शरीर धारण करना होगा। क्या आत्मा भी स्त्री-पुरुष का अलग-अलग है। एक तरफ आत्मा की बातें करते हैं दूसरी तरफ शरीर पर ही अटक गए।

दूसरी तरफ हिंदू लोग गाय के मूत्र को अमृत कह दिए। गाय का मूत्र, गोबर, दूध, दही, घी मिलाकर पंचामृत बना दिया। इसकी महानता का भी पुराणों में वर्णन कर दिया गया। क्या विडंबना है ? गाय के मल-मूत्र से भी शूद्र गए गुजरे हैं। औरतों की भी स्थिति वही है। हिंदू शास्त्र कहते हैं नारी ज्ञान, ध्यान एवं वैराग्य का नाश कर देती है। सीधे नरक भेज देती है क्योंकि वह नरक का द्वार ही तो है।

जिनमें भी अपने मत का आग्रह होता है, वे मतवाले होते हैं। मतवालों की बात न ही यथार्थ है न ही विश्वसनीय।

"मतवादी जानै नहीं, तत्वादी की बात।
सूरज उगा अम्लुवन, गिन्नै अंधेरी रात॥"

कोई भी संप्रदाय किसी से पीछे नहीं है। सिख लोग भी अपने नव गुरु के बाद गुरु बंद ही कर दिए। अब गुरु ग्रंथ साहब की पूजा अर्चना शुरू हो गई। क्या अब प्रतिभा का जन्म नहीं होगा ? निरंकारी अभी गुरु मानते हैं। तो सिख धर्म उसे बहिष्कार करता है। क्या अंतर है ? उधर मूर्ति पूजकों एवं इधर ग्रंथ पूजकों में, प्रकृति निरंतर विकास की तरफ बढ़ती है। आदमी निरंतर बदलता जा रहा है। आदमी जो सात वर्ष पहले था, वह अभी नहीं है। वैज्ञानिक कहते हैं। प्रत्येक व्यक्ति सात वर्ष में बदल जाते हैं। एक अणु-अणु बदल जाता है। सिख वहीं गुरु ग्रंथ साहब को पकड़ कर बैठे हैं। ये संप्रदाय वाद किसी को आगे देखने को कहता, किसी को पीछे को, किसी को ऊपर, किसी को नीचे। सभी 'स्व' से दूर विक्षिप्तावस्था में हैं। कोई अज्ञान में विक्षिप्त है तो कोई तथाकथित ज्ञान में।

मैं एक कहानी सुना हूं। यूनान में एक बहुत बड़ा ज्योतिषी था। उसका नक्षत्र, तारों, ग्रहों पर भविष्य के संबंध में बहुत बड़ा अध्ययन था। एक रात्रि वह तारों का अध्ययन करता हुआ चल रहा था। चलते-चलते नगर से बाहर निकल गया। ऊपर ही तारों पर नजर लगाए हुए था।

बाहर सुनसान जगह पर चला गया एवं चलते-चलते एक कुएं में गिर गया। जब कुएं में गिरा तो अब तारा भूल गया, अब किनारा खोज रहा था। कुछ काल के बाद मालूम हुआ कि गड्ढा है कुआं है। अतएव चिल्लाना शुरू किया। कौन सुनता ? वहां एक बुढ़िया खेत (अगोर) रखा रही थी। एक

झोंपड़ी में बैठी थी। आवाज सुनी कुएं तक गई एवं रस्सी नीचे लटका दी। किसी तरह ज्योतिषी बाहर निकला, बाहर निकलते ही वह बुढ़िया को धन्यवाद किया एवं कहां कि 'मैं एथेन्स का बहुत बड़ा ज्योतिषी हूं। तुम कल दिन में मेरे यहां आना। मेरा नाम पूछ लेना। एथेन्स का कोई आदमी मेरा घर बता देगा। हमारे यहां बहुत बड़े-बड़े लोग आते हैं। हजारों रुपये हमारी फीस है। बड़े-बड़े नेता, अधिकारियों की भीड़ रहती है। खैर, तू आ जाना, तुम्हारा भविष्य मुफ्त में बता देंगे। कोई फीस भी नहीं लेंगे। बुढ़िया कही ठीक है, धन्यवाद। मुझे अपना भविष्य नहीं जानना है। मैं तुम में भी अपने को ही देख रही हूं। तुम दूसरे का भविष्य बताते हो, अपने बारे में एक कदम आगे का नहीं जानता, तो इस तरह की भविष्य की पढ़ाई से क्या फायदा ? कहते हैं वह एथेन्स उसी दिन, उसी क्षण से ज्योतिषी का काम छोड़ दिया एवं बुढ़िया को झुक कर प्रणाम किया। कहा कि मां आज से तुम ही हमारी गुरु हो। वह ज्योतिषी तत्क्षण स्वर की खोज में अंतर्मुखी हो गया। अहंकार विदा हो गया। सहज हो गया।

यह क्षण हम सबके सामने हर समय आता है। यदि हम सीखना चाहते हैं तो एक नन्हे से बच्चे से भी सीख सकते हैं। पेड़ से, पर्वत से, झरने से, कहीं भी सीख सकते हैं। नहीं सीखना है तो कहीं नही सीखेंगे। हम विभिन्न संप्रदायों के शब्द जाल में फंसे ही रह जाएंगे। आप देखते हैं हजारों लोग मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे, गिरिजाघर जा रहे हैं।

क्यों जा रहे है ? **वहां भी चाह है, वासना है, जहां चाह है, वासना है, वहां प्रार्थना नहीं है।**

काम की वासना की दुर्गंध में, अर्चना की सुगंध कैसे पैदा होगी ?

लाख धूप, दीप जलाओ—न होगी रोशनी, न होगी सुगंध। हो सकता है दुर्गंध को, अंधेरे को छिपा लेंगे, परंतु मिलेगा नहीं। यही हम धोखा जन्मों-जन्मों से करते आ रहे हैं। इस जन्म को सहजता से सहज योग में लगा दें। अभी नहीं तो फिर कभी नहीं।

विधि—

साधक गुरु के सान्निध्य में रहकर सबसे पहले अपना तर्क-वितर्क एवं कुतर्क को समाप्त करे। सोच ले अब कोई प्रश्न नहीं है। मात्र एक प्रश्न ही है जिसका उत्तर स्व के अंदर खोजना है। अब साधक को हद एवं बेहद की सीमा को पार करना है।

"हद चले सो मानवा, बेहद चले सो साध।
हद बेहद दोउ तजे, ताकर मता अगाध॥"

यदि साधक की स्थिति यह हो गई हो कि मानव एवं साधु दोनों की स्थिति को पार कर समाधि की तरफ बढ़ सकता है, तब तो ठीक है। अन्यथा गुरु क्या कर सकता है।

"गुरु बिचारा का करै; सिखहि माहि चूक॥"

कही भी चूक हो जाने पर बात नहीं बनेगी। साधक गुरु पर पूर्ण श्रद्धा विश्वास कर उसी के निर्देशों को समझकर सहज हो जाए।

साधक कही भी एकांत में बैठकर चिंतन करे, अंदर प्रवेश करें। बाह्य पदार्थों से मन को अवरुद्ध कर शुद्ध चित्त से चिंतन करे।

प्रथम–साधक चिंतन करे कि मैं अमर हूं। मैं ही एक हूं। अहम् ब्रह्मास्मि में ही परम तत्व हूं। मुझसे अलग कुछ भी नहीं है। जो भी बाहर जगत है। वह मुझसे ही निःसरित है वह मुझ में विलीन हो जाएगा, मैं तो संकल्प निर्विकार हूं, मेरी ही चेतन सत्ता पूरे जगत में व्याप्त है। इस तरह साधक को, संपूर्ण समुद्र को अपने में देखना है।

"बूंद जो परा समुद्र में, जो जानत सब कोय।
समुद्र समाना बूंद में, सो जानै विरला कोय॥"

ऐसा कोई विरला यानी एकाध ही साधक सक्षम होता है, जो पूरे समुद्र को ही, परम पिता परमात्मा को ही आह्वान कर ले अपने में। इसमें साधक केवल सुरति का सहारा ले। सुरति के सहारे उपरोक्त चिंतन करते हुए निर्विकार हो जाए।

द्वितीय चरण–साधक जब सोचता है मैं ही वह शुद्धात्मा हूं। मैं ही परम हूं। मैं ही पारब्रह्म हूं। जब इस तरह का दृष्टि पूरा हो जाता है तब वह चिंतन करता है कि ब्रह्म एवं 'हूं' या 'है', दो अलग-अलग नहीं है। या 'हूं' मात्र परमात्मा ही हो सकता है। इस तरह यह कहना या चिंतन करना, फिर परमात्मा हूं, यह परमात्मा का ही दोबार पुनावृत्ति है क्योंकि पहला आखिरी तो मात्र उसका ही अस्तित्व है। इस तरह मैं तो प्रकृति का प्रतीक एवं 'हूं' पूर्ण ब्रह्म चेतन का। इस तरह 'मैं' की 'नहीं' के साथ एवं 'हूं' की 'है' के साथ एकता है। हालांकि मैं के साथ संबंध होने से 'हूं' है। अगर मैं का संबंध छोड़ दें तो 'हूं' नहीं रहेगा। प्रतीत 'है' रहेगा वहीं जो परम तत्व है।

जब साधक अहम को पकड़े रहेगा तब 'अहम्' के संबंध से ही 'मैं, तू यह और वह उत्पन्न हो जाएगा। जबकि 'है' ही सबका प्रकाश है। एवं 'है' में ये चारों

नहीं है। इस अहम के नाश होते ही देश काल क्रिया अंतर्धान हो जाते है। 'है' सत् रह जाता है। साधक मौन हो जाएगा। समुद्र ही बूंद में मिल जाएगा। **साधक अक्रिय हो जाता है। अक्रिय से ही संसार उत्पन्न होता है। एवं उसी में विलीन हो जाता है। इस तरह साधक संसार की सहज स्वाभाविक तथा नित्य-निरंतर निवृत्ति है और परम तत्व की सहज स्वाभाविक तथा नित्य निरंतर प्राप्ति है। संसार की प्रतीत है प्राप्ति नहीं।** यही अवस्था सहजावस्था है। साधक पहचान लेता है या पा जाता है सहजावस्था को।

'सहज सहज सबही कहे, सहज न चीन्हे कोय।
जो सहजे साहिब मिले, सहज कहिजै सोय॥''

इस तरह साधक का समाधि ध्यान, कुण्डलिनी अनुभव, सबकी जिज्ञासा मर जाती है। वह स्वरूप में स्थित हो जाता है।

''सुन्न मरै, अजपा मरै, अनहद हूं मरि जाय।
राम स्नेही ना मरे कह कबीर समुझाय॥''

सिर्फ वही बचता है, जिससे द्वैत का कोई संबंध निर्मित नहीं होता। जिसके साथ दो का बोध नहीं होता। जरा इस पर ठीक से विचार करना होगा। 'सुन मरे, पर सुन्न होना चाहिए। अनहद होना चाहिए, अजपा होना चाहिए जो है ही नहीं, वह मरेगा क्या ? यानी इसी अनुभव में नहीं रुकना। वह तो होगा ही। योगभ्रष्ट का भी अर्थ यही है। समाधि तो मिल गई। लेकिन ध्यान तो आ गया, फिर ध्यान से आसक्ति हो गई अनासक्ति न रही। ऐसे ही व्यक्ति को योग भ्रष्ट कहते हैं, परंतु जब साधक इससे भी आगे राममय हो जाता है। तब वहां न भक्त रहता है, न भगवान।

'राम सनेही न मरै, कह कबीर समुझाया' अब न ही कोई पूजक है न कोई पूज्य। इस समय जो प्रेम की सरिता बहती है, दोनों कूलों का स्पर्श करते हुए, वह है राम स्नेही। वह मरता नहीं क्योंकि जो भी मर सकता था, सब पहले ही मर गया, सूक्ष्मतम अहंकार बचता है, न समाधि न ही चमत्कार। साधक पूर्ण खाली है या पूरी तरह खो गया। कोई भी रूपरेखा नहीं बची। न ही कोई चिन्ह छूटा सब परमात्मा तो है। 'या परमात्मा ही सब तरफ से घेर लेता है। इस तरह के साधक की स्थिति सद्गुरु कबीर के ही शब्दों में–

''जाके मुख माथा नहीं, नाहीं रूप अरूप।
पहुपवास से पातरा, ऐसा तत्व अनूप॥
कथन श्रवण तह होते नहीं, गमनागमन भी नाहिं।
शून्या शून्य दोनों परे, दिल दरिया माहि॥

अब साधक पूर्णत्व को प्राप्त कर पूर्ण हो जाता है। उस रूप की व्याख्या अब उसके बस की नहीं रह जाती है। चूंकि रूप का ही वर्णन संभव है।

अरूप का वर्णन कैसे करेगा ? वहां न ही कथन है न ही श्रवण रह जाता है। यानी अनाहद नाद की भी गति समाप्त हो जाती है। अब तक तो साधक शून्य को साध रहा था। प्रकाश को साध रहा था। यदि प्रकाश को साध रहा है तो अंधेरा भी संभव है। प्रकाश और अंधेरा दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। अतएव अब तो साधक प्रकाश एवं अंधेरे से भी मुक्त हो गया। शून्य-शून्य से भी मुक्त हो गया बिलकुल छलांग लगा गया। दोनों से पार चला गया। अब वह क्या करेगा ? अब तक तो कहता रहा। अब कहने की स्थिति में नहीं है। इस तरह बुद्ध पुरुष से आप प्रश्न करोगे। ईश्वर है या नहीं ? तो क्या उत्तर देगा ? वह तो असमर्थ हो जाएगा। यह प्रश्न भी उसके साथ में करना नादानी है। जैसे प्रकाश से ही कोई नादान पूछे—प्रकाश है या नहीं ? प्रकाश क्या उत्तर दे। उत्तर तो वही दे सकता है जो नहीं देखा। नहीं पहचाना, नहीं जाना, अंधकार ही कह सकता है कि प्रकाश है, या यह भी कह सकता है, क्या बकवास की बात करता है प्रकाश भी कुछ होता है। मेरी (अंधकार) अनुपस्थिति ही प्रकाश समझ लो। समझने वाले इशारे मात्र से समझ सकते हैं। नहीं समझने वाले नहीं ही समझेंगे। चाहे आप किसी भी तरह समझा लें। कोई शक्कर खाया हो। दूसरा पूछता है शक्कर कैसा है। क्या कह सकता है। मात्र किसी तरह इशारा कर सकता है। मीठा है। कितना मीठा है ? कैसे बताएगा ? उसी तरह 'विज्ञ' पुरुष परम पुरुष के बारे में इशारा मात्र कर सकता है। इसी से कबीर साहब कहते हैं—

जाने सो कहै नहीं, कहै सो अनजान।

परमात्मा के बारे में अब व्याख्या वही दे सकता है जो बिलकुल कोरा हो। अनजान हो। पुस्तकों को रट लिया हो, सुगा के तरह या पीठ पर विद्वत्ता ढो रहा हो गधे की तरह।

यह योगी तो अब उसका साक्षात्कार कर लिया। अब अपने को अलग उसको अलग भी नहीं कह सकता न ही दो का भान रख सकता। कैसे रखेगा ? उसके लिए असंभव है। हां, स्वामी राम इसी से साक्षी भाव से अपने को देखते थे। कहते थे। स्वामी राम प्यासा है। इसे पानी दो, कोई पत्थर मारता कोई गाली देता तो हंसते थे। कोई व्यक्ति पूछता क्या बात है, स्वामी जी। राम को लोग पत्थर मार रहे हैं। स्वामी राम को लोग गाली दे रहे हैं। बिलकुल ही साक्षी भाव था। वे द्रष्टा की तरह देख रहे थे। करुणावश यह योगी जब कुछ कहना चाहता तो उसे अत्यंत

मूलाधार चक्र

वं

मं लं शं

षं

कठिनाई महसूस होती। वैसे किसी प्रकार पांचवें शरीर पर लौटना पड़ता है। चूंकि उस शरीर में कुछ कह ही नहीं सकते। वह तो बिलकुल सत् शरीर है, सत् भी इंगित ही कर सकता है। आप जरा यों सोचें जो बूंद समुद्र में मिल गई कैसे अपने अस्तित्व को अलग रखेगी। अलग रखेगी तो वह मिली नहीं। इस अवस्था में जिया जा सकता है। हुआ जा सकता है। जाना सकता है। इसी अवस्था के योगी को आप अवतार कहते हैं। ईश्वर कहते हैं। आप जो चाहे कहें। ये शब्द इंगित करते हैं, वैसे व्यक्तियों की तरफ जो मन को छलांग लगा गए हैं। मन के पार जा चुके हैं। अन्य साधकों के लिए या जगत के लिए करुणावश वे पांचवें शरीर में लौटकर ही कुछ उपदेश देते हैं। सच्ची बात कह देते हैं। जो प्रत्यक्ष देखें है अनुभव किए हैं। भले ही आपके पुराण से मिले या नहीं, वे परवाह नहीं करते। अब बेपरवाह हो गए हैं। भले आप आलोचना करो, कहो यह तो कहीं लिखा ही नहीं। ये तो मस्त-दिवाने होते हैं। अपने ब्रह्म में रंग के रंगे दीवाने।

''लाली देखन मैं गई, मैं भी हो गई लाल।''

कुण्डलिनी और चक्र–

जब साधक प्राणायाम के द्वारा कुण्डलिनी जाग्रत करता है, तो उसे एक अद्‌भुत अनुभव होता है। वह अनुभव किसी भी बाह्य अनुभव से मेल नहीं खाएगा उस समय साधक ज्यादा से ज्यादा मौन रहे। गुरु के साथ भी मौन सत-संग करे। जब भी साधक का ध्यान केंद्रित नहीं होता हो एवं बहिर्मुख हो जाता है तो गुरु के साकार रूप का ध्यान करे तत्पश्चात मन के केंद्रित होते ही गुरु के नख का ध्यान करे। इस तरह साधक अपने गंतव्य स्थल की तरफ आगे बढ़ जाए। इससे साधक को बाह्य बाधाओं से बचने में आसानी होती है। प्राणायाम के द्वारा इंगला एवं पिंगला के श्वास-प्रश्वास एवं कुंभक से सुषुम्ना अपने आप चलने लगती है। साधक को यह जान लेना श्रेयस्कर होगा कि सारा का सारा अनुभव एवं कुण्डलिनी का जागरण तभी होता है जब श्वास सुषुम्ना में पहुंचता है। इस समय मालूम होता है कि बहुत धीरे-धीरे दोनों श्वास चलता है या रुक सा गया है। बाएं श्वास यानी चंद्र स्वर या गंगा इड़ा इत्यादि नामों से जाना जाता है। इसमें सावित्री एवं ब्रह्मा का निवास है। दायां स्वर, सूर्य स्वर पिंगला जमुना या पुरुष का प्रतीक है। इसमें विष्णु एवं लक्ष्मी का निवास माना गया है।

सुषुम्ना नाड़ी–

इसे नपुंसक का अंश कहा गया है। यही सरस्वती भी कही जाती है। इसे

कबीर साहब राहू भी कहते थे। जो चंद्र एवं सूर्य नाड़ी को ग्रास करा लेती है।

"नितै अमावस नित ग्रहण होई, राह ग्रासे नित दीजै"

तब ही यह स्वयं धीरे-धीरे चलने लगती है। जिससे साधक इसी के माध्यम से अपने गंतव्य तक पहुंचता है। इसमें महादेव एवं पार्वती का निवास माना गया है। साधक इस नाड़ी में प्रवेश अत्यंत सावधानी से गुरु के निर्देशन पर करे। जब यह नाड़ी चलने लगती है तो कुण्डलिनी अपने आप जाग्रत हो जाती है। अपने आप ही दैवी गुणों का समावेश हो जाता है। तब साधक 'बिन पढ़े, वकै पुरुणा' की स्थिति में पहुंच जाता है। इस नाड़ी के बंद होने पर साधक मृत्यु को प्राप्त हो जाता है। इससे इसे खुद का रूप प्रलयंकार भी कहा जाता है। इससे साधक बिना इसे छेड़छाड़ किए प्रश्वासों के माध्यम से ही इसमें सहजावस्था में प्रवेश करें। इसमें प्रवेश करते ही साधक का ध्यान लग जाता है तथा ध्येय तक पहुंचने में सफल हो जाता है। साधक के सारे प्राणायाम का फलाफल यही है कि वह सुषुम्ना में निर्विघ्न पहुंच जाए।

कुण्डलिनी–

सुषुम्ना नाड़ी के निचले भाग पर कुण्डलिनी साढ़े तीन फेरा मारकर अपनी पूंछ अपने ही मुंह में डालकर सोई हुई है। साधक प्रथम इसे पूर्ण ऊर्जा प्रकाश के रूप में देखता है। कुछ काल के बाद जब यह कुण्डलिनी जाग्रत होती है तब साधक के लिए यह प्रकाश, ओज, आवाज, दृश्य, अनुभव सब असाध्य होने लगता है। साथ ही अब साधक भीतर बाहर से बिलकुल बदला हुआ होता है। अब साधक अंतर्मुखी यात्रा शुरू करता है। अब यही कुण्डलिनी उर्द्धगति से ऊपर की तरफ चलती है तो साधक आनंद का अनुभव भी कर सकता है। कुण्डलिनी एक ऐसी आग है, जिसके जागते ही शरीर के सारे कचरे जल जाते है। मांस, खून, मज्जा जो भी जरूरत से ज्यादा है। सब जल जाता है। यह एक अत्यंत तेज इलेक्ट्रिक फोर्स है। जिसमें क्रोध, लोभ भी जल जाता है। शरीर में रहता है वही, जिसकी शरीर को जरूरत हो, साधना की जरूरत हो। कुण्डलिनी के हिलने मात्र से वासना भड़क उठती है। इस समय साधक अतिकामी, क्रोधी, लोभी हो सकता है। चूंकि यह ऊर्जा के जन्मों-जन्म के अधोमुख का परिचायक है। ऐसी स्थिति में गुरु सान्निध्य की अति आवश्यकता है।

मूलाधार चक्र–कुण्डलिनी उर्ध्वगति से ऊपर चलती है। पहला चक्र है मूलाधार। यह गुदा स्थान से दो अंगुल ऊपर है जिसमें चार दल कमल हैं। इसका रंग लाल है इन कमल दलों पर व, श, ष, स में ही चार अक्षर हैं।

मूलाधार चक्र



देव स्थान—इसके मध्य में गणेश जी ऋद्धि एवं सिद्धि के साथ बैठे हैं। लवणा सागर भी यही है। चंद्रमा भी अपनी पत्नी रोहिणी के साथ यहीं है। 27 (सत्ताईस) नक्षत्रों का वास भी इसी चक्र में है। इसके पूरब दल पर इंद्र शची के साथ है। दक्षिण दल पर यमराज अपनी पत्नी के साथ तथा उत्तर दल पर कुबेर एवं चित्रपुरी है। साधक अपनी आध्यात्मिक यात्रा में ध्यान के द्वारा सब कुछ देख सकता है।

मानसिक पूजा—साधक गुरु आज्ञा लेकर सबसे पहले गणेश जी का षोड्स विधि मानसिक पूजन करे। तत्पश्चात उनकी पत्नी ऋद्धि एवं सिद्धि की एवं वाहन मूषक की भी। गणेश जी को लड्डू का ही भोग लगाना श्रेयस्कर होता है। तत्पश्चात गणेश जी का ही आदेश प्राप्त कर साधक कुबेरपुरी या चंद्रपुरी, यमपुरी का दर्शन कर सकता है। जिस लोक में साधक भ्रमण करता है। वहां के देवता का षोडस विधि से पूजन कर उनका आदेश प्राप्त कर उनके द्वारा अधिकृत देवता के साथ ही व लोक घूमा जा सकता है। जो भी पुराणों में वर्णन यमपुरी या कुबेरपुरी का मिलता है, वह सब साधक सहज ही घूमकर देख सकता है। इसी से कबीर साहब कहते हैं—

बिन पढ़ै बकै पुराना।

इतना ही नहीं आगे कहते हैं—

'बैठे पंडित पढ़ै पुराना, बिन देखे का करे बखाना। बाहर नीरख बड़ पंडित होई, लखे बचन सत्य सम होई।' आद्या या आदि शक्ति भी यही है। यही विद्या का भण्डार है तथा वाणी का विकास भी यहीं से होता है। चौरासी लाख नाड़ियों का संयोजन यहीं पर होता है। इसी से चौरासी लाख योनियों का खजाना भी यहीं है। सारी नाड़ियां यहीं जुटती हैं। इसी से गुणों के ईश 'गणेश' यहीं विराजमान हैं। गणेश की पूजा संसार में भी पहले इसी से होती है। इंगला-पिंगला एवं सुषुम्ना का संयोजन भी यहीं होता है। अब साधक को आसानी से समझ में आ गया होगा कि जिस सिद्धि के लिए मांत्रिक तांत्रिक तथा प्रेतादि साधक जन्मों गंवा देते हैं। वह सब इस पथ के साधक को सहज ही प्रथम चरण में ही उपलब्ध हो जाता है।

भौतिक शरीर (Physical Body)—साधक को यह समझ लेना है कि जैसे सात चक्र हैं ठीक उसी तरह सात शरीर भी हैं। मूलाधार चक्र से ही चक्र भेदन क्रिया आरंभ होती है। जिस-जिस चक्र पर कुण्डलिनी आती है। साधक उसी के अनुरूप शरीर धारण करता है एवं योग्यता में, भाव में, विचार में उसकी स्थिति में भी तद्नुरूप बदलाहट प्रारंभ हो जाती है। प्रकृति

के द्वारा उपलब्ध काम केंद्र (Sex centre) यहीं है। दक्ष प्रजापति भी यहीं रहते हैं। अतएव मन का निवास भी यही रहता है। अतएव जीव यहीं से सृष्टि का काम करता रहता है। मन यहीं पर पाप-पुण्य में फंस जाता है। चूंकि यौवन शक्ति का केंद्र यहीं है। मन इसी से इसी में फंसा इसके इर्द-गिर्द घूमता रहता है। मन अपने अधोगति के रास्ते यहीं पर फंस जाता है। जो जन्मों जन्म तक यहां से मुक्त नहीं होता है, वह कहलाता है 'ब्रह्मचर्य' साधक न ही काम के दमन से ब्रह्मचर्य को उपलब्ध होता है ना ही काम के दलदल में फंस कर। ध्यान के द्वारा ही काम का रूपातंरण संभव है। जब काम का रूपांतरण होता है तब मन ध्यान के साथ उर्द्धगति से ऊपर की तरफ चल देता है। जब मन ऊपर की तरफ चलता है तो इसकी अनंत संभावनाएं बनती हैं। यह अनंत तक जाने में सक्षम हो जाता है। साधक के लिए काम का दमन उतना ही खतरनाक है जितना काम में फंस जाना। दोनों ही समान हैं। दोनों ही भौतिक शरीर तक ही सीमित हैं। अतएव साधक को जब अनंत की यात्रा करनी होगी तो उसे इन दोनों से ऊपर ब्रह्मचर्य अवस्था को प्राप्त करना ही होगा। यह अवस्था भी ध्यान से सहज ही उपलब्ध हो जाती है। भौतिक शरीर है अतएव यहां थोड़ी भी असावधानी हुई, दमन हुआ तो साधक का काम बदसूरत कर देगा। अतएव हर हालत में इसका रूपांतरण ही सुंदरतम ब्रह्मचर्य हो सकता है।

परिणाम–इस चक्र पर ध्यान मात्र से मन आनंदित हो जाता है। सारे रोग-कष्ट स्वतः समाप्त होने लगते हैं। काव्य लेखन क्षमता का स्वतः विकास हो जाता है।

स्वाधिष्ठान चक्र–(Hypogastric plexus) यह चक्र मूलाधार चक्र के ऊपर तथा नाभि से ठीक लगभग 6 अंगुल नीचे है। मूलाधार चक्र से दो अंगुल ऊपर है। इसका रंग पीत है।

यह 6 दल कमल है।

देव स्थान–इस चक्र के मध्य में स्वयम् ब्रह्मा सरस्वती के साथ बैठे हैं। यहीं मधुर सागर भी है। छः दल कमल पर य, र, ल, व, भ, म, में ही 6 अक्षर हैं। यहां से उत्पन्न होते हैं।

य–ब्रह्मा यहीं से सृष्टि की रचना करते हैं। दक्ष प्रजापति यहीं रहते हैं। वसंत ऋतु यहीं रहता है। यहां परम सुंदर एवं सुहावना दृश्य रहता है।

र–यह अग्नि का बीज मंत्र भी है। अग्नि रहती है। ग्रीष्म ऋतु भी यहीं है। रमण राम, राम यही से रमण करता है।

स्वाधिष्ठान चक्र



ल–यह पृथ्वी तत्व का बीज है। यहां इंद्र देवता रहते हैं। यहीं से इंद्रलोक का संचालन करते हैं। वर्षा ऋतु भी यहीं है।

व–यह आकाश तत्व का बीज है। शिशिर ऋतु यहीं रहती है। ब्रह्मपुरी का भाव भी यहीं से उत्पन्न होना है।

भ–शरद ऋतु यहीं रहती है। मन में भ्रम यहीं से पैदा होता है।

म–हेमंत ऋतु यहां रहती है। यहां माया महल है अतएव मोह माया यहीं रहते हैं। र कार यानी जब जीव सत्याकार हो जाता है तब म कार आनंद रूप अपने आप उपलब्ध हो जाता है।

मानसिक पूजा–साधक ध्यान द्वारा जब इस चक्र में पहुंचता है तब यहां का सारा अलौकिक स्वरूप दृष्टिगत होने लगता है। अक्सर साधक के 6 से 11 हजार श्वासों में जाप से कुण्डलिनी यहां पहुंच जाती है। प्रत्येक श्वास से सत्नाम के सहारे सुरत को लेकर पहुंचने पर ऐसा हो जाता है। ऊपर बताए गए तरीके से साधक सबसे पहले ब्रह्मा एवं सरस्वती का मानसिक षोडश विधि से पूजन कर, वस्त्र, भोग अर्पण करे। तत्पश्चात ब्रह्मा से सविनय निवेदन लेकर ही अन्य दल पर भ्रमण हेतु प्रस्थान करे। जिस द्वार पर पहुंचे वहां के द्वारपाल से भी सविनय प्रार्थना कर ही द्वार खोलने का आग्रह कर साधक उसके देवता का पूजन कर उस लोक का भ्रमण करे। साधक जो भी पुराण में पढ़ा है सब स्पष्ट दिखाई देने लगता है। यह शरीर ऐसा जो बाह्य आंखों से दिखाई नहीं पड़ता परंतु परिणाम आता है।

भाव शरीर–(Ethric Body) स्वाधिष्ठान चक्र में कुण्डलिनी के पहुंचने पर साधक का शरीर भी बदलता है। जिसे भाव शरीर भी कहते हैं। इस चक्र पर प्राकृतिक रूप से मिली संभावना का रूपांतरण भी स्वतः होने लगता है। इस चक्र की प्राकृतिक संभावना है–भय, क्रोध, हिंसा, घृणा। या तो इसी में फंस कर रह जाता है। या ब्रह्मचर्य की तरह इसका भी दमन कर सकता है। भयभीत है। परंतु निर्भय का नाटक करता है। क्रोध से भरा है परंतु शांति की चादर ऊपर से ओढ़ रहा है। जो अत्यंत खतरनाक है। साधक को हर हालत में दमन का दामन नहीं पकड़ कर रूपांतरण का सहारा लेना ही श्रेयस्कर है। यह रूपांतरण ही अत्यंत पवित्रतम है। जो साधक के चेहरे से स्वतः ही परिलक्षित होता है। यथा ये प्रेम, करुणा, अभय एवं मैत्री में बदल जाते हैं। तब कोई उपाय ही नहीं बचता है कि क्रोध करे, घृणा करे। यह शरीर ऐसा है जो आंखों से दिखाई नहीं पड़ता, परंतु परिणाम दिखाई अवश्य पड़ता है जैसे एटमिक एनर्जी पदार्थ तो दिखाई पड़ता हैं। परंतु पदार्थ को ज्यों ही तोड़ते हैं इलेक्ट्रॉन, प्रोटोन, न्यूट्रॉन में तो ऊर्जा मात्र रहती है। विद्युत ऊर्जा पदार्थ नहीं। अब

वैज्ञानिक कहते हैं कि अगर ऊर्जा तीव्र गति से घूमती है तो हमको पदार्थ मालूम होती है। आज का वैज्ञानिक जिस एटमिक एनर्जी (परमाणु ऊर्जा) पर ही विश्व का विस्तार मान रहा है उस ऊर्जा को हम देख नहीं सकते। उसके परिणाम को ही देख सकते हैं। साधक की सारी खोज अपने अंतर की है, परिणाम अंतर एवं बाहर दोनों का संभव है।

परिणाम—इस शरीर में पहुंचने पर साधक अपने को प्रेम से परिपूर्ण पाता है। अब उसमें घृणा रहती ही नहीं। इस स्थिति में भय भी भूलकर निर्भय को प्राप्त कर लेता है। जिससे साधक के आश्रम में बकरी एवं शेर भी निर्भय होकर प्रेम के साथ रहने लगते हैं। पशु-पक्षी उनके आस-पास निर्भय होकर स्वच्छंद विचरण करते हैं। उनके नजदीक सब जीव निर्भय हो जाते हैं। वह व्यक्ति अब किसी की हिंसा कर ही नहीं सकता। अहिंसक उसका स्वतः गुण हो जाता है। इस चक्र का साधक न काहू से दोस्ती ना काहू से बैर की स्थिति में रहता है। जिह्वा पर सरस्वती देवी का आगमन हो जाता है। अतएव अब वह जो कुछ बोलता है वह वेद ऋचा हो जाता है।

मणिपुर चक्र (Epigastric-Plexus)

इसका स्थान नाभि भाग है। यहां दशदल कमल है। ये रंग में धूम्र है। साधक यहां 10 हजार से 15 हजार श्वासों का सत्नाम (गुरु से प्राप्त मंत्र) के जाप के साथ पहुंच जाता है।

देवस्थान—इसके मध्य भाग में भगवान विष्णु लक्ष्मी के साथ बैठे हैं। यहीं बैकुण्ठपुरी भी है। वरुण भी यहीं है। यहां क्षीर सागर है। यहां पर दस अक्षर दस दल कमल पर है यथा—ण, ढ़, त, थ, द, ध, न, प, फ इन दसों दलों पर भगवान विष्णु के दस पार्षद रहते हैं। शब्द कोश भी यहीं है। दस वायु भी यही हैं। दसों द्वारों का संबंध भी यहां से है।

मानसिक पूजा—साधक की जब कुण्डलिनी यहां पहुंचती है तब सबसे पहले भगवान विष्णु लक्ष्मी सहित स्वागत करते हैं। साधक को अत्यंत आनंद का अनुभव होता है। अतएव साधक को भी विष्णु का पांचों उपचार, षोडसो उपचार या बत्तीसों उपचार से पूजा करना चाहिए। यह मानसिक पूजा गुरु से सीख लें।

नोट—साधक किसी भी देवता या देव पुरुष से प्रश्न न करे। मात्र उनका दर्शन प्रार्थना एवं आसन भोग लगाकर उस लोक का भ्रमण करे। दसों दलों पर युक्ति ढंग से घूम सकता है। भगवान विष्णु यहीं से पूरी सृष्टि का भरण पोषण करते हैं। शरीर के प्रत्येक भाग का पोषण भी यहीं से होता है।

स्वाधिष्ठान चक्र

Vc133r8c

मणिपुर चक्र

फं डं पं ढं नं णं धं तं दं थं

रं

मणिपुर चक्र

सूक्ष्म शरीर–(Astrol-Body) साधक तर्क-वितर्क करने लगता है। दस दल कमल है अतएव–

दस द्वारों का पिंजरा जामें पक्षी पवन।
रहवे को अचरज है, जात अचंभा कौन।।

रहने जाने का आश्चर्य है। संदेह विचार का सागर है। जब तक साधक संदेह विचार पर रुका रहेगा, आगे नहीं जा सकता, न ही कोई अनुभव संभव है। इसे भी दमन नहीं करना रूपांतरण श्रद्धा में कर लेना है। विचार का रूपांतरण विवेक में। अतएव संदेह भी अत्यंत आवश्यक है। गुरु जन कहते हैं। संदेह मत करो, विश्वास कर लो संदेह दब जाएगा। विश्वास भी नहीं आएगा। परंतु जिस दिन संदेह पर संदेह हो जाएगा उस दिन श्रद्धा अपने आप आ जाएगी। विचार की भी यही स्थिति है, गुरु जन कहते हैं। विचार छोड़ दो चुप रहो। होता है उल्टा। ऊपर से मौन अंदर से विचार का दौर शुरू होता है। साधक बार-बार दबाता है। वह कुरूप होता जाता है। जिस दिन विचार पर विचार करता है। उस दिन वह उपलब्ध होता है विवेक को। श्रद्धा एवं विवेक बहुत ही कीमती पुष्प है। जो स्वतः आते हैं। इसे लाने का कोई प्रयास कारगर नहीं होगा।

विज्ञान इस शरीर तक अभी नहीं पहुंचा है। चूंकि अभी वह पदार्थ (एटम) को ही तोड़ सकता है। अब ईथर प्राप्त हो गया है। यदि विज्ञान ईथर को तोड़ सके तब कहीं संभव है एस्ट्राल बॉडी में प्रवेश कर सके। परंतु यह भी विज्ञान के लिए संभव नहीं है।

परिणाम–साधक अपान वायु का दमन करते हैं। इसी वायु के माध्यम से सुमेरू गिरि पर चढ़ने का रास्ता है। पांच वायु या ब्रह्माण्ड यथा नाग–श्वास-प्रश्वास लेना, कुर्म–आंख खोलना, बंद करना, क्रीर्कल–जम्हाई लेना, देवदत्त–कान से सुनना, धनंजय–शरीर को बढ़ाना, फुलाना, कमजोर करना। जब साधक शेष वायु को धनंजय में विलीन कर लेता है तब शारीरिक क्रियाएं शिथिल हो जाती हैं। इस तरह योगी ब्रह्माण्ड (ब्रह्मरंध्र) से इस वायु को भी निकाल कर शरीर से उसी तरह मुक्त हो जाता है, जैसे कोई कपड़े से। इस चक्र पर पहुंचे साधक की मानस शक्ति अत्यंत ही प्रबल हो जाती है। मानसिक शक्ति से प्राकृतिक वस्तुओं को पा लेता है। दुःसाध्य एवं अलौकिक कार्य कर लेता है। जाते हुए ट्रेन, जहाज को रोक देता है। सामने के या दूरस्थ व्यक्ति के मन की बात को जान लेता है। दूर श्रवण, दूर दृष्टि अपने आप आ जाती है।

सूक्ष्म शरीर ग्रहण करना–इस शरीर में पहुंचे साधक अपना शरीर

अपनी कुटिया या आश्रम में रखकर दूरस्थ जगह पर दूसरे शरीर में पहुंच जाता है। एवं अपने शिष्य का भला कर सकता है। यह आमतौर पर सुनने में आता है कि एक आदमी अमुक-अमुक जगह पर एक साथ प्रकट हो गया। यानी साधक जितना ही सूक्ष्म शरीर में पहुंचता है। उसका मन उतना ही अंदर जाता है। जितना ही मन बहिर्मुख होता है, उसकी उतनी शक्ति कम हो जाती है। सारा का सारा खेल मन के अंतर्मुख पर ही है।

इसी शरीर के माध्यम से देवता एवं प्रेत इच्छानुसार शरीर धारण कर लेते हैं। इनका फोटो तो आ सकता है। परंतु छाया नहीं आती। चूंकि यह ईथर शरीर को बहुत ही कंडेंस कर लेते हैं। इस तरह जब बहुत ही संघनीभूत कर लेता है। यानी दूर-दूर के अणु खिसक कर करीब आ जाते हैं। जिससे एक आकार प्रतीत होने लगता है। परंतु यह फोटो भी बहुत ही सेंसिटिव फोटो प्लेट से ही पकड़ में आता है। अभी इस तरह का छाया पश्चिम में बहुत लिया गया है, जो नग्न आंख से नहीं देखा जा सकता है।

यह साधक पर निर्भर करता है कि किस मात्रा में अंतर्यात्रा करता है। ठीक उसी के अनुरूप सूक्ष्म से सूक्ष्म जगत का अधिकारी बन सकता है।

अनाहद चक्र (Cardiac-Plexus)

यह चक्र चतुर्थ सीढ़ी है। यह हृदय के पास है। इसका रंग पीत है। यह पीत भी अलग-अलग भासता है। इसे साधक स्वयम् देख कर ही अनुभव करे। यह 12 दल कमल है।

देवस्थान—द्वादश दल कमल के मध्य में भगवान शिव पार्वती के साथ निवास करते हैं। इस चक्र पर षट्कोणाकार धूम्र पीत यंत्र बनता है। यहां संजीवनी या सुरा सागर है। साधक को 12 हजार श्वास जापों पर कुण्डलिनी यहां पहुंचती है। यहां अलग-अलग पंखुड़ियों पर अलग-अलग बारह अक्षर हैं। या उत्पन्न होते हैं। यथा—कं, खं, गं, घं, ङं, चं, छं, जं, झं, ञं, टं, ढं, यहां 12 हड्डियां भी हैं। साधक ध्यान से एक अक्षर का उच्चारण कर अनुभव करे तो अलग-अलग 12 हड्डियों पर जोर पड़ता है। एवं वहां उसका स्थान अनुभव करता है। (चार हड्डी बाएं से ऊपर की ओर क, ख, ग, घ, एवं चार हड्डी दाएं से ऊपर की छ, ज, झ, ञ, तथा दो बाएं से नीचे की ओर—च, छ तथा दो दाएं से नीचे की ओर दो हड्डी ट, ढ, जाती हैं)

मन का स्थान—मणिपुर चक्र एवं अनाहद चक्र के मध्य में एक आठ दल कमल है। यहां का अधिपति मन है।

अनाहत चक्र



अनाहत चक्र
ठं
कं
टं
खं
त्रं
गं
झं
घं
जं
ङं
छं
चं
यं

अष्ट दल कमल सूझै, योगी आप आप में बूझै॥

इसी को मानस चक्र भी कहते हैं। यहीं से अजपा-जाप सोहम् की घड़ी चलती है। यह घड़ी जब बच्चा मां के गर्भ में तीन माह का होता है, तब ही चालू हो जाती है। जब साधक इस घड़ी को प्रथम बार देखता है तो शरीर कंपायमान हो जाता है। धीरे-धीरे गुरु कृपा एवं साधक के प्रयास से ठीक हो जाता है।

मन इन्हीं आठ दलों पर पांच-पांच मकान विभिन्न पांचों तत्वों का बनाया है। प्रत्येक घर में मन एक-एक घंटा रहता है। जिस दल में जिस तत्व के घर में रहता है। इसी के अनुसार कार्य करता है। 'दल मंह भूमि, भूमि मंह पानी, पानी मंह अनल, अनल मंह वायु का डेरा।'

तत्त्व मंह मन रहे लुकाई।
घूमि शरीर मंह रहे दर्शाई॥

यथा—

पूरब दल—यह अग्नि अंगार की तरह लाल वर्ण है। सुबह सूर्योदय के समय मन यहीं रहता है। पृथ्वी तत्व में 140 श्वास जल तत्व में जलमुखी लग्न, 90 श्वास व्याल लग्न, 60 श्वास वायु तत्व, केतकी लग्न, पुनः 30 श्वास-शून्य आकाश तत्व में, शुभ करेंगे। पुनः इसी तरह, 30, 60, 90 पर चढ़ते जाएंगे। यहां पूजा-पाठ ध्यान, जाप, शुभ व संकल्प लेता है।

अग्नि कोण—यह भी अग्नि सदृश्य है। यहां पर जब मन आता है तब सांसारिक कार्य सोचने एवं करने को उद्यत हो जाता है। व्यावहारिक कार्य भी यहीं से करता है। मन क्रमशः नीचे की तरफ उतरने लगता है। धन कमाने, धन अर्जन करने के नाना प्रकार के विचार करता है। उसी की युक्ति करने लगता है। तद्नुरूप शरीर को भी करने को बाध्य करता है।

नैर्ऋत्य दिशा—अब मन-धन अर्जन करने हेतु दूरस्थ जाने को सोचता है, विचार करता है। सलाह लेता है एवं जाने को उद्यत होता या जाता है।

पश्चिम दिशा—मन सांसारिकता में अत्यंत लिप्त हो जाता है। धन के लिए अत्यंत व्याकुल हो जाता है। सब चिंतन धन पर ही केंद्रित हो जाता है। क्या करे कि शीघ्र धन लाभ हो। संभवतः इसी से पश्चिम के लोग धन को उपलब्ध हुए क्या ?

वायव्य दिशा—इस पर मन धन के लिए अत्यंत चितिंत नहीं होता, परंतु यदि ठीक से लगाम नहीं लगता बुद्धि से तो धन के लालच में यह किसी भी तरह का कार्य कर बैठता है। उस समय कार्य गौण होता है। धन ही प्रधान होता है।

ईशान दिशा—यहां जब मन आता है तब अपने प्रभुत्व पर विचार करता है। चाहे किसी भी तरह समाज में हमारा स्वामित्व हो जाए। यहां भी कार्य गौण होता जाता है। एवं प्रभुत्व ही श्रेष्ठ हो जाता है। जब साधक बुद्धि रूपी लगाम ठीक नहीं रखता तो प्रभुत्व की दौड़ में कुछ भी कर देता है। संभवतः आज के नेता अधिकारी इसी प्रभुत्व की दौड़ में कुछ भी करने से नहीं हिचकते।

उत्तर दिशा—यहां मन पर बुद्धि उचित लगाम लगाकर उसे उचित-अनुचित सोचने को बाध्य करती है। यदि साधक इतना समय दिया तब मन यहां पहुंचकर इस पर निर्णय करता है। यहां मन सब सलाहकारों से मंत्रणा करता है। क्या शुभ है ? क्या अशुभ है ? कैसे हम धन एवं पद प्रतिष्ठा को उपलब्ध होंगे, कौन-सी कला है कि किसी का नुकसान भी नहीं हो। मेरा फायदा ही फायदा हो। मन सलाह देकर निर्णय करता है। तब इसके अनुसार भविष्य का निर्माण करता है। मन यहां निर्णय करता है। मन यहां से सद् असद कार्य का निर्णय करता है। कार्य करने को नियमबद्ध भी करता है।

इस तरह मन हर दल के पांचों महल पर विभिन्न तरह का कार्य करता है तथा सबका हिसाब इस दल के आकाश तत्व में लेता है।

मन जितना ही सोचेगा, संकल्प लेगा, उतना ही कार्य करना होगा। उसके लिए चाहे जितना ही जन्म लेना पड़े। जब मन इन संकल्पों का क्षय करता है। तब वह शांति को उपलब्ध होता है। यथा—

क्षयो संकल्प, जालस्य, जीवों ब्रह्मत्व मा पुन्यात।

जब मन संकल्प के जाल का क्षय करता है। तब मन मुक्त हो जाता है। अर्थात ब्रह्म पद को उपलब्ध हो जाता है।

मानसिक पूजा—शिव एवं पार्वती का जब साधक दर्शन करता है तब मन अत्यंत प्रसन्न हो जाता है।

शिव-शक्ति का जब भया मेला, मनवा बड़ा हरखाना।

साधक मानसिक रूप से पांचों उपचार, शोड़सो उपचार एवं बत्तीसों उपचार से भगवान शिव एवं पार्वती का पूजन करे। बगल में बैल एवं पार्वती का वाहन शेर भी साथ बैठे हैं। बिना किसी वैर भाव के। साधक इनका भी पूजन करे।

खीर-खाड़ शिव, भोजन करही।
जेहि लखे योगी मन अनुसरही।।

साधक शिव पार्वती के योग्य आसन-वसन, खान-पान सबकी व्यवस्था मन से ही करे। उसी तरह से वाहन की भी। इस तरह साधक भगवान शंकर

के किसी गण से सविनय प्रार्थना पूर्वक किसी भी दल पर घूमने का आग्रह कर सकता है। यदि भगवान शंकर साधक से प्रसन्न हैं तब ही गण आपको किसी चक्र पर घूमने की अनुमति दे सकता है। या स्वयं पथ प्रदर्शक बन आपके साथ जा सकता है। साधक जिस भी दल पर जाए उसके द्वारपाल को भी दण्ड-प्रणाम श्रद्धा पूर्वक करे, पूजन करे एवं आग्रह पूर्वक घूमने की अनुमति ले। क्योंकि बिना आज्ञा के घूमना भी निषिद्ध है एवं एक प्रकार का हिंसा होगी। चक्र के दलों पर बैठा भी देवता ही है। किसी न किसी रूप में वह शिव लोक का निवासी भी है। अतएव हर हालत में पूज्य है। साधक का मन जब तक एकाग्र रहेगा, उस चक्र के किसी दल पर घूमकर वहां का दर्शन कर सकता है।

मानस शरीर (Mental Body)

साधक जब चौथे चक्र में पहुंचता है। तब वह चौथे शरीर को भी उपलब्ध होता है जिसे मानस शरीर कहते हैं। इसकी भी प्राकृतिक रूप से दो संभावनाएं हैं। यथा—कल्पना (इमेजिनेशन), स्वप्न (ड्रीमिंग)।

साधक को हर स्टेयर (सीढ़ी) के अनुसार यहां की कल्पना एवं सपना का रूपांतरण करना है। रूपांतरण का फल ही श्रेष्ठतम होता है। अभी तक मठों में बैठे गुरु कहते हैं बैठे-बैठे कल्पना करते हैं। एवं सोने पर सपना देखते हैं। इसे दमन करो। जैसे सपने दमन किए वैसे ही दमन की प्रवृत्ति को आगे बढ़ाते हैं। जिससे साधक कुरूप हो जाता है। उसके भविष्य की सारी संभावना मर जाती है। ध्यान करने से ही वह कल्पना-संकल्प में बदल जाती है। विल में बदल जाती है। सपना भी इसी तरह अतिंद्रिय दर्शन या विजन में रूपांतरित हो जाता है। यह रूपांतरण साधक के लिए अत्यंत श्रेष्ठतम है। अब साधक सपना नहीं देखता दूरस्थ की किसी भी चीज को देख लेता है। अब साधक कल्पना ही नहीं करता संकल्प मात्र से दूरस्थ के किसी कार्य को कर लेता है। सद्गुरु कबीर साहब काशी से ही दक्षिण भारत के अपने भक्त की झोंपड़ी में लगी आग बुझा दिए। यह यही संकल्प की साधना है।

संकल्प—प्रत्यक्ष घटना बीस वर्ष पहले की ही घटना है। मैं अपने गुरुद्वारे में था। रात्रि में चौका आरती हो रही थी। यह भी एक प्रकार का यज्ञ है। इसके बाद लगभग डेढ़ बजे रात्रि के गुरुदेव आचार्य राम विलास जी साहब जी से बातें कर रहे थे। सब महात्माओं की विदाई 4 बजे प्रभात तक ही कर दी जाए। मैं भी सम्मुख गुरु आदेश की प्रतीक्षा कर रहा था। गरमी का दिन था सैकड़ों लोग आश्रम (बरईपुर) उ.प्र. के छत पर सोए थे। नीचे बहुत-सा डेरा शामियाना

एवं झोपड़ियां बनी थीं। अलग-अलग साधु, महंत, संन्यासी ठहरे थे। तब एक छत पर एक महंत के सिर पर उन्हीं का दुश्मन साधु (जो उनसे केस वगैरह) लड़ रहा था। अच्छा अवसर देख मिट्टी का तेल छिड़क कर आग लगा दिया। आग जोरों से एकाएक जल उठी, भगदड़ मच गई। मैं किंकर्तव्यमूढ़ गुरुदेव को देख रहा था। चारों तरफ 'आग-आग' 'बचाओ-बचाओ' लोग चिल्लाने लगे। गुरुदेव का चेहरा एकाएक लाल हो गया। मुझसे बोले, देखते क्या हो ? साहिब (सर्व समर्थ परमात्मा) से बोलो यह क्या कर दिया ? मेरे मुंह से भी आदेश पाकर यही निकला साहिब क्या कर रहे हो ? गुरुदेव का चेहरा शांत था एवं आंखें आग पर थीं। बस क्या पूछना था, एकाएक आग बुझ गई। सब अवाक थे। आचार्य श्री राम विलास साहिब गुरुदेव के मुंह पर देखकर बोले, स्वामी जी आप धन्य हो। आप तो परमहंस हो, सिद्ध हो। आपके देखने मात्र से आग बुझ गई। आपका यह शिष्य भी आपका ही रूप होगा, इत्यादि। यही कल्पना संकल्प बन गया एवं सपना अतिंद्रिय बन गया।

इस शरीर में पहुंचे साधक के लिए समय (टाइम) एवं दूरी (स्पेस) समाप्त हो जाती है। यही वजह है कि आज के वैज्ञानिक इस शरीर की संभावना के पीछे ज्यादा लगे हैं। टेलीपैथी की खोज भी 30 से 40 वर्षों में बहुत ज्यादा हुई है। अमेरिका एवं रूस दोनों देश हजारों मील दूर बैठे लोगों को इस टेलीपैथी के माध्यम से संदेश भेज रहे हैं एवं पकड़ रहे हैं। वे सोचते हैं रॉकेट छोड़ रहे हैं ऊपर, बहुत कुछ करने पर भी कंप्यूटर, रेडियो खराब हो ही जाता है, परंतु इस तरह के यदि आदमी ही उपलब्ध हो जाएं तो संदेश आसानी से पकड़ा जा सकता है एवं बचाव कार्य भी संभव है। अतएव अभी वैज्ञानिक इस कार्य पर बहुत जोर दे रहे हैं।

यह घटना सन-1980 की है। दूसरी घटना मैं अपनी ही दूंगा

"गुरु का संदेश"

गुरु देव काशी हिंदू विश्वविद्यालय के अस्पताल में भरती थे। उनके शिष्य गण एवं महात्मा गण मना करने पर भी अस्पताल में लेकर चले गए। वे कह रहे थे शरीर का परित्याग करने को। परंतु शिष्यगण को शरीर से मोह था, अतएव अपना कर्तव्य समझकर सेवा की भावना से अस्पताल में भरती कर दिए। डॉक्टर लोग भी इलाज करने लगे। अधिकांश शिष्य उनके दर्शन के लिए पहुंच गए। एक महात्मा, जो अभी भी हैं, गीता का पाठ सुना रहे थे। मैं उस समय वहां से 300 कि.मी. दूर पटना में था। एकाएक दिन के 10 बजे गुरु देव का ध्यान आया। वे नजर आए कि बीमार हैं एवं हमें बुला रहे हैं। यह भी

दृश्य चलते-चलते देखा कि वे अमुक अस्पताल में हैं। मैंने गाड़ी पकड़ी (सियालदाह एक्सप्रेस) एवं पहुंच गया किसी तरह यानी यंत्रवत अस्पताल में। मैं नीचे के दरवाजे पर ही था कि गुरु देव ने एक शिष्य को कहा देखो कृष्णानंद आ गया है। उसे ले आओ। दो चार महात्मा कौतूहल जानकर नीचे आए। मुझे देखकर हैरान हो गए। वे बोले कि गुरु देव आप को आज सुबह से ही याद कर रहे हैं। मैं गया, सप्रेम चरण स्पर्श किया। प्रेम से आंसू आ गए। गुरु देव सोए थे। सैकड़ों लोग घेरे थे। जय गुरु देव, जय गुरु देव कह रहे थे। मैं पहुंचा कि वे बोले क्या कृष्णानंद आ गया ? मैं प्रेम पूर्ण बोला, हां आ गया गुरुदेव ! वे बोले, क्या पूछना है ? मैं उत्तर दिया नहीं, मुझे कुछ भी पूछना नहीं है। वे बोले, देखो न हजारों नेत्रों वाला व्यक्ति हमें प्रार्थना कर रहा है। कह रहा है गुरुदेव अब चलो। मैं तुम्हारे लिए रुका था क्या करूं ? मेरे मुंह से निकल गया अभी नहीं गुरुदेव, एकाध भक्त अभी नहीं आए हैं, आ जाने दीजिए। उन्होंने कहा, कल आ जाएगा। ठीक है। कल जी। मानो किसी अदृश्य शक्ति को आदेशित किए। पुनः गीता पढ़ने वाले (महात्मा श्री बामनानंद जी) को धीरे से इंगित किए अशुद्ध मत पढ़ो। वे महात्मा भी हतप्रभ हो गए—क्या गुरु देव पूर्ण चेतनावस्था में हैं ? क्या पूरा का पूरा सुन रहे हैं ? हां, हमारा तो ध्यान था कि मैं केवल पढ़ रहा हूं, वे सब सुन समझ नहीं रहे हैं। अतएव गलती पर विचार ही नहीं किया। वे श्रद्धा से झुक गए एवं अब सप्रेम पढ़ने लगे। डॉक्टरों का दल आया एवं खून जांच कर बोला कि गुरुदेव को खून देना होगा एवं इनका खून विजातीय है। मैं तुरंत कहा, हमारा खून जांच करो। संयोग से मेरा भी खून वही निकल आया। मैंने जीवन में प्रथम बार गुरुदेव के लिए खून अर्पित कर अपना सौभाग्य समझा। खून चढ़ाने के दिन यानी दूसरे दिन पुनः वरिष्ठ डॉक्टरों द्वारा गुरुदेव का खून जांच किया कि आज चढ़ा दिया जाए। इधर मैं उनके नजदीक बैठा था। वे बोले, अब तो महात्मा श्रीदास जी आ गए न जी। मैं बोला, जी हां गुरुदेव आपके सामने खड़े हैं। वे पुनः बोले, डॉक्टरों को मना करो। देखो सारे देवता आ गए। बंदगी कर रहे हैं। प्रार्थना कर रहे हैं। अब मुझे चलने दो। तब एक डॉक्टर आकर बोले, गजब हो गया। गुरु देव का खून आज बदल गया। आज जांच में निगेटिव आ गया। यह खून अब मिलेगा भी नहीं। क्या करूं। मैंने कहा आप स्वयम् पूछ लें। वे कहे कि मैं अपना सेवा का कर्तव्य करूंगा ही। उनको शरीर से मोह नहीं है। हमें मोह है सेवा का अवसर है, इसे कैसे बरबाद करूं ? तब तक गुरु देव बोले, तुम सब भजन करो एवं बैठ गए। एक बार सबको गौर से देखा तथा मुझे देखकर बोले अब चल रहा

हूं। एका-एक बिछावन पर गिर गए। डॉक्टर ऑक्सीजन लेकर खड़े ही थे। नाड़ी टटोलते रहे। गुरु देव सदा के लिए समाधिस्थ हो गए। मैं यह चर्चा प्रसंग वश कर दिया।

उनके पार्थिव शरीर को आश्रम पर लाया गया। जहां साधु संन्यासियों ने स्वागत किया। गंगा में स्नान कराकर विधिवत पूजा अर्चना आ॰ गंगाशरण शास्त्री के नेतृत्व में किया गया। संध्या 6 बजे उनको समाधि दी गई। तब तक उनके चेहरे पर ज्योति भरपूर पर हाथ-पैर सभी मोम की तरह मुलायम थे। समाधि के समय आश्रम का भाग छोड़कर चारों तरफ मूसलधार वृष्टि हुई। मानो देवता गण इंद्र के साथ स्वयं स्वागत के लिए आए हैं। परंतु आश्रम में एक बूंद भी पानी नहीं पड़ा। हजारों भक्तों की भीड़ थी। मैं अपने जीवन में प्रथम बार फफक कर रो पड़ा था।

समाधि–

अक्सर जो भी व्यक्ति मरते हैं हम उन्हें तत्काल जला देते हैं। क्योंकि शरीर से जैसे ही उनकी आत्मा निकलती है, मोहवश उसके आस-पास भटकती रहती है। परंतु संन्यासी की आत्मा जिंदा अवस्था में ही शरीर से मुक्त हो चुकी होती है। शरीर के बंधन में नहीं के बराबर है। अतएव उसके शरीर को हम नहीं जलाते, उसे हम समाधि देते हैं। क्योंकि वह 30 या 40 वर्षों तक ऐसे शरीर में रहा है जहां वह विचार मुक्त हो गया है। उसका शरीर हजारों वर्षों तक उसी तरह की पवित्र तरंगों को विकीर्ण करता रहेगा। यही उसकी समाधि होगी। उससे संन्यासी को कोई अंतर नहीं पड़ता। अंतर पड़ता है साधक को। जो साधक उसके इर्द-गिर्द साधना करता है। अच्छा परिणाम होता है। अच्छे फूल खिलते हैं। जैसे आज वैज्ञानिक कहते हैं कि किसी पौधे के नजदीक प्रेम पूर्वक संगीत गाया जाए, तो वह पौधा जल्द ही तैयार हो जाता है। तुरंत फल देने लगता है। ठीक उसी तरह उसके नजदीक साधक जल्द ही ध्यान को उपलब्ध हो जाता है। खास संगीत भजन का प्रभाव पेड़-पौधे एवं पशु पर भी पड़ता है। आप गाय रखें प्रेम पूर्वक भजन गाएं। गाय को मां कहकर संबोधन करें। प्यार करें। श्रद्धा करें। देखें दूध बढ़ जाएगा एवं सुखद होगा। यदि आप उसे प्रताड़ित करें, गाली दें, मारें या बुरा संगीत सुनाएं, खाना नहीं दें, देखें दूध घट जाएगा। स्वाद भी बदल जाएगा। संभवतः यही कारण है कि भारत के मनीषी गाय को मां कहे, स्तुति किए। तब वह कामधेनु बन जाती है। इस शरीर की संभावनाएं अनंत हैं।

आप गुरु देव के समाधि मंदिर पर बैठकर ध्यान करें, आपका श्रद्धा-प्रेम शीघ्र ही आपकी अंतिम मंजिल तक पहुंचने में मदद करेगी। एक बार मुख्य न्यायमूर्ति श्री बनवारी लाल यादव हमसे मिलने इस आश्रम पर आए थे। वे अच्छे साधक एवं विद्वान भी थे। वे समाधि मंदिर पर कुछ देर ध्यान कर मेरे पास आए। वे आश्चर्य व्यक्त करते हुए बोले कि इतनी जाग्रत समाधि तो मैंने नहीं देखा। पूरे भारत का भ्रमण किया। यहां बैठने मात्र से मैं समाधि में चला गया। यह स्थान साधकों के लिए अति उत्तम है। यहां पर की गई साधना तत्क्षण फलित होगी।

परिणाम—साधक इस चक्र पर ध्यान जितना चाहे कर सकता है। मात्र संकल्प लेता है। शंकर जी 88 हजार वर्ष की समाधि लेते थे। यानी किसी एक कमलदल पर भ्रमण कर रहे हैं। बाह्य शरीर की क्रिया रुक जाती है। बाहर से शरीर जैसे है वैसा ही ज्यों का त्यों पड़ा रह जाएगा। उसी से इस अवस्था को उम्र में नहीं गिना जाता है। शरीर में कोई परिवर्तन नहीं होता है।

सोहम् की घड़ी बंद होने पर साधक शरीर छोड़ देता है। भगवान शंकर भी यहीं से सृष्टि का संहार करते हैं। इस शरीर का विस्तार मन एवं ध्यान से ही देखा जा सकता है। इसका वर्णन स्वयंभू मन भी नहीं कर सकता।

साधक शंकर के तुल्य हो जाता है। बाह्य जगत से बिलकुल ही मौन-सा होने लगता है। संसार का कार्य करते हुए भी अलग रहता है। प्रकृति की शक्ति उसमें समाहित होने लगती है। शरीर तेज से भरा रहता है। अंदर-अंदर योगी पूर्ण चेतन रहने लगता है। इस शरीर के साधक को खतरा भी उतना ही बढ़ जाता है। ज्योंही साधक बहिर्मुख होता है। गुरु खड़ा करता है। बाह्य दुनिया में चमत्कार करना शुरू कर देता है। उस साधक के लिए यह शरीर आत्मघाती भी साबित हो सकता है। अतएव साधक गुरु के सान्निध्य (मानसिक रूप से) में रहकर इस चक्र को पार करे। इस चक्र पर रुका हुआ साधक भटक जाता है अतएव हर हाल में इसे पार कर अगले चक्र में पहुंच जाए। जब तक इस चक्र में है पूर्णतः अंतर्मौन रहे।

चौथे चक्र की विशेषता—प्रकृति निरंतर भौतिक शरीर का विकास करती रहती है। उसी के अनुरूप उसकी मन, बुद्धि, चित्तवृति भी विकास की तरफ बढ़ती जाती हैं। जन्म के साथ ही प्रकृति सारी संभावनाओं को बीज रूप में रख छोड़ती है। जो विकास के क्रम में क्रमबद्ध रूप से विकसित होती जाती हैं। हमारे मनीषीगण इसीलिए वर्णाश्रम व्यवस्था दिए थे। जिसे आज के तथाकथित महात्मा-संन्यासी ठीक से नहीं समझ पाए। व्यक्ति जब जन्म लेता

है, प्रथम सात वर्ष उसके भौतिक शरीर का ही विकास होता है। इस अवस्था में बच्चा अनुकरण करता है। अनुकरण पशु भी करता है। इस तरह सात वर्ष के बच्चे एवं पशु में कोई खास अंतर नहीं होता है। इस अवस्था के बच्चे में अपनी कोई भावना, बुद्धि नहीं होती है। इसी से 7 वर्ष तक के बच्चे निर्दोष होते हैं। उन्हें कहीं भी दंड नहीं दिया जाता। यह शरीर जीभ तक ही रुक जाता है। खाने-पीने स्वाद लेने तक ही रुक जाता है।

7 वर्ष से 14 वर्ष—यह अवस्था दूसरे चक्र एवं शरीर की हो जाती है। यानी भाव शरीर या आकाश शरीर का निर्माण प्रकृति करने लगती है। इस अवस्था में प्रकृति यौवन शक्ति का विकास कर देती है, भावना का विकास कर देती है। बहुत लोग मृत्यु पर्यंत इसी शरीर पर रुके रह जाते हैं। उनका शरीर तो बढ़ता जाता है परंतु मन काम वासना से मुक्त नहीं होता। यही चिन्ह है इसी शरीर पर रुक जाने का। यह शरीर काम, कविता, नाटक, संगीत, सिनेमा, मकान, गाड़ी, घर इत्यादि वासना तक रुक जाता है। बड़े-बड़े साहित्यकार, नाटककार, कवि, अभियंता, डॉक्टर, इसी शरीर में रुक कर संसार में अपनी ख्याति अर्जित करते हैं। संसारी लोग इन्हें उच्चकोटि के संत गिनते हैं। इनको भी उच्चता का भ्रम हो जाता है। हंसना रोना, गाना या विभिन्न प्रकार की मुद्रा में संगीतज्ञ इसी शरीर में भाव-विभोर होकर प्रवाहित हो जाते हैं।

14 से 21 वर्ष का समय—यह अवस्था है तीसरे शरीर पर पहुंच जाने की। तीसरा शरीर है सूक्ष्म शरीर। इस शरीर में व्यक्ति का विचार, बुद्धि, तर्क-वितर्क का विकास होता है। इसी अवस्था में बच्चा शिक्षा ग्रहण करता है। सुसांस्कृतिक एवं सभ्य बनता है। संभवतः इसी से इसी उम्र सीमा को दुनिया में मताधिकार का अधिकार दिया गया है। हालांकि विचार की पूर्ण परिपक्वता 21 वर्ष तक ही आती है। इससे पहले 18 वर्ष पर भी आ जाती है। यह निर्भर करता है बच्चे की सामाजिक एवं प्राकृतिक परिस्थिति पर। तीसरा शरीर अत्यंत महत्वपूर्ण है। लगभग अस्सी प्रतिशत लोग इसी शरीर तक मरते वक्त तक रुके रह जाते हैं। आगे के शरीर में पहुंच ही नहीं पाते। परंतु यह शरीर किसी भी समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। जब समाज में ऐसे शरीर के व्यक्ति की बहुलता होती है तभी अति मानव या बुद्धत्व का आगमन होता है। जैसे कबीर, नानक, सूर, तुलसी, मीरा जैसी सैकड़ों प्रतिभाएं लगभग समकक्ष ही हुईं। यानी समाज में उस समय तीसरे शरीर के व्यक्ति की बहुलता थी।

इस शरीर के तार्किक अपने को अवतार, पीर, पैगंबर तक होने का वहम

कर लेते हैं। अपने को श्रेष्ठ साबित करने में उनकी तर्क शाक्ति काम करती है। अपने तर्क से अपने को एवं समाज को भ्रम में डाल देते हैं। यदि गुरु निर्देशन है तब यही शरीर विकास के क्रम में आगे जाता है। वह चौथे शरीर में प्रवेश करता है।

21 से 28 वर्ष–यह शरीर अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। इसी से हमारे यहां 25 वर्ष ब्रह्मचर्य का प्रावधान था। जिससे साधारण मनुष्य भी चौथे शरीर तक पहुंच जाए। बाकी तीन शरीर आगे हम कर लेंगे। चौथे शरीर मानस शरीर का व्यक्ति ही कुछ कर सकने में समर्थ है। बिना कहीं गए, बिना कुछ देखे, बिना कुछ पढ़े, बिना कुछ सुने, सब कुछ देख लेता, पढ़ लेता है। समझ लेता है। यह व्यक्ति जो भी निर्णय लेगा, पावन होगा। जो भी सोचेगा, सहज होगा यानी यहां निजी दुनिया ही समाप्त हो जाती है। यहां करुणा अपने आप आ ही जाती है। जितनी भी योग शास्त्रों में सिद्धियां हैं वह लगभग ज्यादा इसी मानस शरीर की हैं। जैसे कि प्रत्येक चक्र के साथ व्यक्ति में आमूल परिवर्तन होता है। उसी तरह इस शरीर का आदमी किसी भी तरह का मादक द्रव्य नहीं ग्रहण कर सकता। इस शरीर में अपने आप चरित्र रूपी व्रत के फूल खिलने लगते हैं। इस तरह इस शरीर में बहुत ही कम लोग पहुंच पाते हैं। यह शरीर लगभग 28 वर्ष तक का है। यह शरीर संसार के किसी भी काम को सहजतापूर्ण ढंग से पूर्ण कर लेता है। लेकिन इस समय संयम से काम लेना ही उचित है। यह शरीर उत्तरायण एवं दक्षिणायन का संगम बिंदु है।

विशुद्ध चक्र (Cartotid-Plexus)–

यह कंठ भाग में है। यह 16 (सोलह) दल कमल है। यह बिलकुल शुभ श्वेत रंग का है। यही दधि सागर है। यहां साधक 10 (दस) हजार श्वासों के जाप पर पहुंच जाता है।

देवस्थान–इस दल की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती है। योगी लोग इसे, हठी, देवी, परमात्मा या शाकिनी भी कहते हैं। यहां पूर्ण चंद्र सदृश्य गोला यंत्र बनता है। सोलह दल पर 16 स्वर अक्षर हैं जो क्रमशः दाएं से बाएं के तरफ–यथा–अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ॠ, ऌ, ॡ, ए, ऐ, ओ, औ, अं, अः हैं।

यहां के देवता भारती हैं। ये 36 व्यंजनों को, जो अन्य चक्रों में हैं। 16 स्वर हैं, हर समय भरते रहते हैं। इसी से इसे भारती देवता कहते हैं। कंठ की 16 हड्डियां मिलती हैं। साधक एकांत में बैठकर धीरे-धीरे अ, आ का स्वर

विशुद्ध चक्र



उच्चारण करते तो स्पष्ट मालूम होगा इनका स्थान। उच्चारण में इन हड्डियों पर बल पड़ता है। इसी से कहा है—'यह तन हाट सितारों का।' यहां 16 स्वर हैं। प्रत्येक से 4-4 कला विद्या में उत्पन्न होती हैं। इस तरह 64 कला विद्या यहीं से उत्पन्न होती हैं।

कंठ से ऊपर तालु में 64 दल कमल हैं। जहां सद्गुरु का भी निवास बताया गया है।

चौंसठ दल सो उज्ज्वल वरना, तारू मध्य रहे अध हरना।
तहां इसे सत्गुरु गोरा, अमृत खाय लिए मेह कोरा॥

इस तरह इसे अमृत दल भी कहते हैं। यहां से निरंतर अमृत की वर्षा होती रहती है। साधक गुरु कृपा से पान करता रहता है। सत्गुरु शरीर छोड़ने या मृत्यु के 3 (तीन) घंटा पहले इस जगह का परित्याग कर देते हैं।

शक्ति सहित जबै तन छोड़ो, तब यम जीव अह ते काठे।

यहीं पर ब्रह्ममय शरीर भी होता है। शोडस दल पर चंद्रमा का भी निवास स्थान है। इसी से सभी दल को शशि रूप कहा गया है।

मानसिक पूजा—साधक पूर्वोक्त ढंग से यहां भी मां स्वरूप शुभ आदि शक्ति का पूजन करे। इनके लिए मन से ही सफेद साड़ी, चूड़ी, चादर, आसन, वसन, फूल-माला इत्यादि मांग कर, देवी को अर्पित करे। साधक यहां भी पांचों, शोडसों, बत्तीसों उपचार से मां देवी का पूजन करे। पूजन कर भोग लगावे। आरती करवा, आचमन करवा, यथा स्थान विराजमान करे। यहां ही उनका हंस भी रहता है। उसका भी पूजन अर्चन करे। तब भारती देवता का करे। ये राजा के सदृश्य मौन रहते हैं। इनका भी पूजन उसी तरह करे। सबके पूजन के बाद साधक अन्य दलों का भ्रमण कर सकता है। देवी से पहले आग्रह करके किसी देव दूत को साथ ले लें। जिस भी लोक में जाए वहां के देवता से विनम्रता से बातें करे। दण्ड प्रणाम, पूजन अवश्य करे। साधक कहीं भी, किसी भी लोक से, किसी भी देवता से, किसी भी चीज की मांग न करें। अन्यथा साधक भटक जाता है। उसकी साधना टूट जाती है। एक दिन आएगा, जब साधक वैसे ही उन देवों से बाते करेगा जैसे सामने बैठे अपने मित्र से। तब कुछ और ही स्थिति होगी।

आत्म शरीर—(Spiritual Body) (स्प्रीचुअल बॉडी) यह पांचवां शरीर विशुद्ध शरीर का है। यहां मन आकाश के सदृश्य विशुद्ध हो जाता है। इसी से इसे विशुद्ध चक्र कहते हैं एवं इस शरीर को आत्म शरीर। इस शरीर की संभावनाएं अनंत हैं। जैसे साधक ऊपर के चक्रों में प्रवेश करते जाते हैं उसी के अनुरूप की संभावनाएं भी बढ़ती जाती हैं।

प्रकृति अक्सर इसका विकास 28 से 35 वर्ष के बीच कर देती है। साधक इसका ठीक ढंग से उपयोग करे एवं गुरु ठीक से निर्देशित करे तब 35 वर्ष तक साधक इस शरीर को उपलब्ध हो ही जाता है। जिस तरह से चौथे शरीर पर साधक स्वर्ग नरक तक रुक जाता है। और जो साधक आगे आता है वह आत्म शरीर या अध्यात्म शरीर पर पहुंचता है। यह शरीर पर दिखाई नहीं पड़ता, जैसे आत्मा कहते हैं तो एक शब्द मालूम होता है। इसे अनुभव किया जा सकता है। यह शरीर ही लगभग मुक्ति का द्वार है। परंतु यहां तक पहुंचा साधक भी आगे नहीं जाने की इच्छा करता है। कहता है मात्र आत्मा ही है अब कोई परमात्मा वगैरह नहीं है। जैसे पहले एवं दूसरे शरीर का साधक जन्म-मृत्यु मानता और कुछ मानता ही नहीं पदार्थ तक ही सीमित है। अतएव आगे कैसे सत्य माने। उसी तरह यह साधक भी आत्मा तक ही रुक सकता है या अधिकांश रुक जाते हैं। यहां से आत्मिक प्रेम होता है। वास्तविक यही से निःसरित होता है। जो जन्मों जन्म तक चलता है। यहां वासना नहीं रहती है।

दो का मिटना–

द्वैता-द्वैत का मिटना–जैसे ही साधक इस शरीर में प्रवेश करता है, उसकी मूर्छा निद्रा अपने आप टूट जाती है। जब वह जगा रहता है। जैसे रात्रि में भी सोता है तो उसका शरीर सोता है। वह सतत जाग्रत अवस्था में रहता है। वह सोने में भी कुछ करता है तो जानता है कि वह कर रहा है। साधारण व्यक्ति सोते समय कंबल ओढ़ लेते हैं। उन्हें पता नहीं रहता है। इतना ही नहीं खा-पी भी लेते हैं उन्हें पता नहीं होता। परंतु यह साधक 24 घंटा जगा रहता है। शरीर सोता है। दूसरी बात जब यह जाग जाता है तो इसका द्वैत भी समाप्त हो जाता है। यहां न ही स्त्री रहती है न ही पुरुष। चूंकि यह सब द्वैत पर ही टिका है। आत्मा न स्त्री है न ही पुरुष न ही द्वैत है, वह है विशुद्ध। गुरु एवं शिष्य का संबंध यहीं से स्थायी रहता है। तब गुरु शिष्य के उद्धार हेतु जन्मों जन्त तक पीछा करता है। इस शरीर में केवल देना ही देना होता है। पूर्ण प्रेम, प्रेम का सागर।

पांचवें शरीर में पहुंचे हुए लोगों की संख्या नगन्य है। इस जगत में सोए हुए लोगों की ही संख्या अधिक है। सब काम सोने में करते हैं। अहंकार सदा साथ-साथ होता है। अतएव उनके लिए इस शरीर में पहुंचना ही अत्यंत दुखद कार्य है। अक्सर आप देखते हैं कि महात्मा के आश्रम में जंगली जानवर साथ-साथ बैठे हैं, उन्हें किसी तरह की न ही आपत्ति है न ही भय। क्योंकि

विशुद्ध चक्र

अं अः अं आं इं ईं उं ऊं ऋं ॠं ऌं ॡं एं ऐं ओं औं

हं

आज्ञा चक्र
हं
ॐ
क्षं

उस महात्मा का अब अपना कोई विचार ही नहीं है। वह अब निर्विचार, निर्भय है। जब तक विचार उठता रहता है तब पशु-पक्षी के मनः मस्तिष्क तक वह विचार टकराता है जिससे वे भयभीत होकर दूर हो जाते हैं। परंतु जैसे ही निर्विचार को उपलब्ध होते हैं। वह भी जीव-जंतु साथ-साथ निर्भय रहते हैं। आत्म शरीर से भी सूक्ष्म रूप से प्रकाश या ऊर्जा निकलता है वह किसी को भी प्रेम से भर देता है। भले ही वह पेड़ हो, पौधा हो या पत्थर, पर्वत हो। आत्मिक शरीर वाले व्यक्ति से पूरी सृष्टि ही प्रेम करने लगती है। यही सृष्टि का राजा है। अपने में सभी को देखता है। सभी में अपने को देखता है।

मालिक–

विचारों का मालिक–यदि यह कहा जाए कि यह शरीर विचारों का मालिक है तो अतिशयोक्ति नहीं। मैं स्वयं अपने ही गुरुदेव को देखता था। दो व्यक्ति एक साथ मिलने आते। एक को अत्यंत क्रोधी मालूम होते तो दूसरे को अत्यंत कारुणिक। वहां से जाते ही रास्ते में एक कहता ये तो करुणा की साक्षात मूर्ति है। दूसरा कहता कैसे कहते हो भाई, ये तो क्रोध से भरे थे। उस स्थिति के व्यक्ति जब चाहे एक साथ विभिन्न प्रकार की मुद्रा प्रगट कर सकता है। सारी मुद्राएं वातावरण में मौजूद हैं चाहे राम हो, कृष्ण हो बुद्ध, महावीर हो, चंगेज खां हो, हिटलर हो, आइन्स्टीन हो। सब के विचार आपके अंदर प्रवेश करने के लिए प्रयासरत हैं। आप सब तरह के विचार से घिरे हैं। जैसे वातावरण में सब विचार भरे हैं आप रेडियो को जहां लगाते उसी स्टेशन का कार्यक्रम देता है। ठीक उसी तरह वह व्यक्ति जब चाहता जिसका चाहता विचार उत्पन्न कर लेता। यह विचार तो है ही मात्र प्रवेश का मौका चाहिए। गुरुदेव के आश्रम पर सुबह या रात्रि में कोई जाता तो आगाह किया जाता। गुरुदेव का बिछावन मत छूना, इधर-उधर ठीक से घूमना क्योंकि सर्प अक्सर उनके इर्द-गिर्द रहते, पक्षी निर्भय होकर रहते मानो उसी का डेरा हो। इस शरीर का साधक क्रोध भी करता है तो देखता है इस क्रोध के नाटक को। यह शरीर विचरणा एवं प्रज्ञा का है। इस शरीर पर पहुंचे हुए साधक को मुक्त कहा जा सकता है। चूंकि आगे जाने में अब कोई अड़चन नहीं रहती है। जैसे चौथा शरीर जाग्रत रहा तो देवत्व का होता है यदि सोया रहा तो प्रेत का। ठीक उसी तरह इस शरीर से ये दोनों ही गिर जाते हैं। पर मैं विदा हो जाता है। अस्मिता पर रुक जाता है। यह अस्मिता साधक के लिए अत्यंत ही कीमती परदा है। जिसे गिराना नहीं चाहता। इसमें ही आनंदित रहता है।

परिणाम—साधक का चेहरा दिव्य आभा से भर जाता है। विद्या की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती ही स्वयम् उसकी जिह्वा से बोलने लगती हैं। मात्र साधक अपनी जिज्ञासा प्रगट करता है। भारती देवता भी वही है अतएव साधक जिस भी तरह की भावना, जिस तरह का स्वरूप लाना चाहता है वह भारती देवता तुरंत भर देता है। साधक विशुद्ध निर्विचार होकर बोलता है एवं करता है। जो कुछ भी बाह्य जगत के जीव उसे देखते हैं उसकी विद्वत्ता एवं अनुभव की प्रशंसा करते हैं। जबकि वह साधक वास्तव में न ही विद्वान है न ही अनुभवी है। चूंकि दोनों ही गिर चुके होते हैं। परंतु इस तरह के साधक की पहचान भी अत्यंत कठिन है। वह साधक बहिर्मुख अत्यंत कम हो जाता है। जगत का काम भी बाह्य दृष्टि एवं जगत हित सोचकर कर लेता है। अंदर से 'स्व' में ही स्थित रहता है। इस शरीर में पहुंचा साधक देव योनि भी नहीं ग्रहण करता। अब यह स्व में स्थिर होकर द्विज बन जाता है। यह द्विज आगे पहुंचकर ब्रह्म का साक्षात्कार कर लेता है।

यह योगी जितना भी दिन जीवित रहना चाहता है। अपनी इच्छा से रह सकता है। परंतु इसकी इच्छा होती ही नहीं। वह रोग शोक मुक्त होता है। ज्ञान में स्थित रहता है। हां, यदि कहीं किसी भक्त का संस्कार क्षीण करता है, या आशीर्वाद देकर उसका भाग्य बदलता है, या शाप देकर तब उसके संस्कार को अपने ऊपर लेकर द्रष्टा के भांति भोग लेता है जिससे आगे कोई भी संस्कार उसका पीछा न करे।

आज्ञा चक्र (Medula Plexus)—

यह चक्र दोनों भ्रुवों के बीच भृकुटी के मध्य में है। यहां दो दल कमल हैं। यह बिलकुल शुभ्र रंग की है। इसे पिनीयल ग्लैण्ड एवं पीट्यूटरी ग्लैंड भी कह सकते हैं। यह सामने मस्तिष्क में दो मांस पिण्ड की तरह हैं। जो साधक के द्वारा करने से उर्द्धमुख होकर खिल जाते हैं। यही बाद में दिव्य, अलौकिक शक्ति से भर जाता है। इसे त्रिनेत्र भी कहते हैं।

देवता—इस दल के आधिपत्य है 'आत्मा'। दोनों पत्तों पर हाकिनी एवं डाकिनी नाम की शक्तियां रहती हैं। इन पर दो अक्षर हं, क्षं है। इससे थोड़ा-सा ऊपर एक सतदल डाकिनी कमल है। यह कमल दल भी श्वेत है। इसे प्रकृति का महल या माया महल कहते हैं। आज्ञा चक्र तप लोक है जहां ॐ का प्रणव भी हर समय सुनाई पड़ता रहता है। यहां लिंगाकार मंत्र बनता है। जिसे साधक निर्गुण शिव भी समझते हैं। शंकर एवं शिव में यहां अंतर है। शंकर की एक


आज्ञा चक्र
ॐ
हं
ॐ
क्षं

आकृति है, मानव की तरह। परंतु शिव प्रकाश स्वरूप लिंगाकार है। सद्गुरु कबीर साहब इसे ही त्रिवेणी संगम कहते हैं–

त्रिवेणी संगम झलके हीरा।
चरण चित तह रख, कबीरा।।

संत तुलसी दास भी कहते हैं–

परम प्रकाश जलै दिन राती,
न चहौ दीप घृतबाती।

ज्ञान संकलिनी तंत्र में भी कहा गया है–

त्रिवेणी संगमों यत्र तीर्थराजः स उच्यते।
तत्र स्नानं प्रकुर्वीतं सर्वपायैः प्रमुच्यते।

निर्गुण निराकार शिव की स्थिति यही है। इसी से शैव साधक अपने ललाट पर पिंडी बनाते हैं। वे यहीं पर आनंदित होकर जन्मों जन्म पड़े रहते हैं। उनके लिए यह स्थान ही सर्वोच्च है।

मानसिक पूजा–साधक पूर्वोक्त विधि से मानसिक पूजा कर सकता है। हाकिनी-डाकिनी की पूजा स्तुति कर सकता है। पांचों उचार शोडषोपचार एवं बत्तीसों उपचार से। परंतु यहां ध्यान लग जाने पर न अलग पूजक बचता है। न ही पूज्य। यहां विचित्र घटना उत्पन्न हो जाती है। त्रिवेणी संगम पर स्नान मात्र से जन्मों का पाप स्वाहा हो जाता है। संस्कार स्वतः समाप्त हो जाता है। यहां गंगा, जमुना, सरस्वती का दिव्य संगम है। जिसे इंगला-पिंगला एवं सुषुम्ना भी कहते हैं। इसमें स्नान मात्र से साधक के सारे संस्कार क्षय हो जाते हैं। यही तीर्थ राज प्रयाग है। स्थूल शरीर वाले लोग इलाहाबाद को प्रयागराज कहते एवं वहां की दौड़ लगाते हैं। परंतु जो साधक गुरु की कृपा से इसे जान गया वह यहां स्नान कर सदा आनंदित रहता है। अब उसे कहीं स्नान करने की जरूरत ही नहीं महसूस होती। न ही पूजा करने की। अब पूजक एवं पूज्य का मिलन हो गया।

हृदय–इस तरह के साधक के लिए हृदय कहीं और नहीं है। वास्तविक हृदय यही है। वह हृदय जहां से खून का वितरण है जिससे शरीर स्वस्थ होता है। खून साफ भी होता रहता है। परंतु यह हृदय योगी जन के लिए है। जहां से प्रकाश सारे चक्रों में जाता है। सारे चक्र यहीं से पुष्ट होते हैं। सबका संबंध यहीं से होता है या नियंत्रण भी यहीं से होता है। अतएव आज्ञा चक्र ही वास्तविक हृदय जानना चाहिए। स्थूल बुद्धि वाले लोगों के लिए वह हृदय है जो नीचे है। योग स्वरोदय में भी कहा गया है।

तदैव हृदयं नाम सर्वशास्त्रादि सम्मतम्।
अन्यथा हृदि किंचास्ति प्रोक्तंयत् स्थूलबुद्धिम।।

इस तरह साधक के लिए अब यही त्रिवेणी है। यहां स्नान करने के बाद अब न स्नान की जरूरत है, न ही तीर्थ की जरूरत है, न ही व्रत की जरूरत है। इस तरह का साधक जहां रहता है। वहीं तीर्थ हो जाता है। जो साधक यहां स्नान कर लेता है उसे बाहर पितृ पिण्ड देने की आवश्यकता नहीं होती है। इसके पितर स्वतः मुक्त हो जाते हैं। यहां स्नान मात्र से साधक का जन्मों जन्म का पाप स्वतः जल जाता है। वह स्वयंभू हो जाता है। पाप-पुण्य से ऊपर उठ जाता है। देवताओं के लिए भी दर्शनीय हो जाता है। देवता गण इनके आदेश का पालन कर अपने को धन्य समझते हैं। कुछ साधु, महात्मा लोग खून साफ करने वाले हृदय में ही ध्यान करने को कहते हैं। गीता प्रेस से प्रकाशित पुस्तकें भी उन्ही का अनुसरण करती हैं। सो उचित नहीं है। इसकी जानकारी विज्ञ एवं आत्मवेत्ता गुरु से ग्रहण करनी चाहिए।

शिव नेत्र–

जब साधक का मन स्थिर हो जाता है। परम प्रकाश में स्व को लीन कर लेता है। तब उसकी दिव्य दृष्टि अपने आप आ जाती है। जिसे दिव्य दृष्टि (Organ of clairvoyance) क्लैरवोएंसी ऑर्गन भी कहते हैं। इसे ही त्रिनेत्र या शिव नेत्र कहते हैं। यह शिव नेत्र साधक को अपने आप प्राप्त हो जाता है। चूंकि शिव लिंग रूप यहीं है। साधक को यहीं चंदन लगाना चाहिए जिससे उसकी त्रिनेत्र खुलने में मदद मिलती है। चंदन में ऐसी किमिया है। जो साधक की साधना को प्रशस्त करता है। उसके त्रिनेत्र को खोलने में सहायता प्रदान करता है। इसकी विशेष जानकारी दिव्य गुप्त विज्ञान में दी गई है।

साधक का प्राण एवं मन जैसे ही आज्ञा चक्र पर रुक जाता है। वह तत्क्षण संप्रज्ञात समाधि को उपलब्ध हो जाता है। यह स्थिति साधक के लिए अत्यंत ही बहुमूल्य है। संभवतः विभिन्न शास्त्रों में विभिन्न साधकों के द्वारा त्रिकुटी पर ही स्नान, रुक कर देख लेने का महत्व दिया गया है। सहज योग के साधक की यात्रा यही से प्रारंभ होती है। चूंकि आज्ञा चक्र को जोड़ती है एवं अपने प्रकाश से सबको प्रकाशित करती है। अतएव सहज योग के साधक गुरु कृपा से यहीं से यात्रा प्रारंभ करते एवं कुण्डलिनी उनकी साध्य नहीं होती। वह अपने आप जाग्रत हो जाती है। इस तरह के साधक कुण्डलिनी के फेरे में पड़ते ही नहीं। यह घटना तो अपने-आप ही घट जाती है।

ब्रह्म शरीर (Cosmic Body) कॉस्मिक बॉडी—बचपन से ही जैसे अन्य 5 पांच शरीर का विकास हुआ उसी तरह यदि किया जाए तो यह शरीर भी 36 वर्ष एवं 42 वर्ष के मध्य हो जाना चाहिए।

इस शरीर में पहुंचना साधक के लिए अत्यंत ही महत्वपूर्ण छलांग है। अहम् ब्रह्मास्मि ही रह जाता है।

अस्मिता—

अस्मिता का खोना—साधक इस शरीर में जो अहम् ब्रह्मास्मि का अनुभव करता है। वह यही इसी शरीर में 'स्व' को खो भी देता है। अस्मिता को खोना भी यही होता है। चूंकि आनंद का अनुभव साधक पिछले शरीर में कर चुका है। अतः यहां अस्तित्व (एक्जिस्टेंस) का है। साधक अहम (मैं) भी पांचवां पार ही छोड़ चुका है। अब 'है' एवं 'हूं' रह गया है। यह 'हूं' भी इसी आज्ञा चक्र में चला जाएगा। रह जाएगा मात्र 'अस्तित्व'। 'स्व' चला जाएगा एवं सर्व आ जाएगा। या यों समझा जाए 'स्व' का ही रूपांतरण 'सर्व' में हो जाता है। इस चक्र के अनुभव का वर्णन ही वर्णातीत है। अब कुछ भी कहना खींचा तानी करना है। चूंकि ब्रह्म ही परम सत्य है। साधक पा लिया। अब क्या चाहिए। अब साधक अनंत हो गया। अब इस अस्तित्व बोध से निकलना भी साधक के लिए अत्यंत दुष्कर है। अब जाप तो आप कहां इदम्, उद्म, सर्वत्रम् ब्रह्म का ही अस्तित्व ज्ञात हो रहा है। साधक आज्ञा चक्र पर पहुंचकर जो कुछ भी देखता है वह दिव्य होता है। जो इन आंखों से देख पाना असंभव है। वह सब इंगित भी करे तो किसे करे। अब वह अनहोनी देखने लगता है। जब बोलता है तो वह भी अनहोनी होने लगता है। जिसे लोग कहते हैं (त्रिनेत्र खुल गया) चूंकि तीसरे नेत्र से ही अब साधक देख रहा है। अनंत देख रहा है। अब वह इससे कम पर समझौता करने को तैयार ही नहीं है। यह आत्मा ही ब्रह्म में भासित होने लगा है। वासना भी कहा जाए तो गलत होगा। इसी से अनुभव गम्य कहा गया है। यह आत्मा (ब्रह्म) विज्ञान की पकड़ से बाहर है। वह तो शरीर एवं अणु-परमाणु या क्वांटम तक ही पकड़ पाएगा। वह कैसे पकड़े ब्रह्म की भाषा को, ब्रह्म का अनुवाद भी किसी भाषा में नहीं किया जा सकता। यह ब्रह्म भारतीय धर्म की ही खोज है। जैसे क्वांटम पश्चिम के विज्ञान का। क्वांटम का भी अनुवाद संभव नहीं है। ब्रह्म शब्द अनमोल है। यह व्यस्थापित है। इसमें हुआ जा सकता है। (Being) रहा जा सकता है। यहां ही साधक 'सर्वम् ज्योतित ब्रह्मं' चारों तरफ ब्रह्म ही देखता है। इसे मधु विद्या भी कहा

जाता है। सबके लिए मोहन बन जाता है। विश्व मोहन। इसी से कृष्ण का एक नाम मदन मोहन भी है। यहां आनंद सागर है। सदैव एक रस आनंद में रहते हैं।

जीवन का अमरत्व–

साधक अपनी इच्छानुसार शरीर ग्रहण कर लेता है। यदि वह चाहता है कि इस शरीर को छोड़कर कहीं अन्यत्र ब्रह्म शरीर ग्रहण कर आनंदपूर्वक रहूं तो रह सकता है। अभी भी बहुत महात्मा हिमालय एवं काशी सिद्धाश्रम में पांचवें शरीर या छठे शरीर में सैकड़ों, हजारों वर्षों से रह रहे हैं। जिसे आप कभी-कभी कथा कहानी के रूप में कहीं पढ़ लेते हैं। सुन लेते हैं कि अमुक व्यक्ति से अमुक व्यक्ति की भेंट हुई। यह कथा कहानी नहीं सत्य है, परंतु उस अशरीर को देखने के लिए आपको भी अशरीर होना पड़ेगा या दिव्य दृष्टि ग्रहण तो करना ही पड़ेगा। काशी इस पृथ्वी की पुरातन धरोहर है। जो भगवान शिव के त्रिशूल पर है। वहां सदैव पांच सौ आत्माएं इस शरीर की वहां रहती हैं। जिससे आप मिलकर सत्यासत्य का स्वतः अनुभव कर सकते हैं।

एक अनुभव–मैं पहले कह चुका हूं कि जो कुछ भी कह रहा हूं वह 'स्व' का अनुभव है या गुरु कृपा। गुरु देव का प्रवचन या अपना अनुभव भी हमें सुनाया करते थे। एक दिन जब इस शरीर पर बात हो रही थी। उन्होंने कहा, मेरा फेफड़ा नेती धोती करने से फट गया था। हृदय भी क्षतिग्रस्त हो गया। मैं खुद वैद्य भी था। परंतु कुछ लोगों से परामर्श लिया, तो वे लोग बताए कि तुम्हारे मुंह से जितना खून निकल रहा है, उससे मालूम होता है कि कुछ दिन के मेहमान हो। अब तुम नहीं बचोगे। मैं भी अपने जीवन से निराश हो गया था। अब किया ही क्या जा सकता था। उस समय यानी उन्नीस सौ दस के लगभग पढ़े-लिखे लोग कहीं-कहीं किसी-किसी गांव में मिलते थे।

उस समय मैं पढ़-लिख कर योग-साधना के चक्र में फंस गया। यही सोच रहा था। संध्या थी। तब तक वह गुरु, जो मुझे योग सिखाते थे, आ गए। उन्हें देखकर मेरे पिता जी अत्यंत क्रोधित हो जाते थे, कहते थे, तुमको और कोई लड़का नहीं मिलता क्या ? भाग जाओ यहां से। हमारे पिता जी सब मिलकर चचेरे वगैरह सात भाई थे। जिनमें मैं ही उस समय एकमात्र संतान था। मेरे पिता ने मुझसे खिन्न होकर दूसरी शादी कर ली एवं जिससे उन्हें एक लड़का भी बाद में हुआ। खैर, गुरुदेव इशारे से कहकर, उसी समय चले गए (मैं रात्रि का इंतजार करने लगा) किसी तरह 12 बजे रात्रि आ ही गया। मैं गांव के बाहर

गया, एक कुआं था, पीपल का पेड़ था। वहीं वह महात्मा मेरे इंतजार में ध्यानस्थ थे। मैं वहां पहुंच कर उनके पैरों पर गिर गया। वे कहे अब समय नहीं है। तुम्हारा शरीर रुग्ण हो गया। इस हठ योग के एकमात्र वैद्य हैं, उनसे इलाज करा लो। वे कहां हैं। वे बोले, चलो अभी हमारे साथ। उसी समय उसी क्षण हम लोग पैदल ही चल दिए। दो दिन पर घर से चलकर वाराणसी पहुंचे। मैंने पूछा, क्या इसी शहर में वह वैद्य है। वे बोले, हां कभी यहां रहते थे। अब वे कैलाश चले गए हैं। वहां तुम अकेले यहां से जाओ। सुबह हो गई गंगा मां में स्नान करो। उत्तरायण कैलाश की यात्रा शुरू कर दो। मैं हर समय तुम्हारे साथ रहूंगा। मुझ में कहां से शक्ति आ गई। मैंने स्नान कर मां गंगा का जल पी लिया। बस चलता रहा-बस चलता रहा—कहीं रास्ते में कुछ मिल गया। खा लिया चल दिया। जब जहां नींद लगी सो गया। दो माह के बाद एक घोर जंगल के नजदीक पहुंचा। वहां से कैलाश पर्वत दिख रहा था। सफेद-शुभ्र। इसे दूर से देखकर आनंद में डूब गया। जैसे मैं कैलाश पर ही हूं। जब जंगल के प्रथम छोर पर पहुंचा जहां से जंगल में पगडंडी जा रही थी। उसके किनारे ही एक गुमटी दिखाई दी। एक दिव्य पुरुष बैठा था। चिल्लाया स्वामी जी इधर आ जाओ। मुझे आश्चर्य हुआ, जहां न गांव न शहर वहां छोटी-सी दुकान एवं ऐसा दिव्य पुरुष दुकानदार। खैर, गुरुदेव को स्मरण करते हुए उसके समीप गया। वह बोला, स्वामी जी पान खा लो। मैं सोच रहा था, पैसा कहां से दूंगा। तब तक वह बोला, स्वामी जी पान खा लो न, कोई पैसा नहीं देना है। मैं उसकी विनम्र प्रार्थना देखकर पान खा लिया। तब वह दुकानदार बोला, स्वामी जी आप सीधे रास्ते चले जाओ एक कोस के बाद दाएं मुड़ जाना यानी वहां से बाएं-दाएं एवं सामने भी रास्ता गया है। आप दाएं मुड़ जाना, आप शीघ्रता से आगे बढ़ो अभी-अभी गोरख की मंडली गई है। मैंने कहा, तुम्हारा दिमाग ठीक है न, तुम पढ़े-लिखे हो या नहीं। गोरख कब हुए थे। वह व्यक्ति बिना सोचे बोला, यह मैं नहीं जानता। परंतु यह जानता हूं कि आप शीघ्रता से आगे बढ़ेंगे तो आप से मिल सकते हैं। अन्यथा देर करेंगे तो चूक जाएंगे। बस इसके आगे मैंने समय बरबाद करना उचित नहीं समझा। तेज गति से चल दिया। मानो हमारे शरीर में पंख लग गए हों। कुछ ही देर में उसके बताए चौराहे पर पहुंच गया। वहां से दाहिने मुड़ा लगभग आधा घंटा ही चला कि दो-चार झोपड़ियां दिखाई दीं। आश्चर्य इस जंगल में सुंदर झोपड़ी। मैं आगे गया। एक झोंपड़ी से एक महात्मा कमण्डल लिए हुए निकले। ओजस्वी तेज था चेहरे पर। बड़ी-बड़ी आंखें, लंबा कद। सीधे मेरे नजदीक आए, मैं झुककर प्रणाम करने

की सोच ही रहा था कि वे बोले, स्वामी जी अपने कमण्डल में छाछ ले लो। मैं तेरे लिए ही इंतजार कर रहा था। गुरु गोरखनाथ अपने भक्तों के साथ आगे निकल गए। हम लोग केलाश जा रहे हैं। तुम छाछ पीकर पीछे आ जाना। मेरी इच्छा हुई साथ-साथ चलने की। तब तक वे बोले, केसा साथ जी, तुम अकेले आए हो। अकेले चले जाना। तुम्हें भय किस बात का जी। योगी भी भय करता है। योगी जन्म-मरण से ऊपर होता हे। देखो सामने की झोंपड़ी में कबीर रहते हैं। वे भी अभी नहीं हैं। वगल की झोंपड़ी में नानक देव। तुम लोग वहां लड़ते हो। इनके मतों एवं सिद्धांतों के लिए। यहां अशरीर में हम सब साथ-साथ रहते हैं। खैर, तुम उसे पीकर विश्राम कर लो। कल चलना। झोंपड़ी खोल देता हूं। इतना कहकर, छाछ हमारे कमण्डल में डालकर तेजी से चल दिए। मैं अवाक देखता रह गया। कुछ क्षण बाद जब मुझे होश आया तो सोचा क्या दिन में ही सपना देख रहा हूं। पर ऐसा नहीं था। मैंने छाछ पी ली, ऐसा स्वाद कि क्या कहूं। मैं तृप्त हो गया, भूख मिट गई। उसी झोंपड़ी में बैठा, पता नहीं कब सो गया। जब आंख खुली तो देखा सूर्योदय हो रहा था और भी झोपड़ी में जा-जाकर देखा कोई दिखाई नहीं पड़ा। परंतु हमारे शरीर में अब तेज था, ओज था। न भूख थी, न ही प्यास, न ही पश्चाताप। बस सामने कैलाश ही दिखाई दे रहा था। चल दिया। सुना था कि उसकी चढ़ाई हफ्तों की थी, परंतु पता नहीं कैसे मैं संध्या के समय कैलाश पर था। संध्या समय जब कैलाश पर पहुंचा तो एक महात्मा का दर्शन हुआ। वे स्वयं मेरे नजदीक आए बोले, स्वामी जी यहां बर्फ ही बर्फ है। तुम सामने की गुफा में चलो। मैं तुरंत आया। मैं आगे बढ़ा एक घरनुमा सुंदर गुफा थी। अत्यंत मनोरम। उस बर्फ पर भी उस गुफा में ठंडक नहीं थी। महात्मा भी आए एवं बोले, स्वामी जी रात्रि में यहीं रुको। एक सफेद कंदमूल जैसा कोई पदार्थ दिया। साथ ही बोले, इसे खाकर सो जाना। भगवान शंकर तुमसे स्वयं मिलेंगे। तुम्हारा सब ठीक हो जाएगा। वे तुम्हारे लिए इंतजार कर रहे थे। सवेरे चले जाना यहां रुकना मत। क्या करेगा रुक कर ? जगत में तुझे कुछ करना है न। मैं विनम्र व निर्भीक ही मालूम हुआ, यह महाप्रसाद है। शरीर से रोग-कष्ट दूर भाग गया था। मैं नए ओज से भरा गया। वहां सिद्धासन लगाकर ध्यान में बैठ गया। ऐसा भान हुआ लगभग अर्द्धरात्रि को भगवान शंकर आकर हमारे सिर पर हाथ रखे। बोले, बेटे तुम तो ठीक हो। कौन कहता है तुम बीमार हो ? तू तो योगी है। तुझे योग स्वयं उपलब्ध हो जाएगा। रात्रि भर इसी तरह बैठे रहो। सुबह तुम्हारा ध्यान तोड़ देंगे। तुम सुबह मान सरोवर में स्नान कर लौट जाना। मैं ध्यान में मस्त था

सुबह आंख खुली। सामने वही महात्मा खड़ा था। मानो हमारे ध्यान टूटने का इंतजार कर रहा हो। बोले, स्वामी जी भगवान शंकर तुझे रात्रि में दर्शन दे चुके हैं। हमारे साथ चलो। मानसरोवर में स्नान कर लो। तब तुझे यहां से विदा करूं। मैं मूर्तिवत उनके साथ चल दिया। कुछ ही देर में देखा सामने परम सुंदर, रमणीक एक तालाब था। हंस घूम रहे थे। जल अमृत तुल्य था। मैंने जल उठाकर आचमन किया। तत्पश्चात उसमें स्नान किया। क्या कहूं स्नान से भी दिव्य शक्ति का संचार हो गया सारे शरीर में। मानो कुण्डलिनी जग कर त्रिकुटी पर पहुंच गई। विचित्र था यह स्नान। मैं घंटों उस तालाब में खड़ा, ध्यान करता रहा। लगभग दोपहर को वही महात्मा आवाज, दिया स्वामी जी, अब चलो। तुम्हारा सब काम हो गया। जिसे प्राप्त करने में लोग जन्मों गंवा देते हैं वह तुम्हें तुरंत ही उपलब्ध हो गया। मैं उसके साथ चल दिया। मुझे ऊपर से उतरने का रास्ता बता दिए। अब मैं चल भी रहा था तो ध्यान में था। ध्यान की ही सुरति लग गई। कब मैं चलकर काशी पहुंच गया, वह खयाल नहीं।''

गुरुदेव के इस प्रसंग से स्पष्ट परिलक्षित होता है कि इस शरीर में भी पहुंचे महात्मा अभी हैं। मानो वे समय के बंधन से मुक्त हो गए हैं। हम लोगों को भी बहुत कुछ दिखाए एवं कराए भी। जो यहां लिखना उचित प्रतीत नहीं होता है। हां, कोई साधक यदि इस रास्ते पर आता है तो उसे कुछ दिखाया एवं बताया जा सकता है। अन्यथा यह कहानी बनकर रह जाएगा। अतएव साधक को सबसे पहले कुछ करने की उत्कंठा प्रबल होनी चाहिए। आगे का रास्ता अपने आप साफ होता जाएगा या प्रकृति आगे-आगे व्यवस्था करती जाएगी।

इस अवस्था के साधक के नजदीक किसी भी तरह का दिखावा कैसे आ सकता है। वह अत्यंत ही सहज हो जाएगा, जहां कहीं भी दिखावा है, वहां सहजता नहीं है। आत्मा का, ब्रह्म का तो स्वभाव ही सहज है। इसी से शास्त्रों में भी कहा गया है।

यं न सन्तं न चासन्तं नाश्रुतं नं बहुश्रुतम्।
च सुवृतं न दुर्वृतं वेद कश्चित् स ब्राह्मणः॥
गूढ़ धर्माश्रितों विद्वानज्ञात चरितं चरेत्।
अन्धवच्च जड़वच्चापि मूकवच्च महीं चरेत॥

अर्थात इस तरह के साधक न ही संत की तरह दिखावा करेंगे बाहरी बनावट से दूर ही रहते हैं न ही असंत के तरह रहेंगे। न ही अश्रुत न ही बहुश्रुत रहेंगे। चूंकि वे तो अपने अंदर ही सुनने लगे। बाह्य का श्रुतानुश्रुत से कोई खास तारतम्य नहीं रहता है।

अब यह साधक सुवृत्त यानी तथाकथित धर्म के फेरे में नहीं रहता। अमुक जगह जाने पर पुण्य, अमुक जाने पर पाप। ऐसी वृत्ति से भी अलग हो गया। अब दुर्वृत्त जानता ही नहीं। दोनों से अलग हो गया। वह तो ब्रह्म को जानकर ब्रह्मनिष्ठ हो गया। अब वह कैसे अच्छे एवं बुरे के चक्कर में रहेगा। उसके लिए ये सब असंभव हो जाएंगे। इस तरह यह अत्यंत ही गूढ़ धर्म है, जिसका पालन करते हुए विद्वान योगी दूसरों से अज्ञान चरित्र की तरह ही रहता है। दूसरा पहचान भी कैसे पाएगा। उसके पास पहचानने का दिव्य दृष्टि है कहां। वह तो पहचानता अपने ही तरह के मायावी बनावटी या बहुरूपिया सदृश्य व्यक्ति को। यह साधक तो सर्वसाधारण के लिए अंधे के समान नजर आता है। जड़ के समान एवं मूक के समान पृथ्वी पर विचरण करता है। वह अब तो कुछ भी देख रहा, यदि व्यक्त भी करे तो हजार में एक-दो आदमी भी नहीं पकड़ पाएंगे। उसे अन्यथा लेंगे या पागल कर देंगे। यह बहुत ही बड़ी विचित्र विडंबना रही है। हम समझते हैं उसी को जिसके पास बाह्य बनावट बहुत होती है। जो असहज रहते हैं। चूंकि हम अत्यंत असहज हो गए हैं।

अनुभव—यहां साधक संप्रज्ञात समाधि को उपलब्ध हो जाता है। वह ब्रह्ममय सृष्टि को देखने लगता है। अब प्रश्न उठता है। जीवात्मा कहां है ? उसका ब्रह्म से क्या संबंध है ? इत्यादि प्रश्न वही खड़ा करते जिसे कोई अनुभव नहीं है। अनुभवी को ये प्रश्न गिर जाते हैं। कहां खोजेगा आत्मा को ? कहां खोजेगा ब्रह्म को ? अब कैसे अलग-अलग समझेगा। अलग-अलग समझने के लिए द्वैत बुद्धि कहां से लाएगा ? उसके लिए सब असंभव-सा प्रतीत होता है। फिर भी मैं आपको इस विषय पर कुछ कहना चाहता हूं। संभवतः आप अपने अनुभव के द्वारा जान सकें। आत्मा का प्रकाश चित्त पर पड़ता है। चित्त ही कारण शरीर है। इसी चित्त के संबंध से आत्मा का नाम जीवात्मा हो जाता है। कारण, शरीर ही सूक्ष्म शरीर में व्याप्त हो जाता है। तथा यही सूक्ष्म शरीर स्थूल शरीर में। अब आप समझ गए होंगे कि वही जीवात्मा सारे शरीर में व्याप्त हो जाता है। परंतु पुनः अलग-अलग कार्य के भेद होने से उसके अलग-अलग स्थान भी प्रतीत होता है। जैसे हृदय ही शरीर का मुख्य भाग है। अतएव सुषुप्ति अवस्था में जीवात्मा यहीं रहता है। जब व्यक्ति स्वप्नावस्था में रहता है तब इसका स्थान कंठ होता है। जाग्रत अवस्था में नेत्र में। इसी से संप्रज्ञात समाधि में आज्ञा चक्र पर यही ब्रह्मस्वरूप है। यदि स्वरूप भी कहे तो शब्दादोष उत्पन्न होता है।

यही ब्रह्म सहस्रार में असंप्रज्ञात समाधि में उपलब्ध करता है। यहां पर हर वृत्ति रुक जाती है। इस तरह जो कुछ भी हम यहां कह रहे हैं मात्र समझने के लिए। चूंकि कहना भी इशारा करना मात्र ही हे। शब्दों के जाल में फंसना उचित नहीं है। साधक इसके माध्यम से गतंव्य पर पहुंचकर अनुभव कर ले। वही श्रेष्ठतम है।

सद्गुरु कबीर अपने शब्दों में कहते हैं–

जेहि रंग दूलह ब्याहन आए।
दुलहिनी तेहि रंग राचल हो।।
कहे कबीर राम रस माते।
जोलाहा दास कबीर हो।।

दूल्हा एवं दुल्हन अब दोनों एक ही रंग में हो जाते हैं। अब अलग-अलग कैसे हो सकता है। मात्र इतना ही कह सकता है कि यह आत्मा रूपी दुल्हन उस रस में मतवाली हो गई। अब वह अपने को अलग नहीं रख सकी।

उसी रंग-रस में मतवाली हो गई है मतवाली। अत्यंत सहज होने की घटना।

गुरु पर्वत–

आज्ञा चक्र के ऊपर है गुरु पर्वत। जिस पर गुरु सदैव श्वेतांबरी रूप में विराजमान रहते हैं। जो साधक गुरु के साकार रूप का ध्यान करता रहता है, वह एक दिन इस आज्ञा चक्र रूपी हवाई अड्डा पर स्वतः पहुंच जाता है। फिर गुरु अनुकंपा रूपी जहाज पर सवार हो जाता है। वह उसे गुरु पर्वत स्वतः अपनी तरफ खींच लेता है। वह पर्वत ही एकाएक प्रकाश रूप गुरुद्वार बन जाता है। यह द्वार ही गुरु द्वार है। जिससे होकर साधक परमपुरुष की तरफ उन्मुख हो जाता है। गुरु द्वार का खुलना गुरु अनुकंपा का परिणाम है। इसे हम तप या हठ के द्वारा नहीं प्राप्त कर सकते। यही है–

"गुरु गोविंद दोऊ खड़े, काके लागू पांव।"
बलिहारी गुरु आपनो, जिन गोविंद दियो बताए।।"

साधक गुरु रूपी द्वार से निकाय कर गोविंद रूपी सागर में मिल जाता है।

सहस्रार चक्र (Eretheral Plexus)

यह सातवां चक्र है। यहां पर परब्रह्म परमात्मा का स्थान है। यह हजार दल वाला चक्र है। सब दल अनंत सूर्यों से प्रकाशित हैं। यह पूर्ण चंद्र की तरह प्रतीत होता है। इसका स्थान तालु से ऊपर मस्तिष्क में है।

सहस्रार चक्र
ॐ


सहस्रार चक्र
ॐ

देव स्थान–अब यहां से देवताओं के भी देवता परब्रह्म-परमात्मा स्वयम् विराजमान हैं। यह सत्य लोक है। यहां तो 'अ' स्वर से क्ष व्यंजन तक सब यही है। यहां पूजक एवं पूज्य दोनों एक हो पाते हैं। साध्य एवं साधक एक हो गए। बूंद समुद्र में चला गया। यहीं पर असंप्रज्ञात समाधि लग जाती है। अतएव शरीर का भान भी समाप्त हो जाता है। यहां पर 24 घंटे में 21,600 जाप अपने आप होता रहता है, परंतु साधक अब जाप से भी ऊपर उठ जाता है। चूंकि यही ब्रह्माण्ड है। यहीं से नीचे के सारे पिण्डों की सृष्टि होती है। यहीं से सबका नियंत्रण भी होता है। अक्षर का भी नियंत्रण यहीं से होता है। निराकार निर्गुण ब्रह्म यहीं है। अतः तुरीयातीत अवस्था को साधक उपलब्ध हो जाता है। यहां अनहद की गति नहीं है। यही परम शुद्ध चित्त आनंद है। यहां बिलकुल शुद्ध सतोगुण है। योगी पूर्ण-सतोगुण में यहीं कल्पों निवास करता है।

महंत पदम–

महंत पद्म–सहस्रार से दो अंगुल आगे यह महंत पद्म है। साधारणतः साधक गण इसे सहस्रार में ही गिनते हैं या देखते हैं। चूंकि अब यहां वर्णन करना बिलकुल असंभव है। खींच कर भी वर्णन संभव नहीं होता। यह अनंत दल है। अनंत रवि का तेज है। इसी से सद्गुरु कबीर साहब कहते हैं–

साहब कहते हैं–

सोई घर चेतहू हो भाई, जो आवा-गमन मिटाई।
लक्ष्मी वा घर झाड़ू देत है, शिव फेके कतवार।
विष्णु पहरा दार, सो घर चेतहू हो भाई।

यह घर विचित्र है। इसे घर भी कैसे कह सकते हैं।

निर्वाण शरीर (Bodyless body)–यह सातवां शरीर है। जब साधक गृहस्थावस्था में यानी जो वर्णाश्रम व्यवस्था है के अनुरूप ही अपने को ढालता है, तो 49 वर्ष में इस शरीर को उपलब्ध होता है। इसे औसतन 50 वर्ष माना गया। यदि नींव ठीक है तो इमारत मजबूत होगी ही। ठीक उसी तरह यदि नीचे की साधना सुव्यस्थित है। गुरु कृपा है। यह शरीर तो फल है। वह फल है निर्विज समाधि का। यह आने पर घर रहते हुए भी वानप्रस्थ हो जाता है। यानी वह जंगल की तरफ मुंह कर लेता है। इस तरह 75 वर्ष में संन्यास ग्रहण कर लेता है। इसे यो समझें अपने से भी मुंह मोड़ लेता है। मैं जो बचता था उसे भी छोड़ देता है। इन सातों का विकास यदि सुव्यवस्थित रूप से हो जाता है तो जीवन सरल एवं सहज हो जाता है।

अस्तित्व से अनस्तित्व में रूपांतरण—यह एक अनहोनी घटना है। अभी तक अस्तित्व बीइंग का बोध हुआ, अब नहीं होने का बोध होने लगा, अब नान बीइंग (Non Being) का बोध होने लगा। अब नहीं होने का पता चल जाता है। यही परम सत्य है। महामृत्यु। इसी महामृत्यु पर ब्रह्म की सत्यता का साक्षात्कार होता है।

ब्रह्म शरीर में और कुछ जानने का शेष रह गया था। वह जानना है। न जानने का, न होने की पूरी तरह मिट जाना ही निर्वाण शरीर है। बुद्ध इसी स्थिति को कहे थे—जैसे दीपक जल रहा हो, उसको समझ जाना। प्रकाश से आया था ? कहां चला गया ? यह अबूझ पहेली है। इस शरीर में जो कुछ भी कहा जाए वह मात्र बात बनाना है। चूंकि कहा नहीं जा सकता कुछ भी जो कुछ भी जाना गया, वह भी इस शरीर में छूट गया। यह स्थिति मांगी नहीं जा सकती। मांगता तो भिखारी है। बहादुर साधक गुरु निर्देश से छलांग लगा लेता है। फिर पाता है। कहां गुरु-कहां (शिष्या) चेला। फिर तो मुक्त है इस झमेले से।

इस शरीर में छलांग लगाने के लिए यानी अस्मिता से अस्तित्व से अनस्तित्व में जाने के लिए भी किसी तरह का दमन का सहारा नहीं लेना है। जैसे पीछे के शरीर में काम पर पैर रख ब्रह्मचर्य पर चढ़े। क्रोध पर पैर रखकर क्षमा पर चढ़ गए। ठीक उसी प्रकार अस्तित्व पर चढ़कर अनस्तित्व में चले जाना है। ये अब साधक का नहीं सीढ़ी के रूप में साधक को मदद करेंगे। दमन की प्रक्रिया में ही बाधक साबित होगा। जहां आप लड़े, बस वहीं रुक जाएंगे। चूंकि लड़ने में रुकना पड़ता है। हार भी होती है। बाह्य लड़ाई में जीत की संभावना रहती है। परंतु इस अभ्यांतर की लड़ाई में हार की ही संभावना ज्यादा है। जैसे हमारे ऋषि मुनी। आप कितनी कहानियां पढ़े होंगे पुराणों की। कोन ऋषि थे तो किसी अप्सरा से पराजित। तो कौन दुर्वासा थे चारों तरफ शाप ही देते चलते। यह क्या है ? मात्र अभ्यांतर के दमन का ही परिणाम है।

रहस्य—सातवें शरीर के व्यक्ति से प्रकृति में कोई रहस्य नहीं रह जाता है। वह परम शून्य होता है। शून्य से शून्य में गति अपने आप ही हो जाती है, बिना प्रयास के। इस शरीर का गुरु अत्यंत दुर्लभ होता है। यदि होगा भी तो पहचानेगा कौन ? आप तो पहचानते उसी को जिसमें विद्वत्ता हो। जिनका प्रवचन पत्र-पत्रिकाओं में आता हो। जिनके यहां बड़े-बड़े नेतागण एवं अधिकारी आते हों। यही रही आपकी खरी कसौटी। उसे पहचानने वाले भी उसी तरह के एकाध पागल के तरह होंगे। उस पागल पर आप हंसोगे। चूंकि उस शरीर को प्राप्त व्यक्ति ही सहज होगा।

बिलकुल बच्चे की तरह खेलने लगता है। बच्चे की तरह खाता, बच्चे की तरह पानी पीता, बच्चे की तरह सोता। अब बताओ कौन प्रौढ़ एवं विद्वान व्यक्ति उस बच्चे में समय बरबाद करेगा ? आप तो उसे अपने से ऊपर मानने पर तैयार ही नहीं हैं। नहीं पहचानने वालों की संख्या ज्यादा है। इन्हीं की संख्या चारों तरफ सदा से रही है। तभी तो बुद्ध पर पत्थर मारे, महावीर पर मारे, ईसा को फांसी दिए। मूसा को भी नहीं बख्शा। सदा से निर्वाण प्राप्त शरीर वाले व्यक्ति को पत्थर मारे हैं। फांसी दिए हैं। सर फोड़े हैं। अपने अहंकार का परिचय दिए हैं। जब व्यक्ति निर्वाण को प्राप्त कर लेता या इस धरा धाम से चला जाता। तब आप उसका मंदिर बनाते, पूजा करते, जुलूस निकालते, सभाएं करते। इससे उसको कोई वास्ता नहीं पुनः आप दूसरे रूप में अपने अहंकार को ही बढ़ावा देते। आपके अहंकार को सूक्ष्म रूप में खाद मिलता कि आप पुण्य कर रहे हैं, धर्म कर रहे हैं। आप तथाकथित पुण्यात्मा बन जाते। धार्मिक ठेकेदार बन जाते। मंदिरों में, मंठों में, गुरुद्वारे में बैठ जाते। इनमें अधिकतर वही होते जो कहीं न कहीं बुद्धों को गाली दिए हैं। पत्थर मारे हैं। सूली चढ़ाए हैं। अब तथाकथित प्रायश्चित में पुनः अपने अहंकार को पुष्ट कर रहे होते हैं। उन्हें वास्तव में धर्म से कोई लेन-देन, का नाता-रिश्ता नहीं है।

समर्पण–

समर्पण–यदि कोई भी साधक पूर्ण रूप से इस शरीर में पहुंचे व्यक्ति के सामने अपने को समर्पण कर दे, फिर देखें तुरंत शक्तिपात हो जाता है। शक्ति मानो एक स्रोत से निकलकर दूसरे स्रोत में प्रवेश कर रही है। मानो शक्ति का, ऊर्जा का एक सेतु बंध गया। अब दो परम शून्य एक हो गए। कैसे कहोगे अलग-अलग परंतु यह घटना कभी-कभी घटती है। साधारणतः सातवें शरीर को प्राप्त व्यक्ति से जन साधारण घबरा जाता है। भयभीत हो जाता है। जैसे कोई आदमी सतह जमीन पर से खड़े होकर एक बहुत बड़ी खाई की तरफ झांके। बस सर घूमने लगता है। अनजान भय से शरीर कांपने लगता है। अभी मैं पिछले वर्ष बद्रीनाथ, केदारनाथ की यात्रा पर गया था। मेरे साथ 4 आदमी और थे। पहाड़ी रास्ते चलते समय मैं रुक-रुक नीचे देख लेता था। नीचे गंगा का श्वेत जल अविरल बह रहा है। बड़ा ही सुहावना दृश्य था। जब मैं कहा कि अरे, पंडित जरा नीचे तो देखो। बस इतना कहते ही रुमाल से आंख ढक लिया एवं चिल्लाया स्वामी जी बस करें। मैं न नीचे देख सकता न ही ऊपर। ऊपर देखने पर पहाड़ की ऊंचाई एवं नीचे देखने पर अतल खाई। हमें खाए

जा रही है। मन मचल रहा है। मुंह में चिउगम लेकर चूस रहा हूं। अब हम लोगों को मत मारो, छोड़ दो। आगे बढ़ते चलें। हम लोग सोच रहे हैं कि अब न हो नीचे देखेंगे न ही ऊपर, मात्र अपने रास्ते पर चलते रहेंगे। अन्यथा खतरा ही खतरा है। हम लोग तो मर जाएंगे। हार्ट फेल कर जाएगा। यह भी कोई देखना है। अब आप ही सोचो इस खाई को देखने में इतना भय, उस व्यक्ति से क्या उम्मीद कर सकते हैं। यही वजह है कि बुद्ध, महावीर, कृष्ण, कबीर एवं मूसा ऐसे व्यक्ति से व्यक्ति ही नहीं समाज भी भयभीत हो जाता है। जब कभी गहराई से उसके चेहरों को, उसकी आंख को देखता अनजान भय उसके शरीर में पैदा हो जाता। कृष्ण ऐसा आदमी जहां बैठता उपद्रव मच जाता है। उसमें एक विद्युत शक्ति होती जो आकर्षित करने लगती, अपनी तरफ खींचती एवं साधारण आदमी उसकी तरफ देखता तो पाता एक अज्ञात गड्ढा। अब भयभीत हो जाता। वहां से भागता, गाली देता, अपने को बचाने के लिए। कहते हैं कि मूसा को जब ज्ञान मिला तो अपने चेहरे पर परदा डाल लिए। जहां भी जाते परदा से युक्त जाते क्योंकि जो भी आदमी उनका चेहरा देखता डर जाता। बस घूंघट डाल दिए। अंतिम दिन तक घूंघट नहीं हटाए।

यहीं घूंघट 'मैं' का है। यह परदा है। इस परदे को हटाना पड़ेगा। तभी तो इस तरह के व्यक्ति से शुद्धतम शक्तिपात संभव है।

मूर्ति आप क्यों पूजते हो ? चूंकि वहां कोई खतरा नहीं। वहां तो आप ही बैठे हो। जब इस शरीर के आदमी चले जाते। आप मूर्ति बना लेते। अब आपको किसी प्रकार का भय नहीं होता। न ही वह कुछ कहता, न ही कुछ शक्ति, ऊर्जा ही छोड़ता। आप वहां फूल माला चढ़ा लेते। अपने मन की बात कुछ कह देते। यदि आप पंडित हैं, मुल्ला, ग्रंथी हैं तो कुछ व्याख्याएं भी कर लीं। वह भी आपके अपने अहंकार की व्याख्या होगी।

सातवां शरीर जीवन एवं मृत्यु दोनों से पार का है। चूंकि जीवन यदि पहला भौतिक शरीर है तो मृत्यु सातवें शरीर की शुरुआत है। दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। यह शरीर दोनों से पार कर जाता है। अब आगे कहना शब्दाभाव प्रतीत होता है। अतएव यह है महामृत्यु। यही है क्रांति महाजीवन की। समर्पण होते ही गुरु तत्व शिष्य में स्वतः प्रवाहित हो जाता है। वह साधक पूर्णत्व से क्षण भर में भर जाता है।

अवतरण

महापुरुषों का अवतरण—इस शरीर को प्राप्त योगी अपने आप में

सदा आनंदित रहते हैं। सारी वासनाएं क्षीण हो जाती हैं। परंतु कोई-कोई साधक अत्यंत कारणवश चौथे-पांचवें शरीर पर ही दृढ़ संकल्प ले लेते हैं कि यहां के लोग अत्यंत दुखी हैं। ये भ्रमित हैं। ये ठगे जा रहे हैं। इनका जीवन ही ठगा जा रहा है। ये व्याख्याएं कर रहे हैं। तथाकथित धर्मों में भ्रमित हो गए हैं। संप्रदाय रूपी बंधन में बुरी तरह आबद्ध हो गए हैं। इसी नशे को धर्म समझ बैठे हैं।

इन्हें बचाना होगा। अपने लिए न सही इनके लिए आना ही होगा। ये अत्यंत कारुणिक आत्माएं होती हैं। अन्यथा छठे एवं सातवें शरीर पर पहुंचने के बाद कौन आना चाहेगा ? कौन चाहेगा उस महासमुद्र से अपने को बाहर करना ? अपना चाह भी नहीं रहता उस शरीर में बस बहते चला जाता अनंत समुद्र में। अब बहाव भी समुद्र का होता। उस विराट का होता। परंतु जो साधक अपनी खूंटी गाड़ दिया चौथे-पांचवें शरीर पर मात्र वह खूंटी गड़ी रह जाती। वह भी उसके करुणा के कारण उसी के चलते इस तरह के बुद्धत्व प्राप्त निर्वाण प्राप्त व्यक्ति, योगी आ जाते, इस धराधाम पर अब वे करुणा की मूर्ति होते। दया की मूर्ति होते। आनंद की मूर्ति होते। परंतु फिर भी इन्हें पहचानने वालों की संख्या न्यून होती। जिसमें भी कुछ गुणवत्ता होती। जिसमें भी कुछ समान ध्रुव होते, उन्हें अपने आप आकर्षित कर लेते। जिनमें गुणवत्ता है ही नहीं जिनमें केवल विषम ध्रुव ही हैं, विषय वासनाएं ही हैं। उन्हें उतने ही जोर से विसर्जित कर देते। यह घटना अपने आप हो जाती। जिसका परिणाम होता समाज को आंदोलित हो जाना। उस बुद्धत्व वाले व्यक्ति को अब समाज पत्थर भी मारता है। गाली भी देता है। विष भी देता है। दुख भी देता है। इन विक्षिप्त व्यक्तियों के पास जो भी साधन होता उसे प्रदान करते। वह व्यक्ति तीर्थंकर की तरह, बुद्ध की तरह, कृष्ण की तरह, कबीर की तरह, मूसा की तरह, नानक की तरह करुणावश गाली सुन लेता है। उसे इन विक्षिप्तों पर दया भी आती। इन अज्ञानियों पर, करुणावश अनायास ही क्षमा करते जाते हैं। परंतु ये अपना पाठ पढ़ा ही देते हैं। अपना सबक सिखा ही देते। भले ही उसके कक्षा में, विद्यालय में एक ही विद्यार्थी आए। उस विद्यार्थी में अपना सबकुछ उड़ेल देना चाहते हैं। किसी-किसी निर्वाण शरीर को एक भी शिष्य नहीं मिलता। वह बेचारा हो जाता है। अपने में मस्त रहते हुए संसारी लोगों को देखता ही चला जाता है। उससे बहुत कुछ लिया जा सकता था। परंतु रूढ़िवादी, परंपरवादी, अतिवादी उन्हें देखते तक नहीं हैं। ये अपने पुस्तकीय ज्ञान को ही धर्म समझ लेते हैं। मजहब को ही धर्म समझ लेते हैं।

चूंकि वे साक्षात करुणा की मूर्ति जो होते। इन्हीं कारणों से इनका जन्म अवतार कहा जाता। इनकी मृत्यु निर्वाण कहा जाता है। इस अवतरण में संपूर्ण सृष्टि ही साथ देती है। तब कहीं मानवता पुष्प रूपी महामानव सद्गुरु के रूप में आता है। पुरानी व्यवस्था को ध्वस्त कर नई व्यवस्था, मंत्र-तंत्र ध्यान की विधि, नीति नियम देकर नए समाज की सरंचना करता है। जिसे पुराने रुढ़िवादी बरदाश्त नहीं करते एवं विद्रोह करते हैं। वे नासमझ तथाकथित धर्म के ठेकेदार ही इस समाज को कुरूप करते हैं। इन्हीं का प्रकोप इस अवतरण को भोगना पड़ता है।

एक साक्षात्कार—मैं अपने गुरु देव से लगभग 1974 में अष्टांग योग सीख रहा था। उनके द्वारा ही निर्मित गुफा में ही ध्यान करता। उनका आदेश था, तू कुछ भी प्रश्न मानसिक रूप से करना। अब तुमसे सारी बातें मौन की होंगी। बहुत हो चुकीं इस मुंह से बातें। योगी जन मौन बातें करते। मैं भी मौन साधना करने लगता, धीरे-धीरे अभ्यास काल में देखा कि मन में भी प्रश्न उत्पन्न होता, गुरुदेव बहुत ही सूक्ष्म ढंग से उसका निराकरण कर देते। उस निराकरण से मन साधना में सहज प्रवृति में रहता। आनंदित रहता। लगातार 21 दिन एवं पुनः 45 दिन की अखण्ड गोपनीय साधना गुफा में करता रहा था। ॐ सारा उत्तर भी वहीं मिलता रहा। जैसे-जैसे अनुभव होता। मन तो प्रफुल्लित होता। जगत की निःसारता प्रत्यक्ष मालूम होती। एक रात्रि मुझे इच्छा हुई, अब इस आश्रम का परित्याग कर हिमालय चलना चाहिए। क्या जरूरत है आश्रम की ? क्या जरूरत है इस संसार की ? सब मिथ्या है। बस वही सत्य है जिसमें हम अब जा रहे हैं। अंतर्मुखी होने पर आनंद ही आनंद है। बहिर्मुख होने पर दुख ही दुख। तब इस दुख से भरे संसार में रहने की क्या आवश्यकता है ? इत्यादि प्रश्नों से मन आंदोलित हो रहा था। वैराग्य से मन-बुद्धि भर गई थी। अतएव पूर्णिमा की रात्रि थी। सोचा, आज बारह बजे रात्रि को आश्रम छोड़ दे। पहुंच जाए हिमालय की गोद में। घड़ी देखा, ठीक बारह ही बज रहा था। बस मैं दीपक जलाया, एक पत्र लिख दिया। गुरुदेव को संबोधित करके। मैं इस आश्रम को छोड़कर, संसार को छोड़ कर जा रहा हूं। जहां न ही कोई अपना न ही कोई पराया है। इस संसार में भाई का भाई से, पुत्र का पिता से, पत्नी का पति से, सबका संबंध अर्थ से है। यदि अर्थ (रुपया) नहीं देता तो कहीं किसी का कोई संबंध नहीं। कोई रिश्ता नहीं। इतना ही नहीं गुरुदेव अधिकांश आश्रम में गुरु शिष्य का संबंध भी अर्थ पर निर्भर है। अन्यथा सबकुछ अनर्थ है। इस अनर्थकारी दुनिया में अब मेरे लिए रहना संभव नहीं इत्यादि। यह लिखकर पत्र गुफा में रख छोड़ा। गुरुदेव ठीक चार बजे स्नान के लिए गंगा में

उतरते थे। उस समय एक कोने में गुफा में रहता। दूसरी तरफ लगभग दो सौ गज की दूरी पर गंगा के किनारे की कुटी में गुरुदेव और भक्तगण दिन भर रहते। सत्संग करके 8 बजे तक चले जाते। निर्जन वन। गंगा की कलकल ध्वनि एवं कुछ सर्प, बिच्छू या पक्षी ही रह जाते। रात्रि की साधना में कुछ दूरी पर श्मशान, तथा केवलगाह। अतएव होते तो भूत-प्रेत या जीव खैर में पत्र रखकर दीपक ज्योति जो तिल के तेल में ही वहां जलता था बुझा दिया। बाहर निकल आया। खड़ाऊं बगल में दबा लिया कि कहीं आवाज न हो जाए। ज्यों ही गुफा के बाहर दो ही कदम रखा था। आश्चर्य गुरुदेव मानो सबकुछ देख रहे हैं। आवाज दिए मेरा नाम संबोधित कर। मुझे बुलाए। रात्रि का बारह बजकर तीस मिनट हो रहा था। वातावरण बिलकुल शांत था। शरद का मौसम था। वे अंदर के किवाड़ कभी नहीं बंद करते। अंदर से आवाज दिए, आ जाओ मैं यंत्रवत अंदर गया। देखा गुरुदेव पद्मासन पर विराजमान मुस्करा रहे थे। बोले, दीपक जला दो, मैं जला दिया। पुनः बोले, मेरे निमित्त पत्र लिखा है। पत्र लेते आओ। मैं पत्र गुफा में लेकर आ गया। अब कठोर शब्दों में आदेशित किए। तुम्हारा पत्र लिखना मेरा पढ़ना दोनों साथ-साथ हो गया। पत्र को दीपक की मदद से जला दो। मैं जला दिया। मुझे आदेश दिया बैठ जाओ। मैं यंत्रवत बैठ गया।

गुरुदेव सहजावस्था में मुस्कराते हुए बोले, तू पत्र दीपक में जला दिया। अब अपने संस्कारों को ज्ञान रूपी दीपक से कब जलाएगा ? क्या कर लेगा हिमालय जाकर ? बर्फ से शरीर गला लेगा। शीतल हवा से शरीर को ठंडा कर लेगा। अब मन का क्या होगा ? तुम्हारे संस्कारों का क्या होगा ? जिसने तुम्हें जन्म दिया क्या उसके प्रति तुम्हारा उत्तरदायित्व समाप्त हो गया ? जिसने पढ़ाया, खिलाया उसके प्रति क्यों कर्तव्य नहीं करता ? जिस पृथ्वी मां पर खेला-कूदा क्या उसके प्रति कोई कर्तव्य नहीं ? इस जगत को तुमसे कुछ अपेक्षाएं है। उसका क्या होगा ? कछुवा तो हिमालय में ही रहता। बहुत से पशु-पक्षी हिमालय में ही रहते, क्या हो जाता उनकी मुक्ति का ? हिमालय की गोद में सैकड़ों गांव बसे हैं। क्या उनको कुछ मिल गया है ? कौन तीर्थंकर, कौन बुद्ध, कौन तुम्हारे भगवान भाग कर गए हैं हिमालय में ? जो कोई गया भी है, पाकर इस धरती मां पर वापस लौटकर यहां मुक्त हाथों बांट दिया है। अपने कर्तव्य से मुक्त हुआ, इसी धराधाम पर। गुरु के निर्देशन में तप करना एवं जगत हित में कार्य मुक्ति का मार्ग है।

मैंने उदास होकर कहा, गुरुदेव मैं निर्वाण को प्राप्त करना चाहता हूं। जो यहां संभव नहीं है। आप जो जानते थे हमें वही दिए। अब आगे जाने का मुझे

आदेश दीजिए। गुरुदेव हंसते हुए बोले, तू बालक है। अभी अबोध है। सब तुझे मिलेगा। यहीं मिलेगा। हम देंगे तू ग्रहण करते तो जाओ। जितना तू लेना चाहता है। उससे ज्यादा व्यग्रता है हमें देने की। मैं तो चाहता हूं एक क्षण में पूरा सागर ही भर दूं। तुम्हारे गागर में। तुम मुंह तो खोलो अपने गागर का। चल देख मेरी तरफ ध्यान से देख आज देख ले निर्वाण को। जिससे तुझे आसानी होगी, आगे की यात्रा तय करने में। बस देखते जा।

मैं सप्रेम पूर्ण श्रद्धा से सिद्धासन पर बैठा गुरुदेव को देख रहा था। गुरुदेव शांत बैठे थे। मुस्कुरा रहे थे। एकाएक कमरे का वातावरण बदल गया। चारों तरफ सुगंध फैल गई। मानो बसंत ऋतु ही कमरे में प्रवेश कर गई। सबकुछ बदल गया। मैं उत्सुकतावश देख रहा था। गुरुदेव का पार्थिव शरीर धीरे-धीरे गायब हो रहा है। प्रकाश वहां धीरे जगमगा रहा है। कुछ ही क्षण में उसके स्थान पर पूरा का पूरा प्रकाश था। पूरा कमरा चकाचौंध हो गया। मैं अब अपने में नहीं था। उस प्रकाश में स्वयम् प्रकाशित होते हुए आनंदित होते देखे जा रहा था। सारा वातावरण बदला था। वहां प्रकाश ही प्रकाश। प्रकाश के सिवाय कुछ नहीं। वह प्रकाश आनंदमय, करुणामय, दिव्य था। न सुना था, न ही इसके पूर्व इस तरह की कल्पना ही की थी। मानो निमित्त मात्र देखते जा रहा था। प्रथम बार स्वयम् द्रष्टा का भान हुआ। कुछ देर के बाद देखा वह प्रकाश धीरे-धीरे गायब हो रहा है। धीरे-धीरे गुरुदेव का शरीर आभा से परिपूर्ण प्रगट हो रहा है। कुछ ही काल के बाद देख रहे हैं। गुरुदेव मुस्कुराते हुए बोले—देख लिया निर्वाण, देख लिया शून्य, देख लिया महामृत्यु। यही है क्रांति महा जीवन की। इसे अपने में उतारना होगा। अब देर मत करो। करते जाओ पूर्ण समर्पण भाव से। अब अपना कुछ रखो ही मत, अब हमें दे दो जो भी तुम्हारे पास है। तब मैं जो कुछ दूंगा ले सकते हो, रख सकते हो। मैं श्रद्धा से झुक गया उनके चरणों में। अब उनके चरणों से उठने का जी नहीं कर रहा था। मैंने हृदय से कहा मेरा तो कुछ है ही नहीं। गुरुदेव सब तेरा। मेरा अब अस्तित्व नहीं, अब तू ही है जो कुछ करना चाहो कर लो, मैं निमित्त मात्र हूं।

उपरोक्त यह दिव्य अनुभूति नहीं चाहते हुए भी प्रसंगवश एवं कुछ साधकों के जिज्ञासावश कह दिया। संभवतः आपको कुछ फायदा हो जाए। आप अपने अंतर की यात्रा की शुरुआत कर दें। अपने आप में उपलब्ध हो सकें जीवन की महाक्रांति को। यह एक घटना है जो आपको अपने आप अनायास ही उपलब्ध हो जाएगी। जब तक हम करते हैं योग-तप, मंत्र अनुष्ठान पाते कुछ भी नहीं। ये सब करने से मात्र यही ज्ञान होता है कि यह भी सत्य

नहीं है। अतः यह अपने आप छूट जाता है। सत्य की तरफ अग्रसरित हो जाता है। यहां न कुछ करना न कुछ पाना है। संभवतः बुद्ध से भी पूछा गया। क्या तूने किया ? कैसे तू पाया ? बुद्ध मात्र यही इशारा कर सके। जब तक कुछ करता रहा, पा नहीं सका। जब सबकुछ करना छोड़ दिया पा लिया, उपलब्ध हो गया पाना या उपलब्ध होना कहा जाए तो यह भी भिन्नता है। वह तो पहले से ही था। हमने साक्षात्कार कर लिया। यह भी कैसे कहा गया, जो पहले से था। वह प्रत्यक्ष हो गया। बस अब बाहर भीतर मात्र वही ही रह गया।

इस स्थिति को पहुंचा हुआ योगी ही देह मान अभिमान का परित्याग कर जगत हित में कुछ कर सकता है। यह स्वयं चौथे-पांचवें शरीर में आकर करुणा वश रहता है। यथा सतगुरु कबीर कहते हैं–

"देह मान अभिमान के, निरहंकारी होय।
वर्न कर्म कुल जाति ते, हंस निनारा होय।।
जग विलास है देह को, साधु करो विचार।
सेवा साधन मन कर्म ते, जथा भगति उर धार।।

दीक्षा–

दीक्षा–यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण शब्द है। इस शब्द का अर्थ अभी विकृत हो गया है। जन साधारण दीक्षा का अर्थ समझते हैं, कान फूंक देना। कान में कोई मंत्र कह देना। बस कान फूंकने वाला बांध देता है एवं फुंकाने वाले का अब चलता है शोषण अनवरत। दीक्षा देने वाला परजीवी लता की तरह हो जाता है। जैसे अमर बेल लता की अपनी जड़ ही नहीं होती। किसी भी पेड़ के हरे भाग पर फैल जाती है। वह पूरे पेड़ पर फैलती जाती, पेड़ सूखता जाता। जब वह सूख जाता तो वह दूसरे पेड़ का दामन पकड़ लेती। इस तरह अपना नाम अमर बेल रख लेती। यही स्थिति है आज के पुरोहिती दीक्षा की। दीक्षा का अर्थ हुआ कि विद्यार्थी एक खास समय तक विद्याध्ययन करता है। इसके बाद दीक्षांत समारोह में भाग लेता है। यानी जो भी ग्रहण आज तक किया है उसे पूरी तरह अपने जीवन में उतार ले। उस विराट को अब अपने में अवतरित कर ले। मुक्त हो जाए। दीक्षा का अर्थ हुआ स्वतंत्रता, मुक्तता। क्या अमुक व्यक्ति मुक्त कर सकता है ? ऐसा संभव नहीं। दीक्षा को आपके जीवन में उतारा जा सकता है। गुरु तो साक्षी होता है। गवाह होता है। विटनेस होता है। मैं काशी एक आश्रम में रहा था। साधना पर प्रवचन दे रहा था। कुछ युवक सीख रहे थे। एक 40-50 वर्ष के संन्यासी आए एवं हमसे निवेदन किया

कि महाराज जी आपसे अकेले में मिलना चाहता हूं। मैं उससे कह दिया एक घंटा बैठो। इन लोगों से खाली हो जाता हूं। फिर आपसे बातें होंगी। उन युवकों को विदा कर मैं उस संन्यासी जी से मिला। वे बोले, स्वामी जी मैं फलां मठ का महंत हूं। आचार्य पास कर शोध भी पूरा कर लिया हूं। प्रवचन भी करता हूं। मेरे भक्त भी बहुत हैं। साल में लगभग नौ माह भक्तों के यहां घूमकर प्रवचन ही करता हूं। सालभर में लाखों का चढ़ावा भी आता है। जब कोई साधक ध्यान के विषय में बातें करता तो बहुत अटपटी सी लगती है। मैं तो सीधा कह देता आंख बंद कर लो। इसी से आप से एकांत में मिलने आया। आखिर ध्यान है क्या बला ? मैं आप से दीक्षा नहीं लूंगा क्योंकि में दीक्षा अपने गुरु जी से ले चुका हूं एवं शिष्य भी बना रहा हूं। आप हमें सिर्फ ध्यान बता दें। वह भी अकेले में। कोई जाने भी नहीं अन्यथा हमारी बदनामी होगी हां, आपको मैं भेंट पूरा दूंगा। आप जो भी मांगें मैं तुरंत दूंगा। अभी आप रखें पांच सौ रुपये। और अपने मठ से लाकर दे दूंगा। आपको अपने आश्रम पर भी ले चलूंगा। परंतु स्वामी जी आप बुरा न मानेंगे। वहां का महंत हूं न, आपका प्रवचन होगा। बस वहां मेरा आसन कुछ आप से ऊंचा होगा ? जिससे हमारी भी प्रतिष्ठा बनी रहेगी। हमारे शिष्य हमें भी ध्यानी, ज्ञानी मानते रहेंगे। आपको चढ़ावा मिलेगा। मैं सोचता हूं आपको इसमें एतराज नहीं होगा। महंत जी एक स्वर में इतना कह गए। विद्वान जो ठहरे।

मैंने उनसे कहा, महंत जी ! सबसे पहले अपना रुपया आप संभाल कर अपने पास रख लें। मुझे यह विचित्र लग रहा है कि आप ध्यान में बिना प्रवेश किए दीक्षा ले लिए एवं दीक्षा दे भी रहे हैं। मैं यहां लोगों को ध्यान सिखा रहा हूं। दीक्षा नहीं दे रहा हूं। जो भी साधक ध्यान को उपलब्ध हो जाता है। उसका मैं साक्षी हो जाता हूं। साधक एवं साध्य की उपस्थिति का मात्र साक्षी।

यही स्थिति पुरोहिती सान्निध्य में होती है। दीक्षा पहले मंत्र पहले ध्यान कभी नहीं। यह बंधन है, यह तो परतंत्रता है। मैं दीक्षा में आपके सहस्रार को खोलता हूं। उसमें मंत्र, देवास्त्र, दिव्यास्त्र को आरोपित करता हूं। शक्तिपात कर आत्म तत्व के चारों तरफ के मलावरण को साफ करता हूं। जिससे उचित पात्र को शीघ्र ही शक्ति एवं आत्म तत्व का ज्ञान हो जाता है। अन्य सभी को साधना काल में समुचित उन्नति होती है। चूंकि मेरे द्वारा आपके हृदय में आरोपित मंत्र-यंत्र-देवास्त्र-दिव्यास्त्र कभी भी व्यर्थ नहीं जाएंगे। समय का भाग्यशाली साधक इसका फायदा अवश्य उठाएगा।

भगवान बुद्ध भी दीक्षा तुरंत नहीं देते थे। कहते थे पहले, ध्यान करो,

रुको दो-चार वर्ष फिर देखा जाएगा। तब साधक ध्यान सीख लेता तब तीन चरणों से दीक्षा देते। पहले बुद्धं शरणं गच्छामि—जैसे कृष्ण ने कहा है 'सर्व धर्म परित्यक्तु मामेकम शरणम् व्रज।' यानी बाह्य सभी तथाकथित धर्मों का परित्याग करो। अपने शरण में स्थित हो जाओ—अर्जुन। वही बुद्ध भी कहते। बुद्ध के शरण में चले जाओ। जो भी व्यक्ति बुद्धत्व को उपलब्ध हो गया हो। जब बुद्ध की शरण में चला जाता है तब 'संघम् शरणम् गच्छामि'। बुद्धों का जो समूह है, समुदाय है उसमें शामिल हो जाओ। अपना अस्तित्व खो दो, मिल जाओ महासमुद्र में। अपना अब रखो ही नहीं। जब संघ की शरण चले गए तब अंतिम या 'धमम् शरणम् गच्छामि।' अब तो आप धर्म की शरण में स्वतः ही चले जाएगे। धर्म को आप स्वतः ही उपलब्ध हो जाएंगे। यह रही परंपरा दीक्षा की।

अब प्रश्न उठता है कौन करेगा। इतना इंतजार ? कौन कराएगा इतना इंतजार ? कहीं शिष्य छिटक कर दूसरे के यहां न चला जाए। या शिष्य जहां जल्द ही दीक्षा का तथाकथित प्रारूप पूरा कर लें। गुरु मुख हो जाए। कान फुंकवा ले। प्रमाण पत्र किसी तरह ले ले स्वर्ग जाने का बस और क्या चाहिए। आजकल सबकुछ के लिए जल्दबाजी है। सद्गुरु कबीर कहते हैं—

शीश दिए जो गुरु मिले तो भी सस्ता जान।

यह सौदा बहुत महंगा है। शीश देकर भी यदि गुरु मिल जाए तब भी सौदा सस्ता है। ऐसा क्यों ? जरा आप ध्यान देकर समझें। बिना शीश दिए तो गुरु मिलता ही नहीं, शीश यानी अहंकार। अहंकार को मिटाना ही होगा। मुझे एक कहानी याद आ गई। एक राजा शांति के लिए बेचैन था। वह चारों तरफ घूम आया। सब तीर्थ घूमकर आया। व्रत भी कर लिया। यज्ञ भी कर लिया। दान दक्षिणा भी दिया परंतु है अशांत। किसी ने उसे बताया महाराज आप कहां घूमते हैं। देश-विदेश। आपकी राजधानी के बाहर एक संत रहता है। छोटी-सी झोंपड़ी में आप उससे मिल तो लें। राजा पूछता है। क्या वहां कोई मंदिर है ? क्या गुरुद्वारा है ? वह वृद्ध व्यक्ति बोला, नहीं वहां कुछ भी नहीं है। मात्र शरीर छिपाने भर झोंपड़ी। वह रहता है अकेले। राजा अनमने-सा पहुंच गया। देखा उस झोंपड़ी में महात्मा जी बैठे थे, मौन थे। उसके इर्द-गिर्द दो चार व्यक्ति भी मौन थे। संभवतः मौन वार्ता चल रही थी। राजा अपने जीवन में प्रथम बार किसी झोंपड़ी के दरवाजे पर खड़ा था। कुछ मांगने। साहस बटोर कर अंदर गया। पूछा, महात्मन् मैं शांति के लिए यहां आया हूं। क्या शांति मिल सकती है ? फकीर बोला, हां। शांति भी तुम्हें खोज रही है। राजा बहुत ही विक्षिप्त हुआ। बोला,

शांति मुझे खोज रही है। यह कैसे ? फकीर बोला, राजन तुझे शांति चाहिए तो आज इसी झोंपड़ी में रुक जा। कल यह कटोरा लेकर इस नगर में भीख मांगकर लाना। राजा ने कहा यह कैसे होगा ? आप को जानना चाहिए, मैं इसी नगर का सम्राट हूं। अपने ही नगर में कैसे भिक्षा मांगूंगा। फकीर ने कहा कि फिर शांति कैसे मिलेगी। तुम्हे तो मांगना है इसी नगर में अन्यत्र कहीं नहीं। रहना है इसी झोंपड़ी में। यह सब राजा के लिए असंभव था, परंतु बहुत हिम्मत वाला था वह राजा।

राजा कुछ देर उस झोंपड़ी में फकीर के सान्निध्य में बैठ गया मौन, बिलकुल मौन। फिर बोला, ठीक है। महात्मन मैं आज अभी से यही रुकूंगा। कल प्रातः ही भिक्षाटन पर निकल जाऊंगा। राजा रात्रि भर उस झोंपड़ी में जमीन पर ही सो गया। यह भी जीवन में पहली घटना थी। रात्रि में ऐसा सोया मानो महल में भी नहीं सोता था। प्रातः तरोताजा लग रहा था। फकीर कहा, उठा लो वह कटोरा। चले जाओ नगर में। मांग लाओ भिक्षा, राजा चला गया। पहले कुछ अजीब-सा लगा। फिर उसका अहंकार गिर गया। सब मोह भंग हो गया। शाम को राजा भिक्षा लेकर आया। अब वह प्रसन्न था। उसे पता नहीं था कि भिक्षा में ही दीक्षा संभव है क्या ? अब वह मान, अहंकार, लोभ, काम से अपने को अचानक मुक्त पाया। राजा दो दिन तक भिक्षाटन किया। तीन दिन के बाद फकीर बोला, राजन अब पूछो, क्या पूछना है ? राजा बोला, महाराज हमारे पास कोई प्रश्न ही नहीं है। मैं जीवन में यहीं पहली बार प्रश्न एवं उत्तर से मुक्त हूं। इतना कहकर वह गिर गया फकीर के चरणों में। अपना मस्तक रख दिया फकीर के चरणों में। फकीर का हाथ भी प्रेम से लबा-लब भरा हुआ अनायास ही चला गया राजा के सिर पर। बस हो गया सब सहज। हो गया दीक्षा, हो गया शक्तिपात। हो गई वह घटना जो अनहोनी थी। जिसकी खोज में राजा वर्षों से भटका। सद्गुरु कबीर साहब भी गुरुमुख के संबंध में कहे हैं—

आस्ति आत्मा राम है, माया मन क्रित नास्त।
या की पारख लहै जथा, बीजक गुरु मुख आस्त।

इस तरह दीक्षा साधक को दक्ष बनाती है। निपुण बनाता है। गुरु-शिष्य के बीच एक सेतु का काम करती है। जिसके माध्यम से गुरु शिष्य में पूरा का पूरा प्रवेश कर जाता है। तब शिष्य हो जाता है गुरु तुल्य, परम पवित्र। जिसके जीवन में यह पवित्रता, दक्षता, नहीं आती वह अपूर्ण रह जाता है। इसी से कहा गया है कि अदीक्षित व्यक्ति जहां खड़ा होता वहां की मिट्टी भी अपवित्र हो

जाती है। यह व्यक्ति कोई भी पवित्र काम कर ही नहीं सकता। दीक्षा उपरांत ही साधक द्विज बनता है। उसका दुबारा जन्म होता है। परमात्मा के राज्य में प्रवेश करने का अधिकारी बनता है। अब उसमें दिव्य शक्तियां स्वतः प्रवेश करने लगेंगी। गुरु हर समय, हर क्षण उसका अवलोकन करता है। अवसर पाते ही उसमें उस अनमोल हीरे को रेख देता है। शिष्य भी गुरु के समान बन जाता है।

चरण स्पर्श–

ऊर्जा हर समय सिद्ध पुरुषों से निःसरित होती है। अतएव उनके समीप बैठने का भी अपना अर्थ रखता है। ऊर्जा अनायास ही सामने वाले पर बरस जाती है। परंतु ऊर्जा ग्रहण करने वाले के लिए भी पात्रता चाहिए। दो व्यक्ति एक साथ किसी गुरु के नजदीक जाते। मौन ही बैठते। एक कहता मैं तो बहुत कुछ पा लिया दूसरा कहता यह कैसे ? वह तो अति साधारण व्यक्ति है। जैसे दो घड़ा एक साथ गंगा में डुबो दो एक का मुंह बंद कर दो एक का मुंह खोल दो दोनों को पानी से बाहर निकालो, एक अपने आप ऊपर आ जाएगा। एक बाहर आने का नाम नहीं लेता। आता तो एक जल से लबा-लब भरा होगा। दूसरा बिलकुल खाली। दोनों तो कहते हम दोनों तो साथ-साथ गंगा गए, साथ-साथ छलांग लगाए। मुझे तो कुछ भी नहीं मिला। वही स्थिति है जानने वालों की। बादल तो बरसता है बराबर चाहे वह पर्वत हो या नदी हो या सागर हो। जिसमें जितनी ग्राहकता होती वह उतना ग्रहण करता।

जब साधक पूर्ण समर्पण से गुरु के नजदीक झुकता है, साष्टांग दण्डवत करता है। अपना पूरा सिर ही गुरु के चरणों पर रख देता है। सोच लेता है अब गुरु ही हममें प्रवेश कर जाए। अब किसी भी प्रकार का अवरोध नहीं है। अहंकार गिर गया है। काम विदा हो गया है। लोभ मोह भाग गया है। अब मात्र गुरुदेव तू ही तो है। यदि सचमुच समर्पण हो जाए तो एक अद्‌भुत घटना घटती है। जैसे आप जानते हैं। ऊर्जा गुरुदेव के सबसे पहले छोटे अंगों से ही निकलती हैं। पैर से, हाथ की अंगुलियों से। जैसे ही साधक पूर्ण समर्पण से गुरु के पैर पर गिरता है। उसके पैर से अनायास ही ऊर्जा निकलकर साधक के सिर में प्रवेश करने लगती है तथा गुरु का हाथ भी स्वतः शिष्य के सिर पर चला जाता है। बस घटना घट जाती है। पैर एवं हाथ दोनों से ऊर्जा का निःसरण स्वतः हो जाता है। मन से भी आशीर्वाद निकल ही जाता है। यदि शिष्य सचमुच समर्पण के भाव से गिरता है तो पा जाता है। जो उसके लिए असंभव

या जन्मों लग सकता था। समर्पण मात्र से गुरु कृपा साधक को तीसरे चौथे शरीर पर ला खड़ा करती है। जहां से साधक की अन्य आगे की यात्रा सहज एवं सुलभ हो जाती है। साष्टांग प्रणाम तो पूर्ण समर्पण में ही संभव है।

यह साष्टांग–दण्डवत गुरु एवं साधक के बीच की कड़ी है। भारतीय मुनि ऋषियों का आविष्कार है। जो आगे चलकर एक मिथक बन गया है। परंपरा बन गई है।

प्रत्येक व्यक्ति अपने से ज्यादा उम्र के सामने झुकने लगा। इतना ही नहीं इस परंपरा को तथाकथित आज के नेतागण और विकृत कर दिए। यह पूर्णतः सक्षम गुरु एवं समर्थ शिष्य के लिए शक्ति पात, का एक अनोखा रास्ता है। क्षणमात्र में शिष्य शक्ति से भर जाता है। जो युगों के तप से भी संभव नहीं था।

अर्द्धनारीश्वर–

यह शब्द भी अत्यंत महत्व का है। हमारे ऋषिगण कोई भी शब्द यों ही नहीं प्रयोग किए है। उस पर बहुत सोचा है। समझा है, मनन किया है। आप भगवान शिव की प्रतिमा देखे होंगे उसमें आधा भाग नारी का है, आधा भाग पुरुष का है। इस तरह का चित्र भी भारत की ही खोज है। दुनिया में बेमिसाल है यह चित्र। प्रत्येक पुरुष के अंदर एक स्त्री भी है। वही स्त्री वह बाहर खोजता है। वह उसे नहीं मिल पाती। उसे अज्ञात अशांति है। उसे अज्ञात अतृप्ति है। जिसको उपलब्ध नहीं हो पाता। बार-बार बाहर की स्त्री में खोज रहा है। उसी तरह प्रत्येक स्त्री में भी उसके अंदर पुरुष है जिसे वह बाहर खोज रही है। इसका भी वही हाल है जो पुरुष का है। दोनों अतृप्त हैं। दोनों अशांत हैं। बाहर की दौड़ से जब पुरुष अंदर की स्त्री को पकड़ लेता है। अंदर ही मैथुन में प्रवेश कर जाता है। बस पूरा हो गया उसका यात्रा। अब बाहर कहां खोजेगा अन्य स्त्री को। ठीक उसी तरह स्त्री भी अपने अंदर के पुरुष को पहचान लेती है। तो उसे अब बाहर के पुरुष की जरूरत नहीं पड़ती। अब वह अंदर मैथुन में प्रवेश कर जाती। अंदर मैथुन में जाते ही वह ऊर्जा से भर जाती। प्रेम से लबा-लब हो जाती है। बहुत ही उल्टी क्रिया है बाहर के मैथुन में शक्ति का ह्रास होता। दोनों शिथिल होते। अंतर मैथुन में नई शक्ति से भर जाते। एक प्रकार से शक्ति का वर्तुल बन जाता है। इसी ऊर्जा के वर्तुल को अर्द्धनारीश्वर के रूप में जाना जाता है। यह अर्द्धनारीश्वर अपने आप में पूर्ण है।

कहते हैं मीरा अपने अंदर के पुरुष को पहचान गई, कृष्ण के रूप में।

अर्द्धनारीश्वर



अब उसके लिए सारे जगत के पुरुष निरर्थक थे। जगत के पुरुष को वह पुरुष मानने पर तैयार ही नहीं थी। एक बार वह वृंदावन में गई। जहां का पुजारी जीव स्वामी औरतों से नहीं मिलते थे। सख्त पाबंदी थी औरतों पर। मीरा तो गाते नाचते अंदर चली गई। भक्तगण रोके। मीरा यहां औरत नहीं जा सकती। केवल पुरुष ही जा सकता। मीरा अपने ही मस्ती से बोली कौन है दूसरा पुरुष। मेरे देखने में तो कृष्ण को छोड़कर इस जगत में दूसरा पुरुष है ही नहीं। जाकर पुजारी से संदेश दिया गया। मीरा नाम की ओरत प्रवेश कर गई है। वह देखना चाहती है कि कृष्ण को छोड़कर कौन है दूसरा पुरुष। बस इतना सुनना था कि पुजारी दौड़कर मीरा के चरणों में अपने को समर्पित कर दिया। मीरा का हाथ प्रेम से उस पुजारी के सिर पर चला ही गया। बस घट गई घटना। पा गया वह पुजारी जिसके लिए वह वर्षों से प्रतीक्षा कर रहा था। आप आज भी वृंदावन जाकर जीव स्वामी का आश्रम देख सकते हैं। वहां मीरा की ऊर्जा ग्रहण कर सकते हैं। वहां समर्पण मात्र से मीरा की ऊर्जा स्वामी में प्रवेश कर गई। अब वे बन गए, अर्द्धनारीश्वर का प्रतीक। पूर्ण ब्रह्मचारी।

जब कोई भी साधक अपने अंदर के स्त्री या पुरुष को पहचान लेता बस वह हो जाता है अर्द्धनारीश्वर। यह अनमोल घटना है। अपने आप सहज भाव से घट जाती है। मात्र अपने को घटना के लिए तैयार रखना है। वह तो सब आपके अंदर ही है। हमारी वृत्तियां बाह्य हो गई हैं। जिसका परिणाम है बाहर की पूजा। ज्यों-ज्यों साधक अंदर यात्रा करता है। त्यों-त्यों पाता है उस अनंत को जिसके जन्मों का प्यासा था जिसकी खोज में भटक रहा था। अपने अंदर रमण करना ही ब्रह्मचर्य का फूल खिलना है। यही वर्तुलम पूरा होता जिसे सामने से देखने पर पुरुष दिखाई देता है। पीछे से देखने पर स्त्री। यही है अर्द्धनारीश्वर। यात्रा चक्र पूरा होता है।

माला या फोटो–

माला या फोटो का महत्व–यह भी भारतीय ऋषियों का ही अन्वेषण है। यह अत्यंत ही महत्व का है। यदि साधक सच्चे हृदय से, संपूर्ण भाव से गुरु के नजदीक जाता है, तो गुरु दीक्षा के उपरांत उसे एक माला या कण्ठी उपहार स्वरूप प्रदान करता है। इसी से भारतीय दर्शन में गुरु द्वारा प्रदत्त कण्ठी को हीरा भी कहा जाता है। हीरा का अर्थ अत्यंत कीमती। उसकी कीमत आंकी ही नहीं जा सकती। क्योंकि सिद्ध गुरु जब भी किसी वचन के साथ, वादे के साथ शिष्य को कण्ठी या माला स्वेच्छा से प्रदान करता है तो शिष्य के साथ

सूक्ष्म रूप से वह होता है। चूंकि वह गुरु के वादे का प्रतीक है। शिष्य कहीं भी जाता है। साधना छोड़ देता है, या किसी भी गलत आचरण में पड़ जाता है। गुरु अपने वादे के अनुसार तुरंत रोकने का प्रयास करता है। यह अनुभव शिष्य के अंतर्मुखी होने पर स्वतः मालूम होने लगता है। वह माला आपको संध्या-वंदना करने के लिए बाध्य करती है। अनजाने आपके अंदर रासायनिक परिवर्तन होने लगता है। एक दिन ऐसा आता है कि आप पूर्ण रूपेण बदले होते हैं।

आज से मात्र दो वर्ष पहले का एक संस्मरण आपको बता दूं। एक व्यक्ति को मैंने ही दीक्षा दी। वह मेरे मित्र की तरह है। चूंकि जो भी साधक है अब साथ-साथ रहता है तो वह मित्रवत ही हो जाता है। इसी से संभवतः बुद्ध मित्र से ही संबोधित करते थे। वह सरकारी अधिकारी है। एक बार नेपाल गया। जहां अपने मित्रों के साथ घूम फिर कर होटल में ठहर गया। मेरे द्वारा प्रदत्त माला तो धारण किया ही था, परंतु कोई मित्र देख न ले। अन्यथा बैकवर्ड (पिछड़ा) कहेंगे। अतएव माला को अंदर कमीज में ठीक से छिपा कर टाई वगैरह बांध लिया। रात्रि में होटल में शराब एवं मांस का दौर शुरू हुआ। जो आज की तथांकथित आधुनिकता है। एडंवास होने का परिचायक है। वह सोचने लगा, गुरुदेव तो हमसे यह सब खाने-पीने की तो मनाही नहीं किए हैं। यदि नहीं भी खाते तो अन्य अधिकारी हमें क्या कहेंगे ? यही मानसिकता सब को खाए जा रही है। यही मानसिकता अत्यंत भयावह है। जो व्यक्ति को अपने सहज स्वभाव से दूर ले जाती है। खैर वह ज्यों ही गिलास उठाकर अपने मुंह तक ले जाता है। उसे मालूम होता है, अंदर माला से कोई शक्ति निकली एवं गिलास पर हाथ मार दी। गिलास गिर जाता है। सिर घूमने लगता है। वह अनायास कह उठता है मुझे क्षमा कर दो, हम साथ नहीं दे सकते हैं। तबीयत एका-एक खराब हो गई। किसी तरह रात्रि व्यतीत करता है। प्रातः अपने आवास पर लौटकर मेरे द्वारा दी गई प्रतिमा के सामने क्षमा मांगता है। अपनी पत्नी, बच्चों से सारी बात बता देता है। तीसरे दिन अपने परिवार के साथ हमारे यहां आता है। सबकुछ कहकर क्षमा याचना करता है। अब वह अत्यंत प्रसन्न है। परिवार भी आनंदित है। महात्मा की तरह सारे कार्यों का निष्पादन करता है।

जब भी गुरु कुछ भी साधक को अपने हाथ से देता है वह दिखने में साधारण सी वस्तु अनमोल हो जाती है। वह माला, कंठी, छाया चित्र (फोटो) गुरु का प्रतिनिधित्व करती है। चाहे साधक कहीं भी हो वह निर्भय निर्विघ्न साधना करता है। वह विघ्नों का निवारण करता है। यदि जाग्रत गुरु नहीं है तब दिया गया माला या फोटो भी ऐसे ही बेकार हो जाते हैं जैसे आप दुकान

से खरीद लेते हैं। पहन लेते हैं। दिखावे भर का होता है। यह परंपरा जो जाग्रत गुरु शुरू किए अब साधारण बनकर रह गई। मिथक बनकर रह गई। यह भी झूठी परंपरा बनकर रह गई। अब हम परंपरा ही ढोते हैं मुर्दे की तरह।

ठीक उस तरह मंदिरों में स्थापित बहुत प्रतिमा जाग्रत होती हैं। आप अपने आस-पास सुने होंगे कि फलां मंदिर, फलां गुरुद्वारा, फलां समाधि जाग्रत है। वहां जाने पर व्यक्ति अनजाने ही राहत महसूस करता है। अपनी व्यथा को कम पाता है। उसकी मुरादें भी पूरी होती हैं। जो भी मंदिर प्राचीन काल में जाग्रत व्यक्तियों के द्वारा बनाया गया वह जाग्रत रहा। अब उसी के देखा-देखी मृत व्यक्तियों द्वारा मृत मंदिरों के बनाने की होड़ सी लग गई है। कहीं भी जमीन दखल करना हो बस बैठा दो हनुमान जी को, मानो दखली देवता हों। कुछ लोग रातों-रात कब्र बना देते हैं। या गुरुद्वारा ही बना डालते हैं। इसे अब कौन छुएगा। आप जरा ध्यान से सोचें, कौन स्थान भगवान का नहीं है ? केवल नाजायज भूमि दखल करने वाला स्थान ही भगवान का है। किसी को कोई भगवान से लेन-देन नहीं है। यहां प्रश्न है अपने स्वार्थ का। अभी भारत में मुर्दे लोगों की भरमार है। यही कारण है कि रोज-रोज नए-नए मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे फसाद अवश्य करा सकते हैं। भगवान के द्वारा बनाए गए इंसान रूपी मंदिर को वह मृत मंदिर अवश्य ध्वस्त कर सकता है। इस तरह यह प्रतिमा शुरू-शुरू में जाग्रत पुरुषों का प्रतिनिधित्व कर रही थी।

माला या फोटो भी उसी तरह यदि जाग्रत गुरु द्वारा शिष्य को दिया गया तो वह अवश्य ही उसके लिए अत्यंत लाभकारी होगा। यह निर्भर करता है ग्रहण करने वाले पर एवं ग्रहण कराने वाले पर अन्यथा यह भी मृत बोझ की तरह ढोना ही होगा। साधक को तत्पर रहना चाहिए तथा समय के सद्गुरु से माला, फोटो अवश्य ग्रहण करना चाहिए। यह एक इतिहास बन जाता है। आपको बदलने में समर्थ भी होता है। अन्यथा आप समय चूक जाते हैं। फिर पश्चाताप ही हाथ लगता है।

टोपी या पगड़ी-

यह भी भारतीय संन्यासियों की खोज है। जो अत्यंत वैज्ञानिक है। जिस तरह साधक कुशासन या कंबल का प्रयोग करता है, बैठने के लिए। उसी तरह सर ढंकने के लिए टोपी की या पगड़ी की जरूरत होती है। साधक बैठने के लिए जिन सामग्रियों का प्रयोग करता है वह विद्युत का कुचालक है, जब साधना करता है, तो उसके शरीर से विद्युत धारा प्रवाहित होती है। जो विद्युत

सूक्ष्म रूप से वह होता है। चूंकि वह गुरु के वादे का प्रतीक है। शिष्य कहीं भी जाता है। साधना छोड़ देता है, या किसी भी गलत आचरण में पड़ जाता है। गुरु अपने वादे के अनुसार तुरंत रोकने का प्रयास करता है। यह अनुभव शिष्य के अंतर्मुखी होने पर स्वतः मालूम होने लगता है। वह माला आपको संध्या-वंदना करने के लिए बाध्य करती है। अनजाने आपके अंदर रासायनिक परिवर्तन होने लगता है। एक दिन ऐसा आता है कि आप पूर्ण रूपेण बदले होते हैं।

आज से मात्र दो वर्ष पहले का एक संस्मरण आपको बता दूं। एक व्यक्ति को मैंने ही दीक्षा दी। वह मेरे मित्र की तरह है। चूंकि जो भी साधक है अब साथ-साथ रहता है तो वह मित्रवत ही हो जाता है। इसी से संभवतः बुद्ध मित्र से ही संबोधित करते थे। वह सरकारी अधिकारी है। एक बार नेपाल गया। जहां अपने मित्रों के साथ घूम फिर कर होटल में ठहर गया। मेरे द्वारा प्रदत्त माला तो धारण किया ही था, परंतु कोई मित्र देख न ले। अन्यथा बैकवर्ड (पिछड़ा) कहेंगे। अतएव माला को अंदर कमीज में ठीक से छिपा कर टाई वगैरह बांध लिया। रात्रि में होटल में शराब एवं मांस का दौर शुरू हुआ। जो आज की तथांकथित आधुनिकता है। एडंवास होने का परिचायक है। वह सोचने लगा, गुरुदेव तो हमसे यह सब खाने-पीने की तो मनाही नहीं किए हैं। यदि नहीं भी खाते तो अन्य अधिकारी हमें क्या कहेंगे ? यही मानसिकता सब को खाए जा रही है। यही मानसिकता अत्यंत भयावह है। जो व्यक्ति को अपने सहज स्वभाव से दूर ले जाती है। खैर वह ज्यों ही गिलास उठाकर अपने मुंह तक ले जाता है। उसे मालूम होता है, अंदर माला से कोई शक्ति निकली एवं गिलास पर हाथ मार दी। गिलास गिर जाता है। सिर घूमने लगता है। वह अनायास कह उठता है मुझे क्षमा कर दो, हम साथ नहीं दे सकते हैं। तबीयत एका-एक खराब हो गई। किसी तरह रात्रि व्यतीत करता है। प्रातः अपने आवास पर लौटकर मेरे द्वारा दी गई प्रतिमा के सामने क्षमा मांगता है। अपनी पत्नी, बच्चों से सारी बात बता देता है। तीसरे दिन अपने परिवार के साथ हमारे यहां आता है। सबकुछ कहकर क्षमा याचना करता है। अब वह अत्यंत प्रसन्न है। परिवार भी आनंदित है। महात्मा की तरह सारे कार्यों का निष्पादन करता है।

जब भी गुरु कुछ भी साधक को अपने हाथ से देता है वह दिखने में साधारण सी वस्तु अनमोल हो जाती है। वह माला, कंठी, छाया चित्र (फोटो) गुरु का प्रतिनिधित्व करती है। चाहे साधक कहीं भी हो वह निर्भय निर्विघ्न साधना करता है। वह विघ्नों का निवारण करता है। यदि जाग्रत गुरु नहीं है तब दिया गया माला या फोटो भी ऐसे ही बेकार हो जाते हैं जैसे आप दुकान

से खरीद लेते हैं। पहन लेते हैं। दिखावे भर का होता है। यह परंपरा जो जाग्रत गुरु शुरू किए अब साधारण बनकर रह गई। मिथक बनकर रह गई। यह भी झूठी परंपरा बनकर रह गई। अब हम परंपरा ही ढोते हैं मुर्दे की तरह।

ठीक उस तरह मंदिरों में स्थापित बहुत प्रतिमा जाग्रत होती हैं। आप अपने आस-पास सुने होंगे कि फलां मंदिर, फलां गुरुद्वारा, फलां समाधि जाग्रत है। वहां जाने पर व्यक्ति अनजाने ही राहत महसूस करता है। अपनी व्यथा को कम पाता है। उसकी मुरादें भी पूरी होती हैं। जो भी मंदिर प्राचीन काल में जाग्रत व्यक्तियों के द्वारा बनाया गया वह जाग्रत रहा। अब उसी के देखा-देखी मृत व्यक्तियों द्वारा मृत मंदिरों के बनाने की होड़ सी लग गई है। कहीं भी जमीन दखल करना हो बस बैठा दो हनुमान जी को, मानो दखली देवता हों। कुछ लोग रातों-रात कब्र बना देते हैं। या गुरुद्वारा ही बना डालते हैं। इसे अब कौन छुएगा। आप जरा ध्यान से सोचें, कौन स्थान भगवान का नहीं है ? केवल नाजायज भूमि दखल करने वाला स्थान ही भगवान का है। किसी को कोई भगवान से लेन-देन नहीं है। यहां प्रश्न है अपने स्वार्थ का। अभी भारत में मुर्दे लोगों की भरमार है। यही कारण है कि रोज-रोज नए-नए मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे फसाद अवश्य करा सकते हैं। भगवान के द्वारा बनाए गए इंसान रूपी मंदिर को वह मृत मंदिर अवश्य ध्वस्त कर सकता है। इस तरह यह प्रतिमा शुरू-शुरू में जाग्रत पुरुषों का प्रतिनिधित्व कर रही थी।

माला या फोटो भी उसी तरह यदि जाग्रत गुरु द्वारा शिष्य को दिया गया तो वह अवश्य ही उसके लिए अत्यंत लाभकारी होगा। यह निर्भर करता है ग्रहण करने वाले पर एवं ग्रहण कराने वाले पर अन्यथा यह भी मृत बोझ की तरह ढोना ही होगा। साधक को तत्पर रहना चाहिए तथा समय के सद्गुरु से माला, फोटो अवश्य ग्रहण करना चाहिए। यह एक इतिहास बन जाता है। आपको बदलने में समर्थ भी होता है। अन्यथा आप समय चूक जाते हैं। फिर पश्चाताप ही हाथ लगता है।

टोपी या पगड़ी-

यह भी भारतीय संन्यासियों की खोज है। जो अत्यंत वैज्ञानिक है। जिस तरह साधक कुशासन या कंबल का प्रयोग करता है, बैठने के लिए। उसी तरह सर ढंकने के लिए टोपी की या पगड़ी की जरूरत होती है। साधक बैठने के लिए जिन सामग्रियों का प्रयोग करता है वह विद्युत का कुचालक है, जब साधना करता है, तो उसके शरीर से विद्युत धारा प्रवाहित होती है। जो विद्युत

पगड़ी का महत्व व
आसन का प्रयोग

सघन होते हुए वर्तुल बन जाती है। यदि साधक आसन के रूप में लकड़ी, कंबल यानी विद्युत कुचालक पदार्थ पर नहीं बैठता है तो अनायास विद्युत की तरंगें पृथ्वी सोख लेती हैं। जिससे साधक की साधना निरर्थक साबित होती। कभी-कभी यदि साधक ध्यान को उपलब्ध होता। साधक का शरीर ऊर्जा से भर जाता है। वह ऊर्जा बाहर निकलने के लिए सुचालक साधन खोजता, पृथ्वी सुचालक है ही। ज्यों ही वह विद्युत तरंगें जोर-जोर से प्रवाहित होकर पृथ्वी में प्रवेश करतीं साधक को झटका-सा लगता है। कभी-कभी साधक बेहोश भी हो जाते। कभी-कभी वह बेहोशी पागलपन में बदल जाती।

साधक जिस तरह बैठने के लिए कुचालक पदार्थ का प्रयोग करते, ठीक उसी तरह सिर पर टोपी या पगड़ी का प्रयोग भी आवश्यक हो जाता है।

चूंकि ऊर्जा का ह्रास नीचे से अब नहीं हो सकता। अब ऊर्जा ध्यान में उर्द्धगामी हो जाएगी। सिर पर कुछ नहीं होता जिससे ऊर्जा अपने-आप सिर के माध्यम से बाहर निकल जाएगी। इस ऊर्जा के निकलने को साधक महसूस भी नहीं करता एवं उसका निरंतर क्षय भी होता रहता है। साधक को प्रारंभ में आगे बढ़ने में अत्यंत कठिनाई होती है। जिस स्थिति में साधक दस दिन में पहुंच सकता है। वहां पहुंचने में अब उसे 30 दिन का समय लग जाता है। जो अत्यंत अलाभकारी सिद्ध होता। इसी से कहा गया है–

''माला टोपी सुमरनी, सद्गुरु दिया बक्शीश।''

(सद्गुरु साधक को इनाम के तौर पर दे ही देता है।)

आप सभी देखते हैं कि किसी पूजा में सर पर कपड़ा रख लेते हैं। गुरुद्वारे में जाते समय कपड़ा रख लेते हैं। पगड़ी बांध लेते हैं। ऐसा क्यों ? यह सिद्ध गुरुओं द्वारा अपने शिष्य के लिए दिया गया अद्भुत वरदान था। जो अब मिथक धारणा या परंपरा बन कर रह गया। कोई जानता नहीं क्यों पगड़ी बांध रहे हैं। क्यों कपड़ा सर पर रख रहे हैं। बस अब लकीर के फकीर बन गए। अब अपना एक अलग पहचान बना लिए। इसे प्रतिष्ठा से जोड़ लिया। यह मात्र साधक के लिए है। साधना के लिए है। इसे प्रतिष्ठा एवं पहचान से कोई वास्ता है नहीं। इसे परंपरा में डालते ही कुरूप हो जाता है।

बहुत संन्यासी, जो जंगलों में रहते थे, उन्हें कपड़ा उपलब्ध नहीं होता था। अतएव वे अपने सर के बाल छोड़ देते थे। बाल लंबा हो जाता था जिसे वे पगड़ी की तरह ऊपर बांध लेते थे। अब सर सुरक्षित हो जाता है। अब कोई जरूरत नहीं है पगड़ी की। जैसे आप फोटो में देखते हैं शंकर को, बुद्ध को। भगवान शंकर को देखते हैं। वे बैठे मृगछाला या व्याघ्र चर्म पर। वह भी विद्युत

9 May 2005 23:51:44

प्रणव

के अत्यंत कुचालक है। पर्वत एवं जंगल में उन्हें सहज ही सुलभ हो जाता था। यह सब प्रयोग सहज एवं सुलभता पर किया गया। अब व्याघ्र की छाल या मृगछाल अत्यंत दुष्कर एवं महंगी हो गई। कंबल, लकड़ी, कपड़ा सहज सुलभ है। अतएव साधक टोपी या पगड़ी का प्रयोग कम से कम साधना के समय अवश्य करें। इससे बंधे नहीं। इसे अपनी प्रतिष्ठा नहीं समझें। मात्र साधक साधना के लिए ही समझें तो बेहतर होगा।

उपरोक्त जो भी विधियां या अनुभव बताया गया है, उससे साधक फायदा ले सकता है। साधक जब इन द्वारों से निकल कर बाहर आ सकता है। उसी संबंध में सद्गुरु कबीर भी कहते हैं–

ये मरजीवा अमृत पीवा, का धसि मरसि पतार।
गुरु की दाया साधु की संगति, निकरि आव यहि द्वार॥

इस तरह साधक अमृत पान कर, गुरु की दया एवं साधु संत के सत्संग के द्वारा निरंकार प्रभु को प्राप्त कर सकता है। चूंकि वहां और कोई दूजा भी नहीं है।

"हरि हर ब्रह्मा नहीं शिव शक्ति, ना बाहों तीरथ अचारा।
माय बाप गुरु जा के नाहि, सो धौ दूजा की अकेला॥"

इसी तथ्य को कृष्ण ने गीता में कहा है–

"परमं अचरं ब्रह्मा, स्वभायोऽध्यात्मुच्यते।
भूतभावोद्भवकारो विसर्गः कर्म संज्ञीतः॥"

इसे विरला ही जान पाता है। चूंकि साधक बाह्य पूजा पद्धति से ऊपर उठ ही नहीं पाता। यदि गुरु की कृपा साधक का सतत प्रयास रहा तो वह उपलब्ध हो ही जाता है। उस एक को।

एको देवो सर्व भूतेषु गुढः सर्वव्यापि सर्वभूतान्तरात्मा,
साक्षी चेताः केवलो निर्गुण्श्च॥

प्रणव—कहो तो को पतियाय

श्वास वायु तत्व है। यह स्पर्श का विषय है। यह नाक की राह जाती है। नाक का काम सूंघना है यानी यह गंध संवेदना है। पर प्राण शब्द-संवदेना है। यह आकाश तत्व से बनता है। प्राण की तासीर का ज्ञान वैद्य नाड़ी पकड़कर या आला लगाकर करता है। आकाश शब्द और प्राण एक तरह से पर्यायवाची शब्द हैं। प्राण की परख गति से, हृदय के कंपन से होती है। यानी प्राण का अनुभव सुनकर किया जाता है—नाक से सूंघ कर नहीं। अतः प्राण कान का विषय हो गया। प्राण श्रवण-संवेदना हो गया। इसका संबंध ध्वनि से होता है। प्राणायाम नादानुसंधान है। इसे ही शब्द-साधना या सुरति-शब्द-योग कहते हैं। पंडितों ने प्राणायाम की जगह झुनझुना थमा दिया है।

प्रणव यौगिक शब्द है जो प्राण + रव से बना है। यह प्राण का कंपन या स्पंदन है। प्राण ही गाता है। कंठ तो बोलता है, कंठ गाता नहीं है। नाद में कंठ की मदद नहीं ली जाती है—इसे नाभि का व्यापार माना जाता है। स्वर का निनाद पांचों प्राणों के केंद्रों, यानी चक्रों से किया जाता है। प्रणव ध्वनि तरंग है। संतों ने शब्द का प्रयोग विशेष अर्थ में किया है—उनका शब्द गाय-बैल-घोड़ा नहीं है। उनका शब्द नाम है—ॐकार है। ध्वनि के विवाट से स्वर और स्वर के प्रयोग से प्रणव बनता है। प्राणायामी अपने को स्वर के अनुगूंज से जोड़ता है। सभी मंत्र ध्वनि तरंगें हैं—मंत्र वर्ण नहीं, बल्कि स्फोट हैं। तरंगें कैसे उठाएं, उनका कैसे नियमन करें कि अपान वायु जो प्राण को नीचे खींचता है—ऊपर उठने लगे और पिंड शरीर के कमल चक्र जो अधोन्मुखी हैं, वे ऊर्ध्वमुखी हो जाएं—यही उलटा जाप है, यही प्राणायाम है। प्राण अपान आदि कंजों को ऊर्ध्वोमुखी बनाकर सहस्र दल पर प्राण की प्रतिष्ठा करने का प्रयास है प्राणायाम। यह चेतना की अंतर्मुखी यात्रा है। प्राणरूप ईश्वर का, अपने हृदय में दर्शन की, सर्वोत्कृष्ट योग विधि ही प्राणायाम है।

प्रणव



प्राण में मंत्र डालना नहीं पड़ता है। प्राण मे मंत्र स्वतः फूटते हैं। दुख है कि प्रायः लोक श्वास क्रिया को ही प्राणायाम समझते हैं। शास्त्रों के टीकाकारों और भाष्यकारों ने ऐसी भूलें करवाई हैं। जबकि श्वास-नियंत्रण नाड़ी-शोधन है। यह प्राणायाम की पीठिका है। हजारों वर्षों से एक ही झूठ को दुहराया जा रहा है कि नाड़ी-शोधन ही प्राणायाम है। जो योगी है, जानकार हैं, वे मौन रहे, पर जिसने योग नहीं किया, केवल ग्रंथ पढ़े—उन्होंने कुछ का कुछ कह दिया, जबकि पंडितों को प्राणायाम के बारे में बोलने का अधिकार नहीं था, क्योंकि योग का चौथा सोपान है प्राणायाम—इस पर योगी का ही वक्तव्य सत्य हो सकता था। पुस्तकीय ज्ञानियों ने बड़ा घोर माठा किया। मानवता का बड़ा नुकसान किया कि भारत की अध्यात्म विद्या आम न हो सकी। नाद ब्रह्म की उपासना विपथगामी हो गई।

प्राणायाम से हमारे आंतरिक शरीर में संतुलन आता है। श्वास से रक्त शुद्ध होता है। रक्त से प्राण बनता है। ध्यान के दो रूप हैं—1. श्वास क्रिया यानी नाड़ी-शोधन और 2. प्राण क्रिया यानी प्राणायाम। वैसे श्वास क्रिया नहीं है, बल्कि स्वभाव है। जबकि प्राणायाम क्रिया है। हम चाहें या न चाहें श्वास चलेगी पर वह हमारे वश में नहीं है, हम श्वास के वश में हैं। पर प्राणायाम हमारे वश में है, हम चाहें तो करें, चाहें तो न करें। अतः प्राणायाम कर्म है। आप तो प्राणायाम नहीं करते हैं, पर प्राण तो शरीर में रहता है। प्राण को आप न तो देख सकते हैं, न स्पर्श कर सकते हैं। पर श्वास को आप महसूस करते हैं, ढोते भी हैं। तेज चल रही है या मध्यम, देखते हैं। पर प्राण की तस्दीक आप सुनकर करते हैं। श्वास द्वारा सूंघने से प्राण का पता नहीं चलेगा। नाड़ी की गति सुननी पड़ती है। ध्वनि तरंगों में प्राण का पता होता है। ये तरंगें ही मंत्र हैं। इसे संत गमगति, गायक सरगम और योगी प्राणायाम कहते हैं।

श्वास क्रिया से भाषा का संबंध है। प्राण क्रिया से प्रणव का संबंध है। भाषा के प्रयोग में मन दौड़ लगाता है। स्वर के प्रयोग में मन लंगड़ा हो जाता है। भाषा को आप छोटी-बड़ी नहीं कर सकते, स्वर द्रुत और विलंबित होता हैं, मन अंतर्मुख होता है, तभी स्वराधान संभव है। स्वर मन को कैद कर लेता है, चित्त को निरुद्ध कर देता है। जैसे शर-संधान में मन नहीं बचता है, वैसे ही स्वर-संधान में भी एकाग्रता होती है। यहां मन स्वतः स्थिर हो जाता है, मुग्ध हो जाता है।

श्वास क्रिया करने वाले का मन भगेड़ू होता है। श्वास क्रिया जीभ से

नीचे नहीं जाती और प्राण क्रिया में जीभ लगती ही नहीं है। इसीलिए नाड़ी-शोधक का मन उठाऊ-चलाऊ होता है। इनका मन परेशान तो होता है, पर प्राणायामी का मन आज्ञाकारी होता है। प्राणायाम प्राण का निरति-योग है, जिसकी निरति की उन्नचास भंगिमाएं हैं, जो उन्नचास पवन कही जाती हैं। जिन्होंने श्वास क्रिया को ही प्राणायाम मान लिया है, वे शरीर से निरोग हो गए हैं, पर जीवन में कभी प्राणायामी नहीं होंगे। प्राणायामी मन के फेर में नहीं रहता है। प्राण मन का राजा भी है, जनक भी है। जिसमें प्राण नहीं होगा, उसमें मन भी नहीं होगा। मन मर जाता है कोमा में, मूर्च्छा में, बेहोशी में, नींद में, तो भी प्राण तो रहता है तन में। श्वास रहती है तो भी मन भाग जाता है, कोमा में श्वास चलती है, मन भागा रहता है। प्राण है इसीलिए श्वास चलती है—प्राणायाम नहीं है तभी मन भागा हुआ है। मन को बैठारू बनाने के लिए प्राणायाम है। जो मन श्वास के आगे सरहंग है, वही प्राण के आगे गुलाम हो जाता है। प्राण मन से बरियारा है। प्रणव का उद्घोष करते ही मन के हाथ-पांव ठिठुर जाते हैं। प्राण ही मन को सुरति पर सवार कराता है। सुरति मन की लगाम है।

प्राणायाम की क्रिया बड़ी शक्तिशाली क्रिया है। इसे गुरु के साथ ही किया जाता है। प्राणायाम अकेले संभव नहीं है। श्वास क्रिया में चित्त नियंत्रित होता है, पर प्राणायाम में चित्त का निरोध हो जाता है। प्राणायामी को चित्रकारी देखने की फुरसत ही नहीं होती। मन की चित्रकारी पर प्रणव पानी फेर देता है—डूब गए सारे चित्र। स्वर लगाकर देख लें—हाथ कंगन को आरसी क्या। तो श्वास और प्राण दो चीजें हैं और पूरक-रेचक-कुंभक प्राणायाम नहीं है। ये क्रिया तो आप के जन्म के पहले से चल रही है, आप बेकार परेशान हो रहे हैं। आप नहीं भी करेंगे तो आप में होगा ही। हां, जीव यह तीनों सहज क्रियाएं दोहरा रहा है, जन्म से ही। उसे करना क्या है ? पर हम उसी के फेर में हजारों वर्षों से पड़े हैं। यह शास्त्रों की बातें दोहराई जा रही हैं, पर बालू से तेल निकलता नहीं है। जिन्होंने नाड़ी-शोधन को प्राणायाम कहा, उन्हीं लोगों ने प्राणायाम को बीहड़, कठिन, दुःसाध्य, विकट कहा। यह भी कहा कि प्राणायाम खो गया है। प्राणायाम के जानकार नहीं रहे—ये खुद प्राणायामी नहीं थे तो दुकानदारों की भाषा बोल दी, दुकानदार की दुकान में जो माल नहीं रहता है, कह देता है कि यह तो आउट ऑफ मार्केट है। पंडितों ने फंसा दिया प्राणायाम की जगह, नाड़ी-शोधन में। लगे रहो, पूरक-रेचक में लोगो। शब्द ब्रह्म की उपासना छूट गई, विधि गलत हो गई।

इसमें क्रिया करनी ही नहीं थी। एक मूर्ख भी पूरक-रेचक करता ही है। पंडितों ने मूर्ख बनाया—सोचा, कैसे कह दें कि हम प्राणायाम नहीं जानते ? श्वास तो सबकी चलती ही है—कह दें कि करते रहो, पूरक रेचक तो अंतर क्या पड़ता है—कोई घाटा तो नहीं है—भले फायदा नहीं है तो दिया होमियोपैथी डोज—फायदा नहीं करेगा तो नुकसान भी नहीं करेगा। विचित्रताओं का देश है—भारत। लाखों प्रातः नाक दबाने का खेल खेलते आपको मिलेंगे—बेचैन लोग। प्राण संयम प्राणायाम है। चेतना को शब्द से हटाकर, स्वर पर लगा देना प्रणव साधन है। मंत्रों का उच्चार ध्वन्यात्मक होता है, वर्णिक नहीं। मंत्र की पहचान ही है रव यानी ध्वनि तरंग और श्वास न तो प्राण होता है न रव होता है। रव प्राण का बुदबुदा है। आप कितना ही श्वास चलाते रहें, प्राण का नवनीत नहीं निकलेगा, क्योंकि प्राण नाक में नहीं, हृदय में होता है। पांचों प्राण अंतः केंद्रों पर होते हैं तो नाक से आप प्राणायाम कैसे कर लोगे ? रेचक को, आप यह तो नहीं कहेंगे कि प्राण निकल रहा है ? न तो पूरक प्राण है, न रेचक प्राण है—तो इनको फेरना प्राणायाम कैसे होगा ? ये प्राण के ईंधन हैं। प्राणायाम के रहस्य को संतों ने गमगति में छिपाकर रखा, जो गमगति जानता है वही, बस वही प्राणायामी होता है। नाक रगड़ने से प्राणायाम का कोई लेना-देना नहीं है।

ज्ञानवाही नाड़ियों के सूक्ष्म केंद्रों पर प्राण का निवास होता है। प्राण भारहीन प्रकाश का नाम है। इसमें गमक और चमक की दो क्रियाएं होती हैं। गर्भ में शिशु की बढ़त गोपनीय होती है, वैसे ही प्राणायाम भी गोपनीय है। सुरति-निरति शब्द योग परम गोपनीय है। प्राणायामी का प्राणायाम करना, आपको पता तभी चलेगा जब आप भी प्राणायामी हों। बिना गुरु कृपा के यह मिलता नहीं है, वह भी वर्षों के परिश्रम से ही मिलता है। आप ऐसे योगी की चरण-शरण लें जो उन्नचासों पवनों का नियमन, नियंत्रण का अधिकारी हो। विद्वान के पास मत जाना। पंडित तो आपको नाकों चना चबवा कर छोड़ेगा और आप की नाक छिल जाएगी।

प्रणव वाद्य

अनुभव को शब्दों में बांधना लाचारी है। अनुभव का व्याकरण नहीं होता। व्याकरण समझाने में मनमानी भी करते हैं। अध्यात्म में एक अनमोल संकेत है—"ॐ"। यह ब्रह्म की वाचक धुन है, इसे उद्गीय कहा गया है।

यजुर्वेद में "ॐ खंब्रह्म" कहा गया है। व्याख्याकारों और भाष्यकारों ने इसकी क्या दुर्दशा की है। यही आप देख लें। "ॐ खंब्रह्म" मं. १७ सू. ४० का छांदोग्योपनिषद् ने कहा—

ओमित्येतदाक्षरम उदगीयम् उपासीत—१-१। शंकराचार्य ने इसका भाष्य किया—"ओमित्यतदेक्षरं परमात्मने अभिधोनं नदीष्टम "ॐ" यह परमात्मा का सबसे समीपवर्ती नाम है। इसका उच्चारण करने से वह प्रसन्न होता है।" उन्होंने सोचा भी नहीं कि उद्गीय का उच्चारण नहीं होता है। अगर वह नाम होगा तो उसका अर्थ भी होगा। वह कोई पदार्थ भी होगा। जबकि ॐ का उच्चारण नहीं है। उसका अर्थ भी नहीं है। वह सुना जाता है। वह वागेंद्रियों का विषय नहीं है। तुलसी ने स्पष्ट कहा—

"निरंकार ओंकार मूलं तुरीयं, गिराज्ञानगोतीत नीशं गिरीशं"

वही शंकराचार्य जब गीता की व्याख्या करते हैं तो और ही बात करते हैं। गीता का "गिरामऽस्मिकमक्षरम"—१०-२५। "गिरां वाचो पदलक्षणानाम एकम अक्षरं ओंकारः अस्मित" वाणी संबंधी भेदों में यानी पदात्मक वाक्यों में मैं एक अक्षर ओंकार हूं।" यहां एकाक्षर का अर्थ लगाया आपने ओंकार। तो उद्गीय से ॐ को अक्षर बनाया—यह पहली भूल की।

वही फिर अक्षराणामकारोऽस्मि—गीता-१०-३३ का अर्थ किया—"अक्षराणाम वर्णानाम अकारो वर्णः अस्मि" अक्षरों अर्थात् वर्णों में मैं अकार यानी "अ" हूं। यहां ॐ को अक्षर से वर्ण कहा और वर्णों में "अ" कहा—ॐ गायब हो गया। उसके तीन रूप हुए—अक्षर, वर्ण और "अ"। यह पैमाकरण का घोटाला हुआ। इस पर आज तक उंगली नहीं रखी गई—क्यों ?

यहां ब्रह्म नामी ॐ को व्याकरण में बांधने की चेष्टा की गई तो अक्षर लिपि रूप में लिखावट में, वर्ण उच्चारण रूप में, वाणी में सिमट गया। एक अक्षर का अर्थ करने वाले ने अपने भाष्य में ओंकार लिखा। ॐ का रूप भी बिगाड़ा, अर्थ देकर नाम भी बिगाड़ा। देखिए, कितनी तरह के रूप बिगड़े—ओं, ओम, ओउम, अउम, अउमं। एक तरफ ॐ को एकाक्षर कहा—फिर किसी ने तीन वर्णों का मेल, तो किसी ने पांच वर्णों का पंचमेल कहा—इतनी अनार्की की गई—यह व्याकरणिक फसाद किया गया। सीधी-सी बात थी कह देते, हम नहीं जानते हैं, लेकिन उन्हें कुछ कहना था।

हम जानते हैं—वर्ण भी खोते हैं, इनके उच्चारण भी खोते हैं। संस्कृत में ऋ, ऌ, ॡ—तीन वर्ण हैं, पर उनके उच्चारण नहीं हैं। हिंदी में आठ वर्ण

हैं, जिनके उच्चारण खो गए हैं—क्ष, त्र, ज्ञ, ङ, ञ, ण, ऱा, ष—हम इनके गलत उच्चारण के अभ्यासी हो गए हैं। आप निर्णय कर सकते हैं।

"ॐ" न तो संस्कृत, न हिंदी का—अक्षर है, न वर्ण है। संस्कृत हिंदी के ५२-५२ अक्षरों-वर्णों में ॐ नहीं है तो वैयाकरणों ने उसका रूप बिगाड़ा। ओं, ओइम् आदि किया। उसके प्रतीक चिह्न को पहले मिटाया। उसे भाषा में नहीं उतारा जा सकता। क्योंकि वह उच्चारण और अर्थ से अतीत है—ॐ अक्षर है ही नहीं। वह धुन है जो हर जीव, जड़, जंगम, पशु, प्राणी में गूंज रही है। वैयाकरणों ने घोरमाठा करके अध्यात्म की राह पंकिल कर दी। "ॐ" योग की परम खोज है। यही "नाम" है तुलसी का, यही कबीर का "सबद" है, नानक का "सतनाम" है, यही बल्लभ का "कृष्णनाम" है, रामानुज का "रामनाम" है। ॐ व्याकरणिक विभादन नहीं है। दुनिया की कायिक, वाचिक, मानसिक उत्सरण-क्षमता का यही मूल है।

वैयाकरणों ने योगियों के मुख पर हाथ रख दिए—कह दिया, "चुप रह।" ढिंढोरा पीट दिया, अपने वैदुष्य का। और जो वाणी का विषय नहीं था, उसका कीर्तन करवा दिया। उसे अक्षर, लिपि, वर्ण, शब्द मान कर गुमराह कर दिया। बहुतों ने ॐ का अर्थ भी किया। उसका जप भी कराया। जबकि मंत्र का अर्थ नहीं होता है, उपयोग होता है—अज्ञानियों ने 'ॐ' को मंत्र भी नहीं माना—कह दिया कि ॐ तो पुरश्चरण है। योगी इस घपले को देखते रह गए, उन्होंने अपने लिए उस मार्मिक संकेत को अपना अलग ही नाम दे दिया। पटाखे की धुन का आप क्या अर्थ करेंगे—बादलों के गर्जन-तर्जन का आप क्या उच्चारण करेंगे ? सागर की लहरों का आप क्या भाषा वर्ण गढ़ेंगे ? पवन के सननन को क्या अक्षर करेंगे—अग्नि के स्वप्न की क्या व्याख्या करेंगे—सांगीती तंत्र वाद्यों के आप कौन वर्ण बनाएंगे ?

गुरुवा पंडितों ने जो साध्य था, उस ॐ को साधन बना दिया। ओं, ओइम् रटवाने लगे। वेदों ने "ॐ" की उपासना का संकेत दिया था। अंतर्यात्रा करके उस शाश्वत शब्द के पास पहुंच जाना था। भीतर की मुरली धुन सुन लेनी थी—

"नौबत धुरत है रैन दिन सुनन में।" कबीर, "सबद सुनत अनुराग होत है।" कबीर, "बिना नगाड़े नौबत बाजै, अनहद सबद झरै।" कबीर।

ये ॐ के संकेत थे; पर पंडितों ने घपला कर दिया। योग को व्याकरण के मुसहुल में डाल दिया और ओइम् के साथ द्वाक्षर, पंचमाक्षर, षडाक्षर, द्वादशाक्षर, चतुर्थदी-शाक्षर जोड़ दिया—लोग आवृत्ति मारने लगे—ऐसा धोखा किया गया।

ॐ पराध्वनि है। इसे सुना जाता है। वह भी कान से नहीं, सुरति से सुना जाता है। कान तो बाहर की धुन सुनता है। योगी अंतर की धुन सुनता है। अंतर्ध्यान परमात्मा की उपस्थिति का प्रमाण है। आप शरीर में कहीं भी छूकर देखें—ध्वनि हो रही है। जन्म के पहले से हो रही है। पिता, प्रपिता, पितामहों से उतरती हम तक आई है, वह परमात्मा का ज्योतिर्पथ है, नादमार्ग है। वही एक ध्वनि अखिल विश्व के चराचर प्राणियों में गूंज रही है। वह ब्रह्म की यात्रा है। योगी उसी की आत्मानुभूति करता है। कबीर ने 'ॐ' को "आदि शब्द, युगादि शब्द" कहा। उसे ही फनकार अपनी वीणा में उतारता है। उसे ही भक्त आरती की नौबत में उतारता है। योगी उसे ही अपनी शून्य समाधि में उतारता है। उसी की विधि है भृंगी साधना। योगी उसे भ्रामरी प्राणायाम कहता है। इसे संत सद्गुरु से सीखना पड़ता है—"पीया की ऊंची रे अटरिया मैं तो देखन चली।"

ॐ ही परमपद है। इसे ही अलख, अगम, अनामी कहा गया है। वह ॐ शरीर में कण या परमाणु रूप में और ब्रह्मांड में हिरण्यगर्भ रूप में है। गीता में व्यास ने ललकार कर कहा है कि तपस्वी से योगी श्रेष्ठ है, ज्ञानी से भी योगी श्रेष्ठ है, याज्ञिकों से भी योगी श्रेष्ठ है—हे अर्जुन ! इसलिए तू भी योगी हो जा।

तपस्विभ्योऽधिको योगी, ज्ञानीभ्योऽपि मतोऽधिकः।
कर्मिभ्यश्चधिको योगी, तस्मात्योगी भवार्जुन॥ ६/४६ गीता

पंडितों ने यह दौलत घास-भूसे के भाव में बेच दी, पर संतों ने उसे आज तक ज्यों-की-त्यों बचाकर रखा है। वह दौलत ही ऐसी है कि प्रलय के बाद भी वही बची रहती है। संतों ने उसे "सुरति शब्द का योग" नाम दिया है। गुरुमुख परंपरा से वे 'ॐ' तक यात्रा कर रहे हैं। अनहद से बेहद तक की अंतर्यात्रा का विहंगम पथ सबके लिए खुला है। ईश्वर कृपा से किसी को शब्दमार्गी गुरु मिल जाता है तो अपने भीतर चल रही परमात्मा की आरती में शामिल हो जाता है। इसे ही कबीर ने कहा था—"तेरा साईं तुझ में, ज्यों पुहुपन में बास।" "कस्तूरी के मिरग ज्यों ढूंढें फिरत घास।" "पंडितों ने घास परोस दिया है और लोग उसे ही चिबला रहे हैं।" सांसों की "सांस में बसे हुए साईं" से वे गाफिल हैं। ॐ ही जीवन का लक्ष्य है, इसे ही पाना आत्मोपलब्धि कहलाती है।

नोट—पंडित शब्द का प्रयोग किसी व्यक्ति या जाति का सूचक न होकर इसे शास्त्र पढ़कर, बिना अनुभव किए ही प्रवचन करने वालों के लिए कहा गया है। उनके पास बिना अनुभव की अभिव्यक्ति है। वही भटकाव है।

●

देव दर्शन

परस्पर प्राणों में प्राण-वायु के हवन से देवता प्रसन्न होते हैं। जितने मनोबली हो चुके हैं इतिहास-पुराणों में सभी अग्निहोत्री होता ही तो थे। सबने वरदान पाए। ये सभी अपानवायु के हवन-यापन वाले थे और सबने शंकर और ब्रह्मा से वरदान पाया था।

अपान में प्राण का हवन तमोगुणी अग्निहोत्र है। अपान के अराधक आवागमन में बंधे होते हैं, कई-कई जन्मों की उनकी कथाएं होती हैं। प्राण और उदान चक्रों के अग्निहोत्री रजोगुणी कहलाते हैं। इनकी आराधना मनोबली बनाती है। समान वायु में प्राण, अपान, उदान, व्यान के हवन को ही सतोगुणी अग्निहोत्र कहते हैं। नाभी चक्र की आहुति से रीढ़ में स्थित सुषुम्ना द्वारा पीछे से प्राण ब्रह्मरंध्र की राह से निकलता है—यही सतोगुणी प्राण कहा जाता है। नाभि केंद्र के देवता हैं विष्णु। गणेश किसी पर जल्दी प्रसन्न नहीं होते—होते भी हैं तो ऋद्धि-सिद्धि प्रदान कर पतित कर देते हैं। चूंकि अपान मल-मूत्र के पतन का ही दावेदार है। शंकर और ब्रह्मा के वरदायी मनोबली ही उनका विरोध करते हैं और वे ही असुर या राक्षस कहे जाते हैं। पुराणों के सभी राक्षस शिव या ब्रह्मा के शिष्य हुए हैं। विष्णु भक्तों की अपनी अलग शान है।

पांचों प्राणों के केंद्रों पर पांच देवता बैठे हवन करते हैं, यानी प्राण ऊर्जा का वितरण और खपत करते हैं। क्रमशः मूलाधार पर गणेश, स्वाधिष्ठान पर ब्रह्मा, मणिपुर पर विष्णु, अनाहत पर शिव और विशुद्ध चक्र पर दुर्गा आसीन हैं। ये क्रमशः नीचे से ऊपर के चक्रों के देवता हैं। जैसे दूध और पानी में से हंस दूध की पहचान कर उसे बाहर निकाल कर पी जाता है, या अग्नि होती जव-गेहूं से जौ को निकालकर हवन सामग्री में मिला लेता है। उसी प्रकार जो साधक श्वास से प्राण को अलग करना जान जाता है, वही प्राण से प्राणों में हवन करने का अधिकारी होता है। प्राण की पहचान प्रणव साधना से ही होती है। जिसे प्राण का वजन होता है, वही प्राण आराधन में

सक्षम होता है। श्वास से प्राण को अलग करने की ही विधि सद्गुरु देता है। अन्यथा दूध-पानी एक साथ मिलकर व्यर्थ हो जाते हैं वैसे ही श्वास और प्राण एक ही भाव में व्यर्थ हो जाते हैं। आपको पता नहीं चलता है और श्वास के साथ प्राण भी निकल जाता है।

प्राण-साधन करने वालों को देवताओं के प्रत्यक्ष दर्शन होते हैं। ये देवता जल्दी दयालु भी हो जाते हैं। उनके नाम की हवन डालते, वे करीब आने लगते हैं और संदेह खड़े हो जाते हैं—प्रलोभन देते हैं, वरदान मांगने को कहते हैं, पर ये सभी देवता पिंड शरीर के ही पहरू हैं। इनका काम ही है कि वे साधक को ब्रह्मांड शरीर में जाने से रोकें। इनका काम साधना में विघ्न करना है और इनका विघ्न है कुछ वरदान देकर साधक को लक्ष्य से विचलित कर देना। विषय बयार के झोंके आते हैं तो ये ज्ञान-कपट खोल देते हैं ताकि वासना भीतर प्रवेश कर जाए। गणेश तो विघ्नेश हैं। सबसे बड़ी बाधा काम की है। जो मूलाधार और सृष्टि चक्र इंद्रियों में निवास करता है—क्रोध प्राण के ऊपर होता है। लोभ दुर्गा केंद्र की वासना है और मोह विष्णु की नाभि में बसा हुआ है। काम के देवता गणेश, ब्रह्मा हैं। क्रोध के देवता शिव हैं, लोभ के देवता दुर्गा हैं और मोह के देवता विष्णु हैं। इसीलिए मनोबलियों के मोह को मारने के लिए विष्णु का अवतार होता है और देवताओं में मोह मारने की क्षमता नहीं है। इसीलिए दुर्गा का उपासक लोभी होता है, शिव का उपासक क्रोधी होता है, गणेश और ब्रह्मा का उपासक कामी होता है। व्यान का उपासक अहंकारी और मत्सर होता है।

गरदन के नीचे ये देवता सर्व शक्तिमान हैं, पर गरदन के ऊपर इनका विघ्नेश रूप नहीं होता, ऊपर भी देवता मिलते हैं। विघ्न डालना उनका स्वभाव नहीं है। वे तो साधकों के संयम की परीक्षा करने बैठते हैं और जिनमें जागतिक लालसाएं—काम, क्रोध, लोभ, मोह, मत्सरमंद होते हैं, उन्हें उसका वरदान देकर जगत में ही लौटा देते हैं, पर जो इनकी ओर से आंखें मूंद लेते हैं उन्हें वे आगे जाने देते हैं। वे राह रोकते नहीं हैं, राह में बाधा खड़ी कर देते हैं। वह भी इम्तहान के लिए कि यह सच्चा खोजी है या संसारी है। प्रायः लोग जागतिक मान-प्रतिष्ठा के लिए ही साधना करते हैं और देखते हैं कि कितने लोग उन्हें पूजते हैं ? कितने उन्हें सम्मान देते हैं—ये साधक मान-बड़ाई से ऊपर नहीं जाते तो, वे देवता उन्हें वहीं से लौटा देते हैं।

जो साधक देवताओं की पूजा करते हैं वे देववादी भगवान के भक्त नहीं होते। निर्गुण-निराकार के उपासक देवताओं और उनके वरदानों से

अपनी आराधना नहीं छोड़ते। परमात्मा ने देवताओं को ड्यूटी दी है कि वे सांसारिक शानो-शौकत, मान-मर्यादा, प्रतिष्ठा चाहने वाले को, वहीं कुछ दे लेकर वहां से लौटा दें। प्रायः लोग ऋद्धि-सिद्धि के लाभ से ही साधना करते हैं और दैव योग से उन्हें मिल भी जाती है। ऋद्धि-सिद्धि हर देवता की अनुगत है। अब ये शक्तियां पाने वाले दुनिया में यश, मान, प्रतिष्ठा, पैसा कमाने लगते हैं, दुआ करने लगते हैं और एक दिन उनका पुण्य क्षीण हो जाता है। कोई भी सिद्ध आपने ऐसा नहीं पाया होगा, जिसको छोड़कर उनकी सिद्धियां भाग न गई हों। इसी कारण सच्चे साधक परमात्मा से कम पर राजी नहीं होते हैं, देवता लोग बुलाते रह जाते हैं, लुभाते रह जाते हैं, ललचाते रह जाते हैं, पर सच्चा साधक सद्गुरु की याद में आंखें मूंदे, आगे बढ़ता जाता है—ऋद्धि-सिद्धि को माया मानकर छोड़ते-बढ़ते जाता है। पर दूसरे चमत्कारों के चक्कर में पड़ कर बरबाद हो जाता है।

जैसा कि मैं पूर्व में ही वर्णन कर चुका हूं कि मूलाधार चक्र पर ही ऋद्धि-सिद्धि गणेश के साथ निवास करती है। जो साधक को प्रारंभ में ही ऋद्धि-सिद्धि से भर देती है। परंतु यह भी जानना चाहिए कि मूलाधार चक्र ही पेशाब-पखाना का केंद्र है। अर्थात वे मल बाहर निकालते हैं, त्याज्य है। इसी तरह ऋद्धि-सिद्धि भी त्याज्य है। तांत्रिक-मांत्रिक का आराध्य ही यही है। जो पतनोन्मुख होते हैं। कुण्डलिनी साधक पर गुरु कृपा की अति आवश्यकता है। अन्यथा वह यहीं ऋद्धि-सिद्धि के दलदल में फंस कर रह जाएगा।

हरक्यूलिस साधना के क्षेत्र में अपने भविष्य की दिशा तय करने में असमर्थ था। प्रत्येक साधक तत्कालिक फायदे के चक्कर में अपना जीवन बरबाद कर देते हैं। मेरे यहां अधिकांश युवक अप्सरा सिद्धि, कर्ण पिशाचिनी सिद्धि, प्रेत सिद्धि, स्वर्ण सिद्धि, मोहनी-वशीकरण सिद्धि के चक्कर में आते हैं। उसे सिद्ध करने पर जोर देते हैं। यही कारण है कि तांत्रिक इनका शोषण करता है या ये उनके जाल में स्वयं फंसते हैं। वह ऐसे चौराहे पर खड़ा था जहां से अनेक रास्ते दिखाई पड़ रहे थे। वह कभी सोचता है ऋद्धि-सिद्धि, आकर्षण, वशीकरण या भोग-विलास की तरफ जाए। जीवन की खुशी मनाए। दूसरी तरफ उसके गुरु की आवाज कानों में गूंज उठती, "भोग-विलास का मार्ग कष्टपूर्ण है। उत्तम मार्ग का अनुसरण करो।" वह इस ऊहापोह में उलझा हुआ था। वह रात्रि भर सो नहीं सका।

रात्रि का घोर अंधेरा था। वह दूर-दूर देखने की कोशिश करता, लेकिन

असमर्थ था। अंधेरे में एक प्रकाश पुंज दिखाई दिया। जो उसी की तरफ बढ़ रहा था। हरक्यूलिस के नजदीक आकर वह प्रकाश पुंज अति सुंदर देवी रूप में परिणत हो गया। उसका शरीर पैर से सिर तक आभूषणों से लदा था। वह मोहिनी मुस्कान लिए आगे बढ़ी, बोली—हरक्यूलिस ! तू किस सोच में अपना समय बरबाद कर रहा है ? मेरे मार्ग पर आकर देखो। मैं तुम्हें ऐसी दुनिया में ले चलूंगी, जहां तुम्हें कभी कोई अभाव नहीं खलेगा। एक सुंदर जीवन, ऐश आराम पूर्ण जीवन तुम्हारा इंतजार कर रहा है। सभी भोग तत्क्षण तुम्हें मिलेंगे। संसार के ऐशों से पूर्ण जीवन व्यतीत करो। मेरा हाथ पकड़ो। मेरे साथ चलो। सुखी जीवन प्रारंभ करो।

हरक्यूलिस ने पूछा—"देवी जी ! आपका क्या नाम है ? उस देवी ने अभिमान से कहा—"भोग की इच्छा रखने वाले लोग मुझे (ऋद्धि-सिद्धि) सुख की देवी के नाम से पुकारते हैं। वहीं कुछ मूर्ख, नीरस, फक्कड़ फकीरों ने अपने वैराग्य का दिखावा करते हुए मुझे विलास की देवी भी कहा है। परंतु यह सत्य है कि तुम्हारे यौवन पूर्ण जीवन में मैं ही खुशी भर सकती हूं।" हरक्यूलिस मानव स्वभाव कमजोरी से दूर नहीं था। वह उसकी तरफ हाथ बढ़ाना ही चाहता था कि गुरु अनुकंपा सामने प्रगट हो गई।

दूर से एक प्रकाश पुंज उसकी तरफ आया। वह भी उसके नजदीक आकर आदर्श सौंदर्यपूर्ण देवी में बदल गया। हरक्यूलिस की नजरें सहज ही उसके ओजस्वी चेहरे पर टिक गईं। श्वेतांबरी देवी के दिव्य तेज में पुरुषार्थ की चमक और सत्य की गरिमा झलक रही थी। देवी ने ममतामयी मुस्कान के साथ कहा—"पुत्र ! मैं जानती हूं कि यह तुम्हारे जीवन का निर्णायक क्षण है। तुम जीवन के ऐसे मोड़ पर खड़े हो जहां तुम्हें फैसला करना होगा कि क्या चुनना है और क्या त्यागना है ? परंतु बेटा, फैसला करने से पहले तुम्हारे लिए जीवन के दूसरे पहलू को भी जानना बहुत जरूरी है। मैं जीवन के दूसरे पक्ष पर प्रकाश डालने आई हूं। मेरा मार्ग सुख-दुख दोनों के ऊपर है। वह है, आनंद। निःसंदेह धन, ऐश्वर्य, प्रसिद्धि आदि सांसारिक उपलब्धियों में तत्काल सुख साफ दिखाई देता है। पर तुम ही सोचो कि क्या भोग-विलासिता का मार्ग तुम्हें सच्चा सुख देता है ? क्या इसका परिणाम आखिरकार दुख में प्रकट नहीं होता। हरक्यूलिस भी स्वयं से कई बार यही प्रश्न कर चुका था। वह पूछा—"देवी, तुम कौन हो ?" वह सहज भाव से बोली—"मैं गुरु अनुकंपा हूं। मैं गुरु मां हूं। मैं गुरु अनुग्रह हूं। विषयी भोगी मुझे संसारिक आकर्षण से विमुख करने वाली भी कहते हैं। तुम्हारे सामने यूनान के

बादशाह सिकंदर का ज्वलंत उदाहरण है। उसने पूरी उम्र धन-दौलत बटोरी। असंख्य राज्यों को लूटा, पर अंत में क्या हुआ ? मन पर भार लिए खाली हाथ, कंगालों की भांति ही उसे संसार से विदा होना पड़ा। पुत्र ! जो इस गूढ़ सत्य को जान लेता है कि क्षणिक भोग की परिणति अंततः दुख में होती है, वह तो सद्गुरु का ही अनुसरण करता है।"

हरक्यूलिस ने प्रातः ही गुरु के चरणों में अपना सिर रख दिया। वह इतिहास पुरुष बन गया। चुनौती पूर्ण समस्या के लिए अंग्रेजी के यह शब्द "हरक्यूलियस टास्क" बन गया। इस उत्पत्ति के पीछे हरक्यूलिस है।

सच्चा साधक इनके फेर में नहीं पड़ता। समर्थ गुरु उनको सिद्धियों का पता भी नहीं चलने देता और पता उनको तब चलता है, जब सिद्धियों के प्रयोग की इच्छा की क्षमता को खो देते हैं। ऋद्धि-सिद्धि को वमन समझकर वे त्याग ही देते हैं। तुलसी ने लिखा है मानस में, भरत प्रसंग में—

"रमा-निवास राम अनुरागी। तजत वमन जिमि जन बड़भागी।"

आप साधना में देवताओं के दर्शन पाते उन्मत्त न होंगे, इतनी प्रार्थना है। अन्यथा वे देवता आप की संचित साधना को हजम कर जाएंगे। उनसे आपका प्रत्यक्ष भी होगा, बातें भी होंगी। वह सपना नहीं, वाकया होगा, पर देव-दर्शन की घड़ियां आएं तो आपको सावधान हो जाना है। हर मंत्र का अलग देवता होता है। आह्वान पर वह कुछ दिनों की साधना पर प्रत्यक्ष दर्शन देता है। कितने इसे ही उपलब्धि मानकर वहीं से लौट आते हैं। नीचे के चक्रों की बातें क्या ? भगवान बुद्ध त्रिकुटी से लौटे हैं, भगवान राम और भगवान कृष्ण सहस्रार से लौटे हैं। सच्च खंड तक केवल सच्चे सद्गुरु संत ही पहुंचते हैं। जैसे—कबीर, नानक। ब्रह्मांड शरीर में संतलोक शीर्ष पर है और शिखरों पर हमारे देवता भी होते हैं—पिंड शरीर में जो देवता वरदान की बाधा बनते हैं, वे ब्रह्मांड शरीर में मदद करते हैं। क्योंकि त्रिकुट पार गगन मंडल में सभी देवता कैद हैं—वे भक्तों को कष्ट नहीं दे सकते। देवताओं के दर्शन कर, अस्वस्थ मत हो जाना कि देवता प्रसन्न हो गए, अब क्या करना है। देवताओं की प्रसन्नता ही अभिशाप है।

संत ज्ञानेश्वर की दृष्टि में कुण्डलिनी

संत ज्ञानेश्वर जी गीत्ा का भाष्य लिखते समय योगी संन्यासी की एकरूपता बताते हुए कुण्डलिनी पर अपना मंतव्य निम्न प्रकार दिए हैं–

तत्वनिर्णयरूपी गीता का यह छठा अध्याय है। जैसे क्षीर समुद्र में अमृत हाथ लगा है, वैसे ही जो सब गीतार्थ का सार है, जो विवेकरूपी समुद्र का परतीर है, अथवा जो योगरूपी संपत्ति का घर है, जो मूल प्रकृति का विश्रांति स्थान है, जहां वेदों का मौन हो जाता है, जहां से गीतारूपी बल्ली का अंकुर फूटता है, उस छठे अध्याय का वर्णन मैं अलंकारिक भाषा में करूंगा। इसे ध्यान देकर सुनिए–

यदि देवयोग से पारस हाथ लग जाए तो कीमिया बनाने वाले को भी न जुरनेहारा स्वर्ण लोहे से ही प्राप्त हो सकता है, उसी तरह यदि सद्गुरु की कृपा हो तो प्रयत्न करने से क्या प्राप्त नहीं होता ? एवं ज्ञानदेव कहते हैं कि वह कृपा मुझ पर अपार है, इसलिए मैं निरूपण करता हूं। मैं शब्दों से अरूप ब्रह्म का रूप प्रकट करूंगा और वह इंद्रियों के परे है सही तथापि इंद्रियों से उसका भोग करा दूंगा। सुनिए, तदनंतर यश, श्री, औदार्य, ज्ञान, वैराग्य और ऐश्वर्यरूपी छः श्रेष्ठ गुण जिसमें बसते हैं और इसलिए जो भगवान कहाता है, वह निःसङ्गों का संगाती पार्थ से बोला कि अब मेरी ओर चित्त दो।

श्री भगवानुवाच–

अनाश्रितः कर्मफलं कार्यं कर्म करोति यः।
स संन्यासी च योगी च न निरग्निर्न चाक्रियः॥1॥

सुनो, संसार में योगी और संन्यासी एक ही हैं। उन्हें अलग-अलग मत मानो। साधारणतः विचार करने से वे दोनों एक ही जान पड़ते हैं। दूसरा नाम केवल आरोप है, उसे छोड़ दो तो जो योग है वही संन्यास है। ब्रह्मदृष्टि से देखते दोनों में कुछ अंतर नहीं दिखाई देता। एक ही मनुष्य को जैसे अलग-अलग नामों से पुकारते हैं अथवा जैसे एक ही जगह जाने के लिए अलग-अलग मार्ग रहते हैं, अथवा जैसे पानी स्वभावतः एक है, परंतु

अलग-अलग घड़ों में भरा हुआ रहता है वैसी ही भिन्नता योग और संन्यास की जानो। हे अर्जुन ! संसार में सबकी यही सम्मति है कि योगी उसी को समझना चाहिए जो कर्म करके फल में अनुरक्त नहीं रहता। जैसे पृथ्वी सहज ही अहंबुद्धि के बिना वृक्ष इत्यादि उत्पन्न करती है, परंतु उनके बीजों की अपेक्षा नहीं करती, वैसे ही सर्वत्र जो आत्मा व्याप्त है उसके आधार से तथा जाति के अनुरूप जिस अवसर पर जो कर्म प्राप्त हो वही उचित जान जो करता है, परंतु शरीर में अहंबुद्धि नहीं रखता, एवं जिसकी बुद्धि कर्म करके फल की आशा तक नहीं पहुंचती, वही संन्यासी है। हे पार्थ ! सुनो, वास्तव में वही योगीश्वर है। अन्यथा जो नैमित्तिक उचित कर्म को बद्धक समझ कर छोड़ देता है और तत्काल दूसरा कर्म करने में प्रवृत्त होता है वह, जैसे एक लेप पोंछकर तुरंत ही दूसरा लगाया जाए, ऐसे आग्रह के अधीन हो वृथा विवंचना में पड़ता है। पहले से जो स्वभावतः गृहस्थाश्रम का बोझा सिर पर है वही बोझा वह संन्यास लेकर अधिक बढ़ाता है। अतएव श्रोत, स्मार्त, होम इत्यादि न छोड़ते कर्म की मर्यादा का उल्लंघन न हो तो निज में ही सहज योगसुख प्राप्त होता है।

यं संन्यास समिति प्राहुर्योगं तं विद्धि पाण्डव।
न ह्यसंन्यसंकल्पो योगी भवति कश्यन॥2॥

सुनो, "जो संन्यासी है वही योगी है", इस एक वाक्यता की पताका संसार में अनेक शास्त्रों ने फहराई है। उन्होंने अपनी अनुभवरूपी तुला से यह सत्य ठहराया है कि जहां त्याग किए हुए संकल्प का लोप होता है वहीं योग-साररूपी ब्रह्म की भेंट होती है।

आरुरुक्षोर्मुनिर्योगं कर्म कारणमुच्यते।
योगारूढस्य तस्यैव शमः कारणमुच्यते॥3॥

अब हे पार्थ ! यदि योगरूपी पर्वत के शिखर पर पहुंचना हो तो यह कर्म मार्गरूपी जीना मत छोड़ो। इस मार्ग के द्वारा यम-नियमरूपी आधारभूमि पर से आसनरूपी पगडंडी पकड़कर प्राणायाम की कगार से ऊपर चढ़ो। फिर प्रत्याहाररूपी मध्य भाग है, जहां बुद्धि के पैर फिसलते हैं और जिसका आक्रमण करते समय हठयोगी भी गिरने के डर से अपनी प्रतिज्ञाओं का परित्याग कर देते हैं, तथापि अभ्यास के बल से उस प्रत्याहार के निरालंब आकाश में भी धीरे-धीरे वैराग्य का आश्रय प्राप्त हो जाएगा। इस प्रकार वायुरूप घोड़े पर सवार हो धारणा के मार्ग से चलते रहो तब तक कि ध्यान की सीमा के पार न निकल जाओ। तब फिर इस मार्ग से चलना बंद हो

जाएगा। प्रवृत्ति की इच्छा भी बंद हो जाएगी। ब्रह्मानंद की एकता प्राप्त होने से साध्य और साधन एक में मिल जाएंगे। आगे चलना बंद हो जावेगा और पिछला स्मरण भी रुक जाएगा। ऐसी समान भूमिका पर समाधि लग जाएगी। इस उपाय से योगारूढ़ हो जो अत्यंत प्रबुद्ध हो जाता है उसके लक्षणों का हम निर्णय करते हैं, सुनो–

यदा हि नेन्द्रियार्थेषु न कर्मस्वनुषज्जते।
सर्वसंकल्पसंन्यासी योगारूढस्तदोच्यते॥4॥

जिसकी इंद्रियों के घर विषयों का आवागमन नहीं है, जो आत्मज्ञान की कोठरी में सोता है, सुख-दुखरूपी शरीर से संघटित होते भी जिसका मन जाग्रत नहीं होता, जो पास आए हुए विषयों का स्मरण भी नहीं करता, इंद्रियगण कर्म में प्रवृत्त हो तथापि जो फल के हेतु अंतःकरण में कभी इच्छा नहीं करता, इतना बड़ा देह धारण करते हुए जो जाग्रत में भी निद्रित दिखाई देता है, उसी को भली-भांति योगारूढ़ हुआ समझो। तब अर्जुन ने कहा, हे अनंत ! यह सुनकर मुझे बहुत आश्चर्य होता है। अतएव कहिए, उस योगी को इस प्रकार की योग्यता कौन देता है ?

उद्धरेदात्मनात्मानं नात्मानमवसादयेत्।
आत्मैव ह्यात्मनो बन्धुरात्मैव रिपुरात्मनः॥5॥

तब श्रीकृष्ण ने हंसकर कहा कि क्या तुम्हारा यह प्रश्न आश्चर्यकारक नहीं है ? इस अद्वैत में कौन किसे क्या दे सकता है ? भ्रमरूप शय्या पर दृढ़ अज्ञानरूपी निद्रा आती है तब यह जन्म मृत्युरूपी दुःस्वप्न का भोग प्राप्त होता है। अनंतर जब अकस्मात् चेत आता है तब वे सब बातें मिथ्या प्रतीत होती हैं। इस प्रकार जो सद्भाव उत्पन्न होता है वह भी निज में ही उत्पन्न होता है। हे धनंजय ! फल यह हुआ कि हम मिथ्या देहाभिमान पर चित्त देकर आप ही अपना घात करते हैं।

बन्धुरात्मात्मनस्तस्य येनात्मैवात्मना जितः।
अनात्मनस्तु शत्रुत्वे वर्तेतात्मैव शत्रुवत्॥6॥

विचार कर इस अहंकार का त्याग किया जाए और जो नित्य पाना है वह ब्रह्मरूप प्राप्त किया जाए तो हम आप ही अपना कल्याण सहज में कर लेंगे। नहीं तो जो इस सुशोभित शरीर को ही आत्मा समझता है वह कोसे के कीड़े के समान आप ही अपना वैरी है। लाभ के समय दुर्दैवी मनुष्य को कैसी अंधत्व की इच्छा होती है जो वह आप ही अपनी खुली हुई आंखें मूंद लेता है। अथवा जैसे कोई भ्रम के कारण समझ ले कि मैं नहीं हूं, मैं खो गया

और अंतःकरण में ऐसा मिथ्या हठ किए रहे, तो यथार्थ में वह जो है सो ही है, तथापि क्या किया जाए, उसकी बुद्धि वैसी नहीं होती। देखो, स्वप्न में लगे हुए घाव से क्या कोई सचमुच मरता है ? तोते के शरीर के भार से उसे पकड़ने के लिए रखी हुई नली उलटी फिरती है, तब वह चाहे तो उड़ जाए, परंतु उसके मन का संदेह नहीं जाता। वह वृथा गरदन ऐंठता है, छाती संकुचित कर नली को दबाता है, और उसे अपने पांव के पंजे से दृढ़ खींचे रहता है। वह समझता है कि मैं निःसंदेह बांधा गया हूं। ऐसी भावना के खड्ड में पड़ते ही वह खुले हुए पांव के पंजे को और भी अधिक फंसाता है। इस प्रकार जो निष्कारण फंसता है उसे क्या कोई दूसरा बांधता है ? परंतु चाहे उसे आधा काट डालो तो भी वह नली नहीं छोड़ता। अतएव, श्रीकृष्ण ने कहा कि वह आप ही अपना बैरी है जिसने अपना सकंल्प बढ़ा रखा है तथा जो मिथ्या वस्तु के वश नहीं होता, वही आत्मज्ञानी है।

जितात्मनः प्रशांतस्य परमात्मा समाहितः।
शीतोष्णसुखदुःखेषु तथा मानापमानयोः॥7॥

अंतःकरण को जीतनेहारे तथा सकल कामना के शमन करनेहारे उससे परमात्मा कुछ जुदा और दूरस्थ वस्तु नहीं है। जैसे सोने का मैल निकल जाए तो वह खरा सोना बना ही हुआ है, वैसे ही सकंल्प का नाश होते ही जीव को ब्रह्मत्व ही प्राप्त है। जैसे घटाकाश का नाश हो तो उसे आकाश में मिल जाने के लिए किसी दूसरी जगह जाना नहीं पड़ता, वैसे ही उसका मिथ्या देहाभिमान बिलकुल नष्ट हो जाता है वह पहले से ही सब जगह भरा हुआ परमात्मरूप ही है। उसमें शीत और उष्ण के प्रवाह, सुख-दुख के विचार, मान-अपमान के शब्द, इत्यादि बातों का समावेश नहीं होता। क्योंकि जैसे जिस मार्ग से सूर्य जाता है वह विश्व प्रदेश तेजरूप हो जाता है, वैसे ही वह जो वस्तु प्राप्त करता है तद्रूप ही हो जाता है। देखो, मेघों से निकली हुई वर्षा की धाराएं जैसी समुद्र में गड़ी हुई जुदा नहीं रहतीं, वैसे ही योगीश्वर शुभाशुभ कर्म जुदा नहीं समझता।

ज्ञानविज्ञानतृप्तात्मा कूटस्थो विजितेन्द्रियः।
युक्त इत्युच्यते योगी समलेष्टाश्मकाञ्चनः॥8॥

यह जो संसार-ज्ञानात्मक भाव है उसका विचार करते ही वह उसे मिथ्या जान पड़ता है; और ज्यों ही विचार करता है त्यों ही वह स्वयं ज्ञानरूप हो जाता है। फिर यह तर्क करना कि मैं व्यापक हूं कि अव्यापक, द्वैतभाव न रहने के कारण आप ही आप बंद हो जाता है। इस प्रकार जिसने इंद्रियों

को जीत लिया है उसे यद्यपि वह देवधारी हो तथापि, योग्यता में परब्रह्म के तुल्य समझना चाहिए। जितेंद्रिय वही है और योगयुक्त उसी को कहना चाहिए जो कभी ऐसा भेद नहीं करता कि यह छोटा और यह बड़ा है; जो मेरु पर्वत जैसा विशाल सोने का गोला और मिट्टी का ढेला दोनों को समान ही समझता है; और जो इतना निरिच्छ है कि ऐसे उत्तम और अमोल रत्न को, कि जिसके आगे पृथ्वी का मोल भी थोड़ा है, पत्थर के समान समझता है।

सुहृन्मित्रार्युदासीनमध्यस्थद्वेष्यबन्धुषु ।
साधुष्वपि च पापेषु समबुद्धिर्विशिष्यते॥9॥

फिर उसमें मित्र और शत्रु अथवा उदासीन और मित्र इत्यादि विचित्र और भिन्न भावों की कल्पना कैसे हो सकती है ? उसे कौन कहां का मित्र है और कौन द्वेषी है ? जिसे ज्ञान हो गया है कि मैं ही विश्व हूं उसकी दृष्टि में, हे किरीटी ! क्या अधमोत्तम भेद रह सकता है ? क्या पारस की कसौटी से सुवर्ण के उत्तम मध्यम भेद हो सकते हैं ? वह कसौटी जैसे शुद्ध सुवर्ण ही को उत्पन्न करती है वैसे उस योगी की बुद्धि को चराचर में निरंतर एकता ही प्रकट होती है। यद्यपि ये बिखरे हुए विश्वरूपी अलंकार अलग-अलग प्रकार के हैं तथापि वे एक ही परब्रह्मरूपी सुवर्ण के बने हैं—ऐसा जो उत्तम ज्ञान है वह सब उस पुरुष को प्राप्त हो गया है। इसलिए वह बाह्य चित्र-विचित्र रचना में नहीं फंसता। यदि पट की ओर दृष्टि दी जाए तो जैसे संपूर्ण तंतु की सृष्टि दिखाई देती है वैसे ही उसके पास एकता के सिवाय दूसरी वार्ता ही नहीं रहती। जिसे ऐसी प्रतीति प्राप्त होती है, जिसे ऐसा अनुभव होता है वही समबुद्धि है। यह बात मिथ्या मत जानो। जिसका नाम तीर्थराज के तुल्य है, जिसके दर्शन से शांति उत्पन्न होती है, जिसके संग से भ्रांत लोगों को भी ब्रह्मभाव उत्पन्न होता है, जिसके वचन धर्म का जीवन हैं, जिसकी दृष्टि से महासिद्धियां उत्पन्न होती हैं तथा स्वर्ग इत्यादि सुख जिसके खेल हैं, उसका यदि अकस्मात् भी चित्त में स्मरण हो तो वह स्मरण करनेहारे को अपनी योग्यता प्राप्त करा देता है। बहुत क्या कहें, उसकी स्तुति करना लाभदायक है।

योगी युञ्जीत सततमात्मानं रहसि स्थितः।
एकाकी यतचित्तात्मा निराशीरपरिग्रहः॥10॥

जिसे ऐसे अद्वैत रूपी दिन का उदय हुआ है कि जो पुनः कभी अस्त नहीं होता, और जो निरंतर अपने-आपमें निमग्न रहता है, हे पार्थ ! जो इस प्रकार विवेकी है वही अद्वितीय है, क्योंकि तीनों लोकों में वही है जो परिवार-रहित है। श्रीकृष्ण ने, जहां तक उनसे हो सका वहां तक, सिद्धों के

इस प्रकार असाधारण लक्षण वर्णन किए और कहा कि जो सब ज्ञानियों में श्रेष्ठ है, जो देखने वालों की दृष्टि का प्रकाशक है, जिस प्रभु के संकल्प से विश्व की रचना होती है, ओंकाररूपी हाट में जो शब्द ब्रह्मरूपी वस्त्र मिलता है वह भी जिसकी कीर्ति के सामने अल्प होता हुआ उसका आच्छादन करने के लिए बस नहीं होता, जिसके शरीर के तेज से सूर्य और चंद्र के व्यापार की महिमा है, (तो फिर उसके बिना इस जगत् के प्रकाशित होने की वार्ता ही क्या है ?) अजी जिसके केवल नाम के सामने गगन भी अल्प दिखाई देता है, उसका एक-एक गुण तुम कहां तक जान सकोगे ? अतएव यह स्तुति रहने दो। हम नहीं कह सकते कि इस स्तुति के मिस से हमने किसके लक्षणों का वर्णन किया अथवा यह वर्णन ही क्यों किया। सुनो, द्वैत का जो निशान मिटा देती है वह ब्रह्मविद्या यदि व्यक्त कर दी जाए तो हे अर्जुन ! प्रेम का माधुर्य चला जाएगा। इसीलिए हमने वैसा वर्णन नहीं किया। हमने प्रेम का भोग लेने के लिए एक पतले से परदे की आड़ रखकर मन को अलग-सा कर दिया। जो सोहंभाव में अटके हुए हैं, जो मोक्ष-सुख के लिए दीन हो रहे हैं उनकी दृष्टि का कलंक अपने जैसे भक्त के प्रेम को न लगने दो। कदाचित भक्त का अहंभाव चला जाए और वह मद्रूप हो जाए तो फिर मैं अकेला क्या करूंगा ? फिर ऐसा कौन करेगा कि जिसे देखकर हमारी दृष्टि जुड़ावे, अथवा जिससे हम मनमाना वार्तालाप कर सकें, अथवा जिसे दृढ़ आलिंगन दे सकें ? यदि हमारा ऐक्य हो जाए तो अपने हृदय की उत्तम और मन में न समाने वाली बातें हम किनसे कहेंगे ? इस प्रकार प्रेम की दीनता के वश हो श्रीकृष्ण ने अर्जुन को उपदेश करने के बहाने अपने ही मन से मन को आलिंगन देने की चेष्टा की। यह बात सुनने में औघट जान पड़ती है, परंतु पार्थ को स्पष्ट श्रीकृष्ण सुख की ढली हुई मूर्ति ही समझो। और तो क्या, जैसे बांझ स्त्री को वृद्धापकाल में एक ही पुत्र होता है और फिर उसमें जैसी मोह की प्रपंचा रचना प्रकट होने लगती है, वैसा ही हाल श्रीकृष्ण का हुआ। यह बात मैं न कहता यदि मैं उनके प्रेम की अधिकता न देखता। देखो प्रेम कैसी आश्चर्यकारक वस्तु है ! कहां उपदेश और कहां युद्ध, परंतु बीच में प्रेमियों का प्रेम ही प्रकट हो रहा है। प्रेम और लजावे नहीं, व्यसन और थकावे नहीं, भ्रम और भुलावे नहीं, तो फिर बात ही क्या रही ? भावार्थ यह है कि अर्जुन मैत्री का आश्रय स्थान है, अथवा मानो सुख-शृंगार किए हुए मन का दर्पण है। इस प्रकार वह अत्यंत पुण्य और पवित्र है, तथा संसार में भक्तिरूपी बीज बोने के लिए मानो एक उत्तम खेत है। इसीलिए वह श्रीकृष्ण की कृपा का पात्र हुआ है। अथवा आत्म

निवेदन के पूर्व जो सख्य नामक एक भूमिका है अर्जुन उसकी आश्रयभूत देवी है। वह श्रीकृष्ण को इस प्रकार प्यारा है कि उसके पास खड़े हुए स्वयं श्रीकृष्ण की स्तुति चाहे न की जाए पर सेवक की स्तुति अवश्य करनी चाहिए। देखो, जो प्रेम से पति की सेवा करती है और पति जिसका आदर करता है वह पतिव्रता, पति की अपेक्षा, क्या अधिक नहीं बखानी जाती ? वैसे ही मेरे हृदय में अर्जुन की विशेष स्तुति करना ही भाता है। क्योंकि वही एक त्रिभुवन के भाग्य का अधिष्ठान हो रहा है। उसके प्रेम के वश से निराकार परमात्मा ने भी साकारता स्वीकारी है और स्वंय पूर्ण होते भी उसे उसकी उत्कंठा लग रही है। तब श्रोताओं ने कहा—"अहो भाग्य है ! कैसी सुंदर वाणी है ! मानो नाद-ब्रह्म को तथा सौंदर्य को जीतकर आई हो ! अजी आश्चर्य नहीं, भाषा हो तो ऐसी ही हो। मानो आकाश में अलंकाररूपी नाना प्रकार के रंग उठ रहे हैं। कैसी स्वच्छ ज्ञानरूपी चांदनी चमकी है और भावार्थरूपी शीतलता छा रही है, तथा श्लोकार्थरूपी कमलिनी सहज विकसित हो रही है ! इससे मनोरथों की ऐसी बाढ़ हुई है कि निष्काम लोगों को भी कामना उत्पन्न होगी।" इस प्रकार श्रोतागण अंतःकरण में आनंदित हो डोलने लगे। यह देखकर निवृत्तिदास ज्ञानेश्वर ने कहा—"ध्यान दीजिए। पाण्डवकुल में कृष्णरूपी एक अनोखे सूर्य का प्रकाश हो रहा है। उसे देवकी ने गर्भ में धारण किया, यशोदा ने कष्ट कर पालन किया, परंतु निदान में वह पांडवों का उपयोगी हुआ। इसलिए कई दिनों तक सेवा करने का और फिर अवसर से विनती करने का कष्ट उस भाग्यवान अर्जुन को नहीं पड़ा। परंतु यह बात रहने दो। अब शीघ्र कथा-निरूपण करता हूं।" अर्जुन ने प्रेम से कहा कि हे देव ! आपके वर्णन किए हुए संतों के लक्षण मुझमें नहीं हैं। यों तो इन लक्षणों के तात्पर्य के माप से मैं निश्चय से अल्प हूं, तथापि सुनिए, मैं आपके वचनों से श्रेष्ठता पा सकता हूं। यदि आप मन में लावें तो मैं ब्रह्म हो सकता हूं। कुछ भी हो, आप जो कहें सो अभ्यास कर सकता हूं। आपने न जाने किसका वर्णन किया, परंतु उसे सुनकर मेरे अंतःकरण में उसकी श्लाघा उत्पन्न होती है, तो फिर वैसी योग्यता प्राप्त होने से कितना आनंद होगा ? क्या मैं ऐसा बन सकूंगा ? हे गोस्वामी ! क्या आप अपनी ओर से इतनी कृपा करेंगे ? तब श्रीकृष्ण ने हंसकर कहा—"हां, हां करेंगे।" देखो, जब तक एक संतोष प्राप्त नहीं होता तभी तक सुखप्राप्ति के विषय में बहुतेरी कठिनता मालूम होती है। परंतु संतोष प्राप्त होते ही क्या कभी सुख की न्यूनता रहती है ? वैसे ही अर्जुन सर्वेश्वर जैसे समर्थ धनी का सेवक था इसलिए वह सहज ही ब्रह्म हो गया। वह कैसा भाग्यरूपी पकी हुई

फसल के बोझ से झुक रहा है। जिसकी भेंट इंद्रादि देवताओं को भी सहस्रावधि जन्मों में होना दुर्लभ है। वह इस अर्जुन के इतना अधीन हो गया है कि उसका एक शब्द भी विफल नहीं होने देता ! अर्जुन ने जो ब्रह्म होने की इच्छा प्रकट की वह श्रीकृष्ण ने सुन ली। उन्होंने सोचा कि उसे ब्रह्मत्व के दोहद हो रहे हैं जिससे यह जाना जाता है कि इसकी बुद्धि के पेट में वैराग्य का गर्भ है। यों तो, इसके दिन पूरे नहीं हुए हैं, तथापि यह अर्जुन-वृक्ष वैराग्य-वसंत की बहार के कारण सोहम् भावरूपी बौर से झुक रहा है; एवं श्रीकृष्ण को यह निश्चय हुआ कि अर्जुन ऐसा विरक्त हो गया है कि उसे मोक्ष-प्राप्तिरूपी फल पाने में विलंब न लगेगा। वे जान गए कि जो-जो तत्व यह ग्रहण करेगा सो आरंभ करते ही इसे फलद्रूप होगा। इसलिए इसे जो अभ्यास बताया जाए वह वृथा न जाएगा। यह समझकर उस समय श्रीहरि ने अर्जुन से कहा कि अब हम तुम्हें सब योगों में श्रेष्ठ योग बताते हैं, सो सुनो। उस मार्ग में संसाररूपी वृक्ष के नीचे करोड़ों मोक्ष-फल बिछे हैं। उस मार्ग से श्रीशंकर अभी तक यात्रा कर रहे हैं। प्रथम योगीजन चिदाकाश में आड़े-टेढ़े मार्ग से ही गए थे। परंतु वहां उनके अनुभवरूपी पांव के चिह्न बन जाने से एक रास्ता बन गया। इसलिए उनके अनुगामी और सब अज्ञानरूपी मार्गों को छोड़कर, इसी आत्मज्ञानरूपी सीधे मार्ग से दौड़ते चले। इसी मार्ग से साधक सिद्ध हो गए तथा तत्वज्ञानी श्रेष्ठ हो गए। यह मार्ग देखो तो भूख-प्यास भूल जाती है तथा रात और दिन नहीं जान पड़ते। चलते समय जहां पांव पड़ जाए वहीं मोक्ष की खानि प्रकट हुई दिखाई देती है, तथा टेढ़े-मेढ़े जाने से भी स्वर्गसुख प्राप्त होता है। पूर्व दिशा की ओर मुंह करके निकलिए तो शांतता से पश्चिम के घर पहुंच जाते हैं। हे धनुर्धर ! इस मार्ग का चलना ऐसा ही है। इस मार्ग से जिस गांव को जाइए वह गांव आप ही बन जाते हैं। यह मैं क्या वर्णन करूं, तुम्हें सहज ही मालूम हो जाएगा। तब पार्थ ने पूछा कि हे देव ! तो फिर कब मालूम हो जाएगा ? इस उत्कंठारूपी समुद्र में डूबे हुए मुझको आप बाहर क्यों नहीं निकालते ? तब श्रीकृष्ण ने कहा, ऐसे अधीर वचन क्यों बोलते हो ? हम स्वयं कहने वाले ही थे कि इतने में तुमने प्रश्न किया।

योगी के लिए उपयुक्त स्थान

शुचौ देशे प्रतिष्ठाप्य स्थिरमासनमात्मनः।
नात्युच्छ्रितं नातिनीचं चैलाजिनकुशोत्तरम्॥11॥

तो अब हम विशेष रीति से निरूपण करते हैं। परंतु उसका उपयोग अनुभव से ही होगा। प्रथम ऐसा एक स्थान ढूंढ़ना चाहिए कि जहां समाधान की इच्छा से बैठते ही उठने की इच्छा न हो, जिसे देखते ही वैराग्य की दुगुनी बाढ़ हो; जिसे संतों ने बसाया हो, जो संतोष का सहकारी हो और मन को धैर्य का प्रोत्साहन देता हो; जहां रमणीयता निरंतर ऐसी बढ़ी हुई हो कि अभ्यास ही स्वयं साधक के वश हो जाए तथा अनुभव आप ही आप हृदय में आ बसे; जिसके समीप से निकलते ही हे पार्थ ! नास्तिकों को भी श्रद्धा उत्पन्न होकर तपश्चर्या की इच्छा हो; जहां यदि कोई सकाम भी मार्ग चलते-चलते अकस्मात पहुंच जाए तो उसे फिर लौटने का स्मरण न हो। इस प्रकार, ऐसा स्थान ढूंढ़ना चाहिए कि जो न रहनेहारे को रख ले, भ्रमण करनेहारे को बैठा दे तथा वैराग्य को थपट कर जाग्रत करे; जिसे देखते ही शृंगारियों को ऐसा मालूम हो कि बड़ा राज भी त्याग दें और वहीं शांतता से बैठे रहें; जो उत्तम तथा निर्मल हो, एवं जहां ब्रह्मस्वरूप आंखों से प्रकट दिखाई देता हो। एक बात और देखनी चाहिए। वह स्थान साधकों से बसा हो, परंतु और लोगों के पांवों की धूलि से मलिन न हुआ हो। वहां अमृत के समान जड़ से मीठे और सदा फलनेहारे वृक्ष सघन हों। डग-डग पर पानी हो, जो वर्षाकाल को छोड़ सदा निर्मल रहे। निर्झर भी बहुत सुभीते के हों। घाम थोड़ा ही तपता हो तथा शीतल पवन अत्यंत निश्चल और मंद-मंद बहती हो। प्रायः कहीं शब्द न होता हो, और वन ऐसा सघन हो कि श्वापदों का प्रवेश न हो सके। तोते या भ्रमर भी वहां न हों। पानी के समीप रहनेहारे हंस हों, दो-चार सारस हों, किसी समय कोयल भी आ बैठे, निरंतर नहीं तथापि कुछ मोर भी आते-जाते रहें तो हम ना नहीं कहते। परंतु ऐसा स्थान अवश्य ही प्राप्त करना चाहिए। वहां कोई गुप्त मठ हो अथवा शिवालय हो। इन दोनों में से कोई एक—जिससे चित्त प्रसन्न हो—होना चाहिए और वहां प्रायः एकांत में बैठना चाहिए। मतलब यह है कि ऐसा स्थान ढूंढ़ना चाहिए और यह परीक्षा करनी चाहिए कि वहां मन स्थिर होता है या नहीं। यदि होता हो तो वहां इस प्रकार आसन लगाना चाहिए कि ऊपर सुंदर मृगचर्म हो, बीच में धुले हुए वस्त्र की तह हो और नीचे अग्र-सहित अत्यंत कोमल कुश ऐसी व्यवस्थित रीति से बिछाए गए हों कि वे सहज ही समान मिले हुए और एक से रह सकें। कदाचित आसन ऊंचा हो जाए तो शरीर हिल जाएगा और नीचा हो जाए तो भूमि के संबंध का दोष प्राप्त होगा। इसलिए ऐसा न होना चाहिए। आसन को समान रखना चाहिए। बहुत क्या कहें, आसन उपर्युक्त वर्णन के अनुसार होना चाहिए।

सद्गुरु का ध्यान एवं आसन

तत्रैकाग्रंम मनः कृत्वा यतचित्तेन्द्रियक्रियः।
उपविश्यासने युञ्ज्याद्योगमात्मविशुद्धये॥12॥

फिर योगी को वहां एकाग्र अंतःकरण कर सद्गुरु का स्मरणरूपी अनुभव लेना चाहिए। प्रेम से स्मरण करते ही सबाह्य अंतःकरण सात्विक भावों से भर जाए, अहंभावरूपी जड़ता चली जाए, विषयों की विस्मृति हो जाए, हृदय में मनरूपी वस्त्र की तह बन जाए, ऐसी एकता जब तक सहज ही प्राप्त न हो जाए तब तक स्मरण करते रहना चाहिए। इस प्रकार के अनुभव सहित आसन पर बैठना चाहिए। उस समय ऐसी प्रतीति होने लगती है कि शरीर ही शरीर को संभालता है, तथा प्राण ही प्राण को संभालता है, प्रवृत्ति पीछे फिरती है। समाधि इस पार ही रह जाती है। आसन पर बैठते ही सब अभ्यास सुकर हो जाते हैं। आसन की ऐसी महिमा है। अब हम आसन की विधि का वर्णन करते हैं, सुनो। जंघा को पिंडुली से मिला दो। पांव के तलुए एक पर एक ड्योढ़ा कर गुद स्थान के मूल में स्थिर रख जोर से दबाओ। दहना पांव नीचे रखो और वृषण से गुद स्थान तक जो रेखा है उसे उससे दबाओ। इस कृति में बायां पांव आप ही ऊपर रहेगा। गुदा और शिश्न के बीच जो केवल चार अंगुल जगह है उसमें से दोनों ओर डेढ़-डेढ़ अंगुल छोड़कर बीच में जो एक अंगुल जगह रह जाती है वहां एड़ी के उत्तर भाग से दबाओ और शरीर तौल धरो। पीठ के नीचे का भाग इस प्रकार उठाओ कि उठाया न उठाया मालूम न हो तथा दोनों घुटनों का भी तौल संभालो, तब हे पार्थ ! संपूर्ण शरीर का ढांचा एड़ी के माथे पर स्थिर हो रहेगा। पीछे मोटा कंबल लपेटकर या तकिया रख सकते हैं। जिससे आप आसानी से घंटों बैठ सकें। हे अर्जुन ! यह मूलबंध का लक्षण है। इसे गौण वज्रासन कहते हैं। इस प्रकार जब मूलाधार का बंध सिद्ध होता है और अपान वायु का अधोमार्ग बंद हो जाता है तब वह वायु भीतर की ओर संकुचित होने लगती है।

समं कायशिरोग्रीवं धारयन्नचलं स्थिरः।
सम्प्रेक्ष्य नासिकाग्रं स्वं दिशश्चानवलोकयन्॥13॥

हाथ द्रोणाकार किए हुए सहज ही बाएं पांव पर रहते हैं और बाहुमूल फूले हुए दिखाई देते हैं। बीच में शरीरदंड स्थिर रहने के कारण शिरकमल भीतर घुसा हुआ मालूम होता है तथा नेत्रद्वार के किवाडरूपी पलक बंद होते

★ स्वामी कृष्णानन्द जी ★

से दिखते हैं। ऊपर की बिन्नियां नहीं हिलतीं तथा नीचे की नीचे स्थिर बनी रहती हैं जिससे नेत्रों की अर्धोन्मीलित स्थिति हो जाती है। दृष्टि भीतर की ओर रहते हुए कुतूहल से बाहर पग डालती है, और नासाग्र तक आई हुई दिखाई देती है; तथा भीतर की दृष्टि भीतर ही रहकर बाहर नहीं निकलती, इसलिए उस अर्द्धदृष्टि का निवास नासाग्र पर स्थिर ही रहता है। तब दिशाओं की भेंट लेना अथवा रूप देखने की बाट जोहना इत्यादि इच्छाएं आप ही आप बंद हो जाती हैं। कंठ सूखने लगता है। ठोढ़ी कंठ के नीचे के गड्ढे में जम जाती है और हृदय को जोर से दबाती है, और बीच में कंठमणि अदृश्य हो जाती है। इस प्रकार जो बंध बनता है, उसे जलंधर कहते हैं। नाभि ऊपर उठ जाती है, पेट भीतर घुस जाता है, हृदय में हृदय कमल विकसता है। इस प्रकार नाभि के नीचे स्वाधिष्ठान चक्र के ऊपर जो बंध बनता है उसे उड्डियान कहते हैं। शरीर के बाहरी अंग से जब इस प्रकार अभ्यास किया जाता है।

कुण्डलिनी जागरण

प्रशांन्तात्मा विगतभीर्ब्रह्मचात्रिते स्थितः।
मनः संयम्य मच्चितो युक्त आसीत मत्परः॥14॥

तब भीतर मनोधर्म का ठांव मिट जाता है, कल्पना बंद हो जाती है, प्रवृत्ति शांत हो जाती है, और शरीर, भाव तथा मन सहज ही विराम पाते हैं। क्षुधा क्या हुई, निद्रा कहां गई इत्यादि का विस्मरण हो जाता है और पुनः शीघ्र स्मरण नहीं होता। जो अपान वायु मूलबंध के द्वारा बंद कर दी जाती है वह पीछे पलटती है और संकुचित होते ही तत्काल फूलती है, संताप से मत्त हो जाती है, मनमानी जगह गरजती है, और ठहर-ठहर कर मणिपुर (नाभिकमल के तृतीय चक्र) से झगड़ने लगती है। अनंतर यह तूफान शांत होते ही वह सब पेट खोज डालती है और छुटपन का सड़ा हुआ कीच बाहर निकाल फेंकती है। वह केवल भीतर ही घिरी हुई नहीं रहती, वरन् कोठे में भी संचार करती है, तथा कफ और पित्त का ठांव नहीं रहने देती। धातु के समुद्रों को उलट देती है। मेदा के पर्वतों को फोड़ डालती है और भीतरी हड्डी से मिली हुई मज्जा को बाहर निकालती है। नाड़ियां छुड़ा देती है। अवयवों को ढीला कर देती है। इस प्रकार वह अपानवायु साधकों को डराती है, परंतु साथ ही उसका नाश करती है। वह जलतत्व और पृथ्वीतत्व एक में सानती है। इतने

में, हे धनुर्धर ! दूसरी ओर आसन की उष्णता कुण्डलिनी नामक शक्ति को जाग्रत करती है। जैसे कोई नागिन का संपोला कुंकुम में नहाया हो और गिण्डी मार कर सो रहा हो, वैसी वह छोटी-सी कुण्डलिनी साढ़े तीन गिण्डी मारकर नीचे मुंह किए हुए सर्पिनी-सी सोई रहती है। विद्युत का बना हुआ ककंण अथवा अग्नि की ज्वालाओं की घरी अथवा घोंटे हुए सोने के पांसे की-सी उत्तम बंधी हुई और कसी हुई जो कुण्डलिनी छोटे से संकुचित स्थान में दबी हुई रहती है सो वज्रासन के दबाव से जाग जाती है। मानो कोई नक्षत्र उलट पड़ा हो, अथवा सूर्य का आसन छूट गया हो, अथवा चहुं ओर तेज के बीज में से अंकुर फूटे हों, वैसी वह शक्ति गिण्डी को छोड़ कौतुक से अंगड़ाई लेती उठी हुई, नाभिस्थान पर दिखाई देती है।

सर्पिणी का भोजन

पहले ही उसे बहुत दिनों की भूख लगी रहती है जिस पर जगाने का मिस हो जाता है। इसलिए वह आवेश से ठीक ऊपर की ओर मुंह फाड़ती है। हे किरीटी ! हृदय-कमल के नीचे जो पवन भरी रहती है वह सबको चपेट लेती है। ऊपर-नीचे मुंह की ज्वाला फैला कर मांस के कौर खाने लगती है। जो-जो स्थल मांसल हैं वहां सहज ही कौर मिल जाते हैं। तदनंतर एक-दो कौर हृदय के भी भर लेती है। फिर तलुवों और हथेलियों का भी भेद करती है। इस प्रकार वह हर एक अवयव की गांठों की खोज लेती है। अधोभाग भी नहीं छोड़ती, वरन नख का भी सत्व निकाल लेती है और त्वचा को धोकर हड्डी के ढांचे से जोड़ देती है। हड्डियों की नलियों का रस निकालती है, नसों के जाले धो डालती है, जिससे रोममूलों की बाह्य-वृद्धि बंद हो जाती है। अनंतर वह प्यासी कुण्डलिनी सप्तधातुओं के समुद्र का घूंट पीती है जिससे शरीर का हर एक भाग अत्यंत शुष्क हो जाता है। नाक के छेदों में से जो हवा बाहर अंगुल तक निकलती है उसे घिंचिया कर पीछे हटा वह फिर भीतर घुसाती है। तब नीचे की वायु ऊपर चढ़ती है और ऊपर की नीचे उतरती है। और जिस समय दोनों का मिलाप होता है तब चक्रों के केवल पुरजे ही बचते हैं। यों तो ये दोनों वायु तभी मिल जाएं, परंतु कुण्डलिनी क्षण भर व्यग्र हो मानो इनसे कहती है कि जाओ तुम्हारा यहां क्या काम है ? इस प्रकार वह शरीर की सब पृथ्वीमय धातु खाकर कुछ नहीं बचने देती। अनंतर जल का भाग भी पोंछ डालती है। इस प्रकार वह दोनों महाभूतों को खा डालती

है तब पूर्ण तृप्त होती है और सुषुम्ना नामक नाड़ी के पास शांत हो रहती है और तृप्ति के संतोष से जो गरल मुंह से उगलती है उस अमृत से प्राणवायु जीवन धारण करती है। भीतर से वह विष अग्निरूप हो निकलता है, परंतु सबाह्य शीतल करने लगता है। तब कहीं पहले गले हुए अवयव दृढ़ होने लगते हैं। जबकि नाड़ियों के मार्ग बंद हो गए हैं, नवों प्रकार की वायु का चलना बंद हो गया है, इसलिए शरीर के धर्म नहीं रहे हैं, इड़ा और पिंगला नाड़ियां एक में मिल गई हैं, तीनों गांठें छूट गई हैं और चक्रों की छहों कलियां खिल गई हैं, चंद्र और सूर्य नामक जो कल्पित वायु हैं वे दीपक से भी खोजते नहीं मिलतीं, बुद्धि का विकास बंद हो गया है और घ्राणेंद्रिय में जो सुगंधि रहती है वह भी कुण्डलिनी के संग सुषुम्ना नाड़ी में प्रविष्ट हो गई है, उस अवस्था में ऊपर की ओर से चंद्रामृत का सरोवर धीरे से कनिया कर कुण्डलिनी के मुंह में गिरता है। उससे नली में जो रस भर जाता है वह सब शरीर में फैलता है और प्राणवायु के योग से जहां का तहां सूख जाता है।

शरीर कांति युक्त

तपाए हुए मोम के सांचे का मोम निकल जाने पर जैसे वह उसमें डाले हुए रस का ही बना हुआ रह जाता है, वैसे ही उस शरीर के रूप से मानो कांति ही अवतार लेती है और ऊपर से त्वचारूपी ओढ़नी ओढ़ लेती है। जैसे सूर्य मेघरूपी घूंघट काढ़े रहता है और फिर मेघ निकल जाने पर तेजस्वी दिखाई देता है, वैसे ही ऊपर से जो शरीर का त्वचारूपी सूखा पपड़ा रहता है वह भुस की तरह झड़ जाता है। तब अवयवकांति की शोभा ऐसी दिखाई देती है कि मानो वह स्फटिक का ही हो; अथवा रत्नरूपी बीज में अंकुर निकले हों, अथवा संध्याकाल के आकाश के रंग निकलकर उन्हीं का वह शरीर बनाया गया हो; अथवा आत्मज्योति का लिंग ही स्वच्छ किया रखा हो; अथवा वह शरीर कुंकुम से भरा हुआ हो, आत्मरस से ढला हुआ हो, अथवा मैं समझता हूं कि वह मूर्तिमान शांति का ही स्वरूप हो; अथवा वह आनंदरूपी चित्र की लिखावट हो, महासुख की प्रतिमा हो व संतोषरूपी वृक्ष का रोपा स्थिर किया गया हो अथवा वह सुवर्ण-चंपक की कली हो, या अमृत की मूर्ति हो, या कोमलता के बरेजे में बहार आई हो, अथवा शरद ऋतु की आर्द्रता से चंद्रबिंब पल्लवित हुआ हो या मूर्तिमान तेज ही स्वयं आसन पर बैठा हुआ हो। कुण्डलिनी जब चंद्रामृत पीती है तब ऐसा शरीर हो जाता है। कृतांत भी

उस देहाकृति से भय खाता है। वार्धक्य पीछे हटता है। यौवन की गांठ खुल जाती है, और लुप्त हुई बालदशा फिर प्रकट होती है। उसकी आयु ही छोटी दिखाई देती है। वास्तव में उसके धैर्य की निरुपम महिमा बढ़ जाती है। बाल शब्द का अर्थ बालक नहीं, बल करना चाहिए। उस शरीर में ऐसे नए और उत्तम नख निकलते हैं मानो सुवर्णवृक्ष के पल्लवों में नित्य नूतन रत्नों की कलियां निकली हों। दांत भी नए हो जाते हैं, परंतु बहुत छोटे-छोटे होते हैं, मानो दुतरफा हीरों की पंक्तियां बैठी हों। मणिक के कण जैसे सहज ही नोकदार होते हैं वैसे ही सब शरीर पर रोमों की नोकें उगती हैं। हथेलियां और तलुवे रक्तकमल के समान हो जाते हैं और नेत्र, क्या वर्णन करूं, अत्यंत स्वच्छ हो जाते हैं। पक्वदशा के कारण मोती के सीप में न समाने से जैसे सीप के ढकनों के सियन खुल जाती है, वैसे ही उसकी दृष्टि पलकों में नहीं समाती और निकलकर व्यापक होना चाहती है। वह अर्द्धोन्मीलित रहती है, परंतु आकाश तक व्याप्त रहती है। शरीर सुवर्ण का हो जाता है, परंतु वह वायु का लघुत्व रखता है, क्योंकि उसमें पृथ्वी और जल के अंश नहीं रहते। उसे समुद्र का परतीर दिखाई देता है, स्वर्ग का मंद शब्द सुन पड़ता है, और चींटी के भी मन का हाल मालूम हो जाता है। वह पवन के घोड़े पर सवार हो सकता है, जल पर चले तो उसके तलुवे नहीं भीगते। प्रसंगानुसार उसे ऐसी ही अनेक सिद्धियां प्राप्त होती हैं। सुनो, प्राण का हाथ पकड़, हृदयाकाश की सीढ़ी बनाकर सुषुम्ना नाड़ी के जीने से हृदय में पहुंची हुई।

ओंकार ध्वनि

वह जगदंबा कुण्डलिनी जो चैतन्यरूपी चक्रवर्ती की शोभा है, जिसने जगद्बीज ओंकार के अंकुररूप जीव पर छाया की है, जो निराकार ब्रह्म का साकार शरीर है, जो परमात्मा का संपुट है, जो ओंकार की केवल जन्मभूमि है, और क्या वर्णन करें, वह कुण्डलिनी बाला जब हृदय में प्रवेश करती है तब वह अनाहत ध्वनि करने लगती है। कुण्डलिनी के साथ ही बुद्धि की चेतना उपस्थित रहती है। इससे उस बुद्धि को वह ध्वनि धीरे से सुनाई देती है। वह ध्वनि ऐसी रहती है मानो घोषाकार कुण्ड में ध्वनि के चिह्न के आकार तथा ओंकार के रूप लिखे हुए हों। यह बात कल्पना से जानी जा सकती है। परंतु उस समय कल्पना करनेहारा भी कहां रहता है ? अतएव वहां काहे की ध्वनि हो रही है यह जान नहीं पड़ता। हे अर्जुन ! मैं एक बात भूल गया।

जब तक पवनतत्व का नाश नहीं होता तब तक आकाश में वाचा होती है, इसलिए वह गरजता है। जब उस अनाहतरूपी मेघ के कारण आकाश गरजने लगता है तब सहज ही ब्रह्मरंध्र की खिड़की खुल जाती है। सुनो, जो कमलगर्भ के आकार के समान है, जो दूसरा महदाकाश ही है, जहां चैतन्य अवर निवास करता है, उस हृदयरूपी भुवन में यह कुण्डलिनी परमेश्वरी मानो तेजोरूपी कलेवा अर्पण कर देती है। बुद्धिरूपी शाक का इस प्रकार उत्तम नैवेद्य करती है कि द्वैत न दिखाई दे। कुण्डलिनी अपना तेज छोड़ देती है और केवल प्राणरूप हो रहती है। उस समय कैसी दिखाई देती है, मानो किसी पवन की पुतली ने अपनी ओढ़ी हुई सोने की साड़ी उतार कर अलग रख दी हो; अथवा किसी दीपक की दृष्टि वायु से भिड़कर लुप्त हो गई हो; अथवा विद्युत चमक कर आकाश में विलीन हो गई हो। इस प्रकार हृदय-कमल में कुण्डलिनी ऐसी दिखाई देती है मानो सोने की शलाका हो; अथवा जैसे प्रकाशरूपी जल का झरना बहता हुआ आए और हृदय-भूमि के दर्रे में एकदम समा जाए, वैसे ही उस शक्ति का रूप शक्ति में ही लुप्त हो जाता है; तथापि उसे शक्ति ही कहना चाहिए। अन्यथा उसे केवल प्राण ही समझो। उस समय नाद, बिंदु, कला, ज्योति ये नहीं रहते। अथवा मन का वश करना या पवन का आश्रय करना या ध्यान का अभ्यास करना इत्यादि बातें नहीं रहतीं। यह भी नहीं रहता कि कोई कल्पना की जाए या कोई छोड़ दी जाए। इसे महाभूतों का स्पष्ट निर्मल रूप ही जानो। पिंड से पिंड का ग्रास जो नाथ संप्रदाय का मर्म है, वही अभिप्राय श्री महाविष्णु ने वर्णन किया। उसी ध्वनि की मानो गठरी छोड़कर श्रोताओं को ग्राहक जान मैंने यथार्थरूपी वस्त्र की तह झटकार कर दिखाया है।

सिद्ध योगी

युञ्जन्नेवं सदात्मानं योगी नियतमानसः।
शांति निर्वाणपरमां मत्संस्थामधिगच्छति॥15॥

सुनिए, जब शक्ति के तेज का लोप हो जाता है तब देह का रूप भी मिट जाता है और योगी (इतना सूक्ष्म हो जाता है कि) आंख में छिप सकता है। यों तो वह पहले के समान ही अवयव संपन्न रहता है, परंतु ऐसा दिखाई देता है मानो वायु का ही बना हुआ हो; अथवा कोई केले के वृक्ष का गाभा अपने आच्छादन का त्याग किए हुए खड़ा हो; अथवा आकाश को ही कोई

अवयव उत्पन्न हुआ हो। जब उसका शरीर इस प्रकार हो जाता है तब उसे खेचर कहते हैं। यह पद प्राप्त होते ही साधारण शरीरधारी लोगों में उसके चमत्कार दिखाई देते हैं। योगी कहीं से निकल जाए तो उसके पांवों की जो रेखा बन जाती है वहां जगह-जगह अणिमादिक सिद्धियां उपस्थित होती हैं। परंतु उससे हमें क्या कार्य है ? हे धनंजय ! यह जान लो कि देह के देह में पृथ्वी, आप और तेज, तीनों भूतों का इस रीति से लोप हो सकता है—हृदय में पृथ्वीतत्व को जलतत्व गला देता है, जल को तेज सुखा देता है, और तेज को वायुतत्व बुझा देता है। अनंतर केवल वायुतत्व ही रह जाता है, परंतु शरीर का आधार लिए रहता है। फिर कुछ काल के अनंतर वह भी आकाश में जा मिलता है। उस समय उसे कुण्डलिनी नाम के बदले वायु नाम प्राप्त होता है। परंतु जब तक कुण्डलिनी ब्रह्म में नहीं जा मिलती तब तक उसकी शक्ति बनी रहती है। फिर वह जलंधर-बंध छोड़ देती है, सुषुम्ना नाड़ी में प्रवेश करती है, और गगनरूपी पहाड़ी पर जा पहुंचती है। ओंकार की पीठ पर पांव देते हुए शीघ्रता से पश्यंती रूप सीढ़ी चढ़ जाती है। पश्चात, जैसे सागर में सरिता वैसे ही ओंकार की अर्द्धमात्रा तक आकाशतत्व के हृदय में जा मिलती हुई दिखाई देती है। फिर ब्रह्मरंध्र में स्थिर रह कर सोऽहं भावरूपी बांहें फैलाकर दौड़ती हुई परब्रह्म से मिल जाती है। उस समय बीच का महाभूतों का परदा फट कर दोनों का सम्मेलन हो जाता है। उस ब्रह्मानंद में गगन समेत सबकुछ विलीन हो जाता है। समुद्र ही जैसे मेवों के मुख से निकल कर, नदी प्रवाह में बह कर, पुनः आप ही में मिल जाता है वैसे ही हे पांडुकुंवर ! पिंड के मिस से मानो ब्रह्म ही ब्रह्मपद में प्रवेश करता है। ऐसी एकता हो जाती है। उस समय यह विवेचना करने के लिए भी कोई नहीं बचता कि दूसरा कोई था या पहले से एक ही वस्तु बनी हुई है। गगन में गगन का लीन हो जाना जो बात है उसका जिसे अनुभव हो जाए वही पुरुष सिद्ध है। उस अनुभव की वार्ता वाणी के हाथ नहीं आती, जिससे संवादरूपी गांव में प्रवेश किया जाए। हे अर्जुन ! इस अभिप्राय को प्रकट करने का अभिमान करने वाली वाणी भी दूर रह जाती है। भृकुटी की पिछली ओर मकार का भी प्रवेश नहीं होता। अकेले प्राण को भी गगन में जाते संकट होता है और अनंतर वह जब वहीं मिल जाता है तब शब्दरूपी दिन का अस्त हो जाता है और आकाश का नाश हो जाता है। अतएव महदाकाश के देह में जब आकाश का भी ठिकाना नहीं लगता तब शब्द की कहां थाह लगे ? तात्पर्य यह कि यह वस्तु निश्चय से ऐसी स्पष्ट नहीं कि शब्दों से वरणी जाए

अथवा कानों से सुनी जाए। जब दैवयोग से कुछ अनुभव प्राप्त हो तब तुम आप ही यह वस्तु बन रहोगे। पश्चात ज्ञातव्य कुछ न रहेगा। अतएव रहने दो। हे धनुर्धर ! वही बात वृथा कहां तक कहें ? इस प्रकार जब शब्दमात्र पीछे हटता है तब सकंल्प की आयु समाप्त हो जाती है और वहां विचार की हवा का भी प्रवेश नहीं होता। जो उन्मनी अवस्था की शोभा है, तुर्य्या का तारुण्य है, अनादि और अननुमेय परमतत्व है, जो विश्व का मूल है, योगवृक्ष का फल है, जो आनंद का केवल जीवन है, जो आकार की सीमा है, मोक्ष का एकांत है, जिसमें आदि और अंत लीन हो गए हैं, जो महाभूतों का बीज है, महातेज का तेज है, एवं हे पार्थ ! जो मेरा निज स्वरूप है, वही यह चतुर्भुज आकार बना हुआ है, जिसकी शोभा मेरे भक्त-समुदायों के प्रति नास्तिकों का किया हुआ छल देखकर आविर्भूत होती है। वह महासुख अनिर्वाच्य है, परंतु प्राप्ति तक जिन पुरुषों के प्रयत्नों की सीमा है वे स्वयं सुखरूप हो रहते हैं। हमारे बताए हुए इस साधन को जो शरीर से करते हैं वे निर्मल हो हमारी ही योग्यता के हो जाते हैं, और शरीर से ऐसे दिखाई देते हैं मानो परब्रह्मरूपी रस से देहाकृतिरूप सांचे में ढाले गए हों। यदि यह अनुभव हृदय में प्रकाशित हो तो संपूर्ण विश्व का लय हो जाएगा। तब अर्जुन ने कहा—सत्य है, हे देव ! आपने अभी जो उपाय बताया, वह ब्रह्मप्राप्ति का मार्ग है, उसी से प्राप्ति होती है; इस अभ्यास में जो दृढ़ होते हैं वे निश्चय से ब्रह्मपद को पहुंचते हैं, इत्यादि जो आपने कहा सो मैं समझ गया। हे देव ! यह वर्णन सुनने से ही चित्त में ज्ञान उपजता है।

।। ओ३म् शांति, ओ३म् शांति, ओ३म् शांति ।।

"हरि ॐ तत्सत्"

❑❑❑

स्वामी श्री की अन्य रचनाएं

- ☆ क्रान्ति महाविश्व
- ☆ चरम निर्देश
- ☆ कुण्डलिनी जागरण *(क्रान्ति महाजीवन)*
- ☆ यंत्र-मंत्र रहस्य
- ☆ स्वर से समाधि
- ☆ कहै कबीर कुछ उद्यम कीजै
- ☆ नानक भगता सदा विगासु
- ☆ बुद्धों का पथ
- ☆ शिव तंत्र
- ☆ कबीर गुरु बसै बनारसि *(रामायण पर आधारित)*
- ☆ दिव्य गुप्त विज्ञान पर चार पुस्तकें (जो साधना से गुजरता है, उन्हें ही ये पुस्तकें प्रदान की जाती हैं।)
- ☆ रहस्यमय लोक

डाक द्वारा पुस्तकें मंगवाने का पता :

साधना पब्लिकेशन्स

K-4/4, माडल टाउन-II, दिल्ली-110009

दूरभाष : 55496808, 9818300870

कुण्डलिनी जागरण

कुण्डलिनी जागरण एक शक्ति है, ऊर्जा है। जो अनंत जन्मों के संस्कारों से दबी, सोई हुई है। यह वह शक्ति है जो शरीर और आत्मा के मिलन बिंदु पर है। ब्रह्माण्ड में जितनी शक्तियां हैं, परमात्मा ने उन समस्त शक्तियों को इस शरीर पिण्ड में बीज रूप में छिपा दिया है। यह कुण्डलिनी मेरुदण्ड के भीतर स्थित सुषुम्ना नाड़ी का मुख त्रिकोण यानि योनि मण्डल के मध्य स्थान पर स्थित है। यह अति सूक्ष्म विद्युत ऊर्जा से परिपूर्ण, दिव्य शक्ति से पूर्ण साढ़े तीन लपेटे खाये हुए, अपनी पूंछ को अपने ही मुंह में दबाये हुए अनंत काल से सोई है।

यह भंयकर सर्प है। इससे खिलवाड़ न करें। विद्युत की तकनीक जान लेने पर उसे विभिन्न रूप से प्रयोग में लाते हैं। उसी तरह इसे जागृत करने की विधि जान लें। फिर इस पृथ्वी पर कुछ भी आपके लिए असम्भव नहीं है। आपकी इच्छा मात्र से सृष्टि का संचालन होने लगता है। कुण्डलिनी के छः चक्रों को पार कर मानव चेतना अपनी उच्चतम अवस्था पर पहुंच जाती है। तभी पीड़ाओं का अतिक्रमण एवं सत्य का बोध होगा। इस विराट मानव सभ्यता के चरम विकास को, सत्य को, बुद्धत्व को कुछ ही लोग उपलब्द्ध हुए हैं। मनुष्य होने का यही गौरव है कि हम बीज से वृक्ष बन जाएं। गुरुदेव ने इस पुस्तक में आंखों देखे दृश्य का वर्णन किया है, विधि दी है जिससे आप अवश्य सफल हो सकते हैं। जरूरत है, आपमें श्रद्धा की। फिर फूल खिलेगा, ध्यान का। फल लगेगा, समाधि का, आनन्द का, उत्सव का। आप अहोभाव से भर जायेंगे।

SADHNA PUBLICATIONS

साधना पब्लिकेशन्स

Alcena Gulzari 9891168805

चमत्कारी SERPENT POWER

कुण्डलिनी शक्ति एवं ध्यान योग

अनंत शक्तियों के जागरण की दिव्य साधना

चमत्कारी कुण्डलिनी शक्ति एवं ध्यान

K-5
1890

कुंडलिनी विग्रहा मां त्रिपुर सुंदरी

वाणीकोटि - मृदंगनादमदना - निश्रेणिकोटि - ध्वनिः,
प्राणेशी रसराशिमूलकमलोल्लासैक-पूर्णानना।
आषाढोद्भव-मेघवाज-नियुत-ध्वान्तानना स्थायिनी,
माता सा परिपातु सूक्ष्मपथगा मां योगिनां शंकरी॥

चमत्कारी कुण्डलिनी शक्ति एवं ध्यान योग

कुण्डलिनी शक्ति के रहस्यों को उजागर कर उसे जाग्रत करने की प्रयोगपरक जानकारी

जिस प्रकार समस्त पृथ्वी, वन, पर्वत आदि के आधार अहिनायक (विष्णु) हैं, उसी प्रकार समस्त योग और तंत्र का आधार कुण्डलिनी है।

पुराणों में अध्यात्म भाव को नारायण, पुरुष, शिव, ब्रह्म आदि कहा गया है। छांदोग्योपनिषद् में कहा गया है कि जब पुरुष अथवा परमशिव ने एक से अनेक होने की इच्छा की तब प्रथम स्पंदन ''अहम्'' और द्वितीय ''इदम्'' हुआ। अध्यात्म भाव (ब्रह्म) में स्पंदन होने पर भूतभाव की निःसृति और भूतभाव से विसर्गभाव जागता है। यही सृष्टि का आरंभ है। यह विसर्गभाव ही प्रकृति अथवा शक्ति है। विष्णु को शेषशायी दिखाया गया है और शिव को सर्पभूषण कहा गया है। पुरुष और प्रकृति, शिव और शक्ति के संयोग के प्रतीक हैं ये।

भारतीय ऋषियों ने इस पृथ्वी को शेषनाग के फन पर स्थित बताया है। यह सर्प शक्ति का प्रतीक है। श्वेताश्वतरोपनिषद् में कहा गया है, *''ते ध्यानयोगानुगता अपश्यन्। देवात्मशक्तिं स्वगुणैर्निगूढाम्''*, अर्थात् अपने ही गुणों (सत्, रज, तम) से आच्छादित इस देवात्म शक्ति के दर्शन ऋषियों ने ध्यान द्वारा किए। यह देवात्म शक्ति, जिसे विष्णु की शय्या, शिव के आभूषण या पृथ्वी को धारण करने वाले शेषनाग के रूप में चित्रित किया गया, मानव शरीर में कुण्डलिनी के रूप में स्थित है। यह शरीर इसी देवात्म शक्ति पर आधारित है।

इस पुस्तक को तैयार करते समय प्रयास रहा है कि सिद्धांत पक्ष के साथ ही इसके 'प्रैक्टिकल' पक्ष पर भी प्रकाश डाला जाए। लेकिन विषय गूढ़ है, इसलिए संभव है कि कहीं कोई पक्ष अछूता रह गया हो या फिर पारिभाषिक शब्दावली में उलझ गया हो। इसकी जानकारी आपके पत्रों द्वारा ही हमें मिल सकेगी।

—प्रकाशक

चमत्कारी कुण्डलिनी शक्ति एवं ध्यान योग

लेखक

सी. एम. श्रीवास्तव

ज्ञान-विज्ञान, ज्योतिष व रहस्यपूर्ण तथा
दुर्लभ विषय की पुस्तकों के अत्यन्त
चर्चित एवं सिद्धहस्त विद्वान लेखक

संवर्द्धक

काका हरिओ३म्

वेदांताचार्य (शां.वे.)
एम.ए. (मनोविज्ञान)

मनोज पब्लिकेशन्स

© सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन

प्रकाशक :
मनोज पब्लिकेशन्स
761, मेन रोड बुराड़ी, दिल्ली-110084
फोन : 27611116, 27611349 फैक्स : 27611546
मोबाइल : 9868112194
ईमेल : manojpublications@vsnl.net
वेबसाइट : www.manojpublications.com

शोरूम :
मनोज पब्लिकेशन्स
1583-84, दरीबा कलां, चांदनी चौक, दिल्ली-6
फोन : 23262174 (मो.) 9818753569

भारतीय कॉपीराइट ऐक्ट के अंतर्गत इस पुस्तक की सामग्री तथा रेखाचित्रों के अधिकार 'मनोज पब्लिकेशन्स, 761, मेन रोड बुराड़ी, दिल्ली-84' के पास सुरक्षित हैं, इसलिए कोई भी सज्जन इस पुस्तक का नाम, टाइटल-डिजाइन, अंदर का मैटर व चित्र आदि आंशिक या पूर्ण रूप से तोड़-मरोड़कर एवं किसी भी भाषा में छापने व प्रकाशित करने का साहस न करें, अन्यथा कानूनी तौर पर हर्जे-खर्चे व हानि के जिम्मेदार वे स्वयं होंगे।

चेतावनी

पुस्तक में दी गई सामग्री का उद्देश्य पाठकों को विषय की जानकारी देना मात्र है। इसमें दी गई साधनाओं या प्रक्रियाओं को देते समय काफी सावधानी बरती गई है, लेकिन फिर भी यदि कहीं कोई त्रुटि या कमी रह जाती है तो उसके लिए लेखक-प्रकाशक किसी तरह से जिम्मेवार नहीं होंगे। प्रयोगात्मक पक्ष का प्रयोग अनुभवी व्यक्ति की देखरेख में ही करें।
किसी भी प्रकार के वाद-विवाद का न्याय क्षेत्र दिल्ली ही रहेगा।

संस्करण : 2004

मूल्य : 150/-

मुद्रक :
आदर्श प्रिण्टर्स
नवीन शाहदरा, दिल्ली-110032

चमत्कारी कुण्डलिनी शक्ति एवं ध्यान योग : *सी. एम. श्रीवास्तव*



समर्पण

प्रकृति-पुरुष के उस अलौकिक सम्मिलन को
जो इस समस्त सृष्टि की स्वयं से संरचना कर
न तो जीने की जिज्ञासा को ही शांत करता है
और न ही बुझ जाने देता है
यही भटकाव भरी खोज है, जिसका परम सौंदर्यमय पक्ष
सत्यं, शिवं और सुंदरम् भी तो वही है।

भूमिका

भारतवर्ष में अति प्राचीन काल से ही अदृश्य एवं अलौकिक शक्तियों की चर्चा होती रही है। प्राचीन वेदों और उपनिषदों में अनेक स्थानों पर अदृश्य (अलौकिक) शक्तियों का उल्लेख किया गया है। उपनिषदों में योग के अनेक अंगों का उल्लेख करते हुए उनसे प्राप्त शक्तियों का परिचय दिया गया है। प्राचीन भारत में योग की एक अत्यंत श्रेष्ठ पुस्तक ''योगवाशिष्ठ'' में ऐसी अनेक कथाएं मिलती हैं, जिनमें अति सामान्य घटनाओं और शक्तियों का विवरण दिया गया है। इनमें वशिष्ठ की कथा, लीला की कथा, इन्दु के पुत्रों की कथा, इन्द्र और अहिल्या की कथा, जादूगर की कथा, शुक्राचार्य की कथा, बलि की कथा इत्यादि विभिन्न कथाओं में भिन्न-भिन्न प्रकार की अति सामान्य शक्तियों का उल्लेख किया गया है। वशिष्ठ की कथा में मानव शरीर ग्रहण कर लेने का उल्लेख है। लीला की कथा में अनेक अति सामान्य घटनाएं दी गई हैं। कर्कटी की कथा में अणिमा सिद्धि का उल्लेख है। इन्दु पुत्रों की कथा में इच्छा और संकल्प की अलौकिक शक्तियों का उल्लेख है। इन्द्र और अहिल्या की कथा में मन की शक्ति के द्वारा शारीरिक कष्टों पर पूर्णतया विजय प्राप्त करने का वृत्तान्त है। शुक्राचार्य की कथा यह बताती है कि इच्छा मात्र से नया जीवन कैसे प्राप्त किया जा सकता है। बलि की कथा में निर्विकल्प समाधि प्राप्त करने की विधि बतलाई गई है। काकभुशुण्डि की कथा में असीम रूप-से लंबे और पूर्ण स्वस्थ जीवन की संभावना के बारे में बतलाया गया है। अर्जुन की कथा में भविष्य का अतीन्द्रिय प्रत्यक्ष दिखलाया गया है। शतरुद्र की कथा आत्मा के पुनर्जन्म में विचार और इच्छा की शक्ति दिखलाती है। शिकारी और साधु की कथा समाधि का अनुभव बतलाती है। इन्द्र की कथा लघिमा सिद्धि का उल्लेख करती है। विपरीत की कथा पुनर्जन्म का विचार और इच्छा शक्ति की जानकारी देती है। इन सब कथाओं के अतिरिक्त योगवाशिष्ठ में उपरोक्त अलौकिक शक्तियों को प्राप्त करने की विधियों की भी व्यापक चर्चा की गई है। इसमें यह बतलाया गया है कि कैसे मन को सर्वशक्तिमान बनाया जा सकता है। इसके लिए कुण्डलिनी शक्ति को जगाकर प्राण का नियंत्रण, चित्त का शुद्धीकरण और नियंत्रण तथा आध्यात्मिक प्रकृति के साक्षात्कार का उल्लेख किया गया है। योगवाशिष्ठ में रहस्यमयी कुण्डलिनी शक्ति को जगाने की प्रक्रिया को विस्तारपूर्वक बतलाया गया है।

योग मार्ग की दो धाराएं प्रमुख मानी जाती हैं, जिनमें से एक चित्तवृत्ति निरोधमूलक है तो दूसरी शारीरिक क्रिया संपादन मूलक है। इन दोनों की प्रक्रियाएं भी दो प्रकार की हैं, जिनमें पहली है केवल प्रक्रिया प्रयोग और दूसरी है मंत्राराधन संयुक्त प्रक्रिया प्रयोग। जब योग साधक केवल शारीरिक क्रियाओं द्वारा ऐंद्रिय क्रियाओं को संयत बनाने का प्रयास करता है तो वह प्रथम कोटि का प्रकार माना जाता है और जब उस क्रिया के साथ-साथ इष्ट मंत्र अथवा तत्तद् स्थानों की अधिष्ठात्री शक्तियों का जप भी करता है तो वह द्वितीय कोटि के प्रकार में आता है।

आगम तंत्रों में जो योग कहा गया है, वह केवल योग नहीं, अपितु उसमें ''मंत्र-जप विधान'' की भी प्रमुखता है। उत्तरतंत्र इस दिशा में कई प्रकार की विशिष्ट योग साधना के निर्देश करता है। इसमें दिव्य, वीर और पशुभाव का विवेचन करते हुए महाभैरवी ने साधना क्रम का जो वर्णन किया है, उसमें सर्वप्रथम ''कुल कुण्डलिनी देवी'' का

स्तवन कहा है। तदनन्तर ''ब्रह्मविद्या'' का कथन करते हुए कुण्डलिनी शक्ति को ही ''वायवी शक्ति'' कहा है और ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र, ईश्वर, सदाशिव और पराशिव, इन छः देवताओं को ''षट्शंकर'' बतलाकर स्पष्ट किया है कि ये ब्रह्ममार्गरूप ''षट्चक्रमण्डल'' में विराजमान हैं और ये षट्चक्रों के अधश्चक्रों में ''आग्नेयी कुण्डली'' की स्थिति मानकर अमृतधाराओं से उसका तर्पण करते हैं। इसी प्रसंग में वैष्णव, याज्ञिक, धार्मिक एवं योगी के लक्षण भी दिखलाए हैं। योगी के बारे में कहा गया है कि—

कालज्ञाता, विधिवेत्ता, अष्टांगयोग, अवधूत, पुण्यात्मा, उत्तम कर्मकर्ता, पवित्र, निरभिलाष, धर्मात्मा, सरस्वती का कृपापात्र, छह आधारों का भेदक, ऊर्ध्वरेता, ब्रह्मचारी, आज्ञाचक्र की ओर उन्मुख, आज्ञाचक्र में स्थित वर्णों को धारण करने वाला तथा चित्त में वर्णमाला का जाप करने वाला भावुक योगी होता है। ऐसा योगी ऊर्ध्वाधः क्रमयोग से कुण्डलिनी को चैतन्य करता है। इन्द्रियरोध, षट्चक्रों का वेध, प्राणायाम की पूरक, कुंभक और रेचकादि प्रक्रियाएं, चक्रों की अधिष्ठात्री देव-देवियां तथा चक्रों के वर्णादि का विस्तृत विवरण यहां अत्यंत महत्त्वपूर्ण है।

उत्तरतंत्र का अभिमत है कि—''अथर्ववेद से तमोगुण रूप सामवेद उत्पन्न हुआ, सामवेद से सत्त्वगुण रूप यजुर्वेद उत्पन्न हुआ तथा यजुर्वेद से रजोगुण रूप ऋग्वेद उत्पन्न हुआ।'' अतः अथर्व में ही सभी वेद, जलचर, खेचर और भूचर निवास करते हैं तथा ''महाविद्या, विद्या'' और ''कुलविद्या'' भी इसी में विराजमान हैं।

इसी अथर्ववेद-चक्र में कुण्डलिनी परदेवता स्थित है। इस रहस्यमयी कुण्डली महाशक्ति की महिमा अपार है। यह वायवी शक्ति के रूप में जब बाहर जाती है तो आयु का क्रमशः क्षरण होता है और जब प्राणायामादि के द्वारा इसे रोकते हुए आग्नेयी शक्ति के रूप में अंतर्निरोध होता है तो वह सोममण्डल सहस्रार स्थित अमृत का पान करने के लिए उन्मुख होता है। यह अमृतपान की स्थिति ही परमसिद्धि है।

प्रस्तुत पुस्तक में ''रहस्यमयी कुण्डलिनी शक्ति'' के प्रत्येक अंग का सविस्तार विवरण दिया गया है। आशा है 'मनोज पब्लिकेशन्स' की पुस्तकों के पाठक इस पुस्तक से भी अवश्य लाभान्वित होंगे तथा गुरुकृपा से प्रयास करके कुण्डलिनी शक्ति का व्यक्तिगत रूप से अनुभव कर प्रसुप्त अनंत संभावनाओं को जाग्रत करने में सफल होंगे।

सी. एम. श्रीवास्तव

3192, ब्लॉक-के/3,
शास्त्री नगर, मेरठ।

विषयानुक्रम

1. **कुण्डलिनी परिचय** 11-14

2. **कुण्डलिनी के आधार** 15-52

❑ यम अर्थात् निषेधात्मक आदेश ❑ नियम : सकारात्मक आदेश ❑ धौति क्रिया ❑ कुंजल क्रिया या गजकरणी ❑ बस्ति क्रिया ❑ नौलि क्रिया ❑ कपालभाति ❑ आसन : शरीर सिद्धि ❑ पवन मुक्तासन अथवा रॉक एण्ड रोल ❑ हलासन ❑ भुजंगासन ❑ सर्वांगासन ❑ धनुरासन ❑ उष्ट्रासन ❑ गोमुखासन ❑ पश्चिमोत्तानासन ❑ पूर्णोत्तानासन ❑ मयूरासन ❑ अर्ध मत्स्येन्द्रासन ❑ शशांकासन ❑ चातकासन ❑ उत्तानपादासन ❑ प्राणायाम : प्राणसिद्धि की विशेष क्रियाएं ❑ पूरक एवं रेचक क्रियाएं ❑ प्रत्याहार : अर्थात् लौटाना ❑ धारणा : दर्शन व ग्रहण करने की सामर्थ्य ❑ धारणा की प्राप्ति कैसे हो ? ❑ धारणा-शक्ति का अभ्यास ❑ दृष्टि-शक्ति का ज्ञान ❑ धारणा सिद्धि से आनंद की अनुभूति ❑ ध्यान अर्थात् एकरस होना ❑ समाधि : स्वरूप शून्यता का दूसरा नाम

3. **कुण्डलिनी रहस्य** 53-62

❑ बंधों का परिचय ❑ उड्डीयान बंध ❑ जालंधर बंध ❑ कुण्डलिनी जागरण में बंधों का महत्त्व ❑ यौगिक क्रिया 'मूलबंध' ❑ मूलबंध की विधि

4. **मुद्राएं और कुंडलिनी** 63-85

❑ मुद्रा चिकित्सा रहस्य एवं प्रयोग ❑ पंच तत्त्व नियंत्रक मुद्राएं कैसे बनाई जाती हैं ? ❑ ज्ञान मुद्रा ❑ वायु मुद्रा ❑ आकाश मुद्रा ❑ शून्य मुद्रा ❑ पृथ्वी मुद्रा ❑ सूर्य मुद्रा ❑ वरुण मुद्रा ❑ अपान मुद्रा ❑ प्राण मुद्रा ❑ अपानवायु मुद्रा ❑ शंख मुद्रा ❑ सहज शंख मुद्रा ❑ लिंग मुद्रा ❑ ध्यान मुद्रा ❑ मुद्रा-विज्ञान : एक नजर में ❑ योनि मुद्रा ❑ अश्विनी मुद्रा ❑ बज्रौली मुद्रा ❑ शक्तिचालिनी मुद्रा ❑ तड़ागी मुद्रा ❑ माण्डवी मुद्रा ❑ शाम्भवी मुद्रा ❑ पंचधारणा मुद्रा ❑ पाशिनी मुद्रा ❑ काकी मुद्रा ❑ मातंगिनी मुद्रा ❑ भुजंगिनी मुद्रा ❑ मुद्राओं की आकृतियां ❑ योगमुद्रा ❑ विपरीतकरणी

5. **कुण्डलिनी उपासना का मार्ग** 86-90

6. **योग साधक एवं साधना** 91-95

7. **चक्र, बीजाक्षर एवं देह-आत्मा का रहस्य** 96-102

❑ लिपि का नामकरण ❑ शिव और शक्ति ❑ शरीरस्थ स्थित चक्र का मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण ❑ शरीर की नाड़ियां ❑ देह और आत्मा का विचार ❑ सूक्ष्म देह और लिंग देह ❑ कारण देह ❑ चिन्मय देह ❑ कुण्डलिनी साधन योगचक्र

8. **मूलाधार चक्र** 103-106

9. स्वाधिष्ठान चक्र 107-110
10. मणिपूर चक्र 111-114
11. अनाहत चक्र 115-117
12. विशुद्ध चक्र 118-120
13. आज्ञा चक्र 121-124
14. सहस्त्रार चक्र 125-128
15. कुण्डलिनी जागरण का चक्र भेदन क्रम 129-137
❑ योगमार्ग द्वारा परमात्मा में स्थित होना
16. रहस्यात्मक शक्तियों का उदय 138-151
❑ कुण्डलिनी साधना से संबंधित विशेष जानकारी ❑ कुण्डलिनी का प्रशस्त मार्ग ❑ सप्तचक्रों से प्रभावित साधक ❑ चक्रों का ध्यान-पूजन ❑ सप्तवारों में सप्तचक्रों का ध्यान-पूजन ❑ कुण्डलिनी जाग्रति का स्थान और उसका प्रभाव ❑ अनुकूल स्थान ❑ निषिद्ध स्थान ❑ शिष्य/ गुरु के अनिवार्य गुण ❑ श्री गुरु उपासना ❑ श्री गुरु उपासना के प्रकार ❑ गुरु-पूजा विधान
17. शारीरिक चक्र और उनकी साधना 152-153
18. कुण्डलिनी साधना के कुछ स्त्रोत 154-157
❑ न्यासविद्या एवं मुद्राओं की महिमा
19. कुण्डलिनी मंत्र, जप-विधि और स्तोत्र 158-160
❑ विनियोग ❑ ऋष्यादिन्यास ❑ कर-हृदयादिन्यास ❑ ध्यान ❑ कुण्डलिनी-स्तोत्राष्टकम्
20. कुण्डलिनी साधना में अजपा-जप विधि की महत्ता 161-162
21. यौगिक साधना की पूर्ति 163-165
❑ पंचबालक ❑ षट्कुमार ❑ सप्तबालक ❑ महामंत्र ❑ विनियोग ❑ ऋष्यादिन्यास ❑ कर-षडंगन्यास ❑ ध्यान
22. कुण्डलिनी जागरण में श्रीविद्या का महत्त्व 166-171
❑ उद्घाटन-कवच ❑ कवच-पाठ ❑ बाह्यपूजा विधान ❑ संक्षिप्त यंत्र पूजा ❑ ध्यानम्
23. पंचामरा योग 172-173
❑ पंचतिक्त प्रयोग
24. नाभि-चक्र का जागरण 174-175
25. छठी इन्द्रिय की शक्ति 176-177
❑ कुण्डलिनी के चक्र ❑ छठी इन्द्रिय शक्ति का ज्ञान
26. शरीरस्थ मंत्राक्षर 178-184
❑ महामृत्युंजय मंत्र ❑ कुण्डलिनी चक्रों में मंत्रगत वाक्यों के अर्थ ❑ मंत्रस्वरूप, अर्थ एवं तात्पर्यार्थ ❑ मृत्युंजय मंत्र द्वारा मणिपूर चक्र भेदन ❑ रुद्राणी का ध्यान ❑ रुद्र का ध्यान
27. कुण्डलिनी के संबंध में सावधानियां 185-186
28. विशिष्ट-परिशिष्ट 187-221



नि:श्वास : एक

कुण्डलिनी परिचय

मानव का शरीर देव-मंदिर है तथा उसमें इष्टदेव का चिर निवास है, किन्तु अज्ञानवश हम उसे जानने में असमर्थ रहते हैं। इष्टदेव की अपारशक्ति को अपनी क्रिया-शक्ति के द्वारा पहचानने और उसकी सुषुप्ति को चैतन्य बनाकर आत्मकल्याण के लिए पूर्वाचार्यों ने अनेक मार्ग खोज निकाले हैं जिनमें एक मार्ग है, ''कुण्डलिनी शक्ति की साधना।''



कुण्डलिनी शक्ति का निवास ''मूलाधार चक्र'' में बताया गया है। यह मूलाधार चक्र रीढ़ की हड्डी के सबसे निचले छोर में है, जिसे आधुनिक शरीर विज्ञान में ''गुदास्थि'' कहा जाता है। तंत्र-ग्रंथों में इसका जो उल्लेख मिलता है, उसमें कहा गया है कि यहां स्वयंभूलिंग है, जहां साढ़े तीन कुण्डल मारकर कुण्डलिनी शक्ति सोयी पड़ी है। उसका सिर स्वयंभूलिंग के सिर पर है और वह अपनी पूंछ को अपने मुख में डाले हुए है। हठयोग प्रदीपिका में कहा गया है कि इस शक्ति का निवास ''योनिस्थान'' में है। कुछ अन्य का मत है कि यह त्रिकास्थि और गुदास्थि के मध्य के त्रिकोण में निवास करती है।

कुण्डलिनी के निवास स्थान के बारे में एक सर्वमान्य और निश्चित मत यह है कि यह मूलाधार चक्र में आसीन है। प्रत्येक व्यक्ति का शरीर उसके अपने अंगुल से 96 अंगुल होता है। मूलाधार चक्र इस शरीर-यष्टि के मध्य में अर्थात् 48वें अंगुल पर है। योगी या साधक जब इस शक्ति को जगा देता है तब कुण्डल खुल जाते हैं। बंधन कटने लगते हैं और ऊर्ध्वगति आरंभ हो जाती है।

ऋग्वेद में इस शक्ति को ''वाक्'' कहा गया है। ऋग्वेद के एक मंत्र में इस शक्ति ने अपना परिचय देते हुए कहा है, ''मैं रुद्रों, वसुओं और आदित्यों के साथ विहार करती हूं। वरुण, मित्र, इंद्र, अग्नि आदि को मैं ही उठाए हुए हूं।''

कुण्डलिनी शक्ति को कुल कुण्डलिनी, भुजंगिनी, सर्पिणी, प्रचण्डशक्ति, मूलाधार निवासिनी, वलयाकार सर्पिणी, विद्युत, अग्निमय, मुक्तशक्ति, महादेवी, सप्तचक्र भेदिनी, विश्वशक्ति, विद्युत प्रवाह रूपिणी, सर्व सौंदर्य शालिनी, सर्व सुख दायिनी, कुण्डले, अपराजिता, विषतंतुस्वरूपा, मूलविद्या, कुटिलरूपिणी, नव शक्ति समन्विता, शक्ति चालिता, अधोमुख सर्पिणी, कुण्डलिनी आदि नामों से संबोधित किया गया है। तंत्र में इसे ''वागेश्वरी'' कहा गया है, ''स्वर की उत्स, हे कुण्डलिनी तुम्हीं हो; (पंचाष्टवी)।'' ऋग्वेद में यह वाग्देवी स्वयं घोषित करती है, ''मैं जिसे चाहती हूं उसे महान शक्तिशाली, संत, ऋषि और ब्रह्म बना देती हूं।''

अपना परिचय देते हुए वैदिक मंत्र में वाग्देवी (कुण्डली) ने आगे कहा है, ''ईश्वर या पिता शीर्षस्थ हैं जिन तक मेरी पहुंच है और मेरा निवास समुद्र में है।''

इस प्रकार योग, तंत्र, पुराणों आदि में जिस कुण्डलिनी का उल्लेख है, उसकी वास्तविकता और महत्त्व को भारतीय ऋषियों ने सृष्टि के आदि काल से स्वीकार किया।

''मिस्टीरियस कुण्डलिनी'' की भूमिका में सर जान वुडरफ ने लिखा है कि यह ''महाशक्ति'' है। जब यह जाग जाती है, तब इसकी ऊर्ध्वगति आरंभ हो जाती है और एक तत्त्व को दूसरे तत्त्व में लीन करती हुई यह परम शिव से जा मिलती है। षट्चक्र निरूपण में कहा गया है—

मेरोर्बाह्य प्रदेशे शशिमिहिर शिरे सव्यदक्षे निषण्णे
मध्ये नाड़ी सुषुम्ना त्रितयगुणमयी चन्द्रसूर्याग्निरूपा।

मेरु की दाहिनी ओर सूर्य नाड़ी और बायीं ओर चन्द्र नाड़ी है। मध्य में सुषुम्ना है जो सूर्य, चन्द्र और अग्नि रूपा है।

योग में सूर्य नाड़ी को इड़ा और चन्द्र नाड़ी को पिंगला कहा गया है। ''मिस्टीरियस कुण्डलिनी'' के अंग्रेज लेखक डॉक्टर रेले ने योग में वर्णित षट्चक्रों—मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपूर, अनाहत, विशुद्ध और आज्ञा चक्र—का स्थान आधुनिक शरीर विज्ञान की दृष्टि से इस प्रकार निश्चित किया है—श्रोणि जालिका, अधोजठर जालिका, सौर जालिका, हृदीय जालिका, ग्रसनी जालिका और नासारोमक जालिका।

योगियों के अनुसार सुषुम्ना गुदास्थि की त्रिकोणीय पीठ पर टिकी है। योगशास्त्रों में इसी स्थल को ''ब्रह्माण्ड'' का द्वार बताया है। गुदास्थि और त्रिकास्थि के सामने की मूलाधार शिरा और उसके ऊपर की पेशी का आकार अंडे जैसा है, जिसे ''कंड'' कहते हैं। इसी कंड के केन्द्र में कुण्डलिनी शक्ति सोयी पड़ी है।

योग में जिन छह चक्रों का उल्लेख है, वे भी सुषुम्ना नाड़ी में स्थित हैं।

योगशास्त्रों में सिर के ऊर्ध्व भाग में चंद्रमा का स्थान है, जिसे 'सहस्रार' कहा गया है। चंद्रमा से अमृत टपकता रहता है। यह अमृत शरीर में शक्ति के रूप में रहता है। नाभि-मंडल में सूर्य का निवास है। सूर्य और चंद्र दोनों अधोमुखी हैं। सूर्य इस अमृतमयी शक्ति को जलाता और नष्ट करता रहता है। योगदर्शन सूत्र और वाचस्पति भाष्य में कहा गया है, ''सूर्यद्वारे सुषुम्नायाम् नाड्यां।''

अन्तरिक्षगतो वह्निर्वैद्युतः स्वान्तरात्मकः
नभस्थ सूर्यरूपोऽग्निर्नाभिमण्डल आश्रितः
विषं वर्षति सूर्योऽसौ स्त्रवत्यमृतमुन्मुखः
तालुमूले स्थितश्चन्द्रः सुधावर्षत्यधोमुखः।

आकाश में चमकने वाली विद्युत (बिजली) के समान इस शरीर के अंदर भी एक अग्नि है। आकाश में स्थित सूर्य के समान ही नाभि-मण्डल में एक सूर्य है। यह सूर्य विष टपकाता रहता है। लेकिन, जब उसे ऊर्ध्वमुखी कर दिया जाता है, तब इससे अमृत झरता है। तालुमूल में चंद्र स्थित है, जो अधोमुखी है और जिससे हमेशा अमृत बरसता रहता है।

जो प्राणधारा अधोमुखी होकर क्षीण होती रहती है, कुण्डलिनी के जागते ही अधोमुखी सूर्य ऊर्ध्वमुखी हो जाने से अमृत की वर्षा होने लगती है। इसके बाद कुण्डलिनी की भी ऊर्ध्वगति आरंभ हो जाती है। सुषुम्ना नाड़ी से होकर यह शक्ति सहस्त्रार की ओर बढ़ने लगती है। सुषुम्ना का वर्णन इस प्रकार किया गया है—

सुषुम्ना जननी मुख्या पंकज तन्तुवत्
सुषुम्ना मध्यदेशे तु वज्राख्या नाड़ी वैशुभा
तत्र सूक्ष्मा हि चित्रिणी तत् श्रीकुण्डली गतिः
तथा संग्राह्य तं नाड्या षट्पद्म सुमनोहरम्।

जननी सुषुम्ना कमल नाल जैसी है। उसकी भीतरी नाड़ी को वज्रा कहा जाता है। इसके भीतर चित्रिणी नाड़ी है, जिससे कुण्डलिनी शक्ति संचरित होती है। इसी चित्रिणी में षट्चक्र है।

कुण्डलिनी शक्ति जब ऊर्ध्वगामी होती है, तब ये चक्र खुलने लगते हैं। योग में इसे ही ''चक्र वेध'' कहा गया है।

कुण्डलिनी शक्ति को जाग्रत करने के लिए भारतीय ऋषियों ने कई उपाय बताए हैं। जैसे—हठयोग, राजयोग, मंत्रयोग, भक्तियोग, कर्मयोग, ज्ञानयोग, लययोग एवं सिद्धियोग आदि। कुण्डलिनी न जागने और प्रकृति तथा पुरुष अथवा शक्ति और शिव का संयोग न होने तक जन्म और मृत्यु का चक्र चलता रहता है। जब यह योग हो जाता है, तब अमरत्व या मोक्ष की प्राप्ति होती है।

पुराणों में एक कथा है—शिव के गले में मुंडों की माला देखकर शिवा ने पूछा कि ये मुंड किसके हैं और इन्हें आप क्यों धारण किए हुए हैं? शिव ने उत्तर दिया, पार्वती तुम कई बार जन्मी और मृत्यु को प्राप्त हुईं। ये मुंड तुम्हारे ही हैं और सूचित करते हैं कि तुम्हारे कितने जन्म हुए। शिवा ने यह सुनकर अमरत्व की इच्छा प्रकट की और शिव ने उन्हें मंत्र दिया।

गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन से यही कहा है कि हे अर्जुन, तुम्हारे अनेक जन्म हुए, तुम यद्यपि मेरे ही अंश हो तथापि तुम इस ज्ञान को भूल गए हो। तुम्हें यह याद नहीं। मैं अब तुम्हें यह ज्ञान देता हूं।

शिव और शक्ति का मिलन और फिर उनका कभी वियोग न होना ही अमरत्व है। वेदों ने इसे स्वीकार करते हुए कहा है, ''उसको जानकर ही मृत्यु को पार किया जा सकता है, इसका और कोई उपाय नहीं।''

चतुर्विधा सा संदिष्टा क्रियावत्यादि भेदतः
क्रियावती वर्णमयी कलात्मा वेधमय्यपि॥

अर्थात् क्रिया भेद से कुण्डलिनी निम्न चार प्रकार से प्रकट होती है—

- ❑ क्रियावती
- ❑ वर्णमयी

- ❑ कलात्मा
- ❑ वेधमयी

''सूक्ष्मां सूक्ष्मतरा शक्तिं, भित्वां षट्चक्रमान्जसा।
गच्छन्ति मध्यमार्गेण दिव्यां पर शिवावधिम्॥

जाग्रत कुण्डलिनी शक्ति सुषुम्ना मार्ग से षट्चक्रों को वेधती हुई शिव से जा मिलती है। शंकराचार्य ने ''आनंद लहरी'' में इसका वर्णन यों किया है—

महीं मूलाधारे कमपि मणिपूरे हुतवहम्
स्थितं स्वाधिष्ठाने हृदिमरुतमाकाशमुपरि
मनोऽपिभ्रूमध्ये सकलमपि भित्वाकुलपथम्
सहस्त्रारे पद्मे सह रहसि पत्या विहरसि।

कुण्डलिनी शक्ति मूलाधार चक्र से उठकर मणिपूर चक्र से होती हुई हृदयाकाश और भ्रूमध्य (आज्ञा चक्र) को पार करती हुई सहस्त्रार में अपने पति शिव के साथ विहार करती है।

❑❑

नि:श्वास : दो

कुण्डलिनी के आधार

''कुण्डलिनी'' एक ऐसी शक्ति है, जिसका अनुभव तो किया जा सकता है, किन्तु उसे प्रत्यक्ष देखा नहीं जा सकता। यह शक्ति हमारे अपने शरीर में सोयी हुई अवस्था में विद्यमान है तथा जिसकी शक्ति का अनुभव करने के लिए, उसे जाग्रत करना होता है। कुण्डलिनी प्रकृति की सर्वोपरि ऊर्जा शक्ति है। यह शक्ति सुप्तावस्था में मूलाधार चक्र की जड़ में स्वयंभूलिंग के साढ़े तीन चक्कर लगाकर, नीचे की ओर मुख करके और अपनी पूंछ अपने मुख में धारण किए हुए स्थित है। यह शक्ति सुप्तावस्था में भी अपना कुछ कार्य तो अवश्य ही करती रहती है, क्योंकि यह ऊर्जा-शक्ति है जो शरीर को चलायमान रखती है। इस ऊर्जा-शक्ति को ही ''कुण्डलिनी शक्ति'' के रूप में जाना जाता है।

कुण्डलिनी शक्ति निरंतर ध्यान, एवं साधना करने, देवकृपा और गुरु द्वारा शक्तिपात करने से भी जाग्रत होती है। कितने ही प्राचीन ऋषियों (साधकों) ने साधना के मार्ग पर विधिवत् चलकर, प्राणों को शुद्ध और एकाग्र करके, दृढ़ संकल्प द्वारा रीढ़ की हड्डी के सबसे निचले भाग में, मूलाधार चक्र के जड़ में ध्यान को ले जाकर, दृढ़ मूलबंध-साधन की क्रिया करते हुए कुण्डलिनी शक्ति को जाग्रत किया है।

कुण्डलिनी शक्ति को जगाने का शक्तिपात भी एक अत्यंत चमत्कारी मार्ग है जो केवल योग्य गुरु के द्वारा ही संभव है (स्वामी विवेकानंद को स्वामी परमहंसजी ने अपना पग स्पर्श करके शक्तिपात का अनुभव कराया था। इसी शक्तिपात द्वारा स्वामी विवेकानंद की कुण्डलिनी जाग्रत हुई थी)। यह शक्तिपात ब्रह्मविद्या के पारंगत गुरुजनों के द्वारा ही हो सकता है। कुण्डलिनी जागरण के कारण ही स्वामी विवेकानंद में एक अनोखी प्रतिभा, ओज, तेज का प्रादुर्भाव हुआ और उससे संसार भर के लोग प्रभावित हुए।

उपरोक्त उदाहरण से यह स्पष्ट हो जाता है कि शक्तिपात के द्वारा साधक की महान ऊर्जा-शक्ति को जगाया जा सकता है। शक्तिपात के द्वारा कुण्डलिनी जागरण का यह विचित्र और प्रशस्त मार्ग है।

योगशास्त्र की समस्त प्रक्रियाओं को योग्य सद्गुरुओं से ठीक-ठीक समझकर, विधिवत् साधना और अभ्यास करने से भी कुण्डलिनी शक्ति को जाग्रत किया जा सकता है। इस शास्त्रोक्त विधि से कुण्डलिनी साधना करने वाले साधकों की संख्या कुछ अधिक ही है। ऐसे अनेक गुरुजन समय-समय पर प्रकाश में आते रहे हैं, जिन्होंने अपने मार्गदर्शन (निर्देशन) में असंख्य साधकों को कुण्डलिनी शक्ति के जागरण का ज्ञान प्रदान किया। महर्षि वशिष्ठ ने अत्यधिक विस्तार से यह विद्या श्री लक्ष्मणजी को सिखाई थी।

योगवाशिष्ठ में कुण्डलिनी शक्ति के बारे में विस्तारपूर्वक वर्णन प्रस्तुत है। योगी के शरीर में कुण्डलिनी शक्ति चक्राकार रूप में चलती है। वक्र गति से चलने के कारण इसकी गति कई गुणा बढ़ जाती है। इसकी गति बहुत तीव्र है तथा यह 3 लाख 45 हजार मील प्रति सेकंड की गति से चलती है अर्थात् इसकी गति प्रकाश की गति से भी बहुत अधिक है। कुण्डलिनी शक्ति आणविक शक्ति से भी अधिक शक्तिशाली है। इसके जागरण से परमाणु शक्ति की भांति महान ऊर्जा-शक्ति का प्राकट्य होता है।

जिस प्रकार परमाणु शक्ति को विध्वंस कार्यों में प्रयोग न करके लोक कल्याण के कार्यों में लगा देने से अनगिनत लाभ प्राप्त किए जा सकते हैं, उसी प्रकार कुण्डलिनी शक्ति को लोक कल्याण, समाज कल्याण के निमित्त प्रयोग किया जाए, तो बड़े-बड़े असाध्य कार्य सरलता से किए जा सकते हैं।

कुण्डलिनी शक्ति के जागरण का मार्ग अत्यंत दुष्कर है, किन्तु यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि का अवलंबन लेकर इस दुष्कर मार्ग पर अग्रसर होकर सफलता प्राप्त की जा सकती है।

यम अर्थात् निषेधात्मक आदेश

योग की साधना के लिए सबसे पहले शरीर की साधना आवश्यक है। रोगी व्यक्ति योग नहीं कर सकता। योग के लिए नीरोग शरीर आवश्यक है। अस्तु, योगशास्त्र के आचार्यों ने सबसे पहले यम का आदेश दिया है। यम का योग सूत्र से पूर्व उपनिषदों में भी उल्लेख किया गया था। यम निषेधात्मक आदेश हैं। उपनिषदों में आध्यात्मिक साधना के लिए यमों का पालन आवश्यक माना गया है। योगी के विषय में बतलाते हुए श्रीकृष्ण ने लिखा है, ''जो मनुष्य आहार-विहार से युक्त है, श्रम करने से युक्त है, सोने और जागने से युक्त है, उसके दु:खों का नाश हो जाता है।''

अष्टांग योग का प्रथम अंग ''यम'' है। इनकी संख्या के विषय में योगाचार्यों के विभिन्न मत हैं। कोई बारह प्रकार के यम मानते हैं तो कोई दस प्रकार के। महर्षि कपिल ने यमों की संख्या केवल पांच मानी है। बारह यम मानने वाले आचार्य के अनुसार—

अहिंसा सत्यमस्तेयमसंगो हीरसंचय।
आस्तिक्यं ब्रह्मचर्यं च मौनं स्थैर्यक्षमाऽभयम्॥

(भाग. 33/20/23)

अर्थात् अहिंसा, सत्य, अस्तेय, असंग, लज्जा, संग्रह न करना, आस्तिकता, ब्रह्मचर्य, मौन, स्थैर्य, क्षमा और अभय। जो विद्वान दस प्रकार से यम मानते हैं, उनके अनुसार भेद यह हैं—

अहिंसा सत्यमस्तेयं ब्रह्मचर्य क्षमा धृतिः।
दयाऽऽर्जवं मिताहारः शौचं चैव यमा दश॥

अर्थात् अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, क्षमा, धृति, दया, आर्जव, मिताहार और शौच; यह दस प्रकार के यम हैं।

महर्षि पंतजलि के अनुसार, *''अहिंसासत्यास्तेय ब्रह्मचर्या परिग्रहा यमाः''*, अर्थात् अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह; ये पांच यम हैं।

उपरोक्त तीनों मतों में अहिंसा, सत्य, अस्तेय और ब्रह्मचर्य—ये समान रूप-से हैं, इसलिए सर्वप्रथम इन पर ही प्रकाश डालेंगे।

अहिंसा—मन, वाणी और शरीर से कभी प्राणी को संतप्त न करना ''अहिंसा'' है।

मानसिक अहिंसा—मन को हिंसा में प्रवृत्त न होने देना मानसिक अहिंसा कही जाएगी। शास्त्रकारों ने वैरागी, संन्यासी और योगी के लिए यह आचरण निर्धारित किया है कि वह किसी के द्वारा अपमानित होने पर भी उसके अपकार का विचार न करे।

वाचिक अहिंसा—कठोर वाणी हथियार से भी गहरा घाव करती है। हथियार से चाहे किसी मर्म स्थान का छेदन हो या न हो, किन्तु वाणी तो हृदय को छेद ही डालती है। इसलिए योग साधक को कटु शब्द न बोलने का निर्देश शास्त्रों में मिलता है और यही ''वाचिक अहिंसा'' है।

शारीरिक अहिंसा—शरीर से किसी प्रकार की हिंसा न हो, उसे ''शारीरिक अहिंसा'' कहते हैं। किन्तु यह तभी संभव है, जबकि मानसिक और वाचिक अहिंसा का अभ्यास दृढ़ हो जाए।

सों शरीर का काज कों, हने जु औरु सरीर।
परसेवा हित जो रहै, यन्न-यन्न सो वीर॥

भावार्थ यह है कि दूसरों को शारीरिक रूप-से क्षति पहुंचाने वाले मनुष्य का शरीर भी व्यर्थ है, क्योंकि दूसरों की सेवा में हिंसा नहीं रहती। इसलिए साधक को सदा परहित चिंतन में लगा रहना चाहिए, जिससे कि शारीरिक हिंसा के लिए विचार ही उत्पन्न न हो सके।

सत्य—यम का दूसरा भेद सत्य है। मन, वाणी और कर्म तीनों में समान रूप-से यथार्थ का व्यवहार करना ही ''सत्य'' कहलाता है।

मानसिक सत्य—मन को असत्य से हटाकर यथार्थ कर्म करने का निर्णय लेना ही ''मानसिक सत्य'' है।

वाचिक सत्य—सत्य बोलना श्रेयस्कर है, किन्तु सत्य भी हितकर ही बोलना चाहिए। जिस सत्य में जीवों का अहित निहित हो, उस सत्य को भी न बोलें। सत्य भाषण में अनेक सिद्धियां समाविष्ट हैं। महाभारत का प्रसंग है कि युधिष्ठिर की सत्यसिद्धि के प्रभाववश उनके रथचक्र धरती का स्पर्श न करके कुछ उठे हुए रहते थे। किन्तु उनके मुख से, ''अश्वत्थामा हत: नरा वा कुंजरो वा'', अर्थात् अश्वत्थामा मारा गया, पता नहीं वह मनुष्य था या हाथी निकलते ही वह रथचक्र धरती पर जम कर चलने लगे, क्योंकि युधिष्ठिर का उक्त वचन सत्य नहीं था। वे जानते थे कि जो अश्वत्थामा मारा गया, वह मनुष्य नहीं बल्कि हाथी था। इसका प्रभाव द्रोणाचार्य के लिए कष्टदायक हुआ, इसलिए युधिष्ठिर की वाणी की सत्य की प्रतिष्ठा नष्ट हो गई। इससे सिद्ध हुआ कि *''सत्यादपि हितं वदेत्''* में वाचिक सत्य की पूर्ण सार्थकता है और साधकों को इसी के अनुसार आचरण करना चाहिए।

नागरिक सत्य—मन से सोचा हुआ सत्य वाणी या शरीर से क्रियान्वित हो सकता है। यदि मन से सत्य को स्वीकार करते हुए भयवाणी से असत्य बोलने लगें अथवा शरीर से असत्य का आचरण करने लगें तो सत्य मन से स्वीकार करना भी व्यर्थ ही होगा। इसलिए शास्त्र ने स्पष्ट रूप-से *''मनस्येकं वचस्येकं कर्मण्येकं महात्मनाम्''* कहकर मन, वचन, कर्म की एकता का होना ही प्रशस्त माना है।

कुछ विद्वान धर्म को सत्य मानते हैं तो कुछ कर्तव्य को, किन्हीं के मत में कर्तव्य और धर्म भी सत्य के ही पर्याय हैं। साधारण व्यक्ति भी सत्य की महत्ता और सत्ता को स्वीकार करने में आनाकानी नहीं करता। लोकोक्ति प्रसिद्ध है कि ''धरती सत्य पर ही टिकी हुई है।'' ऐसी मान्यता होने के कारण ही विवेकी पुरुष असत्य से डरते हैं। इसलिए नीति का यह वचन व्यावहारिक सिद्ध होता है कि *''न्यायात् पथ: प्रविचलन्ति पदं न धीरा: ''* अर्थात् न्याय से सिद्ध हुए मार्ग से हटकर तो धीर पुरुष अपने पांव भी नहीं रखता। वह न्याय से सिद्ध मार्ग सत्य आचरण ही है। उस आचरण से हटने वाला योगाभ्यासी भ्रष्ट हो जाता है और उसे कभी किसी सिद्धि की प्राप्ति नहीं होती। ऋषियों का मत है कि असत्य बोलकर धन तो प्राप्त किया जा सकता है, किन्तु जीवन का लक्ष्य कभी प्राप्त नहीं किया जा सकता।

मुमुक्षु साधकों और योगियों को अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सत्य का अन्वेषण करना चाहिए। जो असत्य है, वह कभी सत्य नहीं हो सकता। इसलिए सत्य के भ्रम में असत्य को ग्रहण करना कदापि श्रेयस्कर सिद्ध नहीं हो सकता।

अस्तेय—जिस पदार्थ पर अपना अधिकार नहीं, उसका त्याग करना ही ''अस्तेय'' है। किसी प्रकार से भी पराया धन, स्त्री, भूमि आदि को हड़प लेना आदि स्तेय के अंतर्गत आते हैं। जाबालदर्शनोपनिषद् में इसके लक्षणों पर इस प्रकार प्रकाश डाला गया है—

अन्यदीये तृणेरत्ने कांचने मौक्तिकेऽपि च।
मनसा विनिवृत्तायां तदस्तेयं विदुर्बुधाः॥
आत्मन्यनात्मभावेन व्यवहार विवर्जितम्।
यत्तदस्तेयमित्युक्तं आत्मविद्भिर्महामते॥

अर्थात् पराए धन, रत्न, मणि, मुक्ता, स्वर्णादि किसी भी छोटी-बड़ी वस्तु पर मन न चलाने रूप अचौर्य को ही विद्वान पुरुष अस्तेय कहते हैं अथवा संसार के सभी व्यवहारों में अनात्म बुद्धि रखते हुए उन्हें आत्मा से भिन्न समझना भी ज्ञानी और महान मति वालों के अनुसार अस्तेय ही है।

मानसिक अस्तेय—दूसरे की वस्तु को अनधिकृत रूप-से लेने का विचार मात्र ही स्तेय है, जिससे बचना ही मानसिक अस्तेय में सहायक सिद्ध हो सकता है।

वाचिक अस्तेय—किसी के द्वारा चोरी, डाका, उठाईगिरी या अन्याय प्रकार से पराया धन हड़पने की योजना में वाणी से सहमति प्रकट करना या उसे उत्साहित करना ''वाचिक अस्तेय'' है।

कायिक अस्तेय—शरीर को किसी ऐसे कार्य में लगाना, जिसमें पराई वस्तु की प्राप्ति निहित हो, ''कायिक अस्तेय'' कहलाता है।

अपरिग्रह—अपरिग्रह से तात्पर्य धन का संग्रह न करना है। धन का संग्रह न करने का अर्थ केवल आवश्यकतानुसार ही वस्तुएं रखना भी है। अनावश्यक वस्तुएं जुटाना परिग्रह है जो उचित नहीं है। अपरिग्रह का एक अन्य अर्थ केवल न्यास से प्राप्त धन को ही लेने के अर्थ में लिया गया है। इसी को गौतम बुद्ध ने सम्यक् आजीव नाम से उपस्थित किया है।

ब्रह्मचर्य—ब्रह्मचर्य से तात्पर्य ब्रह्म के अनुसार चर्या है। उसमें केवल संतानोत्पत्ति के हेतु ही संभोग को उचित माना गया है। ब्रह्मचर्य आश्रम में रहने वाले युवक-युवती के लिए सब प्रकार के भोग-विलास का निषेध है।

ब्रह्मचर्य का पालन शारीरिक, नैतिक और आध्यात्मिक दृष्टि से भी बहुत आवश्यक है। शारीरिक दृष्टि से इसलिए कि इसके द्वारा वीर्य की रक्षा होने से बल का ह्रास नहीं हो पाता।

मानसिक ब्रह्मचर्य—मन के द्वारा ब्रह्मचर्य के विपरीत बातों को सोचना, जिसमें किसी नारी का चिंतन करना या उससे संबंधित घटनाओं को याद करना आदि सम्मिलित हैं। इस प्रकार के चिंतन या स्मरण का त्याग करने से ही ब्रह्मचर्य-व्रत की रक्षा हो सकती है। अन्यथा मन में जमा हुआ विकार मनुष्य के पतन का कारण बन जाता है। इस विषय में मनु का कथन इस प्रकार है—

मात्रा स्वस्त्रा दुहित्रा वा न विविक्तासनो भवेत्।
बलवानिनिन्द्रयग्रामो विद्वान्समपि कर्षसि॥

अर्थात् माता, बहन और पुत्री के साथ भी एक आसन पर नहीं बैठना चाहिए, क्योंकि इन्द्रिय-समूह इतना बलवान है कि विद्वान पुरुषों को भी खींच लेता है।

इसलिए मन को पवित्र रखना चाहिए, तभी मानसिक ब्रह्मचर्य अक्षुण्ण रह सकता है।

वाचिक ब्रह्मचर्य—वाणी को ब्रह्मचर्य के अनुरूप प्रयोग में लाना ''वाचिक ब्रह्मचर्य'' है। इसका तात्पर्य यह है कि स्त्रियों से संबंधित चर्चा नहीं करनी चाहिए। उनसे आमोद-प्रमोद, रहन-सहन, हाव-भाव, रूप-लावण्य आदि का वर्णन करने या सुनने से कामोत्तेजना बढ़ती है और ब्रह्मचर्य का खण्डन होता है। इसलिए अनुभवी महर्षियों ने इसका सर्वथा निषेध किया है।

कायिक ब्रह्मचर्य—ब्रह्मचर्य-व्रत के पालन की निर्भरता बहुत कुछ शरीर पर भी है। मन या वाणी से किसी प्रकार की भूल या उच्छृंखलता हो जाने पर भी शरीर को उसमें प्रवृत्त न करने से ब्रह्मचर्य की रक्षा हो सकती है।

इसलिए विज्ञजन इसका एक भेद कायिक अथवा शारीरिक भी मानते हैं। प्राचीन ऋषियों ने ब्रह्मचर्य-रक्षा पर कम विचार नहीं किया है। उनके अनुभवों का निचोड़ श्रुति-स्मृतियों में भरा पड़ा है। जो लोग उनके उपदेशों के अनुसार आचरण करते हैं, वे ही उसका पूरा लाभ उठा सकते हैं।

स्मरणं कीर्तनं केलिः प्रेक्षणं गुह्यभाषणम्।
संकल्पकेध्यवसायश्च किगानिर्वृत्तिरेव च॥
एतन्मैथुनमष्टांगं प्रवदन्ति मनीषिणः।
विपरीतं ब्रह्मचर्यमेतदेवाष्ट लक्षणम्॥

स्मरण, कीर्तन, केलि, दर्शन, गुह्यभाषण, संकल्प, अध्यवसाय और समागम—यह आठ अंग मैथुन के ऋषियों ने कहे हैं। इन आठों के विपरीत लक्षण हों, तब उसे ब्रह्मचर्य कह सकते हैं।

संग-रहितता—योगी और संन्यासी का किसी के संग (साथ) नहीं हो पाता। इससे व्यवधान ही उत्पन्न होता है। संभव है, संग में जो व्यक्ति है, उसी से किसी प्रकार का मनमुटाव हो जाए और उसके कारण घर से विरक्त हुआ साधक दूसरों के राग-द्वेष में जकड़ा जाकर कहीं का भी न रहे। इसलिए मनीषी पुरुष संन्यासी (योगी) को संग-रहित रहने का निर्देश देते हैं।

लज्जा—भागवत में लज्जा भी एक आवश्यक गुण माना गया है। जिसमें लज्जा नहीं, वो अपने द्वारा की जाने वाली भूलों पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता नहीं समझता, जिसका परिणाम होता है, भूलों की पुनरावृत्ति, जिसके कारण साधना की सफलता संदेहास्पद रहती है और यदि किसी प्रकार की सिद्धि मिलती भी है, तो बहुत विलंब से।

असंग्रह—योगी व्यक्ति को किसी भी वस्तु का संग्रह नहीं करना चाहिए, क्योंकि संग्रह से लोभ की प्राप्ति होती है। एक लोभी साधक कुण्डलिनी जाग्रत करने में सक्षम नहीं हो सकता।

आस्तिकता—आस्तिकता का अर्थ है, ''ईश्वर में विश्वास।'' यदि ईश्वर में विश्वास नहीं है तो कोई भी साधना-उपासना-तपस्या सफलीभूत नहीं हो सकती। इसलिए भागवताकार ने विश्वास को साधना का एक आवश्यक अंग मानकर यमों के अंतर्गत कहा है।

स्थिरता—कुण्डलिनी साधक को अपनी साधना में लीन रहना चाहिए। चित्त के इधर-उधर चलायमान रहने से सफलता नहीं मिलती तथा ध्यान की एकाग्रता भी समाप्त हो जाती है।

क्षमा भाव—दस प्रकार के यमों को मानने वाले ऋषियों ने भी क्षमा की गणना यमों में की है। क्षमा एक ऐसा गुण है जो श्रेष्ठ मनुष्यों में आवश्यक है। क्षमा के बिना क्रोध पर नियंत्रण नहीं हो सकता।

अभय—भयभीत रहने से साधना में व्यवधान पड़ता है। अतः ऋषियों ने अभय को भी यमों के अंतर्गत रखकर उसकी आवश्यकता स्वीकार की है।

धृति—धृति का अर्थ है ''धीरज रखना'' अथवा एक प्रकार की ऐसी धारणा जिसमें अपने द्वारा की जाने वाली उपासना के अनुकूल दृढ़ निश्चय निहित हो। योगाचार्यों ने धृति का विवेचन करते हुए कहा है कि धृति उसे कहते हैं, जिसके प्रभाव से धन के नष्ट होने या अपने परम मित्र, प्रिय पुत्र, पत्नी, बांधवादि का वियोग हो जाने पर भी चित्त में किसी प्रकार की व्याकुलता न हो।

दया—दूसरों के दु:खों से प्रभावित होकर, उनके दु:ख दूर करने की इच्छा करना ही ''दया'' है।

आर्जव—चित्त की वृत्तियों का प्रवृत्ति में समान रहना ''आर्जव'' है। इसमें साधक को प्रपंच और परमार्थ दोनों के प्रति एक भाव रखना चाहिए।

मिताहार—अल्प मात्रा में सात्त्विक अन्न का आहार करना, जिसमें उदर के आधे भाग को अन्न से, चौथाई

भाग को खाली रखना ही ''मिताहार'' है।

नोट—''अपरिग्रह'' के बारे में हम ''ब्रह्मचर्य'' से पहले ही बता चुके हैं।

नियम : सकारात्मक आदेश

अष्टांग योग का द्वितीय अंग ''नियम'' है। अत: यमों के पश्चात् नियमों का उल्लेख किया जा रहा है। यमों के समान नियमों का पालन भी आवश्यक है। पंतजलि के अनुसार नियम निम्नलिखित हैं—

शौच—शौच से तात्पर्य शरीर के अंदर और बाहर की स्वच्छता है। इसमें शरीर को सब प्रकार से पवित्र रखने की आवश्यकता है। इसके लिए योगशास्त्र में षट्कर्मों का विधान है। नेती, कुंजल, बस्ति, नौलि और त्राटक जैसी योग क्रियाएं इस श्रेणी में आती हैं। साधकों के लिए यहां संक्षेप में इनकी जानकारी दी जा रही है।

नेती

मुख्य रूप से यह दो प्रकार की होती है—सूत्रनेती एवं जलनेती।

सूत्रनेती—आजकल मोम के सिरों वाली सूत्रनेती और रबड़ की नेती योगाश्रमों में सरलता से मिल जाती है। इसे नाक में डालकर तथा गले से निकालकर नासिका-मार्ग को स्वच्छ किया जाता है। इसे किसी योग-साधक से सीखना आवश्यक है। एक बार सीखने के बाद आप हाथ-मुंह धोने के पश्चात् अपने घर पर ही इस क्रिया को कर सकते हैं।



सूत्रनेती

जलनेती

जलनेती—इसके लिए नली वाले लोटे का उपयोग किया जाता है। लोटे में हल्का गरम पानी भरें, उसमें बहुत मामूली-सा नमक मिलाएं। नाक के जिस नथुने से सांस चल रही हो उसे ऊपर कर लें। अब उसमें लोटे की टोंटी लगा दें। मुंह को खुला रखें ताकि सांस मुंह से ले सकें। सांस नाक से न लें—इसका ध्यान रखना आवश्यक है। अब नासिका के एक छिद्र से पानी को अंदर ले जाएं और दूसरे से निकालें। इसके बाद दूसरे छिद्र से पानी अंदर लेकर पहले वाले से बाहर निकालें।

नेती के बाद आगे झुककर दोनों नथुने से जोर-जोर से सांस बाहर निकालना चाहिए ताकि नाक में पानी न रह जाए।

लाभ—नेती के अभ्यास से आंख, नाक, गले के रोग दूर होते हैं। इससे मस्तिष्क पर भी अच्छा प्रभाव पड़ता है। मन शांत होता है।

धौति क्रिया

तीन इंच चौड़े और सात मीटर लंबे मलमल के कपड़े को नमक वाले पानी में भिगोकर मुंह द्वारा धीरे-धीरे अंदर निगल जाना और फिर उसे बाहर निकालना धौति क्रिया कहलाता है। पैरों के बल बैठ कर इस क्रिया को करें।



धौति क्रिया

लाभ—पेट-संबंधी रोगों में लाभ, खांसी, दमा, सरदर्द, प्लीहा, ज्वर आदि रोगों में आराम मिलता है। गैस का रोग ठीक हो जाता है। साधक स्वस्थ तथा बलवान बनता है। भूख अच्छी लगती है।

कुंजल क्रिया या गजकरणी

फर्श पर उकड़ूं (या उत्कटासन) बैठकर 2-3 लीटर हल्का गरम पानी एक साथ पी जाएं। इसके बाद खड़े होकर आगे की ओर झुकें। दाहिने हाथ की उंगलियों को मुंह में ले जाकर गले के अंदर की छोटी लटकती हुई जीभ को हिलाएं। इससे वमन (कै) आती हुई लगेगी। उंगलियां बाहर निकाल लें। वमन करने के बाद फिर पहले वाली क्रिया कर कै करें। जब तक पीया हुआ पूरा पानी बाहर न निकल जाए, इसे करते रहें। तीन या चार बार में लगभग पूरा पानी निकल जाता है।

सावधानी—सभी योग-क्रियाएं योग्य प्रशिक्षक से सीखें। कमजोर आंत वाले, हृदय अथवा संग्रहणी के रोगियों के लिए यह क्रिया मना है।

लाभ—कफ के रोग, अजीर्ण, कृमि, रक्त-विकार, विष-विकार तथा त्वचा संबंधी रोग दूर होते हैं। आमाशय साफ हो जाता है, जिससे भूख अच्छी लगती है।

बस्ति क्रिया

डॉक्टरों द्वारा जिस प्रकार रोगियों को एनिमा से गुदा-मार्ग द्वारा आंतों में जल पहुंचाकर स्वच्छ तथा विकार-रहित किया जाता है, वैसा ही योगसाधक बांस या सरकंडे की पतली नली अथवा रबर नली द्वारा करते हैं। इसमें साधक नौलि-क्रिया भी करते हैं।

लाभ—स्वस्थ व्यक्ति को एक माह में कम-से-कम एक बार एनिमा लेना चाहिए। इससे वात, पित्त, कफ तीनों दोष दूर होते हैं। बड़ी आंत की सफाई होने से उसमें कोई विकार नहीं हो पाता। यह क्रिया (बस्ति या एनिमा) पेट के लगभग सभी रोगों में आराम पहुंचाती है।

नौलि क्रिया

यह दोनों पांवों में लगभग एक फुट का अंतर रखकर खड़े होकर की जाती है। दोनों हाथों को घुटने के कुछ ऊपर जांघों पर रखकर किया जाता है। इसमें सांस को बाहर निकालकर नौलि को दाहिने-बाएं और मध्य में घुमाया जाता है।



नौलि क्रिया

सावधानी—उन व्यक्तियों को, जिनकी आंतों में सूजन है या फिर जिन्हें संग्रहणी रोग है, यह क्रिया नहीं करनी चाहिए।

कपालभाति

इस क्रिया में आसन पर बैठकर सांस को पूरे जोर से नासिका द्वारा बाहर निकाला जाता है। इसमें श्वास लेने पर ध्यान नहीं दिया जाता। वह क्रिया स्वयं होती रहती है।

सावधानी—बुखार, अनिद्रा, पीलिया और हृदय-रोग से पीड़ित व्यक्ति यह क्रिया न करें।

त्राटक

एकाग्र मन से और निश्चल दृष्टि से किसी सूक्ष्म लक्ष्य को उस समय तक देखते रहना जब तक आंखों में आंसू न आ जाएं त्राटक कहलाता है।

लाभ—इससे साधक का आलस्य तथा निद्रा दूर होती है, एकाग्रता में वृद्धि होती है। नेत्रों के रोगों में लाभ पहुंचता है।

संतोष—संतोष से तात्पर्य असंतोष का अभाव है और जो कुछ मिल जाए, उसमें संतुष्ट रहने की भावना है। संतोष और अपरिग्रह का निकट संबंध है। दैवेच्छा से जो कुछ भी प्राप्त हो जाए, उसी में संतुष्ट रहने को ''संतोष'' कहते हैं।

तप—तप यानी तपस्या में वह शक्ति है कि तपस्वी पुरुष अपने लक्ष्य की प्राप्ति में तो सफल होता ही है, साथ ही वह चाहे जिस बड़े-से-बड़े कार्य को भी पूर्ण कर लेता है। संसार में ऐसी कोई वस्तु नहीं जो उसके लिए दुर्लभ या अप्राप्य रह सके। इसलिए तप को सभी आचार्यों ने नियमों के अंतर्गत योग का सबसे आवश्यक अंग माना है।

तपस्या क्या है ? इस पर योगाचार्यों ने जो मत व्यक्त किया है, वह इस प्रकार है—

विधिनोक्तेन मार्गेण कृच्छचान्द्रायणादिभिः।
शरीर शोषणं प्राहुस्तपसां तप उत्तमम्॥

अर्थात् शास्त्रों में बताई हुई विधि से कृच्छ चांद्रायण आदि व्रतों के द्वारा शरीर को सुखाना ही श्रेष्ठ तप है।

विशेष—भारतवर्ष में ''तप'' शब्द को अत्यंत व्यापक अर्थों में प्रयोग किया गया है। शारीरिक और मानसिक सभी प्रकार के तपों की परंपरा अत्यंत प्राचीन है। किन्तु अधिकतर विचारकों ने शारीरिक तप के स्थान पर मानसिक तप को ही अत्यधिक महत्त्वपूर्ण ठहराया है। योग में विशेष रूप-से तप से तात्पर्य मानसिक तप ही समझना चाहिए।

स्वाध्याय—शास्त्रों के स्वाध्याय से ज्ञान की वृद्धि होती है और ब्रह्म की प्राप्ति में ज्ञान ही आवश्यक है। स्वाध्याय का अर्थ है वेद, शास्त्र, दर्शन, उपनिषद् आदि में वर्णित आध्यात्मिक ज्ञान से विवेक उत्पन्न हो सके, इसलिए उनका पठन और मनन करना, ओंकार और गायत्री विषयक ग्रंथों का पढ़ना भी स्वाध्याय के अंतर्गत आता है।

आचार्यों ने मन, वचन, कर्म से स्वाध्याय के तीन भेद मानकर उन्हें मानसिक, वाचिक और शारीरिक स्वाध्याय का नाम दिया है, इसलिए उनका पृथक-पृथक विवेचन करना आवश्यक है। मानसिक स्वाध्याय में ओंकार का ध्यान करते हुए जप करना या गायत्री मंत्र के अक्षरों का ध्यान करना मानसिक स्वाध्याय है।

मानसिक स्वाध्याय के द्वारा यथार्थ ज्ञान प्राप्त करके साधक मोक्ष का उपाय जानने में समर्थ होता है। वाचिक स्वाध्याय में श्रेष्ठ शास्त्रों का पढ़ना-पढ़ाना ही विशेष है। वाचिक स्वाध्याय का महत्त्व भी कम नहीं है। आवश्यकता होने पर साधक इसका प्रयोग करे तो उसकी आत्मिक उन्नति होती है।

ईश्वर प्रणिधान—योग शास्त्र में ईश्वर को ध्यान लगाने के लिए सबसे अधिक उपयुक्त आलंबन माना गया है अन्यथा योग दर्शन में ईश्वर को किसी व्यक्ति विशेष के रूप में नहीं लिया गया है। किन्तु फिर भगवद्गीता तथा अन्य ग्रंथों में ईश्वर की कृपा और ईश्वर की शरण में जाने से योग में सहायता मिलने का उल्लेख है। भगवद्गीता

में श्रीकृष्ण ने स्पष्ट कहा है कि जो अंतरात्मा को मुझमें लगाकर श्रद्धा के साथ मेरा भजन करता है, सब योगियों में वह मुझको प्रिय है। इसी प्रकार के विचार कबीर, धर्मदास, नानक, दादू, धरनीदास, पलटू आदि अनेक संत कवियों ने अभिव्यक्त किए हैं। पंतजलि के योगसूत्र में ईश्वर को परम गुरु मानकर सब कुछ उसको अर्पण कर देने की बात है।

आसन : शरीर सिद्धि

अष्टांग योग का तृतीय अंग ''आसन'' है। यम और नियम के पश्चात् योग साधना के लिए शरीर की तैयारी में आसन और प्राणायाम का उल्लेख किया गया है। हठयोग में तो आसन को सबसे अधिक महत्त्व दिया गया है। आसनों की संख्या के बारे में यह ध्यान रखना आवश्यक है कि जीवों की जितने प्रकार की जातियां हैं, भारतवर्ष में उतने ही प्रकार के आसनों का उल्लेख किया गया है। किन्तु इन सब आसनों को तो शंकर भगवान ही जानते हैं।

भारतीय योग दर्शन में भिन्न-भिन्न प्रकार से शरीर पर नियंत्रण करने के लिए अनेक प्रकार के आसनों का वर्णन मिलता है, जैसे—पद्मासन, वीरासन, सुखासन, कुक्कुटासन, सिद्धासन, भद्रासन, वज्रासन, मत्स्येन्द्रासन, अर्धमत्स्येन्द्रासन, पश्चिमोत्तानासन, पवन मुक्तासन, भुजंगासन, धनुरासन, सर्वांगासन, शीर्षासन इत्यादि, ये आसन स्वास्थ्य के विभिन्न मूलतत्त्वों के अनुसार निम्नलिखित विभिन्न वर्गों में बांटे गए हैं—

वीर्याशय की शुद्धि के लिए—भुजंगासन, कंधपीड़ासन, कुक्कुटासन, योगमुद्रा, मत्स्येन्द्रासन, महामुद्रा।

नाड़ी-संस्थान की शुद्धि के लिए—कुक्कुटासन, वीरासन।

पाचन-संस्थान की शुद्धि के लिए—सुप्त पद्मासन, अर्धलकुटासन, महामुद्रा, योगमुद्रा, मत्स्येन्द्रासन, पश्चिमोत्तानासन, धनुरासन, सर्वांगासन।

वायु-शुद्धि के लिए—मुक्तासन, उत्थितपद्मासन।

उत्सर्ग-शुद्धि के लिए—सोड्डीयान पद्मासन, बद्धपद्मासन, मुष्टियुक्त योगमुद्रा, अर्धलकुटासन।

वैसे आसनों का वर्णन अत्यंत विस्तार से योग संबंधी पुस्तकों में मिलता है। इन आसनों से असाध्य रोगों का इलाज भी किया जा रहा है—सफलतापूर्वक लेकिन यहां हम कुछ विशेष ऐसे आसनों की सचित्र जानकारी दे रहे हैं, जो कुंडलिनी साधना में विशेष रूप से उपयोगी हैं, क्योंकि इनसे जहां प्राण की क्रिया सहज होती है, वहीं बंध भी लगते हैं। मूलबंध जो कि कुंडलिनी साधना का प्रारंभिक बिंदु है, इन आसनों से विशेषरूप से प्रभावित होता है।

पवन मुक्तासन अथवा रॉक एण्ड रोल

आश्चर्य की बात यह है कि योगासन की कई पुस्तकों में इसे केवल पवन मुक्तासन कहा गया है जबकि इसका सबसे ज्यादा लाभ रीढ़ की हड्डी को होता है।

इसके संबंध में यह भी आवश्यक नहीं है कि इसे शौच आदि से निवृत्त होने के बाद ही किया जाए। यह एक ऐसा आसन है जिससे पेट की वायु तो खारिज होती ही है, साथ ही 7-8 घंटे रात्रि में सोए रहने से होने वाली शरीर की अकड़न भी समाप्त हो जाती है।

आसन की विधि: प्रात:काल जब भी आप सोकर उठें अपने लिहाफ, कम्बल अथवा चादर आदि को एक तरफ फेंककर पीठ के बल सीधे लेट जाएं। फिर दोनों टांगें सिकोड़ते हुए अपने दोनों घुटने छाती से सटा लें। फिर दोनों हाथों से आलिंगन में जकड़ लेने की स्थिति में दोनों हाथों को टांगों पर कसकर लपेट दें। नितम्बों का कुछ हिस्सा थोड़ा ऊपर उठाकर बार-बार घुटनों और पैरों के तलवों को दबाएं। बीच-बीच में दोनों हथेलियों से पैरों के तलवों को रगड़ें। इससे जहां पेट में फंसी हुई वायु निकल जाएगी, वहीं हथेलियों से पैर के तलवे रगड़ने से सारे शरीर में एक विशेष प्रकार की चेतना का संचार होगा।

पैर के तलवों को रगड़ने का योगासन से संबंधित किसी पुस्तक में कोई उल्लेख नहीं है। परन्तु आपको पता होना चाहिए कि पैर के तलवों की ग्रंथियों और नसों का शरीर के सभी अंगों से महत्वपूर्ण संबंध है। इस प्रकार सारे शरीर में ऊर्जा का संचार होता है और शरीर के विभिन्न अंगों से दर्द-पीड़ाएं समाप्त होती हैं। इसलिए प्रात:काल बिस्तर पर यह आसन करते समय पैर के तलवों को हथेलियों से रगड़ना स्वास्थ्य के लिए सोने में सुहागे का काम करता है।

हस्तरेखा विशारद जानते हैं कि हम हाथ की उंगलियों के पोरों के अग्रभाग से प्राकृतिक ऊर्जा ग्रहण करते हैं जो सारे शरीर में फैलती है। जिन लोगों को इस बात का पता नहीं, प्रकृति उनको भी यह लाभ देती है। परन्तु जब मनुष्य पूर्णत: इस ओर से अनभिज्ञ होता है तो उसे प्रकृति से ऊर्जा मिलनी भी समाप्त हो जाती है जिससे शरीर अनेक रोगों का शिकार हो जाता है।

हथेलियों द्वारा शरीर के विभिन्न भागों अथवा पैर के तलवों को दबाकर रोग दूर करने की इस प्रक्रिया का बहुत महत्व है। इसे रिलेक्सोलॉजी कहते हैं।

पवन मुक्तासन के अन्य रूप: जिस प्रकार पवन मुक्तासन आरंभ किया था, उसी स्थिति में रहते हुए दोनों हाथों को टांगों के बीच में डालकर दबाते हुए लेटे-लेटे उठकर बैठने का प्रयत्न करें। ऐसा तीन-चार बार करने से रीढ़ की हड्डी पर जोर पड़ता है और उसे लचकदार बनाने में सहायता मिलती है।

चित्र के अनुसार दोनों टांगों को बाहर रखते हुए जांघों को दोनों हाथों से अन्दर की ओर दबाएं। इस अथवा पहले बताई गई प्रक्रिया के अनुसार शरीर को रॉक एण्ड रोल की स्थिति में बार-बार ऊपर-नीचे की स्थिति में झुलाया जाता है।

पवन मुक्तासन या रॉक एण्ड रोल

पवन मुक्तासन में लेटने अथवा बैठने की स्थिति में आपको चाहिए कि आप अपना सिर नीचे की ओर झुकाकर अपनी ठोड़ी गर्दन के नीचे के भाग से अर्थात् छाती को ऊपर के भाग की तरफ सटाकर रखें।

इस आसन को दो-तीन स्थितियों में किया जा सकता है। दोनों घुटनों को छाती तक लाने के स्थान पर अलग-अलग एक टांग से भी बारी-बारी से ऐसा किया जा सकता है।

रॉक एण्ड रोल की स्थिति में दोनों घुटनों के नीचे से हाथ डालकर दोनों टांगों को बारी-बारी से गतिमान करके ही यह आसन किया जाता है।

अपने बिस्तर अथवा फर्श पर इस प्रकार का आसन करते हुए रॉक एण्ड रोल की तरह बार-बार लुढ़कने और उठकर बैठने का प्रयत्न करें।

इस आसन को स्पष्ट करने के लिए आपको यह बता दें कि एक कुर्सी इस प्रकार की होती है जिसके चारों पैर दो अर्द्ध गोलाकार लकड़ियों से जुड़े रहते हैं, इसे रॉक एण्ड रोल कहते हैं। उसमें बैठकर जिस प्रकार शरीर को आगे-पीछे झुलाया जाता है, शरीर को इस आसन में रखते हुए बिलकुल उसी प्रकार झुलाना चाहिए।

इस स्थिति में आपकी रीढ़ की हड्डी अर्द्ध गोलाकार रहेगी। बार-बार हाथों को घुटनों अथवा घुटनों को नीचे रखते हुए शरीर को झुलाने से रीढ़ की हड्डी पर जोर पड़ता है। उसके दोष दूर होते हैं। इस प्रकार निरन्तर प्रयत्न करने से रीढ़ की हड्डी में एक ऐसी लचक पैदा होती है जिससे सारा शरीर और मस्तिष्क अपने आप स्वस्थ होने लगता है।

यदि घुटनों अथवा घुटने के नीचे से जांघों पर दबाते हुए बार-बार आगे-पीछे झूलना संभव न हो सके तो इसमें घबराने की आवश्यकता नहीं। झूलते समय यदि हाथ छूट जाए तो उन्हें फिर से सही स्थिति में लाकर अभ्यास करने से कुछ ही दिन में यह कठिनाई दूर हो जाएगी।

हलासन

शवासन की स्थिति में बिलकुल सीधे लेट जाइए। सर्वांगासन की भांति 30 अंश, 60 अंश तथा 90 अंश पर पैरों को ऊपर उठाकर सीधे कर दीजिए। हाथ पीठ की ओर एवं फर्श पर बिलकुल सीधे जमे रहें। भीतर सांस लेते हुए और रुक-रुक कर छोड़ते हुए क्रमशः इस आसन को करें।

अब नितम्बों और कमर की पेशियों में संकुचन पैदा करते हुए, सांस छोड़ते हुए, धीरे-धीरे कमर सिर की ओर मोड़कर, पैरों के पंजों से फर्श को स्पर्श कीजिए। यहां ठुड्डी, कंठ कूप में बैठकर जालंधर बन्ध बनाएगी। यथासम्भव कुम्भक प्राणायाम भी कीजिए।



धीरे-धीरे सांस लेने और छोड़ने का क्रम बनाए रखकर पैरों को संतुलन सहित उठाते हुए सर्वांगासन की स्थिति में आ जाइए। अब पहले की भांति 90 अंश, 60 अंश तथा 30 अंश का कोण बनाते हुए शवासन की पूर्व स्थिति में वापस आ जाइए।

भुजंगासन

कालीन पर पेट के बल बिलकुल सीधे लेट जाइए। पैर पंजे के बल पृथ्वी के समानान्तर तथा तलवे आकाश की ओर उन्मुख हों। हाथों को आधा मोड़कर बाजू में कन्धों के पास रखें। गहरी सांस खींचते हुए हाथों को कन्धे से ही चिपकाकर धीरे-धीरे छाती, पीठ, सिर आदि को पृथ्वी से यथासम्भव ऊपर की ओर उठाइए। नाभि और पैर जमीन से चिपके रहें। गर्दन आकाश की ओर उठा ऊपर की ओर देखते रहिए। हाथों को जमीन पर टेककर कमर के ऊपर के भागों को यथासम्भव और ऊपर उठाइए। सांस रोके रहिए। सांस छोड़ते हुए ऊपरी भागों को धीरे-धीरे नीचे लाइए। यह आसन छः बार दोहराएं।



इससे पेट व कमर संबंधी रोगों से छुटकारा मिलता है। इसे करने से क्योंकि मेरुदंड में लचीलापन आता है इसलिए कुंडलिनी जागरण में यह उपयोगी सिद्ध होता है

सर्वांगासन

शवासन के समान फर्श अथवा किसी समतल भूमि पर सीधे लेट जाएं। अब बारी-बारी से दोनों टांगों को धीरे-धीरे ऊपर उठाने का प्रयत्न करें। इस प्रकार जब कोई कठिनाई अनुभव न हो तो सर्वांगासन के समान दोनों टांगें ऊपर उठाएं। इसका तरीका यह है कि धीरे-धीरे सांस छोड़ते हुए दोनों पांवों को ऊपर उठाना प्रारंभ करें परन्तु झटके के साथ ऊपर न ले जाएं। किसी विशेष प्रकार का 60 या 90 अंश पर कोण बनाने के चक्कर में भी न पड़ें। इस प्रकार के आसन से लाभ तभी होगा जब आप दोनों टांगें धीरे-धीरे ऊपर उठाएंगे। सबसे पहला तरीका यह है कि दोनों टांगें ऊपर उठाकर चित्र के अनुसार शरीर को समकोण स्थिति में रखें।

इसके लिए पैरों के साथ-साथ शरीर के बीच का पिछला हिस्सा धीरे-धीरे हाथ के सहारे ऊपर उठाने का प्रयत्न करें। कोहनियों और गर्दन के साथ का हिस्सा फर्श पर टिका रहेगा। पेट के पिछले हिस्से पर दोनों हाथों का सहारा लगाकर टांगों को सीधा रखने का प्रयत्न करें।

अब दोनों टांगों को आगे-पीछे अथवा समानान्तर रूप से फैलाकर व्यायाम का प्रयत्न भी कर सकते हैं।

हाथों का सहारा लगाए बिना शरीर को ऊपर उठाना काफी कठिन है। इसके लिए विशेष प्रयत्न करने की आवश्यकता नहीं। सामान्य तौर से हाथ का सहारा लगाकर शरीर को ऊपर उठाने से सम्पूर्ण लाभ प्राप्त हो सकते हैं।



सर्वांगासन

धनुरासन

पेट के बल लेट जाइए। ठुड्डी पृथ्वी का स्पर्श करती रहे। पैरों को मोड़कर जांघों से सटा लीजिए। पंजों के नीचे, टखनों को दोनों हाथों से अच्छी तरह पकड़ लीजिए। नाभि पृथ्वी पर टिकी रहनी चाहिए। श्वास सामान्य गति से ही चलती रहेगी।



हाथों-जांघों की पेशियों से संकुचन करते हुए धड़, गर्दन, पैर आदि तानकर तने हुए धनुष की आकृति बनाकर रस्साकसी-सी कीजिए। पैर तथा घुटने चिपके हुए ही रहें। घुटने मुड़कर कन्धों की सीध में आ जाने चाहिए।



उष्ट्रासन

दोनों घुटने तथा पैर के पंजे आपस में मिलाकर घुटनों को धरती पर टेक कर खड़े हो जाएं। दोनों एड़ियां मिली हुई ऊपर को उठी रहेंगी। अब अपने दोनों हाथों को पीठ के पीछे, पैर के तलवों से थोड़ा आगे की ओर पृथ्वी पर टेकिए। कमर, धड़ तथा गर्दन को पीछे झुकाते हुए यथासम्भव सीधा रखिए। नितम्ब पैरों से काफी ऊपर रखें। इस आसन में मेरुदंड पर पड़ने वाले खिंचाव को आप आसानी से महसूस कर सकते हैं। सिद्धासन, सहजासन या पद्मासन जैसे ध्यान के विशेष आसनों को सिद्ध करने में इस आसन की विशेष भूमिका है।

गोमुखासन

फर्श पर बिछे हुए आसन पर बैठें। बाएं पैर को उठाकर दाहिनी जांघ पर ले जाते हुए, बाएं पैर की एड़ी को दाहिनी जांघ के बाजू में रखें। बाएं पैर का पंजा जमीन को स्पर्श करता रहे। दोनों घुटने लगभग एक-दूसरे पर आ जाएंगे। शरीर एकदम सीधा रखें। दाहिने पैर का तलवा बायीं जांघ-संधि के समीप स्पर्श करता रहेगा। बाएं हाथ तथा दाहिने हाथ की तर्जनी पीठ के पीछे से आकर एक-दूसरे से गुंथ जाएंगी।

हाथ और पैर बदलकर पुनः यही अभ्यास दोहराएं।

पश्चिमोत्तानासन

पैर फैलाकर सीधे बैठ जाइए। दोनों पंजे, घुटने व जांघें सटी हुई रहें। हथेलियां जांघों के बाजू में रखिए। अब पैरों के अंगूठों को हाथ से पकड़कर, धीरे-धीरे श्वास छोड़ते हुए, सिर को घुटनों से स्पर्श कराने का प्रयास कीजिए। ऐसी स्थिति में दोनों कोहनियां फर्श पर टिक जाएंगी। ध्यान रहे कि घुटने जरा भी न मुड़ें और जांघें, पिंडलियां व एड़ियां पृथ्वी से सटी रहें। जब तक सरलतापूर्वक कर सकें, बाह्य कुम्भक भी करें।

कठिनाई होने पर एक पैर मोड़कर तलवा जांघ से सटा लें और ऊपर बताई हुई क्रिया को करें। पैर बदलकर इस अभ्यास को दोहराएं।

कुछ लोग पैर सीधा उठाकर, सिर झुकाकर तथा हाथ सीधे रखते हुए भी पश्चिमोत्तानासन करते हैं।

पूर्णोत्तानासन

पूर्णोत्तानासन करने की विधि यह है कि कालीन अथवा कम्बल बिछे हुए फर्श पर बिलकुल सीधे लेट जाइए। दोनों हाथ सिर के पीछे की ओर सीधे लम्बाई में टिके रहने चाहिए। उसके बाद दोनों पैर धीरे-धीरे ऊपर उठाकर चित्र के अनुसार हाथों की ओर पैर ले जाकर नीचे की ओर टिका दें। दोनों पैरों के अंगूठे हाथों से पकड़कर रखें।



मयूरासन

किसी टेबल के पास सीधे खड़े हो जाइए। दोनों हाथों को टेबल की सतह पर अच्छी तरह जमा लीजिए। दोनों कोहनियां मोड़कर पेट के कोमल भाग से सटा लीजिए। कोहनियों तथा भुजाओं पर शरीर का भार डालते हुए पृथ्वी पर से पैर उठाकर पीछे की ओर ले जाइए।

पृथ्वी पर पेट के बल लेटकर कमर से ऊपर का धड़ ऊपर उठाकर दोनों हाथों की कोहनियों से पेट को सहारा दीजिए। धीरे-धीरे पैर तने रखते हुए पृथ्वी से ऊपर उठाइए। पूरे शरीर का बोझ कोहनियों तथा भुजाओं पर रखते हुए शरीर ऊपर उठाए रखने का अभ्यास कीजिए।



हंस तथा मयूर के समान आकृति बनने के कारण इसे हंसासन या मयूरासन दोनों नामों से पुकारते हैं।
बीस सेकण्ड से बढ़ाते हुए पांच मिनट तक यह आसन किया जा सकता है।

अर्द्ध मत्स्येन्द्रासन

पैर फैलाकर बैठिए। बाएं पैर को मोड़कर, दाहिने पैर को बाहर, जांघ से सटाकर रखें। दाहिने पैर को मोड़कर दाहिनी एड़ी से गुदा तथा मूत्राशय के बीच के कोमल भाग को दबाइए। बाएं घुटने की टेक लगाते हुए, दाहिना कन्धा

अड़ाकर, दाहिने हाथ से बाएं पैर का अंगूठा पकड़ें। बाएं हाथ को पीछे की ओर से घुमाकर, दाहिनी जांघ की सन्धि को स्पर्श करें। सिर को बाएं ठुड्डी व कन्धे की सीध में करें और सीना भरसक सीधा रखें। अब यही क्रिया दूसरा पैर मोड़कर दूसरी ओर से भी करें।

शशांकासन

वज्रासन में बैठिए। दोनों हाथ जांघों पर रखिए। धीरे-धीरे श्वास लेते और दोनों हाथ कानों से चिपकाते हुए ऊपर उठाइए। फिर धीरे-धीरे सांस छोड़ते हुए उसी स्थिति में सामने की ओर इतना झुकिए कि माथा पृथ्वी का स्पर्श करने लगे। यथासंभव सांस को बाहर रोके रखकर ही कुम्भक कीजिए। धीरे-धीरे सांस लेते हुए पूर्व स्थिति में आ जाइए। हाथ को वापस नीचे ले आइए।

कब्ज हटाने के लिए मुट्ठी बांधकर पेड़ू को दबाइए। सांस छोड़ते हुए सिर जमीन से लगाइए। सांस बाहर ही रोके रखकर कुछ देर तक इसी स्थिति में रुके रहिए। इसी प्रकार यह क्रिया बार-बार दोहराएं।

चातकासन

चित्र के अनुसार टांगें फैलाकर फर्श पर बैठ जाएं। एक पैर दोनों नितम्बों के बीच में नीचे रखकर उस पर

दबाव डालें। दोनों हाथ लम्बाई में फैलाकर आंखें आकाश की ओर स्थिर करें। जो पैर नितम्बों के नीचे रहता है, उसकी एड़ी मूत्राशय और गुदा वाले भाग के बीच में रहनी चाहिए।

उत्तानपादासन

सर्वांगासन की प्रारंभिक स्थिति को उत्तानपादासन भी कहते हैं। इस आसन के नाम से ही पता चल जाता है कि इसकी स्थिति किस प्रकार होगी। इसमें केवल कटि-प्रदेश के नीचे का हिस्सा (नितम्बों से लेकर पैरों तक) उठाना होता है।

पंतजलि ने आसन की परिभाषा करते हुए लिखा है, ''स्थिर सुखम् आसनम्,'' अर्थात् जिस मुद्रा में शरीर सुखपूर्वक स्थिर रखा जा सके, वही आसन है। आसन को एक प्रकार का तप भी माना गया है। आसन केवल



शारीरिक व्यायाम न होकर आध्यात्मिक विकास का साधन है। वह शारीरिक व आध्यात्मिक दोनों ही दृष्टि से लाभदायक है। उसका प्रयोजन शारीरिक और आध्यात्मिक दोनों ही है। आसनों पर अधिकार हो जाने से शरीर पर मन का नियंत्रण स्थापित हो जाता है।

प्राणायाम : प्राणसिद्धि की विशेष क्रियाएं

प्राणायाम को अष्टांग योग का चतुर्थ अंग माना गया है। भारतीय विचारकों ने शरीर और मन की शुद्धि, नियंत्रण और स्वास्थ्य लाभ में प्राणायाम की प्रक्रिया का विशेष महत्त्व माना है। प्राणायाम के लिए स्थान कैसा हो, इसके लिए अत्यंत विस्तारपूर्वक लिखा गया है। यह स्थान शुद्ध और उपद्रव रहित होना चाहिए। वहां किसी प्रकार के जीव-जंतु नहीं होने चाहिए। स्थान दुर्गन्धहीन और समतल होना चाहिए। सबसे नीचे कुशासन, उसके ऊपर हिरण की खाल तथा उसके ऊपर नरम और स्वच्छ वस्त्र बिछाकर प्राणायाम की क्रिया की जानी चाहिए।

कुछ विद्वानों ने हेमंत, शिशिर, ग्रीष्म और वर्षा ऋतु में योग आरंभ करने का निषेध किया है और वसंत तथा शरद् ऋतु को योग के लिए सर्वश्रेष्ठ माना है। ऋतु के अतिरिक्त अभ्यास का समय भी निश्चित किया गया है। इसके लिए अर्धरात्रि का अंतिम पहर अर्थात् ब्रह्म मुहूर्त सर्वश्रेष्ठ माना गया है। अनेक योगियों ने इसी का समर्थन किया है। प्राणायाम और भोजन में 3 घंटे का अंतर अवश्य होना चाहिए। भरे पेट प्राणायाम करना अनुचित है। यों तो योगी व्यक्ति को मिताहारी होना चाहिए। अनेक आचार्यों के अनुसार पेट को आधा अन्न इत्यादि से, शेष के आधे को जल से और बचे हुए को वायु से भरना चाहिए। भारतीय मनोविज्ञान में 10 प्रकार की वायु मानी गई हैं। यथा प्राण, अपान, समान, उदान, ज्ञान, नाग, कूर्म, क्रीकल, देवदत्त और धनन्जय। साधक को पूर्ण स्वास्थ्य के लिए इन सभी प्रकार की वायु पर नियंत्रण करना आवश्यक है। प्राणायाम में निम्न 3 स्थितियां होती हैं—

- *पूरक :* सांस को अंदर खींचना।
- *कुम्भक :* सांस को रोकना।
- *रेचक :* सांस को बाहर निकालना।

कुम्भक के भी निम्न दो प्रकार माने गए हैं—

- *आभ्यान्तर कुम्भक :* सांस को अंदर खींचकर रोकना।
- *बाह्य कुम्भक :* सांस को बाहर छोड़कर रोकना।

प्राणायाम की इन तीन स्थितियों की अवधि के बारे में साधारण नियम यह है कि पूरक में जितना समय लगता है, उससे दुगुना रेचक और चौगुना कुम्भक में लगाया जाना चाहिए। इन सब नियमों के पालन के लिए लंबे समय तक अभ्यास करने की आवश्यकता है। यह अभ्यास क्रमशः बढ़ाया जाना चाहिए। प्राणायाम में किसी भी प्रकार की शीघ्रता अथवा गलती करने से लाभ के स्थान पर हानि की संभावना होती है। इसलिए बहुधा गुरु से प्राणायाम की विधि सीखने के लिए कहा जाता है।

पूरक एवं रेचक क्रियाएं

पूरक क्रिया इस प्रकार करें—

1. *दाएं अंगूठे से दाएं नथुने को बंद करिए।*
2. *बाएं नथुने से आठ तक गिनते हुए श्वास खींचिए।*
3. *तर्जनी (अंगूठे के साथ वाली) उंगली से बायां नथुना बंद करके आठ गिनती तक सांस रोकिए।*

रेचक क्रिया इस प्रकार करें—

1. *दाएं नथुने से अपना अंगूठा हटा लीजिए।*
2. *आठ तक गिनती (मन ही मन) गिनते हुए सांस बाहर निकालिए।*
3. *तर्जनी से बायां नथुना बंद रखिए। इसके बाद दाएं नथुने से सांस लेना शुरू करिए।*
4. *फिर क्रम को बदलिए। ऐसा अदल-बदल कर पांच-पांच बार करिए।*

पूरक क्रिया

रेचक क्रिया

कुम्भक के अन्य 8 भेद और भी हैं—

सूर्यभेदन—सूर्य नाड़ी से सांस (श्वास) खींचकर यथाशक्ति उदर में तब तक धारण किए रहें, जब तक कि नखों और केशकूपों में पसीना न आ जाए। इसके ठीक प्रकार से सिद्ध होने पर सूर्यचक्र के भेदन और कुण्डलिनी जागरण में सहायता मिलती है।

उज्जायी—नासारन्ध्रों के मार्ग से वायु को अनुलोम-विलोम प्रकार से खींचकर पहले मुख में धारण करें और मुख से कंठ में ले जाएं तथा कंठ से हृदय में ले जाकर धारण करें। तत्पश्चात् हृदय से कंठ में और कंठ से मुख में पहुंचाकर बाहर निकाल दें। इससे प्राण और शरीर पर साधक का पूर्ण प्रभुत्व स्थापित हो जाता है।

सीत्कारी—दोनों होंठों के मध्य लगी जीभ से सीत्कार करता हुआ साधक मुख के द्वारा कुम्भक और नासारन्ध्रों के द्वारा रेचक करे। इससे साधक को कामदेव के समान लावण्य की प्राप्ति होती है।

शीतली—जिह्वा से वायु को खींचकर उदर में भरें और नासाछिद्रों के द्वारा बाहर निकाल दें। इससे शरीर विकार-रहित हो जाता है।

भस्त्रिका—लोहार की धौंकनी के समान बाहर से वायु को बार-बार खींचकर उदर में भरें और कुम्भक करें। फिर उदर में धीरे-धीरे चलाकर नासाछिद्रों के द्वारा उस वायु को बाहर निकाल दें। इसे पद्मासन लगाकर करना चाहिए। इससे जठराग्नि प्रदीप्त होती है।

भ्रामरी—जब आधी रात व्यतीत हो जाए और जीव-जंतुओं के बोलने का शब्द भी सुनाई न दे तो दोनों हाथों की उंगलियों को दोनों कानों में लगाकार पूरक द्वारा वायु खींचे और फिर कुम्भक करे। इसमें कान बंद होने पर भौंरों

के समान शब्द सुनाई देने लगता है। यह शब्द दाएं कान में अनुभव होता है। अनुभवी आचार्यों का मत है कि भ्रामरी का अभ्यास आरंभ करते-करते ही भौंरों का शब्द सुनाई नहीं देता, वरन् प्रथम झींगुर के बोलने का शब्द ही सुनने में आता है। फिर जैसे-जैसे अभ्यास की परिपक्वता होती है, वैसे-वैसे सुनाई देने वाले शब्द में परिवर्तन होने लगता है। झींगुर के बाद बंशी की ध्वनि, फिर मेघ का गर्जन, फिर बाजे की झंकार और तत्पश्चात् भ्रमर-गुंजन सुनाई देता है।

यह शब्द भी स्थाई नहीं रहता, क्योंकि इसके बाद घंटा, घड़ियाल, तुरही, भेरी, मृदंग, दुदुंभी का आदि निनाद सुनने में आता है। इस प्रकार नित्य प्रति के अभ्यास से अनेक प्रकार के शब्द-श्रवण की अनुभूति होती है और फिर अनाहत शब्द की ध्वनि होने लगती है। यह अनाहत शब्द ही परम श्रेष्ठ शब्द है, इसी में ब्रह्म निहित है। जब इस शब्द में मन लीन हो जाता है, तब साधक को अन्य कुछ प्राप्त करना शेष नहीं रहता, क्योंकि उसी से परमपद की प्राप्ति हो जाती है। इसीलिए इस कुम्भक को ''समाधिसिद्धिमाप्नुयात्'' कहकर ऋषियों ने समाधि की सिद्धि प्राप्त कराने वाला माना है। कुण्डलिनी जागरण करने वाले साधकों के लिए यह सर्वश्रेष्ठ प्रक्रिया है।

मूर्च्छा—पूरक प्राणायाम के अंत में दृढ़तापूर्वक जालंधर बंध को लगाकर कुम्भक करें और फिर धीरे-धीरे वायु का रेचक करें। इस क्रिया में कुम्भक के द्वारा वायु को भर कर मन को आज्ञा चक्र में प्रतिष्ठित करने पर साधक की चेतना लुप्त होती है और बेहोशी की अवस्था प्रतीत होने लगती है, क्योंकि मन के आत्मा में लीन होने से बाह्य विषयों का ज्ञान नहीं रहता। यह कुम्भक परमानंद प्रदान करने वाला है। इसमें मन को एकाग्र करके भौंहों के मध्य विद्यमान आज्ञाचक्र में लगाएं, क्योंकि इस चक्र में भगवान महेश्वर का निवास रहता है। इस प्रकार यह कुम्भक मन को ब्रह्म में विलीन करता है।

प्लाविनी—पूरक द्वारा बाह्य वायु को खींचकर उदर को परिपूर्ण कर लें और कुम्भक के द्वारा उस वायु को रोके रहें। पहले दिन 64 बार पूरक और 64 बार रेचक करें। इस तरह का अभ्यास प्रत्येक तीन घंटे के अंतर से करना चाहिए। यह शरीर को नीरोग बनाने और मोक्ष प्रदान करने में सहायक है।

प्रत्याहार अर्थात् लौटाना

योग के बहिरंग में यम, नियम, आसन और प्राणायाम के पश्चात् अंतिम बहिरंग प्रत्याहार है। इसकी परिभाषा करते हुए पंतजलि ने लिखा है, *''स्वविषयासंप्रयोगे चित्तस्य स्वरूपानुकार इवेन्द्रियाणाम् प्रत्याहार।''* अर्थात् अपने विषय से संपर्क न होने से इंद्रियों के चित्त स्वरूप का अनुसरण करना प्रत्याहार कहलाता है।

यम, नियम, आसन और प्राणायाम के अभ्यास से इंद्रियों को उनके विषयों से समेटा जा सकता है। इससे चित्त बाह्य विषयों से हटकर आंतरिक विषयों की ओर लगता है। प्रत्याहार का शाब्दिक अर्थ है, *''लौटाना''*। पंतजलि के अनुसार, *''ततः परमावश्यतेन्द्रियाणाम्''*, अर्थात् प्रत्याहार की पूर्णता से इंद्रियों की परमावश्यकता हो जाती है अर्थात् वे पूर्णतया वश में हो जाती हैं। वे अपने विषयों से लौट आती हैं।

इंद्रियों के वश में हो जाने का अर्थ उनका अभाव नहीं, बल्कि विषयों के प्रति आकृष्ट न होना है। प्रत्याहार में भोग करने या न करने पर नियंत्रण हो जाता है। इंद्रियों की शक्ति बनी रहती है, किन्तु साधक चाहे जब उन्हें प्रयोग कर सकता है और चाहे जब समेट सकता है। इस प्रकार साधक को इंद्रियों पर पूर्ण नियंत्रण प्राप्त हो जाता है।

धारणा : दर्शन व ग्रहण करने की सामर्थ्य

अष्टांग योग का छठा अंग ''धारणा'' है। शास्त्रानुसार धारणा की सिद्धि तब होती है, जब प्रत्याहार का अभ्यास सिद्ध हो जाए, अन्यथा नहीं होती। प्रत्याहार का अभ्यास होने पर शुभ धारणा का आविर्भाव होता है।

धारणा का अर्थ है, ध्यान के द्वारा दर्शन करने अथवा ग्रहण करने की सामर्थ्य। धारणा की सिद्धि से इच्छित या ध्येय वस्तु को ध्यान के द्वारा देखना या प्राप्त कर लेना संभव होता है। इस प्रकार धारणा का महत्त्व किसी प्रकार कम नहीं समझना चाहिए और साधक को इसकी सिद्धि में लग जाना चाहिए। धारणा पांच प्रकार की मानी गई है।

पार्थिवी—पृथ्वी तत्त्व में धारणा किया जाना ''पार्थिवी धारणा'' कहलाता है। हरताल जैसे वर्ण वाले पृथ्वी तत्त्व का स्थान पांव से जानु पर्यन्त है। इसका आकार चौकोर, बीज ''**लं**'' और देवता ब्रह्मा हैं। योग बल से प्रकट करके इसे हृदय में धारण करें और पांच घड़ी अर्थात् दो घंटे पर्यन्त कुम्भक करें। यह पार्थिवी धारणा सिद्ध होने पर पृथ्वी को विजय कराने वाली होती है।

आम्भसी—यह धारणा जल तत्त्व से संबंधित है। इसका बीज ''**बं**'' तथा देवता विष्णु हैं। इसको योगबल से प्रकट करके हृदय में धारण करना चाहिए। इसे सिद्ध कर लेने वाला साधक गहरे जल में गिरकर भी मरता नहीं। इस धारणा की सिद्धि होने पर शरीर में प्रविष्ट हुआ भयंकर विष भी अपना प्रभाव नहीं दिखा सकता।

आग्नेयी—यह अग्नि तत्त्व से संबंधित धारणा है। अग्नि का स्थान नाभि, आकृति त्रिकोण, वर्ण इंद्रगोप कीड़े के समान लाल और बीज ''**रं**'' है। इसके देवता त्रिनेत्र भगवान रुद्र हैं। इसे योगबल के द्वारा प्रकट कर एकाग्र चित्त से पांच घड़ी पर्यन्त धारण करना चाहिए। इसके अभ्यास से साधक अग्नि के भय से सर्वथा मुक्त हो जाता है। कुछ आचार्य इसे ''वैश्वानरी धारणा'' कहते हैं। इसका साधक धधकते हुए भीषण अग्निकुंड में भी क्यों न जा गिरे, उसका बाल-बांका नहीं हो सकता।

वायवी—वायु का स्थान हृदय से भृकुटियों पर्यन्त माना गया है। इसका वर्ण अंजन और धुएं के समान काला होता है। बीज ''**यं**'', देवता ईश्वर और सत्त्व गुण से युक्त है। योगबल से प्रकट कर, पांच घड़ी तक यह धारणा करनी चाहिए। इसके अभ्यास से आकाश में गमन करने की शक्ति प्राप्त होती है।

आकाशी—आकाश का स्थान भृकुटि से मूर्द्धान्त पर्यन्त माना गया है। यह वृत्ताकार तत्त्व धूम्र वर्ण का और ''**ह**'' बीच से समन्वित है। इसके देवता सदाशिव हैं। प्राणवायु का अवरोध कर पांच घड़ी तक कुम्भक करने से यह धारणा सिद्ध होती है। इसे ''नभो धारणा'' भी कहते हैं। इस धारणा को करने वाले साधक की कभी मृत्यु नहीं होती।

धारणा की प्राप्ति कैसे हो?

धारणा-शक्ति की प्राप्ति के कई तरीके हैं। यह दावा करना दंभपूर्ण होगा कि कोई व्यक्ति केवल योग की पद्धति से ही इसे प्राप्त कर सकता है। अतीत तथा वर्तमानकाल के अगणित महापुरुषों ने, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र-विशेष में चमत्कार उत्पन्न कर दिया है तथा प्रभूत धारणा-शक्ति का प्रदर्शन किया है, न तो योगाभ्यास किया और न ही इसे प्राप्त करने के यौगिक मार्ग का अनुसरण किया। फिर भी उनकी धारणा-शक्ति अतीत एवं वर्तमानकाल के जीवनभर योगाभ्यास करने वालों की अपेक्षा बढ़-चढ़कर थी। किन्तु प्रश्न यह है कि यदि कुछ लोग कोई अनोखी शक्ति प्राप्त कर सके थे तो क्या अन्य लोग भी उसे प्राप्त कर सकते हैं?

इन महापुरुषों ने अपनी धारणा-शक्ति को प्रयत्न द्वारा, कठिन संयम द्वारा, दृढ़ संकल्प द्वारा तथा कुशलता की उपलब्धि के लिए लगन अथवा अन्य प्रेरणाओं द्वारा परिवर्धित या विकसित किया होगा। स्वभावत: तब धारणा के उसी स्तर को प्राप्त करने का इच्छुक कोई भी व्यक्ति उसे प्राप्त कर सकता है, यदि वह उचित प्रयास करे। किन्तु यादृच्छिक रूप-से किए गए प्रयास का परिणाम संतोषप्रद हो भी सकता है या नहीं भी हो सकता है।

दूसरी ओर, योग की सिद्धि, परीक्षित तथा ज्ञात पद्धति है, जो हर किसी को निश्चयता के आश्वासन के साथ वो ही परिणाम प्रदान करती है। इस प्रसंग में द्रष्टव्य है कि आधुनिक काल के सभी पुरुषों एवं स्त्रियों के लिए योग सर्वाधिक मूल्यवान एवं स्पृहणीय है। धारणा को हमने निम्न रेखाचित्र के द्वारा समझाने का प्रयास किया है—



चित्र (अ) के परिणाम

- अधिकांश समय नकारात्मक रूप-से कार्य करता है, इस प्रकार समय का अपव्यय।
- चिंता, तनाव, उत्तेजना तथा इस प्रकार की अन्य वस्तुओं में अंतर्ग्रस्त होने की अधिक संभावना।
- कार्य-संपादनों में बड़ी बाधा : शारीरिक तथा मानसिक दोनों।
- शरीर तथा मन की अनिश्चित दशा के कारण भावी योजनाएं अप्रत्याशित होती हैं।
- विश्राम, आनंद, सुख और अच्छे स्वास्थ्य का अभाव।



चित्र (ब) के परिणाम

- अधिकांश समय सकारात्मक रूप-से कार्य करता है, इस प्रकार समय का उचित उपयोग।
- व्यर्थ उत्तेजना की संभावना कम और धारणा की उच्चतर अवस्था में शून्य।
- शारीरिक तथा मानसिक कार्य-संपादनों में बड़ी सहायता।
- शारीरिक तथा मानसिक दशा सुनिश्चित होने के कारण भावी योजनाएं विश्वसनीय होती हैं।
- विश्राम, आनंद, सुख और अच्छे स्वास्थ्य की लगातार उपलब्धि।

योग में धारणा-शक्ति प्राप्त करने की कई विधियां हैं। कुछ विधियां सरल हैं, किन्तु अन्य कठिन तथा जटिल हैं। यद्यपि इन सबका एक ही परिणाम होता है। कठिन तथा जटिल विधियों का अभ्यास किसी अनुभवी गुरु (योग-शिक्षक) की उपस्थिति में ही किया जाना चाहिए। यदि व्यक्ति स्वयं इनका अभ्यास करता है, तो इससे गलतियां होने, यहां तक कि हानि होने की भी संभावना रहती है। इस बात को ध्यान में रखते हुए केवल सरल, किन्तु समान रूप-से महत्त्वपूर्ण विधि का निर्देश दिया जाता है, ताकि कोई भी व्यक्ति बिना किसी भय के तथा बिना किसी गुरु की व्यक्तिगत सहायता लिए उसका अभ्यास कर सके।

उस विधि का वर्णन करने से पूर्व यह बतलाना आवश्यक है कि हठयोग के आसनों द्वारा भी किस प्रकार यह धारणा-शक्ति प्राप्त की जाती है। यद्यपि आसनों का संबंध मुख्यत: शारीरिक उत्कृष्टता से है, तथापि मानसिक पक्ष भी अप्रभावित नहीं रहता। किसी भी आसन के अभ्यास की विधि ऐसी होती है कि जब तक शरीर तथा मन का सामंजस्य नहीं होगा, तब तक उसे संतोषपूर्वक संपन्न नहीं किया जा सकता।

इस अवस्था में यह ज्ञातव्य है कि विभिन्न आसनों के अभ्यास में शारीरिक गतियों तथा अनुकूलनों के साथ-साथ श्वास लेने, श्वास छोड़ने, उसे रोक रखने तथा स्वाभाविक श्वास-क्रिया की आवश्यकता होती है। जब तक ये आवश्यकताएं पूर्ण नहीं हो जातीं, तब तक किसी आसन का अभ्यास सम्यक् रूपेण संपन्न नहीं हो सकता। ऐसी स्थिति में यह आसानी से समझ में आ सकता है कि अभ्यास की प्रकृति ऐसी होती है कि शरीर और मन के बीच सहयोग तथा सामंजस्य के अभाव में पूर्णता की उपलब्धि नहीं होती। अत: आसनों के क्रम में मन का ध्यानस्थ एवं समन्वित होना स्वभावत: धारणा-शक्ति की प्राप्ति में सहायक बन जाता है। इसे योगासनों का परोक्ष लाभ माना जा सकता है, यद्यपि यह पूर्ण धारणा की ओर प्रवृत्त नहीं करता। चूंकि पूर्ण धारणा-शक्ति की प्राप्ति हमारा लक्ष्य है, इसलिए एक विशेष यौगिक विधि, जो खासकर इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए है, आवश्यक हो जाती है।

धारणा-शक्ति का अभ्यास

धारणा-शक्ति के वास्तविक अभ्यास के पूर्व कुछ अनिवार्यताएं हैं, जिनका अनुसरण किया जाना चाहिए। वे अनिवार्यताएं स्थान, समय, शारीरिक दशा, भोजन या खाद्य-पदार्थ और अभ्यास की प्रविधि-विषयक हैं।

स्थान—अभ्यास का स्थान साफ-सुथरा तथा शांतिपूर्ण होना चाहिए। वहां स्वच्छ वायु सुलभ होनी चाहिए। आवश्यक नहीं कि अभ्यास का स्थान किसी विशेष प्रकार का हो, किन्तु यह अभ्यासी की आंखों के लिए सुखकर अवश्य होना चाहिए। नियमित रूप-से एक ही स्थान पर अभ्यास करें और अत्यंत आवश्यक होने पर ही स्थान-परिवर्तन करें। यदि संभव हो तो अकेले ही अभ्यास करें। किसी दर्शक को वहां न आने दें।

समय—अपनी सुविधानुसार कोई भी समय चुना जा सकता है। अभिप्राय यह है कि अभ्यास का समय ऐसा हो कि उस समय कम-से-कम शारीरिक और मानसिक सक्रियता की आवश्यकता पड़े। यह समय नियमित दिनचर्या के कार्यकाल के पूर्व या पश्चात् हो सकता है। प्रतिदिन उसी समय धारणा का अभ्यास किया जाना चाहिए।

शारीरिक दशा—धारणा के अभ्यास के समय शरीर हल्का, अक्लांत, स्वच्छ और सामान्य होना चाहिए। किसी भी मादक द्रव्य के प्रभाव से मुक्त रहना आवश्यक है तथा शरीर थका-मांदा भी न हो और न कोई अत्यधिक पीड़ा ही हो। अभ्यास के समय पेट खाली रहे।

मानसिक दशा—धारणा के अभ्यास के समय मन को चिंता, उद्वेग तथा किसी श्रमसाध्य अंतर्ग्रस्तता से मुक्त रखें। ईर्ष्या, घृणा, क्रोध तथा प्रतिशोध की भावना का परित्याग किया जाना चाहिए। अपने मन पर किसी प्रकार का बोझ या दबाव भी न आने देना चाहिए।

भोजन—निरामिष या सामिष जो भी आहार पसंद हो, उसी को लें। किन्तु एक बात का ध्यान रखें कि वह तामसी (उत्तेजक) न हो। भोजन में अधिक मसालों का प्रयोग भी न करें। संतुलित आहार ग्रहण करें, जिसका अर्थ है कि भोजन में सलाद, ताजा फल तथा सब्जियां शामिल रहें।

अभ्यास की विधि—धारणा के अभ्यास की अनेक विधियां हैं, किन्तु उन सबमें जो सर्वमान्य है, वो है किसी



वस्तु पर अपने मन को केंद्रित या स्थिर करना। इस स्थिरता का अभ्यास शरीर के आंतरिक या बाह्य भाग पर किया जा सकता है या किसी अन्य वस्तु पर भी। व्यक्ति के शरीर के आंतरिक या बाह्य भाग के साथ अभ्यास जटिल,

कठिन तथा खतरनाक होता है। किन्तु किसी चुनी हुई वस्तु के साथ अभ्यास अपेक्षाकृत सरल, खतरों से रहित तथा अत्यधिक फलदायक होता है।

वस्तु किसी प्रकार की हो? यद्यपि वस्तु का चयन व्यक्ति की अपनी पसंद पर निर्भर है, फिर भी इस संबंध में चित्र, पुष्प, दीपक या मोमबत्ती का निर्देश दिया गया है। हमारे अपने मत से पुष्प ही अभ्यास के लिए सबसे उपयुक्त है। पहले डंठल सहित पुष्प को अक्षुण्ण रूप में किसी छोटे पात्र, जैसे कि गिलास, फूलदान या इसी प्रकार के किसी अन्य पात्र में रखें और निम्न चित्रानुसार पुष्प पर दृष्टि केंद्रित कर, धारणा-शक्ति को प्राप्त करने का अभ्यास नित्य करें।

दृष्टि-शक्ति का ज्ञान

योग के अनुसार हमें दो प्रकार की दृष्टि-शक्ति प्राप्त हैं : 1. आंखों की शक्ति द्वारा, 2. अंत:चक्षु द्वारा। योगियों का विश्वास है कि हम सबको अंत:चक्षु प्राप्त हैं, जिसकी स्थिति अग्र-ललाट में अर्थात् भौंहों के मध्य क्षेत्र में है। अभ्यास द्वारा अंत:चक्षु की इस गुप्त दृष्टि-शक्ति को विकसित किया जा सकता है।

जब अभ्यास द्वारा अंत:चक्षु की शक्ति विकसित तथा तीक्ष्ण हो जाती है, तब योगी उन चीजों को भी देखने का दावा करते हैं, जिन्हें बाह्य चक्षुओं से देख पाना संभव नहीं होता। जहां बाह्य चक्षुओं से केवल बाह्य रूप-से वस्तुएं दृष्टिगोचर हो सकती हैं, वहां अंत:चक्षुओं से प्रत्यक्षत: अदृष्टपूर्ण सुदूरवर्ती वस्तुएं भी दृष्टिगत हो सकती हैं। धार्मिक विश्वास एवं मूल्यों को मान्यता प्रदान करने वाले योगी अपने आराध्यदेव के साकार रूप के दर्शनार्थ अपने अंत:चक्षुओं की इस शक्ति की वृद्धि में अपना बहुत अधिक समय लगाते हैं। चूंकि हमारा उद्देश्य किसी देवता की आराधना अथवा दर्शन करना नहीं है, अत: हम इस शक्ति का केवल सीमित उपयोग करेंगे।

धारणा : सामने की स्थिति

प्रासंगिकता की दृष्टि से यह सीमा स्वेच्छा से गृहीत है। धारणा के आवश्यक पहलू के अभ्यास की उपयोगिता समझकर ही हम इसके अनावश्यक पहलुओं का यहां परित्याग कर रहे हैं। अंतर्दृष्टि-शक्ति में हमारी अभिरुचि उसी बिंदु तक है, जहां तक इसके कार्य एवं प्रकृति की जानकारी, इसके उपयुक्त तथा लाभकारी विकास में सहायक है।

उपर्युक्त स्पष्टीकरण की सार्थकता तभी सरलता से समझ में आएगी, जब आप वास्तविक अभ्यास प्रारंभ करेंगे। जब आप किसी चीज को खुली आंखों से देखते हैं और फिर आप उसी चीज को अंत:चक्षु से देखने का प्रयास करते हैं, तो ऐसा करके आप धारणा का अभ्यास प्रारंभ कर देते हैं।

अंत:चक्षु द्वारा दृष्टिगोचरता में जैसी प्रगति होगी, उसी के अनुपात में धारणा की उपलब्धि में भी प्रगति होगी। इस प्रकार, अभ्यास की दीर्घता एवं अवधि इस पर निर्भर करेगी कि व्यक्ति-विशेष की रुचि तथा आवश्यकता क्या है।

धारणा के लिए उपरोक्त स्थिति (चित्रानुसार) में बैठना, उन लोगों के लिए कुछ कठिन एवं कष्टकर हो सकता है, जिन्हें फर्श पर बैठने का अभ्यास नहीं है। विशेषत: कुछ अमेरिकियों तथा पाश्चात्य देशों के योगाभ्यासियों के साथ यह बात हो सकती है। अत: यह सुझाव दिया जाता है कि इस आधार पर हतोत्साहित होने की आवश्यकता नहीं है। अभ्यासियों को देखकर यह आश्चर्य होगा कि केवल कुछ सप्ताहों के अभ्यास के पश्चात् बैठने में जो कठिनाई हो रही थी, वह दूर हो चुकी है। धारणा के लिए बैठने की दूसरी अवस्था निम्न चित्र के द्वारा ज्ञात की जा सकती है।

धारणा : बाएं पहलू की स्थिति

धारणा के अभ्यास के समय पूरी वायु को दोनों नासिका-छिद्रों द्वारा धीरे-धीरे तथा लगातार बाहर निकाल दें। जब श्वास-वायु का बाहर निकलना समाप्त हो जाए, एक सेकंड के लिए रुक जाएं और उसके बाद दोनों नासिका-छिद्रों से धीरे-धीरे तथा लगातार श्वास लेना प्रारंभ करें। जब श्वास लेना समाप्त हो जाए, तो पुन: एक सेकंड तक रुक जाएं और तब पहले की भांति श्वास छोड़ना प्रारंभ करें तथा जब यह समाप्त हो जाए, तो पुन: रुक जाएं।

अभ्यास के पहले दिन श्वास लेने तथा छोड़ने की यह क्रिया केवल पांच बार करें और समय के साथ-साथ इसे बढ़ाते जाएं। इस क्रिया से मुख्यत: पेट से संबंधित क्षेत्र प्रभावित होगा अर्थात् जब आप श्वास छोड़ रहे हों, तब पेट की मांसपेशियों को सिकुड़ना चाहिए। दूसरे शब्दों में जब आप श्वास छोड़ रहे हों, तब आपको अपने पेट का मेरुदण्डीय रज्जु (सुषुम्ना) की ओर भीतर ले जाना चाहिए। जब आप श्वास ले रहे हों, तब पेट की मांसपेशियों को फैलना चाहिए अर्थात् भीतर श्वास लेते समय पेट को आगे की ओर आ जाना चाहिए। पेट की मांसपेशियों के सिकुड़ने और फैलने की क्रिया लयबद्ध रूप में होनी चाहिए।

लयबद्ध श्वास-क्रिया के इच्छित चक्र पूरा करने के बाद कुछ मिनटों तक विश्राम करें। श्वास-क्रिया में आप जितना समय लगाते हैं, उसका लगभग चतुर्थांश समय विश्राम का होना चाहिए। किन्तु इस विश्राम में लेट नहीं जाना चाहिए।

विश्राम की स्थिति में सामान्य एवं स्वाभाविक रीति से श्वास लेते और छोड़ते रहें यानी श्वासक्रिया स्वाभाविक हो। यहां लयबद्ध श्वास-क्रिया के महत्त्व के बारे में जान लेना भी आवश्यक होगा। राजयोग के अनुसार यह लयबद्ध श्वास-क्रिया संपूर्ण शारीरिक प्रणाली में सामंजस्य ला देती है। यह श्वास-क्रिया जहां एक ओर स्नायु-तंत्र को सक्रिय एवं सशक्त बनाती है, उसी के साथ यह संपूर्ण शारीरिक प्रणाली या तंत्र को सुख पहुंचाती, शांति देती और सुव्यवस्थित भी करती है।

जब अभ्यास समाप्त हो जाए, तब भी स्थिरतापूर्वक शांत ही बैठे रहें। किन्तु अब, शरीर को ढीला करें और दो मिनट तक शिथिलन का विश्राम लेने की स्थिति में बैठें। जब आप यह कर लेते हैं, तब धारणा का आपका अभ्यास पूर्ण एवं समाप्त हो जाता है। अभ्यास-समाप्ति के पश्चात् आप भोजन करने, सोने या कोई अन्य कार्य करने लिए पूर्णतया स्वतंत्र हैं।

धारणा के अभ्यास की विधि से पूर्व, प्रारंभ में हमने पांच प्रकार की धारणाओं के बारे में बतलाया था। पंच धारणा में पंच महाभूतों की भावना होती है और साधक की चित्त उस-उस भूत एवं उसके अधिपति देवता में रमने लगता है। उस समय साधक के समक्ष अनेक प्रकार के विघ्न उपस्थित होते हैं। उन विघ्नों से पार जाने में प्रयत्नशील साधक ही सिद्धि को प्राप्त हो पाता है।

उन विघ्नों में डाकिनी-शाकिनी आदि यक्षिणियां अनेक प्रकार के रूप दिखाकर चित्त में क्षोभ उत्पन्न करने का प्रयत्न करती हैं। पहले वह अपना मादक और मनोहर रूप दिखाकर साधक को मोहित करती हैं। यदि वह मोहित नहीं होता, तो भयंकर रूप दिखाकर डराती हैं। उस समय राक्षसी या सिंहनी आदि उसे खाने को दौड़ती हैं। इस प्रकार यक्षिणियों का मादक या भयंकर रूप साधक को अंतर्दृष्टि से दिखाई देता है।

उस समय साधक को सावधान रहकर अपनी साधना में लगे रहना चाहिए। वह उनकी किसी भी कुचेष्टा से मोहित या भयभीत न होकर अविचल भाव से धारणा में चित्त को योजित रखे। इस प्रकार की अविचलता से उन विभिन्न रूपों का दिखाई देना स्वत: समाप्त हो जाता है। उसके लिए किसी प्रकार के प्रयत्न करने की आवश्यकता नहीं होती, क्योंकि यह सब साधक के योग की परीक्षा के लिए स्वप्न के समान मिथ्या माया ही है। इससे घबराने या भयभीत होने पर योग का भंग होना ही संभव है।

धारणा सिद्धि से आनंद की अनुभूति

इस प्रकार उक्त विघ्नों को मिथ्या समझकर दृढ़ चित्त से लक्ष्य की ओर बढ़ता हुआ साधक धारणा सिद्धि में पूर्ण रूप-से सफल होता है। उसे सत्-चित्-आनंद का अनुभव होने लगता है और दु:ख नाम की कोई वस्तु शेष नहीं रहती। जब ऐसी अवस्था प्राप्त हो तभी वह ध्यान का पूर्ण अधिकारी हो सकता है, इसलिए इस अवस्था की प्राप्ति के प्रयत्न में लगना ही कल्याणकारी होती है। इस विषय में निर्देश है—

यस्तु तिष्ठति कौन्तेय धारणासु यथाविधिं।
मरणं जन्मं दु:ख च सुखं च सविमुन्चति॥

''हे कौन्तेय! जो साधक विधिपूर्वक यौगिक धारणाओं का अभ्यास कर उन्हें सिद्ध कर लेता है, वह मरण, जन्म, दु:ख, सुख सभी से मुक्त हो जाता है।''

उपरोक्त श्लोक में ''मरणं जन्मं दु:खं च सुखं'' इत्यादि कहने से मरण को दु:ख और जन्म को सुख मानने का भी भाव प्रकट होता है, क्योंकि क्रम से मरण और जन्म की अनुभूति दु:ख और सुख की बनेगी। इससे भी यही सिद्ध हुआ कि दु:ख और सुख दोनों ही त्यागने योग्य हैं।

ग्रंथान्तर से धारणा विधि का वर्णन

''देहमध्यगते व्योम्नि बाह्याकाशं तु धारयेत्'', अर्थात् अपने शरीर में जो आकाश स्थित है, उसमें बाह्य आकाश की धारणा करें। शरीर में आकाश की स्थिति मूर्द्धा में मानी गई है। उसमें बाहरी आकाश की धारणा करने से आकाशी धारणा सिद्ध होती है। अब वायवी और आग्नेयी धारणा के विषय में कहते हैं—

''प्राण बाह्यानिलं तद्वज्ज्वलने चाग्निमौदरे, ''अर्थात् प्राण में बाह्य वायु की धारणा करनी चाहिए। यह वायवी धारणा हुई। जठराग्नि में बाह्य अग्नि की धारणा करें। इस प्रकार आग्नेयी धारणा का वर्णन हुआ। जल और पृथ्वी (पार्थिवी) की धारणा का वर्णन इस प्रकार है, *''तोयं तोयाशं भूमि भूमिभागे महामुने,* ''अर्थात्—हे महामुने! शरीरस्थ तरली में बाह्य जल की ओर पार्थिव भाग में संपूर्ण पृथ्वी की धारणा करनी चाहिए।

इस प्रकार पंच धारणाओं का वर्णन करते हुए आगे कहा गया है कि पृथ्वी के अंश भाग में ब्रह्मा का, जल के अंश भाग में विष्णु का, अग्नि के अंश भाग में रुद्र का, वायु के अंश भाग में ईश्वर का और आकाश के अंश भाग में सदाशिव का ध्यान करें।

इस प्रकार पंच धारणाओं का यह वर्णन साधकों के लिए अध्ययन के योग्य है। इसे ठीक प्रकार से समझ कर अभ्यास में तत्पर होना चाहिए। ज्ञानी पुरुष को अपनी आत्मा में बोधमय, आनंदमय और कल्याणमय परमात्मा की धारणा नित्य प्रति करनी चाहिए। इस धारणा के अभ्यास से सभी पापों की वृद्धि होती है, कार्य रूपी ब्रह्मा आदि को अपने-अपने कारण में लीन करके, अनिर्वचनीय परम कारण और अव्यक्त परमात्मा की धारणा अपनी ही आत्मा में करें तथा ऐसा करते समय अपने मन को सर्व कलामय ओंकार रूप परमात्मा में लीन कर दें, साथ ही इन्द्रियों को विषयों से निवृत्त करके आत्मा में ही योजित कर दें। परमात्मा का पूर्ण अभ्यास सिद्ध होने पर साधक कुण्डलिनी जाग्रत करने में समर्थ हो जाता है। इसलिए धारणा की सिद्धि में पूर्ण प्रयत्नशील होना ही श्रेयस्कर है।

ध्यान अर्थात् एकरस होना

धारणा के पश्चात् ध्यान का सोपान आता है। महर्षि पतंजलि ने इसकी परिभाषा, *''तत्र प्रत्ययेकतानता ध्यानम्''* इन शब्दों में की है। जब धारणा के द्वारा प्रत्ययों की एकतानता हो जाती है अर्थात् वृत्तियों का प्रवाह एक रस हो जाता है तो उसको ध्यान कहते हैं। ध्यान के तीन प्रकार हैं—

स्थूल ध्यान—दृश्य अथवा अदृश्य पदार्थों की ज्ञान-प्राप्ति के लिए जो ध्यान किया जाता है, वो ही स्थूल ध्यान है। यह ध्यान प्राय: सभी प्रकार के साधकों के लिए सुगम होता है, विशेषकर किसी भी विधि से साधना आरंभ करने वालों के लिए तो यह बहुत ही उपयोगी है। ध्यान में नेत्रों को बंद कर, हृदय में, नासिका के अग्रभाग में अथवा भौंहों के मध्य में दृष्टि स्थिर करनी चाहिए। किसी भी ध्येय में तन्मय हो जाना ध्यान है।

ज्योतिर्ध्यान—इस ध्यान का वर्णन प्राय: सभी ग्रंथों में नहीं मिलता। न इसका प्रचलन विस्तृत रूप से है। घेरण्ड संहिता में इसका विवेचन *''मूलाधारे कुण्डलिनी भुजगाकाररूपिणी''* इत्यादि से किया गया है। उसके अनुसार

मूलाधार में सर्पाकार से कुण्डलिनी शक्ति रहती है, वही दीप कालिका के आकार में जीवात्मा की विद्यमानता है। यहां तेजोमय परात्पर ब्रह्म का ध्यान करना ही तेजोध्यान अथवा ज्योतिर्ध्यान है।

सूक्ष्म ध्यान—घेरण्ड ऋषि ने सूक्ष्म ध्यान में कुण्डलिनी शक्ति के ध्यान का निर्देश किया है, *''आत्मनः सहयोगेन नेत्ररन्ध्र विनिर्गता''*, इत्यादि के अनुसार कुण्डलिनी शक्ति आत्मा के साथ संयुक्त होकर नेत्र रन्ध्रों से निकलती और ऊर्ध्वभाग में स्थित राजमार्ग में विचरण करती है, किन्तु वो अपने सूक्ष्मत्व और चंचलत्व के कारण दिखाई नहीं देती। इसका ध्यान शाम्भवी मुद्रा के साथ करना चाहिए। इसमें जिस राजमार्ग का वर्णन है, उसे महापथ भी कहते हैं। यह शरीर के ऊर्ध्वभाग में स्थित है। योगकुण्डल्युपनिषद् में इसका वर्णन इस प्रकार मिलता है, *''शरीरे सकलं विश्व पश्यत्माविभेदतः। ब्रह्माण्डोऽयंमहामार्गो राजदन्तोर्ध्वकुण्डली॥''* अर्थात् अभ्यास होने पर योगी अपने शरीर में ही संपूर्ण विश्व को देखने लगता है, क्योंकि जिह्वा में ब्रह्मरंध्र पर्यन्त जो महामार्ग है, उसी में ब्रह्माण्ड की स्थिति है। इसी राजमार्ग में कुण्डलिनी शक्ति विहार करती है।

शम (Quietness)

शांत-निश्चल ध्यान का महत्व इससे ज्यादा और क्या हो सकता है, इससे लक्ष्य को बेधने की सामर्थ्य आती है। महाभारत की यह कथा आपने पढ़ी ही होगी, जिसमें अर्जुन ने एकाग्रता की साधना के परिणामस्वरूप पक्षी की आंख को भेद दिया। द्रौपदी के स्वयंवर में मछली की आंख को भेदना अर्जुन की 'ध्यान' की पराकाष्ठा थी।

ध्यान का महत्व

ध्यान का महत्त्व इससे ज्यादा और क्या हो सकता है इससे लक्ष्य को बेधने की सामर्थ्य आती है। महाभारत की वह कथा आपने पढ़ी ही होगी, जिसमें अर्जुन ने एकाग्रता की साधना के परिणामस्वरूप पक्षी की आंख को भेद दिया। द्रौपदी के स्वयंवर में मछली की आंख को भेदना अर्जुन के ध्यान की पराकाष्ठा थी।

अति प्राचीन काल से साधकों ने मन को एकाग्र करने के उपायों की खोज की है। एकाग्रता के साथ-साथ उसके अभाव के कारणों और उनको दूर करने के साधनों पर भी विचार किया गया है। इस प्रकार भारतीय मनोविज्ञान ने अवधात, उसके विभिन्न प्रकार, उसके निर्णायकों के साथ-साथ अनवधान और उसके कारणों पर भी विस्तारपूर्वक विचार किया गया है। पंतजलि ने अष्टांग योग के सिद्धांत में ध्यान को सर्वाधिक महत्त्व दिया है।

योग में ध्यान और उसके साधनों का विस्तृत विवेचन मिलता है। सांख्यदर्शन के अनुसार, ध्यान के लिए रजस गुण का दमन आवश्यक है, क्योंकि वही चित्त को चलायमान रखता है। जब मन में तमस और रजस गुणों पर सत्त्व गुण का अधिकार हो जाता है, तो वह ध्यानयुक्त हो जाता है। इसके लिए चित्त की वृत्तियों का निरोध किया जाता है। सत्त्व गुण बढ़ने के साथ-साथ चित्त-वृत्तियों का निरोध होता जाता है। इसके लिए वैराग्य और तितिक्षा तथा विवेक की आवश्यकता होती है। पर-वैराग्य और पर-ज्ञान का घनिष्ठ संबंध है। ज्ञान के होने से वैराग्य उत्पन्न होता है, क्योंकि मोह दूर होता है।

यद्यपि सांख्य निरीश्वर है, किन्तु योग में ईश्वर को मान्यता दी गई है और ईश्वर प्रणिधान को योग का साधन माना गया है। ईश्वर ध्यान लगाने के लिए सर्वोत्तम विषय है। मन में शम (Quietness) के विकास से ध्यान में सहायता मिलती है। पंतजलि के अनुसार, *''अभ्यास वैराग्याभ्यां तन्निरोधः।''* अर्थात् अभ्यास और वैराग्य से चित्त की वृत्तियों का निरोध होता है।

वाचस्पति मिश्र ने ध्यान की परिभाषा करते हुए लिखा है, *''एकाग्रम् एकतानम्।''*इस प्रकार ध्यान मन का एकाग्र और एकतान हो जाना है। दार्शनिक विश्वनाथ के शब्दों में, *''प्रणिधानम् चित्त एकाग्रम्,''*अर्थात् प्रणिधान में चित्त एकाग्र हो जाता है। इस प्रकार ध्यान की क्रिया में चुनाव होता है। इसमें कुछ वस्तुओं को छोड़कर किसी विशेष वांछनीय वस्तु पर चित्त एकाग्र किया जाता है। इसमें मन प्रतिकूल वस्तुओं से हटकर अनुकूल विषय पर लग जाता है।

शुकदेव की कथा आती है पुराणों में। शुकदेव महर्षि व्यास के पुत्र थे। शुकदेव की जिज्ञासा को अट्ठारह पुराणों के रचयिता व्यास शांत न कर पाए, तो उन्होंने शुकदेव को महाराज जनक के पास जाने को कहा। जनक का एक नाम विदेह भी है। वे शास्त्र में पारंगत तो थे ही, ब्रह्मनिष्ठ भी थे।

पिता की आज्ञा से शुकदेव मिथिला पहुंचे। शुकदेव के आगमन की सूचना जब विदेह को मिली, तो उन्होंने शुकदेव को महलों में बुलाया। शुकदेव ने राजप्रासाद में जनक को जिस स्थिति में देखा, उसकी उन्होंने कभी कल्पना भी न की थी। राजा जनक का एक हाथ नग्न सुंदरी के स्तनों पर रखा हुआ था। वे कोई प्रतिक्रिया करते कि जनक ने शुकदेव के आगमन का आशय पूछा। दृष्टि को जमीन में गाड़े हुए ही शुकदेव ने अनमने भाव से अपने आगमन का कारण बताया। बताते-बताते शुकदेव की नजर जिस पर पड़ी वह बात पहले से भी ज्यादा चौंकाने वाली थी। जनक का एक पैर दहकते अंगारों के ऊपर था।

''दोनों मायाजन्य हैं, इनमें उलझकर विक्षिप्त होना साधक के लिए उपयुक्त नहीं। अपनी जिज्ञासा और समाधान पर ध्यान को एकाग्र करो।'' जनक ने शुकदेव को सचेत किया।

इतनी देर में दूध से लबालब भरा एक पात्र सेवक ले आए थे। जनक ने समझाया, ''आत्मसाधना और आत्मतत्त्व के जिज्ञासु पर बाद में विचार करेंगे। यह लो इस पात्र को लेकर आप पूरे नगर के दर्शन कर आएं। ध्यान रहे, दूध की एक बूंद भी नीचे न गिरे।''

शुकदेव जब नगर घूमकर वापस आए, तो जनक ने पूछा, ''कैसी लगी मिथिला नगरी?''

शुकदेव ने जवाब दिया, ''नगरी मैंने देखी ही कहां? मेरा पूरा ध्यान तो आपकी इस आज्ञा के पालन में लगा हुआ था कि दूध की एक बूंद भी न गिरे।''

दृश्य था, दृष्टि थी। शुकदेव ने फिर भी कुछ नहीं देखा। ध्यान में एक लक्ष्य होता है सामने। यह इसका पोजिटिव पक्ष है। इसका नकारात्मक पहलू है लक्ष्य के अलावा अन्य दृश्य-वस्तुओं का पूर्णतया परिहार। विक्षेप रहित एकाग्रता के रूप में भी ध्यान की परिभाषा की जा सकती है।

एकाग्रता में दृष्टि और मन के संतुलन की आवश्यकता होती है

अनुकूल विषय पर ध्यान का लगना विधायक और प्रतिकूल विषय से हटना निषेधात्मक पहलू है। मन के अनियंत्रित रहने से अनवधान होता है। नियंत्रित मन में ध्यान सरलता से लगता है। ध्यान में मन के साथ-साथ इन्द्रियों की भी एकाग्रता सम्मिलित है। इस प्रकार प्रत्याहार अर्थात् इन्द्रियों को उनके विषय से समेट लेना ध्यान में सहायक कारक है। अनवधान के अभाव से भी ध्यान लगता है। इसलिए कहा गया है, *''एकाग्रम् विक्षेप रहितम् मनः।''*

ध्यान की प्रकृति

ध्यान की उपरोक्त परिभाषा से उसकी प्रकृति स्पष्ट होती है। जैसा कि पीछे बतलाया जा चुका है, ध्यान न लगने का कारण रजस और तमस गुण होते हैं। रजस गुण बेचैनी और अत्यधिक सक्रियता का कारण होता है। तमस गुण से आलस्य, प्रमाद, तंद्रा आदि उत्पन्न होते हैं। ये सब ध्यान में बाधक कारक हैं। अतः मन को एकाग्र करने के लिए सत्त्व गुण की वृद्धि की जानी चाहिए। इसलिए भारतीय योग ग्रंथों में आहार की शुद्धता पर बल दिया गया है, क्योंकि आहार शुद्ध होने से सत्त्व गुण बढ़ता है, जिससे मन को एकाग्र करने में सहायता मिलती है।

ध्यान के लक्षण

ध्यान की प्रकृति बतलाते हुए बुद्ध घोष ने उसके निम्नलिखित लक्षण बतलाए हैं—

- ध्यान में चेतना का क्षेत्र सीमित हो जाता है।
- ध्यान से चेतना की विषय वस्तु स्पष्ट हो जाती है।
- ध्यान से प्रकाश का कारक पूर्ण विकसित हो जाता है।
- ध्यान शांति उत्पन्न करता है।

ध्यान बढ़ने के साथ-साथ उसके उपरोक्त लक्षण भी बढ़ते जाते हैं। इस प्रकार स्पष्ट है कि ध्यान लगाने के लिए मन को उन सभी विषयों से हटाना पड़ता है जो कि ध्यान में बाधक हैं। इसके लिए शरीर और इन्द्रियों की क्रिया को नियंत्रित करना पड़ता है तथा शरीर की क्रियाओं को रोकना पड़ता है।

गीताकार ने कहा है कि मन के द्वारा बाह्य इन्द्रियों पर नियंत्रण किया जा सकता है और आत्मा से मन का नियंत्रण किया जा सकता है। केवल आत्म नियंत्रित व्यक्ति ही मन पर नियंत्रण कर सकता है। पूज्यपाद ने ध्यान की प्रकृति को बतलाते हुए उसे वांछनीय विषय पर मन को एकाग्र करना कहा है। इसके लिए अनेक विषयों को न लेकर किसी एक विषय पर ध्यान जमाना चाहिए। उपरोक्त विवेचन से यह स्पष्ट है कि ध्यान में मन, वचन, कर्म को अनेक विषयों से हटाकर किसी एक विषय पर लगाया जाता है।

ध्यान और प्रत्यक्षीकरण

प्रत्यक्षीकरण की क्रिया में ध्यान की आवश्यकता होती है। ध्यान के बिना प्रत्यक्षीकरण संभव नहीं है। ध्यान उसमें एक सोपान है। भारतीय विचारकों ने निर्विकल्प और सविकल्प प्रत्यक्ष में अंतर करते हुए दिखलाया है कि पहले कम और दूसरे में अधिक ध्यान की आवश्यकता पड़ती है। विकल्प न होने पर ध्यान की उतनी आवश्यकता नहीं पड़ती, जितनी आवश्यकता विकल्प होने पर पड़ती है।

प्रत्यक्षीकरण के सिद्धांत के अनुसार इसमें आत्मा, ज्ञानेन्द्रिय, मनस और अंतःकरण की सहायता से विषय के संपर्क में आता है। इसमें मनस और इन्द्रिय मात्र अचेतन होने के कारण स्वयं प्रत्यक्षीकरण नहीं कर सकते। यह कार्य आत्मा का है। ध्यान में वस्तु की उत्तेजना आत्मा को प्रभावित करती है, जिससे वस्तु के प्रति चेतना उत्पन्न होती है और उत्तेजना चेतना के क्षेत्र में आ जाती है। इस प्रकार सविकल्प प्रत्यक्षीकरण में ध्यान अत्यंत आवश्यक है।

ध्यान और स्मृति

किसी वस्तु पर ध्यान लगाने से वह स्मृति में स्थान पा लेती है और बाद में उसकी याद आती है। कोई वस्तु

शीघ्र और कोई कठिनता से याद आती है। इसका कारण भी स्मृति से ध्यान का संबंध है। ध्यान रहने पर स्मृति तीव्र होती है। स्मृति के लिए यह आवश्यक है कि मन को अनावश्यक विचारों से खींचकर आवश्यक विषय पर केंद्रित किया जाए। ऐसा होने से उसके स्मरण में सरलता होती है। ध्यान रहे, स्मृति का कार्य भी मनस नहीं करता, बल्कि उसके माध्यम से आत्मा करती है। अत: सक्रिय स्मृति के लिए सक्रिय ध्यान आवश्यक है।

ध्यान और चेतना

ध्यान स्पष्ट और विवेकयुक्त चेतना की अवस्था है। जब तक हम किसी वस्तु की ओर ध्यान नहीं देते, तब तक उसकी स्पष्ट चेतना नहीं होती, किन्तु जब विशिष्ट इन्द्रिय की सहायता से किसी वस्तु पर ध्यान को केंद्रित किया जाता है, उसकी स्पष्ट चेतना होती है। दूसरे शब्दों में ध्यान की एकाग्रता बढ़ते जाने के साथ-साथ चेतना का क्षेत्र घटता जाता है और विषय की स्पष्टता बढ़ती जाती है।

भारतीय मनोविज्ञान के अनुसार ध्यान की स्थिति में अंत:करण विषय का रूप ग्रहण कर लेता है। इसमें ध्यान और चेतना का घनिष्ठ संबंध स्पष्ट होता है। समाधि की अवस्था में मन विषय से पूर्णतया एकाग्र हो जाता है और दोनों में कोई अंतर नहीं रहता। इस प्रकार आत्म चेतना और विषय चेतना एकरूप हो जाते हैं।

ध्यान और रुचि

ध्यान रुचि पर निर्भर होता है। हम अपने परिवेश की प्रत्येक वस्तु पर ध्यान नहीं देते, केवल उसी वस्तु पर ध्यान देते हैं, जिसमें हमें रुचि होती है। जब कभी कोई व्यक्ति (या साधक) कुण्डलिनी जगाने के लिए सुषुम्ना नाड़ी पर ध्यान लगाता है, तो उसकी रुचि केवल नाड़ी पर ही स्पष्ट होती है। मन में अनेक प्रकार की रुचियां होने पर भी उनमें सबसे अधिक प्रबल रुचि ही ध्यान को निर्धारित करती है।

ध्यान और इच्छा

पूज्यपाद के अनुसार प्रत्यक्षीकरण के चार सोपान हैं, जिसमें सबसे पहले वस्तु की सामान्य रूपरेखा का निरीक्षण किया जाता है। यह अवग्रह है। इसके बाद ईहा अथवा इच्छा आती है जिसमें वस्तु के विशेष गुण आत्मा में रुचि उत्तेजित करते हैं। तीसरी स्थिति अवाय है जिसमें आत्मा वस्तु के कुछ विशेष गुणों पर ध्यान देती है और चौथी स्थिति धारणा की है। इससे इच्छा और ध्यान का संबंध स्पष्ट होता है। ध्यान को एकाग्र करने का उपाय बतलाते हुए नेमीचंद ने लिखा है कि अन्य वस्तुओं से रुचि हटाकर केवल एक ही विषय में रुचि लगानी चाहिए, इससे ध्यान सहज हो जाता है।

अनवधान

अनवधान का एक प्रकार ध्यान विचलन (Fluctuation) है, जिसमें मन एक विषय से दूसरे विषय की ओर सतत भागता रहता है। मन के इस विचलन को एक वस्तु पर ध्यान एकाग्र करके दूर किया जा सकता है। योग साधना पद्धति में मन के विचलन को रोकने के अनेक उपाय बतलाए गए हैं। तत्वार्थ राजवार्तिक में भट्ट अकलंक ने ध्यान विचलन के बारे में इस प्रकार कहा है, ''ध्यान मन की एकाग्रावस्था है। इसकी उल्टी स्थिति अनेकाग्रता अथवा अनवधान कहलाती है। इसमें मन अनेक अवांछित वस्तुओं में भागा फिरता है। इसका कारण राग, द्वेष अथवा अविद्या इत्यादि दोष हैं। इसके मूल में रजस गुण होता है। साधारण रूप-से मन की इस अनेकाग्र दशा को विक्षप्त दशा कहा जाता है। इसमें मन कभी-कभी एकाग्र भी हो जाता है, किन्तु मन के अत्यधिक अनेकाग्र हो जाने पर विक्षिप्त दशा कहलाती है, जिसमें मन कभी भी एकाग्र नहीं हो पाता और चलायमान अथवा बेचैन रहता है। अनेकाग्रता को दूर करने के लिए मन में सत्त्व गुण बढ़ाया जाना चाहिए।'' अनेकाग्रता के कारण निम्नलिखित हैं—

रोग

व्यास के अनुसार शरीर में वात, पित्त और कफादि विभिन्न तत्त्वों का समन्वय बिगड़ जाने से कोई विशेष

इन्द्रिय कम या अधिक काम करने लगती है। इससे रोग की दशा उत्पन्न हो जाती है और बेचैनी बढ़ती है।

मानसिक आलस्य

इससे मन में सक्रियता का अभाव हो जाता है।

संशय

किसी वस्तु के सही रूप के विषय में ज्ञान न होने को संशय कहते हैं। इससे मन एकाग्र नहीं हो पाता।

प्रमाद

इसमें व्यक्ति आवश्यक कार्यों को नहीं करता, जिससे वो विक्षिप्त बना रहता है।

निष्क्रियता

मन में तमस गुण और शरीर में आलस्य की अधिकता के कारण उत्पन्न हुई निष्क्रियता विक्षेप का मुख्य कारण है।

अप्रत्याहार

जबकि प्रत्याहार ध्यान में सहायक स्थिति है, अप्रत्याहार अर्थात् इन्द्रियों को उनके विषय-भोगों से न हटा सकना विक्षेप का कारण है।

भ्रम

किसी वस्तु का गलत प्रत्यक्षीकरण भ्रान्ति अथवा भ्रम कहा जाता है। यह भी विक्षेप का एक प्रमुख कारण है।

मानसिक अस्थिरता

मन के अस्थिर होने से विक्षेप उत्पन्न होता है और ध्यान नहीं जमता।

मानसिक बेचैनी—इससे मन अनेक विषयों की ओर भागता फिरता है।

निम्नलिखित उपाय विक्षेप को दूर करने के लिए हैं—

अभ्यास

विक्षेप का मूल कारण चित्त-विकार है, जिससे प्राण स्पंदन होता है। इसके दमन के लिए सतत अभ्यास की आवश्यकता है।

प्राणायाम

योग साहित्य में प्राणायाम को ध्यान एकाग्र करने में सहायक माना गया है। प्राणायाम से चित्त की शुद्धि होती है, जिससे मन को एकाग्र करने में सहायता मिलती है।

वैराग्य

वैराग्य की भावना उत्पन्न होने पर समस्त विषय-भोगों से मन को हटाया जा सकता है। इसके लिए इन विषय के दोषों के चिंतन से यह स्पष्ट हो जाता है कि अंत में इन वस्तुओं से दु:ख ही मिलता है और कल्याण नहीं होता। वैराग्य से आत्मा और अनात्मा में अंतर संभव हो जाता है। इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि साधक को अनात्मा को छोड़कर आत्मा में मन को केंद्रित करना चाहिए। वैराग्य की भावना उत्पन्न हो जाने पर मन की एकाग्रता सहज हो जाती है। माण्डूक्य उपनिषद् के अनुसार, *''ज्ञानाभ्यास वैराग्य द्वयोपायेन मनः योजयेत्,''* अभ्यास के लिए मन को उसके स्वाभाविक विषय से हटाकर धैर्यपूर्वक उपयुक्त विषय पर लगाना चाहिए।

प्रेम, करुणा

विक्षेप को दूर करने के लिए भले व्यक्तियों के लिए प्रेम, दु:खी व्यक्तियों के लिए करुणा तथा दुष्ट व्यक्तियों के प्रति तटस्थता का भाव उत्पन्न किया जाना चाहिए।

सत्त्व गुण का विकास

विक्षेप का कारण रजस और तमस का बढ़ जाना है। इसलिए इनके दमन और सत्त्व गुण के विकास से विक्षेप दूर किया जा सकता है। बुद्धि में सत्त्व गुण बढ़ने पर मन के एकाग्र हो जाने से उसकी सहायता से मन को नियंत्रित किया जा सकता है।

सतसंग

साधु और सज्जन व्यक्तियों के संपर्क से मन के अनेक विक्षोभ और उत्तेजनाएं दूर हो जाती हैं और उसे एकाग्र करने में सहायता मिलती है।

इष्ट पूजा

विक्षेप दूर करने का एक उपाय इष्ट पूजा है। इष्टदेव पर मन को केंद्रित करना सरल होता है।

ओ३म् स्मरण

विक्षेप दूर करने का एक उपाय रहस्यवादी महावाक्य ओ३म् पर ध्यान को केंद्रित करना है। इसके बार-बार स्मरण करने से मन को एकाग्र करने में सहायता मिलती है।

चित्त शुद्धि

विक्षेप दूर करने के हेतु चित्त-शुद्धि अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए मैत्री, करुणा, मुदिता, उपेक्षा आदि गुणों का विकास करना चाहिए। इससे मन के दुर्गुण दूर हो जाएंगे और सत्त्व गुण बढ़ेगा। सत्त्व गुण बढ़ने से मन, ध्यान को एकाग्र करने में सहायता मिलेगी तथा विक्षेप दूर होगा।

ध्यान के निर्णायक

अनेक विचारकों ने विक्षेप को दूर करने के साथ-साथ ध्यान जमाने के कारकों पर भी विचार किया है। इससे ध्यान के निर्णायक अर्थात् वे कारक स्पष्ट होते हैं, जिनसे ध्यान का होना या न होना निश्चित होता है। ध्यान के निर्णायक मुख्य कारक निम्नलिखित हैं—

विक्षेप के कारक

विक्षेप के कारकों के उपस्थित होने पर ध्यान नहीं लगता। ध्यान लगाने के लिए इनका दूर होना आवश्यक है। इसलिए योग की पद्धति में ध्यान के पहले यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार और धारणा के सोपान बतलाए गए हैं। आसन से शरीर पर नियंत्रण होता है। प्रत्याहार से इन्द्रियों पर नियंत्रण होता है। यम और नियम क्रियाओं को नियंत्रित करते हैं। इस प्रकार शरीर और उसकी चेष्टाओं तथा इन्द्रियों आदि के नियंत्रण के बाद ही ध्यान जम पाता है।

तीव्रता

उत्तेजना की तीव्रता ध्यान का निर्णायक कारक है, क्योंकि वह इन्द्रिय को प्रभावित करती है। उससे अनायास ही वस्तु की ओर ध्यान चला जाता है। उससे चेतना का क्षेत्र सीमित हो जाता है।

रुचि

रुचि ध्यान का आंतरिक निर्णायक है। हम उन वस्तुओं की ओर ध्यान देते हैं, जिनमें हमारी रुचि होती है। रुचि से इच्छा उत्पन्न होती है और इच्छा से ध्यान निर्धारित होता है।

इच्छा

किसी वस्तु में इच्छा या अनिच्छा होना, उसकी ओर ध्यान अथवा विक्षेप निर्धारित करता है।

धारणा

अन्य वस्तुओं की ओर से ध्यान हटाने से विशेष स्थान या वस्तु में ध्यान लगाने में सहायता मिलती है। धारणा ध्यान का एक महत्त्वपूर्ण निर्धारक है।

अभ्यास

अभ्यास का अर्थ मन को अन्य वस्तुओं से हटाकर विशेष वस्तु पर लगाने की क्रिया को बार-बार दोहराना है। इससे ध्यान निर्धारित होता है।

धृति

धृति के अभाव में ध्यान नहीं जमता। धृति ध्यान के निर्धारण का कारक है। इससे किसी लक्ष्य की ओर ध्यान एकाग्र करने में सहायता मिलती है। यह ध्यान का आत्मगत कारक है।

भाव

विभिन्न प्रकार के भाव अथवा संवेग ध्यान के आत्मगत निर्धारक हैं। प्रेम के कारण हम विशेष व्यक्तियों की ओर ध्यान देते हैं। घृणा के कारण घृणित वस्तुओं अथवा व्यक्तियों की ओर ध्यान जाता है। इसी प्रकार क्रोध, भय, शोक, लोभ, ईर्ष्या आदि भाव इन्हें उत्पन्न करने वाली वस्तुओं और व्यक्तियों की ओर ध्यान आकर्षित करते हैं। अहंकार से व्यक्ति अपने काल्पनिक गुणों की ओर ध्यान देता है। जहां भाव ध्यान आकर्षित करते हैं, वहां वे विक्षेप के कारण भी हैं। जिन वस्तुओं से भावात्मक आघात लगता है, उसके प्रति मन में विक्षेप होता है।

ध्यान के भावात्मक कारकों में मनोवैज्ञानिकों ने काम को अत्यधिक महत्त्व दिया है और इसे उतने ही व्यापक अर्थों में लिया है, जितने व्यापक अर्थों में फ्रायड ने सेक्स शब्द का प्रयोग किया है। इस प्रकार काम, ध्यान आकर्षित करने का मुख्य कारण है। इसको जीते बिना मन को एकाग्र नहीं किया जा सकता है।

संस्कार

अनेक विचारकों का यह कहना है कि व्यक्ति में पूर्वजन्म के अनेक संस्कार उसे कुछ वस्तुओं और व्यक्तियों की ओर ध्यान देने और अन्य वस्तुओं, व्यक्तियों और लक्ष्य से ध्यान हटाने के लिए बाध्य करते हैं। ये पूर्व संस्कार ही स्वभाव का निर्माण करते हैं। इसलिए स्वभाव के रूप में भी ये ध्यान का निर्धारण करते हैं। अस्तु, संस्कारों को नियंत्रित और संशोधित करने के लिए निरंतर लंबे काल तक अभ्यास की आवश्यकता है।

शारीरिक कारक

चिकित्साशास्त्र में ध्यान और विक्षेप के अनेक शारीरिक कारकों का विश्लेषण किया गया है। इनका महत्त्व बतलाते हुए इन कारकों को नियंत्रित करने के उपाय भी बतलाए गए हैं। उदाहरण के लिए 'भट्ट अकलंक' ध्यान लगाने के लिए अनुकूल भौतिक परिवेश, अनुकूल आसन, प्राणायाम, शारीरिक क्रियाओं का दमन, राग, द्वेष और मोह का दमन तथा शरीर में आलस्य और निद्रा का नियंत्रण आवश्यक मानता है।

'ब्रह्मदेव' के अनुसार, लक्ष्य पर ध्यान लगाने के लिए वैराग्य, राग और द्वेष से छुटकारा, शीत, उष्ण, भूख, प्यास आदि पर विजय, इच्छा और द्वेष से स्वतंत्रता तथा विवेक और ज्ञान की आवश्यकता होती है। भगवद् गीता में ध्यान को एकाग्र करने के अनेक उपाय बतलाए हैं। गीता के अनुसार शुद्ध आहार लेने से बुद्धि में सत्त्व गुण बढ़ता है, जिससे स्मृति पुष्ट होती है और लक्ष्य पर ध्यान लगाने में एकाग्रता बढ़ती है।

समाधि : स्वरूप शून्यता का दूसरा नाम

योग का लक्ष्य और सर्वोच्च सोपान तथा अष्टांग योग का आठवां अंग ''समाधि'' है। योग में धारणा से लेकर समाधि तक एक ही प्रक्रिया चलती है जो धारणा में आरंभ होकर समाधि में समाप्त हो जाती है। शास्त्र का कथन है, *दिन द्वादशकेन स्यात्समाधिः प्राण संयमात्* अर्थात् जब निरंतर बारह दिनों तक शरीर के भीतर प्राणवायु का संयम हो, तब समाधि होती है। अभिप्राय यह कि साधक जब बारह दिनों तक प्राणवायु को शरीर के भीतर तदाकार वृत्ति से रोककर ब्रह्मानंद में लीन हो जाए, तब वो अवस्था समाधि कहलाती है। योगदर्शन में समाधि का लक्षण बताते हुए कहा गया है कि *''तदेवार्थमात्रनिर्भासं स्वरूपशून्यमिव समाधिः''* अर्थात् जब ध्येयमात्र की ही प्रतीति हो और चित्त

का अपना स्वरूप शून्य हो जाए, वो ही समाधि है अर्थात् समाधि में त्रिपुटी का लय हो जाता है। त्रिपुटी का अर्थ है धारणा ध्यान में बदल जाए और ध्यान समाधि में बदल जाए अर्थात् मन ध्येय के अनुसार हो जाता है। चूंकि ध्यान योग में ध्याता तो, अपना व्यक्तित्व ईश्वर रूपी सागर में विसर्जित कर देता है और ईश्वर का निमित्त मात्र बनने तक निमग्न बना रहता है। ध्यान रहे समाधि, ध्यान की परिपक्व अवस्था है। धारणा ध्यान की परिपक्व अवस्था है और धारणा प्रत्याहार के अभ्यास से पकता है।

ध्यान रहे आत्मा परमात्मा का ही अंश है। जो गुण परमात्मा में है वही गुण आत्मा में है। इसलिए समाधि से परमात्मा के ही गुणों का जीवन में प्रस्फुटन होने लगता है। समाधि वह अवस्था है जहां आनन्द ही आनन्द है। जिसके बाद वह साधक जब भौतिक जगत में लौटता है तो उसके जीवन में चिन्ता, भय, तनाव, निराशा, अकर्मण्यता विस्मृति, मानसिक विकार जैसे काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार, ईर्ष्या, द्वेष, घृणा, परदोष दर्शन समाप्त हो जाते हैं। वह पूर्ण कर्मयोगी बन जाता है। फिर भी वह अपने को अकर्ता ही मानता है और उसके जीवन में सत्य, अहिंसा, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह, शौच, स्वाध्याय, संतोष, तपस्या, ईश्वर प्रणिधान स्वाभाविक गुण बन जाते हैं।

समाधि के विविध मार्ग

समाधि सिद्धि के अनेक मार्ग हैं। अष्टांग, भक्त योगी को भगवत प्रेम द्वारा 'भाव-समाधि' वेदान्ती को मिथ्यात्व बुद्धि और अन्वय की रीति से सच्चिदानन्द के चिन्तन द्वारा 'भेद-समाधि' प्राप्त होती है। ध्यान रहे उपरोक्त राजयोगी, भक्तियोगी एवं ज्ञानयोगी को केवल उसका शरीर हिलाकर या शंख आदि ध्वनि बजाकर उसकी समाधि से उसे सामान्य चेतना में ला सकते हैं किन्तु हठयोगी के साथ यह व्यवहार नहीं सफल होता क्योंकि हठ योग का साधक सारे शरीर से प्राण को खींचकर ऊपर शिर के ऊपरी भाग सहस्रार चक्र में ले जाता है तब वह समाधि में प्रवेश करता है। हठयोगी समाधि में कई वर्षों तक पृथ्वी के नीचे दबे रहते हैं।

समाधि का गणित

यदि ध्यान योग का अध्यासी अपने मन को किसी एक वस्तु पर अथवा मूर्ति पर दस सेकेण्ड (ढाई श्वास-प्रश्वास) तक स्थिरता से एकाग्र कर सके तो यह धारणा होती है। ऐसी दस धारणाओं (पच्चीस श्वास-प्रश्वास) को ध्यान कहते हैं। दस ध्यान (दो सौ पचास श्वास-प्रश्वास) से समाधि बनती है।

ईश्वरी ध्यान जब समाधि की अवस्था को प्राप्त कर लेता है तो वह अपनी चेतना खोकर ध्येय के साथ एकाकार हो जाता है। पुनः समझ लें ईश्वरी समाधि के फलस्वरूप रहस्यमयी ज्ञान की एक झलक मात्र से सारे भौतिक जगत की सत्ता का अन्त हो जाता है और संसार का स्मरण या विचार या संकीर्तन आदि आत्मा को बिलकुल छोड़ देता है। जिससे उसके शरीर, इन्द्रियों, मन एवं बुद्धि को गहरा विश्राम मिल जाता है और संसार में पुनः पूर्ववत् वैसी ही शक्ति से भर जाता है जैसे जब हम स्वप्न रहित प्रगाढ़ निद्रा के बाद अनुभव करते हैं किन्तु प्रगाढ़ निद्रा की अवस्था में जितने विश्राम का अनुभव होता है उतने विश्राम का अनुभव समाधि में कुछ मिनटों में मिल जाता है। इसलिए योगी अल्प ही सोता है या यों कहिए कि सामान्य व्यक्तियों की तरह वह सोने में समय नष्ट न करके समाधि के द्वारा अपने को तरोताजा किए रहता है। विज्ञपुरुषों ने अपने-अपने अनुभवों के आधार पर समाधि के छह प्रकार प्रमुख माने हैं—

ध्यानयोग समाधि

इसके अभ्यास में दीप्तिमान ज्योति का आत्मा में ध्यान करते हुए ऐसा प्रयास करें कि वह ज्योति बिंदु ब्रह्मरूप में दिखाई देने लगे। तदनन्तर यह ध्यान करें कि आकाश में हमारी ही आत्मा विद्यमान है। यह समाधि की प्रारंभिक अवस्था है, क्योंकि ध्यान की परिपक्वता के बिना समाधि नहीं हो सकती।

नादयोग समाधि

इसमें जिह्वा को ऊपर की ओर लौटाकर कपाल कुहुर में ले जाई जाती है, इससे खेचरी मुद्रा होती है। यह लौटी

हुई जिह्वा जब तक ब्रह्मरन्ध्र में स्थित रहती है, तब तक योगी की समाधि भंग नहीं होती। नादयोग का अर्थ है, मन का नाद में लीन हो जाना और ऐसा होने पर समाधि का होना स्वाभाविक है।

रासानंदयोग समाधि

जिस समाधि में ब्रह्मानंद रूप रसामृत का स्वादन होने लगे, वह रसानंद योग समाधि है। आचार्यों ने इसे समाधि की तीसरी अवस्था माना है।

लयलिद्धि समाधि

इस समाधि में साधक स्वयं को शक्ति का रूप मानकर इतना तन्मय हो जाता है कि वह परमात्मा को पुरुष रूप समझता हुआ उसके साथ विहार की भावना के साथ चित्त का लय कर देता है।

भक्तियोग समाधि

इस समाधि में योगी परमात्मा का आश्रय लेकर अपने चित्त को पूर्णरूप से लीन कर देता है। इसमें चित्त की इतनी अधिक तन्मयता हो जाती है कि नेत्रों से आनंद का अश्रु-प्रवाह होने लगता है, वह किसी प्रकार रुकता नहीं तथा शरीर पुलकायमान होकर मन में एकाग्रता और अचैतन्यता आकर ब्रह्म से साक्षात्कार होने लगता है। इसमें योगी को अपने शरीर का किंचित् भी बोध नहीं रहता।

राजयोग समाधि

इस समाधि में मन को सब ओर से हटाकर भौंहों के मध्य में स्थित आज्ञाचक्र में लगाने का निर्देश है। योगी मन को आत्मा में योजित करे और फिर उसको परमात्मा में योजित करे, यही राजयोग समाधि है। इसमें आज्ञाचक्र के भेदन की ओर संकेत है। वो ही रुद्रग्रंथि है, जिसका भेदन अक्षर वायु से किया जाता है, *''रुद्रग्रंथिर्भ्रुवोमध्ये भिद्यतेऽक्षर वायुना,''* इसके अनुसार ब्रह्मग्रंथि, विष्णुग्रंथि, रुद्रग्रंथि और षट्चक्रों का भेदन करती हुई कुण्डलिनी शक्ति उससे भी ऊपर जाकर शिव से जा मिलती है। योग की यही अंतिम प्रक्रिया है।

संप्रज्ञात समाधि

समाधि की इस अवस्था का वर्णन करते हुए पंतजलि ने लिखा है, *''सर्वार्थतैकाग्रतयो: क्षयोदयौ चितस्य समाधिपरिणाम।''* अर्थात् जिस अवस्था में, चित्त में सर्वार्थता का क्षय और एकाग्रता का उदय हो, उसको समाधि परिणाम कहते हैं। साधारणतया मनुष्य का चित्त सर्वार्थ होता है अर्थात् उसमें अनेक प्रकार के पदार्थों की ओर प्रवृत्ति पायी जाती है। वह किसी एक स्थान पर नहीं टिक सकता। वह अस्थिर होता है। तमोगुण में अत्यधिक, रजोगुण में उससे कम और सत्त्व गुण में अस्थिरता सबसे कम होती है, किन्तु यह समाधि की स्थिति नहीं है।

बहिरंग सोपानों के पश्चात् धारणा और ध्यान के लम्बे अभ्यास से जब क्रमश: प्रत्ययों की एकतानता उत्पन्न हो जाती है तो सर्वार्थता समाप्त हो जाती है और एकाग्रता का उदय हो जाता है। इस प्रक्रिया के लिए लंबे समय तक अभ्यास की आवश्यकता है। पंतजलि के अनुसार चित्त की प्रशान्तवाहिता संस्कार के कारण होती है। इसके निरोध के लिए अभ्यास में पटुता आवश्यक है। अभ्यास में वृत्ति के क्षीण होने पर पारदर्शक मणि के समान ग्राहकता, ग्रहण और ग्राह्यों में तटस्थता और तदज्जन्य की समापत्ति प्राप्त होती है।

धारणा से ध्यान की भूमिका पर पहुंचने के बाद स्वभावतया समाधि की ओर विकास होता है। समाधि को उपाय प्रत्यय कहा गया है अर्थात् उसके लिए उपाय आवश्यक है। जो लोग पिछले जन्म में भारी उपाय कर चुके होते हैं, उनकी समाधि भवप्रत्यय कहलाती है अर्थात् जन्म के कारण ही उनकी समाधि है। ऐसे लोग बहुत थोड़े होते हैं। अधिकतर लोगों के लिए समाधि उपाय प्रत्यय होती है। इसके लिए समाधि की अनुभूति, श्रद्धा, वीर्य, स्मृति समाधि तथा प्रज्ञापूर्वक होती है।

श्रद्धा के बिना अभ्यास नहीं हो सकता। यह श्रद्धा शास्त्र और गुरु में आस्था है। श्रद्धा से वीर्य उत्पन्न होता है, जिसका अर्थ तत्परता और उत्साह है। वीर्य बढ़ने से स्मृति की शुद्धता बढ़ती है। स्मृति के शुद्ध होने से चित्त में

एकाग्रता और स्थिरता की वृद्धि होती है। यही ''संप्रज्ञात समाधि'' है। संप्रज्ञात समाधि के निम्नलिखित 4 स्तर माने गए हैं—

सवितर्क समाधि—जब साधक किसी स्थूल वस्तु जैसे हाथी के शरीर को धारणा का आलम्बन बनाता है, तो उसकी धारणा क्रमश: ध्यान और ध्यान से समाधि में परिणत होने पर भी अनेक वितर्क बने रहते हैं। यह सवितर्क समाधि है।

सविचार समाधि—जब एकाग्रता का विषय स्थूल वस्तु न होकर कोई सूक्ष्म वस्तु जैसे पंचतन्मात्रों में से कोई एक हो तो उसमें जो समाधि की अवस्था प्राप्त होती है, वह सविचार समाधि कहलाती है।

सानन्द समाधि—सानन्द समाधि में सत्त्वगुण ही शेष रहता है और अन्य दोनों गुण समाप्त हो जाते हैं। इसके पहले की दोनों स्थितियों में सत्त्वगुण रजोगुण के साथ मिला रहता है।

सास्मित समाधि—इसमें आनंद के साथ-साथ अस्मिता भी रहती है। इसलिए इसे यह नाम दिया गया है।

उपरोक्त वर्गीकरण के अतिरिक्त वितर्क और विचार समाधि के निम्नलिखित दो उपभेद भी माने गए हैं—

निर्वितर्क समाधि—पीछे जो हाथी के शरीर को धारणा का आलम्बन बनाने का उदाहरण दिया गया है, उसमें जब ध्यान का क्षेत्र संकुचित हो जाने से हाथी के नाम, गुण इत्यादि का ज्ञान समाप्त हो जाते हैं और चित्त स्थूल वस्तु मात्र पर एकाग्र हो जाता है, तो यह निर्वितर्क समाधि की अवस्था कहलाती है। इसमें स्थूल विषयों के संबंध में सब कुछ जान लिया जाता है।

निर्विचार समाधि—सूक्ष्म आलम्बन जैसे तन्मात्र इत्यादि पर ध्यान लगाने से जब वह विषय शुद्ध रूप में सामने आता है और उसकी सहवर्ती बातों का ज्ञान विलीन हो जाता है तो इसे निर्विचार समाधि कहते हैं।

इस प्रकार संप्रज्ञात समाधि के उपरोक्त 6 भेद माने गए हैं। समाधि की इन विभिन्न अवस्थाओं में भिन्न-भिन्न प्रकार की सिद्धियां और विशेष शक्तियां प्राप्त होती हैं।

असंप्रज्ञात समाधि

इस समाधि की उपरोक्त विभिन्न भूमिकाओं में सर्वोच्च, सानंद और सास्मित समाधियों की अवस्थाएं पार करके जब योगी असंप्रज्ञात समाधि की सर्वोच्च भूमि पर पहुंचता है तो वह सर्वविज्ञ, सर्वकर्त्ता, सर्वज्ञ और सर्वशक्तिमान बन जाता है। उसकी क्षमताओं के विषय में पंतजलि ने लिखा है, *''ऋतम्भरा तत्र प्रज्ञा।''* अर्थात् उसकी प्रज्ञा ऋतम्भरा अर्थात् सत्य से परिपोषित होती है। वह चाहे जिस विषय का ज्ञान कर सकता है। आगे कहा गया है, *''परमाणुपरममहत्त्वान्तोऽस्य वशीकार: ।''* अर्थात् परमाणु से लेकर परम महत्त्व पदार्थ तक सभी उसके वश में हो जाते हैं। समाधि की इन भिन्न-भिन्न अवस्थाओं में भिन्न-भिन्न सिद्धियां प्राप्त होती हैं। असंप्रज्ञात समाधि की परिभाषा करते हुए पंतजलि ने लिखा है, *''विरामप्रत्ययाभ्यासपूर्व: संस्कारशेषोऽन्य: ।''* अर्थात् जिसके पहले विराम प्रत्यय का आभास होता है और जिसमें संस्कार मात्र शेष रह जाता है उसे ''असंप्रज्ञात समाधि'' कहते हैं। विराम प्रत्यय से तात्पर्य चित्त वृत्तियों का रुक जाना है। इसका एक अर्थ निरोध की प्रत्यक्ष अनुभूति भी है। समाधि से भिन्न चित्त में तमोगुण और रजोगुण प्रधान होता है। समाधि की अवस्था में सत्त्वगुण प्रधान होता है। असंप्रज्ञात समाधि में कौन से संस्कार किस सीमा तक शेष रहते हैं, इसके बारे में पंतजलि ने कुछ नहीं कहा है। अस्तु, यह कहा जा सकता है कि समाधि रहने तक संस्कार बने रहते हैं। संस्कार के कारण ही समाधि समाप्त होती है। समस्त संस्कार समाप्त हो जाने पर मृत्यु हो जाती है।

समाधि की स्थिति में प्रज्ञा दिखलाई पड़ती है। प्रज्ञा से तात्पर्य शंका आदि से रहित ज्ञान है। सवितर्क आदि समाधि में पंतजलि ने 7 प्रकार की प्रज्ञा मानी हैं। भोजन वृत्ति के अनुसार ये 7 प्रकार की प्रज्ञाएं निम्नलिखित हैं—

- हेय को जानने से उसे जानने की कोई आवश्यकता नहीं रहती।

- ❑ हेय का हेतु क्षीण हो जाने से उसे क्षीण नहीं करना होता।
- ❑ निरोध समाधि के द्वारा हान का साक्षात्कार
- ❑ विवेक ख्याति रूप हानोपाय की भावना
- ❑ बुद्धि का चरिताधिकारी होना
- ❑ तीनों गुणों का लय होना और फिर उत्पाद न होना
- ❑ गुणों से संबंध को पार करके स्वरूप मात्र केवली दशा में स्थित होना

उपरोक्त सातों प्रज्ञाभूमियों में से पहली चार क्रियाविमुक्ति और बाद की तीन चित्तविमुक्ति कहलाती हैं। उपरोक्त भूमियों से यह स्पष्ट होता है कि योग में साधक की बुद्धि क्रमशः आत्मज्ञान प्राप्त करती है।

अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष और अभिनिवेश हेय के हेतु हैं, विभिन्न प्रज्ञाभूमियों में ये हेतु क्रमशः नष्ट हो जाते हैं। असंप्रज्ञात समाधि के अनुभव को उपनिषदों के अतिरिक्त विभिन्न संतों ने अपनी वाणी में अभिव्यक्त किया है। इस अवस्था को पहुंचे हुए योगी के बारे में पंतजलि ने कहा है, *''प्रसंख्यानेऽकुसीदस्य सर्वथा विवेकख्यातेधर्ममेघः समाधि।''* अर्थात् प्रसंख्यान में भी कुसीद अर्थात् व्याज की इच्छा न रखने वाले व्यक्ति को सर्वथा विवेक ख्याति होने पर धर्ममेघ समाधि प्राप्त होती है। साधारण मनुष्य पुण्य का काम करने पर ब्याज के रूप में उससे लाभ की इच्छा रखता है। इस स्थिति में यह इच्छा नहीं होती।

प्रसंख्यान से तात्पर्य ज्ञान की ओर से भी विरक्त हो जाना है। विवेक ख्याति का अर्थ प्रधान और उसके विचारों की ओर से अलग होने की अनुभूति है। धर्ममेघ में धर्म का अर्थ परम पुरुषार्थ का साधक ज्ञान है। मेघ से तात्पर्य योगी पर इस ध्यान की निरंतर वर्षा है। अस्तु, उपरोक्त श्लोक का अर्थ यह होता है कि असंप्रज्ञात समाधि में योगी सब प्रकार से विरक्त होता है और उस पर निरंतर ज्ञान की वर्षा होती रहती है।

इस प्रकार का योगी अपने चारों ओर धर्म की वृद्धि करता है और लोगों का कल्याण करता है। उसके संकेतों से, बातचीत से, शरीर की मुद्राओं से, गति से चारों ओर जन कल्याण साधन होता है।

❑❑



नि:श्वास : तीन

कुण्डलिनी रहस्य

कुण्डलिनी शक्ति के रहस्य को समझने के लिए संपूर्ण योग चक्रों का, मानव शरीर से संबंधित समस्त व्यवस्था का, शरीर तंत्र का तथा षट्कर्मों के द्वारा शरीर के शुद्धीकरण का ज्ञान होना, प्रत्येक साधक के लिए अनिवार्य है। प्राणायाम, ध्यान, मुद्रा साधनादि के द्वारा मन, बुद्धि और सूक्ष्म शरीर का विकास करना भी कुण्डलिनी योग के साधक के लिए परम आवश्यक है। मूलाधार चक्र में सोई हुई योग की अत्यंत प्रचण्ड शक्ति को जगाने के निमित्त, अपने आपको पूर्ण रूप-से अनुशासित, संयमी, सद्गुरु के सान्निध्य से संपन्न साधक को अष्टांग योग का पालन करते हुए अपनी साधना सत्यनिष्ठा, पूर्ण आत्मविश्वास और संयम के साथ आरंभ करनी चाहिए।

अपनी संपूर्ण चित्तवृत्तियों को शांत किए बिना, जल्दबाजी में, बिना सोच-विचार किए और अनुभवी योग्य गुरु का निर्देश प्राप्त किए बिना, अपने ही मनमाने ढंग से खतरनाक कुण्डलिनी शक्ति को छेड़ने का प्रयास जो साधक करता है, वह हानि का शिकार तो होता ही है, उसका पतन भी अवश्य हो जाता है।

मानसिक इच्छाओं, कामनाओं, काम, क्रोध, लोभ, मोह एवं अहंकार आदि की जो भी अनुचित वृत्तियां हैं, उन सब पर साधना, ज्ञान और संयम के द्वारा जो योगी साधक अंकुश लगाने की दृढ़ शक्ति प्राप्त कर लेता है और निरंतर योग साधना में बिना कोई लोभ अथवा किसी भी प्रकार का अभिमान किए, विनम्र भाव से निरंतर अभ्यास करता रहता है, उसी साधक को विश्व की सर्वोपरि शक्ति कुण्डलिनी के जागरण का अधिकार प्राप्त होता है।

मेरुदण्ड के निचले भाग में चतुर्दल पीतवर्ण के कमल-पुष्प की भांति बने मूलाधार चक्र में कुमारिका कुण्डलिनी शक्ति नीचे की ओर मुंह किए हुए सुप्तावस्था में पड़ी रहती है। उसी स्थान पर सुषुम्ना नाड़ी, इड़ा, पिंगला नाड़ियों सहित विद्यमान है। प्रबल आंतरिक त्राटक अर्थात् ध्यान के द्वारा सर्वप्रथम मूलाधार नामक पीतवर्ण के चतुर्दल कमल में ''**लं**'' बीज मंत्र का निरंतर जप और ध्यान करते रहने तथा बहुत समय तक साधना करने के अनंतर जब इस चक्र की शक्ति का उदय होने लगे तो पूर्वोक्त यौगिक साधनाओं का अभ्यास करते हुए कुण्डलिनी जागरण के मार्ग की ओर अग्रसर होना चाहिए।

मूलाधार चक्र पर पूर्व बताए ध्यान के अनुसार त्राटक करते हुए, नियमित रूप-से नाड़ी शोधन नामक प्राणायाम के दो सौ के लगभग अभ्यास करने से नासिका में जब सुगंधियां-सी आने लगें और यह क्रिया जब काफी समय तक होती रहे तो साधक को शरीर की समस्त नाड़ियों को शुद्ध हुआ समझना चाहिए।

इसके उपरांत साधक को कुण्डलिनी शक्ति के जागरण के लिए पहला प्रयास करने के पूर्व ही कवच के रूप में योग की अत्यंत महत्त्वपूर्ण क्रिया ''मूलबंध'' का अभ्यास कटिबद्ध होकर करना चाहिए। यदि मूलबंध का अभ्यास किए बिना महाप्रबल प्रचण्ड कुल कुण्डलिनी, अपराजिता शक्ति को जगाने का प्रयास किया गया तो वह साधक का कल्याण करने के स्थान पर निश्चय ही उसका पतन कर देगी। इसलिए कुण्डलिनी के जागरण से पूर्व

मूलबंध को अत्यंत सुदृढ़ अवस्था तक पहुंचा देना चाहिए। मूलबंध साधना की परिपक्व स्थिति होते-होते साधक में कई प्रकार के चमत्कार स्वाभाविक ही उपस्थित हो जाते हैं।

मूलबंध की स्थिति प्राप्त होने पर साधक की संकल्प शक्ति एवं धारणा शक्ति अत्यंत प्रबल हो जाती है। उसकी आकृति में, उसकी चाल-ढाल में, उसकी वाणी में तथा उसकी दृष्टि में एक विशेष प्रकार का आकर्षण उपस्थित हो जाता है। शरीर में एक विशेष प्रकार की लावण्यता, स्निग्धता उत्पन्न हो जाती है। यही नहीं, उसके विचारों तक में दृढ़ता के साथ एक महत्त्वपूर्ण परिवर्तन हो जाता है। लोग अनायास ही उसकी ओर उन्मुख होने लगते हैं। लोगों को अपनी ओर खींचने की उसमें एक आकर्षक शक्ति आ जाती है।

वस्तुत: मूलबंध साधना ही कुण्डलिनी शक्ति को जगाने वाला एक चमत्कारी रहस्य है। यह भी सत्य है कि मूलबंध की साधना किए बिना कुण्डलिनी की साधना नहीं हो सकती। मूलबंध साधना ही इसकी मूल कुंजी है।

यदि मूलबंध साधना के साथ-साथ विभिन्न रहस्यमयी मुद्राओं की भी साधना की जाए, तो कुण्डलिनी जागरण का मार्ग सरल हो जाता है। निरंतर योग साधनाओं को करने से योगी व्यक्ति की सबसे बड़ी शक्ति का आधार पर शक्तिस्वरूपा महाकुल कुण्डलिनी के उदय स्थल पर एकाग्रता बन जाती है। इस एकाग्रता के कारण एक विशेष प्रकार का दबाव कुण्डलिनी शक्ति के निवास स्थान पर पड़ता हुआ अनुभव होने लगता है।

योगी साधक को किसी भी योग चक्र को थोड़े बहुत रूप-से स्पंदित करना हो तो, उस स्थान पर अपने आपको, अर्थात् अपने ध्यान एवं विचार को निरंतर एक ही स्थान पर और एक ही प्रकार के चिंतन के रूप में स्थिर करने का प्रयत्न करना चाहिए। उससे उस स्थान (योग चक्र) पर निवास करने वाली दिव्य शक्ति बहुत धीरे-धीरे विकसित होने लगेगी।

यदि साधक कुण्डलिनी योग साधना के समस्त नियमादि का पालन पूर्णरूप से ठीक-ठीक करने में तत्पर है और योग मार्ग में आगे बढ़ने के लिए दृढ़ता के साथ कटिबद्ध है तो कुछ समय बाद ही उसमें सूक्ष्म शक्तियों का उदय होने लगेगा। तब साधक को मूलाधार चक्र पर मूलबंध की पूर्णरूप से परिपक्व साधना की स्थिति प्राप्त करते हुए कुण्डलिनी शक्ति पर ध्यान केंद्रित करने का प्रयास करना चाहिए। संस्कृत के एक मूल श्लोक का भावार्थ इस प्रकार है—

कुण्डलिनी जैसी ईश्वरीय योग शक्तियों को सच्चे साधक के लिए प्राप्त करना बहुत कठिन नहीं, अपितु अति सरल है।

किन्तु उन योगी साधकों की कुण्डलिनी कभी जाग्रत नहीं होती, जिन्हें इस पराशक्ति पर विश्वास नहीं। अविश्वास असफलता का सोपान है और विश्वास अवश्य ही सफलता दिलाने वाला है। श्रेष्ठ योगी भी अविश्वास के बल पर कुण्डलिनी जाग्रत नहीं कर सकता। जिन साधकों को परमात्म शक्ति, परम पराशक्ति मां कुण्डलिनी एवं अज्ञात शक्तियों पर, साथ ही भगवान पर विश्वास नहीं है, वो अपने लक्ष्य तक कभी नहीं पहुंच सकते। उनके लिए छोटी-से-छोटी वस्तु भी दुर्लभ है।

प्रत्येक योगी, प्रत्येक साधक अविश्वासी मन को विश्वासी बनाए, मन की चंचलता को दूर करे और धूर्तता को पास भी न फटकने दे और विश्वास रखे कि इस समस्त दृश्य जगत के रूप में वह आदिशक्ति ही सर्वत्र उपस्थित है। अपने अंदर छुपी दिव्य शक्ति को देखने की सच्ची धुन, अटूट लगन और वास्तविक चाह उत्पन्न करे और अपने इस नश्वर अस्तित्व को सर्वथा और सर्वदा भूल जाने का वास्तविक प्रयत्न करें।

चैतन्य महाप्रभु : भावसमाधि की परम स्थिति

बस, ऐसी लगन लगाए, जिसने मीरा को कृष्ण का दीवाना कर दिया था। सूरदास को आंतरिक चक्षु प्रदान करा दिए थे। चैतन्य महाप्रभु को परम उच्चकोटि की भगवत् नाम कीर्तन करने में तन्मयता प्राप्त करा दी थी। रामकृष्ण परमहंस और स्वामी रामतीर्थ को जिस प्रकार अपनी सुध-बुध भूल गई थी, जिस कुण्डलिनी शक्ति के स्फुरण मात्र से स्वामी विवेकानंद कई दिन के लिए समाधिस्थ हो गए थे और उनका जीवन ही बदल गया था, ऐसी तन्मयता, ऐसी चाह और ऐसी लगन जिस दिन जिस सच्चे योगी, साधक, संत, साधु और भक्त में जग जाएगी, उसे उस महाशक्ति के दर्शन में फिर कुछ चेष्टा नहीं करनी होगी और न ही उसके द्वारा कुण्डलिनी जागरण में कुछ विलंब ही होगा। ऐसी सिद्धि प्राप्त होने पर सब कुछ परम शांत, एकरस, एकाग्र और सर्वत्र आनंद-ही-आनंद का अनुभव होने लगेगा।

अपने अंदर की शक्ति को जगाने के लिए, उस अनन्त शक्ति के उद्गम का ध्यान करना चाहिए, हृदय से करुण पुकार उठनी चाहिए, उस दिव्य शक्ति को उजागर होने के लिए विवश कर दिया जाना चाहिए। जिस दिन ऐसी मार्मिक अंतर्हृदय से साधक के हृदय में अपने आपको और अपनी रहस्यमय कुण्डलिनी के जाग्रत कर देने की अत्यंत बलवती दृढ़ इच्छा पूर्णतया प्रबल आत्मविश्वास के साथ उदय हो जाएगी, बस ठीक उसी क्षण साधना के, उस निर्मल ज्ञान के, उस निर्मल सूर्य का उदय हो जाएगा। सच्चे आत्मप्रबोधन का विश्वास करने योग्य यही एकमात्र साधनमार्ग है।

ध्यान लगाने की सबसे उपयुक्त प्रक्रिया यह है—शांत होकर अपने नेत्र बंद करो और अपने अंतर्मन में धीरे-धीरे उतरते जाओ और क्रमशः बाहर की स्थिति से स्वयं को भूल जाने का प्रयत्न करो और साथ ही एक परम दिव्य, ज्योतिर्मय, सर्वव्यापक, नित्य शुद्ध, अजर-अमर, सर्वज्ञ, आनंद स्वरूप उस अनंत रहस्यों के रहस्य श्रीमन् नारायण का निरंतर ध्यान करते-करते मन की इतनी अनंत गहराइयों में उतरते जाओ जिसका कोई छोर, कोई अंत ही दिखाई न दे। ऐसा लगातार विचार करते-करते उस परम आनंदमय परात्पर, परब्रह्म स्वरूप मूलाधार चक्र में सुषुम्ना के द्वार पर स्थित कुल कुण्डलिनी शक्ति जो नेत्रों को चौंधिया देने वाले अवर्णनीय तेजोमय रूप से विद्यमान है, अपने प्राणों को अपान के साथ मिलाकर, उस स्थान पर स्थिर कर देने का अथक प्रयत्न करो, अपनी संपूर्ण प्रवृत्तियों को उधर ही लगा दो; इस क्रिया से परमानंद की प्राप्ति अवश्य प्राप्त होगी।

बंधों का परिचय

घेरण्ड संहिताकार ने योगसिद्धि में सहायक 25 मुद्राओं का वर्णन किया है। इन 25 मुद्राओं के अभ्यास के बिना कुण्डलिनी जाग्रत नहीं होती। मुद्राएं नाड़ियों के अंदर स्थित विकारों को दूर करने की अद्भुत शक्ति रखती हैं।

शरीर में अनेक प्रकार के विकार भरे पड़े हैं। गलत खान-पान के कारण एवं दूषित मल-विसर्जन प्रणाली के कारण दोषों का ठीक-ठीक बहिष्कार न होने के कारण कुछ विकार अंदर नाड़ियों में रुक जाते हैं। उनके निष्कासन में मुद्राओं का बड़ा महत्त्व है। इन्हीं मुद्राओं में तीन प्रकार के बंधों का भी वर्णन है। ये बंध मल-विसर्जन की क्रिया को तो नियमित करते ही हैं, कुछ चक्रों पर भी उनका अद्भुत प्रभाव पड़ता है।

उड्डीयान बंध, जालंधर बंध और मूलबंध। इन तीनों का वर्णन हठयोग शास्त्र में दिया गया है। ये स्वास्थ्य के लिए अत्यंत उपयोगी तो हैं ही, इनकी क्रियाएं भी सरल हैं। इनके करने में भी कठिनाई नहीं है।

इनके अभ्यास से मानसिक शक्ति बढ़ जाती है, पाचन-शक्ति प्रज्वलित हो जाती है। मूलाधार काम-केंद्र है, उस पर दबाव पड़ने से वासना का शमन होता है, अतः मानसिक व्याधियों का निराकरण सहज ही हो जाता है।

उड्डीयान बंध

संसार के किसी भी व्यायाम में ऐसी व्यवस्था नहीं है कि पेट के सभी यंत्रों को कुछ क्षण के लिए विश्राम दिया जा सके। यह व्यवस्था केवल यौगिक विधि में ही है। उड्डीयान बंध से पेट की पेशियों को पूर्णरूप से विश्राम तो मिल ही जाता है, उनकी मालिश की क्रिया भी हो जाती है।

उड्डीयान शब्द का अर्थ है, उड़ने की कला। यह बंध कुण्डलिनी को जाग्रत करने में सहायक होती है और बहिर्मुखी वृत्तियों को अंतर्मुखी बनाता है। इस प्रकार इस बंध के सध जाने से आत्मोत्थान का मार्ग प्रशस्त होता है।

उड्डीयान बंध निम्न दो प्रकार से किया जाता है—

- ❑ बैठकर
- ❑ खड़े होकर

बैठकर किया जाने वाला उड्डीयान पद्मासन में बैठने से सिद्ध होता है। इसमें पहले पद्मासन लगाकर बैठें और हाथों को घुटनों पर रखें। दाहिना हाथ दाहिने घुटने पर और बायां हाथ बाएं घुटने पर रहेगा। फिर अंदर की सारी वायु निकाल दें और श्वास बाहर ही रोककर पेट को अंदर की ओर खलाएं। जब पेट अंदर चला जाए, तब नाभि के नीचे के भाग को भी सिकोड़ें। इस प्रकार महाप्राचीरा (डायाफ्राम) ऊपर की ओर उठेगी और नाभि के नीचे के अंग, पेड़ू, गुदा और लिंग के आसपास की पेशियों का शिथिलीकरण हो जाएगा। नीचे के चक्रों का संचालन होगा।

खड़े होकर उड्डीयान करने की विधि यह है—पहले सीधे खड़े हो जाएं। थोड़ा घुटनों को मोड़ें और दोनों हाथों को दोनों घुटनों पर रखें। अब कंधों और गरदन का भार हाथों पर डाल दें। यह उड्डीयान बंध की पूर्व तैयारी की आकृति है।

इस आकृति में आकर श्वास बाहर निकाल दें। अंदर की सारी वायु बाहर निकल जानी चाहिए। फेफड़ा एकदम वायुरहित हो जाए। अब घुटनों पर हाथों द्वारा बल देते हुए पेट को अंदर खलाएं। पेट इतना खलाना चाहिए कि पेट के अंदर गड्ढा-सा बन जाए। इस स्थिति के बाद नाभि के नीचे के भाग पेड़ू एवं गुदा तथा लिंग-मूल के चारों ओर की पेशियों को ऊपर की ओर तानें। ऐसा करने से उदर एवं पेड़ू व नीचे की पेशियों का शिथिलीकरण हो जाएगा। इसी स्थिति में रहकर, पेट का तनाव कम कर दें और धीरे-धीरे श्वास अंदर जाने दें। फेफड़े में श्वास भर जाने दें। यह एक बार पूर्ण उड्डीयान हुआ।

जो योगी साधक नए हैं, उन्हें प्रारंभ में यह क्रिया एक ही बार करनी चाहिए। 4-5 महीने में अभ्यास के बाद 2 या 3 बार यह क्रिया की जा सकती है। यह संसार में प्रचलित सभी व्यायामों में अद्भुत व्यायाम है। इससे आध्यात्मिक शक्ति तो जाग्रत होती ही है, पेट की सभी पेशियों को विश्राम भी मिल जाता है। इस बंध के अभ्यास से प्राणवायु सुषुम्ना के मार्ग से ब्रह्मरन्ध्र की ओर उड़ने लगती है।

जालंधर बंध

जालंधर नाम के एक योगिराज हुए हैं। हो सकता है कि उन्होंने ही इस बंध का आविष्कार किया हो, जिस कारण इस बंध का यह नाम पड़ गया हो। इसकी विधि यह है—पद्मासन पर बैठ जाएं। शरीर व मेरुदण्ड को सीधा और स्थिर रखें। फिर गरदन की मांसपेशियों को ढीला करके नीचे की ओर झुकाएं। इससे गरदन में स्थित मेरुदण्ड का भाग भी झुकेगा। गला और ठुड्डी स्पर्श करेगी। यह बंध लगाकर प्राणायाम का पूरक (श्वास रोकने की क्रिया) करें। जब तक श्वास रुकती है, तब तक बंध लगा रहता है। इसके पश्चात् गरदन को ढीला कर दिया जाता है और श्वास निकाल दी जाती है या रेचक किया जाता है।

कुछ आचार्य कहते हैं कि सिर और गरदन को इतना झुकाना चाहिए कि ठुड्डी, हंसली की हड्डी के नीचे छाती के भाग को स्पर्श करे और हृदय तथा ठुड्डी में 4-5 अंगुल का अंतर रह जाए। यह बंध बुढ़ापे को रोकता और झुर्रियों को नष्ट करता है। यह मृत्यु और रोग को जीतने वाला है। इडा और पिंगला दोनों नाड़ियों का इस बंध से अवरोध होता है। इनके अवरोध से प्राणवायु सुषुम्ना नाड़ी से प्रभावित होने लगती है।

कुण्डलिनी जागरण में बंधों का महत्त्व

इस बात को हम पहले कई बार बता चुके हैं कि कुण्डलिनी शक्ति का निवास स्थल ''मूलाधार चक्र'' में

अवस्थित है। अधिकांश रूप-से कुण्डलिनी शक्ति को जाग्रत करने के लिए मूलाधार चक्र पर चेतना शक्ति को अर्थात् ध्यान को एकाग्र कर मेरुदण्ड के सबसे निचले स्थान पर, जहां महानाड़ी सुषुम्ना के द्वार पर नीचे की ओर मुख करके कुण्डली सुप्तावस्था में पड़ी हुई है, ले जाया जाता है। नए साधकों को इस बात का ध्यान अवश्य रखना चाहिए कि वे कुण्डलिनी को छेड़ने का साहस और प्रयास अत्यंत सावधानी के साथ करें।

साधक का सर्वप्रथम कर्तव्य है—कुण्डलिनी शक्ति को ऊर्ध्वमुखी बनाना। ब्रह्मग्रंथि, विष्णुग्रंथि एवं रुद्रग्रंथि—इन ग्रंथियों को भेदन करना भी आवश्यक है। इसके अनंतर ही कुण्डलिनी जागरण आरंभ होता है। जब तक तीनों महाग्रंथियों का भेदन न हो जाए (अर्थात् साधक की संपूर्ण आसक्तियां, दुर्बलताएं, कामनाएं, इच्छाएं लोप न हो जाएं), तब तक कुण्डलिनी शक्ति का ऊर्ध्वमुखी होना आरंभ नहीं होता। उचित तो यही है कि पहले बंधों (मूलबंध, उड्डीयान बंध न जालंधर बंध) के द्वारा साधना करके सोलह आधारों को सिद्ध कर लेना चाहिए। आधारों का अर्थ है, शरीर के वे सक्रिय अंग जो मर्मस्थल कहलाते हैं। जब उन आधारों के मार्ग से चेतना को बाहर निकालने में समर्थ हो जाएं, तो बंध-साधन करना चाहिए।

इन सोलह आधारों के अवरुद्ध हो जाने के अनंतर चेतनशक्ति पूर्णतया अंतर्मुखी हो जाती है। मूलबंध नामक अत्यंत महत्त्वपूर्ण यौगिक क्रिया जो अपने आप में गुप्त, रहस्यात्मक और चमत्कारी है; इसके साधन से कुण्डलिनी शक्ति के भयंकर तेज को सहने और संभालने की शक्ति प्राप्त होती है।

यौगिक क्रिया 'मूलबंध'

कुण्डलिनी जागरण से पहले की प्रक्रिया है, मूलबंध साधना! समस्त यौगिक क्रियाओं में मूलबंध अपना श्रेष्ठ स्थान रखती है। यह चमत्कारी क्रिया बाह्य, आंतरिक, स्थूल तथा सूक्ष्म है। इसमें देह (शरीर) के साथ-साथ मानसिक विचार का प्रयोग भी किया जाता है। ब्रह्मचर्य, जप, तप, भक्ति, ज्ञान-विज्ञान, मनन, चिंतन, कला, संगीत, अध्ययन तथा समस्त प्रकार की यौगिक साधनाएं मूलबंध के बिना व्यर्थ हैं।

मूलबंध की क्रिया के द्वारा कुण्डलिनी योग की शुरुआत की जा सकती है। वस्तुतः कुण्डलिनी योग के मूल में मूलबंध की ही शक्ति छिपी हुई है।

मूलबंध एक ऐसी अद्वितीय अप्रतिहत गति से कार्य करने वाली शक्ति है, जिसके द्वारा कुण्डलिनी योग की चरम अनुभूति प्राप्त हो सकती है। मूलबंध के द्वारा सांसारिक, शारीरिक आनंद की चरम सीमा को पहुंचा जा सकता है।

कुण्डलिनी साधना में प्रारंभ से अंतिम सोपान तक और इसमें और इससे भी ऊपर सूक्ष्मता के साथ जाने के लिए मूलबंध क्रिया को सदा साथ लेकर ही चलना होगा। यदि मूलबंध का सहयोग और साथ न लिया गया तो असफलता का मुंह तक देखना पड़ सकता है।

मूल सबसे नीचे का चक्र है। इसी को गुदा चक्र भी कहते हैं। इस मूल को बांधने का नाम मूलबंध है। योगियों ने इसे बड़ा महत्त्वपूर्ण स्थान दिया है। इस बंध में पेड़ू, शिश्नमूल, गुदा आदि संपूर्ण अंगों और वहां स्थित मांसपेशियों पर दबाव एवं खिंचाव पड़ता है। इस बंध में वीर्यवाहिनी नसों, मूत्रवाहिनी नसों एवं गुदा की संपूर्ण नसों पर अच्छा प्रभाव पड़ता है। वीर्यरक्षा में यह बंध बहुत सहायक है।

उड्डीयान बंध में पेड़ू के नीचे के सभी अंगों पर तनाव और शिथिलीकरण का प्रभाव पड़ता है, किन्तु यह बंध बैठकर भी किया जाता है और खड़े होकर भी किया जाता है, लेकिन मूलबंध सिद्धासन में बैठकर किया जाता है।

मूलबंध से वीर्य के गाढ़ा होने में मदद मिलती है, स्वप्नदोष जैसा रोग भी इससे जाता रहता है। शीघ्रपतन और शुक्र तारल्य जैसे वीर्य संबंधी रोगों में इससे लाभ होता है, किन्तु यह आसन श्रद्धापूर्वक नियमित रूप-से करना चाहिए। शारीरिक सामंजस्य इस प्रकार इस बंध के द्वारा बनता है कि निर्बलता तथा वृद्धावस्था के कारण उत्पन्न

झुर्रियां आदि लक्षण मिट जाते हैं और शरीर में बल-वीर्य बढ़ता है। रोग निवारक शक्ति बढ़ती है और शरीर हृष्ट-पुष्ट, सुंदर एवं सुडौल बनता है। पाचन-शक्ति जाग्रत होती है।

सिद्धासन की अवस्था

मूलबंध के अभ्यास से एक अति महत्त्वपूर्ण ऊर्जा का उदय होता है। योगी साधक का कर्तव्य है कि उस ओज को अपने दृढ़ संकल्प और संयमित जीवन द्वारा बहुत बड़ी मात्रा में एकत्रित करे। उस ओज (ऊर्जा) को किसी प्रकार व्यर्थ न जाने दे। यह ऊर्जा कुण्डलिनी शक्ति को गलत दिशा में बढ़ने से रोकने का कार्य करती है।

मूलबंध क्रिया को संपादित करने के लिए मन, शरीर, बुद्धि, संकल्प शक्ति एवं ध्यान का आश्रय लेना पड़ता है। यौगिक साधना करते हुए साधक को ध्यान में जाने का प्रयत्न करते समय, अपने शरीरस्थ मल-मूत्र मार्ग को इच्छा के द्वारा ऊपर की ओर खींचने पर अपने ध्यान को चिंतन में लगाते हुए अपनी चेतन शक्ति को ऊंचे-से-ऊंचे ले जाने का प्रयत्न करें। फलतः कुछ दिन के इस प्रकार के चिंतन और अभ्यास से यह क्रिया ठीक रूप-से संचालित होने लगेगी।

मूलबंध क्रिया को करते हुए साधक का पेट हल्के से उड्डीयान बंध की तरह पीछे की ओर खिंच जाएगा। अपनी आंतरिक चेतना शक्ति को जाग्रत करने और ऊपर ले जाने के लिए, साधक को लगातार उपर्युक्त क्रियाओं को करते हुए, आज्ञाचक्र को और समस्त स्नायुमंडल के साथ ध्यान में एकाग्र होने की स्वयं को प्रेरणा देनी चाहिए।

ऐसी स्थिति में साधक के नेत्र या तो बंद हो जाएंगे या फिर अधखुली अवस्था में ऊपर को चले जाएंगे। मानसिक और शारीरिक ध्यान की ऐसी स्थिति का जब नियमित थोड़ी-थोड़ी वृद्धि करने पर और अच्छा अभ्यास हो जाए तो, मूलबंध का प्रभाव साधक स्वयं पर अनुभव करने लगता है अर्थात् स्नायुमंडल को चेतना प्राप्त होगी, ध्यान एकाग्र होने लगेगा, मन-मस्तिष्क को आनंद की अनुभूति होगी। कुण्डलिनी शक्ति की साधना में प्रवेश करने के लिए मूलबंध यौगिक क्रिया को करना आवश्यक है।

जब मूलाधार में स्थित सोई हुई कुण्डलिनी महाशक्ति का उत्थान आरंभ होता है, तब योग के छह चक्र तीनों महाग्रंथियों के भेदन के साथ-साथ विकसित होने लगते हैं। योगी के शरीर में स्थित महासुषुम्ना नाड़ी जिसका नीलवर्ण है, वह उस प्राणशक्ति के चलने का विशेष और प्रधान मार्ग हो जाता है। यह क्रिया प्रारंभ होते ही योगी मन, बुद्धि, समस्त इंद्रियां, सांसारिक आनंद एवं सुख की वस्तुओं के मोह से मुक्त हो जाता है।

मानो मृत्यु तक का भय समाप्त हो जाता है।



शरीर में विभिन्न योग चक्र

योग की सर्वोपरि महादेवी कुण्डलिनी शक्ति के जागरण के निमित्त उपरोक्त प्रक्रियाएं, साधकों के लिए, योग-मार्ग में अग्रसर होने के लिए वरदान सिद्ध होंगी। कुण्डलिनी जैसी शक्ति का यह ज्ञान बड़ा ही रहस्यमय और विचित्र है। साधक को कुण्डलिनी से संबंधित पहले कुछ साधारण क्रियाएं करनी चाहिए। तदनंतर कुछ और बड़ी क्रियाएं करने का प्रयास करना चाहिए। अंतत: पूर्ण यौगिक संयम का (अर्थात् धारणा, ध्यान, समाधि का) मिश्रित प्रयास, अभ्यास एवं साधना करके उस परात्पर परब्रह्म अर्थात् स्वयं को जानने का अवसर मिल जाता है। इस संबंध में अनगिनत जागे हुए ऋषि-मुनि, संत-महात्मा आदि विद्वानों एवं शास्त्रियों ने बहुत ही स्पष्ट रूप-से कितने ही स्थानों पर अनुभवों को बताया है कि इस प्रकार की ज्ञानमयी, भक्तिमयी, योगमयी, खेचरी, प्राण-अपान साधन सहस्त्रदल कमल की कर्णिका विशेष से, जो अमृत बिंदु का क्षरण होता रहता है, उसका पान करना। ऐसी विभिन्न क्रियाओं और साधनों की उपासना से जो अद्वितीय चमत्कृत कर देने वाला, जगा देने वाला, अतुल ज्ञान प्राप्त होगा, उससे योगी का अथवा जीवात्मा का सर्वस्व परिवर्तन हो जाएगा।

इस विषय में विद्वानों का कथन है—

यदि साधना, उपासना, उत्कृष्ट प्रकार के यौगिक अभ्यासों के साधन, ज्ञान-विज्ञान, नाद, प्राण-क्रिया, भक्ति योग, सभी प्रकार के यम, नियम, संयम, तपश्चर्या आदि संपूर्ण प्रकार के साधनों के द्वारा प्रयत्न करके ज्ञान प्राप्त कर ले, तो फिर साधक के लिए कुछ और सीखने की आवश्यकता ही नहीं रह जाएगी। जिनकी श्रुति ऊर्ध्वगामी हो चली

है, अर्थात् जिनकी वह परचेतना महाकुण्डलिनी शक्ति सत् प्रयत्नों, साधनों, दृढ़ संकल्प और तप के प्रभाव से जाग्रत हो चली है, वह जीवात्मा साक्षात् नारायण ही हो जाता है अर्थात् जो योगी अपने प्राणों की ऊर्ध्वगति प्राप्त करा लेता है, फिर वह मनुष्य नहीं, देव तुल्य हो जाता है। समस्त धर्म, संपूर्ण योग एवं तप आदि का रहस्य कुण्डलिनी है।

मूलबंध की विधि

योग विज्ञान के अंतर्गत मूलबंध एक ऐसी महत्त्वपूर्ण यौगिक क्रिया है, जिसके जाने बिना और सीखे बिना, कुण्डलिनी साधक की स्थिति ऐसी है, जैसे बिना लगाम का घोड़ा। लगाम के द्वारा ही घोड़ा पूरी तरह से कोचवान (चालक) के वश में रहता है।

मूलबंध लगाने के लिए पहले सीधे बैठ जाइए। दोनों टांगों को सामने की ओर सीधी फैला लीजिए। अब दोनों में से किसी भी टांग को घुटने से मोड़कर, गुदा और अंडकोष के बीच में जो थोड़ी जगह बची है, उसी खाली स्थान में एड़ी को लगा लीजिए। दूसरे पांव की एड़ी को शिश्न मूल (लिंग मूल) के ऊपर जमा दीजिए। इस बात का ध्यान रखना बहुत आवश्यक है कि यह क्रिया करते हुए अण्डकोष या जननेन्द्रिय को किसी प्रकार का कोई आघात न पहुंचे।

अब उपर्युक्त आसन में बैठे हुए, गुदा के चारों ओर की पेशियों का बलपूर्वक संकोचन करें अर्थात् ऊपर की ओर खींचिए। यह बंध आसन पर नहीं, बल्कि खिंचाव पर निर्भर करता है। इस खिंचाव या तनाव के कारण लिंग के चारों ओर की नसों और मांसपेशियों का संकोचन होता है।

अपान वायु ऊपर को उठती है। इस ऊर्ध्वगमन में लिंग और अण्डकोषों को नियंत्रण करने वाली नसों में बल आता है और शीघ्रपतन एवं नपुंसकता आदि दोष मिटने लगते हैं। इससे मानसिक शांति भी मिलती है, कुण्डलिनी शक्ति मरे हुए सर्प की भांति सीधी हो जाती है और उसकी शक्ति का प्रवाह सुषुम्ना द्वारा ऊपर की ओर होने लगता है।

जब अपान वायु ऊर्ध्व गमन करने लगती है, तब इसका संघर्ष प्राण वायु से होता है। प्राण वायु के संघर्ष से एक प्रकार की विद्युत का प्रवाह होने लगता है। इस विद्युत के प्रभाव से पाचन शक्ति में बल आ जाता है और पाचन शक्ति प्रबल होने से बल की वृद्धि होती है।

बज्रौली और विंदु साधन नामक दो क्रियाएं योगी लोग करते हैं, उन क्रियाओं की प्रथम सीढ़ी यह मूलबंध है। बज्रौली और विंदु साधन का अभ्यास उच्चकोटि के योगी करते हैं, जो ब्रह्मचर्य से कभी भ्रष्ट नहीं होते तथा ब्रह्मसिद्धि में लगे रहते हैं। कामी लोग इसे कदापि न करें।

उड्डीयान, जालंधर और मूल—ये तीन बंध हमने ऊपर लिखे हैं। ये तीनों अलग-अलग हैं और अलग-अलग लोग करते भी हैं, किन्तु प्राणायाम साधन में तीनों बंध एक साथ किए जाते हैं। पहले पद्मासन में बैठना होता है और पद्मासन या सिद्धासन में बैठकर, मूलबंध लगा लिया जाता है। इसके बाद पूरक करते हैं, श्वास को अंदर भरते हैं, श्वास पूरी भर जाने पर जालंधर बंध लगा लिया जाता है; ठुड्डी को छाती से चिपका लिया जाता है और तब कुम्भक किया जाता है। श्वास को अंदर ही रोके रखने की क्रिया की जाती है।

जब कुम्भक पूर्ण हो जाता है, तब जालंधर बंध खोल देते हैं, ठुड्डी को छाती पर से ऊपर उठाकर गरदन सीधी कर लेते हैं और इसके बाद उड्डीयान बंध से पेट को खाली कर सारी श्वास बाहर निकाल देते हैं, रेचक करते हैं। इस प्रकार तीनों बंध एक साथ लगते हैं। तीनों बंध एक साथ लगाकर प्राणायाम करने से प्राण वायु सरलता से मेरुदण्ड की सुषुम्ना से गमन करने लगती है। अन्यथा इड़ा-पिंगला से गमन करती है।

कुण्डलिनी शक्ति के जागरण के लिए सिद्धासन और पद्मासन दोनों योगासनों का बहुत अच्छा अभ्यास होना चाहिए। आसन सिद्धि के लिए किसी भी एक आसन में साधक को साढ़े तीन घंटे की अवधि तक सुखपूर्वक बैठने का अभ्यास होना परमावश्यक है। वैसे पद्मासन सभी योग साधनाओं के लिए सर्वदा सिद्धि प्रदान करने वाला महत्त्वपूर्ण आसन माना गया है। किन्तु कुण्डलिनी शक्ति के प्रारंभिक साधनकाल में सभी साधक कुछ समय के लिए सिद्धासन से भी अभ्यास करें तो अधिक लाभप्रद सिद्ध होगा।

नितांत एकांत स्थान में गोपनीयता के साथ, आलस रहित होकर, शांत स्थिति में मूलबंध लगाना चाहिए तथा प्रबल इच्छाशक्ति के साथ ऊपर बताई विधि के अनुसार संकोचन-क्रिया को धीरे-धीरे बढ़ाने का अभ्यास करना चाहिए।

शिव संहिता और हिरण्य संहिता आदि योग के अनेक ग्रंथों में इस क्रिया का विशेष वर्णन किया गया है। इस क्रिया के अभ्यास के बिना योग मार्ग पर चलना और उसकी अद्भुत गतियों का चमत्कार देखना संभव नहीं है।

वैसे तो योग विद्या में अनगिनत ऐसी विचित्र क्रियाएं उपस्थित हैं जिनको जाने बिना कोई भी साधक तीव्र गति से आगे नहीं बढ़ सकता। फिर भी मूलबंध एक ऐसी अद्वितीय यौगिक विधि है जो अकेली ही दस विशेष क्रियाओं के समान मानी जाती है। मूलबंध लगाने से योगी का ध्यान बिना प्रयास के ही लग जाता है। योगी का क्षय बंद हो जाता है, मानसिक शक्ति दिनोंदिन बढ़ने लगती है, धारणा स्वाभाविक ही दृढ़ होने लगती है, आलस्य भाग जाता है और प्राणों की गति में अंतर आ जाता है।

❑❑



नि:श्वास : चार

मुद्राएं और कुंडलिनी

मुद्रा का अर्थ है स्थिति। साधना में इसका तात्पर्य हाथों और उंगलियों की विशेष स्थिति से होता है। योग व तंत्र ग्रंथों के अनुसार मुद्राओं से साधक की आंतरिक स्थिति का ज्ञान होता है। आंतरिक स्थिति की सहज अभिव्यक्ति हुआ करती हैं ये मुद्राएं। साधक जब मुद्राओं द्वारा अर्चन, उपासना या ध्यान आदि क्रियाएं करता है, तो वह बाहर से भीतर की यात्रा करने का प्रयास सिद्ध करता है। प्रयोगों से सिद्ध हो चुका है जिस प्रकार सूक्ष्म स्थितियों का प्रभाव स्थूल क्रियाओं पर पड़ता है, उसी प्रकार सायास स्थूल क्रियाओं से सूक्ष्म भी प्रभावित होता है। प्रसन्नता की अभिव्यक्ति हंसने-मुस्कराने के रूप में होती है, यह बात जितनी सच है, उतना ही वैज्ञानिक यह तथ्य भी है कि हंसने-मुस्कराने से (भले ही वह शुरू में बनावटी लगे) प्रसन्नता की लहर हृदय का बहुत गहरे में अवश्य संस्पर्श करती है।

मुद्रा चिकित्सा रहस्य एवं प्रयोग

सम्पूर्ण प्रकृति और हमारा शरीर पांच तत्त्वों से बना है। मानव-शरीर लघु ब्रह्माण्ड स्वरूप है। सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड का प्रतीक यह मानव-शरीर भी ब्रह्माण्ड के समान ही पांच तत्त्वों (अग्नि, वायु, आकाश, पृथ्वी, जल) के योग से बना है। मुद्रा-विज्ञान का आधारभूत सिद्धांत यह है कि शरीर में इन पंच तत्त्वों में असंतुलन से रोगोत्पत्ति होती है तथा पंच तत्त्वों में समता व सन्तुलन होने से हम स्वस्थ रहते हैं। स्वस्थ शब्द को यहां शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक संदर्भों में स्वयं में अपनी प्रकृति में स्थित रहने से लेना चाहिए।

मानव-शरीर प्रकृति की सर्वोत्तम रचना है और हाथ सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण अंग। हाथों में से एक विशेष प्रकार की प्राण-ऊर्जा या शक्ति/विद्युत चुंबकीय तरंगें/जीवनी शक्ति (AURA) निरन्तर निकलती रहती है। विभिन्न प्रकार की रहस्यमयी चिकित्साओं में हाथों के संस्पर्श मात्र से नीरोगी बनाने के पीछे यही ऊर्जा छिपी है।

भारतीय मनीषियों के अनुसार, मानव-हस्त की पांचों उंगलियां अलग-अलग पंच तत्त्वों का प्रतिनिधित्व करती हैं और प्रत्येक उंगली का संबंध एक तत्त्व विशेष से है। आधुनिक विज्ञान भी मानता है कि प्रत्येक उंगली के सिरे से अलग-अलग प्रकार की ऊर्जा तरंगें (इलेक्ट्रो मैगनेटिक वेव्स) निकलती रहती हैं। प्राचीन भारतीय ऋषियों की अद्‌भुत खोज मुद्रा-विज्ञान के अनुसार पंच तत्त्वों की प्रतीक उंगलियों को परस्पर मिलाने, दबाने, मरोड़ने या विशेष प्रकार की आकृति बनाने से विभिन्न प्रकार के तत्त्वों में परिवर्तन, अभिव्यक्ति, विघटन एवं प्रत्यावर्तन होने लगता है। दूसरे शब्दों में, उंगलियों की सहायता से (बनाई जाने वाली विभिन्न मुद्राओं द्वारा) इन पंच तत्त्वों को इच्छानुसार घटाया-बढ़ाया जा सकता है। कौन-सी उंगली किस तत्त्व का प्रतिनिधित्व करती है, चित्र से यह बात स्पष्ट हो जाती है।

अंगूठा = अग्नि
तर्जनी (अंगूठे के पास वाली उंगली) = वायु
मध्यमा (सबसे बड़ी अंगुली) = आकाश



अनामिका (चौथी उंगली) = पृथ्वी
कनिष्ठिका (सबसे छोटी उंगली) = जल

पंच तत्त्व नियंत्रक मुद्राएं कैसे बनाई जाती हैं?

हाथों की उंगलियों को एक दूसरे से विशेष प्रकार से मिलाने, स्पर्श करने, दबाने अथवा मरोड़ने से विभिन्न प्रकार की मुद्राएं बनती हैं। इस प्रकार केवल उंगलियों को एक दूसरे के साथ किसी विशेष स्थिति में रखने या परस्पर सटा देने भर की क्रिया मात्र से ही शरीर में भिन्न-भिन्न तत्त्वों का प्रभाव आवश्यकतानुसार घटा-बढ़ा सकते हैं और पंच तत्त्व नियंत्रक उंगली-मुद्राओं के नियमित अभ्यास के द्वारा तत्त्वों में संतुलन लाकर स्वस्थ रह सकते हैं। सारांश यह है कि प्रकृति के समान ही मानव शरीर पंच तत्त्वों से बना है। आरोग्य का आधार इन पंच तत्त्वों का संतुलन है। विभिन्न उंगली-मुद्राएं शरीर में चेतना के शक्ति केन्द्रों के रिमोट कंट्रोल बटन के समान हैं। उनके उचित अभ्यास से स्वास्थ्य-रक्षा और रोग-निवारण, दोनों सम्भव हैं।

उदाहरणार्थ—किसी व्यक्ति को अचानक दिल का दौरा पड़ा है और उसके पास तत्क्षण कोई प्रभावशाली दवा नहीं है। ऐसी स्थिति में, भले ही उसने किसी व्यक्ति को डॉक्टर बुलाने भेज दिया हो, यदि वह तत्काल अपने दोनों हाथों से अपानवायु मुद्रा करे तो कुछ ही क्षणों में हृदय की ओर चढ़ता और दिल पर दबाव देता हुआ गैस का गुबार निकल जाएगा। फलत: डॉक्टर के आने से पहले ही वह व्यक्ति मौत के चंगुल से बच जाएगा।

वैसे तो शास्त्रों में कई प्रकार की मुद्राओं की चर्चा योग व तंत्र ग्रंथों में मिलती है, यहां जिन विशेष मुद्राओं का वर्णन किया जा रहा है, वे तन-मन स्वस्थ रखने में तो उपयोगी हैं ही, आध्यात्मिक उन्नति में भी विशेष भूमिका निभाती हैं। षट्चक्रों का संबंध पंच तत्त्वों से है और ये मुद्राएं पांचों तत्त्वों को संतुलित करती हैं। सद्गुरु के सान्निध्य में इन मुद्राओं का प्रयोग कर साधक प्रसुप्त अनंत संभावनाओं को जाग्रत करने में सफल हो जाता है। इनसे प्रसुप्त चक्रों में विशेश आघात होता है, जिससे वे चालित हो जाते हैं।

ज्ञान मुद्रा



हाथ की तर्जनी (अंगूठे के साथ वाली) अंगुली के अग्रभाग (सिरे) को अंगूठे के अग्रभाग के साथ मिलाकर रखने और हल्का-सा दबाव देने से ज्ञान मुद्रा बनती है। इस मुद्रा में दबाना जरूरी नहीं है। बाकी उंगलियां सहज रूप से सीधी रखें।

यह अत्यधिक महत्त्वपूर्ण अंगुली-मुद्रा है। इस मुद्रा का सम्पूर्ण स्नायुमण्डल और मस्तिष्क पर बड़ा ही हितकारी प्रभाव पड़ता है।

❑ ज्ञान मुद्रा किसी भी आसन या स्थिति में की जा सकती है। ध्यान के समय इसे पद्मासन में करना सर्वश्रेष्ठ माना गया है। इसे आप दोनों हाथों से, चलते-फिरते, उठते-बैठते, सोते-जागते, गृहस्थी के कार्य करते समय या आराम के क्षणों में, जब चाहें किसी भी समय, किसी भी स्थिति में और कहीं भी कर सकते हैं।

❑ इसे अधिक-से-अधिक समय तक किया जा सकता है। इस मुद्रा के लिए समय की कोई सीमा नहीं है।

❑ हस्तरेखा विज्ञान की दृष्टि से, इस मुद्रा के नियमित अभ्यास से जीवन रेखा और बुध रेखा के दोष दूर होते हैं तथा अविकसित शुक्र पर्वत का विकास होता है।

ज्ञान मुद्रा समस्त स्नायुमण्डल को सशक्त बनाती है। विशेषकर, मानसिक तनाव के कारण होने वाले दुष्प्रभावों को दूर करके मस्तिष्क के ज्ञान तन्तुओं को सबल करती है। ज्ञान मुद्रा के निरन्तर अभ्यास से मस्तिष्क की सभी विकृतियां और रोग दूर हो जाते हैं। अनिद्रा रोग में यह मुद्रा अत्यंत कारगर सिद्ध होती है। मस्तिष्क शुद्ध और विकसित होता है। मन शान्त हो जाता है। चेहरे पर अपूर्व प्रसन्नता झलकने लगती है।

❑ ज्ञान मुद्रा मानसिक एकाग्रता बढ़ाने में सहायक होती है। तर्जनी अंगुली और अंगूठा जहां एक दूसरे को स्पर्श करते हैं, हल्का-सा नाड़ी स्पन्दन महसूस होता है। वहां ध्यान लगाने से चित्त का भटकना बन्द होकर मन एकाग्र हो जाता है।

❑ ज्ञान मुद्रा विद्यार्थियों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इसके अभ्यास से स्मरण शक्ति उन्नत और बुद्धि तेज होती है।

साधना के क्षेत्र में साधक द्वारा लगातार ज्ञान मुद्रा करने से उसका ज्ञान-नेत्र (शिव-नेत्र) खुल सकता है, अन्त:दृष्टि प्राप्त होकर छठी इंद्रिय का विकास हो सकता है। दिव्य-चक्षु के खुलने से साधक त्रिकाल की घटनाओं को यथावत् देख सकने तथा दूसरे के मन की बातें जान सकने की क्षमता प्राप्त कर लेता है।

वायु मुद्रा



तर्जनी (अंगूठे के साथ वाली) अंगुली को मोड़कर अंगूठी की जड़ में लगाकर उसे अंगूठे से हल्का-सा दबाने पर वायु मुद्रा बनती है। इस मुद्रा से रोगी के शरीर में वायु तत्त्व शीघ्रता से घटने लगता है। अत: वायु के प्रकुपित होने से उत्पन्न होने वाले सभी रोग इस मुद्रा से शान्त हो जाते हैं।

❑ वायु मुद्रा की सहयोगी प्राण मुद्रा है। यदि इससे लाभ नजर न आता हो, तो इसके साथ प्राण मुद्रा का अभ्यास कुछ देर तक करना हितकर सिद्ध होता है।

❑ हस्तरेखा विज्ञान की दृष्टि से इससे शनि पर्वत और रेखा के दोष दूर होते हैं।

आकाश मुद्रा



मध्यमा (सबसे बड़ी उंगली) को अंगूठे के अग्रभाग से मिलाने पर आकाश मुद्रा बन जाती है। बाकी अंगुलियां सहज-सीधी रखनी चाहिए।

इस मुद्रा को करने से शरीर में आकाश तत्त्व में वृद्धि होती है। मध्यमा उंगली का हृदय के साथ खास सम्बन्ध है, अत: यह मुद्रा हृदय के लिए लाभदायक है। आपने देखा होगा कि अधिकांश जप-क्रिया या माला फेरने में मध्यमा उंगली का उपयोग किया जाता है।

भौतिक सुखों जैसे—द्रव्य प्राप्ति, संतान प्राप्ति, परिवार शांति आदि के लिए माला अंगूठे पर रखकर मध्यमा उंगली से फेरने का विधान है जबकि मोक्ष हेतु अनामिका अंगुली से और बैर-क्लेश आदि के नाश के लिए तर्जनी उंगली से माला फेरना उचित है। माला को सदैव दाहिने हाथ के अंगूठे पर रख हृदय के पास स्पर्श करते हुए फेरना चाहिए। साथ ही ध्यान रखें कि माला के मणियों को फिराते समय उनके नख न लगें और सुमेरु का उल्लंघन न हो, अन्यथा लाभ कम होता है। इसके अतिरिक्त ये भी नियम है कि माला साफ, समान व पूरे 108 मणियों तथा सुन्दर सुमेरु वाली हो। शुभ कार्यों के लिए सफेद माला व कष्ट निवारण के लिए लाल माला का प्रयोग प्राय: किया जाता है।

माला की तरह प्रणाम करने का विधान भी अर्थपूर्ण है। प्रणाम करने के लिए अपने बाएं हाथ से पूजनीय व्यक्ति के बाएं पैर को और दाएं हाथ से उसके दाएं पैर को छूते हुए प्रणाम करना चाहिए अर्थात् हमें हाथों को क्रॉस बनाते हुए गुरुजनों को प्रणाम करना चाहिए। इससे व्यक्ति का हमारे सीधे हाथ से सीधा पैर और उलटे हाथ से उलटा पैर ही स्पर्श होगा। इस प्रकार पूजनीय व्यक्ति के शरीर से निकलने वाला विद्युत प्रवाह (ऋणात्मक और धनात्मक) या तेज का प्रभाव चरण स्पर्श करने वाले के लिए कल्याणकारी सिद्ध होगा।

❑ हस्तरेखा विज्ञान की दृष्टि से, शनि ग्रह से सम्बन्ध रखने वाले रोगों में यह मुद्रा लाभप्रद सिद्ध होगी जबकि जन्मकुंडली में शनि नीच का हो।

यदि जम्भाई लेते या उबासी लेते हुए अचानक जबड़ा फंस जाए और मुख बन्द न हो तो अंगूठे को मध्यमा उंगली के साथ रगड़ने या चुटकी बजाने से फंसा हुआ जबड़ा तत्काल खुल जाता है। यही कारण है कि बहुत से लोग उबासी लेते हुए (कारण न जानते हुए भी) मध्यमा और अंगूठे को मुंह के पास ले जाकर चुटकी बजाते हैं।

यह मुद्रा हृदय रोगों में भी लाभकारी है।

शून्य मुद्रा



आकाश तत्त्व की प्रतीक मध्यमा उंगली को अंगूठे की गद्दी (शुक्र के पर्वत) पर रखकर, ऊपर से अंगूठे से हल्का-सा दबाने से शून्य मुद्रा बन जाती है।

यदि किसी कारणवश शरीर में आकाश तत्त्व बढ़ गया हो तो इस मुद्रा के प्रभाव से घटकर सन्तुलित हो जाता है।

❑ सामान्यत: इसे रोग शान्त हो जाने तक करना चाहिए। इस मुद्रा के अभ्यास से बहरे व्यक्ति के अतिरिक्त गूंगे भी लाभान्वित हो सकते हैं। जन्म से बहरे या गूंगे होने पर इस मुद्रा का प्रभाव नहीं होता।

पृथ्वी मुद्रा



अनामिका (छोटी उंगली के पास वाली) उंगली तथा अंगूठे के सिरे को परस्पर मिलाने से पृथ्वी मुद्रा बनती है।

इस मुद्रा को करने से शरीर में पृथ्वी तत्त्व बढ़कर सम होता है जिससे सभी प्रकार की शारीरिक कमजोरियां दूर होती हैं।

❑ अनामिका एक महत्त्वपूर्ण उंगली है। अंगूठे की तरह अनामिका से भी तेज का विशेष विद्युत प्रवाह होता है। योग शास्त्र के अनुसार ललाट पर द्विदल कमल का आज्ञाचक्र स्थित है। उस पर अनामिका और अंगूठे के द्वारा शुभ भावना के साथ विधिवत् तिलक करके कोई भी व्यक्ति अपनी अदृश्य शक्ति को दूसरे में पहुंचाकर उसकी शक्ति में बढ़ोत्तरी कर सकता है, जिसे शक्तिपात कहते हैं। इसे किसी भी आसन या स्थिति में बैठकर अधिकाधिक समय तक इच्छानुसार किया जा सकता है।

❑ इस मुद्रा के प्रभाव से आंतरिक सूक्ष्म तत्त्वों में महत्त्वपूर्ण परिवर्तन होने पर विचारों की संकीर्णता मिटकर उदारता आने लगती है।

❑ आध्यात्मिक साधक को आगे बढ़ने में इस मुद्रा से सच्चे साथी की तरह सहयोग प्राप्त होता है।

सूर्य मुद्रा



अनामिका (सबसे छोटी उंगली के पास वाली) अंगुली को अंगूठे की जड़ में लगाकर अंगूठे से हल्का-सा दबाने पर सूर्य मुद्रा बनती है।

इस मुद्रा को पद्मासन में बैठकर दोनों हाथों से करना अच्छा रहता है।

❑ इस मुद्रा से अनामिका द्वारा हथेली में थाइरॉइड ग्रंथि का केन्द्र दबता है।

❑ सूर्य मुद्रा को प्रतिदिन सुबह-शाम 5 से 10 मिनट तक करना चाहिए।

वरुण मुद्रा



सबसे छोटी उंगली (कनिष्ठिका) को अंगूठे के अग्रभाग से मिलाने पर वरुण मुद्रा बनती है। इस तत्त्व की कमी से जहां त्वचा में रूखापन आता है, वहीं स्वभाव में भी चिड़चिड़ापन बन जाता है। एक अजीब-सा तनाव हमेशा तन-मन में बना रहता है। परिणामस्वरूप अपने सामाजिक ढांचे को भी ऐसा व्यक्ति बिगाड़ लेता है। इसको विपरीत अर्थात् जल तत्त्व की वृद्धि होने की कल्पना की उड़ान ऊंचाइयां छूने लगती हैं। कमी में पहली मुद्रा और अधिकता में दूसरी मुद्रा से लाभ होता है।

कनिष्ठिका को पहले अंगूठे की जड़ में लगाकर फिर अंगूठे से कनिष्ठिका को दबाने से दूसरी मुद्रा बनती है। इसमें बीच की तीन उंगलियां सहज एवं सीधी रहती हैं।



अपान मुद्रा

मध्यमा तथा अनामिका, दोनों उंगलियों के अग्रभाग को अंगूठे के अग्रभाग से मिला देने से अपान मुद्रा बनती है। इस मुद्रा में कनिष्ठिका और तर्जनी उंगलियां सहज एवं सीधी रहती हैं।



मानव स्वास्थ्य-रक्षा के लिए अपान मुद्रा बहुत महत्त्वपूर्ण क्रिया है। क्योंकि यह स्वस्थ शरीर की एक महत्त्वपूर्ण आवश्यकता—विसर्जन क्रिया को नियमित करती है और शरीर को निर्मल बनाती है। यद्यपि योगासनों द्वारा भी शारीरिक निर्मलता प्राप्त होती है, फिर भी साधक के शरीर को योग की उच्च स्थिति में पहुंचने के लिए जिस सूक्ष्मातिसूक्ष्म स्वच्छ स्थिति की आवश्यकता रहती है, वह हठयोग की क्रियाओं के पश्चात्, अपान मुद्रा के निरन्तर अभ्यास द्वारा ही सम्भव हो पाती है।

❑ साधना में प्राण एवं अपान को सम करके मिला देने का नाम ही एक प्रकार से योग है। दूसरे शब्दों में, योग की ऊंची उड़ान के लिए प्राण-अपान का संयोग होना परम आवश्यक है। प्राण एवं अपान मुद्रा को प्रतिदिन बार-बार करते रहने से प्राण व अपान वायु की स्थिति शरीर को समत्व प्रदान करती है।

❑ इस मुद्रा की कोई समय-सीमा नहीं है। इस मुद्रा का अभ्यास जितना अधिक किया जाए, उतना ही अधिक लाभदायक रहेगा।

अपान मुद्रा के प्रभाव से शरीर निर्मल होता है और सम्पूर्ण विजातीय द्रव्य या मल सरलतापूर्वक शरीर से बाहर निकल जाते हैं।

इसके अभ्यास से सात्विक भाव उत्पन्न होते हैं और इनमें वृद्धि भी होती है।

प्राण मुद्रा

कनिष्ठिका और अनामिका (सबसे छोटी तथा उसके पास वाली) उंगलियों के सिरों को अंगूठे के सिरे से मिलाने पर प्राण मुद्रा बनती है। शेष दो उंगलियां सीधी रहती हैं।

प्राण मुद्रा एक अत्यधिक महत्त्वपूर्ण मुद्रा है। रहस्यमय है जिसके संबंध में ऋषि-मुनियों ने अनन्तकाल तक तप, स्वाध्याय एवं आत्मसाधना करते हुए कई महत्त्वपूर्ण अनुसंधान किए हैं। इसका अभ्यास प्रारंभ करते ही मानो

शरीर में प्राण शक्ति को तीव्रता से उत्पन्न करने वाला डायनमो चलने लगता है। फिर ज्यों-ज्यों प्राण शक्ति रूपी बिजली शरीर की बैटरी को चार्ज करने लगता है, त्यों-त्यों चेतना का अनुभव होने लगता है। प्राण शक्ति का संचार करने वाली इस मुद्रा के अभ्यास से व्यक्ति शारीरिक व मानसिक दृष्टि से शक्तिशाली बन जाता है।



❑ ज्योतिष के हिसाब से सूर्य की अंगुली अनामिका समस्त विटामिन और प्राण शक्ति का केन्द्र मानी जाती है। बुध की उंगली कनिष्ठिका युवा शक्ति व कुमारावस्था का प्रतिनिधित्व करती है अर्थात् इस मुद्रा में सूर्य-बुध की उंगलियों का अग्नि (तेज) के प्रतीक अंगूठे के साथ महत्त्वपूर्ण प्रयोग है। इस मुद्रा के अभ्यास से जीवन और बुध रेखा के दोष दूर होते हैं। शुक्र के अविकसित पर्वत का विकास होने लगता है।

❑ इस मुद्रा में पृथ्वी तत्त्व के प्रतीक अनामिका व जल तत्त्व की प्रतीक कनिष्ठिका का अंगूठे अर्थात् अग्नि तत्त्व से मिलन होता है। इसके परिणाम स्वरूप न केवल शरीर में प्राण शक्ति का संचार तेज होता है बल्कि रक्त संचार उन्नत होने से रक्त नलिकाओं की रुकावट दूर होती है तन-मन में नवस्फूर्ति, आशा एवं उत्साह उत्पन्न होता है।

यदि योग-साधना या महीनों लम्बी तपस्या के दौरान अन्न-जल न लेने से अत्यन्त कृशता या कमजोरी महसूस हो रही हो तो ऐसी स्थिति में प्राण मुद्रा करने से साधक को भूख-प्यास की तीव्रता नहीं सताती। कुल मिलाकर यह मुद्रा समस्त गड़बड़ियां दूर करके शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास में सहायता करने वाली है।

अपानवायु मुद्रा

तर्जनी (अंगूठे के पास वाली) उंगली को अंगूठे की जड़ में लगाकर अंगूठे के अग्रभाग को मध्यमा और अनामिका (बीच की दोनों अंगुलियां) के अगले सिरे से मिला देने से अपानवायु मुद्रा बनाती है। इस मुद्रा में कनिष्ठिका अलग से सहज एवं सीधी रहती है।

इस मुद्रा का प्रभाव हृदय पर विशेष रूप से पड़ता है। अतः इसे हृदय मुद्रा या मृत संजीवनी मुद्रा भी कहते हैं।



❑ अपानवायु मुद्रा में दो मुद्राएं अपान मुद्रा तथा वायु मुद्रा एक साथ की जाती हैं। अतः दोनों मुद्राओं का सम्मिलित और तत्क्षण प्रभाव एक साथ पड़ता है। जैसे पेट की गैस और शारीरिक वायु दोनों का ही शमन होता है।

❑ हाथ में सूर्य पर्वत अति विकसित और चन्द्र पर्वत अविकसित होने तथा हृदय रेखा दोषपूर्ण होने पर यह मुद्रा 15 मिनट सुबह-शाम करने से लाभ मिलता है।

शंख मुद्रा

बाएं हाथ के अंगूठे को दोनों हाथ की मुट्ठी में बंद करके बाएं हाथ की तर्जनी उंगली को दाहिने हाथ के अंगूठे से मिलाने से शंख मुद्रा बनती है। इस मुद्रा में बाएं हाथ की बाकी तीन उंगलियों को पास में सटाकर दाएं हाथ की

बन्द उंगलियों पर हल्का-सा दबाव दिया जाता है। इसी प्रकार हाथ बदल कर अर्थात् दाएं हाथ के अंगूठे को बाएं हाथ की मुट्ठी में बन्द करके शंख मुद्रा बनाई जाती है।

इस मुद्रा में अंगूठे का दबाव हथेली के बीच के भाग पर और मुट्ठी की तीन उंगलियों का दबाव शुक्र के पर्वत पर पड़ता है जिससे हथेली में स्थित नाभि और थायरॉइड (पूल्लिका) ग्रंथि के केन्द्र दबते हैं। परिणामस्वरूप नाभि और थायरॉइड ग्रंथि के विकार ठीक होते हैं।

- यह मुद्रा पूजन में भी प्रयुक्त होती है।
- इसका प्रयोग लम्बे समय तक किया जा सकता है।
- इस मुद्रा का नाभिचक्र से विशेष सम्बन्ध है जिसके कारण नाभि से सम्बन्धित शरीर की नाड़ियों पर सूक्ष्म और स्वास्थ्यवर्धक प्रभाव पड़ता है तथा स्नायुमण्डल शक्तिशाली बनती है।

सहज शंख मुद्रा

यह एक दूसरे प्रकार की शंख है जो दोनों हाथों की उंगलियों को आपस में फंसाकर, हथेलियां दबाकर तथा दोनों अंगूठों को बराबर में सटाकर रखने से बनती है।



इसे वज्रासान या सुखासन में 5 से 10 मिनट तक करना चाहिए। द्विगुणित लाभ प्राप्त करने की दृष्टि से इसे मूलबन्ध (गुदा के संकोचन) और प्राणायाम के साथ भी किया जा सकता है।

- मूलबन्ध करते समय सांस की गति स्वाभाविक रूप से रुक जाती है और शरीर में कम्पन-सा होने लगता है। योग के शब्दों में शौच की अवस्था में जब हम मल को रोकते हैं, तब शंखिनी नाड़ी को ऊपर की ओर खींचना पड़ता है, जबकि मूत्र को रोकने के लिए कुहू नाड़ी को खींचा जाता है। मूलबन्ध के नियमित अभ्यास से गुदा प्रदेश के स्नायु और काम ग्रंथियां सबल एवं स्वस्थ होती हैं। इससे स्तम्भन शक्ति बढ़ती है।

- हथेलियों की गद्दियों में मणिपूर चक्र व पेट की नसें मिलती हैं। अत: हथेलियों को परस्पर दबाने से हथेली में अंगूठे के नीचे गद्दी स्थित मणिपूर शक्ति के केन्द्र पर विशेष असर पड़ता है। इससे हृदय व नाभिचक्र प्रभावित होते हैं तथा रक्त का संचार सही होता है।

लिंग मुद्रा

दोनों हाथों की उंगलियों को आपस में फंसाकर अंगूठे (बायां या दायां कोई एक) को सीधा रखने से लिंग मुद्रा बन जाती है।

इस मुद्रा से शरीर में गर्मी की वृद्धि होती है, अत: इसे सर्दी में करना विशेष उपयोगी है। इस मुद्रा को करने के दौरान कुछ अधिक मात्रा में पानी पीना अथवा फलों के रस, दूध-घी का सेवन करना अच्छा रहता है।

- इस मुद्रा का अभ्यास किसी भी समय किया जा सकता है, लेकिन सिर्फ आवश्यकतानुसार। शरीर में उष्णता उत्पन्न करने वाली इस मुद्रा को अधिक लम्बे समय तक और स्वेच्छानुसार नहीं करना चाहिए।



शरीर में अधिक सर्दी महसूस होने या शीत बाधा होने पर लिंग मुद्रा के प्रयोग से शीघ्र लाभ होता है। इसे अधिक देर तक करने से सर्दियों में भी पसीना आता है।

ध्यान मुद्रा

पद्मासन में बैठकर बाएं हाथ की हथेली पर दाएं हाथ की हथेली को (उल्टे हाथ पर सीधे हाथ को) हल्के से रखने से ध्यान मुद्रा बनती है।

ध्यान रखें कि इस मुद्रा में सिर, गर्दन एवं रीढ़ की हड्डी सीधी रहे। आंखें और होंठ सहजता से बन्द रहें। ध्यान अपने इष्टदेव के स्वरूप पर टिकाएं अथवा कायोत्सर्ग करें अर्थात् शरीर से समता रखते हुए कुछ देर के लिए विचार रहित अवस्था में रहने का प्रयास करें।

अष्टांग योग (यम, नियम, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि) के एक अंग 'ध्यान' की साधना में यह मुद्रा विशेष रूप से सहायक सिद्ध हुई है।

- जो व्यक्ति पद्मासन नहीं कर सकते, उन्हें ध्यान मुद्रा सुखासन या स्वस्तिक अथवा पालथी आसन में करना चाहिए। यह सहज ध्यान मुद्रा है। सहज ध्यान मुद्रा को साधारण व्यक्ति अधिक लम्बे समय तक सरलता से कर सकता है। इससे ध्यान मुद्रा के लाभ भी मिल जाते हैं।
- ध्यान मुद्रा में यदि हथेलियां एक दूसरे पर रखने के बाद दोनों हथेलियां ज्ञान मुद्रा की स्थिति में रखी जाएं तो ध्यान मुद्रा तथा ज्ञान मुद्रा के सम्मिलित लाभ के साथ पद्मासन के लाभ भी मिल जाते हैं।
- साधक के लिए ध्यान मुद्रा में समय की कोई सीमा नहीं है। लेकिन सहजता के साथ पद्मासन करने की क्षमता के अनुरूप ध्यान मुद्रा का अभ्यास करना चाहिए। साधारण व्यक्ति को इसे धीरे-धीरे बढ़ाते हुए कम-से-कम 20 मिनट से एक घंटे तक करना चाहिए। ध्यान मुद्रा न कर सकने की अवस्था में सहज ध्यान मुद्रा करके लाभ उठाना चाहिए।
- मन की चंचलता शांत होकर चित्त की एकाग्रता बढ़ती है। सात्विक विचारों की उत्पत्ति होती है और प्रभु भजन में मन लगता है।
- ध्यान के प्रभाव से साधक को ध्यान की उच्चतर स्थिति में पहुंचने में सहायता मिलती है। आत्म साक्षात्कार और ईश्वर के साक्षात्कार में यह मुद्रा सहायक है।

मुद्रा-विज्ञान : एक नजर में

क्रमांक	नाम	अंगूठे से उंगली	मुद्राओं से होने वाले लाभ
1.	ज्ञान मुद्रा	अंगूठे से तर्जनी	स्नायुमण्डल, मस्तिष्क एवं मानसिक विकार नष्ट होते हैं। अनिद्रा में यह रामबाण है।
2.	वायु मुद्रा	अंगूठे से तर्जनी	वात विकार, लकवा एवं वायुशूल में लाभ होता है।
3.	आकाश मुद्रा	अंगूठे से मध्यमा	आकाश तत्त्व की कमी के कारण होने वाले विकारों में उपयुक्त है। हृदय और हड्डियों के विकार में उपयोगी है।
4.	शून्य मुद्रा	अंगूठे से मध्यमा	कान के विकारों में लाभकारी
5.	पृथ्वी मुद्रा	अंगूठे से अनामिका	शारीरिक कमजोरी दूर करके जीवन तत्त्वों का निर्माण करती है।
6.	सूर्य मुद्रा	अंगूठे से अनामिका	शरीर का वजन घटाने के लिए लाभकारी है।
7.	वरुण मुद्रा	(क)अंगूठे से कनिष्ठिका (ख)अंगूठे से कनिष्ठिका	रक्त दोष और त्वचा रोगों में लाभदायक है। शरीर में पानी की अधिकता से उत्पन्न होने वाले रोगों को दूर करने में लाभदायक है।
8.	अपान मुद्रा	अंगूठे से मध्यमा और अनामिका	शारीरिक उत्सर्जन क्रिया को कार्यक्षम बनाने के लिए लाभदायक है। साधना और प्राण और अपान सम करके मिलाना ही एक महान योग है। इस मुद्रा से बुरे विचार हटकर मन में सात्विक विचार आते हैं।
9.	प्राण मुद्रा	अंगूठे से अनामिका	इस मुद्रा से शरीर में प्राण शक्ति, रोग निरोधक शक्ति तथा कनिष्ठिका प्रतिकारक शक्ति बढ़ती है। कमजोरी दूर होकर आंखों के विकार नष्ट होते हैं। मानसिक कमजोरी दूर होती है।
10.	शंख मुद्रा	कृति देखिए	कंठ के सभी दोष दूर होते हैं। नाभि और थायरॉइड ग्रंथि के दोष समाप्त होते हैं।
11.	सहज शंखमुद्रा	कृति देखिए	सभी लाभ शंख मुद्रा के समान हैं।
12.	अपानवायु मुद्रा	अंगूठे से तर्जनी, मध्यमा और अनामिका	इसे हृदय मुद्रा या मृतसंजीवनी मुद्रा भी कहते हैं। यह हृदय विकार में लाभदायक और उच्च रक्तचाप में उपयोगी है।
13.	लिंग मुद्रा	कृति देखिए	सर्दी, खांसी और बुखार दूर करने के लिए उपयोगी है।
14.	ध्यान मुद्रा	कृति देखिए	ध्यान के लिए अधिक उपयुक्त है।

अनेक योगी इस बात को जानते हुए भी कि मूलबंध साधना ही वस्तुत: कुण्डलिनी शक्ति को जगाने वाला एक महत्त्वपूर्ण रहस्य है, मानव शरीर में स्थित विभिन्न चक्रों की स्थिति की चर्चा ही अधिक करते हैं। कई विद्वान लेखकों ने भी अपनी पुस्तकों में चक्रों को ही प्रमुखता प्रदान की है, यह जानते हुए भी कि मूलबंध की साधना किए बिना कुण्डलिनी शक्ति की साधना नहीं हो सकती। सर जॉन बुडरॉफ ने भी कुण्डलिनी जागरण के लिए मूलबंध नामक क्रिया को ही श्रेष्ठ माना है। मूलबंध को लगाने के साथ ही मूलबंध क्रिया का पूरा-पूरा लाभ साधक को उठाना चाहिए अर्थात् विशेष यत्न द्वारा अपने पेट को खींचकर और श्वास को बाहर निकालकर दृढ़ उड्डीयान बंध लगा लेना चाहिए। इससे मूलबंध नामक योग क्रिया में कई प्रकार की नवीन आंतरिक सूक्ष्म क्रियाएं संपादित होने लगेंगी। इसके साथ ही साधक को योनि मुद्रा का अभ्यास विशेष रूप-से पद्मासन लगाकर करना चाहिए।

योनि मुद्रा

यौगिक दृष्टि से अपने अंदर कई प्रकार के रहस्य छिपाए रखने वाली मुद्रा का वास्तविक नाम ''योनि मुद्रा'' है। तत योग के अनुसार केवल हाथों की उंगलियों से महाशक्ति भगवती की प्रसन्नता के लिए योनि मुद्रा प्रदर्शित करने की आज्ञा है। प्रत्यक्ष रूप-से इसका प्रभाव लंबी योग साधना के अंतर्गत तंत्र-मंत्र-यंत्र साधना से भी दृष्टिगोचर होता है। इस मुद्रा के निरंतर अभ्यास से साधक की प्राण-अपान क्रियाओं पर विशेष प्रभाव पड़ता है।

योग रहस्यों से परिचित सिद्ध योगियों ने प्राण-अपान वायु को मिला देने वाली मूलबंध क्रिया को भी साथ करने से जो स्थिति बनती है, उसे ही योनि मुद्रा की संज्ञा दी है। यह बड़ी चमत्कारी मुद्रा है।

पद्मासन की स्थिति में बैठकर, दोनों हाथों की उंगलियों से योनि मुद्रा बनाकर और पूर्व मूलबंध की स्थिति में सम्यक् भाव से स्थित होकर प्राण-अपान को मिलाने की प्रबल भावना के साथ मूलाधार स्थान पर यौगिक संयम करने से कई प्रकार की सिद्धियां प्राप्त हो जाती हैं।

ऋषियों का मत है कि जिस योगी को उपरोक्त स्थिति में योनि मुद्रा का लगातार अभ्यास करते-करते सिद्धि प्राप्त हो गई है, उसका शरीर साधनावस्था में भूमि से आसन सहित ऊपर अधर में स्थित हो जाता है। संभवत: इसी कारण आदि शंकराचार्यजी ने अपने योग रत्नावली नामक विशेष ग्रंथ में मूलबंध का उल्लेख विशेष रूप-से किया है।

मूलबंध योग की एक अद्‌भुत क्रिया है। इसको करने से योग की अनेक कठिनतम क्रियाएं स्वत: ही सिद्ध हो जाती हैं, जिनमें अश्विनी और बज्रौली मुद्राएं प्रमुख हैं। इन मुद्राओं के सिद्ध हो जाने से योगी में कई प्रकार की शक्तियों का उदय हो जाता है।

अश्विनी मुद्रा

इस मुद्रा से साधक में घोड़ों जैसी शक्ति आ जाती है, जिसे ''हॉर्स पॉवर'' कहते हैं। इस मुद्रा में गुदा-द्वार का बार-बार संकोचन और प्रसार किया जाता है। इसी से मुद्रा की सिद्धि हो जाती है। इसके द्वारा कुण्डलिनी जागरण में सुगमता रहती है और अनेक रोग नष्ट होकर शारीरिक बल की वृद्धि होती है।

अश्विनी मुद्रा सिद्ध होने से साधक की अकालमृत्यु कभी नहीं होती। गुदा और उदर से संबंधित रोगों का इसके द्वारा शमन होता है तथा दीर्घजीवन की उपलब्धि होती है। बिना मूलबंध के अश्विनी मुद्रा नहीं हो सकती।

बज्रौली मुद्रा

बज्रौली मुद्रा भी मूलबंध का अच्छा अभ्यास किए बिना किसी प्रकार संभव नहीं है। यह मुद्रा केवल योगी के लिए ही नहीं, भोगी के लिए भी अत्यंत लाभकारी है। इस मुद्रा में पहले दोनों पांवों को भूमि पर दृढ़तापूर्वक टिकाकर, दोनों पांवों को धीरे-धीरे दृढ़तापूर्वक ऊपर आकाश में उठा दें। इससे बिंदु-सिद्धि होती है।

शुक्र को धीरे-धीरे ऊपर की आकुंचन करें अर्थात् इंद्रिय के आंकुचन के द्वारा वीर्य को ऊपर की ओर खींचने का अभ्यास करें तो यह मुद्रा सिद्ध होती है। विद्वानों का मत है कि इस मुद्रा के अभ्यास में स्त्री का होना आवश्यक है, क्योंकि भग में पतित होता हुआ शुक्र ऊपर की ओर खींच लें तो रज और वीर्य दोनों ही चढ़ जाते हैं। यह क्रिया अभ्यास से ही सिद्ध होती है।

कुछ योगाचार्य इस प्रकार का अभ्यास शुक्र के स्थान पर दुग्ध से करना बताते हैं। जब दुग्ध खींचने का अभ्यास सिद्ध हो जाए, तब शुक्र को खींचने का अभ्यास करना चाहिए। वीर्य को ऊपर खींचने वाला योगी ही ऊर्ध्वरेता कहलाता है।

इस मुद्रा से शरीर हृष्ट-पुष्ट, तेजस्वी, सुंदर, सुडौल और जरा-मृत्यु रहित होता है। शरीर के सभी अवयव दृढ़ होकर मन में निश्चलता की प्राप्ति होती है। इसका अभ्यास अधिक कठिन नहीं है। यदि गृहस्थ भी इसे करें, तो बलवर्द्धन और सौंदर्यवर्द्धन का पूरा लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

शक्तिचालिनी मुद्रा

आठ अंगुल लंबा और चार अंगुल चौड़ा मुलायम वस्त्र लेकर नाभि पर लगाएं और कटिसूत्र में बांध लें। फिर शरीर में भस्म रमाकर सिद्धासन में बैठें और प्राण को अपान से युक्त करें। जब तक गुह्य द्वार से चलती हुई वायु प्रकाशित न हो, इस समय तक गुह्य द्वार को संकुचित रखें। इससे वायु का जो निरोध होता है, उसमें कुम्भक के द्वारा कुण्डलिनी शक्ति जाग्रत होती हुई सुषुम्ना मार्ग से ऊपर जाकर खड़ी हो जाती है। योगमुद्रा से पहले इसका अभ्यास करने पर ही योनि मुद्रा की पूर्ण सिद्धि होती है।

इस मुद्रा से कुण्डलिनी शक्ति का जागरण होता है। यह शरीर के अधोभाग में सोती रहती है। इसका आकार सर्प के समान होता है। जब तक यह सोती है, तब तक सभी आंतरिक शक्तियां सुप्त पड़ी रहती हैं। इसलिए कुण्डलिनी का जाग्रत होना साधक के लिए बहुत आवश्यक है।

प्राण-अपान को संयुक्त करने की क्रिया प्राणवायु को पूरक द्वारा भीतर खींचने और उड्डीयान बंध से अपान वायु को ऊपर की ओर आकर्षित करने से पूर्ण होती है। इसमें गुह्य प्रदेश के संकोच और विस्तार का अभ्यास होने से अधिक सरलता हो सकती है।

तड़ागी मुद्रा

दोनों पांवों को दण्ड के समान धरती पर पसार लें और हाथों से उनके अंगूठों को पकड़ने तथा दोनों जांघों पर सिर को स्थापित करें, साथ ही उदर को तड़ाग (सरोवर) के समान कर लें। यह मुद्रा अनेक रोगों और वृद्धावस्था को भी दूर करने में सहायक सिद्ध होती है।

माण्डवी मुद्रा

मुख को बंद करके जुबान को तालु में घुमाएं और सहस्रार से टपकते हुए सुधारस को जुबान से धीरे-धीरे पीने

का यत्न करें। यही माण्डवी (या माण्डुकी) मुद्रा है। इसके द्वारा बालों की सफेदी, उनका झड़ना; शरीर पर झुर्रियों, मुंहासों आदि का पड़ना तथा निर्बलता आदि दूर होकर चिर-यौवन की प्राप्ति होती है। इससे रसोत्पादन होकर अमृतत्त्व की उपलब्धि होना संभव हो जाता है।

शाम्भवी मुद्रा

दृष्टि को दोनों भौंहों के मध्य स्थिर करके एकाग्र मन से परमात्मा का चिंतन करें तो ध्यान की परिपक्वता होने पर ज्योति-दर्शन होता है। यही शाम्भवी मुद्रा है। आत्मसाक्षात्कार के आकांक्षी पुरुषों के लिए यह अत्यंत कल्याणकारी मुद्रा है।

पंचधारणा मुद्रा

धारणा का अभिप्राय है, ध्यान के द्वारा ग्रहण करने की शक्ति। पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश—इन पंच महाभूतों से यथार्थ का ज्ञान होना ही पंचधारणा मुद्रा का वास्तविक उद्देश्य है। यह मुद्रा पंच तत्त्वों से संबंधित होने के कारण उसको पृथक-पृथक धारणा में परिपक्व करती है, इसलिए यह निम्न पांच प्रकार की मानी जाती है—

- ❑ पार्थिवी : भूमि-संबंधी
- ❑ शाम्भवी : जल-संबंधी
- ❑ वैश्वानरी या आग्नेयी : अग्नि-संबंधी
- ❑ वायवी : वायु-संबंधी
- ❑ आकाशी : आकाश-संबंधी

इनकी सिद्धि होने पर मनुष्य सशरीर स्वर्गादि लोकों में आ-जा सकता है।

पाशिनी मुद्रा

दोनों पांवों को कंठ के पीछे की ओर ले जाकर उन्हें परस्पर मिलाएं और पाश के समान दृढ़ता से बांध लें। इसके अभ्यास से भी कुण्डलिनी शक्ति के जागरण में बहुत सुगमता हो जाती है तथा साधक के शरीर में बल और पुष्टि का आविर्भाव होता है। मानसिक बलवर्द्धन में भी यह बहुत हितकर है।

काकी मुद्रा

मुख के होंठों का इस प्रकार संकोचन करें, जिससे कि कौए की चोंच के समान उसकी आकृति बन जाए (प्राय: मुख से सीटी बजाने में भी ऐसी आकृति बन जाती है)। इस प्रकार की आकृति बनाकर धीरे-धीरे वायु खींचकर पान करें। यह ध्यान रहे कि इस मुद्रा में नासिका-छिद्रों द्वारा वायु नहीं खींची जाती (नासिका द्वारा श्वास नहीं लिया जाता)।

यह गुदा, उदर, कंठ और हृदय विकार आदि को दूर करने के लिए बहुत उपयोगी है। साधक की जठराग्नि तीव्र होती है और कोष्ठबद्धता आदि विकारों का शमन हो जाता है।

मातंगिनी मुद्रा

यह मुद्रा जल में कंठ पर्यन्त खड़े होकर की जाती है। इसमें नासिका से जल खींचकर मुख-द्वार से बाहर निकाल दिया जाता है। यह क्रिया बार-बार दोहराई जाती है। इस प्रकार विपरीत क्रम से बार-बार अभ्यास करें। इस

मुद्रा के अभ्यास से शरीर में बल की वृद्धि होती है, वृद्धावस्था का आगमन रुक जाता है और मृत्यु का भी भय नहीं रहता। कुण्डलिनी जाग्रत करने में इसका सहयोग विशेषकर मिलता है।

भुजंगिनी मुद्रा

इसमें मुख को फैलाकर कंठ से बाहरी वायु खींची जाती है। तालु और जिह्वा के मध्य वायु के घूमने से शरीर में अद्‌भुत शक्ति का आविर्भाव होता है। यह मुद्रा अजीर्ण आदि उदर रोगों को नष्ट करने में भी बहुत उपयोगी है।

इस प्रकार मुद्राओं के अभ्यास से साधक को सब प्रकार के शारीरिक, मानसिक और आत्मिक बल की प्राप्ति होती है। योगाचार्यों के अनुसार, *''नास्ति मुद्रासनकिंचित्‌सिद्धिदंक्षितिमण्डले* (घेरण्ड संहिता)'' अर्थात् मुद्राओं के समान सिद्धिदायक कोई अन्य साधन भू-मंडल पर नहीं है। इसलिए योगसिद्धि के आकांक्षीजनों को मुद्राओं का अभ्यास करना श्रेयस्कर है।

मुद्राओं को भोगी पुरुषों के लिए भोगप्रद और मुमुक्षुओं के लिए मोक्षप्रद माना गया है। इसलिए मुद्राएं गृहस्थ और संन्यासी दोनों के लिए उपयोगी हैं। किन्तु यह आवश्यक नहीं कि सभी मुद्राओं को किया जाए, वरन् जो अपनी शारीरिक स्थिति के अनुकूल और अभ्यास में सरल प्रतीत हो, उसी को करना चाहिए। ऐसा करने वाले साधक को अवश्य ही योगसिद्धि हो सकती है और वह कुण्डलिनी जाग्रत करने में पूर्णयता समर्थ हो सकता है।

साधना करने वाले व्यक्ति के लिए यह आवश्यक है कि वह साधना में कायिक, वाचिक और मानसिक क्रियाओं पर पूरा नियंत्रण रखे तथा समय-समय पर उचित तांत्रिक प्रक्रियाओं का भी समन्वय करता रहे। इस दृष्टि से जिस प्रकार आसन पात्रासादन, अर्चन आदि में क्रियाओं का विधान है, उसी प्रकार उनके साथ कुछ मुद्रा बनाने का विधान है। ये मुद्राएं मुख्य रूप-से हाथ और उसकी उंगलियों के प्रयोग से बनती हैं। जैसे हमारा शरीर पंचतत्त्वमय है। अत: शास्त्रकारों ने कहा है कि इन उंगलियों के प्रयोग से इन तत्त्वों की न्यूनाधिकता दूर की जा सकती है तथा तत्त्वों की समता-विषमता से होने वाली कमी को उंगलियों की मुद्रा से सम बनाया जा सकता है। इतना ही नहीं, ऐसी मुद्राओं के सहयोग से उन तत्त्वों को स्वेच्छापूर्वक घटाया-बढ़ाया भी जा सकता है। ये तत्त्व क्रमश: अंगुष्ठ में अग्नि, तर्जनी में वायु, मध्यमा में आकाश, अनामिका में पृथ्वी और कनिष्ठिका में जल के रूप में विद्यमान रहते हैं।

''मुदं रातीति मुद्रा,'' इस व्युत्पत्ति के अनुसार ये मुद्राएं देवताओं के समक्ष बनाकर दिखलाने से उन्हें प्रसन्नता प्रदान करती हैं। पूजा-विधानों में ''मुद्रा'' एक आवश्यक अंग माना गया है। देवी-देवताओं के समक्ष प्रकट की जाने वाली मुद्राएं पृथक-पृथक कर्म की दृष्टि से हजारों प्रकार की होती हैं, जिनमें कुछ जपांगभूत हैं तो कुछ नैवेद्यांगभूत। कुछ का प्रयोग कर्मविशेष के प्रसंग में होता है, तो कुछ मानस पूजा और अन्य पूजाओं के साथ प्रयुक्त होती हैं।

योगतंत्र के ग्रंथों में प्राय: प्रत्येक जप-पूजादि विधानों में देवता के अनुरूप मुद्रा दिखाने के बारे में निर्देश दिया गया है। जैसे श्रीगणेश-पूजा में एकदंत मुद्रा, बीजापूर मुद्रा, अंकुश मुद्रा, मोदक मुद्रा आदि। ऐसे ही शिव, विष्णु, शक्ति, सूर्यादि देवों की मुद्राएं हैं। इनका नित्य, नैमित्तिक और काम्य-प्रयोग की दृष्टि से भी मंत्रपूर्वक साधन होता है और मंत्र सिद्ध हो जाने पर इनके प्रयोग से अभीष्ट फल प्राप्त होता है।

देवताओं की प्रसन्नता, चित्त की शुद्धि और विविध रोगों के नाश में मुद्राओं से बड़ी सहायता मिलती है। मुद्रातत्त्व को समझकर, प्रत्येक योगी को इनका साधन करना चाहिए। कुण्डलिनी शक्ति के जागरण में इन मुद्राओं से सहायता मिलती है। यहां हमने जिन मुद्राओं का वर्णन एवं चित्रण किया है, उससे प्रत्येक योगी, साधक को परिचित होना चाहिए।

मुद्राओं की आकृतियां



1. सुमुखम्

2. सम्पुटम्



3. विततम्



4. विस्तृतम्



5. द्विमुखम

6. त्रिमुखम्



7. चतुर्मुखम्

8. पंचमुखम्



9. षण्मुखम्



10. अधोमुखम्



11. व्यापकांजलिम्



12. शकटम्



13. यमपाशम्



14. ग्रथितम्



15. उन्मुखोन्मुखम्



16. प्रलम्बम्



17. मुष्टिकम्

18. मत्स्यः

19. कूर्मः



20. वराहकम्

21. सिंहाक्रांतम्

22. महाक्रांतम्



23. मुद्गरम्

24. पल्लवम्

निम्न 8 मुद्राएं जपादि में प्रयुक्त होने वाली 24 मुद्राओं के बाद की हैं—



1. सुरभिः

2. ज्ञानम्

3. वैराग्यम्



4. योनि

5. शंख



6. पंकजम्

7. लिंगम्

8. निर्वाणम्

- **सुमुखम्**—दाएं-बाएं दोनों हाथों की दसों उंगलियां मोड़कर आपस में मिलाएं।
- **सम्पुटम्**—अपने दोनों हाथों को फुलाकर परस्पर मिलाएं।
- **विततम्**—दोनों हथेलियां आमने-सामने करें।
- **विस्तृतम्**—चित्रानुसार दोनों हाथों की उंगलियों को खोलकर हाथों को कुछ अधिक अलग करें।
- **द्विमुखम्**—दोनों हाथों की अनामिका से अनामिका और कनिष्ठिका से कनिष्ठिका मिलाएं।
- **त्रिमुखम्**—दोनों हाथों की मध्यमा उंगलियों को परस्पर मिलाएं।
- **चतुर्मुखम्**—दोनों तर्जनी उंगलियां और मिलाएं।
- **पंचमुखम्**—अब दोनों अंगूठे भी मिला दें।
- **षण्मुखम्**—हाथ पूर्ववत् रखे हुए ही दोनों कनिष्ठिका खोलें।
- **अधोमुखम्**—हाथों को उल्टी अवस्था में ले जाकर, उंगलियों को मोड़ें और नीचे की तरफ करें।
- **व्यापकांजलिम्**—पूर्ववत् मिले हुए हाथों को शरीर की तरफ घुमाकर सीधा करें।
- **शकटम्**—दोनों हाथों को उल्टा कर, अंगूठे से अंगूठा मिलाएं तथा तर्जनियों को सीधा रख, मुट्ठी बांधें।
- **यमपाशम्**—तर्जनी से तर्जनी बांध, दोनों मुट्ठी बांधें।
- **ग्रथितम्**—दोनों हाथों की पांचों उंगलियों को आपस में बांधें।

❑ **उन्मुखोन्मुखम्**—दोनों हाथों की उंगलियों को मिलाकर पहले बाएं पर दाहिना, फिर दाहिने पर बायां हाथ रखें।

❑ **प्रलम्बम्**—दोनों हाथों की उंगलियों को हल्का मोड़कर हाथों को उल्टा कर, नीचे की ओर करें।

❑ **मुष्टिकम्**—अंगूठे ऊपर रखते हुए, मुट्ठियां परस्पर मिलाएं।

❑ **मत्स्यः**—दाहिने हाथ की पीठ पर बायां हाथ रखकर दोनों अंगूठे मिलाएं, जैसा कि चित्र में प्रदर्शित किया गया है।

❑ **कूर्मः**—सीधे (चित्त) बाएं हाथ की मध्यमा, अनामिका तथा कनिष्ठिका मोड़कर उल्टे दाहिने हाथ की मध्यमा, अनामिका को उन तीनों उंगलियों के नीचे देकर बायीं तर्जनी पर दाहिनी कनिष्ठिका और बाएं अंगूठे पर दाहिनी तर्जनी रखें।

❑ **वराहकम्**—दाहिनी तर्जनी को बाएं अंगूठे से मिला, दोनों हाथों की उंगलियों को आपस में बांधें।

❑ **सिंहाक्रांतम्**—दोनों हाथों को कानों के पास करें।

❑ **महाक्रांतम्**—दोनों हाथों की उंगलियों को कानों के सामने करें।

❑ **मुद्गरम्**—दाहिने हाथ की मुट्ठी बांधकर, उसकी कोहनी को बाएं हाथ की हथेली पर रखें।

❑ **पल्लवम्**—दाहिने हाथ की उंगलियों को मुंह के सामने कर हिलाएं।

इस प्रकार 24 मुद्राएं चित्रों की सहायता से करनी चाहिए। बाद की आठों मुद्राओं का वर्णन निम्न है—

❑ **सुरभि**—दोनों हाथों की उंगलियां गूंथकर बाएं हाथ की तर्जनी से दाहिने हाथ की मध्यमा, मध्यमा से तर्जनी, अनामिका से कनिष्ठिका और कनिष्ठिका से अनामिका उंगली मिलाएं।

❑ **ज्ञानम्**—दाहिने हांथ की तर्जनी से अंगूठा मिलाकर हृदय में तथा इसी प्रकार बायां हाथ बाएं पैर पर सीधा रखें।

❑ **वैराग्यम्**—दोनों हाथों की तर्जनियों से अंगूठा मिलाकर पैर पर सीधा रखें।

❑ **योनि**—दोनों मध्यमा के नीचे से बायीं तर्जनी के ऊपर दाहिनी अनामिका और दाहिनी तर्जनी पर बायीं अनामिका रख, दोनों तर्जनियों से बांध, दोनों मध्यमाओं को सीधा करें। तत्पश्चात् दोनों अंगूठे मध्यमा पर रखें।

❑ **शंख**—बाएं अंगूठे को दाहिनी मुट्ठी में बांधकर, दाहिने अंगूठे से बायीं उंगलियों को मिलाएं।

❑ **पंचकम्**—दोनों हाथों के अंगूठे तथा उंगलियों को मिलाकर ऊपर की ओर करें।

❑ **लिंगम्**—दाहिने अंगूठे को सीधा रखते हुए दोनों हाथों की उंगलियों को गूंथकर बायां अंगूठा दाहिने अंगूठे की जड़ के ऊपर रखें।

❑ **निर्वाणम्**—उल्टे (करपृष्ठ की तरफ) बाएं हाथ पर दाहिना हाथ सीधा रख, उंगलियों को परस्पर गूंथ, दोनों हाथ अपनी ओर घुमाकर, दोनों तर्जनियों को सीधी कान के समीप करें।

इस प्रकार उपरोक्त आठों मुद्राएं बन जाती हैं।

योगमुद्रा

यह मुद्रा पद्मासन का एक रूपांतर है। मत्स्यासन में पद्मासन लगाकर पीठ के बल लेटने की आवश्यकता पड़ती है और इस मुद्रा में पद्मासन लगाकर आगे की ओर झुककर मस्तक को भूमि पर सटा देने की क्रिया करनी पड़ती है। इस मुद्रा से कमर में लोच आती है। पाचक अंग अपने स्वाभाविक स्थानों पर स्थिर रहते हैं। कुण्डलिनी जाग्रत करने में इस आसन का उपयोग अधिक होता है। इसी कारण इसको ''योगमुद्रा'' कहते हैं।

इस मुद्रा को बनाने के लिए सर्वप्रथम फर्श पर कंबल या दरी बिछाकर, उस पर पांव फैलाकर बैठ जाएं। अब दाहिने पांव को घुटने से मोड़कर बाएं जंघे की जड़ में सटाकर रख दें। इसके बाद बाएं पैर को घुटने से मोड़कर दाहिनी जंघा की जड़ में सटाकर रख दें। दोनों पांवों की एड़ियां पेड़ू को दबाती रहनी चाहिए।

तत्पश्चात् दोनों हाथों को पीठ की ओर ले जाकर बाएं हाथ से दाहिने हाथ की कलाई पकड़ लें (जैसा कि चित्र में दिखाया गया है)। अब कमर से धड़ को धीरे-धीरे आगे की ओर झुकाएं।



योग मुद्रा : पहली विधि

झुकाने में जल्दी करने की या झटके से झुकाने की कोशिश कभी नहीं करनी चाहिए। बल्कि झटका देने से अधिक मोड़ने पर भीतर के पाचक अंगों पर दुष्प्रभाव पड़ सकता है। कमर से जितना सरलता से झुका जाए, उतना ही झुकने का प्रयास करना चाहिए। कुछ दिनों के अभ्यास से कमर में झुकने का बल और लोच आ जाएगा। इस मुद्रा को जबरदस्ती बनाने से हानि हो सकती है। धीरे-धीरे झुकते-झुकते ललाट को फर्श पर टिका दें। इस अवस्था को ही इस मुद्रा की पूर्णता मानी जाती है।

योगमुद्रा की दूसरी विधि इस प्रकार है—इस विधि का लाभ यह है कि यदि पाचक अंग, जैसे नाभि आदि, अपने स्थान से कुछ हट गए हों तो योगमुद्रा की इस विधि से उनके अपने स्थान पर लौट आने में सहायता मिलती है। यह मुद्रा बनाने के लिए पहले फर्श पर बैठकर पद्मासन की अवस्था में हो जाएं। हाथ की दोनों हथेलियों को एक में मिलाकर गेंद की तरह गोल बनाएं और एड़ियों के ऊपर नाभि पर लगा लें।



योग मुद्रा : दूसरी विधि

इसके बाद आगे की ओर झुकें। इससे मुट्ठी पर पेड़ू का दबाव पड़ेगा तथा पेड़ू अंदर को दबेगा। इसी तरह पेड़ू को दबाते हुए, धड़ को झुकाकर ललाट को भूमि से सटा दें। इस प्रकार योगमुद्रा की दूसरी मुद्रा पूर्ण हो जाती है। इसे ऊपर द्वारा प्रदर्शित किया गया है।

विशेष—इस मुद्रा में श्वास का कोई विशेष नियम नहीं है, किन्तु मुद्रा की सुगमता की दृष्टि-से यह ध्यान रखना आवश्यक है कि झुकते समय श्वास बाहर निकाल दी जाए। इससे पेट अंदर दबता है और जब सिर उठाया जाए, तब श्वास भीतर भर ली जानी चाहिए।

विपरीतकरणी

योगियों ने मुद्राओं का आविष्कार शरीर को स्वस्थ एवं नीरोग रखने के लिए किया। वस्तुत: मुद्राएं कुण्डलिनी जाग्रत करने में साधक की सहायता करती हैं। योगियों को इनसे बल की प्राप्ति होती है। विपरीतकरणी मुद्रा सर्वांगासन का ही एक रूपांतर है। सर्वांगासन में जालंधर बंध लग जाता है, गरदन के निचले भाग पर शरीर का सारा बोझ रहता है और गरदन से लेकर पीठ-पांव आदि एक सीधी लाइन में होते हैं, किन्तु विपरीतकरणी मुद्रा में गरदन, कंधा और बांहों के पिछले भाग पर शरीर का बोझ होता है और कमर से लेकर पांव तक का भाग लंबा न होकर तिरछा रहता है।



विपरीतकरणी मुद्रा

विपरीतकरणी मुद्रा की विधि इस प्रकार है—भूमि पर कंबल आदि बिछाकर पीठ के बल चित्त लेट जाएं। हाथ बगल में रहेंगे और पांव तने हुए लंबे रहेंगे। इस अवस्था में आकर शरीर को ढीला छोड़ दें और श्वास को भरकर, टांगों को 30 डिग्री के कोण पर उठाएं। 5-6 सेकंड इस अवस्था में रहकर, श्वास को भरकर पैरों को 30 डिग्री और ऊपर ले जाएं। यहां भी 5-6 सेकंड रुककर श्वास भरें और पैरों को 30 डिग्री और ऊपर उठाएं। अब कमर से पीठ और गरदन तक का भाग कंबल पर रहेगा और टांगें 90 डिग्री के समकोण पर रहेंगी। अब श्वास भरकर कमर का भाग भी ऊपर को उठाएं और दोनों हाथों से कमर को सहारा दें। शरीर का सारा बोझ गरदन, कंधा और दोनों भुजाओं पर होगा।

सीने से ठुड्डी का भाग दूर रहेगा। पैरों को इसी अवस्था में रखते हुए और कमर को हाथों का सहारा देते हुए पांवों और धड़ को थोड़ा तिरछा या टेढ़ा कर लें। इस अवस्था में शरीर गरदन और कंधों के बल हाथों पर टिका रहेगा। इसमें जालंधर बंध नहीं लगेगा और कमर से पांव तक का अंश कुछ तिरछा या टेढ़ा रहेगा। इस मुद्रा में शरीर को संभालने में बांहों पर बहुत जोर पड़ता है। किन्तु यहां जिह्वाबंध लगाने का विधान है। जिह्वाबंध की विधि यह है कि जुबान को उलटकर पीछे की ओर मोड़ें और तालु के आगे, जहां कौवा और टोंटी है, उस स्थान पर सटाएं। यह विपरीतकरणी मुद्रा की पूर्णता है।

जिह्वाबंध ही इस मुद्रा की विशेषता है। योगी लोग कहते हैं कि ललाट से एक प्रकार का अमृत झरता है। वह अमृत शरीर के उपयोग में नहीं आता, अंदर चला जाता है और पाचकाग्नि या नाभि में स्थित सूर्य उसको भस्म कर देता है। तालु में जुबान को सटाकर वह झरता हुआ अमृत रस पान करने की चेष्टा की जाती है।

विपरीतकरणी मुद्रा से वृद्धावस्था नहीं आती और यौवन बना रहता है। किन्तु इतना लाभ योगी लोग ही प्राप्त कर सकते हैं, साधारण व्यक्ति नहीं।

यहां इस बात को विशेषरूप से ध्यान में रखना चाहिए कि साधना में जो बातें बहुत साधारण दिखती हैं, वे क्रियात्मक स्तर पर वैसी सामान्य नहीं हैं। इसीलिए जब तक इनके सकारात्मक व नकारात्मक पक्षों की जानकारी विधिवत् न हो (इसे ही दीक्षा कहते हैं) इनसे खिलवाड़ नहीं करना चाहिए। संयम और सावधानी ये दो मूलमंत्र हैं साधना के, इनकी उपेक्षा क्षणभर के लिए भी नहीं करनी चाहिए। 'जिज्ञासा' की पराकाष्ठा के परिणामस्वरूप साधक में उसकी संपूर्ण पात्रता समाहित हो जाती है। ❑❑



नि:श्वास : पांच

कुण्डलिनी उपासना का मार्ग

एक समय था जब पाश्चात्य संस्कृति से प्रभावित लोग योगशास्त्र से विमुख होते जा रहे थे, किन्तु कुछ उपासना एवं आत्मशक्ति के धनी महापुरुषों और सिद्धों के द्वारा लोगों में अब इस शास्त्र के संबंध में श्रद्धा और विश्वास उत्पन्न हो गया है। कुछ भारतीय ऋषि, महर्षि एवं उच्चकोटि के सिद्ध महात्माओं, विचारकों और चिंतकों के त्याग और परिश्रम के द्वारा पिछले कुछ समय से पाश्चात्य तत्त्ववेत्ताओं, गहन चिंतकों, उच्चकोटि के वैज्ञानिक तथा विद्वान मनीषियों को भारतीय विज्ञान, पराविद्या एवं योगशास्त्र के संबंध में सोचने के लिए विवश कर दिया है और भारतवर्ष के अन्यत्र रहने वाले विश्व के उन उच्चकोटि के साहित्यकारों, चिकित्सकों, वैज्ञानिकों और अधिकांश बुद्धिजीवियों को योगशास्त्र का गहन अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया है। यही कारण है कि आज अनगिनत योगी साधकों में कुण्डलिनी शक्ति के रहस्य को जानने और समझने की होड़-सी लग गई है। यजुर्वेद, कुण्डल्युपनिषद्, षट्चक्र निरूपण, घेरण्ड संहिता, ज्ञानार्नव तंत्र, ललिता सहस्रनाम, लघुस्तुति, वामकेश्वर तंत्र, योग शिखोपनिषद्, हठयोग प्रदीपिका और ज्ञानेश्वरी आदि ग्रंथों में कुण्डलिनी रहस्य का सविस्तार मिलता है।

भारतीय ऋषियों ने कुण्डलिनी शक्ति के संबंध में बड़े विस्तार के साथ अनुसंधानात्मक प्रयोग करके, इसके सभी पहलुओं को हर तरह से अच्छी प्रकार जाना कि मनुष्य को इस कुण्डलिनी शक्ति से किस-किस प्रकार के कितने अधिक लाभ हो सकते हैं तथा यह भी जानने का प्रयास किया कि इस शक्ति से कितने रूप में, कौन-कौन-सी हानियां कब और किस प्रकार हो सकती हैं।

कुण्डलिनी शक्ति का रहस्य अत्यंत गूढ़ है। साधारण मानव की वहां तक पहुंच नहीं है। श्री चैतन्य महाप्रभु की श्री हरिनाम स्मरण करते-करते बड़ी विचित्र अवर्णनीय अवस्था हो गई थी। वह निर्जन वनों में कस्तूरी मृग से भी अधिक भगवान के आनंद और उसके परम स्वरूप को ढूंढते हुए यत्र-तत्र हिरण की भांति लंबी-लंबी कुलांचें भरते फिरते थे। उनका कुलांचें भरना उनका नृत्य था या उनके हृदय की अकुलाहट थी अथवा निरंतर हरिनाम स्मरण करते रहने से, जिस शक्ति का प्राकट्य हुआ था, उस पराशक्ति के आनंद और प्रभाव से वह विस्मित हुए थे।

वस्तुत: परमात्मास्वरूप चैतन्य महाप्रभु जी को अपने तन-बदन का उस समय कुछ भी होश नहीं था, कोई सुध-बुध न थी। वह यदा-कदा स्वल्प समय के लिए अपनी इस देह में उतरकर आते थे। किन्तु अधिकांश तो वे हरिनाम के उस परम आनंद में ही समाहित रहते थे। उस समय उनके संपर्क में जो भी आया, उसे भी उस आनंदमय रहस्यमयी शक्ति का रसास्वादन कुछ समय के लिए अवश्य ही हुआ।

श्रीरामकृष्ण परमहंसजी तो अधिकांश समय देहात्म बुद्धिरहित स्थिति से ऊपर उठकर, अपनी अकल्पनीय विशुद्ध यौगिक स्थिति में तन्मय ही रहा करते थे। उन्होंने अपने जीवन में कुण्डलिनी शक्ति का भी साधन किया और उसके साथ ही एकेक नहीं, दस-बीस से भी अधिक विचित्र साधना पद्धतियों से साधना करके प्रत्यक्ष अनुभव और ज्ञान प्राप्त किया और उसका वृत्तांत जिज्ञासु भक्त साधकों को वितरित किया तथा अपने शरीर को समाप्ति के समय

तक साधकों की जिज्ञासा, उत्कंठा और प्रश्नों का उत्तर एवं अपनी साधना की दिव्य अनुभूतियों से अपने सत्संग में आने वाले अधिकांश सभी साधकों को उसका प्रत्यक्ष दर्शन, अनुभव कराते रहे। इसका जीता-जागता उदाहरण स्वामी विवेकानंद से दिया जा सकता है, जिनकी कुण्डलिनी का जागरण उन्होंने अपने तनिक से स्पर्श मात्र से ही करा दिया था।

कुण्डलिनी साधना के इस मार्ग में अर्थात् कुण्डलिनी योग के संबंध में जानने और साधन करने योग्य बहुत सारी विद्याएं हैं, जिनकी साधना और ज्ञान के बिना महाशक्ति कुण्डलिनी का उपासक इस महत्त्वपूर्ण साधना के क्षेत्र में तीव्रगति से आगे नहीं चल सकता।

कुण्डलिनी साधना की चमत्कृत कर देने वाली बातें, युक्तियां और विधियां बड़ी गुंजलदार और दुस्साध्य प्रतीत होती हैं, किन्तु एक बार उनके गर्त में जाने के बाद वे बड़ी सहज और सरल प्रतीत होने लगती हैं।

प्राचीन योगियों और ऋषि-महर्षियों ने मनुष्य के शरीर में स्थित बड़ी-बड़ी विचित्र नाड़ियों और योगचक्र जिन्हें स्नायु-गुच्छ के नाम से भी जाना जा सकता है, उनका वर्णन विशेष रूप-से किया है। उनके बारे में जानना और समझना हरेक साधक, हरेक योगी का कर्तव्य है। इन नाड़ियों में इड़ा, पिंगला, सुषुम्ना, गान्धारी, विश्वोदरा, हस्तजिह्वा, यशस्विनी, पूषानाड़ी, चित्रानाड़ी, वज्रानाड़ी, शंखिनी, कुहूनीनाड़ी, ब्रह्मनाड़ी, सूर्यरूपा, ऊर्ध्वगामिनी, योगनाड़ी और लंबिका आदि 72 हजार नाड़ियों का वर्णन योगशास्त्र में किया है।



विभिन्न नाड़ियां

इन संपूर्ण नाड़ियों के बड़े ही अलौकिक कार्य हैं और ये नाड़ियां विभिन्न प्रकार की अलग-अलग मुद्राओं द्वारा योग की विभिन्न क्रियाओं द्वारा संचालित होती हैं और अपने प्रभाव, चमत्कारिक रूप में प्रदर्शित करती हैं। ये नाड़ियां भौतिक शरीर में प्रवाहमान प्राण के मार्ग हैं।

नाड़ियां शरीर के भीतर प्राण के बृहत् यातायात स्नायु-संस्थान को शक्ति प्रदान करती हैं तथा उसे आगे और पीछे इच्छित स्थानों में ले जाती हैं। इन नाड़ियों से प्राण, जीवनी-शक्ति, प्रेरणाएं तथा अन्यान्य ऊर्जाएं विद्युत-तरंगों के समान बहती हैं तथा शरीर के विभिन्न कोशों और अंगों के स्वास्थ्य तथा तालबद्धता को ये सही-सलामत रखती हैं। 72 हजार नाड़ियों में 10 नाड़ियां ही प्रमुख मानी गई हैं। ये 10 नाड़ियां ही शरीर में चेतना तथा प्राण का वितरण व नियंत्रण करती हैं। योगियों का मत है कि सिद्धासन लगाने से समस्त 72 हजार नाड़ियों का शोधन हो जाता है। प्रमुख 10 नाड़ियां निम्न हैं—

- इड़ा
- पिंगला
- सुषुम्ना
- गान्धारी
- हस्तजिह्वा (हस्तिजिह्वा)
- पूषा
- यशस्वनी (यशस्विनी)
- वज्रा
- कुहूनी
- शंखनी (शंखिनी)

मेरुदण्ड के वाम (बाएं) भाग में इड़ा, दक्षिण (दाएं) भाग में पिंगला, मध्य में सुषुम्ना, बाएं नेत्र में गान्धारी, दाएं नेत्र में हस्तिजिह्वा, बाएं कान में यशस्विनी, दाएं कान में पूषा, मुख में वज्रा (कुछ लोग मुख में अलंबुषा मानते हैं), लिंग में कुहूनी तथा गुदा में शंखिनी का वास है। इस प्रकार मानव-शरीर के 10 द्वारों में 10 नाड़ियां हैं।

उपरोक्त 10 नाड़ियों में से तीन का महत्त्व सर्वाधिक है। यही तीनों नाड़ियां ही अन्य सभी नाड़ियों को नियंत्रण में रखती हैं। ये तीन नाड़ियां इड़ा, पिंगला और सुषुम्ना हैं। इड़ा नासारन्ध्र से चलने वाली इन्द्र नाड़ी है। उसका वर्ण शुभ्र है और पिंगला दाएं नासारन्ध्र से चलने वाली सूर्य नाड़ी रक्तवर्ण की है।

इड़ा को अमृत-विग्रहा और पिंगला को रौद्रात्मिका भी कहते हैं। ये दोनों नाड़ियां काल स्वरूप दिखती हैं। ये दोनों जब समगति से चलती हैं, तब सुषुम्ना नाड़ी में उनका लय होता है। इसी अवस्था में सुषुम्ना नाड़ी में कुण्डलिनी प्रवेश करती है। मूलाधार से जहां ये तीनों निकलती हैं, उसे मुक्तत्रिवेणी और आज्ञा चक्र के समीप जहां ये मिलती हैं, उसे युक्तत्रिवेणी कहते हैं।

इड़ा—गंगारूपा, पिंगला—यमुनास्वरूपा एवं सुषुम्ना—सरस्वतीरूपिणी हैं। ये ही तीनों नाड़ियां आज्ञा चक्र के ऊपर जिस स्थान पर मिलती हैं, उस स्थान का नाम त्रिवेणी है। स्नानविहीन व्यक्ति को बाह्य स्नान से कोई फल नहीं मिलता। गुरुकृपा से जो आत्मतीर्थ को जानकर आज्ञा चक्र के ऊपर इस तीर्थराज त्रिवेणी में यौगिक स्नान करता है, वो निश्चय ही मुक्तिपद लाभ करता है।

इड़ा, पिंगला और सुषुम्ना—इन तीनों प्रधान नाड़ियों में सुषुम्ना सर्वप्रधान है। इसके गर्भ में वज्राणी नाड़ी है। यह नाड़ी शिश्न-प्रदेश से निकलकर, शिरःस्थान तक जाती है। वज्रनाड़ी (वज्राणी) के बीच में आद्यन्त प्रणव युक्ता अर्थात् चंद्र, सूर्य और अग्नि-स्वरूप ब्रह्मा, विष्णु और शिव (महेश) से आदि एवं अंत में मिली हुई मकड़ी के जाले की तरह बहुत सूक्ष्म चित्राणी नाड़ी के बीच में एक विद्युत के समान वर्ण वाली नाड़ी है, उसे 'ब्रह्मनाड़ी' कहते हैं। यह ब्रह्मनाड़ी मूलाधार-पद्म स्थित महादेव के मुख से प्रारंभ होकर शिर-स्थित सहस्रदल तक फैली हुई है।

इस ब्रह्मनाड़ी के विषय में रात-दिन योगियों को ध्यान करना चाहिए, क्योंकि योग-साधना का चरमफल इसी ब्रह्मनाड़ी से प्राप्त होता है। इसी ब्रह्मनाड़ी के अंदर से गमन कर सकने पर आत्म-साक्षात्कार होता है एवं योग का उद्देश्य सिद्ध होकर मुक्तिलाभ होता है।

मेरुदण्ड के दोनों ओर एक स्नायु-प्रणाली है। बायीं स्नायु-प्रणाली को इड़ा और दायीं को पिंगला कहते हैं। जैसा कि हमने पहले भी बताया कि ये प्राणवाहक नाड़ियां हैं। इड़ा में चंद्र का व पिंगला में सूर्य का वास है। इसी कारण इड़ा शीतल और पिंगला उष्ण है। इड़ा नासिका के वाम और पिंगला दाएं रन्ध्र से चलती है। इनमें से प्रत्येक ढाई-ढाई घड़ी (एक घंटा) चलती है। उन्हीं के अनुसार स्वर बदलते रहते हैं। उक्त दोनों नाड़ियों के चलते रहने पर मनुष्य सांसारिक कार्यों में लगा रहता है।



नाड़ी-मण्डल में सुषुम्ना सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण है। सारा ब्रह्माण्ड इसी पर स्थित है और यही मोक्ष का मार्ग है। यह गुदामार्ग के पिछले भाग में स्थित है और मेरुदण्ड से लगी हुई सिर में स्थित ब्रह्मरन्ध्र तक चली गई है। इसके दाहिने तरफ पिंगला और बायीं तरफ इड़ा है। इसके जाग्रत होते ही योगी का वास्तविक कार्य होने लगता है।

उसे समाधि लगने लगती है और वह संसार से विमुख होता जाता है। योगीजन सुषुम्ना में प्रवेश करके महा-प्रयाण का समय बदल देते हैं। इसलिए कहते हैं कि सुषुम्ना नाड़ी काल भक्षक या काल रोधक है। इसी कारण योगी लोग सदा अपने प्राण को सुषुम्ना में, जिसे ब्रह्मनाड़ी भी कहते हैं, चलाने का प्रयत्न करते हैं। यह 72 हजार नाड़ियों को भेदकर व्याप्त रहती है।

ये तीनों नाड़ियां प्राण-वाहक नाड़ियां हैं और चंद्रमा, सूर्य व अग्नि क्रम से इनके देवता हैं। सुषुम्ना के समय ध्यान अच्छा लगता है। सुषुम्ना के चलते समय ध्यान का अभ्यास करते-करते कुण्डलिनी जाग्रत हो जाती है और वह सुषुम्ना में होती हुई षट्चक्रों का भेदन करती हुई

ऊपर चढ़ने लगती है। उस समय योगी को अनेक प्रकार के अनुभव, शक्तियां और आनंद प्राप्त होने लगते हैं। इस नाड़ी को स्थिर करके प्राणायाम करने से वह शीघ्र सिद्ध होता है।

एक योग्य गुरु का कर्तव्य है कि वह इन नाड़ियों के जाल में साधक को किसी भी प्रकार से उलझने न दे। अपितु उसे युक्ति-युक्त मार्ग पर धीरे-धीरे चलाते हुए अर्थात् साधना कराते हुए मध्य मार्ग के द्वारा ऊंचे से ऊंचा ज्ञान और कठिन-से-कठिन युक्तियों और साधनाओं को अत्यंत सरल रूप से बताते हुए, इस रहस्यमयी साधना की ओर चलाने का प्रयत्न करे।

हठयोग की भांति लययोग में भी मनुष्य के शरीर में स्थित नाड़ियों का वर्णन इस प्रकार किया गया है—इड़ा, पिंगला नाड़ी, सुषुम्ना नाड़ी को दोनों तरफ से घेरे हुए मूलाधार स्थान से टेढ़ी-मेढ़ी चाल के द्वारा योग-चक्रों को निश्चित स्थानों पर बनाती हुई आज्ञा चक्र तक जो भ्रूमध्य में स्थित है, वहां पहुंचती हैं। ये योग-चक्र अनंत शक्तियों के उद्‌गम स्थान हैं।

प्राणों का सुषुम्ना में इड़ा अथवा पिंगला नाड़ियों के द्वारा पहुंचकर, प्राण अपान को मिलाकर योगी स्वयं को श्मशानवत् बनाकर अपने ध्यान को, अर्थात् प्राणों को मूलाधार चक्र के सन्निकट स्वयंभू के मुख वाले स्थान पर संयम के द्वारा प्राणों को स्पंदित कर, मूलबंध एवं क्रोध बीज मंत्र का मानसिक उच्चारण कर, दृढ़ निश्चय के साथ सुषुम्ना का मुख खुलते ही तत्क्षण उसमें प्रवेश करने के लिए कटिबद्ध हो जाए।

उपर्युक्त सारी क्रियाओं को करते हुए साधक द्वारा जब दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ-साथ कुण्डलिनी शक्ति को जगाने के लिए क्रोध बीज मंत्र दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ मानसिक उच्चारण किया जाएगा, तो सुषुम्ना-द्वार को स्वाभाविक ही खुलना होगा। इस स्थिति में साधक को पहले से भी और अधिक सावधानी रखते हुए, तटस्थ और सम्यक् भाव से परम शांत ध्यानमयी यौगिक स्थिति में रहते हुए अपने प्राणों को सुषुम्ना द्वार में सरलता और अत्यंत दृढ़ता के साथ प्रवेश करा देना चाहिए। साधक का यह, इस कुण्डलिनी शक्ति के संबंध में अर्थात् मार्ग में अग्रसर होने का सर्वप्रथम सोपान है।

❑❑



नि:श्वास : छः

योग साधक एवं साधना

योग साधना का स्वरूप और विस्तार वस्तुत: एक जन्म में पूरा नहीं हो सकता, यह कथन समाधि की अवस्था को पहुंचे हुए एक योगी का है। उन्होंने कहा है कि कभी-कभी किसी साधारण साधक को कुछ समय उपासना करने के अनंतर कोई पूर्व जन्म की साधना के प्रभाव से स्वल्प काल में ही कोई चमत्कार उपस्थित हो जाने पर यों प्रतीत होने लगता है कि वो अब योगशास्त्र का पूरी तरह से जानकार हो गया है और उसके लिए अब कुछ और साधन करना, जानना अथवा तपश्चर्या पूर्ण जीवन व्यतीत करना कोई आवश्यक नहीं रह गया है। इस प्रकार का भ्रम कभी किसी साधक में पैदा नहीं होना चाहिए। क्योंकि ऐसा भ्रम पैदा होने पर कालांतर में साधक को हानि उठानी पड़ती है। ऐसे अनेक योग साधक देखने में आए हैं जो योग की आखिरी मंजिल तक भी नहीं पहुंच पाए और मृत्यु को प्यारे हो गए।

एक महात्माजी का तो यहां तक मानना है कि योग विद्या का ज्ञान व्यक्ति को अगला जन्म लेने के बाद भी रहता है और यह विद्या काल के प्रभाव से अर्थात् जन्म-मृत्यु के चक्कर से प्रभावित नहीं होती। अपितु ऐसे व्यक्ति को, जिनकी मृत्यु अधूरी साधना में ही हो जाती है, योग-भ्रष्ट कहा जाता है। किन्तु ऐसी योग-भ्रष्ट आत्माओं का पुनर्जन्म, पहले जन्म में की हुई योग साधना के प्रभाव से अच्छे घरों में ही होता है।

भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है—

प्राप्य पुण्यकृतां लोकानुषित्वा शाश्वतीः समाः।
शुचीनां श्रीमतां गेहे योगभ्रष्टोऽभिजायते॥

इससे सिद्ध होता है कि योग की उन्नति अर्थात् शिक्षा को देश, काल, परिस्थिति और मृत्यु भी नहीं रोक सकती। एकमात्र यही एक ऐसा ज्ञान है, जिसे दूसरा जन्म लेने पर भी व्यक्ति (साधक) भूलता नहीं है। योग की एक विशेषता यह भी है कि प्रकृति के नियमानुसार योग-भ्रष्ट का पुनर्जन्म ऐसे परिवार अथवा माहौल में होता है, जहां वह पूर्वजन्म की अपनी छोड़ी गई अधूरी साधना को पूर्ण कर सकने में समर्थ होता है।

जो साधक एक बार विधिवत् योग की पाठशाला में भाग्यवश या सौभाग्यवश प्रवेश पा गया और वह भी किसी अच्छे उपासक, सद्गुरु की कृपा द्वारा, तो फिर समझिए कि वह प्रकृति की, संसार की सबसे बड़ी और कभी न समाप्त होने वाली योगविद्या को प्राप्त किए बिना न रहेगा, चाहे इस विद्या की पूर्णता के लिए उसे बार-बार जन्म क्यों न लेना पड़े।

योग अत्यंत गूढ़ और गंभीर विद्या है। यह विद्या श्रेष्ठ योगी (गुरु) से ही प्राप्त की जा सकती है। उपनिषदों के शिक्षा मनोविज्ञान में गुरु को अत्यधिक महत्त्व दिया गया है। गुरु दीक्षा पाए बिना कोई भी लक्ष्य पर नहीं पहुंच सकता। कठोपनिषद् में कहा गया है, "उठो, जागो और जो तुमसे श्रेष्ठ हैं, उनसे सीखो; क्योंकि आत्मलाभ का लक्ष्य तलवार की धार के समान पैना है।" ऋषियों ने इसको दुर्गम पथ कहा है। इसी उपनिषद् में यह भी कहा गया है कि

जब तक गुरु ने स्वयं आत्मलाभ न किया होगा, तब तक वो दीक्षा कैसे दे सकता है। छान्दोग्यउपनिषद् में गांधारवासी मनुष्य को जब डाकू उसकी आंखें मूंदकर उसे उसके देश से दूर ले जाकर जंगल में छोड़ देते हैं, तब किसी अन्य व्यक्ति के मार्ग बतलाने पर ही वह अपने देश तक पहुंच पाता है। इस कथा में मार्ग-निर्देशन में गुरु के महत्त्व को बड़े सुंदर ढंग से समझाया गया है।

अंतर्मुखता, आत्मशुद्धि और गुरु से दीक्षा मिलनें पर जिज्ञासु आत्मलाभ के मार्ग में आगे बढ़ता है। इसके लिए योगाभ्यास और प्रणव अथवा ओ३म् पर निदिध्यासन करना आवश्यक माना गया है। उपनिषदों में शारीरिक पूर्णता प्राप्त करने और मन पर नियंत्रण करने के लिए विभिन्न प्रकार की यौगिक विधियों की चर्चा की गई है।

बृहदारण्यक उपनिषद् के अनुसार तन और मन का संयम और योगाभ्यास चित्त को शुद्ध करके उसे ब्रह्मज्ञान के योग्य बनाता है। तप से चित्त की शुद्धि होती है। आत्मलाभ के लिए शम, दम, उपरति, तितिक्षा और समाधि आवश्यक हैं।

प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि—ये योग के विभिन्न अंग हैं। उपनिषदों में आसनों का भी वर्णन मिलता है। शाण्डिल्य उपनिषद् में 10 प्रकार के नियम, जिनके बारे में पीछे बता आए हैं। श्वेताश्वतरोपनिषद् में योगाभ्यास के शारीरिक प्रभावों का उल्लेख किया गया है।

भारतीय मनोविज्ञान में शरीर के विभिन्न अंगों के कार्यों का सूक्ष्म विश्लेषण किया गया है। उसमें मानव शरीर के विभिन्न तत्त्वों की व्याख्या की गई है। भोजन का शरीर पर क्या प्रभाव पड़ता है और उससे मानसिक प्रवृत्तियों पर क्या प्रभाव पड़ता है, इसकी चर्चा से लेकर शरीर में विभिन्न चक्रों की स्थिति, कुण्डलिनी की स्थिति, वीर्य को ऊर्ध्वगामी बनाने की प्रक्रिया आदि की चर्चा विस्तारपूर्वक की गई है। दर्जनों प्रकार के आसन शरीर को नियंत्रित करने का साधन रहे हैं। हठयोग में इनकी विशेष चर्चा है।

यौगिक साधनों से योगी शरीर पर इस कदर अधिकार कर लेते थे कि कहा जाता है कि वो उसे रुई के समान हल्का बनाकर हवा में उड़ सकते थे, शरीर की सतत क्रियाओं जैसे रुधिर का प्रवाह, नाड़ी की गति, श्वास-प्रश्वास को रोक सकते थे और ऐसे-ऐसे कठिन कार्य कर सकते थे, जिनकी पश्चिम के लोग कल्पना भी नहीं कर सकते।

आज भी योग के माध्यम से शरीर पर अधिकार करने वाले योगी शीशा और ब्लेड चबा जाते हैं, हफ्तों वायुहीन स्थान में बंद रहते हैं, आग पर चलकर दिखाते हैं, छाती पर बुलडोजर खड़ा कर लेते हैं और दोनों ओर चलती हुई कारों को हाथ से रोक लेते हैं। इन सब आश्चर्यजनक कार्यों को देखकर यह सहज ही मान लेना पड़ता है कि भारतीय मनोविज्ञान में शरीरशास्त्र के विषय में कितनी अधिक सूक्ष्म जानकारी रहती है। योगी श्री अरविन्द के अनुसार, ''योग की क्रियाएं शारीरिक और मानसिक व्याधियों को दूर करके चित्त को स्थिर करने में अद्वितीय हैं।''

गीता के चौथे अध्याय में यह बतलाया गया है कि मनुष्य को हर्ष, शोक आदि से दूर रहते हुए सिद्धि और असिद्धि में समत्वभाव रखना चाहिए। मानसिक संतुलन शारीरिक संतुलन के अभाव में नहीं हो सकता, इसलिए युक्ताहार, आसन, प्राणायाम इत्यादि की सहायता से शरीर पर नियंत्रण करने के बाद ही मन पर नियंत्रण करने की आशा की जा सकती है।

जो साधक अपने मन पर नियंत्रण नहीं कर सकता, वो कुण्डलिनी मार्ग पर अग्रसर नहीं हो सकता। मन, इन्द्रियों और संवेगों पर विजय पाने के बाद ही कुण्डलिनी जागरण का मार्ग प्रशस्त होता है। जब कुण्डलिनी जागरण का समय सन्निकट होता है, तो सुषुम्ना नाड़ी के मुख में प्रवेश करने से पहले ही साधक का श्वास-प्रश्वास बंद होने लगता है। यदि गुरु द्वारा ज्ञान मिला है, तो साधक इस बात से घबराता नहीं है तथा अंतिम लक्ष्य तक पहुंचने को प्रयासरत रहता है। किन्तु जिसे श्रेष्ठ गुरु की कृपा नहीं मिली होती या जो इस स्थिति से अनभिज्ञ होता है, वह यह सोचकर कि अब तो उसका श्वास टूटने वाला है, अर्थात् अंतिम समय अब निकट है, घबरा जाता है और हानि उठाता है। उसकी साधना में व्यवधान पड़ जाता है तथा वह रहस्यमयी कुण्डलिनी शक्ति के परिचय से अछूता रहता है।

यह बात सत्य है कि इस प्रकार के योग-साधन द्वारा आज तक कभी किसी साधक की मृत्यु नहीं हुई। योग की इस क्रिया द्वारा तो साधक को प्राणों पर नियंत्रण हो जाता है, जिस कारण उसका श्वास-प्रश्वास बंद हो जाता है और साधक द्वारा संकल्प करते ही पुन: शरीर में श्वास-प्रश्वास का आवागमन हो जाता है। अत: नए साधकों को इस स्थिति में पहुंचने के बाद घबराना नहीं चाहिए, क्योंकि जब तक प्राण शांत नहीं होते, कुण्डलिनी शक्ति को किसी भी प्रकार जगाया नहीं जा सकता, न ही उसका जागरण हो पाएगा।

अत: जब श्वास-प्रश्वास बंद हो जाए यानी हृदय की गति शांत हो, तब क्रोध बीज मंत्र ''**हुं**'' के साथ मूलबंध से युक्त होकर धीरे-धीरे उस महाशक्ति पर शब्द ब्रह्म की शक्ति के साथ ताड़न करने से वह अट्टहास करती हुई जाग्रत हो जाएगी। तब बहुत सावधान होकर बिंदु, साकार, निराकार, प्राण-अपानादि के सांयुज्य से आनंद की विशेष अनुभूति साधक को प्राप्त होगी।

यह एक शास्त्रोक्त और सैद्धान्तिक नियम है कि सुषुम्ना नाड़ी के मुख में प्राणों का निरोध किए बिना और मूलबंध आदि क्रियाओं की पूर्णरूपेण सिद्धि के बिना कुण्डलिनी का जागरण नहीं हो सकता। सुषुम्ना द्वार एकमात्र मूलाधार चक्र के सन्निकट है, अत: मूलाधार पर यौगिक संयम किए बिना कुण्डलिनी जाग्रत नहीं की जा सकती।

जिस साधक की कुण्डलिनी मेरुदण्ड के सबसे निचले भाग सुषुम्ना द्वार से प्रारंभ होकर प्रथम योगचक्र मूलाधार, स्वाधिष्ठान एवं नाभिचक्र आदि समस्त चक्रों को जाग्रत करती हुई सुव्यवस्थित रूप-से अग्रसर नहीं हुई है, तो साधक के तन, मन एवं समस्त स्नायुमण्डल पर उस शक्ति का संपूर्ण रूप-से पूरा-पूरा और ठीक-ठीक प्रभाव दृष्टिगोचर नहीं होगा।

भारतीय अध्यात्मवेत्ताओं की मान्यता है कि जिस प्रकार समस्त पृथ्वी, वन, पर्वत आदि का आधार ईश्वर है, उसी प्रकार संपूर्ण योग का आधार कुण्डलिनी है। इस बात को पीछे हम अनेक बार बता चुके हैं कि कुण्डलिनी शक्ति का निवास ''मूलाधार चक्र'' है। यह मूलाधार चक्र रीढ़ की हड्डी के सबसे निचले छोर में है, जिसे आधुनिक शरीर विज्ञानवेत्ता ''गुदास्थि'' कहते हैं। वैसे मनुष्य के शरीर में तीन नाड़ियां होती हैं, जिनके नाम इड़ा, पिंगला और सुषुम्ना हैं।

हठयोगियों एवं नाथपंथियों के साहित्य में इनकी चर्चा विस्तार से की गई है (हम भी इनके बारे में काफी विस्तार से बता चुके हैं)। उनकी मान्यता है कि इन तीनों में से दो नाड़ियां इड़ा और पिंगला सदा सक्रिय रहती हैं, किन्तु तीसरी नाड़ी सुषुम्ना सुषुप्तावस्था में रहती है।

सुषुम्ना नाड़ी में सात चक्र होते हैं। योगियों ने इनके नाम इस प्रकार बताए हैं—मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपूर, अनाहत, विशुद्ध, आज्ञा और सहस्रार। इन सात चक्रों में से प्रथम तीन चक्र अर्थात् मूलाधार, स्वाधिष्ठान तथा मणिपूर सदैव क्रियाशील रहते हैं। इन तीनों के क्रियाशील रहने के कारण ही मनुष्य में कामवासना की अधिकता, खट्टा-मीठा स्वादिष्ट खाने की इच्छा और संसार में यश प्राप्त करने की कामना जाग्रत होती है।

मनुष्य (साधक) अपने संयम अथवा दृढ़ संकल्प से जब इन नाड़ियों को नियंत्रित करके इनके कार्यों में अवरोध उत्पन्न कर देता है, तब न तो उसमें कामवासना रहती है और न ही स्वादिष्ट भोजन करने की इच्छा तथा न ही कीर्ति अर्जित करने की कामना! इनका काम रुक जाने पर अनाहत चक्र सक्रिय हो जाता है। इस चक्र के सक्रिय होने पर ही साधक के मन में आध्यात्मिक एवं धार्मिक भावों का जन्म होता है।

साधारणतया अनाहत चक्र समान रूप-से सक्रिय नहीं रहता। मन की स्थिति के अनुसार कभी-कभी इसकी सक्रियता रुक जाती है और फिर निम्न श्रेणी के चक्र अर्थात् मूलाधार चक्र आदि हलचल मचाने लगते हैं। ऐसी स्थिति में उसका मन फिर कामवासना आदि की ओर दौड़ने लगता है। अत: इसके लिए दृढ़ संकल्प की अत्यंत आवश्यकता है।

दीर्घकाल तक अनाहत चक्र के जाग्रत रहने पर प्रारंभिक तीन चक्र पूर्णतया निष्क्रिय हो जाते हैं। इसके पश्चात् मनुष्य प्रयत्न करके प्राणायाम तथा योग साधना द्वारा विशुद्ध चक्र को जाग्रत करता है। विशुद्ध चक्र के सक्रिय होने पर साधक को ऐसा प्रतीत होने लगता है, जैसे पारिवारिक संबंध केवल बंधन मात्र है और वह वैराग्य की ओर अग्रसर होता है। उस समय उसके मन में कोई मोह नहीं रह जाता, उसका ध्यान पूर्णतया ईश्वर में लग जाता है।

जब साधना करते हुए साधक विशुद्ध चक्र की परिपक्व अवस्था को प्राप्त कर लेता है, तब वह आज्ञा चक्र की ओर बढ़ता है। आज्ञा चक्र बड़ी कठिनाई से जाग्रत होता है। किन्तु जब वह जागकर सक्रिय हो जाता है, तो साधक का मन पूर्णतया ईश्वर में रम जाता है तथा वह उससे साक्षात्कार करने लगता है।

फिर भी आत्मा और परमात्मा के बीच माया का व्यवधान रहता है। इसके पश्चात् योगी सहस्रार चक्र को सक्रिय करने में समर्थ हो जाता है। इस चक्र के सक्रिय होने पर माया का व्यवधान समाप्त हो जाता है। आत्मा और परमात्मा एकाकार हो जाते हैं, जिसे पूर्ण निर्वाण अथवा मोक्ष कहते हैं।



कुण्डलिनी और सातों चक्र

सुषुम्ना नाड़ी में जन्म-जन्मांतरों का ज्ञान अथवा अनुभव एकत्र रहता है। सुषुम्ना नाड़ी को निम्न दो प्रकार से सक्रिय बनाया जा सकता है—

❑ सम्मोहिनी विद्या द्वारा

❑ यौगिक क्रिया के द्वारा

सुषुम्ना नाड़ी दोनों ही प्रकार से जाग्रत हो सकती है। किन्तु दोनों की जाग्रति में आकाश-पाताल का अंतर है।

पहले प्रकार की जाग्रति अत्यंत अल्पकालिक होती है, जबकि यौगिक क्रिया द्वारा जाग्रत की गई नाड़ी स्थाई होती है। इस स्थाई जाग्रति में योगी को अलौकिक सिद्धियों का लाभ प्राप्त होता है। जबकि सम्मोहन द्वारा की गई जाग्रति में कुछ विचित्र बातें कराई जा सकती हैं। किन्तु सम्मोहनावस्था समाप्त होने पर वह फिर अपनी पहली की अज्ञानावस्था में आ जाती है।

कुण्डलिनी साधारणत: सुषुप्तावस्था में ही रहती है। उसे जाग्रत करके धीरे-धीरे उपरोक्त चक्रों में से ऊपर को ले जाना पड़ता है। ऐसा केवल यौगिक क्रियाओं के द्वारा किया जा सकता है और प्राणायाम इसकी प्रथम सीढ़ी है।

प्राणायाम ऐसी अवरोधक शक्ति है जो इड़ा, पिंगला की सक्रियता को समाप्त करके उन्हें सुषुप्तावस्था में ले जाती है। इसका कारण यह है कि इन दो नाड़ियों के द्वारा ही मनुष्य की श्वसन-क्रिया होती है।

प्राणायाम की तीन स्थितियों में से एक स्थिति कुम्भक की है।

कुम्भक में श्वास लेने और छोड़ने की क्रिया बंद रहती है, जिसका परिणाम यह होता है कि इड़ा और पिंगला के पास कोई काम नहीं रहता। दोनों नाड़ियों के निष्क्रिय होने से सुषुम्ना नाड़ी सक्रिय होती है। इसके साथ ही कुण्डलिनी भी सक्रिय होकर एक के बाद एकेक करके सातों चक्रों में प्रवेश करती जाती है।

प्राणायाम एवं योग साधना के अतिरिक्त कुण्डलिनी जाग्रत करने का सबसे सरल उपाय यह है कि साधक अपने प्रारंभिक तीन चक्रों के गुणों का अर्थात् कामवासना, जिह्वा का स्वाद एवं यश लोलुपता का परित्याग कर दे।

कुण्डलिनी स्वत: चौथे चक्र अर्थात् अनाहत में पहुंच जाएगी। यह ठीक है कि इन तीनों बातों का परित्याग कर देना इतना सरल नहीं है, जितना कि कह देना। विश्वामित्र जैसे महान योगी एवं तपस्वी मेनका के सम्मुख अपने आपको संयत नहीं रख सके थे। किन्तु दृढ़ इच्छाशक्ति से भला क्या नहीं हो सकता?

यदि एकदम इनका परित्याग नहीं किया जा सकता, तो धीरे-धीरे कम करके करना चाहिए। साधक अपने सामने विश्वामित्र का ही उदाहरण क्यों रखे? लक्ष्मण का उदाहरण भी सामने रखा जा सकता है।

इस प्रकार जब साधक अनाहत चक्र में पहुंच जाता है, तो उसके मन में आप ही शुद्ध एवं सात्त्विक विचार आने लगते हैं। ये शुद्ध विचार एवं संकल्प स्वयं धीरे-धीरे उसे अध्यात्म की ओर आकर्षित करते हैं। ज्यों-ज्यों वह अपने आपको ईश्वर की ओर उन्मुख करता जाता है, त्यों-त्यों एकेक करके चक्रों का मार्ग पार होता जाता है और अंत में वह अपने वांछित लक्ष्य को प्राप्त कर लेता है।

भारतीय ऋषियों ने कुण्डलिनी जाग्रत करने के जो उपाय बताए हैं, उनमें भी उन्होंने भक्ति योग तथा ज्ञान योग को सम्मिलित किया है। इस प्रकार साधकों को प्राणायाम आदि कठिन यौगिक क्रियाएं करने की आवश्यकता नहीं रह जाती। इसके लिए अन्य उपाय जो उन्होंने बताए हैं, वे हठयोग, राजयोग, मंत्रयोग, कर्मयोग, लययोग आदि हैं। किन्तु इन योगों को करना सर्व साधारण के लिए इतना संभव नहीं है, जितना कि वह उपाय जिसकी चर्चा ऊपर की गई है। कुण्डलिनी के जाग्रत होने पर साधक की शक्ति और ज्ञान की कोई सीमा नहीं रहती। इसके विषय में जो थोड़े-बहुत परीक्षण हुए हैं, उनसे ज्ञात होता है कि जिस व्यक्ति की कुण्डलिनी जाग्रत हो चुकी है, वह अपने हृदय-धड़कन की गति को बहुत अल्प कर सकता है। आठ दिन तक भू-समाधि लेने वाले योगी अपनी हृदय की गति को सुषुप्त कर देते हैं। इस प्रकार के एक नहीं, अनेक उदाहरण दिए जा सकते हैं, जिनसे यह सिद्ध होता है कि कुण्डलिनी जाग्रत होने पर मनुष्य कैसे-कैसे चमत्कार करके दिखा सकता है।

❑❑



नि:श्वास : सात

चक्र, बीजाक्षर एवं देह-आत्मा का रहस्य

तंत्र की भाषा प्रतीकात्मक रहस्यमय है। पुराणों में भी इसी प्रकार की भाषा का पौराणिक कथाओं में उपयोग किया गया है। यदि उनका शाब्दिक अर्थ लें तो कभी ऐसा भ्रम होने लगता है कि ये निरर्थक बातें हैं। कभी मात्र शाब्दिक अर्थ लेने से अर्थ का अनर्थ हो जाता है। यहां बीजाक्षरों की रहस्यात्मकता एवं इनकी व्याख्या की गई है। जिन्होंने संस्कृत व्याकरण का अध्ययन किया है, वे माहेश्वर सूत्रों से भली-भांति परिचित होंगे।

नटराज भगवान शंकर ने नृत्य करके डमरू बजाया। उससे 14 सूत्र प्रकट हुए। ये डमरू के बोल थे। पाणिनि ने महेश्वर की कृपा से इन्हीं डमरू के बोलों (सूत्रों) से व्याकरणशास्त्र की रचना की। ये बोल इस प्रकार हैं—

पहला सूत्र : अ इ उ ण
दूसरा सूत्र : ऋ ल् क्
तीसरा सूत्र : ए ओङ्
चौथा सूत्र : ऐ औ च
पांचवां सूत्र : ह य व र ट
छठा सूत्र : ल ण्
सातवां सूत्र : य म ङ ण न म्
आठवां सूत्र : झ भ ञ
नौवां सूत्र : घ ढ ध श
दसवां सूत्र : ज ब ग ड द श्
ग्यारहवां सूत्र : ख फ छ ठ ध च ट त व्
बारहवां सूत्र : क प य
तेरहवां सूत्र : श ष स र्
चौदहवां सूत्र : ह ल्

इन माहेश्वर सूत्रों में बड़े रहस्य भरे पड़े हैं, जिनकी व्याख्या पाणिनि ने की है। नाद, संगीत, स्वर, व्यंजन, ह्रस्व, दीर्घ, प्लुत, उदात्त, अनुदात्त, मनुष्य के कंठ, तालु, मूर्धा, दंत्य, ओष्ठ, जिह्वा मूल, नासिका—अर्थात् जितने प्रकार की ध्वनि हो सकती है, उन सबका समावेश माहेश्वर सूत्रों में है।

महेश्वर, शंकर, शिव उसी ब्रह्म के नाम हैं जो सृष्टि की रचना, पोषण और संहार करता है। संहार (प्रलय) के समय उसको रुद्र कहा जाता है, अन्यथा यह शिव कल्याणकारी है। प्रलयकाल में उसका तांडव नृत्य होता है।

पुनः वह सृष्टि की रचना करता है। उसका डमरू बजता है। विश्व का सबसे बड़ा नाटक वह करता रहता है, इसलिए वह नटराज है। उसे प्रणव ॐ, शब्द ब्रह्म, नाद ब्रह्म आदि अनेक नामों से जानते हैं।

पांच तत्त्व और सत, रज, तम त्रिगुणात्मक सृष्टि के रचयिता सदाशिव हैं। पांच तत्त्व, पांच ज्ञानेन्द्रिय, पांच कर्मेन्द्रिय परस्पर संबंधित हैं। तंत्र और योग में षट्चक्र और सहस्र (शून्य चक्र) का वर्णन है।

पुराणों में सुमेरु पर्वत का वर्णन है, जहां 33 या 33 कोटि देवताओं का निवास है। मनुष्य के शरीर में मेरुदण्ड, रीढ़ है। यह गरदन से मलद्वार तक स्थित है। शरीर का आधार स्तंभ है। यह 33 कशेरुकाओं से बना है। इसमें नीचे से ऊपर क्रमशः मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपूर, अनाहत, विशुद्ध पांच चक्र (शक्ति केंद्र) हैं जो क्रमशः पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश तत्त्व के स्थान हैं।

मूलाधार का पृथ्वी तत्त्व बीज ''**लं**'', स्वाधिष्ठान का जल तत्त्व का ''**वं**'' मणिपूर का अग्नि तत्त्व का ''**रं**'', अनाहत का वायु तत्त्व का ''**यं**'' और विशुद्ध चक्र का आकाश तत्त्व का बीज ''**हं**'' है।

लिपि का नामकरण

हिंदी लिपि को देवनागरी लिपि क्यों कहते हैं ? माहेश्वर सूत्रों से इसका उद्भव हुआ, ह य व र ल सूत्र में पंच तत्त्वों का संकेत है। इन सूत्रों से देवनागरी के अक्षर निकले। अक्षर का अर्थ है, *न क्षरति इति अक्षरः* जिसका विनाश नहीं होता, वह अक्षर हैं।

क ख ग घ ङ; च छ ज झ ञ, ट ठ ड ढ ण, त थ द ध न प फ ब भ म, य र ल व श ष स ह

ये 33 अक्षर हैं।

मेरुदण्ड में 33 कशेरुकाएं हैं। यह मेरुदण्ड सुमेरु पर्वत है। जिसमें पर्व हो वह पर्वत है। इस पर 33 देवता निवास करते हैं। एक-एक अक्षर एक-एक देवता की प्रतीकात्मक शक्ति है। देवनागरी लिपि का अर्थ यहां स्पष्ट होता है।

शिव और शक्ति

त्रिकोण मंडल के मध्य तेजोमय रक्त वर्ण ''क्लीं'' बीज रूप कंदर्प नाम की स्थिर वायु की स्थिति है। तांत्रिक मंत्रों में ''क्लीं'' बीज का महत्त्व यहां स्पष्ट होता है। मूलाधार चक्र में त्रिकोणात्मक त्रिपुर के बीच महाशक्ति का निवास है। यही त्रिपुर सुंदरी है। यही शक्ति है। यही पर्वतवासिनी पार्वती है।

अर्धनारीश्वर शिव : शिव-शक्ति का अनूठा समन्वय, जिससे शिव-शक्ति के तादात्म्य की सिद्धि होती है। शक्ति की स्थिति यदि वाम हो सृष्टिकर्ता रूप है, यदि दाहिनी स्थिति हो, लय का रूप स्वीकारना चाहिए

यौगिक साधना द्वारा जब यह शक्ति षट्चक्र भेदन करती हुई सहस्रार में शिव से जा मिलती है तो इसे शिव शक्ति मिलन कहते हैं। वाम मार्गी तांत्रिकों ने इसे इन्द्रिय लोलुपता के कारण लौकिक मैथुन का रूप दे दिया।

''पर्वाणि संति अस्मिन्निति पर्वत: '', इस 33 पर्व के पर्वतराज में निवास करने वाली शक्ति पर्वतराज पुत्री पार्वती शिव के अतिरिक्त किसी का वरण नहीं कर सकती। पार्वती अपने रूप-लावण्य से कैलास (सहस्रार) वासी शिव को मोहित कर उन्हें वरण करने का प्रयत्न करती है।

कुमारसंभव महाकाव्य में इसका महाकवि कालिदास ने तात्त्विक वर्णन किया है। पार्वती शंकरजी के पास अपने रूप के बल पर वरण की इच्छा से जाती है, किन्तु वहां अपने सामने कामदेव को भस्म होते देखकर, रूप द्वारा शिव को वशीभूत करने का उसका मनोरथ भंग हो गया। वह अपने रूप की स्वयं निंदा करने लगी। उसने अन्य मार्ग अपनाया।

तपस्या के द्वारा आत्म समाधि लगाकर अपने रूप को अबंध्य करने का निश्चय किया। इसी मार्ग से उसने शिव की प्राप्ति की। असंप्रज्ञात समाधि ही शिव प्राप्ति है। विचारों और कर्मों के स्वेच्छाचार इन्द्रिय लोलुपता से प्राण शक्ति क्षीण होती है, उसका संयम ही समाधि की ओर अग्रसर करता है। भोग से रोग और मृत्यु तथा योग से समाधि और अमरत्व प्राप्त होता है।

कल्याणकारी सदाशिव और प्रलयंकारी रुद्र

हठयोग का ध्यान द्वारा चक्र भेदन क्यों किया जाता है ? इससे पंच तत्त्वों पर विजय प्राप्त होती है। चक्रों पर ध्यान का यही महत्त्व है। यही चक्र पूजन है, यही भैरवी चक्र अनुष्ठान है। शरीर में प्राण, अपान, समान, उदान, व्यान, नाग, कूर्म, कृकल, देवदत्त, धनंजय दश वायु तथा जीवात्मा ये ही 11 रुद्र हैं। असंयम से जब ये कुपित होते हैं तो रुद्र हो जाते हैं, रुलाते हैं। संयम साधना से उन्हीं का रूप शिव (कल्याणकारी) होता है।

शरीरस्थ स्थित चक्र का मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण

भारतीय मनोवैज्ञानिकों ने मानव शरीर में विभिन्न चक्रों की स्थिति की चर्चा की है। इनमें से मुख्य चक्र निम्नलिखित हैं—

- मूलाधार चक्र (Sacrococegeal Plexus)

- ❑ स्वाधिष्ठान चक्र (The Sacrel Plexus)
- ❑ मणिपूर चक्र (The Cerebro-spinal Plexus)
- ❑ अनाहत चक्र (The Lumber Plexus)
- ❑ विशुद्ध चक्र (The Laryngeal Plexus)
- ❑ आज्ञा चक्र The Cerebellum Plexus)
- ❑ सहस्त्रार चक्र (Upper Cerebrum)

विभिन्न भारतीय ग्रंथों में उपरोक्त चक्रों की चर्चा मिलती है। ईश उपनिषद् में आधार, स्वाधिष्ठान, मणिपूर, अनाहत, विशुद्ध, आज्ञा और ब्रह्मरन्ध्र का उल्लेख है। योग चूड़ामणि उपनिषद् के अनुसार आधार चक्र में चार, स्वाधिष्ठान में छह, मणिपूर में दस, अनाहत में बारह, विशुद्ध में सोलह, आज्ञा में दो और सहस्त्रार में हजार पंखुड़ियां हैं।

विभिन्न उपनिषदों में न्यूनाधिक इसी प्रकार का मत मिलता है। भिन्न-भिन्न चक्र भिन्न-भिन्न शक्तियों के आधार बतलाए गए हैं। उदाहरण के लिए हंस उपनिषद् के अनुसार ब्रह्मरन्ध्र ब्रह्म का निवास है। तंत्र शास्त्र में विभिन्न चक्रों पर ध्यान लगाने से विभिन्न प्रकार की शक्तियों के प्राप्त करने का निम्नलिखित उल्लेख है—

❑ **मूलाधार चक्र**—यह सुषुम्ना नाड़ी में स्थित है। यह कुण्डलिनी शक्ति का आधार है। इस स्थान पर ध्यान लगाने से कुण्डलिनी शक्ति जाग्रत होती है और विभिन्न प्रकार के आनंद की प्राप्ति होती है।

❑ **स्वाधिष्ठान चक्र**—यह यौनेन्द्रियों के मूल में स्थित है। यह यौन अनुभूतियों तथा उनसे संबंधित प्रवृत्तियों का आधार है। इस पर ध्यान लगाने से काम, क्रोध, लोभ, मोह, अभिमान, ईर्ष्या आदि दूर होते हैं और ज्ञान प्राप्त करने में सहायता मिलती है।

❑ **मणिपूर चक्र**—यह नाभि के मूल में स्थित है। यह निद्रा, इच्छा, सांसारिकता, मोक्ष, भय, विश्वासघात, लज्जा, ईर्ष्या, दु:ख आदि का आधार है। इस पर ध्यान लगाने से सृष्टि और विनाश की सृष्टि मिलती है।

❑ **अनाहत चक्र**—यह सुषुम्ना के अंतर्गत हृदय के मूल में स्थित है। यह जीव का आवास है। इसी में अहंकार जनित संवेग, आशा, चिंता, संदेह, अभिमान आदि का निवास है। इस पर ध्यान लगाने से बुद्धिमत्ता, शुद्धता, इन्द्रियों का नियंत्रण आदि की प्राप्ति होती है।

❑ **विशुद्ध चक्र**—यह गले के मूल में स्थित है। इस पर ध्यान लगाने से दया, क्षमा, साहस, आत्म-नियंत्रण, शुद्धता और समन्वय के गुण प्राप्त होते हैं और समस्त शास्त्रों का ज्ञान होता है।

❑ **आज्ञा चक्र**—यह दोनों भौंहों के मध्य स्थित है। इस पर ध्यान लगाने से योगी सर्वज्ञ होता है। उसे सब शास्त्रों का ज्ञान होता है और वह ब्रह्म साक्षात्कार का अनुभव करता है। इससे योगी सब प्रकार के अज्ञान से छूटकर ओम् में स्थित हो जाता है तथा परमानंद को प्राप्त करता है।

❑ **सहस्त्रार चक्र**—इस पर ध्यान केंद्रित करने से योगी परम शिव से एक हो जाता है। उसके अज्ञान और मोह नष्ट हो जाते हैं। वह पाप और पुण्य से छूट जाता है। उसके संचित कर्म समाप्त हो जाते हैं और इस प्रकार वह देह मुक्ति को प्राप्त कर लेता है। मरने के पश्चात् उसका पुनर्जन्म नहीं होता।

उपरोक्त समस्त चक्र चेतना के सूक्ष्म केंद्र हैं। वे अदृश्य हैं और इसलिए उन्हें भौतिक रूप-से नहीं देखा जा सकता। किन्तु वे योगियों को दिखलाई पड़ते हैं। वे प्राणशक्ति की अभिव्यक्तियां हैं। ये ही प्राण-शक्तियां समस्त विश्व में व्याप्त हैं। इस प्रकार भारतीय मनोविज्ञान के अनुसार देह भौतिक विश्व के विभु में अणु के समान है। जो कुछ भौतिक विश्व में है, वो ही सूक्ष्म रूप में देह में विद्यमान है। भौतिक विश्व पंचभूत से बना है। देह भी पंचभूत से बनी है। भौतिक विश्व में जो प्राण-शक्तियां काम कर रही हैं वे चक्रों के माध्यम से मानव देह में भी हैं। इन पर अधिकार करके मनुष्य विश्व शक्तियों पर भी अधिकार कर सकता है।

शरीर की नाड़ियां

उपनिषद् ग्रंथों में विभिन्न प्रकार की नाड़ियों का विस्तृत वर्णन मिलता है। भावना उपनिषद् में 14 नाड़ियों का वर्णन किया गया है। ध्यान बिंदु उपनिषद् 72 हजार नाड़ियों का उल्लेख करता है (इस बारे में हम पीछे बता आए हैं), जिनमें 10 नाड़ियां विशेष महत्त्वपूर्ण हैं। योगशिखा में 15 नाड़ियां बतलाई गई हैं, जबकि शांडिल्य उपनिषद् 14 नाड़ियों का वर्णन करता है तथा इन नाड़ियों के भिन्न-भिन्न कार्य भी बतलाए गए हैं। आयुर्वेद ग्रंथों में इनकी चर्चा मिलती है।

देह और आत्मा का विचार

उपनिषदों और गीता के अतिरिक्त षड्दर्शन के ग्रंथों में भी देह और आत्मा के गुणों और संबंध की चर्चा मिलती है। न्याय दर्शन के अनुसार स्थूल देह अनुभव का आधार है। आत्मा, इन्द्रियों और देह के माध्यम से ही अनुभव करती है। देह पंचभूत से बनी है। आत्मा, पाप और पुण्य के कारण देह धारण करती है और इनके क्षय हो जाने पर देह छोड़ देती है। यह ज्ञाता, भोक्ता और कर्ता है। ज्ञान और अनुभूति से देह आत्मा को प्रभावित करती है और संकल्प के माध्यम से आत्मा देह को प्रभावित करती है। इस प्रकार देह और आत्मा में अंतर्क्रिया का संबंध है।

वैशेषिक दर्शन के अनुसार देह भोगाधिष्ठान है और उसमें आत्मा से अंतर्क्रिया होती है। इस अंतर्क्रिया में आत्मा का देह से अधिक महत्त्व है। आत्मा कर्ता और भोक्ता है, जबकि देह भोगायतन और कारण है। आत्मा देह के माध्यम से भोगती है।

सांख्य दर्शन में देह को पृथ्वी, जल, अग्नि, आकाश और वायु—इन पंच तत्त्वों से निर्मित माना गया है। इनमें भी पृथ्वी का तत्त्व प्रधान है। प्राण स्थूल देह को उत्पन्न नहीं करता, किन्तु वह स्थूल देह का निमित्त कारण अवश्य है। तटस्थ आत्मा प्रत्यक्ष रूप-से स्थूल देह को प्रभावित नहीं कर सकती। वह प्राण के माध्यम से ऐसा करती है। आत्मा देह से भिन्न है। आत्मा स्वयं साध्य है जबकि देह उसका साधन है। पाप और पुण्य के समाप्त हो जाने पर आत्मा देह छोड़ देती है। अविवेक के कारण सामान्य जन आत्मा और देह में अंतर नहीं कर पाते। सांख्य दर्शन इनमें अंतर दिखलाता है। कर्मेन्द्रियों, ज्ञानेन्द्रियों, मनस, बुद्धि और अहंकार की सृष्टि प्रकृति के विकास के द्वारा हुई है। इस प्रकार ये सब प्रकृति के तीनों गुणों से प्रभावित होते हैं। आत्मा त्रिगुणातीत है। वह मोक्ष के लिए प्रकृति के संपर्क में आती है, जबकि प्रकृति अभिव्यक्ति के लिए आत्मा के संपर्क में है। मोक्ष मिलने पर आत्मा का देह से संबंध नहीं रहता।

सूक्ष्म देह और लिंग देह

स्थूल देह के अतिरिक्त भारतीय दार्शनिकों ने सूक्ष्म देह का अस्तित्व माना है। उदाहरण के लिए सांख्य दार्शनिक सूक्ष्म देह को मानते हैं जो कि पंच कर्मेन्द्रियों, पंच ज्ञानेन्द्रियों, पंच तन्मात्र तथा मनस और बुद्धि के संयोग से बनता है। विज्ञान भिक्षु ने सूक्ष्म देह में 17 तत्त्व माने हैं। अनिरुद्ध इनमें 18 तत्त्व मानता है। सूक्ष्म देह अतिवाहिक देह कहलाती है, क्योंकि आत्मा उसे लेकर जन्म-जन्मांतर में घूमती है। सूक्ष्म देह एक है किन्तु आत्मा उसे लेकर अपने कर्मों के अनुसार विभिन्न जन्मों में भिन्न-भिन्न प्रकार के स्थूल शरीर ग्रहण करती है। स्थूल शरीर नष्ट हो जाने पर आत्मा सूक्ष्म देह सहित उससे निकल जाती है।

सांख्य दार्शनिकों ने सूक्ष्म देह का आवास अधिष्ठान शरीर में माना है जो कि पांच सूक्ष्म तत्त्वों से बनता है। अधिष्ठान शरीर के साथ लिंग देह मृत्यु के समय स्थूल शरीर से निकल जाती है। चरक के अनुसार मृत्यु के समय अतिवाहिक देह पुनर्जन्म के लिए स्थूल शरीर से निकल जाती है। इस सूक्ष्म देह को योगी अपनी दिव्य दृष्टि से देख सकता है और इसकी सहायता से वह भिन्न शरीर में प्रवेश कर सकता है।

कारण देह

भारतीय दार्शनिकों ने सूक्ष्म देह के अतिरिक्त कारण देह की भी कल्पना की है। यह कारण देह, जैसा कि इसके नाम से स्पष्ट है, सूक्ष्म देह और स्थूल देह का कारण है। कारण देह ही इन दोनों देहों का रूप धारण करता है। यह कारण देह आनंदमय कोष में निवास करती है। कारण देह की रचना के विषय में दर्शनिकों ने भिन्न मत प्रकट किए हैं। किसी ने इसमें 17 तो किसी ने 22 तत्त्व माने हैं।

चिन्मय देह

धर्म के क्षेत्र में कुछ विचारकों ने चिन्मय देह की कल्पना भी की है। जब भक्त ईश्वर के सामने आत्मसमर्पण कर देता है तो वह चैतन्य और आनंद से भर जाता है। वह एक आध्यात्मिक चिन्मय देह विकसित करता है जिससे वह ईश्वर की पूजा करता है। चिन्मय देह ईश्वर साक्षात्कार के लिए आवश्यक है। इसे प्राप्त करने के लिए ईश्वर के नाम का जप, मंत्र अथवा ओम् का जप, चिंतन, मनन, निदिध्यासन की आवश्यकता होती है। यह अप्राकृत देह है जो सतत आध्यात्मिक साधना से प्राप्त होती है, जबकि कारण देह (शरीर) सूक्ष्म देह और स्थूल देह प्राकृतिक हैं और सभी को प्राप्त होती हैं। चिन्मय देह चित्त और आनंद से बनती है। इसलिए यह भाव देह भी कहलाती है। इसमें जड़तत्त्व नहीं होता। इसके होने पर व्यक्ति ईश्वर तथा अन्य आध्यात्मिक जीवों से संबंध स्थापित कर सकता है।

कुण्डलिनी साधन योगचक्र

प्राचीन महर्षियों के मतानुसार जैसे व्यक्ति (साधक) का एक शरीर स्थूल और दूसरा सूक्ष्म होता है, उसी प्रकार एक स्थूल प्रकृति होती है और दूसरी सूक्ष्म अर्थात् परा प्रकृति। इस भूलोक (मृत्युलोक) से ऊपर भी ध्रुवर्लोक तथा उससे भी अधिक कितने ही सूक्ष्म लोक-लोकान्तर हैं। इस प्रकार इस मृत्युलोक में पंच भौतिक शरीरधारी प्राणी होते हैं, उसी प्रकार भुवर्लोक, स्वर्लोक आदि सूक्ष्मादि लोकों में भी उन लोगों की प्रकृति के अनुसार वहां कार्य करने योग्य प्राणियों के सूक्ष्म शरीर को जैसी आवश्यकता होती है, वैसे ही सूक्ष्मतर शरीरधारी जीव वहां कार्य करते हैं। ये शरीर इस प्रकार होते हैं।

सबसे ऊंचे प्रकार का आनंदमय शरीर, उसके बाद विज्ञानमय मनोमय, प्राणमय और सबसे नीचे अन्नमय स्थूलमय शरीर माना गया है। उन्हें दूसरे नामों से भी जाना जाता है। स्थूलदेह वासनामय शरीर, मनोमय शरीर, विज्ञानमय शरीर, आनंदमय शरीर।

आत्मा इन सभी शरीरों से ऊपर की चीज है। विशेष प्रकार की छोटी-बड़ी दैविक शक्तियां इन सभी सूक्ष्म, स्थूलादि प्रकृतियों से बने हुए शरीरों में काम करती हैं। प्राणमय शरीर बड़े ही महत्त्व का है। इस शरीर को सूर्य से शक्ति प्राप्त करनी पड़ती है। यह प्राणमय शरीर सर्वत्र और सभी लोकों में जा सकता है। यह मानव शरीर में स्नायुगुच्छ के रूप में अर्थात् एक घूमते चक्र प्रकाशपुंज के ध्यानस्थिति के अंतर्गत शरीर में विभिन्न स्थानों पर अर्थात् जो स्थान शरीर में छोटे-बड़े योगचक्रों के लिए निश्चित किए गए हैं, उन स्थानों पर अवस्थित हैं।

इन चक्रों का स्वरूप, इनके वर्ण, अक्षर, देवी-देवता एवं इन सभी योग चक्रों की शक्तियों का वर्णन हमारी प्राचीन शक्ति-संपन्न, परम तपस्वी, अनुभवी, योगी, संत, महात्माओं ने ऊंची योग स्थिति में आकर, प्रत्यक्ष अनुभव द्वारा विस्तार के साथ, योगी साधकों के लिए किया है। पराध्यान साधना के द्वारा प्रबल इच्छाशक्ति, दृढ़ संकल्पशक्ति और अदम्य उत्साह के साथ कल्पना के द्वारा सूक्ष्म ध्यान के साथ अपने सूक्ष्म प्राण को योगी इन सभी योग चक्रों में मूलाधार चक्र से आरंभ करके ले जा सकता है। समस्त चक्रों का अलग-अलग वर्णन आगे किया गया है।

❑❑

नि:श्वास : आठ

मूलाधार चक्र

मूलाधार चक्र के निचले भाग में सुषुम्ना नाड़ी का मुख होता है। उसके बिल्कुल पास ही एक गुप्त शिवलिंग है। एक महा सर्पिणी जिसे कुण्डलिनी आदिशक्ति कहते हैं, वह साढ़े तीन चक्कर लगाकर उस गुप्त शिवलिंग के साथ लिपटकर नीचे की ओर मुख करके सुप्तावस्था में उपस्थित है। यह चक्र कितनी ही उच्चकोटि की शक्ति रखता है। यह रीढ़ की हड्डी का सबसे निचला स्थान है। मूलाधार चक्र पर ध्यान का फल है—आरोग्यता, आनंद, वाक्य दक्षता। यह भूलोक है।

मूलाधार चक्र का स्थान, अधिपति देवता, उनकी शक्ति, यंत्र, कमलदल पर अक्षरों का न्यास आदि निम्नलिखित हैं—

- **यौगिक नाम**— मूलाधार योग चक्र (साधक के देवत्व की ओर विकास एवं सांसारिक विकास और चैतन्यता का मूल है, मूलधार चक्र)
- **स्थान**— मेरुदण्ड के सबसे निचले भाग में सिवनी नाड़ी के पास; योनि, गुदा या जननेन्द्रिय के बीच, कुल कुण्डलिनी शक्ति परम चैतन्य शक्ति, जीवनी शक्ति का पीठ स्थान
- **यंत्राकृति**— चतुष्कोण
- **यंत्र वर्ण**— पीला (सुवर्ण समान)
- **त्रिकोण**— स्वयंभूलिंग एवं कुल कुण्डलिनी का यंत्र (शक्ति की अधोगति का परिचायक यंत्र इड़ा, पिंगला, सुषुम्ना प्रधान नाड़ियों का बोध कराता है। मूलाधार चक्र में तीनों नाड़ियों का संगम अधोमुखी त्रिकोण बनाता है तथा शक्ति की अध:गति का कारण होता है।)
- **बीज मंत्र**— लं (बीज ''लं'' प्रथम चक्र मूलाधार की बीज ध्वनि; इस ध्वनि का बार-बार उच्चारण करने से असुरक्षा, भय इत्यादि दूर होकर साधक को सुरक्षा, जाग्रति एवं मनोबल की प्राप्ति होती है। यह ध्वनि होंठों को चतुष्कोण बनाकर तथा जिह्वा को दांतों की जड़ के समीप तालु में आघात करने से उत्पन्न होती है। जब ध्वनि का उच्चारण शुद्ध हो जाता है तो प्रथम चक्र की नाड़ियां उत्तेजित होकर एक प्रकार का अवरोध उत्पन्न करती हैं, जिससे शक्ति की अधोगति रुक जाती है और तब ऊर्ध्वगति आरंभ होती है)
- **बीज वर्ण**— सुवर्णाभ
- **दलों के अक्षर**—वं शं षं सं
- **वाहन**— ऐरावत

देवता : बालरूप में ब्रह्मा

शक्ति : डाकिनी



मूलाधार को 'यौनचक्र' भी कहते हैं। हाथी शक्ति का प्रतीक है जबकि उसकी सूड़ें क्रियाशीलता का। सूंड़ों का विभिन्न दिशाओं को उठना, इस बात का संकेत है कि क्रिया एक दिशा की ओर नहीं, बल्कि भटकाव की स्थिति में है

(जिस साधक ने अपनी कर्मेन्द्रियों और ज्ञानेन्द्रियों पर पूर्ण नियंत्रण कर लिया वो इन्द्र के समान हो जाता है। इन्द्र ऐरावत रूपी वाहन पर सवारी करते हैं, जिसकी त्वचा का वर्ण हल्का भूरा एवं सातों सूंडें इन्द्रधनुष के समान हैं। प्रथम चक्र के स्तर का साधक ऐरावत की भांति जमे हुए कदमों से चलता है।)

- ❑ **भाव—** सप्त भाव
  (श्रोत ''शब्द'', त्वचा ''स्पर्श'', चक्षु ''रूप'', जिह्वा ''रस'', नासिका ''गन्ध'', गुदा ''मल-त्याग'', लिंग या योनि ''प्रजनन'')
- ❑ **चक्र गुण—** आश्रय स्थल, सुरक्षा
- ❑ **तत्त्व—** भूमि
- ❑ **तत्त्वरूप—** चतुष्कोण/ चतुर्भुज
  (चारों कोण भूमि के चार स्तंभ हैं, संपूर्णता के द्योतक हैं। भूमि पर मनुष्य की संपूर्णता के प्रतीक हैं एवं चारों दिशाओं के बोधक हैं)
- ❑ **गुण—** गन्ध
- ❑ **ज्ञानेन्द्रिय—** नासिका
- ❑ **कर्मेन्द्रिय—** गुदा/ मलद्वार
  (जो साधक अपने कर्म-बंधनों को बढ़ा लेता है, प्राकृतिक नियमानुसार नहीं चलता, उसकी ज्ञानेन्द्रियां तथा कर्मेन्द्रियां उसके जीवन में बेचैनी और दु:ख बढ़ा देती हैं। किन्तु जो साधक प्राकृतिक नियमानुसार चलता है, उसकी शक्ति का व्यर्थ अपव्यय स्थिर हो जाता है और किसी भी परिस्थिति में उसका अंत:करण दूषित नहीं होता तथा मन की एकाग्रता भी भंग नहीं होती, चक्र पर ध्यान जमता है)
- ❑ **वायु—** अपान
- ❑ **लोक—** भू
- ❑ **ग्रह—** मंगल (सूर्य संबंधी)
- ❑ **देव—** ब्रह्मा
  (इनके ध्यान से मस्तिष्क शांत होता है, सब प्रकार के भय दूर होते हैं, इनकी उपासना से आयु की वृद्धि होती है। ये स्रष्टा हैं, चारों दिशा के स्वामी और मूलाधार के प्रधान देवता हैं)
- ❑ **देव शक्ति—** डाकिनी
  (प्रथम चक्र मूलाधार संपूर्ण सृष्टि का मूल है, प्रथम चक्र पर ध्यान लगाने से साधक को डाकिनी शक्ति का अनुभव सहज ही हो जाता है। यह शक्ति साधक की सब बाधाओं को दूर करती है, जिससे वह कुण्डलिनी मार्ग पर आगे बढ़ने में सक्षम होता है)
- ❑ **शक्ति के वर्ण—** अ:-फ-उ
- ❑ **कमलदल—** चतु:दल
  (चारों कमलदल चार प्रधान (मुख्य) कंदराओं के अंतिम सोपान हैं)
- ❑ **दल वर्ण—** रक्त

- **मुद्रा—** अंगुष्ठ, कनिष्ठिका
  (अंगुष्ठ-कनिष्ठिका के पोरों को मिलाना)
- **अनुभूति/ स्वाद—** गन्ने जैसा मीठा
- **प्रहरी देवता—** गणेश/ सिद्धि-बुद्धि
  (जो अनादि होगा वह अनन्त भी होगा और जो अनादि-अनन्त होगा वह ब्रह्मांड व्याप्त तत्त्व होगा; उसका ब्रह्मांडीय व्यक्तित्व होगा। देवताओं और देवों में जिसकी प्रथम पूजा की जाती है, उस गणेश को ब्रह्मांडीय व्यक्तित्व का निरूपित किया है। ऋषियों के अनुसार देवता का अर्थ है परब्रह्म और उसकी आदि प्रकृति की ब्रह्मांडीय कार्यकारी शक्ति! ये शक्तियां अनेक हैं, गणेश उनमें से एक हैं और गणनायक हैं। ब्रह्मांड में सत्ता के सात स्वर हैं—सत् या सत्यलोक, तपलोक या चित्लोक, आनंदलोक या जनलोक, महर्लोक या विज्ञानलोक, स्थूल अन्नमयलोक। सृजनोन्मुख महाशक्ति जब महर्लोक के बाद भौतिक स्तर की ओर कदम बढ़ाती है, तब सर्वप्रथम वह अपने ब्रह्मांडीय तेज को घनीभूत कर लेती है। उसका यह भाव प्रकाशपुंज जैसा दिखाई देता है। ऋषियों के अनुसार यह हाथी के मस्तक जैसा विस्तृत है, जिसमें एक अखण्ड प्रकाश समाया रहता है। इसे ब्रह्मांडीय मन कहा गया है और यही गणेश हैं। जगत के सारे व्यष्टि मन इसी ब्रह्मांडीय मन के अंश हैं और इसी के भीतर हैं। इसलिए ये सब गण हैं और गणेश गणपति हैं। साधक जब गणेश की उपासना करता है, तब उसकी प्रसन्नताजन्य शक्ति द्वारा अवचेतन में प्रवाहित ज्योति की अंतर्धारा से प्रकाश की झलकियां चेतन मन में आने लगती हैं। जिस प्रकार हाथी जलाशय का जल सूंड में भरकर अपने ऊपर बौछार रूप-से छोड़ता है, उसी प्रकार हमारा मन अवचेतन गणेश की कृपा से, ज्योति की अंत:धारा से प्रकाश की किरणें उछालता रहता है, जिसके कारण हमारे भीतर व्याप्त अज्ञान रूपी अंधकार कटता रहता है। गणेश का वास मूलाधार चक्र में है। इस चक्र पर ध्यान लगाना, सर्वप्रथम गणेश की उपासना ही है।)
- **मंत्र—** गं गणपतये नम:
- **मंत्र संख्या—** छह सौ
- **मंत्र देवता—** गणेश/ गणपति
- **चक्र की प्रवृत्तियां—** निर्माण कार्य, भय निवारण
- **ध्यान सिद्धि—** आरोग्यता, संपूर्ण स्वास्थ्य, भूमि तत्त्व के संबंध में पूर्ण ज्ञान, भार बढ़ा लेने की शक्ति की प्राप्ति

विशेष—मूल कुण्डलिनी का आधार होने से मूलाधार नाम हुआ।

❑❑

नि:श्वास : नौ

स्वाधिष्ठान चक्र

स्वाधिष्ठान चक्र का मूल स्थान मूलाधार चक्र के ऊपर पेड़ू के पास माना गया है। द्वितीय चक्र के स्तर पर साधक की मुख्य समस्या कल्पना द्वारा मन और शरीर में उत्तेजना उत्पन्न करने की इच्छा है। इस चक्र के प्रभाव से साधक की भंवर में फंसकर डूबने जैसी मनोदशा हो जाती है, अनेक प्रकार की मानसिक उलझनों के कारण मन उद्विग्न रहता है। इस चक्र की पूर्णता को पहुंचने के लिए साधक को भोजन, निद्रा, कामेच्छा, मन और शरीर के क्रिया-कलापों पर पूर्णतया नियंत्रण रखना होगा, तभी वह अगले (तृतीय) चक्र की ओर अग्रसर होगा।

स्वाधिष्ठान चक्र का स्थान, अधिपति देवता, देवता की शक्ति, यंत्र, कमलदल पर अक्षरों का न्यास आदि निम्नलिखित हैं—

- **यौगिक नाम—** स्वाधिष्ठान चक्र
  (साधक बुराइयों का नाशकर्त्ता, वीर, स्वाभिमानी होता है। संपूर्ण व्यक्तित्व को बदल देने वाले चक्र का नाम है, स्वाधिष्ठान चक्र)
- **स्थान—** मूलाधार चक्र से थोड़ा ऊपर यौनेन्द्रियों के मूल में, यौन अनुभूतियों तथा उससे संबंधित प्रवृत्तियों का आधार
- **यंत्राकृति—** चन्द्राकार
- **यंत्र वर्ण—** श्वेत
- **अर्धचन्द्र—** नील वर्णीय, स्वाधिष्ठान चक्र का यंत्र, जल तत्त्व वृत्ताकार, चंद्रमा से संबंधित स्त्रियों में मासिक प्रवृत्ति एवं प्रजनन क्रिया का मुख्य क्षेत्र, जल, जीवन का स्रोत्र
- **बीज मंत्र—** वं
- **बीज वर्ण—** सुवर्णिम
- **दलों के अक्षर—** वं भं मं यं रं लं
- **वाहन—** मकर
  (बीज मंत्र ''वं'' का वाहन मकर है, इसकी गति कामुक प्रवृत्ति की द्योतक है, साधक की कामशक्ति बड़ी प्रबल हो जाती है)
- **चक्र गुण—** परिवार-कल्पना, प्रजनन
- **तत्त्व—** जल
- **तत्त्वरूप—** वृत्त
- **गुण—** रस (स्वादानुसार)
- **ज्ञानेन्द्रिय—** जिह्वा
- **कर्मेन्द्रिय—** जननेन्द्रिय

देवता : विष्णु

शक्ति : राकिनी



जल में मकर की शक्ति कई गुना बढ़ जाती है। जल प्रतीक है मन का। इस चक्र पर स्थित व्यक्ति कल्पनाओं के आधार पर, किसी तरह से, छल-बल से अपने काम को साध लेता है। उसमें काम का वेग भी अत्यधिक होता है

- ❑ **वायु—** अपान
- ❑ **लोक—** भुवः (नाग, मंगल)
- ❑ **ग्रह—** बुध/ चंद्र
- ❑ **देव—** विष्णु

(भारतीय अध्यात्म के सर्वाधिक प्रसिद्ध त्रिदेवों में भगवान विष्णु भी एक हैं। जहां सृष्टि की उत्पत्ति का कार्य ब्रह्मा द्वारा संचालित होता है और समापन (संहार) व्यवस्था शिवजी देखते हैं, वहां जन्म के पश्चात् मृत्यु तक की जीवनावधि में प्राणी के पालन-पोषण का प्रबंध विष्णु देखते हैं।

अखिल सृष्टि-पालक और लोक-नियंता होने के नाते कभी-कभी समस्या-विशेष के निवारण हेतु विष्णु भगवान कोई अन्य रूप भी धारण कर लेते हैं। मुख्य रूप-से विष्णु के चौबीस अवतार प्रसिद्ध हैं। उन्हीं के अंतर्गत ''दशावतार'' प्रसंग भी आता है।

लक्ष्मीपति श्रीविष्णु का निवास बैकुंठलोक है और कालक्रम से वे क्षीरसागर में, शेष शय्या पर भी शयन करते हैं। राम, कृष्ण, नृसिंह, दत्तात्रेय, वामन, कूर्म, कच्छप और मत्स्य अवतारों की कथाएं लोक-विख्यात हैं। भगवान विष्णु के अनेक नाम हैं। विष्णु सहस्रनाम नामक एक स्तोत्र में उनके एक हजार नामों की तालिका है। किसी भी नाम से, उनके किसी भी रूपावतार की स्तुति-पूजा की जाए, अवश्य ही प्रभाव की अनुभूति होती है। देवाराधना में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण तथ्य है—भक्त की आस्था! जो जितना अधिक तन्मय, आत्म-समर्पित और आस्थावान होकर उपासना करता है, उसे उतने ही कम समय में विष्णु-कृपा की अनुभूति हो जाती है।

स्वाधिष्ठान चक्र पर ध्यान लगाने से, कुण्डलिनी जागरण की कामना करने वाले साधक को विष्णु-कृपा प्राप्त होती है। वैसे विष्णु का स्तवन किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति हेतु किया जा सकता है, क्योंकि वे पूर्णतया सर्व-समर्थ और जगत् के आदि कारण हैं। मोक्षकामी जन अपनी श्रद्धा-कामनानुसार उनकी उपासना करते रहते हैं। कुण्डलिनी जाग्रत करने वाले साधक को विष्णु-पूजा, उपासना अथवा भक्ति अवश्य करनी चाहिए, क्योंकि स्वाधिष्ठान चक्र के देव ''विष्णु'' ही हैं।)

- ❑ **देव शक्ति—** राकिनी

(राकिनी शक्ति कला एवं ज्ञान का प्रथम बोध कराने वाली है। यह स्वाधिष्ठान चक्र की शक्ति द्विमुखी देवी है। इस चक्र के लक्ष्य-भेदन से साधक को चक्र में शक्ति की ऊर्ध्व गति का आभास होता है। राकिनी शक्ति दूसरे ''स्वाधिष्ठान'' चक्र के समस्त अवरोधों को समाप्त कर देती है।)

- ❑ **शक्ति के वर्ण—** ए, र
- ❑ **कमलदल—** छह

(कमलदल हिंगुल सम-रक्त वर्ण के हैं तथा ये छहों कमलदल छह मुख्य नाड़ियों के मुखों के प्रतीक हैं। जिस प्रकार पहला चक्र मूलाधार के चारों कमलदल शक्ति का चारों विद्याओं में, चतुर्मुखी प्रभाव में द्योतक हैं, उसी प्रकार स्वाधिष्ठान चक्र के

छह कमलदल शक्ति की धारा को छह विद्याओं में प्रवाहित करते हैं।
पहले चक्र की चतुष्कोण जाग्रति दूसरे चक्र ''स्वाधिष्ठान चक्र'' में वृत्ताकार हो जाती है तथा शक्ति की गति तथा प्रवाह अधिक वेगवान हो जाता है।)

- ❑ **दल वर्ण**— सिंदूरी
- ❑ **वृत्त**— श्वेत वृत्त
  (जल का द्योतक है जो स्वाधिष्ठान चक्र का तत्त्व है)
- ❑ **मुद्रा**— अंगुष्ठ, अनामिका
  (अंगुष्ठ-अनामिका के पोरों को मिलाना)
- ❑ **अनुभूति/ स्वाद**—कषाय (कसैला : आंवला जैसा)
- ❑ **प्रहरी देवता**— सरस्वती/ ब्रह्मा
  (ज्ञान, बुद्धि, प्रतिमा, स्मरण-शक्ति, चेतना, विवेक, सात्त्विकता, औचित्य-बोध, वाणी, भाषण-शक्ति, संगीत, स्वर, विद्या, प्रत्युत्पन्न-मतित्व, लेखन, काव्य-सृजन, तर्क-शक्ति, धारणा-शक्ति, विचार-शक्ति, अनुसंधान क्षमता, कल्पना और संवेदना जैसे गुणों की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती को सृष्टिकर्त्ता ब्रह्माजी की शक्ति माना गया है। वस्तुतः ये संसार की चेतनाशक्ति की स्वामिनी हैं।)
- ❑ **मंत्र**— ओम् नमो नारायणाय
- ❑ **मंत्र संख्या**— छह हजार
- ❑ **मंत्र देवता**— विष्णु
- ❑ **चक्र की प्रवृत्तियां**— ज्ञान, युद्ध, संभोग
- ❑ **ध्यान सिद्धि**— सृजन, पालन, निधन में समर्थता, वाणी में सरस्वती का निवास, श्रेष्ठता, ज्ञानवान, योग में रुचि, विकार और अहंकार का नाश।

नोट—यह भुवः लोक है।

❑❑

नि:श्वास : दस

मणिपूर चक्र

मणिपूर चक्र मनुष्य के नाभि-मूल में स्थित है। यह निद्रा, इच्छा, सांसारिकता, मोक्ष, भय, लज्जा, विश्वासघात, ईर्ष्या आदि का आधार है। इस पर ध्यान लगाने से बुद्धिमत्ता, शुद्धता, इन्द्रियों के नियंत्रण आदि की प्राप्ति होती है तथा योगी साधक को अपने शरीर का भौतिक ज्ञान होता है। नाभि प्रदेश और आंतों के समस्त विकारों का शमन होकर स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन की प्राप्ति होती है। रुद्र ग्रंथि का निवास यहीं पर है, जिसका योग में सर्वाधिक महत्त्व है। चौदह से इक्कीसवें वर्ष तक की आयु मणिपूर चक्र से प्रभावित रहती है। इस चक्र पर गुरुत्वाकर्षण बल रहता है। अनगिनत स्नायुमंडलों का संचालन इस चक्र से होता है।

मणिपूर चक्र का स्थान, अधिपति देवता, देवता की शक्ति, यंत्र, कमलदल पर अक्षरों का न्यास आदि निम्नलिखित हैं—

- ❑ **यौगिक नाम—** मणिपूर चक्र
  (भावानुभावों को उत्तम करने वाली नाड़ी रहित ग्रंथियों के कार्य का बोध कराने वाला चक्र मणिपूर है।)
- ❑ **स्थान—** नाभि मूल—यहां अमृत का वास होता है
- ❑ **यंत्राकृति—** अधोमुखी त्रिकोण
- ❑ **यंत्र वर्ण—** रक्त (सुर्ख लाल)
- ❑ **त्रिकोण—** दृढ़ आकृति, अग्निरूप
  (सूर्य चक्र, मणिपूर चक्र ही है। त्रिकोण या त्रिभुज का अधोमुखी होना शक्ति के अध:प्रवाह का द्योतक है।)
- ❑ **बीज मंत्र—** रं
  (मणिपूर चक्र के बीज मंत्र की ध्वनि जो होंठों को त्रिकोण रूप देकर मूर्धास्थान पर जुबान मारने से उत्पन्न होती है। इस ध्वनि का उच्चारण करते हुए जुबान तालु में लगाकर नाभि पर ध्यान लगाया जाता है। यदि शुद्ध रूप-से लगातार ''रं'' ध्वनि का उच्चारण किया जाए तो पाचन एवं रस का आत्मसात कर लेने की शक्तियां बढ़ती हैं। इस ध्वनि से साधक दीर्घायु होता है, जो मणिपूर चक्र से प्रभावित मनुष्य की सबसे बड़ी रुकावट है। अधोमुखी त्रिकोण रक्त वर्ण एवं त्रिद्वार वाला है। यह त्रिकोण बीज मंत्र ''रं'' का पीठ स्थान है। अग्नि का गुण ऊर्ध्वगति है; उचित प्रकार से साधना करने से मणिपूर चक्र की अग्नि ऊर्ध्वगति हो जाती है।)
- ❑ **बीज वर्ण—** सुवर्णिम

देवता : रुद्र

शक्ति : लाकिनी

मेढ़ा अति उत्साही होता है। यह इतना युद्धप्रिय होता है कि एक बार लड़ाई में उतरने के बाद अपनी जान की भी परवाह नहीं करता। तब तक लड़ता है, जब तक प्रतिद्वंद्वी मैदान छोड़कर भाग न जाए। ये सारे लक्षण संकेत करते हैं उसमें अग्नि तत्व की प्रधानता के। ऊर्जा मानो छलकती है इससे

- **दलों के अक्षर—** डं ढं णं तं दं धं नं पं यं फं
- **वाहन—** मेढ़ा/ मेष
  (बीज मंत्र ''रं'' का वाहन मेढ़ा है, यह अग्नि का भी वाहन है। मेढ़ा से, मणिपूर चक्र से प्रभावित व्यक्ति की प्रकृति का पता चलता है। मेढ़ा सिर से लड़ने वाला बलवान पशु है। यही कारण है कि चक्र-साधक अत्यंत स्वाभिमानी तथा अहं में चूर होता है तथा मेढ़ा के समान कालचक्र की गति के अनुसार गतिशील रहता है।)
- **चक्र गुण—** देखना/अहंकार रूप
- **तत्त्व—** अग्नि
  (त्रिभुजाकार रूप का अग्नितत्त्व है। इस तत्त्व की प्रधानता शरीर को आवश्यक जीवन-शक्ति प्रदान करती है)
- **तत्त्वरूप—** त्रिभुज/त्रिकोण
- **गुण—** दृष्टि
- **ज्ञानेन्द्रिय—** चक्षु
- **कर्मेन्द्रिय—** हाथ-पांव
- **वायु—** समान
- **लोक—** स्वर्ग
- **ग्रह—** सूर्य/ रवि
- **देव—** रुद्र
  (भगवान रुद्र ''शिव'' हैं, जो कुछ विद्यमान है, वो उन्हीं के पास लौट जाता है। शिव का रुद्र रूप संहारक है, संभवतः इसी कारण मणिपूर चक्र से प्रभावित व्यक्ति क्रोधी होता है। वैरागी व्यक्ति ऐसे स्वभाव वाले अधिक होते हैं।)
- **देव शक्ति—** लाकिनी
  (देवी लाकिनी की चार भुजाएं हैं। पहली भुजा में वज्र, दूसरे में बाण, तीसरी में अग्नि पात्र तथा चौथी भुजा अभय मुद्रा में उठी है। देवी के तीन मुख हैं, उसके दृष्टि क्षेत्र के अंतर्गत तीनों लोक अर्थात् भूः, भुवः, स्वः भौतिक तारा मंडल एवं स्वर्गादि सब आ जाते हैं।)
- **शक्ति के वर्ण—** ऐ, ल
- **कमलदल—** दस
  (दसों दल दसों प्राणों का बोध कराते हैं। हरेक दल से रुद्र के एकेक रूप का बोध होता है।)
- **दल वर्ण—** नील
  (अग्नि शिखा के ऊपर के अत्यंत तेजस्वी प्रकाशवान, नील वर्ण के समान कमल दलों का वर्ण है)
- **मुद्रा—** अंगुष्ठ, मध्यमा
  (मणिपूर चक्र में अंगुष्ठ से मध्यमा को मिलाने से शरीर में उष्मा उत्पन्न होती है तथा मणिपूर चक्र जाग्रत हो उठता है।)
- **अनुभूति/ स्वाद—** तिक्त (मिर्च जैसा तीखा)

- ❑ **प्रहरी देवता—** लक्ष्मी/ विष्णु
  (लक्ष्मीजी—जगत के पालनकर्त्ता भगवान विष्णु की पत्नी हैं, अत: व्यक्ति के जीवन-यापन का मूलाधार उन्हीं की कृपा से प्राप्त होता है।)
- ❑ **मंत्र—** ओम् नमो भगवते रुद्राय स्वाहा
- ❑ **मंत्र संख्या—** छह हजार
- ❑ **मंत्र देवता—** रुद्र
- ❑ **चक्र की प्रवृत्तियां—** विजय, अहंकार
- ❑ **ध्यान सिद्धि—** जिह्वा पर सरस्वती का वास, संहार पालन में समर्थ

नोट—चक्र पर ध्यान लगाने का फल शरीर व्यूह का ज्ञान। यह स्व: लोक है।

❑❑

नि:श्वास : ग्यारह

अनाहत चक्र

अनाहत चक्र सुषुम्ना के अंतर्गत हृदय के मूल में स्थित है। यह जीव का आवास है। इसी में अहंकार जनित संवेग, आशा, चिंता, संदेह, अभिमान आदि का वास है। इस पर ध्यान लगाने से बुद्धिमत्ता, शुद्धता, इन्द्रियों का नियंत्रण आदि की प्राप्ति होती है। यह चक्र सभी चक्रों से अलग प्रकार की शक्ति रखने वाला है। यह चक्र सर्वदा शक्ति संपन्न रहता है और इस पर ध्यान करने से सभी निचले चक्रों को भी जाग्रत किया जा सकता है। इसकी शक्ति का पारावार पाना बहुत कठिन है।

अनाहत चक्र का स्थान, अधिपति देवता, देवता की शक्ति, यंत्र, कमलदल पर अक्षरों का न्यास आदि निम्नलिखित हैं—

- **यौगिक नाम**— अनाहत योग चक्र
  (परकाया में प्रवेश की योग्यता प्रदान करने वाला चक्र अनाहत है)
- **स्थान**— हृदय
- **यंत्राकृति**— षट्कोणाकार
- **यंत्र वर्ण**— धूम्र
- **षट्कोण**— अनाहत चक्र का यंत्र
  (गहरे भूरे रंग का है, वायु तत्त्व का प्रतीक, गतिशील, ऊर्ध्वमुख एवं अधोमुख त्रिभुजों द्वारा रचित)
- **बीज मंत्र**—यं
  (अनाहत चक्र के बीज मंत्र की ध्वनि ''यं'' है। यं ध्वनि का उच्चारण करने से जिह्वा मुख के अधर में, वायु में स्थिर हो जाती है। इस समय हृदय पर ध्यान केंद्रित रहना चाहिए। यं ध्वनि को शुद्ध रूप में उच्चारण करने से हृदय तरंगित होने लगेगा, जिससे हृतपिण्ड में हर प्रकार के अवरोधों का निवारण हो जाता है। जब हृदय खुल जाता है, तब शक्ति का प्रवाह अबाध गति से ऊपर की ओर होने लगता है। बीज मंत्र की ध्वनि से साधक का अपनी श्वास एवं प्राणों पर प्रभुत्व होता है।)
- **बीज वर्ण**— सुवर्णिम
- **दलों के अक्षर**— कं खं गं घं ङं चं छं जं झं ञं टं ठं
- **वाहन**— हिरण
  (बीज मंत्र ''यं'' का वाहन हिरण हृदय का भी प्रतीक है। बीज मंत्र के उच्चारण से साधक जागरूक, संवेदनशील तथा उत्साहित रहता है।)

देवता : ईश

शक्ति : काकिनी



हिरण ऐसी ऊर्जा का प्रतीक है, जिसमें सौम्यता है और सहज चंचलता भी। कोमल भाव का प्रतीक है मृग। मधुरवाणी सुनकर मृग अपनी सुध-बुध खो बैठता। सरलता और चंचलता भावना के साथ जुड़ जाने के कारण अतृप्ति का अहसास कराती है। भटकाव बना रहता है। अपनी नाभि में छिपी कस्तूरी को इधर-उधर तलाशना और दूर रेत में जल की प्रतीति की वजह हृदय प्रधान या भाव प्रधान होता है

- ❑ **चक्र गुण—** सर्व में भगवत दृष्टि/ स्पर्श
- ❑ **तत्त्व—** वायु
- ❑ **तत्त्वरूप—** षट्कोण
- ❑ **गुण—** स्पर्श
- ❑ **ज्ञानेन्द्रिय—** त्वचा
- ❑ **कर्मेन्द्रिय—** हाथ
- ❑ **वायु—** प्राण वायु, व्यान वायु, समान वायु, अपान वायु, उदान वायु
  (मानव शरीर में वायु पांच प्रकार से काम करती है। श्वास की क्रिया प्राण वायु से है। अपान वायु से मल-मूत्र का त्याग संभव हो जाता है। शरीर में व्याप्त होकर समस्त अंगों को गति प्रदान करना व्यान वायु का कार्य है। ऊपर की ओर जाने वाली नाड़ी से गति करना उदान वायु का काम है तथा नाभि का स्थान समान वायु का है, यहीं रहकर यह अन्नादि का समीकरण करती है।)
- ❑ **लोक—** महत लोक
- ❑ **ग्रह—** गुरु/ चंद्र
- ❑ **देव—** ईशान रुद्र
- ❑ **देव शक्ति—** काकिनी
  (अनाहत चक्र में सकल लोक कल्याणकारिणी, पीत वस्त्र से सुशोभित, अलंकारों से अलंकृत, चार भुजाओं वाली, श्यामली, रुद्र शक्ति काकिनी विराजमान हैं। अहंकार, लोभ, अविवेक, कपट, वितर्क, अनुताप, आशा, चिंता, चेष्टा, दंभ और ममता आदि वृत्तियों से निवृत्ति होकर मनुष्य (साधक) योगीश्वर, परकाया प्रवेश तथा ईशत्व-सिद्धि को प्राप्त होता है।)
- ❑ **शक्ति के वर्ण—** ओ, क
- ❑ **कमलदल—** सभी बारह कमलदल वृत्त के बाहर की ओर मुड़े हुए हैं जो गहरे सिंदूरी लाल रंग के हैं। इन कमलदलों से शक्ति का बारह स्रोतों से प्रवाह एवं बारह विद्याओं में शक्ति के प्रसार का बोध होता है।
- ❑ **दल वर्ण—** अरुण
- ❑ **मुद्रा—** अंगुष्ठ, तर्जनी (अंगुष्ठ-तर्जनी के पोरों को परस्पर मिलाना)
- ❑ **अनुभूति/ स्वाद—** अम्ल (इमली जैसा खट्टा)
- ❑ **प्रहरी देवता—** पार्वती/ शिव
- ❑ **मंत्र—** ओम् ह्रीं घृणिसूर्य आदित्य श्रीं
- ❑ **मंत्र संख्या—** छह हजार
- ❑ **मंत्र देवता—** लोकपाल सूर्य
- ❑ **चक्र की प्रवृत्तियां—** योग
- ❑ **ध्यान सिद्धि—** वाक् सिद्धि, कवित्व शक्ति, योगीश्वर ईशत्व सिद्धि, परकाया प्रवेश, जितेंद्रियता।

नोट—अनाहत नाद का यही स्थान है। यह महः लोक है।

❑❑

नि:श्वास : बारह

विशुद्ध चक्र

विशुद्ध चक्र गले के मूल में स्थित है। इस पर ध्यान लगाने से दया, क्षमा, साहस, आत्म-नियंत्रण, शुद्धता और समन्वय के गुण प्राप्त होते हैं तथा समस्त शास्त्रों का ज्ञान होता है। मेरुदण्ड की सीमा इस चक्र से समाप्त हो जाती है। सुषुम्ना, इड़ा, पिंगला नाड़ियां इसके आगे के चक्र आज्ञा चक्र में जाकर मिलती हैं। भगवती बाला, भगवती षोडसी, भगवती त्रिपुरा और श्री यंत्र की साधना इसी चक्र के अंतर्गत आती है, क्योंकि यहां आकर पुरुष (साधक) विकार रहित हो जाता है। अनाहत चक्र के ऊपर कंठ देश में धूम्र वर्ण षोडश दल वाले विशुद्ध नामक कमल के दलों पर ''अ'' बीज के समान शुक्ल वर्ण नभोमण्डल है।

हठयोग प्रदीपिका में कहा गया है कि इड़ा-पिंगला के बीच में शून्य अर्थात् आकाश माना जाता है, उसी शून्य रूप आकाश में खेचरी का स्थित होना निश्चित है। इड़ा-पिंगला के मध्य में जो आश्रय रहित अंतर है, वहां आकाशों का समुदाय रूप चक्र विद्यमान रहता है, क्योंकि भौंहों के बीच में सभी आकाश मिलते हैं। उसी आकाश में ठीक प्रकार से स्थित होना ही खेचरी मुद्रा है (खेचरी मुद्रा के विषय में हम मुद्राओं के अंतर्गत बता चुके हैं)।

विशुद्ध चक्र का तत्त्व आकाश है। शरीर रचना में प्रमुख तत्त्व आकाश है। चार तत्त्व शरीर का निर्माण करने, पांचवां आकाश तत्त्व शरीर को निर्मल, शुद्ध एवं दीर्घजीवी बनाने के लिए है। आकाश तत्त्व शून्य है। आकाश अणुविहीन तत्त्व है। मनुष्य के जीवनीशक्ति के लिए आकाश तत्त्व, जिसका संबंध उपवास से है, की विशेष आवश्यकता है। ब्रह्म सुख स्वरूप है, ब्रह्म आकाश स्वरूप है। शिव स्वरोदय में कहा गया है कि, ''हं बीज से अत्यंत उज्ज्वल, निराकार, आकाश तत्त्व के ध्यान से त्रिकाल का ज्ञान होता है और अणिमादि अष्ट सिद्धियां प्राप्त होती हैं।''

विशुद्ध चक्र का स्थान, अधिपति देवता, देवता की शक्ति, यंत्र, कमलदल पर अक्षरों का न्यास आदि निम्नलिखित हैं—

- **यौगिक नाम—** विशुद्ध योग चक्र
  (इसके विशुद्ध नाम रखने का कारण यह बतलाया गया है कि इस स्थान पर मन की स्थिति होने से मन आकाश के समान विशुद्ध हो जाता है। यह परम शक्तिशाली योग का विशुद्ध चक्र अनन्त शक्तियों से परिपूर्ण है।)
- **स्थान—** कंठ
- **यंत्राकृति—** निराकार
  (पूर्ण चंद्र के समान गोलाकार आकाशमंडल)
- **यंत्र वर्ण—** चित्र विचित्र (धूम्र)
- **बीज मंत्र—** हं
- **बीज वर्ण—** सुवर्णिम

देवता : सदाशिव

शक्ति : शाकिनी



इससे पूर्व मूलाधार चक्र में भी बीजमंत्र के वाहन रूप में हाथी था। वहां वह दिशाहीन था लेकिन यहां उसकी पीठ पर प्रकाशपुंज विराजमान है। पौरुष और विवेक का समन्वय है यह। इसे बुद्धि और भाव का समन्वय भी कह सकते हैं। इस स्तर पर जीने वाले में बुद्धि और कल्पना दोनों क्षेत्रों में एक समान उड़ान की संभावना होती है

- ❑ **दलों के अक्षर—** अं आं इं ईं उं ऊं ऋं लृं लॄं एं ऐं ओं औं अं अं:
- ❑ **वाहन—** हस्ति
- ❑ **चक्र गुण—** शब्द/ उपदेश वक्ता
- ❑ **तत्त्व—** आकाश
- ❑ **तत्त्वरूप—** निराकार
- ❑ **गुण—** वर्ण
- ❑ **ज्ञानेन्द्रिय—** कर्ण
- ❑ **कर्मेन्द्रिय—** वाक्
- ❑ **वायु—** प्राण
- ❑ **लोक—** जन:
- ❑ **ग्रह—** शुक्र
- ❑ **देव—** पंचवक्त्र

  (गगनमण्डल में सफेद रंग के हाथी के ऊपर विराजमान, शुक्लांबरधारी, पाश, अभय, अंकुश और वर धारण किए हुए चार भुजाओं में सुशोभित नभो बीज ''हं'' है। इस आकाश बीज के अंक में शार्दूल चर्म धारण करने वाले पंच मुख त्रिनेत्र अर्द्ध नारीश्वर भगवान शिव विराजमान हैं। नभो बीज से नभ की भी उपस्थिति प्रतीत होती है। अर्द्ध नारीश्वर, स्त्री-पुरुष की संयुक्त शक्ति का प्रतीक है। पुरुष के दाहिनी ओर पुरुष शक्ति तथा बायीं ओर नारी शक्ति विद्यमान रहती है।)
- ❑ **देव शक्ति—** शाकिनी

  (विशुद्ध पद्म-कर्णिका में शुक्लवर्णा, शर, चाप, पाश और अंकुश इन चार आयुधों को अपने चार करों में धारण करती हुई पीत वस्त्र परिवेष्टित शाकिनी शक्ति है।)
- ❑ **शक्ति के वर्ण—** औ, र, स
- ❑ **कमलदल—** षोडश
- ❑ **दल वर्ण—** धूम्र
- ❑ **अनुभूति/ स्वाद—** कटु (करेला जैसा कड़वा)
- ❑ **प्रहरी देवता—** ईशान रुद्र, प्राणशक्ति
- ❑ **मंत्र—** ओम् ह्रीं क्लीं ऐं कमलवासिन्यै स्वाहा
- ❑ **मंत्र संख्या—** एक हजार
- ❑ **मंत्र देवता—** मातंगी/ सरस्वती (संबंधित उपासना मंत्र)
- ❑ **चक्र की प्रवृत्तियां—** संत
- ❑ **ध्यान सिद्धि—** प्रसन्नचित्त, त्रिकालदर्शी, चिरंजीवी, महाज्ञानी, शांत चित्त, आरोग्य, शोकरहित, दीर्घायु, कवित्व शक्ति।

नोट—चक्रस्थान पर देवता सदाशिव अपनी शक्ति चतुर्भुजा शाकिनी के साथ हैं। यह ''जन:'' लोक है।

❑❑

नि:श्वास : तेरह

आज्ञा चक्र

आज्ञा चक्र दोनों भ्रुवों (भौंहों) के मध्य भृकुटि के भीतर स्थित है। यह ''शिवनेत्र'' या ''दिव्य दृष्टि का नेत्र'' भी कहा जाता है। इस पर ध्यान लगाने से योगी सर्वज्ञ हो जाता है। उसे सब शास्त्रों का ज्ञान होता है और वह ब्रह्म साक्षात्कार का अनुभव करता है। इससे व्यक्ति सब प्रकार के अज्ञान से छूटकर ''ओम्'' में स्थित हो जाता है और परमानंद को प्राप्त करता है। योग शास्त्रों में वर्णित है कि आज्ञा चक्र में ध्यान करने वाला साधक पर-काया प्रवेशकारी, सर्वज्ञ, सर्वदर्शी, मनसा, वाचा और कर्मणा-परोपकारी, अद्वैत-आचार वाला, परम सिद्धि-संपन्न, दीर्घायु तथा तीनों लोकों का उत्पादक, पालक और संहारक होता है। आज्ञा चक्र स्थित प्रणव के ध्यान में मन लगाने पर (चित्त स्थिर करने वाली योनि मुद्रा अथवा खेचरी मुद्रा द्वारा निरंतर प्रणव का ध्यान करने से) साधक अग्नि की चिनगारियों के दर्शन करता है और पुन: अभ्यास की दृढ़ता से पद्म के मध्य में स्थित त्रिकोण और अनन्तर प्रणव की रचना करने वाले अक्षरों को भी देखता है।

सहस्त्र दल कमल में जिस प्रकार अग्नि, चंद्रमा और सूर्यमण्डल में परम शिव निवास करते हैं, एवमेव आज्ञा चक्र की कर्णिका के मध्य में स्थित अग्नि, चंद्रमा और सूर्यमण्डल में शिव का साक्षात्कार होता है। यहीं वे सर्वप्रपंचों से सृष्टि, स्थिति और संहार कार्यों को अपने ऐश्वर्य से निपटाते रहते हैं। ये परम शिव की अव्यय साक्षी और द्रष्टा हैं। इस बारे में यह बात ध्यान देने की है कि सृष्टि, स्थिति और संहार कार्य कारिणी केवल शक्ति ही है। परम शिव अपने से अभिन्न शक्ति द्वारा किए गए प्रपंच, सृष्टि आदि को कुटस्थ रूप-से देखते भर रहते हैं।

योगाभ्यास से चित्त की एकाग्रता प्राप्त कर साधक शिव शक्तिमय, शांत सुधि-बुधि से प्रकाश महानाद को देखता है; उसी समय सर्वदा के लिए उसे वाक्-सिद्धि प्राप्त हो जाती है। आज्ञा चक्र सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है, अत: इस चक्र को तन्मयता और गंभीरता के साथ समझना आवश्यक है, क्योंकि इसी स्थान से आज्ञा का प्रसारण होता है, जिससे सृष्टि-लयात्मक विश्व का संचालन होता है। आज्ञा चक्र को गुरु चक्र भी कहा जाता है, क्योंकि वही मार्गदर्शक है शक्ति प्रवाह का, ज्योति का उद्गम स्थल है। संतुलन, अंतर्दृष्टि, दिव्य-दर्शन की क्षमता इसी चक्र में सन्निहित है।

चक्रवेधन एवं कुण्डलिनी जागरण की प्रक्रिया स्वरूप, निहितार्थ तथा उपयोग की विधि को जानने-समझने की शक्ति इस चक्र के जाग्रत होने पर ही प्राप्त होती है। जिसका आज्ञा चक्र जग गया, जिसे दिव्य दृष्टि मिल गयी, उसका साधनापथ आलोकित हो जाता है और लक्ष्य स्पष्ट हो जाता है। उस साधना पथ पर चलते हुए साधक सुगमता से लक्ष्य को पा लेता है। जैसा कि हमने पहले बताया, आज्ञा चक्र मनुष्य मस्तिष्क की दोनों भौंहों के मध्य में अवस्थित है। भृकुटि के नीचे अस्थियों का जो आवरण है, उसके भीतर एक बेर की गुठली जैसी ग्रंथि होती है, वही आज्ञा चक्र संस्थान है। इसके जागरण के लिए साधक कुशासन अथवा कम्बल बिछाकर मेरुदण्ड को सीधा रखते हुए पद्मासन या सुखासन में पालथी मारकर ध्यान मुद्रा में बैठता है। शरीर पर न्यूनतम वस्त्र ही रखे जाते हैं। प्रारंभिक अभ्यास के लिए सूर्य का त्राटक आवश्यक हो जाता है। अत: अरुणोदय के समय कोई ऐसा स्थान निश्चित करना

पड़ता है, जहां मकानों, वृक्षों आदि की आड़ न हो और ऊपर उभरता सूर्य स्पष्ट दिखाई दे सके। इस प्रकार स्थान चयन के बाद साधक ध्यानावस्था में सुदूर अंतरिक्ष में उदित प्रभात कालीन स्वर्णिम सूर्य को देखता है।

सर्वप्रथम खुली आंखों से एक-दो सेकंड सूर्य को देखकर आंखें बंद कर लेनी चाहिए। तीस सेकंड आंखें बंद रखने के बाद फिर पूर्ववत् क्रिया करें और यह क्रिया उस समय तक चलती रहनी चाहिए, जब तक कि सूर्य की स्वर्णिम आभा समाप्त न हो जाए। यहां यह बात ध्यान में रखने वाली है कि एक-दो सेकंड से अधिक सूर्य की तरफ देखने का प्रयास न करना चाहिए, क्योंकि ऐसा करने से आंखों को हानि पहुंच सकती है।

बीस दिनों तक नित्य प्रात:कालीन सूर्य त्राटक का अभ्यास करना चाहिए। इसके उपरान्त अभ्यास-सिद्धि, कल्पना और आस्था पुष्ट भावना के सम्मिश्रण से ध्यान को आगे बढ़ाया जाता है। उपासना अवधि में साधक को गायत्री महामंत्र के जप के साथ ही अपने आज्ञा चक्र संस्थान में ध्यान लगाना चाहिए तथा ध्यान के समय यह प्रगाढ़ भावना करनी चाहिए कि ईश्वरीय दिव्य प्रकाश की प्रेरणापूर्ण किरणें जो मेरे ऊपर बरस रही हैं, उनसे मेरा संपूर्ण स्थूल, सूक्ष्म एवं कारण शरीर जगमग हो गया है। आज्ञा चक्र स्थित आत्मज्योति जाग्रत हो गई है और वहां से ऐसी प्रचंड किरणें निकल रही हैं जो विचारों, भावनाओं, मर्म-वेधन में समर्थ हैं तथा अंतर्निहित दिव्य दृष्टि को प्रखर बना रही हैं।

इस समय में साधक को स्वयं अपने भीतर के कषाय-कल्मष, दोष, दुर्गुण भी स्पष्ट दिखते हैं तथा उन्हें दूर कर फेंकने के, समाप्त कर देने की प्रक्रिया भी सामने स्पष्ट हो जाती है। साथ ही आंतरिक उत्कृष्टताओं, प्रसुप्त क्षमताओं को उभारने का मार्ग भी पूर्णत: प्रकाशित हो उठता है।

जितनी गहरी श्रद्धा-भावना के साथ अंत:क्षेत्र को दिव्य बनाने वाली यह साधना की जाएगी, आज्ञा चक्र के जागरण का उद्देश्य उतनी ही मात्रा में पूरा होता जाएगा। आज्ञा चक्र के जागरण की यह साधना नियमित रूप-से लंबे समय तक करने पर साधक के भीतर की उत्कृष्टताएं उभरती चली जाती हैं। दिव्य दर्शन की शक्ति दिव्य दृष्टि भी प्राप्त कर लेती है तथा भूगर्भ में या सृष्टि के अंतराल में छिपी दूरवर्ती वस्तुओं का ज्ञान आज्ञा चक्र से निकलने वाली अद्‌भुत सूक्ष्म किरणों द्वारा सहज ही हो जाता है।

योगियों ने आज्ञा चक्र को बड़े जटिल प्रकार का चक्र माना है। इसे जाग्रत करना भी सरल बात नहीं है। इस चक्र पर प्राणों को ले जाने अर्थात् कुण्डलिनी शक्ति को इस चक्र पर ले जाने से वहां प्राणों को आज्ञा चक्र में स्थित कर देने से दिव्य दृष्टि प्राप्त की जा सकती है। कुण्डलिनी के इस स्थान पर पहुंचने से इस चक्र की शक्ति अनंत गुणा हो जाती है।

आज्ञा चक्र का स्थान, अधिपति देवता, देवता की शक्ति, यंत्र, कमलदल पर अक्षरों का न्यास आदि निम्नलिखित हैं—

- **यौगिक नाम—** आज्ञा योग चक्र
  (तालु और कंठ से भौंहों के मध्य में चंद्र के समान शुक्लवर्ण का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण चक्र ही आज्ञा चक्र है।)
- **स्थान—** भ्रूमध्य
- **यंत्राकृति—** ज्योतिर्मय लिंग
  (श्वेत प्रकाश वाली दो कमल पंखुड़ियों के समान)
- **यंत्र वर्ण—** श्वेत
- **बीज मंत्र—** ऊं
- **बीज वर्ण—** तेजोमय
- **दलों के अक्षर—** हं क्षं
- **वाहन—** नाद



देवता : अर्धनारीश्वर

शक्ति : हाकिनी



ऋषियों ने अमूर्त को अभिव्यक्ति देने के लिए पहले मूर्त स्वरूपों, प्रतीकों को चुना, लेकिन मूर्त की अभिव्यक्ति की एक सीमा है, उसके पार सिर्फ संकेत ही दिए जा सकते हैं। ॐ संकेत है परमतत्त्व का। ऋषियों ने प्रणव का साधन और साध्य दोनों ही रूपों में उल्लेख किया है। ओमित्येकाक्षरं ब्रह्म, प्रणवः सर्ववेदेषु

- ❑ **चक्र गुण—** सिद्धि/आज्ञा देना
- ❑ **तत्त्व—** महत्त्व
- ❑ **तत्त्वरूप—** तेजोमय
- ❑ **गुण—** बुद्धि
- ❑ **ज्ञानेन्द्रिय—** तालु मूल
- ❑ **कर्मेन्द्रिय—** अमृत पान
- ❑ **वायु—** उदान
- ❑ **लोक—** तप:
- ❑ **ग्रह—** सूर्य/ चंद्र (समस्त लोक)
- ❑ **देव—** लिंग (अर्धनारीश्वर)
- ❑ **देव शक्ति—** हाकिनी

(आज्ञा चक्र की कर्णिका में चंद्र समान श्वेतवर्णा हाकिनी शक्ति है। इसके छह हाथ हैं तथा हाथों में क्रमश: विद्या, वर, अभय, कपाल, डमरू और जप माला है। आज्ञा चक्र की कर्णिका में इन्द्रियों से परे सूक्ष्म रूप मन का निवास है। कर्णिका के भीतर एक त्रिकोण में शुद्ध स्फटिक के समान ''इतर'' नाम का शिवलिंग है, जिसके ऊर्ध्व भाग में विद्युत समान चमकदार शक्ति त्रिकोण है। इस त्रिकोण में योगी चित्त को स्थिर कर, ब्रह्म नाड़ी का ज्ञान कराने वाले वेदों के आदि बीज प्रणव ''ओम्'' का चिंतन करता है। यद्यपि यहां चित्रिणी नाड़ी में प्रणव की स्थिति मानी है, तथापि आज्ञा चक्र में स्थित प्रणव से चित्रिणी नाड़ी के भीतर स्थित ब्रह्म नाड़ी से प्रणव संयुक्त है)

- ❑ **शक्ति के वर्ण—** अं, द
- ❑ **कमलदल—** द्वि
- ❑ **दल वर्ण—** श्वेत
- ❑ **मुद्रा—** मुष्ठि (लिंग)
- ❑ **अनुभूति/ स्वाद—** मिश्रित
- ❑ **प्रहरी देवता—** पंचवक्त्र शिव (ज्ञान शक्ति)
- ❑ **मंत्र—** ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे
- ❑ **मंत्र संख्या—** एक हजार
- ❑ **मंत्र देवता—** नृसिंह
- ❑ **चक्र की प्रवृत्तियां—** सम्राट
- ❑ **ध्यान सिद्धि—** प्रत्येक कार्य में समर्थ सिद्ध पुरुष। अन्य चक्रों पर ध्यान से जो फल प्राप्त होते हैं वे केवल इस चक्र पर ध्यान करने से प्राप्त हो जाते हैं। यहां जब प्राण और मन स्थिर हो जाते हैं तो संप्रज्ञात समाधि सिद्ध होती है।

नोट—तंत्र में इसे आध्यात्मिक त्रिवेणी तीर्थराज कहा है, जिसमें स्नान (ध्यान) करने से संपूर्ण पापों से साधक मुक्त हो जाता है। षट्चक्रों में यह सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण चक्र है। ध्यान के लिए यह सर्वोत्तम चक्र है। यह तप: लोक है।

❑❑



नि:श्वास : चौदह

सहस्त्रार चक्र

मस्तिष्क के ऊपरी भाग में सहस्त्रदल चक्र अवस्थित है, जो अत्यंत प्रकाशमय, सुंदर और अति तीव्रगति वाला, अनंत शक्ति से संपन्न, अत्यंत रहस्यमय योगचक्र माना जाता है। इस स्थान पर प्राण तथा मन के स्थिर हो जाने पर सर्व-वृत्तियों के निरोध रूप असंप्रज्ञात समाधि की योग्यता प्राप्त होती है। महर्षियों के अनुसार आज्ञा चक्र के ऊपर ''मानस चक्र'' नाम का एक चक्र और भी अवस्थित है। यह चक्र विभिन्न प्रकार की संवेदनाओं का आधार है। मानस चक्र के ऊपर भी ''सोम चक्र'' नामक चक्र की उपस्थिति मानी गई है। यह परार्थवादी भावों का निवास स्थान है। इस पर ध्यान केंद्रित करने से संकल्प का नियंत्रण प्राप्त होता है।

मानस चक्र के ऊपर सहस्त्रार चक्र स्थित है। इस पर ध्यान लगाने से योगी परम शिव से एक हो जाता है। उसके अज्ञान और मोह नष्ट हो जाते हैं। वह पाप और पुण्य से छूट जाता है। उसके संचित कर्म समाप्त हो जाते हैं और इस प्रकार वो देह-मुक्ति को प्राप्त कर लेता है। मृत्यु पश्चात् उसका पुनर्जन्म नहीं होता।



उपरोक्त समस्त चक्र चेतना के सूक्ष्म केंद्र हैं। वे अदृश्य हैं और इसलिए उन्हें भौतिक रूप-से नहीं देखा जा सकता। किन्तु वे योगियों का दिखलाई पड़ते हैं। वे प्राण-शक्ति की अभिव्यक्तियां हैं। ये ही प्राण-शक्तियां समस्त

विश्व में व्याप्त हैं। इस प्रकार भारतीय मनोविज्ञान के अनुसार देह भौतिक विश्व के विभु में अणु के समान है। जो कुछ भौतिक विश्व में है, वो ही सूक्ष्म रूप में, देह में विद्यमान है। भौतिक विश्व पंचभूत से बना है। देह भी पंचभूत से बनी है। भौतिक विश्व में जो प्राण-शक्तियां काम कर रही हैं, वे चक्रों के माध्यम से मानव देह में बनी हैं। इन पर अधिकार करके मनुष्य विश्व शक्तियों पर भी अधिकार कर सकता है।

सहस्त्रार चक्र का स्थान, अधिपति देवता, देवता की शक्ति, यंत्र, कमलदलों पर अक्षरों का न्यास आदि निम्नलिखित हैं—

- **यौगिक नाम**— सहस्त्रार योग चक्र (नाना प्रकार के रंगों से युक्त चक्र ही सहस्त्रार चक्र है)
- **स्थान**— मस्तिष्क
- **यंत्राकृति**— शिव (परमशिव व उनकी शक्तियां)
- **यंत्र वर्ण**— अनंत (परम तेजोमय, सुवर्णिम)
- **बीज मंत्र**— विसर्ग
- **बीज वर्ण**— तेजोमय
- **दलों के अक्षर**— अं से क्षं तक
- **वाहन**— बिंदु
- **चक्र गुण**— प्रत्येक कार्य (समर्थ/ सर्व सिद्धि)
- **तत्त्व**— प्रत्येक तत्त्व
- **तत्त्वरूप**— प्रत्येक रूप
- **गुण**— चित्त
- **ज्ञानेन्द्रिय**— मस्तिष्क
- **कर्मेन्द्रिय**— समाधि ज्ञान
- **वायु**— उदान
- **लोक**— सत्य
- **ग्रह**— शनि
- **देव**— परब्रह्म
- **देव शक्ति**— महाशक्ति
- **शक्ति के वर्ण**— ह्रीं
- **कमलदल**— सहस्त्र
- **दल वर्ण**— श्वेत
- **मुद्रा**— योनि
- **अनुभूति/ स्वाद**— अवर्णनीय
- **प्रहरी देवता**— अर्द्ध नारीश्वर
- **मंत्र**— ह्रीं श्रीं हुं फट् (महामृत्युंजय)
- **मंत्र संख्या**— एक हजार
- **मंत्र देवता**— गायत्री/ महामृत्युंजय (संबंधित उपासना मंत्र)



परमशिव व उनकी शक्तियां



बिंदु प्रतीक है अनिर्वचनीय का। किसी शब्द या स्वर के साथ बिंदु की ध्वनि होती है, एक गूंज की तरह। अकेले बिंदु को सिर्फ देखा जा सकता है। सूक्ष्म और चरम अवस्था की अनुभूति है यह। ऐसी अनुभूति को ही ऋषियों ने 'देखना' कहा है। 'पश्यन्त्यमूढ़ाः पदमव्ययं तत्।' ऋषियों को मंत्रद्रष्टा इन्हीं अर्थों में कहा गया है।

- **ध्यान की प्रवृत्तियां—** योगिराज
- **ध्यान सिद्धि—** आकाशगामी, समाधियुक्त, अनंत सिद्धियां, मोक्ष-प्राप्ति, अनंत लोक ज्ञान आदि। सहस्रार (सहस्रदल) चक्र को सत्यम् लोक कहा है। यह कैलास है जहां शिव विराजमान हैं। कुण्डलिनी शक्ति चक्र भेदन कर यहीं शिव से मिलती है, तब असंप्रज्ञात समाधि सिद्ध होती है।

विशेष—तंत्र और योग परस्पर मिले हैं। ये प्रयोगात्मक वैज्ञानिक विषय है। जितनी शक्तियां ब्रह्मांड का एक अंश है। अंश में अंशी के गुण होना चाहिए। जिस प्रकार विज्ञान की प्रयोगशाला में प्रयोग करके परिणाम प्राप्त किए जाते हैं, वैसे ही तंत्र और योग की प्रयोगशाला सद्गुरु के चरण हैं।

❑❑

नि:श्वास : पंद्रह

कुण्डलिनी जागरण का चक्र भेदन क्रम

नियम, संयम, योग साधना, तपस्या, ध्यान, धारणा, प्राणायाम, आसन, प्रत्याहार आदि का आश्रय लेकर साधक अपने प्राणों को मेरुदण्ड के सबसे निचले भाग सुषुम्ना नाड़ी में प्रवेश कराने का दृढ़ संकल्प करे अर्थात् ध्यान के द्वारा प्राण को सुषुम्ना द्वार पर ले जाए, तो ध्यान की ऊर्जा और प्राण-शक्ति के स्पंदन द्वारा सुषुम्ना महानाड़ी का मुख स्वत: ही खुल जाता है और प्राण उसमें प्रवेश कर जाता है।

इस क्षण साधक सावधान हो जाए, क्योंकि यह उसकी परीक्षा की घड़ी होती है। शरीर में विचित्र प्रकार के परिवर्तन होने लगते हैं। इन परिवर्तनों से साधक घबराए नहीं, बल्कि पूर्ण सावधानी एवं चैतन्यता के साथ दृढ़-इच्छाशक्ति से मूलबंध का प्रयोग आरंभ कर देना चाहिए और प्रबल धारणा के साथ सुषुम्ना द्वार पर स्थित उस परम जाग्रत अनन्त सूर्यों के प्रकाशयुक्त महाप्रकाश स्वरूपा कुण्डलिनी को अपनी अदम्य दृढ़ धारणा के द्वारा मूलाधार की ओर ले जाए। निश्चय ही साधक की संकल्पशक्ति उसे मूलाधार में प्रवेश करा देगी।

मूलाधार चक्र भूमितत्त्व का महत्त्वपूर्ण योगचक्र है। कुण्डलिनी शक्ति के सुषुम्ना के मुख में प्रवेश होने पर नाना प्रकार के अनुभव होते हैं। इस चक्र को जाग्रत करने के लिए गणेशजी की उपासना की जाती है, क्योंकि गणेशजी इस चक्र के प्रहरी हैं। हरेक कार्य को निर्विघ्न सम्पन्न करने के लिए सर्वप्रथम गणेशजी की ही वंदना की जाती है। मूलाधार में भगवान गणपति की सूंड पर ध्यान किया जाता है। पहले प्रात:काल नित्य क्रिया से निवृत्त होकर साफ-सुथरे एकांत स्थान पर भगवान गणपति का सुंदर-सा चित्र लगाकर (अथवा कोई प्रतिमा रखकर), धूपादि देकर, पद्मासन लगाकर बैठ जाएं। दोनों हाथ अपने घुटनों पर रख लें। फिर मेरुदण्ड सीधा करके, नेत्र मूंदकर यह भावना करें कि हम भ्रूमध्य में देख रहे हैं; पुन: वहां से ध्यान हटाकर नासिका के अग्रभाग पर ले जाएं तो कुछ ही दिनों बाद गणपति की कृपा से कई प्रकार की गंध आने लगेंगी और सम्मोहन शक्ति बढ़ेगी। यह शक्ति कुण्डलिनी जाग्रत होने में सहायता करेगी।

विशेषत: कुण्डलिनी महाशक्ति शरीर के शुद्ध और सूक्ष्म होने पर सात्त्विक विचार, शुद्ध अंत:करण, सच्ची ईश्वर-भक्ति और परिपक्व वैराग्य की अवस्था में एकाग्रता एवं निश्चल ध्यान से जाग्रत होती है। यदि किसी व्यक्ति में अकस्मात् अलौकिक शक्ति, अद्भुत चमत्कार तथा असाधारण ज्ञान का विकास देखने में आए, तो समझना चाहिए कि पूर्वजन्म के किन्हीं सात्त्विक संस्कारों के उदय होने अथवा हृदय पर सात्त्विक प्रभाव डालने वाली अन्य किसी घटना से कुण्डलिनी शक्ति जाग्रत होकर सुषुम्ना के मुख में चली गई है।

सुषुम्ना नाड़ी मेरुदण्ड के भीतर कंद भाग से प्रारंभ होकर कपाल में स्थित सहस्रदल कमल तक जाती है। मूलाधार चक्र को कुण्डलिनी का सुषुप्ति स्थान कहा गया है। मनुष्य की पिण्ड देह में, स्थूल शरीर के विशेष-विशेष प्रत्यंगों से संबद्ध जो छह चक्राकार घूमने वाले शक्ति केंद्र हैं, मूलाधार उन्हीं षट्चक्रों में से एक है। इस चक्र के मध्य में सर्पाकार अग्नि (कुण्डलिनी) रहती है। जब तक इसे जगाया न जाए, यह वहां सोई रहती है।

कुण्डली शक्ति जब सुषुम्ना नाड़ी में प्रवेश करती है, तब उसकी पहली टक्कर मूलाधार पर होती है। इससे उपास्थि या जननेन्द्रिय पर विशेष दबाव पड़ता है। अत: मूलबंध बड़ी सावधानी से लगाया जाना चाहिए। भृकुटि अथवा ब्रह्मरन्ध्र में प्राण वायु का प्रवाह कुण्डलिनी में खिंच जाता है और फिर उसका मुख सुषुम्ना में सरलता से प्रविष्ट हो जाता है। मूलबंध दृढ़ता से लगा रहना चाहिए, अन्यथा शुक्र अथवा मूत्र निकल सकता है।

मूलाधार चक्र और कुण्डलिनी का नेत्रों द्वारा दर्शन कर नासिका-पथ से वायु को खींचकर मूलाधार में चलाते हुए यह ध्यान करें कि वहां कुण्डलिनी के चारों ओर स्थित अग्नि प्रज्वलित हो रही है। इस अग्नि के उद्दीपन होने से कुण्डलिनी जाग्रत होगी।

उस समय ''हंस'' मंत्र का उच्चारण कर अश्विनी मुद्रा द्वारा गुह्य को संकुचित करे और कुम्भक द्वारा वायु को रोके। इससे कुण्डलिनी ऊर्ध्वगमनोन्मुखी होगी। तब साधक कुण्डलिनी का महातेजोमयी महाशक्ति के रूप में ध्यान करे। ऐसा करने पर कुण्डलिनी अपना एक मुख पूर्ववत् रखकर दूसरे मुख से मूलाधार स्थित ब्रह्मा और डाकिनी शक्ति तथा उस पद्म के चारों दलों पर स्थित ''वं शं षं सं'' इन चार कमलदल (मातृका वर्णों) और समस्त देवता एवं चारों वृत्तियों को ग्रस लेगी अर्थात् ये सब उस कुण्डलिनी शक्ति के शरीर में लय हो जाएंगे।

इसी प्रकार भूमिमण्डल भी लय प्राप्त कर उसके मुख पर ''लं'' बीज अवस्थान करेगा। उस समय मूलाधार पद्म अधोमुख, बंद होकर कुम्हला जाएगा। यहां यह उल्लेखनीय है कि ध्यान के समय सभी पद्म ऊर्ध्वमुख और विकसित हो जाते हैं। कुण्डलिनी चैतन्य होकर जब पद्म में पहुंचती है, तब वह पद्म विकसित हो उठता है।

अर्थात् उस दिव्य शक्ति कुण्डलिनी के पदार्पण होते ही वह पीत वर्ण वाली दिव्य प्रकाशमयी ज्योति से वह तुर्द कमल जगमगा उठता है और वहां निवास करने वाले गणपति और अन्य देवी-देवता अत्यंत प्रसन्न स्थिति में दृष्टिगोचर होने लगेंगे। इसी चक्र पर निरंतर ध्यान करने से यह चतुर्दल चक्र जो समस्त गंधों (सुगंधों) का स्वामी है, साधक के आसपास के समस्त वातावरण को सुरभित एवं सुगंधित कर देगा और कुछ ही क्षणों में साधक का संपूर्ण शरीर एक अलौकिक कांति को प्राप्त कर लेगा। इस चक्र (मूलाधार) की बहुत-सी भिन्न-भिन्न प्रकार की दिव्य शक्तियां होती हैं, जिनका विस्तार यहां देना संभव नहीं है।

मूलाधार चक्र के जाग्रत हो जाने के पश्चात् साधक को चाहिए, उस प्राण की देवी कुण्डलिनी शक्ति को संकल्प, ध्यान, मूलबंध एवं दृढ़ धारणा का आश्रय लेकर दूसरे योग चक्र जिसका नाम स्वाधिष्ठान चक्र में प्रवेश कराने का प्रयास करे।

मूलाधार चक्र के ऊपर पेड़ू के पास स्वाधिष्ठान चक्र का स्थान है। इस चक्र में प्रवेश करते ही कुण्डलिनी शक्ति के प्रकाश से वह चक्र श्वेत वर्णीय चंद्र की शुभ चांदनी से भी कहीं अधिक शीतल, प्रकाशयुक्त स्वाधिष्ठान चक्र की शोभा दिखने लगेगी। तब स्वाधिष्ठान में विराजित विष्णु और राकिनी शक्ति, कमलदल स्थित मातृकाओं और वृत्तियों का ग्रास कर लेगी। इस स्थिति में साधक ''लं'' बीज मंत्र का जप, ध्यान करे और स्वाधिष्ठान योग चक्र की विभिन्न शक्तियों का दर्शन करके परम आनंद का अनुभव करे।

यही वो समय है जब भूमि (पृथ्वी) बीज ''वं'' में परिणत होता हुआ महाशक्ति कुण्डलिनी के मुख में अवस्थान करने लगता है। तब, कुण्डलिनी मणिपूर की ओर उठने लगती है। इस समय साधक अपनी प्राण शक्ति को अर्थात् महास्वरूपा विद्युत्माला कुण्डलिनी को अपनी अंतर्प्रेरणा और दृढ़ धारणा द्वारा नाभिस्थान स्थित अग्नि के मणिपूर चक्र पर ले जाने का प्रयत्न करे।

पूर्वोक्त ''वं'' बीज अग्निमंडल में लीन होकर अग्नि भी ''रं'' बीज में परिणत होती हुई कुण्डलिनी के मुख में अवस्थान करेगी। साधक का प्राण मणिपूर चक्र में पहुंचेगा और उसके पहुंचते ही नाभिचक्र पूर्णतया अपनी तेजोमय कांति को एवं परम प्रकाश को प्राप्त हो जाएगा और उसकी शक्तियां भी अग्नि के रक्त वर्ण रूप में परम

दिव्य प्रकाश से युक्त होने लगेंगी और साधक को रहस्यमयी शक्तिशाली कुण्डलिनी शक्ति के प्रभाव से उसके गुप्त-से-गुप्त रहस्यों का ज्ञान हो सकेगा। नाभिप्रदेश (मणिपूर चक्र) में निवास करने वाले देवी-देवताओं का दर्शन होगा।

इसके अनन्तर, जब पूर्वोक्त ''रं'' बीज वायुमंडल में लीन होकर वायु भी ''यं'' बीज में परिणत होकर कुण्डलिनी के मुख की ओर अवस्थान करेगी, साधक अपने प्राणों को अपनी विशुद्ध योग धारणा शक्ति के सहारे परम तेजोमय शक्ति को हृदय में स्थित अनाहत चक्र की ओर ले जाने का प्रयास करे। यदि उसे कोई कठिनाई प्रतीत हो तो क्रोध बीज मंत्र का ध्यान करना चाहिए। प्राण को ऊर्ध्वगति प्राप्त होगी और उसका प्रवेश अनाहत चक्र को जाग्रत कर देगा। परम प्रकाश से वह चक्र देदीप्यमान दृष्टिगोचर होगा। समस्त देवी-देवता और शक्तियां भी सामने आकर प्रकाशित हो उठेंगी। हृदय चक्र से एक प्रकृति का सबसे बड़ा नाद जिसे अनन्द नाद, अनाहत नाद या ब्रह्म नाद कहते हैं, उसका उठना आरंभ हो जाएगा। इस समय साधक परम आनंद को प्राप्त होगा तथा कुण्डलिनी के इस चक्र में पहुंचने पर निहाल हो जाएगा। एकबारगी उसे यों प्रतीत होगा जैसे अब कुछ भी पाना शेष नहीं रह गया है। कुण्डलिनी उस समय अपना मुख विशुद्ध चक्र की ओर उठाएगी।

हृदय स्थल पर स्थित अनाहत चक्र पर निरंतर संयम करने से निचले सभी चक्रों को नव-जीवन प्राप्त कराया जा सकता है। प्राचीनकाल में उच्चकोटि के तपस्वी, ऋषि, योगी, संत, महात्मा आदि अनाहत चक्र की विशिष्टताओं से अच्छी तरह परिचित थे तथा इसकी शक्ति के संबंध में विस्तृत जानकारी रखते थे। विश्वामित्र जैसे अनगिनत ऋषि, योगी, महात्मा जब कठोर तप में लगे होते थे, तब इन्द्र आदि देवताओं को यह चिंता हो जाती थी कि कहीं उसके सिंहासन को छीनने के लिए ही तो यह तपस्या नहीं की जा रही? इस बात से चिंतित होकर वो उर्वशी, अप्सरा, रंभा, मेनका आदि कितनी ही एक-से-एक सुंदर अप्सराओं को ऋषियों की तपस्या भंग करने के लिए भेज दिया करते थे। अप्सराएं जिसका तप भंग करने में सफल हो जाती थीं, उनका पतन हो जाता था, क्योंकि उनकी साधना भंग हो जाती थी। कुछ ऋषि ऐसे होते थे जिन पर उन अप्सराओं का कोई प्रभाव नहीं पड़ता था, किन्तु कुछ ऐसे भी होते थे जिनकी तपस्या तो भंग हो जाती थी, फिर भी वो अपनी पूर्व अवस्था को पहुंचने की शक्ति रखते थे। विश्वामित्र जैसे ऋषि की गणना ऐसे ही ऋषियों में की जाती थी। उनकी तपस्या, आत्मशक्ति, संकल्प शक्ति में किंचित् मात्र भी कोई कमी नहीं आती थी। ये ऋषि हृदय चक्र पर तत्क्षण पूर्ण संयम करके लुप्त हुई शक्ति को पुनः प्राप्त कर लेते थे।

यौगिक सिद्धांत है कि एक बार जिस योगी तपस्वी का ब्रह्मचर्य खंडित हो जाता है, तो उसी क्षण से हृदय चक्र से निचले तीनों चक्र मूलाधार, स्वाधिष्ठान और मणिपूर निस्तेज हो जाते हैं। ऐसी परिस्थिति में साधक की सारी योग साधना, सारा परिश्रम व्यर्थ हो जाता है। जिसे श्रेष्ठ गुरु द्वारा मार्गदर्शन मिला होता है तथा गुरु-कृपा प्राप्त होती है, उसके लिए लुप्त हुई शक्ति को फिर से प्राप्त करना दुष्कर नहीं होता। जिस साधक के साथ ऐसी कोई स्थिति पैदा हो गई हो, उसे चाहिए कि वो ''ॐ'' प्रणव का, तेजोमय प्रकाश के मध्य निरंतर ध्यान आरंभ कर दे। प्रतिदिन तीन घंटे तक पद्मासन में बैठकर साधना करने से कुछ ही दिनों में उसकी लोप हुई शक्ति पुनः लौट आएगी तथा उसे स्वयं भी यह ध्यान न रहेगा कि कभी उसका पतन भी हुआ था।

अनाहत चक्र की उत्तम साधना के उपरांत साधक को अपने संपूर्ण मनोयोग के साथ कण्ठ-स्थान में स्थित विशुद्ध चक्र में अपने प्राणों अर्थात् कुण्डलिनी शक्ति को अदम्य उत्साह के साथ प्रवेश कराना चाहिए। जैसा कि हम बता चुके हैं कि विशुद्ध चक्र सोलह दलों वाला है। जिसका रंग नीला है ''हं'' जिसका बीज मंत्र है। इस चक्र में प्राणों के प्रवेश करते ही कुण्डलिनी की शक्ति से यह चक्र परम देदीप्यमान प्रकाश से प्रदीप्त हो उठता है और इस चक्र से संबंधित सोई हुई शक्तियां पूर्ण रूप-से जाग्रत हो जाती हैं।

यह चक्र पूरी तरह से घूमने लगता है और चक्र से संबंधित समस्त शक्तियां योगी के अंदर अपना कार्य करने लगती हैं। इस चक्र पर ध्यान करने से अनेक प्रकार के विकार दूर हो जाते हैं, शरीर में विभिन्न प्रकार की शक्तियां उत्पन्न होने लगती हैं तथा साधक को प्रकृति के अनन्त रहस्यों का ज्ञान होने लगता है।

विशुद्ध चक्र के पश्चात् साधक अपनी संकल्पशक्ति को विशेष रूप-से उत्साहित करके कुण्डलिनी महाशक्ति को प्राणों के साथ योग के छठे चक्र ''आज्ञा चक्र'' की ओर बढ़ने को प्रेरित करे। सतत साधना के अभ्यास से साधक की वह परा ऊर्जा शक्ति कुल कुण्डलिनी भ्रूमध्य में स्थित आज्ञा चक्र बड़े विचित्र ढंग से प्रवेश करती है।

कुण्डलिनी जैसे ही आज्ञा चक्र में प्रवेश करती है, वहां का समस्त वातावरण विद्युतु तरंगों से झंकारित हो उठता है और विभिन्न रंगों की विचित्र प्रकाश किरणों के द्वारा संपूर्ण आज्ञाचक्र अर्थात् त्रिवेणी संगम का वह स्थान एक दिव्य ज्योतिर्मय प्रकाश से प्रकाशित हो जाता है और यह प्रकाश ऐसा होता है जो कभी समाप्त नहीं होता।

साधक का ज्ञाननेत्र भी इसी स्थान पर स्थित है, जिसे तीसरा नेत्र कहते हैं। पाश्चात्य देशों के वैज्ञानिकों के अनुसार सिक्स्थ सैंस (छठी हिंस) इसी स्थान पर है। जब साधक आज्ञा चक्र पर पूर्ण रूपेण संयम, साधना, ध्यान करता है तो इस चक्र से संबंधित अनंत, अद्‌भुत रहस्य सामने आने लगते हैं। यदि लगातार इस आज्ञा चक्र पर ध्यान लगाया जाए तो साधक का निश्चय ही अद्वितीय चमत्कारों से सामना होगा। आध्यात्मिक दृष्टिकोण से आज्ञा चक्र का यह स्थान भौतिक जगत के प्रयागराज में त्रिवेणी, गंगा, यमुना और सरस्वती संगम का पवित्र स्थान है। यौगिक दृष्टि से इड़ा, पिंगला, और सुषुम्ना—यह तीनों गंगा, यमुना और सरस्वती के रूप में आज्ञा चक्र नामक प्रयागराज के त्रिवेणी संगम पर स्थित हैं। यह चक्रस्थान अत्यंत महत्त्वपूर्ण है।

दूसरा कोई भी योग चक्र अथवा योग ज्ञान इसकी समकक्षता नहीं कर सकता। इस स्थान की साधना में परिपक्वता आने पर साधक का ज्ञाननेत्र विकसित हो जाता है और उस ज्ञाननेत्र के द्वारा साधक को अनेक विद्याओं, शास्त्रों और लोक-परलोक के रहस्यों का ज्ञान सहज ही हो जाता है। भगवान शिव का अर्धनारीश्वर श्रीविग्रह का निवास इसी स्थान पर है।

योगीश्वर भगवान शिव (शंकर) के इस विचित्र और परम अद्‌भुत स्वरूप के संबंध में विस्तृत ज्ञान प्राप्त करने के लिए इसी आज्ञा चक्र की अनंत गहराइयों में साधक को उतरना पड़ेगा। अर्धनारीश्वर की उपासना के अनगिनत विधि-विधान हमारे आगम ग्रंथों में, विभिन्न योग ग्रंथों में एवं आध्यात्मिक साहित्य के अंदर बड़े सारगर्भित रूप में उपस्थित हैं। किन्तु आज साधनाविहीन विद्वज्जन केवल भाषा-ज्ञान और वाचिक-ज्ञान रखने के कारण ही इस ज्ञान-विज्ञान की गहनता और विचित्रता को पूर्णरूपेण समझने की योग्यता से वंचित हैं। यदि कोई व्यक्ति इस विषय से संबंधित उच्चकोटि के ग्रंथों का अध्ययन भी करता है, तो उसे इस रहस्यमय यौगिक, वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक रहस्य को समझने और अन्य साधकों को समझाने में देर नहीं लगेगी।

आज्ञा चक्र की साधना से (अथवा आज्ञा चक्र पर पहुंचकर) साधक का ज्ञाननेत्र उन्मीलित होता है तथा अंतर्दृष्टि प्राप्त होती है। इसी के साथ साधक को अनेक अलौकिक शक्तियों की भी प्राप्ति होती है। विद्वानों का मत है कि महाकुंभ के अवसर पर, त्रिवेणी संगम अर्थात् आज्ञा चक्र पर जो साधक अपने प्राणों को ले जाता है, उसे अर्धनारीश्वर के दिव्य दर्शन ही नहीं, उनका साक्षात्कार भी होता है।

कुण्डलिनी शक्ति के आज्ञा चक्र पर पहुंचने से योगी का शरीर वायुवत् सूक्ष्म हो जाता है। त्रिगुणमय ब्रह्माण्ड के किसी भी प्रदेश में विचरण करने के लिए योगी को मन और इन्द्रियों के साथ निकलने के सभी मार्ग यहीं भ्रूमध्य में प्राप्त होते हैं।

प्रभु श्रीराम के वियोग में तड़पते हुए श्री महाराज दशरथ ने सायुज्यादि मोक्ष को भी ठुकराकर षट्‌चक्र भेदन द्वारा स्वर्ग का मार्ग यहीं से लिया था। पौराणिक दक्ष-यज्ञ का विध्वंस सर्वथा योग-मूलक विषय है। सतीदेह-त्याग की प्रक्रिया भी द्रष्टव्य एवं विचारणीय है।



कुंडलिनी शक्तिरूपा मां ललिताम्बा

सती को योगाग्नि द्वारा भस्मीभूत होने पर भी मोक्ष क्यों नहीं मिला? इसका कारण है, यहां आज्ञा चक्र में पहुंचने पर कई मार्ग मिलते हैं। यहां त्रिपथ हैं, इसे सांकेतिक शब्दों में, जैसा कि पहले भी बताया जा चुका है, त्रिवेणी संगम कहते हैं। इसका एक नाम ''त्रिकूट'' भी है। कुछ विद्वान योगी इसे ''चित्रकूट'' भी कहते हैं। इस यौगिक चक्र में सती आज्ञा चक्र में तो पहुंचती है, किन्तु ब्रह्मरन्ध्र से न निकलकर मार्ग बदल लेती है। परिणामस्वरूप उसका हिमालय के घर पार्वती रूप में पुनर्जन्म हुआ। अब सतीदाह की प्रक्रिया भी देख लें। सती मौन होकर उत्तर दिशा में भूमि पर बैठ गई। उसने आचमन कर पीतांबर ओढ़ लिया और नेत्र मूंदकर योगमार्ग में स्थित हुई।

प्राणायाम द्वारा प्राण और अपान को एकदम स्थिर करके उन्हें नाभि चक्र में स्थित किया। उदान वायु को नाभिचक्र से ऊपर उठाकर धीरे-धीरे बुद्धि के साथ हृदय (अनाहत चक्र) में स्थापित किया। पुनः सती उस हृदय स्थित वायु को कंठमार्ग अर्थात् विशुद्ध चक्र से भ्रूमध्य में ले गई। तत्पश्चात् शरीर त्याग की इच्छा से उसने अपने समस्त अंगों में वायु और अग्नि की धारणा की। तत्पश्चात् योगानल प्रज्वलित हुआ और उसका शरीर जल उठा।

गुरु की कृपा और आज्ञा से ही साधक इस चक्र में घुसपैठ कर सकता है, अन्यथा नहीं। यह गुरुगम्य चक्र (आज्ञा चक्र) है। यहीं वज्रकपाट लगे हैं और यहीं बैकुंठ का द्वार है। इस द्वार की कुंजी साधक को सिद्ध गुरु से ही प्राप्त हो सकती है। कैलासाख्य इस चक्र पर रोधिनी शक्ति एक दुर्गम दुर्ग की दीवार की भांति खड़ी है।

यहां सहस्रदल कमल है। इसके ऊपर एक बिंदु है। कुण्डलिनी को मूलाधार में एक जबरदस्त टक्कर लेने के बाद पुनः आज्ञा चक्र या द्विदल में पहुंचकर धुआंधार संघर्ष करना पड़ता है। ये ही दो जबरदस्त मोर्चे हैं। उभयंत्र किलेबंदी है। यहीं पहुंचकर पराशक्ति सदाशिव के साथ एकीभूत होती है। यही तदाकार अवस्था कहलाती है। शिवशक्ति शिवा का शिव के साथ यहीं पहुंचकर अभेद संबंध स्थापित होता है। यही अद्वैतावस्था है, यही जीव-ब्रह्म की एकता अथवा सायुज्य है।

योगमार्ग द्वारा परमात्मा में स्थित होना

सर्वप्रथम एड़ी से अपनी गुदा को अच्छी तरह दबाकर स्थिर हो जाएं और फिर बिना किसी घबराहट के प्राण-वायु को षट्चक्र भेदन की प्रक्रिया से ऊपर ले जाकर, नाभि-चक्र (मणिपूर) में स्थित वायु को हृदय चक्र (अनाहत) में, वहां से उदान वायु को धीरे-धीरे तालु-मूल (विशुद्ध चक्र का आगे का भाग) में चढ़ा दें।

इसके पश्चात् शाम्भवी मुद्रा से दोनों आंखों, दोनों कानों, दोनों नासाछिद्रों और मुख—इन सातों छिद्रों को रोककर तालु स्थित वायु को आज्ञा चक्र में ले जाएं। यदि किसी अन्य लोक-लोकान्तर में जाने की रुचि या इच्छा न हो, तो आधा घड़ी तक उस वायु को वहीं रोककर, स्थिर लक्ष्य के साथ सहस्रार में ले जाकर परमात्मा में स्थित हो जाएं।

सहस्रार चक्र (सहस्रदल चक्र) योग विद्या का सर्वोत्कृष्ट, अद्भुत एवं परम रहस्यमय योग चक्र है। इस चक्र के संबंध में आज तक अनगिनत ऐसी गुत्थियां हैं, जो पूरी तरह से सुलझ नहीं सकी हैं। यह चक्र मनुष्य की खोपड़ी में अर्थात् सिर में मस्तिष्क-स्थान के ऊपर स्थित है। पीछे चित्र द्वारा यह दर्शाया भी जा चुका है।

वास्तविक रूप में यह योग चक्र सूक्ष्म शरीर का बहुत बड़ा भाग है। जिस व्यक्ति में आज्ञा चक्र और सहस्रदल चक्र जितने अधिक विकसित होंगे, उतना ही अज्ञात, चमत्कारी एवं सूक्ष्म प्रभाव उसके अंदर विद्यमान होगा।

जिस साधक का आज्ञा चक्र में प्रवेश हो चुका है, वो अपनी परम सात्त्विक निष्ठा, प्रबल संकल्प के साथ कुण्डलिनी शक्ति को अदम्य उत्साह के साथ प्रणव मंत्र का, अर्थात् ब्रह्माक्षर, अनंत नाद का निरंतर दृढ़ धारणा के साथ, अपने दिव्य श्रवणों के द्वारा कुण्डलिनी को सहस्रदल में प्रवेश करा दें। दिव्य कुण्डलिनी शक्ति के परम प्रकाश से धीरे-धीरे सहस्रदल चक्र प्रकाशित होने लगेगा।

भारतीय ऋषि, महर्षि अपने आपमें बड़े अद्‌भुत और रहस्यमय व्यक्ति रहे हैं। उन्होनें संसार का सर्वतोन्मुखी आनंद लिया। संसार का ऐसा कौन-सा विषय अथवा प्रकृति का ऐसा कौन-सा रस था जिसके संबंध में उन ऋषि-महर्षियों को ज्ञान न था। वास्तव में वे महापुरुष तपस्वी होने के साथ-साथ रसायन विद्या के ज्ञाता भी थे। इस विद्या के बल पर उन्होंने अनेक सफलता, सिद्धि और शक्तियां प्राप्त कर ली थीं। इस विद्या का ज्ञान सर्वप्रथम भगवान दत्तात्रेय ने शिव कृपा से लोगों तक पहुंचाया था।

यह रसायन विद्या भगवदवतार, महायोगी, कालजयी, त्रिदेवरूप तथा परम सिद्ध श्री दत्तात्रेय द्वारा तंत्रशास्त्र के परमाचार्य ''लोक-शंकर'' भगवान शंकर से प्रार्थना करके विशेषत: कलियुग में सिद्ध (तंत्र विद्या) विधान के रूप में प्राप्त की। यह शास्त्र उत्कीलन आदि विधानों की अपेक्षा रखे बिना ही सर्वदोषों से रहित, शीघ्र सिद्धि देने वाला बतलाया गया है। भगवान शंकर ने अपने परम भक्त श्री दत्तात्रेय के लिए अत्यंत गुप्त होते हुए भी इसको प्रकट किया है।

समस्त चराचर के कल्याण की कामना से भगवती जगदम्बा के आग्रह से भगवान शिव ने रसायन शास्त्र की विद्या का उपदेश किया है। इसमें प्राणिमात्र के जीवन में आने वाली सभी प्रकार की कठिनाइयों का निवारण करने का विधान है। इसके साथ ही ऐसी कोई इच्छा शेष नहीं रहती, जो इस विद्या के द्वारा पूर्ण नहीं की जा सकती।

ऋषियों ने रसायन विद्या के द्वारा अनेक सिद्धियां और शक्तियां प्राप्त कर, असंख्य भक्तों के समक्ष उनका प्रदर्शन कर, विद्या की वास्तविकता का सबूत भी दिया। इसके साथ ही उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि इन सभी में योग ही सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है।

योगियों ने योगमार्ग में ऊंची-से-ऊंची स्थिति प्राप्त करने के लिए शरीर विज्ञान, रसायन विज्ञान, मुद्रा विज्ञान, भाषा विज्ञान, शब्द विज्ञान, आत्म विज्ञान एवं संगीत विज्ञान आदि का बहुत गहराई से मनन, अध्ययन किया। उन्होंने इन सातों विद्याओं का सहयोग लेकर शरीर में स्थित सातों चक्रों को जगाने में सफलता प्राप्त की।

सहस्रदल चक्र एक हजार पत्तों के कमल-पुष्प की भांति दृष्टिगोचर होता है। किन्तु विशेष रूप-से गिनने पर केवल नौ सौ साठ पत्ते ही दिखते हैं। इसके मध्य में द्वादश पत्तों वाला सुंदर एक लघु कमल है। उसमें स्फटिक मणि की भांति उज्ज्वल श्वेत रंग के अंतर्गत उस कमल कर्णिका में एक स्वर्णिम आकार का नेत्रों को सम्मोहित करने वाली शक्ति रखने वाला रंग दिखलाई पड़ता है। यह सहस्रदल चक्र योग की प्रथमावस्था में तो लघु आकार का होता है, किन्तु साधक की आत्मिक उन्नति, धारणा, ध्यान एवं समाधि की एकत्व स्थिति में साधना, उपासना के प्रभाव से यह चक्र जब तीव्र गति से घूमने लगता है, तो प्राय: एक फुट आकार का होकर ऊपर की ओर उत्थित हो जाता है। उस समय इसकी छटा देखने योग्य होती है।

किन्तु यह मानना चाहिए कि अभी तक यह सहस्रदल चक्र पूर्ण विकसित स्थिति में नहीं है। जब कुण्डलिनी शक्ति का दिव्य प्रकाश योग के इस सर्वोत्कृष्ट चक्र को अपने परम दिव्य उच्चकोटि के विद्युतीय, चुंबकीय प्रभाव से एवं शक्ति से तीव्र गति से घुमाने लगता है, तब इसकी गति अति वेगवती हो जाती है। उस समय इस योग चक्र के अनेकानेक सौंदर्यमय रंगों का सौंदर्य देखने योग्य होता है, साथ ही एक ऐसी मनमोहक अति उच्च स्तरीय सुगंध उत्पन्न होती है, जो समस्त वातावरण के साथ-साथ साधक की आत्मा, मन तथा संपूर्ण शरीर को सुगंधित कर देती है।

सहस्रार परम चक्र पर प्राण तथा मन के स्थिर हो जाने पर सर्व-वृत्तियों के निरोध रूप असंप्रज्ञात समाधि की योग्यता प्राप्त होती है। सहस्रदल कमल (चक्र) के वास्तविक स्थान के बारे में हम एक बार फिर से बता देना चाहते हैं। आज्ञा चक्र के ऊपर महानाद है, उसके ऊपर शंखिनी नाड़ी है, उसके अग्रभाग में अर्थात् शून्याकार स्थान में तथा ब्रह्मरन्ध्र में स्थित प्रकृतिरूप विसर्ग के निम्न प्रदेश में प्रकाश स्वरूप पूर्ण चंद्रमा के समान अत्यंत श्वेत वर्ण अधोमुख

आनदं स्वरूप सहस्त्रदल कमल है। ''अ'' कार से ''क्ष'' कार पर्यन्त पचास मातृकाक्षरों से यह कमल विभूषित है। इसकी कर्णिका में स्निग्ध, निर्मल, पूर्ण चन्द्रमंडल है, उसके भीतर विद्युत समान त्रिभुज है और त्रिभुज के मध्य में सब देवों से सेवित, अत्यंत गुप्त, शून्य रूप पर बिंदु है। मोक्ष का मुख्य मूल यह सूक्ष्म कंद ''अमा, कला'' और ''निर्वाण'' कला से युक्त है। सहस्त्रदल कमल के मध्य में स्थित चंद्रमण्डल के बीच में अंतर-आत्मा है, जिसका दूसरा नाम ''हंस'' है। ''हं'' पद से पुरुष का और ''स'' पद से प्रकृति का बोध होता है। अत: हंस पद से प्रकृति पुरुषात्मक अंतर-आत्मा का ज्ञान होता है। इसके ऊपर सर्वतंत्र प्रसिद्ध परब्रह्म स्वरूप से स्थित होने पर भी परमात्मारूप को छोड़े बिना परमानंद स्वरूप शिव-शक्ति से उत्पन्न आनंद रस को प्राप्त परम शिव श्रीगुरु रूप से योगियों के पुरुषार्थ-लाभ के लिए जीवात्मा और परमात्मा के अभेद ज्ञान का उपदेश देता है। यहां पर यह ध्यानपूर्वक समझाना चाहिए कि श्रीगुरु रूप पर शिव ही दीक्षा गुरु के रूप में धरा-धाम पर अवतीर्ण हैं।

सहस्त्रार चक्र में कमल स्थित भगवान शिव अपनी शक्ति के साथ

गुरुदेव के ध्यान के विषय में विद्वानों का मत है कि आज्ञा चक्र के ऊपर अधोमुख सहस्त्रदल कमल के नीचे ऊर्ध्व मुख द्वादश दल कमल है। उसके ऊपर सदाशिव रूप गुरु का ध्यान करें। पादुका पंचक स्तोत्र में भी ऐसा वर्णन

आया है, किन्तु शाक्तानंद तरंगिणी में दिया गया है कि श्रीगुरु रूप पर शिव की स्थिति सहस्रदल कमल में ही है और साधक को वहीं ध्यान ले जाकर कुण्डलिनी जाग्रत करनी चाहिए। इस विषय पर सबसे श्रेष्ठ निर्णय कुलार्णव तंत्र का है अर्थात् श्रीगुरु देव जैसा आदेश दें, उसी के अनुसार साधक को ध्यान करना चाहिए, उसी से सफलता मिलती है। इन सब बातों से पता चलता है कि गुरु का वचन ही श्रेष्ठ है और सफलता-प्राप्ति के लिए साधक को गुरु के आदेशानुसार ही ध्यान लगाना चाहिए।

गुरुजन को भी चाहिए कि वह अपने शिष्य को अपने पुत्र समान समझे तथा सहस्रदल चक्र को जाग्रत करने के लिए शिष्य का श्रेष्ठ मार्गदर्शन करे। उसे हर ऊंच-नीच से अवगत कराएं। प्रत्येक परिस्थिति का सामना करने के लिए उसकी हिम्मत बधाएं तथा दिव्य रासायनिक औषधियों द्वारा उसके शरीर को परम शक्तिशाली बना दे, जिससे साधक—प्राण-अपान के मिलने से, कुण्डलिनी शक्ति के जाग्रत हो जाने से जो एक प्रकार का आण्विक विस्फोट-सा होता है अथवा उस विचित्र प्रकार के तीव्र मधुर संगीत से जो कानों के परदे हिला दे, घबरा न उठे और अपनी शारीरिक शक्ति से उनका मुकाबला करे।

जिस शब्द ब्रह्म की साधना के द्वारा महान ऊर्जा उत्पन्न होती है, जीवन और मृत्यु का अंतर समाप्त करने के लिए जिस स्थिति का सामना करना पड़ता है, सहस्रदल की पन्द्रहवीं-सोलहवीं कला के मध्य शरण लेते हुए अमृत-बिंदु का पान करने के लिए जितना कठिन परिश्रम एवं प्रयास साधक को करना होता है, उन सबका सामना करने के लिए; उस धमाके, विस्फोट, धक्के आदि को सहज करने के लिए, गुरु द्वारा साधक को पहले ही से तैयार कर देना चाहिए तथा दिव्य, विलक्षण शक्तियों का सामना करने की विद्या के ज्ञान से भी शिष्य को पहले से अवगत करा देना चाहिए। यही श्रेष्ठ गुरु का कर्तव्य है। ऐसी संपूर्ण सुविधाओं के मिलने पर साधक (शिष्य) कुण्डलिनी शक्ति के सोपान सहस्रदल चक्र पर सहज ही पहुंच जाएगा।

इस चक्र की शक्ति का परिचय साधक को पलक झपकते ही हो जाएगा। वैसे तो योग के सभी चक्रों के जाग्रत होने पर अर्थात् कुण्डलिनी शक्ति का योग चक्रों में प्रवेश हो जाने के अनंतर उन चक्रों में से तरह-तरह की शक्तियां, सिद्धियां एवं आनंद की लहरें प्रस्फुटित होने लगती हैं।

सात योग चक्रों में से सात प्रकार की शक्तियां प्रवाहित होती हैं, जैसे कि इन्द्रधनुष के सात रंग। यह सात रंग न होकर प्रकृति की सात शक्तियां हैं। किसी-किसी स्थान पर इन सात शक्तियों को नवशक्तियों का रूप दिया गया है। इस प्रकार सात के बजाय योग के नवचक्रों का विधान बना दिया गया। पीछे कहीं हम इसका जिक्र भी कर आए हैं अर्थात् ''मानस चक्र'' आज्ञा चक्र के ऊपर स्थित है और मानस चक्र के ऊपर ''सोम चक्र'' स्थित है और इस चक्र के ऊपर सहस्रार चक्र है। यद्यपि योग में इन नवचक्रों की क्रम के अनुसार व्यवस्था की गई है, किन्तु संसार में सप्त शक्तियां ही प्रधान हैं। उनमें भी विशेषकर तीन शक्तियां ही प्रमुख मानी गई हैं, जिन्हें त्रिमूर्ति के नाम से जाना जाता है। इन त्रिमूर्तियों का निवास योग का अंतिम चक्र सहस्रार चक्र ही है, कुण्डलिनी शक्ति के यहां पहुंचने पर साधक का परम उद्देश्य पूर्ण हो जाता है, देव-शक्तियों से साक्षात्कार होता है; मोक्ष-प्राप्ति का यही सर्वश्रेष्ठ साधन है। इस साधन को फलीभूत विरले ही कर पाते हैं। यदि श्रेष्ठ और विद्वान गुरु मिल जाए और वह अपने शिष्य का सही मार्गदर्शन करे, तो शिष्य की नैया पार लग ही जाती है।

❑❑



नि:श्वास : सोलह

रहस्यात्मक शक्तियों का उदय

गुरु के महत्त्व के बारे में हम स्थान-स्थान पर चर्चा करते आए हैं। शास्त्रों में कहा गया है कि, ''गुरु बिन ज्ञान अधूरा'', आध्यात्मिक साधना में तो गुरु का महत्त्व सर्वाधिक माना जाता है। विद्या अध्ययन करने के बारे में कहा गया है कि या तो धन का व्यय करके या विद्या के आदान-प्रदान से या फिर गुरु की सेवा करने से ही विद्या आती है, अन्य कोई मार्ग नहीं है। ऋषियों का मत तो यह है कि कुण्डलिनी जागरण का ज्ञान प्राप्त करने के लिए गुरु-सेवा के अतिरिक्त और कोई उपाय नहीं है। इसलिए कहा गया है कि सुपठित गुरु के द्वारा ही शिष्य की शंकाओं का समाधान किया जा सकता है। योग के कठिन मार्ग में गुरु की पग-पग पर आवश्यकता पड़ती है। श्वेताश्वर उपनिषद् के शब्दों में—

यस्य देवे भक्तिः, यथा देवे तथा गुरौ।
तस्यै ते कथिता ह्यर्थाः प्रकाशन्ते महात्मनः॥

अर्थात् जिसको ईश्वर में पराभक्ति हो और जैसी ईश्वर में हो वैसी ही गुरु में हो, उस महात्मा में ये सब कहे हुए अर्थ प्रकाशित हो जाते हैं, अर्थात् उसको ही इन सब रहस्यों का आप-से-आप ज्ञान हो जाता है।

गुरु की महिमा के विषय में एक प्रसिद्ध श्लोक कहा गया है कि गुरु ब्रह्मा, विष्णु और महेश्वर है। गुरु साक्षात् ब्रह्म है। शारदा तिलक तंत्र के अनुसार गुरु संसार सिंधु के पार जाने के लिए एकमात्र हेतु है। उसके पद-पकंज की धूल सब तीर्थों में श्रेष्ठ है। भगवद् गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा है, ''यदि पिछले जन्म के किसी योग भ्रष्ट व्यक्ति को सद्गुरु से कोई संकेत मिल जाए, तो वह योग में सिद्धि प्राप्त कर सकता है।''

साधना में गुरु के महत्त्व की इस परंपरा को कबीर, नानक, दादू, सुंदरदास, चरणदास, सहजो बाई, गरीब दास, रामसहाय, बजहन, रामलाल, दयाबाई, पलटू और न जाने कितने भक्त संतों तथा सूफियों ने अपनी रचनाओं में स्पष्ट किया है। पंतजलि के अनुसार यह जो योग का अभ्यास है, वह एक दिन में सिद्ध करने की वस्तु नहीं है। जब इसे दीर्घकाल तक निरंतर श्रद्धा और पूरे परिश्रम के साथ किया जाएगा, तभी इसमें दृढ़ स्थिति प्राप्त हो सकती है। जो लोग तीव्र संवेग वाले हैं अर्थात् जिनको योग में अत्यधिक उत्साह है, गुरु उनकी इच्छा को तीव्र बनाने का उपदेश दे। भारतीय साहित्य में कभी-कभी स्वयं अपनी आत्मा को, ईश्वर को अथवा श्रेष्ठ पुस्तक या किसी महान ग्रंथ को भी गुरु के रूप में मानकर उससे मार्गदर्शन प्राप्त करने का आदेश दिया गया है। जिसे योग्य गुरु का सान्निध्य प्राप्त न हुआ हो, वह इस पुस्तक को ही अपना गुरु मानकर ध्यान, साधना में लग जाए, हमारा विश्वास है, सफलता अवश्य मिलेगी।

जो साधक योग मार्ग पर बहुत आगे बढ़ चुका है और कुण्डलिनी जाग्रत करने में समर्थ है, यदि वह अदम्य शक्ति के साथ, क्रोध बीज मंत्र का बार-बार उच्चारण कर, कुण्डलिनी शक्ति को तनिक-सा भी छेड़ने का प्रयास करेगा, तो क्षणमात्र में ही मूलाधार के सन्निकट ब्रह्मग्रंथि में हलचल आरंभ हो जाएगी और कुण्डलिनी शक्ति अपने पूर्ण स्वरूप में व्यक्त होने के साथ जबरदस्त प्रकाशनाद युक्त विस्फोट-सा उत्पन्न होगा तथा उसके साथ ही शब्द

ब्रह्म का उदय हो जाएगा। प्रकृति का यही अनन्त नाद है। नाद के साथ-साथ एक परम प्रकाश उत्पन्न होता है। नाद का आरंभ होते ही कुण्डलिनी अपनी पूर्ण ऊर्जा शक्ति और प्रकाश के साथ उठ खड़ी होती है। योगशास्त्र के अनुसार यह महानाद निम्न तीन प्रकार का होता है—निरोधिनी, नादान्त, महानाद।

कुण्डलिनी शक्ति जिस प्रकाश के साथ महान ऊर्जा के लिए प्रगट होती है, उस प्रकाश का वास्तविक रूप महा बिंदु होता है। यह महा बिंदु भी निम्न तीन प्रकार होता है—क्रिया, ज्ञान, इच्छा।

इसी प्रकार इन तीनों को दूसरे रूप में भी कहा गया है—ब्रह्मा, विष्णु, महेश अथवा सूर्य, चंद्रमा, अग्नि।

इस अनन्त ब्रह्माण्ड रूप सृष्टि में, नाद ही वास्तव में प्रणव है अर्थात् ॐ ओंकार भी उसी को कहते हैं। सत्य तो यह है, ओंकार ही पूर्णरूपेण शब्द ब्रह्म है। ब्रह्मस्वरूप इस प्रणव से ही बावन मातृकाएं, जिनके द्वारा साधक न्यास करते हैं, उत्पन्न हुई हैं।

इन संपूर्ण मातृकाओं को लोम-विलोम प्रकार से न्यास करने की मंत्रशास्त्र, तंत्रशास्त्र और आगम ग्रंथों में विशेष व्यवस्था दी हुई है। यह बावन मातृकाएं लोम-विलोम प्रकार से उच्चरित करने पर इनकी संख्या एक सौ तक पहुंच जाती है। साधक की कुण्डलिनी शक्ति इन मातृका रूप कुंडलों को धारण करने वाली चैतन्य शक्ति है, इसलिए ही उसे कुल कुण्डलिनी कहा गया है।

इस प्रकार समस्त मातृकाओं का न्यासादि सहित प्रयोग करने से वह परा कुण्डलिनी शक्ति प्रकाश और नाद के उत्पन्न होते ही, मूलबंध के दृढ़ प्रयोग से साधक की संकल्प शक्ति के द्वारा ऊर्ध्वमुखी होकर, मूलाधार आदि चक्रों की ओर बढ़ने लगती है। इसके साथ ही वह नाद अपने अंतिम लक्ष्य सहस्रदल कमल में पहुंचने के लिए निरंतर अंतर्मन में उठने लगता है और अपनी उस ऊर्ध्वगामिनी परम ऊर्जा के साथ सभी चक्रों को जाग्रत, प्रकाशित, झंकारित एवं शक्ति-सम्पन्न करता हुआ, उच्च शक्ति के साथ आगे बढ़ने लगता है, क्योंकि इन सभी मातृकाओं और ब्रह्मनाद का वास्तविक मूल स्थान सहस्रदल चक्र ही है। सहस्रदल चक्र में समस्त मातृकाएं भी निवास करती हैं।

योगशास्त्रानुसार शिव और शक्ति का निवास भी योग का सहस्रदल चक्र ही है। इस स्थान को यौगिक भाषा में अकुल नाम से संबोधित किया जाता है। अकुल में स्पंदन होने पर किस-किस स्थान से कौन-सी मातृका उत्पन्न होती है, यह निम्न तालिका के द्वारा स्पष्ट किया गया है—

स्थान	मातृका	स्थान	मातृका	स्थान	मातृका
अकुल	अ, लं	चंद्रिका	लृ, मं	अंतराल	गं, तं
व्यापिका	उं, शं	लंबिका	ओं, पं	विशुद्ध	छं, ठं
रोधनी	लृं, यं	अंतराल	खं, घं	समना	ईं, षं
अंतराल	ओं, फं	आधार	चं, डं	नाद	ॠं, रं
अनाहत	कं, दं	उन्मना	इं, सं	आज्ञा	ऐं, बं
स्वाधिष्ठान	ङं, ढं	नादान्त	ऋं, लं	अंतराल	अः, धं
कुला	झं, ञं	बिंदु	एं, भं	मणिपूर	घं, णं
महाबिंदु	हं, आं	विशुद्धि	अं, नं	कुल पदम	जं, टं
शक्ति	ऊं, वं				

उपरोक्त तालिका के द्वारा मातृकाओं का स्वरूप और स्थान बतलाए गए हैं। यह मातृकाओं की एक विशेष यौगिक तांत्रिक माला है। साधक जब इसे फेरता है तो उसके सूक्ष्म और भौतिक शरीर में एक विशेष प्रकार का स्पंदन

होने लगता है। बीज मंत्र सहित मातृकाओं की माला फेरने से समस्त वृत्तियां इधर-उधर भटकना बंद कर देती हैं। उन्हें विवश होकर स्थिर होना पड़ता है। किन्तु इन समस्त मातृकाओं का उद्‌गम स्थान तो प्रणव ही है और प्रणव को ही यौगिक भाषा, तंत्रोक्त भाषा में ''ओंकार'' कहा गया है। इस प्रणव शरीर ओंकार से ही समस्त स्वर और व्यंजनों की उत्पत्ति हुई है।

मूलाधार चक्र से आज्ञा चक्र तक समस्त योग चक्रों के कमल दलों के रूप में स्वर व्यंजन मातृकाएं आदि दी गई हैं, वह सब ओंकार से ही उत्पन्न हुई हैं तथा ओंकार में ही वह समाहित हो जाती हैं। उन योग चक्रों के दंतों के रूप में मूलाधार पहला दलचक्र है।

विभिन्न च्रकों में, उनके अलग-अलग दलों में, अलग-अलग बीजाक्षरों का स्थान निश्चित किया गया है। इसी प्रकार योग के सर्वोच्च सहस्रदल कमल चक्र में समस्त स्वर व्यंजन मातृकाओं सहित सभी बीजाक्षरों का निवास है। साधक द्वारा कुण्डलिनी जाग्रत करने पर, कुल कुण्डलिनी मूलाधार से लेकर क्रमशः स्वाधिष्ठान चक्र, मणिपूर चक्र और इसके निकट विष्णु आदि ग्रंथि का भेदन करते हुए और अनाहत चक्र का भी भेदन करते हुए, कंठ में स्थित विशुद्ध चक्र के समीप ग्रंथि का भी भेदन करती हुई आज्ञा चक्र पर पहुंचती है।

मूलाधार चक्र से लेकर आज्ञा चक्र तक कुण्डलिनी के पहुंचने के बारे में बताया गया। मूलाधार से लेकर आज्ञा चक्र तक के बीच के मार्ग में और भी बहुत-सी रहस्यात्मक शक्तियों का उदय होता है, जिसका अनुभव साधक को प्रत्यक्ष होता रहता है।

कुण्डलिनी जब आज्ञा चक्र से ऊपर सहस्रार परम चक्र की ओर चढ़ती है, तो बड़े वेग के साथ झटका देकर ऊपर की ओर अपना मुंह फैलाती है। ऐसा मालूम होता है, जैसे वह बहुत दिनों की भूखी हो और अब जागने के साथ ही खाने को अधीर हो उठी हो। यह भयंकर अट्टहास, फुफकार करती नागिन के समान बल खाती हुई संपूर्ण रूप से उठ खड़ी होती है। भयंकर विद्युत की कौंध साधक के संपूर्ण शरीर को झकझोर डालती है। मेरुदण्ड विद्युत गति एवं शक्ति से शब्द करता हुआ एकदम सीधा हो जाता है। सातों चक्र सावधानी की स्थिति में आ जाते हैं। यहां कुण्डलिनी शक्ति का जागरण पूर्ण हो जाता है।

कुण्डलिनी को सर्पाकार शक्ति कहा गया है, क्योंकि इसकी गति वलयाकार सर्प की-सी है। योगाभ्यासी व्यक्ति के शरीर में यह चक्राकार चलती है और उसमें शक्ति बढ़ती है। यह एक विद्युत अग्निमय गुप्त शक्ति है। कुण्डलिनी की गति प्रकाश की गति से भी अधिक तीव्र है। योगवाशिष्ठ में कुण्डलिनी के बारे में कहा गया है, *''रसौ वै सः''*, अर्थात् रसिकता भाव संवेदना अनेक कलाओं के रूप में विकसित होते हुए जीवन को रसयुक्त बना देती है। देवी भागवत में उल्लेख मिलता है कि इच्छाशक्ति, क्रियाशक्ति, विज्ञानशक्ति क्रमशः तम्, रज, सत् गुणों की प्रतीक है, जिनकी शक्तियां महाकाली, महालक्ष्मी और महासरस्वती हैं। इनकी साधना से कुण्डलिनी का जागरण होकर वैभवों की उपलब्धि होती है तथा यह साधक को अनेक गुणा शक्तिशाली बना देती है।

इसमें कोई संदेह नहीं कि कुण्डलिनी को संसार का सबसे प्राचीन ज्ञान माना गया है। संभवतः ऋग्वेद से भी पहले ही यह विद्या भारत में विद्यमान थी। कुण्डलिनी-साधना करके मनुष्य अमर, ज्ञानी, समस्त सिद्धि और निधियों से पूर्ण श्री युक्त बनता था। ध्यान बिंदु, ब्रह्म, क्षुरिका, नृसिंह पूर्ण तापनीय उपनिषदों के अतिरिक्त मैत्री, योग तत्त्व, राम तापनीय उपनिषद् में कुण्डलिनी को मंत्रात्मक तथा क्रियात्मक दोनों ही प्रकार से समझाया गया है।

सभी चक्रों के जागरण से पूर्व उपवास, नियम, तपादि से चित्त पर पूर्ण अधिकार प्राप्त कर लें, अन्यथा योग के स्थान पर निम्न रोग भी हो सकते हैं—

मूलाधार चक्र में—बवासीर या गुदाभ्रंश

स्वाधिष्ठान चक्र में—पीलिया, जलोदर, बहुमूत्र, मधुमेह

मणिपूर चक्र में—चर्मरोग, प्रदाह
अनाहत चक्र में—हृदय रोग, गठिया, जोड़ों का दर्द
विशुद्ध चक्र में—अर्बुद या कैंसर, नासूर
आज्ञा चक्र में—क्रोध, अविवेक, दृष्टिहीनता
सहस्त्रार चक्र में—पागलपन, उन्माद।

विशेष—सप्तचक्रों का ध्यान करते समय मुख्यत: एक बात जान लेनी चाहिए कि सभी पद्मों के मुख ऊपर की ओर हैं, किन्तु योगी अर्थात् फल की इच्छा वालों को सभी पद्मों के मुख नीचे की ओर किए हुए का ध्यान करना चाहिए।

कुण्डलिनी साधना से सम्बंधित विशेष जानकारी

कुण्डलिनी साधक प्राणायाम आदि विभिन्न क्रियाओं द्वारा अपनी प्राण शक्ति, ऊर्ध्वगामिनी बना सकता है। भिन्न-भिन्न योगमार्गों में किसी दिव्य शक्ति, श्रुति को ऊर्ध्वगामिनी बनाने की अनेक विधियां बताई गई हैं। इस महाशक्ति का साधन करने के लिए महाबंध, मूलबंध, जालंधर बंध, उड्डीयान बंध, महामुद्रा, शक्तिचालिनी मुद्रा, बज्रौली मुद्रा एवं खेचरी आदि मुद्रा की साधना करना आवश्यक है।

उपरोक्त हठयोग की दस मुद्राओं के द्वारा साधना करके भी उस कुल कुण्डलिनी शक्ति को, षट्चक्रों का भेदन करके सहस्त्रदल चक्र कमल में पहुंचाया जा सकता है। इन मूलाधार आदि छह चक्रों के ऊपर वाले स्थान पर हठयोग विद्या के अनुसार कई विचित्र स्थान हैं, उन्हें भी योगमार्ग में महत्त्वपूर्ण योगचक्र का स्थान दिया गया है। ये प्रमुख स्थान निम्न हैं—

पहला स्थान—भ्रमर गुफा
दूसरा स्थान—गोल्लाट
तीसरा स्थान—औटे पीठ
चौथा स्थान—त्रिकूट
पांचवां स्थान—श्रीहाट
उपरोक्त स्थानों पर श्रुति को भेजने से बड़े-बड़े दुर्लभ अनुभव प्राप्त होते हैं।

भ्रमर गुफा नामक योग विशिष्ट चक्र है। भ्रमर जप के द्वारा इस तक पहुंचा जा सकता है। सदाशिव इसके देवता हैं। कृष्ण वर्ण है। सतगुण, अर्धमात्रा, सूक्ष्म वेद, उन्मानि अवस्था और इसकी वाणी परात्पर है। कैवल्य मुक्ति इसका फल है।

गोल्लाट योग चक्र के देवता शिव हैं। श्वेत वर्ण है। वह तमोगुण प्रधान ''म'' कार अक्षर है। सामवेद से उसका उद्भव है और सुषुप्ति अवस्था है। पश्यन्ति वाणी है।

औटे पीठ योग चक्र का देवता ईश्वर है। वर्ण विद्युत समान है। सतगुण से युक्त ओंकार ''ॐ'' अक्षर है। अथर्ववेद इसका उद्भव है। तुरीय अवस्था है। परा वाणी है और मुक्ति की सायुज्यता इसका फल है।

त्रिकूट नामक योगचक्र के देवता ब्रह्मा हैं। रजोगुण प्रधान है। सूपीत वर्ण है। ओंकार उसका अक्षर है। ऋग्वेद से इसका उद्भव हुआ है। जाग्रत उसकी अवस्था है। वैखरी उसकी वाणी है। उसकी अंतिम स्थिति सलोकता है।

श्रीहाट नामक योगचक्र के देवता विष्णु हैं। मोती जैसा वर्ण है। सतोगुण प्रधान है। ओंकार अक्षर है। यजुर्वेद से उसका उद्भव है। स्वप्न उसकी अवस्था है। उससे मुक्ति की समीपता प्राप्त होती है। मध्यमा वाणी है।

उपरोक्त पांचों योगचक्रों के द्वारा साधना करने से कैवल्य मुक्ति प्राप्त की जा सकती है अर्थात् परब्रह्म के

कैवल्य धाम की प्राप्ति जीवात्मा को उस पवित्र साधना से हो सकती है। राजयोग के अभ्यास से भी अनन्त शक्तियां, सिद्धियां प्राप्त होती हैं।

योगमार्ग के प्रति श्रद्धा, निष्ठा, भक्ति करने के लिए योगियों ने योगमार्ग की बहुत-सी शक्तियों एवं योग सिद्धियों का प्रदर्शन किया है। एक योगी ने रक्तवर्ण के त्रिकोण में अग्नि तत्त्व का ध्यान और अग्नि के बीज मंत्र "**रं**" का निरंतर जप, साथ ही प्राणायाम करके अपने कपाल को इतना अधिक तपा लिया (गरम कर लिया) कि वहां उपस्थित लोगों को उसे हाथ लगाना ही कठिन हो गया। यह राजयोग, हठयोग एवं ध्यान योग की सम्मिलित क्रिया थी।

मंत्रयोग में भक्तियोग भी आ जाता है। मंत्र जप से भी आंतरिक सूक्ष्म प्रकाश अर्थात् आत्म तत्त्व का साक्षात्कार किया जा सकता है अर्थात् श्रुति को जाग्रत किया जा सकता है। नाद अनुसंधान योग, स्वर विज्ञान आदि के द्वारा भी अपनी श्रुति, महान ऊर्जा शक्ति को ऊर्ध्वगामिनी बनाया जा सकता है। अपने प्राणों को, श्रुति को, मूलशक्ति को ऊर्ध्वमुखी करने के लिए कुछ आवश्यक शारीरिक क्रियाओं के साथ-साथ केवल श्रद्धा, सत्य-निष्ठा, सच्चे उत्साह के साथ निरंतर ध्यान-साधना करते रहने से उस महान शक्ति (कुण्डलिनी) का जागरण संभव हो जाता है।

यदि भाग्यवश गुरुकृपा अथवा देवकृपा आदि के द्वारा उस शक्ति को जाग्रत होना है, तो वह महान शक्ति कोई-न-कोई बहाना बनाकर साधक में जाग्रत होती है और उसे अपनी विभिन्न प्रकार की उपलब्धियों, शक्तियों, विधियों और चमत्कारों से निहाल कर देती है।

जब वह दिव्य आंतरिक प्रेरणा, स्रोत रूपा प्राणशक्ति किसी साधक में विकसित होने लगती है, तो उसे कुछ भी करने की आवश्यकता नहीं होती। साधकों का कल्याण करने वाली शक्ति साधक से वह सब क्रियाएं, साधनाएं आदि स्वाभाविक ही एक के बाद एक कराती रहती है। फिर एक दिन ऐसा आता है कि साधक को पता भी नहीं लगता और वह अपनी उपासना की चरम सीमा तक पहुंच जाता है।

कुण्डलिनी का प्रशस्त मार्ग

जाग्रतावस्था में कुण्डलिनी शरीर में नीचे से ऊपर की ओर गतिशील होती है। वह ज्यों-ज्यों अपने मार्ग पर प्रशस्त होती है, उसके मार्ग में पड़ने वाले तत्त्वों का लय हो जाता है। सर्वप्रथम मूलाधार चक्र में अवस्थित ब्रह्मा, डाकिनी शक्ति और अन्य देवता, घ्राणेंद्रिय तथा पंखुड़ियों के चारों वर्ण पृथ्वी बीज **लं** में गंधतत्त्व सहित लय होकर कुण्डलिनी के शरीर में लीन हो जाते हैं।

योगी साधक द्वारा ऊपर को प्रेरित की गई कुण्डलिनी जीवात्मा सहित स्वाधिष्ठान चक्र में प्रविष्ट हो जाती है। कुण्डलिनी के प्रवेश करते ही स्वाधिष्ठान की पंखुड़ियां तत्काल ऊर्ध्वमुख रूप में विकसित हो जाती हैं।

यहां विष्णु, राकिनी शक्ति और कमल में अवस्थित अन्य देवता पंखुड़ियों पर स्थित छहों वर्णों सहित लय होते हैं। ये सब और गंध तत्त्व रस में लीन हो जाते हैं। कुण्डलिनी के शरीर के कारण रूप से स्थित पृथ्वी बीज **लं**, वरुण बीज **वं** में लय हो जाता है। तदनंतर वरुण बीज **वं** भी कुण्डलिनी के साथ सशरीर हो जाता है।

तदुपरान्त योगी साधक के मूल मंत्र द्वारा कुण्डलिनी और भी ऊपर चढ़कर, जीवात्मा और रस तन्मात्रा के साथ तीसरे चक्र मणिपूर में प्रवेश करती है। इस स्थान पर रुद्र, लाकिनी शक्ति और चक्र में अवस्थित अन्य देवता, दस दलों पर स्थित दसों वर्ण तथा रस-तन्मात्रा इन सबका रूप में लय हो जाता है।

कुण्डलिनी के शरीर में कारण-रूप से स्थित वरुण बीज वं तेजस बीज **रं** में लय हो जाता है। तत्पश्चात् **रं** बीज भी कुण्डलिनी के शरीर में लीन हो जाता है। इसके बाद योगी द्वारा मूल मंत्र की सहायता से कुण्डलिनी का जीवात्मा सहित अनाहत चक्र में प्रवेश होता है। योगी साधक को यहां कठिनाई का सामना करना पड़ता है, क्योंकि तीसरे चक्र

मणिपूर और चौथे चक्र अनाहत के बीच में एक बड़ी कठिन गांठ है, जिसका नाम ब्रह्मग्रंथि है।

इस ब्रह्मग्रंथि का भेदन करते समय साधक साधारणतया आंत्रादि कष्ट से पीड़ित हो जाया करता है, उसका स्वास्थ्य भी खराब हो जाता है, किन्तु इस पीड़ा से साधक को घबराकर ध्यान-साधना से मुक्त नहीं होना चाहिए, बल्कि अपने निश्चय पर अडिग रहना चाहिए।

ब्रह्मग्रंथि का भेदन करना तब तक संभव नहीं होता, जब तक साधक इन कठिन क्षणों पर पूर्णतया विजय नहीं पा लेता और एक वीर सैनिक की भांति कुण्डलिनी मार्ग के समस्त विघ्नों को दूर नहीं कर देता।

जीवात्मा सहित जब कुण्डलिनी अनाहत चक्र में पहुंचती है, तब ईश्वर, काकिनी शक्ति और कमल में अवस्थित अन्य देवताओं तथा इसकी पंखुड़ियों पर स्थित बारहों वर्ण स्पर्श तन्मात्रा में लय होने लगते हैं। कुण्डलिनी के शरीर में स्थित रूप तन्मात्रा और वह्नि बीज, वायु बीज "**यं**" में लय हो जाता है जो कुण्डलिनी के शरीर में लीन होता है। अब कुण्डलिनी एक दूसरी कठिन ग्रंथि का भेदन करती है। इसका नाम विष्णुग्रंथि है। इस ग्रंथि का भेदन कर कुण्डलिनी पांचवें चक्र विशुद्ध की ओर अपने मार्ग पर अग्रसर होती है।

कुण्डलिनी के विशुद्ध चक्र में पहुंचने पर सदाशिव, शाकिनी शक्ति और चक्र के अन्य अधिष्ठात्र देवता तथा पंखुड़ियों पर स्थित सोलहों वर्ण व्योम तत्त्व एवं शब्द तन्मात्रा में लय हो जाती है। कुण्डलिनी के शरीर में स्थित वायु बीज यं वागंद्रिय और तन्मात्रा सहित आकाश बीज हं में लय हो जाता है, जो फिर कुण्डलिनी में लीन हो जाता है।

इसके पश्चात् योगी साधक द्वारा मंत्र योग की सहायता से कुण्डलिनी छठे चक्र आज्ञा की ओर चढ़ती (बढ़ती) है। यहां पर शिव, हाकिनी शक्ति और चक्र में अवस्थित अन्य तत्त्व आकाश बीज हं तथा तन्मात्रा सहित अहंकार तत्त्व में लय हो जाते हैं, ज़ो स्वयं कुण्डलिनी के शरीर में लीन होता है।

तदनन्तर कुण्डलिनी तीसरी तथा अंतिम ग्रंथि का भेदन करने के लिए बढ़ती है। इस ग्रंथि का नाम रुद्रग्रंथि है। उपर्युक्त तीनों ग्रंथियों में सबसे कठिन ग्रंथि यही मानी जाती है। रुद्रग्रंथि का भेदन हो जाने पर कुण्डलिनी स्वतः सहस्त्रार चक्र में प्रवेश कर जाती है। वहां यह परम शिव से लिपटकर एकाकार हो जाती है। कुण्डलिनी की परावस्था महाकुण्डलिनी सहस्त्रों सूर्यवत् दीप्तिमान साथ ही सहस्त्रों चंद्रवत् शीतल एवं निरंतर अमृतवर्षी प्रणव के रूप में उद्घाटित होती है।

सप्तचक्रों से प्रभावित साधक

कुण्डलिनी जागरण योग भी परम सिद्धि है। किन्तु इसे प्राप्त करने का मार्ग सरल नहीं है। वस्तुतः निष्ठावान साधक श्रद्धा, विश्वास, धैर्य से इसे जाग्रत कर सकते हैं। प्रत्येक चेतन व्यक्ति किसी-न-किसी चक्र से अवश्य प्रभावित रहते हैं। जैसे—

मूलाधार चक्र—इस चक्र से प्रभावित व्यक्ति अपनी असुरक्षा की भावना से ग्रस्त रहते हैं।

स्वाधिष्ठान चक्र—इस चक्र से प्रभावित व्यक्ति कला, साहित्य के प्रेमी, राजा, सम्राट अथवा वीर होते हैं।

मणिपूर चक्र—इस चक्र से प्रभावित साधक अपने कर्त्तव्य का पालन करने वाले, दानी, परोपकारी तथा धर्म-अधर्म को समझने वाले होते हैं।

अनाहत चक्र—इस चक्र से प्रभावित साधक कलाकार, गायक, संत अथवा कवि होते हैं।

विशुद्ध—इस चक्र से प्रभावित साधक श्रेष्ठ बुद्धि वाला तथा अपने मनोभावों पर कठोर नियंत्रण करने वाला होता है।

आज्ञा चक्र—इस चक्र से प्रभावित साधक राजयोगी एवं स्थित प्रज्ञ होते हैं।

सहस्त्रार चक्र—इस चक्र से प्रभावित साधक ईश्वर के साक्षात् दर्शन कर सकता है तथा अमरत्व को भी सहज ही प्राप्त कर लेता है।

चक्रों का ध्यान-पूजन

मूलाधार चक्र—इस चक्र में पार्थिव रश्मियों से आवृत श्री भगवती का पूजन करें (जो साधक यह पूजन-ध्यान करता है, वह सौभाग्यशाली होता है तथा भगवती की कृपा का पात्र बनता है)।

स्वाधिष्ठान चक्र—तेजस रश्मियों से आवृत श्रीचक्र का लिंग देश स्थित स्वाधिष्ठान पर पूजन करें।

मणिपूरक चक्र—नाभि में स्थित मणिपूर चक्र के मध्यस्थ, जल रश्मियों से आवृत श्रीचक्र का पूजन करें।

अनाहत चक्र—हृदय रूपी कमल पर विराजमान अनाहत में स्थित वायु रश्मियों से स्थित श्रीचक्र का पूजन करें।

विशुद्ध चक्र—समाहित-चित्त होकर विशुद्ध चक्र पर विराजमान आकांक्षाशुओं से आवृत श्रीचक्र का सवार्थ-सिद्धि के लिए पूजन करें।

आज्ञा चक्र—इस चक्र पर विराजमान तथा मानसांशुओं से आवृत श्रीचक्र का पूजन करें (यह ध्यान-पूजन सौभाग्य सिद्धि के लिए अवश्य किया जाना चाहिए)।

सहस्त्रार चक्र—कपाल पर स्थित ब्रह्मरन्ध्र में विराजमान, सर्व रश्मियों से आवृत सहस्त्रार में जगत की विधाता शक्ति का पूजन करें।



सप्तवारों में सप्तचक्रों का ध्यान-पूजन

रविवार के दिन मूलाधार चक्र, सोमवार के दिन मणिपूर चक्र, मंगलवार के दिन स्वाधिष्ठान चक्र, बुधवार के दिन अनाहत चक्र, गुरुवार (बृहस्पतिवार) को विशुद्ध चक्र, शुक्रवार के दिन आज्ञा चक्र और शनिवार के दिन सहस्त्रार चक्र पर ध्यान एवं पूजन करना चाहिए। ऐसा करने से परम सिद्धि होती है तथा साधक अजेय बनता है।

कुण्डलिनी जाग्रति का स्थान और उसका प्रभाव

जिस प्रकार भूगोल-वेत्ताओं ने भौतिक सरंचना के आधार पर पृथ्वी को विभिन्न क्षेत्रों में विभक्त करके प्रत्येक क्षेत्र की जलवायु, उपज और स्थानगत विशेषता की विवेचना की है, उसी प्रकार अध्यात्म के क्षेत्र में मनीषियों ने प्रत्येक कार्य के लिए अनुकूल-प्रतिकूल स्थान का निर्देश दिया है।

एक अनपढ़, गंवार आदमी भी यह जानता है कि नदी-तट पर, बालू में ईख या गेहूं की खेती नहीं की जा सकती और न वहां धान बोने से ही कोई लाभ होगा। वह प्रत्येक फसल, वनस्पति के लिए तदनुकूल भूमि और जलवायु की खोज करती है। ठीक यही नियम जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी कार्यशील रहता है।

पूजन, चिंतन, जप-तप, भोजन, शयन, राग-रंग, युद्ध और समाधि—ये सब तभी अनुकूल प्रभाव देते हैं, जब इसके लिए वांछित स्थान और परिवेश का चयन किया गया हो। जैसे, भोजन वही हो, फिर भी यदि कोई व्यक्ति वह थाली लेकर चौके, मंदिर, खेत, घर, मैदान, श्मशान, भीड़, वधभूमि अथवा किसी सवारी पर बैठकर भोजन करे, तो यह निश्चित है कि स्थान और वातावरण के भेद से वही भोजन उसे प्रत्येक स्थिति-स्थान में भिन्न प्रकार का प्रतीत होगा। स्वाद, रुचि, संतुष्टि—तीनों में वह स्थानगत प्रभाव का अंतर अनुभव करेगा।

स्थानगत प्रभाव की ऐसी ही सूक्ष्म प्रतिक्रियाओं को दृष्टिगत रखते हुए, योग एवं अध्यात्म साधना के मर्मज्ञों, मनीषियों और शास्त्रकारों ने अनुकूल और प्रतिकूल स्थानों की विशद् विवेचना की है। उनके निर्देशानुसार गुरु दीक्षा तक प्राप्त करने के लिए भी स्थान की अनुकूलता आवश्यक रहती है। वर्जित अथवा त्याज्य स्थान में ली गई दीक्षा और की गई ध्यान-साधना निष्फल होती है। यही नहीं, कभी-कभी तो स्थान का दुष्प्रभाव योग साधक के लिए प्राण-संकट उत्पन्न कर देता है। अतः प्रत्येक कार्य में स्थान-चयन को भी वरीयता देनी चाहिए।

अनुकूल स्थान

गुरु से दीक्षा प्राप्त करने के लिए सर्वश्रेष्ठ स्थान तो कोई तीर्थ ही होता है, किन्तु यदि वैसा संभव न हो तो भी यथा-साध्य किसी शुभ, पवित्र, शांत और निर्विघ्न स्थान का ही चयन करना चाहिए।

सामान्यतः दीक्षा-प्राप्ति के लिए तीर्थ स्थान का कोई उत्तम पवित्र स्थल, देव-मंदिर, सरिता-तट या कोई सुरम्य, रमणीक और प्राकृतिक दृष्टि से संपन्न, सात्त्विक वातावरण वाला स्थल, तपोभूमि, गुरु का निवास स्थान अथवा आध्यात्मिक दृष्टि से अन्य कोई महत्त्वपूर्ण स्थान उत्तम होता है। जहां भी दीक्षा ग्रहण की जाए, उस स्थान को झाड़-पोंछकर, लीप-पोतकर स्वच्छता और शुचिता का वातावरण बना लेना चाहिए।

दीक्षा-प्राप्ति के पश्चात् साधना के लिए भी स्थान को महत्त्वपूर्ण कहा गया है। जहां भी पाएं, बैठकर जप-तप अथवा योग की ध्यान-साधना में लग जाएं, यह उचित नहीं। कार्य-विशेष, साधना-विशेष और समय के आधार पर भिन्न-भिन्न क्षेत्रों (स्थानों) को उपयोगी बताया गया है। किन्हीं विशेष कृत्यों (अभिचार आदि) के लिए तो श्मशान, वध-भूमि और जन मार्ग को ही साधना के लिए प्रभावकारी माना जाता है, किन्तु शांति-पुष्टि के कार्यों के निमित्त, भौतिक समस्याओं के समाधान हेतु तथा कुण्डलिनी को जाग्रत करने के लिए, ध्यानादि हेतु शुद्ध-पवित्र स्थलों को ही उपयुक्त माना गया है। इस संबंध में ऋषिजनों का निर्देश इस प्रकार है—

योग साधना और कुण्डलिनी-जागरण-ध्यान के लिए पर्वतीय क्षेत्र, घाटी या तराई, गुफा, वन, फुलवाड़ी, संगम-तट, तीर्थ स्थान, सिद्धपीठ, बेल-वृक्ष की छाया, तुलसी वाटिका, पीपल अथवा आंवले की छाया, देवालय, गो-सदन और तपोभूमि जैसे स्थान विशेष हितकर होते हैं। वस्तुतः यह स्थान-चयन पूर्णतया वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित हैं।



बाहरी और भीतरी अनुकूलता से साध्य की प्राप्ति जल्दी होती है। इस विषय में कि साधक कैसे बाह्य प्रतिकूलताओं को अनुकूल बनाए, धर्मग्रंथों में कई साधन बताए गए हैं

निषिद्ध स्थान

जैसा कि पहले लिखा जा चुका है, अपने वातावरणीय-दुष्प्रभाव के कारण कुछ स्थान सात्त्विक कार्यों के लिए वर्जित माने गए हैं, कारण कि वे शुभ फलदायक नहीं होते। यहां तक कि ऐसे अशुभ स्थानों में दीक्षा प्राप्त करने अथवा वहां कोई साधना करने में सफलता तो दूर रही, साधक के लिए अनेक प्रकार की बाधाएं शत्रुवत् आ खड़ी होती हैं। इन बाधाओं का रूप कभी-कभी मृत्यु जैसा मारक भी हो जाता है। अत: दीक्षा लेने अथवा जप-तप, पूजा-पाठ, ध्यान-साधना जैसे कार्यों के लिए उचित और शास्त्र-सम्मत स्थान ही ग्राह्य होता है, वर्जित स्थानों का उपयोग भूलकर भी नहीं करना चाहिए।

वर्जित स्थानों में विशेष रूप से कन्या-गृह (पुत्री की ससुराल), विरजा-तीर्थ, चंद्र-पर्वत, सूर्य क्षेत्र, मातंग देश, भट्ट-ग्राम, गया-धाम आदि की गणना होती है। स्थानीयता की दृष्टिकोण से साधक को चाहिए कि वह गंदे, मल-मूत्र विसर्जित किए जाने वाले, कूड़ा-करकट इकट्ठा किए गए, भीड़-भाड़ वाले, हिंसक पशुओं के निकट, शत्रु के प्रभाव-अधिकार वाले स्थानों में ध्यान-योगादि की कोई साधना न करें। कारण कि वहां विघ्न की आशंका प्रति क्षण रहती है। इसी प्रकार मरघट, बलि-स्थान, पशुमंडी, पशुओं की वध-भूमि, चोर-डाकुओं का विश्राम-स्थल, अपराधी जनों का कार्यक्षेत्र, जहां कभी कोई हत्या-अनाचार जैसा पातक कर्म हुआ हो, आदि स्थान भी योग साधना के निमित्त वर्जित माने गए हैं।

शिष्य/गुरु के अनिवार्य गुण

जिस प्रकार कोई द्रव पदार्थ (तरल वस्तु) रखने के लिए गहरे पात्र की आवश्यकता होती है (उसे तश्तरी या प्लेट में नहीं रखा जा सकता), उसी प्रकार सामान्य जीवनचर्या की अपेक्षा आध्यात्मिकचर्या (ध्यान, साधना) के लिए कुछ विशिष्ट गुणों का होना अनिवार्य माना गया है। ये गुण शास्त्रों में इस प्रकार बताए गए हैं—

साधक को शीलवान, गुणज्ञ, निश्छल, श्रद्धालु, धैर्यवान, स्वस्थ, कार्य सक्षम, बुद्धिमान, सच्चरित्र, इन्द्रिय-संयमी और कुल-प्रतिष्ठा का पोषक होना चाहिए। इन लक्षणों से रहित व्यक्ति साधना नहीं कर सकता।

शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ, समर्थ और संयमशील होना, योग साधना में सफलता प्राप्ति के लिए पहली शर्त है। ऐसे ही व्यक्ति साधना के अधिकारी होते हैं और उन्हें दीक्षा देने वाले गुरु का श्रम सार्थक है।

अधिकांश गुरु जो ऊपर वर्णित गुरुओं की श्रेणी में आते हैं, किसी को दीक्षा देने के पूर्व उसके सम्बंध में इन गुणों की, उसकी पात्रता की परख कर लेते हैं। चूंकि वे वीतराग और निर्लोभ होते हैं, अत: शिष्य का चुनाव करते समय उसकी आध्यात्मिक पात्रता को परखते हैं, उसकी भौतिक धन-संपत्ति से उन्हें कोई मतलब नहीं होता।

मनोविज्ञान द्वारा व्यक्ति के जीवन में उसके दूरगामी प्रभावों की विवेचना करते हुए, निष्कर्ष रूप में शास्त्रकारों ने प्रतिपादित किया है कि अयोग्य (दुर्गुणों से युक्त) व्यक्ति न तो गुरु से दीक्षा पाने का अधिकारी है और न वह दीक्षित होने पर ध्यान-साधना के क्षेत्र में कोई उपलब्धि ही कर पाता है। कुण्डलिनी का जागरण वह नहीं कर सकता, बल्कि ऐसे व्यक्ति का योग के प्रथम चक्र तक पहुंचना भी कठिन है।

संभवत: यही कारण है कि प्राय: संत, महात्मा हर किसी को अपना शिष्य नहीं बना लेते। कुपात्र जनों को दिया जाने वाला ज्ञानोपदेश, आध्यात्मिक संकेत, साधना परामर्श और तंत्र-मंत्र दीक्षा आदि सब निरर्थक होते हैं।

गुरु-शिष्य के बीच पारस्परिक सम्बंध बहुत शुचिता और परख के आधार पर स्थापित होने चाहिए, तभी उनमें स्थायित्व आ पाता है। इसलिए गुरुजनों को भी निर्दिष्ट किया गया है कि वे किसी को शिष्य बनाने, उसे दीक्षा देने के पूर्व उसकी पात्रता को भली प्रकार परख लें। ऋषियों का कथन है—

मंत्री द्वारा किए गए दुष्कृत्य का पातक राजा को लगता है और सेवक द्वारा किए गए पाप का भागी स्वामी बनता है। स्वयं-कृत पाप अपने को और शिष्य द्वारा किए गए दुष्कृत्य का पाप गुरु को लगता है। दीक्षा और साधना के लिए अयोग्य व्यक्तियों के लक्षणों को मनीषियों ने इस प्रकार स्पष्ट किया है—

ऐसा व्यक्ति, जो अपराधी मनोवृत्ति का हो अथवा क्रूर, पापी, हिंसक हो, वह न तो दीक्षा पाने का अधिकारी है और न वह कुण्डलिनी योग साधना में ही सफल हो सकता है। कारण कि उसकी तामसिक मनोवृत्ति उसे सदैव अस्थिर और असंतुलित बनाए रखती है। इसी प्रकार बकवादी, कुतर्क करने वाला, मिथ्याभाषी, अहंकार-ग्रस्त, लोभी, लम्पट, विषयी, चोर, दुर्व्यसनी, परस्त्रीगामी, मूर्ख, जड़-बुद्धि, क्रोधी, द्वेषालु, ईर्ष्या अथवा अतिमोह से ग्रस्त, शास्त्र-निंदक, आस्थाहीन, दुराचारी, वंचक, पाखण्डी और रोग-विकलांगता से व्यथित व्यक्ति भी न तो गुरु दीक्षा पाने योग्य होता है और न कुण्डलिनी योग साधना करने के योग्य। ऐसे व्यक्ति का हर कार्य मात्र एक ढकोसला होता है।

श्री गुरु उपासना

समस्त योग, ध्यान-साधना का मंगल प्रस्थान श्री गुरु की उपासना से ही आरंभ होता है। ''गुरु बिन ज्ञान नहीं'', वाली उक्ति वस्तुतः सत्य है। प्रत्येक प्रकार का ज्ञान गुरु द्वारा ही प्राप्त होता है। यह बात कुण्डलिनी जागरण के क्षेत्र में और भी अधिक महत्त्व रखती है, क्योंकि इस क्षेत्र में अनेक रहस्यों को गुप्त रखने के लिए पद-पद पर शास्त्रकारों ने आदेश दिए हैं।

इनके साथ ही कुण्डलिनी योग साधना में ज्ञान के साथ-साथ कर्म को भी उतना ही महत्त्व दिया गया है। जिस प्रकार कोई पक्षी आकाश में एक पंख से नहीं उड़ सकता, उसी प्रकार केवल ज्ञान अथवा केवल कर्म से इस मार्ग में सफलता या सिद्धि नहीं मिलती है।

उभाभ्यामेव पक्षाभ्यां पक्षिणः खे यथागतिः।
तथैव ज्ञान-कर्माभ्यां साधनायां सदागतिः॥

ज्ञान तो हमें ग्रंथों, पुस्तकों से भी कुछ अंशों में मिल जाता है, किन्तु कर्म-क्रिया की पद्धति तो गुरु से ही प्राप्त होती है।

एक और महत्त्वपूर्ण बात यह है कि गुरु द्वारा मिले हुए मार्ग-दर्शन से एक निश्चित संरक्षण मिल जाता है। उसमें शंकाओं को कोई अवकाश नहीं रहता। शास्त्रों में गुरु की महिमा बतलाते हुए कहा गया है—

गुरुपाद-विहीना ये, ते नश्यन्ति ममाज्ञया।
गुरुर्मूलं हि मन्त्राणां, गुरुर्मूलं परं तपः॥
गुरौः प्रसादमात्रेण, सिद्धिरेव न संशयः।
अहं गुरु रहं देवो, मन्त्रार्थोऽस्मिन्न संशयः॥

भगवती भैरवी ने यहां स्वयं कहा है, ''गुरु सेवा से विहीन मेरी आज्ञा से नष्ट हो जाते हैं। समस्त मंत्रों का मूल गुरु ही है। गुरु ही परम तप है। गुरु की केवल प्रसन्नता से ही अवश्य सिद्धि होती है, इसमें संशय नहीं है। मैं भैरवी ही गुरु हूं और मैं ही मंत्रार्थ हूं।''

उपरोक्त कथन से यह स्पष्ट होता है कि उपास्य देव और गुरु दोनों में समान श्रद्धा रहने पर ही उपासना (साधना) फलवती होती है।

गुरु की कृपा से शक्ति प्रसन्न होती है और शक्ति की प्रसन्नता से मोक्ष होता है। कभी भी गुरु की आज्ञा का उल्लंघन नहीं करना चाहिए तथा अहर्निश दास की तरह उनकी आज्ञा माननी चाहिए। इतना ही नहीं, गुरु की पादुका, आसन, वस्त्र, शय्या एवं भूषणादि देखकर भी उन्हें प्रणाम करना चाहिए।

गुरु प्रणाम के लिए कतिपय नियमों का निर्देश भी यहां किया गया है, जिसमें बतलाया गया है कि सदा पादुका-मंत्र का स्मरण करते रहें। जब गुरु और शिष्य एक स्थान अथवा एक ग्राम में रहते हों तो शिष्य को प्रतिदिन गुरु के पास जाकर उन्हें प्रणाम करना चाहिए।

सात योजन तक के विस्तार में यदि गुरु रहते हों, तो मास में एक बार उनके दर्शन अवश्य कर आना चाहिए। गुरु जिस दिशा में रहते हों, उस दिशा में भक्तिपूर्वक प्रणाम करें। कभी उनके साथ एक आसन पर न बैठें। अंत में कहा गया है—

गुरुभक्त्या च शक्रत्वमभक्त्या शूकरो भवेत्।
गुरुभक्तेः परं नास्ति भक्तिशास्त्रेषु सर्वतः॥

श्री गुरु उपासना के प्रकार

कुण्डलिनी योग साधना के प्रत्येक अनुयायी के लिए गुरु-स्मरण का बड़ा महत्त्व है। अतः प्रातःकाल में निद्रा का त्याग करते ही हाथ, पैर और मुखादि का प्रक्षालन करके पवित्रतापूर्वक सहस्रार में गुरु, परमगुरु और परमेष्ठी गुरु का गुरुपदेशानुसार पादुका-मंत्र का जप करके स्मरण करना चाहिए। रुद्रयामल तंत्र के अनुसार स्मरण योग्य पद्य इस प्रकार है—

शिरःस्थितसुपंकजे तरुण-कोटि-चन्द्रप्रभं,
वराभय-करांबुजं सकल-देवतारूपिणम्।
भजामि वरदं गुरुं किरण-चारु-शोभाकुलम्,
प्रकाशित-पदद्वयाम्बुज-लसत्क-कोटिप्रभम्॥
जगद्भय-निवारणं भुवन-भोग-मोक्षप्रदं,
गुरो पदयुगाम्बुजं जयति यत्र योगे जयम्।
भजामि परमं गुरुं नयन-पद्म-मध्यस्थितम्,
भवाब्धि-भयनाशनं शमन योग कायक्षमय्॥
प्रकाशित-सुपंकजे मृदुल-षोडशाख्ये प्रभुं,
परापर गुरं भजे सकल-बाह्यभोगप्रदम्।
विशाल नयनाम्बुज-द्वय-तडित्प्रभा मण्डलं,
कडार-मणिपाटलप्रभ-समुल्लसद् बिन्दुकम्॥
चलाचल कलेवरं प्रचपले दले द्वादशे,
महौज समुमापतेर्विगतदक्षभागे हृदि,
भजामि परमेष्ठिनं गुरुमतीव वारोज्ज्वलम्॥

गुरु मंत्र के संबंध में कहा गया है कि "ओम् ऐं नाम" (मंत्रदाता गुरु का जो नाम हो, उसके साथ चतुर्थी विभक्ति का एक वचन लगाकर बोलें) आनन्दनाथाय गुरवे नमः ओम्, इस प्रकार लघु मंत्र का जप किया जाए अथवा "गुरु पादुका-मंत्र" जो उसे उपदेश प्राप्त हुआ हो, उसका जप करें। गुरु स्तोत्र का पाठ करें।

गुरुभक्तेः परं नास्ति भक्तिशास्त्रेषु सर्वतः।
गुरुपूजां बिना नाथ कोटिपुण्यं वृथा भवेत्॥

अर्थात् संपूर्ण भक्ति शास्त्रों में गुरु की भक्ति से बढ़कर कोई दूसरी भक्ति नहीं है। इसलिए हे नाथ! गुरु की पूजा किए बिना करोड़ों पुण्य भी व्यर्थ हो जाते हैं।

गुरु पूजा एक तो नित्य होती है और एक ''गुरु जयंती'' आषाढ़ शुक्ला पूर्णिमा अर्थात् गुरु पूर्णिमा को होती है। नित्य पूजा में स्मरण तथा चित्र पूजा होती है, किन्तु गुरु पूर्णिमा को विशेषत: यदि गुरु विद्यमान हों तो ''साक्षात् पूजा'' और न हों तो ''विशेष पूजा'' करनी चाहिए। यह तांत्रिक संप्रदाय के अनुसार सशक्ति गुरु की पूजा होती है।

शक्ति (गुरु पत्नी) के अभाव में ज्ञान-शक्ति का स्मरण-पूजन होता है। विशेष पूजा में गुरु मण्डलार्चन का आगमिक विधान है। आगम रहस्य में ''गुरु-पूजन पंचांग'' का संकलन करते हुए वहां ''गुरु-ध्यान, मंत्र, पटल, गायत्री, प्रार्थनास्तोत्र, कवच, पूजन-पद्धति'' आदि का निर्देश किया गया है। अत: विशेष जानने और कर्म करने के इच्छुक मूल-पाठ वहीं से प्राप्त करें।

गुरु-पूजा विधान

गुरु यंत्र का स्वरूप इस प्रकार बतलाया गया है—

बिन्दु-त्रिकोणं वसुकोण-विम्बं, वृत्ताष्टपत्रं शिखिवृत्तयुक्तम्।
धरागृहं वह्नितुरीभिराढ्यं यन्त्रं गुरोर्देवि मया प्रदिष्टम्॥

इसके अनुसार बिन्दु, त्रिकोण, अष्टकोण, अष्टदल तथा भूपुर से यह यंत्र बनता है।



इस यंत्र को सिंदूर, कुंकुम अथवा चंदन से भूर्जपत्र अथवा चंदन के पट्टे पर बनाकर पहले प्रतिष्ठा करें। तदनन्तर शक्ति सहित श्री गुरु की बिन्दु में स्थापना और पूजा करें। चारों द्वारों पर ''गणेश, धर्म, वरुण, कुबेर'' की पूजा करें।

अष्टदल में असितांग, रुद्र, चण्ड, क्रोध, उन्मत्त, कपाल, भीषण और संहार भैरव की पूजा करें।

अष्टकोण में परमानन्द, प्रकाशानन्दनाथ, भोगानन्दनाथ, समयानन्दनाथ, गगनानन्दनाथ, विश्वनन्दनाथ, भुवनानन्दनाथ तथा स्वात्मानन्दनाथ रूप अष्ट कुलगुरुओं की पूजा करें।

त्रिकोण में मदनानन्दनाथ, लीलानन्दनाथ तथा महेश्वरानन्दनाथ की पूजा करें।

बिन्दु में पुनः गुरु और उनके ऊपर वाले भाग में परमगुरु, परात्पर गुरु और परमेष्ठि गुरु की भक्तिपूर्वक षोडशोपचार पूजा करें।

गुरु गायत्री—''ॐ वेदादिगुरुदेवाय विद्महे, परमगुरवे धीमहि, तन्नो गुरुः प्रचोदयात्।'' के द्वारा भी यह पूजा विधान सम्पन्न किया जा सकता है।

इस प्रकार यंत्र पूजा करके किसी एक गुरु मंत्र का जप करना चाहिए। सर्व साधारण में यह भी परंपरा प्रचलित है कि गुरुजी के द्वारा जो मंत्र प्राप्त होता है, वह चाहे किसी देव विशेष का हो, उसी को गुरु मंत्र समझ लेना चाहिए। किन्तु हमारे विचार से यह उचित नहीं है। हमारे मत से गुरु मंत्र दाता गुरु का स्वतंत्र मंत्र होता है। जैसा कि हमने ऊपर बताया कि उसी का जप करना चाहिए। वैसे प्रत्येक देवता के मंत्र की दीक्षा लेने वाले गुरु के लिए ''गुरु पादुका-मंत्र'' के जप तथा उस मंत्र के द्रष्टा गुरु की पादुका के मंत्र का भी जप किया जाता है, यह शास्त्रोक्त विधान है। रुद्रयामल के उत्तरतंत्र के प्रथम अध्याय में यह विषय विस्तार से लिखा है। गुरु कृपा करने के लिए गुरु का हृदय में निवास तथा विवेक, विमर्श और प्रकाश की नितांत आवश्यकता है। अतः निम्नलिखित स्तोत्र का पाठ अवश्य किया जाना चाहिए—

नमस्ते नाथ भगवन्! शिवाय गुरुरूपिणे।
विद्यावतार संसिद्ध्यै स्वीकृतानेक-विग्रह॥
नवाय नवरूपाय परमार्थैक रूपिणे।
सर्वाज्ञान-तमोभेदभानवे चिद्घनाय ते॥
स्वतन्त्राय दयाक्लृप्त-विग्रहाय परात्मने।
परतन्त्राय भक्तानां भव्यानां भव्यरूपिणे॥
विवेकिनां विवेकाय विमर्शाय विमर्शिणाम्।
प्रकाशिनां प्रकाशाय ज्ञाननिनां ज्ञानरूपिणे॥
पुरस्तात् पार्श्वयोः पृष्ठे नमस्यकुर्यामुपर्यधः।
सदा मच्चित्तरूपेण विधेहि भवदासनम्॥

गुरु पादुका का मंत्र जप करने के पश्चात् सहस्रदल पद्म में मृगी मुद्रा से जप करने का आदेश है। अतः इस ओर सावधान रहते हुए गुरु-स्मरण किया जाए, तो कुण्डलिनी पर ध्यान का फल शीघ्र ही प्राप्त होता है। ❑❑

नि:श्वास : सत्रह

शारीरिक चक्र और उनकी साधना

जब बात कुण्डलिनी की आती है, तो सहज ही इससे सम्बद्ध शारीरिक षट्चक्र और अन्य चक्रों का विचार हो जाता है। तंत्र-ग्रंथों में षट्चक्र और उनके भेदन की महत्ता दिखाकर कहा गया है—

षट्चक्र प्रीतिर्यस्य साधनचेतसः।
संसारे वा वने वाऽपि स सिद्धो भवति ध्रुवम्॥

अति प्रसिद्ध षट्चक्र क्रमशः—मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपूर, अनाहत, विशुद्ध, आज्ञा चक्र हैं। रुद्रयामल तंत्र में उनके दलों के आधार पर भी निम्न विवरण दिया गया है—

मूलाधार के चार दलों में क्रमशः—भूमि, स्वर्ग, तुलाचक्र एवं वारिचक्र भी स्थित है तथा इनमें स्थित वर्णों के जप से इन्हीं में विद्यमान अनेक ग्रंथियों के भेदन का भी संकेत दिया है। प्रत्येक चक्र का वर्णन और उसमें जप की विशिष्ट फलप्रदता भी यहां अति विस्तृत है।

''षट्चक्र फलोदय'' में छहों चक्रों की स्थिति, आकृति, उनके देवता, वर्ण और उनके ध्यान का विषय व्यक्त किया गया है। इन सबके वर्णन में कुण्डलिनी को नहीं भुलाया गया है, अपितु साथ-ही-साथ उसके संबंध में भी उपयोगी निर्देश किए हैं।

छहों चक्रों में विराजमान देव और उनकी योगिनियों का यहां (ग्रंथ में) विस्तार से वर्णन किया गया है। ये योगिनियां शाकिनी, काकिनी, लाकिनी, राकिनी, डाकिनी और हाकिनी हैं। इसी प्रसंग से योग-साधना करने का काल यज्ञोपवीत- संस्कार के साथ माना गया है—

प्राप्ते यज्ञोपवीत यः श्रीधरो ब्राह्मणोत्तमः।
योगाभ्यासं सदा कुर्यात् स भवेद् योगिवल्लभः॥

क्रमशः साधना करते हुए भक्षण-नियम, अभक्षण-त्याग, पयोभक्षण, आसन, कालनिर्णय जैसी महत्त्वपूर्ण बातों का ध्यान तथा करने योग्य यौगिक कर्मों का निर्देश रुद्रयामल तंत्र में दिया गया है। ब्रह्मचर्य का वास्तविक पालन बाल्यकाल से ही किया जाए तो वह अग्रिम काल में सुसाध्य बन जाता है, क्योंकि कामादि-संहरण के बिना योग भी कैसे किया जा सकता है?

षट्चक्रों की भाव-सिद्धि के लिए वायु के द्वारा ही यजन किया जाता है। मूलाधार से आज्ञा तक के चक्रों की भावना यहां निर्दिष्ट है। ब्रह्मा, विष्णु और महेश प्राणायाम से ऊपर उठकर योग में विघ्न करते हैं, किन्तु कुम्भक द्वारा अवरुद्ध हो जाने पर तत्काल सिद्धि प्रदान करते हैं।

प्रणव के तीन वर्ण ''अ-उ-म्'' क्रमशः योग पूरक, योग कुम्भक और योग रेचक के आधार हैं। इन्हीं से ''सोऽहम्'' तथा ''हंस'' मंत्र बनते हैं।

यह सर्वविदित है कि हमारे श्वास-प्रश्वास से रात-दिन एक महामंत्र का जप चलता रहता है। उसको शास्त्रकारों ने ''हंस-मंत्र'' अथवा ''हंस-गायत्री'' कहा है, जिसमें ''सोऽहम्-हंस'' का स्वरूप निहित है। इसी सोऽहम् जप को अजपागायत्री कहते हैं। हमें इसका ज्ञान न होने से, हम इसके तत्त्व का साक्षात्कार नहीं कर पाते, किन्तु सिद्धजन इसी अजपाजप से मुक्ति द्वार उद्घाटित करते हैं। यही सोऽहम् जब वाणी का रूप धारण करता है, तो ''स'' और ''ह'' का लोप होकर ''ओम्'' बन जाता है। अत: ओम् का निरंतर जप करते रहने से सभी सिद्धियां सहज ही प्राप्त हो जाती हैं।

''सोऽहम्'' तथा ''हंस'' मंत्र बनते हैं। इन्हीं मंत्रों से बना ''बृहद् हंस-मंत्र'' भी निम्न दिया जा रहा है—

ओम् हंस: ओम् परमपदं तर्पयामि ओम् फट्।

इस मंत्र का जप करने से षट्चक्रों का भेदन होता है। वायु-सिद्धि का भी यही मंत्र है। चक्र-भेदन के लिए भी उनके उपायों का उल्लेख मिलता है, जिनमें खान-पान का संयम, विभिन्न आसन, काल, क्रिया एवं शिव साधन भी हैं।

वस्तुत: जिस प्रकार योग के प्रकारों में हठयोग, राजयोग, मंत्रयोग और लययोग पृथक-पृथक होते हुए भी मिश्रित रूप में भी प्रयुक्त होते हैं, उसी प्रकार चक्र और उनकी साधना में भी इन सबका उभयविध प्रयोग होता है।

चक्रों में व्याप्त अंतर्नाड़ियों का स्वरूप, ध्यान और उनसे संबद्ध मंत्र बीजों का स्मरण भी यहां निर्दिष्ट है। चक्रेशीरूप योगिनियों के सहस्रनाम तो संभवत: रुद्रयामल तंत्र में ही प्रोक्त हैं, जो कि अत्यंत दुर्लभ हैं।

❑❑

नि:श्वास : अट्ठारह

कुण्डलिनी साधना के कुछ स्त्रोत

रुद्रयामल (उत्तरतंत्र) में कुण्डलिनी-प्रबोधन के लिए स्तोत्र, ध्यान, न्यास, मंत्र, कवच और सहस्त्रनाम आदि का वर्णन मिलता है। कुण्डलिनी को ही मानव की जीवनी-शक्ति भी कहा गया है। वह मृणालतंतु के समान कोमल और सूक्ष्म है।

मानव-शरीर में इड़ा, पिंगला और सुषुम्ना नाम की तीन सूक्ष्म नाड़ियां हैं, जिनके बारे में पीछे भी काफी विस्तार से बताया जा चुका है कि इड़ा का संबंध चंद्रस्वर से, पिंगला का संबंध सूर्यस्वर से है। जबकि सुषुम्ना शून्य नाड़ी है। जैसे इड़ा और पिंगला नाड़ी मूलाधार चक्र से चलकर भ्रूमध्य में होती हुई ब्रह्मरन्ध्र तक पहुंचती है। उसी प्रकार सुषुम्ना नाड़ी भी मूलाधार (उपस्थ से दो अंगुल नीचे और गुदा से दो अंगुल ऊपर) स्थान से इन तीनों नाड़ियों का संगम होता है। इसलिए उस स्थान को अंतर्जगत का प्रयाग धाम कहा जाता है।

कुण्डलिनी मूलाधार पद्म में स्थित स्वयंभूलिंग को साढ़े तीन चक्करों से आवेष्टित करके अपने मुख से सुषुम्ना-पथ को रोककर सुषुप्तावस्था में स्थित है। यह कुण्डलिनी द्विमुखी है। एक मुख से तो यह ब्रह्म द्वार को रोककर सोई रहती है और दूसरे मुख में दण्डाहत भुजंगिनी के समान मात्र श्वास-प्रश्वास का संचालन करती है। यही जीव का नि:श्वास प्रश्वास है।

योग आदि अनेक क्रियाओं द्वारा साधक इसी सुषुप्त शक्ति को जाग्रत कर सुषुम्ना पथ से ब्रह्मरन्ध्र तक पहुंचने का प्रयास करता है। इस यात्रा में कुण्डलिनी को कई ग्रंथिरूप स्थानों से गुजरना पड़ता है और यह सहस्त्रार में पहुंचकर सहस्त्रदल कमल की कर्णिका में स्थित परमानन्दमय परमात्मा के साथ एकात्म्य प्राप्त करती है तथा पुन: मूलाधार कमल में लौट आती है। यह एकात्म्य ही शिव-शक्ति का सायुज्य कहलाता है। कुण्डलिनी की एक स्तुति में कहा गया है—

मूलोन्निद्रभुजंगराज सदृशीं यान्तीं सुषम्नान्तरं।
भित्त्वाधारसमूहमाशु विलसत् सौदामिनी सन्निभाम्॥
व्योमाम्भोजगतेन्दुमण्डलगलद् दिव्यामृतौधैः पतिं।
सम्भाव्य स्वगृहागतां पुनरिमां सच्चिन्तये कुण्डलीम्॥

साधकों ने कुण्डलिनी को अनेक रूपों में व्यक्त किया है। यह मूलाधार में रहने से ''अध: कुण्डलिनी'' कहलाती है, जबकि सहस्त्रार में एक और कुण्डलिनी का आवास माना गया है, जिसे ''ऊर्ध्व कुण्डलिनी'' कहते हैं।

साधना-क्रम में सृष्टि क्रम के साधक अध: कुण्डलिनी को मूलाधार से उठाकर षट्चक्र भेदन कराते हुए उसका सहस्त्रार में ऊर्ध्व कुण्डलिनी से योग कराते हैं और संहार-क्रम के उपासक ऊर्ध्व कुण्डलिनी को सहस्त्रार से अवरोहित कराते हुए षट्चक्र भेदन पूर्वक मूलाधार में अ: कुण्डलिनी के साथ संयोग कराते हैं। गौतमीय तंत्र में कहा गया है—

मूलपद्मे कुण्डलिनी यावन्निद्रायिता प्रभो!।
तावत् किंचिन्न सिद्धयेत् मन्त्र-यन्त्रार्चनादिकम्॥
जागर्ति यदि सा देवी बहुभिः पुण्य संचयै।
तत् प्रसादमायाति मन्त्र-यन्त्रार्चनादिकम्॥

अर्थात् मूलाधार में कुण्डलिनी शक्ति जब तक सोई रहेगी, तब तक मंत्र-यंत्र एवं भजन-पूजनादि कुछ भी सिद्ध नहीं होते और जब उनके पुण्यों के प्रभाव से वह देवी जाग्रत हो जाती है, तो उसकी कृपा से मंत्र, यंत्र और भजन-पूजनादि सभी सफल हो जाते हैं।

इसलिए उत्तरोत्तर साधना में अग्रसर होने के अभिलाषी कुण्डलिनी की साधना के लिए अनेक उपाय करते हैं। जिनमें साधक विवेक, वैराग्य, षट्संपत्ति और मुमुक्षुत्व भाव से सम्पन्न होकर गुरु द्वारा निर्दिष्ट मार्ग से अनुष्ठान करता हुआ सफलता प्राप्त करता है।

जिस समय कुण्डलिनी अपने स्थान को छोड़कर उत्थित होती है तो शरीर में स्फुरण होने लगता है। जैसे-जैसे यह महाशक्ति चक्रों का भेदन करती हुई, ऊपर को बढ़ती है, वैसे ही शरीर में प्रफुल्लता एवं भारहीनता की अनुभूति बढ़ती जाती है। सहस्रार में कुण्डलिनी के पहुंचने पर निर्विकल्प समाधि की दशा में शरीर भारहीन होकर चिदानन्द की प्राप्ति कराता है। यही साधना का अंतिम लक्ष्य है।

कुण्डलिनी शक्ति का स्वरूप-वर्णन उत्तरतंत्र में इस प्रकार दिया गया है—''यह देवी शक्ति रूपा, समस्त भेदों का भेदन करने वाली तथा कलिकल्मष का नाश करके मोक्ष देने वाली है।'' इसकी उपासना के लिए स्तोत्र, ध्यान, न्यास और मंत्र का वर्णन भी वही आनंद भैरवी ने बतलाया है।

कुण्डलिनी की साधना इन उपादानों का ज्ञान मूल पद्म में मन का विलय करता है। साधक चैतन्य आनंद में तल्लीन आकाशगामिनी सिद्धि भी प्राप्त कर लेता है।

यह अमृत और आनंद रूप से मनुष्यों का पालन करती है और यह श्वास तथा उच्छ्वास कला के द्वारा शरीरस्थ पंच महाभूतों से आवृत होकर पंचप्राणरूपा हो जाती है। कुण्डलिनी परदेवता है, मूलाधार में विराजमान यह कुण्डलिनी, ''कोटिसूर्यप्रतीकाशा ज्ञानरूपा, ध्यान-ज्ञान-प्रकाशिनी, चंचला, तेजोव्याप्तकिरणा, कुण्डलाकृति, योगिज्ञेया एवं ऊर्ध्वगामिनी'', आदि महनीय स्वरूप वाली है। रुद्रयामल तंत्र में कुण्डलिनी का 11 पद्यों का एक स्तोत्र इस प्रकार दिया गया है—

आधारे परदेवता भवानताधः कुण्डली देवता,
देवतानामधिदेवता त्रिजगतामानन्दपुन्ज स्थिता।
मूलाधारनिवासिनी त्रिरमणी या ज्ञानिनी मालिनी,
सा मे मातृमनुस्थिता कुलपथानन्दैकबीजानना॥

इस स्तोत्र को प्रणव से संपुटित कर पाठ करने से सर्वविध सौख्य प्राप्त होने के साथ ही पाठकर्ता ''कुण्डली पुत्र'' ही बन जाता है अर्थात् माता कुण्डलिनी उसको अपना लेती है। पचास पद्यों में कुण्डलिनी के नाम, रूप, गुण एवं धर्मों का वर्णन करने वाले भगवती के नामों से कामना की गई है कि वह मेरे अंग-प्रत्यंगों को भिन्न-भिन्न, छोटे-बड़े स्थूल अवयवों की तथा आंतरिक सूक्ष्म अवयवों की रक्षा करे। यथा—

ओम् ईश्वरी जगतां धात्री ललिता सुन्दरी परा।
कुण्डली कुलरूपा च पातु मां कुल चण्डिका॥

इस कवच का ध्यानयोग में रहते हुए जो योगी पाठ करता है तथा इसे भोजपत्र पर लिखकर धारण करता है, वह सर्वसिद्धि प्राप्त करता है।

कुण्डलिनी जागरण करने के लिए तंत्रग्रंथों ने अनेक प्रयोग और उपायों के भी निर्देश किए हैं। प्रत्येक साधनानुरागी संप्रदाय की अपनी-अपनी दृष्टि और पद्धति होती है। जो जिस पद्धति का अनुसरण करता है, उसे उसी दृष्टि से अपने संप्रदायानुमत मार्ग का अवलम्बन लेकर आगे बढ़ना चाहिए। भिन्न-भिन्न संप्रदायों के आचार्यों द्वारा निर्दिष्ट मार्गों का परस्पर यथारुचि सम्मिश्रण करके साधना करने का शास्त्रकारों ने सर्वथा निषेध किया है, उसी प्रकार कुण्डलिनी के बारे में भी समझें।

न्यासविद्या एवं मुद्राओं की महिमा

रुद्रयामल तंत्र में वर्णित यहां एक साधना के स्वरूप का उल्लेख किया जा रहा है, जो कि स्वतंत्र साधना के लिए तथा कुण्डलिनी साधना के लिए अत्यंत उपयोगी है। तंत्र का एक अर्थ विस्तार भी है। यह विस्तार आगम और यामलों में अनेक रूपों में अभिव्यक्त हुआ है। कायिक, वाचिक और मानसिक क्रियाओं के समन्वित प्रयास से ही ध्यान जमता है और साधना सम्पन्न होती है। इनमें कायिक कर्मों में विभिन्न कर्म सम्मिलित हैं। स्थूल शरीर की पूरी तैयारी होने पर ही सूक्ष्म शरीर तत्त्व ज्ञान की भूमिका प्राप्त करता है और इसी से वाणी एवं मन भी साधनोपयोगी क्रियाओं की वास्तविकताओं के निकट पहुंच पाते हैं।

इस दृष्टि से योगासन, ध्यान, अर्चन के क्रमों में ''न्यास'' का भी बड़ा महत्त्व है। किसी भी कर्म के लिए जो विनियोग किया जाता है, उसमें जो मंत्र, स्तोत्र, कवच आदि प्रयुक्त होते हैं, उन सभी में ''न्यास'' आवश्यक माने गए हैं।

''*देवो भूत्वा देवं यजेत्*''देव बनकर ही पूजा करें। इस आदेश का पालन भी न्यासों पर ही आधारित है।

यहां देव बनने का तात्पर्य है कि अपने शरीर में देवताओं को विराजमान करना और ऋषि, छंद, देवता, बीज शक्ति, कीलक और विनियोग के न्यासों द्वारा मंत्रमय देह बनाना।

करन्यास, अंगन्यास, शरीरावयवन्यास, आयुधन्यास तथा मातृका-मंत्राक्षर आदि के न्यास साधना के अनिवार्य अंग हैं। जो ''*निःशेषेण आस्यत इति न्यासः*''इस व्युत्पत्ति के अनुसार निश्चित स्थानों पर, निश्चित देव-ऋषियों की स्थापना की भावना को पूर्ण करते हैं। ये न्यास सभी साधनाओं में, सभी संप्रदायों में समान रूप से स्वीकृत हैं।

साधना-क्रम में न्यास-विधान को ''न्यास विद्या'' कहा है। महाकाल संहिता में कहा गया है कि इस प्रकार की सिद्धिदां विद्या दूसरी कोई नहीं है, इसलिए इसका दूसरा नाम ''सिद्धविद्या'' भी है। तांत्रिकों का यह सिद्धांत है कि भूत-शुद्धि द्वारा शरीर को शुद्ध किया जाता है और न्यासों के द्वारा ''मंत्रमय देवता को आत्मा में संक्रान्त कर तन्मयता बुद्धि प्राप्त की जाती है।'' ''*न्यासस्तन्मयता-बुद्धिः।*''

रुद्रयामल तंत्र में जिन-जिन मंत्रों अथवा स्तोत्रों का कथन हुआ है, उनके विनियोगों में कथित ऋष्यादि न्यास, मंत्रांगभूत न्यास, करन्यास, हृदयादिषडंग न्यास तो सर्वविदित हैं ही, उनके अतिरिक्त कतिपय विशिष्ट न्यासों का भी उल्लेख हुआ है।

न्यास विधि—सामान्यतः सभी न्यास विधि में सूचित स्थानों का तत्त्वमुद्रा (अनामिका और अंगुष्ठ के अग्रभागों के सम्मिलित रूप) से स्पर्श करने का विधान है। किन्तु उंगलियों के स्पर्श में केवल अंगुष्ठाग्र से नीचे वाले पर्व से अग्रभाग तक स्पर्श होता है।

इसी प्रकार अंगुष्ठ में तर्जनी द्वारा पर्व-स्पर्श करते हैं। यह न्यास का सृष्टि-क्रम है। विशेष साधक कुलानुकूल अथवा कर्मानुकूल न्यासों में अग्रभाग से मूल पर्व तक स्पर्श से सहार-न्यास और मध्य पर्व से ऊपर-नीचे स्पर्श द्वारा स्थिति न्यास करते हैं।

हृदयादिन्यासों में दाहिने हाथ से जो स्पर्श होता है, वह भिन्न-भिन्न मुद्राओं द्वारा संपन्न होता है। इनके

अतिरिक्त जो स्वतंत्र विशेष न्याय कहे गए हैं, उनमें शरीर के निर्दिष्ट अंगों का स्पर्श मंत्रोच्चारणपूर्वक उन स्थानों में उक्त देवता का आवाहन, वहां स्थित होने की प्रार्थना और ''वे स्थित हो गए हैं'' ऐसी भावना करके उन्हें प्रणाम करना, ये तीनों क्रियाएं एक साथ होती हैं।

ये न्यास जब और भी गूढ़ होते हैं तो योनि मुद्रा, त्रिखंड मुद्रा, एकेक उंगली मुद्रा, तर्जनी भ्रमण संहार मुद्रा आदि अनेक रूपों में मुद्राएं बनाकर किए जाते हैं।

न्यास-स्वरूप—न्यासों की यह विशेषता है कि ये—कहीं तो व्यष्टि रूप में रहते हैं और कहीं समष्टि रूप में। जब समष्टि होती है तो इनके प्रकार बड़े अद्‌भुत हो जाते हैं। उदाहरणार्थ—षोढा न्यास को लें। इसमें छह पृथक-पृथक न्यास होते हैं, जिनमें गणेश, ग्रह, नक्षत्र, योगिनी, राशि और पीठों के न्यास होते हैं। यह प्रथम प्रकार ''लघुषोढा'' कहलाता है, जबकि द्वितीय ''महाषोढा'' न्यास में 1. प्रपंच, 2. भुवन, 3. मूर्ति, 4. मंत्र, 5. देवता और 6. मातृका भैरव के न्यास रहते हैं।

ये न्यास ललिता त्रिपुरसुंदरी के हैं। इसी प्रकार अन्य देवताओं के न्यासों में क्रम-परिवर्तन तथा विषय परिवर्तन होता रहता है। यंत्र के आवरण, देवताओं के न्यास, देवता के आयुधों का न्यास, शरीर के विशिष्ट अंगों के न्यास, मुखों के आधार पर उतने ही वक्त्र-न्यास, अस्त्र-न्यास, दूतो-न्यास, शक्ति-न्यास, डाकिनी-न्यास आदि विध न्यास हैं, जिनका विचार करके उनका प्रयोग करना चाहिए।

न्यास की फलश्रुति—वैसे तो प्रत्येक न्यास-विधान के अंत में उसका फल लिखा ही रहता है, तथापि यह विशेष स्मरणीय है कि जिस प्रकार हम किसी मंत्र का पुरश्चरण करते हैं, विशेष अनुष्ठान करते हैं और किसी विशेष कामना से उसका प्रयोग करते हैं, उसी प्रकार केवल न्यासों से भी ये विधियां की जा सकती हैं। इस दृष्टि से—नित्यानुष्ठान, काम्यानुष्ठान भी न्यासों द्वारा होते हैं।

ऐहिक और पारलौकिक दोनों प्रकार के लाभ केवल न्यास-साधना से भी प्राप्त किए जा सकते हैं। कुछ न्यासों के बारे में भी यह कहा गया है कि *''येषां चिकीर्षयाऽपि स्यात् सिद्धिः सार्वत्रिकी नृणाम्''*, अर्थात् न्यास करने की इच्छा से ही लोगों के अभीष्ट सिद्ध हो जाते हैं। इन न्यासों का पुरश्चरण (1008 पारायण अथवा ग्रहण काल पारायण द्वारा) करके न्यास करने से विशेष लाभ होता है।

न्यास को भोजपत्र आदि पर पर्वकाल में लिखकर कवच के रूप में धारण करने की भी शास्त्रकारों ने आज्ञा दी है। महाषोढा के प्रसंग में यह भी निर्देश है कि जहां यह लिखकर भी रख दिया जाता है, वहां सर्वविधि मंगल का आधिक्य और किसी भी प्रकार से विघ्नों का सर्वथा क्षय होता है।

न्याससिद्धि के लिए नियम—न्यास द्वारा साधक जब अपने शरीर में देवत्व का आधान कर लेता है, तो उसमें इष्टदेव का परिवार-सहित होने से उसके लिए प्रायः व्यर्थ की चर्चा करना किसी को शाप अथवा आशीर्वाद देना एवं किसी को नमस्कार करना वर्जित है।

ऐसे बहुत से उदाहरण हैं कि न्यास-सिद्धि महापुरुषों द्वारा प्रणाम न करने पर उनसे रुष्ट होकर हठपूर्वक प्रणाम करवाने से प्रणामापेक्षी का अनिष्ट हुआ है। ❑❑



नि:श्वास : उन्नीस

कुण्डलिनी मंत्र, जप-विधि और स्तोत्र

प्राणवायु का निरोध करके मूलाधार में चतुर्दल कमल के बीच त्रिकोण रूप पीठ में स्थित ज्योतिर्लिंग को आवेष्टित कर विराजमान साढ़े तीन वलय वाली कुण्डलिनी को ''ओम् हूं'' इस बीज से लगाकर ''ऐं ह्रीं श्रीं'' इस मंत्र का जप करते हुए ध्यान करें।

विनियोग

अस्य श्रीकुण्डलिनी मंत्रस्य शक्तिः ऋषिः गायत्रीच्छन्दः, चेतना कुण्डलिनी शक्तिर्देवता ऐं बीजं श्रीं शक्तिः ह्रीं कीलकं मम श्रीकुण्डलिनी-प्रीत्यर्थे जपे विनियोगः।

ऋष्यादिन्यास

शक्तिऋषये नमः (शिरसि) **गायत्रीच्छन्दसे नमः** (मुखे), **चेतना कुण्डलिनीशक्तिदेवतायै नमः** (हृदये), **ऐं बीजाय नमः** (गुह्ये), **श्रीं शक्तये नमः** (पादयोः), **ह्रीं कीलकाय नमः** (नाभौ), **विनियोगाय नमः** (सर्वांगे)।

कर-हृदयादिन्यास

ऐं ह्रीं श्रीं ऐं ह्रीं श्रीं (इन छह बीजों से क्रमशः अंगुष्ठ, तर्जनी, मध्यमा, अनामिका, कनिष्ठिका और करतल-कर-पृष्ठ में तथा हृदय, शिर, शिखा, कवच, नेत्रत्रय और अस्त्र-न्यास करें)।

ध्यान

सिन्दूरारुणविग्रहां त्रिनयनां माणिक्यमौलिस्फुरत्-
तारानायकशेखरां स्मितमुखीमापीन-वक्षोरुहाम्।
पाणिभ्यामलिपूर्णरत्नचषकं रक्तोत्पलं विभ्रतीं,
सौम्यां रत्नघटस्थ-सव्यचरणां वन्दे परामम्बिकाम्॥

(मानसिक पूजा करने के पश्चात् यथाशक्ति मूलमंत्र ''**ऐं ह्रीं श्रीं**'' का जप करें और समर्पण करके प्रार्थना करें)।

कुण्डलिनी शक्ति के प्रार्थना-स्तोत्र अनेक हैं, जिनमें मूलाधारस्थ त्रिकोण में सोये सर्प जैसी, सार्धत्रिवलयाकारा, नीवारशूत के समान पतली, अत्यंत तेजोमयी, शीतल, शिव-शक्तिस्वरूपा, शंखावर्तक्रम से स्थित, सुषुम्ना के मध्य से परशिव तक जाने वाली तथा सहस्रार में विराजमान परशिव से सामरस्य प्राप्त कर पुनः स्वस्थान पर आने वाली के रूप में ध्यान-स्तुति आदि हैं। रुद्रयामल में इसके अनेक स्तोत्र, सहस्रनाम आदि हैं। उनमें से यहां एक महत्त्वपूर्ण ''स्तोत्राष्टक'' प्रस्तुत है। साधकों को इसके पाठ से लाभान्वित होना चाहिए।

कुण्डलिनी-स्तोत्राष्टकम्

जन्मोद्धारनिरीक्षणीह तरुणी वेदादि-बीजादिमा,
नित्यं चेजसि भाव्यते भुवि कदा सद्वाक्यसंचारिणी।
मां पातु प्रियदा स विपदं संहारयित्री धरे,
धात्रि त्वं स्वयमादिदेववनिता दीनातिदीनं पशुम्॥ 1॥
रक्ताभामृत चन्द्रिका लिपिमयी सर्पाकृतिर्निद्रिता,
जाग्रत्कूर्मसमाश्रिता भगवती त्वं मां समालोकय।
मांसोद्गन्ध-कुगन्धदोषजडितं वेदादिकार्यान्वितं,
स्वल्पान्यामलचन्द्रकोटि किरणैर्नित्यं शरीरं कुरु॥ 2॥

सिद्धार्थी निजदोषवित् स्थलगतिर्व्याजीयते विद्यया,
कुण्डल्याकुलमार्गमुक्तनगरीमाया-कुमार्गः श्रिया।
यद्येवं भजति प्रभातसमये मध्याह्नकालेऽथवा,
नित्यं यः कुलकुण्डली-जय-पदाम्भोजं स सिद्धो भवेत्॥ 3॥
वाग्वाकाशचतुर्दलेऽतिविमले वांछाफलोन्मूलके,
नित्यं सम्प्रति नित्यदेहघटिता संकेतिता भाविता।
विद्याकुण्डलमानिनी स्वजननी मायाक्रिया भाव्यते,
यैस्तैः सिद्धकुलोद्भवैः प्रणतिभिः सत्स्तोत्रकैः शंभुभिः॥ 4॥
वेधःशंकरमोहिनी त्रिभुवनच्छायापटोद्गामिनी,
संसारादिमहाऽसुखप्रहरणी तत्र स्थिता योगिनी।
सर्वग्रन्थि-विभेदिनी स्वभुजगा सू मातिसू मा परा,
ब्रह्मज्ञान-विनोदिनी कुलकुटी-व्याघातिनी भाव्यते॥ 5॥
वन्दे श्रीकुलकुण्डलीं त्रिवलिभिः सांगेः स्वयंभू-प्रियं,
प्रावेष्ट्याम्बर-मार चित्तचपलां बालाबलां निष्कलाम्।
या देवी परिभाति वेदवदना सम्भावनी तापिनी,
स्वेष्टानां शिरसि स्वयंभू-वनिता तां भावयामि क्रियाम्॥ 6॥
वाणीकोटि - मृदंगनादमदना - निश्रेणिकोटि - ध्वनिः,
प्राणेशी रसराशिमूलकमलोल्लासैक-पूर्णानना।
आषाढोद्भव-मेघवाज-नियुत-ध्वान्तानना स्थायिनी,
माता सा पारपातु सूक्ष्मपथगा मां योगिनां शंकरी॥ 7॥
त्वामाश्रित्य नरा व्रजन्ति सहसा वैकुण्ठ-कैलासयो-
रानन्दैक-विलासिनी शशिशतानन्दाननां कारणाम्।
मातः श्रीकुलकुण्डली प्रियकरे काली-कुलोद्दीपनेः,
तत्स्थानं प्रणमामि भद्रवनिते मामुद्धर त्वं पशुम्॥ 8॥
कुण्डली-शक्ति-मार्गस्थं स्तोत्राष्टक-महाफलम्।
यः पठेत् प्रातरुत्थाय स वै योगी भवेद् ध्रुवम्॥ 9॥

उपर्युक्त स्तोत्र का प्रातः उठते ही कुण्डली का ध्यान करते हुए पाठ करने से योग-शक्ति की प्राप्ति होती है। पाठ के समय श्लोकों के अर्थों की भावना निम्नलिखित रूप से करें—

हे भगवती कुण्डलिनी! आप वेदों के आदि बीज ओंकार के समान आकृति वाली, लाल आभा से युक्त, अमृतचंद्रिका, जाग्रत कूर्म-वायु का आश्रय लिए हुए, सृष्टि-स्थिति-संहार शक्ति से परिपूर्ण ब्रह्मादि देवों को मोहित करने वाली, वेदवदना, स्वयंभूलिंग को आवेष्टित कर विराजमान, सूक्ष्ममार्ग से गमन कर सहस्रार तक पहुंचने वाली, ब्रह्मज्ञान दात्री तथा विद्युत के समान चमक वाली हैं। आप मेरी रक्षा करें, मेरे दोषों को मिटाएं, सभी ग्रंथियों का भेदन करें तथा मुझ अज्ञानी का उद्धार करें।

❑❑

नि:श्वास : बीस

कुण्डलिनी साधना में अजपा-जप विधि की महत्ता

मनुष्य का जीवन प्राणवायु पर निर्भर है। जब तक श्वास है, तब तक आस (आशा) है। ये श्वास बाहर से अंदर और अंदर से बाहर जाते-आते रहते हैं। यह क्रिया चौबीसों घंटे चलती रहती है। ये श्वास और नि:श्वास चौबीस घंटों की अवधि में 21 हजार 6 सौ बार चलते हैं।

आस्तिक मनुष्य के लिए यह निर्देश है कि वह अपनी इस श्वास-क्रिया को परमात्मा का बिना प्रयत्न के होने वाला जप मानकर उन्हें अर्पित करे। यह समर्पण शरीर में विद्यमान छह चक्रों में स्थित देवताओं का स्मरण करते हुए किया जाता है, उसी को ''अजपा-जप'' कहते हैं। अजपा-जप की विधि निम्नलिखित है—

❑ मूलाधारे चतुर्दलपद्मे वं शं षं सं चतुरक्षरे चतुष्कोणयन्त्रे ऐरावतवाहने लं बीजे स्थिताय सिद्धि-बुद्धिशक्तिसहिताय कुङ्कुमवर्णाय महागणपतये षट्शतमजपाजपं निवेदयामि।

❑ स्वाधिष्ठाने षडदलपद्मे बं भं मं यं रं लं षडक्षरे अर्धचन्द्रयन्त्रे मकरवाहने वं बीजे स्थिताय सरस्वतीशक्तिसहिताय सिन्दूरवर्णाय ब्रह्मणे, षट्सहस्त्रमजपाजपं निवेदयामि।

❑ मणिपूरचक्रे दशदलपद्मे डं ढं णं तं थं दं धं नं पं फं दशाक्षरे त्रिकोणयन्त्रे मेषवाहने रं बीजे स्थिताय लक्ष्मीशक्तिसहिताय नीलवर्णाय विष्णवे षट्सहस्त्रमजपाजपं निवेदयामि।

❑ अनाहतचक्रे द्वादशदलपद्मे कं खं गं घं ङं. चं छं जं झं ञं टं ठं द्वादशाक्षरे षट्कोणयन्त्रे हरिणवाहने यं बीजे स्थिताय पार्वतीशक्तिसहिताय हेमवर्णाय परमशिवाय षट्सहस्त्रमजपाजपं निवेदयामि।

❑ विशुद्धचक्रे षोडशदलपद्मे अं आं इं ईं उं ऊं ऋं ॠं लृं ॡं एं ऐं ओं औं अं अ: षोडशाक्षरे शून्ययन्त्रे हस्तिवाहने हं बीजे स्थिताय प्राणशक्तिसहिताय शुद्धस्फटिकसंकाशाय जीवाय सहस्त्रमेकजपाजपं निवेदयामि।

❑ आज्ञाचक्रे द्विदलपद्मे श्वेतवर्णे हं क्षं द्वयक्षरे लिंगयन्त्रे नरवाहने स्थिताय ज्ञानशक्तिसहिताय विद्युद्वर्णाय गुरवे सहस्त्रमेकजपाजपं निवेदयामि।

❑ ब्रह्मरन्ध्रे सहस्त्रदल पद्मे चित्रवर्णे अं आं इं ईं उं ऊं ऋं ॠं लृं ॡं एं ऐं ओं औं अं अ: कं खं गं घं ङं. चं छं जं झं ञं टं ठं डं ढं णं तं थं दं धं नं पं फं बं भं मं यं रं लं वं शं षं सं हं लं क्षं—इति विंशतिवारोच्चारिते सहस्त्राक्षरे विसर्गयन्त्रे बिन्दुवाहने पूर्णचन्द्रमण्डले आनन्दमहासमुद्रमध्ये चिन्मयमणिद्वीपे चित्सारचिन्तामणिमन्दिरे कल्पवृक्षाध: स्थले अव्याकृत-ब्रह्ममहासिंहासने स्थिताय नानावर्णाय वर्णातीताय चिच्छक्तिसहिताय परमात्मने सहस्त्रमेकजपाजपं निवेदयामि।

इसके पश्चात् कुछ क्षण तक ''हंस: सोऽहम्'' की श्वास-नि:श्वास के साथ भावना करें। तदनन्तर शरीर के चक्रों में जिन-जिन देवताओं का ध्यानपूर्वक आवाहन किया है, उनकी मानसोपचार पूजा करें—

लं पृथिव्यात्मकं गन्धं समर्पयामि (कनिष्ठिका और अंगुष्ठ मिलाकर)।

हं आकाशात्मक पुष्पं समर्पयामि (अंगुष्ठ और तर्जनी मिलाकर)।

यं वाय्वात्मकं धूपमाघ्रापयामि (तर्जनी और अंगुष्ठ मिलाकर)।

रं वह्नयात्मकं दीपं दर्शयामि (अंगुष्ठ और मध्यमा मिलाकर)।

वं अमृतात्मकं नैवेद्यं निवेदयामि (अंगुष्ठ और अनामिका मिलाकर)।

सं सर्वात्मकान् ताम्बूलादिसर्वोपचाराचन् समर्पयामि (अंगुष्ठ सहित सभी उंगलियों से)।

नोट—अजपा-जप के प्रकार भी भिन्न-भिन्न हैं जिनमें इष्ट बीजमंत्र एवं इष्टमंत्रों के प्रयोग होते हैं।

उपरोक्त अजपा-जप के पश्चात् प्रातःस्मरण, भूमि-प्रार्थना, शौच, दंतधावन, स्नानादि कर्म करके संध्या करनी चाहिए। तदनन्तर पूजा आरंभ की जाती है। संध्या का विशिष्ट परिचय न देकर केवल हम यह कहेंगे कि विधि कोई भी हो, किन्तु संध्या अवश्य करनी चाहिए, क्योंकि यह समस्त कर्मों की मूल है। इसके बिना अन्य कर्म मूलहीन होते हैं, जिससे अस्थिरता और अपरिपक्वता बनी रहती है।

संध्या के समय गायत्री-जप भी परमावश्यक है। ब्रह्मयज्ञ और तर्पण भी साधना करने के लिए आवश्यक माने गए हैं। द्विजमात्र के लिए ये कर्म नित्य कर्त्तव्य हैं। इन्हें यथासंभव विद्वान ब्राह्मणों से सीखकर करने से बहुत ही लाभ होता है तथा शास्त्रीय नियमों का भी रक्षण होता है।

❑❑

नि:श्वास : इक्कीस

यौगिक साधना की पूर्ति

गुरु-चरणों की अनुकम्पा प्राप्त करके साधना-पथ की ओर अग्रसर होने वाले साधकों के लिए महागणपति की साधना नितांत आवश्यक बतलाई गई है। जिस मार्ग पर चलकर हमें अपने लक्ष्य तक पहुंचना है, उसमें आने वाले विघ्नों का अपसारण तथा कण्टकाकीर्ण पथ को कुसुम-कोमल बनाने के लिए भगवान गणपति का मंगलमय आशीर्वाद प्राप्त कर लेना साधक का सर्वप्रथम कर्त्तव्य बन जाता है।

गणपति केवल विघ्न दूर करने वाले देव नहीं हैं, अपितु ये ऋद्धि-सिद्धि के दाता, विद्या प्रदाता, मांगलिक कार्यों के पूरक, संग्राम-संकट के निवारक तथा सर्वविधि मंगलकारी हैं। यौगिक साधना की पूर्ति में भी महागणपति की कृपा प्राप्ति अत्यावश्यक है। कुण्डलिनी जागरण से पहले गणपति की उपासना का विधान इसलिए भी है कि ध्यान-

साधना में आगे चलकर कोई विघ्न-व्यवधान आए, तो इनके प्रभाव से उसकी प्रतिक्रिया समाप्त, कुंठित की जा सके।

स्वतंत्र देव के अतिरिक्त गणपति को पंचबालक, षट्कुमार, सप्तबालक आदि गणों में भी सम्मिलित माना गया है। उद्धारकोश के अनुसार निम्नलिखित पद्य स्मरणीय हैं—

पंचबालक

हेरम्ब-शरजन्मानौ कार्तवीर्यार्जुनस्तथा।
हनुमच्छ्-भैरवावेतौ भाषिताः पंचबालकाः॥

षट्कुमार

हेरम्ब-शरजन्मानौ महामृत्युंजयस्तथा।
कार्तवीर्यार्जुनश्चैव हनुमद्-भैरवी तथा।

सप्तबालक

गणेशो बटुकश्चैव स्कन्दो मृत्युंजयस्तथा।
कार्तवीर्यार्जुनोऽप्येवं सुग्रीवो हनुमांस्तथा॥
यामले रुद्रशब्दादौ भाषिताः सप्तबालकाः।

अनन्तरूपधारी भगवान गणपति का अट्ठाईस अक्षरों का महामंत्र इस प्रकार सूचित है—

महामंत्र

प्रणवं कमलां लज्जा कन्दर्प मठ-बीजकम्।
शंकरम् षट् शिरोमन्त्रं तत पल्लवमुद्धरेत्॥
गणपते पश्चाद् वाच्यं वर-वरदमेव च।
अन्ते पीटद्व्यं ज्ञेयमष्टाविंशाक्षरो मनुः॥

इसके अनुसार मूलमंत्र का स्वरूप इस प्रकार होता है—"ओम् श्रीं ह्रीं क्लीं ग्लीं गं गणपतये वर वरद सर्वजनं वशमान्य स्वाहा।"

मंत्र का जप-विधान निम्नलिखित है—

विनियोग

ओम् अस्य श्रीमहागणपतिमंत्रस्य गणक ऋषिर्निचृद्गायत्रीच्छन्दो महागणपतिर्देवता गं बीजं स्वाहा शक्तिः ग्लौं कीलकं मम श्रीमहागणपतिप्रसादसिद्धयर्थे जपे विनियोगः।

ऋष्यादिन्यास

गणकऋषये नमः (शिरसि), **निचृद्गायत्रीच्छन्दसे नमः** (मुखे), **महागणपतिदेवतायै नमः** (हृदये), **गं बीजाय नमः** (गुह्ये), **स्वाहा शक्तये नमः** (पादयोः), **ग्लौं कीलकाय नमः** (नाभौ), **महागणपति-प्रसाद सिद्धयर्थे जपे विनियोगाय नमः** (सर्वांगे)

कर-षडंगन्यास

ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं ग्लौं गां (अंगुष्ठाभ्यां नमः, हृदयाय नमः)
ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं ग्लौं गीं (तर्जनीभ्यां नमः, शिरसे स्वाहा)

ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं ग्लौं गूं (मध्यमाभ्यां नमः, शिखायै वषट्)
ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं ग्लौं गैं (अनामिकाभ्यां नमः, कवचाय हुम्)
ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं ग्लौं गौं (कनिष्ठिकाभ्यां नमः, नेत्राभ्याम् वौषट्)
ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं ग्लौं गः (करतलकर पृष्ठाभ्यां नमः, अस्त्राय फट्)

ध्यान

बीजारू-गदेक्षुकार्मुकरुजा-चक्राब्जपाशोत्पला,
व्रीह्यग्रस्वबिषाणरत्न-कलश-प्रोद्यत्मकराम्भोरुहः।
ध्येयो वल्लभया सपद्मकरयाश्लिष्टो ज्वलद्भूपया,
विश्वोत्पत्ति-विपत्ति-संस्थितिकरो विघ्नेश इष्टार्थदः॥

इसके पश्चात् मानसोपचार पूजा करके मंत्र-जप किया जाता है।

मानसोपचार में—**लं पृथिव्यात्मकं गन्धं कल्पयामि नमः।** (यहां 'गंध' आदि पदों में पहले पूज्य देवता का नाम जोड़ने का विधान है)।

हं आकाशात्मकं पुष्पं कल्पयामि नमः।
यं वायुवात्मकं धूपं कल्पयामि नमः।
रं वह्न्यात्मकं दीपं कल्पयामि नमः।
वं अमृतात्मकं नैवेद्यं कल्पयामि नमः।
सं सर्वात्मकं ताम्बूलादि सर्वोपचारान् कल्पयामि नमः।

जप के पश्चात् जप-समर्पण करें और स्तोत्र पाठ करें। इस स्तोत्र के संबंध में यह कहा गया है कि यह स्तोत्र कलियुग में शीघ्र सिद्धि देने वाला है तथा इसके लिए न्यास, संस्कार, होम, तर्पण, मार्जन आदि भी आवश्यक नहीं हैं। गणपति-पूजन, जप और पाठ करने से ही यह सिद्ध होता है।

गणपति के समक्ष सात मुद्राएं दिखाने का भी बड़ा माहात्म्य है—दंत, पाश, अंगकुश, विघ्न, परशु, मोदक और बीजापूर ये सात मुद्राएं हैं। इन मुद्राओं का ज्ञान किसी योग्य साधक से लिया जा सकता है।

❑❑



नि:श्वास : बाईस

कुण्डलिनी जागरण में श्रीविद्या का महत्त्व

तंत्र-ग्रंथों में श्रीविद्या की उपासना पद्धति पर पर्याप्त विस्तार से लिखा गया है। इस विद्या की उपासना में दीक्षा-क्रम के आधार पर अनेक नामों से उपास्य देवियों की दीक्षाएं हैं और उनके मंत्रों का क्रम भी अति विस्तृत है। साधक अपनी दीक्षा के क्रम से ही क्रमश: आगे बढ़ते हुए परम लक्ष्य की सिद्धि प्राप्त करता है।

श्रीविद्या साधना का मूल आधार ''श्रीयंत्र'' है। इसी का दूसरा नाम ''श्रीचक्र'' है। यह यंत्र भगवती त्रिपुर सुंदरी का है। यंत्रों में इसे सर्वश्रेष्ठ कहा गया है। योगिनी हृदय में इस यंत्र का माहात्म्य वर्णित है। पराशक्ति अपने संकल्प मात्र से विश्व ब्रह्माण्ड में समाहित होकर स्वयं अपने रूप-लावण्य का आनंद लेती है। इस अपरिमेय आनंद के समय श्रीचक्र का प्राकट्य होता है। भैरवायमल में कहा गया है, *''चक्रं त्रिपुर सुन्दर्या ब्रह्माण्डाकारमीश्वरि''*, अर्थात् हे ईश्वरी! त्रिपुर सुंदरी चक्र का आकार ब्रह्माण्ड की तरह है। भावनोपनिषद् में कहा गया है कि नवचक्रमयी देह, अर्थात् इस देह में नवचक्र हैं। श्रीयंत्र में ''श्रीं'' शब्द का अर्थ बताया गया है कि ''जो सुना जाए वह श्री है''। जो नित्य परब्रह्म का आश्रवण करती है, वह ''श्री'' है। शिव, शक्ति की एकरूपता आगम ग्रंथों में भी प्रतिपादित की गई है, जैसे—

न शिवेन बिना देवी, न देव्या बिना शिवः।
नान्योरन्तरः किंचिच्चन्द्रचान्द्रिकयोरिव॥

शिव के बिना देवी नहीं और देवी के बिना शिव नहीं। इन दोनों में चंद्रमा एवं उसकी चंद्रिका के समान किंचित् भी भेद नहीं है।

ब्रह्म की उत्पत्ति, स्थिति और पालन की सामर्थ्य प्राप्त करने का श्रेय ''श्री'' के कारण ही है। श्री शंकराचार्य के अनुसार—

शिवः शक्त्या युतो तद्भवति शक्तः प्रभवितुं।
न चेदेदं देवो न खलु कुथलः सपन्दितुमपि॥

तात्पर्य यह है कि जो शिव, शक्ति के सहित होता है वही सामर्थ्य वाला होता है। जो इससे युक्त नहीं होता, वह देव तो स्पंदन करने योग्य ही नहीं है।

ब्रह्म स्वयं निष्कल निरंजन तथा निर्गुण है। शैव आगम में उल्लेख है कि—

अचिन्त्यमिताकार शक्ति स्वरूपा
प्रति व्यक्त्यधिष्ठान सत्यैक मूर्त्तिः,
गुणातीत निर्द्वंद्व बोधैक गम्या
त्वमेका परब्रह्म रूपेण सिद्धा।

अर्थात् चिंतन करने से परे, अमित आकार एवं शक्ति स्वरूप, प्रति व्यक्ति में अधिष्ठित सत्ता मूर्त्ति, गुणों से अलग निर्द्वन्द्व बोध ही केवल जानने के योग्य आप एक परब्रह्मस्वरूप सिद्ध हैं।



श्रीयंत्र के चित्रित स्वरूप में कई वृत्त हैं। सबसे अंदर वाले केन्द्र में बिंदु स्थित है। इस बिंदु के चतुर्दिक नौ त्रिकोण बनाए गए हैं। इनमें से पांच की नोक ऊपर और चार त्रिकोण की नोक नीचे की ओर है। उन्हें भगवती का प्रतिनिधि माना जाता है तथा उन्हें शिव युवती की संज्ञा दी गई है। नीचे की नोक वाले त्रिकोणों को शिव का प्रतिनिधि मानकर उन्हें श्रीकंठा कहा गया है।

ऊर्ध्वमुखी पंचत्रिकोण पांच प्राण, पांच ज्ञानेन्द्रियां, पांच तन्मात्राएं और पांच महाभूतों की प्रतीक हैं। शरीर में यह अस्थि, मेदा, मांस, अवृक और त्वक् के रूप में विद्यमान हैं। अधोमुखी चार त्रिकोण शरीर में जीव, प्राण, शुक्र और मज्जा के द्योतक हैं। ब्रह्माण्ड में मन, बुद्धि, चित्त और अहंकार के प्रतीक हैं। पांच ऊर्ध्वमुखी त्रिकोण नौ मूल प्रकृतियों का प्रतिनिधित्व करती हैं। इस प्रकार यंत्र में एक आठ दल वाला, दूसरा सोलह दल वाला कमल है। पहला अंदर वाले वृत्त के बाहर और दूसरा दूसरे वृत्त के बाहर है। आनंद लहरी में भगवान शंकराचार्य ने लिखा है—

चतुर्भिः श्रीकंठो शिव युवतिभिः पंचभिरमि।
प्रभिन्नाभिः शम्भोर्नवनिरपि मूल प्रकृतिभिः॥
त्रयश्चत्वारि हृद्बसुदलकलाब्ज त्रिवलय-
त्रिरेखाभिः सार्धः तव भवन कोणः परिणताः॥

तात्पर्य यह है कि श्रीयंत्र की रचना के अनुसार चार श्रीकंठों के, पांच शिव की युवतियों के, शंभु की नौ अभिन्न मूल प्रकृतियों के, तैंतालीस वसुदल कलाब्ज की त्रिवलय, तीन रेखाओं के साथ आपके (त्रिपुर सुंदरी) भवन-कोण में परिणत होते हैं।

श्रीयंत्र में ऊर्ध्वमुखी त्रिकोण को अग्नितत्त्व, वृत्त को वायु तत्त्व, बिन्दु को आकाश तत्त्व और भूपुर को पृथ्वी तत्त्व माना गया है। यह यंत्र सृष्टि क्रम का सूचक है तथा शैव मतावलंबी इस यंत्र की उपासना करते हैं। आद्य शंकराचार्य इस मत के प्रवर्तक माने जाते हैं तथा उनके प्रत्येक पीठ में श्रीयंत्र प्रतिष्ठित है।



साधक की पात्रता के अनुसार इसकी (श्रीयंत्र की) ''बाह्यपूजा'' और शरीर में भावना करते हुए ''आंतर-पूजा'' के विधान हैं। ''आंतर-पूजा'' यद्यपि गहन विषय है, किन्तु यह निरंतर अभ्यास से शनैः शनैः समझ में आने लगता है। तंत्र ग्रंथ ''रुद्रयामल'' में इसके लिए बहुत से विधान वर्णित हैं। शरीरस्थ योगचक्रों की स्तुतियां, ध्यान और उन्हें उद्‌बुद्ध करने के लिए मंत्र जप भी विस्तार से बतलाए हैं। उनमें एक प्रयोग ''उद्‌घाटन-कवच'' का भी है, जिसका परिचय और मूल पाठ निम्नलिखित है—

उद्‌घाटन-कवच

योग-साधना के मूलतः चार प्रकार माने गए हैं। यथा—हठयोग, मंत्रयोग, लययोग और राजयोग। इस योग चतुष्टयी में हठयोग—शरीर शुद्धि, यम, नियम, आसन और प्राणायाम—की साधना के स्तर को समुन्नत बनाने की एक आवश्यक भूमि है। हठयोग की भूमि पर ही मंत्रयोग की प्रतिष्ठा होती है, अतः मंत्रयोग का समस्त ''प्रासाद'' इसी पर स्थित है। मंत्रयोग के पश्चात् लययोग और राजयोग की दिशा में प्रगति का मार्ग प्रशस्त होता है।

मंत्रयोग की साधना के निम्न दो पार्श्व हैं—विश्व विज्ञान, संसार-बंधन-त्राण।

ये दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। यथा—

मननाद् विश्वविज्ञानं त्राणं संसार-बन्धनात्।
यतः करोति संसिद्धिं ''मंत्र'' इत्युच्यते बुधैः॥

मंत्र के स्थूल एवं सूक्ष्म रूप से पुनः दो अंग माने गए हैं, जिनमें स्थूल रूप में—प्रणव, बीज, कूट, अक्षर तथा इनके विशिष्ट संयोजन से संबद्ध मंत्र के पल्लवादि-विधान आते हैं, किन्तु सूक्ष्म रूप में उनके स्वरूप, ध्यान, शक्ति, गति, क्रियाकारित्व आदि का समावेश होता है।

इनमें से भी सर्वाधिक महत्त्व कुण्डलिनी-जागरण का है और यह कार्य शरीरस्थ मूलाधार आदि चक्रों के उन्मीलन की अपेक्षा रखता है। चक्रों के उन्मीलन का प्रकार जप एवं ध्यान से संभव है। तत्तद चक्रों की अधिष्ठात्री

देवता जब तक प्रसन्न नहीं होती, तब तक इस कार्य में भी बाधाएं आती हैं। ये बाधाएं केवल इसी जन्म से संबद्ध न होकर अपर जन्म में भी बाधक बनती हैं। इसी दृष्टि से शक्ति-उपासकों के लिए निम्नलिखित एक ''उद्घाटन-कवच'' स्तोत्र दिया जा रहा है, जिसका भक्तिपूर्वक अजपा-जप के पश्चात् पाठ करना अत्यंत लाभप्रद माना गया है।

कवच-पाठ

मूलाधारे स्थिता देवि, त्रिपुरा चक्रनायिका।
नृजन्मभीति-नाशार्थं, सावधना सदाऽस्तु मे॥ 1॥
स्वाधिष्ठानाख्यचक्रास्था, देवी श्रीत्रिपुरेशिनी।
पशुबुद्धिं नाशयित्वा, सर्वेश्वर्यप्रदाऽस्तु मे॥ 2॥
मणिपूरे स्थिता देवी, त्रिपुरेशीति विश्रुता।
स्त्रीजन्म-भीतिनाशार्थं, सावधाना सदाऽस्तु मे॥ 3॥
स्वस्तिके संस्थिता देवी, श्रीमत्त्रिपुरसुंदरी।
शोकभीति-परित्रस्तं, पातु मामनधं सदा॥ 4॥
अनाहताख्य-निलया, श्रीमत्त्रिपुरवासिनी।
अज्ञानभीतितो रक्षां, विदधातु सदा मम॥ 5॥
त्रिपुराश्रीरिति ख्याता विशुद्धाख्य-स्थलस्थिता।
जरोद्भव-भयात् पातु, पावनी परमेश्वरी॥ 6॥
आज्ञाचक्रस्थिता देवी त्रिपुरामालिनी तु या।
सा मृत्युभीतितो रक्षां, विद्धातु सदा मम॥ 7॥
ललाट-पद्म-संस्थाना, सिद्धा या त्रिपुरादिका।
सा पातु पुण्यसम्भूतिर्भीति-संघात् सुरेश्वरी॥ 8॥
त्रिपुराम्बेति विख्याता, शिरः पद्मे सुसंस्थिता।
सा पापभीतितो रक्षां, विर्दधातु सदा मम॥ 9॥
ये पराम्बापदस्थान-गमने विघ्न-संचयाः।
तेभ्यो रक्षतु योगेशी, सुन्दरी सकलार्तिहा॥ 10॥

उपरोक्त स्तोत्र में भगवती के श्रीचक्र में विराजमान आवरणगत प्रमुख देवियों से प्रार्थना की गई है जो कि चक्र नायिकाएं हैं। यहां नव आवरण रूप नौ शरीरगत चक्र एवं हृदय में विराजमान देवियों से जिन-जिन भयों से रक्षा की प्रार्थना की गई है, उनकी तालिका निम्नलिखित है—

चक्र	*चक्र-नायिका*	*भय*
❑ मूलाधार	त्रिपुरा	नृजन्म
❑ स्वाधिष्ठान	त्रिपुरेशिनी	पशुबुद्धि
❑ मणिपूर	त्रिपुरेशी	स्त्रीजन्म
❑ स्वस्तिक	त्रिपुर सुंदरी	शोक
❑ अनाहत	त्रिपुरवासिनी	अज्ञान

❑ विशुद्ध	त्रिपुराश्री	जरा
❑ आज्ञा	त्रिपुरामालिनी	मृत्यु
❑ ललाटपद्म	त्रिपुरासिद्धा	भीतिसंध
❑ सहस्त्रार	त्रिपुराम्बा	पाप
❑ बिन्दु	सुंदरी योगेशी	विघ्न

इन सब भयों से निवृत्ति की याचना करते हुए इसमें पराम्बा के चरणों में शरण-प्राप्ति की कामना की गई है, जो उचित ही है। ऐसे ही अंतर्याग के लिए अन्य उपयोगी विधान भी शास्त्रों में वर्णित हैं।

उपर्युक्त चक्रों में ही प्रत्येक आवरण देवी के मंत्र का जप किया जाता है। जैसे-जैसे साधना-क्रम आगे बढ़ता है, उसमें और भी विशिष्ट प्रक्रियाओं का समावेश करते हुए सामुज्य तथा सारूप्य की प्राप्ति तक पहुंचा जा सकता है।

बाह्यपूजा विधान

इसके ''न्यास, पात्रासादन'' और ''अर्चन'' ये तीन महत्त्वपूर्ण अंग हैं। *''न्यासप्रिया तु श्रीविद्या''* इस आगमवचन के अनुसार श्रीविद्या के अंगभूत न्यासों की संख्या अति विशाल है। किन्तु पूजाधिकार सिद्धि के लिए— ब्रह्म विद्यासंप्रदायस्तोत्र, यागमंदिर प्रवेश, तत्त्वाचमन, गुरुपादुकामंत्र जप, घंटापूजन, संकल्प, आसनपूजा, देहरक्षा, दिग्बंधन, मंदिर पूजा, दीपपूजा, भूतशुद्धि, आत्मप्राण-प्रतिष्ठा के बाद मातृकान्यास (दोनों प्रकार का), करशुद्धिन्यास, आत्मरक्षान्यास, बाला षडंगन्यास, चतुरासनन्यास, वाग्देवतान्यास, बहिश्चक्रन्यास, अंतश्चक्रन्यास, कामेश्वर्यादिन्यास और मूल विद्यान्यास करने चाहिए।

यदि महाषोडशी प्राप्त हो तो षोडशाक्षरी न्यास, सम्मोहन न्यास और महाषोडशाक्षरी के संहार, स्थिति एवं सृष्टिन्यास तक के न्यास अवश्य करने चाहिए। इनके अतिरिक्त लघुषोढादि न्यासों के करने से अभ्युदय होता है, किन्तु यदि नहीं किए जा सकें तो कोई दोष नहीं है।

पात्रासादन में—वर्धनीकलश, सामान्यार्घ्य तथा विशेषार्घ्य की स्थापना एवं पात्रों में वह्नि, सूर्य, सोमकला आदि का पूजन होता है। तदनन्तर शुद्धिपात्र, गुरुपात्र एवं आत्मपात्र की स्थापना और पूजा करके अंतर्याग किया जाता है। यहीं अन्य आचार्यों के मत से अर्घ्यार्चनादि के पात्र भी स्थापित होते हैं।

अर्चन में—आवाहन, चतु:षष्टयुपचार पूजा, चतुरायतन पूजा, लयांग पूजा, षडंगार्चन, नित्यायजन एवं गुरुमंडलार्चन के पश्चात् आवरणार्चन (उपदेशानुसार सृष्ट्यादि क्रम से) करते हैं। तदनन्तर पंचपंचिका पूजा, षड्दर्शनविद्या, षडाधार, आम्नाय समष्टि, दण्डनाथा, मंत्रिणी एवं ललितानामार्चनपूर्वक अर्चन संपन्न होता है। यहीं अवकाशानुसार सहस्त्रनामार्चनादि भी किए जाते हैं।

महानैवेद्य, आरती, पुष्पांजलि, प्रदक्षिणा, कामकलाध्यान, बलिदान, जप, पुष्पांजलिस्तोत्र, कल्याणवृष्टिस्तोत्र, सर्वसिद्धिकृतस्तोत्र और क्षमा-प्रार्थना, गुरुस्तोत्रादि का पाठ करके सुवासिनी पूजन, तत्त्वशोधन, पूजासमर्पण देवतोद्वासन शांतिस्तव पाठ के साथ अर्चनविधि पूर्ण होती है। जो साधक इतने विस्तार से पूजादि न कर पाए, उनके लिए आचार्यों ने अनेक प्रकार की लघुपूजा विधियां भी बनाई हैं, जिनमें कलश और शंख (सामान्यार्घ्य पात्र) स्थापन करके निम्नलिखित पद्धति से अर्चन करना चाहिए—

संक्षिप्त यंत्र पूजा

आचम्य प्राणानायम्य देशकालौ च संकीर्त्य। श्रीगुरुं महागणपतिं भगवतीं महात्रिपुरसुन्दरीं च प्रणम्य पूजयेत्।

ध्यानम्

बालार्कारुणतेजसं त्रिनयनां रक्ताम्बरोल्लासिनीं,
नानालंकृतिराजमानवपुषं बालोडुराङ्शेखरम्।
हस्तैरिक्षुधनुः सृणीसुमशरान् पाशं मुदा विभ्रतिं,
श्रीचक्रस्थितसुन्दरीं त्रिजगतामाधारभूतां भजे॥

इति ध्यात्वा मानसोपचारैः सम्पूजयेत् ततश्च—

❑ **ॐ ऐं ह्रीं श्रीं अं आं सौः चतुरस्त्रयात्मकत्रैलोक्यमोहनचक्राधिष्ठात्र्यै अणिमाद्यष्टाविंशति-शक्तिसहितप्रकटयोगिनीरूपायै त्रिपुरादेव्यै नमः।**

❑ **ॐ त्रिवृत्तात्मकत्रिवर्गसाधकचक्राधिष्ठात्र्यै कालरात्र्यादिसहित-मातृकायोगिनीरूपायै त्रिपुरेशिनी देव्यै नमः।**

❑ **ॐ ऐं क्लीं सौः षोडशदलपद्मात्मकसर्वाशापरिपूरकचक्राधिष्ठात्र्यै कामाकर्षिण्यादि षोडश शक्तिसहितगुप्तयोगिनीरूपायै त्रिपुरेश्वरी देव्यै नमः।**

❑ **ॐ ह्रीं क्लीं सौः अष्टदल पद्मात्मकसर्वसंक्षोभणचक्राधिष्ठात्र्यै अनंगकुसुमाद्यष्टशक्ति सहितगुप्ततरयोगिनीरूपायै त्रिपुरसुन्दरी देव्यै नमः।**

❑ **ॐ ऐं ह्रीं श्रीं हैं हक्लीं हसौः चतुर्दशारात्मक-सर्वसौभाग्यदायक चक्राधिष्ठात्र्यै सर्वसंक्षोभिण्यादि चतुर्दशशक्तिसहितसम्प्रदाययोगिनीरूपायै त्रिपुरावासिनीदेव्यै नमः।**

❑ **ॐ हसैं हस्क्लीं हस्सौः बहिर्दशारात्मक सर्वार्थसाधकचक्राधिष्ठात्र्यै सर्वसिद्धिप्रदादि दशशक्तिसहितकुलोत्तीर्णयोगिनीरूपायै त्रिपुराश्रीदेव्यै नमः।**

❑ **ॐ ह्रीं श्रीं सौः अष्टारात्मक सर्वरोगहर चक्राधिष्ठात्र्यै वशिन्याद्यष्टशक्तिसहितरहस्ययोगिनीरूपायै त्रिपुरासिद्धादेव्यै नमः।**

❑ **ॐ ह्रीं क्लीं व्लें अंतर्दशारात्मकसर्वरक्षाकरचक्राधिष्ठात्यै सर्वज्ञादिदश—शक्तिसहित निगर्भयोगिनीरूपायै त्रिपुरमालिनीदेव्यै नमः।**

❑ **ॐ हस्त्रैं हस्क्लीं हस्त्रोः त्रिकोणात्मक सर्वसिद्धिप्रदचक्राधिष्ठात्र्यै कामेश्वर्यादि त्रिशक्ति सहितातिरहस्ययोगिनीरूपायै त्रिपुराम्बादेव्यै नमः।**

❑ **ॐ (मूलमंत्रः) बिन्द्वात्मकसर्वानन्दमयचक्राधिष्ठात्र्यै षडंगायुधदशशक्तिसहितपरापराति रहस्ययोगिनीरूपायै महात्रिपुरसुन्दरीदेव्यै नमः।**

इसके पश्चात् नैवेद्यादि विधि करके नित्यकृत्य पूर्ण कर लें।

वस्तुतः यह महाविद्या ''ब्रह्मविद्या'' है। इसकी 1. स्थूल, 2. सूक्ष्म और 3. परा के रूप में त्रिविध उपासना होती है। पराशक्ति की विज्ञानानन्दघन ब्रह्म है। विज्ञानानन्दघन ब्रह्म का तत्त्व अत्यंत सूक्ष्म एवं गुह्य होने के कारण शास्त्रों में उसे नाना प्रकार से समझाने की चेष्टा की गई है।

यह वास्तविक सत्य है कि किसी भी कार्य को करने के लिए मनुष्य में शक्ति का होना आवश्यक है और सबको शक्ति प्रदान करने वाली पराशक्ति ही उसकी अधिष्ठात्री देवता है। वही परब्रह्मस्वरूपिणी है। अतः उसकी यथाशक्ति उपासना करते हुए *''मयायज्ञैश्व यज्ञैश्च ब्राह्मीयं क्रियते तनुः''* के अनुसार ब्रह्म सम्मिलन के लिए अपने शरीर को नित्यपूजा, नैमित्तिक पूजा तथा जपादि के द्वारा ब्रह्मरूप बनाना चाहिए। इससे लक्ष्य तक पहुंचने की क्षमता प्राप्त होती है।

❑❑



नि:श्वास : तेईस

पंचामरा योग

योग-सिद्धि प्राप्ति के लिए यौगिक देह बनाना अत्यावश्यक है। जैसे किसी उत्तमोत्तम मेहमान के आने अथवा बुलाने से पूर्व हम उनके योग्य आवास-निवास की पूरी समुचित व्यवस्था करते हैं, उसी प्रकार विभिन्न मलों से दूषित इस शरीर में सर्वातिशायी परमात्मा और उनकी महनीय शक्ति के निवास के लिए योग्य व्यवस्था करना अत्यावश्यक है।

आंतरिक-शुद्धि से पूर्व बाह्य-शुद्धि के लिए तंत्रों में ''पंचामरा-साधन'' का निर्देश दिया है। इसी में पांच अमर वस्तु, जिनका प्रयोग होता है, ये हैं—दूर्वा ग्रंथियुक्त, विजया (भांग), बिल्वपत्र, निर्गुण्डी, काली तुलसी।

विशेष बात यह है कि इनमें विजया के पत्र दुगुने और अन्य चार समान भाग में लेकर उनका अलग-अलग चूर्ण बना लें तथा उनका मिश्रण करते समय निम्नलिखित मंत्रों का एक बार पाठ करें—

ॐ त्वं दूर्वेऽमरपूज्ये त्वममृत-समुद्भवे।
अमरं मां सदा भद्रे कुरुष्व नृहरिप्रिये॥
ॐ संविदे ब्रह्मसम्भूते ब्रह्मपुत्रि सदाऽनधे।
भैरवाणां च तृप्तयर्थे पवित्रा भव सर्वदा॥
ॐ काव्यसिद्धिकारी-देवी-बिल्वपत्रनिवासिनी।
अमरत्वं सदा देहि शिवतुल्यं कुरुष्व माम्॥
ॐ निर्गुण्डि परमानन्दे योगानामधिदेवते।
रक्ष माममरे देवि भावसिद्धिप्रदे नमः॥
ॐ विष्णोः प्रिये महामाये महाकालनिवारिणि।
मां सदा रक्ष तुलसि मामेकममरं कुरु॥

फिर सबको मिलाकर—

ॐ अमृते अमृतोद्भवे अमृतवर्षिणि
अमृतमाकर्षयाकर्षय सिद्धिं देहि स्वाहा।

इस मंत्र से धेनुमुद्रा, योनिमुद्रा तथा मत्स्यमुद्रा दिखाते हुए प्रणाम करें। सात बार यह बिना मंत्र के गुरु-स्मरणपूर्वक तथा सात बार इष्टमंत्र बोलते हुए प्रत्येक के साथ **''तर्पयामि नमो नमः''** जोड़कर तर्पण करने का भी विधान है। इसके पश्चात्—

ॐ ऐं वद वद वाग्वादिनी मम जिह्वाग्रे स्थिरीभव
सर्वसत्त्व वशंकरि शत्रुकण्ठ त्रिशूलिनी स्वाहा।

इस मंत्र से चूर्ण का भक्षण करें। इन पांचों वस्तुओं में क्रमशः गणपति, सरस्वती, शिव, योगिनी तथा विष्णु का

निवास होने से ये देवता साधक पर प्रसन्न होकर उसे सिद्धि प्रदान करते हैं। योग-साधकों के लिए 1. नेती, 2. दंती, 3. धौती, 4. नौली और 5. क्षालिनी के लिए जो जहां उपदेश किया गया है, वह भी ''पंचामरा-योग'' के नाम से निर्दिष्ट है।

इस योग से कुण्डलिनी जागरण में सहयोग प्राप्त होता है।

पंचतिक्त प्रयोग

जप-संबंधी निर्देशों में यह भी कहा गया है—

पंचतिक्तं मुखे क्षिप्त्वा जपं कृत्वा समर्पयेत्।
तस्याहं सकलां पृथ्वीं ददामि पुरुषोत्तम॥
कौलं च पंच तिक्तं स्यात् कौलं कुलसमुद्भवम्।
तस्माद् देयं प्रयत्नेन देव्याश्चोद्भवमिच्छता॥
एला जातीफलं चैव कर्पूरं च लवंगकम्।
जातिपत्रं तथा देवि पंचतिक्तमिदं प्रियम्॥

अर्थात् जो व्यक्ति जप के समय मुख में 'पंचतिक्त' वस्तुओं—जिनमें '1. इलायची, 2. जायफल, 3. कपूर, 4. लौंग, 5. जावित्री' हैं, को रखकर देवी-मंत्रों का जप करता है और भगवती को जप समर्पित करता है, उसको मैं समस्त पृथ्वी दे देता हूं अर्थात् उसके लिए कोई वस्तु अदेय नहीं रहती। ऐसे ही अन्यान्य देवताओं के जप में भी कुछ विशिष्ट वस्तुओं के मुख में रखने का निर्देश है। कौल-मार्गियों के लिए ये पंचतिक्त ही 'कौल' हैं, क्योंकि ये कुल-वृक्षों से उत्पन्न हैं।

❑❑

नि:श्वास : चौबीस

नाभि-चक्र का जागरण

साधक बीज प्राप्त कर उसे काया रूप में प्रस्फुटित करता है इससे उसकी साधकोचित साधना पूर्ण होती है। योगी शिष्य का आधार सबल होता है, अत: उसे इस प्रकार की साधना की आवश्यकता नहीं है। काया लाभ के पश्चात् साधक योगभूमि प्राप्त करता है, तथापि वह योगी ही रहता है।

दर्पी योगी नहीं बन सकता।

वह अज्ञात रूप-से उत्तराभिमुख गति से योगधारा में प्रवाहित होता हुआ महाशक्ति के अंक में अर्थात् परमाप्रकृति के स्वरूपभूत कमलदल में विशेष लाभ करता है। इसमें संदेह नहीं कि वह अब योगी है, क्योंकि बिना योग पथ का आश्रय लिए परमाप्रकृति के अंकदेश में उपवेशन कर सकना संभव नहीं।

इतने पर भी वह मात्र योगी है, दर्पी योगी नहीं। वह मध्य बिंदु प्राप्त नहीं कर सकता। अपरदिक जो प्रारंभ से योगी है, उसे प्रारंभ से ही योगकाया (अर्थात् इष्ट अथवा गुरुकाया) प्राप्त रहती है।

उसका अंतर्निहित बल (आधार) श्रेष्ठतर होता है। इसलिए गुरु उसमें प्रारंभ से (बीज नहीं देते) बीज का विकास अर्थात् कायादान कर देते हैं। इसका फल यह है कि योगकर्म का अनुष्ठान करते-करते गुरु प्रदत्त काया का विकास हो जाता है।

पूर्ण विकास हो जाने पर चिदाकाश का भेद कर वह योगी गुरु के स्वरूप में स्थान प्राप्त करता है। यह है बोधयुक्त अवस्था। वस्तुत: यही है शिवभाव।

साधक योगी रूप में परिणति प्राप्त कर संतान रूप-से महाशक्ति की गोद में स्थान प्राप्त करते हैं। जो प्रारंभ में ही योगी हैं, उनकी गति भिन्न है। वे कर्म पूर्ण होने पर शिवभाव में स्थित होते हैं। दोनों गतियों में पार्थक्य है। ये योगी खंड योगी के नाम से परिगणित होने योग्य हैं। इसके पश्चात् योग की और भी उच्चतर भूमि है।

जो साधक योगी की स्थिति प्राप्त होने पर मां के क्रोड़ में आसीन होते हैं, उनके लिए इस उच्चतर योगभूमि की प्राप्ति असंभव है। इसके पश्चात् भी अवस्था होती है। पिंड अथवा ब्रह्माण्ड में सहस्रदल के ऊपर ब्रह्मरन्ध्र नामक स्थान में योगी की स्थिति होती है।

एक प्रकार से इससे ऊर्ध्व कोई स्थान नहीं होता। उससे उच्चतर अवस्था कैसी होगी? यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है। इसका समाधान अवश्य है। ब्रह्मरन्ध्र में स्थिति होने के पश्चात् भी एक गुह्य स्तर उन्मुक्त होता है इस स्तर की उपलब्धि एवं स्थिति ब्रह्मरन्ध्र की अपेक्षा उच्चतर अवस्था है। उसका वर्णन इस प्रकार है—

वास्तव में ब्रह्मरन्ध्र में स्थिति से भी महाशक्ति का विकास नहीं होता। जो महायोगी परमशिव अवस्था प्राप्त करते हैं, वे निम्नवर्ती समस्त सृष्टि के शिखरदेश पर आरूढ़ होते हैं, तथापि उनके लिए अभी भी प्राप्य अवस्था विद्यमान है। वह अवस्था तभी प्राप्त होगी, जब नाभिकेंद्र का जागरण संभव हो सके। यह अत्यंत दुरूह कार्य है।

शिवत्व के पश्चात् भी इस केंद्र को जगाना अत्यंत दुष्कर है अर्थात् जो योगी महाभाव में स्थित हैं (वे जब तक नाभिचक्र का जागरण संपन्न नहीं कर पाते) उनको शिवावस्था ही प्राप्त है।

नाभिचक्र उद्‌बुद्ध होने पर परमशिवावस्था की अभिव्यक्ति होती है। शिवभाव एवं परम शिव भाव में अनेक पार्थक्य है। शिव है विश्वातीत, विश्वप्रपंच से अतीत। विश्व एवं शिव के मध्य एक व्यवधान है, जो उस समय भी रह जाता है, अपसारित नहीं होता।

विश्व है जड़ एवं शिव है चैतन्यमय।

वह विश्व के अतीत हैं किन्तु विश्वात्मक नहीं। इसका मात्र कारण यह है कि शिव में अभ्यंतर शक्ति स्फुरण का अभाव है।

शक्ति एवं उसका कार्य है विश्व।

शक्ति अचित है एवं उसका कार्य भी अचित ही है। शिव है चित्त स्वरूप, चित्त जब स्वयं में शक्ति स्फुरण का अनुभव करते हैं, तब वह उचित रूप हो जाते हैं। शक्ति एवं उसके कार्य (विश्व) के साथ चित्त रूपी शिव का समन्वय प्रतिष्ठित होता है।

चित्त रूप शिव एवं अचितरूपा शक्ति में चितशक्ति उन्मेष द्वारा समन्वय होता है और यही है ''नाभि-चक्र का जागरण''।

इसे नाभि केन्द्र भी कह सकते हैं। यह अत्यंत दुर्लभ है, अत: महायोगी भी नाभि-क्रिया का रहस्य नहीं जानते। यहीं से महा कुण्डलिनी की क्रीड़ा प्रारंभ होती है।

यह विचित्र है।

तीनों को आयत्त कर योगीगण महाशक्तिस्थ बिंदु-भेद द्वारा ब्रह्मावस्था प्राप्त करते हैं। ये हैं दर्पी योगी। ये ही हैं महाखण्ड गुरु। ये ही त्रिविध शक्ति जागरण के पश्चात् अखण्ड महागुरु रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त करते हैं।

जो योगी इन तीन के अंतर्गत मात्र एक कुण्डलिनी को जाग्रत कर कर्म पूर्ण होने के पूर्व ही देह त्याग कर देते हैं, वे महाशक्ति के चक्र पर आसीन होते हैं तथापि वह अस्थायी अवस्था है। दर्पी योगी स्वयं मां बनकर एवं ब्रह्मत्व लाभकर, मां और गुरु के अभिन्न रूप की प्रतिष्ठापना करते हैं। वे मातृ-ऋण शोध करने में समर्थ होते हैं, इनके अतिरिक्त मातृ-ऋण शोधन की क्षमता किसी में नहीं है।

❑❑



नि:श्वास : पच्चीस

छठी इन्द्रिय की शक्ति

यहां सबसे पहले ''त्रिनेत्र'' की बात करते हैं। इस त्रिनेत्र का विवरण शास्त्रों में बखूबी आया है। भगवान शिव को त्रिनेत्र कहा गया है। यह तीसरा नेत्र ''आन्तरिक नेत्र'' या ''ज्ञान नेत्र'' कहा जाता है, जिससे बाहर की सारी वस्तुएं, भौतिक पदार्थ आदि देख सकते हैं, किन्तु इस तीसरे नेत्र के माध्यम से हम उन गुप्त रहस्यों को भी देख सकते हैं, जिन्हें सामान्यत: चर्म चक्षुओं से नहीं देखा जा सकता। इस तीसरे नेत्र को ही ''आत्म चक्षु'' कहा गया है।

कुण्डलिनी के चक्र

कुण्डलिनी-जागरण मानव-जीवन की सर्वोच्च उपलब्धि है। यह बात पहले कई बार दोहराई जा चुकी है कि मानव-शरीर में कुछ विशेष चक्र सन्निहित हैं, जो कि सुप्तावस्था में हैं। ये चक्र अंदर की सारी चेतना को जाग्रत करने में समर्थ हैं।

इसका प्रारंभिक चक्र मूलाधार कहलाता है। इसके बाद क्रमश: स्वाधिष्ठान, मणिपूर, अनाहत, विशुद्ध, आज्ञा और सहस्रार चक्र हैं। इन सब चक्रों में आज्ञा चक्र का महत्त्व सबसे अधिक है। यह दो पद्मों में संयुक्त समस्त ब्रह्माण्ड का परिचायक है।

आज्ञा चक्र जाग्रत होते ही साधक को किसी भी मनुष्य के जीवन के बारे में पूरा-पूरा ज्ञान हो जाता है। वह क्षण मात्र में ही भूत-भविष्यकाल को जान लेता है। ऐसा योगी एक स्थान पर बैठा-बैठा संपूर्ण विश्व की हलचल को अनुभव कर लेता है तथा आज्ञा चक्र के माध्यम से ही यह भी जान लेता है कि आने वाले समय में विश्व में कहां-कहां पर क्या-क्या घटनाएं घटित हो सकती हैं अथवा घटने वाली हैं।

इस आज्ञा चक्र को शास्त्रों में तीसरा नेत्र कहा गया है। जो शक्ति तीसरा नेत्र या आज्ञा चक्र के खुलने पर प्राप्त होती है, उसी को ''छठी इन्द्रिय'' या ''सिक्स्थ सेंस'' कहते हैं। इस छठी इन्द्रिय के माध्यम से व्यक्ति उन सारे रहस्यों को जान सकता है, जो सर्वथा अगोचर, गोपनीय और महत्त्वपूर्ण होते हैं।

कई बार चेतना किसी-किसी को स्वत: प्राप्त हो जाती है और कभी-कभी प्रयत्न करने पर इस चेतना को हस्तगत की जा सकती है। यों सामान्यत: प्रत्येक व्यक्ति में, थोड़े-बहुत रूप में यह चेतना होती है, जिसके आधार पर वह अनुमान लगाने में समर्थ हो जाता है। किसी व्यक्ति को देखते ही मन में स्वत: यह भाव पैदा हो जाता है कि यह व्यक्ति बदमाश या धूर्त है अथवा वो व्यक्ति धोखेबाज या वो स्त्री कुलटा है, आगे चलकर यह बात सत्य उतरती है, ऐसी चेतना को ही ''छठी इन्द्रिय'' कहा गया है।

यदि व्यक्ति शुद्ध भावना से मन की आंतरिक चेतना से कोई बात कह देता है, तो वह कार्य संपन्न हो जाता है, ऐसी क्रिया को ही हमारे शास्त्रों में ''श्राप'' या ''आशीर्वाद'' कहा है।

छठी इन्द्रिय शक्ति का ज्ञान

मुगल बादशाह हुमायूं का यह किस्सा बहुत मशहूर है। बात उस समय की है, जब हुमायूं रोगावस्था में मृत्यु शय्या पर पड़ा था। दरबार के सारे नीम-हकीमों ने अनेक तजुर्बे किए, दवाइयां दीं, किन्तु हुमायूं को कोई लाभ नहीं हुआ। एक समय ऐसा आया, जब बाबर ने अनुभव किया कि कुछ ही घंटों में हुमायूं की मृत्यु निश्चित है, तब वह उठा।

उसने अपने खुदा से इबादत की, बीमार हुमायूं के पलंग के चारों तरफ घूमकर अल्लाह से प्रार्थना की कि वह हुमायूं को जीवन दे दे, बदले में चाहे उसका जीवन ले ले। संभवत: यह प्रार्थना सच्चे हृदय से, पूर्ण आत्मचेतना से की गई थी और इतिहास साक्षी है, उस वक्त से हुमायूं लगातार ठीक होने लगा और बाबर ज्यादा-से-ज्यादा बीमार पड़ता गया। फिर एक दिन ऐसा आया कि बाबर की मृत्यु हो गई।

यह छठी इन्द्रिय की शक्ति का ज्वलंत उदाहरण है। छठी इन्द्रिय की शक्ति के ऐसे अनगिनत उदाहरण हैं, जिन्हें लिखने बैठें, तो शायद पूरी एक पुस्तक ही बन जाए।

मन की एकाग्रता अपने आप में बहुत बड़ी शक्ति है, जिसके माध्यम से असंभव कार्य भी संभव किए जा सकते हैं। आज संसार भर में मन की एकाग्रता या छठी इन्द्रिय की शक्ति को लेकर बराबर परीक्षण चल रहे हैं और इसमें सफलता भी मिल रही है।

भारत में इस अतीन्द्रिय शक्ति या मन शक्ति से सम्बंधित चमत्कारी बातों से सैकड़ों ग्रंथ भरे पड़े हैं। ऋषियों ने वरदान देकर या आशीर्वाद देकर एक क्षण में कठिन-से-कठिन कार्य संपन्न कर दिखाए हैं, जो कुण्डलिनी रहस्यों को जान लेता है, वह मन की अतीन्द्रिय शक्तियों पर भी नियंत्रण प्राप्त कर लेता है।

वस्तुत शरीर में तीन प्रकार की शक्तियां होती हैं—भौतिक या शारीरिक शक्ति, बौद्धिक शक्ति और मानसिक शक्ति। मानव शारीरिक शक्ति का प्रयोग तो पिछले कई सौ वर्षों से करता आ रहा है। जैसे, बोझा उठाना, परिश्रम करना आदि ऐसी ही शक्ति हैं। इसके अलावा अब मनुष्य पहले की अपेक्षा अधिक बौद्धिक शक्ति का उपयोग करने लगा है। यद्यपि वैज्ञानिकों के अनुसार अभी भी मनुष्य अपनी बौद्धिक क्षमताओं का बौद्धिक शक्ति का तीस प्रतिशत से अधिक उपयोग नहीं कर पाया है, मन: शक्ति के प्रयोग के बारे में तो वह अभी तक कोरा है और केवल उसका पांच प्रतिशत ही उपयोग करने में समर्थ हो सका है।

ध्यान, धारणा, समाधि या कुण्डलिनी जागरण के द्वारा ही इन मन:शक्ति का विकास होता है। निरंतर अभ्यास करने पर मन: शक्ति या संकल्प शक्ति बहुत अधिक बढ़ाई जा सकती है। इस शक्ति को प्राप्त कर साधक प्रत्येक कार्य में समर्थ हो जाता है। कोई कार्य उसके लिए असंभव नहीं रहता। प्राचीन योगियों के अनुसार कुण्डलिनी जागरण कर चक्रों को जाग्रत करने से अथवा नित्य आधा घंटा किसी एकांत स्थान पर बैठकर ध्यान लगाने (त्राटक क्रिया) से स्वयं में उस अद्वितीय शक्ति का अनुभव किया जा सकता है। किन्तु सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण कुण्डलिनी का जागरण ही है।

❑❑



नि:श्वास : छब्बीस

शरीरस्थ मंत्राक्षर

भगवान शिव के महामृत्युंजय मंत्र के अंतर्गत विभिन्न प्रकाशात्मक वर्ण शरीर में स्थित विभिन्न शक्तियां मंत्रजप से जाग्रत होकर जीवन को सबल और सुरक्षित बनाती हैं तथा विघ्नों का नाश करती हैं। कौन-कौन वर्ण किस-किस शक्ति का सजातीय है और वह शक्ति शरीर के किस-किस स्थान में रहती है ? इसका महर्षि वशिष्ठ ने विस्तार *''देवो भूत्वा देवं यजेत्''* के सिद्धांत पर बतलाया है।

महामृत्युंजय मंत्र के 33 अक्षर हैं जो महर्षि वशिष्ठ के अनुसार 33 दिव्य-शक्तियों (देवताओं) के द्योतक हैं। इन देवताओं की गणना इस प्रकार है—8 वसु, 11 रुद्र, 12 आदित्य, 1 प्रजापति एवं 1 वषट्कार—ये 33 देवता प्राणियों के भिन्न-भिन्न शरीर के अंगों में स्थित हैं। सबल तथा जाग्रतावस्था में ये शक्तियां प्राणियों के शरीर की रक्षा और संहारक शक्तियों का विनाश करती हैं।

महामृत्युंजय मंत्र

त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्।
उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय माऽमृतात्॥

मंत्राक्षरों के अर्थ—

- **त्रि**—प्राण (ध्रुव वसु) का बोधक है जो सिर में स्थित है।
- **यम्**—अध्वर वसु (प्राण) का बोधक है, जो मुख में स्थित है।
- **ब**—शक्ति (साम वसु) का बोधक है जो दक्षिण कर्ण में स्थित है।
- **कम्**—जल वसु (देवता) का बोधक है जो वाम कर्ण में स्थित है।
- **य**—वायु वसु का बोधक है जो दक्षिण बाहु में स्थित है।
- **जा**—अग्नि वसु का बोधक है जो वाम बाहु में स्थित है।
- **म**—प्रत्यूष वसु का बोधक है जो दक्षिण बाहु-मध्य में स्थित है।
- **हे**—प्रयास वसु का बोधक है जो मणिबंध में स्थित है।
- **सु**—वीरभद्र रुद्र का बोधक है जो दक्षिण हस्त के अंगुलिमूल में स्थित है।
- **ग**—शंभु रुद्र का बोधक है जो दक्षिण हस्तांगुलि के अग्र भाग में स्थित है।
- **न्धिम्**—गिरीश रुद्र (शक्ति) का बोधक है जो वाम बाहुमूल में स्थित है।
- **पु**—अजैकपात् रुद्र (शक्ति) का द्योतक है जो वामहस्त के मध्य में स्थित है।
- **ष्टि**—अहिर्बुध्न्य रुद्र का बोधक है जो वाम हस्त के मणिबंध में स्थित है।
- **व**—पिनाकी रुद्र (प्राण) का बोधक है जो वाम हस्तांगुलिमूल में स्थित है।

- ❑ **र्ध**—भवानीश्वर रुद्र का बोधक है जो वाम हस्तांगुलि के अग्रभाग में स्थित है।
- ❑ **नम्**—कपाला रुद्र का बोधक है जो दक्ष उरुमूल में स्थित है।
- ❑ **उ**—दिक्पति रुद्र का बोधक है जो दक्ष जानु में स्थित है।
- ❑ **र्वा**—स्थाणु रुद्र का बोधक है जो दक्ष गुल्फ में स्थित है।
- ❑ **रु**—भर्ग रुद्र का बोधक है जो दक्ष पदांगुलिमूल में स्थित है।
- ❑ **क**—धाता आदित्य का बोधक है जो दक्षपादांगुलियों के अग्रभाग में स्थित है।
- ❑ **मि**—अर्यमा आदित्य का बोधक है जो वाम उरुमूल में स्थित है।
- ❑ **व**—मितादित्य का बोधक है जो वाम जानु में स्थित है।
- ❑ **ब**—वरुणादित्य का बोधक है जो वाम गुल्फ में स्थित है।
- ❑ **न्ध**—अंशु आदित्य का बोधक है जो वाम पादांगुलिमूल में स्थित है।
- ❑ **नात्**—भगादित्य का बोधक है जो वामपादांगुलियों के अग्र भाग में स्थित है।
- ❑ **मृ**—विवस्वान् का बोधक है जो दक्ष पार्श्व में स्थित है।
- ❑ **त्योः**—इन्द्रादित्य का बोधक है जो वाम पार्श्व में स्थित है।
- ❑ **मु**—पूषादित्य का बोधक है जो पृष्ठ में स्थित है।
- ❑ **क्षी**—पर्जन्यादित्य का बोधक है जो नाभि में स्थित है।
- ❑ **य**—त्वष्टा आदित्य (शक्ति) का बोधक है जो गुह्य में स्थित है।
- ❑ **मा**—विष्णु आदित्य का बोधक है जो दोनों भुजाओं में स्थित है।
- ❑ **मृ**—प्रजापति (प्राण) का बोधक है जो कण्ठभाग में स्थित है।
- ❑ **तात्**—अमित वषट्कार का बोधक है जो हृदय में स्थित है।

उपर्युक्त वर्णों के अर्थ भी प्राप्त होते हैं, जिनमें शक्तियों सहित देवताओं की बोधकता स्थिति का वर्णन व्याप्त है। यथा—

- ❑ **त्र्यम**—त्रिनेत्रा शक्ति सहित त्र्यक्षेश का बोधक है जो शिखा में स्थित है।
- ❑ **ब**—प्रभेदिनी शक्ति सहित बालार्कतेज का बोधक है जो सिर में स्थित है।
- ❑ **कं**—कल्याणी शक्ति सहित कालानन्तेश का बोधक है जो ललाट में स्थित है।
- ❑ **य**—यज्ञरूपा शक्ति सहित विघ्नेश का बोधक है जो भ्रूमंडल में स्थित है।
- ❑ **जा**—ज्वालामुखी शक्ति सहित जालंधरेश का बोधक है जो नेत्र-युगल में स्थित है।
- ❑ **म**—महाशक्ति सहित महादेवेश का बोधक है जो कर्णयुगल में स्थित है।
- ❑ **हे**—हेमवती सहित हाकिनीश का बोधक है जो नासिका द्वारों में स्थित है।
- ❑ **सु**—सुगंधि सहित सुगंधेश का बोधक है जो कपोल-मंडल में स्थित है।
- ❑ **ग**—गंभीरा सहित गंधेक का बोधक है जो ऊर्ध्वोष्ठ में स्थित है।
- ❑ **न्धिम्**—धीरा सहित महीश (प्राण) का बोधक है जो अधरोष्ठ में स्थित है।
- ❑ **पु**—पूर्णा सहित पुंडरीकाक्षेश का बोधक है जो ऊर्ध्वदंतों में स्थित है।
- ❑ **ष्टि**—अधिष्ठानी सहित अधिष्ठेश का बोधक है जो अधोदंतों में स्थित है।
- ❑ **व**—वरेण्या सहित वरिष्ठेश का बोधक है जो हनुयुगल में स्थित है।
- ❑ **र्ध**—धर्मा सहित धर्मेश का बोधक है जो चिबुक में स्थित है।
- ❑ **नं**—नंदिनी सहित नंदीश का बोधक है जो मुख में स्थित है।

- **उ**—उमा सहित ऋद्धीश (प्राण) का बोधक है जो कंठ में स्थित है।
- **र्वा**—वामा सहित वरुणेश का बोधक है जो दोनों कंधों में स्थित है।
- **रु**—रूपवती सहित रुद्रेश का बोधक है जो भुजयुगल में स्थित है।
- **क**—कांति सहित कांतेश का बोधक है जो हृदय में स्थित है।
- **मि**—शिवा सहित मीढुष्टमेश का बोधक है जो हृदय में स्थित है।
- **व**—वेदगर्भा सहित वेदेश का बोधक है जो स्तनमंडल में स्थित है।
- **बं**—बंधिनी सहित बंधिनीश का बोधक है जो हृदय में स्थित है।
- **ध**—धनुष्मति सहित धंवीश का बोधक है जो नाभि में स्थित है।
- **नात्**—पुष्टि सहित नाकेश्वर का बोधक है जो कटि में स्थित है।
- **मृ**—मृत्युनाशिनी सहित मृत्युंजयेश का बोधक है जो गुह्य में स्थित है।
- **त्योः**—नित्या सहित नित्येश का बोधक है जो पायु में स्थित है।
- **मु**—मुकुंदा सहित मुक्तीश का बोधक है जो दोनों पार्श्वों में स्थित है।
- **क्षी**—क्षेमकरी सहित क्षितीश का बोधक है जो उरुमंडल में स्थित है।
- **य**—मंत्रभेदिनी सहित योगीश का बोधक है जो गुल्फ युगल में स्थित है।
- **मा**—मंत्रप्रभेलिनी सहित मंत्रेश का बोधक है जो पादतलों में स्थित है।
- **मृ**—क्षमा सहित अमृतेश का बोधक है जो पैरों के ऊर्ध्व भाग में स्थित है।
- **तात्**—तंवीशा सहित तंवीश का बोधक है जो पाद युगल में स्थित है।

पदों के आधार पर प्रत्येक पद में शक्ति और देव की पृथक-पृथक बोधकता के ज्ञान का वर्ण निम्नलिखित है—

- **त्र्यम्बकम्**—त्रैलोक्य शक्ति सहित त्रिपुरा-नरेश का बोधक है जो सिर में स्थित है।
- **यजा**—सुगंधक शक्ति सहित यज्ञवतीश का बोधक है जो ललाट में स्थित है।
- **महे**—मायाशक्ति सहित महत्तत्त्वेश का बोधक है जो कानों में स्थित है।
- **सुगन्धिम्**—सुगंधि शक्ति सहित सुगंधीश का बोधक है जो नासिका में स्थित है।
- **पुष्टि**—पुरंदरी शक्ति सहित पुरुषेश का बोधक है जो मुख में स्थित है।
- **वर्धनम्**—वंशकरी शक्ति सहित वरेश का बोधक है जो कंठ में स्थित है।
- **उर्वा**—ऊर्ध्वेश शक्ति सहित उमापतीश का बोधक है जो हृदय में स्थित है।
- **रुक**—रुक्मवती शक्ति सहित रूपवतीश का बोधक है जो नाभि में स्थित है।
- **मिव**—रुक्मवती शक्ति सहित रूपवतीश का बोधक है (पूर्ववत्) जो कटि में स्थित है।
- **बन्धनात्**—बर्बरी शक्ति सहित बालचंद्रमौलीश का बोधक है जो गुह्य में स्थित है।
- **मृत्योः**—मंत्रवती शक्ति सहित मंत्रेश का बोधक है जो उरुद्वय में स्थित है।
- **मुक्षीय**—मुक्तिकरी शक्ति सहित मुक्तिरीश का बोधक है जो जानुद्वय में स्थित है।
- **मा**—महाशक्ति सहित महाकालेश का बोधक है जो जंघाद्वय में स्थित है।
- **अमृतात्**—अमृतवती शक्ति सहित अमृतेश का बोधक है जो पादतल में स्थित है।

कुण्डलिनी चक्रों में मंत्रगत वाक्यों के अर्थ

- **त्र्यम्बकम**—भूत शक्ति सहित भवेश का बोधक है जो अधःसहस्रार मूलाधार में स्थित है।

- **यजामहे**—शर्वाणी शक्ति सहित शर्वेश का बोधक है जो स्वाधिष्ठान में स्थित है।
- **सुगन्धिम्**—विरूपा शक्ति सहित रुद्रेश का बोधक है जो मणिपूर में स्थित है।
- **पुष्टिवर्धनम्**—वंशवर्धिनी शक्ति सहित पशुपतीश (पुरुषवरदेश) का बोधक है जो अनाहत में स्थित है।
- **उर्वारुकमिव**—उग्रा शक्ति सहित उग्रेश का बोधक है जो विशुद्ध में स्थित है।
- **बन्धनात**—मानवती शक्ति सहित महादेवेश का बोधक है जो आज्ञा में स्थित है।
- **मृत्योर्मुक्षीय**—भद्रकाली शक्ति सहित भीमेश का बोधक है जो सहस्रदल में स्थित है।
- **माऽमृतात्**—ईशानी शक्ति सहित ईशानेश का बोधक है जो सहस्रदल में स्थित है।

मंत्रस्वरूप, अर्थ एवं तात्पर्यार्थ

तत्त्वचिंतकों ने आधिभौतिक अर्थ को स्थूल, आध्यात्मिक अर्थ को सूक्ष्म तथा आधिदैविक अर्थ को पर अर्थ की संज्ञा दी है। इस सिद्धांत का अनुसरण यास्क तथा स्कंदस्वामी आदि सभी आचार्यों ने किया है। इस पद्धति के आधार पर ''त्र्यम्बकम्'' आदि पद और मंत्र के अर्थ निम्नलिखित हैं—

अहिर्बुध्न्य के मतानुसार, ''तिस्रः अंबिकाः यस्य सः त्र्यम्बकः'', अर्थात् इच्छाशक्ति, क्रियाशक्ति और ज्ञानशक्ति—ये तीनों विश्व की माताएं हैं। यह शक्तित्रय जिसके वश में हों, वह त्र्यम्बक कहलाता है। वैदिक परिभाषा में इन तीन माताओं को गायत्रीछन्द (ज्ञानशक्ति), त्रिष्टुप्छन्द (इच्छाशक्ति), जगतीछन्द (क्रियाशक्ति ''अर्थशक्ति'') कहा गया है।

पौराणिक भाषा में क्रियाशक्ति का ही दूसरा नाम अर्थशक्ति है। महर्षि कणाद ने इन तीनों को ज्ञान, इच्छा और प्रयत्न—इन शब्दों से परिभाषित किया है।

''त्रीणि अम्बकानि (नेत्राणि) संति यस्य स त्र्यम्बकः'', अर्थात् जिसके अग्नि, चंद्र और सूर्य—ये तीन नेत्र (प्रकाश) हैं, वह त्र्यम्बक कहलाता है।

सांख्य दर्शन के प्रेणता महर्षि कपिल ने सत्त्व, रज और तम—ये तीन नेत्र माने हैं। याज्ञिकों ने पृथ्वी, अंतरिक्ष और द्युलोक को तीन नेत्र कहा है, जबकि मीमांसकों की परिभाषा में ऋग्, यजुः और साम—ये तीन वेद ही नेत्रत्रय हैं।

कुमारिल ने ''तंत्रवार्तिक'' में कहा है—

विशुद्धज्ञानदेहाय त्रिवेदीदिव्यचक्षुषे।
श्रेयःप्राप्तिनिमित्ताय नमः सोमार्द्धधारिणे॥

इसके अलावा शाण्डिल्य ने 'भक्तिमीमांसा' में प्रत्यक्ष, अनुमान और शब्द—इन तीनों को त्र्यम्बक (महादेव) के तीन नेत्र माना है।

ज्योतिषियों के मतानुसार भूत, भविष्य और वर्तमान—ये तीनों काल-महाकाल त्र्यम्बक के नेत्र हैं, जबकि वेदांत में चित्त, अहंकार एवं बुद्धि को और ग्यारह योगियों के मत में ''उ, उम्'' इन तीनों (प्रणवाक्षरों) को शिव के तीन नेत्र माना है।

सुगन्धिम—जो आत्मतेज से समस्त तत्त्वों को शोभन-सुगंधमय बनाता है अर्थात् उन-उन वस्तुओं को स्व-स्वरूप में स्थिर रखता है और अपने अंतः प्रवेश से उन वस्तुओं को अपना सुगंधमय स्वरूप देकर उन्हें सहसा विकृत नहीं होने देता, वह परमात्मा इस पद में सुगंधि पद से अभिहित है।

बौद्धमतावलंबी वसुबंधु ने समगंध—तत्त्व को अविकृति एवं पुष्टप्रद माना है तथा विषम गंध तत्त्व को दुर्बलता तथा विकारप्रद कहा है। समगंध तत्त्व ही (पृथ्वी आदि तत्त्वों की) स्थूलता तथा पदार्थों की अविकृति का कारण है। इसलिए धर्मशास्त्रों में सुगंधित पुष्पों का धारण आरोग्य और पुष्टिदायक माना गया है।

पुष्टिवर्धनम्—परमात्मा पुष्टिवर्धक है। यहां पुष्टि का अर्थ पोषण, लक्ष्मी और भूति है। पुष्-पुष्टौ (धातु) से ''क्तिने'' प्रत्यय द्वारा पुष्टि शब्द बनता है। आनंदार्णव तंत्र में ''पुष्टिल मीस्वरूपिणी'' कहकर इसका अर्थ लक्ष्मी कहा गया है। तांत्रिकों की परिभाषा में इसे शक्ति माना है। पौराणिकों की परिभाषा में माया और तत्त्व-चिंतकों की परिभाषा में यह प्रकृति कही जाती है। इस पुष्टि को जो बढ़ाता है अर्थात् सूक्ष्मावस्था से स्थूलावस्था में लाकर उसे विविध रूप-से परिणत कर देता है, वही परमात्मा पुष्टिवर्द्धनम् है, यह मानना चाहिए।

यजामहे—त्र्यम्बक परमात्मा के लिए स्वयं को समर्पित कर उससे अपना संबंध जोड़ना ही इसका अर्थ है। यहां यज् धातु का अर्थ, किसी देवता विशेष को उद्देश्य करके द्रव्य का त्याग करना है। यज् ''देवपूजासंगतिकरणदानेषु'' इस धातु से निष्पन्न ''यजामहे'' क्रिया का अर्थ ''यज्ञ करते हैं'' यह होता है।

मीमांसकों ने स्थूल द्रव्य (हवन, पूजा सामग्री) के माध्यम से आध्यात्मिक शक्तियों का आधिदैविक शक्तियों के साथ संबंध स्थापित करने को यज्ञ कहा है। इस मीमांसानुसारी सिद्धांतानुसार ''यजामहे'' का अर्थ स्थूल पदार्थों के माध्यम से प्रस्तुत तीन शक्तियों के स्वामी महान देव, अमर होने से मृत्यु का, प्रकाशमय होने से अंधकार का एवं स्थाणु होने से अस्थिरता का प्रतिपक्षी है तथा अमृत, प्रकाश एवं स्थिर भाव का उद्गम स्थल है।

मृत्योर्बन्धनात् उर्वारुकमिव मुक्षीय—इसका अर्थ विद्वानों ने जो निकाला है, वह यह है—हम भी वेदों में निर्दिष्ट (सौ प्रकार की रोगादि) मृत्तियों, अष्टविध अज्ञानपर्वों और सतत परिणामशील जन्म-मरण रूपी संसरणात्मक बंधन से मुक्त होकर उसी प्रकार मृत्युंजय की प्राप्ति की इच्छा करते हैं जिस प्रकार पका हुआ फल बिना किसी कष्ट के बंधनमुक्त हो जाता है।

यहां मृत्यु शब्द अज्ञान, प्राणापहारक शक्ति, बंधनात्मक संसार—इन तीनों अर्थों में प्रयुक्त हुआ है। अज्ञानवाचक मृत्यु शब्द की निरुक्ति, *''मतिं ज्ञानं त्यजति अनेन इति मृत्युः''*, जिससे मनुष्य ज्ञानरहित हो जाता है, वह अज्ञान मृत्यु है।

प्राणापहारक मृत्यु शब्द की परिभाषा है, *''मृतिं तनोति जंतूनामिति मृत्युरिति स्थितिः''*, जो प्राणियों के प्राणों का प्रतिक्षण संहार करती है, वह मृत्यु शक्ति है तथा, *''मृतिःसंतानरूपत्वान्मृत्युः संसार उच्यते''*, अर्थात् मरणधर्मा होने से संसार भी मृत्यु कहलाता है। इन तीन प्रकार की मृत्यु से मुक्ति दिलाना ही इस मंत्र का महान उद्देश्य है।

अमृतात् मा मुक्षीय—का भावार्थ है कि अमर, प्रकाशरूप, सतत एकरूप ब्रह्म के साथ जापक ने जो संबंध स्थापित किया है, उससे जापक भी अमर, प्रकाशमय और स्थिर होकर रहे तथा उस अमृतमय परमात्मा से उसका संबंध कदापि विच्छिन्न न हो।

इस प्रकार उपर्युक्त मंत्र द्वारा जीवात्मा और परमात्मा के सनातन संबंध की स्थिरता और आत्मा के स्वस्त्ययन (सर्वविध कल्याण) की कामना की गई है।

इस प्रकार मंत्रगत वर्ण, पद, वाक्यादि में प्रतीयमान सब शक्तियां शरीर के तत्तद् स्थानों में निवास करती हैं। देवता मंत्रमय हैं, अतः मंत्र के उच्चारण से देवताओं का उल्लास होता है, शक्तियों का उल्लास ही स्थिति है। अमृत है। शक्तियों की सुषुप्ति ही अंधकार है, मृत्यु है। सुषुप्त शक्तियां मंत्रजप से जाग्रत होकर स्थित भाव की संरक्षिका बनती हैं, क्योंकि मंत्र में ''सुगन्धि'' और ''पुष्टिवर्धन'' जैसे शब्द हैं।

सुगन्धि का अर्थ यहां पुण्य और विस्तृत कीर्ति है और कीर्ति का पर्याय यश है। यश चांद्रीशक्ति है, जो ''अमृता'' बनकर शक्तियों का संरक्षण करती है। ''पुष्टिवर्धनम्'' यह शक्तिवर्धन का सूचक है।

शब्दब्रह्म में वर्ण अक्षर कहलाते हैं। ये ही वर्ण अर्थब्रह्म पदार्थों में ''कला'' कहलाते हैं। वर्ण शब्द प्रकाश का वाचक है। शब्दब्रह्म विचित्र प्रकाशमय वर्णों का समुदाय है तो अर्थब्रह्म भी विभिन्न प्रकाशमय कलाओं का समूह है। दोनों ब्रह्म परस्पर एक-दूसरे से मिले हुए हैं। इसलिए शब्द से अर्थ और अर्थ से शब्द का ज्ञान होता रहता है और शब्द अर्थरूप से तथा अर्थ शब्दरूप से परिणत होते रहते हैं।

जिन विचित्र रंगों के प्रकाशों के संयोग से अमृतत्व सिद्ध होता है अथवा जो प्रकाश अमृतरूप से परिणत होते रहते हैं, उन सब प्रकाशों का संग्रह अक्षरों के द्वारा मृत्युंजय-मंत्ररूप ऋचा में है। इस मंत्र के उच्चारण से सर्वविध प्रकाश जाग्रत होते हैं और वे अमृत का उत्पादन तथा आकर्षण करते हैं।

साधकों ने जिन मंत्रों का जिस रूप में साधन किया और अपने अभीष्ट फल की प्राप्ति की, उसी को आगे चलकर आचार्यों ने शास्त्रों में संगृहीत कर दिया और वह भावी पीढ़ी के लिए उत्तम साधना का मार्ग बन गया। महामृत्युंजय मंत्र भी इस दृष्टि से विभिन्न प्रकार की साधनाओं का मुख्य लक्ष्य रहा है।

मृत्युंजय मंत्र द्वारा मणिपूर चक्र भेदन

मानव की सबसे बड़ी चिंता शरीर की स्वस्थता, मानसिक प्रसन्नता, दीर्घजीवन और मृत्यु से रक्षा होती है। जीवन में उत्साह तथा उल्लास का संचार इन्हीं पर निर्भर है। यदि ये सब नहीं तो सभी प्रकार की उधेड़बुन किसलिए? किसके लिए? इस चिंता का निवारण करने का सरलतम उपाय है—महामृत्युंजय भगवान महादेव की भक्ति।

यही वो साधना है, जिसे साधकर मनुष्य आगे बढ़ता है, आशाओं के दीप जलाता है और उनके उज्ज्वल प्रकाश में अपने विचारों, प्रयासों एवं आकांक्षाओं को मूर्तिमान बनाकर सफल होता है। भगवती आनन्दभैरवी ने उत्तरतंत्र में चक्रभेदन के प्रसंग में मणिपूर-भेदन का वर्णन करते हुए कहा है—

अष्टैश्वर्य साधक, जीवन्मुक्ति एवं सर्वज्ञता प्रदान करने वाले मणिपूर-भेदक मंत्र का मैं कथन करती हूं। साधक मणिपूर में रुद्राणी सहित रुद्र का ध्यान एवं पूजन करके "ओम् नमस्ते रुद्ररूपिण्यै" इस रुद्राणी मंत्र का तथा "ॐ नमस्ते रुद्राय" इस महारुद्र मंत्र का जप करे।

षट्चक्रसाधन में ही अन्य मंत्रों का कथन करते हुए कहा गया है कि भगवान महारुद्र के अनंत मंत्र हैं। उनमें मृत्युंजय मंत्र द्वारा मणिपूर में स्थित रुद्राणी और रुद्र को चैतन्य करना चाहिए। उसके लिए प्रसाद मंत्र "ॐ हौं स्वाहा", *"ॐ हौं जूं स्वाहा"* अपना मृत्युंजय-महामंत्र का मानस जप करना चाहिए और इसके पश्चात् पूजा-विधान, न्यास-विधान तथा अन्य प्रक्रियाओं का विस्तार से निर्देश है। इनमें रुद्राणी का तथा रुद्र का ध्यान इस प्रकार है—

रुद्राणी का ध्यान

रुद्राणीं रुद्रकान्तां नवरसजडितां कुङ्कुमासक्तगात्रां,
लोकेशीं षड्भुजान्तां त्रिभुवनमहितां कोटिसौदामिनीभाम्।
पद्मस्थां पद्महस्तां वरमभयकरां खड्गशक्तिं दधानां,
ध्यायेद् रौद्रीं त्रिनेत्रां शरदमलशशिश्रेणिभूषामलाङ्गीम्॥

रुद्र का ध्यान

रौद्रं रुद्रात्मकं तं प्रकृति-पुरुष-गम्भीरगीताभिधानं,
शूलं खड्गं दधानं वरमभयकरं पद्ममेकं प्रचण्डम्।
संचारं रश्मिजालं शशिशककिरणं कामधेनुस्वरूपं,
ध्यायेद् रौद्रीं स्वशक्तिं प्रलयमयतनुं सूर्यकोटिप्रकाशम्॥

रुद्र के समान ही रुद्रशक्ति का पूजन-स्मरण भी आवश्यक माना गया है। यह एक बहुत ही रहस्यपूर्ण बात है कि मणिपूर में इस मंत्र का जप होना चाहिए, क्योंकि इसी चक्र में अमृत का निवास है और अमृत ही मृत्यु को जीतने का सर्वोत्तम साधन है।

❑❑



नि:श्वास : सत्ताईस

कुण्डलिनी के संबंध में सावधानियां

श्रेष्ठ योगी साधक ही कुण्डलिनी जाग्रत कर सकता है। गुरु की आज्ञा, निर्देश अथवा बिना पूर्व तैयारी के या अच्छी जानकारी के बिना कुण्डलिनी शक्ति को छेड़ना खतरे से खाली नहीं है। जिस प्रकार नंगे हाथों बिजली के तारों को पकड़ने या छूने से करंट लगता है, ठीक वो ही स्थिति कुण्डलिनी के साथ है। कुण्डलिनी शक्ति पराविद्युत शक्ति का केंद्र है। यह विद्युत से भी अधिक शक्तिशाली और काल से भी अधिक भयंकर सर्पिणी है। उसकी तीव्रता और चालन गति का कोई पारावार नहीं है। प्रकृति की परम ऊर्जा शक्ति कुल कुण्डलिनी इच्छाशक्ति के द्वारा जगाई जाती है।

ध्यान रहे, जब तक योग साधना के द्वारा मन और शरीर पूरी तरह से शुद्ध और संयत न हो गए हों तब तक इस योग शक्ति कुण्डलिनी ऊर्जा शक्ति को संभालना अत्यधिक कठिन होगा। अनाड़ी साधक, अयोग्य गुरु अथवा स्वयं पुस्तकें आदि पढ़कर अपनी थोड़ी-बहुत समझ के अनुसार जिज्ञासावश कुण्डलिनी शक्ति को छेड़ना किसी महान कष्टदायी दुर्घटना के समान होगा।

कुण्डलिनी शक्ति न तो तजुर्बा करने की कोई वस्तु है और न ही चमत्कार आदि देखने की। असमय में, अपरिपक्व साधना के समय कामवासना को नियंत्रण किए बिना, संयम का ठीक-ठाक ध्यान न रखते हुए, कुण्डलिनी जैसी दु:साध्य शक्ति को जगाना किसी भी प्रकार उचित न होगा। जिनकी संकल्पशक्ति दुर्बल (कमजोर) हो, उन्हें चाहिए कि वो इस भयंकर महा सर्पिणी को छेड़ने का जोखिम न उठाएं।

यदा-कदा ऐसा भी होता है कि पूर्व जन्म में की गई योग साधनाओं के प्रभाव से चरित्रवान, सीधे-सच्चे, भावुक साधक-साधिकाओं में केवल हल्की-सी भक्ति भाव से साधन, कीर्तन करने या सत्संग आदि में जाने, बैठने से कुण्डलिनी शक्ति अपने आप जाग्रत होने लगती है। ऐसे समय में साधक को परम सात्त्विक, सरल, अभिमान रहित, काम, क्रोध, लोभ आदि से दूर रहते हुए उस शक्ति का स्वागत करना चाहिए तथा उससे प्राप्त हुई शक्तियों एवं सिद्धियों का प्रयोग लोगों की सेवा और उनके कष्टों को दूर करने में करना चाहिए।

बहुत से साधक इस विचित्र, चकित कर देने वाली यौगिक शक्ति कुण्डलिनी को कई जन्मों के परिश्रम के बाद भी जगाने में असमर्थ रहते हैं। इसका केवल एक ही कारण है कि उनका मन की शक्ति पर नियंत्रण नहीं होता।

कुण्डलिनी को हरेक जन्म में बार-बार जाग्रत करना होता है। बार-बार जाग्रत करने से इसे फिर अगले जन्म में जाग्रत करने में सरलता होती है।

एक बार कुण्डलिनी जाग्रत हो जाने पर यह न समझना चाहिए कि हमेशा ऐसा होता ही रहेगा ? मन तथा शरीर की स्वस्थावस्था, निर्मलता, सूक्ष्मता, विचारों की पवित्रता और वैराग्य का बना रहना अत्यावश्यक है, इनके अभाव में यह कार्य बंद हो सकता है।

भृकुटि, ब्रह्मरन्ध्र आदि स्थानों पर प्राणों के ठहर जाने को कुण्डलिनी जाग्रत हो जाना न समझना चाहिए, किन्तु

सारे प्राणों का प्रवाह जब स्थूल शरीर से सुषुम्ना नाड़ी में आ जाए और स्थूल शरीर तथा स्थूल जगत से बेसुध होकर सूक्ष्म शरीर तथा जगत में प्रवेश हो जाए, तो कुण्डलिनी शक्ति का जाग्रत होना समझना चाहिए।

यहां यह ध्यान रखना चाहिए कि कुण्डलिनी शक्ति जब सुषुम्ना नाड़ी के अंदर प्रवेश करती है, तब उसकी पहली टक्कर मूलाधार चक्र पर लगती है, इससे उपस्थ इन्द्रिय पर दबाव पड़ता है, इसलिए मूलबंध सावधानी से लगाए रहना चाहिए। उस समय स्थूल जगत से सूक्ष्म जगत में प्रवेश तथा स्थूल शरीर से सारे प्राणों का प्रवाह सुषुम्ना नाड़ी में जाना आरंभ होने लगता है, सारे बाह्य प्राण हाथ-पैर आदि से खिंचाव के साथ अंदर जाने लगते हैं, उस समय बिल्कुल भी भयभीत न होना चाहिए, अन्यथा भय की वृत्ति आने के साथ ही प्राण फिर उतर जाएंगे और रह जाएगा तो सिर्फ पछतावा!

कुण्डलिनी जागरण के समय कभी-कभी अनेक भयंकर दृश्य भी आंखों के आगे दिखाई देने लगते हैं, वह कुछ हानि नहीं पहुंचा सकते, बल्कि खुद ही हट जाते हैं, लोप हो जाते हैं, उनसे भयभीत नहीं होना चाहिए। विद्युत्मय सूक्ष्म नाड़ियों, चक्रों, तन्मात्राओं तथा तत्त्वों आदि के प्रकाश भी इतने अलौकिक होते हैं कि साधकों को प्रथमावस्था में उनका सहन करना कठिन हो जाता है। इसी प्रकार सूक्ष्म जगत के शब्द भी अपरिचित होने के कारण अति भयानक प्रतीत होते हैं, अत: केवल द्रष्टा बनकर देखते रहें, अन्यथा भय की वृत्ति आने के साथ ही कुण्डलिनी शक्ति जहां पहुंचती है, वहीं से फिर लौट जाएगी। इस प्रकार के भय उसी समय तक रहते हैं, जब तक कि कुण्डलिनी भृकुटि तक न पहुंच जाए। आज्ञा चक्र पर कुण्डलिनी के स्थिर होने के बाद फिर किसी प्रकार का भय नहीं रहता। उस समय सारे सूक्ष्म जगत का ज्ञान प्राप्त हो सकता है, जिस ओर वृत्ति जाती है, उसी का यथार्थ स्वरूप समक्ष आने लगता है। यही वास्तविक समाधि है। कुण्डलिनी शक्ति जब सहस्रार में पहुंचती है तो सारी वृत्तियों का निरोध होकर असंप्रज्ञात समाधि सिद्ध होती है।

विशेष—कुण्डलिनी शक्ति का जागरण करने वाले साधकों को बुरे विचारों से सर्वथा दूर रहना चाहिए। किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थ, तंबाकू, बीड़ी-सिगरेट, मद्य, भांग, गांजा, चरस, अफीम आदि का प्रयोग नहीं करना चाहिए तथा उतावलापन, चंचलता एवं दुराचरण से दूर रहना भी अत्यंत आवश्यक है। कुण्डलिनी जागरण एक ऐसी पद्धति है, जिसमें योगी साधक स्वयं अपने अंदर की शक्ति को प्रस्फुटित कराकर समस्त ब्रह्माण्ड से एकाकार स्थापित करता है।

❑❑

अनंत की ओर



आलेख

काका हरिओ३म्



सर्प प्रतीक है ऊर्जा का। वह बिना पैरों के चलता है। उसके चलने को इसीलिए सरकना कहते हैं। सरकने में गति है, बिना किसी स्थूल साधन के। इसी को प्रवाहित होना कहते हैं। सर्प कुंडली मार ही बैठता है। कुंडली उसकी विश्रांति की स्थिति है—इसे महानिद्रा भी कहा जा सकता है। कुंडली संकेत है विस्तार के सिमटने का। छोटे-छोटे कुंडलों में परिवर्तित कर दिया है असीम ऊर्जा ने अपने आपको। जैसे-जैसे वह सक्रिय होगी, कुंडलों का विलय होता जाएगा। सर्प के लिए शायद सबसे सहज है अपने दोनों सिरों को जोड़ना। कुछ सांप तो ऐसे भी होते हैं जिनकी पूंछ और फन में स्थूलरूप से कोई अंतर नहीं होता। अक्सर उन्हें शिकार बनाने वाले धोखे में पड़ कर उसी का शिकार बन जाते हैं। फन है अनंत संभावनाओं की स्थिति का प्रतीक। हम पूंछ को ही तो फन माने बैठे हैं। शिकार बने हुए हैं उसके। सर्प बिना किसी दूसरे आधार के खड़ा हो सकता है बिल्कुल सीधा। यही स्थिति ऊर्जा की है। सर्प प्रतीक है विजडम का, प्रज्ञा का भी।

- *तब शायद सर्प से बेहतर कोई प्रतीक नहीं था, भविष्य में रॉकेट बन सकता है कुंडलिनी का प्रतीक। कुंडलिनी-सी ही उसकी यात्रा है—एक अंतरिक्ष से दूसरे अंतरिक्ष में, एक ग्रह से दूसरे ग्रह में—बीच में शून्य की पर्त है। प्रतीकों की खोज तो युग करता है। हो सकता कुछ समय बांद सर्प हमारे लिए मिथ बन जाए।* —***ओशो***

- *सर्प जैसे बुद्धिमान, चालाक और कबूतर से भोले बनो।* —***जीसस***

अनंत की ओर

कोई नहीं जानता और बता सकता कि कितना ऊंचा है तुम्हारा आसमान,
क्या और कितनी संभावनाएं हैं तुममें,
यहां तक कि तुम खुद भी,
इसका सही अंदाजा तो तब लगता है
जब तुम अपने पंखों को खोलते हो, फड़फड़ाते हो
और छलांग लगा देते हो वहां से
जहां बैठे हो तुम इस समय

मूल्यवान है संभावना

उम्र के आखिरी पड़ाव पर गुरुदेव को चिंता हो रही थी, कौन संभालेगा उनके बाद गुरुकुल की गरिमामयी परंपरा को। परीक्षा लेने की बात सोची उन्होंने। सभी शिष्यों को बुलाया। सीधा-सादा सवाल पूछा—'कीमती क्या है, लोहा या चांदी ?' सभी का जांचा-परखा, समझा-बूझा जवाब था, 'चांदी !' लेकिन शिष्यों की भीड़ में एक ऐसा भी था, जो असहमत था इस जवाब से। वह लोहे को मूल्यवान कह रहा था। 'क्यों ऐसा मानते हो तुम ?' जब गुरुदेव ने पूछा, तो उसका जवाब था, 'चांदी, चांदी ही बनी रहेगी ताउम्र। जबकि लोहे में संभावनाएं हैं। लोहा पारस का स्पर्श पाकर सोना बन सकता है।' गुरुदेव ने अपने उत्तराधिकारी के रूप में उसी शिष्य की घोषणा कर दी थी। वर्तमान मूल्यवान हो सकता है। अतीत भी मूल्यवान हो सकता है। लेकिन सबसे अधिक मूल्यवान होता है वह, जिसमें संभावना है। जिसमें कोई संभावना नहीं, वह मूल्यहीन है। मनुष्य होना, मनुष्य योनि में जन्म लेना इन्हीं अर्थों में मूल्यवान है। यह योनि पशु और परमात्मा के बीच एक सेतु-का सा कार्य करती है।

चौरासी लाख योनियों के बाद मनुष्य जन्म मिलता है, ऐसा धर्म ग्रंथ कहते हैं। मनुष्य योनि के भोग और कर्म दोनों पक्ष हैं। भोग योनि है देव योनि। मनुष्येतर सभी योनियां भोग योनियां हैं। इनके कर्मों से दृष्ट (पाप-पुण्य) की उत्पत्ति नहीं होती। मनुष्य भोगता भी है पुण्य-पाप को और वह जो कर्म करता है उससे अदृष्ट की उत्पत्ति भी होती है। मनुष्य गतिमान है। ऊर्ध्वगति भी कर सकता है मनुष्य, अधोगति भी। मनुष्य इन्हीं अर्थों में सबसे अलग है। मनुष्य स्वतंत्र है, परतंत्र भी। जबकि शेष वंशानुक्रम के ट्रेक पर गति करते हैं। वे परतंत्र है। उन पर पर्यावरण का प्रभाव पड़ता तो है लेकिन बहुत कम। कौन-सी विशेषता मनुष्य को शेष योनियों से अलग करती है, इसके बारे में नीतिकार का कथन है—

आहार निद्रा भय मैथुनं च सामान्यमेतत्पशुभिर्नराणां।
धर्मो हि तेषामधिको विशेषो धर्मेण हीना पशुभिः समाना।

'आहार, निद्रा, भय और मैथुन इन स्तरों में मनुष्य समान है पशुओं के। मनुष्य में धर्म ही विशेष है। जिसमें धर्म नहीं वह पशु के समान है।'

नीतिकार के इन वचनों से कुछ संत अलग राय रखते हैं। उनका कहना है कि धर्महीन मनुष्य को जानवरों की कैटेगिरी में नहीं रखना चाहिए। ऐसा करना पशुओं का अपमान करना है।

धर्म ही विशेषता है मनुष्य की। मनुष्य का धर्म है मनुष्यत्व। इसीलिए 'मनुष्यत्व' को धर्मग्रंथों ने दुर्लभ कहा। धर्म ही मनुष्य को उसके अस्तित्व के साथ जोड़ता है। यहां इस बात को स्पष्ट रूप से समझ लेना चाहिए कि तथाकथित (हिन्दू, मुस्लिम आदि) धर्म से यहां 'धर्म' इस शब्द को जोड़ना ठीक नहीं। धर्म की परिभाषा को उसी विशुद्ध रूप में देखना चाहिए जिस रूप में उनकी चर्चा धर्मग्रंथों में की गई है—जो मनुष्य को श्रेय और प्रेय दोनों की प्राप्ति कराते हैं, जिनसे अभ्युदय और नि:श्रेयस दोनों की प्राप्ति होती है वही धर्म है। *''यतोभ्युदय नि:श्रेयस सिद्धि: स धर्म:।''* इस प्रकार धर्म की व्याख्या भी अनंत संभावनाओं को जाग्रत करने में है। ये वो सिद्धांत हैं जिनसे ऐंद्रिक और अतींद्रिय सुखों की प्राप्ति होती है। इसका मूल है 'असंभव कुछ भी नहीं।' विवेकहीन 'असंभव' इस शब्द का प्रयोग करते हैं।'

'धर्म' के आचरण में सामान्यतया सामान्यीकृत सिद्धांतों को अपनाया जाता है। जब यही क्रिया विशिष्ट हो जाती है, जब इसमें सामान्य क्रिया-प्रक्रिया (व्यवहार) से तृप्ति नहीं मिलती तब मनुष्य बन जाता है साधक। तब उसके प्रश्न भी विशेष हो जाते हैं। तब सही-गलत, पाप-पुण्य, हानि-लाभ जैसे प्रश्नों पर विचार नहीं करता वह बल्कि तब उसके सामने प्रश्न उठता है—कोऽहं, कौन हूं मैं? तब उसे भीतर कहीं गहरे में महसूस होता है कि 'यह सब कुछ' जिस रूप में दिख रहा है, असल में वैसा है नहीं। क्या है वास्तविकता, यह प्रश्न जब सघन होता है, तब उसकी राह मुड़ती है अध्यात्म की ओर।

प्रतीति और वास्तविकता के अंतर को समझने का प्रयास करना ही साधना है और उसकी गहरे तक अनुभूति कर लेना ही परम सिद्धि। इस परमसिद्धि की स्थिति में अनुभव होता है स्व भाव का। तब लगता है कि क्या था मैं और उसे क्या बना रखा था, क्या माने बैठा था। तभी वह स्थिति बनती है जिसकी ओर इकबाल ने संकेत किया है—

खुदी को कर बुलंद इतना कि हर तकदीर से पहले
खुदा बंदे से खुद पूछे, बता तेरी रजा क्या है।

स्वामी रामतीर्थ ने इसी स्थिति के बारे में कुछ यूं कहा है—

खंजर की मजाल, जो इक जख़्म कर सके
तेरा ही है खयाल कि घायल हुआ है तू।

भौतिक स्तर पर जी रहे व्यक्ति को ये बातें समझ नहीं आतीं। वह इन्हें अतिशय समझता है। यही वजह है जो 'वह मैं ही हूं,' 'मैं ही वह हूं,' ऐसा कहने वाले को पागल करार कर दिया जाता है। लेकिन ऋषियों का, तत्त्व ज्ञानियों का कथन है कि इस स्थिति तक पहुंचे बिना स्थिरता नहीं, शांति नहीं, आनंद नहीं, प्रसन्नता नहीं—भटकाव बना ही रहेगा, यात्रा समाप्त होने वाली नहीं नहीं—*'पुनरपि जननं पुनरपि मरणं'* वाली।

नदियों की गति समुद्र में जाकर ही थमती है। नदी सापेक्षिक रूप से तुच्छ है, महद् समुद्र की तुलना में (व्यवहार में ऐसा ही कहा जाता है। ऐसा कहने के अलावा और कोई चारा भी नहीं है)। बूंद का नदी बनना, नदी का समुद्र बनना ही अनंत संभावना है बूंद की। इसके बाद बूंद को बूंद बनकर रहने में कोई समस्या नहीं है, क्योंकि वह जान चुकी है अपनी अनंत संभावनाओं को। इसीलिए वह बूंद-सी दिखती हुई भी वास्तव में समुद्र ही है।

स्थल से सूक्ष्म की ओर

सांत में छिपे अनंत को समझने के लिए आइए अनंत से सांत की यात्रा पर एक दृष्टि डालें। *'वह एक था। उस एक ने इच्छा की कि मैं बहुत हो जाऊं।'* ऐसा ही हुआ! वह एक नाना नाम-रूपों वाला हो गया। यह प्रक्रिया

उपनिषदों में वर्णित है। उस एक ने नाना रूप लेने के लिए किसी का सहारा नहीं लिया। किसका सहारा लेता, जब दूसरा कोई था ही नहीं। और फिर वह निर्बल थोड़े ही था। उसने 'स्वयं से' समूची सृष्टि की रचना की। एक घड़ा बनाने के लिए मिट्टी और कुम्हार दोनों जरूरी हैं। मुख्य कारण हैं ये दोनों। सब कुछ हो, लेकिन इन दोनों में से कोई न हो, तो बात नहीं बनती। एक से अनेक होने की जब अलौकिक घटना घटी, तब कुम्हार और मिट्टी अलग-अलग नहीं थे। उस स्थिति को निर्वचन से परे इसीलिए कहा जाता है। आश्चर्यजनक थी वह घटना—

सारी बिच नारी है कि नारी बिच सारी है।

सारी है कि नारी है कि नारी है कि सारी है।

दोनों एक, लेकिन कई नाम-रूपों वाले लग रहे थे।

कार्य-कारण सब एक थे उस समय। इसीलिए उपनिषदों ने कहा—यह सृष्टि वैसे ही हुई जैसे मकड़ी अपना जाला अपने मुख से निकालकर बुनती है। इसीलिए ऋषियों को कहना पड़ा कि परमात्मा (ब्रह्म) इस जगत के प्रति अभिन्न-निमित्तोपादान कारण है। निमित्त कारण (कुम्हार) और उपादान कारण (मिट्टी) वह स्वयं ही है।

हम परमात्मा ही तो हैं वास्तव में, *अहं ब्रह्माऽस्मि,* (मैं ब्रह्म हूं), *सोऽहम्* (वह मैं ही तो हूं) इन वाक्यों को सुनकर हम अक्सर भ्रमित हो जाते हैं—'क्या मैं सच में अनंत शक्ति संपन्न हूं'। इस बारे में सशंकित हो उठते हैं। ऐसा मानना स्वभाव बन चुका है हमारा। शेर का बच्चा भेड़ों में मिल गया। स्वयं को भेड़ मानने लगा। जैसा मानने



पंचीकृत पंचमहाभूतों की चित्रमयी प्रस्तुति

लगा—वैसा व्यवहार करने लगा। अपने सच्चे अस्तित्व को ही नकार दिया उसने। जब भेड़ माने बैठे शेर के बच्चे को पहली बार किसी ने कहा होगा कि वह भेड़ नहीं शेर है, असल में, तब उसमें भी ऐसा ही प्रश्न उठा होगा। इसी तरह जब कोई मनुष्य में अनंत संभावनाओं की बात करता है, तो उसके गले नहीं उतरती यह बात। वह तो स्वयं को सान्त माने बैठा है। उसकी नजर में तो अनंत कोई दूसरा है। उस अनंत को वह अलग-अलग नामों से पुकारता है। उसे

अलग-अलग रूपों में पूजता है। कैसे उतरे उसके गले में अनंत संभावनाओं वाली बात ? क्यों हो रहा है ऐसा ? क्या ऐसा संभव है ? इन्हीं संदर्भों को अध्यात्म ने एक-एक करके, क्रमवार समझाया है। जैसी संकल्प की सृष्टि परमात्मा की है, वैसी ही जीव की भी है। जैसे परमात्मा अपनी सृष्टि को स्वयं में समेट लेता है, वैसे ही जब समेटने की सामर्थ्य मनुष्य में आती है तो वह कह उठता है—मैं अपनी सृष्टि को स्वयं बनानेवाला हूं (इन्हीं अर्थों में मनुष्य अपने भाग्य का निर्माता है)। जब चाहूं मैं अपनी सृष्टि को समेट लूं।

उपनिषदों के सृष्टिक्रम पर जब गहरे में विचार करें तो भौतिक होने का अर्थ भी स्पष्ट हो जाता है। तब यह स्थूल शरीर ही नहीं, सूक्ष्म और कारण शरीर भी भौतिकता की सीमा में आ जाते हैं। विचार, वाणी, बुद्धि, मन, भाव, सभी तो भौतिक हैं। किस प्रकार पंचमहाभूतों की उत्पत्ति के बाद उनके पंचीकरण से ज्ञानेंद्रियों, कर्मेन्द्रियों, पंचप्राण, मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार आदि की संरचना होती है, इसका अत्यंत विस्तृत और सूक्ष्म वर्णन है वेदांत के प्रक्रिया ग्रंथों में। उसी आधार पर अधिष्टात्री देवी-देवताओं की चर्चा की गई है। इन प्रक्रियाओं को समझने के बाद वह संकेत स्पष्ट दिखाई देने लगता है, जिसे दिखाने-समझाने का प्रयास ऋषि बार-बार करते रहे हैं। चित्रमयी मूर्त भाषा का प्रयोग किया है ऋषियों ने सूक्ष्मतत्त्व को समझाने के लिए। पूर्व के अध्यायों में, षट्चक्र निरूपण में ऐसी ही भाषा का प्रयोग किया गया है। षट्चक्र भेदन का अर्थ है, जिस चक्र पर स्थिति है उससे आगे बढ़ना, अर्थात् स्थूल से सूक्ष्म की यात्रा। सूक्ष्म से स्थूल की यात्रा आकाश से वायु, वायु से अग्नि, अग्नि से जल और जल से पृथ्वी की है। जब साधक इसे उलटे क्रम में अर्थात् सूक्ष्म से स्थूल के क्रम में अपनाता है तो इस प्रक्रिया को लय कहते हैं। कार्य से कारण में प्रवेश। कारण में ज्यादा संभावनाएं होती हैं, कार्य से कई गुनी ज्यादा। इस प्रकार ससीम से असीम की यात्रा हो जाती है यह पंचमहाभूतों के लय की यात्रा। इसीलिए यह भौतिक होते हुए दिव्य है। उपासना में आरोह-अवरोह प्रक्रिया से पूजन का यही रहस्य है।

इस यात्रा में कुछ नया घटित नहीं होता, हां जो दिख नहीं रहा होता, दिखने लग जाता है बस। पहले दिखने में धुंधलापन होता है लेकिन जैसे-जैसे स्थूल छंटता जाता है, दिखना ज्यादा-से-ज्यादा स्पष्ट होता जाता है। बिखरी हुई चेतना, ऊर्जा एक निश्चित दिशा में प्रवाहित होने लगती है। जो अब तक वश से बाहर होता है, पूरी तरह से वश में हो जाता है, अनायास ही। लगने लगता है कि कमाल है, शेर होते हुए भी मैंने खुद को भेड़ कैसे मान लिया। अब खुद को भेड़ मानना उतना ही, बल्कि उससे भी ज्यादा मुश्किल हो जाता है जितना पहले 'मैं शेर हूं,' ऐसा स्वीकारना था। बदलाव सिर्फ दृष्टि में होता है। बाकी सब कुछ जैसा था, वैसा ही रहता है। यही जागरण है।

जहां जागो—वहीं सवेरा

जागरण का अर्थ साधक के लिए यह भी है कि बस स्पष्ट हो गया लक्ष्य क्या है, और यह भी कि उसे प्राप्त करना है। साध्य और साधन दोनों का साफ-साफ दिखना जागरण है, ऐसा कहना भी ठीक होगा। जन्म-जन्मान्तरों का भटकाव समझ में आ गया। यह बात स्पष्ट हो गई कि वस्तुओं में, संबंधों में, पदों में क्या खोजा जाता रहा है। इन सबकी कामना करना, उन्हें प्राप्त करना और फिर उन्हें पा जाने के बाद किसी नई वस्तु को पाने की राह पर चल देना साफ-साफ बताता है कि जिससे जिसे प्राप्त करने के लिए प्रयास किया गया था, उससे वह नहीं मिला। वह नहीं मिला जिसकी उम्मीद थी। इसीलिए साधन बदलते गए, साध्य एक ही रहा और मजे की बात है कि उस एक साध्य की ओर हमारा ध्यान ही नहीं गया। यही स्थिति मूर्च्छा की है। जागरण में साफ-साफ दिखाई देता है कि क्या चाहिए और वह कैसे मिलेगा।

बाल्यस्तावद् क्रीडासक्तः तरुणस्तावत्तरुणी रक्तः।
वृद्धस्तावच्चिन्तामग्नः पारे ब्रह्मणि कोऽपिन लग्नः॥

''बालकपन में खेलकूद में आसक्त रहा, जवान हुआ तो स्त्री में डूब गया, वृद्ध हुआ तो चिन्ता में मग्न रहा, (लेकिन आश्चर्य है) परब्रह्म में कोई भी नहीं लगा।''

'कोई भी नहीं', ऐसा कहकर आद्यशंकराचार्य ने जीवों की सामान्य प्रवृत्ति की चर्चा की। लगता है साधन और साध्य दोनों को ही स्पष्ट कर दिया आचार्य ने इस श्लोक में। खेल-कूद में बच्चा क्या ढूंढता है ? तरुणी में (सेक्स में) क्या तलाशता है युवक ? और वृद्ध अतीत व भविष्य की गुत्थियों को सुलझाता हुआ क्या ढूंढ़ रहा है ? तलाशने का यह क्रम प्रत्येक जन्म में, होता रहा है। लेकिन यह तलाश अपरोक्ष है, अस्पष्ट है। मजे की बात है कि तलाशा जा रहा है अनंत समय से जबकि यही पता नहीं कि तलाश किसकी है। उपनिषद् के ऋषियों ने पहले तो यही स्पष्ट किया कि तलाश किसकी है। उनका कहना है कि प्रत्येक आनंद को तलाश रहा है। आनंद अर्थात् ऐसा सुख जो नष्ट न होता हो। इसी संदर्भ में संसारी सांसारिक विषयों का चुनाव करता है। अर्थात् संसारी कैसे एक के बाद दूसरी गलती कर रहा है। वह दुखरूप में सुख तलाश रहा है। मरणधर्मा। में अमरता तलाश रहा है। ऐसा नहीं कि सिर्फ पढ़ने-लिखने से उसके साध्य व साधन के इस तरह के विचार स्पष्ट हो जाते हैं। शास्त्रों के जानकार भी चकरा जाते हैं।

महाकाली का अर्थ ही है, जिसमें समूची प्रकृति का लय हो जाए। जहां शिव निष्क्रिय हो जाए

ज्ञानिनामपि चेतांसि देवी भगवती हि सा।
बलादाकृष्य मोहाय महामायां प्रयच्छति॥

''प्रकृतिरूपा वह भगवती ज्ञानियों के मन में मोह पैदा कर महामाया की गोद में डाल देती है।''

मोह बनाम भ्रम

मोह का अर्थ है, जो जैसा, वह वैसा न दिखकर उसके बिल्कुल विपरीत दिखे। शास्त्रों की जानकारी रखनेवाला भी अज्ञानी का सा व्यवहार करने लगता है। पुराणों में ऐसी कई कथाएं आपको पढ़ने को मिल जाएंगी। क्यों होता है ऐसा ? यही प्रश्न अर्जुन ने श्रीकृष्ण से पूछा है—

अथ केन प्रयुक्तोऽयं पापं चरति पूरुषः
अनिच्छन्नपि वार्ष्णेय बलादिव नियोजितः ॥

''बलपूर्वक किसके द्वारा पाप में जीव नियुक्त हो जाता है, जबकि वह पाप करना नहीं चाहता।''

अनंत संभावनाओं का स्वामी किस प्रकार जड़ और गुलाम बन जाता है श्रीकृष्ण ने इसका उत्तर देते हुए रजोगुण को कारण बताया है—

काम एष क्रोध एष रजोगुण समुद्भवः।
महाशनो महापाप्मा विद्ध्येनमिह वैरिणम् ॥

''काम और क्रोध रजोगुण से उत्पन्न होते हैं। ये महान पापों को कराने वाले और कभी न तृप्त होने वाले हैं। इसलिए इन्हें अपना सबसे बड़ा बैरी मान।''

तमोगुण जड़ बनाता है। यह प्रवृत्त नहीं करता। 'कर लेंगे', इसका तर्क होता है। सतोगुण ज्ञान की ओर उन्मुख करता है। एकाग्रता व स्थिरता देता है यह। इससे मोह टूटता है। रजोगुण में मोहयुक्त प्रवृत्ति होती है। इन्हीं अर्थों में यह सतोगुण व तमोगुण से अलग है लेकिन इसमें दोनों के विशेष गुणों की झलक भी मिलती है।

योगदर्शन के अनुसार सत्व, रज व तमोगुण की साम्य (समान) अवस्था प्रकृति है। इस साम्य में सृष्टि नहीं होती। सृष्टि के लिए वैषम्य (असंतुलन) अपेक्षित है। वैषम्य का परिणाम है द्वन्द्व। इस प्रकार द्वन्द्व से तब तक नहीं मुक्त हुआ जा सकता, जब तक वैषम्य बना है। इस मायने में स्व+स्थ होना प्रकृतिस्थ होना है। जैसे-जैसे प्रकृतिस्थ होते जाते हैं, साम्य बनता जाता है। अनंत संभावनाओं के द्वार खुलते जाते हैं। आनंदामृत जब प्रकृतिस्थ होने में है, तो सहज होना ही सर्वश्रेष्ठ साधना है। साधना सहजता में होना है, होने को महसूस करना है, कुछ करना नहीं है। इसीलिए साधना के नाम पर, 'कुछ करना' उलझाने वाला है। जो हो रहा है उसकी स्वीकृति, जस की तस स्वीकृति ही परम साधना है। साधना में यदि कहीं कुछ करना दिखता है, उससे होने का कोई संबंध नहीं, उसका काम तो उन अवरोधों को हटाना है, जिसकी वजह से अस्तित्व का, उसके सही रूप में बोध नहीं होता।

आपकी खिड़की बंद है। सुबह के सूरज की उजली रोशनी आपके कमरे में नहीं आ रही। आपने खिड़की के परदे को हटाया। खिड़की की चिटकनी को सरकाया। खिड़की को खोला। उससे प्रकाश के आने में आपने कोई सहयोग नहीं किया, प्रकाश का आना तो सहज था। आपने खिड़की खोलकर प्रकाश के कमरे में आने के बीच के अवरोध को ही सिर्फ खत्म किया। कर्म, उपासना और ज्ञान की त्रिपुटी से भी तो मल, विक्षेप और आवरण इन दोषों को हटाने की बात ऋषियों द्वारा कही गई है। इन तीनों साधनों से प्रकृति में साम्य आ जाता है। और जो था, जो है, जो हमेशा है उसका अनुभव होने लगता है।

'करना' या 'न करना'

'करने' और 'न करने' के अर्थ का स्पष्ट होना साधक के लिए आवश्यक है। इन शब्दों का प्रयोग उलझा देता है, यदि स्पष्ट न हो इनका अर्थ। क्योंकि अक्सर 'करने', 'न करने' की चर्चा साथ-साथ चलती है। यहां इस बात को भी समझ लेना जरूरी है कि मोक्ष यदि अप्राप्त है, उसे कर्म के द्वारा प्राप्त किया गया है, तो संसार के अन्य विषयों की तरह ही वह भी हमारे हाथ से सरक जाएगा। और यदि वह प्राप्त ही है, तो उसके लिए कर्म आदि साधनों की क्या उपयोगिता। ऋषियों ने इसीलिए घोषणा की कि मुक्ति, आनंद, प्रसन्नता ये सभी हमारे 'स्वभाव सिद्ध अधिकार' हैं। यदि आपके मस्तिष्क में ऊपर कही गई बात स्पष्ट हो गई होगी, तो आप मेरी इस बात से भी सहमत होंगे कि जिसे बंधन कहा जा रहा है, दोष कहा जा रहा है, वह भी असल में कुछ भी नहीं है।

एक प्रसंग है। तब की बात है जब आने-जाने के साधनों का विकास नहीं हुआ था। एक कुम्हार अपने पांच-

सात गधों को लिये शहर की ओर चल पड़ा। सफर लंबा था। शाम हुई। कुम्हार ने धर्मशाला में शरण ली—अपने गधों के साथ। लेकिन जब गधों को बांधने की बारी आई, तो वह परेशान हो उठा। बांधने वाली रस्सियां छोड़ आया था। उसे हैरान-परेशान देख दूसरे यात्री ने कारण पूछा। कुम्हार ने अपनी विवशता बताई। पूछने वाले ने सवाल किया, ''कितने बरसों से ये तुम्हारे पास हैं ?'' ''आठ बरस तो हो गए होंगे,'' कुम्हार ने जवाब दिया। लेकिन कुम्हार को यह सवाल समझ नहीं आया। कुम्हार का जवाब मिलते ही उस सह-यात्री ने मार्ग सुझाया, ''इन गधों को बांधने वाली जगह ले जाकर खड़ा कर दो। फिर इन्हें बिना रस्सी के वैसे ही बांधों, जैसे इन्हें रोज बांधते हो।'' कुम्हार ने वैसा ही किया। फिर भी डर था इसलिए रात को उठकर बार-बार देखता रहा। आश्चर्य! गधे अपनी जगह खड़े थे। सुबह उसके सामने एक बार फिर से परेशानी आ खड़ी हुई। बिना रस्सी के बंधे गधों को कैसे खोले ? सहयात्री ने फिर सलाह दी, ''जैसे बांधे थे, वैसे ही खोल लो।''

हमारी सारी संभावनाएं अवरुद्ध हैं एक ऐसी वस्तु द्वारा जो वास्तव में है ही नहीं। 'माया' का अर्थ ही है, जो नहीं है। आश्चर्य है जो है नहीं हम उसके कारण बंधे हुए हैं। इस बात को जान लेना कि जो बांध रहा है, वह वास्तव में है नहीं, मोक्ष की स्थिति है, तत्त्वज्ञान है। ऐसा जानते ही प्रत्येक चक्र का भेदन हो जाता है (चक्रों के भेदन से ऐसा होता है, यह भी कहा जा सकता है)। अनंत संभावनाओं का कमल खिल उठता है। सारा बनावटीपन छंट जाता है। प्रकृति सम हो जाती है। जीवन परम सहज हो जाता है। ऐसा होना साधना की परम स्थिति है। प्रतिफल है यह साधना का। लेकिन जब तक ऐसा घटित नहीं होता तब तक जो वास्तव में है नहीं, लेकिन फिलहाल अस्तित्व वाला है, उसी की शब्दावली में सोचना-बरतना पड़ता है।

सहज शब्द का अर्थ

सहज शब्द का अर्थ है साथ जन्मना। 'सह' अर्थात् साथ 'ज' अर्थात् जन्मना। यह शब्द संकेत करता है दो की ओर। दो के लिए ही साथ-साथ शब्द का प्रयोग किया जाता है। सहज का अर्थ है साथ-साथ अस्तित्व में आना। यह भी कि दिखने में अलग-अलग हैं, दो हैं लेकिन हैं एक ही। साधना में 'सहज' शब्द का प्रयोग अक्सर किया जाता रहा है। *'साधो! सहज समाधि भली।'* संत कबीर ने सहज समाधि पर जोर दिया है। योग से पहले भी सहज शब्द जुड़ा है। इन दिनों 'सहज योग' की काफी चर्चा है। इसकी व्याख्या कुछ न करने के अर्थों में की जा रही है। हठयोग की साधनाओं को टोटली नकारा जा रहा है, इस शब्द का प्रयोग करके। यह भूल बिल्कुल वैसी ही है, जैसी हठयोगी करते हैं। हठयोगी तन साधने को ही परमलक्ष्य मान लेते हैं। जबकि आधुनिक सहज योगी शारीरिक साधना को नकार देते हैं। शायद इसीलिए यह सहज योग की साधना पढ़े-लिखे लोगों, अफसरों, संभ्रांत महिलाओं की साधना बन गई है। लगता है तन-मन के संबंधों की जानकारी दोनों को नहीं है। आध्यात्मिक ग्रंथों में शरीर शब्द का प्रयोग व्यापक अर्थों में किया गया है। कुंडलिनी से संबंधित योग व तंत्र ग्रंथों में सात शरीरों का वर्णन है। इनका आपस में संबंध है। इनकी गति स्थूल से सूक्ष्म की ओर होती है। इस प्रकार स्थूल शरीर साधना का प्रथम चरण है, अंतिम नहीं। जितनी यह बात सच है, उतनी ही यह भी कि बिना स्थूल को साधे सूक्ष्म में प्रवेश संभव नहीं है। ग्लैंड्स से व्यक्तित्व के संबंधों से इस तथ्य की पुष्टि होती है कि शरीर का प्रभाव मन पर होता है। कहीं अगर ऐसा संबंध नहीं दिखता, तो समझ लेना चाहिए, हमारी समझ से पार की बात है, उस बारे में हमारी समझ अधूरी है। ऐसी स्थिति को स्पष्ट करने के लिए ही 'कर्म की निरंतरता' की व्याख्या की गई है। 'योगभ्रष्ट' जैसे अन्य कई शब्दों का प्रयोग किया गया है। इस तरह हठ जरूरी है साधना की प्रारंभिक स्थिति में। शरीर और मन की मांगों को मोटे तौर पर जब तक पकड़ा नहीं जाएगा, तब तक सूक्ष्म और अतीन्द्रिय लक्ष्यों को साध पाना संभव नहीं हो पाएगा। तन को साधने के दौरान कई ऐसे अनुभव होंगे, जिन्हें अभी तक सिर्फ पढ़ा या सुना गया है। श्रीकृष्ण इसे तितिक्षा कहते हैं। इस 'तितिक्षा' में कई ऐसी लहरों के आने-जाने को देख पाना संभव हो सकेगा, जिनकी तेज गति उनके स्थायी होने का भ्रम देती है।

मात्रा स्पर्शास्तु कौंतेय शीतोष्ण सुखदुखदा।
आगमापायिनोऽनित्यास्तांस्तितिक्षस्व भारत।
यं हि न व्यथयन्त्येते पुरुषं पुरुषर्षभ।
सम दु:ख सुखं धीरः सोऽमृतत्वाय कल्प्यते।

''हे कुंती पुत्र अर्जुन, इन्द्रियों और विषयों के संस्पर्श से होने वाली संवेदनाएं सर्दी, गर्मी, सुख-दुख देने वाली हैं। ये आने-जाने वाली हैं, अनित्य हैं, इसलिए इन्हें सह (इनके साथ बह न जा)। जिसको ये संवेदनाएं व्यथित नहीं करतीं, जो सुख-दुख में सम रहता है, ऐसा धीर पुरुष ही अमरता पाने का अधिकारी है।''



ग्लैंड्स और चक्रों का संबंध स्थापित होने के बाद योग को विज्ञान का पुट मिला

हठयोग एक प्रकार से जागरण का प्रयास है। यहां सहना इसीलिए है, ताकि स्वभाव बन चुके बहाव की प्रवृत्ति को रोका जा सके। बिना पेंदे के लोटे की तरह काफी भटक लिए, अब टिकाव पैदा हो। टिकाव तैयारी है, इस बात की कि जो जैसा है, उसे वैसा देखा, समझा और अनुभव किया जा सके। इसलिए हठ जरूरी है। यह 'सहज' का विरोधी नहीं, बल्कि सहजता की गहराई की अनुभूति की तैयारी है—परोक्ष रूप से।

गुरु-शिष्य संबंधों की गरिमा

यहां इस संदर्भ में गुरु-शिष्य के संबंधों की चर्चा भी आवश्यक है। कारण? इस शब्द से भी लोग भ्रमित हैं। 'गुरु' जहां सभी अवरोधों को नष्टप्राय: करता है, वहीं अगर यह स्वयं महाविरोध बन जाए तो। इसलिए इस संबंध से संबंधित धारणाओं को समझते हुए जरूरी हो जाता है यह जानना कि आखिर इसकी साधक के जीवन में क्या भूमिका है।

गुरु का अर्थ है प्रकाशरूप, जो अंधकार को नष्ट करे। जिसके पास अंधकार फटक भी नहीं सकता, वह है गुरु। इस अपनी सहज विशेषता के उसकी एक और खासियत है कि वह शरण में आए शिष्य के अंधकार के स्तर को भलीभांति पहचानता है। कहते हैं कि एक बार किसी ने बुद्ध से ईश्वर होने के बारे में सवाल किया कि वह है या नहीं। बुद्ध ने 'नहीं' कह दिया। अगले दिन फिर किसी ने यही सवाल किया। बुद्ध ने इस बार 'हां' कहा, लेकिन अगले ही क्षण नकार दिया, 'नहीं।' तीसरे दिन फिर कोई इसी सवाल को लेकर आया। जवाब में बुद्ध चुप हो गए। बुद्ध के प्रमुख शिष्य आनंद यह सब देख रहे थे। उन्होंने जब इसकी वजह पूछी बुद्ध से, तो बुद्ध ने कहा, ''तीनों जवाब ठीक हैं। जिसकी जिज्ञासा की गहराई जैसी थी, उसे वैसा ही जवाब दिया।''

गुरु जानता है अंधकार कितना गहरा है। प्यास कितनी गहरी है। वहीं खड़ा होकर प्रश्नों के वह उत्तर देता है। यह बात शिष्यों को समझ नहीं आती। इन्डिवीजुअल डिफरेंसेज के महत्व को जो तथाकथित गुरु समझ-समझा नहीं पाए उन्होंने एक छड़ी से सबको हांकना शुरू कर दिया। परिणाम जीरो है। बरसों-बरस तक कोई प्रोग्रेस नहीं है। जहां थे बरसों पहले, वहीं आज भी खड़े हैं दोनों—शिष्य और गुरु दोनों ही। हो सकता है उलझाव बढ़ गया हो, साधक-शिष्य मान लेने की वजह से।

स्वामी विवेकानंद को आदर्श शिष्य के रूप में सभी ने स्वीकारा है। गुरु के संकल्पों को साकार करने का सशक्त माध्यम बने थे स्वामी विवेकानंद, यह अपने आप में एक अलौकिक उदाहरण है

जब भी गुरु-शिष्य की बात चलती है स्वामी विवेकानंद और रामकृष्ण परमहंस की प्रथम भेंट की चर्चा अक्सर की जाती है। नरेन्द्र की प्यास जितनी गहरी थी उतना ही सटीक और पैना, धारदार जवाब था रामकृष्ण का। दोनों की भूमिका फिप्टी-फिप्टी की है। जितनी तैयारी है शिष्य की उतना ही प्रसाद उसे गुरु से मिल जाता है। वह

प्रसाद ही उसकी साधना का मार्गदर्शक प्रदीप साबित होता है।

मुंबई में स्वामी मुक्तानंद जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुए विश्व धर्म सम्मेलन में जाने का मुझे तब अवसर मिला, जब मैं धर्मयुग में उपसंपादक के रूप में कार्यरत था। इस सम्मेलन में 'एलएसडी थैरेपी' के एक विश्वविख्यात चिकित्सक आए हुए थे। उन्होंने संत कबीर के जीवन की घटना पढ़ी थी। और भी कई योगियों के बारे में पढ़ा था, जो शिष्य के भीतर, गहरे तले पर भी उसे मोटिवेट करते हैं, बिल्कुल वैसे ही जैसे घनघोर अंधेरे में कोई गड्ढे में गिरने लगे और कोई अदृश्य हाथ आकर उसे थाम ले। या फिर जब वह अंधेरे में डर कर भागने की कोशिश करे, तो कोई थाम ले और प्रोत्साहित करे आगे बढ़ने को। उनका कहना था कि ऐसी कोई विधि जानने में वे यदि सफल हो गए, तो मनोरोग की चिकित्सा में अद्‌भुत क्रांति हो जाएगी। सम्मोहन चिकित्सा द्वारा असंभव से समझे जाने वाले केसों को तब सुलझाया जा सकेगा। इस संदर्भ में उन्होंने जो जानकारी दी, वह कुछ इस प्रकार थी—

''कामनाओं की लंबी चेन है प्रत्येक के जीवन में। जिस किसी भी कारण हम उन कामनाओं को, जिन्हें हम पूरा नहीं कर सकते या कर पाते, मन के गहरे तल में डालते जाते हैं, बिलकुल वैसे ही जैसे कोई अपने ड्राइंगरूम के कचरे को अपने गोदाम में फेंकता जाए। 'गोदाम' घर का जरूरी हिस्सा होता है लेकिन वह कचरादान नहीं होता। हम गोदाम को कचरादान बना देते हैं। गंदगी तो कुछ दिनों बाद सड़ेगी ही। उसकी बदबू भी फैलेगी ही (इसे ही मानसिक रोग कहते हैं)। समझ नहीं आता, बदबू कहां से आ रही है, जबकि सफाई अच्छी तरह से की जा रही है, ड्राइंगरूम की। यदि ध्यान न दिया जाए, तो दुर्गंध के साथ ही बीमारी के जर्म्स आसपास के माहौल को भी प्रभावित करना शुरू कर देते हैं। ऐसी हालत में ही लोग आते हैं हमारे पास।

'' 'एलएसडी' का प्रयोग रोगी को उसकी चेतन अवस्था से काट देता है। ऐसा इसलिए जरूरी होता है ताकि किसी तरह की तथाकथित नैतिकता उसे वास्तविकता को जस का तस जानने से रोके न। क्या सही है, क्या गलत है, इसकी विवेचना करना धर्मशास्त्री का काम है। हमें तो सिर्फ यह बताना होता है बीमारी की वजह क्या है। वह सही है, गलत है इससे हमारा कोई लेना-देना नहीं। रोगी तैयार हो जाता है उस गोदाम के दरवाजे को खोलने के लिए। खोलता भी है लेकिन कमरे में ठसाठस भरी बदबू के झोंके से उखड़ जाता है और बंद कर देता है, दरवाजे को। बस यही स्थिति एक चिकित्सक के लिए, हमारे लिए परेशानी भरी होती है। इसके बाद वह किसी तरह के सुझावों को नहीं स्वीकारता। विद्रोह करता है।''

ऐसी, उपरोक्त स्थिति से उबरने की राह उस चिकित्सक को गुरु-शिष्य संबंधों की गहराई में दिखाई दी थी। मानसिक पूजन करने बैठे अपने गुरुदेव को सलाह देना—'माला को तोड़कर इष्टदेव के गले में डाल दीजिए', ऐसी स्थिति का ही एक उदाहरण है। संत कबीर के जीवन का प्रसंग है यह।

अध्यात्म का गणित

लेकिन इस उदाहरण से यह सिद्ध नहीं होता कि शिष्य को कुछ नहीं करना है। गुरू उस अव्यक्त के प्रति आस्था जगाकर उस अनुभव को स्थायी बनाने में पल-पल सहायक तो होते हैं लेकिन ऐसा नहीं है कि वे अपने अनुभव को शिष्य को इस तरह दे दें, जैसे कोई वस्तु दी जाती है। माला गुरु की थी। गुरु ने शिष्य को दे दी। अब वह शिष्य की हो गई। अनुभव जगत में ऐसा संभव नहीं। वस्तु या पदार्थ नहीं है तत्त्वानुभूति। उसे तो स्वयं ही रियलाइज करना होगा। इस मायने में शक्तिपात जैसे शब्द भी भ्रम फैलाते हैं। शक्तिपात सहज होता है। कोई दावा करे इसका तो यह संभव नहीं। और फिर इसकी भूमिका बादलों में चमकी उस बिजली की सी है, जो रास्ता दिखाती है और उस साध्य की भी एक झलक देती है जहां पहुंचना है। शक्तिपात का अर्थ यह नहीं है कि उस दौरान होने वाला अनुभव उसका अपना हो गया, जिस पर शक्तिपात किया गया है। यह अनुभूति स्थायी नहीं होती इसीलिए।

रामकृष्ण के स्पर्शमात्र से जो परम अनुभूति नरेन्द्र दत्त (स्वामी विवेकानंद) को हुई, उसे बनाए रखने के लिए क्या स्वामी विवेकानंद को कठोर तप करना पड़ा। हां, उस झलक ने नरेन्द्रदत्त को स्वामी विवेकानंद बनने की ओर मोड़ जरूर दिया। इस तरह शक्तिपात से यदि कभी कुछ मिला, तो उससे स्वयं को कृतकृत्य न समझें। और चाहकर शक्तिपात किया जाना उस तरह से संभव नहीं जिस तरह से इसका प्रचार किया जा रहा है। सम्मोहन का प्रयोग करके भी शक्तिपात किया जा रहा है। जो ऐसा करते हैं उनके अपने तर्क हो सकते हैं, लेकिन इससे कुछ ठोस हासिल नहीं होता। क्या जरूरत है ऐसा करने की। जल्दीबाजी क्यों? इस विवेचना से यह बात स्पष्ट हो ही गई होगी कि सहज योग को जितना सहज लिया जा रहा है, अर्थात् कठिन के विलोम शब्द के रूप में तो उससे ट्रेजडी ही होगी। कारण? अध्यात्म का अपना गणित है। यह गणित सुनिश्चित है। बिल्कुल वैसा ही सुनिश्चित है जैसे दो में दो जोड़ने का गणित। कहीं भी चले जाएं यह जोड़ चार ही आएगा। साधना की भी एक निश्चित प्रक्रिया होती है, वह भले ही बाहर से अलग-अलग की दिखे, लेकिन असल में एक ही होती है, और जितनी-गहरी होती जाती है यह साम्य भी साफ-साफ दिखने लगता है तब। अलग-अलग संस्कारों के साधकों के अनुभवों में समानता इसी तथ्य की पुष्टि करती है। इसलिए इस बात को गांठ बांध लें कि अध्यात्म के गणित को अपने तरीके से मोड़ा नहीं जा सकता। ऐसा करने की कोशिश करना ही असहजता है।

बुद्धि बनाती असहज

बुद्धि की असहज बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका है। बुद्धिमान ज्यादा असहज होता है, वह किसी भी होने वाली घटना की व्याख्या अपनी तरह से कर सकता है इसलिए। ऐसा करके वह 'होने' वाली महत्वपूर्ण घटना को

चूहा प्रतीक है कुतर्क का। इसे ही बुद्धि माना जाता है। विघ्नविनाशक बनने के लिए बुद्धि पर नियंत्रण होना जरूरी है

महससू करने से चूक जाता है। 'मैं कौन हूं' इस प्रश्न को ढूंढ़ते समय भी बुद्धि का प्रयोग जब किया जाता है, तो 'हूं' अर्थात् अस्तित्व से संस्पर्श ही नहीं हो पाता। 'मैं' भी वह सामने आ खड़ा होता है, जो भौतिक विषयों का संगठित

रूप होता है। वह सहज नहीं होता। वह 'हूं' के साथ जन्मा 'मैं' नहीं होता। इसीलिए वह बदलते समय के साथ जुड़ता-बिछुड़ता रहता है। वह कभी बनता है, तो कभी बिगड़ता है। इस बनने-बिगड़ने वाले 'मैं' को स्थायी और शाश्वत बनाने का प्रयत्न जब-जब किया जाता है, जितना-जितना किया जाता है, तब-तब और उतना-उतना ही व्यक्ति असहज होता है। वास्तविक 'अस्तित्व' से दूर हो जाता है। और ऐसा हम लगातार करते आ रहे हैं। इसलिए अब तो स्थिति यह हो गई है कि असहजता की भी परतें बन गई हैं। जो नहीं है, असहज है उसे जो है उस पर इतना लादा जा चुका है कि सहज को असहज और असहज को सहज रूप से स्वीकारा जा रहा है। कहते हैं न कि झूठ को बारबार बोला जाए तो वह सच बन जाता है। जब कोई सच्चाई की तरफ ध्यान दिलाता है तो हमें लगता है कि सामने वाला पगला गया है। संतों को पागल इसीलिए तो कहते हैं संसारी। और संत? वे मन को पगला कहते हैं। दोनों एक-दूसरे को पगला कह रहे हैं। संसारी का आधार उसकी बुद्धि है। तत्त्व ज्ञानी अनुभव के आधार पर ऐसा कहते हैं। संसारी के मन में उपेक्षा का भाव है, ज्ञानी में करुणा का। संत सहज हैं क्योंकि उनका 'मैं' अस्तित्व से, 'हूं' से जुड़ा है। उनकी दृष्टि में 'मैं' और 'हूं' में कोई अंतर नहीं है। जबकि संसारी का 'मैं' भिन्न है 'हूं' से। वह बार-बार इस दूरी को स्वयं बढ़ाता जाता है। उसकी संभावनाएं नष्ट हो जाती हैं। उसका 'बनना' उसके 'होने' को बिखेर देता है। ऐसी कोशिशों से उसकी ऊर्जा बिखर कर कमजोर हो जाती है। निम्न स्तरों पर प्रवाहित होने लगती है। पानी के प्रवाह में अगर फोर्स कम हो, तो निचली मंजिलों पर ही रहता है वह—ऊपरी मंजिलों तक नहीं पहुंचता, चाह कर भी नहीं। ऊपर जाने के लिए अतिरिक्त ऊर्जा की आवश्यकता होती है। प्रवाह के बिखराव को रोकना इस साधना का पहला सोपान है। लीकेज हो रही हो, तो शक्ति कैसे बनेगी। आतिशी शीशा बिखरी किरणों को एकत्रित करता है, फलस्वरूप अग्नि प्रज्ज्वलित हो उठती है। बुद्धि की उठा-पटक से हटकर जब अनुभव का प्रयोग करने की कला हम सीख जाते हैं, तो सहजता का सही रूप सामने आता है। तब बहाना खोजने की, सिद्धांतों को लादने की, मानने की जरूरत नहीं रहती। सहज योग का अर्थ है अपने जिस सच्चे स्वभाव को लेकर हम जन्में हैं, उसे जानें, उसमें जीएं। किताबी ज्ञान नहीं, गहरे में अनुभूति की उच्चतम स्थिति है सहजता। सहज होने का अर्थ है, जो जैसा है, उसे उसी रूप में स्वीकारना।

किताबी और व्यावहारिक शिक्षा का अन्तर

अभी तक उस भाषा को लेकर चर्चा की जा रही है, जिसको सुनकर साधक संदेह की स्थिति में पड़ जाता है या फिर भटक जाता है। इससे अनर्थ होता है। संतों ने किताबी ज्ञान के बारे में बहुत कुछ कहा है। उनका नाम लेकर हम किताबों को नकार देते हैं। तो क्या किताबें, शास्त्र बिलकुल निरर्थक हैं? जवाब —'हां' या 'न' में होता है अक्सर। कुछ लोग ग्रंथों की लीक से थोड़ा-बहुत भी इधर-उधर हटकर नहीं चलना चाहते, जबकि दूसरे इन्हें बिल्कुल नकार देते हैं। दोनों के अपने-अपने तर्क हैं। दोनों के तर्क ठीक-ठीक लगते हैं। लेकिन दोनों अति में झूल रहे हैं—'हां,' 'न' की अति में। दोनों की नजर से वह बात ओझल है, जिसके बिना दोनों अधूरे हैं।

आपके पास एक गाइड बुक है, किसी टूरिस्ट प्लेस की। उससे आपको पता चलता है उस टूरिस्ट प्लेस के बारे में। जब तक टूरिस्ट प्लेस देखा नहीं, उस गाइड की जरूरत है। उससे यह पता चलता है कि राह ठीक है कि नहीं (भौगोलिक मार्ग)। लेकिन जैसे ही आप स्वयं उस स्थान पर पहुंच जाते हैं, उस टूरिस्ट गाइड की आपके लिए पहले की सी सार्थकता नहीं रह जाती। यही बात काफी कुछ किताबी ज्ञान और उस अनुभव के संदर्भ में भी है, जो अध्यात्म के मार्ग पर होता है।

पोथी पढ़-पढ़ जग मुआ पंडित भया न कोय।
एकै आखर प्रेम का पढ़े सो पंडित होय॥

संत कबीर ने यह बात कही थी। इसे उनके अनुयायियों ने पकड़ लिया। शास्त्रों को उन्होंने नकार दिया। परिणामस्वरूप वैचारिक स्तर पर उनका जिस तरह से विकास होना चाहिए था, वैसा नहीं हुआ। वे अपने में सिमट कर रह गए। कबीर ने कब और किसके लिए 'प्रेम' का एकमात्र अक्षर पढ़ने की बात कही, यह गौण हो गया। बहुत बड़ी भूल की, कबीर के अनुयायियों ने। वे कबीर की भाषा नहीं समझ पाए। ऐसी ही भूल उन लोगों ने भी की जो शास्त्रों पर जोर देते रहे। उन्होंने श्रोत्रीय और ब्रह्मनिष्ठ में से पहले शब्द पर ज्यादा जोर दिया—जरूरत से कुछ ज्यादा। परिणाम हुआ शास्त्र का स्वयं प्रतिपादन करने वाले आचार्यों को कहना पड़ा, *''शास्त्रज्ञान को लादकर घूमने वाले ज्ञानियों की स्थिति उस गधे की सी है, जो चंदन का मूल्य नहीं उसके भार को जानता है''— यथा खरश्चंदन भारवाही भारस्य वेत्ता न तु चंदनस्य।* आद्यशंकराचार्य ने कहा, *पशोः पशुः यो न करोति धर्मं, प्राधीत शास्त्रोऽपि न चात्मबोधः।* ''पशुओं से गया बीता है वह जिसे शास्त्रों का अध्ययन करने के बाद भी आत्मबोध नहीं हुआ।''

शास्त्रज्ञान वैचारिक स्तर पर आपको तैयार करता है ताकि बिना किसी संशय के शास्त्र का आचरण किया जा सके। इससे वह भूमि तैयार हो जाती है जिसमें डाला गया बीज अंकुरित हुए बिना नहीं रह सकता। करना और जानना दोनों एक-दूसरे के बिना अधूरे हैं। जानने का तात्पर्य यहां किसी डिग्री-डिप्लोमा से नहीं है।

सुंदर कांड में हनुमान

आपने भजन की एक पंक्ति अवश्य सुनी होगी—*'मेरो मन अनत कहां सुख पावे।'* इसी भजन की एक पंक्ति है—*'जैसे उड़ि जहाज को पंछी, पुनि जहाज पे आवे।'* जहाज को छोड़ता है वह पंछी। उड़ता-फिरता है दूर-दूर तक। और जब कहीं कोई शरण नहीं मिलती, वापस आना तब विवशता हो जाती है उसकी। पंछी कौन है, साधना के संदर्भ में? जीव! पंछी दो पंखों से उड़ता है। जीव के भी दो पंख है, कर्म और ज्ञान। इन दोनों के मूल में कर्तापन होता है। इन दोनों से ही 'अहं' की पुष्टि होती है। 'अहं' भरे मैं का प्रयोग या तो कर्म में प्रवृत्त व्यक्ति में आपको देखने को मिलेगा, या फिर वह इस शब्द को बारम्बार दोहराएगा, जो बुद्धिमान होगा। कर्म और ज्ञान पर से जब तक विश्वास नहीं उठता, तब तक कोई भावजगत में प्रवेश नहीं पाता। वह भौतिकता से परे किसी इंद्रियातीत पर विश्वास ही नहीं करता। और जब दोनों पंखों में जान नहीं रह जाती, तब अलौकिक पर विश्वास करना मजबूरी हो जाता है। साधक जानबूझ कर ऐसी परिस्थिति पैदा करता है। विश्वास दिलाता है अपने भीतर छिपे अचेतन मन को, 'तेरे बस का कुछ नहीं है तब तक जब तक तू स्वयं को क्षुद्र समझ रहा है।' भौतिकता से धकेलता है बाहर को वह मन को—जैसे सूमो कुश्ती के पहलवान धकेलते हैं एक-दूसरे को। जो कूदने मात्र से डर रहा होता है उसकी इस घटना के बाद यात्रा शुरू हो जाती है, लेकिन जिसने दूसरे किनारे के बारे में कभी सोचा ही नहीं होता वह फिर वापस आ जाता है उसी किनारे पर जो उससे छूट गया था। सौभाग्य के अवसर को ठुकरा देता है वह। शास्त्र उकसाते हैं कई तरह से उसे कुछ कर गुजरने को लेकिन उसका विश्वास स्वयं से उठ चुका होता है—संभवतया किसी शाप की वजह से।

इन दिनों रामायण के सुंदरकांड की व्याख्या कुंडलिनी जागरण के संदर्भ में की जा रही है। हनुमान शापित हैं। जब तक कोई उन्हें उनके बल का स्मरण नहीं कराता, वे अपनी अनंत शक्ति के बारे में जान नहीं पाते। जामवंत उन्हें याद दिलाते हैं, ''किसलिए तुम्हारा अवतार हुआ है? तुम्हारे बिना कौन इस कार्य को कर सकता है?'' जामवंत को हनुमान के शापित होने का पता है। क्यों कुंठित है हनुमान की अनंतशक्ति इसे जानने के कारण ही वे उस कुंठा को धारदार बना पाते हैं। गुरु की यही तो भूमिका है कि वह शिष्य के अविश्वास को काट फेंके। हनुमान को स्मरण हो आता है अपने जन्म का उद्देश्य। अब वे अवसर नहीं चूकते। उससे भी ज्यादा वे कर गुजरते हैं, जिसकी कि जामवंत को भी उम्मीद न थी। बस फिर तो सब कुछ सहज रूप से होता चला जाता है। यही बात साधक के साथ है। शक्ति है, पर प्रसुप्त है। उसी का जागरण करना है। जागरण के बाद तो सब कुछ अपने आप होता जाता है।

समर्पण ही सौंदर्य है हनुमान का। यह समर्पण ही उन्हें अनंत शक्तियों और ऋद्धि-सिद्धियों का स्वामी बनाता है।

कुंडलिनी जागरण का अर्थ है, उपरोक्त संदर्भ में, राम-सीता का मिलन। चुराई गई सीता का पता लगाना कि वह कहां है, यह इस खोज का, प्रथम चरण है। इस खोज में महत्त्वपूर्ण भूमिका है हनुमान की। हनुमान का जन्म ही इस कार्य के लिए हुआ है। जब अपनी शक्ति को और दिशा दी, तो शापित हो गए। जिसलिए जन्मे, वह न करेंगे, तो शापित ही होंगे। उसी शाप का प्रभाव है कि ऊर्जा को सही दिशा में लगाने का जब समय आया तो, इस बात का ज्ञान ही नहीं है कि वैसा करने की शक्ति है भीतर। जैसे ही विस्मृत का स्मरण हुआ क्षुद्र वानरशरीर पर्वताकार (महान) हो गया। एक कोने में सिर झुकाकर जो बैठा था, वह अमोघ ऊर्जा से संचरित हो उठा और विस्तृत सागर को एक ही छलांग में लांघ गया। लांघना एक छलांग में ही होता है। अनुकूल या कि प्रतिकूल के चक्कर में फंस गए, तो यात्रा थम गई समझो। जिन्हें संशय था, वे हिम्मत ही नहीं जुटा पाए। छलांग लगाने के बाद किसी प्रकार का विश्राम नहीं किया हनुमान ने। किसी को चतुरता से, किसी को बल से, तो किसी को मित्र बनाकर कार्य सिद्धि की हनुमान ने। तमोगुण को नष्ट किया, रजोगुण से आशीष ली और सत्वगुण को पक्ष में लेकर कार्य साधा। यही सौंदर्य है जीवन का। कुंडलिनी के जागरण के बाद इसी परम सौन्दर्य के दर्शन होते हैं। त्रिपुर सुंदरी इसीलिए तो अधिष्ठात्री हैं इस कुंडलिनी साधना की।

दृष्टि और सामर्थ्य दोनों ही

तुलसीदास जी राम के दर्शन करना चाहते थे। दर्शन की प्यास अत्यंत गहरी थी। जब चाह एक हो और वह भी सात्विक तो अद्‌भुत घटित होता है। प्रेत ने रामदर्शन का मार्ग सुझाया। तुलसीदास जी ने कुष्ठरोगी बने श्री हनुमान के चरण पकड़ लिए। हनुमान ने चित्रकूट के घाट पर राम-लक्ष्मण के दर्शन कराने का विश्वास दिलाया। तुलसीदास बन गए घाट के पंडे। इष्टदर्शन के लिए तरह-तरह के पापड़ बेलने पड़ते हैं। यह भी तप है—जो मनोनुकूल न हो, उसे भी किया जाए। यही हठयोग है। जो भी आता, तुलसीदास उसके माथे पर चंदन लगाते, आशीर्वाद देते। दो सुंदर कुमार आए। तुलसीदास ने उनके माथे पर भी चंदन लगाया, आशीर्वाद दिया। सामने वृक्ष की डाल पर शुक बने बैठे हनुमान समझ गए कि कुमारों को तुलसी ने पहचाना नहीं है। दृष्टि न हो, तो चिरप्रतीक्षित भी नजरों के सामने से गुजर जाता है। शुक बने हनुमान जी ने सावधान किया—

चित्रकूट के घाट पर भई संतन की भीर।
तुलसीदास चंदन घिसें तिलक देत रघुवीर॥

दृष्टि के साथ ही उस झलक को देख पाने की सामर्थ्य (योग्यता) भी चाहिए। श्रीकृष्ण ने अर्जुन को दिव्यदृष्टि दी, ताकि वह विराट रूप को देख सके। विराट रूप को उसने देखा, लेकिन उसे आत्मसात् नहीं कर पाया। इसलिए देखना और आत्मसात् करना अलग-अलग बातें हैं। तैयारी न हो तो दिखता नहीं। तैयारी अधकचरी हो, तो आत्मसात् नहीं होता। तैयारी के दो हिस्से हैं होते ये। साधक को इस प्रचलित उक्ति को गांठ बांध लेना चाहिए *'सहज पके सो मीठा होय।'*

इस संदर्भ में एक बात और समझ लेनी जरूरी है। 'साधना के विभिन्न सोपान' और 'साधना के क्रमिक विकास' के नाम से विभिन्न चरणों की व्याख्या अक्सर की जाती है। तंत्र में पश्वाचार, वीराचार और दिव्याचार का क्रम मिलता है। श्रीमद्‌भगवद्‌गीता आदि ग्रंथों के आधार पर निष्काम कर्म, निष्काम उपासना और अद्वैत ज्ञान के क्रम का विवेचन किया गया है। योगशास्त्र में आठ अंगों (अष्टांग)का प्रतिपादन किया गया है। कुंडलिनी साधना में षटचक्रों के भेदन की चर्चा है। इन उपरोक्त भेदों से एक तो इस बात की सिद्धि होती है कि साधना में वैयक्तिक भिन्नता को नकारा नहीं जा सकता। एक ही छड़ी से सबको हांकना वैज्ञानिक नहीं। जो साधक जिस स्थिति में है उसकी साधना की शुरुआत उसी के स्तर से होनी चाहिए। ऐसा न होने पर मिलने वाले परिणाम भुलावा होते हैं। और

दूसरी बात यह कि इस क्रम में सोपान की सी स्थिति नहीं है। सीढ़ी पर चढ़ते समय आप एक सीढ़ी को पीछे छोड़कर दूसरी, अगली सीढ़ी पर पैर रखते हैं। पीछे छोड़ी गई सीढ़ी का अस्तित्व मिटता नहीं। वह फिर किसी दूसरे के काम भी आ सकती है। इसमें वापसी की भी संभावना है। जबकि अंकुर बनने के बाद बीज चाहे कि फिर बीज बन जाए, क्योंकि आगे यात्रा करने का मन नहीं है, तो ऐसा संभव नहीं है। बीज से अंकुर, अंकुर से पौधा और पौधे से वृक्ष बनने की प्रक्रिया एक संपूर्ण प्रक्रिया है। इसमें पीछे कुछ नहीं बचता। इसमें जो घटित होता है, वह संपूर्ण होता है। अधूरेपन की कोई गुंजाइश नहीं है। प्रत्येक साधक को इस आखिरी बात को अच्छी तरह समझ लेना चाहिए। इसीलिए जो जुड़ना है, जो छूटना है, जो मिलना है, जो बिछुड़ना है, सब अपने आप होने वाला है। साधक को तो स्वयं को उस प्रक्रिया में डाल देना भर है। उसके बात तो सब अपने आप घटता चला जाएगा।

जरूरत है सही लाइन में खड़े होने की

जब मैं पहली बार मुंबई गया—1980 में, तब लोकल ट्रेन पर चढ़ती-उतरती भीड़ को देखकर हैरान हो गया। चढ़ना-उतरना सैकिण्ड्स में होता। अपने मित्र हरीश से जब इस बारे में पूछा, तो उसने हंसते हुए जवाब दिया, ''यहां कौन चढ़ता-उतरता है। चढ़ने वाली लाइन में खड़े हो जाओ बस, स्वयं चढ़ जाओगे। उतरने वाली साइड में खड़े जाओ, बिना किसी परेशानी के उतर जाआगे।'' तीन वर्ष रहा मैं वहां। न मैं कभी ट्रेन पर चढ़ा, न उतरा। किसी प्रकार की शक्ति नहीं खर्च होती थी। बस सही लाइन में खड़े होने की जरूरत होती थी। अगर गलत लाइन में खड़े हो गए तब जरूर विपरीत गतिमान भीड़ से युद्ध-सा करना होता था। साधना का अर्थ ही है खुद को सही लाइन में खड़ा कर देना।

एक संत ने इस संदर्भ में कुम्हड़े के फल का दृष्टांत दिया है। कुम्हड़े के फूल के नीचे से (पिछली ओर से) फल लगता है। फल जब परिपक्व हो जाता है, तो फूल सूख कर गिर जाता है। कोई यह सोचकर कि फूल ने तो सूख कर गिरना ही है, फूल को तोड़ दे, तो फल सड़ जाएगा। स्वयं सूख कर गिरना और तोड़ना ये दोनों अलग-अलग बातें हैं। पहली क्रिया स्वाभाविक है, जबकि दूसरी सायास। फूल से फल बनने की प्रक्रिया का हिस्सा है फूल का सड़कर स्वयं गिरना, जबकि तोड़ना उस प्रक्रिया के बीच रुकावट पैदा करना है। जब एक प्रक्रिया पकती है, तो दूसरी सहज रूप से शुरू हो जाती है। इसलिए कुछ भी छोड़े नहीं। जिसे छूटना होगा, अपने आप छूट जाएगा।

एक सामान्य साधक को मूल रूप से जिन बातों को समझ लेना चाहिए उनकी संक्षिप्त-सटीक चर्चा काफी हद तक की जा चुकी है। कुछ ऐसे सवाल जो व्यक्तिगत रूप से किसी भी साधना के दौरान, किसी भी साधक के मन में उठते हैं, अपने आप निरस्त होते जाते हैं। किसी बाजार में भीड़ को देखकर आपके मन में अक्सर यह सवाल पैदा होता है कि कैसे मंजिल तक पहुंचा जा सकेगा, लेकिन जब आप बाजार की भीड़ में घुसते हैं, रास्ता खुद-ब-खुद मिलता जाता है। सभी तरह के क्यों, कैसे, और क्या, जैसे सवालों का जवाब अपने आप मिलता जाता है। इस संदर्भ में, मेरी दृष्टि में, दूसरे किसी के समाधानों का कोई विशेष महत्व भी नहीं होता, यात्रा के अनुभवों के आधार पर यात्रा ऊपर से एक-सी दीखती हुई भी अलग-अलग हुआ करती है इसलिए।

हम अपनी यात्रा की शुरुआत कैसे करें इसकी प्रेक्टिकल जानकारी अब देने का प्रयास किया जा रहा है।

श्वास-क्रिया का महत्व

हम भाग्यशाली हैं, इसलिए नहीं कि मनुष्य जीवन मिला, बल्कि इसलिए क्योंकि जीवन की डोर हाथ में आ गई है। हमें यह नहीं कहना पड़ा रहा—

जीवन खतम हुआ तो जीने का ढंग आया,

जब शमां बुझ गई तो महफिल में रंग आया।

या फिर

जहर जब पी लिया, तो याद आया
घाव जब सी लिया, तो याद आया,
इस जीने से मौत थी बेहतर
यार जब जी लिया, तो याद आया।

हां, अब तक जो जीवन जीया जा रहा था, पशुवत् था, मूर्च्छा में जीया जा रहा था। अब कोशिश होगी कि जीवन दिव्य हो, खुली आंखों से अर्थात् जागरण में जीया जाए।

मूल आवश्यकताओं में ऐसी कौन सी क्रिया है, जिसके बिना एक पल भी जीया नहीं जा सकता। बिना खाए रह सकते हैं, रहते हैं लोग लंबे समय तक। बिना पानी पिए भी जीवित रहा जा सकता है, इसकी अवधि खाने से कम है। बिना नींद के ज्यादा दिनों तक नहीं रहा जा सकता। इसके बिना जीवन अपना संतुलन खो बैठता है। इस असंतुलन में होने वाले अनुभव बड़े अजीब होते हैं। इन्हीं अनुभवों के लिए व्रत-उपवास आदि का अनुष्ठान प्रत्येक धर्म में किया जाता है। रुटीन से अलग हट कर जब कुछ टूटता है, तो मोह टूटता है। गति टूटती है, तो अनुभूति होती है कि जिसे ठोस समझ रहे थे, वह एक तरह की विशेष गति का परिणाम था। दीपावली के दिन बच्चों को देखिए। वे फुलझड़ी या हंटर जलाकर उसे तेजी से, गोल-गोल घुमाते हैं। लगता है आग जम गई हो। आग का गोल घेरा साफ दिखाई देता है। बीच के गेप खत्म हो जाते हैं। ऐनिमेशन फिल्मों को बनते देखिए। बोर हो जाएंगे। शूटिंग देखने में लोगों को अक्सर इसलिए ऊब होती है। तो रुटीन टूटने से 'माना गया' टूटता है। वह स्पष्ट दिखने लगता है, जो वास्तव में है। इसी आधार पर साधना पद्धतियों में रुटीन तोड़ने की सलाह दी गई। व्यवस्था जरूरी है, लेकिन व्यवस्था मैकेनिकल न हो जाए, इसलिए उसे बीच-बीच में तोड़कर झकझोरा जाता है। ऊपर जिन मूलभूत आवश्यकताओं की चर्चा की गई, उनके बिना एक दिन निकाला जा सकता है लेकिन एक और भी महत्वपूर्ण क्रिया है, जिसके बिना जीवन की बात सोची तक नहीं जा सकती, वह है श्वास लेना (लेना-छोड़ना और रोकना, इन तीनों के लिए यहां सामान्यतौर पर इसी शब्द का हम प्रयोग करेंगे)। दूसरे शब्दों में, यही श्वास जीवन है। मृत्यु के लिए इसीलिए कहा जाता है, श्वास निकल जाना। इस क्रिया का समूचे व्यक्तित्व से क्या और कितना गहरा संबंध है, इसका अंदाजा विभिन्न शारीरिक, मानसिक अर्थात् बाहरी और आंतरिक, पर्यावरण से जुड़ी—बदली स्थितियों से लगाया जा सकता है। क्रोध में, प्रसन्नता में, प्रेम में, एकांत में, भीड़ में इस प्रक्रिया में परिवर्तन होता है। इसी आधार पर प्राण संयम द्वारा मन के संयम की बात योगशास्त्रों में की गई है। यज्ञोपवीत संस्कार के समय त्रिसंध्या का उपेदश दिया जाता है। इसमें प्राणायाम पूर्वक गायत्री जप व सूर्याराधना प्रमुख होते हैं। सामान्य प्राणायाम से मन का संयम होता है और संवेगों पर नियंत्रण करने की शक्ति आती है।

सही श्वास लेना सीखें

खाना-पीना, सोना जबकि हमारी नित्य और सहज क्रियाएं हैं लेकिन इनसे संबंधित सही जानकारी न होने के कारण ही हमें ज्यादा-से-ज्यादा दुख उठाने पड़ते हैं। है न आश्चर्य? यही बात सांस लेने और निकालने के बारे में है। हमें जब कोई समझाता है कि सही सांस लें, तो आश्चर्य होता है। सांस तो ले रहे हैं बचपन से, फिर यह गलत कैसे हो सकती है, एक प्रतिक्रिया होती है हमारी लेकिन वास्तविकता है यह कि हमारी श्वास क्रिया ठीक नहीं होती। सांस का कार्य है शरीर के रोम-रोम को ऑक्सीजन से ऊर्जावान बनाना। उसके लिए जितनी गहरी श्वास की आवश्यकता होती है वह हम नहीं लेते। इसीलिए शरीर को जितना सक्रिय होना चाहिए, उतना वह नहीं हो पाता।

इस तरह शरीर के स्तर पर ही संभावनाओं को रौंद देते हैं हम।
तो शुरुआत करें गहरी सांस लेने से। सांस छाती से न लें, पेट से लें। जब सांस लें, तो पेट गुब्बारे की तरह फूले। जब सांस बाहर निकालें, तो पेट सिकुड़ जाए। इसको जांचने के लिए उलटे लेटें, पेट के बल। महसूस करें श्वास प्रक्रिया में क्या अंतर आता है। यह सही श्वास क्रिया है। उलटा लेटने से श्वास स्वाभाविक हो जाती है। यह सहज स्थिति है। इसे हमने असहज बनाया हुआ है। योगियों के चित्र यदि आप देखें तो पाएंगे कि उनका पेट सिकुड़ा हुआ नहीं होता। हल्की तोंद होगी उनकी। त्रिवली होती है भगवान विष्णु के पेट पर। इसी कारण बुद्ध की प्रतिमाएं जापान, चीन आदि में तोंदल हैं, जबकि भारत में इनका पेट भीतर को धंसा हुआ और छाती बाहर को है। गणेश इसीलिए तोंदुल है। विघ्नहर्ता हैं वे इसीलिए।

शुरुआत अपनी ब्रीदिंग को सही करने से करें। श्वास लेने और बाहर निकालने की गति धीमी हो—जितनी धीमी संभव हो लेकिन हो गहरी। महसूस करें उसके आने-जाने को। महसूस करें उसकी दूरी और गहराई को, ध्यान श्वास पर हो। आपको महसूस होगा, ''मैं श्वास ले रहा हूं।'' शरीर में और 'मैं' में एक भेद महसूस होगा इस क्रिया से। जो प्राण ऊर्जा निष्क्रिय थी, सक्रिय होगी। यह काम जितनी धीमी गति से हो, उतना लाभप्रद व टिकाऊ होगा। इस क्रिया को आप लेट कर, बैठकर या खड़े होकर भी कर सकते हैं। श्वास-क्रिया में किसी प्रकार निरोध न आए, इसके लिए योगशास्त्र में वर्णित नेती (जल-सूत्र) आदि क्रियाओं का अभ्यास भी किया जा सकता है। इन क्रियाओं का उद्देश्य श्वास की निरोध रहित क्रिया के होने से है। इतने तक ही मूल्यवान हैं ये।

शुरुआत तन से

आप धनुष चलाना सीखना चाहते हैं। उसके लिए प्रारंभिक रूप से जरूरी है कि आपके हाथों, कंधों, कलाइयों पंजों व उंगलियों में शक्ति हो। प्रत्यंचा खींचते समय आपके हाथों में कंपन न हो। शरीर का और मन का कंपन अलग-अलग बात है। सूक्ष्म में एक होने पर भी स्थूल में थोड़ा फर्क है दोनों में। मन का कंपायमान न होना तो संधान के समय अपेक्षित है, जबकि हाथों की मजबूती धनुष को पकड़ने, प्रत्यंचा को खींचने के समय ही। शारीरिक रूप से स्वस्थ होना इसलिए जरूरी है, ताकि मन को भी स्वस्थ रखा जा सके। क्योंकि शरीर के स्तर पर जीते हैं हम, इसलिए शुरुआत शरीर से ही होगी। इस श्वास की क्रिया से शरीर नीरोगी होगा और संतुलित भी। कुंडलिनी के जागरण में श्वास की क्या भूमिका है, इसे आप पहले के अध्यायों में ठीक प्रकार समझ चुके हैं। यहां तो इतना संकेत भर काफी है कि इस प्रक्रिया से उत्पन्न होने वाली ऊर्जा प्रसुप्त ऊर्जा को जगाएगी और उसे एक निश्चित दिशा देगी। इस बात को वे अच्छी तरह समझ सकेंगे जिन्होंने कभी 'हैंड पम्प' का उपयोग किया होगा। कभी-कभी जब पानी उतर जाता है हैंडपंप का, तो पंप में ऊपर से एकाध बाल्टी पानी डाला जाता है। उसके बाद जब पंप को चलाते हैं, तो मूलस्रोत से पानी आने लगता है। बाहर से डाले गए पानी ने अवकाश को भरा। इससे दूरी कम हुई। स्रोत से संबंध हो गया। जब नेचुरल और डीप ब्रीथिंग की जाती है तो कृत्रिम रूप से पैदा की जानेवाली ऊर्जा ऊर्जा के मूल स्रोत की धारा से जोड़ देती है। क्योंकि हमने पंप को काफी लंबे समय तक नहीं चलाया है इसलिए ऊर्जा तल में स्थित हो गयी। श्वास क्रिया से उसमें उठान बनता है।

आपने प्राणायाम के तीन चरणों को पढ़ा है—पूरक, रेचक और कुंभक। पूरक में सांस को भीतर खींचा जाता है। कुंभक में सांस को भीतर रोकते हैं और रेचक में इसे बाहर निकालते हैं। सांस को जब बाहर अर्थात् रेचक के बाद रोका जाता है, तो उसे बहिर्कुंभक कहते हैं।

श्वास के साथ आएं-जाएं

अभ्यास के प्रारंभ के समय में इन तीनों ही क्रियाओं को लयबद्ध करें। और उसकी प्रतिक्रियाओं को महसूस

करें। फर्क है आपमें अब। पहले श्वास लेना अनैच्छिक क्रिया था, जबकि अब आपने उसे ऐच्छिक बना दिया है। अन्य ऐच्छिक क्रियाओं की-सी स्थिति तो नहीं है इसमें, लेकिन अब यह अनैच्छिक भी नहीं है। ट्रैक से अलग हटकर आप ऐसा करेंगे तो शरीर में कुछ परिवर्तन आपको स्पष्ट महसूस होंगे। लयबद्ध श्वास क्रिया का अभ्यास करें, खूब गहरे तक। कुछ दिन के बाद सांस के साथ-साथ बाहर-भीतर जाएं। अंदर रुकें। पहली स्थिति में और इस स्थिति में जो अंतर आया है उसे समझें। पहली स्थिति में आप समग्र रूप से श्वास प्रक्रिया को देख रहे थे। देख रहे थे कि उसे जिस तरह चलना चाहिए उस तरह से चल रही है कि नहीं। विश्वास हो जाए उसके ठीक चलने का जब, तब उसके साथ-साथ स्वयं को बाहर-भीतर ले जाएं। यह अनुभव मजेदार, आश्चर्यजनक और दिलो-दिमाग में सिहरन पैदा करने वाला है, गोल-ऊंचे झूले पर झूलते हुए बच्चों को मिलने वाले आनंद के समान। कहते हैं इसी का आनंद लेने के चक्कर में लोगों को भांग आदि नशों की आदत पड़ जाती है। इसे 'लहर' कहते हैं। जैसे लहर में उठान-गिरान होता है एक निश्चित क्रम में, वैसी ही स्थिति भीतर मनोमय कोष में उत्पन्न होती है इस श्वास क्रिया के अभ्यास से। अब एक तो वह सौंदर्य है जो आप लहरों की अटखेलियों को देखकर महसूस करते हैं और दूसरा वह है जिसमें आप उसी के साथ चढ़ते-उतराते हैं। बड़ा एक्साइटिंग होता है यह अनुभव। इसी वजह से इस तरह के खेलों का शौक विदेशों में बढ़ता जा रहा है।

जो लोग उपरोक्त प्रक्रिया में सीधे प्रवेश करना चाहते हैं, उन्हें थोड़ी परेशानी जरूर होगी, क्योंकि ऐसा करने के लिए उनके पास कोई आधार नहीं होगा। जबकि जिन्होंने आसनों का प्राणक्रिया के साथ, डीप व करेक्ट ब्रीथिंग के साथ अभ्यास किया है, उन्हें आसानी होगी ऐसा करने में। अगर आपको परेशानी हो, तो आप एक निश्चित आसन के सैट के साथ पहले इसका अभ्यास करें। इन्हें करते समय मूवमेंट को स्लो करें। आसनों को करते समय शरीर के जिन अंगों पर जोर पड़ रहा हो, उन पर ध्यान केंद्रित करें। मांसपेशियों में होने वाले तनाव को, उसकी विभिन्न मात्राओं को महसूस करें। श्वास क्रिया को साथ जोड़ें। कुछ दिनों के अभ्यास से आपको कई ऐसे अनुभव होंगे, जिनका आपने पहले कभी अनुमान भी नहीं किया था कि ऐसा भी होता है, हो सकता है।

एक्सपर्ट होने के बाद

अच्छा ड्राइवर आप उसे कहते हैं, जो गाड़ी को स्मूथ चलाए। बाहरी और आंतरिक दो तरह के कारण होते हैं, जिनसे स्मूथनैस टूटती है, ऊबड़-खाबड़ रास्तों पर गाड़ी हिचकोले खाती है। ड्राइवर यदि एक्सीलेटर और गेअर में ठीक तालमेल नहीं बैठा पा रहा हो, तो भी ऐसा होता है। गाड़ी झटके के साथ रुक जाती है। झटके देती है। अगर ऐसा है तो गाड़ी में बैठने का मजा जाता रहता है। बिलकुल यही बात शारीरिक-मानसिक क्रियाओं के साथ भी है। जब आप एक्सपर्ट हो जाएं, तो झटके से रोकना, मोड़ना, चलाना एक दूसरी ही तरह के अनुभव देता है। लेकिन जरूरी है कि पहले आप एक्सपर्ट बनें। शरीर का आधार लेकर श्वास क्रिया की प्रारंभिक गति को समझ कर उसमें परिवर्तन किए जाते हैं। पिछले अध्यायों में मूल और जालंधर आदि बंधों की चर्चा इसी संदर्भ में की गई है।

गहरी श्वास लेने के बाद इस प्रक्रिया में तेजी लाएं। जोर देना है रेचक पर। श्वासों को बाहर निकालने को रेचक कहते हैं। षट्कर्मों में एक क्रिया है कुंजर क्रिया, इससे रेचन होता है। हाथी को जब लगता है कि पेट में कोई विकार रुक गया है, जमा हो रहा है, तब वह खूब पानी पीता है। इतना कि पेट फटने लगे। पानी बाहर को आने लगता है। फिर वह अपनी सूंड को मुख में डालता है। और पलट देता है पीए हुए पानी को। पेट में जमा विकार पानी के साथ बह जाता है। पशुओं को प्रकृति से ऐसा ज्ञान सहज रूप में मिला है। कुत्ते भी ऐसा ही करते हैं। पेट की गड़बड़ी महसूस होने पर वे खाना छोड़ देते हैं—लंघन करते हैं। हरी दूब के कोमल पत्तों को तोड़ते हैं। निगलते हैं। कोशिश करते हैं सब उलटने का। उलट देते हैं। थकाने वाला काम है यह। इसमें प्रयास करना पड़ता है। उस जगह

जोर पड़ता है, उथल-पुथल होती है, जहां विकार जमा हैं। इसलिए कभी-कभी इसका प्रभाव थकान के रूप में, बाद में, थोड़े समय तक रहता है। सिस्टम को फिर से सैट होने में थोड़ा समय जो लगता है। श्वास की क्रिया द्वारा रेचन करें। धीरे-धीरे जोर दें। रेचन के लिए जरूरी होगा कि पूरक में भी तेजी लाई जाए। प्रत्यंचा जितनी अपनी ओर को खींची जाएगी, तीर लक्ष्य पर उतने ही गहरे में प्रवेश करेगा। गहरे रेचन के लिए इसीलिए जरूरी है कि पूरक भी गहरा हो।

.लंबोदर होना हास्यास्पद नहीं है गणेश के लिए। परमयोगी हैं वे। जापान आदि देशों की बुद्ध मूर्तियां लंबोदर ही होती हैं

जिस प्रकार रेचक क्रियाओं से शरीर के विकार बाहर होते हैं इसी प्रकार श्वास प्रक्रिया द्वारा, जिसमें पूरक और रेचक पर बल दिया जाता है, मन के विकार पिघल कर बह जाते हैं। इसमें दोहरी मार होती है विकारों को बाहर फेंकना व मन को गहरे तल तक स्व में स्थित करना। जिस प्रकार शरीर में पुराना रोग तह पर तह बैठा लेता है, जम कर ठोस रूप धारण कर लेता है, वैसी प्रक्रिया मन में भी होती है। ऊपर के विकार गलकर बहते हैं, राहत मिलती है। लेकिन जब मोटी तह बने विकारों को श्वास क्रिया पिघलाती है, तो रोग उखड़ता है। ऐसी स्थिति में धैर्य की आवश्यकता होती है। लगता है बात-बिगड़ गई। जो राहत मिली थी, वह झूठी लगने लगती है।

स्थिति विस्फोटक हो सकती है

होमियोपैथी के प्रसिद्ध डॉक्टर पी.सी. भारद्वाज के पास एक दिन मैं बैठा था, चंडीगढ़ में। किसी महिला मरीज को कोई लेकर आया। जो लेकर आया था, उसे इन्हीं डॉक्टर ने असाध्य कह दिए गए रोग से मुक्त किया था। डॉक्टर

ने तीन-चार घंटे लगाए। पूरी हिस्ट्री ली। रोगी को और संबंधियों को साफ कह दिया, ''तबीयत बिगड़ सकती है! तब घबराना नहीं है। ट्रीटमेंट शुरू होने के बाद बीच में रोकने की बात न करना, नहीं तो अभी ले जाओ रोगी को।'' रोगी के संबंधी ही नहीं, स्वयं रोगी भी परेशान हो गया था इलाज करा-करा के। उसने साफ कह दिया—''मरने से ज्यादा तो कुछ नहीं होगा, डॉक्टर साहब।'' डॉक्टर ने पुड़िया दी। ''अगर कोई परेशानी हो, तो फोन करना मुझे। कोई दवा न देना। जो होता है होने देना'', डॉक्टर ने रोगी के संबंधियों को समझाया। रोगी चला गया। डॉक्टर ने घर फोन किया। लंच मंगाया। ''घंटे भर में रोगी के घर से फोन आएगा'', पक्का विश्वास था उन्हें। वैसा ही हुआ। रिश्तेदारों ने बताया, ''हालत बहुत खराब है।'' रोगी की ब्लीडिंग रुक नहीं रही थी। बॉल्टियों खून बह गया था—ठोस बना काला-नीला खून। डॉक्टर मुझे भी अपने साथ ले गए थे। जब नार्मल कलर और थिकनेस की ब्लीडिंग होने लगी, तो डॉक्टर ने एक पुड़िया और दी। ''अभी कुछ देर ऐसी स्थिति और रहेगी। फिर सब ठीक हो जाएगा।'' डॉक्टर ने समझाया। रोगी निढाल और मरणासन्न थी। शाम तक स्थिति में सुधार हुआ। उसके बाद धीरे-धीरे सब नॉर्मल हो गया। कोई एक महीने के इलाज के बाद वह स्वस्थ-तंदुरुस्त हो गई। डॉक्टर साहब दुनिया से चले गए, लेकिन वह आज भी ठीक, चुस्त-तंदुरुस्त है।

क्या हुआ था रोगी को? कुछ नहीं, रोग को दबाया गया था। लोग इसे ही रोगमुक्त होना समझ लेते हैं। जो खून बाहर बह जाना चाहिए था, वह बाहर नहीं निकला। उसने अंदर ही अपना घर बना लिया। रोगी ने जिसे स्वस्थ होना समझा था, वह तो भयंकर रोग के विस्फोट की तैयारी थी। विस्फोट जब हुआ, तो लगा यह कहां से आ गया। सब ठीक था, एकाएक तबीयत बिगड़ गई। एकाएक कुछ नहीं होता। 'एकाएक' का मतलब है, जो हुआ उसका कारण पकड़ में नहीं आया। कारण का पता नहीं चला इसलिए अकारण कहना आत्मप्रवंचना है। स्वयं को भुलावा देना है यह।

मन के साथ भी ऐसा ही होता है। चेतन से अर्ध-चेतन, अर्धचेतन से अचेतन में जाती रहती हैं हमारी वासनाएं। अतृप्त वासनाओं का गरम लावा जमा होता रहता है गहरे तल में। एकाएक विस्फोट होता है, और प्रलय आ जाता है। तब यह विस्फोट हमारे काबू से बाहर होता है। अनपेक्षित होता है यह इसलिए हम संभल नहीं पाते, असंतुलित कर देता है यह बुरी तरह। कल्पना कीजिए, किसी तरह से स्वयं इस विस्फोट की स्थिति आप तैयार करें। बर्फीले पहाड़ों के भारी कटाव से बचने के विस्फोट किए जाते हैं। इससे विस्फोटक स्थितियों पर काबू पाना काफी हद तक संभव हो जाता है।

अक्सर साधक ऐसी स्थिति में संभावित हानियों की चर्चा करते हैं—'कोई नुकसान, तो नहीं होगा।' शंका सार्थक है, और निरर्थक भी। सार्थक इस मायने में, क्योंकि इस तरह से सोचना आदत हो चुकी है और निरर्थक इसलिए क्योंकि आप जीवित रहते हुए, अपनी खुली आंखों से मृत्यु को स्वीकार करने जा रहे हैं। मृत्यु से ज्यादा हानि और क्या हो सकती। सब बना-बनाया छिन जाता है इसमें। लेकिन आप क्यों भूल जाते हैं यह कि कुछ पाने के लिए, कुछ खोना भी पड़ता है। यहां तो जो है नहीं, वह खोता है। इतना ही नहीं, जो खोता है, वह भी वापस मिल जाता है। इस तरह यह सौदा तो बिना कुछ भी गंवाए, सब कुछ पा लेने का है। अचेतन जब अर्धचेतन और अर्धचेतन जब चेतन बनकर खड़ा हो, तो घबराएं नहीं, धीरज से काम लें। साधना में सहज भाव से लगे रहें।

'कुंभक' का अर्थ है जब श्वासों को पेट में रोका जाए। इसे आभ्यंतर कुंभक कहते हैं। कुंभक का एक रूप है, पहले कहे गए से बिलकुल उलटा। इसमें श्वासों को बाहर रोका जाता है अर्थात् रेचक के बाद। इस तरह एक कुंभक हुआ पूरक के बाद, जबकि दूसरा रेचक के बाद। अब तक श्वास क्रिया की जिन क्रियाओं की चर्चा की गई है, उनके प्रकार चार हो गए। अब इस पूरी प्रक्रिया को—पूरक, कुंभक, रेचक, बहिर्कुंभक को लयबद्ध तरीके से करें। धीरे-धीरे इसमें तेजी लाएं। ध्यान रहे, जर्क, झटका नहीं लगना चाहिए। ऐसा तब तक करें, जब तक थक न



महावीर की नग्नता को समझना इतना आसान नहीं। सारी सांसारिक मर्यादाओं से परे होने के प्रतीक हैं महावीर। ध्यान की अप्रतिम मुद्रा है यह महावीर की।

जाएं, निढ़ाल न हो जाएं। इस क्रिया को बैठकर करें। खुले और हल्के वस्त्र लाभकारी होंगे इस प्रक्रिया के लिए। वस्त्र बांधने वाले न हो, तो और भी अच्छा है। आधुनिक प्रयोगों से सिद्ध हुआ है कि ऊर्जा का प्रवाह बैठने की अपेक्षा खड़े होकर ज्यादा होता है। महावीर का सारा ध्यान खड़े होकर ही है। बुद्ध की भी ऐसी प्रतिमाएं है, जिनमें वे खड़े है—ध्यानस्थ मुद्रा में। यह स्थिति बिलकुल ऐसी है जैसे तारों के बंडल को खोल दिया गया हो। सीधी तारें जल्दी गर्म नहीं होतीं। उनमें विद्युत बिना किसी अवरोध के प्रवाहित होती है।

शरीर नहीं तो क्या?

रुटीन को तोड़ने से होने वाले प्रभावों की ओर पहले संकेत किया जा चुका है। कुछ ऐसा घटेगा जो पहले नहीं घटित हुआ। जब यह अभ्यास गहरे और तेजी से होगा, तो महसूस होगा कि शरीर एक यंत्र की तरह है और आप उसका प्रयोग कर रहे हैं, बिलकुल ऐसे ही जैसे धौंकनी में हवा भर रहे हों। यह पहली अनुभूति होगी, ''मैं शरीर नहीं हूं।'' ''मैं शरीर नहीं...तो?'' यह अगला और महत्वपूर्ण प्रश्न है। अत्यंत महत्वपूर्ण है यह प्रश्न, क्योंकि यह अस्तित्व पर लगा प्रश्न है। अभी तक तो शरीर माना था खुद को, शरीर नहीं, तो फिर क्या... ? आद्य शंकराचार्य ने अपनी काव्यमयी रचना 'चर्पट पंजरी' में जिन प्रश्नों की चर्चा की है, वे इसी एक प्रश्न के इर्द-गिर्द घूमते हैं—

मुखौटे के भीतर होता है असल। मुखौटे तो अभिनय का प्रतीक होते हैं बस। मुखौटे को असल समझना सबसे बड़ी नादानी है

कस्त्वं कोऽहं कुत आयातः कामे जननी को मे तात।
इति परिभावय सर्वमसारं विश्वं त्यक्त्वा स्वप्न विचारं॥
भज गोविन्दं, भज गोविन्दं, गोविन्दं भज मूढ़मते।

''तुम कौन हो? मैं कौन हूं? कहां से आया हूं? कौन मेरी माता है? और कौन है मेरा पिता? इन प्रश्नों पर विचार करके, इस विश्व को स्वप्नवत् विचारते हुए, गोविंद भज! गोविन्द का नाम ले। गोविन्द का स्मरण कर!''

सुना है कोई राजकुमार स्वामी रामतीर्थ के पास गया। उसने उन्हें ईश्वर का साक्षात्कार कराने को कहा। स्वामी जी और उसमें जो वार्ता हुई, उसकी एक झलक देखिए—

''किसी से मिलने से पहले जरूरी है कि आप उसे पहले अपना परिचय दें? आप कौन हैं?''

''मेरा नाम श्यामसिंह है।''

''जब आपका जन्म हुआ, तब आपका नाम क्या था?...श्यामसिंह?''

''नहीं! तब तो मेरा नाम कुछ भी नहीं था। यह नाम तो नामकरण संस्कार पर रखा गया।''

''मैं महाराज दिलीपसिंह का बेटा हूं।''

''उनके पुत्र के रूप में जन्मने से पहले आप थे या नहीं?''

''था!''

''कहां थे?''

''पता नहीं।''

''तब भी क्या महाराज दिलीपसिंह के बेटे थे!''

''नहीं! तब ऐसा नहीं था।''

''तो फिर?''

''यह तो पीछे की प्रक्रिया हुई। अब इसी तरह से आगे के जीवन के बारे में सोच-विचार कर देखो।''

राजकुमार चुप था। कुछ कहने को नहीं बचा था राजकुमार के पास। हम सभी की स्थिति ऐसी है। हम स्वयं से ही परिचित नहीं हैं। समस्याओं की जड़ तो यही है। कार्य-कारण के सिद्धांत पर बहस करना शुरू करते हैं, लेकिन फिर एक जगह चुप होना पड़ता है। वैसे हमने 'मैं क्या हूं?' इस प्रश्न की अहमियत को महसूस ही नहीं किया। आदत पड़ गई है हमें अलग-अलग मुखौटे पहनने की। जिसे आप पर्सनेलिटी कहते हैं, इसका अर्थ ही 'मुखौटा' होता है। हमारे व्यक्तित्व के इतने आयाम हैं कि अपना असली व्यक्तित्व, अस्तित्व ही हम भूल गए हैं। यह पर्सनेलिटी डिस्ऑर्डर का मामला है। नया मुखौटा पहनते ही पुराने मुखौटे को भूल जाते हैं। और पुराने को ओढ़ने के बाद नए को। जो सपने में चलते हैं। कभी उन्हें ऑब्जर्व करिएगा। उन्हें सुबह उठने पर कुछ भी याद नहीं रहता। ऐसे लोगों द्वारा सपने में कत्ल करने के मामले भी पढ़ने-सुनने को मिल जाते हैं। हम सब भी इस मायने में 'मेन्टल' ही हैं। हमारा बोलना, विचारना, सोचना-समझना तर्कसंगत और सुव्यवस्थित नहीं है। क्या ऐसा नहीं है कि हम सोचते कुछ हैं, कहते कुछ हैं और करते कुछ और ही हैं। ऐसा असामंजस्य ही तो उसके व्यवहार में भी होता है, जिसे आपकी भाषा में 'पागल' और आज की, 'आधुनिक मनोविज्ञान' की भाषा में 'एब्नॉर्मल' कहते हैं।

समय पर चोट कम्प्रोमाइज नहीं

कहते हैं न कि चोट अगर समय पर की जाए, तो असंभावित संभावित हो जाता है। असंभव वह इसीलिए होता है क्योंकि अभी उसके लिए समय उचित नहीं होता। परिष्कृत लोहा जब एक निश्चित तापमान पर पहुंच जाए, तो उसे आप मनचाहा आकार दे सकते हैं। समझदार कारीगर ऐसा ही करता है। ऐसा ही प्रयास अब आपको करना है। श्वास क्रिया के अभ्यास के बाद जब आपका तन-मन क्लांत हो जाए, शरीर और 'मैं' का भेद जब आप साफ-साफ महसूस कर रहे हों, तो ''मैं कौन हूं'', इस अस्तित्व से संबंधित प्रश्न को उड़ेल दीजिए अपने अंतस् में। शुरू-शुरू में जब आप इस प्रश्न को अंतस् में फेंकेगे, तो यह उसकी ऊपरी सतह से ही वापस आ जाएगा। यह प्रश्न बाहरी प्रश्न है। अंतस् का तर्क होगा, ''जो हैं, वह हैं। पता तो है। इसलिए इस प्रश्न की कोई जरूरत नहीं।'' उसके तर्क की कसौटी पर यह पूछा गया प्रश्न निराधार होगा। जैसे शरीर किसी बाहरी वस्तु को स्वीकार नहीं करता, वापस भेज देता है उसे, बिल्कुल ऐसी ही घटना होगी यहां, अंतस के स्तर भी। लेकिन आपको धीरज नहीं छोड़ना है। ऐसा होना स्वाभाविक है। अब आप कुछ ऐसा कर रहे हैं, जिसकी आपके तथाकथित अस्तित्व को, आपकी पर्सनेलिटी को

कतई अपेक्षा नहीं है। दोहरी चोट कर रहे हैं आप। श्वास क्रिया से शरीर के स्तर पर आपने छेड़खानी की है, और 'मैं कौन हूं' ऐसा प्रश्न करके आप अपने स्वीकृत अस्तित्व की जड़ों को कुरेद रहे हैं। इस छेड़खानी को कुछ समय के बाद अंतस् स्वीकार करेगा। वहां वह बड़ी चालबाजी से जवाब देगा। कोई कम्प्रोमाइज नहीं करना है आपको।

किसी अपराधी से आपका अगर पाला पड़ा हो, तो आपको इस बात का अंदाजा हो सकता है कि कैसे वह पहले चुप्पी साधकर रखता है। फिर जब देखता है कि अब तो जवाब देना ही होगा, तो सफेद झूठ को ऐसा रंग देता है कि आप उलझ कर रहे जाते हैं, उसके सफेद झूठ में लिपटे जवाब में। ऐसा ही कुछ इस यात्रा में भी होगा। छलावे की पूरी संभावना है यहां, अगर आप थोड़े-से भी कमजोर हुए तो।

मां भी आप हैं बच्चा भी

मुझे याद है ऋषिकुल की। गुरुकुलों-ऋषिकुलों की याद लोगों (अभिभावकों) को अक्सर तब आती है, जब उन्हें लगता है कि अब उनका बच्चा हाथ से निकल रहा है, निकल चुका है। अक्सर बिगड़े बच्चों की शरणस्थली बन गए हैं ऋषिकुल-गुरुकुल। उन बिगड़े बच्चों पर जब अंकुश लगता, तो भयंकर प्रतिक्रिया होती। कई बच्चे तो वहां से भागने के लिए ऐसे रास्ते अपनाते जिनके बारे में सोचा तक नहीं जा सकता। प्रत्येक एक नई तरकीब की खोज करता। क्योंकि पुराने तरीकों से तो पकड़े जाने की संभावना होती थी। और वह इस तरह का कोई रिस्क नहीं ले सकता था। लेकिन बेचारा फिर भी पकड़ा जाता। पकड़वाने में दूसरे लोग मदद करते। उन्हें भी पता लग जाता कि यह ऋषिकुल या गुरुकुल का ब्रह्मचारी है। प्रेम और दंड दोनों का सहारा लेते शिक्षक। उद्देश्य हित समझाने का था। पहले वहां रुके रहना उस ब्रह्मचारी के लिए विवशता होता, क्योंकि वह भाग नहीं सकता था। कोई लाभ भी नहीं था भागने का। जब भागे और पकड़े भी गए तो भागना निरर्थक हो जाता है। धीरे-धीरे वह ब्रह्मचारी वहां की व्यवस्था में ढल जाता। फिर तो वह छुट्टियों में भी घर नहीं जाना चाहता।

कहने का अर्थ है, भागने की सार्थकता तो भाग जाने में है। जब पकड़ लिया जाना ही निश्चित है, तो क्या लाभ भागने का। 'मैं क्या हूं,' इस सवाल को आप बार-बार दोहराइए। पहले चुप्पी, फिर तरह-तरह के जवाब मिलेंगे आपको। सही जवाब के पास जैसे-जैसे आप पहुंचते जाएंगे, आपके जीवन में (व्यवहार में) परिवर्तन होगा। कहते हैं कि प्रसिद्ध वैज्ञानिक आइन्स्टीन किसी तथ्य को जानने के लिए जब 999 प्रयोग कर चुके, तो किसी साथी ने पूछा, ''आप निराश नहीं हुए?'' जवाब 'न' में मिला। ''अब मैं अपने जवाब के पास हूं, क्योंकि ये प्रयोग बताते हैं कि 999 गलत परिकल्पनाओं को मैंने अपने मस्तिष्क में स्थान दिया हुआ था।'' सच के पास जाने का अर्थ है—जो सोच रहे थे गलत था। जो मान रहे थे स्वयं को, गलत था। एक भ्रम था। उसी झूठे बोझ के तले सारी असल संभावनाएं दबी हुई थीं।

शास्त्रीय ज्ञान को नई (वैज्ञानिक) शब्दावली देने वाले प्रसिद्ध विचारक ओशो ने इस अनुभव को जन्म की महत्वपूर्ण शारीरिक-मानसिक घटना बताया है। उनके अनुसार , इसमें पीड़ा है, आनंद है। इसमें आश्चर्य है। मां को प्रसव पीड़ा होती है, लेकिन अपनी संतान को स्वस्थ देखकर उसकी सारी पीड़ा जाती रहती है। और बच्चा? पूर्ण सुरक्षित वातावरण से निकल एक बिल्कुल नए माहौल में आता है। आश्चर्य होता है उसे। यह क्या हुआ। कैसे हुआ। नए वातावरण में शारीरिक-मानसिक रूप से स्वयं को समायोजित करता है वह। शुरू-शुरू में हैरान-परेशान होता, लेकिन फिर स्वयं को एडजेस्ट कर लेता है। इस दृष्टांत में मां और बच्चे के साथ अलग-अलग अनुभव घटित होते हैं, जबकि साधक यहां दोहरी भूमिका निभाता है। वही मां है और बच्चा भी। दोनों ही अनुभवों से गुजरता है वह। एक बार फिर इस बात को समझ लें कि यह सारी प्रक्रिया सहज होनी चाहिए। इससे होने वाले अनुभव असहज-से लग सकते हैं आपको। यहां पढ़े-लिखे, सुने-सुनाए को आधार बनाकर कुछ नया निर्मित करने की गलती न

कीजिएगा। वह स्थायी नहीं होगा। करते जाइए, जो ऊपर बताया है। समय आने पर स्वयं घटित होगा सब। शुक्र-डिम्ब का गर्भाशय में मिलन हो गया। अगर कुछ गड़बड़ न हुई, कहीं कोई जोर-जबर्दस्ती न की गई, तो नौ महीने प्रतीक्षा करनी होती है। संभव है यह घटना किसी के साथ सातवें महीने में हो जाए। यह उसके लिए सहज है। आप जबर्दस्ती न करिएगा। नहीं तो मिट्टी में मिल जाएगा किया-कराया। और जब समय आएगा, तो वह रोके न रुकेगा, स्वयं पुकार-पुकार कर कहेगा, ''आ गया मैं।''

स्वामी रामतीर्थ ने अपने प्रवचनों में एक ऐसी बहू का उदाहरण दिया है, जो पहली बार मां बन रही थी। गर्भवती थी वह। पूरे समय में थी वह। उसने अपनी सासू मां को कहा, ''मां जी, मैं सोने जा रही हूं। जब भी कुछ हो, तो मुझे उठा लीजिएगा।'' बहू की यह बात सुनकर सासू मां हंसी। सासू मां तो जानती थीं सब। वह तो गुजर चुकी थीं उस अनुभव से। वह जानती थीं क्या होता है बच्चा जनते समय। उसने हंसते हुए कहा, ''बेटी, सो जा। लेकिन जब समय आएगा, कुछ होने वाला होगा जब, तब तू सो न सकेगी। और अगर सो भी रही होगी, तो खुद जागेगी और अड़ोस-पड़ोस को भी जगाएगी।'' संभव है सास की बातें उस समय बहू को समझ न आई हों। रहस्यमयी लगी हों। बेकार भी लग सकती हैं। टालने की कोशिश लगी हो। लेकिन जब वह स्वयं उस अनुभव से गुजरी होगी, तब पता चला होगा उसे अपनी सास की बातों की वास्तविकता का। हो सकता है, उसकी बहू ने भी ऐसा ही सवाल पूछा हो, और वह भी हंसी हो। सोचा हो, ''जान जाएगी खुद ही।'' अपनी बातों पर बहू द्वारा बरती गई लापरवाही से भी वह परेशान न हुई होगी।

अधूरे नहीं, पूरे मन से

इस सारी प्रक्रिया को पूरी जान लगाकर करें। गहरी श्वासों की प्रक्रिया में हुंकारने या फुफकारने की-सी ध्वनि होगी। आप जिस स्थान पर इसे करेंगे, वह इस ध्वनि से झंकृत हो उठेगा। आसपास के सैल चार्ज हो जाएंगे। और फिर जब ऐसे में आप दूसरी प्रक्रिया को अपनाएंगे, ''मैं कौन हूं?'' इस प्रश्न का उत्तर जानने की प्रक्रिया को, तो आपका समूचा अंतस् चिरता जाएगा, प्रत्येक स्तर पर। थकने के बाद विश्राम की, विश्रांति की स्थिति में जो अनुभव आए, उसे आने दें। इस समय तटस्थ भाव से रिसीवर बन जाएं। रिसीवर बनने का अर्थ है, कोई आग्रह नहीं है। जो आ रहा है उसे स्वीकार रहे हैं बस। अगर कहीं भी यह भावना आई कि कुछ विशेष प्रकार का हो, तो समझ लीजिए चूक गए। यह स्थिति बिल्कुल प्रार्थना की सी है। सोचिए, किसी ऐसे व्यक्ति के बारे में जो घोर जंगल में राह से भटक गया हो। उसे यह तो समझ आ रहा है कि जिस राह से वह चल रहा है, वह ठीक नहीं है, लेकिन यह नहीं जानता वह कि सही राह कौन-सी है। ''मैं कौन हूं?'' इस प्रश्न ने यह संकेत दे दिया कि वह नहीं है, जो मान रहा है, समझ रहा है, लेकिन 'कौन हूं' इसका सही जवाब नहीं पता। प्रश्न फेंका जा रहा है, फेंका गया है और प्रतीक्षा है आनेवाले जवाब की। सही जवाब आए, इसके लिए जो भी आ रहा है उसे आने दें। स्टेशन पर किसी की प्रतीक्षा कर रहे हों आप। आने वाला आपको जानता हो, आप न जानते हों उसे। खड़े हैं एक्जिट वाले गेट पर। प्रत्येक आने वाले को आने दे रहे हैं। किसी को रोक नहीं रहे। कैसे रोकें, जब पता नहीं उसका जिसकी इंतजार कर रहे हैं। ऐसी स्थिति समझें यहां भी। इसलिए जो होता है उसे होने दें।

इस पूरी प्रक्रिया में एक बात का और ध्यान रखना है। इसे बार-बार कहा जाता रहा है। पूरी ताकत को झोंक दें, इस प्रक्रिया में। ऐसा बार-बार कहने की जरूरत इसलिए होती है क्योंकि पूरे मन से कुछ भी करने की हमारी आदत नहीं है। हम जो कुछ भी करते हैं अधूरे मन से करते हैं। इसीलिए भोग और योग दोनों ही हमारे हाथ से सरक जाते हैं। दो किश्तियों में सवार होने का फल जानते हुए भी हम ऐसा करते हैं।

सुना है बड़ों के मुख से। वह संयोग ही था। एक साधु और वेश्या का घर आमने-सामने था। साधु छत पर

ध्यान-उपासना करता । वेश्या को साधु का ऐसा करना अच्छा लगता। वेश्या अपने नारकीय जीवन से मुक्त होना चाहती थी। वह सोचती, काश! उसे भी सात्विक जीवन जीने का अवसर मिलता। और उधर? वेश्या के रूप पर मोहित था साधु। उसके मन में वेश्या बस गई थी। दोनों अपने जीवन से असंतुष्ट थे। वेश्या अपना धंधा करती, आधे मन से। साधु ध्यान-उपासना करता आधे मन से। एकाएक, एक ही दिन दोनों की मृत्यु हो गई। दोनों को यमराज के सामने पेश किया गया। धर्मराज ने साधु को नरक और वेश्या को स्वर्ग ले जाने का आदेश दिया। दोनों हैरान थे। दोनों को अनपेक्षित मिल रहा था।

इस घटना को अक्सर दूसरे संदर्भों में घटाया जाता है। घटना के आखिरी हिस्से के आधार पर। लेकिन हमारे लिए घटना का पहला हिस्सा महत्वपूर्ण है। 'सेटिफेक्शन' यह शब्द आपको अक्सर सुनने को मिलेगा। जो जहां है, वहां खुश नहीं है। सत्संग में बैठे घर की बात सोच रहे हैं और घर में बैठे सत्संग की। साधना में सब कुछ मिटाने को तैयार हैं, लेकिन यह भी सोच रहे हैं कि अगर हाथ में आया निकल गया और...कुछ न मिला तो। जब 'कुछ' के साथ जुड़े होते हैं, तो सोचते हैं, यह भी कोई जिंदगी है। अधूरेपन को ही अपने जीवन का पर्याय बना लिया है हमने।

इसलिए, झोंक दें अपनी पूरी एनर्जी को श्वास प्रक्रिया में, 'मैं कौन हूं?' यह प्रश्न पूछते समय!

अधूरापन कुंडलिनी जागरण में प्रमुख बाधा है। अगर कभी कोई रुकावट लगे, समझ लीजिएगा कहीं किसी दोराहे पर खड़े हो गये हैं। दोराहा गति को रोक देता है। दोराहे पर पहुंचकर यात्रा रुक जाती है। जब हम अधूरे मन से किसी काम को करते हैं, तो सफलता नहीं मिलती, मिल ही नहीं सकती। *संशयात्मा विनश्यति*—संशय मन वाला निश्चित रूप से विनष्ट हो जाता है।

एकांत और मौन भी

आपने पूरे मन से, पूरी शक्ति लगायी। परिवर्तन हुए। उन बदलावों को आपने महसूस किया। अभी वे अनुभव आने-जाने वाले, बदलने वाले हैं। कई रंग-रूप लेंगे वे। इसीलिए ऋषियों ने एकांत और मौन की बात कही। एकांत इसलिए कि जो महसूस हो, उसे गुप्त रखने को आप विवश हों। इन अनुभवों की चर्चा आप उससे करें, जिसके मार्गदर्शन में आप साधना कर रहे हैं—अर्थात् गुरु के सिवाय किसी को न बताएं जो आप साधना के क्षणों में महसूस कर रहे हैं। यदि ग्रुप में साधना कर रहे हैं, तो अन्य किसी साधक से नहीं। कारण? ये अनुभव बिल्कुल पर्सनल हैं। जरूरी नहीं है कि दूसरे को भी ऐसे अनुभव हों ही। अक्सर ऐसा होता है। ऐसे में दूसरों के अनुभवों को सुनकर, अचेतन में उन्हें बसाकर आप निदर्शित हो सकते हैं। यह भी संभव है कि जिन्हें आप अपने अनुभवों के बारे में बताएं, वे आपकी हंसी उड़ाएं, क्योंकि उनका स्तर आपसे भिन्न है। इससे भी आपके अनुभवों के आने में रुकावट आ सकती है। उन हवा के सुगंधित झोकों को आप नकार सकते हैं, जो आपमें चेतना का संचार करते। यह बहुत बड़ी ट्रेजडी होगी। मौका न आता, तो कोई बात नहीं थी। आया तो, लेकिन फिसल गया हाथ से, काफी दुखद होता है यह। उस फील्डर को कितना दुख होता होगा, जिसके हाथ से कैच की गई गेंद छिटक जाती होगी। वैसी ही दुर्घटना समझिएगा इसे। इसीलिए मौन रखने को कहा जाता है। कुछ बाहर निकलना चाहता है, लेकिन आप बाहर नहीं जाने देते। आपके समूचे व्यक्तित्व को मथता है वह तब। ऐसा होना ही तो उपलब्धि है। यही मंथन है। समुद्र मंथन की घटना है यह कुछ बड़ी तेजी से घूम रहा है भीतर, लेकिन उसे बाहर निकलने की मनाही है। बेचैनी पैदा करेगी यह स्थिति। धीरज बनाए रखिएगा ऐसे में। यह अनुभूति जितनी बाहर की ओर भागने को हो, उतना ही समेटें इसे, बिलकुल वैसे ही जैसे कछुआ समेटता है अपने आपको।

मौन का अर्थ आमतौर पर 'न बोलना' लिया जाता है, जबकि ऐसा है नहीं। मौन का अर्थ है सारे कपाटों को

बंद-सा कर लेना। वाणी तो एक दरवाजा है, जहां से ऊर्जा बाहर की ओर प्रवाहित होती है। मौन का अर्थ है जहां से भी ऊर्जा बाहर की ओर प्रवाहित हो, उस पर ताला डाल देना। इस मायने में आंखें, कान, नाक, रसना, त्वचा आदि पर ताला लगाने की जरूरत है। इनका उपयोग भी कम-से-कम करें। अभ्यास के बाद जब भी समय मिले, इस प्रकार का मौन रखें। शक्ति को संचित करें और फिर अगले रोज पूरी ऊर्जा लगाएं साधना में।

अतिरिक्त ऊर्जा का रहस्य

किसी को पूरी ताकत से भागने के लिए कहें। जब वह भागे तो उसकी गति को नोट करें। अब दो को एक साथ भगाएं। नोट करें। पहले से गति में फर्क होगा। उसके पीछे अगर कुत्ता छोड़ दिया जाए, तो उसकी गति में और ज्यादा तेजी आ जाएगी। ऐसा शरीर के उस सिस्टम की वजह से होता है जो शरीर की रक्षा करता है। वह जरूरत पैदा कर देता। 'बचना है' इस तरह का विचार ग्रंथियों को उत्तेजित करता है। इससे अतिरिक्त ऊर्जा उत्पन्न होती है। जब प्यास गहरी हो, तो वह उद्दीप्त करती है ऊर्जा को।

सुना है जब रामकृष्ण परमहंस से नरेन्द्र ने ईश्वर से संबंधित सवाल पूछा और उनसे ईश्वर को देखने की इच्छा भी जाहिर की, ''देखा है, देख रहे हैं, तो क्या मुझे भी दिखाएंगे?'' और रामकृष्ण ने जब हामी भरी तो पूछा, ''कब?'' इस प्रश्न पर रामकृष्ण मौन हो गए। ''ईश्वर देखा है?'' इस प्रश्न का जवाब जिसने बेहिचक दे दिया, वे रामकृष्ण परमहंस ''कब दिखाएंगे?'' इस संवाल पर मौन हो गए। पहला सवाल व्यक्तिगत था। दूसरे सवाल में परतंत्र थे वे। जब सामने तैयारी होगी, तभी तो दिखा सकेंगे। दिन बीते। नरेन्द्र नहा रहे थे नदी में। रामकृष्ण भी साथ थे। नरेन्द्र ने डुबकी लगायी। रामकृष्ण ने गरदन पकड़ी नरेन्द्र की और पानी में डुबोया। बूढ़े हाथ कमजोर पड़ गये। नरेन्द्र ने जोर से झटका दिया। रामकृष्ण किनारे पर जा गिरे। नरेन्द्र ने देखा रामकृष्ण को। दोनों एक-दूसरे को तकते रहे। नरेन्द्र सवाल पूछ रहे थे, ''ऐसा क्यों कर रहे थे आप?'' रामकृष्ण जवाब दे रहे थे, ''भूल गया, तेरे सवाल का जवाब दे रहा था।'' रामकृष्ण बोले, ''मिला जवाब। कब दिखेगा ईश्वर इस सवाल का? जब इतनी तड़प होगी, जितनी पानीं में सांस लेने के लिए थी, तब वह स्वयं आ खड़ा होगा।''

अभी तो रामकृष्ण बूढ़े थे। यदि किसी और ने भी ऐसा ही किया होता, तो ऐसा ही होता। जीवन को बचाने के लिए पूरी ऊर्जा का प्रयोग होता है। जितने गहरे में जीवन के नष्ट होने का खतरा होता है, उतनी ऊर्जा का विस्फोट होता। इसलिए रत्तीभर न बचाएं, पूरी ऊर्जा लगा दें। अनंत संभावनाओं का समुंदर उमड़ने लगेगा।

भ्रम और विभ्रम

इन विलक्षण, आश्चर्यजनक, इन्द्रियातीत और अनिर्वचनीय अनुभवों की यात्रा के संदर्भ में इन दो शब्दों की चर्चा भी जरूरी है। ये शब्द हैं भ्रम और विभ्रम। हिंदी में दोनों शब्दों का प्रयोग समान अर्थ में होता है, लेकिन आधुनिक मनोविज्ञान में इनके संदर्भ अलग-अलग हैं। पहले हम भ्रम शब्द को लेते हैं। इसका अर्थ है जो जैसा है, उसे उस रूप में न देखकर कुछ और समझना। आप जा रहे हैं। धुंधलका है। एक झाड़ी को आपने देखा। दूर से वह ऐसी लगी, मानो कोई व्यक्ति छिप कर बैठा है। इस स्थिति में जिसे देखकर आप भ्रमित हुए, वह वस्तु बाहर है। अचेतन में बैठे भय ने सामने दिखने वाली झाड़ी को देखकर रिफ्लेक्ट किया, जबकि विभ्रम में वस्तु भी भीतर बैठी है, अचेतन में और जिस पर वह रिफ्लेक्ट कर रही है वह भी कोई बाहर का नहीं है। यह पूरी तरह इनर प्रोसेस है। आपने देखेंगे हो ऐसे व्यक्ति जिन्हें लगता है कि उनके आसपास कोई है। इसका मोटा उदाहरण है ऐसे व्यक्ति जो अलग-अलग स्टाइल में, दो व्यक्ति बन कर बातचीत करते हैं अपने-आपसे ही—जोर-जोर से।

ये दोनों ही स्थितियां साधक के लिए ठीक नहीं हैं। दूसरी स्थिति तो अजीब-से व्यामोह में डाल देती है। साधक को लगने लगता है श्री कृष्ण ने दर्शन दिये। शिव साक्षात् सामने आ खड़े हुए। तरह-तरह की आवाजें आती

हैं। सुगंधियों को महसूस करता है साधक। कई ऐसी घटनाएं होती हैं, जिन पर साधक को स्वयं विश्वास नहीं होता। इसे विभ्रम कहते हैं। देखने में आया है कि प्रजनन क्रिया के शुरू होने से पहले (जब मादा पहली बार मां बनती है) 'फेक हीट' का अनुभव होता है बछड़ी को। मोटे तौर पर देखने पर उसके सारे लक्षण, रियल हीट के होते हैं, जबकि हीट फेक होती है। यह कई बार रिपीट हो सकती है। छह महीने बीत जाने के बाद रियल हीट आती है। फेक हीट का अगर अंदाजा न लग पाए, तो गर्भाधान नहीं होता। पशुओं में यह मांग शारीरिक होती है। शरीर पूरी तरह से विकसित नहीं होता, इसलिए ऐसी स्थिति की बारम्बारता मादा को मातृत्व सुख से वंचित कर देती है—कृत्रिम गर्भाधान के संदर्भ में विशेषकर। इसमें गलतियों की संभावना होती है। सांड को स्मैल से इसका अंदाजा हो जाता है।

अधकचरी साधना से होने वाले अनुभव भी अधकचरे होते हैं। इसलिए सावधान रहें। झूठी उपलब्धियों पर खुश न हों। ऐसी स्थिति में कई साधक अपने मार्गदर्शक गुरु पर भी पक्षपात का दोष लगा देते हैं। कई नादान तो छोड़कर चले जाते हैं गुरु को। उन्हें लगता है कि उनकी उपलब्धियों से गुरु को ईर्ष्या होती है। झूठी शाबाशी चाहते हैं वे। आप इन मनोवैज्ञानिक कमजोरियों के प्रति सावधान रहिएगा।

योग में ऐसी घटनाओं को सिद्धियां कहा गया है। योगशास्त्र ने इन्हें रोग कहा है। ये लक्ष्य के बीच में आने वाले अवरोध हैं। इनके चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए। इनके चक्कर में पड़कर कई अच्छे साधक लक्ष्य से भटक जाते हैं। पिछले अध्यायों में आपने पढ़ा है कि विभिन्न चक्रों का भेदन करने पर कई दिव्य शक्तियां साधक को सहज रूप में प्राप्त हो जाती हैं। साधक का अर्थ है अभी साध्य की प्राप्ति नहीं हुई है। साध्य प्राप्ति के बाद, सिद्ध की स्थिति प्राप्त होने पर साधन, साध्य और साधक की त्रिपुटी सहज रूप से नष्ट हो जाती है। इसलिए साधक को बीच में नहीं रुक जाना चाहिए—*राम काज कीजे बिना मोहे कहां विश्राम।*

सावधानी हटी, दुर्घटना घटी

कहते हैं एक बार कोई व्यक्ति ताड़ पर चढ़ा। ताड़ फलों को लादे उतरते हुए उसे पेड़ से थोड़ी दूर बैठा एक व्यक्ति बड़े आराम से देख रहा था। उतरने वाला जानता था कि थोड़ी-सी भी लापरवाही जान ले सकती है। इसलिए वह बहुत संभलकर उतर रहा था। वह जमीन से जब कोई 5-6 फुट की दूरी पर रह गया तो उसे पेड़ के पास बैठे व्यक्ति ने सावधान किया, ''संभलकर उतरना।'' पेड़ से उतरने वाले व्यक्ति ने जमीन पर छलांग लगा दी। वह उस व्यक्ति के पास गया, जिसने उसे संभलने की चेतावनी दी थी, ''जब मैं खतरे में था, जब मेरी जान पर बनी हुई थी, तब तुमने मुझे सावधान नहीं किया, लेकिन जब मैं खतरे से पार था। कोई संभावना नहीं थी किसी तरह की हानि होने की, तब तुमने सावधान किया। क्यों?'' सावधान करने वाला हंसा, ''तुम्हारे सवाल में ही जवाब छिपा है। जब तुम्हें खतरे का अहसास था, तब तो तुम खुद ही सावधान थे। जब तुम्हारी सावधानी हटी, तभी मैंने तुम्हें सचेत किया, क्योंकि अक्सर दुर्घटना तब और वहां होती है जब और जहां उसकी किसी तरह की कोई संभावना नहीं होती। अंतिम क्षणों में, जब लक्ष्य पास होता है, तभी गलती होती है, और हाथ आया लक्ष्य सरक जाता है।''

सावधान रहने वाला ही साधक होता है। असावधान तो व्यवहार और अध्यात्म सभी जगह ठोकर खाता है। असावधानी ही मूर्च्छा है और जहां मूर्च्छा है वहां जागरण कैसा। प्रकृति में देखें थोड़ी-सी असावधानी मौत का ग्रास बना देती है। पहाड़ी रास्तों के किनारे पर लिखा होता है—**सावधानी हटी, दुर्घटना घटी।** यह प्रकृति का शाश्वत नियम है। सावधान होने का अर्थ है स्वयं को द्रष्टा बनने के लिए तैयार करना। इस साधना का प्रतिफल है कि जो हो रहा है उसे निष्पक्ष भाव से आप देख सकें। पूर्ण द्रष्टाभाव ही समस्त साधनाओं की उपलब्धि है। संसार को उसके असली रूप में देखने के लिए अर्थात् समग्र की वास्तविकता देखने के लिए जरूरी है कि आप उसकी शुरुआत घटनाओं से करें, हिस्सों से करें। संसार इन घटनाओं का ही तो पुलिंदा है।

आपने देखा होगा पत्रकारों को, खासकर आलोचकों को कि वे सामने होने वाली घटनाओं का आनंद नहीं ले पाते। ऐसा लगता है। लोगों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच भी वे तटस्थ रहते हैं। उनका ऐसा व्यवहार उन्हें लोगों की दृष्टि में रूखा बना देता है। जबकि असल में ऐसा नहीं है। अगर ऐसा होता तो वे उन क्षणों का विश्लेषण-वर्णन अपने लेखों में नहीं कर सकते, जिनमें उस कार्यक्रम में मिलने वाले आनंद की चर्चा होती है। वे महसूस तो करते हैं, लेकिन उसमें रम नहीं जाते। रमने का अर्थ है आत्मविस्मृति, अर्थात् बह जाना। सावधान बहता नहीं। इसलिए छला नहीं जाता। वही देख पाता है असलियत को। होने वाली समस्त क्रिया-प्रतिक्रियाओं, संवेदनाओं को साफ-साफ देख पाता है वह।

प्रणव का दर्शन

इस साधना को, जिसका ऊपर वर्णन किया गया है, कुछ महापुरुषों ने और भी सरल किया है। इस साधना में प्रणव को परम साधन के रूप में स्वीकारा गया है। कुछ लोगों के गले यह साधना उतरती नहीं। उनका तर्क है कि प्रणव तो साध्य है। जो साध्य है, वह साधन कैसे हो सकता है। परिशिष्ट के प्रारंभिक पृष्ठों पर साधक, साधन और साध्य की त्रिपुटी की चर्चा संक्षेप में की जा चुकी है कि किस तरह अज्ञान के कारण इन शब्दों का प्रयोग किया जाता है, जबकि पारमार्थिक रूप से साधक, साधन और साध्य एक ही हैं। वेदांतग्रंथों में इस प्रक्रिया को अध्यारोप-अपवाद कहा जाता है—''अध्यारोपापवादाभ्यां निष्प्रपंचं प्रपंच्यते।'' है नहीं वास्तव में, लेकिन फिर भी मान करके उसे नकारा जाता है। गणित में भी इस मानने और उसे पुष्ट करने या फिर उसे नकारने की प्रक्रिया का प्रयोग किया जाता है। 'नहीं है', ऐसा कहने से जो प्रतीत हो रहा है, उसे कोई भी सहज रूप से स्वीकार नहीं करता। बुद्धि की संतुष्टि के लिए इस प्रक्रिया को अपनाया जाता है। इस तरह प्रणव को साधन के रूप में न स्वीकारना तर्क की कसौटी पर, सापेक्षिक या व्यक्तिगत रूप से तो सही हो सकता है, व्यावहारिक दृष्टि से नहीं। स्वामी रामतीर्थ, स्वामी विवेकानंद, स्वामी दयानंद जैसी महान विभूतियों ने अपने अनुभवों के आधार पर प्रणव को साधन के रूप में भी स्वीकारा है। कुंडलिनी साधना में इसकी झलक चौथी भूमिका (चौथे चक्र) पर ही मिल जाती है, जबकि इसका साक्षात्कार सातवीं भूमिका पर होता है।



ॐ की अनुभूति सातवीं भूमिका पर होती है, जबकि स्वस्तिक पहली भूमिका पर स्थित होता है।
ॐ अकर्ता है जबकि स्वस्तिक सक्रिय ऊर्जा का प्रतीक

प्रणव को अशब्द माना गया है। जहां शब्द रीत जाते हैं, वहां स्थिति है प्रणव की। इसीलिए इसे एकाक्षर ब्रह्म कहा गया है। श्रीमद्भगवद्गीता में श्री कृष्ण ने—*प्रणव: सर्ववेदेषु,* कहा है, अर्थात् वेदों में प्रणव हूं मैं। वैदिक

परंपरा में कोई भी मंत्र तब तक अर्थवान नहीं होता, जब तक उसके पहले प्रणव का प्रयोग न हो। 'अ उ म्' इन तीनों से मिलकर ही सभी स्वरों व व्यंजनों का, अक्षरों का निर्माण होता है। शब्दों के विस्तार के मूल में है 'ओ३म्'। इसे अक्षर से जब निरक्षर रूप दिया गया, तो यह चित्रमय हो गया—ॐ। इसी में कुछ को स्वस्तिक के दर्शन हुए। स्वस्तिक गति का प्रतीक है जबकि ॐ गति शून्यता का, समस्त गतियों को स्वयं में समेटने वाला। स्वस्तिक मूलाधार का प्रतीक है, तो ॐ सहस्रार का। लेकिन मूलाधार में ही सहस्रार की संभावनाएं छिपी हैं और सहस्रार समेटे है स्वयं में मूलाधार को। अन्य धर्मों में भी ॐ के समकक्ष शब्द ढूंढने की कोशिश की गई, लेकिन नहीं ढूंढ पाए वे। यह भी संभव है जब 'ॐ' उन स्थानों पर 'आमीन' बनकर पहुंचा, तो उनकी आत्मा में 'ॐ' की ही प्रतिध्वनि रही होगी। लंबी यात्रा के बाद पहले तो उसके उच्चारण में भेद हुआ, लेकिन बाद में उसकी वह प्रतिध्वनि ही लुप्त हो गई। 'शांति', यह रह गया उसका अर्थ। माहात्म्य रह गया उसका, उसके पीछे छिपा दर्शन नष्ट हो गया। कैसे करें इस प्रणव साधना को? इसकी संक्षिप्त जानकारी आगे दी जा रही है।

प्रणव साधना

इस अशब्द शब्द के तीन हिस्से हैं अ उ म्। पहले इनका अलग-अलग अभ्यास किया जाता है फिर एक साथ। इसमें सहज रूप से पीछे वर्णित श्वास-क्रिया से गुजरना होता है आपको। इसमें 'मैं कौन हूं' इस प्रकार का प्रश्न नहीं है। यह प्रश्न एक धक्के का-सा काम करता है जबकि प्रणव हल्की थपकी देता है। कुछ प्रयोगों से यह सिद्ध हुआ है कि इसके उच्च स्वर में उच्चारण (घोष) से तंद्रा आती है। मैं इस तंद्रा को नेगेटिव अर्थों में नहीं लेता। यह सीधे विश्रांति की अवस्था में ले जाती है साधक को। इसमें रेचन की क्रिया पर ज्यादा जोर नहीं है, वह सहज रूप से होती है। रेचन की क्रिया मुख से होती है और मल द्वारा भी। बेचैनी ज्यादा हो, तो सब कुछ उलटने को मन करता है। यह



साक्षीभाव अर्थात् कमल की सी स्थिति। संसार में रहते हुए भी संसार से अलग

क्रिया अरुचिकर है। अस्वाभाविक है यह क्रिया। रेचन यदि सहज प्रक्रिया के रूप में हो, तो वह मल त्याग की सहज व नित्य क्रिया के रूप में हो जाता है। इसे विसर्जन कहते हैं। इस तरह होने वाले 'विसर्जन' का किसी को पता नहीं चलता। यह प्रक्रिया ज्यादा वैज्ञानिक लगती है। तंद्रा को तोड़ने का तरीका है आप ॐ के नाद को स्वयं सुने भी।

इससे तंद्रा कही जाने वाली स्थिति पर नियंत्रण होता है। प्रणव व घोष करते समय इन वाक्यों को दोहराएं—

मैं शरीर नहीं हूं। मैं न तो पांच ज्ञानेन्द्रियां हूं, ना ही पांच कर्मेन्द्रियां।

मैं मन नहीं हूं, चित्त नहीं हूं, बुद्धि नहीं हूं।

न मैं जागृत हूं, न सोया हूं।

न मैं किसी का जननी-जनक हूं, न ही संतान।

न मैं जन्मता हूं, न मरता हूं।

मैं तो हूं अजन्मा, अमर, शाश्वत, सर्वव्यापी, परम चेतना।

अहं ब्रह्माऽस्मि—मैं ब्रह्म हूं। सत्, चित, आनंद रूप हूं मैं।

ये वाक्य संभालेंगे—आपको। तंद्रा का स्पर्श तक नहीं होगा तमोगुण कपूर की तरह उड़ जाएगा।

यहां हम प्रश्न नहीं पूछ रहे, जवाब को संप्रेषित कर रहे हैं अचेतन की गहराइयों में। इन शब्दों की भावना बड़ी संतुलित होनी चाहिए। भावना शब्द को आयुर्वेद के संदर्भ में प्रयुक्त इस शब्द से जोड़ें। भावना देने का अर्थ होता है, इतनी आंच कि वस्तु भस्म रूप बन जाए, लेकिन उसके गुण नष्ट न हों। इसी को कुशलता कहते हैं। बड़ी वैज्ञानिक है यह प्रक्रिया। यह प्रक्रिया विश्राम के तमप्रधान पक्ष को, जिसे तंद्रा कहते हैं, तोड़ देती है।

शंख ध्वनि प्रणव साधना के नाद की प्रक्रिया बताती है।
प्रणव नाद करते समय वैसी ही गूंज होनी चाहिए जैसी शंख ध्वनि में होती है

इन तीनों शब्दों का अलग-अलग अभ्यास करते समय उपरोक्त भावना नहीं करनी। इस समय तो इस बात का ध्यान रखना है कि घोष कहां से उठ रहा है—कंठ से, हृदय से या नाभि प्रदेश से। नाभि प्रदेश से उठाएं ध्वनि को। पूरी ऊर्जा झोंकनी है इसमें भी। आखिरी 'म' का उच्चारण करते समय संभव है, कुछ कंपन महसूस करें। होने दीजिए, जो होता है। द्रष्टा बनें बस उसका। उसमें इन्वॉल्व न हों बस। 'म' का उच्चारण लोगों की पकड़ में जल्दी आता है। इसका अभ्यास यदि किसी नदी या झरने के किनारे पर बैठ कर करें तो लाभ जल्दी होगा। बहती नदी के किनारे इसका अभ्यास करते समय बहते जल को आधी मुंदी आंखों से देखें। प्रणव की ध्वनि, भावना, नदी के बहने की कलकल ध्वनि, बहती धारा का अंतस् पर रिएक्शन, इन सबका मिला-जुला असर आपकी प्रसुप्त संभावनाओं को सक्रिय करेगा। मौन, एकांत, सात्विक और अल्पभोजन, ढीले-ढाले वस्त्रों का पहरावा (कम-से-कम वस्त्र) लाभदायी होगा। तीन-तीन नादों का एक ग्रुप बनाइए। एक-एक चक्र पर तीन-तीन प्रणवनाद करते हुए ध्यान करिए। इसकी शुरुआत मूलाधार से कीजिए। सहस्रार तक जाइए। फिर वापस मूलाधार तक आइए। इसे भी तीन बार करिए। अब यह विश्रांति की परम स्थिति में ले जाने वाला प्रणव आपकी पीठ पर थपथपी देगा और हैरान होंगे आप

यह महसूस करके कि अनंत संभावनाओं को जगाना क्या सच में इतना आसान था। इस समय जितना सरल है संसार में रमना, उससे सहज-सरल लगेगा अनंत आकाश में उड़ना। समझ आएंगे ऋषियों के ये वाक्य—उठो, जागो और प्राप्त करो सर्वश्रेष्ठ को।

और महसूस होगा आपको—मुझसे श्रेष्ठ और क्या है ? कोई नहीं। मैं ही तो हूं अनंत शक्तियों का स्वामी। और यह भी कि—

कितने दूर थे तुम मुझसे, इतने दूर कि विश्वास ही न होता तुम्हारे अस्तित्व का
स्वीकार और अस्वीकार से उबरने का संकल्प लिया था मैंने एक दिन,
तैयारी की थी बड़े जोर-शोर से,
संजोया था अपने को, अपनी समूची शक्ति को,
और छलांग लगा दी थी तुम्हारी ओर,
जो पास था सब छूट गया था, दूर-दूर तक कुछ न था पाने को
लगा था एक बार कि गलती की
लेकिन तब हैरानगी हुई, जब यात्रा ही बदल गयी
मैं तुम्हारी ओर नहीं, अपनी ओर मुड़ गया था
समझ नहीं आया था कुछ भी,
समझ तो तब आया, जब अनुभव हुआ
तुम तो मुझमें थे, मैं ही तो था तुम।
तो फिर किस ओर छलांग लगायी थी मैंने
कितना नादान था मैं।

अपने दिल में डूबकर पा जा सुरागे-जिंदगी
तू अगर मेरा नहीं बनता न बन अपना तो बन



भारतीय फलित-ज्योतिष

जातक के अतीत, वर्तमान
और भविष्य का स्पष्ट ज्ञान
आपदाओं तथा संकटों से
मुक्ति के सरल उपाय



❒ असली प्राचीन बृहद् लाल किताब	500.00	❒ मंगली दोष कारण और निवारण	100.00
❒ असली प्राचीन रावण संहिता	500.00	❒ फलित ज्योतिष मार्तण्ड	100.00
❒ रावण संहिता	400.00	❒ स्त्री जातक फल	80.00
❒ असली प्राचीन बृहद् लाल किताब	300.00	❒ ज्योतिष सीखिए	80.00
❒ भृगु संहिता	200.00	❒ मंगल-शुक्र अनिष्ट से मुक्ति	80.00
❒ काली किताब (16 पेज रंगीन)	150.00	❒ नाड़ी ज्योतिष शास्त्र	80.00
❒ लाल किताब	150.00	❒ विवाह एवं संतान योग	60.00
❒ भारतीय फलित ज्योतिष संहिता	150.00	❒ मंगल कितना अमंगल	60.00
❒ असली लाल किताब	120.00	❒ मूक, प्रश्न एवं स्वर ज्योतिष	60.00
❒ सुनहरी किताब	120.00	❒ हनुमान ज्योतिष	60.00
❒ शनि राहु केतु प्रकोप से मुक्ति	120.00	❒ ज्योतिष द्वारा कामना सिद्धि	60.00
❒ भारतीय गणित ज्योतिष	120.00	❒ ज्योतिष द्वारा रोग निवारण	60.00
❒ जन्मकुण्डली फलित दर्पण	120.00	❒ ज्योतिष और धनयोग	60.00
❒ लाल किताब के टोटके व उपाय	100.00	❒ राशि नक्षत्र और मुहूर्त विज्ञान	60.00
❒ प्रश्न फल निर्णय	100.00	❒ आपका राशि भविष्य	60.00
❒ सम्पूर्ण रत्न विज्ञान (16 पेज रंगीन)	100.00	❒ कालसर्प योग	50.00
❒ नवग्रह पीड़ा से मुक्ति	100.00	❒ शनि और साढ़ेसाती	50.00
❒ पाराशर होराशास्त्र	100.00	❒ ज्योतिष और सेक्स	50.00
❒ राहु-केतु प्रकोप से मुक्ति	100.00	❒ शनि का प्रकोप उससे बचाव	50.00
❒ क्या लिखा है आपके भाग्य में	100.00	❒ अनिष्ट ग्रह कारण और निवारण	50.00
❒ सूर्य बृहस्पति शांति उपाय	100.00	❒ स्वप्न और शकुन	50.00
❒ जन्मपत्री रचना में त्रुटियां क्यों	100.00	❒ ज्योतिष कम्प्यूटर	50.00
❒ कालसर्प योग	100.00	❒ ज्योतिष द्वारा अशुभ ग्रहों का उपचार	50.00

नीचे दिए गए पते पर मनीऑर्डर द्वारा धनराशि भेजें। पुस्तकें रजिस्टर्ड पैकेट द्वारा भेजी जाएंगी। वी.पी. द्वारा पुस्तकें नहीं भेजी जातीं। कोई भी चार पुस्तकें मंगाने पर डाक-व्यय की छूट!

मनोज पब्लिकेशन्स, 761, मेन रोड बुराड़ी, दिल्ली-110084
फोन : 27611116, 27611349, फैक्स : 27611546



भूत, भविष्य और वर्तमान का ज्ञान
देने वाली भारतीय एवं
विदेशी विधाएं

अंक-ज्योतिष एवं हस्तरेखा शास्त्र



- ❒ हस्तरेखा शास्त्र के वैज्ञानिक सिद्धान्त 200-00
- ❒ हस्तरेखा शास्त्र का अध्ययन 150-00
- ❒ आप और आपका भविष्य 60-00
- ❒ अंक विद्या 60-00
- ❒ हस्तरेखा विज्ञान (नया कवर) 60-00
- ❒ संपूर्ण हस्तरेखा विज्ञान 50-00
- ❒ अंक और ज्योतिष 50-00
- ❒ हस्तरेखा और दाम्पत्य जीवन 40-00
- ❒ प्रेम विवाह और हस्तरेखाएं 40-00
- ❒ Cheiro's Language of the Hand 100-00
- ❒ Cheiro's Book of Numbers 80-00



चीनी वास्तु फेंगशुई एवं भारतीय वास्तु शास्त्र

अपनाएं और बनें
परम सौभाग्यशाली



- ❒ वास्तुशास्त्र (सजिल्द) 400.00
- ❒ वास्तुशास्त्र 300.00
- ❒ सम्पूर्ण वास्तुशास्त्र 150.00
- ❒ रेमेडियल वास्तुशास्त्र 150.00
- ❒ वास्तु द्वारा लक्ष्मी प्रवेश 150.00
- ❒ फेंगशुई वास्तुशास्त्र 150.00
- ❒ फेंगशुई : 151 स्वर्णिम सूत्र 100.00
- ❒ Feng Shui 151 Golden Tips 100.00
- ❒ बृहद् वास्तुशास्त्र 100.00
- ❒ पिरामिड शक्ति : 111 स्वर्णिम प्रयोग 100.00
- ❒ फेंगशुई : अपने घर अपार्टमेंट में खुशहाली लाएं 100.00

नीचे दिए गए पते पर मनीऑर्डर द्वारा धनराशि भेजें। पुस्तकें रजिस्टर्ड पैकेट द्वारा भेजी जाएंगी। वी.पी. द्वारा पुस्तकें नहीं भेजी जातीं। कोई भी चार पुस्तकें मंगाने पर डाक-व्यय की छूट!

मनोज पब्लिकेशन्स, 761, मेन रोड बुराड़ी, दिल्ली-110084

फोन : 27611116, 27611349, फैक्स : 27611546

तंत्र, मंत्र और पराविज्ञान

जीवन की समस्त समस्याओं का समाधान





❒ असल कदीमी नक्श-ए-सुलेमानी	150.00
❒ यंत्र विधान रहस्य (मल्टी कलर में-सतरंगी श्रीयंत्र सहित)	150.00
❒ 5001 प्रभावशाली टोने-टोटके और तावीज	150.00
❒ 51 चमत्कारी यंत्र एलबम	100.00
❒ गायत्री मंत्र साधना एवं उपासना	100.00
❒ लक्ष्मी प्राप्ति :111 स्वर्णिम प्रयोग (फ्री रंगीन श्रीयंत्र)	100.00
❒ सरल तांत्रिक प्रयोगों द्वारा बिगड़े काम संवारे	80.00
❒ गण्डे तावीज व रत्नों द्वारा कष्ट निवारण	80.00
❒ वनस्पति तंत्र और शाबर मंत्र	60.00
❒ महामृत्युंजय साधना एवं उपासना	60.00
❒ सम्मोहन और सम्मोहन चिकित्सा	50.00

❒ असली प्राचीन बृहद् इन्द्रजाल	150.00	❒ चमत्कारिक यंत्र साधना	50.00
❒ रुद्री पाठ	100.00	❒ चमत्कारिक तंत्र साधना	50.00
यत्=जो "सौः" बीजाक्षर, **सद्यः**=तत्क्षणात्, **वचसां**=वाणियों के, **प्रवृत्ति करणे**=सरस तथा प्रभावशाली बनाने में, **अहं**=मैं, **तार्तीयीकम्**=तीसरे, **त्वत्**=तुम्हारे, **इन्दुप्रभावं**=चन्द्रमा जैसे शीतल, **बीजं**=बीजाक्षर को, **मनसा नमामि**=मन से नमस्कार करता हूँ, **सरस्वतीम्-अनुगतः**=सरस्वती का अनुकरण करने वाला "सौः" बीजाक्षर, **और्वः अपि**=वाडवाग्नि का अर्थ

रखने वाला भी, **वः**=आपके, **जाड्याम्बु**=जडतारूप, अथवा अज्ञान रूपी जल के, **विच्छित्तये**=नाश के लिये, अस्तु हो, **गौःशब्द**=गौः यह शब्द, **गिरि-वर्तते**=वाणी अथवा सरस्वती का वाचक हैं, **सनियतं**=निश्चयरूप से, **यो**=जो, **"गंविना"**=जो **"ग्"** अक्षर के बिना "यानि केवल **"औः"** बीजाक्षर ही, **सिद्धिदः**=सिद्धि देने वाला है, अथवा **योगं बिना**=योग के बिना ही, यह **"औः"** बीजाक्षर सिद्धि देने वाला है।

अर्थः—मैं तुम्हारे तीसरे चन्द्रमा जैसे शीतल "सौः" बीजाक्षर को मन से नमस्कार करता हूँ, जो "सौः" बीजाक्षर तत्क्षणात् वाणियों को मधुर तथा प्रभावशाली बनाता है, ऐसा इस मंत्र का प्रभाव बुद्धिमानों ने देखा है **"स्"** के बिना केवल **"औः"** बीजाक्षर मूर्खों की जड़ता के लिये **"वाडवाग्नि"** हैं, **"गौः"** शब्द का अर्थ है वाणी अथवा सरस्वती, **"गौः"** में से **"ग्"** निकाल कर केवल **"औः"** बीजाक्षर भी सिद्धि देने वाला है **"यो-गं विना"**, अथवा **योगं विना** (यह बीजाक्षर) योग के (साधना) के बिना ही केवल **"औः"** उच्चारण करने मात्र से ही सिद्धि देता है।

टिप्पणीः—वाडवाग्नि=समुद्र में रहने वाली अग्नि वाडवाग्नि कहलाती है। "औः" बीजाक्षर का उच्चारण करना ही मूर्खता रूपी जल के लिये वाडवाग्नि है जो भक्त केवल "औः" का ही उच्चारण करते हैं, सरस्वती की उस पर कृपा होती है।

एकैकं तव-देवि! बीजम्-अनघं सव्यञ्जना-व्यञ्जनं
कूटस्थं यदि वा पृथक् क्रमगतं, यद्वास्थितं व्युत्क्रमात्।
यं यं कामम्-अपेक्ष्य येनविधिना, केनापि वा-चिन्तितम्
जप्तं वा सफली करोति सहसा, तं तं समस्तं नृणाम् (6)

अन्वय शब्दार्थ

देवि!=हे देवी!, **तव**=आपका, **एकैकं**=हर एक, **अनघं**=दोष रहित, **बीजं**=बीजाक्षर, **सव्यञ्जन-अव्यञ्जनं**=व्यञ्जन सहित-व्यञ्जनरहित, **कूटस्थं**=विकार रहित, **यदि वा**=या, **पृथक् क्रम गतं**=अलग अलग क्रम में गया हुआ, **यद्-वा**=या, **स्थितं**=ठहरा हुआ, **व्युत्क्रमात्**=उल्टे क्रम में, **यं यं**=जिस जिस, **कामम्**=कामना की, **अपेक्ष्य**=इच्छा करके, **येन केनापि**=जिस किसी भी, **विधिना**=विधि से, **चिन्तितम्**=चिन्तन किया हुआ, **जप्तं वा**=या जप किया हुआ हो, **नृणां**=मनुष्यों के, **तं तं**=उन उन, **समस्तं**=सभी कामनाओं को, **सहसा**=झट पट, **सफली करोति**=सफल करता है।

अर्थः—हे देवि! आप के प्रत्येक बीजाक्षर **"ऐं क्लीं सौः"** का जो भक्त व्यञ्जन सहित, व्यञ्जन रहित कूटस्थ (बिना किसी विकार के) ज्यों के त्यों रूप में अलग अलग क्रम में अथवा उल्टे क्रम से आप के इन बीजाक्षर मन्त्रों का चिन्तन या जप जिस जिस कामना से जो भक्त करता है, उसकी वह वह कामना तत्क्षणात् पूरी होती है।

टिप्पणीः—व्यञ्जन सहित बीजमन्त्र=ऐम् क्लीम्-सौः व्यञ्जन रहित ऐ ई औ, कूटस्थ=ऐं क्लीं सौः अलग-अलग क्रम में-ऐम्, क्लीम्-स-औः उल्टे क्रम में "सौ क्लीं ऐं"।

वामे पुस्तक-धारिणीम्-अभयदां, साक्ष-स्त्रजं दक्षिणे
भक्तेभ्यो वर-दान-पेशल-करां, कर्पूर-कुन्दो-ज्ज्वलाम्।
उज्जृम्भा-म्बुज-पत्र-कान्त-नयन, स्निग्ध-प्रभालोकिनीं
ये-त्वाम्-अम्ब न-शीलयन्ति मनसा, तेषां कवित्वं कुतः(7)

अन्वय शब्दार्थ

अम्ब=हे माँ!, **वामे-पुस्तक-धारिणीं**=बायें के एक हाथ में पुस्तक धारण की हुई, दूसरे हाथ में, **अभयदां**=अभय-मुद्रा धारण की हुई, **दक्षिणे**=दायें के एक हाथ में, **साक्ष-स्त्रजं**=रुद्राक्षमाला, दूसरे हाथ में, **भक्तेभ्यः**=भक्तों के लिये, **वरदान**=वर देने के लिये, **पेशल-करां**=कोमल हाथ वाली, **कर्पूर**=कफूर, **कुन्द**=मोतिया फूल की भांति, **कान्त**=सुन्दर, **नयन**=नेत्रों की, **स्निग्धप्रभा**=प्रेम से भरी, अथवा अनुग्रह दृष्टि से, **आलोकिनीं**=देखने वाली, **ये**-जो त्वां=तुम्हारे इस रूप का, **मनसा**=मनसे, न **शीलयन्ति**=ध्यान नहीं करते हैं, **तेषां**=उनको, **कवित्वं**=ज्ञान की प्राप्ति, **कुतः**=कहाँ हो सकती है।

अर्थः—बायें तरफ के एक हाथ में पुस्तक, दूसरे हाथ में अभय मुद्रा, दायें तरफ के एक हाथ में रुद्राक्षमाला और दूसरे हाथ में, भक्तों के लिये वरदान मुद्रा वाली, कर्पूर तथा कुन्द (मोतिया फूल) जैसी सफेद तथा उज्ज्वल प्रकाशवाली, खिले हुये कमलपत्र जैसे स्नेहयुक्त (अनुग्रहीत) नेत्रों की दीप्ति से देखने वाली, ऐसे ही उस 'संवित्' स्वरूपा सरस्वती माता का जो ध्यान नहीं करते हैं, वे **विद्वान् अथवा ज्ञानवान् बन** नहीं सकते हैं।

टिप्पणीः—बायें हाथ में पुस्तक, तथा अभय मुद्रा से तात्पर्य है, विद्या वही सफल है, जो भेदभाव को समाप्त करे, जब कि भेदभाव न रहने पर ही मनुष्य निर्भय होता है **"भयं द्वितीयात्"** दायें हाथों में माला, और वरदान मुद्रा-से तात्पर्य है, माला अध्यात्म का संकेत है, आध्यात्मिकता होनी चाहिए, वरदान के लिये, उत्तमदान (ज्ञान दान) के लिये 'अध्यापनं ब्रह्मयज्ञः'।

ये त्वां पाण्डुर-पुण्डरीक-पटल, स्पष्टाभि-राम प्रभां
सिञ्चन्तीम्-अमृत-द्रवैर्-इव शिरो, ध्यायन्ति मूर्ध्नि स्थिताम्।
अश्रान्तं विकर स्फुटा-क्षर-पदा, निर्यांति वक्त्राम्बुजात्
षां भारति! भारती सुर-सरित्, कल्लोल-लोलार्मि-वत्(8)

अन्वय-शब्दार्थ

भारति!=हे सरस्वती माता, **ये**=जो भक्त, **त्वां**=तुम्हारे, **पाण्डुर**=सफेद, **पुण्डरीक**=कमल के, **पटल**=समूह की भांति, **स्पष्ट**=निर्मल, **अभिराम**=सुन्दर **प्रभां**=दीप्तिवाले, **शिरः**=सहस्र दल को, **अमृत=द्रवैः-इव**=अमृत के प्रवाहों से जैसे, **सिञ्चन्तोम्**=सींचती हुई, **मूर्ध्नि**=ब्रह्मरन्ध्र में, **स्थितां**=ठहरी हुई का, **ध्यायन्ति**=ध्यान करते हैं, **तेषां**=उनके, **वक्त्राम्बुजात्**=मुख कमल से, **अश्रान्तं**=निरर्गल, **विकट**=गम्भीर, **स्फुटाक्षरा पदा**=स्पष्ट अक्षरों वाली, **भारती**=वाणी, **सुरसरित्**=आकाशगंगा की, **क्ल्लोल**=कलकल करती हुई, **लोल**=चंचल, **ऊर्मिवत्**=तरंगों की भांति, निर्यांति=निकलती हैं।

अर्थः—हे सरस्वती माता तुम्हारे सफेद कमलों के समूह की भांति निर्मल दीप्तिवाले, सहस्रार में अमृत प्रवाह को सींचती हुई ऐसे ही आप के स्वरूप का ब्रह्मरन्ध्र में जो भक्त ध्यान करते हैं, उनके मुख कमल से गम्भीर स्पष्ट अक्षरों वाली वाणी आकाशगंगा की कलकल करती हुई चञ्चल तरंगों की भांति निरर्गल रूप में निकलती हैं। अर्थात् उन भक्तों को मधुर सार्थक प्रभावशाली निरर्गल बोलने की शक्ति आती है।

टिप्पणीः—मूर्ध्नि=बह्मरन्ध्रे-"सहस्रदलम्-आख्यातं=ब्रह्मरन्ध्र" ब्रह्मरन्ध्र में सहस्रदल कमल होता है (इसी सहस्रार) में साधक को शिवशक्ति के मिलन का साक्षात् कार होता है **"सहस्रकमले शक्तिः शिवेन सह मोदते"**

ये सिन्दूर-पराग-पुञ्ज-पिहितां, त्वत्-तेजसा द्याम्-इमाम्
उर्वीं चापि विलीन-यावक-रस, प्रस्तार-मग्नाम्-इव।
पश्यान्ति क्षणम्-ऽप्य-नन्य मनस-स्तेषाम्-अनङ्ग-ज्वर
क्लान्ता-स्त्रस्त-कुरङ्ग-शावक-दृशो, वश्या भवन्ति स्फुटम्(9)

अन्वय-शब्दार्थ

अनन्यमनसः=एकाग्रमन वाले, **ये**=जो भक्तजन, **सिन्दूर-पराग**=सिन्दूर की धूलि के, **पुञ्ज**=समूह से, **पिहितां**=ढकी हुई, **इमां द्यां**=इस आकाश को, **उर्वीं चापि**=पृथिवी को भी, **विलीन**=पिघले हुये, **यावक-रस**=लाक्षा रस के, **प्रस्तार**=प्रवाह में, **मग्नाम्-इव**=डूबी हुई, **त्वत्-तेजसा**=आपके ही तेज से अथवा लालवर्ण से व्याप्त, **क्षणमपि**=एक क्षण भी, **पश्यन्ति**=देखते है, **तेषाम्**=उनको, **अनंगज्वर**=कामदेव के सन्ताप से, क्लान्ताः=**दुःखित, त्रस्त**=भयभीत, **कुरंग**=हिरण के, **शावक**=बच्चों की जैसी, **दृशः**=नेत्रों वाली (चञ्चल) इन्द्रियाँ, **वश्याभवन्ति**=वश्य होती हैं, **स्फुटम्**=प्रत्यक्षरूप में।

अर्थः—जो भक्तजन एकाग्रमन से आकाश और पृथिवी को आप के अरुणवर्ण में व्याप्त अथवा ओतप्रोत एक क्षणमात्र भी देखते हैं। संसार के विषयों से दुःखित तथा भयभीत इन्द्रियाँ उसके वश्य में हो जाती है जैसा कठोपनिषद में कहा है।

टिप्पणीः—सर्वशक्तिमती माता ही विश्व का सृ रती है,—शक्ति का वर्ण लाल माना जाता है।

"यस्तु विज्ञानवान् भवति युक्तेन मनसा सदा-तस्येन्द्रियाणि वश्यानि सदश्वा इव सारथेः

अर्थः—जो विज्ञान वाला है, जिसका मन आत्मा से जुड़ा रहता है, उसकी इन्द्रियां वश में रहती है, जैसे अच्छे घोड़े सारथी के वश में रहते हैं।

"यमेवैष वृणुते तेन लभ्यः "जिस भक्त को वह माँ अपनायेगी उसी की इन्द्रियाँ वश में होती हैं।

चञ्चत्-काञ्चन-कुण्डला-ङ्गद-धराम्-आबद्ध-काञ्ची-स्रजं
ये त्वां चेतसि तत्-गते-क्षणमपि, ध्यायन्ति कृत्वा स्थितिम्।
तेषां वेश्मसु विभ्रमात्-अहर्-अहः-स्फारी भवन्त्य-श्चिरं
माद्यत्-कुञ्जर-कर्ण-ताल-तरलाः, स्थैर्यं भजन्ते श्रियः(10)

अन्वय तथा शब्दार्थ

चञ्चत्=चमकते हुये, **कांचन**=सोने के, **कुण्डल**=बालियां, **अंगद**=बाजूबंद, **धराम्**=धारण की हुई, **आबद्ध**=बन्धी हुई, **काँची**=सोने की, **स्त्रजं**=तगड़ी वाली, **तत्गत्**=ऐसे ही स्वरूप को, **मनसि**=मन में, **ये**=जो, **क्षणम्**-अपि=क्षणमात्र भी, **स्थितिं कृत्वा**=मन की एकाग्रता से, **ध्यायन्ति**=ध्यान करते हैं, **तेषां वेश्मसु**=उन के घरों में, **अरहः**=सदा, **स्फारी-भवन्त्यः**=विकसित हुई, **माद्यत्**=मस्त, **कुंजर**=हाथी के, **कर्णताल**=कानों की जैसी, **तरलाः**=चञ्चल, **श्रियः**=लक्ष्मी (ऐश्वर्य के साधन) **विभ्रमात्**=बिना किसी विलम्ब के **स्थैयं भजन्ते**=टिकी रहती है, **चिर**=चिरकाल तक।

अर्थः—जो भक्त चमकते हुये स्वर्णकुण्डलों तथा बाजूबन्दों को धारण की हुई, बांधी हुई सोने की तगड़ी से युक्त, ऐसे ही माता के स्वरूप का क्षणमात्र भी ध्यान करते हैं, उन के घरों में मदमस्त हाथी के कानों जैसी चञ्चल लक्ष्मी (ऐश्वर्य) के साधन बिना किसी विलम्ब के चिरकाल तक टिके रहते हैं।

टिप्पणीः—"**या श्रीः स्वयं सुकृतिनां भवनेष्वलक्ष्मीः**" दुर्गासप्त०।
जिस गृहस्थी पर माँ का अनुग्रह होता है, उस गृहस्थ में वह माँ लक्ष्मी के रूप में चिरकाल तक स्थाई रूप में ठहरती है।

आर्भट्या शशि-खण्ड-मण्डित-जटा, जूटां नृमुण्ड-स्त्रजं
बन्धूक-प्रसवा-रुणाम्बर-धरां, प्रेतासना-ध्यासिनीम्।
त्वां ध्यायन्ति चतुर्भुजां त्रिनयनाम्-आपीन-तुंग-स्तनीं
मध्ये निम्नवलि-त्रयाङ्कित तनुं-त्वत्-रूप संवित्तये। (11)

अन्वय-शब्दार्थ

आर्भट्या=अर्धगोलाकार, **शशिखण्ड**=चन्द्रकला से, **मण्डित**=सुशोभित,

जटा-जूटां=जटाओं की समूहवाली, **नृमुण्ड**=खोपड़ियों की, **स्रजं**=मालावाली, **बन्धूक**=बन्धूक वृक्ष के, **प्रसव**=फूलों के जैसे, **अम्बरधरां**=वस्त्रों वाली, **प्रेतासना**=शव के आसन पर, **अध्यासिनीम्**=बैठी हुई, **चतुर्भुजां**=चार भुजावाली, **त्रिनयनां**=तीन नेत्रों वाली, **आपीन**=मोटे, **तुंग**=ऊँचे, **स्तनीं**=स्तनों वाली, **मध्ये**=कमर में, **निम्न**=गहरे, **वलित्रय**=तीन रेखाओं से, **अंकित तनुं**=अंक्ति शरीरवाली, **त्वत्-रूप संवित्तये**=तुम्हारा स्वरूप जानने के लिये, **त्वां**=तुम्हारे ऐसे साकार रूप को भक्तजन, **ध्यायन्ति**=ध्यान करते हैं।

अर्थः—अर्धगोलाकार चन्द्रकला से सुशोभित जटा जूट वाली, खोपड़ियों की माला वाली, बन्धूक फूलों के जैसे लाल वस्त्र धारण की हुई प्रेत के आसन पर बैठी हुई, चारभुजा वाली, तीन नेत्रों वाली, मोटे तथा ऊँचे स्तनों वाली, कमर में सूक्ष्म तीन रेखाओं वाले, आपके स्वरूप को जानने के लिये भक्त जन आप के ऐसे ही साकार रूप का ध्यान करते हैं।

टिप्पणीः-खोपड़ियों की माला धारण करने से तात्पर्य है :-मनुष्य के सभी अंगों में से खोपड़ी का ही विशेष महत्त्व है, बुद्धि का निवास खोपड़ी में ही है, माता के साक्षात्कार का स्थान खोपड़ी ही है। **"सहस्र कमले शक्तिः शिवेन सह मोदते"** अतः मनुष्य की खोपड़ी को माता ने गले का हार बनाया है।

"प्रेतासन" से तात्पर्य है-हे मानव इस शरीर पर अभिमान मत कर, यह शरीर **प्रेत**=शव है, परन्तु शक्ति के अनुग्रह से ही यह शव (प्रेत) शिव बनता है, नर से नारायण बनता है। **चारभुजा** से तात्पर्य है-माँ! तुम्हारे भक्तों को चतुर्वर्ग प्राप्ति होती है। **चतुर्वर्ग**=धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष। **तीन नेत्र**=सूर्य-अग्नि और चन्द्रमा। **दो स्तनों** से तात्पर्य है-ज्ञान और क्रिया, कमर की **तीन वालियों** का संकेत है-भूलोक, भुवःलोक, स्वःलोक-सारांश यह है यह अखिल संसार माँ का ही विराट् रूप है।

जातोऽप्य-ल्प परिच्छदे क्षितिभुजां सामान्य-मात्रे कुले
निःशेषा-वनि-चक्र-वर्ति-पदवीं, लब्ध्वा प्रतापोन्नतः।
यत्-विद्याधर-वृन्द-वन्दित-पदः, श्रीवत्सराजोऽभवत्
देवि!-त्वत्-चरणा-म्बुज-प्रणतिजः, सोयं प्रसादोदयः(12)

अन्वय-शब्दार्थ

देवि! हे सर्वशक्तिमती माँ, **क्षितिभुजां**=क्षत्रियों के **सामान्य मात्रे-कुले**=साधारण वंश में, **अल्पपरिच्छदे**=छोटे घराने में, **जातः**=उत्पन्न हुआ, **अपि**=भी, **श्रीवत्सराजः**=श्रीवत्सराज नाम का राजा, **यत्**=जो, **निशेष**=सारी, **अवनि**=पृथिवी की, **चक्रवर्ति-पदवीं**=चक्रवर्तिपदवी, **लब्ध्वा**=प्राप्त करके, **प्रताप-उन्नतः**=प्रताप से उन्नत हुआ, **विद्याधर-वृन्द**=विद्याधरों के समूह से, **वन्दित पदः**=पूजे हुये चरणों वाला, **भवत्**=हुआ, **सोयं प्रसादोदयः**=वह यह प्रसाद का उदय जो उसे हुआ, **त्वत्**=तुम्हारे, **चरणाम्बुज**=चरण कमलों के, **प्रणतिजः**=प्रणाम से उत्पन्न हुआ था।

अर्थः—क्षत्रियों के सामान्य कुल तथा घराने में श्रीवत्सराजा उत्पन्न हुआ था, वह सारी पृथ्वी का चक्रवर्ती राजा बना, यहाँ तक कि विद्याधर भी उनके चरणों को पूजते थे, हे देवी! उसका यह सारा उदय आप के चरणों के प्रणाम से हुआ था।

टिप्पणीः—यद्यपि प्रारब्ध कर्म को कोई टाल नहीं सकता है, परन्तु माँ आप के अनुग्रह से "लुम्पन्ति दैवलिखि-तानि दुरक्षराणि" राजा रंक बन सकता है, और रंक राजा बन सकता है।

चण्डि! त्वत्-चरणा-म्बुजा-र्चन-विधौ, बिल्वी-दलो-ल्लुण्ठन
त्रुट्यत्-कण्टक-कोटिभिः परिचयं, येषां न जग्मुः कराः।
ते दण्डांकुश-चक्र-चाप-कुलिश, श्रीवत्स-मत्स्यां-कितैः
जायन्ते पृथिवीभुजः कथम्-इवा-म्भोज-प्रभैः-पाणिभिः (13)

अन्वय-शब्दार्थ

चण्डि=हे माँ, **त्वत्-चरणा म्बुज**=तुम्हारे चरणकमलों के,

अर्चनविधौ=पूजाविधि में, **बिल्वीदल**=बिल्वपत्रों के, **लुण्ठन**=तोड़ने से, त्रुट्युत्=चुभे हुये, **कण्टक**=काँटों के, **कोटिभिः**=नोकों से **येषां करा:**=जिन के हाथों ने, परिचयं=**जानकारी**, न **जग्मुः**=न की हो, **ते**=वे, **दण्ड, अंकुश-चक्र, चाप** (धनुष) **कुलिश** (वज्र) **श्रीवत्स**=विष्णु की छाती पर बालू का घूँघर चिह्न, **मत्स्यांकितैः**=मच्छली आदि के निशानों से युक्त, **पाणिभिः**=हाथों वाले, **पृथ्वी भुजः**=चक्रवर्ती राजा, **कथम्-इव**=किस प्रकार बन सकते हैं।

अर्थः—हे चण्डी भगवती! जिन भक्तों के हाथों को आप के पूजा के लिये फूल तोड़ने से काँटों के नोकों से परिचय न हुआ हो, अर्थात् आप के लिये फूल चुनते समय काँटों के चुभने के कष्ट को जिन हाथों ने अनुभव न किया हो, वे दण्ड, अंकुश, चक्र, धनुष, वज्र, श्रीवत्स, मत्स्य के निशानों से युक्त हाथों वाले, चक्रवर्ती राजा बन नहीं सकते हैं।

टिप्पणीः—चण्ड्यते=प्रकाशयते **चराचरं जगत्**=सा चण्डी (जो शक्ति चराचर जगत् को प्रकाशित करती है वह "चण्डी" कहलाती है।

यह कहावत प्रचलित है—आदमी की किस्मत अपने हाथ में होती है—मनुष्य जब जन्म लेता है, तो उसकी मुट्ठी बंद होती है, उसकी बंद मुट्ठी में केवल हाथ की रेखायें ही होती हैं, मुट्ठी बन्द होने का तात्पर्य है, जो कुछ भी मैंने जीवन में करना है वह इन मुट्ठी की रेखाओं में बन्द है, परन्तु मनुष्य जब मरता है तो मुट्ठी खुली रख कर जाता है, खुली मुट्ठी ले कर जाने से तात्पर्य है, जो कुछ मैं करने आया था वह मैं सम्पूर्ण कर चुका हूँ। मुट्ठी की रेखायें मानिये प्रारब्ध का प्रमाण पत्र है।

विप्राः क्षोणिभुजो विशस्तत्-इतरे क्षीराज्य मध्वासवैः
त्वां देवि! त्रिपुरे! परापरमयीं, संतर्प्य पूजाविधौ।
यां यां प्रार्थयते मनः स्थिर-धियां तेषां त एव ध्रुवं
तां तां सिद्धि-अवाप्नुवन्ति तरसा, विघ्नैर्-अविघ्नी कृताः(14)

अन्वय-शब्दार्थ

देवि! हे देवी, **त्रिपुरे**=हे त्रिपुरा भगवती, **विप्राः**=ब्राह्मण **क्षोणिभुजः**=क्षत्रिय, **विशः**=वैश्य, **तत्-इतरे**=शूद्र (क्रमशः), **क्षीर**=दूध, **आज्य**=घी, **मधु**=शहद, **आसवैः**=शराब से, **त्वां**=आप, **परा**=विश्वमयी, **अपरां**=विश्वतीर्णा देवी को, **पूजा विधौ**=पूजा में **संतर्प्य**=तृप्त करके, **तेषां**=उन, **स्थिरधियां**=स्थिर बुद्धिवालों का, **मनः**=मन, **यां यां**=जिस जिस, **सिद्धिं**=सिद्धि को, **प्रार्थयते**=चाहता है, **ते**=वे भक्तजन, **ध्रुवं**=निश्चय से, **विघ्नैः**=सब विघ्नों से, **अविघ्नी-कृताः**=निर्विघ्न होकर, **तां तां सिद्धिं**=उस उस सिद्धि को, **अवाप्नुवन्ति**=प्राप्त करते हैं।

अर्थः—हे देवी! हे त्रिपुरा भगवती! ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य तथा शूद्र आप विश्वमयी विश्वोत्तीर्णा देवी की पूजाविधि में क्रमशः दूध, घी, शहद, शराब का प्रयोग करके आप को तृप्त करके, उन आप में स्थिर बुद्धि वालों का मन जिस जिस सिद्धि के लिये प्रार्थना करता है, वह वह सिद्धि वे निश्चय से प्राप्त करते हैं।

टिप्पणीः—इस श्लोक से इस बात का संकेत मिलता है पञ्चस्तवीकार के समय में काश्मीर में ब्राह्मणों की किसी भी पूजा में वह शारिका की पूजा था, या ज्वाला की शिवाभगवती की पूजा थी अथवा भद्रकाली की किसी भी पूजा में मांस का प्रयोग नहीं होता था, उसके पश्चात् ही काश्मीरी पण्डितों के खानपान तथा उनके पवित्र आहार में ह्रास होने लगा था।

शब्दानां जननी त्वम्-अत्र भुवने, वाक्-वादिनी-त्युच्यसे
त्वत्तः केशव-वासव-प्रभृतयो-प्यावि-र्भवन्ति स्फुटम्।
लीयन्ते खलु यत्र कल्पविरमे, ब्रह्मादय-स्ते-प्यमी
सा-त्वं काचित्-अचिन्त्य-रूप-महिमा-शक्तिः परा गीयसे।।15।।

अन्वय-शब्दार्थ

शब्दानां=शब्दों की, **जननी**=उत्पन्न करने वाली, **त्वम्**=तुम हो, **अत्रभुवने**=इस जगत् में, **वाक्-वादिनी**=वाणियों को उच्चारण करने वाली, **इति**=ऐसे ही, **उच्यसे**=कहलाती हो, **त्वत्तः**=तुम से, **केशव**=विष्णु **वासव**=इन्द्र, **प्रभृतयः**=आदि, **स्फुटम्**=प्रत्यक्षरूप से, **अवि-र्भवन्ति**=प्रकट होते हैं, ते-**अमी**=वही यह, **कल्पविरमे**=कल्प के अन्त में, **यत्र**=जिस तुम्हारे स्वरूप में, **लीयन्ते**=लय हो जाते हैं, **सा-त्वं**=वही तुम **काचित्**=कोई, **अचिन्त्य**=अनिर्वचनीय चिन्तन से अतीत, **महिमा**=महिमा वाली, **पराशक्तिः**=उत्कृष्ट शक्ति, **गीयसे**=गाई जाती है।

अर्थः—हे माता! इस संसार में शब्दों को उत्पन्न करने वाली आप हो, आप ही सरस्वती कहलाती हो, आप से ही विष्णु इन्द्र आदि प्रकट होते हैं, ये ब्रह्मा विष्णु रुद्र कल्प के अन्त में तुम्हारे ही स्वरूप में लय हो जाते हैं, वही आप कोई अचिन्त्य रूप-महिमावली पराशक्ति गाई जाती हो।

टिप्पणीः—उस पराशक्ति का स्वरूप कैसा है-के बारे में उपनिषद् कहती है **"यतो वाचो निवर्तन्ते अप्राप्य मनसा सह"**

देवानां त्रितयं त्रयी हुतभुजां, शक्ति-त्रयं त्रिस्वराः
त्रैलोक्यं त्रिपदी त्रिपुष्करम्-अथो, त्रिब्रह्म-वर्णा-स्त्रयः
यत् किञ्चित् जगति त्रिधा नियमितं, वस्तु-त्रिवर्गात्मकं
तत्-सर्वं त्रिपुरेति नाम भगव-त्यन्वेति ते तत्त्वतः (16)

अन्वय-शब्दार्थ

भगवति! हे ऐश्वर्य देने वाली माता! **देवानां त्रितयं**=तीन देवता ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र, **हुतभुजां त्रयी**=तीन अग्नि गार्हस्थ्य, हवनीय, श्मशानीय, **शक्ति**

त्रयं=तीन शक्तियाँ इच्छा, ज्ञान, क्रिया, **त्रिस्वराः**=अ, इ, उ अथवा उदात्त, अनुदात्त, स्वरित, **त्रैलोक्यं**=भूः, भुवः, स्वः, **त्रिपुष्करम्**=(पुष्कर=जल) गंगा, यमुना, सरस्वती **त्रिब्रह्म**=तीन वेद, **त्रयः वर्णाः**=ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, **जगति**=जगत् में, **यत् किञ्चित्**=जो कोई भी वस्तु, **त्रिवर्गात्मकं**=तीन वर्गों के रूप में, **नियमितं**=बंधा हुआ है, **तत् सर्वं**=वह सब, **तत्वतः**=वास्तवता से **"त्रिपुरा" इति**=त्रिपुरा इसी नाम का, **अन्वेति**=अनुसरण करता है।

अर्थः—हे माता! ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र, तीन अग्नि, इच्छा, ज्ञान क्रिया तीन शक्तियाँ, अ इ उ तीन स्वर, भूर्भुवः स्वः तीन लोक गंगा यमुना सरस्वती तीन नदियां, ऋग्, यजु, साम, तीन वेद ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य यह तीन वर्ण, जगत् में जो कोई भी वस्तु तीन वर्गों के रूप में बंधा हुआ है वह सब वास्तविकता से त्रिपुरा नाम का ही अनुसरण करता है।

टिप्पणी—जगत् अम्बा के सभी नामों में से पंचस्तवीकार को त्रिपुरा नाम अधिक प्रिय रहा है, जब कि उन्होंने बार बार पंचस्तवी में माँ को त्रिपुरा नाम से पुकारा है, ऐसा करने पर भी पंचस्तवीकार को तृप्ति नहीं मिली है, अतः इस श्लोक में सम्पूर्णतया इस नाम की व्याख्या की है। पंचस्तवीकार को काश्मीरी पण्डित होने के नाते से इष्टदेवी त्रिपुरा भगवती ही थी ऐसा स्पष्ट प्रतीत होता है।

त्रिब्रह्म=तीन वेद।। वेदाश्चत्वराः=वेद चार हैं? चार वेद होते हुये भी तीन वेद कैसे?

उत्तरः—ऋक्-यजु-साम, इन तीनों वेदों की चुन चुन कर कुछ सार गर्भित ऋचायें एक ही वेद में एकत्रित है—जो अथर्ववेद कहलाता है, इसलिये वेद तीन ही है—"इति वेदाः त्रयस्त्रयी"।

लक्ष्मीं राजकुले जयां रणभुवि, क्षेमं-करीम्-अध्वनि
क्रव्याद-द्विप-सर्प-भाजि शवरीं, कान्तार-दुर्गे गिरौ।
भूत-प्रेत-पिशाच-जम्बुक-भये, स्मृत्वा महा-भैरवीं
व्यामोहे त्रिपुरां तरन्ति विपद-स्तारां च तोय-प्लवे (17)

अन्वय-शब्दार्थ

राजकुले=राजकुल में, **लक्ष्मीं**=लक्ष्मी रूप का, **रणभुवि**=युद्ध क्षेत्र में, **जयां**=जया रूप का, **क्रव्याद**=शेर, **द्विप** हाथी, **सर्पभाजि**=सांपों से भरे हुये, **अध्वनि**=मार्ग में, **क्षेमंकरीं**=कल्यण कारिणी का, **कान्तार**=कठिन, **दुर्गे**=दुर्गम्य, **गिरौ**=पहाड़ पर, **शवरीं**=शिकारिन रूप का, **भूत-प्रेत-पिशाच**=भूत प्रेत और पिशाच, **जम्बुकभये**=गीदड़ों के भय में, **महा-भैरवीं**=महाभैरवी रूप का, **व्यामोहे**=बड़े मोह में, **त्रिपुरां**=त्रिपुरा रूप का, **तोयप्लवे**=जल के बाढ़ में, **तारां**=तारारूप का, **स्मृत्वा**=स्मरण करके, **विपदः**=विपदाओं को, **तरन्ति**=पार करते हैं।

अर्थ—राजकुल में लक्ष्मीरूप का, युद्धक्षेत्र में जयारूप का, शेर हाथी सर्पों से भरे हुये मार्ग में कल्याण कारिणी का, कठिन दुर्गम्य पहाड़ पर शिकारिन रूप पार्वती का, भूतप्रेत पिशाच तथा गीदड़ों के भय में महा भैरवी रूप का, बड़े मोह में त्रिपुरा का, जल के बाढ़ में तारारूप माता का स्मरण करके सभी विपदाओं को भक्तजन पार करते हैं।

टिप्पणी—यो यो यां यां तनुं भक्तः, श्रद्धयार्चितुमिच्छति तस्य तस्याचलां श्रद्धां, ताम्-एव-विदधाम्यहम्। भगवद्गीता।

अर्थः—जो जो भक्त जिस जिस देवता या देवी के स्वरूप को श्रद्धा से पूजना चाहता है, उस उस भक्त की, मैं उसी देवी अथवा देवता के प्रति श्रद्धा को स्थिर करता हूँ और सभी कामनायें पूरा करता हूँ।

माया कुण्डलिनी क्रिया मधुमती, काली कला मालिनी
मातंगी विजया जया भगवती, देवी शिवा शाम्भवी।
शक्तिः शंकर-वल्लभा त्रिनयना, वाक्-वादिनी-भैरवी
ह्रींकारी त्रिपुरा परापरमयी, माता कुमारी-त्यसि (18)

अन्वय-शब्दार्थ

माया=माति विश्वं (चराचर सृष्टि को बनाने वाली अथवा अघटित-घटन-पटीयसी), **कुण्डलिनी**=मूलाधार में स्थित कुण्डलिनी स्वरूपा शक्ति, **क्रिया**=क्रिया शक्ति, **मधुमती**=आनन्दशक्ति, **काली**="**प्रलयकाले कलयति सर्वमिति काली,**" **कला**=अमृतमयी कला, **मालिनी**=वर्णमाला, **मातंगी**=मतंग ऋषि की कन्या, **विजया और जया**=सर्वो त्कृष्ट शक्तिरूपा, **भगवती**=षडैश्वर्यमयी, **देवी**=द्योतनशीला, **शिवा**=शंकरशक्ति, **शाम्भवी**=शम्भु की शक्ति, **शंकर वल्लभा**=शंकर की प्रिया, **त्रिनयना**=तीन नेत्रों वाली, **वाक्-वादिनी** सरस्वती रूपा, **भैरवी**=भैरवी शक्ति, **हींकारी**="ह्रीं" बीजाक्षर मन्त्र रूपा, **त्रिपुरा**=तीन अवस्थाओं की साक्षी रूपा, **परापरमयी**=विश्वमयी तथा विश्वतीर्ण रूपा, **माता**=मान्यते इति माता, जिसका मान आदर किया जाता है, **कुमारी**=कुत्सितं मारयति=अज्ञान का नाश करने वाली, इति ऐसे ही भिन्न-भिन्न अर्थों वाली नामों से तुम पुकारी जाती हो।

अर्थ—चराचर सृष्टि को बनाने वाली, कुण्डलिनी स्वरूपा शक्ति, क्रियाशक्ति आनन्दशक्ति, सब चरचर सृष्टि को केवल अपने में लय करने वाली अमृतमयी कला, वर्णमाला रूपा, मतंग ऋषि की कन्या, सर्वोत्कृष्टशक्तिरूपा, षडैश्वर्यमयी द्योतनशीला, शंकरशक्ति, शाम्भु की शक्ति, शंकर की प्रिया, तीन नेत्रों वाली सरस्वती रूपा, भैरवी शक्ति, "ह्रीं" बीजाक्षर-मंत्ररूपा, तीन अवस्थाओं की साक्षी विश्वमयी तथा विष्वतीर्णरूपा जिसका मान किया जाता है (माता) अज्ञान का नाश करने वाली ऐसे ही भिन्न-भिन्न अर्थों वाली नामों से तुम पुकारी जाती हो।

टिप्पणी–"एकं सद्विप्राः बहुधा वदन्ति" उस एक ही शक्ति को ही विद्वान् बहुत नामों से पुकारते हैं।

आई पल्लवितैः परस्पर-युतै-र्द्वित्रि-क्रमाद्यक्षरैः
काद्यैः क्षान्त-गतैः स्वरादिभिर्-अथो, क्षान्तैश्च तैः सस्वरैः।
नामानि त्रिपुरे! भवन्ति खलु-या, न्यत्यन्त-गुह्यानि ते
तेभ्यो भैरव-पत्नि विंशति-सहस्त्रेभ्यः परेभ्यो नमः (19)

अन्वय-शब्दार्थ

"आ" "ई" पल्लवितैः="आ" और "ई" से विस्तार में आये हुये, अथवा विकसित हुये, **परस्पर-युतैः**=आपस में मिले हुये, **काद्यैः क्षान्तगतैः**="क" से लेकर "क्ष" तक गये हुये, **द्वित्रि-क्रमाद्यक्षरैः**=दो तीन क्रम के अक्षरों से युक्त, **स्वरादिभिः**=स्वरों वाले **क्षान्तैश्च तैः सस्वरैः**="क" से लेकर "क्ष" तक स्वर सहित अक्षरों से युक्त **यानि**=जो, **अत्यन्तगुह्यानि**=बहुत ही रहस्यमय, **ते**=आप के नामानि=जो नाम हैं, **तेभ्यः**=उन, **विंशति सहस्त्रेभ्यः परेभ्यः**=20 हजार से अधिक नामों को, नमः=नमस्कार हो।

अर्थः–इस श्लोक में माता के 20 हजार से अधिक बीज मंत्रों का साधक ने संकेत दिया है, चूंकि मन्त्र रहस्यमय तथा गोपनीय होते हैं अतः साधक ने अन्त में उन मन्त्रों की व्याख्या न करके नमस्कार करने में ही अपने को कृतकृत्य माना है।

टिप्पणी–मननात् त्रायते इति मन्त्रः मनन करने से जो रक्षा करता है, वह मन्त्र कहलाता है। मन्त्र उच्चारण करते समय इस बात का स्मरण रखिये-श्रद्धा के अभाव में कोई भी मन्त्र सफल नहीं होता है। यद्यपि मन्त्रों की भिन्न-भिन्न श्रेणियाँ हैं-परन्तु पहले श्रेणि के मन्त्रों की गणना उन्हीं मन्त्रों में हैं। जो श्रद्धा से युक्त हूँ।

बोद्धव्या निपुणं बुधैः स्तुतिर्-इयं, कृत्वा मनस्तत्-गतं
भारत्या-स्त्रिपुरे-त्य-नन्य-मनसो, यत्राद्य-वृते स्फुटम्।
एक-द्वि-त्रिपद-कमेण-कथित-स्तत्पाद संख्या-क्षरैः
मन्त्रो-द्धार-विधिर्-विशेष-सहितः, सत्-संप्रदाया-न्वितः(20)

अन्वय शब्दार्थ

भारत्याः=सरस्वती की, **इयं स्तुतिः**=यह स्तुति, **बुधैः**=ज्ञान वानों को, **निपुनं मनः**=तीक्ष्ण अथवा तीव्रगामी मन, **तत् गतं कृत्वा**=उसी माँ में लगा कर, **अनन्य मनसः**=न और किसी में लगाये मन से, इसी दृढ़विश्वास से त्रिपुरा भगवती ही चराचरसृष्टि का कारण है-**बौद्धव्याः**=जानना चाहिए। **सत् संप्रदायान्वितः**=गुरुपरम्परा से आई हुई, विशेष सहितः=विशेषता सहित **मन्त्रोद्धार विधिः**=मन्त्र निकालने की विधि, **यत्राद्यवृते**=इस स्तुति के पहले ही श्लोक में, **स्फुटम् कथितः**=स्पष्ट रूप से कही है, जो मन्त्र **"एक द्वि त्रिपद क्रमेण** (1) ऐं (2) क्लीं (3) सौः के क्रम से, **तत् पाद संख्याक्षरैः**=पहले श्लोक के तीन पादों मैं (1) ऐंद्रस्येव (2) शौ-क्लीं (3) एषासौः उन तीन शब्दों में (कथितः) साधक ने कहा है।

अर्थ—इस श्लोक का सम्बन्ध पहले श्लोक (एन्द्रस्येव) के साथ है, सरस्वती की इस स्तुति का ज्ञानवानों को मन की एकाग्रता से मनन करना चाहिये, इस जगत् का कारण वही संवित् शक्ति है ऐसा जानना चाहिये। पञ्चस्तवीकार ने इस स्तुति के पहले ही श्लोक में मन्त्र निकालने की विधि स्पष्ट रूप से कही है, जो मन्त्र के तीन पदों में 'ऐं क्लीं सौः' के क्रम से तीन पादों में "ऐन्द्रस्येव, शौक्लीं, एषासौः में गुप्त रूप में रखे हैं।

टिप्पणी—मनुष्य अक्षय शक्तियों का भण्डार है, उस शक्ति को जगाकर सत् कर्म में प्रेरित करने का मुख्य साधन मन्त्र है। मन्त्र एक ऐसा सूक्ष्म किन्तु महत्त्वपूर्ण तत्त्व है जिसके द्वारा

स्थूल पर नियंत्रण किया जाता है, प्रकृति को वश में करने की अपूर्व शक्ति मन्त्र में विराजमान है।

सावद्यं निर्-अवद्यम्-अस्तु यदि वा, किं वा नया चिन्तया
नूनं स्तोत्रम्-इदं पठिष्यति नरो, यस्यास्ति भक्ति-स्त्वयि।
सञ्चिन्त्यापि लघुत्वम्-आत्मनि दृढं, संजायमानं हठात्
त्वत्-भक्त्या मुखरी कृतेन रचितं, यस्मात्-मयापि-स्फुटम्(21)

अन्वय शब्दार्थ

इदं स्तोत्रं=यह स्तोत्र, **सावद्यं**=दोष सहित, **यदि वा**=अथवा, **निरवद्यं**=दोषरहित, **अस्तु**=हो, **किंवा**=क्या लाभ है, **अनया**=इस, **चिन्तया**=चिन्ता से, **यस्य**=जिसको, **त्वयि**=तुझ में, **भक्तिः अस्ति**=भक्ति है, **नरः**=वह मनुष्य **नूनं**=अवश्य, **पठिष्यति**=पढेगा, **यस्मात्**=क्योंकि, **त्वत् भक्त्या**=तुम्हारी भक्ति से, **मुखरी-कृतेन**=वाचाल बने हुये, **मयापि**=मैंने भी, **आत्मनि**=अपने में, **दृढं**=दृढता से, **संजायमानं**=उत्पन्न हुये, **लघुत्वं**=अल्पभाव का, **संचिन्त्य**=विचार कर, **हठात्**=हठ से, **स्फुटम्**=स्पष्ट रूप से, **रचितं**=बनाया।

अर्थ—मेरा यह स्तोत्र दोष सहित है या निर्दोष, इस चिन्ता से क्या लाभ है। माँ! जिस को तुम्हारी भक्ति होगी, वह यह स्तोत्र अवश्य पढ़ेगा, क्योंकि मैंने अपनी लघुता का विचार करके भी इस स्तोत्र की रचना भक्ति के आवेश में ही की है, नहीं तो यह मेरी वाचालता है।

टिप्पणी—"सब जानत प्रभु प्रभुता सोई। तदपि कहे बिनु रहा न कोई" (राम चरित मानस) पंचस्तवीकार ने इस स्तोत्र के अन्त में माँ के सामने स्तुति करने में अपने को अनधिकारी समझते हुये "लघुत्व" पद का प्रयोग किया है, सम्भव है इसी पद को सार्थक बनाने के निमित्त इस पहले स्तव का नाम "लघुस्तव" रखा है:

इति पञ्चस्तव्यां लघुस्तवः प्रथमः ॥

अथ चर्चस्तवःद्वितीयः

आनन्द-सुन्दर-पुरन्दर, मुक्त-माल्यं
मौ-लौ हठेन निहितं, महिषा-सुरस्य।
पादाम्बुजं भवतु मे, विजयाय मञ्जु
मञ्जीर-शिञ्जित-मनोहरम्-अम्बिकायाः (1)

अन्वय-शब्दार्थ

आनन्द-सुन्दर=ऐश्वर्य से सुशोभित, **पुरन्दर**=इन्द्र ने, **मुक्त**=अर्पण की हुई, **माल्यं**=माला वाला, **महिषासुरस्य**=महिषासुर के, **मौलौ**=सिर पर, **हठेन**=आग्रह से, **निहितं**=रखा हुआ, **मञ्जु**=सुन्दर, **मञ्जीर**=पायलों की, **शंजित**=झंकार से, **मनोहरम्**=भक्तों के मन को मोहित करने वाला, **अम्बिकायाः**=माँ का, **पादाम्बुजं**=चरण कमल **मे**=मेरे, **विजयाय**=विजय के लिये, **भवतु**=हो।

अर्थ—ऐश्वर्य से सुशोभित, इन्द्र से अर्पण की हुई माला वाला हठ से महिषासुर के सिर पर रखा हुआ, सुन्दर पायलों के झँकार से भक्तों के मन को मोहित करने वाला, जगत् अम्बा का चरण कमल मेरे विजय के लिये हो।

टिप्पणी—"अभिमानेन नश्यति जनः" मनुष्य के नाश का कारण है अभिमान, जो भगत माँ के सुन्दर चरण कमल को हृदय में स्थान देता है-वह चरण कमल हृदय में प्रवेश करते ही पहले उस भक्त के अभिमान रूपी महिषासुर का मर्दन करता है।

"अहं ममेत्येव, भवस्य बीजं" अहं=अभिमान, मम=मोह। यही दो "अहं" और "मोह" संसार के चक्र में पड़ने के बीज हैं।

सौन्दर्य-विभ्रम-भुवो भुवनाधि-पत्य
सम्पत्ति-कल्पतरव-स्त्रिपुरे! जयन्ति।
एते कवित्व-कुमुद-प्रकराव-बोध
पूर्णेन्दव-स्त्वयि जगत्-जननि प्रणामाः (2)

अन्वय-शब्दार्थ

जगत्-जननि=हे जगत् की माता, **त्रिपुरे**=तीनों अवस्थाओं, जागृत-स्वप्न=सुषप्ति की साक्षी (संवित्) रूपा, **सौन्दर्य विभ्रमभुवः**=सौन्दर्य के विकास को उत्पन्न करने वाले, **भुवनादिपत्य**=तीनों भुवनों के स्वामी भाव रूपी, **सम्पत्ति-कल्पतरवः**=सम्पत्ति प्राप्ति के लिये आप सम्पत्ति रूप कल्पवृक्ष हैं, **कवित्व कुमुद**=कविता के कुमुदकमलों के, **प्रकर**=समूह के, **अवबोध**=विकसित करने के लिये, **पूर्णेन्दवः**=परिपूर्ण चन्द्रमा हो, ऐसे ही **त्वयि**=तुम्हारे प्रति, **प्रणामाः**=भक्तों के प्रणाम, जयन्ति=जयशाली हैं।

अर्थ—हे जगत् माता, हे त्रिपुरा भगवती, आपके प्रति किये गये प्रणाम, सौन्दर्य देने वाले हैं, राज्य-सम्पत्ति के देने में कल्प वृक्ष के समान हैं, कविता रूपी कुमद कमलों को विकसित करने के लिये पूर्ण चन्द्रमा हैं। ऐसे ही आप के लिये किये गये भक्तों के प्रणामों को जय जय कार हो।

टिप्पणी—कमल सूर्योदय होने पर खिलता है, अतः सूर्य को पद्मिणीपति कहते हैं। कुमद फूल चन्द्रमा के किरणों से खिलता है। अतः चन्द्रमा को "कुमुदबान्धव" कहते हैं।

देवि! स्तुति-व्यतिकरे कृतबुद्धयस्ते
वाचस्पति-प्रभृतयोपि जडी-भवन्ति।
तस्मात्-निसर्ग-जडिमा कतमो-हम्-अत्र
स्तोत्रं तव त्रिपुर-तापन-पत्नि! कर्तुम् (3)

अन्वय-शब्दार्थ

देवि!=हे माता, **त्रिपुर=तापन-पत्नि**'त्रिपुरासुर को नाश करने वाली शंकर की पत्नी! **स्तुति-व्यतिकरे**=स्तुति करने के उद्योग में, **कृत बुद्धयः**=तीक्ष्णबुद्धि वाले, **वाचस्पति-प्रभृतयः अपि**=बृहस्पति आदि भी, **जड़ी भवन्ति**=मूक हो जाते हैं, तस्मात्=इसलिये, **निसर्गजडिमा**=स्वभाव से ही मूर्ख हूँ, **अत्र** इस संसार में, **तव स्तोत्रं कर्तुम्**=तुम्हारी स्तुति करने में, **कतमः-अहं**=मैं किस गिनती में हूँ।

अर्थ—हे माता! तुम्हारी स्तुति करने के उद्योग में तीक्ष्णबुद्धिवाले बृहस्पति आदि भी मूक हो जाते हैं, अतः आपकी स्तुति के करने में स्वभाव से ही मूर्ख मैं किस गिनती में हूँ।

टिप्पणी–त्रिपुर-तापन-पत्नी, त्रिपुर=तीन पुर, जागृत स्वप्न सुष्पति, तापन जलाने वाला, जिसकी ध्यान धारणा से तीनों अवस्थायें समाप्त होकर साधक तुरीयावस्था में पहुँचता है, अतः शंकर "त्रिपुरतापन" कहलाता है, उनकी पत्नी अथवा शक्ति त्रिपुरतापन पत्नी कहलाती है।

स्कन्द पुराणे-श्रुतिश्चभीता यं वक्ति, किं तस्मात् परमं-भवेत्
हे माता! वेद भी जिस का वर्णन करने में समर्थ नहीं तो औरों की बात ही क्या है।

माता तथापि भवतीं भव-तीव्र-ताप
विच्छित्तये स्तुति-महार्णव-कर्णधारः
स्तोतुं भवानि! स-भवत् चरणार-विन्द
भक्ति-ग्रहः किम्-अपि मां मुखरी करोति (4)

अन्वय-शब्दार्थ

माता! भवानि! हे माता **तथापि**=तो भी, **स्तुति-महार्णव कर्णधारः**=जो स्तुतिरूपी अथाह सागर है, उसका कर्णधार (मल्लाह) **स भवत्-चरणार-बिन्द-भक्ति ग्रहः**=वह आप के चरण कमल का भक्ति

का हठ, **भव-तीव्रताप-विच्छितये**=संसार के तीव्रताप के नाश के लिये, **भवतीं स्तोतुं**=आप की स्तुति करने के लिये, **मां**=मुझे, **मुखरी करोति**=वाचाल बनाता है।

अर्थ—हे माँ– जो आप का स्तुतिरूपी अथाह सागर है उसका कर्णधार जो आप के चरण कमल का भक्ति का हठ है, वह मुझे संसार के तीव्रताप के नाश के लिये आपकी स्तुति करने के लिये वाचाल बनाता है अथवा प्रेरित करता है।

टिप्पणी—मन्ये धनाभिजन-रूप-तप: श्रुतौजस्तेज: प्रभाव बल पौरुष बुद्धियोग: नाराधनाय हि भवन्ति परस्य पुंसो, भक्त्या तुतोष भगवान् गजयूथपाय–

अर्थ:—नारायण अथवा नारायणी शक्ति को रिझाने का साधन, है भक्ति। (भागवत्)

सूते जगन्ति भवती, भवती बिभर्ति
जागर्ति तत्-क्षयकृते भवती भवानि।
मोहं भिनत्ति भवती भवती रुणद्धि
लीलायितं जयति चित्रम्-इदं भवत्या: (5)

अन्वय-शब्दार्थ

भवानि=हे जगत् की माता! **भवती**=आप, **जगन्ति**=जगतों की, **सूते**=सृष्टि करती हो, भवती=आप, **बिभर्ति**=जगतों का पालन करती हो, **भवती**=आप ही, **तत्-क्षयकृते**=जगतों के नाश के लिये, **जागर्ति**=जागती रहती हो, **भवती**=आप, **मोहं**=मोह का, **भिनत्ति**=नाश करती हो, **भवती**=आप ही, **रुणद्धि**=मोह से ढाँपती हो, **इदं**=यह, **चित्रं**=आश्चर्य वाली, **लीलायितं**=लीला क्रीडा **भवत्या:**=आप की, **जयति**=जयशील हो।

अर्थ—हे जगत् माता आप जगतों की सृष्टि पालन तथा संहार करती हो, आप ही मोह का नाश करती हो, आप ही संसार को मोह से ढाँपे रखते हो, आप की इस आश्चर्यमय लीला को जय जय कार हो।

टिप्पणी–उस संवित्-पारमेश्वरी शक्ति की पाँच लीलायें हैं–**सृष्टि स्थिति संहार, पिधान** और **अनुग्रह** जिन को पंचकृत्य कहते हैं। पांच तत्वों अथवा भुवनों का प्रकट होना **सृष्टि** कहलाती है, इन को नियम में रखना **स्थिति** कहलाती है, अपने ही में लय करना **संहार** कहलाता है, परमेश्वर का जीवरूप में प्रकट होकर अपनी परमेश्वरता का भूल जाना **पिधान** कहलाता है, फिर गुरु कृपा से अपने स्वरूप को पहचान लेना **अनुग्रह** कहलाता है, यही पंच कृत्य उस परमेश्वर अथवा उस "संवित्" की लीला है।

यस्मिन् मनाक्-अपि नवाम्बुज-पत्र गौरि!
गौरि! प्रसाद-मधुरां दृशम्-आदधासि।
तस्मिन्-निरन्तरम्-अनंग-शराव-कीर्ण
सीमन्तिनी नयन सन्ततयः पतन्ति (6)

अन्वय शब्दार्थ

नवाम्बुजपत्र-गौरि=खिले हुये कमल के पत्ते जैसे निर्मल, **गौरि**=हे गौर वर्णवाली! **यस्मिन्**=जिस पर, **मनाक्**-थोड़ी सी भी, **प्रसाद-मधुरां**=अनुग्रह से आनन्ददायक **दृशम्**=दृष्टि **आदधासि**=डालती हो, **तस्मिन्**=उस भक्त पर **निरन्तरम्**=लगातार, **अनंगशर**=कामदेव के बाणों से, **अवकीर्ण**=बिन्धी हुई, **सीमन्तिनी**=शक्तियों (अष्ट सिद्धियों की) **नयन सन्ततयः**=नेत्रों की पंक्तियाँ=**पतन्ति** लगी रहती हैं।

अर्थ–हे खिले हुये कमलपत्र जैसे गौरववर्ण वाली माँ! जिस भक्त पर आप अनुग्रह से आनन्ददायक दृष्टि डालती हों, कामदेव के बाणों से बिन्धी हुई सुन्दर शक्तियाँ अणिमादि सिद्धियाँ उनकी ओर लगातार देखती रहती है।

टिप्पणी– हिरण्मयेन पात्रेण सत्यस्यापिहितं मुखम्।
तत्त्वं पूषन्-अपावृणु-सत्यधर्माय दृष्टये। उपनिषद्।

उस 'संवित्' परमशिव का मुख अष्टसिद्धियों से ढका हुआ है, भक्त इस मन्त्र में प्रार्थना करता है, आप के प्रत्यक्षदर्शन में बाधक उन सभी आवरणों को हटा दीजिये-हे माँ जिस

पर आप की अनुग्रह दृष्टि हो उस भक्त को ये सुन्दर स्त्रियाँ अथवा अष्टसिद्धियाँ कुछ बिगाड़ नहीं सकती हैं। बल्कि दूषण होने पर भी भूषण बनती हैं।

पृथ्वीभुजो-प्युदयन, प्रवरस्य तस्य
विद्याधर-प्रणति-चुम्बित-पाद-पीठः।
यच्चक्र-वर्ति-पदवी-प्रणयः स एष
त्वत्-पाद पंकजरजः, कणजः प्रसादः (7)

अन्वय शब्दार्थ

तस्य उदयन प्रवरस्य=उस उदयन नाम वाले, **पृथ्वी भुजः**=राजा का, **विद्याधर**=विद्याधरों के, **प्रणति**=प्रणामों के समय, **चुम्बित-पादपीठः**=चूमे हुये चरणों के आसन वाली, **यत्**=जो, **चक्र-वर्ति-पदवी प्रणयः**=चक्र-वर्ती राज्य की प्राप्ति हुई थी, **स एष**=वह इसी **त्वत्**=तुम्हारे, **पाद पंकजरजः**=चरण कमलों के, **रजः कणजः**=धूलि के कणों का, **प्रसादः**=अनुग्रह था।

अर्थ—उदयन नाम के राजा को, ऐसी चक्रवर्ती पदवी मिली, जिसके पादपीठ को विद्याधर प्रणाम करते समय चूमते थे, यह उस राजा को आप के चरण कमलों के धूलि के कणों का अनुग्रह था।

टिप्पणी—जगत्-गुरुशंकराचार्य माता के चरण कमलों के रजः कण का महत्त्व दिखाते हुये सौन्दर्य लहरी के दूसरे श्लोक में वर्णन करते हैं-

तनीयां-सं पांसुं, तव चरणपंके-रुहभवं,
विरिञ्चिः संचिन्वन्, विरचयति लोकान्-अविकलम्।
वहत्येनं शौरिः कथमपि सहस्रेण शिरसा
हरः संक्षुभ्यैनं भजति भसितोद्धूलन-विधिम्।

संक्षिप्त अर्थ—ब्रह्मा सभी भुवनों अथवा चराचर सृष्टि की रचना करके उस सृष्टि को बार बार उत्थल पुत्थल करता रहता है-इस का क्या कारण है? जगत् गुरु शंकराचार्य कहते हैं, वह ब्रह्मा चराचर सृष्टि में उस माँ के रजः कण को ढूंढ रहा है, जिस कारण से ब्रह्मा इस सृष्टि को उत्थल पुत्थल करने के लिये विवश होता है।

विष्णु भगवान् इस चराचर सृष्टि को शेषनाग के द्वारा सिर पर धारण करता है ऐसा क्यों? विष्णु भगवान् की यही भावना है, उस माँ का वह रज: कण पृथ्वी पर कहीं होगा ही मैं उस रज: कण की छत्रछाया में रह कर अपने को कृतकृत्य मानूँगा, भगवान् शंकर चराचरसृष्टि को भस्म बना कर वही भस्म अपने शरीर पर मलता है। वह भी इसी भावना से ऐसा करता है उस माँ का रज: कण उस भस्म में कहीं न कहीं अवश्य होगा ही यह भस्म मलने से उस रज: (धूलिकण) का स्पर्श मेरे शरीर से अवश्य होगा जिससे मैं अपने को धन्य मानूँगा।

कल्पद्रुम-प्रसव-कल्पित-चित्रपूजाम्
उद्दीपित-प्रियतमा-मदरक्त-गीतिम्।
नित्यं भवानि! भवतीम्-उपवीणयन्ति
विद्याधरा: कनक-शैल-गुहा-गृहेषु (8)

अन्वय शब्दार्थ

कल्पद्रुम=कल्पवृक्ष के, **प्रसव**=फूलों से, **कल्पित**=किये हुये, **चित्र**=अलौकिक, **पूजां**=पूजावाली, **उद्दीपित**=उज्ज्वलित, **प्रियतमा**=अत्यन्त प्रिय, **मदरक्त-गीतिं**=मस्त राग से भरे हुये गीतों को, **भवतीम्**=आप के, **कनक शैल**=सुमेरु पर्वत के, **गुहागृहेषु**=गुफारूपी घरों में, **विद्याधरा:**=विद्याधर देवता, **नित्यं**=नित्य **उपवीणयन्ति**=वीणाओं पर गाते हैं।

अर्थ:—है भवानी! कल्पवृक्षों के फूलों से की हुई अलौकिक पूजावाली आप के उज्ज्वलित अत्यन्त प्रिय मस्ती के राग से भरे हुये गीतों को विद्याधर सुमेरु पर्वत की गुफाओं में वीणाओं पर नित्य गाते हैं।

टिप्पणी—विद्याधरा:=देवताओं की एक योनि है। विद्याधराप्सरोयक्ष:.....भूतोमी देवयोनय:।। संगीत कला मन की एकाग्रता का एक साधन है, अत: भगवद्गीता में "वेदानां सामवेदोस्मि" ऐसा कहा है। जब कि याज्ञवल्क्य कहते हैं—

वीणावादन तत्त्वज्ञ:, स्वरशास्त्रविशारद:
तालज्ञश्चाऽ प्रयासेन मोक्षमार्गं निगच्छति।

वीणावादन के तत्त्व का ज्ञाता, स्वरशास्त्र का ज्ञाता, ताल आदि को जानने वाला विद्वान् विना प्रयास के मोक्ष प्राप्त करता है। परन्तु वर्तमान युग में कई चलचित्रों के संगीत जो पश्चिमी रंग में रंगे हुये होते है चरित्र के ह्रास का कारण बनते हैं।

लक्ष्मी-वशी-करण-कर्मणि कामिनीनाम्
आकर्षण-व्यतिकरेषु च सिद्धमन्त्रः।
नीरन्ध्र-मोह-तिमिर-च्छिदुर-प्रदीपो
देवि! त्वत्-अंघ्रि-जनितो जयति प्रसादः (9)

अन्वय शब्दार्थ

देवि! लक्ष्मी-वशीकरण कर्मणि=लक्ष्मी के वश करने के काम में, **कामिनीनाम्**=अष्टसिद्धियों के, **आकर्षण**=अपने तरफ खींचने के, **व्यतिकरेषु**=काम में **सिद्धमन्त्रः**=जो सफल अचूक मन्त्र है। **नीरन्ध्र**=घने, **मोहतिमिर**=मोहरूपी अन्धकार के, **च्छिदुर**=नाश के लिये, **प्रदीपः**=जो दीपक रूप है, **त्वत्-अंघ्रि जनितः**=आप के चरण कमल से उत्पन्न हुआ, **प्रसादः**=जो अनुग्रह है वह, **जयति**=जयवाला हो।

अर्थ—हे माता, लक्ष्मी के वश करने के कर्म में तथा अष्ट सिद्धियों को अपने ओर खींचने में अथवा वश करने में जो सिद्धमन्त्र है, घने मोह रूपी अन्धकार के नाश के लिये जो दीपक रूप है, ऐसे ही तुम्हारे चरणकमल से उत्पन्न हुये अनुग्रह को जय जय कार हो।

टिप्पणी—अष्ट सिद्धिः—अणिमा महिमा गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्यं, ईशरत्वं, वश्यत्वम्।।
मोहः—संसार के विषयों की अनुरक्ति मोह कहलाता है, वही अनुरक्ति जब ईश्वर की ओर हो तो **भक्ति** कहलाती है।

देवि! त्वत्-अंघ्रि-नख-रत्न-भुवो मयूरवाः
प्रत्यग्र-मौक्तिक-रुचो मुदम्-उद्वहन्ति।
सेवा-नति-व्यतिकरे-सुर-सुन्दरीणां
सीमन्त-सीम्नि कुसुमस्तवकायितं यैः (10)

अन्वय शब्दार्थ

देवि=हे माता, **त्वत्**=तुम्हारे, **अंघ्रि**=चरणों के, **नख-रत्न-भुवः**=नाखुन रूपी रत्नों से, भुवः=उत्पन्न हुये, **मयूरवाः**=किरण, **प्रत्यग्र**=निर्मल, **मौक्तिक-रुचो**=मोतियों की शोभावाले, **मुदम्**-आनन्द को, **उद्वहन्ति**=धारण करती हैं, **यैः**=जिन किरणों ने, **सुरसुन्दरीणां**-देवस्त्रियों के, **सेवा-नति-व्यतिकरे**=सेवा तथा प्रणाम करने के काम में, **सीमन्त-सीम्नि**=मांग के स्थान पर **कुसुमस्तवकायितं**=फूलों के गुलदस्तों की छटा धारण की है।

अर्थ—हे देवी! आपके चरणों के नखरत्नों से उत्पन्न हुये किरण मोतियों की शोभावाले, आनन्द को धारण करते हैं, जिन किरणों ने देवस्त्रियों के सेवा तथा प्रणाम के लिये झुकने के समय मांग के स्थान पर फूलों के गुलदस्तों की छटा धारण की है।।

टिप्पणी—देवस्त्रियाँ अपना सुहाग तथा देवत्व बचाये रखने की भावना से आप के चरणकमलों में झुकती है, जबकि देवताओं को हर समय देवत्व से च्युत होने का भय बना रहता है- "क्षीणे पुण्ये मर्त्यलोकं विशन्ति" भगवद्गीता

मूर्ध्नि स्फुरत्-तुहिन-दीधिति-दीप्ति-दीप्तं
मध्ये ललाटम्-अमरायुध-रश्मि चित्रम्।
हृत्-चक्र-चुम्बि-हुत-भुक्-कणि-कानुरूपं
ज्योतिर्यत्-एतत्-इदं अम्ब! तव स्वरूपम् (11)

अन्वय-शब्दार्थ

अम्ब!=हे जगत् माता, **मूर्ध्नि**=सिर में, **यत्**=जो, **स्फुरत्**=चमकते हुये, **तुहिनदीधिति दीप्ति**=शीतल बर्फ जैसे किरणों के प्रकाश से, **दीप्तं**=चमकता हुआ (प्रकाश) **मध्ये ललाटं**=ललाट के मध्य में, **अमरायुधरश्मि**

चित्रं=इन्द्रधनुष के जैसा जो प्रकाश का पुंज है, **हृत्-चक्र-चुम्बि**=हृदय में स्थित **हुतभुक्-कणिकानुरूपं**=अग्नि के अंगारकों के समान **ज्योतिर्यत्**=जो ज्योति प्रकाश है, **एतत् इदं**=वह यह, **तवस्वरूपं**=आप का ही स्वरूप है।

अर्थ—हे जगत् माता! सिर में जो चमकते हुये, चन्द्रमा के किरणों को चमकता हुआ प्रकाश है और ललाट के मध्य में इन्द्रधनुष का जैसा प्रकाश पुंज है, ऐसे ही हृदय में जो अग्नि के अंगारकों जैसा ज्योतिप्रकाश है, यह सभी आपका ही स्वरूप है।

टिप्पणी—इस श्लोक का सम्बन्ध पंचस्तवी के पहले श्लोक के साथ है—साधक ने उस संवित् का अपने शरीर रूपी मन्दिर में माँ का जिस रूप में जिस स्थान पर साक्षात्कार किया है उसकी फिर से पुष्टि इस श्लोक में की है।

रूपं तव स्फुरित-चन्द्र-मरीचि-गौरम्
आलोकते शिरसि वाक्-अधि-दैवतं यः।
निःसीम-सूक्ति-रचना-मृत-निर्भरस्य
तस्य प्रसाद-मधुराः प्रसरन्ति वाचः (12)

अन्वय-शब्दार्थ

यः=जो, **स्फुरित**=परिपूर्ण, **चन्द्र-मरीचि**=चन्द्रमा के किरणों जैसे, **गौरं**=गौरवर्ण वाले, **वाक्-अधि-दैवतं**=वाणी के अधिष्ठाता रूप, **तव रूपं**=आप के स्वरूप को, **शिरसि**=सहस्रार में, **आलोकते**=देखता है, **निःसीम**=सीमारहित, **सूक्ति**=सुन्दरवाणियों की **रचना**=रचना रूपी, **अमृत निर्भरस्य**=अमृत से परिपूर्ण, **तस्य**=उस भक्त से, **प्रसादमधुराः**=अनुग्रह से मधुर, **वाचः**=वाणियाँ, **प्रसारन्ति**=स्वतः सिद्ध ही निकलती हैं।

अर्थ—परिपूर्ण चन्द्रमा जैसे गौर वर्ण वाले तुम्हारे स्वरूप का जो भक्त सिर (सहस्रार) में स्मरण करता हैं, उस भक्त को सीमारहित सुन्दरवाणियों के रचनारूप अमृत से भरी हुई उस माँ के अनुग्रह

से उत्पन्न हुई मधुर-वाणियाँ बिना किसी प्रयत्न के स्वत: सिद्ध ही निकलती रहती हैं।

टिप्पणी–मूक होई वाचाल, पंगु चढइ गिरिवर-गहन,
जासु कृपाँ सो दयाल द्रवउ सकल कलि मल दहन। (रामचरितमानस)
अर्थ–जिनकी कृपा से गूँगा बहुत सुन्दर बोलने वाला हो जाता है और लंगड़ा लूला दुर्गम पहाड़ पर चढ़ जाता है।

सिन्दूर-पांसु-पटल-छुरिताम्-इव-द्यां
त्वत्-तेजसा जतुरस-स्नपिताम्-इवोर्वीम्
य: पश्यति क्षणमपि त्रिपुरे! विहाय
व्रीडां मृडानि! सुदृशस्तम्-अनु-द्रवन्ति (13)

अन्वय शब्दार्थ

त्रिपुरे!=हे जगत् माता, **य:**=जो भक्त, **सिन्दूर पांसु**=सिन्दूर के धूलि के **पटल**=समूह से, **छुरिताम् इव**=ढाँपा हुआ जैसा, **द्यां**=आकाश को, **त्वत्-तेजसा**=तुम्हारे लाल रंगवाले तेज से, **जतु-रस**=अलुत के लाल रस में, **स्नपिताम्-इव**=डूबी हुई जैसी, **उर्वीम्**=पृथ्वी को, **क्षणमपि**=एक क्षणमात्र भी, **पश्यति**=देखता है, **मुडानि**=हे माता! **सुदृश:**=सुन्दर अष्टसिद्धियाँ, **व्रीडां विहाय**=लज्जा छोड़कर, **तं**=उस भक्त के, **अनुद्रवन्ति**=पीछे दौड़ती हैं।

अर्थ–हे माता सिन्दूर के जैसे लाल धूलि से आकाश को ढाँपा हुआ ऐसे ही अलुत के लाल तरल पदार्थ में डूबी हुई पृथ्वी जिस भक्त को दिखाई देती है–यानी अखिल पृथ्वी उस माता के लाल स्वरूप से ओत प्रोत है, जो भक्त ऐसा अनुभव करता है उस भक्त के पीछे-पीछे अष्टसिद्धियाँ लुढकती फिरती हैं।

टिप्पणी–माता का स्वरूप रजोगुण प्रधान माना जाता है, अतः उसका रंग लाल माना गया है।

लाली मेरे लाल की, जित देखूँ तित लाल,
लाली देखन मैं गई, मैं भी हो गई लाल।।गोपी।।

मातः-मुहूर्तम्-अपि-यः स्मरति स्वरूपं
लाक्षा-रस-प्रसर-तन्तुनिभं भवत्याः।
ध्यायन्त्य-नन्य-मनस-स्तं-अनंग-तप्ताः
प्रद्युम्न-सीम्नि सुभगत्व-गुणं तरुण्यः (14)

अन्वय शब्दार्थ

मातः=हे माँ, **यः**=जो, **लाक्षा-रस-प्रसर**=लाक्षारस से निकली हुई, **तन्तुनिभं**=सूक्ष्मतार की भांति, **भवत्याः**=आपके, **स्वरूपं**=स्वरूप का, **मुहूर्तम्-अपि**=एक क्षण भी **अनन्यमनसः**=एकाग्रता से, **स्मरति**=स्मरण करता है, **अनङ्गतप्ताः**=कामदेव से पीड़ित, सुभगत्व-गुणं=उस सौभाग्य वाले भक्त का **तरुण्या**=सुन्दर तथा शक्तिशाली योगनियाँ, **प्रद्युम्नसीम्नि**=कामदेव के स्थान पर रख कर, **ध्यायन्ति**=ध्यान करती है (जैसे कामदेव से पीड़ित योगनियाँ काम देव के वश में हो जाती हैं, वैसे ही शक्तिशाली इन्द्रियाँ उस भक्त के वश्य में हो जाती हैं।

अर्थः–हे माँ! जो भक्त आप के लाक्षा रस के सूक्ष्म तार की भांति आप के अनिवर्चनीय स्वरूप का मुहूर्त मात्र भी स्मरण करते हैं। उस भक्त की शक्तिशाली इन्द्रियाँ वश में हो जाती हैं।

टिप्पणी–**"तस्येन्द्रियाणि वश्यानि सदश्वः इव सारथेः।" उपनिषद्**
जो भक्त माता के उस सूक्ष्मातिसूक्ष्म स्वरूप (जिसके बारे में उपनिषदों का कहना है "अणोरणीयान्-महतो महीयान्" का स्मरण करते हैं उस भक्त की इन्द्रियाँ वश में हो जाती हैं, वह भक्त इन्द्रियों के वश में नहीं रहता है।

योयं चकास्ति गगनार्णव-रत्नम्-इन्दुः
योयं सुरा-सुर-गुरु-पुरुषः पुराणः।
यत् वामम्-अर्धम्-अन्धक-सूदनस्य
देवि! त्वमेव तत्-इति प्रतिपादयन्ति (15)

अन्वय शब्दार्थ

योयं=जो यह, **गगनार्णव**=आकाशरूपी समुद्र का, **रत्नं**=रत्न, **इन्दुः**=चन्द्रमा है, **योयं**=जो यह, **सुरासुर**=देवताओं तथा राक्षसों का **पुरुषः पुराणः**=आदि पुरुष नारायण है, **यत्**=जो, **वामम् अर्धम्**=बायाँ अर्धभाग है, **अन्धकसूदनस्य**=कामदेव को मारने वाले का (शंकर का) **देवि**! हे माता **त्वमेव-तत्**=वह भी आप ही हो, **प्रतिपादयन्ति**=ऐसा विद्वान् सिद्ध कर हैं।

अर्थः—हे माता आकाशरूपी समुद्र का रत्नरूप चन्द्रमा आप ही हो, आप ही आदि पुरुष नारायण हो, शंकर का अर्धवाम भाग (पार्वती) आप ही हो ऐसा विद्वान् सिद्ध करते हैं।

टिप्पणी—यत् यत्-विभूति-मत्-सत्त्वं, श्रीमत्-ऊर्जितम्-एव वा
तत्-तत्-एवावगच्छत्वं मम तेजोंश संभवम्।। भगवद्गीता

अर्थ—जो जो विभूति युक्त-कान्तियुक्त-शक्तियुक्त वस्तु है, उसको तू मेरी नारायणी शक्ति से ही उत्पन्न हुआ जान।

इच्छानुरूपम्-अनुरूप-गुण-प्रकर्षं
संकर्षिणि! त्वम्-अनुसृत्य-यदा-बिभर्षि।
जायेत स त्रिभुव-नैक गुरु-स्तदानीं
देवः शिवोपि भुवन-त्रय-सूत्रधारः (16)

अन्वय शब्दार्थ

संकर्षणि!=हे शंकर को अपने ओर खींचने वाली माता! **इच्छानुरूपं अनुसृत्य**=अपनी स्वतन्त्रशक्ति के अनुसार, **अनुरूप-गुण प्रकर्ष,** उत्कृष्ट गुणों के उत्कर्ष को, **यदा बिभर्षि**=जब धारण करती हो, **स देवः शिवोपि**=वह देवता शिव भी, **तदानीं**=उसी समय **एकःगुरु**=अद्वितीय, **गुरु, भुवन त्रय-सूत्रधारः**=तीनों लोकों के सृजन पालन संहाररूपी नाटक का सूत्रधार बनता है।

अर्थः—हे भगवान् शंकर को भी वश में करने वाली माँ, जब आप, अपनी स्वतन्त्रशक्ति के अनुसार उत्कृष्ट गुणों के उत्कर्ष को धारण करती हो, तभी वह शिव भी तीनों भुवनों को गुरु बन कर तीन लोकों के सृजन पालन संहार रूपी नाटक का सूत्रधार बनता है।

टिप्पणी–अहं सर्वस्य प्रभवो मतः सर्वं प्रवर्तते।

इति मत्वा भजन्ते मां बुधा भाव-समान्वताः।। भगवद्गीता

अर्थ–वह नारायणी शक्ति ही जगत् की उत्पत्ति का कारण है, उसी संवित् शक्ति से ही यह सब जगत् चेष्टा करता है, इस तत्त्व को समझ कर श्रद्धा और भक्ति से युक्त भक्तजन, उस "संवित्" अथवा नारायणी शक्ति का भजन करते हैं।

रुद्राणि! विद्रुम-मयीं, प्रतिमाम्-इव-त्वां
ये चिन्तयन्त्य-रुण-कान्तिम्-अनन्यरूपाम्।
तानेत्य-पक्ष्मलदृशः प्रसभं भजन्ते
कण्ठावसक्त-मृदु-बाहु-लता-स्तरुण्यः (17)

अन्वय शब्दार्थ

रुद्राणि=हे दुष्टों को रुलाने वाली माता, **ये**=जो भक्त, **त्वां**=आप को, **अरुण-कान्ति**=लाल दीप्तिवली, **अनन्य-रूपां**=अलौकिक रूप वाली, **विद्रुममयीं**=लालरुद्र की बनी हुई मूर्ति जैसी का, **चिन्तयन्ति**=ध्यान करते

हैं, **तान्**=उन भक्तों को, **एत्य**=पास जाकर, **पक्ष्मलदृशः**=सुन्दर नेत्रों वाली शक्तियाँ, **कण्ठ**=गले में, **अवसक्त**=डाली हुई, **मृदु**=कोमल, **बाहुलताः**=बाहुओं वाली, **तरुण्यः**=शक्तिशाली अणिमादि सिद्धियाँ, **प्रसभं**=बलपूर्वक, **भजन्ते**=सेवन करती हैं।

अर्थः—हे रुद्राणि! जो भक्त जन आप की लाल दीप्तिवाली अलौकिक रूप वाली लालरुद्र की बनी हुई मूर्ति जैसी के स्वरूप का चिन्तन करते हैं, सिद्धियों की इच्छा न होने पर भी अणिमादिसिद्धियाँ बलपूर्वक उस भक्त के गले में बाहु डालकर अपने वश में करना चाहती है।

टिप्पणी—अष्टासिद्धियाँ=(1) **अणिमा**=जिस शक्ति के बल से मनुष्य अणु जैसा छोटा बन सकता है, (2) **महिमा**=शरीर फूलना (3) **गरिमा**=इच्छानुसार भारी या हल्का बनना, (4) **लघिमा**=अत्यन्त लघु होना, (5) **प्राप्ति**=किसी दुर्लभ वस्तु को प्राप्त करना, (6) **प्रकाम्यम्**=जिस की प्राप्ति से सभी मनोरथ सिद्ध होते हैं, (7) **ईश त्वं**=सर्वोपरिता, (8) **वश्यत्वं**=सबों को अपने अधीन करना।

त्वत्-रूपम्-उल्लसित-दाडिम-पुष्परक्तम्
उत्-भावयेत्-मदनदैवतम्-अक्षरं यः।
तं रूप-हीनम्-अपि, मन्मथ-निर्विशेषम्
आलोकयन्ति-उरु-नितम्बभरा-स्तरुण्यः(18)

अन्वय शब्दार्थ

उल्लसित=खिले हुये, **दाडिम-पुष्परक्तम्**=अनार के फूल के समान लाल वर्ण वाले, **अक्षरम्**=एक ही रूप में रहने वाले, **त्वत्-रूपं**=तुम्हारे स्वरूप को, **मदन-दैवतं**=कामदेव के स्थान पर, **यः**=जो भक्त, **उत्-भावयेत्**=भावना करे, **तं**=उस, **रूपं हीनम्-अपि**=उस रूप हीन को भी, **उरुनितम्बभराः**=बड़े कटि के भार से झुकी हुई, **तरुण्यः**=सुन्दरशक्तियाँ, **मन्मथ-निर्विशेषं**=कामदेव

की भान्ति, **आलोकयन्ति**=देखती है।

अर्थः—जो भक्त खिले हुये अनार के फूल के समान लाल वर्ण वाले अक्षर (एक ही अवस्था में रहने वाले) अथवा "क्लीं" बीजाक्षर वाले तुम्हारे रूप को कामदेव के स्थान पर भावना करे, उस कुरूप को भी सुन्दर शक्तियाँ (अणिमादिसिद्धियाँ) कामदेव की भांति देखती हैं।

टिप्पणी—अणिमादि शक्तियाँ आप के भक्त के अन्यान्य गुण न देख कर, पात्र अपात्र का विचार छोड़कर उस को अपनाती हैं।

"**तत्-त्वं-पूषन्-अपावृणु**" परन्तु अष्टसिद्धियों के बारे में उपनिषद् साधक को बार-बार चेतावनी देता है, इन सिद्धियों की उलझन से असली तत्व से वञ्चित हो जाओगे।

ध्यातासि हैमवति! येन हिमांशु-रश्मि
माला-मल-द्युतिर्-अकल्मष-मानसेन।
तस्या-विलम्बम्-अनवद्यम्-अनल्प-कल्पम्
अल्पैर्दिनैः सृजसि सुन्दरि! वाक्-विलासम् (19)

अन्वय शब्दार्थ

हैमवति=हे हिमालय की पुत्री, **येन**=जिसने, **अकल्मष**=पाप रहित निर्मल, **मानसेन**=मन से, **हिमांशु-रश्मिः**=चन्द्रमा की, किरणों की समूह जैसी, **अमल-द्युतिः**=निर्मल दीप्ति युक्त का, **ध्यातासि**=ध्यान किया हो, **सुन्दरि**=हे माँ! **तस्य**=उस भक्त को, **अविलम्बं**=शीघ्र ही, **अनवद्यं**=दोष रहित, **अनल्पकल्पम्**=अनर्गल, **वाक्-विलासं**=कविता का विलास, **अल्पैर्दिनैः**=थोड़े ही दिनों में, **सृजसि**=उत्पन्न करती हो।

अर्थः—हे हिमालय की पुत्री! जिस ने निर्मल मन से चन्द्रमा के किरणों के समूह जैसे, निर्मल दीप्ति से युक्त आपका ध्यान किया हो, हे माता वह भक्त विना कष्टसाध्य कुछ दिनों में ही ज्ञानवान्

बनता है, अथवा अनर्गल कवितायें करने में समर्थ होता है।

टिप्पणी–"कवित्वं पञ्चमं ज्ञेयं" तन्त्रालोक में कहा है, माँ के अनुग्रह का पाँचवाँ लक्षण है "कवित्वं" बिना किसी प्रयास के कविता का प्रसार माँ के अनुग्रह से ही संभव है।

आधार-मारुत-निरोध-वशेन येषां
सिन्दूर-रंजित-सरोज-गुणानु-कारि।
तीव्रं हृदि स्फुरति देवि! वपु-स्त्वदीयं
ध्यायन्ति तान्-इह समीहित-सिद्ध-साध्याः(20)

अन्वय-शब्दार्थ

देवि!=हे माता: **आधार-मारुत**=मूलाधार वायु के, **निरोध-वशेन**=रोकने से, **येषां**=जिन को, **सिन्दूर रंजित**=सिन्दूर में रंगे हुये, **सरोज**=कमल डंडे के, **गुणानु**=तार के, **अनुकारि**=जैसे, **तीव्रं**=दीप्तिमान्, **त्वदीयं वपुः**=आपका स्वरूप जिन को, **हृदि**=हृदय में, **स्फुरति**=प्रकट होता है अथवा आपके ऐसे स्वरूप का, **ध्यायन्ति**=ध्यान करते हैं, **तान्**=उन भक्तों का, **इह**=यहाँ भूलोक में, **समीहित**=अभिलषित चाहने वाले सिद्ध और साध्य देवता, **ध्यायन्ति**=ध्यान करते हैं।

अर्थः–हे माँ! जिन भक्तों को मूलाधार वायु के रोकने से, सिन्दूर में रंगे हुये कमल के सूक्ष्मतार का जैसा दीप्तिमान आपका स्वरूप हृदय में प्रकट होता है, उन एसे भक्तों का ध्यान अपना अभिलषित सिद्ध करने के लिये सिद्ध और साध्य करते हैं।

टिप्पणी–पञ्चस्तवीकार ने ध्यान योग से ही उस अनिर्वचनीय शक्ति का साक्षात् कार किया है। उसके ध्यान का केन्द्र था "हृदय" उस शक्ति का स्वरूप कैसा है उसके बारे में कहता है 'तीव्रं त्वदीयं वपुः' न तद्भासयते सूर्यो शशांको न पावकः-यत् गत्वा न निवर्तन्ते तद्धाम परमं मम। भगवद्गीता। जिस प्रकाश के सामने अग्नि चन्द्र तथा सूर्य का प्रकाश फीका पड़ता है।

ते ध्यान-योगानुगता-अपश्यन्-देवात्मशक्तिं स्वगुणै र्निगूढाम्। उपनिषद्
उन जिज्ञासुः ऋषियों ने ध्यानयोग में स्थित होकर उस परमात्म देव की स्वरूप भूत अचिन्त्य शक्ति (संवित्) का साक्षात्कार किया।

त्वाम्-ऐन्दवीम्-इव कलाम्-अनुभाल-देशम्
उत्-भासिता-म्बर-तलाम्-अवलोकयन्तः।
सद्यो भवानि! सुधियः कवयो भवन्ति।
त्वं भावनाहित-धियां कुल-काम-धेनुः (21)

अन्वय-शब्दार्थ

त्वां=तुझे, **ऐन्दवीम्-इव**=चन्द्रमा के कला के समान, **अनुभाल-देशम्**=ललाट में, **उद्भासित**=चमकाये हुये, **अम्बर तलाम्**=चित्-आकाशवाली को, **अवलोकयन्तः**=देखने वाले भक्त, **भवानि**=हे माता, **सद्यः**=शीघ्र ही, **सुधियः**=ज्ञानवान् तथा, **कवयः**=कवि बनते हैं, **त्वं**=आप, **भावना**=श्रद्धा, **आहित**=धारण किये हुये, **धियां**=बुद्धिवालों की, **कामधेनुः**=सभी कामनायें पूर्ण करने वाली हो।

अर्थः—हे माता! चन्द्रकला के समान ललाट में, चमकाये हुये चित्ताकाशवाले आपके ऐसे स्वरूप को जो देखते हैं, वे उसी क्षण सर्वज्ञ तथा कवि बनते हैं, आप की श्रद्धा धारण किये हुये बुद्धि वालों की आप कामधेनु हो, यानि हर एक कामना पूर्ण करने वाली हो।

टिप्पणी—पञ्चस्तवीकार ने पहले श्लोक "ऐन्द्रस्येव" की इस श्लोक में फिर से संकेत रूप में पुष्टि की है।

त्वां व्यापिनीति समना इति कुण्डलीति
त्वां कामिनीति कमलेति कलावतीति।
त्वां मालिनीति ललितेत्य-पराजितेति
देवि! स्तुवन्ति विजयेति जये-त्युमेति (22)

अन्वय-शब्दार्थ

देवि!=हे माँ, **त्वां**=आप को, **व्यापिनी**=सर्व-व्यापक, **इति**=ऐसे ही, **समना**=निर्मल मन वाली, **इति**=ऐसे ही **कुण्डली**=कुण्डलिनी शक्ति, **इति**=ऐसे ही, **कामिनी**=भक्तों की हर कामना को पूरी करने वाली, **इति**=ऐसे ही, **कमला**=कमल की भांति संकुचित और प्रफुल्लित होने वाली, **इति**=ऐसे ही, **कलावती**=सभी कलाओं से युक्त, **इति**=ऐसे ही, **मालिनी**=वर्णमाला रूपिणी, **इति**=ऐसे ही, **ललिता**=सुन्दरता की भण्डार रूप, **इति**=ऐसे ही, **अपराजिता**=जिसको कोई जीत न सके, **इति**=ऐसे ही, **विजया**=विजयारूपा, **जया**=जयरूपा, **उमा**=पार्वती, ऐसे ही नामों से स्तुवन्ति=आप की स्तुति करते हैं।

अर्थः—हे माता आपको सर्वव्यापक, निर्मलमन वाली, कुण्डलिनी शक्ति भक्तों की हर कामना को पूरी करने वाली, कमल की भांति संकुचित और प्रफुल्लित होने वाली, सभी कलाओं से युक्त, वर्णमाला रूपिणी सुन्दरता का भण्डार, जिसको कोई जीत न सके, विजयारूपा, जयरूपा ऐसे ही नामों से भक्तजन स्तुति करते हैं।

टिप्पणी—एकं सत्विप्रा बहुधा वदन्ति। एक ही उस शक्ति को विद्वान् भिन्न-भिन्न नामों से पुकारते हैं।

ये चिन्तयन्त्य-रुण-मण्डल-मध्य-वर्ति
रूपं तवाम्ब! नव-यावक-पंक-पिंगम्।
तेषां सदैव-कुसुमायुध-बाण-भिन्न
वक्षःस्थला-मृगदृशो-वशगा भवन्ति (23)

अन्वय-शब्दार्थ

अम्ब!=हे माता, **ये**=जो भक्त, **अरुणमण्डल-मध्यवर्ति**=सूर्य मंण्डल में स्थित, **नव**=नये, **यावक-पंक**=तरल महावर जैसे, **पिंग**=लाल, **तवरूपं**=तुम्हारे स्वरूप को, **चिन्तयन्ति**=चिन्तन अथवा विमर्श करते हैं, **तेषां**=उन भक्तों को, **कुसुमायुध**=कामदेव के बाणों से, **भिन्न**=छिलनी बनी हुई, **वक्षः स्थला**=छाती वाली, **मृगदृशः**=सुन्दर शक्तियाँ अथवा इन्द्रियाँ, **सदैव**=हमेशा, **वशगा भवन्ति**=वश में हो जाती हैं।

अर्थः—जो भक्त सूर्य मण्डल में स्थित नये तरल महावर जैसे लाल तुम्हारे स्वरूप का चिन्तन करते हैं, उन भक्तों को कामदेव के बाणों से छलनी बनी हुई, छाती वाली, सुन्दर शक्तियाँ अथवा संसार के विषयों के उपभोग से ऊभी हुई इन्द्रियाँ वश में हो जाती हैं।

टिप्पणी—साधक ने अथवा पंचस्तवीकार ने इस श्लोक में "गायत्री उपासना" का संकेत दिया है, जबकि सूर्यमण्डल में ठहरा हुआ तेज जिस को गायत्रीमन्त्र में कहे हुये "भर्ग" नाम से पुकारा गया है—जगत्-अम्बा का ही अलौकिक प्रकाश है जिसके बारे में भविष्य पुराण में वर्णन है **"यन्मण्डलं दीप्तिकारं विशालं"**

उत्तप्त-हेम-रुचिर [illegible]रे! पुनीहि
चेत-श्चिरन्तनं-अघौघवनं लुनीहि।
कारागृहे निगड-बन्धन-पीडितस्य
त्वत्-संस्मृतौ झट्-इति मे निगडा-स्त्रुट्यन्तु

अन्वय-शब्दार्थ

त्रिपुरे=हे तीन अवस्थाओं की साक्षीभूत माँ!, **उत्तप्त**=तपाये हुये, **हेम-रुचिरे**=सोने के जैसे सुन्दर स्वरूप वाली, **मे=चेत्त:**=मेरे चित्त के, **चिरन्तनम्**=अनन्त जन्मों के, **अघौ-घवनं**=पापों के घने जंगल को, **लुनीहि**=काटो, **कारागृहे**=शरीर रूपी अथवा संसार रूपी जेलखाने में, **निगड-बन्धन-पीडितस्य**=बेड़ियों के बन्धन से पीड़ित, **मे**=मुझे, **त्वत्-संस्मृतौ**=आपका स्मरण करते ही, **झट् इति**=उसी क्षण, **निगडा:**=बेडियाँ, **त्रुटयन्तु**=टूट जायें।

अर्थ:—तीन अवस्थाओं की साक्षीभूत माँ! तपाये हुये सोने के जैसे सुन्दर स्वरूप वाली माँ! मेरे चित्त के अनन्त-जन्मों के पापों के घने जंगल को काटो, संसार रूपी जेलखाने में बेड़ियों के बन्धन से पीड़ित, मुझे आप का स्मरण करते ही उसी क्षण सभी बेड़ियाँ टूट जायें।

टिप्पणी—संसार रूपी जेल की बेड़ियाँ माता के स्मरण मात्र से टूट-टूट कर गिर जाती है जैसे – जब "वासुदेव" बालकृष्ण को अपने सिर पर उठाता है, यानी भगवान् की शरण में आता है-तो वासुदेव की सभी बेड़ियाँ टूट जाती हैं, भगवान् के बदले जब माया को सिर पर उठाता है तो फिर से सभी बेड़ियाँ, दरवाजों के ताले ज्यों के त्यों लग जाते हैं। भगवान् को सिर पर उठाने का भावार्थ है—भगवान् के शरण में जाना, अपनी खोपड़ी में भगवान् अथवा नारायण शक्ति के चिन्तन करने से सभी बेड़ियाँ टूट जाती हैं।

अघ-अपराध—"अघ" उस दुष्कर्म को कहते हैं जो वेदादि से निषद्ध होने पर भी जान बूझकर अपनी वासनानुसार किया जाये-जो क्षम्य नहीं है, "अघ" कहलाता है।

शर्वाणि! सर्वजन-वन्दित-पाद-पद्मे!
पद्मच्छद-च्छवि-विडम्बित-नेत्र-लक्ष्मि!
निष्पाप-मूर्ति-जन-मानस-राज हंसि!
हंसि त्वम्-आपदम्-अनेक विधां जनस्य (25)

अन्वय-शब्दार्थ

शर्वाणि!=हे शिव की शक्ति! **सर्वजन**=सब लोगों से, **वन्दित-पाद पद्मे**=प्रणाम किये हुये चरण कमलों वाली, **पद्मच्छद**=पद्म पत्रों की, **छवि**=शोभा के, **विडिम्बित**=समान, **नेत्रलक्ष्मि!**=सुन्दर नेत्रों वाली, **निष्पाप मूर्तिः**=शुद्ध अन्तः करण वाली, **जन**=भक्तों के, **मानस**=मनरूपी, मानस सरोवर की, **राजहंसि!**=हे राजहंसिनी, **त्वं**=आप, **जनस्य**=जनता के, **अनेकविधां**=भिन्न-भिन्न प्रकार की, **आपदम्**=आपदायें, **हंसि**=नष्ट करती हो।

अर्थः—हे जगत् माता, हे सभी जनों से प्रणाम किये हुये चरण कमलों वाली, कमलपत्रों की शोभा के समान, सुन्दर नत्रों वाली, शुद्ध अन्तःकरण वाले भक्तों के मनरूपी मानस सरोवर की राजहंसिनी, आप सभी प्रकार की आपदायें भक्त जनों की नष्ट करती हो।

टिप्पणी—जो भक्त उस माँ का साक्षात्कार चाहता है, उसके लिये आवश्यक है कि वह अपने मन को निर्मल बनाये, यानी भक्त का मन जब मानस सरोवर बनेगा तभी वह संवित् रूपी हंसिनी वहाँ डेरा डालेगी। **"तम्-अक्रतुः पश्यति वीतशोकः"** (उपनिषद्) संकल्परहित मन में ही उस "संवित्" को देखा जा सकता है।

त्वत्-पाद-पंकज-रजः प्रणिपात-पूतैः
पुण्यैर्-अनल्प-मतिभिः-कृतिभिः कवीन्द्रैः।
क्षीर-क्षपाकर-दुकूल-हिमाव-दाता
कैर्-प्यवापि भुवन-त्रितयेपि कीर्तिः (26)

अन्वय-शब्दार्थ

त्वत्=आप के, **पांदपंकज**=चरण कमलों की, **रजः**=धूलि को, **प्रणिपात**=प्रणाम

करने से, **पूतैः**=पवित्र बने हुये, **पुण्यैः**=पुण्यात्माओं ने, **अनल्पमतिभिः**=बड़ी बुद्धिवाले, **कृतिभिः**=कृत कृत्य, **कवीन्द्रैः**=कवियों ने, **कैः**=कई, **क्षीर**-दूध, **क्षपाकर**=चन्द्रमा, **दुकूल**=रेशम, **हिम**=बर्फ जैसा, **अवदाता**=निर्मल, **कीर्तिः**=यश, **भुवनत्रितये**=तीन लोकों में, **अवापि**=प्राप्त किया।

अर्थः—आप के चरण कमलों की धूलि को, प्रणाम करने से पवित्र बने हुये, कई पुण्यात्माओं, बुद्धिमानों, कृतकृत्य कवियों ने दूध, चन्द्रमा, रेशम, बर्फ जैसी निर्मल स्वच्छ कीर्ति प्राप्त की है।

टिप्पणी–सम्भावितस्य चा कीर्ति-र्मरणात्-अतिरिच्यते

माननीय पुरुष के लिये कीर्तिका न होना अथवा अकीर्ति (बदनामी) का होना मरण से भी बुरी बात होती है।

एक गृहस्थी के लिये कीर्ति का होना एक अनिवार्य गुण है, जबकि लौगाक्ष मुनि ने 24 संस्कारों में 'यशस्काम' को एक महत्व पूर्ण संस्कार माना है, इस संस्कार में गुरु शिष्य को आशीर्वाद देता है "यशस्वी भव" हे बेटा! तू कीर्तिवाला बन, तुम्हारा जीवन तब सफल जीवन है जब तुम्हारी निर्मल कीर्ति दसों दिशाओं में फैली हो, परन्तु वह कीर्ति प्राप्त करना आसान नहीं जिस पर माता का अनुग्रह होगा वही निर्मल कीर्ति वाला होता है, जैसाकि उपरिलिखित श्लोक में दर्ज है।

त्वत्-रूपैक-निरूपण-प्रणयिता बन्धो दृशो-स्त्वत्-गुण ग्रामा-कर्णन-रागिता श्रवणयो-स्त्वत्-संस्मृति-श्चेतसि। त्वत्-पादार्चन-चातुरी करयुगे, त्वत् कीर्तनं-वाचि मे कुत्रपि त्वत्-उपासन-व्यसनिता, मे देवि! मा शाम्यतु(27)

अन्वय-शब्दार्थ

देवि=हे माता, **मे**=मेरे, **दृशोः**=नेत्रों को, **त्वत्**=आप के **निरूपण**=देखने की, **प्रणयिता**=प्रेम का, **बन्धः**=लगाव **त्वत्**=आपके, **श्रवणयोः**=कानों को, **गुणग्राम**=गुणों के समूह के, **आकर्णन**=सुनने का, **रागिता**=प्रेम, **त्वत् संसृति**=आप का स्मरण, **चेतसि**=चित्त में, **कर युग**=दोनों हाथों में,

त्वत्=आप के, **पदार्चन**=चरणों के पूजा की, **चातुरी**=चतुरता। **मे =वाचि**=मेरी वाणी में, **त्वत्**=आप का, **कीर्तन**=कीर्तन **कुत्रापि**=कभी भी अथवा कहीं भी, **त्वत्**=आपकी, **उपासन-व्यसनिता**=उपासना करने के भाव में, **मा शाम्यतु**=ढील न आये।

अर्थः—हे माँ मेरे नेत्रों को आपके देखने के प्रेम का लगाव, कानों को आपके गुणों के सुनने का राग, चित्त में आपकी स्मृति, मेरे हाथों में आपके चरणों की सेवा का चातुर्य, मेरी वाणी में आप का कीर्तन, कभी कहीं अथवा किसी भी अवस्था में कम न हो।

टिप्पणी—जो माँ का भक्त सभी कर्मेन्द्रियाँ ज्ञानेन्द्रियाँ माँ के ही पूजनादि में व्यस्त रखता है, उस भक्त का योगक्षेम कैसे चलता है? ऐसे भक्त के बारे में भगवान् की गीता में प्रतिज्ञा है—

अनन्याश्चिन्तयन्तो मां ये जनाः पर्युपासते तेषां नित्यभियुक्तानां योगक्षेमं वहाम्यहम्। जो रात दिन उसी संवित् शक्ति की उपासना में लगे रहते हैं, ऐसे भक्तों का योगक्षेम वह "संवित्" शक्तिरूप माता ही चलाती है। **योग**=अप्राप्त की प्राप्ति। **क्षेम**=प्राप्त किये हुये की रक्षा।

उद्दाम-काम-परमार्थ-सरोज-षण्ड-
चण्ड-द्युति-द्युतिम्-उपासित-षट्-प्रकाराम्।
मोह-द्विपेन्द्र-कदनोद्यत-बोध-सिंह-
लीला-गुहां भगवतीं त्रिपुरां नमामि (28)

अन्वय-शब्दार्थ

उद्दाम=सीमारहित, **काम**=ऐहिक इच्छायें, **परमार्थ**=आध्यात्मिक इच्छायें रूप (मानिये), **सरोजषण्ड**=कमलों के समूह को प्रफुल्लित करने के लिये, **चण्डद्युति**=प्रखर-सूर्य की जैसी, **द्युतिं**=प्रकाशवाली, **उपासित**=उपासना की जाने वाली, **षड्प्रकाराम्**=योग के षड् अंगों से, **मोह**=मोहरूपी, **द्विपेन्द्र**=हाथी को, **कदन**=मारने के लिये, **उद्यत**=तैयार, **बोधसिंह**=ज्ञानरूपी

शेर की, **लीला गुहां**=क्रीडा की गुफारूप, **भगवतीं त्रिपुरां**=त्रिपुरा भगवती को नमस्कार करता हूँ।

अर्थ:—सीमारहित, ऐहिक तथा पारमार्थिक इच्छा रूपी कमल सरोवर को प्रफुल्लित करने के लिये, प्रचण्ड-सूर्य की जैसी प्रकाशवाली, योग के छ: अंगों से उपासना की जाने वाली, मोहरूपी हाथी को मारने के लिये तैयार बैठी, ज्ञान रूपी शेर की लीला गुफा बनी हुई त्रिपुरा भगवती को नमस्कार हो।

टिप्पणी—हे माता जो मेरी सीमा रहित ऐहिक अथवा पारमार्थिक इच्छायें हैं, वह मानिये एक कमल का सरोवर है, जैसे कमल का सरोवर सूर्योदय से प्रफुल्लित होता है, वैसे ही आप मेरी सीमा रहित इच्छाओं के लिये प्रखर किरणों वाली सूर्य हो, यानि आप ही मेरी इच्छाओं को पूर्ण कर सकती हैं, माँ! मेरे मोह रूपी हाथी का नाश ज्ञानरूपी शेर ही कर सकता है, वह ज्ञान रूपी शेर भी कहीं इधर-उधर नहीं है, बल्कि माँ आप ही उस शेर के खेलने की गुफा हो, यानी मेरे मोह का नाश करने वाला शेर भा आप के ही नियंत्रण में है।

योग के षडंग:—प्रत्याहार, ध्यान, प्रणायाम, धारणा, तर्क, समाधि

योग के षडंग:—प्राणायाम, ध्यान, प्रणायाम, धारणा, तर्क, समाधि-तन्त्रालोक के टीकाकार (जयरथ)

गणेश-वटुक-स्तुता-रति-सहाय कामान्विता
स्मरारि-वर-विष्टरा, कुसुमबाण-बाणै-र्युता।
अनंग-कुसुमादिभि: परिवृता च सिद्धै: त्रिभि:
कदम्ब-वन-मध्यगा, त्रिपुर-सुन्दरी पातु न: (29)

अन्वय-शब्दार्थ

गण=गणेश, **ईश**=शंकर, **वटु:**=विष्णु, **क**=ब्रह्मा से की गई, **स्तुता**=स्तुतिवाली, **रतिसहाय कामान्विता**=रति सहित कामदेव से युक्त, **स्मरारि:**=शंकर के, **वर**=उत्तम, **विष्टरा**=आसन पर बैठी हुई, **कुसुम बाण-बाणै:**=कामदेव

के पाँच बाणों से, **युता**=युक्त, **अनंग-कुसुमादिभिः**=कामदेव की पाँचशक्तियों से, **परिवृता**=घेरी हुई, **त्रिभिः**=तीन, **सिद्धैः 'ऐं-क्लीं-सौः'**=मन्त्रों से प्राप्य, **कदम्बवन मध्यगा**=कदम्ब वन के बीच में ठहरी हुई, **त्रिपुर सुन्दरी**=संवित् शक्ति, **पातु नः**=हमारी रक्षा करें।

अर्थः—गणेश, शंकर, विष्णु, ब्रह्मा से की गई स्तुतिवाली, रति सहित कामदेव से युक्त, उत्तम शिवासन पर बैठी हुई, कामदेव के पाँच बाणों से युक्त, कामदेव की पांच शक्तियों से घेरी हुई, "ऐं क्लीं सौः" इन तीन बीजाक्षरों से की हुई स्तुति वाली अथवा (प्राप्त होने वाली) कदम्ब के वन में ठहरी हुई त्रिपुरा भगवती हमारी रक्षा करें।

टिप्पणी—जिस कामदेव के बाण देवताओं असुरों मनुष्यों में असफल नही रहे **"असिद्धार्था नैव क्वचित्-अपि स-देवासुरनरे"** उन्हीं बाणों तथा कामदेव की सम्मोहनादि शक्तियों से त्रिपुरसुन्दी घेरी हुई है, कदम्बवृक्षों के जंगल में ठहरी हुई है, जिस कामदेव को शंकर ने भस्म किया था, वह शंकर भी जिस माँ का आसन बना है, ऐसी शक्तिशाली जगदम्बा के सामने कामदेव के पाँच बाण तथा पाँच शक्तियाँ क्या महत्त्व रखती हैं।

कामदेव के पाँच बाण (फूल)—अरविंद, अशोक, धूत, नवमल्लिका, नीलोत्पल

पांच बाणों की पाँच शक्तियाँ—उन्माद, तापन, शोषण, स्तम्भन, संमोहन, **कदम्बवृक्ष**-सम्मोहनादि पाँच शक्तियों का उपयोगी वृक्ष माना जाता है।

यस्तोत्रम्-एतत्-अनुवासरम्-ईश्वरायाः
श्रेयस्करं पठति वा यदि वा शृणोति।
तस्येप्सितं फलति राजभिर्-ईडचतेऽसौ
जायेत स प्रियतमो हरिणेक्षणानाम् (30)

अन्वय-शब्दार्थ

यः=जो भक्त, **स्तोत्रम्-एतत्**=यह स्तोत्र, **ईश्वरायाः**=भगवती का, **श्रेयस्कर**=कल्याणकारी, **अनुवासरम्**=प्रतिदिन, **पठति**=पढता है, **यदि वा**=अथवा, **श्रृणोति**=सुनता है, तस्य=उसके, **इप्सितं**=मनोभिलषित,

फलति=सिद्ध हो जाते हैं, **असौ**=वह भक्त, **राजभिः**=राजाओं से, **ईड्यते**=स्तुति किया जाता है, **हरिणेक्षणीनां**=अणिमादि सिद्धियों का, **प्रियतमो भवति**=प्यारा बनता है।

अर्थः—जो जगत् जननी का यह कल्याणकारी स्तोत्र प्रतिदिन पढ़ता है या सुनता है, उसके सभी मनोभिलषित सिद्ध हो जाते हैं, वह भक्त राजाओं से भी स्तुति किया जाता है, तथा अणिमादि सिद्धियों का वह प्यारा बनता है।

टिप्पणी—"त्वाम्-आश्रिता ह्याश्रियतां प्रयान्ति" दुर्गासप्त॰
माँ जो तुम्हारी शरण में आते हैं, सभी राजे महाराजे उनके शरण में आते हैं-अणिमादिसिद्धियाँ उनके पीछे-पीछे लुढकती हैं।

ब्रह्मेन्द्र-रुद्र-हरि-चन्द्र-सहस्र-रश्मि-
स्कन्द-द्विपानन-हुताशन-वन्दितायै।
वागीश्वरि! त्रिभुवनेश्वरि! विश्वमातः
अन्त-र्बहिश्च कृत-संस्थितये नमस्ते (31)

अन्वय-शब्दार्थ

वागीश्वरि!=परा, पश्यन्ती-वैखरी वाणियों की स्वामिनी, **त्रिभुवनेश्वरि!**=तीनों भुवनों की स्वामिनी, **विश्वमातः!**=जगत् जननी, **ब्रह्म**=ब्रह्मा, **इन्द्र**=इन्द्र, **रुद**=शंकर, **हरिः**=विष्णु, **चन्द्र**=चन्द्रमा, **सहस्ररश्मिः**=सूर्य, **स्कन्द**=कुमार, **द्विपानन**=गणेश, **हुताशन**=अग्नि से, **वन्दितायै**=प्रणाम की हुई, **अन्तः**=अन्तःकरणों ज्ञानेन्द्रियों, **बहिः**=बाह्येन्द्रियों में, **कृत**-संस्थितये=ठहरी हुई, **माता नमस्ते**=आप को बार-बार नमस्कार हो।

अर्थः—हे वाणियों की स्वामिनी! तीन भुवनों की स्वामिनी! हे जगत् जननी! ब्रह्मा, इन्द्र, रुद्र, विष्णु, चन्द्रमा, सूर्य-कुमार, गणेश तथा अग्नि देवता से की हुई प्रणामवाली, ज्ञानेन्द्रियों कर्मेन्द्रियों पांच प्राणों मन,

बुद्धि तथा चित्त में स्थिति वाली, शक्ति देने वाली माँ आप को बार-बार नमस्कार है।

टिप्पणी–यन्माया-वश्यवर्ति-विश्वम्-अखिलं, ब्रह्मादि-देवा-सुराः
यत्-सत्त्वा-अमृषैव भाति सकलं, रज्जौ यथा हे-र्भ्रमः।। रामचरितमानस

जिस संवित् अथवा माया के वशीभूत विश्व, ब्रह्मादि देवता और असुर हैं, जिस माया की सत्ता से रस्सी में सर्प के भ्रम की भांति यह सारा दृश्य जगत् प्रतीत होता है, उसमायापति राम की शक्ति को नमस्कार हो।

इति पंचस्तव्यां द्वितीयःचर्चस्तवः

अथ पञ्चस्तव्यां घटस्तवःतृतीयः

देवि! त्र्यम्बक-पत्नि! पार्वति! सति! त्रेलोक्यमातः! शिवे! शर्वाणि! त्रिपुरे! मृडानि! वरदे! रुद्राणि! कात्यायिनि! भीमे! भैरवि! चण्डि! शर्वरि! कले! कालक्षये! शूलिनि! त्वत्-पाद-प्रणतान्-अनन्यमनसः पर्याकुलान् पाहि-नः।।1।।

अन्वय-शब्दार्थ

देवि=हे क्रीडनशील माता, **त्रयम्बक पत्नि**=शंकर की शक्ति, **पार्वति**=पर्वत की पुत्री, **सति**=हे सती, **त्रेलोक्य मातः**=हे तीनों लोकों की माता, **शिवे**=हे कल्याणकारी, **शर्वाणि**=हे शंकर की संहारिनी शक्ति, **त्रिपुरे**=तीनों अवस्थाओं की साक्षी रूपा, **मृडानि**=आनन्द देने वाली, **वरदे**=अभीष्ट फल देने वाली, **रुद्राणि**=दुष्टों को रुलाने वाली, **कात्यायिनि**=हे सुन्दर रूप वाली, **भीमे**=दुष्टों के लिये भयंकर रूप को धारण करने वाली, **भैरवि**=हे भैरवरूप शंकर की शक्ति, **चण्डि**=चराचर सृष्टि को प्रकाशित करने वाली, **शर्वरि**=शवारूप शिव की शक्ति, **कले**=चन्द्रकला रूप वाली, **कालक्षये**=काल को नाश करने वाली, **शूलिनि**=तीन दुःखों का नाश करने वाली, **त्वत्**=तुम्हारे, **पाद**=चरणों में, **प्रणतान्**=झुके हुये, **अनन्यमनसः**=आप में एकाग्रता से लगाये हुये मन वाले, **पर्याकुलान्**=चारों ओर से व्याकुल, **नः** हम भक्तों की, **पाहि**=रक्षा कीजिये।

अर्थः—देवी आदि संबोधन के नामों से ग्रन्थकार ने इस श्लोक के अन्त में प्रार्थना की है, "हे माँ! हम चारों ओर से आपदाओं में डूबे हुये हैं, हमारी रक्षा कीजिये।

टिप्पणी–पंचस्तवीकार ने माता के प्रचलित असंख्य नामों में से चुन कर रहस्यपूर्ण अर्थवाले 19 नाम इस श्लोक में कहे हैं। जिन हज़ारों नामों से भक्त जगत् माता को पूजते हैं, उनके बारे में वेदों का कहना है। "यस्या स्वरूपं ब्रह्मादयो न जानन्ति तस्मात् उच्यते "अज्ञेया" जिसके स्वरूप को बह्मादि देवता भी नहीं जानते इसलिये उसका नाम है "अज्ञेया" "यस्या जननं नोपलभ्यते" जिसका जन्म देने वाला कोई नहीं है। अत: उसको अजा कहते हैं, एकैव सर्वत्र वर्तते तस्मात् उच्यते एका" सारी चराचर सृष्टि में एक ही शक्ति ओत-प्रोत है अत: उसको "एका" कहते हैं। इन प्रमाणों से सिद्ध है उस अनिर्वचनीय "संवित्" का कोई नाम रूप नहीं है, परन्तु उस माँ को रूप देने वाली नाम देने वाली भावना होती है–हनुमान् "सेवक" रूप में भगवान् के पास गये भगवान् "स्वामी" रूप में हनुमान से मिले, "ब्रह्मचारिणी" उमा से शंकर बह्मचारी रूप में ऐसे ही पाशुपत अस्त्र के लिये तपस्या करते हुये अर्जुन से माता "शिकारिन" रूप में मिली। (जैसी भावना वैसा भगवान्)

उन्मत्ता इव, सग्रहा इव, विषव्यासक्त-मूर्च्छा इव
प्राप्त-प्रौढमदा इवाति विरह-ग्रस्ता-इवार्ता-इव
ये ध्यायन्ति हि शैलराज-तनयां-धन्यास्त-एकाग्रत-
स्त्यक्तोपाधि-विवृद्ध-रागमनसो ध्यायन्ति वामभ्रुवः (2)

अन्वय-शब्दार्थ

उन्मत्ता इव=पागलों की भांति जैसे, **सग्रहा इव**=जिस को भूत आदि ग्रह अवष्टि हुये हों जैसे, **विषव्यासक्त**=ज़हर लगने से, **मूर्च्छा इव**–मूर्छित हुये जैसे, **प्राप्त-प्रौढमदा इव**=प्राप्त हुये अधिक नशे वाले जैसे, **अति-विरह ग्रस्ता इव**=प्रेमी के विरह (पीड़ा) से ग्रस्त जैसे, **आर्ता इव**=आर्त जैसे, **ये** जो भक्त, **हि**=निश्चय करके, **शैलराज तनयां**=हिमालय की पुत्री पार्वती का, **एकाग्रतः**=एकाग्रता से, **ध्यायन्ति**=ध्यान करते हैं, **ते धन्या**=वे सौभाग्यशाली हैं, ऐसे भक्तों को, **त्यक्त**=छोड़े हुये उपाधि शरीर के मोहवाली, **विवृद्ध**=बड़े हुये **रागमनसः**=प्रेम से भरी मनवाली, **वामभ्रुवः**=अणिमादिसिद्धियाँ, **ध्यायन्ति**=ध्यान करती है।

अर्थः–जो भक्त जन जगदम्बा का ध्यान करने पर अपनी सुधबुध

खोकर पागल जैसे भूतों से आविष्ट हुये जैसे, ज़हर लगने से मूर्छित हुये जैसे, अधिक नशे से उन्मत्त हुये जैसे, अपने प्रेमी के विरह से तड़पते हुये जैसे, आर्त जैसे हो जाते हैं वे भक्त धन्य हैं, ऐसे भक्तों का ध्यान प्रेम से भरी हुई अणिमादि सिद्धियाँ अपनी सुधबुध खोकर करती है यानी अणिमादि सिद्धियाँ ऐसे भक्तों के पीछे लुढकती फिरती हैं।

टिप्पणी–जो भक्त हर समय वाणी से आप का कीर्तन, आँखों से आप का दर्शन, मन से आप का ध्यान करता है, अष्ट-सिद्धियाँ, उस भक्त को चाहती ही नहीं है, बल्कि उस भक्त के चरण चूमती है।

देवि! त्वां सकृत्-एव यः प्रणमति, क्षोणीभृत-स्तंनम-न्याजन्म-स्फुरत्-अंघ्रि-पीठ-विलुठत्-कोटीर-कोटिच्छटाः।
यस्त्वाम्-अर्चति सोऽर्च्यते सुरगणै-र्यः स्तौति स स्तूयते
यस्त्वां ध्यायति तं स्मरार्ति-विधुरा ध्यायन्ति वामभ्रुवः (3)

अन्वय-शब्दार्थ

देवि=हे देवी, **यः**=जो, **त्वां**=तुम्हे, **सकृत्-एव**=एक ही बार, **प्रणमति**=झुकता है, **आजन्म**=जन्म से ही, **स्फुरत्**=चमकते हुये, **अंघ्रिपीठ**=पादपीठ पर, **विलुठत्**=लुढकते हुये, **कोटीर**=ताजों की, **कोटि**=चोटियों की, **छटाः**=शोभा वाले, **क्षोणीभृतः**=राजा लोग, **तं**=उसको, **नमन्ति**=झुकते हैं, **यः**=जो, **त्वां**=तुम्हे, **अर्चति**=पूजा करता है, **सः**=वह, **अर्च्यते**=पूजा जाता है, **सुरगणैः**=देवताओं से, **यः स्तौति**=जो तुम्हारी स्तुति करता है, उसकी स्तुति की जाती है, **यः**=जो, **त्वां ध्यायति**=जो तुम्हारा ध्यान करता है, **तं**=उस भक्त को, **स्मरार्ति विधुरा**=विषयों के उपभोग से व्याकुल बनी हुई **वामभ्रुव** इन्द्रियाँ अथवा योगनियाँ, **ध्यायन्ति**=ध्यान करती है, वश में हो जाती हैं।

अर्थः–हे माँ जो एक बार ही आप को प्रणाम करता है, उनको

ऐसे चक्रवर्ती राजा लोग झुकते हैं, जिन चक्रवर्ती राजाओं के पादपीठ गणराज्यों के लुढ़कते हुये मुकटों के अग्रभाग के छटा से सुशोभित होते हैं, जो तुम्हारी पूजा करते हैं, उन्हें देवता पूजा करते है, जो तुम्हारी स्तुति करते हैं, देवता उनकी स्तुति करते, जो तुम्हारा ध्यान करते हैं उन भक्तों की विषयों की उपभोग से व्याकुल बनी हुई इन्द्रियाँ वश में हो जाती हैं।

टिप्पणी–त्वाम्-आश्रिता ह्याश्रयतां प्रयान्ति" दुर्गसप्तशती।
हे माता! तुम्हारी शरण में आये हुये मनुष्य दूसरों को शरण देने वाले बनते हैं।

ध्यायन्ति ये क्षणमपि त्रिपुरे! हृदि त्वां
लावण्य-यौवन-धनैर्-अपि विप्रयुक्ताः।
ते विस्फुरन्ति ललितायत-लोचनानां
चित्तैक-भित्ति-लिखित-प्रतिमाः पुमांसः (4)

अन्वय-शब्दार्थ

त्रिपुरे=हे माता! **ये**=जो भक्त, **लावण्य**=सुन्दरता, **यौवन**=जवानी, **धनैर्-अपि**=धन से भी, **विप्रयुक्ताः**=हीन, **क्षणमपि**=थोड़ी देर के लिये भी, **हृदि**=अपने हृदय में, **त्वां**=आप का, **ध्यायन्ति**=ध्यान करते हैं, ते **पुमांसः**=वह पुरुष, **ललित**=सुन्दर, **आयत**=बड़ी, **लोचनानां**=नेत्रों वाली, योगनियों के, **चित्ते**=चित्त में, **एकभित्ति**=एक दीवार पर लिखित=खिची हुई, **प्रतिमाः**=मूर्तियाँ जैसी, **विस्फुरन्ति**=दिखाई देती हैं।

अर्थः–हे माता! जो मनुष्य सुन्दरता, जवानी, धन से हीन होते हुये भी, क्षणमात्र भी हृदय में एकाग्रता से आपका ध्यान करते हैं, उनकी प्रतिमायें सुन्दर योगनियों के हृदय में दीवार पर खींचे हुये चित्र की भाँति दिखाई देती हैं, यानी सुन्दर योगनियाँ उन रूपहीन, बृद्ध, निर्धन

मनुष्यों को अपने हृदय में स्थान देती है।

टिप्पणी–हे माता यदि कोई कुरूप निर्धन मनुष्य भी आप का ध्यान करता है तो आप की अनुग्रह दृष्टि से वह भक्त सुन्दर नीरोग तथा धनवान अवश्य बनता हे, उसके अतिरिक्त योगनियाँ तथा सिद्धियाँ उस भक्त का एकाग्रता से ध्यान करती हैं–यानी उस भक्त के वश में हो जाती हैं।

एतं किं नु दृशा पिवाम्युत, विशाम्यस्यांगम्-अंगैर्निजैः
किं वामुं निग-लाम्यनेन सहसा किं वैकताम्-आश्रये।
तस्येत्थं विवशो विकल्प-घटना कूतेन योषित्-जनः
किं तत्-यत्-न करोति देवि! हृदये यस्य त्वम्-आवर्तसे (5)

अन्वय-शब्दार्थ

देवि=हे देवि, **यस्य**=जिस भक्त के, **हृदये**=हृदय में, **त्वम्**=आप, **आवर्तसे**=बार बार आकर ठहरती हो, **तस्येत्थं**=उस भक्त के बारे में, **विवशः**=विवश होकर, **विकल्प घटना कूतेन**=मन के विकल्पों (तरंगों) के प्रयोजन से, **योषित्-जनः**=अणिमादि सिद्धियाँ अथवा योगिनियाँ, **किं तत्**=ऐसा कौन सा कार्य है, **यत् करोति**=जो करती नहीं है-वह सिद्धियाँ उस भक्त के बारे में सोचती हैं, **एतं**=इस भक्त को, **किं**=क्या, **नु**=निश्चय करके, **दृशा**=आँखों से, **पिवामि**=पी जाऊँ, **उत**=अथवा, **अंगैः निजैः**=अपने अंगों से, **विशामि**=आप में समा जाऊँ, **किंवा**=अथवा **निगलामि**=निगल जाऊँ, **किंवा**=अथवा, **सहसा**=झटपट, एकतां=एकभाव का, **आश्रये**=आश्रयलें।

अर्थः–हे देवी! जिस भक्त के हृदय में आप बार-बार आकर ठहरती हो, ऐसे भक्त के बारे में विवश होकर मनके भिन्न-भिन्न विकल्पों से-अणिमादि सिद्धियाँ ऐसा कौन सा कार्य है जो करती नहीं है, वे सिद्धियाँ उस भक्त के बारे में सोचती हैं-"क्या इस भक्त को आँखों से पी जायें, अथवा अपने अंगों से इसी में समा जायें

अथवा इस भक्त को निगल जायें अथवा झटपट एक भाव का आश्रय लें।

टिप्पणी–जिस भगत के हृदय में माता ठहरती है उस भक्त के लिये योगनियाँ अथवा अष्टसिद्धियाँ बलिदान हो जाती है–"बलि" से तात्पर्य है "देवोद्देश्येन स्वोपहारत्यागो बलिः" देवता के लिये अथवा अपने इष्ट के लिये (ध्येय के लिये) "स्व" खुदी का त्याग करना यानी उसी ध्येय में लय हो जाना, भेदभाव का न रहना।

विश्व-व्यापिनि यत्-वत्-ईश्वर इति, स्थाणौ-अनन्याश्रयः
शब्दः शक्तिर्-इति त्रिलोकजननि! त्वय्येव तथ्य-स्थितिः
इत्थं सत्यपि शक्नुवन्ति यत्-इमाः क्षुद्रा रुजो बाधितुं
त्वत्-भक्तान्-अपि न क्षिणोषि च-रुषा, तत्-देवि! चित्रं महत् (6)

अन्वय-शब्दार्थ

त्रिलोक जननि=हे तीनों लोकों की माता! **यत्-वत्**=जिस प्रकार, **अनन्याश्रयः**=स्वतन्त्र, **ईश्वरः**=ईश्वर शब्द, **विश्वं-व्यापिनि**=सर्वव्यापक, **स्थाणौ**=शंकर के लिये प्रयुक्त होता है, **इति**=ऐसे ही, **शक्तिः शब्दः**=शक्ति यह शब्द, **त्वयि एव**=तुम्हारे लिये, **तथ्य=स्थितिः**=सार्थकरूप में प्रयुक्त होता है, **इत्थं सति अपि**=ऐसा होने पर भी, **यत्**=यदि, **इमाः**=यह, **क्षुद्रा रुजः**=तुच्छ रोगादि, **त्वत्-भक्तान् अपि**=तुम्हारे भक्तों को भी, **बाधितुं**=कष्ट देने के लिये, **शक्नुवन्ति**=समर्थ बनते हैं, **रुषा**=तुम क्रोधित होकर, **न क्षिणोषि**=नष्ट नहीं करती हो, **देवि=हे देवी, तत्**=वह, **महत्चित्रं**=बहुत आश्चर्य है।

अर्थः–हे तीनों लोकों की माता! जिस प्रकार स्वतन्त्र ईश्वर शब्द सर्वव्यापक शंकर के लिये प्रयुक्त होता है, ऐसे ही शक्ति शब्द तुम्हारे लिये सार्थक रूप में प्रयुक्त होता है, ऐसा होने पर भी यह तुच्छ रोगादि तुम्हारे भक्तों को भी कष्ट देने के लिये समर्थ बनते हैं, तुम

क्रोधित होकर उनको नष्ट नहीं करते हैं, वह बहुत आश्चर्य है।

टिप्पणी–ईश्वरः शब्द का अर्थ है (कर्तुम्-अकर्तुम्समर्थः) सम्भव को असम्भव और असम्भव को सम्भव बनाने वाला।
शक्ति का अर्थ है–अघटन-घटीयसी, यानी सर्वशक्ति युक्त।

इन्दो-र्मध्यगतां मृगांक-सदृशच्छायां मनो-हारिणीं
पाण्डूत्फुल-सरोरुहासन-गतां, स्निग्ध-प्रदीपच्छविम्।
वर्षन्तीम्-अमृतं भवानि! भवतीं ध्यायन्ति ये देहिनः
ते निर्मुक्त-रुजो भवन्ति विपदः प्रोज्झन्ति तान्-दूरतः(7)

शब्दार्थ-अन्वय

भवानि! हे माता, **इन्दोः**=चन्द्रमा के, **मध्यगतां**=बीच में स्थित, **मनोहारिणीं**=मनोहर, **मृगांकसदृशच्छायां**=हिरण के समान शोभावाली, **पाण्डु**=सफेद **उत्फुल**=खिले हुये, **सरोरुह**=कमल के, **आसनगतां**=आसन पर ठहरी हुई **स्निग्ध**=तेल से भरे हुये, **प्रदीपछवि**=दीपक की जैसी दीप्तिवाली, **अमृतं-वर्षन्तीं**=अमृत-बरसाती हुई, **भवतीं**=आपका, **ये देहिनः**=जो मनुष्य, **ध्यायन्ति**=ध्यान करते हैं, **ते**=वे, **निर्मुक्तरुजः**=छूटे हुये रोगवाले, **भवन्ति**=होते हैं, **विपदः**=विपदायें, **तान्**=उनको, **दूरतः प्राज्झन्ति**=दूर छोड़ती हैं।

अर्थः–हे जगत् माता। चन्द्रमा के बीच में स्थित, मनोहर हिरण के समान शोभावाली, सफेद कमल के आसन पर ठहरी हुई, तेल से भरे हुये, दीपक की जैसी दीप्तिवाली अमृत बरसाती हुई, ऐसे ही रूप वाली का जो प्राणी ध्यान करते हैं, वे रोगों से मुक्त हो जाते हैं, विपदायें उनके पास टिकती नहीं हैं।

टिप्पणी–रोगान्-अशेषान्-अपहंसि तुष्टा.....
त्वाम्-आश्रितानां न विपत्-नराणाम्।। दुर्गासप्त॰

आपके सन्तुष्ट होने पर आध्यात्मिक, आधि दैविक आधि भौतिक, ताप दुःख नष्ट हो जाते हैं, जो माँ की शरण में आता है उस पर विपत्ति आती ही नहीं है।

पूर्णेन्दोः शकलैर्-इवा-तिबहलैः, पीयूष पूरैर्-इव क्षीराब्धे-र्लहरी-भरैर् इव, सुधा-पंकस्य पिण्डैर्-इव। प्रालेयैर्-इव निर्मितं तव वपुर्ध्यायन्ति ये श्रद्धया चित्तान्तर्-निहतार्ति-ताप-विपदस्ते सम्पदं बिभ्रति(8)

अन्वय-शब्दार्थ

पूर्णेन्दोः=पूर्ण चन्द्रमा के, **शकलैर्**-इव=टुकड़ों से जैसे, **अतिबहलैः**=पर्याप्त, **पीयूष पूरैर्-इव**=अमृत के प्रवाहों से जैसे, **क्षीराब्धेः**=क्षीर सागर के, लहरी **भरैर्-इव**=तरंगों के समूह से जैसे, **सुधापं-कस्य पिण्डैर्'इव**=अमृत के गारे के पिण्डों से जैसे, **प्रालेयैर्-इव**=बर्फ, जैसे **निर्मितं**=बने हुये, **तव वपुः**=आप के स्वरूप का, **ये**=जो **श्रद्धया**=श्रद्धा से, **ध्यायन्ति**=ध्यान करते हैं, **ते**=वे भक्तजन, **चित्तान्तर्**=मन के अन्दर, **निहत**=नष्ट हुये, **आर्ति**=दीनता, **ताप**=दुःख, **विपदः**=विपदावाले, **सम्पदं**=सम्पदाओं को **बिभ्रति**=धारण करते हैं।

अर्थः—पूर्ण चन्द्रमा के टुकड़ों से बने हुये जैसे, अमृत के प्रवाहों से क्षीर सागर के लहरों से, अमृत के गारे के पिण्डों से, बर्फ से बने हुये जैसे आप के निर्मलरूप का जो श्रद्धा से ध्यान करते हैं, उन भक्तों के मन में स्थित दीनता दुःख तथा विपदाओं का नाश होकर सम्पदा की प्राप्ति होती है।

टिप्पणी—साधक माता के प्रेम के आवेश में आकर अपनी कल्पना से निर्विकल्प माता को सविकल्प बना कर उसके ही ध्यान से साधक को क्या कुछ नहीं मिल सकता है

"किं किं दुःखं दनुजदलिनि! क्षीयते न स्मृतायां"

वह कौन सा ऐसा दुख है जो आपके (माता के) स्मरण करने से नष्ट नहीं होता है।

ये संस्मरन्ति तरलां सहसोल्लसन्तीं
त्वां ग्रन्थि-पञ्चकभिदं तरुणार्क-शोणाम्।
रागार्णवे बहलरागिणि मज्जयन्तीं
कृत्स्नं जगत्-दधति चेतसि तान्-मृगाक्ष्यः (9)

अन्वय शब्दार्थ

तरलां=स्पन्दात्मिक (चंचल), **सहसा**=बिना किसी प्रयत्न के, **उल्लसन्तीं**=विकसित रूप वाली, **ग्रन्थि पंचक भिदं**=पाँच तत्वों पृथ्वी, जल, तेज, वायु, आकाश को अपने नियन्त्रण में रखने वाली, **तरुणार्क**=उदित सूर्य की जैसी, **शोणाम्**=लाल वर्ण वाली, **बहलरागिणि**=लाल रंग से भरपूर, **कृत्स्नं जगत्**=सारे संसार को, **रागार्णवे**=भक्ति के सागर में (आनन्द में), **मज्जयन्तीं**=डुबाने वाली, माता के ऐसे स्वरूप का, **ये**=जो भक्त, **संस्मरन्ति**=स्मरण अथवा ध्यान करते हैं, **मृगाक्ष्यः**=योगिनियाँ **तान्**=उन भक्तों को, **चेतसि**=मन में, **दधति**=धारण करती हैं।

अर्थ—स्पन्दात्मिक अथवा चंचल, हर समय विकसित रूप वाली पाँच तत्वों का नियन्त्रण करने वाली, उदित सूर्य की जैसी लाल रंगवाली, लालरंग से भरपूर सारे जगत को भक्ति के सागर (आनन्द) में डुबाने वाली, माता के ऐसे स्वरूप का जो भक्त स्मरण करता है योगिनियाँ उस भक्त को मन में धारण करती हैं। सभी शक्तियाँ उस भक्त के वश में हो जाती हैं।

टिप्पणी—चेतना शक्ति मातृरूप मानी जाती है। (चेतना) माता का रंग लाल माना गया है, माता का स्वरूप रजो गुणात्मक है, रजोगुण का वर्ण भी लाल माना गया है।

लाक्षारस-स्नपित-पंकज-तन्तु-तन्वीम्-
अन्तः स्मरत्यनुदिनं भवतीं भवानि।
यस्तं स्मर-प्रतिमम्-अप्रतिम-स्वरूपा
नेत्रोत्पलै-र्मृगदृशो भृशम्-अर्चयन्ति (10)

अन्वय शब्दार्थ

भवानि=हे माता, **लाक्षारस**=लाक्षा रस में, **स्नपित**=भिगोयी, **पंकज तन्तु**=कमल की सूक्ष्मतार जैसी, **तन्वीं**=सूक्ष्म **भवतीं**=आप के स्वरूप का, **अनुदिनं**=नित्य, **यः**=जो, **अन्तः**=मन में, **स्मरति**=स्मरण करता है, **तं**=उस भक्त के, **स्मर प्रतिमम्**=कामदेव जैसी, **अप्रतिम**=उपमारहित, **स्वरूपा**=स्वरूपवाली, **मृगदृशः**=शिव की शक्तियाँ, भृशम्=अत्यधिक, **अर्चयन्ति**=पूजती हैं।

अर्थः—लाल रंग में रंगे हुये कमल के तार की जैसे आप की सूक्ष्मस्वरूप का जो भक्त नित्य स्मरण करता है, उस भक्त को कामदेव की जैसी सुन्दर शक्तियाँ (योगनियाँ) पूजती हैं।

टिप्पणी—माँ के स्वरूप के बारे में उपनिषदों का कहना है—
"अणोरणीयान्-महतो महीयान्" वह आत्मा अथवा 'संवित्' शक्ति सूक्ष्म से सूक्ष्म तथा महान् से महान् है। हिरण्मयेन-पात्रेण सत्यस्यापिहितं मुखम् तत्त्वं पूषन्-अपावृणु सत्यधर्माय दृष्टये। उस सत्यस्वरूप परमेश्वर को प्राप्त करने के लिये इन ढक्कणरूपी योगनियों अष्टसिद्धियों को हटा लीजिये-उनको ठुकराने पर ही साधक उस परमेश्वर को प्राप्त करता है।

स्तुमस्त्वां वाचम्-अव्यक्तां
हिम-कुन्देन्दु-रोचिषम्।
कदम्ब-मालां विभ्राणाम्
आपाद-तल-लम्बिनीम् (11)

अन्वय-शब्दार्थ

हिम=बर्फ, **कुन्द**=कुन्द पुष्प, **इन्दु**=चन्द्रमा जैसे, **रोचिषम्**=दीप्तिवाले, **आपादतल**=नीचे पाँवों तक, **लम्बिनीम्**=लटकती हुई, **कदम्बमालां, विभ्राणाम्**=कदम्बमाला=धारण की हुई, अव्यक्तां=सूक्ष्म, **वाचम्**=वाणी (परा वाणी) के रूप में, त्वाम्=**तुम्हारी**, स्तुमः=स्तुति करते हैं।

अर्थः—बर्फ, कुन्दपुष्प, चन्द्रमा जैसी दीप्ति वाले, नीचे पाँवों तक लटकती हुई कदम्बमाला को धारण की हुई परावाणी के रूप में माँ! हम तुम्हारी स्तुति करते हैं।

टिप्पणी—वाणियाँ चार हैं—वैखरी मध्यमा पश्यन्ती और "परा" परावाणी मानिये "संवित्" अथवा पराशक्ति का नामान्तर हैं। "कदम्बमाला" कुण्डलिनी का सूचक है। वह "परावाणी" कुण्डलिनी से घेरी हुई है-जिसके "षट्दल" रूपी छः ताले लगे हैं, वे छः ताले खोलने पर ही, कुण्डलिनी जागृत हो जाती है, वह जब अपने स्थान से हटती है, तो साधक को "परावाणी" से मिलने का सौभाग्य मिलता है।

मूर्ध्नीन्दोः सित-पंकजा-सनगतां, प्रालेय-पाण्डु-त्विषं
वर्षन्तीम्-अमृतं सरोरुहभुवो, वक्त्रेपि रन्ध्रेपि च।
अच्छिन्ना च मनोहरा च ललिता, चाति-प्रसन्नापि च
त्वाम्-एव स्मरतां स्मरारि-दयिते! वाक् सर्वतो वल्गति (12)

अन्वय-शब्दार्थ

स्मरारि=शंकर की, **दयिते**=हे प्रियशक्ती!, **मूर्ध्नि=शून्यचक्र** (ब्रह्मरन्ध्र) में, **इन्दोः**=चन्द्रमा के जैसे, **सित**=सफेद, **पंकजासन**=कमल के आसन पर, **गतां**=बैठी हुई, **प्रालेय,** बर्फ की भांति, **पाण्डुत्विषं**=निर्मल दीप्ति वाली, **वक्त्रेपि**=मूलाधार पर, **रन्ध्र** आज्ञा चक्र के, **सरोरुहभुवः**=दोनों कमल पतों पर, **अमृतं वर्षन्तीम्**=अमृत बरसाती हुई, **त्वाम्-एव**=तुम्हारे ऐसे ही रूप का, **स्मरतां**=स्मरण करने वालों को, **अच्छिन्न**=निरर्गल, **मनोहरा**=मन को

हरने वाली, **ललिता**=सुन्दर, **अतिप्रसन्न**=निर्मल, **वाक्**=वाणी, सर्वत:=सब ओर से, **वल्गति**=प्रकट होती है।

अर्थ:—हे शंकर की प्रियशक्ती! शून्य चक्र में (ब्रह्मरन्ध्र में) चन्द्रमा के जैसे सफेद निर्मल कमल के आसन पर बैठी हुई, बर्फ की भांति निर्मलदीप्ति वाली, मूलाधार और आज्ञा चक्र के दो दलों पर अमृत की वर्षा करती हुई, तुम्हारे ऐसे ही रूप का स्मरण करने वालों को निरर्गल मनोहर सुन्दर तथा निर्मलवाणियाँ सब ओर से प्रकट होती हैं।

टिप्पणी—पञ्चस्तवीकार ने पहले ही स्तव में कहा है, जिन पर माता का अनुग्रह होता है उन्हें क्या कुछ प्राप्त होता है—

"जाते तवानुग्रहे-वाच: सूक्ति-सुधारस-द्रुवमुचो निर्यान्ति वक्त्राम्बुजात्" जिस भक्त पर आप अनुग्रह करती है, उसके मुख से बिना किसी प्रयत्न के अमृतरस को टपकाती हुई उत्तम वाणियाँ निकलती हैं।

ददातीष्टान्-भोगान्-क्षपयति रिपून्-हन्ति-विपदो
दहत्याधीन्-व्याधीन्-शमयति सुखानि प्रतनुते।
हठात्-अन्तर्दु:खं दलयति पिनष्टीष्ट-विरहं
सकृत्-ध्याता देवी किम्-इव निर्-अवद्यं न कुरुते (13)

अन्वय-शब्दार्थ

सकृत्=एक ही बार, **ध्याता**=ध्यान की हुई, **किम्-इव**=क्या कुछ, **निर्-अवद्यं**=दोष रहित, **न कुरुते**=नहीं करती है, **इष्टान् भोगान्**=इष्ट भोगों को, **ददाति**=देती है, **क्षपयति रिपून्**=शत्रुओं का नाश करती है, **विपदो हन्ति**=विपदाओं का नाश करती है, **आधीन्**=मन के दु:खों को, **दहति**=जलाती है, **व्याधीन्-शमयति**=शरीर के रोगों का नाश करती है। **सुखानि**=सुखों का **प्रतनुते**=विस्तार करती है, **हठात्**=हठ से, **अन्तर्दु:ख**=मन

के दु:खों को, **दलयति**=बाहर फेंकती हो, **इष्टविरहं**=प्रेमी की जुदाई, पिनष्टि=पीसती हो, दूर करती हो।

अर्थ:—जो एक ही बार माँ का ध्यान करता है, माँ उस भक्त के लिये क्या कुछ अच्छाई नहीं करती है, चाहे हुये भोगों को देती है, शत्रुओं का नाश करती है विपदाओं को नष्ट करती है, मन के दु:खों को जलाती है। शरीर के रोगों का नाश करती है, सुखों का विस्तार करती है। हठ से मन के दु:खों को जड़ से उखाड़ती है, प्रेमी के वियोग को दूर करती है।

टिप्पणी—श्रीमत्-नाम प्रोच्य नारायणाख्यं

के-न प्राप्ता-वांछितं पापिनापि। मुकुन्दमाला।

नारायण (अथवा माता) के नामोच्चारण करने से किन पापियों ने भी अपनी-अपनी इच्छानुसार फल नहीं पाया।

यस्त्वां ध्यायति वेत्ति विन्दति जप-त्यालोकते चिन्तय त्यन्वेति प्रतिपद्यते कलयति स्तौत्या-श्रय-त्यर्चति।
यश्च त्र्यम्बक-वल्लभे! तव गुणान्-आकर्ण-य-त्यादरात् तस्य श्रीर्न-गृहात्-अपैति विजयस्तस्याग्रतो धावति (14)

अन्वय-शब्दार्थ

त्र्यम्बक-वलभे=(अग्नि-सूर्य-चन्द्रमा) तीन नेत्रों वाली शंकर की प्यारी शक्ति। **य:**=जो, **त्वां**=तुम्हें, **ध्यायति**=ध्यान करता है, **वेत्ति**=जानता है, **विन्दति**=प्राप्त करता हे, **जपति**=जप करता है, **आलोकते**=देखता है, **चिन्तयति**=चिन्तन करता है, **अन्वेति**=पीछे-पीछे चलता है, **प्रतिपद्यते**=शरण में आता है, **कलयति**=विमर्श करता है, **स्तौति**=स्तुति करता है, **आश्रयति**=आसरा लेता है, **अर्चति**=पूजा करता हे, **य:**=जो, **तव गुणान्**=तुम्हारे गुणों को, **आदरात्**=आदर से, **आकर्णयति**=सुनता है,

तस्य=उसके, **गृहात्**=घर से, **श्रीः**=लक्ष्मी, **न अपैति**=भागती नहीं है, **विजयः**=सफलता, **तस्याग्रतो**=उसके आगे आगे, **धावति**=दौड़ती है।

अर्थः—हे माता! जो भक्त आप का ध्यान करता है, जो आप को जानता है, जो आप को पाने का प्रयत्न करता है, आप का जप करता है, आप को देखता है, आपका चिन्तन करता है, आप का अनुसरण करता है, आपकी शरण में आता है, आपका विमर्श करता है, स्तुति करता है, आपका आसरा लेता है, आप की पूजा करता है, आपके गुण आदर से सुनता है। उसके घर से लक्ष्मी भागती नहीं है, सफलता उसके आगे आगे दौड़ती है।

टिप्पणी—सभी इन्द्रियों को भजन कीर्तन श्रवण मनन निदध्यासन में व्यस्त रखने ही में मनुष्य जीवन की सफलता है। श्री राजा चन्द्रशेख मुकुन्दमाला में कहते है।—

जिह्वे कीर्तय केशवं मुररिपुं चेतोभज श्रीधरं, पाणिद्वन्द्वसमर्चया-च्युत कथाः श्रोत्रद्वय त्वं शृणु।
कृष्णं लोकय लोचन-द्वय हरे-र्गच्छांघ्रि-युग्मालयं जिघ्र घ्राण मुकुन्दप ादतुलसी मूर्धन्-नमाधोक्षजम्।।

अर्थः—हे जिह्वा! तुम केशव का कीर्तन करते रहो, हे मन! कृष्ण का भजन करते रहो। हे दो हाथो नारायण की पूजा करते रहो, हे दो कानो! नारायण की कथायें सुनते रहो, हे दो नेत्रो! भगवान् को ही देखते रहो, हे दो पैरो! भगवान् के मन्दिर में जाया करो, हे नासिका! भगवान् के पादों में अर्पित तुलसी सूँघते रहो, हे सिर! भगवान् कृष्ण को नमस्कार करते रहो।

किं किं दुःखं दनुजदलिनि! क्षीयते न स्मृतायां
का का कीर्तिः कुलकमलिनि! ख्याप्यते न स्तुतायाम्।
का का सिद्धिः सुरवर-नुते! प्राप्यते नार्चितायां
कं कं योगं त्वयि न चिन्वते, चित्तम्-आलम्बितायाम् (15)

अन्वय-शब्दार्थ

दनुजदलिनि! राक्षसों को संहार करने वाली माता, **किं किं दुःखं**=वह कौन कौन सा दुख है, **त्वयि स्मृतायां**=जो तुम्हारे स्मरण करने पर, **न क्षीयते**=नष्ट नहीं होता है, **कुल कमलिनि**=जगत् रूपी कमल को विकसित करने वाली

माँ! **का कीर्तिः**=वह कौन कौन सी कीर्ति है, **त्वयि स्तुतायां**=आप की स्तुति करने पर, **न ख्याप्यते**=प्रसिद्ध नहीं होती है, **सुरवरनुते**=हे इन्द्र से प्रणाम की हुई माता!, **का का सिद्धिः**=वह कौन कौन सी सिद्धि है, **त्वयि अर्चितायां**=आप की पूजा करने पर, **न प्राप्यते**=प्राप्त नहीं होती है, **कं कं योगं**=वह कौन कौन सा योग है, जो **त्वयि**=आप पर, **चित्तम्-आलम्बिताया** मन लगाने पर, **न चिन्वते**=सिद्ध नहीं होता है।

अर्थ—राक्षसों का संहार करने वाली माता! वह कौन-कौन सा दुःख है जो आप के स्मरण करने पर नष्ट नहीं होता है, जगत् रूपी कमल को विकसित करने वाली माता, वह कौन-कौन सी कीर्ति है, जो आप की स्तुति करने पर फैलती नहीं, हे इन्द्र से प्रणाम की हुई माता! वह कौन कौन सी सिद्धि है जो आप की पूजा करने पर प्राप्त नहीं होती है, वह कौन सा योग है जो आप में मन लगाने पर सिद्ध नहीं होता है।

टिप्पणी—या च स्मृता तत्-क्षणं एव हन्ति नः
सवीपदो भक्ति-विनम्र-मूर्तिभिः।।दुर्गा सप्त०।।

जो माता, भक्ति से विनम्र-मनुष्यों द्वारा स्मरण की जाने पर तत्काल ही सम्पूर्ण-विपत्तियों का नाश कर देती है।

ये देवि! दुर्धर-कृतान्त-मुखान्तरस्था
ये कालि! कालघन-पाश-नितान्त बद्धाः
ये चण्डि! चण्ड-गुरु-कल्मष-सिन्धुमग्ना
स्तान् पासि मोचयसि तारयसि-स्मृतैव (16)

अन्वय-शब्दार्थ

देवि! हे माता! **ये**=जो, **दुर्धर**=कठिन, **कृतान्त**=महाकाल के, **मुखान्तरस्था**=मुख में पड़े हूँ, **ये**=जो, **कालि**=हे काली, **कालघनपाश**=महाकाल के घनी

फांसियों से, **नितान्त**=ज़ोर से, **बद्धा**=बांधे हुये हैं, **ये** जो, **चण्डे** चराचर-जगत् को प्रकाशित करने वाली, **चण्ड**=कठिन **गुरु**=भारी, **कल्मष**=पापों के, **सिन्धु**=समुद्र में, **मग्ना**=डूबे हुये हैं, **तान्** उनको, **पासि**=जन्ममरण से बचाती हो, **मोचयसि**=काल से छुटकारा दिलाती हो, **तारयसि**=तारती हो, **स्मृतैव**=स्मरणमात्र से ही।

अर्थः–हे देवी! जो मनुष्य कठिन महाकाल के मुख में पड़े हुये हूँ जो महाकाल के घने फाँसियों से ज़ोर से बंधे हुये हूँ, हे चण्डी भगवती, जो कठिन भारी पापों के समुद्र में डूबे हुये हूँ उनको आप स्मरण मात्र से ही क्रमशः रक्षा करती हो, छुटकारा दिलाती हो और तारती हो।

टिप्पणी–माँ! आप के स्मरण मात्र से महाकाल के मुख में पड़े हुओं की रक्षा होती है, महाकाल की फाँसियों से बंधे हुओं को छुटकारा मिलता है, पापों के समुद्र में डूबे हुये किनारे लगते हैं।

लक्ष्मी-वशीकरण-चूर्ण-सहोदराणि
त्वत्-पाद-पंकजरजांसि चिरं जयन्ति।
यानि प्रणाम-मिलितानि नृनां ललाटे
लुम्पंन्ति दैवलिखितानि दुरक्षराणि (17)

अन्वय-शब्दार्थ

लक्ष्मीवशीकरण=लक्ष्मी को वश करने के लिये, **चूर्ण**=चूर्णरूपी औषधि के जो, **सहोदराणि**=सगे भाई हैं, **त्वत्**=तुम्हारे, **पाद पंकजरजांसि**=चरणकमलों के धूलि के कण, **चिरं जयन्ति**=चिरकाल तक जयशील रहे, **यानि**=जो धूलि के कण, **नृणां ललाटे**=भक्तों के माथे पर **प्रणाम मिलितानि**=प्रणाम से लगे हुए, **दैव लिखितानि**=प्रारब्ध में लिखे हुये, **दुरक्षराणि**=बुरे अक्षरों को लुम्पन्ति मिटाते हैं।

अर्थ—लक्ष्मी को वश करने के लिये चूर्ण रूपी औषधि के जो सगे भाई हैं (यानी समानशक्ति रखते हैं) आपके चरण कमलों के धूलि के कण-वे चिरकाल तक जयशील रहें। उनको जय-जयकार हो, माता के चरणों के प्रणाम से-भक्तों के माथे पर लगे हुए वे धूलिकण ललाट पर लिखे हुये बुरे अक्षरों को मिटाते हैं।

टिप्पणी-लिखितमपि ललाटे प्रोझितुं क: समर्थ:"
जो ललाट में लिखा हुआ है उसको कौन टाल सकता है, केवल माता ही ऐसी समर्थशाली है जो केवल प्रणाम मात्र से ही ललाट पर लिखे दुरक्षरों को चुन चुन कर मिटाती है, जैसे कि इसी श्लोक में पँचस्तवी कार की घोषणा है।

रे मूढ:! किम्-अयं वृथैव तपसा, काय: परिक्लिश्यते यज्ञैर्वा बहुदक्षिणै: किम्-इतरे रिक्ती क्रियन्ते गृहा: भक्तिश्चेत्-अविनाशिनी भगवती पाददुयी सेव्यताम्। उन्निद्राम्बु-रुहात-पत्रसुभगा, लक्ष्मी: पुरोधावति (18)

अन्वय-शब्दार्थ

रे मूढ़:=हे मूर्खो, **किं**=क्यों, **तपसा**=बिना ज्ञान के, हठ योग से, **काय:**=शरीर को, **वृथैव**=निरर्थ ही **परिक्लिश्यते**=कष्ट देते हो, **वा**=अथवा, **इतरे**=कुछ पुरुष, **बहुदक्षिणै:**=बड़ी दक्षिणा वाले, **यज्ञै:**=यज्ञों से, **रिक्ती**=खाली, **क्रियन्ते**=करते हैं, **गृहा:**=घरों को, **भक्ति**=भक्ति **चेत्** अगर, **अविनाशनी**=दृढ अथवा निरन्तर रहने वाली है, और **भगवती**=जगदम्बा के **पाददुयी**=दोनों पादों की, **सेव्यताम्**=सेवा कीजिये, **उन्नि-द्राम्बुरुहात पत्र सुभगा**=खिले हुये कमल के पत्रों से शोभायमान लक्ष्मी **पुर:**=आगे आगे, **धावति**=दौड़ती है।

अर्थ:—हे मूर्खो क्यों बिना ज्ञान के तपस्या से शरीर को निरर्थक कष्ट देते हैं, कुछ पुरुष बड़ी दक्षिणा वाले यज्ञों से घरों को खाली

करते हैं, यदि आपको दृढ अथवा निन्तर रहने वाली भक्ति है तो जगदम्बा के दोनों पादों की सेवा कीजिये, ऐसा करने से खिले हुये कमल के पत्रों से शोभायमान लक्ष्मी आगे दौड़ती है, ऐसे भक्त को लक्ष्मी के पीछे दौड़ना नहीं पड़ता है।

टिप्पणी–"ध्रुवं कर्तुः श्रद्धा विधुरम्-अभिचराय हि मरवाः" भक्ति हीन यज्ञ यजमान के नाश के लिये होते हैं। ऊपर के श्लोक के आधार से बिना भक्ति के तपस्या निष्फल है, बड़े बड़े यज्ञ करने से क्या लाभ जिस यज्ञ में भक्ति न हो।

भक्ति कैसे होती है? वाल्मीकी रामायण से-

"यावत् शरीरादिषु माययात्मधी-तवत् विधेयो विधिवाद-कर्मणाम्"

जब तक अनन्य भक्ति उत्पन्न न हो तब तक वेदोक्त यज्ञादि करना आवश्यक है, भक्ति के उत्पन्न करने में यज्ञादि साधक हैं बाधक नहीं।

वेदोक्तयज्ञादिकों से अन्तःकरण की शुद्धि होती है-अन्तःकरण के शुद्ध होने पर ही भक्ति उत्पन्न होती है।

याचे न कंचन न कंचन वञ्चयामि
सेवे न कंचन निरस्त-समस्त-दैन्यः।
श्लक्ष्णं वसे मधुरम्-अद्मि भजे वरस्त्री
देवी हृदि स्फुरति मे कुलकाम-धेनुः (19)

अन्वय-शब्दार्थ

निरस्त समस्त-दैन्यः=मैं सभी दीनताओं से रहित हूँ, **याचे न कंचन**=किसी से कुछ मांगता नहीं हूँ, **सेवे न कञ्चन**=किसी की गुलामी नहीं करता हूँ, **श्लक्ष्णं वसे**=बारीक रेशमी वस्त्र पहनता हूँ, **मधुरम्**=मीठा भोजन, **अद्मि**=खाता हूँ, **वरस्त्री भजे**=उत्तम पति व्रत्ता स्त्री मुझे प्राप्त है, ऐसा क्यों? जबकि **कुलकामधेनुः**=सभी कामनाओं को पूरी करने वाली, माँ **मे** मेरे, **हृदि**-हृदय में, **स्फुरति**=विकसित है।

अर्थः–मैं सभी दीनताओं से रहित हूँ, किसी से कुछ मांगता नहीं

हूँ। बारीक रेशमी वस्त्र पहनता हूँ, स्वादिष्ट भोजन खाता हूँ, उत्तम पतिव्रता स्त्री मुझे प्राप्त है। ऐसा क्यों माँ? सभी कामनाओं को पूरी करने वाली आप जब मेरे हृदय में विकसित हैं।

टिप्पणी–शिवस्तोत्रावली से–

ईश्वरोऽहम्-अहम्-एव-रूपवान् पण्डितोस्मि सुभगोस्मि कोपरः।
मत्-समोस्ति जगतीति शेभते मानिता त्वत्-अनुरागिणः परभ्।।

अर्थ:–मैं पूर्ण रूप मे स्वतन्त्र हूँ, मैं सुन्दरता का भण्डार हूँ, मैं ज्ञानवान् हूँ मैं सौभाग्यवान् हूँ, इस जगत् में मेरे समान कौन है-यह स्वात्माभिमान उनको ही शोभा देता हे, माता! जिनके हृदय में आप विकसित हैं।

शब्द-ब्रह्म-मयि! स्वच्छे! देवि! त्रिपुर-सुन्दरि!
यथा-शक्ति जपं पूजां गृहाण परमेश्वरि (20)

अन्वय-शब्दार्थ

शब्द-ब्रह्म-मयि!=शब्द-ब्रह्म-रूपिणी माता!, **स्वच्छे**=निर्मल, **त्रिपुर सुन्दरि**=तीनों अवस्थाओं में "संवित" रूप से ठहरी हुई माता, **यथा शक्ति जपं पूजां**=शक्ति के अनुसार किया हुआ जप तथा पूजा, **गृहाण**=स्वीकार कीजिये।

अर्थ–शब्द-ब्रह्म-रूप! तीनों अवस्थाओं में ठहरी हुई, निर्मल, त्रिपुर सुन्दरी, माता, मेरी यथा शक्ति किया हुआ जप पूजा स्वीकार कीजिये।

नन्दन्तु साधकाः सर्वे विनश्यन्तु विदूषकाः
अवस्था शम्भवी मेस्तु प्रसन्नोस्तु गुरुः सदा (21)

अन्वय-शब्दार्थ

सर्वे=सभी, **साधकाः**=माता के साक्षात्कार के लिये प्रयत्नशील, **नन्दन्तु**=सन्तुष्ट

रहें, **विदूषका:**=दोष दृष्टिवाले दुष्ट **विनश्यन्तु**=नष्ट हो जायें अथवा उनको सत् बुद्धि मिले, **मे**=मेरी, **शाम्भवी अवस्था अस्तु**=अभेदमय अवस्था हो, **प्रसन्नस्तु गुरुः सदा**=गुरु मुझ पर सदा प्रसन्न रहे।

अर्थ—सभी साधक सन्तुष्ट रहें, दोष दृष्टि वाले अथवा दुष्ट नष्ट हो जाये, मुझे अभेदमय अवस्था प्राप्त हो, गुरु मुझ पर प्रसन्न रहे।

टिप्पणी–शाम्भवी अवस्था

यह अवस्था श्रोत्रिय ब्राह्मनिष्ठ गुरुकृपा से बिना किसी अभ्यास या प्रयत्न से प्राप्त होती है।

दर्शनात् पापशमनी जपात्-मृत्युविनाशिनी
पूजिता दुःख-दौर्भाग्य हरा त्रिपुर-सुन्दरी (22)

अन्वय-शब्दार्थ

त्रिपुर सुन्दरी=त्रिपुरा भगवती, **दर्शनात्**=दर्शन से, **पापशमनी**=पापों का नाश करती है, **जपात्**=जप से, **मृत्युविनाशिनी**=मृत्यु का नाश करती है, **पूजिता**=पूजा की गई, **दुःख-दौर्भाग्य हरा**=दुःख और दुर्भाग्य को हटाती है।

अर्थः—त्रिपुरा भगवती दर्शन से पापों का नाश करती है, जप से मृत्यु का नाश करती है, पूजा की गई दुःख और दुर्भाग्य को हटाती है।

नमामि यामिनीनाथ-लेखा-लङ्कृत-कुन्तलाम्
भवानीं भवसन्ताप-निर्वापण-सुधानदीम् (23)

अन्वय-शब्दार्थ

यामिनीनाथ=चन्द्रमा की, **लेखा**=कला से, **अलंकृत**=शोभित, **कुन्तलाम्**=केशों वाली, **भव**=संसार के, **संताप**=दुःखों को, **निर्वापण**=हटाने के लिये, **सुधानदी** अमृतनदी, **भवानीं**=माता को, **नमामि**=प्रणाम करता हूँ।

अर्थ:—चन्द्रकला से शोभित केशों वाली, संसार के दु:खों को हटाने के लिये अमृतनदी रूप माता भवानी को प्रणाम करता हूँ।

मन्त्रहीनं क्रिया हीनं विधिहीनं च यत्गतम्।
त्वया तत्-क्षम्यतां देवि! कृपया परमेश्वरि (24)।।

अन्वय-शब्दार्थ

देवि!=हे माता, **मन्त्रहीनं**=मंत्ररहित, **क्रिया हीनं**=क्रिया रहित, **विधिहीनं**=विधि रहित, यत् **गतम्**=जो कुछ भी हुआ, **परमेश्वरि**=हे परमेश्वर की शक्ति, **त्वया**=आप, **तत्**=उस सबके लिये, **कृपया**=कृपा से, **क्षम्यताम्**=क्षमा करे।

अर्थ:—हे माता मन्त्र रहित, क्रिया रहित, विधि रहित जो कुछ भी मुझ से हुआ, हे परमेश्वरि आप उस सबके लिये क्षमा करें।

इति पञ्चस्तव्यां घटस्तव:

अथ पञ्चस्तव्यां–अम्बस्तवःचुतर्थः

यामा-मनन्ति मुनयः प्रकृतिं पुराणीं
विद्येति यां श्रुतिरहस्यविदो वदन्ति
ताम्-अर्ध-पल्लवित-शंकर-रूप-मुद्रां
देवीम्-अनन्य-शरणः शरणं प्रपद्ये (1)

अन्वय-शब्दार्थ

याम्-जिसको, **मुनयः**=मुनि, **पुराणीं**=अनादि काल से चली आई, **प्रकृतिं**=तीन गुणों की साम्यावस्था, **श्रुतिरहस्य विदः**=वेदों के रहस्य जानने वाले, **विद्या**=यथार्थ ज्ञान, **वदन्ति**=कहते हैं, **ताम्**=उसी, **अर्ध**=आधे शरीर के देने से, **पल्लवित**=विकसित हुई, **शंकर रूप मुद्रां=साकार शंकर रूप वाली, देवीं**=देवी को, **अनन्यशरणः**=दूसरे किसी देवी देवता के शरण में न गया हुआ, **तां शरणं प्रपद्ये**=आप की शरण में आया हूँ।

अर्थः–जिसको वेदों के रहस्य को जानने वाले मुनि अनादि प्रकृति तथा विद्या नाम से कहते हैं, उसी आप के आधे शरीर के देने से विकसित हुई शंकर रूप वाली देवी को मैं दूसरे किसी देवी देवता के शरण में न गया हुआ शरण में आया हूँ।

टिप्पणी–प्रकृति का अर्थ है, चराचर सृष्टि को रचाने वाली शक्ति, माया। "मयाध्यक्षेण प्रकृतिः सूयते सचराचरम्। भगवद्गीता

पुराणी=पुराण शब्द का अर्थ है, प्राथमिक अथवा आदि, पुरा नवं=पुराना होता हुआ भी नया, "माया या प्रकृति" पुरानी होती हुई भी नई ही होती है।

विद्या=यथार्थज्ञान, अभेद दृष्टि का होना, शुद्ध विद्या।

अम्ब! स्तवेषु तव तावत्-अकर्तृकाणि
कुण्ठी भवन्ति वचसाम्-अपि गुम्फनानि।
डिम्बस्य मे स्तुतिर्-असौ-असमञ्जसापि
वात्सल्य-निघ्न-हृदयां-भवतीं धिनोति (2)

अन्वय-शब्दार्थ

अम्ब!=हे माता! **तव-स्तवेषु**=आप की स्तुति करने में **तावत्**=तो, **अकर्तृकाणि**=परमेश्वर के बिना जिन का कोई बनाने वाला नहीं, **वचसां गुम्फनानि**=वेदों की ऋचायें भी, **कुण्ठी भवन्ति**=रुक जाती हैं, वर्णन करने में समर्थ नहीं है, ऐसा होने पर भी, **मे**=मुझ, **डिम्बस्य**=छोटे मूर्ख बालक की, **असौ**=यह, **असमञ्जसापि**=असमीचीन भी **वात्सल्य**=भक्तों के प्रेम से, **निघ्नहृदयां**=द्रवित हृदयवाली, **भवतीं**=आपको, **धिनोति**=प्रभावित करती है।

अर्थ:—हे माता! आप की स्तुति करने में, परमेश्वर की बनाई हुई वेद की ऋचायें भी रुक जाती हैं-यानी आपका वर्णन करने में समर्थ नहीं है, ऐसा होने पर भी मुझ छोटे अबोध बालक की, यह असमीचीन स्तुति भक्ति रूपी प्रेम से द्रवित हृदय वाली आपको प्रभावित करती है।

टिप्पणी—स्कन्दपुराण से-"श्रुतिश्च भीता यं वक्ति, किं तस्मात् परम"

अर्थ—वेद भी जिस "संवित्" का वर्णन करने में भयभीत होते हैं तो इससे बढ़कर और क्या कहें-परन्तु तो भी भक्त कहे बिना रह नहीं सकता है। "सब जानत प्रभु प्रभुता सोई। तदपि कहे बिनु रहा न कोई"

जौ बालक कहि तोतरिबाता, मुदित होहिं सुनि गुरु पितु माता (रामचरितमानस)

व्योमेति बिन्दुर्-इति नाद इतीन्दुलेखा
रूपेति वाक्-भवतनूः-इति मातृकेति।
निष्यन्दमान-सुखबोध-सुधास्वरूपा
विद्योतसे मनसि भाग्यवतां जनानाम् (3)

अन्वय-शब्दार्थ

व्योम-इति=आकाश स्वरूप वाली (सर्वत्र व्याप्त) **बिन्दुः** इति=ब्रह्मरूप वाली, **नाद इति**=नाद रूप, **इन्दु लेखा**=चन्द्रकला रूप, **वाक्-भवतनू**=सरस्वती रूप, **मातृका**=मातृका (अ से क्ष तक) रूप वाली, **निष्यन्दमान सुखबोधसुधास्वरूपा**=द्रवीभूत-आनन्द-ज्ञान तथा अमृतरूप वाली, **भाग्यवतां जनानां**=सौभाग्यवाले भक्तों के, **मनसि**=मन में **विद्योतसे**=प्रकट होती हो।

अर्थ—हे माँ! आप भाग्यशाली भक्तों के मन में, व्योम (आकाश) रूप में, बिन्दु (ब्रह्म) के रूप में, नाद रूप में, चन्द्रकलारूप में, सरस्वती रूप में, मातृका रूप में, द्रवीभूत, आनन्द ज्ञान, अमृत रूप वाली ऐसे ही स्वरूपों में प्रकट होती हो।

टिप्पणी—व्योम, बिन्दुः कुण्डलिनी, नाद, इन्दुलेखा, परावाक्, मातृका-यह सभी शब्द 'संवित् के नामान्तर' हैं।

नाद-शरीर के अन्दर स्वाभाविकरूप से अनाहत ध्वनि चलती रहती हैं, ध्वनि प्रायः दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न होती है, परन्तु शरीर में उसके विप्रीत बिना किसी टकराव के यह ध्वनि (नाद) निरन्तर होती रहती है, यह ध्वनि हम अपने ही कानों से योगाभ्यास के द्वारा सुनने में समर्थ होते हैं, यह ध्वनि शब्द ब्रह्म का ही व्यापार है।

आविर्भवत्-पुलक-सन्ततिभिः शरीरैः
निष्यन्दमान-सलिलैः-नयनैश्च नित्यम्।
वाग्भिश्च गद्गद-पदाभिर्-उपासते ये
पादौ तवाम्ब! हृदयेषु त एव धन्याः (4)

अन्वय-शब्दार्थ

अम्ब!=हे माता, **आविर्भवत्**=प्रकट हुये, **पुलक सन्ततिभि:**=रोमांचों की पंक्तियों से युक्त, **शरीरै:**=शरीरों से, **निष्यन्दमान**=बहते हुये, **सलिलै:**=अश्रुओं से भरे **नयनै:**=नेत्रों से, **च**=और, **नित्यं**=लगातार, **वाक्भि:**=वाणियों से, **गद्गद-पदाभि:**=हिचकियाँ युक्त, शब्दों से, **ये**=जो भक्त, **तव पादौ**=आपके चरणों को, **हृदयेषु**=हृदय में, **उपासते**=उपासना करते हैं (ध्यान करते हैं), **ते एव**=वे ही भक्त, **धन्या:**=प्रशंसनीय हैं।

अर्थ—हे माता! प्रकट हुये, रोमांचों की पंक्तियों से युक्त शरीरों से, बहते हुये अश्रुओं से भरे हुये नेत्रों से, हिचकियों से युक्त शब्दों से जो भक्त आपके चरणों की निरन्तर उपासना करते हैं, वे भक्त भाग्यशाली है-(प्रशंसनीय है)

टिप्पणी—"सौख्यम्-एष-भवत: समागम:" शि॰ स्तो॰

हे माता जब भक्त को आप का समागम होता है, अथवा निरन्तर जो आप के ध्यान में मग्न होता है, उसकी दशा एक ब्रह्मनिष्ठ योगी की जैसी होती है, जैसा कि शिव महिम्नस्तोत्र में वर्णित है प्रहृष्यत्-रोमाण:, प्रमद-सलिल-संगित-दृश

अर्थ-योगी को वह परम तत्व देख कर हर्ष से रोम पुलकित हो जाते हैं और नेत्रों से आनन्द अश्रु बहते हैं।

वक्त्रं यत्-उद्यतम्-अभिष्टुतये भवत्या-
स्तुभ्यं नमो यत्-अपि देवि! शिर: करोति।
चेतश्च यत्-त्वयि परायणम्-अम्ब तानि
कस्यापि कैर्-अपि भवन्ति तपो-विशेषै: (5)

अन्वय-शब्दार्थ

देवि! हे माता, **यत् वक्त्रं**=जो मुख, **भवत्या:**=आप की **अभिष्टतुये**=बार बार स्तुति के लिये, **उद्यतम्**=उद्योग युक्त हो **शिर: अपि**=सिर भी, **यत्**=जो,

तुभ्यं=आप को, **नमः करोति**=नमस्कार करता है, **चेतः**=चित्त, **यत्**=जो, **त्वयि**=आप में, **परायणम्**=लगा हो, **अम्ब**=हे माता, **तानि**=यह तीनों बातें **कस्यापि**=किसी को ही, **कैः-अपि**=किन्हीं, **तपो विशेषैः**=किये हुये उत्तम तपों से, **भवन्ति**=प्राप्त होती है।

अर्थ—हे माता, जो मुख आप की बार बार स्तुति के लिये, उद्योग युक्त हो, जो सिर आप को नमस्कार करता है, जो मन आप में, लगा हो, यह तीनों बातें स्तुति, प्रणाम तथा आप का ध्यान किसी विरले को ही उत्तम तपों से प्राप्त होती हैं।

टिप्पणी–सा वाक् यया तस्य गुणान् गृणीते, करौ च तत्कर्म, मनश्च।।

अर्थ–वही वाणी सफल है, जो परमात्मा का गुण गाती है, हाथ भी वही सफल हैं जो आप के काम में ही लगे हूँ, मन भी वही है जो आप का ध्यान करे, सिर भी वही है जो आप को बार बार प्रणाम करे।

मूलाल-वाल-कुहरात्-उदिता भवानि
निर्भिद्य-षट्-सरसिजानि तडित्-लतेव।
भूयोपि तत्र विशसि ध्रुव-मण्डलेन्दु
निष्यन्दमान-परमामृत-तोय रूपा (6)

अन्वय-शब्दार्थ

भवानि=हे माता, आप, **मूलालवाल**=मूलाधार रूपी **आलवालात्**=(छोटी सी क्यारी जो पानी से भरी होगी) काश्मीरी में सगडूर, **कुहरात्**=गुफा से, **उदिता**=उदय में आई हुई, **तड़ित् लतेव**=बिजली की कड़क जैसी, **षड्सरिसिजानि**=छः कमलों को, **निर्भिद्य**=भेदन करती हुई अथवा विकसित करती हुई, **ध्रुवमण्डलेन्दु**=सहस्रार में जो अमृत से भरपूर, **इन्दु**=क्षमा कला (चन्द्रमा की सौलहवीं कला) है, **निष्यन्दमान**=उसको प्रवाहित करती हुई, **परामृत तोयरूपा**=चित्त=अमृत से भरपूर, **तत्रापि** उसी मूलाधार में, विशिसि=प्रवेश करती हो।

अर्थ–हे माता! आप मूलाधाररूपी गुफा से बिजली की कड़क की भांति उदय में आई हुई, छः कमलों को भेदन करती हुई, सहस्रार में पहुँच कर वहाँ स्थित (अमा कला) जो अमृत से भरपूर होती है उसको द्रवित करती हुई यानी प्रवाहित-करती हुई, उसी अपने स्थान भूत मूलाधार में फिर से प्रवेश करती हो।

टिप्पणी–षट्चक्र-स्थान् शिवान् भित्वा देवी गच्छति निष्कलम् (स्वतन्त्र तन्त्र)
अर्थ–षट्चक्रों में स्थित छः शिवों का भेदन (विकसित) कर देवी निष्कल निर्गुण ब्रह्म पर पहुँचती है।

षड् चक्रः–(1) मूलाधार चक्र (जननेन्द्रिय में दो अंगुल नीचे गुदा से दो अंगुल ऊपर चार दल वाला

(2) **स्वाधिष्ठान चक्र**, जो-लिंग के सामने है (6 दल)

(3) **मणिपूर चक्र,** नाभि के सामने (10 दल)

(4) **अनाहत चक्र**, हृदय के सामने (12 दल)

(5) **विशुद्धि चक्र,** हृदय के सामने (16 दल)

(6) **आज्ञा चक्र,** भ्रुवों के मध्य में (दो दल)

दग्धं यदा मदनम्-एकम्-अनेकधा-ते
मुग्धः कटाक्षविधिर-अंकुरयां-चकार।
धत्ते तदा-प्रभृति देवि! ललाट नेत्रं
सत्यं ह्रियेव मुकलीं कृतम्-इन्दुमौलिः (7)

अन्वय-शब्दार्थ

देवि!=हे देवी, **यदा**=जब, **ते**=आपकी, **मुग्धः**=मोहित करने वाली, **कटाक्ष विधिः**=तिरच्छी नेत्र दृष्टि, **अनेकधा**=नाना प्रकार से, **एकं**=अकेले, **दग्धं**=जले हुये, मदनम्=कामदेव को, **अंकुरयाञ्चकार**=अंकुर निकालने लगी, **तदाप्रभृति**=तब से, **इन्दु** मौलिः=शंकर भगवान् ने, **सत्यं**=सचमुच, **ललाट नेत्रं**=ललाट का नेत्र, **ह्रिया** इव=शर्म के मारे ही,

मुकली-कृतम्=अर्धनिमीलित रूप में रखा है।

अर्थ—हे देवी जब तुम्हारी मोहित करने वाली तिरछी नेत्र दृष्टि से, जले हुये काम देव को फिर से अंकुर निकलने लगा, ऐसा देख कर शर्म के मारे ही शंकर भगवान् ने तीसरा नेत्र अर्धनिमीलित रूप में रखा है।

टिप्पणी—"कपाल-नेत्रान्तर-लब्धमार्गैः ज्योतिः प्रवाहैर्-उदितैः शिरस्तः।" कुमार संभव शंकर के तीसरे नेत्र के अग्नि से जलकर कामदेव भस्म हुआ था, तब से कामदेव का नाम पड़ा था "स्मर" परन्तु ऐसा होने पर भी संसार में कामदेव का प्रभाव बना हुआ है-ऐसा देख कर ही शर्म के मारे शंकर का तीसरा नेत्र अर्धनिमीलित है।

अज्ञात-सम्भवम्-अनाकलिता-न्ववायं
भिक्षुं कपालिनम्-अवाससम्-अद्वितीयम्
पूर्व-करग्रहण-मंगलतो भवत्याः
शम्भुं क एव बुबुधे गिरि-राज-कन्ये (8)

अन्वय-शबदार्थ

गिरिराज कन्ये!=हे पार्वती, **अज्ञातसंभवम्**=जिस के माता पिता का ज्ञान न हो, **अनाकलित-अन्ववायं**=जिन के वंश का कोई ज्ञान नहीं, **भिक्षुं**=भिक्षा करने वाले, **कपालिनं**=कपालधारी, **अवाससम्**=वस्त्र रहित (नग्न) **अद्वितीयम्**=जिसके समान कोई नहीं है, **शम्भुं**=शंकर को **भवत्याः** आपके, **कर ग्रहण मंगलतः**=पाणिग्रहण से, **पूर्वं**=पहले **क एव**=कौन, **बुबुधे**=जानता था।

अर्थः—हे पार्वती! जिसके माता पिता का कोई ज्ञान नहीं है, जिसका कोई वंश नहीं, भिक्षा से जो अपना जीवन निर्वाह करता है, जो कपाल की माला को धारण करता है, जो नग्न रहता है, जो अद्वितीय है, ऐसे शंकर को आपके पाणिग्रहण से पहले कौन जानता था।

टिप्पणी–'वपुर्विरूपाक्षम्-अलक्षजन्मत:, दिगम्बरत्वेन निवेदितं वसु
वरेषु यत् बालमृगाक्षि! मृग्यते, किमस्ति तत् व्यस्तमपि त्रिलोचने''कुमार संभत
अर्थ–ब्रह्मचारी रूप में शंकर पार्वती से पूछता है–हे पार्वती! एक उत्तम वर में जो गुण होने चाहिये, क्या उन में से कोई गुण उस शंकर में है जिसके लिये तुम तपस्या करती हो, जिसके विकृत नेत्र हैं, जिसके जन्म का कोई ज्ञान नहीं, जिसके पास तन ढाँपन के लिये वस्त्र नहीं है।
पार्वती कहती है–"न सन्ति यथार्थ्यविद: पिनाकिन:" शंकर क्या है, वह कितना शक्तिशाली है सभी नहीं जानते हैं।"

चरमाम्बरं च शव-भस्म-विलेपनं च
भिक्षाटनं च नटनं च परेत-भूमौ।
वेताल-संहति-परिग्रहता च शम्भो:
शोभां बिभर्ति गिरिजे! तव साहचर्यात् (9)

अन्वय-शब्दार्थ

शम्भो:=शम्भु का, **चरमाम्बरं**=मृगशाला जिसका वस्त्र है, **शवभस्म**=मुर्दे का भस्म, **विलेपनं**=शरीर पर मलने की वस्तु है, **भिक्षाटनं**=भिक्षा के लिये घूमना, **नटनं** च **परेतभूमौ**=प्रेतों की भूमि में नाचाना, **वेताल संहति**=वेतालों का समूह **परिग्रहता**=जिसका परिवार है, **गिरिजे**=हे पार्वती, **तव**=आपके, **साहचर्यात्**=साथ चलने से अथवा पाणिग्रहण से **शोभां बिभर्ति**=शोभा को धारण करता है।

अर्थ:–मृगशाला जिस का वस्त्र है, शव का भस्म जो शरीर पर मलता है, भिक्षा के लिये जो घूमता फिरता है, प्रेतों की भूमि में जो नाचता है, वेतालों का समूह जिसका परिवार है, हे पार्वती! ऐसा होने पर भी आप के सम्पर्क से शंकर शोभा को धारण करता है।

टिप्पणी–चिताभस्मालेपो गरलं-अशनं दिक्पटधरो जटाधारी कण्ठे भुजग पतिहारी पशुपति:।
कपाली भूतेशो भजति-जगत्-ईशैक-पदवीं

भवानि त्वत्-पाणिग्रहण-परिपाटी-फलमिदम्।। देवीस्त्रोत

अर्थ–हे भवानी-जो शंकर अपने अंगों में चित्ता की राख मलते हैं, विष ही जिन का भोजन है, जो नग्न ही रहते हैं, सिर पर जटा, कण्ठ में वासुकि को हार रूप में धारण करते हैं, जिनके हाथ में भिक्षापात्र कपाल है, ऐसा होने पर भी पशुपति शंकर ने जगत् ईश की पदवी प्राप्त की है, इस का क्या कारण है? ऐसा महत्व उन को कैसे मिला, हे माता! यह आपके पाणिग्रहण का ही फल है।

कल्पोप-संहरण केलिषु पाण्डितानि
चण्डानि खण्डपरशोर्-अपि ताण्डवानि।
आलोकनेन तव कोमलितानि मातर्!
लास्यात्मना पिरणमन्ति जगत्-विभूत्यै (10)

अन्वय-शब्दार्थ

मातः=हे माता, **कल्प**=युगों के, **उपसंहरण**=नाश करने की, **केलिषु**=क्रीडाओं में, **खण्डपरशोः**=शंकर के, **चण्डानि**=भयंकर, **ताण्डवानि**=नृत्य, **पाण्डितानि**=निपुण हैं, **तव**=आपके, **लास्यात्मना**=प्रेम से भरे हुये, **आलोकनेन**=दृष्टि से, **कोमलितानि**=कोमल बने हुये, **जगत्-विभूत्यै**=जगत् के ऐश्वर्य के लिये, **परिणमन्ति**=परिणत हो जाते हैं।

अर्थ–हे माता, युगों के नाश करने की क्रीडाओं में निपुण, शंकर के भयंकर नृत्य, आपकी प्रेमभरी दृष्टि से कोमल बन कर जगत् के ऐश्वर्य के लिये परिणत हो जाते हैं।

टिप्पणी–जैसे एक माली पौधों अथवा वृक्षों की टहनियाँ उस वृक्ष के फलने फूलने की भावना से काटता है-ऐसे ही शंकर चराचर सृष्टि का नाश करता है–परन्तु वह नाश नई सृष्टि की भावना से ही होता है-यद्यपि शंकर का काम सृष्टि का नाश करना है परन्तु सृष्टि को फिर से सुसज्जित रूप में प्रकट करना। माता! आप की अनुग्रह-दृष्टि का ही परिणाम है

जन्तोर्-अपश्चिमतनोः सति कर्मसाम्ये
निशेष-पाशपटल-च्छिदुरा-निमेषात्
कल्याणि! दैशिक-कटाक्ष-समाश्रयेण
कारुण्यतो भवसि शाम्भव-वेददीक्षा (11)

अन्वय-शब्दार्थ

कल्याणि!=हे कल्याणरूपिणी माँ! **अपश्चिम तनोः जन्तोः**=जीवन मुक्त बनने वाले मनुष्य को, **कर्मसाम्ये**=पुण्य और पापों की साम्य अवस्था, **सति**=होने पर, **कारुण्यतो**=आप के अनुग्रह से, **दैशिक**=सद्गुरु की, कटाक्ष=अनुग्रह की दृष्टि का, **समाश्रयेण**=सहारा मिलने पर, **निमेषात्**=बिना किसी परिश्रम के (क्षण मात्र में) **पाशपटल**=पाशों के समूह को (अथवा तीन मलों को) **च्छिदुरा**=काटने वाली, **शाम्भव वेद दीक्षा** (अभेदमयी) शाम्भवी परा अवस्था, दीक्षा देने वाली **भवसि**=तुम बनती हो।

अर्थ—हे कल्याणरूपिणी माता! मुक्त होने वाले मनुष्य को, पुण्य ओर पापों की साम्य अवस्था होने पर, आपके अनुग्रह से, सद्गुरु की अनुग्रह दृष्टि का सहारा मिलने पर बिना किसी परिश्रम के (क्षण मात्र में) पाशों के समूह (अथवा तीन मलों को) को काटने वाली वेद विध्यनुसार शाम्भवी दीक्षा देनी वाली आप ही बनती हो।

टिप्पणी—शाम्भव वेद दीक्षा=शम्भवी अवस्था=अभेदमयी अवस्था, यह अवस्था गुरुकृपा के बिना प्राप्त नहीं होती है, गुरु से दीक्षा लेकर ही साधक इस अवस्था को प्राप्त करता है, शिष्य की योग्यता के अनुसार दीक्षायें भिन्न-भिन्न प्रकार की होती हैं। प्रत्येक सम्प्रदाय में गुरुदीक्षा का पृथक् पृथक् क्रम होता है—परन्तु इस श्लोक में उस दीक्षा का संकेत है, जो दीक्षा ऋषि परम्परा से वेद विध्यनुसार दी जाती है—शाम्भवी अवस्था की दीक्षा वह दीक्षा है जिसके बारे में भगवद्गीता में आता है "यत् ज्ञात्वा न पुनर्मोहमेवं यास्यसि पाण्डव" जिस अवस्था पर पहुँचकर साधक को फिर मोह नहीं होता है।

मुक्ता विभूषणवती नव-विद्रुमाभा
यत्-चेतसि स्फुरसि तारकितेव सन्ध्या।
एकः स एव भुवनत्रय-सुन्दरीणां
कन्दर्पतां व्रजति पञ्चशरीं विनापि (12)

अन्वय-शब्दार्थ

मुक्ता=मोतियों के, **विभूषणवती**=भूषणों से सुसज्जित, **नव-विद्रुम-आभा**=नये रुद्राक्ष जैसी शोभावाली, **तारकितेव-संध्या**=तारो से भरी हुई, सन्ध्या जैसी, **यत् चेतसि**=जिस के मन में **स्फुरसि**=विकसित होती हो, **स एक एव**=वही भक्त, **भुवनत्रय-सुन्दरीणां**=तीनों लोकों की सुन्दर शक्तियों के, **पञ्चशरीं विनापि** (बाणों के बिना)=बिना किसी प्रयत्न के, **कन्दर्पता-व्रजति**=कामदेव भाव को पहुँचता है, सभी अणिमादि सिद्धियाँ उसके वश में हो जाती हैं।

अर्थ—मोतियों के भूषणों से सुसज्जित, नये रुद्राक्ष जैसे शोभावाली, तारों से भरी हुई सन्ध्या जैसी साकार रूप वाली माँ, जिस भक्त के मन में विकसित होती है, तीनों लोकों की सुन्दर शक्तियाँ बिना किसी प्रयत्न के उस भक्त के पीछे-पीछे लुढकती हैं।

"तत्त्वं पूषन्-अपावृणु सत्यधर्माय दृष्टये"

ईशावास्योपनिषद् में भक्त ईश्वर से प्रार्थना करता हे, हे प्रभु! अणिमादि-सिद्धियों से चमकते हुये उस ढक्कन को, जो मेरे लिये आपके साक्षात्कार करने में बाधक हैं "अपावृणु" हटा लीजिये। अणिमादिसिद्धियों में न फस कर ही साधक "शाम्भवी अवस्था" पर पहुंचने में समर्थ होता है।

ये भावयन्त्य-मृत-वाहिभिर्-अंशुजालैः।
आप्यायमान-भुवनाम्-अमृतेश्वरीं त्वाम्।
ते लंघयन्ति ननु मातर्-अलंघनीयां
ब्रह्मादिभिः सुर-वरैर्-अपि कालकक्ष्याम् (13)

अन्वय-शब्दार्थ

ये=जो भक्त, **त्वां**=तुम्हें, **अमृतवाहिभिः**=अमृतधारण किये हुये, **अंशुजलै**=किरणों के समूह से, **भुवनां**=तीन लोकों को, **आप्यायमान**=जीवनदान देने वाली, **अमृतेश्वरीं**=अमृत की स्वामिनी का **भावयन्ति**=ध्यान करते हैं। **मातः**=हे माँ, **ते**=वे भक्त, **ब्रह्मा-दिभिः**=ब्रह्मा इत्यादि, **सुरवरैः**=देवताओं से, **अलंघनीयां**=पार-करने में कठिन, **कालकक्ष्यां**=काल को भी, **लंघयन्ति**=पार करते हैं।

अर्थः—अमृतधारण किये हुये किरणों के समूह से तीन लोकों को जीवनदान देने वाली, अमृत की स्वामिनी ऐसे माता के स्वरूप का जो भक्त ध्यान करते हैं, वे ब्रह्मादि देवताओं से अलंघनीय कालकक्ष्या को पार करते हैं।

यः स्फाटिकाक्ष गुण-पुस्तक-कुण्डिकाढयां
व्याख्या-समुद्यतकरां शरत्-इन्दु-शुभ्राम्।
पद्मासनां च हृदये भवतीम्-उपास्ते
मातः स विश्व-कवि-तार्किक-चक्रवती (14)

अन्वय-शब्दार्थ

यः=जो भक्त, **स्फाटिक**=स्फटिक मणि की, **अक्षगुण**=अक्षमाला, **पुस्तक**=पुस्तक, **कुण्डिका**=कमण्डलु, **आढयां**=युक्त, **व्याख्या**=उपदेश के लिये, **समुद्यतकरां**=ऊपर-उठाये हाथ वाली, **शरत्-इन्दु**=शरद ऋतु के

चन्द्रमा जैसी, **शुभ्राम्**=निर्मल, **पद्मासनां**=कमल के आसन पर बैठी हुई, **हृदये**=हृदय में, **भवतीं**=आप की, **उपास्ते**=उपासना करते हैं, **मातः**=हे माता, **सः**=वह, **विश्व**=जगत् के, **कवि**=कवियों, **तार्किक**=तर्क करने वालों का, **चक्रवर्ती**=अग्रगण्य बनता हो।

अर्थः—एक हाथ में स्फटिक मणि की अक्षमाला, दूसरे में पुस्तक तीसरे में कमण्डलु, चौथा हाथ उपदेश के लिये ऊपर उठाया हुआ, पद्मासन पर बैठी हुई, शरत् ऋतु के चन्द्रमा जैसी निर्मल माता के ऐसे साकार रूप की जो भक्त उपासना करता है वह जगत् के कवियों तथा तार्किकों का चक्रवर्ती राजा बनता है।

टिप्पणी—साकारमूर्ति का ध्यान करने वाले साधक के लिये आवश्यक है, जिस देवी या देवता का ध्यान किया जाये-उसके गुण, ध्यान करने वाले साधक में आयें। "देवो भूत्वा देवं यजेत्" उपरि लिखित श्लोक में माँ के हाथ में "अक्षमाला" से संकेत मिलता है-हर समय इष्ट देवी देवता का स्मरण करना, पुस्तक से संकेत मिलता है-स्वाध्याय में जुटे रहने का, हाथ में कमण्डलु से तात्पर्य है-स्वाध्याय से ज्ञानरूपी अमृत एकत्रित करते रहना, उपदेश के लिये ऊपर उठाये हुये हाथ से तात्पर्य है, ज्ञान प्राप्त करके प्रचार करना। पद्मासन से तात्पर्य है जल में (संसार में) रहते हुये भी निर्मल रहना।

बर्हावतंस-युत-बर्बर-केशपाशां
गुञ्जावली-कृत-घनस्तन-हार-शोभाम्
श्यामां प्रवाल-वदनां सुकुमार-हस्तां
त्वाम्-एव नौमि शवरीं शवरस्य जायाम् (15)

अन्वय-शब्दार्थ

बर्ह=मोरपंख के, **अवतंसयुत**=ताजवाले, **बर्ब-केश-पाशां**=भूरे रंग के-केशों वाली, **गुञ्जावली**=गुंजाहारों से, **कृत**=किये हुये, **घनस्तन**=घने स्तनों पर, **हारशोभाम्**=हारों की शोभा वाली, **श्यामां**=श्यामवर्ण वाली, **प्रवालवदनां**=मूँगे जैसे लाल मुखवाली, **सुकुमार-हस्तां**=कोमल हाथों

वाली, **शवरस्य**=शिकारी बने हुये शंकर की, **जायाम्**=शक्तिरूप शवरी, **त्वामेव**=तुझे ही, **नौमि**=नमस्कार करता हूँ।

अर्थः—मोरपंख के ताज वाले, भूरे रंग के सुन्दर केशों वाली, गुंजाहारों से किये हुये, घने स्तनों पर हारों की शोभा वाली, श्यामवर्ण वाली, मूँगे जैसे लाल मुख वाली, कोमल हाथों वाली, शिकारी बने हुये शंकर की शक्ति रूप शवरी (शिकारिन) के स्वरूप को नमस्कार करता हूँ।

टिप्पणी—महाभारत में यह कथा आती है-अर्जुन पाशुपत-अस्त्र के लिये तपस्या करता है, भगवान् शंकर सन्तुष्ट हो कर उसको पाशुपत अस्त्र देते समय स्वयं शिकारी (शवर) का रूप और पार्वती शिकारिन (शवरी) का रूप धारण करती है-भक्त के लिये भगवान् क्या कुछ नहीं करता है।

अर्धेन किं नवलता ललितेन मुग्धे!
क्रीतं विभोः परुषं-अर्ध-इदं-त्वयेति।
आलीजनस्य परिहास-वचांसि मन्ये
मन्द-स्मितेन तव देवि! जडी भवन्ति (16)

अन्वय-शब्दार्थ

मुग्धे! हे पार्वती, **नवलता**-ललितेन=नई लता की भांति सुन्दर, **अर्धेन**=अपने आधे शरीर से, **विभोः**=शंकर का, **परुषम्**=कठोर (खुरदुरा), **इदं** अर्धं=आधा शरीर, **किं**=क्या, **त्वया**=तुमने, **क्रीतं**=खरीदा है, **आलीजनस्य** सखियों के, **परिहास वचांसि**=हंसी के वचन, **देवि!** हे देवी, **तव**=तुम्हारी, **मन्दस्मितेन**=मुस्कराहट से, **जड़ी भवन्ति**=जड़ हो गये, यानी सखीजन आगे कुछ बोल न सकी **मन्ये**=ऐसा मानता हूँ।

अर्थः—हे पार्वती! नई लता की भांति सुन्दर, अपने आधे शरीर से शंकर का कठोर खुरदुरा आधा! शरीर (शंकर का) आप ने क्यों

खरीदा है? सखियों के हंसी के यह वचन सुनकर पार्वती के होठों पर मुस्कराहट देख कर सखी जन मूढ जैसे हो गये।

टिप्पणी–सखियों का हास्यपूर्ण वचन सुनकर पार्वती की मुस्कराहट से सखियाँ समझ गई कि पार्वती ने यह बात मान ली, कि मुझे इस खरीद फरोख्त में घाटा ही पड़ा है, अतः सखियों ने आगे बात बड़ाई नहीं।

ब्रह्माण्ड बुद्बुद-कदम्बक संकुलोयं
मायोदधि-विविध-दुःख तरंगमालः।
आश्चर्यम्-अम्ब! झट्-इति प्रलयं प्रयाति,
त्वत्-ध्यान-सन्तति-महा-वडवा-मुखाग्नौ (17)

अन्वय-शब्दार्थ

अम्ब! हे माता, **अयं**=यह, **ब्रह्माण्ड**=ब्रह्माण्ड रूपी, **बुद्बुद**=बुलबुलों के, **कदम्ब**=समूह से, **संकुलः**=भरा हुआ, **विविध**=नाना प्रकार के, **दुःखतरंगमालः**दुख रूपी लहरों से भरपूर, **मायोदधिः**=माया रूपी समुद्र, **त्वत्**=आप के, **ध्यान-सन्तति**=निरन्तर ध्यान रूपी, **वडवामुखाग्नौ**=वाडव अग्नि में, **झट्-इति**=क्षण मात्र में, **प्रलयं प्रयाति**=लय हो जाता है अथवा नष्ट हो जाता है, **आश्चर्यम्**=यह बड़ा ही आश्चर्य है।

अर्थः–हे माता! यह ब्रह्मण्ड रूपी बुलबुलों के समूह से भरा हुआ, नाना प्रकार के दुखरूपी लहरों से भरपूर माया रूपी समुद्र आप के निरन्तर ध्यान रूपी वाडव अग्नि में क्षणमात्र में लय हो जाता है, अथवा नष्ट हो जाता है, यह बड़ा ही आश्चर्य है।

टिप्पणी–राजा चन्द्रशेखर मुकुन्दमाला में कहते हैं–

पृथ्वी रेणुर्-अणुः पयांसि कणिका फल्गुः स्फलिंगो लघु
स्तेजो निःश्वसनं मरुत्-तनुतरं रन्ध्रं सुसूक्ष्मं नभः
क्षुद्रा रुद्रपितामह-प्रभृतयः कीटाः समस्ताः सुरा

दृष्टे यत्र स तावको विजयते भूमावधूतावधि:।। मुकुन्दमाला

उस परब्रह्म अथवा 'संवित्' का साक्षात्कार होने पर पृथ्वी एक धूल का कण दिखाई देता है, सारा जल छोटी बूंदों जैसे लगते हैं, सारा अग्नि छोटी चिंगारियाँ दिखाई पड़ती हैं, वायु एक सांस जैसा प्रतीत होता है, आकाश सूक्ष्मच्छेद जैसा देखने में आता है, ब्रह्मादि देवता कीड़े जैसे लगते हैं-ऐसे ही उपरि लिखित श्लोक के अनुसार माता का ध्यान करने पर ही यह विशाल जगत् तथा संसार के सभी दु:ख ऐसे नष्ट हो जाते हैं जैसे वाडवाग्नि से सागर का पानी नष्ट होता है।

दाक्षायणीति कुटलेति गुहारणीति
कात्यायीनति कमलेति कलावतीति
एका सती भगवती परमार्थतोपि
संदृश्यसे बहु विधा ननु नर्तकीव (18)

अन्वय-शब्दार्थ

परमार्थत:=सही रूप में, **भगवती**, ऐश्वर्यशालिनी माँ! **एका सती अपि**=एक ही (अद्वितीया) होने पर भी, **दाक्षयणी**=दक्षप्रजापति की पुत्री, **कुटिला**=कुण्डलिनी, **गुहारणी**=हृदय-रूपी गुहा में स्थित, **कात्यायनी**=कात्यायन ऋषि की पुत्री, **कमला**=लक्ष्मी अथवा कमल की भांति संकुचित और विकसित करने वाली, **कलावती**=पांच कलाओं की शक्तिवाली अथवा षोडषी कला स्वरूप वाली, इति ऐसे ही, **ननु** निश्चय से, नर्तकीव बहुरूपिया नाचने वाली स्त्री की भांति, **बहुविधा**=बहुत प्रकार से अनेकों रूपों में, **दृश्यसे**=देखी जाती हो।

अर्थ:—हे एश्वर्यशालिनी माता! परमार्थ से एक ही स्वरूपवाली होने पर भी आपने दक्ष प्रजापति की कन्या बनकर दाक्षायणी नाम पाया, मनुष्य के शरीर में मूलाधार में साढ़े तीन वलय रूप में होने से कुटिला अथवा कुण्डलिनी नाम धारण किया, कत्य ऋषि की कन्या बन कर कात्यायनी नाम पाया, कमल की भांति (विकसित तथा संकुचित)

सृष्टि बनाने तथा लय करने वाली होने से कमला नाम धारण किया है, पंच कृत्य सृष्टि-स्थिति-संहार-तिरोधान तथा अनुग्रह इन पांच कलाओं की शक्तिवाली होने से कलावती नाम पड़ा, ऐसे ही नर्तकी की भांति आपने भिन्न-भिन्न स्वरूपों को धारण करके भिन्न-भिन्न नाम पाये हैं।

आनन्द-लक्षणम्-अनाहत नाम्नि देशे
नादात्मना परिणतं तव रूपम्-ईशे।
प्रत्यङ्-मुखेन मनसा परिचीयमानं
शंसन्ति-नेत्र-सलिलैः पुलकैश्च धन्याः (19)

अन्वय-शब्दार्थ

ईशे=हे माता, **आनन्द-लक्षणम्**=आनन्द स्वरूप, **अनाहत-नाम्नि-देश** सहस्र चक्र में, **नादात्मना**=शब्द के रूप में, **परिणतं**=परिणत हुआ, **तवरूपं**=आप का रूप, **प्रत्यङ्-मुखेन**=इन्द्रियों में प्रधान, **मनसा**=मन से, **परिचीयमानं**=अनुभव किया हुआ, **नेत्र सलिलैः**=अश्रुधाराओं से भरे हुये **पुलकैः**=पुलकित शरीर से, **शंसन्ति**=आप की प्रशंसा करते है, **धन्याः**=ऐसे भक्त भाग्यशाली हैं।

अर्थः—जो योगी जन सहसार चक्र में नादरूप आनन्दस्वरूप शब्द के रूप में प्रकट हुये, आप के स्वरूप का निर्मल मन रूपी (प्रधान इन्द्रियों) से अनुभव करते हैं, वे भक्त पुलकित होकर आनन्द अश्रुओं को बहाते हुये आपकी प्रशंसा करते हैं-ऐसे भक्त भाग्यशाली हैं।

टिप्पणी–"प्रत्यङ्मुखेन मनसा" प्रत्यञ्चति=चक्षु आदि इन्द्रियों के द्वारा बाह्यविषयों को अन्दर की ओर खींचता है प्रत्यक् कहलाता है प्रत्यङ् मुखेन मनसा=प्रधान इन्द्रिय मन से। इस श्लोक में शाम्भवी अवस्था का संकेत है, साधक जब शाम्भवी अवस्था में पहुँचता है तो वह परम आनन्द का अनुभव करता है आनन्द का लक्षण है नेत्रों में आंसुओं का भर

जाना, शरीर का पुलकित होना वाणी का गद्‌गद हो जाना "आनन्दो ब्रह्मेति व्याजानात्" उपनि०

त्वं चन्द्रिका शशिनि तिग्मरुचौ रुचिस्त्वं
त्वं चेतनासि पुरुषे पवने बलं त्वम्।
त्वं स्वादुतासि सलिले शिखिनि त्वम्-ऊष्मा
निःसारम्-एव निखिलं त्वत् ऋते यदि स्यात् (20)

अन्वय-शब्दार्थ

त्वम्=तुम, **शशिनि**=चन्द्रमा में, **चन्द्रिका**=प्रकाश हो, **त्वं**=तुम **तिग्मरुचौ**=सूर्य में, **रुचि**=दीप्ति हो, **त्वं**=तुम, **पुरुषे**=प्राणी में, **चेतना**=शक्ति हो, **त्वं**=तुम, **पवने**=वायु में **बलं**=बल हो, **त्वं**=तुम, **स्वादुतासि**=रस हो, **सलिले**=जल में, **शिखिनि**=अग्नि में, त्वं=तुम **ऊष्मा**=गर्मी हो, **निःसारम् एव**=सत्ता रहित ही है, **निखिलं**=सारा, **त्वत् ऋते**=तुम्हारे बिना, **यदि स्यात्**=यदि होगा।

अर्थः—हे माता! चन्द्रमा में चान्दनी तुम हो, सूर्य में दीप्ति तुम हो, प्राणी में चेतना तुम हो, वायु में बल तुम हो, जल में मिठास तुम हो अग्नि में गर्मी तुम हो, तुम्हारे बिना सब सार रहित है।

टिप्पणी—"ईशावास्यमिदं सर्वं, यत् किञ्च जगत्यां जगत्" उपनि०
"जो कुछ दीखे जगत् में सब ईश्वर से ढांप, करो चैन इस त्याग से धन लालच से कांप" स्वामी रामतीर्थ

ज्योतींषि यत्-दिवि चरन्ति यत्-अन्तरिक्षं
सूते पयांसि यत्-अहि-र्धरणीं च धत्ते।
यत्-वाति-वायुर्-अनलो, यत्-उदर्चिर्-आस्ते
तत्-सर्वम्-अम्ब! तव केवलम्-आज्ञ-यैव (21)

अन्वय-शब्दार्थ

यत्=जो, **ज्योतींषि**=तारागण, **दिवि**=आकाश में, **चरन्ति**=घूमते हैं, **यत्**=जो, **अन्तरिक्षं**=आकाश, **पयांसि**=जलों को, **सूते**=उत्पन्न करते हैं, **यत्**=जो, **अहिः**=शेषनाग, **धरणी**=पृथ्वी, **धत्ते**=धारण करता है, **यत्**=जो, **वायुः**=वायु, **वाति**=चलता है, **अनलो**=अग्नि, **यत्**=जो, **उदर्चिः**=ऊँची दीप्ति वाला, **आस्ते**=होता है, **तत् सर्वम्**=वह सब, **अम्ब!** हे माता, **तव**=आप की, **केवलं**=केवल, **आज्ञयैव**=आज्ञा से ही होता है।

अर्थः—आकाश में जो तारागण घूमते हैं, आकाश जो बादलों को उत्पन्न करता है, शेषनाग जो पृथ्वी को धारण करता है, वायु जो चलता है अग्नि में जो दीप्ति प्रज्ज्वलित होती है, हे माता! यह सब आपकी ही आज्ञा से ही होता है।

टिप्पणी—भीषास्मात्-वातः पवते, भीषोदेति सूर्यः, भीषास्मात्-अग्निश्च इन्द्रश्च। मृत्युर्धावति पञ्चम इति" "तैत्तिरीयोपनिषद्"

अर्थ—उसी शक्ति के भय से वायु चलती है, उसी शक्ति के भय से सूर्य उदय होता है, उसी शक्ति के भय से, अग्नि, इन्द्र और पाँचवां मृत्यु ये सब अपना अपना कार्य करने में लगे रहते हैं।

संकोचम्-इच्छासि, यदा गिरिजे! तदानीं
वाक्-तर्कयो-स्त्वम्-असि भूमिः-अनाम-रूपा।
यद्वा विकासम्-उपयासि यदा तदानीं
त्वत् नाम रूपगणनाः सुकरी भवन्ति (22)

अन्वय-शब्दार्थ

गिरिजे! हे पार्वती! **यदा** जब, **संकोचं इच्छसि**=सृष्टि को लय करना चाहती हों, **तदानीं**=उस समय, **त्वं**=तुम, **वाक्-तर्कयोः**=वाणी और तर्क में, **अनामरूपा-भूमिः**=नामरूप से रहित अवस्था वाली, **असि**=हो,

यद्वा=नहीं तो, **यदा**=जब, **विकासम् उपयासि**=जब आप सृष्टि रूप में विकसित होती हो, **तदानीं**=तब, **त्वत् नामरूप गणना**=तुम्हारे नामरूप की गणना **सुकरी भवन्ति**=आसान हो जाती हैं।

अर्थ:—हे पार्वती! जब आप इस सृष्टि को अपने में लय करती हो उस समय आप वाणी और तर्क में नाम और रूप रहित अवस्था (निराकार रूप) वाली होती हो, जब आप सृष्टि रूप में विकसित होती है, तो आप के नामरूप की गणना आसान हो जाती हैं।

टिप्पणी—द्वे वाव ब्राह्मणो रूपे मूर्तं चैवामूर्तं च" बृ० उपनि०

ब्रह्म अथवा उस पराशक्ति के दो रूप हैं, मूर्त और अमूर्त, निराकार तथा साकार, अविनाशी और नाशवान्। निराकार शक्ति के बारे में श्रुति कहती है "अणोरणीयान्, महतो महीयान्" (कठ उपनिषद्) जो सूक्ष्म से भी सूक्ष्म है, महान् से भी महान् है।

साकार के विषय में वेदों का कहना है– "यस्य पृथिवी शरीरं, यस्य आप: शरीरं, यस्य अग्नि: शरीरं, यस्य अन्तरिक्षं शरीरम्, यस्य वायु: शरीरम्...।(बृ० उपनि०)

पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकश यह सब तत्व उस ब्रह्म के अथवा उस पराशक्ति के शरीर हैं, अत: इस प्रत्यक्ष शरीरधारी रूप में उसको जानना आसान है।

भोगाय देवि भवतीं कृतिनः प्रणम्य
भ्रूकिंकरी-कृत-सरोजगृहा-सहस्राः
चिन्तामणि-प्रचय-कल्पित-केलि-शैले
कल्पद्रुमोपवन एव चिरं रमन्ते (23)

अन्वय-शब्दार्थ

देवि!=हे ऐश्वर्य देने वाली माँ! **कृतिनः**=कई भाग्यशाली भक्तजन, **भवतीं**=आप को, **भोगाय**=ऐश्वर्य प्राप्ति के लिये, **प्रणम्य**=प्रणाम करके, **भ्रूकिंकरी कृत**=भौहों के इशारों से दासियों के समान **सरोजगृहा सहस्रा**=हज़ारों लक्ष्मीवाले बनते हैं, वे ही भक्त, **चिन्तामणि प्रचय**=चिन्तामणियों के ढेरों से, **कल्पित**=बने हुये, **केलिशैले**=क्रीडा के

पर्वतों पर, **कल्पद्रुमो-पवने**=कल्पवृक्षों से बने हुये, **उपवन एव**=उपवनों में **एव** ही, **चिरं रमन्ते**=चिर काल तक रहते हैं।

अर्थः—कई भाग्यशाली भक्तजन आप को ऐश्वर्य प्राप्ति के लिये प्रणाम करके भौंहों के इशारों से दासियों के समान चलने वाले हज़ारों लक्ष्मी वाले बनते हैं, उतना ही नहीं बल्कि वे भाग्यशाली भक्त चिन्तामणियों के ढेरों से बने हुये क्रीडा के पर्वतों पर कल्पवृक्षों से बने हुये बागों में चिरकाल तक रहते हैं अथवा रमन करते हैं।

टिप्पणी–"न वित्तेन तर्पणीयो मनुष्यः" उपनि०

धन तथा ऐश्वर्य के साधनों से मनुष्य तृप्त नहीं होता है–अतः धन-ऐश्वर्य के साधनों से शान्ति नहीं मिलती है, उपनिषदों की ऐसी घोषणा होने पर भी पञ्चस्तवीकार, हे माँ! "भोगाय देवि!" मुझे भोग के लिये धन ऐश्वर्यादि दीजिये, ऐसी प्रार्थना करता है। माता के अनुग्रह से जो धन मिलता है–वह धन अलौकि प्रकार का ही होता है जैसा कि इस श्लोक में उसका वर्णन है–वह धन उस भक्त के भौंहों के इशारों पर नाचता है, जैसे रत्नों से भरपूर पर्वत पर कल्पवृक्षों के उपवन में बिना प्रयत्न के धन मिलता है–एसे ही उस भक्त को धन प्राप्ति के लिये संघर्ष करना नहीं पड़ता है–तात्पर्य यही है माँ से प्रार्थना करने पर जिसे धन मिलता है–वह धनदास नहीं होता है बल्कि धनपति बनता है। जब तक लक्ष्मी नारायण के चरण दबाती है तब तक वह नारायण है, परन्तु जब नारायण ही लक्ष्मी के चरण दबाये तब वह नर बनता है।

मायाबिम्बो वशीकृत्य तां स्यात् सर्वज्ञ ईश्वरः अविद्यावशगस्त्वन्यः।।

अर्थ–आत्मा जब माया को अधीन रखता तो ईश्वर कहलाता है। माया के अधीन होने से आत्मा जीव कहलाता है। जहां लक्ष्मीदास बनना भोग कहलाता है, वहाँ लक्ष्मीपति बनना योग कहलाता है। भोग का योग में तब्दील होना माँ के अनुग्रह से ही सम्भव है।

हन्तु त्वमेव भवसि-त्वत्-अधीनम्-ईशे
संसार-तापम्-अखिलं दयया पशूनाम्।
वैकर्तनी-किरण-संहतिर्-एव-शक्ता
घर्मं निजं शमयितुं निजयैव दृष्ट्या (24)

अन्वय-शब्दार्थ

ईशे!=हे सर्वशक्तिमती माँ, **पशूनां**=मनुष्यों के, **अखिलं**=सभी **संसार तापं**=संसार के तीनों ताप, **त्वत्-अधीनं**=तुम्हारे आधीन है, **दयया**=दया से, **त्वमेव**=आप ही **हन्तुं**=नाश करने के लिये, **भवसि**=समर्थ हो **वैकर्तनी**=सूर्य की, **किरण संहति:**=किरणों का समूह, **एव**=ही, **निजं घर्मं**=अपनी गर्मी को, **निजया**=अपनी ही, **वृष्ट्या**=वर्षा से, **शमयितुं**=शांत करने के लिये, **शक्ता**=समर्थ है।

अर्थ:—हे सर्वशक्तिमती माँ! मनुष्यों के तीनों ताप, आप के ही अधीन है, आप ही अपने अनुग्रह से उन दु:खों का नाश करती हो, जैसे सूर्य अपने से उत्पन्न हुई गर्मी को अपनी ही उत्पन्न की हुई वृष्टि से शांत करने में समर्थ है।

टिप्पणी–तीन ताप आध्यात्मिक, आधिदैविक, आधिभौतिक।

शक्ति: शरीरं-अधिदैवतं-अन्तरात्मा
ज्ञानं क्रिया करणं-आसन-जालं-इच्छा।
ऐश्वर्यं-आयतनं-आवरणानि च त्वं
किं तत् न यत् भवसि देवि शशांक-मौले: (25)

अन्वय-शब्दार्थ

देवि!=हे देवी!, **शाशांक-मौले:**=शंकर की, **शक्ति:**=शक्ति **शरीर**=स्थूल शरीर, **अधिदैवतम्**=दस-इन्द्रियों की अधिष्ठातृ देवता रूप, **अन्तरात्मा**=अन्त: करण, **ज्ञानं**=ज्ञानशक्ति, **क्रिया**=क्रिया शक्ति, **करणं**=सभी कर्मेन्द्रियाँ तथा ज्ञानेन्द्रियाँ, **आसन-जालम्**=समाधि में उपयोगी आसन समूह, **इच्छा**=स्वतन्त्र इच्छा शक्ति, **ऐश्वर्यं**=ऐश्वर्य, **आयतनं**=आश्रय, **आवरणानि**=आणवादि तीन मल, **त्वं**=आप ही हो, **तत् किं**=वह कौन सी वस्तु है, **यत्**=जो, **त्वं**=आप, न **भवसि**=न हो।

अर्थः—हे देवी आप ही शंकर की शक्ति हो, स्थूल शरीर के रूप में आप ही हैं, शरीर की सूक्ष्म-अधिष्ठातृ-देवता रूप आप ही हैं, अन्तःकरण, ज्ञानशक्ति, क्रिया शक्ति सभी कर्मेन्द्रियाँ तथा ज्ञानेन्द्रियाँ, समाधि के उपयोगी आसन समूह, स्वतन्त्र इच्छा शक्ति, ऐश्वर्य, आश्रय, आणवादि तीन आवरण मल आप ही हैं। वह कौन सी वस्तु जो आप नहीं हो।

टिप्पणी-"ईशावास्यं-इदं-सर्वं यत् किं च जगत्यां जगत्"

भूमौ निवृत्तिर्-उदिता-पयसि-प्रतिष्ठा
विद्यानले मरुति शान्तिर्-अतीत-शान्तिः।
व्योम्नीति याः किलकलाः कलयन्ति विश्वं
तासां विदूर-तरम्-अम्ब! पदं त्वदीयम् (26)

अन्वय शब्दार्थ

अम्ब!=हे माता, **भूमौ**=पृथ्वी में, **निवृत्तिः**=निवृत्ति कला, **पयसि**=जल में, **प्रतिष्ठा**=प्रतिष्ठा कला, **अनले**=अग्नि में, **विद्या**=विद्याकला **मरुति**=वायु में, **शान्ति**=शान्तिकला, **व्योम्नि**=आकाश में, **अतीतशान्ति**=शान्त्यतीत कला, **इति**=ऐसे ही, **उदिता**=उदित हुई, **किल**=निश्चय से, **कलाः**=कलायें, **विश्वं**=36 तत्त्व वाले जगत् को, **कलयन्ति**=बनाती है, **तासां**=इन कलाओं से, **त्वदीयं**=आपका, **पदं**=स्थान, **विदूर-तरम्**=बहुत ही दूर है।

अर्थः—आप पृथ्वी में निवृत्ति कला, जल में प्रतिष्ठाकला, अग्नि में विद्याकला, वायु में शान्तिकला, आकाश में=शान्त्यातीतकला, ऐसे ही पाँच कलाओं के रूप में प्रकट होकर, निश्चय से 36 कलाओं वाले जगत् की बनाती हैं-ऐसा होने पर भी माता आप का स्थान इन कलाओं से बहुत ही उत्कृष्ट है।

टिप्पणी–एको देव: सर्वभूतेषु गूढ:, सर्वव्यापी सर्वभूतान्तरात्मा,
कर्माध्यक्ष: सर्वभूताधिवास:, साक्षी चेता केवलो निर्गुणश्च।।
उपरिलिखि वेद मन्त्र का भावार्थ भी यही है, सारी चराचर सृष्टि एक ही शक्ति से ओतप्रोत है।

यावत्पदं पद-सरोजयुगं त्वदीयं
नांगी करोति हृदयेषु जगत्-शरणये।
तावत्-विकल्प-जटिला: कुटिल-प्रकारा:
तर्क-ग्रहा: समयिनां प्रलयं न यान्ति (27)

अन्वय-शब्दार्थ

जगत्-शरण्ये=हे जगत् की रक्षा करने वाली माता, **यावत्**=जब तक, **त्वदीयं**=आपके, **पदसरोज**=चरणकमलों का युग जोड़ा, **हृदयेषु**=हृदयों में, **न-अंगीकरोति**=स्वीकार नहीं करते हैं=(आप के चरण कमलों को हृदय में स्थान नहीं देते हैं) **तावत्**=तब तक, **समयिनां**=भिन्न भिन्न मतवादियों के, **विकल्प जटिला:**=संकल्पविकल्प से उलझन वाले बने हुये, **कुटिल प्रकारा:**=टेड़े प्रकार के, **तर्क ग्रहा:** तर्कवितर्क रूपी ग्रहा: (उल्टे विचार) **प्रलयं**=नष्ट नहीं होते हैं।

अर्थ:–हे माता! ईश्वर के विषय में संशय बुद्धि रखने वाले, तब तक आपस में वाद विवाद तर्क वितर्क करते रहते हैं–जब तक आप के प्रकाशात्मक दोनों चरण कमलों को हृदय में स्थान नहीं देते हैं। उसके पश्चात् ही जटिल उलझन वाले बने हुये टेड़े तर्क वितर्क के विचार उन्हें नष्ट हो जाते हैं।

टिप्पणी–किं कारणं ब्रह्म कुत: स्म जात:, जीवाम केन क्वच संप्रतिष्ठा अधिष्ठिता केन सुखेतरेषु वर्तामहे ब्रह्म विदो व्यवस्थाम्।। (श्वता॰ उप॰)
अर्थ–श्वेताश्वतरोपनिषद् में ऋषि आपस में ईश्वर के विषय में तर्क वितर्क करते हैं, वेदों में पढ़ा है-जगत् का कारण ब्रह्म है, वह ब्रह्म कौन है, हम सब किससे उत्पन्न हुये हैं, हमारा

मूल क्या है, किस के प्रभाव से हम जी रहे हैं, हमारे जीवन का आधार क्या है? इसी उपनिषद् में इन सभी प्रश्नों का उत्तर स्पष्ट रूप में दिया गया है-परन्तु तो भी हे माता! जब तक आप की दया होगी नहीं सभी संशय सम्पूर्णतया नष्ट नहीं होते हैं।

यत्-देवयान-पितृयान-विहारम्-एके
कृत्वा मनः करणमण्डल-सार्वभौमम्।
याने निवेश्य तव कारण-पञ्चकस्य
पर्वाणि पार्वति नयन्ति निजासनत्वम् (28)

अन्वय-शब्दार्थ

पार्वति!=हे पार्वती, **यत्**=जो, **देवयान**=उत्तरायण, **पितृयान**=दक्षिणायन, **विहारम्**=स्थान, **एके**=कई भाग्यशाली साधक, **मनः**=मन को, **करणमण्डल**=सभी इन्द्रियों का, **सार्वभौमम्**=चक्रवर्ती राजा **कृत्वा**=बनाकर, **तव**=आप के, **याने**=मार्ग में, **निवेश्य**=प्रवेश करके, **कारणपंचकस्य**=पाँचों कारणों, ब्रह्मा विष्णु, रुद्र, सदाशिव, ईश्वर, **पर्वाणि**=सिर, **निज**=अपना, **आसनत्वम्**=आसन, **नयन्ति**=बनाते हैं।

अर्थः—हे पार्वती, देवयान पितृयान साधक के लिये लक्ष्य तक पहुँचने के दो मार्ग है—जो साधक (देवयान पितृयान) प्रणापान के अभ्यास से सभी इन्द्रियों का राजा बनकर इन्द्रियों को नियन्त्रण में करके सुष्मणा मार्ग में प्रवेश करते हैं—अथवा आप के शरण में आते हैं उस भक्त के सामने पाँच कारण ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र, सदाशिव नतमस्तक हो जाते हैं।

टिप्पणी—देवयानः=प्राण, मुख अथवा नासिका द्वारा जो वायु बाहर जाता है प्राण कहलाता है। **पितृयानः**—अपान=मुख अथवा नासिका द्वारा जो वायु नीचे की ओर जाता है अपान कहलाता है।

प्राणाभ्यास की कई प्रक्रियायें हैं, जैसे वायु को बाहर निकाल कर बाहर रोकना, अन्दर भर कर अन्दर रोकना, बाहर जाने तथा अन्दर आने की इन दोनों गतियों को रोक कर प्राणापान

को स्थिर करना अथवा समगति से चलाना ऐसे ही प्राणाभ्यास की कई प्रक्रियायें है-सुयोग्य गुरु के पास रहकर इस का अभ्यास किया जाना चाहिये-यह अभ्यास पुस्तकों से पढ़कर नहीं होता है।

स्थूलासु मूर्तिषु महीप्रमुखासु मूर्ते:
कस्याश्चनापि तव वैभवम्-अम्ब यस्या:।
पत्या गिराम्-अपि न शक्यत एव वक्तुं
सा-सि स्तुता किल मयेति तितिक्षितव्यम् (29)

अन्वय-शब्दार्थ

महीप्रमुखासु=पृथ्वी, जल, वायु आकाश, अग्नि, **स्थूलासु-मूर्षु**=स्थूल रूपों में से, **क्स्या: च न**=किसी भी, **मूर्ते:**=रूप का, **अपि**=भी, **यस्या: तव**=जिस तुम्हारे स्वरूप को, **वैभवम्**=विभव अथवा ऐश्वर्य का, **वक्तुं**=वर्णन करने के लिये, **गिरां पत्या अपि**=बृहस्पति भी, **न शक्यते**=समर्थ नहीं है, **सा**=वही स्तुति, **मया**=मुझ से, **किल**=निश्चय करके, **स्तुता असि**=स्तुति की जा रही है, **इति तितिक्षितव्यम्**=इसके लिये क्षमा कीजिये।

अर्थ:—जिस जगत् ईश्वरी के स्थूलरूप पृथ्वी आदि पाँच महाभूतों में से किसी एक के स्वरूप का तथा आप के वैभव का वर्णन करने के लिये बृहस्पति भी समर्थ नहीं हैं वह मुझ से की हुई यह स्तुति माता सहन कीजिये, इस धृष्टता के लिये क्षमा कीजिये।

टिप्पणी-सब जानत प्रभु प्रभुता सोई। तत् अपि कहे बिनु रहा न कोई 'सा वाक् यया तस्य गुणान्-गृणीते, करौ यत् कर्मकरौ'

अर्थ—वही वाणी सफल है जो माता के गुणगान में लगी रहे-हाथ वही है सफल है जो जगत् अम्बा की अर्चनादि में लगे रहें।"

कालाग्नि कोटिरुचिम्-अम्ब षट्-अध्वशुद्धौ
आप्लावनेषु भवतीम्-अमृतौघ-वृष्टिम्।
श्यामां घनस्तन-तटां सकली कृतौ च
ध्यायन्त एव जगतां गुरवो भवन्ति (30)

अन्वय-शब्दार्थ

अम्ब! हे माता, **षट्-अध्वशुद्धौ**=षट्-अध्वरूप भुवनों की साम्यावस्था में, **कालाग्नि-कोटि**=करोड़ों कालाग्नि रुद्रों जैसी, **रुचिम्**=प्रचण्ड दीप्तिवाली, **आप्लावनेषु**=भुवनों को सींचन करने में (संकुचित सृष्टि को प्रकट होने के योग्य बनाने में) **अमृतौघवृष्टिम्**=अमृतधाराओं की वृष्टि करने वाली, **सकली कृतौ**=सम्पूर्ण बनाने में, **घनस्तन-तटां**=भारी बने हुये (ज्ञान क्रिया रूपी स्तनों से युक्त), **श्यामां**=श्यावर्णवाली, **ध्यायन्त-एव**=ध्यान करते ही, **जगतां**=सभी भुवनों के, **गुरवोभवन्ति**=अनुशासन करने वाले बन जाते हैं।

अर्थः—हे माता!, षट्-अध्वरूप=विस्तारवाली, सृष्टि की साम्यावस्था में करोड़ों कालाग्नि जैसी प्रचण्ड दीप्तिवाली, सिंचिन करने से सृष्टि को प्रकट होने के योग्य बनाने में, अमृधाराओं से वर्षा रूपवाली, सृष्टि को सुसंस्कृत करते समय भारी बने हुये (अमृतरूपी दूध से भरे हुये) ज्ञान क्रिया रूपी स्तनों से युक्त श्यामवर्णवाली, उपरि वर्णित इन तीन स्वरूपों में जो भक्त ध्यान करते हैं, वे तत्क्षणात् सभी भुवनों के गुरु बनते हैं अथवा तीनों लोकों पर अनुशासन करते हैं।

टिप्पणी–जैसे कुम्हार घड़ा बनाने के लिये मिट्टी को कूट-कूट कर घड़ा बनाने के योग्य बनाता है, फिर मिट्टी को जल से सिंचन करता है, उसके पश्चात् चाक पर चढ़ाकर घड़े को रूप देता है, यानी सुसंस्कृत घड़ा बनने तक, घड़े को तीन अवस्थाओं में से गुजरना पड़ता है, ऐसे ही वह सर्वशक्ति माती माँ सृष्टि को तीन अवस्थाओं में परिवर्तित करते समय उपरिवर्णित तीन रूपों में प्रकट होती है।

षट्-अध्व=भुवन, तत्त्व, कला, मन्त्र, पद, वर्ण, यह तन्त्र शास्त्रों में षट् अध्व कहलाते हैं। षट्-अध्वमय जगत् शंकर का ही स्वरूप है, ऐसा तन्त्रशास्त्रों में माना गया है।

विद्यां परां कतिचित्-अम्बरम्-अम्ब के चित्
आनन्दं एव कतिचित्, कति चित् च मायाम्।
त्वां विश्वम्-आहु:-अपरे वयम्-आमनाम
साक्षात्-अपार-करुणां, गुरुमूर्तिम्-एव (31)

अन्वय-शब्दार्थ

अम्ब!=हे माता, **त्वां**=तुम्हें, **कतिचित्**=कुछ भक्त, **परां विद्यां**=उत्कृष्ट विद्या, के **चित्**=कई, **अम्बरम्**=चिदाकाश रूप, **आनन्दमेव**=आनन्दरूप, **कतिचित्**=कई, **माया**=ईश्वरीय शक्ति, **अपरे**=कुछ लोग, **वयं**=हम शाक्त मतवाले, **साक्षात्**=प्रत्यक्ष **अपार-करुणां**=पार रहित-दयावाली, **गुरुमूर्ति-एव**=सदगुरु रूप, **एव**=ही, **आमनाम**=मानते हैं।

अर्थ:—हे माँ! आप को कुछ भक्त परा विद्या, कई चिदाकाश रूप कई आनन्द रूप, कई माया नामों से पुकारते हैं-परन्तु हम शाक्त मतवाले, अपार दयावाली सद्गुरुमूर्तिरूप आप को मानते हैं।

कुवलय-दलनीलं बर्बर-स्निग्ध-केशं
प्रथुतर-कुचभारा-क्रान्त-कान्तावलग्नम्।
किम्-इह बहुभिर्-उक्तै:-त्वत् स्वरूपं परं न:
सकल-भुवन-मात:-सन्ततं सन्निधत्ताम् (32)

अन्वय-शब्दार्थ

सकल-भुवन-मात:=हे सभी भुवनों की माता, **कुवलय दल-नीलं**=कुवलय पुष्प के पत्र जैसा, **नीलं**=श्यामवर्ण वाला, **बर्बर**=भूरे रंग वाला, **स्निग्ध**=चिकने **केशं**=केशों वाला, **प्रथुतर**=मोटे, **कुचभार**=स्तनों के भार

से, **आक्रान्त**=घेरे हुये, **कान्त**=सुन्दर, **अवलग्नं**=कमर वाला, **इह यहाँ बहुभिः**=अधिक, **उक्तैः**=कहने से, **किम्**=क्या लाभ है, **त्वत्**=आप का, **परं**=उत्तम, **स्वरूपं**=साकार रूप, **नः**=हमें, **सन्ततं**=नित्यं, **सन्निधत्ताम्**=सामने रहे।

अर्थः—हे सभी भुवनों की माता, कुवलय पुष्प के पत्र जैसे श्यामवर्ण वाले, भूरे रंग के चिकने तथा कोमल केशों वाले, मोटे स्तनों के भार से घेरे हुये सुन्दर कमर वाले, आप के स्वरूप के अधिक वर्णन करने से क्या प्रयोजन, केवल यह प्रार्थना है, आप का यह सुन्दर साकार रूप हर समय हमारे सम्मुख रहे।

टिप्पणी—इस श्लोक के अन्त में पञ्चस्तवी-कार माता से प्रार्थना करता है—आप का साकार रूप हर समय हमारे सामने रहे। माँ! जब हम आपके निराकार स्वरूप के बारे में वेदों के शरण में जाते हैं, तो वद आपके सम्बन्ध में कहते हैं-"न असत्, न सत्, न सत्-असत्, न महत्, नच-अणु वह शक्ति, न असत् है-न सत् है। न सत्-असत् है, न महत् है न सूक्ष्म है, यानी वेद भी आप के बारे में डावाँडोल स्थिति में हैं, माता! मैं अब इस "सत् असत् रूपी भँवर में फंसना नहीं चाहता हूँ, बस आप मेरे सामने साकार रूप में हर समय रहें।

इति पंचस्तव्यां-अम्बस्तवः-चतुर्थः

अथ पञ्चस्तव्यां–सकलजननी स्तवःपञ्चमः

अजानन्तो यान्ति, क्षयम्-अवशम्-अन्योन्य-कलहैः
अमी-मायाग्रन्थौ, तव परिलुठन्तः समयिनः।
जगत्-मातर्-जन्म, ज्वर-भय-तमः-कौमुदि! वयं
नमस्ते कुर्वाणाः शरणम्-उपयामो भगवतीम् (1)

अन्वय-शब्दार्थ

जगत्-मातर्!=हे जगत् को उत्पन्न करने वाली माँ, **जन्म-ज्वर-भय-तमः कौमुदि!=जन्म** बार बार जन्म लेना, **ज्वर**=शरीर सम्बन्धित भिन्न भिन्न रोग, **भय**=मानसिक तथा शारीरिक भय रूपी, **तमः**=अन्धकार के लिये, **कौमुदि!**चान्दनी रूप हे माता!, **अमी**=यह सभी, **समयिनः**=भिन्न भिन्न मतवाले, **अजानन्तः**=आप के असली स्वरूप को, न जानते हुये, **अन्योन्य कलहैः**=परस्पर तर्क वितर्क के झगड़ों से, **तव**=आप के, **माया ग्रन्थौ**=मया रूपी फंदे में, **परिलुठन्तः**=लुढ़कते हुये, **अवशम्**=बेबस होकर, **क्षयं यान्ति**=नष्ट हो जाते हैं (फिर से जन्म मरण रूपी चक्र में फंसते हैं), **वयं**=हम, **ते भगवतीम्**=आप ऐश्वर्यवाली माँ को, **नमस्ते कुर्वाणाः**=नमस्कार करते हुये, **शरणम्-उपयामः**=शरण में आते हैं।

अर्थः—हे जगत् को उत्पन्न करने वाली माँ! बार-बार जन्म लेने का कष्ट, शरीर सम्बन्धित भिन्न-भिन्न रोग, मानसिक तथा शारीरिक भय रूपी अन्धकार के लिये चान्दनी रूप हे माता! यह सभी भिन्न-भिन्न मतवाले आपके असली स्वरूप को न जानते हुये परस्पर तर्क वितर्क के झगड़ों से आपके माया रूपी फंदे में लुढकते हुये

बेबस होकर नष्ट हो जाते हैं और फिर से जन्म मरण रूपी चक्र में घूमते रहते हैं-हम आप ऐश्वर्यशाली माँ को नमस्कार करते हुये शरण में आते हैं।

टिप्पणी–अविद्यायाम्-अन्तरे वर्तमानाः स्वयं धीराः पण्डितं मन्यमानाः
जंघन्यमानाः परियन्ति मूढाः, अन्धैनैव नीयमाना यथान्धाः।। (मुण्डकोपनिषद्)
अर्थ–अविद्या में पड़े हुये अपने को धीर और पण्डित मानते हुये मूर्ख लोग ठोकरें खाते हुये फिरते हैं, जैसे अन्धे को अन्धा रास्ता दिखा रहा हो। माँ आप का असली रूप क्या है इसमें तर्क वितर्क से काम नही चलता है।
"आश्चर्यो" वक्ता, कुशलोस्य लब्धा" (ईशोपनिषद्)
यह "संवित्" क्या है उस का वर्णन करने वाला बड़ा दुर्लभ है, उसको प्राप्त करने वाला कोई सफल जीवन वाला ही होता है, उसको वही प्राप्त कर सकता है माता! जिस पर आप अनुग्रह करें।

वचस्तर्कागम्य-स्वरस-परमानन्द-विभव
प्रबोधाकाराय-द्युति-दलित-नीलोत्पलरुचे!
शिवस्याराध्याय स्तन भर-विनम्राय सततं
नमो यस्मै कस्मैचन भवतु मुग्धाय महसे (2)

अन्वय-शब्दार्थ

वचस्तर्क=वाणी और तर्क से, **अगम्य**=न जानने योग्य, **स्वरस-परमानन्द-विभव**=स्वानुभवगम्य जो परमानन्दरूपी ऐश्वर्य है, उसको, **प्रबोधाकाराय**=जागृत करने वाले, **द्युति**=सूर्य प्रकाश से, **दलित**=विकसित हुये, **नीलोत्पल**=नीलोत्पलकमल की जैसे, **रुचे**=शोभावाले, **शिवस्याराध्याय**=शंकर जिसकी आराधना करता है, **स्तन भर**=ज्ञान क्रिया रूपी स्तनों के भार से, **विनम्राय**=झुके हुये, **यस्मै कस्मैचन**=किसी अकथनीय, **मुग्धाय**=सुन्दर, **महसे**=तेज को, **सततं**=बार बार, **नमो भवतु**=नमस्कार हो।

अर्थः—वाणी और तर्क से न जानने योग्य, स्वानुभवगम्य जो परमानन्द रूपी ऐश्वर्य है, उसको जागृत करने वाले, सूर्य प्रकाश से विकसित हुये नीलोत्पल कमल की जैसे शोभावाले, शंकर भी जिसकी अराधना करता है, ज्ञान क्रिया रूप स्तनों से झुके हुये किसी अकथनीय सुन्दर तेज को बार-बार नमस्कार हो।

टिप्पणी-यतो वाचो निवर्तन्ते-अप्राप्य मनसा सह (तैत्तरी॰उप॰)
जहाँ से मन के सांहत वाणी आदि सभी इन्द्रियाँ उस शक्ति को न पाकर लौट आती हैं **माँ के दो स्तनों का संकेत है**-ज्ञान और क्रिया अथवा सांख्य और योग। सांख्य (ज्ञानयोग) सांख्य का सिद्धान्त है, आत्मा एक तथा सर्व व्यापक हैं, जो आत्मा मेरे अन्दर है, कीट पतंग में भी वही है। योग (कर्मयोग) कर्म योग का सिद्धान्त है, कर्म करते समय सिद्धि असिद्धि, जय पराजय, हानि लाभ के विषय में मन सम रखना, माता के दोनों स्तन हर समय भक्तों को ज्ञान-क्रिया अथवा सांख्य-योग रूपी दूध की धारायें पिलाने के निमित्त झुकी रहती है।

लुठत्-गुञ्जाहार-स्तनभर-नमत्-मध्य-लतिकां
उदञ्चत्-घार्माम्भः कणगुणित-नलोत्पलरुचम्।
शिवं पार्थत्राण-प्रवण-मृगयाकार-गुणितं
शिवाम्-अन्वक्-यान्तीं शवरं-अहं-अन्वेमि-शवरीम् (3)

अन्वय-शब्दार्थ

उदञ्चत्=निकले हुये, **घर्माम्भः**=पसीने के, **कण**=बून्दों के, **गुणित**=समान बने हुये, **नीलोत्पल**=नीलकमल के, **रुचम्**=सौन्दर्य युक्त, **पार्थ**=अर्जुन की, **त्राण**=रक्षा के लिये, **प्रवण**=निपुण, **मृगयाकार**=शिकारी के रूप से, **गुणित** शोभित, **शवरं**=शिकारी, **शिवम्**=शंकर के, **अन्वक्-यान्तीं**=पीछे-पीछे दौड़ती हुई, **लुठत्**=लुढकते हुये, **गुञ्जाहार**=लाल गुञ्जफलों के हार से सुशोभित, **स्तनभर**=भारी दोनों स्तनों से, **नमत्**=झुकी हुई, **मध्यलतिकां**=कमरवाली, **शवरीं**=शिकारिन बनी हुई, **शिवां**=जगत् माता को, **अन्वेमि**=नमस्कार करता हूँ।

अर्थः—अर्जुन की रक्षा करने के लिये शिकारी रूप धारण किये हुये, शंकर के शरीर से निकले हुये गर्म पसीने के बूंद नीलकमल जैसे बने हुये जिस शंकर के शरीर पर शोभित होते थे ऐसे ही शंकर के पीछे पीछे दौड़ती हुई शिकारिन बनी हुई, लुढ़कते हुये गुंजाफलों के हारों से युक्त, स्तनों के भार से झुकी हुई कमरवाली शिवाभगवती को मैं प्रणाम करता हूँ।

टिप्पणी—अर्जुन ने पाशुपत अस्त्र प्राप्त करने के लिये, भगवान् शंकर को सन्तुष्ट करने के निमित अघोर तपस्या की, उसकी तपस्या से सन्तुष्ट होकर भगवान् शंकर ने शिकारी का रूप धारण किया, जगत् अम्बा ने भी उपरिवर्णित श्लोक में कहे हुये रूप में शिकारिन रूप धारण किया था।

"यो यो यां यां तनुं भक्तः, श्रद्धयार्चितुं-इच्छति" (भगवद्गीता)

अर्थ-जो जो भक्त जिस जिस स्वरूप की भक्ति करता है उसकी उस श्रद्धा को उसी स्वरूप में दृढ करता हू। अर्जुन ने शस्त्रास्त्र से सुसज्जित रूप में तपस्या की भगवान् भी अर्जुन से शिकारीरूप में ही मिले। (महाभारत)

मिथः केशाकेशि-प्रधन-निधनाः-तर्क घटना
बहु-श्रद्धा-भक्ति-प्रणय-विषयाः-चाप्त-विधयः।
प्रसीद प्रत्यक्षीभव-गिरिसुते! देहि शरणं
निरालम्बं चेतः परिलुठति पारिप्लवम्-इदम् (4)

अन्वय-शब्दार्थ

तर्क घटना=तर्कवितर्क वादी, **मिथः**=आपस में, **केशाकेशि**=बालों को पकड़ कर, **प्रधन**=झगडों में, **निधनाः**=नष्ट होते हैं, **आप्तविधयः**=श्रेष्ठ परमार्थ बुद्धिवाले कई भक्त, **बहुश्रद्धा भक्ति**=श्रद्धा और भक्ति से, **प्रणयविषयाः**=विनम्र बने हुये हैं, **इदं पारिपलवं**=यह मतमतान्तर का उपद्रव, **निरालम्बं**=आश्रयरहित , **चेतः**=मनको, **परिलुठति**=विचलित करता है, भ्रमित करता है। **गिरिसुते**=हे पार्वती, **प्रसीद**=प्रसन्न होकर,

प्रत्यक्षीभव=प्रत्यक्ष रूप में दर्शन दीजिये, **देहि-शरणं**=हमें अपने शरण में लीजिये।

अर्थ:—आप का स्वरूप तर्क का विषय न होने पर भी तर्क वितर्क वादी आपस में बालों को पकड़कर नष्ट होते हैं, परन्तु दूसरे और कई भक्त जन श्रद्धा और भक्ति से, विनम्र बने हुये हैं, ऐसा यह मत मतान्तर का उपद्रव आश्रय रहित मन को भ्रमित करता है, हे पार्वती प्रसन्न होकर, प्रत्यक्ष रूप में दर्शन दीजिये तथा हमें अपने शरण में लीजिये।

टिप्पणी—"अचिन्त्या: खलु ये भावा: न तान् तर्केन योजयेत"
माता! आप का अचिन्त्य रूप तर्क की कसौटी पर परखने का विषय नहीं है। अपितु आप की शरणागति से ही आपका स्वरूप जाना जा सकता है।
"यमेव-एष-वृणुते तेन लभ्य:" (उपनिषद्) वह माँ जिस पर अनुग्रह करती है वही उनके स्वरूप को जान सकता है।

शुनां वा वह्ने-र्वा-खगपरिषदो वा यत्-अशनं
कदा केन क्वेति क्वचित्-अपि न कश्चित्-कलयति।
अमुष्मिन्-विश्वासं विजहिहि ममाह्वानय वपुषि
प्रपद्येथा-श्चेत: सकल-जननीं-एव शरणम् (5)

अन्वय-शब्दार्थ

ममचेत:=हे मेरे मन, **अमुष्मिन्-वपुषि**=इस शरीर पर **अह्वाय**=झटपट, **विश्वासं**=विश्वास, **विजिहिहि**=छोड़ दीजिये (न मालूम), **कदा**=कब, **केन**=किस कारण से, **क्व**=कहाँ पर, क्वचित्, **अपि**=कहीं भी (यह शरीर), **शुनां**=कुतों का, **वह्ने:**=अग्नि का, **वा**=अथवा, **खग-परिषद:**=पक्षियों का, **यत्**=जो, **अशनं**=भोजन, **कश्चित्**-अपि, **कोई भी**=न **कलयति**=नहीं जानता है, (इसलिये) सकल **जननीं**=जगत् माता की, **शरणं-प्रपद्येथा:**=शरण में जाइये।

अर्थः—हे मन इस शरीर पर झटपट विश्वास छोड़ दीजिये न मालूम यह शरीर कब, किस कारण से, कहाँ पर, कहीं भी कुत्तों का अग्नि का अथवा पक्षियों का भोजन बनेगा, यह कोई जानता नहीं है अतः जगत्-माता की शरण में जाइये।

टिप्पणी—कृमि, विट्, भस्म संज्ञितः। (भागवत्)
इस शरीर के तीन रूपान्तर हो सकते हैं। पृथ्वी में दबाने से कीड़े बनते हैं, पक्षियों कुत्तों आदि के खाने पर "टट्टी" बनती है, जलाने पर भस्म बनता है।

अनाद्यन्ताभेद-प्रणयरसिकापि प्रणयिनी
शिवस्यासीः-यत्-त्वं, परिणय-विधौ देवि! गृहिणी।
सवित्री भूतानाम्-अपि यत्-उदभूः शैलतनया
तत्-एतत्-संसार-प्रणयन-महानाटक-सुखम् (6)

अन्वय-शब्दार्थ

देवि=हे देवी, **अनाद्यन्ता**=आदि और अन्त रहित, **अभेद-प्रणयरसिकापि**-भेद रहित प्रेम का स्वाद करने वाली होकर भी, **प्रणयिनी**=प्रेमरूप, **यत्**=जो, **त्वं**=आप, **परिणयविधौ**=विवाह की विधि में, शिवस्य गृहिणी, **शिव की पत्नी**=आसीः थी, **यत् जो भूतानां**=जीवों की, **सवित्री**=उत्पन्न करने वाली, अपि होने पर भी, **शैल तनया**=हिमालय की पुत्री रूप में, **उत्-अभूः**=उत्पन्न हुई, **तत्-एतत्**=वही यह सब संसार जगत्, **प्रणयन**-जगत् के=प्रेम के **महानाटक, सुखम्**=महान् नाटक का सुख है।

अर्थः—हे देवी! आप आदि और अन्तरहित, अथाह असीम प्रेम का स्वादन करने वाली होकर भी, प्रेम रूप विवाह की विधि में शंकर की पत्नी बनी थी, प्राणियों को उत्पन्न करने वाली होने पर भी, आप हिमायल की पुत्री रूप में उत्पन्न हुई, यह सब संसार के प्रेम के महानाटक के सुख का संकेत हैं!

टिप्पणी–प्रेम ही माता के अनुग्रह प्राप्त करने का एक साधन है, पार्वती के शंकर की अर्धाङ्गिनी बनने तथा हिमालय की पुत्री बनने के नाटक से गृहस्थी जीवन की श्रेष्ठता का संकेत मिलता है, गृहस्थाश्रम "प्रेम" सीखने की एक पाठशाला है, गृहस्थ में पुत्रधन पदार्थादि से जो प्रेम किया जाता है वह मोह कहलाता है, वही प्रेम जब बुज़र्गों (वृद्धों) विशेषतया माता पिता से किया जाता है तो श्रद्धा कहलाती है, वही जब ईश्वर से अथवा जगदम्बा से जोड़ा जाता है तो भक्ति कहलाती है, भक्ति ही माँ से मिलाने का मुख्य साधन है। (ईश्वरानुरक्तिर्भक्तिः)

ब्रुवन्त्येके तत्त्वं भगवति! सत्-अन्ये विदुर्-असत्
परे मातः! प्राहुः तव सत्-असत्-अन्ये सुकवयः।
परे नैतत्-सर्वं सम्-अभिदधते दवि! सुधियः
तत्-एतत्-त्वत् माया, विलसितम्-अशेषं ननु शिवे (7)

अन्वय-शब्दार्थ

भगवति!=हे ऐश्वर्यशालिनी माँ! **एके**=कुछ लोग, **तव तत्वं**=आपके स्वरूप को "**सत्**" सत्स्वरूप **ब्रुवन्ति**=कहते हैं, **अन्ये**=कुछ लोग, **असत्**=असत् रूप, **विदुः**=जानते हैं, **परे**=कुछ लोग, **मातः**=हे माँ, **सत्-असत्**=दोनों सत् रूप, असत् रूप, **प्राहुः**=कहते हैं, **परे**=कई, **सुकवयः**=विद्वान्, **नैतत्-सर्वं**=सत्, असत्, सत्असत् तीनों में से कुछ नहीं है ऐसा हैं। **समभिदधते**=कहते हैं, देवि! शिवे! हे माता, **तत्-एतत्**-अशेषं यह सब कुछ, **ननु**=निश्चय से ही, **त्वत्-माया विलसितम्**=आप की माया का ही विलास है।।

टिप्पणी–नैव वाचा, न मनसा, प्राप्तुं शक्यो न चक्षुषा
अस्ति-इति ब्रुवतोऽन्यत्र कथं तत्-उपलभ्यते।। (कठोपनिषद्)
वह संवित् रूपा माँ वाणी आदि इन्द्रियों से प्राप्त नहीं की जा सकती है परन्तु वह है अवश्य, जिसको उस शक्ति पर विश्वास नहीं है उसको वह कैसे मिल सकती है।
सत्-एव सौम्य-इदमग्र आसीत्, असत्-एवसौम्य इदम्-अग्र आसीत्
अस्ति-इति-उपलब्धव्यः (वह परमात्मा अथवा पराशक्ति अवश्य है। उपनिषद्)

तडत्-कोटि-ज्योतिः, द्युति-दलित षड्ग्रन्थि-गहनं
प्रविष्टं स्वाधारं पुनर्-अपि सुधावृष्टि-वपुषा।
किम्-अप्यष्टा-त्रिंशत्-किरण-सकली भूतं-अनिशं
भजे धाम श्यामं, कुचभरनतं बर्बर-कचम् (8)

अन्वय-शब्दार्थ

तडित्-कोटि-ज्योतिः=करोड़ों बिजलियों की, **द्युति**=दीप्तियों से, दलित-विकसित हुये, **षड्ग्रन्थि-गहनं**=षड् चक्रों (षड्कमलों) का जंगल, पुनः **अपि**=फिर से, **सुधावृष्टि-वपुषा**=अमृतवर्षा करते हुये, **स्वाधारं**=मूलाधार में, **प्रविष्टं**=प्रविष्ट हुये, **किमपि**=किसी अद्भुत, **अष्टात्रिंशत्**=आठतीस, **किरण सकली भूतं**=किरणों से पूर्ण, **श्यामं**=श्याम वर्ण वाले, **कुचभर नतं**=ज्ञान किया रूप स्तनों से झुके हुये, **बर्बरकचं**=भूरे चमकीले केशवाले, **धाम**=तेज को, **अनिशं**=निरन्तर **भजे**=नमस्कार करता हूँ।

अर्थः—मूलाधार से निकल कर सहस्रार की ओर चढ़ते समय करोड़ों बिजलियों की दीप्तियों से विकसित किये हुये छः कमलों वाले, फिर से नीचे उतरते हुये मूलाधार में प्रविष्ट होते समय अमृतवर्षा करते हुये अठतीस किरण पुंज से युक्त, श्यामवर्ण वाले ज्ञान क्रिया रूपी स्तनों से झुके हुये भूरे रंग वाले चमकीले केशों से युक्त अद्भुत उस तेज को मैं निरन्तर नमस्कार करता हूँ।

टिप्पणी—उस अद्भुत तेज के बारे में श्वेताश्वतरोपनिषद् में ऋषि कहता है—"वेदाहं-एतं-पुरुषं महान्तं-आदित्यवर्णं-तमसः परस्तात्"

अर्थ—उस परमधाम को मैंने जाना, जो सूर्य की भांति स्वयं प्रकाश स्वरूप है, "नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय" उस परमतेज का साक्षात्कार किये बिना परमपद प्राप्ति के लिये कोई दूसरा मार्ग नहीं है। कलायें=36 (सूर्य की 12, चन्द्रमा की 16 अग्नि की 10=38)

चतुष्पत्रान्तः षड्-दल-भग-पुटान्त-स्त्रिवलय
स्फुरत्-विद्यत्-वह्नि, द्युमणि-नियुताभ-द्युतियुते!
षट्-अश्रं भित्त्वादौ, दशदलम्-अथ द्वादश दलं
कलाश्रं च द्वयश्रं गतवति! नमस्ते गिरिसुते! (9)

अन्वय-शब्दार्थ

चतुष्पत्रान्तः=चार पतों वाले कमल (मूलाधार चक्र) में से निकल कर **षड्दल**=छः पतों वाले (स्वाधिष्ठान चक्र) **भगपुटान्तः**=दो त्रिकोणों में ठहरी हुई, **त्रिवलय**=तीनघेरों वाली, **स्फुरत्**=चमकते हुये, **विद्युत्**=बिजली, **वह्नि**=अग्नि, **द्युमणि**=सूर्य जैसे, **नियुत**=अनन्त, **आभ**=प्रकाश, **द्युतियुते!**=तेजवाली कुण्डलिनी स्वरूप वाली हे माता!, **आदौ**=पहले, षट् **अश्रं**=छः दलात्मक कमल को (स्वाधिष्ठान चक्र) **भित्वा**=विकसित करके, **दशदलं**=मणिपूरक, **द्वादशदलं** (अनाहत चक्र) **कलाश्रं**=16 पते वाले (विशुद्धाख्यचक्र), **द्वयं**=दो पते वाले (आज्ञाचक्र) **गतिवति**=विकसित करने वाली (अथवा प्रवेश करने वाली, कुण्डलिनी स्वरूपवाली) **गिरिसुते**=हे माता, नमस्ते=आप को बार-बार नमस्कार हो।

अर्थः—चार पत्तो वाले (मूलाधार चक्र) से निकल कर छः दलों वाले (स्वाधिष्ठान चक्र) के दो तिकोणों में ठहरी हुई, तीन घेरों वाली, चमकते हुये बिजली अग्नि सूर्य जैसे अनन्त तेजवाली, है कुण्डलिनी स्वरूप वाली माता! आप पहले छः दलात्मक कमल को (स्वाधिष्ठान चक्र) (भित्त्वा) विकसित करके, दशदल (मणिपूरक) द्वादश दल (अनाहत चक्र) 16 पत्ते वाले कमल (विशुद्धाख्यचक्र) दो पत्ते वाले (आज्ञाचक्र) कमल को विकसित करने वाली अथवा प्रवेश करने वाली कुण्डलिनी स्वरूप वाली, हे माता आपको बार-बार नमस्कार है।

टिप्पणी–ब्रह्माण्ड में जो विश्वव्यापिनी विद्युत्-शक्ति (ऊर्जाशक्ति) है वही मानव पिण्ड में कुण्डलिनी के रूप में ठहरी है, जो कुण्डलिनी प्रकाश से भी तेज गतिवाली है। प्रकाश प्रति सैंकंड 25 हज़ार मील की गति से चलता है, कुण्डलिनी शक्ति उससे भी अधिक तेज गतिवाली है, यह कुण्डलिनी मनुष्य के शरीर में एक गुप्त तिजोरी है।

कुलं केचित्-प्राहु-र्वपुर्-अकुलं-अन्ये-तव-बुधाः
परे तत्-सम्भेदं सम्-अभिदधते कौलं-अपरे।
चतुर्णां-अप्येषां-उपरि-किम्-अपि प्राहुर्-अपरे
महामाये! तत्त्वं तव कथम्-अमी-निश्चिनुमहे (10)

अन्वय-शब्दार्थ

महामाये=महामाया भगवती!, **केचित्**=कई लोग, **तव-वपुः**=आप के स्वरूप को, **कुलं**=विश्वरूप (शक्ति), **प्राहुः**=कहते हैं, **अन्ये बुधाः**=कई विद्वान्, **अकुलं**=विश्वोत्तीर्ण (शिव) **परे**=कुछ लोग, **तत् सम्भेदं**=कुलाकुल रूप (शिव शक्तिरूप, **अपरे**=इन से भी भिन्न कई विद्वान्, **अकुलं**=विश्वोत्तीर्ण (शिव) **मन्ये**=मानते हैं, **ऐषां**=इन, **चतुर्णां**-अपि=इन चारों से भी, **उपरि**=उत्कुष्ट, **किमपि**=कुछ अलौकिक स्वरूप वाली, **प्राहुः**=कहते हैं, **तव तत्त्वं**=आप के स्वरूप को **अमी**=यह ऊपर कहे हुये, **कथं**=कैसे, **निश्चनुमहे**=निश्चित रूप से जाने।

अर्थः–हे महामाया भगवती! कई लोग आप के स्वरूप को कुल (विश्वरूप शक्ति) कहते हैं, कई विद्वान् अकुल (विश्वोत्तीर्ण शिव) मानते हैं। कुछ लोग कुलाकुल रूप (शिवशक्तिरूप) कहते हैं, इनसे भी भिन्न कई लोग कुल नाम से कहते हैं, कुछ विद्वान् इन चारों से भी उत्कृष्ट अलौकिक स्वरूप वाली नाम से पुकारते हैं-ऊपर कहे हुये स्वरूपों को ध्यान में रखते हुये आपके असली स्वरूप को कैसे हम निश्चित रूप से जानें।

टिप्पणी–आश्चर्यवत् पश्यति कश्चत्-एनं, आश्चर्यवत्-वदति तथैव चान्यः आश्चर्यवत्-चैवम्-अन्यः श्रृणोति, श्रुत्वा प्येनं वेद न चैव कश्चित्। (भगवद्गीता)
अर्थ-कोई उस "आत्मा" अथवा "संवित्" की ओर आश्चर्य पूर्ण दृष्टि से देखता है, कोई दूसरा इसका आश्चर्य पूर्ण वर्णन करता है, और कोई इसका वर्णन आश्चर्य से सुनता है, परन्तु सुनकर भी इसको कोई जानता नहीं है।

षड्-अध्वारण्यानीं प्रलय-रविकोटि-प्रतिरुचा
रुचा भस्मीकृत्य स्वपद-कमल-प्रह्व-शिरसाम्।
वितन्वानः शैवं किमपि वपुः-इन्दीवर-रुचिः
कुचाभ्याम्-आनम्रः शिवपुरुषाकारो विजयते (11)

अन्वय-शब्दार्थ

प्रलय-रवि-कोटि-प्रति-रुचा=प्रलयकाल के करोड़ों सूर्यों के समान तेज से, **षट्-अध्वः**=छः अध्वरूप, **अरण्यानीं**=जंगल को **भस्मी कृत्य**=जला कर, **स्वपद कमल प्रह्व-शिरसाम्**=आप के चरण कमलों में झुके हुये भक्तों के, **शैवंवपुः**=शिव का परमधामात्मक स्वरूप, **वितन्वानः**=प्रकट करता हुआ, **इन्दीवररुचिः**=इन्दीवरफूल जैसी दीप्तिवाला, **कुचाभ्यां आनम्रः**=ज्ञान क्रिया रूप स्तनों के बोझ से झुका हुआ, **शिव परुषा कारः**=शिव के शक्ति रूप स्वरूप को जय जयकार हो।

अर्थः–प्रलयकाल के करोड़ों सूर्य के समान तेज से आप के चरण कमलों में झुके हुये मस्तकवाले भक्तों के छः अध्वरूप जंगल को जलाकर शिव का परमधामात्मक प्रकाश प्रकट करता हुआ, ज्ञान क्रिया रूप कुचों से झुका हुआ शिव का परमधामात्मक प्रकाश प्रकट करता हुआ, ज्ञान क्रिया रूप कुचों से झुका हुआ ऐसे ही शिव के शक्ति स्वरूप को जय जयकार हो।

टिप्पणी–षडध्वः-भुवन, तत्त्व, कला, मन्त्र, पद और वर्ण ये तन्त्रशास्त्र में षडध्व नाम से प्रसिद्ध है-यह सारा जगत् इसी "षडध्व" से व्याप्त है, योगी इसी भावना का अभ्यास करता हुआ-अन्ततः इसी में लय हो जाता है। (तंत्राशास्त्रों से)

परमधामात्मक प्रकाश के बारे में उपनिषदों में आता है

न तत्र सूर्यो भाति न चन्द्रतारकं, नेमा विद्युतो भान्ति कुतोऽयम्-अग्निः।

तम्-एव भान्तम्-अनुभाति सर्वं, तस्य भासा सर्वम्-इदं-विभाति (कठोपनिषद्)

अर्थः–माता के उस परधामात्मक प्रकाश के सामने यह सूर्य प्रकाशित नहीं होता है–उस प्रकाश के सामने सूर्य खद्योत जैसा प्रतीत होता है।

अतः साधक इस श्लोक के अन्त में शिव की उस शक्ति को जय जयकार से ही अपने को कृतकृत्य मानता है।

प्रकाशानन्दभ्याम्-अविदितचरीं मध्यपदवीं
प्रविश्यैतत्-द्वन्द्वं, रविशाशि समाख्यं कवलयन्।
प्रविश्योर्ध्वं नादं, लय-दहन-भस्मी-कृतकुलः
प्रसादात्-ते-जन्तुः, शिवम्-अकुलम-अम्ब! प्रविशति(12)

अन्वय-शब्दार्थ

अम्ब!=हे माता, **अविदितचरीं**=पहले न जानी हुई, **मध्यपदवीं**=सुष्मणा मार्ग में, **प्रकाशानन्दाभ्यां**=साधना (क्रिया) तथा ज्ञान से, **प्रविश्य**=प्रवेश कर, **रविशशि समाख्यं**=प्राण और अपानरूपी, **द्वन्द्वं**=जोड़े को, **कवलयन्**=ग्रास करता हुआ, **लय**=समाधि के, **दहन**=अग्नि से, **भस्मीकृतकुलः**=बाह्य जगत् को जलाकर, **ऊर्ध्वनादं**=सहस्रार में, **जन्तुः**=साधक **ते प्रसादात्**=तुम्हारे अनुग्रह से, **अकुलम्-शिवं**=विश्वतीर्ण शिवधाम में, प्रविशिति=प्रवेश करता है।

अर्थः–हे माता पहले (किसी भी जन्म में) न जाने हुये सुष्मणा मार्ग में साधना तथा ज्ञान से प्रवेश कर, प्राण अपानरूपी जोड़े को ग्रास करता हुआ समाधि के अग्नि से बाह्य जगत् को जला कर

अन्तर्मुख होकर साधक सहस्त्रार में आपके अनुग्रह से विश्वोतीर्ण परम शिवात्मक धाम में प्रवेश करता है।

टिप्पणी–तम्-अक्रतुः पश्यति वीतशोकः
धातुप्रसादात् महिमानम्-आत्मनः (कठोपनिषद्)
कामना-रहित बाह्यजगत् को भूला हुआ चिन्ता रहित कोई विरला साधक ही उस ब्रह्म अथवा माँ के अनुग्रह से परमशिवात्मक धाम को देखता है।

प्रियंगु-श्यामांगीम्-अरुणतरवासः किसलयां
समुन्मीलन्-मुक्ताफल-बहुल-नेपथ्य-कुसमाम्।
स्तन-द्वन्द्व-स्फार-स्तवक-नमितां कल्पलतिकां
सकृत्-ध्यायन्त-स्त्वां दधति शिवचिन्ता-मणिपदम् (13)

अन्वय-शब्दार्थ

कल्पलतिकां=कल्पलतिकारूप जिस माँ का, **सकृत्**=एक ही बार **ध्यायन्तः**=ध्यान करते हैं, जिस कल्पलता रूप माता के **प्रियंगु**=के जैसे **श्यामांगीम्**=श्याम अंग है, **अरुणतरवासः**=लालवस्त्र **किसलयां**=जिस के बाल पल्लव हैं, **समुन्मीलन्**=विकसित चमकते हुये, **मुक्ता फल**=मोती फल (जिस कल्पलता के फल हैं), **नेपथ्य**=वेश-भूषणादि जिसके, **कसुमाम्**=फूल हैं, **स्तन द्वन्द्व**=ज्ञान क्रिया रूपी दो स्तनों का, **स्फार**=विकास, **स्तवक**=जिस के फूल के दो गुच्छों से **नमितां**=झुकी हुई, वे भक्त, **शिवचिन्तामणिपदं**=शिवधाम को, दधिति प्राप्त करते हैं।

अर्थः–कल्पलता रूप माता के साकाररूप का जिस के अंग प्रियंगुलता के समान श्यामवर्ण के हैं, लालवस्त्र जिस के बालपल्लव हैं, विकसित चमकते हुये मोती, जिस कल्पलता के फल है, वेशभूषणादि जिसके फूल हैं, ज्ञान क्रिया रूपी दो स्तनों फूलों के गुच्छों से झुकी हुई ऐसे ही स्वरूपवाली माता का जो ध्यान करते

हैं, वे शिव धाम को प्राप्त करते हैं।

टिप्पणी–अव्यक्त उपासना, योगाभ्यास, कुण्डलिनी जाग्रण आदि, देहधारियों के लिये कष्ट साध्य हैं-जैसा कि भगवद्गीता में श्री कृष्णभगवान् अर्जुन से कहते हैं अव्यक्ता हि गतिर्दुःखं देहवद्भिर्-अवाप्यते, अव्यक्त की प्राप्ति बहुत ही कष्ट से होती है। पञ्चस्तवीकार ने अव्यक्त उपासना के जहाँ भिन्न भिन्न क्रम बतायें हैं वहाँ साकार उपासना को भी विशेष महत्त्व दिया है। उपरिलिखित श्लोक उसी साकार उपासना का एक उदाहरण है।

षड्-आधारा-वर्तैः, अपरिमित-मन्त्रोर्मि-पटलैः
चलन्-मुद्राफेनैः बहुविध-लसत्-दैवत-झषैः
क्रम-स्त्रोतोभिः-त्वं वहसि, परनादामृत-नदीं
भवानि! प्रत्यग्र शिव-चित्-अमृताब्धि-प्रणयिनी (14)

अन्वय-शब्दार्थ

प्रत्यग्र=नित्यनवीन, **शिवचित्-अमृताब्धि**=शिवरूप चैतन्य अमृत समुद्र में, **प्रणयिनी**=मिलाने वाली, **षड्-आधारा वर्तै**=षट्-चक्र रूप भँवरों वाली, **अपरिमित**=सीमारहित, **मन्त्रोर्मि**=मन्त्ररूपी लहरों के, **पटलैः**=समूह से युक्त, **चलन्-मुद्राफेनैः**=मुद्रारूपी चंचल झागवाली, **बहुविधिलसत् दैवतझषैः**=बहुत प्रकार के शोभायमान देवता रूपी मगर मच्छों वाली, **क्रमस्त्रोताभिः**=क्रमरूपी शैवदर्शन स्त्रोतों वाली **परनादामृत** नदीं=परनाद अमृत नदी को, **वहसि**=धारण करती हो।

अर्थः–नित्यनवीन शिवरूप चैतन्य अमृत सागर में पहुँचाने वाली हे भवानी! आप ही नाद ब्रह्मरूप नदी के षड्चक्र रूपी भंवर हैं, मंत्र रूपी जिस की उर्मियाँ हैं, मुद्रायें जिस की चंचल झाग है बहुविध देवता जिसके मगरमच्छ हैं, क्रमरूपी शैवदर्शन जिसके स्त्रोत हैं।

टिप्पणी–क्रमदर्शन ग्रन्थों में पाँच मुद्रायें प्रसिद्ध हैं–1. करंकिणी, 2. क्रोधना, 3. भैरवी, 4. लेलिहाना 5. खेचरी।

परनाद-अमृतनदी-यह नदी शरीर के भीतर अनाहत नाद ध्वनि रूप से निरन्तर दिनरात चलती रहती है-यह ध्वनि स्वभावत: सारे शरीर में चारों ओर से निकलती रहती है इसको अनाहत ध्वनि कहते हैं-योगाभ्यास से ही यह ध्वनि सुनी जाती है।

महीपाथोवह्नि-श्वसन-वियत्-आत्मेन्दुरविभि:
वपुभि:-ग्रस्तांशै:-अपि, तव कियान्-अम्ब! महिमा।
अमून्या-लोक्यन्ते भगवति! न कुत्राप्यनु-तराम्-
अवस्थां प्राप्तानि त्वयि-तु, परम-व्योम-वपुषि (15)

अन्वय-शब्दार्थ

अम्ब!=हे माता, **मही**=पृथिवी, **पाथ:**=जल, **वह्नि**=अग्नि, **श्वसन**=वायु, **वियत्**=आकाश, **आत्मा**=जीवात्मा, **इन्दु:**=चन्द्रमा, **रविभि:**=सूर्य, **तवग्रस्तांशै: वपुभि:**=तुम्हारे अंश रूप से बने हुये, इन आठ स्वरूपों से, **तव महिमा**=तुम्हारी महिमा, **कियान्**=कितनी है (जानी नहीं जा सकती है जब कि) **त्वयि**=आपके, **परमव्योमवपुषि**=परम चिदाकाश स्वरूप में ये आठों स्वरूप, **अनुतरां-अवस्थां**=अत्यन्त सूक्ष्म (तुच्छ) अवस्था को, **प्राप्तानि**=पहुँचे हुये, **न कुत्रापि** कहीं भी नहीं, **आलोक्यन्ते**=देखने में आते हैं।

अर्थ:—हे माता! पृथिवी, जल, अग्नि, वायु, आकाश, जीवात्मा, चन्द्रमा, सूर्य जो आप के अंश रूप से बने हैं, अत: इन आठों स्वरूपों से आप की महिमा कितनी है, क्या जाना जा सकता है, जबकि ये आठों आप के परम चिदाकाश स्वरूप में अति तुच्छ अवस्था को पहुँचे हुये कहीं भी दिखाई नहीं देते हैं। यानी आप की महिमा के सामने इन आठ तत्वों की कोई गणना नहीं है।

टिप्पणी—पृथ्वी रेणु:-पयांसि कणिका, फल्गु:, स्फलिंगो लघु:। तेजो निश्वसनं मरुत् तनुतरं रन्ध्रं सुसूक्ष्मं नभ: (मुकुन्दमाला)

उस चिदाकाश का साक्षात् कार होने पर पाँच भूतों की कोई सत्ता नहीं रहती है पृथिवी एक

धूल का कण दिखाई देता है, विशाल सागर छोटे जल के बूंद बनते हैं आग छोटी चिंगारियाँ जैसे दिखाई देती है, वायु एक सांस जैसा लगता है, आकाश छोटा सुराख जैसा प्रतीत होता है।

मनुष्याः तिर्यञ्चो मरुत इति लोकत्रयम्-इदं
भवाम्भोधौ मग्नं त्रिगुण-लहरीकोटि-लुठितम्।
कटाक्षः-चेत्-अत्र क्वचन तव मातः! करुणया
शरीरी सद्योयं व्रजति परमानन्द-तनुताम् (16)

अन्वय-शब्दार्थ

मनुष्याः=मनुष्य, **तिर्यञ्चः**=पशु पक्षी, **मरुतः**=मरुत आदि देवता समूह, **इति**=ऐसे ही, **इदं लोकत्रयम्**=यह तीनों लोक, **त्रिगुण**=सत्व रज और तम रूप, **लहरीकोटि**=करोड़ों लहरों में, **लुठितम्**=लुढकता हुआ, **भवाम्भोधौ**=संसार सागर में, **मग्नं**=डूबा हुआ है, **मातः**=हे माता, **अत्र**=इनमें से **क्वचन** किसी एक पर, **तव करुणया**=आपकी दया से, **कटाक्षः**=अनुग्रह की दृष्टि, **चेत्**=यदि हो तो, **अयं शरीरी**=यह जीव, **सद्यः**=उसी समय, **परमानन्द तनुताम्**=परमानन्दस्वरूप भाव को, **व्रजति**=प्राप्त होता है।

अर्थः—मनुष्य पशुपक्षी, देवता इसी प्रकार यह तीनों लोक सत, रज, तम रूप करोड़ों लहरों में लुढकते हुये संसार सागर में डूबे हुये हैं। हे माता! इन में से किसी एक पर आपकी दया से अनुग्रह दृष्टि यदि हो, तो यह जीव उसी समय परमानन्द रूप भाव को प्राप्त होता है।

टिप्पणी-माभैष्ट विद्वन्! तव नास्त्यपायः, संसारकूपे तरणोस्त्यपायः
येनैव याता यातयो-स्य पारं, तमेव मार्गं तव निर्दिष्यमि।। अष्ट॰गीता

अर्थ—हे विद्वान्! घबराओ मत इस संसार रूपी कुएँ अथवा सागर से निकलने अथवा पार जाने का मार्ग दिखाऊंगा, जिस मार्ग से श्रेष्ठ संत लोग संसार सागर से पार गये हैं। वह मार्ग कौन सा है? इस श्लोक में उसका संकेत है-वह मार्ग है, माता! आप की दया दृष्टि।

कलां प्रज्ञां-आद्यां, समयं-अनुभूतिं समरसां
गुरुं पारम्पर्यं विनयं उपदेशं शिवकथाम्।
प्रमाणं निर्वाणं परमं-अतिभूतिं-परगुहां
विधिं विद्यां-आहुः सकल-जननीं-एव मुनयः (17)

अन्वय शब्दार्थ

मुनयः=मुनिजन, **सकल जननीं**=जगत् माता को, **एव**=ही, **कलां**=क्रियाशक्ति रूप, **प्रज्ञां**=बुद्धिरूप, **आद्यां**=आद्यशक्ति रूप, **समयं**=कालरूप, **अनुभूतिं**=अनुभवरूप अथवा विमर्श रूप, **समरसां**=साम्यावस्थारूप, **शिवकथां**=संवित् रूप अथवा विमर्श रूप, **गुरुं**=गुरु रूप, **पारम्पर्यं**=दीक्षारूप, **विनयं**=विनय अथवा नम्रता रूप, **उपदेशं**=उपदेश रूप, **प्रमाणं**=प्रमाण रूप, **निर्वाणं**=मुक्ति रूप **परमं**=उत्कृष्ट रूप, **अतिभूतिं**=परमैश्वर्य रूप, **परगुहां**=अति गोपनीयरूप, **विधिं**=विधि रूप, **विद्यां**=विद्यारूप, **आहुः**=कहते हैं।

अर्थः—मुनिजन जगत् जननी को क्रिया शक्ति रूप, बुद्धिरूप, आद्यशक्ति रूप, कालरूप, अनुभवरूप अथवा विमर्शरूप, साम्यावस्था रूप, गुरु रूप, दीक्षा रूप विनय अथवा नम्रता रूप, उपदेश रूप, प्रमाण रूप, मुक्ति रूप, उत्कृष्ट रूप, परमैश्वर्य रूप, अतिगोपनीय रूप विधिरूप, विद्यारूप कहते हैं

टिप्पणी–"एकं सत्-विप्राः बहुधा वदन्ति" एक ही परमात्मा को अथवा एक ही शक्ति को विद्वान् भिन्न भिन्न नामों से पुकारते हैं।

प्रलीने शब्दौघे तत्-अनु-विरते-बिन्दुविभवे
ततस्तत्त्वे चाष्टाध्वनिभिः-अनुपाधिनि-उपरते
श्रिते शक्ते पर्वण्यनु-कलित-चिन्मात्र-गहनां
स्वसंवित्तिं योगी रसयति शिवाख्यां परतनुम् (18)

अन्वय-शबदार्थ

शब्दौघे=नाद की ध्वनियाँ, **प्रलीने**=लय होने पर, **तत्-अनु**=उसके पश्चात्, **बिन्दु विभवे**=शिव प्रकाश पुँज दिखाई देने लगता है उसके, **विरते**=शान्त होने पर, **ततः**=उसके पश्चात्, **अष्टध्वनिभि** अनाहत चक्र में आठ ध्वनियाँ प्रकट होती हैं, **अनुपाधिनि**=उपाधिरहित विशुद्धिचक्र में, **उपरते**=ठहरने पर, **शाक्ते पर्वणि-श्रिते**=आज्ञा चक्र का सहारा लेकर, **अनुकलित**=विमर्श से जानी हुई, **चिन्मात्रगहनां**=ब्रह्मरन्ध्र सहस्रार में ठहरी हुई, **परतन्तुं**=उत्कृष्ट स्वरूप वाली **स्वसंवित्तिं**=अपनी "संवित्" का **रसयति योगी**=योगी रसास्वादन अमृतपान करता है।

अर्थः—मूलाधार चक्र में ध्यान स्थिर होने पर ध्वनियाँ सुनने में आती है, मूलाधार में नाद की ध्वनियाँ लय होने पर उस के पश्चात् योगी को शिव प्रकाश पुंज दिखाई देता है। उसके शान्त होने पर उसके पश्चात् अनाहत चक्र में योगाभ्यासी को आठ प्रकार की ध्वनियाँ सुनने में आती हैं, विशुद्धि चक्र में ध्यान के ठहरने पर आज्ञा चक्र का सहारा लेकर विमर्श से जानी हुई ब्रह्मरन्ध्र में ठहरी हुई उत्कृष्ट स्वरूप वाली अपनी संवित् का योगी रसास्वादन अमृतपान करता है।

टिप्पणी—योग शास्त्रों के अनुसार जब साधक (योगी) सुष्मणा नाडी के माध्यम से सहस्रार अथवा ब्रह्मरन्ध्र में पहुंचने का अभ्यास करता है उस समय मूलधार में ही ध्यान स्थिर होने पर, नाद की ध्वनि तीव्र रूप से सुनाई देती है। योगियों का कहना है, इस मार्ग पर अग्रसर होने पर घंटा आदि वाद्य की ध्वनियाँ होती हैं।

नाद या शब्द ब्रह्म=दस प्रकार का होता है। परन्तु उपरिलिखित श्लोक में आठ ध्वनियों का ही वर्णन है। जब कि स्वच्छन्द तन्त्र में आठ ही ध्वनियों का वर्णन है, परन्तु तन्त्रालोक में दस ध्वनियों का वर्णन है।

परानन्दाकारां निरवधि, शिवैश्वर्य-वपुषं
निराकार-ज्ञान, प्रकृतिं-अनवछिन्न-करुणाम्।
सवित्रीं भूतानां निर्-अतिशय-धामास्पद-पदां
भवो वा मोक्षो वा भवतु भवतीं-एव भजताम् (19)

अन्वय-शब्दार्थ

परानन्दाकारां=परमानन्द स्वरूप, **निर्-अवधि**=सीमा रहित, **शिवैश्वर्य-वपुषं**=शिव की ऐश्वर्य शक्ति स्वरूप वाली, **निराकार ज्ञान प्रकृतिं**=अतिसूक्ष्म ज्ञान रूप स्वभाव वाली, **अनवच्छिन्न करुणां**=अपार अनुग्रहरूप वाली, **भूतानां सवित्रीं**=चराचर सृष्टि को उत्पन्न करने वाली, **निर्-अतिशय-धामास्पद-पदां**=सबसे उत्तम परम शिव का स्थान बनी हुई, **भवतीं**=ऐसे ही स्वरूप वाली आपका, **भजतां**=जो ध्यान करते हैं, **भवो**=संसार, वा=अथवा, **मोक्षो** वा=या मोक्ष दोनों एक जैसे हैं।

अर्थ:—परमानन्द रूप, सीमारहित, शिव की ऐश्वर्य शक्ति स्वरूपवाली, अतिसूक्ष्म ज्ञान रूप स्वभाव वाली, अपार-अनुग्रहरूप वाली, चराचर सृष्टि को उत्पन्न करने वाली, सबसे उत्तम परमशिव का स्थान बनी हुई ऐसे ही स्वरूप वाली आप का जो ध्यान करते हैं। उनके लिये भोग अथवा मोक्ष एक जैसे हैं।

टिप्पणी—"भोग और मोक्ष" की एक जैसी प्रतीति माँ की अनुग्रह दृष्टि से ही संभव है, पाठक यह न समझें जिस पर माँ की दया दृष्टि होगी, वह स्वतन्त्र रूप में भोगों का भोग कर सकता है-बल्कि माता के अनुग्रह से विषयों (माँस मदिरा) आदि में होते हुये भी उस भक्त का मन विचलित नहीं होता है-मन के विचलित न होने से भोग भोगने का प्रश्न ही नहीं होता है बल्कि वह भक्त भोगों से घृणा करता है-

"विकार-हेतौ सति विक्रियन्ते येषां न चेतांसि त एव धीरा:" (कुमार सम्भव)

अर्थ—विषय भोगों में होते हुये भी जिसका मन विचलित नहीं होता है-बल्कि विषयों से घृणा करता है वही धीर है वही योगी है, उसी का जीवन सफल जीवन है।

जगत्-काये कृत्वा-तं-अपि हृदये तत् च पुरुषे
पुमांसं बिन्दुस्थं तं-अपि परनादाख्य-गहने।
तत्-एतत्-ज्ञानाख्ये, तत्-अपि परमानन्द-विभवे
महा-व्योमाकारे त्वत्-अनुभव-शीलो विजयते (20)

अन्वय-शब्दार्थ

जगत्=जगत को, **काये**=अपने शरीर में, **कृत्वा**=लय करके, **तं-अपि**=उस शरीर को भी (विमर्श से) **हृदये**=हृदय में, **तत्**-च=उस हृदय को भी, **पुरुष**=जीवात्मा में, **तं बिन्दुस्थं पुमांसं**=उस बिन्दु ज्ञान में ठहरे हुये जीवात्मा को, **परनादाख्य गहने**=परनादनाम वाले घने शिव तत्व में, **तत्-एतत्**=उस परनाद को भी **ज्ञानाख्ये**=ज्ञान नाम वाले सदाशिव में, **तत्**=उस अवस्था को भी **परमानन्द विभवे**=परमानन्द ऐश्वर्य युक्त, **महाव्योमा-कारे**=चित्=आकाश स्वरूप वाली देवी में क्रमशः लय करके, **त्वत्-अनुभवशील**=इस क्रम में साधना करने वाला योगी, **विजयते**=जय जयकार के योग्य है।

अर्थः—जगत् को अपने शरीर में लय करके (यानी बाह्य जगत् को भूल कर) उस शरीर को भी हृदय में, उस हृदय को भी जीवात्मा में, उस बिन्दु ज्ञान में ठहरे हुये जीवात्मा को भी, ज्ञान नाम वाले सदाशिव में उस अवस्था को भी परमानन्द ऐश्वर्य युक्त आकश स्वरूप वाली देवी में क्रमशः लय करके, इस क्रम से साधना करने वाला योगी जय जय कार के याग्य है।

टिप्पणी—उपरिलिखित श्लोक में साधक ने जो साधना क्रम बताया है यह आवश्यक नहीं हर साधक को इसी क्रम से सफलता होगी जैसा कि तन्त्रालोक में दर्ज है—

चित्त-भेदात् मनुष्यानां शास्त्रभेदे वरानने, व्याधिभेदात् यथा भेदो भेषजानां महौजसाम्।
यथैकं भेषजं ज्ञात्वा न सर्वत्र भिषज्यति, तथैकं हेतु-मालम्ब्य न सर्वत्र गुरुर्भवेत्।

इस श्लोक का सारांश है–साधक की रुचि, शरीर, वातावरण भिन्न-भिन्न होने से साधनायें भी भिन्न-भिन्न प्रकार की हो सकती हैं, यद्यपि हर औषधि का प्रभाव नियत है परन्तु हर एक बीमार के लिये उस औषधि का प्रभाव एक जैसा नहीं होता है।

विधे! विद्ये! वेद्ये! विविध समये! वेद! जननि!
विचित्रे! विश्वाद्ये! विनय-सुलभे! वेद गुलके!
शिवाज्ञे! शीलस्थे! शिवपदवदान्ये! शिवनिधे!
शिवे! मातर्-मह्यं त्वयि वितर भक्तिं निरुपमाम् (21)

अन्वय-शब्दार्थ

विधे=हे विधि रूप, **विद्ये**=हे विद्या रूप, **वेद्ये**=हे जानने योग्य, **विविधसमये**=नाना प्रकार की सिद्धान्त वाली, **वेद जननि**=हे वेदों को प्रकट करने वाली, **विचित्रे**=हे नाना रूपों वाली, **विश्वाद्ये**=हे जगत् के आद्यरूप, **विनय सुलभे**=हे भक्ति से प्राप्य, **वेद गुलके**=हे वेदों की साररूप, **शिवाज्ञे**=हे शिव की आज्ञा, **शीलस्थे**=हे अपने ही स्वभाव अथवा स्वरूप में ठहरी हुई, **शिवपदवदान्ये**=हे शिवधाम को देने वाली, **शिवनिधे**=हे कल्याण के निधि रूप, **मात:**=हे माँ! **शिवे**=हे शिव की शक्ति, **मह्यं**=मुझे, **त्वयि**=अपने स्वरूप में, **निरुपमां**=उपमा रहित, **भक्तिं**=भक्ति, **वितर**=दीजिये।

अर्थ:–हे विधिरूप, हे अष्टादश विद्यारूपवाली, हे जानने योग्य, हे नाना प्रकार की सिद्धान्तवाली, हे वेदों को प्रकट करने वाली हेनानारूपवाली, हे जगत् के आद्यरूप, हे भक्ति से प्राप्य, हे वेदों की सार रूप, हे शिव की आज्ञा रूप, हे अपने ही स्वभाव अथवा स्वरूप में ठहरी हुई, हे शिवधाम को देने वाली, हे कल्याण के निधिरूप, हे माँ, हे शिव की शक्ति मुझे अपने स्वरूप में उपमा रहित भक्ति दीजिये।

टिप्पणी–विद्यायें अठारह हैं-चार वेद: ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद अथर्व वेद, शिक्षा, कल्प,

व्याकरण, निरुक्त, छन्द ज्योतिषि, न्याय, मीमांसा, धर्मशास्त्र, पुराण, आर्युवेद, धनुर्वेद, गान्धर्ववेद, अर्थ शास्त्र, ये 8 विद्यायें कहलाती हैं।

विधेर्मुण्डं हृत्वा यत्-अकुरुत पात्रं करतले
हरिं शूलप्रोतं यत्-अगमयत्-अंसाभरणताम्।
अलंचक्रे कण्ठं यत् अपि गरलेनाम्ब! गिरिशः
शिवस्थायाः शक्तिः-तत्-इदं-अखिलं=ते विलसितम् (22)

अन्वय शब्दार्थ

विधेः=ब्रह्मा का, **मुण्डं**=सिर, **हृत्वा**=काटकर, **करतले**=हाथ में, **पात्रं**=भिक्षापात्र, **अकरुत**=बनाया, **यत्**=जो, **हरिं**=विष्णु को, **शूल प्रोतं**=त्रिशूल में पिरोकर, **असांभरणतां**=कंधे का भूषण को, **अगमयत्**=बनाया, **यत्**=जो, **अपि**=और **कण्ठं**=गले को, **गरलेन**=हलाहल विष से, **अलंचक्रे**=सजाया, **तत् इद-अखिलं**=यह सब कुछ, **शिवस्थायाः=शक्तेः**=शिव में ठहरी हुई शक्ति का, **विलसितम्**=विलास है।

अर्थ—ब्रह्मा का पाँचवा सिर काट कर हाथ में भिक्षापात्र बनाया विष्णु को त्रिशूल में पिरोकर कंधे का भूषण बनाया, और गले को हलाहल विष से सजाया, यह सब कुछ, शिव में ठहरी हुई शक्ति का ही विलास है।

टिप्पणी—द्यपि-अमंगलानीह सेवते शंकरः सदा
तथा मंगलं तस्य स्मरणात्-जायते।। शिवपुराण

अर्थः—यद्यपि शंकर ने सभी अमंगल वस्तुओं को ही अपनाया है तो भी उनके स्मरण मात्र से ही दूसरों को मंगल होता है।

"भवानि त्वत्-पाणिग्रहण-परिपाटी-फलम्-इदम्" शंकर का दूषण भी भूषण कैसे बना- यह केवल आपके पाणि ग्रहण की परिपाटी का फल है-यह शक्ति का ही प्रभाव है।

विरिंच्याख्या मात:! सृजसि हरिसंज्ञा-त्वं-अवसि
त्रिलोकीं रुद्राख्या हरसि विदधासी-श्वरदशाम्।
भवन्ती सादाख्या शिवयसि च पाशौघ-दलिनी
त्वं-एवैकाऽनेका भवसि, कृतभेदै:-गिरिसुते (23)

अन्वय-शब्दार्थ

विरिंच्याख्या=ब्राह्मणी के रूप में, **मात:**=हे माँ, **त्रिलोकीं**=तीन लोकों को **सृजसि**=बनाती हो, **त्वं**=आप ही, **हरिसंज्ञा**=वैष्णवी शक्ति रूप से, **अवसि**=तीनों लोकों की रक्षा करती हो, **रुद्राख्या**=रुद्राणी रूप से, **हरसि**=तीनों लोकों का नाश करती हो, **ईश्वरदशां**=ईश्वरदशा को प्राप्त हुई, तीन लोकों का पिधान करती है, **पाशौघदलिनी**=बन्धनों के समूह को काटनेवाली बनकर, **शिवयसि**-तीनों लोकों को आन्नदमयी बनाती हो, **त्वं**=तुम, **एकैव**=एक ही होकर भी, **कृतभेदै:**=उत्पन्न किये हुये भेदों से **अनेका**=अनन्त, **भवसि** बनती हो।

अर्थ:—हे माता, ब्रह्मणी के रूप में आप तीन लोकों को बनाती हो, आप ही वैष्णवी शक्ति रूप से तीनों लोकों की रक्षा करती हो, रुद्राणी रूप से तीनों लोकों का नाश करती हो ईश्वर दशा को प्राप्त हुई आप ही तीनों लोकों का पिधान करती हो, आप शिव की शक्ति बनकर बन्धनों के समूह को काटती हुई तीनों लोकों को आनन्दमयी बनाती हो, आप एक ही होकर भी उत्पन्न किये हुये भेदों से अनन्त बनती हो।

टिप्पणी—अहं ब्रह्मस्वरूपिणी, अहं विष्णुं-उरुक्रमं-दधानि, मत्त:
प्रकृति-पुरुषात्मकं जगत् (अर्थवेद)।
अर्थ—मैं ब्रह्मस्वरूप हूँ-मैं विष्णु रूप हूँ, मुझे से ही यह प्रकृति पुरुषात्मक जगत् उत्पन्न होता है।

मुनीनां चेतोभिः प्रमृदित-कषायैः-अपि मनाक्
अशक्ये संस्प्रष्टुं चकित-चकितैः-अम्ब! सततम्।
श्रुतीनां मूर्धानः प्रकृति-कठिनाः कोमलतरे
कथं ते विन्दन्ते पद किसलये पार्वति! पदम् (24)

अन्वय-शब्दार्थ

अम्ब!=हे माता, जिन मुनियों ने यम नियमादि से, **प्रमृदित-कषायैः**=काम क्रोधादि को हटाया है, **चकितचकितैः**=भयभीत होकर, **मुनीनां**=मुनियों **के**=मन-चित्त बुद्धियाँ, **मनाक्-अपि**=जरा भर भी, **संस्प्रष्टुं**=स्पर्श करने के लिये, **अशक्ये**=असमर्थ हैं, **पार्वति!**=हे पार्वती, **श्रुतीनां मूर्धानः**=उपनिषद्, **प्रकृति कठिनाः**=स्वभाव से ही कठिन, ते आपके, **कोमल तरे**=अति कोमल, **पद किसलये**=चरण कमलों में, **कथं**=कैसे, **पदं**=स्थान, **विन्दते**=पा सकते हैं।

अर्थः—जिन मुनियों ने यमनियमादि से कामक्रोधादि हटाया है, वे भी भयभीत होकर अपनी मन बुद्धि से आप का ज़रा भर भी वर्णन करने में असमर्थ है-हे पार्वती उपनिषद् स्वभाव से भी कठिन हैं वे आप के कोमल चरण कमलों में स्थान कैसे पा सकते हैं।

टिप्पणी–"यतो वाचो निवर्तन्ते-अप्राप्य मनसा सह" उपनि॰
अर्थ–जहाँ से मन सहित वाणी आदि इन्द्रियाँ उसे न पाकर लौट आती है।
चकितं-अभिधते श्रुतिर्-अपि–आप का स्वरूप कैसा है उसका वर्णन करने में वेद भी हिचकिचाते हैं। महिहम्नस्तो॰

तड़ित्-वल्लीं नित्यां-अमृत-सरितं पार-रहितां
मलोत्तीर्णां ज्योत्सनां प्रकृतिम्-अगुण-ग्रन्थि-गहनाम्।
गिरां दूरां विद्यां-अवनत-कुचां विश्व-जननीं
अपर्यन्तां लक्ष्मीं-अभिदधति सन्तो-भगवतीम् (25)

अन्वय-शब्दार्थ

सन्तः=सन्त लोग, **भगवतीं**=देवी को, **तड़ित् वल्लीं**=बिजली की लता, **नित्यां**=नित्य, **पाररहितां**=जिस का कोई पार नहीं, **अमृत-सरितं**=अमृत की नदी, **मलोत्तीर्णां**=निर्मल, **ज्योत्सनां**=चांदनी, **अगुण ग्रन्थि**=सत्व-रज-तम इन तीन गुणें से रहित, **गहनां**=अतिसूक्ष्म, **प्रकृति**=तीन गुणों वाली (अनिर्वचनीय) **गिरां दूरं**=वाणी का अविषय **विद्यां**=विद्यारूप, **अवनत कुचां**=झुके हुये ज्ञानक्रिया रूप=स्तनों वाली, **विश्वजननीं**=जगत् की माता, **अपर्यन्तां**=सीमारहित, **लक्ष्मीं**=लक्ष्मीं अभिदधति=लक्ष्मी इन नामों से पुकारते हैं।

अर्थः—सन्त लोग उस जगत्-अम्बा को बिजली की लता, नित्य पाररहित, अमृत की नदी जिस का कोई पार नहीं, मल रहित, निर्मल चांदनी, तीन गुणों वाली, प्रकृति, तीन गुणों से रहित, अतिसूक्ष्म, वाणी का अविषय, विद्यारूप, झुके हुये ज्ञानक्रिया रूप स्तनों वाली, जगत् की माता, सीमा रहित, लक्ष्मी इन इन नामों से पुकारते हैं।

टिप्पणी—पञ्चस्तवीकार ने उस "संवित्" "विमर्श" अथवा "चिदाकाश" को सूर्य चन्द्रमा अग्नि बिजली आदि प्रकाशित वस्तुओं की उपमा देकर ही वर्णन किया है। न कि इन प्रकाशित सूर्य, बिजली आदि को ही "संवित्" माना है, इन सभी प्रकाशित वस्तुओं के बारे में उपनिषद् कहते हैं:-

न तत्र सूर्योभाति न चन्द्र तारकं, नेमा विद्युतो भान्ति कुतोय-मग्निः
तमेव भान्तमनुभाति सर्वं, तस्य भासा सर्वमिदं विभाति।। उपनि॰

अर्थ—उस "संवित्" परब्रह्म" के प्रकाश के सामने सूर्य का तेज लुप्त हो जाता है, चन्द्रमा तारागण और बिजली भी वहाँ चमकती नहीं फिर उस अग्नि की बात ही क्या, जो कोई प्रकाशवान् वस्तु है उस "चिदाकाश" "परब्रह्म" के प्रकाश से ही प्रकाशित होता है।

शरीरं क्षित्यम्भः प्रभृति-रचितं केवलं-इदं
सुखं दुःखं चायं कलयति पुमान्-चेतन इति।
स्फुटं जानानोपि प्रभवति न देही रहयितुं
शरीराहंकारं तव समय बाह्यः-गिरिसुते! (26)

अन्वय शब्दार्थ

गिरिसुते!=हे पार्वती, **अयं चेतनः पुमान्**=यह चेतन पुरुष, **इदं**=इस, **केवलं**=सिर्फ, **क्षिति**=पृथ्वी, **अम्भः**=जल, **प्रभृति**=आदि का, **रचितं**=बना हुआ, **शरीरं**=शरीर के, **सुखं दुःखं च**=सुख और दुख को, **इति**=ऐसे ही **कलयति** जानता है, **तव-समयबाह्यः**=आप के गुरुमुख अनुग्रह के बिना, **स्फुटं जानानः अपि**=अच्छी तरह से जानता हुआ भी, **देही**=शरीरधारी, **शरीराहंकारं**=शीर के अभिमान **रहयितुं** छोड़ने में, न **प्रभवति**=समर्थ नहीं बनता है।

अर्थः—हे पार्वती! यह चेतन पुरुष इस शरीर को पृथ्वी जल आदि (जड़) पाँच भूतों से बना हुआ है, ऐसा स्पष्ट रूप में जानता है, सुख दुख को भी अनुभव करता है, अथवा जानता है, परन्तु यह शरीरधारी शरीर के अहंकार को माता के अनुग्रह के बिना छोड़ने में समर्थ नहीं होता है।

टिप्पणी–ईश्वरोऽहं-अहं-एव रूपवान्-पण्डितोस्मि सुभगोस्मि कोऽपरः मत्समोस्ति जगतीति शोभते, मानिता-त्वत्-अनुरागिणः परम्।। शिवस्तो०

अर्थ–हे माता! अथवा शंकर! मैं स्वयं ईश्वर हूँ, मैं सुन्दर हूँ, मैं तत्त्वदर्शी हूँ, मैं भाग्यवान् हूँ, मेरे समान दूसरा कौन है–ऐसा अभिमान करना एक मनुष्य के लिये दूषण है–परन्तु माँ जिन पर आप की कृपादृष्टि होती है; उनके लिये यह दूषण भी भूषण बनता है–आप के अनुग्रह से यह तुच्छ अभिमान् "पूर्णाहन्ता रूप" में परिवर्तित होता है।

पिता माता भ्रता सुहृत्-अनुचरः सद्म गृहिणी
वपुः पुत्रो मित्रं धनमपि यदा-मां विजहति।
तदा मे भिन्दाना सपदि भय-मोहान्ध-तमसं
महाज्योत्सने! मात-र्भव करुणया सन्निधिकरी (27)

अन्यवय-शब्दार्थ

महाज्योत्सने=हे महाप्रकाशमयी माँ! **पिता, माता, भ्रता, सुहृत्=मित्र, धनं-अपि**=धन भी, यदा=जब (मरण काल में), **मां**=मुझे **विजहति**=छोड़ दें, **तदा**=उस मय, **करुणया**=दया करके, **मे**=मेरे, **भय मोहान्ध-तमसं**=भय, मोहरूपी अन्धकार को, **भिन्दाना**=नाश करती हुई, **सपदि**=उसी क्षण, **सन्निधिकरी भव**=प्रत्यक्ष रूप से प्रकट हो जाइये।

अर्थः—हे महाप्रकाशमयी माँ! पिता, माता, भ्राता, मित्र नौकर, घर, पत्नी, शरीर, पुत्र, मित्र, धन जब मुझे मरण काल में साथ छोड़ देगा, दया करके मेरे भय, तथा मोह रूपी अन्धकार को नाश करती हुई उसी क्षण प्रत्यक्ष रूप से प्रकट हो जाइये।

टिप्पणी—का ते कान्ता, कस्ते पुत्रः, संसारो-यम्-अतीव विचित्रः
कस्य त्वं कः कुत आयातः, तत्त्वं चिन्तय यत्-इदं भ्राता।
मा-कुरु धन-जन-यौवन गर्वं, हरति निमेषात् कालः सर्वं
माया-मयम्-इदं-अखिलं हित्वा, ब्रह्मपदं त्वं प्रविश विदित्वा।
(जगत्गुरु शंकराचार्य)

अर्थ—स्त्री, पुत्र के साथ तुम्हारा क्या सम्बन्ध है, यह संसार अति विचित्र है, आप किसके हैं, आप कौन हैं, कहाँ से आये हैं, हे भाई इस का विचार कर, परिवार, धन, जवानी का अभिमान मत कर, यह सब मिथ्या है-यह जानकर ब्रह्म अथवा माँ की शरण में जाओ।

सुता दक्षस्यादौ किल सकलमातः-त्वम्-उत्-अभूः
सदोषं तं हित्वा तत्-अनु गिरिराजस्य तनया।
अनाद्यन्ता शम्भोः-अपृथक्-अपि शक्ति-भगवती
विवाहात्-जायासी-त्यहह चरितं वेत्ति तव कः (28)

अन्वय-शब्दार्थ

सकल-मातः!=हे सब की माँ, **त्वम्**=तुम, **आदौ**=पहले, **किल**=निश्चय ही, **दक्षस्य**=दक्ष प्रजापति की, **सुता**=पुत्री, **उदभूः**=उत्पन्न हुई, **तत्-अनु**=उसके पश्चात्, **तं**=उस, **सदोषं**=दोषी प्रजापति को, **हित्वा**=छोड़कर **तत्अनु**=उसके पश्चात्, **गिरिराजस्य**=हिमालय की, **तनया**=लड़की बनी, **अनाद्यन्ता**=आदि और अन्त रहित, **भगवती**=ऐश्वर्यवाली, **अपृथक्-अपि-शक्तिः**=शंकर से अभिन्न शक्ति होने पर भी, **विवाहात्**=विवाह करके, **शम्भोः**=शंकर की, **जाया**-असि=पत्नी बनी, **इति=अहह**=आश्चर्य है, तव=तुम्हारे, **चरितं**=चरित को, **कः**=कौन, **वेत्ति**=जानता है।

अर्थः—हे माता! आप पहले दक्षप्रजापति की पुत्री रूप में उत्पन्न हुई, उसके पश्चात् उस दोषी प्रजापति को छोड़कर आप हिमालय की लड़की बनी, आद्य-अन्त रहित ऐश्वर्य वाली आप शिव से अभिन्न शक्ति होने पर भी विवाह करके शंकर की पत्नी बनी, यह तो आश्चर्य है, आप के चरित (व्यवहार) को कौन जानता है।

टिप्पणी—दक्ष के पुत्री के रूप में प्रकट होकर, दक्ष के यज्ञ में पतिदेव का अपमान सुन कर पैतृक सम्बन्ध को तृणवत् समझकर पिता से प्राप्त शरीर को भी जला डाला इस सती की कथा से संसार की स्त्रियों को उपदेश मिलता है- "नारी धर्म पति देव न दूजा" हिमालय की पुत्री रूप में प्रकट होकर पार्वती ने अघोर तपस्या की, शंकर को पतिरूप में प्राप्त किया, जिस शंकर ने काम देव को भस्म करके "स्मर" बनाया था, इस कथा से शिक्षा मिलती है, "नारी शक्ति का केन्द्र है"

कणाः-त्वत्-दीप्तीनां रवि-शशि-कृशानु-प्रभृतयः
परं ब्रह्म क्षुद्रं तव नियतं-आनन्द-कणिका।
शिवादि-क्षित्यन्तं, त्रिवलय-तनोः सर्वमुदरे
तवस्ते भक्तस्य स्फुरसि हृदि चित्रं भगवति (29)

अन्वय-शब्दार्थ

रविः=सूर्य, **शशि**=चन्द्रमा, **कृशानु प्रभृतयः**=अग्नि आदि, **त्वत्**=आप के, **दीप्तीनां**=दीप्ति के, **कणाः**=छोटे छोटे ज़रे हैं, **परं ब्रह्म**=परं ब्रह्म भी, **नियतं**=निश्चय से, **क्षुद्रं**=आप के सामने तुच्छ है वह भी, **तव**=आप के, **आनन्दकणिका**=आनन्द का कण है, **शिवादि-क्षित्यन्तं**=शिव से पृथ्वी तक, **सर्वं**=सारा जगत्, **त्रिवलयतनोः**=तीन लपेट वाले शरीर के, **उदरे**=पेट में, **आस्ते**=ठहरा हुआ है, **भगवति**=हे भगवती, **चित्रं**=यह आश्चर्य की बात है, **भक्तस्य**=भक्त के, **हृदि**=हृदय में, **स्फुरसि**=प्रकट होती हो।

अर्थः—सूर्य, चन्द्रमा, अग्नि आदि आप के दीप्ति के छोटे छोटे ज़रे हैं, परं ब्रह्म भी आप के स्वरूप के सामने तुच्छ हैं, वह भी आप के आनन्द का एक कण हैं, शिव से पृथ्वी तक सारा जगत् आप के तीन लपेट वाले उदर में ठहरा हुआ है, हे भगवती यह आश्चर्य है-आपका स्वरूप इतना विशाल होने पर भी आप भक्त के छोटे हृदय में प्रकट होती हैं।

त्वया यो जानीते रचयति भवत्यैव सततं
त्वयैवे-च्छत्यम्ब! त्वं-असि निखिलाः यस्य तनवः।
गतः साम्यं शम्भुः वहति परमं व्योम भवती
तथाप्येवं-हित्वा, विहरति शिवस्येति-किं इदम् (30)

अन्वय शब्दार्थ

अम्ब!=हे माता, **यः**=जो शिव, **त्वया**=आपकी ही ज्ञान शक्ति से, **जानीते**=जाना जाता है, **भवत्या**-एव=आपकी ही क्रियाशक्ति से, **रचयति**=सृष्टि को बनाता है, **सततं**=नित्य, **त्वया एव**=आपकी ही शक्ति से, **इच्छति**=शिव इच्छा करता है, **यस्य**=जिसके, **निखिलाः**=सभी **तनवः**=स्वरूप, **त्वम्**=आप ही, **असि**=हो, **शम्भुः साम्यं गतः**=शिव साम्यावस्था में पहुंच कर, **परमं व्योम वहति**=अपने धाम में चराचर सृष्टि को लय करता है, **एवं**=ऐसे ही, **हित्वा**=अपने साकार निराकार अथवा व्यक्त अव्यक्त स्वरूप को छोड़कर, **शिवस्य**=भगवान् शंकर से फिर से, **विहरति**=क्रीडा करती हो, इति **किं-इदम्**=यह कैसा आश्चर्य है।

अर्थः—हे माता, शंकर आप की ही ज्ञानशक्ति से जाना जाता है, आपकी ही क्रिया शक्ति से सृष्टि को बनाता हे, आप की ही शक्ति से शिव इच्छा करता है, जिस के सभी स्वरूप आप ही हो, शिव साम्यावस्था में पहुँच कर अपने में ही चराचर सृष्टि को लय करता है, ऐसे ही अपने व्यक्त अव्यक्त स्वरूप को छोड़कर, भगवान् शिव से फिर क्रिडा करती हो-माँ! यह कैसा आश्चर्य है।

टिप्पणी—इस श्लोक में भक्त माँ से कहता है, शंकर के सभी स्वरूप आप ही है। भगवान् शंकर के स्वरूप हैं-आठ-शर्व, भवः, रुद्रः, उग्रः, भीमः, पशुपतिः, महादेव, ईशान।

पुरः पश्चात्-अन्त-र्बहिर्-अपरिमेयं परिमितं
परं स्थूलं सूक्ष्मं सकुलं-अकुलं-गुह्यं-अगुहम्।
दवीयो नेदीयः सत्-असत्-इति-विश्वं भगवतीं
सदा पश्यन्त्याज्ञां वहसि भुवन-क्षोभ-जननीम् (31)

अन्वय-शब्दार्थ

पुर:=सामने (प्रत्यक्ष), **पश्चात्**=पीछे परोक्ष, **अन्त:**=अन्दर, **बहि:**=बाहर, **अपरिमेयं**=अनन्त, **परिमितं**=संकुचित, **परं**=उत्कृष्ट, **स्थूलं**=स्थूल, **सूक्ष्मं**=सूक्ष्म, **सकुलं**=विश्वमय, **अकुलं**=विश्वोतीर्ण, **गुह्यं**=छिपाने योग्य, **अगुहं**=प्रकट, **दवीय:**=दूर, **नेदीय:**=समीप, **सत्**=सत्रूप, **असत्**=शून्य रूप इति ऐसे ही भिन्न भिन्न रूपों से, **विश्वं भगवतीं**=विश्वरूप भगवती को, **सदा**=नित्य, **पश्यन्ति**=भक्त लोग देखते हैं, **भुवन क्षोभ जननीं**=सारे जगत् को क्षोभमय (भेदमय) बनाने वाले, **आज्ञां**=स्वभाव को, **वहसि**=धारण करती हो।

अर्थ:—प्रत्यक्ष (सामने) परोक्ष (पीछे) अन्दर, बाहर, अनन्त संकुचित, उत्कृष्ट, स्थूल, सूक्ष्म, विश्वमय, विश्वोतीर्ण, प्रकट अप्रकट दूर समीप, सत् रूप, असत् रूप, ऐसे ही भिन्न भिन्न रूपों से, विश्वरूप भगवती को भक्त जन सदा देखते हैं। माता आप ही सारे जगत् को भेदमय बनाने वाले स्वभाव को धारण करती हो।

टिप्पणी—अग्निर्यथैको भुवनं प्रविष्टो, रूप-रूपं प्रतिरूपो बभूव
एक स्तथा सर्व-भूतान्तरात्मा-रूपं रूपं प्रति रूपो वभूब।। (उपनि०)

अर्थ—एक ही अग्नि सारे ब्रह्माण्ड में व्याप्त है-जब वह साकार रूप में प्रज्वलित होता है तब उन आधार भूत वस्तुओं जैसा आकार का होता है, वैसे ही "संवित्" शक्ति एक है, वह भी भिन्न-भिन्न प्राणियों में उन उन प्राणियों के नाना रूपों में प्रकाशित होती है।

मयूरवा: पूष्णीव ज्वलन इव तत्-दीप्ति-कणिका:
पयोधौ-कल्लोल-प्रतिहत-महिम्नीव पृषत:।
उदेत्योदेत्याम्ब, त्वयि सह निजै: तात्त्विक-कुलै:
भजन्ते तत्त्वौघा: प्रशमम्-अनुकल्पं परवशा: (32)

अन्वय-शब्दार्थ

अम्ब!=हे माता, **मयूरवा:**=किरणें, **पूष्णि** इव=सूर्य में जैसे, **ज्वलने**

इव=अग्नि में जैसे, **तत्-दीप्ति-कणिकाः**=उसी अग्नि के कण, **पयोधौ**=समुद्र में, **कल्लोल-प्रति हत महिम्नीव**=तरंगों के उतार चढ़ाव से भरपूर, **पृषतः इव**=छींटों की भांति, **तत्त्वौघाः**=तत्वों के समूह, **उदेत्य-उदेत्य**=बार बार उदय होकर, **निजैः-तात्विक कुलैः**=अपने तेजो मय समूहों के साथ, **परवशाः**=विवश होकर, **त्वयि**=आप में ही, **अनुकल्प**=हर प्रकार से, **प्रशमं भजन्ते**=लय हो जाते हैं।

अर्थः—हे माता! किरणें जैसे सूर्य से ही निकलती हैं सूर्य में ही लय हो जाती हैं, अग्नि में से जैसे अग्नि कण प्रकट होकर अग्नि में ही लय हो जाती हैं, समुद्र की लहरें समुद्र से उत्पन्न होकर जैसे समुद्र में ही लय हो जाती है, ऐसे ही सभी तत्त्व माता! आप में से ही प्रकट होकर फिर से विवश होकर आप में ही लय हो जाती हैं।

टिप्पणी–"यथोर्ण-नाभिः सृजते गृह्णते च" (मुण्डक उप०)
अर्थ–जिस प्रकार मकड़ी अपने उदर में ठहरे हुये जाल को बाहर निकाल कर फैलाती है फिर उसे स्वयं ही निगल जाती है, इसी प्रकार वह जगत् जननी इस चराचर सृष्टि का स्वयं ही निमित्त कारण भी है और उपादान कारण भी।

विधुः-विष्णुः-ब्रह्मा, प्रकृतिर्-अणुर्-आत्मा दिनकरः
स्वभावो जैनेन्द्रः सुगत मुनिर्-आकाशम्-अनिलः।
शिवः शक्तिः-चेति, श्रुति-विषयतां ताम्-उपगतां
विकल्पैर्-एभिस्त्वाम्-अभिदधति सन्तो भगवतीम् (33)

अन्वय शब्दार्थ

विधुः=चन्द्रमा, **विष्णुः**=नारायण, **ब्रह्मा**=ब्रह्मा, **प्रकृतिः**=माया, **अणुः**=जीवात्मा, **दिनकरः**=सूर्य, **स्वभावः**=स्वभाव, **जैनेन्द्रः**=महावीर स्वामी, **सुगत मुनिः**=बुद्धभगवान्, **आकाशं**=आकाश, **अनिलः**=वायु, **शिवः**=शिव,

शक्तिः=शक्ति, **श्रुति-विषयतां-उपगतां**=वेदों का विषय बनी हुई, **भगवतीं**=भगवती को, **सन्तः**=सन्त लोग, **विकल्पैः-एभिः**=भिन्न भिन्न नामों से, **अभिदधति**=पुकारते हैं।

अर्थः—चन्द्रमा, विष्णु, प्रकृति, जीवात्मा, सूर्य, स्वभाव, महावीर स्वामी, बुद्धभगवान्, आकाश, वायु, शिव, शक्ति, इन भिन्न भिन्न नामों से सन्तजन वेदों का विषय बनी हुई भगवती को पुकारते हैं।

टिप्पणी—रुचीनां वैचित्र्यात्-ऋजुकुटिलनाना-पथजुषां
नृणाम्-एको गम्यः-त्वम्-असि पयसां अर्णव इव।। (महिम्नस्तोत्र)

अर्थ—जैसे सीधे अथवा टेड़े बहने वाले सभी जल समुद्र में पहुँचते हैं। वैसे ही सांख्य योग, बौद्ध, जैन, शैव, शाक्तिक मतवालों का प्राप्य स्थान एक मात्र आप ही हैं।

प्रविश्य स्वं मार्गं सहजदयया देशिक-दृशा
षट्-अध्व-ध्वान्तौघ-च्छिदुर-गणनातीत-करुणाम्।
परानन्दाकारां सपदि शिवयन्तीं-अपि तनुं
स्वं-आत्मानं धन्याः, चिरं-उपलभन्ते भगवतीम्।।34।।

अन्वय-शब्दार्थ

धन्या=भाग्यवान् पुरुष, **सहजदयया**=आप की स्वाभाविक दया से, **देशिकदृशा**=गुरु की कृपा से, **स्वं मार्गं**=शाक्त मार्ग में, **प्रवेश्य**=प्रवेश करके, **षट्-अध्व**=छः अध्वरूपी, **ध्वान्तौघ**=अन्धकार समूह को, **छिदुर**=काटने के लिये, **गणनातीत**=अपार, **करुणां**=कृपावाली, **परानन्दाकारां**=परमानन्द स्वरूप वाली, **तनुं-अपि**=भक्त के स्वरूप को भी, **शिवयन्तीं**=कल्याणमय बनाने वाली, **भागवतीं**=सर्वशक्तिमती माता को, **चिरं**=जन्मान्तरों के पश्चात्, **सपदि**=क्षणमात्र में, **स्वं-आत्मानं**=अपना ही स्वरूप, **उपलभन्ते**=जानते हैं।

अर्थः—भाग्यवान् पुरुष आप की स्वाभाविक दया से, उत्तम गुरु के अनु ग्रह से आप के शाक्त मार्ग में प्रवेश कर छः अध्वरूपी

अन्धकार समूह को काटने के लिये, अपार कृपावाली, परमानन्दमयी, भक्त के स्वरूप को कल्याणमय बनाने वाली भगवती को अपना ही रूप क्षणमात्र में बहुत जन्मों के पश्चात् जानते हैं।

टिप्पणी–"बहूनां जन्मनां-अन्ते ज्ञानवान् मां प्रपद्यते" भगवद्गीता
बहुत जन्मों के पश्चात् ज्ञानवान् मुझ ईश्वर को प्राप्त होता है।
"भ्रान्त्वा लब्धः मया स्वस्मिन् देहे देवो यथास्थितः।। लल्लेश्वरी
बहुत जन्मों में घूम कर मैंने उस माँ को अथवा शंकर को अपने ही शरीर रूपी मन्दिर में अपने ही रूप में पाया "शिवोहम्"

शिवस्त्वं शक्तिस्त्वं त्वमसि समया त्वं समयिनी
त्वं-आत्मा दीक्षा, त्वं-अयं-अणिमादिः-गुणगणः।
अविद्या त्वं विद्या त्वम्-असि निखिलं त्वं किम्-अपरं
पृथक्-तत्त्वं त्वत्तो भगवति! न वीक्षामहे-इमे (35)

अन्वय-शब्दार्थ

भगवति!=हे माता, **त्वं**=आप ही, **शिवः**=शिव हो, **त्वं**=आप ही, **शक्तिः**=शक्ति हो, **त्वं**=आप, **समया**=कालरूप हो, **त्वं**=आप, **समयिनी**=समय को नियंत्रण में रखने वाली हो, **त्वं**=आप ही, **आत्मा**=आत्मा हो, **त्वं दीक्षा**=आप ही उपदेश हो, **त्वं अणिमादि**=आप ही अष्टसिद्धियाँ हो, **गुणगणः**=तीनों गुण (सत्व-रज-तम) आप ही हो, **अविद्या**=अज्ञान, **त्वं**=आप ही, **विद्या**=ज्ञानरूप, **असि**=हो, **निखलं त्वं**=सभी कुछ आप ही हो, **किम्-अपरं तत्वं**=कौन सा ऐसा दूसरा तत्व है, **त्वत्तो**=आप से, **पृथक्**=भिन्न है, **न वीक्षामहे**=देखते नहीं हैं।

अर्थः–हे माता, आप ही शिव और आप ही शक्ति हो, आप ही काल रूप और आप ही काल को चलाने वाली हो, आप ही आत्मा हो आप ही उपदेश रूप हो, आप ही अणिमादि अष्टसिद्धियाँ हो,

आप (सत्व, रज, तम) तीन गुणरूप हो, आप ही, अज्ञान और ज्ञानरूप हो, सभी कुछ आप ही हो, कौन सा ऐसा दूसरा तत्त्व है जो आप से भिन्न है ऐसा हम देखते नहीं हैं।

टिप्पणी–"ईशावास्यं-इदं सर्वं" जो कुछ दीखे जगत् में सब ईश्वर से ढाँप" (ईशावास्योननिषद्)

असंख्यैः प्राचीनैः-जननि! जननैः कर्मविलयात्
गते जन्मन्यन्त-गुरुवपुषं-असाद्य गिरिशम्।
अवाप्याज्ञां शैवीं क्रम-तनुर्-अपि त्वां विदितवान्
नयेयं त्वत्-पूजा सतुति-विरचनेनैव-दिवसान्।।36।।

अन्वय-शब्दार्थ

जननि!=हे जगत्माता, **प्राचीनैः**=पिछले, **असंख्यैः**=अनन्त, **जननैः**=जन्मों के द्वारा **कर्मविलयात्**=कर्मों के नाश होने से, **जन्मनि-अन्तगते**=जन्मों के अन्त होने पर, **गुरुवपुषं**=गुरु स्वरूप, **गिरिशं**=शिव को, **आसाद्य**=प्राप्त करके, **शैवी-आज्ञां**-शाम्भवी अवस्था, **अवाप्य**=प्राप्त करके, **क्रमु तनुः**=सक्रम मनुष्य शरीर धारण करता हुआ भी, **त्वां**=माता आप को, **विदितवान्**=जानता रहूँ, **त्वत् पूजास्तुतिः**=आपकी पूजा तथा स्तुति के, **विरचनेनैव**=करने में ही **दिवसान्**-इस जन्म के शेष दिन, **नयेयम्**=व्यतीत करूं।

अर्थः–हे जगत् जननी पिछले अनन्त जन्मों के द्वारा कर्मों के नाश होने से, जन्मों के अन्त होने पर गुरु स्वरूप शिव को प्राप्त करके, सक्रम मनुष्य शरीर धारण करता हुआ भी माता आप को जानता रहूँ, आप की पूजा तथा स्तुति के करने में ही इस जन्म के शेष दिन व्यतीत करूं।

टिप्पणी–क्रमतनुः=शम्भवी अवस्था के पश्चात् भी कुछ समय तक शरीर बना ही रहता

हे, जैसे चरखे को एक धक्का ज़ोर का लगने पर भी चरखा बिना धक्के के भी कुछ देर चला ही रहता है, ऐसे ही प्रारब्ध कर्म समाप्त होने पर भी साधक का कुछ समय तक शरीर बिना प्रारब्ध के भी बना ही रहता है-जिस शरीर को इस श्लोक में "क्रमतनुः" से कहा है। शाम्भवी अवस्था श्रोत्रिय ब्रह्मनिष्ठ गुरुकृपा से अभ्यास के बिना अकस्मात् भी प्राप्त होती है।

न ध्यायतो न जपतः, स्यात्-यस्यऽ-विधिपूर्व-कंम् एवं-एव शिवाभास-स्तं नुमो भक्ति-शालिनम्।
अर्थ–जिस को बिना ध्यान के, बिना जप के, विधि रहित रूप से ऐसे ही बिना अभ्यास के श्रोत्रिय ब्रह्मनिष्ठ गुरु की दया से (अथवा) माँ! केवल आप की भक्ति से आप का साक्षात्कार हो, उसी भक्त को मैं प्रणाम करता हूँ।

यत्-षट्-पत्रं कमलं-उदितं, तस्य या कर्णिकाख्या
योनिस्तस्याः प्रथितं-उदरे यत् तत्-ॐकारपीठम्।
तस्मिन्-अन्तः कुचभरनतां कुण्डलीतः प्रवृतां
श्यामाकारां सकलजननीं सन्ततं भावयामि (37)

अन्वय-शब्दार्थ

यत्=जो, **षट् पत्रं कमलं**=छः पत्ते वाला कमल, **उदितं**=खिला हुआ, **तस्य**=उस कमल की, **या**=जो, **कर्णिकाख्या**=कर्णिका नाम वाली, **योनिः**=मध्य भाग है, **तस्याः**=उसके **उदरे**=मध्य में, **यत्**=जो, **तत्**=वह, **ॐकारपीठं**=ॐकार रूप पीठ, **प्रथितं**=स्थित है, **तस्मिन्**-अन्तः=उसके बीच में, **कुचभरनतां**=ज्ञान क्रिया रूप स्तनों से झुकी हुई, **कुण्डलीतः प्रवृत्तां**=सार्धत्रिवलय रूप में ठहरी हुई श्यामाकारां=श्यामवर्णवाली, **सकल जननी**=जगत् माता को, **सन्तत**=बार बार भावयामि प्रणाम करता हूँ।

अर्थः–स्वाधिष्ठान चक्र में ठहरे हुये खिले हुये, षट्=कमल का कर्णिका नाम वाला जो मध्य भाग हैं, उसके मध्य में विकसित जो ॐकार पीठ है उसके बीच में ज्ञान क्रिया रूप स्तनों से झुकी हुई कण्डलिनी रूप में ठहरी हुई श्यामकार वाली जगत् माता को बार बार प्रणाम करता हूँ।

टिप्पणी–कमल और चक्र में भेद-जब तक कुण्डलिनी सुप्त रहती है, तब तक षड्कमलों को षड् चक्र कहते हैं, कुण्डलिनी के जागने पर उनको षड कमल कहते हैं।
मूलाधार से लेकर आज्ञा चक्र तक मनुष्य शरीर में छ: चक्र है-जिनकी जानकारी पाठकों षड्चक्र चित्र से होगी। (जो मुख प्रष्ट पर है)

भुवि-पयसि कृशानौ मारुते खे शशांके
सवितरि यजमाने प्यष्टधा शक्तिर्-एका
वहति कुचभराभ्यां या विनम्रापि विश्वं
सकल जननि! सात्वं पाहि मां-इत्यवश्यम् (38)

अन्वयं-शब्दार्थ

सकल जननि=हे जगत् माता, **या**=जो, आप, **एकापि**=एक होते हुये भी, **भुवि**=पृथ्वी में, **पयसि**=जल में, **कृशानौ**=अग्नि में, **मारुते**=वायु में, **खे**=आकाश में, **शशांके**=चन्द्रमा में, **सवितारि**=सूर्य में, **यजमाने**=यज्ञ करने वाले में, **अष्टधा शक्ति**=आठ प्रकार की शक्ति रूप में, **कुचभराभ्यां**=ज्ञान क्रिया रूप स्तनों के बोझ से, **विनम्रापि**=झुकी हुई भी, **विश्व**=जगत को, **वहति**=सृष्टि=पालन तथा संहार करती हो, **सात्वं**=वही आप, **मां**=मुझे, **अवश्य**=अवश्य, **पाहि**=रक्षा करो।

अर्थ:–हे जगत् माता! आप एक होते हुये भी पृथ्वी में जल में अग्नि में, वायु में, आकाश में, चन्द्रमा में, सूर्य में, यजमान में, आठ प्रकार की शक्ति के रूप में, ज्ञान क्रिया रूप अमृत भरे स्तनों के बोझ से झुकी हुई भी जगत् की सृष्टि पालन तथा संहार करती हो। हे जगत् की माता वहीं आप मेरी अवश्य रक्षा कीजिये।

टिप्पणी–इस अन्तिम श्लोक में माता के आठ शक्तियों का संकेत है-वे आठ शक्तियाँ हैं (1) पृथ्वी में शर्वशक्ति, (2) जल में भवशक्ति, (3) अग्नि में रुद्रशक्ति, (4) वायु में उग्र शक्ति, (5) आकाश में भीम शक्ति, (6) यजमान में पशुपति शक्ति, (7) चन्द्रमा में महादेव

शक्ति (8) सूर्य में ईशान शक्ति।

इन आठ शक्तिरूप नामों के आरम्भ में "ॐ" जोड़कर अन्त में नमः जोड़ने से आठ शक्तिशाली मन्त्र बनते हैं-पञ्चस्तवी पाठ के अन्त में यह आठ मन्त्र अवश्य पढिये-या समयानुसार जप कीजिये।

मन्त्र

(1) ॐ शर्वाय नमः (2) ॐ भवाय नमः,
(3) ॐ रुद्राय नमः, (4) ॐ उग्राय नमः,
(5) ॐ भीमाय नमः, (6) ॐ पशुपतये नमः,
(7) ॐ महादेवाय नमः, (8) ॐ ईशानाय नमः।।

इति सकल-जननी-स्तवः-पञ्चमः

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः

❖❖

Kundalini stotram

कुण्डलिनी स्तोत्रम्

Sanskrit Document Information

Text title : kuNDalinIstotram

File name : kuNDalinIstotram.itx

Category : devii, ShaTchakrashakti

Location : doc_devii

Proofread by : Aruna Narayanan narayanan.aruna at gmail.com

Description/comments : From Durlabh Stotrani.

Latest update : June 17, 2019

Send corrections to : sanskrit@cheerful.com

This text is prepared by volunteers and is to be used for personal study and research. The file is not to be copied or reposted without permission, for promotion of any website or individuals or for commercial purpose.

Please help to maintain respect for volunteer spirit.

June 17, 2019

sanskritdocuments.org

Kundalini stotram

कुण्डलिनी स्तोत्रम्

ॐ नमस्ते देवदेवेशि योगीशप्राणवल्लभे ।
सिद्धिदे वरदे मातः स्वयम्भूलिङ्गवेष्टिते ॥ १॥

ॐ प्रसुप्तभुजगाकारे सर्वदा कारणप्रिये ।
कामकलान्विते देवि ममाभीष्टं कुरुष्व च ॥ २॥

असारे घोरसंसारे भवरोगात् कुलेश्वरी ।
सर्वदा रक्ष मां देवि जन्मसंसारसागरात् ॥ ३॥

इति कुण्डलिनि स्तोत्रं ध्यात्वा यः प्रपठेत् सुधीः ।
मुच्यते सर्व पापेभ्यो भवसंसाररूपके ॥ ४॥

इति प्राणतोषिणी तन्त्रे कुण्डलिनी स्तोत्रं सम्पूर्णम् ॥

Proofread by Aruna Narayanan narayanan.aruna at gmail.com

Kundalini stotram
pdf was typeset on June 17, 2019

Please send corrections to *sanskrit@cheerful.com*

Kundalini Stotram 2 Kandavasini Stotram

कुण्डलिनीस्तोत्रम् २ कन्दवासिनीस्तोत्रम्

Document Information

Text title : Kundalini Stotram 2 Kandavasini Stotram

File name : kuNDalinIstotram2.itx

Category : devii, ShaTchakrashakti, devI

Location : doc_devii

Transliterated by : staff of Muktabodha.org Mark S.G. Dyczkowski

Proofread by : Aruna Narayanan narayanan.aruna at gmail.com

Description/comments : rudrayAmale uttaratantre 1 bhairava bhairavI sa.nvAde

Source : Rudrayamalam part 1 edited by Ram Prasad Tripathi and Sudhakar Malaviya

Acknowledge-Permission: Marjorie Woollacott, Ph.D., Digital Library Coordinator

muktabodha.org

Latest update : February 16, 2020

Send corrections to : sanskrit@cheerful.com

This text is prepared by volunteers and is to be used for personal study and research. The file is not to be copied or reposted without permission, for promotion of any website or individuals or for commercial purpose.

Please help to maintain respect for volunteer spirit.

Please note that proofreading is done using Devanagari version and other language/scripts are generated using **sanscript**.

February 16, 2020

sanskritdocuments.org

कुण्डलिनीस्तोत्रम् २ कन्दवासिनीस्तोत्रम्

श्रीआनन्दभैरवी उवाच
अथ कान्त प्रवक्ष्यामि शृणुष्व मम तत्त्वतः ।
शक्तिः कुण्डलिनी देवी सर्वभेदनभेदिनी ॥ ३२-१॥

कलिकल्मषहन्त्री च जगतां मोक्षदायिनी ।
तस्याः स्तोत्रं तथा ध्यानं न्यासं मन्त्रं शृणु प्रभो ॥ ३२-२॥

यस्य विज्ञानमात्रेण मूलपद्मे मनोलयः ।
चैतन्यानन्दनिरतो भवेत् कुण्डलिसङ्गमात् ॥ ३२-३॥

आकाशगामिनीं सिद्धिं ददाति कुण्डली भृशम् ।
अमृतानन्दरूपाभ्यां करोषि पालनं नृणाम् ॥ ३२-४॥

कुण्डलिनी-ध्यानम् ।
श्वासोच्छ्वासकलाभ्यां च शरीरं त्रिगुणात्मकम् ।
पञ्चभूतावृता नित्यं पञ्चानिला भवेद् ध्रुवम् ॥ ३२-५॥

कोटिसूर्यप्रतीकाशां निरालम्बां विभावयेत् ।
सर्वस्थितां ज्ञानरूपां श्वासोच्छ्वासनिवासिनीम् ॥ ३२-६॥

स्वयम्भूकुसुमोत्पन्नां ध्यानज्ञानप्रकाशिनीम् ।
मोक्षदां शक्तिदां नित्यां नित्यज्ञानस्वरूपिणीम् ॥ ३२-७॥

लोलां लीलाधरां सर्वां शुद्धज्ञानप्रकाशिनीम् ।
कोटिकालानलसमां विद्युत्कोटिमहौजसाम् ॥ ३२-८॥

तेजसा व्याप्तकिरणां मूलादूर्ध्वप्रकाशिनीम् ।
अष्टलोकप्रकाशाढ्यां फुल्लेन्दीवरलोचनाम् ॥ ३२-९॥

सर्वमुखीं सर्वहस्तां सर्वपादाम्बुजस्थिताम् ।
मूलादिब्रह्मरन्ध्रान्तस्थानलोकप्रकाशिनीम् ॥ ३२-१०॥

त्रिभाषां सर्वभक्षां च श्वासनिर्गमपालिनीम् ।
ललितां सुन्दरीं नीलां कुण्डलीं कुण्डलाकृतिम् ॥ ३२-११॥

अभूमण्डलबाह्यस्थां बाह्यज्ञानप्रकाशिनीम् ।
नागिनीं नागभूषाढ्यां भयानककलेवराम् ॥ ३२-१२॥

योगिज्ञेयां शुद्धरूपां विरलामूर्ध्वगामिनीम् ।
एवं ध्यात्वा मूलपद्मे कुण्डलीं परदेवताम् ॥ ३२-१३॥

भावसिद्धिर्भवेत् क्षिप्रं कुण्डलीभावनादिह ।
ततो मानसजापं हि मानसं होमतर्पणम् ॥ ३२-१४॥

अभिषेकं मुदा कृत्वा प्रातः काले पुनः पुनः
प्राणायामं ततः कृत्वा स्तोत्रं च कवचं पठेत् ॥ ३२-१५॥

एतत्स्तोत्रस्य पाठेन स्वयं सिद्धान्तविद्भवेत् ।
कुण्डली सुकृपा तस्य मासाद्भवति निश्चितम् ॥ ३२-१६॥

निद्रादोषादिकं त्यक्त्वा प्रकाश्याहं शरीरके ।
अहं दात्री सुयोगानामधिपाहं जगत्त्रये ॥ ३२-१७॥

अहं कर्म अहं धर्मः अहं देवी च कुण्डली ।
यो जानाति महावीर कुण्डलीरूपसेवनात् ॥ ३२-१८॥

इति तं पात्रकं कर्तुमवतीर्णास्मि सर्वदा ।
अत एव परं मन्त्रं कुण्डलिन्याः स्तवं शुभम् ॥ ३२-१९॥

प्रपठेत् सर्वदा देहे यदि वश्या न कुण्डली ।
तावत् कालं जपं कुर्याद् यावत् सिद्धिर्न जायते ॥ ३२-२०॥

कुण्डलिनीस्तोत्रम् –
आधारे परदेवता भवनताधोकुण्डली देवता ।
देवानामधिदेवता त्रिजगतामानन्दपुञ्जस्थिता ॥ ३२-२१॥

मूलाधारनिवासिनी त्रिरमणी या ज्ञानिनी मालिनी ।
सा मे मातृमनुस्थिता कुलपथानन्दैकबीजानना ॥ ३२-२२॥

सर्वाङ्गस्थितिकारिणी सुरगणानन्दैकचिन्हा शिवा ।
वीरेन्द्रा नवकामिनी वचनदा श्रीमानदा ज्ञानदा ॥ ३२-२३॥

सानन्दा घननन्दिनी घनगणा छिन्ना भवा योगिनी ।

धीरा धैर्यवती समाप्तविषया श्रीमङ्गली कुण्डली ॥ ३२-२४॥

सर्वाकारनिवासिनी जयधराधाराधरस्थागया ।
गीता गोधनवर्द्धिनी गुरुमयी ज्ञानप्रिया गोधना ॥ ३२-२५॥

गार्हाग्निस्थिति चन्द्रिका सुलतिका जाड्यापहा रागदा ।
दारा गोधनकारिणी मृगमना ब्रह्माण्डमार्गोज्ज्वला ॥ ३२-२६॥

माता मानसगोचरा हरिचरा सिंहासनकारणा ।
यामा दासगणेश्वरी गुणवती छायापथस्थायिनी ॥ ३२-२७॥

निद्रा क्षुब्धजनपिरया वरतृषा भाषाविशेषस्थिता ।
स्थित्यन्तप्रलयापहा नरशिरोमालाधरा कुण्डली ॥ ३२-२८॥

गाङ्गेशी यमुनेश्वरी गुरुतरी गोदावरी भास्करी ।
भक्तार्तिक्षयकारिणी समशिवं यद्येकभावान्विता ॥ ३२-२९॥

त्वं शीघ्रं कुरु कौलिके मम शिरोरन्ध्रं तदङ्गं मुदा ।
तत्पत्रस्थितदैवतं कुलवती मातृस्थलं पाहिकम् ॥ ३२-३०॥

भालोर्द्धे धवला कलारसकला कालाग्निजालोज्ज्वला ।
फेरुप्राणनिकेतने गुरुतरा गुर्व्वी सुगुर्व्वी सुरा ॥ ३२-३१॥

हालोल्लाससमोदया यतिनया माया जगत्तारिणी ।
निद्रामैथुननाशिनी मम हरा मोहापहा पातुकम् ॥ ३२-३२॥

भालं नीलतनुस्थिता मतिमतामर्थप्रिया मैथिली ।
भालानन्दकरा महाप्रियजना पद्मानना कोमला ॥ ३२-३३॥

नानारङ्गसुपीठदेशवसना सिद्धासना घोषणा ।
त्राणस्थावररूपिणी कलिहनी श्रीकुण्डली पातुकम् ॥ ३२-३४॥

भ्रूमध्यं बगलामुखी शशिमुखी विद्यामुखी सम्मुखी ।
नागाख्या नगवाहिनी महिषहा पञ्चाननस्थायिनी ॥ ३२-३५॥

पारावार विहारहेतुसफरी सेतुप्रकारा परा ।
काशीवासिनमीश्वरं प्रतिदिनं श्रीकुण्डली पातुकम् ॥ ३२-३६॥

या कुण्डोद्भवसारपाननिरता मोहादिदोषापहा ।
सा नेत्रत्रयमम्बिका सुवलिका श्रीकालिका कौलिका ॥ ३२-३७॥

काकस्था द्विकचञ्चुपारणकरी संज्ञाकरी सुन्दरी ।
मे पातु प्रियया तया विशदया सच्छायया छादिता ॥ ३२-३८॥

श्रीकुण्डे रणचण्डिका सुरतिका कङ्कालिका बालिका ।
साकाशा परिवर्जिता सुगतिका ज्ञानोर्मिका चोत्सुका ॥ ३२-३९॥

सौकासूक्ष्मसुखप्रिया गुणनिका दीक्षा च सूक्ष्माख्यका ।
मामन्द्यं मम कन्दवासिनि शिवे सन्त्राहि सन्त्राहिकम् ॥ ३२-४०॥

एतत्स्तोत्रं पठित्वा त्रिभुवनपवनं पावनं लौकिकानाम् ।
राजा स्यात् किल्बिषाग्निः क्रतुपतिरिह यः क्षेमदं योगिनां वा ॥ ३२-४१॥

सर्वेशः सर्वकर्ता भवति निजगृहे योगयोगाङ्गवक्ता ।
शाक्तः शैवः स एकः परमपुरुषगो निर्मलात्मा महात्मा ॥ ३२-४२॥

प्रणवेन पुटितं कृत्वा यः स्तौति नियतः शुचिः ।
स भवेत् कुण्डलीपुत्रो भूतले नात्र संशयः ॥ ३२-४३॥

इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने मूलचक्रसारसङ्केते
भैरवभैरवीसंवादे कन्दवासिनीस्तोत्रं नाम द्वात्रिंशः पटलः ॥ ३२॥

The numbers correspond to paTala and verse numbers from Rudrayamala uttaratantra.

Proofread by Aruna Narayanan

Kundalini Stotram 2 Kandavasini Stotram
pdf was typeset on February 16, 2020

Please send corrections to *sanskrit@cheerful.com*

॥ श्रीकुलकुण्डलीकवचस्तोत्रम् अथवा कन्दवासिनीकवचम् ॥

.. ShrI Kulakundali or
Kandavasini Kavacha Stotram ..

sanskritdocuments.org

August 20, 2017

.. ShrI Kulakundali or Kandavasini Kavacha Stotram ..

॥ श्रीकुलकुण्डलीकवचस्तोत्रम् अथवा कन्दवासिनीकवचम् ॥

Sanskrit Document Information

Text title : kulakuNDalIkavacham

File name : kulakuNDalIkavacham.itx

Category : kavacha, devii, ShaTchakrashakti

Location : doc_devii

Language : Sanskrit

Subject : philosophy/hinduism/religion

Transliterated by : Gopal Upadhyay gopal.j.upadhyay at gmail.com

Proofread by : Gopal Upadhyay, PSA Easwaran psaeaswaran at gmail.com

Description-comments : RudrayAmale utaratantre siddhividyAprakaraNe

Latest update : July 5, 2016

Send corrections to : Sanskrit@cheerful.com

Site access : http://sanskritdocuments.org

This text is prepared by volunteers and is to be used for personal study and research. The file is not to be copied or reposted without permission, for promotion of any website or individuals or for commercial purpose.

Please help to maintain respect for volunteer spirit.

August 20, 2017

sanskritdocuments.org

॥ श्रीकुलकुण्डलीकवचस्तोत्रम् अथवा कन्दवासिनीकवचम् ॥

॥ श्रीगणेशाय नमः ॥

॥ श्रीउमामहेश्वराभ्यां नमः ॥

॥ श्रीगुरवे नमः ॥

आनन्दभैरवी उवाच ।
अथ वक्ष्ये महादेव कुण्डलीकवचं शुभम् ।
परमानन्ददं सिद्धं सिद्धवृन्दनिषेवितम् ॥ १॥

यत्कृत्वा योगिनः सर्वे धर्माधर्मप्रदर्शकाः ।
ज्ञानिनो मानिनो धर्मान् विचरन्ति यथामराः ॥ २॥

सिद्धयोऽप्यणिमाद्याश्च करस्थाः सर्वदेवताः ।
एतत्कवचपाठेन देवेन्द्रो योगिराङ्ग्वेत् ॥ ३॥

ऋषयो योगिनः सर्वे जटिलाः कुलभैरवाः ।
प्रातःकाले त्रिवारं च मध्याह्ने वारयुग्मकम् ॥ ४॥

सायाह्ने वारमेकन्तु पठेत्कवचमेव च ।
पठेदेवं महायोगी कुण्डलीदर्शनं भवेत् ॥ ५॥

ॐ अस्य श्रीकुलकुण्डलीकवचस्य ब्रह्मेन्द्र ऋषिः ।
गायत्री छन्दः । कुलकुण्डली देवता । सर्वाभीष्टसिद्ध्यर्थे विनियोगः ।

ॐ ईश्वरी जगतां धात्री ललिता सुन्दरी परा ।
कुण्डली कुलरूपा च पातु मां कुलचण्डिका ॥ ६॥

शिरो मे ललिता देवी पातूग्राख्या कपोलकम् ।
ब्रह्ममन्त्रेण पुटिता भ्रूमध्यं पातु मे सदा ॥ ७॥

नेत्रत्रयं महाकाली कालाग्निभक्षिका शिखाम् ।
दन्तावलीं विशालाक्षी ओष्ठमिष्टानुवासिनी ॥ ८॥

कामबीजात्मिका विद्या अधरं पातु मे सदा ।
ल्युगस्था गण्डयुग्मं माया विश्वा रसप्रिया ॥ ९॥

भुवनेशी कर्णयुग्मं चिबुकं क्रोधकालिका ।

कपिला मे गलं पातु सर्वबीजस्वरूपिणी ॥ १०॥

मातृकावर्णपुटिता कुण्डली कण्ठमेव च ।
हृदयं कालपृथ्वी च कङ्काली पातु मे मुखम् ॥ ११॥

भुजयुग्मं चतुर्वर्गा चण्डदोर्दण्डखण्डिनी ।
स्कन्धयुग्मं स्कन्दमाता हालाहलगता मम ॥ १२॥

अङ्गुल्यग्रं कुलानन्दा श्रीविद्या नखमण्डलम् ।
कालिका भुवनेशानी पृष्ठदेशं सदावतु ॥ १३॥

पार्श्वयुग्मं महावीरा वीरासनधराभया ।
पातु मां कुलदर्भस्था नाभिमुदरमम्बिका ॥ १४॥

कटिदेशं पीठसंस्था महामहिषघातिनी ।
लिङ्गस्थानं महामुद्रा भगं मालामनुप्रिया ॥ १५॥

भगीरथप्रिया धूम्रा मूलाधारं गणेश्वरी ।
चतुर्दलं कक्ष्यपूज्या दलाग्रं मे वसुन्धरा ॥ १६॥

शीर्षं राधा रणाख्या च ब्रह्माणी पातु मे मुखम् ।
मेदिनी पातु कमला वाग्देवी पूर्वगं दलम् ॥ १७॥

छेदिनी दक्षिणे पातु पातु चण्डा महातपा ।
चन्द्रघण्टा सदा पातु योगिनी वारुणं दलम् ॥ १८॥

उत्तरस्थं दलं पातु पृथिवीमिन्द्रपालिता ।
चतुष्कोणं कामविद्या ब्रह्मविद्याब्जकोणकम् ॥ १९॥

अष्टशूलं सदा पातु सर्ववाहनवाहना ।
चतुर्भुजा सदा पातु डाकिनी कुलचञ्चला ॥ २०॥

मेढ्रस्था मदनाधारा पातु मे चारुपङ्कजम् ।
स्वयम्भूलिङ्ग चार्वाका कोटराक्षी ममासनम् ॥ २१॥

कदम्बवनमापातु कदम्बवनवासिनी ।
वैष्णवी परमा माया पातु मे वैष्णवं पदम् ॥ २२॥

षड्दलं राकिणी पातु राकिणी कामवासिनी ।
कामेश्वरी कामरूपा श्रीकृष्णं पीतवाससम् ॥ २३॥

वनमाला वनदुर्गा शङ्खं मे शङ्खिनी शिवा ।
चक्रं चक्रेश्वरी पातु कमलाक्षी गदां मम ॥ २४॥

पद्मं मे पद्मगन्धा च पद्ममाला मनोहरा ।
रादिलान्ताक्षरं पातु लाकिनी लोकपालिनी ॥ २५॥ (कादिलान्ताक्षरं)
षड्दले स्थितदेवांश्च पातु कैलासवासिनी । (षड्वर्गस्थितदेवीश्च)
अग्निवर्णा सदा पातु गणं मे परमेश्वरी ॥ २६॥

मणिपूरं सदा पातु मणिमालाविभूषणा ।
दशापत्रं दशवर्णं डादिफान्तं त्रिविक्रमा ॥ २७॥

पातु नीला महाकाली भद्रा भीमा सरस्वती ।
अयोध्यावासिनी देवी महापीठनिवासिनी ॥ २८॥

वाग्भवाद्या महाविद्या कुण्डली कालकुण्डली ।
दशच्छदगतं पातु रुद्रं रुद्रात्मकं मम ॥ २९॥

सूक्ष्मात्सूक्ष्मतरा पातु सूक्ष्मस्थाननिवासिनी ।
राकिणी लोकजननी पातु कूटाक्षरस्थिता ॥ ३०॥

तैजसं पातु नियतं रजकी राजपूजिता ।
विजया कुलबीजस्था तवर्गं तिमिरापहा ॥ ३१॥

मन्त्रात्मिका मणिग्रन्थिभेदिनी पातु सर्वदा ।
गर्भदाता भृगुसुता पातु मां नाभिवासिनी ॥ ३२॥

नन्दिनी पातु सकलं कुण्डली कालकम्पिता ।
हृत्पद्मं पातु कालाख्या धूम्रवर्णा मनोहरा ॥ ३३॥

दलद्वादशवर्णं च भास्करी भावसिद्धिदा ।
पातु मे परमा विद्या कवर्गं कामचारिणी ॥ ३४॥

चवर्गं चारुवसना व्याघ्रास्या टङ्कधारिणी ।
चकारं पातु कृष्णाख्या काकिनीं पातु कालिका ॥ ३५॥

टकुराङ्गी टकारं मे जीवभावा महोदया ।
ईश्वरी पातु विमला मम हृत्पद्मवासिनी ॥ ३६॥

कर्णिकां कालसन्दर्भा योगिनी योगमातरम् ।
इन्द्राणी वारुणी पातु कुलमाला कुलान्तरम् ॥ ३७॥

तारिणी शक्तिमाता च कण्ठवाक्यं सदावतु ।
विप्रचित्ता महोग्रोग्रा प्रभा दीप्ता घनासना ॥ ३८॥

वाक्स्तम्भिनी वज्रदेहा वैदेही वृषवाहिनी ।
उन्मत्तानन्दचित्ता च क्षणोशीशा भगान्तरा ॥ ३९॥

मम षोडशपत्राणि पातु मातृतनुस्थिता । (मातुलसंस्थिता)
सुरान् रक्षतु वेदज्ञा सर्वभाषा च कर्णिकाम् ॥ ४०॥

ईश्वरार्धासनगता प्रपायान्मे सदाशिवम् ।
शाकम्भरी महामाया साकिनी पातु सर्वदा ॥ ४१॥

भवानी भवमाता च पायाद्भ्रूमध्यपङ्कजम् ।
द्विदलं व्रतकामाख्या अष्टाङ्गसिद्धिदायिनी ॥ ४२॥

पातु नासामखिलानन्दा मनोरूपा जगत्प्रिया ।
लकारं लक्षणाक्रान्ता सर्वलक्षणलक्षणा ॥ ४३॥

कृष्णाजिनधरा देवी क्षकारं पातु सर्वदा ।
द्विदलस्थं सर्वदेवं सदा पातु वरानना ॥ ४४॥

बहुरूपा विश्वरूपा हाकिनी पातु संस्थिता ।
हरापरशिवं पातु मानसं पातु पञ्चमी ॥ ४५॥

षड्चक्रस्था सदा पातु षड्चक्रकुलवासिनी ।
अकारादिक्षकारान्ता बिन्दुसर्गसमन्विता ॥ ४६॥

मातृकाणां सदा पातु कुण्डली ज्ञानकुण्डली ।
देवकाली गतिप्रेमा पूर्णा गिरितटं शिवा ॥ ४७॥

उड्डीयानेश्वरी देवी सकलं पातु सर्वदा ।
कैलासपर्वतं पातु कैलासगिरिवासिनी ॥ ४८॥

पातु मे डाकिनीशक्तिर्लाकिनी राकिणी कला ।
साकिनी हाकिनी देवी षड्चक्रादीन् प्रपातु मे ॥ ४९॥

कैलासाख्यं सदा पातु पञ्चाननतनूद्भवा ।

हिरण्यवर्णा रजनी चन्द्रसूर्याग्निभक्षिणी ॥ ५०॥

सहस्रदलपद्मं मे सदा पातु कुलाकुला ।
सहस्रदलपद्मस्था दैवतं पातु खेचरी ॥ ५१॥

काली तारा षोडशाख्या मातङ्गी पद्मवासिनी ।
शशिकोटिगलद्रूपा पातु मे सकलं तमः ॥ ५२॥

वने घोरे जले देशे युद्धे वादे श्मशानके ।
सर्वत्र गमने ज्ञाने सदा मां पातु शैलजा ॥ ५३॥

पर्वते विविधायासे विनाशे पातु कुण्डली ।
पादादिब्रह्मरन्ध्रान्तं सर्वाकाशं सुरेश्वरी ॥ ५४॥

सदा पातु सर्वविद्या सर्वज्ञानं सदा मम ।
नवलक्षमहाविद्या दशदिक्षु प्रपातु माम् ॥ ५५॥

इत्येतत्कवचं देवि कुण्डलिन्याः प्रसिद्धिदम् ।
ये पठन्ति ध्यानयोगे योगमार्गव्यवस्थिताः ॥ ५६॥

ते यान्ति मुक्तिपदवीमैहिके नात्र संशयः ।
मूलपद्मे मनोयोगं कृत्त्वा हृदासनस्थितः ॥ ५७॥

मन्त्रं ध्यायेत्कुण्डलिनीं मूलपद्मप्रकाशिनीम् ।
धर्योदयां दयारुढामाकाशस्थानवासिनीम् ॥ ५८॥

अमृतानन्दरसिकां विकलां सुकलां शिताम् ।
अजितां रक्तरहितां विशक्तां रक्तविग्रहाम् ॥ ५९॥

रक्तनेत्रां कुलक्षिप्तां ज्ञानाञ्जनजयोज्ज्वलाम् ।
विश्वाकारां मनोरूपां मूले ध्यात्त्वा प्रपूजयेत् ॥ ६०॥

यो योगी कुरुते एवं स सिद्धो नात्र संशयः ।
रोगी रोगात्प्रमुच्येत बद्धो मुच्येत बन्धनात् ॥ ६१॥

राज्यं श्रियमवाप्नोति राज्यहीनः पठेद्यदि ।
पुत्रहीनो लभेत्पुत्रं योगहीनो भवेद्वशी ॥ ६२॥

कवचं धारयेद्यस्तु शिखायां दक्षिणे भुजे ।
वामा वामकरे धृत्त्वा सर्वाभीष्टमवाप्नुयात् ॥ ६३॥

स्वर्णे रौप्ये तथा ताम्रे स्थापयित्त्वा प्रपूजयेत् ।
सर्वदेशे सर्वकाले पठित्वा सिद्धिमाप्नुयात् ॥ ६४॥

स भूयात्कुण्डलीपुत्रो नात्र कार्या विचारणा ॥ ६५॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले उत्तरतन्त्रे महातन्त्रोद्दीपने सिद्धिविद्याप्रकरणे
षड्वक्त्रप्रकाशे भैरवीभैरवसंवादे कन्दवासिनीकवचं
अथवा कुलकुण्डलिनीकवचं सम्पूर्णम् ॥

Encoded by Gopal Upadhyay gopal.j.upadhyay at gmail.com
Proofread by Gopal Upadhyay, PSA Easwaran psaeaswaran at gmail.com

.. ShrI Kulakundali or Kandavasini Kavacha Stotram ..

Searchable pdf was typeset using XeTeXgenerateactualtext feature of XeLaTeX 0.99996
on August 20, 2017

Please send corrections to *sanskrit@cheerful.com*

।।श्री-कुण्डलिनी-सहस्राधिक-नाम-स्तोत्रम्।।

महामण्डलेश्वरः
डा. स्वामी वेद भारती
हिमालय के स्वामी राम के शिष्य

श्री-कुण्डलिनी-सहस्राधिक-नाम-स्तोत्रम्

हिमालयाभिजन-
श्री-स्वामि-राम-पादुका-
शिष्येण

महा-मण्डलेश्वर
स्वामी वेद भारती
इत्यनेन यथा-दृष्टम्

स्वामि-राम-साधक-ग्रामे
ऋषिकेश-पुर्यां
उत्तराञ्चल-हिमालयेषु

विक्रमीय-हेमलम्ब-नाम-संवत्सरे
२०६१
फाल्गुन-पूर्ण-चन्द्रमसि

© Mahamandaleshvara Swami Veda Bharati, D.Litt.

Published by :
SRSG Publications
Swami Rama Sadhaka Grama (SRSG)
Vill. Virpur Khurd, Virbhadra Road,
P.O. Rishikesh (UA) India
Phone : 91-135-2453030, 2453440
Fax : 91-135-2431582
Email : srsgp@sancharnet.in
Website : www.srsgpublications.com

The Meditation centre, 631 University Ave NE,
Minneapolis, MN 55413, USA

Phone : 1-612-379-2386; Fax : 1-612-379-2456;
Email : info@themeditationcentre.org

ॐ

गुरवे नमः

परमेष्ठि-गुरवे नमः

परम्परा-गुरुभ्यो नमः

हिरण्य-गर्भादारब्धां शेष-व्यासादि-मध्यमाम्
स्वामि-श्री-राम-पादान्तां वन्दे गुरु-परम्पराम्

इमां नः शग्मां प्रथमां जीव-रोधम
ऋतस्य चेत्रीमृतावृधं- गाधाम्
नि-गूहन्तीं चिद्-गह्वरेष्वात्मानं
पर्वन् पर्वन् स्पन्दमानां सु-मेरोः

सुम्न-प्रेष्ठां धियं-जिन्वानांमदितिं
उग्रां शर्वां द्युम्न-स्तोमं गृणन्तीम्
अ-स्वप्नां धियां सरः सु नः सप्तसु
देवात्म-शक्तिं त्मन् तन्वां ह्वयामसि

नमो वज्रिण्यै ब्रह्म-नाड्यै नमो नमः
नमो वहन्त्यै सु-ष्ठिरायै नमो नमः
नमस्तडिते सु-षुम्णायै नमो नमः
धियस्कम्भायै मन्त्र-नाम्न्यै
सरण्यै बिन्दु-ष्ठायै
नमो नमः

हरिः ॐ तत्सदिति

स्वस्ति श्रीमत्समस्त-सुर-वृन्द-पूजित-पादारविन्द-शिव-प्रतिबिम्बवर्य-श्रीमत्परम-हंस-परिव्राजकाचार्य-पद-वाक्य-प्रमाण-ज्ञ-सांख्य-त्रय-प्रतिपादक-श्रीमत्-शङ्कराचार्यान्वय-करवीर-सिंहासनाधीश्वर-अनन्त-श्री-विभूषित-साक्षाद्-ब्रह्मविद्या-स्वरूप-

श्रीमद्-विद्या-नृसिंह-भारती-
चरण-कमल-पादुकाभ्य
एतत्
श्री-कुण्डलिनी-सहस्राधिक-नाम-स्तोत्रं
न मेमेति भावितं
स्वामि-वेद-भारतीत्यनेन
सप्रणिपातं समर्प्यते
तत् स्वीक्रियतामनुकम्पोदधि-रूपाभिः
श्री-चरण-पादुकाभिः

ऋषिकेशे
स्वामि-राम-साधक-ग्रामे
उत्तराञ्चल-हिमालये

विक्रमीय २०६१
हेमलम्बि-संवत्सरे
फाल्गुन-पूर्णिमा-तिथौ

॥ ॐ ॥ श्रीं ॥ ॐ ॥

१.
अस्ति-नास्ति-प्रान्त-सीमा-सरिन्मध्यस्थ-वीचिषु
अस्ति वा नास्ति वा क्वीश्चदणिष्ठो वीचिरंशुमान्
२.
तस्य सूक्ष्मतमः केन्द्र-बिन्दुर्द्वीर्भुवनान्तरम्
प्र-वेष्टुं गगनातीतमेकान्तं ब्रह्म-ख-स्थितम्
३.
काले ऽकाले क्वचित् तत्र यत्र नैव युगायते
न च कल्पायते क्वापि निर्विकल्प-चिति-स्थितैः
४.
अ-नाम-रूपं बिभ्रद्भिर्दिक्-काल-शमनान्त-गैः
तत्रा ऽनामा ऋषिः कश्चिद् वीचि-बिन्दौ क्षणं विशन्
५.
प्राप लोकोत्तरं लोकालोकैकान्तं तडिद्-वियत्
आत्मभासं च सम्प्राप्य तस्यैव तडितः स्वयम्
६.
दृग्भिश्चौः कुट्टिमं न कृत्वा कुटजमाविशत्
तत्रात्म-रतिरात्म-श्रीस्त्यक्त-बुद्धिः समाहितः
७.
आत्मा ऽऽत्मा रमते चित्-खे सु-खं नापि न चासु-खम्
अथ तत्-पूर्व-सच्चिच्छ्याः कस्मिंश्चिद् भुवने स्थिताः
८.
कस्यां चिदस्ति-सद्-भूम्यामाश्रमे ऽहन्धिया श्रिताः
स्वमाचार्यमपश्यन्त उद्विग्न-मनसो ऽभवन्
९.
तत्र केचित् तद् वि-जुहुराश्रमं गुरु-शक्ति-जम्
इतस्ततः प्र-चेरुश्च दिक्-काल-मनसो ऽधिया

१०.
एकस्तत्राभवच्छिष्यश्चिदात्म-धृत-बुद्धिमान्
उत्तिष्ठासन्नाम-रूपादारोढुं नाशकत् स्वयम्

११.
तस्मै च ददिवान् नाम स-नामेति हसन् गुरुः
प्र-स्थास्यन् नाम-भूमेः स पूर्वं बिन्दु-प्र-वेशनात्

१२.
स एष शिष्यः सं-स्मारं सं-स्मारं गुरु-मानसम्
गुरौ सं-स्थाप्य चित्तं स्वं सम्प्र-ज्ञात-स्थितिं गतः

१३.
तत्रैष तिष्ठन्नैकाग्र्य-भूम्यां सिद्ध-गुरुं स्मरन्
मौनोद-सरसः कूले चान्तः-कैलाश-सन्निधौ

१४.
गुरु-चक्र-स्थित-प्रज्ञो मौनं ध्यायति गायति
सच्चिद्व्याहृतिप्रियं मन्त्रं "तस्मै-श्री-गुरवे नमः"

१५.
तस्यैवं स्मरतो नित्यं गुरोः सन्ध्यायतो बलम्
चिच्चक्षुस्त्रेण गुरुस्तस्य शुश्रावार्त्यर्थितं मुनेः

१६.
शिष्याय तस्मै श्रेष्ठाय स-बलायाधि-कारिणे
नाम-रूपार्थ-दिक्-काल-पाशं छेदयितुं क्षणे

१७.
अभि-ध्यानानु-ग्रहेण समाकृष्य स्व-तेजसा
तस्य चेतः प्रति-ष्ठाप्य स्व-कुटीरे तडित्-कृते

१८.
उवाच तं मौन-गिरा प्र-भा-स्पन्द-स्व-रूपया
यत् त्वं चित्त-प्रसादेन चेश्वर-प्र-णि-धानतः

१९.
तीव्र-सं-वेगः स्व-गुरौ नित्यमर्पित-चेतसा
आकारयसि मां नित्यं नमस्कृत्य पुनः पुनः

१०.
तदहन्त्वां समाकृष्यानिनायैतदनाश्रमम्
स्व-स्थं चिन्मयाऽऽकाश-शक्ति-धारा-प्र-भास्वरम्

११.
हन्त ते कथयिष्यामि यत् स्याज्जिज्ञासितं तव
वारयामि च सन्देहान् पृच्छ पृच्छाद्य-मानसः

१२.
स-नामा नाम शिष्यः स दृष्ट्वात्मानं समागतम्
प्रोवाच वि-स्मित-मना अ-पारस्त्वदनु-ग्रहः

१३.
त्वामेवं प्रति-पृच्छामि प्र-णि-पत्य पुनः पुनः
